॥ श्रीसीताराम ॥

88

मानस-पीयूष

खण्ड-२

बालकाण्ड भाग-२, दोहा ४३ से दोहा १८८ (६) तक

गीताप्रेस, गोरखपुर

मानस-पीयूष

खण्ड-२

प्रथम सोपान (बालकाण्ड भाग-२)

(श्रीभरद्वाज-याज्ञवल्क्य-संवाद, दोहा ४३ से दोहा १८८ (६) तक)

सर्वसिद्धान्तसमन्वित तिलक

श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदासजीकी रामायणपर काशीके सुप्रसिद्ध रामायणी पं० श्रीरामकुमारजी, पं० रामवल्लभाशरणजी महाराज (व्यास), श्रीरामायणी रामबालकदासजी एवं श्रीमानसी बंदन पाठकजी आदि साकेतवासी महानुभावोंकी अप्राप्य और अप्रकाशित टिप्पणियाँ एवं कथाओंके भाव; बाबा श्रीरामचरणदासजी (श्रीकरुणासिन्धुजी), श्रीसंतसिंहजी पंजाबी ज्ञानी, देवतीर्थ श्रीकाष्ठजिह्व स्वामीजी, बाबा हरिहरप्रसादजी (सीतारामीय), बाबा श्रीहरिदासजी, श्रीपांडेजी श्रीरामबख्शजी, (मुं० रोशनलालकृत टीका), पं० श्रीशिवलालजी पाठक, श्रीबैजनाथजी, संत उन्मनी श्रीगुरुसहायलालजी आदि पूर्वमानसाचार्यों, टीकाकारोंके भाव, मानसराजहंस पं० विजयानन्दजी त्रिपाठीकी अप्रकाशित एवं प्रकाशित टिप्पणियाँ, श्रीस्वामी प्रज्ञानानन्द सरस्वतीजीकी अप्रकाशित टिप्पणियाँ; आजकलके प्रायः समस्त टीकाकारोंके विशद एवं सुसंगत भाव तथा प्रो० श्रीरामदासजी गौड़ एम्० एस्-सी०, प्रो० लाला भगवानदीनजी, प्रो० पं० रामचन्द्रजी शुक्ल, पं० यादवशंकरजी जामदार रिटायर्ड सबजज, श्रीराजबहादुर लमगोड़ाजी, श्रीनागाबाबा परमहंसजी (बाबा श्रीअवधबिहारी-दासजी) और बाबा जयरामदासजी 'दीन' आदि स्वर्गीय तथा वेदान्तभूषण, साहित्यरत्न पं० रामकुमारदासजी आदि आधुनिक मानसविज्ञोंकी आलोचनात्मक व्याख्याओंका सुन्दर संग्रह।

सम्पादक

श्रीअञ्जनीनन्दनशरण

* श्रीसीताराम *

मानस-पीयूष

खण्ड-२

प्रथम सोपान (बालकाण्ड भाग-२)

(श्रीभरद्वाज-याज्ञवल्क्य-संवाद, दोहा ४३ से दोहा १८८ (६) तक)

सर्वसिद्धान्तसमन्वित तिलक

श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदासजीकी रामायणपर काशीके सुप्रसिद्ध रामायणी पं० श्रीरामकुमारजी, पं० रामवल्लभाशरणजी महाराज (व्यास), श्रीरामायणी रामबालकदासजी एवं श्रीमानसी बंदन पाठकजी आदि साकेतवासी महानुभावोंकी अप्राप्य और अप्रकाशित टिप्पणियाँ एवं कथाओंके भाव; बाबा श्रीरामचरणदासजी (श्रीकरुणासिन्धुजी), श्रीसंतसिंहजी पंजाबी ज्ञानी, देवतीर्थ श्रीकाष्ठजिह्व स्वामीजी, बाबा हरिहरप्रसादजी (सीतारामीय), बाबा श्रीहरिदासजी, श्रीपांडेजी श्रीरामबख्शजी, (मुं० रोशनलालकृत टीका), पं० श्रीशिवलालजी पाठक, श्रीबैजनाथजी, संत उन्मनी श्रीगुरुसहायलालजी आदि पूर्वमानसाचार्यों, टीकाकारोंके भाव, मानसराजहंस पं० विजयानन्दजी त्रिपाठीकी अप्रकाशित एवं प्रकाशित टिप्पणियाँ, श्रीस्वामी प्रज्ञानानन्द सरस्वतीजीकी अप्रकाशित टिप्पणियाँ; आजकलके प्रायः समस्त टीकाकारोंके विशद एवं सुसंगत भाव तथा प्रो० श्रीरामदासजी गौड़ एम्० एस्-सी०, प्रो० लाला भगवानदीनजी, प्रो० पं० रामचन्द्रजी शुक्ल, पं० यादवशंकरजी जामदार रिटायर्ड सबजज, श्रीराजबहादुर लमगोड़ाजी, श्रीनागाबाबा परमहंसजी (बाबा श्रीअवधबिहारी-दासजी) और बाबा जयरामदासजी 'दीन' आदि स्वर्गीय तथा वेदान्तभूषण, साहित्यरत्न पं० रामकुमारदासजी आदि आधुनिक मानसविज्ञोंकी आलोचनात्मक व्याख्याओंका सुन्दर संग्रह।

सम्पादक

श्रीअञ्जनीनन्दनशरण

प्रकाशक—गोबिन्दभवन-कार्यालय, गीताप्रेस, गोरखपुर

सं० २०१८ से २०५५ तक	२५,०००
सं० २०५८ आठवाँ संस्करण	५,०००
	योग ३०,०००

मूल्य { खण्ड एकसे / खण्ड सातातक } सातों खण्डोंका सम्पूर्ण एक हजार पचास रुपये

इस खण्डका मूल्य—एक सौ पचास रुपये मात्र

मुद्रक—गीताप्रेस, गोरखपुर—२७३००५

फोन : (०५५१) ३३४७२१; फैक्स ३३६९९७

visit us at: www.gitapress.org | e-mail:gitapres@ndf.vsnl.net.in

॥ श्रीहरिः ॥

प्रकाशकीय वक्तव्य

प्रभुकी कृपासे मानस-पीयूषका दूसरा खण्ड पाठकोंकी सेवामें प्रस्तुत है। प्रथम खण्डमें (बालकाण्ड प्रारम्भसे ४३वें दोहेतक) रामचरितमानसकी भूमिकाका विराट् संभार प्रस्तुत किया गया है। जिसकी झलक तुलसीकी वंदना-पद्धतिमें ही मिल जाती है। पाठक यह सोचनेके लिये विवश हो जाता है कि वंदनाका यह विशाल स्वरूप आखिर क्यों? 'वाणी-विनायक' से 'खलगन' तक कोई ऐसा नहीं है जिसे तुलसीने नमन न किया हो। यह संभवतः तुलसीकी लोकसंग्रही प्रवृत्तिका परिणाम था और रामकी सर्वात्मता प्रतिवादित करना इसका प्रयोजन था।

मानसके अध्येताओंके लिये इसमें कुछ विशिष्ट विन्दुओंकी ओर संकेत हैं। *"हरि हर पद रति मति न कुतरकी। तिन्ह कहुँ मधुर कथा रघुबर की॥"* कथाप्रेमियों और व्यासोंके लिये; *"जो प्रबंध बुध नहिं आदरहीं। सो श्रम बादि बाल कबि करहीं॥"* तथा *"आखर अरथ"*से *'कबित बिबेक'*तक काव्य-कलाप्रेमियोंके लिये; एवमेव *"कीरति भनिति..........सब कहँ हित होई॥"* समाज-संग्रही मनीषियोंके लिये गवेषणा विंदु हैं।

मानसकी विशद भूमिकाके बाद दूसरे खण्डमें रामावतारकी पृष्ठभूमि बनती है और कथा सती-मोहसे प्रारंभ होकर विभिन्न नाटकीय मोड़ लेती हुई शिवविवाहतक पहुँचती है। इसी बीच नारद-मोह, भानुप्रताप आदिकी कथाएँ 'बीज, विन्दु' आदिके रूपमें कथाको उसके लक्ष्यकी ओर अग्रसर करती हैं। रामावतारकी पूर्ण भूमिका तैयार हो चुकनेके बाद भूदेवी और ब्रह्माकी प्रार्थनापर महाविष्णुके आश्वासन और देवोंके अंशावतार वानर-भालुओंके प्राकट्यके साथ ही रामावतारकी भूमिका समाप्त हो जाती है और पीयूषकार इस प्रकरणको विराम देकर खण्डको समाप्त कर देते हैं।

मानसमें इस प्रकरणका वही महत्त्व है जो गीतामें 'अर्जुनविषादयोग' का। यदि यह प्रकरण स्वतंत्र खण्ड होता तो इसे 'मोहखण्ड' कहा जा सकता था। पीयूषकारने भी आध्यात्मिक, दार्शनिक रहस्योंकी परतोंका सम्यक् उद्घाटन बड़ी कुशलतासे किया है। आशा है, साधक पाठक इससे अवश्य लाभ उठायेंगे।

—प्रकाशक

॥ श्रीगुरवे नमः॥

(द्वितीय संस्करण)

कुछ आवश्यक निवेदन

'मानस-पीयूष' के द्वितीय भागको दो-दो सौ पृष्ठोंकी पत्रिकाके रूपमें प्रेमी पाठकोंकी सेवामें पहुँचे हुए छः मास हो गये। विशिष्ट शब्दों तथा स्मरणीय विषयोंकी अनुक्रमणिका तैयार करनेका अवकाश न मिला था, इससे यह भाग अबतक अपूर्ण बना रह गया।

प्रथम भागकी समाप्तिके पूर्व ही शरीर एकदम अत्यन्त अस्वस्थ हो गया था। जान पड़ता था कि श्रीसरकार इस शरीरसे अब सेवा लेना नहीं चाहते। कोई आशा न रह गयी थी कि 'मानस-पीयूष' का यह संस्करण जिस रूप और महत्ताके साथ चल रहा है अब प्रकाशित हो सकेगा।

एक ब्रह्मचारी महात्माने इस अवस्थामें मेरी बड़ी सहायता की जिसके लिये मैं उनका अत्यन्त आभारी हूँ। वे प्रूफ बहुत परिश्रमसे देख देते थे। परंतु प्रेसवालोंने इस अवकाशका अनुचित लाभ उठाया। वे अशुद्धियोंको बिना पूरी तरह ठीक किये हुए छाप देते थे और छपाई भी अच्छी नहीं की। कई प्रेमियोंने छपाईके सम्बन्धमें मुझे लिखा। मैं वे पत्र बराबर प्रेसवालोंके पास भेज देता था। फिर भी उन्होंने कुछ ध्यान न दिया। बरबस मुझे छपाना जूनमें बन्द करना पड़ा। तब उन्होंने नये टाइप मँगाये और छपाई अब कुछ सन्तोषजनक होने लगी है।

इतनी दोषपूर्ण छपाई होते हुए भी मानस-प्रेमी-जनताने इसे जैसा अपनाया इसके लिये मैं उनका कृतज्ञ हूँ। उनके इस प्रकार अपनानेसे ही मेरा साहस और उत्साह बढ़ रहा है। शरीर यद्यपि अब भी स्वस्थ नहीं है, फिर भी श्रीसीतारामकृपासे आठ-दस घंटे मानसकी सेवा इससे हो रही है।

'भानुप्रताप-प्रसंग' की पाण्डुलिपि ही खो गयी थी, अतः उसे फिरसे जैसा कुछ बन पड़ा लिखना पड़ा। अतः सम्भव है उसके साथ मैं उतना न्याय न कर सका होऊँ जितना अन्यथा कर सकता था।

'मानस-पीयूष' के इस संस्करणमें मुख्यतः साकेतवासी पूज्य पं० श्रीरामकुमारजी काशीजीके परम प्रसिद्ध रामायणीजीके कथाके लिये साफ किये हस्तलिखित खर्रोंके भाव पूरे-पूरे दिये गये हैं। ये सब खर्रे मुझे पं० पुरुषोत्तमदत्तजी-(साकेतवासी, श्रीरामनगरलीलाके व्यास, उपनाम 'रामजी'-) से 'मानस-पीयूष' के लिये मिले थे। बालकाण्डके असली खर्रे मेरे पास हैं और इसके प्रकाशित होनेके पश्चात् मैंने उसे 'श्रीसाकेत महाविद्यालय (डिग्रीकालेज) के पुस्तकालयमें दे देनेका विचार किया है।'

पं० रामकुमारजीका अध्ययन बहुत विद्वत्तापूर्ण (Scholarly) था। उन्होंने उसका अध्ययन मानसके एक विद्वान् विद्यार्थीके रूपमें (as a student of Shri Ram Charita Manas) किया था, इसीसे उनके भाव (विशेषतः) संगत और तर्कपूर्ण (to the point) होते थे।

प्रथम संस्करण लगभग ५०० पृष्ठ छप चुकनेपर श्रीलाला भगवानदीनजी (काशी विश्वविद्यालय) इसके ग्राहक हुए। कुछ महीनोंके पश्चात् वे अपनी टिप्पणियाँ 'मानस-पीयूष' के लिये देने लगे। उसके पश्चात् प्रो० श्रीरामदास गौड़जी एम्० एस्-सी०, मुहल्ला पियरी, काशीजी, इसके ग्राहक हुए और श्रीरामावतारप्रसंगसे वे अपनी साहित्यिक टिप्पणियाँ 'मानस-पीयूष' के लिये देने लगे। काशीमें जब मानस-पीयूष छपानेके लिये वहाँ कुछ दिन ठहरना पड़ता था तब दोनों साहित्यज्ञोंका सत्संग भी होता था। उस समय मैं अपनी पाण्डुलिपि उन्हें सुना देता था, जिसमें उसके बाद जो टिप्पणी वे देना चाहें दें। यह क्रम फिर उत्तरकाण्डतक चला। अलङ्कारमञ्जूषा, कविप्रिया, रामचन्द्रिका, मानसहंस, वीरकविकी टीका, दोहावलीकी टीका, सूरपञ्चरत्न, भक्तिभवानी, श्रीरामचरणचिह्नमाला आदि पुस्तकें मुझे लाला भगवानदीनजीसे ही मिली थीं जिनके उद्धरण मैंने मानस-पीयूषमें दिये हैं। 'दीनजी' के नामसे जो टिप्पणियाँ हैं वह इन्हीं लाला श्रीभगवानदीनजीकी हैं। उन्हींके एक विद्यार्थीने बहुत खोज करके महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी (काशीके प्रसिद्ध ज्योतिषी) द्वारा सम्पादित 'मानस-पत्रिका' दी जो अप्राप्य थी। उससे मैंने द्विवेदीजीके भाव दिये हैं। प्रथम संस्करणमें जहाँ-जहाँ मुझे कठिनाइयाँ पड़ीं वहाँ-वहाँ मुझे श्रीमान् गौड़जीसे बहुत सहायता मिली।

श्रीजानकीशरण स्नेहलताजीका सत्संग होनेपर जो उनसे भाव सुने थे वे प्रथम संस्करणमें दिये गये। इस संस्करणमें भी वे दिये गये हैं और जो उनकी पुस्तकोंसे लिये हैं उनमें पुस्तकोंका नाम है। इन्होंने जो भाव लिखे हैं वह 'मानस-पीयूष' प्रथम संस्करणको पढ़कर लिखे हैं।

'मानस-पीयूष' (बालकाण्ड दोहा ४३ से ३६१ तक) का दूसरा संस्करण मैंने सन् १९३९—४१ में लिखा था, क्योंकि ये दोनों भाग न रह गये थे, परन्तु संसारमें युद्ध छिड़ जाने और कागजपर नियन्त्रण हो जानेसे तथा मेरे क्षेत्रसंन्यासके कारण वह छप न सका था।

अतः मैंने अपनी सब पाण्डुलिपि वेदान्तभूषण साहित्यरत्न पं० रामकुमारदासजी रामायणी, मणिपर्वत, श्रीअयोध्याजीको दे दी कि वे उसे आद्योपान्त पढ़ जायँ और जहाँ कोई नयी बात सूझे लिख दें। यह काम उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। द्वितीय संस्करणकी पाण्डुलिपिको देखनेके बाद जो टिप्पणियाँ उन्होंने लिखीं वे उनके नामसे दी गयी हैं। पं० रामकुमारदासजीको मानसप्रेमी तो जानते ही हैं।

पाश्चात्त्य शिक्षाके प्रेमियोंके लिये मैंने श्रीराजबहादुर लमगोड़ा एम्० ए०, एल्०-एल्० बी०, ऐडवोकेट फतेहपुर-के साहित्यिक नोट्स माधुरी आदि पत्रिकाओंसे प्रथम संस्करणमें दिये थे। श्रीअयोध्याजीमें वे सन् १९३९ ई० में आकर भगवान् श्रीरामके समाश्रित हुए। उनके बाद मैंने उनको प्रथम संस्करण देकर उसपर उनको नोट्स देनेके लिये बाध्य किया। वे नोट्स इस संस्करणमें उनके नामसे निकले हैं।

कुछ प्रेमियोंके पत्र आये हैं कि लमगोड़ाजीके नोट्स पढ़कर वे कृतकृत्य हो गये। यह जानकर दासको भी प्रसन्नता हुई कि वह श्रम सफल हो गया। मानस-प्रेमियोंको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि काशीजीके प्रसिद्ध मानसके पण्डित मानसराजहंस पं० श्रीविजयानन्द त्रिपाठीजी भी अपनी अनुपम टिप्पणी देकर 'मानस-पीयूष' की शोभा और हमारा उत्साह बढ़ा रहे हैं।

भाग १ में श्रीरामचन्द्रदास पाटीलने हमारे पाण्डुलिपिमेंके 'टिप्पणी' 'नोट' और ( ) आदि संकेतोंको बहुत जगह अपने मनसे बदल लिये थे, जिससे हमारा आशय ही नष्ट हो गया।

भाग २ में पं० रामकुमारजीके भाव 'टिप्पणी' शब्दसे सूचित किये गये हैं। नोट और कोष्ठक जिनमें किसीका नाम नहीं है वे प्रायः सम्पादकीय हैं। संकेताक्षरोंका विवरण प्रायः भाग १ में दिया जा चुका है।

मानस-पीयूषकी भाषाके सम्बन्धमें इतना बता देना आवश्यक है कि दास हिन्दीसे बिलकुल अनभिज्ञ था। यह श्रीगुरुदेवजीकी कृपा और उनका आशीर्वाद है कि हिन्दीके साहित्यका ज्ञान न होते हुए भी उन्होंने इतना बड़ा तिलक सम्पन्न करा लिया।

प्राचीन टीकाएँ और टिप्पणी सब प्रायः देहाती (मातृ) भाषामें हैं। उनको समझना भी मेरे लिये बड़ी दुरूह समस्या रही है। फिर भी बारम्बार पढ़कर जैसा कुछ समझा था वैसा प्रथम संस्करणमें प्रकाशित हुआ। अबकी बार फिरसे पढ़नेपर पता चला कि कई स्थलोंमें मेरे समझनेमें भूलें हुई हैं। उन भूलोंका भी इस संस्करणमें सुधार हुआ है। दासने प्रयत्न यह किया है कि जहाँतक सम्भव हो टीकाओं, टिप्पणियों, लेखोंके शब्द ज्यों-के-त्यों मा० पी० में रहें; केवल इतना किया है कि वे पाठकोंकी समझमें आ जायँ, भावोंमें त्रुटि न आने पावे। इस कारण भी सम्भव है कि मा० पी० की भाषा साहित्य-प्रेमियोंको अरुचिकर हो।

भक्तमालके यशस्वी टीकाकार श्रीप्रियादासजीने अपनी 'भक्तिरस सुबोधनी' टीकाके सम्बन्धमें लिखा है कि **'जिनके न अश्रुपात पुलकित गात कभू तिन्हहूँ को भावसिंधु बोरि सो छकाए हैं। जौं लौं रहैं दूर रहैं बिमुखता पूर हियो होय चूर चूर नेकु श्रवण लगाये हैं।'** मेरा विश्वास है कि यदि विद्वद्वर्ग 'मानस-पीयूष' का अवलोकन करे तो भी प्रभावित हुए बिना न रहेगा।

जिन लोगोंने मेरी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष किसी रूपमें सहायता की है उनका मैं सदा आभारी रहूँगा।

"बार बार बर माँगौं एहू। सीय राम पद सहज सनेहू॥"

तु० सं० ३३० शु० ११ सं० २००९ वि०

—श्रीअञ्जनीनन्दनशरण

॥ श्रीगुरवे नमः॥

तीसरे संस्करणके सम्बन्धमें

दो शब्द

श्रीरामचरितमानस एक अनुपम ग्रन्थ है। रत्न तो एक ही है पर जो जैसा जौहरी है वह उसका मूल्य अपनी परखके अनुसार बताता है। कोई इसमें राजनीति देखता है, कोई इसे वैद्यकका ग्रन्थ बताता है, कोई इसमें आदर्श गृहस्थ, ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, संन्यासी देखता है। योगी, तपस्वी, ज्ञानी क्रमशः इसमें योग, तप, ज्ञान पाता है। दार्शनिक इसमें वेदान्तके अत्यन्त गूढ़ और सूक्ष्म सिद्धान्तोंकी व्याख्या थोड़े ही अक्षरोंमें सरलतासे समझाया हुआ पाता है। काशीके पं० शिवलाल पाठक और पं० शिवकुमार शास्त्री आदि संस्कृतके प्रकाण्ड विद्वानोंने समस्त शास्त्र और वेदान्त आदि पढ़कर भी अन्तमें इसीसे विश्राम पाया। महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी ऐसे मुग्ध हुए कि उन्होंने प्रत्येक चरण एक ही चरणमें संस्कृत भाषामें चौपाईकी चौपाईमें अनुवाद कर डाला, जिसका कुछ अंश 'मानसपत्रिका' में निकला था। शेष उनका स्वर्गवास हो जानेसे नहीं ही प्रकाशित हुआ 'विनयपत्रिका' का अनुवाद भी उन्होंने इसी प्रकार किया था।

संस्कृत भाषाके विद्वान् जो हिंदीके इस ग्रन्थके शत्रु रहे हैं, वे भी अब अपनी जीविकाके लिये इसे अपनाने लगे हैं।

संस्कृतज्ञ पण्डित तो संस्कृत-व्याकरणका आधार लेकर इसमें बड़े गूढ़ और क्लिष्ट भाव निकालते हैं। कोई एक-एक शब्दको लेकर ग्रन्थभरमें उसे खोजकर उसके प्रयोगका कारण बताता है। कोई उसमें अलंकार पाता है। कोई भिन्न-भिन्न छन्दोंके प्रयोगका यथार्थ कारण ढूँढ़ता और बताता है। कोई आध्यात्मिक भावोंको दिखाता है। कोई उसका व्याकरण बताता है। इत्यादि-इत्यादि।

तुलसीके 'मानस' की अद्भुत महिमा है, कौन कह सकता है!!! अस्तु। भिन्न-भिन्न दृष्टिकोणोंसे विद्वान् महात्माओं, महानुभावोंने इसपर तिलक रचे हैं, 'मानस-पीयूष' में आप प्रायः सब प्राचीन टीकाकारोंके भाव तो उनके नामसे पायेंगे ही, साथ-ही-साथ उसमें रुपयेमें बारह आना अंश अप्रकाशित टिप्पणियाँ हैं, जो किसीमें नहीं हैं

हमारे पास किंचित् भी साधन प्रचारका न होनेपर तथा बालकाण्ड-(द्वितीय संस्करण-) की छपाई रद्दी होनेपर भी जनताने इसे कैसा अपनाया, यह इसीसे स्पष्ट है कि इतने बृहत् दूसरे संस्करणकी पूरी पुस्तक छपकर पूरी होते ही हमें तुरंत इसका तीसरा संस्करण छपनेको देना पड़ा।

भाग २ के इस संस्करणमें स्वामी श्रीप्रज्ञानानन्द सरस्वतीके नोट्स जो उन्होंने इसके द्वितीय संस्करणको पढ़कर लिख भेजे थे तथा मानसराजहंस पं० विजयानन्द त्रिपाठीजीके भाव (प्रायः उनकी विजय-टीकासे) दिये गये हैं। शेष सब वही है जो द्वितीय संस्करणमें था। हाँ, यह अवश्य है कि यह पूर्वकी अपेक्षा बहुत सुन्दर छपा है। श्रीत्रिपाठीजी तथा स्वामीजीने जो भाव भाग १ के लिये भेजे थे वे शीघ्रताके कारण नहीं छपाये जा सके।

संवत् १६६१ की प्रतिमें जहाँ-तहाँ अनुस्वार नहीं है यद्यपि अन्यत्र उन शब्दोंमें अनुस्वार है। उसमें तीन या चार स्थानोंको छोड़ अन्यत्र अर्द्धचन्द्रविन्दु (ँ) का प्रयोग नहीं है। प्रायः सर्वत्र अनुस्वार (ं) ही रहता है। अतएव हमने जहाँ केवल अनुस्वार दिया है वह उस प्राचीन पोथीका है। कहाँ उसमें अनुस्वार नहीं है (यद्यपि मेरी समझमें अनुस्वार होना चाहिये), यह बतानेके लिये हमने वहाँ-वहाँ अर्धचन्द्रबिन्दु दिया है। प्राचीन पोथियोंमें ङ, च्छ, ख की जगह क्रमशः ड, छ, ष रहता है, पर हमने ङ, च्छ, ख दिया है। एक प्रसंगभरमें प्राचीनतम पोथीमें तालव्य 'श' का प्रयोग 'शिव' शब्दमें है, हमने ना० प्र० तथा अन्य महानुभावोंका अनुकरण न करके वहाँ 'श' कारका ही प्रयोग किया है। उस पोथीमें जैसा है वैसा ही हमने रखा है। जहाँ-जहाँ उकारकी मात्रा है, वहीं-वहीं हमने उकार दिया, अपनी ओरसे कहीं नहीं दिया है।

प्रथम संस्करणमें सम्भवतः हमने लिखा था कि पं० श्रीरामवल्लभाशरणजीकी कथा हमने श्रीराम-विवाह-बारात-प्रसंगसे सुनी थी। पर 'मानस-पीयूष' में उनके भाव प्रारम्भसे मिलते हैं। कापीराइटके मुकदमेके समय मुझे यह स्मरण नहीं था कि वे भाव कहाँसे लिये थे, समझता था कि उनसे अनेक स्थानपर जाकर पूछकर

लिखे होंगे; परंतु दूसरे तथा तीसरे संस्करणके समय पूरी पुस्तक पढ़नी पड़ी तब पुस्तकसे पता चला कि हमने बारातके पूर्व और श्रीरामराज्याभिषेकसे ग्रन्थकी समाप्तितक जो भाव पं० श्रीरामवल्लभाशरणजीके नामसे दिये हैं वे 'तुलसीपत्र' से या उनकी टीकासे, जो पं०रामकिशोर शुक्लजीने छपाई थी, उद्धृत किये थे। रामायण-प्रचारक श्रीरामप्रसादशरण (दीन) जीके भाव भी प्राय: 'तुलसीपत्र' से ही बालकाण्डमें दिये गये हैं।

'मानस-पीयूष' के उद्देश्यकी पूर्तिके लिये इस तिलकमें केवलाद्वैत, विशिष्टाद्वैत आदि सभी मतावलम्बियोंके भाव यथाशक्ति उन्हींके शब्दोंमें दिये गये हैं।

मेरी करबद्ध प्रार्थना पाठकोंसे यह है कि वे साम्प्रदायिक पचड़ोंमें न पड़कर ग्रन्थकारके उद्देश्यको समझकर इस ग्रन्थका अध्ययन कर अपनी आत्माको कृतार्थ करें।

देखिये, भारतका प्राचीन वैदिक संस्कृतिमें पला हुआ समुन्नत समाज जब अधोगतिके गर्तमें पड़ा था, राजनीतिक पराधीनताके कारण आध्यात्मिक गौरवको भी खो चला था, तब जिन महात्माओंके अमृत वचनोंसे इसे पुनर्जीवन प्राप्त हुआ है, उनमें पूज्यपाद गोस्वामी श्री १०८ तुलसीदासजी अग्रणी हैं। उनके समकालीन श्रीनाभा स्वामीजी लिखते हैं—

"कलि कुटिल जीव निस्तार हित बाल्मीकि तुलसी भयउ।"

मनुष्य-जीवनकी सफलता इसीमें है कि वह अक्षय सुखकी प्राप्तिका साधन करके अवागमनसे मुक्त हो जाय। गोस्वामीजीके "बहुमत मुनि, बहु पंथ पुराननि जहाँ तहाँ झगरो सो। गुरु कह्यो रामभजन नीको मोहि लागत राजडगरो सो।" (विनय० १७३)

"एहि कलिकाल न साधन दूजा। जोग जग्य जप तप ब्रत पूजा॥
रामहि सुमिरिय गाइय रामहि। संतत सुनिय राम गुन ग्रामहि॥
रघुबंस भूषन चरित यह नर कहहिं सुनहिं जे गावहीं। कलिमल मनोमल धोइ बिनु श्रम राम धाम सिधावहीं॥"
"रामभगति जो चह अथवा पद निर्वान। भाव सहित सो यह कथा करौ निरन्तर गान॥"

इन वाक्योंपर ध्यान दीजिये।

इस वृद्धा तथा रुग्णावस्थामें श्रीहनुमत्-गुरु-कृपासे जो कुछ सेवा बन पड़ी वह प्रेमी पाठकोंकी भेंट की जा रही है। यदि प्रेमियोंने इसे अपना लिया तो सेवा सफल समझूँगा। अन्तमें आप सबोंसे प्रार्थना है कि—

सब मिलि कृपा करहु एहि भाँती। सब तजि प्रभुहि भजउँ दिन राती॥
मन की सकल बासना भागै। सीताराम चरण लौ लागै॥

श्रीसीतारामचरण-कमलानुरागका भिखारी—
दीन—श्रीअञ्जनीनन्दनशरण

अगहन सुदी ५, संवत् २०१४

बालकाण्ड खण्ड २ के प्रकरणोंकी सूची

प्रकरण पृष्ठाङ्क

श्रीसीतारामचन्द्रार्पणमस्तु

खण्ड २ में आये हुए कुछ काममें आनेवाले शब्दों एवं विषयोंकी अनुक्रमणिका

श्रीसीतारामचन्द्रार्पणमस्तु

कुछ ग्रन्थोंके नाम जो खण्ड २ में आये हैं

अगस्त्यरामायण
अगस्त्यसंहिता
अद्भुतरामायण
अध्यात्मरामायण
अनेकार्थकोश
अन्वितार्थप्रकाशिका टीका (श्रीमद्भागवतकी)
अभिप्रायदीपक
अभिज्ञान शाकुन्तल
अमरकोश
कामसूत्र (वाभ्रव्यऋषि)
कार्तिकमाहात्म्य
काशीखण्ड
किशोररामायण
कुमारसम्भव
कुलार्णवतन्त्र
कृष्णगीतावली
कोशलखण्ड
गीता
गीता-ज्ञानेश्वरी टीका
वाराह, विष्णु, शिव, स्कन्द,
हरिवंश
प्रबोधचन्द्रनाटक
प्रसन्नराघवनाटक
विजयदोहावली
विनय-पत्रिका
बरवै रामायण
वैराग्यसंदीपनी
भक्तमाल (श्रीनाभाजी)
भक्तिरसबोधिनी टीका

अमरविवेक टीका (महेश्वरकृत)
अमरव्याख्यासुधा
अलङ्कार-मञ्जूषा
अष्टाध्यायी (पाणिनि)
अष्टावक्रवेदान्त
आगमसार
आचारमयूख
आनन्दरामायण
आत्मरामायण
आह्निक-सूत्रावली
उपनिषद्—
कठ, छान्दोग्य, तैत्तिरीय,
मुक्तिकोपनिषद्, श्रीरामतापनी,
श्रीरामरहस्य, बृहदारण्यक,
शाण्डिल्य, श्वेताश्वतर,
श्रीसीतोपनिषद्।
उपनिषद्भाष्य (श्रीदर्शनानन्दकृत)
उमानन्दनाथकृत तान्त्रिक ग्रन्थ
(श्री) एकनाथमहाराजकी भागवत
टीका
एकाक्षरकोश
ऋग्वेद
कथासरितसागर
कवितावली
कामन्दकीय नीतिसार
(प्रतिष्ठेन्दुशेखर)
रघुवंश
रसरत्नहार
राजशिक्षा सोपान
रामचन्द्रिका
(श्री) रामरहस्यत्रय
(श्री) रामस्तवराज
" भावप्रकाशिका
टीका श्रीरसरंगमणिकृत
रामहृदय
'रायलहारस्कोप'
(वि० सूर्यनारायणकृत)
(श्री) रामाज्ञाप्रश्न
लट्टायनसंहिता
लोमशरामायण
लोलम्बराज
वसिष्ठसंहिता
वात्स्यायनसूत्र
विश्रामसागर
विष्णुधर्मोत्तर
वीरभद्रचम्पूवेदान्तसार
अभंगरामायण (मराठी)

गीतावली
चर्पटपञ्जरी
चाँद (पत्रिका)
चाणक्यनीति
(श्री) जानकीभाष्य (श्रीराम-
प्रसादाचार्य)
तार्किकरक्षा
तुलसीपत्र (बालकराम विनायक)
त्रिकाण्डशेष कोश
(श्री) दुर्गाकल्पद्रुम शास्त्रार्थ-
परिच्छेद
देवीभागत
दोहावली
नवरस तरंग (श्रीशर्बरीशजी)
नक्षत्रचित्रपट श्रीरघुनाथशास्त्रीकृत
नारदपञ्चरात्र
नारदभक्तिसूत्र
(श्री) निम्बार्काचार्यभाष्य
पाण्डवगीता
पातञ्जलयोग
पार्वतीमङ्गल
पुराण—
कालिका, गरुड़, पद्म, ब्रह्माण्ड,
भविष्योत्तर, श्रीमद्भागवत,
मत्स्य, महाभारत, मार्कण्डेय,
लिङ्ग, वायुपुराण, वामन,
वैदिक निघण्टु
शतपथब्राह्मण
शाङ्करभाष्य (ब्रह्मसूत्रपर)
शिवसंहिता
शिवस्मृति
शुकदेवलालकी टीका
शुक्रनीति
शुक्लयजुर्वेदीय माध्यन्दिन
वाजसनेयी
रुद्राष्टाध्यायी
श्रीभाष्य
संगीतदामोदर
सतसई (तुलसीकृत)
सत्यार्थप्रकाश (स्वामीदयानन्द)
सदाशिवसंहिता
सनत्कुमारसंहिता
सप्तशती
सरयूदासजीका रामचरितमानस-
का गुटका
सांख्यकारिकाभाष्य
(गौडपादाचार्य)

(श्रीप्रियादासजी)
भक्तमालकी टीका (श्रीरूपकलाजी)
भक्तिरसायन
भर्तृहरिशतक
भविष्यपुराण प्रतिसर्गपर्व
भावार्थरामायण
भास्करबीजगणित
भुवनेश्वरसंहिता
मनुसंहिता
मनुस्मृति
" कल्लूकभट्टकृत टीका
मन्त्ररामायण (यजुर्वेद)
महारामायण
माधवनिदान
माधुरी (पत्रिका)
माध्यन्दिन शुक्लयजुर्वेदीय
मानसतत्त्वविवरण
मानसपत्रिका
मानसमणि
मानसर
मानसाङ्क (गीताप्रेस)
मेदिनीकोश
यजुर्वेद
योगतारावली
योगशास्त्र
योगसूत्र
सांख्यतत्त्व कौमुदी
सांख्यशास्त्र
सामवेदभाष्य (जयदेव
वेदालङ्कार)
साहित्यदर्पण
सिद्धान्ततत्त्वदीपिका
सिद्धान्तशिरोमणि
(श्रीभास्कराचार्य)
सुधा (पत्रिका)
सुन्दरविलास
सुन्दरी तन्त्र
सूर्यसिद्धान्त
सौन्दर्यलहरी
स्वप्नाध्यायी
हठयोगप्रदीपिका
हनुमानबाहुक
हस्तामलकस्तोत्र
हितोपदेश
हेमकोश

नोट—श्रीरामचरितमानसकी टीकाओंके नाम तथा संकेताक्षरोंके विवरण सब खण्ड १ में दिये जा चुके हैं, अत: यहाँ नहीं दिये जाते।

श्रीशिव-पार्वती

* श्रीः *

ॐ नमो भगवते श्रीमते रामानन्दाचार्याय। श्रीसीतारामचन्द्राभ्यां नमः।

ॐ नमो भगवत्या अस्मदाचार्यायै श्रीरूपकलादेव्यै। श्रीसन्तगुरुभगवच्चरणकमलेभ्यो नमः।

ॐ नमो भगवते मङ्गलमूर्त्तये कृपानिधये गुरवे मर्कटाय श्रीरामदूताय सर्वविघ्नविनाशकाय क्षमामन्दिराय

शरणागतवत्सलाय श्रीसीतारामपदप्रेमपराभक्तिप्रदाय सर्वसंकटनिवारणाय श्रीहनुमते।

ॐ साम्बशिवाय नमः। श्रीगणेशाय नमः। श्रीसरस्वत्यै नमः।

परमाचार्य्याय श्रीमद्गोस्वामितुलसीदासाय नमः।

श्रीरामचरितमानस

प्रथम सोपान (बालकाण्ड खण्ड २)

अथ श्रीभरद्वाज-याज्ञवल्क्य-संवाद-प्रकरण

दो०—अब रघुपति पद पंकरुह हिअँ धरि पाइ प्रसाद।
कहौं जुगल मुनिबर्य कर मिलन सुभग संबाद॥ ४३॥

शब्दार्थ—पंकरुह=कमल। प्रसाद=प्रसन्नता, कृपा। बर्य=श्रेष्ठ।

अर्थ—अब श्रीरघुनाथजीके चरणकमलोंको हृदयमें रखकर और उनकी प्रसन्नता पाकर मैं दोनों मुनिश्रेष्ठों-(भरद्वाज और याज्ञवल्क्य-) का मिलना और उनका सुन्दर संवाद कहता हूँ॥ ४३॥

टिप्पणी—१ (पं० रामकुमारजी) 'अब' कहकर पूर्वके *'जागबलिक जो कथा सुहाई। भरद्वाज मुनिबरहिं सुनाई॥ कहिहौं सोइ संबाद बखानी।'* (३०।१-२) इस प्रसंगको यहाँ मिलाते हैं। पुनः इस शब्दसे श्रीरामचरितमानसके प्रसंगका आरम्भ यहाँसे जनाया।

टिप्पणी—२ ऊपर दोहेमें *'सुमिरि भवानी संकरहि'* कहकर तब इस दोहेमें श्रीरामपदकमलको हृदयमें धारण करना लिखनेका भाव यह है कि श्रीशिवजीकी कृपासे श्रीरामपदपंकजकी प्राप्ति है, यथा—*'जेहि पर कृपा न करहिं पुरारी। सो न पाव मुनि भगति हमारी॥'* (१।१३८) इसी प्रकार पहले *'सिवा-सिव-पसाऊ'* पाना कहा था, यथा—*'सुमिरि सिवा सिव पाइ पसाऊ।'* (१।१५) और पीछे यहाँ श्रीरघुपतिप्रसाद पाना कहा।

टिप्पणी—३ रामायणका मुख्य प्रसंग यहाँसे प्रारम्भ होता है। *'रघुपति पद पंकरुह'* से प्रारम्भ कर निज इष्टदेवकी वन्दनाकी आवश्यकता आदिमें सूचित की। *'पाइ प्रसाद'* से इस काव्यमें दैवी शक्तिकी प्रधानता दिखायी। यह प्रसाद-काव्य है। *'जुगल मुनिबर्य'* के संवादरूपी कर्मघाटसे प्रारम्भ करके यह सूचित किया कि प्रथम अन्तःकरणकी शुद्धता होती है तब भगवत्स्वरूपका ज्ञान होता है और तत्पश्चात् उपासना। यह सनातन वेदमर्यादा है। इसीका पालन पूज्य ग्रन्थकारने भी किया है।

नोट—१ रामायणपरिचर्यामें (जिसका आधार संवत् १७०४ की पोथी है) इस दोहेके ऊपर निम्न दोहा अधिक है।

भरद्वाज जिमि प्रस्न किय जागबलिक मुनि पाय। प्रथम मुख्य संबाद सोइ कहिहौं हेतु बुझाय॥

नोट—२ *'अब रघुपति पद पंकरुह……'* इस दोहेके साथ उसके पूर्ववाले दोहेके उत्तरार्ध *'सुमिरि भवानी संकरहि कह कबि कथा सुहाइ'* को लेकर यों भी अर्थ किया जाता है कि—'भवानी-शंकरका स्मरण करके श्रीरामचन्द्रजीके पदकमलोंको हृदयमें धारण करके और दोनोंका प्रसाद पाकर……' आगेकी कथा कहता हूँ।

भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा। तिन्हहिं रामपद अति अनुरागा॥ १॥
तापस सम दम दया निधाना। परमारथ पथ परम सुजाना॥ २॥

अर्थ—श्रीभरद्वाज मुनि प्रयागमें रहते हैं। उनका श्रीरामचन्द्रजीके चरणोंमें अत्यन्त प्रेम है॥ १॥ वे तपस्वी हैं, शम, दम और दयाके (तो) खजाना या समुद्र ही हैं और परमार्थके मार्गमें बड़े ही सुजान हैं॥ २॥

नोट—१ *'भरद्वाज मुनि'* इति। शब्दसागरकार लिखते हैं कि—'अङ्गिरस गोत्रके उतथ्य ऋषिकी स्त्री ममताके गर्भमेंसे उतथ्यके भाई बृहस्पतिके वीर्यसे उत्पन्न एक वैदिक ऋषि जो गोत्रप्रवर्तक और मन्त्रकार थे। कहते हैं कि एक बार उतथ्यकी अनुपस्थितिमें उनके भाई बृहस्पतिने उनकी स्त्री ममताके साथ संसर्ग किया था जिससे भरद्वाजका जन्म हुआ। अपना व्यभिचार छिपानेके लिये ममताने भरद्वाजका त्याग करना चाहा, पर बृहस्पतिने उनको ऐसा करनेसे मना किया। दोनोंमें कुछ विवाद हुआ, पर अन्तमें दोनों ही नवजात बालकको छोड़कर चले गये। उनके चले जानेपर मरुद्गण उनको उठाकर ले गये और उनका पालन-पोषण किया। जब भरतने पुत्रकामनासे मरुत्स्तोम यज्ञ किया तब मरुद्गणने प्रसन्न होकर भरद्वाजको उनके सुपुर्द कर दिया……' 'भावप्रकाश' के अनुसार अनेक ऋषियोंके प्रार्थना करनेपर ये स्वर्ग जाकर इन्द्रसे आयुर्वेद सीख आये थे। ये राजा दिवोदासके पुरोहित और सप्तर्षियोंमेंसे भी एक माने जाते हैं।

पं० रामवल्लभाशरणजी महाराज कहते हैं कि—'क्षेत्र दूसरेका और बीज दूसरेका, ऐसे दोसे जो उत्पन्न हो उसे 'द्वाज' कहते हैं। ममताने बृहस्पतिसे कहा कि आप इसका भरण-पोषण करें और बृहस्पतिने कहा कि तुम करो—'**मूढे भर द्वाजमिमं भर द्वाजं बृहस्पते**।, इसीसे भरद्वाज नाम हुआ'। भारत और भागवतमें इनकी कथा विस्तारसे है। ये वाल्मीकिजीके शिष्य हैं। वनवासके समय श्रीसीता-राम-लक्ष्मणजी आपके आश्रमपर गये थे। श्रीभरतजीकी पहुनई आपने अपने तपोबलसे जिस प्रकारसे की, उसका वर्णन वाल्मीकीयमें विस्तृतरूपसे है। इस ग्रन्थमें भी संक्षिप्तरूपसे उस अद्भुत पहुनईका वर्णन है।

टिप्पणी—१ *'बसहिं'* शब्द देकर याज्ञवल्क्य-भरद्वाज-संवादका स्थान प्रयाग बताते हैं। *'तिन्हहिं राम पद अति अनुरागा'* कहकर जनाया कि रामोपासक हैं। यहाँ *'अति'*, *'परम'* और *'निधान'* शब्दोंको देकर औरोंसे इनकी उत्कृष्टता सूचित की है। *'निधाना'* शब्द सम, दम और दया तीनोंके साथ है

टिप्पणी—२ *'तापस सम दम दया निधाना'* इति। तापस अर्थात् तपस्वी हैं, तपसे तनको कसते हैं। शम-दम-दयानिधान हैं अर्थात् भीतर-बाहरकी इन्द्रियोंको कसते हैं—यह भी तप है। *'तापस सम दम दया निधाना'* का भाव यह है कि अपने तनको तपसे ताप देते हैं और दूसरोंके लिये दयाके निधान हैं। पुनः, इन विशेषणोंसे सूचित किया है कि ये कर्मकाण्डी हैं।

नोट—२ *'तापस सम दम दया……'* इति। इन शब्दोंसे हमलोगोंको यह उपदेश लेना चाहिये कि

केवल तप अर्थात् शारीरिक कष्ट मनुष्यका कर्तव्य नहीं है, किंतु उसके साथ शम, दम अर्थात् मन और इन्द्रियोंका निग्रह भी परमावश्यक है। नहीं तो वह तप तामसिक हो जायगा और लाभके बदले उससे हानिकी सम्भावना है, जैसा कि गीतामें स्वयं भगवान्ने कहा है—'**मूढग्राहेणात्मनो यत्पीडया क्रियते तपः। ...... तत्तामसमुदाहृतम्॥**' (१७। १९) '**जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः॥**' (१४। १८) अर्थात् जो तप मूढ आग्रहसे आत्माको पीड़ा देकर किया जाता है वह तामस है। निकृष्ट गुणोंकी वृत्तियोंमें स्थित तमोगुणी नीचेको जाते हैं।

टिप्पणी—३ '***परमारथ पद***' में सुजान कहकर ज्ञानी भी होना दिखाया तथा इनमें कर्म, उपासना और ज्ञान तीनोंकी उत्कृष्टता दिखायी। परंतु श्रीरामपदानुराग मुख्य गुण है, इसीसे उसे सबसे पहिले कहा। '***राम पद अति अनुरागा***' उपासना है, '***तापस सम दम दया निधाना***' कर्मकाण्ड है और '***परमारथ......***' ज्ञान है।

नोट—३ '***तापस सम दम दया निधाना***' इति। (क) इन्द्रियोंको वशमें करने और दुष्कर्मोंसे बचनेके विचारसे बस्ती छोड़कर शरीरको कठिन उपवास-व्रत-नियमसे कष्ट दिये जानेकी रीति प्राचीनकालसे चली आती है। इसीको 'तप' कहते हैं। ऐसे लोग प्रायः फूसकी झोपड़ी या गुफामें या वृक्षोंके नीचे वास करते हैं, कंद-मूल-फलपर रहते हैं, गर्मीमें पञ्चाग्नि तापते, वर्षामें मेघडम्बर धारण करते और जाड़ेमें जलशयन करते हैं। कभी-कभी अभीष्टसिद्धिके लिये भी तप करते हैं। श्रीमनु-शतरूपाजी, श्रीपार्वतीजी और श्रीभरतजीके तप इसी ग्रन्थमें देखिये। गीताके अनुसार तप तीन प्रकारका होता है—शारीरिक, वाचिक और मानसिक। देवताओं, गुरुजनों और द्विजोंका पूजन, बड़ोंका आदर-सत्कार, ब्रह्मचर्य, अहिंसा आदि शारीरिक तपके अन्तर्गत हैं। सत्य और प्रिय बोलना, वेद-शास्त्र पढ़ना आदि वाचिक तप हैं और मौनावलम्बन, आत्मनिग्रह आदिकी गणना मानसिक तपमें है। (गीता १७। १४—१६)। (ख) '***सम***' (शम)=अन्तःकरण तथा ज्ञानेन्द्रियोंको वशमें करना। '***दम***'=कर्मेन्द्रियोंको वशमें करना, बुरे कर्मोंकी ओर न जाने देना। '***दया***'=कारण या स्वार्थरहित कृपा।

(ग) 'वेदान्तभूषणजीका कथन है कि सम-दम-निधान कहनेहीसे 'तापसका' अर्थ सिद्ध हो जाता है, क्योंकि शम-दमादि तपके प्रधान अंग हैं, तब तापस क्यों कहा गया ? इसका उत्तर यह है कि '**तप संतापे**' और '**तप आलोचने**' धातुसे तापस शब्दकी सिद्धि है। '**तप संतापे**' से सिद्ध '***तापस***' के अभ्यन्तर शम-दमादि आ जाते हैं। परंतु '**तप आलोचने**' से सिद्ध तापसमें ये नहीं आते। शम-दमादि तप सात्त्विक, राजस और तामस-भेदसे तीन प्रकारका होता है (गीता १७। १७-१८)। यहाँ '**तप आलोचने**' से निष्पन्न तापसका अर्थ 'विचारमान्' है; तात्पर्य कि भरद्वाज महर्षिवर शम-दमादि साधन विचारपूर्वक करते हैं। अर्थात् सात्त्विकी हैं, राजसी या तामसी नहीं हैं।

नोट—४ '***परमारथ पथ परम सुजाना***' इति। 'अर्थ' शब्दके अनेक अर्थ हैं। (क) परमार्थ=सबसे उत्कृष्ट पदार्थ, सार वस्तु, यथार्थ तत्त्व। यहाँ परमार्थ-पथमें परम सुजान कहकर जनाया कि अर्थपञ्चकके परम जानकार हैं। 'परब्रह्मका स्वरूप, जीवात्माका स्वरूप, परमात्माकी प्राप्तिका उपाय, प्राप्तिके फल और प्राप्तिके विरोधियोंका स्वरूप—ये ही पाँच अर्थ हैं' जो समस्त वेदों, पुराणों और इतिहासोंमें कहे गये हैं। इनका जानना जीवके कल्याणके लिये परमावश्यक बताया गया है, यथा—हारीतसंहिता— '**प्राप्यस्य ब्रह्मणो रूपं प्राप्तुश्च प्रत्यगात्मनः। प्राप्त्युपायं फलं प्राप्तेस्तथा प्राप्तिविरोधिनः॥ वदन्ति सकला वेदाः सेतिहासपुराणकाः। मुनयश्च महात्मानो वेदवेदाङ्गवेदिनः॥**' श्रीरामरहस्यत्रयमें भी यथा—'**एते च पञ्चार्थाः सर्ववेदादिकारणस्य श्रीराममन्त्रस्यार्थाः।**' (श्रीमद्धरिदासाचार्यवर्य्यके द्वारा सम्पादित)

(ख) परमार्थपथ—परलोकका मार्ग; यथार्थ परमतत्त्वकी प्राप्ति या जाननेका मार्ग। परमार्थ क्या है? यह मानस, विनय, दोहावली आदि ग्रंथोंमें गोस्वामीजीने स्वयं जहाँ-तहाँ बताया है, यथा—'***एहि जग जामिनि जागहिं जोगी। परमारथी प्रपंच बियोगी॥***' (२। ९३) अर्थात् संसारके प्रपंचसे विरक्त ही

'परमार्थी' हैं। *'परमारथ पहिचानि मति लसति बिषय लपटानि। निकसि चितातें अधजरति मानहुँ सती परानि॥'* अर्थात् परमार्थवेत्ता विषयमें लिप्त नहीं होता। *'सखा परम परमारथ एहू। मन क्रम बचन रामपद नेहू॥'* अर्थात् मन, कर्म, वचनसे श्रीरामजीके चरणोंमें प्रेम होना ही 'परम परमार्थ' है। *'राम ब्रह्म परमारथरूपा', 'रामनाम प्रेम परमारथको सार रे॥'* (वि० ६८) अर्थात् श्रीराम और श्रीरामनाम ही परमार्थ हैं। 'परमार्थ' परम और अर्थ दो शब्दोंसे मिलाकर बना है। इस प्रकार परमार्थ=परम अर्थ। 'अर्थ'=वस्तु; पदार्थ। सबसे 'परम' (श्रेष्ठ) जो पदार्थ है वही 'परमार्थ' है। सर्वश्रेष्ठ 'अर्थ' क्या है ? जो अजर, अमर, अविनाशी, अनादि, अनन्त, सत्य इत्यादि विशेषणोंसे युक्त हो वही 'सर्वश्रेष्ठ अर्थ' है। ऐसे तो एक ब्रह्म श्रीरामजी ही हैं और इसी आशयसे मानसकविने *'राम ब्रह्म परमारथरूपा'* कहा। अब उस 'परमार्थरूपी' श्रीरामजीकी प्राप्तिके लिये जितने भी साधन कहे गये हैं, उनको 'परमार्थपथ' कहा जायगा। सुजान=चतुर, जानकार, कुशल।

(ग) श्रीलाला भगवानदीनजी कहते हैं कि भरद्वाज मुनिके लिये *'परमारथ पथ परम सुजाना'* यह विशेषण इसलिये दिया गया है कि ये कर्मकाण्डके आचार्य हैं। कर्मकाण्डमें जो परम सुजान हो वही परमार्थपथमें निभ सकता है, अन्यथा नहीं। इस बातके प्रमाणस्वरूप वह घटना है जो आगे अयोध्याकाण्डमें वन जाते समय भरद्वाजजीसे श्रीरामजीने पूछा है कि *'नाथ कहहु हम केहि मग जाहीं।'* अर्थात् जब ये परमार्थपथमें अति चतुर हैं तब हमें ऐसा पथ जरूर बतायेंगे जिसपर चलकर हम अवतार धारण करनेकी समस्त लीला (कर्म) अबाध्यरूपसे कर सकें।

श्रीमद्भागवत-द्वादशस्कन्धमें परमार्थका निरूपण श्रीकृष्णजीने श्रीउद्धवजीसे और श्रीशुकदेवजीने श्रीपरीक्षित्‌जीसे किया है। उसका सारांश यह है कि जो कुछ वाणीद्वारा कहा जाता है और मनसे चिन्तन किया जाता है वह सब मिथ्या है। जैसे प्रतिबिम्ब, प्रतिध्वनि और आभास अवस्तु वा असत् होकर भी वस्तुबोधवश सत्यवत् भासनेसे अनर्थका कारण होते हैं, उसी प्रकार देहादि उपाधियाँ भी असत् होनेपर भी मृत्युपर्यन्त भय देती रहती हैं। यथा—**'वाचोदितं तदनृतं मनसाध्यातमेव च॥' छायाप्रत्याह्वयाभासा ह्यसन्तोऽप्यर्थकारिणः। एवं देहादयो भावा यच्छन्त्यामृत्युतो भयम्॥'** (११।२८।४-५) 'देह जन्मता-मरता है। यह किसी समय नहीं था, समय पाकर उत्पन्न होता है और फिर समय पाकर नष्ट भी हो जाता है। जैसे बीजसे अंकुर और अंकुरसे बीज उत्पन्न होता है, उसी प्रकार तुम इस समय उत्पन्न होकर भी अब पुत्र-पौत्रादि-रूपसे पुनः उत्पन्न न होगे, क्योंकि देहसे देह उत्पन्न होता है न कि जीवात्मा। जैसे अग्नि काष्ठमें व्याप्त रहकर भी उससे पृथक् है, वैसे ही जीव शरीरसे सर्वथा पृथक् है। आत्मा अजर और अमर है। जैसे स्वप्नावस्थामें वह अपने सिरका कटना और मृत्यु आदि देखता है, वैसे जाग्रत्‌में देह आदिके पञ्चत्वको (मरण आदिको) देखता है। जैसे घड़ेके टूट जानेपर घटाकाश महाकाशमें मिल जाता है वैसे ही देहके नष्ट होनेपर जीव ब्रह्ममें लीन हो जाता है। आत्माका देहादि उपाधियोंसे जो सम्बन्ध है वह मायाकृत है। मन ही आत्माके लिये देह, गुण और कर्मोंकी सृष्टि किया करता है। तैल, तैलपात्र, बत्ती और अग्निके सम्बन्धसे दीपकका दीपकत्व है; वैसे ही देह आदिके संयोगसे जीवका तत्कृत जन्म होता है, यह संसार उसका देह-सम्बन्ध रहनेतक ही रहता है। संसारके नाशसे उसका नाश नहीं होता। वह ज्योतिः-स्वरूप, स्वयंप्रकाश, व्यक्ताव्यक्त, सूक्ष्म और स्थूल दोनोंसे परे, आकाशके समान सबका आधार है, निश्चल, अनन्त और उपमारहित है। यह आत्मा स्वयं प्रकाश, अजन्मा, अप्रमेय, महानुभवरूप, सर्वानुभवस्वरूप एक और अद्वितीय है। यथा—**'न तत्रात्मा स्वयंज्योतिर्यो व्यक्ताव्यक्तयोः परः। आकाश इव चाधारो ध्रुवोऽनन्तोपमस्ततः॥'** (१२।५।८) **'एष स्वयंज्योतिरजोऽप्रमेयो महानुभूतिः सकलानुभूतिः। एकोऽद्वितीयो वचसां विरामे.........॥'** (११।२८।३५)

अतएव विचारवान् पुरुषको चाहिये कि किसीके भले-बुरे स्वभाव अथवा कर्मकी न तो प्रशंसा ही

करे और न निन्दा ही, नहीं तो परमार्थसाधनसे शीघ्र पतित हो जायगा।—*'निज प्रभु मय देखहिं जगत केहि सन करहिं बिरोध॥'* (७।११२)

माघ मकर गत रबि जब होई। तीरथपतिहि आव सब कोई॥ ३॥
देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी॥ ४॥
पूजहिं[1] माधव पद जलजाता। परसि अखयबटु हरषहिं[2] गाता॥ ५॥

शब्दार्थ—माघ मकर—टिप्पणी १ और ४५ (१-२) में लिखा जायगा। गत=प्राप्त। तीरथपति=तीर्थोंका स्वामी, प्रयागराज। श्रेनी (श्रेणी)=पंक्ति, समूह। जलजाता=कमल। माधव=लक्ष्मीपति वेणीमाधवजी। यह प्रयागराजका एक प्रधान तीर्थविशेष है। अखय (अक्षय)=क्षय या नाशरहित, अविनाशी, कल्पान्तस्थायी। *'माधव'*, 'अक्षयवट'— (२। ११) देखिये। परसि=स्पर्श करके, छूकर। हरषना=पुलकित होना, रोमाञ्चसे प्रफुल्ल होना, यथा—*'नाइ चरन सिर मुनि चले पुनि पुनि हरषत गात'*। गात (सं० गात्र)=शरीरके अङ्ग; शरीर।

अर्थ—माघ महीनेमें (और) जब सूर्य मकर राशिपर प्राप्त होते हैं (अर्थात् जब मकर-संक्रान्ति होती है) तब प्रयागराजमें देवता, दैत्य, किन्नर और मनुष्य (आदि) सब कोई झुण्ड-के-झुण्ड आते हैं और सभी आदरपूर्वक त्रिवेणीजीमें स्नान करते हैं॥ ३-४॥ वेणीमाधवजीके चरणकमलोंकी पूजा करते हैं और अक्षयवटका स्पर्शकर उनके शरीर (सब अङ्ग) पुलकित होते हैं॥ ५॥

टिप्पणी—१. *'माघ मकर गत रबि'* इति। *'माघ'* और *'मकर गत रबि'* कहकर दो मास सूचित किये। एक चान्द्रमास, दूसरा सौरमास। इसे आगेके चौपाइयोंमें स्पष्ट कर दिया गया है। यथा—*'एहि प्रकार भरि माघ नहाहीं'* यह चान्द्रमास है और *'एक बार भरि मकर नहाए'* यह सौरमास है।

टिप्पणी—२ *'जब होई'* का भाव कि मकर राशिपर सूर्य चाहे पौषमें हों, चाहे माघमें, दोनों माघ ही कहलाते हैं। मकर राशिसे सूर्य उत्तरायण माने जाते हैं। *'सब कोई'* अर्थात् जिनको आगे गिनाते हैं। देव और किन्नरसे स्वर्गलोक, दनुजसे पाताललोक और नरसे मर्त्यलोकवासियोंको सूचित किया। नर शब्द अन्तमें देनेका भाव यह है कि ये सब नररूपसे आते हैं। (पुनः *'सब कोई'* से यह भी जनाते हैं कि छोटे-बड़े, ऊँच-नीच, पापी और पुण्यात्मा, सभी वर्णों और सभी आश्रमोंवाले, स्त्री और पुरुष इत्यादि सभी प्रकारके लोग आते हैं। सामान्यरीतिसे इन सबोंको जनाकर तब देव, दनुज आदिको साथ ही आगे लिखकर बताया कि केवल मनुष्य ही नहीं आते, किंतु देवादि भी आते हैं।)

टिप्पणी—३ *'सादर मज्जहिं'* इति। आदरसहित मज्जन करनेसे ही तीर्थस्थानका फल यथार्थ मिलता है। [गीतामें भगवान्ने स्वयं कहा है कि—'**अश्रद्धया हुतं दत्तं तपस्तप्तं कृतं च यत्। असदित्युच्यते पार्थ न च तत्प्रेत्य नो इह॥**' (१७। २८) अर्थात् अश्रद्धासे होम, दान, तप जो कुछ भी किया जाय वह 'असत्' कहलाता है अर्थात् उसका करना न करना बराबर है, वह न इस लोकमें काम आयेगा न परलोकमें] इसीसे ग्रन्थमें सर्वत्र *'सादर मज्जन'* लिखते हैं। यथा—*'सबहिं सुलभ सब दिन सब देसा। सेवत सादर समन कलेसा॥'* (१।१) *'सादर मज्जन पान किये तें। मिटहिं पाप परिताप हिये तें॥'* (१। ४२) इत्यादि। *'सादर मज्जन'* यह है कि भद्र होते हैं (अर्थात् क्षौर कराते हैं, सिर-मूँछ-दाढ़ी मुँड़वाते हैं) यथा—'**मुण्डनं चोपवासं च तीर्थस्थाने विधीयते,**' '**मुण्डनं तु विरक्तानां कच्छकुक्षविवर्जितम्।**' तीर्थका माहात्म्य सुनते हैं, स्नान करते हैं, त्रिवेणीजीकी पूजा करते हैं और दान देते हैं।

टिप्पणी—४ *'पूजहिं माधव पद जलजाता'* इति। पदकमलकी पूजा करते हैं, क्योंकि भगवान्के पद प्रयाग हैं, यथा—*'[illegible]मचरन अभिराम कामप्रद तीरथराज बिराजै। संकर हृदय भगति भूतलपर प्रेम*

१-२— सं० १६६१ वाली प्रतिमें 'पूजहिं' और 'हरषहिं' पाठ है। 'हरषहिं' के अनुस्वारपर हरताल है। ऊपर 'मज्जहिं' है, उसी तरह यहाँ 'पूजहिं' और 'हरषहिं' उत्तम जान पड़ते हैं।

अखयबट भ्राजै॥ श्याम बरन पदपीठ अरुनतल लसति बिसद नखश्रेनी। जनु रबिसुता सारदा सुरसरि मिलि चलि ललित त्रिबेनी॥ अंकुस कुलिस कमल ध्वज सुंदर भ्रमर तरंग बिलासा। मज्जहिं सुर सज्जन मुनिजन मन मुदित मनोहर बासा॥ बिनु बिराग जप जाग जोग ब्रत बिनु तीरथ तनु त्यागे। सब सुख सुलभ सद्य तुलसी प्रभु पद प्रयाग अनुरागे॥' (गीतावली ७। १४) माधव और अक्षयवटका सम्बन्ध है। वे अक्षयवटके पत्रमें निवास करते हैं। इसीसे दोनोंको एक साथ कहा। अक्षयवटसे भेंटनेकी रीति है। *'परस'* से भेंटनेसे तात्पर्य है।

नोट—१ माघ-मकर-मासमें माधवभगवान्‌की पूजाकी विशेषता इस कारण है कि वे माघके स्वामी हैं। विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि 'द्वादश महीनेके माहात्म्यमें परमेश्वर क्रमशः एक-एक नामसे पूज्य समझे गये हैं। अगहनमें केशव, पौषमें नारायण, माघमें माधव, फाल्गुनमें गोविन्द, चैत्रमें विष्णु, वैशाखमें मधुसूदन, ज्येष्ठमें त्रिविक्रम, आषाढ़में वामन, श्रावणमें श्रीधर, भाद्रमें हृषीकेश, क्वारमें पद्मनाभ और कार्तिकमें दामोदरका विशेष माहात्म्य समझा गया है।

नोट—२ मानसदीपक एवं रा० प० का मत है कि 'अभिजित्' ब्रह्म नक्षत्रपर सूर्य आते हैं इससे मकर अति पावन है। बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि माघमें माहात्म्य इससे अधिक होता है कि इस अवसरपर दो प्रयाग, एक भूमण्डल दूसरा भानुमण्डल एकत्र हो जाते हैं। काष्ठजिह्वास्वामीजी लिखते हैं—*'माघमें काहे महातम लाग सब दिन मिलत प्रयाग। महिमंडलको यह प्रयाग नित यामें नहिं कछु दाग॥ दिव्य प्रयाग भानुमंडलमें ताको सुनहु बिभाग। कछुक उदित रबि सोई गंगा अनुदिन जमुना ताग। सरस्वती प्राची अस गाई संगम ललित सोहाग॥ मकरै में रबि अरुण नाम के भए सोराग। दोऊ प्रयाग मिलत हैं या में यह सुनतै मन पाग॥ कछुक उदित रबि में नहाइ अस व्यासदेव को बाग। वही भाव कोमल दरसावत भाग जनन को जाग॥'*

नोट—३ यहाँ *'दरस, परस, मज्जन'* तीनों दिखाये। *'पूजहिं माधव.........'* से दर्शन, *'परसि अखयबटु.........'* से स्पर्श और *'सादर मज्जहिं'* से मज्जन।

नोट—४ *'हरषहिं गात'* इति। वीरकविजीका मत है कि 'गात-शब्दमें मन या हृदयकी लक्षणा है, क्योंकि हर्षका स्थान हृदय या मन है, गात नहीं।'—परंतु 'हर्ष' का अर्थ 'पुलकित होना' भी है। यह अर्थ ग्रहण करनेसे लक्षणाकी आवश्यकता ही नहीं रह जाती।

भरद्वाज आश्रम अति पावन। परम रम्य मुनिबर मन भावन॥ ६॥
तहाँ होइ मुनि रिषय समाजा। जाहिं जे मज्जन* तीरथ राजा॥ ७॥
मज्जहिं प्रात समेत उछाहा। कहहिं परस्पर हरिगुन गाहा॥ ८॥

शब्दार्थ—आश्रम=ऋषियों, मुनियों, साधु-सन्तोंका निवासस्थान। रम्य=सुन्दर, रमणीय। मन भावन=मनको भाने या अच्छा लगनेवाला। प्रात= सबेरे प्रभातके समय। ☞ रातके अन्तमें सूर्योदयके पूर्वका काल। यह तीन मुहूर्तका माना गया है। जिस समय सूर्योदय होनेको होता है उससे डेढ़-दो घंटे पहले पूर्व दिशामें कुछ प्रकाश दिखायी पड़ने लगते हैं और उधरके नक्षत्रोंका रंग फीका पड़ना प्रारम्भ होता है तभीसे इस कालका प्रारम्भ माना जाता है। (श० सा०) 'पञ्च पञ्च उषः कालः षट्पञ्चारुणोदयः। सप्तपञ्च भवेत् प्रातः पञ्चात्सूर्योदयः स्मृतः॥' इस प्रमाणानुसार पचपन दण्ड बीतनेपर (अर्थात् सूर्योदयसे पाँच दण्ड पहले) उषःकाल, छप्पन दण्डपर (अर्थात् सूर्योदयके चार दण्ड पूर्व) अरुणोदय, सत्तावनपर प्रातः और उसके पश्चात् सूर्योदय होता है।

अर्थ—श्रीभरद्वाजजीका आश्रम अत्यन्त पवित्र, परम रमणीय और श्रेष्ठ मुनियोंके मनको भानेवाला है॥ ६॥

---

* मज्जहिं—ना० प्र०; १७०४। मज्जन—१६६१, १७२१, १७६२, छ०।

वहाँ (उनके आश्रममें) उन मुनियों, ऋषियोंका समाज होता है जो तीर्थराज प्रयागमें स्नानको जाते हैं॥ ७॥ (वे सब-के-सब) प्रात:काल उत्साहपूर्वक स्नान करते हैं और आपसमें एक-दूसरेसे भगवान्के गुणोंकी कथा कहते हैं॥ ८॥

टिप्पणी—१ (क) *'अति पावन'* का भाव कि प्रयागराजकी सभी भूमि तथा समस्त प्रयागवासियोंके आश्रम पावन हैं और भरद्वाजजीका आश्रम *'अति पावन'* है। इसका कारण आगे कहते हैं कि *'तहाँ होइ मुनि रिषय समाजा।'* (ख) *'मुनिबर मन भावन'* इति। जो स्थान पवित्र और सुन्दर होता है वही मुनियोंके मनको भाता है, यथा—*'आश्रम परम पुनीत सुहावा। देखि देवरिषि मन अति भावा॥'*, *'सुचि सुंदर आश्रम निरखि हरषे राजिवनैन'*, तथा यहाँ *'भरद्वाज आश्रम अति पावन'*। इसीसे यहाँ *'अति पावन'* और *'परम रम्य'* कहकर तब *'मुनिबर मन भावन'* कहा।

प० प० प्र०—भरद्वाजजी श्रीवाल्मीकिजीके शिष्य थे। यह अद्भुत रामायणसे सिद्ध है। यद्यपि महर्षि वाल्मीकिजीके आश्रममें *'खग मृग बिपुल कोलाहल करहीं। बिरहित बैर मुदित मन चरहीं॥'* (२।१२४।८) ऐसी स्थिति थी जो बात श्रीभरद्वाजजीके आश्रममें नहीं थी, तथापि महर्षि वाल्मीकिजीके आश्रमको *'अति पावन, परम रम्य'* विशेषण न देकर केवल *'सुचि सुंदर आश्रम'* कहा गया है, यह बात कुछ खटकती-सी है पर मर्म यह है कि भरद्वाजाश्रम *'मुनिबर मन भावन'* है, मुनिवरोंकी दृष्टिमें यह अति पावन और परम रम्य है, पर वाल्मीकि-आश्रम इतना शुचि (पावन) और इतना सुन्दर (रम्य) है कि वह *'कोटि काम कमनीय'*, *'आनँदहू के आनंददाता'*, *'जेहि पद सुरसरिता परम पुनीता प्रगट भई सिव सीस धरी'* ऐसे श्रीराम रघुनाथजीको भी आनन्दकर हुआ, उनको वह शुचि और सुन्दर देख पड़ा और वे देखकर आनन्दित हुए—*'सुचि सुंदर आश्रम निरखि हरषे राजिवनैन'*। *'अनुपम न उपमा आन राम समान राम'* को शुचि सुन्दर लगा और उससे उनको हर्ष कहकर कविने जना दिया कि उसकी शुचिता और रमणीयता अनुपम है, अनिर्वचनीय है, *'अति'* और *'परम'* आदि शब्दोंसे उसका कहना असम्भव है।

टिप्पणी—२ (क) *'तहाँ होइ मुनि रिषय समाजा'* इति। *'मुनि रिषय समाजा'* कहनेका भाव कि प्रयागराजमें आते तो सभी कोई हैं—*'देव दनुज किन्नर नर श्रेनी'*, पर समाज सबका नहीं होता। समाज केवल ऋषियों-मुनियोंका होता है। (ख) *'जाहिं जे मज्जन'* इति। *'तहाँ होइ'* से सूचित होता है कि इस आश्रमपर ऋषि-मुनि सदैव रहते हैं, उन्हींका समाज होता रहता है। अतएव कहा कि *'जाहिं जे......'* अर्थात् जो स्नान करने जाते हैं उन्हीं ऋषियों-मुनियोंकी सभा होती है। (यहाँ *'समाज'* के दोनों अर्थ लगते हैं—जुटाव और सभा। ऋषि-मुनि वहाँ आकर जुटते हैं और उनकी सभा होती है।)

नोट—१ मुनि और ऋषि पर्यायवाची शब्द हैं। यथा—*'बिस्वामित्र महामुनि आए॥'* (बा० २१४) और *'रिषय संग रघुबंसमनि।'* (बा० २१७) यहाँ कहते हैं कि *'तहाँ होइ मुनि रिषय समाजा'* परन्तु आगे इनके जानेके समय इनमेंसे एक ही शब्द दिया है जिससे भी स्पष्ट है कि ये दोनों शब्द पर्यायी हैं। यथा—*'मकर मज्जि गवनहिं मुनिबृंदा।'* (४।२)। *'सब मुनीस आश्रमन्हि सिधाए।'* (४५।३) ☞इस अर्धालीमें दोनों शब्द एक साथ आये हैं, इस कारण इन दोनोंमें महानुभावोंने कुछ सूक्ष्म भेद कहा है। वह यह कि—(क) मुनि मननशील हैं और ऋषि मन्त्रद्रष्टा। (रा० प्र०) (ख) मुनि ध्यान करनेवाले और ऋषि कर्मकाण्डी हैं। (पां०) (ग) ईश्वर, धर्म और सत्यासत्यादिका सूक्ष्म विचार करनेवाले मननशील महात्मा मुनि कहे जाते हैं। जैसे कि—अंगिरा, पुलस्त्य, भृगु, कर्दम, पञ्चशिख आदि। आध्यात्मिक और भौतिक तत्त्वोंका साक्षात्कार करनेवाले, वेदमन्त्रोंके प्रकाशक महात्माओंकी 'ऋषि' संज्ञा है। ऋषि सात प्रकारके माने गये हैं—(१) महर्षि जैसे व्यास। (२) परमर्षि जैसे भेल। (३) देवर्षि जैसे नारद। (४) ब्रह्मर्षि जैसे वसिष्ठ। (५) श्रुतर्षि जैसे सुश्रुत। (६) राजर्षि जैसे ऋतुपर्ण। (७) काण्डर्षि जैसे जैमिनि। एक पद ऐसे सात ऋषियोंका माना गया है जो कल्पान्त प्रलयोंमें वेदोंको रक्षित रखते हैं। (श० सा०) (घ) कोई-

कोई कहते हैं हि जो महात्मा पत्नीसंयुक्त भजन करते हैं वे मुनि हैं और जो अकेले रहते हैं वे ऋषि हैं। परन्तु इसका अपवाद है।

☞ महाभारत-आदिपर्व अध्याय ९१ में ययातिजीने अष्टकजीसे 'मुनि' की व्याख्या इस प्रकार की है कि—'**अरण्ये वसतो यस्य ग्रामो भवति पृष्ठतः। ग्रामे वा वसतोऽरण्यं स मुनिः स्याज्जनाधिप॥**' (९॥)' अर्थात् जिसके वनमें रहनेपर नगरके सब भोग पीछे पड़ जाते हैं और नगरमें बसते हुए वन आँखोंके सामने खड़ा रहता है, वही सच्चा मुनि है। अर्थात् नगरके भोग-विलास त्यागकर जो वनमें रहे। घररहित अपने गोत्र और शाखाके अभिमानसे रहित कौपीनमात्र धारणकर जीवनरक्षामात्र अन्न भोजन करता हुआ नगरमें रहनेवाला भी 'मुनि' है, वन उसके सामने माना गया है। (श्लोक १२, १३)।

नोट—२ '***मज्जहिं प्रात*****……**' इति। '***प्रात***' पद देनेका भाव यह है कि स्नान तो त्रिकाल होता है—प्रातः, मध्याह्न और सायं। यथा—'***पावन पथ तिहुँकाल नहाहीं।***' (अ०) और अन्यत्र अनेक स्थानोंमें कथाका समाज प्रायः चौथे पहरमें ही जुटता है, दोपहरके भोजन और विश्रामके उपरान्त स्नानके पश्चात् कथाका नियम पाया जाता है, यथा—'***लगे कहन कछु कथा पुरानी। बिगत दिवस गुर आयसु पाई। संध्या करन चले दोउ भाई॥***' परन्तु यहाँ यह नियम था कि प्रातःकाल स्नानके पश्चात् ही समाज होता था। माघमें प्रातःस्नानका विशेष माहात्म्य है। वही स्नान मुख्य है। (पंजाबीजी) एक ही पंक्तिमें '***मज्जहिं प्रात*****……**' और '***कहहिं परस्पर***' शब्द देनेसे भी इसी भावकी पुष्टि होती है।

टिप्पणी—३ (क) '***मज्जहिं प्रात समेत उछाहा***' इति। उत्साहपूर्वक कर्म करनेसे धन-धर्मकी वृद्धि होती है और उत्साह भंग होनेसे, मनमें खेद या मलिनता आ जानेसे दोनोंकी हानि होती है। यथा—'**उत्साहभंगे धनधर्महानिः**'। '**सादर मज्जहिं……**।' (४४। ४) में प्रमाण देखिये। अनुत्साहका कारण प्रायः अश्रद्धा ही होता है और अश्रद्धासे किया हुआ कर्म-धर्म सब व्यर्थ होता है। [उत्साह यह है कि शीतका भय नहीं करते।] (वै०) (ख)—'***कहहिं परस्पर***' का भाव कि कथाकी रीतिके अनुसार समाज नहीं होता कि कोई एक विशेष व्यक्ति कहे और सब सुनें वरंच सभी कहते हैं। तात्पर्य कि अनेक जगहके, देश-देशके, ऋषि-मुनि एकत्रित हुए हैं, सबकी इच्छा यही होती है कि सबकी वाणी सुननेको मिले। अतएव सब अपनी-अपनी मतिके अनुसार श्रीरामजीके गुणोंका कथन करते हैं। ('***परस्पर***' का भाव डींगरजी यह कहते हैं कि जो जिससे सत्संग करनेका इच्छुक होता था उसका उससे समागम होता था।)

टिप्पणी—४ इस दोहेमें प्रयाग-माघ-स्नानकी विधि, कथाका देश और काल कहे गये हैं। विधि यह बतायी है कि—प्रातःकाल स्नान करे, फिर माधवजीकी पूजा करके अक्षयवटका स्पर्श करे, तत्पश्चात् भरद्वाज मुनिका दर्शन करे तथा कथा सुने और कहे (यह प्रथा गोस्वामीजीके समय थी और अबतक चली आती है)। '***भरद्वाज आश्रम अति पावन***' से देश और '***प्रात समेत उछाहा***' से कालका निर्देश किया गया।

दो०—ब्रह्म निरूपन धर्म बिधि बरनहिं तत्व बिभाग।
कहहिं भगति भगवंत कै संजुत ग्यान बिराग॥ ४४॥

अर्थ—ब्रह्मका निरूपण, धर्मके विधान और तत्त्वके विभागोंका वर्णन करते हैं और ज्ञान-वैराग्य-संयुक्त भगवान्‌की भक्ति कहते हैं॥ ४४॥

नोट—१ ब्रह्मका वर्णन नहीं हो सकता, यथा—'**यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह**', '***मन समेत जेहि जान न बानी। तरकि न सकहिं सकल अनुमानी॥***' इसीसे ब्रह्मका निरूपण करना कहा।

टिप्पणी—१ इस दोहेमें प्रथम तीर्थराज प्रयागको कहा, यथा—'***भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा***' तथा '***तीरथ पतिहि आव सब कोई***'। फिर भगवान्‌के पद-प्रयागको कहा, यथा—'***पूजहिं माधव पद जलजाता***' और अब यहाँ तीसरे प्रयाग अर्थात् संतसमाज प्रयागको कहते हैं। तीर्थराज प्रयागमें सरस्वती, यमुना और गङ्गा हैं और इस संतसमाज प्रयागमें ब्रह्म-निरूपण सरस्वतीजी हैं, यथा—'***सरसइ ब्रह्म बिचार प्रचारा***'। धर्मविधि

यमुनाजी हैं, यथा—'*बिधि निषेधमय कलिमल हरनी। करम कथा रबिनंदिनि बरनी॥*' और भगवान्‌की भक्ति गङ्गाजी हैं, यथा—'*राम भगति जहँ सुरसरि धारा*'।

टिप्पणी—२ भगवान्‌के छः ऐश्वर्य हैं—ब्रह्मनिरूपण, धर्मविधि, तत्त्वविभाग, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य। इसीसे '*भगवंत*' कहा।

'ब्रह्मनिरूपण, धर्मविधि, तत्त्वविभाग'

(क) ब्रह्मनिरूपणसे उत्तरमीमांसा, धर्मविधिसे पूर्वमीमांसा, तत्त्वविभागसे सांख्य-शास्त्र, '*भगति भगवंत कै*' से शाण्डिल्यसूत्र, नारदपाञ्चरात्र, श्रीमद्भागवत और भक्ति-भाव-संग्रह इत्यादि भक्तिके ग्रन्थ और ज्ञानसे वेदान्तशास्त्र अभिप्रेत हैं। इनकी कुछ विशेष व्याख्या आगे लिखी जाती है—

(ख) '**ब्रह्मेति**' उत्तरमीमांसा ब्रह्मविद्या अथवा वेदान्त। जिस तरह पूर्वमीमांसाका विषय '**धर्म**' है उसी तरह उत्तरमीमांसाका विषय ब्रह्म है—'**अथातो ब्रह्मजिज्ञासा**'। 'ब्रह्म' कौन है? उसका क्या स्वरूप है? अथवा वह कैसा अर्थात् किस गुण-स्वभावका है? कौन ब्रह्म नहीं है?—इत्यादि सब विचार उसमें किये गये हैं। उसे वेदान्त इसलिये कहते हैं कि वह वेदोंका अन्तिम रहस्य है। वेदान्तका अर्थ है वेदोंका अन्त अर्थात् शिरोभाग। इन शिरोभागोंको ही उपनिषद् कहा जाता है। उसमें सब वेदोंका अन्तिम रहस्य अर्थात् ब्रह्मनिरूपण ही विशेष करके प्रतिपादित है। इन उपनिषदोंकी एकवाक्यता और पूर्वापर विरोधका निराश करनेके लिये भगवान् व्यासने ब्रह्मसूत्रोंकी रचना की, जिसका प्रथम सूत्र '**अथातो ब्रह्मजिज्ञासा**' है। इन ब्रह्मसूत्रोंमें यह सिद्धान्त कर दिया गया कि समस्त वेदोंका अन्तिम निर्णय वा साध्य ब्रह्मप्राप्ति है, फिर भी ब्रह्मसूत्रोंके दुर्बोध होनेसे उनपर कतिपय आचार्योंने भाष्य किये। आजकल जो भाष्य प्रसिद्ध हैं उनमेंसे प्रथम श्रीशङ्कराचार्यजीका है जिसमें अद्वैत-सिद्धान्तका ही प्रतिपादन किया गया है। उनके पश्चात् श्रीरामानुजाचार्यजीका भाष्य है जिसमें उन्हीं सूत्रोंसे विशिष्टाद्वैत-सिद्धान्तका प्रतिपादन किया गया है। इसी प्रकार श्रीमध्वाचार्यजी, श्रीनिम्बार्काचार्यजी, श्रीवल्लभाचार्यजी, श्रीरामनन्दाचार्यजी आदिने भी अपने-अपने मतानुसार भाष्य किये हैं। सुना जाता है कि श्रीशङ्कराचार्यजीके पूर्व भी ग्यारह-बारह भाष्य हो चुके थे। इन सब ग्रन्थोंमें अथवा इनके आधारपर और भी जो ग्रन्थ लिखे जाते हैं उनमें जो विषय निरूपित है वह सब वेदान्त शब्दसे कहा जाता है और यही सब ब्रह्मनिरूपणसे लक्षित है। वेदोंके कर्म स्वरूपसे परे उसकी गति है। अतः '**ब्रह्मनिरूपण**' से ब्रह्मविचारात्मक वेदान्तदर्शन ही गृहीत है।

(ग) प० प० प्र० का मत है कि 'यहाँ 'ब्रह्म' शब्दसे 'वेद' अभिप्रेत हैं, क्योंकि 'ज्ञान' शब्दमें '**ब्रह्म-परब्रह्मनिरूपण**' का अन्तर्भाव होता है। ब्रह्म-निरूपण=वेदप्रवचनादि।'

धर्मेति। (क)—मीमांसादर्शनके दो भाग हैं—एक पूर्वमीमांसा, दूसरा उत्तरमीमांसा। पूर्वमीमांसा विधिनिषेधात्मक कर्मका निरूपण करता है और यही धर्मशास्त्रका विषय है। उसका प्रथम सूत्र है—'**अथातो धर्मजिज्ञासा**'। धर्म क्या वस्तु है? उसके क्या लक्षण हैं? पात्र आदि-भेदसे उसका कैसा-कैसा स्वरूप होता है? यही सब उसके वर्ण्य विषय हैं। अतः धर्मविधिसे धर्मशास्त्र अथवा पूर्वमीमांसा ही अभिप्रेत है। पूर्वमीमांसाके कर्त्ता व्यासजीके शिष्य जैमिनिजी हैं।

(ख) '*धर्म बिधि*' इति। धर्म '**धरति विश्वं वा ध्रियते जनैः स धर्मः**'=अर्थात् जो विश्वको धारण करता है अथवा जो लोगोंसे धारण किया जाता है वह धर्म है। पुनः धर्म=वेदविहित कर्म। यथा अमरकोशे—'**धर्मस्तु तद्विधिः। तेन (वेदेन) विधीयते यज्ञादिः धर्म उच्यते।**' अर्थात् वेदके द्वारा जिसका विधान किया गया है वह यज्ञादि कर्म 'धर्म' कहा जाता है। '**धर्मविधिः=धर्मस्य विधिः कथनं यस्मिन् (ग्रन्थे) स धर्मविधिः।**' अर्थात् '**धर्मविधि**' शब्दसे वेद, स्मृति, पुराण, पूर्वमीमांसा आदि तथा इन सबोंके आधारपर आधुनिक निर्णयसिंधु-धर्मसिंधु आदि ग्रन्थ और उनमें प्रतिपादित धार्मिक विषय कहे जा सकते हैं, जिसको संक्षेपमें कर्मकाण्ड और धर्मशास्त्र कह सकते हैं।

कर्मके दो भेद हैं—एक विधि, दूसरा निषेध। **'सत्यं वद'** यह विधि है। **'दिवा निद्रां मा कुरु'** यह निषेध है। इनके भी नित्य, नैमित्तिक और काम्य ऐसे तीन भेद हैं। जो कर्म नित्य आचरण करनेको कहा गया है, जिसका कोई निमित्त नहीं है वह 'नित्य कर्म' है। जैसे कि संध्योपासना, एकादशीव्रत आदि। ये सब 'नित्य विधि' हैं। झूठ न बोलो, चोरी न करो आदि 'नित्य निषेध' हैं। जो किसी निमित्तसे विधि-निषेध कहे जाते हैं वे नैमित्तिक हैं। जैसे कि ग्रहणमें स्नान 'नैमित्तिक विधि' है और ग्रहणमें भोजन न करो यह 'नैमित्तिक निषेध' है। जो किसी कामनासे किया जाय वह 'काम्य' है। जैसे कि पुत्रकी इच्छा करनेवाला पुत्रकामेष्टि यज्ञ करे, यह 'काम्य विधि' है। संततिका कल्याण चाहनेवाला सोमवारको मुण्डन न करे (बाल न बनवाये) यह 'काम्य निषेध' है। इनमेंसे नित्य और नैमित्तिक आचरण न करनेसे दोष लगता है और काम्य कर्म तो अपनी इच्छापर है।

इन सब कर्मोंके 'सामान्य और विशेष' ये दो भेद हैं। जो मनुष्यमात्रके लिये कहे गये हैं वे 'सामान्य' हैं। जो किसी वर्ण या आश्रम आदिके लिये कहे गये हैं वे 'विशेष' हैं।

इस प्रकार इस विषय (धर्मविधि) का यथार्थ ज्ञान तो उपर्युक्त ग्रन्थोंके पढ़नेसे ही हो सकता है, यहाँ दिग्दर्शनमात्र किया गया है।

☞ उपर्युक्त ग्रन्थोंमें कर्मकाण्ड या धार्मिक विषय प्रतिपादनके समय मोक्ष या भगवत्प्राप्तिकी विशेष चर्चा नहीं है, तथापि इसके सुननेसे मनुष्य नरकादिजन्य दुःखके डरसे पापोंसे निवृत्त हो सकता है, तथा सुखके लिये पुण्यमें प्रवृत्त हो सकता है। वे सब कर्मफलकी आशा न रखकर केवल भगवत्प्रीत्यर्थ वा अपना कर्त्तव्य समझकर करे तो इनके द्वारा चित्तकी शुद्धि होती है जो मोक्ष या भगवत्प्राप्तिके लिये अत्यन्त आवश्यक है। जबतक चित्तमें अनेक विषय-वासनाएँ हैं तबतक उसे अशुद्ध कहते हैं। विषयवासनाओंके नष्ट होनेपर वह शुद्ध कहा जाता है। यथा—**'अशुद्धं कामसम्पर्काच्छुद्धं कामविवर्जितम्।'** श्रीमद्भगवद्गीतामें भी कहा है—**'एतान्यपि तु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च। कर्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम्॥'** (१८।६) **'कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।'**(३। २०) अतः महात्मालोग प्रसङ्गानुसार इस विषयकी भी चर्चा करते हैं।

(ग) वि० टी०—**'धर्मविधि'** इति। 'राजशिक्षासोपान' नामकी पुस्तकसे—शास्त्रोंके अनुसार धर्मकी अनेक परिभाषाएँ हैं सो यों कि—(अ) **'वेदप्रणिहितं कर्म धर्मस्तन्मङ्गलं परम्। प्रतिषिद्धक्रियासाध्यः सगुणोऽधर्म उच्यते॥'** अर्थात् जो परममङ्गलकारी कर्म वेदविहित है वह 'धर्म' और वेदमें जिसका निषेध किया है वह 'अधर्म' कहलाता है। (आ) **'प्राप्नुवन्ति यतः स्वर्गमोक्षौ धर्मपरायणे। मानवा मुनिभिर्नूनं स धर्म इति कथ्यते॥'** अर्थात् जिस कर्मके द्वारा मनुष्य स्वर्ग और मोक्षको प्राप्त होते हैं पूज्यपाद महर्षियोंने उसे धर्म कहा है। (इ) **'सत्त्ववृद्धिकरो योऽत्र पुरुषार्थोऽस्ति केवलः। धर्मशीले तमेवाहुर्धर्मं केचिन्महर्षयः॥'** अर्थात् जो पुरुषार्थ सत्त्वगुणको बढ़ानेवाला हो कोई-कोई महर्षि उसको धर्म कहते हैं। (ई) **'यो बिभर्ति जगत्सर्वमीश्वरेच्छा ह्यलौकिकी। सैव धर्मो हि शुभगे नेह कश्चन संशयः॥'** अर्थात् जो अलौकिकी ईश्वरेच्छा इस जगत्को धारण करती है वही धर्म है—इन सब वचनोंका तात्पर्य यह है कि जिन शारीरिक, वाचिक और मानसिक कर्मोंके द्वारा सत्त्वगुणकी वृद्धि हो उनको 'धर्म' कहते हैं और जिनके द्वारा तमोगुणकी वृद्धि हो उन्हें 'अधर्म' कहते हैं। यथा—**'अहिंसासत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः। एतत्सामासिकं धर्मं चातुर्वर्ण्येऽब्रवीन्मनुः॥'** अर्थात् प्राणिमात्रपर दया करना, सत्य बोलना, चोरी न करना, शुद्धता और इन्द्रियोंको वशमें रखना—ये संक्षेपसे चारों वर्णोंके धर्म मनुजीने कहे हैं।

(घ) महाभारत कर्णपर्वमें भगवान्‌ने अर्जुनजीसे कहा है कि—प्राणियोंके अभ्युदय और कल्याणके लिये ही 'धर्म' की व्याख्या की गयी है। जिससे इस उद्देश्यकी सिद्धि हो वही 'धर्म' है। धर्मका नाम धर्म इसलिये पड़ा कि वह सबको धारण करता है, अधोगतिमें जानेसे बचाता है और जीवनकी रक्षा करता है। जिस कर्मसे प्राणियोंके जीवनकी रक्षा हो वही 'धर्म' है। जो कर्म अहिंसासे युक्त हो वह

'धर्म' है। वनपर्वमें धर्म व्याधाने धर्मकी व्याख्या इस प्रकार की है—'धर्म-न्याययुक्त कर्मोंका आरम्भ। धर्म तीन प्रकारके हैं। वेदप्रतिपादित, धर्मशास्त्रवर्णित और सत्पुरुषोंके आचरण। वेद, स्मृति और सदाचार—ये तीन धर्मका ज्ञान करानेवाले हैं।' शान्तिपर्वमें भीष्मपितामहजीका वचन है कि धर्मके अनेक विधान हैं, पर उन सबोंका आधार *'दम'* है। महर्षि देवस्थानने युधिष्ठिरजीसे कहा है कि खूब विचार करके बुद्धिमानोंने यही निश्चय किया है कि किसीसे द्रोह न करना, सत्य-भाषण करना, दान देना, सबपर दया रखना, इन्द्रियोंका दमन करना, अपनी ही स्त्रीसे पुत्रोत्पन्न करना तथा मृदुता, लज्जा और अचञ्चलता धारण करना यही 'प्रधान धर्म' है और स्वायम्भुवमनुने कहा है। हंसभगवान्‌ने साध्यगणोंसे कहा है कि अपने उपस्थ, उदर, हाथ और वाणीको पापसे बचाये रखना 'धर्म' है। ☞एक ही क्रिया देश और कालके भेदसे 'धर्म' या 'अधर्म' हो जाती है। लोक और वेदमें धर्मके दो भेद हैं—प्रवृत्ति और निवृत्ति। निवृत्तिका फल मोक्ष है और प्रवृत्तिका बारम्बार जन्म-मरण। विशेष विनय-पीयूष पद १० में देखिये। धर्मके आठ अंग कहे गये हैं, यथा—**'इज्याध्ययनदानानि तपः सत्यं धृतिः क्षमा। अक्षोभ इति मार्गोऽयं धर्मश्चाष्टविधः स्मृतः॥'**

टिप्पणी—३ *'तत्त्वविभाग'* इति। (क) तत्त्वविभागसे प्रकृतिके तत्त्वोंका विचार जिस दर्शनमें किया गया है (अर्थात् सांख्यदर्शन) उसका ग्रहण है। इस दर्शनमें पृथ्वी, जल, पवन, तेज, आकाश, मन, बुद्धि, प्रकृति, प्रधान प्रकृति और उसके लक्षण, उनकी विकृति आदिका विचार किया गया है। गोस्वामीजीने अन्यत्र भी इस दर्शन, इसके विषय और कर्त्ताकी चर्चा की है। यथा—*'सांख्य सास्त्र जिन्ह प्रगट बखाना। तत्त्व बिचार निपुन भगवाना॥'* (१।१४२)

(ख) प्रत्येक मनुष्यका परब्रह्म परमात्माको जानना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि उनके जाने बिना न तो वह उनकी भक्ति कर सकता है, न उनकी प्राप्ति और न मोक्ष ही पा सकेगा। जिस प्रकार तिलमें तैल अथवा दूधमें घृत व्याप्त है, उसी प्रकार इस चराचर जगत्‌में परमात्मा भी व्याप्त है। अतः चराचर जगत्‌के मूल तत्त्वोंका जानना भी परमावश्यक है। इस विषयका विचार सांख्यशास्त्रमें किया गया है। इस शास्त्रके आद्य आचार्य भगवदवतार 'कपिलदेव' महामुनि हैं। उन्होंने 'सांख्य-सूत्र' बनाया है जिसपर पण्डितोंने भाष्य आदि भी लिखे हैं तथा इनके आधारपर और ग्रन्थ बनाये हैं जिनमेंसे 'सांख्यकारिका' और उसकी टीका 'सांख्य-तत्त्व-कौमुदी' आजकल प्रसिद्ध है और प्रामाणिक मानी जाती हैं। इस ग्रन्थमें एक कारिकामें तत्त्व गिनाये हैं। यथा—**'मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त। षोडशकस्तु विकाराः।'** अर्थात् मूल प्रकृति, महत्तत्त्व, अहंकार, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध—ये पाँच तन्मात्राएँ, पञ्च महाभूत (आकाश, वायु, तेज, जल, पृथ्वी), दस इन्द्रियाँ और मन प्रकृतिके चौबीस तत्त्व हैं। पुरुष (जीवात्मा) को मिलाकर कुल पचीस तत्त्व हैं। इनमेंसे 'मूल-प्रकृति' तो सबकी प्रकृति ही है, यह किसीकी विकृति नहीं है। आगेवाले सात तो पूर्वकी अपेक्षा विकृति और आगेवालोंकी अपेक्षा प्रकृति हो सकते हैं। अतः उनको प्रकृति और विकृति दोनों कहा जा सकता है। इनके बादवाले सोलह (महाभूतादि) तो विकृति ही हैं। पुरुष न किसीकी प्रकृति है और न विकृति ही। तत्त्वोंके विभागके विषयमें बहुत मतभेद है। कोई तत्त्वोंकी संख्या २६ बताते हैं तो कोई २५ और कोई २४ ही कहते हैं। इसी तरह कोई ७, कोई ९ तो कोई ४, ११, १३, १६ वा १७ स्वीकार करते हैं। भा० ११। २२ में भगवान्‌ने उद्धवसे इसका कारण बताते हुए अपने वक्तव्यमें सबका समन्वय किया है और सभीके विचारोंको सुसंगत बताया है। पाठक विस्तारपूर्वक इसका ज्ञान उसे पढ़कर प्राप्त कर सकते हैं। गीता १३।५ में भी यह स्थूल शरीर २४ तत्त्वोंका समूह कहा गया है। यथा—**'महाभूतान्यहंकारो बुद्धिरव्यक्तमेव च। इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचराः॥'** अर्थात् पञ्चमहाभूत (पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश), अहंकार, बुद्धि, अव्यक्त, पञ्चज्ञानेन्द्रिय, पञ्चकर्मेन्द्रिय और मन तथा पञ्चतन्मात्रा (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध) चौबीस तत्त्व हैं।

यद्यपि सांख्यशास्त्रमें ईश्वरकी चर्चा नहीं किन्तु खण्डन ही है तथापि वेदान्तका निरूपण तत्त्वविभाग जाने बिना ठीक नहीं हो सकता। अतः हमारे आचार्योंने अपने ग्रन्थोंमें समय-समयपर आवश्यक विषयका प्रतिपादन किया है। इसीसे महात्मा लोग भी उसकी चर्चा करते हैं, जैसे कि उपर्युक्त दोहेसे स्पष्ट है।

टिप्पणी—४ *'भगति'* इति। भक्तिसे भगवत्-भक्तिका उद्बोधन है। जीवोंके एकमात्र ध्येय, ज्ञेय और उपास्य भगवान् हैं। वे अनन्त कल्याणगुणोंकी राशि हैं। उनके कारुण्य, औदार्य और सौलभ्यादि दिव्य गुण भक्तों-आर्तजनोंके लिये अत्यन्त हितकर और उनके उत्साहके बढ़ानेवाले हैं, उन्हें गङ्गाके मूलोद्गम भगवच्चरणारविन्दोंकी ओर खींचनेवाले हैं। इस संसाररूप महासागरके लिये उससे जीवोंका उद्धार करनेके लिये वे वोहित (जहाज) के सदृश हैं, यथा—'**यत्पादप्लवमेकमेव हि भवाम्भोधेस्तितीर्षावतां वन्देऽहं तमशेषकारणपरं रामाख्यमीशं हरिम्॥**' (मं० श्लो०) भगवत्-सम्बन्धके अतिरिक्त जितने सम्बन्ध हैं, वे सब मिथ्या, तुच्छ और अनित्य हैं। जीव उसीके अंशभूत हैं, अतः उसीके हैं और उनकी सभी वस्तुएँ उसीकी हैं। उन्हें व्यर्थके अहंकार और ममकारसे छूटकर अपनेको सर्वतोभावसे उसीके चरणोंपर अर्पण कर देना चाहिये। यही जीवोंका परमधर्म और एकान्त पुरुषार्थ है।

पद्मपुराण-पातालखण्डमें श्रीअम्बरीषजीके पूछनेपर कि 'किस मनुष्यको कब, कहाँ, कैसी और किस प्रकार भक्ति करनी चाहिये' श्रीनारदजीने भक्तिका वर्णन इस प्रकार किया है कि—भक्ति मानसी, वाचिकी, कायिकी, लौकिकी, वैदिकी तथा आध्यात्मिकी अनेकों प्रकारकी है। ध्यान, धारणा, बुद्धि तथा वेदार्थके चिन्तनद्वारा जो भगवान्को प्रसन्न करनेवाली भक्ति की जाती है, उसे 'मानसी' भक्ति कहते हैं। दिन-रात अविश्रान्तभावसे वेदमन्त्रोंके उच्चारण, जप तथा आरण्यक आदिके पाठद्वारा जो भगवान्की प्रसन्नताका सम्पादन किया जाता है, उसका नाम 'वाचिकी' भक्ति है। व्रत, उपवास और नियमोंके पालन तथा पाँचों कर्मेन्द्रियोंके संयमद्वारा की जानेवाली आराधना 'कायिकी' भक्ति है। पाद्य, अर्घ्य आदि उपचार, नृत्य, वाद्य, गीत, जागरण तथा पूजन आदिके द्वारा जो भगवान्की सेवा की जाती है उसे 'लौकिकी' भक्ति कहते हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेदके जप, संहिताओंके अध्ययन आदि तथा हविष्यकी आहुति, यज्ञ-यागादिके द्वारा की जानेवाली उपासनाका नाम 'वैदिकी' भक्ति है। 'आध्यात्मिकी' भक्ति योगजन्य है। इसका साधक सदा अपनी इन्द्रियोंको संयममें रखकर प्राणायामपूर्वक ध्यान किया करता है। वह ध्यानमें देखता है कि भगवान्का मुखारविन्द अनन्त तेजसे प्रदीप्त हो रहा है, यज्ञोपवीत शरीरपर शोभा पा रहा है। वे पीताम्बर धारण किये हैं। उनके नेत्र जीकी जलनको हर रहे हैं, इत्यादि।

पद्मपुराण-उत्तरखण्डमें श्रीशिवजीने श्रीपार्वतीजीसे भक्तिका स्वरूप इस प्रकार बताया है कि—'भक्ति तीन प्रकारकी बतायी गयी है—सात्त्विकी, राजसी और तामसी। सात्त्विकी उत्तम है, राजसी मध्यम और तामसी कनिष्ठ है। मोक्षफलके इच्छुकोंको श्रीहरिकी उत्तम भक्ति करनी चाहिये। अहंकारको लेकर या दूसरोंको दिखानेके लिये अथवा ईर्ष्यावश या दूसरोंका संहार करनेकी इच्छासे जो किसी देवताकी भक्ति की जाती है वह 'तामसी' है। विषयोंकी इच्छा रखकर अथवा यश और ऐश्वर्यकी प्राप्तिके लिये भगवान्की जो पूजा की जाती है वह राजसी है। कर्मबन्धनका नाश करनेके लिये भगवान्के प्रति आत्मसमर्पणकी बुद्धि करनी सात्त्विकी भक्ति है। जैसी भक्ति की जाती है वैसी ही गति प्राप्त होती है।'

टिप्पणी—५ *'ग्यान'* इति। ज्ञानसे मतलब भगवत्स्वरूपके परिज्ञानसे है। आत्म और अनात्म पदार्थोंके विवेकको ज्ञान कहते हैं। भगवान् सत्य हैं और दिव्य सच्चिदानन्दविग्रह हैं। यह संसार अनित्य है और मन-बुद्धिसहित यह शरीर नश्वर है।—यही ज्ञान है।

टिप्पणी—६ *'बिराग'* इति। यह संसार असत्य है। इसके समस्त पदार्थ अनित्य हैं। पुत्र-कलत्रादि समस्त सम्बन्ध मिथ्या हैं, ये सभी भगवान्से विमुख करनेवाले हैं। यह यौवन अस्थिर है और यह जीवन चञ्चल है, अन्तमें एक दिन मरना है। अतः इनमें नहीं फँसना चाहिये और भगवच्चरणोंका चिन्तन करना चाहिये। शब्द-स्पर्शादि पञ्चविषयोंसे मनको हटाकर और इस संसारको मायाजाल एवं दुःखस्वरूप जानकर तथा इस शरीरको बन्धन परन्तु साथ ही साधनस्वरूप मानकर आत्मस्वरूपमें वृत्तिको स्थिर करना परम कर्तव्य है।

टिप्पणी—७ *'भगति'''''' संजुत ग्यान बिराग'* इति। भक्ति, ज्ञान और वैराग्यकी व्याख्या मानसमें स्थल-

स्थलपर आयी है। विनय-पत्रिका पद २०५ में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य क्या है यह थोड़ेमें इस प्रकार बतलाया गया है—

'सम संतोष बिचार बिमल अति सतसंगति ए चारि दृढ़ करि धरु।
काम क्रोध अरु लोभ मोह मद राग द्वेष निस्सेष करि परिहरु॥ २॥
श्रवन कथा मुख नाम हृदय हरि सिर प्रनाम सेवा कर अनुसरु।
नयनन्हि निरखि कृपासमुद्र हरि अग जग रूप भूप सीताबरु॥ ३॥
इहै भगति वैराग्य ज्ञान यह हरितोषन यह सुभ ब्रत आचरु।'

नारदपाञ्चरात्रमें भी यही कहा है, यथा—'**हृषीकैश्च हृषीकेशसेवनं भक्तिरुच्यते।**'

☞अन्तमें '*संजुत ग्यान बिराग भक्ति*' को कहकर सूचित किया है कि सन्तसमाज-प्रयागके सत्सङ्गका निष्कर्ष ज्ञान-वैराग-संयुक्त भक्ति है। ज्ञान और वैराग्य बिना भक्तिके शोभित नहीं होते और भक्ति भी दृढ़ तभी होती है जब वह ज्ञान और वैराग्यसे युक्त हो—यह सिद्धान्त दृष्टिगोचर रखकर ही गोस्वामीजीने अन्यत्र भी कहा है कि—'*सोह न राम प्रेम बिनु ग्यानू।*', '*बादि बिरति बिनु ब्रह्म बिचारू।*' (अ०), '*श्रुति संमत हरिभगति पथ संजुत बिरति बिबेक।*' (उ०), तथा—'*जुग बिच भगति देवधुनि धारा। सोहति सहित सुबिरति बिचारा॥*' (बा० ४०) ज्ञान और वैराग्य साथमें होनेसे भक्तिकी शोभा विशेष हो जाती है इसीसे ज्ञानी भक्त '*प्रभुहिं बिसेष पियारा*' कहा गया है।

अस्तु! प्रयागमें मुनियोंका मकरके अवसरपर जब समागम होता था तब उनमें ब्रह्ममीमांसा, धर्ममीमांसा, सृष्टितत्त्व, भगवद्भक्ति, ज्ञान और वैराग्यकी चर्चा होती थी—इस प्रकार सत्सङ्ग होता था। इनका वर्णन स्थल-स्थलपर प्रसंगानुसार रामचरितमानसमें भी है और होना ही चाहिये, क्योंकि जब उसमें उस अवसरके मुनियोंका (भरद्वाज-याज्ञवल्क्यका) संवाद है तब वे विविध विषय भी आने ही चाहिये, उनका आना स्वाभाविक ही है।

नोट—३ करुणासिन्धुजीने ब्रह्मनिरूपण आदिपर विस्तारसे लिखा है। पाठक यदि चाहें तो वहाँ देख लें। धर्म और भक्ति आदिके विषयमें पूर्व भी लिखा जा चुका है।

नोट—४ चिदचित् (जीव और प्रकृति) और ब्रह्मका शरीर-शरीरी सम्बन्ध है, यथा श्रुति—'**यस्यात्मा शरीरम्**', '**यस्य पृथिवी शरीरम्**', '**यस्य सर्वं शरीरम्**' इत्यादि। शरीर-शरीरीसे अभेद माना जाता है। शास्त्रोंका यह निश्चित सिद्धान्त है कि ब्रह्म सदैव चिदचिद्विशिष्ट ही रहता है, निर्विशेष चिन्मात्र नहीं। इसीसे ब्रह्मके निरूपणमें ब्रह्मके शरीरभूत जीव और कारण प्रकृतिका निरूपण भी आ गया। अतएव इनका पृथक् निरूपण नहीं कहा गया। प्रकृतिके कार्यभूत तत्त्वोंका विभागशः वर्णन होता है, अतः उसका वर्णन कहा गया। (वे० भू०)

प० प० प्र०—ब्रह्म-निरूपण, धर्मविधि और तत्त्व-विभागके सम्बन्धमें '*बरनहिं*' अर्थात् वर्णन करना कहा और भक्तिको '*कहहिं*' ऐसा कहा। यह भेद मानसमें ध्यानमें रखनेयोग्य है। भक्ति रस है, यथा—'*राम भगति रस सिद्धि हित भा यह समउ गनेस।*', '*हरिपद रति रस......।*' इसका आस्वादन करनेसे तोष-प्राप्तिकी अनुभूति होती है यथा—'*स्वाद तोष सम सुगति सुधा के।*' रस कहनेका विषय नहीं है, अतः यहाँ '*कहहिं भगति*' से '*कहहिं भगति कथा*' ही समझना चाहिये।

एहि प्रकार भरि माघ नहाहीं। पुनि सब निज निज आश्रम जाहीं॥ १॥
प्रति संबत अति[1] होइ अनंदा। मकर मज्जि गवनहिं मुनि बृंदा॥ २॥

अर्थ—इस प्रकार (अर्थात् जैसा ऊपर कह आये हैं कि '*मज्जहिं प्रात समेत उछाहा। कहहिं परस्पर*

१, अति—१६६१, रा० प्र०, गौड़जी, ना० प्र०। अस—दीनजी।

हरिगुन गाहा॥') सब पूरे माघभर स्नान करते हैं फिर सब अपने-अपने आश्रमोंको लौट जाते हैं॥ १॥ हर साल अत्यन्त आनन्द होता है। मकरस्नान करके मुनिवृन्द चले जाते हैं॥ २॥

टिप्पणी—१ *'भरि माघ नहाहीं'* इति। *'भरि माघ'* नहानेका भाव कि एक दिन भी कम नहीं होने पाता, क्योंकि यदि एक दिन भी कम हो जाय तो कल्पवास खण्डित हो जाता है, इसीसे चान्द्रमास और सौरमास दोनोंके साथ *'भरि'* पद दिया गया है। यथा—*'भरि माघ नहाहीं'* और *'एक बार भरि मकर नहाए।'*

टिप्पणी—२ *'एहि प्रकार'* से 'कथामें अन्तर न पड़ना' जनाया; यथा—*'मज्जहिं प्रात समेत उछाहा। कहहिं परस्पर हरि गुन गाहा॥ एहि प्रकार भरि माघ नहाहीं।'* *'भरि माघ'* से दिनका अन्तर न पड़ना और *'प्रति संबत'* से वर्षका भी अन्तर न पड़ना जनाया। अर्थात् प्रत्येक वर्ष, प्रत्येक माघ और मकरमासमें प्रत्येक दिन स्नान और कथा इसी प्रकार होती है।

टिप्पणी—३ *'प्रति संबत अति होइ अनंदा'* इति। *'प्रति संबत'* का भाव कि वे मुनि कल्पवासमें संवत्का भी अन्तर नहीं पड़ने देते। पुनः भाव कि सत्सङ्गसे अत्यन्त आनन्द मिलता है अतः वे प्रति संवत् आते हैं। इससे सदाकी यही रीति सूचित की। (किसी निश्चित समयतक अनवरत तीर्थसेवनका नाम कल्पवास है।)

टिप्पणी—४ यहाँ जाना दो बार कहा गया; यथा—*'पुनि सब निज निज आश्रम जाहीं'* और *'मकर मज्जि गवनहिं मुनि बृन्दा।'* दो बार लिखनेका कारण यह है कि—(क) कुछ लोग चान्द्रमासभर ही स्नान करते हैं और कुछ माघ (चान्द्र) और सौर (मकर) मास दोनों। जो चान्द्रमासभर नहाते हैं वे उसकी पूर्तिपर चले जाते हैं, दूसरे मासके पूरा होनेकी राह नहीं देखते। इनका जाना *'एहि प्रकार''''''आश्रम जाहीं'* में कहा। मुनिवृन्द मकरस्नानके पूरे होनेके पहले नहीं जाते, ये चान्द्र और सौर दोनों मास पूरा करते हैं। इसीसे इनका जाना पीछे कहा। पुनः, (ख) (४४।३-४) में प्रथम कहा था कि *'तीरथ पतिहि आव सब कोई॥''''''सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी।'* फिर इनसे पृथक् मुनियों-ऋषियोंको कहा गया था, यथा—*'तहाँ होइ मुनि रिषय समाजा। जाहिं जे मज्जन तीरथराजा॥'* इनका स्नान भी देव-दनुजादिसे पृथक् कहा गया है, यथा—*'मज्जहिं प्रात समेत उछाहा।'*—उसी प्रकार यहाँ अब पहले *'आव सब कोई'* वालोंका जाना *'पुनि सब निज''''''* ' से कहा और फिर मुनिवृन्दोंका जाना कहा। (ग) मकरके सूर्यका निश्चय नहीं कि माघहीमें रहें। कभी तो सूर्य पौषहीमें मकर राशिपर आ जाते हैं और कभी माघमें तथा कभी माघभर मकरके सूर्य रहते हैं। जिनका माघ-स्नानका नियम है वे माघकी समाप्तिपर चले जाते हैं।

नोट—१ मुं० रोशनलालने *'माघ'* की जगह *'मकर'* पाठ दिया है। प्रकाशक (खड्गविलास प्रेस) लिखते हैं कि कोई हठ करते हैं कि *'मकर'* ही शुद्ध पाठ है, क्योंकि सब ठौर मकरका ही स्नान लिखा हुआ है। यथा—*'एहि प्रकार भरि मकर नहाहीं।', 'मकर मज्जि गवनहिं मुनिबृंदा।', 'एक बार भरि मकर नहाए'* तथा *'माघ मकर गत रबि जब होई।'*—इसका उत्तर (४४।३) और उपर्युक्त टिप्पणीमें भी है।

पंजाबीजी लिखते हैं कि *'माघ मकर गत रबि जब होई'* में *'माघ'* कहनेसे ही मकरगत रविका बोध हो जाता था। परंतु मास दो प्रकारका होता है। अतः दो पद देकर दो मास सूचित किये हैं।

पं० रामवल्लभाशरणजी कहते हैं कि—'परंतु ज्योतिषमें प्रत्येक मास चार प्रकारका कहा गया है—चान्द्र, सौर, सावन और नाक्षत्र। शुक्लपक्षकी प्रतिपदासे लेकर अमावस्यातकका काल मुख्य वा अमान्त चान्द्रमास कहलाता है। (चान्द्रमास गौण भी होता है जो कृष्णप्रतिपदासे पूर्णिमान्ततक माना जाता है।) (श० सा०) एक संक्रान्तिसे दूसरे संक्रान्तितकके मासको 'सौरमास' कहते हैं। जिसमें पूरे तीस दिन हों वह 'सावन' मास है। जितने कालमें चन्द्रमा अश्विनी नक्षत्रसे चलकर सत्ताईस नक्षत्रोंपर एक बार घूमकर फिर अश्विनीपर आता है उसे 'नाक्षत्र' मास कहते हैं। प्रमाण यथा—'दशावधिं चान्द्रमुशन्ति मासं सौरं तथा भास्करभानुभोगात्। त्रिंशद्दिनं सावनसंज्ञमाहुर्नाक्षत्रमिन्दोर्भग्रभ्रमाच्च॥' आपके मतानुसार उपर्युक्त टि० ४ में जहाँ-जहाँ *'चान्द्र'* शब्द आया है वहाँ-वहाँ 'सावन' शब्द होना चाहिये। श० सा० में लिखा है कि 'सावन' मासका व्यवहार

व्यापारादि व्यावहारिक कामोंमें होता है; यह किसी दिनसे प्रारम्भ होकर तीसवें दिन समाप्त होता है।

नोट—२ माघ चान्द्रमासका ग्यारहवाँ महीना है। मानसभावप्रकाशमें लिखा है कि *'माघ'*=मा (निषेध)+अघ=मत पापकर। मघा नक्षत्र पूर्णमासीको होता है अतः माघ नाम पड़ा। कोई कहते हैं कि 'माघ-पुष्प (कुन्द) इस मासमें फूलता है अतः इसका नाम माघ पड़ा।' राशि बारह हैं। उनके नाम ये हैं—मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ और मीन। मकर दसवीं राशि है। उत्तराषाढ़ नक्षत्रके तीन पाद, पूरा श्रवण नक्षत्र और धनिष्ठाके आरम्भके दो पाद हैं। इसे षष्ठोदय, दक्षिण दिशाका स्वामी, रूक्ष, भूमिचारी, शीतलस्वभाव और पिंगल वर्णका, वैश्य, वातप्रकृति और शिथिल अंगोंवाला मानते हैं। ज्योतिषके अनुसार इस राशिमें जन्म लेनेवाला पुरुष परस्त्रीका अभिलाषी, धन उड़ानेवाला, प्रतापशाली, बातचीतमें बहुत होशियार, बुद्धिमान् और वीर होता है। इसका स्वरूप मगर वा घड़ियालका-सा होता है।

प० प० प्र०—यहाँ *'अनंदा'* और *'बृंदा'* से यमककी विषमताद्वारा प्रदर्शित किया है कि मुनिगणके गमनसे आनन्द घट जाता है। *'संत मिलन सम सुख कछु नाहीं'* और *'बिछुरत एक प्रान हरि लेहीं'* कहा ही है।

एक बार भरि मकर नहाए। सब मुनीस आश्रमन्ह सिधाए॥ ३॥
जागबलिक मुनि परम बिबेकी। भरद्वाज राखे पद टेकी॥ ४॥

अर्थ—एक बार (की बात है कि) सब मुनीश्वर मकरभर स्नान करके अपने-अपने आश्रमोंको चले॥ ३॥ (तब) भरद्वाज मुनिने परमविवेकी याज्ञवल्क्य मुनिके चरणोंपर माथा रखकर उनको रोक रखा॥ ४॥

नोट—१ *'भरि मकर'*—(४५। १-२) देखिये। *'भरि मकर नहाए'* इति। मकरभर स्नान करके सब मुनीश्वरोंका जाना कहनेसे सूचित हुआ कि श्रीरामचरितमानसकथा फाल्गुनमें हुई। मकरमास फाल्गुनमें समाप्त हुआ।

नोट—२ *'जागबलिक मुनि परम बिबेकी'* इति। श्रीमद्भागवत (१२। ६। ५५—७४) में इनकी कथा इस प्रकार है—याज्ञवल्क्यजीने ऋग्वेदसंहिता वाष्कलसे और वाष्कलने पैलसे सुनी। पैलने व्यासजीसे पढ़ी थी। इसी प्रकार यजुर्वेदसंहिता व्यासजीने अपने शिष्य वैशम्पायनजीसे कही। यह संहिता याज्ञवल्क्यजीने वैशम्पायनसे पढ़ी थी। वैशम्पायनको ब्रह्महत्या लगी तब उनके शिष्य चरकाध्वर्यने हत्या दूर करनेवाले व्रतका आचरण किया। तब याज्ञवल्क्यजीने कहा—'हे भगवन्! इन अल्पवीर्य ब्राह्मणोंके किये हुए व्रतसे ऐसा क्या लाभ है? मैं अकेला ही दुश्चरव्रतका आचरण करूँगा'—**'याज्ञवल्क्यश्च तच्छिष्य आहाहो भगवन्कियत्। चरितेनाल्पसाराणां चरिष्येऽहं सुदुश्चरम्॥'** (भा० १२। ६। ६२) यह सुन वैशम्पायनजी रुष्ट होकर बोले—'मुझे ब्राह्मणोंका अपमान करनेवाले तुझ-ऐसे शिष्यसे कोई प्रयोजन नहीं है, तू तुरंत ही मुझसे पढ़ी हुई विद्या त्याग दे और यहाँसे चला जा'—**इत्युक्तो गुरुरप्याह कुपितो याह्यलं त्वया। विप्रावमन्त्रा शिष्येण मदधीतं त्यजाश्विति॥'** (६३) तब याज्ञवल्क्यजीने यजुः (श्रुतियों) को वमन कर दिया और वहाँसे चल दिये। उन वमनरूपसे पड़े हुए यजुर्वेदके मन्त्रों (श्रुतियों) को (जो अत्यन्त सुरम्य थे) देखकर अन्यान्य मुनियोंने लोलुपतावश तीतररूप रखकर ग्रहण कर लिया। (तीतररूपसे निगला, क्योंकि ब्राह्मणरूपसे वमनको कैसे निगलते ?)। इससे वह अत्यन्त मनोहर यजुःशाखा तैत्तिरीय शाखा कहलायी। तत्पश्चात् याज्ञवल्क्यजीने, वैशम्पायन भी जिनको न जानते हों ऐसी यजुःश्रुतियोंकी प्राप्तिके लिये सूर्यभगवान्‌की आराधना की। स्तुति श्लोक ६७ से ७२ तक है। अन्तमें अपनी अभिलाषा कही—**'अहमयातयामयजुःकाम उपसरामीति।'** (७२) अर्थात् मैं यजुर्वेदके ऐसे मन्त्रोंके पानेकी प्रार्थना करता हूँ जो अन्य ऋषियोंको अविदित अथवा यथावत् न ज्ञात हों। स्तुतिसे प्रसन्न हो भगवान् सूर्यने अश्वरूप धारणकर उनकी कामनाके अनुसार उन्हें वैसा ही (अयातयाम) यजुःश्रुतियाँ प्रदान कीं, जिनसे याज्ञवल्क्यजीने पन्द्रह शाखाओंकी रचना की। अश्वरूप सूर्यके वाजम (गर्दनके बाल वा वेग) से उत्पन्न होनेसे यजुर्वेदकी वह शाखा वाजसनेयी शाखाके नामसे प्रसिद्ध हुई।

नारायणविट्ठलवैद्य पुरन्दरे पुणताम्बेकरजी वैशम्पायनके ब्रह्महत्या आदिके सम्बन्धमें लिखते हैं कि—एक

बार समस्त ऋषियोंने किसी विषयके सम्बन्धमें विचार करनेके लिये सुमेरु पर्वतपर एक सभा करनेका निश्चय किया और यह नियम किया कि जो ऋषि उस सभामें सम्मिलित न होगा उसको सात दिनके लिये ब्रह्महत्या लगेगी। उस दिन वैशम्पायनजीके पिताका श्राद्ध था, इसलिये वे अपनी नित्य-क्रियाके लिये अँधेरेहीमें उठकर स्नानको जाने लगे तो एक बालकपर उनका पैर पड़ा और वह मर गया। इस बालहत्याके शोकसे वे सभामें न जा सके। इस प्रकार एक तो उन्हें बालहत्या लगी, दूसरे ब्रह्महत्या। इन्हीं दोनों हत्याओंके निवारणार्थ वैशम्पायनजीने अपने सब शिष्योंसे प्रायश्चित्त करनेको कहा और सबोंने करना स्वीकार किया। उसपर याज्ञवल्क्यजीने अन्य शिष्योंका तिरस्कार किया। (आगेकी कथा भागवतसे मिलती है)—(शुक्लयजुर्वेदीयमाध्यन्दिन वाजसनेयी आह्निक सूत्रावली।)

महाभारत शान्तिपर्व अध्याय ३१८ में कथा है कि मोक्षवित् जनकके पिता देवरातजीने एक बार यज्ञ किया। अध्वर्यु-कर्ममें जो प्रायश्चित्त आदि रहता है उसे वैशम्पायनजी करा रहे थे। उसके करनेमें कुछ त्रुटि हो जानेसे यज्ञमें कुछ न्यूनता मालूम पड़ी। उस समय याज्ञवल्क्यजीने वैशम्पायनजीका तिरस्कार किया। तब जनक तथा वैशम्पायन दोनोंने इनसे प्रार्थना की कि उसकी पूर्ति करा दें। याज्ञवल्क्यजीने अपने वेदोंसे उस त्रुटिकी पूर्ति करायी। यज्ञ समाप्त होनेपर देवरातजीने वैशम्पायनको जब दक्षिणा दी तब याज्ञवल्क्यजीने उसका विरोध किया और कहा कि यह सब दक्षिणा हमको मिलना चाहिये न कि वैशम्पायनको, क्योंकि यज्ञकी पूर्ति तो हमने अपने वेदोंसे करायी है। अन्तमें महर्षि देवलने वह दक्षिणा दोनोंमें आधी-आधी बँटवा दी। याज्ञवल्क्यने उनके कहनेसे उसे स्वीकार कर ली।—(यह कथा वैशम्पायनकी शिष्यता छोड़नेके बादकी जान पड़ती है। भगवान् सूर्यसे सरस्वतीकी कृपासे जो वेदोंकी शाखाएँ उन्होंने पढ़ी थीं उसीसे यज्ञकी पूर्ति उन्होंने करायी थी। इससे स्पष्ट है कि वे वैशम्पायनसे कहीं अधिक विद्वान् थे।)

विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि ये ऋषि वसिष्ठजीके कुलमें उत्पन्न याज्ञवल्क्य ऋषिके पुत्र थे और वैशम्पायनके भानजे भी थे। परंतु श्रीमद्भागवतमें इनको देवरातका पुत्र कहा है—'**देवरातसुतः सोऽपिच्छर्दित्वा यजुषां गणम्।**' (१२। ६। ६४)

श्रीजानकीशरणजी वैशम्पायनजीकी अप्रसन्नताका कारण यह लिखते हैं कि—'एक बार उन्होंने किसी राजाको पुत्रहेतु यज्ञीयाक्षत याज्ञवल्क्यजीके हाथ भेजा और आज्ञा दी कि यह अक्षत राजाके हाथमें देना। इन्होंने जाकर द्वारपालद्वारा राजाको कहला भेजा कि आशीर्वादी अक्षत राजा स्वयं आकर ले जायँ। राजाने ठहरनेको कहा। जब बहुत समय बीत गया और वह नहीं आया तब वे लौट आये। मुनिने इनको फिर भेजा। इस बार भी राजा सायंकालतक बाहर न आया। तब इन्होंने वह अक्षत राजद्वारपर पटक दिया और लौट आये। गुरुके पूछनेपर आपने कहा कि आप मेरे विद्यागुरु हैं, आपकी आज्ञासे मैं कई बार गया परन्तु अभिमानी राजा न आया तब मैं अक्षतको द्वारपर रखकर और प्रतिहारसे कहकर चला आया। मुनिने फिर जानेको कहा। इन्होंने जानेसे इनकार किया और गुरुके अप्रसन्न होनेपर उनसे पढ़ी हुई विद्या उगल दी।' उपनिषद्-ब्राह्मण-भागमें भी यह कथा कही जाती है। भागवतमें अप्रसन्नताका कारण भिन्न है जो ऊपर लिखा गया है। श० सा० में लिखा है कि याज्ञवल्क्यजीने जो श्रुतियाँ उगलीं वे कीड़ारूपसे रेंगने लगीं तब वैशम्पायनके अन्य शिष्योंने उन्हें तीतररूपसे चुग लिया और जानकीशरणजी लिखते हैं कि सरषप (सरसों) रूपमें वे श्रुतियाँ उगली गयी थीं। उनका मत है कि सूर्यभगवान्ने उनको सामवेद पढ़ाया। (पर इसका प्रमाण भागवत द्वादशमें नहीं है जिसके आधारपर वे कथा दे रहे हैं।)

भगवान् सूर्यके प्रसादसे ये शुक्लयजुर्वेद वाजसनेयीसंहिताके आचार्य हुए। वि० टीकाकार लिखते हैं कि 'इनका मत यह था कि धर्मानुसार एकान्तवासमें परब्रह्मका ध्यान करना अवश्य है। इसी हेतु ये योगविद्याके आदिकारण समझे जाते हैं। कात्यायनी और मैत्रेयी इनकी दो स्त्रियाँ थीं। इनमेंसे मैत्रेयीको इन्होंने ब्रह्मविद्या ..पसकी बातचीतकी रीतिपर पढ़ायी थी।' 'ये शुक्लयजुर्वेद, शतपथब्राह्मण और बृहदारण्यक-उपनिषद्के द्रष्टा समझे जाते हैं।' वाजसनेयीसंहिताके आचार्य होनेसे इनका नाम वाजसनेय भी हुआ। [विशेष ४५ (७-८)

'कहत सो मोहि लागत भय लाजा' में देखो] श० सा० में तीन याज्ञवल्क्योंकी चर्चा है। एक तो वे जो राजा जनकके दरबारमें रहते थे। योगीश्वर याज्ञवल्क्यके नामसे प्रसिद्ध थे और गार्गी तथा मैत्रेयी जिनकी पत्नियाँ थीं। दूसरे, इन्हींके एक वंशधर स्मृतिकारका भी यही नाम था। मनुस्मृतिके उपरान्त इन्हींकी स्मृतिका महत्त्व है और उसका दायभाग आज भी कानून माना जाता है।—ये श्रीजनकमहाराजके गुरु हैं, यथा—*'जोगी जागबलिक प्रसाद सिद्धि लही है'* (गी० १।८५)। इनको रामचरितमानस भुशुण्डिजीसे प्राप्त हुआ, यथा—*'तेहि सन जागबलिक पुनि पावा।'* (१।३०) और इन्होंने भरद्वाजजीसे कहा।

नोट—३ *'परम बिबेकी'* इति। ये कैसे विवेकी थे यह इस कथासे विदित हो जायगा जो आगे दी जाती है। एक बार जनकमहाराजने ब्रह्मनिष्ठ ऋषियोंका समाज एकत्र किया और एक सहस्र सवत्सा गौओंको अलंकृतकर यह प्रतिज्ञा की कि जो ऋषि ब्रह्मनिष्ठ हो वह हमारे प्रश्नोंका उत्तर दे और इन गौओंको ले जाय। सब ऋषि सोचने लगे कि ब्रह्मनिष्ठ तो हम सभी हैं तब दूसरोंका अपमान करके हममेंसे कोई एक इन गायोंको कैसे ले जाय। (कोई-कोई कहते हैं कि सब ऋषि असमंजसमें पड़े कि भला इनके प्रश्नोंका उत्तर किससे बन पड़ेगा। पर इस कथनका प्रमाण कोई नहीं मिला।) इतनेमें याज्ञवल्क्यजी आये और उन्होंने यह कहते हुए कि मैं ब्रह्मनिष्ठ हूँ। अपने शिष्योंको आज्ञा दी कि इन गौओंको आश्रमपर ले जाओ, मैं इनके प्रश्नोंका उत्तर दूँगा। इसपर अन्य सब ब्रह्मनिष्ठ ऋषि बिगड़ गये। तब इन्होंने सबको परास्त किया। देवरातजीके पुत्र मोक्षवित् जनकके यहाँ यह समाज हुआ। वे याज्ञवल्क्यजीके शिष्य हो गये और वनमें जाकर अभ्यासक ब्रह्मनिष्ठ हो गये। तभीसे उनका नाम 'विदेह' हुआ और जितने भी राजा उस कुलमें हुए वे भी 'विदेह' ही कहलाये। याज्ञवल्क्यजी कुलके गुरु हो गये। यथा—*'जोगी जागबलिक प्रसाद सिद्धि लही है'* (गी० १। ८५), *'यह सब जागबलिक कहि राखा।'* (२। २८५)।

नोट—४ *'भरद्वाज राखे पद टेकी'* इति। (क) *'टेकना'* पंजाबी मुहावरा है। उदासियोंसे अभी *'मत्था टेकूँ'* कहा जाता है। इसका अर्थ है 'चरणोंपर सिर रखकर प्रणाम करना'। 'सामने साष्टाङ्ग पड़ जाना, कहना कि मेरी तो बिदा करनेकी इच्छा नहीं है, आप मेरे ऊपर पैर धरकर अर्थात् बलात् भले ही चले जायँ'—यह भी पद टेकनेकी एक रीति है, परन्तु यहाँ यह भाव नहीं है। बुन्देलखण्डमें 'टेकना' और 'धरना' पर्यायी शब्द हैं। *टेकी*=धरकर। यथा—*'जानु टेकि कपि भूमि न गिरा। उठा सँभारि बहुत रिस भरा ॥'* (लं० ८३) *पद टेकी*=चरण पकड़कर, पैरों पड़कर, प्रार्थना करके। (ख) *'पद टेकी'* पद देकर दरसाया कि भरद्वाजजीने उनको बराबरीके भावसे नहीं रोका किन्तु गुरुभावसे रोका। दीनजी रोक रखनेका कारण यह कहते हैं कि तिरहुत बड़ा विज्ञानी देश है। याज्ञवल्क्यजीको वहाँका समझकर रोक रखा।

सादर चरन सरोज पखारे। अति पुनीत आसन बैठारे॥ ५॥
करि पूजा मुनि सुजस बखानी। बोले अति पुनीत मृदु बानी॥ ६॥

शब्दार्थ—*पखारना* (प्रा० पक्खाड़न। सं० प्रक्षालन)=धोना; यथा—*'जौं प्रभु पार अवसि गा चहहू। मोहि पद पदुम पखारन कहहू॥'* (अयो०)। चरन सरोज=कमल समान चरण।

अर्थ—आदरपूर्वक उनके चरणकमल धोये और अत्यन्त पवित्र आसनपर बैठाया॥ ५॥ मुनिकी पूजा करके और उनका सुन्दर यश बखानकर (भरद्वाजजी) अत्यन्त पवित्र मीठी कोमल वाणी बोले॥ ६॥

नोट—१ *'करि पूजा'* इति। पूजाके प्रायः तीन भेद हैं। कोई-कोई १८, ३६ और ६४ उपचार मानते हैं। श्रीदुर्गाकल्पद्रुमके शास्त्रार्थपरिच्छेदान्तर्गत 'उपचारविषयक विचार' में पूजाके तीन भेद—पञ्चोपचार, दशोपचार और षोडशोपचार माने गये हैं। यथा-'**गन्धपुष्पे धूपदीपौ नैवेद्यमिति पञ्चकम्। पञ्चोपचारमाख्यातं पूजने तत्त्वविद्बुधैः॥ पाद्यमर्घं चाचमनं स्नानं वस्त्रनिवेदनम्। गन्धादयो नैवेद्यान्ता उपचारा दशक्रमात्॥ आवाहनासनं पाद्यमर्घमाचमनीयकम्। स्नानं वस्त्रोपवीतं च गन्धमाल्याद्यनुक्रमात्॥ धूपं दीपं च नैवेद्यं ताम्बूलं च प्रदक्षिणा। पुष्पाञ्जलिरिति प्रोक्ता उपचारास्तु षोडश॥**' अर्थात् गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यसे जो पूजा होती है उसे पञ्चोपचार, जिसमें इनके अतिरिक्त पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान (श० सा० के मतसे आचमनीय और

मधुपर्क) और वस्त्रनिवेदन भी हों उसे दशोपचार और जिसमें इन सबोंके अतिरिक्त आवाहन, आसन, उपवीत, ताम्बूल, प्रदक्षिणा और पुष्पाञ्जलि (श० सा० के अनुसार आसन, स्वागत, स्नान, वस्त्र, आभरण और वन्दना) भी हो उसे षोडशोपचार कहते हैं। षोडशोपचारका एक श्लोक यह है—'**आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम्। मधुपर्काचमनं स्नानं वस्त्रं चाभरणानि च॥ सुगन्धं सुमनो धूपं दीपं नैवेद्यवन्दनम्॥**' और इनके अतिरिक्त जिसमें माल्य और स्तवपाठ हो वह अष्टादशोपचार है। यहाँ '*सादर चरन सरोज पखारे*' अर्थात् चरणप्रक्षालनसे पाद्य, '*आसन बैठारे*' से आसन और '*मुनि सुजस बखानी*' से वन्दना—ये तीन उपचार प्रत्यक्ष कहे गये। '*करि पूजा*' पद देकर पूजाके शेष उपचार भी सूचित कर दिये गये।*

नोट—२ कुछ लोगोंका मत है कि षोडशोपचारपूजन किया गया। षोडशोपचारमें अन्तमें वन्दन है वही यहाँ '*सुजस बखानी*' से सूचित किया है। परन्तु श० सा० में लिखा है कि षोडशोपचारपूजनमें आसन और स्वागतके पश्चात् और दशोपचारमें सर्वप्रथम पाद्यहीकी विधि है। (श० सा० २०७४)

टिप्पणी—१ '*मुनि सुजस बखानी*' इति। यह कि आपने अमुक-अमुक महात्माओंके भ्रम, संशय और अज्ञान दूर किये, अमुक-अमुकको आपके द्वारा भक्ति और ज्ञानकी प्राप्ति हुई, अनेक पापियोंको आपने भगवत्सम्मुख कर उनको पवित्र यश प्रदान किया, आपकी महिमा जगन्मात्रमें विख्यात है, महाराज जनक-ऐसे योगी भी आपको गुरु पाकर कृतार्थ हुए हैं, आपहीके प्रसादसे सिद्धिको प्राप्त हुए। योग-ज्ञान-विज्ञान और भक्तिके आप समुद्र हैं, सर्वज्ञ हैं इत्यादि।

टिप्पणी—२ '***बोले अति पुनीत मृदु बानी***' इति। निश्छल सरल वाणी '*पुनीत*' कही जाती है, यथा—'***प्रस्न उमाके सहज सुहाई। छल बिहीन सुनि सिव मन भाई॥***', '***एक बार प्रभु सुख आसीना। लछिमन बचन कहे छलहीना॥***', '***सुनत गरुड़ कै गिरा बिनीता। सरल सुप्रेम सुखद सुपुनीता॥***' (उ० ६४) इत्यादि। जो प्रश्न या बातें दूसरेकी परीक्षा लेने या अपनी चतुराई, बुद्धि इत्यादिके प्रदर्शनके विचारसे की जाती हैं वे पुनीत नहीं हैं। भरद्वाजजीके वचन '*अति पुनीत*' हैं अर्थात् उनके पवित्र, सरल और निश्छल हृदयसे निकले हुए हैं। पुनीत वचन कभी-कभी सुननेमें कठोर होते हैं, अतः कहा कि इनके वचन कोमल हैं।

नोट—३ कुछ लोगोंका मत है कि साधारण धर्मसम्बन्धी बातें जैसे—जप, तप, तीर्थ, व्रत आदि पुनीत हैं और भगवत्सम्बन्धी वाणी '*अति पुनीत*' है। '*पुनीत*' और '*मृदु*' दो विशेषण देकर भीतर और बाहर दोनोंसे पवित्र दिखाया—हृदयसे पुनीत और बाहर सुननेमें मृदु। (पं०)

नाथ एक संसउ† बड़ मोरें। करगत बेदतत्व‡ सब तोरें॥७॥
कहत सो मोहि लागत § भय लाजा। जौ न कहौं बड़ होइ अकाजा॥८॥

शब्दार्थ—संसउ (संशय=दो या कई बातोंमेंसे किसी एकका भी मनमें न बैठना।=अनिश्चयात्मक ज्ञान, संदेह, शंका।=वस्तुका ज्ञान न होना—(पां०) करगत=हाथोंमें प्राप्त, मुट्ठीमें। ☞ समस्त पदके आदिमें '*गत*'

* पूर्वाचार्योंने पूजाके पाँच प्रकार बतलाये हैं, जो उपर्युक्त उपचारोंके अन्तर्गत आ जाते हैं। जिनका विभाग इस प्रकार है—

१ २ ३ ४ ५

'अभिगमनमुपादानं योगः स्वाध्यायमेव च। इज्येति पञ्चमश्चैवमर्चाभेदं निगद्यते॥' पूज्यके स्थानपर जाकर प्रणाम करना, वहाँका निर्माल्य हटाना, झाड़ू लगाना आदि कर्म 'अभिगमन' है। दल, फूल, फल, चन्दन, पार्षदादि पूजोपकरणका संग्रह 'उपादान' है। 'आत्मवत्सेवनं कुर्यात्' के अनुसार भावना करना' 'योग' कहलाता है। 'अर्थानुसंधानैः' पूर्वमन्त्रानुसंधानं वरम्' के अनुसार मन्त्रार्थानुसंधानपूर्वक मन्त्रजाप, सूक्तस्तोत्रादिका पाठ, गुण-नामादिका कीर्तन और वेदान्तादि शास्त्रोंका अध्ययन 'स्वाध्याय' है। ५, १०, १६, १८ एवं ६४ उपचारोंसे शक्ति-अनुसार पूजा करना 'इज्या' है। उपर्युक्त सब प्रकारके पूजन मुक्तिदायक हैं। ६४ उपचारोंसे केवल भगवान्का पूजन होता है, अन्यका नहीं। (वेदान्तभूषणजी)

† संसैउ—१६६१। संसउ—ना० प्रा०। ‡ तत्त्ववेद—भा० दा०। § लाग—ना० प्र०, लागति—१७२१, १७६२, छ०। लागत—१६६१। १७०४, को० रा०।

शब्द 'गया हुआ', 'रहित' वा 'शून्य' का अर्थ देता है। और अन्तमें 'प्राप्त'; 'आया हुआ', 'पहुँचा हुआ' का अर्थ देता है।—गत प्राण, *अंजलि गत सुभ सुमन जिमि। तत्त्व*=सिद्धान्त, वास्तविक सार वस्तु। *अकाज*=अनर्थ, हानि, कार्यका बिगड़ जाना। यथा—*'पर अकाज भट सहसबाहु से', होइ अकाजु आजु निसि बीते।'* (अ०)

अर्थ—हे नाथ! मेरे मनमें एक बड़ा भारी संदेह है और सम्पूर्ण वेदतत्त्व आपकी मुट्ठीमें है। (अर्थात् आप समस्त वेदोंके समस्त तत्त्वके पूर्ण ज्ञाता हैं, अतएव आप मेरा संदेह निवारण करनेको समर्थ हैं)॥७॥ उसे कहते मुझे भय और लज्जा लगती है और यदि न कहूँ तो बड़ी हानि है॥८॥

टिप्पणी—१ *'नाथ एक संसउ बड़ मोरें'* इति। *'बड़'* का भाव कि यह संशय सामान्य नहीं है क्योंकि यह अपने-आप समझने-समझानेसे नहीं जाता। यथा—*'नाना भाँति मनहि समुझावा। प्रगट न ग्यान हृदय भ्रम छावा॥'* (उ० ५८) और न आपको छोड़ किसी दूसरेके समझानेसे जानेका है। सामान्य होता तो एक अपने ही समझने-समझानेसे चला जाता, नहीं तो अन्य ऋषियोंके समझानेसे तो अवश्य ही निवृत्त हो सकता था। ☞ऊपर याज्ञवल्क्यजीको 'परम विवेकी' विशेषण दे आये हैं। उसका तात्पर्य यहाँ खोला है कि यह संशय सामान्य विवेकीसे निवृत्त नहीं हो सकता। अन्य ऋषि-मुनि वेदज्ञ हैं, अतः विवेकी हैं और आपको तो सम्पूर्ण वेदतत्त्वका हस्तामलकवत् साक्षात्कार हो रहा है, अतः आप 'परम विवेकी' हैं। परमविवेकीसे ही इस संशयकी निवृत्ति हो सकती है।

टिप्पणी—२ *'करगत बेदतत्व सब तोरें'* इति। (क) भरद्वाजजी श्रीरामयश पूछना चाहते हैं, यथा—*'चाहहु सुनै रामगुन गूढ़ा। कीन्हिहु प्रस्न मनहु अति मूढ़ा॥'* (बा० ४७) और, रामयश वेदोंका सार है; यथा—*'बरनहु रघुबर बिसद जसु श्रुति सिद्धांत निचोरि।'* (बा० १०९)। इसीसे यहाँ कहा कि सब वेदतत्त्व आपके करगत हैं, मुट्ठीमें हैं। तात्पर्य कि जो सम्पूर्ण वेदतत्त्वका ज्ञाता नहीं है, उसे वेदोंमें रामयश सूझता ही नहीं, इसीसे वह रामविषयक शङ्काओंका समाधान नहीं कर सकता। कथनका अभिप्राय यह है कि रामयश कहकर मेरा संशय दूर कीजिये। अथवा यों कहिये कि—(ख) भरद्वाजजीने कहा कि वेदतत्त्व आपके करतलगत है, अतः आप हमारे संशयको दूर करें। इसपर याज्ञवल्क्यजीने श्रीरामचरित कहकर उनका संदेह दूर किया। इससे यह निष्कर्ष निकला कि श्रीरामचरित ही वेदका तत्त्व है। अथवा, (ग) भरद्वाजजीके *'करगत बेदतत्व सब तोरें'* से पाया गया कि हमें उस 'तत्त्व' में संदेह है। श्रीरामरूपमें संदेह होना ही वेदतत्त्वमें संशय होना है, क्योंकि वसिष्ठजीका वाक्य है कि *'बेदतत्व नृप तव सुत चारी'* और याज्ञवल्क्यजी वसिष्ठजीके तुल्य ही वेदज्ञ हैं। ['करगत' एवं 'करतलगत' मुहावरा है। अर्थात् जैसे हथेलीपर रखी हुई वस्तु मनुष्य निरावरण सर्वांग भलीभाँति देखता है वैसे ही आपको समस्त वेदतत्त्वका साक्षात्कार है, सब तत्त्व प्रत्यक्ष देख पड़ता है।]

नोट—१ *'कहत सो मोहि लागत भय लाजा'* इति। यहाँ भय और लाज दो बातें कहीं। भयके कारण ये हैं कि—(क) कहीं आप यह न समझें कि हमारी परीक्षा ले रहे हैं और ऐसा समझकर कहीं शाप न दे दें। (ख) *'प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ'* यह मेरा प्रश्न सुनकर कहीं आप अप्रसन्न न हो जायँ, यह भी भय हो सकता है, क्योंकि यही बात कहनेपर श्रीशिवजी पार्वतीजीपर अप्रसन्न हो गये थे। यथा—*'राम सो अवध नृपतिसुत सोई। की अज अगुन अलखगति कोई॥ जौं नृपतनय त ब्रह्म किमि''''''॥'* (बा० १०८)। (यह पार्वतीजीका प्रश्न था, इसपर शिवजीने कहा है कि) *'एक बात नहिं मोहि सोहानी। जदपि मोहबस कहेहु भवानी॥ तुम्ह जो कहा राम कोउ आना। जेहि श्रुति गाव धरहिं मुनि ध्याना॥ कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जे मोह पिसाच। पाखण्डी हरिपद बिमुख जानहिं झूठ न साँच॥'* (११४)। और आगे भरद्वाजजीके प्रश्न करनेपर याज्ञवल्क्यजीने भी कह ही डाला है, यथा—*'कीन्हिहु प्रस्न मनहुँ अति मूढ़ा।'* (४७)। *'अति मूढ़ा'* शब्दोंमें उपर्युक्त शिवजीकी डाँट-फटकारका समावेश हो जाता है। श्रीयाज्ञवल्क्यजीकी बुद्धि बड़ी तीव्र थी। (सूर्यभगवान्से सब विद्या प्राप्त होनेके बाद) और लोग आपसे बड़े उत्कट प्रश्न किया करते

थे। आपने सूर्यभगवान्‌से शिकायत की तब उन्होंने वर दिया कि जो कोई तुमसे वैसा प्रश्न करेगा अर्थात् जो कोई तुमसे वाद-विवाद करके तुम्हारे निश्चित किये हुये यथार्थ सिद्धान्तपर भी वितण्डावाद करेगा, उसका सिर फट जायगा। कोई-कोई कहते हैं कि जनकमहाराजके समाजमें पञ्चशिख मुनिने वितण्डावाद किया जिससे उनका सिर फट गया। स्नेहलताजी लिखते हैं कि परमहंसिनी ब्रह्मवादिनी गार्गीका सिर फट गया। परंतु हमें इन दोनोंका प्रमाण कहीं मिला नहीं। महाभारत शान्तिपर्व अध्याय ३१० में देवरातके पुत्र मोक्षवित् राजा जनकके यहाँ याज्ञवल्क्य-ब्रह्मनिष्ठ-संवाद हुआ था; यथा—'**याज्ञवल्क्यं ऋषिश्रेष्ठं दैवरातिर्महायशाः। पपृच्छ जनको राजा प्रश्नं प्रश्नविदां वरः॥**'(४) बृहदारण्यक मधुकाण्ड तृतीयाध्यायमें ब्रह्मवादिनी गार्गी और अन्य ब्रह्मनिष्ठ ऋषियोंके साथ याज्ञवल्क्यजीका संवाद है जिसमें राजा मोक्षवित् भी थे। उस ब्रह्मनिष्ठ-संवादमें भरद्वाज, गार्गी, शाकल्य और जनकमहाराज ये ही प्रधान थे। याज्ञवल्क्यजीने सबको परास्त किया। उनका यह प्रभाव देख गार्गी उनकी शरण हो उनकी स्तुति कर घरको चली गयी। शाकल्यको परास्त होनेसे दुःख हुआ और उन्होंने याज्ञवल्क्यजीका उपहास किया। तब उनका मस्तक फट गया। तत्पश्चात् राजा जनकने याज्ञवल्क्यजीसे अनुग्रह ब्रह्मोपदेश ले विरक्त हो वनमें जाकर देहातीत ब्रह्मज्ञान प्राप्तकर विदेह नामको प्राप्त किया (आह्निक-सूत्रावली)। भरद्वाजजी उस ब्रह्मनिष्ठोंकी सभामें स्वयं भी उपस्थित ही थे और उन्होंने शाकल्य ऋषिकी जो दशा हुई थी वह स्वयं आँखोंसे देखी ही थी, अतएव वे (भरद्वाजजी) उसी प्रसंगकी ओर संकेत करते हुए जनाते हैं कि हमारा प्रश्न सुनकर आप उसे वितण्डावाद या छलवाद समझकर रुष्ट न हो जायँ जो हमारी भी वही दशा हो।

नोट—२ '*लाजा*' इति। लाजके कारण यह हैं कि—(१) जो विशेषण शिवजीने श्रीपार्वतीजीको दिये हैं वही अधम, पाखण्डी, हरिपद-विमुख आदि सब अपनेमें लग जाते हैं (पं० रा० कु०)। (२) आप सोचेंगे कि वेदतत्त्ववेत्ता महर्षि वाल्मीकिजीके शिष्य, और स्वयं ग्यारह हजार वर्षोंतक सूर्यभगवान्‌से वेदोंका अध्ययन करनेवाले होकर तथा सहस्रों वर्षोंसे तीर्थराजमें निवास और अनेक तत्त्ववेत्ता ऋषियों-मुनियोंका सत्संग करते हुए इतनी दीर्घायु बितानेपर भी इन्हें वेदतत्त्वका बोध न हुआ, झूठे ही प्रयागराजमें पूज्य बने बैठे हैं। (३) इस बातसे अपनी ही नहीं किंतु अपने गुरुकी भी निंदा होती है कि उन्होंने इनको श्रीरामतत्त्व भी नहीं बताया (दीनजी)।

टिप्पणी—३ '*जौं न कहौं बड़ होइ अकाजा*' इति। (क) क्या हानि होगी यह आगे दोहेमें वे स्वयं कहते हैं। संशय दूर न होगा, संशय दूर हुए बिना विमल विवेक न होगा, जैसे-के-तैसे अज्ञानी बने रहेंगे, जिससे भवसागरमें ही पड़े रहना होगा—यही बड़ी भारी हानि है। (ख) संशयको बड़ा कहा था, यथा—'*नाथ एक संसउ बड़ मोरे*' इसीसे '*अकाज*' को भी बड़ा कहा। भरद्वाजजीके '*बड़ अकाज*' कहनेका तात्पर्य यह है कि श्रीरामस्वरूपकी प्राप्ति बड़ा काज है, उसमें हानि पहुँचती है।

टिप्पणी—४ जैसे भय और लांज लगती है वैसे ही गोस्वामीजी अपने अक्षरोंसे दिखाते हैं। मुनि लाजकी बात जल्दी नहीं कह सकते, वैसे ही गुसाईंजीने जल्दी प्रकट करना न लिखा। '*नाथ एक संसउ बड़ मोरें*' कहकर तब विवेककी बात कही, फिर संशय हरनेकी प्रार्थना की; तब संशय प्रकट किया। लाजकी बात न कहनी चाहिये, इसीपर कहते हैं कि '*जौं न कहौं बड़ होइ अकाजा।*'

नोट—३ लाला भगवानदीनजी कहते हैं कि 'श्रीभरद्वाजजीको संदेह न था। जबतक अपना अज्ञान, दीनता, भय, संशय प्रकट न करो तबतक कोई ऋषि पूरा तत्त्वका मर्म नहीं बतलाता, इस विचारसे केवल सत्संगके लिये भरद्वाजजीने ऐसा कहा। भक्तिका तत्त्व इतना सूक्ष्म है कि इन सिद्धान्तोंको बराबर पूछते-कहते-सुनते रहना चाहिये, नहीं तो विस्मरण हो जाता है, यथा—'*सास्त्र सुचिंतित पुनि पुनि देखिय*'। श्रीभरद्वाजजी यहाँ कोई छल-कपट नहीं कर रहे हैं, इसीको आगे कहते हैं कि यदि एक ही बार वेदशास्त्र पढ़कर समझ लेनेसे काम चल जाता तो शिवजी आदि संत क्यों उनकी चर्चा करते और क्यों उनके सत्संगके लिये ऋषियोंके यहाँ जाया करते? फिर हमारी क्या?' भरद्वाजजी अपने आचरणद्वारा हमलोगोंको

उपदेश दे रहे हैं कि श्रीरामतत्त्वका परम ज्ञाता होनेपर भी उसका अभिमान न करके सदा सद्‌गुरुओंसे जिज्ञासा करता ही रहे।

नोट—४ *'तोरें'* इति। बैजनाथजी लिखते हैं कि 'आचार्यके लिये *'तोरें'* कहना दूषित है। यहाँ छलरहित अज्ञात होकर प्रश्न किया गया है, इससे दूषण भी भूषण हो गया'। *'तोरें'* शब्द एक वचनान्त अवश्य है और पूज्यके लिये प्रयुक्त न करना चाहिये, पर ग्रामीण बोलीमें कहीं-कहीं यह प्यार और आदरमें भी बोला जाता है। श्रीरामजी आदिके लिये भी ऐसा प्रयोग हुआ है। दूसरे, (वेदान्तभूषणजी कहते हैं कि स्तुतिमें गुरुजनोंके लिये भी एक वचनका प्रयोग दूषित नहीं है, यथा—'**बाल्ये सुतानां सुरतेऽङ्गनानां स्तुतौ कवीनां समरे भटानाम्। त्वकारयुक्तादिगिरः प्रशस्ताः**''''''''॥ भरद्वाजजी यहाँ याज्ञवल्क्यजीकी स्तुति करते हुए अपनी जिज्ञासा भी प्रकट कर रहे हैं, अतः स्तुतिपक्षमें होनेसे *'तोरें'* दोषावह नहीं है। (☞ कवितामें छन्द, अनुप्रास आदि बहुत विषयोंका अनुसन्धान होनेसे एकवचन-बहुवचन, ह्रस्व-दीर्घ, लिंग आदि विषयोंपर कभी-कभी कवि ध्यान नहीं देते, उनके लिये यह बात क्षम्य है; और संस्कृतमें तो एक व्यक्तिके वास्ते बहुवचन तो खोजनेपर भी शायद ही मिले।)

दो०—संत कहहिं असि नीति प्रभु श्रुति पुरान मुनि गाव।
होइ न बिमल बिबेक उर गुर सन किएँ दुराव॥४५॥

अर्थ—हे प्रभो! सन्त ऐसी नीति कहते हैं और वेद, पुराण और मुनि लोग (भी यही) कहते हैं कि गुरुसे छिपाव (कपट) करनेसे हृदयमें निर्मल ज्ञान नहीं होता॥४५॥

टिप्पणी—१ *'संत कहहिं ''''''मुनि गाव'* इति। 'सन्त ऐसा नीतिमें कहते हैं और मुनि श्रुति-पुराणमें ऐसा गाते हैं' इस कथनका तात्पर्य यह है कि मैं कुछ नहीं जानता, सन्त और मुनि ऐसा कहते हैं। (हमने *'गाव'* को श्रुति, पुराण और मुनि तीनोंकी क्रिया माना है। *'गाव'*—प्राचीन धर्म और साहित्यिक ग्रन्थ अधिकतर छन्दोबद्ध होते थे। इसीसे गोस्वामीजीने सर्वत्र उनका *'गान'* लिखा है। *'गान'* का अर्थ तबला आदिके साथ गाना यहाँ नहीं है किंतु 'आदरपूर्वक वर्णन करना' है। जो छन्दोबद्ध कविताएँ हैं उनको पढ़नेका अलग-अलग ढंग होता है, उस ढंगसे यदि कविता पढ़ी जाय तो सुननेमें चित्ताकर्षक होती है। सम्भवतः इसी अभिप्रायसे मानसमें *'गाई'* आदि शब्दोंका प्रयोग किया गया है। यथा—*'नेति नेति कहि जासु गुन करहिं निरंतर गान।'* (बा० १२)। *'मुनिन्ह प्रथम हरिकीरति गाई', 'सो सब हेतु कहब मैं गाई। कथा प्रबंध बिचित्र बनाई॥'* (३३। २) इत्यादि। *'संत कहहिं असि '''''''* में 'शब्दप्रमाण अलङ्कार' है।)

टिप्पणी—२ *'होइ न बिमल बिबेक उर'''''''* इति। (क) *'गुर सन किएँ दुराव'* कहनेका भाव कि औरोंसे छिपाव करनेसे हानि नहीं है, औरोंसे लाजकी बात भले ही न कहे, पर गुरुसे उसे भी न छिपाना चाहिये, अवश्य कह देना चाहिये, गुरुसे छिपाव करनेसे बड़ी हानि है। (ख) **बिमल बिबेक**=शुद्ध निर्मल ज्ञान। श्रीरामजीका स्वरूप भली प्रकार समझ पड़ना ही निर्मल ज्ञान है और यह सद्‌गुरुकी कृपा, अनुकम्पा करुणासे ही सम्भव है, अन्यथा, नहीं। यथा—*'सदगुरु बैद बचन बिस्वासा।'''''' बिमल ग्यान जल जब सो नहाई। तब रह रामभगति उर छाई॥'* (उ० १२२)। *'तुलसिदास हरिगुरु करुना बिनु बिमल बिबेक न होई।'* (वि० ११५)। इससे स्पष्ट है कि भरद्वाजजीके मतसे 'सोऽहं' और 'अहं ब्रह्मास्मि' आदि *'बिमल ज्ञान'* नहीं है। *'बिमल ज्ञान'* का लक्षण भुशुण्डिजीने स्पष्ट कहा है कि *'तब रह रामभगति उर छाई।'*—इस विमल ज्ञानकी प्राप्ति सद्‌गुरु-कृपा-करुणासे ही है तब गुरुसे कपट करनेसे वह कब सम्भव है? कपट करनेसे वे क्यों करुणा-कृपा करने लगे? ☞ गुरुसे दुराव करनेवालेको यदि यत्किञ्चित् विवेक भी हो जाय तो वह कथनमात्रका ही होगा, उससे दुस्तर भवको पार करना असम्भव है; यथा—*'बाक्य-ग्यान अत्यन्त निपुन भव पार न पावै कोई। निसि गृहमध्य दीपकी बातन्ह तम निबृत्त नहिं होई॥''''''जब लगि नहिं निज हृदि प्रकास अरु बिषय आस मन माहीं।'* (वि० १२३), *'ब्रह्म ग्यान बिनु नारि नर कहहिं*

न दूसरि बात। कौड़ी लागि लोभ बस करहिं बिप्र गुर घात॥' (उ० ९९)।—ऐसा मनमुखी ज्ञान मलिन (समल) ज्ञान होगा। (वै० रा० प्र०)। ज्ञान न होनेसे भवसे छुटकारा न होगा, यथा—*'बिनु बिबेक संसार घोर निधि पार न पावै कोई।'* (वि० १२३)।

(ग) श्रीरामचरितमानसमें उपर्युक्त कथन चरितार्थ भी है। देखिये सतीजीने जगद्गुरु शंकरजीसे दुराव किया; यथा—*'सती समुझि रघुबीर प्रभाऊ। भय बस सिव सन कीन्ह दुराऊ॥'* (१। ५६। १)। इसीसे उनके हृदयमें विवेक न हुआ। यथा—*'लाग न उर उपदेसु जदपि कहेउ सिव बार बहु।'* (५१)। तथा *'होइ न हृदय प्रबोध प्रचारा।'* (१। ५१। ४)।—(परंतु दुराव पीछे हुआ। छप्पनवें दोहेमें रघुनाथजीकी परीक्षा लेकर लौट आनेपर दुराव किया गया है और उपदेशका न लगना श्रीरामसमीप जानेके पूर्वकी बात है। अतः दुराव करनेसे विवेक न हुआ, यह अनुमान संगत नहीं जान पड़ता।) श्रीपार्वती-तनमें जब उन्होंने अपना मोह श्रीशिवजीसे प्रकट किया तब शंकरजीके वचनोंसे उनका भ्रम मिटा और विमल ज्ञान अर्थात् श्रीरामस्वरूपका बोध हुआ। यथा—*'जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू।'''''*, *'सुनि सिव के भ्रमभंजन बचना। मिटि गै सब कुतरक कै रचना॥ भइ रघुपतिपद प्रीति प्रतीती।''''' तुम्ह कृपाल सब संसउ हरेऊ। रामसरूप जानि मोहिं परेऊ॥'* (बा० ११९-१२०)।—इसीसे सज्जन और महात्मा लोग गुरुसे छिपाव नहीं करते। श्रीरामचन्द्रजी भी अपने आचरणसे यही उपदेश दे रहे हैं। यथा—*'रामु कहा सबु कौसिक पाहीं। सरल सुभाउ छुअत छल नाहीं॥'* (बा० २३७)।

अस बिचारि प्रगटौं निज मोहू। हरहु नाथ करि जन पर छोहू॥ १॥
राम नाम कर अमित प्रभावा। संत पुरान उपनिषद गावा॥ २॥

अर्थ—ऐसा सोच-समझकर मैं अपना अज्ञान प्रकट करता हूँ। हे नाथ! दासपर कृपा करके (उस मेरे अज्ञानको) दूर कीजिये॥ १॥ श्रीराम-नामका असीम प्रभाव है, सन्त, पुराण और उपनिषदोंने उसे गाया है॥ २॥

टिप्पणी—१ (क) *'अस बिचारि'* इति। *'अस'* अर्थात् जैसा ऊपर कह आये कि गुरुसे दुराव करनेसे विमल विवेक नहीं होता और बिना इसके घोर भवनिधि पार नहीं होता। *'अस बिचारि'* कहकर जनाया कि मुझे विमल विवेककी प्राप्तिकी इच्छा है। (ख) *'हरहु'* इति। ऊपर दोहेमें *'गुर सन किएँ दुराव'* इन वचनोंसे भरद्वाजजीने प्रकट किया है कि उन्होंने याज्ञवल्क्यजीको गुरु मानकर मोह दूर करनेकी प्रार्थना की है। पहले गुरु कहकर अब यहाँ उसका अर्थ (कार्य) कहते हैं। गु=अन्धकार। रु=निवारण, निरोध। गुरु=अन्धकार (मोह) का हरनेवाला। अतएव गुरु कहकर *'मोह हरहु'* कहा। *'हरहु'* शब्दसे जनाया कि मोह अन्धकार है और गुरुवचन रविकर है। यथा—*'महामोह तम पुंज जासु बचन रबिकर निकर।'* (ग) *'करि छोहू'* इति। दया करके हरिये। भाव यह कि मुझसे प्रत्युपकार नहीं हो सकता; यथा—*'मोते होइ न प्रत्युपकारा'* (उ०)। पुनः, *'करि जन पर छोहू'* कहकर जनाया कि मैं उसका अधिकारी न भी होऊँ तब भी अपना *'जन'* (सेवक) जानकर कृपा करके कहिये। अपनी कृपासे मुझे अधिकारी बना लीजिये। यथा— *'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी। दासी मन क्रम बचन तुम्हारी॥'* (बा० ११०)।

☞टिप्पणी—२ *'हरहु नाथ करि जन पर छोहू।'* तक प्रश्नकी भूमिका हुई। आगे *'राम नाम कर अमित प्रभावा'* से कथाका प्रसंग चला है। श्रीरामचरितप्रसंगका उपक्रम यहाँ *'राम'* शब्दसे हुआ है और इस प्रसंगका उपसंहार भी अन्तमें *'प्रिय लागहु मोहि राम॥'* (उ० १३०) में *'राम'*-शब्दपर ही किया गया है। *'मंगल भवन अमंगल हारी। उमा सहित जेहि जपत पुरारी'* उस *'राम'*-शब्दसे सम्पुटित होनेसे इसका पाठ अभिमतदाता होगा।

टिप्पणी—३ *'राम नाम कर अमित प्रभावा। संत पुरान'''''* इति। यहाँ श्रीरामनामके प्रभावके गानेवालोंमें संत, पुराण, उपनिषद् तीन प्रमाण गिनाये। सन्त शास्त्रके वक्ता हैं; वे वेद, पुराण और शास्त्र तीनोंको कहते हैं। रामनामका प्रभाव कथन करनेमें सन्त ही प्रथम हैं, इसलिये इनको प्रथम कहा। श्रीअत्रिजी,

अगस्त्यजी, नारदजी, पुलहजी, पुलस्त्यजी, वसिष्ठजी और सनत्कुमारजी इत्यादिने साक्षात्कार करके अपनी-अपनी संहिताओंमें श्रीरामनामका प्रभाव लिखा भी है। पद्मपुराण, लिंगपुराण, महाभारत, श्रीमद्भागवत, शिवपुराण, नन्दीपुराण इत्यादि पुराणोंमें शिवजी, नन्दीजी, ब्रह्माजी और भगवान् विष्णु आदिने विस्तारपूर्वक उदाहरणोंसहित श्रीरामनामके प्रभावका वर्णन किया है। श्रीराममन्त्र और श्रीरामनामका प्रभाव प्रकट करनेमें श्रीरामतापनीयोपनिषद् प्रधान है। 'श्रीसीतारामनामप्रतापप्रकाश' में बहुत उत्तम संग्रह है, उसे पाठक पढ़ें। नामवन्दना-प्रकरणमें बहुत प्रमाण आ चुके हैं। अतः यहाँ नहीं लिखे गये।

नोट—१ *'उपनिषद गावा'* इति। वेदान्तभूषणजी लिखते हैं कि—'**वेदयति**' इस व्युत्पत्तिसे वेद शब्दका अर्थ होता है, ब्रह्मज्ञानसाधनके संस्कारधर्म और उससे भिन्न जो अधर्म है उसका ज्ञापक। वेदके मन्त्रात्मक और ब्राह्मणात्मक दो भेद हैं, मन्त्रभागको संहिता कहते हैं। ऋग्, यजुः, साम और अथर्व—ये चार संहिताओंके नाम हैं। प्रायः इन्हींके व्याख्यास्वरूप ग्रन्थोंको ब्राह्मण कहते हैं। प्रत्येक संहिताके साथ एक-एक ब्राह्मणका सम्बन्ध है और उन्हीं ब्राह्मणभागोंके 'विधि, अर्थवाद तथा आरण्यक' नामसे तीन विभाग हैं। विधिमें कर्तव्य, कर्म और अर्थवादमें कर्मके फलका प्रतिपादन किया गया है। और '**अरण्ये प्रोच्यमानम्**' के अनुसार जिसका कथनोपकथन 'अरण्य' (एकान्त) में हो उसे आरण्यक कहते हैं। वेदविभागात्मक आरण्यकके अन्तिम भागकी ब्रह्मविद्या संज्ञा है। उसी ब्रह्मविद्याको उपनिषद् कहा जाता है। उपनिषद् (उप+नि+सद्+क्विप्, **उपनिषादयति ब्रह्मणः समीपं प्रापयतीत्युपनिषत्**) का अर्थ है जीवको ईश्वरके समीप पहुँचानेवाला। सांसारिक व्यापारमें लगे हुए जीवोंके लिये उपनिषद् भगवत्सन्निधिमें प्राप्त होनेका साधन है। तत्त्वत्रय, योग, संन्यास, वैष्णव, शैव और शाक्त भेदसे उपनिषदोंके छः विभाग हैं। तत्त्वत्रयविभागमें ईशावास्य, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, तैत्तिरीय, ऐतरेय, छान्दोग्य और बृहदारण्यक ब्रह्मोपनिषत्-नामसे प्रसिद्ध तथा सर्वोपनिषत्सार गारुडादि अन्य भी उपनिषद् हैं। वैष्णव-विभागमें—श्रीरामतापिनी, गोपालतापिनी, नृसिंहतापिनी, महानारायणात्मबोध, रामरहस्योपनिषद् आदि। शैव-विभागमें, अथर्वशिरोऽथर्वशिरस्, नीररुद्र, कालाग्निरुद्र, श्वेताश्वतर और कैवल्य आदि हैं। उपनिषद् असंख्य हैं। इनमेंसे १०८ तक मानी जाती हैं। उपनिषद्के विभिन्न भागोंमें भिन्न-भिन्न बातें होते हुए भी सबमें एक स्वरसे भगवन्नामका अपरिमित महत्त्व कहा गया है।

नोट—२ *'संत पुरान उपनिषद गावा'* में यह भाव भी है कि ये गाते हैं पर पार नहीं पाते, क्योंकि अमित है। दूसरा अर्थ यह भी है कि 'सन्त, पुराण और उपनिषद्ने ऐसा कहा है कि रामनामका प्रभाव अमित है।'

प० प० प्र०—*'संत पुरान उपनिषद गावा'* इस चरणमें १६ मात्राएँ होनेपर भी छन्दोभङ्ग होता है पर यह दूषण सहेतुक होनेसे भूषणरूप है। इस चरणके पढ़नेमें जिस प्रकार वाणी रुक जाती है, छन्दोभङ्ग होता है, उसी प्रकार रामनामका प्रभाव गानेमें सन्त, पुराण और उपनिषदोंकी वाणी भी रुक जाती है, यह भाव इस छन्दोभङ्गद्वारा ध्वनित किया है।

संतत जपत संभु अबिनासी। सिव भगवान ज्ञान गुन रासी॥ ३॥
आकर चारि जीव जग अहहीं। कासीं मरत परम पद लहहीं॥ ४॥
सोपि राम महिमा मुनिराया। सिव उपदेसु करत करि दाया॥ ५॥

अर्थ—कल्याणस्वरूप, नाशरहित, षडैश्वर्यसम्पन्न, ज्ञान और गुणोंकी राशि श्रीशङ्करजी उसे (श्रीरामनामको) निरन्तर जपते हैं॥ ३॥ संसारमें जीवोंकी चार खानें अर्थात् उत्पत्तिस्थान या जातियाँ हैं। काशीमें मरनेसे वे सभी परमपद पाते हैं॥ ४॥ हे मुनिराज! वह भी श्रीरामनामहीकी महिमा है। श्रीशिवजी (मरते हुए जीवोंपर) दया करके (उनको श्रीरामनामका) उपदेश करते हैं॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'संतत जपत संभु अबिनासी।'* इति। (क) अविनाशी, शिव (कल्याणस्वरूप); भगवान् ज्ञानराशि और गुणराशि शिवजीको ये पाँच विशेषण देकर *'संतत जपत'* कहनेका भाव कि ऐसे विशेषणोंसे

विशिष्ट परम समर्थ भगवान् भी श्रीरामनामका जप करते हैं और वह भी निरन्तर, तब अन्य जीवोंका कहना ही क्या? (ख) ये सब विशेषण ईश्वरके हैं। भगवान् शंकर ईश्वर हैं, यथा—*'मृषा बचन नहिं ईश्वर कहहीं।'* जब ईश्वर इसे जपते हैं तब तो वह निर्विवाद सिद्ध है कि जिसको वे जपते हैं वह निस्सन्देह अतिशय प्रभाववाला होगा। (ग) *'संतत जपत'* अर्थात् दिन-रात, भूत-भविष्य-वर्तमान, सभी कालोंमें जपते रहते हैं, जपमें कभी अन्तर नहीं पड़ता। यथा—*'तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥'* (बा० १०८)। यही नहीं किंतु इसीके जपसे शिवजी अविनाशी और कल्याणस्वरूप हो गये; यथा—*'नामप्रसाद संभु अबिनासी। साज अमंगल मंगलरासी॥'* १९ (३), २६ (१) भी देखिये। पुनः, *'संतत जपना'* कैसे सम्भव है? इसीसे कहा वे अविनाशी हैं। मरनेसे जपमें अन्तर पड़ जाता, क्योंकि *'तन बिनु बेद भजन नहिं बरना।'* पर ये अविनाशी हैं इससे निरन्तर सदा जपते हैं। (घ) ☞यहाँ *'संतत जपत'* कहा और अन्तमें *'उपदेश करत करि दाया'* कहा। इस तरह दो बातें बतायीं। यह कि शिवजी स्वयं रामनाम जपते हैं और दूसरोंको उसका उपदेश भी करते हैं।

☞टिप्पणी—२ *भगवान'* इति। भग=ऐश्वर्य। छः प्रकारकी विभूतियाँ जिन्हें सम्यगैश्वर्य, सम्यग्वीर्य, सम्यग्यश, सम्यक्श्री, सम्यक्ज्ञान और सम्यक्वैराग्य कहते हैं। **'ऐश्वर्यस्य समग्रस्य वीर्यस्य यशसः श्रियः। ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा॥'** जिसमें ये छः विभूतियाँ अथवा जिसे उत्पत्ति, प्रलय, जीवोंकी गति और अगतिका सामर्थ्य और विद्या एवं अविद्याका ज्ञान हो उसे भगवान् कहते हैं; यथा—**'उत्पत्तिं प्रलयं चैव जीवानामँगतिं गतिम्। वेत्ति विद्यामविद्यां च स वाच्यो भगवानिति॥'** शिवजी इन सब ऐश्वर्योंसे सम्पन्न हैं, अतः भगवान् कहा। ☞स्मरण रहे कि ये छः ऐश्वर्य ब्रह्मसे अतिरिक्त मुक्तकोटिके जीवोंमें भी हो जाते हैं।

टिप्पणी—३ *'आकर चारि जीव जग अहहीं।'* इति। (क) *आकर*—८ (१) *'आकर चारि लाख चौरासी। जाति जीव'* में देखिये। (ख) इससे जनाया कि कोई भी जीव-जन्तु किसी भी योनि और खानिका क्यों न हो सबको एक समान मुक्ति मिलती है। यथा—*'जो गति अगम महामुनि दुरलभ कहत संतश्रुति सकल पुरान। सोइ गति मरनकाल अपने पुर देत सदाशिव सबहिं समान॥'* (वि० ३)। *'जोग कोटि करि जो गति हरि सों मुनि माँगत सकुचाहीं। बेद बिदित तेहि पद पुरारिपुर कीट पतंग समाहीं॥'* (वि० ४)। तथा—*'कासी मरत जंतु अवलोकी। जासु नाम बल करउँ बिसोकी॥'* (ग)*जग अहहीं'* कहकर जनाया कि काशीवासीकी ही मुक्ति होती है—ऐसा न समझिये। वरंच कोई भी जीव हो, जगत्में कहीं भी रहता हो, यदि वह यहाँ आकर मरे तो वह भी परमपदको प्राप्त होता है। काशीमें मृत्युकी प्राप्तिमात्र मुख्य है।

टिप्पणी—४ *'सोपि राममहिमा……'* इति। सोपि=सः अपि=वह भी। इस कथनका भाव यह है कि मुक्ति देनेमें कुछ काशीकी महिमा नहीं है। रामनामकी महिमा है। रामनाम ही मुक्तिका हेतु वहाँ भी है; यथा—*'कासी मुकुति हेतु उपदेसू।'* १९ (३) और २६' (१) भी देखिये। पुनश्च हारीतस्मृतौ यथा—**'अद्यापि रुद्रः काश्यां वै सर्वेषां त्यक्तजीविनाम्। दिशत्येतन्महामन्त्रं तारकं ब्रह्मनामकम्॥'**

टिप्पणी—५ *'सिव उपदेसु करत करि दाया'* इति। दयाभावसे उपदेश करनेका तात्पर्य यह है कि शिवजी यह विचार मनमें नहीं लाते कि यह इसका अधिकारी है या नहीं, अपना सेवक है वा नहीं, काशीवासी है या नहीं, और न उसके कर्म या दुष्कर्मकी ओर दृष्टि डालते हैं, सबको परमपद दे देते हैं।

नोट—१ *'दाया'* इति। दया निस्स्वार्थ कृपाका नाम है। भगवान् शंकरकी बद्ध जीवोंपर कैसी असीम दया है, यह इस बातसे स्पष्ट है कि उन्होंने इन्हींके मोक्षके लिये सहस्रों मन्वन्तरतक राममन्त्रानुष्ठानरूपी कठिन तप किया, जिससे भगवान् श्रीरामने प्रसन्न होकर इनका मनोरथ पूर्ण किया। श्रीरामतापिनी उत्तरार्ध-चतुर्थकण्डिका, यथा—**'श्रीरामस्य मनुं काश्यां जजाप वृषभध्वजः। मन्वन्तरसहस्रैस्तु जपहोमार्चनादिभिः॥ ५॥'……… अथ स होवाच श्रीरामः—' '……मुमूर्षोर्दक्षिणे कर्णे यस्य कस्यापि वा स्वयम्। उपदेक्ष्यसि मन्मन्त्रं स मुक्तो भविता शिव॥'**

(१२)।—यहाँ 'उपदेक्ष्यसि' शब्द है इसीसे भरद्वाजजी भी *'उपदेस करत'* कहते हैं। आजतक यह नहीं सुना गया कि शंकरजीको छोड़ किसी औरने परोपकारके निमित्त ऐसा कष्ट उठाया हो। यह केवल शिवजीकी करुणा है, दया है। (वे० भू०)

टिप्पणी—६ ☞यहाँ रामनामके प्रभावके तीन प्रमाण दिये गये हैं। इनमेंसे प्रथम *'संतपुरान उपनिषद गावा'* है। यह शास्त्र-प्रमाण है। दूसरा *'संतत जपत संभु अबिनासी'* यह ईश्वर-प्रमाण है और तीसरा *'आकर चारि जीव जग अहहीं। कासीं मरत……'* यह लोक-प्रमाण है।

नोट—२ ☞यहाँ यह शङ्का की जाती है कि यहाँ तो कहते हैं कि *'कासीं मरत परमपद लहहीं'* काशीमें मरणमात्रसे मुक्ति होती है। श्रुति भी है—'काश्यां मरणान्मुक्तिः।' और उधर श्रुति यह भी कहती है कि *'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः।'* बिना ज्ञानके मुक्ति नहीं होती। इन दोनों परस्परविरोधी वाक्योंका एकीकरण कैसे होगा?" इसका समाधान यह है कि श्रीरामनामके प्रभावसे मरते समय प्राणीमें वह ज्ञान उत्पन्न हो जाता है जिससे मोक्ष प्राप्त होता है—श्रीरामनामका यह प्रभाव 'सोऽपि राममहिमा' कहकर जना दिया गया है। श्रुति भी कहती है—'ज्ञानमार्गं च नामतः।' (रा० ता० उ० ४)—विशेष ३५ (४) और विनय-पीयूष पद ३ (३), ७ *'तुअ पुर कीट पतंग समाहीं'* और २२ (८) में देखिये।

नोट—३ *'जा मज्जन ते बिनहिं प्रयासा। मम समीप नर पावहिं बासा॥'*, *'अवध तजे तन नहिं संसारा'* और *'कासीं मरत परमपद लहहीं'* इत्यादिको पढ़कर भगवद्विमुख कहा करते हैं कि—'चौरासी लक्ष योनियोंमेंका कोई भी जीव हो और कैसा ही अधम क्यों न हो, उसको बिना परिश्रम मुक्ति प्राप्त हो जाती है' तब तो *'कर्म प्रधान बिस्व करि राखा। जो जस करै सो तस फल चाखा॥'*—यह विरोधी चौपाई लिखने और कर्मफल-भोगकी प्रधानता दिखानेका परिश्रम व्यर्थ क्यों किया गया?

इस प्रश्नके उत्तरमें प्रथम तो हमें यह कहना है कि—श्रीकाशीवास, श्रीअवधवास, श्रीसरयूस्नान शास्त्रोंमें विश्वास करके क्षेत्रसंन्यास लेकर भगवद्धामों, सप्तपुरियों एवं तीर्थस्थलोंमें शरीर छोड़नेके लिये जाना—ये भी तो कर्म ही हैं या कुछ और? इन स्थानोंमें यह शक्ति, यह सामर्थ्य दे दिया गया है कि वे समस्त अघ-ओघका नाश कर दें। जो शास्त्रोंको मानते हैं, उनको यह अधिकार कहाँ है कि वे उनकी एक बात मानें, दूसरी न मानें? जब हमारे सत्-शास्त्र यह बताते हैं कि अमुक यज्ञ, जप, तप, दान आदि शुभ कर्मोंका अमुक फल है और उसके अनुसार हम कर्मक्षेत्रमें फल-प्राप्तिके लिये प्रविष्ट होते हैं तब इसमें सन्देह ही क्या कि श्रीअवध, काशी, मिथिला, चित्रकूट, व्रज आदि क्षेत्रोंमें मरणको प्राप्त होनेसे जीव मोक्षको प्राप्त होते आये, होते हैं और होंगे ? जो भगवद्धामोंका आश्रय लेते हैं वे निस्सन्देह मुक्त हो जाते हैं; क्योंकि भगवान्‌के नाम-रूप, लीला और धाम चारों सच्चिदानन्द-विग्रह हैं।

पुनः, दूसरा समाधान यह है कि *'कर्म प्रधान बिस्व करि राखा। जो जस करै सो तस फल चाखा॥'* यह उक्ति कर्मकाण्डियोंके लिये है। जिनको अपने कर्तव्यका, अपने पुरुषार्थका अभिमान है। ये अपने शुभाशुभ कर्मोंका फल अवश्य भोगेंगे पर *'जेहि गति मोरि न दूसरि आसा।'*, जो एकमात्र भगवच्छरणपर निर्भर है, जो श्रीरामजीके नाम, रूप, लीला अथवा धामका अवलम्बन ले लेता है—वह तो कर्मबन्धनसे छूट ही गया, उसपर ब्रह्मा या यमराजका अधिकार ही नहीं रह जाता। वह तो एकमात्र जगन्नियन्ताके ही अधिकारमें है। धर्मराजने स्वयं अजामिल आदिके प्रसंगोंमें अपने अनुचरोंको यही उपदेश दिया है कि तुम भूलकर भी ऐसे लोगोंके पास न जाना, भगवच्छरण होते ही हमारा अधिकार वहाँसे उठ गया। *'भगतिवंत अति नीचहु प्रानी। मोहिं परमप्रिय अस मम बानी॥'*, *'अतिप्रिय मोहिं इहाँ के बासी। मम धामदा पुरी सुखरासी॥'* और *'जा मज्जन ते बिनहि प्रयासा। मम समीप नर पावहिं बासा॥'*—ये सत्यव्रत, सत्यसन्ध, सत्यसंकल्प, सत्यप्रतिज्ञ, महापुरुष, मर्यादापुरुषोत्तम, लोकको आदर्श मानवजीवनके परमपथके प्रदर्शक, साक्षात् परब्रह्म श्रीदाशरथिराजकुमाररूपमें अवतरित रघुकुलमणि श्रीरामजीके श्रीमुखवचन हैं। ये कालत्रयमें कदापि असत्य नहीं हो सकते। फिर, सोचिये तो, कितने ऐसे हैं जो श्रद्धाविश्वासपूर्वक आकर श्रीधाममहाराजकी शरण

लेते हैं ? बत्तीस करोड़में दो-चार, दस-बीस प्रतिवर्ष न ? सभीके ऐसे भाग्य कहाँ? उनको विश्वास ही न होगा।—'*अति हरि कृपा जाहि पर होई। पाँव देइ एहि मारग सोई॥*' पूर्वके बड़े सुकृतोंसे ऐसी बुद्धि होती है। कितने ही तो जन्मभर धाम-निवास करते हैं; अन्तमें यहाँसे निकाल बाहर किये जाते हैं। तीसरे, यह स्मरण रखनेकी बात है कि महान् पापी, अधर्मी, कुकर्मी अधमोंके ही मोक्षप्राप्तिमें धाम आदिकी विशेष महत्ता है। निष्पाप और सुकृतियोंका मोक्ष तो सर्वत्र हो सकता है—'*कबिरा जौ काशी मरै तो रामहिं कौन निहोर।*' पर बेचारे दीन, सर्वपुरुषार्थहीन, साधनशून्य, पतित हम-सरीखे लोगोंके लिये तो एकमात्र दीनदयाल, अशरणशरण, अनाथनाथ, अधम-उद्धारण, पतितपावन, आदि विश्वविख्यात विरदोंका बाना धारण करनेवाले श्रीरघुनाथजीके ही चतुष्टयविग्रहका एकमात्र अवलम्ब है। नहीं तो '*कलि केवल मलमूल मलीना। पाप पयोनिधि जनमन मीना॥*' तब हम दीनजन अपने पुरुषार्थसे कब मनको निर्मल बना सकेंगे ? उनका सहारा न हो तो करोड़ों कल्पोंतक हमारा उद्धार हो ही नहीं सकता।—यह उपाय तो प्रभुने हमारे-सरीखे अपाहिजोंके लिये ही रच दिया है।—'*कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥*' उन्हीं करुणावरुणालयने करुणा करके यह सुगम उपाय भी बता दिया है। देखिये, असाध्य वा कष्टसाध्य रोगोंके लिये ओषधि बतायी जाती है कि भुवाली जाओ, मसूरी जाओ इत्यादि। यह क्यों? क्योंकि उस देशमें उस रोगके नाशक तत्त्व विशेष पाये जाते हैं। मुसलमान मक्का, मदीना और अजमेर आदिकी जियारत करते हैं, हाजी और हाफ़िज़की उनमें प्रतिष्ठा है! इसी तरह अन्य मजहबोंमें कुछ स्थान मुतबर्रक माने जाते हैं—कुछ हमारे ही यहाँ नहीं। हमारे महर्षियोंने, योगेश्वरोंने अनुभव किया है कि भगवद्धामोंके तत्त्व बहुत ही विशुद्ध हैं, उनमें शक्ति जीवको ऊपर ले जानेकी है। देखिये, सिद्धपीठोंमें अनुष्ठान शीघ्र क्यों सिद्ध होते हैं? उनका वातावरण बहुत सिद्ध है, इसीसे न? तब भगवद्धाममें भगवान्‌ने श्रद्धालुओंके लिये मानसरोगोंके नाशकी शक्ति और जीवको प्रारब्धभोगके अन्तमें प्रभुकी समीपता आदि प्राप्त करनेका सामर्थ्य प्रदान कर दिया है तो आश्चर्य क्या?

रामु कवन प्रभु पूछौं तोही। कहिय बुझाइ कृपानिधि मोही॥ ६॥
एक राम अवधेस कुमारा। तिन्हकर चरित बिदित संसारा॥ ७॥
नारि बिरह दुखु लहेउ अपारा। भएउ* रोषु रन रावनु मारा॥ ८॥

अर्थ—हे प्रभो! मैं आपसे पूछता हूँ कि वे राम कौन हैं। हे दयासागर! मुझे समझाकर कहिये (अर्थात् केवल इङ्गित करनेसे काम न चलेगा)॥ ६॥ एक राम तो अवधनरेश (श्रीदशरथमहाराज) के पुत्र हैं। उनका चरित (तो) संसारभरमें प्रसिद्ध है (कि)॥ ७॥ उन्होंने स्त्रीके विरह-वियोगमें अपार दुःख पाया। उन्हें क्रोध हुआ, (जिससे) उन्होंने युद्धमें रावणको मार डाला॥ ८॥

टिप्पणी—१ '*रामु कवन प्रभु पूछौं तोही।*' इति। (क) '*रामु कवन*'—भरद्वाजजी पूछते हैं कि जिनके नामका ऐसा प्रभाव है, ऐसी महिमा है, वे राम कौन हैं ? '*कवन*' से दो रामका होना सूचित किया। इसीसे 'एकको ऊपर '*संतत जपत संभु अबिनासी*' में कहकर दूसरेको आगे कहते हैं। अर्थात् एक राम तो शिवजीके इष्ट हैं जिनको वे सदा जपते हैं और दूसरे अवधेशकुमार हैं।—(श्रीकरुणासिन्धुजी '*रामु कवन*' का भाव यह लिखते हैं कि मैं तो एक इन्हीं दशरथनन्दन 'राम' को जानता हूँ कि यही एक, अखण्ड, एकरस, परात्पर ब्रह्म हैं; परन्तु इनके चरित्र ऐसे हैं कि उनसे इनके परात्पर ब्रह्म होनेमें सन्देह हो जाता है। परब्रह्ममें दुःख और क्रोध कैसे सम्भव हो सकते हैं? इसीसे भ्रम हो रहा है कि शिवजीके उपास्य कोई अन्य राम होंगे।)

(ख) प्रभु=जो अनुग्रह या निग्रह करनेमें समर्थ हो, जिसके आश्रयमें जीवोंका निर्वाह होता है।

* भए—१७२१, १७६२। भएउ—१६६१, १७०४, छ०, कोदोराम।

यह शब्द प्रायः श्रेष्ठपुरुषोंके सम्बोधनमें प्रयुक्त होता है पर यहाँ यह सम्बोधनमात्र नहीं है, साभिप्राय भी है। यहाँ *'प्रभु'* सम्बोधन देकर जनाते हैं कि आप मेरा सन्देह दूर करनेमें सर्वथा समर्थ हैं।

(ग) *'पूछौं तोही'* इति। बिना पूछे रामतत्त्व न कहना चाहिये इसीसे *'पूछौं'* (अर्थात् मैं पूछता हूँ अतः कहिये) कहा। (पुनः भाव कि मैं इसे दूसरेसे नहीं पूछ सकता था, इसलिये आपसे पूछता हूँ। वि० त्रि०)

(घ) *'कृपानिधि'* इति। ऐसा प्रश्न करनेपर क्रोधकी सम्भावना है, कहीं याज्ञवल्क्यजी रुष्ट न हो जायँ। जैसे शिवजी पार्वतीजीके इसी प्रश्नपर हुए हैं, अतः *'कृपानिधि'* सम्बोधनद्वारा प्रार्थना सूचित की कि आप क्रोध न करें, मुझपर दया करके मुझे समझाकर कहें। पुनः भाव कि गुरुकी कृपाके बिना रामस्वरूपका बोध नहीं हो सकता। गुरु कृपासिन्धु होते हैं, यथा—*'बंदउँ गुरुपदकंज कृपासिंधु नररूप हरि।'* अतः हे कृपानिधि! आप मुझपर कृपा करें जिससे रामस्वरूप समझ पड़े। पुनः, *'प्रभु'* सम्बोधित करके फिर *'कृपानिधि'* सम्बोधनका भाव कि समर्थ होनेपर भी यदि दया हृदयमें न हुई तो उस प्रभुत्वसे कोई लाभ नहीं होता, यथा—*'प्रभु अकृपाल कृपाल अलायक जहँ जहँ चितहिं डोलावौं। इहै समुझि सुनि रहौं मौनहीं कहि भ्रमु कहा गवाँवौं॥'* (वि० २३२)। उससे भ्रम कहना भी व्यर्थ है। आप प्रभु भी हैं और कृपाल भी—यह सौलभ्य है। पुनः भाव कि अधिकारी मैं न भी सही तो भी आप कृपासे अधिकारी बना लें।

(ङ) ☞ऊपर ४५ (६) में कविने जो कहा है कि *'बोले अति पुनीत मृदु बानी।'* उसीका निर्वाह *'नाथ, प्रभु, कृपानिधि'* शब्दोंमें है। ये सब शब्द 'अतिमृदु' हैं।

टिप्पणी—२ *'एक राम अवधेसकुमारा।......'* इति। (क) भरद्वाजजीने भगवान् शिवके इष्ट ब्रह्म 'राम' का रूप नहीं कहा, 'नाम' मात्र कहा, क्योंकि उनके (भरद्वाजजीके) मतसे ब्रह्म अवतार नहीं लेता। सतीजीको दो बातोंमें संदेह था, एक तो अवतार लेनेमें, दूसरे चरितमें। यथा—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥'* (५०) तथा *'जौं नृपतनय त ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि।'* (१०८)। संदेहका वही स्वरूप भरद्वाजजीके प्रश्नमें दिखाया है अर्थात् इनको भी वे ही दोनों संदेह हैं—यही आगे याज्ञवल्क्यजी कहेंगे, यथा—*'ऐसेइ संसय कीन्ह भवानी।'* *'राम नाम कर अमित प्रभावा।......सोपि राम महिमा'* में ब्रह्मरामकी महिमा नाममहिमाद्वारा कहनेसे ही 'ब्रह्म-रामके अवतार लेनेमें संदेह है' यह स्पष्ट जनाया है। दूसरा संदेह इस चौपाईसे स्पष्ट है। अवधेशकुमार हैं तब ब्रह्म कैसे हो सकते हैं? *'नारि बिरह दुखु लहेउ अपारा'* तब ब्रह्म कैसे हो सकते हैं ?

—*'अवधेसकुमारा, दुख लहेउ, भएउ रोष रन रावनु मारा'*—

(क) श्रीभरद्वाजजीका कहना है कि शिवजी तो शायद किसी अन्य निर्गुण ब्रह्म रामकी उपासना करते हैं, उनका नाम जपते हैं और मैं जिनको जानता हूँ वे तो अवधेशके बालक हैं। ये तो ब्रह्म हो नहीं सकते; क्योंकि इनमें दो अवगुण प्रत्यक्ष हैं—एक तो यह कि ब्रह्म अजन्मा है और इनका तो जन्म चक्रवर्ती महाराज दशरथजीके यहाँ हुआ। दूसरे, ब्रह्मको योग-वियोग नहीं होता। वह सम है, शुद्ध-बोध-विज्ञान-स्वरूप है, उसमें काम-क्रोधादि विकार कहाँ? और, ये तो कामी और क्रोधी दोनों हैं जो अज्ञानियोंके लक्षण हैं। *'दुख लहेउ'* से राग और *'भएउ रोषु'* से द्वेष पाया गया। राग-द्वेष, काम-क्रोध, दुःख-सुख, शत्रु-मित्र—ये सब अज्ञानसे होते हैं, जीवके धर्म हैं न कि ईश्वरके; यथा—*'क्रोध कि द्वैत बुद्धि बिनु द्वैत कि बिनु अज्ञान।'*, *'हरष बिषाद ग्यान अज्ञाना। जीव धरम अहमिति अभिमाना॥'*—(पं० रा० कु०)

(ख) पुनः, *'अवधेस कुमार'* का भाव यह है कि यदि आप कहें कि ये वही परात्पर ब्रह्म राम हैं तो ये तो त्रेतामें हुए, वैवस्वतमनुकी चौबीसवीं चतुर्युगीमें हुए, हरिवंश तथा मत्स्यपुराणोंमें इसका प्रमाण है, यथा—'चतुर्विंशयुगे चापि विश्वामित्रपुरः सरः। राज्ञो दशरथस्याथ पुत्रः पद्मायतेक्षणः॥' (हरिवंश १।४१।१२१)। इनका नाम तो शिवजी पहलेसे जपते चले आते हैं और ये तो हालमें हुए (लाला भगवानदीनजी)। *'नारि बिरह'* से जनाया कि इन्द्रियविषयमें रत थे; इसीसे कामासक्त थे और कामासक्त होनेसे ही विरह न सह सके।

काममें हानि पहुँचनेसे क्रोध उत्पन्न होता ही है, यथा—'*संगात्संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते।*' (गीता)। अतः 'रोष' हुआ। (वै०)

(ग) '*रनु रावनु मारा*' इति। अर्थात् सम्मुख बराबर युद्ध हुआ, आप भी मारे और बाँधे गये, मेघनाद एक तुच्छ निशाचरने इनको नागपाशसे बाँधा तब इनका ईश्वर होना कैसे सम्भव है? यथा—'*मोहि भएउ अति मोह प्रभुबंधन रन महुँ निरखि। चिदानंदसंदोह राम बिकल कारन कवन॥*' (उ० ६८)। '*भवबंधन ते छूटहिं नर जपि जाकर नाम। खर्ब निसाचर बाँधेउ नागपास सोइ राम॥*' (उ० ५८) तथा '*भृकुटि भंग जो कालहि खाई। ताहि कि सोहै ऐसि लराई॥*' (लं० ६५)। पुनः भाव कि ब्रह्म तो लवनिमेषमें जगत्‌का प्रलय कर सकता है। जिसकी इच्छामात्रसे, भृकुटिविलासमात्रसे संसारका प्रलय तथा कालकी भी मृत्यु हो जाती है; यथा—'*उमा कालु मरु जाकी ईछा।*' (लं० १०१)।'*उतपति पालन प्रलय समीहा।*' (लं० १५)। भला वह ब्रह्म इतना श्रम क्यों उठावेगा? वह तो घर बैठे इच्छामात्रसे रावणको मार डालता।

टिप्पणी—३'*तिन्ह कर चरित बिदित संसारा।*' इति। भाव कि ब्रह्ममें अज्ञान होना न किसीने सुना, न देखा और इनका अज्ञान तो संसारभरमें विख्यात है। पुनः भाव कि किसी गरीबके पुत्र होते तो इनका चरित्र चाहे कोई न भी जानता पर ये तो चक्रवर्तीकुमार हुए इससे सभी इनके (काम-क्रोध-सम्बन्धी) चरित जानते हैं। सम्राट्-पुत्र होनेसे संसारभर जानता है।

टिप्पणी—४ ☞प्रथम जो ऊपर कहा था कि '*राम नाम कर अमित प्रभावा।*' उसका तात्पर्य यहाँ स्पष्ट किया कि वह (शिवजीके उपास्य) राम ये ही हैं तो इनमें तो कुछ भी प्रभाव नहीं दीखता। गरुड़जीने भी ऐसा ही कहा है, यथा—'*सो अवतार सुनेउँ जग माहीं। देखउँ सो प्रभाउ कछु नाहीं॥*' (उ० ५८)।

नोट—श्रीराजबहादुर लमगोड़ाजी लिखते हैं कि साहित्यके संसारमें तुलसीदासजीने एक अनोखा काम यही किया है कि महाकाव्यकला और नाटकीयकलाका एकीकरण कर दिया है जो मिल्टन और स्पेन्सर (Milton & Spencer) इत्यादिसे नहीं बन पड़ा बल्कि जो उनको असम्भव-सा प्रतीत होता था। तुलसीदासजीकी युक्ति ही यह है कि श्रीरामचन्द्रजी आदिके मानवीजीवनको नाटकीय रंगमञ्चपर दर्शावें, पर स्वयं उपस्थित होकर टिप्पणी करते चलें। मानो कवि रंगमञ्च और द्रष्टाओंके बीचमें इस प्रकार उपस्थित रहता है कि नाटकीय चरित्र उसे देख न पावें। परन्तु वह द्रष्टाओंको रहस्य बताता चले। बड़े वाहन आधिदैविक तथा आध्यात्मिक रहस्योंके प्रकटीकरणके लिये श्रीशिव-पार्वती, श्रीभुशुण्डि-गरुड़ और श्रीयाज्ञवल्क्य-भरद्वाजके जोड़ ठीक उसी तरह दूरसे दिखायी देते हैं, जैसे आजकल नाटकों या सिनेमा (Cinema) के पर्दोंपर धार्मिक नाटकोंमें प्रकाशके गोलेमें भगवान् कृष्ण द्रौपदी-चीर-हरण इत्यादिके समय दिखायी देते हैं, जिससे दृश्यका आधिदैविक रहस्य खुल जाता है। इसीसे कविने रामावतारकी कथा ले ली है जो (अवतार) मानवीमर्यादाको स्थापित करता है। यहाँके सारे प्रश्न ही ऐसे हैं कि जिनके उत्तरमें आधिदैविक, आध्यात्मिक और आधिभौतिक रहस्योंका एकीकरण हो। बीच-बीचमें आधिदैविक सीन (Scene) बड़ी सुन्दरतासे लाये गये हैं और '*निसिचरहीन करौं महि*' वाली प्रतिज्ञाके उपरान्त, जो ऋषियोंकी हड्डियोंके ढेरके समीप की गयी है, कलाको पूर्णरूपसे महाकाव्यकी ऊँचाईपर पहुँचा दिया है। इस कला-परिवर्तनको न विचारकर ग्राउस्‌जी (Mr. Growse) ने लिखा है कि काव्यकला अयोध्याकाण्डके उपरान्त शिथिल हो गयी है। वास्तवमें वहाँसे कला नाटकीय होनेके स्थानमें अधिकतर महाकाव्यकी है और तुलनामें (Shakespeare) शैक्सपियर इत्यादिके स्थानमें (Milton) मिल्टन और (Homer) होमर इत्यादिको लेना चाहिये।—विशेष व्याख्या 'चाँद' में प्रकाशित लेखमालामें है।

दो०—प्रभु सोइ रामु कि अपर कोउ जाहि जपत त्रिपुरारि।
सत्यधाम सर्बज्ञ तुम्ह कहहु बिबेकु बिचारि॥ ४६॥

अर्थ— हे प्रभो! ये वही राम हैं या कोई और दूसरे हैं जिनको त्रिपुरासुरके शत्रु श्रीमहादेवजी जपते हैं। आप सत्यके धाम और सब कुछ जाननेवाले हैं (अतः आप) ज्ञानसे विचारकर कहिये॥ ४६॥

टिप्पणी—१ *'जाहि जपत त्रिपुरारि'* इति। (क) समर्थ सेवकके द्वारा स्वामीका ईश्वरत्व प्रकट होता है; यथा—*'हैं दससीस मनुज रघुनायक। जाके हनूमानसे पायक॥'* (लं० ६२)। इसीसे यहाँ *'त्रिपुरारि'* विशेषण दिया। अर्थात् त्रिपुरासुरको मारनेमें जो समर्थ थे ऐसे शिवजी जिनको जपते हैं, वे मनुष्य कैसे हो सकते हैं?

भावार्थान्तर—त्रिपुरारिका भाव कि (ख) शिवजीने त्रिपुर-ऐसे बली शत्रुके मारनेमें जिन प्रभुकी सहायता ली क्या वे यही अवधेशकुमार राम हैं या कोई और हैं? इस भावमें इशारा उस कथाकी ओर है जिसमें कहा जाता है कि शिवजी त्रिपुरासुरको न मार सके तब उन्होंने श्रीरामजीका ध्यान किया। श्रीरामजीने वत्सरूपसे अमृत पी लिया तब शिवजीने उसका संहार किया।—विस्तृत कथा ४८ (६) *'मुनि सन बिदा माँगि त्रिपुरारी।'* में दी गयी है। (पं०) (ग) जो त्रिपुरके जीतनेवाले हैं और काम-क्रोध जिनके वशवर्त्ती हैं वह शङ्करजी भला कामी-क्रोधीको क्यों भजने लगे? (भावप्रकाश)

टिप्पणी—२ *'कि अपर कोउ'* इति। भाव कि शिवजीके इष्टके चरित्र अज्ञानताके नहीं हो सकते। (अतः उनके इष्ट मेरी समझमें तो कोई और ही हैं।) ☞ उत्तरकाण्डमें जो कहा है कि *'निरगुन रूप सुलभ अति सगुन जान नहिं कोइ। सुगम अगम नाना चरित सुनि मुनि मन भ्रम होइ॥'* (७३) वह यहाँ चरितार्थ है। भरद्वाज-ऐसे मुनियोंको भी सगुणचरित्र देखकर ही मोह हुआ है।

टिप्पणी—३ *'सत्यधाम सर्बज्ञ तुम्ह'* इति। अर्थात् आप जो कुछ कहते हैं सत्य ही कहते हैं, वह सत्य ही होता है, सभी उसको प्रमाण मानते हैं। वक्ताको सत्यवादी होना चाहिये, यह गुण आपमें इस विशेषणसे जना दिया। सत्य क्या है यह आप जानते हैं क्योंकि आप सर्वज्ञ हैं। [पंजाबीजी लिखते हैं कि—'सत्य (धाम) अर्थात् जिसमें सत्यका निर्णय है, उत्तरमीमांसा जिसका मूल **'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा'** यह सूत्र है, उसके आप पूर्ण ज्ञाता हैं।']

नोट—१ श्रीभरद्वाजजीने *'रामनाम कर अमित प्रभावा।'* से लेकर *'प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ जाहि जपत त्रिपुरारि'* तक अपना मोह प्रकट किया है। महानुभावोंका कहना है कि इसमें उन्होंने भगवान्के नाम, रूप, लीला और धाम चारोंका प्रश्न किया है, क्योंकि वे चारों सच्चिदानन्दविग्रह माने गये हैं, यथा—**'रामस्य नामरूपं च लीलाधामपरात्परम्। एतच्चतुष्टयं नित्यं सच्चिदानन्दविग्रहम्॥'** (वसिष्ठसंहिता) इसी तरह इन चारोंकी चर्चा श्रीपार्वतीजी और श्रीगरुड़जीके प्रश्नोंमें भी पायी जाती है।

	नाम	रूप	लीला	धाम
श्रीभरद्वाजजी	रामनाम कर अमित प्रभावा।""सोइ राम०	राम कवन प्रभु पूछौं तोही।"""एक राम अवधेस कुमारा	तिन्हकर चरित बिदित संसारा।"""रावनु मारा	आकर चारि जीव जग अहहीं। कासीं मरत परमपद लहहीं॥
श्रीपार्वतीजी	प्रभु जे मुनि परमारथ बादी। कहहिं राम कहँ ब्रह्म अनादी॥ तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु०॥	प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी॥	बालचरित पुनि कहहु उदारा।"""राज बैठि कीन्ही बहु लीला।	'प्रजासहित रघुबंसमनि किमि गवने निजधाम।'
श्रीगरुड़जी	भवबंधन ते छूटहिं नर जपि जाकर नाम।	ब्यापक ब्रह्म बिरज बागीसा।""सो अवतार सुनेउँ जग माहीं।	खर्ब निसाचर बाँधेउ नागपास सोइ राम॥	'भवबंधन तें छूटहिं' अर्थात् धामको प्राप्त होते हैं।

नोट—२ गरुड़जीको भगवान्‌की रणक्रीड़ामें मोह हुआ था। इसलिये उनके प्रश्नमें लीलाहीकी प्रधानता है। ये संदेह प्रथम इनके मनमें थे। इन्हींको इन्होंने नारदजी, ब्रह्माजी, शङ्करजी और भुशुण्डिजीसे प्रकट किये थे। यथा—*'कहेसि जो संसय निज मनमाहीं।'*, *'निज संदेह सुनावत भएऊ।'*, *'पुनि आपन संदेह सुनावा।'* और *'मोहिं भएउ अतिमोह प्रभु बंधन रन महँ निरखि। चिदानंद संदोह राम बिकल कारन कवन॥'*

नोट—३ नाम, रूप, लीला और धाम ये चारों श्रीरामविग्रह हैं, नित्य हैं—यह बात इससे भी निर्विवाद सिद्ध है कि अविनाशी श्रीशिवजी इन चारोंको अपने हृदयमें बसाये हुए हैं; यथा—*'संतत जपत संभु अबिनासी। सिव भगवान ज्ञान गुनरासी॥'* (नाम), *'अनुज जानकी सहित निरंतर। बसहु राम नृप मम उर अंतर॥'* (रूप), *'रचि महेस निज मानस राखा।'* (लीला) और *'द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी।'* (यह धाम है। क्योंकि दशरथ-अजिर और रामनृप धाममें ही हैं।)

जैसें मिटै मोह* भ्रम भारी। कहहु सो कथा नाथ बिस्तारी॥ १॥

अर्थ—हे नाथ! जैसे मेरा भारी मोह और भ्रम दूर हो, वह कथा विस्तारसे कहिये॥ १॥

नोट—१ *'जैसें'* शब्दका अर्थ प्रायः सभी टीकाकारोंने 'जिससे' किया है। पर दासकी समझमें तो इसका अर्थ 'जिस प्रकार' ही सर्वत्र देखनेमें आता है। अतएव मेरी समझमें इस अर्धालीका अर्थ होगा कि—'वह कथा उस प्रकारसे कहिये जिस प्रकारसे मेरा भारी भ्रम और मोह मिटे।' कथा तो वही है पर कहने-कहनेका ढंग है; सम्भवतः यही आशय भरद्वाजजीका है।

टिप्पणी—१ *'जैसें मिटै मोह भ्रम भारी'* इति। ☞*'अस बिचारि प्रगटौं निज मोहू।'* (४६। १)। मोहकथनका उपक्रम है और *'जैसें मिटै मोह भ्रम भारी'* उपसंहार है। इनके बीचमें भरद्वाजजीने अपना मोह प्रकट किया है।

टिप्पणी—२ ☞श्रीभरद्वाजजीने अपनेमें मोह, भ्रम और संशय तीनों कहे हैं; यथा—*'नाथ एक संसउ बड़ मोरें'* ४५ (७) और *'जैसें मिटै मोह भ्रम भारी।'* (यहाँ)। 'इसी प्रकार श्रीपार्वतीजी, श्रीगरुड़जी और श्रीगोस्वामीजी इन तीनोंने अपने-अपनेमें इन तीनोंका होना बताया है—

श्रीपार्वतीजी—'ससिभूषन अस हृदय बिचारी। हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी॥ १०८॥'
'अज्ञ जानि रिस उर जनि धरहू। जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू॥ १०९॥'
'अजहूँ कछु संसउ मन मोरें। करहु कृपा बिनवौं कर जोरें॥ १०९॥'

श्रीगरुड़जी—'जौं नहिं होत मोह अति मोही। मिलतेउँ तात कवनि बिधि तोही॥ उ० ६९॥'
'सोइ भ्रम अब हित करि मैं माना।', 'मोहि भयउ अति मोह प्रभुबंधन रन महुँ निरखि॥ उ० ६८॥'
'देखि चरित अति नर अनुसारी। भयउ हृदय मम संसय भारी॥ उ० ६९॥'

श्रीतुलसीदासजी—'निज संदेह मोह भ्रम हरनी। करौं कथा भवसरिता तरनी॥ बा० ३१॥'

(यहाँ श्रीगरुड़जी, श्रीपार्वतीजी और श्रीभरद्वाजजी ये तीनों श्रोता हैं और इन तीनोंने अपनी-अपनी शंकाएँ अपने-अपने वक्ताओंसे कही हैं। वक्ताओंने इनके संशयोंकी निवृत्ति कथा कहकर की है। परंतु यहाँ गोस्वामीजी वक्ता हैं, श्रोता नहीं और न उन्होंने ग्रन्थमें कहीं इसका उल्लेख ही किया है कि उन्हें भ्रम हुआ था और वह भ्रम अमुक वक्ताद्वारा कथा-श्रवणसे निवृत्त हुआ। तथापि यह कहा जा सकता है कि गोस्वामीजीको अपने गुरु महाराजसे इस कथाको बारंबार सुननेसे ही संशय-मोह-भ्रमरहित ज्ञान हुआ। इससे उनको यह भी विश्वास हो गया कि जो भी इस कथाको सुनेगा उसके संदेह, मोह और भ्रम दूर हो जायँगे। इसी आशयसे कथाका माहात्म्य कहते समय उन्होंने प्रारम्भमें *'निज संदेह मोह भ्रम*

* मोर—१६६१, १७०४, कोदवराम। मोह—१७२१, १७६२, छ० ना० प्र०, भा० दा०। रा० प्र० में लिखा है कि दोनों पाठ मिलते हैं। श्रीपार्वतीजीके—'तौं प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥ १०८॥' की जोड़में 'मोर' भी ठीक है, पर हमने पं० रामकुमारजीके भावोंको देखकर 'मोह' पाठ उत्तम समझकर रखा है। पं० रामवल्लभाशरणजी और रामायणी श्रीरामबालकदासजी आदिका भी पाठ 'मोह' है।

हरनी' ऐसा उल्लेख किया है। यहाँका *'निज'* शब्द बड़े महत्त्वका है। *'निज'* का अर्थ है 'अपना', जो गोस्वामीजीमें भी लग सकता है एवं अन्य लोगोंमें भी, जो भी इसे सुनें। 'मेरे अपने' तथा 'उनके अपने।' इसी भावसे 'मम' शब्द न देकर *'निज'* शब्दका प्रयोग किया है। सम्भवत: यही आशय पं० रामकुमारजीका है।

टिप्पणी—३ *'भारी'* इति। प्रथम संशयको बड़ा कह चुके हैं, यथा—*'नाथ एक संसउ बड़ मोरें।'* इसीसे *'मोह* और *'भ्रम'* को भी भारी कहा। वहाँ *'बड़'* और यहाँ *'भारी'* कहनेसे तीनों एक समान बराबर पाये गये, नहीं तो समझा जाता कि मोह और भ्रम सामान्य हैं। पुन: भाव कि परब्रह्ममें संदेह हुआ है इसीसे उस संशय, मोह और भ्रमको भारी कहा; यथा—*'महा मोह उपजा उर तोरें।'* (उ० ५९)। यदि अन्यमें सन्देह होता तो *'भारी'* विशेषण न देते। (श्रीत्रिपाठीजी लिखते हैं कि माघ-मकर-स्नानमें एक मास ब्रह्मनिरूपण आदि मेरे आश्रमपर महात्माओंद्वारा हुआ पर मेरा भ्रम नहीं गया, इससे सिद्ध हुआ कि मेरा भ्रम भारी है।)

टिप्पणी—४ ☞संदेह, मोह और भ्रमके भेद *'निज संदेह मोह भ्रम हरनी'* बा० ३१ (४) में लिखे जा चुके हैं। पाठक वहीं देख लें।

नोट—२ श्रीकान्तशरणजी लिखते हैं कि—'संशय, मोह और भ्रमका अभिप्राय क्रमश: ईश्वर, जीव और माया (=तत्त्वत्रय) के अज्ञानमें है'। उनका मत है कि 'अपने (जीव) स्वरूपमें अज्ञान होना' मोह, 'जिससे अपनेको देह ही मानना और इन्द्रियाभिमानी होकर दसों इन्द्रियोंके भोक्ता होनेमें दशमुखरूप होना है……भ्रमका अर्थ अचित् (माया) तत्त्वमें अनिश्चय होना अर्थात् ब्रह्मके शरीररूप जगत्में नानात्व सत्ताका भ्रम होना है।' किसी वस्तुके ज्ञानमें द्विविधा होना संदेह है।'

हमारी समझमें *'निज संदेह मोह भ्रम हरनी'* बा० ३१ में ये अर्थ लागू हो सकें तो हो सकें, क्योंकि वहाँ एक साधारण बात कही गयी है। परंतु प्रस्तुत प्रसंगमें तो 'ब्रह्म राम' वा 'अवधेशकुमार राम' के स्वरूपके सम्बन्धहीमें संशय, मोह और भ्रम कहे गये हैं न कि जीव और मायाके सम्बन्धमें।

नोट—३ *'मोह'* के स्थानपर *'मोर'* पाठ यदि सही मान लें तब तो संशय, मोह और भ्रमकी उलझन ही नहीं रह जाती। हमने *'मोह'* पाठ क्यों पसंद किया यह पाठकोंको उपर्युक्त टिप्पणी—२ से समझमें आ गया होगा।

टिप्पणी—५ *'कहहु सो कथा'* इति। भाव कि श्रीरामकथा कहकर ही संशय, मोह और भ्रम दूर कीजिये, अन्य उपायोंसे नहीं। *'सो कथा'*=उन्हीं रामकी वह कथा। अथवा भरद्वाजजी कहते हैं कि *'सो'* (वह) कथा कहिये और याज्ञवल्क्यजीने श्रीरामचरित कहा, इससे निश्चय हुआ कि *'सो कथा'* से श्रीरामकथा ही अभिप्रेत थी। ☞ श्रीपार्वतीजीने भी ऐसा ही कहा है। यथा—*'तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥'* (१०८)। …… *'बिधि नाना'* का भाव श्रीभरद्वाजजीके *'जैसें'* और *'बिस्तारी'* शब्दोंमें आ जाता है।

नोट—४ पंजाबीजी लिखते हैं कि पूर्व भरद्वाजजीने उनको 'सत्यधाम' विशेषण देकर पूर्वोत्तरमीमांसाका ज्ञाता जनाया है; यथा—*'सत्यधाम सर्बज्ञ तुम्ह कहहु बिबेकु बिचारि।'* ऐसा समझकर वे यह न कहें कि यज्ञ करो, शम-दम आदि करो, इनके करनेसे तुम्हारा मन निर्मल हो जायगा, भ्रम मिट जायगा। अत: कहते हैं कि कथाहीसे संदेह मिटाइये।

टिप्पणी—६ *'बिस्तारी'* इति? भाव कि संशय, मोह और भ्रम भारी हैं; अतएव विस्तारसे अच्छी तरह बढ़ाकर कहिये जिसमें तीनोंकी निवृत्ति हो जाय। पुन: भाव कि संक्षेपसे कहनेसे समझमें न आवेगा। सूक्ष्म कथा तो बुद्धिमान्, ज्ञानवान् लोग ही समझ सकते हैं और मैं तो मूढ़ हूँ, मूढ़को संक्षेपसे समझमें नहीं आता। ☞स्मरण रहे कि भरद्वाजजीने मूढ़ बनकर प्रश्न किया है, यह बात याज्ञवल्क्यजीने स्वयं कही है; यथा—*'कीन्हिहु प्रश्न मनहुँ अति मूढ़ा।'* ☞शिवजीने सतीजीसे प्रथम दण्डकारण्यमें रास्ता चलतेमें श्रीरामकथा संक्षेपसे कही थी, इससे उनकी समझमें न आयी थी; इसीसे उन्होंने भ्रमसे सीता-वेष धारण किया था।

ग्रन्थका प्रयोजन

श्रीरामचरितमानसका आविर्भाव क्यों हुआ? उसका क्या उद्देश्य है?—यह बात ग्रन्थकार यहाँ मानसकथाके उपक्रममें बता रहे हैं। भरद्वाजजीके प्रश्नोंसे ही मानसके तात्पर्य (प्रयोजन) का उपक्रम हुआ है। *'नाथ एक संसउ बड़ मोरे।'''''राम कवन प्रभु पूछौं तोहीं।'''''प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ जाहि जपत त्रिपुरारि।'''''जैसें मिटै मोह भ्रम भारी।', 'कहहु सो कथा नाथ बिस्तारी॥'*—से स्पष्ट है कि मानसकी रचना और मानसकथाके प्राकट्यका अभिप्राय श्रीरामतत्त्वका यथार्थ बोध कराना और श्रीरामजीके नाम, रूप, लीला, धाम आदि विषयक संशय, मोह और भ्रमकी निवृत्ति करना है। और इससे तीनों श्रोताओंके मोह, भ्रम और संशय दूर भी हुए।

इन प्रश्नोंके उत्तरमें याज्ञवल्क्यमुनिद्वारा उमा-महेश्वर-संवादकी प्रवृत्ति हुई। वे कहते हैं कि—*'ऐसेइ संसय कीन्ह भवानी। महादेव तब कहा बखानी॥'* (४७। ८) आगे चलकर पार्वतीजीका संशय कहते हैं। वे पूछती हैं—*'प्रभु जे मुनि परमारथ बादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥''''' तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥ राम सो अवध नृपतिसुत सोई॥ की अज अगुन अलखगति कोई॥'* (१०८) इत्यादि। इन प्रश्नोंसे भी यही सिद्ध होता है कि श्रीशंकररचित रामचरितमानसका जगत्‌में प्राकट्य श्रीरामविषयक संशय-मोह-भ्रमादिके निवारणार्थ हुआ। इसी प्रकार श्रीगरुड़-भुशुण्डि-संवादका उद्देश्य भी श्रीरामविषयक संदेहोंकी निवृत्ति ही है। अतएव जिन लोगोंको श्रीरामजीके नाम, रूप, लीला और धाम आदिके विषयमें भ्रम हो, उनसे दासकी विनीत प्रार्थना है कि वे श्रीरामचरितमानसका अध्ययन किसी गुरुद्वारा एवं मानसविज्ञोंद्वारा कुछ काल उनके साथ रहकर करें। इससे उनका मोह अवश्य दूर हो जायगा। सच्ची जिज्ञासा चाहिये।

यह तो हुआ संवादोंका हेतु। अब श्रीमद्गोस्वामीजीद्वारा यह मानसकथा क्यों प्रकट की गयी? इसका हेतु सुनिये।

उनके समकालीन श्रीनाभास्वामीजी लिखते हैं कि—*'कलि कुटिल जीव निस्तारहित बाल्मीकि तुलसी भएउ।'* और गोस्वामीजीने स्वयं भी इस ग्रन्थके लिखनेका तात्पर्य बताया है, वह उन्हींके वचनोंमें सुनिये—'स्वान्तःसुखाय तुलसी रघुनाथगाथाभाषानिबन्धमतिमञ्जुलमातनोति।'

उनके—*'जे एहि कथहिं सनेह समेता। कहिहहिं सुनिहहिं समुझि सचेता। होइहहिं रामचरन अनुरागी। कलिमल रहित सुमंगल भागी॥ सपनेहुँ साँचेहु मोहि पर जौं हर गौरि पसाउ। तौ फुर होउ जो कहेउँ सब भाषा भनिति प्रभाउ॥'* (१५)। इन वाक्योंमें ग्रन्थका प्रयोजन भी है और आशीर्वाद भी। और फिर दोहा ३० के आगे *'निज संदेह मोह भ्रम हरनी। करौं कथा भवसरिता तरनी॥'* से लेकर *'रामचरित राकेसकर सरिस सुखद सब काहु।'''''* (३२)। तक उन्होंने श्रीरामचरितमानस-कथाका माहात्म्यविशेष तथा ग्रन्थका प्रयोजन वा उद्देश्य विस्तारसे कहा है।

☞कथासे मोहादिकी निवृत्ति होकर श्रीरामजीके चरणोंमें अनुराग होना आज-दिन भी प्रत्यक्ष देखा जा रहा है।

उपक्रममें तो मानसकथाके प्रकट होनेका तात्पर्य लिखा गया, अब उपसंहारमें देखिये। ग्रन्थकारका उपसंहार *'एहि कलिकाल न साधन दूजा। जोग जज्ञ जप तप ब्रत पूजा॥'* (उ० १३०।५)। से प्रारम्भ होता है। अन्तके उसके शब्दोंका उल्लेख हम यहाँ करते हैं—'''''''स्वान्तस्तमःशान्तये। भाषाबद्धमिदं चकार तुलसीदासस्तथा मानसम्॥ पुण्यं पापहरं सदा शिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदम्। मायामोहमलापहं सुविमलं प्रेमाम्बुपूरं शुभम्। श्रीमद्रामचरित्रमानसमिदं भक्त्यावगाहन्ति ये। ते संसारपतङ्गघोरकिरणैर्दह्यन्ति नो मानवाः॥' तथा—*'रघुबंसभूषनचरित यह नर कहहिं सुनहिं जे गावहीं। कलिमल मनोमल धोइ बिनु श्रम रामधाम सिधावहीं॥ सत पंच चौपाई मनोहर जानि जो नर उर धरै। दारुन अबिद्या पंचजनित बिकार श्रीरघुबर हरै॥'*

अतएव मुख्य तात्पर्य तुलसीदासजीद्वारा प्रादुर्भूत श्रीरामचरितमानसका यही है कि हम-सरीखे कुटिल जीवोंका सहज ही उद्धार हो जाय।

ध्वनित-प्रयोजन

कवि स्वभावत: अपने कालका Historian इतिहासपरिचयदाता भी होता है। उसने जो भरद्वाज-याज्ञवल्क्य, उमा-महेश्वर और गरुड़-भुशुण्डि—तीन प्रसङ्ग वा कर्म, ज्ञान और उपासना तीन घाट रचे हैं उनका प्रारम्भ, उनका उपक्रम—*'रामु कवन'''''*, *'प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ जाहि जपत त्रिपुरारि।'* *'राम सो अवध नृपतिसुत सोई। की अज अगुन अलखगति कोई॥'* इत्यादि—स्पष्ट बता रहा है कि उसके समयमें श्रीनानकजी और श्रीकबीरजीका तथा अद्वैतवादियोंका निर्गुण-सगुणवाद बहुत जोर पकड़ता जा रहा था, अर्थात् दशरथनन्दन राम और हैं, योगिजन जिनमें रमण करते हैं वे राम और हैं, सगुण राम और हैं और अज, अगुण, अलखगति राम और हैं इत्यादि। इस भ्रमको मिटानेके लिये, जो निर्गुण हैं वही सगुण हैं, श्रीराम ही निर्गुण और सगुण दोनों हैं, इत्यादिका निश्चय करानेके लिये ही इस ग्रन्थका निर्माण हुआ। इसका निर्णय महर्षि याज्ञवल्क्य, भगवान् शंकर और श्रीभुशुण्डिजीद्वारा कराया गया।

जागबलिक बोले मुसुकाई। तुम्हहि बिदित रघुपति प्रभुताई॥ २॥
रामभगत तुम्ह मन क्रम बानी। चतुराई तुम्हारि मैं जानी॥ ३॥
चाहहु सुनै* राम गुन गूढ़ा। कीन्हिहु प्रस्न मनहुँ अति मूढ़ा॥ ४॥

अर्थ—श्रीयाज्ञवल्क्यजी मुस्कराकर बोले—'तुमको श्रीरघुनाथजीकी प्रभुता विदित है॥ २॥ तुम मन, कर्म और वचनसे श्रीरामचन्द्रजीके भक्त हो। मैं तुम्हारी चतुरता (होशियारी) समझ गया (कि इस बहाने तुम) श्रीरामजीके गूढ़ गुणों, गुप्त रहस्योंको सुनना चाहते हो। इसीसे ऐसे प्रश्न किये हैं मानो अत्यन्त मूर्ख हो। ३,४।'

टिप्पणी—१ *'जागबलिक बोले मुसुकाई।'''''* इति। (क) *'मुसुकाई'*। मुसकुरानेका कारण 'चतुराई' है; यथा *'देखि कृपानिधि मुनि चतुराई। लिये संग बिहँसे दोउ भाई॥'* (अ० १२)। यही बात वे आगे कहते भी हैं; यथा—*'चतुराई तुम्हारि मैं जानी।'* क्या *'चतुराई'* जानी, सो आगे कहते हैं कि *'कीन्हिहु प्रस्न मनहुँ अति मूढ़ा।'* अर्थात् अत्यन्त मूढ़ बनकर प्रश्न किया है जिसमें याज्ञवल्क्यजी कुछ कहें, यद्यपि स्वयं उसके ज्ञाता हैं। (ख) ☞यहाँ ग्रन्थकार जनाते हैं कि मूढ़ बनकर प्रश्न करना चतुरता है और चतुर बनकर प्रश्न करना मूढ़ता है। (ग)*'तुम्हहि बिदित रघुपति प्रभुताई।'* इति। भरद्वाजजीने जो कहा था कि हमको भारी मोह है, उसपर याज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि तुम्हें मोह नहीं है (क्योंकि) तुम रघुपतिप्रभुता जानते हो। प्रभुता जाननेसे मोह नहीं रह जाता; यथा—*'नयन नीर मन अति हरषाना। श्रीरघुपति प्रताप उर आना॥ पाछिल मोह समुझि पछिताना। ब्रह्म अनादि मनुज करि माना॥'* (उ० ९३)। *'रामभगत तुम्ह मन क्रम बानी।'* यह जो आगे कहा है उससे भी मोहका निराकरण किया है। क्योंकि मोहके रहते हुए, मोहके गये बिना, श्रीरामजीमें अनुराग नहीं होता, यथा—*'मोह गये बिनु रामपद होइ न दृढ़ अनुराग।'* (उ० ६१)। और तुम तो मन-कर्म-वचनसे रघुनाथजीके भक्त हो तब तुममें मोह कहाँ सम्भव है?

(घ) *'रघुपति प्रभुताई'* इति। *'रघुपति'* अर्थात् अवधेशकुमार राम जिनके विषयमें तुम संदेह प्रकट कर रहे हो, उनकी प्रभुता तुमको मालूम है कि 'रमन्ते योगिनोऽनन्ते सत्यानन्दे चिदात्मनि। इति रामपदेनासौ परं ब्रह्माभिधीयते।' (रा० ता० उ० ४)। [पुन: विदित होनेका प्रमाण यह है कि तुम वाल्मीकिजीके शिष्य हो। रामायणमें दाशरथि रामका प्रभुत्व वर्णित है ही।]

वि० त्रि०—जो रोगी रोगका निदान भी जानता हो तथा उसकी अचूक औषध भी जानता हो, उसे वैद्यकी क्या आवश्यकता है ? और उसे रोगी भी कैसे कहें ? भरद्वाजजीने अपने कथनको स्वयं मोह-

* सुनें—१६६१। सुनै—औरोंमें।

मूलक और भ्रान्त बतलाया और उसके मिटनेका उपाय विस्तारयुक्त रामकथा भी बतला दी। इसपर याज्ञवल्क्यजी हँस पड़े।

टिप्पणी—२ *'रामभगत तुम्ह मन क्रम बानी।'* इति। (क) यहाँ *'रामभगत'* और फिर आगे *'राम गुन गूढ़ा'* कहकर जनाया कि तुम जानते हो कि रघुपति 'राम' और श्रुतिप्रतिपादित 'राम' एक ही हैं। (ख) ☞भरद्वाज-याज्ञवल्क्य-संवादमें ऊपरसे बराबर दिखाते आ रहे हैं कि भरद्वाजजी, पार्वतीजी और गरुड़जी तीनोंके संदेह, मोह और भ्रम तथा प्रश्न एक-से ही हैं। तीनों संवादोंके मिलानसे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि तीनों वक्ताओंका व्यवहार-बर्ताव अपने-अपने श्रोताओंके साथ एक-सा है। तीनोंने अपने जिज्ञासु श्रोताकी पहले बड़ी 'खातिरी' (प्रशंसा, आदर-सत्कार) की है। इससे सूचित किया है कि विद्वानों-शिष्टपुरुषोंकी जिज्ञासुकी 'खातिरी' करनेकी रीति है, प्रथम 'खातिरी' करते हैं जिसमें जिज्ञासु घबड़ा न जाय, फिर पीछे और तरहसे उसके प्रश्नोंका अनुचित होना भी कह डाला है। यथा—

श्रीशिवजी—*'तुम्ह रघुबीर चरन अनुरागी। कीन्हिहु प्रश्न जगतहित लागी॥ राम कृपा तें पारबति सपनेहु तव मन माहिं। सोक मोह संदेह भ्रम मम बिचार कछु नाहिं॥'* (११२)

श्रीभुशुण्डिजी—*'सब बिधि नाथ पूज्य तुम्ह मेरे। कृपा पात्र रघुनायक केरे॥ तुम्हहिं न संसय मोह न माया। मो पर नाथ कीन्हि तुम्ह दाया॥'* (७।७०)

तथा यहाँ (श्रीयाज्ञवल्क्यजी)—*'तुम्हहि बिदित रघुपति प्रभुताई। रामभगत''''''* इत्यादि।

नोट—१ बैजनाथजी लिखते हैं कि—'श्रीरामरूपमें मन लगाये रखते हैं, हाथोंसे श्रीरामपरिचर्या (कैंकर्य) करते हैं और वाणीसे नाम-स्मरण, यश-कीर्तन इत्यादि करते हैं, अतः मन-कर्म-वाणीसे रामभक्त होना कहा।' इसी प्रसंगसे 'मन, कर्म, वचन' से रामभक्त होना भी सिद्ध हो सकता है। इस तरह कि—*'चाहहु सुनै राम गुन गूढ़ा'* यह मनकी भक्ति है, *'रामनाम कर अमित प्रभावा'* से *'सिव उपदेसु करत करि दाया'* तक वाणीकी भक्ति है और मूढ़ बनकर *'चतुराई'* से प्रश्न किया जिसमें वे कुछ कहें यह कर्म है।

टिप्पणी—३ *'चतुराई तुम्हारि मैं जानी'* इति। (क) क्या चतुराई जानी? यह ऊपर टिप्पणी—१ में लिखा जा चुका है। चतुराई कैसे जानी? इस तरह जान ली कि कोई मूढ़ इस प्रकार प्रश्न नहीं कर सकता; जैसे इन्होंने उठाया है कि प्रथम *'रामनाम कर अमित प्रभावा। संत पुरान उपनिषद गावा॥ सिव उपदेसु करत करि दाया।'* कहकर विषय कहा कि शिवजी महामहिमावाले रामनामके जापक, उपासक और उपदेशक हैं, फिर पूर्वपक्ष *'राम कवन'* इस प्रश्नसे उठाया। जिन रामको जानते हैं उनकी चर्चा कर संदेह किया और उसपर सिद्धान्त जाननेकी जिज्ञासा की।

नोट—२ इस ग्रन्थमें *'चतुर'* और *'चतुराई'* शब्दोंका प्रयोग जहाँ-तहाँ रामभजन, सत्संग और श्रीराम-भक्तिके सम्बन्धमें ही प्रायः किया गया है। यथा—*'रीझेउँ देखि तोरि चतुराई। माँगेहु भगति मोहिं अति भाई॥'* (उ० ८५)। *'परिहरि सकल भरोस रामहि भजहिं ते चतुर नर।'* (आ० ६)। इसीसे यहाँ प्रथम *'रामभगत तुम्ह'* कहकर तब *'चतुराई'* और तब *'चाहहु सुनै''''''* कहा। भाव यह कि 'तुम रामभक्त हो इसलिये रामचर्चा-सत्संग करना चाहते हो। तुमने प्रश्न किया है जिसमें रामचर्चा-सत्संग हो। यही चतुरता है।'—(दीनजी)

नोट—३ श्रीराजबहादुर लमगोड़ाजीने बहुत ठीक लिखा है कि यहाँ (*'जागबलिक बोले मुसुकाई। ''''''चतुराई तुम्हारि मैं जानी।'* के) *'मुसुकाई'* में हास्यकलाका बड़ा सुन्दर प्रयोग है। हम जब अपने मित्रकी 'चतुराई' पकड़ लेते हैं, जिसके द्वारा वह हमें भ्रममें डालना चाहता है, तो हमें हँसी आ जाती है। तुलसीदासजीकी हास्यकलामें बहुधा हास्यपात्रके प्रति प्रेम बना रहता है। ऐसी कलाको कार्लाइल (Carlyle) बहुत ही आदरणीय बताते हैं।

नोट—४ *'चाहहु सुनै राम गुन गूढ़ा।'* इति। (क) लाला भगवानदीनजी कहते हैं कि गूढ़ गुण वे हैं जो श्रीरघुनाथजीने अपने श्रीमुखसे वर्णन किये हैं; क्योंकि गुप्त दूसरा जान ही नहीं सकता तब कहेगा कैसे

जबतक उन्हींसे न सुना हो। गूढ़ गुण, यथा—*'कोटि बिप्रबंध लागहिं जाहू। आए सरन तजउँ नहिं ताहू॥ सनमुख होइ जीव मोहि जबहीं। जन्म कोटि अघ नासहिं तबहीं॥'* (सुं० ४४), *'सुनहु सखा निज कहउँ सुभाऊ। जान भुसुंडि संभु गिरिजाऊ॥ जौं नर होइ चराचर द्रोही। आवै सभय सरन तकि मोही॥'* इत्यादि। (सुं० ४८), *'सुनु मुनि तोहि कहउँ सहरोसा। भजहिं जे मोहि तजि सकल भरोसा॥ करउँ सदा तिन्ह कै रखवारी। जिमि बालक राखइ महतारी॥'* (अ० ४३) तथा *'अब सुनु परम बिमल मम बानी। सत्य सुगम निगमादि बखानी॥ निज सिद्धान्त सुनावउँ तोही। सुनु मन धरु सब तजि भजु मोही॥'* (उ० ८६) (१) से *'प्रभु बचनामृत सुनि न अघाऊँ।'* (८८)। तक इत्यादि। (ख) पाँड़ेजीके मतानुसार 'शंकररचित मानस' ही 'गूढ़ गुण' है। श्रीरामचरितमानसको गुप्त और सुहावा कहा भी है, यथा—*'रामचरित सर गुप्त सुहावा। संभु प्रसाद तात मैं पावा॥'* (उ० ११३)। बैजनाथजीका मत है कि वेद-पुराणमें गुप्त होनेसे *'गूढ़'* कहा। (ग) प्रथम कहा था कि *'तुम्हहिं बिदित रघुपति प्रभुताई'* (अर्थात् तुम श्रीरामजीका प्रभुत्व, जो उनके अवतारवाले लीलाचरितमें गुप्तरूपसे भरा हुआ है और साधारण लोगोंको नहीं देख पड़ता, जानते हो, उसके बताने वा पूछनेकी आवश्यकता नहीं है) और यहाँ कहते हैं कि *'चाहहु सुनै राम गुन गूढ़ा।'*—इस तरह जनाया कि *'रघुपति प्रभुता'* और *'राम गुन गूढ़'* दोनों बातें एक ही हैं। *रघुपति प्रभुताई='राम गुन गूढ़'*। (पं० रा० कु०)

(घ) *'गूढ़'* का अर्थ है गुप्त, कठिन, जो शीघ्र समझमें न आ सके; यथा—*'उमा राम गुन गूढ़ पंडित मुनि पावहिं बिरति। पावहिं मोह बिमूढ़ जे हरि बिमुख न धर्मरति॥'* (अ० मं०)। यहाँ चरितकी गूढ़ता यह है कि उसीसे दो विरोधी फल प्राप्त होते हैं। एक ही माधुर्य-प्रसंगसे एकको तो संसारसे वैराग्य हो जाता है और दूसरेको मोह प्राप्त होता है। श्रीसतीजी और गरुड़जीको भी मोह हो गया तब अस्मदादिका कहना ही क्या?

टिप्पणी—४ *'कीन्हिहु प्रस्न मनहु अति मूढ़ा।'* इति। यहाँ *'मनहु'* कहकर जना दिया कि हम जानते हैं कि 'तुम्हें मोह नहीं है। तुम पण्डित हो, मूढ़ नहीं हो। तुमने मूढ़ बनकर प्रश्न किया है। मोह मूढ़को होता है इसीसे मूढ़ बनकर तुम अपनेमें मोहका होना कह रहे हो।' तुम्हें मोह नहीं है और न तुम मूढ़ ही हो, इसके कारण टिप्पणी—१ (ग) में कह आये हैं।

वि० त्रि०—भगवान्ने गीतामें कहा है, कि **'अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्'**; मुझ मनुष्य-शरीर धारण करनेवालेकी मूढ़ लोग अवज्ञा करते हैं। और भरद्वाजजीने अत्यन्त अवज्ञा करके पूछा है, इसलिये याज्ञवल्क्यजीने *'मनहु अति मूढ़ा'* कहा।

नोट—५ याज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि 'तुम्हें मोह नहीं है। तुम रामगुण सुनना चाहते हो। इसीसे मूढ़ बनकर तुमने प्रश्न किया है। ऐसा ही अन्य वक्ताओंने भी अपने-अपने श्रोताओंसे कहा है, जैसा टिप्पणी—२ (ख) में दिखा आये हैं।—इसका एक आशय तो ऊपर लिखा ही गया कि पहलेहीसे फटकार सुनकर वह घबड़ा न जाय, दूसरा भाव यह कहा जाता है कि तुम जो *'संदेह मोह भ्रम'* अपनेमें बतलाते हो वह अविद्याकृत नहीं है, किन्तु विद्याकृत है; इसीसे उसकी गणना मोह आदिमें नहीं है। जो *'मोह'* अविद्याकृत होता है वही 'मोह' कहलाता है। विद्याकृत मोह मोह नहीं है, क्योंकि यह तो प्रभुकी प्रेरणासे होता है, इससे भक्तिकी वृद्धि होती है। यथा—*'हरि सेवकहि न ब्याप अबिद्या। प्रभु प्रेरित ब्यापहि तेहिं बिद्या॥ ताते नास न होइ दास कर। भेदभगति बाढ़इ बिहंगबर॥'* (उ० ७९)।

☞तीसरी बात यहाँ जो उपदेश की गयी है वह यह है कि यदि कदाचित् कभी कोई शंका हृदयमें उत्पन्न हो और उसके निवारण करनेवाले कोई विशेष विज्ञ मिलें तो मूढ़ बनकर ही प्रश्न करना चाहिये तभी वक्ता गूढ़ रहस्यका प्रकाश करेंगे। उसे भली प्रकार समझानेका प्रयत्न करेंगे; नहीं तो गोप्य वस्तु हर एकको तुरत नहीं पकड़ा दी जाती। यथा—*'गूढ़ौ तत्त्व न साधु दुरावहिं। आरत अधिकारी जहँ पावहिं॥ अति आरति पूछौं सुरराया।'* (बा० ११०) प्रश्नके साथ अपना भी जानना यदि प्रकट किया गया तो उत्तर देनेवालेके मनमें यह अवश्य खयाल उत्पन्न होगा कि ये हमारी परीक्षा ले रहे हैं। ऐसी हालतमें या तो वह बात टाल देगा अथवा यदि कुछ कहेगा भी तो बहुत सूक्ष्म।

नोट—६ अलङ्कार—जहाँ किसी वस्तुके अनुरूप बलपूर्वक कोई उपमान कल्पित किया जाता है, वहाँ 'वस्तूत्प्रेक्षा' होती है। जब उत्प्रेक्षाका विषय पहले कहा जाय और तब उसके अनुरूप कल्पना की जाय तब 'उक्तविषया वस्तूत्प्रेक्षालङ्कार' कहा जाता है। (अ० मं०) यहाँ उत्प्रेक्षाका विषय, *'राम नाम कर अमित प्रभावा।'* से *'जैसें मिटै मोह भ्रम भारी।……'* तक तो प्रथम कहा गया और उसपर उत्प्रेक्षा यहाँ हुई *'कीन्हिहु प्रस्न मनहुँ अति मूढ़ा।'* अतः यहाँ उक्तविषयावस्तूत्प्रेक्षा है।

तात सुनहु सादर मन लाई। कहहुँ* राम कै कथा सुहाई॥५॥

अर्थ—हे तात! मैं श्रीरामजीकी सुन्दर कथा कहता हूँ। तुम आदरपूर्वक मन लगाकर सुनो॥५॥

नोट—१ *'तात'* सम्बोधन है। यह शब्द यहाँ दुलार, प्यार और अत्यन्त घनिष्ठ प्रेमका द्योतक है। इसका प्रयोग पुत्र, भाई, पिता, गुरुजन, सखा इत्यादि छोटे, बड़े और बराबरवाले सभीके सम्बन्धमें हुआ है; यथा—*'तात तात बिनु बात हमारी। केवल गुरकुल कृपा सँभारी॥'* (अ० ३०५) में पहला *'तात'* भाई भरतके लिये और दूसरा पिता दशरथके लिये आया है; *'सुनहु तात तुम्ह कहुँ मुनि कहहीं। राम चराचर नायक अहहीं॥'* (अ० ७७) में पुत्र श्रीरामके लिये आया; *'माँगहु बर प्रसन्न मैं ताता।'* (बा० १७७) में ब्रह्माजीने अपने उपासक रावण आदिके लिये प्रयुक्त किया और *'तुम्ह सन तात बहुत का कहऊँ', 'तात धरम मतु तुम्ह सबु सोधा।'* (अ० ९५) में श्रीरामजीने सुमन्त्रजीके लिये तथा *'तात कृपा करि कीजिअ सोई। जातें अवध अनाथ न होई॥'* (अ० ९५) में सुमन्त्रने श्रीरामजीके लिये प्रयुक्त किया है। परन्तु *'तात'* शब्द संस्कृत भाषाका है। उसका अर्थ है—'पिता', यथा—'तातस्तु जनकः पिता' (इत्यमरकोशे) और गुरुजनोंको पितृतुल्य समझकर उनके वास्ते भी इसका प्रयोग हुआ है। यथा—*'छमब तात लखि बाम बिधाता।'* (२।२९३) (यहाँ भरतजीने जनकमहाराजके लिये इसका प्रयोग किया है); *'तासों तात बयरु नहिं कीजै।'* (३।२५) एवं *'अकसर आयहु तात।'* (३।२४) (मारीचने रावणको *'तात'* का सम्बोधन किया); *'तात चरन गहि माँगउँ……।'* (५।४०) (विभीषणजीने रावणके लिये *'तात'* का प्रयोग किया,) इत्यादि। इसका प्रयोग गुरुजनोंके सम्बन्धमें दुलार वा प्यारके सम्बन्धसे कहना उचित न होगा। छोटे या बराबरवालोंके सम्बन्धमें जब इसका प्रयोग होता है तब प्रायः दुलार-प्यारके सम्बन्धसे ही होता है। इसके उदाहरण ऊपर आ गये हैं।

टिप्पणी—१ *'तात सुनहु सादर मन लाई।……'* इति। (क) ऊपर जो कहा था कि *'चाहहु सुनै राम गुन गूढ़ा'* उसके सम्बन्धसे यहाँ *'तात सुनहु सादर मन लाई'* यह कहा। क्योंकि गूढ़ विषयोंके समझनेकी यही रीति है और *'कहहु सो कथा नाथ बिस्तारी'*के सम्बन्धसे *'कहहुँ राम कै कथा सुहाई'*—यह कहा।

(ख) *'सादर मन लाई'* अर्थात् मन, बुद्धि और चित्तको एकाग्र करके सुनो; क्योंकि यह गूढ़ रहस्य है। चित्त जरा हटा कि प्रसंग समझमें न आयेगा, प्रेमसे मनको एकाग्र करके सुनो जिसमें एक भी शब्द व्यर्थ न जाय।

नोट—२ ☞यहाँ गूढ़ विषय समझनेकी रीति बतायी है। इसके लिये दो बातें आवश्यक हैं—एक तो 'सादर सुनना', दूसरे 'मन लगाकर सुनना'। इनमेंसे एककी भी कमी होगी तो विषय समझमें न आवेगा।—(दीनजी) बैजनाथजीका मत है कि बाह्येन्द्रियोंका व्यापार-कथाके अनुकूल सुनना 'सादर' सुनना है।

टिप्पणी—२ *'कहहुँ राम कै कथा सुहाई।'* इति। भाव कि तुमने जो कहा कि वह कथा कहो जिससे मोह मिटै, सो वह कथा तो श्रीरामकथा ही है; इसीसे मोह मिटेगा। यह कहकर याज्ञवल्क्यजी कथाका माहात्म्य कहने लगे अथवा भरद्वाजजीके वचन हैं कि *'जैसें मिटै मोह भ्रम भारी।'* अर्थात् जिस प्रकार मिटै; अतः यहाँ प्रथम प्रकार दिखाते हैं। वह यह कि प्रथम कथाका माहात्म्य कहा।

नोट—३ *'सुहाई'* का भाव कि ऐसी सुन्दर है कि मन लगाकर सुननेयोग्य है।

---

* कहहुँ—१६६१। प्रायः अन्यत्र कहीं पोथीमें अर्धचन्द्रविन्दु देखनेमें नहीं आता। पर यहाँ है। पाठान्तर—'कहउँ'।

महामोह महिषेसु बिसाला। रामकथा कालिका कराला॥ ६॥
रामकथा ससि किरन समाना। संत चकोर करहिं जेहि पाना॥ ७॥

अर्थ—महामोहरूपी बड़े भारी महिषासुरके लिये श्रीरामकथा बड़ी भयंकर कालिकादेवी है॥ ६॥ श्रीरामकथा चन्द्रकिरणोंके समान है जिसे संतरूपी चकोर पिया करते हैं॥ ७॥

टिप्पणी—१ *'महामोह महिषेसु बिसाला।'''''* इति। (क) इसमें और आगेकी अर्धालीमें श्रीरामकथाका माहात्म्य कहते हैं। भरद्वाजजीके *'जैसें मिटै मोह भ्रम भारी। कहहु सो कथा'''''।'* की जोड़में उसीके उत्तरमें यहाँ *'महामोह महिषेसु बिसाला। रामकथा कालिका कराला॥'* कहा। सांसारिक पदार्थमें भ्रम होना अर्थात् असत्यमें सत्यका भ्रम, स्वस्वरूपकी विस्मृति इत्यादि मोह है और ईश्वरके स्वरूपमें भ्रम होना महामोह है। यथा—*'महामोह उपजा उर तोरें।'* (उ० ५९) (बैजनाथजीका मत है कि गुरुशास्त्रोपदेशमें जो आवरण डाले वह मोह है)।

(ख) महामोहको 'विशाल महिषासुर' कहनेका भाव कि महिषासुर सामान्य था। उसे कालिकादेवीने मार डाला; परंतु 'महामोह' रूपी महिषासुर साधारण नहीं है जो मार लिया जावे। इसने तो भगवती सती (जो दुर्गा और कालिकारूप धारण करती हैं) को ही जीत लिया। यथा *'भएउ मोह सिव कहा न कीन्हा'।* (बा० ९८) [मोहने उन्हें ऐसा दबाया कि तन त्याग करना पड़ा।—यही मोहका उनको ग्रास कर लेना है, लील लेना है। इतना ही नहीं किन्तु देखिये तो कि पुनः जन्म लेनेपर भी वह (महामोह) इनके दूसरे तनमें भी व्याप्त रहा। यथा—*'अजहूँ कछु संसउ मन मोरें।''''' तब कर अस बिमोह अब नाहीं॥'* (बा० १०९)—यह स्वयं एकबाल है। तथा—*'एक बात नहिं मोहि सुहानी। जदपि मोहबस कहेहु भवानी॥'* (११४) उस महिषासुरने तो एक ही स्थूल शरीरमें दुःख दिया और महामोह महिषासुरने दूसरे जन्मतककी खबर ली। जीवोंके संसारचक्रमें रमते रहनेका कारण महामोह ही तो है।] अतः महामोहको विशाल महिषासुरकी उपमा दी।

नोट—१ महिषेसु=महिषासुर। (क) मार्कण्डेयपुराणमें इसकी कथा विस्तारसे है। यह रंभ नामक दैत्यका पुत्र था। इसकी आकृति भैंसेकी-सी थी। इसने हेमगिरिपर कठिन तप करके ब्रह्माजीसे यह वर पाया था कि स्त्री छोड़ किसी पुरुषसे उसका वध न हो सके। वर पाकर इसने इन्द्रादि सभी देवताओंको जीत लिया और सबको सताने लगा था। कालिकादेवीने इसका वध किया। इसको अपने बलका बड़ा गर्व था, यह बात सप्तशतीके दूसरे चरितसे स्पष्ट है—*'महिषमद भंग करि अंग तोरे'* (वि० १५)

(ख) स्कन्दपुराणनागरखण्डमें लिखा है कि चित्रसम नामका एक दैत्य था। यह बड़ा सुन्दर तथा तेज और वीर्यसे सम्पन्न था। इसे भैंसेकी सवारी रुचिकर थी। एक बार यह भैंसेपर चढ़कर गङ्गातटपर जलपक्षियोंका शिकार करने लगा। महर्षि दुर्वासा वहीं समाधि लगाये बैठे थे। चित्रसम अपने व्यसनमें भैंसा बढ़ाये चला गया जिससे मुनि कुचल गये। नेत्र खोलकर उन्होंने उस दानवको देख कुपित हो शाप दिया कि तू भैंसा हो जा और आजीवन भैंसा बना रह। यह हिरण्याक्षका पुत्र था। शुक्राचार्यजीके कहनेसे उसने शिवजीकी आराधना की जिससे शिवजीने वरदान दिया कि (दुर्वासाशाप व्यर्थ नहीं हो सकता पर तुम जिस इच्छासे पूर्वरूप चाहते हो उसका उपाय मैं किये देता हूँ) जितने भी देव, मानव तथा आसुर भोग हैं वे सब तुम्हें इसी शरीरमें प्राप्त होंगे। उसने यह भी वर माँग लिया कि स्त्री छोड़ वह सबसे अवध्य रहे। वर पानेपर वह इन्द्रको जीतकर इन्द्र बन बैठा। उसके अत्याचारसे कार्तिकेय आदि देवताओंको बड़ा क्रोध हुआ और उस आवेशमें सबके मुखसे तेज प्रकट हुआ जो मिलकर एक कुमारी कन्याके रूपमें परिणत हो गया। स्कन्द, विष्णु, इन्द्र, शंकर आदिने अपने-अपने भयंकर आयुध उसको दिये। सिंहपर सवार हो विन्ध्याचलपर जाकर ये तपमें संलग्न हुईं। इनका परम सौन्दर्य सुनकर उसने इनको भार्या बननेको कहा। देवीने फटकारा। महिषासुरकी सेना मारी गयी तब वह सींगोंके प्रहारसे देवीपर शिलाखण्ड फेंकने लगा। देवी बड़ी फुर्तीसे उसकी पीठपर चढ़ गयीं और

उसे लातोंसे मार-मारकर लहूलुहान कर दिया। वह आकाशमें उछलने लगा तब देवीकी ज्योतिसे एक सिंहने प्रकट होकर उसके पिछले पैर पकड़ लिये। इन्द्र आदिने प्रकट होकर देवीको तलवार दी कि उसका सिर काट लें। गर्दनके दो टुकड़े होते ही वह ढाल-तलवार लिये हुए तेजस्वी पुरुषके रूपमें प्रकट हुआ। देवीने उसकी चोटी पकड़ ली और उसका नाश करनेके लिये तलवार उठायी। यह देख वह स्तुति करने लगा। देवी तब असमंजसमें पड़ गयीं। देवताओंने वधकी प्रार्थना की। तब देवीने कहा कि मैं न तो इसे मारूँगी और न छोड़ूँगी, सदा इसकी चोटी पकड़कर इसे अपने हाथमें ही लटकाये रखूँगी।

टिप्पणी—२ *'रामकथा कालिका कराला'* इति। श्रीरामकथाको करालकालिका कहनेका भाव यह है कि महिषासुरको तो कालिकाने मारा, पर विशाल महिषासुर (महामोह) उनसे नहीं मर सका। उसके मारनेके लिये करालकालिकाका अवतार होना चाहिये। अतएव महामोहरूपी विशाल महिषासुरके नाशके लिये श्रीरामकथारूपी 'करालकालिका' का अवतार हुआ। श्रीरामकथाने महामोहको जीतकर कालिका (सती) की रक्षा की। अर्थात् कथा-श्रवण करनेसे सतीजीका प्रबल मोह निवृत्त हुआ, यथा—*'ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥'* (बा० १२०)—(बाबा हरीदासजी। शीला)

नोट—२ पंजाबीजी एक भाव यह लिखते हैं कि महिषासुरको मारकर जिनका दुःख कालिकाने दूर किया, उनकी जन्म-मरणसे निवृत्ति नहीं हुई। और रामकथा महामोहका तो नाश ही कर डालती है, साथ-ही-साथ मोहग्रस्त प्राणीको जन्म-मरणसे भी छुड़ा देती है।

नोट—३ यहाँ 'रामकथा' पर 'कालिका' होनेका आरोप किया गया, क्योंकि पहले *'महामोह'* पर *'महिषेश'* होनेका आरोप कर चुके हैं। अतः यहाँ परम्परितरूपक है।

टिप्पणी—३ 'भगवतीको मोह होना असम्भव है। तब उनमें मोह कैसे कहा?'—इस शंकाका समाधान यह है कि मायिक पदार्थमें उनको संदेह होना असम्भव है, परन्तु ईश्वरकी लीलामें संदेह हो जाना असम्भव नहीं है। ब्रह्माको मोह हुआ तब उन्होंने वत्स-हरण किया, शिवजीको मोह हुआ तो वे मोहिनीके पीछे दौड़े, इन्द्रको मोह हुआ तो उन्होंने महावृष्टि की, नारदको मोह हुआ तो उन्होंने ब्याह करनेकी इच्छा की और सनकादिको मोह हुआ तो उन्होंने जय-विजयको शाप दिया इत्यादि। कौन ऐसा है जिसको ईश्वरके अत्यन्त माधुर्य चरितोंमें मोह न हुआ हो? यथा—*'नारद भव बिरंचि सनकादी। जे मुनि नायक आतमबादी॥ मोह न अंध कीन्ह केहि केही।'* (उ० ७०)।

—कालिका—

(क) 'देवीभागवतमें देवीकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें कथा इस प्रकार है—महिषासुरसे परास्त होकर सब देवता ब्रह्माजीके पास गये। ब्रह्माजी, शिवजी तथा देवताओंके साथ विष्णुके पास गये। विष्णुजीने कहा कि महिषासुरके मारनेका उपाय यह है कि सब देवता अपनी स्त्रियोंसे मिलकर अपना थोड़ा-थोड़ा तेज निकालें। सबके तेजसमूहसे एक स्त्री उत्पन्न होगी जो उस असुरका वध करेगी। महिषासुरको वर था कि वह किसी पुरुषके हाथसे न मरेगा। भगवान् विष्णुके आज्ञानुसार ब्रह्माने अपने मुँहसे रक्त वर्णका, शिवने रौप्य वर्णका, विष्णुने नील वर्णका, इन्द्रने विचित्र वर्णका, इसी प्रकार सब देवताओंने अपना-अपना तेज निकाला। उससे एक तेजस्वी देवी प्रकट हुई, जिसने महिषासुरका संहार किया।' (श० सा०)

(ख) दूसरी कथा यह है कि 'शुम्भ और निशुम्भके अत्याचारोंसे पीड़ित इन्द्रादि देवताओंकी प्रार्थनापर एक मातङ्गी प्रकट हुई, जिसके शरीरसे इस देवीका आविर्भाव हुआ। पहले इनका वर्ण काला था, इसीसे इनका नाम कालिका पड़ा। ये उग्र भयोंसे रक्षा करती हैं। इनका ध्यान इस प्रकार है—कृष्णवर्णा चतुर्भुजा, दाहिने दोनों हाथोंमेंसे ऊपरके हाथमें कटारी और नीचेके हाथमें खप्पर, बड़ी ऊँची एक जटा, गलेमें मुण्डमाला और सर्प, लाल नेत्र, काले वस्त्र, कटिमें बाघम्बर, बायाँ पैर शवकी छातीपर और दाहिना सिंहकी पीठपर, भयंकर अट्टहास करती हुई।'—(श० सा०)

(ग) बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि 'कराला देवीका नाम है। कराला करारा देवीका दक्षिणमें स्थान है, जहाँके करारे ब्रह्माण्ड उन्हींके नाम और उपासनासे हैं।' इसके अनुसार अर्धालीका अर्थ होगा—'रामकथा इस कलिकालमें महामोहरूपी महिषासुरके नाश करनेको करालादेवी-रूप है।'

(घ) विनयपत्रिकामें इनको षट्भुजा वा अष्टभुजा कहा गया है। यथा—*'बर्म चर्म कर कृपान सूल सेल धनुषबान धरनि दलनि दानवदल रन करालिका।'* (पद १६)

(ङ) पं० श्रीहरिवक्षजी जोशी काव्यसांख्यस्मृतितीर्थ लिखते हैं कि 'इन्द्रादि देवताओंके अधिकार छिन जानेपर वे सब हिमालयपर जाकर देवीकी स्तुति करने लगे। उस समय भगवती पार्वती आयीं और उनके शरीरसे शिवा प्रकट हुईं। सरस्वतीदेवी पार्वतीके कोख शरीरसे निकली थीं, इसलिये उनका कौशिकी नाम प्रसिद्ध हुआ। कौशिकीके निकल जानेके बाद पार्वतीका शरीर काला पड़ गया, इसलिये कालिका कहते हैं।' विशेष 'विनयपीयूष' १५, १६, १७ में देखिये।

टिप्पणी—४ *'रामकथा ससि किरन समाना।'*...... इति। श्रीरामजीकी कथा चन्द्रकिरण है। श्रीरामचन्द्रजी चन्द्रमा हैं। सन्त चकोर हैं। सन्तको चकोरकी उपमा देनेका भाव कि जैसे चकोर चन्द्रमाको छोड़ और किसीकी तरफ नहीं देखता, इसी तरह सन्त ही इस शान्तिदायक कथाके परम अधिकारी हैं, वे रामकथा छोड़ अन्य कथा नहीं देखते। मिलान कीजिये—*'रघुबरकीरति सज्जनहि सीतल खलहि सुताति। ज्यों चकोर चक चक्कवनि तुलसी चाँदिनि राति॥'* (दोहावली) पुनः, भाव कि जैसे चकोर किरणको पान करता है वैसे ही सन्त श्रीरामकथाको श्रवणपुटद्वारा पान करते हैं। यथा—*'नाथ तवानन ससि स्रवत कथा सुधा रघुबीर। श्रवन पुटन्हि मन पान करि नहिं अघात मति धीर॥'* (उ० ५२)

टिप्पणी—५ यहाँ रामकथाके लिये दो दृष्टान्त दिये गये—एक तो *'कालिका कराला'* का, दूसरा शशि-किरणका। दो दृष्टान्त देनेका भाव यह है कि—(क) महामोह आदिके नाशके लिये रामकथा कराल है और सन्तोंको सुख देनेके लिये चन्द्रकिरण-समान शीतल है। पुनः, (ख)—जैसे देवीने प्रथम महिषासुरको मारकर देवताओंको सुखी किया फिर उनको अपने दर्शनका सुख दिया। इसी प्रकार रामकथा महामोहका नाश करके सन्तोंको सुख देती है, फिर अपने स्वरूपका सुख देती है। पुनः, (ग)—जैसे मोहनाशनार्थ कथाको 'कालिका' कहा वैसे ही मोहनाशनार्थ ही उसे शशि-किरण कहा, यथा—*'ससि कर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥'* (१। १२०) श्रीरामकथाको शशि-किरण कहकर मोहको शरदातप जनाया। यथा—*'सरदातप निसि ससि अपहरई।'* मिलान कीजिये—*'रामचरित राकेस कर सरिस सुखद सब काहु। सज्जन कुमुद चकोर चित हित बिसेषि बड़ लाहु॥'* (बा० ३२) पुनः, (घ) इससे कथाकी गूढ़ता दरसायी। वह दो रूप्र धारण किये हैं—एक तो कराल और दूसरा सुन्दर शान्तिदायक। [यह दुष्टोंके लिये कराल है और सज्जनोंके लिये सौम्य है(वि० त्रि०)] जिनको महामोह है, उनके उस मोहका नाशक है और जिनको मोह नहीं है उनको विशेष सुखद है। दो बातें दिखानेके लिये दो दृष्टान्त दिये—(जब प्रभु स्वयं ही कठोर और कोमल दोनों हैं, सम भी हैं और विषम भी, तब उनकी कथा वैसी क्यों न हो? हुआ ही चाहे—*'कुलिसहु चाहि कठोर अति कोमल कुसुमहु चाहि।'* (७। १९)*'जद्यपि सम नहिं राग न रोषू।'*...... *तदपि करहिं सम बिषम बिहारा। भगत अभगत हृदय अनुसारा॥'* (२। २१९)]

नोट—४ 'सारांश यह है कि श्रीरामकथा रामभक्तोंके लिये सुखद है और रामभक्तके द्रोहियों (मोह, मद, काम, क्रोधादि) के लिये कालरूप है और रामकथामें अभेद होनेसे *'प्रभु सक त्रिभुवन मारि जिआई'* के अनुसार श्रीरामजीकी तरह श्रीरामकथामें भी कालिकाके दृष्टान्तसे संहार-शक्ति और शशि-किरणके दृष्टान्तसे पालनशक्तिका होना वर्णन किया'—(वे० भू०)

नोट—५ *'रामकथा ससि किरन समाना'* में धर्मलुप्तोपमालङ्कार है। *'संत चकोर करहिं जेहि पाना'* में 'सम अभेद रूपक' है। चकोर—दो० ३२ (ख) में देखिये। चकोर कहकर जनाया कि सन्त श्रीरामकथाके अनन्य प्रेमी हैं, उसे छोड़ दूसरी कथा नहीं सुनते।

प० प० प्र०—(क) श्रीरामकथाका माहात्म्य कहनेमें प्रथम महामोहका विनाश कहा, क्योंकि *'बिनु सतसंग न हरिकथा तेहि बिनु मोह न भाग। मोह गए बिनु रामपद होइ न दृढ़ अनुराग॥'* इस तरह सन्तसंगमें सन्त-मुखसे श्रीरामकथा-श्रवण सूचित किया है। (ख) *'रामकथा ससि किरन'......'* इति। रामकथा सुखदायक है, यथा—*'रामचरित राकेस कर सरिस सुखद सब काहु।'*, *'रघुपति भगति बिना सुख नाहीं'* यह मानसका अकाट्य श्रुतिसिद्धान्त है। शशि-किरणमें अमृत रहता है पर उसका पान केवल चकोर ही कर सकता है। अतः सन्तोंको चकोर कहा। श्रीरामप्रेमभक्ति ही सुधा है—*'प्रेम अमिय मंदर बिरह।'* अतः सूचित किया कि रामकथासे रामभक्तिमें दृढ़ अनुरागका सहज ही लाभ होता है। (ग) *'रामचरित राकेस कर'* *'रामकथा ससि किरन'* से रामकथाको चन्द्र-किरण कहा और रामनामको चन्द्रमा कहा है, यथा—*'राका रजनी भगति तव रामनाम सोइ सोम।'* (३।४२) इससे ध्वनित किया कि नाम और कथामें चन्द्र-चन्द्रिका-सम्बन्ध है, नाम कारण है, कथा कार्य। कार्यमें कारणकी पूर्ण व्याप्ति रहती है; अतः कहा गया कि *'एहि महँ रघुपति नाम उदारा।'......'*

नोट—६ श्रीजानकीशरणजी लिखते हैं कलिमें महामोहने सब साधनोंको परास्त कर दिया; इससे शंकरजीने गोस्वामीजीको आज्ञा दी कि वे वेद-पुराणादि समस्त 'सद्ग्रन्थोंकी शक्ति निकालकर श्रीरामकथा स्त्री कालिकाको प्रकट करो। तब उन्होंने सब सद्ग्रन्थोंका सार निकालकर श्रीरामकथा निर्माण की।' (परंतु इसमें पूर्वापरसे विरोध होता है। *'भाषा बद्ध करबि मैं सोई।'* (३१।२) *'कहौं कथा सोइ सुखद सुहाई।'* (३५।१३) 'यत्पूर्वं प्रभुणा कृतं...... तद्रघुनाथनामनिरतं...... भाषाबद्धमिदं......।' (उ०) देखिये। इसे स्वयं शंकरजीने रचा जो समस्त श्रुतिसिद्धान्तका निचोड़ है।) यहाँ श्रीरामजी चन्द्र हैं, कथा किरण है; अन्य देवादिकी कथाएँ तारागणके प्रकाश हैं। तारागणके प्रकाशसे चकोरका हृदय शीतल नहीं हो सकता। (मा० मा०)

ऐसेइ संसय कीन्ह भवानी। महादेव तब कहा बखानी॥८॥

अर्थ—पार्वतीजीने इसी प्रकार सन्देह किया था, तब महादेवजीने विस्तारपूर्वक कहा था॥८॥

टिप्पणी—१ *'ऐसेइ'* पद देकर भरद्वाज और पार्वतीजी दोनोंके संशयोंको एकही-सा बताया। ऐसेइ=ऐसे ही=इसी प्रकारके। [*'ऐसेइ'* का दूसरा अर्थ है—'इसी प्रकार।' अर्थात् जिस प्रकार तुमने प्रश्न किया उसी प्रकार उन्होंने भी सन्देह प्रकट किया।] दोनोंके संदेह तथा प्रकारकी समानता नीचे दिये हुए मिलानसे स्पष्ट हो जायगी।

दोनोंके प्रसंगोंका मिलान—

श्रीभरद्वाजजी	श्रीपार्वतीजी
करि पूजा मुनि सुजस बखानी।	१ *'बिस्वनाथ मम नाथ पुरारी'* से *'जोग ज्ञान बैराग्यनिधि प्रनत कलपतरु नाम॥'* (बा० १०७) तक
बोले अति पुनीत मृदु बानी।	२ *बिहँसि उमा बोलीं प्रिय बानी*
नाथ एक संसउ बड़ मोरें	३ *अजहूँ कछु संसउ मन मोरें*
करगत बेदतत्व सब तोरें	४ *बरनहु रघुबर बिसद जसु श्रुति सिद्धान्त निचोरि*
हरहु नाथ करि जनपर छोहू	५ *जानिय सत्य मोहि निज दासी*
राम नाम कर अमित प्रभावा।	६ *सेष सारदा बेद पुराना।*
संत पुरान उपनिषद गावा॥	*करहिं सकल रघुपतिगुन गाना॥*
संतत जपत संभु अबिनासी।	७ *तुम्ह पुनि राम राम दिन राती।*

सिव भगवान ज्ञान गुनरासी॥		*सादर जपहु अनँग-आराती॥*
राम कवन प्रभु पूछौं तोही।	८	*अति आरति पूछौं सुरराया।*
कहिय बुझाइ कृपानिधि मोही॥	९	*कहहु बुझाइ नाथ मोहि सोऊ*
एक रामु अवधेस कुमारा।''''	१०	*तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु''''।*
प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ जाहि जपत त्रिपुरारि।		*राम सो अवध नृपतिसुत सोई। की अज अगुन अलखगति कोई॥*
नारि बिरह दुख लहेउ अपारा	११	*नारि बिरह मति भोरि*
सत्यधाम सर्वज्ञ तुम्ह	१२	*प्रभु समर्थ सर्वज्ञ सिव सकल कलागुन धाम*
जैसें मिटै मोह भ्रम भारी	१३	*जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू*
कहहु सो कथा नाथ बिस्तारी	१४	*कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना।*

☞ प्रसंग-मिलानके १०, ११ में दोनोंके संशयका एक-सा होना प्रकट है। शेषमें प्रश्न करनेका प्रकार एक-सा दिखाया गया है।

वि० त्रि०—यह भारतवर्षकी प्राचीन प्रणाली है कि प्रश्नकर्ताके उत्तरमें किसी दूसरे बड़ेके संवादको दिखलाते हुए उत्तर देते हैं, वैसे ही याज्ञवल्क्यजी उमा-महेश्वर-संवाद कहेंगे। साथ ही भरद्वाजजीको उत्साहित करते हैं कि शंकाको सामने लाते हुए लज्जा और भयको चित्तमें स्थान न दो, स्वयं भवानीने ऐसी ही शंका की थी।

नोट—१ भवानी=भवपत्नी=शिवजीकी भार्या। कालिकापुराणमें लिखा है कि परब्रह्मके अंशस्वरूप ब्रह्मा, विष्णु और शिव हुए। ब्रह्मा और विष्णुने तो सृष्टि और स्थितिके लिये अपनी शक्तिको ग्रहण किया पर शिवने शक्तिसे संयोग न किया। वे योगमें मग्न हो गये। ब्रह्मा आदि देवता इस बातके पीछे पड़े कि शिव भी किसी स्त्रीका पाणिग्रहण करें पर उनके योग्य कोई स्त्री मिलती न थी। बहुत सोच-विचारके पीछे ब्रह्माने दक्षसे कहा—'विष्णुमायाके अतिरिक्त और कोई स्त्री ऐसी नहीं है जो शिवको लुभा सके, अतः मैं उसकी स्तुति करता हूँ। तुम भी उसकी स्तुति करो कि वह तुम्हारी कन्याके रूपमें तुम्हारे यहाँ जन्म ले और शिवकी पत्नी हो।' वही विष्णुमाया दक्षकी कन्या 'सती' हुईं जिनने अपने रूप और तपके द्वारा शिवको मोहित और प्रसन्न किया।

पंजाबीजी लिखते हैं कि—'यहाँ 'भवानी' पद इसलिये दिया कि 'भव' संसारको कहते हैं और संसारकी जो रक्षा करे सो 'भवानी' हुई। संसार संशयस्वरूप है, इस सम्बन्धसे भवानीमें भी संशय घटित होता है। 'महादेव' पद इसलिये दिया कि 'देव' प्रकाशको भी कहते हैं। जो प्रकाशरूप है, संशयरूपी तमके हरनेको समर्थ है, वही 'महादेव' है।

☞भवानी शब्दकी व्युत्पत्ति इस प्रकार है। **भवत्यस्मात् (सत्तार्थक भू धातु) भवः शिवः। भवस्य पत्नी भवानी**=सती, पार्वती, भगवान् शंकर भवरूपसे सृष्टिका उत्पादन करते हैं। अकेले नहीं, आदिशक्तिको साथ लेकर, उसकी सहायता प्राप्त कर। जब वह शक्ति सृष्टि-सृजनमें सहायता पहुँचाती है तब उसका नाम 'भवानी' व्यवहृत होता है। यहाँ *'ऐसेइ संसय कीन्ह भवानी'* में भाव यह है कि *'भव भव बिभव पराभव कारिनि'* शक्ति जो भवानी उनको श्रीरामचरितमें संदेह हो गया, तब तुमको सन्देह हो गया तो क्या आश्चर्य ?

बैजनाथजी लिखते हैं कि—*'ऐसेइ संसय कीन्ह भवानी'* में *'भवानी'* सती और पार्वती दोनों रूपोंका बोधक है। 'यहाँ मोहनाश-हेतु कथाकी करालता दिखाते हैं। सतीरूपमें उन्होंने हृदयसे सच्चा संशय किया तब उनको महादुःख हुआ—इति भयंकरता है। और पार्वतीरूपमें उन्होंने वचनमात्र संशय किया तब महादेवजीने बखानकर कहा जिससे संशयका नाश हुआ और वे सुखी हुईं।'

श्रीभरद्वाज-याज्ञवल्क्य-संवाद-प्रकरण समाप्त

उमा-महेश्वर-संवाद-प्रकरण

दो०—कहौं सो मति अनुहारि अब उमा संभु संबाद।
भएउ समय जेहि हेतु जेहि* सुनु मुनि मिटहि† बिषाद॥ ४७॥

शब्दार्थ—**अनुहारि** (सं० अनुहार)=अनुसार, अनुकूल। यथा—*'कहि नृप बचन बिनीत तिन्ह बैठारे नर नारि। उत्तम मध्यम नीच लघु निज निज थल अनुहारि॥'* (बा० २४०), *'सुकबि कुकबि निजमति अनुहारी। नृपहि सराहत सब नर नारी॥'* (१।२८)। ☞इस विशेषणका लिङ्ग भी 'नाईं' के समान है। अर्थात् यह शब्द संज्ञा पुँल्लिङ्ग और संज्ञा स्त्रीलिङ्ग दोनोंका विशेषण होता है। **संबाद**—श्रोता-वक्ताकी प्रश्नोत्तरके ढंगपर बातचीत, कथोपकथन। बा० ३६ देखिये। **बिषाद**=खेद, दुःख।

अर्थ—अब अपनी बुद्धिके अनुसार वह उमा-शम्भु-संवाद कहता हूँ। जिस समय और जिस कारण वह संवाद हुआ (वह भी) कहता हूँ। हे मुनि! उसे सुनो, उससे तुम्हारा विषाद मिट जायगा॥ ४७॥

नोट—१ यहाँसे उमा-महेश्वर-संवादका प्रकरण चला। *'कहौं सो'* ये वचन याज्ञवल्क्यजीके हैं। *'सो'* का सम्बन्ध ऊपर कहे हुए याज्ञवल्क्यजीके *'ऐसेइ संसय कीन्ह भवानी। महादेव तब कहा बखानी॥'* इन वाक्योंसे है। इस तरह कविने भरद्वाज-याज्ञवल्क्य-संवादको उमा-महेश्वर-संवादमें मिला दिया। अब जो कथा शिवजीने कही वही याज्ञवल्क्यका कहना हुआ।

टिप्पणी—१ *'कहौं सो मति अनुहारि अब......'* इति। ☞जैसे याज्ञवल्क्यजी यहाँ उमा-महेश्वर-संवाद (पार्वतीजीका संशय और महादेवजीका विस्तारसे रामचरित-कथन और संवादका हेतु) कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं, ऐसी ही प्रतिज्ञा ग्रन्थकारने भी आरम्भमें की है—*'कीन्हि प्रस्न जेहि भाँति भवानी। जेहि बिधि संकर कहा बखानी॥ सो सब हेतु कहब मैं गाई। कथा प्रबंध बिचित्र बनाई॥'* (बा० ३३) कविकी भी उस प्रतिज्ञाकी पूर्तिका प्रारम्भ यहींसे है। कवि वह सब हेतु (श्रीयाज्ञवल्क्यजीके द्वारा) अब गान करता है। *'कहौं सो......'* यहाँसे लेकर आगे *'हिय हरषे कामारि......कृपानिधान।'* (१२०) तक याज्ञवल्क्यजी और गोस्वामी तुलसीदासजी दोनोंके वचन हैं। (याज्ञवल्क्यजी भरद्वाजजीसे जो कह रहे हैं, वही श्रीगोस्वामीजी अपने श्रोताओंसे कह रहे हैं। बीच-बीचमें कहीं-कहीं केवल गोस्वामीजीका ही कथन पाया जाता है। यथा—*'चरित सिंधु गिरिजारमन......। बरनइ तुलसीदास किमि अति मतिमंद गँवार॥'* (१०३) इत्यादि। *'सो'* अर्थात् जिसकी प्रतिज्ञा पूर्व कर चुके हैं। [उमा-शम्भु-संवाद है, इसीसे यथाबुद्धि कहनेको कहा। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ *'मति अनुहारि'* इति। कथा-प्रसंगमें बड़ोंकी यह परम्परा है कि वे निजी नहीं कहते, दूसरेसे सुनी कहते हैं, क्योंकि सम्भव है कि अपने विचार गलत हों। (दीनजी) यथा—*'गिरिजा सुनहु बिसद यह कथा। मैं सब कही मोरि मति जथा॥'* (उ० ५२) 'नाथ जथामति भाषेउँ राखेउँ नहिं कछु गोइ।' (उ० १२३) तथा *'संतन्ह सन जस किछु सुनेउँ तुम्हहिं सुनाएउँ सोइ।'* (उ० ९२)

टिप्पणी—३ *'उमा संभु संबाद'* इति। याज्ञवल्क्यजीका उमा-शम्भु-संवाद कहनेमें भाव यह है कि भरद्वाजजीका विश्वास श्रीमहादेवजीके इष्टपर है जैसा उनके प्रभु *'प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ जाहि जपत त्रिपुरारि।'* इन वाक्योंसे प्रकट है। इसीसे वे (याज्ञवल्क्यजी) शिवजीका ही कहा हुआ कहकर उनका बोध कराते हैं। जो बात भरद्वाजजीने कही है—*'आकर चारि जीव जग अहहीं। कासी मरत परमपद लहहीं॥ सोपि राममहिमा मुनिराया। सिव उपदेसु करत करि दाया॥'* (४६। ४-५) वही बात शिवजीने अपने मुखसे कही है, यथा—*'कासी मरत जंतु अवलोकी। जासु नाम बल करौं बिसोकी॥ सोइ प्रभु मोर चराचर स्वामी।*

* पाठान्तर—अब—भा० दा०, रा० गु० द्वि०। † मिटिहिं—रा० प्र०, भा० दा०।

रघुबर सब उर अंतरजामी॥' (बा० ११९), *'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा।'* (बा० ५१।८) उमा-शम्भु-संवाद तथा शिवजीके वाक्य सुनकर भरद्वाजजीको विश्वास एवं अधिक आनन्द प्राप्त होगा—और ऐसा हुआ भी, यथा—*'भरद्वाज मुनि अति सुख पावा॥ बहु लालसा कथा पर बाढ़ी। नयनन्हि नीरु रोमावलि ठाढ़ी॥ प्रेम बिबस मुख आव न बानी।'* (बा० १०४)

☞ जिसका जिसमें विश्वास हो उसीकी बात कहकर जिज्ञासुका सन्देह दूर करना वक्ताकी चतुरताका द्योतक है।

टिप्पणी—४ *'भएउ समय जेहि हेतु जेहि'* इति। ☞यहाँ संवादका समय, संवादका कारण और संवाद तीनोंके कहनेकी प्रतिज्ञा है। *'एक बार त्रेता जुग माहीं'*—यह समय है और सारा प्रसङ्ग-का-प्रसङ्ग संवाद और संवादका हेतु है। [उमा-महेश्वर अर्थात् 'उमा-शम्भु-संवाद' का प्रधान हेतु तो श्रीपार्वतीजीके प्रश्न हैं, जिनकी चर्चा *'कथा जो सकल लोक हितकारी। सोइ पूछन चह सैलकुमारी॥'* (१।१०७।६) से प्रारम्भ होकर *'तुम्ह त्रिभुवन गुर बेद बखाना।'*......'(१११।५) तक है। और इन प्रश्नोंका कारण श्रीरामस्वरूपमें मोह है जो श्रीपार्वतीजीको सती-तनमें हुआ था और जिसकी चर्चा उन्होंने प्रश्नोंके साथ की भी है। इस तरह सतीमोह-प्रसङ्ग अर्थात् ४८ (१) से १११ (५) तक संवादका हेतु है! उसके पश्चात् संवाद कहेंगे।

नोट—२ इस प्रसङ्गमें भरद्वाजजीने तीन बार कहनेको कहा, यथा—*'कहिय बुझाइ दयानिधि मोही।'* (४६।६), *'सत्यधाम सर्बज्ञ तुम्ह कहहु बिबेकु बिचारि।'* (४६), *'कहहु सो कथा नाथ बिस्तारी।'* (४७।१) अतः याज्ञवल्क्यजीने भी तीन ही बार उनसे सुननेको कहा, यथा—*'तात सुनहु सादर मन लाई।* (४७।५)*'सुनु मुनि मिटिहि बिषाद।'*, (४७),*'कहौं सुनहु अब रघुपति लीला।'* (१०५।१) और तीनों बार *'कहौं'* भी कहा है।

(उमा-शम्भु-संवाद-प्रकरणान्तर्गत)

सती-मोह-प्रसंग

एक बार त्रेता जुग माहीं। संभु गए कुंभज रिषि पाहीं॥ १॥
संग सती जगजननि भवानी। पूजे रिषि अखिलेस्वर जानी॥ २॥

अर्थ—एक बार त्रेतायुगमें शिवजी अगस्त्य ऋषिके पास गये॥ १॥ साथमें जगदम्बा भवानी सतीजी (भी) थीं। समस्त जगत्‌का ईश्वर अर्थात् सर्वेश्वर जानकर ऋषिने उनका पूजन किया॥ २॥

टिप्पणी—१ *'एक बार त्रेता जुग माहीं'* इति। त्रेतायुगमें एक बार शिवजी अगस्त्यमुनिके पास गये—इस कथनसे उमा-शम्भु-संवादका समय बताया कि यह संवाद त्रेतायुगमें हुआ। *'एक बार...... गए'* कहनेका भाव कि जाया-आया तो अनेक बार किये पर यह प्रसङ्ग एक बार किसी उस त्रेतायुगका है जिसमें परब्रह्म रामका अवतार हुआ था।

नोट—१ *'त्रेता जुग'* इति। किस कल्पके किस त्रेतायुगमें यह संवाद हुआ इसमें बहुत मतभेद है। सभी अपनी-अपनी गाते हैं और अपने मतको पुष्ट करते हैं। पं० शुकदेवलालजी 'किसी कल्पके किसी त्रेतायुगमें'—ऐसा अर्थ करके झगड़ेसे निकल जाते हैं। बैजनाथजी प्रथम कल्पका त्रेतायुग कहते हैं जिसमें मनुजी दशरथ हुए। कोई चौबीसवाँ कल्प कहते हैं तो कोई सत्ताईसवाँ और कोई अट्ठाईसवाँ। अस्तु, जो भी हो, परन्तु यह निश्चय है कि यह किसी उस कल्पके त्रेतायुगकी बात है, जिसमें परात्पर परब्रह्मका प्रादुर्भाव हुआ कि जो मनुजीके सामने प्रकट हुए थे और जिनके स्वरूपका वर्णन उस प्रसङ्गमें स्वयं मानसकारने किया है। यथा—*'अपर हेतु सुनु सैलकुमारी। कहौं बिचित्र कथा बिस्तारी॥ जेहि कारन अज*

अगुन अरूपा। ब्रह्म भएउ कोसलपुर भूपा॥ जो प्रभु बिपिन फिरत तुम्ह देखा। बंधु समेत धरे मुनि बेषा॥ जासु चरित अवलोकि भवानी। सती सरीर रहिहु बौरानी॥ अजहुँ न छाया मिटति तुम्हारी। तासु चरित सुनु भ्रमरुजहारी॥' (बा० १४१)

त्रेतायुग चार युगोंमेंसे दूसरा युग है। उसका आरम्भ कार्तिक शु० ९ वा वैशाख शुक्ल ३ को होता है। स्कन्दपुराण मा० कु० ३ के अनुसार सत्ययुगका प्रारम्भ कार्तिक शुक्ल ९ को, त्रेताका वैशाख शुक्ल ३ को, द्वापरका माघी अमावस्याको और कलियुगका भाद्र कृष्ण १३ को हुआ। यथा—*'नवमी कार्तिके शुक्ला कृतादिः परिकीर्तिता। वैशाखस्य तृतीया या शुक्ला त्रेतादिरुच्यते॥ माघे पञ्चदशी कृष्णा द्वापरादिः स्मृता बुधैः। त्रयोदशी नभस्ये च कृष्णा सादिः कलेः स्मृता॥'* (२९९-३००) शब्दसागरमें कार्तिक शुक्ल ९ को त्रेताका और वैशाख शुक्ल ३ को सत्ययुगका प्रारम्भ माना है। उपर्युक्त श्लोकका पाठान्तर भी मिलता है, यथा—**'वैशाखस्य तृतीया या कृतस्यादिः प्रकीर्तिता। कार्तिकस्यापि नवमी शुक्ला त्रेतादिरुच्यते॥'** मुहूर्तचिन्तामणिमें सत्ययुगका प्रारम्भ कार्तिक शुक्ल ९ को माना गया है। त्रेतायुग बारह लाख छियानबे हजार वर्षका होता है। अतः यह भी निश्चय है कि जिस चतुर्युगीमें ब्रह्म श्रीरामका अवतार हुआ, उसीमें सतीजीको उनके चरितमें मोह हुआ, उसी युगमें उनका सतीतन छूटा और उसीमें श्रीपार्वतीजीका अवतार, तप और विवाह हुआ। उसीमें यह संवाद हुआ। बन्दन पाठकजी *'एक बार'* का अर्थ एक-बारह'=१३—इस प्रकार करके रावण-जन्मके बाद तेरहवें त्रेतामें अगस्त्यजीके पास जाना कहते हैं।

टिप्पणी—२ *'संभु गए कुंभज रिषि पाहीं।'* इति। यहाँ कुम्भज नाम देकर ऋषिका बड़प्पन दिखाया कि जैसे सबकी उत्पत्ति है वैसी इनकी नहीं है। इनकी उत्पत्ति घटसे है। तात्पर्य कि ये मुनि बड़े विलक्षण हैं तभी तो महादेवजी उनके पास सत्सङ्गको गये हैं और ये ही नहीं किंतु सनकादि ऐसे बड़े-बड़े ऋषि-मुनि भी उनके पास आते हैं। यथा—*'तहाँ रहे सनकादि भवानी। जहँ घटसंभव मुनिबर ग्यानी॥'* (उ० ३२)। *'घटसम्भव'* से भी उनका बड़प्पन दिखाया गया। पैदा तो हुए घटसे और काम किये कैसे धुरंधर!'—*'रोक्यो बिंध्य सोख्यो सिंधु घटजहू नामबल......'* (विनय)

नोट—२ अगस्त्यजीके पास सत्सङ्गके लिये जब-तब जानेका एक कारण यह भी हो सकता है कि अगस्त्यजी भी काशीवासी थे। देवताओंके कल्याणार्थ विन्ध्याचलको रोकनेके लिये ये दक्षिण चले गये थे। अतः अपने मित्रसे मिलने, उनको अपने सत्सङ्गका लाभ देनेके लिये जाया करते थे—यह कथा काशीखण्डमें है। (मा० पत्रिका) श्रीत्रिपाठीजी लिखते हैं कि सभी देवता इनके यहाँ आया-जाया करते थे, उनके बैठनेके लिये आश्रममें स्थान बने हुए थे। यथा—**'स तत्र ब्रह्मणः स्थानमग्रे स्थानं तथैव च। विष्णोः स्थानं महेन्द्रस्य स्थानं चैव विवस्वतः। सोमस्थानं भवस्थानं स्थानं कौबेरमेव च॥ धातुर्विधातुः स्थानं च वायोः स्थानं तथैव च। स्थानं च पाशहस्तस्य वरुणस्य महात्मनः॥......'**

प० प० प्र०—अत्रि, वाल्मीकि आदि रामभक्तिप्रिय ऋषियोंके पास न जाना सहेतुक है, यह *'संभु'* पदसे सूचित किया है। शिवजी जानते हैं कि इस समय कुम्भज ऋषिके पास जानेसे ही 'शं' (कल्याण) होगा, श्रीरघुपतिका दर्शन होगा और दर्शनसे कल्याण होता है। दूसरा हेतु कुम्भजके पास जानेका यह है कि अगस्त्यजीको *'सत्संगति अति प्यारी'* है। श्रीरामचरितमानसमें श्रीरघुनाथजीसे सत्संगकी याचना इन्हीं दो महात्माओं (श्रीअगस्त्यजी और श्रीशिवजी) ने की है। यथा—*'अबिरल भगति बिरति सतसंगा। चरन सरोरुह प्रीति अभंगा॥'* (३।१३।११) *'बार बार बर मागउँ हरषि देहु श्रीरंग। पद सरोज अनपायनी भगति सदा सतसंग॥'* (७।१४) इसलिये सनकादिक भी अगस्त्यजीके पास जाया करते थे।

टिप्पणी—३ *'संग सती जगजननि भवानी'* इति। (क) *'संग सती'* से जनाया कि साथमें नन्दी आदि कोई गण न थे। *'सती'* कहकर उनका नाम बताया। भवपत्नीका नाम सती है, यथा—*'सती नाम तब रहा तुम्हारा।'* (उ० ५६) *'जगजननि'* और *'भवानी'* सतीके विशेषण हैं। सती कैसी हैं ? जगज्जननी हैं और भवानी हैं अर्थात् भवकी स्त्री हैं। पुनः, *'सती जगजननि भवानी'* तीन नामों वा विशेषणोंके और भाव ये हैं कि—

(ख) *'जगजननि'* से उनका ऐश्वर्य कहा। *'सती'* और *'भवानी'* से माधुर्य कहा। अर्थात् *'सती'* नामसे उनका अवतार दक्षके यहाँ कहा और *'भवानी'* से उनका ब्याह शंकरजीके साथ होना कहा। *'जगजननी'* कहकर तब *'भवानी'* कहनेका भाव यह है कि बिना ईश्वरके सम्बन्धके माया जगत्की रचना नहीं कर सकती। सती माया हैं, शंकरजी भगवान् हैं, यथा—*'तुम्ह माया भगवान सिव सकल जगत पितु मातु।'* (बा० ८१)

(ग) इन तीन विशेषणोंको देकर इनकी 'उद्भव, स्थिति और संहारकारिणी' तीनों प्रकारकी शक्तियाँ कहीं। वह इस प्रकार कि सत्त्वगुणको धारण करके जगत्का पालन करती हैं यह *'सती'* पदसे सूचित किया। *'जगजननी'* होकर जगत्की उत्पत्ति करती हैं और *'भवानी'* होकर संहार करती हैं, यथा—*'जग संभव पालन लय कारिनि। निज इच्छा लीला बपु धारिनि॥'* (बा० ९८।४) [प० प० प्र० का मत है कि *'भवानी'* से संहारकर्त्रीका भाव लेना गलत है। पालक-शक्तिको मृडानी कहते हैं—*(मृड पालने रक्षणे)* और संहार शिवशक्तिको शर्वाणि कहते हैं। 'अमरव्याख्या-सुधा' देखिये।

नोट—३ पं० रामकुमारजीके भाव टिप्पणीमें दिये गये। अन्य मानसविज्ञोंने जो भाव लिखे हैं उनमेंसे कुछ ये हैं—

(घ) ये तीन विशेषण देकर कविने यहाँ श्रीरामयशकी महिमा दिखायी है। इस तरह कि जब वे रामयशश्रवणके लिये शिवजीके साथ जा रही थीं तब ग्रन्थकारने उनके तीन उत्तम नाम दिये—सती, जगजननि और भवानी। लौटते समय इनको श्रीरामचरितमें सन्देह हुआ, इसलिये उस समय सन्देह होनेके आगमपर 'दच्छकुमारी' नाम दिया है। (मा० म०)

(ङ) 'सती' पतिव्रताको कहते हैं। इसमें अतिव्याप्ति है। अर्थात् इस शब्दमात्रसे अन्य पतिव्रता स्त्रियोंका भ्रमसे ग्रहण हो सकता है। अतः *'जगजननि'* कहा। परन्तु रमा, ब्रह्माणी आदि भी जगज्जननी हैं, इसलिये *'भवानी'* कहा अर्थात् जो भवकी पत्नी हैं। अब अतिव्याप्ति मिट गयी। (रा० प्र०)

(च) *'सती'* नाम देकर दक्षपुत्री होना कहा। दक्षको बड़ा मोह और अभिमान हो गया था। दक्ष-सम्बन्धी नाम देकर जनाया कि इनको भी मोह होगा। पुनः, माता संकट सहकर बच्चोंका पालन करती है, ये स्वयं संकट सहकर जगत्का हित करेंगी—इस विचारसे *'जगजननि'* कहा। *'जगजननी'* और *'भवानी'* से यह भी जनाया कि ये तो जगद्गुरु शंकरजीकी वामा हैं, जगदम्बा हैं, इनको मोह कहाँ ? ये तो केवल लीला करेंगी, जिससे संसारका हित हो।

(छ) यहाँ शिवजीको शम्भु और अखिलेश्वर कहा, उसी सम्बन्धसे उनकी अनुकूला होनेसे सतीजीको *'जगजननि'* और *'भवानी'* कहा। शिवजी रामकथा सुनने चले तब यह भी कथा सुनने चलीं। इससे *'सती'* अर्थात् शिवजीकी अनुकूला पतिव्रता नाम दिया। शिवजीको 'अखिलेश्वर' (जगत्के स्वामी) कहा, अतः सतीको जगज्जननी कहा। शम्भुकी जोड़में भवानी अर्थात् शिवपत्नी कहा। (जानकीशरणजी)

टिप्पणी—४ *'पूजे रिषि अखिलेस्वर जानी'* इति। भाव कि अखिलेश्वर जानकर पूजा की; विश्वनाथ, सर्वेश्वर जानकर पूजा की; अतिथि जानकर नहीं। अर्थात् हमारे यहाँ अतिथि होकर आये हैं, इनकी पूजा करनी चाहिये, ऐसा समझकर पूजा नहीं की। [पुनः भाव कि अन्य देवताओंकी पूजा जैसी किया करते थे, उससे अधिक इनकी की। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—५ जब शम्भुका अगस्त्यजीके यहाँ जाना कहा तब साथमें सतीजीका जाना न कहा था। *'संभु गए कुंभज रिषि पाहीं'*—केवल इतना ही कहा था। जब मुनिने पूजा की, तब *'संग सती जगजननि भवानी'* कहा। यहाँ *'संग सती……'* दीप-देहली-न्यायसे दोनों ओर लगता है। इस तरह साथ जाना भी प्रकट हो गया और शक्तिसमेत शिवजीका पूजन किया गया यह भी सूचित कर दिया गया। [पुनः, *'संग सती जगजननि भवानी'* कहकर *'पूजे'* कहनेका भाव कि जैसे शिवजीको अखिलेश्वर जानकर पूजा की, वैसे ही इनको शिवजीकी आद्याशक्ति जगज्जननी जानकर पूजा।]

रामकथा मुनिबर्ज बखानी। सुनी महेस परम सुख मानी॥ ३॥
रिषि पूछी हरिभगति सुहाई। कही संभु अधिकारी पाई॥ ४॥

अर्थ—मुनिश्रेष्ठ अगस्त्यजीने रामकथा विस्तारसे कही (और) महादेवजीने परम सुख मानकर सुनी॥ ३॥ ऋषि (श्रीअगस्त्यजी) ने (श्रीशिवजीसे) सुन्दर हरिभक्ति पूछी (और) शिवजीने अधिकारी (उपयुक्त पात्र जिससे गुप्त रहस्य कहे जा सकते हैं) पाकर (उनसे) हरिभक्ति कही॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'रामकथा मुनिबर्ज बखानी'* इति। शिवजीके बिना पूछे ही रामकथा क्यों कही? इसका भाव यह है कि पूजाके अन्तमें स्तुति की जाती है जिससे देवता प्रसन्न हों। ऋषिने सर्वेश्वरकी पूजा करके उनको प्रसन्न करनेके लिये स्तुतिकी जगह रामकथा सुनायी; क्योंकि वे जानते हैं कि शिवजीको रामकथा 'अतिप्रिय' है; यथा—*'सिव प्रिय मेकल सैल सुता सी।'*, *'अतिथि पूज्य प्रियतम पुरारि के।'* (बा० ३१, ३२)। ☞ इसी तरह अत्रिके आश्रमपर जानेपर अत्रिजीने शक्तिसहित भगवान् रामका पूजन और स्तुति की। अनसूयाजीका श्रीजानकीजीमें वात्सल्यभाव था; उस भावके अनुसार उन्होंने श्रीजानकीजीको आशीर्वाद दिया और निकट बैठाया, दिव्य वस्त्र-भूषण पहिनाये—यह सब वात्सल्यभावका पूजन करके उन्होंने बिना पूछे उनको पातिव्रत्यधर्म कह सुनाया; क्योंकि श्रीजानकीजीको पातिव्रत्यधर्म 'अतिप्रिय' है।

नोट—१ पं० शुकदेवलालजीका भी यही मत है। श्रीकरुणासिन्धुजी तथा बैजनाथजीका मत है कि शिवजीकी आज्ञासे अगस्त्यजीने रामकथा कही। बैजनाथजी लिखते हैं कि साकेतविहारी श्रीरामजीके अवतारकी कथा ।अगस्त्यरामायणमें वर्णित है; वही कही। त्रिपाठीजी लिखते हैं कि श्रीरामजी मुनिके आश्रममें पधारे थे, सम्भवतः वही प्रिय समाचार तथा वही सब वृत्तान्त मुनिने सुनाया।

टिप्पणी—२ *'मुनिबर्ज'* (मुनिवर्य) इति। अगस्त्यजीको मुनिवर्य कहा। इनका मुनिश्रेष्ठ होना इसीसे सिद्ध है कि अखिलेश्वर शिवजी इनके श्रोता हुए। सनकादि ऋषितक सत्संगके लिये इनके पास ब्रह्मलोकसे आया करते हैं जैसे शिवजी कैलाससे। यथा—*'आसा बसन ब्यसन यह तिन्हहीं। रघुपति चरित होइ तहँ सुनहीं॥ तहाँ रहे सनकादि भवानी। जहँ घटसंभव मुनिबर ग्यानी॥'* (उ० ३२)—उत्तरकाण्डके इस उद्धरणमें शिवजीने भी उन्हें *'मुनिबर'* कहा है।

टिप्पणी—३ *'सुनी महेस परम सुख मानी'* इति। भाव कि—(क) मुनिने ऐसी सुन्दर कथा कही और ऐसी मधुरता और मनोहरतासे युक्त कही कि महान् ईश जो महेश वे भी सुनकर परम सुखी हुए। पुनः, (ख) *'परम सुख'* का भाव कि पूजासे सुख माना था और अब कथा सुनकर परम सुख माना। [श्रीमुखवचन है कि—*'मम गुनग्राम नाम रत गत ममता मद मोह। ताकर सुख सोइ जानै परानंद संदोह॥'* (उ० ४६) भगवान्के गुणग्राम और नाम परानन्दरूप ही हैं। पुनः, श्रीरामगुणग्रामको सुनकर पुलक आदि होना ही चाहिये; इष्टका चरित्र है। त्रिपाठीजीका मत है कि *'सुनी महेस'* से सूचित किया कि सतीजीने सादर नहीं सुना।]

नोट—२ मुं० रोशनलालजी लिखते हैं कि—*'परम सुख मानी'* का भाव यह है कि ध्यानसुखसे भी अधिक सुख रामकथामें मिला, इसीसे तो ध्यान छोड़-छोड़कर शिवजी और सनकादि कथा सुना करते हैं; यथा—*'मगन ध्यानरस दंड जुग पुनि मन बाहेर कीन्ह। रघुपति चरित महेस तब हरषित बरनै लीन्ह॥'* (बा० १११) *'जीवनमुक्त ब्रह्मपर चरित सुनहिं तजि ध्यान। जे हरिकथा न करहिं रति तिन्हके हिय पाषान॥'* (उ० ४२)—(पां०)

टिप्पणी—४ *'रिषि पूछी हरि भगति सुहाई।'* इति। यह ऋषिकी चतुरता है कि जब शिवजी रामकथा सुनकर परम आनन्दित हुए तब हरिभक्ति पूछी। इससे पाया गया कि शिवजीके समान हरिभक्तिका ज्ञाता कोई नहीं है और यह कि हरिभक्ति परम दुर्लभ पदार्थ है कि अगस्त्यजी-ऐसे महात्मा भी उसे नहीं जानते थे—(इसपर हमारे विचार आगे नोट ३—५ में देखिये।)

नोट—३ इस विषयमें श्रीमुखवचन है कि *'जेहि पर कृपा न करहिं पुरारी। सो न पाव मुनि भगति हमारी॥'* (बा० १३८) अर्थात् शिवजी रामभक्तिके कोठारी, भंडारी वा खजांची हैं।

नोट—४ अगस्त्यजीने सत्संगके लिये भगवद्भक्ति पूछी, क्योंकि बिना पूछे भगवच्चर्चा कैसे होती? और वास्तवमें तो भक्त जितनी ही उच्चकोटिको पहुँचता जाता है उसे भक्ति उतनी ही और भी अगम्य जान पड़ती है। वह अपनेको बहुत गिरा हुआ पाता है। श्रीभरतजी-ऐसे परम भक्तशिरोमणिके विचार देख लीजिये।

नोट—५ वे० भू० रा० कु० दासजी कहते हैं कि—*'अस तव रूप बखानौं जानौं। फिरि फिरि सगुन ब्रह्म रति मानौं॥ संतत दासन्ह देहु बड़ाई।……'* (आ० १३) के अनुसार भगवत्तत्त्व एवं हरिभक्तितत्त्वके पूर्ण जानकारोंमें श्रीअगस्त्यजीका भी एक मुख्य स्थान है; इसका ज्वलन्त उदाहरण 'अगस्त्यसंहिता' नामक उनका रचा हुआ विस्तृत प्रबन्ध ही है। तथा अन्य श्रुति-स्मृति-इतिहास-पुराणादिसे भी इसकी पुष्टि होती है। परन्तु अगस्त्यजीका कुछ ऐसा नम्र स्वभाव ही रहा है कि वे जब किसी पहुँचे हुए भगवद्भक्तोंका सत्संग पाते थे तब वे उनसे जगत्के कल्याणार्थ भगवद्भक्तिका गूढ़ रहस्य अवश्य पूछा करते थे। इसका प्रमाण श्रीरामचरितमानसके अतिरिक्त श्रीहनुमत्संहिता एवं आनन्दरामायण आदि दे रहे हैं।

नोट—६ *'हरिभगति'* इति। 'भक्तिसारसंग्रह', शाण्डिल्यमुनिकृत 'भक्तिसूत्र', 'श्रीमद्भागवत' आदि भक्तिविषयक ग्रन्थ हैं। ईश्वरमें अतिशय अनुराग होना भक्ति है। भागवतमें नौ प्रकारकी भक्तियाँ वर्णन की गयी हैं। *'भगति निरूपन बिबिध बिधाना।'* ३७ (१३) में देखिये। गुणोंके भेदसे भक्ति सात्त्विकी, राजसी और तामसी तीन प्रकारकी होती है। श्रीपंजाबीजी हरिभक्तिसे 'पराभक्ति' का ग्रहण करते हैं। भुशुण्डिजीने हरिभक्तिकी व्याख्या इस तरह की है—*'बिरति चर्म असि ग्यान मद लोभ मोह रिपु मारि। जय पाइअ सो हरि भगति देखु खगेसु बिचारि॥'* (उ० १२०)

टिप्पणी—५ *'कही संभु अधिकारी पाई'* इति। *'अधिकारी पाई'* कहनेका भाव कि रामभक्तिके अधिकारी भी दुर्लभ हैं। अगस्त्य-ऐसे मुनि इसके अधिकारी हैं। अधिकारीसे गूढ़ तत्त्व भी छिपाये नहीं जाते। अतः शिवजीने हरिभक्ति कही।

[वि० त्रि० जी लिखते हैं कि *'सुहाई'* से फलरूपा, सिद्ध हरिभक्ति जनायी। यथा—*'सब कर फल हरि भगति सुहाई'*। साधनरूपा भक्तिके तो सभी अधिकारी हैं। यथा—*'पुरुष नपुंसक नारि वा जीव चराचर कोइ। भक्ति भाव भज कपट तजि मोहि परमप्रिय सोइ॥'* परन्तु सिद्धा भक्तिके (जिसे अविरल निर्भर आदि अनेक नामोंसे पुकारते हैं) अधिकारी कोई विरले ही होते हैं।]

नोट—७ इससे यही जनाया कि अनधिकारीसे इसे न कहना चाहिये। अधिकारी और अनधिकारीके लक्षण उ० ११३ और उ० १२८ में कहे गये हैं। यथा—*'तोहि निज भगत राम कर जानी। ताते मैं सब कहेउँ बखानी॥'* (११३।१२-१३), *'रामभगति जिन्ह कें उर नाहीं। कबहुँ न तात कहिअ तिन्ह पाहीं॥'*, *'यह न कहिअ सठ ही हठ सीलहिं। जो मन लाइ न सुन हरिलीलहिं॥ कहिअ न लोभिहि क्रोधिहि कामिहि। जो न भजै सचराचर स्वामिहि॥ द्विजद्रोहिहि न सुनाइअ कबहूँ। सुरपति सरिस होइ नृप जबहूँ॥'*, *रामकथा के तेइ अधिकारी। जिन्ह कें सतसंगति अति प्यारी॥ गुरपद प्रीति नीति रत जेई। द्विजसेवक अधिकारी तेई॥ ता कहँ यह बिसेष सुखदाई। जाहि प्रानप्रिय श्रीरघुराई॥'* (१२८।३—८) लोमश-भुशुण्डि-प्रसंगसे अधिकारीका चिह्न यह सिद्ध होता है कि—जगत्-मात्रको निज-प्रभुमय देखता हो, महत् शीलवान् हो और श्रीरामचरणोंमें दृढ़ विश्वास हो।

अगस्त्यजीको कैसे अधिकारी जाना ? उपर्युक्त लक्षणोंसे। अथवा, श्रीरामकथा जिस प्रकारसे उन्होंने कही उसीसे जान लिया। अथवा, इनको सत्संग अति प्रिय है इत्यादिसे।

नोट—८ वैजनाथजीका मत है कि मुनिने रामकथा कही और शिवजीने हरिभक्ति। इस तरह परस्पर उपकारसे यहाँ अन्योन्यालङ्कार है।

कहत सुनत रघुपति गुन गाथा। कछु दिन तहाँ रहे गिरिनाथा॥ ५॥
मुनि सन बिदा मागि त्रिपुरारी। चले भवन सँग दच्छकुमारी॥ ६॥

अर्थ—श्रीरघुनाथजीके गुणोंकी कथा कहते-सुनते कैलासपति शिवजी कुछ दिन वहाँ रहे॥ ५॥ (फिर) मुनिसे विदा माँगकर त्रिपुरासुरके शत्रु शिवजी दक्षकुमारी श्रीसतीजीके साथ घरको चले॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'कहत सुनत'* इति। यहाँ *'सुनत कहत'* ऐसा पाठ चाहिये था, क्योंकि भगवान् शम्भुने प्रथम मुनिसे कथा सुनी तब हरिभक्ति कही, परन्तु यहाँ उलटा (*कहत-सुनत*) कहा गया। यह उलटा लिखना भी अभिप्राय-गर्भित है। ऐसा करके ग्रन्थकारने दोनोंकी प्रधानता रखी। ऊपर *'रामकथा मुनिबर्ज बखानी। सुनी महेस.......'* इस अर्धालीमें मुनिका कहना प्रथम है और शिवजीका सुनना पीछे और यहाँ शिवजीका कहना प्रथम और मुनिका सुनना पीछे कहा। पहलेमें मुनिकी प्रधानता रखी और दूसरेमें शिवजीकी। इस तरह दोनोंकी प्रधानता रही।

नोट—१ 'कहना-सुनना' मुहावरा है। 'सुनना-कहना' मुहावरा नहीं है। गोस्वामीजीने यहाँ मुहावरेके अनुकूल पद दिया है। इस मुहावरेमें आगे-पीछेका प्रश्न नहीं उठता। गोस्वामीजीने अन्यत्र भी इसका प्रयोग किया है। यथा—*'भायप भगति भरत आचरनू। कहत सुनत दुख दूषन हरनू॥'* (२। २२३। १) *'कहत सुनत सतिभाउ भरत को। सीयरामपद होइ न रत को॥'* (२। ३०४। २) *'कहत सुनत हरिहर सुजस गएउ दिवस भइ साँझ।'* (२। ३१२) इत्यादि। डींगरजीका मत है कि यहाँ *'कहत-सुनत'* का अर्थ है 'अनुकथन करते'। यथा—*'सुनि अनुकथन परस्पर होई। पथिकसमाज सोह सर सोई॥'* (बा० ४१)

टिप्पणी—२ *'रघुपति गुन गाथा'* इति। पूर्व कहा था कि *'रामकथा मुनिबर्ज बखानी'* और *'रिषि पूछी हरिभगति सुहाई'* और यहाँ लिखते हैं कि *'कहत सुनत रघुपति गुनगाथा'* ऐसा करके जनाया कि 'कथा' और 'हरिभक्ति' दोनों रघुपतिके गुण हैं।

टिप्पणी—३ *'कछु दिन तहाँ रहे गिरिनाथा'* इति। (क) *'कछु दिन'* कथनका भाव कि सत्संग कुछ दिन साथ रहनेसे ही बनता है। यथा—*'मुनि मोहि कछुक काल तहँ राखा। रामचरितमानस तब भाषा॥'*, *'तब कछु काल मराल तनु धरि तहँ कीन्ह निवास। सादर सुनि रघुपति गुन पुनि आएउँ कैलास॥'* (उ० ५७) तथा यहाँ *'कहत सुनत रघुपति गुनगाथा। कछु दिन तहाँ रहे गिरिनाथा॥'* आये और चले इसमें सत्संग नहीं होता। (ख) *'गिरिनाथा'* का भाव कि कैलासपति हैं, सदा कैलासमें रहते हैं। कैलास बड़ा रमणीक स्थान है, यथा—*'परम रम्य गिरिबर कैलासू। सदा जहाँ सिव उमा निवासू॥'* (बा० १०५) ऐसा रमणीय स्थान छोड़कर शिवजी सत्संगके लिये यहाँ कुछ दिन रह गये—यह सत्संगकी महिमा दिखायी।

नोट—२ *'गिरिनाथ'* का दूसरा भाव यह है कि गिरि अचल होता है, वैसे ही आप अचल होकर यहाँ रहकर सावधानतापूर्वक कथा कहते-सुनते रहे यह सत्संग तथा कथाके इच्छुकोंके लिये उपदेश है।

टिप्पणी—४ *'मुनि सन बिदा मागि त्रिपुरारी'* इति। (क) [बिदा=जानेकी आज्ञा; रुखसत। *'बिदा'* माँगना शिष्टाचार है। चलते समय आज्ञा माँगनेकी रीति हिन्दू, मुसलमान तथा ईसाई आदि सभी सभ्य कौमोंमें है, इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि किसीके यहाँ प्रेमवश जाना अपने अधीन है किंतु लौटना उसके अधीन रहता है जिसके यहाँ जाय! बिदा माँगना प्रीतिका प्रणय अङ्ग है!] बिदा माँगनेसे रखनेवाले (जिसके यहाँ जाओ उस) का (मन और) मान (दोनों) रहते हैं। इसीसे बड़े लोग बिदा माँगकर चलते हैं। यथा—*'सकल मुनिन्ह सन बिदा कराई। सीता सहित चले द्वौ भाई॥'* (आ० ३) *'जुगुति बिभीषन सकल सुनाई। चलेउ पवनसुत बिदा कराई॥'* (सुं० ८) तथा यहाँ *'मुनि सन बिदा मागि.......'* कहा। (ख) *'त्रिपुरारी'* इति। (जैसे ऋषिके यहाँ जानेमें *'संभु गए कुंभजरिषि पाहीं'* कहा था, वैसे ही चलते समय बिदा माँगकर चलनेमें भी *'मुनि सन बिदा मागि त्रिपुरारी'*—केवल शिवजीका नाम दिया। क्योंकि ये पति हैं। इन्हींकी प्रधानता है सतीजीको संग कहा; वे गौण हैं। त्रिपाठीजीका मत है कि बिदा माँगनेमें दक्षकुमारी ही कारण

मालूम होती हैं, नहीं तो गिरिनाथ तो ऐसे रामकथाके रसिक हैं कि भुशुण्डिजीके यहाँ मराल तन धरकर पूरी कथा सुनी।)

टिप्पणी—५ *'चले भवन सँग दच्छकुमारी'* इति। भवनको चले। भवन कहाँ है? यह कवि आगे स्वयं कहते हैं—*'बिस्वनाथ पहुँचे कैलासा।'* (बा० ५८) अर्थात् कैलास उनका घर है; यथा—*'भवन कैलास आसीन कासी'* (विनय०) पूर्व कहा था कि *'संग सती जगजननि भवानी।'* सती पतिव्रताको कहते हैं; इससे वहाँ यह न खुला कि सती कौन हैं। उसे यहाँ खोलते हैं कि सती दक्षकी कुमारी हैं।

—६ 'त्रिपुरारी', 'दच्छकुमारी'—

पं० रा० कु०—त्रिपुरारी और दक्षकुमारी कहकर आगेवाली प्रसंगभरकी भविष्य कथा दिखाते हैं। इस तरह कि—(क) त्रिपुर अधर्मी था इसीसे शिवजीने उसे मारा। इसी तरह जो अधर्मी हैं, शिवजी उनको मारते हैं, एवं उनका त्याग करते हैं। सतीजीने यह अधर्म किया कि पतिवचन मृषा माना, ब्रह्मको प्राकृत नर (मनुष्य) माना और श्रीसीताजीका रूप धारण किया, अतएव त्रिपुरारीने सतीको त्याग दिया। दक्षने अधर्म किया कि शिवजीसे विरोध किया, उनको जामाता मानकर उनकी निन्दा की, उनका अपमान किया, यज्ञमें भाग न दिया और सती-ऐसी पतिव्रता भगवद्भक्ताका अपमान किया। अतएव उसको वीरभद्रद्वारा मारा और उसका यज्ञ विध्वंस किया। *'दच्छकुमारी'* कहकर भविष्य यह जनाया कि 'सतीजी दक्षके यहाँ जायेंगी। शिवजीसे विरोध माननेके कारण दक्ष सतीजीका मान न करेगा। शिवजीका भाग यज्ञमें न देखकर पतिका अपमान मानकर सतीजी दक्षका नाता मिटानेके लिये शरीर-त्याग करेंगी।' पुनः, (ख) शिवजी त्रिपुरारी हैं। उन्होंने त्रिपुरके मारनेमें बड़ी सावधानतासे काम लिया था। इसी तरह वे लक्ष्यपर सदा सावधान रहते हैं। अतएव आगे श्रीरामरूप देखकर इनको भ्रम न होगा और दक्षको ईश्वरमें भ्रम था। उसने शिवजीको न जाना। सतीजी दक्षकुमारी हैं अतः इनको भी परमेश्वर (रामरूप) में भ्रम होगा—यह दक्षकुमारी कहकर जनाया। (*'कारन ते कारज कठिन'* इसके अनुसार दक्षसे अधिक मोह सतीको हुआ। दक्षको ईश्वर शिवमें भ्रम हुआ और दक्षकुमारीको शिवजीके इष्ट परमेश्वर राममें महामोह हुआ।)

नोट—३ प्रसंगके आरम्भमें *'जगजननि'* और *'भवानी'* आदि नाम दिये थे। अब बिदा होनेपर घरको लौटते समय पति और ऐश्वर्यसम्बन्धी नाम छोड़ दिये गये। केवल पिता-सम्बन्धी नाम दिया गया। क्योंकि अब ये पतिसे विमुख होनेवाली हैं और शिवजी रास्तेहीमें पति-पत्नी-भाव त्याग देंगे। यथा—*'एहि तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं। सिव संकल्प कीन्ह मन माहीं॥'* (बा० ५७) इस तरह पिता-सम्बन्ध देकर इनका भावी त्याग सूचित किया।

त्रिपुरासुर

(भा० ७।१०) में लिखा है कि एक बार जब देवताओंने असुरोंको जीत लिया तब वे महामायावी शक्तिमान् मयदानवकी शरणमें गये। मयने अपनी अचिन्त्य शक्तिसे तीन पुररूपी विमान लोहे, चाँदी और सोनेके ऐसे बनाये कि जो तीन पुरोंके समान बड़े-बड़े और अपरिमित सामग्रियोंसे भरे हुए थे। इन विमानोंका आना-जाना नहीं जाना जाता था। यथा—'स निर्माय पुरस्तिस्रो हैमीरौप्यायसीर्विभुः। दुर्लक्ष्यापायसंयोगा दुर्वितर्क्यपरिच्छदाः॥' (५४) [महाभारतसे पता चलता है कि ये तीनों पुर (जो विमानके आकारके थे) तारकासुरके तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली नामक तीनों पुत्रोंने मयदानवसे अपने लिये बनवाये थे। इनमेंसे एक नगर (विमान) सोनेका स्वर्गमें, दूसरा चाँदीका अन्तरिक्षमें और तीसरा लोहेका मर्त्यलोकमें था। ऋग्वेदके कौषीतमें और ऐतरेय ब्राह्मणोंमें त्रिकका वर्णन है। यथा—'(असुराः) हरिणीं (पुरं) हादो दिविचक्रिरे। रजतां अन्तरिक्षलोके अयस्मयीमस्मिन् अकुर्वत्॥' (कौं० ८।८, ऐ० १।१३) अर्थात् असुरोंने

हिरण्मयी पुरीको स्वर्गमें बनाया, रजतमयीको अन्तरिक्षमें और अयस्मयीको इस पृथ्वीलोकमें।] तीनों पुरोंमें एक-एक अमृतकुण्ड बनाया गया था। इन विमानोंको लेकर वे असुर तीनों लोकोंमें उड़ा करते थे।

अब देवताओंसे अपना पुराना वैर स्मरणकर मयदानवद्वारा शक्तिमान् होकर तीनों विमानोंद्वारा दैत्य उनमें छिपे रहकर तीनों लोकों और लोकपतियोंका नाश करने लगे। जब असुरोंका अत्याचार बहुत बढ़ गया तब सब देवता शङ्करजीकी शरण गये और कहा कि '**त्राहि नस्तावकान्देव विनष्टांस्त्रिपुरालयैः।**' (५६) ये त्रिपुरानिवासी असुरगण हमें नष्ट किये डालते हैं। हे प्रभो! हम आपके हैं, आप हमारी रक्षा करें। शङ्करजीने पाशुपतास्त्रसे अभिमन्त्रित एक ऐसा बाण तीनों पुरोंपर छोड़ा कि जिससे सहस्रशः बाण और अग्निकी लपटें निकलती जाती थीं। उस बाणसे समस्त विमानवासी निष्प्राण हो गिर गये। महामायावी मयने सबको उठाकर अपने बनाये हुए अमृतकुण्डमें डाल दिया जिससे उस सिद्ध अमृतका स्पर्श होते ही वे सब फिर वज्रसमान पुष्ट हो एक साथ खड़े हो गये। जब-जब शङ्करजी त्रिपुरके असुरोंको बाणसे निष्प्राण करते थे, तब-तब मयदानव सबको इसी प्रकार जिला लेता था। शङ्करजी उदास हो गये, तब उन्होंने भगवान्का स्मरण किया। उनको भग्न संकल्प और खिन्नचित्त देख भगवान्ने यह युक्ति की कि स्वयं गौ बन गये और ब्रह्माको बछड़ा बनाकर बछड़ेसहित तीनों पुरोंमें जा सिद्धरसके तीनों कूपोंका सारा जल पी गये। दैत्यगण खड़े देखते रह गये। वे सब ऐसे मोहित हो गये थे कि रोक न सके। तत्पश्चात् भगवान्ने युद्धकी सामग्री तैयार की। धर्मसे रथ, ज्ञानसे सारथी, वैराग्यसे ध्वजा, ऐश्वर्यसे घोड़े, तपस्यासे धनुष, विद्यासे कवच, क्रियासे बाण और अपनी अन्यान्य शक्तियोंसे अन्यान्य वस्तुओंका निर्माण किया। इन सामग्रियोंसे सुसज्जित हो शङ्करजी रथपर चढ़े और अभिजित् मुहूर्तमें उन्होंने एक ही बाणसे उन तीनों दुर्भेद्य पुरोंको भस्म कर दिया। (भा० ७। १०। ५३—६८)

दूसरा आख्यान—त्रिपुरोंकी उत्पत्ति और नाशका एक आख्यान महर्षि मार्कण्डेयने किसी समय धृतराष्ट्रसे कहा था जो दुर्योधनने महारथी शल्यसे (कर्णपर्वमें) कहा है। उसमें बताया है कि तारकासुरके तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली नामके तीन पुत्र थे, जिन्होंने घोर तप करके ब्रह्माजीसे यह वर माँग लिया था कि 'हम तीन नगरोंमें बैठकर इस सारी पृथ्वीपर आकाशमार्गसे विचरते रहें। इस प्रकार एक हजार वर्ष बीतनेपर हम एक जगह मिलें। उस समय जब हमारे तीनों पुर मिलकर एक हो जायँ तो उस समय जो देवता उन्हें एक ही बाणसे नष्ट कर सके, वही हमारी मृत्युका कारण हो।' यह वर पाकर उन्होंने मयदानवके पास जाकर उससे तीन नगर अपने तपके प्रभावसे ऐसे बनानेको कहे कि उनमेंसे एक सोनेका, एक चाँदीका और एक लोहेका हो। तीनों नगर इच्छानुसार आ-जा सकते थे। सोनेका स्वर्गमें, चाँदीका अन्तरिक्षमें और लोहेका पृथ्वीमें रहा। इनमेंसे प्रत्येककी लम्बाई-चौड़ाई सौ-सौ योजनकी थी। इनमें आपसमें सटे हुए बड़े-बड़े भवन और सड़कें थीं तथा अनेकों प्रासादों और राजद्वारोंसे इनकी बड़ी शोभा हो रही थी। इन नगरोंके अलग-अलग राजा थे। स्वर्णमय नगर तारकाक्षका था, रजतमय कमलाक्षका और लोहमय विद्युन्मालीका। इन तीनों दैत्योंने अपने अस्त्र-शस्त्रके बलसे तीनों लोकोंको अपने वशमें कर लिया था। इन दैत्योंके पास जहाँ-तहाँसे करोड़ों दानव योद्धा आकर एकत्रित हो गये। इन तीनों पुरोंमें रहनेवाला जो पुरुष जैसी इच्छा करता, उसकी उस कामनाको मयदानव अपनी मायासे उसी समय पूरी कर देता था। यह तारकासुरके पुत्रोंके तपका फल कहा गया।

तारकाक्षका एक पुत्र 'हरि' था। इसने तपसे ब्रह्माजीको प्रसन्न कर यह वर प्राप्त कर लिया कि 'हमारे नगरोंमें एक बावड़ी ऐसी बन जाय कि जिसमें डालनेसे शस्त्रसे घायल हुए योद्धा और भी अधिक बलवान् हो जायँ।' इस वरके प्रभावसे दैत्यलोग जिस रूप और जिस वेषमें मरते थे उस बावड़ीमें डालनेपर वे उसी रूप और उसी वेषमें जीवित होकर निकल आते थे। इस प्रकार उस बावड़ीको पाकर वे समस्त लोकोंको कष्ट देने लगे। देवताओंके प्रिय उद्यानों और ऋषियोंके पवित्र आश्रमोंको उन्होंने नष्ट-भ्रष्ट कर डाला। इन्द्रादि देवता जब उनका कुछ न कर सके तब वे ब्रह्माजीकी शरण गये। ब्रह्माजीकी आज्ञासे

वे सब शङ्करजीके पास गये और उनको स्तुतिसे प्रसन्न किया। महादेवजीने सबको अभयदान दिया और कहा कि तुम मेरे लिये एक ऐसा रथ और धनुष-बाण तलाश करो जिनके द्वारा मैं इन नगरोंको पृथ्वीपर गिरा सकूँ।

देवताओंने विष्णु, चन्द्रमा और अग्निको बाण बनाया तथा बड़े-बड़े नगरोंसे भरी हुई पर्वत, वन और द्वीपोंसे व्याप्त वसुन्धराको ही उनका रथ बना दिया। इन्द्र, वरुण, कुबेर और यमादि लोकपालोंको घोड़े बनाये एवं मनको आधारभूमि बना दिया। इस प्रकार जब (विश्वकर्माका रचा हुआ) वह श्रेष्ठ रथ तैयार हुआ तब महादेवजीने उसमें अपने आयुध रखे। ब्रह्मदण्ड, कालदण्ड, रुद्रदण्ड और ज्वर—ये सब ओर मुख किये हुए उस रथकी रक्षामें नियुक्त हुए। अथर्वा और अङ्गिरा उनमें चक्ररक्षक बने। सामवेद, ऋग्वेद और समस्त पुराण उस रथके आगे चलनेवाले योद्धा हुए। इतिहास और यजुर्वेद पृष्ठरक्षक बने। दिव्य-वाणी और विद्याएँ पार्श्वरक्षक बनीं। स्तोत्र, वषट्कार और ओंकार रथके अग्रभागमें सुशोभित हुए। उन्होंने छहों ऋतुओंसे सुशोभित संवत्सरको अपना धनुष बनाया और अपनी छायाको धनुषकी अखण्ड प्रत्यञ्चाके स्थानोंमें रखा। ब्रह्माजी उनके सारथी बने। भगवान् शङ्कर रथपर सवार हुए और तीनों पुरोंको एकत्र होनेका चिन्तन करने लगे। धनुष चढ़ाकर तैयार होते ही तीनों नगर मिलकर एक हो गये। शङ्करजीने अपना दिव्य धनुष खींचकर बाण छोड़ा जिससे तीनों पुर नष्ट होकर गिर गये। इस तरह शङ्करजीने त्रिपुरका दाह किया और दैत्योंको निर्मूलकर त्रिलोकका हित किया।

वाल्मीकीयसे पता चलता है कि दधीचि महर्षिकी हड्डियोंसे पिनाक बनाया गया था और भूषण टीकाकारका मत है कि भगवान् विष्णु बाण बने थे। जिससे त्रिपुरासुरका नाश हुआ। यही धनुष पीछे राजा जनकके यहाँ रख दिया गया था। दधीचिकी हड्डियोंसे दो धनुष बने, शार्ङ्ग और पिनाक। वाल्मीकीय रा० बा० सर्ग ७५ के आधारपर कहा जाता है कि विष्णुभगवान्ने शार्ङ्गसे असुरोंको मारा और शङ्करजीने तीनों पुरोंको जलाया। ('विनयपीयूष' से उद्धृत। विनय० पद ३)

स्कन्दपु० आवन्त्य रेवाखण्डमें लिखा है कि राजा बलिका महापराक्रमी पुत्र बाणासुर भी सहस्रभुज था। उसने एक सहस्र दिव्य वर्षोंतक महादेवजीकी उपासना की। उसकी सेवासे संतुष्ट होकर शङ्करजीने उससे वर माँगनेको कहा। उसने माँगा कि 'मेरा नगर दिव्य एवं सम्पूर्ण देवताओंके लिये अजेय हो। आपको छोड़कर दूसरे किसी देवताके लिये यहाँ प्रवेश पाना अत्यन्त कठिन हो। मेरा यह नगर मेरे स्थिर होनेपर स्थिर रहे और मेरे चलनेपर वह साथ-साथ चले, सर्वथा मेरे मनके अनुकूल बना रहे।' महादेवजीने उसे यह वर दिया। तदनन्तर भगवान् विष्णुने भी बाणासुरको वैसा ही दूसरा पुर दिया। दोनोंने उसे ब्रह्माजीके पास भेजा। वहाँ जानेपर ब्रह्माजीने भी उसे वैसा ही तीसरा पुर दिया। इन तीनों पुरोंको प्राप्त करके बाणासुर 'त्रिपुर' नामसे विख्यात हुआ। इस तरह वर पाकर वह समस्त देव, दानव, यक्ष, राक्षसादिसे अवध्य और अजेय हो गया। उसके अत्याचारसे सब उद्विग्न हो गये। सबने शङ्करजीसे पुकार की। शङ्करजी अपने प्रमुख पार्षदों और देवी पार्वतीसहित जाकर श्रीशैल नामक सिद्ध पर्वतपर ठहरे। वहीं विराट्रूप धारण कर पिनाक नामक धनुषको हाथमें ले उसपर अघोर नामक बाण लगाकर छोड़ा जिससे दग्ध होकर त्रिपुरके तीन खण्ड हो गये। उसे जर्जर करके शिवजीने नर्मदामें गिरा दिया। तीनों पुरोंके दग्ध हो जानेपर बाणासुरने शिवजीकी भारी स्तुति की जिससे वे प्रसन्न हो गये। उसने परिवारसहित इसी शरीरसे शिवलोककी प्राप्ति माँगी और पायी।

☞ ***'दच्छ, दच्छकुमारी'*** इति। पद्मपुराणमें लिखा है कि ब्रह्माजीने अपनेसे उत्पन्न अपने ही स्वरूपभूत स्वायम्भुवको प्रजापालनके लिये प्रथम मनु बनाया। इनकी दो कन्याएँ हुईं—प्रसूति और आकूति। मनुने प्रसूतिका विवाह दक्षके साथ कर दिया। प्रसूतिके गर्भसे पहले चौबीस कन्याएँ हुईं, जिनको धर्मने अपनी पत्नियोंके रूपमें ग्रहण किया। इनसे छोटी ग्यारह कन्याएँ और थीं जो १ ख्याति, २. सती, ३. सम्भूति, ४. स्मृति, ५. प्रीति, ६. क्षमा, ७. सन्नति, ८. अनुसूया, ९. ऊर्जा, १०. स्वाहा,

११. स्वधा नामसे प्रसिद्ध हुईं। इनको क्रमशः १. भृगु, २. शिव, ३. मरीचि, ४. अंगिरा, ५. पुलस्त्य, ६. पुलह, ७. क्रतु, ८. अत्रि, ९. वसिष्ठ, १०. अग्नि, ११. पितरोंने ग्रहण किया। यह भी लिखा है कि भृगु, पुलह, क्रतु, अंगिरा, मरीचि; दक्ष, अत्रि और वसिष्ठ ब्रह्माके, उन्हींके सदृश, मानसपुत्र हैं। ये नौ भी ब्रह्मा ही कहे जाते हैं। (संक्षिप्त प० पु०) (भा० ४।१।११) में भी यही बात मैत्रेयजीने विदुरजीसे कही है कि स्वायम्भुव मनुने अपनी तीसरी कन्या प्रसूतिका विवाह ब्रह्माजीके पुत्र दक्षप्रजापतिसे किया था। उसी अध्यायमें यह भी कहा है कि प्रसूतिसे दक्षने अति सुन्दरी सोलह कन्याएँ उत्पन्न कीं जिनमेंसे तेरह धर्मको, एक अग्निको, एक समस्त पितृगणको और एक शङ्करजीको दी। शङ्करपत्नीका नाम 'सती' था जिन्होंने युवावस्थाहीमें क्रोधवश योगके द्वारा अपने शरीरको त्याग दिया था।

गरुड़पुराणमें कथा इस प्रकार है कि 'ब्रह्माने सृष्टिकी कामनासे धर्म, रुद्र, मनु, भृगु तथा सनकादिको मानसपुत्रके रूपमें उत्पन्न किया। फिर दाहिने अँगूठेसे दक्षको और बायेंसे दक्षपत्नीको उत्पन्न किया जिससे दक्षको सोलह कन्याएँ उत्पन्न हुईं—श्रद्धा, मैत्री, दया, शान्ति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, मूर्ति, तितिक्षा, ह्री, स्वाहा, स्वधा और सती—(ये नाम (भा० ४।१) में आये हैं। स्वाहाका अग्निसे, स्वधाका पितृगणसे सम्बन्ध हुआ, प्रथम तेरहका धर्मसे।) रुद्रको सती प्राप्त हुईं।""""शिवजीने दक्षयज्ञ विध्वंस किया और शाप दिया कि तुम मनुष्य होकर ध्रुवके वंशमें जन्म लोगे। ध्रुवके वंशज प्रचेतागणने जब घोर तपस्या की तब उन्हें प्रजासृष्टि करनेका वर मिला और उन्होंने कण्डुकन्या मारिषाके गर्भसे दक्षको उत्पन्न किया। दक्षने चतुर्विध मानससृष्टि की, पर जब मानससृष्टिसे प्रजावृद्धि न हुई तब उन्होंने वीरण प्रजापतिकी कन्या 'असिक्नी' को ग्रहण किया और उससे सहस्र पुत्र और बहुत-सी कन्याएँ उत्पन्न कीं। इन्हीं कन्याओंसे कश्यप आदिने सृष्टि चलायी।'—(श० सा०) और पुराणोंमें भी इसी तरह कथा कुछ हेर-फेरसे है। कल्पभेदसे सभी कथाएँ ठीक हैं।

तेहि अवसर भंजन महिभारा। हरि रघुबंस लीन्ह अवतारा॥७॥
पिता बचन तजि राजु उदासी। दंडक बन बिचरत अबिनासी॥८॥

अर्थ—उस समय (उन्हीं दिनों) पृथ्वीका भार हरनेके लिये (दुःखके हरनेवाले भगवान्) हरिने रघुकुलमें अवतार लिया॥७॥ पिताके वचनसे राज्यको छोड़कर उदासी वेषसे वे अविनाशी भगवान् दण्डकवनमें विचर रहे थे॥८॥

टिप्पणी—१ *'तेहि अवसर भंजन महिभारा।"""'* इति। (क) *'तेहि अवसर'* अर्थात् उन्हीं दिनों त्रेतायुगमें जैसा पूर्व कह आये। यथा—*'एक बार त्रेताजुग माहीं।'* (ख) [अथवा, *'तेहि अवसर'* का अन्वय *'दंडक बन बिचरत अबिनासी।'* के साथ कर लें। चारों चरणोंका अन्वय एक साथ कर लेनेसे शंका नहीं रह जाती।] (ग) *'भंजन महिभारा'* और *'हरि'*से अवतारका हेतु बताया। पृथ्वीका भार उतारना अवतारका हेतु है, यथा—*'जगकारन तारन भव भंजन धरनी भार। की तुम्ह अखिल भुवनपति लीन्ह मनुज अवतार॥'* (कि० १) जो दुःखको हरे वही हरि है। राम ही हरि हैं; यथा—**'वन्देऽहं तमशेषकारणपरं रामाख्यमीशं हरिम्।'** (मं० श्लो०) (घ) *'रघुबंस लीन्ह अवतारा'* इति। रघुवंशमें अवतार लिया—इस कथनका भाव यह है कि रघुवंश धर्मात्मा कुल है; यथा—*'रघुबंसिन्ह कर सहज सुभाऊ। मनु कुपंथु पगु धरै न काऊ॥'* (बा० २३१) और यह अवतार धर्मकी रक्षाके लिये है।

नोट—१ पुनश्च, इस अवतारमें अनेक नीच योनियोंके प्राणियोंको गति देनी है, संतोंकी रक्षा करनी है, शरणमें आये हुओंको अभय प्रदान करना है और रघुकुल इन बातोंमें विख्यात है, उदार है, तेजस्वी है, प्रतापी है। अतः इस कुलमें अवतरे, जिसमें यह संदेह न हो कि ब्रह्मने अवतार लिया है, सब यही जानें कि मनुष्य हैं।

नोट—२ *'रघुबंस'* इति। इसे सूर्यवंश, इक्ष्वाकुवंश भी कहते हैं। ब्रह्माजीके प्रपौत्र विवस्वान् (सूर्य)

हुए जिनके पुत्र वैवस्वत मनु हुए। सम्भवतः इस कुलके पुरुषा विवस्वान् हैं, इसीसे इसे 'सूर्यवंश' कहते हैं। गोस्वामीजीने भी इन्हें रघुकुलगुरु कहा है, यथा—'*उदउ करहु जनि रबि रघुकुलगुर॥*' (२।३७) मनुके पुत्र इक्ष्वाकु हुए। (वाल्मी० १।७०) में इक्ष्वाकु महाराजको ही प्रथम राजा अयोध्याका लिखा है। इसीसे इसे इक्ष्वाकुवंश कहा जाता है। वंशपरम्पराएँ जो वाल्मीकीय और भागवतमें दी हैं उनमें बहुत अन्तर है जिसका कारण कल्पभेद ही जान पड़ता है। वाल्मीकीयमें इक्ष्वाकुसे दसवें मान्धाता, उन्नीसवें दिलीप, बाईसवें रघु महाराज और पैंतीसवें दशरथ महाराज हैं; और भागवतमें इक्ष्वाकुसे अठारहवें मान्धाता, अड़तीसवें दिलीप, तिरपनवें रघुजी और पचपनवें दशरथजी हैं। वाल्मीकीयमें रघुजी दिलीपजीके प्रपौत्र हैं। दिलीपके भगीरथ, भगीरथके ककुत्स्थ जिनके पुत्र रघु हुए। भागवतमें बहुत अन्तर है पर बड़े-बड़े राजाओंके नाम दोनोंमें हैं।

पद्मपुराणके उत्तरखण्डमें देवलमुनिने वैश्य शरभसे राजा दिलीपका वृत्तान्त यों बताया है कि—'जब सुदक्षिणा रानीसे कोई पुत्र उत्पन्न न हुआ, तब राजा शोचयुक्त हो गुरु वसिष्ठके पास गये और अपने आनेका कारण बताया। श्रीवसिष्ठजीने ध्यानद्वारा जानकर कारण बताया कि 'तुम इन्द्रकी सेवामें गये थे। परन्तु रानीके ऋतुकालका अतिक्रम न हो यह सोचकर राजमहलको लौटते समय उतावलीके कारण मार्गमें कल्पवृक्षके नीचे खड़ी हुई कामधेनुको तुमने प्रदक्षिणा करके प्रणाम नहीं किया जिससे उसने शाप दे दिया कि जबतक तू मेरी प्रसूती संतानकी सेवा न करेगा तबतक तुझे पुत्र न होगा।' और कहा कि हमारी नन्दिनी गौ उसकी प्रसूतीकी पुत्री है। तुम दोनों इसकी सेवा करो। वनमें इसकी सेवा तुम करो और आश्रमपर आनेपर रानी करें। दृढ़तापूर्वक नन्दिनीकी आराधना करते हुए राजाको इक्कीस दिन बीत गये। तब नन्दिनीको एक सिंहने पकड़ लिया। राजाने ज्यों ही बाण चलाना चाहा त्यों ही सिंहकी दृष्टि पड़ते ही वह जडवत् हो गया। तब राजाने प्रार्थना की कि मैं इसके बदले अपना शरीर समर्पण करता हूँ। यह सुनकर सिंह मौन हो गया और राजा उसके सामने मुँह नीचे किये हुए लेट गये और सिंहके द्वारा दुःसह आघातकी प्रतीक्षा कर रहे थे कि अकस्मात् उनपर आकाशसे फूलोंकी वृष्टि हुई। फिर 'बेटा! उठो!' यह सुनकर वह उठे तो वह नन्दिनी पास खड़ी थी, सिंह वहाँ न देख पड़ा। नन्दिनीने कहा कि मैंने ही मायासे सिंहका रूप धरकर तुम्हारी परीक्षा ली थी। तुम वर माँगो। वंशधर पुत्रका वर माँगनेपर नन्दिनीने कहा कि 'पत्तेके दोनेमें दूध दुहकर इच्छानुसार पी लो, इससे तुम्हें अस्त्र-शस्त्रोंके तत्त्वका वेत्ता पुत्र प्राप्त होगा।' पर इन्होंने उत्तर दिया कि आश्रमपर पहुँचनेपर वत्सके पी लेनेपर फिर गुरुजीके पूजन आदि समस्त धार्मिक क्रियाओंके अनुष्ठानसे बचे हुए आपके प्रसादस्वरूप दूधका ही पान करूँगा। इस प्रकार पूर्णमनोरथ होकर राजा-रानी दूसरे दिन अयोध्यापुरीको लौटे। कुछ दिनोंके बाद दिलीप महाराजके 'रघु' नामक पुत्र हुआ जिसके नामसे इस पृथ्वीपर सूर्यवंशकी ख्याति हुई अर्थात् रघु ऐसे प्रतापी राजा हुए कि उनके बाद सूर्यवंशका नाम ही रघुवंश हो गया।

कालिदासजीने भी 'रघुवंश' में दिलीप महाराजके पुत्रका नाम 'रघु' बताया है और सुरभि (कामधेनु) के शाप तथा नन्दिनीके प्रसादकी कथा भी दी है, जो सर्ग १ श्लोक ७५—७७ इत्यादिमें है। जब दिलीप महाराज निन्यानबे यज्ञ कर चुकनेके बाद फिर यज्ञ करने लगे तब इन्द्र डरा और उसने यज्ञका घोड़ा चुरा लिया। अश्वकी रक्षामें रघुजी नियुक्त थे। इन्होंने ऐसे अस्त्र-शस्त्र चलाये कि इन्द्रके प्राणोंपर आ बनी तब उसने वज्र चलाया। उससे एक क्षणभर रघुजी मूर्च्छित हो गये फिर तुरंत ही उठकर युद्ध करने लगे। इन्द्र विस्मित हो गया और इनके पराक्रमसे संतुष्ट हो उसने यज्ञपशुको छोड़ अन्य वर माँगनेको कहा। रघुजीने पिताके यज्ञकी पूर्तिका वर माँगा। यज्ञ पूरा हो गया। रघु महाराजने विश्वजित् यज्ञ करके सर्वस्व दान कर दिया। उसी समयकी बात है कि बरतन्तु ऋषिने अपने शिष्य कौत्सके हठ करनेपर उससे चौदह विद्याओंकी शिक्षाके बदलेमें चौदह करोड़ स्वर्णमुद्राएँ माँगीं। कौत्स घबड़ाकर महाराज 'रघु' के यहाँ आये

तो देखा कि वे सर्वस्व दान करके स्वयं मिट्टीके पात्रसे निर्वाह करते हैं। वे लौटने लगे तो राजाने आगमनका कारण पूछा और बतानेपर कहा कि मैं कल ही प्रातः कुबेरपर चढ़ाई करके तुम्हें इतना धन दूँगा। कुबेरको रातहीमें खबर मिली। वे डर गये और रात्रिमें ही उन्होंने स्वर्णमुद्राकी वर्षा की। राजाने कौत्सको वह सब दे दिया। इसी प्रकारकी उनके प्रतापकी अनेक कथाएँ हैं। इसीसे तबसे उस वंशका नाम 'रघुवंश' पड़ गया।

टिप्पणी—२ *'लीन्ह अवतार'* इति। *'लीन्ह'* शब्दसे सूचित करते हैं कि वे अविनाशी हैं, जन्म-कर्मरहित हैं, उन्होंने अपनी इच्छासे अवतार लिया, कर्मवश नहीं। यथा—*'निज इच्छा प्रभु अवतरइ सुर महि गो द्विज लागि।'* (कि० २६) *'निज इच्छा निरमित तनु माया गुन गोपार।'*, *'इच्छामय नर बेष सँवारें। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारें॥'* (बा० १५२)

'पिता बचन तजि राजु उदासी।'......' इति। (क) पिताके वचनोंकी रक्षाके लिये राज्य छोड़कर सबसे उदासी होकर दण्डकवनमें विचरते हैं; यथा—*'तापस बेष बिसेषि उदासी। चौदह बरिस रामु बनबासी॥'* (अ० २९) (ख) *'बिचरत'* शब्द देकर जनाया कि सुखसे वनवास कर रहे हैं।

नोट—३ राज्यका त्याग और वनवास दोनों कठिन काम हैं; परंतु आपने ये दोनों काम पिताके बद्ध वचन होनेसे उनके वचनोंको मानकर सुखपूर्वक किये—यह बात *'तजि राजु उदासी'* और *'दंडक बन बिचरत'* कहकर दर्शायी है। क्योंकि 'विचरण' और 'उदासीनता'—ये दोनों सुखके द्योतक हैं। यही बात ग्रन्थकारने अयोध्याकाण्डमें कही है; यथा—'प्रसन्नतां या न गताभिषेकतस्तथा न मम्ले वनवासदुःखतः। मुखाम्बुजश्री रघुनन्दनस्य मे सदास्तु सा मञ्जुलमङ्गलप्रदा॥' (मं० श्लो०) *'पितु आयसु भूषन बसन तात तजे रघुबीर। बिसमउ हरषु न हृदय कछु पहिरे बलकल चीर॥'* (अ० १६५) *'उदासी'* से राजपाटसे उदासीनता और निर्लोभता एवं हर्ष-शोकरहित मन भी सूचित होते हैं और उदासी वेष भी।

नोट—४ *'दंडक बन बिचरत'* अर्थात् दण्डकवनमें विचरना कहकर यह भी जनाया कि विशेषकर इसी वनमें फिर रहे हैं, जिसमें वहाँकी भूमि, वृक्ष, वन, लता और तृण आदि सभी आपका चरणरज पाकर पवित्र हो जायँ। अगस्त्यजीके *'दंडक बन पुनीत प्रभु करहू। उग्र श्राप मुनिबर कर हरहू॥'* इन वचनोंको सत्य कर रहे हैं, चरितार्थ कर रहे हैं (मा० प०)। *'दंडक बन'* इति। यह इक्ष्वाकुमहाराजके पुत्र दण्डकी राजधानी थी। इसने शुक्रकी पुत्री अरजाके साथ बलात्कार किया जिससे शुक्रजीने इसको शाप दिया। शापसे इसके राज्यके सब जीव-जन्तु, तृण-लता-वृक्ष हो गये। सारा राज्य नष्ट होकर भयानक वन हो गया। विशेष *'दंडक बन प्रभु कीन्ह सुहावन।'* दोहा ४ चौपाई ७ देखिये।

टिप्पणी—३ *'अबिनासी'* इति। अविनाशी विशेषण देकर खर-दूषण-वधकी कथा सूचित की कि सब (चौदह हजार अजर, अजय और देवताओं आदिसे भी अवध्य) राक्षस मारे गये और श्रीरघुनाथजीको कोई न मार सका; क्योंकि ये *'अबिनासी'* हैं। अथवा, प्रथम *'हरि रघुबंस लीन्ह अवतारा'* से अवतार होना कहा। परन्तु जिसका जन्म होता है उसका नाश (मरण) भी निश्चय ही होता है; यथा—'जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।' (गीता २।२७) अतः प्रथम अवतार कहकर फिर यह भी कहा कि ये *'अबिनासी'* हैं, इनका नाश नहीं होता। क्योंकि इनका अवतार निज इच्छासे होता है (जैसा ऊपर *'लीन्ह अवतारा'* की व्याख्यामें कह आये हैं), सब जीवोंकी तरह कर्मके वशसे नहीं होता। इनके जन्म-कर्म सभी दिव्य हैं।

नोट—५ मा० पत्रिकाकार लिखते हैं कि *''अबिनासी''* से जनाया कि *'जैसा नाच वैसी काँछ वा जैसी काँछ तैसा नाच'*—इस लोकोक्तिको पूरा कर दिखा रहे हैं, नहीं तो वे तो परब्रह्म हैं।

टिप्पणी—४ इस प्रसंगमें यहाँ *'तेहि अवसर भंजन महिभारा। हरि रघुबंस लीन्ह अवतारा॥'* यह बालकाण्डकी कथा है *' पिता बचन तजि राज उदासी'* यह अयोध्याकाण्डकी कथा है और *'दंडक बन बिचरत अबिनासी'* यह अरण्यकाण्ड है। यहाँतक चार चरणोंमें इतनी कथा कही गयी—(इससे अनुमान

होता है कि) श्रीअगस्त्यजीने श्रीशिवजीसे श्रीरामविरहतककी कथा कहा और फिर यह बोले कि वही श्रीरामजी इस समय दण्डकवनमें श्रीसीताजीको खोज रहे हैं—यह सुनकर श्रीशिवजी दर्शनकी इच्छासे मुनिसे बिदा माँगकर चले, जैसा आगे लिखते हैं। यथा—*'हृदय बिचारत जात हर केहि बिधि दरसनु होइ।'* ☞ यह सब बात अभिप्रायसे अनुमानित होती है। इस अभिप्राय तथा इस अनुमानका प्रमाण श्रीसनकादिजीके प्रसंगमें भी मिलता है। वहाँ कहा है कि—*'जानि समय सनकादिक आए। तेज पुंज गुन सील सुहाए॥'*......*'तहाँ रहे सनकादि भवानी। जहँ घटसंभव मुनिबर ग्यानी॥'* *'रामकथा मुनिबर बहु बरनी। ग्यान जोनि पावक जिमि अरनी॥'* (उ० ३२) यहाँ अगस्त्यजी सातों काण्डोंकी रामकथा कहकर श्रीसनकादिसे बोले कि इस समय श्रीरामचन्द्रजी राज्य कर रहे हैं, श्रीभरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और पवनकुमारसहित इस अवसरपर उपवनमें एकान्तमें हैं—यह सुनकर सनकादिजी अगस्त्यजीसे बिदा होकर श्रीरामचन्द्रजीके दर्शनार्थ श्रीअवधपुरीमें आये।

नोट—६ श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि—१ यहाँ (अवतार कहा किंतु) विवाहादि लीलाएँ नहीं कहीं। क्योंकि 'रामायणमें विवाहादि लीलाएँ केवल इसी अवतारकी हैं तथा पीछे उत्तरकाण्डमें जो राजतिलककी कथा है वह भी इसी अवतारकी लीला है। और जन्महेतु तथा वनयात्रासे लेकर रावणवधतकका प्रसंग 'अनेक अवतारोंकी संकीर्णतामें इस अवतारकी कथा विचित्र रीतिसे सूक्ष्म कही है।' इसीसे यहाँ इसे प्रकट कहा।

'दंडक बन बिचरत' से भरतागमनसे लेकर शूर्पणखाका रावणके पास जानेतककी कथा सूचित कर दी।

—पिता-बचन—

लोग यहाँ शंका किया करते हैं कि 'महाराज दशरथजीने तो अपने मुखसे कहा नहीं तब यहाँ *'पिता बचन'* कैसे लिखा ?'

वाल्मीकीयमें तो स्पष्ट कहा है। रहा इस ग्रन्थमें सो अनुमानसे वचन स्पष्ट जान पड़ते हैं—'मौनं सम्मतिलक्षणम्।' सत्यसन्ध श्रीरामजीके वचनोंसे भी आज्ञा सिद्ध है। यथा—*'तात बचन पुनि मातुहित भाइ भरत अस राउ। मो कहुँ दरस तुम्हार प्रभु सब मम पुन्य प्रभाउ॥'* (अ० १२५) *'कहेहु सत्य सब सखा सुजाना। मोहि दीन्ह पितु आयसु आना॥ बरष चारिदस बासु बन मुनिब्रत बेषु अहारु॥'* (अ० ८८) *'पिता दीन्ह मोहिं कानन राजू। जहँ सब भाँति मोर बड़ काजू॥'* (अ० ५३) *'मातु पिता गुर स्वामि निदेसू। सकल धरम धरनीधर सेसू॥ सो तुम्ह करहु करावहु मोहू।'* (अ० ३०६) *'हम पितु बचन मानि बन आए।'* (कि० २) *'पिता बचन मैं नगर न आवउँ।'* (लं० १०५) तथा *'राखेउ राउ सत्य मोहि त्यागी। तनु परिहरेउ पेम पन लागी॥'* *'तासु बचन मेटत मन सोचू।'* (अ० २६४) इत्यादि।

अब महाराज श्रीदशरथजीके वचन सुनिये—*'रामरूप गुन सील सुभाऊ। सुमिरि सुमिरि उर सोचत राऊ॥ राज सुनाइ दीन्ह बनबासू। सुनि मन भएउ न हरषु हरासू॥'* (अ० १४९) वनयात्रा कर देनेपर उन्होंने सुमन्तजीसे कहा है कि—*'रथ चढ़ाइ देखराइ बनु फिरेहु गए दिन चारि॥'* (८१) *'जौं नहिं फिरहिं धीर दोउ भाई। सत्यसंध दृढ़ ब्रत रघुराई॥ तौ तुम्ह बिनय करेहु कर जोरी। फेरिअ प्रभु मिथिलेस किसोरी॥'*—इन वचनोंसे स्पष्ट है कि उन्होंने आज्ञा दी। अगाध भक्ति और प्रेमके कारण आज्ञा देना ग्रन्थकारने स्पष्ट नहीं लिखा। भला प्रेममें वियोगके वचन मुखसे कैसे निकल सकते हैं?

पिता वचनबद्ध हो चुके थे। वे श्रीरामजीकी शपथ करके कैकेयीजीको वचन हार चुके थे। यथा—*'झूठेहुँ हमहिं दोषु जनि देहू। दुइ कै चारि मागि मकु लेहू॥ रघुकुलरीति सदा चलि आई। प्रान जाहुँ बरु बचनु न जाई॥'*......*'तेहि पर राम सपथ करि आई। सुकृत सनेह अवधि रघुराई॥'* (अ० २८)—तब वे उसके विरुद्ध कैसे कह सकते थे ? दशरथजीके सामने ही कैकेयीजीने श्रीरामजीसे कहा भी है कि—*'सुत सनेहु इत बचनु उत संकट परेउ नरेसु। सकहु त आयसु धरहु सिर मेटेहु कठिन कलेसु॥'* (अ० ४०) वरका माँगना और राजाका वर देना भी कहा था। कैकेयी अम्बाद्वारा उनकी आज्ञा भी प्रथम ही श्रीरामजीको

मालूम हो गयी थी। वचनबद्ध हो जानेसे वनवासकी आज्ञा स्पष्ट हो जाती है। फिर यहाँ तो मर्यादापुरुषोत्तम भगवान् श्रीरामचन्द्रजीकी उज्ज्वल कीर्ति जगमगा रही है कि इतनेहीसे (कैकेयी और वह भी सौतेली माँके कहनेमात्रसे) उन्होंने पिताकी आज्ञा मान ली, ऐसे गजबके वे पितृ-भक्त थे। उन्होंने यह न कहा कि सबके सामने तो उन्होंने हमें युवराज बनानेकी बात कही और इस समय भी हमसे तो उन्होंने कहा नहीं कि राज न देंगे, वनवास देते हैं, तब हम क्यों जायें? आपने इस परतः आज्ञाको आज्ञा मान ली। क्योंकि यदि आप उनके वचनबद्ध हो जानेपर और भरतको राज्य देनेको स्पष्ट कह देनेपर भी वनको न जाते तो अगाध भक्ति और प्रेमके कारण पिताका इस वरके ऋणसे स्पष्ट ही उद्धार न हो सकता और उनके सत्यव्रतमें भी बट्टा लग जाता। क्योंकि कैकेयीजी तो स्पष्ट शब्दोंमें कह चुकी थीं कि—

'होत प्रात मुनिबेष धरि जौं न राम बन जाहिं।

मोर मरनु राउर अजस नृप समुझिअ मन माहिं॥ ३३॥'

तथा फिर दूसरे वरके विषयमें कैकेयीसे बहुत कुछ प्रार्थना करनेपर भी जब उसने नहीं माना और अपनी हठ रखी तब उन्होंने यही कहा कि *'अब तोहि नीक लाग कर सोई।'*—इस तरह उन्होंने कैकेयीको आज्ञा सुना देनेकी भी इजाजत दे दी। यद्यपि आज्ञा सुनानेकी इजाजत होने-न-होनेका प्रभाव नहीं हो सकता।

☞ यह तो हुआ शंकाके अनुसार उसका समाधान। हमारी समझमें तो यह शंका ही निर्मूल है। *'पिता बचन……'* का अर्थ यह क्यों न लें कि—पिताने जो कैकेयीको वचन दिया था उसके कारण राज्यको त्याग कर। इसमें कोई शंका ही नहीं रह जाती और वास्तविक अर्थ भी यही है। पुनः अध्यात्मरामायणमें इस प्रसङ्गपर जो वचन श्रीरामजीने कैकेयीजीसे कहे हैं और जो कैकेयीजीने उनसे कहे हैं; यथा—**'किमिदं राज्ञो दुःखस्य कारणम्।'……त्वमेव कारणं ह्यत्र राज्ञो दुःखोपशान्तये। किञ्चित् कार्यं त्वया राम कर्तव्यं नृपतेर्हितम्॥ कुरु सत्यप्रतिज्ञस्त्वं राजानं सत्यवादिनम्……। सत्यपाशेन सम्बद्धं पितरं त्रातुमर्हसि॥ पुत्रशब्देन चैतद्धि नरकात् त्रायते पिता॥'**(२। ३। ५५-५८) (अर्थात्) श्रीरामजीने कैकेयीजीसे पूछा कि पिताके दुःखका क्या कारण है? उसने कहा कि दुःखके कारण तुम्हीं हो, उनके दुःखकी शान्तिके लिये तुम्हें कुछ उनका प्रिय कार्य करना होगा। तुम सत्यप्रतिज्ञ हो, उनको सत्यवादी बनाओ। उन्होंने मुझे दो वर दिये हैं जिनकी सफलता तुम्हारे हाथ है। सत्यपाशमें बँधे हुए अपने पिताकी रक्षा तुम्हें कर्तव्य है। 'पुत्र' शब्दका अर्थ ही है 'जो पिताकी नरकसे रक्षा करता है'। इसपर जो श्रीरामजीने कहा है, वह पुत्रोंके लिये सुवर्णाक्षरोंमें लिख लेनेकी बात है। वे कहते हैं—**'पित्रर्थे जीवितं दास्ये……। अनाज्ञप्तोऽपि कुरुते पितुः कार्यं स उत्तमः॥ उक्तः करोति यः पुत्रः स मध्यम उदाहृतः। उक्तोऽपि कुरुते नैव स पुत्रो मल उच्यते॥'** (२।३।६०-६१) (अर्थात्) पिताके लिये मैं प्राण दे सकता हूँ।……जो पुत्र पिताकी आज्ञाके बिना ही उनका अभीष्ट कार्य करता है वह उत्तम है। जो पिताके कहनेपर करता है वह मध्यम है और जो कहनेपर भी न करे वह विष्ठाके समान है। राम दो बात कभी नहीं कहता—**'रामो द्विर्नाभिभाषते।'** मैं आज्ञा अवश्य पूर्ण करूँगा—इन वचनोंसे शंका करनेवालोंको उपदेश लेना चाहिये कि 'उत्तम' पुत्रका यही लक्षण है जो श्रीरामजीने अपने आचरणसे दिखाया है। उन्होंने केवल वचनबद्ध होनेसे ही पिताकी आज्ञाका आशय समझकर उनकी आज्ञाका पालन किया। मर्यादापुरुषोत्तम हमलोगोंको आचरणद्वारा उपदेश दे रहे हैं।

दो०—हृदय बिचारत जात हर केहि बिधि दरसनु होइ।

गुप्त* रूप अवतरेउ प्रभु गएँ† जान सबु कोइ॥

---

* गुपुत—१७२२, १७६२, छ०, कोदवराम। गुप्त—१६६१, १७०४। † गए—छ०, कोदवराम। गये—१७२१, १७६२।

सो०—संकर उर अति छोभु सती न जानहिं मरमु सोइ।
तुलसी दरसन लोभु मन डरु लोचन लालची॥ ४८॥

शब्दार्थ—गएँ=जानेसे। छोभु (क्षोभ)=खलबली, उद्वेग, चित्तकी विभिन्न गति होना। स्थिर न होना।

अर्थ—श्रीशिवजी हृदयमें विचारते हुए चले जाते हैं कि किस प्रकार (प्रभुके) दर्शन हों। प्रभु (परात्पर ब्रह्म श्रीरामजी) ने गुप्तरूपसे अवतार लिया है। (वहाँ उनके समीप मेरे) जानेसे सब लोग उन्हें जान जायेंगे। तुलसीदासजी कहते हैं कि शङ्करजीके हृदयमें बड़ी ही खलबली (पड़ी) है, दर्शनकी लालसासे नेत्र ललचा रहे हैं, (परंतु) मनमें डर (भी) है। सतीजी इस मर्म अर्थात् शिवजीके हृदयके रहस्यको—उनकी खलबलीको नहीं जानतीं॥ ४८॥

टिप्पणी—१ *'हृदय बिचारत जात हर'* हृदयमें विचारते चले जाते हैं, इस कथनका तात्पर्य यह है कि यह बात प्रकट करनेयोग्य नहीं है, इसीसे सतीजीसे भी नहीं कहते, मन-ही-मन विचार कर रहे हैं। २-*'केहि बिधि दरसनु होइ'* से जनाया कि दर्शनकी कोई विधि नहीं बैठती। यही बात आगे कहते हैं,—*'गुप्त रूप……'*।

☞ नोट—१ भगवान् शङ्कर परम भागवत हैं। वैष्णवशिरोमणि हैं; यथा—*'वैष्णवानां यथा शम्भुः'*। आप श्रीरामजीके दर्शनोंके लिये अवसरपर कभी नहीं चूकते। किसी-न-किसी विधिसे अवश्य दर्शनोंको आया-जाया करते हैं, प्रभुके जन्मपर शिशु-रामके दर्शनोंके लिये आगमी बनकर आये। यथा—*'अवध आजु आगमी एकु आयो। करतल निरखि कहत सब गुनगन बहुतन परचो पायो॥ १॥ बूढ़ो बड़ो प्रमानिक ब्राह्मन संकर नाम सुहायो।'*, (गीतावली बा० १४) *'औरो एक कहौं निज चोरी। सुनु गिरिजा अति दृढ़ मति तोरी॥ काकभुसुंडि संग हम दोऊ। मनुज रूप जानै नहिं कोऊ॥ परमानंद प्रेमसुख फूले। बीथिन्ह फिरहिं मगन मन भूले॥'* (बा० १९६) कभी योगी बने, कभी अपने निजरूपसे दर्शन करने आये। विवाह, रावण-वध और राज्याभिषेक आदि सुअवसरोंपर आपका श्रीरामदर्शनार्थ जाना गीतावली और रामचरितमानसमें बराबर पाया जाता है।

इस समय दण्डकारण्यसे ही आपका कैलासकी ओर जाना हो रहा है। और प्रभु भी इस समय दण्डकवनहीमें विचर रहे हैं। इतने निकट होनेपर भी अपने इष्टदेवका दर्शन न करें—यह मन मानता नहीं। यदि दर्शन करनेको समीप जायँ और उनको प्रणाम न करें तो प्रभुका अनादर होगा—अपमान होगा। यदि जाकर उनको प्रणाम करते हैं तो सब जान जायँगे कि ये परब्रह्म परमेश्वर हैं, शिवजीके इष्ट हैं, तभी तो शिवजीने इनको प्रणाम किया। इससे स्वामीको संकोच होगा।

इस प्रकार शङ्करजी असमंजसमें पड़े हैं। स्वामीको संकोच न होने देना—यह उत्तम सेवकका धर्म है। देखिये, भरतजीके विषयमें कहा है कि *'भरत सरिस को राम सनेही'* सो उन्हीं भरतजीके वाक्य हैं कि *'जो सेवकु साहिबहि सँकोची। निज हित चहइ तासु मति पोची॥'* *'अब कृपाल मोहि सो मत भावा। सकुच स्वामि मन जाइ न पावा॥'* (अ० २६८-२६९) 'श्रीशङ्करजीका भी यही सिद्धान्त यहाँ सिद्ध होता है, वे भी स्वामीको संकोचमें डालना सेवक-स्वामि धर्मके विरुद्ध मानते हैं—इसीलिये अनेक युक्तियाँ मनमें सोचते हैं पर कोई युक्ति ठीक नहीं जँचती।

टिप्पणी—२ *'गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु गएँ जान सब कोइ।'* इति। (क) अर्थात् परब्रह्मने अपना ऐश्वर्य छिपाकर मनुष्यरूपसे अवतार लिया है। वे अपना ऐश्वर्य प्रकट करना नहीं चाहते। (रघुवंशमें इक्ष्वाकु, मान्धाता, रघु और दिलीप आदि एक-से-एक बड़े-बड़े प्रतापी, तेजस्वी और शरणागतरक्षक तथा धर्मात्मा राजा हुए हैं। ब्रह्मने उसी कुलमें अवतार लिया जिसमें आपके बल, पराक्रम, पुरुषार्थ, तेज और प्रताप

गएँ—१६६१, १७०४। ☞ अनुस्वारकी उपयोगिता यहाँ अर्थ लगानेमें देखिये। अनुस्वार न होता तो 'जान गये' ऐसा ही अर्थ प्रायः लगाया जाता।

आदिको देखकर किसीको आपके ब्रह्म होनेका गुमान भी न हो; सब आपको अवधेशकुमार ही समझें। बाल-लीला, स्त्री-वियोग-विरहमें विलापादि नरनाट्य इसीलिये हैं कि कोई भाँप न सके कि ये ब्रह्म हैं।) गुप्तरूपसे क्यों अवतरे ? अपनेको प्रकट क्यों नहीं करते ? यह छिपाव क्यों ?—इसका कारण अगली अर्धालीमें देते हैं—*'रावन मरन मनुज कर जाचा।'* (ख) *'गएँ जान सबु कोइ'* का भाव कि अभी सब कोई नहीं जानता। हमारे जानेसे उनका ऐश्वर्य सब कोई जान लेगा। इस तरह *'गुप्तरूप''''''कोइ'* का भाव यह हुआ कि हमारा प्रभुके पास जाना उनकी रुचिके प्रतिकूल है और विधिके भी प्रतिकूल है। क्योंकि उनका वचन असत्य हो जायगा।

टिप्पणी—३ *'संकर उर अति छोभु''''''* *'*इति। विचार करनेमें 'हर' नाम दिया। जीवोंके क्लेशके हरनेवाले हैं। अपने भक्त रावणका भी उद्धार हो और समस्त प्राणियोंका संकट मिटे, पृथ्वीका भार उतरे—इसीसे विचार करते हैं। 'हर' संहारके देवता हैं। राक्षसोंका संहार भी आपको इष्ट है। अवतार गुप्त रखनेसे लोकमात्रका हित है, रावणादिका और देवताओं, मुनि, विप्र, धरणी आदि सभीका हित चाहते हैं, अतः शङ्कर नाम भी दिया। स्वयं असमंजसमें पड़कर भी परोपकार ही करते हैं।

टिप्पणी—४ *'सती न जानहिं मरमु सोइ'* इति। यहाँ दिखाया कि शङ्करजीके हृदयकी बात सतीजी भी नहीं जानतीं और आगे बतायेंगे कि सतीजीके हृदयकी बात शङ्करजी जान गये। यथा—*'जद्यपि प्रगट न कहेउ भवानी। हर अंतरजामी सब जानी॥'* (५१) [सतीजीने मन लगाकर कथा सुनी होती तो कुछ मर्म समझतीं। वि० त्रि०]

टिप्पणी—५ *'तुलसी दरसन लोभु मन डरु''''''* *'* इति। (क) ☞ सुन्दर अवसर पाकर कवि चूकता नहीं, अपना सम्बन्ध लगा ही देता है। वैसे ही यहाँ भी दर्शनके लोभमें आप भी शामिल हो गये। अर्थात् हमको भी दर्शनकी लालसा है, हमारे भी नेत्र लालायित हो रहे हैं। ग्रन्थकारकी अपना सम्बन्ध लगानेकी रीति है। उदाहरण यथा—*'मन संतोषे सबन्हि के जहँ तहँ देहिं असीस। सकल तनय चिरजीवहु तुलसिदासके ईस॥'* (१९६)*'तुलसिदास जिय जानि सुअवसर भक्ति दान बर माँगि लये।'* (गीतावली) इत्यादि।

(ख) *'मन डरु'* इति। ऐश्वर्य प्रकट करना प्रभुकी इच्छाके प्रतिकूल होगा। ऐश्वर्य खुलनेका डर है। इससे प्रभुको संकोच होगा; क्योंकि यदि ऐश्वर्य प्रकट हो जानेपर रावणका वध करें तो अपने भक्त ब्रह्माका वचन असत्य हो जायगा, उनकी प्रतिष्ठा जाती रहेगी।

(ग) *'लोचन लालची'* इति। दर्शनका लालच तो मन और लोचन दोनोंको ही होता है; यथा—*'पितु दरसन लालचु मन माहीं॥'* (बा० ३०७)*'देखि रूप लोचन ललचाने। हरषे जनु निज निधि पहिचाने॥'* (बा० २३२)*'दरस लागि लोचन अकुलानें।'* (२२९) इत्यादि। पर यहाँ मन ऐश्वर्य खुलनेको डर रहा है, इसीसे यहाँ मनका ललचाना न कहा, केवल नेत्रोंका ललचाना कहा।

नोट—२ श्रीरामजी क्यों अपनेको प्रकट नहीं करना चाहते यह तो उनके अतिरिक्त कोई नहीं जानता। अवतार किन कारणोंसे होता है, यह भी प्रायः कोई नहीं जान सकता। यथा—*'हरि अवतार हेतु जेहि होई। इदमित्थं कहि जाइ न सोई॥'*(१।१२१) यदि कहें कि रावण-वधके ही लिये अवतार हुआ तो उसका वध तो साठ वर्षकी भी अवस्था उनकी न थी तभी कर डाला था। फिर कम-से-कम ग्यारह हजार वर्षतक वे क्यों श्रीअयोध्याका राज्य करते रहे? रावण-वध करके चले जाना था, जैसे कि हिरण्याक्ष, हिरण्यकशिपु आदिके लिये अवतार लेकर चले गये थे। रावण-वधके पश्चात् भी तो उन्होंने अपने अवतारको अन्ततक गुप्त ही रखा है। खास-खास भक्तोंको ही जनाया है। तब रावण-वधके लिये ही ऐश्वर्यका गुप्त रखना कैसे कहा जाय ? दोहा ४८ में यहाँ और आगे भी टिप्पणियों और लेखोंमें जो यह कहा है कि ईश्वरता प्रकट होनेसे विधिका वचन असत्य हो जायगा—यदि इसका यह तात्पर्य है कि तब रावणका वध न हो सकेगा तो हमें इस भावकी यथार्थतामें सन्देह होता है। अतः हमें *'बिधि बचन'* शब्दपर विचार करना होगा। रावणने वर माँगा है कि—*'हम काहू के मरहिं न मारे। बानर मनुज जाति दुइ बारे॥'* (१।१७७) और ब्रह्माजीने 'एवमस्तु'

कहा। फिर यह भी कहते हैं कि *'रावन मरन मनुज कर जाँचा'* और लङ्काकाण्डमें रावणने अङ्गदसे कहा है कि—*'नर कें कर बध आपन बाँची। हँसेउँ जानि बिधि गिरा असाँची॥'* (६। २९)

इन तीनों स्थलोंमें कहीं भी ऐसा उल्लेख नहीं है कि भगवान्, देवता, ब्रह्म आदि कोई मनुष्य या वानररूप न धारण करें; यदि वे मनुष्य या वानर बनकर आवें तो मैं न मरूँ। जहाँतक महात्माओं, विद्वानोंके सत्सङ्गसे मालूम हुआ कहीं किसी ग्रन्थमें रावणने यह शर्त नहीं लगायी और न ब्रह्माजीने ऐसा वर दिया। तब यदि वह जान भी जाय कि ये ब्रह्म ही हैं तो भी उसके वधमें बाधा कैसे पड़ सकती है? फिर जिन रामायणोंमें ऐसा उल्लेख है कि रावणको निश्चय हो गया था कि ये ब्रह्म ही हैं (जैसे कि अध्यात्मके कल्पके रावणको हुआ) तो उन कल्पोंमें रावणका वध फिर क्योंकर हुआ? रावण तो यह चाहता ही था कि उनके हाथोंसे वध हो, जिसमें फिर संसारमें न पड़ना हो। फिर यह भी देखिये कि अवतार गुप्त कहाँ रहा। विभीषणजी, मन्दोदरीजी, माल्यवान्, मारीच, कुम्भकर्ण—ये सभी तो जानते थे और सबने रावणसे कहा भी। 'नर या मनुज' का अर्थ यही है कि जो शिशु, कुमार, किशोर, पौगण्ड आदि अवस्थाओंको प्राप्त हो, दुःख-सुखमें उनके अनुकूल व्यवहार करे, जिसके श्वासोच्छ्वास-निमेष आदि मनुष्यमें देख पड़नेवाले लक्षण देखनेमें आते हों और प्रभु वैसा ही सब नर-नाट्य कर ही रहे हैं तब रावणका वध कैसे न होगा ? शिवजी कह रहे हैं कि—*'प्रभु बिधि बचन कीन्ह चह साँचा'* ब्रह्माके वचन सत्य करना चाहते हैं। वे यह नहीं कहते कि ऐश्वर्य खुल जानेसे विधिके वचन असत्य हो जायँगे। ब्रह्माके वचन सत्य करनेके लिये ही वे मनुष्यका स्वाँग (विलाप आदि) कर रहे हैं—इतना ही मात्र यहाँ अभिप्रेत है। नर-नाट्यमात्रसे विधिके वचन सत्य हो जाते हैं; क्योंकि ब्रह्ममें तो ये अवस्थाएँ और विकार होते ही नहीं।

☞ हमारी समझमें *'गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु……'* का सम्बन्ध इन चौपाइयोंसे नहीं है, इसीसे ग्रन्थकारने भी एक सोरठा बीचमें देकर दोनोंको पृथक् कर दिया है। गुप्त रखनेका कारण एक तो यही है कि तब नर-नाट्यकी शोभा न रह जायगी और लीलाका रस भङ्ग हो जायगा। ईश्वरका चरित होनेसे वह मनुष्योंके लिये अनुकरणीय न होगा और आदर्श मनुष्य, आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई इत्यादि होनेसे वह मनुष्योंके लिये अनुकरणीय होगा।

रावन मरनु मनुज कर जाचा। प्रभु बिधि बचनु कीन्ह चह साचा॥ १॥
जौ नहिं जाउँ रहै पछितावा। करत बिचारु न बनत बनावा॥ २॥

अर्थ—रावणने अपना मरण (मृत्यु) मनुष्यके हाथसे माँगा है। प्रभु ब्रह्माके वचनको सत्य करना चाहते हैं॥ १॥ यदि मैं (दर्शनको) नहीं जाता तो पछतावा (पश्चात्ताप) बना रह जायगा। (शङ्करजी इस प्रकार अनेक) विचार कर रहे हैं पर कुछ 'बनाव' (युक्ति वा, बनाया) नहीं बनता॥ २॥

टिप्पणी—१ *'रावन मरनु मनुज कर जाचा।……'* इति। *'गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु'* का (अर्थात् अपना ऐश्वर्य छिपाये हुए, प्राकृत मनुष्य बने हुए चरित्र क्यों कर रहे हैं, इसका) कारण यहाँ खोलकर कहते हैं। [शिवजी मन-ही-मन सोच रहे हैं कि—'रावणकी तपस्यापर रीझकर ब्रह्माजीने उससे वर माँगनेको कहा तब उसने वर माँगा कि—*'हम काहू के मरहिं न मारे। बानर मनुज जाति दुइ बारे॥'* (बा० १७७) और ब्रह्माजीने उसको यह वर दिया, यथा—*'एवमस्तु तुम्ह बड़ तप कीन्हा। मैं ब्रह्मा मिलि तेहि बर दीन्हा॥'* (१७७) ☞ रावणने तो वर माँगा कि *'बानर'* और *'मनुज'* इन दो जातियोंको छोड़कर किसी औरसे मेरी मृत्यु न हो; क्योंकि वह जानता था कि नर और वानर तो हमारे नित्यके आहार हैं, ये तुच्छ जन्तु हमारा क्या कर सकते हैं। पर यहाँ कहते हैं कि रावणने अपना मरण *'मनुज'* के हाथ माँगा है। इसका सामञ्जस्य इस प्रकार होता है कि रावणने दोको छोड़ा; विधाताने *'मनुज'* से निश्चय कर दिया। कह दिया कि इन दोको छोड़ अन्यसे मृत्यु न होगी, इनमेंसे भी *'मनुज'* से होगी—यह कह उसके ललाटमें *'मनुज'* के हाथ मृत्यु होना लिख दिया। इसका प्रमाण लं० २९ (२) *'नर कें कर आपन बध*

बाँची। हँसेउँ जानि बिधि गिरा असाँची॥' में मिलता है तथा यहाँ केवल *'मनुज'* शब्द देनेसे *'हँसेउँ जानि बिधि गिरा असाँची'* से स्पष्ट है कि वह ब्रह्माके वचनको असत्य करना चाहता था। वर पाकर उसने समस्त देवताओं आदिको जीत लिया; यथा—*'भुजबल बिस्व बस्य करि राखेसि कोउ न सुतंत्र। मंडलीक मनि रावन राज करै निज मंत्र॥'* (बा० १८०) इन्द्रादि देवता तो उसके बन्दीखानेमें सड़ने लगे, ब्रह्मा और शिव भी उससे डरते थे। भगवान् विष्णु भी उसका कुछ न बिगाड़ सके; यथा—*'की मैनाक कि खगपति होई। मम बल जान सहित पति सोई॥'* (अ० २९) तब भला बेचारे मनुष्य किस गिनतीमें हैं?—यह विचार कर प्रभुने स्वयं 'मनुजरूप' धारणकर रावण-वध करनेका निश्चय किया।] 'मनुजरूप' धारण किया और प्राकृत मनुष्योंके-से चरित्र कर रहे हैं, क्योंकि रावणको मारना है—(कोई और मनुष्य उसका वध नहीं कर सकता)—जिसमें ब्रह्माके वचन सत्य हो जायँ कि रावण मनुजके हाथ मारा गया।

नोट—१ मुं० गुरुसहाय लाल तथा पं० शिवलाल पाठकजी *'मनुज'* का अर्थ 'मनुसे उत्पन्न' करते हैं। मयंककार लिखते हैं कि—'रामचन्द्रजी साधारण मनुष्य नहीं हैं। अतएव उनको *'मनुज'* कहना पाप है। वे मनु-शतरूपाजीके प्रेमसे उत्पन्न हुए, अतएव उनको *'मनुज'* कहना योग्य है, परन्तु साधारण भावसे नहीं। रावणके वर माँगनेमें भी चतुरता है। वह *'मनुज'* से मृत्यु माँगता है, क्योंकि प्रभुने मनुको वर दिया है कि हम तुम्हारे यहाँ पुत्ररूपसे अवतार लेंगे।'—*'होइहहु अवध भुआल तब मैं होब तुम्हार सुत।'* (५१)

टिप्पणी—२ *'प्रभु बिधि बचनु कीन्ह चह साचा।'* इति। *'प्रभु'* कहनेका भाव कि समर्थ होकर भी उन्होंने ऐसी हीनता धारण की कि नर बने और प्राकृत नरचरित—विलाप आदि किये। *'कीन्ह चह साचा'* का भाव कि प्रभु अपने भक्त ब्रह्माके वचनको सत्य करना चाहते हैं तो हमको वह काम करना उचित नहीं, जिसमें उनका वचन असत्य हो जाय। ☞यद्यपि वर देनेमें शिवजी भी शामिल थे; यथा—*'मैं ब्रह्मा मिलि तेहि बर दीन्हा।'* तथापि वे अपना नाम यहाँ नहीं लेते। *'बिधि बचन'* सत्य करना चाहते हैं—इससे स्पष्ट कर दिया कि ब्रह्माने मनुष्यके हाथ मृत्युका निश्चय किया था।

नोट—२ यहाँ *'प्रभु'* पद बड़ा महत्त्वपूर्ण है। जिससे जनाते हैं कि आप रावण-वधके लिये वैसे ही समर्थ थे, अवतार लेनेकी भी आवश्यकता न थी। यथा—*'जाकें डरु अति काल डेराई। जो सुर असुर चराचर खाई॥'* (सुं० २२)*'उमा काल मरु जाकी ईछा। सो प्रभु जन कर प्रीति परीछा॥'* (लं० १०१)*'प्रभु सक त्रिभुवन मारि जियाई। केवल सक्रहि दीन्हि बड़ाई॥'* (लं० ११३) तथा *'भृकुटि बिलास सृष्टि लय होई॥'* (अ० २८) जब आपके भृकुटिके इशारेमात्रसे *'सृष्टि'* लय होती है, तब भला रावणका वध कितनी बात थी? प्रभुने केवल ब्रह्माको बड़ाई (यश) देनी चाही, उनकी बात रखनी चाही; इसलिये *'मनुज'* रूप और उसका स्वाँग धारण किया। यहाँतक कि उन्होंने ब्रह्मादिसे भी अपना ऐश्वर्य छिपाना चाहा।

देखिये, आजकल भी चार-छः रुपये वेतन पानेवाला एक चौकीदार भी यदि कुछ अनुचित भी कर्म करता है तो भी ऊपरके कर्मचारी, राज्याधिकारी उसकी बात रखते हैं। कलेक्टर, मैजिस्ट्रेट, गवर्नर, वाइसराय आदि यदि कभी कोई अन्याय कर डालते हैं तो उसपर जनताकी हाय-हाय सुनकर भी राजा उसको अन्यथा नहीं करता। ओडायर और कर्जनके कर्म सभी जानते हैं, जलियानवाला बाग़का हाल छिपानेसे भी न छिपा इत्यादि। पर हाय-हायसे हुआ क्या ? यह क्यों ? केवल राज्यकी मान-मर्यादाकी स्थितिके लिये।

जब प्राकृत राजाओंका यह हाल है तब भला अखिलब्रह्माण्डनायकमें यह (अपने परम अधिकारी, कर्मचारियों और भक्तोंके वरदानके वाक्योंकी रक्षा वा पूर्ति करनेका) गुण होनेमें आश्चर्य ही क्या ? वे तो श्रुतिसेतुपालक हैं ही, सबकी मर्यादा क्यों न रखेंगे ? ब्रह्मा, विष्णु और महेश आदि उन्हींके बनाये हुए अधिकारी ही तो हैं; यथा—*'हरिहरहि हरता बिधिहि बिधिता श्रियहि श्रियता जेहि दई। सोइ जानकीपति मधुर मूरति मोदमय मंगलमई॥'* (वि० १३५) यदि ब्रह्माका वचन सत्य न हो तो कोई तप आदि करेगा क्यों? तथा उनको मानेगा क्यों?

टिप्पणी—३ *'जौं नहिं जाउँ रहै पछितावा।'* इति। ☞यहाँतक शिवजीके विचारकी सीमा दिखायी, उनके हृदयकी खलबली कही। प्रथम कहा था कि *'हृदय बिचारत जात हर केहि बिधि दरसनु होइ'* यह विचारका उपक्रम है और *'करत बिचार न बनत बनावा'* यहाँ उपसंहार है। *'केहि बिधि दरसनु होइ'* से *'रहै पछितावा'* तक सब हृदयके विचार हैं। प्रथम कह आये कि *'गएँ जान सब कोइ'* जानेसे सब कोई उनको जान जायगा। और न जानेसे क्या हानि होगी सो यहाँ कहते हैं कि *'रहै पछितावा'।* पछतावा रह जायगा कि 'स्वामीके इतने समीप पहुँचकर भी दर्शन न किये, चले आये। वनमें एकान्तका दर्शन था और वह भी बिना परिश्रमका, अनायास, ऐसा भी सुन्दर अवसर हाथसे निकल जाने दिया।' (वै०) पुनः, *'रहै पछितावा'* का भाव कि वह पश्चात्ताप किस कामका ? व्यर्थ ही तो होगा ? यथा—*'समय चुकें पुनि का पछितानें।'* (बा० २६१) अभागे ही पीछे पछताते हैं; यथा—*'फिरि पछितैहसि अंत अभागी।'* (अ० ३६) *'अहह मंद मनु अवसर चूका। अजहुँ न हृदय होत दुइ टूका॥ मीजि हाथ सिर धुनि पछिताई।'* (अ० १४४)—यह पछतानेका एक स्वरूप है—(यहाँतक मनमें शंका-समाधानका उठना 'वितर्क संचारी भाव' है। ब्रह्माके वचन सत्य करनेके लिये *'ध्वज कुलिस अंकुस कंज जुत'* चरणोंसे वनके काँटोंमें घूम रहे हैं, ऐसी भक्तानुग्रहकारिणी अवस्थामें यदि भक्तवत्सल प्रभुकी इस अवस्थाकी झाँकीका दर्शन न किया तो पछतावा रह जायगा। वि० त्रि०)

टिप्पणी—४ *'न बनत बनावा'* इति। अर्थात् न तो दर्शन करते बने और न दर्शन छोड़ते ही बने। *बनावा*=बनाव, युक्ति तदबीर।=बनाया, बनाते। बनाये न बनना मुहावरा है अर्थात् कोई एक बात निश्चित नहीं हो पाती कि जायँ या न जायँ। पुनः भाव कि पूर्व कहा था *'केहि बिधि दरसनु होइ'* अर्थात् दर्शनकी *'बिधि'* पर विचार करते चले। और यहाँ कहते हैं—*'करत बिचार न बनत बनावा॥'* अर्थात् विधिका विचार करते तो हैं पर दर्शनकी *'बिधि'* का बनाव नहीं बनता। कोई युक्ति मनमें नहीं बैठती। ☞मिलान कीजिये—*'एकउ जुगुति न मन ठहरानी। सोचत भरतहि रैनि बिहानी॥'* (अ० २५३)

एहि बिधि भए सोचबस ईसा। तेहीं समय जाइ दससीसा॥ ३॥
लीन्ह नीच मारीचहि संगा। भएउ तुरत सो कपट कुरंगा॥ ४॥

अर्थ—इस प्रकार शिवजी सोचके वश हुए। अर्थात् चिन्ताग्रस्त हो गये। उसी समय नीच रावणने जाकर नीच मारीचको साथ लिया। वह (मारीच) तुरत ही मायाका हिरन बन गया। ३-४।

टिप्पणी—१ *'एहि बिधि भए सोच बस ईसा'* इति। (क)—*'एहि बिधि'* अर्थात् जैसा *'हृदयँ बिचारत जात'* से यहाँतक कह आये उस प्रकार। [दूसरा अर्थ एक यों भी हो सकता है कि—'इस *'बिधि'* के सोचके वश हो गये।'] (ख)—*'भए सोच बस'*—ब्रह्म राम (अपने इष्टदेव) के दर्शनकी विधि न बैठी, कोई युक्ति मनमें न जँची यह बड़े सोचकी बात है ही। अतः सोचवश होना कहा। (ग)—[*'ईसा'* इति। ईश एवं ईश्वर शब्द गोस्वामीजीने प्रायः महादेवजीके लिये प्रयुक्त किया है; यथा—*'भएउ ईस मन छोभु बिसेषी। नयन उघारि सकल दिसि देखी॥'* (१।८७) *'मुधा बचन नहिं ईस्वर कहई।'* (७।४९) इत्यादि। ईशका अर्थ है 'ईश्वर' 'समर्थ'। यहाँ यह शब्द सामर्थ्य सूचित करता है। 'ईश', 'ईश्वर' और 'ईशान' ये तीनों शिवजीके नाम अमरकोषमें मिलते हैं; यथा—'शम्भुरीशः पशुपतिः शिवः शूली महेश्वरः। ईश्वरः शर्व ईशान........।' (१।१।३२) ईश ऐश्वर्य धातु है। 'ईष्टे तच्छील ईशानः।' अर्थात् जो समर्थ या ऐश्वर्यवान् होता है वही ईश, ईश्वर और ईशान है। *'सोचबस'* के साथ 'ईश'—शब्द बड़ा ही मजेदार है, रोचक है, सुन्दर है। भाव यह है कि शिवजी-ऐसे समर्थ भी इस समय 'सोच' के फंदेमें पड़ गये हैं, उससे छुटकारा नहीं पाते, सोचमें निमग्न हैं, जैसे कोई समर्थ किसी शत्रुके वशमें अनायास पड़ जाय और उससे छूटनेका उपाय न सूझ पड़े। *'बस भए'* से जनाते हैं कि बहुत देरतक सोचमें मग्न रहे।] *सोच*=असमंजसपूर्वक विचार। (वै०)

टिप्पणी—२ *'तेहीं समय जाइ दससीसा।.......'* इति। (क) *'तेहीं समय'* कहकर पूर्वप्रसंगसे सम्बन्ध मिलाते हैं। इस तरह कि—*'तेहि अवसर....... । पिता बचन तजि राज उदासी। दंडक बन बिचरत अबिनासी॥'*

(४८।७-८)·······*'तेहीं समय'*······· *।'* अर्थात् जब भगवान् रामचन्द्रजी दण्डकारण्यमें उदासी वेषसे सुखपूर्वक विचरण कर रहे थे, उसी समय रावणने सीताजीका हरण किया। *'दंडक बन बिचरत'*······· *'* तक कहकर वक्ता बीचमें शिवजीके हृदयका विचार और सोच वर्णन करने लगे थे, क्योंकि ग्रन्थकार तो एक ही हैं। अब पुनः वहींसे प्रसंग उठाते हैं। [*'दससीसा'* से उसकी निर्भयता दर्शित की। यथा—*'हैं काके द्वै सीस ईसके जो हठि जन की सीम चरै।'* (वि० १३७। वि० त्रि०)]

टिप्पणी—३ *'लीन्ह नीच मारीचहि संगा।'* इति। (क) उसी समय दशशीशने जाकर मारीचको संगमें लिया, इस कथनसे पाया गया कि रावण लङ्कासे मारीचके स्थानपर अकेला आया। यथा—*'चला अकेल जान चढ़ि तहवाँ,। बस मारीच सिंधुतट जहवाँ॥'* (अ० २३)*'कवन हेतु मन ब्यग्र अति अकसर आएहु तात।'* (अ० २४)। ☞(ख) *'नीच'* विशेषण रावण और मारीच दोनोंमें लगता है। वक्ताओंने यह शब्द रावणके लिये अरण्य और लङ्काकाण्डमें भी प्रयुक्त किया है। यथा—*'दसमुख गएउ जहाँ मारीचा। नाइ माथ स्वारथरत नीचा॥'* (अ० २४) तथा *'बानप्रताप जान मारीचा। तासु कहा नहिं मानेहि नीचा'*। (लं० ३५) (मंदोदरीवाक्य रावणप्रति)। चोरीसे परस्त्रीको हरण करने चला, इसीसे रावणको नीच कहा। परस्त्रीहरण करना नीचता है।

नोट—*'नीच'* शब्द यहाँ मारीच शब्दसे सटा हुआ रखा है। इसलिये *'नीच'* विशेषण मारीचसे ही अधिक सम्बन्ध रखता हुआ जान पड़ता है। दोहावलीमें भी मारीचको गोस्वामीजीने *'नीच'* विशेषण दिया है; यथा—*'सुकृत न सुकृती परिहरै कपट न कपटी नीच। मरत सिखावन देइ चले गीधराज मारीच॥'* (३४१) इससे *'नीच'* को यहाँ भी मारीचका विशेषण माननेमें कोई आपत्ति नहीं हो सकती। परन्तु अरण्यकाण्डमें गोस्वामीजीने उसके हृदयके श्रीरामविषयक अटल प्रेम इत्यादिकी भूरि-भूरि प्रशंसा एक छन्द, एक दोहा और कुछ चौपाइयोंमें की है; यथा—*'अस जिय जानि दसानन संगा'* से *'धन्य न मो सम आन॥'* (२६) तक इतना ही नहीं किंतु अपने इन वचनोंकी पुष्टिमें श्रीरामजीका, उसके अन्तःकरणका प्रेम पहचानकर, उसको मुनि-दुर्लभ-गति देना कहा है; यथा—*'अंतर प्रेम तासु पहिचाना। मुनि दुर्लभ गति दीन्हि सुजाना॥'* (२७) अन्तमें उसने प्रेमपूर्वक रामजीका स्मरण करते हुए प्राण छोड़ा है, इससे जान पड़ता है कि वह पूर्णरीत्या साधु हो गया था और इसी कारणसे वह समुद्रके इसी पार सुन्दर आश्रम बनाकर एकान्तमें भजन करता था। यथा—'**शरेण मुक्तो रामस्य कथञ्चित् प्राप्य जीवितम्। इह प्रव्राजितो युक्तस्तापसोऽहं समाहितः॥**' (वाल्मी० ३।३९।१३) (अर्थात् श्रीरामजीके बाणसे किसी तरह बचकर विरक्त होकर मैं तपमें स्थित रहता हूँ। यह उसने रावणसे कहा है।) रावणका मामा होते हुए भी उसके साथ नहीं रहा। और इसीसे उसने रावणको सदुपदेश भी किया—तब उसको *'नीच'* क्यों कहा ? इसपर कहा जा सकता है कि—'एक तो इसने नीच कार्यमें नीच रावणका साथ दिया और बना है साधु! दूसरे, इसने श्रीरामजीका किञ्चित् उपकार न माना कि एक बार तो सिद्धाश्रममें उन्होंने जब यह भाई और सेनासहित उनसे लड़ने आया था, इसके भाईको तो बाणसे भस्म कर दिया था पर इसको बिना फलके बाणसे उड़ाकर इसके प्राण बचा दिये थे। यथा—*'बिनु फर बान राम तेहि मारा। सत जोजन गा सागर पारा॥'* (१।२१०) फिर भी यह दूसरी बार पञ्चवटीमें इनको साधारण तपस्वी समझकर और पूर्व-वैर स्मरण करके अपने दो साथियोंसहित भयंकर महामृग बनकर उनको मार डालनेके विचारसे उनके आश्रमके पास गया। श्रीरामजीने इसके साथियोंको तो मार डाला; पर यह किसी सूरतसे अपने प्राण बचाकर भाग आया। यह बात उसने स्वयं रावणसे (वाल्मी० ३।३९।१—१४ में) कही है। अध्यात्म० ३, सर्ग ६ में भी कहा है कि जब मैं तीखे सींगोंवाला मृग बनकर पञ्चवटीमें गया था तब उन्होंने एक ऐसा बाण छोड़ा कि मेरा हृदय बिंध गया और मैं आकाशमें चक्कर काटता हुआ समुद्रमें आ गिरा। तबसे राज, रत्न, रमणी, रथ आदि (के प्रथम अक्षर 'र') के कानोंमें पड़ते ही भयभीत हो जाता हूँ; इसलिये तबसे मैं 'राम' का ही सोते-जागते निरन्तर ध्यान करता रहता हूँ। यथा—'मां

विलोक्य शरमेकमक्षिपत्॥ २०॥ तेन विद्धहृदयोऽहमुद्भ्रमन् राक्षसेन्द्र पतितोऽस्मि सागरे।'''''''राममेव सततं विभावये भीतभीत इव भोगराशितः॥ राजरत्नरमणीरथादिकं श्रोत्रयोर्यदि गतं भयं भवेत्॥' (२२)—तब कृतघ्नतासे अधिक नीचता क्या होगी ?

'यदि कहो कि वह तो परवश था, परवशतासे उसने ऐसा किया, ऐसा न करता तो रावण उसे मार ही डालता ? यथा—*'उभय भाँति देखा निज मरना।'''''''उतरु देत मोहि बधब अभागे॥ कस न मरौं रघुपति सर लागे।'* तो उसका उत्तर भी ग्रन्थकारने एक ही शब्दमें दे दिया है। वह यह कि *'भएउ तुरत सो कपट कुरंगा।'* अर्थात् उसमें नीचता यह थी कि कपटमृग बननेमें किंचित् विलम्ब न किया, तुरन्त ही कपटमृग बन गया और फिर छल भी किया कि एक तो भगवान्‌को छलसे दूर ले गया, दूसरे बाण लगनेपर श्रीरामजीके स्वरमें लक्ष्मणजीका नाम पुकारा, जिसमें वे वहाँसे चल दें, श्रीजानकीजी अकेली रह जायँ तो रावणका काम बन जाय। यथा—*'प्रगटत दुरत करत छल भूरी। एहि बिधि प्रभुहि गएउ लै दूरी॥'''''''लछिमन कर प्रथमहि लै नामा। पाछे सुमिरेसि मन महुँ रामा॥'* (अ० २६)। ऐसा न करता तो सीता-वियोग न होता। इसने पहले तो कपटरूप धरा, फिर मरते समय कपटके वचन भी कहे। अतएव *'नीच'* कहा।

यदि कहो कि 'उसे बदला भी तो लेना था ?' तो उत्तर यह है कि बदला लेना चाहिये था श्रीरामजीसे, सो तो बना नहीं; उलटे उसने जानकीजीके साथ नीचता की।

उपर्युक्त विचारोंको लेकर यह कहना पड़ता है कि पूर्व तो यह अवश्य नीच था, पर विरक्त होनेके पश्चात् उसने तीन काम नीचताके किये—रावणका साथ दिया, छलकर श्रीराम-लक्ष्मणको आश्रमसे दूर ले जानेके लिये मृग बना और लक्ष्मणजीका नाम श्रीरामजीके स्वरमें पुकारा। यह क्यों किया ? इसका कारण स्पष्ट है कि वह रावणके राज्यमें रहता है, रावणका मामा है, रावणका जन्मभर नमक खाया है। यदि उसका साथ छोड़कर वह रामजीकी शरण आ गया होता, उसके राज्यमें न रहता तो रावण उसका कुछ कर न सकता था। पर उसने पूर्व ऐसा न किया। उसका यह परिणाम हुआ कि उसे रावणका साथ देना पड़ा। इसी तरह भीष्मपितामह, द्रोणाचार्य आदिको दुर्योधनका साथ देना पड़ा था और विदुरजी अन्यायका प्रारम्भ देख दुर्योधनको छोड़ चल ही दिये, इससे वे बच गये। भीष्मादिने जानते हुए कि दुर्योधन अधर्म कर रहा है, उसका नमक खानेसे उसीका साथ दिया। दूसरे, रावण-वध करनेपर तैयार है, यदि वह आज्ञापालन नहीं करता। तब उसने स्वामीका कार्य करते हुए भगवान्‌के हाथसे मरनेका दृढ़ निश्चय किया। रावणसे यह कहकर कि राजन्! मैं आपकी आज्ञापालन करूँगा—**'राजन् करोम्याज्ञां तव प्रभो।'** (अध्याय ३। ६।७) फिर वैसा न करता तो भी स्वामिद्रोही, कृतघ्न, असत्यवादी होनेका कलंक लगता। रावणने जो-जो कहा वही उसने किया। श्रीराम-लक्ष्मणको आश्रमसे दूर ले जानेको भी रावणने कहा था—**'विचित्रमृगरूपधृक्। रामं सलक्ष्मणं शीघ्रमाश्रमादतिदूरतः॥ आक्रम्य'''''''॥'** (६।३३-३४) लक्ष्मणजीको आश्रमसे दूर ले जानेका यही उपाय था जो उसने किया। रावणसे झूठ बोलकर प्राणोंके लोभसे श्रीरामजीकी शरण जाना उसने स्वीकार न किया, वरंच उनके हाथसे मरकर तुरत भव-पार होना उत्तम समझा, न जाने जीवित रहनेपर फिर घोर तामसी वृत्ति आ जाये, तब तो भवमें ही पड़ा रह जाना होगा। *'तुरत'* मृग बननेका कारण उसका अभङ्ग प्रेम भी है। आगे टिप्पणी—४ में देखिये। स्वभाव बड़ा बलवान् है। साधु होनेपर भी संगवश वह अपना प्रभाव प्रकट कर देता है—प्रकृतिवश उसने यह काम किया, इसमें उसका दोष क्षम्य है। या यह कह सकते हैं कि लीलाकार्यके अनुकूल उसकी बुद्धि हो गयी, इससे उसने ऐसा किया।

टिप्पणी—४ *'भएउ तुरत सो कपट कुरंगा'* इति। (क) *'तुरत'*। यदि *'नीच'* विशेषण मारीचका मानें तो इसका भाव ऊपर नोटमें आ गया। अर्थात् 'तुरंत' मायामृग बन गया किंचित् विलम्ब न किया; यह नीचताका परिचय है। दूसरा भाव 'तुरंत' का यह है कि उसके हृदयमें श्रीरामदर्शनकी तथा उनके हाथसे मरनेकी उत्कण्ठा और उत्साह है, जैसा कि अरण्यकाण्डमें कहा है; यथा—*'तब ताकिसि रघुनायक सरना॥*

कस न मरौं रघुपति सर लागें॥ अस जिय जानि दसानन संगा। चला राम पद प्रेम अभंगा॥ मन अति हरष जनाव न तेही। आजु देखिहउँ परम सनेही॥"....' फिरि फिरि प्रभुहि बिलोकिहउँ धन्य न मो सम आन॥' (२६)। ☞बालकाण्डमें उसे *'नीच'* विशेषण दिया और अरण्यकाण्डमें लिखते हैं कि उसके हृदयमें श्रीरामजीके चरणोंमें *'अभंग'* अनुराग है। फिर यह भी कहा है कि श्रीरामजीने उसके अन्तः-करणका प्रेम पहचानकर उसे मुनिदुर्लभ गति दी। यथा—*'अंतर प्रेम तासु पहिचाना। मुनिदुर्लभ गति दीन्हि सुजाना॥'* (अ० २७) यह विरोधाभास-सा है ? इसका समाधान यह है कि मरते समय भी जो उसने नीचता की कि श्रीरामजीका-सा स्वर बनाकर लक्ष्मणजीको पुकारा सो यह तो उसने स्वभाववश ही किया। नीच और कपटी अपना स्वभाव नहीं छोड़ देते, संग या पूर्व किसी सुकृतके वश भलाई भले ही करने लगे। यथा—*'खलउ करहिं भल पाइ सुसंगू। मिटै न मलिन सुभाउ अभंगू॥'* (बा० ७) तथा *'सुकृत न सुकृती परिहरै कपट न कपटी नीच। मरत सिखावनु देइ चले गीधराज मारीच ॥'* (दो० ४१) दोहावलीका यह दोहा स्पष्ट कह रहा है कि मारीचके आचरणसे हमें यह शिक्षा मिल रही है। स्वभावसे मनुष्य लाचार है—*'काल करम गुन सुभाउ सब के सीस तपत।'* पर प्रभु तो इसकी ओर ध्यान न देकर हृदयका प्रेम देखते हैं। भगवान्‌की प्रेरणासे उसने लीलामें सहायता की।

(ख) *'कपट कुरंगा।'* [*कपट*=बनावटी। अभिप्राय साधनेके लिये असली रूप छिपानेको 'कपट' कहते हैं। कपटमृग=मायामृग। कपटमृगका वर्णन मानसके अरण्यकाण्डमें तथा वाल्मीकीयमें विस्तारसे लिखा है। यथा—*'तब मारीच कपट मृग भयऊ॥ अति बिचित्र कछु बरनि न जाई। कनकदेह मनिरचित बनाई॥ सीता परम रुचिर मृग देखा॥'* (अ० २७। २—४) देखिये।] 'कुरंग=मृग, हिरन, हरिण। 'कुरंग' नाम देनेका भाव कि यद्यपि वह बहुत सुरंग (परम रुचिर) बना है तथापि 'कुरंग' है, क्योंकि कपटका है।

करि छल मूढ़ हरी बैदेही। प्रभु प्रभाउ तस बिदित न तेही॥ ५॥
मृग बधि बंधु सहित हरि* आए। आश्रमु देखि नयन जलु छाए॥ ६॥

अर्थ—उस मूर्ख (रावण) ने छल करके *'बैदेही'* (भार्या-जानकी) को हर लिया। प्रभुका जैसा प्रभाव है वैसा उसे मालूम नहीं था॥ ५॥ भगवान् हिरनको मारकर भाईसमेत आश्रमपर आये। आश्रमको (खाली) देख नेत्रोंमें जल भर आया॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'करि छल ......'* इति। छल करके हरानेका अर्थात् युद्ध करनेका साहस न कर सका, युद्ध करके हरण करनेकी ताब न लाया; इसलिये छल किया। *'हरी बैदेही'* अर्थात् जब दोनों भाई कपट-मृगके पीछे चले गये तब अकेलेमें उनको हरा। *'करि छल'* क्या छल किया? छल यह कि मारीचको कञ्चनमृग बनाया और जब छलकारी मृगके पीछे दोनों भाई आश्रमसे चले गये तब स्वयं यति (संन्यासी) बनकर सीताजीके पास आया। यथा—*'होहु कपटमृग तुम्ह छलकारी। जेहि बिधि हरि आनौं नृपनारी॥'* (अ० २५),*'सून बीच दसकंधर देखा। आवा निकट जती कर बेषा॥'* (अ० २८)—[सीताजीको लक्ष्मणजीकी खींची हुई रेखासे बाहर निकाला—यह भी छल है। रेखाके लङ्घन करनेका भी साहस न हुआ। यथा—*'रामानुज लघु रेख खँचाई। सोउ नहिं नाघेहु असि मनुसाई॥'* (लं० ३५) किसी ग्रन्थान्तरमें कथा है कि उसने कहा—'हम बँधी भीख नहीं लेंगे।' अतएव संन्यासी जानकर वे भिक्षा देनेको रेखाके बाहर निकल आयीं, तब उसने हरा।]

टिप्पणी—२ *'मूढ़ हरी बैदेही'* इति। *'मूढ़'* कहकर उसका कारण बताते हैं—*'हरी बैदेही'* और *'प्रभु*

* प्रभु—१७२१, १७६२, छ०, भा० दा०, को० रा०, गौड़जी। हरि—१६६१, १७०४। 'हरि' का भाव टिप्पणी ५ में दे दिया गया है। 'प्रभु' पाठका भाव यह होगा कि मारीचको मारकर उसकी खाल ले आये, क्योंकि समर्थ हैं। पुनः भाव कि समर्थ होकर भी असमर्थकी तरह विलाप करने लगे।—इसके पूर्व चरणमें तो 'प्रभु' शब्द आ चुका है इससे भी हमने 'हरि' ही पाठको उत्तम समझा। प्राचीनतम और भावयुक्त तो है ही।

प्रभाउ तस बिदित न तेही।' अर्थात् वह प्रभुके वास्तविक प्रभावको यथार्थतः न जानता था, अतः उसे मूढ़ कहा। [दूसरे उसे, मिला क्या ? *'बैदेही'* ही तो! अर्थात् जिसके देह नहीं है उसीको तो हरा। माया-जानकी। जानकीजीका प्रतिबिम्ब ही तो हाथ लगा। यथा—*'निज प्रतिबिंब राखि तहँ सीता। तैसेइ रूप सील सुपुनीता॥'* (अ० २४) भाव यह कि रावणने छल किया तो श्रीरामजीने भी उसके साथ वही माया (छल) रची।—**'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।'** गीताके इस वाक्यको यहाँ प्रभुने चरितार्थ किया। उसने भगवान्‌को 'मायामृग' दिया तो भगवान्‌ने उसको 'मायासीता' दी। जो दे सो पावे। उसने भगवान्‌के साथ छल करना चाहा सो वे तो ठगे गये नहीं, वह स्वयं ही ठगा गया। तिसपर भी वह मूर्ख समझता है कि मैं 'सीता' को हर लाया। यदि वह सीताजीको हर ले गया होता तो सतीजीको श्रीसीतासहित रामचन्द्रजीका दर्शन कैसे सम्भव हो सकता ? सतीजीको सीतासहित दर्शन हुआ; यथा—*'सती दीख कौतुक मग जाता। आगे राम सहित श्री भ्राता॥ फिर चितवा पाछें प्रभु देखा। सहित बंधु सिय सुंदर बेषा॥'* (बा० ५४)……*'सोइ रघुबर सोइ लछिमन सीता। देखि सती अति भई सभीता॥'* (बा० ५५) अतएव मूढ़ कहा।]

टिप्पणी—३ *'प्रभु प्रभाउ तस बिदित न तेही'* इति। *'जस'* और *'तस'* का सम्बन्ध है। *'तस बिदित न'* से जनाया कि जैसा प्रभाव है वैसा नहीं जानता। भाव कि मोहवश होनेसे, मूढ़ताके कारण उसे संदेह ही बना रहा। यथा—*'सुररंजन भंजन महि भारा। जौं भगवंत लीन्ह अवतारा॥ तौ मैं जाइ बैरु हठि करऊँ। प्रभु सर प्रान तजे भव तरऊँ॥ जौं नररूप भूपसुत कोऊ। हरिहौं नारि जीति रन दोऊ॥'* (अ० २३) पुनः *'तस बिदित न'* का भाव कि वैसा नहीं जानता पर कुछ अवश्य जानता है। अभी-अभी मारीचने उसे प्रभुप्रताप कह सुनाया और समझाया है। यथा—*'जेहि ताड़का सुबाहु हति खंडेउ हरको दंड। खरदूषन त्रिसिरा बधेउ मनुज कि अस बरिबंड॥'* (अ० २५) यह प्रभाव जाना है, इसीसे युद्ध न किया। मारीचने कहा था—*'जौं नर तात तदपि अति सूरा। तिन्हहिं बिरोधि न आइहि पूरा॥'* (अ० २५) और रावणको प्रभुके मनुष्य होनेका भ्रम है। इसीसे उसने सीताहरण किया।

नोट—१ इसका भाव यह भी हो सकता है कि यदि वह प्रभुका प्रभाव जानता तो निश्छल होकर शरणागत हो जाता, वैर न करता। यथा—*'जौं पै प्रभु प्रभाउ कछु जाना। तौ कि बराबरि करत अयाना॥'* (१।२७७) *'बिस्मय हरषरहित रघुराऊ। तुम्ह जानहु सब राम प्रभाऊ॥'* (२।१२।३) *'उमा राम सुभाउ जेहि जाना। ताहि भजन तजि भाव न आना॥'* (सुं० ३४।३)

नोट—२ निश्छल होनेपर ही प्रभुकी प्राप्ति होती है यह न जाना, अतः *'मूढ़'* कहा। (वै०)

नोट—३ *'तस'* विशेषण पूर्व *'जस'* विशेषणका बोधक है। अन्वय होगा—*'जस प्रभाउ तस'*। यथा—*'तसि मति फिरी अहइ जसि भावी।'* (अ० १७) *'जो जसि करै सो तस फल चाखा।'*

नोट—४ बाबा जयरामदासजी रामायणी लिखते हैं कि 'रावणके सम्बन्धमें जो यह बात फैली हुई है कि उसने श्रीरामजीको ईश्वरावतार जानकर ही वैर बढ़ाया और अपने परिवारसहित मुक्त होनेकी चेष्टामें प्रवृत्त था, यह बात तुलसीकृत रामायणसे सम्मत नहीं है। इस ग्रन्थमें यही प्रमाण मिलता है कि रावणने केवल उस रात्रिमें ऐसा अनुमान किया था कि यदि भगवान्‌ने अवतार लिया होगा तो उनके बाणोंसे प्राण त्यागकर मुक्त हो जाऊँगा। परन्तु जब परीक्षाद्वारा भगवान् राजपुत्र निश्चित हो गये तो उसने अपने उस अनुमानको बदलकर दूसरे अनुमानको, जो भूपसुत होनेका था, पुष्ट और दृढ़ बना लिया, फिर *'नृपनारी'* जानकर ही श्रीसीताजीका हरण किया तथा सदैव उनके सम्बन्धमें कुमनोरथ सिद्ध करनेकी धुनमें रहकर प्राण गँवाया। उसने उनका नर होना ही निश्चित किया था। इसीसे तो याज्ञवल्क्यजी कह रहे हैं कि *'प्रभु प्रभाउ तस बिदित न तेही।'* यदि वह भगवद्विमुख न होता तो वक्ता यह कैसे कहते कि *'ताहि कि संपति सगुन सुभ सपनेहु मन बिश्राम। भूत द्रोहरत मोहबस रामबिमुख*

रत काम॥'......ग्रन्थकार दूसरोंके द्वारा उसके '*नर*' माननेका खण्डन कराते हैं; बार-बार समझानेपर भी उसका अटल विश्वास '*नर*' ही रहना लिखते हैं। फिर रावणके अपनी विजयके लिये अमर-यज्ञ करने, यज्ञका विध्वंस होनेपर जीनेकी आशा त्यागकर लड़ाईके लिये चलनेका वर्णनकर तथा उसके लिये '*रघुपतिबिमुख*', 'शठ', 'हठवश' और 'अज्ञ' आदि शब्दोंका प्रयोगकर उसे स्पष्ट भ्रम और मोहमें पड़ा हुआ निर्णय कर दिखाते हैं।......

'*सुनत बचन दससीस रिसाना। मन महुँ चरन बंदि सुख माना॥*' (अ० २८), '*एक बार बिलोकु मम ओरा॥*' (सुं०) और '*कहाँ राम रन हतौं प्रचारी।*' (लं०)—इन तीन स्थलोंके सिवा और कहीं भी ऐसा प्रसङ्ग नहीं है जहाँ अनुमान लगानेवाले लोग अर्थमें खींच-तान करनेकी कल्पना भी कर सकेंगे। यदि रावणके मनके भीतर स्वप्नमें भी कोई दूसरा भाव होता तो ग्रन्थकारको उसे प्रकट करनेमें कदापि संकोच न होता, जिस प्रकार वालीके लिये लिख दिया गया है कि '*हृदय प्रीति मुख बचन कठोरा। बोला चितइ राम की ओरा॥*' उसी प्रकार रावणकी भी बात कह दी गयी होती। यदि रावणको यह निश्चित हो जाता कि श्रीरामजी नर नहीं हैं तो सारा ग्रन्थ ही विरोधमें परिणत हो जाता। क्योंकि सबके पहले ब्रह्मा और शिवका वरदान ही नष्ट हो जाता। भगवान्‌के रूपमें उसका वध ही सम्भव नहीं था। नर या वानर होकर ही उसे मारा जा सकता था। दूसरे, ब्रह्माके लेखकी मर्यादा ही जाती रहती। क्योंकि उन्होंने '*नर*' के हाथ उसकी मृत्यु लिख दी थी—'*जरत बिलोक्यों जबहिं कपाला। बिधिके लिखे अंक निज भाला॥ नर कें कर आपन बध बाँची।*' तीसरे, भगवत्सङ्कल्प नीचा हो जाता और जीवका ही संकल्प बढ़ जाता; क्योंकि भगवान् रामजी तो यह चाहते थे कि रावण मुझे ईश्वरके रूपमें न जान पावे। और रावण परीक्षा लेकर जान लेना चाहता था। इस तरह तो यह महिमा ही खण्डित हो जाती कि '*सोइ जानइ जेहि देहु जनाई*' तथा '*राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥*......' छठे यदि रावणको वास्तवमें आसुरी प्रकृतिवाला मानें तो फिर उसे भगवान्‌के स्वरूपका बोध होना शास्त्रविरुद्ध हो जाता है—'*तुम्हरी कृपा तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन॥*......'

दूसरे पक्षवाले यह कहते हैं कि १—यह कहना कि भगवान् तो यह चाहते थे कि रावण 'मुझे ईश्वररूपमें न जान पावे' इसका उल्लेख ग्रन्थमें कहीं नहीं है। दूसरे यह बात सभी कल्पोंमें लागू होनी चाहिये, क्योंकि सबमें वरदान एकही-सा है। अन्य रामायणोंकी अवहेलना करनी उचित नहीं है। तीसरे प्रारम्भमें रावणको भ्रम होना अवश्य है जैसा—'*जौं भगवंत लीन्ह अवतारा*' से स्पष्ट है। परंतु यह भ्रम आगे जाता रहा तभी तो उसने '*मन महुँ चरन बंदि सुख माना।*' यहाँ उसने हृदयमें दृढ़ कर लिया कि ये जगदम्बा हैं। यह निश्चय उसने त्याग दिया इसका उल्लेख आगे कहीं नहीं है। रहा दुष्टवचन, जो उसने कहे और किसीका कहना न माना कि जानकीजीको दे दे। इसका कारण उसका दृढ़ संकल्प हीं था जो उसने गुप्त रखा। यथा—'*मन क्रम बचन मंत्र दृढ़ एहा*' (३। २३) यदि ऐसा न करता तो श्रीरामजी उसे मारते ही क्यों ? अध्यात्मरामायणमें तो स्पष्ट ही है। जैसे श्रीरामजी अपनेको नर-नाट्यसे छिपाये हैं वैसे ही रावण भी अपने दृढ़ संकल्पको छिपाये हुए है। यहाँ '*मंत्र*' शब्द साभिप्राय है। मन्त्र वह है जो मनन करनेसे भवसागरसे रक्षा करता है—'मननात्त्राणनान्मन्त्रः'। मन्त्र गुप्त रखा जाता है, किसीसे प्रकट नहीं किया जाता—'*जोग जुगुति तप मंत्र प्रभाऊ। फलइ तबहिं जब करिय दुराऊ॥*' (१। १६८। ४) 'आयुर्वित्तं गृहच्छिद्रं मन्त्रमैथुनभेषजम्। तपो दानाऽपमानौ च नव गोप्यानि यत्नतः॥' रावणने 'मन', 'कर्म' और 'वचन' तीनोंसे इसको गुप्त और दृढ़ रखा। जो संशय उसको खरदूषणवध सुनकर हुआ उसको दृढ़ करनेवाले खरदूषणवधसे भी अधिक बड़े-बड़े कार्य आगे हुए; जैसे कि वालीवध (कि जो वाली रावणको काँखतले दबाये रहा), समुद्रोल्लंघन, लङ्कादहन, एक ही वानरद्वारा अगणित प्रधान सुभट निशाचरोंका वध, सेतुबंधन, अंगद-पदारोपण इत्यादि। यही नहीं हनुमान्‌जी, मारीच, विभीषणजी, पुलस्त्यजी, माल्यवान्, अंगद, शुक-सारण और कुम्भकर्णतकसे इसके मनका संशय (कि ये भगवान् ही हैं) दृढ़ ही होता गया। इन

विशेष दृढ़ करनेवाले कारणोंके होते हुए यह क्योंकर समझा जाय कि वह संशय जाता रहा। मनसे यह संकल्प बाहर जाने न दिया, वचनसे कभी किसीसे न कहा और कर्मसे दृढ़ रखा कि जो कोई उससे कहता कि जानकीजीको दे दो तो उसे दुर्वचन कहता, लात मारता इत्यादि। क्योंकि दे देनेसे फिर 'जगदीश', 'प्रभु' के सरसे कैसे मरता ? वह प्रभुके हाथों मरकर मुक्त हो जाना निश्चय कर चुका है। इस संशयकी निवृत्तिका उल्लेख आगे नहीं है और न इस संकल्पके त्यागका। बल्कि उसके पूर्ण दृढ़ होनेका उल्लेख स्पष्टरूपसे *'मन महुँ चरन बंदि सुख माना।'* (३।२८) देख पड़ रहा है।

अध्यात्ममें तो रावणने मन्दोदरीसे स्पष्ट कह दिया है कि मैं जानता हूँ कि श्रीराम विष्णु हैं और जानकीजी लक्ष्मी हैं, उनके हाथसे मरकर परमपद प्राप्त करूँगा, यही विचार करके मैंने सीताहरण किया है इत्यादि, यथा—**'जानामि राघवं विष्णुं लक्ष्मीं जानामि जानकीम्। ज्ञात्वैव जानकी सीता मयानीता वनाद्बलात्॥ रामेण निधनं प्राप्य यास्यामीति परं पदम्। विमुच्य त्वां तु संसारादगमिष्यामि सह प्रिये॥'** (अध्यात्म० युद्धकाण्ड सर्ग १० श्लोक ५७-५८) और हनु० ना० में विभीषणजीसे उसने कहा है कि मैं जानकीजी और मधुसूदन रामको भी जानता हूँ, अपने वधको भी जानता हूँ तथापि मैं दशानन हूँ, मैं जानकीको किस प्रकार दे सकता हूँ। यथा—**'जानामि सीतां जनकप्रसूतां जानामि रामं मधुसूदनं च। वधं च जानामि निजं दशास्यस्तथापि सीतां न समर्पयामि॥'** (हनु० ७।११)

इस प्रकार ईश्वरके जान लेनेसे वधमें बाधा तो दूर रही, उलटे यही सिद्ध होता है कि रावणको पूर्ण विश्वास था कि मनुष्य तो कोई उसे मार नहीं सकता जबतक कि भगवान् स्वयं ही मनुष्यरूपसे न अवतार लें। अध्यात्मके रावणका संकल्प मन-कर्म-वचनसे दृढ़ न था। इसीसे उसने अन्तमें मन्दोदरीसे कह ही दिया और मानसके रावणका संकल्प मन्त्रतुल्य था। इससे मन-कर्म-वचन तीनोंसे उसे रावणने गुप्त रखा और जब उसने गुप्त रखा तो कवि उसे कैसे प्रकट करता ? विधिका वचन असत्य होनेकी शंकापर दोहा ४९ में देखिये।

टिप्पणी—४ *'मृग बधि बंधु सहित हरि आए।'* इति। (क) मृगका वध करके तब भाईसहित आना लिखनेमें अभिप्राय है कि मृगवधके समय बन्धु लक्ष्मणजी साथ न थे। बीचमें मिले। अतः आश्रममें साथ-साथ आये। (ख) ऊपर कहा था—*'भएउ तुरत सो कपट कुरंगा।'* यहाँ *'मृग बधि'* कहकर कुरंगका अर्थ 'हिरन' है 'मृग' है—यह स्पष्ट कर दिया।

नोट—५ ☞इस ग्रन्थमें आदिसे अन्ततक इस बातका पूर्ण निर्वाह देख पड़ता है कि जहाँ विशेष माधुर्यका वर्णन आता है, वहाँ साथ-ही-साथ कवि सूत्रधारकी तरह ऐश्वर्य भी दिखा दिया करता है जिसमें पाठक सावधान हो जाय, उसको भूलकर भी कभी भगवान् श्रीरामजीमें नर-बुद्धि न आ जाय, उसको उनके चरितमें भ्रम न उत्पन्न हो जाय। ☞यहाँ दूसरे चरणमें *'आश्रम देखि नयन जल छाए'* कह रहे हैं, इसीसे प्रथम ही वक्ता यहाँ *'हरि'* और आगे चलकर *'नर इव'* आदि शब्दोंका प्रयोग करके पाठकको सावधान कर रहे हैं। इन शब्दोंसे ऐश्वर्यका दर्शन कराया है कि ये तो संसारभारके हरनेवाले हैं, जीवोंके मोह आदिके क्लेशोंके हरनेवाले हैं, प्राणियोंके जन्म-मरण आदि कष्टोंके निवारणकर्ता हैं, इत्यादि-इत्यादि। इनको दुःख कहाँ ? ये तो केवल नरनाट्य कर रहे हैं। यही बात वाल्मीकिजीने श्रीरामजीसे कही है; यथा—*'नरतनु धरेउ संत सुर काजा। कहहु करहु जस प्राकृत राजा॥'''''''जस काछिय तस चाहिय नाचा॥'* (अ० १२७)

टिप्पणी—५ (क) *'मृग बधि'* के सम्बन्धसे भी *'हरि'* पद दिया। मारीचने मायामृगका तन धारण किया था, उस मायातनको भी मारा और असली मारीचतनको भी। दोनों शरीर हरण किये; अतः *'हरि'* कहा। श्रीजानकीजीने मायामृगको देखकर भगवान् रामसे कहा था कि *'एहि मृग कर अति सुंदर छाला॥ सत्यसंध प्रभु बध करि एही। आनहु चरम कहति बैदेही॥'* (अ० २७)। यद्यपि मारीचने प्राण निकलते समय अपना पूर्वराक्षस-देह प्रकट कर दिया फिर भी ये तो *'हरि'* हैं, सत्यसन्ध हैं, उन्होंने वैदेहीजीके

वचनको पूरा करनेके लिये उसके मायावी शरीरको उससे अलग कर दिया और उसे भी मारकर साथ लाये। अतः *'हरि'* कहा। (विशेष आ० २७। १६) *'प्रान तजत प्रगटेसि निज देहा'* में देखिये।

(ख) *'आश्रम देखि नयन जल छाए।'* अर्थात् आश्रममें श्रीजानकीजीको नहीं पाया, अतः प्राकृत नरवत् विरह और विलापका नाट्य करने लगे। यथा—*'आश्रम देखि जानकी हीना। भए बिकल जस प्राकृत दीना॥'* (अ० ३०)

नोट—६ *'नयन जल छाए'* अर्थात् स्नेह और विरह-शोकसे नेत्रोंमें आँसू भर आये, जैसा कि प्राकृत मनुष्योंका स्वभाव है। 'हरि' होते हुए ऐसा करते हैं, मानो सत्य ही जानकीहरण हो गया, न जाने कौन ले गया, वे कहाँ और कैसी होंगी, अब हमको मिलेंगी या नहीं, राक्षस खा न गये हों इत्यादि। पंजाबीजी लिखते हैं कि 'अत्यन्त शोक है।' सोचते हैं कि पत्नी बिना वानप्रस्थधर्म नहीं निभ सकता और सीताहरणसे दोनों कुलोंमें हमको कलंक लगेगा, अतः नेत्रोंमें जल भर आया।

वि० त्रि०—**'व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं भवन्ति मायाविषु ये न मायिनः।'** अर्थात् मायावीके साथ जो माया नहीं करता, वह मूढ़ पराभवको प्राप्त होता है। अतः प्राकृत दीनकी भाँति विकल होना, यह रामजीकी माया है, जिसमें मायाकी जानकीको ही वह असली जानकी समझे रहे।

बिरह बिकल नर इव[१] रघुराई। खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई॥ ७॥
कबहूँ जोग बियोग न जाकें। देखा प्रगट बिरह[२] दुखु ताकें॥ ८॥

अर्थ—श्रीरघुनाथजी (प्राकृत) मनुष्योंकी तरह विरहसे व्याकुल हैं। दोनों भाई (मायाजानकीको) ढूँढ़ते हुए वनमें फिर रहे हैं॥ ७॥ जिसको (वास्तवमें) कभी भी संयोग-वियोग नहीं* उसमें प्रत्यक्ष विरह (जनित) दुःख देखा गया॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'बिरह बिकल नर इव रघुराई।'* इति। यहाँ *'रघुराई'* एक वचन पद देकर जनाया कि केवल श्रीरघुनाथ (श्रीरामचन्द्र) जी विरहसे व्याकुल हैं। लक्ष्मणजी व्याकुल नहीं हैं। ये तो उनको समझाते हैं, यथा—*'लछिमन समुझाए बहु भाँती।'* (अ० ३०) लक्ष्मणजी विकल होते तो समझाते कैसे? [इसीसे एक चरण (पूर्वार्ध) में *'बिरह बिकल'* के साथ *'रघुराई'* शब्द दिया और दूसरे चरणमें (उत्तरार्धमें) उससे पृथक् 'खोजने' में *'दोउ भाई'* पद दिया।]

टिप्पणी—२ (क) [*'नर इव'* में वही भाव है जो (अ० ३०। ६) *'भए बिकल जस प्राकृत दीना'* का है तथा—*'एहि बिधि खोजत बिलपत स्वामी। मनहुँ महा बिरही अतिकामी॥ पूरनकाम राम सुखरासी। मनुज चरित कर अज अबिनासी॥'* (अ० ३०। १६-१७) में जो भाव हैं वे सब *'नर इव'* इस पदमें भरे हुए हैं।

☞ यहाँ विरहमें व्याकुल होना कहकर पुनः अगली अर्धालीमें ऐश्वर्य दर्शाते हैं। पुनः (ख) ब्रह्मादिके प्रार्थना करनेपर ब्रह्मवाणीने कहा था कि *'नारद बचन सत्य सब करिहौं।'* उसको भी यहाँ चरितार्थ करते हैं। नारद-वचन है कि *'नारि बिरह तुम्ह होब दुखारी।'* अतएव विरहमें विकल होकर उनके वचन सत्य कर रहे हैं। और *'नर इव'* कहकर जनाया कि रावणको नररूपसे मारकर विधिका वचन सत्य करेंगे। पुनः भाव कि—(ग) विकलता ईश्वरमें नहीं होती इसीसे विरह-विकल होनेमें *'रघुराई'* नाम दिया। तात्पर्य

---

१. इव नर—१७२१, १७६२, भा० दा०। नर इव—१६६१, १७०४, छ०, को० रा०।

२. दुसह—१७२१, १७६२, छ०, को० रा०। बिरह—१६६१, ७०४। पूर्वचरणमेंके 'जोग बियोग' शब्दोंके सम्बन्धसे यहाँ 'बिरह दुखु' उत्तम है।

* भावार्थान्तर—१ 'जिन श्रीसीतारामजीको किसी कालमें संयोगका वियोग नहीं है। अर्थात् इनमें सदा एकरस संयोग रहता है, वियोग तो है ही नहीं।' (रा० प्र०)

२ 'जिनको न संयोग होनेका सुख और न वियोग होनेका दुःख होता है अर्थात् दोनों आनन्दमूर्ति हैं। दोनोंमें सदा एकरस संयोग है।' (वै०) ३—पं० रा० व० श० जीका मत है कि 'न संयोग है, न वियोग। क्योंकि संयोग होनेपर वियोग है और वियोग होनेपर ही संयोग कहा जाता है।'

यह है कि भगवान् माधुर्यमें व्याकुलता ग्रहण किये हुए हैं, इसीसे माधुर्यका नाम दिया और *'नर इव'* कहा। अथवा (घ) नारदजीने दो शाप दिये हैं, एक तो *'नृप तन'* धरनेका, दूसरा नारि-विरहमें व्याकुल होनेका। यथा—*'बंचेहु मोहि जवनि धरि देहा। सोइ तनु धरहु श्राप मम एहा॥'''''मम अपकार कीन्ह तुम्ह भारी। नारि बिरह तुम्ह होब दुखारी॥'* (बा० १३७) भगवान् नृपरूप धरकर स्वयंवरमें गये थे, यथा—*'धरि नृपतनु तहँ गएउ कृपाला। कुअँरि हरषि मेलेउ जयमाला॥'* (बा० १३५) इसीसे *'रघुराई'* शब्द देकर *'सोइ तनु धरहु'* इस शापको सत्य किया। *'बिरह बिकल नर इव रघुराई'* में पूर्णोपमा अलङ्कार है।

टिप्पणी—३ *'खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई'* इति। *'खोजत बिपिन'* अर्थात् लता, तरु, पत्ती आदिसे पूछते हैं—*'पूँछत चले लता तरु पाँती।'* इससे व्याकुलता दिखाते हैं। [☞ श्रीरामजी व्याकुल हैं, वे लता, तरु आदि इन सबोंसे पूछते हैं और लक्ष्मणजी इन्हें समझाते जाते हैं तथा चारों ओर दृष्टि जमाये खोजते भी जाते हैं।] खोजनेमें दोनों भाइयोंको कहते हैं। *'फिरत'* कहकर जनाया कि विश्राम नहीं लेते, बैठते नहीं, चलते ही रहते हैं। इसका अर्थ यह भी है कि 'वनको खोजते फिरते हैं अर्थात् सारे वनमें कोना-कोना ढूँढ़ रहे हैं, वनका कोई भाग खोजनेसे छूटा नहीं।

टिप्पणी—४ *'कबहूँ जोग बियोग न जाकें।'* इति। श्रीरामजी विरहसे व्याकुल हैं, इसीपर कहते हैं कि 'जिसे कभी भी अर्थात् भूत, भविष्य, वर्तमान—तीनों कालोंमेंसे किसीमें भी संयोग-वियोग नहीं, उसमें विरहदुःख प्रत्यक्ष देखा गया कि रो-रोकर विलाप करते हैं, भोजन-विश्रामादि त्यागकर खोजते फिरते हैं'—यह कैसे सम्भव है? तात्पर्य यह है कि सुख-दुःख योग-वियोगसे उत्पन्न होता है; जहाँ योग-वियोग ही नहीं है, वहाँ योग-वियोगजनित सुख-दुःख कैसे होगा ? जहाँ कारण ही नहीं, वहाँ कार्य कैसे सम्भव है? भाव कि ये सब रघुपतिके चरित हैं, जैसा वक्ता आगे स्वयं कहते हैं। इसीसे अरण्यकाण्डमें कहा कि *'बाहिज चिंता कीन्हि।'* [अद्वितीयको योग-वियोग कहाँ? योग-वियोग तो जीवको होता है, इसीको भ्रमका फन्दा कहा गया है। यथा—*'जोग बियोग भोग भल मंदा। हित अनहित मध्यम भ्रम फंदा॥'* (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—५ *'देखा प्रगट बिरह दुख ताकें'* इति। यहाँ *'देखा प्रगट'* का भाव है कि इनके विरह दुसह दुःखको संसार जानता है; यथा—*'एक राम अवधेसकुमारा। तिन्ह कर चरित बिदित संसारा॥ नारि बिरह दुखु लहेउ अपारा॥'* (बा० ४६)

नोट—१ (क) श्रीशुकदेवलालजी, बैजनाथजी और पंजाबीजी *'देखा प्रगट'* का भाव यह कहते हैं कि यह विरह-दुःख केवल दिखावामात्र है, देखनेभरका है, आरोपितमात्र है। वास्तवमें दुःख नहीं है। साधारणलोगोंको दुःख-सा देख पड़ता है। (ख) जोग (योग)=मेल, मिलाप, संयोग। बियोग=मेल वा साथका छूट जाना; जुदाई। प्रगट=प्रत्यक्षमें, जाहिरमें। (ग) यहाँ विरोधाभास अलङ्कार है। क्योंकि यहाँ विरोधी पदार्थोंका वर्णन किया गया है। ऐसा वर्णन वर्णनीयकी विशेषता या उत्कृष्टता जनानेके लिये होता है। (अ० मं०)

* गोस्वामीजीकी सावधानता *

☞ पं० श्रीशान्तनुविहारीजी द्विवेदी—भगवान् स्वयं रसस्वरूप हैं, आनन्दस्वरूप हैं। भगवान्‌के अतिरिक्त अन्य विषयको लेकर अथवा भगवान्‌को भूलकर जहाँ रसकी अनुभूति होती है, वहाँ रस है ही नहीं, रसाभासमात्र है। संसारके जितने विषय हैं, जितने नायक-नायिका हैं, उनको लेकर जिस रसका प्रातीतिक अनुभव होता है, उसे सत्य, नित्य और स्थायी रस नहीं कहा जा सकता। यह 'ब्रह्मास्वादसहोदर' होनेपर भी 'ब्रह्मानन्द' नहीं है। परन्तु भगवान् नित्य सत्य हैं, उनकी लीला नित्य सत्य है, इसलिये उन्हें आलम्बन बनाकर जिस रसकी अनुभूति होती है, वह रस वास्तवमें रस है, ब्रह्मानन्द है और एक अर्थमें तो ब्रह्मानन्दसे भी बढ़कर है।.........

भगवान् राम अपने रसस्वरूपका अनुभव करानेके लिये ही अवतीर्ण होते हैं और अनेकों प्रकारकी रसमयी लीला करते हैं। उनके अवतार और लीलाका उद्देश्य ही यह है कि लोग प्राकृत रसाभासमें न भूलकर वास्तविक रसका आस्वादन करें। भगवद्विषयक रस अप्राकृत रस है। महात्मालोग उसी रसका

वर्णन करते हैं। वे उस रसका वर्णन करनेके लिये थोड़ी देर कवित्वको अपना लेते हैं। वे जीवनभर और जीवनके परे भी महात्मा हैं। परन्तु कुछ समयके लिये कवि भी हैं। उनका जीवन काव्यनिर्माणसे शून्य हो सकता है परन्तु महात्मापनसे शून्य नहीं हो सकता। भगवान्‌की स्मृति उनका स्वभाव है और कवित्व आगन्तुक। इसीसे जब वे कविता लिखते हैं तब भी उनका स्वभाव काम करता रहता है और वे यही चाहते हैं कि कभी एक क्षणके लिये भी मैं भगवान्‌को न भूलूँ और इस लीलाको पढ़नेवाला भी न भूले। वे बड़ी सावधानीसे इसपर दृष्टि रखते हैं कि कहीं कोई भगवान्‌को केवल मनुष्य न समझ ले। वह भगवान्‌की स्मृतिसे च्युत हो जायगा, उसके हृदयमें भगवान्‌के प्राकृत होनेका संदेह आ जायगा और वह सच्चे रससे वञ्चित रहकर अन्य अस्थायी सांसारिक रसोंमें फँस जायगा। इसके लिये महात्मालोग भगवान्‌की भगवत्ताका स्थान-स्थानपर स्मरण दिलाया करते हैं। वे कविताके प्रवाहमें बहकर किसी भी दशामें केवल कवि नहीं हो जाते, सर्वदा वे भक्त अथवा महात्मा ही रहते हैं। श्रीगोस्वामीजीके जीवनसर्वस्व श्रीरामचरितमानसमें इस भावपर सर्वत्र दृष्टि रखी गयी है। वे भगवान्‌की मनुजरूपके अनुरूप होनेवाली लीलाओंका वर्णन करते हैं और बार-बार स्मरण दिलाते रहते हैं कि ये भगवान् हैं, यह बात मत भूलो। केवल गोस्वामीजी ही नहीं, भगवान्‌की लीलावर्णन करनेवाले सभी महात्माओंने इस ओर दृष्टि रखी है। श्रीमद्भागवतमें भगवान् श्रीकृष्णके लीलावर्णनके प्रसङ्गमें ठीक ऐसी ही बात आयी है। केवल भागवतमें ही नहीं, सभी आध्यात्मिक ग्रन्थोंमें स्थान-स्थानपर भगवान्‌की भगवत्ताका स्मरण दिलाया गया है। श्रीगोस्वामी तुलसीदासने भी इस बातपर बड़ा ध्यान रखा है और चेष्टा की है कि कहीं भगवान्‌की विस्मृति न हो जाय। भगवान्‌को केवल मनुष्य मानना अथवा उन्हें भूल जाना बड़ा भारी प्रमाद है, प्रमाद ही मृत्यु है, मृत्युसे रक्षा करनेके लिये ही महात्माओंकी वाणी है।

श्रीमद्गोस्वामीजीने श्रीमद्भागवतकी भाँति भगवान्‌के विद्याध्ययनके प्रसंगमें कहा है—*'जाकी सहज श्वास श्रुतिचारी। सो हरि पढ़ यह कौतुक भारी॥'* रामको सीताके विरहमें विलाप करते हुए देखकर स्मरण कर लेते हैं—*'पूरनकाम राम सुखरासी। मनुज चरित कर अज अबिनासी॥'* और मेघनादके द्वारा नागपाशमें बँध जानेपर उनके मुँहसे स्वभावतः ही निकल पड़ता है—*'नर इव कपट चरित कर नाना। सदा स्वतंत्र एक भगवाना॥'*

कहाँतक उद्धृत किया जाय? श्रीगोस्वामीजीने सर्वत्र इस दृष्टिका निर्वाह किया है। वास्तवमें यही विशुद्ध रस है। भगवान्‌को भूलकर लोग इन क्षणिक रसाभासोंमें न भूल जायँ, नित्य सत्य रस प्राप्त करें। इनकी कविताकी यही मूल प्रवृत्ति है और यही सर्वथा उचित भी है। भगवान् हम सबपर कृपा करें कि हम उनके स्वरूपभूत नित्य सत्य रसका अनुभव प्राप्त करनेके अधिकारी बन सकें। (कल्याण १३। २)

श्रीविन्दुब्रह्मचारीजी (श्रीअयोध्याजी)—श्रीमद्गोस्वामीजीने नैमित्तिक रामचरितको नित्य रामचरितसे मिला-सा दिया है और माधुर्यको ऐश्वर्यसे वे इस प्रकार एक करते गये हैं कि इसकी पूर्णताकी तनिक भी हानि नहीं हुई है। यह गोस्वामीजीका अपूर्व कौशल है।

नोट—२ पूर्व अन्यत्र भी इस सम्बन्धमें लिखा जा चुका है। प्रो० श्रीरामदास गौड़जीका मत है कि बारम्बार ऐश्वर्यका स्मरण दिलाकर उन्होंने महात्मा श्रीकबीरजी और श्रीगुरुनानकजीके निर्गुणवाद वा दाशरथि-साकेतविहारी रामसे कोई भिन्न रामके प्रतिपादनका खण्डन श्रीशङ्करजी एवं श्रीयाज्ञवल्क्यजीके तथा श्रीभुशुण्डिजीके वाक्योंद्वारा किया है। वे पंथ उनके समयमें काफ़ी ज़ोर पकड़ रहे थे, जिससे नास्तिकता फैल रही थी और जनता भ्रममें पड़ रही थी। भ्रमको मिटानेके लिये जहाँ-तहाँ ऐसे नर-नाट्य आते हैं, वहीं तुरन्त वे पाठकको सावधान करते हैं।

पं० बलदेवजी उपाध्याय एम्० ए०—श्रीरामचन्द्रके विषयमें तुलसीदासकी कौन भावना थी, इसे उन्होंने अपने ग्रन्थमें अनेक स्थानोंमें स्पष्टरूपसे प्रदर्शित किया है। श्रीरामजी स्वयं भगवान्‌के रूप हैं और श्रीजानकीजी साक्षात् शक्तिरूपा हैं। रामसे ही क्यों, रामके रोम-रोमसे करोड़ों विष्णु, ब्रह्मा और शिवजीकी उत्पत्ति होती

रहती है; उसी प्रकार श्रीसीताजीके शरीरसे करोड़ों उमा, रमा और ब्रह्माणीका आविर्भाव हुआ करता है। दो शरीर होनेपर भी उसमें नैसर्गिक एकता बनी हुई है। सीतारामजीकी परिदृश्यमान अनेकतामें भी अन्तरङ्ग एकता-वर्णन तुलसीदासजीने बड़ी मार्मिकताके साथ किया है—*'गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न। बंदउँ सीतारामपद जिन्हहिं परम प्रिय खिन्न॥'* इस प्रकार दो प्रकारके उदाहरणोंको रखते समय गोसाईंजीने इन्हें सर्वसाधारणके लिये बोधगम्य ही नहीं बनाया है, प्रत्युत शक्तिरूपिणी सीता और शक्तिमान्-स्वरूपी रामके द्विविध उपासकोंको पृथक्‌रूपसे पर्याप्त मात्रामें सन्तुष्ट कर दिया है। इस प्रकार युगल सरकारकी मनोरम जोड़ीकी वास्तविक एकताको गोसाईंजीने स्पष्टरूपसे प्रदर्शित किया है।

यही कारण है कि रामचरित्रका वर्णन करते समय तुलसीदासजीने उनके वास्तविक रूपको कहीं नहीं भुलाया है, बल्कि पाठकोंको बार-बार याद दिलाया है कि केवल नरलीला करनेके विचारसे ही सरकार ऐसा चरित कर रहे हैं, अन्यथा ये तो साक्षात् परमात्मा ठहरे, उनको किसी प्रकारका क्षोभ नहीं, किसीपर क्रोध नहीं, सुवर्णमृगपर भी किसी प्रकारका लोभ नहीं, इत्यादि। मायामृगके पीछे मनुष्यलीला करनेके लिये जो दौड़े चले जा रहे हैं, वे वही व्यक्ति हैं जिनके विषयमें श्रुति नेति-नेति कहकर पुकार रही है और शिवजी भी जिनको ध्यानमें भी नहीं पाते—*'निगम नेति सिव ध्यान न पावा। माया मृग पाछें सो धावा॥'* [इसी प्रकार यहाँ मायामृगका वधकर आश्रमपर आकर उसे खाली पाकर उनके नेत्रोंमें जल भर आया, वे विरहसे व्याकुल हैं, पर भक्त कवि हमें भूलने नहीं देते। *'बिरह बिकल नर इव रघुराई। ......'* कहकर बताते हैं कि ये वही हैं कि *'कबहूँ जोग बियोग न जाके।'* इत्यादि।]

ऐसे प्रसङ्गोंकी बाहुल्यताको देखकर कुछ आलोचक गोस्वामीजीपर तरह-तरहका आक्षेप किया करते हैं। उनसे मेरा कहना है कि उन लोगोंने तुलसीदासके दृष्टिकोणको भलीभाँति परखा ही नहीं। यदि वे श्रीरामविषयक उनकी भावनाका ऊहापोह किये रहते तो इस प्रकारकी अनर्गल आलोचना करनेका दुःसाहस नहीं करते। व्यापक दृष्टिसे देखनेपर मानसमें कोई भी प्रसङ्ग आक्षेप करनेलायक नहीं है।

गोसाईंजीने उत्तरकाण्डमें ज्ञान और भक्तिके विषयोंमें अपने विचारोंको स्पष्टरूपसे बड़ी खूबीके साथ दिखलाया है। उस प्रसंगके अवलोकन करनेसे भक्तिकी प्रधानता स्पष्ट ही प्रतीत होती है। (उनके मतानुसार) भक्ति और ज्ञानमें आकाश और जमीनका अन्तर है—महान् भेद है। इस कारण गोसाईंजीने अपना सिद्धान्त स्पष्ट शब्दोंमें प्रदर्शित किया है—*'सेवक सेब्य भाव बिनु भव न तरिय उरगारि ...... यह सिद्धांत अपेल। ......'*

वाल्मीकिरामायणमें कर्मको आधार मानकर लीलाएँ वर्णित की गयी हैं, अध्यात्मरामायणमें ज्ञानको आश्रय देकर और रामचरितमानसमें भक्तिपक्षको लेकर। इस प्रकार तीनों रामायणोंद्वारा एक-एककी पूर्ति होती है, पुनरुक्ति नहीं। यही कारण है कि देववाणीमें लिखे गये आदिकवि वाल्मीकिके द्वारा निर्मित रामायणके रहते हुए भी विवेकी पण्डितजन भाषामें भी लिखे गये मानसका अध्ययन प्रेमसे करते हैं और उसमें सानन्द अवगाहन कर अपनेको कृतकृत्य मानते हैं। (कल्याण १३—२)

नोट—३. ऊपर कहा था कि *'पिता बचन तजि राज उदासी'* और यहाँ कहते हैं कि *'मृग बधि बंधु सहित हरि आए।'* 'कहाँ तो उदासी और कहाँ मृग-वध—ये दोनों परस्पर विरोधी बातें है। जब उदासी वेषका वचन था तब धनुष-बाण कैसे धारण किये रहे और मृगादिका वध कैसे करते रहे?' यह शङ्का जब-तब रामायणसे अनभिज्ञ लोग किया करते हैं। इस विषयमें दो-तीन बातें ध्यानमें रखनेसे शङ्का-समाधान आप-से-आप हो जाता है। एक तो यह कि 'कैकेयीजीने क्या वर माँगा।' दूसरे, जो वेष उन्होंने धारण किया, वह कैकेयीके सामने या उनकी दृष्टिसे बाहर ? तीसरे, धनुष-बाण धारण करना कैकेयीके मतमें था या नहीं। चौथे, श्रीरामजी सत्यसंकल्प हैं न ? सत्यव्रत हैं न ?

कैकेयीजीने माँगा था—*'तापस बेस बिसेषि उदासी। चौदह बरिस रामु बनबासी॥'* एवं *'होत प्रात मुनिबेष धरि जो न राम बन जाहिं।'* कैकेयीने स्वयं मुनिवेष अपने सामने धारण कराया। यथा—*'मुनि पट भूषन भाजन आनी। आगे धरि बोली मृदुबानी॥ राम तुरत मुनिबेष बनाई। चले जनक जननिहि सिरु नाई॥ सजि*

बन साजसमाजु सब बनिता बंधु समेत। बंदि बिप्र गुर चरन प्रभु चले करि सबहि अचेत॥' श्रीरामचरितमानसके अनुसार इसके बाद फिर घर जाना नहीं हुआ। अतएव निश्चय है कि मुनिवेषके साथ क्षत्रियधर्मके अनुकूल धनुष-बाण भी उन्होंने कैकेयीजीके सामने ही धारण किया और कैकेयीजीने उसपर कोई एतराज नहीं किया। एतराज करती ही क्यों? *'बेष'* शब्दमें केवल वस्त्राभूषण शृङ्गारका ही भाव रहता है। देखिये न परशुरामजीके धनुष, बाण, तरकश, परशु धारण करनेपर भी उनके वेषको *'सांत बेष'* ही कविने कहा है। जिससे स्पष्ट है कि कैकेयीजीका *'तापस बेष बिसेषि उदासी'* एवं *'मुनिबेष'* से यह तात्पर्य न था कि वे अपने आयुध साथ न लें। और वाल्मीकीयमें तो धनुष, बाण, खड्ग आदि सभीका, उसी समय उनके सामने ही लेकर जाना लिखा है। यदि कैकेयीका मत (शङ्का करनेवालेके अनुसार) वैसा होता तो श्रीरघुनाथजी श्रीसीताजीसे (वाल्मीकीय वनकाण्डमें) ऐसा न कहते कि हम मुनियोंको रक्षाका वचन दे चुके हैं, हम अवश्य राक्षसोंका वध करेंगे। और यह भी स्मरण रहे कि श्रीरामजी सत्यव्रत हैं। जब उन्होंने कैकेयीजीसे यह कह दिया कि हम पिताके वचन और आपकी आज्ञाका पालन करेंगे, तब वे आज्ञाके प्रतिकूल कोई भी बात कब करते ? कैकेयीजीका जो मतलब (आशय) था वह या तो कैकेयी ही समझती थीं या पूर्णरीत्या श्रीरामजी ही। हो सकता है कि इस प्रकारकी शङ्काके विचारसे ही गोस्वामीजीने आगेका दोहा लिखा हो।

दोहा—अति बिचित्र रघुपति चरित जानहि परम सुजान।
जे मतिमंद बिमोह बस हृदय धरहिं कछु आन॥ ४९॥

अर्थ—श्रीरघुनाथजीका चरित्र अत्यन्त विचित्र है, परम सुजान (ही इसे) जानता है। जो मन्दबुद्धि और विशेषमोहके वश हैं*, वे हृदयमें कुछ और ही धारणा कर लेते हैं। अर्थात् कुछ-का-कुछ समझ बैठते हैं॥ ४९॥

* 'अति बिचित्र रघुपति चरित जानहि परम सुजान' *

१ पं० रामकुमारजी—*'अति बिचित्र'* और *'परम सुजान'* पदोंसे जनाते हैं कि रघुपतिके चरित्र तीन प्रकारके होते हैं—*'चित्र'*, *'बिचित्र'* और *'अतिं बिचित्र'*। और उनके ज्ञाता (जानकार) भी क्रमशः तीन प्रकारके होते हैं—*'जान'*, *'सुजान'* और *'परम सुजान'*।

चरित्र	चरित्रोंके ज्ञाता
सत्त्वगुणी चरित्र *'चित्र'* हैं।	१ कर्मकाण्डी मुनि इनके ज्ञाता *'जान'* हैं।
रजोगुणी चरित्र *'बिचित्र'* हैं।	२ ज्ञानी सनकादि इनके ज्ञाता *'सुजान'* हैं।
तमोगुणी चरित्र (विलाप आदि) *'अति बिचित्र'* हैं।	३ उपासक भुशुण्डि, शिव इनके ज्ञाता *'परम सुजान'* हैं। इन्हें भ्रम नहीं होता।

प्रमाण, यथा—'वदन्ति मुनयः केचिज्जानन्ति सनकादयः। मद्भक्ता निर्मलात्मानः सम्यग् जानन्ति नित्यदा॥' (इति अध्यात्मरा०) पुनः यथा—*'जानहिं यह चरित्र मुनि ज्ञानी। जिन्ह रघुबीर चरन रति मानी॥'*

२ कोई महानुभाव ऐसा कहते हैं कि अन्तर्यामीका चरित्र *'चित्र'* है, विराट्का *'बिचित्र'* है और श्रीरघुपतिचरित *'अति बिचित्र'* है। इस प्रकार इनके चरित्रोंको जाननेवाले क्रमसे *'जान'*, *'सुजान'* और *'परम सुजान'* हैं।

३ वे० भू० जीका मत है कि भगवान्‌के अन्य अवतारोंके चरित्र *'बिचित्र'* हैं, उन्हें वेद-शास्त्रादि तथा अन्य साधनोंद्वारा भी लोग जान सकते हैं। अतः उनके जाननेवाले *'सुजान'* हैं। और साक्षात् ब्रह्म रघुपतिके चरित *'अति बिचित्र'* हैं। वे उन्हीं चरितनायकको कृपासे, उन्हींके जनानेसे जाने जा सकते हैं, अन्यथा नहीं। यथा—*'सो जानइ जेहि देहु जनाई।'* अतएव इनके जाननेवाले *'परम सुजान'* कहे जाते हैं।

* अर्थान्तर—जो मतिमन्द होते हैं वे विशेष मोहके वश होते हैं—(प० प० प्र०)।

४ बैजनाथजी लिखते हैं कि 'जहाँ अनेक रंगोंकी संकीर्णता (अर्थात् बहुत-से रंगोंका सम्मिश्रण वा मेल) होती है, उसे विचित्र कहते हैं।' मुं० रोशनलालजी भी *'बिचित्र'* का भाव 'अनेक रंगोंके सहित' ऐसा लिखते हैं। दोनोंके मतोंमें रंगके विषयमें कहीं-कहीं भेद है। बाकी जान पड़ता है कि पाँड़ेजीकी टीकासे ही बैजनाथजीने यह भाव लिया है।

चरित	रस	रंग पाँ। बै०	चरित	रस	रंग पाँ। बै०
१ तपस्वीवेष	शान्त	श्वेत	५ प्रियावियोग	करुण	पीत। कपोत
२ धनुर्धारीवेष	वीर	लाल। पीत	☞ इसे वियोग शृङ्गार कहना उपयुक्त होगा।		
३ प्रियासंयुक्त	संयोगशृङ्गार	श्याम	६ विरह-विकलता	बीभत्स	खाकी। नील
४ मारीचवध	रौद्र	काला। लाल	☞ इसी तरह अनेक रंगमय चरित्र होना विचित्रता है। (बै०)		

टिप्पणी—१ *'अति बिचित्र.....'* इति। वास्तवमें *'बिचित्र'* का अर्थ है—असाधारण, विलक्षण। अर्थात् सर्वसाधारणको अगम्य-अज्ञेय। जीवोंका चरित्र सर्वसाधारणको अगम्य है, पर ब्रह्मादि देवताओं तथा योगियोंको वह गम्य है। इसीलिये उसे *'बिचित्र'* कहा जा सकता है। और ईश्वरका चरित्र सामान्य जीवोंकी कौन कहे, ब्रह्मादि देवता तथा योगियोंको भी अगम्य है। उदाहरणमें गोवत्सहरणप्रसङ्गमें ब्रह्माजी, नागपाशमें गरुड़जी और मोहिनीस्वरूपमें शिवजीके मोहका दृष्टान्त दिया जा सकता है। अतः यह *'अति बिचित्र'* है। यथा—*'अति बिचित्र भगवंत गति को जग जानै जोग।'* *'परम सुजान'* तो एक परमेश्वर ही है, वही अपने चरित्रको जानता है, दूसरा नहीं। वह ही जिसको जना दे वह भी जान जाता है और उतने विषयके लिये उसको *'परम सुजान'* कह सकते हैं, सर्वथा *'परम सुजान'* तो परमेश्वर ही है। नोट ३ भी देखिये।

नोट—१ संवत् १६६१ में *'जानहि'* पाठ है। एक वचनात्मक क्रियाका भाव यह है, इसको यथार्थ जाननेवाले बिरले कोई एक-दो अर्थात् बहुत थोड़े होते हैं और वे वही होते हैं जिनपर श्रीरघुपतिकृपा हो जाती है।—*'सो जानइ जेहि देहु जनाई।'*

टिप्पणी—२ *'जे मतिमंद बिमोह बस'* इति। यहाँ न जाननेवालोंकी भी तीन कोटियाँ वा संज्ञाएँ जनायीं—एक मतिमन्द, दूसरे, मोहवश और तीसरे, विमोहवश। सत्त्वगुणके चरित समझनेमें मतिमन्द हैं, रजोगुणकी लीला समझनेमें मोहवश हैं और तमोगुणी लीलाके समझनेमें 'विमोहवश' हैं।

टिप्पणी—३ *'हृदय धरहिं कछु आन'* इति। अर्थात् श्रीरामजीको नर मानते हैं। *'जे मतिमंद.......आन'* ये वचन याज्ञवल्क्यजीके हैं। मतिमन्द हृदयमें क्या धारणा रखते हैं, यह याज्ञवल्क्यजी अपने मुँहसे भी नहीं कहना चाहते अथवा न कह सके। इसीसे उन्होंने *'धरहिं कछु आन'* इतनामात्र कहा। आगे चलकर शिवजीके वचनोंमें इसको कहा है; यथा—*'तुम्ह जो कहा राम कोउ आना। जेहि श्रुति गाव धरहिं मुनि ध्याना॥ कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जे मोह पिसाच। पाषंडी हरिपद बिमुख जानहिं झूठ न साच॥'* (बा० ११४)—इस तरह *'धरहिं कछु आन'* का भावार्थ यह हुआ कि उनकी यह धारणा रहती है कि श्रुतिप्रतिपाद्य, 'रमन्ते योगिनोऽस्मिन्' 'ये राम दाशरथि रामसे भिन्न कोई और हैं।'

नोट—२ करुणासिन्धुजी लिखते हैं कि 'आसुरी बुद्धिवाले यह समझते हैं कि ये परमात्मा होते तो इस तरह वियोगमें व्याकुल होकर क्यों जानकीजीको खोजते-फिरते।' यथा—*'खोजै सो कि अग्य इव नारी। ग्यानधाम श्रीपति असुरारी॥'* (बा० ५१) बैजनाथजी लिखते हैं कि मतिमन्दकी धारणा यह होती है कि 'दशरथनन्दन रघुनाथजी कामासक्त थे, इसीसे विलख-विलख रो रहे हैं। वे प्रभुमें दुःख मानते हैं; यथा—*'निज भ्रम नहिं समुझहिं अग्यानी। प्रभुपर मोह धरहिं जड़ प्रानी॥'* इत्यादि। विशेष *'कामिन्ह कै दीनता देखाई।'* (अ० ३९। २) में देखिये।

नोट—३ *'अति बिचित्र'* और *'परम सुजान'* शब्दोंमें ध्वनि यह है कि इन चरित्रोंको देखकर जब

जगज्जननी भवानी सतीको ही संशय, मोह और भ्रम हो गया तब इनके *'अति बिचित्र'* होनेमें सन्देह ही क्या? और तब भला भगवान् शङ्कर-सरीखे परम सुजान परम भागवतोंको छोड़कर इन चरित्रोंको यथार्थतः और कौन जान और समझ सकता है, *'परम सुजान'* ही इनके अधिकारी हैं। यथा—*'जगु पेखन तुम्ह देखनिहारे। बिधि हरि संभु नचावनिहारे॥ तेउ न जानहिं मरमु तुम्हारा। और तुम्हहि को जाननिहारा॥ सोइ जानइ जेहि देहु जनाई। जानत तुम्हहि तुम्हहि होइ जाई॥ तुम्हरिहि कृपा तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन॥ चिदानंदमय देह तुम्हारी। बिगत बिकार जान अधिकारी॥ नर तन धरेहु संत सुरकाजा। कहहु करहु जस प्राकृत राजा॥ राम देखि सुनि चरित तुम्हारे। जड़ मोहहिं बुध होहिं सुखारे॥'* (अ० १२७—१—७) *'उमा राम गुन गूढ़ पंडित मुनि पावहिं बिरति। पावहिं मोह बिमूढ़ जे हरिबिमुख न धर्म रति॥'* (अ० मं०) *'गिरिजा सुनहु राम कै लीला। सुरहित दनुज बिमोहन सीला॥' 'असि रघुपति लीला उरगारी। दनुज बिमोहनि जनसुखकारी॥'* (७।७३) श्रीवाल्मीकिजी, शिवजी और भुशुण्डिजीके उपर्युक्त वाक्योंसे स्पष्ट है कि *'परम सुजान'* से दैवी सम्पत्ति वा दैवी बुद्धिवाले पण्डित, मुनि आदि जो श्रीरामजीके भक्तजन हैं, वे ही अभिप्रेत हैं। और *'जे मतिमंद बिमोह बस'''''''* के *'मतिमंद'* शब्दसे आसुरी सम्पदा वा आसुरी बुद्धिवाले, विमूढ़ जड मनुष्य जो हरिपदविमुख हैं, जिनकी धर्ममें प्रीति नहीं है—उन्हींसे तात्पर्य है।

'परम सुजान क्या समझते हैं?'—यह भी इन उपर्युक्त उद्धरणोंसे स्पष्ट कहा हुआ है। वे यह जानते हैं कि आपकी देह चिदानन्दमय है, अर्थात् उसमें देह-देही-विभाग नहीं है, आपकी देह पञ्चतत्त्वात्मक नहीं है, वह तो समस्त विकाररहित है। आपने नृपशरीर धारण किया है, अतएव प्राकृत नृपके-से चरित भी करते हैं।

एक ही चरित एकमें मोह उत्पन्न कर देता है और दूसरेको सुख देता है, इसमें आश्चर्य ही क्या? देखिये 'एक ही पवनके वेगके स्पर्शसे जलमें शीतलता और अग्निमें उष्णता होती है, वैसे ही श्रीरामचरित भगवद्भक्तोंमें भक्ति, विश्वास, वैराग्य आदि और भगवद्विमुखोंको मोह और अनिश्चयके कारण होते हैं।' (शुकदेवलालजी)

(श्रीकरुणासिन्धुजी अपनी आनन्दलहरीटीकामें लिखते हैं कि *'परम सुजान'* यह समझते हैं कि) 'इन अपने चरितोंसे प्रभु हमें यह शिक्षा दे रहे हैं कि जैसे हम श्रीजानकीजीसे मिलनेके लिये उत्सुक और व्याकुल हैं, इसी तरह हमारे भक्त हमारे मिलनेके लिये उत्कण्ठित और व्याकुल हों।'

श्रीरूपकलाजीका मत है कि यहाँ प्रभुने अपने भक्तोंको उपदेशके ही लिये कामियोंका स्वरूप दिखा दिया है। शिवजीका भी यही मत है, यथा—*'गुनातीत सचराचर स्वामी। राम उमा सब अंतरजामी॥ कामिन्ह कै दीनता देखाई। धीरन्हके मन बिरति दृढ़ाई॥'* (अ० ३९) अर्थात् धीर भक्तोंको उपदेश देते हैं कि देखो विषयासक्तिमें, कामासक्तिमें इसी तरह अमित संकट उठाने पड़ते हैं, रो-रो प्राण देना पड़ जाता है, अतएव कामसे बचो। यही बात भगवान्ने देवर्षि नारदसे कही है, यथा—*'अवगुन मूल सूलप्रद प्रमदा सब दुख खानि। ताते कीन्ह निवारन मुनि मैं यह जिय जानि॥'* (अ० ४४)

प० प० प्र०—चित्र, विचित्र और अति विचित्र यह क्रम है। चित्र शब्दके तीन अर्थ ये हैं—अद्भुत, आश्चर्यकारक, अनेक परस्परविरुद्ध लक्षणोंसे युक्त। तीनों अर्थ यहाँ ग्राह्य हैं। रघुपतिचरित *'सुर हित दनुज बिमोहन सीला'* है, अतः अति विचित्र है। *'बिस्व सुखद खल कमल तुसारू'* होनेसे भी अति विचित्र है। ऐसा विचित्र है कि श्रीसतीजी, गरुड़जी तथा भुशुण्डिजीके समान रामभक्तोंको भी मोह-विमोह होता है। श्रीरघुपतिगुरु श्रीवसिष्ठजी भी कहते हैं कि *'देखि देखि आचरन तुम्हारा। होत मोह मम हृदय अपारा॥'* श्रीरघुपति *'बिधि हरि संभु नचावनिहारे'* हैं तब दूसरा कौन है जो रघुपतिचरितका रहस्य सम्पूर्ण रीतिसे जान सकेगा। अतएव 'जो परम सुजान है वह जानता है' ऐसा अर्थ लेनेसे वसिष्ठजी भी मतिमन्द आदि सिद्ध हो जायँगे। *'राम रहस्य ललित बिधि नाना। गुप्त प्रगट इतिहास पुराना॥ बिनु श्रम तुम्ह जानब सब सोऊ।'* ऐसा आशीर्वाद होनेपर भी भुशुण्डिजीको रामचरित्र देखकर मोह हुआ है तब दूसरोंकी बात ही क्या? अतः *'ग्यानी मूढ़ न कोइ। जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होइ॥'* (१।२२४) यह

ध्यानमें रखकर और *'अति बिचित्र भगवंत गति को जग जानै जोगु।'* ऐसा समझकर जो सन्देहातीत रहेगा वही परम सुजान कहनेयोग्य है।

नोट—४ उत्तरार्द्धमें *'जे'* बहुवचन पद देकर जनाया कि ऐसोंकी संख्या अधिक है। *'धरहिं'* से जनाया कि उसे यत्नपूर्वक रखते हैं, हृदयसे उसे निकाल डालना नहीं चाहते, ऐसा गाड़कर रखते हैं कि उसका निकालना भी कठिन हो जाता है।

नोट—५ यहाँ 'प्रथम निदर्शना' अलङ्कार है। जहाँ दो वाक्योंके अर्थमें विभिन्नता होते हुए समताभावसूचक ऐसा आरोपण किया जाय कि दोनों एक-से जान पड़ें, वहाँ 'निदर्शनालङ्कार' होता है। यथा—*'जो सो जे ते पदन करि असम वाक्य सम कीन्ह। ता कहँ प्रथम निदर्शना बरनैं कबि परबीन॥'* (अ० मं०)

नोट—६ मिलान कीजिये—*'अबिगत गति जानी न परै॥ मन बच अगम अगाध अगोचर केहि बिधि बुधि सचरै। अति प्रचंड पौरुष सो मातो केहरि भूख मरै॥ तजि उद्यम आकाश कर बैठ्यो अजगर उदर भरै। कबहुँक तृण बूड़ै पानीमें कबहुँक शिला तरै॥ बागर से सागर कर राखे चहुँ दिशि नीर भरै। पाहन बीच कमल बिकसाहीं जलमें अग्नि जरै॥ राजा रंक रंक ते राजा ले सिर छत्र धरै। 'सूर' पतित तर जाय छनकमें जो प्रभु टेक करै॥'* (वि० टी०)

संभु समय तेहि रामहि देखा। उपजा हिय अति* हरषु बिसेषा॥ १॥
भरि लोचन छबिसिंधु निहारी। कुसमय जानि न कीन्ह चिन्हारी॥ २॥

अर्थ—शिवजीने उसी समय श्रीरामजीको देखा। उनके हृदयमें बहुत ही भारी आनन्द उत्पन्न हुआ॥ १॥ छबि-समुद्र श्रीरामचन्द्रजीको नेत्रभर देख कुअवसर (ठीक या उचित अवसर नहीं है यह) जानकर उन्होंने परिचय (जान-पहचान) न किया॥ २॥

टिप्पणी—१ *'संभु समय तेहि रामहि देखा।'* इति। (क) अब यहाँ देखनेका समय बताते हैं। (ख) *'समय तेहि'* अर्थात् जेहि समय *'बिरह बिकल नर इव रघुराई। खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई॥'* जिस समय विरहमें व्याकुल प्राकृत नरकी तरह सीताजीको वनमें खोजते फिरते थे—*'तेहि समय'* उसी समय देखा। (ग) *'संभु रामहि देखा'* से जनाया कि शङ्करजीने श्रीरामजीको देखा, श्रीरामजीने उनको नहीं देखा। कारण कि शिवजीको दर्शनकी इच्छा थी; यथा—*'तुलसी दरसन लोभु मन डरु लोचन लालची।'* (४८) सो प्रभुने उनको दर्शन दे दिया। शिवजी असमञ्जसमें पड़े थे कि *'केहि बिधि दरसनु होइ'* और कोई विधि बैठती न थी; यथा—*'करत बिचार न बनत बनावा।'* दर्शनका कोई उपाय मनमें जमता न था सो श्रीरामकृपासे बिना परिश्रम दर्शन हो गया। श्रीरामजीने शङ्करजीको नहीं देखा। माधुर्यमें इसका कारण 'व्याकुलता' है और ऐश्वर्यमें तो शिवजी स्वयं उनसे मिलना नहीं चाहते थे, जिसका कारण पूर्व कह आये कि *'गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु गएँ जान सब कोइ'* और आगे भी लिखते हैं कि *'कुसमय जानि न कीन्ह चिन्हारी'* अतएव सर्वज्ञ, अन्तर्यामी भगवान्‌ने उनकी ओर न देखा। यदि वे देखते तो शिवजी अपने इष्टदेव स्वामीको प्रणाम कैसे न करते ? इत्यादि।

टिप्पणी—२ यहाँ शंका होती है कि 'श्रीरामजी अगस्त्यजीके आश्रमसे दक्षिण पञ्चवटीको गये। सीताहरण पञ्चवटीमें हुआ। शिवजी अगस्त्यजीके आश्रमसे उत्तर कैलासको चले। तब शिवजीकी श्रीरामजीसे भेंट कैसे हुई ?' इसका समाधान यह है कि श्रीरामजी विरहमें व्याकुल हैं; सारे वनमें खोजते-फिरते हैं; यथा—*'बिरह बिकल नर इव रघुराई। खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई॥'* व्याकुलतामें खोजते-खोजते उत्तरकी ओर चले गये। अतः भेंट हो गयी।—यह समाधान माधुर्यके अनुकूल हुआ। ऐश्वर्यके अनुकूल समाधान यह है कि जब शिवजी स्वामिदर्शनार्थ शोचवश हुए अर्थात् अति आर्त्त हुए तब भगवान् सर्व-उरवासी, सर्वव्यापक श्रीरामजीने उनके लिये वहीं प्रकट होकर उनको दर्शन दिये, जैसे सतीजीके सन्देहनिवारणार्थ उन्होंने अनेक रूप प्रकट किये, जिसका वर्णन आगे है।

* तेहि—१७२१, १७६२। अति—१६६१, १७०४।

(स्वामी प्रज्ञानानन्दजी लिखते हैं कि अगस्त्याश्रम नगर जिलेके अकोला ताल्लुकाके अकोलाग्रामसे दो मीलपर है। यह स्थान पञ्चवटीकी दक्षिण दिशामें ही है। श्रीरघुनाथजी दक्षिण दिशाकी ओर खोजते जा रहे थे और श्रीशिवजी अगस्त्याश्रमसे उत्तर दिशाकी ओर जाते थे। वाल्मीकीय रामायणमें अगस्त्याश्रम और पञ्चवटीका जो सम्बन्ध वर्णित है, वह इस अगस्त्याश्रम और नासिक पञ्चवटीका आज भी विद्यमान है। अतः उपर्युक्त शंका ही निर्मूल हो जाती है।)

टिप्पणी—३ *'उपजा हिय अति हरषु बिसेषा'* इति। *'अति हरषु बिसेषा'* का भाव कि श्रीरामदर्शन बिना शिवजीका मन छटपटा रहा था, उनके मनमें अत्यन्त खलबली पड़ी थी; यथा—*'संकर उर अति छोभु सती न जानहिं मरमु सोइ। तुलसी दरसन लोभु मन डरु लोचन लालची॥'* अतएव दर्शन होनेपर 'अति विशेष' हर्ष हुआ। पूर्व 'अति क्षोभ' था, अतः अब 'अति विशेष हर्ष' हुआ।

नोट—१ हर्षका एक कारण तो इष्टदर्शन है। स्मरण रहे कि किसी पदार्थकी प्राप्तिके लिये जितनी ही अधिक उत्कट इच्छा और जितनी ही अधिक व्याकुलता होती है, उतनी ही अधिक प्रसन्नता उसके पानेपर होती है, यथा—*'जो अति आतप ब्याकुल होई। तरुछाया सुख जाने सोई॥'*

☞शिवजीको श्रीरामचरितके श्रवण, कथन और स्मरणसे सदा ही विशेष आनन्द प्राप्त होता है। ग्रन्थमें विवाह-राज्याभिषेक आदि प्रसङ्ग और कैलास-प्रकरण इसके प्रमाण हैं। और, इस समय तो अकस्मात् साक्षात् दर्शन, वह भी अनायास और एकान्तमें, और *'भरि लोचन'*—मीठा और कठौतीभर। उसपर भी छबिसिंधु तथा वस्त्राभूषणसे अनावृत शोभाका अघाकर दर्शन और मनुजवेषका पूरा अनुकरण—ये सब 'अति विशेष हर्ष' के कारण हुए।

नोट—२ श्रीसुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि 'एक कल्पके बाद (अब पुनः) *'खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई'* ऐसा नररूप देखनेमें आया, इससे अत्यन्त हर्ष हुआ।' और पंजाबीजी लिखते हैं कि—'शिवजी प्रभुका वास्तविक स्वरूप जानते हैं। उनके नरनाट्यमें शोकादि रचनाओंकी पूर्णता देखकर कि खूब स्वाँग रचा है, जैसा इस वेषमें करना चाहिये था वैसा ही कर रहे हैं (अर्थात् शोकादि स्वाँगोंमें नरनाट्यकी पूर्णता देख) प्रसन्न हुए। अथवा, अब दुष्ट रावणका वध अवश्य होगा, यह समझकर प्रसन्न हुए और सौन्दर्यके आनन्दमें मग्न हुए।'

प० प० प्र० स्वामीका मत है कि भगवान्‌की अपने ऊपर परम कृपा और भक्तवत्सलता देखकर विशेष हर्ष हुआ। भगवान्‌ने मेरे हृदयकी बात जानकर मेरी लालसा पूरी कर दी, इस कृतज्ञताकी भावनासे भी विशेष हर्ष है।

नोट—३ श्रीशङ्करजी श्रीरामजीको विकल देखकर दुःखी न हुए, क्योंकि वे जानते हैं कि प्रभु नरनाट्य कर रहे हैं, कामियोंकी दशा दिखा रहे हैं। (पं० रा० कु०)

टिप्पणी—४ *'देखा प्रगट बिरह दुख ताके'* में एक बार *'देखा'* क्रिया कह आये हैं; अब यहाँ पुनः देखना कहते हैं—*'संभु समय तेहि रामहि देखा।'* पहलेमें 'विरह-दुःख' का देखना कहा था और यहाँ श्रीरामजीका दर्शन करना कहते हैं। अतः पुनरुक्ति नहीं है। [प्रथम *'देखा'* का कर्त्ता वक्ता या कवि है और दूसरेका कर्त्ता *'संभु'* हैं अतः पुनरुक्तिकी बात यहाँ नहीं है।]

टिप्पणी—५ *'भरि लोचन छबिसिंधु निहारी'*। इति। (क) *'भरि लोचन'* का भाव कि ये लोचन रूपके लिये लालायित थे, यथा—*'तुलसी दरसन लोभु मन डरु लोचन लालची।'* इसीसे नेत्र भरकर रूपका दर्शन किया। (ख) *'छबिसिंधु'* का भाव कि श्रीरामजी समुद्रकी तरह सदा एकरस छबिसे भरे हुए हैं, नित्य शोभाकी नयी-नयी लहरें उठ रहीं हैं, उनके रूपका पार न मिला, वह (रूप) समुद्रवत् अपार है, नेत्र थक (थकित हो) गये, पलक मारना बन्द हो गया। यथा—*'छबिसमुद्र हरिरूप बिलोकी। एकटक रहे नयनपट रोकी॥'* (बा० १४८) पुनः, भाव कि पात्र बहुत छोटा है और वस्तु बहुत है।

नोट—४ *'छबिसिंधु निहारी'* के और भाव ये हैं—(क) नेत्र मानों घट हैं। उनको छबिसिंधुजलसे भर लिया, तब वह व्याकुलता जो पूर्व थी कम हो गयी और लालची नेत्र किञ्चित् तृप्त हो गये। (द्वा० प्र०)

(ख) नेत्रभर देखा अर्थात् उसी छबिमें डूब गये। (वै०) (ग) एकान्त है, अतः नेत्र भरकर देखा। इस समय कौपीनमात्र धारण किये होनेसे सारे तनकी छबि देख पड़ी। *'जहाँ जाइ मन तहहिं लोभाई।'*

नोट—५ *छबि*=शोभा, सौन्दर्य। बैजनाथजी लिखते हैं कि *'छबि'* अर्थात् शोभाके नौ अंग हैं। यथा—*'द्युति लावण्य स्वरूप सोइ सुंदरता रमणीय। कांति मधुर मृदुता बहुरि सुकुमारता गनीय॥'* शरद्-चन्द्रकी-सी झलक 'द्युति' है। मोतीका-सा पानी 'लावण्य' है। बिना भूषणके ही भूषित होना 'स्वरूपता' है। सर्वाङ्ग सुठौर होना 'सुन्दरता' है। देखी होनेपर भी अनदेखी-सी देख पड़ना 'रमणीयता' है। सोनेकी-सी ज्योति 'कान्ति' है। और जिसको देखकर तृप्ति न हो वह 'माधुरी' है। यहाँ सिंधुमें जो जलकी झलक, जलकी अमलता, तरङ्गें, अपारता, जलका स्वाद, शीतलता, अगाधता और दोनों किनारे हैं, वे ही क्रमशः द्युति, लावण्य, स्वरूप, सौन्दर्य, रमणीयता, कान्ति, माधुरी, मृदुता और सुकुमारता—ये छबिके नौ अङ्ग हैं।'

टिप्पणी—६ *'कुसमय जानि न कीन्हि चिन्हारी'* इति। *'कुसमय जानि'* का भाव पूर्व लिखा जा चुका है। यथा—*'रावन मरनु मनुज कर जाचा। प्रभु बिधि बचनु कीन्ह चह साचा॥', 'गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु गए जान सब कोइ', बिरह बिकल नर इव रघुराई। खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई॥'* अर्थात् जिस समय दर्शन हुआ वह समय व्याकुलताका है, इसलिये मिलनेके योग्य नहीं है इसलिये (*'असमय'* न कहा) *'कुसमय'* कहा।—[जानेसे सब कोई जान जायेंगे। सतीजी भी साथ हैं अतः जाना ठीक नहीं। (रा० प्र०। वै०) दुःख वा वियोगका समय *'कुसमय'* है।] जब रावणवध हो गया तब ऐश्वर्य प्रकट होनेका डर न रह गया तथा जब फिर प्रभु श्रीसीतासहित विराजमान हुए, वियोग दूर हुआ तब *'सुअवसर'* हुआ। इसीलिये तब कविने लिखा कि *'जानि सुअवसर प्रभु पहिं आएउ संभु सुजान।'* (६। ११४)

नोट—६ इसपर यह शंका हो सकती है कि शङ्करजी तो *'सेवक स्वामि सखा सिय पीके'* हैं, सखाके नातेसे तो उन्हें अवश्य ऐसे दुःखके समयमें (माधुर्यमें) जाना चाहिये था, ऐसे ही समयमें तो मित्रकी परीक्षा होती है; यथा—*'धीरज धर्म मित्र अरु नारी। आपद काल परिखिअहिं चारी॥'* (३। ५। ७) तब उनका भेंट न करना तो मित्रधर्मके प्रतिकूल होगा। मित्र-दृष्टिसे यदि यह शंका है तो इसके अनुसार *'कुसमय जानि'* का भाव यह कहा जा सकता है कि रावण शिवभक्त है। अतः वे सोचते हैं कि हमारे ही भक्तने इनका अपराध किया है, हम इनको जाकर मुँह कैसे दिखावें।

'कुसमय' शब्द ग्रन्थमें और भी आया है। जैसे *'कुसमय समुझि सोक परिहरहू।'* (२। १६५) *'मोहि अनुचर कर केतिक बाता। तेहि महँ कुसमउ बाम बिधाता॥'* (२। २५३) और *'भै अति प्रेम बिकल महतारी। धीरज कीन्ह कुसमय बिचारी॥'* (१। १०२) इत्यादि। उपर्युक्त प्रथम और दूसरे उद्धरणमें *'कुसमय'* का अर्थ है—संकट-काल। और तीसरेमें उसका अर्थ है—योग्य समय नहीं, अनुचित समय। यही अन्तिम अर्थ *'कुसमय जानि.......'* के *'कुसमय'* का है।

मुं० रोशनलालजी *'कुसमय'* का भाव यह लिखते हैं—'श्रीरघुनाथजी शिकारी हैं और खरदूषण-त्रिशिरा-रावणादि मृग शिकार बाणके सन्मुख आ पड़े हैं। शिवजी विचारते हैं कि हमारे चिन्हारी करनेसे शिकार भाग न जाय।'—(पर खरदूषणादिका वध तो हो चुका और रावण भाग भी गया।)

टिप्पणी—७ *'न कीन्हि चिन्हारी'* इति। (क) पूर्व जो कहा था कि *'मन डरु लोचन लालची'* मन ऐश्वर्य खुलनेको डरता है और नेत्र दर्शनके लालची हैं—इन दोनोंको यहाँ चरितार्थ किया है। लोचन लालची हैं, इसीसे *'भरि लोचन'* छबिको देखा। और मन डरता है इसीसे *'चिन्हारी'* न की। (ख) चिन्हारी-जान-पहिचान, मुलाकात।—निकट नमस्कार, कुशल-प्रश्न-वार्ता। (वै०)

जय सच्चिदानंद जग पावन। अस कहि चलेउ मनोज नसावन॥ ३॥
चले जात सिव सती समेता। पुनि पुनि पुलकत कृपानिकेता॥ ४॥

अर्थ—*'जय सच्चिदानंद जग पावन'* (अर्थात् हे सच्चिदानन्द! हे जगत् को पावन करनेवाले! आपकी

जय।)—ऐसा कहकर कामदेवके नाश करनेवाले शिवजी चल पड़े॥ ३॥ कृपाके धाम शिवजी सतीसमेत चले जा रहे हैं और बारम्बार पुलकायमान हो रहे हैं॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'जय सच्चिदानंद जग पावन'* इति। 'हे सच्चिदानन्द! हे जगपावन! आपकी जय हो' ऐसा कहकर शिवजीने प्रणाम किया। अथवा, *'जय सच्चिदानंद जग पावन'* यह प्रणाम ही है। यहाँ शिवजीका प्रणाम करना नहीं कहते। पर आगे सतीजीके विचारमें प्रणाम करना स्पष्ट शब्दोंमें कह दिया है। यथा—*'तिन्ह नृपसुतहि कीन्ह परनामा। कहि सच्चिदानंद।'* (ख) *'सच्चिदानंद'* इति। आप सच्चिदानन्द हैं अर्थात् पूर्णब्रह्म वा परब्रह्म हैं। *'सच्चिदानंद'* का अर्थ 'ब्रह्म' है, यह सतीजीके विचारोंमें आगे कहा है। सतीजी विचार कर रही हैं कि जिसे शिवजीने *'सच्चिदानंद परधाम'* कहकर प्रणाम किया है वह ब्रह्म कैसे हो सकता है?' यथा—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥'* (५०) इस प्रकार *'सच्चिदानंद परधाम'* का अर्थ इस दोहेका पूर्वार्द्ध हुआ। (ग) *'जगपावन'* का भाव कि आप पूर्ण ब्रह्म सच्चिदानन्द हैं, आप अवतार लेकर जगत्‌को पवित्र कर रहे हैं। आपकी लीला जगत्‌के हितके लिये है। यथा—*'सकल लोक जगपावनि गंगा।'* (बा० ११२) स्मरण रहे कि श्रीरामजीके नाम, रूप, लीला और धाम—चारों पावन हैं और चारों ही जगत्‌को पावन करनेवाले हैं। यथा—

नाम—*सुमिरि पवनसुत पावन नामू। अपने बस करि राखे रामू॥*
रूप—*मैं नारि अपावन प्रभु जगपावन रावनरिपु जनसुखदाई।*
चरित—*जगपावनि कीरति बिस्तरिहहिं। गाइ गाइ भवनिधि नर तरिहहिं॥*
धाम—*बंदौं अवधपुरी अति पावनि। सरजू सरि कलि कलुष नसावनि॥*

पुनः, *'जगपावन'* का भाव कि 'आप तो वास्तवमें जगत्‌को पवित्र करनेके लिये ही विचर रहे हैं', नहीं तो आप तो 'परधाम' के वासी हैं।'

नोट—१ *'सच्चिदानंद जगपावन'* इति। पूर्व *'बिरह बिकल नर इव रघुराई'* अर्थात् श्रीरघुनाथजीका नरसमान व्याकुल होना कहा गया था, पर यह न बताया गया था कि वे *'रघुराई'* नर नहीं हैं तो कौन हैं ? उसका निराकरण यहाँ *'जय सच्चिदानंद०'* से करते हैं। अर्थात् यह बताते हैं कि वे *'रघुराई'* सत्-चित्-आनन्दघन ब्रह्म हैं, नर नहीं हैं। इस तरह *'सच्चिदानंद'* शब्दसे परब्रह्मका अवतार और *'जगपावन'* से उनके अवतारका हेतु कहा गया।

पंजाबीजी लिखते हैं कि 'नमः सच्चिदानंद' न कहकर *'जय सच्चिदानंद'* कहनेका आशय यह है कि प्रभुने यह ठाट रावणवधनिमित्त रचा है। इसलिये शिवजी आशीर्वाद देते हैं कि इस कार्यमें आपकी जय हो। यह आसिष सेवक, स्वामी और सखा सब भावोंमें बनती है। अनन्त श्रीरूपकलाजी महाराज फरमाते हैं कि *'जय'* का अर्थ भगवान्‌के सम्बन्धमें 'आपकी सदा जय है' ऐसा है। श्रीसूर्यप्रसादमिश्रजी लिखते हैं कि *'जय'* शब्दके अनेक अर्थ हैं—(क) शत्रुको पराङ्मुख करना अर्थात् जीतना। इससे अर्थ हुआ कि 'आप शत्रुको जीतें'। (ख)—नमस्कार। (ग) 'जयति अनेन जयः ग्रन्थः'। अर्थात् श्रुति-स्मृति-पुराणादि आपको *'सच्चिदानंद जगपावन'* कहते हैं, मैं क्या चीज हूँ। भविष्यपुराणमें *'जय'* का अर्थ यही लिखा है। यथा—'अष्टादशपुराणानि रामस्य चरितं तथा। विष्णुधर्मादिशास्त्राणि शिवधर्माश्च भारत॥ कार्ष्ण्यं च पञ्चमो वेदो यन्महाभारतं स्मृतम्। सौराश्च धर्मराजेन्द्र मानवोक्ता महीपते॥ जयेति नाम एतेषां प्रवदन्ति मनीषिणः।' (मा० प०) (घ) *'जय'* कहकर भी प्रणाम करनेकी एक रीति है। यथा—*'कहि जय जीव सीस तिन्ह नाए।'* (अ० ५२) *'कहि जय जीव बैठ सिरु नाई।'* (अ० ३८) *'देखि सचिव जय जीव कहि कीन्हेहु दंड प्रनामु।'* (२।१४८) तथा च 'नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम्। देवीं सरस्वतीं चैव ततो जयमुदीरयेत्॥' (भा० १।२।४) बैजनाथजी लिखते हैं कि 'सत्=शुद्ध धर्मात्मा। चित्=सबके चैतन्यकर्ता। ...... 'जयः शत्रुपराङ्मुखीकरणेन लब्धस्योत्कर्षस्य इत्यमरविवेके' अर्थात् शत्रुपराजयसे जो बड़ाई होती है उसे जय कहते हैं।'

प० प० प्र० स्वामीजी लिखते हैं कि 'शिवजी *'सेवक स्वामि सखा सिय पीके'* हैं। अतः अधिकारभेदानुसार यहाँ *'जय'* शब्दके तीन अर्थ हो सकते हैं। स्वामि और सखाभावसे यह अर्थ उचित है कि 'जिस हेतुसे यह लीला हो रही है, उसकी सफलता शीघ्रतम हो जाय।' सेवकभावसे यह अर्थ है कि 'आप अपनी जगपावनी शक्ति शीघ्रतम प्रकट कीजिये (वेदस्तुतिके *'जय जय ब्रह्माजाम्'* श्लोककी श्रीधरी टीका देखिये)—और निशाचरवध करके जगत्को शीघ्रातिशीघ्र पावन कीजिये।

मानसमें श्रीशिवजीने श्रीरघुनाथजीको केवल एक बार ही प्रत्यक्ष प्रणाम किया है। पार्वती-विवाह-प्रकरणमें *'प्रगटे रामकृतज्ञ कृपाला। रूप सील निधि तेज बिसाला॥'''''* (७६।५) रावणवधके पश्चात् शिवजीने समीप जाकर हाथ जोड़कर स्तुति की है—*'मामभिरक्षय रघुकुलनायक। धृतबर चाप रुचिर कर सायक॥'*''''(६। ११४) किन्तु इन दोनों प्रसंगोंमें प्रणाम करनेका उल्लेख नहीं है। उत्तरकाण्डमें राज्याभिषेकके समय 'जय राम रमारमनं शमनं' कहकर स्तुति की और उस समय *'तव नाम जपामि नमामि हरी।'* इन शब्दोंसे प्रणाम किया है। यह स्तुति ऐश्वर्यभाव प्रधान है। माधुर्यभावमें *'रघुकुलनायक'* को प्रणाम नहीं किया।

नोट—२ *'जगपावन'* का भाव कि जगत् राक्षसोंके उपद्रवसे अपावन (भ्रष्ट) हो गया था, अतः उसको पवित्र करनेके लिये आपका अवतार हुआ। यथा—*'अस भ्रष्ट अचारा भा संसारा धर्म सुनिअ नहिं काना।'* (बा० १८३) इत्यादि। (मा० प०)

टिप्पणी—२ *'जय सच्चिदानंद जगपावन। अस कहि चलेउ मनोज नसावन॥'* इस अर्धालीका अनुष्ठान करनेसे कामका नाश होता है। अर्थात् मनमें कामकी वासना नहीं होती।

टिप्पणी—३ *'अस कहि चलेउ मनोज नसावन'* इति। (क) पूर्व कह आये हैं कि शिवजी मुनिसे विदा माँगकर चले, यथा—*'मुनि सन बिदा माँगि त्रिपुरारी। चले भवन सँग दच्छकुमारी॥'* और यहाँ पुनः चलना कहते हैं। यहाँ पुनः चलना लिखनेसे पाया गया कि श्रीरामदर्शनार्थ शिवजी खड़े हो गये थे। जब दर्शन कर चुके तब पुनः *'चले'* का भाव कि 'श्रीरामजीका' दर्शन दूरसे हुआ है। ऐसा न हो कि प्रभु इधर ही चले आवें तो सामना हो जानेसे काम बिगड़ जाय। अतः अधिक ठहरे नहीं। *'जय सच्चिदानंद जगपावन'* इतनामात्र कह चलते हुए।

(ख) *'मनोज नसावन'* इति। ☞यहाँ काव्यालङ्कारोंसे अनभिज्ञ लोग यह शङ्का कर बैठते हैं कि 'कामदेवका भस्म करना तो सतीतनत्यागके पश्चात् पाया जाता है। यहाँ प्रथम ही यह विशेषणसे कैसे दिया गया ?' इसका समाधान एक तो यह है कि काव्यकी यह एक रीति है, उसका यह एक अलङ्कार है कि कवि भूत और भविष्यको प्रत्यक्ष-सा वर्णन करता है। इसे 'भाविक' अलङ्कार कहते हैं। यथा—*'भाविक भूत भविष्य जहँ परतछ होहिं बनाय'* इति। (भाषाभूषणे)। 'भावितं भूतं भविष्यं साक्षात्कारस्य वर्णनम्।' शिवजी कामका नाश भविष्यमें करेंगे, कविने उस भविष्यको पूर्व ही कह दिया। इस प्रकारके उदाहरण ग्रन्थमें ठौर-ठौरपर मिलते हैं। यथा—*'भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभासिंधु खरारी।'* (बा० १९२) (यहाँ कौसल्याजी प्रभुके प्रकट होते ही उनको *'खरारी'* सम्बोधन करती हैं) *'मैं नारि अपावन प्रभु जगपावन रावनरिपु जनसुखदाई।'* (बा० २११) (श्रीसीताहरणके पश्चात् रावणरिपु होंगे पर अहल्याने उनको पूर्व ही रावणरिपु कह दिया) तथा—*'भृगुपति केरि गरबु गरुआई।'* (२६०। ५) (परशुरामजी अभी आये भी नहीं, धनुर्भंग भी नहीं हुआ और उनका गर्वदलन पहले ही कह दिया गया) इत्यादि। [दूसरे, प्रत्येक कल्पमें अवतार होते हैं; यथा—*'कलप कलप प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नाना बिधि करहीं॥'* (बा० १४०) जिनमें मुख्य चरित्र प्रायः एकहीसे होते हैं। उन्हींके अनुसंधानसे कवि प्रायः सभी विशेषण दिया करते हैं। तीसरे, शिवजी तो सदासे ही कामको जीते हुए हैं जैसा कि पार्वतीजीके वचनोंसे स्पष्ट है; यथा—*'तुम्हरे जान कामु अब जारा। अब लगि संभु रहे सबिकारा॥ हमरे जान सदा सिव जोगी। अज अनवद्य अकाम अभोगी॥'* (बा० ९०) आगे जो कामदेवका नाश वर्णन किया गया है, वह तो एक लीलामात्र है। चौथे, यह शंका गोस्वामीजीके इस कथनसे भी निर्मूल जान पड़ती है कि देवता अनादि हैं, उनके चरित्रोंमें संदेह

न करना चाहिये। यथा—*'मुनि अनुसासन गनपतिहि पूजेउ संभु भवानि। कोउ सुनि संसय करै जनि सुर अनादि जिय जानि॥'* (बा० १००) जब सुर अनादि हैं तो उनके गुण और नाम भी अनादि हुए ही!]

(ग) *'मनोज नसावन'* विशेषण देकर जनाया कि शिवजीकी श्रीरामजीमें निर्दोष भक्ति है। कामादि भक्तिके दोष हैं। यथा—*'भक्तिं प्रयच्छ रघुपुङ्गव निर्भरां मे कामादिदोषरहितं कुरु मानसं च।'* (सुं० मं०), *'तब लगि कुसल न जीव कहुँ सपनेहु मन बिश्राम। जब लगि भजत न राम कहुँ सोक धाम तजि काम॥'* (सुं० ४६) ☞ दर्शन करना, नामोच्चार करना, प्रेमसे पुलकित होना—यह शिवजीकी श्रीरामजीमें भक्ति दिखायी।

नोट—३ *'मनोज'* शब्द यद्यपि कामवाचक ही प्रसिद्ध है तथापि उसका अर्थ मनमें 'जायमान' यह होनेसे काम-क्रोधादि सभी राजस-तामस वृत्तियोंका उससे ग्रहण हो सकता है। इस तरह *'मनोज नसावन'* कहकर उनको निष्काम भक्त और काम-क्रोधादि विकारोंसे रहित जनाया। सेवकके लिये विकाररहित होना आवश्यक है तभी तो श्रीसुमित्रा अम्बाजी उपदेश देती हैं कि *'राग रोष इरिषा मद मोहू। जनि सपनेहु इनके बस होहू॥ सकल प्रकार बिकार बिहाई। मन क्रम बचन करेहु सेवकाई॥'* (२।७५)

नोट—४ *'मनोज नसावन'* विशेषण देकर वक्ता यहाँ यह दिखाते हैं कि शिवजी कामके नाशक हैं और श्रीरामजी उनके भी इष्ट हैं, तब भला वे कामासक्त कैसे हो सकते हैं? कामीका ढंग केवल बनावटी स्वाँग है। (श्रीरूपकलाजी) *'मनोज नसावन'* भला कामीका भक्त कैसे हो सकता है? पुनः भाव कि शिवजी ऐसे समर्थ हैं (कि लोकविजयी कामको भी नाश कर डाला) तभी तो ऐसे माधुर्यमें भी श्रीरामजीको ऐश्वर्यमय देख रहे हैं, भला कामी कभी प्रभुके वास्तविक स्वरूपको लख सकता है? कदापि नहीं।

टिप्पणी—४ *'चले जात सिव सती संमेता'* इति। *'चले जात'* का भाव कि प्रथम दर्शनकी आशासे रुके थे, अब दर्शन हो गया, अतः अब बराबर चले जा रहे हैं। शिवजीका सतीजीमें अत्यन्त प्रेम है, इसीसे वक्ता उनको बराबर सतीसमेत ही दिखाते आ रहे हैं। यथा—*'संग सती जगजननि भवानी।'*, *'चले भवन संग दच्छकुमारी'* तथा यहाँ *'सती समेता।'*

[प्र० स्वामीजी लिखते हैं कि पहले कहा कि *'अस कहि चलेउ मनोज नसावन'* और अब कहते हैं *'चले जात सिव सती समेता'*, यह पुनरुक्तिवदाभास अलङ्कार है। यह नाट्यका एक सुन्दर नमूना और शिवजीकी प्रेममग्न दशाका प्रदर्शक है। रूपदर्शनानन्द तथा रामप्रेममें वे इतने मग्न हैं कि उनको परिस्थितिका भान ही नहीं रह गया, सतीजी साथमें हैं यह भी वे भूल गये और अकेले ही चल पड़े। सतीजी त्वरासे पीछे चलने लगीं तब नूपुरादिकी ध्वनिसे होश आ गया और किंचित् काल खड़े रहे, इतनेमें सतीजी समीप आ गयीं, तब *'चले जात सिव सती समेता'* कहा, यह मनोहर नाट्य है।]

टिप्पणी—५ *'पुनि पुनि पुलकत कृपानिकेता'* इति। (क) पुनि-पुनि पुलकना कहकर जनाया कि श्रीराम-दर्शनसे शिवजीको विशेष हर्ष और सुख उत्पन्न हुआ। सामान्य हर्ष होता तो सामान्य पुलकावली होती। [पुनः भाव कि जैसे-जैसे प्रभुकी छबि और उनके चरित्रोंका स्मरण होता जाता है, वैसे-ही-वैसे आनन्दसे पुलकित होते जाते हैं। (मा० प०)] (ख) *'कृपानिकेता'* का भाव कि शिवजी योगीश्वर हैं; चाहें तो योगबलसे एक पलमें कैलास पहुँच जायँ, पर ऐसा न करके सब जीवोंपर कृपा करके सबको दर्शन देते हुए सतीसमेत चले जा रहे हैं। (बैजनाथजीका मत है कि अपनेमें प्रेम दर्शाकर स्त्रीको भी श्रीरामरूपकी प्रेमिन बनाना चाहते हैं, अतः *'कृपानिकेता'* कहा। त्रिपाठीजीका मत है कि दक्षकुमारीका मन नहीं लगा, इसलिये भवन चले थे, यहाँ भी थोड़ा ही ठहरे, अतः *'कृपानिकेता'* कहा।)

सतीं सो दसा संभु कै देखी। उर उपजा संदेहु बिसेषी॥ ५॥
संकरु जगतबंद्य जगदीसा। सुर नर मुनि सब नावत* सीसा॥ ६॥

---

* नावहि—१७२१, १७६२, छ०, को० रा०। नावत—१६६१, १७०४।

तिन्ह नृपसुतहि कीन्ह परनामा। कहि सच्चिदानन्द परधामा॥७॥
भए मगन छबि तासु बिलोकी। अजहुँ प्रीति उर रहति न रोकी॥८॥

अर्थ—सतीजीने शङ्करजीकी वह (प्रेम) दशा देखी। उनके हृदयमें भारी सन्देह उत्पन्न हुआ॥५॥ श्रीशङ्करजी जगत्पूज्य और जगदीश्वर हैं। देवता, मनुष्य, मुनि सभी उनको माथा नवाते हैं॥६॥ (सो) उन्होंने (एक) राजकुमारको 'सच्चिदानन्द परधाम' कहकर प्रणाम किया॥७॥ (और) उसकी छबि देखकर (उसमें ऐसे प्रेम) मग्न हो गये हैं (कि) अब भी प्रेम उनके हृदयमें रोकनेसे भी नहीं रुकता। (अर्थात् हृदयमें नहीं अमाता, बाहर उमड़ता चला ही आता है)॥८॥

टिप्पणी—१ (क) *'सतीं सो दसा संभु कै देखी'* इति। शम्भुकी दशा देखी कहकर जनाया कि सतीजीने शिवजीके हृदयकी बात न जान पायी थी, दशा देखनेपर जानी। (ख) *'उर उपजा संदेहु बिसेषी'* अर्थात् दशा देखनेपर विशेष संदेह हुआ। 'विशेष' संदेहका भाव कि—(१) संदेह तो प्रणाम करनेपर ही हुआ था। परंतु प्रेमकी दशा *'पुनि पुनि पुलकत कृपानिकेता'* देखकर 'विशेष' संदेह हुआ। तात्पर्य कि बाह्येन्द्रियोंका व्यवहार देख संदेह हुआ और अब भीतरका व्यवहार देख विशेष संदेह हुआ। *'जय सच्चिदानंद जगपावन'* कहनेसे संदेह हुआ और पुलकावलीसे अधिक संदेह हुआ। (रा० प०)

(२) (पंजाबीजीका मत है कि श्रीरामजीको शोकातुर देखकर सामान्य संशय हुआ और शिवजीकी दशा देखकर विशेष संदेह हुआ। पं० रामकुमारजीका मत यह नहीं है। वे कहते हैं कि) 'शिवजीकी दशा देखकर संदेह हुआ' इस कथनका आशय यह है कि श्रीरामजीका चरित देखकर उनको संदेह न हुआ, क्योंकि सतीका यह निश्चय है कि रघुनाथजी मनुष्य हैं; यथा—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥'* (५०) यदि वे श्रीरामजीको ईश्वर जानतीं तो संदेह न होता। यथा—*'भवबंधन ते छूटहिं नर जपि जाकर नाम। खर्ब निसाचर बाँधेउ नागपास सोइ राम॥'* (७।५८) (इति गरुड़ः), *'प्राकृत सिसु इव लीला देखि भयउ मोहि मोह। कवन चरित्र करत प्रभु चिदानंद संदोह॥'* (इति भुशुण्डिः)

(३)['संदेहका वर्णन *'संकर जगतबंद्य जगदीसा'* से प्रारम्भ हुआ। भाव कि चराचर हमारे पतिकी वन्दना करता है। इनको आजके पूर्व कभी किसीको प्रणाम करते नहीं देखा। अतः संदेह होना उचित ही है। फिर चराचरपति होकर भी इन्होंने एक साधारण राजकुमारको *'सच्चिदानन्द परधामा'* कहकर प्रणाम किया, अतः विशेष संदेह होना उचित ही है। उसपर भी प्रेम हृदयमें समाता नहीं, यह भी कारणविशेष है।' (सुधाकर द्विवेदीजी)]

नोट—१ *'बिसेषी'* (विशेष) का अर्थ वस्तुतः 'बहुत' वा भारी है। यहाँ *'उपजा'* क्रियासे इसी समय 'विशेष' संदेहका उत्पन्न होना पाया जाता है। पूर्व उत्पन्न हुआ था, अब बढ़ा ऐसा नहीं। जब परस्परविरोधी दो बातें देखी जाती हैं तब संदेह उत्पन्न होता है। यदि उन दोनोंमेंसे एक बात विशेष पुष्ट होती है और दूसरी कम, तब संदेह सामान्यरूपसे होता है और दोनों पक्ष समान बलवान् होते हैं तब संदेह भी विशेषरूपसे हो जाता है। 'विशेष संदेह' कहनेका तात्पर्य है कि जो अपने विचारसे अथवा बिना भगवत्कृपाके न छूट सके।

टिप्पणी—२ *'संकर जगतबंद्य जगदीसा।……'* इति। (क) शङ्कर जगद्वन्द्य हैं। अर्थात् जगत् इनकी वन्दना करता है और ये जगन्मात्रका कल्याण करते हैं, इसीसे इनको 'शङ्कर' कहते हैं। *'सुर नर मुनि सब'* अर्थात् छोटे-बड़े, सामान्य-विशेष सभी—[सुरसे स्वर्गलोकवासी, नरसे मर्त्यलोकवासी, मुनिसे विरक्त लोकव्यवहाररहित दोनों लोकोंके निवासी और 'सब'में राक्षस, दैत्य, दानव, वानर आदि शेष सब कहे गये। इस तरह त्रैलोक्यवासियोंसे वन्दित जनाया। (मा० सं०) पुनः भाव कि जगत्के वन्द्यने किसकी वन्दना की ? जगदीशने किसको ईश माना ? जिसको सुर-नर-मुनि शीश नवाते हैं, उसने किसे सिर नवाया ? ऐसेको तो शङ्करसे भी बड़ा होना चाहिये (वि० त्रि०)।] (ख) *'तिन्ह नृपसुतहि कीन्ह परनामा'*

उन्होंने राजकुमारोंको प्रणाम किया, इस वाक्यसे पाया जाता है कि सतीजीने नृपसुत जानकर उन्हें प्रणाम नहीं किया था और शिवजीका प्रणाम करना देखकर भी सतीजीने श्रीरामजीको प्रणाम नहीं किया। (ग) *'कहि सच्चिदानंद परधामा'* इति। यहाँ दिखाते हैं कि शिवजी अपना मन, वचन और कर्म तीनों श्रीरामजीमें लगाये हुए हैं। मनसे प्रेमकर पुलकित हुए। वचनसे स्तुति की, *'जय सच्चिदानंद'''''' '*, कहा और शरीरसे प्रणाम किया। (घ) *'कीन्ह परनामा' 'कहि सच्चिदानंद'* सच्चिदानन्द कहकर प्रणाम किया, इस कथनका तात्पर्य यह है कि राजा समस्त दिग्पालोंका तथा भगवान्‌का स्वरूप माना जाता है; यथा—नराणां च नराधिपः।'—इस भावसे शिवजीने प्रणाम किया हो सो बात नहीं है, उन्होंने साक्षात् सच्चिदानन्द परब्रह्म कहकर प्रणाम किया। 'सच्चिदानन्द' ब्रह्म है, यथा—*'उमा अवधबासी नर नारि कृतारथ रूप। ब्रह्म सच्चिदानंदघन रघुनायक जहँ भूप॥'* (उ० ४७) वह ब्रह्म रघुनाथजी हैं, उनका परधाम साकेत है। केवल ब्रह्म कहकर परधाम नहीं कहते बनता; क्योंकि ब्रह्मका धाम नहीं होता। ब्रह्म रामरूपसे साकेतमें बसता है। **'परमधाम'**=जिसका धाम सबसे परे है।

टिप्पणी—३ *'भए मगन छबि तासु बिलोकी।'''''' '* इति। (क) *'मगन भए'* अर्थात् छबि-समुद्रमें डूब गये। पूर्व छबिको समुद्र कह आये हैं, यथा—*'भरि लोचन छबिसिंधु निहारी।'* भगवान् राम ही छबिके समुद्र हैं। यथा—*'छबि समुद्र हरि रूप बिलोकी।'* समुद्रके योगसे यहाँ मग्न होना कहते हैं। यथा—*'राम बिरह सागर महँ भरत मगन मन होत।'* मग्न हुए=डूब गये। यथा—*'सिवबियोगसागर नागर मन बूड़न लागेउ सहित चित चैन।', 'बूड़त बिरह बारीस कृपानिधान मोहि कर गहि लियो।'* (उ०) (ख) *'अजहुँ प्रीति उर रहति न रोकी'* इति। *'रहति न रोकी'* से जनाया कि शिवजी उस प्रीतिको छिपाना चाहते हैं, परन्तु वह इतनी बढ़ी हुई है कि दबानेसे भी नहीं दबती, बारम्बार पुलकाङ्गद्वारा बाहर उमड़ी पड़ती है, प्रकट हो रही है। *'रहति न रोकी'* पर शंका होती है कि 'प्रीतिको रोकनेका प्रयोजन ही क्या था ?' इसका समाधान यह है कि जब दसवीं दशा होने लगती है तब प्रेमकी उस दशाको रोका जाता है। यथा—*'रघुबर बरन बिलोकि बर बारि समेत समाज। होत मगन बारिधि बिरह चढ़े बिबेक जहाज॥'* (अ० २२०)—[अथवा, इससे रोकते हों कि सतीजी इस मर्मको न जान पावें। *'गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु'''''' '* उनको भी न मालूम हो जाय। (मा० सं०) पुनः भाव कि अपरोक्षमें वन्दना की और उनके परोक्षमें ध्यान कर रहे हैं। प्रेमप्रवाहके रोकनेसे बार-बार सात्त्विक भाव हो रहा है। (वि० त्रि०)]

नोट—२ सतीजी प्रभुको राजकुमार समझती हैं इसीसे वे उनके लिये एकवचन *'नृपसुतहिं'* और बहुत ओछा, हलका, निरादरसूचक एकवचन *'तासु'* शब्दोंका प्रयोग कर रही हैं।

दो०—ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद।
सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥ ५०॥

अर्थ—जो ब्रह्म सर्वव्यापक, निर्मल, अजन्मा, निरवयव, चेष्टा-इच्छा और भेदरहित है और जिसे वेद भी नहीं जानते, भला (क्या) वह देह धरकर मनुष्य होगा ?॥ ५०॥

टिप्पणी—१ (☞ यहाँ सतीजी सोचती हैं कि यदि कहा जाय कि 'शिवजीने इनको सच्चिदानन्द कहा है तो ये अवश्य ही ब्रह्म होंगे', तो ऐसा मान लेनेमें यह आपत्ति आती है कि) ब्रह्म तो *'ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद'* है, ऐसे विशेषणोंसे युक्त ब्रह्मका अवतार होना असम्भव है। क्योंकि जो ब्रह्म अर्थात् बृहत् है, सारा ब्रह्माण्ड ही जिसका स्वरूप है, वह लघु कैसे होगा ? जो व्यापक है, वह एक ही जगह कैसे हो सकता है (अर्थात् वह एकदेशीय नहीं हो सकता)। जो विरज है, वह गुणयुक्त कैसे हो सकता है ? (गुण प्रकृतिका विकार है।) जो अज है वह जन्म कैसे लेगा ? जो चेष्टारहित है, वह चेष्टा कैसे करेगा? जो अभेद है वह भेदयुक्त कैसे होगा ? और जिसे वेद भी नहीं जानते, उसे सब कोई कैसे जान सकते हैं ?—*'सो कि होइ नर'* क्या वह देह धरकर मनुष्य होगा ? अर्थात् नहीं

होगा, यह निश्चय है। [यह 'काकु वक्रोक्ति' अलङ्कार है। कोई इसे अर्थालङ्कार मानते हैं और कोई शब्दालङ्कार।]

नोट—१ तात्पर्य यह कि बृहत्का लघु होना, व्यापकका एकदेशीय होना इत्यादि बातें जो ऊपर कहीं, वे सभी असम्भव हैं और इनमें तो ये सभी बातें हैं।—ये छोटे हैं, इनका छोटा-सा शरीर है, ये अयोध्यामें रहते हैं, इनमें विरह-विलापादि विकार हैं, (मन मलीन है, ये कामी हैं), इनका जन्म दशरथजीके यहाँ हुआ, इनमें शिशु, बाल, कुमार, पौगण्ड, युवा आदि अवस्थाएँ और चेष्टाएँ देखी गयीं, इनके शत्रु और मित्र हैं—ये शत्रुओंका नाश करते हैं, ये नर हैं और इनको सब जानते हैं कि ये दशरथनन्दन राजकुमार हैं—ये सब लक्षण ब्रह्मके लक्षणोंसे विरुद्ध हैं। अतः ये ब्रह्म नहीं हैं, यह निश्चय है। ☞ यह संदेह श्रीपार्वतीजी अपने प्रश्नोंद्वारा आगे प्रकट करेंगी। यथा—*'जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि।'* (बा० १०८)

नोट—२ बाबा हरिदासजी लिखते हैं—श्रीरामजीमें ब्रह्मके लक्षणोंका निश्चय करनेके लिये सतीजी विचारती हैं कि—'ब्रह्म चराचर जीव साहूकार और चोरमें स्वयं व्यापक हैं। ये ब्रह्म होते तो सीताजीको कौन चोर ले जाता। अतः ये व्यापक नहीं हैं। ब्रह्म निर्मल है और ये मलिन हो रोते हैं, अतः ये विरज नहीं हैं। ब्रह्म अज अर्थात् देहधारी नहीं है और ये देहधारी हैं। ब्रह्म अकल है अर्थात् सुन्दर नहीं है, उसमें मन नहीं लगता और ये तो सुन्दर हैं कि *'जिन्हहिं बिलोकत अति अनुरागा। बरबस ब्रह्मसुखहि मन त्यागा॥'* ब्रह्म अनीह है और ये ईहा (व्यापार) युक्त हैं, क्षत्रियोंका व्यापार धनुषबाण धारण किये निशाचरोंको मारते हैं। ब्रह्म अभेद है अर्थात् छिद्ररहित है, सब दिशाओंमें परिपूरित है और ये तो सब दिशाओंमें सीताजीको खोजते हैं। अतएव ये अकल, अनीह आदि नहीं हैं। (शीला०)

नोट—३ सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'सन्देह हो जानेसे मन चञ्चल हो जाता है, मनकी चञ्चलतासे बुद्धि नष्ट हो जाती है और बुद्धि नष्ट हो जानेसे चाहे अज्ञान-दशामें जो अनुचित कर्म न हो, सो सब आगेके दोहेमें तर्क-वितर्कसे और संशय बढ़नेपर स्पष्ट है।' (मा० प०)

बिष्नु जो सुरहित नर तनु धारी। सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी॥ १॥
खोजै सो कि अग्य इव नारी। ग्यानधाम श्रीपति असुरारी॥ २॥
संभु गिरा पुनि मृषा न होई। सिव सर्बग्य जानु सबु कोई॥ ३॥
अस संसय मन भएउ अपारा। होइ न हृदय प्रबोध प्रचारा॥ ४॥

अर्थ—भगवान् विष्णु जो देवताओंके हितके लिये नरतनधारी होते हैं, वे भी महादेवजीके समान सर्वज्ञ हैं॥ १॥ ज्ञानके धाम, लक्ष्मीजीके पति और असुरोंके शत्रु वे (भगवान् विष्णु) भला (क्या) अज्ञानियोंकी तरह स्त्रीको खोजेंगे ? (कदापि नहीं)॥ २॥ फिर शिवजीकी वाणी भी झूठी नहीं हो सकती। शिवजी सर्वज्ञ हैं (यह) सब कोई जानते हैं॥ ३॥ इस प्रकारका अपार संशय मनमें हुआ। (उनके) हृदयमें प्रबोधका संचार (किसी तरह भी) नहीं हो रहा है॥ ४॥

टिप्पणी—१ ब्रह्म अवतार नहीं लेता यह (ऊपर दोहेमें) निश्चय करके अब कहती हैं कि विष्णु सुरहित अवतार लेते हैं, अनेक रूप धारण करते हैं; यथा—*'धरिहहिं बिष्नु मनुजतनु तहिआ।'* (नारदवाक्य) उनके प्रति प्रणामादि बन सकते हैं। यदि कहें कि ये विष्णु हैं, इन्होंने देवताओंके हितार्थ नर-तन धारण किया है तो यह माना नहीं जा सकता। ये विष्णु भी नहीं हो सकते, क्योंकि विष्णु तो सर्वज्ञ हैं, ज्ञानधाम हैं, श्रीपति हैं और असुरारि हैं। उनमें अज्ञान कहाँ ? विष्णु होनेमें इतनी शङ्काएँ उत्पन्न हुईं। क्रमसे इनके भाव ये हैं कि—(क) विष्णु सर्वज्ञ हैं अर्थात् भूत-भविष्य-वर्तमान तीनों कालका उन्हें ज्ञान है, त्रिकालज्ञ हैं और सर्वज्ञ हैं। अतएव नर-शरीरधारी हुए तो भी सर्वज्ञ हैं। तब उनको सीताजीकी खबर कैसे न होगी ? पर इनको सीताजीकी खबर नहीं है कि कहाँ हैं तभी तो *'लता तरु पाती'* सभीसे पूछते फिरते हैं।—यह भाव *'सोउ सर्बग्य'* का हुआ। अर्थात् विष्णु सर्वज्ञ हैं और ये सर्वज्ञ नहीं हैं, अतः ये विष्णु

नहीं हैं। (ख) यहाँ *'सर्बज्ञ'* के साथ ही *'जथा त्रिपुरारी'* कहा है। अर्थात् विष्णुभगवान् भी सर्वज्ञ हैं और त्रिपुरारि भी सर्वज्ञ हैं। *'त्रिपुरारी'* की समानता कहकर जनाया कि वे शिव-समान समर्थ भी हैं। ☞यहाँ विष्णु और त्रिपुरारि दोनोंका एक समान सर्वज्ञ होना कहकर आगे इन दोनोंकी स्थिति (अर्थात् इनकी सर्वज्ञताको विचारकर तर्क) यथासंख्यालंकारसे कहती हैं। वह यह कि विष्णु सर्वज्ञ हैं, अतः वे अज्ञकी तरह स्त्रीको न खोजेंगे और त्रिपुरारि सर्वज्ञ हैं, अतः ये बिना जाने 'सच्चिदानन्द परधाम' न कहते। (ग) *'ज्ञानधाम'* हैं, अतः वे अज्ञानीकी तरह स्त्रीको न खोजते; अतः ये विष्णु नहीं हैं। भाव कि विष्णु ज्ञानधाम हैं और ये अज्ञानी हैं। (घ) वे श्रीपति हैं। लक्ष्मीजीके पति होकर प्राकृत नारीके विरहमें व्याकुल नहीं होनेके। लक्ष्मीजीसे बढ़कर सुन्दर कौन है जिसके लिये व्याकुल होंगे ? (पुनः भाव कि श्रीजीका इनसे वियोग कभी सम्भव ही नहीं और न श्रीजी इनको छोड़कर कभी दूसरेके पास जा सकती हैं। परस्त्रीको ये ढूँढ़ेंगे ही क्यों ? (ङ) वे असुरारि हैं। असुर उनसे सदा भयभीत रहते हैं तब भला असुर उनकी लक्ष्मीको हरण ही कब कर सकते हैं। अतः ये न तो निर्गुण ब्रह्म हैं और न विष्णु (सगुण) हैं। पुनः, (च) *'ज्ञानधाम श्रीपति असुरारी'* इन तीन विशेषणोंको देकर यह भी जनाती हैं कि ये (विष्णु) तीनों गुणोंको धारण करते हैं। ज्ञानधामसे सत्त्वगुण, श्रीपतिसे रजोगुण और असुरारिसे तमोगुणका धारण करना कहा। अर्थात् तीनों गुण इनके वशमें हैं, तीनों गुणोंकी उत्तम सिद्धि इनमें है।

टिप्पणी—२ *'संभु गिरा पुनि मृषा न होई।'''''* इति। (क) सतीजीने विचारकर निश्चय किया कि ये न तो ब्रह्म हैं और न विष्णु। (ख) *'पुनि'* शब्दका भाव कि हमने जो बात विचार की है वह मृषा नहीं है। ब्रह्म अवतार नहीं लेता और विष्णु अज्ञ नहीं हैं। (तब कहेंगे कि शिवजीहीकी भूल होगी। उसपर विचार प्रकट करती हैं कि) शिवजीकी भी वाणी मृषा नहीं हो सकती, क्योंकि शिवजी सर्वज्ञ हैं—यह बात *'जान सब कोई'* अर्थात् प्रसिद्ध है, कुछ मैं ही ऐसा नहीं कहती, सभी कहते हैं। अतएव जब उन्होंने राजकुमारको सच्चिदानन्द परधाम कहा है तो ये अवश्य सच्चिदानन्द परधाम होंगे। सर्वज्ञ होकर वे किसी मनुष्यको सच्चिदानन्द कदापि न कहेंगे। (ग) *'जान सब कोई'* कहकर 'सर्वज्ञता' को पुष्ट किया है। अतः पुनरुक्ति नहीं है।

नोट—१ बाबा हरिदासजी लिखते हैं कि 'स्त्रीका वियोग तीन प्रकारसे होता है। एक तो जब पति अज्ञानी वा जड़ हो, पतिमें स्त्रीकी वा स्त्रीमें पतिकी रुचि न हो। दूसरे, पति निर्धन हो। तीसरे, कोई असुर हर ले। सो विष्णुजी तो ज्ञानधाम हैं, श्रीपति हैं और असुरारि हैं। इसलिये यहाँ स्त्रीवियोगका योग ही नहीं है॰ (शिलावृत्ति)

टिप्पणी—३ *'अस संसय मन भएउ अपारा।'''''* इति। (क) यहाँतक संशयका स्वरूप दिखाया। *'सती सो दसा संभु कै देखी। उर उपजा संदेह बिसेषी॥'* (५०। ५) उपक्रम है और *'अस संसय मन भएउ अपारा'* उपसंहार है। संशय पहले 'विशेष' था अब अपार हो गया, अर्थात् वृद्धि-क्रमपर है। (ख) *'अपारा'* का भाव कि अनेक प्रकारसे समझनेका प्रयत्न किया, समझा, पर संशयका पार नहीं मिला। *'अपारा'* कहकर संशयको समुद्र बताया। आगे श्रीशिवजी जहाजरूप होकर इनको पार करेंगे, जैसे गरुड़जीको भुशुण्डिजीने पार लगाया। यथा—*'मोहजलधि बोहित तुम्ह भए। मो कहँ नाथ बिबिध सुख दए॥'* (उ० १२५) यहाँ 'संशय' के दो 'पार' (किनारे) हैं। सतीजी दोनों ओर पार नहीं पातीं। वे दो तट ये हैं—विष्णु अज्ञ नहीं हैं कि अज्ञकी तरह स्त्रीको खोजें और शिव सर्वज्ञ हैं, उनकी 'गिरा' मृषा नहीं है; वे मनुष्यको सच्चिदानन्द न कहेंगे। इन दोनोंमेंसे यदि एक ही बात होती तो संशय मिट जाता (पर एक रहने नहीं पाती। वे दोनों ही पक्ष दृढ़तापूर्वक ग्रहण किये हुए हैं। दोनोंको सत्य निश्चय किये बैठी हैं)। (ग) *'होइ न हृदय प्रबोध प्रचारा'* इति। भाव कि प्रबोधका प्रचार करती हैं; बुद्धिको दौड़ाती हैं; मनको समझाती हैं; एक बात निश्चय करनेका प्रयत्न करती हैं, फिर भी हृदयमें ज्ञान नहीं होता। यथा—*नाना भाँति मनहिं समुझावा। प्रगट न ज्ञान हृदय भ्रम छावा॥'* (उ० ५९) [प्रबोध=प्रकर्ष बोध, ज्ञान। प्रचार=प्रादुर्भाव सञ्चार, पसारा। अपारा=जिसका वारापार नहीं, असीम, बेहद। अर्थात्

सन्देह-पर-सन्देह बढ़ता ही गया। बैजनाथजी 'प्रचार' का अर्थ 'विस्तार', 'प्रकाश' लिखते हैं कि 'श्रीरामरूपमें निश्चय न हुआ कि ये कौन हैं, इत्यादि संशयोंके कारण उनके हृदयमें ऐसा महामोह छा गया कि बुद्धिमें आवरण हो गया, जिससे शिववचनरूप दीपकसे ज्ञानका प्रकाश न हुआ।' अर्थात् यहाँ संशय अन्धकार है, शिवोपदेश दीपक है, ज्ञान प्रकाश है। परंतु शिवोपदेश तो आगे है। सम्भवतः 'शिववचन' और 'शिव-उपदेश' से उनका तात्पर्य *'जय सच्चिदानंद परधामा'……।'* हो]

जद्यपि प्रगट न कहेउ भवानी। हर अंतरजामी सब जानी॥ ५॥
सुनहि सती तव नारि सुभाऊ। संसय अस न धरिय उर* काऊ॥ ६॥
जासु कथा कुंभज रिषि गाई। भगति जासु मैं मुनिहि सुनाई॥ ७॥
सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा। सेवत जाहि सदा मुनि धीरा॥ ८॥

अर्थ—यद्यपि सतीजीने प्रत्यक्ष (कुछ) नहीं कहा (तथापि) अन्तर्यामी शिवजी सब जान गये॥ ५॥ (और बोले) हे सती! सुनो, तुम्हारा स्त्रीस्वभाव है, मनमें ऐसा सन्देह कभी भी न रखना चाहिये॥ ६॥ जिनकी कथा अगस्त्य ऋषिने गायी (कही) और जिनकी भक्ति मैंने मुनिको सुनायी॥ ७॥ वही मेरे इष्टदेव ये रघुवीरजी हैं, जिनकी सेवा धीर मुनि सदा किया करते हैं॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'जद्यपि प्रगट न कहेउ भवानी'* इति। भवानीने प्रकट क्यों न कहा? उन्होंने भयवस प्रकट न किया, यह समझकर कि शिवजीसे यह बात कहनेयोग्य नहीं है। जिनको शिवजीने सच्चिदानन्द कहकर प्रणाम किया, उनको हम ब्रह्मसे तथा विष्णुसे पृथक् (भिन्न) नृपसुत समझती हैं। यह बात कहनेसे शिवजीको अच्छी न लगेगी। यथा—*'एक बात नहिं मोहि सोहानी। जदपि मोहबस कहेहु भवानी॥ तुम्ह जो कहा राम कोउ आना। जेहि श्रुति गाव धरहिं मुनि ध्याना॥ कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जे मोह पिसाच।'* (११४) इत्यादि। [कहनेसे पतिवचनका उल्लंघन पाया जाता है। जो पातिव्रत्य धर्मके प्रतिकूल है। अतः मुखसे कहना अनुचित जानकर न कहा। वै०]

टिप्पणी—२ *'हर अंतरजामी सब जानी'* इति। ☞ शिवजी सतीजीके हृदयकी जान गये, पर सतीजी उनके हृदयकी न जान पायीं जैसा पूर्व कह आये हैं, यथा—*'संकर उर अति छोभु सती न जानइ मरमु सोइ।'* इससे जनाया कि भगवान्‌में मायासे अधिक ज्ञान है (वा, यों कहिये कि शक्तिसे शक्तिमान्‌में अधिक ज्ञान है)। शिवजी भगवान् हैं, सतीजी माया हैं, यथा—*'तुम्ह माया भगवान सिव सकल जगत पितु मातु।'*

मानसतत्त्वविवरण—''हर' शब्द भोक्ता कहा जाता है, प्रधानके भोक्तृत्वसे हरता है तो अब इस सुरता-परिपक्वतासे जो हमने चरित्र किया है, श्रीशङ्करभगवान् नहीं जानें तो भला है, ताते सोई अन्तर्यामित्व-हरत्वधर्म करि (के द्वारा) ठीक-ठीक जान जानेका कारण हुआ, जैसा अब भी योगीन्द्रोंमें पाया जाता है। पुनः, 'हर' शब्दका भाव कि कृपा करके बोले क्योंकि जीवोंके दुःखोंके हरनेवाले हैं। ऐसा संशय करनेसे भवमें पड़ना होता है। जो क्लेशोंको हरे वह हर है, यथा—*'क्लेशं हरतीति हरः'*।'

प० प० प्र०—१ सतीजी पतिव्रता हैं, भवकी पत्नी हैं। *'सिव सर्बग्य जान सबु कोई'* यह वे निस्सन्देह जानती हैं, अपने हृदयका संशय उनसे छिपा न रहेगा, इत्यादि जाननेपर भी उन्होंने कहा नहीं। यह व्यवहार 'भवानी'-पदके अनुचित-सा हुआ। ऐसा होना सतीजीके सहज स्वभावमें असम्भव था। इस बातको कवि *'हर अंतरजामी सब जानी'* कहकर ध्वनित करते हैं। २ *'हर अंतरजामी'* शब्दोंमें श्लेष है। हर-अन्तर्यामी श्रीरघुनाथजी तथा सतीके अन्तर्यामी हर। पत्नीको पतिके अनुकूल रहना चाहिये, सतीने ऐसा नहीं किया। शिवजीने प्रणाम किया, सतीने तब प्रणाम नहीं किया। यह शिव-अपमान हर-अन्तर्यामी श्रीरघुपति सह

* तन—१७२१, १७६२, छ०, भा० दा०, रा० प्र० (परंतु रा० प्र० में अर्थमें 'मन' है)। मन-को० रा०। उर—१६६१, १७०४।

न सके। अतः उन्होंने अपनी मायाको प्रेरित करके सतीके हृदयको महाप्रबल सन्देहोंका क्रीड़ास्थान बना दिया। इसीसे संशयहारक हर भी इन संशयोंका हरण करनेमें असमर्थ ही ठहरेंगे। शिवजी अभी यह नहीं जानते कि इनको हरिमाया लगी है, वे यही समझते हैं कि स्त्री-स्वभावसे ऐसा हुआ है।

वि० त्रि०—सब जान गये और समझा कि पूछनेपर कहनेसे सामान्य बात हो जायगी, बिना पूछे कहेंगे तो विश्वास होगा कि जो मनकी बात जान लेता है उसका कहना अन्यथा नहीं हो सकता और संशय जाता रहेगा। **'नापृष्टः कस्यचिद् ब्रूयात्'** यह नियम ऐसे अवसरके लिये नहीं है, ऐसे संशयका इनके हृदयमें क्षणभरके लिये होना भी इन्हें अपने पदसे गिरा सकता है। उस महाप्रभुके पर-रूपके देखनेमें देवता भी असमर्थ हैं, जब वे कृपासिन्धु लोकमङ्गलके लिये शरीर धारण करते हैं, तभी उनके पूजनका मार्ग निरर्गल होता है। तब उनके अवतीर्ण होनेपर संशय करना तो उस कृपाधारासे अपनेको वञ्चित करना है, जो लोकमङ्गलके लिये पृथ्वीपर बह रही है। अतः बिना पूछे भी कहते हैं।

टिप्पणी—३ ***'सुनहि सती तव नारि सुभाऊ'*** अर्थात् यह अविवेक जो तुम्हारे हृदयमें उत्पन्न हुआ है, यह तुम्हारा स्त्री-स्वभाव है, नहीं तो श्रीरामजीमें सन्देह करनेका प्रयोजन ही क्या था ? उनकी कथा और भक्ति तुम अभी-अभी सुन चुकी हो तब तो सन्देहका प्रयोजन ही नहीं रह गया। स्त्रीस्वभाव, यथा—***'अहो मोह महिमा बलवाना। नारि सुभाउ सत्य कबि कहहीं। अवगुन आठ सदा उर रहहीं॥ साहस अनृत चपलता माया। भय अबिबेक असौच अदाया॥'*** (लं० १६) [नोट—पं० रामकुमारजीके मतानुसार यहाँ ***'अविवेक'*** स्वभाव अभिप्रेत है। बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि—***'नारि सुभाउ'*** का भाव यह है कि—'जहाँ सन्देह न होना चाहिये वहाँ सन्देह करना स्त्री-स्वभाव है, बुद्धि विचारमानोंका नहीं (रा० प्र०)।' विचारमान संशय उत्पन्न होते ही उसके निरसनका प्रयत्न करते हैं, उसे हृदयमें छिपाये नहीं रखते (वि० त्रि०)। और किसी-किसीका मत है कि यहाँ अविवेक, साहस और चपलता स्वभावसे तात्पर्य है, पर अविवेक मुख्य है। सर्वज्ञ शिवजीसे दुराव करना साहस है।]

टिप्पणी—४ ***'संसय अस न धरिय उर काऊ।'*** इति। भाव कि ऐसा संशय हृदयमें लानेसे ज्ञान-वैराग्यादि गुण नष्ट हो जाते हैं; यथा—***'अस संसय आनत उर माहीं। ज्ञान बिराग सकल गुन जाहीं॥'*** (बा० ११९)। ☞सतीजी ऐसा संशय हृदयमें लायीं, इसीसे उनके हृदयमें उनके ज्ञानका प्रचार न हुआ। यथा—***'अस संसय मन भएउ अपारा। होइ न हृदय प्रबोध प्रचारा॥'*** पुनः भाव कि—[संशयात्माका कल्याण नहीं होता, यथा—**'संशयात्मा विनश्यति'**। ***'न धरिय'*** अर्थात् इसको हृदयसे निकाल डालो, यह धरनेकी वस्तु नहीं है निकालकर फेंक देनेकी है। ***'काऊ'*** अर्थात् भूलकर भी कभी।]

टिप्पणी—५ ***'जासु कथा कुंभज रिषि गाई""""।'*** इति। सतीजीके मनमें संशय हुआ, अन्तर्यामी शङ्करने सब जान लिया; अतः संशयका निषेध करने लगे। निषेध करनेमें प्रत्यक्ष, अनुमान और शंब्दप्रमाण देते हैं। ***'जासु कथा कुंभज रिषि गाई'*** इत्यादि प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। अर्थात् तुमने कुम्भज ऋषिके मुखसे उनकी कथा सुनी और उनकी भक्ति हमारे मुखसे सुनी। अतएव उनके विषयमें सन्देह न करना चाहिये। तुम संशय करती हो सो नारि-स्वभावसे। प्रत्यक्ष प्रमाण है क्योंकि कानसे सुना है। ***'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा।'*** यह अनुमान प्रमाण है। अर्थात् हमारे इष्टदेव हैं, धीर मुनि उनकी सेवा करते हैं; इससे तुम्हें अनुमान कर लेना चाहिये कि श्रीरामजी नर नहीं हैं। ***'कहि नेति निगम पुरान आगम जासु कीरति गावहीं'*** यह शब्दप्रमाण है। प्रमाण चार प्रकारके हैं; उनमेंसे यहाँ तीन प्रमाण दिये गये। चौथा उपमान प्रमाण न दिया, कारण कि विशिष्टाद्वैती तीन ही मानते हैं, उपमानको नहीं मानते।

नोट—प्रमाण कितने प्रकारके हैं इसमें आचार्योंमें मतभेद है। चार्वाक् 'प्रत्यक्ष' एक ही प्रमाण मानते हैं। कणाद और बौद्ध 'प्रत्यक्ष' और 'अनुमान' दो मानते हैं। सांख्य (कपिलभगवान्) योग पतञ्जलि और कोई एक नैयायिक (भूषणीय) 'प्रत्यक्ष', 'अनुमान' और 'शब्द' ये तीन मानते हैं। नैयायिक (गौतम) 'प्रत्यक्ष', 'अनुमान', 'शब्द' और 'उपमान' ये चार मानते हैं। प्रभाकर (गुरु) 'प्रत्यक्ष', 'अनुमान', 'शब्द',

'उपमान' और 'अर्थापत्ति' ये पाँच मानते हैं। भाट्ट (कुमारिल भट्ट मीमांसक) और अद्वैत-वेदान्ती उपर्युक्त पाँच और 'अभाव' (अनुपलब्धि) ये छः मानते हैं। परन्तु विशिष्टाद्वैत-वेदान्ती प्रथम तीन ही मानते हैं। पौराणिक उपर्युक्त छः और 'सम्भव' तथा 'ऐतिह्य' ये आठ मानते हैं। प्रमाण 'तार्किकरक्षायाम्' यथा—'**प्रत्यक्षमेकं चार्वाकाः कणाद् सुगतौ पुनः। अनुमानं च तच्चाथ सांख्याः शब्दं च ते अपि॥ न्यायैकदेशिनोप्येवमुपमानं च केचन॥८॥ अर्थापत्त्या सहैतानि चत्वार्याह प्रभाकरः। अभावषष्ठान्येतानि भाट्टा वेदान्तिनस्तथा॥९॥ सम्भवैतिह्ययुक्तानि तानि पौराणिका जगुः।**' तान्त्रिक एक 'चैष्टिक' प्रमाण भी मानते हैं। परन्तु प्रथम तीन 'प्रत्यक्ष', 'अनुमान' और 'शब्द' प्रधान हैं, इन्हींके अन्तर्गत अन्य सब प्रमाण आ जाते हैं। लक्षणोंसे ऐसा जान पड़ता है कि प्रस्तुत प्रसङ्गमें अनुमान और शब्द दो प्रमाणोंसे काम लिया गया है। जो प्रत्यक्षका उदाहरण दिया गया है (कानसे सुननेका) यह शब्दमें आ जाता है।

टिप्पणी—६ (क) '*जासु कथा कुंभज रिषि गाई*' यथा—'*राम कथा मुनिबर्ज बखानी*'। '*भगति जासु*……' यथा—'*रिषि पूछी हरिभगति सुहाई। कही संभु अधिकारी पाई॥*' (ख) '*सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा*' इति। '*रघुबीरा*' से दाशरथी रामको अपना इष्टदेव और '*सेवहिं जाहि सदा मुनिधीरा*' से मुनियोंके इष्टदेव जनाया। इष्टहीकी सेवा सदा की जाती है। मुनिसे मननशील और धीरसे इन्द्रियजित जनाया; यथा—'*ते धीर अछत बिकार हेतु जे रहत मनसिज बस किए*' अर्थात् विकारके हेतुओंके रहते हुए भी जिनके मनमें विकार उत्पन्न न हो, वे धीर हैं। पुनः, '*मम इष्टदेव*' से सूचित किया कि तुम पतिव्रता हो, चाहिये था कि यही भाव तुम्हारा भी इनमें होता। (यह '*संकर जगत बंद्य जगदीसा। सुर नर मुनि सब नावहिं सीसा॥*' का उत्तर है। (वि० त्रि०)

छंद—मुनि धीर योगी सिद्ध संतत बिमल मन जेहि ध्यावहीं।
कहि नेति निगम पुरान आगम जासु कीरति गावहीं॥
सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म भुवननिकायपति मायाधनी।
अवतरेउ अपनें भगत हित निजतंत्र नित रघुकुलमनी॥

सो०—लाग न उर उपदेसु जदपि कहेउ सिव बार बहु।
बोले बिहसि महेसु हरिमायाबलु जानि जिय॥५१॥

अर्थ—'मुनि, धीर, योगी और सिद्ध निरन्तर निर्मल मनसे जिनका ध्यान करते हैं। वेद, पुराण और तन्त्र 'नेति-नेति' कहकर जिनकी कीर्ति गाते हैं, वही सर्वव्यापक, अखिल भुवनों (समस्त ब्रह्माण्डों) के स्वामी, मायापति, सर्वथा स्वतन्त्र, नित्य, ब्रह्म श्रीराम अपने भक्तोंके लिये रघुकुलमणिरूपसे अवतरे हैं (प्रकट हुए हैं)।' यद्यपि शिवजीने बहुत बार समझाया तथापि उनका उपदेश सतीजीके हृदयमें न लगा। (प्रविष्ट न हुआ, न बैठा।) (तब) महादेवजी मनमें भगवान्की मायाका बल जानकर हँसकर बोले।

टिप्पणी—१ '*मुनि धीर योगी सिद्ध संतत*……' इति। (क) '*बिमल मन जेहि ध्यावहीं*' कहकर जनाया था कि ये विषयोंको त्यागकर सेवा करते हैं। विषयसे मन मलिन हो जाता है; यथा—'*काई बिषय मुकुर मन लागी*', '*हृदय मलिन बिषय संग लागे*' (विनय), इत्यादि। ☞ (ख) मुनि, धीर, योगी और सिद्ध इन्हीं चारके मन निर्मल होते हैं क्योंकि मुनि सदा मनन करते हैं, धीर मनको वशमें किये रखते हैं, योगी चित्तकी वृत्तिको रोके रहते हैं और सिद्धोंको ज्ञान सिद्ध है—यही सब मनके निर्मल होनेके हेतु हैं। (ग) [मानसपत्रिकाकार लिखते हैं कि इस कथनसे शिवका आशय यह है कि 'तुम भी मनसे मनन करो, धैर्यसे विचार करो तो हमारी बात तुम्हारी समझमें आ जायगी। जिनका मुनि, धीर आदि निर्मल मनसे ध्यान करते हैं, उनमें विकार कैसे सम्भव हो सकते हैं ?' वि० त्रि० का मत

है कि मुनिसे ज्ञानमार्गी, धीरसे उपासनामार्गी, योगीसे योगमार्गी और सिद्धसे कर्ममार्गी, इस तरह चारों मार्गवालोंका ध्यान करना कहा।]

टिप्पणी—२ *'कहि नेति निगम पुरान आगम'''''* इति। (क)—*'न इति न इति'* कहकर गानेसे निरन्तर गाना सूचित किया। यथा—*'जेहि श्रुति निरंतर ब्रह्म ब्यापक बिरज अज कहि गावहीं।'*, 'वेदे रामायणे चैव हरिः सर्वत्र गीयते।' (ख) ☞ यहाँतक तन, मन और वचनसे सेवा करनेवालोंका उदाहरण दिया। कोई मुनि और धीर शरीरसे सेवा करते हैं, यथा—*'सेवत जाहि सदा मुनि धीरा।'* और कोई मनसे सेवते हैं, यथा—*'मुनि धीर योगी सिद्ध संतत बिमल मन जेहि ध्यावहीं।'* और कोई वचनसे, यथा—*'कहि नेति निगम'''''''*। तात्पर्य कि जिसकी जैसी और जहाँतक पहुँच है, वह उसी प्रकार सेवा करता है, पर *'निरंतर'* सेवामें है; यथा—*'सेवत जाहि सदा मुनि धीरा'*, *'संतत बिमल मन जेहि ध्यावहीं'* और *'कहि नेति निगम'''''''गावहिं'*, *'नेति नेति कहि जासु गुन करहिं निरंतर गान।'* (बा० १२) पुनः [(ग) *'कहि नेति'''''''* का भाव कि मेरी नहीं मानती हो तो न सही, वेदशास्त्रादिका प्रमाण मानो (मा० प०)। विशेष दोहा १२ में लिखा जा चुका है। (घ) *'मुनिधीर'''''''गावहीं'* यह सतीजीके *'भए मगन छबि तासु बिलोकी। अजहु प्रीति उर रहति न रोकी॥'* का उत्तर है। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—३ *'सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म'* इति। (क) सतीजीका सिद्धान्त है कि व्यापक ब्रह्म अवतार नहीं लेता। उसीपर कहते हैं कि *'सोइ राम ब्यापक ब्रह्म'* *'भुवन निकाय पति माया धनी'* हैं। श्रीरामजी साक्षात् व्यापक ब्रह्म हैं, साक्षात् ब्रह्मके अवतार हैं। ☞इस कथनसे *'हर अंतरजामी सब जाना'* यह वाक्य चरितार्थ हुआ। (ख) *'भुवन निकाय पति माया धनी'* अर्थात् समस्त ब्रह्माण्डोंके तथा जो समस्त ब्रह्माण्डोंकी रचयित्री माया है उसके भी स्वामी हैं। अर्थात् कारण और कार्य दोनोंके स्वामी हैं। *'माया धनी'* कहकर जनाया कि ब्रह्मका अवतार मायाकी प्रेरणासे नहीं होता। ब्रह्म राम तो मायाके प्रेरक हैं, *'निज तंत्र'* हैं अर्थात् काल, कर्म, गुण और स्वभावके वश नहीं हैं। काल, कर्म, गुण और स्वभाव आदिके वश तो जीवोंका अवतार (जन्म) होता है; यथा—*'फिरत सदा मायाकर प्रेरा। काल करम सुभाउ गुन घेरा॥'* (उ०) इनका अवतार कर्मवश नहीं होता, यथा—*'करम सुभासुभ तुम्हहि न बाधा।'* ये स्वतन्त्र हैं, अपनी इच्छासे अवतार लेते हैं, यथा—*'निज इच्छा प्रभु अवतरइ सुर महि गो द्विज लागि।'* (कि० २६) (बैजनाथजी *'ब्यापक ब्रह्म भुवन निकाय पति माया धनी'* का अर्थ यह करते हैं कि 'मायारचित जितने भुवन हैं उन सबोंमें जो व्यापक ब्रह्म है, जिससे सारा चराचर चैतन्य है और जितने विष्णु, महाविष्णु और नारायणादि सगुणरूप हैं, इन अगुण-सगुण दोनों रूपोंके तथा समस्त भुवनोंके और मायाके भी पति *'राम'* हैं। प्रभु राम सूर्यवत् हैं और व्यापक ब्रह्म उनका तेज है। विष्णु आदि यावत् रूप हैं वे प्रभुके अंशकला हैं। सतीजीके विचारमें अगुण और सगुणका माहात्म्य है। इसीपर शिवजी कहते हैं कि जिन रूपोंको तुम महत्त्व माने बैठी हो, उनके भी पति साकेतबिहारी श्रीरामरूप हैं।') (ग) *'भुवन निकाय पति माया धनी'* कहकर *'अवतरेउ अपने भगतहित'* कहनेका भाव कि मायाके बनाये हुए समस्त ब्रह्माण्डोंमें अपने भक्तोंका हित करनेके लिये अवतार लेते हैं। यथा—*'प्रति ब्रह्मांड राम अवतारा। देखौं बालबिनोद अपारा॥'* (उ० ८१) *'तुम्ह सारिखे संत प्रिय मोरे। धरौं देह नहिं आन निहोरे॥'* (सु०) *'सो केवल भगतन्ह हित लागी।'* (बा० १३। ५) *'भगति हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप।'* (उ० ७२) इत्यादि। अपने भगत=निजभक्त, सच्चे भक्त। यथा—*'जे निज भगत नाथ तव अहहीं। जो सुख पावहिं जो गति लहहीं॥'* (बा० १५०) *'तिमि रघुपति निज दास कर हरहिं मान हित लागि।'* (७। ७४) इत्यादि। ☞यहाँ 'अपने' विशेषण देकर जनाया कि प्रभु संतसे इतना अपनपौ रखते हैं कि उनके निमित्त अवतार लेते हैं। (घ) *'निज तंत्र नित रघुकुलमनी'* इति। ['तंत्र' के दो अर्थ हैं—१-अधीन, वश। २-आनन्द या प्रसन्नता, (कृपा या इच्छा) निज तंत्र=स्वतंत्र एवं अपनी प्रसन्नता, कृपा या इच्छासे।—शेष भाव ऊपर (ख) में लिखे जा चुके हैं।] नित=नित्य। 'नित्य' का भाव कि इनका आविर्भाव और तिरोभाव, प्रकट होना और अन्तर्धान हो जाना—दोनों अपनी इच्छाके

अनुकूल होता है। *'रघुकुलमनी'* अर्थात् ये रघुकुलमणि हैं, रघुकुलमें अवतार लिया है। *'निज तंत्र' 'अवतरेउ'* और *'रघुकुलमनी'* दोनोंके साथ हैं।

नोट—१ सतीजीने दो सिद्धान्त किये थे। एक यह कि ये ब्रह्म नहीं हैं, इसका उत्तर *'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा'* से लेकर *'सोइ राम ब्यापक ब्रह्म'* में दिया कि ये राम ब्रह्म हैं। दूसरे यह कि ब्रह्म अवतार नहीं लेता। इसका उत्तर *'सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म अवतरेउ अपने भगत·······'* से दिया कि वह अवतार लेता है। अवतारका कारण और देश भी बताया।

नोट—२ *'अपने भगत हित'* कहकर यह अवतार *'निजभक्त'* श्रीमनुशतरूपाजीके हितार्थ लेना जनाया। मनुशतरूपाजी निज (अनन्य) भक्त हैं, यथा—*'प्रभु सर्बग्य दास निज जानी। गति अनन्य तापस नृप रानी॥'* (बा० १४५) उनके सामने जो श्रीसीतारामजी प्रकट हुए वे ही ब्रह्म हैं और वे ही वरदानानुसार उनके लिये प्रकट हुए हैं। यही बात आगे शिवजीने पार्वतीजीसे यों कही है—*'जेहि कारन अज अगुन अरूपा। ब्रह्म भएउ कोसलपुर भूपा॥'* (बा० १४१) ये वही मनुजीको दिये वरके अनुसार अवतरे हैं, यह बात शिवजीके *'जो प्रभु बिपिन फिरत तुम्ह देखा।·······'* (बा० १४१) इन वचनोंसे स्पष्ट है।

नोट—३ स्वामी श्रीरामदेवजी लिखते हैं कि इस छन्दमें व्यापक, ब्रह्म इत्यादि पदोंसे निर्गुण, निर्विकार, एक, अद्वितीय, सच्चिदानन्दघन परमात्माका ही संकेत है, जो मायाके द्वारा समस्त संसारमें बसा हुआ है। वही अपने भक्तोंके कल्याणके लिये सगुणरूपसे प्रकट होता है। इस कथनसे निर्गुण और सगुण ब्रह्मका अभेदान्वय किया गया है न कि भेदान्वय। (कल्याण १३।११)

वि० त्रि०—यह छन्द २८ दलका कमल है। हरिगीतिका छन्द है।

टिप्पणी—४ *'लाग न उर उपदेसु जदपि कहेउ सिव बार बहु।'* इति। (क) *'लाग न उर उपदेसु'* यह बात भी अन्तर्यामी भगवान् शङ्कर जान गये। उपदेश न लगनेका स्वरूप यह है कि जो शिवजीने उपदेश किया कि 'मुनि, धीर, योगी और सिद्ध निर्मल मनसे जिसका ध्यान करते हैं, वेद, पुराण, शास्त्र जिसका यश गान करते हैं, जो हमारे इष्ट हैं, जिनका नाम हम जपते हैं, वही राम व्यापक ब्रह्म अपने भक्तोंके हितार्थ अवतरित हुए हैं।' यह बात सतीजीको न जँची, उनके मनमें न बैठी, इसीसे तो पार्वतीतनमें उन्होंने इसी बातका सन्देह कहकर प्रश्न किया है; यथा—*'प्रभु जे मुनि प्ररमारथ बादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥ सेष सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥ तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहुँ अनँग आराती॥ राम सो अवध नृपति सुत सोई। की अज अगुन अलखगति कोई॥·······जौं अनीह ब्यापक बिभु कोऊ। कहहु बुझाइ नाथ मोहि सोऊ॥'* (बा० १०८-१०९) (ख) शिवजीका उपदेश *'सुनहि सती तव नारि सुभाऊ।'* से लेकर *'अवतरेउ अपने भगतहित·······'* तक है। (ग) *'जदपि कहेउ सिव बार बहु'* इति। बड़े लोगोंकी रीति है कि (जीवके कल्याणार्थ वे उसे) समझानेके लिये बार-बार कहते हैं; यथा—*'तदपि कही गुर बारहि बारा। समुझि परी कछु मति अनुसारा॥'* (घ) [*'जदपि'* (यद्यपि) का भाव यह है कि एक तो शिवजी ऐसे जगद्गुरुका उपदेश और वह भी बार-बार! तब भी न समझ पड़ा, यह आश्चर्यकी बात है। यह भाव शिवजीके *'मोरेहु कहें न संसय जाहीं। बिधि बिपरीत भलाई नाहीं॥'* आगेके इन वचनोंसे सिद्ध होता है। यहाँ 'विशेषोक्ति अलंकार' है—*विद्यमान कारण बन्यो तऊ न फल जहँ होइ'।* (अ० मं०)]

टिप्पणी—५ *'बोले बिहसि महेसु हरिमाया बलु जानि जियँ'* इति। (क) *'बोले बिहसि'* हँसकर बोलनेका भाव यह है कि साधारणतया उपदेश न माननेसे लोगोंको क्रोध हो आता है, पर शिवजीको इसपर क्रोध न हुआ। वे प्रसन्न हैं। प्रसन्नताका कारण *'हरिमाया बलु जानि जियँ'* है। अर्थात् भगवान्‌की मायाका बल जानकर वे सतीजीका इसमें कुछ दोष नहीं मानते, तब उनपर रुष्ट क्यों हों ? प्रभुकी मायाका ही बल है कि उसने हमारे बारम्बार समझानेपर भी हमारे उपदेशको उनके हृदयमें प्रविष्ट न होने दिया। उपदेश न लगनेमें उसीकी प्रेरणा है।

नोट—४ *'बिहसि'* इति। अथवा, मायाकी प्रबलता देखकर हँसे कि प्रभुकी माया ऐसी प्रबल है कि पतिव्रताशिरोमणि सतीने हमारा भी उपदेश न माना। यथा—*'निज मायाबल देखि बिसाला। हिय हँसि बोले दीन दयाला॥'* (१।१३२) (नारदजीपर प्रभाव देखकर हँसे थे।) प्रभुकी माया अति प्रबल है। यथा—*'सुनु खग प्रबल राम कै माया। जो ज्ञानिन्ह कर चित अपहरई। बरिआईं बिमोह मन करई॥'* (उ० ५९) *'प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा॥'* (बा० ५६) ☞ उ० ५८ से ६२ तक मायाका प्राबल्य वर्णित है। बैजनाथजी हँसनेका भाव यह लिखते हैं कि 'हमारे समझाये नहीं समझती हो तो इसका फल भोगो।'

नोट—५ श्रीलमगोड़ाजी लिखते हैं कि *'बिहसि'* शब्दमें उपहासभाव और परिहासभाव दोनों ही हैं। उपहासभाव यह है कि हरिमायाके सामने अपनी हार मानते हैं कि हमारा समझाना भी न सफल हुआ। और, परिहास (विनोद) भाव सतीके साथ है, जैसे जब हमारा मित्र नहीं मानता तो हम कहते हैं—अच्छा, जाकर परीक्षा लो, खूब छकोगे। हाँ! शिवजीकी उदारताका भी यह द्योतक है कि क्रोध नहीं किया।

जौ तुम्हरें मन अति संदेहू। तौ किन जाइ परीछा* लेहू॥ १॥
तब लगि बैठ अहौं† बटछाहीं। जब लगि तुम्ह ऐहहु मोहि पाहीं॥ २॥
जैसें जाइ मोह भ्रम भारी। करेहु सो जतनु बिबेकु बिचारी॥ ३॥

अर्थ—जो तुम्हारे मनमें अत्यन्त सन्देह है तो जाकर परीक्षा क्यों नहीं ले लेती॥ १॥ जबतक तुम मेरे पास (लौटकर) आओगी तबतक मैं वटवृक्षकी छायामें बैठा हूँ॥ २॥ जिस प्रकार तुम्हारा भारी मोह और भ्रम दूर हो, विवेकसे सोच-समझकर तुम वही उपाय करना॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'जौ तुम्हरें मन अति संदेहू।'* इति। (क) पूर्व कह आये हैं कि *'उर उपजा संदेहु बिसेषी।'* इसीसे यहाँ कहते हैं—*'जौ तुम्हरें मन अति संदेहू'* अर्थात्। *'अति संदेह'* है, तभी तो हमारे समझानेसे भी नहीं जाता। *'अति संदेह'* बिना परीक्षाके नहीं जाता, अतः कहते हैं *'तौ……'*। (ख) *'तौ किन जाइ परीछा लेहू।'* अर्थात् हमारे कहनेसे नहीं जाता तो परीक्षा लेकर उसे दूर कर लेना चाहिये। *'किन लेहू'* का भाव कि वे तो अभी विद्यमान हैं, समीप ही हैं, तुरत परीक्षा लेकर सन्देह मिटा लेना चाहिये, ऐसा करनेमें विलम्ब करना उचित नहीं, शीघ्र जाकर परीक्षा ले लो कि ये ब्रह्म ही हैं या नहीं। किन=क्यों नहीं। यथा—*'बेगि करहु किन आँखिन ओटा।'* [महेशजीकी ईशन शक्ति भी सतीजीके संशयोंका निरास करनेमें असमर्थ ठहरी; अतः *'अति संदेह'* कहा। शिवजी समझ गये कि इन सन्देहोंका निरास केवल श्रीरामकृपासे ही होगा। इस *'अति संदेह'* को ही आगे *'असंका'* (अतिशंका) कहेंगे। (प० प० प्र०)]

टिप्पणी—२ *'तब लगि बैठ अहौं बट छाहीं।……'* इति। (क) [वटवृक्षकी छायामें बैठनेको कहा, क्योंकि एक तो वटवृक्ष आपको प्रिय है, यथा—*'तेहि गिरिपर बट बिटप बिसाला।……सिव बिश्राम बिटप श्रुति गावा।'* (बा० १०६) दूसरे, वट आपका स्वरूप कहा गया है, यथा—*'प्राकृत बटबूट बसत पुरारी हैं।'* तीसरे (बैजनाथजी लिखते हैं कि फाल्गुन कृ० ९ से किञ्चित् घाम होने लगता है। उनके मतसे) सीताहरण फाल्गुन कृ० ९ के पश्चात् हुआ। पं० रामकुमारजी लिखते हैं कि चैत-वैशाखके दिन हैं। घाम कुछ तेज होने लगता है। और वटछाया गर्मीमें शीतल और शीतकालमें गर्म होती है। यथा—'**कूपोदकं वटच्छाया श्यामा स्त्री चेष्टिकागृहम्। शीतकाले भवेदुष्णमुष्णकाले च शीतलम्॥**' अतः उसके नीचे ठहरनेको कहा। चौथे, पासमें वटका ही वृक्ष होगा, इससे साधारणतः यह बात कही।] (ख) *'बैठ अहौं……जब लगि तुम्ह ऐहहु'* इस कथनसे उनको पूरा अवकाश दिया। अर्थात् शीघ्रता न करना, सावधानीसे काम बनाकर, अच्छी तरह परीक्षा लेकर अपना सन्देह निवृत्त करके आना, चाहे जितना समय लगे इसकी चिन्ता न करना, मैं यहाँ तबतक बैठा रहूँगा जबतक तुम न आ जाओगी।

---

* परिछा—गौड़जी, ना० प्र०। परिच्छा—रा० प०। † रहौं—रा० प०, पं०।

टिप्पणी—३ *'जैसे जाइ मोह भ्रम भारी।'''''* इति। (क) हरिमायाका बल 'प्रबल' है। इसीसे मायाकृत विकारोंको भी भारी कहते आ रहे हैं; यथा—*'सती सो दसा संभु कै देखी। उर उपजा संदेहु बिसेषी॥' 'अस संसय मन भएउ अपारा।'* तथा—*'जैसे जाइ मोह भ्रम भारी।'*—सन्देह, संशय, मोह और भ्रम ये सब मायाकृत विकार हैं। (ख) पूर्व *'जौ तुम्हरें मन अति संदेहू'* और यहाँ *'मोह भ्रम भारी'* कहकर सूचित किया कि सामान्य मोह होता तो हमारे इतने ही उपदेशसे मिट जाता, भारी है इससे दूसरे शरीरमें भी साथ लगा रहेगा। पुनः भाव कि भारी है इसीसे यह बातोंसे न जायगा, परीक्षासे ही जायगा। (ग) *'करेहु सो जतनु बिबेकु बिचारी'* इति। ☞शिवजीने विवेकसे विचारकर यत्न करनेको कहा। यदि इस प्रकार प्रथम ही सावधान न कर दिया होता तो सतीजीको कुछ भी दोष न लग पाता। तब वे यह कह सकती थीं कि आपहीने तो मुझे परीक्षा लेनेके लिये भेजा था, अब हमारा त्याग क्यों करते हैं ? मेरा इसमें अपराध क्या ? अपराध केवल इतनेहीसे हुआ कि शिवजीने विवेकपूर्वक विचार करके परीक्षा लेनेको कहा था और इन्होंने मोहाविष्ट होनेसे अविवेकसे परीक्षा ली।

नोट—१ *'करेहु सो जतनु'* में ध्वनिसे यह अर्थ भी निकलता है कि सन्देह-निवारणार्थ कोई प्रयत्न उठा न रखना, सन्देह दूर करके आना। *'बिबेकु बिचारी'* में भाव यह भी है कि सहसा अविवेकसे कोई अनुचित काम न कर बैठना कि पछताना पड़े। *'बिबेकु बिचारी'* अर्थात् विवेकपूर्वक सोच लेना कि जो उपाय तुम करना चाहती हो वह उचित है या नहीं।

नोट—२ यहाँ लोग यह शङ्का कर बैठते हैं कि 'शिवजीने जान-बूझकर सतीजीको आपत्तिमें डाला, यह उचित नहीं जान पड़ता।' बैजनाथजी लिखते हैं कि 'प्रवृत्तिमार्गमें व्यावहारिक देशमें तो ये वचन अनादरणीय हैं ठीक नहीं हैं। परन्तु निवृत्तिमार्ग अर्थात् पारमार्थिक देशमें यह भी एक उपदेश है। उन्होंने अच्छा ही किया, क्योंकि जीव जैसे भी भगवत्सम्मुख हो सके वैसा ही करना बड़ोंका कर्तव्य है। इसी विचारसे उन्होंने परीक्षा लेनेको भेजा।' (वै० मा० प०) ☞नाभाकृत भक्तमाल और उसकी टीका **'भक्तिरसबोधिनी'** में मदालसा महारानी और उनके पुत्र राजा अलर्ककी कथा है। माता जब वनको चली गयी तब अपने सुयोग्य विरक्त सब पुत्रोंसे कह दिया कि देखो तुम्हारा छोटा भाई भवसागरमें न पड़ जाय, जैसे हो सके उसको भी संसारसे विरक्त करा देना। भाइयोंके सदुपदेशको जब अलर्कने न माना तब उन्होंने अपने मामा काशीनरेशसे उसपर चढ़ाई करा उसका राज्य छिनवा दिया'''''' तब उसको उपदेश लगा और वह भी परम भक्त हो गया।

मनुष्य जब प्रत्यक्ष देख लेता है तब बोध शीघ्र हो जाता है। भुशुण्डीजीने भी प्रत्यक्ष सब देखा तब मोह मिटा और पक्का विश्वास हो गया। कहा भी है कि *'जाने बिनु न होइ परतीती। बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती॥'* श्रीरघुनाथजीमें विश्वास और प्रेम हो, इसीलिये शिवजीने उन्हें परीक्षा लेने भेजा।

यह भी कहा जा सकता है कि यदि हम यह मानते हैं कि शिवजी भावीको जानते थे तो उसका एक सीधा उत्तर यह है कि इस नाट्यमें एक पात्र (अभिनेता) होनेके कारण उनका उस लीलामें सम्मिलित और सहायक होना उचित ही है! यदि मानें कि वे भावी न जानते थे तब अवश्य यह कहना पड़ता है कि अभी संशयकी प्रारम्भिक अवस्था थी, कुछ काल समझानेपर जब न समझमें आता तब भले ही दण्डका उपाय सोचा जाता। इस समय सतीजीको प्रभुके निकट भेजनेसे कितने उपद्रव हुए। इष्टका अपमान हुआ, दक्ष और उसके यज्ञकी दुर्दशा हुई, सतीजी भस्म हुईं, इत्यादि। इससे यह ज्ञात होता है कि शङ्करजीने जो कुछ किया वह भगवत्-इच्छानुकूल किया। परन्तु हमलोगोंको ऐसी अवस्थामें बहुत सावधानीसे काम करना चाहिये।

प० प० प्र०—यहाँ शिवजीपर आक्षेप करना मोहका ही लक्षण है। अनुमान, शास्त्र और आप्तवाक्य प्रमाणोंसे जिनका समाधान नहीं होता उनको प्रत्यक्ष प्रमाणसे समाधान होना सहज सम्भव होता है। सतीजीके संशय प्रत्यक्षप्रमाणजनित थे, अतः हरिकृपासे प्रत्यक्ष प्रमाणोंसे उनका संहार शक्य है, यह जानकर और सतीजीको सन्देहजनित दुःखोंसे शीघ्र छुड़ानेके सद्धेतुसे ही शिवजीने विनोदमें ही कहा कि *'तौ किन जाइ*

परीछा लेहू।' सतीजीने विनोदको ही प्रमाण मान लिया और अपने तर्कोंकी सत्यता सिद्ध करनेके लिये ही चल पड़ीं। उनका दृढ़ विश्वास है कि ये 'राम' केवल नृपसुत हैं, इसीसे विवेकपूर्वक विचार न कर मायासीता बन गयी। इसमें शिवजीका लेशमात्र दोष नहीं।

चलीं सती सिव आयसु पाई। करहिं* बिचारु करौं का भाई॥४॥

अर्थ—शिवजीकी अनुमति पाकर सतीजी चलीं। मनमें विचारती हैं कि भाई! मैं क्या करूँ॥४॥

टिप्पणी—१ शिवजीकी आज्ञा पाते ही सतीजी परीक्षा लेने चल पड़ीं। इससे पाया गया कि उनके हृदयमें परीक्षा लेनेकी इच्छा तो थी ही, आज्ञा पाते ही परीक्षा लेनेका उत्साह हुआ; क्योंकि उनके हृदयमें अति सन्देह है। [इससे यह भी जनाया कि शिवजीकी आज्ञा न होती तो कदापि न जातीं, क्योंकि वे सती अर्थात् पतिव्रता हैं। (मा० प०)]

टिप्पणी—२ *'करहिं बिचारु करौं का भाई।'* इति। (क) तात्पर्य कि कोई भी विचार मनमें नहीं आता। ☞जब शिवजीने आज्ञा दी थी कि विवेकसे विचारकर यत्न करना, तब सतीजीको पूछ लेना चाहिये था कि आप ही परीक्षाका जो उपाय बतावें वही मैं जाकर करूँ। यह पूछनेका ज्ञान न रहा, उन्होंने न पूछा। हरिमायाके वश हैं। अतः आज्ञा पाते ही तुरंत चल दीं। (ख) 'शङ्करजीकी आज्ञा है कि विचार करना, इसीसे *'करहिं बिचारु'* अर्थात् विचार करती हैं। ☞यहाँ *'बिचारु'* पर सतीका प्रसङ्ग छूटा। (ग) *'करौं का भाई'* इति। ☞*'भाई'* मनका सम्बोधन है। विचार करनेमें, वार्ता करनेमें मनको भाई सम्बोधन करना मुहावरा है। यथा—*'जग बहु नर सर सरि सम भाई।'* (बा० ८), *'होइहि जात गहरु मोहि भाई।'* (बा० १३२), *'तरुपल्लव महुँ रहा लुकाई। करहिं बिचारु करौं का भाई॥'* (सुं० ९), *'आन दंड कछु करिय गोसाईं॥ सबही कहा मंत्र भल भाई॥'* (सुं० २४) इत्यादि।

नोट—मानसपत्रिकाकार *'करौं का भाई'* का भाव यह लिखते हैं कि—*'का भाई'* अर्थात् श्रीरामजीकी मनभाई कौन-सी बात करूँ। सीताजीका रूप धरूँ, यह उनके मनको भावेगा। यह बात शिवजी जान गये, अतः अनुमान करने लगे।'—(परंतु शिवजीको *'का भाई'* यदि ऐसा भाव लें तो अधिक सङ्गत होगा, क्योंकि शिवजीने कहा ही था कि 'विवेकसे विचारकर' करना।)

इहाँ संभु अस मन अनुमाना। दच्छसुता कहुँ नहिं कल्याना॥५॥
मोरेहु कहें न संसय जाहीं। बिधि बिपरीत भलाई नाहीं॥६॥

अर्थ—इधर (वटतले बैठे हुए) शिवजीने मनमें ऐसा अनुमान किया कि दक्षसुताका कल्याण नहीं है॥५॥ मेरे भी समझानेसे संदेह दूर नहीं हो रहे हैं। विधाता उलटे हैं, (अतः) कुशल नहीं है॥६॥

टिप्पणी—१ *'इहाँ संभु अस मन अनुमाना।'* इति। (क) ☞ *'इहाँ'*—पद देकर जनाया कि कुबुद्धिकी बात करनेवालेके साथ कविकी बुद्धि नहीं है, क्योंकि सतीका कल्याण नहीं है। कविकी बुद्धि शिवजीके साथ है, इसीसे *'इहाँ'*—पद दिया। अथवा, सतीका शिवजीके समीपसे चलना कहकर अब शिवजीका हाल कहते हैं। कविकी बुद्धि इस समय शिवसमीप ही है, अतः इस जगह 'उहाँ' कैसे कहें ? यदि सतीजीका श्रीराम-समीप पहुँचना कहकर शिवजीका हाल लिखते तो *'इहाँ'* न कहकर 'उहाँ' कहते। (ख) *'दच्छसुता कहुँ नहिं कल्याना'* इति। दक्षसुता कहनेका आशय यह है कि—शिवसम्बन्धीका अकल्याण असम्भव है और सतीका कल्याण नहीं है। अतः दक्षसम्बन्ध यहाँ दिया। अथवा, शङ्करजी सोचते हैं कि दक्ष अज्ञानी है, मुझमें श्रद्धा नहीं रखता, हमको नहीं मानता। उस दक्षका अंश सतीमें आ गया है, इसीसे यह हमारा कहा नहीं मानतीं; अतः इनका कल्याण नहीं है। कल्याण=भलाई।

नोट—१ अनुमान करनेमें शम्भु नाम दिया। आप कल्याणकर्ता तो जीवमात्रके हैं; यथा—*'बिनु संभु कृपा नहिं भो बिबेक।'* विनय।' और स्त्रीके लिये तो पति ही सर्वकल्याणका मूल है, इसीसे सतीके

* करइ—१७२१, १७६२, छ०, को० रा०। करहिं—१६६१, १७०४।

कल्याणपर अब भी उनकी दृष्टि है। उसपर भी शम्भु ऐसे पतिके वचनका निरादर किया और कल्याणकर्ता शिवको छोड़ परीक्षा लेने गयीं, मानो कल्याणको खो बैठीं। *'दच्छसुता'*—(दोहा ५२। ५) देखिये।

टिप्पणी—२ *'मोरेहु कहें न संसय जाहीं।'......'* इति। (क) *'मोरेहु'* का भाव कि सती हमको ईश्वर, जगद्वन्द्य जगदीश जानती हैं; यथा—*'संकर जगतबंद्य जगदीसा। सुर नर मुनि सब नावत सीसा॥'* दूसरे हम इनके पति हैं। पतिव्रता होकर भी हमारे वचनमें प्रीति नहीं है, इसीसे विधाता विपरीत हैं और विधाताके विपरीत होनेपर फिर भला भलाई कहाँ हो सकती है ? (ख) कोई किसीके भलेका उपदेश करे और वह न माने तो जानना चाहिये कि उसपर विधि विपरीत हैं। यथा—*'मंदोदरी हृदय कर चिंता। भएउ कंतपर बिधि बिपरीता॥'* (५। ३७) विधाताके विपरीत होनेपर ईश्वरका भी उपदेश नहीं लगता, जैसे दुर्योधनको व्यास और श्रीकृष्णजीका उपदेश न लगा। इस प्रकार *'मोरेहु कहें'* का भाव यह हुआ कि ईश्वर संशय नाश करनेकी अवधि है। मैं ईश्वर हूँ। (मेरे वचन मोहान्धकारको दूर करनेके लिये रविकिरण-समान हैं, यथा—*'सुनु गिरिराज कुमारि भ्रमतम रबिकर बचन मम।'* (१५५) सूर्यकिरणसे अन्धकार मिटता है यह विधि है, वैसे ही मेरे वचनसे मोह मिटता है, यह विधि है) मेरे भी उपदेशसे संशयका नाश न हुआ तब और किसके उपदेशसे नाश होगा ? अतः निश्चय है कि विधाता विपरीत हैं। (एवं यह बात विधि-विपरीत है।) (ग) संशय अपार है, इसीसे *'जाहीं'* बहुवचन क्रिया दी।

श्रीबैजनाथजी—*'नहिं कल्याना', 'भलाई नाहीं'* इति। निश्छल जीव जब प्रभुके सम्मुख होता है तो उसका उसी देहसे कल्याण होता है। सतीजी छलसहित जाती हैं; इसलिये प्रभु उस छलमय देहको नाशकर तब दूसरी देहमें इनका कल्याण करेंगे। *'बिधि बिपरीत'* है अर्थात् कुभाग्य उदय हुआ है। अथवा, छलरूप 'विपरीत विधि' से प्रभुके सम्मुख गयी हैं, इससे देहमें भलाई नहीं है।

नोट—२ पं० रामकुमारजीने अपने एक पुराने खर्रेमें *'बिधि बिपरीत'* का भाव यह लिखा है कि—'विधि' अर्थात् शास्त्रोक्त विधान वा व्यवस्था तो यही थी कि सतीजी पतिकी आज्ञाका पालन करतीं, पतिके वचनपर विश्वास करतीं, सो न करके वे उसके प्रतिकूल कर रही हैं। अतः भला न होगा। वेदान्तभूषणजीका मत है कि 'उत्तम शिक्षाको मान लेना 'उत्तम (कल्याणकारी) विधि' है और उसपर ध्यान न देना, उसे न मानना 'विपरीत विधि' है। जिसकी आयु क्षीण हो जाती है, उसे हितकारी उपदेश नहीं लगते। यथा—**'दीपनिर्वाणगन्धं च सुहृद्वाक्यमरुन्धतीम्। न जिघ्रन्ति न शृण्वन्ति न पश्यन्ति गतायुषः॥'** (सु० र० भा०) सतीजीकी आयु अब क्षीणवत् हो गयी है; इसीसे *'मोरेहु कहें न संसय जाहीं'* यह 'विपरीत विधि' हुई। पति-परित्यक्ता और अपमानिता होकर मरना *'भलाई नाहीं'* है, यद्यपि सतीजी अभी सत्तासी हजार वर्ष जीवेंगी, किन्तु वह भी तो उनके लिये गतायुवत् ही है।' और प० प० प्र० का मत है कि 'माया-मोह-विनाशार्थ श्रीरामकी शरण लेना अनुकूल विधि है। प्रभुकी परीक्षा लेनेके लिये उनके सम्मुख जाना 'विपरीत विधि' है।' इसी प्रकार एक भाव यह भी हो सकता है कि 'विपरीत विधि' से अर्थात् यदि यह वहाँ जाकर कोई विपरीत बात करें तो भलाई नहीं। यह भाव शिवजीके *'लीन्हि परीच्छा कवन बिधि कहहु सत्य सब बात॥'* (५५) से भी सूचित होती है—परंतु मेरी समझमें इन सबोंमें खींच-तान ही है।

होइहि सोइ जो राम रचि राखा। को करि तर्क बढ़ावै साखा॥ ७॥
अस कहि लगे जपन हरिनामा। गईं सती जहँ प्रभु सुखधामा॥ ८॥

अर्थ—होगा तो वही जो श्रीरामजीने रच रखा है। तर्क करके शाखा-प्रशाखा कौन बढ़ावे ?॥ ७॥ ऐसा कहकर वे हरिका नाम जपने लगे। (उधर) सतीजी वहाँ गयीं जहाँ सुखके धाम प्रभु (श्रीरामजी) थे॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'होइहि सोइ जो राम रचि राखा।'.........'* इति। इस कथनसे स्पष्ट है कि शिवजी भी यह नहीं जानते कि श्रीरामजीने क्या विचारा है, इसीसे वे संदिग्ध वचन कह रहे हैं। शिवजी सर्वज्ञ हैं, सतीजीके हृदयकी सब बात जान गये, पर यह न जान पाये कि प्रभुने सतीजीके लिये क्या रचना

रच रखी है। यदि वे जानते कि सती सीताजीका रूप धरेंगी तो वे प्रथम ही मना कर देते कि ऐसा न करना, नहीं तो हम तुमको त्याग देंगे। श्रीसीताजीका रूप धारण करनेसे शिवजीको बड़ा दुःख हुआ। यथा—*'सती कीन्ह सीता कर बेषा। सिव उर भयउ बिषाद बिसेषा॥'* यदि वे जानते तो भारी विषादकी बात ही क्यों होने देते?

टिप्पणी—२ *'को करि तर्क बढ़ावै साखा।'* इति। भाव कि तर्क करके शाखा बढ़ानेमें काल व्यर्थ व्यतीत हो रहा है। यही बात आगे कहते हैं—*'अस कहि लगे जपन हरिनामा।'* पूर्व कह आये हैं कि *'इहाँ संभु अस मन अनुमाना'* और यहाँ कहते हैं कि *'को करि तर्क बढ़ावै साखा।'* इससे पाया गया कि 'मनमें अनुमान करना' ही 'तर्क करना' है। तर्क-पर-तर्क होना यही शाखा बढ़ाना है ('साखा'=बुद्धिके विचारोंका विस्तार)।

नोट—१ *'को करि तर्क बढ़ावै साखा।'* इति। अर्थात् एक बार सोचेंगे कि ऐसा होगा, फिर उसपर तर्क करेंगे कि ऐसा है तो इसका फल यह होगा और ऐसा होगा तो उसपर यह होगा, इत्यादि। ज्यों-ज्यों उसपर विचार करेंगे, तर्क-पर-तर्क बढ़ता ही जायगा, मनकी वृत्ति सोचमें ही डूब जायगी, कुछ लाभ न होगा। ☞यहाँ भगवद्भक्तोंकी रहनिरीति दिखाते हैं कि जब उनको कोई असमंजस आ पड़ता है तब वे तर्क-वितर्कमें न पड़कर प्रभुहीपर उसका भार छोड़ देते हैं और प्रभुकी इच्छाको ही मुख्य मानते हैं। यथा *'संभु दीन्ह उपदेस हित नहिं नारदहि सोहान। भरद्वाज कौतुक सुनहु हरि इच्छा बलवान॥'* (बा० १२७), *'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥'*, *'बोले बिहसि महेस तब ज्ञानी मूढ़ न कोइ। जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होइ॥'* (१।१२४) तथा *'राम रजाइ सीस सबही के।'* (अ० २५४) तर्क-वितर्कमें पड़नेसे अपार संशयोंके उत्पन्न होनेसे भगवत्-स्मरणमें बाधा उपस्थित हो जाती है। अतः ऐसा विचारकर वे भजनमें तत्पर हो जाते हैं। यही बात शिवजीने की। तर्क-वितर्क छोड़ नाम जपने लगे। ऐसे अवसरमें उच्च स्वरसे राम-नाम रटनेसे शान्ति प्राप्त होती है।

नोट—२ शिवजीके *'होइहि सोइ जो राम रचि राखा।'*, *'उमा दारु जोषित की नाईं। सबहिं नचावत राम गोसाईं॥'*, *'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई'*, *'हरि इच्छा भावी बलवाना'* इन वाक्यों तथा भुशुण्डिजीके *'नट मर्कट इव सबहि नचावत। रामु खगेस बेद अस गावत॥'* इस वाक्यका आधार लेकर कोई-कोई कहते हैं कि तब तो हमें कुछ कर्तव्य न करके चुपचाप बैठ जाना चाहिये। पुरुषार्थ करके पाप-पुण्यके चक्करमें पड़नेका प्रयोजन ही क्या?

इस शङ्काका समाधान हमने प्रसङ्ग पाकर अन्यत्र किया है। हम यहाँ बाबा जयरामदासजीकृत समाधान उद्धृत करते हैं जो उन्होंने किसी जिज्ञासुकी लगभग ऐसी ही शङ्कापर किया है।

शङ्का—उपर्युक्त वचनोंके आधारपर बैठ रहना भी कैसे ठीक है, जब कि लक्ष्मणजी *'नाथ दैव कर कवन भरोसा'* तथा *'दैव दैव आलसी पुकारा'* कहकर उपर्युक्त वचनोंका खण्डन कर देते हैं।

समाधान—'शङ्करजीका *'होइहि सोइ जो राम रचि राखा।'''''''* यह वचन जीवमात्रके लिये नहीं है, बल्कि केवल सतीके सम्बन्धमें है। इसके अतिरिक्त यह वचन उस स्थितिमें उनके मुखसे निकला है जब उन्हें यह अनुभव हो चुका है कि भगवान् श्रीरामचन्द्रजीने सतीके साथ जो लीला रच रखी है, उसका कोई खास उद्देश्य है और वह होकर ही रहेगी। इसलिये शङ्करजीके इस वाक्यको जीवमात्रपर घटाना ठीक नहीं। वैसे तो और भी भगवद्भक्त जो निश्चितरूपसे प्रारब्धपर निर्भर रहते हैं, ऐसा कह सकते हैं और उनका कहना अनुचित न होगा। क्योंकि प्रारब्धका भोग अटल और अवश्यम्भावी होता है। परंतु इसका यह मतलब नहीं है कि प्रारब्धपर निर्भर रहकर और कुछ किया ही न जाय। जो भगवद्भक्त प्रारब्धपर निर्भर रहते हैं वे भी कर्तव्य कर्म (भजन-ध्यानादि परमार्थ-साधन) तो करते ही रहते हैं, अतः प्रारब्धपर निर्भर रहनेवालोंको भी अपना कर्तव्य कर्म करते रहना चाहिये और प्रारब्धभोगोंको अवश्यम्भावी समझकर अनासक्तभावसे भोगना चाहिये। इस प्रकार विचार करनेसे श्रीशङ्करजी तथा श्रीलक्ष्मणजीके वचनोंमें कोई

पारस्परिक विरोध नहीं प्रतीत होता। एकका वचन प्रारब्ध कर्मके सम्बन्धमें है और दूसरेका क्रियमाण कर्मके सम्बन्धमें। श्रीलक्ष्मणजीने समुद्रपार होनारूप कर्तव्य कर्मके उपस्थित होते ही अपने उपर्युक्त दोनों वचनोंका प्रयोग किया है।

'नट मर्कट इव' और *'उमा दारु जोषित की नाईं'* ये दोनों चौपाइयाँ अपने-अपने प्रसङ्गमें ईश्वरके उस स्वरूपके प्रमाणमें आयी हैं जो अरण्यकाण्डमें श्रीलक्ष्मणजीके प्रश्न करनेपर भगवान् श्रीरामद्वारा कथित हुआ है। वहाँ भगवान्‌ने अपने श्रीमुखसे ब्रह्मका निरूपण इस प्रकार किया है—*'माया ईस न आपु कहुँ जान कहिअ सो जीव। बंधमोच्छप्रद सर्बपर माया प्रेरक सीव॥'* अर्थात् ईश्वर, जीव और माया—इन तीनों तत्त्वोंमें ईश्वर इसीलिये सर्वपर हैं कि वे जीवको बन्धमोक्षके दाता तथा मायाके भी प्रेरक हैं। अस्तु; यहींपर उल्लिखित *'बंधमोच्छप्रद'* की पुष्टि *'नट मर्कट इव सबहि नचावत'* से तथा 'मायाप्रेरक' की पुष्टि *'उमा दारु जोषित की नाईं। सबहि नचावत रामु गोसाईं॥'* द्वारा की गयी है।'—[विशेष—सुन्दरकाण्ड *'दैव दैव आलसी पुकारा'* (दोहा ५१।४) देखिये।]

टिप्पणी—३ *'अस कहि लगे जपन हरिनामा'* इति। (क) पूर्व कहा था कि *'इहाँ संभु अस मन अनुमाना'* और यहाँ लिखते हैं कि *'अस कहि'*। मनके अनुमानमें 'कहना' कैसे घटित होगा ? इस शङ्काका समाधान एक तो यह है कि प्रथम अनुमान किया, फिर उसको मुखसे कहा भी। दूसरे यह कि *'दच्छसुता कहुँ नहिं कल्याना। मोरेहु कहें न संसय जाहीं। बिधि बिपरीत भलाई नाहीं॥'* इतना मनका अनुमान है। और, *'होइहि सोइ जो राम रचि राखा। को करि तर्क बढ़ावहि साखा॥'* यह वचनसे कहा है। (ख) *'जपन लगे हरिनामा'* अर्थात् तर्क-वितर्क छोड़कर भगवन्नाम जपने लगे; क्योंकि हरिभजन ही मायासे बचनेका एकमात्र उपाय है। यथा *'हरिमायाकृत दोषगुन बिनु हरिभजन न जाहिं। भजिय रामु सब काम तजि अस बिचारि मन माहिं॥'* (उ० १०४)। क्लेशहरणके सम्बन्धसे 'हरि' शब्द दिया। 'क्लेशं हरतीति हरिः।' 'हरि-हरि' जपने लगे, ऐसा भी अर्थ हो सकता है; पर तुलसीदासजीके मतानुसार शिवजी सदा 'राम-राम' जपते हैं, यथा—*'तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनंग आराती॥'* (१।१०८)। अतः, 'रामाख्यमीशं हरिम्' के अनुसार 'राम' नाम जपने लगे; यही अर्थ ठीक है। (ग) *'जपन लगे'* से सूचित होता है कि माला हाथमें है, नहीं तो कहते कि स्मरण करने लगे; यथा *'राम नाम सिव सुमिरन लागे। जानेउ सती जगतपति जागे॥'* (बा० ६०)

नोट—३ इष्टके ध्यानपूर्वक जिह्वासे उच्चारणको जप कहते हैं और केवल मनसे रूप और नामकी स्मृतिको स्मरण कहते हैं। जब मनमें तर्क-वितर्क उठते हैं तब जोर-जोरसे नामोच्चारण करनेसे शान्ति प्राप्त होती है—यह साधारण अनुभवकी बात है।

टिप्पणी—४ *'गईं सती जहँ प्रभु सुखधामा'* इति। (क) सतीजी श्रीरामजीको असमर्थ और दुःखी समझती हैं; इसीसे वक्ता यहाँ *'प्रभु सुखधामा'* कहकर बताते हैं कि जिनको वे शोकधाम समझकर परीक्षा लेने गयी हैं, उनमें दुःख कहाँ ? वे तो हर्षशोकशून्य शुद्ध आनन्दघन हैं, पूर्णकाम हैं, मनुष्यचरित कर रहे हैं। यथा—*'पूरनकाम राम सुखरासी। मनुजचरित कर अज अबिनासी॥'* (३।३०) (ख) ['प्रभु' और 'सुखधाम' शब्द परीक्षा-प्रसङ्गके बीज हैं। इस प्रसङ्गसे श्रीरामजीकी प्रभुता इनके हृदयमें जम जायेगी और प्रभुत्वसे ही सुखधाम होनेका भी ज्ञान हो जायगा।]

दो०—पुनि पुनि हृदय बिचारु करि धरि सीता कर रूप।
आगे होइ चलि पंथ तेहि जेहि आवत नरभूप॥५२॥

अर्थ—बारम्बार हृदयमें विचारकर श्रीसीताजीका रूप धरकर वे उस मार्गमें आगे होकर चलीं जिसमें *'नरभूप'* राजा रामचन्द्रजी आ रहे थे॥५२॥

टिप्पणी—१ *'पुनि पुनि हृदय बिचारु करि'* इति। सतीजीका प्रसङ्ग *'करहिं बिचारु'* अर्थात् विचारपर

छोड़ा था, अब पुनः प्रसंग वहींसे उठाते हैं कि सतीजी विचारती रहीं पर कोई विचार हृदयमें आता नहीं; अतः पुनः-पुनः विचार करना पड़ा। 'बारम्बार हृदयमें विचारकर सीताका रूप धरा' इस कथनसे पाया गया कि उन्होंने खूब अच्छी तरह विचारकर यह निश्चय किया कि इस उपायसे परीक्षा हो जायगी। वे श्रीरामजीको 'अज्ञ' समझती हैं। वे पूर्व ही निश्चय कर चुकी हैं कि ब्रह्म अवतार नहीं लेता और विष्णु जो अवतार लेते हैं वे सर्वज्ञ हैं, वे अज्ञकी तरह स्त्रीको न खोजेंगे—इसीसे उन्होंने सीतारूप धारण किया कि यदि ये विष्णु हैं तो जान जायँगे कि ये सती हैं, इन्होंने सीतारूप धारण किया है और यदि नर हैं तो न जान पायेंगे।

नोट—१ *'पुनि पुनि बिचारु करि'* के और भाव—(क) अर्थात् परीक्षाके अनेक उपाय एक-एक करके सोचती-विचारती गयीं तब यही निश्चय किया कि इस समय ये राजकुमार श्रीसीतावियोगविरहसे व्याकुल हैं, इसलिये सीतारूप धारणकर इनको मिल जानेसे तुरत ही सहजमें परीक्षा हो जायगी। क्योंकि यदि ये राजकुमार हैं तो हमें देखकर हर्षसे फूले न समायेंगे, वे यह न जान पायेंगे कि हम सती हैं। (और तब मैं अन्तर्धान हो जाऊँगी। वि० त्रि०) (ख)—शङ्करजीकी आज्ञा है कि *'करेहु सो जतनु बिबेकु बिचारी'*, अतः *'पुनि पुनि बिचारु'* करना दिखाया। (ग) 'पं० रामकुमारजीके एक पुराने खर्रेमें यह भाव लिखा है कि पुनः-पुनः विचार करनेका आशय यह है कि सतीजीको श्रीसीतारूप धारण करनेमें असमञ्जस हो रहा है, पर परीक्षाका कोई और उपाय न देखा, तब सीतारूप धारण किया।' पर यह भाव पूर्वापरसे सङ्गत नहीं है। इसीसे उन्होंने पुनर्विचारपर फिर इसे नहीं रखा।

नोट—२ यदि सतीजी जानतीं कि श्रीरामजी ब्रह्म हैं तो वे कभी सीतारूप न धारण करतीं; पर वे तो उनको प्राकृत राजकुमार ही निश्चय किये हुए हैं, अतः उनकी स्त्रीका रूप धरा।

टिप्पणी—२ *'आगे होइ चलि पंथ तेहिं'* इससे स्पष्ट है कि शिवजी दूसरे मार्गमें थे। आगे होकर चलनेका भाव कि यदि मैं पीछे रहूँगी तो राजकुमारोंको संदेह होगा कि ये सीता नहीं हैं, हम तो पीछे सब तिल-तिल जगह खोज आये, अब ये कहाँसे आ गयीं। आगे होकर चलनेमें सन्देह न होगा, क्योंकि आगे अभी खोजना बाकी है और श्रीराम-लक्ष्मणजी अभी आश्रमसे बहुत दूर नहीं हैं, इसीसे दाहिने-बायेंसे भी न चलीं; क्योंकि वह सब दिशाएँ भी ढूँढ़ चुके थे, तुरन्त जान जाते कि कोई मायावी है। (पं० रा० कु०, शीलावृत्ति) अतः जिस ओर राहमें श्रीरामजी आ रहे हैं, उसी मार्गमें आगे होकर इनकी ओर इनके सम्मुख चलने लगीं।

टिप्पणी—३ *'आवत नरभूप'* इति। अर्थात् प्राकृत नरकी तरह स्त्रीवियोगविरहसे व्याकुल वनमें खोजते हुए अपने ऐश्वर्यको छिपाये हुए चले आ रहे हैं; यथा— *'बिरह बिकल नर इव रघुराई। खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई॥'* (१।४९)

नोट—३ (क) *'नर इव रघुराई। खोजत......'* पर प्रसङ्ग छोड़ा था। अब *'नरभूप'* कहकर वहींसे प्रसङ्गका सम्बन्ध मिलाया। बीचमें शिवजी और सतीजीका हाल कहने लगे थे। (ख) श्रीरामजीको ठगनेके लिये अपना रूप छिपाना 'युक्ति अलंकार' है। जहाँ कोई कर्म क्रियाद्वारा छिपाया जाता है, वहाँ यह अलंकार होता है। यथा—*'मर्म छिपावन हेतु वा मर्म जनावन हेतु। करै क्रिया कछु युक्ति तेहि भाषत सुकवि सचेत॥'* (अ० मं०) (ग) ☞यहाँ यह भी दिखाया है कि पतिकी आज्ञाके उल्लङ्घन करनेका परिणाम यह हुआ कि विचार भी कुविचार हो गया।

नोट—४ पाठान्तरपर विचार—किसी-किसी पुस्तकमें *'नरभूप'* के बदले *'सुरभूप'* पाठ मिलता है। बाबा हरीदासजी *'सुरभूप'* का भाव यह लिखते हैं कि 'सतीजी श्रीरामजीको भुलावेमें डालनेके लिये बिना हेरी हुई मार्गसे चलीं, पर वे यह नहीं जानतीं कि ये *'सुरभूप'* हैं, अन्तर्यामियोंके भी राजा हैं। सुर अन्तर्यामी होते हैं।' *'नरभूप'* पाठ प्राचीनतम है और संगत भी है। सतीजी इन्हें प्राकृत समझे हुए हैं, यथा—*'तिन्ह नृपसुतहि कीन्ह परनामा'*, तभी तो परीक्षा लेने गयीं। नर जानकर ही परीक्षा लेने और ठगनेका विचार ठाना है, नहीं तो सीतावेष क्यों बनातीं ?

लछिमन दीख उमाकृत बेषा। चकित भए भ्रम हृदय बिसेषा॥ १॥
कहि न सकत कछु अति गंभीरा। प्रभु प्रभाउ जानत मति धीरा॥ २॥

अर्थ—श्रीलक्ष्मणजीने उमा (सती) का बनावटी वेष देखा। वे चकित हो गये, हृदयमें विशेष भ्रम हुआ॥ १॥ वे कुछ कह नहीं सकते। (क्योंकि वे) अत्यन्त गम्भीर हैं, प्रभुका प्रभाव जानते हैं और मतिधीर हैं॥ २॥

टिप्पणी—१ *'लछिमन दीख उमाकृत बेषा'* इति। (क) *'उमाकृत बेषा'*—सतीजीने अपनेको छिपाया, वैसे ही ग्रन्थकार भी यहाँ उनको अपने अक्षरोंसे छिपा रहे हैं। इसीसे *'सतीकृत बेषा'* न कहकर *'उमाकृत बेषा'* लिखते हैं। लक्ष्मणजीको भ्रम हुआ, अतः यहाँ *'उमा'* कहा। श्रीरामजीको भ्रम नहीं है, अतएव कविने वहाँ नाम नहीं छिपाया, *'सती'* ही नाम दिया; यथा—*'सती कपट जानेउ सुरस्वामी। सबदरसी सब अंतरजामी॥'* जहाँ भ्रम है वहाँ शब्द भी भ्रमात्मक है और जहाँ भ्रम नहीं है, वहाँ शब्द भी स्पष्ट है। (ख) प्रथम लक्ष्मणजीका देखना कहा—यह सूचीकटाहन्यायसे अथवा, लक्ष्मणजी श्रीरामजीकी सेवामें सावधान हैं, वे सर्वत्र दृष्टि रखते हैं; इसीसे उन्होंने प्रथम देखा, पीछे श्रीरामजीने। (ग) *'उमाकृत बेषा'* कहकर जनाया कि उमा सीताजीका रूप धरे हुए हैं; इससे उमाका स्वरूप नहीं है और न साक्षात् सीता हैं। इसीसे यहाँ न *'उमा'* कहा न *'सीता'*; किन्तु *'उमाकृत बेष'* कहा। (घ) ☞'उमा' नाम यहाँ देकर वक्ता स्पष्ट कर रहे हैं कि देवताओंके सभी अवतारोंमें सभी नाम सिद्ध रहते हैं। दक्ष प्रजापतिकी कन्या होनेपर भी उनके 'सती', 'भवानी', और 'उमा' नाम कहे गये। यथा—*'संग सती जगजननि भवानी। पूजे रिषि अखिलेश्वर जानी॥'* तथा यहाँ *'लछिमन दीख उमाकृत बेषा'* और हिमाचलराजके यहाँ जन्म लेनेपर भी ये सब नाम थे। यथा—*'नाम उमा अंबिका भवानी।'* तथा *'धन्य सती पावनि मति तोरी।'* ☞(पुनः, उमा, अम्बिका और भवानी आदि नाम शिवजीके सम्बन्धसे हैं, दक्ष या हिमाचलके यहाँ जन्म लेनेसे नहीं। सती=पतिव्रता।) (ङ) *'उमा'* कहनेका भाव यह है कि उत्कृष्ट मायाका किया हुआ वेष लक्ष्मणजीने देखा, इसीसे उन्हें विशेष भ्रम हुआ। अन्य रूपमें अन्यरूपका भास होना 'भ्रम' है। सीताका रूप धरनेका विचार करना 'तर्क' है, भ्रम नहीं है। [उमाकृत=उ (वह)+मा (सतीजीका वा सीताजीका-सा) कृत (किया हुआ)।]

☞टिप्पणी—२ सतीजीके कपटमें लक्ष्मणजीको भ्रम हुआ, श्रीरामजीको भ्रम न हुआ। इसी तरह रावणकी मायामें लक्ष्मणजीको भ्रम हुआ, श्रीरामजीको नहीं हुआ। यथा—*'तब रावन माया बिस्तारी॥ सो माया रघुबीरहिं बाँची। लछिमन कपिन्ह सो मानी साँची॥ देखी कपिन्ह निसाचर अनी। अनुज सहित बहु कोसलधनी॥'* (लं० ८८); तब भगवतीकी मायामें भ्रम होना क्योंकर असम्भव है ? इसी तरह भरतजीके विषयमें श्रीरामजीको भ्रम न हुआ, पर लक्ष्मणजीको हुआ। यथा—*'कुटिल कुबंधु कुअवसर ताकी।''''''' आए करै अकंटक राजू।'* (२। २२८) (लक्ष्मणवाक्य) तथा *'भरतहि होइ न राजमदु बिधिहरिहर पद पाइ।'* (२। २३१)। (श्रीरामवाक्य)

अथवा, सती महामाया हैं। उनकी मर्यादा रखनेके लिये श्रीरामजीकी प्रेरणासे लक्ष्मणजीको केवल ऊपरसे (दिखावमात्र) भ्रम हुआ, नहीं तो लक्ष्मणजी तो श्रीरामजीके स्वरूप ही हैं। फिर आगे कवि लिखते भी हैं कि *'सुमिरत जाहि मिटै अज्ञाना।'* अर्थात् श्रीरामजीके स्मरणसे अज्ञान मिट जाता है; तब लक्ष्मणजी तो श्रीरामजीका स्मरण दिन-रात (निरन्तर) करते हैं, उनका अज्ञान कैसे उचित होगा ?—[निरन्तर भजन करनेवाले श्रीशिव-नारदादि भी मायाके वश होते देखे जाते हैं। भगवान् स्वयं कहते हैं कि *'मोरे प्रौढ़ तनय सम ज्ञानी। बालक सुत सम दास अमानी॥ जनहि मोर बल निज बल ताही। दुहुँ कहँ काम क्रोध रिपु आही॥'* (३। ४३) इसलिये यही करना पड़ता है जो शिवजीने कहा है कि *'ज्ञानी मूढ़ न कोइ। जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होइ॥'* (१। १२४)। देखिये न! कि लक्ष्मणजीने कहाँ तो निषादराजको परमार्थ-ज्ञानका उपदेश दिया और दूसरे ही दिन पिताको कटुवचन कहे और फिर कुछ ही

दिन पीछे भरतजीको मार डालनेको तैयार हो गये। अतः ऐसे महाभागवतोंके सम्बन्धमें यही मानना पड़ता है कि प्रभु जिससे जो स्वाँग जब कराना चाहते हैं उसीके अनुकूल वह करता है। ऐसी दशामें यदि उन्होंने सतीजीको न पहचाना हो तो कोई विशेष बात नहीं।]

नोट—१ *'लछिमन दीख'* इति। श्रीलक्ष्मणजी और श्रीरामचन्द्रजी दोनों ही साथ-साथ चले जा रहे हैं। दोनोंकी दृष्टि एक साथ सतीजीके कृत्रिम वेषपर पड़ी—यह न कहकर यहाँ लक्ष्मणजीकी ही दृष्टिका उनके वेषपर पड़ना लिखा। यह क्यों ? इसका कुछ कारण पं० रा० कु० जीकी उपर्युक्त टिप्पणीमें लिखा गया। लक्ष्मणजी सेवामें बड़े सावधान हैं। इसी तरह जब श्रीभरतजी चित्रकूटमें पहुँचकर प्रभुको प्रणाम करने लगे तब भी इन्हींकी दृष्टि प्रथम भरतजीपर पड़ी। दूसरे, लक्ष्मणजीका प्रथम देखना कहकर यह भी दिखाते हैं कि श्रीरामजी बहुत विह्वल हैं। तीसरे, 'विष्णुपुराणमें लिखा है कि चलते समय न ऊपर माथा उठाकर, न दूरकी वस्तु देखता हुआ और न तिरछे देखता हुआ चले। केवल चार हाथ पृथिवीको देखता हुआ चले इत्यादि अनेक दोष लिखे हैं। यथा—**'नोर्ध्वं न तिर्यग् दूरं वा निरीक्षन् पर्यटेद् बुधः। युगमात्रं महीपृष्ठं नरो गच्छेद् बिलोकयन्॥'** (३।१२।३९) इसलिये श्रीरामजीने नहीं देखा और लक्ष्मणजी तो सेवक थे। उनका कर्तव्य ही यह था कि देखते चलें और उसकी सूचना दें।' अतः उनका प्रथम देखना युक्तियुक्त है। ऐसा भी कह सकते हैं कि दोनों खोजते चले जा रहे हैं, यह स्वयं कवि कह रहे हैं—*'खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई।'* इससे यह भी कहा नहीं जा सकता कि श्रीरामजी सब दिशाओंमें नहीं देख रहे हैं। हो सकता है कि 'उन्होंने भी देखा हो पर देखकर भी अनदेखे बन गये हों। इसीसे लक्ष्मणजीके विषयमें *'कहि न सकत कछु अति गंभीरा। प्रभु प्रभाउ जानत मतिधीरा॥'* ऐसा कविने कहा है। अर्थात् उन्होंने सोचा कि प्रभु तो देखकर भी कुछ बोलते नहीं, इससे जान पड़ता है कि ये श्रीजानकीजी नहीं हैं, इसमें भी कुछ विशेष मर्म है। प्रभु देखते हुए भी देखना जनाते नहीं, इसीसे कवि देखना नहीं लिखते।

नोट—२ *'दीख उमाकृत बेषा'* इति। पं० रा० कु० जीका मत टिप्पणीमें आ गया कि लक्ष्मणजीने उमाका मायाका किया हुआ वेष देखा, इसीसे उनको विशेष भ्रम हुआ, पं० शुकदेवलालजीका भी वही मत है। वे लिखते हैं कि 'लक्ष्मणजीने सतीजीकी बनावट कुछ नहीं जानी, क्योंकि जीव तो ध्यानावस्थामें ही सर्वज्ञ होता है। स्वतः सर्वज्ञ तो ईश्वर ही है। श्रीनंगे परमहंसजी (बाबा श्रीअवधविहारीदासजी) का भी यही मत है। वे लिखते हैं कि *'उमाकृत'* का अर्थ है 'पार्वतीका किया हुआ।' पार्वतीका किया हुआ वेष क्या है ? पार्वती सीताजी बन गयीं। इन सीताजीको देख लक्ष्मणजी चकित हुए, क्योंकि उनके (लक्ष्मणजीके) हृदयमें विशेषरूपसे भ्रम हो गया कि ये निश्चय ही सीताजी हैं। 'भ्रम'—शब्दका अर्थ है असत्‌में सत्‌का निश्चय हो जाना। जैसे रस्सीमें साँपका निश्चय हो जाना। फिर सतीका कपटवेष श्रीरामजीके लिये जानना लिखा है; यथा—*'सती कपटु जानेउ सुरस्वामी।'* इससे ध्वनित होता है कि लक्ष्मणजीने नहीं जाना। रामजीने क्यों जाना ? इसका कारण बताया कि वे सर्वदर्शी और सर्वान्तर्यामी हैं।'

दूसरे पक्षमें मानसमयङ्ककार, करुणासिन्धुजी, पंजाबीजी, वीरकविजी, बैजनाथजी, बाबा हरीदासजी और वे० भू० रामकुमारदासजी हैं। इन महानुभावोंका मत है कि 'लक्ष्मणजीकी दृष्टि दसों दिशाओंमें है। वे सजग रहते हैं। उन्होंने उनको सतीरूपमें शिवजीके साथ देखा, फिर अकेले आते देखा और सीतारूप धारण करते भी देखा। इसलिये इनको भारी संदेह हुआ कि यह क्या चरित्र इन्होंने किया।' बाबा हरीदासजी लिखते हैं कि 'श्रीरामजीने श्रीलक्ष्मणजीको (सतीजीका सीतारूप धरना) प्रथम ही दिखा दिया। जिसमें सतीका कुछ भी करतब हमारे साथीपर भी न चल पाये।' पं० श्रीसुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'उमा [=महादेवजीकी लक्ष्मी। —जिनको महादेवजीने मना किया था (कि अविवेकसे काम न करना)]। शब्दसे ही सिद्ध है कि लक्ष्मणजीने यह समझ लिया कि ये सीताजी नहीं हैं, किंतु सती हैं। लक्ष्मणजी जान गये क्योंकि वे तो *'सेष सहस्त्रसीस जग कारन। सो अवतरेउ भूमि भय टारन॥'* हैं। और, वे० भू० जीका मत है कि 'लक्ष्मणजी श्रीरामजीके अंशावतार क्षीराब्धिशायी श्रीनारायण हैं। ये भी सर्वज्ञ हैं। उनपर दैवीमायाका प्रभाव नहीं पड़ सकता। वे उमाकृत वेषको देखकर न भूले, जान गये कि ये *'उमा'* हैं'—इत्यादि।

दूसरे पक्षवाले कहते हैं कि 'यहाँ प्रभुका 'जनत्राता' गुण दिखाते हुए प्रभुका प्रभाव भी दर्शाया है कि सतीजीने जो माया रची, वह माया लक्ष्मणजीको ही न मोह सकी, तब भला प्रभुको क्या धोखा देगी।'

* चकित भए भ्रम हृदय बिसेषी *

भ्रमका आरोपण कोई तो लक्ष्मणजीमें करते हैं और कोई सतीजीमें। दोनों पक्षोंमें धुरन्धर-धुरन्धर विद्वान् हैं। सतीजीमें भ्रम आरोपण करनेवाले नारद-वचन *'एक बार आवत सिवसंगा। देखेउ रघुकुल कमल पतंगा॥ भएउ मोहु सिव कहा न कीन्हा। भ्रमबस बेषु सीय कर लीन्हा॥'* (बा० ९८) को प्रमाणमें पेश करते हैं और जो लक्ष्मणजीको भ्रम होना मानते हैं, वे *'लछिमन दीख उमाकृत बेषा'* से लेकर *'देखहु नारि सुभाव प्रभाऊ'* तक इसी प्रसङ्गके शब्दोंको प्रमाणमें देते हैं और रावणकी माया तथा भरतके सम्बन्धके विचारोंको उदाहरणमें पेश करते हैं।

लक्ष्मणजीको क्या भ्रम हुआ ? वे क्यों चकित हुए ? इसमें भी दो पक्ष होनेसे दो प्रकारके उत्तर भी हैं।

जो यह मानते हैं कि लक्ष्मणजीने पहचान लिया कि ये सती हैं, उनके मतानुसार लक्ष्मणजी इस भ्रममें पड़े हैं कि—

१ शिवजीकी अर्धाङ्गिनी होकर भी इन्होंने यह वेष न जाने किस अभिप्रायसे धारण किया, कुछ समझमें नहीं आता। (पं० वै०)

२ उमाको कृत्रिमवेषमें देख अकेले वनमें घूमनेसे आश्चर्य है। भ्रम यह है कि किसी कारणसे शिवजीने इन्हें त्याग तो नहीं दिया या इनपर कोई भारी विपत्ति तो नहीं आ पड़ी। (वीरकवि)

३ चकित इससे हैं कि शिवजीकी अर्धाङ्गिनी होकर भी इनका भ्रम और दुर्वासना न गयी। इन्होंने शिवजीका कहा न माना। जो मना किया वही इन्होंने किया। लक्ष्मणजी सोचते हैं कि सतीके हृदयमें यह क्या भ्रम छाया है। (मा० प०)

४ विशेष भ्रम हो रहा है कि मेरे समझनेमें तो कुछ चूक नहीं हो रही है या कोई ऐसी माया हो रही है जो मैं समझ नहीं रहा हूँ। (वि० त्रि०)

जो यह मानते हैं कि लक्ष्मणजीने यही जाना कि ये सीताजी ही हैं, उनके मतानुसार लक्ष्मणजी सोचते हैं कि—

१ यह कोई राक्षसी माया तो नहीं है—(रा० प०)।

२ श्रीजानकीजी यहाँ कहाँसे प्रकट हो गयीं। (रा० प०)

३ 'इस विशेष भ्रमसे चकित हो गये कि सीता-प्राप्ति तो कल्प-कल्पमें रावण-वधके पीछे होती है। इस कल्पमें अभी सीता-प्राप्तिका, स्वामी जानें, क्या कारण है ? (शुकदेवलाल)

४ 'श्रीसीतारूपधारिणी कोई स्त्री विशेष विछोह-दुःखसे व्याकुल न होती हुई साधारण रीतिसे अकेली वनमें विचर रही है, यह क्या बात है ? उसे तो स्वामीके दर्शनोंके लिये व्याकुल होना था……'। (वि० टी०)

५ लक्ष्मणजी भ्रमके कारण चकित हुए। यथा—*'भ्रम तें चकित राम मोहि देखा। बिहँसे सो सुनु चरित बिसेषा।'* (उ० ७९) (पं० रा० कु०। यह भुशुण्डिजीने अपने विषयमें कहा है)।

टिप्पणी—३ *'कहि न सकत अति कछु गंभीरा'* इति *'कहि न सकत'* लिखनेका भाव यह है कि यहाँ श्रीरामजीसे कहनेका प्रयोजन था कि सीताजी मिल गयीं; पर गम्भीरताके कारण न कह सके। सोचे कि 'यह भी कोई राक्षसी माया है। जैसे मारीचने छल किया वैसे ही यहाँ भी छल है, नहीं तो जानकीजीको राक्षस भला अकेले क्यों छोड़कर चले जाने लगे ? जो उमाकृत वेष उन्होंने देखा उसे वे यह कह नहीं सकते कि वह सीता हैं या नहीं। गम्भीर हैं, अतः उन्होंने उतावली न की, तुरंत कह न दिया। गम्भीर=गहरे, हृदयकी बात तुरत न कह डालनेवाले। चकित=आश्चर्ययुक्त।

टिप्पणी—४ *'प्रभु प्रभाउ जानत मति धीरा'* इति। कह न सकनेका एक हेतु पहले बताया कि *'अति*

गंभीर' हैं। यहाँ '*अति गंभीर*' होनेका हेतु बताते हैं कि प्रभुके प्रभावको जानते हैं और मतिधीर हैं। 'प्रभुका प्रभाव जाननेके कारण मतिधीर हैं। अर्थात् उनकी बुद्धि स्थिर है, कभी डगने वा चलायमान होनेवाली नहीं। वे खूब समझते हैं कि जो कुछ भी असलियत (वास्तविकता) है वह अभी-अभी स्वामीके सामने खुली जाती है, मैं कुछ क्या कहूँ ? ☞ इसी तरह रावणने जब माया रची तब वही लोग धैर्य रख सके जो श्रीरामजीका प्रभाव जानते थे। अन्य सब लोग माया देखकर भाग गये। यथा—'*रहे बिरंचि संभु मुनि ग्यानी। जिन्ह जिन्ह प्रभु महिमा कछु जानी॥ जाना प्रताप ते रहे निर्भय कपिन्ह रिपु माने फुरे।*' (लं० ९५)—[लक्ष्मणजी प्रभाव जानते हैं; यथा—'*लछिमन बिहँसि कहा सुनु माता। भृकुटि बिलास सृष्टि लय होई। सपनेहुँ संकट परै कि सोई॥*' (अरण्य० २८) वे जानते हैं कि प्रभु सर्वज्ञ और अन्तर्यामी हैं, कुछ चरित करना चाहते हैं, भला उन्हें कौन छल सकता है ? प्रभुकी माया परम बलवती है, कोई दैवीमाया उनके सामने कब ठहर सकती है ? इत्यादि सब प्रभाव है। (करु०, पं०) पुनः—'*सपनें होइ भिखारि नृप रंक नाकपति होइ।*' (अयो० ९२) से '*कहि नित नेति निरूपहिं बेदा। भगत भूमि भूसुर सुरभि सुरहित लागि कृपाल।*' (९३) तक श्रीरामजीका प्रभाव है जो लक्ष्मणजीने निषादराजसे वर्णन किया है।] लक्ष्मणजीको पूर्ण ज्ञान है कि किसीका कपट यहाँ न चलेगा, अतः '*मतिधीर*' कहा। सीताजीके मर्म वचनपर भी इनका मन चलायमान न हुआ। प्रभुकी प्रेरणासे ही चलायमान हुआ था; यथा—'*हरि प्रेरित लछिमन मन डोला।*' (३। २८)

यहाँतक लक्ष्मणजीके मन, तन और वचन तीनोंका हाल कहा। मनमें भ्रम है, तनसे चकित हैं और वचनसे कुछ कह न सके।

नोट—२ भावार्थान्तर ये हैं—१ पंजाबीजी लिखते हैं कि 'जो अपराधके प्रति विचारकर वचन बोले वह 'गम्भीर' है और जो अपराध देखकर भी कुछ न कहे वह '*अति गंभीर*' है। लक्ष्मणजी सतीजीका अपराध देखकर भी कुछ न बोले, इसीसे '*अति गंभीर*' विशेषण दिया'। २—न कह सकनेका कारण जो टिप्पणी—२ में लिखा गया वही मत बैजनाथजीका भी है। बाबा हरीदासजी लिखते हैं कि न कह सके क्योंकि 'अति गम्भीर हैं, प्रभुका प्रभाव जानते हैं और प्रभु-प्रभाव जाननेमें मतिधीर हैं। इसीसे यद्यपि विस्मयका समय है तो भी न कहा।' ३—वे० भू० जीका मत है कि 'अंशांशी विग्रहोंमें तात्त्विक भेद न होनेसे यहाँ कह न सकनेमें लक्ष्मणजीके भी चार विशेषण हैं 'अति गम्भीर, प्रभु, (चराचरके) प्रभावके ज्ञाता और मतिधीर—जैसे अगली दो अर्धालियोंमें श्रीरामजीके चार विशेषण—सुरस्वामी, सबदरसी, सब उर-अन्तर्यामी और सर्वज्ञ'—दिये हैं।'

सती कपटु जानेउ सुरस्वामी। सबदरसी सब अंतरजामी॥ ३॥
सुमिरत जाहि मिटै अज्ञाना। सोइ सरबज्ञ रामु भगवाना॥ ४॥

अर्थ—सर्वदर्शी, सर्वान्तर्यामी, देवताओंके स्वामी श्रीरामचन्द्रजी सतीजीके कपटको जान गये॥ ३॥ जिनके स्मरणमात्रसे अज्ञान मिट जाता है, श्रीरामचन्द्रजी वही सर्वज्ञ भगवान् हैं॥ ४॥

नोट—१'*सुरस्वामी, सबदरसी सब अंतरजामी*' इति। यहाँ उपर्युक्त विशेषण श्रीरघुनाथजीको दिये हैं। जब विरहमें विकल प्राकृत नरकी-सी लीला करते देखकर प्रभुको भ्रमसे राजकुमार समझकर सतीजी उनकी परीक्षा लेने चलीं तब '*नरभूप*' कहा था; यथा—'*आगे होइ चलि पंथ तेहिं जेहिं आवत नरभूप।*' और जब सतीका कपट जानना कहा तब सुरस्वामी इत्यादि कहा। तात्पर्य कि माधुर्यकी जगह माधुर्य कहा और ऐश्वर्यकी जगह ऐश्वर्य कहा। प्रभुके समीप पहुँचते ही उन्होंने सतीका कपट जान लिया। इस स्वतः-सर्वज्ञ गुणके विचारसे यहाँ '*सुरस्वामी*' विशेषण दिया, जिसका भाव यह है कि देवतालोग मनकी जान लेते हैं, उनसे कपट नहीं छिपता, तब ये तो देवताओंके भी स्वामी हैं, इन्होंने जान लिया तो आश्चर्य क्या ? '*सबदरसी*' (सर्वदर्शी) हैं अर्थात् बाहरकी, दूर और निकट रहनेवाली सभी वस्तुओंको जो त्रैलोक्यमात्रमें हैं, सहज ही एकरस देखते रहते हैं। 'अन्तर्यामी' हैं अर्थात् सबके हृदयके भीतरकी भी जानते हैं; यथा—'*सबके उर अंतर बसहु जानहु भाउ कुभाउ।*' (अ० २५७) भाव यह है कि कपटको जाना, वेष जो बनाया उसे जाना और सतीके हृदयके भावको भी जान लिया। (पं० रा० कु०)

टिप्पणी—१ *'सती कपट जानेउ'* इति। सतीका कपट जाननेमें इतने विशेषण देनेकी क्या आवश्यकता थी? ये विशेषण इसलिये दिये गये कि एक तो सतीजी देवी हैं, शक्ति हैं, उनका कपट जान लेना साधारण बात नहीं है, पर ये देवमात्रके स्वामी हैं, स्वामीसे सेवकका कपट कब छिप सकता है ? यथा—*'चलै न चोरी चार की'* इति। (विनय०) अतः सुरस्वामी होनेसे जान गये। पुनः—*'सती कपट'* कहनेका भाव कि सतीजी कोई साधारण देवी नहीं हैं। वे शिवजीकी आद्याशक्ति हैं, *भव भव बिभव पराभव कारिनि'* हैं। उनका कपट, मनुष्यकी क्या कही जाय, देवताओंको भी जानना दुर्लभ है। भगवान् शङ्कर भी इस कपटको स्वतः न जान पाये, ध्यान करनेपर ही जान पाये (यह बात कविने आगे कही है, यथा—*'तब संकर देखेउ धरि ध्याना। सती जो कीन्ह चरित सब जाना॥'* (बा० ५६) सो उनके भी कपटको श्रीरामजी स्वतः सब जानते हैं।) ☞ यही ब्रह्ममें और भगवत्कृपाप्राप्त सिद्धजीवोंमें भेद है। कपट=चरित। यथा—*'सती जो कीन्ह चरित सबु जाना।'* (बा० ५५)=कपटका आचरण।

टिप्पणी—२ *'सुमिरत जाहि मिटै अज्ञाना।'''''''* इति। (क) सतीजी श्रीरामजीको अज्ञानी समझे हुए हैं, यथा—*'खोजै सो कि अज्ञ इव नारी', 'मैं संकर कर कहा न माना। निज अग्यान रामपर आना॥'* (बा० ५४) उसीपर कहते हैं कि जिनके स्मरणमात्रसे दूसरेका अज्ञान मिट जाता है, उनमें अज्ञान कैसे सम्भव है ? वे सतीके कपटको कैसे न जान लेते ? अज्ञ समझकर सतीजीने सीतारूप धारण किया, यदि वे *'अज्ञ'* होते तो कपट न जान पाते, पर वे तो 'सर्वज्ञ' हैं। अर्थात् सब वस्तुको जानते हैं, सब कुछ जानते हैं, भूत-भविष्य-वर्तमान तीनों कालकी बातोंको जानते हैं। *'राम'* हैं अर्थात् सबमें रमते हैं और 'भगवान्' हैं अर्थात् उनमें ज्ञान, वैराग्य आदि षडैश्वर्य हैं, वे विद्या और अविद्या दोनों मायाओंको जानते हैं। यथा—**'वेत्ति विद्यामविद्याञ्च स वाच्यो भगवानिति।'** अर्थात् दोनों मायाओंके स्वामी हैं, महामायापति हैं। तब किसीकी माया इन्हें कैसे मोह सकती है ? तात्पर्य यह है कि ईश्वरमें अज्ञान नहीं है; इसीसे श्रीरामजी अपने स्वरूपसे सतीका कपट जान गये।

नोट—२ (क) *'सती कपट जानेउ।'* इस पूर्वार्धमें *'जानेउ'* क्रिया दी गयी है और इस क्रियाका अभिप्राय तीनों विशेष्यपदोंमें, जो उत्तरार्धमें दिये गये हैं—'सबदरसी, सब अंतरजामी और सर्वज्ञ', पाया जाता है। इसलिये यहाँ 'परिकरांकुर अलंकार' हुआ। कपट जाननेके लिये एक ही विशेषण पर्याप्त था तो भी इतने विशेषणोंको, इतने गुणोंको इसमें कारण दिखाया। अतः यहाँ 'द्वितीय समुच्चय अलंकार है।' (ख) पुनः, 'सबदरसी' से जनाया कि ये सब देख रहे हैं कि शिवजी वटतले बैठे हैं और वहींसे ये आयी हैं। अन्तर्यामी हैं, अतः जानते हैं कि शङ्करजीका उपदेश इनके गले नहीं उतरा, इसलिये परीक्षा लेनेके लिये सीता बनकर आयी हैं। (वि० त्रि०)

नोट—३ सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि शिवजीने पूर्व जो *'सोइ मम इष्टदेव'''''''* *'सोइ राम ब्यापक ब्रह्म'* ''''''''*'मायाधनी।'* कहा था, उसीकी सचाई यहाँ इन विशेषणोंद्वारा दिखायी है।

नोट—४ 'सुरस्वामी, सर्वदर्शी, सर्वान्तर्यामी, सर्वज्ञ' में जो भाव कहे गये, भगवती श्रुति भी ब्रह्मके लिये वैसा ही कहती है; यथा—**'स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तम्।'** इति (श्वेताश्वतर-उ० ३। १९) अर्थात् वह सम्पूर्ण वेद्यवर्गको जानता है, किंतु उसे जाननेवाला कोई नहीं है। उसे सबका आदि, पूर्ण एवं महान् कहा गया है।

सती कीन्ह चह तहहुँ दुराऊ। देखहु नारि सुभाव प्रभाऊ॥ ५॥
निज माया बलु हृदय बखानी। बोले बिहँसि रामु मृदु बानी॥ ६॥

अर्थ—(श्रीयाज्ञवल्क्यजी भरद्वाजजीसे कहते हैं कि) स्त्रीस्वभावका प्रभाव तो देखिये कि सतीजी वहाँ भी दुराव (छिपाव, कपट) करना चाहती हैं॥ ५॥ हृदयमें अपनी मायाके बलकी प्रशंसा करके श्रीरामचन्द्रजी मुस्कुराकर (मीठी) कोमल वाणी बोले॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'सती कीन्ह चह तहहुँ दुराऊ।.......'* इति। (क) दुराव करना स्त्री-स्वभाव है। यथा *'सत्य कहहिं कबि नारि सुभाऊ। सब बिधि अगहु अगाध दुराऊ॥'* (अ० ४७) *'बिधिहु न नारि हृदय गति जानी। सकल कपट अघ अवगुन खानी॥ सरल सुसील धरमरत राऊ। सो किमि जानै तीय सुभाऊ॥'* (अ० १६२)। सतीजी श्रीरामजीको अज्ञानी, अल्पज्ञ और ऐश्वर्यहीन समझे हैं; इसीसे दुराव कर रही हैं—इसीपर कहते हैं कि *'देखहु नारि सुभाव प्रभाऊ।'* (ख) *'देखहु'* कहनेका भाव कि यह बात देखने ही योग्य है, क्योंकि जो बात तीनों कालोंमें सम्भव नहीं है, वही बात सतीजी स्त्रीस्वभाववश कर रही हैं। ☞स्मरण रहे कि शिवजीने *'नारि-स्वभाव'* को ही सती-मोह-प्रसंगमें प्रधान रखा है। यथा—*'सुनहि सती तव नारि सुभाऊ। संसय अस न धरिय उर काऊ॥'* (५१) [☞वही बात अन्य वक्ता भी कह रहे हैं। वे भी शिवजीसे सहमत हैं। इसीसे वे कहते हैं—*'देखहु नारि सुभाव.......।'* ये याज्ञवल्क्यजीके वचन हैं।] (ग) *'तहहुँ'* 'वहाँ भी' कहनेका भाव कि दुराव वहाँ किया जाना चाहिये, जहाँ लोग न जानते हों। अर्थात् जहाँ अज्ञान हो पर सतीजी इसके विपरीत उससे दुराव करती हैं जिसके स्मरणमात्रसे दूसरेका अज्ञान दूर हो जाता है, जो सर्वज्ञ है, जो भगवान् है।

टिप्पणी—२ *'देखहु नारि सुभाव प्रभाऊ।'* इति। (क) नारि-स्वभावकी महिमा देखो। नारि-स्वभाव क्या है ? आठ अवगुणोंका होना नारि-स्वभाव है, यथा—*'नारि सुभाउ सत्य सब कहहीं। अवगुन आठ सदा उर रहहीं॥'* (लं० १६) विशेष (५१।६) में देखिये। आठ अवगुणोंमेंसे यहाँ 'अविवेक' अवगुणका ग्रहण है। अर्थात् इन्होंने विवेकसे काम न लिया। *'सती कीन्ह चह तहहुँ दुराऊ'* अर्थात् जहाँ दुराव न करना चाहिये, वहाँ भी दुराव किया—यही 'नारि-स्वभाव' है। (ख) *'सुभाव प्रभाऊ'* इति। अर्थात् स्त्रीस्वभाव ऐसा प्रबल है कि जो न करना चाहिये वह भी करा डालता है। ☞स्वभावकी प्रबलता देवी-देवताओंपर भी रहती है; यथा—*'काल कर्म गुन सुभाव सबके सीस तपत।'* इति। (विनय०) *'काल सुभाउ करम बरिआई। भलेउ प्रकृति बस चुकइ भलाई ॥'* (बा० ७) (ग) 'यहाँ *'देखहु नारि सुभाव प्रभाऊ'* किस विचारसे कहा, क्योंकि सतीजी तो श्रीरामजीको सर्वज्ञ नहीं समझतीं ? यदि सर्वज्ञ समझकर दुराव करतीं तो स्वभावका प्रभाव कहना ठीक होता ?'—इसका उत्तर यह है कि शिवजीने उनको श्रीरामजीका स्वरूप समझा दिया था और यह भी कह दिया कि विवेकसे विचारकर यत्न करना—इन दोनों उपदेशोंमेंसे सतीजीने एकको भी न माना। सीतारूप धारण किया, यह अविवेककी बात की। और अविवेक 'स्त्रीस्वभाव' है।

नोट—१ *'नारि सुभाव प्रभाऊ'* कथनका भाव यह है कि स्त्री कितनी ही उच्च पदवीको क्यों न प्राप्त हो जावे, पर उसका स्वभाव नहीं छूटता। देखिये, सतीजी एक तो श्रीशिवजीकी पत्नी, दूसरे पतिव्रताशिरोमणि और भगवती, जगज्जननी, तो भी उनमें यह अज्ञान उपस्थित हो गया, उनका स्त्रीस्वभाव न छूटा, तब भला साधारण प्राकृत स्त्रियोंके विषयमें क्या कहा जाय ? सच है, स्वभाव सब गुणोंको दबाकर सबके ऊपर रहता है। **'अतीत्य हि गुणान् सर्वान्स्वभावो मूर्ध्नि वर्त्तते।'**

वि० टी०—'ब्रह्मवैवर्तपुराण-गणेशखण्ड अध्याय ६ में लिखा है—**'दुर्निवार्यश्च सर्वेषां स्त्रीस्वभावश्च चापलः। दुस्त्याज्यं योगिभिः सिद्धैरस्माभिश्च तपस्विभिः॥'** अर्थात् स्त्रियोंका स्वभाव चञ्चल होता है, उससे किसीका बचाव नहीं होता। उसे योगी, सिद्ध तथा हम-सरीखे तपस्वी भी कठिनाईसे त्याग सकते हैं।'

नोट—२ स्वभावकी विचित्रता ही यह है कि सर्वगुणसम्पन्नकी बुद्धिको भी भय और भ्रममें डाल दे। सत्पुरुषोंमें तथा सती स्त्रियोंमें उनका स्वभाव विशेष साधनोंसे दबा रहता है, परंतु कभी-कभी विशेष कारणोंसे प्रकट हो जाता है। और अन्य पुरुषों और स्त्रियोंमें तो उनका स्वभाव सदा अभिव्यक्त रहता है। अन्य स्त्रियोंसे सती स्त्रियोंमें यही विशेषता है। पुराणोंमें भी इन दोषोंका वर्णन मिलता है; यथा—**'अनृतं साहसं माया मूर्खत्वमतिलोभता। अशौचत्वं निर्दयत्वं च स्त्रीणां दोषाः स्वभावजाः॥'** इति। (देवीभागवत) संसारमें कोई भी निर्दोष नहीं हो सकता, क्योंकि इसका कारण ही सदोष है। समस्त दोषोंसे निर्मुक्त एक परब्रह्म ही है। (स्वामी रामदेवजी मानसमणि) **'प्रभाऊ'**=प्रभाव=अन्तःकरणको किसी ओर प्रवृत्त कर देनेका गुण, सामर्थ्य, महिमा।

टिप्पणी—३ *'निज मायाबलु हृदय बखानी'* इति। (क) श्रीरामजीकी मायाका बल श्रीशिवजी समझे, यथा—*'बोले बिहसि महेसु हरिमाया बल जानि जिय।'* (५१) *'बहुरि राम मायहि सिरु नावा। प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा॥'* (५६) (ख) सतीजी श्रीरामजीको (अपनी मायासे) मोहने आयीं, सो वे तो उन्हें मोह न सकीं, उलटे श्रीरामजीकी मायाने उनको ही मोहित कर लिया। ठगने गयीं, पर ठगी गयीं स्वयं। 'अपनी मायाका बल बखाना' अर्थात् हमारी माया बड़ी बलवती है कि इसने साक्षात् भगवतीको अपने वशीभूत कर लिया, इस तरहकी प्रशंसा मनमें की। (ग) *'हृदय बखानी'* का भाव कि अपना ऐश्वर्य अपने मुखसे कैसे बखान करते ? अपने मुखसे अपनी प्रशंसा शोभा नहीं देती। अतः हृदयमें बखाना। अथवा मायाका बल प्रकट बखान करना उचित नहीं है, क्योंकि इसने भक्तको व्याकुल किया है, अतः हृदयमें सराहा। भारी पराक्रमसे पराक्रमीकी प्रशंसा होती ही है, यथा—*'मूर्छा गइ बहोरि सो जागा। कपिबल बिपुल सराहन लागा॥'* (६।८३) वैसे ही अपनी मायाका पराक्रम देखकर कि इतनी प्रभावशालिनी भगवतीको भी उसने बलात् विमोहके वश कर डाला, प्रभुने उसकी सराहना की। [कथाके अनादरके समयसे ही मायाकी प्रेरणा हुई है। इसीसे शिवजीका उपदेश न लगा। बात यहाँतक बढ़ी कि अब ये सीता बनकर आयी हैं। अतः अघटितघटनापटीयसीकी हृदयसे प्रशंसा की। सीता बननेपर हँसे। (वि० त्रि०)] ☞श्रीरामजीने निजमायाबलकी प्रशंसा की, इस कथनका भाव यह है कि उन्होंने सतीजीको निर्दोष ठहराया। उनके अन्तः-करणमें यह भाव है कि दुराव करनेमें सतीजीका किञ्चित् दोष नहीं है। इस चरणसे अन्तःकरणका भाव प्रकटकर आगे बाहरका हाल लिखते हैं कि हँसकर मृदु वाणी बोले।

टिप्पणी—४ *'बोले बिहसि राम मृदु बानी'* इति। हँसकर क्यों बोले ? उत्तर—(क) ये हमारी परीक्षा लेनेके लिये सीतारूप धरकर आयीं, यह जानकर हँसे। अथवा, (ख) नारिस्वभावका प्रभाव देखकर हँसे, यथा—*'सती कीन्ह चह तहहुँ दुराऊ। देखहु नारि सुभाव प्रभाऊ॥'* अथवा, (ग) यह तो श्रीरामजीका स्वतः-सिद्ध सहज स्वभाव ही है कि सदा हँसकर बोलते हैं, यथा—'स्मितपूर्वाभिभाषी च' इति। (वाल्मीकीय रामायण) अथवा, (घ) अपनी मायाका बल देखकर हँसे, यथा—*'निज मायाबल देखि बिसाला। हिय हँसि बोले दीनदयाला॥'* (बा० १३२) अथवा, (ङ) (पं० रामकुमारजीके एक पुराने खर्रेमें यह भाव है कि) प्रभुका हास माया है, यथा—*'माया हास बाहु दिगपाला।'* (लं०) प्रभुके सामने मायावी वेष बनाकर आयी हैं, अतः ये भी उनसे अपना वास्तविक रूप न कहकर बनावटी ही रूपका परिचय देंगे।

नोट—३ ☞यह बात स्मरण रखनेकी है कि जब कोई श्रीरामजीसे चतुराई करता है तब वे उसे जानते हुए भी अनजानकी तरह माधुर्यलीलामें रत होने (बिहँसने) की मुद्रा प्रदर्शित करते हैं; जैसे उन्होंने सुतीक्ष्णजीके प्रति किया था। यथा—*'देखि कृपानिधि मुनि चतुराई। लिए संग बिहसे दोउ भाई॥'* (अ० १२) और जैसे अपने अन्तर्यामित्वगुणकी शक्तिसे रावणकी परीक्षा करनेकी युक्ति जानकर वे बिहँसे और अपनी प्राणप्रियासे उन्होंने अपनी युक्ति बतायी थी। जिसमें भाव यह था कि 'देखें किसके युक्तिकी विजय होती है ? भला मेरी युक्तिके आगे रावणकी युक्ति क्या चलेगी ?' (कल्याण १२।१२) पुनः प्रभुको जब कोई विशेष चरित करना होता है तब उसे हँसकर करते हैं, यथा—*'भ्रम तें चकित राम मोहि देखा। बिहसे सो सुनु चरित बिसेषा॥'* (७।७९)

टिप्पणी—५ *'बोले मृदु बानी'* इति। यह भी प्रभुका स्वभाव है। पुनः भाव कि मृदुवाणी बोले; जिसमें सतीजीको भय न उत्पन्न हो कि हम इनकी परीक्षा लेने आयी हैं (ये अप्रसन्न न हों), इसीसे श्रीरामजी प्रसन्नतापूर्वक बोले। बिहँसनेसे मुखकी प्रसन्नता रही और मृदुवाणीसे कोमलता रही। [मृदुवाणी बोले क्योंकि शीलसिन्धु हैं। (वै०)]

जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू। पिता समेत लीन्ह निज* नामू॥७॥
कहेउ बहोरि कहाँ बृषकेतू। बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू॥८॥

---

* हरि—रा० प्र०। पं० रा० कु०। १७२१, १७६२, छ०। 'हरि' पाठ देकर रा० प० ने 'पिता समेत लीन्ह हरि

अर्थ—(प्रथम तो) प्रभुने हाथ जोड़कर प्रणाम किया और पितासमेत अपना नाम लिया॥ ७॥ फिर कहा कि '*बृषकेतू*' (शिवजी) कहाँ हैं ? (आप) वनमें अकेली किस कारणसे फिर रही हैं? ॥ ८॥

नोट—१ सतीजीने सीतारूप धरकर श्रीरामजीको धोखा देना चाहा, उनकी परीक्षा लेनी चाही। प्रभुने प्रणाम आदिद्वारा ही जना दिया कि हम तुम्हारे कपटको जानते हैं, तुम सीता नहीं हो, तुम शिव-पत्नी हो। यहाँ 'पिहित' अलंकार है। जहाँ अपनी स्थिति छिपानेवाले व्यक्तिके प्रति कोई ऐसी क्रिया की जाय जिससे ज्ञान पड़े कि उसका वह हाल क्रिया करनेवालेको ज्ञात हो गया, वहाँ यह अलंकार होता है।

टिप्पणी—१ '*जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू*' इति। (क) हाथ जोड़कर प्रणाम करनेमें भाव यह है कि—(१) सती सीतारूप धारण किये हुए हैं; तब भी श्रीरामजीने (परस्त्री होनेसे) माताभाव माना। इसी तरह जब सीतारूप त्यागकर पुनः सतीरूप धारण करनेपर भी शिवजीने (अपनी अर्धाङ्गिनी होते हुए भी) उनमें माताभाव माना। इस तरह, स्वामी-सेवक दोनोंका समान धर्म है, यह दिखलाया। [अथवा, स्वामीसे सेवकका धर्म अधिक कहा।] अथवा, (२) श्रीरामजी नरतन धारण किये हुए हैं और सती देवता हैं। अतः देवभावसे प्रणाम किया। यह माधुर्यकी मर्यादा रखी, यथा—'*राम प्रनाम कीन्ह सब काहू। मुदित देव लहि लोचन लाहू॥*' पुनः, (३) [शिवजीके इस विचारको कि '*गुप्तरूप अवतरेउ प्रभु गएँ जान सब कोइ*', पुष्ट करनेके लिये यहाँ हाथ जोड़कर प्रणाम किया। अर्थात् माधुर्यमें अपनेको राजकुमार जनाया और आगेके प्रश्नसे अपनी सर्वज्ञता भी प्रकट कर दी। (मा० प०)]

टिप्पणी—२ '*पितासमेत लीन्ह निज नामू*' इति। ☞ (क) पितासमेत अपना नाम लेकर प्रणाम करनेकी विधि है; यथा—'*पितु समेत कहि कहि निज नामा। लगे करन सब दंड प्रनामा॥*' '*बिस्वामित्र मिले पुनि आई। पदसरोज मेले दोउ भाई॥ रामलखन दसरथ के ढोटा।*' (१।२६९)—विशेष १।१५८ (८) में देखिये। यह प्राकृत व्यवहार करके अपने ऐश्वर्यको छिपाये हैं। (ख) यहाँ ऐश्वर्य है, माधुर्यका काम नहीं है; इसीसे सतीजीको पहचाना। और, किष्किन्धाकाण्डमें जब हनुमान्‌जी विप्ररूप धरकर आये हैं, तब वहाँ माधुर्यका वर्णन है; इसीसे वहाँ अनजानकी तरह पूछना लिखा है, वहाँ हनुमान्‌जीको मानो पहचानते नहीं, इसीसे उनको 'विप्र' कहकर सम्बोधन किया है; यथा—'*कहहु बिप्र निज कथा बुझाई।*' (४।२) (ग) पितासमेत अपना नाम लिया अर्थात् कहा कि मैं रघुकुलमणि श्रीदशरथजी महाराजका पुत्र राम हूँ। इस तरह अपना पूरा परिचय दिया।

टिप्पणी—३ '*कहेउ बहोरि कहाँ बृषकेतू।*.......' इति। (क) '*बहोरि*' अर्थात् अपने पिताका और अपना नाम लेकर प्रणाम करके उनका समाचार पूछते हैं। (ख) '*बृषकेतू*' का भाव कि शिवजीके केतु (ध्वजा) पर वृषभका चिह्न है जो दूरसे दिखायी पड़ता है, सो वे कहीं देख नहीं पड़ते ? कहाँ हैं? अथवा, बृष=धर्म। 'कहाँ बृषकेतू'=धर्म ही जिनकी ध्वजा है वे शिवजी कहाँ हैं ? (ग) '*बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू।*' अर्थात् धर्मको छोड़कर वनमें फिर रही हो, यह किस लिये ? '*फिरहु*' शब्दसे सूचित हुआ कि सतीजी कहीं बैठी या खड़ी नहीं हुईं फिरती ही रहीं।

नोट—२ स्मरण रखनेकी बात है कि वक्ताओंने श्रीरामजीके '*बृषकेतू*' शब्दको शिवजीके लिये आगे इसी प्रकरणमें बहुत प्रयुक्त किया है; मानो श्रीरामजीने आजसे यह नाम शिवजीका रख दिया है। सती-त्यागकी सूचना इस प्रसंगमें इस शब्दसे प्रसंगके प्रारम्भमें ही दे दी है।

दो०—रामबचन मृदु गूढ़ सुनि उपजा अति संकोचु।
सती सभीत महेस पहि चलीं हृदय बड़ सोचु॥५३॥

नामू' का अर्थ यह किया है कि—'हरि (श्रीरामचन्द्रजी) ने पितासमेत सतीजीका नाम लिया। अर्थात् दाक्षायणीजी! आपको नमस्कार है—यह कहा'। नमस्ते दक्षतनये। वीरभद्रचम्पूमें ऐसे ही वचन हैं। यथा— 'किं वाच्या दनुजा नागा वानराः;किन्नरा नराः। वत्स लक्ष्मण पश्यैतां मायां मायाविमोहिताम्॥ नमस्ते दक्षतनये नमस्ते शम्भुभामिनि। किमर्थं धूर्जटीं देवं त्यक्त्वा भ्रमसि कानने॥' 'निज' पाठ १६६१, १७०४, को० रामका है।

अर्थ—श्रीरामजीके मीठे कोमल और गूढ़ वचन सुनकर सतीजीको अत्यन्त संकोच हुआ। वे डरी हुई महादेवजीके पास चलीं। उनके हृदयमें भारी सोच है॥ ५३॥

नोट—श्रीरामचन्द्रजीने तीन बातें कहीं—१ मैं दाशरथी राम हूँ, आपको नमस्कार करता हूँ। २ वृषकेतु कहाँ हैं ? ३ आप वनमें अकेली कैसे फिर रही हैं ? कोमल तो सभी शब्द हैं, उसपर भी ये वचन हाथ जोड़कर प्रणाम करके बोले गये थे, इससे वे और भी कोमल हो गये। सभी वचन सुननेमें मृदु हैं, पर समझनेमें गूढ़ हैं। अर्थात् इनमें बहुत अभिप्राय गुप्त हैं, बहुत व्यंग्य भरा हुआ है। इन वचनोंके गूढ़ आशय देखने हैं।

(१) *'जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू'* (अर्थात् हाथ जोड़ने और प्रणाम करने) के भाव ऊपर (५३। ७) टिप्पणी—१ में आ चुके। *'पिता समेत लीन्ह निज नामू'* का गूढ़ भाव श्रीबैजनाथजी यह लिखते हैं कि 'इससे अपने स्वरूपका परिचय दिया। इस तरह कि अगस्त्यजीने जो मनुशतरूपाका वृत्तान्त तुमको सुनाया और मनुशतरूपाका दशरथ-कौसल्यारूपसे अवतरित होना कहा, हम उन्हीं दशरथजीके यहाँ पुत्ररूपसे अवतरे हैं, वही 'राम' हैं।' माधुर्यमें भाव यह है कि आप सीतारूपसे मेरे पास आयी हैं; यदि मैं आपको पकड़कर हृदयसे लगा लेता तो सतीत्व कहाँ रह जाता ? यदि समझती हो कि पकड़नेके पहले ही अन्तर्धान हो जायँगी तो ऐसी समझ भूल है, क्योंकि कथामें सुन चुकी हो कि कपटमृग मुझे छलने न पाया, उसका मृगचर्म मैं ले ही आया, वैसे ही मेरे आगेसे तुम अन्तर्धान नहीं हो सकती थी। (श्रीजानकीशरणजी)

(२) *'बृषकेतू'*—जिनकी ध्वजापर 'वृष' है। वृष=बैल=धर्म। *बृषकेतू*=धर्मकी ध्वजा। यह शिवजीका एक नाम है। *'कहाँ बृषकेतू'* यह कहकर प्रथम तो यह जनाया कि हम तुमको जानते हैं। दूसरे यह कि शिवजी धर्मध्वज हैं, सदा धर्मपर तत्पर रहते हैं, आपके पातिव्रत्यधर्मकी भी ध्वजा वे ही हैं, उनके वचनोंको न मानकर और उनसे अलग होकर आपने तो मानो अपने पातिव्रत्यधर्मको ही तिलाञ्जलि दे दी। आपका वह सतीत्वधर्म अब कहाँ गया ? (खर्रा) तीसरे यह कि 'तुमको उनके वचनपर विश्वास करना चाहिये था, क्योंकि वे 'सत्य' रूप धर्मकी ध्वजा हैं, सदा सत्य बोलते हैं। उनकी बात न माननेका कोई कारण न था।' (मा० प०) चौथे यह कि 'वे वृषकेतु हैं। बैलपर सवार रहनेसे क्या बौरहा (बावला) जानकर उनका अपमान किया है, उनको त्याग दिया है ?' (खर्रा) पाँचवें यह कि आप पातिव्रत्यकी पताका लिये फिरती थीं, वह पताका अब कहाँ गयी कि जो अब परस्त्रीका रूप धारण किया है! परायी स्त्री बनी हैं।

(३) *'बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू'* इति। (क) अर्धाङ्गिनी होकर वनमें पतिसे अलग अकेली फिरना स्वतन्त्रता है। यह कहकर स्वच्छन्दचारिणी, स्वेच्छाचारिणी जनाया, जो स्त्रियोंके लिये अयोग्य है; यथा *'जिमि सुतंत्र भएँ बिगरहिं नारी।'* (कि० १५)। **'पिता रक्षति कौमारे भर्त्ता रक्षति यौवने। पुत्राश्च स्थाविरे भावे न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति॥', 'अरक्षणाद्यथा पाकः श्वकाकवशगो वसेत्। तथैव युवती नारी स्वच्छन्दाद्दुष्टतां व्रजेत्॥'** (प० पु० सृ० ४९। २३, २५) अर्थात् बचपनमें पिता, जवानीमें पति और बुढ़ापेमें पुत्र नारीकी रक्षा करता है; उसे कभी स्वतन्त्रता नहीं देनी चाहिये……नहीं तो वह व्यभिचारमें प्रवृत्त हो जाती है। जैसे तैयार की हुई रसोईपर दृष्टि न रखनेसे उसपर कौए और कुत्ते अधिकार जमा लेते हैं, उसी प्रकार युवती नारी स्वच्छन्द होनेपर व्यभिचारिणी हो जाती है। (पार्वतीवचन) पुनः, भाव कि—(ख) हमारे स्त्रीवियोगका कारण तो हमारी इच्छानुसार है, (यथा—*'सुनहु प्रिया ब्रत रुचिर सुसीला। मैं कछु करबि ललित नर लीला॥'* (३। २४) और तुमने तो पतिवचन न मानकर वनमें फिरना स्वीकार किया है, जो कर्म पतिव्रताओंको उचित नहीं। नीतिशास्त्र है कि **'भ्रमन्सम्पूज्यते राजा भ्रमन्सम्पूज्यते द्विजः। भ्रमन्सम्पूज्यते योगी स्त्री भ्रमन्ती विनश्यति॥'** (वि० टी०) (ग) वनमें अकेली फिरती हो। हम राजकुमार हैं, परपुरुष हैं। स्त्रीवियोगसे पीड़ित हैं। हमारे सामने दाक्षायणीरूप त्यागकर सीतारूपसे आयी हो। किस उपपत्तिहेतु

क्रियाचातुरीकर स्वयं दूती बनकर क्रिया-विदग्धारूप धारण किया है? हम परकीयाके ग्राहक नहीं हैं। अतः लौट जाओ।' (वै०) पुनः, 'अकेली फिरना' कहकर यह भी जनाया कि 'पतिको तुमने स्वयं त्यागा और हमने भी न ग्रहण किया। अब लौटनेपर शिवजी भी तुम्हें न ग्रहण करेंगे; अब तो आप-से-आप तुम्हारे भाग्यमें अकेला ही रहना लिख गया। तुम न इधरकी हुई, न उधरकी।' (वै०) (ङ) *'केहि हेतू'* का भाव यह है कि परीक्षा लेने आयी हो ? अर्थात् वृषकेतु पतिकी तुमने अवज्ञा की, उनका कहा नहीं माना, तभी तो परीक्षा लेने आयी हो—यह व्यङ्ग श्रीरामजीके वचनोंके अभ्यन्तर भरा है।' अवज्ञा न करना स्त्रीका धर्म है; यथा— **'उद्याने मद्यपाने च राजद्वारे पितागृहे। आज्ञाभङ्गो न कर्तव्यो वरं यातु वराङ्गना॥'** (पं० रा० कु०) पुनः, (च) भाव कि मेरे इस वनमें फिरनेका हेतु तो यह है कि श्रीजानकीजीको कोई राक्षस हर ले गया है, हम उन्हें ढूँढ़ रहे हैं; यथा—*'इहाँ हरी निसिचर बैदेही। बिप्र फिरहिं हम खोजत तेही॥'* (कि० २) पर आप अकेली क्यों फिर रही हैं? अर्थात् आपके अकेले फिरनेका कोई कारण नहीं दीखता। क्या आपको राक्षसोंका भय नहीं है ? अथवा, क्या शङ्करजीको किसीने चुरा तो नहीं लिया ? (वीरकवि)

टिप्पणी—१ *'सुनि उपजा अति संकोचु'* इति। (क) इससे जनाया कि सतीजी गूढ़ व्यङ्गको जो श्रीरामजीके वचनोंमें भरा है समझ गयीं। इसीसे *'अति संकोचु'* हुआ। (ख) *'अति संकोचु'* का भाव कि संकोच तो तभी हुआ था कि जब प्रभुने पहचान लिया और हाथ जोड़कर प्रणाम किया। (अर्थात् हमने अपना रूप छिपाया सो ये जान गये, यह जानकर सतीजीको सङ्कोच हुआ था।) पर जब उन्होंने *'कहाँ बृषकेतू। बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू॥'* ये वचन कहकर जनाया कि हम तुम्हारे हृदयके कुत्सित भावको भी जानते हैं और वही बात पूछते हैं, तब 'अति संकोच' हुआ (कि हमने अच्छी परीक्षा ली, शिवजीके चिताये हुए विवेकसे दूर रहीं)।

टिप्पणी—२ *'सती सभीत महेस पहिं चलीं'* इति। (क) अति संकोचवश होनेपर उत्तर नहीं देते बनता; यथा—*'सीय सकुच बस उतरु न देई। सो सुनि तमकि उठी कैकेई॥'* (अ० ७९) अतः सतीका कुछ उत्तर नहीं लिखा। और, उत्तर देतीं भी तो क्या? इसका कुछ उत्तर है ही नहीं। अतः उत्तर न लिखा गया। [(ख) *'सती'* शब्द देकर वक्ताने जना दिया कि अब सतीजी सीतारूप त्यागकर अपना रूप हो गयीं। रूप बदला, इसीसे नाम भी बदल गया। परन्तु पं० रामकुमारजीका मत है कि अद्भुत दर्शनके बाद कपट वेष छूटा। (५५) (६) देखिये।] (ग) *'सभीत'* इति। इसका कारण कवि स्वयं आगे लिखते हैं। वह यह कि *'मैं संकर कर कहा न माना। निज अज्ञानु रामपर आना॥ जाइ उतरु अब देहौं काहा। उर उपजा अति दारुन दाहा॥'* अर्थात् पति-अवज्ञा और उनके कोपसे भयभीत होनेसे शोचयुक्त हुईं। महादेवजीका डर है। (घ) *'महेस पहिं चलीं'* अर्थात् शिवजीकी आज्ञापर श्रीरामजीकी परीक्षा लेने चली थीं, अब यहाँसे फिर शिवजीके पास चलीं। दोनों *'चलीं'* के बीचमें कहीं बैठना नहीं कहकर जनाया कि बराबर फिरती ही रहीं; यथा—*'बिपिन अकेलि फिरहु……'* (ङ) *'हृदय बड़ सोचु।'* सोच अपनी करनीका है जैसा कि आगे वक्ता स्वयं स्पष्ट कह रहे हैं; यथा—*'हृदय सोच समुझत निज करनी।'* (५८।१) पुनः, सोच इस बातका है कि यह बात कैसे शिवजीसे छिपे ? उनको क्या उत्तर दूँ ?

मैं संकर कर कहा न माना। निज अज्ञानु राम पर आना॥ १॥
जाइ उतरु अब देहौं काहा। उर उपजा अति दारुन दाहा॥ २॥

शब्दार्थ—कहा=कहना, वचन। आना=लाना, आरोप करना, धरना। काहा=क्या।

अर्थ—मैंने शङ्करजीका कहना न माना। अपना अज्ञान श्रीरामचन्द्रजीपर आरोपित किया॥ १॥ अब जाकर क्या उत्तर दूँगी ? (यह सोचकर) हृदयमें अत्यन्त भयङ्कर जलन पैदा हो गयी॥ २॥

टिप्पणी—१ (क) *'मैं संकर कर कहा न माना'* अर्थात् अपने कल्याणकर्त्ताका कहा न माना। अतः

मेरे कल्याणकी अब हानि हुई। [जो शिवजीका अनुमान था वही इनका अनुमान हुआ। यथा—*'इहाँ संभु अस मन अनुमाना। दच्छसुता कहुँ नहिं कल्याना॥ मोरेहु कहे न संसय जाहीं।'* ☞नोट—यह सतीजीका पश्चात्ताप है। वे अपनी भूल अब स्वयं स्वीकार कर रही हैं कि शङ्करजीका वचन मानना चाहिये था, सो मैंने न माना। मान लिया होता तो यह क्लेश क्यों भोगना पड़ता ? *'संकर कर कहा'* अर्थात् *'सुनहि सती तव नारि सुभाऊ।'* (५१।६) से *'अवतरेउ अपने भगत हित'*……*'* तक जो शिवजीने कहा था।] (ख) *'निज अज्ञानु राम पर आना'* इति। अर्थात् अज्ञानी तो मै हूँ, पर अपनेको मैंने सज्ञान समझा और श्रीरामजीका स्वरूप तो जाना नहीं, उलटे उन्हींको समझ लिया कि अज्ञ हैं, स्त्रीको खोजते हैं, यथा *'खोजै सो कि अज्ञ इव नारी।'* (५१।२) [श्रीरामजी अज्ञानी नहीं हैं वे तो निर्मल दर्पण हैं। जो जैसा है उसको उनमें वैसा ही झलकता है। (मा० प०) मिलान कीजिये—*'निज भ्रम नहिं समुझहिं अज्ञानी। प्रभु पर मोह धरहिं जड़ प्रानी॥'* (बा० ११७) तथा—*'जे मति मलिन बिषय बस कामी। प्रभुपर मोह धरहिं इमि स्वामी॥ ……बालक भ्रमहिं न भ्रमहिं गृहादी। कहहिं परस्पर मिथ्या बादी।……निज अज्ञान रामपर धरहीं॥'* (उ० ७३) भाव यह है कि शिवजीने समझाया तो बहुत था, पर मेरी ही समझमें न आया।]

टिप्पणी—२ (क) सतीजीने अपने दो अपराध स्वीकार किये। एक यह कि सती कहलाकर भी मैंने पतिका वचन असत्य माना और दूसरा यह कि ब्रह्मको नर माना। यथा—*'मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना। पुनि पतिबचन मृषा करि माना॥'* (५९।२) शङ्करजीका उपदेश न मानकर, ब्रह्मको मनुष्य जानकर उसकी परीक्षा ली, यह अपराध हुआ। इसी अपराधको छिपानेके लिये आगे झूठ बोलीं कि *'कछु न परीच्छा लीन्हि गोसाईं।'* (५६।२)[☞प्राय: देखा जाता है कि एक अपराधको छिपानेके लिये दूसरा अपराध किया जाता है और दूसरेके लिये तीसरा; इत्यादि। इससे हमको उपदेश मिलता है कि हम प्रथम ही अपराधपर सावधान हो जायँ, उसको स्वीकार कर लें जिसमें और पाप न बढ़े जो हमारे नाशका कारण बने।](ख) पूर्व दोहेमें *'सभीत'* और *'हृदय बड़ सोचु'* जो कहा है, उन्हींका हेतु यहाँ यथा संख्यालङ्कारसे कहा गया। अर्थात् *'मैं संकर कर कहा न माना। निज अज्ञानु राम पर आना॥'* इस हेतुसे सभीत हुईं। और *'जाइ उतरु अब देहौं काहा'* यह सोचका कारण हुआ। सोच और भय होनेसे 'अति दारुन दाह' उत्पन्न हुआ। [नोट—पण्डितजीके एक पुराने खर्रेमें यह लिखा है कि 'संकोच ऊपर कह आये कि 'मृदु गूढ़ बचन सुनकर' संकोच हुआ। अब *'मैं संकर कर कहा न माना।'*…… *'* से सोचकी बात कहते हैं। कहना न माननेका सोच, अपना अज्ञान श्रीरामपर धरनेका सोच और 'अब क्या उत्तर दूँगी' इसका सोच है। अत: 'बड़ सोच' कहा गया।]

टिप्पणी—३ (क) *'जाइ उतरु अब देहौं काहा।'* इति। शिवजीकी बात सत्य निकली। अत: सोचती हैं कि जाकर क्या उत्तर दूँगी ? इतनेसे ही जना दिया कि शिवजी अवश्य प्रश्न करेंगे और हुआ भी ऐसा ही। शिवजीने प्रश्न किया कि *'लीन्हि परीछा कवनि बिधि कहहु सत्य सब बात।'* (५५) 'क्या उत्तर देंगी' यह सोचकर हृदयमें बड़ा संताप हुआ और कोई उत्तर विचारमें नहीं आया तब उनसे झूठ बोलीं। (ख) *'उर उपजा अति दारुन दाहा'* इति। 'अति दारुन दाह' से तीन प्रकारके दाहकी सूचना मिलती है—दाह, दारुण दाह और अति दारुण दाह। ये तीनों सतीजीमें दिखाते हैं। इस तरह कि *'मैं संकर कर कहा न माना'* यह सोचकर *'दाह'* हुआ। *'निज अज्ञानु राम पर आना'* यह सोचकर 'दारुण दाह' हुआ। और, कुछ भी उत्तर नहीं सूझ पड़ता यह समझकर 'अति दारुण दाह' हुआ।

टिप्पणी—४ रघुपतिमाया अत्यन्त प्रचण्ड है, इसीसे इस प्रसङ्गमें रघुपतिमायाकृत विकार भी भारी-ही-भारी वर्णन किये गये। यथा—*'अस संसय मन भएउ अपारा।'* *'उपजा अति संकोचु'*, *'चली हृदय बड़ सोचु'*, *'उर उपजा अति दारुन दाहा'*, *देखि सती अति भईं सभीता'*, *'चिंता अमित जाइ नहिं बरनी'*, *'अकथनीय दारुन दुख भारी'* इत्यादि।

श्रीसतीजीके 'अति संकोच, बड़ सोच और अतिदारुण दाह'के कारणोंका खुलासा—

संकोच	१	*'जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू। पिता समेत लीन्ह निज नामू॥'* से संकोच हुआ कि हमने छिपाया पर ये जान गये कि मैं सती हूँ, सीता नहीं हूँ।
अति संकोच	२	'वृषकेतु कहाँ हैं ? अकेली वनमें फिरनेका क्या कारण है ?'—इनके गूढ़ आशयको समझकर कि ये हमारे हृदयके कुत्सित भावको समझ गये कि पतिकी अवज्ञा करके परीक्षा लेने आयी हैं 'अति संकोच' हुआ।
परिणाम	३	उत्तर न बन पड़ा, यह परिणाम हुआ।
सभीत	१	पतिकी अवज्ञा और उनके कोपका भय है।
सोच	२	सोच अपनी करनीका है। शिवजीसे बात कैसे छिपे यह भी सोच है।
बड़ सोच	३	कहा न माननेका, अपना अज्ञान प्रभुपर आरोपित करनेका, और क्या उत्तर दूँगी, तीन बातोंका सोच होनेसे 'बड़ सोच' कहा।
परिणाम	४	हृदयमें क्रमशः दाह, दारुण दाह और अति दारुण दाह, यह परिणाम हुआ।
दाह	१	पतिकी अवज्ञासे (जो भय है उससे) दाह।
दारुण दाह	२	*'निज अज्ञान राम पर आना'*—इससे जो सोच है उससे दारुण दाह।
अति दारुण दाह	३	'शिवजीके प्रश्न करनेपर क्या उत्तर देंगी, यह न सूझनेसे जो बड़ा सोच है उससे 'अति दारुण दाह' हुआ।'
सबका परिणाम	४	पतिसे झूठ बोलीं।

दूसरी तरह संक्षेपसे इस प्रकार कह सकते हैं—

कारण	कार्य	परिणाम
१ श्रीरामजीका प्रणाम करना	संकोच	उत्तर न दे सकना
२ श्रीरामजीके दोनों प्रश्न	अति संकोच (पूर्व संकोचमें वृद्धि)	वापस चलना
३ शिवजीकी बात न मानना	भय (सभीत)	दाह
४ अपना अज्ञान रामपर लाना	सोच	दारुण दाह (पूर्वदाहमें वृद्धि)
५ जाकर क्या उत्तर दूँगी	बड़ सोच (पूर्वके सोचमें वृद्धि)	अति दारुण दाह

☞ यहाँ यह बात नहीं है कि प्रथम कारण (प्रणाम) होनेपर उसका कार्य और परिणाम हुआ, तब कुछ समयके बाद दूसरा कारण (प्रश्न) और कार्य आदि हुए, किंतु क्षणभरमें ही ये सब कारण, कार्य और परिणाम होते गये। इसीसे कविने पूर्वके कार्य तथा उनके परिणाम न कहकर केवल अन्तिम अवस्था (अर्थात् अति संकोच, लौट चलना, बड़ सोच और अति दारुण दाह) का उल्लेख किया। हाँ, केवल 'भीति' स्वतन्त्र वस्तु होनेसे लिखा फिर भी उसके परिणाम (दाह) का उल्लेख कविने नहीं किया। तथापि शतपत्र-भेदन्यायसे यहाँ कारण, कार्य और परिणाम दिखाये गये हैं। [साधारणतया अनुभवसे देखा जाता है कि यह आवश्यक नहीं है कि *'अति संकोचु'*, 'बड़ा सोच' या 'अति दारुण दाह' शब्दोंका प्रयोग तभी हो सकेगा कि जब उसके पूर्व 'संकोच', 'सोच' या 'दाह' और 'दारुण दाह' की प्राप्ति हुई हो। अपने प्रियके वियोगका समाचार सुनते ही मनुष्य अत्यन्त शोकको एकदम प्राप्त हो जाते हैं। 'अति', 'बड़ा,' 'भारी', 'दारुण', 'दुःसह' इत्यादि प्रायः केवल यह सूचित करनेके लिये प्रयुक्त होते हैं कि वह शोक, भय, दाह आदि सामान्य नहीं हैं। विशेष *'देखि सती अति भई सभीता।'* (१।५५) में देखिये]

* सती-मोह-प्रकरण *

इस प्रसङ्गके सम्बन्धमें कतिपय शैव महानुभावोंने यह लिखा है कि यह प्रसङ्ग किसी रामायण या पुराण आदि प्राचीन ग्रन्थोंमें नहीं है, गोस्वामी तुलसीदासजीने साम्प्रदायिक विद्वेषसे यह प्रसङ्ग कल्पित किया है। हम उन महानुभावोंको क्या कहें ? केवल प्रेमी पाठकोंकी जानकारीके लिये यहाँ कुछ लिख देना आवश्यक समझते हैं।

भा० ४। ३। ११ में जो सतीजीने कहा है कि '**तथाप्यहं योषिदतत्त्वविच्च ते दीना दिदृक्षे भव मे भवक्षितिम्॥**' अर्थात् मैं स्त्रीस्वभाव होनेके कारण आपके तत्त्वसे अनभिज्ञ हूँ और बहुत दीन हूँ, इसलिये अपनी जन्मभूमि देखनेके लिये बहुत उत्सुक हूँ, उससे स्पष्ट अनुमान होता है कि दुःखका कुछ कारण अवश्य है, जिससे वे पतिकी आज्ञाका उल्लङ्घन करके उनसे रुष्ट होकर पिताके घर चली ही तो दीं—जो व्यवहार एक सतीके लिये महान् अयोग्य था पर उस कारणका उल्लेख उसमें नहीं है। अतः उसे अन्यत्र खोजना है।

अध्यात्मरामायण और आनन्दरामायणमें भी उमा-महेश्वर-संवाद है। अध्यात्ममें पार्वतीजीका यही प्रश्न रामायणका मूल है जो रामचरितमानसका है। यथा—'**तथापि हृतसंशयबन्धनं मे विभेत्तुमर्हस्यमलोक्तिभिस्त्वम्॥ वदन्ति रामं परमेकमाद्यं निरस्तमायागुणसम्प्रवाहम्**......॥ **यदि स्म जानाति कुतो विलापः सीताकृतेऽनेन कृतः परेण।**......॥ **अत्रोत्तरं किं**......॥' (अ० रा० बाल० सर्ग १। ११-१२, १४-१५) अर्थात् तथापि अपने विशुद्ध वचनोंसे मेरे हृदयकी संशयग्रन्थिका उच्छेदन कीजिये। प्रमादरहित सिद्धगण श्रीरामजीको परम, अद्वितीय, सबके आदिकारण और प्रकृतिके गुणप्रवाहसे परे बतलाते हैं।......यदि वे आत्मतत्त्वको जानते थे तो सीताके लिये विलाप क्यों किया ?—ये उद्धृत वाक्य सूचना देते हैं कि उनको मोह हुआ था, उसकी निवृत्तिके लिये प्रश्न है। पर यह नहीं बताते कि मोह कब और कहाँ हुआ ? मानसमें इसकी जोड़का दोहा यह है—'*जौं नृपतनय त ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि।*........॥' (१। १०८)

आनन्दरामायण सारकाण्डके सप्तम सर्गमें शिव-पार्वती-संवादमें 'सती-मोह' प्रसङ्गकी चर्चा आयी है। सीताहरणकी कथा कहकर जब शङ्करजी श्रीरामविरहका वर्णन करने लगे, तब पार्वतीजीको सतीतनमें श्रीरामविलाप देखकर प्रश्न करनेकी याद दिलाते हुए उन्होंने कथा कही है। यथा—'**ययौ पञ्चवटीं व्यग्रस्तत्र सीतां ददर्श न। ततो मानुषभावं तु दर्शयन् सकलाञ्जनान्॥**' (१३६) से श्लोक १५० तक।

एकनाथजी महाराजकी मराठीमें रची हुई भावार्थ-रामायणमें भी सती-मोहका प्रसङ्ग कुछ परिवर्तितरूपमें है। आकाशमें प्रभुके विरह-विलापकी लीला देवता लोग देख रहे हैं। शिव-पार्वतीजी भी देख रहे हैं। सतीजीको भ्रम हो गया। वे शङ्करजीसे पूछती हैं—'आप जिनको पूर्णब्रह्म मानते हैं, क्या ये वही हैं ?' और शङ्करजीके 'हाँ' करनेपर फिर बोलीं कि 'ये तो सीता-सीताकी पुकार मचाते हुए व्याकुलतासे वृक्षों और पाषाणोंको भी छातीसे लगा रहे हैं'। शङ्करजीका उत्तर पाकर कि 'तथापि ये पूर्णब्रह्म हैं' इत्यादि, अन्तमें सतीजीने कहा 'यदि मैं रामको छका दूँ तो ? इसपर शिवजीने कहा 'तो हम समझ लेंगे कि ये ब्रह्म नहीं हैं। शङ्करजीने आखिर यह कहा कि 'वे पूर्ण सावधान हैं, तेरी इच्छा हो तो परीक्षा कर देख।' बस सती सीतारूप धरकर श्रीरामके सामने खड़ी हो गयीं, पर उन्होंने उनकी ओरसे मुँह फेर लिया। सती सामने बार-बार जाती हैं कि इधर देखिये मैं आ गयी, पर वे मुँह फेर लेते हैं। लक्ष्मणजी भी कहते हैं कि माता सीता तो आ गयीं, आप क्यों चिल्लाते हैं ? तब श्रीरामजी डाँटते हैं कि भाई होकर मुझसे वैर क्यों करता है? यहाँ सीता कहाँ हैं? लक्ष्मणजी चुप हो रहे कि माता स्वयं समझा लेंगी। ब्रह्मा आदि भी भ्रममें पड़ गये कि सीता कैसे आ गयीं। सीतारूप सतीने श्रीरामका हाथ पकड़ लिया और समझाया। तब भगवान्‌ने हँसते हुए कहा—'माता! मैं आपके चरण छूता हूँ, आप मुझे न सताइये।......आप मेरे साथ ऐसा व्यवहार क्यों

कर रही हैं ? भगवान् शङ्करको अकेले छोड़कर मुझे तंग करनेके लिये सीताका रूप धारणकर आप यहाँ क्यों आयी हैं ? यह सुनकर वे चरणोंपर गिरीं। ग्लानि होनेपर वृक्षों आदिसे भेंटनेका रहस्य तथा परमार्थका रहस्य श्रीरामजीने उन्हें बताया। उनको पूर्ण ज्ञान हो गया और वे कैलासको लौट गयीं। सीतारूप धारण करनेसे शिवजीने उनमें माताभाव कर लिया। तब दक्षयज्ञके बहाने वहाँ जाकर उन्होंने शरीर त्याग दिया।

एकनाथजीका समय सं० १५८५ से १६५५ तक कहा जाता है। सं० १६२८ से १६३० तक उनका काशीमें रहना पाया जाता है। भावार्थरामायणका समय सं० १६४५ से १६५५ तकके भीतरका कहा जाता है। आनन्दरामायण श्रीसमर्थ रामदासजीकृत कहा जाता है और समर्थजीका समय मानसके पश्चात् आता है। इससे इन ग्रन्थोंसे गोस्वामीजीने लिया, यह सिद्ध नहीं होता।

वीरभद्रचम्पू पुराना ग्रन्थ है। इसमें भी सतीजीका मोहवश सीतारूप धारण करके श्रीरामजीके समीप जाना इत्यादि पाया जाता है। श्रीरामजी उनको देखकर लक्ष्मणजीसे कहते हैं—'किं वाच्या दनुजा नागा वानरा किन्नरा नराः।''''''' (५३। ७। पाद—टि० देखो)। अर्थात्—श्रीरघुनाथजी श्रीलक्ष्मणजीसे कहते हैं कि दैत्यों, नागों, वानरों, किन्नरों और नरोंकी कौन कहे देखो तो कि माया (शिवशक्ति श्रीसतीजी) भी मेरी मायासे विमोहित हो गयी हैं।—यह कहकर तब सतीजीसे बोले कि 'शम्भुभामिनी दक्षतनये! मैं आपको नमस्कार करता हूँ। किस कारणसे महादेवजीको त्यागकर आप वनमें भ्रमण कर रही हैं ?'

अब हम शिवपुराणका ही प्रमाण देते हैं जो शैवग्रन्थ है। उसीमें यह मोह-प्रसङ्ग पूरा-पूरा मिलता है। हम कुछ अंश उसका यहाँ उद्धृत करते हैं और उसकी जोड़की चौपाइयाँ भी देते हैं—

शिवपुराण, रुद्रसंहिता-अ० २४	मिलती-जुलती चौपाई
१ एकस्मिन् समये रुद्रः सत्या त्रिभवगो भवः। आगत्य दण्डकारण्यं पर्यटन् सागराम्बरम्॥ २२॥	'एक बार त्रेताजुग माहीं। संभु गए कुंभज रिषि पाहीं॥ संग सती जगजननि भवानी।'
२ तत्र रामं ददर्शासौ लक्ष्मणेनान्वितं हरः। अन्विष्यन्तं प्रियां सीतां रावणेन हृतां छलात्॥ २३॥ यतस्ततश्च पश्यन्तं रुदन्तं हि मुहुर्मुहुः॥ २४॥	'तेही समय जाइ दससीसा।''''''''''करि छल मूढ़ हरी बैदेही।''''''''''बिरह बिकल नर इव रघुराई। खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई॥''''''''''देखा प्रगट बिरह दुख ताके।'
३ पूर्णकामो वराधीनः प्रणमत्समुदाहरः॥ २७॥ इतीदृशीं सती दृष्ट्वा शिवलीलां विमोहनीम्। सुविस्मिता शिवं प्राह शिवमायाविमोहिता॥ २९॥	'सती सो दसा संभु कै देखी। उर उपजा संदेहु बिसेषी॥ संकर जगतबंद्य जगदीसा। सुर नर मुनि सब नावत सीसा॥'
४ सत्युवाच—त्वं प्रणम्यो हि सर्वेषां सेव्यो ध्येयश्च सर्वदा। तयोर्ज्येष्ठं कञ्जश्यामं दृष्ट्वा वैकेन हेतुना। मुदितः सुप्रसन्नात्मा भवाभक्त इवाधुना॥ ३४॥	'तिन्ह नृपसुतन्ह कीन्ह परनामा।''''''''''भए मगन छबि तासु बिलोकी।'
५ शिव उवाच—शृणु देवि सती प्रीत्या यथार्थं वच्मि नच्छलम्॥ ३७॥ ज्येष्ठो रामाभिधो विष्णुः पूर्णांशो निरुपद्रवः। अवतीर्णः क्षितौ साधुरक्षणाय भवायनः॥ ४०॥	'मुनि धीर जोगी सिद्ध संतत बिमल मन जेहि ध्यावहीं। ''''''''''सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म भुवन निकाय पति माया धनी। अवतरेउ अपने भगत हित निजतंत्र नित रघुकुलमनी॥'
६ श्रुत्वापीत्थं वचः शम्भोर्न विशश्वास तन्मनः॥ ४१॥	'लाग न उर उपदेसु जदपि कहेउ सिव बार बहु।'
७ शिव उवाच—शृणु मद्वचनं देवि न विश्वसति चेन्मनः। तव रामपरीक्षां हि कुरु तत्र स्वया धिया॥ ४३॥	'जौं तुम्हरे मन अति संदेहू। तौ किन जाइ परीछा लेहू॥'
८ गत्वा तत्र स्थितास्तावद् वटे भव परीक्षिका।	'तब लगि बैठ अहौं बटछाहीं। जब लगि तुम्ह ऐहहु मोहि पाहीं॥'
९ ब्रह्मोवाच—इत्थं विचार्य सीता सा भूत्वा रामसमीपतः। अगमत् तत्परीक्षार्थं सती मोहपरायणा॥ ४७॥	'पुनि पुनि हृदय बिचारु करि धरि सीता कर रूप। आगे होइ चलि पंथ तेहि''''''''॥'

१० सीतारूपां सतीं दृष्ट्वा जपन्नाम शिवेति च।
विहस्य तत् प्रविज्ञाय नत्वावोचद्रघूद्वहः॥
राम उवाच—प्रेमतस्त्वं सति ब्रूहि क्व शम्भुस्ते नमो नमः।
एका हि विपिने कस्मादागता पतिना विना॥ ४१॥
११ इति रामवचः श्रुत्वा चकितासीत्सती तदा।
स्मृत्वा शिवोक्तं मत्वा चावितथं लज्जिता भृशम्।
अचिन्तत् पथि सा देवी सञ्चलन्ती पुनः पुनः।
किमुत्तरमहं दास्ये गत्वा शंकरसन्निधौ॥ ४३॥ अ०

'सती कपट जानेउ सुरस्वामी। ....जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू। पिता समेत लीन्ह निज नामू॥ कहेउ बहोरि कहाँ बृषकेतू। बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू॥'

'रामबचन मृदु गूढ़ सुनि उपजा अति संकोचु। सती सभीत महेस पहिं चलीं हृदय बड़ सोचु॥ ५३॥.......'

'जाइ उतरु अब देहौं काहा। उर उपजा अति दारुन दाहा॥'

जाना राम सती दुखु पावा। निज प्रभाउ कछु प्रगटि जनावा॥ ३॥
सती दीख कौतुक मग जाता। आगें रामु सहित श्रीभ्राता॥ ४॥

अर्थ—श्रीरामचन्द्रजी जान गये कि सतीजीको दुःख हुआ (अतः) उन्होंने अपना कुछ प्रभाव प्रकट कर दिखाया॥ ३॥ सतीजीने मार्गमें चलते हुए यह कौतुक (तमाशा) देखा, (कि) श्रीरामचन्द्रजी श्रीसीताजी और भाईसहित आगे (चले जा रहे) हैं॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'जाना राम सती दुखु पावा।.......'* इति। (क) सतीजीके हृदयके सोच और अत्यन्त दारुण सन्तापके जाननेके सम्बन्धसे *'राम'* नाम दिया। सबमें अन्तर्यामीरूपसे रमे हुए हैं, हृदयके भावोंके साक्षी हैं, अतः जान गये। (ख) *'सती दुखु पावा'* सतीजीने दुःख पाया और श्रीरामजी यह बात जान गये कि सतीजीने हमारे निमित्त दुःख पाया। बड़े लोग पराया दुःख नहीं देख सकते, यथा—*'सतिहि ससोच जानि बृषकेतू। कही कथा सुंदर सुख हेतू॥'* (५८) श्रीरघुनाथजीका करुणामय स्वभाव है, वे पराया दुःख देखकर शीघ्र स्वयं दुःखी हो जाते हैं; यथा—*'करुनामय रघुनाथ गोसाईं। बेगि पाइअहि पीर पराईं॥'* (अ०) अतः उनका दुःख दूर करनेका उपाय कर दिया। 'निज प्रभाव' कुछ दिखाया जिसमें इस समय उनका मन प्रभाव देखनेमें लग जायगा तो दुःख भूल जायगा।

टिप्पणी—२ *'निज प्रभाउ कछु प्रगटि जनावा'* इति। (क) एक कारण ऊपर लिखा गया। प्रभाव प्रकट करनेका दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि सतीजी इनको प्रभावरहित जाने हुए हैं। अतः किंचित् प्रभाव दिखाया कि वे जान लें कि हम ऐसे हैं। बड़े लोग कहकर नहीं दिखाते, करके दिखाते हैं। तीसरे, प्रभाव देख लेनेसे संशय दूर हो जाते हैं, यथा—*'जाना राम प्रभाउ तब पुलक प्रफुल्लित गात। जोरि पानि बोले बचन हृदय न प्रेमु अमात॥'* (बा० २८४) चौथे यह प्रभाव देख लेनेसे फिर माया नहीं व्यापती और न मायासे उत्पन्न भ्रम, संदेह आदि दुःख व्यापते हैं; यथा—*'अस उर धरि महि बिचरहु जाई। अब न तुम्हहिं माया निअराई॥'* (बा० १३८) *'माया संभव भ्रम सकल अब न ब्यापिहहिं तोहि। जानेसु ब्रह्म अनादि अजं अगुन गुनाकर मोहि॥'* (उ० ८५) पाँचवें यह कि जबतक इनको यह विश्वास न हो जायगा कि हम ब्रह्म हैं, इनको पतिवचनपर पूर्ण विश्वास न होगा। अभी ब्रह्म होनेका निश्चय नहीं है, नहीं तो पतिकी तरह ये भी अब प्रणाम करतीं। (ख) *'कछु प्रगटि जनावा'* इति। *'कछु'* का भाव कि प्रभाव तो अमित है (जैसा भुशुण्डिजीने गरुड़जीसे उत्तरकाण्डमें कहा है—*'महिमा नाम रूप गुन गाथा। सकल अमित अनंत रघुनाथा॥'* (९१) अनंत अमित प्रभावमेंसे कुछ दिखाया। इससे सूचित हुआ कि जो प्रभाव आगे वर्णित है यह किंचिन्मात्र है; सम्पूर्ण प्रभाव नहीं है, केवल उतना है जितनेसे सतीजीको यह बोध हो जाय कि ये ब्रह्म हैं। सम्पूर्ण प्रभाव तो न कोई जान सकता है, न देखनेका सामर्थ्य रखता है। (ग) *'प्रगटि जनावा'* इति। प्रकट करके दिखानेमें भाव यह है कि पूर्व भी तो कुछ प्रभाव दिखाया था। अर्थात् सर्वज्ञता गुण जो दिखाया था वह गुप्त था, गूढ़ वचनोंद्वारा जनाया गया था और अब कुछ प्रकट भी दिखाते हैं (जिसमें परीक्षामें कुछ कसर न रह जाय)।

निज प्रभाउ कछु प्रगटि दिखावा

पूर्व दिखा चुके हैं कि सतीजीको यह संदेह था कि निर्गुण ब्रह्म *'व्यापक विरज अज अकल अनीह अभेद'* है, वह नरदेह धारण ही नहीं करता, दूसरे यह कि विष्णुभगवान् सगुण ब्रह्म हैं, वे नरदेह धारण करते हैं, सो वे सर्वज्ञ हैं, ज्ञानधाम हैं, श्रीपति हैं, लक्ष्मीजीका उनसे कभी वियोग होता ही नहीं और न निशिचर उनको हर ही सकते हैं। सीतारूप धरकर रामसमीप आनेपर रामजीने उनको विधिवत् प्रणाम किया और *'कहेउ बहोरि कहाँ बृषकेतू। बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू॥'* श्रीरामजीके इन गूढ़ वचनोंसे सतीजीको यह बोध हो गया कि ये सर्वज्ञ हैं, सर्वदर्शी हैं, अन्तर्यामी हैं। परन्तु इससे यह निश्चय नहीं होता कि ये ब्रह्म हैं जो अज, अकल, विरज, अभेद और व्यापक हैं, क्योंकि विष्णुभगवान् भी तो सर्वज्ञ हैं और अनेक योगी और सिद्ध भी इतना हाल जान लेते हैं। श्रीरामजी स्वतः ही उनका कपट जान गये, इससे वे अनुमान कर सकती हैं कि ये ब्रह्म ही हैं, विष्णु नहीं, परन्तु निश्चय नहीं कर सकीं क्योंकि वे क्या जानें कि ये स्वतः जान गये या कैसा ? पहचान भर लेना उनका संशय निर्मूल करनेको पर्याप्त न था। श्रीरघुनाथजीने जब देखा कि ये बहुत दुःखित हैं तब इनपर दया आ गयी। वे सोचे कि इनका यह भ्रम मिटा ही देना और पतिवचन *'सच्चिदानंद परधामा', 'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा'* इत्यादिमें विश्वास करा देना इसी समय उचित है, नहीं तो इनका त्याग सदैवके लिये हो जायगा। हमारे सम्मुख आनेपर भी प्रबोध न हुआ तो फिर कभी भी न होगा।' सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि रामजीने जान लिया कि सतीको दुःख हुआ पर अभी ये मुझे सच्चिदानन्द ब्रह्म नहीं मानतीं, नहीं तो पतिकी तरह अब तो मुझे प्रणाम करतीं; अतः इनको अपना प्रभाव प्रकट करके दिखाया। प्रभुका प्रभाव बिना उनके जनाये कौन जान सकता है ?—*'सो जानइ जेहि देहु जनाई।'* बिना प्रभाव जाने प्रतीति नहीं होती, जिसके बिना प्रीति नहीं हो सकती; यथा—*'जाने बिनु न होइ परतीती। बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती॥'* यह भी जान लेना चाहिये कि प्रभाव प्रकट देख लेनेपर फिर माया नहीं व्यापती और न मायाजनित भ्रमादि दुःख व्यापते हैं; यथा—*'अस उर धरि महि बिचरहु जाई। अब न तुम्हहिं माया निअराई॥', 'मायासंभव भ्रम सब अब न ब्यापिहहिं तोहि।'* अतएव कुछ प्रभाव प्रत्यक्ष दिखाया।

इस समय किंचित् ही प्रभाव प्रकट देख लेनेसे सतीजीके उपर्युक्त संदेह दूर हो जाते हैं। इसीसे पार्वतीतनमें अब यह शंका नहीं करती हैं कि 'यह ब्रह्म कैसे हो सकते हैं? ब्रह्म मनुष्य कैसे हो सकता है ?' ☞जो प्रभाव प्रभु यहाँ दिखा रहे हैं, उससे सतीजीको यह निस्संदेह बोध हो जायगा कि 'श्रीरामजी स्वतन्त्र हैं और विधि-हरि-हर परतन्त्र हैं। रघुनाथजी 'सच्चिदानन्द परमधाम' सबके इष्टदेव और सेव्य हैं। श्रीसीताजीका वियोग इनको नहीं हुआ और न हो सकता है, इनमें वियोग इनको नहीं हुआ न हो सकता है, इनमें वियोग और दुःखकी कल्पना निर्मूल थी।'

जो कोरे पण्डित या कवि हैं, श्रीरामजीके परत्व और गुण-स्वभावको नहीं जानते, जो रामोपासक नहीं हैं, वही यहाँ भ्रममें पड़ जाते हैं कि सतीजीको इस दुःखित दशामें प्रभाव दिखाना अनुचित था। भगवान् भक्तवत्सल हैं। अम्बरीषजी इत्यादिकी कथाएँ सभी जानते हैं। आपने अपने परम भक्त श्रीशङ्करजीके वचनोंकी सत्यता दिखानेके लिये, सतीको सच्चिदानन्दरूपका प्रबोध कराने तथा उनके कल्याणके लिये अपना लेशमात्र प्रभाव प्रकट कर दिखाया, न कि सतीको भयमें डालनेके लिये। सतीजी तो अपने अपराधोंसे ही भयभीत हैं। यदि उन्हें उनका भय और दुःख ही बढ़ाना अभिप्रेत होता तो विराट्रूपका दर्शन कराते, जैसे अर्जुनको। बात तो यह है कि सतीजीको दुःख तो हुआ पर इतनेपर भी न उन्हें पश्चात्ताप ही हुआ और न दीनता तथा नम्रता ही आयी; अतः प्रभाव दिखाया।

प० प० प्र०—श्रीरामजीने सतीको मातृभावसे प्रणाम किया है। वे अत्यन्त कोमलचित्त हैं, अतः उन्होंने सतीजीको अपना दिव्य, सौम्य, व्यापक विश्वरूप उपास्य-उपासकरूपमें प्रकट किया। यह विश्वरूप दुःखी जगज्जननीको भयभीत करनेके लिये नहीं दिखाया गया। श्रीकौसल्याजीको जो विश्वरूप दिखाया गया वह इतना रमणीय नहीं था। सतीजीके सभीत होनेका कारण विश्वरूप नहीं था। अपितु परमात्माको मैंने नृपसुत मान लिया और *'निज अपराध राम पर आना'* यह था, जैसे कौसल्याजीके सभीत होनेका कारण *'जगत पिता मैं सुत करि जाना।'* (२०२।७) यह था।

टिप्पणी—३ *'सतीं दीख कौतुक मग जाता।'* इति। (क) *'कौतुक'* पद देकर जनाया कि उन्होंने श्रीसीता-लक्ष्मणसहित अनेक रूप प्रकट किये और फिर क्षणमात्रमें उनमेंसे एक भी न रह गये। यही कौतुक है। अथवा, कौतुक=लीला। माया दिखलानेमें भी कौतुक शब्दका प्रयोग होता है, यथा—*'""मायानाथ अति कौतुक करयो। देखहिं परस्पर राम करि संग्राम रिपुदल लरि मरयो॥'* (३।२०) (ख) *'मगजाता'* अर्थात् आगे मार्गमें श्रीराम-लक्ष्मण-जानकी तीनों देख पड़े। (ग) ☞पूर्व ४९ (८) में कह आये हैं कि *'कबहूँ जोग बियोग न जाकें। देखा प्रगट बिरह दुख ताकें॥'* उसीके सम्बन्धसे यहाँ नित्य संयोग दिखाते हैं। इससे सतीजीका वह भ्रम मिटेगा जो *'खोजै सो कि अग्य इव नारी। ग्यानधाम श्रीपति असुरारी॥'* से ज्ञात होता है। अर्थात् उनको बोध हो जायगा कि श्रीरामजी सच्चिदानन्द ब्रह्म हैं, श्रीसीताराम-संयोग नित्य है, इनमें त्रिकालमें कभी वियोग नहीं है, अज्ञ इव खोजना विधिके वचन सत्य करनेके लिये नरनाट्यमात्र था, वस्तुतः सीताहरण हुआ ही नहीं, केवल मायासीताका हरण हुआ है। अतः सीता-लक्ष्मणसमेत दर्शन दिया गया।

टिप्पणी—४ *'आगे रामु सहित श्रीभ्राता'* इति। ऊपर कह आये कि सतीजी महादेवजीके पास सभीत चलीं। महादेवजी पञ्चवटीसे उत्तर दिशामें हैं और श्रीरामजी पञ्चवटीसे दक्षिणकी ओर जा रहे हैं। सतीजी इस समय श्रीरामजीवाला मार्ग छोड़कर उत्तरवाले मार्गपर जा रही हैं। दूसरे, इस समय सतीजी श्रीरामजीसे सकुचाकर चली हैं। संकोचवश होनेसे वे पीछे श्रीरामजीकी तरफ़ नहीं देखती हैं और सोचके वशीभूत होनेसे वे इधर-उधर भी कहीं दृष्टि नहीं डालतीं, सीधे महेशजीके पास चली जा रही हैं। इसीसे भगवान् श्रीसीता-लक्ष्मणसहित जिस मार्गमें सतीजी चली जा रही हैं, उसी मार्गमें उनके सामने ही प्रकट हो गये जिसमें वे देखें। अथवा, सतीजी श्रीरामजीको पीछे छोड़ आयी हैं इसीसे आगे देख पड़े। [५० (१) टिप्पणी—२ के अन्तमें प० प० प्र० का मत देखिये]

प० प० प्र०—*'सहित श्रीभ्राता'* इति। *'श्री'* का प्रयोग साभिप्राय है। सतीजीका संशय इस प्रकार है—*'बिष्नु जो सुर हित नरतनुधारी। सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी॥ खोजै सो कि अग्य इव नारी। ग्यानधाम श्रीपति असुरारी॥'* अतः प्रथम *'रामु सहित श्रीभ्राता'* रूप दिखाकर सूचित किया कि विष्णु-अवतार रामको भी नरनाट्यमें स्त्रीको खोजना पड़ता है, पर वह केवल माधुर्य लीला है, इत्यादि।

फिरि चितवा पाछें प्रभु देखा। सहित बंधु सिय सुंदर बेषा॥५॥
जहँ चितवहिं तहँ प्रभु आसीना। सेवहिं सिद्ध मुनीस प्रबीना॥६॥

अर्थ—(फिर उन्होंने) फिरकर देखा तो प्रभुको भाई और श्रीसीताजीके सहित सुन्दर वेशमें पीछे भी देखा॥५॥ जहाँ (ही) दृष्टि डालती हैं वहाँ (ही) प्रभु विराजमान हैं और प्रवीण (सेवामें कुशल, चतुर) सिद्ध और मुनीश्वर सेवा कर रहे हैं॥६॥

टिप्पणी—१ *'फिरि चितवा पाछें प्रभु देखा।""'* इति। (क) सतीजीने जब अपने आगे तीनों मूर्तियोंको देखा तब उनको सन्देह हुआ कि मैंने तो अभी केवल दोनों भाइयोंको पीछे छोड़ा था, ये आगे कहाँसे आ गये और सीताजी इतनी जल्दी कहाँसे मिल गयीं जो इनके साथ हैं ? अतः सन्देह मिटानेके लिये चकित होकर उन्होंने फिरकर पीछे देखा। अथवा, मारे सङ्कोचके आगे न देख सकीं इससे फिर गयीं। पीछेकी ओर मुख कर लिया तो अब पीछे भी तीनों देख पड़े। (ख) *'सहित बंधु सिय'* इति। देखिये, जब सतीजीने आगे देखा तब वहाँ सीताजीको प्रथम कहा और यहाँ पीछे देखनेमें बन्धु लक्ष्मणजीको प्रथम कहते हैं। एक जगह सीताजीको प्रथम और दूसरी बार लक्ष्मणजीको प्रथम कहकर जनाया कि श्रीरामजीकी प्रीति दोनोंमें समान है। अथवा, जब आगे देखा था तब सतीके सामने चले आते थे, उस समय श्रीरामजी आगे हैं, उनके पीछे श्रीसीताजी हैं तब लक्ष्मणजी हैं—ऐसा देखा। इसीसे प्रथम *'श्री'* कहा तब भ्राता। और जब फिरकर पीछे देखा तो वहाँ भी वही क्रम है। तीनों दक्षिणकी ओर जा रहे

हैं। सबसे आगे श्रीरामजी हैं, उनके पीछे सीताजी, तब लक्ष्मणजी। इस समय सतीजीकी ओर उनकी पीठ है, इसीसे प्रथम लक्ष्मणजी देख पड़े तब सीताजी। अतएव फिरकर देखनेपर *'सहित बंधु सिय'* कहा—[☞स्मरण रहे कि मार्गमें चलते समय चलनेकी विधि यही है कि बीचमें सीताजी रहती हैं और आगे श्रीरामजी। यथा—*'आगे रामु लखनु बने पाछे। तापस बेष बिराजत काछे॥ उभय बीच सिय सोहति कैसें। ब्रह्म जीव बिच माया जैसें॥'* (अ० १२३) ☞जो मूर्तियाँ आगे देखीं वे सामनेसे आती हुई दिखायी दीं और जो मूर्तियाँ पीछे देखीं, वे मूर्तियाँ दूसरी ओर चली जाती हुई दिखायी दीं। ☞इस तरह श्रीराम-लक्ष्मण-सीता तीनोंका नित्य संयोग दिखाया।] (ग) *'सुन्दर बेषा'* इति। यहाँ सुन्दर वेष तपस्वी-उदासी वेष है। यथा *'आगें राम अनुज पुनि पाछें। मुनिबर बेष बने अति काछें॥'* (३।७) तथा *'पुलकित तन मुख आव न बचना। देखत रुचिर बेष कै रचना॥'* (कि० २)

नोट—१ बैजनाथजीका मत है कि सतीजीको जो दर्शन दिया गया वह दिव्य भूषण-वसन आदि पूर्ण शृङ्गारयुक्त प्रसन्नवदन मूर्तियोंका दिव्यदर्शन था। इसीसे *'सुंदर बेष'* पद दिया गया। अर्थात् यह दर्शन तपस्वी वेषका नहीं है। उनका मत है कि यहाँ सनत्कुमारसंहितावाला दिव्य ध्यानवाला दर्शन अभिप्रेत है। यथा—**'वैदेहीसहितं सुरद्रुमतले हैमे महामण्डपे। मध्ये पुष्पमयासने मणिमये वीरासने संस्थितम्॥ अग्रे वाचयति प्रभञ्जनसुते तत्त्वं च सद्भिः परम्। व्याख्यातं भरतादिभिः परिवृतं रामं भजे श्यामलम्॥'** वे बन्धुसे भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न तीनों भाइयोंका साथ होना कहते हैं। वि० त्रि० का मत है कि पीछे तीनों मूर्ति नृपवेषमें दिखायी दिये, जिसमें सती यह न समझें कि 'जिधर मुँह फेरती हूँ उधर ही आ खड़े होते हैं।

टिप्पणी—२ *'जहँ चितवहिं तहँ प्रभु आसीना।'* इति। (क) आगे और पीछे देख चुकीं। अब दाहिने-बाएँ, ऊपर-नीचे, जहाँ दृष्टि जाती है वहाँ ही सर्वत्र प्रभुको आसन (सिंहासन) पर बैठे देखती हैं। अथवा, जहाँ देखती हैं वहाँ सङ्कोचके कारण सम्मुख दृष्टि नहीं करतीं, इसीसे तुरन्त अन्यत्र देखने लगती हैं। अतः *'जहँ चितवहिं तहँ'* कहा। (ख) *'तहँ प्रभु आसीना'* इति। आगे और पीछे जिन श्रीरामजीको देखा उनके विषयमें कुछ न कहा कि वे खड़े हैं कि बैठे हैं अथवा चलते हैं। यहाँ सबका हाल इकट्ठा कहा कि जहाँ भी दृष्टि डालती हैं तहाँ ही प्रभुको बैठे देखती हैं। 'तात्पर्य कि सतीजी दोनों भाइयोंका खोजते फिरना जानती-समझती हैं। इससे प्रभुने बैठे हुए स्वरूपका दर्शन कराया। भाई और सीतासहित बैठे हुए दर्शन देकर जनाया कि न तो सीताहरण ही हुआ है और न हम दोनों भाई खोजते फिरते हैं; हम तीनों तो सुखपूर्वक एकत्र बैठे हैं।

नोट—२ परंतु पण्डितजीने जो भाव टि० १ (ख) में दिया है उससे यह विरोध पाता है। उस भाव तथा समाधानके अनुसार तो पूर्व जो दर्शन आगे और पीछे हुए, वे चलते हुए मूर्तियोंके ही निश्चित होते हैं और गोस्वामीजीके शब्दोंसे भी वह भाव सिद्ध होता है। *'मग जाता'* को दीपदेहलीन्यायसे दोनों ओर ले लेनेसे तीनों मूर्तियोंका मार्गमें चलते हुए देखना स्पष्ट सिद्ध है। यदि टि० २ (ख) वाले भावको ही ठीक मानें तो उपर्युक्त टि०—१ (ख) वाला भाव और समाधान छोड़ देना होगा। पहले तीनों मूर्तियोंको चलते दिखाकर जनाया कि सीताजीको खोजना लीलामात्र है। फिर दिव्य दर्शन देकर, जिसमें प्रभु सिंहासनासीन हैं, सर्वत्र विराजमान हैं, जनाया कि हम विष्णु नहीं हैं, ब्रह्म हैं, सर्वव्यापी हैं। *'कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं'* तथा शिववाक्य *'सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म'*...... को यहाँ चरितार्थ किया। इसमें ऐश्वर्य दिखाया है। भाव यह कि निर्गुणरूपसे ही नहीं वरन् सगुणरूपसे भी हम व्यापक हैं।

टिप्पणी—३ *'सेवहिं सिद्ध मुनीस प्रबीना'* इति। यह दिखाकर शिवजीके वचनोंको चरितार्थ किया। यथा *'सेवत जाहि सदा मुनि धीरा॥ मुनि धीर योगी सिद्ध संतत बिमल मन जेहि ध्यावहीं।'* (बा० ५१) सिद्ध=सिद्धावस्थाको प्राप्त। मुनि=साधनावस्थाको प्राप्त। (विशेष ४४) (७) देखिये। दोनों अवस्थावालोंसे सेवित दिखाया। आगे शिव, विधि, विष्णु आदिको शक्तियोंसहित दिखाया है। सती, विधात्री और इन्दिरा त्रिदेवोंकी शक्तियाँ हैं। उनको साथ-साथ कहा है। यथा—*'सती बिधात्री इंदिरा देखीं अमित अनूप।'* (५४)

और देवताओंको भी शक्तियोंके साथ कहा है; यथा—'*सक्तिन्ह सहित सकल सुर तेते।*' पर यहाँ सिद्ध मुनीश्वरोंकी स्त्रियोंको न कहा। ऐसा करके जनाया कि प्रभुकी सेवामें निवृत्तिमार्गवाले सिद्ध मुनीश्वर भी हैं और प्रवृत्तिमार्गवाले देवता आदि भी हैं। इससे जनाया कि हम सबके सेव्य हैं। ५५ (१—३) टिप्पणी—५ भी देखिये।

प० प० प्र०—१ '*आसीना*' से दिखाया कि राम ब्रह्म हैं, उनको आना-जाना इत्यादि कुछ नहीं है, तथापि वही प्रभु होनेसे '**आसीनो दूरं व्रजति**', '**तद् दूरे तदन्तिके**' भी है। २ शिव-विधि-विष्णुके पूर्व सिद्ध, मुनीशका उल्लेख करनेका हेतु यह है कि वे अन्तर्बाह्यत्यागी हैं और त्रिदेव अन्तस्त्यागी हैं, बहिर्भोगी हैं। सिद्ध, मुनीश त्रिदेवसे श्रेष्ठ हैं क्योंकि उनका चरित्र सहज अनुकरणीय आदर्शभूत रहता है। देवताओंका चरित बहिर्भोगी रहता है, गूढ़ है, अनुकरणीय नहीं है। इसीसे '**न देवचरितं चरेत्**' कहा है। '**प्रवीण**' वे हैं जो सब संशयोंको त्यागकर, श्रीरघुपति रामका भजन करते हैं। यथा—'***मसकहि करहिं बिरंचि प्रभु अजहि मसक ते हीन। अस बिचारि तजि संसय रामहि भजहिं प्रबीन॥***' (७। १२२)

देखे शिव बिधि बिष्नु अनेका। अमित प्रभाउ एक तें एका॥७॥
बंदत चरन करत प्रभु सेवा। बिबिध बेष देखे सब देवा॥८॥
दो०—सती बिधात्री इंदिरा देखीं अमित अनूप।
जेहि जेहि बेष अजादि सुर तेहि तेहि तन अनुरूप॥५४॥

अर्थ—एक-से-एक अमित प्रभाववाले अनेक शिव, ब्रह्मा और विष्णु देखे॥ ७॥ जो प्रभुके चरणोंकी वन्दना और सेवा कर रहे हैं। सब देवताओंको भाँति-भाँतिके अनेक वेष धारण किये हुए देखा॥ ८। अगणित उपमारहित सती, ब्रह्माणी और लक्ष्मियोंको देखा। जिस-जिस वेषमें ब्रह्मादि देवता थे, उसी-उसीके अनुरूप इनके भी शरीर और वेष थे॥ ५४॥

टिप्पणी—१ '*देखे शिव बिधि बिष्नु अनेका॥*……' इति। (क) श्रीरामजीके सेवकोंमें शिवजी अग्रगण्य हैं। अतः उनको प्रथम कहा। अथवा, सतीजीको भ्रम है कि श्रीरामजी नर हैं और ये शिवजीकी शक्ति हैं, इसीसे प्रथम शक्तिसहित शिवजीको ही सेवा करते दिखाया। (ख) ☞ भुशुण्डिजीके मोह-प्रकरणमें प्रथम ब्रह्माजीका नाम लिखा गया है। यथा—'***कोटिन्ह चतुरानन गौरीसा। अगनित उडगन रबि रजनीसा॥***' (उ० ८०) और यहाँ प्रथम शिवजीका। यह भी साभिप्राय है। सतीजीका सिद्धान्त है कि ब्रह्म अवतार नहीं लेता; यथा—'***ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥***' (५०) इसपर शिवजीने कहा कि ब्रह्म अवतार लेता है, यथा—'***सोइ राम ब्यापक ब्रह्म भुवन निकायपति मायाधनी। अवतरेउ अपने भगतहित निजतंत्र नित रघुकुलमनी॥***' (५१) सतीजीका सिद्धान्त है कि विष्णु अवतार लेते हैं। यथा—'***बिष्नु जो सुरहित नरतनु धारी।***', इसीसे श्रीरामजीने अपना प्रभाव दिखाया कि विष्णु हमारे चरणसेवक हैं; यथा—'***बंदत चरन करत प्रभु सेवा।***' ये हमारे अंशसे उपजते हैं, यथा—'***संभु बिरंचि बिष्नु भगवाना। उपजहिं जासु अंस ते नाना॥***' (१। १४४) [प्र० स्वामीजी लिखते हैं कि 'यहाँ रामभक्तिका प्रसंग है और विशेषतः शिवशक्ति सतीका सम्बन्ध मुख्य है। सतीजी शिवजीको विष्णुसे भी श्रेष्ठ मानती हैं, जैसा उनके '***सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी। खोजइ सो कि अग्य इव नारी॥***' इन वचनोंमें प्रयुक्त एकवचनसे सिद्ध है। अतः 'शिव' को प्रथम कहकर जनाया कि जिन शिवको तुम सर्वान्तर्यामी तथा सर्वसेव्य मानती हो वे ही रामसेवकोंमें अग्रगण्य हैं]।

टिप्पणी—२ (क) '*अनेका*' इति। शिवजीने श्रीरामजीको '*निकाय भुवनपति*' कहा। प्रत्येक ब्रह्माण्डमें एक ब्रह्मा, एक विष्णु और एक शिव रहते हैं। यहाँ अनेक ब्रह्मा-विष्णु-महेशोंको सेवामें उपस्थित दिखाकर जनाया कि समस्त भुवनों और ब्रह्माण्डोंके त्रिदेव सेवामें हाजिर हुए हैं। निकाय ब्रह्माण्डोंके पृथक्-पृथक् त्रिदेव हैं, इसीसे उनके रूप भी अनेक हैं और उनके प्रभाव भी एक-दूसरेसे बढ़े-चढ़े हुए हैं। [भुशुण्डिजीने

'लोक लोक प्रति भिन्न बिधाता। भिन्न बिष्नु सिव मनु दिसित्राता॥' देखा था। यहाँ लोक न दिखाकर संक्षेपमें अनेक त्रिदेव दिखाया। (वि० त्रि०)] *'बंदत चरन करत प्रभु सेवा॥'*...... 'इति। ☞ इस प्रसंगमें श्रीरामजीका प्रभुत्व दिखाया है, इसीसे यहाँ प्राय: 'प्रभु' शब्दका ही प्रयोग किया गया है। यथा—*'फिरि चितवा पाछे प्रभु देखा।'* (५४।५)*'जहँ चितवहिं तहँ प्रभु आसीना।'* (५४।६)*'बंदत चरन करत प्रभु सेवा।'* तथा *'पूजहिं प्रभुहिं देव बहु बेषा।'* (५५।३)

टिप्पणी—३ *'सती बिधात्री इंदिरा देखीं अमित अनूप'* इति। (क) प्रथम शिव, विधि और विष्णुको कहा था, अब क्रमसे तीनों शक्तियोंका नाम देते हैं। वहाँ शिव, विधि और विष्णु अनेक हैं, इसीसे यहाँ सती, विधात्री और इन्दिरा अमित हैं। वहाँ त्रिदेवके विषयमें कहा था कि *'अमित प्रभाउ एक तें एका'* वैसे ही इनको 'अनूप' कहा। 'अनूप' का भाव कि एककी उपमा दूसरेसे नहीं दी जा सकती थी। (ख) सब सतियोंको शिवसमेत चरणवन्दना करते दिखाकर जनाया कि सब शिवशक्तियाँ सब 'सती-आँ' रामभक्त हैं, एक तुम ही श्रीरामविमुखा हो।

टिप्पणी—४ त्रिदेवोंको कहकर वहीं तीनोंकी शक्तियोंको भी कहना चाहिये था, सो न करके बीचमें देवताओंको कहने लगे; यथा—*'बिबिध बेष देखे सब देवा।'*—यह क्यों ?

समाधान—प्रथम त्रिदेवको कहा। फिर और भी समस्त देवताओंको कहकर अब क्रमसे सबकी शक्तियाँ एक साथ कह रहे हैं। *'सती बिधात्री इंदिरा'*......' इस दोहेमें त्रिदेवकी शक्तियाँ कहीं। आगे *'देखे जहँ तहँ रघुपति जेते। सक्तिन्ह सहित सकल सुर तेते॥'* इस अर्धालीमें सब देवताओंकी शक्तियाँ कहीं।

टिप्पणी—५ *'जेहि जेहि बेष अजादि सुर'*...... 'इति। (क) भाव कि देवता बहुत वेषके हैं; यथा—*'बिबिध बेष देखे बहु देवा।'* अत: जिस-जिस वेषके देवता हैं उसी-उसी वेषके अनुकूल वेषकी उनकी शक्तियाँ हैं। (ख) *'तेहि तेहि तन अनुरूप'* इति। *'तन अनुरूप'* कहनेका भाव कि वेषके अनुकूल वेष है और तनके अनुकूल तन है। दोनों बातें जनानेके लिये 'तन' और 'वेष' दोनों शब्द दिये। यहाँ 'वेष' का अर्थ है 'शृङ्गार'। जैसा शृङ्गार अजादिका है, वैसा ही उनकी शक्तियोंका है। जैसा तन ब्रह्मादिका है वैसा ही तन शक्तियोंका है। तात्पर्य कि अष्टभुजके साथ अष्टभुजा शक्ति है, सहस्रभुजके पास सहस्रभुजा शक्ति है। (वि० त्रि० का मत है कि यहाँ 'वेष' से अभिप्राय रूप, भूषण और वाहनसे है।) [श्रीकान्तशरणजी लिखते हैं कि सप्तशती चण्डीपाठमें भी इसी भावका यह श्लोक है—'**यस्य देवस्य यद्रूपं यथा भूषणवाहनम्। तद्वदेव हि तच्छक्तिरसुरान्योद्धुमाययौ॥**' (अ० ८)] यदि ऐसा न हो तो सब शक्तियाँ एक तरहकी हो जायँ। एक ही तरहका वेष हो तो भ्रम हो जाय कि किस देवताकी कौन शक्ति है। अतएव सबके भिन्न-भिन्न स्वरूप दिखाये। (रा० प्र०) [अथवा, *'तेहि तेहि तनु अनुरूप'* का भाव यह है कि जिस ब्रह्माण्डमें जिस प्रकारके देवता और जिस प्रकारकी उनकी शक्तियाँ हैं, उसी-उसी रूप और वेषमें यहाँ प्रभुके समीप हैं। इससे तात्पर्य इतना ही मात्र है कि सतीजीने जिन देवताओं और शक्तियोंको इस ब्रह्माण्डमें देखा है उनको वे प्रभुके समीप देखकर पहचान लें कि ये वही हैं, और अपने पतिको भी पहचान लें जिससे उनको विश्वास हो जाय कि हम सबोंके भी स्वामी ये हैं, नहीं तो सब दृश्य दिखाना व्यर्थ हो जाता। यह बात जरूरी नहीं है कि पञ्चमुखी, चतुर्मुखी या चतुर्भुजी आदि देवताओंकी शक्तियाँ भी उतने ही मुख या भुजाओंकी हों] (ग) यहाँ सेवकोंको शक्तिसमेत दिखानेमें भाव यह है कि सतीजी तो श्रीरामजीको शक्तिहीन समझी हुई हैं और रामजी अपने चरितसे उनको दिखाते हैं कि हम शक्तिमान् हैं और हमारे सब सेवक भी शक्तिमान् हैं। न हमको कभी शक्तिका वियोग होता है, न हमारे सेवकोंको।

नोट—१ दोहेके पूर्वार्द्धमें *'सती बिधात्री इंदिरा'* कहा। उसीके अनुकूल उत्तरार्द्धमें 'शिवादि सुर' कहना चाहिये था, सो न कहकर 'अजादि सुर' कहा गया। इसका एक भाव ध्वनिसे यह निकलता है कि अब तुम शिवपत्नी नहीं रह गयी, तुम्हारा त्याग होगा। पं० श्रीसुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि यहाँ 'सती' का अर्थ 'सच्ची पतिव्रता' करके यह विशेषण 'विधात्री' और 'इन्दिरा' में लगना चाहिये; क्योंकि

इस समय सतीजी शिवजीके साथ नहीं हैं। प्र० स्वामी भी द्विवेदीजीसे सहमत हैं कि शिवजीके साथ दक्षकुमारी नहीं हैं। वि० त्रि० श्रीसतीजीका भी होना कहते हैं।

नोट—२ सर्वत्र अपनेको श्रीसीतालक्ष्मणसहित दिखाकर प्रभुने अपनेको व्यापक जनाया। *'सेवहिं सिद्ध मुनीस''''''* ' से *'भुवननिकायपति'* होना पुष्ट किया। *'देखे शिव''''''सब देवा'* से *'मायाधनी'* होना सिद्ध किया और विष्णुको भी सेवा एवं वन्दना करते दिखाकर अपनेको परब्रह्म साबित किया। इस प्रकार सतीजीको पतिके समस्त वचनोंका प्रत्यक्ष प्रमाण देकर पतिके वचनोंमें प्रतीति करायी। (मा० प०)

नोट—३ खर्रेमें लिखा है कि *'देखे शिव बिधि बिष्नु अनेका''''''''* ' यह कौतुक सतीजीके पूर्वके *'संकर जगतबंद्य जगदीसा॥ ''''''''तिन्ह नृपसुतहि कीन्ह परनामा।'* इस भ्रमको दूर करनेके हेतु दिखाया गया।

नोट—४ *'आगें रामु सहित श्रीभ्राता'* से लेकर इस प्रसंगभरमें 'तृतीय विशेष' अलंकार है। जहाँ एक ही वस्तु युक्तिसे बहुत ठौर वर्णन की जाय जैसे यहाँ एक 'राम, लक्ष्मण, सीता' अनेक ठौर दिखाये गये वहाँ यह अलङ्कार होता है।

देखे जहँ तहँ रघुपति जेते। सक्तिन्ह सहित सकल सुर तेते॥ १॥
जीव चराचर जो संसारा। देखे सकल अनेक प्रकारा॥ २॥
पूजहिं प्रभुहि देव बहु बेषा। राम रूप दूसर नहिं देखा॥ ३॥

अर्थ—(उन्होंने) जहाँ-तहाँ जितने रघुपति देखे, उतने-ही-उतने समस्त देवता शक्तियोंसहित (प्रभुकी सेवामें वहाँ-वहाँ) देखे॥ १॥ संसारमें जितने जड़ और चेतन जीव हैं, वे सब अनेक प्रकारके देखे॥ २॥ (देखा कि) देवता लोग अनेकों वेष धारण किये प्रभुका पूजन कर रहे हैं (पर) श्रीरामजीका दूसरा रूप नहीं देखा॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'देखे जहँ तहँ रघुपति जेते।''''''''* ' इति। पूर्व देवताओंको कहा, शक्तियोंको न कहा था, अब शक्तियोंको भी कहते हैं। पूर्व देवताओंको देखना कहा, अब रघुपतिको देखना कहते हैं। ऊपर कहा है कि *'बिबिध बेष देखे सब देवा',* इसीसे यहाँ *'सकल सुर'* कहा। *'सकल'* अर्थात् तैंतीस कोटि। *'जहाँ जितने रघुपति देखे तहाँ''''''* ' का भाव कि इतने रघुपति थे कि तैंतीस कोटि देवता पृथक्-पृथक् पूजा कर रहे हैं।

नोट—१ *'जहँ तहँ'* के अर्थ दो प्रकारसे हो सकते हैं। एक तो, *जहँ तहँ*=जहाँ-तहाँ, इतस्ततः, इधर-उधर। यथा—*'जहँ तहँ गईं सकल तब सीता कर मन सोचु।'* (सुं० ११) अथवा, *जहँ तहँ*=सर्वत्र, सब जगह, यथा—*'जहँ तहँ सोचहिं नारि नर कृस तन राम बियोग।'* (उ०) दूसरे, *जहँ तहँ=जहाँ*''''''वहाँ। पं० रामकुमारजीने दूसरा अर्थ रखा है। 'जहाँ-जहाँ ही दृष्टि पड़ी वहाँ-वहाँ सर्वत्र' यह अर्थ उत्तम है।

नोट—२ *'रघुपति'* से दशरथात्मज रामजीका बोध कराया और यह भी जनाया कि राजकुमाररूप ही सर्वत्र था। ☞ यह शब्द देकर *'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा'* इस शिववाक्यकी पुष्टि की। किसी-किसीका मत है कि *'रघुपति'* कहनेसे चराचरस्वामित्वका बोध हो गया। विश्वकोषके **'रघुर्जीवात्मबुद्धिश्च भोक्ता भुक् चेतनस्तथा'** के अनुसार सम्पूर्ण जड़ एवं चेतनमात्रकी *'रघु'* संज्ञा है। इसीसे संसारमात्रके चराचर जीवोंसे सेवित जनाया।

नोट—३ बैजनाथजीका मत है कि 'प्रभुका परम प्रकाशमय रूप सतीजीकी दृष्टिमें समा गया है अथवा सर्वत्र व्याप्त है; इससे उनको दिशा-विदिशा जहाँ देखती हैं तहाँ, रामरूप ही दिखाता है।' परन्तु *'निज प्रभाउ कछु प्रगटि जनावा।'* (५४। ३) से इसका विरोध होता है।

टिप्पणी—२ *'जीव चराचर जो संसारा।''''''''* ' इति। (क) शंका—'सिद्ध, मुनीश, ब्रह्मा, विष्णु, महेश और समस्त देवी-देवताओंकी सेवा, वन्दन वा पूजन करना कहा गया। पर चराचरका देखना कहते हैं, सेवा करना नहीं लिखते; यह क्यों ?' समाधान—यहाँ सेवाका प्रकरण चल रहा है। इस प्रकरणके बीचमें

चराचर जीवोंको लिखकर जनाया कि ये भी सेवा कर रहे हैं। चर और अचर सभी श्रीरामजीके सेवक हैं; यथा—*'सेवहिं सकल चराचर जाही।'* अथवा, दूसरा समाधान यह है कि सिद्ध, मुनि और त्रिदेव आदि देवता सेवाके अधिकारी हैं, अतएव इनकी सेवा कही। और सब चराचर श्रीरामजीकी सेवाके अधिकारी नहीं हैं; इसीसे चराचर जीवकी सेवा नहीं कही।—[सब चराचर सेवाके अधिकारी नहीं हैं इसमें हम सहमत नहीं हैं। अयोध्याकाण्डमें पृथ्वी, वृक्ष, मेघ, तृण आदिकी सेवाका वर्णन है जो जड़ हैं तब भला चेतन जीव अधिकारी क्यों न होंगे?]—इसपर प्रश्न होता है कि 'तब बीचमें चराचर जीवका उल्लेख क्यों किया गया ?' उत्तर यह है कि श्रीशङ्करजीने पूर्व जो सतीजीसे कहा है कि *'सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म भुवननिकायपति मायाधनी। अवतरेउ०।'* (५१) उसको यहाँ चरितार्थ किया है। समस्त भुवनोंके छोटे-बड़े चराचर जीव उपस्थित दिखाकर *'भुवननिकायपति'* होना सिद्ध किया है। (ख) *'जो संसारा'* इति। इस समय प्रभु दण्डकारण्यमें हैं। दण्डकवनमें भी चर और अचर पशु, पक्षी और वृक्ष आदि हैं *'जो संसारा'* कहकर जनाया कि दण्डकारण्यके ही चराचर जीव देखे यह बात नहीं, सारे संसारके चराचर जीव उसी जगह प्रभुके समीप देखे गये। (ग) *'सकल अनेक प्रकारा'* इति। समस्त ब्रह्माण्डोंके छोटे-बड़े जीव यहाँ हैं; इसीसे अनेक प्रकारके हैं। कर्मानुसार जीवोंके अनेक प्रकारके शरीर होते हैं और ब्रह्माण्ड-ब्रह्माण्डमें भिन्न-भिन्न प्रकारके होते हैं।

नोट—४ बैजनाथजी लिखते हैं कि भुशुण्डिरामायणमें कल्प-कल्पमें और-और किस्मके नर आदिका वर्णन है। श्रीसुधाकर द्विवेदीजी कहते हैं कि 'यहाँ श्रीरामजीका विराट्‌रूप दिखाते हैं। संसारमें जंगम और स्थावर जितने प्राणी थे वे अपने-अपने कर्मानुसार विविध प्रकारके देख पड़े।' (मा० प०)

टिप्पणी—३ *'पूजहिं प्रभुहिं देव बहु बेषा।'......'* इति। (क) पूर्व देवताओंका वेष कहा, यथा—*'बिबिध बेष देखे सब देवा।'* (५४) अब उनकी सेवा कहते हैं। (ख) ब्रह्मादि देवताओंका वेष कहा, चराचरका वेष नहीं कहा, क्योंकि इनका वेष नहीं होता। इनकी अनेक किस्में होती हैं, ये अनेक प्रकारके होते हैं, अतः इनके प्रकार कहे—*'देखे सकल अनेक प्रकारा।'*

टिप्पणी—४ *'रामरूप दूसर नहिं देखा।'* इति। (क) श्रीरामजीका रूप एक ही प्रकारका कहा और आगे उनका वेष भी एक ही प्रकारका बताते हैं; यथा—*'सीतासहित न बेष घनेरे।'* और समस्त देवताओं और उनकी शक्तियोंके रूप और वेष अनेक प्रकारके कहे; ऐसा करके जनाया कि श्रीसीता-राम-लक्ष्मणजी कारण हैं और सब कार्य हैं। कारण एक प्रकारका है और कार्य अनेक प्रकारके हैं। (ख) सबके बहुत वेष कहे गये। इससे पाया गया कि श्रीराम-लक्ष्मण-जानकीजीके भी बहुत बेष होंगे। अतः उस अनुमानका निषेध करते हुए कहते हैं कि श्रीरामजीके बहुत रूप नहीं हैं और न बहुत वेष हैं, केवल एक ही सर्वत्र है। (ग) पुनः, *'राम रूप दूसर नहिं देखा'* का तात्पर्य यह है कि विशेष देवके पास विशेष रामरूप होगा और सामान्यके पास सामान्य होगा ऐसा नहीं, किंतु सबके पास श्रीरामजी एक ही प्रकारके हैं।

नोट—५ श्रीरामचन्द्रजीकी आकृति और वेष सर्वत्र एक ही रहा। इससे जनाया कि श्रीरामजी स्वतन्त्र हैं और सब परतन्त्र। श्रीरामजी शुभाशुभ कर्मोंसे निर्लिप्त हैं और चराचर जीव कर्मोंके बन्धनमें हैं, जैसा कर्म करते हैं वैसा तन फल भोगनेके लिये पाते हैं। यथा—*'परम स्वतंत्र न सिर पर कोई। भावै मनहिं करहु तुम्ह सोई॥......कर्म सुभासुभ तुम्हहि न बाधा।'* (१।१३७ नारदवाक्य)। *'गहहिं न पाप पूनु गुन दोषू। करम प्रधान बिस्व करि राखा। जो जस करइ सो तस फलु चाखा॥......अगुन्न अलेप अमान एक रस।'* (२।२१९ सुरगुरुवचन) 'न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा।' इति मां योऽभिजानाति कर्मभिर्न स बद्ध्यते॥' (गीता ४।१४)—(वै०, मा० प०)

नोट—६ *'दूसर नहिं'* अर्थात् कहीं भी भेद न था। श्रीसुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि चराचर प्राणी तो अपने कर्मोंके वश अनेक प्रकारके देख पड़े। श्रीरामजी अखण्ड अविनाशी सच्चिदानन्द, व्यापक, अन्तर्यामी, मायापति, कर्मसे निर्लिप्त और अद्वितीय हैं; इसीसे सर्वत्र रामजीकी आकृति एक ही थी, कहीं रत्तीभर भेद न था। उनके साथ श्रीसीताजी और लक्ष्मणजी भी एक ही चालके देख पड़े।

नोट—७ भुशुण्डिजीने भी गरुड़जीसे ऐसा ही कहा है। यथा—*'भिन्न भिन्न मैं दीख सबु अति बिचित्र हरि जान। अगनित भुवन फिरेउँ प्रभु राम न देखेउँ आन॥'* (उ० ८१) ☞इस अद्भुत दर्शनका मिलान प्रेमी पाठक (उ० ८०—८२) से कर लें।

टिप्पणी—५ यहाँतक इस सेवा-प्रकरणमें प्रथम सिद्ध और मुनीशकी सेवा कही; यथा—*'सेवहिं सिद्ध मुनीस प्रबीना'*; फिर शिव-विष्णु और ब्रह्माजीका चरणवन्दन करना कहा, यथा—*'बंदत चरन करत प्रभु सेवा'*; तत्पश्चात् देवताओंका पूजन करना कहा, यथा—*'पूजहिं प्रभुहि देवा.......।'* सिद्ध और मुनीशको प्रथम कहा, क्योंकि श्रीरामसेवामें सदा तत्पर रहना यही इनका दिन-रातका काम है। दूसरे, शिवजीने भी सेवामें इन्हींको प्रथम कहा है, यथा—*'सेवत जाहि सदा मुनि धीरा। मुनि धीर जोगी सिद्ध संतत बिमल मन जेहि ध्यावहीं॥'* त्रिदेव, देव और चराचरको क्रमसे कहा।

अवलोके रघुपति बहुतेरे। सीता सहित न बेष घनेरे॥ ४॥
सोइ रघुबर सोइ लछिमनु सीता। देखि सती अति भई सभीता॥ ५॥
हृदय कंप तन सुधि कछु नाहीं। नयन मूदि बैठीं मग माहीं॥ ६॥

अर्थ—श्रीसीतासहित बहुत-से रघुपति देखे (परन्तु उनके) वेष अनेक न थे, अर्थात् एक-सा ही वेष सर्वत्र था॥ ४॥ वही रघुबर (श्रीरामजी), वही लक्ष्मणजी और वही सीताजी (सर्वत्र) देखकर सतीजी अत्यन्त भयभीत हो गयीं॥ ५॥ (उनका) हृदय काँपने लगा, देहकी कुछ भी सुध न रह गयी। (वे) आँख बन्द करके राहमें बैठ गयीं॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'अवलोके रघुपति बहुतेरे। सीता सहित.......'* इति। (सतीजीने अपने-अपने आगे रास्तेमें जो रूप देखा वह शक्तिसहित था, यथा—*'सतीं दीख कौतुक मग जाता। आगे रामु सहित श्री भ्राता॥'* (५४) अपने पीछे जो रूप देखा वह भी शक्तिसहित था, यथा—*'फिरि चितवा पाछें प्रभु देखा। सहित बंधु सिय सुंदर बेषा॥'* (५४) बीचमें और जितने रूपोंका दर्शन लिखा उनके साथ शक्तिका उल्लेख नहीं किया गया—*'जहँ चितवहिं तहँ प्रभु आसीना। सेवहिं सिद्ध मुनीस प्रबीना॥'* इससे यह समझा जाता है कि ये रूप शक्तिसहित न थे, इसीलिये अब सबके साथ शक्तिका उल्लेखकर स्पष्ट करते हैं कि श्रीरामजी सर्वत्र शक्तिसहित देख पड़े, बिना शक्तिके कहीं नहीं हैं। वहाँ कहा था कि *'जहँ चितवहिं तहँ प्रभु आसीना'* वैसे ही यहाँ कहते हैं कि *'देखे जहँ तहँ रघुपति जेते। सक्तिन्ह सहित.......।'* (ख) *'न बेष घनेरे'* इति। पूर्व वेषकी सुन्दरता कही थी, यथा—*'सहित बंधु सिय सुंदर बेषा।'* यह न कहा था कि वेष बहुत नहीं हैं, सो अब कहते हैं। घनेरे वेष नहीं हैं अर्थात् सर्वत्र एक-सा ही वेष है। पुनः, भाव कि पिताका वचन है कि तपस्वी वेषसे वनवास करें, इसीसे जो प्रभाव दिखाया गया उसका भी स्वरूप तापसवेष है। यहाँ श्रीरामजीके धर्मकी स्वच्छता है।

नोट—१ यहाँ टीकाकार महात्माओंमें मतभेद है। श्रीकरुणासिंधुजी, बैजनाथजी और सूर्यप्रसाद मिश्रजीका मत एक है। उनका मत है कि सुन्दरी-तन्त्र और श्रीरामतापिनी-उपनिषद् आदिमें जो स्वरूप वर्णित है, उसीका सर्वत्र दर्शन कराया गया है। वह इस प्रकार है—(क) (श्रीजानक्युवाच जनकं प्रति)—'अयोध्यान्तः-पुरे रम्ये सरयूतीरमाश्रिते। अशोकवनिकामध्ये सुरद्रुमलताश्रये॥ चिन्तामणिमहापीठे लसत्काञ्चनभूतले। कल्पवृक्षतले रम्ये रत्नगृहनिषेविते॥ सुवर्णवेदिकामध्ये रत्नसिंहासनं शुभम्। तन्मध्ये च महापद्मं रत्नजालैः सुवेष्टितम्॥ तन्मध्ये कर्णिकादिव्यं वह्निगृहविभूषितम्। तन्मध्ये चिन्तयेद्देवमिन्द्रनीलमणिप्रभम्॥ पीताम्बरं महोल्लासं तेजःपुञ्जघनावृतम्। द्विभुजं मधुरं स्निग्धं कृपापाङ्गविमोक्षणम्॥ वीरासने समासीनं श्रीरामं परमाद्भुतम्। सेव्यं जानुनि हस्ताब्जं सांख्यमुद्राविराजितम्॥ व्याख्याननिरतं सम्यग् ज्ञानमुद्रोपशोभितम्। मुकुटोज्ज्वलदिव्याङ्गलसत्कुण्डलमण्डितम्॥ नासावतंसमुक्ताढ्यं लसद्वदनपङ्कजम्। श्रीवत्सकौस्तुभोरस्कं मुक्तादाम सुकण्ठकम्॥ रत्नकङ्कणकेयूरं

मुद्रिकाभिरलङ्कृतम्। यज्ञसूत्राभिलषितं कटिसूत्रानुरञ्जितम्॥ रत्नमञ्जीररम्यांघ्रिब्रह्मेशविष्णुसेवितम्। कामपूर्णं कामवरं कामास्पदमनोहरम्॥''''''दिव्यायुधसुसम्पन्नं दिव्याभरणभूषितम्। स्वप्रकाशं चिदानन्दं चिन्मयानन्द-विग्रहम्॥''''''वामपार्श्वे धनुर्दिव्यं दक्षिणे तु शरस्तथा। वामकोणसमासीनामारक्तोत्पलधारिणीम्॥ दक्षकोणे तथा देवं लक्ष्मणं धृतछत्रकम्। तथा भरतशत्रुघ्नौ तालवृत्तकरावुभौ॥ रामाग्रे हनुमान्वीरो वाचयन्तः सुपुस्तकम्। तत्त्वं निरूपणं व्याख्याकर्त्तारो रावणानुजः॥' (सुन्दरीतन्त्र) पुनश्च, (ख) श्रीसनत्कुमारसंहिता— यथा— 'वैदेहीसहितं सुरद्रुमतले हैमे महामण्डपे मध्ये पुष्पमयासने मणिमये वीरासने संस्थितम्। अग्रे वाचयति प्रभञ्जनसुते तत्त्वे च सद्भिः परम्। व्याख्यातं भरतादिभिः परिवृतं रामं भजे श्यामलम्॥' पुनश्च, (ग) यथा— श्रीरामतापिनीयोपनिषद्—'प्रकृत्या सहितः श्यामः पीतवासः प्रभाकरः। द्विभुजः कुण्डली रत्नमाली धीरो धनुर्धरः॥ देहीदेहविभागः स्यात्सच्चिदानन्दविग्रहः।'

टिप्पणी—२ *'सोइ रघुबर सोइ लछिमनु सीता। देखि''''''* ' इति। (क) आगे-पीछे जो रूप देखा उनके साथ लक्ष्मणजीको भी देखना कहा गया था। बीचमें जो और दर्शन कहा उनमें लक्ष्मणजीको साथ देखना नहीं कहा गया। इसीसे अब यहाँ कहते हैं कि *'सोइ रघुबर', 'सोइ लछिमनु सीता'*, अर्थात् वही रघुवर-लक्ष्मण-सीता हैं जो पूर्व देखे थे, वही सर्वत्र हैं, तीनोंका वही एक ही रूप और वही एक ही वेष सर्वत्र है। तीनोंका तपस्वी वेष है और रूप जैसा है वैसा ही है। (ख) *'सोइ'* शब्द रघुवर और लक्ष्मणजीके साथ है, सीताजीके साथ नहीं है, क्योंकि पहले जब विरहमें सीताजीको खोजते फिरते थे तब केवल दोनों भाई थे, सीताजी न थीं। *'सोइ'* से पूर्व खोजते समयका रूप कहा, यथा—*'खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई।'* इसीसे *'सीता'* के साथ *'सोइ'* नहीं कहा।

नोट—२ प्रायः अन्य सब महानुभावोंका मत है कि *'सोइ'* तीनोंके साथ है। जो आगे, पीछे देखे थे वे ही 'राम, लक्ष्मण, सीता' सर्वत्र थे। सबका रूप और वेष सर्वत्र वैसा ही था, यह कहकर जनाया कि तीनों नित्य हैं और तीनोंका सदा संयोग है। पं० सू० प्र० मिश्र लिखते हैं कि इस दर्शनसे अपनेको स्वतन्त्र और अपने अधीन श्रीलक्ष्मणजी और श्रीसीताजीको स्वतन्त्र दिखाया।

वि० त्रि०—सतीजीका ध्यान प्रथम रामजीपर गया, सो जगद्व्यापी वैषम्यमें एक ही साम्य दृष्टिगोचर हुआ, रामजी सर्वत्र एक ही देख पड़े। तब सीताजीपर दृष्टि डाली तो वे भी सर्वत्र एक-सी ही देख पड़ीं अर्थात् मूलप्रकृतिमें भी कहीं भेद नहीं दिखायी पड़ा। इसी तरह लक्ष्मणजी भी सर्वत्र एक-से थे, जाग्रत्के विभुमें भी कहीं अन्तर नहीं प्रतिभात हुआ।

नोट—३ यहाँ प्रश्न होता है कि यहाँ *'सोइ लछिमनु'* कहकर उनका रूप और वेष सर्वत्र एक ही कहा गया है, पर उत्तरकाण्डमें तो भुशुण्डिजीके मोह-प्रसङ्गमें भरतादि सभी भाइयोंके विविधरूप कहे गये हैं, यथा—*'दसरथ कौसल्या सुनु ताता। बिबिध रूप भरतादिक भ्राता॥''''''अगनित भुवन फिरेउँ प्रभु राम न देखेउँ आन॥'* (७।८१) इन दोनोंका समन्वय कैसे होगा ?

सतीजीको सर्वत्र श्रीलक्ष्मणजी और श्रीसीताजी एक ही रङ्ग, रूप, रेखाके दिखाये गये। भरत, शत्रुघ्न और दशरथ, कौसल्याजीका दर्शन सतीजीको नहीं कराया गया। और भुशुण्डीजीको जो दर्शन हुआ उसमें सीताजीका दर्शन नहीं है, पर भरतादि सभी भ्राताओं और श्रीदशरथ, कौसल्याजीका दर्शन कराया गया है। भिन्न-भिन्न ब्रह्माण्डोंमें इन सभीका दर्शन भिन्न-भिन्न रङ्ग, रूप, रेखाका हुआ। इसका वास्तविक कारण तो नटनागरभगवान् ही जानें। हाँ! अनुमानसे प्रसङ्ग लगानेके लिये हम यह समाधान कर सकते हैं कि प्रस्तुत प्रसङ्गमें वनवासका समय है। दोनों भाई और सीताजी ही वनमें आये हैं। सीताहरण हो चुका है। दोनों भाई उन्हें खोज रहे हैं। विलाप करते और सीताजीको खोजते-फिरते देख सतीजीको संशय हुआ कि ये न तो ब्रह्म हो सकते हैं और न सर्वज्ञ विष्णु ही। (इसके कारण ५१ (१-२) और दोहा ५० में दिये जा चुके हैं)। प्रभुको यह दिखलाना है कि सीताजी हमारे साथ ही हैं, हम दोनोंमेंसे कोई उन्हें खोज नहीं रहा है। वियोग ही नहीं हुआ तब खोजना और विलाप कैसे सम्भव है ? खोजना

आदि लीलामात्र है। लक्ष्मणजी तथा सीताजीका सर्वत्र और नित्य साथ होना तभी सिद्ध होगा जब उनका रङ्ग, रूप, रेखा सर्वत्र एक ही हो, भिन्न-भिन्न रङ्ग, रूप होनेसे समाधान न हो सकेगा। प्रस्तुत प्रसङ्गमें इन्हीं तीनोंका प्रयोजन है, इससे इन्हींका दर्शन सर्वत्र कराया गया।

भुशुण्डिजी बालरूपके उपासक हैं। वे केवल बाललीला देखा करते हैं और वह भी केवल श्रीरामजीकी। इस समय वे श्रीरामजीके साथ खेल रहे हैं और श्रीरामजी भी उनके साथ अनेक प्रकारकी क्रीड़ा कर रहे हैं—*'मोहि सन करहिं बिबिध बिधि क्रीड़ा।'* (७।७७) इस क्रीड़ामें भरतादि कोई भी सम्मिलित नहीं हैं, यथा—*'तेहि कौतुक कर मरम न काहू। जाना अनुज न मातु पिताहू॥'* (७।७९) सीतामोह-प्रसङ्गमें इस लीलामें लक्ष्मणजी भी सम्मिलित हैं। भुशुण्डीजीको मोह केवल श्रीरामजीके चरित्रमें हुआ और वे रामजीको ब्रह्म जानते हैं। अतः इनके प्रसङ्गमें भरतादि भ्राताओं इत्यादिकी एकरूपता या भिन्नता समझानेवाली कोई बात है ही नहीं। बाललीलाके समय सीताजी कैसे साथ दिखायी जातीं क्योंकि अभी विवाह हुआ ही नहीं। दशरथजीका आँगन है, माता और भ्राता वहाँ उपस्थित हैं; अतः ये सब दिखाये गये। लीला विधानके अनुसार जहाँ जैसा उचित होता है, प्रभु वैसा ही दर्शन कराते हैं।

प्र० स्वामीका मत है कि 'जिन रामजीको सतीजीने देखा उस कल्पके लक्ष्मण शेषशायी क्षीराब्धिनिवासी नारायणके अवतार हैं, उनका रूप सभी ब्रह्माण्डोंमें एक ही रहता है। पर भुशुण्डि-कल्पमें लक्ष्मणजी शेषावतार हैं। प्रति ब्रह्माण्डमें शेषजीका रूप भिन्न-भिन्न है।'

'पूजहिं प्रभुहि देव बहु बेषा' ....*'सोइ रघुबर सोइ०*.........'. इति।

(१) बाबा हरिहरप्रसादजीका मत है कि 'इस प्रकरणमें उपासना दिखा रहे हैं। जो देवता केवल रामरूपके उपासक हैं, उनके पास अकेले श्रीरघुनाथजी दिखायी दिये। जो युगलस्वरूप श्रीसीतारामजीके उपासक हैं, उनके पास श्रीसीतारामजी युगलस्वरूप देख पड़े और जो तीनोंके उपासक हैं उनके पास श्रीसीता-राम-लक्ष्मण तीनों स्वरूप देख पड़े। इसीसे यहाँ तीन प्रकारके दर्शन कहे गये।—*'राम रूप दूसर नहिं देखा', 'अवलोके रघुपति बहुतेरे।* सीतासहित *'न बेष घनेरे'* और *'सोइ रघुबर सोइ लछिमनु सीता।'* मानसपत्रिकाका भी यही मत है।

(२) पाँड़ेजी एवं बैजनाथजीका मत है कि—'वेदोंके आधारपर हमारे आचार्योंने तीन मत प्रतिपादित किये हैं—अद्वैत, द्वैत और विशिष्टाद्वैत। गोस्वामीजीने 'तीनोंको रामायणके अनुकूल रखा'। अर्थात् तीनों मत यहाँ दरसाये हैं। अद्वैत—वेदान्तके अनुसार एक ब्रह्म ही नित्य है। *'राम रूप दूसर नहिं देखा'* में रामरूप ही कहकर उसमें अद्वैतमतानुसार दर्शन कहा। द्वैतमतमें केवल परमात्मा और माया नित्य माने जाते हैं। उसका दर्शन *'अवलोके रघुपति बहुतेरे। सीता सहित न बेष घनेरे॥'* इस अर्धालीमें है और विशिष्टाद्वैतमतमें ब्रह्म, जीव और माया तीनोंको नित्य माना जाता है। इस मतके अनुकूल दर्शन *'सोइ रघुबर सोइ लछिमनु सीता।'* में कहा गया है। इस मतके अनुसार ब्रह्म सदैव माया और जीवसे विशिष्ट रहता है, केवल अशेष चिन्मात्र नहीं; यथा श्रुति—**भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्म चैतत्।**'

श्रीपाँड़ेजी और बैजनाथजीने इन अर्धालियोंमें जो अद्वैतादि मतोंका भाव कहा है उससे मेरी समझमें सम्भवतः उनका आशय यह है कि जहाँ दर्शनमें केवल रामजी हैं (अर्थात् साथमें श्रीसीता-लक्ष्मणजी नहीं हैं), उस दर्शनसे हम अद्वैतमतका सिद्धान्त ले सकते हैं कि एक ब्रह्म ही ब्रह्म है। यथा श्रुति—'**एक-मेवाद्वितीयं ब्रह्म**', '**नेह नानास्ति किञ्चन**'। जहाँ श्रीसीताजी और श्रीरामजी दोका दर्शन है उस दर्शनसे हम द्वैतमतका सिद्धान्त ले सकते हैं और जहाँ श्रीलक्ष्मणजी, श्रीसीताजी और श्रीरामजी तीनोंका दर्शन है उस दर्शनसे हम विशिष्टाद्वैतमतका सिद्धान्त ले सकते हैं।

☞ इन विचारोंसे यह भी ध्वनित होता है कि भगवान् इन सब सिद्धान्तोंमें सहमत हैं, अतः सब साम्प्रदायिकोंको चाहिये कि अपने-अपने सम्प्रदायके सिद्धान्तोंपर अटल रहें और अन्य सिद्धान्तोंकी निन्दा न करें। कहा भी है—'**श्रद्धां भागवते शास्त्रेऽनिन्दामन्यत्र चैव हि।**' (श्रीमद्भागवत ११।३।२६)

(३) पं० रामकुमारजीका मत ऊपर टि० १ और २ में दिया गया है। वे सर्वत्र तीनोंका साथ होना ही निश्चित करते हैं। तथापि उन्होंने यह भी लिखा है कि *'सीतासहित रघुपति'* यह द्वैत है और *'सोइ रघुबर ....'* यह विशिष्टाद्वैत है। और *'जीव चराचर जो संसारा। ....'* इसपर लिखते हुए उन्होंने यह भी लिखा है—'जो प्रभाव दिखाया सो कैसे? केवल ब्रह्म है, प्रकृति पुरुष है और माया जीवसहित है'—ये तीन प्रकारसे प्रभाव दिखाया।

(४) प० प० प्र० का मत है कि *'जहँ चितवहिं तहँ प्रभु आसीना।'* (५४।६) से *'रामरूप दूसर नहिं देखा।'* (५५।३) तक केवलाद्वैतमतके अनुसार ही विश्वरूप दिखाया है। केवल ब्रह्ममें माया और जीव आदि द्वैत नहीं है यह ध्वनित किया है। *'अवलोके रघुपति ....'* में द्वैत और सांख्यमतका संग्रह है और *'सोइ रघुबर ....'* में विशिष्टाद्वैतादि मतोंका संग्रह है। माध्वादि सभी मतोंका अन्तर्भाव इसमें होता है।

टिप्पणी—३ *'देखि सती अति भई सभीता'* इति । (क) औरको देखकर भय न हुआ, श्रीराम-लक्ष्मण-सीताको देखकर भय हुआ, यह क्या बात? ऐसी बात नहीं है कि अकेले रघुनाथजीको देखकर भय न हुआ, सीतासहित देखकर भय न हुआ और तीनोंको देखकर भय हुआ। यदि यहाँ रघुपतिको देखना न कहा होता तब वैसा अर्थ समझा जाता। अथवा, यह भी हो सकता है कि (जितने दर्शन हुए) सबको देखकर डरना कहा गया। (ख) *'अति सभीत'* का भाव कि प्रथम जब अपने मृदु गूढ़ वचनोंद्वारा प्रभाव दिखाया था तब सभीत हुई थीं; यथा— *सती सभीत महेस पहिं चलीं हृदय बड़ सोच।'* (५३) और जब कुछ प्रभाव प्रकट करके दिखाया तब *'अति'* सभीत हुईं। (जिनको अपनी माया दिखाने चली थीं, उनकी मायाका पार नहीं पा रही हैं। अत्यन्त आश्चर्यमय दृश्यकी बढ़ती हुई विषमताको देखकर अत्यन्त भय उत्पन्न हुआ। वि० त्रि०) सतीजीने अपराध किये हैं, इसीसे प्रभुका प्रभाव देखकर डरीं, नहीं तो प्रसन्न होतीं। (यहाँ केवल श्रीराम-लक्ष्मण-सीताजीके दर्शन हुए और चराचरमात्र सेवा करता हुआ देख पड़ा, क्योंकि यहाँ तो केवल सतीजीको यह निश्चय कराना था कि हम ब्रह्म हैं, हम विष्णु नहीं हैं और हमारा नित्य संयोग है। कोई डरावने दृश्य नहीं दिखाये गये जिससे वे डरतीं। अर्जुनजीको तो भयावना दृश्य दिखाया गया था, विराट्का दर्शन कराया गया था; इससे वे डर गये थे।) अति सभीतकी दशा आगे कहते हैं।

नोट—४ *'अति सभीता'* इति *'अति सभीत'* होनेके अनेक कारण यहाँ उपस्थित हो गये हैं। एक तो पतिवचनकी अवज्ञा, दूसरे अनुचित परीक्षा लेकर पतिके इष्टका अपमान, तीसरे परीक्षामें उलटे लज्जित होना पड़ा, यह हृदयकी ग्लानि तथा चौथे श्रीरामजीका सर्वत्र अद्भुत दर्शन देख यह सोचकर कि इस महान् अपराधका फल क्या होगा। भयकी सीमा न रह गयी, वे अत्यन्त भयभीत हो गयीं।' (मा० प०, वै०) अब वे सोचती हैं कि यह क्या हुआ, हाय! अब मैं क्या करूँ ? प्रभुकी माया कहीं मुझे पागल न कर दे। (मा० प०) ☞ *'सती सभीत महेस पहिं चलीं ....'* उपक्रम है और *' देखि सती अति भई सभीता'* उपसंहार है।

टिप्पणी—४ *'हृदय कंप तन सुधि कछु नाहीं। ....'* इति। (क) [यह *' अति सभीत'* का स्वरूप है, दशा है। वैद्यकशास्त्र भी यही कहता है। डरसे कलेजा धड़कने लगता है। रुधिरका प्रवाह रुक जाता है जिससे मूर्छा हो जाती है। तब आँखें बन्द हो जानेपर भयङ्कर रूपका दर्शन जाता रहता है, इससे कुछ देर बाद चित्त स्वस्थ होनेपर होश आ जाता है। (मा० प०) वही दशा यहाँ सतीजीकी हुई।] (ख) बहुत डर जानेपर लोग स्वाभाविक ही आँखें बन्द कर लेते हैं, क्योंकि वह दृश्य देखा नहीं जाता। यथा—*'मूदेउँ नयन त्रसित जब भयऊँ।'* (उ० ८०) (ग) *'नयन मूदि बैठीं ....'* नेत्र बन्दकर बैठ जानेका भाव कि सर्वत्र श्रीसीता-राम-लक्ष्मणजी ही देख पड़ते हैं, सम्मुख देखा नहीं जाता इसीसे नेत्र बन्द कर लिये कि यह दृश्य दिखायी न दे। और बैठ इसलिये गयीं कि जहाँ दृष्टि पड़ती है, आगे-पीछे, ऊपर-नीचे समस्त दिशा-विदिशाओंमें सर्वत्र श्रीरामजी ही समस्त सेवकोंसहित बैठे देख पड़ते हैं,

कहीं तिलमात्र चलनेकी जगह नहीं है, तब जायँ कहाँ, चलें तो कैसे चलें? अतः बैठ गयीं। *'मग माहीं'* मार्गमें ही बैठ गयीं, क्योंकि मार्गमें ही तो श्रीसीता-राम-लक्ष्मणजी आगे देख पड़े थे, यथा—*'सती दीख कौतुक मग जाता। आगे राम सहित श्री भ्राता॥'* और कहीं किसी ओर निकलनेका रास्ता दीखता न था। (घ) ☞ नेत्र बन्द कर लेनेपर प्रभुने यह सोचकर कि आँख बन्द होनेपर भी यदि यह दृश्य इनको दिखायेंगे तो इनको बहुत क्लेश होगा, अतः भीतर न देख पड़े। नेत्र मूँदनेमें ही सतीने निर्वाह सोचा है और बहुत सभीत हैं, अतः अब न दिखायी दिये। प्रभुने सब दृश्य हटा लिया।

वीरकविजी—इस वर्णनमें सतीजीका आश्चर्य स्थायीभाव है। श्रीराम-लक्ष्मण-जानकीजी आलम्बन विभाव हैं। अनेक ब्रह्मा-विष्णु-महेश आदिके भिन्न-भिन्न रूपोंमें दर्शन उद्दीपन विभाव हैं। हृदयकम्प, स्तम्भ, नेत्र बन्द करना अनुभाव हैं। मोह, जड़ता आदि संचारी भावोंसे पुष्ट होकर 'अद्भुत रस' हुआ।

बैजनाथजी—भयाग्निकी ज्वाला उठी जिससे सर्वाङ्गमें ताप-सी चढ़ गयी, हृदय काँप उठा, देह विवर्ण हो गयी। मूर्छावश देह सँभालकी सुध भूल गयी। अङ्गमें प्रस्वेद आ गया, इति 'व्याधि' दशासे नेत्र बन्दकर मार्गमें ही बैठ गयीं। भाव कि मार्ग छोड़कर अलग बैठनेका होश न रह गया। यही 'व्याधिदशा' है। यथा—*'अंगवरण विवरण जहाँ अति ऊँचे ऊसास। नयन नीर परिताप बहु ब्याधि सुकेशवदास॥'*

नोट—५ जैसे अतिशय आनन्दकी बातसे सात्त्विकभाव, अश्रु, कम्प आदि शरीरमें उत्पन्न हो जाते हैं, वैसे ही भय, शोक आदिसे भी दाह, कम्प, मूर्छा आदि अनुभाव शरीरमें उत्पन्न हो जाते हैं। सुमन्तजीकी भी ऐसी ही दशा हुई थी, यथा—*'सोच सुमंत्र बिकल दुख दीना। ....' जिमि कुलीन तिय साधु सयानी। पतिदेवता करम मन बानी॥ रहै करम बस परिहरि नाहू। सचिव हृदय तिमि दारुन दाहू॥'* (२। १४४-१४५) सुमन्तजी शोकसे व्याकुल सोच रहे हैं कि मैं अवधमें जाकर सबको क्या उत्तर दूँगा इत्यादि। उनके हृदयमें दारुण दाह हुआ। अर्जुनजीकी भी महाभारतके महायुद्धके प्रारम्भमें ऐसी ही दशा हुई थी जिसका वर्णन गीताके प्रथम अध्यायमें है। यथा—**'वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते॥ गाण्डीवं स्रंसते हस्तात्त्वक्चैव परिदह्यते। न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः॥'** (गीता १। २९-३०) सारे शरीरमें दाह उत्पन्न हो गयी थी। श्रीदशरथजी महाराजकी भी दशा वनवासका वर माँगे जानेपर ऐसी ही हुई थी, यथा—*'माथे हाथ मूँदि दोउ लोचन। तनु धरि सोचु लाग जनु सोचन॥'* (२। २९) *'अजहूँ हृदय जरत तेहि आँचा।'* (२। ३२) इसी तरह सतीजीको जो शोच और भय आदि इस समय हैं वे इसके पूर्व भी थे पर इससे बहुत कम थे, अतः उस समय केवल दाह था और अब यह सब प्रभाव देखनेपर वे शोच और भय अत्यन्त बढ़ गये जिससे हृदयमें कम्प और बेहोशी आदि अनुभाव उत्पन्न हो गये।

नोट—६ *तन सुधि कछु नाहीं'* इति। पं० रामकुमारजीका मत है कि इस कथनसे जाना जाता है कि यहाँसे सीतावेष जो सतीजीने धारण किया था वह छूट गया, जब तनकी सुध न रही। यथा—*'अस कहि परेउ चरन अकुलाई। निज तनु प्रगटि प्रीति उर छाई॥'* (कि० ३) *'प्रगट बखानत राम सुभाऊ। अति सप्रेम गा बिसरि दुराऊ॥'* (सुं० ५२)—प्रेमसे देहकी स्मृति न रह गयी, निज तन प्रगट हो गया तथा यहाँ तनकी सुध न रहनेपर सतीकपट छूट गया। परन्तु दासकी समझमें सीतावेष उसी समय सतीजीने त्यागकर अपना रूप प्रकट कर लिया, जब मृदुगूढ़वचन सुनकर भयभीत होकर वे शिवजीके पास चलीं। इसीसे वहाँ *'सती सभीत महेस पहिं चलीं'* ऐसा कहा। दूसरे, हनुमान्‌जी और शुक-सारणके प्रसङ्गमें जैसे उनके कपटका छूटना कविने कहा वैसे ही यहाँ भी कहना चाहिये था, पर यहाँ सतीकपट छूटनेका उल्लेख कविने नहीं किया। इससे भी यही सिद्ध होता है कि उन्होंने पूर्व ही स्वयं ही अपना रूप कर लिया। हनुमान्‌जी आदिने अपनेसे अपना पूर्वरूप नहीं कर लिया था, वह तो प्रेम होनेसे प्रकट हो गया था। तीसरे, हनुमान्‌जी आदिपर प्रभुने यह प्रकट नहीं होने दिया कि 'हम तुमको जान गये' और यहाँ प्रभुके सामने आते ही उन्होंने अपने गूढ़ वचनोंसे तथा प्रणामसे सतीजीको बता दिया कि तुम सीता नहीं हो, प्रभुके मुखसे वचन निकलते ही उनका सीतावेश छूट जाना चाहिये, नहीं तो अधिक-से-अधिक सतीके चल देनेपर तो अवश्य ही। हनुमान्‌जीको कपि तब कहा जब उनका कपितन प्रकट हो गया। इसी तरह

शुक-सारणको वानरोंने राक्षस तब जाना जब उनका कपितन छूट गया। यहाँ उसके विपरीत है।

नोट—७ सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि '*नयन मूँदि*' से व्यक्त होता है कि मायाने अपनी प्रबलता सतीजीपर खूब दिखायी।

बहुरि बिलोकेउ नयन उघारी। कछु न दीख तहँ दच्छकुमारी॥ ७॥
पुनि पुनि नाइ रामपद सीसा। चलीं तहाँ जहँ रहे गिरीसा॥ ८॥

अर्थ—नेत्र खोलकर फिर देखा (तो) दक्षकुमारी-(सतीजी-) को वहाँ कुछ न देख पड़ा॥ ७॥ श्रीरामजीके चरणोंमें बारम्बार सिर नवाकर वे वहाँको चलीं जहाँ कैलासपति शङ्करजी (बैठे) थे॥ ८॥

टिप्पणी—१ '*बहुरि बिलोकेउ नयन उघारी।* ....' इति। [(क) इससे जनाया कि कुछ देर बाद होश आ गया, हृदयका कम्प दूर हुआ, वे सावधान हुईं। तब आँखें खोलीं। तनकी सुध न रह जानेसे हृदय कुछ शान्त हुआ, भय कम हुआ, तब नेत्र खोलीं। (ख) '*कछु न दीख तहँ दच्छकुमारी*' अर्थात् पूर्ववाला अद्भुत दृश्य न देख पड़ा। जैसे पहले प्रभुको नरनाट्य करते, '*बिरह बिकल नर इव रघुराई। खोजत बिपिन फिरत दोउ भाई॥*' देखा था, वैसे ही पूर्ववत् नरनाट्य करते अब देख रही हैं।] इससे प्रभुने जनाया कि हमारा आविर्भाव और तिरोभाव होता है, हम जन्म-मरणसे रहित हैं। पुनः भाव कि—(ग) सतीजी नेत्र बन्द करके बैठ गयी थीं। उनका नेत्र बन्द करना ही सूचित करता है कि वे इस दृश्यसे ऊब गयी हैं, घबड़ा गयी हैं, सोचती हैं कि किसी तरह यह दृश्य हमारे सामनेसे जाय, अब हम इसे देखना नहीं चाहतीं—यही उनके मनमें है, इसीसे अब दक्षकुमारीने कुछ न देखा। (घ) यहाँ श्रीरामजी न देख पड़े, इसीसे दक्षसम्बन्धी नाम दिया। दक्षको ईश्वर न देख पड़े, इसीसे उसने शिवजीसे विरोध किया।

नोट—१ 'दच्छकुमारी' के और भाव।—(क) इतना प्रभाव देख लेनेपर भी बोध न हुआ, यथा—'*मैं बन दीख राम प्रभुताई। अति भय बिकल न तुम्हहि सुनाई॥ तदपि मलिन मन बोधु न आवा।*' (बा० १०९) अतः दक्षसम्बन्धी नाम देकर जनाया कि परम भागवत शङ्करजीके विरोधीकी कन्या हैं, तब कैसे पूर्णबोध हो, यह अब भी झूठ बोलेंगी। (पं०) (ख) पतिका वचन सत्य न मानकर जब परीक्षा लेने चली थीं तब भी शङ्करजीने यही विशेषण दिया है। यथा—'*दच्छसुता कहँ नहिं कल्याना।*' अब भी उनसे जाकर झूठ बोलेंगी, जिससे उनका अकल्याण होगा। प्रसङ्गके अन्तमें यह नाम देकर जनाया कि अब इनका सम्बन्ध पतिसे न रह जायगा, इनका कल्याण नहीं है। जो प्रभाव यहाँतक दिखाया गया और जिसलिये दिखाया गया, उसका खुलासा यहाँ दिया जाता है।

दर्शन	भाव
१ सर्वत्र श्रीसीता-राम-लक्ष्मण देख पड़े।	हम सर्वत्र हैं, तीनोंका वियोग कभी नहीं है, लक्ष्मणजी हमारे सेवक हैं और सीताजी हमारी शक्ति हैं।
२ अनेक ब्रह्मा, विष्णु, महेशको शक्तियोंसहित चरणवन्दन करते देखा।	ये सब हमारे चरणसेवक हैं। (हमारे अंशसे ये उत्पन्न होते हैं।)
३ देखे जहँ तहँ रघुपति जेते। सक्तिन्ह सहित सकल सुर तेते॥	सतीजी शक्तिका विछोह समझी हुई हैं, अतः सेवकोंको शक्तियोंसहित दिखाया, अर्थात् हमारे सेवकोंको शक्ति-वियोग कभी नहीं होता तो हमारा कैसे होगा।
४ संसारके समस्त चराचर जीव दिखाये।	हम चराचरमात्रके स्वामी हैं।
५ सब अनेक प्रकारके परन्तु रामजी एक ही प्रकारके सर्वत्र देखे।	हम सबके कारण हैं, कारणका एक ही रूप रहता है, कार्यके अनेक रूप हैं। और सब कार्य हैं।
६ आँखें खोलनेपर कुछ न देखा।	हमारा आविर्भाव और तिरोभाव होता है। हम जन्म-मरणरहित हैं।

७-ब्रह्म केवल है, मायायुक्त है तथा जीव मायायुक्त है, यह जनाया। तीन प्रकारके उपासक हैं। तीनों उपासनाएँ दिखायीं। केवल श्रीरामकी, युगल श्रीसीतारामकी और श्रीसीताराम-लक्ष्मणकी।

☞ 'चिद्रूपा जगज्जननी श्रीसीताजी तथा श्रीलक्ष्मणजी सदा श्रीरामजीके साथ ही रहते हैं। यथा—**हेमामया द्विभुजया सर्वालङ्कृतया चिता। श्लिष्टः कमलधारिण्या पुष्टः कोसलजात्मजः॥** (२७) **दक्षिणे लक्ष्मणेनाथ स धनुः पाणिना पुनः।'** (रा० ता०) अर्थात् चिद्रूपा श्रीजानकीजी स्वर्णवर्णकी, द्विभुजा, सर्वाभरणभूषिता और हाथमें कमल धारण किये हुए श्रीरामजीके साथ हैं और दाहिने लक्ष्मणजी धनुष लिये हुए हैं।

टिप्पणी—२ *'पुनि पुनि नाइ रामपद सीसा। चलीं तहाँ जहँ.........'* इति। (क) जब परीक्षा लेने चलीं तब इनको नृपसुत समझी थीं; यथा—*'आगे होइ चलिं पंथ तेहि जेहि आवत नरभूप।'* इसीसे तब उनको प्रणाम न किया था। जब प्रभाव देखकर इनको ब्रह्म जाना तब पुनः-पुनः प्रणाम करती हैं। यथा—*'बार बार नावै पद सीसा। प्रभुहि जानि मन हरष कपीसा॥'* (कि० ७।१४) पुनः अपना अपराध समझकर उस (अपराध) को क्षमा करानेके विचारसे बार-बार प्रणाम करती हैं। [पुनः बारम्बारका प्रणाम भय और पश्चात्तापकी भी दशा सूचित करता है। अर्जुनजी भी विराट्रूपका दर्शन कर भयभीत हो गये थे और अपने सारथीको भगवान् जानकर भय और पश्चात्ताप होनेसे उन्होंने भी बारम्बार प्रणाम किया और क्षमाकी प्रार्थना की है। यथा—'**ततः स विस्मयाविष्टो हृष्टरोमा धनञ्जयः। प्रणम्य शिरसा देवं कृताञ्जलिरभाषत॥** (गीता ११।१४)....**नमस्कृत्वा भूय एवाह कृष्णं सगद्गदं भीतभीतः प्रणम्य॥ ३५॥**....**नमो नमस्तेऽस्तु सहस्रकृत्वः पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते॥ ३९॥ तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम्।'** (४४) बैजनाथजी लिखते हैं कि 'प्रभाव देखनेसे भ्रमका नाश हुआ। जब वे सभीत हुईं तब प्रभुको दया आ गयी जिससे मोहका नाश हुआ और जीवमें शुद्धता आयी तब प्रभुको परात्पर जानकर बारम्बार मस्तक नवाती हैं।]. (ख) यदि *'रामपद'* न कहते तो समझा जाता कि जितने देखे थे सबको प्रणाम करती हैं। अतः *'नाइ रामपद सीसा'* कहा।

नोट—२ 'भगवान्को नम्रतापूर्वक प्रणाम करनेसे सदैव कल्याण होता है, परन्तु सतीजीको तो दुःख ही भोगना पड़ा, यह क्यों? यह शंका उठाकर पंजाबीजी उसका समाधान यह करते हैं कि 'यह प्रणाम व्यर्थ न होगा। इसका फल यह होगा कि दुःख दूर होकर दुबारा पतिसंयोग प्राप्त होगा।' और सू० प्र० मिश्रजी कहते हैं कि सतीका मन शुद्ध न था। *'पुनि पुनि'* पदसे भी यही सिद्ध होता है कि बार-बार यत्न किया पर प्रारब्धने न छोड़ा। (मा० प०)

टिप्पणी—३ *'चलीं सती जहँ रहे गिरीसा'* इति। (क) पूर्व एक बार शिवजीके पास चलना कह आये हैं। यथा—*सती सभीत महेस पहिं चलीं*.....।' पर बीचमें बैठ गयी थीं, यथा—*'नयन मूँदि बैठीं मगु माहीं'*, अब पुनः चलीं; इसीसे अब फिर *'चलीं सती'* कहा। (ख) *'गिरीसा'* (गिरिके ईश) कहनेका भाव कि अब वे गिरिका सेवन करेंगे, सतीजीसे सम्बन्ध न रखेंगे।

नोट—३ पतिके समीप जानेके प्रसंगमें यहाँ प्रारम्भमें ही यह नाम देकर जनाया कि ये प्रतिज्ञाके अटल हैं। जो मनमें ठानेंगे उसपर गिरिवत् निश्चल रहेंगे, झूठ-फरेबसे टलनेवाले नहीं, (सुधाकर द्विवेदीजी) अथवा, (ख) सतीजी जबतक लौट न आयीं तबतक वे यहीं बटतले ही बैठे रहे। अतः गिरीश-पद दिया। जैसे अगस्त्यजीके यहाँ सत्संगके लिये कुछ दिन ठहर जानेपर भी यही नाम दिया था। यथा—*कछु दिन तहाँ रहे गिरिनाथा।'*

इति सतीमोहान्तर्गत श्रीरामप्रभावसाक्षात्कार-(अद्भुतदर्शन-) प्रसङ्ग समाप्त।

दो०—गईं समीप महेस तब हँसि पूछी कुसलात।
लीन्हि परीछा कवन बिधि कहहु सत्य सब बात॥५५॥

अर्थ—(सतीजी) पास पहुँचीं तब महादेवजीने हँसकर कुशल पूछा और कहा कि तुमने किस प्रकार परीक्षा ली ? सब बात सच-सच कहो॥५५॥

टिप्पणी—१ '*गईं समीप महेस तब*............' इति। पास या उनके सम्मुख जब पहुँचीं तब कुशलप्रश्न किया यह गम्भीर स्वभावका द्योतक है। गम्भीर लोग उतावली नहीं करते। दूरसे ही कुशल पूछते तो गम्भीरतामें दोष आता। अथवा प्रथम सब चिन्ता रामजीपर छोड़ चुके, सब बात उनके अधीन कर चुके हैं; यथा—'*होइहि सोइ जो राम रचि राखा। को करि तर्क बढ़ावै* साखा॥' (५२) अतः जल्दी न की, जब समीप आयीं तब पूछा।

टिप्पणी—२ (क)'*हँसि पूछी कुसलात*' इति। सतीजी अति सभीत, संकोच—सोचवश और व्याकुल शिवजीके पास आयी हैं, यथा—'*मैं बन दीखि राम प्रभुताई। अति भय बिकल न तुम्हहि सुनाई॥*' (१०९) दूसरे शिवजीका अनुमान यह है कि उनकी कुशल नहीं है, '*इहाँ संभु अस मन अनुमाना। दच्छसुता कहुँ नहिं कल्याना॥*' (५२) अतः उन्होंने कुशल पूछा। ['कुसलता'=कुशल, खैरियत, कल्याण। यथा—'*बिहँसि दसानन पूछी बाता। कहसि न सुक आपनि कुसलाता॥*' (सु० ५३) '*दच्छ न कछु पूछी कुसलाता।*' (१।६३) '**श्वः श्रेयसं शिवं भद्रं कल्याणं मङ्गलं शुभम्॥ २५॥ भावुकं भविकं भव्यं कुशलं क्षेममस्त्रियाम्। शस्तं च**'—(अमरकोश काण्ड १ कालवर्ग ४) ये सब 'कल्याण' के पर्यायवाची शब्द हैं। २—शिवपुराण रुद्रसंहिताके '**अथ तां दुःखितां दृष्ट्वा पप्रच्छ कुशलं हरेः। प्रोवाच वचनं प्रीत्या तत्परीक्षा कृता कथम्॥**' (२७।४५) इस श्लोकके आधारपर '*पूछी कुसलाता*.....' का अर्थ होगा कि 'हरिका कुशल पूछा और प्रेमसे पूछा कि क्या परीक्षा ली। इस प्रकार हँसनेका भाव है कि सतीजीको दुःखित देखकर उनसे प्रेमसे पूछने लगे।] (ख) '*हँसि*' इति। हँसकर कुशल पूछनेका भाव यह है कि शिवजीका हृदय बड़ा सरल है। सतीजीने उनका वचन न माना। वे इस बातको मनमें किंचित् भी न लाये। उनके मनमें वचन न माननेके कारण परिहासका भाव उत्पन्न हुआ सों बात नहीं है। '*सत्य कहहु सब बात*' कहनेका भाव यह है कि सतीजी हमारा वचन झूठ मानती रहीं, उन्होंने ईश्वरको नर मान रखा था, इसलिये अब वह प्रभुका प्रभाव देखकर डरके मारे हमसे सत्य न कहेंगी और ऐसा ही हुआ भी, यथा—'*सती समुझि रघुबीर प्रभाऊ। भय बस सिव सन कीन्ह दुराऊ॥*' इसीसे उन्होंने सत्य कहनेको कहा। परीक्षाका प्रकार पूछा; क्योंकि ईश्वरकी परीक्षा साधारण बात नहीं है; बड़ी कठिन है।

नोट—पंजाबीजी लिखते हैं कि 'यहाँ हँसना निरादरार्थ है, क्योंकि शिवजीके मनमें खटका है कि उन्होंने कोई उपद्रव न खड़ा कर लिया हो। इसीसे वे पूछते हैं कि कौन विधिसे परीक्षा ली, सत्य-सत्य कहो और इसी विचारसे उन्होंने चलते समय उनको सावधान कर दिया था।' बैजनाथजीका मत है कि हँसे यह कि 'तुमने जान-बूझकर विष खाया है, जिससे प्राणहानिका संशय है। अतः अपना कुशल तो कहो। जैसी यहाँसे गयी थीं वैसी ही कुशलसे आयीं? तन, मन या वचन किसी अङ्गसे कोई अपराध तो नहीं किया है? 'सत्य कहो' का भाव कि तुम्हारा नाम सती है, तुम तन-मनसे पतिव्रता हो, अतः असत्य कहकर यह भी अपराध न कर बैठना।' पं० सुधाकर द्विवेदीजीका कहना है कि 'दम्पतियोंमें हास-विनोद हुआ ही करता है। इसलिये हँसकर महादेवजीने कुशल पूछा और हँसीहीमें यह भी पूछा कि किस प्रकार परीक्षा ली। महादेवजी देवासुर-संग्राममें श्रीरामजीकी मोहिनी मूर्तिसे धोखा खा चुके हैं और जानते हैं कि राम बड़े कौतुकी हैं, नारदके मुखको बन्दरका मुख कर दिया था, सो सतीके सङ्ग भी कुछ-न-कुछ खेल किया ही होगा, जिससे सतीजी लज्जित हो गयी हों। लज्जासे शायद बात छिपावें इसलिये हँसीसे कहा कि सब बात सच-सच कहो।' और सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि 'हँसी निरादरसूचक है। यह लोकप्रसिद्ध बात है कि अच्छी बात समझानेसे जब कोई नहीं मानता और हानि पाता है तब

वह हँसा जाता है। दूसरा भाव यह है कि तुमने जान-बूझकर विष खाया था, तुम्हें मर जाना चाहिये था सो जीती आयीं, मरी नहीं?' (मा० प०)

यह भी कारण हो सकता है कि सतीजीकी चेष्टासे वे जान गये कि ये डरी हुई हैं, डरसे व्याकुल हैं क्योंकि हमारी अवज्ञा करके गयी थीं, यदि हमें रुष्ट समझेंगी तो सत्य न बतावेंगी, अतः हँसकर जनाया कि हम रुष्ट नहीं हैं जिससे उनको शान्ति हो, डर न रहे और वह सत्य-सत्य बता दें।

श्रीलमगोड़ाजीने जो भाव *'बोले बिहँसि महेस*.........।' (५१) पर लिखा है कि यहाँ परिहास (विनोद) है कि अच्छा! जाकर परीक्षा लो। खूब छकोगी; उसके अनुसार यहाँ *'हँसि'* में भी यह भाव होगा कि उन्होंने तुम्हें छकाया न। प्र० स्वामीका मत भी यही है। वे लिखते हैं कि सतीजी सभीत हैं, ऐसी दशामें निरादर या उपहास करना कृपासिंधु शिवजीमें असम्भव है। जैसे—*'तौ किन जाइ परीछा लेहू'* विनोदसे कहा वैसे ही यहाँ हँसी प्रेमजनित है। भाव यह है कि तुम्हारी जीत हुई कि हमारी; सत्य हो सो कहना।

वि० त्रिपाठीजी लिखते हैं कि कोई कैसा ही बड़ा क्यों न हो, चूक हो जानेमें हँसीका पात्र हो जाता है।.........उत्तर देते न देखकर कहते हैं *'कहहु सत्य सब'* चूक छिपानेका प्रयत्न न करो।

सतीं समुझि रघुबीर प्रभाऊ। भय बस सिव* सन कीन्ह दुराऊ॥ १॥
कछु न परीछा लीन्हि गोसाईं। कीन्ह प्रनामु तुम्हारिहिं नाईं॥ २॥
जो तुम्ह कहा सो मृषा न होई। मोरें मन प्रतीति अति† सोई॥ ३॥

अर्थ—सतीजीने श्रीरघुनाथजीका प्रभाव समझकर डरके मारे शिवजीसे दुराव (छिपाव) किया॥ १॥ (कहा कि) हे स्वामी! मैंने कुछ भी परीक्षा नहीं ली। (वहाँ जाकर मैंने) आपकी ही तरह (उनको) प्रणाम किया॥ २॥ जो आपने कहा वह झूठ नहीं हो सकता, मेरे मनमें यह पूर्ण विश्वास है॥ ३॥

टिप्पणी—१ (क) *'सतीं समुझि रघुबीर प्रभाऊ।*.........' इति। प्रभाव; यथा—*'जाना राम सती दुखु पावा। निज प्रभाउ कछु प्रगटि जनावा॥'* (५४। ३) से *'सोइ रघुबर सोइ लछिमनु सीता। देखि*.....*॥'* (५५। ५) तक। यही प्रभाव समझकर शिवजीसे उन्होंने उसे छिपाया। प्रभाव समझकर उसे मनहीमें रखा, क्योंकि प्रभाव कहनेसे जाना जाता कि परीक्षा ली है, ब्रह्मको प्राकृत नर माना था। प्रभाव कहनेपर शङ्करजी अवश्य पूछेंगे कि क्या परीक्षा ली जो प्रभुने यह प्रभाव दिखाया। परीक्षा लेना कहें तो उससे ईश्वरमें भावराहित्य और पतिके वचनमें अविश्वास सिद्ध होता है। अतएव दुराव किया, जिसमें ये दोनों बातें छिप जायँ। यही बात आगे कहती हैं। (ख) *'भय बस सिव सन कीन्ह दुराऊ'* इति। शिवजीका कहा न माना। जो उन्होंने उपदेश किया था वही सत्य ठहरा। प्रथम तो पतिके वचनको न माना इस डरसे दुराव किया, उसपर भी अब उत्तर देना चाहें तो कुछ उत्तर नहीं है; यथा—*'मैं संकर कर कहा न माना। निज अज्ञानु रामपर आना॥ जाइ उतरु अब देहौं काहा। उर उपजा अति दारुन दाहा॥'* (५४) पूर्व सतीजीने स्त्रीस्वभाववश पतिके इष्ट श्रीरामजीसे दुराव किया; यथा—*'सती कीन्ह चह तहहुँ दुराऊ। देखहु नारि सुभाउ प्रभाऊ॥'* और अब भयवश पतिसे भी दुराव किया।

नोट—१ (क) भयके वश होनेसे प्रभावको छिपाया, यथा—*'अति भय बिकल न तुम्हहिं सुनाई।'* भय दोनों ओरसे है। एक तो प्रभाव देखकर भयभीत थीं ही, यथा—*'सोइ रघुबर सोइ लछिमनु सीता। देखि सती अति भईं सभीता॥'* जैसे-जैसे उसका स्मरण हो आता है, रोंगटें खड़े हो जाते हैं कि हमने ब्रह्मसे कपट किया। दूसरे, शिवजीका डर है कि वे अब क्या कहेंगे ? लज्जाके कारण पतिका भय है। भयसे चित्त भ्रान्त हो गया, इसीसे बात छिपायीं। (मा० प०) चित्त भ्रान्त हो जानेसे कुछ ठीक उत्तर न सूझा। (ख) *'पति सन कीन्ह दुराऊ'* न कहकर *'सिव सन*.........' कहनेका भाव कि कल्याणकर्तासे कपट करनेसे अब कल्याणका कोई उपाय भी न रह गया। (मा० प०)

---

* प्रभु—१७२१, १७६२, छ०। सिव—१६६१, १७०४, को० राम।

† असि—को० राम। अति—और सबोंमें।

नोट—२ प्रभाव समझकर प्रसन्न होना था कि हमारा संशय दूर हो गया सो न होकर भय हुआ, यह क्यों? बाबा हरिदासजी कहते हैं कि 'प्रभाव यह समझा कि श्रीरामजी त्रिदेवके भी ईश हैं, पिता हैं। हमने उनकी स्त्रीका रूप धरा यह सुनकर शिवजी रुष्ट होकर हमको त्याग देंगे—इस भयसे झूठ बोलीं।'

टिप्पणी—२ *'कछु न परीछा लीन्हि.......'* इति। (क) परीक्षा लेनेसे दो बातें सिद्ध होती हैं जो ऊपर कहीं। उनमेंसे पतिके इष्टका अपमान छिपानेके लिये तो श्रीरामजीमें अपनी भक्ति दिखाती हैं कि *'कीन्ह प्रनामु तुम्हारिहिं नाईं।'* और, पतिका अपमान छिपानेके लिये आगे कहती हैं कि *'मोरें मन प्रतीति अति सोई।'* (ख) यह कहनेपर कि परीक्षा नहीं ली, यह प्रश्न होता है कि 'तब गयीं किसलिये?' क्योंकि पूर्व शिवजीने कहा था कि *'जौं तुम्हरें मन अति संदेहू। तौ किन जाइ परीछा लेहू॥'* और सतीजी पतिका वचन सुनते ही तुरन्त चल दी थीं जिससे स्पष्ट है कि वे परीक्षा लेने जा रही हैं। तब परीक्षा क्यों न ली? उसपर कहती हैं कि मैंने पूर्व प्रणाम न किया था, भूल गयी थी, इससे प्रणाम करने गयी थी। (ग) *'गोसाईं'* का भाव कि आप अन्तर्यामी हैं, सबके मनकी जानते हैं। आप स्वयं जानते हैं कि आपके वचनोंमें मेरे मनमें अत्यन्त प्रतीति है। (घ) *'कीन्ह प्रनामु तुम्हारिहिं नाईं।'* जैसे आपने प्रणाम किया था उसी तरह अर्थात् सच्चिदानन्दभावसे, *'जय सच्चिदानन्द परधामा'* कहकर तथा छिपकर प्रणाम किया, पास नहीं गयीं। जैसे आप पास न गये, दूरसे प्रणाम किया था वैसे ही मैंने प्रणाम कर लिया।

टिप्पणी—३ *'जो तुम्ह कहा सो मृषा न होई।.......'* इति। (क) अपने जानेका कारण कहकर अब *'कछु न परीछा लीन्हि'* का हेतु कहती हैं कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका वचन असत्य नहीं हो सकता तब परीक्षा क्यों लेती? परीक्षा न लेना जो कहा इस झूठ बनानेका हेतु भय है और वे कहती हैं दूसरी बात जो झूठ है। (ख) *'जो तुम्ह कहा'* अर्थात् श्रीरघुनाथजी ब्रह्म हैं, ब्रह्महीने गुप्तरूपसे (भक्तके वचन सत्य करनेके लिये) अवतार लिया है, वे योगियों तथा आपके इष्ट हैं, इत्यादि *'जासु कथा कुम्भज रिषि गाई'* से *'निजतन्त्र नित रघुकुलमनी।'* (५१) तक जो आपने कहा वह सत्य है। मेरे मनमें उन वचनोंपर अत्यन्त विश्वास है। (ग) *'मृषा न होई'* इति। मृषा नहीं है—ऐसा नहीं कहतीं, किंतु *'न होई'* कहती हैं। क्योंकि 'मृषा नहीं है' इस कथनसे परीक्षा लेना खुल जाता। उसका अर्थ यह होता कि परीक्षा ली तब जाना कि ब्रह्म हैं, नहीं तो बिना परीक्षा कैसे जाना कि झूठ नहीं है। अतः *'न होई'* कहा। इससे परीक्षा न लेना पाया गया। (घ) *'मोरें मन प्रतीति अति सोई'* इति। 'मनमें प्रतीति है' कहनेका भाव कि मैंने इस बातको आपसे प्रकट नहीं किया। [विश्वासका स्थान मन है। यथा—'याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तःस्थमीश्वरम्।' बा० मं०]

तब संकर देखेउ धरि ध्याना। सतीं जो कीन्ह चरित सबु जाना॥ ४॥
बहुरि राममायहि सिरु नावा। प्रेरि सतिहि जेहि झूँठ कहावा॥ ५॥

अर्थ—तब शङ्करजीने ध्यान धरकर देखा। सतीजीने जो चरित किया वह सब जान लिया॥ ४॥ फिर (उन्होंने) श्रीरामजीकी मायाको प्रणाम किया जिसने प्रेरणा करके सतीहीसे झूठ कहला लिया॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'तब संकर देखेउ धरि ध्याना।'* इति। (क) इससे स्पष्ट है कि शिवजीको सतीजीके वचनपर विश्वास न हुआ। वे समझ गये कि ये झूठ कह रही हैं। यों तो सतीजीकी सभी बातें सन्देह उत्पन्न करनेवाली हैं फिर भी *'जो तुम्ह कहा सो मृषा न होई। मोरें मन प्रतीति अति सोई॥'*— यह वचन विशेष शङ्काजनक है। इसीसे इन वचनोंको सुनते ही शङ्करजीका ध्यान करना कहा गया। *'तब'* अर्थात् जब उन्होंने यह कहा कि *मोरें मन......।'* विश्वास न होनेका कारण यह था कि पहले तो बहुत समझानेपर और वह भी बार-बार समझानेपर भी न माना था और यह कहते ही कि *'तौ किन जाइ परीछा लेहू'* तुरत परीक्षा लेने चल दी थीं, उस समय भी यह न कहा कि 'परीक्षा क्यों लेंगी? आपके वचन असत्य नहीं हो सकते हैं।' गयीं तो परीक्षा क्यों न ली? पहले तो हमारे वचनको झूठ माना था, वचनमें प्रतीति

न थी। अब इतनी शीघ्र कैसे सत्य मान लिया? बिना परीक्षा ही हमारे वचनोंमें प्रतीति कैसे हो गयी? दोनों बातें परस्पर असम्बद्ध हैं। दूसरे, इनकी चेष्टासे भय और विषाद प्रकट हो रहा था। वह भी सन्देह उत्पन्न करनेवाला था। अतः शङ्करजीने ध्यान धरकर देखा। (ख) अपने शरीरमें ही समस्त ब्रह्माण्ड है, ध्यान करनेसे सब देख पड़ता है। (ग) शङ्करजीने सतीजीका चरित ध्यान धरकर देखा तब जाना। इससे चरितकी अगाधता दिखायी। यथा—'**ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा। बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति॥**' '**स्त्रियाश्चरित्रं पुरुषस्य भाग्यं दैवो न जानाति कुतो मनुष्यः।**'

टिप्पणी—२ '*सतीं जो कीन्ह चरित सबु जाना*' इति। (क) स्त्रीके कपटकी 'चरित' संज्ञा है, यथा—'*नारि चरित जलनिधि अवगाहू।*' (२।२७) इसीसे यहाँ 'कपट' को 'चरित' कहा। पूर्व कहा था कि '*सती कपटु जानेउ सुरस्वामी*' वैसे ही अब यहाँ कहते हैं कि '*सती जो कीन्ह चरित सबु जाना।*' इस तरह 'चरित' और 'कपट' पर्याय हैं। [कपट और चरित पर्याय नहीं हैं। परन्तु यहाँपर सम्भवतः पण्डितजीका यह आशय हो सकता है कि '*सती कपट*' में कपटका अर्थ कपटी आचरण ही है और '*सतीं जो कीन्ह चरित*' के चरितका भी वही अर्थ है। यह आशय लेकर उन्होंने पर्याय माना है। पूर्वके 'कपट' और यहाँके 'चरित' में हमारी समझमें कुछ भेद है। वह यह कि श्रीरामजीका लक्ष्य सतीजीके केवल 'कपट' पर है कि ये हमें छलनेके विचारसे आयी हैं और शिवजीका ध्यान उनके 'चरित' पर है कि इन्होंने सीतारूप धारण किया न कि उनके कपटपर। परीक्षाके लिये कपट तो वे कर ही सकती थीं, इसीलिये यहाँ 'चरित' शब्द दिया और वहाँ कपट। पूर्व बताया गया है कि अभिप्राय साधनार्थ अपने असली रूपको छिपाना 'कपट' है। वहाँ असली रूप छिपाया गया और सीतारूप बनाया ही नहीं गया, किंतु उस रूपसे श्रीरामजीके सम्मुख जाकर अपनेको सीता प्रकट किया—यही सब 'चरित' है।] (ख) '*सबु जाना*' इति। सतीजी झूठ बोल रही हैं यह तो वचन सुनते ही जान गये थे। उन्होंने क्या चरित किया था, यह सब ध्यान धरनेपर जाना। (ग) ☞ यहाँ वक्ता दिखाते हैं कि सतीजीने मन, कर्म और वचन तीनोंसे कपट किया। '*जो तुम्ह कहा सो मृषा न होई। मोरें मन प्रतीति अति सोई॥*' यह मनका कपट है, क्योंकि मनमें प्रतीति नहीं है और कहती हैं कि मनमें प्रतीति है। '*सती कीन्ह सीता कर बेषा*', '*पुनि पुनि हृदय बिचारु करि धरि सीता कर रूप*', यह तन (कर्म) का कपट है और झूठ बोलना यह वचनका कपट है। '*प्रेरि सतिहि जेहिं झूठ कहावा*'—'*झूठ कहावा*' यह वचन है।

नोट—१ '*धरि ध्याना*' इति। यहाँ ब्रह्म और (ईश्वरकोटिके) जीवमें भेद दिखाते हैं। ब्रह्म सब बात निरावरण देखता और जानता है, वह स्वतः सर्वज्ञ है। और, भगवत्कृपाप्राप्त पुरुष स्वतः सर्वज्ञ नहीं है, वह प्रायः साधन (ध्यान आदि) द्वारा ही कोई बात जान सकता है। श्रीरामजीने सहज ही सतीकपट जान लिया था। उसी कपटके जाननेके लिये शिवजीको ध्यानावस्थित होना पड़ा। श्रीसुधाकरद्विवेदीजी लिखते हैं कि जैसे तारकी क्रिया जाननेवाला जबतक उस क्रियाको न करेगा तबतक दूसरेका समाचार न जानेगा, इसी तरह योगी लोग जबतक ध्यानकी क्रिया नहीं करते तबतक दूसरेके कामको नहीं जान सकते। श्रीशङ्करजी योगीश्वर हैं और भगवान् योगेश्वर हैं—यह भेद है।

प० प० प्र०—(क) यह 'ध्यान धरना' योगकी एक प्रक्रिया है। पातञ्जलयोग विभूतिपादमें संयमसे प्राप्त तीस सिद्धियोंका वर्णन है। इसमें १६वें सूत्रमें कहा है—'**परिणामत्रयसंयमादतीतानागतज्ञानम्।**' धर्म, लक्षण और अवस्था—इन तीन परिणामोंमें चित्तका संयम करनेसे अतीत (भूतकालीन) और अनागत (भविष्यकालीन) घटनाओंका प्रत्यक्ष दर्शन हृदयमें होता है। किस स्थानमें क्या हुआ या होनेवाला है, यह जाननेके लिये सूर्यमें संयम करना पड़ता है। '**भुवनज्ञानं सूर्ये संयमात्।**' (२६) (ख) सती-चरित जाननेके लिये योगीश्वर महेशको भी योगकी प्रक्रियाका अवलम्ब लेना पड़ा, तब अन्य जीवोंकी बात ही क्या है। (त्रिपाठीजी लिखते हैं कि सतीजीने छिपाना चाहा, इसलिये शिवजीको ध्यान करना पड़ा, नहीं तो बिना ध्यान किये ही पूर्व सतीके मनकी बात जान ली थी। यथा—'*हर अंतरजामी सब जाना।*')

टिप्पणी—३ *'बहुरि राममायहि सिरु नावा।.........'* इति। (क) जब सतीजीको उपदेश न लगा तब शिवजीने उसका कारण हरिमायाबल ही जाना था, यथा—*'लाग न उर उपदेस जदपि कहेउ सिव बार बहु। बोले बिहँसि महेसु हरिमायाबलु जानि जिय॥'* और, जब झूठ बोलीं तब मायाको प्रणाम किया। इस सूक्ष्मभेदसे सूचित करते हैं कि यह काम उस कामसे कठिन था। ईश्वरका स्वरूप अगाध है, इससे वह न समझ पड़ा, उपदेश न लगा, यह मायाका कोई विशेष बल नहीं है। पर देवता झूठ नहीं बोलते। उसपर भी भगवती सती पतिव्रताशिरोमणि! उनका झूठ बोलना तो महा अगम था, असम्भव था, सो उनसे भी झूठ कहला दिया, यह मायाका विशेष बल है जो यहाँ प्रत्यक्ष देखनेमें आया। (ख) श्रीरघुनाथजीने अपनी मायाको परम प्रबल समझकर उसके बलकी प्रशंसा की और शिवजीने अपने इष्ट और (उनकी) मायाका बल जानकर उसे प्रणाम किया। सतीजी झूठ बोलनेवाली कदापि नहीं, पर उन्हें भी उसने प्रेरकर झूठ बुला लिया, यह बल समझकर मस्तक नवाया। (ग) यहाँतक मायाके बलके सम्बन्धमें तीन बातें कहीं। एक यह कि मायाका बल हृदयमें जाना, यथा—*'बोले बिहसि महेस हरिमायाबल जानि जिय।'* दूसरे, मायाको प्रणाम किया। तीसरे प्रणामसे हृदयमें बखानना भी जना दिया। ऐसे ही मायाका बल सभी बखानते हैं। यथा—*'निज मायाबल हृदय बखानी'*—(श्रीरामजी), *'सुनि बिरंचि रामहि सिरु नावा। समुझि प्रताप प्रेम उर छावा॥ मन महुँ करै बिचार बिधाता। मायाबस कबि कोबिद ज्ञाता॥ हरिमाया कर अमित प्रभावा। बिपुल बार जेहि मोहि नचावा॥'* (उ० ६०) तथा *'अस कहि चले देवरिषि करत रामगुनगान। हरिमायाबल बरनत पुनि पुनि परम सुजान॥'* (उ० ५९)—रामजीकी माया ऐसी प्रबल है कि शिवजी भी उसकी प्रशंसा करते हैं।—*'हरि इच्छा भावी.........'*। (घ) *'प्रेरि सतिहि'* का भाव कि मायाने बलात् (जबरदस्ती) उनसे ऐसा कहलाया नहीं तो भला वे त्रिकालमें भी ऐसा न करतीं। *'सतिहि'* का भाव कि जब ऐसी पतिव्रताशिरोमणि शिवजीके अर्धाङ्गमें निवास करनेवालीसे झूठ कहला दिया तब अन्यकी तो गिनती ही क्या? 'सती' का अर्थ ही है 'पतिव्रता'। दबाव डालकर किसी काममें किसीको लगा देनेको 'प्रेरणा' कहते हैं। माया स्वतन्त्र नहीं है—*'प्रभु प्रेरित नहिं निज बल ताकें।'*

हरि इच्छा भावी बलवाना। हृदय बिचारत संभु सुजाना॥ ६॥
सतीं कीन्ह सीता कर बेषा। सिव उर भएउ बिषाद बिसेषा॥ ७॥
जौ अब करौं सती सन प्रीती। मिटै भगतिपथु होइ अनीती॥ ८॥

अर्थ—सुजान (परम चतुर एवं ज्ञानवान्) शिवजी हृदयमें विचार रहे हैं कि *'हरि इच्छा भावी'* बलवान् है॥ ६॥ सतीजीने सीताजीका वेष बनाया (इससे) शिवजीके हृदयमें बहुत अधिक दुःख हुआ॥ ७॥ यदि अब सतीजीसे प्रेम करूँ तो भक्तिमार्ग मिट जायगा और अन्याय होगा॥ ८॥

नोट—१ *'हरि इच्छा भावी बलवाना।..............'* इति। भागवतमें कथा है कि युवनाश्वको पुत्रप्राप्तिके लिये ऋषियोंने ऐन्द्रयज्ञ कराया। अनजानमें रात्रिमें प्याससे व्याकुल हो पुत्रोत्पन्न करनेवाला मन्त्रपूत जल जो कलशमें रखा हुआ था, उसे राजाने पी लिया। कलश खाली देख ऋषियोंने जब पूछा कि मन्त्रपूत जल क्या हो गया तब वह वृत्तान्त जाननेपर ऋषियोंने भी ऐसा ही कहा था कि—'अहो! दैवबल ही प्रधान है। और यह कहते हुए उन्होंने ईश्वरको प्रणाम किया। यथा—'राज्ञा पीतं विदित्वाथ ईश्वरप्रहितेन ते। ईश्वराय नमश्चक्रुरहो दैवबलं बलम्॥' (भा० ९।६।२९) वैसे ही सतीजी गयीं तो परीक्षा लेने, पर यह आपत्ति दैवयोगसे उनपर आ पड़ी, उनका विवेक जाता रहा, उन्होंने सीतारूप धारण कर लिया, इत्यादि। इसीपर शिवजी विचारते हैं कि *'हरि इच्छा भावी'* बलवाना है।

टिप्पणी—१ *'हरि इच्छा भावी बलवाना।.........'* इति। (क) सतीजीके झूठ बोलनेमें तीन कारण हुए—हरिइच्छा, भावी और माया। इसी तरह अयोध्याकाण्डमें कहा है कि—*'पग परि कीन्ह प्रबोधु बहोरी। काल करम बिधि सिर धरि खोरी॥'* (२४४) अर्थात् इन तीनोंने मिलकर तुमसे ऐसा कराया, तुम्हारा कुछ दोष नहीं है। (ख) ये तीनों प्रबल हैं। यथा—*'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥'* (१२८) (हरिइच्छा), *'हरेरिच्छा बलीयसी'*, *'सुनहु भरत भावी प्रबल बिलखि कहेउ मुनिनाथ। हानि*

लाभु जीवन मरनु जसु अपजसु बिधि हाथ॥' (अ० १७१) *'भूपति भावी मिटै नहिं जदपि न दूषन तोर।'* (बा० १७४) ['अवश्यम्भाविभावानां प्रतीकारो भवेद्यदि। तदा दुःखैर्न लिप्येरन् नलरामयुधिष्ठिराः॥' 'यत्र धर्मसुतो राजा गदापाणिर्वृकोदरः। कृष्णोऽस्त्री गाण्डिवं चापं सुहृत् कृष्णस्ततो विपत्॥'] (मा० प०) इति *'भावी बलवाना'* तथा—*'निज माया बल हृदय बखानी'* (इति मायाबल)

टिप्पणी—२ (क) *'हृदय बिचारत संभु सुजाना'* इति। हृदयमें विचारते हैं अर्थात् भावीका बल कुछ कहते नहीं बनता। इससे हृदयमें विचारते हैं। हरिइच्छा, भावी और माया तीनोंका बल शिवजीके विचारमें है। वे विचारते हैं कि हरिइच्छा है इसीसे भावी बलवान् है, हमारा उपदेश कैसे लगे? जो होनहार है वही हुआ। (हृदयके विचारका) तात्पर्य यह है कि बड़े लोग दूसरोंका दोष प्रकट नहीं करते। यथा—*'निज मायाबल हृदय बखानी', 'बोले बिहसि महेस तब हरिमायाबल जानि जिय।', 'मन महँ करै बिचार बिधाता।'* (उ० ६०) तथा यहाँ *'हरि इच्छा भावी बलवाना। हृदय बिचारत'* कहा। अथवा भावी अनिर्वचनीय है, इससे हृदयमें विचार करना कहा। ☞*'हृदय बिचारत संभु सुजाना'* देहलीदीपक है। आगेकी चौपाई और दोहेमें भी विचार ही हैं। (ख) भावीका बल जानते हैं इसीसे 'सुजान' विशेषण दिया। भावीका बल विचारनेमें भाव यह है कि उसका बल समझनेसे चित्तको संतोष हो जावे, मनमें विकार न उत्पन्न होने पावे कि सतीने हमारे इष्टका और हमारा अपमान किया। (यही भाव बना रहे कि प्रभुकी इच्छा ही ऐसी थी। ऐसा होनेवाला ही था, इसमें किसीका वश क्या ? किसीका दोष क्या? हरिमाया, हरिइच्छा, भावी बड़ी प्रबल है, उसके सामने किसीका वश नहीं चलता। नहीं तो भला सतीजी ऐसा करतीं ?)—इसीसे उनको 'सुजान' कहा। सुजान लोग इसी तरह विचार करते हैं। यथा—*'अस कहि चले देवरिषि करत रामगुनगान। हरिमाया बल बरनत पुनि पुनि परम सुजान।'* (उ० ५९) ☞सुजान लोग किसीका दोष नहीं समझते, वे प्रेरकका ही दोष समझते हैं। यथा—*'सुनहु भरत भावी प्रबल''''''।''''''अस बिचारि केहि देइअ दोसू। ब्यरथ काहि पर कीजिअ रोसू॥'* (अ० १७१-१७२) अतः शिवजीको 'सुजान' कहा।

टिप्पणी—३ पहले तो यह कहा कि *'बहुरि राममायहि सिरु नावा'* अर्थात् राम-मायाको प्रणाम किया और उसके पश्चात् अब *'हरि इच्छा भावी बलवाना'* कहते हैं। ऐसा कहनेमें तात्पर्य यह है कि भगवान् ही जब मायाको प्रेरित करते हैं तभी वह मोह और भ्रम उत्पन्न करती है। मोह-भ्रम होनेपर लोग अनुचित कर बैठते हैं; यथा—*'भएउ मोहु सिव कहा न कीन्हा। भ्रम बस बेषु सीय कर लीन्हा॥'* (बा० ९८)

टिप्पणी—४ *'भावी'* इति। भावी दो प्रकारकी है। एक कर्मके वशसे, दूसरी हरि-इच्छासे। कर्मकृत भावीको शिवजी मेट सकते हैं, यथा—*'भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी।'* परंतु श्रीहरि-इच्छाभावी बलवान् है, यह नहीं मिट सकी। यथा—*'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥'*

नोट—२ *भावी*=होनहार, भवितव्यता। साधारणतः भाग्यवादियोंका विश्वास होता है कि कुछ घटनाएँ या बातें ऐसी होती हैं जिनका होना पहलेसे ही किसी अदृश्य शक्तिके द्वारा निश्चित होता है। ऐसी ही बातोंको भावी कहते हैं। (श० सा०) कर्मकृत जो भावी होती है वह कर्मसे, पुरुषार्थसे मिट भी सकती है, जैसे मार्कण्डेयजीकी भावी। इसी 'भावी' को 'दैव' और 'अदृष्ट' भी कहते हैं। और जो हरि-इच्छाकृत भावी है वह अमिट है, जैसे भानुप्रतापकी भावी।*

* यथा—'भावी काहूँ सों न टरै। कहँ वह राहु कहँ वह रवि शशि आनि संयोग परै॥ मुनि बसिष्ठ पंडित अति ज्ञानी रचि पचि लगन धरै। तात-मरन सिय हरन राम बन बपु धरि बिपति भरै॥ रावण जीति कोटि तैंतीसो त्रिभुवन राज्य करै। मृत्यू बाँधि कूप महँ राखै भावीवश सिगरै॥ अर्जुनके हरि हितू सारथी सोऊ बन निकरै। द्रुपदसुताके राजसभा दुश्शासन चीर हरै॥ हरिश्चन्द्र सो को जगदाता सो घर नीच चरै। जो गृह छाँड़ि देश बहु धावै तउ वह संग फिरै॥ भावी के वश तीन लोक हैं सुरनर देह धरै। सूरदासप्रभु रची सु हुई है को करि सोच मरै॥' (वि० टि०) पुनश्च यथा—'ब्रह्मात्मजेनापि विचार्यदत्तं पदाभिषेकाय परं मुहूर्त्तम्। तेनैव रामो विगतो वनान्ते बलीयसी केवलमीश्वरेच्छा॥' अर्थात् ब्रह्माके पुत्र वसिष्ठजीने विचारसे श्रीरामचन्द्रजीको युवराज होनेके निमित्त जो मुहूर्त दिया था उसी मुहूर्तमें श्रीरामचन्द्रजी वनवासी हुए। इससे प्रकट है कि केवल ईश्वर-इच्छा ही बलवती है। (वि० टी०)

नोट—३ *'हरि इच्छा भावी बलवाना'* के दो अर्थ पं० रामकुमारजीने लिखे—'हरि-इच्छा और भावी दोनों बलवान् हैं' तथा 'हरि-इच्छासे भावी बलवान् है'। तीसरा अर्थ यह भी होता है कि 'हरि-इच्छारूपी भावी' बलवान् है। वीरकविजी लिखते हैं कि 'भावी' उपमेयका गुण हरि-इच्छा उपमानमें यहाँ स्थापन किया गया है, अतः यहाँ 'तृतीय निदर्शना अलंकार' है। बैजनाथजी 'हरि-इच्छामय भावी' अर्थ करते हैं।

☞ भावी-(अर्थात् सुख-दुःख देनेवाला भावी कार्य-) के दो भेद हैं—प्रबल और दुर्बल। इसका कारण दो प्रकारका है। एक प्रधान, दूसरा गौण। फिर प्रधान एवं गौणके भी दो कारण हैं—एक चेतन, दूसरा अचेतन। प्रधानमें 'चेतन' से सर्वेश्वर और विधाता तथा ग्रह आदि और 'अचेतन' से प्रारब्ध अभिप्रेत है। इन दोनोंको प्रधान कहनेका कारण यह है कि सर्वेश्वर समर्थ होनेपर भी प्रारब्धके बिना कुछ नहीं करता, यथा—*'करम प्रधान बिस्व करि राखा। जो जस करइ सो तस फल चाखा॥'* और प्रारब्ध स्वयं जड़ होनेसे सर्वेश्वरके बिना कुछ कर नहीं सकता। यह भी दो प्रकारका है—प्रबल और दुर्बल। 'प्रबल' वह है जो अवश्य भोगना पड़ता है। दुर्बल वह है जो प्रायश्चित्तसे मिट सकता है। फिर इनके भी दो भेद हैं—पूर्ण और अपूर्ण। पूर्ण वह है जो कर्त्ताके यत्न बिना फल देता है। अपूर्ण वह है जो कर्त्तासे यत्न करवाके फल देता है। अपूर्ण प्रारब्धके तीन भेद हैं—इच्छाप्रारब्ध, अनिच्छाप्रारब्ध, परेच्छाप्रारब्ध। 'इच्छाप्रारब्ध' वह है जो कर्त्ताको अपनी इच्छासे यत्नमें प्रवृत्त करता है, 'अनिच्छाप्रारब्ध' वह है जो इच्छा न होते हुए भी कर्त्ता सहसा कर बैठता है। और 'परेच्छाप्रारब्ध' वह है जो दूसरेकी इच्छासे कर्त्ताको यत्नमें प्रवृत्त करता है।

गौणकारणमें 'चेतन' से मनुष्यादि (सहायक) और 'अचेतन' से काल, जड़ पदार्थ और इन सबोंका संयोग आदि अभिप्रेत है। संक्षेपमें यों कह सकते हैं—

प्रधान कारण	गौण कारण	कार्य	फल
१ ईश्वर २ प्रारब्ध	काल, संयोग आदि	भावी=होनिहार	सुख,दुःख

जब कोई असम्भव बात हो जाती है—जिसका कारण हमारी समझमें नहीं आता, तब उपर्युक्त प्रधान या गौण कारणोंमेंसे किसी कारणका या कार्यका नाम लेकर समाधान माना जाता है। कभी-कभी तो कार्य और कारण दोनोंको साथ ही कहते हैं। यथा यहाँ—*'हरि इच्छा भावी बलवाना।'* तथा—*'होनिहार का करतार........।'* इत्यादि।

नोट—४ *'संभु सुजाना'* इति। पूर्व कह आये हैं कि*'अति बिचित्र रघुपति चरित जानहिं परम सुजान।'* (४९)— यहाँ 'सुजान' विशेषण देकर बताते हैं कि ये प्रभुके चरितको जानते हैं तभी तो ये इसे हरि-इच्छा ही समझते हैं कि सतीजीको मोह हुआ और वह भी ऐसा कठिन कि उसकी निवृत्तिके समस्त उपाय निष्फल ही नहीं वरंच उलटे ही पड़े। शिवजीका यही सिद्धान्त पूर्व भी दिखाया जा चुका है। पूर्वका *'होइहि सोइ जो राम रचि राखा॥'* (५२।७) उपक्रम है और *'हरि इच्छा भावी'* उपसंहार है। उपदेशभागमें यह शिक्षा दे रहे हैं कि भक्तको जब कोई असमंजस आ पड़े तो उसे हरि-इच्छा मान ले, तर्क-वितर्कसे मनमें विकार न उत्पन्न होने दे। (७०।५) भी देखिये।

बैजनाथजी लिखते हैं कि 'शिवजी सुजान अर्थात् विज्ञानधाम और रामतत्त्वके ज्ञाता हैं। वे इस कर्तव्यताको विचारते हैं। जीव अल्पज्ञ है, अतः सतीका दोष नहीं। माया भगवान्‌के अधीन है अतः उसका दोष नहीं। ईश्वर तो कृपालु है, अतः उसका दोष नहीं। जीव सकाम कर्म करता है, कर्मका फल काल पाकर उदय होता है, फलका भी दोष नहीं; जीव जैसा कर्म करता है वैसा ही स्वभाव पड़ जाता है। काल-कर्म-स्वभावपर प्रभुकी आज्ञा रहती है। अतएव जो हरि-इच्छामय भावी होती है, वह बलवान् है।'

टिप्पणी—५ *'सतीं कीन्ह सीता कर बेषा।.........'* इति। (क) पूर्व कहा था कि सतीजीने सीताजीका रूप बनाया था। यथा—*'पुनि पुनि हृदय बिचारु करि धरि सीता कर रूप।'* (५२) और अब कहते हैं कि सीताका वेष बनाया। इससे पाया गया कि सतीजीने सीताजीका रूप और वेष दोनों बनाये। इसीसे

वहाँ रूप कहा और यहाँ वेष। अथवा, रूप और वेषको पर्यायी जनाया। वहाँ रूप कहा था उसीको यहाँ वेष कहा। (ख) *'सिव उर भएउ बिषाद बिसेषा'* इति। जिस कारण विषाद हुआ वह आगे कहते हैं—*'जौं अब करौं सती सन प्रीती।.......'* इत्यादि। (ग) 'विषाद विशेष' का भाव कि विषाद तो पूर्व ही हुआ था, अब 'विशेष' हुआ। श्रीरघुपतिका अपमान किया, अपना (शिवजीका) वचन झूठ माना—इससे सतीजीके धर्मकी हानि हुई; यह समझकर विषाद हुआ। जैसा—*'मोरेहु कहे न संसय जाहीं। बिधि बिपरीत भलाई नाहीं॥'* से स्पष्ट है। और, सीतारूप धारण करनेसे हमारे धर्मको हानि पहुँचती है, हम धर्मसंकटमें पड़ गये, यह समझकर 'विशेष' विषाद हुआ। अथवा, आकर झूठ बोलीं कि परीक्षा नहीं ली, यह कपट किया। इससे विषाद और सीतारूप धारण करनेसे 'विशेष' विषाद हुआ। अथवा, सतीजीसे प्रीति करनेसे भक्ति और नीतिका नाश है और महान् पाप है तथा प्रेमका त्याग कठिन है जैसा आगे कहते हैं, यह समझकर 'विशेष' विषाद हुआ।

'जौं अब करौं सती सन प्रीती।.......' इति। यही बात आगे पुनः कहते हैं, यथा—*'परम पुनीत न जाइ तजि किएँ प्रेमु बड़ पापु।'*— यह सब शिवजीके हृदयके विचार हैं। वे विचार करते हैं; इसीसे ग्रन्थकारने दो बार लिखकर जनाया कि अपनी स्त्रीमें प्रेम करना नीति है, पर सीतारूप धारण करनेसे अब सतीजीसे प्रेम करना अनीति है। प्रेम करनेसे भक्तिपथका नाश है। प्रीति न करनेसे, प्रेम तोड़ देनेसे ही भक्तिपथ रह सकता है। रहा, प्रेमका त्याग यह कठिन है, जैसा आगे कहते हैं और माताभाव अब न मानें तो भक्ति-पथ मिटता है।

☞ श्रीशिवजी श्रीरामभक्तिके भी आचार्य हैं, जगद्गुरु हैं। वे सोचते हैं कि धर्ममर्यादाकी रक्षाके लिये हमारा अवतार है। हम ही उसे तोड़ देंगे तो धर्म ही मिट जायगा; यथा—*'मूलं धर्मतरोर्विवेकजलधेः..............* शङ्कर।' (अ० मं० श्लो० १) *'जौं नहिं दंड करौं खल तोरा। भ्रष्ट होइ श्रुतिमारग मोरा॥'* (७।१०७)। (यह शिवजीने भुशुण्डिजीसे कहा है।)

दो०—परम पुनीत न जाइ तजि किएँ प्रेम बड़ पापु।
प्रगटि न कहत महेसु कछु हृदय अधिक संतापु॥ ५६॥

अर्थ—परम पवित्र सती (अथवा परम पवित्र प्रेम) छोड़ी (भी) नहीं जाती और प्रेम करनेमें भारी पाप है। महादेवजी कुछ भी प्रकट करके नहीं कहते, (उनके) हृदयमें बहुत संताप है॥ ५६॥

** परम पुनीत न जाइ तजि किएँ प्रेम बड़ पापु **

नोट—१ यह पाठ सं० १६६१ का है। १७०४ की पोथी, ना० प्र० सभा और मानसपत्रिकामें भी यही पाठ है। पं० रा० कु० और द्विवेदीजीका पाठ तथा उनकी परम्पराका पाठ *'परम प्रेम तजि जाइ नहिं'* है। पं० रामकुमारजीने भी इसी परम्पराकी पोथीसे पढ़ा है। कोदोराममें *'प्रेम नहिं जाइ तजि'* पाठ है।

१६६१ के पाठका अन्वय करनेमें हम 'प्रेम' शब्दको दोनों ओर ले सकते हैं। इस तरह कि *'परम पुनीत प्रेम न जाइ तजि'* और *'किएँ प्रेम बड़ पापु।'* अर्थात् शिवजी और सतीजीका प्रेम परम पवित्र है, अतः छोड़ा नहीं जाता, पर प्रेम करनेसे महापाप है। दूसरे *'परम पुनीत'* को सतीजीका विशेषण मानकर अर्थ कर सकते हैं कि 'सतीजी परम पवित्र हैं। अतः उनको छोड़ते नहीं बनता, पर उनसे प्रेम करना महापाप है।'

'परम पवित्र प्रेम' वह है जो स्वाभाविक ही होता है। सहज स्वाभाविक प्रेम मिटता नहीं। सतीजीका प्रेम सच्चा और स्वाभाविक है जैसा कि उनके *'जो मोरें सिवचरन सनेहू। मन क्रम बचन सत्य ब्रतु एहू॥'* (५९) इन वचनोंसे जो प्रतिज्ञापूर्वक कहे गये हैं, निर्विवाद सिद्ध है और शिवजीका भी उनमें सहज प्रेम है; यथा—*'दुखी भएउँ बियोग प्रिय तोरें।'* (७।५६)

'परम पुनीत' को सतीजीमें लगावें तो उसका प्रमाण होगा—*'बिनु अघ तजी सती असि नारी।'* ये याज्ञवल्क्यजीके वचन हैं। पं० सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि 'अपनी स्वाभाविक शक्ति समझकर उनको *'परम पुनीत'* कहा। स्त्रीका त्याग उसी समय हो सकता है जब वह परपुरुषगामिनी हो जाय; सो तो सतीजीने किया नहीं। उनका भाव बुरा न था।' और सुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि 'अनेक जन्मोंसे संग होनेके कारण 'परम पुनीत' कहा है।'—विशेष *'बिनु अघ तजी सती असि नारी।'* (१०४।७) में देखिये। बाबा हरिदासजी लिखते हैं कि 'सतीमें अघ नहीं है। सीतारूप धारण पाप नहीं है। क्योंकि श्रीरामजी तो सबके सच्चे पति हैं। व्रजमें गोपिकाएँ प्रमाण हैं, परंतु शिवजीको (स्त्रीभावसे अब सतीजीको ग्रहण करनेमें) दोष लगता है।' (शीलवृत्ति) श्रीरामजीमें प्रेम करनेमें पातिव्रत्य भङ्ग नहीं होता। प्रमाण (शिवसंहिता) यथा—'**स च सीतापतिः श्रीमान् जडजीवविलक्षणः। वेदवेदान्तसर्वार्थो योगिनां परमागतिः॥ एतस्मिन् कीर्तिते ध्याते श्रुते वाप्यर्चितेऽर्थिते। पातिव्रत्यक्षयो नैव सतीनामपि जायते॥**' (मा० प०)

श्रीशिवजी भी सतीजीको उन अपराधोंके लिये जो उनसे हुए, दोष नहीं देते। वे इसको *'हरि इच्छा भावी'* और 'राममाया' के ही माथे धरते हैं।*

नोट—२*'परम पुनीत न जाइ तजि'* अर्थात् सतीजी परम पुनीत हैं, उनका शिवजीके चरणोंमें परम पवित्र प्रेम है और शिवजीका भी उनमें वैसा ही प्रेम है। अतः वे त्यागयोग्य नहीं हैं। *'किएँ प्रेम बड़ पाप'* अर्थात् श्रीसीताजी जगज्जननी हैं, श्रीरामवल्लभा हैं और अपनी इष्टदेवता होनेसे माता हैं। सतीजीने उनका रूप धारण किया और प्रभुके पास इस भावसे गयीं कि देखो मैं आ गयी अब क्यों विलाप करते हो, मैं तो आपका प्रेम देखनेके लिये छिप गयी थी। अतः वे भी मातातुल्य हुईं। मातामें स्त्रीभावसे प्रेम करना महापाप है।—इस तरह एक ओर परमप्रियका वियोग और दूसरी ओर धर्मसंकट, दोहरी चिन्तामें पड़ गये। [अथवा, *'परम पुनीत न जाइ तजि'* यह धर्म है; क्योंकि विवाहमें पाणिग्रहण करते समय प्रतिज्ञाबद्ध हो चुके, तब धर्मशास्त्रानुसार पतिव्रता और परमपुनीता होनेसे त्याग करना अनुचित है। और *'किएँ प्रेम बड़ पापु'*, क्योंकि प्रेम करनेसे भक्तिके सूक्ष्ममार्गको धक्का पहुँचनेकी सम्भावना है। इस प्रकार दो धर्मसंकटोंमें पड़े हैं कि ऐसा न हो कि प्रेमके कारण कहीं मैं अपने परम धर्मसे डिग जाऊँ]।

टिप्पणी—१ (क) *'प्रगटि न कहत महेसु कछु'* इति। (अर्थात् सतीजीसे अपने हृदयके विचारों तथा सतीजीके अपराधको कहते नहीं, हृदयमें ही रखे हैं) *'प्रगट'* न कहनेका भाव आगे सतीजीके वचनोंसे स्पष्ट है कि शिवजी *'परम अगाध'* हैं और *'कृपासिंधु'* हैं। यथा—*'कृपासिंधु सिव परम अगाधा। प्रगट न कहेउ मोर अपराधा॥'* (५८) वे समझते हैं कि कहनेसे सतीको बड़ा कष्ट होगा। *'कछु'* का भाव कि सतीजीका सब चरित जान गये तब भी कुछ नहीं कहते। (ख) *'हृदय अधिक संतापु'* इति। भाव यह कि हृदयका दुःख कह डालनेसे विषाद कम हो जाता है, यथा—*'कहेहू ते कछु दुख घटि होई।'* पर शिवजी कुछ भी प्रकट नहीं करते, इसीसे भीतर-ही-भीतर बहुत संताप है। पुनः भाव कि प्रथम तो सतीजीके झूठ बोलनेका विषाद हुआ, उससे अधिक दुःख सीतावेषरूप धारण करनेका हुआ और अब उससे भी 'अधिक संताप' भक्तिपथके निर्वाहकी चिन्तासे हो रहा है। पुनः भाव कि सतीजीके हृदयमें भी संताप उत्पन्न हुआ था, यथा—*'जाइ उतरु अब देहौं काहा। उर उपजा अति दारुन दाहा॥'* (५४) उससे अधिक दाह शिवजीके हृदयमें है।

नोट—३ यहाँ शिवजीके गम्भीर स्वभावका दर्शन कराया गया। 'हितोपदेश' में उनकी दशा इस प्रकार दर्शायी गयी है।—'**मज्जन्नपि पयोराशौ लब्ध्वा सर्पावलम्बनम्। न मुञ्चति न चादत्ते तथा मुग्धोऽस्मि सम्प्रति॥**' अर्थात् समुद्रमें डूबता हुआ मनुष्य सर्पका अवलम्बन पाकर न तो उसे छोड़ता है न पकड़ता है, वैसे ही मैं इस समय असमञ्जसमें पड़ा हूँ।

---

* 'परम प्रेम' का अर्थ पं० रा० कु० जी 'सहज प्रेम' लिखते हैं। सहज प्रेम मिटता नहीं, यथा—'मोरशिखा बिन मूरिहू पलुहत गरजत मेह।' (दोहावली) वीरकविजी कहते हैं कि यहाँ 'परम प्रेम' के दो अर्थ हैं—'पहला सतीके प्रति और दूसरा भक्तिके प्रति। अर्थात् भक्ति परम प्यारी है, वह छोड़ी नहीं जा सकती और सतीसे प्रेम करनेमें पाप है।'

तब संकर प्रभुपद सिरु नावा। सुमिरत रामु हृदय अस आवा॥ १॥
एहि तन सतिहि भेट मोहि नाहीं। सिव संकल्पु कीन्ह मन माहीं॥ २॥
अस बिचारि संकरु मतिधीरा। चले भवन सुमिरत रघुबीरा॥ ३॥

अर्थ—(जब बहुत संतप्त हुए और कुछ निश्चय न कर सके कि क्या करना चाहिये) तब शङ्करजीने प्रभुके चरणोंमें सिर नवाया। श्रीरामजीका स्मरण करते ही (उनके) हृदयमें ऐसा (विचार) आया॥ १॥ सतीको इस तनमें (पति-पत्नीभावसे) मुझसे भेंट (अर्थात् बोलचाल-स्पर्श-विनोद आदि) नहीं (होनेकी)। शिवजीने मनमें (यह) सङ्कल्प कर लिया॥ २॥ धीरबुद्धि शङ्करजी ऐसा विचारकर श्रीरघुवीर (रामचन्द्रजी)को सुमिरते हुए घर (कैलास) को चले॥ ३॥

नोट—१ *'तब संकर प्रभुपद सिरु नावा। सुमिरत रामु'* इति। लोकरीति है कि जब एक भी उपाय नहीं सूझता तब रामजी सूझते हैं। सेवक जब सङ्कटमें पड़ता है तब स्वामीहीका स्मरण करता है। यहाँ श्रीरामपदमें सिर नवाना और उनका स्मरण करना इसी अभिप्रायसे है कि 'मैं धर्म-सङ्कटमें पड़ा हूँ, कुछ समझमें नहीं आता कि क्या करूँ। (*'प्रभुपद सिरु नावा'* अर्थात्) आप मेरे प्रभु (स्वामी) हैं, मैं आपका सेवक हूँ, मैं आपके चरणोंमें प्रणाम करता हूँ, प्रभु ही अपने सेवकोंके सोच-सङ्कटको दूर करते हैं। हे राम! मैं आपका स्मरण करता हूँ। आप सबके *'उर अंतर बसहु जानहु भाउ कुभाउ।'* आप सबके उरप्रेरक हैं, यथा—*'उरप्रेरक रघुबंस बिभूषन।'* जो इस समय मेरा कर्त्तव्य हो वही प्रेरणा मेरे हृदयमें कीजिये। मुझे बताइये कि मैं क्या करूँ।—*'सुमिरत रामु हृदय अस आवा'* से स्पष्ट है कि इसीलिये स्मरण किया गया था कि हृदयमें कर्तव्यका विवेक उत्पन्न हो, जिससे दोनों काम बनें। और हुआ भी ऐसा ही। शङ्करजीके स्मरणका प्रभाव यह हुआ कि मनमें तुरंत यह बात स्फुरित हो आयी कि 'जीवात्मा तो अविनाशी है, केवल देहहीसे नाता है। सतीजीने इस देहसे सीतारूप धारण किया, इसलिये इस देहसे प्रेम न किया जाय।' ☞ स्मरण रखना चाहिये कि शुद्ध प्रेमभावसे भगवान्‌को प्रणाम और साथ ही उनका स्मरण करनेसे वे अवश्य सेवकका दुःख हरते हैं। (मा० प०) यथा—*'राम प्रनाम महामहिमा खनि सकल सुमंगलमनि जनी।'*

प० प० प्र०—*'प्रभुपद सिरु नावा'* इति। *'जे पद सरोज मनोज अरि उर सर सदैव बिराजहीं। जे सकृत सुमिरत बिमलता मन सकल कलिमल भाजहीं॥'* इन पदसरोजोंको ही मानसिक प्रणाम किया। *'सुमिरत रामु'* से रामनामका उच्चारण समझना चाहिये; क्योंकि *'प्रभुपद'* में रामरूपका अन्तर्भाव होता है। यहाँ रामनाम-स्मरणसे उपक्रम और *'चले भवन सुमिरत रघुबीरा'* से उपसंहार किया है।

टिप्पणी—१ पं० रामकुमारजी—श्रीरामजीका स्मरण करते ही उन्होंने प्रेरणा की, क्योंकि वे उरप्रेरक हैं। क्या प्रेरणा हुई सो आगे लिखते हैं। स्मरण करते ही प्रभुने सोच दूर किया, हृदयमें विवेक हुआ।

जब सतीजी झूठ बोलीं तब शिवजीने मायाको सिर नवाया कि तू बड़ी प्रबल है और जब सीतारूप धरा तब प्रभुपदमें शीश नवाया कि हमारे धर्मकी रक्षा कीजिये।

माया भी स्त्री और सतीजी भी स्त्री। यद्यपि स्त्री स्त्रीको नहीं मोहित कर सकती है तथापि माया तो नर्तकी है, उसने सतीजीको नचा ही डाला। उसने ब्रह्मादिको नचा डाला। यथा—*'सुनि बिरंचि रामहि सिरु नावा। समुझि प्रताप प्रेम उर छावा॥ हरिमाया कर अमित प्रभावा। बिपुल बार जेहि मोहि नचावा॥'* (७। ६०) *'जो माया सब जगहि नचावा। जासु चरित लखि काहु न पावा॥ सोइ प्रभु भ्रू बिलास खगराजा। नाच नटी इव सहित समाजा॥'* (७। ७२) कहीं हमको भी न नचावे, यह सोचकर सिर नवाकर प्रभुका स्मरणकर उन्हीं मायापति प्रभुकी शरण गये।

टिप्पणी—२ *'एहि तन सतिहि भेट मोहि नाहीं।'* ""इति। (क) ऊपर कहा *'हृदय अस आवा'* *'कस आवा?'* ' क्या आया? क्या प्रेरणा हुई? सो न लिखकर संकल्प लिख रहे हैं। इससे जनाया कि जो संकल्प मनमें कर रहे हैं वही बात प्रभुकी प्रेरणासे हृदयमें आयी थी। अर्थात् सतीतनमें प्रेम न करो,

उनके दूसरे शरीरमें प्रेम करना—ऐसा हृदयमें आया। उसीका संकल्प किया, यदि हृदयमें आना पृथक् लिखते और फिर संकल्प करना पृथक् लिखते तो एक अर्धाली व्यर्थमें बढ़ जाती। अतः दोनोंको एक ही जगह लिख दिया। हृदयमें जो आया, उसीका सङ्कल्प किया। [☞ग्रन्थभरमें यह बात बरती गयी है कि प्रसङ्ग आनेपर घटना खोल दी जाती है, बार-बार नहीं दोहरायी जाती। जैसे *'रामानुज लघु रेख खँचाई।'*](ख) *'एहि तन'* अर्थात् सतीशरीरमें। भाव कि इस शरीरके छूटनेपर जो ये दूसरा शरीर धारण करें उसमें प्रेम करनेसे दोष नहीं। (ग) शङ्करजीको प्रेम करनेमें सोच हुआ, यथा—*'जौं अब करौं सती सन प्रीती। मिटै भगतिपथ ···॥'* क्योंकि प्रेमके त्यागका नियम नहीं है कि इतने ही दिन प्रेम करना चाहिये। परंतु अब श्रीरामजीकी प्रेरणासे नियम हो गया कि सतीके इस तनमें प्रीति न करनी चाहिये, अन्य तनमें प्रीति करना दोष नहीं—इससे शिवजीके मनमें शान्ति और संतोष हुआ। सतीजीने इस शरीरसे अपराध किया, अतः यह शरीर त्याज्य है।

प० प० प्र०—सती उमा अर्थात् शिवजीकी माया हैं—**ओ महेशस्य मा मायाशक्तिः**। माया और मायाधीश, शक्ति और शक्तिमान्‌का सम्बन्ध नित्य है, यह प्रभुनिर्मित है, इसका त्याग हो ही नहीं सकता। केवल शरीरका सम्बन्ध और उस शरीरसे पतिपत्नीभावसे प्रेम करना त्याज्य है। (यह भाव प्रायः वही है जो आगेके नोट १ में दिया गया था)

टिप्पणी—३ *'सिव संकल्पु कीन्ह मन माहीं'* इति। [यहाँ तालव्य शकार है। क्योंकि यहाँ उनके भारी महत्त्वकी बात कही है। सङ्कल्प वचनसे भी होता है, यथा—*'निसिचरहीन करौं महि भुज उठाइ पन कीन्ह।'* (अ० ९)] यहाँ सङ्कल्प मनमें किया गया क्योंकि सङ्कल्प सतीके त्यागका है। प्रकट कहते तो उनको बड़ा दुःख होता। शिवजी करुणावरुणालय हैं, कृपालु हैं, इसीसे उन्होंने अपनी तरफसे दुःख न दिया। पुनः, मनमें सङ्कल्प करनेका तात्पर्य यह है कि प्रथम जब मनमें सोच था, कोई विचार हृदयमें नहीं आता था कि क्या करें तब भी शिवजीने कुछ न कहा, यथा ·······*'प्रगटि न कहत महेस कछु हृदय अधिक संतापु।'* (५६) और जब हृदयमें विचार स्फुरित हुआ तब भी कुछ न बोले, मनमें ही सङ्कल्प किया। इस तरह आपको संतप्त और शान्त दोनों अवस्थाओंमें एकरस दिखाया।

नोट—२ संकल्प=प्रतिज्ञा, प्रण, यथा—*'अस पन तुम्ह बिनु करै को आना।'* जैसे हाथमें कुश और जल आदि लेकर मन्त्र पढ़कर लोग करते हैं जिससे वे उस कार्यके करनेके लिये बद्ध हो जाते हैं। सङ्कल्प इससे आवश्यक हुआ कि सतीजी अपनी नित्यकी शक्ति हैं। कदाचित् कभी प्रभुकी आज्ञाका उल्लङ्घन हो जाय। सङ्कल्पसे दोनों बातें बन गयीं। *'साँप मरै न लाठी टूटै।'* परम पुनीत सतीका त्याग कठिन था सो भी रहा, क्योंकि दूसरे शरीरमें फिर सङ्ग होगा। सदाका त्याग न हुआ क्योंकि नित्यकी शक्ति थीं और प्रेम करनेसे पाप था सो भी निभा, क्योंकि जिससे पाप हुआ उसीका सङ्ग छूटा। भक्तिपथमें भी अन्याय न हुआ, धर्मकी मर्यादा बनी रह गयी। स्थूल शरीरका त्याग हुआ, आत्मस्वरूपका नहीं। (रा० प्र०, मा० प०)

टिप्पणी—४ *'अस बिचारि संकरु मतिधीरा। ······'* इति। (क) *'अस बिचारि'* अर्थात् जो विचार श्रीरामजीकी प्रेरणासे हृदयमें आया उसी विचारका मनमें संकल्प करके। (ख) *'मति धीरा'* इति। भाव कि पूर्व मति व्याकुल थी, हृदयमें विचार करते थे, यथा—*'हृदय बिचारत संभु सुजाना'* पर शान्ति न होती थी; क्योंकि तब कोई विचार मनमें न आता था। अब श्रीरामजीकी प्रेरणासे जब विचार आया तब *'धीर'* हुई। जो विचार प्रभुने दिया उसीमें अपनी बुद्धिको स्थिर किया, इसीसे *'मतिधीर'* विशेषण दिया। (ग) शिवजीने सतीतनके त्यागका सङ्कल्प किया। इसीसे ग्रन्थकारने भी सतीका त्याग अपनी चौपाइयोंमें दिखाया है। ☞यहाँसे वे शिवजीका अकेले चलना लिख रहे हैं, यथा—*'अस बिचारि संकरु मतिधीरा', 'बिस्वनाथ पहुँचे कैलासा।'* इसके पूर्व सतीसहित लिख आये हैं; यथा—*'संग सती जगजननि भवानी', 'चले भवन सँग दच्छ कुमारी'* तथा *'चले जात सिव सती समेता।'* सती सङ्गमें हैं, यह अब नहीं लिखते।—यह

त्यागका लक्ष्य है। (घ) विचार प्रभुने दिया, अतः उसका मनमें सङ्कल्प किया और उसी विचारसे मतिको धीर किया। इस तरह मन और बुद्धि दोनोंको श्रीरामजीकी आज्ञामें लगाना कहा। इसी तरह *'सुमिरत राम हृदय अस आवा'* अर्थात् श्रीरामजीके स्मरणसे ही सन्ताप मिटा। विकल थे सो सावधान हुए। अतः *'चले भवन सुमिरत'* अर्थात् उन्हीं आर्तहरण भगवान् रामका स्मरण करते घरको चले। (यह कृतज्ञता है।)

नोट—३ *'मतिधीरा'* के और भाव। शक्तिका वियोग दुःसह है फिर भी उनके त्यागमें कुछ भी संकोच न किया और न किञ्चित् क्लेश माना। वियोग स्वीकार किया पर भक्तिपथको बिगड़ने न दिया वरंच दृढ़ रखा। अतः 'मतिधीर' कहा। पुनः, 'मतिधीर' इससे कहा कि अच्छी बात उनके हृदयमें बैठ गयी। इस आचरणसे शिवजी जीवोंको श्रीरामभक्तिमें दृढ़ करते हैं, शिक्षा देते हैं कि आधे अङ्गको भी अलग कर देना अच्छा है पर भक्तिपथका बिगाड़ना उचित नहीं। (मा० प०)

टिप्पणी—५ (क) *'चले भवन'* से जनाया कि सतीजीके आनेपर और उनसे प्रश्न करनेपर सोचमें पड़ गये थे, चलना भूल ही गया था। जब बुद्धि स्थिर हुई तब चले। *'भवन'* कैलास है, यथा—*'भवन कैलास आसीन कासी।'* यह आगे स्पष्ट है, यथा—*'बिस्वनाथ पहुँचे कैलासा।'* (ख) *'सुमिरत'* इति। शिवजी जबतक वटतले बैठे रहे तबतक नाम जपते रहे, यथा—*'अस कहि जपन लगे हरिनामा।'* और जब चले तब स्मरण करते चले। इससे पाया गया कि शिवजीका सब काल भजनमें ही बीतता है, निरन्तर नामस्मरण होता है। यथा—*'संतत जपत संभु अबिनासी।'* पुनः, सब दशामें नामस्मरण दिखाया। पहले व्याकुल-दशामें स्मरण करते रहे अब बुद्धि स्थिर होनेपर भी स्मरण कर रहे हैं। दुःख और सुख दोनोंमें स्मरण होता रहता है। पुनः, [भाव कि इस समयका स्मरण धन्यवादका है कि स्मरणमात्रसे हमारा धर्मसङ्कट मिटाया। (सुधाकर द्विवेदी)] (ग)—*'सुमिरत रघुबीरा'* इति 'रघुबीर' शब्दसे जनाया कि राक्षसोंको मारनेके लिये धनुष-बाण धारण किये जिस वेषसे वनमें विचर रहे हैं उस रूपका स्मरण करते चले।

नोट—४ पंजाबीजी लिखते हैं कि रघुवीरके स्मरणका भाव यह है कि शिवजीने दक्षसुताका त्याग किया। त्यागका समाचार पाकर वह कोई उपाधि खड़ी न करे। अथवा, कहीं दक्ष शाप न दे दे, जैसे रोहिणीसे प्रेम करनेपर उसने चन्द्रमाको शाप दिया था। इन सबोंसे बचायें इसलिये वीररूपका स्मरण किया। पुनः भाव कि प्रतिज्ञा बड़ी कठिन है कि साथ रहते हुए भी पत्नीभाव न रखेंगे। कामादि विकार बड़े प्रबल हैं। इनसे धनुर्धारी प्रभु ही रक्षा कर सकते हैं। यथा—*'तब लगि हृदय बसत खल नाना.......... जब लगि उर न बसत रघुनाथा। धरे चाप सायक कटि भाथा॥'* (सुं० ४७) रघुवीरसे धनुर्धर वीरस्वरूप जनाया। रक्षाके लिये स्मरण किया, इसीसे उनके संतोषके लिये आकाशवाणी हुई।

नोट—५ सतीको त्याग करना कठिन है और सङ्कल्प करना भी कठिन है। इसीसे इन दोनोंकी आगे प्रशंसा करते हैं। यथा—*'सिव सम को रघुपतिब्रतधारी। बिनु अघ तजी सती असि नारी॥'*— यह सतीत्यागकी प्रशंसा है। *'अस पन तुम्ह बिनु करै को आना। रामभगत समरथ भगवाना॥'* यह प्रणकी प्रशंसा है।

चलत गगन भै गिरा सुहाई। जय महेस भलि भगति दृढ़ाई*॥ ४॥

अस पन तुम्ह बिनु करै को आना। राम भगत समरथ भगवाना॥ ५॥

अर्थ—चलते ही सुन्दर आकाशवाणी हुई। 'महेश! आपकी जय हो!' आपने अच्छी तरह भक्तिको दृढ़ किया॥ ४॥ आपके सिवा दूसरा कौन ऐसी प्रतिज्ञा कर सकता है? आप रामभक्त हैं, समर्थ हैं और षडैश्वर्यसम्पन्न हैं॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'चलत गगन भै गिरा सुहाई'* इति। (क) चलते ही आकाशवाणी हुई। इससे जनाया कि रामभक्तिका 'ओर निबाहनेसे' अर्थात् साङ्गोपाङ्ग निर्वाह करनेसे प्रशंसा होती है। शिवजीने परमपुनीत सतीकी अपेक्षा भक्तिको अधिक श्रेष्ठ समझा, भक्ति-पथको दृढ़ किया, इसीसे देवता प्रसन्न होकर जय-

* पाठान्तर—दिढ़ाई—भा० रा०।

जयकार करके बधाई दे रहे हैं; प्रशंसा कर रहे हैं कि आपने बड़ा भारी काम किया। भारी काम करनेसे प्रशंसा होती ही है। शिवजीने मनमें सङ्कल्प किया। आकाशवाणीने मनकी बात जानकर कही। (ख) *'गिरा सुहाई'* इति। यहाँ सुहाई विशेषण दिया। अन्यत्र 'गम्भीर' विशेषण दिया गया है। गम्भीरता ही वाणीकी शोभा है। इस तरह यहाँ 'सुहाई'=गम्भीर। यथा—*'गगनगिरा गंभीर भइ हरन सोक संदेह।'* (१८६) पुनः 'सुहाई'=सुन्दर। आकाशवाणी शिवजीके मनकी हुई, अतः *'सुहाई'* है।

नोट—१ प्र० स्वामीका मत है कि यह आकाशवाणी न तो देवताओंकी है और न ब्रह्मादिकी, क्योंकि जिसका पता साक्षात् जगज्जननी सतीको नहीं लगा जो अत्यन्त समीप थीं, उस सङ्कल्पका जानना ब्रह्मादि देवताओंको असम्भव है। ब्रह्म-(श्रीराम-)की वाणी भी यह नहीं हो सकती, क्योंकि श्रीरघुनाथजीने अपने भक्तोंकी प्रशंसा जहाँ-जहाँ की है वहाँ कहीं भी 'जय' शब्दका प्रयोग नहीं है। अतः निश्चय ही यह वाणी 'राममाया' की है, जिसे शिवजीने प्रणाम किया और जिसने सतीजीको सीता बननेकी प्रेरणा की तथा उनसे झूठ कहलवाया।

इस आकाशवाणीका हेतु क्या है? इसका मुख्य हेतु है सतीजीको राम-सम्मुख करना, रामभक्त बनाना, सम्पूर्णतया शिवानुकूल बना देना। राममायाने रामभक्त बनाने आदिका यह अमोघ उपाय रच दिया। यदि गगनगिरा न होती तो परित्यागकी कल्पनाका सतीजीके मनमें आना असम्भव था। सतीजी यही समझतीं कि शिवजी समाधिमग्न हैं। उनको अपनी करनीका पश्चात्ताप न होता। आकाशवाणीसे सिद्ध होता है कि सतीजी शिवसङ्कल्पको अनुमानसे जान लेंगी और सुदीर्घकालतक जब उनका हृदय पश्चात्तापादिसे जलता रहेगा तब वह शुद्ध हो जायगा और वे रघुनाथजीकी शरण लेंगी।

टिप्पणी—२ आकाशवाणी यद्यपि सुहाई है तथापि उसे सुनकर जगदम्बा सतीजीको तो सोच ही उत्पन्न हो गया; यथा—*'सुनि नभगिरा सती उर सोचा'* [इसका कारण यह है कि सतीजीके हृदयमें पाप था। उन्होंने अपराध किया था, इसीसे उनको सोच हुआ, नहीं तो वह तो उत्तम बात थी, प्रशंसाके योग्य थी, इसीसे आकाशवाणीने उसकी प्रशंसा की। इसी तरह जब देवता, सिद्ध, साधु और मुनि भरतजीकी भक्तिकी प्रशंसा कर रहे हैं, यथा—*'देखि दसा सुर बरसहिं फूला।* अ० २१६।'............*'सिद्ध साधु मुनिबर अस कहहीं। भरतहिं निरखि हरषु हिय लहहीं॥'* (२१७)।—ठीक उसी समय उनकी यह दशा देखकर इन्द्रको सोच हो रहा था। यथा—*'देखि प्रभाउ सुरेसहि सोचू॥'*—उसपर कविने जो आलोचना की वह यह है—] *'जगु भल भलेहि पोच कहुँ पोचू।'* अर्थात् जो जैसा होता है उसको वैसा ही सूझता है। वही बात यहाँ हुई। (ख) *'चलत गगन भै गिरा सुहाई'* यहाँसे आकाशवाणीका प्रारम्भ है और *'जदपि सती पूछा बहु भाँती'* पर समाप्ति है। (*'भै गिरा सुहाई'*) उपक्रम है। *'सुनि नभगिरा'* उपसंहार है। (आकाशवाणी तीन चरणोंमें है)

टिप्पणी—३ *'जय महेस भलि भगति दृढ़ाई'* इति। (क) *'जय महेस'* का भाव कि भक्तिकी दृढ़तासे ही आप महान् ईश हैं, देव-देव हैं; सबसे आपका उत्कर्ष बढ़कर है। [पुनः भाव कि—'क्यों न हो! आप महेश ही हैं, देवदेव हैं, ऐसा करना आपके योग्य ही था। आपकी जय हो] (ख) *'भलि भगति दृढ़ाई'* इति। जो बात शिवजीके मनमें थी वही आकाशवाणीने कही।—

'जौं अब करौं सती सन प्रीती। मिटै भगति पथ होइ अनीती॥' अर्थात् प्रेम करनेसे भक्तिपथका नाश होगा।	१ *'जय महेस भलि भगति दृढ़ाई।'* अर्थात् सतीके त्यागसे आपका भक्तिपथ दृढ़ हुआ।
एहि तन सतिहि भेट मोहि नाहीं। सिव संकल्प कीन्ह मन माहीं॥'	२ *'अस पन तुम्ह बिनु करै को आना॥'*

संकल्प और पन एक ही बात है।

'अस पन तुम्ह बिनु करै को आना।' इस आकाशवाणीको जब सतीजीने सुना तब उन्होंने शिवजीसे पूछा *'कीन्ह कवन पन कहहु कृपाला।'*

टिप्पणी—४ *'अस पन तुम्ह बिनु करै को आना'* इति। अर्थात् सती ऐसी स्त्रीको त्याग दे, भक्तिपथको न टूटने दे, ऐसा कौन रामभक्त है? यथा—*'सिवसम को रघुपतिब्रतधारी। बिनु अघ तजी सती असि नारी॥'* (भाव कि यह आपहीका काम है, दूसरा कोई इस व्रतको नहीं धारण कर सकता। यह प्रण आपके ही योग्य है। इसमें यथायोग्यका संग वर्णन करना 'प्रथम सम अलंकार' है।)

टिप्पणी—५ *'राम भगत समरथ भगवाना'* इति। ऐसा व्रत धारण करनेमें आपमें तीन बड़े बल दिखाये। अर्थात् आप रामभक्त हैं इससे सीतारूपमात्र धारण करनेसे सतीमें माताभाव मान लिया और उनको त्याग दिया। प्रणके निर्वाह करनेमें आप 'समर्थ' हैं। आप भगवान् हैं अर्थात् ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, वैराग्य और ज्ञानसे युक्त हैं तब तो आपने ऐसा प्रण किया है, (सामान्य) जीव ऐसा प्रण करके नहीं निबाह सकता। [प्रतिज्ञा करनेके लिये कोई भी एक गुण पर्याप्त था तब भी इतने गुण दिखाये। यहाँ दूसरा समुच्चय अलंकार है।]

सुनि नभगिरा सती उर सोचा। पूछा सिवहि समेत सकोचा॥ ६॥
कीन्ह कवन पन कहहु कृपाला। सत्यधाम प्रभु दीनदयाला॥ ७॥
जदपि सती पूछा बहु भाँती। तदपि न कहेउ त्रिपुर आराती॥ ८॥

अर्थ—आकाशवाणी सुनकर सतीजीके मनमें सोच हुआ। (उन्होंने) सकुचाते हुए शिवजीसे पूछा॥ ६॥ हे कृपालु! कहिये, आपने कौन प्रण किया है? हे प्रभो! आप सत्यधाम हैं, समर्थ हैं और दीनदयालु हैं॥ ७॥ यद्यपि सतीजीने बहुत तरहसे पूछा तथापि त्रिपुरारि (महादेवजीने) न बताया॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'सुनि नभगिरा सती उर सोचा।.....'* इति। (क) यहाँ आकाशवाणी सुनकर सतीजीके हृदयमें सोच होना लिखा; शिवजीका कुछ हाल न लिखा। इससे ज्ञात होता है कि शिवजी अपनी प्रशंसा सुनकर सकुचा गये नहीं तो उनका हर्षित होना लिखते, जैसे सतीका सोच लिखा। सतीजीने अपराध किया है, इसीसे पूछते हुए संकोच हो रहा है। उन्होंने शिवजीसे कपट किया, उनसे झूठ बोलीं। उसके पीछे आकाशवाणी हुई; इसीसे उनको सोच हो गया। उनको शंका हो गयी; चिन्ता हुई कि कहीं हमारे त्यागका प्रण न किया हो—इसी कारण सकुचाते हुए पूछती हैं। जो अपराध करता है उसे संकोच होता ही है। अतः संकोच उचित ही है। (ख) *'पूछा सिवहि'* से स्पष्ट है कि वे शिवजीके मनकी न जान सकीं, इसीसे पूछा। (ग) *'समेत सकोचा।'* इति। पूछनेमें प्रथमहीसे संकोच हुआ, इसीसे कविने आदिमें ही 'संकोच' शब्द दे दिया। आगे जो कुछ पूछा वह सब 'संकोच समेत' है। संकोच= हिचकिचाहट, पसोपेश। [पुनः *'समेत संकोचा'* का भाव कि विवाहके समय पति प्रतिज्ञा करता है कि अर्थ, धर्म, काममें मैं इसका अतिक्रमण नहीं करूँगा। अतः पूछनेमें कोई संकोचकी बात न थी, परंतु अपराध होनेसे संकोच हुआ (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ *'कीन्ह कवन पन कहहु कृपाला।'* इति। (क) यहाँ सब विशेषण साभिप्राय हैं। *'कृपाला'* का भाव कि आप कृपालु हैं; क्या किसीपर कृपा हुई है? कोई कृपाका प्रण किया है? *'सत्यधाम'* का भाव कि क्या सत्यके विषयमें कोई प्रतिज्ञा आपने की है? 'प्रभु' का भाव कि आप समर्थ हैं, क्या किसी दुष्टके वधकी प्रतिज्ञा की है? *'दीनदयाल'* का भाव कि क्या किसी दीनपर दया करने, किसी दीनको पालनेकी प्रतिज्ञा की है? कौन प्रतिज्ञा की है? पुनः भाव कि—आप 'कृपालु' हैं। अपने इस गुणसे मुझपर क्रोध न कीजिये किन्तु अपनी ओरसे मुझपर दया कीजिये। आप 'सत्यधाम' हैं अतः मुझसे सत्य ही कहिये कि क्या प्रण किया है। सतीजी शिवजीसे झूठ बोलीं, इसीसे समझती हैं कि शिवजी भी झूठ बोलेंगे इसीसे 'सत्यधाम' कहा। आप 'प्रभु' हैं, अर्थात् प्रण निबाहनेमें आकाशवाणीने आपको समर्थ कहा है; यथा—*'अस पन तुम्ह बिनु करै को आना। रामभगत समरथ.....'* पुनः भाव कि—[यदि आप कहें कि हम प्रतिज्ञा कर चुके, वह अमिट है तो उसपर कहती हैं कि आप 'प्रभु' हैं, होनी अनहोनी करनेमें समर्थ हैं। आप 'दीनदयाल' हैं। आपकी कृपा तो जीवमात्रपर है पर दीनोंपर आपकी विशेष दया रहती है। मैं दीन हूँ। आप मुझपर दया करें। (रा० प्र०)]

प० प० प्र०—'कृपाल' का भाव कि मुझपर कृपा करके *'कीन्ह कवन पन'* यह कहिये। 'सत्यधाम' हैं अर्थात् आपने जो प्रण किया है, उसका सत्य करना आपको सहज सुलभ है। मुझसे कह देनेसे उसके निर्वाहमें कोई कठिनता पैदा नहीं होनेकी; अतः कृपा करके कहिये। 'प्रभु' अर्थात् मेरे स्वामी हैं, आपको छोड़ दूसरेसे पूछना मेरे लिये असम्भव है, अतः आप कहें। *'कृपाला'* से उपक्रम करके *'दयाला'* पर उपसंहार करके जनाया कि आप सदैव मुझपर दया करते आये हैं, वैसे ही अब भी कीजिये।

टिप्पणी—३ *'कीन्ह कवन पन''''''''''* से स्पष्ट है कि सतीजी शङ्करजीके हृदयकी बात न जान पायीं। शङ्करजीका रुख देखकर आगे यह जान गयी हैं कि उन्होंने हमें त्याग दिया पर यह फिर भी नहीं जाना कि सीतारूप धारण करनेसे त्याग दिया है। शङ्करजी ध्यानद्वारा उनके हृदयकी सब जान गये।

टिप्पणी—४ *'जदपि सती पूछा बहु भाँती।''''''''''''''* इति। (क) *'बहु भाँती'* इति। आप कृपाल हैं, आप सत्यधाम हैं, प्रभु हैं, दीनदयाल हैं, इत्यादि विरुदावली कह-कहकर जो पूछा वही *'बहु भाँती'* का पूछना है।*[शिवजी त्रिपुरान्तक हैं, अपने लक्ष्यपर बड़े दृढ़ हैं, एक सहस्र वर्षतक त्रिपुरपर लक्ष्य बाँधे ही रह गये, उन्होंने नहीं ही कहा। यहाँ बातको खोलना और लक्ष्यसे होना एक बात थी। बातको खोलना अनुनय-विनयको अवसर प्रदान करना था, इसलिये नहीं कहा। *'बहुभाँती'* यह कि अपनी शपथ दिलायी, अपने प्रेमकी शपथ दिलायी, इत्यादि। (वि० त्रि०)] (ख) *'तदपि न कहेउ त्रिपुर आराती'* इति। संकल्प न बतानेमें *'त्रिपुर आराती'* विशेषण दिया। भाव यह कि जैसे त्रिपुरके वधमें निष्ठुर हो गये थे वैसे ही अपना प्रण न कहनेमें निष्ठुर बने रहे, सतीजीके दिये हुए कृपाल, सत्यधाम आदि विशेषण न माने, अपना प्रण नहीं ही कहा।

वस्तुतः 'कृपाल' आदि सब गुण 'न कहनेमें' घटित हो रहे हैं। शिवजीने प्रण न बताया क्योंकि वे कृपालु हैं, दीनदयालु हैं। वे जानते हैं कि कहनेसे सतीजीको दुःख होगा। कृपालु होनेके कारण वे उनको अपनी ओरसे दुःख न दे सके, बल्कि उनका दुःख दूर करनेमें लग गये। यथा—*'सतिहि ससोच जानि बृषकेतू। कही कथा सुंदर सुखहेतू॥'* सत्यधाम हैं और सत्य कहनेसे दुःख होगा और झूठ बोलते नहीं। अतः न कहा। 'सत्यधाम' हैं, अतः बनाकर कोई बात न कही। *'प्रभु'* हैं अर्थात् जगत्के स्वामी हैं, ईश्वर हैं। ईश्वर झूठ नहीं बोलते; यथा—*'मुधा बचन नहिं ईस्वर कहई।'* [☞क्यों न कहा? इसका कारण सतीजी स्वयं अपनेसे ही कहती हैं; यथा—*'कृपासिंधु सिव परम अगाधा। प्रगट न कहेउ मोर अपराधा॥'* (५८) पुनः, नीतिशास्त्रका मत है कि अप्रिय बात सत्य भी हो तो भी न कहे। यथा—'न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्' अतः न कहा। पुनः, बुद्धिमान् पराया दोष नहीं कहते; यथा—*'गुन प्रगटहिं अवगुनहिं दुरावहिं।'* इत्यादि कारणोंसे न कहा।]

भावार्थान्तर—(१) सतीत्यागसे काम और लोभ दोनोंसे शत्रुता की। सतीके अपराधपर क्रोध न किया और न मुखसे ही कुछ कहा। इस तरह काम-क्रोध और लोभ तीनोंको जीते हुए हैं। यह भाव *'त्रिपुर आराती'* कहकर जनाया।' (पाँ०, बै०) अर्थात् काम, क्रोध और लोभ ही तीन पुर हैं। सती-त्यागसे काम तथा लोभपर विजय हुई। प्रेम न करना लोभको जीतना है। अपराधपर कुछ न कहा, यह क्रोधपर विजय है। (पाँ०) पुनः, (२) *'त्रिपुरआराती'* में भाव यह है कि 'जब अपनी अर्धाङ्गिनीका ही त्याग कर दिया तब जो अन्य रामविरोधी हैं, उनके साथ शिवजीका व्यवहार कैसा होगा, यह इसीसे अनुमान कर लेना चाहिये।' (रा० प्र०) पुनः (३) 'तीनों लोकोंके रहनेवाले जो

---

* बै०—'बहुभाँती' अर्थात् 'पत्नीभाव, हासविलासकटाक्षादि करके, कदाचित् कामवश कहा, मान करके, कदाचित् हमारे मिलनेके लोभवश कहा, अथवा किञ्चित् प्रौढ़ता करके अर्थात् क्रोधवश होकर कहा, इत्यादि बहुत भाँतिसे पूछा।' हासविलासादिद्वारा पूछनेपर कामपर विजय, मानवती होनेपर क्रोध न किया और सत्यधाम आदि कहनेपर लुब्ध न हुए। अतः 'त्रिपुर आराती' विशेषण दिया।

रामभेददर्शक हैं उनके शत्रु महादेवजी हैं। शत्रुसे मनकी बात न कहनी चाहिये। अतः शिवजीने कुछ न कहा, इस हेतु त्रिपुरआराती कहा।' (सू० प्र० मिश्र) (४) 'त्रिपुरआरातीसे यह सूचना कर दी कि बड़े-बड़े राक्षसों अथवा तीनों पुरोंके संहारकर्त्ता हैं, अतः तारकासुरके मारनेके लिये कुसमय समझकर अपने प्रणको छिपा रखा कि कहीं सुनकर ये अभी प्राण न दे दें अन्यथा अनर्थ हो जायगा क्योंकि अभी तारकासुरके जन्ममें विलम्ब है, और इनके दूसरी देहका भी समय अभी नहीं है।' (सु० द्विवेदी) (५) यहाँ लक्षणामूलक गूढ़ व्यंग है कि जो कठिन दुर्जय त्रिपुर-जैसे दैत्यके वैरी हैं, वे अपराधिनी सतीकी प्रार्थनापर कैसे दयालु हो सकते हैं। (वीरकवि)

दो०—सतीं हृदय अनुमान किय सबु जानेउ सर्बग्य।
कीन्ह कपटु मैं संभु सन नारि सहज जड़ अग्य॥
सो०—जल पय सरिस बिकाइ देखहु प्रीति कि रीति भलि।
बिलग होइ* रसु जाइ† कपटु खटाई परत पुनि‡॥५७॥

अर्थ—सतीजीने हृदयमें अनुमान किया कि सर्वज्ञ (शिवजी) सब जान गये। मैंने शङ्करजीसे कपट किया। (सत्य है) स्त्री स्वभावसे ही मूर्ख और नासमझ होती है। (वक्ता कहते हैं कि—) प्रीतिकी सुन्दर रीति देखिये। जल (दूधमें मिलनेसे) दूधके समान (अर्थात् दूधके भाव) बिकता है। परंतु फिर कपटरूपी खटाई पड़ते ही (दूध-पानी) अलग हो जाता है (अर्थात् फट जाता है) और स्वाद जाता रहता है॥ ५७॥

टिप्पणी—१ *'सतीं हृदय अनुमान किय'*...... इति। (क) अनुमान अवलम्बसे होता है जैसे धूमसे अग्निका अनुमान। सतीजीने अभी-अभी अपराध किये हैं और इसी समय शङ्करजीके प्रण करनेकी आकाशवाणी हुई, उसपर उन्होंने शिवजीसे पूछा पर शिवजीने न बताया। इससे अनुमान हुआ कि शिवजी सर्वज्ञ हैं, वे सब कपट जान गये और प्रतिज्ञा मेरे विरुद्ध मेरे सम्बन्धमें ही कोई हुई है। (ख) 'शंभु' के भाव पूर्व आ चुके। (क) *'नारि सहज जड़ अग्य'* इति। सतीजीका दृढ़ निश्चय है कि शिवजी सर्वज्ञ हैं, यथा—*'सिव सर्बग्य जान सबु कोई', 'सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी'* तथा *'सबु जानेउ सर्बग्य।'* सर्वज्ञ जानते हुए भी कपट किया, हमें यह न सूझा कि हम इनसे कपट करती हैं, ये सब जान लेंगे—यही सहज जड़ता और 'सहज अज्ञान' है। [पुनः, हित करनेवालेसे कपट करना अपने हाथों अपने पैरमें कुल्हाड़ी मारना है। यही जड़ता और अज्ञान है। (मा० प०)]

नोट—१ ☞ जब किसीपर, अपनी ही करनीसे क्लेश आ पड़ता है, तब उसे अपने किये हुए दुष्कर्मोंका स्मरण हो जाता है। वैसा ही यहाँ हुआ। जब शिवजीने उत्तर न दिया तब सतीजी मन-ही-मन सोचने लगीं। अपनी करनीपर ज्यों-ज्यों विचार करती हैं त्यों-त्यों शोक और चिन्ता बढ़ती जाती है। अब वे सोचती हैं कि हमारे अज्ञानकी बलिहारी कि हमने अपने कल्याणकर्तासे दुराव किया, उस समय हमारी बुद्धिको क्या हो गया था? हमने कैसे समझ लिया कि वे हमारे कपटको न जान पायेंगे? उनकी सर्वज्ञता हमें कैसे विस्मृत हो गयी?—इसका कोई उत्तर न समझ पड़ा, सिवाय इसके कि *'नारि सहज जड़ अग्य'* है, जो शिवजीने कहा था कि *'सुनहि सती तव नारि सुभाऊ'* वह बिलकुल ठीक है। स्वभाववश ही मुझे न सूझ पड़ा कि वे तो सब जान जायेंगे।

टिप्पणी—२ *'जल पय सरिस बिकाइ'*............ इति। भाव कि दूधमें मिलनेसे जल भी दूधके भाव बिकता है और उसमें दूधका रस (रंग और स्वाद) भी आ जाता है (यह दूधका भलपन है), पर खटाई पड़ते ही दूध अलग हो जाता है (दूध फट जाता है) और उस जलमें दूधका स्वाद नहीं रह

* होत—छ०, भा०, दा०, १७६२, १७२१। होइ—१६६१, १७०४, कोदवराम। † जात—भा० दा०। ‡ पुनि—१६६१। ही—१७०४, १७२१, १७२२, छ०, भा० द०।

जाता। इसी तरह कपट करनेसे सङ्ग छूट जाता है। प्रीतिरूपी रस नहीं रह जाता। [दूध फट जानेपर फिर दूध नहीं बन सकता, वैसे ही फटा हृदय फिर नहीं जुड़ता, फिर प्रेम हो ही नहीं सकता, बिगड़ा सो बिगड़ा, फिर नहीं सुधर सकता। कहा है कि *'मन मोती और दूध रस इनको यहै स्वभाव। फाटे पै पुनि ना जुड़ै करिए कोटि उपाव॥'* दूध और जलके द्वारा प्रीतिकी रीति देख पड़ती है। इसीसे कहा कि *'देखहु।'* तात्पर्य यह कि इसे देखकर ऐसी प्रीति करे, कपट न करे।

श्रीसुधाकर द्विवेदीजी—'कवि दृष्टान्त दिखाते हैं कि देखो दूध ऐसे निर्मल शिवजी (**कर्पूरगौरम्**) और जड़ (जल) सती '**किमसुभिर्ग्लपितैर्जडं मन्यसे**' इस वचनसे श्रीहर्षजीने भी '**डलयोः सावर्ण्यात्**' से 'जड़' से जल लिया है। दोनोंके अच्छी तरहसे प्रीति देखो कि दोनों मिलकर एक हो गये थे, दोनों साथ-साथ पूजे जाते थे, दोनोंकी महिमा एक समझी जाती थी, जैसे दूधमें पानी मिलनेसे पानी भी दूध ही कहा जाता है। दूधहीके भावसे दूध मिला पानी भी बिकता है पर जैसे वह खटाई पड़नेसे अलग और बिगड़ जाता है, वैसे ही यहाँ कपट करनेसे दूध-ऐसे महादेव सती जड़-(जल-) से अलग हो गये और बिगड़ भी गये।' [द्विवेदीजी *'भलि'* का अन्वय *'देखहु'* के साथ करते हैं।]

नोट—२ यहाँ दृष्टान्त अलंकार है। दृष्टान्तमें दो वाक्य होते हैं। एक उपमेय वाक्य, दूसरा उपमान वाक्य। दोनोंके धर्म पृथक्-पृथक् होते हैं। दोनोंमें बिम्ब-प्रतिबिम्ब-भाव-सा जान पड़ता है। अर्थात् सब प्रकारकी समता जान पड़ती है। परंतु यह समता बिना वाचक शब्दोंके दिखलायी जाती है। (अ० मं०) *'जल पय सरिस बिकाइ……'* उपमेय वाक्य है, *'खटाई परत पुनि'* उपमान वाक्य है। प्रीतिसे इसकी समता बिना वाचक-(जैसे, तैसे-)के दिखानेमें बिम्बप्रतिबिम्बभाव-सा झलकता है।

नोट—३ मित्रतापर भिखारीदासजीका पद मिलान-योग्य है—*'दास परस्पर प्रेम लखो गुन छीर को नीर मिले सरसातु है। नीर बिकावत आपने मोल जहाँ जहँ जायके छीर बिकातु है॥ पावक जारन छीर लग्यो तब नीर जरावत आपन गातु है। नीर की पीर निवारिये कारन छीर घरी ही घरी उफनातु है॥'* —इस पद्यमें दूधका और जलका भलपन अलग-अलग दिखा दिया गया है।

हृदय सोचु समुझत निज करनी। चिंता अमित जाइ नहिं बरनी॥ १॥
कृपासिंधु सिव परम अगाधा। प्रगट न कहेउ मोर अपराधा॥ २॥
संकर रुख अवलोकि भवानी। प्रभु मोहि तजेउ हृदय अकुलानी॥ ३॥
निज अघ समुझि न कछु कहि जाई। तपै अवा इव उर अधिकाई॥ ४॥

शब्दार्थ—प्रगट (प्रकट)=खोलकर। रुख=मुखकी चेष्टा, कयाफा। यह फारसी शब्द है।=चेहरा, मुँह। अकुलाना=व्याकुल, व्यग्र और दुःखी होना। यथा—*'परम सभीत धरा अकुलानी।'*

अर्थ—अपनी करतूतको समझकर सतीजीके हृदयमें सोच और अपार चिन्ता है जो वर्णन नहीं की जा सकती॥ १॥ (वे सोचती हैं) शिवजी दयाके समुद्र और परम गम्भीर हैं (इसीसे उन्होंने) मेरा अपराध प्रकट न कहा॥ २॥ शङ्करजीके रुखसे यह देखकर कि प्रभुने मुझे त्याग दिया, भवानी सतीजी हृदयमें अकुला उठीं॥ ३॥ अपना पाप जानकर कुछ कहा नहीं जाता। (परंतु) हृदय आँवेकी तरह अधिक-अधिक तप रहा है॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'हृदय सोचु समुझत निज करनी……'* इति। (क) [*'हृदय सोचु'*— सोच ही सोच चला—*'सती सभीत महेस पहँ चलीं हृदय बड़ सोच।'*, फिर *'सुनि नभगिरा सती उर सोचा'*, फिर *'हृदय सोच समुझत निज करनी।'* (वि० त्रि०)] *'निज करनी'* पूर्व कह आये; यथा *'मैं संकर कर कहा न माना। निज अज्ञान राम पर आना॥'* इत्यादि। उसका समझना अब कहा। यथा—*'सती हृदय अनुमान किय सब जानेउ सर्बग्य। कीन्ह कपट मैं संभु सन……।'* (ख) *'समुझत'* का भाव कि अबतक अपनी करनी नहीं समझी थीं, अब अपनी करनीकी समझ आयी। अभीतक (इसके पूर्व) समझती थीं

कि शिवजी हमारा कपट नहीं समझ पाये। अब समझीं तब अपना अपराध समझकर सोच हुआ कि मैंने पतिसे कपट किया, यह मुझसे बड़ा भारी पाप हुआ और चिन्ता हुई कि इस पापका फल भी हमें आगे मिलेगा। [(ग) *'चिंता अमित·····'* इति। दण्ड न प्रकट होनेसे चिन्ता बढ़ना उचित ही है। मनुष्यका स्वभाव है कि दुःख पड़नेपर अपने बुरे-बुरे कर्मोंको सोच-सोचकर अधिक घबड़ाता है। (मा० प०) हमने बड़ा बुरा किया, न जाने इसका परिणाम क्या होगा, अब अपने कियेका इलाज नहीं, यह चिन्ता है।] अपराध भारी है अतः चिन्ता भी भारी है। [चिन्ताका स्वरूप ऐसा कहा है; यथा—'चिन्ता चिता समाख्याता किंतु चिन्ता गरीयसी। चिता दहति निर्जीवं सजीवो दह्यतेऽनया॥' (प० पु०) पुनश्च यथा—*'चिंता ज्वाल शरीर बन दावा लगि लगि जाय। प्रगट धुआँ नहिं देखिये उर अंतर धुँधुआय। उर अंतर धुँधुआय जरै ज्यों काँचकी भट्ठी। रक्त मांस जरि जाइ रहै पाँजर की ठट्ठी॥ कह गिरिधर कविराय सुनो हे मेरे मिंता। वे नर कैसे जियैं जिन्हें नित ब्यापै चिंता॥'*]

टिप्पणी—२ *'कृपासिंधु सिव परम अगाधा।······'* इति। (क) अपनी करनी समझकर अब शिवजीके गुणोंका स्मरण करती हैं कि ऐसे कृपालसे मैंने कपट किया कि जिन्होंने मेरा कपट जानकर भी मुझसे मेरा अपराध न कहा कि कहनेसे इसे दुःख होगा। कृपाको 'सिंधु' कहा, इसी सिन्धुके सम्बन्धसे 'परम अगाध' कहा, क्योंकि सिंधु 'अगाध' है। प्रभु 'परम अगाध' हैं, यह कहकर अगाधता कहती हैं। *'प्रगट न कहेउ मोर अपराधा'* यही अगाधता है। अपराधका न कहना गम्भीरता है। अत्यन्त कृपालुता दर्शानेके लिये *'कृपासिंधु'* कहा। अर्थात् अपराधीको दण्ड देना चाहिये सो तो दूर रहा, उन्होंने मुखसे भी मेरा अपराध न प्रकट किया—ऐसे दयालु! (ख)—सतीजी अब शिवजीके गुण और अपने अवगुण समझकर सोच करती हैं। इस तरह कि वे सर्वज्ञ हैं और मैं अज्ञ हूँ। वे कृपासिंधु हैं और मैं सहज ही जड़ हूँ कि मैंने उनसे कपट किया। वे परम अगाध हैं, मेरा कपट न प्रकट किया और मैं पापिनी हूँ, यथा— *'निज अघ समुझि······।'*

टिप्पणी—३ *'संकर रुख अवलोकि भवानी।······'* इति। (क) शङ्करजीका प्रेम अब सतीजीपर नहीं है जैसा उन्होंने स्वयं कहा है—*'जौं अब करौं सती सन प्रीती। मिटै भगतिपथ होइ अनीती॥'* रुख देखनेसे यह बात जान पड़ी, इसीसे व्याकुल हो उठीं, रुख देखकर जान गयीं कि अब हमसे प्रीतिका व्यवहार नहीं करते, हमें त्याग दिया है। अपने अपराधसे 'सोच' हुआ और त्याग समझकर 'अकुला उठीं'। क्योंकि *'तनु धनु धामु धरनि पुरराजू। पति बिहीन सब सोक समाजू॥ भोग रोग सम भूषन भारू। जम जातना सरिस संसारू॥'* (२।६५)

नोट—१ *'रुख अवलोकि'* इति। रुख देखना यह है कि अपने वामभागमें नहीं रखा, रास्तेमें कोई प्रेमकी बात नहीं की। पं० सू० प्र० मिश्रजीका मत है कि 'रुख देखकर बात जान ली। अतः *'भवानी'* कहा। पुनः भाव कि जैसे शिवजी गम्भीर हैं वैसे ही ये भी गम्भीर हैं क्योंकि *'भवानी'* हैं। त्याग होनेपर भी इन्होंने यह बात हृदयहीमें गुप्त रखीं।' और, सुधाकरद्विवेदीजी लिखते हैं कि यहाँ *'भवानी'* का अर्थ है कि 'भव-(महादेवजी-) ने जिसके लिये 'आनी' अर्थात् शपथ किया वह सतीजी।' *'रुख अवलोकि'* का भाव यह है कि रुख देखकर समझ गयीं कि शास्त्रमें ब्राह्मण और स्त्रीका मारना मना है। महापापमें इन दोनोंके लिये त्यागना ही दण्ड लिखा है; इसलिये पतिने मुझे त्याग दिया। त्याग समझकर अकुला उठीं, क्योंकि स्त्रीके लिये इससे बढ़कर दुःख नहीं है। मनुने कहा है कि 'पतिरेको गुरुः स्त्रीणाम्' पति ही एकमात्र शरण है, उसके त्याग देनेसे कहीं शरण नहीं। (मा० प०)

टिप्पणी—४ *'निज अघ समुझि न कछु कहि जाई'* इति। भाव कि जब सब बात जान गयीं तब अपराध क्षमा करानेके लिये कुछ कहतीं; उसपर कहते हैं कि अपना अपराध समझकर कुछ कहा नहीं जाता। तात्पर्य कि जो अपराध क्षमा कराना है, वह तो स्वयं इन्होंने शिवजीसे छिपाया है; यथा—*'कछु न परीछा लीन्हि गोसाईं।'* जब अपने ऊपर अपराध धरती ही नहीं, तब अपराध कैसे क्षमा कराते बने?

(कहनेसे दुःख घट जाता है, पर कहें तो किससे। जिससे कहें,वह उलटे इन्हींको दोष देगा। इससे दूसरेसे भी कुछ कह नहीं सकतीं। इसीसे हृदय दुःखकी आँचसे धधकता है)।

नोट—२ इस प्रसङ्गसे उपदेश यह निकलता है कि यदि हमारे अपराधोंपर गुरुजन क्रोध न करें, दयावश देखी-अनदेखी कर जायँ तो फिर हमारा सुधार ही असम्भव हो जायगा, क्योंकि तब हमें कभी यह संदेह भी न होगा कि हमसे अपराध हुआ है और न हमें उस अपराधपर पश्चात्ताप ही होगा जो सुधारका मूल है। जैसे कि यदि शिवजी सतीजीका त्याग न करते तो न उनको पश्चात्ताप ही होता और न वे सुधरतीं।

टिप्पणी—५ *'तपै अवा इव उर अधिकाई'* इति। अघका फल ताप है, इसीसे *'अघ'* कहकर तब ताप कहा। *'अवा इव'* अर्थात् जैसे कुम्हारकी भट्ठी या नानबाईकी भट्ठीकी आग प्रकट नहीं होती वैसे ही सतीजी अपना पाप प्रकट नहीं करतीं, अघसे हृदय बहुत तप रहा है।

नोट—३ *'अवा इव'* कहकर सूचित किया कि भीतर-ही-भीतर संतापसे—चिन्ताग्निसे हृदय दग्ध हो रहा है, कोई ठौर संतापसे खाली नहीं है तथापि बाहर देखनेवालोंमेंसे कोई भी इस मर्मको नहीं जानता। पुनः भाव कि जैसे आँवेकी अग्निकी लपट भीतर-ही-भीतर घूमती है, नीचे, ऊपर या बाहर भी भभककर नहीं निकलने पाती वैसी ही गति सतीजीके अन्तःकरणकी है।

सतिहि ससोच जानि बृषकेतू। कही कथा सुंदर सुख हेतू॥५॥
बरनत पंथ बिबिध इतिहासा। बिश्वनाथ पहुँचे कैलासा॥६॥
तहँ पुनि संभु समुझि पन आपन। बैठे बट तर करि कमलासन॥७॥
संकर सहज सरूप सँभारा। लागि समाधि अखंड अपारा॥८॥

शब्दार्थ—इतिहास=बीती हुई प्रसिद्ध घटनाओं और उनसे सम्बन्ध रखनेवाले पुरुषोंका कालक्रमसे वर्णन। महाभारत इतिहास है। (६५) (४) देखिये। कमलासन=पद्मासन। यह योगका एक आसन है। दोनों जंघोंपर चढ़ाकर अर्थात् दाहिने जंघेपर बायाँ पैर और फिर दाहिना पैर उसके ऊपरसे बायें जंघेपर रखे। दोनों एड़ियाँ मिली हुई हों और दोनों हाथ दोनों घुटनोंपर हों। मेरुदण्डको सीधा करके सीधे बैठते हैं यथा— **'ऊर्वोरुपरि उभयपादतलकरणपूर्वकमवस्थानं पद्मासनम्।' 'उत्तानौ चरणौ कृत्वा ऊरुसंस्थौ प्रयत्नतः। ऊरुमध्ये तथोत्तानौ पाणी कृत्वा ततो दृशौ॥ नासाग्रे विन्यसेद्राजन् दन्तमूले तु जिह्वया। उत्तभ्य चिबुकं वक्षस्युत्थाप्य पवनं शनैः॥ इदं पद्मासनं प्रोक्तं सर्वव्याधिविनाशनम्'**—(४५-४६) हठयोग प्रदीपिका प्रकरण १—इस पद्मासनमें हाथ खाली रहते हैं, इससे इसमें जप भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त एक पद्मासन और है जो 'बद्धपद्मासन' कहलाता है। इस दूसरे आसनमें और सब परिस्थिति तो पद्मासनकी-सी ही होती है किन्तु इसमें दोनों हाथोंको पीठकी ओर ले जाकर दाहिने हाथसे दाहिने पैरका अँगूठा और बायेंसे बायें पैरका अँगूठा पकड़ा जाता है। यथा—**'वामोरुपरि दक्षिणं च चरणं संस्थाप्य वामं तथा दक्षोरुपरि पश्चिमेन विधिना धृत्वा कराभ्यां दृढम्। अङ्गुष्ठौ हृदये निधाय चिबुकं नासाग्रमालोकये देहव्याधिविनाशकारि यमिनां पद्मासनं प्रोच्यते॥'** (१।४४) शाण्डिल्योपनिषद्में बद्ध-पद्मासनके सम्बन्धमें यह श्रुति है—**'अङ्गुष्ठेन निबध्नीयाद्धस्ताभ्यां व्युत्क्रमेण च। ऊर्वोरुपरि शाण्डिल्यं कृत्वा पादतले उभे। पद्मासनं भवेदेतत्सर्वेषामपि पूजितम्॥'** (१।३) —भावार्थ एक ही है। सू० प्र० मिश्रजी कहते हैं कि योगशास्त्रमें आसनके पाँच भेद लिखे हैं। यथा—**'पद्मासनं स्वस्तिकाख्यं भद्रं वज्रासनं तथा। वीरासनमिति प्रोक्तं क्रमादासनपञ्चकम्॥'** और पं० रामकुमारजी लिखते हैं कि योगमें चौरासी आसन हैं।—**'चतुरशीत्यासनानि शिवेन कथितानि च।'** (हठयोगप्रदीपिका १।३३) प्र० स्वामीजी कहते हैं कि कमलासन, स्वस्तिकासन और वज्रासन (सिद्धासन) दीर्घकालतक बैठने और ध्यान-जपादिके समयमें उपयुक्त हैं। इनमें किसीको उत्तम, मध्यम या कनिष्ठ नहीं कहा जा सकता। जिसकी प्रकृतिको जो सुखद हो वही उसके लिये उत्तम और श्रेष्ठ है। **'स्थिरसुखम् आसनम्'** यह व्याख्या आसनकी योगशास्त्रमें है।

अर्थ—धर्मकी ध्वजा-(शिवजी-) ने सतीजीको शोचयुक्त (चिन्तित) जानकर उन्हें सुख देनेके लिये सुन्दर कथाएँ कहीं॥ ५॥ रास्तेमें तरह-तरहके अनेक इतिहास कहते हुए विश्वनाथ कैलास पहुँचे॥ ६॥ वहाँ फिर शिवजी अपनी प्रतिज्ञा समझकर बटतले कमलासन लगाकर बैठ गये॥ ७॥ शङ्करजीने (अपना) सहज स्वरूप सँभाला। उनकी अखण्ड अपार समाधि लग गयी॥ ८॥

☞स्मरण रहे कि श्रीरामजीका रखा हुआ नाम अब वक्ता लोग भी देने लगे। *'कहेउ बहोरि कहाँ बृषकेतू'* के बाद यहाँ ही उस 'वृषकेतु' नामका प्रथम प्रयोग हुआ है।

टिप्पणी—१ *'सतिहि ससोच जानि बृषकेतू। ....'* इति। (क) यद्यपि सतीजी अपना सोच नहीं कहतीं, यथा—*'हृदय सोच समुझत निज करनी', 'निज अघ समुझि न कछु कहि जाई',* तथापि शङ्करजी जान गये। यहाँ 'सर्वज्ञ' विशेषणको चरितार्थ किया। (ख) बृषकेतू-जिनकी पताकामें धर्म है। भाव कि आप धर्मकी ध्वजा हैं। आप धर्मको जानते हैं, धर्मका एक पाद दया है। धर्मात्माको उचित है कि दूसरेका सोच मिटावे। इसीसे सोचयुक्त जानकर सुन्दर कथाएँ कहने लगे। अतः 'वृषकेतु' कहा।

☞सुधाकर द्विवेदीजी 'पापीसे बात करना भी दोष है पर अपने पापको समझकर सतीका हृदय अवाँ-ऐसा दहकने लगा। पापग्लानिसे हृदयके भीतरका सब पाप भस्म हो गया। भीतरसे सती शुद्ध हो गयीं। इसलिये महादेवजीने सतीसे बात करना आरम्भ कर दिया। देहकी शुद्धि तो उसके जला देनेसे ही होगी। इसलिये स्पर्शदोषके भयसे दूर रहे। इसलिये ग्रन्थकारने भी यहाँपर महादेवको 'वृषकेतु' बनाया। मार्गमें सतीके संतोषके लिये तरह-तरहके इतिहास कहे।'

टिप्पणी—२ *'कही कथा सुंदर सुख हेतू।'* इति। (क) *'कही कथा'* कथा कहनेसे रास्ता जल्दी निबुक जाता है, चुक जाता है यथा—*'पंथ कहत निज भगति अनूपा। मुनि आश्रम पहुँचे सुरभूपा॥'* (अ० १२) *'सीय को सनेह सील कथा तथा लंक की कहत चले चाय से'* (क०) तथा *'चले हरषि रघुनायक पासा। पूछत कहत नवल इतिहासा॥'* (५।२८) दूसरे, दुःखकी निवृत्ति होती है। (ख) *'सुन्दर'* अर्थात् धर्मकथाएँ। जिनसे दुःख भूल जाय, मन जिनमें लग जाय और बहल जाय। (ग) *'सुख हेतू'* का भाव कि ये कथाएँ उपदेश या संदेह-निवृत्यर्थ नहीं कहीं, क्योंकि उपदेश तो पूर्व ही दिया था, सो लगा ही नहीं; यथा—*'लाग न उर उपदेसु .....'*; तो अब क्या लगेगा, किन्तु इस विचारसे कही कि इस समय ये हमारे गुण और अपने अवगुण समझकर बहुत चिन्तित हैं, इनका मन उधरसे हट जाय, दुःख भूल जाय और इनको सुख हो। (घ) *'कही कथा......'* से *'कृपासिंधु'* विशेषणको चरितार्थ किया। क्योंकि 'सुख हेतु' कथा कहनेसे सिद्ध हुआ कि शिवजी पराया दुःख देख नहीं सकते, इसीसे दुःख दूरकर सुख दिया। [प्रेम विशेषका त्याग किया है, सहानुभूतिका त्याग नहीं है। बोलना बन्द नहीं किया, केवल प्रतिज्ञा नहीं बतलायेंगे। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—३ *'बरनत पंथ बिबिध इतिहासा ....'* इति। (क) ऊपर कहा कि सुन्दर कथाएँ कहीं। कौन कथाएँ कहीं ? यह वहाँ न कहा था, उसे यहाँ स्पष्ट करते हैं कि 'अनेकों इतिहास' कहे। *'बरनत पंथ'* का भाव कि पन्थमें कथा कही, इससे पन्थ चुक गया, रास्ता कटा। यह भी जनाया कि पन्थ समाप्त हुआ तब कथा भी समाप्त कर दी। पन्थभर कथा कही, फिर नहीं। [*'बिबिध इतिहास'* और *'बरनत पंथ'* में यह भाव भी है कि पन्थ जबतक समाप्त न हुआ बराबर इतिहासकी कथाओंका क्रम चलता रहा, कथा-प्रसङ्गकी धारा न टूटने दी, जिसमें सतीजीको कोई और बात छेड़नेका अवकाश ही न मिले]। (ख) *'विश्वनाथ पहुँचे कैलासा'* इति। इस प्रसङ्गमें *'गिरिनाथ'* या उसका पर्याय शब्द कई बार आया है। यथा—*'कहत सुनत रघुपति गुनगाथा। कछु दिन तहाँ रहे गिरिनाथा', 'पुनि पुनि नाइ रामपद सीसा। चलीं तहाँ जहँ रहे गिरीसा॥'* यहाँ *'विश्वनाथ'* कहकर जनाया कि आप केवल गिरिनाथ, कैलासपति ही नहीं हैं, विश्वके भी नाथ हैं। कैलास आपका भवन है और विश्व देश है।

टिप्पणी—४ *'तहँ पुनि संभु समुझि पन आपन......'* इति। (क) *'तहँ पुनि'* इति। शङ्करजीने दण्डकवनमें

वटतले सतीत्यागका सङ्कल्प किया। वहाँसे अपना प्रण समझकर कैलासको चले, यथा—*'अस बिचारि संकर मतिधीरा। चले भवन।'* जब कैलासपर पहुँचे तब वहाँ पुनः अपने प्रणको विचारकर कि हमने सती-तनमें दाम्पत्यप्रेमका त्याग किया है, समाधि लगा ली। तात्पर्य कि कथा कहकर पन्थ बिताया और समाधिस्थ होकर सतीजीकी आयु बितायी, सतीजीमें प्रेम होनेका अवकाश ही न आने पाया। इस तरह प्रतिज्ञाका निर्वाह किया। (ख) *'बैठे बट तर करि कमलासन'* इति। वटतले बैठनेसे पाया जाता है कि कैलासपर शिवजीके रहनेका स्थान नहीं बना है, वटतले रहते हैं। यथा—*'तेहि गिरिपर बट बिटप बिसाला। नित नूतन सुंदर सब काला॥ त्रिबिध समीर सुसीतलि छाया। सिव बिश्राम बिटप श्रुति गाया॥'* (१०६) कैलास भवन है, यथा—*'जबहिं संभु कैलासहि आए। सुर सब निज निज लोक सिधाए॥' ......'करहिं बिबिध बिधि भोग बिलासा। गनन्ह समेत बसहिं कैलासा॥'* (१०३) *'परम रम्य गिरिबर कैलासू। सदा जहाँ सिव उमा निवासू॥'* (१०५) घर नहीं है, यथा—*'निर्गुन निलज कुबेष कपाली। अकुल अगेह दिगंबर ब्याली॥'* (७९) [☞परन्तु कवितावलीमें *'घर भाँगकी टाटिन्हको परदा'* है ऐसा कहा है और पुराणोंमें भी कैलासपर शिवजीके महलोंकी बड़ी विस्तृत व्याख्या पायी जाती है। *'अकुल अगेह'* आदिमें जो परिहास और गूढ़ भाव है वह तो कुछ और ही प्रकरण है] (ग) वट शिव-स्वरूप है, अतः उसके तले बैठे। [सुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि 'वटके नीचे शिवजी पूजाके लिये बैठा करते थे। उस समय उनके पास कोई नहीं जाता था।]

टिप्पणी—५ (क) *'करि कमलासन'* इति। योगके चौरासी आसन हैं। उनमेंसे कमलासन एक श्रेष्ठ आसन है। कमलासनसे बैठनेसे सूचित हुआ कि समाधिस्थ होना चाहते हैं। [प० प० प्र० ठीक ही कहते हैं कि केवल पद्मासनस्थ होनेसे समाधिस्थ होना सूचित नहीं होता। सन्ध्या-पूजा-जप आदिमें भी लोग पद्मासनसे बैठते हैं। कैलासपर पहुँचनेपर यह समझकर कि हमने प्रण किया है *'एहि तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं।'* उन्होंने सोचा कि यदि हम जाग्रत् अवस्थामें रहेंगे तो कदाचित् सतीजीसे प्रेम हो जाय और प्रेम करनेसे बड़ा पाप होगा।—*'परम पुनीत न जाइ तजि किये प्रेम बड़ पाप।'* अतएव प्रण निर्वाहके लिये वे समाधिस्थ हो गये। पुनः भाव कि चित्तकी वृत्ति सतीजीकी ओरसे हटी, तब उन्होंने उसे समाधिमें लगा दी। योगेश्वर शङ्करजीने सती-वार्तालापके भयसे समाधि लगायी हो यह बात ठीक नहीं है। (मा० प०)]

टिप्पणी—६ *'संकर सहज सरूप सँभारा।'..................'* इति। (क) *सहज सरूप*=ब्रह्मस्वरूप। यथा—*'सहज सरूप कथा मुनि बरनत रहत सकुचि सिरु नाई'* (वि०), *'मम दरसन फल परम अनूपा। जीव पाव निज सहज सरूपा॥'* (३। ३६) 'जीवो ब्रह्मैव केवलम्' तथा *'सो तैं ताहि तोहि नहिं भेदा। बारि बीचि इव गावहिं बेदा॥'* (३। १११) इसीको आगे स्पष्ट करते हैं—*'लागि समाधि अखंड अपारा।'* अर्थात् ब्रह्माकार (तदाकार) होना समाधि है। यथा—'मनसो वृत्तिशून्यश्च ब्रह्माकारतया स्थितिः। असंप्रज्ञातनामासौ समाधिरभिधीयते॥'

नोट—१ ☞'सहज स्वरूप क्या है', इसमें मतभेद है। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि इससे ब्रह्मगुफामें रहनेवाला परमात्मारूप (अभिप्रेत) है, जिसे सावधानीसे देखते ही मन ब्रह्मगुफामें बैठकर ब्रह्मानन्दके सुखमें मग्न हो जाता है फिर उसे देहकी खबर नहीं।' श्रीकरुणासिंधुजी लिखते हैं कि 'व्यास, वाल्मीकि, अगस्त्य, शुक-सनकादि, नारद, हनुमान् और शिवजी इत्यादिके एक-एक स्वरूप परधाममें श्रीरामचन्द्रजीके निकट नित्य सेवामें रहते हैं और एक-एक स्वरूप प्रकृतिमण्डलमें आचार्यरूपसे रहते हैं। जो स्वरूप श्रीरामजीके निकट रहता है वही *'सहज सरूप'* है। पुनः, *'सहज सरूप सँभारा'* अर्थात् अपना वह स्वरूप जो देहादिसे भिन्न है, उसे सँभालकर परस्वरूपमें लगे।' वैष्णवमतानुसार श्रीशङ्करजी महाशम्भुरूपसे साकेतलोकमें श्रीसीतारामजीकी सेवामें नित्य रहते हैं। उस स्वरूपके सँभालनेसे इस देहमें वृत्तिके अभाव होनेसे अखण्ड अपार समाधि लग गयी। (इसीका विस्तार अरण्यकाण्ड द्वितीय संस्करणके परिशिष्टमें श्रीचक्रजीके लेखमें है।)

वेदान्तभूषणजी कहते हैं कि जीवका *'सहज सरूप'* सच्चिदानन्द है। वह मायाके कारण भूला रहता है। जिन्हें भगवत्कृपा प्राप्त हो जाती है, वे जब चाहें अपने असली स्वरूपको सँभालकर भगवद्ध्यानमें तल्लीन हो जा सकते हैं। क्योंकि पूर्ण भगवत्कृपा प्राप्त जीवको फिर माया नहीं व्याप सकती। यथा—*'अब न तुम्हहिं माया नियराई।'* (नारदप्रति भगवद्वाक्य), *'माया संभव भ्रम सब अब न ब्यापिहहिं तोहि।'* (भुशुण्डिप्रति श्रीरामवाक्य)

बैजनाथजीका मत है कि 'आत्मतत्त्व जो कारणप्रकृतिवश हो जीव हुआ और कार्य प्रकृतिवश मनादि इन्द्रिय-विषय सुखमें पड़कर बद्ध हुआ इत्यादि समग्र व्यवहारको त्यागकर उस आत्मतत्त्वको सँभालकर स्वरूपकी वृत्तिको श्रीरामरूपमें लय कर लिया। अर्थात् स्वरूप आत्मतत्त्व ही *'सहज सरूप'* है।

दूसरा मत यह है कि ब्रह्म ही रजोगुण, तमोगुण और सत्त्वगुण गुणत्रयके ग्रहण करनेसे ब्रह्मा, शिव और विष्णुरूप होकर जगत्‌की उत्पत्ति, संहार और पालन करता है। शङ्करजीने वही अपना शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, ब्रह्मात्मक स्वरूप सँभाला। इसीसे अखण्ड अपार समाधि लग गयी।

कुमारसम्भवमें भी इसी सम्बन्धमें ये हैं—**'मनो नवद्वारनिषिद्धवृत्तिहृदि व्यवस्थाप्य समाधिवश्यम्। यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम्॥ स्मरस्तथाभूतमयुग्मनेत्रं पश्यन्नदूरान्मनसाप्यधृष्यम्। नालक्षयत्साध्वससन्नहस्तः स्रस्तं शरं चापमपि स्वहस्तात्॥'** (३। ५०-५१) अर्थात् मनकी वृत्तिको शरीरके नौ द्वारोंसे रोककर समाधियुक्त करके हृदयकमलमें स्थितकर महात्मालोग जिस परमात्माको अक्षर (अविनाशी) जानते हैं, उसको अपनी आत्मामें अवलोकन करनेवाले, मनसे भी दुर्धर्ष त्रिनेत्र शिवजीको दूरसे देखता हुआ कामदेव ऐसा सहम गया कि अपने हाथोंसे धनुष-बाणका गिर जाना भी न जान पाया।

जीवके जो स्वरूप संसारमें दिखायी देते हैं, वे कर्मकृत हैं। सत्त्वगुणी कर्मोंसे देवयोनि और रजसत्त्वगुणी कर्मोंके संमिश्रणसे मनुष्य-राजा इत्यादिकी योनि मिलती है इत्यादि। जब समस्त शुभाशुभ कर्मोंका विध्वंस हो जाय तब वह *'सहज सरूप',* जो वचनसे अगोचर *'सुद्ध चेतन अमल अबिनासी सहज सुखरासी'* इत्यादि है, प्राप्त हो। जिसे प्राप्त हो वही जान सकता है पर वह भी कह नहीं सकता। भगवत् साक्षात्कार होनेपर ही स्वरूपकी प्राप्ति होती है। यथा—*'मम दरसन फल परम अनूपा। जीव पाव निज सहज सरूपा॥'* (३।३६)

जीवकी पाँच कोटियाँ हैं। बद्ध, मुमुक्षु, मुक्त, केवल और नित्य पार्षद। मुक्त जीवमें भी दो भेद हैं—एक 'नित्य मुक्त', दूसरे 'बद्ध मुक्त'।

जीवका स्वरूप विज्ञानमय है। इसीको 'धर्मी' कहते हैं और उसमें रहनेवाले ज्ञानको 'धर्मभूतज्ञान' कहते हैं। यथा—श्रुतिः—'जानात्येवाऽयं पुरुषः।', 'विज्ञातारमरे केन विजानीयात्।', 'एषोऽन्तरात्मा विज्ञानमयः। विज्ञानं यज्ञं तनुते।', 'यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः। क्षेत्री क्षेत्रे तथा कृत्स्नम्।'

गोस्वामीजीने *'सहज सरूप.............'* शब्द अन्यत्र भी प्रयुक्त किया है और विनयमें तथा मानसमें भी जीवका स्वरूप थोड़े ही शब्दोंमें समझाया है। अतः इस शब्दका तात्पर्य जाननेके लिये हम उन प्रसङ्गोंको यहाँ उद्धृत करते हैं।—

१—*'मम दरसन फल परम अनूपा। जीव पाव निज सहज सरूपा॥'* (३।३६)

२—*'ईस्वर अंस जीव अबिनासी। चेतन अमल सहज सुखरासी॥ सो मायाबस भयउ गोसाईं। बँध्यो कीर मरकट की नाईं॥ जड़ चेतनहि ग्रंथि परि गई। ......तब ते जीव भयउ संसारी। छूट न ग्रंथि न होइ सुखारी॥'* (७।११७)

३—*'जिव जब ते हरि ते बिलगान्यो। तब ते देह गेह निज जान्यो॥ मायाबस स्वरूप बिसरायो। ....आनंद सिंधु मध्य तव बासा॥ ......निज सहज अनुभव रूप तव खलु भूलि जनु आयो तहाँ। निरमल निरंजन निर्बिकार उदार सुख तैं परिहर्यो॥ नियकाज राज बिहाइनृप इव स्वप्न कारागृह पर्यो। १२। .....अनुराग जो निज रूप तें जग तें बिलक्षन देखिये। संतोष सम सीतल सदा दम देहवंत न लेखिये। निर्मम, निरामय,*

एकरस, तेहि हरष-सोक न ब्यापई॥ त्रैलोक्य पावन सो सदा जाकी दसा ऐसी भई। ""श्रीरघुनाथ चरन लय लागे॥ देह जनित बिकार सब त्यागे। तब फिरि निज स्वरूप अनुरागे॥' (११) (विनय० पद १३६)

उद्धरण—१ से यह सिद्ध होता है कि श्रीरामजीके दर्शनसे भगवत्साक्षात्कारसे *'निज सहज स्वरूप'* की प्राप्ति होती है।

उद्धरण—२ से यह बताया है कि जीव ईश्वरका अंश है, चेतन, अमल सहज-सुखकी राशि और अविनाशी है। जड़ मायाके वश होकर वह संसारी हो गया अर्थात् अपनेको देह मानने लग गया।

उद्धरण—३ से सूचित किया कि जीव मायावश *'निज सहज अनुभव रूप'* भूल गया। जीवका वह रूप है—निर्मल, निरञ्जन, निर्विकार, निर्मम, निरामय, एकरस, हर्ष-शोकरहित, सन्तोष सम-शीतल सदा, दम, देहाभिमानरहित इत्यादि। श्रीरामजीके चरणोंमें लयलीन हो, देहजनित विकारोंके त्याग हो जानेपर *'निज स्वरूप'* में अनुराग होता है।

इस प्रकार *'सहज स्वरूप '* सँभालना यह हुआ कि मैं देह नहीं हूँ, मैं चेतन, निर्मल, सहज-सुखराशि हूँ, अविनाशी हूँ, निर्मम निरामय एकरस हूँ, जितने भी सम्बन्ध स्त्री, पुत्र, शत्रु, मित्र आदि हैं वे देहके सम्बन्ध हैं, मेरे नहीं। ये सब सम्बन्ध मायिक हैं, माया जड़ है और मैं चेतन हूँ, मैं ईश्वरका अंश हूँ, प्रभु शेषी, अंशी, भोक्ता, स्वामी इत्यादि हैं और मैं उनका शेष, अंश, भोग्य, सेवक इत्यादि हूँ, प्रभुके चरणोंमें लय होना उनके ध्यानमें मग्न रहना ही मेरा कर्तव्य है।

प्रस्तुत प्रसङ्गमें *'सहज स्वरूप '* सँभालनेसे समाधिका लगना कहा है। फिर आगे चलकर दोहा ८२ (४) में *'मन थिर करि तब संभु सुजाना। लगे करन रघुनायक ध्याना॥'* कहकर दोहा ८३ (३) में ब्रह्माजी कहते हैं कि *'सिव समाधि बैठे सबु त्यागी।'* फिर दोहा ८६ में कहते हैं—*'चली न अचल समाधि सिव कोपेउ हृदयनिकेत।'* और अन्तमें कहा कि*'छूटि समाधि संभु तब जागे।'*— समाधिके इन दोनों प्रसङ्गोंका मिलान करनेसे यह स्पष्ट हो जाता है कि मनको स्थिर करके श्रीरघुनाथजीका ध्यान करना ही *'सहज स्वरूप'* सँभालना है। ध्यान करते ही तदाकार वृत्ति हो गयी, यह 'समाधि' लग जाना है।

गोस्वामीजीने भगवान् शङ्करको ईश्वर और ब्रह्म कहते हुए भी श्रीरामोपासक कहा है और उपनिषदोंमें भी इनको ब्रह्म कहते हुए भी इनकी उत्पत्ति श्रीमन्नारायणसे बतायी है और इनको श्रीरामजीका उपासक कहा है। यथा—'**रुद्रस्तारकं ब्रह्म व्याचष्टे**' (रा० त० उ० १),'**श्रीरामस्य मनुं काश्यां जजाप वृषभध्वजः। मन्वन्तरसहस्रैस्तु जपहोमार्चनादिभिः॥ १॥ ततः प्रसन्नो भगवाञ्छ्रीरामः प्राह शङ्करम्। वृणीष्व यदभीष्टं तद्दास्यामि परमेश्वर॥ २॥"""क्षेत्रेऽस्मिन्योऽर्चयेद् भक्त्या मन्त्रेणानेन मां शिव।**' (६) (रा० ता० उ०), इत्यादि, श्रुतिवाक्योंमें शिव, शङ्कर, रुद्र, वृषभध्वज और परमेश्वर आदि शब्दोंसे कहे जानेवाले काशीपति विश्वनाथका श्रीराममन्त्रजापक, श्रीरामाराधक और श्रीराममन्त्रोपदेशक होना स्पष्ट पाया जाता है।

गोस्वामीजीने भी श्रुतियोंके मतानुसार शिवजीको ईश, ईश्वर, रुद्र, ब्रह्म कहते हुए भी उनको राममन्त्रका जापक, उपदेशक और रामाराधक ही सर्वत्र कहा है। यथा—*'महामंत्र जोइ जपत महेसू। कासी मुकुति हेतु उपदेसू॥'* (१।१९)*'प्रगटे राम कृतज्ञ कृपाला। रूप सील निधि तेज बिसाला॥ """"""अंतरधान भए अस भाषी। संकर सोइ मूरति उर राखी॥'* (१७६-७७) अतएव गोस्वामीजीके मतसे *'सहज स्वरूप सँभारा'* का तात्पर्य यही निश्चय होता है जो हम ऊपर लिख आये कि श्रीरामरूपके ध्यानमें संलग्न हो समाधिस्थ हो गये। इसीसे जागनेपर वे 'राम राम' स्मरण करते हुए पाये गये।

अद्वैतमतके सिद्धान्तसे *'सहज स्वरूप'* से 'ब्रह्मस्वरूप' का अर्थ लिया जायगा। इसके लिये प्रमाणमें श्रीमद्भागवतके निम्न उद्धरण दिये जा सकते हैं। यथा—'**अहं ब्रह्मा च शर्वश्च जगतः कारणं परम्। """"""" सृजन् रक्षन्हरन्विश्वं दध्रे संज्ञां क्रियोचिताम्।**' (४। ७। ५०-५१) '**जाने त्वामीशं विश्वस्य जगतो योनिबीजयोः। शक्तेः शिवस्य च परं यत्तद् ब्रह्म निरन्तरम्॥ त्वमेव भगवन्नेतच्छिवशक्त्योः सरूपयोः। विश्वं सृजसि पास्यत्सि क्रीडन्नूर्णपटो यथा॥**' (४।६।४२-४३)—जिस प्रकार मकड़ी आप ही जालेको रचकर उसमें क्रीड़ा करती

है और अन्तमें उस जालेको अपनेहीमें लीन कर लेती है वैसे ही आप भी अपने ही स्वरूपसे संसारकी सृष्टि, पालन और संहार करते हैं।

ऊपर कुमारसम्भवसे उद्धृत श्लोकोंमें जो **'आत्मानम् आत्मनि अवलोकयन्तम्'** कहा गया है वह विशिष्टाद्वैत और अद्वैत दोनों पक्षोंमें लिया जा सकता है। 'अपनी आत्मामें परमात्माको अवलोकन करनेवाले' इसीको गोस्वामीजीके ***'करन लगे रघुनायक ध्याना'*** कह सकते हैं।

टिप्पणी—७ ***'लागि समाधि अखंड अपारा'*** इति। ***'अखंड'*** का भाव कि यह समाधि बीचमें खण्डित नहीं होगी। जितने दिनोंके लिये है, उतने दिन पूरे होनेपर छूटेगी। सिद्ध सङ्कल्पयोगी समाधि लगाते समय समाधिकालका जो सङ्कल्प करते हैं वह सङ्कल्पबलसे उस कालकी समाप्तिपर छूटती है। यह अखण्ड है; इसमें भाव यह है कि आगेवाली (दूसरी) समाधि अखण्ड नहीं है, उसे काम खण्डित करेगा। सत्तासी हजार वर्षकी होनेसे अपार कहा। अपार=भारी। [मा० प० में ***'सहस सतासी'*** का अर्थ ***'एक हजार सत्तासी'*** किया है।]

नोट—२ (क) ***'समाधि'*** इति। वेदान्त-शास्त्रमें चित्तकी एकाग्रताके परिणामको 'समाधि' कहा है। **'चित्तस्यैकाग्रता परिणामः समाधिः।'** इसके दो भेद हैं। एक सविकल्पक, दूसरा निर्विकल्पक। इनकी अवस्थाओंका स्वरूप इस प्रकार लिखा है— **'दृशिस्वरूपं गगनोपमं परं सकृद्विभातं त्वजमेकमव्ययम्। अलेपगं सर्वगतं यदद्वयं तदेव चाहं सततं विमुक्तम्॥' 'दृशिस्तु शुद्धोऽहमविक्रियात्मको न मेऽस्ति बंधो न च मे विमोक्षः॥'** (१-२) **'लये संबोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शमयेत् पुनः। सकषायं विजानीयात् शमप्राप्तं न चालयेत्।'**— (मा० प०) अर्थात् सविकल्पसमाधिमें साधककी यह भावना होती है कि जो ध्यानगत स्वरूप आकाशवत् सर्वव्यापक, सर्वपर एकरूप मालूम होनेवाला, अजन्मा, एक, निर्विकार, मायारहित, सर्वत्रप्राप्त और अद्वितीय है, उसी प्रकार मैं भी निरन्तर, विमुक्त, शुद्ध और विकाररहित हूँ, मेरा न कभी बन्धन हुआ न मोक्ष। (१, २) निर्विकल्पमें चित्तविक्षेपका शमन हो जाता है और जब मनोमलको जानकर उसे शमन करके साधक समाधिको प्राप्त होता है, तब वह अपने सङ्कल्पके भीतर चलायमान नहीं हो सकता। (ख) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'जो योगी योगक्रियामें कच्चे रहते हैं, उनकी समाप्ति सङ्कल्प किये हुए वर्षोंके भीतर ही कई बार टूट जाती है; पर महादेवजी तो पूरे योगी हैं; इससे हजारों वर्षकी समाधि लग गयी।' श्रीत्रिपाठीजी लिखते हैं कि प्रकृति-पुरुषके परस्पर अभ्यासके विच्छेदसे ही सहज स्वरूपमें समाधि होती है, यथा— **'तं विद्यादुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।'** यहाँ प्रकृति-(सती-) से पुरुष-(शिव-) के प्रेमका विच्छेद ही समाधिका कारण हुआ।'

दो०—सती बसहिं कैलास तब अधिक सोचु मन माहिं।
मरमु न कोऊ जान कछु जुग सम दिवस सिराहिं॥५८॥

अर्थ—तब सतीजी कैलासपर रहने लगीं। (उनके) मनमें बहुत सोच है। कोई कुछ भी (इस) मर्मको नहीं जानता (उनके एक-एक) दिन युगके समान बीत रहे हैं॥५८॥

टिप्पणी—१ (क) ***'सती बसहिं कैलास'*** इति। भाव कि शिवजी समाधिमें बसे और सतीजी कैलासमें बसती हैं। शङ्करजी बटतले हैं और ये कैलासपर वहाँसे दूर निवासस्थानमें अकेली रहती हैं। अर्थात् दोनोंमें वियोग है। वियोग होनेसे अधिक सोच है। (ख) ***'अधिक सोचु'*** अर्थात् सोच तो पूर्वसे ही था; यथा—***'हृदय सोच समुझत निज करनी।'*** अब अधिक हो गया। [***'अधिक सोचु'*** का स्वरूप उत्तरार्द्धमें कहते हैं कि ***'जुग सम दिवस सिराहिं।' 'बसहिं कैलास'*** कहकर ***'अधिक सोचु'*** कहनेका भाव यह भी है कि कैलास बड़ा ही रमणीय और सब सुखोंसे परिपूर्ण है; यथा—***'परम रम्य गिरिबर कैलासू।'*** इत्यादि; ऐसे सुखके स्थानमें रहनेपर भी उनको सुख न हुआ। कारण कि कैलासमें जो सुख है उसके मूल तो शिवजी ही हैं। यथा—***'बसहिं तहाँ सुकृती सकल सेवहिं सिव सुखकंद।'*** (१०५) सो उन्हीं सुखमूलने इनको त्याग

दिया है, तब सुख कहाँ? पुनः भाव कि पतिवियोगके समान संसारमें दुःख नहीं है, पतिके बिना सुरपुर भी नरकके समान दुःखद होता है। यथा—*'पिय बियोग सम दुख जग नाहीं॥'*.........*तुम्ह बिनु रघुकुलकुमुद बिधु सुरपुर नरक समान॥'* (अ० ६४).........*पतिबिहीन सबु सोकसमाजू॥* ....*प्राननाथ तुम्ह बिनु जग माहीं। मो कहुँ सुखद कतहुँ कोउ नाहीं॥'* इत्यादि] पुनः भाव कि दाम्पत्यभाव त्यागनेपर भी उनके शोकके निवारण करनेवाले एकमात्र शिवजी ही थे; यथा—*'सतिहि ससोच जानि बृषकेतू। कही कथा सुंदर सुख हेतू॥'* सो वे शङ्करजी भी समाधिस्थ हो गये। अतः अधिक सोच है कि अब दिन कैसे बीतेगा ? यही बात आगे कहते हैं।

टिप्पणी—२ (क) *'मरमु न कोऊ जान कछु'* इति। कोई मर्म नहीं जानता क्योंकि वे किसीसे कहती नहीं। [यह भी सोच बढ़नेका एक कारण है। भेद किसी मित्रसे कहनेसे दुःख कुछ कम हो जाता है पर वहाँ कहें तो किससे ? (ख) *'जुग सम दिवस सिराहिं'*— दुःखके दिन इसी तरह बीतते हैं, काटे नहीं कटते]

नित नव सोचु सती उर भारा। कब जैहौं दुखसागर पारा॥ १॥
मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना। पुनि पति बचनु मृषा करि जाना॥ २॥
सो फलु मोहिं बिधाता दीन्हा। जो कछु उचित रहा सोइ कीन्हा॥ ३॥
अब बिधि अस बूझिअ नहि तोही। संकर बिमुख जियावसि मोही॥ ४॥

अर्थ—श्रीसतीजीके हृदयमें सोचका भार (बोझ) नित्य नया बढ़ता जाता था (वा, सोच नित्य नया और भारी हो रहा था।) (वे सोचती हैं) मैं इस दुःखसागरके पार कब जाऊँगी॥ १॥ मैंने जो रघुनाथजीका अपमान किया (और उसपर) फिर पतिके वचनोंको भी झूठा समझा॥ २॥ उसका फल मुझे विधाताने दिया। जो कुछ उचित था वही (उसने) किया॥ ३॥ हे विधाता! अब तुझे ऐसा उचित नहीं कि शङ्करजीसे विमुख मुझे जिला रहा है॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'नित नव सोचु.........।'* नित्य नया सोच प्राप्त होता है, नित्य नया बढ़ता है। दुःखको सागर कहा; इसीसे उसके 'पार' जाना कहा। यहाँ 'सोच' जल है। जैसे सागरमें नित्य नवीन जल प्रवेश करता है, वैसे ही सतीजीके दुःखसागरमें नित्य नया 'सोच' प्राप्त होता है। यथा—*'सती सभीत महेस पहिं चली हृदय बड़ सोचु।'* यहाँ उत्तर क्या देंगी यह सोच हुआ। फिर *'सुनि नभ गिरा सती उर सोचू'* यह त्यागका 'सोच' हुआ। इसके बाद *'हृदय सोच समुझत निज करनी'* यहाँ अपनी करनीका सोच उत्पन्न हुआ। तत्पश्चात् *'सती बसहिं कैलास तब अधिक सोचु मन माहिं'* यह वियोगका 'सोच' हुआ और अब *'नित नव सोचु सती उर भारा'* यह नया सोच दुःखसागरके पार जानेका हुआ। (ख) *'कब जैहौं दुखसागर पारा'* इति। समुद्रके पार कोई जा नहीं सकता, इसीसे पार होनेका सोच है। (कि कैसे पार होऊँगी, यह तो अपार है, इसके पार होना असम्भव है, मेरी शक्तिसे बाहर है) नित्य नया सोच होता है (अर्थात् कभी कम नहीं होता, दिन दूना रात चौगुना बढ़ता ही जाता है) इसीसे दुःखसागर बढ़ता जाता है, एक-एक दिन युगसमान बीतता है—यही समझकर कहती हैं कि 'पार कब जाऊँगी।'

नोट—१ दुःख पड़नेपर एकान्तमें रहनेसे, नाना प्रकारके विचार उठनेसे नित्यप्रति शोक बढ़ता ही है, क्योंकि मनुष्य उसीको दिन-रात सोचा करता है। नित्य अपनी सब करनी, अपना अपराध, प्रभुका अपमान, पति-अपमान, पति-परित्याग, पति-स्वभाव इत्यादि विचार कर-करके अधिक शोचयुक्त होती जाती हैं। कोई उपाय समझ नहीं पड़ता, इसीसे दुःख अपार समुद्र देख पड़ रहा है। पति-परित्यागसे बढ़कर दुःख नहीं, इसीसे उसे सागर कहा। नित नव होनेमें प्रमाण—'असौ चिन्ताज्वरस्तीव्रः प्रत्यहं नवतां व्रजेत्'। (मा० प०) भारा=भार, बोझा=भारी।

टिप्पणी—२ *'मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना..........'* इति। (क) श्रीरघुपति अपमान यह है कि शिवजीको प्रणाम करते देखकर भी उन्हींकी तरह प्रणाम न किया, उलटे उनको मनुष्य माना। 'पतिवचन' अर्थात् जो उन्होंने कहा था *'सोइ राम ब्यापक ब्रह्म भुवन निकाय पति मायाधनी। अवतरेउ अपने भगतहित॥.....।'* (५१) (ख) प्रथम रघुपतिका अपमान किया, पीछे पतिवचनको झूठा माना। उसी क्रमसे यहाँ ग्रन्थकारने लिखा भी। 'रघुपति-अपमान' प्रथम ही प्रारम्भ हुआ जब उन्होंने उनमें नर-बुद्धि की। पतिने वचन पीछे कहे। 'पुनि' शब्द भी यही सूचित करता है। 'जो' का सम्बन्ध आगे *'सो फलु मोहि बिधाता दीन्हा।'* से है। 'जो' 'सो' का सम्बन्ध है।—**'यत्तदोर्नित्यसम्बन्धः।'**

नोट—२ बैजनाथजीका मत है कि—'पतिका वचन कि ये सच्चिदानन्द ब्रह्म हैं। झूठ मानकर ब्रह्मको मनुष्य करके जाना और उसका परीक्षाहेतु अपमान किया। इस तरह पतिवचनका मृषा मानना प्रथम हुआ, 'तब रघुपति अपमान' यह सिद्धान्त कर वे यह शङ्का उठाकर कि 'तब रघुपति अपमान' को यहाँ प्रथम क्यों लिखा', उसका समाधान यह करते हैं कि *'फलकी प्राप्ति प्रथम इहै भयो।'* (सम्भवतः *'इहै'* अशुद्ध छपा है। *'इहैं'* होगा)। अर्थात् यहाँ, फलकी प्राप्तिके कारणोंमें 'रघुपति-अपमान' को प्रथम कहा गया क्योंकि न वे सीतारूप धारण करतीं, न उनका त्याग होता। मुख्य कारण यही था। इसलिये इसको प्रथम कहा। दोनों बातें इससे कहीं कि यदि पतिवचन मान लेतीं, तो 'रघुपति-अपमान' का अवसर ही न आता। इस प्रकार पतिवचनमें अविश्वास कारण है और 'रघुपति-अपमान' कार्य है। कारणसे कार्य बली है। इससे कार्यको पहले कहा। पतिवचन झूठ माना—इसका फल त्याग है सो पीछे हुआ।

यदि श्रीबैजनाथजीका मत ठीक मानें कि श्रीरघुपतिजीकी सीतारूप धरकर परीक्षा लेना ही 'रघुपति-अपमान' है तो इसको प्रथम कहनेका यह भी एक कारण हो सकता है कि श्रीरघुनाथजी शिवजीके स्वामी हैं (जैसा कि शिवजीके प्रणाम, पुलक आदि भाव, अनुमान और उनके वचनोंसे सतीजी समझ गयी हैं), अतः उनका अपमान ही अपने त्यागका प्रधान कारण मानती हैं, इसीसे प्रधान कारणको उन्होंने प्रथम कहा।

टिप्पणी—३ सतीजी दो ही अपराध करना कहती हैं—एक 'रघुपति-अपमान' दूसरा पतिवचनको झूठ मानना। सीतारूप धारण करनेको अपराध नहीं कहतीं। कारण कि सीतारूप तो परीक्षार्थ धारण किया था, किसी दुष्टभावसे नहीं। शिवजीने भक्तिपन्थकी रक्षाके लिये इसे अपराध माना। (शङ्करजी श्रीरामभक्तिके आचार्य हैं। अगस्त्यजीने आपसे भक्ति पूछी तब अधिकारी जानकर आपने उनसे कही। अतः भक्तिका आदर्श दिखानेके लिये सीतावेष धारण करनेमात्रसे सतीजीको अपराधी मान लिया।)—यह श्रीशङ्करजीके भावकी बड़ाई है। नहीं तो औरोंके मतसे इसमें सतीजीका कोई अपराध नहीं है। यथा—*'बिनु अघ तजी सती असि नारी।'*

टिप्पणी—४ (क) *'सो फलु मोहि बिधाता दीन्हा'* इति। पापका फल दुःख है, यथा—*'करहिं पाप पावहिं दुख भय रुज सोक बियोग।'* विधाता ही कर्मका फल देता है, यथा—*'कठिन करम गति जान बिधाता। जो सुभ असुभ सकल फल दाता॥'* (अ० २८२) और उचित ही फल देता है, यथा—*'कोउ कह जौ भल अहइ बिधाता। सब कहँ सुनिअ उचित फल दाता॥'* (बा० २२२)—इसीसे विधाताका फल देना कहा। [प्र० स्वामीका मत है कि 'विधाता श्रीरघुनाथजी हैं, वे ही कर्मफलदाता हैं, यथा—*'करहिं मोह बस नर अघ नाना। स्वारथ रत परलोक नसाना॥ कालरूप तिन्ह कहँ मैं भ्राता। सुभ अरु असुभ कर्मफलदाता॥'* (७।४१।४-५) आगे चलकर सतीजी उन्हींसे प्रार्थना करती हैं। *'अस बिबेक जब देइ बिधाता।'* (१।७।१) में भी रघुनाथजी ही बुद्धिदाता हैं] क्या फल दिया? यह पूर्व ही कह चुकी हैं—*'कब जैहौं दुखसागर पारा।'* अर्थात् मुझे दुःखसागरमें डुबा दिया। यह फल दिया। भारी पाप किया इसीसे दुःख सागर मिला। (ख) *'जो कछु उचित रहा सोइ कीन्हा'* अर्थात् विधाताका इसमें कोई दोष नहीं है, विधाताने उचित ही किया। ऐसे पापीको ऐसा ही दण्ड मिलना चाहिये।

टिप्पणी—५ *'अब बिधि अस बूझिअ नहि तोही'.........* ' इति। (क) *'अस बूझिअ नहि'* का भाव कि अबतक जो किया वह उचित ही किया, पर अब अनुचित कर रहे हो। मेरे इस पापका फल 'शरीरत्याग' होना चाहिये सो दण्ड न देकर मुझे जीवित रख रहे हो, यह अनुचित है। *'संकर बिमुख जिआवसि मोही'* यह अनुचित है। तात्पर्य कि शङ्करविमुखको जिलाना न चाहिये। जिसमें मेरा मरण हो वह करना तुमको उचित है। *'अब'* का भाव कि पापका फल तो मैं पा चुकी कि पतिसे विमुख हुई, इससे अधिक बढ़कर दुःख कौन है? अर्थात् कोई नहीं। यथा—*'बन दुख नाथ कहे बहुतेरे। भय बिषाद परिताप घनेरे॥ प्रभु बियोग लवलेस समाना। सब मिलि होहिं न कृपानिधाना॥'* (अ० ६६) *'सब दुख दुसह सहावहु मोही। लोचन ओट रामु जनु होंही॥'* (अ० ४५) अब फल भोग लेनेपर भी तुम्हें ऐसा न चाहिये कि शङ्कर-विमुख होनेपर भी मुझे जीवित रखकर दुःख भोग करा रहे हो। अथवा, पापका फल देहत्याग (मृत्यु) चाहिये सो क्यों नहीं देते?

नोट—३ *'उचित रहा सोइ कीन्हा'* कहा, क्योंकि *'जो जस करइ सो तस फल चाखा।'* (२।२१९) *'करइ जो करम पाव फल सोई।'* (२। ७७) यह नीति है। यथायोग्यका सङ्ग होनेसे यहाँ 'सम' अलङ्कार है। *'बिधि बूझिअ नहिं तोही'* का भाव कि आपका नाम तो *'बिधि'* है परंतु आप करते हैं अबिधि, यह उचित नहीं। तुम्हारी यह विधिता हमारे समझमें नहीं आती। *बूझिअ*=चाहिये। किसी-किसीने ठीक अर्थ और *'बूझिअ'* का प्रयोग न जाननेसे 'बूझना या समझना चाहिये' अर्थ किया है जो गलत है।

कहि न जाइ कछु हृदय गलानी। मन महुँ रामहिं सुमिर सयानी॥५॥
जौं प्रभु दीनदयालु कहावा। आरतिहरन बेद जसु गावा॥६॥
तौ मैं बिनय करौं कर जोरी। छूटौ बेगि देह यह मोरी॥७॥

अर्थ—हृदयकी ग्लानि कुछ कही नहीं जाती। बुद्धिमती (चतुर) सतीजी मनमें श्रीरामजीको सुमिरने लगीं॥५॥ हे प्रभो! यदि आप दीनदयाल कहलाते हैं, आप (दीनोंका) दुःख हरनेवाले हैं—यदि वेद (आपका यह) यश गाते हैं॥६॥ तो मैं हाथ जोड़कर (आपसे) विनती करती हूँ कि मेरी यह देह शीघ्र छूट जाय॥७॥

टिप्पणी—१ *'कहि न जाइ कछु हृदय गलानी'* इति। (क) ☞सतीजीके हृदयमें जीनेकी ग्लानि है, इसीसे वे बारम्बार अपने मरनेकी बात कहती हैं। यथा—*'संकर बिमुख जिआवसि मोही'*, *'छूटौ बेगि देह यह मोरी'*, *'होइ मरनु जेहि बिनहि श्रम दुसह बिपत्ति बिहाइ।'* (५९) इसीसे मरणके लिये भगवान्से प्रार्थना करती हैं, साथ-ही-साथ अपने पातिव्रत्यका भी बल लगा रही हैं। और अपने अपराधकी भी ग्लानि है, इसीसे बारम्बार अपना अपराध विचारकर ग्लानि करती हैं, कुछ कहती नहीं। यथा—*'हृदय सोचु समुझत निज करनी। चिंता अमित जाइ नहिं बरनी॥'*, *'निज अघ समुझि न कछु कहि जाई। तपै अवाँ इव उर अधिकाई॥'*, *'पति परित्याग हृदय दुखु भारी। कहै न निज अपराध बिचारी॥'* (६१) (ख)*'मन महुँ रामहि सुमिर सयानी'* इति। *'सुमिर'* पाठ प्राचीनतम पोथी सं० १६६१ का है और शुद्ध भी है। सुमिरि अपूर्ण क्रिया अशुद्ध होगी। *'सुमिर'* कहकर आगे कहते हैं कि किस तरह सुमिर रही हैं। *'सुमिरि'* एक दूसरी पूर्ण क्रिया चाहता है पर आगे कोई ऐसी क्रिया नहीं है। (ग) श्रीरामजीका स्मरण करना ही सयानपन है; यथा—*'परिहरि सकल भरोस रामहिं भजहिं ते चतुर नर।'* (आ० ६) ☞यहाँतक अज्ञानता होती चली आयी। जब श्रीरामजीका स्मरण किया तब सतीजीको वक्ता *'सयानी'* कहते हैं। सतीजी शोचसागरमें पड़ी हुई हैं। श्रीरामजीके स्मरणसे शोचसमुद्र रह ही नहीं जाता; इसीसे सतीजीने उनका स्मरण किया। अतः अब शोक छूटेगा।

नोट—१ सुधाकरद्विवेदीजी लिखते हैं कि 'अब सतीजी ठीक राहपर आ गयीं कि पतिके पतिकी शरणसे दोनों प्रसन्न हो जायेंगे। इसलिये ग्रन्थकारने 'या लोकद्वयसाधनी हितकरी सा चातुरी चातुरी' इस

प्रमाणसे सतीको *'सयानी'* कहा।' सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि सतीजीने यही सोचा कि जिनका मैंने अपमान किया जबतक उनकी शरण न जाऊँगी तबतक क्लेशसे न छूटूँगी। ऐसी बुद्धि हो जानेपर ग्रन्थकारने उनको *'सयानी'* कहा। और, पंजाबीजी लिखते हैं कि सयाने लोग रोगका निदान समझते हैं, वैसे ही इन्होंने जान लिया कि 'रघुपति अपमानका फल यह दुःख हुआ, उन्हींकी शरण जानेसे सुख होगा, तब उन्होंने 'स्मरण' रूपी दवा की।

☞मनुष्य जब सब ओरसे हार मानकर उपायशून्य होकर केवल भगवच्छरणकी ओर ताकने लगता है और मन, कर्म, वचनसे भगवान्‌की शरण हो जाता है तब उसका कल्याण अवश्य होता है, उसके क्लेशोंका अन्तकाल आ जाता है। सत्यसंध दृढ़व्रत श्रीरामजीका श्रीमुखवचन है कि *'सनमुख होइ जीव मोहि जबहीं। जन्म कोटि अघ नासहिं तबहीं॥' 'कोटि बिप्र बध लागहिं जाहू। आए सरन तजौं नहिं ताहू॥'* (सु० ४४)

☞जबतक मनुष्यको अपने पुरुषार्थका अभिमान बना रहता है, जबतक उसको अपने किये हुए कुकर्मोंकी ग्लानि नहीं होती, तबतक भगवान्‌की शरणागति दूर है। सत्-शास्त्रोंका यही सिद्धान्त है कि यदि अपने मनमें अपने दुष्कर्मों, अपने पापोंकी ग्लानि आ जावे तो भगवान् अवश्य क्षमा और सहायता करते हैं। वही यहाँ हुआ। सतीजी अपने अपराधोंका बारम्बार स्मरण करती हैं और अपना अपराध स्वीकार कर रही हैं। पति-परित्यागरूपी दण्डको भी उचित मानती हैं। अत्यन्त ग्लानिकी यह सीमा है कि मनुष्य अपना मरण चाहने लगता है। उसके मन और वचनमें यही धुन लगी रहती है कि कब और कैसे यह शरीर छूटे और बहुधा लोग तो इसी कारणसे आत्महत्या कर लेते हैं। ठीक उसी समय उसके शुभ संस्कारोंसे उसे प्रभुकी शरण होनेकी बुद्धि उत्पन्न हो गयी तो उसके सब काम बन जाते हैं। वही यहाँ हुआ।—यहाँ सतीजीने 'आर्तप्रपन्न' के रूपमें भगवच्छरण स्वीकार किया। इसीसे 'दीनदयाल' 'आरतिहरन' गुणोंको स्मरण करती हैं। इसीसे आर्तिहरणका शीघ्र उपाय हो गया।

टिप्पणी—२ *'जौं प्रभु दीनदयालु कहावा।'* इति। यथा—*'जेहि दीन पियारे बेद पुकारे द्रवहु सो श्रीभगवाना।'* अर्थात् अपना दीनदयाल बाना यहाँ दिखाइये, अपने 'दीनोंपर दया करनेवाले' विरदको स्मरणकर मेरे भारी संकटको हरण कीजिये; यथा—*'दीनदयाल बिरिद संभारी। हरहु नाथ मम संकट भारी॥'* (सुं० २७) अपने दीनदयाल बानेकी रक्षा कीजिये। आप दीनोंपर दया करके उनका दुःख हरते हैं ऐसा वेद कहते हैं। मैं दीन हूँ, दुःखी हूँ। मेरा दुःख हरिये, नहीं तो विरद झूठा हो जायगा।—ब्रह्मा शिवजीसे विमुख कराके अब जीवित रख रहा है, मरण नहीं देता। इसीसे ब्रह्मासे प्रार्थना नहीं करतीं। श्रीरामजी दीनदयाल और आर्तिहरण हैं, इसलिये उनकी शरण गयीं, उनसे प्रार्थना करती हैं।

नोट—२ *'प्रभु'* का भाव कि आप 'कर्त्तुमकर्त्तुमन्यथाकर्त्तुम्' समर्थ हैं। 'दीनदयाल' और 'आरतिहरन' गुण कहकर जनाया कि पति-परित्यक्ता होनेसे मैं दीन भी हूँ और दुःखी भी हूँ। मुझपर दया करना और मेरा दुःख निवारण करना आपको उचित है।

टिप्पणी—३ *'तौ मैं बिनय करौं कर जोरी। छूटौ बेगि देह..................'* इति। (क) तात्पर्य कि यदि लोकमें जो आपका दीनदयाल विरद प्रसिद्ध है वह सच्चा है और यदि वेदवाणी सत्य हो कि आप आर्तिहरण हैं और मैं सत्य ही दीन और आर्त हूँ तो मेरी देह शीघ्र छूट जाय—इस कथनसे पाया गया कि सतीजी जानती हैं कि बिना देह छूटे दुःख न मिटेगा; इसीसे 'आर्त्ति' छूटनेकी प्रार्थना न करके देह छूटनेकी प्रार्थना करती हैं। (ख) *'कर जोरी'* इति। हाथ जोड़ना परम दीनता और देवताओंको शीघ्र प्रसन्न करनेकी परमा मुद्रा है; यथा—*'सकहु न देखि दीन कर जोरे।'* *'तौ'* का भाव कि यदि आप दीनदयाल आदि न होते तो मैं आपसे विनय न करती! आप ऐसे हैं, अतः मैं विनय करती हूँ। (ग) छूटौ=छूटे। *'बेगि'* कहकर जनाया कि पति-परित्यागका दुःख भारी है, अब सहा नहीं जाता। यथा—*'तजौं देह करु बेगि उपाई। दुसह बिरह अब नहिं सहि जाई॥'* (सुं० १२) [दूसरे *'बेगि'* इससे कि पतिकी इच्छा और प्रतिज्ञा दोनों पूरी हो जायँ। तीसरे यह कि जिसमें शीघ्र पुनः संयोग हो।] (घ)*'छूटौ देह यह'* इति। 'यह देह

छूटै' कहनेका भाव यह है कि शिवजीका इसी देहके त्यागका संकल्प है—*'एहि तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं।'* यह बात उन्हीं भगवान्‌की प्रेरणासे सतीजीको भी मालूम हो गयी कि जिनने महादेवजीको सतीतनत्यागकी प्रेरणा की थी। इसीसे वे *'छूटौ देह यह'* कहकर इसी देहके छूटनेकी प्रार्थना करती हैं। (ङ) यह तन-त्याग क्यों कराया गया। इसका कारण यह है कि दक्ष शिवविरोधी है और उसके वीर्यसे यह तन उत्पन्न हुआ है। इस तनको छुटाकर अधर्मीसे धर्मात्माका नाता छुड़ाया है। यथा—*'पिता मंदमति निंदत तेही। दच्छ सुक्र संभव यह देही॥ तजिहौं तुरत देह तेहि हेतू॥'* (६४)—इस विचारसे शिवजीको सतीतनत्यागकी प्रेरणा की गयी।

[आर्ति और दीनताके छूटनेके दो ही उपाय हैं—या तो शिवजी अपनी प्रतिज्ञा छोड़ें या सतीजीकी देह छूटे। तीसरा उपाय है ही नहीं। सतीजी कहती हैं कि शिवजीकी प्रतिज्ञा न छूटे, मेरी देह छूट जाय। दीनता और आर्तिका कारण शिवचरणस्नेह है, अतः कहती हैं *'जौं मोरें ·······'* (वि० त्रि०)]

जौं मोरें सिवचरन सनेहू। मन क्रम बचन सत्य ब्रत एहू॥८॥

दो०—तौ सबदरसी सुनिय प्रभु करौ सो बेगि उपाइ।
होइ मरनु जेहि बिनहि श्रम दुसह बिपत्ति बिहाइ॥५९॥

अर्थ—यदि शिवजीके चरणोंमें मेरा स्नेह है (और) मन-कर्म-वचनसे सत्य ही मेरा यही व्रत हो (वा, मेरा यह व्रत सत्य हो)॥८॥ तो हे सर्वदर्शी प्रभु! (मेरी प्रार्थना) सुनिये। शीघ्र वह उपाय कीजिये जिससे मेरा मरण बिना परिश्रमके ही हो जाय और बिना परिश्रम ही मेरा असह्य दुःख दूर हो जाय॥५९॥

टिप्पणी—१ *'जौं मोरें सिवचरन सनेहू। ·······'* इति। (क) यहाँतक दो बातें कहीं। एक तो यह कि *'जौं प्रभु दीनदयालु कहावा।·······तौ मैं बिनय करौं ·······।'* और दूसरी यह कि*'जौं मोरें सिव चरन सनेहू।·······तौ सबदरसी ······।'* दोनोंमें *'जौं' 'तौ'* का सम्बन्ध है। दो बातें लिखनेका भाव यह है कि—सतीजी रामभक्त हैं; यथा—*'मन महुँ रामहिं सुमिर सयानी'* और पतिव्रता भी हैं। इसीसे उन्होंने भगवान्‌से प्रार्थना की और साथ ही शिवचरणमें स्नेह भी रखा। पुनः भाव कि श्रीरामजीको शरणागत प्रिय है, इसलिये प्रथम उनके 'दीनदयाल' 'आरतिहरन' गुणोंका स्मरण किया, उनकी शरण गयीं। और भगवान्‌को पतिव्रता भी बहुत प्रिय है, यथा—*'जसु गावत श्रुति चारि अजहुँ तुलसिका हरिहि प्रिय।'* (आ० ५)—इसलिये अपना पातिव्रत्य स्मरण किया। दोनोंका जोर लगाया। (ख) एहू=यही। यथा—*'तौ जानकिहि मिलिहि बरु एहू। नाहिन आलि इहाँ संदेहू॥'* (२२२) *'ब्रत एहू'* कहनेका भाव यह कि अन्य व्रत नहीं है, एक मात्र यही एक व्रत है। यथा—*'एकै धर्म एक ब्रत नेमा। काय बचन मन पतिपद प्रेमा॥'* (आ० ५). (ग) मन-कर्म-वचनसे सत्य हो अर्थात् मनसे चरणोंमें स्नेह करती हूँ, मन और तनको सेवामें लगाये रखती हूँ और वचनसे कहती हूँ।

टिप्पणी—२ *'तौ सबदरसी सुनिय प्रभु······'* इति। (क) *'सबदरसी'* (सर्वदर्शी) अर्थात् आप सब कुछ देखनेवाले हैं। अतः आप मेरे चिरचरणस्नेहको भी देखते और जानते हैं, (आपसे कुछ छिपा नहीं है। आपसे मैं झूठ कैसे बोल सकती हूँ ?)। (ख) *'सुनिय'* कथनका भाव कि पहले विनय की है (अर्थात् कहा है कि हाथ जोड़कर विनय करती हूँ) इसीसे अब कहती हैं (कि जो मैं कहती हूँ उसे सुनिये)। *'प्रभु'* का भाव कि आप उपाय करनेमें समर्थ हैं। (ग) *'करौ सो बेगि उपाइ'* इति। विपत्ति दुःसह है, सही नहीं जाती, इसीसे 'देह छूटने' और 'उपाय करने' में, दोनों जगह वेगि पद दिया।—*'छूटौ बेगि'* और *'बेगि उपाय करौं'।*

टिप्पणी—३ *'होइ मरनु जेहि बिनहिं श्रम दुसह·······'* इति। (क) भाव कि बिना मरे दुःसह दुःख नहीं जानेका। सतीजीने दो वर माँगे। एक तो मरण, दूसरा मरणका उपाय। भगवान्‌की प्रार्थनासे मरण माँगा और शिवचरणस्नेहसे उपाय माँगा। (ख) *'बिनहि श्रम'* देहलीदीपक है।

नोट—१ *'तौ सबदरसी ''''''''बेगि उपाइ, होइ मरनु'''''' '* इति। बैजनाथजी लिखते हैं कि 'शीघ्र सुगम उपाय कीजिये जिसमें बिना परिश्रम मरण हो' इसमें भाव यह है कि पति-परित्यागसे मरण न सूचित हो, किसी तरहका अपयश न हो, धर्ममर्यादा और सुयशसहित मरण हो, इसीलिये मैं आपसे प्रार्थना करती हूँ, नहीं तो जल-अग्नि, विष आदि अनेक उपाय सबको सुलभ हैं ही, पर वे उपाय मैं नहीं चाहती क्योंकि उनमें आत्मघातका दोष लगेगा।

नोट—२ सतीजी पहले सर्वदर्शी न जानती थीं, परीक्षा करनेपर जो अनुभव हुआ उससे यह विशेषण दिया है और अब उनको 'प्रभु' समझती हैं।

एहि बिधि दुखित प्रजेसकुमारी। अकथनीय दारुन दुखु भारी॥ १॥
बीतें संबत सहस सतासी। तजी समाधि संभु अबिनासी॥ २॥

अर्थ—प्रजापति-(दक्ष-) की कन्या इस प्रकार दुःखित थी। भारी कठिन दुःख वर्णन नहीं किया जा सकता॥ १॥ सत्तासी हजार संवत् (वर्ष) बीत जानेपर अविनाशी शिवजीने समाधि छोड़ी॥ २॥

टिप्पणी—१ *'एहि बिधि दुखित प्रजेसकुमारी'* इति। (क) यहाँ दुःख-वर्णनकी इति लगाते हैं क्योंकि यहाँ दुःखकी भी इति है। श्रीरामजीका स्मरण करने, उनकी शरण जानेसे दुःखका भी अन्त आ गया। (ख) *'एहि बिधि'* अर्थात् जैसा *'सती बसहिं कैलास तब अधिक सोचु मन माहिं ।'* (५८) से यहाँतक कह आये। (ग) *'दुखित प्रजेसकुमारी'* इति। दुःखित होनेमें प्रजेशकुमारी नाम देनेका भाव यह है कि—(१) इतने भारी प्रजापतिकी कन्या होकर भी दुःखी है, यह क्यों? पतिपरित्यक्ता होनेसे। तात्पर्य कि स्त्रीके लिये तो पतिका सुख ही प्रधान है। वह न हुआ तो और चाहे समस्त सुख भी हुए तो उसके लिये तुच्छ हैं। यथा—*'प्राननाथ तुम्ह बिनु जग माहीं। मो कहुँ सुखद कतहुँ कोउ नाहीं॥'* (अ०)*'जमजातना सरिस संसारू।'* (२) [जब प्रजेशकी कन्याहीकी यह गति पति और इष्टके अपमानसे हुई तब प्राकृत स्त्रियाँ यदि ऐसा करें तो उनकी न जाने क्या गति हो। (रा० प्र०)] अथवा, (३) *'प्रजेश'* पद देकर जनाया कि इस समय (अर्थात् शिवजीकी समाधि खुलनेके कुछ दिन पूर्व) दक्ष प्रजापति हुए जैसा आगे कहते हैं—*'दक्ष प्रजेस भए तेहि काला।'* इसीसे अबतक प्रजेश न कहकर दक्ष ही कहते आये, यथा—*'दच्छसुता कहुँ नहि कल्याना।'* अथवा, (४) [प्रजापति शङ्करविमुख है। अतः *'प्रजेसकुमारी'* में अभिप्राय यह है कि शङ्करविमुखकी कन्याका दुःखी होना उचित ही है। (वीर)]

टिप्पणी—२ *'अकथनीय '''''''''' '* इति। सतीजीकी चिंता, ग्लानि और दुःख इतने बढ़े हुए हैं कि वक्ता लोग वर्णन नहीं कर सकते। यह बात इस प्रसङ्गमें दिखाते हैं, यथा—*'हृदय सोचु समुझत निज करनी। चिंता अमित जाइ नहिं बरनी॥', 'कहि न जाइ कछु हृदय गलानी।', 'एहि बिधि दुखित प्रजेसकुमारी। अकथनीय दारुन दुख भारी॥'* अतः *'अकथनीय'* कहा। वक्ता तो कह ही नहीं सकते पर सतीजी भी नहीं कह सकतीं, यथा—*'निज अघ समुझि न कछु कहि जाई॥' 'कहि न जाइ कछु हृदय गलानी।'* इत्यादि।

टिप्पणी—३ *'बीतें संबत सहस सतासी। '''''''''''''' '* इति। *बीतें*=बीतनेपर। (क) सत्तासी हजार वर्ष बीतनेपर शङ्करजीने समाधि छोड़ी। भाव यह कि सतीजीकी आयुके इतने वर्ष बाकी थे। वह शिवजीने समाधिमें बिता दिये। जिसमें सतीतनसे प्रेम न हो। *'तजी'*से जनाया कि शिवजीने समाधि स्वयं छोड़ी, नहीं तो *'छूटि समाधि'* लिखते जैसा कि दूसरी समाधिके सम्बन्धमें लिखा है जो कामके उत्पातसे छूटी थी। यथा—*'छूटि समाधि संभु तब जागे',* (ख) *'संभु अबिनासी'* कहकर शम्भुको अविनाशी और सतीको नाशवान् जनाया। सतीका विनाशकाल जानकर अविनाशी शम्भुने समाधि छोड़ी। अथवा, भारी समाधि लगानेके सम्बन्धसे 'अविनाशी' कहा। अथवा, इससे जनाया कि समाधिमें भी वे राम-नाम जपते रहे क्योंकि शिवजी राम-नामके प्रसादसे ही अविनाशी हैं। यथा—*'नाम प्रसाद संभु अबिनासी।'* इसीसे समाधि छूटते ही राम-नाम जपने लगे। (ग) सतीजीने श्रीरामजीसे प्रार्थना की कि मरनेका उपाय शीघ्र कीजिये सो उपाय तुरंत होने लगा कि समाधि छूटी, इत्यादि।

नोट—१ *'सहस सतासी'* इति। श्रीसुधाकर द्विवेदीजी इसके आठ अर्थ लिखते हैं।—(क) सहस सतासी=सह (साथ) +स (शत)+सतासी=१८७। (ख) सहस (एक हजार)+सत्तासी=१०८७। (ग) ८७०००। (घ) सहस—सता—सी=सौ हजार ऐसे। (ङ) सहससत+असी=एक लाख वर्षके नरकके समान बीते। इत्यादि। वे लिखते हैं कि कल्पभेदसे अनेक अर्थ इस तरह होते हैं। सू० प्र० मिश्रजीका मत है कि 'एक हजार सत्तासी वर्षकी समाधि लगी थी। जैसे एकादश रुद्र हैं, वैसे ही ग्यारह सौ वर्षकी समाधि लगायी थी पर सतीजी जो रामजीकी शरण गयीं, इससे १३ वर्ष पहले ही समाधि खुल गयी। ११०० वर्ष और एकादशरुद्र ये दोनों बातें मिलती हैं।' बाबा हरिदासजीने १०८७ अर्थ किया है।

इतने अर्थोंमेंसे १०८७ और ८७ हजार ये दो तो शब्दोंको बिना तोड़े-मरोड़े निकलते हैं। रहा यह कि इनमेंसे भी कौन ठीक है यह तो कोई प्रमाण आयुका मिलनेसे ही निश्चित किया जा सकता है। अखण्ड अपार और आगेके 'अविनाशी' पदोंसे तो सत्तासी हजार वर्ष यह अर्थ विशेष सङ्गत जान पड़ता है। और, सतीजीका दुःख देखकर १०८७ की ओर भी चित्त चला जाता है। अस्तु जो हो। जो पाठकोंको रुचे।

नोट—२ बैजनाथजी लिखते हैं कि 'यहाँ अविनाशीसे ईश्वरतत्त्व जनाया। अर्थात् शङ्करजी त्रिकालज्ञ हैं, सतीके मरणका समय जानकर समाधि छोड़ी। अथवा रामराज्याभिषेक आदि अनेक अवसरोंपर प्रकट देखे गये (उसके समाधानके लिये अविनाशी विशेषण दिया)। ईश्वरमें यह बात होनी आश्चर्य नहीं।' पं० रा० कु० का मत टि० ३ में है।

☞इस शङ्काके विषयमें कि 'समाधिस्थ थे तो रावणके मरनेपर लङ्कामें और राज्याभिषेकके समय अयोध्यामें कैसे पहुँचे? शिवजीके दण्डकारण्यसे कैलास लौट आनेके एक वर्षके भीतर रावणवध और रामराज्याभिषेक हो जाता है?'—सौभरि महर्षिकी कथा स्मरण रखनेयोग्य है। श्रीमद्भागवत ९। ६ में कथा है कि 'एक बार सौभरि ऋषि श्रीयमुनाजलमें गोता लगाये हुए कठिन तपस्या कर रहे थे। वहाँ जलके भीतर एक मत्स्यराजको मैथुनधर्ममें प्रवृत्त देख गृहस्थाश्रममें बड़ा सुख समझ उनको विवाहकी इच्छा हुई। वे तुरंत ही राजा मान्धाताके पास गये और एक कन्या माँगी। राजाने कहा कि मेरी पचास कन्याओंमेंसे जो भी आपको स्वयंवरमें पसन्द करे आप उसे ले सकते हैं। तब मुनिने विचारा कि राजाने यह विचारकर कि यह बुड्ढा है, इसके बाल पक गये हैं, शरीरमें झुर्रियाँ पड़ गयी हैं, सिर काँपने लगा है, अतः यह स्त्रियोंको प्रिय नहीं हो सकता, मुझसे यह चाल चली, स्वयंवरके बहाने सूखा जवाब दे दिया।'''''' ऐसा विचारकर समर्थ सौभरि ऋषिने अपने तपोबलसे सुरसुन्दरियोंको भी लुभानेवाला परम सुन्दर मनोहर रूप बना लिया और अन्तःपुरमें प्रवेश किया। राजाकी सभी कन्याओंने उन्हींको अपना वर वरण कर लिया।' फिर महर्षिने अपने तपोबलसे उनके पृथक्-पृथक् निवासके लिये पचास परम मनोहर महल बनाये जो सर्व भोगविलासकी सामग्रियोंसे परिपूर्ण थे और पचास ही रूपधारण कर प्रत्येक महलमें एक-एक रूपसे प्रत्येक कन्याके पास नित्य ही रहा करते थे। एक बार राजा अपनी कन्याओंको देखने आये। जिसके पास जाते और समाचार पूछते वह यही उत्तर देती थी कि ऋषि नित्य हमारे ही साथ रहते हैं, हमको बड़ा सुख है, परंतु सोच यह है कि हमारी बहिनें बहुत दुःखी होंगी इत्यादि।

पुनः इसी ग्रन्थमें प्रमाण मिलता है कि हिमाचलराजने सब सर, सरिता, नदी, शैलादिकको विवाहमें निमन्त्रण दिया था और वे सब सुन्दर तन धारण करके विवाहमें सम्मिलित हुए और दूसरे रूपसे जगत्‌का काम भी बराबर होता रहा।

जब ऋषियों और नदी-नदादिकके अधिष्ठाता देवताओंका यह पराक्रम है कि वे कई रूप धरकर संसारमें काम करते रहते हैं तो भगवान् शिवजी तो बड़े ऐश्वर्यवान् हैं, ईश्वरकोटिमें हैं, उनमें क्या आश्चर्य है कि एक रूपसे समाधिमें रहे और दूसरे रूपसे लोकमें विचरते रहे, एक ही रूप रहे तो जगत्‌का कल्याण कैसे हो सके? भक्तोंकी रक्षा, तप करनेवालोंको वर देना, संहार-प्रलय सब ही बन्द हो जावें। इधर समाधिमें

रहे उधर रणक्रीड़ा, राज्याभिषेक इत्यादि सब चरित्र भी देखते रहे, यथा—'*सुर ब्रह्मादि सिद्ध मुनि नाना। देखत रन नभ चढ़े बिमाना॥ हमहूँ उमा रहे तेहि संगा। देखत रामचरित रन रंगा॥*' (लं० ८०) देखिये, देवतालोग एक ही समयमें अनेक स्थानोंमें पूजा लेते हैं, वह भी एक प्रकारकी नहीं।

वे० भू० जीका मत है कि 'यद्यपि महर्षि सौभरि और प्रचेतागणने एक ही कालमें अनेक शरीर धारण किये तथापि उन शरीरोंसे एक ही कालमें भिन्न-भिन्न क्रियाएँ नहीं कर सकते थे। क्योंकि जीवात्मा अणु होनेसे एक ही प्रधान शरीरमें रहता है, उस प्रधान शरीरसे जो क्रियाएँ होती हैं वही सब क्रियाएँ अन्य सब शरीरोंसे स्वाभाविक होती हैं, विभिन्न क्रियाएँ नहीं। और यहाँ तो शङ्करजी एक तरफ समाधिस्थ हैं, दूसरी तरफ उससे भिन्न क्रिया श्रीरामस्तुति आदि करते लङ्का और अयोध्यामें पाये जाते हैं। अतः ये दृष्टान्त संघटित नहीं हो सकते हैं।' ☞परंतु वे भी इतना मानते हैं कि ब्रह्मसूत्र-(वेदान्तदर्शन-) के देवाधिकरणके अनुसार उपर्युक्त दृष्टान्त देनेवालोंका समर्थन हो सकता है कि शङ्करजी एकरूपसे समाधिस्थ थे और एकरूपसे भगवल्लीलामें सम्मिलित थे। इससे तो ऊपर किये हुए समाधानकी पुष्टि ही हुई न कि खण्डन। जीव अव्यापक अर्थात् अणु होते हुए भी ज्ञान व्यापक होनेके कारण बहुत से शरीरोंका संचालन कर सकता है जैसा कि एक ही शरीरमें केवल किसी एक ही (अर्थात् हृदय) स्थानमें स्थित रहकर भी वह शरीरके समस्त अवयवोंका संचालन करता है। यथा—'**अव्यापित्वेऽपि पुंसोऽभिमतबहुवपुःप्रेरणे योगपद्यं ज्ञानव्याप्योपपन्नं बहुषु च वपुषोंऽशेषु निर्वाह एषः॥**' (तत्त्वमुक्ताकलाप २। १९)।

वे० भू० जी समाधान इस प्रकार करते हैं कि '*तहँ पुनि संभु समुझि पन आपन*' के '*पुनि*' शब्दसे यह ध्वनित होता है कि 'सम्पूर्ण रामावतारकालिक लीला देखनेके बाद शङ्करजीने समाधि ली। कैलासपर पहुँचनेके बाद सतीजी कैलासपर रहीं और ये बराबर अकेले विचरते रहे और भगवल्लीलाका आनन्द लेते रहे।'—पाठक स्वयं विचार लें।

नोट—३ कुछ महानुभावोंने यह कहकर कि समाधि हरिइच्छासे इतने ही समयमें छूट गयी नहीं तो वह तो 'अखण्ड अपार' थी, यथा—'*लागि समाधि अखंड अपारा*' फिर यह शङ्का की है कि 'श्रीशिवजी तो प्रभुके ध्यानमें मग्न थे, यह तो कोई बुरा कर्म न था, फिर अपने भक्तके ध्यानमें विघ्न करना तो उचित न था' और समाधान यह किया है कि 'शिवजी समाधिमें स्थित निजानन्द लूट रहे थे। समाधिसे केवल उन्हींको सुख था, दूसरेको नहीं। सतीजी जबतक विधि आदिका आश्रय लेती रहीं तबतक प्रभु चुप रहे। जब उन्होंने आर्त होकर श्रीरामजीकी शरण ली तब आर्तका दुःख छुड़ानेके लिये समाधि छुड़ायी।'

रामनाम सिव सुमिरन लागे। जानेउ सती जगतपति जागे॥ ३॥
जाइ संभुपद बंदनु कीन्हा। सन्मुख संकर आसन दीन्हा॥ ४॥

अर्थ—शिवजी श्रीरामनामका स्मरण करने लगे। (तब) सतीजीने जाना कि जगत्‌के स्वामी (श्रीशिवजी) जाग पड़े हैं॥ ३॥ उन्होंने जाकर शम्भुजीके चरणोंकी वन्दना की। शङ्करजीने (उन्हें बैठनेके लिये) सामने आसन दिया॥ ४॥

टिप्पणी—१ '*रामनाम सिव सुमिरन लागे। जानेउ.......*' इति। इससे पाया गया कि सतीजी शिवजीके समीप नहीं रहती थीं। इसीसे ग्रन्थकारने प्रथम ही लिख दिया था कि '*सती बसहिं कैलास तब।*' यदि शिवजीके समीप रहतीं तो शिवसमीप बसना लिखते। आगे भी कहते हैं कि '*जाइ संभुपद बंदनु कीन्हा।*' '*जाइ*' से भी इसकी पुष्टि होती है। समीप होतीं तो '*जाइ*' क्यों कहते। पर साथ ही वे इतनी दूर भी न थीं कि कुछ जान न पड़ता। [सती दिन-रात शङ्करजीमें ही मनोयोग दिये रहती थीं। अतएव विश्वनाथके जागनेका पता पहिले उन्हींको लगा। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ '*जानेउ सती जगतपति जागे*' इति। जगत्पतिका भाव कि—(क) ईश्वरके जागनेसे जगत्‌की रक्षा होती है। यथा—'**उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द त्यज निद्रां जगत्पते। त्वयि सुप्ते जगन्नाथ जगत् सुप्तं भवेदिदम्॥**'

'उत्थितं चेष्टिते सर्वमुत्तिष्ठोत्तिष्ठ माधव।' इस भावसे ईश्वरके जागनेपर 'जगत्पति' विशेषण दिया। यथा—'*गुर ते पहिलेहि जगतपति जागे राम सुजान।*' (बा० २२६) संत 'प्रकृति' (प्राकृत) निद्रासे जागते हैं अथवा समाधिसे जागते हैं, तब श्रीरामनामका स्मरण करते हैं। यथा—'*मन महुँ तरक करै कपि लागा। तेही समय बिभीषनु जागा॥ राम राम तेहि सुमिरन कीन्हा॥*' (सुं० ६) यथा यहाँ कहा कि '*राम नाम सिव*……।' [जगत्पति अर्थात् संसारमात्रके रक्षक हैं। मैं जगत्‌में हूँ, अतः मेरी भी रक्षा करेंगे। (पं०) (घ) अपना पतिभाव हटाकर समष्टिरूपसे शिव जाना। (मा० प०)]

नोट—१ यहाँ सतीजी अपना सम्बन्ध नहीं देतीं क्योंकि वे जान गयी हैं कि आपने पत्नीभावका त्याग किया है। पतिकी प्रसन्नता जिसमें रहे वही करती हैं। एक बार चूक चुकी हैं। (पं०)

नोट—२ '*जागे*' इति। समाधिदशामें समस्त बाह्य-इन्द्रियाँ भीतर स्वरूपमें लीन रहती हैं, शरीर जडवत् रहता है जैसे कि निद्रामें। इसीसे समाधि छूटनेपर 'जागना' कहा।

टिप्पणी—३ '*जाइ संभुपद बंदनु कीन्हा।* ………………' इति। (क) श्रीशिवजीके चरणकमलोंमें प्रेम करना सतीजीका व्रत है। यथा—'*जो मोरें सिवचरन सनेहू। मन क्रम बचन सत्य ब्रत एहू॥*'; अतः शिवजीके जागते ही उन्होंने पद-वन्दन किया। (ख) '*संभुपद*' का भाव कि इन्हीं कल्याणकारी चरणोंसे मेरा कल्याण है। (ग) '*सन्मुख संकर आसन दीन्हा*' इति। सम्मुख आसन माताको दिया जाता है। अपने सामने बैठनेके लिये आसन देकर सतीतनमें स्त्रीभावका त्याग और मातृभावका ग्रहण जनाया। सत्तासी हजार वर्ष बीतनेपर भी उन्होंने सतीजीमें पत्नीभाव नहीं रखा—यह शङ्करजीकी सावधानता है, दृढ़ता है। जब दूसरे तनमें पत्नीभाव ग्रहण करेंगे तब भामिनी मानकर वामभागमें आसन देंगे। यथा—'*जानि प्रिया आदरु अति कीन्हा। बाम भाग आसन हर दीन्हा॥*' (१०७) ☞ पदवन्दन करते ही तुरत शिवजीने सम्मुख आसन दिया कि कहीं ऐसा न हो कि वामभागमें आकर बैठ जायँ। इससे शिवजीकी अपने व्रतमें सावधानता दर्शित करायी। सतीजीने पदवन्दन करके अपना पातिव्रत्य दिखाया। दोनों ही अपने-अपने व्रतमें दृढ़ हैं।

नोट—३ बैजनाथजीका मत है कि 'जीव-ईश्वरका नित्य सम्बन्ध है ऐसा विचारकर पदवन्दन किया। ईश्वरके सम्मुख ही जीवको अधिकार है, यही भाव सतीमें जानकर शङ्करजीने सम्मुख ही आसन दिया। पुनः, सीतावेषका भाव मानकर आप सम्मुख बैठे हैं।' श्रीजानकीशरणजीका मत है कि सीता-भाव ग्रहण करते तो उनके आगमनपर उठकर प्रणाम करते और आदर करते तथा फिर कदापि उनके साथ विवाह न करते। यहाँ तो केवल स्त्रीभाव छोड़नेके कारण वामभागमें नहीं बैठाया।

नोट—४ '*गईं सभीत महेस तब*' दोहा ५५ से लेकर यहाँतक अधिकतर शिवपुराणके रुद्रसंहिताके अ० २७ आदिसे मिलता है।

चौपाई	समानार्थी श्लोक अ० २७
सती सभीत महेस पहिं चलीं हृदय बड़ सोच॥ ५३॥	१ अथ तां दुःखितां दृष्ट्वा
गईं समीप महेस तब हँसि पूछी कुसलात। *लीन्हि परीछा कवन बिधि कहहु*…… ॥ ५५॥	२ पप्रच्छ कुशलं हरेः। प्रोवाच वचनं प्रीत्या तत्परीक्षा कृता कथम्॥ ४५॥
कछु न परीछा लीन्हि गोसाईं। *कीन्ह प्रनाम तुम्हारिहिं नाईं॥*	३ श्रुत्वा शिववचो 'नाहं किमपि' प्रणतानना।
तब संकर देखेउ धरि ध्याना। *सती जो कीन्ह चरित सबु जाना॥*	४ अथ ध्यात्वा महेशस्तु बुबोध चरितं हृदा॥ ४७॥
हृदय बिचारत संभु सुजाना। सती कीन्ह सीता कर बेषा।……… *जौं अब करौं सती सन प्रीती॥* *मिटै भगतिपथु होइ अनीती॥*	५ कुर्याच्चेद्दक्षजायां हि स्नेहं पूर्वं यथा महान्। नश्येन्मम पणः शुद्धो लोकलीलानुसारिणः॥ ५०॥
एहि तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं।	६ इत्थं विचार्य बहुधा हृदा तामत्यजत् सतीम्।

सिव संकल्प कीन्ह मन माहीं॥		पणं न नाशयामास वेदधर्मप्रपालकः॥५१॥
चलत गगन भै गिरा सुहाई।	७	चलन्तं पथि तं व्योमवागुवाच महेश्वरम्।
जय महेस भलि भगति दृढ़ाई। अस पन.........		धन्यस्त्वं परमेशान त्वत्समोऽमतथा पणः॥५८॥
प्रभु मोहि तजेउ हृदय अकुलानी।	८	ततोऽतीव शुशोचाशु बुद्ध्वा सा त्याग आत्मनः
बरनत पंथ बिबिध इतिहासा। बिस्वनाथ पहुँचे कैलासा॥	९	सत्यामाप स कैलासं कथयन् विविधाः कथाः।
बैठे बटतर करि कमलासन॥ संकर सहज.......	१०	वटे स्थित्वा निजं रूपं दधौ योगी
सरूपु सँभारा। लागि समाधि....... ।		समाधिभृत्।
बीते संबत सहस सतासी। तजी समाधि	११	महान् कालो व्यतीताय तयोरित्थं महामुने।
संभु अबिनासी॥		ध्यानं तत्याज गिरिशस्ततः स परमोऽतिकृत्॥
जानेउ सती जगतपति जागे॥	१२	तज्ज्ञात्वा जगदम्बा हि सती तत्राजगाम सा।
जाइ संभुपद बंदनु कीन्हा। सन्मुख संकर आसनु दीन्हा॥	१३	आसनं दत्तवान् शम्भुः स्वसम्मुखमुदारधीः॥

लगे कहन हरिकथा रसाला। दच्छ प्रजेस भये तेहि काला॥५॥
देखा बिधि बिचारि सब लायक। दच्छहि कीन्ह प्रजापतिनायक॥६॥
बड़ अधिकार दच्छ जब पावा। अति अभिमानु हृदय तब आवा॥७॥
नहिं कोउ *अस जनमा जगमाहीं। प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं॥८॥

शब्दार्थ—रसाला=रसभरी, रसीली। प्रभुता=अधिकार, स्वामीपना।

अर्थ—भगवान्‌की रसीली कथा कहने लगे। उसी समय दक्ष प्रजापति हुए॥५॥ ब्रह्माजीने विचारकर उन्हें सब (प्रकार) योग्य देखा। (अत:) दक्षको उन्होंने प्रजापतियोंका नायक (अधिपति, सरदार) बना दिया॥६॥ जब दक्षने (यह) बड़ा पद पाया तब उनके हृदयमें भारी अभिमान आ गया॥७॥ (वक्ता अपनी ओरसे सिद्धान्त कहते हैं) संसारमें ऐसा कोई नहीं पैदा हुआ जिसको प्रभुता पाकर अभिमान नहीं हो॥८॥

टिप्पणी—१ *'लगे कहन हरिकथा रसाला'* इति। ☞ग्रन्थकार शिवजीकी रहनी दिखाते हैं कि ध्यान करने बैठे तब नामका स्मरण करते पाये गये, ध्यान छूटनेपर भी श्रीरामनामहीका स्मरण कर रहे हैं और जब श्रोता मिला, तब कथा कहने लगे। इस तरह उनका सब समय श्रीरामजीके भजनमें ही जाता है, व्यर्थ एक क्षण भी नहीं व्यतीत होता। जहाँ और जबसे उन्होंने सतीजीके त्यागका संकल्प किया तहाँ और तबसे उन्होंने सती-तनमें प्रेम होनेका अवकाश ही नहीं आने दिया। प्रथम तो विविध इतिहासकी कथाएँ कहकर रास्ता काटे, फिर सत्तासी हजार वर्षकी समाधि लेकर सतीजीकी आयुका समय बिताया। जब समाधि छोड़ी तब रामनामका स्मरण करने लगे और जब सतीजी समीप आयीं तब पुन: हरिकथा कहने लगे। (हरि-कथा कही जिससे सतीजीका दु:ख दूर हो।)

नोट—१ पं० सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि 'कथा कहने लगे जिसमें ऐसा न हो कि कहीं त्यागनेका कारण पूछने लगें।'—(पर यह भाव श्रीसतीजीके स्वभावसे जैसा प्रसंगभरमें दिखाया गया है, संगत नहीं जान पड़ता)। पुराणोंमें लिखा है कि जबतक कथाका प्रसंग समाप्त न हो तबतक कोई दूसरी बात न कहनी चाहिये। यथा—'कथायां कीर्त्यमानायां विघ्नं कुर्वन्ति ये नराः।'.........' भवन्ति ग्रामसूकराः॥ सनत्कुमार सं०।' और पं० सुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि 'समयसे पहले ही जाग उठे, इसलिये ठीक समय आनेके लिये बीचका समय सुखसे बीत जाय, इसलिये रसभरी हरिकथा कहने लगे।

नोट—२ *'दच्छ प्रजेस भये तेहि काला'* इति। प्रजेस=प्रजापति=प्रजाकी उत्पत्ति करनेवाला। 'वेदों और उपनिषदोंसे लेकर पुराणोंतकमें प्रजापतिके सम्बन्धमें अनेक प्रकारकी कथाएँ हैं। पुराणोंमें ब्रह्माके पुत्र अनेक

* अस कोउ—पाठान्तर

प्रजापतियोंका उल्लेख है।.........कहीं ये दस कहे गये हैं और कहीं इक्कीस। मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, प्रचेता, वसिष्ठ, भृगु और नारद—ये दस हैं। नारद और प्रचेताको छोड़कर इक्कीसमें भी इनकी गिनती है। अन्य तेरह ये हैं—ब्रह्मा, सूर्य, मनु, दक्ष, धर्मराज, यमराज, परमेष्ठी, विवस्वान्, सोम, कर्दम, क्रोध, अर्वाक् और क्रोत।' (श० सा०)

टिप्पणी—२ *'देखा बिधि बिचारि सब लायक.........'* इति। (क) अधिकार तभी सौंपा जाता है जब मनुष्य उसके योग्य होता है। यथा—*'कहइ भुआलु सुनिय मुनि नायक। भए राम सब बिधि सब लायक॥'* (अ० ३) *'.....नाथ' रामु करिअहिं जुबराजू।'* (ख) दक्षको पहले प्रजेश कहा और अब वे प्रजापतिनायक किये गये। इससे पाया गया कि ब्रह्माजीने दक्षको दो अधिकार सौंपे। पहले प्रजापति बनाया फिर उसमें उन्हें सब प्रकार योग्य पाकर अब उनको प्रजापतियोंका नायक बना दिया। समाधि छूटनेके पूर्व प्रजापति हुए और छूटनेके बाद प्रजापतिनायक बनाये गये। प्रजापति बहुत हैं, उनके भी पति हुए अर्थात् पहले राजा थे, अब राजाओंके राजा किये गये। ब्रह्माके बाद फिर यही पद है। यह कथा भागवतमें है।

नोट—३ प० पु० सृष्टिखण्डमें लिखा है कि ब्रह्माजीने पहले मनके संकल्पसे ही चराचर प्राणियोंकी सृष्टि की, किंतु इस प्रकार उनकी सारी प्रजा पुत्र-पौत्र आदिके क्रमसे अधिक न बढ़ सकी; तब उन्होंने अपने ही सदृश नौ मानस-पुत्र उत्पन्न किये जो नौ ब्रह्मा माने गये। वे ये हैं—भृगु, पुलह, क्रतु, अंगिरा, मरीचि, दक्ष, अत्रि, पुलस्त्य और वसिष्ठ। अपनेसे उत्पन्न अपने ही स्वरूपभूत स्वायम्भुवको प्रजापालनके लिये प्रथम मनु बनाया। मनुने अपनी कन्या प्रसूतिका विवाह दक्षके साथ कर दिया। प्रसूतिके गर्भसे (भा० ४।१ के अनुसार अति सुन्दरी १६ और प० पु० के अनुसार) चौबीस कन्याएँ उत्पन्न करके उन्होंने बड़ी प्रथम तेरह कन्याएँ धर्मको ब्याह दीं, शेष ग्यारहमेंसे एक अग्निदेवको, एक शिवजीको और एक पितृगणको ब्याह दीं और अन्य आठ उपर्युक्त आठ मानसपुत्रोंको दी गयीं। प्रसूतिजीकी कन्याओंद्वारा विशाल सृष्टि (वंशपरम्परा) सारी त्रिलोकीमें फैल गयी। प्रजाकी वृद्धिका कार्य जैसा दक्षद्वारा हुआ ऐसा किसीसे न हुआ था। उनका तेज सूर्यके समान था। प्रजापतियोंके यज्ञमें जब वे गये तब उनके तेजसे वह विशाल सभामण्डप जगमगा उठा। ब्रह्माजी और महादेवजीके अतिरिक्त तेजःपुञ्ज अग्निपर्यन्त सभी सभासद् उनके तेजसे प्रभावित होकर अपने-अपने आसनोंसे उठकर खड़े हो गये।.......... इसके बहुत पश्चात् और भी प्रजापतियोंका नायक बना दिया। (भा० ४।१।२)

टिप्पणी—३ *'बड़ अधिकार दच्छ जब पावा।.........'* इति। *'बड़ अधिकार'* का भाव कि पहले प्रजापति हुए, यह अधिकार पाया और अब प्रजापतिनायक किये गये, यह 'बड़ा' अधिकार मिला। *'अति अभिमान'* का भाव कि प्रजापतिका अधिकार मिलनेपर अभिमान हुआ (तभी तो शिवजीकी निन्दा करने लगे) और अब नायक हो गये, यह बड़ा अधिकार मिला, अतः अब 'अति' अभिमान हो गया। अधिकार हो जानेपर अभिमान हो जाता है, यथा—*'जग बौराय राजपद पाए।'*

टिप्पणी—४ (क) *'नहिं कोउ अस जनमा जगमाहीं।.........'* इति। 'ऐसा' अर्थात् अभिमानरहित पुरुष जगत्में दुर्लभ है। कुछ एक मदहीके जीतनेसे तात्पर्य नहीं है। ऐसे ही अन्य सब विकारोंका जीतनेवाला संसारमें कोई नहीं है—यह बात इसी ग्रन्थमें जहाँ-तहाँ दिखायी गयी है। यथा—*'नारद भव बिरंचि सनकादी। जे मुनिनायक आतमबादी॥ मोह न अंध कीन्ह केहि केही। को जग काम नचाव न जेही॥ तृष्ना केहि न कीन्ह बौराहा। केहि कर हृदय क्रोध नहिं दाहा॥ ज्ञानी तापस सूर कबि कोबिद गुन आगार। केहि कै लोभ बिडंबना कीन्ह न एहि संसार। श्रीमद बक्र न कीन्ह केहि प्रभुता बधिर न काहि॥ मृगलोचनिके नयनसर को अस लागि न जाहि॥'* (उ० ७०) इत्यादि। (ख) (प्रसङ्गानुकूल अर्थ यही है जो ऊपर दिया गया। दूसरा अर्थ यह भी करते हैं) 'जिसको प्रभुता पानेपर मद न हुआ ऐसे (किसी पुरुष) ने संसारमें जन्म नहीं लिया। अर्थात् मदका जीतनेवाला पुनर्जन्म नहीं लेता, वह भवपार हो जाता है, क्योंकि जगत्की

उत्पत्ति अहंकारहीसे है, बिना अहंकार संसारमें जन्म कैसे सम्भव है?' [यह अर्थ पंजाबीजीकी टीकासे लिया जान पड़ता है। इसके अतिरिक्त पंजाबीजीने एक अर्थ और भी दिया है कि 'केवल प्रभु ही ऐसे हैं जिन्हें प्रभुता पानेपर भी अभिमान नहीं है सो उनका जन्म नहीं होता, वे तो प्रकट हुआ करते हैं।'—यह भी प्रसङ्गसे दूरका अर्थ है। भावार्थ वा ध्वनित अर्थ इसे भले ही मान लें।]

नोट—४ वस्तुतः यहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार है। यथा—'*साधारण कहिये बचन कछु अवलोकि सुभाय। ताको पुनि दृढ़ कीजिये प्रगट बिशेष बनाय॥*' (अ० मं०) अर्थात् पहले कोई बात साधारण कहकर फिर उसीको विशेष सिद्धान्तसे समर्थन करना 'अर्थान्तरन्यास' है। यहाँ पहले एक बात साधारण कही कि दक्षको अधिकार-प्राप्तिसे अभिमान हुआ। फिर उसीको विशेष सिद्धान्तसे दृढ़ किया कि जगन्मात्रमें कोई ऐसा नहीं है जिसे पदवी पानेपर अभिमान न हुआ हो। प्रमाण यथा—हितोपदेश—'**दुर्मन्त्रिणं कमपयान्ति न नीतिदोषाः संतापयन्ति कमपथ्यभुजं न रोगाः। कं श्रीर्न दर्पयति कं न निहन्ति मृत्युः कं स्वीकृता न विषयाः परितापयन्ति॥**' तथा '**अपथे पदमर्पयन्ति हि श्रुतवन्तोऽपि रजोनिमीलिताः।**' अर्थात् ऐसा कौन है जिसका मन्त्री दुर्मन्त्री हो और उसको नीतिका दोष न लगे? ऐसा कौन है जिसे अपथ्य भोजनसे रोगने न सताया हो? ऐश्वर्य किसको दर्पयुक्त नहीं बनाता? मृत्यु किसे नहीं मारती? विषयोंको स्वीकार करनेपर किसको कष्ट नहीं होता? जैसे नेत्रोंमें धूल पड़नेसे मार्ग न सूझनेसे कंटकादिपर पैर पड़ जाता है, वैसे ही रजोगुणके दोषोंसे युक्त पुरुष विद्यावान् होनेपर भी कुमार्गमें प्रवृत्त हो जाता है।

नोट—५ प्रथम कहा कि '*अति अभिमान हृदय तब आवा*' और यहाँ कहते हैं कि '*प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं।*' इस तरह जनाया कि मद और अभिमान पर्याय हैं।

नोट—६ यहाँ दक्षके मद-अभिमानके कथनका प्रयोजन क्या है? आगे दक्षयज्ञका वर्णन है। उसमें शिवजीको निमन्त्रण नहीं दिया गया और न यज्ञमें भाग ही दिया गया है। उसका कारण सूक्ष्म रीतिसे इतनेसे ही जना दिया है। उसको बड़ा भारी अभिमान हो गया जिससे उसने महादेवजीको ही अपमानित करनेकी ठानी। यह अनुचित कर्म किया। प्रथम कारण 'मद' कहकर आगे उसका 'कार्य' कहते हैं।

नोट—७ दक्षके अभिमानका प्रमाण भा० (४।३।२—४) में है। यथा—'**यदाभिषिक्तो दक्षस्तु ब्रह्मणा परमेष्ठिना। प्रजापतीनां सर्वेषामाधिपत्ये स्मयोऽभवत्॥ इष्ट्वा स वाजपेयेन ब्रह्मिष्ठानभिभूय च। बृहस्पतिसवं नाम समारेभे क्रतूत्तमम्॥ तस्मिन् ब्रह्मर्षयः सर्वे देवर्षिपितृदेवताः। आसन् कृतस्वस्त्ययनास्तत्पत्न्यश्च सभर्तृकाः॥**' अर्थात् जिस समय ब्रह्माजीने दक्षको समस्त प्रजापतियोंका अधिपति बना दिया तभीसे उसका गर्व और भी बढ़ गया। उसने (भगवान् शङ्कर आदि) ब्रह्मनिष्ठोंको यज्ञभाग न देकर उनका तिरस्कार करते हुए पहले तो वाजपेय यज्ञ किया, फिर बृहस्पतिसव नामका महायज्ञ आरम्भ किया जिसमें सभी ब्रह्मर्षि, देवर्षि, पितर, देवता आदि अपनी-अपनी पत्नियोंके साथ पधारे और सबका यथायोग्य खूब स्वागत-सत्कार किया गया।

दो०—दच्छ लिए मुनि बोलि सब करन लगे बड़ जाग।
नेवते सादर सकल सुर जे पावत मख भाग॥६०॥

अर्थ—दक्षने सब मुनियोंको बुलवा लिया और बड़ा यज्ञ करने लगे। जो देवता यज्ञमें भाग पाते हैं उन सबोंको आदरपूर्वक निमन्त्रित किया॥६०॥

टिप्पणी—१ '*दच्छ लिए मुनि बोलि सब*.............' इति। (क) जैसा क्रमसे हुआ वैसा ही दोहेमें कहते हैं। प्रथम मुनि बुलाये गये। उन्होंने आकर यज्ञ प्रारम्भ किया। तत्पश्चात् देवता निमन्त्रणमें आये। '*बोलि लिए*' से जनाया कि मुनियोंको निमन्त्रण नहीं गया, उनको दक्षने बहुत निम्नकोटिका समझा, इसीसे बुलवा भेजा। (ख) ['*बड़ जाग*' इति। (भा० ४।३) में लिखा है कि प्रजापतिनायक होनेपर प्रथम वाजपेय यज्ञ किया फिर बृहस्पतिसव नामक महायज्ञ किया जिसमें सतीजीने जाकर अपना शरीर त्याग दिया था। 'महायज्ञ' ही बड़ा यज्ञ है। पद्मपु० सृष्टिखण्डमें लिखा है कि 'इस यज्ञमें एक विशाल वेदी

बनायी गयी थी जहाँ सब लोग एकत्रित थे। चारों ओरसे दस योजन भूमि यज्ञके समारोहसे पूर्ण थी। दक्षने यह यज्ञ गङ्गाद्वारमें किया था। गङ्गाजीके पश्चिमी तटपर सतीजीने जहाँ अपनी देहका त्याग किया था, वह स्थान आज भी 'सौनिक तीर्थ' नामसे प्रसिद्ध है।' यह यज्ञ हरिद्वार कनखलमें हुआ। स्कन्दपु० माहेश्वरखण्ड-केदारखण्डमें स्पष्ट लिखा है कि रुद्रका अपमान करनेके लिये ही दक्षने यह यज्ञ किया था।] (ग) *'करन लगे बड़ जाग'* कहकर *'नेवते'* कहनेका भाव कि जब मुनि यज्ञकी तैयारी करने लगे तब निमन्त्रण देवताओंको गया। यज्ञ बहुत बड़ा था, इसीसे 'सब' मुनि बुलाये गये।

टिप्पणी—२ *'नेवते सादर'* इति। सब देवताओंको आदरपूर्वक निमन्त्रण भेजनेमें भाव यह है कि शिवजीका अनादर (अपमान) करना है, इसलिये सबको न्योता दिया, सबको सपरिवार बुलाया, सबको सवारी, पूजा, भेंट आदि भेजी, जैसा आदर-सत्कार करनेकी रीति है वह सब किया। और शिवजीको निमन्त्रण भी न भेजा। सबका विशेष आदर किया जिसमें सब हमारे पक्षमें रहें, शिवजीका पक्ष कोई न ले। [पुनः सादर न्योतनेका भाव कि जिसमें कहीं ऐसा न हो कि शिवजीके निमन्त्रित न होनेसे वे निमन्त्रण अस्वीकार कर दें, तो यज्ञ ही कैसे होगा। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—३ *'सकल सुर जे पावत मख भाग'* इति। जो देवता यज्ञमें भाग पाते हैं उन सबोंको न्योता दिया, क्योंकि अपने यज्ञमें शिवजीको भाग देना नहीं चाहते। दक्षके हृदयका भाव जैसा है वैसा ही दोहेके शब्दोंमें झलक रहा है—जो-जो यज्ञमें भाग पाते थे उन सबोंको निमन्त्रित किया जिसमें सबको विदित हो जाय कि शिवजीको यज्ञमें भाग नहीं मिला, जातिमें उनका अपमान हो। यहाँ *'सकल सुर'* कहकर आगे कुछका नाम भी देते हैं—*'किन्नर ………'* [शङ्करजी भी यज्ञका भाग पाते थे; पर उनको न्योता नहीं दिया और दक्षके बुद्धिहीन याजकोंने भी आपको यज्ञभागसे वञ्चित रखा। यथा—**'न यत्र भागं तव भागिनो ददुः कुयज्विनो येन मखो निनीयते॥'** (भा० ४।६।५०) (यह ब्रह्माजीने स्वयं शिवजीसे दक्षयज्ञके उद्धारकी प्रार्थना करते हुए कहा है जिसमें यह भी कहा कि आपकी कृपासे यज्ञ सम्पूर्ण होता है।)]

नोट—पं० सू० प्र० मिश्रजी दोहार्थके प्रमाणमें काशीखण्डका यह श्लोक देते हैं—**'प्राप्य स्वभवनं देवानां जुहाव सवासवान्। अहं यियक्षुर्यूयं मे यज्ञसाहाय्यकारिणः॥ भवन्तु यज्ञसंभारानानयन्तु त्वरान्विताः।'**

किंनर नाग सिद्ध गंधर्बा। बधुन्ह समेत चले सुर सर्बा॥१॥
बिष्नु बिरंचि महेसु बिहाई। चले सकल सुर जान बनाई॥२॥
सती बिलोके ब्योम बिमाना। जात चले सुंदर बिधि नाना॥३॥
सुरसुंदरीं करहिं कल गाना। सुनत श्रवन छूटहिं मुनिध्याना॥४॥

अर्थ—किन्नर, नाग, सिद्ध और गन्धर्व (आदि) सभी देवता अपनी-अपनी स्त्रियोंसहित (यज्ञके निमन्त्रणमें) चले॥१॥ विष्णुभगवान्, ब्रह्माजी और महादेवजीको छोड़कर सभी देवता (अपने-अपने) विमान सजा-सजाकर चले॥२॥ सतीजीने देखा कि अनेक प्रकारके सुन्दर विमान आकाशमें चले जा रहे हैं॥३॥ देववधूटियाँ सुन्दर (मधुर स्वरसे) गान कर रही हैं, जिसे कानोंसे सुनते ही मुनियोंका ध्यान छूट जाता है॥४॥

नोट—१ *'किंनर नाग सिद्ध गंधर्बा'* इति। *'किन्नर'*—कादम्बरीमें इनके दो भेद लिखे हैं। किसीका मुख मनुष्यका-सा और शरीर अश्वका-सा होता है और किसीका शरीर मनुष्यका-सा और मुख अश्वका-सा होता है। कोशमें **'किन्नरा नरविग्रहा अश्वमुखा देवयोनयः।'** ऐसा अर्थ किया है। अर्थात् उनका शरीर मनुष्यका और मुख घोड़ेका होता है। ये भी देवसर्गमेंसे एक प्रकारके हैं। यह देवजाति नाचने-गानेमें बड़ी प्रवीण और उत्तम स्वरवाली होती है। इनमें परस्पर विवाहकी शैली विचित्र ही है। अर्थात् पुरुषका शरीर मनुष्यवत् होगा तो उसकी स्त्रीका शरीर अश्ववत् होगा और स्त्रीका शरीर मनुष्यवत् होगा तो उसके पतिका अश्ववत् होगा।

'नाग'—कद्रूके एक सहस्र पुत्र जो सहस्रमस्तकवाले नाग थे, वे 'नाग' कहलाये। इनमेंसे अनन्त, वासुकि, शेष, कर्कोटक, शङ्ख, कम्बल, महानील, तक्षक, पद्म, महापद्म, महाशङ्ख आदि छब्बीस नाग प्रधान हैं। (पद्मपु० सृष्टिखण्ड)। विष्णुपुराण अंश १ अ० २१ में भी कहा है—**'तेषां प्रधानभूतास्तु शेषवासुकितक्षकाः॥ शङ्खश्वेतो महापद्मः कम्बलाश्वतरौ तथा। एलापुत्रस्तथा नागः कर्कोटकधनञ्जयौ॥'** (१-२) **'नागा वासुकिप्रभृतयो नराकाराः।'** इति। इस प्रमाणके अनुसार नागोंका शरीर नराकार है। अष्टकुली नाग देवताओंकी पूजा होती है। नागपञ्चमी तिथि इन्हींके पूजनकी तिथि है। वे अष्टकुली नाग ये हैं—**'अनन्तो वासुकिः पद्मो महापद्मश्च तक्षकः। कुलीरः कर्कटः शेषश्चाष्टौ नागाः प्रकीर्तिताः॥'** (यह श्लोक मा० प० से लिया है।)। नाभाजीने इनके नाम 'इलापत्र, अनन्त, पद्म, शंकु, अशुकम्बल, वासुकि, कर्कोकट और तक्षक' दिये हैं। (भक्तमाल छप्पय २७) इनकी चर्चा श्रीरामतापिनीयोपनिषद्‌में भी है। ये सब हरिके द्वारपाल कहे जाते हैं।

'सिद्ध' इति। 'सिद्ध' देवकोटिमेंकी एक जाति है। श्रीब्रह्माजीने दस प्रकारकी सृष्टि रची। उनमेंसे एक देवसर्ग है। देवसर्ग आठ प्रकारका है—(१) देवता, (२) पितर, (३) असुर, (४) गन्धर्व-अप्सरा, (५) यक्ष-राक्षस, (६) सिद्ध, चारण, विद्याधर, (७) भूत-प्रेत-पिशाच और (८) किन्नरादि। यथा—**'देवसर्गश्चाष्टविधो विबुधाः पितरोऽसुराः। गन्धर्वाप्सरसः सिद्धा यक्षरक्षांसि चारणाः॥ भूतप्रेतपिशाचाश्च विद्याध्राः किन्नरादयः। दशैते विदुराख्याताः सर्गास्ते विश्वसृक्कृताः॥'** (भा० ३।१०।२७-२८) मानसके इस प्रसङ्गसे भी 'सिद्ध' का देवजाति होना सिद्ध है। इस तरह कि ऊपर कहा है कि दक्षने समस्त देवताओंको निमन्त्रित किया, यथा—*'नेवते सादर सकल सुर.........'* ; और यहाँ नाग और गन्धर्वके बीचमें 'सिद्ध' को भी कहा। अतएव 'सिद्ध' भी एक देवजाति ही हुई।

'गन्धर्बा' इति। देवसर्गमेंसे यह चौथे प्रकारके देवता हैं। ये पिंगलवर्णके होते हैं। स्वर्गमें रहते हैं। ये अच्छे गवैये होते हैं। विष्णुपुराणमें इनके विषयमें कहा है कि—**'पूर्वकल्पे कृतात्पुण्यात् कल्पादावेव चेद्भवेत्। गन्धर्वत्वं तादृशोऽत्र देवगन्धर्व उच्यते॥'** (अर्थात्) पूर्वकल्पमें किये हुए पुण्योंके प्रभावसे कल्पकी आदिसृष्टिमें जो गन्धर्व होते हैं वे देवगन्धर्व कहे जाते हैं। वेदोंमें गन्धर्व दो प्रकारके माने गये हैं—एक द्युस्थानके, दूसरे अन्तरिक्ष स्थानके। उपनिषदों और ब्राह्मण ग्रन्थोंमें भी गन्धर्वोंके दो भेद मिलते हैं, देवगन्धर्व और मर्त्य वा मनुष्यगन्धर्व। गन्धर्वका अर्थ है—'गा' वा 'गो' का धारण करनेवाला। और 'गो' वा 'गा' से पृथिवी, वाणी, किरण इत्यादिका ग्रहण होता है। गन्धर्व सोमके रक्षक, रोगोंके चिकित्सक, स्वर्गीय ज्ञानके प्रकाशक, नक्षत्रचक्रके प्रवर्तक इत्यादि माने गये हैं। वरुण इनके स्वामी हैं। अग्निपुराणमें गन्धर्वोंके ग्यारह गण माने गये हैं। गन्धर्वोंमें हाहा, हूहू, चित्ररथ, हंस, विश्वावसु, गोमायु, तुम्बुरु और नन्दि प्रधान माने गये हैं।

अमरकोश स्वर्गवर्ग २ श्लोक ११ में भी देवोंकी जातियोंका वर्णन है। यथा—**'विद्याधराप्सरोयक्षरक्षोगन्धर्व-किन्नराः। पिशाचो गुह्यकः सिद्धो भूतोऽमी देवयोनयः॥'** इसपर श्रीमन्नालाल अभिमन्युकी टिप्पणी इस प्रकार है—**'विद्याधरा जीमूतवाहनादयः। अप्सरसो देवाङ्गनाः। यक्षाः कुबेरादयः। रक्षांसि मायाविनो लङ्कादिवासिनः। गन्धर्वास्तुम्बुरुप्रभृतयो देवगायनाः। किन्नरा अश्वादिमुखा नराकृतयः। पिशाचाः पिशिताशा भूतविशेषाः। गुह्यका मणिभद्रादयः। (निधिं रक्षन्ति ये रक्षाः ते स्युर्गुह्यसंज्ञकाः)। सिद्धा विश्वावसुप्रभृतयः। भूता बालकग्रहादयो रुद्रानुचरा वा॥'**

टिप्पणी—१ (क) *'बधुन्ह समेत चले सुर सर्बा'* इति। सब देवताओंको आदरसमेत न्योता है, इसीसे सब वधुओं (अपनी स्त्रियों) सहित चले। *'नेवते सादर'* का भाव यहाँ स्पष्ट कर दिया कि स्त्रियोंसहित निमन्त्रण दिया। ये सब गान करती जाती हैं; यथा—*'सुरसुंदरीं करहिं कल गाना।'* यहाँ देवताओं और देवाङ्गनाओंका चलना कहकर आगे इन दोनोंकी पृथक्-पृथक् क्रियाएँ (कर्म) लिखते हैं कि सब सुर विमान सजा-सजाकर चले और उनकी स्त्रियाँ गान करती चलीं, यथा—*'चले सकल सुर जान बनाई'* तथा *'सुरसुंदरीं करहिं कल गाना।'* क्रिया लिखकर फिर दोनोंकी क्रियाओंकी सुन्दरता दिखायी; वह यह

कि देवताओंने जो यान बनाये, वे नाना विधिके हैं और सुन्दर हैं; यथा—*'सती बिलोके ब्योम बिमाना। जात चले सुंदर बिधि नाना॥'* और सुर-सुन्दरी जो गान करती हैं वह इतना मधुर है कि मुनियोंके ध्यान छूट जाते हैं। (ख) यहाँ इन्द्र, कुबेर और वरुण आदि प्रसिद्ध देवताओंका नाम नहीं लेते; साधारण देवताओं (किन्नर आदि) के ही नाम दिये हैं। इससे जान पड़ता है कि त्रिदेवके न जानेसे इन्द्र-कुबेर आदि प्रधान देवता भी नहीं गये। आगे जो देवता गये उन सबोंका मारा जाना लिखते हैं। यथा—*'सकल सुरन्ह बिधिवत फल दीन्हा।'*

टिप्पणी—२ (क) *'बिष्नु बिरंचि महेसु बिहाई।''''''''''* इति। महेशके त्यागसे प्रथम विष्णु और विरञ्चिका त्याग हुआ, इसीसे यहाँ विष्णु और विरञ्चिका प्रथम त्याग लिखा गया। देवता तीनोंको त्यागकर चले, इसीसे सबने दण्ड पाया। दक्ष तो शिवविमुख था। इससे उसने शिवजीको त्यागा; पर देवताओंको उचित न था कि त्रिदेवको छोड़कर वहाँ जायँ। देवता आदर-सत्कारपूर्वक निमन्त्रण पाकर बड़े उत्साहसे लोभवश चले। उन्होंने किञ्चित् विचार न किया कि जब यज्ञमें त्रिदेव नहीं जा रहे हैं तब यज्ञमें कुशल कैसे होगा। *'चले सकल'* से उन्हीं देवताओंका ग्रहण है जो त्रिदेवको न माननेवाले थे। वे ही शृङ्गार कर-करके और विमान सजा-सजाकर अर्थात् बड़े उत्साहसे चले, इसीसे सब मारे गये। शम्भु-विमुखको जो दण्ड मिलता है वह उनको मिला।

नोट—२ बैजनाथजीका मत है कि *'बधुन्ह समेत चले सुर सर्बा'* के *'सुर सर्बा'* से इन्द्र, वरुण, कुबेर, सूर्य और चन्द्रादि सभी देवता सूचित कर दिये गये हैं। और वे *'बिष्नु बिरंचि महेसु बिहाई। चले सकल सुर जान बनाई॥'* का अन्वय इस प्रकार करते हैं कि *'महेसु बिहाई बिष्नु बिरंचि* [आदि] *सकल सुर ''''''''''* अर्थात् विष्णुभगवान् तथा श्रीब्रह्माजी अपनी-अपनी शक्तियोंसहित तथा समस्त देवता यज्ञमें गये, केवल महेशको छोड़कर। और पं० सुधाकर द्विवेदीका मत है कि 'ब्रह्मा और विष्णुभगवान्को भी निमन्त्रण नहीं दिया गया। अर्थात् जिसने उसे प्रजापतिनायक बनाया उन्हें भी न बुलाया और न उनके पिताको—यह अति अभिमानका लक्षण है।' पं० रामकुमारजीका मत टिप्पणी १, २ में है कि *'सुर सर्बा'* और *'सकल सुर'* से किन्नर-नाग आदिकी कोटिके और उनसे छोटे जातिके देवता अभिप्रेत हैं। यदि इन्द्र, वरुण, कुबेर आदि होते तो इनको प्रधानमें गिनाकर तब *'सुर सर्बा'* कहकर उससे समस्त और देवता कहते।

दोहा ६० में *'नेवते सादर सकल सुर''''''''''* कहा, फिर *'बधुन्ह समेत चले सुर सर्बा'* और *'चले सकल सुर जान बनाई'* कहा गया। दोहा ६० से स्पष्ट है कि (शिवजीको छोड़) यज्ञभाग पानेवाले सभी देवताओंको निमन्त्रण गया। पर भगवान् विष्णु और श्रीब्रह्माजी, यह जानकर कि शङ्करजीको न तो निमन्त्रण ही गया है और न उनको यज्ञमें भाग दिया गया है, यज्ञमें न गये। वे भावी उत्पातको प्रथमसे ही जानते थे, उन्होंने शिवापमानको अपना अपमान माना, इसीसे दक्षयज्ञमें वे भी न गये। यथा—'**उपलभ्य पुरैवैतद्भगवानब्जसम्भवः। नारायणश्च विश्वात्मा न कस्याध्वरमीयतुः॥**'(भा० ४। ६। ३) पद्मपुराणके सृष्टिखण्डमें जो कथा पुलस्त्यजीने कही है, वह किसी अन्य कल्पकी जान पड़ती है, क्योंकि 'उसमें ब्रह्माजी अपने पुत्रोंसहित आकर यज्ञके सभासद् हुए तथा भगवान् विष्णु भी यज्ञकी रक्षाके लिये वहाँ पधारे'—ऐसा उल्लेख आया है। मानस और भागवतकी कथाओंसे इस कथामें विरोध है।

'सुर सर्बा' 'सकल सुर' इति। पद्मपुराणके अनुसार *'सकल सुर'* ये हैं—'शचीसहित देवराज इन्द्र, धूमोर्णासहित परम धर्मिष्ठ यमराज। गौरीसहित वरुणदेव, अपनी पत्नीसहित कुबेरजी, देवताओंके मुखस्वरूप अग्निदेव, उनचासों गणोंसमेत पवनदेव, संज्ञासहित सूर्यदेव, रोहिणी आदिसहित चन्द्रमा, आठों वसु, दोनों अश्विनीकुमार, देवता, नाग, यक्ष, गरुड़ इत्यादि देवगण यज्ञमें आये थे। उनके वृक्ष, वनस्पति, गन्धर्व, अप्सराएँ, विद्याधर, भूतोंके समुदाय बेताल, राक्षस, पिशाच तथा और भी प्राणधारी जीव वहाँ उपस्थित थे। कश्यप, पुलस्त्य, अत्रि, पुलह, क्रतु, प्राचेतस, अङ्गिरा, शिष्योंसहित वसिष्ठजी तथा भूमण्डलके समस्त पुण्यात्मा राजा लोग और सतीजीकी सब बहिनें, बहनोई तथा भानजे भी थे।'

श्रीमद्भागवतमें इस तरह नाम तो नहीं गिनाये गये हैं परंतु यह लिखा है कि सम्पूर्ण ब्रह्मर्षि, देवर्षि, पितृगण और देवता आदि दक्षसे सत्कृत हो पधारे थे तथा उनकी स्त्रियाँ भी साथ आयी थीं, यथा—'**तस्मिन्ब्रह्मर्षयः सर्वे देवर्षिपितृदेवताः। आसन्कृतस्वस्त्ययनास्तत्पत्न्यश्च सभर्तृकाः॥**' (भा० ४।३।४) इससे यह कहा जा सकता है कि पद्मपुराणमें जो गिनती '*सकल सुर*' की की गयी है, वह सब आये हों और पीछे उपद्रव देख चले गये हों। जो निन्दामें शामिल थे उन्हें दण्ड मिला। पं० रामकुमारजीने जो लिखा वह भी ठीक ही है। पर यह निश्चय है कि पद्मपुराणकी कथा अन्य कल्पकी है। उसमें यज्ञके होता महर्षि वसिष्ठजी थे, अङ्गिरा अध्वर्यु थे, बृहस्पति उद्गाता और नारदजी ब्रह्मा थे। और श्रीमद्भागवतके दक्षयज्ञमें भृगुजी ही प्रधान थे। पद्मपुराणमें सतीके पूछनेपर कि 'शङ्करजीको क्यों नहीं न्योता' दक्षने सतीजीको गोदमें बिठाकर समझाया कि 'वे निर्लज्ज हैं, नंगधड़ंग रहते हैं, यज्ञमण्डपमें आनेयोग्य नहीं, यज्ञके बाद हम उनको बुलावेंगे और सबसे बढ़-चढ़कर उनकी पूजा करेंगे इत्यादि।........' जब शिवजीके गणोंने सब देवताओंको परास्तकर भगा दिया और यज्ञविध्वंस कर दिया तब दक्ष शङ्करजीकी शरण गया और स्तुति की। शङ्करजीने प्रसन्न होकर कहा—'मैंने तुम्हें यज्ञका पूरा-पूरा फल दे दिया। तुम अपनी सम्पूर्ण कामनाओंकी सिद्धिके लिये यज्ञका उत्तम फल प्राप्त करोगे।'

☞ पद्मपु० की कथा मानससे नहीं मिलती। मानसकी कथा भा० स्कन्ध ४ अध्याय ३ से, ६ से मिलती-जुलती है।

टिप्पणी—३ '*सती बिलोके ब्योम बिमाना। जात चले............*' इति। (क) पहले लिखा कि '*चले सकल सुर जान बनाई*' इसीसे यहाँ '*सुंदर बिधि नाना*' कहा। अर्थात् नाना प्रकारके रंग-बिरंगके हैं और बड़े सुन्दर हैं।—(भा० ४।३ में कहा है कि ये विमान राजहंसोंके समान श्वेत और सुन्दर हैं।) (ख) यहाँतक '*चले*' क्रिया तीन बार लिखी—'*बधुन्ह समेत चले*' '*चले सकल सुर जान बनाई*' और '*जात चले सुंदर बिधि नाना*'। '*बधुन्ह समेत चले*' यह घरसे चले तबका हाल है। '*जात चले*' यह बीच रास्तेका हाल है और '*चले सकल सुर*' विष्णु आदिको त्यागकर चले, तबका हाल है। (ग) सतीजीने आकाशमें विमान देखे—इसका कारण आगे लिखते हैं कि '*सुरसुंदरी करहिं कल गाना।*' (घ) शिवजी हरिकथा कह रहे हैं, उनका चित्त उसमें लगा हुआ है, इसीसे न तो उन्होंने विमान देखे और न उनका ध्यान ही छूटा। सतीका चित्त व्यग्र था। आन्तरिक भारी दुःख होनेसे उनका चित्त पूर्णरीत्या कथामें नहीं लग रहा है, देवाङ्गनाओंके कलगानने उनका चित्त उधरसे हटा दिया। इसीसे कथा छोड़कर उधर चला गया। (ङ) [रा० प्र० का मत है कि 'व्योम शून्य है, ये कथाको छोड़कर शून्यकी ओर देखती हैं, अतः इनको दुःख होगा।']

टिप्पणी—४ '*सुरसुंदरी करहिं कल गाना....*' इति। (क) '*सुंदरी*' कहकर जनाया कि स्वरूप सुन्दर है और सब शृङ्गार किये हुए हैं।—(सब मृगनयनी हैं, चमकीले कुण्डल और हार पहिने सज-धजके साथ हैं। भा० ४।३।६ के ये भाव 'सुन्दरी' शब्दमें भरे हैं।) देवता स्वरूपसे सुन्दर होते ही हैं, यहाँ उनकी 'स्त्रियोंकी भी शोभा कही। किन्नर और गन्धर्व स्वरूपके सुन्दर होते हैं और बड़े गवैया हैं, इसीसे उनकी स्त्रियाँ भी गवैया हैं और सुन्दरी हैं। (ख) इस प्रसङ्गमें गोस्वामीजीने देवताओंको '*सुर*' कहा है। यथा—'*नेवते सादर सकल सुर जे पावत मखभाग*', '*बधुन्ह समेत चले सुर सर्बा*', '*चले सकल सुर जान बनाई*', '*सुर सुंदरी करहिं कल गाना*' और '*सकल सुरन्ह बिधिवत फल दीन्हा।*' '*सुर*' पद प्रसङ्गमें सर्वत्र देकर जनाया कि ये 'सुरा' ग्रहण किये हुए हैं। इसीसे ऐसे मदमाते हैं कि इन्होंने किंचित् विचार नहीं किया और त्रिदेवको छोड़कर यज्ञमें गये। (ग) '*सुनत श्रवन छूटहिं मुनि ध्याना*' इति। सम्प्रज्ञातसमाधिवालोंका ध्यान छूटता है। असम्प्रज्ञातसमाधिवालोंका ध्यान नहीं छूटता। यथा—'**मनसो वृत्तिशून्यस्य ब्रह्माकारतयास्थितिः। असम्प्रज्ञातनामासौ समाधिरभिधीयते॥**' अर्थात् वृत्तिरहित मनकी ब्रह्माकारस्थितिको असम्प्रज्ञातसमाधि कहते हैं। [जिसका दुःखमें मन उद्विग्न न हो, और जिसे सुखकी इच्छा न हो, जिसका राग, भय और क्रोध दूर हो गया हो,

ऐसे स्थितप्रज्ञको 'मुनि' कहते हैं। 'दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः। वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते॥' (वि० त्रि०)]

नोट—३ रा० प्र० कारका मत है कि *'कल गान'* वही कहा गया है, जिससे ध्यान छूटे, *'कल गान सुनि मुनि ध्यान त्यागहिं काम कोकिल लाजहीं॥'* (बाल० ३२२) किसी-किसी महानुभावका मत है कि यहाँ यह ध्वनि भी है कि इनके द्वारा मुनियोंको विघ्न हुआ, इससे इनका भी भला न होगा। २—उत्तराखण्ड और कैलासपर अनेक मुनियोंके आश्रम हैं, यथा—*'सिद्ध तपोधन जोगिजन सुर किंनर मुनिबृंद। बसहिं तहाँ सुकृती सकल सेवहिं सिव सुखकंद॥'* (बाल० १०५) विमान उधरसे ही होकर गङ्गाद्वारको जा रहे हैं। इससे मुनिध्यानका छूटना कहा।

पूछेउ तब सिव कहेउ बखानी। पिता जग्य सुनि कछु हरषानी॥५॥
जौ महेसु मोहि आयसु देहीं। कछु दिन जाइ रहौं मिस एहीं॥६॥
पति परित्याग हृदय दुखु भारी। कहै न निज अपराध बिचारी॥७॥

अर्थ—सतीजीने पूछा तब शिवजीने बखानकर कहा। पिताका यज्ञोत्सव सुनकर वे कुछ प्रसन्न हुईं॥ ५॥ (वे मनमें सोचने लगीं कि) यदि महादेवजी मुझे आज्ञा दें तो इसी बहाने कुछ दिन जाकर वहाँ रहूँ॥ ६॥ पति (द्वारा) परित्याग (कर दिये जाने) का भारी दुःख हृदयमें है (परन्तु) अपना ही अपराध विचारकर कहती नहीं हैं॥ ७॥

टिप्पणी—१ *'पूछेउ तब सिव कहेउ बखानी।'*............' इति। (क) 'पूछा तब कहा' इस कथनसे पाया गया कि यदि ये न पूछतीं तो इसकी चर्चा वे कदापि न करते; क्योंकि ये सब देवता त्रिदेवका अपमान करके चले हैं। (पंजाबीजी लिखते हैं कि कितने ही समाजोंमें स्त्रियाँ नहीं जातीं और यहाँ सभी जा रही हैं; इसीसे सतीजीको विशेष उत्कण्ठा हुई और उन्होंने पूछा।) (ख) *'पिता जग्य सुनि कछु हरषानी'* इति। *'कछु हरषानी'* का भाव कि हृदयमें पति-परित्यागका भारी दुःख है, पतिका सुख ही स्त्रीके लिये पूर्ण सुख है, पिताका सुख उसके लिये कुछ ही सुख है; यथा—*'मातु पिता भ्राता हितकारी। मितप्रद सब सुनु राजकुमारी॥ अमित दानि भर्ता बैदेही।'* (अरण्य० ५) अतएव पिताका यज्ञ सुनकर 'कुछ' ही हर्ष होना कहा। [पुनः भाव कि यह समझकर कि पिताके घर जानेसे कुछ तो जी बहल जायगा। यहाँ रहनेपर पतिका परित्याग सहा नहीं जाता। वहाँ पतिके परोक्षमें माता, पिता, सखी-सहेलियोंके बीचमें रहनेसे यह दुःख कुछ तो भूल ही जायगा।' (पं० मा० प०)]

टिप्पणी—२ *'जौ महेसु मोहि आयसु देहीं।'* इति। (क) यह सतीजीके हृदयका विचार है कि यदि आज्ञा हो तो कुछ दिन उत्सवके बहाने वहाँ रहकर कुछ दिन बिताऊँ। भारी दुःखके दिन एक जगह रहकर काटे नहीं कटते। यथा—*'सती बसहिं कैलास तब अधिक सोचु मन माहिं। मरमु न कोऊ जान कछु जुग सम दिवस सिराहिं॥'* (५८) इसीसे जानेकी इच्छा हुई। (ख) *'जौं'* संदिग्ध वचन है। *'जौं'* कथनका भाव यह है कि आज्ञामें सन्देह है। वे आज्ञा न देंगे, क्योंकि उनसे और दक्षसे आपसमें बिगाड़ है। पिताने उन्हें निमन्त्रण नहीं भेजा है। (ग) *'आयसु देहीं'* का भाव कि शिवजी स्वयं तो जायँगे नहीं क्योंकि निमन्त्रित नहीं हैं। (हमको इस विचारसे आज्ञा दे सकते हैं कि पिताके घर सन्तान बिना बुलाये जाय तो आपत्ति नहीं। ☞ शङ्करजी कथा कह रहे हैं और इनका मन अन्यत्र है, कथाका सादर श्रवण नहीं हुआ।)

टिप्पणी—३ *'कछु दिन जाइ रहौं मिस एहीं'* इति। (क) *'कछु दिन'* का भाव कि यज्ञसमाप्तितक (अथवा, जबतक और भी बहिनें रहेंगी तबतक), क्योंकि कन्या पिताके घर सब दिन नहीं रहती। (ख) *'जाइ'* का भाव कि वहाँसे कोई न लेने आया है, न आयेगा। अपनी ओरसे जाना चाहती हैं। (ग) *'मिस एहीं'* से जनाया कि पिताके घर जानेकी आज्ञा अबतक कभी न माँगी थी, क्योंकि कोई उत्सव आदिका मौका और बहाना न था, अब उत्सव एक बहाना है जिससे पिताके घर जा सकें। स्त्रीके

रहनेके दो ही स्थान हैं—या तो पिताका घर या पतिका घर। और कोई नहीं है। और, पतिने परित्याग कर दिया है, अतः कुछ दिन पिताके यहाँ बिताना चाहती हैं। (भाव यह है कि दुःख काटनेके बहाने तो जा ही नहीं सकती थीं, दूसरेको इसका मर्म नहीं मालूम है, उत्सवके बहाने जाना हो सकता है और वहाँ जानेसे कुछ जी बहल जायगा।)

टिप्पणी—४ *'पति परित्याग हृदय दुखु भारी।.............'* इति। (क) *'दुखु भारी'* है। अर्थात् हृदयको जलाता रहता है। ['अकथनीय दारुण' न कहकर केवल 'भारी' कहा; क्योंकि समाधि खुल गयी और वे इस समय शङ्करभगवान्‌के साथ हैं। (वि० त्रि०)] (ख) *'कहै न निज अपराध बिचारी'* का भाव कि अपराध तो स्वयं किया है तब कहें किस मुखसे। यथा—*'निज अघ समुझि न कछु कहि जाई। तपै अवाँ इव उर अधिकाई॥'* (बाल० ५८) पुनः भाव कि हृदयका दुःख कह देनेसे कुछ घट जाता है, यथा—*'कहेहू तें कछु दुख घटि होई।'* (सुन्दर०) पर अपना अपराध विचारकर किसीसे कहती नहीं। यदि कह भी दें तो पतिपरित्यक्ता होनेसे सभी निरादर करेंगे, फिर कोई न पूछेगा। अतः कहती नहीं। (ग) यहाँ *'बिचारी'* के दोनों अर्थ लगते हैं—'विचारकर' और 'वह बिचारी अर्थात् गरीबिनी, बेचारी।' इसे अपूर्ण क्रिया और विशेषण दोनों मान सकते हैं।

नोट—पं० सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि मालिकके प्रसन्न रहनेसे उससे कुछ कहा जा सकता है, पर महा अपराधसे पति रूठ गया है तब कैसे कहें?'

बोलीं सती मनोहर बानी। भय संकोच प्रेम रस सानी॥८॥

दो०—पिता भवन उत्सव परम जौ प्रभु आयसु होइ।
तौ मैं जाउँ कृपायतन सादर देखन सोइ॥६१॥

अर्थ—सतीजी भय, संकोच और प्रेमरसमें सनी हुई मन लुभानेवाली सुन्दर वाणी बोलीं॥८॥ हे प्रभो! पिताके घर बहुत बड़ा उत्सव है। यदि आपकी आज्ञा हो तो हे कृपानिधान! मैं आदरसहित उसे देखने जाऊँ॥६१॥

टिप्पणी—१ *'बोलीं मनोहर बानी।.............'* इति। *'बोलीं'* अतः कथा रुक गयी। अपराधके कारण कुछ बोलती न थीं; पर रहा न गया, पिताके यहाँ जानेको बहुत उत्सुक थीं, अतः बोलीं। मनोहर और प्रेमरससानी वाणी बोलीं जिसमें वे प्रसन्न हो जायँ और आज्ञा दे दें। भय, संकोच और प्रेम तीनों आगे दोहेमें कहते हैं। [*'रस सानी'* अर्थात् यह वाणी भय-रस, संकोच-रस और प्रेम-रस तीनोंमें इस तरह सनी है, युक्त है, भरी हुई है कि जैसे कोई चीज किसी रसमें सानकर एक कर लीजिये तो उसके रेशे-रेशेमें वह रस बिध वा संमा जाता है, वैसे ही इस वाणीमें तीनों रस भरे हुए हैं। यहाँ सहोक्ति अलङ्कार है।]

टिप्पणी—२ (क) *'पिता भवन उत्सव परम.............'* इति। पिताके भवनमें उत्सव देखनेका प्रेम है; यथा—*'पिता जग्य सुनि कछु हरषानी'।* उत्सव परम=महोत्सव। वह अपनी चाह प्रकट करती हैं। निज अपराधका संकोच है; यथा—*'कहै न निज अपराध बिचारी'।* और, शिवजी आज्ञा दें, न दें—यह भय है। यथा—*'जौं महेस मोहि आयसु देहीं'।* ये तीनों बातें प्रथम कहकर अब तीनोंको दोहेमें एकत्र करते हैं। (ख) *'पिता भवन'* कहनेका भाव कि पिताके घर बिना बुलाये जाना चाहिये। यही बात आगे शिवजीने कही है; यथा—*'जदपि मित्र प्रभु पितु गुरु गेहा। जाइअ बिनु बोले न सँदेहा॥'* *'उत्सव परम'* कहनेका भाव कि बड़ा भारी महायज्ञ हो रहा है, साधारण यज्ञ होता तो न भी जातीं। भारी महायज्ञ है अतः अवश्य देखना चाहिये। इसीसे *'सादर'* देखनेको कहा। [भा० ४।३ में सतीजीने जो यह कहा है कि 'मैं अपनी जन्मभूमि देखनेके लिये बहुत उत्सुक हो रही हूँ। देखिये, इन विमानोंपर कितनी ही स्त्रियाँ तो ऐसी हैं जिनका दक्षसे कोई सम्बन्ध भी नहीं है, फिर भी वे अपने-अपने पतियोंके साथ

सज-धजकर झुण्ड-की-झुण्ड वहाँ जा रहीं हैं। ऐसी अवस्थामें अपने पिताके यहाँ उत्सवका समाचार पाकर उसकी बेटी उसमें सम्मिलित होनेके लिये क्यों न छटपटायगी? हाँ, आप यह अवश्य कह सकते हैं कि हमलोगोंको बुलावा नहीं आया है। किन्तु पति, गुरु और माता-पिता आदि सुहृदोंके यहाँ तो बिना बुलाये ही जा सकते हैं।'—वे सब भाव और तर्क *'पिताभवन' 'उत्सव परम'* में सूचित किये गये हैं तभी तो इन सब बातोंका उत्तर शिवजीके वचनोंमें है।]

टिप्पणी—३ (क) *'जौं प्रभु आयसु होइ'* इति। 'आज्ञा देंगे'—इसका सतीके मनमें सन्देह हुआ था, अब उसी मनके सन्देहको वचनोंसे प्रकट करती हैं अतः *'जौं'* कहा। [*'जौं प्रभु आयसु होइ'* में दूसरा भाव यह भी है कि पिताके घर दो ही कारणसे जाना होता है—एक या तो पिता बुलावे, दूसरे यदि पतिकी आज्ञा हो तो कन्या स्वयं जा सकती है। सो पिताने तो बुलाया नहीं और मेरी इच्छा जानेकी होती है। अतः आयसु माँगती हैं।] (ख) *'तौ मैं जाउँ कृपायतन'* इति। अर्थात् यदि मुझपर आप कृपा करें। आज्ञा देवें तो। श्रीमद्भागवतमें जो कहा है कि 'आप मुझपर इतनी कृपा अवश्य करें। आप बड़े करुणामय हैं! आपको मेरी यह इच्छा पूर्ण करनी ही उचित है। आपकी कृपालुताका मैं कहाँतक वर्णन करूँ? अहो, परम ज्ञानी होकर भी आपने मुझे अपने आधे अङ्गमें स्थान दिया है। अब मेरी इस याचनाको स्वीकार करके मुझे अनुगृहीत कीजिये।' (४।३।१३-१४) वे सब भाव इसमें भरे हैं। (ग) *'सादर देखन सोइ'* इति। श्रेष्ठ यज्ञको आदरपूर्वक देखना विधि है। अतः 'सादर देखना' कहा। [*'सादर'* को दीपदेहली मानकर दूसरा भाव यह भी कह सकते हैं कि 'जैसी आपकी प्रतिष्ठा है उस आदरके साथ जाऊँ। अर्थात् सवारी नौकर-चाकर, सेवक और रक्षक आदिके जानेकी आज्ञा दें तो जाऊँ। ऐसा नहीं कि आप नाराज तो हैं ही, कह दें कि अकेली चली जा।' (मा० प०)]

नोट—वाणी तो सभी मनोहर है, विनीत है और प्रेमभरे शब्दोंमें है। *'पिता भवन उत्सव परम'* में प्रेम प्रधान है, भय और संकोच गौण हैं पर हैं तीनों ही। महोत्सवमें जानेकी इच्छा और वह भी पिताके घर—प्रेम सूचित करता है। कहीं शिवजी यह न कहें कि वही पिता तो है जिसने तुम्हारी बहिनों-बहनोइयोंको तो बुलाया और तुमको पूछातक नहीं, उसीके यहाँ जाना चाहती हो।—यह संकोच और भय है। *'प्रभु', 'कृपायतन', 'आयसु होइ'* और *'सादर'* इन सब शब्दोंमें प्रेम झलक रहा है। *'आयसु'* में भी भयका ग्रहण हो सकता है। ऐसा भी कह सकते हैं कि प्रेम, भय और संकोच तीनों शिवजीके ही सम्बन्धसे हैं।

कहेहु नीक मोरेंहु मन भावा। यह अनुचित नहिं नेवत पठावा॥ १॥
दच्छ सकल निज सुता बोलाईं। हमरें बयर तुम्हौं बिसराईं॥ २॥
ब्रह्मसभाँ हम सन दुखु माना। तेहि तें अजहुँ करहिं अपमाना॥ ३॥

अर्थ—(श्रीशिवजी बोले) तुमने अच्छी बात कही। वह मेरे मनको भी भाई (अच्छी लगी)। (परन्तु) यह अनुचित है (क्योंकि दक्षने) नेवता नहीं भेजा॥ १॥ दक्षने अपनी सब कन्याओंको बुलाया (किन्तु) हमारे वैरसे तुम भी भुला दी गयी॥ २॥ दक्षने ब्रह्माजीकी सभामें हमसे दुःख मान लिया, इसीसे अब भी हमारा अपमान करते हैं॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'कहेहु नीक मोरेंहु मन भावा।'''''''''''* इति। (क) सतीजीकी वाणी वास्तवमें मनोहर है, मनको भानेवाली है; इसीसे शिवजीने कहा कि *'मोरेंहु मन भावा।'* मनको भानेका कारण यह है कि बात अच्छी है, यज्ञ भगवान्‌का अङ्ग है, उसका दर्शन करना पुण्य है, धर्म है, उसे अवश्य देखना उचित है। सतीजीने *'जाउँ सादर देखन सोइ'* अर्थात् यज्ञ देखनेकी बात कही; इसीसे शिवजीने उसे *'नीक'* कहा। (ख) *'मोरेंहु मन भावा'* का भाव कि हम भी तुम्हें भेज देते इसमें सन्देह नहीं। (ग) *'यह अनुचित नहिं नेवत पठावा'* अर्थात् बिना नेवताके वहाँ जाना अनुचित है। तात्पर्य कि तुम्हारी वाणीमें

एक यही अनौचित्य है जो भेजने नहीं देता। यज्ञमें भाग पानेवाले देवताके नाते मुझको भी न्योता भेजना चाहिये था।

नोट—१ नीक है, मनको भाया भी तब उचित या अनुचित कहनेकी आवश्यकता क्या रह गयी? इसपर पंजाबीजी लिखते हैं कि 'शिवजी ईश्वर हैं इसलिये क्रोध होनेपर भी वे कुछ भी अनुचित नहीं करना चाहते। उन्होंने सतीजीके हितकी बात कही। यही कारण है कि उनकी बातको भली कहकर अर्थात् उसका समर्थन करके फिर अनुचित (अंश) कहा।' ☞जिसकी बातका खण्डन करना हो, सामान्यतः प्रथम उसका समर्थन करके तब युक्तिपूर्वक उसका खण्डन करना चाहिये। यदि सीधे-सीधे खण्डन कर दिया जाय तो जिसकी बातका खण्डन किया जाता है उसमें दुराग्रहपनेकी सम्भावना हो सकती है। देखिये गुरु श्रीवसिष्ठजीने भरतजीसे राज्य ग्रहण करनेको कहा और माता कौसल्याजी तथा मन्त्रियोंने उनकी आज्ञाका अनुमोदन किया तब भरतजीने क्या किया? उन्होंने प्रथम सबकी बातोंको उचित कहा; यथा—'*मोहि उपदेसु दीन्ह गुरु नीका।* ....*मातु उचित धरि आयसु दीन्हा। अवसि सीस धरि चाहउँ कीन्हा॥*' फिर कहा कि '*तुम्ह तो देहु सरल सिख सोई। जेहि आचरत मोर भल होई॥ जद्यपि यह समुझत हौं नीके। तदपि होत परितोष न जी के॥ अब तुम्ह बिनय मोरि सुनि लेहू। मोहि अनुहरत सिखावन देहू॥*' (२।१७७) इसके पश्चात् उन्होंने सबकी बातोंका अनौचित्य दिखाया और यहाँतक कह डाला कि '*परम हानि सब कहँ बड़ लाहू। अदिनु मोर नहिं दूषन काहू॥ संसय सील प्रेम बस अहहू। सबुइ उचित सब जौ कछु कहहू॥*' (२।१८१) इत्यादि। इसी प्रकार जब लक्ष्मणजी सेनासहित भरतजीको मारनेके लिये तैयार हुए और आकाशवाणी सुनकर संकुचित हुए तब श्रीरामजीने प्रथम उनके वचनोंका समर्थन किया; यथा—'*कही तात तुम्ह नीति सुहाई। सब तें कठिन राजमदु भाई॥*' फिर उनमें अनौचित्य दिखाया, इस तरह कि '*जो अँचवत नृप मातहिं तेई। नाहिन साधुसभा जेहिं सेई॥ सुनहु लखन भल भरत सरीसा। बिधि प्रपंच महँ सुना न दीसा॥*' इत्यादि। (२। २३१) इसी तरह अंग्रेजी नाटक जूलियस सीजर Julius Coesor में ऐनटनी Antony ने ब्रूटसकी बातोंका कैसा उत्तम रीतिसे खण्डन किया है।—इसी तरह शिवजीने पहले समर्थनकर अब उसका खण्डन प्रारम्भ किया।

टिप्पणी—२ '*दच्छ सकल निज सुता बोलाईं।* ....' इति। (क) अर्थात् यदि दक्ष अपनी अन्य सब लड़कियोंको न बुलाता तो तुम्हें भी न्योता न देनेसे 'बिसराना' अर्थात् भुलाना न कहा जा सकता था; क्योंकि जब किसीको न बुलाया तो तुमको भी न बुलाया तो इसमें उचित-अनुचितका प्रश्न ही नहीं उठता। (ख) '*सकल निज सुता*.......' इति। दक्षकी कितनी-कितनी कन्याएँ हैं, इसमें पुराणोंमें मतभेद है। कोई १६, कोई २४, कोई ६० इत्यादि कहते हैं। इसीसे गोस्वामीजीने '*सकल*' शब्द दिया। भा० ४। १ में इनकी कन्याओं और उनके पतियोंके नाम इस प्रकार हैं—श्रद्धा, मैत्री, दया, शान्ति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, तितिक्षा, ह्री और मूर्ति—ये तेरह धर्मकी पत्नियाँ हुईं। स्वाहा अग्निदेवको, स्वधा पितरों (अग्निष्वात्त, बर्हिषद्, सोमप और आज्यप) को और सतीजी शङ्करजीको ब्याही गयीं। पद्मपु० में २४ कन्याओंके नाम हैं जिनमेंसे 'ख्याति' का विवाह भृगुजीसे और अनुसूयाजीका अत्रिजीसे लिखा है।—विशेष ४८ (६) 'दक्ष, दक्षकुमारी' में देखिये। [(ग) '*हमरें बयर तुम्हउ बिसराईं*' इति। हमारे वैरसे तुमको भी बिसरा दिया अर्थात् हमसे वैर मानते हैं और हमारे नाते तुमसे भी वैर मानते हैं—यह आगे स्पष्ट ही है। यथा '*दक्ष न कछु पूछी कुसलाता। सतिहि बिलोकि जरे सब गाता॥*' (६३) '*बिसराईं*' कहनेका भाव कि तुम 'बिसरि गयीं' ऐसा नहीं है, यदि बिसर जातीं, भूलसे रह जातीं तो उन्हें दोष न लगता पर उन्होंने तो जान-बूझकर हमें बिसराया और हमसे वैर है यह समझकर हमारे कारण तुम्हें भी बिसरा दिया, नहीं तो तुम्हींको बुला लेते।

नोट—२ केवल तुमको न बुलाया और अपनी सभी लड़कियोंको बुलाया, इस कथनसे दक्षका अपनेसे विरोध जनाकर आगे विरोधका कारण कहते हैं। पुनः, '*हमरें बयर तुम्हउ बिसराईं*' का भाव कि दक्षको

उचित तो यह था कि तुम उनकी बड़ी प्यारी लड़की थीं, तुम्हारे सम्बन्ध और प्रेमके नाते हमसे वैर बिसरा देते—यह उनकी दक्षता (चतुराई) होती, उनका नाम इस कर्तव्यसे सार्थक हो जाता, 'यथा नाम तथा गुण' यह लोकोक्ति सिद्ध होती। अथवा, केवल तुमको बुला लेते तो भी हर्ज न था; पर उन्होंने यह न करके उलटे तुमको भी भुला दिया।

नोट—३ श्रीपंजाबीजी और पं० सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि 'यहाँ दक्षका जैसा नाम वैसा ही गुण दिखाया गया है। दक्ष नाम यहाँ साभिप्राय है। दक्ष=चतुर=सयाना=चालाक। उसने खूब चतुरता दिखलायी। तुम्हें न बुलाया यही चतुरता है। जिसमें तुम्हारा और हमारा प्रकट अपमान हो।' पुनः, *'हमरें बयर'* का भाव कि हम उनसे वैर नहीं मानते (इसीसे हमने कभी तुमसे इसकी चर्चा भी न की थी, यदि तुम वहाँ जानेकी बात न कहतीं तो मैं उसका नाम भी न लेता।) पर वह वैर मानता है।' भा० ४।७।२ से भी यही बात सिद्ध होती है। शङ्करजीने ब्रह्मादिसे कहा है कि दक्ष ऐसे नासमझोंके अपराधकी न तो मैं चर्चा करता हूँ और न याद ही। यथा—'**नाघं प्रजेश बालानां वर्णये नानुचिन्तये। देवमायाभिभूतानां दण्डस्तत्र धृतो मया॥**'

टिप्पणी—३ *'ब्रह्मसभाँ हम सन दुख माना।................'* इति। (क) वैर कहकर अब उसका कारण कहते हैं। *'ब्रह्मसभाँ'* कहकर जनाया कि ब्रह्मादि देवता इस बातको जानते हैं। *'हम सन दुख माना'* का भाव कि और किसीसे दुःख नहीं माना। पुनः (ख) *'माना'* का भाव कि उन्होंने दुःख अपनेसे मान लिया, हमने दुःख देनेकी कोई बात नहीं की। हमने जान-बूझकर दक्षकी अवज्ञा नहीं की थी; उसने मूर्खतासे ऐसा मान लिया था।—यह भाव भा० ४।२।३ से स्पष्ट है। दुःख मानना=अप्रसन्न होना।

नोट—४ 'दुःख माननेकी कथा' इति। श्रीमद्भागवत स्कन्ध ४ अ० २ में यह कथा श्लोक ४ से ३३ तक है। वहाँ श्रीविदुरजीके प्रश्नपर श्रीमैत्रेयजीने वैरका कारण इस तरह वर्णन किया है—

एक बार पूर्व अति प्राचीनकालमें विश्वस्रष्टाओंने एक यज्ञ किया, जिसमें समस्त परमर्षि, देवता, मुनि और अग्नि आदि अपने-अपने अनुयायियोंके सहित आ उपस्थित हुए। सूर्यके समान तेजस्वी दक्ष उस समय वहाँ आये। दक्षको देख उनके तेजसे प्रभावित और धर्षितचित्त होकर श्रीशिवजी और श्रीब्रह्माजीको छोड़ अन्य सभी देवता, ऋषिगण आदि सदस्यगणोंने अपने आसनोंसे उठकर उनका सम्मान किया। दक्ष ब्रह्माजीको प्रणामकर उनकी आज्ञा पा उनके दिये हुए आसनपर बैठ गये। दक्षने यह देखकर कि शिवजी आसनपर बैठे ही रहे, उठकर उन्होंने सम्मान नहीं किया और उनके इस व्यवहारसे अपना अपमान समझकर क्रूरदृष्टिसे उनकी ओर देखा और उस महासभामें ही उनको बहुत दुर्वचन कहे। (श्लोक ९ से १६ तक-में दुर्वचन हैं। जिसे देखना हो वहाँ स्वयं देख लें।) और पछताने लगा कि मैंने केवल ब्रह्माजीके कहनेसे ही ऐसे पुरुषको अपनी सुन्दर साध्वी भोली-भाली कन्या दे दी। '**तस्मा उन्मादनाथाय नष्टशौचाय दुर्हृदे। दत्ता बत मया साध्वी चोदिते परमेष्ठिना॥**' (१७) शिवजी कुछ भी न बोले। दुर्वचन कहकर दक्षने श्रीशिवजीको शाप भी दिया कि 'देवयज्ञोंमें इन्द्र-उपेन्द्र आदि देवगणोंके साथ यह यज्ञका भाग न पावें। यथा—'**अयं तु देवयजन इन्द्रोपेन्द्रादिभिर्भवः। सह भागं न लभतां देवैर्देवगणाधमः॥**' (१९) शाप देकर अत्यन्त क्रुद्ध हो वह सभासे निकलकर अपने घर चलता हुआ।

यह जानकर कि दक्षने शाप दिया है, नन्दीश्वरको बड़ा ही क्रोध हुआ और उन्होंने दक्ष और उन ब्राह्मणोंको, जिन्होंने दक्षके कुवाक्योंका अनुमोदन किया था, घोर प्रतिशाप दिया कि 'यह दक्ष देहाभिमानी है, देहहीको आत्मा समझता है, अविद्याको विद्या जानता है, विषयसुखवासनाओंमें आसक्त हो कर्मकाण्डमें रत रहता है। अतएव यह जड़ पशु है, पशुओंके समान यह स्त्री-लम्पट हो और इसका मुख शीघ्र ही बकरेका हो। यह सदा तत्त्वज्ञानसे विमुख रहे। यह और इसके अनुयायी बारम्बार आवागमनरूप संसारचक्रमें पड़े रहें, कर्ममार्गमें ही भ्रमते रहें। ये ब्राह्मणगण भक्ष्याभक्ष्यके विचारसे रहित हो केवल पेट पालनेके लिये विद्या, तप और व्रतादिका आश्रय लें और धन, शरीर और इन्द्रियोंमें ही सुख मान भिक्षुक होकर

पृथ्वीपर विचरा करें।—'**सर्वभक्षा द्विजा वृत्त्यै धृतविद्यातपोव्रताः। वित्ते देहेन्द्रियारामा याचका विचरन्त्विह॥**' (२७) इसपर भृगुजीसे न रहा गया। उन्होंने बदलेमें अत्यन्त दुस्तर ब्रह्मशाप दिया कि शिवभक्त और उनके अनुयायी सत्-शास्त्रोंके विरुद्ध आचरण करनेवाले और पाखण्डी हों, शौचहीन, बुद्धिहीन हों, जटा, भस्म और अस्थियोंके धारण करनेवाले हों……।' भृगुके शाप देनेपर श्रीशिवजी अपने पार्षदोंसहित वहाँसे चल दिये। दक्ष द्वेषभाव मनमें तबसे बराबर रखे रहा।

टिप्पणी—४ '*तेहि ते अजहुँ करहिं अपमाना।*' इति। (क) '*अजहुँ*' का भाव कि 'प्रथम भरी ब्रह्मसभामें हमारा अपमान किया था और उस बातको बरसों बीत गये तथापि अब भी अपमान करनेपर तुले हुए हैं, अब भी करते हैं। यह यज्ञ भी हमारे अपमानके लिये ही प्रारम्भ किया गया है। यज्ञमें हमारा भाग देनेसे सबको रोकना चाहते हैं। हमारा भाग न देनेका आरम्भ अपने इस यज्ञसे कर रहे हैं।' [पुनः भाव कि बड़े लोग छोटी बातोंपर कुछ ध्यान नहीं देते। ध्यान भी हो जाता है तो थोड़ी ही देर उसका आवेश रहता है। पर यह अबतक अपमान करता जाता है। इसका कारण पूर्व कह आये कि 'अति अभिमान' हो गया है; उसी मदके नशेमें अबतक मतवाला बना हुआ अपमान करता है। (मा० प०)]

नोट—५ पं० सुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि—'**हम सन**'=हम लोगोंसे। अर्थात् ब्रह्मा-विष्णु महेशसे। इसीसे तीनोंको न्योता न गया।

जौं बिनु बोलें जाहु भवानी। रहै न सीलु सनेहु न कानी॥ ४॥
जदपि मित्र प्रभु पितु गुर गेहा। जाइअ बिनु बोलेहु न सँदेहा॥ ५॥
तदपि बिरोध मान जहँ कोई। तहाँ गए कल्यान न होई॥ ६॥

अर्थ—हे भवानी! यदि तुम बिना बुलाये जाओगी तो न शील-स्नेह ही रह जायगा और न मान-मर्यादा ही॥ ४॥ यद्यपि इसमें सन्देह नहीं कि मित्र, स्वामी, पिता और गुरुके घर बिना बुलाये भी जाना चाहिये॥ ५॥ तो भी जहाँ कोई विरोध (वैर) मानता हो वहाँ जानेसे कल्याण नहीं होता॥ ६॥

टिप्पणी—१ '*जौं बिनु बोलें जाहु भवानी।*………' इति। जो शङ्करजीने कहा वही हुआ भी। किसीने न तो स्नेह किया, न शील रखा और न कानि मानी। यथा—'*पिता भवन जब गईं भवानी। दच्छ त्रास काहु न सनमानी॥*………*दच्छ न कछु पूछी कुसलाता। सतिहि बिलोकि जरे सब गाता॥*' (६६) 'कानि न मानी' अर्थात् किसीने इसकी परवा न की कि ये भगवान् शङ्कर महामहिमकी पत्नी हैं; भवानी हैं; इनका आदर करना कर्तव्य है। (ख) '*भवानी*' सम्बोधन अर्थात् पति-सम्बन्धी नाम देनेमें भाव यह है कि भवपत्नीका जैसा शील, स्नेह और मर्यादा-प्रतिष्ठा है वैसी न रहेगी। हमको न बुलाकर हमारा अपमान किया और कर रहे हैं तो वहाँ जानेपर तुम्हारा अपमान होगा।

नोट—१ (क) पंजाबीजी लिखते हैं कि '*भवानी*' कहकर शिवजी सूचित करते हैं कि हमने केवल सतीतनका त्याग किया है, परम प्रेम जो हमारा तुममें है, कुछ उसका त्याग हमने नहीं किया। हमारी इस प्रतिज्ञाका तात्पर्य यह नहीं है कि तुम्हारा अपमान हो तो हमें बुरा न लगेगा।' और, पं० सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'दुःखी होकर शिवजीने '*भवानी*' सम्बोधन किया। अर्थात् बिना न्योते जानेसे तुम 'भव' (मुझ शिवको या संसारमात्र) को 'आनि' (ग्लानि) देनेवाली होगी। तथा पं० सू० प्र० मिश्रजीका मत है कि 'भवानी' से यह सूचित किया कि तुम हमारी स्त्री होकर ऐसा अपमान न सह सकोगी।'

☞भागवतके '**तत्ते निरीक्ष्यो न पितापि देहकृद्दक्षो मम द्विट् तदनुव्रताश्च ये।**………' (४।३।२४) और '**अथापि मानं न पितुः प्रपत्स्यसे मदाश्रयात्कः परितप्यते यतः॥**' (४।३।२०) के अनुसार '*भवानी*' सम्बोधनका भाव यह है कि यद्यपि तुम दक्षकी परम प्रिय पुत्री हो पर मेरी आश्रिता हो, भवपत्नी हो, इसलिये तुम्हारा अपमान होगा और यद्यपि तुम्हारा शरीर दक्षसे उत्पन्न हुआ है तो भी 'भवपत्नी' के नातेसे तुम्हें मेरा शत्रु होनेके कारण उसको तथा उसके अनुयायियोंके देखनेका विचार कदापि न करना चाहिये। (ख)

स्कन्दपुराण, माहेश्वर के० खण्डमें मिलता हुआ श्लोक यह है—'**अनाहूताश्च ये सुभ्रु गच्छन्ति परमन्दिरम्। तेऽपमानं प्राप्नुवन्ति मरणादधिकं ततः॥**' (२।५९)।

नोट—२ *'सील सनेहु न कानी'* इति। यह दोनों ओर लगता है। तुम्हारा शील आदि उनके साथ न रह जायगा, न उनका तुम्हारे साथ। हमारे वैरसे तुमसे भी सब वैर मानेंगे और तुम्हारा अपमान करेंगे तब तुम्हें उनपर क्रोध आ जायगा—यह शील-स्वभाव गया। तुम्हारे पिता और बहिनोंको तुम्हारा वहाँ पहुँचना अच्छा न लगेगा। वे तुमपर हँसेंगी, तुम्हारा परिहास करेंगी, कटाक्ष करेंगी, यह देख तुम्हारा स्नेह चला जायगा। अपनेको भवपत्नी जानकर तुम वह अपमान न सह सकोगी। यह तुमको जो दुःख है जिसे तुम अपना अपमान समझती हो उससे कहीं अधिक दुःख तुमको वहाँ प्राप्त होगा। तुम्हारा जो मान अभी है वह न रह जायगा। इसी तरह दूसरोंका शील आदि तुम्हारे साथ न रहेगा। शील न रहा; यथा—*'दच्छ त्रास काहु न सनमानी', 'भगिनी मिलीं बहुत मुसुकाता।'* स्नेह न रहा, यथा—*'दच्छ न कछु पूछी कुसलाता।''''''* और मर्यादा भी न रखी, यथा—*'कतहुँ न दीख संभु कर भागा', 'प्रभु अपमान समुझि उर दहेऊ', 'सब ते कठिन जाति अपमाना।'* यहाँ 'शील'से आदर-सत्कार, मुलाहजा-मुरव्वत और *'कानि'* से जाति-पाँतिमें मान-मर्यादा अभिप्रेत है।

नोट—३ इस कथनमें सहोक्ति और सम्भावना अलङ्कारोंका सन्देह सङ्कर है।

टिप्पणी—२ *'जदपि मित्र प्रभु पितु गुर गेहा।''''''''''* इति। अर्थात् इतने स्थानोंमें बिना बुलाये जानेमें अपमान होनेका, शील-स्नेह-कानि जानेका तथा अकल्याणका सन्देह नहीं है। वहाँ जानेमें यह सन्देह कदापि न करे कि बिना बुलाये कैसे जायँ। तात्पर्य कि इनके घरको अपना-सा ही समझें। वहाँ बिना बुलाये जानेमें अपनी 'अमानता' ही भूषण है।

टिप्पणी—३ *'तदपि बिरोध मान जहँ कोई।''''''''''* इति। (क) प्रथम बिना बुलाये किसीके यहाँ जानेका परिणाम बताया कि शील आदि नहीं रहते। अब बताते हैं कि जहाँ कोई भी विरोध मानता हो वहाँ जानेसे कल्याण नहीं होता और दक्ष विरोध मानते हैं, इसलिये वहाँ जानेसे कल्याण न होगा। अर्थात् यहाँ दोनों बातें हैं—न निमन्त्रण है और न प्रेम है, किन्तु वैर है, अतः तुम्हारा मरण होगा। (ख) *'कोई'* का भाव कि जब मित्रादिके यहाँ जानेसे कल्याण नहीं तब और किसी दूसरेके यहाँ जानेसे कल्याण कब सम्भव है? [दासकी समझमें भाव यह है कि कहीं भी, जहाँ कोई विरोध मानता हो, जानेसे कल्याण नहीं होता। फिर माता-पिता, भाई-बन्धु, मित्र आदि स्नेही ही यदि विरोध मानने लगे हों तब तो उनके समान कोई दूसरा शत्रु हो ही नहीं सकता। वहाँ तो कल्याणकी बात ही क्या, प्राण ही बचना असम्भव है। पुनः, *'कोई'* का भाव कि मित्र आदि न भी वैर मानते हों पर उनके यहाँ भी यदि कोई अपनेसे वैर मानता हो तो भी कल्याण नहीं होता और यहाँ तो स्वयं तुम्हारा पिता ही वैर रखता है तब कल्याण कैसे सम्भव हो सकता है?]

नोट—४ पं० सुधाकर द्विवेदी लिखते हैं कि 'इनके यहाँ बड़े होनेके कारण बिना बुलाये ही जाना चाहिये। क्योंकि और लोग खाली देहके साथी होते हैं और ये लोग तन, मन, धन सबके साथी हैं। मनके साथी होनेसे इनके यहाँ जानेमें कुछ भी संशय नहीं। *'तदपि बिरोध''''''''* से सूचित किया कि दक्ष पिता हैं, तुम उनके घर जा सकती हो, पर तुमसे मुझसे सम्बन्ध है और वे मुझसे बुरा मानते हैं। इसलिये ऐसे समयमें तुम्हारा जाना मेरा ही जाना है; अतएव मैं मना करता हूँ।' यहाँ तिरस्कार अलङ्कार है।

नोट—५ *'जौं बिनु बोलें जाहु भवानी।''''''''* इत्यादि वाक्योंसे स्पष्ट है कि सतीजीके वचनोंमें ये सब तर्क मौजूद हैं। जैसा ऊपर दोहेकी व्याख्यामें दिखाया गया है। भा० ४।३।८—१४ में सतीजीके वचन स्पष्ट हैं। यथा—'**कथं सुतायाः पितृगेहकौतुकं निशम्य देहः सुरवर्य नेङ्गते। अनाहुता अप्यभियन्ति सौहृदं भर्तुर्गुरोर्देहकृतश्च केतनम्॥**' (१३) अर्थ पूर्व दोहे ६१ की टि० २ में दिया जा चुका है।

वहाँ शिवजीने उत्तरमें यह कहा था कि तुम्हारा कहना उचित है पर जब स्वजन अभिमानजनित

क्रोधके कारण दोषभरी दृष्टिसे देखते हों तो वहाँ जानेपर वह क्रूरदृष्टिसे ही देखता है। उसके कुटिल कुवाक्यरूपी बाणोंसे मर्मस्थान विद्ध हो जानेसे दिन-रात संताप और व्यथा होती रहती है। ऐसे लोगोंके यहाँ यह समझकर कि ये हमारे बान्धव हैं, कभी न जाना चाहिये। वह हमसे द्वेष रखता है, अतः तुम्हारा मान न करेगा। यथा—'**त्वयोदितं शोभनमेव शोभने अनाहुता अप्यभियन्ति बन्धुषु। ते यद्यनुत्पादितदोषदृष्टयो बलीयसानात्म्यमदेन मन्युना॥**'......'**नैतादृशानां स्वजनव्यपेक्षया गृहान्प्रतीयादनवस्थितात्मनाम्। येऽभ्यागतान्वक्रधियाभिचक्षते आरोपितभ्रूभिरमर्षणाक्षिभिः॥**'......'**स्वानां यथा वक्रधियां दुरुक्तिभिर्दिवानिशं तप्यति मर्मताडितः॥**' (भा० ४।३।१६—१९)। ☞'कल्याण न होगा' यह बात श्लोक २५ में स्पष्ट कही है, यथा—'**यदि व्रजिष्यस्यतिहाय मद्वचो भद्रं भवत्या न ततो भविष्यति। संभावितस्य स्वजनात्पराभवो यदा स सद्यो मरणाय कल्पते॥**' (भा० ४।३।२५) अर्थात् यदि मेरी बात न मानकर वहाँ जाओगी तो कल्याण न होगा। क्योंकि प्रतिष्ठित मनुष्यका स्वजनोंद्वारा अपमान शीघ्र ही मरणका कारण हो जाता है।

भाँति अनेक संभु समुझावा। भावी बस न ग्यानु उर आवा॥ ७॥
कह प्रभु जाहु जो बिनहिं बोलाएँ। नहिं भलि बात हमारें* भाएँ॥ ८॥
दो०—कहि देखा† हर जतन बहु रहै न दच्छकुमारि।
दिए मुख्य गन संग तब बिदा कीन्ह त्रिपुरारि॥ ६२॥

अर्थ—शिवजीने अनेक प्रकारसे समझाया (पर) होनहारवश उनके हृदयमें बोध न हुआ॥ ७॥ प्रभु (शिवजी) ने कहा कि यदि तुम बिना बुलाये जाती हो तो हमारी समझमें यह बात अच्छी नहीं है॥ ८॥ (जब) शिवजीने बहुत प्रकारसे कहकर देख लिया कि दक्षकी कुमारी किसी प्रकार न रहेगी तब त्रिपुरारि महादेवजीने मुख्यगण साथ देकर उनको विदा कर दिया॥ ६२॥

टिप्पणी—१ '*भाँति अनेक संभु समुझावा*' इति। '*कहेहु नीक मोरेंहु मन भावा*' से '*नहिं भलि बात हमारें भाएँ*' तक जो समझाया यही बहुत भाँति समझाना है। सतीजीने जो कहा कि '*पिता भवन उत्सव परम जौं प्रभु आयसु होइ*' उसके उत्तरमें कहा कि '*कहेहु नीक मोरेंहु मन भावा। यह अनुचित नहिं नेवत पठावा॥*' यह कहकर उसका अनौचित्य दिखाया कि '*जौं बिनु बोलें जाहु भवानी। रहै न सील सनेहु न कानी॥*' यदि कहो कि भूल गये तो उसपर कहा कि भूल नहीं गये, जान-बूझकर 'बिसरा' दिया। फिर बिसरानेकी पुष्टि की कि '*दक्ष सकल निज सुता बोलाईं। हमरे बयर तुम्हउँ बिसराईं॥*' आपसे वैर क्यों मानते हैं ? इसका उत्तर दिया, वैरका कारण बताया कि '*ब्रह्मसभाँ हम सन दुखु माना।*' यह तो बहुत दिनकी बात हो गयी, अब उसका खयाल थोड़े ही होगा ? उसपर कहते हैं कि यह बात नहीं है वह तो '*तेहि तें अजहुँ करहिं अपमाना।*' पिताके घर जानेमें अपमान न समझना चाहिये, बिना बोलाये जाना उचित है; उसपर कहा कि यह ठीक है '*तदपि बिरोध मान जहँ कोई। तहाँ गए कल्यान न होई॥*' इत्यादि अनेक भाँति समझाना है। अन्य ग्रन्थोंमें भी जो और कहा गया हो वह भी 'अनेक' में ले सकते हैं।

टिप्पणी—२ '*भावी बस न ग्यानु उर आवा*' इति। इस कथनसे सूचित होता है कि सतीजी यही समझती हैं कि हमारे पिता इनसे वैर नहीं मानते और न इनका अपमान करते हैं, ये जाने देना नहीं चाहते, इसीसे ऐसा कहते हैं। यज्ञमें जाकर शिवजीका भाग वहाँ न देखनेपर जो कहा गया है कि '*तब चित चढ़ेउ जो संकर कहेऊ। प्रभु अपमानु समुझि उर दहेऊ॥*' उससे यह आशय स्पष्ट झलकता है कि सतीजीने शिवजीकी बात झूठ समझी थीं।

☞महात्मा लोग हितके लिये अनेक प्रकारसे समझाया करते हैं। इसी तरह श्रीहनुमान्‌जी, विभीषणजी

* हमारेहिं—१७२१, १७६२, छ०, कोदवराम। हमारें—१६६१, १७०४।
† 'करि'—पाठान्तर।

आदिने रावणको समझाया। यथा—'*जदपि कही कपि अति हित बानी। भगति बिबेक बिरति नय सानी॥*''''''''''''''' '*बुध पुरान श्रुति संमत बानी। कही बिभीषन नीति बखानी॥*' जिसके हितकी कही जाय यदि वह उपदेश न माने तो इसमें महात्माका दोष ही क्या?

'*भावी बस*' कहनेका भाव कि सतीजी पहले शिवजीसे झूठ बोलीं, यथा—'*प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा।*' (५६) यह भी भावीवश था, यथा—'*हरि इच्छा भावी बलवाना। हृदय बिचारत संभु सुजाना॥*' (५६।६) और अब शिवजीको झूठा समझीं। सतीजीका झूठ बोलना और शिवजीको मिथ्यावादी समझना, दोनों ही असम्भव हैं। यही सूचित करनेके लिये दोनों जगह 'भावीवश' कहा।

टिप्पणी—३ '*कह प्रभु जाहु जो बिनहिं बोलाए*''''''''' ' इति। तात्पर्य कि तुम अपने मनसे जो चाहो सो करो, हम आज्ञा नहीं दे सकते। अनेक भाँति समझानेपर भी जब सतीजी न बोलीं और न यह कहा कि 'बहुत अच्छा मैं न जाऊँगी' तब शिवजीने यह बात कही कि बिना बुलाये जाना हमारे विचारसे अच्छा नहीं है। शिवजीने भावीकी प्रबलता समझकर यह न कहा कि तुम न जाओ, हम नहीं भेजते, किन्तु यही कहा कि जाना हमारे विचारमें अच्छा नहीं है। 'बिना बुलाये जाना अनुचित है' इसीसे शिवजी बारम्बार यह बात कहते हैं। यथा—'*यह अनुचित नहिं नेवत पठावा*', '*हमरें बयर तुम्हउ बिसराई*', '*जौं बिनु बोले जाहु भवानी। रहे न सीलु सनेहु न कानी*'॥ *तदपि बिरोध मान जहँ कोई॥ तहाँ गए कल्यान न होई*' तथा यहाँ '*जाहु जो बिनहि बोलाएँ। नहि भलि बात हमारें भाएँ॥*'

☞प्रथम उनका मन रखनेके लिये, मनुहारके लिये कहा कि '*कहेउ नीक मोरेंहु मन भावा।*' और अब साफ जवाब देते हैं कि बिना बुलाये जाना अच्छा नहीं है।

नोट—१ यहाँ कुछ लोग शंका करते हैं कि 'शिवजी भावीकी प्रबलता समझते थे, भविष्य जानते थे तब उसमें रुकावट क्यों डालते हैं?' इसका समाधान यह किया जाता है कि यहाँ शिवजी लोकमान्य मर्यादाके अनुकूल शिक्षा दे रहे हैं। सतीका अपमान होना अपना ही अपमान है। रही भावी। सो तो अमिट है। सतीजी मानेंगी ही क्यों? वे इससे उपदेश दे रहे हैं कि कर्तव्य कर रहे हैं कि कर्तव्य करना अपना धर्म है, उससे न चूकना चाहिये और फल तो हरि-इच्छानुसार ही होगा। देखिये, वसिष्ठजी जानते थे कि अभी तो राज्य होना नहीं है फिर भी उन्होंने राजासे यह बात नहीं कही, बल्कि राजाके '*नाथ रामु करिअहि जुबराजू। कहिअ कृपा करि करिअ समाजू॥*' इत्यादि बातोंके उत्तरमें यही कहा कि '*बेगि बिलंबु न करिअ नृप साजिअ सबुइ समाजु। सुदिन सुमंगलु तबहिं जब रामु होहिं जुबराजु॥*' (२।४) उन्होंने राजाको कर्तव्य करनेको कहा और श्रीरामजीको संयम करनेको कहा। श्रीरामजीको इस प्रकार दो दिन उपवास हो गया। पं० रामकुमारजी कहते हैं कि शिवजी भावीकी प्रबलता समझते हैं, इसीसे यह नहीं कहते कि 'न जाओ' क्योंकि ऐसा कहनेपर यदि जायँ तो पतिकी आज्ञाका स्पष्ट उल्लंघन होगा।

टिप्पणी—४ '*कहि देखा हर जतन बहु*'''''''''''' ' इति। (क) यहाँ शिवजीका कोमल स्वभाव दिखा रहे हैं कि आज्ञा भङ्ग करनेपर भी उन्होंने न तो कठोर वचन कहे, न भय दिखाया, किंतु सतीके ही मनकी बात रखी। (ख) '*कहि देखा हर जतन बहु*' अर्थात् बहुत युक्तियोंद्वारा, बहुत प्रकारसे कहकर जहाँतक समझानेकी सीमा है वहाँतक समझाया। '*रहै न दच्छकुमारि*' का भाव कि इस समय उसकी दक्षमें प्रीति है, पतिको त्यागकर वहाँ जानेपर तुली है। [पुनः, भाव कि दक्ष हठी था, वैसे ही इस समय इनका हठ है तो आश्चर्य ही क्या? आखिर उसीकी तो लड़की हैं। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'दक्षकुमारीका भाव यह है कि 'दक्षको बुरी रीतिसे मारनेवाली हैं', उसको मारनेके लिये जाना है।' (मा० प०)]

नोट—२ '*रहै न*' से यह भी जनाया कि यदि बलपूर्वक रोकते हैं तो यह प्राण दे देंगी और जाने देते हैं तो वहाँ इसके देहत्यागकी सम्भावना है, इससे बलपूर्वक रोकना उचित न समझा। यथा—'एतावदुक्त्वा विरराम शङ्करः पत्न्यङ्गनाशं ह्युभयत्र चिन्तयन्। सुहृद्दिदृक्षुः परिशङ्किता भवान्निष्क्रामती निर्विशती द्विधाऽऽस सा॥' (भा० ४।४।१)

☞भा० ४। ४ में लिखा है कि सतीजी शिवजीकी आज्ञा भंगकर उनको अकेले छोड़कर पिताके

यहाँ अकेली ही चल दीं, उनको प्रणामतक न किया था और न उनकी परिक्रमा ही की। इसीसे वहाँ जाकर उनका फिर लौटना न हुआ। यथा—'**न ननाम महादेवं न च चक्रे प्रदक्षिणम्। अतएव हि सा देवी न गता पुनरागता॥**' सतीजीके चल देनेपर मणिमान् आदि गणोंको भूषण-वस्त्र आदिसहित शिवजीने भेजा। वहाँपर सतीजीकी उच्छृङ्खलता-स्वच्छन्दता भागवतकारने दिखायी है, जो एक पतिव्रता स्त्रीमें न होना चाहिये। परंतु पूज्य भक्त कवि तुलसीदासने सतीशिरोमणिसे अमर्यादित कर्म नहीं करवाये। उन्होंने सतीका आज्ञा माँगना लिखा है और आज्ञा देनेका ही आग्रह किया है। '*जौं प्रभु आयसु होइ तौं मैं जाउँ*' साफ कह रही हैं कि यदि आज्ञा होगी कि 'न जाओ' तो मैं न जाऊँगी, जब शङ्करजीने देखा कि ये अवश्य जाना चाहती हैं और बिना आज्ञा जायँगी भी नहीं, यदि हम हठ करेंगे तो इनके प्राण ही न चले जायँ, तब उन्होंने सेवकोंको साथ कर उनको भेज दिया। पूज्य कविने स्त्रीका आदर्श रखनेके लिये ही लिखा कि '*कहि देखा ....दिये मुख्य गन.........बिदा कीन्ह त्रिपुरारि।*' इसी तरह झूठ बोलनेमें तथा यहाँ भावीको आगे लाकर उसपर लाञ्छन धर दिया है। स्कन्दपु० में सतीजीने कहा है कि दुरात्मा पिताने आपको आमन्त्रित नहीं किया, उसके मनमें आपके प्रति सद्भाव है या दुर्भाव, यह सब जाननेके लिये मैं वहाँ जाना चाहती हूँ, अतः आप आज्ञा दें। ऐसा सुनकर शिवजीने आज्ञा दी और उनके साथ-साथ साठ हजार रुद्रगण कर दिये (माहेश्वर के० खं० २) यह कथा मानसके अनुकूल है।

टिप्पणी—५ '*दिये मुख्य गन संग तब.........*' इति। जो अपना परम विश्वासी और सेवामें कदापि न चूकनेवाला होता है वही स्त्रीके साथ भेजा जाता है, इसीसे यहाँ 'मुख्य गणों' को साथ करना कहा। गण साथ इससे किये कि सतीजीने कहा था कि आज्ञा हो तो सादर देखने जाऊँ, अर्थात् मुझे आदरपूर्वक भेजिये। अतः आदरार्थ मुख्य गण साथ कर दिये। पिताके घर जानेपर सतीका अनादर होगा, इस विचारसे आज्ञा न दी।

नोट—३ मुख्य गण साथ करनेके और भाव ये हैं कि— (क) लोकमर्यादाकी रक्षाके लिये ऐसा किया जिसमें यह न प्रकट हो कि पतिसे रूठकर आयी हैं, उनकी मर्जीके विरुद्ध आयी हैं, अथवा पति भी इनका आदर नहीं करता इत्यादि। (ख) दक्षसे वैर है, अतः शस्त्रास्त्रमें जो निपुण हैं उन्हींको साथ भेजा। भा० ४।४।४ में लिखा है कि सतीजीको जाते देख भगवान् शङ्करके मणिमान् और मद आदि सहस्रों अनुचरगण नन्दीश्वरको आगे कर अन्य पार्षदों और यक्षोंके सहित बड़ी शीघ्रता और निर्भयतासे उनके साथ हो लिये। यथा—'**तामन्वगच्छन्द्रुतविक्रमां सतीमेकां त्रिनेत्रानुचराः सहस्रशः। सपार्षदयक्षा मणिमन्मदादयः पुरोवृषेन्द्रास्तरसा गतव्यथाः॥**' (४) मानसकविका सँभाल देखिये कि वे शङ्करजीका सादर विदा करना लिखते हैं, न कि पीछेसे अनुचरोंका जाना।

नोट—४ आदरपूर्वक भेजना '*दिए मुख्य गन*' और '*बिदा कीन्ह*' से स्पष्ट है। नन्दीश्वरपर सवार कराके और श्वेत छत्र, चँवर, माला और दर्पण, गेंद आदि क्रीड़ाकी सामग्रियाँ तथा दुन्दुभी, शंख आदि गाने-बजानेका सामान साथ कर दिया। यथा—'**तां सारिकाकन्दुकदर्पणाम्बुजस्वेतातपत्रव्यजनस्रगादिभिः। गीतायनैर्दुन्दुभिशङ्खवेणुभिर्वृषेन्द्रमारोप्य विटङ्किता ययुः॥**'(भा० ४।४।५)

नोट—५ '*बिदा कीन्ह त्रिपुरारि*' इति। भाव कि—(क) जैसे त्रिपुरके वधमें रूखे हो गये थे वैसे ही रूखे होकर इनको विदा किया। (पं० रा० कु०) (ख) ये त्रिपुरके शत्रु हैं, इनको दक्षसे क्या भय हो सकता है। काशीखण्डमें लिखा है कि जब सतीजी पिताके घर चलीं उस समयकी सायत ऐसी थी—शनिवार, ज्येष्ठा नक्षत्र, नवमी तिथि, व्यतिपात योग, धनिष्ठा नक्षत्रके आधे भाग बीतनेपर उत्पन्न होनेसे सतीका पाँचवाँ तारा था। यथा—'**अद्य प्राचीं यियासं त्वां वारयेत् पङ्गुवासरः। नक्षत्रं च तथा ज्येष्ठा तिथिं च नवमी प्रिये॥ अद्य सप्तदशो योगो वियोगोऽद्यतनः शुभः। धनिष्ठार्धसमुत्पन्ने तव ताराद्य पञ्चमी॥**' (सू० प्र० मिश्र) (ग) 'तारकासुरके वधका समय पहुँच गया है। इसलिये '*तदपि न कहेउ त्रिपुर आराती*' इस चरणका ध्यानकर ग्रन्थकारने यहाँ भी महादेवजीको '*त्रिपुरारि*' कहा। दोहा ५७ की चौपाइयोंमें इसकी व्याख्या देखो।' (सु० द्विवेदी) 'त्रिपुर-ऐसे भीषण दानवके संहारकर्त्ता सतीका नाश जानते हुए भी मनमें क्षोभ

न लाये, तुरत विदा कर दिया। यहाँ परिकरांकुर अलंकार है।' (वीर) त्रिपाठीजी लिखते हैं कि त्रिपुरारिका विदा करना कहकर जनाया कि लौटेंगी नहीं।

पिता भवन जब गईं भवानी। दच्छ त्रास काहु न सनमानी॥ १॥
सादर भलेहि मिली एक माता। भगिनीं मिलीं बहुत मुसुकाता॥ २॥
दच्छ न कछु पूछी कुसलाता। सतिहि बिलोकि जरे सब गाता॥ ३॥

अर्थ—जब भवानी (सती) पिताके घर पहुँची तब दक्षके डरसे किसीने उनका सम्मान न किया॥ १॥ केवल एक माता तो भले ही आदरसे मिली। बहिनें बहुत मुस्कुराती हुई मिलीं॥ २॥ दक्षने कुछ कुशल (तक) न पूछी। सतीजीको देखकर उसके सारे अंग जल उठे (सर्वाङ्गमें आग-सी लग गयी। उसे बड़ी कुढ़न हुई)॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'पिता भवन जब गईं भवानी। ....'* इति। (क) *'भवानी'* का भाव कि ये भव (शङ्करजी) की पत्नी हैं इसीसे इनको न्योता न गया था, ये बिना बुलाये गयीं तो भवके ही सम्बन्धसे दक्ष आदि किसीने इनका सम्मान न किया। (ख) *'दच्छ त्रास काहु न सनमानी'* अर्थात् और लोग इनका सम्मान करते (क्योंकि ये भवानी हैं) पर दक्षके डरसे न किया। यथा—'**तामागतां तत्र न कश्चनाद्रियद्विमानितां यज्ञकृतो भयाज्जनः।**'(भा० ४।४।७) इस कथनसे जनाया कि दक्ष शिवजीसे विरोध मानता है—यह सबको मालूम है। इनका सम्मान करके दक्षका कोपभाजन कौन बने?

नोट—१ सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि *'पिता भवन जब गईं'* से जनाया कि सतीजी पहले यज्ञशालामें नहीं गयीं, सीधी बापके घर गयीं। भव (शिवजी) को फिर सतीने ग्लानि दी, इसलिये *'भवानी'* कहा। *'दच्छ त्रास'* से जनाया कि दक्षके लोगोंने निमन्त्रणके समय महादेव और सतीको निमन्त्रण देनेके लिये बहुत विनय की थी पर दक्षने सभीको डाँट दिया था कि खबरदार उनका नाम न लेना।'

टिप्पणी—२ *'सादर भलेहि मिली एक माता।.........'* इति। (क) *'एक माता'* का भाव कि कोई दूसरा आदरसे न मिला। [माता एक तो मनुशतरूपाजीकी कन्या, दूसरे दक्षकी पत्नी, इसीसे उनको भय न हुआ। दूसरे माताको तो कन्या अति प्यारी होती ही है। अतः वह सादर मिली। (भा० ४।४।७) में लिखा है कि माता बड़ी प्रसन्न हुई। सतीजीको उन्होंने स्नेहपूर्वक गले लगा लिया। उनके नेत्रोंमें प्रेमाश्रु भर आये, कण्ठ गद्गद हो गया। कुशल-प्रश्न किया और आसन, अलंकार आदि उपहारमें दिये, यह सब बात 'सादर' शब्दसे वक्ताने जना दी। यथा—'**ऋते स्वसॄर्वै जननीं च सादराः प्रेमाश्रुकण्ठ्यः परिषस्वजुर्मुदा॥' सौदर्यसम्प्रश्नसमर्थवार्तया मात्रा च मातृष्वसृभिश्च सादरम्। दत्तां सपर्यां वरमासनं च सा नादत्तपित्राप्रतिनन्दिता सती॥**' (भा० ४। ४। ७-८) पर पितासे अपमानित होनेके कारण इस आदरपर सतीजीने ध्यान न दिया (ख) *'भलेहि'* इति। 'भले ही' बोली है। कोई-कोई इसका अर्थ 'अच्छी तरहसे' यह करते हैं। पर वास्तवमें यह मुहावरा है। इस शब्दको देकर सूचित करते हैं कि और किसीने निरादर भले ही न किया हो पर आदर नहीं किया। लोकरीति है कि स्त्रियाँ आगे जाकर लाती हैं, चादर उतारती हैं, भेंटती हैं। यह सब आदर है। 'भले ही' कहकर जनाया कि बहिनें आकर मिलीं तो जरूर पर आदरसे नहीं।] (ग) *'भगिनीं मिलीं बहुत मुसुकाता'* इति। *'मिलीं'* बहुवचन है, क्योंकि दक्षकी बहुत कन्याएँ थीं। (४८। ६।६२।२) देखिये। 'बहुत' देहलीदीपक है। बहुत भगिनीं, बहुत मिलीं, (पर) 'बहुत मुसुकाता मिलीं'। बहिनें मिलीं, इस कथनसे जनाया कि उनको भी दक्षका त्रास नहीं है। इससे ये भी आकर मिलीं। और कोई दक्षके त्राससे पास भी न गया। *'बहुत मुसुकाता'* का भाव कि ये सब निमन्त्रित थीं और सतीजी निमन्त्रित न थीं। मुसुकाना भी निरादर ही-सा है।

नोट—२ *'मुसुकाता'* के और भाव—(क) इसमें व्यंग्य यह है कि वह घमण्ड कहाँ गया कि ब्रह्म-सभामें पिताजीको देखकर खड़े न हुए थे और अब यज्ञमें नेग-जोग लेनेको पत्नीको भेजा है! वे समझती हैं कि शिवजीने भेजा है। (रा० प्र० मा० प०) (ख) 'श्रीमद्भागवतमें भगिनीकृत अपमानका उल्लेख

नहीं है पर काशीखण्डमें यह लिखा है कि बहिनोंने अभिमान किया। इससे सतीजीने उनसे बात भी न की, पिताके पास गयीं। (मा० प०)

टिप्पणी—३ *'दच्छ न कछु पूछी कुसलाता।.........'* इति। (क) भाव कि जिन्हें मिलना चाहिये, वे तो आकर मिलीं। दक्षको कुशल-प्रश्न करना चाहिये था सो उसने कुछ न पूछा। (ख) *'जरे सब गाता'* अर्थात् नखसे शिखापर्यन्त रिस व्याप गयी। यथा—*'हँसत देखि नखसिख रिस ब्यापी।'* जलना क्रोधका धर्म है। सब गात जलने लगे अर्थात् सतीको देखकर उनके मनमें बड़ा क्रोध हुआ। (ग) शिवजीने जो कहा था कि *'हमरे बयर तुम्हौं बिसराई',* वह वैरभाव यहाँ देख पड़ा कि दक्षने इन्हें शत्रुभावसे देखा। जो शिवजीने कहा था कि तुम्हारा शील, स्नेह और कानि न रहेगी सो न रह गये। दक्षके मन, तन और वचन तीनोंकी दशा यहाँ दिखायी कि सतीको देखकर मनमें क्रोध हुआ, तनसे जल उठा और वचनसे कुशल भी न पूछी।

नोट—३ *'सतिहि बिलोकि जरे.........'* का भाव कि अपनी कन्याको देखकर पिता प्रसन्न होता है, यह मानवप्रकृति है। सतीजी भी यही समझती थीं कि पिता हमें देखते ही प्रसन्न होंगे और सब वैर भूल जायँगे, पर दक्षको तो इन्हें देखते ही उनके पतिद्वारा किया हुआ अपमान भड़क उठा और वह अपनी कन्या सतीहीको देखकर जल उठा। इसीसे यहाँसे सती नाम दे चले। उसीके सम्बन्धसे यज्ञ देखने गयीं, नहीं तो यहाँ क्यों आतीं?

श्रीसुधाकर द्विवेदीजी *'जरे सब गाता'* को सतीजीमें लगाते हैं। वे लिखते हैं कि—'पिताके न पूछनेपर सतीजीको दुःख हुआ कि माँ-बापके लिये तो सब संतान समान हैं, इसलिये माताने मेरा यथोचित सम्मान किया पर बापने बाततक न पूछी। लोगोंने सम्मान न किया, बहिनें चुटकी लेते मिलीं और बापने पूछा भी नहीं—ये मानो क्रमसे तीन अग्नि दावाग्नि, बड़वाग्नि और जठराग्नि लगीं जिससे सतीकी सब देह भीतर-बाहर जलने लगी।' स्कन्दपु० में तो 'दक्षने यह कह डाला है कि तुम यहाँ आयी ही क्यों ? ठहरो चाहे चली जाओ। ये भाव भी *'जरे सब गाता'* में आ जाते हैं।

विनायकी टीकाकारने यहाँ एक फकीरकी आजमायी हुई (अनुभूत) कुछ नसीहतें (उपदेश) दी हैं। वे ये हैं—'खफगी पिताकी। दया माताकी। होतीकी बहिन। अनहोतीका यार। आँखकी त्रिया। गाँठका दाम—जब तब आवे काम। अनूठा शहर। सोवै सो खोवै, जागै सो पावै।'

सतीं जाइ देखेउ तब जागा। कतहुँ न दीख संभु कर भागा॥ ४॥
तब चित चढ़ेउ जो संकर कहेऊ। प्रभु अपमान समुझि उर दहेऊ॥ ५॥
पाछिल दुखु न* हृदय अस ब्यापा। जस यह भएउ महा परितापा॥ ६॥

अर्थ—तब सतीजीने जाकर यज्ञ देखा। (तो वहाँ) कहीं शिवजीका भाग न देखा॥ ४॥ तब शङ्करजीने जो बात कही थी वह चित्तमें चढ़ी (उनके हृदयमें चेत हुआ, बात जम गयी)। स्वामीका अपमान समझकर उनका हृदय जलने लगा॥ ५॥ पिछला दुःख उनके हृदयमें वैसा न लगा जैसा यह महाघोर दुःख हुआ॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'सतीं जाइ देखेउ तब जागा।.........'* इति। *'तब'* अर्थात् जब दक्षकी यह दशा देखी तब सतीजी वहाँसे चल दीं कि यज्ञ देखें, हमारे पतिका वहाँ भाग है या नहीं। *'कतहुँ न दीख'* से जनाया कि सारे यज्ञशालामें खोजती फिरीं पर कहीं न देखा। (*'कतहुँ'* में भाव यह भी है कि यद्यपि ब्रह्माजी और विष्णुभगवान् भी न गये थे तथापि उनके भाग वहाँ रखे थे पर शङ्करजीका भाग कहीं न था।)

टिप्पणी—२ *'तब चित चढ़ेउ जो संकर कहेऊ।.........'* इति। (क) *'तब'* का भाव कि जब शिवजीने कहा था कि *'ब्रह्म सभाँ हम सन दुखु माना। तेहि तें अजहुँ करहिं अपमाना॥'* तब न माना था अब जब आँखों देख लिया कि शिवजीका भाग नहीं है तब माना—यह सतीजीका स्वभाव दिखाया। *'तब*

* अस हृदय न—१७२१, १७६२, छ०. को० राम। न हृदय अस—१६६१. १७०४।

चित चढ़ेउ.........' अर्थात् तब ज्ञान हुआ, होश आया कि वे झूठ नहीं कहते थे, सत्य कहते थे। हमने झूठ मान लिया था। *'जो संकर कहेऊ'* अर्थात् यह कि हमसे वैर है, इसीसे अब भी हमारा अपमान करते हैं। (ख) भाग=अंश, हिस्सा। चित्तपर चढ़ना=ध्यानमें आना, मनमें बसना, समझमें आना। (ग) *'प्रभु अपमान समुझि...........'* अर्थात् अपने अपमानसे हृदयमें संताप न हुआ था। जब दक्षने सतीजीका अपमान किया तब वक्ताओंने उनका क्रोध होना नहीं कहा। पर स्वामीका अपमान समझकर संतप्त हो गयीं। शिवजीके सब वचन सत्य निकले।—

शिववचन		यहाँ सिद्ध हुआ
दच्छ सकल निज सुता बोलाईं।	१	*भगिनी मिलीं बहुत मुसुकाता*
हमरे बयर तुम्हौं बिसराईं॥	२	*दच्छ न कछु पूछी कुसलाता*
ब्रह्मसभाँ हम सन दुखु माना। तेहिं.......।	३	*कतहुँ न दीख संभु कर भागा*
जौं बिनु बोले जाहु भवानी।	४	*दच्छ त्रास काहु न सनमानी।*
रहै न सीलु सनेह न कानी॥		*दच्छ न कछु पूछी कुसलाता।*
तदपि बिरोध मान जहँ कोई।	५	*अस कहि जोग अगिनि तनु जारा*

नोट—१ *'पाछिल दुखु न हृदय अस ब्यापा।...........'* इति। पति-परित्याग दुःख भी भारी दुःख है। उसे भी दारुण दुःख कहा है, यथा—*'एहि बिधि दुखित प्रजेसकुमारी। अकथनीय दारुन दुख भारी॥'* परंतु पतिपरित्यक्ता होनेकी बात कोई जानता न था और यहाँ यज्ञमें तो सुर, मुनि, किन्नर, गन्धर्व, नाग इत्यादि सभी निमन्त्रित होकर आये हैं। त्रिदेवको यज्ञोंमें बराबर भाग मिला करता था पर इस यज्ञमें शिवजीका अपमान किया गया, उनको भाग नहीं दिया गया, यज्ञभाग पानेवाले देवजातिसे शिवजीका बहिष्कार हो गया। यह बात सभी जान गये। इससे अब अधिक परिताप हुआ। क्यों न हो? *'संभावित कहँ अपजस लाहू। मरन कोटि सम दारुन दाहू॥'* सत्य ही है। भागवत और गीताका भी यही मत है। यथा—**'अकीर्तिं चापि भूतानि कथयिष्यन्ति तेऽव्ययाम्। सम्भावितस्य चाकीर्तिर्मरणादतिरिच्यते॥'.......येषां च त्वं बहुमतो भूत्वा यास्यसि लाघवम्। निन्दन्तस्तव सामर्थ्यं ततो दुःखतरं नु किम्॥'** (गीता २) अर्थात् हे अर्जुन! लोग तुम्हारी अक्षय दुष्कीर्ति गाते रहेंगे। मान्य पुरुषोंके लिये अपयश तो मृत्युसे भी बढ़कर है। जिन लोगोंमें तुम्हारा मान है, उन्हींकी दृष्टिमें तुम लघु हो जाओगे। शत्रु तुम्हारे सामर्थ्यकी निन्दा करेंगे। सोचो न कि इससे बढ़कर क्या दुःख हो सकता है। पुनश्च यथा—**'सम्भावितस्य स्वजनात्पराभवो यदा स सद्यो मरणाय कल्पते।'** (भा० ४। ३। २५) गोस्वामीजीने भी यही बात विनय पद ९४ में दरशायी है कि पंक्तिसे अलग किया जाना बड़ा अपमान है और शोचकी बात है। यथा—*'खग गनिका गज ब्याध पाँति जहँ तहँ हौं हूँ बैठारो। अब केहि लाज कृपानिधान परसत पनवारो फारो॥'* काशीखण्डमें भी कहा है कि जातिमें अपमान होनेसे जीवन धिकृत हो जाता है। यथा—**'धिग् जीवितं शास्त्रकलोज्झितस्य धिग् जीवितं चोद्यमवर्जितस्य। धिग् जीवितं ज्ञातिपराजितस्य धिग् जीवितं व्यर्थमनोरथस्य॥'** इसीसे और सब दुःख और अपमान सह लिये गये पर यह अपमान न सहा गया। पतिपरित्याग अकथनीय दारुण दुःख था, पर उससे शरीर न छूटा था और *'प्रभु अपमान'* के दुःखसे शरीर छूट गया, इससे यह सिद्ध है कि यह दुःख उससे अधिक है। पतिपरित्यागका दुःख अपना निजका दुःख है और पति- अपमानजनित दुःख पतिके सम्बन्धका दुःख है। पतिव्रताको अपने दुःखकी अपेक्षा दूसरेके द्वारा किये हुए पतिका अपमान अवश्य ही कहीं अधिक असह्य होना ही चाहिये। इसीसे इसे 'महापरिताप' कहा। अन्यकी 'अधिक संताप' संज्ञा थी।

'प्रभु अपमान' का भाव कि साधारण पुरुषका अपमान हो तो वह सह लेता है पर जो समर्थ है, ऐश्वर्यवान् है, जिसकी धाक बँधी हुई है उसका अपमान हो तो मरनेके तुल्य है। *'समुझि'* का भाव कि ऊपर जो उपर्युक्त विचार सतीजीके हृदयमें उठे इसीसे 'अकथनीय दारुण दुख' से भी उसकी मात्रा बढ़ गयी।

नोट—२ श्रीसुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'सतीजीके चार अग्नि लगीं। *'दच्छ त्रास काहु न सनमानी'* यह लोगोंका सम्मान न करना पहली अग्नि है। बहिनोंका व्यंग्यसे मुसुकुराना, चुटकी लेते मिलना दूसरी अग्नि है। बापने बाततक न पूछी, यह तीसरी अग्नि है। ये क्रमसे दावाग्नि, बड़वाग्नि और जठराग्नि लगीं। इनके लगनेसे सब देह भीतर-बाहर जलने लगी और अब चौथी अग्नि महादेवापमानसे संसारका संहार करनेवाली प्रलयाग्नि हृदयमें लगी। अब कैसे शान्त हो। इसीसे ग्रन्थकारने *'महा परितापा'* कहा। एकके नाराज होनेसे दूसरा शरण देता है पर जातिमात्रके अपमानसे मनुष्यको कहाँ शरण? जातिके अपमानसे घरका पड़ा मुर्दा सड़ा करता है, अन्तमें डोमड़ेके हाथसे मरनेपर भी दुर्गति होती है। इसलिये ग्रन्थकारने उसे सबसे कठिन कहा। यह सब समझकर उन चारों अग्नियोंको और भभकानेके लिये ईंधनके ऐसा सतीका महाक्रोध भड़क उठा।'

नोट—३ पिताकृत अपमान उपमेयरूप है और पतिपरित्याग उपमानरूप है। उपमानसे उपमेयको अधिक दुःखदायी कहना 'व्यतिरेक अलंकार' है। व्यापना=लगना, असर करना, प्रभाव डालना।

जद्यपि जग दारुन दुख नाना। सब तें कठिन जाति अवमाना*॥ ७॥

समुझि सो सतिहि भएउ अति क्रोधा। बहु बिधि जननी कीन्ह प्रबोधा॥ ८॥

दो०—शिव अपमानु न जाइ सहि हृदय न होइ प्रबोध।

सकल सभहि हठि हटकि तब बोलीं बचन सक्रोध॥ ६३॥

अर्थ—यद्यपि संसारमें भयंकर दुःख अनेक प्रकारके हैं (तो भी) जाति-अपमान सबसे अधिक कठिन (दुःख) है॥ ७॥ यही समझकर सतीजीको अत्यन्त क्रोध हुआ। माताने बहुत तरहसे उनको समझाया-बुझाया॥ ८॥ परंतु शिवजीका अपमान सहा नहीं जाता और न मनको संतोष ही होता है तब वे सारी सभाको हठपूर्वक रोककर क्रोधयुक्त वचन बोलीं॥ ६३॥

टिप्पणी—१ *'जद्यपि जग दारुन दुख नाना······'* इति। जाति-अपमान सबसे अधिक कठिन है। यह सतीजीके द्वारा प्रकट दिखाया। क्योंकि सतीजीने दारुण दुःख तो सह लिया, यथा—*'एहि बिधि दुखित प्रजेसकुमारी। अकथनीय दारुन दुख भारी॥'* (१। ६०। १) पुनः *'जाइ उतरु अब देहौं काहा। उर उपजा अति दारुन दाहा॥'* यह दुःख भी सह लिया। ब्रह्मसभामें अपमान हुआ वह भी सह लिया पर यह जाति-अपमान है, अतः न सहा गया।

टिप्पणी—२ *'समुझि सो सतिहि भएउ अति क्रोधा।'* इति। (क) क्रोध दो बातोंपर हुआ। प्रथम तो अपना भाग न पाया, यह समझकर 'क्रोध' हुआ और अब जातिमें अपमान हुआ यह समझकर 'अति क्रोध' हुआ। दो बातें समझकर क्रोध हुआ—एक तो पति-अपमान, दूसरे जाति-अपमान। इसीसे दो बार *'समुझि'* क्रिया दी गयी, *'प्रभु अपमान समुझि उर दहेऊ'* तथा *'समुझि सो सतिहि भएउ अति क्रोधा।'* [नोट—अथवा, शिवजीने जो कहा था कि दक्ष हमारा अपमान करता है, उसे यहाँ यज्ञमें भाग न देखनेपर सत्य जानकर हृदयमें आग लग गयी। फिर विचारने लगीं कि यज्ञमें भाग न पाना तो जातिमें अपमान है, अतः 'अति क्रोध' हुआ। तात्पर्य कि यहाँ शिव-अपमान ही जाति-अपमान है। ये दो बातें नहीं हैं, एक ही हैं। इसीसे अगले दोहेमें *'शिव अपमानु न जाइ सहि'* यही कहा, दूसरेको नहीं। वास्तवमें यहाँ 'अर्थान्तरन्यास अलंकार' है। पहले एक साधारण बात कहकर कि *'पाछिल दुखु हृदय अस ब्यापा।······॥'* फिर उसका विशेष सिद्धान्तसे समर्थन किया गया है कि *'जद्यपि जग दारुन दुख नाना।······॥'* दो बार *'समुझि'* इससे लिखा कि *'प्रभु अपमान समुझि उर दहेऊ'* यह कहकर फिर वक्ता उस परितापका कारण और स्वरूप कहने लगे थे, अब फिर वहींसे प्रसंग मिलाते हैं कि *'समुझि सो······।'* (भा० ४।४।९) में 'अति

---

* अवमाना—१६६१। अपमाना—पाठान्तर।

क्रोध' का उल्लेख इस प्रकार है कि ऐसा क्रोध था मानो अपने रोषसे समस्त लोकोंको भस्म कर देंगी। यथा—'**अरुद्रभागं तमवेक्ष्य चाध्वरं पित्रा च देवे कृतहेलनं विभौ। अनादृता यज्ञसदस्यधीश्वरी चुकोप लोकानिव धक्ष्यती रुषा॥**']

टिप्पणी—३ *'बहु बिधि जननी कीन्ह प्रबोधा'* इति। इससे पाया गया कि सतीसे भेंट होनेके बाद तथा दक्षके बात न करनेपर जब सतीजी यज्ञमें गयीं तो माता प्रसूतिजी स्नेहवश वहाँतक इनके पीछे-पीछे साथ ही गयीं। सतीजीके मुखकी चेष्टासे जान लिया कि उनको भारी दुःख हुआ है, इसीसे समझाने लगीं। 'अति क्रोध' है इसीसे *'बहु बिधि'* समझाना पड़ा और 'प्रकर्ष करके' समझाया पर प्रबोध न हुआ; इसका कारण आगे कहते हैं कि *'शिव अपमानु न जाइ सहि'* अत्यन्त क्रोध है, इसीसे ज्ञान न हुआ।

नोट—१ सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'बोध' के साथ 'प्र' उपसर्ग लगानेसे यह बात पायी जाती है कि माँने गोदमें लेकर बहुत लाड़-प्यारसे तरह-तरहकी बातें कहकर समझाया। २—*'कीन्ह प्रबोधा'*। समझाया कि तुम्हारे पिता तो बौरा गये हैं, उनकी मति मारी गयी, उनकी बातका बुरा न मानो, मैं तुम्हारी बिदाई नेग-जोगसहित तुम्हारी सब बहिनोंसे भी बढ़-चढ़कर करूँगी, इत्यादि।

टिप्पणी—४ *'शिव अपमानु न जाइ सहि''''''* इति। शिवजीके अपमानसे क्रोध हुआ; यथा—*'प्रभु अपमान समुझि उर दहेऊ।'* शिव-अपमान सहा नहीं जाता, इसीसे क्रोध शान्त नहीं होता। क्रोध शान्त न होनेसे प्रबोध नहीं होता। तब सभाको हठ करके रोकने लगीं। *'हठि हटकि'* कहकर जनाया कि रोकनेसे नहीं मानते थे; इसलिये हठ करके वेदपाठ, होम आदि सब यज्ञकर्म बन्द कराया और उनका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। सभा अर्थात् जिनके निरीक्षणमें यज्ञ हो रहा था तथा उसमें भाग लेने जो देवता आये थे और शिवनिन्दा की थी।

नोट—२ (क) यहाँ 'शिव' में तालव्य शकार दिया है। ऐश्वर्य बोध करानेके लिये ऐसा किया है। उसमें भाव यह है कि 'जिनका 'शिव' यह दो अक्षरोंका नाम प्रसंगवश एक बार भी मुखसे निकल जानेपर मनुष्यके समस्त पापोंको तत्काल नष्ट कर देता है और जिनकी आज्ञाका कोई भी उल्लङ्घन नहीं कर सकता उन्हीं पवित्रकीर्ति, मङ्गलमय, संसारके कल्याणकर्ता, विश्वबन्धु भगवान् शिवका दक्षने अपमान किया', अतः सहनेयोग्य नहीं, अवश्य इसको दण्ड देना उचित है। यथा—'**यद् द्व्यक्षरं नाम गिरेरितं नृणां सकृत्प्रसङ्गादघमाशु हन्ति तत्। पवित्रकीर्तिं तमलङ्घ्यशासनं भवानहो द्वेष्टि शिवं शिवेतरः॥ यत्पादपद्मं महतां मनोऽलिभिर्निषेवितं ब्रह्मरसासवार्थिभिः। लोकस्य यद्वर्षति चाशिषोऽर्थिनस्तस्मै भवान् द्रुह्यति विश्वबन्धवे॥ किं वा शिवाख्यमशिवं न विदुस्त्वदन्ये ब्रह्मादयस्तमवकीर्य जटाः श्मशाने। तन्माल्यभस्मनृकपाल्यवसत्पिशाचैर्ये मूर्धभिर्दधति तच्चरणावसृष्टम्॥**' (भा० ४।४।१४—१६) (ख)—हटकना=रोकना, चुप करना। यथा—*'तुम्ह हटकहु जौं चहहु उबारा।'* (२७४) *'डेरा कीन्हेउ मनहुँ तब कटक हटकि मनजात।'* (३-३७) अवमान=अपमान। हेठी करना।

नोट—३ *'बोलीं बचन सक्रोध'* इति। 'क्रोधके आठ सँघाती (साथी) हैं—निन्दा, साहस, बुरा चेतना, ईर्ष्या, दूषण ढूँढ़ना, हानि पहुँचाना, कटुवचन और कठोरता। यथा—'**पैशुन्यं साहसं द्रोह ईर्ष्यासूयार्थदूषणम्। वाग्दण्डनं च पारुष्यं क्रोधजोऽपि गणोऽष्टकः॥**'—(वि० टी०)

सुनहु सभासद सकल मुनिंदा। कही सुनी जिन्ह संकर निंदा॥ १॥
सो फलु तुरत लहब सब काहू। भली भाँति पछिताब पिताहू॥ २॥
संत संभु श्रीपति अपबादा। सुनिअ जहाँ तहँ असि मरजादा॥ ३॥
काटिअ तासु जीभ जो बसाई। श्रवन मूँदि न त चलिअ पराई॥ ४॥

शब्दार्थ—मुनिंदा (मुनींदु, मुनींद्र)=मुनीश्वरो, मुनिश्रेष्ठ। लहब=पावेगा, मिलेगा। पछिताब=पछतावेगा। अपबादा=झूठा दोष लगानेका भाव, निन्दा, अपमान। मरजादा (मर्याद)=धर्म, संस्था, नियम, शास्त्राज्ञा। पराना=भाग जाना।

अर्थ—हे सभामें उपस्थित सब लोगो! हे समस्त मुनीश्वरो! सुनो। जिन-जिन लोगोंने शङ्करजीकी निंदा की या सुनी है॥ १॥ उन सबोंको उसका फल तुरत मिलेगा। पिता भी भलीभाँति पछतावेगा॥ २॥ जहाँ (कहीं) सन्त, शम्भु और श्रीपति-(लक्ष्मीजी एवं जानकीजीके पति-) की निन्दा सुननेमें आवे, वहाँ ऐसी मर्यादा है (कि)॥ ३॥ यदि (अपना) वश चले तो उसकी जीभ काट ले, नहीं तो कान मूँदकर भाग जाय॥ ४॥

नोट—१ पं० सुधाकर द्विवेदी एवं सू० प्र० मिश्रजी *'सभासद'* को *'मुनिंदा'* का विशेषण मानते हैं और यह अर्थ करते हैं—'हे सभ्य सब मुनिवरो! सुनिये।' वे लिखते हैं कि 'मुनिंदाका भाव यह है कि अभी तो सज्जन-समाजमें बैठे हो। आपलोग ऐसे पदपर होकर अनुचित काम कराते हैं। श्रेष्ठ ही लोग धर्माधर्मका विवेक करते हैं। इसीलिये सतीजीने मुनीन्द्र सभ्योंको सुनाया।' मनुस्मृतिमें भी कहा है कि '**वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्। आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च॥**' (२। ६) अर्थात् अखिल वेद तथा वेदज्ञोंकी स्मृति और शील तथा साधुओंका आचार और आत्माका सन्तोष—यही धर्मका मूल है। पुनश्च यथा—'**वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः। एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम्॥**' (२। १२) अर्थात् वेद, स्मृति, सदाचार और आत्माको प्रिय—ये चार धर्मके लक्षण हैं। वि० त्रि० जी लिखते हैं कि सभामें जानेपर यथार्थ कहना चाहिये। चुप रह जानेवाला या अन्याय करनेवाला समान पापी होता है। यथा—'**सभायां न प्रवेष्टव्यं वक्तव्यं वा समञ्जसम्। विब्रुवन् वापि नरो भवति किल्बिषी॥**'

टिप्पणी—१ *'सुनहु सभासद सकल मुनिंदा।……'* इति। (क) सब सभाको हठ करके रोका है; यथा—*'सकल सभहि हठि हटकि तब……।'* अतः अब उन्हीं सबोंसे बोलीं। *'सुनहु'* अर्थात् हमारे वचन ध्यान देकर सुनो। *'सकल'* दीपदेहरीन्यायसे दोनों ओर है—*'सकल सभासद'* और *'सकल मुनींद्र।'* (ख) *'कही सुनी जिन्ह'* इति। इससे पाया गया कि प्रथम किसीने कहा तब औरोंने सुना। पिताने पहले निन्दा की, तब औरोंने सुना। पिताका नाम यहाँ नहीं लिया, क्योंकि उनको आगे कहेंगी। पुनः, *'जिन्ह'* बहुवचन पद देकर जनाया कि पिताके अतिरिक्त सभासद् और मुनीन्द्रोंमें भी बहुतों-(जैसे कि भृगुजी आदि-) ने निन्दा की थी। इसीसे सभासदोंके साथ भी कहना लिखा गया। (ग) *'संकर निंदा'* अर्थात् जो सबके कल्याणकर्त्ता हैं उन्हींकी निन्दा की। (तब कल्याण कब हो सकता है?)

टिप्पणी—२ *'सो फलु तुरत लहब सब काहू।……'* इति। (क) *'सो फलु'* अर्थात् जो फल शिवनिन्दकको तथा शिवनिन्दाके श्रोताको मिलता है, जो फल शिवनिन्दाके कथन और श्रवणका है वह। *'तुरत लहब सब काहू'* सब कोई तुरत पावेगा—यह वचन शापरूप है। इसीसे फल तुरन्त मिला, नहीं तो चाहे जन्मान्तरमें मिलता। निन्दाका फल तुरन्त नहीं मिलता। यथा—*'हर गुर निंदक दादुर होई। जन्म सहस्र पाव तनु सोई॥……होहिं उलूक संत निंदारत। मोह निसा प्रिय ज्ञान भानुगत॥'* (उ० १२१) इसीसे आप कहती हैं कि इस धोखेमें न भूले रहना। इस निन्दाका फल तुमको तुरत इसी तनमें मिलेगा, आगे जो होगा सो होगा। [☞कहा भी है कि '**त्रिभिर्वर्षैः त्रिभिर्मासैः त्रिभिः पक्षैस्त्रिभिर्दिनैः। अत्युत्कटैः पुण्यपापैरिहैव फलमश्नुते॥**' (कहींका प्रसिद्ध श्लोक है।) अर्थात् अत्यन्त उत्कट पुण्यों एवं पापोंका फल तीन वर्षों, तीन मासों, तीन पक्षों अथवा तीन दिनोंके अन्तमें भोगना पड़ता है। प्रस्तुत प्रसंगमें पहले ब्रह्मसभामें घोर पापका प्रारम्भ हुआ, दक्षने मूर्खतावश शिवजीको बहुत बुरे-बुरे वचन कहे और शाप दिया। फिर इस महायज्ञमें भाग न देकर उनका अपमान किया गया। फिर भी फल न मिला। इस तरह उत्कटता बढ़ती ही गयी जो सतीके मरण और रुद्रगणोंके मारे जानेपर पूर्ण हो गयी। इसीसे सब पापोंका फल तुरत सबको मिल गया।]

(ख) *'भली भाँति पछिताब पिताहू'* इति। सभासदों और मुनीन्द्रोंको कहकर अब पिताको उनसे पृथक् कहती हैं। भली-भाँति पछतायेगा—यह कहकर जनाया कि सभासदों और मुनीन्द्रोंसे अधिक उनकी दुर्दशा

होगी। [पिता मरेगा नहीं, पर ऐसी दशा उसकी हो जायगी कि वह जन्मभर पछतायेगा। मरणसे भी अधिक दुःख उसको होगा (सु० द्वि०)। उसका सिर बकरेका हो जायगा। (भा० ४। ५) के अनुसार वीरभद्रने दक्षका सिर तनसे अलग कर, यज्ञपशुकी तरह उसको बलिकर यज्ञकुण्डमें जला दिया। शिवजीने प्रसन्न होनेपर आज्ञा दी कि बकरेका सिर लगा दिया जावे। यथा—**'प्रजापतेर्दग्धशीर्ष्णो भवत्वजमुखं शिरः।'** (४।७।३) पुनर्जीवित होनेपर उसने बहुत पश्चात्ताप किया है।] ***'पछताब'*** अर्थात् हमसे न बना, हमने बड़ा बुरा किया, हमने आपका स्वरूप न जाना इत्यादि।

टिप्पणी—३ ***'संत संभु श्रीपति अपबादा।……'*** इति। (क) यहाँ संत, शम्भु और श्रीपति तीन नाम कहे, क्योंकि ये तीनों एक हैं, शरीरमात्रसे पृथक्-पृथक् देख पड़ते हैं। हर और हरि उपास्य हैं। संत उनके उपासक हैं। हरि-हरसे उनके दास अधिक हैं, इसीसे संतको प्रथम कहा। यथा—***'मोरें मन प्रभु अस बिस्वासा। राम ते अधिक राम कर दासा॥'*** (उ० १२०) ***'मोतें संत अधिक करि लेखा।'*** (अ० ३६) श्रीशिवजी श्रीपतिके उपासक हैं, इससे शम्भुको पहले कहा, तब श्रीपतिको। संत और शिव दोनों उपासक हैं, इससे दोनोंको साथ रखा। (ख) ***'सुनिअ जहँ तहँ असि मरजादा'*** इति। भाव कि जहाँपर सुने वहीं ऐसा करे विलम्ब न करे, यदि ऐसा न करे तो समझना चाहिये कि मर्यादाका नाश हुआ। क्या मर्यादा है? यह आगे बताती हैं कि ***'काटिअ……'***

टिप्पणी—४ ***'काटिअ तासु जीभ जो बसाई।……'*** इति। **'बसाई'**=बस चले, अपना काबू हो। ***'जो'*** संदिग्धपद यहाँ रखा, क्योंकि जीभ काट लेना कठिन है। (अपनेसे अधिक समर्थ हुआ तो कठिन होगा। अथवा सामर्थ्य होते हुए भी सामयिक कानूनके डरसे भी ऐसा करना कठिन हो सकता है।) प्रथम मर्यादा, धर्म वा नियम यह बताया कि जीभ काट ले। यदि ***'न बसाई'*** बस न चले तो क्या करे? यह दूसरे चरणमें बताती हैं। (ख) ***'श्रवन मूँदि न त चलिअ पराई'*** इति। यह दूसरा उपाय है जिससे मर्यादा भंग न हो और सुननेका पाप भी न लगे। कान बन्द करके भाग चले। अर्थात् कान बन्द करनेसे सुन न पड़ेगा। सुननेसे बड़ा पाप होता है, यथा—***'हरिहर निंदा सुनै जो काना। होइ पाप गोघात समाना॥'*** (६।३१)

नोट—२ प० पु० स्वर्गखण्डमें व्यावहारिक शिष्टाचारके वर्णन-प्रसंगमें देव, गुरु, वेद आदिकी निन्दाके फलके विषयमें व्यासजी कहते हैं कि शास्त्रोंमें उस निन्दकके उद्धारका कोई उपाय नहीं देखा जाता। वह मनुष्य सौ करोड़ कल्पोंसे अधिक कालतक रौरव नरकमें पकाया जाता है। जहाँ उनकी निन्दा होती हो, वहाँ क्या करे? वहाँ चुप रहे, कुछ भी उत्तर न दे। कान बन्द करके वहाँसे चला जाय। निंदा करनेवालेकी ओर दृष्टिपात न करे।' यथा—**'निन्दयेद् वा गुरुं देवं वेदं वा सोपबृंहणम्। कल्पकोटिशतं साग्रं रौरवे पच्यते नरः॥ तूष्णीमासीत निन्दायां न ब्रूयात् किञ्चिदुत्तरम्। कर्णौ पिधाय गन्तव्यं न चैनमवलोकयेत्॥'** (अ० ५५। ३७-३८)

☞ जीभ काटनेकी मर्यादा इसलिये रखी गयी कि जिस अंगसे अपराध किया गया वह अंग नष्ट कर दिया गया। सभासदोंसे इस बातके कहनेका क्या प्रयोजन है? उनसे कहनेका भाव यह है कि तुमने निन्दा सुनी। जिससे सुनी उसकी न तो जीभ ही काटी और न वहाँसे कानमें अँगुली देकर तुम भाग ही गये। बैठे सुनते रहे। अतएव तुमको तुरत फल मिलेगा। यदि कहो कि 'तुमने भी तो निन्दा सुनी पर तुमने भी न तो जीभ काटी न कान बन्द कर लिया?' तो इसका उत्तर आगे देती हैं—***'तजिहौं तुरत देह……'***

नोट—३ पाठान्तरपर विचार। ***'काटिअ'*** पाठ सं० १६६१, १७०४, १७६२ आदि प्राचीनतम पोथियोंमें है। ***'काढ़िअ'*** इसका पाठान्तर है जो किसी-किसीमें मिलता है। ***'काढ़िअ'*** पाठको कोई-कोई इसलिये उत्तम मानते हैं कि एक तो 'काटनेमें कुछ-न-कुछ तो रह ही जायगी और हथियार खोजनेमें विलम्ब होगा और

दूसरे, निन्दकका फल 'दादुरजन्म' कहा गया है। दादुरके जीभ नहीं होती, तदनुसार निन्दककी दशा प्रथम ही जीभ निकाल लेनेसे हो जायगी। तीसरे यह कि राख लगाकर जीभ उखाड़ लेना आसान है।

'काटिअ' को उत्तम इस विचारसे हम मानते हैं कि 'यह पाठ सं० १६६१ वाली पोथीमें है जो प्राचीनतम है। दूसरे, इसी पाठका ही नहीं किंतु इस अर्धालीका प्रतिरूप हमें भा० ४।४।१७ में मिलता है। यथा—'**कर्णौ पिधाय निरयाद्यदकल्प ईशे धर्मावितर्यसृणिभिर्नृभिरस्यमाने। छिन्द्यात्प्रसह्य रुशतीमसतीं प्रभुश्चेज्जिह्वामसूनपि ततो विसृजेत्स धर्मः॥**' (सतीवाक्य सभासद् एवं दक्षप्रति) अर्थात् मेरा तो ऐसा विचार है कि यदि निरङ्कुश लोग धर्ममर्यादाकी रक्षा करनेवाले अपने पूजनीय स्वामीकी निंदा करें तो यदि अपनेमें उसे दण्ड देनेकी शक्ति न हो तो कानोंमें अँगुली डालकर वहाँसे चला जाय और यदि शक्ति हो तो '**छिन्द्यात्प्रसह्य**' बलपूर्वक पकड़कर उस बकवाद करनेवाली अमङ्गलरूप जीभको काट डाले। इसके बाद यदि आवश्यक हो तो अपने प्राण भी दे दे—यही धर्म है।—इसके अनुसार भी *'काटिअ'* पाठ शुद्ध है। यह भगवान् व्यासका वाक्य है। सर्वप्रथम टीकाकार श्रीकरुणासिन्धुजीका भी यही पाठ है और बैजनाथजी, बाबा हरीदासजी आदिने भी *'काटिय'* पाठ दिया है।

करुणासिन्धुजी तथा बैजनाथजीने *'काटिय'* का दूसरा भाव यह भी लिखा है कि 'शास्त्रोक्त प्रमाणोंसे उसका खण्डन करे।' ये भाव अङ्गद-रावणसंवादके आश्रयपर कहा गया है। क्योंकि वहाँपर रावणने कई बार अङ्गदसे श्रीरामजीकी निन्दा की पर उन्होंने रावणकी न तो जीभ ही काटी और न कान बन्दकर भागे ही। परन्तु मुँहतोड़ उत्तर दिया। यथा—*'जब तेहि कीन्ह राम कै निंदा। क्रोधवंत अति भयउ कपिंदा॥'......पुनि सकोप बोलेउ जुबराजा। गाल बजावत तोहि न लाजा॥ मरु गर काटि निलज कुल घाती......रे त्रियचोर कुमारगगामी।......सन्यपात जल्पसि दुर्बादा।......राम मनुज बोलत असि बानी। गिरहिं न तव रसना अभिमानी॥ गिरिहहिं रसना संसय नाहीं।......।'* (लं० ३२-३३)—(पर वहाँपर एक कारण यह भी है कि वे दूत हैं, जीभ निकाल लेनेसे प्रभुका अपमान समझते हैं। वे स्वयं कहते हैं कि *'मैं तव दसन तोरिबे लायक। आयसु मोहि न दीन्ह रघुनायक॥'* इत्यादि।)

किसी-किसीने *'जो बसाई'* का अर्थ जो दुर्गन्धवाली है, यह भी किया है। परन्तु आगेके *'न त चलिअ पराई'* (अर्थात् न (बसाइ) तो 'पराई चलिये') के सम्बन्धसे यह अर्थ संगत नहीं। उपर्युक्त श्लोक भी 'शक्ति हो तो' इसी अर्थका पोषक है।

जगदातमा महेसु पुरारी। जगत जनक सब के हितकारी॥५॥
पिता मंदमति निंदत तेही। दच्छ शुक्र संभव यह देही॥६॥

अर्थ—श्रीमहादेवजी जगत्की आत्मा, महान् ईश, त्रिपुरासुरके शत्रु, जगत्के पिता और सबके हितकारी हैं॥५॥ मन्दबुद्धिवाला पिता उनकी निंदा करता है और (मेरा) यह शरीर दक्षके वीर्यसे उत्पन्न हुआ है॥६॥

नोट—१ *'जगदातमा महेसु पुरारी।......'* इति। भाव कि पिताको यह नहीं सूझता कि ये जगत्की आत्मा हैं। अर्थात् संसारके आधारभूत हैं, इनसे वैर करना मानो जगन्मात्रसे तथा अपनी आत्मासे वैर करना है। (रा० प्र०, वै०) 'महेश' महान् ईश हैं, अर्थात् सबोंसे पूज्य हैं, ब्रह्मादि भी इनकी पूजा करते हैं। *'जगदातमा महेसु'* में भागवतके '**न यस्य लोकेऽस्त्यतिशायिनः प्रियस्तथाप्रियो देहभृतां प्रियात्मनः। तस्मिन्समस्तात्मनि मुक्तवैरके ऋते भवन्तं कतमः प्रतीपयेत्॥**', '**किं वा शिवाख्यमशिवं न विदुस्त्वदन्ये ब्रह्मादयस्तमवकीर्य जटाः श्मशाने। तन्माल्यभस्मनृकपाल्यवसत्पिशाचैर्ये मूर्धभिर्दधति तच्चरणावसृष्टम्॥**' (४।४।११, १६) [अर्थात् भगवान् शङ्करसे बड़ा तो संसारमें कोई नहीं है। वे तो समस्त देहधारियोंकी प्रिय आत्मा हैं। उनका न कोई प्रिय है, न अप्रिय। अतएव उनका किसी भी प्राणीसे वैर नहीं है। आपके सिवा ऐसा कौन है जो उनसे वैर करेगा? (आप कहते हैं कि) उनका नाममात्र शिव है पर उनका वेष 'अशिवरूप' है, क्योंकि वे नरमुण्डमाला,

भस्म और हड्डियाँ धारण किये, जटा बिखेरे, भूत-पिशाचोंके साथ श्मशानमें विचरा करते हैं। जान पड़ता है कि आपके सिवा यह उनकी अशिवता ब्रह्मादि देवता नहीं जानते। वे तो उनके चरणोंपरसे गिरे हुए निर्माल्यको अपने सिरपर धारण करते हैं।], इन श्लोकोंके ये भाव भरे हुए हैं। पुनः, 'जगदात्मा' का भाव कि यह सम्पूर्ण जगत् तन्तुओंमें वस्त्रके समान उनमें ओतप्रोत है, वे सम्पूर्ण देहधारियोंकी आत्मा हैं। यथा—'**धारयिष्यति ते वेगं रुद्रस्त्वात्मा शरीरिणाम्। यस्मिन्नोतमिदं प्रोतं विश्वं शाटीव तन्तुषु॥**' (भा० ९।९।७) (यह भगीरथमहाराजने गङ्गाजीसे कहा।) पुनः भाव कि इन्द्रादि देवताओंकी निंदा करना पाप है। तब ये तो 'महान् ईश' हैं, इनकी निंदाका पाप कैसा होगा, यह तुम नहीं जानते? इन्द्रादिके कोपसे बचना कठिन है तब इनका कोप कैसा होगा, यह तुम नहीं जानते? पुनः भाव कि ये जगदात्मा हैं। इनके वैरसे सारा जगत् वैरी हो जायगा, इनकी निंदा करनेसे तुम '**भूतद्रोही**' हो जाओगे। तब कैसे बच सकते हो? यथा—'***चौदह भुवन एक पति होई। भूतद्रोह तिष्ठै नहिं सोई॥***' (५।३८) पुनः भाव कि ['इस शब्दसे '**हरिहरयोर्भेदो नास्ति**' सूचित किया है।' (सू० प्र० मिश्र)] '**महेश**' का भाव कि जिन देवताओं और मुनियोंके भरोसे तुम भूले फिरते हो, उनकी शक्ति महादेवपर न चलेगी। यथा कुमारसम्भव—'**स हि देवः परंज्योतिस्तमःपारे व्यवस्थितम्।**' अर्थात् श्रीमहादेवजी तमोगुणसे परे परज्योतिस्वरूप हैं।

नोट—२ (क) '*पुरारी*' अर्थात् इन्होंने सबकी रक्षाके लिये त्रिपुरासुरको मारा। भाव यह कि यदि किसीको अपने बलका गर्व हो तो भला त्रिपुरारिके सामने किसका गर्व रह सकता है? [त्रिपुरासुरके आगे आपका गर्व कहाँ चला गया था कि छिपे-छिपे फिरते थे और महेशकी शरणमें गये थे? क्या वह सब भूल गये? ऐसे कृतघ्न हो रहे हैं। (प० प० प्र०)] '*जगत जनक*' जगत्पिता हैं, तुम भी जगत्‌के एक प्राणी हो। अतः तुम्हारे भी पिताके तुल्य हैं। तब भला पुत्रको अपने पिता-समान गुरुजनोंकी निन्दा करनी उचित है? '*जगत जनक*' का भाव कि सृष्टिमात्र इनको पिता-समान मानती है। पुनः, कल्पभेदसे ये जगत्‌के उत्पन्न करनेवाले भी कहे गये हैं, इससे '*जनक*' कहा। (पं०) पुनः, भाव कि जगत्‌के पालनकर्त्ता हैं। पिता वा पालन करनेवालेसे वैर करनेसे पालन-पोषण कैसे होगा? (ख) '*सब के हितकारी*' हैं। भाव कि अपने हितकरसे द्वेष करना कब उचित है? तब तो उनसे वैर करनेवाला अपने हितसे हाथ ही धो बैठे। '*हितकारी*' से भक्ति, भुक्ति, मुक्ति, ऐश्वर्य सभी कुछ देनेवाले, उदारचित्त और दयालु जनाया। ☞इन विशेषणोंसे शिवजीकी शक्ति, महत्त्व, अजेयत्व, प्रताप, आदर्श दयालुता इत्यादि दिखाकर सूचित किया कि भला ऐसे महान् पुरुष निन्दायोग्य हो सकते हैं? कदापि नहीं। पुनः (ग) '*जगत जनक*' से सबको उत्पन्न करनेवाले ब्रह्मा और '*हितकारी*' से जगत्पालक विष्णु भी इन्हींको सिद्ध किया। इस प्रकार त्रिमूर्तिरूप शिवजीकी निन्दा सूचित की। इसीसे '*मंदमति*' कहा। (सू० प्र० द्विवेदीजी) (भा० ४।४।१५) '**लोकस्य यद्वर्षति चाशिषोऽर्थिनस्तस्मै भवान्द्रुह्यति विश्वबन्धवे॥**' (अर्थात् जो सकाम पुरुषोंकी सम्पूर्ण कामनाएँ पूर्ण कर देते हैं, उन विश्वबन्धु भगवान् शिवसे तू द्रोह करता है) के यह भाव '*हितकारी*' शब्दमें हैं।

नोट—३ '*पिता मंदमति निंदत तेही*' इति। (क) '*तेही*' अर्थात् जिसका संसारपर उपकार है, जिनकी ऐसी महिमा है जैसा ऊपरकी अर्धालीमें कह आयीं—उनकी। तात्पर्य कि जिनकी पूजा, स्तुति आदि करनी चाहिये उनकी (निन्दा करता है)। शिवजीका उपकार और महिमा न जाननेसे '*मंदमति*' कहा। (भा० ४।४।१४) के '**पवित्रकीर्तिं तमलङ्घ्यशासनं भवानहो द्वेष्टि शिवं शिवेतरः।**' (अर्थात् ऐसे पवित्रकीर्ति जिनकी आज्ञाका कोई उल्लङ्घन नहीं कर सकता, उन शिव मङ्गलमूर्तिसे आप द्वेष करते हैं, अवश्य आप अमङ्गलरूप हैं)—इस श्लोकके भाव इस चरणमें हैं। '*निंदत*' क्रियासे जान पड़ता है कि पूर्व ब्रह्मसभामें ही नहीं निन्दा की थी किंतु अब भी इस यज्ञ-महासभामें भी निन्दा करता है। क्या निन्दा करता है?

यह कुछ ऊपर नोट १ (क) में स्वयं सतीजीके वाक्यमें आ गया है—यही भा० ४।२।९, १६ का भी सारांश है। जो देखना चाहे वहाँ देख ले। यहाँ तो सतीजी सभासदोंसे कह रही हैं, तब उनसे यह कहनेकी क्या जरूरत है? उनसे कहनेका अभिप्राय यह है कि तुम ऐसे महामहिम '**सर्वहितेरतः**' की बैठे-बैठे निन्दा सुनते हो और कुछ कहते नहीं, न निन्दककी जीभ काटते हो, अतः तुमको निन्दा सुननेका फल मिलेगा। इसका सम्बन्ध आगे अपनेसे भी है।

(ख) *'दच्छ शुक्र संभव यह देही'* इति। ['**आत्मनो जायते असौ आत्मज वा आत्मजा**' के अनुसार दक्षका अंश सतीजीकी देहमें है। इसीसे दक्ष-शुक्रसम्भव कहा। नहीं तो वस्तुतः सतीजी तो विष्णुमाया या उनके एक तेजका अवतार हैं। (७९) (८) *'पंच कहे शिव सतीं बिबाही'* में देखिये।] देही=देह। यथा—*'चोंचन्ह मारि बिदारेसि देही।'* (अ० २९) *'कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥'* (उ० ४४) तथा *'तजिहौं तुरत देह तेहि हेतू'* जो आगे स्वयं सतीजीने स्पष्ट कर दिया है। *'देही'* को 'देह' कहा। [उपर्युक्त कारणोंसे यहाँ वीर्य अर्थ लेना अनुचित है। '**शुक्रं तेजो रेतसि च**' (अमरकोष) जिस तेजको प्राशन करनेसे सतीजीका प्रथम अवतार हुआ, उससे ही सती-देह बनी है, पर दक्षके शरीरमें प्रविष्ट होनेसे दक्षका भी सम्बन्ध है। प० प० प्र०]

तजिहौं तुरत देह तेहि हेतू। उर धरि चंद्रमौलि बृषकेतू॥७॥
अस कहि जोग अगिनि तनु जारा। भयउ सकल मख हाहाकारा॥८॥

अर्थ—उसी कारण (मैं) ललाटपर द्विजचन्द्र धारण करनेवाले वृषकेतु-(जिनकी पताकामें धर्म विराजमान है, धर्मध्वज, धर्मात्मा-) को हृदयमें धारणकर इस देहको तुरन्त ही त्याग दूँगी॥ ७॥ ऐसा कहकर उन्होंने योगाग्निसे शरीरको भस्म कर दिया। सारी यज्ञशालामें हाहाकार मच गया॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'तजिहौं तुरत देह……'* इति। *'तुरत'* का भाव कि भगवत्-विमुखसे सम्बन्ध पलभर भी नहीं रखना चाहिये, अतः मैं भी अब क्षणभर भी पिता-पुत्रीका सम्बन्ध न रखूँगी।—[देखिये, *'दच्छ शुक्र संभव यह देही॥ तजिहौं तुरत'* के पूर्व वे दक्षको पिता ही कह रही थीं। यथा—*'पिताभवन उत्सव परम जौं प्रभु आयसु होइ।'* (६१), *'पिता मंदमति निंदत तेही।'* पिताका नाम लेनेका निषेध है। पर अब पिता न कहकर *'दक्ष'* कहा और उसे *'मंदमति'* कहा। इस तरह जनाया कि मैंने उससे अब सम्बन्ध तोड़ दिया। *'तेहि हेतू'* अर्थात् दक्ष-शुक्रसम्भव होनेके कारण।]

नोट—१ (भा० ४।४) में इसी भावके सतीजीके निम्न वाक्य हैं—

'अतस्तवोत्पन्नमिदं कलेवरं न धारयिष्ये शितिकण्ठगर्हिणः।
जग्धस्य मोहाद्धि विशुद्धिमन्धसो जुगुप्सितस्योद्धरणं प्रचक्षते॥
नैतेन देहेन हरे कृतागसो देहोद्भवेनालमलं कुजन्मना।
व्रीडा ममाभूत्कुजनप्रसङ्गतस्तज्जन्मधिग्यो महतामवद्यकृत्॥
गोत्रं त्वदीयं भगवान् वृषध्वजो दाक्षायणीत्याह यदा सुदुर्मनाः।
व्यपेतनर्मस्मितमाशु तद्ध्यहं व्युत्स्रक्ष्य एतत्कुणपं त्वदङ्गजम्॥

(१८, २२-२३)

(अर्थात्) आप भगवान् नीलकण्ठकी निन्दा करनेवाले हैं। अतः आपसे उत्पन्न हुए इस शरीरको अब मैं नहीं रख सकती। यदि अज्ञानवश भूलसे कोई अशुद्ध अखाद्य वस्तु खा ली जाय तो उसे वमन करके निकाल देनेसे ही शुद्धि होती है। (अन्य उपाय नहीं है। इसी प्रकार आपके यहाँ उत्पन्न होनेकी निन्दा इस शरीरके त्याग देनेसे ही दूर होगी, अन्यथा नहीं।) हरका अपराध करनेवाले आपसे उत्पन्न यह निन्दित देह बस बहुत हो चुकी, इसे रखकर क्या करना है, अब मुझे इससे कोई प्रयोजन नहीं। आप ऐसे दुर्जनसे सम्बन्ध होनेसे मुझे लज्जा आती है। जो महापुरुषोंका अपराध करता है उससे होनेवाले जन्मको धिक्कार है। जिस समय 'वृषध्वज' शङ्करजी आपके साथ मेरा सम्बन्ध दिखलाते हुए मुझे हँसीमें 'दाक्षायणी'

कहकर पुकारते हैं, उस समय उनकी हँसीको भूलकर मुझे बड़ी लज्जा और खेद होता है। इसलिये आपके अङ्गसे उत्पन्न इस शवतुल्य शरीरको तुरत त्याग दूँगी। (१८, २२-२३)

नोट—२ *'उर धरि 'चंद्रमौलि बृषकेतू'* इति *'चंद्रमौलि'* का भाव कि—(क) सतीजी योगाग्निसे तनको जलाना चाहती हैं। चन्द्रमौलिको उरमें धारण करती हैं जिसमें अग्निका ताप न व्यापे। (पं० रा० कु०) (ख) चन्द्रमामें अमृत है, वह ताप दूरकर शीतल करता है। अतएव आप हमें पुनः जीवित और शीतल करेंगे। (पां०) (ग) इससे शिवजीको क्षीण-दीनसंग्रही सूचित करते हुए जनाया कि मुझ दीन दासीको अवश्य ग्रहण करेंगे; मेरा पालनकर मुझको महत्त्व देंगे। (रा० प्र०) (घ) 'चन्द्रमौलि धर्मध्वज' को हृदयमें रखनेसे सतीजीने अपने पति जगदात्माको ध्यानमें मनकी ब्रह्मगुफामें चढ़ा लिया और योगाग्निमें मलिन देहको भस्म कर दिया, इसलिये महादेवमें लीन हो गयीं। अन्त समय मनुष्य जिसको स्मरण करते हुए शरीर छोड़ता है, उसी रूपका वह हो जाता है।' (सु० द्विवेदीजी) गीतामें भी भगवान्‌ने कहा है—**'यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्। तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः॥'** (८।६) और भी कहा है—**'अन्ते मतिः सा गतिः।'** (ङ) 'शिवजीकी प्राप्तिके लिये चन्द्रमौलि वृषकेतुको उरमें रखा—*'जहाँ जाकी आसा तहाँ ताकी बासा।'* अमियमय चन्द्र सिरमें है। इससे मुझे सजीव कर लेंगे।' (वै०) (च) दूसरे जन्ममें अमरकथा सुनाकर सदाके लिये अमर कर लेंगे। (वि० टी०)

'बृषकेतू' को उरमें धरनेके भाव कि (क) धर्म आपकी पताकामें है। आप धर्मरूप हैं, धर्मात्मा हैं। [अधर्मीसे उत्पन्न देह त्यागकर धर्मात्माका सम्बन्ध ग्रहण करूँगी, उनका सम्बन्ध नहीं त्याग करती, यह जनाया।] (पं० रा० कु०) (ख) वृष (बैल) का सब निरादर करते हैं। अतएव वह दीन है। शिवजी दीनजनपालक हैं, इसी गुणको जनानेके लिये उन्होंने वृषको पताकापर धारण किया है। अतएव मुझ दीनको भी ग्रहण करेंगे, आश्रय होंगे। (ग) धर्मकी ध्वजा हैं। मेरा अपराध क्षमा कर मेरे पातिव्रत्यकी रक्षा करेंगे। (पां०) (घ) दूसरे जन्ममें धर्मपूर्वक विवाहकर मुझे धर्मपत्नी मानकर ग्रहण करेंगे। (वै०) ☞स्मरण रहे कि रघुनाथजीके दिये हुए 'वृषकेतु' नामका यहाँ पुनः प्रयोग हुआ।

टिप्पणी—२ *'अस कहि जोग अगिनि तनु जारा'* इति। (क) सतीजीने जो यह कहा कि *'तजिहौं तुरत देह तेहि हेतू'* तो गोस्वामीजीने भी तुरत देहका तजना चौपाईमें दिखाया। 'एक भी चौपाईका व्यवधान न किया।' (ख) *'अस कहि'* का भाव कि यदि सतीजी ऐसा न कहतीं तो लोग सतीजीको दोष देते कि दक्षने निमन्त्रण नहीं दिया था, इसीसे वे यज्ञनाशहेतु यहाँ आकर मर गयीं। परन्तु सतीजीके ऐसा कह देनेसे लोक और वेद दोनोंमें उनकी सफाई हुई (वे निर्दोष साबित हुईं)। अब लोग जानेंगे कि शिवविमुखसे सम्बन्ध मिटानेके हेतु उन्होंने तनका त्याग किया, निमन्त्रण न होनेके कारण नहीं।—यह लोकमें सफाई (निष्कलंकता) हुई। और वेदाज्ञा है कि विमुखसे सम्बन्ध न रखे, सो देह-त्यागसे इस वेदाज्ञाका भी पालन हो गया। यह वेदकी सफाई है।

शंका—सत्तासी हजार वर्ष क्लेशसहित जीवन बिताते हुए प्रार्थना करती रहीं कि देह छूट जाय, तब योगाग्निसे देह-त्याग क्यों नहीं किया?

समाधान—शिवजीने सतीजीको त्याग दिया था। यदि वे पतिपरित्यागके कारण शरीर छोड़तीं तो पातिव्रत्यमें दोष आता कि पतिके ऊपर प्राण दे दिये। उन्होंने जो पतिका अपमान समझकर तन त्याग किया, उससे पातिव्रत्यधर्मकी स्वच्छता बनी रह गयी। योगाग्निसे जलना—यह उत्तम रीति है; यथा—*'अस कहि जोग अगिनि तनु जारा। राम कृपा बैकुंठ सिधारा॥'* (अ० ९) *'तजि जोग पावक देह हरिपद लीन भइ जहँ नहि फिरे।'* (अ० ३६)

नोट—३ योगाग्निमें शरीर किस प्रकार जलाया? —यह श्रीमैत्रेयजीने (भा० ४। ४) में इस प्रकार कहा है—**'इत्यध्वरे दक्षमनूद्य शत्रुहन् क्षितावुदीचीं निषसाद शान्तवाक्। स्पृष्ट्वा जलं पीतदुकूलसंवृता निमील्य**

दृग्योगपथं समाविशत्॥ कृत्वा समानावनिलौ जितासना सोदानमुत्थाप्य च नाभिचक्रतः। शनैर्हृदि स्थाप्य धियोरसि स्थितं कण्ठाद् भ्रुवोर्मध्यमनिन्दितानयत्॥......जिहासती दक्षरुषा मनस्विनी दधार गात्रेष्वनिलाग्निधारणाम्॥' (२४—२६) देवी सतीजी उत्तरकी ओर मुख करके बैठ गयीं और पीताम्बर धारणकर आचमन लेकर नेत्र बन्दकर आसन लगाकर उन्होंने 'प्राण' और 'अपान' वायुको नाभिचक्रमें स्थितकर उन्हें 'समान' किया। फिर उदानवायुको नाभिचक्रसे ऊपर उठाकर धीरे-धीरे बुद्धिके साथ हृदयमें, तीनों मिले हुए वायुओंको स्थिर करके तब वहाँसे उन्हें कण्ठमार्गसे भृकुटियोंके बीचमें ले गयीं। इस प्रकार सारे शरीरकी वायुको रोककर महामनस्विनी सतीजीने दक्षपर कुपित होकर अपने सम्पूर्ण अङ्गोंमें वायु और अग्निकी धारणा की।' सब ओरसे चित्त हटाकर शिवपदके ध्यानमें लग गयीं। शिव-ही-शिव ध्यानमें रह गये। बस तुरन्त ही योगाग्निसे शरीर जल उठा।

नोट—४ यहाँपर लोग यह शङ्का करते हैं कि—'योगाग्निसे शरीर जलनेपर पुनर्जन्म नहीं होता; यथा—'*तजि जोग पावक देह हरिपद लीन भइ जहँ नहिं फिरे॥*' (अ० ३६) और सतीजी तो तुरन्त ही हिमाचलके घर जाकर अवतरित हुईं, यह कैसे?'—इसका समाधान तो स्वयं ग्रन्थकारने ही अगले दोहेकी पाँचवीं और छठी अर्धालीमें कर दिया है कि '*सतीं मरत हरि सन बरु माँगा। जनम जनम सिवपद अनुरागा॥ तेहि कारन हिमगिरि गृह जाई। जनमी पारबती तनु पाई॥*' अर्थात् सतीजीने मरते समय यह वर माँगा कि पुनर्जन्म होकर शिवपदमें मेरा प्रेम हो। इसीसे उनका पुनर्जन्म हुआ। इसी ग्रन्थमें शरभंग मुनि और श्रीशबरीजीका भी योगाग्निद्वारा शरीर छोड़ना पाया जाता है। इनमेंसे श्रीशबरीजी तो हरिपदमें लीन हो गयीं, क्योंकि उन्होंने कोई ऐसा भक्तिवरदान नहीं माँगा था परन्तु शरभंगजीने भक्तिवरदान माँगा था इसलिये वे हरिपदलीन न हुए। यथा—'*अस कहि जोग अगिनि तनु जारा। रामकृपा बैकुंठ सिधारा॥ ताते मुनि हरि लीन न भएऊ। प्रथमहि भेद भगति बर लएऊ॥*' (अ० ९) श्रीशरभंगजी और सतीजीकी व्यवस्था प्राय: एक-सी है। यही उनके पुनर्जन्मका कारण हुआ। दूसरा समाधान यह है कि सतीजी भगवती हैं, ईश्वरकोटिमें हैं, '*जगसंभव पालन लयकारिनि। निज इच्छा लीला बपु धारिनि॥*' (बा० ९८) हैं। वे तो जब इच्छा करें लीलातन धारण कर सकती हैं। उनके लिये योगाग्नि आदि बाधक नहीं हो सकते। स्मरण रहे कि शरभंगजी और सतीजीकी एक व्यवस्था होनेसे दोनों जगह '*अस कहि जोग अगिनि तनु जारा*' वही एक चरण रखा गया।

नोट—५ '*भयउ सकल मख हाहाकारा*' इति। अर्थात् सब लोग सोचमें पड़ गये कि अब यज्ञका नाश हो गया। (पं० रा० कु०) सम्पूर्ण यज्ञशालामें हाहाकार मच गया, इससे सिद्ध हुआ कि दक्ष भी उनको हाहाकार करनेसे न रोक सका। (भा० ४। ४। २८—३१) में विदुरजीसे मैत्रेयजीने 'इस हाहाकार' का वर्णन यों किया है—पृथ्वी और आकाशमें जितने यज्ञके देखनेवाले थे, वे सब-के-सब इस अद्भुत सतीचरित्रको देखकर हाहाकार करने लगे (जिसका कोलाहल आकाश और पृथ्वीमें छा गया) कि 'हा हा! बड़े, खेदकी बात है। श्रीशिवजीकी प्रिया सतीजीने कुपित होकर प्राण ही त्याग दिया। अहो! सारे चराचरके जीव इसी प्रजापतिकी प्रजा हैं, संतान हैं तो भी इसकी महामूढ़ता और दुष्टता तो देखो! इसने अपनी कन्याका निरादर किया जो सभीकी माननीया और पूज्या हैं, आदरपात्री और उदारचित्ता हैं। इसके किये हुए अपमानके कारण ही उन्होंने शरीर त्याग दिया; दक्ष ब्रह्मद्रोही है। इसका हृदय बड़ा कठोर है। लोकमें इसकी बड़ी अपकीर्ति होगी। इसीके अपराधसे इसकी कन्या इसीके सामने देह-त्याग करनेपर उद्यत हुई तो भी इसने उन्हें न रोका।' यथा—'**तत्पश्यतां खे भुवि चाद्भुतं महद्धाहेतिवादः सुमहानजायत। हन्त प्रिया दैवतमस्य देवी जहावसून् केन सती प्रकोपिता॥ अहो अनात्म्यं महदस्य पश्यत प्रजापतेर्यस्य चराचरं प्रजाः। जहावसून् यद्विमतात्मजा सती मनस्विनी मानमभीक्ष्णमर्हति॥ सोऽयं दुर्मर्षहृदयो ब्रह्मधुक् च लोकेऽपकीर्त्तिं महतीमवाप्स्यति। यदङ्गजां स्वां पुरुषद्विडुद्यतां न प्रत्यषेधन्मृतयेऽपराधतः॥ वदत्येवं जने सत्या दृष्ट्वाऽसुत्यागमद्भुतम्।**'

प्र० स्वामीजी लिखते हैं कि सतीजीने देह-त्यागका निश्चय कह दिया तथापि दक्ष या भृगु आदि मुनिवर एवं इन्द्रादि देवोंमेंसे किसीने भी उनको समझानेका किञ्चित् भी प्रयत्न न किया। इससे सिद्ध होता है कि उनको विश्वास न था कि सतीजीमें स्वेच्छासे देह-त्याग करनेकी शक्ति है।, भृगु आदि ऋषि और इन्द्रादिके न समझानेका कारण यह भी हो सकता है कि ये सब दक्षके पक्षमें थे। ब्रह्मसभामें दक्षके आनेपर इन्द्रादि देवता तेजहत हो गये थे, सबने उठकर अभिवादन किया था। दक्ष सबका नायक है। दक्षने ही जब सतीका अपमान किया तब उसके सामने सतीजीको समझानेका साहस ये कब कर सकते थे। पुनः, समझाने या कुछ कहनेका अवकाश ही सतीजीने न दिया, उन्होंने यह कहते ही शरीरको योगाग्निसे भस्म करके देहका सम्बन्ध अलग कर दिया।

दो०—सती मरनु सुनि संभुगन लगे करन मख खीस।
जग्य बिधंस बिलोकि भृगु रच्छा कीन्हि मुनीस॥ ६४॥

अर्थ—सतीजीका मरण सुनकर शिवगण यज्ञको नष्ट-भ्रष्ट करने लगे। यज्ञका नाश देखकर मुनीश्वर भृगुने यज्ञकी रक्षा की॥ ६४॥

टिप्पणी—१ (क) *'मरनु सुनि'* से पाया गया कि हरगण पहले ही बाहर रोक दिये गये थे, यज्ञशालामें नहीं जाने पाये थे। अब खबर पाकर वे घुस पड़े। यदि वे साथ ही भीतर गये होते तो *'सती मरनु लखि'* ऐसा लिखते। सती-मरणपर हाहाकार हुआ था वही सुनकर ये यज्ञशालामें गये। [यज्ञशालाके भीतरका हाहाकार बाहर सुनायी दिया हो या न दिया हो, पर आकाशचारी देवगणोंके हाहाकारका जो कोलाहल हुआ उससे वह बाहर-भीतर सर्वत्र सुनायी दिया, उसीसे हरगण जान पाये।] (ख) *'करन लगे मख खीस।'* भाव कि इस यज्ञसे हमारी स्वामिनीका नाश हुआ है तो हम इस यज्ञका नाश करेंगे। इस भावसे वे अस्त्र-शस्त्र लिये इस यज्ञशालामें घुसकर उसका नाश करने लगे। (ग) *'भृगु रच्छा कीन्हि मुनीस'* इति। यज्ञ करानेवाले समस्त मुनियोंमें भृगुजी श्रेष्ठ और समर्थ हैं, इसीसे इन्होंने मन्त्रद्वारा यज्ञकी रक्षा की।

नोट—१ *'भृगु रच्छा कीन्हि'* इति। इससे ज्ञात होता है कि भृगुजी इस यज्ञके आचार्य थे, अध्वर्यु थे। अपनेको आचार्य जानकर अथवा ब्रह्मसभामें जो शापाशापी हुई थी उस कारण शिवजीसे वैर मानकर उन्होंने यज्ञकी रक्षा की। किस तरह रक्षा की? (भा० ४। ४) में लिखा है कि विघ्नोंके नष्ट करनेवाले मन्त्र पढ़कर उन्होंने दक्षिणाग्निमें आहुतियाँ डालीं। उसके प्रभावसे सहस्रशः नामक वीर, तेजस्वी, तपस्वी यज्ञरक्षक देवगण तुरन्त प्रकट हो गये जिन्होंने अपने तपके प्रभावसे बहुत-सा सोमरस प्राप्त किया था। **'तेषामापततां वेगं निशाम्य भगवान्भृगुः। यज्ञघ्नघ्नेन यजुषा दक्षिणाग्नौ जुहाव ह॥ अध्वर्युणा हूयमाने देवा उत्पेतुरोजसा। ऋभवो नाम तपसा सोमं प्राप्ताः सहस्रशः॥'** (३२-३३) इन्होंने जलती हुई लकड़ियोंसे आक्रमणकर गुह्यकोंसहित समस्त प्रमथगणोंको भगा दिया।

नोट २—'*भृगुजी*' इति। ये भार्गववंशके पुरुषा हैं। सप्तर्षिमेंसे एक ये भी माने जाते हैं। ब्रह्माजीके नौ मानस पुत्रोंमेंसे एक हैं। भागवतमें लिखा है कि स्वायंभुवमन्वन्तरमें मनुजीकी देवहूति नामक कन्यासे, जो कर्दमजीको ब्याही थीं, जो नौ कन्याएँ कला, अनुसूया, श्रद्धा, हविर्भू, गति, क्रिया, ऊर्जा (अरुन्धती), चिति वा शान्ति और ख्याति हुईं, वे क्रमशः मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, क्रतु, वसिष्ठ, अथर्वण और भृगु इन नौ ब्रह्मर्षियोंसे ब्याही गयीं (भा० ३। २४। २२—२४, तथा भा० ४।१) प० पु० सृष्टिखण्डमें भृगु, वसिष्ठ, अत्रि आदि आठ मानसपुत्र दक्षके जामाता हैं। इनकी स्त्रियाँ प्रसूतिजीकी कन्याएँ लिखी हैं—यह किसी अन्य कल्पकी कथा जान पड़ती है। भृगुजीने त्रिदेवकी परीक्षा लेनेके विचारसे विष्णुभगवान्की छातीपर लात मारी थी। (भगवान्के वक्षःस्थलपर लक्ष्मीजीका निवास है। यहाँ लात मारनेका तात्पर्य यह है कि ब्राह्मणोंको विरक्त रहना चाहिये, उनको लक्ष्मीसे कुछ लगाव न रखना चाहिये। लोभको दबाये रखना

उचित है) स० सा० में लिखा है कि 'कोई इनको शिवजीका और कोई मनुजीका पुत्र कहते हैं। महाभारतमें लिखा है कि रुद्रने बड़ा यज्ञ किया था, उस समय ब्रह्माजीके वीर्यद्वारा अग्निशिखामेंसे इनकी उत्पत्ति हुई।' दैत्यगुरु शुक्राचार्य भृगुजीके पौत्र थे। परशुरामजी इन्हींके वंशमें हुए। मार्कण्डेयजी इनके प्रपौत्र थे। (भा० ४।१।४४-४५) इनकी कन्या श्रीविष्णुजीकी पत्नी हैं। ये ही फिर समुद्रसे प्रकट हुई थीं।

नोट—३ सुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि 'भृगु (शुक्र) भूत, प्रेत और राक्षसोंके आचार्य हैं, इसलिये उनके कहनेसे सब शम्भुगण हार गये। इसलिये यज्ञकी सामग्री सुरक्षित रही।—परन्तु यह भाव भागवत और प० पु० के विरुद्ध है।'

समाचार सब संकर पाए। बीरभद्र करि कोप पठाए॥ १॥
जग्य बिधंस जाइ तिन्ह कीन्हा। सकल सुरन्ह बिधिवत फलु दीन्हा॥ २॥

अर्थ—महादेवजीने सब समाचार पाए। (उन्होंने) कुपित होकर वीरभद्रको भेजा॥ १॥ उन्होंने जाकर यज्ञ विध्वंस (नाश) कर डाला। समस्त देवताओंको विधिपूर्वक यथोचित फल (दण्ड) दिया॥ २॥

नोट—१ *'समाचार सब संकर पाए'* इति। **'भवो भवान्या निधनं प्रजापतेरसत्कृताया अवगम्य नारदात्। स्वपार्षदसैन्यं च तदध्वरर्भुभिर्विद्रावितं क्रोधमपारमादधे॥'** (भा० ४। ५। १) के अनुसार नारदजीने जाकर शङ्करजीसे सतीजीका दक्षसे अपमानित होनेके कारण शरीर छोड़ देने और ऋभुओंद्वारा उनके पार्षदोंकी सेनाके मार भगाये जानेका समाचार कहा।

सुधाकर द्विवेदीजी और बैजनाथजी आदि कुछ लोगोंका मत है कि जो हरगण सतीजीके साथ आये थे, वे ही मार भगाये जानेपर शङ्करजीके पास दौड़ गये और खबर दी। किसीका मत है कि आकाशवाणी हुई। बहुमत होनेसे ग्रन्थकारने किसीका नाम नहीं दिया।

'सब समाचार' अर्थात् *'दच्छत्रास काहु न सनमानी।'* (६३। १) से लेकर *'रच्छा कीन्हि मुनीस।'* (६४) तकका सब हाल।

नोट—२ *'बीरभद्र करि कोप पठाए'* इति। (क) काशीखण्ड अ० ८९ में लिखा है कि नारदजीने आकर सतीतन-त्यागकी कथा कही तब शङ्करजीने सुनकर यही कहा कि संसारकी यही व्यवस्था है। बुद्धिमानोंको इसमें मोह न करना चाहिये। इन बातोंको-सुनकर नारदजीने कहा कि 'आपका कथन तो ठीक ही है, पर यह संसार ऐसा विलक्षण है कि सब यही समझेंगे कि महादेवजीमें कुछ पुरुषार्थ नहीं है। ऐसे देवकी पूजा हम क्या करें?' यह सुनकर उनको क्रोध आया और उसी क्रोधसे महाकाल अर्थात् वीरभद्र हुए। यथा—**'शरीरिणां स्थितिरियमुत्पत्तिप्रलयात्मिका। दिव्यान्यपि शरीराणि कालाद्यान्त्येवमेव हि॥ दृश्यं विनश्वरं सर्वं विशेषाद्यदनीश्वरम्। ततोऽत्र चित्रं किं ब्रह्मन् कं कालः कालयेन्न वै॥ अभाविनो हि भावस्य भावेः क्वापि न संभवेत्। भाविनोऽपि हि नाभावस्ततो मुह्यन्ति नो बुधाः॥'''''' अहो बराकः संसारः क्व भविष्यत्यनीश्वरः। आरभ्याद्यदिनं न त्वामर्चयिष्यन्ति केऽपि यत्॥'** (५—७, ११) **'''''''रुद्रश्चातीव रुद्रोभद्रहुकोपाग्निदीपितः। ततस्तत्कोपजायेत राविरासीन्महाद्युतिः॥ प्रत्याक्षः प्रतिमाकारः कालमृत्युप्रकम्पनः॥'** इत्यादि। (मा० प०)। महेश्वर केदारखण्ड ३ में भी नारदसे समाचार पाना कहा है। शिवजीने क्रोधसे जटा उखाड़कर पर्वतपर पटकी जिससे वीरभद्र आदि उत्पन्न हो गये।

(ख) *'बीरभद्र करि कोप पठाए'* से सूचित हुआ कि कोपसे वीरभद्रकी उत्पत्ति हुई। *'बीरभद्र'* अर्थात् जिसका कल्याण कभी पराजित न हो सके। *'पठाए'* अर्थात् आज्ञा दी कि जाकर दक्षका बृहस्पति-सव नामक महायज्ञ विध्वंस करो और सबको दण्ड दो। (पं० रा० कु०) *'करि'* शब्दसे व्यञ्जित होता है कि वीरभद्रको उसी समय उत्पन्नकर उसको अपने गणोंका नायक बनाकर भेजा। *'करि कोप पठाए'* का भाव यह है कि भृगु आदि किसीके कहनेको न माने, जो बोले उसे मारे।' (मा० प०)

नोट—३ *'बीरभद्र करि कोप पठाए'* इति। श्रीमद्भागवतमें यह प्रसङ्ग इस तरह वर्णन किया गया है कि 'शिवजीने क्रुद्ध हो दाँतोंसे अपने ओठोंको चबाकर तत्क्षण सिरसे जटा उखाड़ी जो बिजली-सरीखी

चमकने लगी। फिर सहसा उठकर गम्भीर नादसे अट्टहास करके उस जटाको पृथ्वीपर पटक दिया। जिससे वीरभद्र प्रकट हुए। इनका शरीर बड़ा ही विशाल था, सहस्र भुजाएँ और सूर्यके समान तेजवाले तीन नेत्र थे, दाँत कराल, सिरके केश अग्निज्वाला-सदृश थे। श्यामवर्ण, मुण्डमाला पहने हुए और भुजाओंमें अस्त्र-शस्त्र लिये हुए थे। ये वीरभद्र हाथ जोड़े हुए शिवजीके समीप आ खड़े हुए और बोले कि 'भगवन्! क्या करनेकी मुझे आज्ञा होती है?' शिवजी बोले—'हे रुद्र! हे भट! तुम हमारे अंश हो, हमारे गणोंमें अग्रगण्य हो, जाकर दक्ष और उसके यज्ञको नष्ट करो।' कुपित शङ्करजीकी आज्ञा पा अपनेको कृतार्थ मान शिवजीको प्रणाम और परिक्रमा करके वे त्रिशूल उठाये हुए दक्षकी यज्ञशालाकी ओर दौड़ चले, साथमें अन्य शिवगण भी चले। नभ धूलिसे छा गया, यज्ञशालामें उपस्थित लोग सोचते हैं कि इस समय प्रलयके लक्षण हो रहे हैं। भूमि, आकाश और अन्तरिक्षमें महाघोर उत्पात होने लगे, जिन्हें देख दक्षका हृदय भी काँप उठा।

महाभारतमें वीरभद्रकी उत्पत्ति और साथके गणोंकी कथा कुछ भिन्न है। शान्तिपर्वमें वैशम्पायनजीने जनमेजयसे कहा है कि शङ्करजीने अपने मुखसे वीरभद्र नामक भयंकर भूतको प्रकट किया। उसका शौर्य, बल और रूप शङ्करके ही समान था। क्रोधका तो वह मूर्त्तिमान् स्वरूप ही था। उसके बल, वीर्य और पराक्रमकी सीमा ही न थी। यज्ञविध्वंसकी आज्ञा पानेपर उसने अपने शरीरके रोम-रोमसे 'रौम्य' नामक गण उत्पन्न किये, जो रुद्रके समान भयंकर, शक्तिशाली और पराक्रमी थे। वे महाकाय वीरगण सैकड़ों और हजारोंकी कई टोलियाँ बनाकर बड़ी फुर्तीके साथ यज्ञविध्वंस करनेके लिये टूट पड़े। भवानीके क्रोधसे उत्पन्न हुई महाकालीने भी सेवकोंसहित उसका साथ दिया था।

ग्रन्थोंमें भिन्न-भिन्न कथा होनेसे ही ग्रन्थकारने इतना ही लिखा कि ***'बीरभद्र करि कोप पठाए॥ जग्य बिधंस जाइ तिन्ह कीन्हा।'*** अन्य रुद्रपार्षदोंका साथ जाना अथवा न जाना न कहा और न यही कहा कि किस प्रकार यज्ञविध्वंस किया गया। इस प्रकार सभी पुराणोंकी सन्दर्भ कथाओंका समावेश इसमें हो सकता है।

नोट—४ ***'जग्य बिधंस जाइ तिन्ह कीन्हा।'......'*** इति। भा० ४। ५। १३, १४, १५ में यज्ञविध्वंसकी और श्लोक १६ से २६ तक ***'सकल सुरन्ह बिधिवत फलु दीन्हा'*** की कथा है। संक्षेपसे वह कथा इस प्रकार है—प्रथम तो रुद्रगणोंने जाकर यज्ञशालाको चारों ओरसे घेर लिया जिसमें कोई भाग न सके। फिर उनमेंसे कितनोंहीने प्राग्वंश (यज्ञशालाके पूर्व और पश्चिमके खम्भोंपर पूर्व-पश्चिम ओर आड़ा रखा हुआ काष्ठ) को तोड़ डाला, कितनोंने पत्नीशाला नष्ट कर दी, किन्हींने यज्ञशालाके सामनेका मण्डप और उसके आगेके हविर्धानोंको, किन्हींने यजमानगृहको और भोजनागारको विध्वस्त कर दिया। किन्हींने यज्ञके पात्र फोड़ डाले, किन्हींने अग्नि बुझा दी, किन्हींने यज्ञकुण्डोंमें मूत्र कर दिया और किन्हींने वेदीकी सीमाके सूत्रोंको तोड़ डाला। (१३—१५) कितनोंहीने मुनियोंको कष्ट देना आरम्भ किया, कोई स्त्रियोंको धमकाने लगे और किन्हींने अपने निकट ही भागते हुए देवताओंको पकड़ लिया। मणिमान् रुद्रगणने महर्षि भृगुको बाँध लिया और वीरभद्रने हाथमें स्रुवा लेकर भृगु ऋषिकी दाढ़ी-मूँछ उखाड़ ली, क्योंकि उन्होंने ब्रह्मसभामें तथा इस महायज्ञमें अपनी मूँछोंको मटकाते हुए और दाढ़ीको हिलाते हुए दक्ष—यजमानके वचनोंका अनुमोदन करते हुए श्रीशिवजीकी हँसी की थी। यज्ञमें पहुँचते ही वीरभद्रने दक्ष-प्रजापतिनायकको कैद कर लिया, चण्डीशने पूषाको और नन्दीश्वरने भगदेवको पकड़ लिया। उस समय सम्पूर्ण ऋत्विज्, सदस्य और देवतागण भगवान् शङ्करके पार्षदोंकी यह भयंकर लीला देख उनके कंकड़-पत्थर फेंकनेसे अति पीड़ित हो जैसे-तैसे वहाँसे भाग गये। तदनन्तर वीरभद्रने भगदेवको क्रोधपूर्वक पृथ्वीपर गिराकर उनकी आँखें निकाल लीं; क्योंकि उन्होंने ब्रह्मसभामें भगवान् शङ्करको बुरा-भला कहते और शाप देते हुए दक्षको आँखोंके इशारेसे उत्साहित किया था। यथा—'**भगस्य नेत्रे भगवान्पातितस्य रुषा भुवि। उज्जहार सदःस्थोऽक्ष्णा यः शपन्तमसूसुचत्॥**' (२०) फिर उन्होंने पूषाके दाँत उखाड़ डाले,

क्योंकि जब दक्ष शङ्करजीकी निन्दा कर रहा था और शाप दे रहा था उस समय वह बत्तीसी निकाले हँस रहा था—'**शप्यमाने गरिमणि योऽहसद्दर्शयन्दतः॥**' (२१) इसी प्रकार जिस अङ्गसे जो निन्दामें सम्मिलित हुआ था, उसको उसी अङ्गसे हीन कर दिया गया। तत्पश्चात् वीरभद्र दक्षको गिराकर उसकी छातीपर चढ़ बैठे और उसका गला काटने लगे, पर नाना प्रकारके अस्त्र-शस्त्रोंसे भी उसकी त्वचा (खाल) तक न कट सकी तब यज्ञमें पशुओंको गला घोंटकर मारनेका यन्त्र आदि उपाय ही देख उसी युक्तिसे उसके सिरको मरोड़कर धड़से अलगकर यज्ञकी दक्षिणाग्निमें डाल दिया, मानो इससे होमकुण्डकी पूर्णाहुति की। अन्तमें यज्ञशालाको जलाकर वे कैलाशको लौट गये। (२२—२६)

यज्ञमें जो ऋत्विज्, सदस्य और देवगण आये थे वे रुद्रपार्षदोंके त्रिशूल, पट्टिश, खड्ग, गदा, परिघ और मुद्‌गर आदि आयुधोंसे सर्वाङ्गमें छिन्न-भिन्न हो भाग गये थे। (भा० ४।६।१)

टिप्पणी—१ (क) *'जाइ तिन्ह कीन्हा'* से जनाया कि जो हरगण सतीजीके साथ गये थे, वे यज्ञ-विध्वंस न कर पाये थे, इसीसे इन्होंने जाकर प्रथम यही काम किया। भृगुजीने हरगणसे यज्ञकी रक्षा की थी, वे भी वीरभद्रसे यज्ञकी रक्षा न कर सके। (ख) *'सकल सुरन्ह'* से जनाया कि जो यज्ञशालामें निमन्त्रणमें जाकर बैठे थे, सबको दंड दिया; क्योंकि एक तो इन्होंने शिवनिन्दा की, दूसरे शिवजीके गणोंको मारा, तीसरे ये त्रिदेवको छोड़कर (उनका अपमानकर) यज्ञमें गये और चौथे सतीजीका शाप ही यह था कि *'सो फल तुरत लहब सब काहूँ।'* (ग) *'बिधिवत'* कहकर सूचित किया कि जिसने जैसा किया, उसको वैसा फल दिया। तात्पर्य कि जो हँसा था उसके दाँत तोड़े, जिसने हाथ उठाया उसका हाथ तोड़ा, जिसने नेत्रका इशारा किया कि गणोंको मारो उसके नेत्र निकाल लिये इत्यादि। जैसा नोट ३ में दिखाया गया है। 'विधिवत फल दिया' कहकर जनाया कि देवताओंके किये कुछ न हुआ।

भै जग-बिदित दच्छगति सोई। जसि कछु संभु बिमुख कै होई॥ ३॥
यह इतिहास सकल जग जानी। ताते मैं संछेप बखानी॥ ४॥

शब्दार्थ—इतिहास—'**धर्मार्थकाममोक्षाणामुपदेशसमन्वितम्। पूर्ववृत्तकथायुक्तमितिहासं प्रचक्षते॥**' अर्थात् जो धर्म, अर्थ, काम और मोक्षके उपदेशोंसे समन्वित और प्राचीन (सत्य) घटनाओंसे युक्त हो, उसे 'इतिहास' कहते हैं।

अर्थ—दक्षकी जगत्प्रसिद्ध वही दुर्दशा हुई जैसी कुछ शङ्करद्रोहीकी होती है॥ ३॥ यह इतिहास सारा संसार जानता है, इसीसे मैंने थोड़ेहीमें कहा॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'भै जग-बिदित दच्छगति सोई।……'* इति। अर्थात् शम्भुविमुखकी बड़ी दुर्दशा होती है। जैसी शम्भुविमुख दक्षकी हुई ऐसी ही शम्भुविमुखकी होती है। *'जग-बिदित'* का भाव कि संसारभरमें उसकी अपकीर्त्ति हुई। [*'जग-बिदित'* का भाव यह भी है कि शंकरविमुखकी दशा क्या होती है यह जगत् जानता है। दक्षकी क्या दुर्गति हुई—यह (६५। १-२) नोट—३ और (६४। २) की टि० २ (ख) में आ चुकी है। शम्भुकी शरण जानेपर तो यह दशा हुई कि बकरेका सिर हुआ और भृगुजीकी बकरेकी-सी दाढ़ी हुई। शरण न जाता तो न जाने कितने कल्पोंतक रौरवनरक भोग करता *'जग-बिदित'* इससे भी कह सकते हैं कि बकरेका सिर लगानेपर दक्षने जीवित होकर बकरेका-सा ही शब्द किया था जिससे शिवजी प्रसन्न हो गये थे। इस शब्दसे भगवान् शङ्कर प्रसन्न होते हैं यह समझकर आज भी लोग शङ्करजीकी पूजाके अन्तमें बकरेका-सा शब्द करते हैं।]

टिप्पणी—२ *'यह इतिहास सकल जग जानी।……'* इति। (क) यह उक्ति याज्ञवल्क्यजीकी है कि और आचार्योंने इसे विस्तारसे कहा है, कथा प्रसिद्ध है। प्रसिद्ध कथाओंको (ग्रन्थकार) संक्षेपसे कहते हैं। यथा—*'जगु जान षन्मुख जन्म कर्मु प्रतापु पुरुषारथु महा। तेहि हेतु मैं बृषकेतुसुत कर चरित संछेपहि कहा॥'* (१०३) [संक्षेपसे बखान करनेका दूसरा भाव यह भी है कि तुलसीदासजी रामचरित-वर्णन करनेको

उद्यत हैं, वे शिवद्रोहीकी कथा नहीं कहना चाहते। आगे कहा भी है कि *'संकर प्रिय मम द्रोही सिवद्रोही मम दास। ते नर करहिं कलप भरि घोर नरक महुँ बास॥'* (लं० २) वे चाहते हैं कि शीघ्र पार्वतीजीका जन्म हो और उमामहेश्वरसंवादसे श्रीरामचरितामृतधाराका प्रवाह बहे। इसलिये इस चौपाईसे दक्षकथा समाप्त कर दी। श्रीशिवपुराण, श्रीमद्भागवत, पद्मपुराण आदिमें कथा प्रसिद्ध होनेसे जगत्‌का जानना कहा।]—(मा० पी०) पुनः, *'संछेप बखानी'* से जनाया कि पुराणोंमें विस्तारसे है।

☞स्मरण रहे कि रामायण, महाभारत आदि हमारे यहाँके इतिहास ग्रन्थ हैं। आधुनिक इतिहासोंसे इन इतिहासोंमें बड़ी विलक्षणता यह है कि इनसे भगवान्‌के चरणोंमें प्रेम होता है। यथा—*'कहौं परम पुनीत इतिहासा। सुनत श्रवन छूटहिं भवपासा॥ उपजै प्रीति रामपद कंजा।'* हमारे इतिहास ब्रह्मज्ञानी, भगवद्भक्त, स्वाभाविक ही सदाचारपरायण, सत्यवादी ऋषियोंके लिखे होनेके कारण पढ़नेवालोंको भवपाशसे मुक्तकर उन्हें भगवान्‌का परम प्रेम प्रदान करते हैं। आधुनिक इतिहासोंमें तो केवल घटनाओं [वह भी सत्य हों या न हों, क्योंकि असलियत प्रायः छिपाई जाती है और तारीख और सनोंका ही उल्लेख मिलता है और प्रायः वे किसी-न-किसी सम्पर्कयुक्त व्यक्तिके लिखे होनेसे सर्वथा सत्य भी नहीं होते। (कल्याण १३।३)]

सतीमोह तथा देहोत्सर्ग प्रकरण समाप्त हुआ।

श्रीपार्वती-जन्म-तप (अर्थात् उमाचरित)—प्रकरण

सतीं मरत हरिसन बरु मागा। जनम-जनम सिव पद अनुरागा॥५॥
तेहि कारन हिमगिरि गृह जाई। जनमीं पारबती तनु पाई॥६॥

अर्थ—सतीजीने मरते समय श्रीरामचन्द्रजीसे वर माँगा कि जन्म-जन्म (प्रत्येक जन्म वा जन्मान्तरमें) मेरा अनुराग श्रीशिवजीके चरणोंमें हो॥५॥ इसी कारण उन्होंने हिमाचलके घर जाकर पार्वती-शरीर पाकर जन्म लिया॥६॥

टिप्पणी—१ *'सतीं मरत हरिसन बरु मागा।'* इति। (क) ☞जहाँ तनका त्याग लिखा गया वहाँ वर माँगना नहीं लिखा गया। यहाँपर लिखनेसे पाया गया कि यह वर माँगा गया था। ग्रन्थकारने इस रीतिको बहुत स्थलोंपर बर्ता है। जो बात कहीं फिर लिखना जरूरी है उसे दोनों जगह न लिखकर दूसरी जगह लिख देते हैं। यथा—*'रामानुज लघु रेख खँचाई। सो नहि नाँघेहु असि मनुसाई॥'* (६।३५) अरण्यकाण्डमें रेख खींचना नहीं लिखा, लंकाकाण्डमें लिखा जिससे जाना गया कि रेख खँचाई थी। इसी तरह पार्वतीजन्मके हेतुमें यह बात पुनः कहनी थी; इसलिये मरते समय न कहकर केवल यहाँ कह दी। (ख) मरते समय वर माँगनेमें भाव यह है कि उस समय जो वासना होती है, वह दूसरे जन्ममें सिद्ध होती है, यथा—'यं यं वापि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्। तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः॥' (गीता ८। ६) (ग) *'जनम-जनम सिव पद अनुरागा॥'* इति। मरते समय शिवपदानुराग माँगनेमें भाव यह है कि योगाग्निसे शरीर जला देनेसे जीव हरिपदलीन हो जाता है और भेदभक्तिसे जीव हरिमें लीन नहीं होता। इसीसे शिवपदानुराग माँगा। पदानुराग भक्ति है और सतीजी शिवभक्त हैं ही। (घ) *'जनम-जनम'* का भाव कि भक्त मोक्षकी इच्छा नहीं करते। भक्तिके निमित्त अनेक जन्म चाहते हैं। यथा—*'जेहि जोनि जनमउँ कर्म बस तहँ रामपद अनुरागऊँ।'* (कि० १०) *'जेहि जेहि जोनि करम बस भ्रमहीं। तहँ तहँ ईसु देउ यह हमहीं॥ सेवक हम स्वामी सियनाहू। होउ नात यह ओर निबाहू॥'* (अ० २४) *'नाथ एक बर माँगउँ रामकृपा करि देहु। जनम जनम प्रभुपदकमल कबहुँ घटइ जनि नेहु॥'* (७।४९) (ङ) 'हरि' से वर माँगनेका भाव यह है कि शिवजीकी भक्ति हरिके देनेसे मिलती है। [परंतु मानसमें इसका प्रमाण हमारी समझमें नहीं है। शिवजीकी कृपासे हरिभक्तिकी प्राप्तिके प्रमाण तो बहुत-से हैं। सतीजीने दारुण दुःसह दुःखसे छुटकारेके

लिये भगवान्‌से ही पूर्व प्रार्थना की थी। यथा—'*जौं प्रभु दीन दयालु कहावा। आरतिहरन बेद जसु गावा॥ तौ मैं बिनय करौं कर जोरी। छूटौ बेगि देह यह मोरी॥*...... *तौ सबदरसी सुनिय प्रभु करौ सो बेगि उपाइ। होइ मरनु जेहि बिनहि श्रम दुसह बिपत्ति बिहाइ॥*' आर्त्तिहरण प्रभुने वह प्रार्थना सुनी और तुरंत सबका उपाय रच दिया कि शिवजीकी समाधि छूटी, दक्षयज्ञका आरम्भ हुआ और वहाँ बिना श्रम देहका त्याग हुआ। आर्त्तिहरणसे वर माँगनेके सम्बन्धसे 'हरि' शब्दका प्रयोग हुआ।]

प० प० प्र०—'हरिसे वर माँगनेमें हेतु यह भी है कि पहली बार भी शिवजी विवाह नहीं करना चाहते थे, किंतु ब्रह्मा और विष्णु आदिके अनुरोधसे ही उन्होंने विवाह किया। जिसकी ऐसी दशा हुई, अतः अब वे विवाह कदापि न करेंगे, यह सतीजी ठीक-ठीक जानती हैं, पर यह आशा है कि रामसेवक होनेके कारण शिवजी अपने उपास्य श्रीरामजीकी इच्छाका भङ्ग कदापि नहीं करेंगे। इसीसे '**रामाख्यमीशम्**' 'हरि' से प्रार्थना करके वर माँगती हैं। २ 'शिवपद अनुरागसे' यह भी जनाया कि ऐसा अनुराग हो कि अब कभी पतिके वचनोंमें अविश्वास करानेवाली मति न उत्पन्न हो। उस कुमति तथा रामविरोधी वृत्तिका आप हरण करें, क्योंकि आप हरि हैं।'

नोट—१ '*सतीं मरत हरिसन बरु मागा*'—इस प्रसंगमें 'हिन्दीनवरत्न' में मिश्रबन्धुओंने लिखा है कि 'यहाँपर हरिसे वर मँगवाना भी बेजा है।' परंतु इसमें क्या बेजा है, यह कुछ नहीं बताया। दोषोद्भावना करते हुए समालोचकको बताना चाहिये कि यदि कहीं किसी दोषकी सम्भावना है तो क्यों है, कैसे है? ऐसा करनेसे उसपर विचार करनेका मौका मिलता है। बिना सबूतके इलजाम लगाना कैसा है उसे कोई साधारण भी कानूनदाँ समझ सकता है। लेकिन दुःखकी बात है कि एक वादी और समालोचकके कर्त्तव्यको समझते हुए भी आपलोगोंने उसकी परवा न की।

अच्छा अब उस प्रसंगपर टुक (थोड़ा) विचार कीजिये। सतीजीके पिता दक्षने भगवान् शिवका (उनका भाग न देकर) अपमान करनेके अभिप्रायसे द्वेषबुद्धिपूर्वक यज्ञका अनुष्ठान किया। उन्हीं दिनों पतिसे परित्यक्ता होकर भगवती सती अत्यन्त दुःखसे काल-यापन कर रही थीं। पिताके यज्ञका समाचार सुनकर कुछ मन बहलानेके लिये वे अपने मायके गयीं। जब वहाँ यज्ञमें '*जगदातमा महेस पुरारी। जगतजनक सबके हितकारी॥*' का भाग नहीं देखा तब वे अत्यन्त संतप्त और विक्षुब्ध हुईं। पिताके यज्ञका उद्देश्य वे समझ गयीं और उनके इस मंद कृत्यपर उन्हें उनसे अत्यन्त घृणा एवं अमर्ष उत्पन्न हुआ। उसी समय उसी आवेशमें (जब कि प्रस्तुत मानसिक भाव अत्यन्त उत्कर्षको प्राप्त हो रहा था) सतीजीने योगाग्निमें दक्षशुक्र-सम्भूत अपनी देह जला दी।

आगे चलकर गोस्वामीजी कहते हैं—'*सतीं मरत हरिसन बरु मागा।*' श्रीसतीजी भगवान् शंकरकी वल्लभा थीं। उनका प्राणपतिके चरणोंमें अत्यन्त अनुराग था। फिर यह नितान्त स्वाभाविक है कि एक पतिप्राणा पतिव्रताशिरोमणि अपने अन्त समय जन्मान्तरमें भी अपने उसी प्राणेश्वर पतिको पानेके लिये ईश्वरसे प्रार्थना करे। यही भगवती सतीने किया। कदाचित् आपका यह तर्क हो कि उन्हें भगवान् शिवहीसे (जब कि वे उन्हें 'जगदात्मा' जानती-मानती हैं) यह वर माँगना था। परंतु आपको यह भी समझना चाहिये कि निरतिशय प्रीतिमें माहात्म्यज्ञानका विस्मरण हो जाता है और विशेषकर ऐसे अवसरपर जब कि परमोत्कृष्ट भावावेश हो रहा हो। मनोभावके उस प्रबल प्रवाहमें बुद्धि बह जाती है, ज्ञान डूब जाता है और आत्मविस्मरण एवं संज्ञातक लीन हो जाती है। अत्यन्त दुःख या सुखमें ऐसा होता है। अनेक घटनाएँ ऐसी उपस्थित की जा सकती हैं। यह माधुर्य-चरित है। मनोविज्ञानके अनुसार यह सिद्धान्त है—'**भावोत्कर्षाज् ज्ञानाभावः।**' यदि 'हरि' शब्द आपको खटकता हो तो सामान्यतः ईश्वर और परमात्माका वह बोधक है और निर्दिष्ट स्थलपर इसी भावमें वह व्यवहृत हुआ है। उसके प्रयोगमें अनौचित्य क्या? उसकी गन्ध भी नहीं। (ब्रह्मचारी श्रीबिन्दुजी, साकेतवासी)

वीर कविजी लिखते हैं कि 'शिवजी रामभक्त हैं। सतीजीने यह सोचा कि पतिके उपास्यदेवके साथ मैंने अपराध किया है। बिना उनके क्षमा किये शिवजी न प्रसन्न होंगे। इसीसे उन्होंने भगवान्‌से वर

माँगा और अन्तमें भगवान्‌हीने शिवजीसे प्रार्थनाकर पार्वतीजीके साथ विवाह करनेको उन्हें राजी किया। इसमें बेजा कौन-सी बात है? इसको मिश्रबन्धु ही जानें, क्योंकि वे धुरन्धर समालोचक हैं।'

☞जिसका अपराध किया जाय उसीकी क्षमासे अपराध क्षमा हो सकता है। अपराध किया श्रीरामजीका, तब शिवजी उसे क्षमा कैसे कर सकते हैं? देखिये, दुर्वासाजीको भगवान्‌ने क्षमा न किया, अम्बरीषजीके पास ही क्षमाके लिये भेजा। दूसरे, श्रीरामजी शिवजीके स्वामी हैं, वे दोनों अपराधोंको क्षमा कर सकते हैं। अतः उनसे प्रार्थना करना उचित ही था।

टिप्पणी—२ *'तेहि कारन हिमगिरि गृह जाई। जनमीं......'* इति। *'तेहि'* शब्द पूर्वकथित बातका बोधक है। अर्थात् भक्ति वर माँगा इस कारण जन्म हुआ। बिना तनके भक्ति नहीं होती। यथा—*'तजउँ न तन निज इच्छा मरना। तन बिनु बेद भजन नहिं बरना॥'* (उ० ९६) इसलिये तन धारण किया कि जिससे शिवजीकी भक्ति करें। *'तेहि कारन'* से केवल पुनर्जन्मके संदेहकी निवृत्ति की गयी। 'हिमाचलके यहाँ क्यों जन्म हुआ?'—इसका कारण यहाँ नहीं लिखा। शिवपुराणमें लिखा है कि हिमाचलने इनके लिये तप किया था कि ये हमारी पुत्री हों इससे इनके यहाँ आकर जन्म लिया। *'जनमी जाइ'* अर्थात् अपनी इच्छासे वहाँ जाकर अवतरीं, कर्मवश नहीं। यथा—*'जगसंभव पालन लय कारिनि। निज इच्छा लीला-बपु-धारिनि॥'* (९८)

नोट—२ हिमाचलके यहाँ क्यों जन्म लिया, इसके अनेक भाव महानुभावोंने लिखे हैं—

(क) 'मानस-अभिप्राय दीपककार' लिखते हैं कि 'इन शब्दोंसे ज्ञात होता है कि सतीजीने यह भी वर माँग लिया था कि हिमाचलपर्वतपर मेरा जन्म हो। यदि यह कहा जाय कि शिवपदमें अनुराग होना माँगा, अतः हिमालयमें जन्म हुआ तो यह कहना असंगत होगा, क्योंकि हिमालयमें ही जन्म लेनेसे तो शिवपदमें प्रीति होगी नहीं। हरिके आशीर्वादवश जहाँ भी जन्म हो वहाँ ही शिवपदमें प्रीति अवश्य होगी। अतः यह सिद्ध होता है कि उपर्युक्त दोनों चौपाइयोंमें यह ध्वनि सम्मिलित है कि शिवपदानुराग तो वर प्रसादवश अवश्य होगा, परन्तु हिमाचलमें जन्म लेनेसे वहाँ शिवपदप्रेमोत्पादक बहुत पदार्थ हैं। अतएव प्रेम शीघ्र होना सम्भव है।'

(ख) 'सतीजी चार अग्निमें जली हैं। एक तो विरहानलमें; यथा—*'तपै अवाँ इव उर अधिकाई।'* दूसरे, यज्ञानलमें अर्थात् यज्ञमें भाग न देखकर अपमान समझकर, यथा—*'प्रभु अपमान समुझि उर दहेऊ।'* तीसरे, क्रोधानलमें, यथा—*'बोलीं बचन सक्रोध'* चौथे, योगानलमें—(६३। ४—६) भी देखिये। इससे इनको अधिक शीतलताकी आवश्यकता है। शीतलता प्राप्त करनेके लिये यहाँ प्रकट हुईं।' (मा० प०)

(ग) 'पति-वियोग और पति-अपमानरूपी अग्निसे हृदय जलता था, यहाँ जन्म लेकर हृदयका दाह बुझाया। वा पहले महाभिमानी दक्षके यहाँ जन्म लेनेसे मुझसे भी पतिका अपमान हुआ, यह विचारकर अब ऐसेसे पैदा हुईं जिसका मन सदा शीतल रहे, कभी गर्म न हो।' (सु० द्विवेदी)

(घ) 'हिमालय शिवजीका अत्यन्त प्रेमी था इससे अथवा, पर्वतकी तरह शिवचरणमें अपनी बुद्धि स्थिर करनेके लिये पर्वतराजके यहाँ जन्मीं।' (सू० प्र० मिश्र)

(च) 'यहाँ बालपनेसे स्वाभाविक ही तप होता रहेगा। अथवा यह विचारकर कि हिम-ऋतु बड़ी विषम है, इसमें वृक्ष पल्लव नहीं लेते, पक्षी अण्डा नहीं देते, सर्प-बिच्छू आदि विषम जीव लुके रहते हैं—हिमालयके घर तपहेतु जन्म लिया।' (शीलावृत्ति)

☞दासकी क्षुद्र बुद्धिमें तो यह आता है कि विरह आदि तापें ऊपरकी ठंढसे नहीं मिट सकतीं। मुख्य कारण यह जान पड़ता है कि भगवतीने 'हरि' से शिवपदानुराग माँगा अतः 'हरि' ने यह स्थान सब भाँति इनके अगले जन्म-चरित्रके योग्य समझकर यहाँ जन्म दिया। यह तपोभूमि है। कैलासका इससे सम्बन्ध है।—*'हरि इच्छा भावी बलवाना।'* अथवा यह भी हो सकता है कि भगवतीने अपनी इच्छासे यहाँ जन्म लिया। यथा—*'निज इच्छा लीला बपु धारिनि।'......'अब जनमि तुम्हरें भवन निज पति लागि*

दारुन तपु किया ॥' (९८) कोई आवश्यकता 'जन्मस्थान' के लिये वर माँगनेकी प्रतीत नहीं होती। और यों तो जहाँ भी जन्म होता वहाँके ही विषयमें शंका उठ सकती थी। पं० रामकुमारजीका भाव ठीक है जो टिप्पणी २ में है।

श्रीजानकीशरणजीका मत हैं कि विरहादिक तापोंके ऊपरके ठंढसे मिटनेमें संदेह नहीं करना चाहिये। 'अग्निसे जलनेपर वैद्यकशास्त्रानुकूल हिमालयसे कटकर जो ओला मेघद्वारा वर्षाके साथ गिरता है वह तापनाशक श्रेष्ठ ओषधि है।' (मा० मा०)

नोट—३ *'हिमगिरि'* से जड़ पर्वत न समझना चाहिये वरञ्च हिमालय पर्वतके राजा या अधिष्ठातृ देवता समझना चाहिये। जैसे इंगलैण्ड और जर्मनीके लड़ाईसे वहाँके राजाओंकी लड़ाईका अर्थ होता है। जैसे पृथ्वी, जल, अग्नि और पवन तत्त्वोंका एक अचर रूप होता है जो सबको दृष्टिगोचर होता है और एक-एक चर वा देवशरीर होता है, जिससे उन तत्त्वोंका नियमानुसार सञ्चालन होता है। उदाहरणार्थ समुद्र जलतत्त्व है, यह उसका एक स्थूल रूप है। वह समुद्र विप्ररूपसे भगवान् रामजीके सामने भेंट लेकर आया, यथा—*'कनक थार भरि मनिगन नाना। बिप्ररूप आयउ तजि माना॥'* (५। ५८) और वरुण जलतत्त्वके अधिकारी देवता हैं। पृथ्वीका स्थूल रूप सब देखते हैं। वह गो-तनधारी होकर ब्रह्माजीके पास गयी थी। अग्नि और पवनका स्थूल रूप नित्य अनुभवमें आता है। अग्नि देवरूपसे दशरथजीके पुत्रेष्टि यज्ञमें हवि लेकर आये तथा लंकामें सीताजीको लाकर श्रीरामजीको सौंपा यथा—*'प्रगटे अगिनि चरू कर लीन्हें।'''''यह हबि बाँटि देहु नृप जाई॥''''''तब अदृश्य भए पावक''''''॥'* (१। १८९)*'धरि रूप पावक पानि गहि श्री'''''' ॥'* (६। १०८) इसी तरह पवनके अधिष्ठातृ देवता वायुलोकमें रहते हैं, जिसकी चर्चा हनुमान्‌जीके बालकेलि-प्रसंगमें आयी है।—इसी प्रकार पर्वतोंके अधिकारी देवता हिमाचल हो सकते हैं।

मानसतत्त्वविवरणकार लिखते हैं कि 'हिमालय अधिष्ठानरूप देवताके घर जाकर अर्थात् जयदुर्गारूप होकर शिवजीका सतीजन्यवियोग दूरकर हिमाचलके यहाँ प्रकट हुईं। लिङ्गपुराणानुसार हिमालयका जन्म शिवजीके दाहिने बगलसे पाया जाता है। इसलिये यह कोई तेजस्वी पुरुष है। स्थूलदर्शी पुरुषोंको पर्वतमात्र देख पड़ता रहा, जैसा सिद्धिके परत्वमें कहा है। यथार्थमें वह एक राजा था। देवीभागवतमें इसका भगवतीको ज्ञान बतलाना और हिमालयपरत्वका वर्णन है। पुनः हिमगिरि नामक देवता समझ लें। अतः उसके गृहमें जन्म कहा। ये सब उपर्युक्त अर्थ इसी ग्रन्थसे प्रमाणित होते हैं, यथा—*'जब तें उमा सैल गृह जाईं', 'तुम सहित गिरि ते गिरउँ'* इत्यादि। अथवा यह देव-विवाहका देशकाल है। इससे सूक्ष्मसृष्टिमें सारे कार्यका होना सिद्ध है। अतः हिमालय नामका राजा उसी सृष्टिका रहा, पर्वत उसका गृह था जैसे जलमें वरुण।' (संतउन्मुनी टीका)

नोट—४ रुद्रप्रयागसे पैंतालीस मील उत्तर एक 'गौरीकुण्ड' है। वहाँपर श्रीगौरीदेवीका मन्दिर और दो कुण्ड हैं—एक शीतल और दूसरा अत्यन्त तप्त, खारे और पीतवर्ण जलका। इस स्थानको पार्वती-जन्म-भूमि कहा जाता है। हिमाचलराज यहाँ अपनी पत्नी मैनाजीसहित महल बनाकर रहते थे। गौरीकुण्डसे पाँच मीलपर त्रियुगीनारायण नामक स्थान शिवपार्वती-विवाहमण्डप कहा जाता है। सम्भवतः गौरीकुण्डसे वहाँतक बसती रही हो। (वे० भू०) (दोहा ८२। १-२) भी देखिये। (वि० त्रि० का मत है कि 'चैत्र शुक्ला नवमीको त्रेतायुगके आदिमें अर्धरात्रिके समय भगवतीका जन्म हुआ। मानसप्रकरणके हिम ऋतुका आरम्भ सूचित करते हैं।—*'हिम हिमसैलसुता सिव ब्याहू।)*

टिप्पणी—३ *'जनमीं पारबती तनु पाई'* इति। (क) पार्वती-तन पाकर जन्म लेनेका तात्पर्य यह है कि पर्वतराजके यहाँ उत्पन्न हुईं, इससे पार्वती कहलायीं। पर्वतसे नदियाँ प्रकट होती हैं; यथा—*'पाप पहार प्रगट भइ सोई।'* (अयो०) अतः *'पारबती तनु'* कहकर जनाया कि नदीरूपसे प्रकट हुई हों, सो न समझो; वे शरीरधारी होकर प्रकट हुईं। (ख) [बाबा हरीदासजी लिखते हैं कि *'तनु पाई'* का भाव यह है कि 'नरदेह' धारण की। दुःख सहनेके लिये तथा शिवभक्ति और तप करनेके लिये नरदेह धरी, नहीं तो पर्वतकी कन्याका तो पर्वतरूप ही उचित था।' (शीलावृत्ति)]

जब तें उमा सैल गृह जाईं। सकल सिद्धि संपति तहँ छाईं॥७॥
जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हे। उचित बास हिमभूधर दीन्हे॥८॥

अर्थ—जबसे उमाजी हिमाचलके घर पैदा हुईं तबसे वहाँ सारी सिद्धियाँ और सम्पत्ति छा गयीं॥७॥ मुनियोंने जहाँ-तहाँ सुन्दर आश्रम बना लिये। हिमाचलने (सबको) उचित स्थान (आश्रमके लिये) दिये॥८॥

नोट—*'जब तें उमा सैल गृह जाईं।......'* इति। (क) ☞घरमें भाग्यशालीके आते ही पिताके ऐश्वर्यका उदय होता है, जैसे श्रीजानकीजीके आविर्भावसे श्रीजनकमहाराजका। यथा—*'तब तें दिनदिन उदय जनक की जब तें जानकि जाई।'* (गी० बा०) पार्वतीजीके जन्मसम्बन्धसे पर्वतराजका सम्पत्तिवान् होनेका वर्णन 'प्रथम उल्लास अलंकार' है। देखिये श्रीसीतारामजीके संसर्गसे चित्रकूट, दण्डकवन, प्रवर्षणगिरि और सुबेल पर्वत आदिकी कैसी व्यवस्था हो गयी? सत्पुरुषोंके संसर्गसे जड़ भी सुखदायी हो जाते हैं। यथा—*'जब तें आइ रहे रघुनायक। तब तें भयउ बन मंगलदायक॥ फूलहिं फलहिं बिटप बिधि नाना।......करि केहरि कपि कोल कुरंगा। बिगत बैर बिचरहिं सब संगा॥......महिमा कहिअ कवनि बिधि तासू। सुखसागर जहँ कीन्ह निवासू॥'* (अयो० १३७। ५ से १३९। ४ तक)—यह चित्रकूटका वर्णन है। इसी तरह *'मंगलरूप भयउ बन तब तें। कीन्ह निवास रमापति जब तें॥'* (प्रवर्षणगिरि ३। १३) और *'सब तरु फरे राम हित लागी। रितु अरु कुरितु काल गति त्यागी॥'* (लं०४। ५) इत्यादि। (ख) 'जाना'=जन्म लेना, जन्म देना। 'छाना'=भरपूर होना, छावनी डाल देना, स्थिर होना। (ग) 'उमा' अर्थात् उ (शिवकी) मा (लक्ष्मी) शिवजीकी लक्ष्मी हैं जो सिद्धियोंकी जननी हैं। माताने यहाँ जन्म लिया, अतः उनके साथ सिद्धियाँ और सम्पत्ति भी यहाँ आकर बस गयीं। (मा० प०) (घ) *'सकल सिद्धि'*=अष्ट सिद्धियाँ। *'संपति'*=नव निधियाँ। *'सकल सिद्धि संपति तहँ छाईं'* का भाव कि पहले कुछ ही थीं अब सब पार्वतीजीकी सेवाके लिये आकर बस गयीं। अथवा पूर्व सब थीं, पर स्थिररूपसे नहीं और अब स्थिररूपसे बस गयीं। (पं० रा० कु०)

टिप्पणी—१ *'जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हे।......'* इति। (क) इससे जनाया कि पर्वत अत्यन्त रमणीय हो गया। (क्योंकि मुनियोंके आश्रम रमणीय स्थानोंमें प्रायः होते हैं)। *'सुआश्रम कीन्हे'* का भाव कि अन्यत्र जहाँ रहते थे, वे स्थान ऐसे रमणीय न थे। वहाँ आश्रम थे और यहाँ 'सु' (सुन्दर) आश्रम बने। *'कीन्हे'* शब्दसे जनाया कि यहाँ अब बहुत दिनोंतक निवास करनेका विचार किया है। इसे सिद्धपीठ जानकर यहाँ निवास करेंगे। *'जहँ तहँ'* का भाव कि मुनियोंके आश्रम पृथक्-पृथक् तथा भिन्न-भिन्न होते हैं। (ख) *'उचित बास हिमभूधर दीन्हे'* इति। *'बास'* देनेका भाव कि हिम (बर्फ) के कारण वहाँ निवास नहीं हो सकता था, इसलिये हिमालय स्फटिकमणिके समान हो गया, पृथ्वी सम हो गयी। *'उचित'* अर्थात् यथायोग्य। इससे जनाया कि सबके आश्रमोंकी जगह एक-सी न थी। जो जिस योग्य था उसको वैसा स्थान आश्रमके लिये मिला।

दो०—सदा सुमन फल सहित सब द्रुम नव नाना जाति।
प्रगटीं सुंदर सैल पर मनि आकर बहु भाँति॥६५॥

अर्थ—उस सुन्दर पर्वतपर अनेक जातिके सब नये-नये वृक्ष सदा फूल-फल-सम्पन्न रहने लगे और बहुत प्रकारकी मणियोंकी सुन्दर खानें प्रकट हो गयीं॥६५॥

टिप्पणी—१ *'सदा सुमन फल सहित'* इति। फल-फूल दोनोंका साथ-साथ एक ही समय होना प्रायः देखा नहीं जाता। उसपर भी सभी वृक्षोंका सदा हरे-भरे, फूलते-फलते रहना यह तो असम्भव ही है। सब वृक्ष सदा नहीं फूलते-फलते, कोई फूलता है या फलता ही है, इस रीतिसे वनमें सदा फल-फूल बना रहता है, किन्तु यहाँ सब कालोंमें, सब वृक्षोंमें नवीन पल्लव, फूल और फल होते हैं, यह

सर्वत्रसे विलक्षणता है। यह पार्वतीजन्मकी महिमा है। *'नव'* के दो अर्थ हैं—(१) नवीन। (२) नम्र होना। झुकना। इस तरह पूर्वार्धका दूसरा अर्थ यह भी होता है कि 'सदा फूल-फलसे लदे होनेसे सब वृक्ष झुके हुए हैं। यथा—*'फल भारन नमि बिटप सब रहे भूमि निअराइ।'* (अ० ४०) इससे जनाया कि वहाँ सदा वसन्त बना रहता है।

'प्रगटीं सुंदर सैल पर……' इति। प्रायः खान खोदनेसे मणि प्रकट होती हैं, किंतु यहाँ बिना खोदे स्वयं प्रकट हो गयी हैं। यथा—*'बन कुसुमित गिरिगन मनिआरा। श्रवहिं सकल सरितामृतधारा॥'* पर्वतके ऊपर वृक्ष फूल-फल रहे हैं, वृक्षके नीचे मणियाँ बिखरी पड़ी हैं।—यह पहाड़के बाहरका हाल कहा और *'प्रगटीं सुंदर सैल पर मनि आकर……'* यह पर्वतके भीतरका हाल कहा। *'प्रगटीं'* कहनेका भाव कि खानें गुप्त होती हैं, मर्मी ही जानते हैं किन्तु यहाँ जो गुप्त थीं वे भी प्रकट हो गयीं।

नोट—प्रथम कहा कि उमाके जन्मसे सब सिद्धियाँ और निधियाँ आ बसीं। अब उन सिद्धियोंका ऐश्वर्य फल-फूल नवपल्लवयुक्त नये-नये वृक्ष, मणिकी खानें इत्यादिका प्रकट होना कहा। (मा० प०) सिद्धियोंका छा जाना कहकर सिद्धिप्राप्तिके इच्छुकों (मुनियों) का आ बसना कहा और आगे इनके सत्कारके लिये फूल-फलादिका सदैव रहना कहते हैं (वि० त्रि०)

सरिता सब पुनीत जलु बहहीं। खग मृग मधुप सुखी सब रहहीं॥ १॥
सहज बयरु सब जीवन्ह* त्यागा। गिरि पर सकल करहिं अनुरागा॥ २॥

अर्थ—सब नदियाँ पवित्र (मधुर अमृतसमान) जल बहती हैं। पक्षी, पशु और भौंरे सभी सुखी रहते हैं॥ १॥ सब जीवोंने अपना स्वाभाविक वैर छोड़ दिया। सब पर्वतपर प्रेम करते हैं॥ २॥

नोट—१ *'सरिता सब'*—अर्थात् भागीरथी, मन्दाकिनी, अलकनन्दा, यमुना, शेषगङ्गा, स्वर्णगङ्गा, विष्णुगङ्गा, रामगङ्गा, व्यासगङ्गा, नन्दागङ्गा, गरुड़गङ्गा, वीरगङ्गा, पातालगङ्गा और तुङ्गभद्रा इत्यादि। सू० प्र० मिश्रजीका मत है कि यहाँ गङ्गाको छोड़कर अन्य सब नदियोंका ग्रहण है, क्योंकि गङ्गाजी तो हरिहरविधि रूपा शुभवर्णा स्वयं हैं। इस तरह भाव यह हुआ कि पहले तो गङ्गा आदि दो-एक नदियाँ ही पवित्र जल बहती थीं, अब सभी नदियोंमें पुनीत जल बहता है।

टिप्पणी—१ (क) पर्वतसे नदीकी उत्पत्ति है। अतः प्रथम पर्वतका वर्णन करके पीछे नदीका वर्णन कहते हैं। *'पुनीत'* से यहाँ 'मधुर, मीठा' अर्थ लेना होगा, यथा—'**पुनीत मधुरं मिष्टम्**'। [*'पुनीत'* से पावन करनेवाला, पापनाशक एवं अमृतसमान भी अर्थ ले सकते हैं। यथा—*'श्रवहिं सकल सरितामृतधारा।'*] (ख) वृक्ष, फूल और फल कह आये। अब उनके आश्रित *'खग मृग मधुप'* को कहते हैं। सुमन, फल, वृक्ष और जल ये सब खगमृगादिके सुखके हेतु हैं। सुमनसे मधुप सुखी, फलसे पक्षी सुखी, *'नाना नव द्रुम'* अर्थात् वनसे मृग सुखी। और भी सुखका हेतु आगे लिखते हैं कि *'सहज बयरु सब जीवन्ह त्यागा'*।—इस प्रकार सम्पूर्ण सुख वर्णन किया।

टिप्पणी—२ *'सहज बयरु सब जीवन्ह त्यागा।……'* इति। भाव कि स्वाभाविक वैरका त्याग करना कठिन है, जब उसीको त्याग दिया तब साधारण वैरका त्याग करना कौन बात है?—यह सब उमाजीकी महिमा है।—'**अहिंसा प्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः।**' (योगसूत्र) उमाजीके प्रभावसे काल, कर्म, गुण और स्वभाव बाधा नहीं करते।—यह बात यहाँ दिखायी है। *'सदा सुमन फल सहित सब द्रुम नव'*—यहाँ कालकी बाधा नहीं है, सब वृक्ष सब काल फूलते-फलते, हरितपल्लवयुक्त रहते हैं। *'खग मृग मधुप सुखी सब रहहीं'*—यहाँ कर्मकी बाधा नहीं होती। *'सरिता सब पुनीत जलु बहहीं'* यहाँ गुणकी बाधा नहीं, क्योंकि नदीमें अपुनीत जल भी बहता है, इसीसे कहा है कि *'समरथ कहुँ नहिं दोष गोसाईं।*

* जीवन्ह—१६६१, १७२१, १७६२। जीवइ—१७०४। जीवन—छ०।

रबि पावक सुरसरि की नाईं॥' 'सहज बयरु सब जीवन त्यागा।'—यहाँ स्वभावकी बाधा न हुई। और *'गिरि पर सकल करहिं अनुरागा।'* वैर छोड़कर सब परस्पर अनुराग करते हैं। जैसे कि रामराज्यमें—*'खग मृग सहज बयरु बिसराई। सबन्हि परस्पर प्रीति बढ़ाई॥'* (उ० २३) [इस प्रकार यहाँ प्रकृतिमें परिवर्तन दिखाया। खग-मृग एक-दूसरेसे भयभीत रहते हैं। यथा—*'सहबासी काचो गिलैं पुरजन पाक प्रवीन। कालछेप केहि बिधि करैं तुलसी खग मृग मीन॥'* मधुप मधु छीने जानेके भयसे दुर्गम स्थानोंमें छत्ते लगाते हैं, पर वहाँ भी बंदरोंकी बाधा रहती है *'सब जीवन्ह'* में काल-उलूक, अश्व-महिष, बाज-सिंह आदि भी आ गये। *'गिरि पर'* से जनाया कि पर्वतपर परस्परका वैर नहीं रह गया, पर पर्वतके नीचे आनेपर वह सहज वैर हो जाता था। (वि० त्रि०)]

नोट—२ सृष्टि दो प्रकारकी होती है, स्थावर और जंगम। यहाँ ग्रन्थकार दिखाते हैं कि स्थावरात्मक और जंगमात्मक दोनों प्रकारकी सृष्टियाँ पार्वतीजीके संयोगसे सुखी हैं। यथा—कुमारसम्भव—**'शरीरिणां स्थावरजङ्गमानां सुखाय तज्जन्मदिनं बभूव।'** वृक्ष और सरिता आदि स्थावर हैं। खग, मृग आदि जंगम हैं। (मा० प०)

नोट—३ *'सहज बयरु……'* इति। नीतिवादियोंका सिद्धान्त है कि सहज वैर जीवनपर्यन्त कथमपि नहीं जाता। यथा—**'प्राणदानं विना वैरं सहजं याति न क्षयम्।'** ऐसे वैरको छोड़ दिया तो क्या उदासीन हो गये? नहीं। वे शत्रुके साथ भी प्रेम करने लगे। इसका हेतु यह है कि सिद्धियोंकी माता पार्वतीजीकी बाललीला देखकर सब मोहित हो गये। हाथी, सिंह, घोड़े-भैंसे, गाय-बाघ, सर्प-नकुल इत्यादि सब पार्वतीकी लीला (देखनेमें बाधा न हो, इसलिये आपसमें मेल करके) देख-देख आनन्दित होने लगे। (मा० प०) पर ऐसा मान लेनेपर यह कहना आवश्यक हुआ कि वाल्मीकि-आश्रममें किसकी बाल-लीलासे मोहित हुए। (प० प० प्र०)

सोह सैल गिरिजा गृह आएँ। जिमि जनु रामभगति के पाएँ॥ ३॥
नित नूतन मंगल गृह तासू। ब्रह्मादिक गावहिं जसु जासू॥ ४॥

अर्थ—घरमें पार्वतीजीके आनेसे पर्वत (ऐसा) शोभायमान हो रहा है जैसा रामभक्तिके पानेसे भक्त सुशोभित होता है॥ ३॥ उसके घरमें नित्य नये मङ्गलोत्सव होते हैं, ब्रह्मादि (देवता) जिसका यश गाते हैं॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'सोह सैल गिरिजा गृह आएँ……'* शैलकी शोभा *'सकल सिद्धि संपति तहँ छाईं'* से लेकर *'गिरि पर सकल करहिं अनुरागा'* तक कह आये। सब सिद्धियों और नवनिधियोंका आ बसना शैलकी शोभा है। मुनियोंके सुन्दर आश्रमोंसे शैलकी शोभा है। सब वृक्षोंके नवीन पल्लव, फूल और फलोंसे सम्पन्न होनेसे शैलकी शोभा है। मणियोंकी खानोंके प्रकट होनेसे शैलकी शोभा है। इसी तरह नदियोंके बहने और अनेक पक्षियोंके विहारसे शैलकी शोभा है, इत्यादि। यह शोभा गिरिजाके आगमनसे प्राप्त हुई। इस शोभाका मिलान श्रीरामभक्तकी शोभासे करते हैं *'जिमि जनु रामभगति के पाएँ'* कहनेसे स्पष्ट है कि शैलराज और जन (भक्त, संत), गिरिजा और रामभक्ति उपमेय-उपमान हैं।

प० प० प्र०—*'सोह सैल……पाएँ'* इस पुरइनका कमल किष्किन्धाकाण्डमें फूला है। यथा—*'जिमि हरिभगति पाइ श्रम तजहिं आश्रमी चारि।'* (४। १६) *'कोउ एक पाव भगति जिमि मोरी।'* (४। १६। १०) इस प्रकार भाव यह हुआ कि शैलराजका गृहस्थाश्रम धन्य हुआ, कृतार्थ हुआ। गृहस्थाश्रमके श्रमोंकी पूर्ण सफलता हुई। उनके गृहस्थाश्रमोंके श्रमोंकी परिसमाप्ति हुई और पूरा विश्राम मिल गया। यहाँ गिरिजा रामभक्तिके समान हैं और हिमाचलराज उनके पिता आश्रमी रामभक्तके समान हैं।

* शैलराज और रामभक्त (संत) का मिलान *

(क) शैल संत हैं। दोनों परोपकारी हैं, यह समानता है। यथा—*'संत बिपट सरिता गिरि धरनी। परहित हेतु सबन्ह कै करनी॥'* (उ० १२५) तथा *'पर उपकार बचन मन काया। संत सहज सुभाउ खगराया॥'* (उ० १२१)

(ख) जैसे गिरिराज संतके स्वरूप हैं, वैसे ही गिरिजाजी श्रीरामभक्तिरूपा हैं। शैलराजके घर उमा आयीं। संतके हृदयरूपी घरमें रामभक्ति आती है।

(ग) शैलके यहाँ ऋद्धि-सिद्धि संपति छाईं। रामभक्तके यहाँ ऋद्धि-सिद्धि बिना बुलाये आ जाती हैं। यथा—*'कृपिन देइ पाइय परी बिनु साधन सिधि होइ।'* तथा *'छाँछ को ललात जे ते रामनामके प्रसाद खात हुनसात सोंधे दूधकी मलाई।'* (क० उ०) सब सिद्धियाँ संतके वशमें रहती हैं।

(घ) शैलराजका देश पर्वत। संतका देश उसका हृदय है, यथा—*'संकर हृदय भगति भूतलपर प्रेम अखयबट राजै।'* (गी० उ०)

(ङ) शैलके यहाँ मुनियोंके आश्रम, वैसे ही संतके यहाँ मुनियोंका समाज सदा रहता है। अयोध्याजीके प्रसिद्ध महात्मा बाबा रघुनाथदासजी (बड़ी छावनी), बाबा वैष्णवदासजी, (श्रीमणिरामदासजीकी छावनी) पटनाके बाबा भीष्मदासजी आदि इसके जीते-जागते उदाहरण हैं।

(च) जैसे शैलके यहाँ *'सदा सुमन फल सहित द्रुम'* वैसे ही संतके यहाँ भी।

(छ) शैलपर *'मनि आकर बहु भाँति',* वैसे ही संतके हृदयमें नाना गुण।

(ज) शैलके यहाँ नदी मधुर जल बहती है। संतके आश्रममें सदा स्वच्छ मधुर जल बहता है।

(झ) दोनोंके यहाँ पक्षी सुखी रहते हैं। यथा—*'मुनिगन निकट बिहँग मृग जाहीं।'*

(ञ) दोनोंके यहाँ वैर त्यागकर सब जीव बसते हैं।

(ट) दोनोंपर सबका अनुराग है।

(ठ) गिरिजाके आगमनसे शैलकी शोभा, रामभक्तिके पानेसे भक्तकी शोभा। रामभक्तिके पीछे सब पदार्थ लगे रहते हैं।

(ड) दोनोंके यहाँ नूतन मङ्गल।

(ढ) दोनोंका यश ब्रह्मादि गाते हैं।

नोट—१ सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं—'शबरीकी कथा अरण्यकाण्डमें प्रसिद्ध है। भक्ति होनेके बाद भक्तकी क्या दशा होती है यह 'भक्तिरसायन' में इस प्रकार वर्णित है, यथा—'यद् ब्रह्मनाम चरणैषणयोरुभक्त्या चेतोमलानि विधमेद्गुणकर्मजानि। तस्मिन् विशुद्ध उपलभ्यत आत्मतत्त्वं साक्षाद्यथामलदृशोः सवितृप्रकाशः॥ यथाऽग्निना हेममलं जहाति ध्मातं पुनः संलभते स्वरूपम्। आत्मा च कर्मानुशयं विधूय मद्भक्तियोगेन भजत्यथो माम्॥ यथा यथात्मा परिमृज्यतेऽसौ मत्पुण्यगाथाश्रवणाभिधानैः। तथा तथा पश्यति वस्तु सूक्ष्मं चक्षुर्यथैवाञ्जनसंप्रयुक्तम्॥ विषयान् ध्यायतश्चित्तं विषयेषु विषज्जते। मामनुस्मरतश्चित्तं मय्येव प्रविलीयते॥' (१—४) अर्थात् जिनकी भक्तिसे चित्तके मल नष्ट हो जाते हैं और तब हृदयमें आत्मतत्त्वका अनुभव उसी प्रकार हो जाता है जैसे कि नेत्रोंके निर्मल होनेसे सूर्य-प्रकाशका अनुभव होता है। जैसे अग्निसे स्वर्ण शुद्ध हो जाता है वैसे ही मेरे भक्तियोगसे मनुष्यका आत्मा कर्ममलको भस्म करके अपने स्वरूपको प्राप्त होकर तब मेरा भजन करता है। मेरी पुण्यकथा श्रवण और नामस्मरणसे आत्मा जैसे-जैसे शुद्ध होता जाता है वैसे-ही-वैसे वह सूक्ष्म वस्तुका अनुभव करता जाता है, जैसे कि अञ्जन लगानेसे आँख सूक्ष्मदर्शक होती जाती है। जैसे विषयोंके ध्यान करनेवालेका चित्त विषयोंमें संलग्न हो जाता है। वैसे ही मेरा स्मरण करनेवालेका चित्त मुझमें संलग्न हो जाता है।

नोट—२ सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'रामभक्ति पानेसे जनकी शोभा बढ़ती है। प्रह्लाद राक्षसकुलके थे। रामभक्तिसे ऐसी शोभा बढ़ी कि लोग प्रातःकालमें उनके नामका स्मरण करने लगे। ('प्रह्लाद-नारद-पराशर·····')

दासीपुत्र नारद रामभक्तिके कारण देवर्षि हो गये। निषाद भक्तिहीके कारण रामसखा हुए। इत्यादि।—ऐसे अनेक उदाहरण हैं। पार्वतीजीके ही प्रश्न और महादेवजीके उत्तरसे आगे रामभक्ति-कथा उत्पन्न होगी। इसलिये पार्वती रामभक्तिमय हैं। उनके आनेसे हिमालय भी पूर्ण रामभक्ति पा गये। इसलिये जगत्-मान्य हुए।'

नोट—३—यहाँ उदाहरण अलङ्कार है।

नोट—४ श्रीरामभक्ति बहुत दुर्लभ पदार्थ है। जगदम्बा श्रीपार्वतीने शिवजीसे श्रीरामभक्तिकी दुर्लभता वर्णन करते हुए प्रश्न किया है कि ऐसी भक्ति कागको क्यों और कैसे मिली? यथा—'*नर सहस्त्र महँ सुनहु पुरारी। कोउ एक होइ धरमब्रतधारी॥ धरमसील कोटिक महँ कोई। बिषय बिमुख बिरागरत होई॥ कोटि बिरक्त मध्य श्रुति कहई। सम्यक ज्ञान सकृत कोउ लहई॥ ज्ञानवंत कोटिक महँ कोऊ। जीवनमुक्त सकृत जग सोऊ॥ तिन्ह सहस्त्र महुँ सब सुख खानी। दुर्लभ ब्रह्मलीन बिग्यानी॥ धरमसील बिरक्त अरु ग्यानी। जीवनमुक्त ब्रह्मपर प्रानी॥ सब तें सो दुर्लभ सुरराया। राम भगतिरत गत मद माया॥ सो हरि भगति काग किमि पाई।*' (उ० ५४) प्रभुकी भक्ति क्या है, उसके क्या लक्षण हैं, यह स्वयं श्रीरामचन्द्रजीने अपने मुखारविन्दसे पुरजनोंको बताया है। यथा—'*कहहु भगति पथ कवन प्रयासा। जोग न मख जप तप उपवासा॥ सरल सुभाव न मन कुटिलाई। जथा लाभ संतोष सदाई॥ मोरे दास कहाइ नर आसा। करइ तो कहहु कहा बिस्वासा॥ बहुत कहउँ का कथा बढ़ाई। एहि आचरन बस्य मैं भाई॥ बयरु न बिग्रह आस न त्रासा। सुखमय ताहि सदा सब आसा॥ अनारंभ अनिकेत अमानी। अनघ अरोष दच्छ बिग्यानी॥ प्रीति सदा सज्जन संसर्गा। तृनसम बिषय स्वर्ग अपबर्गा॥ भगति पच्छ हठ नहिं सठताई। दुष्ट तर्क सब दूरि बहाई॥ मम गुनग्राम नाम रत गत ममता मद मोह। ताकर सुख सोइ जानइ परानंद संदोह॥*' (उ० ४६) और इसकी प्राप्तिके उपाय भी बताये हैं कि द्विज-सेवा करे, इसका फल सन्तदर्शन होगा और सन्तोंके सत्सङ्गसे भक्ति प्राप्त होगी। पुनः, शङ्कर-भजनसे भी प्राप्ति बतायी है। भक्तिकी प्राप्ति होनेपर क्या होता है यह उत्तरकाण्डमें भुशुण्डिजीने बता दिया है। '*मोह दरिद्र निकट नहिं आवा। लोभ बात नहिं ताहि बुझावा॥ प्रबल अबिद्यातम मिटि जाई।*......*खलकामादि निकट नहिं जाहीं। गरल सुधा सम अरि हित होई।*...... *ब्यापहिं मानसरोग न भारी। जिन्ह के बस सब जीव दुखारी॥ रामभगति मनि उर बस जाकें। दुख लवलेस न सपनेहुँ ताकें॥*' (७। १२०)

इस भक्तिसे प्रभु भक्तके वश हो जाते हैं। श्रीनाभास्वामीकृत भक्तमालमें सन्तोंके चरित पाठक स्वयं पढ़-देख लें। अपनी भक्तिके साधन परम कृपालु भक्तवत्सल प्रभुने लक्ष्मणजी तथा श्रीशबरीजीसे भी कहे हैं। देखिये (अरण्यकाण्ड दोहा १५-१६) '*मैं अरु मोर*......' से '*सदा बिश्राम*' तक, और (दोहा ३५-३६) '*प्रथम भगति*......' से '*हिय हरष न दीना*' तक। ऐसी भक्ति पाकर भक्त कैसा सुशोभित होगा, यह तो परमभक्त ही अनुभव कर सकते हैं। ऊपर किञ्चित् टि० १ और नोटमें लिखा गया है। भक्तिहीन पुरुष कैसा अशोभित है, यह '*भगतिहीन नर सोहइ कैसा। बिनु जल बारिद देखिअ जैसा॥*' (अ० ३५) में बताया गया है। जैसे बिना पानीका मेघ।

टिप्पणी—२ '*नित नूतन मंगल गृह तासू।*......' इति। (क) उपर्युक्त शोभा सारे हिमालय पर्वतपर हो रही है और पर्वतके अभिमानी देवता अथवा राजाके घर नित्य नवीन मङ्गल होते हैं। अर्थात् पार्वतीजीके जन्मके कारण नित्य बधाई, सोहर (छठी, बरही आदि) उत्सव होते रहते हैं। (ख) '*ब्रह्मादिक गावहिं जस जासू*' इति। क्या यश गाते हैं? यह कि हिमराज धन्य हैं कि जिनके घरमें जगत्-मात्रका मङ्गलकल्याण तथा देवताओं और मुनियोंका निस्तार करनेवाली, जगज्जननी पार्वतीजीका जन्म हुआ। लोकमात्रका हित हिमाचलद्वारा हुआ, यह यश हुआ। [हिमाचलको वे वात्सल्यका सुख दे रही हैं। वे दिन-रात उनके बालचरितामृतको पान किया करते हैं। अतः वे धन्य हैं। (मा० प०), इत्यादि] यश हुआ और आगे होगा। यथा—'*एहि ते जसु पैहहिं पितु माता*'। [नये मङ्गलके लिये लोग मङ्गलागौरीका पूजन करते हैं तब जहाँ वे स्वयं अवतीर्ण हुई हैं वहाँ नित्य नया मङ्गल क्यों न हो। (वि० त्रि०)]

नोट—५ *'जासू'* और *'तासू'* का सम्बन्ध रहता है। *'जासू'* का अर्थ प्रायः 'जिसका' होता है। साधारणतया अर्थ यह होता है कि 'जिस-(हिमाचल-) का यश ब्रह्मादि गाते हैं उस-(हिमाचल-) के घर नित्य नवीन मङ्गल होते हैं।' कई टीकाकारोंने *'जासू'* का अर्थ 'उसका' किया है। कुछ अड़चन देखकर सू० प्र० मिश्रजीने *'जासू'* से 'पार्वतीजीका' अर्थ किया है। अर्थात् 'जिन पार्वतीका यश ब्रह्मा आदि गाते हैं उनके जन्मसे हिमालयके घर नित्य नये उत्सव होते हैं।'—पर इसमें शब्द बहुत अपनी ओरसे बढ़ाने पड़ते हैं और जासू-तासूका सम्बन्ध नहीं रहता। सम्भवतः अभिप्राय कविका यह है कि जन्मके समयसे ही ब्रह्मादि हिमाचलका यश गाने लगे, उत्सव-मङ्गल तो जन्मके बादसे हुए। उत्सव होनेपर भी गाते हैं।

नारद समाचार सब पाए। कौतुकहीं* गिरिगेह सिधाए॥ ५॥
सैलराज बड़ आदर कीन्हा। पद पखारि बर† आसनु दीन्हा॥ ६॥

अर्थ—नारदजीने सब समाचार पाये और 'कौतुकही' हिमाचलके घर पधारे॥ ५॥ शैलराजने उनका बड़ा आदर-सत्कार किया। चरण धोकर उनको (बैठनेके लिये) आसन दिया॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'नारद समाचार सब पाए।……'* इति। (क) *'समाचार पाए'* से पाया जाता है कि नारदजी ब्रह्मलोकमें न थे, किसी अन्य लोकमें गये हुए थे। इसीसे उन्हें समाचार बहुत दिनों बाद मिला। जब कन्या सयानी हो गयी तब समाचार मिला। नहीं तो ब्रह्मलोकमें होते तो ब्रह्मादिके यशोगानसे उनको तुरत मालूम हो जाता। (ख) *'समाचार सब'* अर्थात् पार्वतीजन्म, जन्मसम्बन्धी उत्सवों एवं उनके बड़े और तपयोग्य होने आदिका समाचार। (ग) *'कौतुकहीं गिरिगेह सिधाए'* इति। श्रीनारदजी भगवान्‌की इच्छाके रूप हैं। वे सदा भगवान्‌की इच्छाके अनुकूल काम करते हैं। भगवान्‌की इच्छा है कि पार्वतीजी शिव-प्राप्तिके लिये तप करें। इसीसे वे वैसा ही उपदेश करनेके लिये हिमाचलके घर आये। ☞हिमाचलने अपने यहाँ मुनियोंको निवास दिया और फल-फूल-मणि आदिसे सबको सुखी करते हैं। भगवतीका उनके यहाँ अवतार हुआ है। अतएव परम भाग्यवान् और परोपकारी जानकर नारदजी उनके यहाँ गये। परोपकारी, सन्तसेवी भाग्यवानोंके ही यहाँ सन्तोंका आगमन होता है, प्रायः ईश्वरप्राप्ति करानेके लिये ही सन्तोंका आगमन होता है। नारदजी भी ईश्वरप्राप्ति करानेके लिये आये। *'कौतुकहीं'* का भाव यह कि उनको वहाँ-तक आनेमें कुछ भी परिश्रम नहीं हुआ।

नोट—१ 'नारदजीने किससे समाचार पाया?' इसका उल्लेख यहाँ नहीं है। मानस-पत्रिकाका मत है कि 'इसका उत्तर *'ब्रह्मादिक गावहिं जसु जासू'* में आ गया। ये यश गाया करते हैं, उसीसे मालूम हो गया।' प० पु० सृष्टिखण्ड श्रीपार्वती-जन्म-प्रसंगमें पुलस्त्यजीके कथनानुसार नारदजी इन्द्रके भेजे हुए यहाँ आये हैं। वे कहते हैं—'पार्वतीका जन्म होनेपर इन्द्रने नारदका स्मरण किया उनके आनेपर उनकी पूजा कर चुकनेपर जब उन्होंने कुशल-प्रश्न किया तब इन्द्रने कहा—'मुने! त्रिभुवनमें हमारे कुशलका अङ्कुर जम चुका है। अब उसमें फल लगनेका साधन उपस्थित करनेके लिये मैंने आपका स्मरण किया है। ये सारी बातें आप जानते ही हैं फिर भी आपने प्रश्न किया है; इसलिये मैं बता रहा हूँ। विशेषतः अपने सुहृदोंके निकट अपना प्रयोजन बताकर प्रत्येक पुरुष बड़ी शान्तिका अनुभव करता है। अतः जिस प्रकार भी पार्वती देवीका पिनाकधारी भगवान् शङ्करके साथ संयोग हो, उसके लिये हमारे पक्षके सब लोगोंको शीघ्र उद्योग करना चाहिये।' इन्द्रसे उनका सारा कार्य समझ लेनेके बाद नारदजी हिमाचलराजके यहाँ गये।'

नोट—२ *'कौतुकहीं गिरिगेह सिधाए'* इति। सुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि 'विलक्षण पार्वतीबाल-लीलाका समाचार पाकर सब काम छोड़ वहाँ पहुँच गये।' **कौतुक**=अपूर्व विषयदर्शनोपभोगोत्साह।

* 'कौतुक हिमगिरिगेह' पाठान्तर। † बर-१७२१, १७६२ छ०। बरु-१६६१, १७०४, कोदवराम।

नोट—३ *'कौतुकहीं'*=लीलापूर्वक, जैसे कोई खेल करे।=विनोदार्थ। नारदजीके सम्बन्धमें यह शब्द ग्रन्थकारने अन्यत्र भी प्रयुक्त किया है। यथा—*'मुनि कौतुकी नगर तेहि गएऊ।'* (बा० १३०) उनके लिये यह एक खेल वा विनोद ही है। जी बहलानेके लिये सोचे कि चलो हम भी देख आवें और किसी प्रयोजनसे नहीं। **'सिधाए'**=चल दिये। *'कौतुकहीं'* के साथ यह शब्द बड़े मार्केका है। कौतुकप्रिय हैं, अतः चल दिये। बैजनाथजी *'कौतुकहीं'* का अर्थ 'स्वाभाविक ही' करते हैं। पं० रामकुमारजीने जो अर्थ किया है वह भी ग्रन्थसे प्रमाणित है। *'कौतुकहीं'*=सहज ही बिना श्रम; यथा—*'सिंधु तीर एक भूधर सुंदर। कौतुक कूदि चढ़ेउ ता ऊपर॥'* (सुं० १)

☞'पार्वतीमङ्गल' ग्रन्थमें जन्मादिका वर्णन यों है—*'मंगलखानि भवानि प्रगट जब तें भइ। तब ते रिधिसिधि संपति गिरिगृह नित नइ॥ नित नव सकल कल्यान मंगल मोदमय मुनि मानहीं। ब्रह्मादि सुर-नरनाग अति अनुराग भाग बखानहीं॥ पितु-मातु प्रिय परिवारु हरषहिं निरखि पालहिं लालहीं॥ सित पाख बाढ़ति चंद्रिका जनु चंदभूषन भालहीं॥ कुअँरि सयानि बिलोकि मातु-पितु सोचहिं। गिरिजा जोगु जुरिहि बरु अनुदिन लोचहिं॥ एक समय हिमवान भवन नारद गए। गिरिबरु मैना मुदित मुनिहि पूजत भए॥'* (४—६) इससे अनुमान होता है कि विवाहयोग्य होनेपर माता-पिताकी चिन्ता मिटानेके लिये नारदजी भगवत्-प्रेरणासे आये। जैसे श्रीरामजीके विवाहकी चिन्ता दशरथ महाराजको जब हुई तब विश्वामित्रजी भगवत्-प्रेरणासे अयोध्या आये थे।

हरि-इच्छाहीसे इन्द्रको नारदके स्मरणकी बात भी सूझी और विनोदार्थ भी आये हों तो वह भी हरि-इच्छासे हो सकता है। केवल भेद इतना होगा कि विनोदार्थ आये तो तपके लिये भेजना है—यह उनको ज्ञात नहीं है। बिना जाने हरि-इच्छासे वैसा उपदेशका प्रसङ्ग आ गया।

'नारद'—इनके पूर्व जन्मकी कथा *'बालमीक नारद घटजोनी।'* (३। ३) में दी गयी है। ये ब्रह्माजीके मानसपुत्रोंमेंसे हैं। सृष्टिरचनाके लिये ब्रह्माने मानसपुत्र उत्पन्न किये थे। इन्होंने प्रजासृष्टिकी रचना स्वीकार न किया और अन्य मानसपुत्रोंको भी बहकाया जिससे वे भी विरक्त हो गये। शब्दसागरमें लिखा है कि इस प्रकार सृष्टिरचनामें बाधा करनेके कारण ब्रह्माजीने इनको शाप दिया कि तुम कभी स्थिर होकर एक स्थानपर न रह सकोगे, सदा विचरते ही रहोगे। परन्तु भागवतमें दक्षका इनको ऐसा शाप देना कहा है। यथा—**'तस्माल्लोकेषु ते मूढ न भवेद्भ्रमतः पदम्॥'** (६। ५। ४३) अर्थात् इसलिये हे मूढ़! लोकोंमें विचरते हुए तेरे ठहरनेका कोई निश्चित स्थान न होगा। (बा० ७९। १-२) में देखिये। इसी कारण ये त्रैलोक्यमें विचरते ही रहते हैं। ये देवर्षि हैं; इससे कहीं कोई परदा नहीं करता और न कहीं इनको रोक-टोक हो।—*'त्रिकालज्ञ सर्बज्ञ तुम्ह गति सर्बत्र तुम्हारि।'* (बा० ६६) *'नारद को न परदा न नारद सों पारिषो।'* (क० बा० १६) सदैव हाथमें वीणा लिये हुए भगवद्यशका गान उसे बजा-बजाकर करते हैं। भगवान्के द्वादश प्रधान भक्तोंमें आप भी हैं (देखिये भक्तमाल छप्पय ७)। इनके जीमें यही रहती है कि औरोंको भी हरिभक्त बनावें, संसारसे विरक्त करा दें। आपका स्वभाव संतोंका-सा दयामय है। आप एक लोकका समाचार दूसरे लोकको दिया करते हैं। स्वभाव आपका कलहप्रिय कहा गया है। जहाँ-तहाँ देवता-दैत्योंमें लड़ाई-झगड़ेकी जड़ आप ही देखे गये हैं। आप भगवान्के मन कहे जाते हैं। सेवा, पूजा, कीर्तन, प्रसाद, भक्तिप्रचारक इत्यादि सभी निष्ठाओंमें प्रधान हैं।

टिप्पणी—२ *'सैलराज बड़ आदर कीन्हा।......'* इति। (क) 'शैलराज' ने आदर किया, इस कथनका भाव यह है कि राजालोग महात्माओंका जैसा आदर करते हैं वैसा आदर-सत्कार किया। पुनः भाव कि महात्माओंका आदर करनेसे मनुष्योंको बड़ाई प्राप्त होती है। यहाँ नारदजीका आदर करनेसे उनको 'शैलराज' कहा गया। (ख) *'बड़ आदर'* —आगेसे चलकर मिलना, दण्डवत्-प्रणाम करना, अगवानी करके लाना, सामने सेवामें खड़े रहना, चरण-प्रक्षालन करना, आसन देना, पूजन करना इत्यादि बड़ा आदर है। यथा *'मुनि आगमन सुना जब राजा। मिलन गएउ लै बिप्र समाजा॥ करि दंडवत मुनिहि*

सनमानी। निज आसन्ह बैठारेन्हि आनी॥ चरन पखारि कीन्हि अतिपूजा। मोसम आजु धन्य नहिं दूजा॥ बिबिध भाँति भोजन करवावा।' (बा० २०७)। (ग) पूर्वार्धमें *'बड़ आदर कीन्हा'* कहकर उत्तरार्धमें यह भी बताया कि क्या आदर किया। स्वागत करके चरण-प्रक्षालन करना, आसन देना यही आदर है। प्रायः परातमें चरण धोनेकी रीति शिष्ट लोगोंमें देखी-सुनी जाती है, जिसमें जल बाहर न गिरे। पैर परातमें रखकर आदरपूर्वक धोये जाते हैं, फिर अँगोछेसे पोंछे जाते हैं। तत्पश्चात् सुन्दर आसनपर बिठाया जाता है। यथा—*'सादर जल लै चरन पखारे। पुनि सुंदर आसन बैठारे॥'* (अ० ३४) (श्रीशबरीजी) *'सादर चरन सरोज पखारे। अति पुनीत आसन बैठारे॥'* (बा० ४५) (श्रीभरद्वाजजी) तथा यहाँ *'सैलराज.....।'*

नारि सहित मुनिपद सिरु नावा। चरनसलिल सबु* भवन सिंचावा॥७॥
निज सौभाग्य बहुत गिरि† बरना। सुता बोलि मेली मुनि चरना॥८॥

अर्थ—(फिर उन्होंने) स्त्रीसहित मुनिके चरणोंमें सिर नवाया (अर्थात् प्रणाम किया) चरणोदकसे सारे घरको सिंचवाया (अर्थात् चरणधोवन सारे घरमें छिड़कवाया)॥७॥ हिमाचलने अपने सौभाग्य-(सुन्दर भाग्य-) की बहुत बड़ाई की और बेटीको बुलाकर सुता कहकर मुनिके चरणोंपर डाल दिया॥८॥

टिप्पणी—१ *'नारि सहित मुनिपद सिरु नावा।......'* इति। (क) इससे शैलराजकी अत्यन्त भक्ति सूचित की। यथा *'गहे चरन सिय सहित बहोरी। बोले राम कमल कर जोरी॥'* (अ० ९) (ख) *'चरन सलिल सबु भवनु सिंचावा।'* ☞चरणोदकसे घर सिंचवाया, क्योंकि महात्माओंके चरणकमलमें अनेक तीर्थोंका निवास रहता है। चरणोदक सर्वतीर्थोंके समान है। उसके सिंचनसे घर पवित्र होता है, वंशकी वृद्धि होती है, दारिद्र्य और अनेक अनिष्ट दूर होते हैं। पदतीर्थ-सेवनसे अन्तःकरण शुद्ध होता है। यहाँ गृहस्थोंका धर्म दिखाया है कि उनको अपने कल्याणार्थ ऐसा करना चाहिये।

टिप्पणी—२ *'निज सौभाग्य बहुत गिरि बरना'* इति। [अर्थात् कहा कि—**'महान् भाग्योदयः'** आपके आगमनसे, आपके दर्शनसे हमारा भाग्य उदय हुआ। आज हमारे कोई बड़े पुण्यसमूहोंका, पूर्वसुकृतोंका उदय हुआ कि आपके दर्शन घर बैठे हुए; क्योंकि *'पुन्यपुंज बिनु मिलहिं न संता।'* (उ० ४५) भगवान्‌की आज हमारे ऊपर बड़ी असीम कृपा हुई कि आपने स्वयं आकर दर्शन दिये; यथा— *'जौं रघुबीर अनुग्रह कीन्हा। तौ तुम्ह मोहि दरसु हठि दीन्हा॥'* (सुं० ७) *'बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता।'* आज हमारा घर और हम पवित्र और कृतार्थ हो गये, हमारे भाग्यकी बड़ाई कौन कह सकता है। इत्यादि, सौभाग्यका वर्णन है। यथा—*'सेवक सदन स्वामि आगमनू। मंगलमूल अमंगल दमनू॥ प्रभुता तजि प्रभु कीन्ह सनेहू। भयउ पुनीत आजु यहु गेहू॥'* (अ० ९) महात्माके दर्शनसे भाग्यकी बड़ाई है (बड़ा सौभाग्य समझा जाता है); यथा—*'नाथ कुसल पदपंकज देखें। भयउँ भागभाजन जन लेखें॥'* (अ० ८८) निषाद, *'अहो भाग्य मम अमित अति राम कृपा सुख पुंज। देखेउँ नयन बिरंचि सिव सेव्य जुगल पद कंज॥'* (सुं० ४७) विभीषण।—[किसीने कहा है *'धन्य वाके भाग जाके साधु आए पाहुने।'* चाणक्यनीतिमें लिखा है कि—**'न विप्रपादोदककर्दमानि न वेदशास्त्रध्वनिगर्जितानि। स्वाहास्वधाकारविवर्जितानि श्मशानतुल्यानि गृहाणि तानि॥'** अर्थात् जिन घरोंमें विप्रचरणोदकसे कीचड़ न हुआ हो, वेदशास्त्रध्वनि न हुई हो और जो घर स्वाहा-स्वधासे रहित हों, वे घर श्मशानतुल्य हैं। (वि० टी०)]

टिप्पणी—३ *'सुता बोलि मेली मुनि चरना'* इति। (क) (मेलना=डाल देना, यथा—*'सिय जयमाल राम उर मेली।'* (बा० २६४) *'मेली कंठ सुमन कै माला।'* (कि० ८) यह शब्द केवल पद्यमें प्रयुक्त होता है और इसका प्रयोग प्रान्तिक है।) मेली=प्रणाम कराया। यथा—*'पद सरोज मेले दोउ भाई।'* (बा० २६९) *'मेली'* शब्द देकर पार्वतीजीकी मुग्धावस्था दिखायी है अर्थात् यह सूचित किया है कि वे अभी बहुत छोटी हैं। आगे चौपाईसे मालूम होता है कि वे सखीकी गोदमें थीं, यथा—*'जानि कुअवसर प्रीति दुराई। सखी*

---

* तब—१७२१। विधि—१७२१, १७६२, छ०, १७०४। † गिरि—१६६१, कोदवराम।

उछंग बैठी पुनि जाई॥' (६८) छोटी होनेके कारण पिताने प्रणाम कराया, जैसे महाराज दशरथने चारों पुत्रोंको विश्वामित्रजीके चरणोंमें प्रणाम कराया था। यथा—*'पुनि चरनन्हि मेले सुत चारी। राम देखि मुनि देह बिसारी॥'* (बा० २०) और विश्वामित्रने परशुरामके चरणोंमें प्रणाम कराया था, यथा—*'बिस्वामित्र मिले पुनि आई। पद सरोज मेले दोउ भाई॥'* (२६९) (ख) चरणोंमें प्रणाम, चरणोंका प्रक्षालन, चरणप्राप्तिसे अपने सौभाग्यकी प्रशंसा करनी, सुताको प्रणाम कराना—इत्यादिसे सूचित किया कि हिमाचल विप्रचरणकमलोंमें अत्यन्त प्रेम रखते हैं; यथा—*'बिप्र चरन पंकज अति प्रेमा।'*

पं० सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि—**'सर्वस्याभ्यागतो गुरुः'** * (अर्थात् अभ्यागत सबका गुरु है), इस मनुवाक्यसे और नारदको सबसे प्रधान देवर्षि समझकर, सज्जनके लिये मनुजीने जैसा कर्तव्य बताया है, शैलराजने उसी प्रकार गुरुके समान उनका आदर-सत्कार किया। मनुजीने लिखा है कि **'तृणानि भूमिरुदकं वाक्चतुर्थी च सूनृता। एतान्यपि सतां गेहे नोच्छिद्यन्ते कदाचन॥'** तृणानि (कुशासन) अथवा भूमि (आसन), जल और उत्तम वाणी—इन चार बातोंका अभाव सज्जनोंके यहाँ नहीं होता।—इस नियमसे पहले दूरसे देखकर, खड़े होकर, आगे जाकर, दण्डवत् कर साथ-साथ ले जाना यह *'बड़ आदर कीन्हा'* से हुआ। *'पद पखारि'* से अर्घ्य किया। *'बर आसन दीन्हा'* से 'तृणानि' और 'भूमि', *'नारि सहित मुनिपद सिरु नावा। चरन सलिल सब भवन सिंचावा॥'* से विशेष सत्कारके साथ उनके चरणोदकसे घर सिंचवाना इससे 'उदक' और *'निज सौभाग्य बहुत गिरि बरना।'* से 'सूनृत वाणी'—ये चारों मनुकी आज्ञाएँ पालन की गयीं।'

दोहा—त्रिकालग्य सर्बग्य तुम्ह गति सर्बत्र तुम्हारि।
कहहु सुताके दोष गुन मुनिबर हृदय बिचारि॥६६॥

अर्थ—(हिमाचलराज बोले) हे मुनिश्रेष्ठ! आप त्रिकालज्ञ और सर्वज्ञ हैं, सर्वत्र आपकी पहुँच है। (अतएव कृपा करके) हृदयमें विचारकर (इस) लड़कीके दोष और गुण कहिये॥६६॥

टिप्पणी—१ *'त्रिकालग्य', 'सर्बग्य', 'गति सर्बत्र तुम्हारि'*—ये तीनों विशेषण सहेतुक हैं। (क) आप त्रिकालज्ञ हैं अर्थात् भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालोंके ज्ञाता हैं। अतः इसका भूत, भविष्य, वर्तमान तीनों कहिये। मुनिने आगे तीनों कालकी बातें कही भी हैं—*'सुता तुम्हारि सकल गुन खानी। सुंदर सहज सुसील सयानी॥ नाम उमा अंबिका भवानी। सब लच्छन संपन्न कुमारी॥'*—यह वर्तमान है।*'होइहि संतत पिअहि पिआरी'* से *'जोगी जटिल अकाम मन……।'* (६७) तक भविष्य है। भूतकालका हाल इस समय नहीं कहा। क्योंकि उसमें ऐश्वर्य है। उसके कहनेसे ऐश्वर्य प्रकट हो जायगा, जिससे फिर माता-पिताको वात्सल्यका सुख न मिल सकेगा। ऐश्वर्य प्रकट करनेका समय विवाहके अवसरपर आवेगा तब कहेंगे, यथा—*'पूरुब कथा प्रसंगु सुनावा। ……जनमीं प्रथम दच्छगृह जाई॥'* से *'हर बिरह जाइ बहोरि पितुके जग्य जोगानल जरीं।'* (९८) तक यह भूत है। (ख) *'सर्बग्य'* अर्थात् आप सर्वशास्त्रोंके ज्ञाता हैं। (अतः ज्योतिष, सामुद्रिक शास्त्रद्वारा हाथ देखकर इसके गुण-दोष कहिये।) इसीसे आगे हस्तरेखाएँ देखकर सामुद्रिक कहेंगे। यथा—*'अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि परी हस्त असि रेख।'* (६७) [योगीलोग प्रज्ञालोकके प्रभावसे वस्तुविशेषका भूत, भविष्य जान लेते हैं, इस भाँति त्रिकालज्ञ होते हुए भी सर्वज्ञ नहीं होते। नारदजी त्रिकालज्ञ भी हैं और सर्वज्ञ भी। (वि० त्रि०)] (ग) *'गति सर्वत्र तुम्हारि'* से जनाया कि आप समस्त लोकोंके भी ज्ञाता हैं। (आप सर्वत्र विचरते हैं। अतः बताइये कि इसके योग्य वर कहाँ है।) यह भी आगे देवर्षिजी बतायेंगे। यथा—*'जद्यपि बर अनेक जग माहीं। एहि कहँ सिव तजि दूसर नाहीं॥'* (७०) [और पार्वतीमंगलसे स्पष्ट है कि माता-पिता वरके लिये चिन्तित थे और उन्होंने नारदसे स्पष्ट पूछा है। यथा—*'कुअँरि सयानि बिलोकि मातु पितु सोचहिं। गिरिजाजोग जुरिहि बरु*

---

* पूरा श्लोक यह है—'गुरुरग्निर्द्विजातीनां वर्णानां ब्राह्मणो गुरुः। पतिरेको गुरुः स्त्रीणां सर्वस्याभ्यागतो गुरुः॥' अर्थात् अग्नि ब्राह्मणोंका, ब्राह्मण सब वर्णोंका और पति स्त्रियोंका गुरु है। अभ्यागत सबका गुरु है।

अनुदिन लोचहिं॥ ६॥'''''' तुम्ह तिभुवन तिहुँ काल बिचार बिसारद। पारबती अनुरूप कहिय बरु नारद॥' (८)]
(घ) त्रिकालज्ञ, सर्वज्ञ और सर्वत्र गति होनेसे *'मुनिबर'* कहा।

श्रीसुधाकर द्विवेदीजी—'मुनि सिद्ध भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालोंका वृत्तान्त जानते हैं, सबके ज़ाननेवाले और सब जगह जानेवाले होते हैं। इसलिये सब विशेषण उचित दिये गये हैं। तीन जन्मका फल कहनेके लिये *'त्रिकालज्ञ'* कैसा वर मिलेगा इसके लिये *'सर्वज्ञ'* और वह वर कहाँ मिलेगा इसके लिये *'गति सर्वत्र'* कहा। वाक्-छलसे हिमालयके मुखसे सरस्वतीने यह भी कह दिया कि तुम *'सर्वज्ञ'* (शर्वज्ञ) याने शर्व-(महादेव-) को जाननेवाले हो। *'मुनिबर'* में *'मुनि'* को अलगकर सम्बोधन बनाओ तो—*'हे मुनि! बर हृदय बिचारि'* हृदयमें वरको विचारकर याने किसके साथ इसका ब्याह होगा यह हृदयमें विचारकर तब कन्याका गुण-दोष कहो। हाथको संस्कृतमें *'दोष'* कहते हैं। इसलिये *'कहहु सुताके दोष गुन'* अर्थात् कन्याके 'हाथों' को गुनकर याने देखकर तब हृदयमें विचारकर *'बर'* (इसका पति) कहो। इससे यह भी जनाया कि जन्मपत्र नहीं है।'

नोट—१ यह तुलसीकाव्यकी महिमा है कि चाहे जैसा भारी विद्वान् हो वह भी इसके शब्दोंमें गूढ़ भाव निकाल-निकालकर इसमें आनन्द प्राप्त करता है।

नोट—२ *'कहहु सुता के दोष गुन'* में दोषको प्रथम कहा है और नारदमोहप्रकरणमें विश्वमोहिनीके विषयमें *'कहहु नाथ गुन दोष सब एहिके हृदय बिचारि।'* (१३०) ऐसा कहा है अर्थात् गुणको प्रथम कहा है। इसमें क्या भेद और भाव है यह (दोहा १३०) में लिखा जायगा। पाठक वहाँ देख लें।

वि० त्रि० जी लिखते हैं कि केवल गुण और केवल दोषकी जगत्में स्थिति भी नहीं है। इसलिये दोष-गुण दोनों पूछते हैं। दोष लक्षित नहीं होता है, अतः जिज्ञासामें प्रधानता दोषको है, इसलिये दोषको ही पहिले कहा।

कह मुनि बिहसि गूढ़ मृदु बानी। सुता तुम्हारि सकल गुन खानी॥ १॥
सुंदर सहज सुसील सयानी। नाम उमा अंबिका भवानी॥ २॥

अर्थ—मुनिने हँसकर गूढ़ और कोमल वचन कहे। तुम्हारी बेटी समस्त गुणोंकी खान है॥ १॥ स्वाभाविक ही सुन्दरी, सुशील और सयानी है। उमा, अम्बिका और भवानी (इसके) नाम हैं॥ २॥

नोट—१ *'कह मुनि बिहसि'* इति। हँसनेके कारण महानुभावोंने ये लिखे हैं—(क) हिमाचल भवानीको अपनी कन्या जानकर दोष और गुण पूछते हैं। यह नहीं जानते कि यह जगदम्बा है, इनमें दोष कहाँ? (रा० प्र०) (ख) जैसे किसीके पास रत्न हो जो उसकी कदर या प्रभाव न जानता हो, यदि वह जौहरीके पास उसे ले जाय तो जौहरी देखकर प्रसन्न होता है (क्योंकि वह उसका गुण जानता है) और जीमें यह विचारकर हँसता है कि यह बेचारा इसके गुण क्या जाने, ठीक उसी प्रकारकी यहाँ नारदजीकी हँसी है। (पं०) अथवा (ग) यह सोचकर हँसे कि गुण सुनकर हर्ष होगा, पर जब वरका स्वरूप सुनेंगे तब दुःखित होंगे। (पं०) (घ) आज यह विलक्षण लीला है कि जगज्जननीके हाथको मैं देख रहा हूँ और वह चुपचाप बालिका बनी दिखला रही हैं—ऐसा विचारकर हँसे। (सु० द्वि०) (ङ) ये *'भव भव बिभव पराभव कारिनि। बिस्व बिमोहिनि स्वबस बिहारिनि॥'* हैं, सो आज मैं उनकी हस्तरेखा देखकर शुभ और अशुभ फल कहने बैठा हूँ। (मा० प०) (च) नारदजी कौतुकप्रिय हैं ही। यह सोचकर हँसे कि अभी तो ये प्रसन्न होंगे, आगे फिर हमें इनकी रानी गाली देंगी, यह तमाशा देखनेको मिलेगा। (छ) यह जगत्का नियम है कि जब किसीकी गयी हुई वस्तुको वह पुनः देखता है, तब उसे देखकर वह प्रसन्न होता है। नारदजीने सतीको यज्ञमें शरीर-त्याग करते समय देखा था, अब उनको पार्वतीरूपमें देखकर हँसे। (सू० प्र० मिश्र) (ज) समग्र लक्षण देखते ही पूर्वापर समग्र हाल जान गये, अतः हँसे। (वै०) (झ) दंपतिके वात्सल्यपर हँसे। (वि० त्रि०)

टिप्पणी—१ *'कह मुनि बिहसि गूढ़ मृदु बानी।.......'* इति। (क) *'मुनि'* अर्थात् मननशील हैं, मनन करके तब कहा। ऐश्वर्य प्रकट करनेका अवसर यह नहीं है, इसीसे *'गूढ़'* अर्थात् गुप्त करके कहते हैं। वचनोंमें ऐश्वर्य गुप्त है, यही वाणीकी गूढ़ता है। हिमाचलको इन वचनोंके गूढ़ भावोंका कुछ भी ज्ञान न हुआ। अतएव *'गूढ़'* विशेषण खूब ही घटित हुआ। [(ख) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'कैसे कहें?' एक तो देवर्षि, दूसरे जगज्जननी सामने खड़ीं। झूठ कैसे कहूँ और जो प्रत्यक्षमें सब भेद खोल दूँ तो जगत्पिता महादेव और जगज्जननी उमा दोनोंकी इच्छासे उलटा करनेका अपराधी ठहरूँगा। इसलिये गूढ़ वाणी बोले, जिसमें शैलराज और उसकी स्त्री तथा सखियाँ ठीक-ठीक अर्थ न समझें। ज्योतिषी लोग प्रसन्न करनेके लिये सुलक्षण ही पहले कहते हैं; इसलिये मुनिने *'सकल गुन खानी'* प्रत्यक्षमें कहा। उसमें गूढ़ार्थ यह है कि सत्त्व, रज और तम तीनों गुणोंकी 'खानि' अर्थात् प्रकृतिरूपा आद्याशक्ति हैं।] (ग) *'सकल गुन'* से चौदहों गुणोंका भी होना कह दिया। वे ये हैं—देशकालका ज्ञान, दृढ़ता, कष्टसहिष्णुता, सर्वविज्ञानता, दक्षता, उत्साह, मन्त्रगुप्ति, एकवाक्यता, शूरता, भक्ति, ज्ञान, कृतज्ञता, शरणागत-वत्सलता, अमर्षित्व और अचापलत्व।

टिप्पणी—२ (क) *'सुंदर सहज सुसील सयानी.......'* इति। *'सकल गुन खानी'* यह गूढ़ वाणी कहकर अब कुछ प्रकट गुण कहते हैं। सहज सुन्दरी है, अर्थात् बिना शृङ्गारके ही सुन्दर है। *'सहज'* का अन्वय सबके साथ है। सहज सुशील है अर्थात् जन्मस्वभावसे ही सुशील है, कुछ पढ़ने-लिखने या दूसरोंको देखकर नहीं। और न पण्डितोंकी सेवासे यह सुशीलता प्राप्त हुई है, यथा—*'सील कि मिल बिनु बुध सेवकाई।'* (७। ९०) *'सहज सयानी'* है, अर्थात् बिना पढ़े-लिखे ही इसकी बुद्धि सयानोंकी-सी है। तीन विशेषणोंसे तीन बातें कहीं—शरीरसे सुन्दर है, स्वभावसे सुशील है और बुद्धिसे सयानी है। (ख) *'नाम उमा अंबिका भवानी'* इति। इससे पाया गया कि नामकरण देवर्षि नारदद्वारा हुआ। हिमाचलने बेटीका कोई नाम नहीं लिया; *'कहहु सुताके दोष गुन'* इतना ही कहकर सुताके दोष-गुण पूछे थे। [वाक्यमें गूढ़ता यह है कि स्वयं नाम बतलाने लगे। इतनी बड़ी कन्याका नाम माता-पितासे पूछना चाहिये; न कि माता-पिताको उसका नाम बतलाना चाहिये (वि० त्रि०)]

नोट—२ तीन नाम देकर भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों कालोंके नाम बताये। यहाँ त्रिकालज्ञता चरितार्थ की। 'अंबिका' अर्थात् जगज्जननी हैं—यह भूतमें, 'उमा' वर्तमानकालमें नाम है और 'भवानी' नाम भविष्यमें होगा। (वै०, सू० प्र० मिश्र)।

सब लच्छन संपन्न कुमारी। होइहि संतत पिअहि पिआरी॥ ३॥
सदा अचल एहि कर अहिवाता। एहि तें जसु पैहहिं पितु माता॥ ४॥

अर्थ—कन्या सब सुलक्षणोंसे युक्त है। (यह अपने) पतिको सदा प्यारी होगी॥ ३॥ इसका सुहाग सदा अचल रहेगा। माता-पिता इससे यश पावेंगे॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'सब लच्छन संपन्न कुमारी।.......'* इति। दो चरणोंमें गुण कहकर अब लक्षण कहते हैं। सब लक्षण वही हैं जो आगे कहते हैं। *'होइहि संतत पिअहि पिआरी'* निरन्तर प्रिय होगी—इसका कारण पूर्व कह आये कि सर्वगुणखानि है और सर्वलक्षणसम्पन्न है। अतः पतिव्रता होगी। पतिव्रता होनेसे पतिको सदा प्रिय होगी। [जो लक्षण पतिव्रतामें होने चाहिये, वे सब इसमें हैं। सामुद्रिकमें बत्तीस लक्षण कहे गये हैं, उन सबोंसे युक्त जनाया। *'कुमारी'* शब्दसे जनाया कि 'कुमारावस्थामें चञ्चलता आदि दुर्गुण होते हैं, उन सबोंसे रहित सब लक्षणसम्पन्न रहेगी।' *'होइहि संतत.......'* से विवाह होनेपर पतिप्रिय और अनुकूल जनाया।' (मा० प०)]

टिप्पणी—२ *'सदा अचल एहि कर अहिवाता।.......'* इति। (क) इससे जनाया कि ये ईश्वरकी शक्ति हैं। न ईश्वरका कभी नाश, न इस सुताका नाश। स्त्रीके लिये मुख्य लक्षण यही है कि उसका सौभाग्य सदा बना रहे और वह सदा पतिको प्रिय रहे। (ख) *'एहि तें जसु पैहहिं पितु माता'*—यह पूर्वसे चरितार्थ होता आ रहा है; यथा—*'नित नूतन मंगल गृह तासू। ब्रह्मादिक गावहिं जसु जासू॥'*—यह तो भूत और

वर्तमानका यश हुआ और आगे भविष्यमें भी यश होगा। [लोग कहेंगे कि शैलराज और मयनाजी धन्य हैं कि जगज्जननी भवानीके माता-पिता हुए; यथा—*'जिन्हहिं बिरचि बड़ भयउ बिधाता। महिमा अवधि राम पितु माता॥'* इनके द्वारा जगत्‌का उपकार होगा। षण्मुख कार्तिकेयजी इनके पुत्र हुए, जिन्होंने तारकासुरका वध किया। पितासे संतानका नाम होता है पर यहाँ संतानसे पिता-माताका नाम होगा—यह माता-पिताका सौभाग्य है; यथा—*'तुम्हतें पुन्यपुंज बड़ काकें। राजन राम सरिस सुत जाकें॥'*—यही यश है। *'एहि तें'* में यह भी ध्वनि है कि तुम्हारे पुत्र मैनाकसे तुम्हें यश नहीं मिला।]

नोट—*'जसु पैहहिं पितु माता'* इति। यथा—*'कहहु सुकृत केहि भाँति सराहिय तिन्ह कर। लीन्ह जाइ जगजननि जनमु जिन्हके घर॥'*......*४॥ मुनि कह चौदह भुवन फिरउँ जग जहँ जहँ। गिरिबर सुनिय सरहना राउरि तहँ तहँ॥ भूरि भाग तुम्ह सरिस कतहुँ कोउ नाहिन। कछु न अगम सब सुगम भयो बिधि दाहिन॥ ९॥ दाहिन भए बिधि सुगम सब सुनि तजहु चित चिंता नई। बरु प्रथम बिरचि बिरंचि बिरची मंगला मंगलमई॥ बिधि लोक चरचा चलति राउरि चतुर चतुरानन कही। हिमवानु कन्या जोग बरु बाउर बिबुध बंदित सही॥ १०॥'*—(पार्वतीमंगल)

होइहि पूज्य सकल जग माहीं। एहि सेवत कछु दुर्लभ नाहीं॥५॥
एहि कर नामु सुमिरि संसारा। त्रिय चढ़िहहिं पतिब्रत असि धारा॥६॥
सैल सुलच्छन सुता तुम्हारी। सुनहु जे अब अवगुन दुइ चारी॥७॥

अर्थ—(यह) सारे जगत्‌में पूज्य होगी। इसकी (पूजा) सेवा करनेसे कुछ भी (पदार्थ) दुर्लभ न होगा॥५॥ संसारमें स्त्रियाँ इसका नाम सुमिरकर, पातिव्रत्यरूपी तलवारकी धारपर चढ़ जायँगी॥६॥ हे शैलराज! तुम्हारी बेटी सुलच्छना है। जो दो-चार अवगुण हैं, वह भी अब सुन लो॥७॥

टिप्पणी—१ *'होइहि पूज्य सकल जग माहीं।......'* इति। (क) दोनों कुलोंकी कहकर अब जगत्‌में पूज्य होना कहते हैं। *'सकल जगमें'* अर्थात् तीनों लोकोंमें। (ख) *'एहि सेवत कछु दुर्लभ नाहीं'* इति। पूज्य कहकर अब उनकी पूजाका फल कहते हैं कि सभी मनोरथ सिद्ध होंगे, लोक-परलोक दोनों बन जायँगे। *'कछु दुर्लभ नाहीं'* अर्थात् दुर्लभ भी सुलभ हो जायगा। यथा—*'सेवत तोहि सुलभ फल चारी। बरदायनी पुरारि पिआरी॥ देवि पूजि पद कमल तुम्हारे। सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे॥'* (बा० २३६)

टिप्पणी—२ *'एहि कर नामु सुमिरि संसारा।......'* इति। सेवा-पूजाका फल कहकर अब नामका फल कहते हैं। नाम पूर्व कह आये—उमा, अम्बिका, भवानी। पातिव्रत्य खड्गधारके समान कठिन है, उसपर स्त्रियाँ इसके नामका स्मरण करके सुखसे चढ़ेंगी। अर्थात् यह ऐसी पतिव्रता होगी कि इसका नाम स्मरण करनेसे संसारभरकी स्त्रियाँ पतिव्रता हो जायँगी। तात्पर्य कि यह पतिव्रताशिरोमणि होगी। यथा—*'पतिदेवता सुतीय महँ मातु प्रथम तव रेख॥'* (२३५) पूर्व *'होइहि संतत पिअहि पिआरी'* से इसपर पतिका प्रेम और *'एहि कर नामु सुमिरि......'* से इसका प्रेम पतिपर कहा। इस तरह पति-पत्नीकी अन्योन्य प्रीति कही। [खड्गकी पैनी धारपर पैर धरते ही पैर कट जायगा, यथा—*'परत खगेस होइ नहिं बारा॥'* (७। ११९) पातिव्रत्य खड्गकी पैनी धारके तुल्य है। ऐसे कठिन धर्मपर भी स्त्रियाँ इसके नामका स्मरण करते हुए आरूढ़ हो सकेंगी, अर्थात् नामके प्रभावसे पातिव्रत्य सर्वथा निबह जायगा। *'चढ़िहहिं'* अर्थात् जहाँ कोई दूसरा पैर नहीं रख सकता, वहाँ इसके नामके बलसे स्त्रियाँ चढ़कर खड़ी रहेंगी। अर्थात् पातिव्रत्य सुगम हो जायगा।]

टिप्पणी—३ *'सैल सुलच्छन सुता तुम्हारी।......'* इति। (क) *'सुंदर सहज सुसील सयानी। नाम उमा अंबिका भवानी॥'* कहकर *'सब लच्छन संपन्न कुमारी'* कहा। और *'होइहि संतत पिअहि पिआरी।'* से *'त्रिय चढ़िहहिं......'* तक कहकर *'सैल सुलच्छन सुता तुम्हारी'* कहा। इससे पाया गया कि 'सुंदर

सहज सुसील......' 'लक्षण' हैं और पति-प्रिय होना, सौभाग्यका अचल रहना तथा पतिव्रता होना 'सुलक्षण' हैं। (ख) *'सब लच्छन संपन्न कुमारी'* से *'सैल सुलच्छन सुता......'* तक लक्षण कहे। अर्थात् *'सब लच्छन......'* उपक्रम है और *'सैल सुलच्छन......'* उपसंहार है। (ग) *'सुनहु जे अब अवगुन दुइ चारी।'* इति। *'दुइ चारी'* का भाव कि यह गुणोंकी तो खानि है, अवगुण दो-चार ही हैं अर्थात् बहुत कम हैं (घ) नारदजी पार्वतीजीके लक्षणोंसे प्रसन्न होकर ऐसे मुग्ध हो गये कि बारम्बार प्रशंसा कर रहे हैं—१-*'सुता तुम्हारि सकल गुनखानी'* २-*'सब लच्छन संपन्न......'* ३-*'सैल सुलच्छन सुता तुम्हारी।'* (ङ) हिमाचलने प्रथम उमाके दोष पूछे, यथा—*'कहहु सुताके दोष गुन......।'* नारदजीने प्रथम गुण कहे, सबके पीछे दोष कहे। इसमें भाव यह है कि दोष यदि प्रथम कहते तो माता-पिता विकल हो जाते, गुण सुननेका उन्हें होश भी न रहता, इस विचारसे प्रथम गुण कहे। (अच्छी बात पहले कही ही जाती है।)

नोट—१ *'सकल गुन खानी'* और *'सुलच्छन'* कहकर फिर दोष बताना यह भी गूढ़ता है। निर्दोष तो ईश्वर छोड़ दूसरा होता ही नहीं। इसलिये यदि दोष न कहते तो इसका ऐश्वर्य प्रकट हो जाता। यह विचारकर *'अवगुन'* शब्द कहा, यद्यपि वे अवगुण हैं नहीं।

नोट—२ आगे जो अवगुण कहते हैं वे तो सुताके दोष नहीं हैं वरञ्च वरके दोष हैं, जैसा कि नारदजी आगे स्वयं कहते हैं, यथा—*'जे जे बरके दोष बखाने।'* (६९। ३) इस कारण टीकाकारोंने *'सैल सुलच्छन सुता तुम्हारी। सुनहु जे अब अवगुन दुइ चारी॥'* के भिन्न-भिन्न भाव कहे हैं—

(क) 'पति-पत्नीमें अभेद मानकर, उनको एक जानकर पतिके अवगुण पार्वतीजीमें आरोपण करके कहे। वह निन्दा वस्तुतः प्रशंसा है।' (रा० प्र०)

(ख) *'सुता तुम्हारी'* का भाव यह है कि जबतक यह कुँआरी है, तुम्हारी सुता कहलाती है अर्थात् एक तनचारी है तबतक तो इसमें सब सुलक्षण-ही-सुलक्षण हैं, एक भी कुलक्षण (दोष) नहीं है। हाँ! जब इसका विवाह हो जायगा तब पति-सम्बन्धसे ये अवगुण होंगे। पतिमें जो अवगुण हैं सो सुनो।' (वै०)

(ग) पंजाबीजी लिखते हैं कि 'नारदजी शिवजीमें भला दोष कैसे कह सकते हैं? इन्होंने दोष नहीं कहे वरञ्च गूढ़ वचन कहे, जो दम्पतिको दोष जान पड़ेंगे और हैं तो गुण ही।' वे अवगुणका अर्थ इस प्रकार करते हैं—'अव (धातुका अर्थ रक्षा है, उसके स्वामी रक्षक) के गुण दो-चार कहे। 'दो चार कहे' अर्थात् गुण कहकर मैं पार नहीं पा सकता, इससे दो-चार कहता हूँ।'

वि० त्रि०—यही मुनिका कौतुक है। उमाको तपके लिये भेजना चाहते हैं जिसमें उनका परम कल्याण हो। दोष न दिखावें तो माता-पिता तपके लिये आज्ञा देंगे नहीं। अतः पतिविषयक ऐसे विशेषण देंगे जो महादेवजीमें जाकर गुण हो जाते हैं, सामान्य जीवके लिये तो महा अवगुण हैं।

नोट—३ यहाँतक ग्यारह लक्षण गिनाये गये—सुन्दर १, सुशील २, सयानी ३, उमा ४, अंबिका ५, भवानी ६, *'संतत पिअहि पिआरी'* ७, *'अचल अहिवात'* ८, *'एहिं तें जसु पैहहिं पितु माता'* ९, *'होइहि पूज्य'* १० और *'एहि कर नाम सुमिरि......'* ११। ग्यारह ही लक्षण बतानेमें गूढ़ता यह है कि रुद्र ग्यारह हैं, ये रुद्राणी हैं। प्र० स्वामी 'उमा, अंबिका, भवानी' की जगह *'सकल गुन खानी, एहि सेवत कछु दुर्लभ नाहीं,* शैल सुलक्षण' को लेकर ११ पूरे करते हैं और 'शैल सुलक्षण' को एक गुण मानकर उसका अर्थ 'शैलके शुभ लक्षणोंसे सम्पन्न' ऐसा करते हैं। प्रथम चार गुण कुमारी अवस्थाके और शेष विवाहितावस्थाके हैं, अतः लच्छन और सुलच्छनमें पुनरुक्ति नहीं है।

नोट—४ *'दुइ चारी'*=दो चार, कुछ। यह अल्पसंख्यासूचक मुहावरा है। दो-चार कहनेका भाव यह है कि जिसमें घबड़ा न जायँ। 'दो प्रथम कहकर तब चार कहा जिसमें घबड़ा न जायँ'—यह भाव यहाँ नहीं है, यहाँ दो-चारसे छः का मतलब है। वनवासके समाचारमें जो 'चार दस' का भाव है, वह यहाँ लागू नहीं है। दो-चार मुहावरा है।

नोट—५ नारदजीसे मैनाजीके सखीद्वारा सुताके सौभाग्यसूचक चिह्नोंके पूछनेका प्रसंग प० पु० में भी है, वहाँ भी नारदजीने मुस्कुराकर पतिका ही वर्णन किया है और प्रकटरूपसे उनके शब्दोंका अर्थ दोषपरक ही हिमवान्‌ने समझा। जैसे वहाँ पतिका वर्णन बेटीका ही सौभाग्य (गुण या दोष) वर्णन माना गया, वैसे ही यहाँ पतिके गुण या दोष कन्याके ही सौभाग्यके गुण या दोष समझे जानेसे शंकाकी जगह नहीं रहती।

नोट—६ नारदजीके वचनोंके गूढ़ और प्रकट अर्थ निम्न चार्टसे स्पष्ट हो जायँगे।

नारद-वचन	प्रकट अर्थ	गुप्त ऐश्वर्यसूचक भाव
१ सकल गुनखानी	स्त्रियोंमें जो गुण चाहिये वे सब हैं।	गुण तीन हैं—सत्त्व, रजस्, तमस्। तीनोंकी खानि हैं अर्थात् त्रिगुणात्मिका माया हैं, मूलप्रकृति हैं। रजोगुणसे उत्पत्ति सत्त्वसे पालन और तमस्‌से संहार करती हैं। यथा—*'जगसंभवपालन लयकारिनि', 'भव भव बिभव पराभव कारिनि।'*
२ नाम उमा अंबिका भवानी	उमा, अम्बिका, भवानी नाम हैं	उमा अर्थात् प्रणव (ॐ) स्वरूपा हैं। अ, उ, म् प्रणवके तीनों अक्षर इस नाममें हैं। अंबिका वैदिक नाम है। यह मूलप्रकृतिकी भी संज्ञा है। इसमें भाव यह भी है कि ये षण्मुख और गणेशजीकी माता होंगी और जगत्‌की भी माता हैं। यथा—*'छमुख हेरंब अंबासि जगदंबिके शम्भुजायासि जय जय भवानी'* भवानी अर्थात् भवपत्नी, आद्याशक्ति हैं। अंबिका, भवानी और उमा क्रमशः भूत, भविष्य, वर्तमानके नाम जनाये।
३ संतत पिअहि पिआरी	निरन्तर पतिकी प्यारी होगी।	*'संतत'* और *'सदा अचल अहिवात'* से सूचित किया कि अनादिकालसे शिवजीकी अर्द्धाङ्गिनी हैं, दोनोंका नित्य-सम्बन्ध है, पति अविनाशी और यह भी अविनाशिनी। यथा—*'अजा अनादि शक्ति अबिनासिनि। सदा संभु अरधंग निवासिनि।'* (९८)
४ 'एहि ते जसु पैहहि……' 'होइहि पूज्य……' 'त्रिय चढ़िहहिं'	बड़ी प्रतिष्ठा होगी। पूज्य होगी। पतिव्रता होगी।	वरदायक अविनाशी शिवजीकी पत्नी होनेसे जगत्-पूज्य होगी। अर्धाङ्गमें निवास होगा। पतिव्रताशिरोमणि होगी इसीसे पतिव्रताएँ इसका व्रत और पूजन करेंगी। रामचरितमानसको प्रकट कर लोकका हित करेगी। षण्मुखको जन्म देकर देवताओंका दुःख-हरण करेगी। इन सबमें माता-पिताका नाम होगा।

पूर्व और भी भाव टिप्पणियोंमें आ चुके हैं।

नोट—७ सुधाकर द्विवेदीजी गुप्त आशय इस प्रकार लिखते हैं—(क) *'सुंदर सहज सुसील सयानी'*—यहाँ सकारादि विशेषणसे प्रत्यक्षमें शरीर और स्वभावको कहा और छिपी बात यह है कि यह समय याने शिवमय है—**'नामैकदेशे नामग्रहणम्'** इस प्रमाणसे यह कहा। चारोंके आद्याक्षर लेनेसे 'सुससुस=सुश सुश। याने श (शङ्करजी) सु (सुष्ठु=अच्छी तरह) हैं। इस द्विरुक्तिसे पार्वतीके मनको उसके प्राणपति शङ्करका

सुसमाचार सुनाकर प्रसन्न भी कर दिया।' (ख) कृत्तिकाके तृतीय चरणोंमें होनेसे राशिनाम 'उमा' यह प्रत्यक्षमें कहा। और, 'उ' (महादेवकी) मा (लक्ष्मी) यह है—यह गूढ़ बात कही। 'अंबिका' अर्थात् जैसी अंबा (माता) है वैसी ही यह भी है, यह प्रत्यक्षमें कहा। और गूढ़ इसमें यह है कि जगज्जननी हैं। 'भवानी' प्रत्यक्ष भाव यह है कि तुम्हारे भाग्यसे यह 'भव' (संसार) में 'आनी' (लायी गयी) हैं और भव (शिव) की स्त्री हैं—यह छिपी बात कही। (ग) 'कुमारी'=कु (कुत्सित लोगोंको) मारी (मारनेवाली)। यह गुप्तार्थ है। **कुमारी=कन्या।** यह प्रत्यक्षमें कहा। 'सब लक्षण' का 'व' '**वयोः सावर्ण्यात्**' से शव-लक्षण हुआ। अर्थात् मुर्देके लक्षणसे सम्पन्न है। यानी मुर्देके साथ विहार करनेवाली महिषासुरमर्दिनी कालिका है। यह गूढ़ बात कही। '**संतत पिय**'=सदा **पिय**=सदाशिव। सदाशिवको प्यारी होगी—यह गुप्तरूपसे कहा। ***'सदा अचल एहि कर अहिवाता'*** में गुप्त भाव यह है कि—स+दा=दानके सहित। अचल (**येन विष्णुना चलः अचलः**) यानी विष्णु (राम) के प्रेमसे चञ्चल रहेगा। [वंदन पाठकजी ***'सदा अचल एहि कर अहिवाता'*** का अर्थ इस प्रकार करते हैं—'हे अचल (हिमवान्)! इनका अहिवाता (**=अहिवार्ता—अहीनां सर्पाणां वार्ता अस्मिन् इति अहिवार्तः शिवः**) यानी महादेव अर्थात् पति सदा (=दानके सहित) अर्थात् महा उदार होगा'—यह गुप्तरूपसे कहा।] (घ) ***'होइहि पूज्य सकल जग माहीं'*** का गुप्तार्थ यह है कि—***'सकल*** (=कलाके साथ) अर्थात् पतिके साथ अर्धाङ्गिनी होकर जगमें पूजनीय होगी।' ***'एहि सेवत कछु दुर्लभ नाहीं'***—के गुप्तार्थमें '**कछु=कछुआ=कच्छपावतार।** और पहला '**नानुस्वारविसर्गौ वृत्तभङ्गाय**' इस प्रमाणसे ***'नाहीं'*** का अर्धचन्द्र छोड़ देनेसे '**ना—अही**' ऐसा पदच्छेद करनेसे '**दुर्लभ नाऽही**'=दुर्लभ पुरुष जो अही अर्थात् साँपवाले हैं, वह महादेवजी भी इसे (तुम्हारी बेटीको) सेवते हैं। अर्थात् यही आद्याशक्ति है। ***'एहि कर नाम सुमिरि'*** अर्थात् 'मैं सती होती हूँ' यह कहकर पतिके साथ सती होंगी। (ङ) ***'दुइ चारी'*** (अर्थात् ब्रह्मा और विष्णु इन दोनोंके चलानेवाले जो शिव पति हैं उनमें) जो अवगुण हैं उन्हें सुनिये।

अगुन अमान मातु पितु हीना। उदासीन सब संसय छीना॥ ८॥

दोहा—जोगी जटिल अकाम मन नगन अमंगल बेष।
अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि परी हस्त असि रेख॥ ६७॥

अर्थ—गुणहीन, मानहीन, माता-पिता-विहीन, उदासीन, सर्वसंशयरहित (ला-परवा, बेफिकरा)॥ ८॥ योगी, जटाधारी, कामरहित मनवाला, नंगा और अमङ्गलवेषवाला—ऐसा पति इसको अवश्य मिलेगा। इसके हाथमें ऐसी रेखा पड़ी है॥ ६७॥

नोट—१ शिवपुराणमेंके—'**एका विलक्षणा रेखा तत्फलं शृणु तत्त्वतः॥ १०॥ योगी नग्नोऽगुणोऽकामी मातृतातविवर्जितः। अमानोऽशिववेषश्च पतिरस्याः किलेदृशः॥ ११॥**' (२।३।८)—इस श्लोकके '**योगी, नग्नः, अगुणः, अकामी, मातृतातविवर्जितः, अमानः, अशिववेषः, पतिरस्याः, करे गिरे। एका विलक्षणा रेखा**' शब्द मानसके ***'योगी, नगन, अगुन, अकाम, मन, मातुपितुहीना, अमान, अमंगलवेष, अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि, परी हस्त असि रेख'*** ये हैं। मानसमें ***'उदासीन सब संसय छीना'*** और ***'जटिल'*** ये दो विशेषण अधिक हैं।

☞पूरा प्रसंग शिवपुराणरुद्रसंहिताके पार्वतीखण्डमें है और विशेषकर अक्षरशः मिलता है।

टिप्पणी—१ प्रत्यक्षरूपमें जो गुण पार्वतीजीमें कहे, उनके विपरीत पतिमें अवगुण दिखाते हैं। जिसका तात्पर्य यह है कि सुताके योग्य वर न मिलेगा।

सुता	पति	सुता	पति
१ गुणखानि	अगुण	३ मातापिताको यश देनेवाली	मातुपितुहीना
२ जगत् पूज्य	अमान	४ सहजसुशील	उदासीन

५ सहज सुंदरजोगी जटिल अमंगलवेष	६ सहज सयानी अकाममन, संशयक्षीण ☞संशयक्षीण होना गुण है पर विरक्तके लिये न कि गृहस्थके लिये। गृहस्थके लिये यह दोष है। इसीसे इसे दोषमें गिनाया।

टिप्पणी—२ *'जोगी जटिल……'* इति। नारदजीने दो-चार अवगुण कहनेकी प्रतिज्ञा की पर वस्तुतः कहा एक ही, वह यह कि इसे योग्य वर न मिलेगा। यह क्यों? इस शङ्काका समाधान यह है कि वरके दोषसे कन्या भी दूषित हुई। जैसे कि—

(क) वर मातुपितुहीन हुआ तो कन्या सासु-श्वशुरहीना हुई।

(ख) पतिके अमङ्गलवेषसे स्त्रीकी भी सुन्दरता गयी। यथा—*'गिरा मुखर तन अरध भवानी।'*

(ग) योगीके साथ विवाह होनेसे यह भी योगिनी कहलायेगी, रानी नहीं।

(घ) नंगेके साथ ब्याहे जानेसे यह भी दरिद्रा हुई।

ये चार दोष हुए।

नोट—२ पं० रामकुमारजीका 'दो-चार' और 'सुताके दोष' वाली शंकाका समाधान उपर्युक्त टिप्पणी-२ में आ गया। सुधाकरजीने 'दुइ-चारी' का अर्थ 'महादेव' किया है—यह पूर्व दिखाया गया है। और वंदन पाठकजी 'दुइ-चारी' का अर्थ 'दो चौक आठ' करते हैं और अगुन, अमान, मातुपितु-हीना, उदासीन, सब संसय छीना, जटिल जोगी, अकाम मन और नगन अमङ्गलवेष—ये आठ अवगुण गिनाते हैं। इस दीनकी समझमें यदि मातु-पितु, जोगी जटिल और नगन-अमङ्गलवेषको दो-दो जोड़ें, जैसा वस्तुतः जोड़ना चाहिये, तो ग्यारह लक्षण (दोष) शिवजीमें और अर्धाङ्गिनी तथा पतिपत्नीकी एकरूपतासे पार्वतीजीमें होते हैं। वरके दोष ग्यारह गिनाकर उनको रुद्र सूचित किया गया है—ऐसा कह सकते हैं। ☞नारदजीके इन शब्दों-(दोषों-) के कुछ प्रकट और हार्दिक गुप्त भाव यहाँ तालिका वा चार्टमें दिये जाते हैं और कुछ आगे नोटमें दिये जायँगे।

	प्रकट दोषपरक अर्थ	कुछ हार्दिक ऐश्वर्यपरक भाव
१ *अगुन*	एक भी गुण नहीं है	निर्गुण सत्त्व-रज-तम तीनों गुणोंसे परे गुणातीत है।
२ *अमान* मिलान कीजिये	अप्रतिष्ठित, तुच्छ, स्वात्माभिमान-रहित *'अगुन अमान जानि तेहिं दीन्ह पिता बनवास।'* लं० ३१।' (भी देखिये)	(१) निरभिमान, अभिमानजित्, सरल-स्वभाव, भोले-भाले। (२) इयत्ताशून्य। अपरिमित, अतुल, अनन्त महिमावाले। (३) **'येन विष्णुना मानः सम्मानो यस्य'** जिसमें विष्णुके सब गुण हैं और जो उनसे भी सम्मानित होता है। (मा० प०) (४) विराट (सू० प्र० मिश्र)। (५) ऐश्वर्यशाली होनेका किंचित् गर्व नहीं (पद्मपुराण)।
३ *मातु-पितु-हीना*	इसके सास-श्वशुर नहीं हैं। पतिके माँ-बापका पता नहीं।	अजन्मा है, स्वयं प्रकट हुआ, अथवा ब्रह्माकी सृष्टिके नहीं हैं, सृष्टिसे बहिर्भूत। वर जगत्का पिता है, उसके माता-पिता कौन और कहाँ? वे जात नहीं, किन्तु जनक हैं। अयोनिज हैं।
४ *उदासीन*	त्यागी, रूखे स्वभावका, घरद्वार-रहित संसारसे अलग।	(१) जीवमात्रपर सम दृष्टि रखनेवाला, शत्रुमित्ररहित, निर्लेप। (२) (मा० प०)—*'उत्+आसीन*=सबसे ऊपर बैठनेवाला।' (३) मायारहित।
५ *सब संसय-छीना*	घरबार और खाने-पीनेकी चिन्ता नहीं। अर्थात् बेटी भूखों मरेगी। किसीका डर नहीं। बेफिकरा।	(१) जीवोंके भ्रम, संशय आदिके छुड़ानेवाले हैं और अपने तो संशय-मोह-भ्रमरहित हैं ही। (२) ***'बैर न बिग्रह आस न त्रासा। सुखमय……'*** यह गुण जनाया।

		(३)निर्मल, स्वतन्त्र'—(मा० प०)।(४) व्यावहारिक और पारमार्थिक दोनों चिन्ताओंसे रहित, प्रभुपर निर्भर। (५) ***'परम स्वतन्त्र न सिर पर कोई'*** का भाव भी हो सकता है। (६) निश्चल ज्ञान और बुद्धिवाला।
६ ***जोगी***	जोगड़ा, पाखंडी, भीख माँगनेवाला।	नित्य परमात्मामें आत्मवृत्ति लगाये हुए हैं। योगीश्वर हैं। सब सिद्धियाँ इनके वशमें हैं।
७ ***जटिल***	बड़ी-बड़ी जटाओंवाला। भयानक	अनादिकालीन हैं। जिनकी जटाओंमें गङ्गाजी लीन हो गयीं ऐसी जटाओंवाले चिरकालीन तपस्वी हैं। मुण्डन आदि संस्कार कौन करता? वे तो सबके आदि हैं।
जटिल जोगी	जटाधारी जोगड़ा	अवधूत योगीश्वर अर्थात् सिद्ध हैं।
८ ***अकाम मन***	नपुंसक है। सुताको पतिका सुख न होगा।	कामजित् हैं। पूर्णकाम हैं, यथा ***'का देउँ पूरनकाम संकर।'***(बा० १०१) निष्काम।
९ ***नगन***	नंगधड़ङ्ग, नंगा, निर्लज्ज; एकाकी (अकेला), यथा ***'सहज एकाकिन्हके गृह·····'***	(१) दिशा ही जिनका वस्त्र है। दिगम्बर। माया-आवरणरूपी वस्त्ररहित।(२)'ऐसा महत् आकार है कि दसों दिशाएँ इसके वस्त्र हैं'—यह सामर्थ्य दिखाया। (पं०) (३) एक न गण=जिसके गण अर्थात् साथी न हो। =एकाकी=अद्वितीय।' (मा० प०)।*
१० ***अमंगल वेष***	***'ब्याल कपाल बिभूषन छारा।'*** इत्यादि अशुभ वेष है। अर्थात् सुलक्षणहीन है।	अ=अतिशय, यथा—***'बुंद अघात सहहिं गिरि कैसे'*** में ***अघात***=अतिशय घात। अ+मङ्गल=अतिशय मङ्गलकारी। (२)—**'येन विष्णुना मङ्गलवेषो यस्य स अमङ्गलवेषः।'** अर्थात् विष्णुके प्रभावसे सदा मङ्गलरूप। (मा० प०)। पुनः, अमङ्गल=**न विद्यते मङ्गलं यस्मात्**-जिससे बढ़कर मङ्गल नहीं है।

नोट—३ प० पु० सृष्टिखण्ड पार्वती-जन्म-प्रसङ्गमें नारदजीने जो लक्षण पतिके कहे हैं उनका तात्पर्य भी फिर उन्होंने हिमवान्‌को समझाया है। उन लक्षणोंमेंसे कुछके भाव ***'मातु पितुहीना'*** और ***'सब संसय छीना'*** में आ जाते हैं। अतः वे यहाँ लिखे जाते हैं।—माता-पिता नहीं हैं। तात्पर्य कि वास्तवमें उनका जन्म नहीं। भूत, भविष्य और वर्तमान जगत्‌की उत्पत्तिके कारण वे ही हैं। यह ब्रह्माण्ड उन्हींके संकल्पसे उत्पन्न हुआ। वे जात नहीं, जनक हैं; पुत्र नहीं, पिता हैं। ***'सब संसय छीना'*** का भाव यह है कि वे सबको शरण देनेवाले एवं शासक, सनातन, कल्याणकारी और परमेश्वर हैं। ब्रह्माजीसे लेकर स्थावरपर्यन्त

---

*सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि—'नग्न' शब्दके कई अर्थ शास्त्रोंमें लिखे हैं । १—'नग्नः काषायवस्त्रः स्यान्नग्नः कौपिनिकावृतः।' (शब्दार्थचिन्तामणि) २—'द्विकच्छः कच्छशेषश्च मुक्तकच्छस्तथैव च। एकवासा अव्यस्तश्च नग्नः पञ्चविधः स्मृतः। येषां कुले न वेदोऽस्ति न शास्त्रं नैव च व्रतम्।' (मार्कण्डेयपुराण) ३—'ते नग्नाः कीर्तिताः सद्भिस्तेषामन्नं विगर्हितम्। ऋग्यजुःसामसंज्ञेयं त्रयो वर्णावृतिर्द्विज।' (विष्णुपुराण) ४—एता मुह्यन्ति यो मोहात् स नग्नः पातकी स्मृतः' (मा० प०) इन प्रमाणोंके अनुसार 'नग्न' के ये भाव होते हैं।

यह जो संसार है वह जन्म, मृत्यु आदिके दुःखसे पीड़ित होकर निरन्तर परिवर्तित होता रहता है किन्तु महादेवजी अचल और स्थिर हैं। वे जगत्‌के स्वामी और आधिव्याधिरहित हैं। सर्वज्ञ हैं।

नोट—४ जो वरके दोष वरमें गिनाये, उनका तात्पर्य यह हुआ कि पुत्री तो सुलच्छना है, पर वर 'लच्छनहीन' है। लच्छनहीनका अभिप्राय यह है कि शरीरके अवयवोंमें जो चिह्न या रेखाएँ होती हैं वे सीमित आयु, धन और सौभाग्यको व्यक्त करनेवाली होती हैं, परन्तु जो अनन्त और अप्रमेय है उसके अमित सौभाग्यको सूचित करनेवाला कोई चिह्न या लक्षण शरीरमें नहीं होता। जीवके शरीरमें जो सीमित लच्छन होते हैं वे इनमें नहीं हैं। अर्थात् ये ईश्वर हैं।

नोट—५ पार्वतीमङ्गलमें शशिशेखर शिवजी वटुवेश धारणकर पार्वतीजीकी प्रेमपरीक्षा लेने गये हैं तब उन्होंने भी इन्हींसे मिलते-जुलते हुए पतिके लक्षण कहे हैं। यथा—'*कहहु काह सुनि रीझिहु बर अकुलीनहिं। अगुन अमान अजाति मातु-पितु-हीनहिं॥ भीख माँगि भव खाहिं चिता नित सोवहिं। नाचहिं नगन पिसाच पिसाचिनि जोवहिं॥ भाँग धतूर अहार छार लपटावहिं। जोगी जटिल सरोष भोग नहिं भावहिं॥ सुमुखि सुलोचनि हर मुखपंच तिलोचन। बामदेव फुर नाम काममदमोचन॥ एकउ हरहि न बर गुन कोटिक दूषनु। नरकपाल गजखाल ब्याल-बिषभूषनु॥ कहँ राउर गुनसील सरूप सुहावन। कहाँ अमंगल बेषु बिसेषु भयावन॥*' (३१—३३) इस उदाहरणमें उदासीन और संशयछीन दोको छोड़ और सब शब्द आ गये हैं। 'उदासीन' का भाव '*भोग न भावहिं*' एवं '*भीख माँगि भव खाहिं*' में और 'संसयछीन' का भाव '*चिता नित सोवहिं*' और '*भाँग धतूर अहार*' में आ जाते हैं। '*नरकपाल गजखाल ब्याल*' '*छार लपटावहिं*' '*जोगी जटिल*'—यह सब 'अमङ्गल बेष' है।

'*सैल सुलच्छन सुता तुम्हारी*' कहकर फिर सुताके सौभाग्य-दोष कहनेमें पतिके ग्यारह दोष गिनाकर पार्वतीमङ्गल ३३ का भाव यहाँ भी सूचित किया है कि तुम्हारी कन्या तो सुलक्षणा है अर्थात् उसका सुहावन रूप, गुण और शील है परन्तु वर लक्षणहीन है; उसमें न रूप है, न गुण है और न शील है, वह अमङ्गलवेष और भयावन है। सारांश यह कि वह बावला है; यथा—'*हिमवान कन्या जोगु बरु बाउर बिबुधबंदित सही॥ मोरेहु मन अस आव मिलिहि बरु बाउर॥*' (१०-११) (नारद-वचन)......'*कहा मोर मन धरि न बरिय बर बौरेहि*॥ ३४॥' (वटुवचन। पार्वतीमङ्गल)। '*जोगी जटिल......बेष*' ये बावलोंके लक्षण हैं। दक्षने भी ऐसा ही कहा है, यथा—'प्रेतावासेषु घोरेषु प्रेतैर्भूतगणैर्वृतः। अटत्युन्मत्तवन्नग्नो व्युप्तकेशो हसन् रुदन्॥ चिताभस्मकृतस्नानः प्रेतस्त्रङ्न्रस्थिभूषणः। शिवापदेशो ह्यशिवो मत्तो मत्तजनप्रियः।......पतिः प्रमथभूतानां तमोमात्रात्मकात्मनाम्॥' (भा० ४। २। १४-१५) अर्थात् यह प्रेतोंके निवासस्थान भयंकर श्मशानादिमें भूतप्रेतोंसे घिरा हुआ उन्मत्तके समान नंगा और बाल बिखरे कभी हँसता और कभी रोता हुआ घूमा करता है, शरीरमें चिताकी भस्म लगाये रहता है, गलेमें प्रेतोंके मुण्डोंकी माला और अङ्गप्रत्यङ्गमें हड्डियोंके आभूषण पहने रहता है। इसका नाम शिव है पर है 'अशिव'। यह स्वयं भी मतवाला है और मतवाले पुरुष ही इसे प्रिय हैं। यह निर्लज्ज है, तामसी प्राणियोंका नायक है।—ये सब भाव दोष-पक्षमें यहाँ '*जोगी......बेष*' में हैं।

नोट—६ '*एहि कहँ मिलिहि*' अर्थात् वर स्वयं आकर मिलेगा। ऐसा कहकर पार्वतीजीकी प्रधानता सूचित की। (पां०) '*परी हस्त असि रेख*' का भाव कि एक ही रेखा ऐसी विलक्षण पड़ गयी है।

सुनि मुनि गिरा सत्य जिय जानी। दुख दंपतिहि उमा हरषानी॥ १॥
नारदहूँ यह भेदु न जाना। दसा एक समुझब बिलगाना॥ २॥
सकल सखीं गिरिजा गिरि मैना। पुलक सरीर भरे जल नैना॥ ३॥

अर्थ—नारद मुनिकी वाणी सुनकर और उसे जीमें सत्य जानकर पति और पत्नी-(हिमवान् और मैना-) को दुःख हुआ और उमाजी प्रसन्न हुईं॥ १॥ नारदजीने भी इस मर्मको न जाना, (क्योंकि) दशा एक (-सी) है पर समझ भिन्न-भिन्न है॥ २॥ सारी सखियाँ, पार्वतीजी, हिमवान् और मैना-(सभी-) के शरीर पुलकित थे और नेत्रोंमें आँसू भरे थे॥ ३॥

टिप्पणी—१ '*सुनि मुनि गिरा सत्य जिय जानी।......*' इति। (क) मुनिने तो गुण और दोष दोनों

कहे। दुःख जो हुआ वह अवगुण सुनकर, गुण सुनकर दुःख नहीं हुआ। अतः यहाँ *'गिरा'* से *'सुनहु जे अब अवगुन दुइ चारी'* वाला अंश *'अगुन अमान……'* से *'अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि……'* तक अभिप्रेत है। ☞जहाँ जितना प्रयोजन है उतना ही अंश लिया जाना चाहिये। ग्रन्थमें और भी ऐसे ही प्रयोग आये हैं। यथा—*'सभय रानि कह कहसि किन कुसल रामु महिपाल। लषनु भरतु रिपुदमनु सुनि भा कुबरी उर साल॥'* (अ० १३)—यहाँ कुबरीको राम 'कुशल' पूछनेसे ही उरमें शाल हुआ न कि भरतजीके कुशल-प्रश्नसे। पुनश्च—*'हृदय सराहत सीय लोनाई। गुर समीप गवने दोउ भाई॥'* (बा० २३७)—यहाँ श्रीसीताजीका लावण्य श्रीरामजी ही हृदयमें सराह रहे हैं, लक्ष्मणजी नहीं। (ख) *'सत्य जिय जानी'*—दुःख अथवा हर्षका कारण यही है। सबको पूर्ण विश्वास है कि मुनिकी वाणी असत्य नहीं हो सकती। यथा—*'सुनि मुनि गिरा सत्य जिय जानी'*, *'होइ न मृषा देवरिषि भाषा'* (उमाजीका विश्वास), *'झूठि न होइ देवरिषि बानी। सोचहिं दंपति……'* (दंपतिविश्वास)।

नोट—१ दम्पतिको दुःख होनेका कारण यह है कि कन्याके माता-पिताको सदा यही अभिलाषा रहती है कि पतिका घर हरा-भरा हो, कुल अच्छा हो, वर सुन्दर हो, श्रुतज्ञ और शास्त्रज्ञ हो, इत्यादि। और माताकी विशेष अभिलाषा यह रहती है कि पति धनवान् हो, खाने-पीने पहिननेका पूर्ण सुख हो। यथा— **'कन्या वरयते रूपं माता वित्तं पिता श्रुतम्। बान्धवाः कुलमिच्छन्ति मिष्टान्नमितरे जनाः॥'** इति मनुः। अर्थात् कन्या सुन्दर पति चाहती है, माता धनवान् और पिता श्रुतज्ञ दामाद चाहता है। बन्धुवर्ग अच्छा कुल और बराती मिष्टान्न (मिठाई) भोजन चाहते हैं। नारदजीने पतिको नग्न, संशयक्षीण, मातु-पितुहीन, अकाममन, उदासीन और अमङ्गलवेष आदि कहा, तो वे सोचमें पड़ गये कि उसके पास स्वयं वस्त्र नहीं तो लड़कीको क्या पहनायेगा। नपुंसक है, प्रेम तो वह जानता ही नहीं तब कन्या उसके यहाँ कैसे सुखी रहेगी? ऐसा बुरा पति हमारी कन्याके भाग्यमें है यह सोचकर वे शोक-दुःखसे ऐसे विह्वल हुए कि रोंगटे खड़े हो गये और नेत्रोंमें अश्रु भर आये। पार्वतीजीको हर्ष हुआ क्योंकि उन्होंने देखा कि जो लक्षण मुनिने कहे वे सब शिवजीमें हैं और उन्हें यह भी विश्वास है कि नारदजीका वचन अवश्य सत्य होगा। अतः शिवजीकी प्राप्तिका निश्चय होनेसे वे हर्षित हुईं। हर्षके मारे प्रेमाश्रु निकल आये और शरीर पुलकायमान हो गया। ☞*'सती मरत हरि सन बर माँगा। जनम जनम सिवपद अनुरागा॥'*—इस वरकी सिद्धि नारद-वचनसे जान पड़ी। अतः हर्ष हुआ।

☞देखिये, वचन एक ही है पर उनके अर्थ भिन्न-भिन्न समझनेसे भिन्न-भिन्न भाव (दुःख, हर्ष) उत्पन्न हुए। उपर्युक्त व्याख्यासे यह भी स्पष्ट है कि नारदजीके गूढ़ वचनोंका आशय पार्वतीजी समझ गयीं और कोई न समझ पाया। मिलान कीजिये—*'मोरेहु मन अस आव मिलिहि बरु बाउर। लखि नारद नारदी उमहि सुखु भा उर॥ सुनि सहमे परि पाँय कहत भए दंपति।'* (पार्वतीमङ्गल)

टिप्पणी—२ *'नारदहूँ यह भेदु न जाना।……'* इति। *'नारदहूँ'* से जनाया कि वहाँ जितने लोग, राजा-रानी और सखियाँ थीं उनमेंसे किसीने न जाना और नारदजी जो सर्वज्ञ हैं उन्होंने भी न जान पाया। (ख) *'यह भेदु'* अर्थात् दम्पति और सखियोंकी यह दशा और उमाकी उसी दशामें जो भेद है वह न जाना, दशा एक है, पर कारण भिन्न-भिन्न हैं—यह भेद न जाना। उमाकी यह दशा हर्षसे है, वही दशा दम्पति आदिकी दुःखसे हुई। (ग) *'दसा एक समुझब बिलगाना'*—यह भेद न समझ पानेका कारण बताया कि दशा सबकी एक है—*'पुलक सरीर भरे जल नैना'* पर समझका भेद है। नारदजीने भेद क्यों न जान पाया? इसका कारण यह है कि उमाजी अपनी प्रीतिको छिपाती हैं। जिस बातको भगवती छिपाना चाहे उसे कोई नहीं जान सकता। यथा—*'जानि कुअवसरु प्रीति दुराई। सखी उछंग बैठी पुनि जाई॥'* पार्वतीजी ईश्वरकोटिमें हैं।

नोट—२ नारदजीने भेद न जाना, तो समझा क्या? वे यही समझे कि माता-पिताको दुःखित देखकर उमा भी दुःखित हो गयीं। इसीसे इनकी भी यह दशा हुई। दूसरेका दुःख देखकर स्नेहीको दुःख होता ही है। यथा—*'सोवत प्रभुहि निहारि निषादू। भयउ प्रेमबस हृदय बिसादू॥ तनु पुलकित लोचन जल बहई'।* (अ० ९०) निषादराजको श्रीरामजीको पृथ्वीपर सोते देख दुःख हुआ था।

नोट—३ सन्त उन्मनी टीकाकार *'समुझब बिलगाना'* का अर्थ यह लिखते हैं—उसका समझ लेना बिलग ही रीति है। भाव यह कि ईश्वरकी गति ईश्वरकी कृपाके अधीन है। अभ्यासाधीन नहीं। इसीसे नारदजीने न जान पाया।' यहाँ 'मीलित' अलङ्कार है क्योंकि योगिराज देवर्षिको भी पता न चला। पूर्व ५६ (४) *'तब संकर देखेउ धरि ध्याना'* में बता चुके हैं कि जीव स्वतः सर्वज्ञ नहीं है, वह ईश्वरकी कृपासे ध्यानद्वारा ही सब बात जान सकता है।

नोट—४ भावार्थान्तर—(१) 'यह भेद न जाना अर्थात् यह जाना कि उमा सतीका अवतार हैं और शिवजीके साथ इसका विवाह होगा। जब गिरिजाके लक्षण भवानीकी एक दशा मिल गयी। पुनः गिरिजापति शङ्करकी एक दशा मिलि आयी, इत्यादि। तब एक दशा समझनेसे भेद बिलगा गया अर्थात् नारदजीने जान लिया कि ये सती-अवतार हैं, शङ्करजी इनके पति होंगे।'—(वै०) (२) 'महादेवजी पुरुष हैं। उनकी आद्याशक्ति उमा हैं जो प्रकृति हैं। पुरुष-प्रकृतिके भेदको नारदजीने न जाना, क्योंकि दोनोंकी दशा एक है अर्थात् दोनोंमें अभेद है। समझनेमें प्रकृति पुरुष ये दो नाम होनेसे अलग मालूम होते हैं।' (सु० द्विवेदीजी) (३) 'नारदजीने भी न जाना कि ऐसे वर शङ्करजी हैं। यह चौपाई पार्वतीजीकी उक्ति मालूम होती है। वे सोचती हैं कि यदि नारदजीको मालूम होता तो शङ्कर नाम सुनाकर क्या वे मेरे माता-पिताके क्लेशको न हटा देते?'—(सू० प्र० मिश्र)—परन्तु इन भावोंसे और *'कह मुनि बिहँसि गूढ़ मृदु बानी'* तथा *'नारद समाचार सब पाए'* से विरोध पड़ता है।

नोट—५ ☞शिवपुराणमें **'इत्याकर्ण्य वचस्ते हि सत्यं मत्वा च दम्पती। मेना हिमाचलश्चापि दुःखितौ तौ बभूवतुः॥'……जगदम्बिका जहर्षाति मुने हृदि॥'**, (८। १२-१३)—केवल इतना ६८ (१) से मिलता है। *'नारदहूँ यह भेद न जाना।'……नैना॥'* उसमें नहीं है। यह अंश वक्ताकी टिप्पणी वा आलोचना है।

टिप्पणी—३ *'सकल सखीं गिरिजा गिरि मैना।'……'* इति। [(क) 'सखीं=सखियाँ। अनुस्वार देकर बहुवचन सूचित किया गया है।] (ख)—दुःख और सुख दोनोंमें यह दशा होती है। यथा—*'कहि प्रनामु कछु कह न लिय सिय भइ सिथिल सनेह। थकित बचन लोचन सजल पुलक पल्लवित देह॥'* (अ० १५२)—यहाँ दुःखसे पुलक हुआ। वियोगमें स्नेहकी वृद्धि होना 'दुःख' कहलाता है। संयोगमें स्नेहकी वृद्धि होना 'सुख' कहलाता है। यथा—*'एक सखी सिय संग बिहाई। तेहिं दोउ बंधु बिलोके जाई॥ प्रेम बिबश सीता पहिं आई॥ तासु दसा देखी सखिन्ह पुलक गात जलु नयन। कहु कारनु निज हरष कर पूछहि सब मृदु बयन॥'* (बा० २२८)—यह दशा संयोग-सम्बन्धके हर्षकी है। इसमें भी *'पुलक गात'* और *'जलु नयन'* हैं। (ग) *'पुलक सरीर भरे जल नैना'*—यह दशा कहलाती है, यथा—*'तासु दसा देखी सखिन्ह पुलक गात जलु नयन।'* इसीसे पूर्व अर्धालीमें इसे दशा कहा—*'दसा एक……।'* हर्ष और शोकके अश्रु आदिकी पहचान। बा० २२८ में देखिये।

नोट—६ नारदजीके आगमनपर केवल शैलराजको आदर-सत्कार आदि करना कहा गया। पूर्व *'नारि सहित मुनिपद सिरु नावा'* (६६) और *'दुख दंपतिहि उमा हरषानी'* (६८) कहा। अब यहाँ शैलराजकी रानीका नाम बताया कि 'मैना' है और यह भी बताया कि सखियाँ भी यहाँ आयी हैं। जब *'सुता बोलि मेली मुनि चरना'* तब ये सखियाँ ही पार्वतीजीको लेकर आयी थीं और तबसे यहीं हैं। मेनाजी कौन हैं? किसकी पुत्री हैं? शब्दसागरमें तीन मेनाओंका उल्लेख है—हिमवान्‌की स्त्री मेनका; बृषणश्वकी मानसी कन्या मेना। (ऋग्वेद); और पितरोंकी मानसी कन्या मेनका। ब्रह्माण्डपुराण' और कुमारसम्भवमें इन्हें पितरोंकी मानसी कन्या कहा है। यथा—**'स मानसीं मेरुसखः पितॄणां कन्यां कुलस्य स्थितये स्थितिज्ञः। मेनां मुनीनामपि माननीयामात्मानुरूपां विधिनोपयेमे॥'** (कुमारसम्भव १। १८) **'तेषां तु मानसी कन्या मेना नाम महागिरेः। पत्नी हिमवतो यस्याः पुत्रो मैनाक उच्यते॥'** (ब्रह्माण्डपुराण)—अर्थात् पितरोंको उस मानसी कन्या मेनाको मुनियोंकी माननीया और अपने अनुरूप जानकर गिरिराज हिमवान्‌ने वंशवृद्धिके लिये ब्याह लिया। मैनाक मेनाका पुत्र है और पार्वतीजी पुत्री हैं। इस सम्बन्धसे भी स्पष्ट है कि हिमवान् पर्वतोंके अधिष्ठातृ देवता ही हैं।

होइ न मृषा देवरिषि भाषा। उमा सो बचनु हृदय धरि राखा॥४॥
उपजेउ शिवपदकमल सनेहू। मिलन कठिन मन* भा संदेहू॥५॥
जानि कुअवसर प्रीति दुराई। सखी† उछंग बैठी पुनि जाई॥६॥

अर्थ—देवर्षि नारदका कहा हुआ असत्य नहीं हो सकता। उमाजीने उस वचनको हृदयमें धर रखा॥४॥ शिवजीके चरणकमलोंमें स्नेह उत्पन्न हुआ। (पर) मिलना (प्राप्ति) कठिन है (यह जानकर) मनमें संदेह हुआ॥५॥ कुअवसर जानकर (ठीक मौका न समझकर) प्रीतिको छिपाकर सखीकी गोदमें फिर जा बैठीं॥६॥

टिप्पणी—१ *'होइ न मृषा देवरिषि भाषा॥……'* इति। (क) भाव कि देवताओंका वचन असत्य नहीं होता, उसपर भी ये देवर्षि हैं तब इनका वचन कैसे असत्य हो सकता है?' 'ऋषिः सत्यवचाः' जो सत्य बोले वह ऋषि कहलाता है। ये देव और ऋषि दोनों हैं। (ख) *'उमा सो बचनु हृदय धरि राखा'* में भाव यह है कि और सब लोग चाहते हैं कि नारदजीका वचन किसी उपायसे मिट जाय अर्थात् उमाको ऐसा वर न मिले; यथा—*'उर धरि धीर कहै गिरिराऊ। कहहु नाथ का करिय उपाऊ॥'* किन्तु उमाजीने उनका वचन हृदयमें धर लिया, अर्थात् ये वचन झूठ नहीं होनेके, शिवजी ही मेरे पति होंगे, यह विश्वास किया, क्योंकि उन्होंने नारदजीको गुरु मान लिया; यथा—*'गुरुके बचन प्रतीति न जेही। सपनेहु सुगम न सुख सिधि तेही॥'* (८०) (ये उमाजीके वचन हैं)। *भाषा*=कहा हुआ वचन।

टिप्पणी—२ *'उपजेउ शिवपदकमल सनेहू॥……'* इति। (क) नारदजीके वचन हृदयमें धारण करनेसे शिवपदकमलमें अनुराग हुआ, क्योंकि नारदजीने स्पष्ट कहा है कि *'अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि'* इसमें तात्पर्य यह है कि गुरु और सन्तकी वाणीको दृढ़ पकड़नेसे भगवान्‌में प्रेम होता है। यथा—*'सुमिरि सीय नारद बचन उपजी प्रीति पुनीत॥'* (बा० २२९) पुनः भाव कि—[*'सतीं मरत हरि सन बर माँगा। जनम जनम सिव पद अनुरागा॥'* (६५) इसीसे इस जन्ममें *'उपजेउ शिवपदकमल सनेहू।'*, इसीसे 'उपजना' कहा। (ख) *'मिलन कठिन मन भा संदेहू'*—शिवजीका संकल्प दृढ़ है, इससे सन्देह हुआ। पर यह संदेह शिथिल है; स्नेहसे प्रेमास्पदकी प्राप्ति अवश्य होती है, यथा—*'जेहि कें जेहि पर सत्य सनेहू। सो तेहि मिलै न कछु संदेहू॥'* (बा० २५९)]

नोट—१ भावार्थान्तर—(क) 'यह प्रेम पूर्वाभिलाष है।'—(वै०) (ख) 'पार्वतीजीके हृदयमें पतिवियोगकी आग जल रही है। नारदजीकी रसभरी बातको उस हृदयाग्निमें धरते ही उससे स्नेह टपकने लगा।' (सु० द्विवेदीजी)

(ग) 'वरका मिलना माता-पिताके अधीन है। सो ये तो लक्षण सुनते ही दुःखित हो गये हैं। जो ये न चाहेंगे तो मैं क्या कर सकूँगी?—(सू० प्र० मिश्र, वै०) इस दीनकी समझमें तो कठिनता वही है जो नारदजीने आगे कही है कि—*'दुराराध्य पै अहहिं महेसू।'* इसीसे संदेह हुआ।

टिप्पणी—३ *'जानि कुअवसरु प्रीति दुराई॥……'* इति। (क) *'कुअवसर'* यह कि सभी दुःखी हैं, रो रहे हैं, उनके सामने हमारा हर्ष प्रकट हो जानेसे उन्हें संदेह होगा। (माता-पिता दुःखित हों और बालक आनन्दमें हो तो अवश्य आश्चर्य होगा, क्योंकि बालस्वभाव ऐसा होता है कि माता-पिताको रोते देख बच्चे भी रो उठते हैं।) शिवजीकी प्राप्ति अभी नारदजीने भी गुप्त रखी है; क्योंकि यहाँ खोलना योग्य नहीं है। (अतः इन्होंने भी प्रेम गुप्त रखनेके लिये यह बालचरित किया कि बालस्वभावसे जाकर सखीकी गोदमें बैठ गयीं।) *'पुनि जाई'* से जनाया कि पहले गोदमें बैठी थीं, मुनिको प्रणाम करनेके लिये उतार दी गयी थीं। *'सुता बोलि मेली मुनि चरना'* से *'परी हस्त असि रेख'* तक सखीकी गोदसे पृथक् नारदजी वा माताके पास रहीं।

---

* भा मन—१७२१, १७६२, छ०, को० रा०। मन भा—१६६१, १७०४।

† १६६१ की प्रतिमें 'सखि' के 'ि' पर कुछ हरताल जान पड़ता है और 'ी' पतली लकीर फीकी स्याहीसे बनायी गयी है। उछंगके अनुस्वारको ँ मानकर पढ़ना होगा। पाठान्तर—'सखी उछंग बैठि।'

नोट—२ *'कुअवसर'* इति। माता-पिता, सखियाँ और त्रिकालज्ञ एवं सर्वज्ञ ऋषि सब समीप हैं। उनपर हमारा पतिप्रेम प्रकट न हो जाय। अबोध बाल्यावस्थामें ही पतिका नाम सुनकर उसमें प्रेम होना प्रकृतिके प्रतिकूल है। अतः *'कुअवसर'* कहा। पुनः भाव कि 'अभी माता-पिता और मुनिका संवाद सुनना-समझना उचित है। इसके उपरान्त जो कर्तव्य होगा करूँगी।' (पं०) पुनः भाव कि माता-पिता कहीं यह न समझें कि मुझे दुःख हुआ जिससे वे और व्याकुल हों। अतः *'कुअवसर'* कहा।' (पं०)—विशेष *'कुसमय जानि······॥'* (१।५०।२) देखिये।

नोट—३ शिवपुराणमें मानसके *''होइ न मृषा शिवपदकमल सनेहू'* का तुल्यार्थी श्लोक यह है—'न मृषा नारदवचस्त्विति संचिन्त्य सा शिवा। स्नेहं शिवपदद्वन्द्वे चकारातिहृदा तदा॥' (८। १४) *'जानि कुअवसर'* ये शब्द मानसकारके हैं।

झूठि न होइ देवरिषि बानी। सोचहिं दंपति सखीं सयानी॥७॥
उर धरि धीर कहै गिरिराऊ। कहहु नाथ का करिअ उपाऊ॥८॥
दो०—कह मुनीस हिमवंत सुनु जो बिधि लिखा लिलार।
देव दनुज नर नाग मुनि कोउ न मेटनिहार॥६८॥

अर्थ—'देवर्षिकी वाणी झूठी नहीं होनेकी' (यह जानकर) स्त्री-पुरुष (हिमवान् और मैना) और सयानी सखियाँ सोच (चिन्ता कर) रही हैं॥ ७॥ हृदयमें धैर्य धारणकर गिरिराज बोले—हे नाथ! कहिये। क्या उपाय किया जाय॥ ८॥ मुनीश्वर नारदजी बोले—हे हिमवान्! सुनो विधाताने जो ललाट-(मस्तक-) पर लिख दिया है, उसे देवता, दैत्य, मनुष्य, नाग और मुनि कोई भी मेटनेवाला नहीं है (अर्थात् कोई भी मिटा नहीं सकता)॥ ६८॥

टिप्पणी—१ (क) *'सोचहिं दंपति सखीं सयानी'* इति। मुनिकी वाणी सुनकर प्रथम दुःख हुआ; यथा—*'सुनि मुनि गिरा सत्य जिय जानी। दुख दंपतिहि······'* और अब 'वाणी झूठी नहीं हो सकती' यह समझकर सोचमें पड़े हैं। *'देवरिषि'* के भाव (६८। ४) में आ गये—('सत्य' जानकर दुःख और 'झूठी न होगी, टल नहीं सकती' यह समझकर सोच है। सयानीका सोचना कहकर जनाया कि वहाँ मुग्धा, मध्या भी थीं।) (ख) *'उर धरि धीर कहै गिरिराऊ'* इति। धैर्य धारण करनेके सम्बन्धसे *'गिरिराऊ'* कहा। [(ग) 'नीति भी यही कहती है कि 'विपदि धैर्यम्।' हिमवान्के धैर्य करनेसे यह बात सिद्ध हो गयी कि स्त्रीस्वभाव और पुत्रीका क्लेश इन दोनों बातोंसे मैनाजी घबड़ा गयीं', उन्हें कुछ नहीं सूझता। पर, पुरुष होनेसे हिमालयने उद्योगका अवलम्बन किया।' (सू० प्र० मिश्र) पुनः, हिमवान् प्रथम कह चुके हैं कि *'गति सर्वत्र तुम्हारि'* इसलिये उन्होंने विचार किया कि इन्हींसे पूछना चाहिये कि उस पुरुषको बतावें जिसमें ये सब दोष हों, पर उन दोषोंके ऊपर ऐसे गुण भी हों जिनसे वे दोष डूब गये हों। 'निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः' के ऐसा दोष कुछ भी न जान पड़े।' (सु० द्विवेदी) *'का करिय उपाऊ'* अर्थात् जिस उपायसे ऐसा वर न मिले अथवा यह दोष निवारण हो सो बताइये; यथा—*'नाथ कहिय सोइ जतन मिटै जेहि दूषनु॥'* (१२) (पार्वतीमङ्गल) एवं 'किमुपायं मुने कुर्याम्' (शि० पु० २।३।८।१५)]

टिप्पणी—२ (क) *'जो बिधि लिखा लिलार'* इति। पूर्व कहा था कि *'परी हस्त असि रेख'* और यहाँ कहा कि *'जो बिधि लिखा लिलार।'* इसमें पाया गया कि दोनोंका अभिप्राय एक ही है। विधाता जो बात हाथमें लिखते हैं वही ललाटपर लिखते हैं। (ख) *'देवदनुजनाग'* से स्वर्ग और पातालवासी तथा *'नर मुनि'* से मर्त्यलोकवासी, इस तरह त्रैलोक्यवासियोंमेंसे कोई मिटानेवाला नहीं है, यह जनाया। (ग) (शि० पु० २।३।८) में 'कररेखा ब्रह्मलिपिर्न मृषा भवति ध्रुवम्' हैं।

नोट—१ 'गहना कर्मणो गतिः', 'यद्धात्रा निजभालपट्टलिखितम्' और *'कर्म कमण्डल कर गहे'* इत्यादि

समझकर नारदने **'प्रारब्धकर्मणो भोगादेव क्षयः'**—इस सिद्धान्तसे हिमवान्‌को सन्तोष दिया। देवदानवादिको गिनाकर ग्रन्थकारने यह भी सूचित किया कि इन लोगोंकी सामर्थ्यसे तो बाहर है, पर त्रिदेव जो चाहें वह कर सकते हैं। ब्रह्माजीके पुत्र वसिष्ठके लिये ग्रन्थकारने ही लिखा है कि ***'सो गुसाइँ बिधि गति जेहि छेंकी। सकइ को टारि टेक जो टेकी॥'*** (अ० २५५) ब्रह्माके पुत्रमें यह शक्ति है तब ब्रह्मा, हरि और हरमें क्यों न वह सामर्थ्य हो? पुनः, ***'बिधि लिखा लिलार'*** इससे भी यह बात सिद्ध होती है कि औरकी तो सामर्थ्य नहीं है पर जिस ब्रह्माका लिखा है वह या उससे बड़े हरि-हरकी सामर्थ्य है कि कर्मकी रेखपर मेख ठोक सकें।'—(सु० द्विवेदी)

नोट—२ विधाता ललाटपर कर्मानुसार भावी लिख देते हैं। यथा—***'तुम्ह सन मिटिहिं कि बिधिके अंका'*** (पार्वतीवाक्य) ***'बिधिके अंक लिखे निज भाला'*** (रावणवाक्य) तथा ***'जिन्हके भाल लिखी लिपि भेरी।'*** (विनय) ***'कोउ न मेटनिहार',*** यथा—**'तृणं वज्रायते नूनं वज्रं चैव तृणायते। बलवान् यत्नहीनः स्याद्दैवस्य गतिरीदृशी॥'** (सू० प्र० मिश्र) अर्थात् तृण वज्रतुल्य हो जाता है और वज्र तृणवत् हो जाता है; यत्नहीन भी बलवान् हो जाता है; ऐसी ही दैवकी गति है। ललाटका लेख और हाथकी रेखा एक ही बात है।

नोट—३ ऐसे ही वचन वसिष्ठजीके हैं—***'सुनहु भरत भावी प्रबल……।'*** (अ० १७१) लोग इसपर शंका करते हैं कि 'जब भावी अमिट है तब शुभ मुहूर्त्त आदिका क्या महत्त्व और मङ्गलकार्योंके लिये शुभ मुहूर्त्त आदिका क्या महत्त्व और. मङ्गलकार्योंको शुभ मुहूर्त्तमें करनेसे क्या लाभ?' इसका समाधान कुछ ***'हरि इच्छा भावी बलवाना'*** में किया गया है कि भावी मिट सकती है, वसिष्ठजी भी भावी मिटा सकते हैं तब ब्रह्मा, हरि और हरकी बात ही क्या? शिवजीके सम्बन्धमें भी कहा है—***'भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी।'*** फिर भी न वसिष्ठजी वनवास रोक सके और न शंकरजी सतीजीका यज्ञमें जाकर जलना। यह क्यों? यह इसलिये कि इन भावियोंमें हरि-इच्छा भी सम्मिलित थी जिससे वे भावियाँ बहुत प्रबल थीं, वे इनकी एवं किसीके मानकी न थीं। इसीसे उन दोनों स्थलोंपर 'प्रबल' और 'बलवान्' विशेषण भी साथ ही लगा दिया गया है। 'ऐसे अपवादस्वरूप प्रसंगोंका उदाहरण देकर वेद-शास्त्रकी विधियों अर्थात् शुभ मुहूर्त्त आदिके सम्बन्धमें कोई संशय न उत्पन्न होने देना चाहिये और न यही समझना चाहिये कि ऐसे उदाहरण सामान्य, शास्त्रीय विधियोंके निषेधक हैं। सब अपने-अपने स्थानपर समयानुसार फलप्रद हैं। नारदजीने यहाँ भावीके विषयमें यह कहा तो, पर आगे उपाय भी बताते हैं; इसपर ध्यान देना चाहिये।

श्रीत्रिपाठीजी लिखते हैं कि यहाँ प्रारब्ध और पुरुषार्थके बलाबलका बड़ा ही सुन्दर विचार किया गया है। जैसा प्रारब्ध है वैसा होकर रहेगा, इसमें संदेहको स्थान नहीं है, फिर भी पुरुषार्थको एकबारगी कोई स्थान न हो यह बात भी नहीं है। प्रारब्धको हस्तरेखा ज्योतिष आदि शास्त्रोंसे निश्चित करके ऐसा उपाय (पुरुषार्थ) करे जो प्रारब्धके अनुकूल हो, प्रारब्ध उसका साथ दे सके। पुरुषार्थ ऐसा होना चाहिये कि प्रारब्धकी घटना ज्यों-की-त्यों घटने दे, पर सुख-दुःखके तारतम्यमें भेद पड़ जाय। प्रारब्धके प्रतिकूल पुरुषार्थ करना व्यर्थ है। अतः एक उपाय नारदजी बतलाते हैं, पर उसका सिद्ध होना प्रारब्धके साथ देनेपर निर्भर है। वर तो उमाको वैसा ही मिलेगा, यह प्रारब्ध अमिट है, पर वैसा वर मिलनेसे उमाके दुःखका पारावार नहीं, अब पुरुषार्थ यह करना है कि ऐसा वर खोजा जाय जिसमें ये सब बातें हों पर उमाको दुःखद न होकर सुखकारी हो।

नोट—४ *'देव दनुज'*—दोहा ७ *'देव दनुज नर नाग……।'* में देखिये। नागोंके विषयमें नाभास्वामीने भक्तमाल छप्पय २७ में इनका परिचय यों दिया है—*'उरग अष्टकुल द्वारपाल सावधान हरिधाम थिति। इलापत्र मुख अनन्त अनन्त कीरति बिसतारत। पद्म शंकु पन प्रगट ध्यान उर ते नहिं टारत॥ अशुकम्बल वासुकी अजित आज्ञा अनुवरती। करकोटक तक्षक सुभट सेवा सिर धरती॥ आगमोक्त शिवसंहिता 'अगर' एकरस भजन रति। उरग अष्टकुल द्वारपाल सावधान हरिधाम थिति॥'*—विशेष *'किन्नर नाग सिद्ध गंधर्बा।'* (६१। १) में देखिये।

तदपि एक मैं कहौं उपाई। होइ करै जौ दैउ सहाई॥ १॥
जस बरु मैं बरनेउँ तुम्ह पाहीं। मिलिहिं उमहि तस संसय नाहीं॥ २॥
जे जे बर के दोष बखानें। ते सब सिव पहिँ मैं अनुमानें॥ ३॥
जौ बिबाह संकर सन होई। दोषौ गुन सम कह सबु कोई॥ ४॥

अर्थ—तो भी मैं एक उपाय बताता हूँ। यदि दैव सहायता करे तो वह (सिद्ध) हो जायगा* ॥ १॥ जैसा वर मैंने तुमसे वर्णन किया, वैसा उमाको अवश्य मिलेगा इसमें संदेह नहीं॥ २॥ वरके जो-जो दोष बखाने (कहे) गये वे सब शिवजीमें हैं, (यह) मैंने अनुमान कर लिया है (अर्थात् मेरे विचारमें वे सब शिवजीमें हैं)॥ ३॥ यदि शंकरजीसे विवाह होगा तो दोषको भी सब लोग गुणोंके समान ही कहेंगे।

नोट—१ *'तदपि एक मैं कहौं उपाई……'* इति। (क) शैलराजने उपाय पूछा; यथा—*'कहहु नाथ का करिअ उपाई।'* अतः नारदजी उपाय कहते हैं। यहाँ शिक्षा देते हैं कि प्रारब्ध और पुरुषार्थ दोनों ही मनुष्यका कर्त्तव्य है। प्रारब्ध जानकर भी पुरुषार्थसे न चूकना चाहिये। कर्म और करतूत दोनों चाहिये। (पं० रा० कु०) ☞स्मरण रहे कि हस्तरेखाएँ भी ब्रह्मलिपि ही हैं। इनसे भाग्यका निर्णय होता है। पर मनुष्यके पाप, पुण्य, संग, कुसंग, भगवन्निन्दा, भगवत्-भजन आदिसे हस्त-रेखाएँ बदलती, मिटती, नयी उत्पन्न होती रहती हैं। शरीरपर तिल आदि जो लक्षण होते हैं उनका भी यही हाल है। ज्योतिष-शास्त्रका भी यही मत है और नित्य अनुभवमें भी आता है। अतएव मनुष्यका कर्त्तव्य है कि वह मङ्गल-कल्याणके लिये पुरुषार्थ करनेसे कभी न चूके। (ख) *'होइ करै जौ दैउ सहाई।'* इति। 'दैवं दिष्टं भागधेयम्' अमरकोशके इस वचनसे *'दैउ'* (दैव) का अर्थ 'भाग्य' होगा। इस कथनमें भाव यह है कि यद्यपि विधिका लिखा मिट नहीं सकता, तथापि एक उपायसे कार्य सिद्ध हो सकता है, भावी मिट सकती है, वह उपाय करो, पर साथ ही ईश्वरका भरोसा रखो। *'जौ'* का भाव यह है कि उपाय करना कर्त्तव्य है, फल भगवान्के हाथ है॥ (८३।१) भी देखिये।

सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि—'दैवसे किसीकी नहीं चलती। प्रमाण ब्रह्मवैवर्तपुराण गणेशखण्ड, यथा—**'दैवाधीनं जगत्सर्वं जन्मकर्मशुभाशुभम्। संयोगाश्च वियोगाश्च न च दैवात्परं बलम्॥ कृष्णायत्तं च तद्दैवं स दैवात्परतस्ततः। भजन्ति सततं सन्तः परमात्मानमीश्वरम्॥ दैवं वर्द्धयितुं शक्तः क्षयं कर्त्तुं स्वलीलया। न देववद्धस्तद्भक्तश्चाविनाशी च निर्गुणः॥'** अर्थात् जगत्का जन्म, कर्म, योग-वियोग सब दैवाधीन हैं। वह दैव भगवान्के अधीन है। भगवान् दैवके बढ़ाने-घटानेमें समर्थ हैं, इसीसे संत भगवान्का भजन करते हैं। भगवान् और उनके भक्त दैवके अधीन नहीं हैं। अतएव ***'करै जौ दैउ सहाई'*** कहा। ***'दैउ'***=भाग्य। लक्षणासे भाग्य बनानेवाले ब्रह्माका ग्रहण करनेसे पीछेकी बात सिद्ध हुई कि जो ब्रह्मा सहायता करें तो इस उपायसे काम हो जाय।' (मा० प०)

* दैव-पुरुषार्थवाद *

'बिना बीजके कोई चीज पैदा नहीं होती। बीजसे ही बीज पैदा होता है और बीजसे ही फल होता है। जैसा बीज बोया जाता है वैसा ही फल मिलता है। जैसा कर्म किया जाता है वैसा ही फल प्राप्त होता है। जैसे खेतमें बीज बोये बिना फल नहीं होता वैसे ही प्रारब्ध भी पुरुषार्थ बिना काम

* अर्थान्तर—कार्य होगा। यदि वह उपाय करो और दैव भी सहायता करेगा।', 'करै जौ दैउ सहाई' ये शब्द शिवपुराणमें नहीं हैं। उसके शब्द हैं—'तत्रोपायं शृणु प्रीत्या यं कृत्वा लप्स्यसे सुखम्।' (२।३।८।१८)' हाँ, यदि ऐसा अर्थ करें कि—'यदि यह उपाय करे तो दैव सहाय होगा' तो श्लोकका भावार्थ इससे मिल जायगा। दैव सहाय होगा अर्थात् उसके करनेसे सुख होगा।'

नहीं देता। कर्मकर्ता अपने शुभाशुभ कर्मका फल स्वयं भोगता है, यह संसारमें प्रत्यक्ष दिखायी देता है। पुरुषार्थी सर्वत्र सम्मान पाता है।'……पुरुषार्थ करनेपर दैवके अनुसार फल मिलता है, किन्तु चुपचाप बैठे रहनेपर दैव किसीको कोई फल नहीं दे सकता। जैसे आगकी एक चिनगारी भी हवाके सहारेसे प्रज्वलित होकर महान् रूप धारण करती है। उसी प्रकार दैव भी पुरुषार्थकी सहायतासे बड़ा हो जाता है। जगत्में उद्योगहीन पुरुष फूलता-फलता नहीं दिखायी देता। दैवमें इतनी सामर्थ्य नहीं कि वह कुमार्गमें पड़े हुए पुरुषको सन्मार्गपर पहुँचा दे। जैसे शिष्य गुरुको आगे करके चलता है, वैसे ही दैव पुरुषार्थका ही अनुसरण करता है। संचित किया हुआ पुरुषार्थ ही दैवको जहाँ चाहता है ले जाता है। पुरुषार्थका महान् फल है।' (ब्रह्मा-वसिष्ठ-संवाद। अनुशासनपर्व) कृपाचार्य भी कहते हैं कि 'अकेले दैव या पुरुषार्थसे कार्यसिद्धि नहीं होती। सफलताके लिये दोनोंका सहयोग आवश्यक है। [यथा—'**यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्। तथा पुरुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति॥**' (सुभाषित) अर्थात् जैसे एक चाकसे रथ नहीं चल सकता, वैसे ही उद्योगके बिना दैव सिद्ध नहीं होता।] संसारमें कोई भी कार्य प्रायः निष्फल नहीं देखा जाता। इसलिये बुद्धिमान् लोग दैवके अनुकूल न होनेपर भी कार्य करते हैं। परंतु कर्म न करनेपर तो दुःख ही दिखायी देता है। ……जो पुरुष दैव और पुरुषार्थ दोनोंके सहयोगको न मानकर केवल दैव या पुरुषार्थके ही भरोसे पड़ा रहता है वह अपना अनर्थ ही करता है—यह बुद्धिमानोंका निश्चय है। कई बार उद्योग करनेपर भी जो फल नहीं मिलता, उसमें पुरुषार्थकी न्यूनता और दैव—ये दो कारण हैं। परन्तु पुरुषार्थ न करनेपर तो कोई कार्य सिद्ध हो ही नहीं सकता—इसी भावसे यहाँ *'करै होइ जौ दैउ सहाई'* कहा।

नोट—२ (क) *'मिलिहि'* का *'हि'* निश्चयवाचक है। *पाहीं*=से। *'जस बरु मैं बरनेउँ'* अर्थात् हमने जो लक्षण वरके बताये हैं उन्हीं लक्षणोंवाला वर। (ख) *'जे जे बर के दोष बखाने। ते सब……'* इति। भाव यह कि मैंने लक्षणोंका नियम किया कि अमुक लक्षण होंगे, व्यक्तिका नियम नहीं किया कि अमुक प्राणी इसका पति होगा। व्यक्तिका नियम नहीं है कि जो हम बताते हैं यही वर होगा—यह सूचित करनेके लिये कहते हैं कि यह दोष हमने शिवजीमें अनुमान किये हैं। (पं० रा० कु०) यदि निश्चय कह दें तो माधुर्यमें उपाय और वात्सल्य अर्थात् माधुर्यभाव जाता रहेगा—यही सोचकर 'अनुमान' कहा। नारदजी जानते हैं कि शिवजीमें वे दोष दोष नहीं हैं, इसीसे कहते हैं *'ते सब सिव पहिं मैं अनुमानें।'* देखिये तो, आपहीने दोष कहे और आपहीने अनुमानकर वर निश्चय किया।

नोट—३ *'दोषौ गुन सम कह सबु कोई'* इति। भाव कि औरोंमें (जीवोंमें) तो ये लक्षण दोष ही माने जाते हैं, परंतु शिवजीमें ये लक्षण गुणके ही सदृश माने गये हैं, वे गुण ही हैं यद्यपि लौकिक दृष्टिसे दोष-से देख पड़ते हैं। यथा—*'भव अंग भूति मसान की सुमिरत सुहावनि पावनी।'* (बा० १०)। दोष गुणरूप ही हैं, यह दोहा ६७ में दिखा आये हैं। *'कह सब कोई'* अर्थात् यह सबका सम्मत है, कुछ एक मैं ही नहीं कहता, सभी ऐसा कहते हैं। दोषोंको गुण कहना 'लेश अलंकार' है। दोष कैसे गुण हो सकते हैं, इसपर आगे चार दृष्टान्त देते हैं—*'जो अहिसेज……।'*

नोट—४ मिलते हुए श्लोक ये हैं—'**तादृशोऽस्याः पतिः शैल भविष्यति न संशयः।**' (२-३, ८—१८) '**तादृशोऽस्ति वरः शम्भुलीलारूपधरः प्रभुः। कुलक्षणानि सर्वाणि तत्र तुल्यानि सद्गुणैः॥**' (शिवपु० १९)

जौ अहिसेज सयन हरि करहीं। बुध कछु तिन्ह कर* दोष न धरहीं॥ ५॥
भानु कृसानु सर्ब रस खाहीं। तिन्ह कहँ मंद कहत कोउ नाहीं॥ ६॥
सुभ अरु असुभ सलिल सब बहई। सुरसरि कोउ अपुनीत न कहई॥ ७॥
समरथ कहुँ† नहिं दोषु गोसाईं। रबि पावक सुरसरि की नाईं॥ ८॥

---

* कहँ—छ०, को० रा०। कर—१६६१, १७०४, १७२१, १७६२।
† को—१७२१, १७६२, छ०। कहु—१६६१, १७०४। कहँ—को० रा०।

अर्थ—जो (मान लिया कि, अगर च) विष्णुभगवान् शेष-शय्यापर शयन करते हैं तो भी पण्डित लोग उनको कोई दोष नहीं लगाते॥ ५॥ सूर्य और अग्नि सब प्रकारके रस भक्षण करते अर्थात् खींचते हैं तो भी उनको कोई बुरा नहीं कहता॥ ६॥ गङ्गाजीमें शुभ और अशुभ सभी जल बहता है, पर उन्हें कोई (भी) अपवित्र नहीं कहता॥ ७॥ हृषीकेशभगवान्, सूर्य, अग्नि और गङ्गाजीकी तरह समर्थको (कहीं) दोष नहीं (लगता)॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'जौं अहिसेज सयन हरि करहीं।......'* इति। (क) भाव यह कि संसारमें दोषसे कोई भी बचा नहीं है। दोष भगवान्‌तकमें है। शेषनागकी शय्यापर सोना भी दोष माना जाता है; पर बुद्धिमान्‌का प्रमाण माना जाता है, जो बुद्धिहीन हैं उनकी बात प्रमाण नहीं मानी जाती। *'अबुध'* (बुद्धिहीन) दोष लगाते हैं, पर बुद्धिमान् पण्डित भगवान्‌पर दोषारोपण न करके उनकी प्रशंसा ही करते हैं; यथा—**'शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशम्।'**—[पण्डितजन प्रशंसा करते हैं कि लोग तो एकमुँहे सर्पको ही देखकर दूरसे भागते हैं, पर ये हजारमुँहे सर्पपर भी निर्भय रहते हैं, उसे वशमें किये हैं। वह नित्य आपका कीर्तन करता रहता है, इत्यादि। (मा० प०) नारायणके सोनेसे वह भी गुण हो गया।]

नोट—१ *'भानु कृसानु सर्ब रस खाहीं।......'* इति। अर्थात् मल, मूत्र आदिके रसको भी अपनी किरणोंसे खींच लेते हैं और गङ्गा, यमुना, सरस्वती, सरयू, सागर आदिका पवित्र जल भी खींचते हैं। बुरी-भलीका विचार कुछ नहीं करते। बुरी-भलीका विचार जो नहीं करता उसे साधारणतः लोग 'मन्दबुद्धि' कहते हैं, पर सूर्यको कोई दोष न देकर उलटे यही कहते हैं कि उनकी सबपर समान दृष्टि है। सब उनकी स्तुति करते हैं; यथा—**'भास्वते सर्वभक्षाय रौद्राय वपुषे नमः', 'ते नमः उक्तिं विधेय'**। (वि० त्रि०) यह भाव *'तिन्ह कहँ मंद कहत......'* का हुआ।

नोट—२ *'सुरसरि कोउ अपुनीत न कहई'* इति। भाव कि गङ्गाजीका यह कर्म अपुनीत हो रहा है। उसमें सब मैला गिरता और बहता है, उसमें सरयू, यमुना, सरस्वतीका शुभ जल भी मिलता और कर्मनाशाका अशुभ जल भी, पर उनमें अपुनीतता कोई नहीं मानता, कहता। अपना शरीर अपवित्र होनेपर लोग उसे उसी जलके पानसे पवित्र करते हैं। इन सबोंको दोष क्यों नहीं दिया जाता? उनको अपवित्र क्यों नहीं माना जाता?—इसका कारण आगे बताते हैं—*'समरथ कहुँ नहिं दोषु'।* अर्थात् ये समर्थ हैं।

नोट—३ *'समरथ कहुँ नहिं दोषु गोसाईं।......'* इति। समर्थको दोष नहीं लगता, क्योंकि उसमें उस दोषके पचा डालनेकी शक्ति है। समर्थ दोषोंको पचा डालता है। उसमें दोष भी विकार न उत्पन्न कर 'गुण' का रूप धारण कर लेते हैं। सूर्य सबका रस लेते हैं पर वह रस बड़ा ही गुणकारी वर्षाजलरूप हो जाता है। अग्निमें विष्ठा आदि भी जलकर ओषधि बन जाती हैं। सुरसरिमें मैले नालोंका जल मिलते ही उसके सब कीड़े मर जाते हैं और वही जल गङ्गाजलके समान गुणद हो जाता है। कर्मनाशाका भी जल उसमें पड़ते ही सुकृतरूप हो जाता है। भाव यह कि जैसे इनको कोई दोष नहीं लगता, वरंच वे दोष भी उनमें गुणरूप हो जाते हैं, वैसे ही शिवजी समर्थ हैं। ये दोष भी उनमें गुणरूप ही हैं। इस कथनका अभिप्राय यह है कि शङ्करजी भी समर्थ हैं, जैसे हरि, भानु, कृशानु और सुरसरि समर्थ हैं। अतः उनमें भी दोष गुणरूप ही हैं।

'समरथ कहुँ नहिं दोषु गोसाईं।......' इति।

बाबा हरीदासजी अर्थ करते हैं कि—'समर्थको सर्वरसभोगसे दोष नहीं लगता, क्योंकि वे *'गोसाईं'* हैं अर्थात् इन्द्रियाधीन नहीं हैं। जैसे रवि, पावक और सुरसरि।' (शीलावृत्ति) और सुधाकर द्विवेदीजी *'गोसाईं'* का अर्थ *'गो* (पृथ्वीके) *साईं'* (=धारण करनेवाले) अर्थात् 'भूधर' करते हैं। इस तरह उसे सम्बोधन मानते हैं।

बैजनाथजी *'गोसाईं'* को गिरिराजका सम्बोधन मानते हैं। फिर दूसरा अर्थ यह करते हैं कि *'साईं'*=ईश्वर। उसके *'गो'* अर्थात् इन्द्रियाँ हैं। रवि प्रभुके नेत्र, अग्नि मुख, गङ्गा चरणामृत हैं—उनकी (ईश्वरकी इन

इन्द्रियोंकी नाईं तथा शिवजी प्रभुका अहंकार हैं, इत्यादि समर्थ हैं। इससे उनमें भगवान् भास्करका प्रकाश होनेसे दोषरूपी तमकी वहाँ गति नहीं है।' तात्पर्य कि रवि, पावक और सुरसरि भगवान्के अंग हैं, इनमें भगवान्का प्रकाश है, भगवान् समर्थ हैं, उनके सम्बन्धसे ये भी समर्थ हैं।

श्रीकरुणासिन्धुजी लिखते हैं कि 'यहाँ दिखाते हैं कि जिनमें ईश्वरतत्त्व है, वे ही समर्थ हैं। उनको दोष नहीं लगता, वरंच उनके संयोगसे दूषण भी भूषण हो जाता है।'

☞*'जौं अहिसेज सयन हरि करहीं', 'भानु कृसानु सर्ब रस खाहीं'* और *'सुरसरि कोउ अपुनीत न कहई'*—यहाँतक चार समर्थ गिनाये—'हरि, भानु, कृसानु और सुरसरि। इनमेंसे 'हरि' स्वयं भगवान् ही हैं, अतः स्वयं समर्थ हैं और भानु, कृशानु तथा सुरसरि क्रमसे भगवान्के नेत्र, मुख और चरणोदक होनेसे भगवान्के सम्बन्धसे समर्थ हैं। पहले व्यष्टिरूपसे चार कहे, अब इन्हींको 'समर्थ' कहकर इस अर्धालीमें एकत्र करके कहते हैं। 'रवि' (भानु), 'पावक' (कृशानु) और 'सुरसरि'—ये तीन नाम तो स्पष्ट ज्यों-–के-त्यों वही हैं। चौथा नाम भी यहाँ अवश्य ही होना चाहिये। जैसे ऊपर 'हरि, भानु, कृशानु और सुरसरि' क्रमसे आये हैं, ठीक उसी क्रमसे 'गोसाईं, रबि, पावक और सुरसरि' इस अर्धालीमें हैं। इस तरह यहाँका 'गोसाईं' शब्द 'हरि' का वाचक माना जायगा। 'गोसाईं' शब्द यहाँ सम्बोधन नहीं है। नारदजीका शैलराजको 'गोसाईं' कहना यहाँ प्रसंगानुसार किसी प्रकार न तो उचित ही है और न संगत ही। यह भी स्मरण रहे कि इस प्रसंगमें जहाँ-जहाँ सम्बोधन हुआ है वहाँ-वहाँ 'सैल', 'हिमवंत' और 'गिरीस' ही कहा है, यथा—*'सैल सुलच्छन सुता तुम्हारी', 'कह मुनीस हिमवंत सुनु……', 'होइहि यह कल्यान अब संसय तजहु गिरीस'* । यहाँ *'गोसाईं'*=इन्द्रियोंका स्वामी वा प्रेरक=हृषीकेश=हरि=गौ और पृथ्वीके पालनकर्ता=हरि, भगवान्, विष्णु।

श्रीबैजनाथदासजी, सूर्यप्रसाद मिश्रजी तथा बहुत-से टीकाकारोंने 'गोसाईं' को सम्बोधन माना है। परन्तु इस दीनकी समझमें उपर्युक्त कारणोंसे उसे सम्बोधन मानना संगत नहीं जान पड़ता। देखिये, प्रथम चार दृष्टान्त दिये गये तब उनमेंसे प्रथम एकको (आदिका ही नाम) छोड़कर केवल तीन क्यों गिनाये जायँगे? मुनि, वह भी देवर्षि, शैलराजको यहाँ 'गोसाईं' क्यों सम्बोधन करेंगे—इसका कोई प्रयोजन यहाँ समझमें नहीं आता।

यहाँ 'समरथ' उपमेय है। 'गोसाईं, रवि, पावक और सुरसरि' उपमान हैं। 'नाईं' वाचक और *'नहिं दोष'* अर्थात् निर्दोष होना धर्म है। इस तरह यहाँ 'पूर्णोपमा' अलंकार है।

नोट—४ शिवपुराणमें इस अर्धालीका प्रतिरूप मिलता है। इसके ऊपरकी तीन अर्धालियोंकी जोड़के श्लोक उसमें नहीं हैं। *'रबि पावक सुरसरि'* ये तीनों उसमें हैं। यथा—'**प्रभोर्दोषो न दुःखाय दुःखदोऽस्त्यप्रभोर्हि सः। रविपावकगङ्गानां तत्र ज्ञेया निदर्शना॥**'(२। ३। ८। २०) अर्थात् प्रभु (समर्थ) में दोष भी गुण ही होता है और अप्रभुमें गुण भी दोष होते हैं। सूर्य, अग्नि और गङ्गामें इनका प्रमाण देखना चाहिये। भागवतमें भी इस सम्बन्धमें कहा गया है। मिलान कीजिये—'**तेजीयसां न दोषाय वह्नेः सर्वभुजो यथा। यथा रुद्रोऽब्धिजं विषम्।** (भा० उत्तरार्ध १०।३३। ३०-३१) इस उद्धरणमें श्रीशुकदेवजीने श्रीकृष्णसम्बन्धी शंकाके समाधानमें 'अग्नि' और 'रुद्र' दो तेजस्वियोंका उदाहरण दिया है और मानसकविने श्रीशिवसम्बन्धी शंकाके समाधानमें शेषशायी हरि, सूर्य, अग्नि और सुरसरि चार समर्थोंका उदाहरण दिया है। चौपाइयोंका *'सर्ब रस खाहीं'*। भागवतका '**सर्वभुजः**' है और यहाँका *'समरथ'* (समर्थ) भागवतका '**तेजीयसाम्**' है। ☞यहाँ चार दृष्टान्त क्यों दिये गये? इसमें भी कुछ रहस्य अवश्य है? ये प्रश्न स्वतः मनमें उठते हैं और उनके समाधानपर विचार किया जानेपर ऐसा ज्ञात होता है—वस्तुतः गुण और दोष तो मायाकृत हैं, यथा—*'हरिमायाकृत दोष गुन बिनु हरि भजन न जाहिं।'* (७। १०४) *'सुनहु तात मायाकृत गुन अरु दोष अनेक। गुन यह उभय न देखिअहिं……॥'* (७। ४१) और भगवान् मायातीत हैं अर्थात् मायिक गुण-दोषोंसे परे हैं। अतः उनके विषयमें गुण-दोषका शंका-समाधान ही उचित नहीं। परन्तु मायामोहमें फँसे हुए हमलोगोंको इतनेमात्रसे शान्ति नहीं होती कि वे ईश्वर हैं, उनमें दोष कहाँ? अतः हमलोग भगवान्के विषयमें भी ऐसी शंकाएँ

किये बिना रह ही नहीं सकते। यथा—'*कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जे मोह पिसाच।*......' (१। ११४) हम-ऐसे जीवोंके लिये ही भागवतमें परीक्षित्‌जीके द्वारा प्रश्न किया गया और उसका समाधान भी श्रीशुकदेवजीने '**तेजीयसां न दोषाय**' यही किया। इस विषयको लक्षित करके गोस्वामीजीने भी उसी प्रकारकी शंकाका समाधान करते हुए चार दृष्टान्त दिये। प्रथम 'शेषशायी हरि' का दिया। परन्तु यह दृष्टान्त केवल शास्त्रोंपर विश्वास रखनेवालोंके लिये ही हो सकता है, क्योंकि भगवान् हरि सर्वसाधारण जनताको प्रत्यक्ष देखनेमें नहीं आते, अतः दूसरा दृष्टान्त सूर्यका दिया कि सूर्यकी किरणें यद्यपि मल-मूत्रादि दूषित पदार्थोंपर भी पड़ती हैं तथापि लोग सूर्यको दूषित नहीं मानते। पर सूर्य हमलोगोंसे अत्यन्त दूर होनेसे उनके सम्बन्धमें भी बहुत तर्क-वितर्क हो सकते हैं। अतः अग्निका दृष्टान्त दिया, क्योंकि अग्नि प्रत्यक्ष है और हमारे निकट भी। यद्यपि अग्नि शुद्धाशुद्ध सभी पदार्थोंको जलाता है, तथापि लोग उसे अशुद्ध नहीं मानते। नीच-से-नीचके घरकी भी आग काममें लायी जाती है। फिर भी यह बात व्यवहारपर निर्भर रहती है। चिता आदिकी अग्नि काममें नहीं लायी जाती। अतः गङ्गाजीका दृष्टान्त दिया गया। गङ्गाजीमें कितने ही दूषित पदार्थ (गंदे नाले, नगरभरका मल-मूत्रादि, प्लेग, कालरा आदि बीमारियोंके रोगी, मुर्दे इत्यादि) मिलते वा पड़ते हैं, फिर भी गङ्गाजी और गङ्गाजल पवित्र ही माने जाते हैं। क्षणभरके लिये शास्त्रीय शुद्धताको अलग रखा जाय तो भी आजकलके विज्ञानके द्वारा डाक्टरोंने भी गङ्गाजलको अत्यन्त शुद्ध और गुणकारी सिद्ध कर दिया है। सर्वसाधारण लोगोंको भी इसका प्रत्यक्ष अनुभव है कि गङ्गाजल वर्षों घरमें रखनेपर भी उसमें कीड़े नहीं पड़ते। अन्य जल तो दो चार दिनोंहीमें बिगड़ जाता है। अतः एकके बाद एक देते हुए चार दृष्टान्त दिये,, जिसमें सबको संतोष हो जाय।

प० प० प्र०—तीनों दृष्टान्त साभिप्राय हैं और उनका शिवजीके साथ अप्रकट सम्बन्ध है। जैसे—(१) हरि अहिसेजपर शयन करते हैं वैसे हर अपने शरीरपर सर्प लपेटे रहते हैं। (२) भानु, कृशानु सर्वरसभक्षी हैं वैसे ही शिवजी भाँग, धतूरा आदि मादक पदार्थोंका सेवन करते हैं। शिवजीका तृतीय नेत्र अग्निस्वरूप है ही। (३) सुरसरि शुभाशुभ सभी बहनेपर भी त्रैलोक्यपावनी हैं तब जिन शिवजीने उनको धारण किया वे नग्न अमङ्गलवेषादि होनेपर अपवित्र, अमङ्गल कैसे हो सकते हैं। जैसे हरि, रवि, अग्नि और सुरसरिको कोई दोष नहीं देता वैसे ही शिवजीको कोई दोष नहीं देता।

दो०—जौ अस* हिसिषा करहिँ नर जड़ बिबेक अभिमान।
परहिँ कलप भरि नरक महुँ जीव कि ईस समान॥ ६९॥

अर्थ—यदि मूर्ख मनुष्य अपने ज्ञानके अभिमानसे ऐसी बराबरी (स्पर्धा) करते हैं† (या करें) तो वे कल्पभर नरकमें पड़ते हैं (या पड़ेंगे)। क्या 'जीव' ईश्वरके समान हो सकता है? (कदापि नहीं)॥ ६९॥

नोट—१ '**हिसिषा**'=ईर्ष्यावश बराबरी करनेका भाव; दाँज, स्पर्धा। '*हिसिषा करहिँ*' अर्थात् ईर्ष्यावश बराबरी करनेका मन्द काम करते हैं। '*जड़*' कहनेका भाव कि सामर्थ्य तो है नहीं और करते हैं

---

* अैसहिं इसिषा करहिँ नर बिबेक अभिमान—१७२१, १७६२। अस हिसिषा करहिँ नर जड़ बिबेक अभिमान—१६६१, १७०४, छ०, को० रा०। १६६१ और रा० प० में 'करहि', 'परहि' पाठ है। अर्थ होगा कि—'मनुष्य करे...तो...पड़ेगा।'

† अर्थान्तर—१ 'जो नर ईर्ष्यासे ऐसा (अर्थात् दोषी) कहें, उनका 'जड़ विवेक' अर्थात् मूर्खोंके ऐसा ज्ञान है और उनका अभिमान ही है जो ऐसा कहते हैं। (सु० द्विवेदीजी)

२—'रवि, पावक और सुरसरिकी नाईं शिवजीमें जो दूषण हैं वे भूषणरूप हैं। उनको देखकर जो हिसिषा करे वह जड है...जीव किसी कालमें ईशके समान नहीं। यदि कहो कि जीव तो ईश्वर-अंश अविनाशी है, जीव और ईश एक ही रूप हैं, उसपर आगे भेद कहते हैं—(बाबा हरिदास। शीलावृत्ति), ३—'अभिमानवश जडवत् विवेक, अर्थात् जीव-ईश्वर एक ही है ऐसा विवेक कर जो नर ईश्वरकी बराबरी करें। (वै०)

बराबरीका दावा। समर्थ होते तो दोष न लगता। 'समर्थ' नहीं हैं अतएव बराबरी करनेका फल यह मिलता है कि *'परहिं कलप भरि नरक महुँ'।* आदिमें *'अस हिसिषा करहिं नर'* कहा और अन्तमें *'जीव कि ईस समान'।* इससे सूचित हुआ कि जड़ बुद्धिवाले मनुष्य बराबरी करते हैं और कहते हैं कि 'जीव' और ईश्वरतत्त्व एक ही है। जीव ईश्वरांश है। जैसे ईश्वरके कर्म निर्लेप हैं, वे शुभाशुभ कर्म करते हैं तो उनको वह कर्म बाधक नहीं होते और न उनको कोई दोष लगता है, वैसे ही जीव भी निर्लेप है, उसे शुभाशुभ कर्म नहीं लगते, तो फिर जो कर्म ईश्वर करता है वही कर्म हमे करनेमें क्या दोष?'

'जड़ बिबेक अभिमान' कथनका भाव यह है कि ये लोग हैं तो असमर्थ, पर ज्ञानके अभिमानसे यह मूर्खतावश ईश्वरोंके वचनोंका अनुकरण तो करते नहीं, किन्तु उनके आचरणोंके अनुकरण करनेका साहस कर बैठते हैं। वे यह नहीं जानते कि वे समर्थ अहङ्कारशून्य हैं, देहाभिमानरहित हैं, उनके शुभाशुभ कार्य स्वार्थ या अमङ्गलकी आशासे रहित होते हैं। इनको *'जड़ बिबेक अभिमान'* कहकर ईश्वरोंको 'निरहंकारी' जनाया।

'परहिं कलप भरि नरक महुँ' इति। यह ईश्वरोंके धर्मव्यतिक्रम कर्मों वा चरितोंके अनुकरण करनेका साहस करनेवालोंको कर्मके फलकी प्राप्ति कही। भाव यह कि अनीश्वरोंको मनसे भी कभी ईश्वरोंके ऐसे कर्मोंके अनुकरणकी स्पर्धा न करनी चाहिये। यथा—'नैतत्समाचरेज्जातु मनसापि ह्यनीश्वरः।' (भा० उ० १०। ३३। ३१) 'अनुष्ठितं तु यद्देवैर्मुनिभिर्यदनुष्ठितम्। नानुष्ठेयं मनुष्यैस्तत्तदुक्तं कर्म चाचरेत्॥' (हारीतस्मृति) अर्थात् देवताओं और महर्षियोंने जो आचरण किये हैं, मनुष्योंको उनका अनुकरण न करके उनके वचनोंका ही अनुकरण करना चाहिये।

*** जीव कि ईस समान।** इति*

'जीव' का अर्थ है—जीव (जीवात्मा); मनुष्य, प्राणी; अनीश्वर। यथा—*'माया बस परिछिन्न जड़ जीव कि ईस समान।'* (७। ११) *'ईस्वर अंस जीव अबिनासी। चेतन अमल सहज सुखरासी॥ सो मायाबस भयउ गोसाईं।'* (७। ११७) *'ते जड़ जीव निजात्मक घाती। जिन्हहिं न रघुपति कथा सोहाती।'* (७। ५३) *'अस को जीव जंतु जग माहीं। जेहि रघुनाथ प्रानप्रिय नाहीं।'* (२। १६२) *'जीव जंतु जे गगन उड़ाहीं। जल बिलोकि तिन्ह कै परिछाहीं।'* (५। ३) *'ईस अनीसहि अंतरु तैसे।'* (१। ७०) *'ईस अधीन जीव गति जानी।'* (२। २६३)—ये वचन श्रीरामजीने भरतजीसे कहे हैं। इसमें ईशका अर्थ ईश्वर है और जीवका अर्थ 'जीव' एवं प्राणी है। प्रथम अर्थको लेकर *'जीव कि ईस समान'* का भावार्थ इस प्रकार है कि—जीव ईश्वरके समान नहीं है, यद्यपि वह ईश्वरका अंश है। जीव मायाके वश होकर काम-क्रोध-लोभ-मोहादिमें पड़कर मलिन हो जाता है, और ईश्वर तो मायाका स्वामी है, माया उससे डरती रहती है। यथा—*'देखी माया सब बिधि गाढ़ी। अति सभीत जोरें कर ठाढ़ी॥ देखा जीव नचावै जाही।'* (बा० २०२) नारदजीने अपना यह सिद्धान्त हिमवान्‌से कहा कि जीव—प्राणी कभी भी ईश्वरके समान नहीं हो सकता। तात्पर्य कि प्राणीमें दोष गिने जाते हैं, ईश्वरमें दोष भी गुण समझा जाता है। भाव कि शिवजी ईश्वर हैं, उनके दोषोंपर कोई ध्यान नहीं देता।

☞ठीक इन्हीं शब्दोंमें श्रीभुशुण्डिजीने यही सिद्धान्त अपना कहा है। यथा—*'मायाबस परिछिन्न जड़ जीव कि ईस समान।'* (उ० १११) भुशुण्डिजीने जीव-ईश्वरकी समानता न होनेका कारण भी बता दिया है कि वह *'मायाबस परिछिन्न जड़'* है। दोनों जगह वही शब्द हैं—*'जीव कि ईस समान।'* अतएव दोनोंका भाव भी एक जनाया गया है। 'ईस' एवं 'ईश्वर' श्रीशिवजी और भगवान् वा श्रीरामजी दोनोंके ही लिये इस ग्रन्थमें आया है। यथा—*'भयउ ईस मन छोभु बिसेषी।'* (१। ८७) 'नमामीशमीशान' (७। १०८) *'सबइ लाभ जग जीव कहँ भए ईसु अनुकूल।'* (१। ३४१) *'ईस अनेक करवरें टारीं'।* (१। ३५७) *'जेहि जेहि जोनि करम बस भ्रमहीं। तहँ तहँ ईसु देउ यह हमहीं।'* (२। २४) *'अब ईस आधीन जगु काहु*

न देइअ दोषु।' (२। २४४) *'मुधा बचन नहिं ईश्वर कहई।'* (७। ९४) (शिवजी), *'ईश्वर राखा धरम हमारा।'* (१। १७४) (भगवान्), *'ईश्वर अंस जीव अबिनासी।'*

गोस्वामीजीने शिवजीको जगदीश, ईश्वर, *'सिद्धसनकादि-जोगीद्र-वृंदारका विष्नु-बिधि वंद्य चरणारविंद'।* (विनय० पद १२) और ब्रह्म कहा है। पुराणों और उनमें भी वैष्णवपुराण श्रीमद्भागवतमें उनको ईश्वर कहा है और त्रिदेवमें अभेद बताया है। यथा—**'त्वमेव भगवन्नेतच्छिवशक्त्योः सरूपयोः। विश्वं सृजसि पास्यत्सि क्रीडन्नूर्णपटो यथा॥'** (भा० ४।६।४३) **'जाने त्वामीशं विश्वस्य जगतो योनिबीजयोः। शक्तेः शिवस्य च परं यत्तद्ब्रह्म निरन्तरम्॥'** (४।६।४२)—ब्रह्माजी कहते हैं 'हे ईश! 'मैं आपको जानता हूँ। आप शक्ति और शिव, अर्थात् प्रकृति और पुरुष, दोनोंसे परे सनातन ब्रह्म हैं। जैसे मकड़ी स्वयं ही जालेको रचकर उसमें क्रीड़ा करती और अन्तमें उसे अपनेहीमें लीन कर लेती है, वैसे ही आप अपने ही स्वरूप पुरुष और प्रकृतिसे संसारकी रचना, पालन और संहार करते हैं। पुनः यथा—**'अहं ब्रह्मा च शर्वश्च जगतः कारणं परम्। आत्मेश्वर उपद्रष्टा स्वयंदृगविशेषणः॥'** (भा० ४। ७। ५०) **आत्ममायां समाविश्य सोऽहं गुणमयीं द्विज। सृजन् रक्षन्हरन्विश्वं दध्रे संज्ञां क्रियोचिताम्॥'** (४। ७। ५१) भगवान् कहते हैं कि मैं ही ब्रह्मा और शिव हूँ; मैं ही संसारकी रचना, पालन और संहारके लिये ब्रह्मा, विष्णु और शिव—ये तीन नाम धारण करता हूँ। शिवपरक उपनिषदों (श्वेताश्वतर, रुद्र आदि) में भी शिवजीको ब्रह्म कहा गया है। मानसमें भी भगवान् शङ्करको भगवान्का अहङ्काररूप कहा गया है; यथा—*'अहंकार सिव बुद्धि अज।'* (६। १५) वैष्णवाचार्य श्रीवल्लभाचार्यजी, श्रीमाध्वाचार्यजी तथा महाप्रभु कृष्णचैतन्यजीने भी शङ्करजीको 'ईश्वर' माना है। ☞इस प्रकार भगवान् शंकर 'ईश्वर' हैं। और दोहेमें 'जीव ईश्वरके समान नहीं हो सकता' यह सिद्धान्त कहा गया है।

जो जीवका ही ईश्वर (ब्रह्म) हो जाना मानते हैं उन्हें इस दोहेमें कड़ी फटकार है कि समानता तो दूर रही, उसकी समानताकी कामनामात्रसे विनाश होता है।

प्र० स्वामी लिखते हैं कि 'केवलाद्वैतमें भी जीवको ईश्वरसमान होना कहीं नहीं कहा गया है। जीव अपने सहज स्वरूपमें लीन हो सकता है, पर ईश्वर नहीं हो सकता। ईश्वर सोपाधिक ब्रह्म है। जीवकी उपाधि अविद्या है। अविद्यासे मुक्त होनेपर जीव ब्रह्मस्वरूपकी उपलब्धि कर सकता है। पर ईश्वरकी उपाधि विद्या माया है, ईश्वर 'मायापति,' 'मायाप्रेरक सीव' है। जीव मायामुक्त होनेपर भी मायापति, मायाप्रेरक हो ही नहीं सकता। इस तरह केवलाद्वैतके अनुसार भी ईश्वर और जीवमें उपाधिभेदसे भेद है, पर उपाधि-त्यागसे भेद नहीं है। अतएव यह वचन केवलाद्वैतको भी कोई जटिल समस्या नहीं है।

विशिष्टाद्वैतसम्प्रदायवाले भगवान् शङ्करको भी 'जीव' मानते हैं। ब्रह्मके अतिरिक्त जितने भी प्राणी हैं, वे सब 'जीव' हैं। अतएव विशिष्टाद्वैतमतानुयायी 'जीव' का दूसरा साधारण अर्थ 'प्राणी' या 'मनुष्य' लेते हैं। इस अर्थकी पुष्टि पूर्वार्धके 'नर' और *'जड़ बिबेक अभिमान'* से होती है। जिसे पूर्वार्धमें *'नर'* कहा उसीको उत्तरार्धमें *'जीव'* कहा। अतः *जीव*=नर। ईशका अर्थ समर्थ और शङ्कर भी है। इस तरह उत्तरार्धका भावार्थ यह होता है कि *'नर'* (मनुष्य) ईश्वर (शङ्करजी) के समान कैसे हो सकता है? विशिष्टाद्वैतमतके अनुसार मेरी समझमें अधिक उत्तम अर्थ होगा कि—'क्या अनीश्वर प्राणी समर्थ तेजस्वी पुरुषोंके समान हो सकता है?'

नोट—२ ऐसी ही शंका श्रीपरीक्षित्जीने श्रीशुकदेवजीसे श्रीमद्भागवतके दशमस्कन्ध "उत्तरार्ध अ० ३३ में भगवान् श्रीकृष्णजीके सम्बन्धमें की है। यथा—**'संस्थापनाय धर्मस्य प्रशमायेतरस्य च। अवतीर्णो हि भगवानंशेन जगदीश्वरः॥ स कथं धर्मसेतूनां वक्ता कर्ताऽभिरक्षिता। प्रतीपमाचरद्ब्रह्मन्परदाराभिमर्शनम्॥'''''** (२७-२८) अर्थात् भगवान्ने धर्मसंस्थापनार्थ एवं अधर्मविनाशनार्थ अवतार लिया तब धर्ममर्यादाके वक्ता, रचयिता और रक्षक होकर भी उन्होंने परस्त्रीगनमरूप विरुद्ध आचरण क्यों किये?

श्रीशुकदेवजीने इसका समाधान यों किया है—**'धर्मव्यतिक्रमो दृष्ट ईश्वराणां च साहसम्। तेजीयसां न दोषाय वह्नेः सर्वभुजो यथा॥ नैतत्समाचरेज्जातु मनसापि ह्यनीश्वरः । विनश्यत्याचरन्मौढ्याद्यथा रुद्रोऽब्धिजं**

विषम्॥' (३०-३१) अर्थात् ईश्वरों (समर्थ वा तेजस्वी पुरुषों) द्वारा कहीं-कहीं धर्मके व्यतिक्रम (उल्लङ्घन) में साहस देखा जाता है। किन्तु उन अकार्योंसे तेजस्वी पुरुषोंको कोई दोष नहीं होता, जैसे शुद्धाशुद्ध सभी कुछ भक्षण करनेवाला अग्नि उन शुभाशुभ पदार्थोंके गुण-दोषके कारण दूषित नहीं होता। जो अनीश्वर हैं (समर्थ नहीं हैं) वे ईश्वरोंके ऐसे आचरणोंके अनुकरणका कभी मनमें संकल्प भी न करें। यदि मूर्खतावश कोई वैसा आचरण करता है तो उसका विनाश हो जायगा। जैसे समुद्रसे निकले हुए कालकूटको भगवान् शंकरने पी लिया तो उनका कुछ न बिगड़ा, किन्तु यदि कोई उनका अनुकरण करके विष-पान करे तो अवश्य ही नष्ट हो जायगा। इसके पश्चात् श्रीशुकदेवजीने ईश्वरों, तेजस्वियोंको दोष न लगनेका कारण बताया है और हम-ऐसे जीवोंके कर्तव्यका उपदेश दिया है। सूक्ष्म प्रकारसे वह यह है—अहंकारहीन देहाभिमानशून्य समर्थ पुरुषोंका शुभ कर्म करनेमें स्वार्थ नहीं रहता और अशुभ कर्मसे उनका अनर्थ नहीं होता। अर्थात् वे न तो शुभ कर्मोंसे कोई मङ्गलकी कामना रखते हैं और न अशुभ कर्मोंसे उन्हें अमङ्गलकी आशा रहती है। जब ईश्वरोंको ही शुभाशुभ कर्मोंसे कोई हानि-लाभ नहीं होता तो तिर्यक्, मनुष्य और देवता आदि समस्त शासित जीवोंके एकमात्र प्रभु सर्वेश्वरका किसी शुभ या अशुभसे क्योंकर संसर्ग हो सकता है? जिनके चरणकमलरजके सेवनसे तृप्त भक्तजन और योगके प्रभावसे सम्पूर्ण कर्मबन्धनोंसे मुक्त मुनिजन (सब प्रकारके विधिनिषेधरूप बन्धनोंसे छूटकर) स्वच्छन्द विचरते हैं, उन स्वेच्छाशरीरधारी (परमेश्वर) को कर्मका बन्धन कैसे हो सकता है? यथा—**'कुशलाचरितेनैषामिह स्वार्थो न विद्यते। विपर्ययेण वानर्थो निरहंकारिणां प्रभो॥ किमुताखिलसत्त्वानां तिर्यङ्मर्त्यदिवौकसाम्। ईशितुश्चेशितव्यानां कुशलाकुशलान्वयः॥ यत्पादपंकजपरागनिषेवतृप्ता योगप्रभावविधुताखिलकर्मबन्धाः। स्वैरं चरन्ति मुनयोऽपि न नह्यमानास्तस्येच्छयाऽऽत्तवपुषः कुत एव बन्धः॥** (३३—३५) आदेश यह किया है कि—ईश्वरोंके वचन सत्य होते हैं (अर्थात् हमें उनके वचनोंके अनुकूल चलना चाहिये) और कहीं-कहीं उनके आचरण अनुकरणीय होते हैं किन्तु सब नहीं। अतः उनके जो आचरण उनके वचनों (उपदेशों) के अनुकूल हों, बुद्धिमान् पुरुषोंको उन्हींका अनुकरण करना चाहिये। यथा—**'ईश्वराणां वचः सत्यं तथैवाचरितं क्वचित्। तेषां यत्स्ववचोयुक्तं बुद्धिमांस्तत्समाचरेत्॥'** (भा० १०।३२।३२)

'समरथ कहुँ नहिं दोषु गोसाईं।'''''जीव कि ईस समान।' में भागवतके उपर्युक्त उद्धरणोंका सभी भाव और उपदेश भरा हुआ है।

उपर्युक्त उद्धरणसे मिलान करनेसे सारांश यह निकलता है कि जिसे दोहेमें 'नर' और 'जीव' कहा है, वही भागवतमें 'अनीश्वर' शब्दसे कहा गया है। दोहेका *'ईस'* भागवतका 'ईश्वर' और 'ईशित' (**'ईश्वराणाम्', 'ईशितुश्चेशितव्यानाम्'**) है। भागवतमें ईश्वरोंसे भगवान् श्रीकृष्ण; श्रीरुद्र और अग्नि आदि समर्थ सूचित किये गये हैं न कि केवल शंकरजी। इसी प्रकार इस दोहेमें भी समझना चाहिये। यहाँ एक सिद्धान्त कहा गया है।

प० प० प्र०—आगे *'सुरसरि जलकृत''''''* के दृष्टान्तसे तो केवलाद्वैतकी सिद्धि होती है। **'जले जलं वियद् व्योम्नि'** (श्रुति) के समान जीव अविद्यायुक्त होनेपर देह-त्यागके पश्चात् ब्रह्ममें लीन होता है। जबतक माया और अविद्याका सम्पर्क रहता है तबतक जीव तत्त्वतः भी ईश्वरके समान नहीं हो सकता। तत्त्वतः ईश्वर ब्रह्म ही है और जीव भी ब्रह्म है, पर अविद्यारूपी मदिराके सम्पर्कसे वह अपावन बना है और ईश्वर विद्योपाधिरूपी गङ्गाजीके समान सदा पावन ही है। अतः ईश्वरकी समानताका साहस ज्ञानाभिमानी जड़ जीव ही करेगा, कोई सुविचारवान्, गुरु-साधुसभा-सेवक शास्त्ररहस्यज्ञ मानव यह नहीं कहेगा कि जीव ईशके समान है।

वि० त्रि०—सम्पूर्ण विद्या स्नात होकर भी जीव एक तृणकी रचना नहीं कर सकता। उसकी जगत्‌की सृष्टि, स्थिति और लय करनेवाले ईश्वरसे कौन समता है? ईश्वरकी समताकी इच्छा होती है तो यह उसके बड़े भारी अकल्याणका कारण है। जगत्‌में जो दुर्दशा उसकी होती है, वह तो होगी ही। मरनेपर उसे

पूरे कल्पभर नरक भोगना पड़ेगा। जो ज्ञानाभिमानी होकर हलाहल पान करेगा वह अवश्य मरेगा और आत्मघाती होकर घोरतर नरकमें जायगा।

सुरसरि जल कृत बारुनि जाना। कबहुँ न संत करहिं तेहि पाना॥ १॥
सुरसरि मिलें सो पावन जैसें। ईस अनीसहि अंतरु तैसें॥ २॥

नोट—महात्माओंने इसका अन्वय और अर्थ दो प्रकारसे किया है। दोनों पक्षोंमें बड़े-बड़े महात्मा हैं। अतः हम यहाँ दोनोंको देते हैं। अर्थकी जाँचमें 'मिलें' के अनुस्वारकी उपयोगिता भी दर्शनीय है।

अन्वय—१ वारुणी सुरसरि-जल-कृत (है यह) जाना (तथापि) *'संत कबहुँ तेहि पान न करहिं।' 'जैसे सो सुरसरि मिलें पावन'* (होती है) *'तैसें ईस अनीसहि'* अंतर है।

अर्थ—१ वारुणी गङ्गाजलसे बनायी हुई है यह जानकर भी संत कभी भी उसे नहीं पीते॥ १॥ वही गङ्गाजीमें मिल जानेपर जैसे पवित्र हो जाती है, ईश्वर और अनीश्वरमें वैसा ही भेद है॥ २॥

अन्वय २—*'सुरसरि कृत जल बारुनि जाना। संत तेहि कबहुँ न पान करहिं।.....'*

अर्थ—२ गङ्गाजीका किया हुआ जल (अर्थात् गङ्गाजीका छाड़न जल) अपावन मदिरा-तुल्य जानकर संत उसे कभी नहीं पीते॥ १॥ जैसे, जो जल गङ्गाजीसे मिला हुआ है वह 'सुपावन' (सुष्ठु पावन) है, वैसे ही ईश (शिवजी) और अनीश्वर (जीव) में अन्तर है। (संत उन्मनीटीका, नंगे परमहंसजी)

नोट—१ नंगे परमहंसजी और पाण्डेजीने 'सुपावन' पाठ दिया है; पर मानस-अभिप्रायदीपकमें 'सो पावन' पाठ ही है।

नोट—२ सबसे प्राचीन टीकाकार श्रीकरुणासिन्धुजी (अयोध्या), पं० शिवलाल पाठक (काशी) और श्रीसंतसिंहजी पंजाबी (अमृतसर) हैं; जिन्होंने संवत् १८७८ वि० में टीकाएँ लिखीं। ये प्रथम अर्थके पक्षमें हैं। इन्हीं टीकाओंके साथ पं० सुधाकर द्विवेदी, बाबा हरिदास, बैजनाथदासजी, पं० सूर्यप्रसाद मिश्र, श्रीजानकीशरण स्नेहलताजी आदिने अपने शब्दोंमें दिये हैं। दूसरे अर्थके पक्षमें संत श्रीगुरुसहायलाल सन्त उन्मनीटीकाकार और श्रीअवधबिहारीदासजी, नंगे परमहंसजी हैं। नंगे परमहंसजी प्रथम अर्थको बहुत दलीलोंसे दूषित ठहराते हैं। पहले हम श्रीनंगे परमहंसजीके लेखके आवश्यक अंशको यहाँ देते हैं, फिर प्रथम अर्थके पक्षमें जो लोगोंने कहा है वह देंगे।

* अर्थ २ की पुष्टिमें श्रीनंगे परमहंसजीका कथन *

(क)—जैसे [*'सुरसरि मिलें'* जल (=जो जल गङ्गाजीसे मिला हुआ है) और *'सुरसरि कृत जल'* (=गङ्गाजीका किया हुआ जल=छाड़न)] इन दो जलोंमें अन्तर है, एक पावन है, दूसरा अपावन और जल-तत्त्व एक है (अर्थात् यद्यपि दोनों जल तत्त्वतः एक ही हैं); वैसे ही ईश शिवजी और अनीश मनुष्यमें अन्तर है, यद्यपि दोनोंमें जीवतत्त्व एक है।

(ख) यहाँ गङ्गाजी ब्रह्म, छाड़न ब्रह्मसे पृथक् हुआ जीव और धारासे मिला हुआ जल शिवजी हुए। ब्रह्मसे पृथक् होनेसे जीव अपावन हो जाता है, जैसे गङ्गाजीने जिस जलको छोड़ दिया है अर्थात् जो धारासे अलग हो गया है वह शास्त्रप्रमाणसे अपावन है; [यथा—'**गङ्गाया निस्सृतं तोयं पुनर्गङ्गां न गच्छति। तत्तोयं मदिरातुल्यं पीत्वा चान्द्रायणं चरेत्॥**' परंतु यह श्लोक कहाँका है, पता नहीं। बहुत खोजनेपर भी अभीतक मिला नहीं।] पुनः, यथा—*'तुलसी रामहिं परिहरे निपट हानि सुनु ओझ। सुरसरि-उर-गत सोइ सलिल सुरा सरिस गंगोझ॥'* (दोहावली ६८) *'जिमि सुरसरि गत सलिल बर सुरा सरिस गंगोझ॥'* (सतसई) शिवजी परमात्मासे मिले हुए हैं, अतः पावन हैं; जैसे धारासे मिला हुआ जल पावन है।

(ग) छाड़नको सुरसरिकृत कैसे माना जाय? उत्तर—क्योंकि छाड़न जल न तो मनुष्यकृत है और न मेघकृत, वह गङ्गाजीका ही किया हुआ है।

(घ) यदि कहो कि जैसे मिला हुआ जल पावन है वैसे ही छाड़न पुनः गङ्गाजीके मिलनेपर पावन हो जाता है; तो उत्तर यह है कि यहाँ छूटकर पुनः मिलनेकी व्यवस्थासे कोई प्रयोजन नहीं; वर्तमानमें जो दशा दो जलों (धारासे छूटे हुए और धारासे मिले हुए जलों) की है, उसीसे यहाँ मनुष्य और शिवजीकी उपमा दी गयी है, उसीसे यहाँ प्रयोजन है। क्योंकि शिवजी परमात्मासे प्रथमसे ही मिले हुए, छूटकर नहीं मिले हैं। भविष्यमें दोनों जलोंकी दशा जो भी होती रहे सो रहे, उससे यहाँ प्रयोजन नहीं है।

(ङ) अर्थ १ में ये दोष हैं—(१) गङ्गाजलसे जब मदिरा बनी हुई है तब तो वह मदिरा है ही, उसके लिये *'बारुनि जाना'* क्यों लिखा? जब वह प्रत्यक्ष ही वारुणी है तब 'जाना' क्रियाका प्रयोजन ही न था। वस्तुतः यहाँ 'जाना' शब्द देकर जनाया है कि यहाँ 'बारुनि' से वास्तविक मदिराका तात्पर्य नहीं है, किंतु छाड़न जल जो मदिराके तुल्य माना जाता है वह अभिप्रेत है। 'जाना' का भावार्थ ही यहाँ लेना होगा। *'बारुनि जाना'*=मदिरा-तुल्य माना गया है।

(२)—अर्थ १ तभी हो सकता है जब 'उत्प्रेक्षा अलंकार' की उपमा रहती है। बिना 'मानो' आदि शब्दोंके ऐसा अर्थ सिद्ध नहीं हो सकता। 'क्योंकि न तो कोई गङ्गाजल लाकर मदिरा बनाता है और न कोई गङ्गाजीमें छोड़ने जाता है; तो ऐसी उसकी उपमा क्यों दी जायगी कि जो बात संसारमें होती ही नहीं। मूलग्रन्थमें प्रत्यक्ष होती हुई बातकी उपमा दी जाती है। 'जैसे' 'तैसे' शब्द प्रत्यक्ष होती हुई बातोंमें ही लिये जाते हैं। (३)—मदिराको तो ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य तीनों ही वर्ण निषेध और अपावन मानकर नहीं पीते तब यहाँ 'संत' का ही पान न करना क्यों लिखा? कारण स्पष्ट है कि छाड़न जलको केवल संत नहीं पीते और चारों वर्ण पीते हैं। गाजीपुरके कई ग्रामोंमें देखा जाता है कि छाड़न जल चारों वर्ण पीते हैं।

* अर्थ १ के पक्षमें महात्माओंके कथन *

करुणासिंधुजी—कोई मनुष्य थोड़ा-सा गङ्गाजल भर ले जाय और उसमें किसी वृक्षका फल, किसीका छिलका और मिठाई (जैसे कि महुआ, गुड़) आदि मिलाकर मदिरा बनावे तो उसे कोई भले आदमी पान नहीं करते। (भाव यह कि गङ्गाजल यद्यपि उसी गङ्गाका अंश है और पावन है, पर वह महुआ, गुड़ आदिके सम्बन्धसे अपावन हो जाता है, उसे सदाचारी लोग नहीं पीते। उस अल्प जलमें, उस अपावनतारूपी दोषको पचानेकी शक्ति नहीं है।)

यदि वही फल, छिलका, मिठाई हजारों मन भी गङ्गाजीमें डाल दिया जाय तो (गङ्गाजल अपवित्र नहीं होता किन्तु) यह सब भी पावन हो जाता है। (भाव यह कि गङ्गाजीमें वा धाराके जलमें कितनी ही अपावन वस्तु पड़ जानेपर भी वह गङ्गाजल अपावन नहीं होता किन्तु पावन ही माना जाता है, क्योंकि उसमें इन अपावन वस्तुओं वा दोषोंके पचानेकी शक्ति है।) वैसे ही जीव अल्पज्ञ है। वह अनादि कालसे कर्मों (वा माया) के वशमें पड़ा हुआ है, इससे वह काम, क्रोध, लोभ आदि अनेक विकारोंको धारण किये हुए है। (भाव यह कि जीव यद्यपि ईश्वरका अंश है तथापि मायावश हो जानेसे वह दूषित हो गया है। ईश्वरसे पृथक् हो जानेके कारण उसमें दोषोंके पचानेकी शक्ति नहीं रह गयी।) अतएव उन जीवोंकी संगति संतजन नहीं करते, उनका वचन नहीं पान करते। प्रत्यक्ष देखिये कि (मल, मूत्रादि) जो कुछ गङ्गाजीमें पड़ता है वह सब पावन हो जाता है; वैसे ही जो 'ईश' अनेक विकार धारण करे तो वह विकार भी निर्विकार हो जाते हैं और उन 'ईशों' को संतजन भजते हैं। वैसे ही शिवजीको जानो। (ख)—'सुरसरि का छूटा जल' यह अर्थ यहाँ नहीं है। एवं जो यह कहते हैं कि 'जो वही मद्य गङ्गाजीमें पड़े तो गङ्गा हो जाता है, वैसे ही जीव ईशको जाननेसे ईश हो जाता है'—सो यहाँ इस अर्थका प्रयोजन ही नहीं है।

पंजाबीजी—अल्पज्ञ जीव एक पापसे भी पापी हो जाता है और ईश्वर जो सर्वज्ञ है, उसमें अनेक

अनुचित कर्म भी हों तो भी वे कर्म उसे मलिन नहीं कर सकते; किन्तु स्वयं पवित्र हो जाते हैं; जैसे अनेक गोपियाँ परस्त्रियाँ श्रीकृष्णजीको कलंकित न कर सकीं, किन्तु उनके संगसे स्वयं कृतार्थ हो गयीं।

पं० रामकुमारजी—गङ्गाजलमें बनी हुई मदिरा भी पान न करनी चाहिये। यह मदिराका त्याग दिखाया। धारारूप ईश्वर अपवित्र नहीं हो सकता, पर अल्पजलरूप जीव पापसे अशुद्ध हो जाता है।

सू० प्र० मिश्र, सुधाकर द्विवेदीजी—ग्रन्थकार दोहार्थको दृष्टान्तद्वारा सिद्ध करते हैं। '**समूहे शक्तिः**' यह सिद्धान्त है। अर्थात् बहुत बड़े पदार्थमें अनेक शक्ति रहती है। समुदायमें जो शक्ति होती है वह अल्पभागमें कदापि नहीं रह सकती; जैसे गङ्गाजलमें जो शक्ति थी कि '**चान्द्रायणसहस्त्रेण यत्फलं स्याज्जनार्दन। ततोऽधिकं फलं गङ्गामृतपानादवाप्नुयात्॥**'(काशीखण्ड अ० २८) वह शक्ति मदिरामें अल्पजल होनेसे मादक-पदार्थ संयोगद्वारा जाती रही; इसलिये उसे गङ्गाजल न समझकर संत लोग नहीं पीते। यदि हजारों बोतल मदिरा गङ्गाजीमें डाल दी जाय तो उसकी सारी मादकता उसी क्षण नष्ट हो जायगी, गङ्गाजीका ही प्रभाव देख पड़ेगा कि वह मद्य भी उसके प्रभावसे गङ्गाजलतुल्य हो जाता है। यही व्यवस्था जीव वा मलिन प्राणी और ईश्वरकी है। मायाके अधिकांश होनेसे अल्पज्ञ जीव थोड़े पापसे नष्ट हो जाता है; अर्थात् उसपर मलिनता छा जाती है, ईश्वरांशका सारा प्रभाव जाता रहता है। ईश्वरमें कितने ही दोष क्यों न हों पर दोषद्वारा उसका कुछ भी नहीं होता। यथा—कृष्णजीको रासक्रीड़ा, नन्द-गृहप्रादुर्भाव आदि।

सू० प्र० मिश्र—मेरी समझमें 'अंतर' शब्दका अर्थ 'उपाधिकृत भेद' करना चाहिये, 'वास्तविक भेद' नहीं। यदि वास्तविक भेद कहें तो ग्रन्थकारका यह कथन सर्वथा शास्त्रविरुद्ध हो जायगा; क्योंकि शास्त्रोंमें माया और ईश्वरका भेद वर्णन है न कि जीव और ईश्वरका वास्तविक भेद है। यथा—'**प्रकृतिः पुरुषश्चेति विकल्पः पुरुषर्षभ॥**' (भा० ११। २२। २९) अर्थात् हे पुरुषश्रेष्ठ उद्धव! प्रकृति और पुरुष इन दोनोंमें अत्यन्त भेद है। यहाँ ऐसा विवेक करना चाहिये कि मदिराके स्थानमें 'जीव' और 'गङ्गा' के स्थानमें 'ईश्वर' है। जीव और ईश्वरकी पावनता और अपावनताका उल्लेख नहीं है। [इसपर वे० भू० जी लिखते हैं कि 'परंतु रामचरितमानसके—'*ईश्वर जीव भेद प्रभु सकल कहहु समुझाइ। जातें होइ चरन रति सोक मोह भ्रम जाइ॥*' (३। १४) '*ईश्वर जीवहि भेद कहहु कस।*''''''*परबस जीव स्वबस भगवंता। जीव अनेक एक श्रीकंता॥*' (७।७८) तथा—'**द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते। तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति॥**' [ऋग्वेद,,मण्डल १ सूत्र १६४ मन्त्र २०, अथर्ववेद, काण्ड ९ अनुवाक ५ सूक्त ९ मन्त्र २०; निघंटु-प्रकरण १४ मन्त्र ३०; एवं श्वेताश्वतरोपनिषद् अ० ४ मन्त्र ६ '**ज्ञाज्ञौ द्वावजावीशनीशौ।**' (श्वेताश्वतरोपनिषद् अध्याय १ मन्त्र ९)' '**बालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च। भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते॥**' (श्वेताश्वतरोपनिषद् अ० ५ मन्त्र ९), इत्यादि श्रुतियोंसे ईश्वर और जीवका भेद बहुत स्पष्ट शब्दोंमें कहा गया है। अतः मानसकारका कथन शास्त्रविरुद्ध कदापि नहीं है। प्रत्युत उसका तोड़-मरोड़कर मानस-सिद्धान्तको कुचलना शास्त्रविरुद्ध है। यहाँ भेदका ही उल्लेख है।']

श्रीजानकीशरण स्नेहलताजी—दीपककारके '*मिले मधूकन्हि भे सुरा, नीर गङ्ग पर धार। गुड़ आदिक भे गङ्ग अस ईस अनीस विचार॥*' (५६) इस दोहेका भाव यह है कि—जीव यद्यपि ईश्वरांश है तो भी कामादिक विकारोंसे मिलित होकर अशुद्ध हो गया तब वह ईश्वरकी बराबरी करे तो कैसे हो सकता है? अभिप्राय यह है कि जो अवगुण जीवको रसातल भेजता है वही अवगुण पञ्चब्रह्म जो सूर्यादि हैं उनमें पड़नेसे शोभा देता है। भाव यह कि जो मदका सरंजाम घटस्थ गङ्गाजलमें पड़नेसे उसको बिगाड़नेका सामर्थ्य रखता है वही सरंजाम धारस्थ जलके बिगाड़नेको समर्थ नहीं है। इसी प्रकार जो अवगुण जीवको भ्रष्ट कर देता है, वही ब्रह्ममें पड़कर ब्रह्ममें जो गुण है उसीका रूप हो जाता है। ध्वनि यह है कि घटस्थ जल यदि धारके सदृश होना चाहे तो कैसे हो सकता है? वैसे ही अल्पज्ञ जीव सर्वज्ञके बराबर होनेकी ईर्ष्या करे तो नरकमें जायगा। मेरी समझमें अर्थ १ ही ठीक है। 'गङ्गाकी धारासे छूट जानेपर

ही 'गङ्गोझ' कहलाकर वह जल मदिरातुल्य हो जाता है'—ऐसा अर्थ २ के समर्थकोंका कथन है। इस कथनसे यह भाव निकलता है कि जीव परमात्मासे बिछुड़ते ही मदिराके तुल्य अपावन हो जाता है। परन्तु ऐसी बात है नहीं। जैसे गङ्गासे जल ले जाकर यदि विचारपूर्वक रखा जाय तो वह शुद्ध ही रहता है, उससे भगवान्‌की सेवा होती है, इत्यादि। हाँ, वह जल महुआ आदिके संसर्गसे अपावन हो जाता है, उसी प्रकार ईश्वरसे पृथक् होनेपर भी जीव विचारपूर्वक रहनेपर अर्थात् कर्म, ज्ञान, उपासनायुक्त रहनेपर परमात्माके तुल्य कहलाता है। यथा—*'भक्त भक्ति भगवंत गुरु चतुर नाम बपु एक।'* परन्तु जब वह कुसंगमें पड़ जाता है तब बद्ध, विषयी, दुष्ट और पापात्मा कहलाता है, उस जीवको अपावन जान संतजन ग्रहण नहीं करते। यहाँ तात्पर्य केवल यही है कि जीव ईश्वरसे पृथक् होनेपर उसका अंश होनेपर भी ईश्वरके सदृश नहीं हो सकता।'

वि० त्रि०—जैसे गङ्गाको मद्यमें परिणत करनेका सामर्थ्य किसीको नहीं है, वैसे ही ईश्वर दोषी हो नहीं सकता। थोड़ा-सा गङ्गाजल लेकर यदि मद्य बनाया जाय तो वह मद्य है, गङ्गाजल नहीं। कोई हठी भले ही कहे कि गङ्गाजल सदा गङ्गाजल ही रहेगा, पर कोई संत उसे ग्रहण नहीं करेगा। इसी भाँति जीव ईश्वर-अंश होनेपर भी ईश्वरसे पृथक् होनेपर अनीश्वर हो जाता है। मायावश होकर दोषयुक्त हो जाता है। कोई विवेकाभिमानी भले ही कहे कि वह ईश्वरसे व्यतिरिक्त और कुछ नहीं है, दोषसे उसका संसर्ग हो नहीं सकता, पर कोई संत इसे माननेको तैयार नहीं हो सकता। वही मद्य यदि गङ्गामें छोड़ दिया जाय तो वह गङ्गाको दूषित नहीं कर सकेगा, गङ्गामें मिलकर स्वयं गङ्गा हो जायगा। वही जीव यदि मुक्त हो जाय या ईश्वरकी शरणमें चला जाय तो ईश्वरमें लय होकर तरण-तारण हो जाता है। भाव यह कि अंशमें अल्पताके कारण दोषका प्रभाव पड़ जाता है, और अंशीमें महत्ताके कारण दोषका कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

कोई कहते हैं कि—(क) छाड़न-परक अर्थ अद्वैतमतमें अधिक ठीक बैठता है; क्योंकि गङ्गाजीमें और उसमें कुछ भेद होनेपर भी केवल अलग होनेसे उसको दोषी कहा गया। वही फिर गङ्गाजीमें मिलनेसे शुद्ध माना जाता है। परन्तु शब्दार्थमें 'गङ्गाजीसे अलग किया हुआ जल' ऐसा अर्थ करना होता है। इसमें 'अलग' शब्द बाहरी तथा 'कृत' शब्दको उठाकर 'सुरसरि' के साथ लगाकर अर्थ करना होता है और 'जाना' का अर्थ 'माना' करना पड़ता है। अर्थात् छाड़नपरक अर्थके लिये मूल पाठमें प्रथम 'कृत' तब 'जल', तथा 'जाना' के बदले 'माना' ठीक होता। [कवि सुगमतासे लिख सकता था—*'सुरसरि कृत जल बारुनि माना। कबहुँ न संत......'* पर उसने *'सुरसरि जल कृत बारुनि जाना'* लिखा।] *'सुरसरि मिलें सो पावन'* का अर्थ ठीक यही होगा कि—'यह छाड़न गङ्गामें मिलनेसे पवित्र होता है।' क्योंकि *'सुरसरि मिले सो'* में *'सो'* का महत्त्व है। जो गङ्गाजीसे मिला है वह तो गङ्गा ही है, उसमें शंकाका स्थान ही नहीं। छाड़नपरक अर्थकी अपेक्षा अर्थ १ ही अधिक उचित जान पड़ता है। उसमें शब्दका हेरफेर, अध्याहार (अलग) नहीं करना पड़ता।

(ख) संत=सदाचारी। ब्राह्मणादि जो दुराचारी हैं वे ही पीते हैं, शूद्रादि भी जो सदाचारी हैं वे नहीं पीते। इसीसे 'संत' कहा। तात्पर्य यह कि यहाँ ब्राह्मणादिका उल्लेख न करके 'संत' शब्द दे देनेसे छाड़न-परक ही अर्थ करना चाहिये,,यह बात नहीं कही जा सकती।

(ग) ब्रह्म व्यापक होनेसे जीव उससे कभी अलग तो है ही नहीं। गोस्वामीजीने भी यही कहा है; यथा—*'ब्रह्म जीव सम सहज सँघाती।'* (१। २०) *'तैं निज कर्मजाल जहँ घेरो। श्रीहरि संग तज्यो नहिं तेरो॥'* (विनय० १३६) जैसे गङ्गाजलसे बनी हुई मदिरा गङ्गाजल होनेपर भी वह भिन्न दूषित नाम-रूप-गुणवाला होनेसे अपवित्र होता है और वही फिर गङ्गाजीमें मिलनेसे उसके दूषित नाम-रूप-गुण नष्ट हो जाते हैं और वह गङ्गाजल ही कहा जाता है, वैसे ही ईश्वरांशरूप यह जीव मायाकृत देहादि अभिमानसे भिन्न नाम-रूप-गुणवाला होकर दोषी होता है। वही इनका अभिमान छोड़कर ईश्वरसे मिलता है, तब

शुद्ध हो जाता है, परन्तु देहादि रहनेतक तो वह जीव ही कहलायेगा। देहादिके नष्ट होनेपर अद्वैतमतसे तो वह ब्रह्मरूप हो जाता है और विशिष्टाद्वैतमतमें तो पृथक् अनुभवमें न आनेपर भी वह स्वरूपतः भिन्न रहता है, वस्तुतः क्या है सो तो परमात्मा ही जाने।

(घ) यह भी कोई नियम नहीं है कि 'जो दुनियामें देखा जाता है वही उपमामें दिया जाता है'; वह तो एक कविकी कल्पना है। यथा—*'ब्रह्म जीव बिच माया जैसे।'* (२। १२३) *'बिप्र बिबेकी बेदबिद संमत साधु सुजाति। जिमि धोखे मद पान कर सचिव सोच तेहि भाँति॥'* (२। १४४) अतः यह नहीं कहा जा सकता कि प्रसिद्ध उपमा न होनेसे मदिरापरक अर्थ नहीं हो सकता।

बाबा हरिदासजी—किसी-किसी देशमें ब्राह्मणादि सभी जातियाँ मद्यपान करती हैं। (यह बात आज भी प्रत्यक्ष देखी जाती है। शाक्त तो सभी पीते हैं) पर संतजन उसे नहीं पान करते, अतः उन्हींको कहा।

लमगोड़ाजी—गोस्वामीजीका काव्य प्रसादकाव्य है। अर्थ १ में प्रसाद गुण है, अतः वही ठीक है।

नोट—३ (६९। ५—७; ६९, ७०। १-२) कविकी ही व्याख्या है। शिवपुराणमें नहीं है। भागवत और शिवपुराण आधार भले ही हों पर यहाँकी व्याख्या बड़ी ही अनोखी है।

संभु सहज समरथ भगवाना। एहिं बिबाह सब बिधि कल्याना॥ ३॥
दुराराध्य पै अहहिं महेसू। आसुतोष पुनि किएँ कलेसू॥ ४॥
जौ तपु करै कुमारि तुम्हारी। भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी॥ ५॥

शब्दार्थ—दुराराध्य=जिसका पूजन, जिसको संतुष्ट वा प्रसन्न करना, जिसकी उपासना कठिन हो। आसुतोष=शीघ्र संतुष्ट वा प्रसन्न होनेवाले। आसु (आशु)=शीघ्र; यथा—*'खंड खंड होइ फूटहिं आसू।'*, 'सत्वरं चपलं तूर्णमविलम्बितमाशु च।' (अमरकोश १।६८)

अर्थ—शिवजी स्वाभाविक (आप-से-आप) ही समर्थ और भगवान् (षडैश्वर्यसम्पन्न) हैं। इस विवाहसे सब प्रकार कल्याण ही है॥ ३॥ पर महादेवजीकी आराधना कठिन है। फिर भी क्लेश उठानेसे वे शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं॥ ४॥ यदि तुम्हारी कन्या तपस्या करे तो त्रिपुरके नाश करनेवाले शिवजी भावी भी मिटा सकते हैं॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'संभु सहज समरथ भगवाना।……'* इति। (क)—पूर्व यह कहकर कि *'समरथ कहुँ नहिं दोषु गोसाईं।……'* तब यहाँ *'संभु सहज समरथ……'* कहनेका भाव यह है कि शिवजी समर्थ भी हैं और षडैश्वर्यसम्पन्न होनेसे 'ईश्वर' भी हैं। अतएव 'अगुन, अमान' आदि दोष उनमें दोष न होकर गुणरूप ही हैं। ये सब गुण हैं। [(ख) *'सहज'* शब्दसे जनाया कि वे किसीके बनायेसे समर्थ नहीं हैं, उनका सामर्थ्य उपार्जित नहीं है, किंतु वे स्वभावसे स्वयं समर्थ हैं। 'भगवान्' से जनाया कि दोष तो जीवोंमें होते हैं, और ये तो 'भगवान्' हैं अर्थात् सर्वदोषरहित हैं, जीवोंको गति और अगतिके देनेवाले हैं। पुनः भाव कि वे ईश हैं। उनमें पूर्व कहे हुए दोष 'मलके ऐसे तन्मय हैं, उन दोषोंके ऊपर उनका प्रभाव छा गया है; अतएव उनके साथ विवाह होनेसे सब प्रकार हित ही है।' (सुधाकर द्विवेदी) (ग) पूर्व (५२। ५) में जो कहा था कि *'इहाँ संभु अस मन अनुमाना। दच्छसुता कहुँ नहिं कल्याना॥'* उसीकी जोड़में यहाँ अब कहते हैं कि *'एहिं बिबाह सब बिधि कल्याना।'* पूर्व अकल्याणरूपी पतिवियोग हुआ और अब पुनः संयोग होगा।]

नोट—१ देखिये, 'शंभु' का अर्थ 'कल्याणकर्ता' है। *'सब बिधि कल्याना'* के साथ इसका प्रयोग कैसा सुसंगत है। वे शंभु हैं; अतः उनका सम्बन्ध हो जानेसे सब प्रकारके कल्याण निश्चित हैं। इसी प्रकार आगे 'दुराराध्य' और 'आसुतोष' के सम्बन्धसे (अर्थात् आराधनाकी कठिनता और फिर प्रसन्नतामें शीघ्रता कहते समय), 'महेस' नाम दिया है। 'महेश' हैं अर्थात् महान् ईश हैं, परम समर्थ हैं, इसीसे तो उनमें दोनों विपरीत गुण, विरोधी भाव सिद्ध हैं। और *'भाविउ मेटि सकहिं'* अर्थात् भावी मेटनेके सम्बन्धसे 'त्रिपुरारी' शब्द दिया। विशेष टिप्पणी २ में देखिये।

नोट—२ *'दुराराध्य पै अहहिं महेसू।'* इति। आराधना बड़ी कठिन है, रावणने सिर काट-काटकर चढ़ाये। जब वे बड़ी कठिन रीतिसे आराधनीय हैं तब ऐसा कठिन क्लेश उठानेसे क्या लाभ? प्रसन्न होनेपर वे क्या दे सकते हैं यदि कष्ट उठाया जाय? इसपर कहते हैं कि वे 'महेश' हैं, महान् ऐश्वर्यसे भरे हैं, यदि क्लेश उठाया जाय तो प्रसन्न होनेपर क्या नहीं दे सकते? सभी कुछ दे सकते हैं।

नोट—३ 'दुराराध्य' हैं तो बहुत दिनों कष्ट उठाना पड़ेगा? इस शंकाकी निवृत्तिके लिये *'आसुतोष पुनि……'* कहा। अर्थात् कष्ट उठानेसे झट प्रसन्न हो जाते हैं, देर नहीं लगती। 'आसुतोष' के उदाहरण विनयपत्रिकामें *'बावरो रावरो नाह भवानी……।'* (पूरा पद ५), *'कवनि भगति कीन्हि गुननिधि द्विज।……'* (पद ७), इत्यादि हैं। (सुधाकर द्विवेदीजी)

टिप्पणी—२ *'जौं तपु करै……भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी'* इति। (क) *'त्रिपुरारी'* का भाव कि जैसे त्रिपुरका मारना कठिन था वैसे ही भावीका मिटाना भी कठिन है। पर जैसे इन्होंने त्रिपुरको मारा, वैसे ही भावी मेटनेको भी वे समर्थ हैं। त्रिपुरको कोई देवता, दैत्य आदि न मार सके थे, शिवजीहीने उसे मारा। इसी प्रकार पूर्व जो कहा था कि *'जो बिधि लिखा लिलार। देव दनुज नर नाग मुनि कोउ न मेटनिहार॥'* (६८) उस त्रिपुरासुररूपी भावीको शिवजी मिटा सकते हैं, अन्य देव-दनुज आदि उसे नहीं मिटा सकते हैं। (ख) *'भाविउ मेटि सकहिं'* का भाव यह भी है कि यदि शिवजी ही पति लिखे हैं, तब तो वे मिलेंगे ही, पर यदि कोई और वर इन लक्षणोंका लिखा होगा तो उस लेखको भी ये मिटा सकते हैं। प्रमाण यथा—*'जिन्ह के भाग लिखी लिपि मेरी सुखकी नहीं निसानी। तिन्ह रंकन्ह कहुँ नाक सँवारत हौं आयो नकबानी॥'* (विनय० पद ५)।

वि० त्रि०—प्रारब्ध और नियति भी महेश-विमुखको होती है। नियति ईश्वरकी शक्ति है, उसका रूप संकल्प है। ईश्वर सत्यसंकल्प है, पर नियतिका स्वभाव है कि ईश्वरपरायणके सम्मुख कुण्ठिता हो ज़ाती है। वह महेश अपनी नियतिको भी हटाकर भक्तसे साधनका सम्पादन कराके उसे फलसे युक्त करता है। यही उसका बड़ा भारी स्वातन्त्र्य है।

नोट—४ ☞पार्वतीजी तो भगवती भवानी शिव-शक्ति ही हैं, इनको तपमें प्रवृत्त करानेका क्या कारण है? इस शंकाके समाधानमें यह कहा जा सकता है कि जब योगभ्रष्ट आदि उच्चकोटिके जीव किसी कारणसे पृथ्वीपर देह धारण करते हैं तब उस देहके पार्थिव अंशके साथ कुछ मायाके दोष भी आ ही जाते हैं जिनको तपश्चर्याके द्वारा नाशकर वे प्राणी दिव्य हो जाते हैं। उसी तरह सतीजीने एक तो अपने पतिके इष्टका अपमान किया था, दूसरे पतिका भी अपमान किया था और स्वयं भगवती होकर भी दो बार पतिसे झूठ बोलीं। ये दोष तो पूर्वसे थे ही और अब पार्थिव शरीर ग्रहण करनेसे उसके भी कुछ दोष होना स्वाभाविक ही है। इन दोषोंके नाश होनेपर ही वे पुनः शिवजीकी शक्ति होनेके योग्य हो सकेंगी। अतः तपके लिये कहा गया। नारदजीने पार्वतीजीसे कहा है कि तपसे पवित्र होनेपर तुम्हें शिवजी स्वीकार करेंगे; यथा—'**तपसा संस्कृतां रुद्रस्स द्वितीयां करिष्यति।**' (शिवपुराण २। ३। २१। २८)

नोट—५ जोड़के श्लोक ये हैं—'**शिवस्सर्वेश्वरस्सेव्योऽविकारी प्रभुरव्ययः॥** '**शीघ्रप्रसादः स शिवस्तां ग्रहीष्यत्यसंशयम्। तपःसाध्यो विशेषेण यदि कुर्याच्छिवा तपः॥ सर्वथा तु समर्थो हि स शिवस्सकलेश्वरः। कुलिपेरपि विध्वंसी ब्रह्माधीनस्त्वकप्रदः॥** (शि० पु० २। ३। ८। २१—२३) इनमें 'सहज समर्थ भगवान्', *'आसुतोष पुनि', 'जौं तपु करै कुमारि तुम्हारी'* की जोड़में क्रमशः सर्वेश्वर, सेव्य, अधिकारी, प्रभु, अव्यय, 'शीघ्रप्रसादः……' 'तपःसाध्यो……तपः' ये शब्द हैं और *'भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी'* का भाव '**कुलिपेरपि……प्रदः**', '**सर्वथा समर्थो हि……**' में है। वे सबका नाश कर सकते हैं, ब्रह्मा उनके अधीन हैं (अतः भावी मिटवा देंगे)

वैजनाथजी—'पहले वरकी कुरूपताको विधिके अंकोंद्वारा दृढ़ करके शिवजीकी प्राप्तिसे भूषित किया। (फिर) शिवप्राप्तिको दुर्घट कहकर तपस्यासे कार्यकी सिद्धि कही। इसलिये यहाँ दृढ़ता अतिशयोक्ति अलंकार

हुआ। यथा—'*सामासंख्य विचारि कै फिर विशेष दृढ़ भाव। दृढ़ता अतिशय उक्ति सो वर्णन रसिक सुदाव॥ या प्रकार बिधि जो बने तब तो ऐसो होय। होय होय कि होय नहिं त्रिबिध बाद इमि सोय॥*' [वीरकविजी लिखते हैं कि 'पहले यह कहना कि शिवजी दुराराध्य हैं, फिर इसके विपरीत कथन कि कष्ट उठानेसे आशुतोष हैं; 'उक्ताक्षेप अलंकार'।']

जद्यपि बर अनेक जग माहीं। एहि कहँ शिव तजि दूसर नाहीं॥ ६॥
बरदायक प्रनतारति भंजन। कृपासिंधु सेवक मन रंजन॥ ७॥
इच्छित फल बिनु सिव अवराधें। लहिअ न कोटि जोग जप साधें॥ ८॥

शब्दार्थ—बरदायक=वरदाता=वर देनेमें एक ही (अद्वितीय)। रंजन=चित्तको प्रसन्न वा आनन्दित करनेवाले। इच्छित=इच्छा की हुई, चाही हुई अभीष्ट, मनोवाञ्छित। अवराधना=आराधना, उपासना=सेवा, पूजा। अवराधना=आराधना करना—इस क्रियाका प्रयोग केवल पद्यमें होता है। लहना=प्राप्त करना, पाना। साधना=सिद्ध करना, पूरा करना।

अर्थ—यद्यपि संसारमें वर बहुतेरे हैं (पर) इसके लिये शिवको छोड़ दूसरा वर नहीं है॥ ६॥ (शिवजी) वरदाता, शरणागतके दु:खके नाशक, दयासागर और सेवकके मनको प्रसन्न करनेवाले हैं॥ ७॥ शिवजीका आराधन किये बिना करोड़ों योग और जप साधने (निर्विघ्न पूर्ण—समाप्त करने) पर भी (इसके लिये) मनोवाञ्छित फल नहीं प्राप्त किया जा सकता॥ ८॥

नोट—१ '*जद्यपि बर अनेक जग माहीं।*......' इति। (क) अर्थात् इन लक्षणोंसे युक्त वर संसारमें अनेक हैं, पर इसके लिये शिवजी ही वर हैं। '*दूसर नाहीं*' का आन्तरिक भाव यह है कि यह दूसरेको बरेगी ही नहीं, जैसा कि आगे दोहा ८० में पार्वतीजीने स्वयं कहा है, जब सप्तर्षि पार्वतीजीके प्रेमकी परीक्षा लेने गये हैं। सप्तर्षियोंने बहुत लोभ दिखाया है, यथा—'*हम तुम्ह कहुँ बरु नीक बिचारा॥ अति सुंदर सुचि सुखद सुसीला। गावहिं बेद जासु जस लीला। दूषन रहित सकल गुन-रासी। श्रीपति पुर बैकुंठ निवासी॥ अस बरु तुम्हहिं मिलाउब आनी।*' और शिवजीकी अयोग्यता आदि कही है, यथा—'*निर्गुन निलज कुबेष कपाली। अकुल अगेह दिगंबर ब्याली॥ कहहु कवन सुख अस बर पाएँ।*' (७९) पर सप्तर्षियोंसे शिवजीकी अयोग्यता और अतिशय सुन्दर वरके प्राप्तिका प्रलोभन दिये जानेपर भी वे अपनी निष्ठामें अचल बनी रहीं जैसा उनके उत्तरसे स्पष्ट है। यथा—'*हठ न छूट छूटै बरु देहा।*......*महादेव अवगुन भवन बिष्नु सकल गुन धाम। जेहि कर मनु रम जाहि सन तेहि तेही सन काम॥*' (८०) '*अब मैं जन्मु संभु हित हारा। को गुन दूषन करै बिचारा॥ जौं तुम्हरे हठ हृदय बिसेषी। रहि न जाइ बिनु किए बरेषी॥ तौ कौतुकिअन्ह आलस नाहीं। बर कन्या अनेक जग माहीं॥ जन्म कोटि लगि रगर हमारी। बरउँ संभु न त रहउँ कुँआरी॥*......' इत्यादि। (नारदजी जानते हैं कि ये सती हैं, शिवजीकी शक्ति हैं। ऐश्वर्य गुप्त रखनेके लिये ही उन्होंने इस तरह घुमा-फिराकर कहा है।) सुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि '*सती मरत हरि सन बरु मागा। जनम जनम सिवपद अनुरागा॥*' इस बातको अपनी सिद्धिके बल स्मरणकर नारदने कहा कि इसे शिव छोड़ दूसरा नहीं है। (ग) वन्दन पाठकजी लिखते हैं कि—एकाक्षर कोश और 'नामैकदेशेन नाम ग्रहणम्' इस सिद्धान्तसे 'अनेक' [अ=(=विष्णु)+ने (=देवताओंका नेता=इन्द्र)+क (=ब्रह्मा)] बर (=श्रेष्ठ) हैं। अर्थात् विष्णु, इन्द्र और ब्रह्मा श्रेष्ठ हैं। पर इसे '*शिव तजि*' (=शिव तजी) अर्थात् पूर्वजन्ममें इसे महादेवजीने त्याग दिया है—'*एहि तन सतिहिं भेंट मोहि नाहीं। सिव संकल्पु कीन्ह मन माहीं॥*' इसलिये यह '*नाहीं*' (=नाहकी=अपने पतिकी) 'दूसर' (=दूसरी) है अर्थात् दूसरी देहधारिणी है।'—(परंतु यह पण्डितोंका वाग्विलास है, क्लिष्ट कल्पना है।) भाव यह है कि इसमें ऐसे-ऐसे चमत्कृत गुण हैं कि दूसरा बर इसे मिल नहीं सकता। (वि० त्रि०)

नोट—२ '*बरदायक प्रनतारति भंजन।*......' इति। वरदायक आदि गुण कहकर शिवजीकी प्रशंसा करते

हैं। जिसमें दम्पति पार्वतीजीको तपस्या करनेके लिये भेजें और पार्वतीजीका भी तपस्यामें उत्साह बढ़े। 'वरदायक' हैं, जैसे कि रावण आदिको वर दिये हैं; प्रणतारति भंजन हैं; यथा—'*गये जे सरन आरति के लीन्हें निरखि निहाल निमिष महँ कीन्हें।*' (विनय० ६) '*कृपासिंधु*' हैं अर्थात् कृपा उनके हृदयमें अगाध समुद्रवत् भरी हुई है; यथा—'*करुनाबरुनालय साईं हियो है।*' (क० २०५) इससे जनाया कि अवढरदानी हैं, वे शीघ्र कृपा करेंगे। '*सेवक मन रंजन*' हैं, अतः पार्वतीजीके मनकी अभिलाषा पूर्ण करके उनको आनन्दित करेंगे।

नोट—३ '*इच्छित फल बिनु सिव अवराधें*......' इति। यथा—'*इन्ह सन काहु न सिव अवराधे। काहु न इन्ह समान फल लाधे॥*' (३११) भाव यह है कि शिवजी वर देते समय आगा-पीछा कुछ नहीं विचार करते, जो ही सेवक माँगता है वही दे देते हैं, चाहे उलटे अपने ही जी-जानपर क्यों न आ बने। देखिये मिथ्या वासुदेवके पुत्रको कृत्यानल देकर द्वारका भेज दिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि सुदर्शन चक्रने काशीपुरीको जला डाला। भस्मासुरको वर दे दिया कि जिसके सिरपर वह हाथ रख दे वह भस्म हो जाय सो वह वर पाकर आपहीपर हाथ साफ करने गया इत्यादि। इस कथनमें आशय यह है कि बिना किञ्चित् भी सोचे-विचारे मनोवाञ्छित फल देनेवाले शिवजी ही हैं और देवता बिना विचारे वर नहीं देते, अतएव मनचाहा वर चाहते हो तो शिवजीकी आराधनासे ही मिल सकता है। यहाँ 'प्रथम विनोक्ति अलङ्कार' है। ☞यहाँ '*एहिं कहँ सिव तजि दूसर नाहीं*' का ही प्रसङ्ग चल रहा है। इसलिये 'इच्छित फल' से पार्वतीजीके लिये शिवजीकी प्राप्तिरूपी इच्छित फल अभिप्रेत है। कारण कि इच्छित वरदानकी प्राप्ति ब्रह्मादि देवताओंके द्वारा भी होती है, पर शिवजी ही प्राप्त हों, इसके लिये तो उनकी ही आराधना करनी पड़ेगी।

वि० त्रि०—सेवक-मनोरञ्जन तो शिव ही हैं। इस कन्याकी रेखा पड़ी है '*होइहि पूज्य सकल जग माहीं, 'एहि सेवत कछु दुर्लभ नाहीं*' और बिना शिवकी आराधनाके वाञ्छितकी प्राप्ति नहीं होती। अतः यह फल तभी घटित होगा जब तुम्हारी कन्या तप करे और शिवजीसे इसका विवाह हो।

दो०—अस कहि नारद सुमिरि हरि गिरिजहि दीन्हि असीस।
होइहि यह* कल्यान अब† संसय तजहु गिरीस॥ ७०॥

अर्थ—ऐसा कहकर श्रीरामजीका स्मरण करके नारदजीने पार्वतीजीको आशीर्वाद दिया। (और कहा) हे गिरिराज! अब संदेह छोड़ दो, यह कल्याण (मङ्गल अर्थात् विवाह) निश्चय ही होगा॥ ७०॥

टिप्पणी—१ जो प्रथम शैलराजने सुताको प्रणाम कराया था, उसका आशीर्वाद यहाँ लिखते हैं। '*सुमिरि हरि*' का भाव कि कल्याण होनेका आशीर्वाद देते हैं और कल्याणके कर्ता 'हरि' हैं; यथा—'*सुमिरहु श्रीभगवान। पारबतिहि निरमएउ जेहि सोइ करिहि कल्यान॥*' (७१) अतः हरिको सुमिरकर आशीर्वाद दिया। पुनः भाव कि 'हे भगवन्! आप यह कार्य सिद्ध करें, शिवप्राप्ति कठिन है उसे करा दें।' इस प्रकार मनमें भगवान्का स्मरण करके तब आशीर्वाद दिया। [पुनः, दुःखहरणके सम्बन्धसे 'हरि' शब्द दिया; क्योंकि चाहते हैं कि वे दुःख हरनेवाले भगवान् इसके क्लेशको हरें तथा दम्पतिके सोचको हरें। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'यहाँ 'हरि'से श्रीरामजी ही अभिप्रेत हैं। जिन श्रीरामजीसे सतीजीने मरते समय वर माँगा था उन्हींका ध्यान करके नारदजीने पार्वतीजीको आशीर्वाद दिया—'हे श्रीराम! आप इसे वर दे ही चुके हैं, अब इसकी इच्छा शीघ्र पूरी कीजिये।' हरिका ध्यान करते ही भविष्यज्ञान होनेसे कहा कि '*होइहि यह कल्यान*......।' हरि=श्रीरामजी। यथा—'रामाख्यमीशं हरिम्' (मं० श्लोक ६)]

टिप्पणी—२ '*होइहि यह कल्यान*.....' इति। (क) भगवान्का स्मरण करके आशीर्वाद दिया और कहा कि यह कल्याण होगा। ☞इससे सूचित करते हैं कि भगवान्का स्मरण करके आशीर्वाद देनेसे ही उसकी सफलता होती है। ऋषि, मुनि, देवता, गुरुजन आदि जो आशीर्वाद देते हैं, उनकी पूर्ति प्रभुकी कृपाहीसे

* अव। † सव—१७२१, १७६२, छ०। १ यह २ अब—१६६१, १७०४, को० रा०।

होती है, अन्यथा नहीं। यथा—*'तात बात फुरि राम कृपाहीं। राम बिमुख सिधि सपनेहुँ नाहीं।'* (२। २५६) (ख) 'क्या कल्याण होगा?' यह ऊपर प्रथम ही कह चुके हैं; यथा—*'संभु सहज समरथ भगवाना। एहिं बिबाह सब बिधि कल्याना॥'* इसीसे यहाँ 'यह कल्यान' कहा अर्थात् जो अभी-अभी ऊपर कह चुके हैं वही। (पुनः, पूर्व पतिपरित्याग यह अकल्याण हुआ था, अब पतिसंयोग यह कल्याण होगा)। शिवजीसे विवाह होगा, यह आशीर्वाद दिया। पूर्व *'एहिं बिबाह सब बिधि कल्याना'* और *'एहि कहँ सिव तजि दूसर नाहीं'* में गुप्तरूपसे शिवप्राप्तिका आशीर्वाद दिया था और अब यहाँ प्रकटरूपसे आशीर्वाद दिया। 'कल्याण' का अर्थ मङ्गल है। (२०६) विवाह भी कल्याण वा मङ्गल-कार्य है; यथा—*'कल्यानकाज बिबाह मंगल सर्वदा सुख पाइहैं।'* इस तरह यहाँ 'कल्याण' से विवाह-मङ्गल अभिप्रेत है। ['अब' में भाव यह है कि कल्याणके लिये प्रयत्न आरम्भ हो जायगा और सिद्धि भी होगी, क्योंकि प्रारब्ध अनुकूल है, शिवपदानुरागका पूर्वजन्मार्जित वर है। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—३ *'अब संसय तजहु गिरीस'* इति। 'अब' का भाव कि पूर्वकल्याणकी हानि हुई थी; यथा—*'इहाँ संभु अस मन अनुमाना। दच्छसुता कहुँ नहिं कल्याना॥'* (५); वह कल्याण अब पुनः होगा। अतः 'अब' कहा।

नोट—१ आशीर्वाद चलते समय देनेका कारण यह भी है कि गिरिराज वरके दोष सुनकर अधीर हो गये थे। इसीसे अन्तमें यह भी कहा कि *'संसय तजहु गिरीस।'* अर्थात् इसका विवाह शंकरजीसे होगा, दूसरेसे नहीं, इसमें संदेह नहीं है। यथा—'समादिदेशैकवधूं भवित्रीं प्रेम्णा शरीरार्धहरां हरस्य।' (कुमारसम्भव १। ५०) अर्थात् नारदजीने कहा कि यह सपत्नियोंसे रहित शिवजीकी अर्धाङ्गिनी होगी। अब चिन्ता न करो। 'तजहु' से पाया जाता है कि उन्हें सोच और संशय था; यथा—*'झूठि न होइ देवरिषि बानी। सोचहिं दंपति सखी सयानी॥ उर धरि धीर कहैं गिरिराऊ। कहहु नाथ का करिअ उपाऊ॥'* (६८) इसीसे *'संसय तजहु'* कहा।

उमाचरित (श्रीपार्वती-तप) प्रकरण

कहि* अस ब्रह्मभवन मुनि गएऊ। आगिल चरित सुनहु जस भएऊ ॥ १ ॥
पतिहि एकांत पाइ कह मैना। नाथ न मैं समुझे† मुनि बैना॥ २ ॥
जौ घरु बरु कुलु होइ अनूपा। करिअ बिबाह सुता अनुरूपा॥ ३ ॥

शब्दार्थ—अनूपा (सं० अनुपम)=सुन्दर, उत्तम। अनुरूपा=तुल्यरूपका; योग्य, उपयुक्त।

अर्थ—(याज्ञवल्क्यजी कहते हैं) ऐसा कहकर मुनि (श्रीनारदजी) ब्रह्मलोकको गये। आगे जैसा कुछ चरित्र हुआ उसे सुनो॥ १॥ पतिको एकान्तमें (अकेले) पाकर मैनाजीने कहा—हे नाथ! मैं मुनिके वचन (अर्थात् उनके वचनोंका आशय) नहीं समझी॥ २॥ यदि घर, वर और कुल (तीनों) उत्तम और कन्याके योग्य हों तो विवाह कीजिये॥ ३॥

नोट—१ *'कहि अस ब्रह्मभवन मुनि गएऊ।......'* इति (क) *'नारद समाचार सब पाए। कौतुक ही गिरि गेह सिधाए॥'* (६६। ५) उपक्रम है और *'ब्रह्म भवन मुनि गएऊ'* उपसंहार। वे ब्रह्मभवनसे आये थे; यथा *'ब्रह्मादिक गावहिं जसु जासू। नारद समाचार सब पाए॥'* (६६। ४-५) *'ब्रह्मभवन*=ब्रह्मलोक=सत्यलोक; यथा *'सत्यलोक नारद चले करत राम गुनगान।'* (१। १३८) नारदजी प्रायः ब्रह्मलोकमें ही रहा करते हैं। अथवा जब कहीं बाहर जाते हैं तो प्रायः प्रथम अपने पिता ब्रह्माजीके पास ब्रह्मलोकमें चरित सुनानेके लिये आते हैं; यथा—*'प्रेम सहित मुनि नारद बरनि राम गुनग्राम। सोभासिंधु हृदय धरि गए जहाँ बिधिधाम॥'* (७। ५१) *'बार बार नारद मुनि आवहिं। चरित पुनीत रामके गावहिं॥ नित नव चरित देखि*

* अस कहि—भा० दा०। † बूझे—१७२१, १७६२, छ०। समुझे—१६६१, १७०४, को० रा०।

मुनि जाहीं। ब्रह्म लोक सब कथा कहाहीं॥' (७। ४२) इत्यादि वैसे ही इस समय भी चरित सुनाने गये। (ख) *'आगिल चरित सुनहु जस भएऊ'* से पार्वती-तप-प्रसंग' चला। (ग) *'चरित'* शब्द यहाँ देकर जनाया कि पूर्व जो जन्म आदि कहे गये वह भी पार्वतीजीका एक 'चरित' है। यहाँतक 'जन्म' 'नामकरण' तथा 'इच्छित वरप्राप्तिका आशीर्वाद' कहा गया। [नारद कौतुकके लिये आये, कौतुक करके चले गये। कौतुकसे क्या-क्या हुआ यह याज्ञवल्क्यजी आगे कहते हैं। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—१ (क) *'पतिहि एकांत पाइ कह मैना'* इति। [एकान्तमें पूछा; क्योंकि वरके विषयमें कन्या आदिके सामने माता-पिताका बात करना उचित नहीं। पुनः एकान्तमें पूछनेका कारण यह कि सबके सामने यह कैसे कहें कि हमारी समझमें बात नहीं आयी। अथवा सम्भव है कि सबके सामने हिमाचल मुनिकी सब बातें न कहें, अतः एकान्तमें पूछा। अथवा कुछ समझीं, कुछ न समझीं इससे वा पतिका आशय जाननेके लिये एकान्तमें पूछा। (सू० प्र० मिश्र) ☞घरकी बातें एकान्तमें ही कहनी चाहिये।] (ख) *'नाथ न मैं समुझे मुनि बैना'* इति। न समझनेका कारण यह है कि नारदजीके वचन स्पष्ट नहीं हैं, यथा—*'नारद बचन सगर्भ सहेतू।'* (७२। ३) इसीसे ग्रन्थकारने भी *'बचन'* शब्द न रखकर *'बैन'* (बयन) रखा। पुनः, मैनाके वचनसे पाया जाता है कि वे इतनाभर समझीं कि वर अच्छा न मिलेगा। जैसा कि नारदजीने प्रथम कहा था—*'अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि परी हस्त असि रेख॥'* (६७) तत्पश्चात् जो नारदजीने कहा वह न समझीं। कारण न समझनेका एक तो यह था कि नारदजी गूढ़ वचन बोले थे, क्योंकि वे पार्वतीजीका ऐश्वर्य अभी खोलना नहीं चाहते थे, स्पष्ट कहना नहीं चाहते थे कि ये शिवजीकी अर्धाङ्गिनी हैं, वे ही इनके पति होंगे; दूसरे, वरके दोष सुनकर मैनाजी बहुत विह्वल और अधीर हो गयी थीं। [इस चरणमें श्रीमैनाजीका भोला-भालापन दिखाया है कि कैसी सीधी-सादी हैं।]

नोट—२ *'जौं घरु बरु कुलु होइ अनूपा······'* इति। (क) कन्यादानमें प्रथम कुलका विचार किया जाता है, इसमें पिताकी इच्छा प्रधान होती है। फिर घरका विचार कि भोजन, वस्त्र और रहनेका सुख हो, इसमें माताकी इच्छा प्रधान है। जब ये दोनों माता-पिताकी इच्छाके अनुकूल हों तब वरके विषयमें विचार होता है। यह कन्याकी इच्छाके अनुकूल होना चाहिये। यहाँ इस क्रमके प्रतिकूल कहा है। अर्थात् पहले 'घर' कहा तब 'वर' और तब 'कुल'। कारण कि ये मैनाजीके वचन हैं। मैनाजी माता हैं, अतएव वे अपनी इच्छाको प्रधानता दिया ही चाहें; इसीसे उन्होंने प्रथम अपनी रुचि 'घर' कहा, तब कन्याकी रुचि, और तब पिताकी रुचि कही। (पांडेजी, वै०) (ख) सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि यहाँ स्त्रीस्वभाव दिखलाया है। मैनाजी कहती हैं कि नारदजीने यदि किसी अयोग्य वरके साथ ब्याह करनेको कहा हो तो ठीक नहीं, खूब देख-भालकर ब्याह करना चाहिये। ऐसा न हो कि आप नारदजीके कहनेपर ब्याह कर डालें। पहले तो 'घर' उत्तम होना चाहिये; यथा—**'माता वित्तम्।'** *'बरु'* से कन्याकी इच्छाको दिखलाया कि वर देखनेमें सुन्दर हो; यथा—**'कन्या वरयते रूपम्।'** 'कुल' से बान्धवोंकी रुचि सूचित की कि ऐसा न हो कि विवाह करनेपर बान्धव हँसें; यथा—**'बान्धवाः कुलमिच्छन्ति'** [☞ पूरा श्लोक इस प्रकार है—**'कन्या वरयते रूपं माता वित्तं पिता श्रुतम्। बान्धवाः कुलमिच्छन्ति मिष्टान्नमितरे जनाः॥'** (सुभाषित) अर्थात् कन्या रूपवान् पति, माता ऐश्वर्य, पिता विद्या, बन्धुवर्ग उत्तम कुल और अन्य लोग (बाराती) सुन्दर भोजन-सत्कार चाहते हैं।] (ग) सुधाकर द्विवेदीजी कहते हैं कि मैनाको मोटी-मोटी बातें समझ पड़ीं कि मेरी कन्याके विवाहके विषयमें कुछ नारदने कहा है और किसी वरका भी नाम लिया है, इसलिये कहती हैं कि *'जौं घरु······'* अर्थात् घर, वर, कुल उत्तम और बेटीके अनुकूल हो; क्योंकि शास्त्राज्ञा है—**'समाने सदृशे वरे'**। अर्थात् योग्य वरको कन्या देनी चाहिये। (घ) घर, वर और कुलके साथ 'अनूपा' और विवाहके साथ *'सुता अनुरूपा'* वा 'सुता' के 'अनुरूपा' कहनेका भाव कि घर-वर-कुल उत्तम हो, हमारे सदृश या हमसे विशेष हो और विवाह सुताके अनुरूप हो अर्थात् वर सुताके सदृश सुन्दर, सुशील आदि हो। (पं०) किसीने इसपर यह दोहा लिखा है—*'रूपहिं दंपति मातु धन पिता नाम विख्यात। उत्तम कुल बांधव चहैं भोजन लोग बरात॥'*

☞'*जौ घरु बरु कुल*……' से स्पष्ट है कि मैनाजी मुनिके वचनका सीधा अर्थ ही समझीं।

नोट—३ पद्मपुराण, सृष्टिखण्डमें भगवान्ने ब्राह्मणसे बताया है कि कन्याका विवाह किसके साथ न करना चाहिये। 'जो बहुत खाता हो, अधिक दूर रहता हो, अत्यधिक धनवान् हो, जिसमें अधिक दुष्टता हो, जिसका कुल उत्तम न हो, जो मूर्ख हो, जो अत्यन्त वृद्ध, अत्यन्त दीन, रोगी, अति निकट रहनेवाला, अत्यन्त क्रोधी वा असन्तुष्ट हो'—इन बारह व्यक्तियोंको कन्या न देनी चाहिये। जो लोभवश अयोग्य पुरुषको कन्यादान करता है वह रौरव नरकमें पड़ता है; यथा—'**यः पुनः शुल्कमश्नाति स याति नरकं नरः। विक्रीत्वा चात्मजां मूढो नरकान्न निवर्तते॥ लोभादसदृशे पुंसि कन्यां यस्तु प्रयच्छति। रौरवं नरकं प्राप्य चाण्डालत्वं च गच्छति॥**' (४९। ९०-९१) ☞गोस्वामीजीके '*जौ घरु बरु कुल*……' इससे तथा पद्मपु० के उपर्युक्त उद्धरणसे कन्याओंके माता-पिताओंको उपदेश ग्रहण करना चाहिये। पद्मपु० के उद्धरणको 'सुताके अनुरूप कौन नहीं है' इसकी व्याख्या वा परिगणन समझना चाहिये।

☞तुलनात्मक श्लोक—'**मेना प्राप्यैकदा शैलनिकटं प्रणनाम सा॥**……**मुनिवाक्यं न बुद्धं मे सम्यङ् नारीस्वभावतः। विवाहं कुरु कन्यायास्सुन्दरेण वरेण ह॥**'(शि० पु० २। ३।३९)

न त कन्या बरु रहउ* कुआरी। कंत उमा मम प्रान पिआरी॥ ४॥
जौ न मिलिहि बरु गिरिजहि जोगू। गिरि जड़ सहज कहिहि सबु लोगू॥ ५॥
सोइ बिचारि पति करेहु बिबाहू। जेहि न बहोरि होइ उर दाहू॥ ६॥

शब्दार्थ—कंत (सं० कान्त)=पति, स्वामी। प्रान पिआरी=प्राणोंके समान वा प्राणोंसे भी अधिक प्यारी।

अर्थ—नहीं तो बेटी भले ही कुँआरी रह जाय (इसमें हर्ज नहीं, पर अयोग्य वरके साथ ब्याह करना उचित नहीं)। हे स्वामिन्! उमा मुझे प्राण प्यारी है॥ ४॥ यदि पार्वतीके योग्य वर न मिला तो सब लोग कहेंगे कि (आखिर) गिरि स्वाभाविक जड (ही तो) हैं। (इसीसे ऐसा अयोग्य वर ढूँढ़ा)॥ ५॥ 'हे पति! इस बातको विचारकर ही ब्याह कीजियेगा; जिसमें फिर पीछे हृदयमें संताप न हो॥ ६॥'

नोट—१ '*न त कन्या बरु रहउ कुआरी।*' इति। (क) स्त्रियोंका कन्यापर जैसा वात्सल्य और स्नेह रहता है वैसा ही ठीक-ठीक यहाँ दरसाया गया है। यह स्वभावोक्ति है। (ख) '*रहउ कुआरी*' का भाव 'कुरूप, दरिद्री और हीन कुलवालेको कन्या न देना, क्योंकि ऐसेको कन्या देनेसे सभी-(कन्या, माता-पिता, बन्धुवर्ग-) को दुःख होगा। (ग) '*बरु रहउ कुआरी*' का भाव कि अयोग्यके साथ तो ब्याह कदापि न करूँगी, ब्याह न हो तो न सही। कन्या मुझे भार नहीं है। इस तरह अयोग्य वरके साथ विवाह होनेसे अधिक क्लेश जनाया और बिना ब्याही रहनेमें उतना क्लेश नहीं होता, यह जनाया। पुनः भाव कि कुँआरी रही तो इसमें अपना वश ही क्या है? यथा—'*कुँअरि कुआरि रहउ का करऊँ।*' (१। २५२ श्रीजनकवचन) मनुजी भी कहते हैं—'**काममामरणात्तिष्ठेद्गृहे कन्यर्तुमत्यपि। न चैवैनां प्रयच्छेत गुणहीनाय कर्हिचित्॥**' (९।८९) अर्थात् माता-पिता कन्याको ऋतुमती होनेपर भी आमरण घरमें ही रखें, परन्तु गुणहीन वरके साथ कभी ब्याह न करें।

टिप्पणी—१ '*कंत उमा मम प्रान पिआरी।*' इति (क) ['कंत' 'एकांत' के सम्बन्धसे कितना सुन्दर है? बड़ा ही प्रिय शब्द है जिसमें पतिके प्रति प्रेमका भाव भरा हुआ है। मिलान कीजिये '*कंत करष हरि सन परिहरहू। मोर कहा अति हित चित धरहू॥*' (५। ३६) '*कंत राम बिरोध परिहरहू।*' (६। १४) '*कंत समुझि मन तजहु कुमतिही।*' (६। ३५) मन्दोदरीने चिन्तित होनेपर और पति उसकी बात मान ले, इस विचारसे अपना अत्यन्त प्रेम दरसानेके लिये '*कंत*' सम्बोधन किया है। वैसे ही यहाँ मेनाजी चिन्तित हैं और चाहती हैं कि पति मेरी सलाह मान लें। (ख) '*उमा मम प्रान पिआरी*' कहनेका भाव कि उसका

* रहइ—छ०। 'रहउ'=रहे; यथा—कुआँरि कुआँरि रहउ का करऊँ' (१। २५२), रहउ चढ़ाउब तोरब भाई। तिलु भरि भूमि न सके छड़ाई।' (१। २५२) इत्यादि।

क्लेश मुझसे न सहा जायगा, उसको दुःखी देखकर मेरे प्राण न रहेंगे। यथा—*'तुम्ह सहित गिरि तें गिरउँ पावक जरौं जलनिधि महुँ परौं। घर जाउ अपजसु होउ जग जीवत बिबाहु न हौं करौं॥'* (९६)—[वन्दन पाठकजी लिखते हैं कि 'संस्कृत एकाक्षरकोशमें 'म' ब्रह्माको कहते हैं, इस तरह **'मम'**=**मस्य मः इति ममः।**=म (ब्रह्माका)+म (ब्रह्मा)=ब्रह्माको बनानेवाला महादेव। *'मम प्रान पिआरी'*=महादेवकी प्राणप्रिया है—यह अर्थ वाक्छलसे मेनाकी जीभपर बैठकर सरस्वतीने कह दिया। इसीको और पक्का करनेके लिये उमा—**'वोः महादेवस्य मा लक्ष्मीः'** इति उमा—नाम भी कहा। (मा० प०) परंतु यह क्लिष्ट कल्पना और पण्डितोंका वाग्विलास है जो महाकविजीके प्रसादकाव्यकी महिमा ही दिखा रहे हैं।]

नोट—२ *'जौं न मिलिहि बरु……'* इति। प्रथम *'उमा मम प्रान पिआरी'* कहकर अपनेको क्लेश होगा यह जनाया और अब इस वाक्यसे सुझाती हैं कि अयोग्य वर मिलनेसे मेरे तो प्राण जायेंगे ही और आपकी भी हँसी होगी, आपको सभी जड़ कहेंगे और कन्याको भी क्लेश होगा। इस तरह हम तीनोंका मरण होगा; क्योंकि सम्भावितके लिये अपकीर्ति मरणसे भी अधिक दुःख देनेवाली है। यथा—*'संभावित कहँ अपजस लाहू। मरन कोटि सम दारुन दाहू॥'* (२। ९५) *'गिरि जड़ सहज……'* अर्थात् पर्वत स्वभावसे जड़ होता ही है, इसीसे इन्होंने जड़ता (मूर्खता) की तो आश्चर्य ही क्या? ये तो पर्वतराज हैं, इन्होंने जड़ता की सो उचित ही है। इसीसे गिरिजाके योग्य वर न ढूँढ़ा। पुनः भाव कि एक तो हम जड़ हैं ही, पर तब अन्य सब लोग भी हमें जड़ कहेंगे। अथवा, पर्वत जड़ होता ही है, उसके सम्बन्धसे हमें भी लोग जड़ कहेंगे। क्योंकि हमलोग इनके अधिष्ठातृ देवता या राजा हैं।

टिप्पणी—२ *'सोइ बिचारि पति करेहु बिबाहू।……'* इति। (क) *'पति'* का भाव कि 'पाति रक्षति **इति पतिः।'** अर्थात् आप हमारे रक्षक हैं, अतः इस संतापसे हमारी रक्षा कीजिये, मेरी रक्षा करना आपका धर्म है। [(ख) *'सोइ बिचारि'* से सूचित होता है कि नारदजीकी बातोंसे इतना और समझ पड़ा था कि नारदजीने किसी अयोग्य वरकी चर्चा की है। (सुधाकर द्विवेदी) पुनः भाव कि लोग हमें मूर्ख कहें, जड़ कहें, इसकी मुझे अधिक परवा (चिन्ता) नहीं, पर ऐसा न हो कि अयोग्य वरके साथ ब्याह कर देनेसे गिरिजाका दुःख देखकर हमलोगोंके हृदयमें संताप हो, अतएव खूब सोच-विचारकर ब्याह कीजियेगा। यही समझकर कहती हैं कि *'जेहि न बहोरि होइ उर दाहू'*] (ग) *'जेहि न……'* अर्थात् आगे दाह होनेसे यही अच्छा है कि कन्या कुँआरी ही रह जाय।

अस कहि परीचरन* धरि सीसा। बोले सहित सनेह गिरीसा॥७॥
बरु पावक प्रगटै ससि माहीं। नारद बचनु अन्यथा नाहीं॥८॥

शब्दार्थ—**अन्यथा**=और-का-और, असत्य=झूठ।

अर्थ—ऐसा कहकर (पतिके) चरणोंपर सिर रखकर गिर पड़ी। (तब) हिमवान् प्रेमसहित बोले॥ ७॥ चन्द्रमामें अग्नि भले ही प्रकट हो जाय, पर श्रीनारदजीके वचन असत्य नहीं हो सकते॥८॥

नोट—१ *'अस कहि'*—अर्थात् जैसा ऊपर लिख आये—*'जौं घरु बरु'* से *'जेहि न बहोरि होइ उर दाहू।'* तक

नोट—२ *'परी चरन……'* इति। चरणोंमें सिर धरकर पड़ जानेका भाव कि—मैनाजी इस तरह मनाती हैं कि 'हे स्वामी! आप भी प्रतिज्ञा करें कि अयोग्य वरसे ब्याह न करेंगे। इस तरह पतिकी कार्यपद्धतिको बदलना चाहती हैं कि वे *'जोगी जटिल अकाम मन'* वालोंमें कौन अच्छा है इस खोजमें न लगें, अच्छे घर-वर-कुलकी खोज करें। यह दशा करुणरसकी परिपूर्णता और प्रार्थनाकी अतिशयता सूचित करती है। इस करुणरसपरिपूर्ण प्रार्थनासे हिमवान्‌को दया आ गयी और वे स्नेहसहित बोले। (पं० पां० वैं, मा० प०)

---

* घरनि—छ०।

नोट—३—*'सहित सनेह'* का रूप आगे दिखाया गया है; यथा—*'प्रिया सोच परिहरहु……।'* इससे यह भी जनाया कि हँसकर, हाथ पकड़कर, मैनाजीको उठाकर आदरसहित अत्यन्त निकट बैठाकर, गलेमें हाथ डालकर इत्यादि रीतिसे प्रेम दरसाकर *'प्रिया'* सम्बोधन करते हुए बोले। मैना घबड़ा गयी हैं, उनको सांत्वना देना है, सन्तुष्ट करना है, अतः प्रेमसहित समझाना आवश्यक था; इसीसे *'बोले सहित सनेह'* कहा।

नोट—४—*'गिरीसा'* इति। नारदजीने जो कहा था कि *'एहि तें जसु पैहहिं पितु माता',* वह फल उनको प्रत्यक्ष मिल रहा है, क्योंकि *'जब तें उमा सैलगृह जाईं। सकल सिद्धि संपति तहँ छाईं॥ ब्रह्मादिक गावहिं जसु जासू।'*—इससे हिमवान्‌को नारद-वचनमें पूर्ण विश्वास हो गया था, वह विश्वास कैसे हट सकता है? श्रद्धासे जिस बातको पकड़ ली, उसे नहीं छोड़ेंगे, इस भावको दरसानेके लिये यहाँ प्रारम्भमें ही *'गिरीस'* नाम कविने दिया है।

नोट—५ *'बरु पावक प्रगटै ससि माहीं।……'* इति। (क) ☞इस वाक्यसे नारदजीके वचनकी दृढ़ता सूचित करते हैं कि इनका वचन तीनों कालोंमें अन्यथा होनेवाला नहीं; अतः तुम स्त्रीस्वभाव छोड़कर भगवान्‌का स्मरण करो, जैसा आगे कहते हैं। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'शशि (चन्द्रमा) जलमय है। पुराणोंमें लिखा है कि चन्द्रमा अत्रिके अश्रुजलसे बना है; यथा—**'हरिहरविरञ्चिवरलाभश्रवणं सहर्षं पुत्रकामाऽग्निनेत्रविगलितजलविन्दुरिन्दुः।'** जल अग्निका नाशक है, उसमें अग्निका होना असम्भव है। वह भी सम्भव हो जाय तो हो जाय, पर नारदका वचन अन्यथा नहीं हो सकता। इस वाक्यसे ग्रन्थकारने *'हिम'* से अचल श्रद्धा दिखायी। अर्थात् **'यथा नाम तथा गुणः'** इस सिद्धान्तसे जैसा गिरिका नाम 'अचल' है वैसा ही नारदके वाक्यमें श्रद्धा भी अचल है, यह सिद्ध किया।' पं० रामकुमारजी कहते हैं कि 'चन्द्रमा भी भगवान्‌का मन है और नारद भी मन हैं। चाहे चन्द्रमा—मनका धर्म छूट जाय पर यह (नारद) मनका धर्म न छूटेगा।' और कोई महानुभाव कहते हैं कि गिरिराजका अभिप्राय यह है कि 'हे प्रिये! यह तो तुम जानती ही हो कि शशि हिमकर भी कहा जाता है, हिमालयपर वह हिम स्रवता ही रहता है, उसमेंसे अग्निका स्रवना असम्भव है, तो भी चाहे यह अनहोनी भी सम्भव हो जाय पर नारद-वचन असम्भव हो जाय यह कदापि सम्भव नहीं।' ☞यहाँ चन्द्रमासे नारदमें विशेषता दिखायी है। चन्द्रमा देवता है और नारद देवर्षि हैं। **'चन्द्रमा मनसो जातः।'** अर्थात् चन्द्रमा मनसे उत्पन्न हुआ है और नारदजी तो भगवान्‌के मन ही हैं।

(ख) साधारण देवता भी असत्य नहीं बोलते और ये तो देवर्षि हैं। इनके वचन स्वभावतः कभी असत्य नहीं हो सकते। इस सामान्य बातका विशेषसे समर्थन करना 'अर्थान्तरन्यास अलंकार' है। 'प्रौढ़ोक्ति' का भी आभास है। (वीरकवि) यह *'सोइ बिचारि पति करेहु बिबाहू'* का उत्तर है।

(ग) शिवपुराणमें भी ऐसा ही है। यथा—**'इत्युक्त्वाश्रुमुखी मेना पत्यङ्घ्र्योः पतिता तदा। तामुत्थाप्य गिरिः प्राह यथावत्प्राज्ञसत्तमः॥ शृणु त्वं मेनके देवि यथार्थं वच्मि तत्त्वतः। भ्रमं त्यज मुनेर्वाक्यं वितथं न कदाचन॥'** (२।३।९।८-९)

दो०—प्रिया सोचु परिहरहु सबु* सुमिरहु श्रीभगवान।
पारबतिहि† निरमएउ जेहि सोइ‡ करिहि कल्यान॥ ७१॥

अर्थ—प्रिये! सब सोच छोड़ दो, 'श्रीभगवान्' का स्मरण करो। जिसने पार्वतीको रचा (बनाया, पैदा किया) है, वही निश्चय ही कल्याण करेगा॥ ७१॥

नोट—१ असम्भव बात वा होनहारके लिये सोच न करना चाहिये। दूसरे, भगवान् ही भावीको मिटा

* अब। † पारबती—१७२१, १७६२, छ०, भा० दा०। * सबु। † पारबतिहि—१६६१, १७०४, को० रा०। ‡ सोई करिअहि—ना० प्र०।

सकते हैं। अतः सोच छोड़कर स्मरण करनेको कहा। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि *'कर्म प्रधान बिश्व करि राखा'* इस पूर्वमीमांसाके सिद्धान्तको पक्का मानकर तथा—'स रक्षिता रक्षति यो हि गर्भे' इसके अनुसार कहा कि जिसने पार्वतीको बनाया वही सब कल्याण करेगा। बहुत ज्ञान होनेसे लोग नास्तिक हो जाते हैं, भगवान्‌में उनकी अचल श्रद्धा नहीं होती। इसलिये सब बातोंको छोड़कर **'कर्त्तुमकर्तुमन्यथाकर्त्तुं समर्थो भगवान्'** इसी एकको जो पकड़कर रहता है वही पूरा आस्तिक मूढ़ कहाता है—'सबसे बड़े हैं *'मूढ़ जाहि न ब्यापत जगत गति।'* सो महामूढ़ गिरीश अपना सिद्धान्त कहकर आप निश्चिन्त हुए और अपनी स्त्रीको भी निश्चिन्त किया।'

नोट—२ *'सब सोच'* अर्थात् घर-वर-कुलका सोच, सुताके योग्य वर मिलने-न-मिलनेका सोच, हमको जड़ कहे जानेका सोच तथा हृदयमें दाह होनेका सोच।

नोट—३ *'सुमिरहु श्रीभगवान'* इति। (क) इससे जनाया कि हिमाचलका भागवत-(नारद-) के वचन और श्रीभगवान्‌पर विश्वास है। (ख) श्रीभगवान्‌को स्मरण करनेका भाव कि वे अपनी ऐसी जोड़ी मिला देंगे। पुनः, *'पारबतिहि निरमएउ जेहि'* इस सम्बन्धसे 'श्रीभगवान्' कहा; जो उत्पत्ति करे वह भगवान् है। (पं० रा० कु०) पुनः, 'श्रीभगवान्' कहकर जनाया कि श्रीसहित भगवान्‌का स्मरण करो, जिसमें जैसा श्रीजीका पति सुन्दर है वैसा ही पति पार्वतीको मिले। श्री=श्रीजी, सीताजी; यथा—*'आगे राम सहित श्री भ्राता।'* (पं०) सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि 'श्रीभगवान्' पदसे यह व्यञ्जित हुआ कि केवल भगवान् असमर्थ हैं, श्रीसहित उनके भजनसे वे सब इच्छा पूर्ण करेंगे। प० प० प्र० का मत है कि गिरिराजने जान लिया कि मेनाका नारद-वचनपर विश्वास नहीं है और भगवान्‌की कृपाके बिना यह विश्वास नहीं होगा। श्री=लक्ष्मी, ऐश्वर्य, शोभा इत्यादि। इन सभीकी प्राप्ति श्रीकी कृपासे होगी। अतः श्रीसहित स्मरण करनेको कहा।' (ग) साहसपूर्वक ईश्वरपर भरोसाकर चित्तको दृढ़ करना 'धृतिसंचारी भाव' है। (वीरकवि)

नोट—४ ☞*'सोइ करिहि कल्यान'* इति। नारदजीने कहा था कि *'होइहि यह कल्यान अब'*, अतः ये भी कहते हैं कि *'सोइ करिहि कल्यान।'* दोनों वाक्योंमें *'हि'* निश्चयका अर्थ दे रहा है। नारदजीने कहा—*'संसय तजहु।'* वैसे ही ये मेनाजीसे कहते हैं कि *'सोच परिहरहु सबु।'* नारदजीके सम्बन्धमें *'सुमिरि हरि'* कहा था, हिमवान् भी उसीके अनुसार *'सुमिरहु श्रीभगवान'* कहते हैं। नारदजीने 'गिरीश' सम्बोधन किया था, वही 'गिरीश' शब्द यहाँ वक्ता मेनाको समझानेमें देते हैं—*'बोले सहित सनेह गिरीसा।'* वहाँके 'गिरीश' सम्बोधनकी सार्थकता एवं चरितार्थता यहाँ दिखायी। ☞जैसा गिरीशको नारदजीने समझाया, ठीक वैसा ही गिरीशने मेनाजीको उपदेश दिया। इससे दिखाया कि हिमवान्‌ने मुनिके वचन गाँठ बाँध लिये। उनके वचनोंपर इनकी परम श्रद्धा है, अतः उसीको उन्होंने दृढ़ किया है। यहाँ यह भी सूचित होता है कि नारद-वचन अन्यथा होगा नहीं और उन्होंने इसके कल्याण होनेका आशीर्वाद दिया है तथा संशय और सोच छोड़नेको कहा है। अतः सब चिन्ता छोड़कर भगवत्स्मरण करनेको कहा। स्वयं तो नारदके उपदेशसे संशय छोड़े हुए हैं ही।

अब जौं तुम्हहि सुता पर नेहू। तौ अस जाइ सिखावनु देहू॥ १॥
करै सो तपु जेहि मिलहिं महेसू। आन उपाय न मिटिहि कलेसू॥ २॥
नारद बचन सगर्भ सहेतू। सुंदर सब गुन निधि बृषकेतू॥ ३॥

अर्थ—अब यदि तुम्हें कन्यापर प्रेम है तो जाकर उसे ऐसी शिक्षा दो कि वह ऐसा तप करे कि जिससे शिवजी मिल जायँ। (अर्थात् वे वररूपसे प्राप्त हो जायँ।) अन्य किसी उपायसे क्लेश नहीं मिटेगा॥ १-२॥ नारदजीके वचन गूढ़ भाव (रहस्य)—पूर्ण, हितकारी और कारणयुक्त हैं। वृषकेतु (धर्मध्वज) श्रीशिवजी, सुन्दर और समस्त गुणोंके निधान (भण्डार) वा खजाना हैं॥ ३॥

नोट—शिवपुराणमें इससे मिलते हुए श्लोक ये हैं—**'यदि स्नेहः सुतायास्ते सुतां शिक्षय सादरम्। तपः कुर्याच्छङ्करस्य सा भक्त्या स्थिरचेतसा॥ चेत्प्रसन्नः शिवः काल्याः पाणिं गृह्णाति मेनके॥'** (२।३।९।१०-११)

टिप्पणी—१ ***'अब जौं तुम्हहि……'*** इति। (क)—***'अब'*** का अन्वय ***'जाइ सिखावन देहू'*** के साथ है। ***'सुता पर नेहू'*** के साथ नहीं है। क्योंकि सुतापर माताका स्नेह तो सब दिनसे है—[दोहेमें बताया कि प्रथम परमेश्वरका विश्वास और भरोसा करना मुख्य है और अब उपाय बताते हैं। भाव यह कि भगवान्‌का भरोसा रखकर उपाय करना चाहिये। पुनः, 'अब' का भाव कि अभी सुअवसर है, अभी मुनिके वचनोंका प्रभाव सबोंपर छाया हुआ है, अतः तत्सम्बन्धी शिक्षाका प्रभाव तुरत पड़ेगा, फिर तुम्हारा अथवा सुताका मत कोई फेर न दे।—**'शुभस्य शीघ्रम्।'** शुभकार्यमें देर न करना चाहिये। (पं०) पुनः भाव कि एक बात तो बता चुके कि शोच छोड़कर भगवान्‌का स्मरण करो, वे क्लेश हरेंगे; कल्याण करेंगे। अब दूसरी बात कहते हैं सो सुनो। (ख) ***'जौं तुम्हहिं सुता पर नेहू'*** का भाव कि यदि सत्य ही कहती हो कि ***'उमा मम प्रान पिआरी' 'जेहि न बहोरि होइ उर दाहू',*** और यदि सत्य ही सुतापर तुम्हारा स्नेह है तो ऐसा करो जैसा मैं कहता हूँ। प्रियका जिसमें हित है उस साधनाका उपदेश उसे जी कड़ा करके देना चाहिये। ☞ पुत्रको पिता और कन्याको माता लौकिक व्यवहारकी शिक्षा देते हैं, इसीसे हिमवान् मेनाजीसे पार्वतीजीको शिक्षा देनेके लिये कहते हैं, नहीं तो स्वयं सिखावन देते।]

टिप्पणी—२ (क) ***'करै सो तपु जेहि मिलहिं महेसू।'*** इति। नारदजीका वचन है कि ***'जौं तपु करै कुमारि तुम्हारी। भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी॥ यद्यपि बर अनेक जग माहीं। एहि कहँ सिव तजि दूसर नाहीं॥'*** अतएव कहते हैं कि ***'करै सो तपु……।'***—[पुनः, ***'सो तप'*** का भाव कि नारदजी कह चुके हैं कि ***'दुराराध्य पै अहहिं महेसू। आसुतोष पुनि किएँ कलेसू॥'*** अर्थात् कठिन क्लेश करनेपर वे शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं, अतः वह ऐसा कठिन तप करे कि वे शीघ्र प्रसन्न हो जायँ। ***'महेसू'*** का भाव पूर्व लिखा जा चुका है। तात्पर्य कि वह शिवजीके लिये भारी कठिन तप करे, क्योंकि वे दुराराध्य हैं। (ख) ***'आन उपाय न मिटिहि कलेसू'*** इति। नारदजीने कहा है—***'इच्छित फल बिनु सिव अवराधें। लहिअ न कोटि जोग जप साधें॥'*** तथा ***'भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी॥'*** इसीसे हिमाचल कहते हैं कि क्लेश मिटनेका एकमात्र उपाय यही है। भाव यह है कि तपसे शिवजीकी प्राप्ति हो जानेसे सब क्लेश आप ही मिट जायगा, अन्य किसी उपायसे तथा बिना शिवप्राप्तिके क्लेश नहीं मिटनेका। इसीसे ***'जेहि मिलहिं महेसू'*** कहा और ***'आन उपाय न'*** कहा।]

टिप्पणी—३ ***'नारद बचन सगर्भ सहेतू।……'*** इति। भाव भरा होनेसे ***'सगर्भ'*** कहा और उनके कहनेका यह कारण है, इससे ***'सहेतू'*** कहा। शिवजीका विवाह करना प्रकट न कहा, यह साभिप्राय है—[***सगर्भ***=गर्भसहित=भीतर कुछ और अर्थों और भावोंसे भरा हुआ। अर्थात् जैसे गर्भका बालक ऊपरसे दिखायी नहीं देता, वैसे ही मुनिके वचनोंमें जो अभिप्राय और हित भरा हुआ है, वह ऊपरसे नहीं समझ पड़ता। उनके वचन रहस्यपूर्ण हैं, गूढ़ अभिप्राययुक्त हैं।]

नोट—१ ***'सहेतू'*** का भाव कि 'ये वचन हमारे हितके सूचक हैं, शिवजीके सम्बन्धसे हमारा प्रताप बढ़ेगा, हमारी प्रशंसा होगी, कन्या भवानी होकर जगत्पूज्य हो जायगी और इस सम्बन्धसे हमलोग भी महिमाकी अवधि माने जायेंगे; यथा—***'महिमा अवधि राम पितु माता।'*** इन वचनोंका आशय श्रेष्ठ है। (पं०)

नोट—२ ***'सगर्भ सहेतू'*** कहकर ***'सुंदर सब गुन निधि बृषकेतू'*** कहनेका भाव कि जो नारदजीने ***'जोगी जटिल अकाम मन नगन अमंगल बेष'*** कहा है उन कुरूपतासूचक वचनोंके गर्भमें 'सुन्दरता' का आशय भरा है और जो ***'अगुन अमान मातु पितु हीना। उदासीन सब संसय छीना॥'*** कहा, उन अवगुणसूचक वचनोंमें 'सर्वगुणसम्पन्न' होनेका आशय गर्भित है। बैजनाथजी एवं रा० प्र० कार लिखते हैं कि 'जितने दोष नारदजीने गिनाये हैं वे अन्यत्र दोष हैं पर शिवजीमें वे गुण हैं। कदाचित् इसका

ब्याह शिवजीसे लिखा हो तो ठीक ही है, बिना उपाय भी सम्भव है; उसपर यदि उपाय भी किया गया तब तो फिर कहना ही क्या? और यदि शिवजीके साथ विवाह नहीं लिखा है तो उपाय करनेसे होगा। इसलिये दोनों प्रकारसे उपाय करना भला है। वे तो गुणखानि हैं, अवगुण तो ऊपरसे दिखावामात्र है, इसलिये 'सुन्दर' कहा।

नोट—३ सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'हिमवान्‌ने पीछेसे नारदजीके प्रत्येक वचनपर ध्यान और विचार किया, इसीसे कहा कि *'नारद बचन सगर्भ सहेतू'* हैं। वचनोंके अन्तर्गत जो गर्भित आशय है वह पूर्व लिखे गये हैं। भूत-प्रेतादिके सङ्ग रहनेसे कोई यह न समझे कि वे अघोड़ी या बेधर्मी हैं, इसलिये 'बृषकेतु' विशेषण दिया।'

नोट—४ कोई-कोई *'सुंदर सब गुननिधि बृषकेतू'* को 'वचन' के ही विशेषण मानते हैं।

वि० त्रि०—*'सुंदर सब गुननिधि बृषकेतू……'* इति।' **'कन्या वरयते रूपं माता वित्तं पिता श्रुतम्। बान्धवाः कुलमिच्छन्ति मिष्टान्नमितरे जनाः॥'** कन्या रूपका वरण करती है इसलिये कहते हैं कि वृषकेतु सुन्दर हैं। पिता श्रुतका वरण करता है, इसलिये कहते हैं *'गुननिधि बृषकेतू'* माता वित्तका वरण करती है, इसलिये कहते हैं कि शङ्कर हैं, दूसरोंका कल्याण किया करते हैं, उन्हें वित्तका क्या घाटा है। बान्धव कुलकी इच्छा करते हैं, अतः कहते हैं *'सबहिं भाँति संकरु अकलंका'* इस भाँति घर-वर-कुलका अनूपत्व कहा।

अस बिचारि तुम्ह* तजहु असंका। सबहि भाँति† संकरु अकलंका॥४॥
सुनि पति बचन हरषि मन माहीं। गई‡ तुरत उठि गिरिजा पाहीं॥५॥

शब्दार्थ—असंका (सं० आशङ्का)=डर, संदेह, अनिष्टकी भावना। ☞यह शब्द मानसकारने प्रायः 'झूठी शङ्का अर्थात् जहाँ कोई संदेह या भयकी बात नहीं है वहाँ संदेह, शङ्का, भय या अनिष्टकी भावना' के अर्थमें प्रयुक्त किया है। यथा—*'तदपि असंका कीन्हिहु सोई। कहत सुनत सबकर हित होई॥'* (१।११३)।

अर्थ—ऐसा विचारकर तुम व्यर्थका सन्देह छोड़ दो। शिवजी सभी प्रकार कलंकरहित हैं॥४॥ पतिके वचन सुनकर मनमें प्रसन्न होकर मेनाजी उठकर तुरंत ही पार्वतीजीके पास गयीं॥५॥

नोट—१ *'अस बिचारि'* अर्थात् नारदवचन सगर्भ और सहेतु हैं, शिवजी सुन्दर हैं, गुणोंकी खानि हैं, धर्मकी ध्वजा हैं तथा सब प्रकार निष्कलङ्क हैं—यह विचारकर आशङ्का छोड़ो। 'आशङ्का' कहकर जनाया कि जहाँ कोई शङ्काकी, सोचकी बात ही नहीं है, वहाँ तुम शङ्का कर रही हो। तुम्हारी शङ्का निर्मूल है, मिथ्या है। २—*'सबहिं भाँति अकलंका'* अर्थात् *'अगुन अमान मातु पितु हीना'* इत्यादि कोई भी कलंक उनमें नहीं है। पुनः, *'सबहि भाँति'* अर्थात् लोक और वेद-शास्त्र-पुराणादि सभीके मतसे वे दोषरहित हैं। ३—☞जैसे नारदजीने गिरिराजसे प्रथम यह कहकर कि *'जो बिधि लिखा लिलार'* उसे *'कोउ न मेटनिहार'* फिर उपाय भी बताया था; वैसे ही गिरिराजने भी मेनाजीसे प्रथम यह कहकर कि *'नारद बचन अन्यथा नाहीं'* फिर उपाय भी कहा कि *'करै सो तप जेहि मिलहिं महेसू।'* नारदजीने कहा था कि *'तदपि एक मैं कहौं उपाई। होइ करै जौं दैउ सहाई॥'* इसीसे उन्होंने प्रथम ही मेनाजीसे *'सुमिरहु श्रीभगवान'* अर्थात् श्रीभगवान्‌का स्मरण करनेको कहा, जिसमें वे सहायता करें और *'करै जौ दैउ सहाई'* की बात भी पूरी हो जाय। और मिलान पूर्व आ चुके हैं। ४—'नारदजीकी बातसे मेनाके मनमें जो शङ्का और भ्रम उत्पन्न हुए थे, हिमवान् सच्ची बात कहकर उन्हें दूर करनेका प्रयत्न करते हैं। यहाँ 'भ्रान्त्यापह्नुति अलंकार' की ध्वनि है।' (वीरकविजी)

* सब—१७२१, १७६२, छ०, भा० दा०। तुम्ह—१६६१, १७०४, को० रा०।† १६६१ में अनुस्वार नहीं है।
‡ गइ—१६६१।

टिप्पणी—१ (क) *'सुनि पति बचन हरषि मन माहीं। गई……'* इति। पूर्व कहा था कि *'अस कहि परी चरन धरि सीसा।'* ७१ (७) और यहाँ लिखते हैं कि *'गईं तुरत उठि।'* इससे जनाया कि जब गिरिराज समझाने लगे तब वे उठकर बैठ गयी थीं, और अब बैठेसे उठकर गिरिजाके पास गयीं। मारे खुशीके 'तुरत' गयीं। नारदजीके वचन सुनकर दुःखित हुई थीं, अब पतिके वचन सुनकर मनमें हर्ष हुआ। —[यहाँ *'हरषि मन माहीं'* से दो बातें दिखायीं—एक तो पतिके वचनमें विश्वास होनेसे पातिव्रत्यधर्म और दूसरे यह कि आत्मजा-(कन्या-) को ऐसा पति मिलनेसे सुख होगा।' पुनः, *'हरषि मन माहीं'* मनका हर्ष कार्यसिद्धिका द्योतक है, यथा *'होइहि काजु मोहि हरष बिसेषी।'* (५। ४) मिलानका श्लोक—'इत्याकर्ण्य गिरेर्वाक्यं मेना प्रीततराऽभवत्। सुतोपकण्ठमगमदुपदेष्टुं तपो रुचिम्।' (शि० पु० २। ३। ९। १३)]

उमहि बिलोकि नयन भरे बारी। सहित सनेह गोद बैठारी॥ ६॥
बारहि बार लेति उर लाई। गदगद कंठ न कछु कहि जाई॥ ७॥

अर्थ—उमाको देखकर नेत्रोंमें जल भर आया। मेनाजीने प्रेमसहित उनको गोदमें बिठा लिया॥ ६॥ (मेनाजी उमाको) बारम्बार छातीसे लगा लेती हैं। उनका गला स्नेहके कारण भर आया, कुछ बोला नहीं जाता॥ ७॥

नोट—१ *'उमहि बिलोकि……'* इति। (क) माता तपश्चर्याकी शिक्षा देने गयीं परंतु कन्याको तपके योग्य न समझकर उनकी सुकुमारता देख वात्सल्य उमड़ आया, नेत्रोंमें जल भर आया, प्रेमाश्रु निकल ही पड़े। कन्या एक तो स्वभावसे ही सुकुमारी होती है, उसपर भी ये तो राजाकी कन्या हैं, इनकी सुकुमारताका क्या कहना? वे अति सुकुमारी हुआ ही चाहें—*'अति सुकुमार न तनु तप जोगू'* आगे ७४ (२) में कहा ही है। तपकी आज्ञा कैसे दें, यह सोचकर प्रेमके कारण विह्वल हो गयीं, आज्ञा न दे सकीं। (ख)—सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि *'उमहि बिलोकि नयन भरे बारी।'* यहाँ हृदय समुद्र है, आत्मजाका मुख चन्द्रमा है, उसे देखते ही हृदय-समुद्र उमड़ा, जिससे नेत्रोंमें जल भर आया। *'गोद बैठारी'* से हृदयने अपने पास बैठाया और प्राणप्यारी होनेसे *'बारहि बार लेति उर लाई'* से वह हृदयमें बैठा हुआ प्राण बार-बार हृदयके भीतर अपने पास रखनेके लिये हृदयमें लगा-लगाकर भीतर ले आनेका यत्न करता है। प्रेमजलके बहनेसे गला भर गया, कण्ठावरोध होनेसे मुँहसे बात नहीं निकलती—यह स्वभावोक्ति है।' (ग) *'सहित सनेह……'* यह नित्यका अनुभव लोकमें प्रत्यक्ष देखा जाता है कि ऐसी दशामें पुत्र एवं कन्यापर स्नेह अधिक उमड़ता है, माता उसे गोद लेती, प्यार करती है, इत्यादि। वही स्वाभाविक मेनाजी कर रही हैं।

नोट—२ *'बारहि बार लेति उर लाई……'* इति। गोदमें बिठाना और बारम्बार हृदयमें लगाना यह प्रेम-विह्वलदशा प्रकट कर रहा है। यथा—*'पुनि पुनि सीय गोद करि लेहीं'*, *'बार बार भेटहिं महतारीं'* इत्यादि। ☞मेनाजीका मन, कर्म, वचन तीनोंसे कन्यामें प्रेम दिखाया है। *'सुनि पतिबचन हरषि मन माहीं। गई तुरत उठि……।'* से मनका प्रेम दिखाया। *'गोद बैठारी'*, *'बारहि बार लेति उर लाई'* और *'अस कहि परी चरन धरि सीसा'* यह कर्मसे प्रेम दिखाया। *'कंत उमा मम प्रान पिआरी'* तथा *'गदगद कंठ न कछु कहि जाई'* यह वचनका प्रेम दिखाया। ☞*'उमहि बिलोकि नयन भरे बारी।……गदगद कंठ……'* में मेनाजीके *'कंत उमा मम प्रान पिआरी'* और *'जौ तुम्हहि सुता पर नेहू'* इन वचनोंको ग्रन्थकारने प्रत्यक्ष कर दिखाया है। [विरहका ध्यान करके बार-बार हृदयसे लगाती हैं (वि० त्रि०)।]

नोट—३ मिलानके श्लोक—'सुताङ्गं सुकुमारं हि दृष्ट्वातीवाथ मेनका। विव्यथे नेत्रयुग्मे चाश्रुपूर्णेऽभवतां द्रुतम्॥ सुतां समुपदेष्टुं तन्न शशाक गिरिप्रिया।' (शि० पु० २। ३। ९। १४-१५)।

जगतमातु सर्बग्य भवानी। मातु सुखद बोलीं मृदु बानी॥ ८॥

दोहा—सुनहि मातु मैं दीख अस सपन सुनावौं तोहि।
सुंदर गौर सुबिप्रबर अस उपदेसेउ मोहि॥७२॥

अर्थ—जगज्जननी जगदम्बा और सर्वज्ञ भवानी माताको सुख देनेवाली कोमल मीठी वाणी बोलीं॥८॥ माँ! सुन। मैंने ऐसा स्वप्न देखा है, तुझे सुनाती हूँ। एक सुन्दर गौरवर्ण उत्तम श्रेष्ठ ब्राह्मणने मुझे ऐसा उपदेश दिया है॥७२॥

टिप्पणी—१ *'जगतमातु सर्बग्य भवानी।'''''* इति। (क) ऐश्वर्यमें जो जगज्जननी हैं वे ही माधुर्य लिये हुए पुत्रीकी तरह मातासे बोलीं। सर्वज्ञ हैं अतः माताके हृदयका अभिप्राय जान गयीं कि वे किसलिये हमारे पास आयी हैं और क्यों कुछ कह नहीं सकतीं तथा यह कि वे प्रेमसे विह्वल हैं, तपके लिये आज्ञा न देंगी। भवानी हैं, अतः भवकी प्राप्तिके लिये बोलीं। पुनः भाव कि [(ख) मातासे कन्या अपने विवाहकी या वरकी चर्चा करे, यह योग्य नहीं है। इसीसे कहते हैं कि ये सामान्य कन्या नहीं हैं, ये तो जगज्जननी हैं, इनमें अयोग्यता नहीं कही जा सकती। उसपर भी ये 'भवानी' हैं अर्थात् ये तो *'सदा संभु अरधंगनिवासिनि'* हैं, इनका कुछ नया सम्बन्ध नहीं हो रहा है; इसीसे ये महादेवजीके लिये तप करनेकी बात कहेंगी, इस तरह वे शिवजीकी प्राप्तिका उपाय रच रही हैं। (पं० मा० प०) पुनः, (ग)—सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'नारदजीने जो तीन नाम 'उमा, अम्बिका, भवानी' पहले बताये हैं, वही तीनों नाम यहाँ ग्रन्थकारने भी रखे हैं। 'जगतमातु'=अम्बिका, 'भवानी' दोनों जगह हैं। रहा तीसरा—'सर्वज्ञ', इससे 'उमा' नाम कहा; क्योंकि उमा=महादेवजीकी लक्ष्मी=सर्वज्ञा। अथवा सर्बग्य=शर्वज्ञ=शर्व-(=शिवजी-) को जाननेवाली।' 'सर्वज्ञ' शब्दमें 'परिकरांकुर अलंकार' की ध्वनि है।] (घ) *'मातु सुखद'* इति। अर्थात् जो माताके हृदयमें है, जो शिक्षा वे देने आयी हैं और जो वह चाहती हैं वही बात कोमल वाणीसे कही, जिससे माताको सुख हो और सुकुमारताका विचार उनके हृदयसे निकल जाय।

टिप्पणी—२ *'सुनहि मातु मैं दीख अस'''''* इति। (क)—पार्वतीजीका माधुर्यमें स्वप्न देखना कहा। इसी तरह श्रीसीताजीका माधुर्यमें स्वप्न देखना अयोध्याकाण्डमें कहा है; यथा—*'जागे सीय सपन अस देखा।'* (२। २२६) (ख) 'सुन्दर' अर्थात् 'कर्पूरगौरम्', 'शङ्खेन्द्वाभमतीव सुन्दरतनुम्', 'कुंद इंदु दर गौर सुन्दरम्' इत्यादि। सुबिप्र=उत्तम ब्राह्मण ['सुविप्रवर' से जनाया कि उपदेश देनेवाला वह ब्राह्मण शास्त्रज्ञ, सदाचारी और तेजस्वी इत्यादि है। ऐसेहीके वचनोंपर लोग श्रद्धा रखते हैं, इसीसे उपदेशकका 'सुविप्रवर' होना कहा। (सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि '**सुविप्र=सुष्ठु विप्रो द्विजश्चन्द्रो यस्य या सुष्ठु स्थाने शेखरे विप्रश्चन्द्रो यस्य स सुविप्रः**=चन्द्रशेखर। बर=वर=विवाहयोग्य युवा पुरुष। अर्थात् एक शङ्खके समान गौरवर्ण, मस्तकपर चन्द्रमा धारण किये, जवान पुरुषने मेरे पास आकर मुझे उपदेश दिया। बिप्र=द्विज=चन्द्र।' और सू० प्र० मिश्र कहते हैं कि 'सुविप्र' से नारदका भी ग्रहण हो सकता है।) ☞'सुविप्र' के साथ 'वर' शब्द बड़े रहस्यका है। इससे यह भी जनाया कि वह हमारा 'वर' ही है, जिसने स्वप्नमें दर्शन दिया।] (ग)—माताके मनका अभिप्राय जानकर स्वप्नके बहाने तात्पर्य सूचित करके उनके मनका असमंजस दूर करना 'सूक्ष्म अलंकार' है। (वीरकवि) परंतु बैजनाथजीका मत है कि यहाँ 'प्रहर्षण अलंकार' है; क्योंकि माता जिस लिये पास आयी, वह इन्होंने स्वयं सुना दिया।

वि० त्रि०—स्वप्नाध्यायीके अनुसार सुन्दर गौर सुविप्रवरका कहा हुआ सत्य होता है। *'सुनावौं तोहि'* का भाव कि उत्तम पुरुषसे ही स्वप्न सुनानेका विधान है। इससे ज्ञात होता है कि प्रातःकाल उठकर मैना पार्वतीजीके पास गयी थीं, हिमाचलसे बातचीत रातको एकान्तमें हुई थी।

नोट—१ मिलान कीजिये—'**बुबुधे पार्वती तद्वै जननीङ्गितमाशु सा॥ अथ सा कालिका देवी सर्वज्ञा परमेश्वरी। उवाच जननीं सद्यः समाश्वास्य पुनः पुनः॥ मातश्शृणु महाप्राज्ञेऽद्यतनेऽज मुहूर्तके। रात्रौ दृष्टो मया स्वप्नस्तं वदामि कृपां कुरु॥ विप्रश्चैव तपस्वी मां सदयः प्रीतिपूर्वकम्॥ उपादिदेश सुतपः कर्तुं मातश्शिवस्य वै॥**' (शिवपु० २।३।९।१५—१८)

करहि जाइ तपु सैलकुमारी। नारद कहा सो सत्य बिचारी॥ १॥
मातु पितहि पुनि यह मत भावा। तपु सुखप्रद दुख दोष नसावा॥ २॥

अर्थ—हे गिरिराजकुमारी! नारदजीने जो कहा है उसे सत्य समझकर जाकर तप कर॥ १॥ (यदि कहें कि माता-पिताकी आज्ञा बिना कैसे जा सकती हैं, तो उसपर कहते हैं कि तेरे) माता-पिताको भी यह मत (विचार) अच्छा लगा है। तप सुखका देनेवाला और दुःखदोषका नाशक है॥ २॥

टिप्पणी—१ *'करहि जाइ तपु सैलकुमारी।......'* इति। (क) स्वप्न जो सुविप्रवर-(रूप शिवजी-) ने आकर कहा वह पाँच अर्धालियोंमें है। *'करहि जाइ तपु'* यह उसका उपक्रम है और *'करहि जाइ तपु अस जिय जानी'* उपसंहार है। स्वप्नके सत्य होनेका क्या प्रमाण? क्योंकि स्वप्न तो विशेषकर झूठे भी होते हैं?—इस सम्भावित शङ्काके निवारणके लिये *'नारद कहा सो सत्य बिचारी'* कहा। स्वप्न नारदजीके वचनोंसे मिलता है, इसीसे आगे माता-पिताने उस स्वप्नको प्रमाण माना। (पुनः, जगदम्बा पिता-माताके हृदयकी ही बात कह रही हैं, इससे भी विश्वास होगा।) (ख) *'करहि जाइ'* इति। *'जाइ'* का भाव कि घर छोड़कर वनमें जाकर तप कर, घरमें तप न सधेगा; क्योंकि राजमहलमें रहते हुए विषयोंसे वैराग्य होना दुस्तर है; यथा—*'होइ न बिषय बिराग भवन बसत भा चौथपन।'* (१। १४२) यह मनु महाराजका अनुभव है। [(ग) *'सैलकुमारी'* का भाव कि 'तू ऐसेकी बेटी है कि जहाँ सभी तपस्या करनेको आते हैं, तब तू क्यों न तप कर?'—(सू० प्र० मिश्र) वा, 'सचमुच तू जड़की कन्या है, इसीसे तुझे अपना हित नहीं सूझता।'—'सु० द्विवेदी) वा, धैर्य धारण कर, तू शैलराज हिमवान्‌की कन्या है, अतः हिमवान्‌के समान धैर्य धारण करना चाहिये; यथा—'**धैर्येण हिमवानिव**' (वाल्मी० १। १७) (रा० प्र०) ☞वस्तुतः भाव यह है कि तुम पर्वतराजकी कन्या हो, अतः पर्वतसदृश दृढ़तासे जाकर तप कर सकती हो, डरनेका काम नहीं है। पुनः, *सैलकुमारी*=शैलराजकी कन्या। माधुर्यमें ही उपदेश बनता है, इसीसे राजकुमारी कहकर उपदेश किया।] (घ) *'नारद कहा सो सत्य......'* इति। *'नारद कहा सो'* से *'अगुन अमान'* से लेकर *'हस्त असि रेख'* तक और मुख्य करके *'संभु सहज समरथ भगवाना'* से लेकर *'इच्छित फल बिनु सिव अवराधे।......'* तक जो कुछ कहा गया वही अभिप्रेत है।—इस वचनसे स्वप्नकी सत्यता दृढ़ करायी।

नोट—१ *'मातु पितहि पुनि यह मत भावा'* इति। भाव कि यदि कहो कि कन्या स्वतन्त्र नहीं है, विवाहके पूर्व वह माता-पिताके अधीन है, तब बिना उनकी आज्ञाके घरसे बाहर कैसे जाकर तप कर सकती है?—'**न हि स्त्रीणां स्वतन्त्रता**', *'कत बिधि सृजी नारि जग माहीं। पराधीन......।'* (१। १०२) तो उसपर कहते हैं कि तेरे माँ-बापका भी यही मत है, यही रुचि है। उनको यह मत पसंद है। प्रमाण यथा—*'अब जौ तुम्हहिं सुता पर नेहू। तौ अस जाइ सिखावन देहू॥'* यह पिताका मत है और यह मत माताको भी रुचता है। यह *'सुनि पति बचन हरषि मन माहीं। गई तुरत उठि गिरिजा पाहीं॥'* से सिद्ध है। पुनः माताके हृदयका संकोच मिटानेके अभिप्रायसे स्वप्नके मिष कहा कि *'मातु पितहि......'*। इससे *'सुंदर गौर सुबिप्रबर'* की सर्वज्ञता भी द्योतित हुई।

नोट—२ *'तपु सुखप्रद दुख दोष नसावा'* इति। (क) सुखप्रद है अर्थात् इससे तुझे सुख मिलेगा अर्थात् शिवप्राप्ति होगी और वरके दोष भी मिट जायँगे तथा जो वरके दोष सुनकर दम्पतिको दुःख हुआ वह भी (अर्थात् कारण और कार्य दोनोंहीका) नाश हो जायगा। क्योंकि नारदवचन सत्य है कि *'भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी।'* (रा० प्र०, मा० प०)

'तपु सुखप्रद दुख दोष नसावा'—विप्रवरने स्वप्नमें इन शब्दोंसे गिरिजाजीको सान्त्वना दी कि तुमने जो पतिका अपमान करनेसे दुःख पाया कि कैलाससे च्युत हो पुनर्जन्म लेना पड़ा, इत्यादि वह सब दोष और दुःख तपसे धुल जायगा और तुम्हें पुनः पूर्वसुखकी प्राप्ति होगी। मेनाजी जो समझती हैं कि शङ्करजीमें

११ दोष हैं, उनसे विवाह होनेसे कन्याको सुख तो मिलेगा नहीं वरंच दुःख ही भोगना पड़ेगा, उनको यह स्वप्न सुनानेसे विश्वास होगा कि तपोबलसे वरके दोष भी गुण-समान हो जायँगे और दोष न रह जानेसे सुख होगा, दुःख रह ही न जायगा।

नोट—३ ☞यह और आगेका स्वप्नवृत्तान्त मानसका ही है। शिवपुराण आदिसे यह स्वप्न सरस है, भावगर्भित है, सुन्दर है।

तप बल रचै प्रपंचु बिधाता। तप बल बिष्नु सकल जगत्राता॥ ३॥
तप बल संभु करहिं संघारा। तप बल सेषु धरै महि भारा॥ ४॥
तप अधार सब सृष्टि भवानी। करहि जाइ तपु अस जिय जानी॥ ५॥

अर्थ—(देख) तपके ही बलसे ब्रह्माजी संसारको रचते हैं, तपबलसे ही भगवान् विष्णु सम्पूर्ण जगत्‌की रक्षा (पालन) करते हैं॥ ३॥ तपबलसे ही शिवजी संहार करते हैं और तपके ही बलसे शेषजी पृथ्वीका भार (अपने एक ही सिरपर) धारण करते हैं॥ ४॥ (अधिक क्या कहें) हे भवानी! सारी सृष्टि ही तपके आधार-(आश्रय, सहारे-) पर है। ऐसा जीमें जानकर जाकर तप कर॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'तप बल रचै प्रपंचु बिधाता।······'* इति। ☞श्रीरामचन्द्रजीके भजनके बलसे तीनों देव (त्रिदेव) तीन काम करते हैं; यथा—*'जाके बल बिरंचि हरि ईसा। पालत सृजत हरत दससीसा॥'* (५। २१ हनुमत्-वाक्य)। *प्रपंचु*=सृष्टि।=चौरासी लक्ष योनियाँ, इत्यादि। [भगवान्‌के नाभिकमलसे उत्पन्न होनेपर 'कैसे सृष्टि करूँ' इस बातको जाननेके लिये ब्रह्माजीने सैकड़ों दिव्यवर्षोंतक तप किया। प्रमाण यथा—**'विरिञ्चोऽपि तथा चक्रे दिव्यं वर्षशतं तपः।'** (भा०। ३। १०। ४) **'भूयस्त्वं तप आतिष्ठ विद्यां चैव मदाश्रयाम्। ताभ्यामन्तर्हृदि ब्रह्मन् लोकान् द्रक्ष्यस्यपावृतान्॥'** (भा० ३।९।३०)—(भगवान्‌ने उनको पुनः तप करनेकी आज्ञा दी जिससे वे सम्पूर्ण लोकोंको अपने अन्तःकरणमें स्पष्ट देख सकें और वैसी ही सृष्टि रचें।) श्रीसीतारामार्चनमें भी इसकी चर्चा है। पुनश्च यथा—**'सोऽसृजत्तपसा युक्तो रजसा मदनुग्रहात्। लोकान्सपालान्विश्वात्मा भूर्भुवः स्वरिति त्रिधा॥'** (भा० ११। २४। ११) (अर्थात् ब्रह्माने तपस्या की और रजोगुणद्वारा लोकपालोंसहित तीनों लोकोंकी रचना की।) भा० २। ९ में लिखा हुआ है कि ब्रह्मा कमलनाभिसे उत्पन्न हो लोकरचनाका विचार करने लगे परन्तु प्रपञ्चरचनाकी विधिका ज्ञान न हुआ। उन्हें अकस्मात् 'तप' शब्द सुनायी पड़ा। तब वे तपमें प्रवृत्त हुए और एक सहस्र दिव्यवर्षोंपर्यन्त एकाग्रचित्तसे प्राण, मन और इन्द्रियोंको जीतकर घोर तप किया। यथा—**'स आदिदेवो······नाध्यगच्छद् दृशमत्र सम्मतां प्रपञ्चनिर्माणविधिर्यया भवेत्॥ (५)······दिव्यं सहस्राब्दममोघदर्शनो जितानिलात्मा विजितोभयेन्द्रियः। अतप्यत स्माखिललोकतापनं तपस्तपीयांस्तपतां समाहितः॥'** (८) भगवान् विष्णु भी तपबलसे पालन करते हैं; यथा—**'सृजामि तपसैवेदं ग्रसामि तपसा पुनः। बिभर्मि तपसा विश्वं वीर्यं मे दुस्तरं तपः॥'** (२३) अर्थात् तपसे ही मैं संसारकी उत्पत्ति करता हूँ; तपसे ही उसे ग्रास कर लेता हूँ और तपसे ही उसका पालन करता हूँ, दुस्तर तप ही मेरा वीर्य (बल) है। काशीखण्ड अ० २४ में भी त्रिदेवादिके विषयमें ऐसा ही कहा है। ☞जैसा यहाँ सुविप्रवरने कहा है वैसा ही कपटी मुनिने भानुप्रतापसे कहा है। यथा—*'जनि आचरज करहु मन माहीं। सुत तप तें दुर्लभ कछु नाहीं॥ तप बल तें जग सृजइ बिधाता। तप बल बिष्नु भए परित्राता॥ तप बल संभु करहिं संघारा। तप तें अगम न कछु संसारा॥'* (१। १६३)]

टिप्पणी—२ *'तप बल सेषु धरै महि भारा'* इति। शेषजीको भगवान् रामजीके बलसे यह सामर्थ्य है। यथा—*'जा बल सीस धरत सहसानन। अंडकोस समेत गिरि कानन॥'* बिधि-हरि-हर-शेष बड़े-बड़े महानुभावोंकी बातका कथन 'शब्द-प्रमाण' अलंकार है।

टिप्पणी—३ *'तप अधार सब सृष्टि भवानी'* इति। (क) भाव कि जिन-जिनको ऊपर कह आये कि सृष्टिको उत्पन्न, पालन, संहार और धारण करते हैं, वे सब तपके ही आधारसे करते हैं; तपके ही आधारपर

सारी सृष्टि चल रही है, तप न होता तो वह एक क्षण न ठहर सकती। सबके तपके आधारसे सृष्टिका कार्य चल रहा है। भौतिक बलसे यह कोई कार्य नहीं हो सकता।

नोट—१ पहले बिधि-हरि-हर और शेषका बल कहा कि उनमें तपका ही बल है और *'तप अधार……'* में सृष्टिका तपके आधारसे चलना कहा। पुनः भाव कि तपसे कोई बात दुर्लभ नहीं है, अतः तू भी तप कर। *'तप अधार सब सृष्टि'* इस नियमका तुम भी पालन करके *'भवानी'* बन जाओ। २—*'भवानी'* सम्बोधनका भाव कि तुम तो भवपत्नी हो, सब जानती ही हो। (रा० प्र०) ३—☞अन्तमें *'भवानी'* सम्बोधन 'सुविप्रवर' का मानो पार्वतीजीको आशीर्वाद ही है कि तपके पश्चात् तुम भवपत्नी होगी। ४—सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि *'भवानी*=भव+आनी=संसारमें लायी गयी।' जिसका अभिप्राय यह जान पड़ता है कि तुम संसारमें हरि-इच्छासे लायी गयी हो और संसारमें तपका ही आधार सबने लिया है, जिनको तुम चाहती हो वे भी तो तप करते हैं, अतएव तुम भी तपद्वारा पतिकी प्राप्ति करो।

सुनत बचन बिसमित महतारी। सपन सुनाएउ गिरिहि हँकारी॥ ६॥
मातु पितहि बहु बिधि समुझाई। चलीं उमा तप हित हरषाई॥ ७॥
प्रिय परिवार पिता अरु माता। भए* बिकल मुख आव न बाता॥ ८॥

अर्थ—श्रीपार्वतीजीके वचन सुनते ही माँको आश्चर्य हुआ और उसने हिमवान्‌को बुलाकर स्वप्न सुनाया॥ ६॥ माता-पिताको बहुत प्रकारसे समझाकर उमाजी प्रसन्नतापूर्वक तपके लिये चलीं॥ ७॥ प्रिय, कुटुम्बी, पिता और माता (सभी) व्याकुल हो गये; किसीके मुखसे बात नहीं निकलती॥ ८॥

नोट—१ *'सुनत बचन बिसमित महतारी।……'* इति। (क) आश्चर्य हुआ, क्योंकि जो नारदजीने कहा था—*'जौं तपु करै कुमारि तुम्हारी।……'*, वही स्वप्नमें भी कहा गया और जो हमलोगोंका सम्मत था वह भी यह कह रही है, यह तो उसकी जानी हुई न थी। (पं० रा० कु०) (ख) 'हँकारी'=बुलाकर, पुकारकर। यह शब्द आनन्दका द्योतक है। भाव यह कि जिस लिये आपने हमें भेजा था, वह कार्य दैवी विधानसे आप-ही-आप ठीक हो गया। सब काम ठीक है, आश्चर्यकी जो बात हुई सो आप भी सुन लें। (सू० प्र० मिश्र) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'आश्चर्यमें होनेसे लोग पुकारकर बोलते ही हैं। अतः 'हँकारी', यह स्वभावोक्ति है'। 'हँकारी' शब्दसे जनाया कि जहाँ पार्वतीजी थीं वहीं बुला भेजा, क्योंकि यहाँ लड़की भी है। सम्भव है कि बुलाकर स्वप्न कहा और उसके सामने ही यह भी कहा कि पूछो यह क्या कह रही है। इससे पतिके पास स्वयं नहीं गयी, उन्हींको बुलाया।

नोट—२ *'मातु पितहि बहु बिधि समुझाई'* इति। (क) *'बहु बिधि'* यह कि नारद-वचन असत्य नहीं हो सकता; ब्राह्मणदेवने भी स्वप्नमें वही बात पुष्ट की; स्वप्नमें उन्होंने कहा कि तुम्हारा भी सम्मत है, सो भी ठीक निकला, तपश्चर्यासे दुःखदोष मिटेंगे और कल्याण होगा और मुनिके शुभाशीर्वादसे कोई कष्ट न होगा, मैं प्रसन्नता और श्रद्धापूर्वक तपश्चर्या करनेपर तत्पर हूँ। ध्रुव आदिकी कथाएँ सुनायीं कि उनकी अवस्था तो मुझसे भी कम थी, हमारे मनमें हर्ष है इससे कार्यसिद्धिमें संदेह नहीं है। आप दुःख न मानिये, यात्राके समय शुभकार्यमें अश्रुपात न करना चाहिये, मैं शीघ्र ही आऊँगी, कुछ दूर तो रहूँगी नहीं, तब आप क्यों घबड़ाते हैं, इत्यादि। (ख) बाबा हरिदासजी लिखते हैं कि वे सब विधियाँ ये हैं कि 'स्वप्नमें जो बात कही गयी वह सत्य है, आगे वेदशिरा मुनि भी तुम्हें समझाने आवेंगे, उनकी बातको सत्य जान निःशोच होना ठीक है।—यह 'एक विधि' हुई।……अर्थ-धर्म-काम-मोक्ष—ये चार फल हैं। इनकी पृथक्-पृथक् चार क्रियाएँ हैं। अर्थकी क्रिया सेवा, धर्मकी श्रद्धा, कामकी तप और मोक्षकी भक्ति है। बिना तपके कोई कार्य सिद्ध नहीं होता, अतः तप करना निश्चय ही ठीक है।—यह 'तीसरी विधि' है।……ब्रह्माजी मुझसे प्रथम ही कह गये थे कि 'माता-पिताने तुम्हारे लिये बहुत तप किया था, तब तुम उनको मिली हो शिवारूप'—(अर्थात्

* भएउ—१७२१, १७६२। भए—१६६१, १७०४, को० रा०।

शिवारूपसे तुमने उनको दर्शन दिया था, वही अब तुमने यहाँ जन्म लिया है।) सो तुम भी ऐसा ही तप करो तब शिवजी मिलेंगे। तुम कालीरूप धरकर प्रकट हुई हो सो अब गौरीरूप धारण करो तब ठीक है। ब्रह्माजी जगद्‌गुरु हैं, सो उन्होंने तुम्हें प्रथम ही तपका उपदेश किया है, अतएव निश्चय ही तप करना उचित है।—यह प्रसङ्ग शिवपुराणमें लिखा है।—यह 'पाँचवीं विधि' है।

नोट—३ *'चलीं उमा तप हित हरषाई'* इति। यात्रासमय हर्ष मङ्गलकारक है। पतिकी प्राप्तिके लिये तप करने जाती हैं, अतः हर्ष है। धर्मके कार्यमें हर्ष और उत्साह होने ही चाहिये। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि *'दुख दंपतिहि उमा हरषानी'* *'मिलन कठिन मन भा संदेहू'* *'जानि कुअवसरु प्रीति दुराई'* (६८)……यह सब बातें अकेले वनमें रहनेसे निकल जायँगी तब अच्छी तरहसे पतिपदमें प्रीति करूँगी। पतिने मेरे वियोगमें *'संवत सहस सतासी'* की समाधि ली थी, मैं उनके लिये अब हठयोग साधन करूँगी, इत्यादि समझ मनोरथकी सिद्धिकी आशामें पार्वतीजी प्रसन्न हुईं।'

नोट—४ (क) *'उमा'* इति। यहाँ 'उमा' नाम भी साभिप्राय है। ☞पद्मपुराण-सृष्टिखण्डमें पार्वतीजीके तप करने जानेका प्रसङ्ग कामदहनके पश्चात् आता है। हिमवान् अपनी कन्याको वस्त्राभूषणोंसे भूषितकर उसकी दो सखियोंके साथ भगवान् शङ्करके समीप ले आ रहे थे। मार्गमें रतिसे मदनदहनका समाचार सुनकर उनके मनमें कुछ भय हुआ और वे कन्याको लेकर पुरीमें लौट जानेका विचार करते हैं—यह देख पार्वतीजीने सखियोंके मुखसे तपकी महिमा कहलायी और यह भी कहलाया कि अपना अभीष्ट प्राप्त करनेके लिये मैं तप करूँगी। तब हिमवान्‌ने कहा 'उ-मा'—ऐसा न कर। बहुत कहनेपर भी जब पार्वतीजी घर जानेको तैयार न हुईं', तब मन-ही-मन उन्होंनें पुत्रीके दृढ़ निश्चयकी प्रशंसा की। उसी समय आकाशवाणी हुई—'गिरिराज! तुमने 'उ' 'मा' कहकर अपनी पुत्रीको तपस्या करनेसे रोका, इसलिये इसका नाम 'उमा' होगा। यह मूर्तिमती सिद्धि है, अभीष्ट अवश्य प्राप्त करेगी। यह सुन हिमवान्‌ने आज्ञा दे दी। ☞यद्यपि यह कथा कल्पभेदसे कुछ भिन्न है तो भी *'बहु बिधि समुझाई'* से यह ध्वनित हो सकता है कि माता-पिताने वियोगके कारण विकल हो वन जानेसे रोका हो और इसीसे 'उमा' शब्द देकर उस कथाका अन्तिम अंश यहाँ सूचित कर दिया है। ☞शिवपुराणमें भी मेनाका बहुत प्रकारसे बाहर तप करने जानेका निषेध करना कहा है। इसीसे 'उमा' नाम हुआ। यथा—'**तपो निषिद्धा तपसे वनं गन्तुं च मेनया। हेतुना तेन सोमेति नाम प्राप शिवा तदा॥**' (शिवपु० २।३।२२।२५) कुमारसम्भवमें भी कहा है—'**उमेऽति मात्रा तपसो निषिद्धा पश्चादुमाख्या सुमुखी जगाम।**' (१। २६) (ख) तपस्या महा उत्तम शृङ्गी तीर्थपर करने गयीं। तभीसे उसका नाम गौरीशिखर पड़ा। यथा—'**तपश्चकार सा तत्र शृङ्गितीर्थे महोत्तमे। गौरीशिखरनामासीत्तत्तपः करणाद्धि तत्॥**' (२। ३। २२। ३६) (ग) हर्षका कारण देववाणी भी हो सकती है।

नोट—५ *'प्रिय परिवार पिता अरु माता। भए बिकल……'* इति। सुकुमारता देख व्याकुल हुए। नारदजीके—*'सुता तुम्हारि सकल गुन खानी'* और *'एहि तें जसु पैहहिं पितु माता'* इत्यादि वचनोंसे वे इन्हें 'लक्ष्मी ही मानो घरमें पैदा हुई' ऐसा समझने लगे थे, इसीसे इनका वियोगदुःख दुःसह है, यह समझकर लोग व्याकुल हो गये।'—(सुधाकर द्विवेदी) *'मुख आव न बाता'* अर्थात् न तो जानेको कहते बनता है और न रहनेको ही कहते बने। (पं० रा० कु०) व्याकुलतामें भी यह दशा हो जाती है।

दोहा—बेदसिरा मुनि आइ तब सबहि कहा समुझाइ।
पारबती महिमा सुनत रहे प्रबोधहि पाइ॥७३॥

अर्थ—तब वेदशिरा मुनिने आकर सबको समझाकर (पार्वतीजीका महत्त्व) कहा। पार्वतीजीकी महिमा सुनकर सब प्रबोध (ज्ञान, संतोष वा समाधान) पाकर रह गये॥७३॥

नोट—१ माधुर्यमें विकलता रही इसीसे मुनिने आकर ऐश्वर्य कहा, तब ज्ञान हुआ। नोट—२ ☞'वेदशिरा' इति। ये मुनि कौन हैं?—इसपर लोगोंके विभिन्न मत हैं। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि—'चार

शिखावाले ब्रह्माजी जो मुनिरूपसे पार्वतीजीका बालचरित देखनेके लिये हिमालयपर आ बसे थे, उनका नाम 'वेदशिरा' है। बहुत-से लोग पुराणोंके कर्त्ता व्यासका ग्रहण 'वेदशिरा' से करते हैं।' सू० प्र० मिश्रजीका कथन है कि—'पुराणोंमें वेदशिराके बदले वेददर्श तथा देवदर्श नाम मिलता है। ये महर्षि कबन्धके शिष्य थे, जिनके गुरु अथर्वणवेदके आचार्य महर्षि सुमन्तु थे। वेदशिराने अपनी संहिताके चार विभाग करके मौद्ग आदि चार महर्षियोंको पढ़ाया।'—(विष्णु पु० अंश ३ अ० ७। ८। १०, भा० १२। ७। १-२) पर इनमें क्रमशः वेददर्श और देवदर्श नाम मिलते हैं। वेदशिरा और वेददर्श वा देवदर्श एक ही हैं, इसका क्या प्रमाण है?)। जो मुनि हिमालयपर रहते थे, *'जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हें। उचित बास हिमभूधर दीन्हें॥'* (६५) से यह बात ठीक हो सकती है कि उनमेंसे ये भी एक हों। कार्त्तिकमाहात्म्यमें ऐसा उल्लेख कहा जाता है कि इनके तपको देखकर इन्द्रने इनका तप भङ्ग करनेके लिये अप्सरा भेजी। जब उस अप्सराके समस्त उपाय निष्फल हो गये, कोई भी उपाय न चला तब वह उनके अङ्गमें जाकर लिपट गयी। मुनिने उसको शाप दिया कि तू जल हो जा। फिर उसके बहुत विनय करनेपर उसका शापानुग्रह इस प्रकार किया कि तुझमें शालग्राम निवास करेंगे। (परन्तु हमें यह कथा कार्त्तिकमाहात्म्यमें मिली नहीं) हिंदी-शब्दसागरमें 'वेदशिरा' के ये अर्थ मिलते हैं—(१) भागवतके अनुसार कृशाश्वके एक पुत्रका नाम। (२)—(वेदशिरस) पुराणानुसार मार्कण्डेयजीके एक पुत्रका नाम जो मूर्द्धन्याके गर्भसे उत्पन्न हुआ था। कहते हैं कि भार्गवलोगोंका मूलपुरुष वही था।

☞ग्रन्थोंमें खोजते-खोजते हमें 'मुनिश्रेष्ठ वेदशिरा' नाम भा० ४। १ में मिला। ये भृगुजीके प्रपौत्र हैं। भृगुजीके तीन पुत्र धाता, विधाता और कवि हुए। धाताके मृकण्ड हुए जिनके पुत्र मार्कण्डेयजी हैं। विधाताके प्राण और प्राणके पुत्र 'वेदशिरा मुनि' हुए। यथा—'**मार्कण्डेयो मृकण्डस्य प्राणाद्वेदशिरामुनिः।**' (४। १। ४५)

नोट—३ *'सबहि कहा समुझाइ'* इति। बाबा हरिदासजी समझाना यह लिखते हैं कि ये उद्भवस्थितिलय करनेवाली कालका भी कालरूप काली हैं, काल भी इनके अधीन है। पूर्व कालीरूपसे प्रकट हुई थीं, वही अब गौरीरूप धरकर तुम्हारे यहाँ अवतरी हैं। कौन ऐसा समर्थ है जो वनमें इनको कष्ट दे सके? भगवतीकी ही प्रेरणासे तुम्हें हम उनकी महिमा समझाने आये हैं।' (वेदशिरा मुनिने खोलकर यह नहीं बताया कि ये सती हैं और ये शिवजीकी आद्याशक्ति हैं।)

'रहे प्रबोधहि पाइ' से पाया जाता है कि वे सब-के-सब पार्वतीजीके पीछे-पीछे चले जाते थे। इनके समझानेपर रुके। समाधान एवं ज्ञान पाकर शान्त हो गये। मिलान कीजिये—*'समुझाइ सबहिं दृढ़ाइ मन, पितु मातु आयसु पाइ कै। लागी करन पुनि अगमु तपु तुलसी कहै किमि गाइ कै॥ फिरेउ मातु पितु परिजन लगि गिरिजा पन। जेहि अनुरागु लागु चितु, सोइ हितु आपन॥'* (पार्वतीमंगल २०-२१)

उर धरि उमा प्रानपति चरना। जाइ बिपिन लागीं तपु करना॥ १॥
अति सुकुमार न तनु तप जोगू। पति पद सुमिरि तजेउ सबु भोगू॥ २॥
नित नव चरन उपज अनुरागा। बिसरी देह तपहि मनु लागा॥ ३॥

अर्थ—प्राणपति-(श्रीशिवजी-) के चरणोंको हृदयमें धारणकर उमाजी वनमें जाकर तप करने लगीं॥ १॥ उनका शरीर अत्यन्त सुकुमार (नाजुक, कोमल) है, तपके योग्य नहीं है, (तो भी) उन्होंने पतिके चरणोंका स्मरण कर सब भोगोंको त्याग दिया॥ २॥ (पतिके) चरणोंमें नित्य नया अनुराग उत्पन्न होता गया, तपमें मन लग गया, देहकी सुध-बुध जाती रही॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'उर धरि उमा प्रानपति……'* इति। (क)—सतीजीका शिवजीके चरणोंमें सदा अनुराग रहा; यथा—*'जौं मोरें सिवचरन सनेहू। मन क्रम बचन सत्य ब्रतु एहू।'* (५९) *'जाइ संभुपद बंदनु कीन्हा'* (६०) और मरते समय भी *'जनम जनम सिवपद अनुरागा'* यही वर उन्होंने भगवान्‌से माँगा

था। अतएव पार्वतीतनमें भी *'उपजेउ शिवपद कमल सनेहू'* (६८) अब उनके लिये वनमें तप करनेको चलीं, तब भी उन्हींके चरणोंको हृदयमें धारण करके चलीं और आगे भी चरणोंका स्मरण कर सब भोग छोड़ा है। पुनः (ख) *'प्रानपति चरना'* का भाव कि वनमें छोटे बालकोंके प्राणोंकी बाधा रहती है, इसीसे *'प्राणपति'* (प्राणोंकी रक्षा करनेवाले) चरणोंका धारण करना कहा। तात्पर्य कि ये ही चरण हमारे प्राणोंकी रक्षा करेंगे।

नोट—१ *'पति'* का अर्थ *'रक्षक'* भी है और *'स्वामी'* भी। यहाँ *'प्रानपति'* और आगेके *'पति पद'* शब्दोंसे सूचित किया कि शिवजी ही हमारे पति हैं, इनकी प्राप्तिका मानो यह दृढ़ संकल्प करके तपमें प्रवृत्त हुईं। सतीतन-त्यागसमय भी इन्हीं चरणोंका ध्यान था। यथा—'**ततः स्वभर्तुश्चरणाम्बुजासवं जगद्गुरोश्चिन्तयती न चापरम्।**' (भा० ४। ५) अर्थात् वे बैठकर—समाधि लगाकर अपने पतिके चरणकमलोंका चिन्तन करने लगीं। ☞चरण हृदयमें रखनेका भाव यह है कि गुरुजनोंके चरणोंकी पूजा होती है। दास्यभावमें चरणोंसे ही देवताके रूपका वर्णन हुआ करता है, चरणोंकी आरती भी चार होती है; और अङ्गोंकी एक-एक होती है, क्योंकि चरणके अधिकारी सब हैं। लोकरीति भी है कि अपराध क्षमा करानेके लिये चरण ही पकड़े जाते हैं, सतीतनमें जो अपराध हुआ था वह यही क्षमा करायेंगे। पुनः नोट २—सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि प्राणपतिसे ग्रन्थकारने पार्वतीजीका शिवजीमें अनन्य अनुराग दिखाया। अनुरागके लिये वनमें गयीं जहाँ अब केवल प्राणपतिका ध्यान है। इसलिये उमा (शिवजीकी लक्ष्मी) यह नाम अब उचित ही है।—[अथवा, माता-पिताके रोकनेपर भी आयी हैं और इसीसे यह नाम पड़ गया जैसा पूर्व लिखा गया, इसीसे यहाँ भी *'उमा'* ही नाम दिया गया।] पुनः नोट ३—सू० प्र० मिश्रजी चरणोंको हृदयमें धारण करनेका भाव यह लिखते हैं कि 'जहाँ चरण रहता है वहाँ शरीर भी रहता है। अर्थात् '**नामैकदेशे नामग्रहणम्**' इस न्यायसे शङ्करजीको हृदयमें रखकर तप करना आरम्भ किया। दूसरी बात यह है कि देवताओंके रूपका वर्णन पैरसे और मनुष्योंका केशसे होता है। अतएव चरणोंको हृदयमें धरकर तप करना आरम्भ किया।'......पुनः, *'चरण'* का अर्थ आचरण भी है। अर्थात् प्राणपतिको जो आचरण (अर्थात् तप) अत्यन्त प्रिय था उसे स्वयं करने लगीं।

प० प० प्र० कहते हैं कि यहाँ पतिके चरणोंका ध्यान करना ही तपका प्रधान अङ्ग है। ध्यानकी दृढ़ताके लिये ही आगे आहार-नियन्त्रणरूपी तपका उल्लेख है। आहार-नियन्त्रण या आहार-त्याग मुख्य तप नहीं है। पति-पद-ध्यान ही मुख्य है, इससे उसका उल्लेख प्रथम किया है।

वि० त्रि०—'प्राणपति' कहकर दुष्कर तपकी सुकरता दिखलायी। प्राणपतिके लिये दुष्कर कुछ भी नहीं है। इसीसे एकाग्रता भी सूचित की।

नोट ४—*'जाइ बिपिन'* इति। पद्मपुराणमें लिखा है कि वे हिमालयके उस प्रदेशमें गयीं जहाँ देवताओंका भी पहुँचना कठिन था। वहाँका शिखर परम पवित्र और नाना प्रकारकी धातुओंसे विभूषित था। सब ओर दिव्य पुष्प और लताएँ फैली हुई थीं, वृक्षोंपर भ्रमर गुञ्जार कर रहे थे। (७३। ६—८) नोट ४ देखिये।

नोट—५ *'अति सुकुमार......'* इति। (क) बाल्यावस्था होनेसे *'अति सुकुमार'* कहा। अनन्यानुरागका यही लक्षण है कि मनुष्य सामर्थ्यसे बाहरका काम करता है। अति कोमल शरीरसे कठिन तपश्चर्या करती हैं, यह सामर्थ्यसे बाहरका काम है। (ख) द्विवेदीजी लिखते हैं कि '**पति पद**'=पतिके चरण। वा, पति-पद=पतिका स्थान कैलास। 'पति-पद' को स्मरणकर कि पतिके संगसे जो कैलासमें सुख था उसके आगे यह सांसारिक भोगसुख तुच्छ है, यह समझकर उस अपूर्व सुखके लिये साधारण सुखको छोड़ दिया। ज्यों-ज्यों तपसे सांसारिक अनुराग छूटता जाता है त्यों-त्यों नित्य नया-नया अनुराग बढ़ता जाता है। कहावत प्रसिद्ध है—*'ज्यों-ज्यों भीजै कामरी त्यों-त्यों भारी होय।'* (मा० प०) पद्मपुराणमें लिखा है कि वनमें जाकर उन्होंने अपने सब वस्त्र और आभूषण उतार डाले और दिव्य वल्कल धारण कर लिये, कटिमें कुशोंकी मेखला पहन लीं—यह सब भी *'तजेउ सब भोगा'* में आ गया। प्राणपतिके स्मरणमें जो सुख है, उसके सामने समस्त भोग तुच्छ हैं।

टिप्पणी—२ *'नित नव चरन उपज अनुरागा'* इति। ☞पार्वतीजी मन-कर्म-वचनसे शिवजीके चरणकमलोंमें तत्पर हैं। पतिके चरणोंको उन्होंने हृदयमें धारण किया, यथा—*'उर धरि उमा प्रानपति चरना',* जिह्वासे स्मरण करती हैं, यथा—*'पति पद सुमिरि तजेउ सब भोगू'* और मनमें अनुराग हुआ, यथा—*'नित नव चरन उपज अनुरागा।'*

टिप्पणी—३ *'बिसरी देह तपहि मनु लागा'* इति। मन लगनेपर देहकी सुध नहीं रह जाती, यथा—*'मन तहँ जहँ रघुबर बैदेही। बिनु मन तन दुख सुख सुधि केही।'* ☞यहाँ क्रमसे, पहले नारद-पदपंकजमें प्रणाम हुआ फिर उनके उपदेशसे तप हुआ, तब सब भोगोंका त्याग होनेपर नित्य नवीन अनुराग हुआ। यही भक्तिका क्रम है; यथा—*'प्रथमहिं बिप्रचरन अति प्रीती। निज निज कर्म निरत श्रुति रीती॥ एहि कर फल मन बिषय बिरागा। तब मम चरन (धरम) उपज अनुरागा॥'*—(पं० रा० कु०)

सू० प्र० मिश्रजी—*'बिसरी देह......'* में प्रमाण 'तदानपेक्ष्य स्वशरीरमार्दवं तपो महत्सा चरितुं प्रचक्रमे' (कुमारसम्भव ५। १८) यह शास्त्रका सिद्धान्त है कि जब कोई अनुष्ठान किया जाय और उसकी शान्ति अर्थात् उद्यापन न किया जाय तबतक वह सफल नहीं होता। इस शास्त्रकी मर्यादाका पालन पार्वतीजीने पूरी तौरपर किया है। जैसा आगे कहते हैं।

नोट—६ तपका प्रकरण पार्वतीमंगलके तपके प्रकरणसे मिलाने योग्य है, मिलानसे मानसके तप-प्रकरणके भाव स्पष्ट समझमें आ जायेंगे—

'तजेउ भोग जिमि रोग लोग अहिगन जनु। मुनि मनसहु तें अगम तपहि लायो मनु॥ २१॥'
'सकुचहि बसन बिभूषन परसत जो बपु। तेहि सरीर हर-हेतु अरंभेउ बड़ तपु॥'
(यहाँतक *'अतिसुकुमार न तन तप जोगू।......भोगू'* का भाव हुआ।')
'पूजहि शिवहि समय तिहुँ करहि निमज्जन। देखि प्रेमु ब्रतु नेमु सराहहिं सज्जन॥ २२॥'
नींद न भूख पियास सरिस निसि बासरु। नयन नीरु मुख नाम पुलक तनु हिय हरु॥
(यहाँतक *'नित नव चरन उपज अनुरागा।'* का भाव हुआ।)
'कंद मूल फल असन कबहुँ जल पवनहिं। सूखे बेल के पात खात दिन गवनहिं॥ २३॥'
नाम अपरना भयो परन जब परिहरे। नवल धवल कल कीरति सकल भुवन भरे॥
देखि सराहहिं गिरिजहिं मुनिबर मुनि बहु। अस तपु सुना न दीख कबहुँ काहू कहुँ॥
काहू न देख्यो कहहिं यह तपु जोगु भल फल चारिका।
नहिं जानि जाइ न कहति चाहति काहि कुधर कुमारिका॥ (यह तपका प्रकरण है।)

संबत सहस मूल फल खाए। सागु खाइ सत बरष गवाँए॥ ४॥
कछु दिन भोजन बारि बतासा। किए कठिन कछु दिन उपबासा॥ ५॥
बेलपाती* महि परै सुखाई। तीनि सहस संबत सोइ खाई॥ ६॥
पुनि परिहरे सुखानेउ परना। उमहि नाम तब भएउ अपरना॥ ७॥

शब्दार्थ—*मूल*=जड़=खानेयोग्य मीठी-मीठी जड़ें। 'मूल' कन्द, शकरकन्द, बेदारीकन्द आदि फलाहारकी संज्ञा है=कन्दमूल; यथा—*'करहिं अहार साक फल कंदा।'* (१। १४४) फल=वनस्पतिमें होनेवाला वह पोषक द्रव्य या गूदेसे परिपूर्ण बीजकोश जो किसी विशिष्ट ऋतुमें फूलोंके आनेके बाद उत्पन्न होता है। फल संज्ञा उनकी है जो पृथ्वीके ऊपर वृक्षोंमें हों। इनके अनेक भेद हैं। कुछमें केवल एक ही बीज या

---

* बेलपाति—१७२१, १७६२, छ०। बेलपात—को० रा०। बेलपाती—१६६१, १७०४। 'बेलपाती' का 'बे' पाठ करते समय ह्रस्व पढ़ा जायगा; एक ही मात्रा मानी जायगी; जैसे 'जेहि' के 'जे' में सर्वत्र एक ही मात्रा मानी गयी है।

गुठली रहती है, कुछमें अनेक। कुछके ऊपर बहुत ही मुलायम छिलका रहता है और कुछपर बहुत कड़ा या काँटेदार रहता है। सागु (साग, सं० शाक)=पौधोंकी खानेयोग्य पत्तियाँ। इसमें प्रायः पत्ते ही रहते हैं। विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि शाक छः प्रकारके होते हैं।—पत्ते, फूल, फल, डंडी, कन्द और नये-नये अंकुर। **बतासा**=पवन, हवा। यह शब्द ग्रामीण भाषाका है, बाँदा-प्रान्तमें बोलते हुए मैंने सुना है। सम्भव है कि यह 'बात' का अपभ्रंश हो। विनायकी टीकाकार *'बारि बतासा'* का अर्थ 'पानीके बुलबुले' करते हैं, परंतु 'पार्वतीमंगल' से भी 'जल और पवन' अर्थ ही सिद्ध होता है। वहाँ पार्वती-तपका वर्णन इस प्रकार है—*'कंद मूल फल असन कबहुँ जल पवनहिं। सूखे बेलके पात खात दिन गवनहिं॥ नाम अपरना भयउ पर्न जब परिहरे।'* (२३, २४) **बेलपाती**=बेलवृक्षकी पत्तियाँ=बेलपत्र। यह शङ्करजीपर चढ़ाया जाता है, जैसे तुलसी शालग्रामपर चढ़ानेका महत्त्व है वैसे ही शङ्करजीपर बेलपत्र चढ़ानेका महत्त्व है। बेलपत्रका रस भी वहुत सात्त्विक होता है और लाभदायक होता है। *परना* (पर्ण)=पत्ते। अपरना (अपर्णा)=पार्वतीजीका नाम।

अर्थ—(पार्वतीजीने) एक हजार वर्ष मूल और फल खाये (फिर) सौ वर्ष साग खाकर बिताये॥ ४॥ कुछ दिन जल और पवनका ही भोजन किया (अर्थात् इन्हींके सहारे रहीं)। कुछ दिन कठिन लंघन वा कड़ाके किये॥ ५॥ जो बेलपत्र सूखकर पृथिवीपर गिरते थे, तीन हजार वर्षतक उन्हींको खाया॥ ६॥ फिर सूखे पत्ते भी छोड़ दिये तब (से) उमाका नाम अपर्णा हुआ॥ ७॥

* 'संबत सहस मूल फल खाए…' इति। *

पं० रामकुमारजी लिखते हैं कि 'हजारका दशांश सौ, सौका दशांश दस, दसका दशांश एक, एक वर्षका दशांश छत्तीस (३६) दिन। इस तरह क्रमसे मूल, फल, साग, जल, पवन और उपवास हुआ। 'कठिन उपवास' का भाव कि जल और पवन भी भोजन नहीं कहलाता, जल और पवनपर रहना भी उपवास ही कहलाता है; अतएव इनका भी त्याग करनेसे 'कठिन उपवास' कहा। *'भोजन बारि बतासा'*—जल और पवनको खाकर रहनेका भाव कि उमाजीको इनके सेवनमें भी वैसा ही हर्ष रहता था जैसा भोजन करनेपर सुख मिलता है।—पहले तपमें उत्साह दिखाते हैं।'

'बेलपाती महि परै सुखाई। तीनि सहस संबत सोइ खाई॥' यह अर्धाली तपक्रमसे प्रतिकूल पड़ती है। ऐसा समझकर मुं० रोशनलालजी लिखते हैं कि 'यह चौपाई क्षेपक जान पड़ती है, क्योंकि ऊपर सम्पूर्ण तपका क्रम लिख आये और अब सूखे बेलपत्रका खाना और छोड़ना लिखते हैं; यह व्यतिक्रम है।' बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि 'पाठक्रमसे अर्थक्रम बली होता है; इस न्यायके अनुसार अर्थ यों करना होगा कि शाक-भोजन त्यागकर पृथ्वीमें गिरे हुए सूखे बेलपत्र खाने लगीं, उनके पीछे जल ही केवल पीने लगीं और अन्तमें केवल वायु सेवन करने लगीं। वा, एक बार व्रत समाप्त करके फिर प्रारम्भ किया।' (रा० प्र०) पण्डित रामकुमारजीका भी मत यही है कि यहाँ 'तब' और 'पुनि' से तपकी दो आवृत्तियाँ दिखायीं। पहले मूलफलादि छोड़कर उपवास किये। फिर दूसरी आवृत्तिमें सूखे बेलपत्र खाना छोड़कर उपवास किये। गोस्वामीजीके 'पार्वतीमंगल' ग्रन्थमें भी कन्दमूल, फल, जल, पवन और सूखे बेल पत्र—यही क्रम है; अतः यह क्षेपक नहीं हो सकता। श्रीपार्वतीजीके तपके सम्बन्धमें बहुत प्रकारकी आलोचनाएँ हुई हैं। प्राचीन मानसविज्ञोंने अनेक प्रकारके सुन्दर-सुन्दर भाव कहे हैं—

(१) किसीका मत यह है कि 'रुद्रीकी कोटिसे तपस्या की। अर्थात् १००० वर्ष मूलफल फिर उसका दशांश १०० वर्ष साग दोनों मिलकर ११०० वर्ष हुए। ११ रुद्रीका स्वरूप है। इस प्रकार एक रुद्री तप पूरा हुआ। जल, पवन और उपवासके व्रत धारण करनेमें दिनकी गिनती नहीं दी है। परंतु जैसे पहले क्रममें मूल, फल और साग तीन वस्तुएँ हैं, वैसे ही दूसरे क्रममें भी जल, पवन और उपवास तीन वस्तुएँ कही हैं। इसलिये यहाँ भी वही क्रम समझा जाय। अर्थात् बारि बतासा १००० वर्ष, उपवास सौ वर्ष। इस प्रकार दूसरा एकरुद्री तप यह हुआ। इतनेपर जब कोई वरदायक न आया तब तीसरे प्रकारका

अधिक कठिन तप किया।' यह बात कालिदास महाराजके 'कुमारसम्भव' से भी पुष्ट होती है। प्रमाण यथा—सर्ग ५ श्लो० १८—'**यदा फलं पूर्वतपःसमाधिना न तावता लभ्यममंस्त काङ्क्षितम्। तदानपेक्ष्य स्वशरीरमार्दवं तपो महत्सा चरितुं प्रचक्रमे॥**' अर्थात् पूर्व तपसे जब वाञ्छित फलकी प्राप्ति न देखी तब अपने शरीरकी सुकुमारताका किञ्चित् भी विचार न करके उन्होंने अति कठिन तप प्रारम्भ किया। ३००० वर्ष सूखे बेलपत्र, फिर ३०० वर्ष वह भी छोड़े रहीं; यह ३३०० वर्षका तीन रुद्री तप हुआ।—सब मिलकर पाँच रुद्री तप हुआ। भाव यह कि शङ्करजी पञ्चमुखी हैं, इस विचारसे पञ्चरुद्री तप किया गया।

(२) बैजनाथजी लिखते हैं कि '१००० वर्ष मूलफल खानेसे दसों इन्द्रियाँ शुद्ध हुईं, १०० वर्ष-शाक-भाजी खानेसे देहाभिमानको जीता, कुछ दिन अर्थात् इसका दशांश १० वर्ष जल, पवनका सेवन करनेसे मन शुद्ध हुआ, फिर कुछ दिन अर्थात् इसका दशांश एक वर्ष उपवास किया; तब चित्त थिर हुआ। इस प्रकार पहले ११११ वर्षका एक पुरश्चरण किया। जब कोई वरदायक न आया तब दूसरा पुरश्चरण इसका तिगुना अर्थात् ३३३३ वर्षका किया। इस प्रकार कि ३००० वर्ष गिरे हुए सूखे बेलपत्र, ३३३ वर्ष फिर उसको भी त्यागे रहीं, जिससे बुद्धि शुद्ध हुई और तीनों अवस्थाएँ जीत तुरीया अवस्था शिवरूपमें लय हुईं।'

वि० त्रि० भी दस वर्षतक जल और वायुका आहार और एक वर्ष कठिन उपवास मानते हैं। उनके मतसे ११०० वर्षकी एक रुद्री हुई फिर ११ वर्षकी दूसरी रुद्री हुई।

(३) शास्त्रका सिद्धान्त है कि जब कोई अनुष्ठान किया जाय और उसकी शान्ति अर्थात् उद्यापन जबतक न किया जाय तबतक वह सफल नहीं होता। इस शास्त्रमर्यादाका पालन पार्वतीजीने भलीभाँति किया है। शान्ति दशांशसे होती है। अथवा यह कह सकते हैं कि जपयज्ञकी रीतिसे तप किया गया। यज्ञमें यज्ञ, तर्पण, मार्जन, विप्रभोजन और दक्षिणा—ये पाँच अङ्ग होते हैं। यहाँ १००० वर्ष मूल-फल—यह यज्ञ हुआ, इसका दशांश १०० वर्ष साग—यह तर्पण हुआ, इसका दशांश १० वर्ष जल-पवन—यह मार्जन हुआ। पुन: ३००० वर्ष बेलपत्र-भोजन—यह विप्र-भोजन हुआ, उसका दशांश ३०० वर्ष उपवास—यह दक्षिणा है। इस प्रकार जप-यज्ञ किया गया।

(४) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'कठिन क्रिया साधते-साधते अन्तमें सिद्धि होती है। इसलिये १००० वर्ष मूल-फल (अर्थात् मूल याने जड़ें मिलीं तो वही खा लीं, फल मिला तो उसीको खा लिया दोमेंसे जो मिला वही। वा, पहले मूल खाती रहीं, उसके बाद फल जो उससे भी हलके होते हैं खाये, गये) उसके बाद मूलफलकी अपेक्षा हलके पदार्थ साग खाकर १०० वर्ष बिताये गये। कुछ दिन सागसे भी हलका पानी पिया गया और फिर उससे भी हलका हवा पायी गयी। उसके बाद और कठिन उपवास किया गया। '*कठिन*' से समाधि अभिप्रेत है। अर्थात् समाधि लगाकर उपवास किया जिसमें हवाका पीना भी छोड़ दिया। '*कछु दिन*' से जान पड़ता है कि यह जल पीना, पवन पीना और समाधि लगाकर उपवास करना वर्ष दिनके बीचहीमें किया गया; जो कई वर्षतक किये जाते तो ग्रंथकार वर्ष-(शब्द-) का प्रयोग करते।'

(५) रामायणीजी कहते हैं कि 'यहाँपर उपदेशहेतु क्रमशः तप दिखाया गया है। पहले राजभोग व्यञ्जनादि छोड़ जड़ें जो नीरस होती हैं उनका सेवन किया। जब मूल अनुकूल हो गया तब फल और तत्पश्चात् शाक, फिर जल, अन्तमें पवनका आधार लिया। ये सब क्रमशः एक-से-एक नीरस हैं।'

☞महानुभावोंने जो सुन्दर कल्पनाएँ की हैं, वह इधर रामायणियोंने भी अपनायीं और कतिपय विद्वान् टीकाकारोंने भी उनको अपनाया है। पर मेरी तुच्छ बुद्धिमें तो यह आता है कि (क) श्रीपार्वतीजीकी सारी तपश्चर्या मुख्य अनुष्ठान ही है न कि अनुष्ठान और उसकी साङ्गता। साङ्गता अनुष्ठानका अङ्ग होता है और अनुष्ठानकी अपेक्षा बहुत कम और सुगम होता है। उसमें अनुष्ठानसे अधिक कष्ट तो कभी भी नहीं होता। (२)—तपकी दो आवृत्तियाँ तपश्चर्याके प्रसङ्गमें जो देखनेमें आती हैं, उसके दो कारण हो

सकते हैं। एक तो यह कि प्रथम अनुष्ठानसे जब मनोरथकी सिद्धि न हुई तब उन्होंने पहलेसे अधिक कड़ा अनुष्ठान ठाना, शरीरकी किञ्चित् परवा न करके घोर तप प्रारम्भ किया। कालिदासजीका भी यही मत है। यथा—**'यदा फलं पूर्वतपःसमाधिना न तावता लभ्यममंस्त काङ्क्षितम्। तदानपेक्ष्य स्वशरीरमार्दवं तपो महत्सा चरितुं प्रचक्रमे॥'** (कुमारसम्भव सर्ग ५। १८) दूसरे यह भी हो सकता है कि प्रथम अधिकारप्राप्त्यर्थ अनुष्ठान किया गया, तत्पश्चात् मुख्य तप प्रारम्भ किया गया। इस भावके प्रमाणमें हम गायत्री आदि मन्त्रोंके पुरश्चरणकी विधि ले सकते हैं। उन अनुष्ठानोंमें प्रथम अधिकारप्राप्त्यर्थ कृच्छ्रादि अनुष्ठान किया जाता है, उससे शुद्धि हो जानेपर तब मुख्य अनुष्ठान होता है। यहाँ प्रथमावृत्तिमें जो तप किया गया वह भी अधिकारसिद्ध्यर्थ हो सकता है, क्योंकि इसमें जो आहार किया गया वह प्राकृत आहार है—फल, मूल, साग लोग खाते ही हैं और जैसे कृच्छ्रादिमें अन्तमें उपवास होता है, वैसे ही यहाँ भी उपवास किया गया। तत्पश्चात् दूसरी आवृत्ति जो हुई उसमें सूखी बेलपत्ती खायी गयी, जो प्राकृतिक आहार नहीं है। यह मुख्य अनुष्ठान प्रथमावृत्तिसे बहुत कड़ा है, क्योंकि इसमें प्राणोंकी बाजी लगी है। जिसकी उपासना की जाती है उसकी प्रिय वस्तुसे ही तप किया जाता है। शिवजीको बेलपत्र बहुत प्रिय है, इसीसे अनुष्ठान उसीसे प्रारम्भ किया गया। जैसे कि गणेशजीकी तपश्चर्यामें दूर्वादल या उसका रस ग्रहण किया जाता है। ☞इस प्रकार मुख्य तप ***'बेलपाती महि परै सुखाई'*** से प्रारम्भ हुआ—ऐसा कहें तो अनुचित न होगा। अब जो रुद्रकोटि तप या जपयज्ञरीतिका तप आदि भाव महानुभावोंने लिखे हैं उनपर विचार करना है।

☞ रुद्री किसे कहते हैं? इसपर जो मुझे पण्डितोंके द्वारा जानकारी हुई उसे यहाँ लिखता हूँ। (१) शुक्लयजुर्वेदकी संहितासे कुछ मन्त्रोंको चुनकर उनका संग्रह एकत्र किया गया, जिसमें सूर्य, गणेशजी आदि देवताओंके स्तुतिपरक मन्त्र होते हुए भी शिवपरक मन्त्र ही अधिक हैं। अतः इसका नाम **'शुक्ल-यजुर्वेदीय रुद्राष्टाध्यायी'** रखा गया। इसीको कर्मकाण्डी पण्डित व्यवहारमें 'रुद्री' कहते हैं। यद्यपि वेदपाठका सामान्य फल पापनाश वा पुण्यप्राप्ति है तथापि इस रुद्राष्टाध्यायीका विनियोग विशेषतः शिवजीके अभिषेकमें किया जाता है। एक पात्रमें नीचेकी ओर महीन छेद करके उसमें जल भरके शिवजीके ऊपर टाँग देते हैं जिससे उनपर अखण्ड जलधारा गिरा करती है। साथ ही पास बैठकर उपर्युक्त मन्त्रोंका पाठ किया जाता है—इसीको **'अभिषेक'** कहते हैं। यद्यपि इस संग्रहके अन्तमें **'शान्त्यध्याय'** और **'स्वस्तिप्रार्थनामन्त्राध्याय'** जोड़ दिये गये हैं तथापि इसे **'अष्टाध्यायी'** ही कहते हैं। इसके पाठके कुछ प्रकार हैं। इसके आदिसे अन्ततक यथाक्रम पाठको **'सकृदावर्तन'** कहते हैं। इसके पञ्चमाध्यायको 'नमक' कहते हैं, क्योंकि इसमें **'नमः'** शब्द बारम्बार आया है तथा अष्टमाध्यायको 'चमक' कहते हैं, क्योंकि उसमें **'चमे'** शब्द बारम्बार आया है। चमकमें जो मन्त्र हैं उनके ग्यारह भाग किये हैं, जिसमें किसीमें चार तो किसीमें तीन और किसीमें दो वा एक ही मन्त्र हैं। जब नमक अर्थात् पञ्चमाध्याय समग्र पढ़ा जाता है तब चमकका प्रथम भाग पढ़ा जाता है, फिर नमकको पढ़कर चमकका दूसरा भाग पढ़ते हैं, इस रीतिसे जब नमक ग्यारह बार पढ़ते हैं तब चमकके समग्र भागोंकी एक आवृत्ति पूरी होती है। नमकके पूर्वके चार अध्यायों तथा नमकके आगे चमकतक दो अध्यायोंमें जो मन्त्र हैं उनको प्रथमावृत्तिके समय यथाक्रम पढ़ा जाता है। अर्थात् प्रारम्भमें जो नमकका पहला पाठ होता है तब उस समय पहली बार नमकके पूर्वके चारों ओर आगेके दो अध्यायोंका भी पाठ कर लिया जाता है फिर नहीं। दूसरे आवर्तनसे इन (छः अध्यायोंके) मन्त्रोंको छोड़ दिया जाता है, केवल नमक-चमकका ही साथ रहता है और ग्यारह आवर्तन (अर्थात् चमकका अन्तिम भाग पढ़ने) पर आगेवाले दो अध्यायोंके पाठसे शान्ति और प्रार्थना करके समाप्ति करते हैं। इस प्रकारके पाठको 'रुद्र' कहते हैं। ग्यारह (११) रुद्रोंका एक 'लघुरुद्र', ग्यारह 'लघुरुद्रों' का एक 'महारुद्र' और ग्यारह महारुद्रोंका एक 'अतिरुद्र' होता है।

इसी प्रकार कृष्णयजुर्वेदके 'आपस्तंब' संहिताके कुछ मन्त्रभागको भी 'रुद्र' कहते हैं। उसमें भी 'नमक' और 'चमक' दो भाग हैं। प्रत्येक भागमें ग्यारह-ग्यारह भाग हैं जिनको 'अनुवाक' कहते हैं।

उसका भी पाठक्रम वैसा ही है—एक बार समग्र नमक तब एक चमक। इस प्रकार ग्यारह बार नमक पढ़नेसे चमककी एक आवृत्ति होती है। इस अनुष्ठानको 'एकादशिनी' कहते हैं। ग्यारह एकादशिनीका एक 'लघुरुद्र' होता है इत्यादि। ☞अब विज्ञ पाठक देखें कि उपर्युक्त अनुष्ठानके साथ श्रीपार्वतीजीके तपका क्या मेल या सम्बन्ध है? यहाँ तो दो मन्त्रभागोंका हेर-फेर है और वहाँ तो मन्त्रका नाम भी नहीं। सम्भवतः किसी शिवमन्त्रका जप अवश्य रहा होगा, परन्तु गोस्वामीजीने कोई उल्लेख नहीं किया (जैसा कि मनुशतरूपाजीके तपप्रसंगमें किया है)। यहाँ तो केवल वर्ष और दिनोंका उल्लेख किया गया, सो भी आहारकी अवधि दिखानेके लिये। क्या ११०० वर्षमें ११ संख्यासे 'रुद्री' तप कहनेका कोई प्रमाण है? 'रुद्री' नामका प्रयोग करनेके लिये ही ११११, ३३३३, ९९९९ आदिकी कल्पनाएँ पण्डितोंने सम्भवतः की हैं, यद्यपि गोस्वामीजीके शब्दोंमें इन संख्याओंका उल्लेख नहीं है और न हमें पद्मपुराण, कुमारसम्भव, शिवपुराणमें ही इन संख्याओंकी कल्पनाका कोई प्रमाण मिला।

जपयज्ञकी रीतिसे तप करना कहनेमें ये आपत्तियाँ उपस्थित होती हैं कि (१) जो भक्त इष्टकी प्राप्तिका सङ्कल्प करेगा, वह संख्याका निश्चय नहीं करेगा। उसका ध्येय तो यही होगा कि जबतक न मिलेंगे तबतक कठिन-से-कठिन तप करता रहूँगा। वह न मन्त्रकी संख्या कर सकता है, न दिनोंकी। (२) दूसरे, जपयज्ञका विधान शास्त्रोंमें यह है कि जपका अनुष्ठान पूरा करके तब उसका दशांश होम, होमका दशांश तर्पण और तर्पणका दशांश मार्जन (अभिषेक) और इसका दशांश या अधिक ब्राह्मणभोजन। यदि होमादिका सामर्थ्य न हो तो जपद्वारा जो होमादि किया जाता है उसकी संख्या इस प्रकार है कि दशांशके हिसाबसे होमादिकी जो संख्या ऊपर कही गयी है, उसमें होमके बदलेमें चतुर्गुण जप होना चाहिये और शेषमें प्राप्त संख्याका द्विगुण जप होना चाहिये। यथा—'**दशांशहोमविचारः॥ जपान्ते प्रत्यहं मन्त्रो होमयेत्तद्दशांशतः। तर्पणं चाभिषेकं च विप्रभोजनमाचरेत्॥ अथवा सर्वपूर्त्तौ च होमादिकमथाचरेत्॥ होमाद्यशक्तौ॥ यद्यदंगं भवेद्भग्नं तत्संख्याद्विगुणो जपः। होमाभावे जपः कार्यो होमसंख्याचतुर्गुणः॥**'(९८-९९)—(दुर्गाकल्पद्रुम शास्त्रार्थ परिच्छेदान्तर्गत जपविषयक विचार) जपयज्ञकी इस कसौटीपर कसनेपर जपयज्ञरीत्यनुसार तपकी कल्पनाकी भीति किञ्चित् देर भी नहीं ठहर पाती। इस कल्पनाके अनुसार मूलपुरश्चरण केवल एक हजार वर्षका था और उसके बाद जो बहुत उग्र तप हुआ वह सांगतामात्र ठहरी।—कितनी अनुचित कल्पना है? फिर होमादिका सामर्थ्य भी हिमाचलराजको है ही, वे करा सकते थे। (३) जप-यज्ञमें जो संख्या प्रारम्भ की जाती है वही नित्य समाप्तितक होनी चाहिये, नहीं तो वह जप ही व्यर्थ हो जाता है। यथा—'**यत्संख्यया समारब्धं तज्जप्तव्यं दिने दिने। यदि न्यूनाधिकं कुर्यात् व्रतभ्रष्टो भवेन्नरः॥** ९५॥' (श्रीदुर्गाकल्पद्रुम) (४) वर्षोंमें दिनोंकी संख्या एक-सी नहीं होती। वर्षमें दिन घट-बढ़ भी जाते हैं। अधिक मास भी होता है। तब एक हजार वर्षका दशांश सौ कैसे होगा? जपसंख्यामें जब अदल-बदलका निषेध है तब कैसे मान लिया गया कि एक हजार वर्षमें जितना जप या तप हुआ उसका ठीक दशांश सौ वर्षमें होगा? इसी कठिनाईको विचारकर ही आचार्योंने जपविषयक विचारमें संख्याका दशांश कहा है, दिनका नहीं, क्योंकि दिन घटते-बढ़ते हैं इत्यादि।

रुद्रकोटि अथवा जपयज्ञरीति कहनेमें बलात् जल, पवन और उपवासके लिये सौ, दस और एक वर्षकी कल्पना करनी पड़ती है जो कविके शब्दोंसे विरुद्ध है। कविके शब्द हैं—'***कछु दिन भोजन बारि बतासा। किए कठिन कछु दिन उपबासा॥***' हमारी समझमें श्रीसुधाकर द्विवेदीजी ठीक ही कहते हैं कि '***कछु दिन***' से ज्ञात होता है कि जल, पवन और उपवास वर्ष दिनसे कम ही सेवन किये गये अथवा वर्ष दिनके बीचमें ही किये गये। यदि कई-कई वर्ष किये गये होते तो यहाँ भी कवि वर्ष शब्दका प्रयोग करते।

पं० श्रीकान्तशरणजीने एक कल्पना और भी की है। वे लिखते हैं कि 'श्रीपार्वतीजीने यवाकार तपस्या की है।' इस तरह कि प्रथम पुरश्चरण ११११ वर्षोंका हुआ। फिर ३००० वर्ष बेलपत्र-आहारसे रहीं, फिर

३०० वर्ष उसे भी त्यागके रहीं, इसपर मनोरथ-सिद्धिका वर मिल गया। नहीं तो ३०, ३ वर्षका करके ३३३३ वर्षोंका दूसरा पूरा होता। फिर ९९९९ का तीसरा, तब ३३३३ का चौथा पुनः ११११ का पाँचवाँ पुरश्चरण यवाकृति होकर पूर्ण होता।' विज्ञ पाठक अब स्वयं विचार लें। प्रथम तो इसका प्रमाण क्या कि पार्वतीजीने ऐसा ठाना था। दूसरे, इष्टप्राप्ति तीसरेमें भी न होती तो तप घटा देतीं—क्या यह बात स्वीकार करनेयोग्य है? न मिलनेपर और कठिन व्रत करतीं या कि घटातीं? दूसरे, उनके वाक्यमें '**वदतो व्याघातः**' दोष है। पहले तो वे लिखते हैं कि '**यवाकारतपस्या**' की और फिर लिखते हैं कि 'यवाकृति होकर पूर्ण होता'। तीसरी आपत्ति इस कल्पनामें यह आ पड़ती है कि 'यवाकार' शब्द तपके साथ हमें कहीं नहीं मिला। हाँ! चान्द्रायण व्रतके सम्बन्धमें पिपीलिकामध्य और यवमध्य दो भेद मनुस्मृतिमें मिलते हैं। जब व्रत शुक्लपक्षसे प्रारम्भ होता है तब वह यवमध्य कहलाता है और जो कृष्णपक्षसे प्रारम्भ होता है वह पिपीलिकामध्य कहा जाता है। यथा—'**एकैकं ह्रासयेत्पिण्डं कृष्णे शुक्ले च वर्द्धयेत्। उपस्पृशंस्त्रिषवणमेतच्चान्द्रायणं स्मृतम्॥ एतमेवविधिं कृत्स्नमाचरेद्यवमध्यमे। शुक्लपक्षादिनियतः चरंश्चान्द्रायणं व्रतम्॥**' (मनुस्मृति ११। २१६, २१७) अर्थात् कृष्णपक्षकी प्रतिपदासे एक-एक ग्रास प्रतिदिन कम करता जाय और शुक्लपक्षमें एक-एक बढ़ाता जाय। त्रिकाल स्नान करे। यह पिपीलिकामध्यचान्द्रायण व्रत हुआ। इसी प्रकार शुक्लपक्षकी प्रतिपदासे प्रारम्भ कर एक-एक ग्रास प्रतिदिन बढ़ाता जाय, फिर कृष्णपक्षमें एक-एक ग्रास घटाता जाय—यह यवमध्यचान्द्रायण व्रत है। दोनों व्रतोंका सम्बन्ध चन्द्रमाके घटने-बढ़नेसे है।

नोट—१ '*भोजन बारि......*' '*बेलपाति महि परै सुखाई*' इति। (क) श्रीउमाजी जलमें केवल वही जल पीती थीं जो अपने-ही-आप प्राप्त हो जाता था; जैसे वनके वृक्ष केवल वर्षाजलहीपर रहते हैं और चातक स्वातीके जलपर, वह भी जो उसके मुखमें सीधा आकर पड़े, यह भी नहीं कि जो इधर-उधर गिरे। यथा कुमारसम्भवग्रन्थमें (सर्ग ५ श्लोक २२)—'**अयाचितोपस्थितमम्बु केवलं रसात्मकस्योडुपतेश्च रश्मयः। बभूव तस्याः किल पारणाविधिर्न वृक्षवृत्तिव्यतिरिक्तसाधनः॥**' अर्थात् बिना माँगे जो जल मिल जाता उसे अथवा चन्द्रकिरण पान करती थीं, जैसे कि वृक्ष अनायास प्राप्त जल और किरणसे सन्तुष्ट होते हैं। (ख) इसी प्रकार बेलपत्र भी वे वही खाती थीं कि जो पेड़मेंसे सूखनेपर स्वयं गिरे। पत्तियोंको हाथसे तोड़नेसे वृक्षोंकी हिंसा होती है, इसलिये जो आप-से-आप सूखकर पृथ्वीपर गिरती थी उसीको खाती थीं। पद्मपुराण सृष्टिखण्डमें लिखा है कि प्रतिदिन वे केवल एक बेलपत्र खाकर रहती थीं। यह बात सूचित करनेके लिये ग्रन्थकारने '*परै*' एक वचन क्रिया यहाँ दी है। (ग) बेलपत्रपर शिवजीका बड़ा प्रेम है (जैसे तुलसीपर भगवान्‌का), इसलिये उन्होंने पतिके प्रिय वस्तुको ग्रहण किया। ☞स्मरण रखना चाहिये कि बेलपत्र और तुलसीके सेवनसे सत्त्वगुणकी वृद्धि होती है। (घ) यहाँ तीन हज़ार वर्ष बेलपत्रका खाना लिखा गया। कितने दिन उसे छोड़े रहीं, उसका उल्लेख नहीं है।

नोट—२ '*पुनि परिहरे सुखानेउ परना।......*' इति। (क) '*पुनि*' शब्द देकर यहाँ तपकी दूसरी आवृत्ति, अनुष्ठान वा पुरश्चरण सूचित किया। जैसा पूर्व लिखा जा चुका है। कितने दिनोंतक बेलपत्रका खाना छोड़े रहीं, इसका पता नहीं। पार्वतीमंगल, कुमारसम्भव और पद्मपुराणमें भी इसका उल्लेख नहीं है, सर्वत्र केवल छोड़नेपर 'अपर्णा' नाम होनेका उल्लेख पाया जाता है; यथा—'*नाम अपरना भयो परन जब परिहरे। नवल धवल कल कीरति सकल भुवन भरे॥*' (२४) **स्वयं विशीर्णद्रुमपर्णवृत्तिता परा हि काष्ठा तपसस्तया पुनः। तदप्यपाकीर्णमतः प्रियंवदां वदन्त्यपर्णेति च तां पुराविदः॥**' (अर्थात् यह तपकी पराकाष्ठा है कि पार्वतीजीने आप-ही-आपसे गिरे हुए पत्ते जो भोजन करती थीं वह भी छोड़ दिया। इसीसे प्रियवादिनी पार्वतीको पुराणोंके विज्ञ 'अपर्णा' कहते हैं। कुमारसम्भव सर्ग ५ श्लोक २८) इसके बाद श्लोक २९ में कहा है कि '**तपः शरीरैः कठिनैरुपार्जितं तपस्विनां दूरमधश्चकार सा।**' जिससे स्पष्ट है कि पत्तोंका खाना छोड़नेपर कठिन उपवास फिर किया। पुनश्च यथा—'**शुष्काणि चैव पर्णानि नाशितानि तया यदा। अपर्णेति च विख्याता बभूव तनुमध्यमा॥**' (स्कन्दपुराण) अर्थात् जब उन्होंने सूखे पत्तोंका खाना भी छोड़ दिया तब उनका नाम 'अपर्णा' हो गया।

सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि भविष्योत्तरपुराणमें चौंसठ वर्ष सूखे पत्ते खाना लिखा है; यथा—**'संवत्सरचतुष्षष्टिं पक्वपर्णाशनं वृतम्।'** और हरिवंशमें लिखा है कि हिमाचलके तीन कन्याएँ थीं, जिनमेंसे एकका नाम 'अपर्णा था, यथा—**'तिस्रः कन्यास्तु मेनायां जनयामास शैलराट्। अपर्णामेकपर्णां च तृतीयामेकपाटलाम्॥'** (पूर्वखण्ड अ० २४) *'कल्प भेद हरि चरित सुहाए'* ही इसका समाधान है। मानसकल्पमें वही था जैसा मानस-कविने लिखा है।

नोट—३ यहाँतक चरणोंका प्रताप दिखाया कि पतिपदके प्रभावसे ही वे सब भोगादि छोड़कर तपमें क्रमशः बढ़ती गयीं।

देखि उमहि तप खीन सरीरा। ब्रह्मगिरा भै गगन गभीरा॥८॥

दो०—भएउ मनोरथ सुफल तव सुनु गिरिराजकुमारि।
परिहरु दुसह कलेस सब अब मिलिहहि त्रिपुरारि॥७४॥

शब्दार्थ—**'खीन'** (क्षीण)=दुर्बल; दुबला पतला।=सूखा हुआ।

अर्थ—तपसे उमाका शरीर अत्यन्त क्षीण देखकर आकाशसे गम्भीर ब्रह्मवाणी हुई॥ ८॥ हे गिरिराजकुमारि! सुन। तेरा मनोरथ सिद्ध हुआ। अब (ये) सारे कठिन क्लेश त्याग दे। (अब) शिवजी तुझे निश्चय ही मिलेंगे॥ ७४॥

टिप्पणी—१ (क) *'देखि उमहि तप……'* इति। क्षीणसे जनाया कि तपसे शरीरमें हड्डीमात्र रह गयी थी। (जैसा मनुजीके सम्बन्धमें कहा है—*'अस्थि मात्र होइ रहे सरीरा।'*) शरीर क्षीण हो जानेसे यह सन्देह हुआ कि शरीर अब न रहेगा, प्राण निकल जायँगे। इसीसे अब आकाशवाणी हुई। *ब्रह्मगिरा*=ब्रह्मवाणी=ब्रह्माकी वाणी,यथा—*'सुनत गिरा बिधि गगन बखानी। पुलक गात गिरिजा हरषानी॥'* [(ख) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि *'पुनि परिहरे सुखानेउ परना'* इससे शरीरमें दुर्बलता दिखायी गयी। अर्थात् कठिन तपसे देहकी हड्डी रह गयी। अब सूखे पत्ते भी नहीं खाये जाते। तब देखनेवाले देवतालोग उमाको *'अपर्णा'*,*'अपर्णा'* कहने लगे। अर्थात् क्षीण शरीर हो जानेसे देवताओंको सन्देह हुआ कि उमा मर न जाय, इसलिये ब्रह्मलोकमें दोहाई देने लगे कि अब तो उमा 'अपर्णा' हो गयी। इस कोलाहलसे ब्रह्माजीने देखा कि सचमुच उमाका शरीर क्षीण हो गया है। वे विस्मित हो गये जैसे सप्तर्षि हुए हैं; यथा—*'देखि दसा मुनि बिसमय भयऊ।'* तब आकाशसे ब्रह्मवाणी हुई। *'ब्रह्म'* से परब्रह्म श्रीरामजी अभिप्रेत हैं, क्योंकि ५१ वें दोहेके छन्दमें कह आये हैं कि *'सोइ राम ब्यापक ब्रह्म……'* गम्भीर वाणी हुई जिसमें उनके दुर्बल कानोंतक पहुँचे। वि० त्रि० जी कहते हैं कि रुद्राणी पद देना है, इसके देनेवाले ब्रह्म ही हैं, ब्रह्मा नहीं। यथा—*'बिधिहि बिधिता हरिहि हरिता हरहिं हरता जो दई। सो जानकीपति मधुर मूरति मोदमय मंगल मई॥'*]

टिप्पणी २—*'भएउ मनोरथ सुफल तव……'* इति। (क) यहाँ *'माँगु बर'* न कहकर *'भएउ मनोरथ सुफल तव'* कहनेका भाव कि श्रीपार्वतीजीका मनोरथ प्रसिद्ध है, सब जानते हैं कि शिवप्राप्त्यर्थ वे तप कर रही हैं। नारदजीका यही उपदेश था। हिमाचल और वेदशिरा आदि सभी मुनि जानते हैं। अतएव आकाशवाणीने यह न कहा कि वर माँगो, जैसा औरोंसे कहा है। यथा—*'माँगु माँगु बर भइ नभ बानी। परम गँभीर कृपामृतसानी॥'* (१। १४५) इति मनुप्रसंगः, *'गयउ निकट तप देखि बिधाता। माँगहु बर प्रसन्न मैं ताता॥'* (१। १७७) इति रावणप्रसंगः, *'गए बिभीषन पास पुनि कहेउ पुत्र बर माँगु॥'* (१। १७७) इति विभीषणप्रसंगः, *'परम प्रसन्न जानु मुनि मोही। जो बर मागहु देउँ सो तोही॥'* (३। ११) इति सुतीक्ष्णप्रसंगः, *'काकभसुंडि माँगु बर अति प्रसन्न मोहि जानि।'* (७। ८३) इति कागभुशुण्डिप्रसंगः। पुनः, (ख) *'माँगु बर'* न कहनेका दूसरा भाव यह है कि उमाजीको प्रकटरूपसे पतिका वर माँगनेमें संकोच होगा; यथा *'कहत बचन मनु अति सकुचाई'* (दोहा ७८ में ऐसा पार्वतीजीने सप्तर्षियोंसे कहा ही है)। इसीसे वर माँगनेको न कहा गया।

नोट—१*'सुनु गिरिराजकुमारि'* इति। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'ज्योतिषशास्त्रमें लिखा है

कि जिस मनुष्यके बहुत-से नाम हों, उनमेंसे किस नामसे उसके भले-बुरेका विचार किया जाय, इसके लिये जब वह मनुष्य सुखसे सो जाय तब उसे उसके प्रत्येक नामसे पुकार-पुकारकर जगाया जाय। जिस नामके पुकारनेसे वह जाग उठे वही उसका सच्चा नाम समझो और उससे भले-बुरेका विचार करो। परन्तु यदि खाली उस मनुष्यको पुकारना ही हो जिसके कई नाम हों तो उसके बापका नाम लेनेसे वह आदमी तुरंत समझ जायगा कि मुझे पुकारते हैं। नारदजीने पार्वतीके तीन नाम रखे—उमा, अम्बिका, भवानी। इन्हें छोड़ पार्वतीजीको तुरंत समझनेके लिये ब्रह्मवाणीने बापके नामके साथ उन्हें पुकारा।' ☞वर देना भी माधुर्यमें ही है। अतः गिरिराजकुमारि सम्बोधन किया। पुनः अपने व्रतमें अचल होनेसे *'गिरिराज'* का सम्बन्ध दिया।

नोट—२*'परिहरु दुसह कलेस सब'* इति। (क) भाव कि जिस कार्यके लिये तप कर रही थीं वह कार्य हो गया; अतएव अब उसे करनेका प्रयोजन ही क्या रह गया? यथा *'जिमि हरिभगति पाइ श्रम तजहिं आश्रमी चारि।'* (४। १६) *'तापस तप फलु पाइ जिमि सुखी सिरानें नेमु।'* (२। २३६) (ख) *'सब'* अर्थात् कन्द, मूल, फल, साग, पत्ते, जल, पवन और उपवास आदि। राजभोग आदिके त्यागसे जो क्लेश है, पतिपरित्याग आदिका जो क्लेश है, एवं तपका क्लेश इत्यादि 'सब क्लेश' हैं।

नोट—३ *'अब मिलिहहि त्रिपुरारि।'* (क) *'अब……'* का भाव कि पार्वतीजीके चित्तमें सन्देह था कि मिलना कठिन है; यथा—*'मिलन कठिन मन भा संदेहू।'* अतः ब्रह्मवाणीने *'अब मिलिहहि* कहकर सन्देह दूर किया। (ख) *'मिलिहहि* का भाव कि यहाँ आकर ब्याह ले जायँगे, ऐसा न होगा कि शैलराज तुम्हें वहाँ ले जाकर दे आवें जैसा कि राजाओंके यहाँ जहाँ-तहाँ रीति है। मनुमहाराजने अपनी कन्या कर्दम ऋषिको जाकर दी थी। (ग) *'त्रिपुरारि'* इति। प्रथम कहा कि *'भएउ मनोरथ सुफल तव।'* क्या मनोरथ है?—यह नहीं कहा। पार्वतीजी अभी बालिका हैं। इतनामात्र कहनेसे कदाचित् उन्हें संदेह रह जाय तो ब्रह्मवाणीका होना-न-होना बराबर हो जायगा। अतः निस्सन्देह करनेके लिये यहाँ मनोरथको स्पष्ट कर दिया कि *'मिलिहहि त्रिपुरारि।'*—[(घ) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि सतीत्यागका प्रण करनेपर सतीजीने शिवजीसे अनेक प्रकारसे पूछा था कि आपने क्या प्रण किया है पर शिवजीने उस समय न बताया था। दोहा ५७ की आठवीं अर्धालीमें ग्रन्थकर्ताने *'जदपि सती पूछा बहु भाँती। तदपि न कहेउ त्रिपुर आराती॥'* कहा था। वही *'त्रिपुर आराती'* =त्रिपुरारि यह नाम ब्रह्मवाणीद्वारा ग्रन्थकारने यहाँ भी कहा। इसके भाव वहाँ लिखे जा चुके हैं।]

* श्रीपार्वतीतप और श्रीमनु-शतरूपातपका मिलान *

श्रीपार्वतीतप (दोहा ७३-७४)	श्रीमनु-शतरूपातप (१४३—१५१)
१. *मातु पिता बहुबिधि समुझाई।*	*बरबस राज सुतहि नृप दीन्हा।*
२. *चली उमा तप हित हरषाई। जाइ बिपिन लागीं तप करना।*	*नारि समेत गवन बन कीन्हा॥*
३. *अति सुकुमार न तनु तप जोगू।*	*कृस सरीर मुनिपट परिधाना।*
४. *'पतिपद सुमिरि तजेउ……'*—	*सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानंदा॥*
५. *नित नव चरन उपज अनुरागा।*	*बासुदेव पद पंकरुह दंपति मन अति लाग॥*
६. *संबत सहस मूल फल खाए। सागु खाइ सत बरष गँवाए॥*	*करहिं अहार साक फल कंदा।*
७. *कछु दिन भोजन बारि बतासा।*	*बारि अहार मूल फल त्यागे॥* *एहि बिधि बीते बरष षट सहस बारि आहार।* *संबत सप्त सहस्र पुनि रहे समीर अधार॥*
८. *किये कठिन कछु दिन उपबासा॥*	*बरष सहस दस त्यागेउ सोऊ।*
९. *देखि उमहि तपखीन सरीरा।*	*अस्थि मात्र होइ रहे सरीरा।*

१०. *'ब्रह्मगिरा भइ गगन गँभीरा॥ भएउ मनोरथ सुफल तव……'*	*माँगु माँगु बर भइ नभ बानी। परम गँभीर कृपामृत सानी॥*
११. *'परिहरु दुसह कलेस सब अब मिलिहहि त्रिपुरारि॥'*	*नृप तव तनय होब मैं आई।*
१२. *'अब उर धरहु ब्रह्म बर बानी। हठ परिहरि घर जाएहु तबहीं*	*अब तुम्ह मम अनुसासन मानी। बसहु जाइ सुरपति रजधानी॥*
१३. *सुनत गिरा बिधि गगन बखानी। पुलक गात गिरिजा हरषानी॥*	*श्रवन सुधा सम बचन सुनि प्रेम प्रफुल्लित गात प्रेम न हृदय समात।*

अस तपु काहु न कीन्ह भवानी। भए अनेक धीर मुनि ग्यानी॥ १॥
अब उर धरहु ब्रह्म बर बानी। सत्य सदा संतत सुचि जानी॥ २॥

अर्थ—हे भवानी! अनेक धीर मुनि और ज्ञानी हो गये पर ऐसा (उग्र) तप किसीने नहीं किया॥ १॥ अब (इस) श्रेष्ठ ब्रह्मवाणीको सदा सत्य और निरन्तर पवित्र जानकर हृदयमें धारण करो॥ २॥

नोट—१ *'अस तपु काहु न कीन्ह'* इति। (क) *'अस'* अर्थात् जैसा कठिन तप तुमने किया। जो *'पति पद सुमिरि तजेउ सब भोगू'* से लेकर *'देखि उमहि तप खीन सरीरा'* तक ऊपर कहा गया। (ख) *'काहु न कीन्ह'* का भाव कि मुनियोंने भी कठिन तप किये हैं—पर उनकी ऐसी छोटी और सुकुमार अवस्था न थी जैसी तुम्हारी थी। मनु-शतरूपाजीका तप तो इससे भी कठिन था पर वे जब तप करने गये थे उस समय उनका चौथापन था और शरीर हृष्ट-पुष्ट था। (ग) कुछ लोग लिखते हैं कि *'अस तप'* का भाव यह है कि तुमने जिस कामनासे (अर्थात् पति-प्राप्त्यर्थ) तप किया इस कामनासे और किसीने नहीं किया।' वा पतिके लिये ऐसा तप नहीं किया (अर्थात् और मनोरथोंके लिये ऐसा तप किया गया है)। वा, केवल पार्वतीजीकी बड़ाईके लिये ऐसा कहा। (पं० सू० प्र० मिश्रजी)।—पर ब्रह्मवाणीके *'परिहरु दुसह कलेश सब'* और *'भए अनेक धीर मुनि ज्ञानी'* से इसका विरोध होगा। ब्रह्मवाणी असत्य नहीं होती। यहाँ *'अस'* का भाव 'ऐसा कठिन' ही विशेष संगत है। यही भाव कुमारसम्भव सर्ग ५ श्लोक २९ से भी प्रमाणित होता है; यथा—'**मृणालिकाये लवमेवमादिभिर्व्रतैः स्वमङ्गं ग्लपयन्त्यहर्निशम्। तथा शरीरैः कठिनैरुपार्जितं तपस्विनां दूरमधश्चकार सा॥**' अर्थात् कमलनालसदृश अपने कोमल शरीरको इस प्रकारके कठिन व्रतोंसे रात-दिन गला देनेवाली श्रीपार्वतीजीने मुनियोंके कठिन शरीरसे किये हुए तपसमूहका अत्यन्त तिरस्कार किया। पुनः '**अस तप**'=इस विधिसे तप; अर्थात् पहले मूल-फल खाकर, फिर साग, इसके बाद जल और वायु पीकर और तदनन्तर उसे भी छोड़कर। ध्रुव आदिने भी तप किये पर हवा पीते थे। हवा पीना भी छोड़कर तप करना यह पार्वतीहीका काम था। अतः *'अस तपु काहु न कीन्ह'* कहना उचित ही है। (मा० प०) (घ) ☞प्रसन्न होनेपर ही वर दिया जाता है। यथा—*'……अति प्रसन्न मोहि जानि। माँगहु बर जोइ भाव मन महादानि अनुमानि॥'* (१।१४८) इति मनुप्रसंग; *'अब प्रसन्न मैं संसय नाहीं। मागु जो भूप भाव मन माहीं॥'* (१।१६४) इति कपटीमुनि-भानुप्रतापप्रसंग; *'मागहु बर प्रसन्न मैं ताता।……एवमस्तु तुम्ह बड़ तप कीन्हा॥'* (१।१७७) इति रावणप्रसंगः इत्यादि। अतएव *'भएउ मनोरथ सुफल तव……'* यह वर देकर अब अपनी प्रसन्नताका कारण *'अस तपु काहु न कीन्ह'* इत्यादिसे कह रहे हैं कि धीर, मुनि और ज्ञानी अनेक हुए जिन्होंने तप किया पर पवन भी न पिया हो, कठिन उपवास किये हों और वह भी छोटी कोमल अवस्थामें, यह किसीने नहीं किया। अतः मैं बहुत प्रसन्न हूँ।

नोट—२ *'भवानी'* इति। प्रथम कहा कि *'अब मिलिहहि त्रिपुरारि।'* *'मिलिहहि'* से हो सकता है कि मिलेंगे, पर पति बनेंगे या नहीं यह सन्देह ही रह गया। इसके दूर करनेके लिये अब *'भवानी'* सम्बोधन किया। प्रथम *'गिरिराजकुमारि'* नाम दिया था और अब *'भव'* से सम्बन्ध होनेका वर देनेपर *'भवानी'*

सम्बोधनद्वारा सूचित करते हैं कि शंकरजी तुम्हारे पति हो गये, तुम अबसे शिवजीको अपना पति और अपनेको उनकी पत्नी समझो। इसमें संदेह न करो। ☞जैसे मनु और शतरूपाजीको वर देकर कि मैं तुम्हारा पुत्र होऊँगा, अपनी वाणीकी सत्यता दिखानेके लिये वर देनेके बाद उनको श्रीरामजीने *'तात'* और *'मातु'* सम्बोधन किया; यथा—*'तहँ करि भोग बिसाल तात गए कछु काल पुनि।'''''', 'मातु बिबेकु अलौकिक तोरें। कबहुँ न मिटिहि अनुग्रह मोरें॥'* वैसे ही यहाँ *'मिलिहहि त्रिपुरारि'* कहकर उन्हें *'भवानी'* सम्बोधन कर अपनी वाणीकी सत्यता दृढ़ की।

टिप्पणी—१ *'अब उर धरहु ब्रह्म बर बानी।''''''* इति। (क) इससे अनुमान होता है कि पार्वतीजीके हृदयमें यह अभिलाषा हो रही थी कि शिवजी स्वयं आकर मिलें, दर्शन दें और वर दें तब मैं तप छोड़ूँगी; यथा—*'तजउँ न नारद कर उपदेसू। आपु कहहिं सत बार महेसू॥'* (१। ८१) नारदजीने यह कहते हुए भी कि *'दुराराध्य पै अहहिं महेसू'* यह भी कहा था *'आसुतोष पुनि किएँ कलेसू';* इससे उनको विश्वास था कि वे स्वयं आकर प्रसन्न होकर वर देंगे। पर शिवजी न आये, प्रायः यही रीति है कि जिस देवताके लिये अनुष्ठान किया जाता है वही प्रकट होता है। सतीतनत्यागके लिये ही प्रतिज्ञा थी सो वह तन छूटकर दूसरा जन्म भी हो गया और फिर उनके लिये तप भी किया गया तब भी वे स्वयं न आये। इसीसे आकाशवाणी यह कहकर कि *'अब उर धरहु ब्रह्म बर बानी। सत्य सदा संतत सुचि जानी॥'* यथा—*'मिलहिं तुम्हहि जब सप्त रिषीसा। जानेहु तब प्रमान बागीसा॥'* उनको आश्वासन दे रही है, विश्वास करा रही है। (ख) *'उर धरहु'* अर्थात् ऐसी धारणा कर लो, इस बातको हृदयमें धारण कर लो, इसे भूलना नहीं, इसमें विश्वास रखो। यथा—*'अस उर धरि महि बिचरहु जाई।'* (यह नारदजीसे भगवान्‌ने कहा है। १। १३८) पुनः, [भाव कि 'इस ब्रह्मवाणीको तुम प्रकाश मत करो, क्योंकि तुम कन्या हो। केवल इसको विश्वास करके हृदयमें रखो, किसीसे कहनेका काम नहीं है। (सू० प्र० मिश्र) पुनः, **'ब्रह्म बर बानी'**=ब्रह्मकी वरके लिये अर्थात् पतिके सम्बन्धकी जो वाणी हुई कि *'अब मिलिहहिं त्रिपुरारि'* उसे हृदयमें धारण करो। (सुधाकर द्विवेदीजी)] (ग) *'सत्य सदा संतत सुचि जानी'* इति। सदा सत्य है अर्थात् ब्रह्मवाणी झूठ न कभी हुई, न है, न होगी। *'संतत सुचि'* अर्थात् कभी अशुचि न हुई, न है, न होगी। 'शुचि' का भाव कि ब्रह्मवाणीसे किसीके साथ कभी छल नहीं हुआ; यह वेदरूप है; वेद सब वाणियोंमें श्रेष्ठ है, सत्य है, इसमें अधर्म नहीं है। ☞विश्वास दिलानेके लिये ब्रह्म अपने वाणीकी वा ब्रह्मवाणी अपनी प्रशंसा कर रही है। (आशय यह है कि जो हमने *'अब मिलिहहि त्रिपुरारि'* और *'भवानी'* यह कहा है, इसमें सन्देह न करो। भले ही शिवजी स्वयं नहीं आये, पर यह निश्चय है कि वे अब शीघ्र मिलेंगे। अतः अब क्लेश मत उठाओ। पुनः सत्य और शुचि दोनों विशेषण देकर सूचित करते हैं कि इसमें झूठका लेश नहीं है। सत्य अपावन भी होता है। जिस सत्यसे किसीका प्राण जाय, वह 'सत्य' पावन नहीं है जैसे कि कंसके प्रसंगमें और द्रोणाचार्य-वधके प्रसंगमें हुआ। तथा भाव कि इसमें 'कुंजरो वा नरो वा' का-सा सत्य नहीं है।)

आवै पिता बोलावन जबहीं। हठ परिहरि घर जाएहु तबहीं॥ ३॥
मिलहिं तुम्हहि जब* सप्त रिषीसा। जानेहु तब प्रमान बागीसा॥ ४॥
सुनत गिरा बिधि गगन बखानी। पुलक गात गिरिजा हरषानी॥ ५॥
उमा चरित सुंदर मैं गावा। सुनहु संभु कर चरित सुहावा॥ ६॥

शब्दार्थ—वागीश=वाणियोंमें श्रेष्ठ=ब्रह्मवाणी।

अर्थ—जभी (जिस समय ही) पिता बुलाने आवें तभी (उसी समय) हठ छोड़कर घर चली जाना॥ ३॥ जब तुम्हें सप्तर्षि मिलें तब (इस) ब्रह्मवाणीको प्रमाण (सत्य, ठीक, चरितार्थ वा ठीक घटता हुआ) जान

* मिलिहिं जबहिं अव—१७२१, १७६२, छ०, भा० दा०। मिलहि तुम्हहि जब—१६६१, १७०४, को० रा०।

लेना॥ ४॥ आकाशसे कही हुई ब्रह्मवाणीको सुनते ही गिरिजाजी हर्षित हुईं। उनका शरीर पुलकित हो गया॥ ५॥ (श्रीयाज्ञवल्क्यजी कहते हैं—) मैंने सुन्दर उमाचरित गा सुनाया। अब शिवजीका सुन्दर चरित सुनो॥ ६॥

नोट—१ (क) *'आवै पिता बोलावन जबहीं।……'* इति। पिताने ही माताको तपकी शिक्षा देनेके लिये भेजा था। इस तरह वह पिताका ही वचन मानकर गिरिजाजी तप करने आयी थीं। इसीसे कहा कि जब वे बुलाने आवें तब जाना। बिना उनकी आज्ञा घर जानेसे पिताकी आज्ञाका उल्लंघन होगा। दूसरे, उमाजीका मनोरथ तो पूरा ही हो गया, पर अभी महादेवजीकी परीक्षा बाकी है जो सप्तर्षियोंद्वारा होनी है। इन कारणोंसे तुरंत घर जानेको न कहा। तीसरे, इन्हीं दो बातोंके द्वारा अपनी वाणीको प्रमाण करेंगे; अतः ऐसा कहा (सू० प्र० मिश्र)। ☞सम्भवतः वरदान अभी गुप्त ही रखना है। पिताके बिना बुलाये घर जानेसे एक तो सबको वरदानका पता लग जायगा और यदि घर जानेपर वरदानकी बात गुप्त रखेंगी तो बिना वरदान पाये तप अधूरा छोड़ देनेसे कार्यसिद्धिमें सन्देह होनेसे माता-पिता दुःखी होंगे। अतः ऐसा कहा। (ख) *'हठ परिहरि घर जाएहु……'* से जान पड़ता है कि इसके पूर्व भी पिता कई बार बुलाने आये थे, पर ये हठ करके नहीं गयीं। पुनः *'घर जाएहु……'* का भाव कि तुम्हारा काम हो ही गया, पर बिना घर गये विवाहका संयोग नहीं होगा, इसलिये बुलाने आवें तब तुरन्त चली जाना, जिसमें तुरन्त विवाहका कार्य आरम्भ हो सके। इसीसे '**तबही**' कहा।

टिप्पणी—१ *'मिलहिं तुम्हहि जब सप्त रिषीसा।……'* इति। (क) यह वाणीकी सत्यताका चिह्न बताया। जैसे लंकिनीको निशिचर-कुल-संहारका चिह्न ब्रह्माजीने बताया था; यथा—*'जब रावनहि ब्रह्म बर दीन्हा। चलत बिरंचि कहा मोहि चीन्हा॥ बिकल होसि तैं कपि के मारे। तब जानेसु निसिचर संहारे॥'* (५। ४) भाव यह कि यदि तुम्हें पिता बुलाने आवें और सप्तर्षि आवें, ये दोनों बातें मिलें, सच्ची निकलें तो यह भी सत्य जान लेना कि तीसरी भविष्य-वाणी *'मिलिहहिं त्रिपुरारि'* भी सत्य होगी, उनकी सत्यता इसकी सत्यताका प्रमाण होगी। (मनु-शतरूपाजीके प्रसंगमें और रावणके अत्याचारपर देवताओंकी पुकारपर भी आकाशवाणियाँ हुईं, पर उनमेंसे किसीमें भी इतना प्रमाण देकर प्रेमसे वाणीकी सत्यताका विश्वास दिलाना नहीं पाया जाता। यहाँ एक भविष्यके प्रमाणके लिये दो भविष्य और कहे गये और सत्य एवं शुचि होनेका विश्वास करनेको कहा गया। यह क्यों? इससे स्पष्ट है कि शिवजी स्वयं वर देनेको नहीं आये, इसीसे पार्वतीजीको विश्वास नहीं होता था कि हमारा तप सिद्ध हुआ, शिवजी हमारे पति होंगे। अतएव बारम्बार समझाते हैं और प्रमाण देते हैं)। [(ख) '**सप्त रिषीसा**=सप्तर्षि। ☞यह सात ऋषियोंका समूह या मण्डल होता है। शतपथ ब्राह्मणके अनुसार सात ऋषियोंके नाम ये हैं—गौतम, भरद्वाज, विश्वामित्र, जमदग्नि, वसिष्ठ, कश्यप और अत्रि। महाभारतके अनुसार—'मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलह, क्रतु, पुलस्त्य और वसिष्ठ। (श० सा०) ☞ एक कल्प अर्थात् एक सहस्र चतुर्युगी वा ब्रह्माके एक दिनमें चौदह मनु और मन्वन्तर होते हैं। प्रत्येक मनु एकहत्तर चतुर्युगीसे कुछ अधिक समयतक अपना अधिकार भोगता है। प्रत्येक मन्वन्तरमें भिन्न-भिन्न मनु, मनुवंशी नृपतिगण, सप्तर्षि, देवता, इन्द्र तथा उनके अनुयायी गन्धर्वादिका एक मण्डल रहता है। (भा० ३। ११। २४) इसलिये सप्तर्षि-मण्डल भी प्रत्येक मन्वन्तरमें भिन्न-भिन्न होता है। स्वायम्भुव मन्वन्तरमें मरीचि आदि ही सप्तर्षि होते हैं। स्वारोचिष मन्वन्तरमें अत्रि, दत्तात्रेय, च्यवन, स्तम्ब, प्राण, कश्यप और बृहस्पति। औत्तम मन्वन्तरमें ऊर्ज नामके—कौकिभिण्डि, कुतुण्ड, दाल्भ्य, शंख, प्रबाहित, मित और सम्मित। तामसमें कवि, पृथु, अग्नि, अकपि, कपि, जन्य तथा धामा। रैवतमें देवबाहु, सुबाहु, पर्जन्य, सोमप, मुनि, हिरण्यरोमा और सप्ताश्व। चाक्षुषमें भृगु, सुधामा, विरज, विष्णु, नारद, विवस्वान् और अभिमानी। वैवस्वत मन्वन्तरमें अत्रि, वसिष्ठ, कश्यप, गौतम, योगी भरद्वाज, विश्वामित्र और जमदग्नि ये सप्तर्षि-मण्डल रहते हैं। इस समय वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है अतः अबतकके सप्तर्षियोंके नाम लिखे गये। इसके आगे सात मन्वन्तर और हैं जिनके नाम हैं—सावर्ण्य, रौच्य, भौत्य, मेरुसावर्णि, ऋभु,

वीतधामा और विष्वक्सेन। (पद्मपुराण-सृष्टिखण्ड) ☞जिस कल्पमें जिस मन्वन्तरमें पार्वतीजीका चरित हुआ हो, उसके अनुकूल सप्तर्षि-मण्डल यहाँ समझना चाहिये। पर यह निश्चय है कि उस मण्डलमें नारदजी नहीं थे, क्योंकि उनके रहते हुए सप्तर्षि नारदजीकी निन्दा कैसे करते? कुमारसम्भवके मतसे यह कथा वैवस्वत मन्वन्तरकी होगी, क्योंकि उसमें वसिष्ठजी और अरुन्धतीजीका भी नाम है—७७ (८) *'तबहिं सप्तरिषि सिव पहिं आए'* नोट २ देखिये। विष्णुपुराणमें केवल वैवस्वत मन्वन्तरमें ही वसिष्ठजीका नाम सप्तर्षियोंमें पाया जाता है, अन्यमें नहीं। यथा—**'विवस्वतस्सुतो विप्र श्राद्धदेवो महाद्युतिः। मनुस्संवर्तते धीमान् साम्प्रतं सप्तमेऽन्तरे॥''''''वसिष्ठः काश्यपोऽथात्रिर्जमदग्निस्सगौतमः। विश्वामित्रभरद्वाजौ सप्त सप्तर्षयोऽभवन्॥'** (विष्णुपुराण-अंश ३। १। ३०, ३२) वसिष्ठजीका नाम प्रथम होनेसे वे इस मण्डलमें प्रधान जान पड़ते हैं। विष्णुपुराण-अंश ३ अध्याय १ और २ में चौदहों मन्वन्तरोंके सप्तर्षियोंकी नामावली दी हुई है। अधिक देखना हो तो पाठक वहाँ देखें। ☞इन्हीं सप्तर्षियोंके नामसे उत्तर दिशामें सात तारागणका एक समूह रहता है जो ध्रुवके चारों ओर फिरता दिखायी देता है। सम्भव है कि ये ऋषियोंके लोक हों।]

टिप्पणी—२ *'सुनत गिरा बिधि गगन बखानी।'* इति। (क) ☞यहाँ 'ब्रह्मवाणी' का अर्थ स्पष्ट कर दिया कि 'विधिकी कही हुई वाणी' है। (अधिक लोग *'बिधि'* से 'विधानकर्ता श्रीरामजी' यह अर्थ करते हैं, क्योंकि आगे शिवजीको भी ये ही समझानेको प्रकट होंगे।) (ख) *'पुलक गात'* यह हर्षका लक्षण है। *'पुलक गात गिरिजा हरषानी'* इस कथनमें यह भी अभिप्राय भरा हुआ है कि उनका शरीर जो तपसे क्षीण हो गया था, वह ब्रह्मवाणी सुननेपर पुनः फूलकर ज्यों-का-त्यों हो गया, जैसे मनुशतरूपाजी ज्यों-के-त्यों हो गये थे। यथा—*'मृतक जिआवनि गिरा सुहाई। श्रवनरंध्र होइ उर जब आई॥ हृष्ट पुष्ट तन भए सुहाए। मानहुँ अबहिं भवन ते आए॥'* (१। १४५) [(ग) श्रीपार्वतीजीके हर्षका उल्लेख इस प्रसंगके आदि, मध्य और अन्त तीनोंमें दिखाया गया है। प्रथम *'सुनि मुनि गिरा सत्य जिय जानी। दुख दंपतिहि उमा हरषानी॥'* ६८ (१) में, (पार्थिव शरीरके कारण जो किञ्चित् आवरण माधुर्यमें था वह नारद-वचन सुनकर हट गया, अतः हर्ष हुआ।) दूसरी बार, माता-पिता तप करने जाने देंगे इसमें संदेह था, अतः तपके लिये आज्ञा पाकर जानेमें हर्ष हुआ—*'मातु पितहि बहु बिधि समुझाई। चलीं उमा तप हित हरषाई॥'* (७३। ७) और तीसरी बार संदेह था कि शङ्करजी पतिरूपसे मिलेंगे या नहीं; अतः *'अब मिलिहहि त्रिपुरारि'* यह ब्रह्मवाणी सुनकर हर्ष हुआ।]

टिप्पणी—३ *'उमा चरित सुंदर मैं गावा।''''''* इति। (क) यहाँ *'उमा चरित'* सम्पुट हुआ। *'जब ते उमा सैल गृह जाईं।'* (६५। ७) उपक्रम है और *'उमाचरित सुंदर मैं गावा'* उपसंहार है। (ख) *'उमा चरित सुंदर'* और *'संभु कर चरित सुहावा'*, अर्थात् एकमें *'सुन्दर'* और दूसरेमें *'सुहावा'* पद देकर दोनोंके चरितोंकी समानता दर्शित की।

प० प० प्र०—'श्रीउमा-शिवचरित्र' जैसे यह एक ऐतिहासिक घटना है वैसे यह प्रदीर्घ रूपक है। श्रीमदाचार्यकृत 'सौन्दर्यलहरी' में 'आनन्दलहरी' के ४१ श्लोकोंमें जिस कुण्डलिनी महायोगका वर्णन है; उसका सार ही इस उमाशिवचरित्र रूपकमें है।

उमा और सच्चिदानन्दघन शिवका निवास ब्रह्मरन्ध्ररूपी कैलासपर्वतपर था। सती उमा हरिमाया-मोहित हुईं और सुदीर्घ कालतक उनका वियोग हुआ। फिर सतीने योगानलमें देहत्याग किया और *'जनमी जाइ हिमाचल गेहा।'* उमा=महेशजीकी मायाशक्ति। इस माहेश्वरी शक्तिको ही कुण्डलिनी शक्ति शिवा कहते हैं—(ज्ञानेश्वरी अ० ६ देखिये।) पर्वत=पीठकी रीढ़=पृष्ठवंश रज्जु पर्वतका गेह=पृथ्वीतत्त्वका स्थान मूलाधार चक्र। इसके समीप नीचे एक कुण्डलाकार नाड़ीमें निवास करनेसे उसको कुण्डलिनी नाम प्राप्त हुआ, यही शिवजीकी शक्ति है।

पश्चात् श्रीनारद-सद्गुरुकी कृपासे वह जाग्रत् हो गयी और शिवकी प्राप्तिके लिये क्रियाशील बनी। *'जौं तप करै कुमारि तुम्हारी। भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी॥'* शम्भु-कृपासे ही शाम्भवकी आत्म-स्वरूप शिवकी प्राप्ति होती है। स्थूलदेहाहंकार, सूक्ष्मदेहाहंकार और कारणदेहाहंकार ही त्रिपुरासुर है। इसका विनाश शिव-शक्तिसे ही होता है।

महायोगकी प्रक्रिया ही तप है।

'उर धरि उमा प्रानपति चरना।......' 'सागु खाइ सत बरष गँवाए' इस प्रकार सभी भोगोंका त्याग किया। अन्नाहार, पौष्टिकाहारका भी त्याग किया और कन्द-मूल-फल भक्षण करके एक सहस्र वर्ष तप किया।

'कन्दोर्ध्वं कुण्डलीशक्तिः' मनुष्यकी देहमें मूलाधार चक्रके नीचे **'कन्द'** नामक स्थान है। इसके ऊपर और मूलाधारके नीचे कुण्डलिनीका स्थान है, उसका त्याग करके निकलीं। कन्द-मूल-फल पृथ्वीतत्त्वके ही विकार हैं, उनको भक्षण करती रहीं। भाव यह कि मूलाधार-(पृथ्वीतत्त्वका चक्र-) में प्रवेश करके पृथ्वीतत्त्वका भक्षण किया। **'पार्थिव धातु आधवी। आरोगितां (खानेपर) काहीं भुखी'** (ज्ञानेश्वरी ६। २३९) तत्पश्चात् मूल-फलादि खाना भी छोड़ दिया। भाव कि मूलाधार चक्रको छोड़कर ऊपर चलीं और ***'कछु दिन भोजन बारि बतासा'*** किये। भाव यह कि जलतत्त्वके स्वाधिष्ठान चक्रमें प्रवेश किया और शरीरमें जो जलतत्त्व है उसका प्राशन करने लगीं, उसका शोषण कर दिया। पश्चात् अग्नितत्त्वके मणिपूरक चक्रका भेदन करके सुषुम्नामार्गमें ऊपर जाना पड़ता है तब हृदयमें वायुतत्त्वके अनाहत चक्रमें प्रवेश किया, यह बात *'कछु दिन भोजन बारि बतासा'* से कही है। दीर्घकालतक अनाहत चक्रपर रहीं। पश्चात् वायुतत्त्वका भी त्याग किया; अर्थात् अनाहत चक्रसे निकलकर आकाशतत्त्वके 'विशुद्ध' चक्रमें प्रवेश किया।—*'किये कठिन कछु दिन उपवासा।'*

जबतक श्वासोच्छ्वासकी क्रिया चलती है तबतक जलको त्याग देनेपर भी वायुका आहार तो होता ही रहता है। वायुका भी त्याग किया इससे सिद्ध हुआ कि कुछ समाधि-अवस्थामें गया। *'बिसरी देह तपहि मन लागा।'* **'ज्ञानमयं तपः'**—आत्मज्ञानमें मन लगा दिया। इतनी दीर्घ तपश्चर्या करनेपर भी शिवजी प्रसन्न न हुए, यह देख इससे भी कठिन तपका निश्चय किया।

'बेल पाति महि परइ सुखाई।......' अर्थात् केवल एक बिल्वपत्र खाकर रह गयीं। बिल्वपत्र त्रिदल होता है। भाव यह है कि विशुद्ध चक्रका भी त्याग करके आज्ञाचक्रमें प्रवेश किया। इडा, पिंगला और सुषुम्णा नाड़ियोंका संगम ही त्रिदल बिल्वपत्रके समान है। इस चक्रमें स्थित रहकर पार्वतीजीने शिवपद-कमलका ध्यान किया। जो कोई आज्ञाचक्रमें घटिकात्रयतक स्थिरवनी रस (विषयाशारहित होकर) रहता है उसको आत्मज्ञान होता है, यह योगशास्त्रका सिद्धान्त है। 'ई=ईषत्। ज्ञा=ज्ञान' जिसमें होता है वह आज्ञाचक्र है। इसका स्थान भ्रूमध्यमें बताया जाता है। इसीको त्रिकूटाचल, त्रिवेणी-संगम, वाराणसी आदि नामोंसे उपनिषदोंमें और सन्तोंने बखाना है। आज्ञाचक्रमें प्रवेश करना अत्यन्त कठिन है; बड़े-बड़े हार मानकर अभ्यास छोड़ देते हैं; ऐसा श्रीएकनाथजी महाराजने श्रीभागवतटीकामें स्पष्ट कहा है। कोई बड़भागी ही इसमें प्रवेश करता है। इस चक्रमें तीन घड़ी भी स्थिर रहना बड़ा कठिन काम है, किन्तु पार्वतीजी इसमें ३००० वर्ष स्थिर रहीं। फिर भी शिव प्रसन्न नहीं हुए। अब इस चक्रका भेदन करके सहस्रारचक्रमें प्रवेश किया *'पुनि परिहरेउ सुखानेउ परना।'* जब सहस्रारमें प्रवेश होता है तब शिवमिलनकी आशा सफल होनेकी शक्यताकी अनुभूति होती है। जब आज्ञाचक्रसे सहस्रारमें प्राण-शक्तिका प्रवेश होता है तब विशिष्ट ध्वनि सुननेमें आती है। यही यहाँ मानो *'ब्रह्म गिरा गगन गभीरा'* है। यह ब्रह्मगिरा श्रीरामजीकी ही है, रामभक्त नारदका आशिष सत्य करनेकी जिम्मेदारी तो श्रीरामजीपर ही रहती है।

पश्चात् सप्तर्षिरूपी सिद्धियाँ खड़ी होकर परीक्षा लेती हैं। सिद्धियोंके प्रलोभनसे बचनेपर आकाशवाणीकी आज्ञानुसार कुछ कालके लिये भवानी भवनमें आकर रहने लगीं। यहाँ फिर सिद्धियों आदि रूपी विघ्नोंका सामना करना पड़ा। सप्तर्षिने फिर परीक्षा ली और अव्यभिचारिणी भक्ति देख ली तब शिवजी ब्रह्मरन्ध्ररूपी कैलाससे किञ्चित् नीचे उतरकर हिमालयमें आ गये और शिवशक्ति पार्वतीका पाणिग्रहण कर अपने धर्मरूपी वाहनपर उनको अपने पास बिठा लिया और उमासहित कैलासरूपी ब्रह्मरन्ध्रमें सुखसे विलास करने लगे।

श्रीपार्वती-जन्म-तप अर्थात् उमाचरित-प्रकरण समाप्त हुआ।

श्रीशम्भु-चरित-प्रसङ्ग

जब तें सतीं जाइ तनु त्यागा। तब तें शिव मन भएउ बिरागा॥ ७॥
जपहिं सदा रघुनायक नामा। जहँ तहँ सुनहिं राम-गुन-ग्रामा॥ ८॥

अर्थ—जबसे सतीजीने (दक्षयज्ञमें) जाकर शरीर-त्याग किया तबसे शिवजीके मनमें वैराग्य हो गया॥ ७॥ वे सदा श्रीरघुनाथजीका (राम) नाम जपते और जहाँ-तहाँ श्रीरामजीके गुणग्राम (यश, चरित, गुणोंकी कथा) सुना करते॥ ८॥

नोट—१ *'जब तें सतीं जाइ तनु त्यागा।......'* इति। यहाँ यह शङ्का होती है कि 'क्या पूर्व वैराग्य न था जो यहाँ कहते हैं कि सतीजीने तन-त्याग किया 'तबसे' वैराग्य हुआ? क्या पूर्व वे रागी थे?' इसका समाधान भिन्न-भिन्न प्रकारसे लोगोंने किया है—(क) कैलासस्थलमें जो उनका प्रेम था उससे वैराग्य हो गया। इसी कारणसे उन्होंने सतीजीके वियोगमें कैलासको छोड़ दिया और उतरकर इधर-उधर विचरने लगे, यथा *'दुखी भयउँ बियोग प्रिय तोरें॥ सुंदर बन गिरि सरित तड़ागा। कौतुक देखत फिरउँ बेरागा॥'* (७। ५६) सतीजी जब कैलासपर रहती थीं तब श्रीहरिकथावार्ताका सत्सङ्ग रहा करता था। उनके न रहनेसे वह सुख जाता रहा, इससे चित्तमें उचाट हो गया। (पं० रा० कु०, बाबा हरिदास) पुनः (ख) *'मन भएउ बिरागा'* अर्थात् घरमें रहकर भक्तके विरहका दुःख सहा न गया अथवा घर नहीं सुहाता। इसलिये घर छोड़ तीर्थाटन करने लगे। (मा० त० वि०) पुनः, (ग) कुमारसम्भवमें कालिदासजीने भी लगभग ऐसा ही लिखा है। उनके कथनानुसार भाव यह है कि सतीमरणके पश्चात् फिर उन्होंने विषयसङ्ग छोड़ अपत्नीक रहना ही स्वीकार किया। यथा—**'यदैव पूर्वे जनने शरीरं सा दक्षरोषात्सुदती ससर्ज। तदाप्रभृत्येव विमुक्तसङ्गः पतिः पशूनामपरिग्रहोऽभूत्॥'** (सर्ग १। ५३) अर्थात् जिस समयसे सतीजीने दक्षयज्ञमें शरीर-त्याग किया, उसी समयसे शिवजी विषयोंके सङ्गको छोड़कर अपत्नीक हुए। अर्थात् अन्य स्त्रीका ग्रहण न किया। पुनः, (घ) बिरागा='विशेष राग'। भाव कि देह और प्राणसे अधिक प्रिय कोई वस्तु नहीं है सो उस प्रिय तनको सतीजीने श्रीशिवजीके वियोगमें भस्म कर दिया। शिवजीका प्रेम सतीजीमें तो पूर्वसे ही था; यथा *'परम पुनीत न जाइ तजि किये प्रेम बड़ पाप।'* सतीतनत्याग होनेपर वह प्रेम अब और भी बढ़ गया। यह दो कारणोंसे—एक तो यह सोचकर कि इन्होंने हमारे निमित्त देह भी त्याग दिया। दूसरे इससे कि 'सतीतन रागका प्रतिबन्धक था, क्योंकि उसके लिये प्रतिज्ञा थी कि *'एहि तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं।'* वह शरीर अब छूट गया। उस-(प्रतिबन्धकता-) के मिटनेसे अब विशेष प्रेम हुआ।' (रा० प्र०, पा०) पुनः, (ङ) पहले सतीजीमें प्रेम था, अब वैराग्य हो गया; क्योंकि उन्होंने सोचा है कि सङ्ग दुःखदायी ही था, अब स्वतन्त्र हो गये। सतीजीमें माताभाव कर लिया था; सतीतनमें पत्नी-भाव न रखनेकी वे प्रतिज्ञा कर चुके थे, जिससे सतीजी दुःखित रहती थीं। उनको दुःखित देखकर शिवजीके चित्तमें भी दुःखका होना सम्भव था। (रा० प्र०) सदा विरागरूप होनेपर भी, गृहस्थको लोकसंग्रहके लिये; स्त्री-रक्षा कर्तव्यरूपसे प्राप्त रहती ही है। घरपर रहना ही पड़ता है। यदि बाहर जाय तो स्त्रीको साथ रखना पड़ता है, रागाभासको स्वीकार करना पड़ता है, अब वह भी नहीं रह गया। अतः कहते हैं *'तब तें शिव मन भएउ बिरागा।'* (वि० त्रि०)

नोट—२ *'जपहिं सदा रघुनायक नामा।......'* इति। (क) सदा रामनाम जपते हैं, यथा *'तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनंग आराती॥'* (१। १०८) तथा *'संतत जपत संभु अबिनासी।'* (१। ४६) (ख) ☞ग्रन्थकारने जो उपदेश ग्रन्थकी समाप्तिपर दिया है कि, *'रामहिं सुमिरिय गाइय रामहिं। संतत सुनिय रामगुन ग्रामहिं॥'* (७। १३०) वह सब बातें यहाँ शिवजीमें दिखाते हैं। (मा० पी०) पुनः *'सदा जपहिं'* का भाव कि पहिले सतीजीसे बातचीत करनी ही पड़ती थी, तब जप बंद रहता था, अब सदा जप होता है। (वि० त्रि०)

उपदेश	चरितार्थ
रामहि सुमिरिय	*जपहिं सदा रघुनायक नामा।*
गाइय रामहि	*कतहुँ रामगुन करहिं बखाना।*
सुनिय रामगुनग्रामहि	*जहँ तहँ सुनहिं रामगुनग्रामा।*

☞तात्पर्य यह कि यह उनकी दिनचर्या है। किञ्चित् भी समय भजनसे खाली नहीं जाने देते।

दो०—चिदानन्द सुखधाम शिव बिगत मोह मद काम*।
बिचरहि महि धरि हृदय हरि सकल लोक अभिराम† ॥ ७५ ॥

अर्थ—चिदानन्द, सुखके धाम, मोह-मद-कामरहित शिवजी समस्त लोकोंको आनन्द देनेवाले श्रीरामजीको हृदयमें धारणकर पृथ्वीपर विचरने लगे॥ ७५॥

नोट—१ यदि कोई कहे कि महादेवजी तो कामके नाशक हैं, वे स्त्रीके वियोगसे क्यों खिन्न होंगे, तो उसपर इस दोहेका उल्लेख किया गया। (सू० प्र० मिश्र) श्रीसुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'कविने यहाँ शिवजीका माहात्म्य वर्णन किया है, जैसे दोहा ४८ के *'पूजे रिषि अखिलेश्वर जानी'* इस चरणमें उनको 'अखिलेश्वर' कहा है। इस दोहेमें शिवजीके विशेषण और पीछे कहे हुए श्रीरामजीके विशेषणसे **'हरिहरयोर्भेदो नास्ति'** इस वचनको सार्थक किया है। जैसे यहाँ *'चिदानन्द', 'बिगत मोह मद काम', 'सुखधाम'* विशेषण है वैसे ही ५० (३) और ५२ (८) में *'जय सच्चिदानंद जगपावन'* और *(गई सती जहँ) प्रभु सुखधामा'* हैं। जिसमें मोह-मद-काम न हों वही 'जगपावन' है। जैसे यहाँ *'सकल लोक अभिराम'* वैसे ही वहाँ *(भरि लोचन) छबिसिंधु (निहारी)'* ५० (२) है। जिसके दर्शनसे सकल लोक-अभिराम शिवजीके हृदयमें भी विशेष हर्ष हुआ।' [*चिदानन्द सुखधाम'* के भाव ५० (३) और ५२ (८) में आ चुके हैं। भाव यह है कि यह न समझो कि ये वियोगविरहसे पीड़ित होकर घरसे निकल गये। ये तो चिदानन्द हैं, सदा आनन्दरूप हैं। लोकके दिखावमात्रमें ऐसा है, वस्तुतः वे तो लोगोंको आनन्द देनेके लिये इस बहाने कैलाससे निकल पड़े हैं। श्रीद्विवेदीजी *'सकल लोक अभिराम'* को शिवजीका विशेषण मानते हैं। प्रायः और सब इसे *'हरि'* का विशेषण मानते हैं।]

नोट—२ *'बिचरहि महि……'* इति। (क) पृथ्वीपर विचरनेका भाव कि सांसारिक जीवोंको कृतार्थ करते फिरते हैं। इससे सूचित किया कि कैलाससे उतरकर पृथ्वीपर विचरते हैं। *'बिचरहि'* आनन्दपूर्वक घूमना-फिरना सूचित करता है। सू० प्र० मिश्रजी लिखते हैं कि 'भूमि ही कर्मभूमि है, अतएव सब कर्म-धर्म पृथ्वीपर ही होते हैं, स्वर्ग तो भोगस्थल है', अतः *'बिचरहि महि'* कहा। (ख) *'सकल लोक अभिराम'* को 'शिव' का भी विशेषण मान सकते हैं। तब *'लोक'* का अर्थ 'लोग' होगा। अर्थात् सभी लोगोंको आनन्द देनेवाले (सबको आनन्द देनेके लिये पृथ्वीपर विचरते हैं) शिवजीका विशेषण मानें तो इसका स्वरूप आगे दिखाते हैं कि *'कतहुँ मुनिन्ह उपदेसहिं ग्याना।……'* इत्यादि। ज्ञानियोंसे ज्ञान कहते हैं, उपासकोंसे श्रीरामगुण बखान करते हैं।

---

* 'मान' पाठ सं० १६६१, १७६२ और १७०४ में है। १६६१ की पोथीमें किसीने 'मान' शब्दको पेन्सिलसे घेरकर हाशियेपर पेन्सिलसे 'काम' लिखा है। 'काम' पाठ १७२१, छ०, को० रा० की पोथियोंमें है। सम्भव है कि 'अभिराम' के अनुप्रासके विचारसे लोगोंने 'काम' पाठ कर दिया हो। अनुप्रास होनेसे 'काम' पाठ उत्तम जान पड़ता है। दूसरे दोहा ७६ (२) में 'जदपि अकाम तदपि भगवाना। भगतबिरह दुख दुखित सुजाना' से सूचित होता है कि पूर्व निष्काम होना कहा जा चुका है। इससे भी यह पाठ समीचीन जान पड़ता है। 'मान' पाठ प्राचीनतम तीन पोथियोंमें होनेसे उसकी अवहेलना भी नहीं की जा सकती। उसके पक्षमें यह कह सकते हैं कि—'मोह, मद और मान' ये तीनों शब्द किष्किन्धाकाण्डमें एक साथ आये हैं, यथा—'जिमि बुध तजहिं मोह मद माना।'† 'आराम'—भा० दा०, पं०।

कतहुँ मुनिन्ह उपदेसहिं ग्याना। कतहुँ रामगुन करहिं बखाना॥ १॥
जदपि अकाम तदपि भगवाना। भगत बिरह दुख दुखित सुजाना॥ २॥

अर्थ—कहीं (तो) वे मुनियोंको ज्ञानका उपदेश करते और कहीं श्रीरामचन्द्रजीके गुणोंका वर्णन करते (अर्थात् श्रीरामयश कहते)॥ १॥ यद्यपि (शिवजी) काम और कामनाओंसे रहित (अर्थात् निष्काम) हैं, तथापि वे सुजान भगवान् भक्त-(सती-) के वियोग-दुःखसे दुःखी हैं॥ २॥*

नोट—१ *'कतहुँ मुनिन्ह उपदेसहिं ग्याना।……'* इति। (क) ☞ मुनियोंको ज्ञानोपदेश करनेका तात्पर्य यह है कि अधिकारीको ज्ञान देनेसे वह ज्ञान और बढ़ता है। शास्त्रोंमें कहा है—**'जले तैलं खले गुह्यं पात्रे दानं मनागपि। प्राज्ञे शास्त्रं स्वयं याति विस्तारं वस्तु शक्तितः॥'**—(भास्करबीजगणित) अर्थात् जलमें तेल, दुष्टमें गुप्त बात, योग्यमें दान और बुद्धिमान्‌में शास्त्र थोड़ा भी देनेसे विस्तृत हो जाता है। मुनि लोग भगवान्‌का मननकर अन्तःकरण शुद्धकर सत्पात्र हो गये हैं। अतः मुनियोंको अधिकारी और सत्पात्र समझकर ज्ञानोपदेश देते हैं, वह यही कि राम-नाम जपो। यथा *'कही संभु अधिकारी पाई।'* (१। ४८) अधिकारी भक्त श्रोता मिलता है तब राम-गुणगान करने लगते हैं। ☞ भाव यह है कि दिन-रात श्रीरामगुणानुवादमें ही समय बिताते हैं, जिसमें अनन्य-भक्ता सतीके विरहका दुःख न व्यापे। यही बात आगे दिखाते हैं। ☞ यहाँ शिवजीके आचरणद्वारा उपदेश देते हैं कि जब अधिकारी श्रोता मिले तब रामगुण-कथन करो, वक्ता मिले तो सुनो और दोनोंके अभावमें स्वयं जप, स्मरण, मनन करो, कभी खाली न बैठो। अकेलेकी चर्य्या पूर्व *'अस कहि लगे जपन हरिनामा। गईं सती जहँ प्रभु सुखधामा॥'* (१। ५२) में भी कही गयी है और ऊपर *'जपहिं सदा रघुनायक नामा'* में भी। (भागवत २। १। ५) में भी ऐसा ही उपदेश श्रीशुकदेवजीने किया है; यथा **'यस्माद्भारत सर्वात्मा भगवान्हरिरीश्वरः। श्रोतव्यः कीर्तितव्यश्च स्मर्तव्यश्चेच्छताभयम्॥'** (२। १। ५) अर्थात् हे परीक्षित्! जो अभय चाहता है उसे चाहिये कि सर्वात्मा भगवान् हरि परमेश्वरका सदा कीर्तन, श्रवण और स्मरण करता रहे। इस श्लोकमें **श्रोतव्यः (वक्तरि सति)**, **कीर्तितव्यश्च (श्रोतरि सति)** और **स्मर्तव्यश्च (वक्तृश्रोत्रभावे)**, ऐसा अन्वयार्थ समझना चाहिये अर्थात् श्रोतासे कहे, वक्ता मिले तो सुने, दोनोंके अभावमें स्मरण करे। (मा० प०) (ख) प्रथम चरणमें मुनियोंको ज्ञानोपदेश करना कहा पर दूसरे चरणमें किसीका नाम नहीं दिया गया। कारण कि श्रीरामयशश्रवणके अधिकारी श्रीरामोपासक ही होते हैं, उपासकोंका सारा कर्म-धर्म एवं सर्वस्व यही है; यथा *'रामहि सुमिरिय गाइय रामहि। संतत सुनिय राम गुन ग्रामहि॥'* (७। १३०) अतः उपासकोंसे रामगुणकथन करना समझना चाहिये।

* 'जदपि अकाम तदपि भगवाना।……' इति। *

१—महानुभावोंने इसका अर्थ कई प्रकारसे किया है—(१) 'यद्यपि शिवजी कामनारहित हैं तो भी वे भगवान् (ऐश्वर्यवान्), सुजान हैं और भक्तोंके वियोगदुःखसे दुःखित होते हैं। भाव कि सतीजीको भक्त जानकर उनके वियोगसे अपनेको भी दुःखी माना।'—(सू० प्र० मिश्र)। (२) 'श्रीशिवजी यद्यपि कामनारहित हैं (अर्थात् उनको विवाहकी इच्छा नहीं है) तथापि भगवान् श्रीरघुनाथजी भक्त पार्वतीजीका दुःख देख दुःखित हुए; क्योंकि सुजान हैं, पार्वतीजीके तप-(एवं दुःख-) को जानते हैं।' (रा० प्र०) सू० प्र० मिश्र इस अर्थके विषयमें लिखते हैं कि मेरी समझमें यह अर्थ प्रकरणसे मिलता है। [परन्तु *'जदपि'* और *'तदपि'* इस बातको निश्चय कराते हैं कि जिसके लिये *'अकाम'* कहा है उसीके लिये *'भगवान्'* इत्यादि भी कहा है। (और भी अन्वय तथा अर्थ पाद-टिप्पणीमें दिये गये हैं।)]

---

* 'जदपि……सुजाना। २।' का अन्वय कई प्रकारसे हो सकता है।—१ 'जदपि अकाम (हैं) तदपि भगवान् (हैं अतः वे) सुजान भक्त विरहदुःखसे दुःखित हैं।' २—'जदपि अकाम (हैं) तदपि सुजान भगवान् भक्त विरह……।' ३—'जदपि भगवान् (शिव) अकाम (हैं) तदपि सुजान (होनेसे) भक्त……।' ४—'जदपि अकाम (हैं) तदपि भगवान् (ऐश्वर्यमान् हैं) सुजान (हैं) और भक्त-विरहदुःखसे दुःखित (हैं)।' (मा० प०) ५—'जदपि सुजान अकाम (हैं) तदपि (वे) भगवान् भक्त……।' (मा० अं०) ६—'जदपि (वे) सुजान भगवान् अकाम (हैं) तदपि भगत……।'

२ (क) *'तदपि भगवाना'*—'तो भी भगवान् ही तो हैं'—ऐसा अर्थ करनेपर भाव यह होता है कि 'अकाम होनेपर भी आप भक्तके विरहदुःखसे दुःखित हो गये, क्योंकि 'भगवान्' हैं। भगवान्के छः गुणोंमेंसे एक 'करुणा' भी है—'**कारुण्यं षड्भिः पूर्णं रामस्तु भगवान् स्वयम्।**' दूसरेके दुःखसे दुःखी हो जाना 'करुणा' गुण है, इसी कारण आप उमाके दुःखसे दुःखित हैं। (ख) श्रीसुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'भगवान्के परम भक्त होनेसे ('**वैष्णवानां यथा शम्भुः**') वे भगवान्के समान हो गये हैं; इसीसे कहा कि यद्यपि अकाम हैं तो भी ऐश्वर्यसे भरे हैं।' विशेष पूर्व ४६ (२—५) में लिखा जा चुका है। (ग) बाबा हरीदासजी लिखते हैं कि 'भगवान्' का भाव यह है कि 'कामनाओंको रोकनेमें समर्थ हैं, कामना पास नहीं आ सकती। कामनापर प्रबल हैं सही, तो भी भक्त-(सती-) के विरहसे दुःखी हैं क्योंकि सुजान हैं, निज दासके दुःखसे दुःखी होना ही चाहिये।' (घ) बाबा हरिहरप्रसादजी कहते हैं कि—'अकाम तो जीव भी होते हैं, उन जीवोंसे पृथक् करनेके लिये 'भगवान्' कहा है। (रा० प्र०) (ङ) यहाँ विरोधाभास अलंकार है।

३ *'भगत बिरह दुख दुखित सुजाना।'* इति। (क) यहाँ *'भगत'* से सतीजीका तात्पर्य है। सतीजी आपकी पूर्ण भक्ता हैं। यथा—*'जौं मोरे सिव चरन सनेहू। मन क्रम बचन सत्य ब्रतु एहू॥'* (५९) *'सती मरत हरि सन बरु माँगा। जनम जनम सिव पद अनुरागा॥'* (६५) *'जनम कोटि लगि रगरि हमारी। बरउँ संभु न त रहउँ कुआरी॥'* (८१) इत्यादि। इसी अभिप्रायसे *'अकाम, भगवाना* और *सुजान'* विशेषण दिये गये हैं। कोई यह न समझे कि शिवजी कामसे दुःखित हैं, इसीलिये कहा कि वे 'अकाम' हैं; यथा—*'हमरे जान सदा सिव जोगी। अज अनवद्य अकाम अभोगी॥'* (९०) सब कामनाओंसे रहित हैं तब वे दुःखित क्यों हैं? क्योंकि वे सुजान हैं। वे जानते हैं कि भक्ता सती एक तो विरह-दुःखसे ही जाकर दक्षयज्ञमें मरीं, यथा—*'हर बिरह जाइ बहोरि पितु कें जग्य जोगानल जरी।'* (९८) तथा अब पार्वतीतनमें भी पुनः संयोगके लिये ही कठिन क्लेश उठा रही हैं और अब भी वियोगसे दुःखी हैं। भक्तवत्सल हैं, उनको दुःखित जानकर आपको दुःख होता है। शिवजीका दुःखी होना सतीजीके मरणसे ही प्रारम्भ हो गया है। (ख) पुनः, *'भगत बिरह दुख'* का भाव कि भक्तका वियोग हुआ इस दुःखसे दुःखी हैं, यदि सती भक्ता न होतीं तो दुःखी न होते।

एहि बिधि गएउ काल बहु बीती। नित नै होइ रामपद प्रीती॥ ३॥
नेमु प्रेमु संकर कर देखा। अबिचल हृदय भगति कै रेखा॥ ४॥

अर्थ—इस प्रकार बहुत समय बीत गया। श्रीरामचन्द्रजीके चरणोंमें उनकी नित्य नवीन प्रीति होती गयी॥ ३॥ शंकरजीका नेम (नियम), प्रेम और उनके हृदयमें भक्तिकी अचल रेखा (लकीर वा चिह्न श्रीरामजीने) देखी॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'एहि बिधि गएउ काल बहु बीती।......'* इति। (क) बहुत कालका प्रमाण यह कि सतीतनत्यागके जितने दिनोंके बाद पार्वतीजीका जन्म हुआ, जन्मसे फिर जितनी अवस्था होनेपर वे तप करने गयीं और जितने दिन तप किया, इतना काल व्यतीत हो गया। (ख) *'नित नै होइ......'* इति। ग्रन्थकारने श्रीशिवजी और श्रीपार्वतीजीके प्रेम-प्रसंगकी समानता दिखानेके लिये *'नित नै होइ......'* यह कहा।

श्रीपार्वतीजी	श्रीशिवजी
अपने पतिमें नित्य नया अनुराग	१ अपने पति-(रामजी-) में नित्य नया प्रेम।
यथा—*'नित नव चरन उपज अनुरागा।'*	यथा—*'नित नै होइ रामपद प्रीती।'*
देखि उमहि तप खीन सरीरा।	२ *नेम प्रेम संकर कर देखा। अबिचल हृदय भगति कै रेखा॥*
ब्रह्म गिरा भइ गगन गभीरा॥	३ *प्रगटे राम कृतज्ञ कृपाला।*
भएउ मनोरथ सुफल तव सुनु गिरिराजकुमारि	४ *कह प्रभु हर तुम्हार पनु रहऊ।*

उमाकी प्रशंसा-'*अस तप काहु न कीन्ह*'	५ *बहु प्रकार संकरहि सराहा।* *तुम्ह बिन अस ब्रतको निरबाहा॥*
अब उर धरहु ब्रह्म बर बानी	६ *अब उर राखेहु जो हम कहेऊ।*
ब्रह्मवाणीने समझाया—'*आवै पिता*......'	७ '*बहु बिधि राम सिवहि समुझावा*।......'
अब मिलिहहिं त्रिपुरारि	८ *जाइ बिबाहहु सैलजहिं*

(ग) [सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि अपने भक्त-(सती-) के दुःख दूर करनेके लिये ही शिवजी चारों ओर विचरते हुए रामोपदेश और रामगुणगान करते-करते शरीरको सुखाकर एक तरहका तप ही करते हैं। '*नित नै प्रीति*......' इत्यादि तप ही है।] (घ) '*नित नै*......' से यह भी जनाया कि सतीजीके विरह-दुःखसे शिवजीका प्रेम घटा नहीं किन्तु दिनोंदिन बढ़ता ही गया। उस विरहजन्य दुःखको दूर करनेहीके लिये रामपदप्रेम बढ़ाते गये।

टिप्पणी—२ '*नेमु प्रेमु संकर कर देखा*।......' इति। (क) '*नेम*' सती-त्यागका, (यथा '*एहि तन सतिहि भेंट मोहिं नाहीं। सिव संकल्प कीन्ह मन माहीं॥*' (५७) '*अस पन तुम्ह बिनु करइ को आना॥*' (५७) '*तुम्ह बिनु अस ब्रत को निरबाहा।*' (७६) '*प्रेम*' श्रीरामजीमें; यथा—'*नित नै होइ रामपद प्रीती।*' '*अबिचल हृदय*......' यह कि अब सतीजीको कभी (किसी तनमें भी) न ग्रहण करेंगे। पार्वतीतनमें भी सतीजीको अंगीकार करना शिवजी उचित नहीं समझते, यह दृढ़ता ही 'अविचल रेखा' है। यथा '*जय महेस भलि भगति दृढ़ाई।*' (५७) [(ख) पंजाबीजी, सू० प्र० मिश्र और सु० द्विवेदीजीका मत है कि बिना श्रीरामचन्द्रजीकी आज्ञाके पार्वतीतनमें भी न ग्रहण करना यही भक्तिकी अविचल रेखा है। परन्तु इसका प्रमाण क्या है कि उनके मनमें ऐसा था कि श्रीरामजी आकर कहें? यदि उनसे कहलाकर ग्रहण करनेकी इच्छा थी तो यह भक्तिकी अविचल रेखा न रह जायगी। (ग)—एक महात्मा 'प्रेम' से 'सतीका प्रेम' लेते हैं और कहते हैं कि प्रभुने देखा कि उनके प्रेमके कारण उनके विरहमें दुःखी हैं तथापि हमारी भक्तिके कारण उनको त्यागे हुए हैं; उनका कहना है कि 'सतीजीके प्रति शंकरजीका प्रेम' अर्थ करनेसे आगेके '*अबिचल हृदय भगति कै रेखा*' में पुनरुक्तिका दोष नहीं रहेगा तथा नेममें भी महत्त्व आ जायगा कि जिसकी सराहना प्रभु स्वयं आगे करते हैं। पुनः, (घ)—'*नेम*' यह तनकी क्रिया या व्यवहार है। प्रेम मनका व्यवहार है। इस तरह भीतर-बाहर दोनोंकी भक्तिकी दृढ़ रेखा देखी।—(वै०)]

प्रगटे रामु कृतज्ञ कृपाला। रूप सील निधि तेज बिसाला॥ ५॥
बहु प्रकार संकरहि सराहा। तुम्ह बिनु अस ब्रतु को निरबाहा॥ ६॥

अर्थ—(तब वे) कृतज्ञ, कृपाल, रूप और शीलके समुद्र तथा बहुत भारी तेजवाले श्रीरामचन्द्रजी प्रकट हो गये॥ ५॥ (और उन्होंने) बहुत प्रकारसे शङ्करजीकी प्रशंसा की। (कहा कि) आपके सिवा (अतिरिक्त) ऐसा (कठिन) व्रत कौन निबाह सका है? (कोई भी तो नहीं)॥ ६॥

नोट—१ (क) '*प्रगटे रामु*' इति। भगवान् प्रेमसे प्रकट होते हैं, यथा—'*प्रेम ते प्रभु प्रगटइ जिमि आगी।*' (१८४) '*प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना।*' (१८४) (शंकरवचन) अतः शिवजीका नित्य नया प्रेम और भक्तिकी अटल रेखा (कि अब सतीजीको किसी तनमें भी न ग्रहण करेंगे, प्रभुकी अनन्य भक्तिमें ही लीन रहेंगे) देखकर प्रकट हो गये। (ख) '*कृतज्ञ*' इति। कृतज्ञ हैं अर्थात् जानते हैं कि शङ्करजीने हमारी भक्तिको दृढ़ रखनेके लिये ही यह प्रण किया है। (पं० रामकुमारजी) प्रेमीके किये हुए स्वल्प सुकृतको भी बहुत मानते हैं, इसीसे प्रभु 'कृतज्ञ' कहलाते हैं; यथा—'*कृतं जानन् कृतज्ञः स्यात् कृतं सुकृतमीरितम्*' इति (भगवद्गुणदर्पण) यही बात विनयमें भी खूब कही गयी है; यथा—'*ज्यों सब भाँति कुदेव कुठाकुर सेये बपु बचन हिये हूँ। त्यों न राम सुकृतज्ञ जो सकुचत सकृत प्रनाम किये हूँ॥*' (वि० १७०) भक्तमालमें भी प्रमाण मिलते हैं। यथा—'*बोल्यो भक्तराज तुम बड़े महाराज कोऊ थोरोऊ करत काज मानो कृतजाल है।*' (श्रीमोरध्वजवाक्य। भक्तिरसबोधिनीटीका) तिलोचनजी, देवापंडाजी आदिने भी ऐसा

ही कहा है।—इस कृतज्ञगुण स्वभावके कारण प्रभुने विचार किया कि हमारी भक्तिके कारण इन्होंने सतीजीको त्याग दिया। पुनः, कृतज्ञ हैं इसीसे स्वेच्छया प्रकट हुए। सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि चारों ओर रामयश फैलानेसे वे शिवजीका उपकार मानते हैं, इससे कृतज्ञ कहा। (ग) *'कृपाला'* इति। भाव कि सतीजीकी अवज्ञाका, स्वीकृत अपमानका किञ्चित् भी स्मरण आपके चित्तमें नहीं है, क्योंकि आप 'कृपाल' हैं। दक्षयज्ञमें शरीर भस्म करते समय तथा उसके पूर्व जो उन्होंने आपका स्मरण किया था; यथा—*'सती मरत हरिसन बरु माँगा।'* (६५) *'जौं प्रभु दीनदयालु कहावा। आरतिहरन बेद जसु गावा॥ तौ मैं बिनय करौं कर जोरी। छूटौ बेगि देह यह मोरी॥'* (५९)। उतने मात्रसे उन्हें दीन जानकर और शिवजीके लिये कष्ट झेलते देख उनको शिवजीसे मिला देना चाहते हैं। सतीजीके उस किञ्चित् स्मरणरूपी कृतिको स्मरण करके कि वे हमारी शरण आ चुकी हैं वे कृपा करके प्रकट हुए। यथा—*'रहति न प्रभु चित चूक किये की। करत सुरति सय बार हिये की॥', 'जन अवगुन प्रभु मान न काऊ। दीनबंधु अति मृदुल सुभाऊ॥'* (७। १) '**कदाचिदुपकारेण कृतेनैकेन तुष्यति। न स्मरत्यपकाराणां शतमप्यात्मवत्तया॥**' (वाल्मीकीय अयोध्याकाण्ड सर्ग १। ११) अर्थात् श्रीरामचन्द्रजी सैकड़ों अपराधोंको आत्मीयताके कारण स्मरण नहीं करते और भूले-चूके भी यदि उपकार हो जाता है तो उसे बहुत मान लेते हैं। पुनः, 'कृपाल' का भाव कि वे यह समझकर कि बिना हमारे ये इस दुःखसे न छूट सकेंगी, हम ही एकमात्र इनका दुःख दूर करनेको समर्थ हैं दूसरा नहीं, वे कृपा करके प्रकट हुए। कृपागुणका यही लक्षण है; यथा—'**रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थ्यसन्धानं कृपा सा पारमेश्वरी॥**' (भगवद्गुणदर्पण वै०)

नोट—२ *'रूप सील निधि……'* इति। (क) ये सब विशेषण भी साभिप्राय हैं। सुन्दर रूप देखकर शिवजी प्रसन्न होंगे और कहना मानेंगे। भारी तेज इसलिये कि तेजस्वीकी आज्ञाके उल्लङ्घनका साहस किसीको नहीं होता। कोमल वाणी कहकर कार्य करायेंगे, अतः *'सीलनिधि'* कहा।' (पं० रा० कु०) (ख) 'रूप, शील और तेजकी व्याख्या भगवद्गुणदर्पणमें इस प्रकार है। '**अङ्गानि भूषितान्येव निष्काद्यैश्च विभूषणैः। येन भूषितवद्भाति तद्रूपमिति कथ्यते॥ चुम्बकायः कर्षन्यायैर्दूरादाकर्षको बलात्। चक्षुषां सगुणो रूपं शाणस्मार-शरावलेः॥**' अर्थात् जो बिना भूषणोंके ही भूषित-सा देख पड़े और जो नेत्रोंको अपनी ओर इस प्रकार आकर्षित कर लेता है जैसे लोहेको चुम्बकपत्थर। उसीको 'रूप' कहते हैं, नहीं तो निष्क (कण्ठश्री) आदि भूषणोंसे सामान्य रूप भी सुन्दर लगता है। '**हीनैर्दीनैर्मलीनैश्च बीभत्सैः कुत्सितैरपि। महतोऽच्छिद्रसंश्लेषं स शीलं विदुरीश्वराः॥**' अर्थात् बड़े लोगोंका हीन, दीन, मलीन, बीभत्स, कुत्सित—ऐसे भी लोगोंके साथ गाढ़ आलिंगन करना 'शील' गुण है। (मनुस्मृति कुल्लूकभट्टकृत टीका अ० २। ६) में 'शील' की व्याख्या इस प्रकार है।—'**शीलं ब्रह्मण्यतादिरूपं तदाह हारीतः।' ब्रह्मण्यता, देवपितृभक्तिता, सौम्यता, आरोपतामिता** (दूसरोंको कष्ट न देना) **अनुसूयता** (गुणोंपर दोषारोपण न करना), **मृदुता, अपारुष्यं** (कठोर न बोलना) **तु मैत्रता प्रियवादित्वं कृतज्ञता शरण्यता कारुण्यं प्रशान्तिश्च इति त्रयोदशविधं शीलम्।**—ये तेरह शीलगुण हैं। पुनः, उत्तम आचरण, सद्वृत्ति, कोमल हृदय, अच्छा स्वभाव जिसमें कभी दूसरेका जी न दुःखे और ऊँच-नीच कोई भी क्यों न हो उसका आदर, उससे प्रिय बोलना, इत्यादि सभी भाव सामान्यतः 'शील' के अन्तर्गत हैं। विनय० पद १०० शीलकी व्याख्या ही है। (ग)—*'रूप शील निधि' 'तेज विशाल'* (महातेजस्वी) का भाव कि रूप-शील-तेज तो शिवजीमें भी हैं परंतु श्रीरामजीका रूप और शील समुद्रवत् अपार है, अथाह है, यथा—*'भरि लोचन छबिसिंधु निहारी।'* और तेज भी विशाल है; यथा—*'राजन राम अतुल बल जैसे। तेज निधान लषन पुनि तैसे॥'* (१। २९३) क्योंकि जबतक अपनेसे अधिक न देखेंगे तबतक दाब कैसे मानेंगे? पुनः, (घ)—रूपशीलनिधि कहकर जनाया कि संसारके सब रूप और स्वभाव इन्हींसे उत्पन्न हुए हैं। (सु० द्विवेदी) (ङ) ☞ रूपशीलनिधि और विशाल तेजको देखकर शिवजी प्रेममें ऐसे मग्न हो गये कि प्रभुको प्रणाम करना भी भूल गये। श्रीविदुरानीजीकी भी दशा श्रीकृष्णजीके मुखारविन्दका शब्द सुनते ही कैसी हुई थी, यह भक्तमालके पाठकोंको विदित ही है। अत्यन्त प्रेमदशामें सुध-बुध नहीं रह जाती। ☞ *'तेज बिसाला'*

इति। विशाल तेजके स्पष्टीकरणके सम्बन्धमें पद्मपु० में राजगद्दी-प्रसङ्गमें जो कहा है उसे देखिये। वहाँ बताया है कि जिस दिव्य रूपका दर्शन शिवजीको उस समय हुआ था वह इतना विशाल तेजयुक्त था कि अन्य सब नर-वानर-देव इत्यादि उसके तेजके प्रभावसे मूर्च्छित हो गये। यथा—**'इत्युक्तः शम्भुना रामः प्रसादप्रणतोऽभवत्। दिव्यरूपधरः श्रीमान् अद्भुताद्भुतदर्शनः॥ तं तथा रूपमालोक्य नरवानरदेवताः। न द्रष्टुमपि शक्तास्ते भेषजं महदद्भुतम्॥ भयाद्वै त्रिदशाः श्रेष्ठाः प्रणेमुश्चातिभक्तितः॥'** (४२—४४)

नोट—३ *'बहु प्रकार संकरहि सराहा'* इति। (क) 'महादेवजीने श्रीरामयश चारों ओर फैलाया और यश फैलाकर उनकी प्रशंसा की, वैसे ही रामजीने शिवजीकी प्रशंसा की। यह कृतज्ञता है'। (सु० द्विवेदी) **'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्'** इस भगवद्वाक्यको चरितार्थ किया। उनके दृढ़ व्रतकी, उनके प्रेमकी, प्रतिज्ञाके निर्वाह इत्यादिकी प्रशंसा की। आपने हमारी प्रसन्नताके लिये, भक्तिका आदर्शस्वरूप लोकको उपदेश देनेके लिये, भक्तिकी महिमा दरसानेको यह सब किया। हम यह देखकर बहुत प्रसन्न हैं इत्यादि कहा। (ख) पार्वतीतनमें भी अब सतीजीको ग्रहण न करेंगे इस हठसे निवृत्त करना है। अतः प्रथम आते ही प्रशंसा करने लगे। (ग) *'तुम्ह बिनु अस ब्रतु को निरबाहा।'* इति। *'अस'* से जनाया कि यह व्रत बहुत कठिन है। यथा—*'अस पन तुम्ह बिनु करै को आना। रामभगत समरथ भगवाना॥'* (५७) *अस ब्रत'* अर्थात् परम पुनीत सती ऐसी स्त्री जिसमें परम प्रेम था उसको भी सहज ही त्याग देना अत्यन्त दुष्कर व्रत है; यथा—*'शिव सम को रघुपति ब्रतधारी। बिनु अघ तजी सती अस नारी॥ पनु करि रघुपति भगति देखाई॥'* (१। १०४) *'को निरबाहा'* का भाव कि ऐसा कठिन व्रत भले ही लोग कर लें पर उसका आद्यन्त निर्वाह कठिन है। आपने त्याग किया, फिर लगभग एक लाख वर्ष साथ रहते हुए भी उस संकल्पसे न डिगे, कभी भूलकर भी सतीमें पत्नीभाव न आने दिया। सतीतन त्यागकर भी प्रतिज्ञाका निर्वाह कर रहे हैं। बैजनाथजीके मतसे यहाँ 'सौशील्यगुण' है।

वि० त्रि० लिखते हैं कि देवताओंने शिवजीके प्रणकी प्रशंसा की। यथा—*'चलत गगन भइ गिरा सुहाई। जय महेस भलि भगति दृढ़ाई॥'* (५७।४) और श्रीरामजी उस प्रतिज्ञाके निर्वाहकी प्रशंसा करते हैं।

बहु बिधि राम शिवहि समुझावा। पारबती कर जनम सुनावा॥ ७॥
अति पुनीत गिरिजा कै करनी। बिस्तर सहित कृपानिधि बरनी॥ ८॥

अर्थ—श्रीरामचन्द्रजीने बहुत प्रकारसे शिवजीको समझाया और पार्वतीजीका जन्म (समाचार) सुनाया॥ ७॥ दयासागर श्रीरामजीने पार्वतीजीकी अत्यन्त पवित्र करनी विस्तारसहित वर्णन की॥ ८॥

नोट—१ *'बहु बिधि समुझावा'* इति। (क) अर्थात् कहा कि तुम्हारी प्रतिज्ञा तो यह थी कि *'एहि तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं।'* सतीजीने वह तन त्याग दिया। अब उन्होंने दूसरा तन धारण किया, फिर तुम्हारे प्राप्त्यर्थ उन्होंने उग्र तप किया, मन, कर्म, वचनसे वे तुम्हारी ही हो रही हैं, अब उनको ग्रहण करनेमें तुम्हारी प्रतिज्ञा भी रही, तुमको कोई दोष नहीं और उन्होंने अपनी करनीका फल भी पा लिया। विधिने आकाशवाणीद्वारा उन्हें वरदान भी दिया है। तुम्हारे ग्रहण न करनेसे ब्रह्मवाणी असत्य हो जायगी, देखिये कि यदि कोई मनुष्य कोई अनुष्ठान करे और देवता उसपर प्रसन्न हो जाय और वर माँगनेपर अथवा स्वयं उसका मनोरथ जानकर भी उसके इच्छित मनोरथको न दे तो उस देवताकी सामर्थ्यमें दोष लगता है, उसकी प्रसन्नता व्यर्थ समझी जायगी। अतः ब्रह्मवाणीने उसे वर दिया। उनकी वाणी व्यर्थ नहीं की जा सकती। पार्वतीजी आपके वियोगसे बहुत क्लेशित हैं, अब दुःखियाका दुःख छुड़ाओ, उनका कष्ट देखा नहीं जाता और तुम्हें भी दुःखी देखकर मुझे दया आती है। देखिये आपका नाम शिव है, आप उस नामको चरितार्थ कीजिये, पार्वतीजीको अंगीकारकर उनका कल्याण कीजिये। स्त्रीके लिये पतिको छोड़ दूसरा कल्याणकर्त्ता नहीं है। आप शिव हैं, वे शिवा हैं, अतः संयोग उचित है। उनके संगसे आपकी भक्ति वृद्धिको प्राप्त होगी; सत्संगसे उनके द्वारा लोकोपकार होगा। अतएव परोपकारार्थ विवाह करो, उससे जगत्में रामचरित

प्रकट होगा। इत्यादि। (बाबा हरिदास, सु० द्विवेदी) अथवा, *'बहु बिधि'* समझाना वही है जो आगे कहते हैं कि—पार्वतीजन्म, गिरिजाकी पुनीत करनी, इत्यादि। (ख) श्रीरामजीने समझाया, दूसरा कौन जगद्गुरुको समुझावे? (वि० त्रि०) (ग)*'पार्वती कर जन्म……'* अर्थात् शैलराजके यहाँ अमुक दिन, अमुक संवत्, नक्षत्र आदिमें उनका जन्म हुआ।

नोट—२ *'अति पुनीत गिरिजा कै करनी।……'* इति। (क) सती तन तो भस्म ही कर डाला, रहा मन, सो भी उग्रतपश्चर्याद्वारा निर्विकार हो गया। बालपनसे ही उनके हृदयमें आपके प्रति अनन्य प्रेम है। दिनोंदिन वह प्रेम बढ़ता ही गया। बालचरित कहकर 'उमाचरित' कहा कि माता-पिताको समझाकर अपनी इच्छासे ही वनमें आपकी प्राप्तिके लिये तप करने गयीं। फिर जैसा-जैसा उत्तरोत्तर कठिन तप किया वह कहा। (ख) *'गिरिजा'* का भाव कि अपराध और अपवित्रता तो दक्षसम्बन्धसे सतीतनमें थी और गिरिराज तो परम भक्त हैं, अतः गिरिजातन अति पुनीत है। गिरिजा मन-कर्म-वचनसे पवित्र हैं। (ग) *'बिस्तर सहित'* कहना पड़ा, इससे सूचित करते हैं कि शिवजी यह ठाने बैठे थे कि अब विवाह नहीं ही करेंगे। जिसमें संयोग हो जाय, शिवजी प्रसन्नतापूर्वक उनको स्वीकार कर लें, उस पक्षकी ही बातें बखानकर कहीं। यहाँ 'कृपानिधि' विशेषण देकर पूर्वका 'कृपाल' विशेषण चरितार्थ किया। संक्षेपसे कहनेमें संतोष नहीं अतः विस्तारसे कहा, क्योंकि कृपानिधि हैं। (वि० त्रि०)

दो०—अब बिनती मम सुनहु शिव जौ मो पर निज नेहु।
जाइ बिबाहहु सैलजहि यह मोहि मागें देहु॥ ७६॥

शब्दार्थ—निजु (निज)=आपका।=सच्चा, यथार्थ; यथा—*'जे निज भगत नाथ तव अहहीं।'* (१।१५०) मागें=माँगनेसे।

अर्थ—(अन्तमें यह कहा—) शिवजी! अब मेरी विनती सुनिये। यदि आपका मुझपर सच्चा प्रेम है तो जाकर पार्वतीजीको ब्याहिये—यह मुझे माँगे दीजिये॥ ७६॥

नोट—१ *'अब बिनती मम सुनहु शिव……'* इति। सतीत्याग श्रीरामजीकी प्रेरणासे हुआ, यथा—*'सुमिरत राम हृदय अस आवा।'* (५७) इसीसे दोनोंके संयोगकी प्रार्थना भी आप ही करते हैं। विनती करके तब माँगनेकी वस्तु माँगी जाती है, वही नियम भगवान्‌ने भी पालन किया। सुन्दर रूपका दर्शन दिया, प्रशंसा की, समझाया, विनती की और अन्तमें भिक्षा माँगी तब कार्य सिद्ध हुआ। नोट—२ ☞ स्मरण रहे कि यहाँ प्रभुके विनती करनेपर तालव्य 'श' का प्रयोग कविने किया है। नोट—३ *'जौ मो पर निज नेह'* अर्थात् यदि सत्य ही आपका मेरे ऊपर सच्चा स्नेह है तो जो मैं कहता हूँ वह मानिये (तब मैं जानूँ कि आपका सच्चा प्रेम है) सत्य प्रेमकी यह एक बड़ी पहचान है।

नोट—४ *'यह मोहि मागें देहु'* का भाव कि आप मेरे कहनेसे जब विवाह करेंगे तो सब यही कहेंगे कि मेरे माँगनेसे यह भिक्षा आपने मुझे दी, हमारे निहोरेसे आपने विवाह किया, कोई आपको लाञ्छन न देगा। देखिये, बड़े होकर तुमसे मैं भिक्षा माँगता हूँ, इसको तो विचार कीजिये। *'जाइ बिबाहहु'* का भाव कि सम्मानपूर्वक बारात ले जाकर ब्याह लाइये।

वि० त्रि०—भगवान् आविर्भूत होकर वर देते हैं, पर यहाँ स्वयं माँग रहे हैं, कहते हैं कि सबकी विनती तुम सुनते हो। मेरी न सुननेका कोई कारण नहीं। अथवा, मैं विनती सुनता हूँ, करता नहीं, सो आज तुमसे करता हूँ, इसलिये सुनो। 'मैं माँगता हूँ, मुझे दो' का भाव कि भगवान् उमासे वाक्यबद्ध हो चुके हैं कि *'अब मिलिहहिं त्रिपुरारि'*, अतः माँगते हैं कि *'जाइ बिबाहहु……।'*

नोट—५ ☞यहाँ भक्तपराधीनताका कैसा सुन्दर आदर्श है? यहाँ दिखाते हैं कि भगवान् अपने भक्तोंके कैसे अधीन रहते हैं। यहाँ भागवत-धर्मका महत्त्व दरसाया है; यथा—*'मैं तो हौं अधीन तीन गुनको न मान मेरे भक्तवात्सल्य गुण सब ही को टारे हैं।'* (भक्तिरसबोधिनी टीका भक्तमाल) पुनश्च यथा—*'अहं*

भक्तपराधीनो ह्यस्वतन्त्र इव द्विज। साधुभिर्ग्रस्तहृदयो भक्तैर्भक्तजनप्रियः॥ ये दारागारपुत्राप्तान्प्राणान्वित्तमिमं परम्। हित्वा मां शरणं याताः कथं तांस्त्यक्तुमुत्सहे॥ मयि निर्बद्धहृदयाः साधवः समदर्शनाः। वशीकुर्वन्ति मां भक्त्या सत्स्त्रियः सत्पतिं यथा॥ साधवो हृदयं मह्यं साधूनां हृदयं त्वहम्। मदन्यत्ते न जानन्ति नाहं तेभ्यो मनागपि॥' (६३, ६५-६६, ६८) भगवान् दुर्वासाजीसे कहते हैं कि मैं परतन्त्रके समान भक्तोंके अधीन हूँ। उन्होंने मेरे हृदयपर अधिकार कर लिया है। जो स्त्री, पुत्रादिको छोड़कर मेरी शरणमें आते हैं, जिन्होंने अपने हृदयको मुझमें लगा दिया है वे मुझे उसी तरह अधीन कर लेते हैं जैसे साध्वी स्त्री अपने साधुपतिको वशमें कर लेती है। ऐसे भक्त साक्षात् मेरे हृदय हैं और मैं उनका हृदय हूँ, क्योंकि वे मेरे सिवा किसी वस्तुको प्रिय नहीं समझते। (भा० ९। ४) जोरावर भक्तसे जोर नहीं चलता। बलिसे कुछ न चली तब भीख ही माँगनी पड़ी। वैसे ही किसी प्रकार शिवजीने स्वीकार न किया तो लाचार हो भीख माँगी। इसी भावसे यहाँ *'बिनती'* और *'माँगे देहु'* कहा। जय! जय !! जय!!!

कह शिव जदपि उचित अस नाहीं। नाथ बचन पुनि मेटि न जाहीं॥ १॥
सिर धरि आयसु करिय तुम्हारा। परम धरमु यह नाथ हमारा॥ २॥

अर्थ—शिवजी बोले कि यद्यपि ऐसा उचित नहीं है तथापि स्वामीके वचन भी मेटे नहीं जा सकते॥ १॥ हे नाथ! हमलोगोंका तो परमधर्म यही है कि आपकी आज्ञा सिरपर रखकर करें॥ २॥

'कह शिव जदपि उचित अस नाहीं' इति।

'अस' किस वाक्यका संकेत कर रहा है, इसमें मतभेद है।

(१) पंजाबीजीका मत है कि 'त्यागकर पुनः अङ्गीकार करना और फिर बारात ले जाकर विवाह करना हम अवधूतोंको उचित नहीं है।' बैजनाथजी लिखते हैं—'बन्धनसे छूटकर पुनः बन्धनमें पड़ना उचित नहीं है। सुधाकर द्विवेदीजीका मत है कि—*'जाइ बिबाहहु'* यह जो कहा यह उचित नहीं है। क्योंकि जब कन्याके माता-पिता किसीको अगुआ करके वरपक्षमें आकर विनय करते हैं तब गणना करके कुण्डली मिलाकर विवाह ठीक होता है।' पं० सू० प्र० मिश्र कहते हैं कि प्राणिमात्रको अपनी प्रतिज्ञा तोड़नी उचित नहीं और मैं तो अवधूत हूँ, मेरा ब्याहसे अब क्या सम्बन्ध है? दूसरे इसीने तो सीतारूप धारण किया था इससे उसके साथ विवाह करना उचित नहीं, पर साथ ही आपकी आज्ञा न माननी भी उचित नहीं। ऐसे दुविधाके विचारोंमें महादेवजी पड़ गये और 'यही रीति भी है कि बिना दो बातोंके सिद्धान्त भी नहीं होता। अतएव शिवजीने यही सिद्धान्त किया जो अगली चौपाईमें है।'

मु० रोशनलालजी लिखते हैं कि—'यह बात प्रतिकूल पायी जाती है। क्योंकि शिवजीने यही प्रतिज्ञा की थी कि *'एहिं तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं'* और उस तनके छूटनेके लिये इतना सब उपाय हुआ तब अब (पार्वतीजीको ग्रहण करनेको) क्यों अनुचित कहते? दूसरे यह कि यदि यह वास्तवमें अनुचित होता तो रघुनाथजी उनसे यह बात क्यों माँगते? और जब उन्होंने माँगा तो शंकरजी उसे अनुचित न कहते। (पाँ०) वीरकविजी लिखते हैं कि—'बहुत लोग यह अर्थ करते हैं कि शिवजीने कहा—'हे नाथ! यद्यपि पार्वतीके साथ विवाह करना उचित नहीं है, फिर भी आपकी बात मेटी नहीं जा सकती; अर्थात् आपके कहनेपर लाचार होकर मुझे ब्याह करना पड़ेगा।' पर यह अर्थ नहीं, अनर्थ है। इस अर्थसे और नीचेकी चौपाइयोंसे बिलकुल विरोध है। शिवजी यहाँ सेवक-भावसे कहते हैं 'आप स्वामी हैं और मैं दास हूँ।' सेवकसे स्वामी विनय करे,यह कदापि उचित नहीं है। स्वामीको आज्ञा करनी चाहिये और सेवकका परम धर्म उसका पालन करना है—*'उचित कि अनुचित कियें बिचारू। धरम जाइ सिर पातक भारू॥'* (२। १७७) स्वामीकी आज्ञाको शिवजी कभी अनुचित नहीं कह सकते।'

विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि—'यदि यह कहा जाय कि विवाह करके फिर बन्धनमें पड़ना उचित नहीं तो यह बात ऊपरके कथनसे विरोध पाती है कि *'भगत बिरह दुख दुखित सुजाना'* अर्थात्

वे भक्तोंके बिछोहसे यदि दुःखी हैं तो उनको अङ्गीकार क्यों न करेंगे? क्योंकि कहा गया है कि *'भक्त बिरह कातर करुणालय डोलत पाछे लागे। सूरदास ऐसे प्रभुको कत दीजत पीठ अभागे॥'*

(२) पाँड़ेजी, वीरकवि, विनायकी टीकाकार इत्यादिका मत है कि, शिवजी कहते हैं कि आप हमारे स्वामी हैं, मैं सेवक हूँ। आपने जो ये वचन कहे कि—*'बिनती मम सुनहु'* और *'मोहि माँगें देहु'* ऐसे वचन स्वामीको सेवकसे कहना उचित नहीं। स्वामीका विनय करना कैसा? उन्हें तो आज्ञा देनी चाहिये और सेवकका तो यह परम धर्म है कि स्वामीकी आज्ञा बिना सोचे-विचारे मानकर उसका पालन करे। आप आज्ञा देते तो मैं उसका पालन कैसे न करता? विनती तो उससे की जाय जो वचन न माने, वा जो अपनेसे बड़ा हो, न कि सेवकसे। इसी भावको आगे पुष्ट करते हैं कि लोकमर्यादा भी यही है कि माता, पिता, गुरु और स्वामीकी वाणीका पालन करना पुत्र, शिष्य और सेवकका धर्म है। इनको यह अधिकार नहीं है कि ये पहले विचार करें कि वचन मानने योग्य हैं या नहीं, तब करें या न करें। प्रभुकी आज्ञा आदरपूर्वक पालन करना सेवकका परम धर्म है; यथा—*'गुर पितु मातु स्वामि हित बानी। सुनि मन मुदित करिअ भलि जानी॥ उचित कि अनुचित किएँ बिचारू। धरमु जाइ सिर पातक भारू॥'* (२। १७७) हमारे तो माता, पिता, गुरु, स्वामी और हित सब आप ही हैं, लोक-परलोक दोनोंके बनानेवाले आप ही हैं। तब भला हमारा यह धर्म हो सकता है कि ऐसे परम हितैषी प्रभुके वचन हम टाल देते? आपकी आज्ञा शिरोधार्य है। पुनः *'मेटि न जाहीं'* का भाव कि औरोंकी आज्ञा मेटी जा सकती है पर *'प्रभु अज्ञा अपेल श्रुति गाई'*, अतः मैं उसे शिरोधार्य करता हूँ।

नोट—१ पंजाबीजी आदिके मतका सारांश यह है कि—शिवजी सोचते हैं कि सतीजीने सीतारूप धारण किया, यह पार्वती वही सती तो हैं, तब इनको पत्नी बनाना मेरे लिये उचित नहीं। यदि कहो कि जिस शरीरसे अपराध हुआ वह शरीर तो अब रह ही नहीं गया तो उसपर उनका सिद्धान्त यह है कि—**'मनःकृतं कृतं राम न शरीरकृतं कृतम्। येनैवालिङ्गिता कान्ता तेनैवालिङ्गिता सुता॥'** अर्थात् मनसे जो किया जाय वही किया हुआ समझा जाता है, क्योंकि आलिङ्गन तो स्त्री और लड़की दोनोंसे होता है पर मनके भावमें अन्तर है। अतएव ब्याह करना उचित नहीं। पुनः, जैसे पाप-पुण्य जिस शरीरसे होता है वह तो यहीं रह जाता है, फिर भी उसका सुख-दुःख तो जीवको दूसरे शरीरमें भोगना पड़ता है। इससे स्पष्ट है कि वह पाप जीवात्मासे सम्बद्ध है, न कि उसी शरीरमात्रसे। अतः दूसरा शरीर धारण करनेपर भी वह पाप-पुण्य साथ रहता ही है। इतना ही नहीं वरंच पुण्य-पाप ही दूसरे शरीरके कारण होते हैं। इस विचारसे पार्वतीतनमें भी प्रेम करना उचित न होगा। *'अस'* पिछले पूरे वाक्यको सूचित करता है। यद्यपि और तथापिका सम्बन्ध है, इससे उन लोगोंके अनुसार चौपाईका भाव यह है कि यद्यपि उनको ग्रहण करना मेरे लिये उचित नहीं है तथापि आपकी आज्ञा यही है तो मैं बिना किसी विचारके उसे अवश्य धारण करूँगा। दूसरे अर्थमें *'जदपि'* का तात्पर्य एवं सम्बन्ध ठीक नहीं बैठता।

पाँड़ेजी आदिके मतका सारांश यह है कि—सेवक-स्वामिभावमें 'उचित-अनुचित' का विचार नहीं हो सकता, आज्ञा पालन करना ही विधि है, स्वामीकी आज्ञाको अनुचित कैसे कहेंगे जब कि स्वयं वे आगे कह रहे हैं कि *'बिनहि बिचार करिअ'* यही धर्म है। अतएव *'अस'* पूर्व वाक्यके केवल *'बिनती मम सुनहु'* और *'मोहि माँगे देहु'* इन वाक्योंको सूचित करता है। अर्थात् 'विनती करना और माँगे देहु' ऐसा कहना उचित नहीं, पर आप स्वामी हैं, आप जैसा चाहें वैसा कहें, जो भी कहें सो अमिट है। रह गया विवाहकी आज्ञा, सो उसके विषयमें आगे कहते हैं—*'सिर धरि आयसु करिअ……'* अर्थात् वह तो शिरोधार्य है।

नोट—२ *'सिर धरि आयसु……'* इति। सेवक होकर अपने लिये *'हमारा'* बहुवचन क्यों कहा? यहाँ सिद्धान्त कह रहे हैं; अतः *'हमारा'* कहा। अर्थात् मेरा ही यह धर्म नहीं है किन्तु सभी भक्तोंका, भक्तमात्रका, हम सब लोगोंका सेवक-धर्म यही है। यद्यपि और भक्तोंका नामोल्लेख यहाँ नहीं है तथापि शंकरजी तो

वैष्णवोंमें शिरोमणि हैं, यथा—'नदीनां च यथा गङ्गा वैष्णवानामहं यथा। देवानां च यथा विष्णुर्वेदानां प्रणवस्तथा॥' (ब्रह्माण्डपु०) केवल उन्हींके नामसे सबका ग्रहण हो सकता है। इसीसे उन्होंने *'हमारा'* कहा। (पं० सू० प्र० मिश्र) विशेषभाव ऊपर आ चुके हैं। *'परम धरमु'* का भाव कि अपने प्रणपर स्थिर रहना धर्म है पर स्वामीकी आज्ञा मानना परम धर्म है।

मातु पिता गुर* प्रभु कै बानी। बिनहि बिचार करिअ सुभ जानी॥ ३॥

तुम्ह सब भाँति परम हितकारी। अग्या सिर पर नाथ तुम्हारी॥ ४॥

अर्थ—माता, पिता, गुरु और स्वामीकी बात बिना ही विचारे शुभ जानकर करनी (मान लेनी) चाहिये॥ ३॥ (और) आप (तो) सब प्रकारसे परम हितकारी हैं। हे नाथ! आपकी आज्ञा हमारे सिरपर है। (मैं उसे शिरोधार्य करता हूँ)॥ ४॥

नोट—१ *'मातु पिता……'* इति। (क) बचपनमें माताकी आज्ञा, कुछ बड़े होनेपर घरसे बाहर निकलनेपर पिताकी आज्ञा, पाँच वर्ष बाद गुरुसे पढ़नेपर गुरुकी आज्ञा और पढ़-लिखकर लोक-परलोक दोनोंमें सुख होनेके लिये जीवनपर्यन्त प्रभु-(अपने स्वामी-) की आज्ञा माननेसे प्राणीका भला होता है। (मा० प०) महाभारत शान्तिपर्वमें भीष्मपितामहजीने युधिष्ठिरजीसे कहा है कि दस श्रोत्रियोंसे बढ़कर आचार्य हैं। दस आचार्योंसे बड़ा उपाध्याय (विद्यागुरु) है। दस उपाध्यायोंसे अधिक महत्त्व रखता है पिता और दस पिताओंसे अधिक गौरव है माताका। परंतु मेरा विश्वास है कि गुरुका दर्जा माता-पितासे भी बढ़कर है। माता-पिता तो केवल इस शरीरको जन्म देते हैं, किंतु आत्मतत्त्वका उपदेश देनेवाले आचार्यद्वारा जो जन्म होता है वह दिव्य है, अजर-अमर है। मनुष्य जिस कर्मसे पिताको प्रसन्न करता है, उसके द्वारा ब्रह्मा भी प्रसन्न होते हैं तथा जिस बर्तावसे वह माताको प्रसन्न कर लेता है उसके द्वारा परब्रह्म परमात्माकी पूजा सम्पन्न होती है। इसलिये गुरु माता-पितासे भी बढ़कर पूज्य है। गुरुओंकी पूजासे देवता, ऋषि और पितरोंकी भी प्रसन्नता होती है, इसलिये गुरु परम पूजनीय है। माता, पिता और गुरु कभी भी अपमानके योग्य नहीं। उनके किसी भी कार्यकी निन्दा न करनी चाहिये।' पुनः माता, पिता और गुरु सदा अपने पुत्र या शिष्यका कल्याण ही चाहेंगे, वे कभी बुरा न चाहेंगे। अतः *'बिनहि बिचार करिअ सुभ जानी'* कहा।

नोट—२ (क) *'बिनहि बिचार करिअ……'* इति। भाव कि विचारका खयाल मनमें आनेसे भारी पाप लगता है; यथा *'उचित कि अनुचित किये बिचारू। धरमु जाइ सिर पातक भारू॥'* (२। १७७) (ख) *'सुभ जानी'* का भाव कि अनुचित भी यदि हो तो भी आज्ञा पालन करनेवालेका मङ्गल ही होगा, उसे कोई दोष नहीं देगा। अतः उसे मङ्गलकारक जानकर करना चाहिये। यथा *'गुर पितु मातु स्वामि सिख पालें। चलेहुँ कुमग पग परहिं न खालें॥'* (२। ३१५) *'परसुराम पितु अग्या राखी'* से *'अनुचित उचित बिचारु तजि जे पालहिं पितु बैन। ते भाजन सुख सुजस के……'* तक (२। १७४) (ग) *'तुम्ह सब भाँति परम हितकारी'* इति। अर्थात् माता-पिता आदि सब आप ही हैं, आपने सब प्रकार हमारा हित किया और कर रहे हैं; यथा—*'राम हैं मातु पिता सुतु बंधु औ संगी सखा गुरु स्वामि सनेही। रामकी सौहँ भरोसो है राम को राम-रँगी-रुचि राचौं न केही।……'* (क० ३०) 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।……त्वमेव सर्वं मम देवदेव॥'—सब भाँति हमारा परम हित किया है जैसे कि—भस्मासुरसे रक्षा की, कालकूटको अमृत कर दिया; यथा*'नाम प्रभाउ जान सिव नीको। कालकूट फल दीन्ह अमी को॥'* गुरुरूपसे आपने षडक्षर ब्रह्मतारक राममन्त्रका जप बताया, अपनी उपासना बतायी, सतीजीने सीतारूप धारण किया तब आपने ही मन्त्र बताया कि क्या करना चाहिये; यथा *'सुमिरत रामु हृदय अस आवा।'* (१। ५७) इत्यादि। पुनः भाव कि आप हमारे माता-पिता आदि सब कुछ हैं, अतः आप *'यह मोहि माँगे देहु'* क्यों कहते हैं? (घ)☞ इस चौपाईमें पुत्र, शिष्य और सेवकके धर्म उपदेश किये गये हैं। बालकोंको श्रीशङ्करजीकी शिक्षापर ध्यान देना चाहिये।

* प्रभु गुरु—१७२१, १७६२, छ०। गुर प्रभु—१६६१, १७०४, को० रा०।

नोट—३ *'अज्ञा सिर पर नाथ तुम्हारी'* इति। (क) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि *'नाथ बचन पुनि मेटि न जाहीं'*, *'परम धरमु यह नाथ हमारा'* और *'अज्ञा सिर पर नाथ तुम्हारी'*—यहाँ शिवजीने रामजीको *'नाथ'* कहा है। 'नाथ बन्धने' से 'नाथते असौ नाथः' अर्थात् जो नाथ ले (अपने अधीन कर जैसा चाहे करे) वह नाथ है। पूर्व भी शिवजीने *'बहुरि राममायहि सिर नावा। प्रेरि सतिहि जेहिं झूठ कहावा॥'* यह कहा था और यहाँ *'नाथ'* कहकर जनाया कि पहले तो आपने उनसे वियोग कराके चारों ओर भ्रमाया और फिर संसारकी मायामें नाथते हैं। इसलिये आप सचमुच बड़े भारी नाथनेवाले नाथ हैं।' (मा० प०) (ख) पूर्व जो कहा था कि *'सिर धरि आयसु……'* इत्यादि वह सिद्धान्तमात्र कहा था। वहाँ यह न कहा था कि मैं भी आज्ञाका पालन करूँगा। यह बात यहाँ कह रहे हैं।

प्रभु तोषेउ सुनि संकर बचना। भक्ति बिबेक धर्मजुत रचना॥ ५॥
कह प्रभु हर तुम्हार पन रहेऊ। अब उर राखेहु जो हम कहेऊ॥ ६॥

अर्थ—शङ्करजीकी भक्ति, विवेक और धर्मसे युक्त वचन-रचनाको सुनकर प्रभु (श्रीरामजी) संतुष्ट (प्रसन्न) हुए॥ ५॥ प्रभुने कहा—'हर! तुम्हारी प्रतिज्ञा रह गयी (अर्थात् मान-मर्यादाके साथ निबह गयी, पूरी हो गयी) अब जो हमने कहा है उसे हृदयमें रखना (अर्थात् स्मरण रखना, भूल न जाना)॥ ६॥

नोट—१ *'प्रभु तोषेउ सुनि……'* इति। (क) 'तोषना' क्रिया केवल पद्यमें प्रयुक्त होती है। सं० 'तोषण' से बनायी गयी है। अर्थ है 'सन्तुष्ट, तृप्त या प्रसन्न होना'। सन्तुष्ट होना कहकर उसका कारण दूसरे चरणमें बताते हैं कि उन वचनोंकी रचना भक्ति-विवेक-धर्म-युक्त है। कौन वचन भक्तियुक्त है, कौन विवेकयुक्त और कौन धर्म युक्त है इसमें मतभेद है। नीचे चार्टसे विभिन्न मत समझमें आ जायेंगे।

वाक्य	पं० रा० कु०	सु० द्वि०	पं०	पां०	वि० त्रि०
जदपि उचित अस नाहीं	विवेक	विवेक	भक्ति		
नाथ बचन पुनि मेटि न जाहीं	,,	भक्ति	,,		
सिर धरि आयसु करिअ तुम्हारा	भक्ति	धर्म	धर्म	भक्ति	भक्ति
परम धरमु यह नाथ हमारा	धर्म, भक्ति	,,	,,	धर्म	धर्म
'मातु पिता……सुभ जानी'	धर्म	,,	विवेक		
तुम्ह सब भाँति परम हितकारी	भक्ति	धर्म	,,		

पाँडेजीका मत है कि *'सिर धरि……'* भक्ति है, *'परम धरम……'* धर्म है और इन दोनोंका सँभाल 'विवेक' है। और किसीका मत है कि—*'मातु पिता……। बिनहि बिचार'* में 'बिचार' शब्द होनेसे इसे विवेकयुत वचन समझना चाहिये। ☞ मेरी समझमें सारे वचन भक्तिसम्बन्धी विवेक और धर्मसे युक्त हैं। (ख) यहाँ सहोक्ति अलङ्कार है। यथा—*'जहँ मनरंजन बरनिये एक संग बहु बात। सो सहोक्ति आभरण है ग्रंथनमें बिख्यात॥'* (अ० मं०)

नोट—२ *'कह प्रभु हर तुम्हार पन रहेऊ।'* इति। (क) शिवजीने कहा था कि *'जदपि उचित अस नाहीं'*, उसीपर प्रभु कहते हैं कि *'तुम्हार पन रहेऊ।'* भाव कि प्रण था कि *'एहि तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं'*, सो सती-तन तो भस्म हो गया, अब तो पार्वती-तन है। शिवजीने कहा कि *'मातु पिता गुर प्रभु कै बानी।……'* इसीसे कवि भी यहाँ *'कह प्रभु'* लिखते हैं, क्योंकि उन्होंने ही यह कहा है कि *'प्रभु'* की वाणीको बिना विचारे ही करना चाहिये। पुनः, जैसे वहाँ *'कह सिव'* लिखा वैसे ही यहाँ *'कह प्रभु'* लिखा। (ख) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'यहाँ श्रीरामजीने हास्य बुद्धिसे *'हर'* कहा है। अर्थात् तुम्हारा प्रण ठीक रह गया, तुमने सतीके तनको हर लिया। और आगे *'अब उर राखेहु'* यह भी हास्यसे

कहा है। अर्थात् याद रखना नशेकी झोंकमें भूल मत जाना।' (ग) *'अब उर राखेहु'* का भाव कि आप '*भोलानाथ*' हैं, भोले बाबा हैं, बहुत शीघ्र भूल जाते हैं, इसीसे सावधान किये देता हूँ कि भूल न जाना। पुनः भाव कि अबतक आप हृदयमें यह रखे थे कि ब्याह न करेंगे, पार्वतीजीको न ग्रहण करेंगे, उस बातको हृदयसे निकालकर अब उसकी जगह हमारी बात *'जाइ बिबाहहु'* को रखिये। ☞जैसे उमाजीका हठ था कि जबतक शिवजी न मिलेंगे, तप न छोड़ूँगी। इससे ब्रह्मवाणीने उनसे कहा था कि *'हठ परिहरि घर जायहु'*, वैसे ही शिवजीसे कहा गया।

अंतरधान भए अस भाषी। संकर सोइ मूरति उर राखी॥ ७॥
तबहिं सप्तरिषि सिव पहिं आए। बोले प्रभु अति बचन सुहाए॥ ८॥

अर्थ—ऐसा कहकर वे अन्तर्धान (गुप्त, अदृश्य, गायब) हो गये। शङ्करजीने उसी मूर्ति-(ध्यान-) को हृदयमें धर लिया॥ ७॥ उसी समय सप्तर्षि शिवजीके पास आये। प्रभु (शिवजी) उनसे अत्यन्त सुन्दर वचन बोले॥ ८॥

नोट—१ *'अंतरधान भए……'* इति। (क) आदिमें प्रभुका एकदम प्रकट होना और यहाँ अन्तमें अन्तर्धान होना कहकर शिवजीके विश्वासको चरितार्थ किया जो उन्होंने आगे कहा है—*'हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना।'*……(१। १८५) (ख) *'अस भाषी'* अर्थात् *'हर तुम्हार पन रहेऊ। अब उर राखेहु जो हम कहेऊ॥'* यह कहकर काम हो गया, अब ठहरनेकी आवश्यकता न रह गयी, अतः अन्तर्धान हो गये। (ग) *'संकर सोइ मूरति उर राखी'*—इस कथनसे सूचित होता है कि इसके पूर्व और किसी छबिको हृदयमें बसाये हुए थे। कुछ लोगोंका अनुमान है कि इसके पूर्व वनकी झाँकी जिसका दर्शन दण्डकारण्यमें हुआ था हृदयमें रखे थे। (घ) प्रभुने तो बात हृदयमें रखनेको कही थी पर इन्होंने मूर्त्तिको भी हृदयमें रख ली इससे उनकी विशेष श्रद्धा दर्शित हुई। (मा० प०) क्षणभरका वियोग असह्य है, या तो इन आँखोंके सामने रहें या मानसिक दृष्टिके सामने रहें। (वि० त्रि०)

नोट—२ *'तबहिं सप्तरिषि……'* इति। (क) ब्रह्मवाणीने सर्वप्रथम सप्तर्षिकी चर्चा की है; यथा—*'मिलहिं तुम्हहिं जब सप्त रिषीसा। जानेहु तब प्रमान बागीसा॥'* (७५) और यहाँ श्रीरामचन्द्रजीके अन्तर्धान होते ही तुरंत *'तबहिं'* तत्काल ही वे आ गये। अर्थात् इधर प्रभु अन्तर्धान हुए और उधर वे आये। इससे अधिक महात्माओंका मत यही है कि वह वाणी भी श्रीराम ब्रह्मकी ही थी और उन्हींकी प्रेरणासे सप्तर्षि भी उसी समय पहुँच गये। बैजनाथ आदिके मतसे वह ब्रह्माजीकी वाणी थी, और ब्रह्माजीकी प्रेरणासे सप्तर्षि वहाँ आये। शिवपुराण तथा कालिदासजीका मत है कि शिवजीने तेजोमय सप्तर्षिका स्मरण किया तो वे शिवजीके सम्मुख तत्काल ही आ प्राप्त हुए और उन्होंने शिवजीकी पूजा और स्तुति की। कहा कि आपके स्मरणरूपी अनुग्रहसे आज हम अपने तपकी सिद्धि समझते हैं, अपनेको अधिक मानते हैं, क्योंकि सत्पुरुषोंके द्वारा किया हुआ आदर अपने गुणोंमें प्रायः विश्वासको उत्पन्न करता है। आपके स्मरण करनेसे हमलोग उपस्थित हुए हैं। क्या आज्ञा होती है? यथा—'**वसिष्ठादीन्मुनीन्सप्त सस्मार सूतिकृद्धरः॥ सप्तर्षिमुनयश्शीघ्रमाययुस्स्मृतिमात्रतः।**……'(शिवपुराण २। ३। २५। ७-११) अर्थात् शिवजीने वसिष्ठादि सप्तर्षियोंका स्मरण किया, स्मरण करते ही वे शीघ्र आ गये। पुनश्च यथा—'**ऋषीञ्ज्योतिर्मयान् सप्त सस्मार स्मरशासनः॥ ते प्रभामण्डलैर्व्योम द्योतयन्तस्तपोधनाः। सारुन्धतीकाः सपदि प्रादुरासन् पुरः प्रभोः॥**……**चिन्तितोपस्थितांस्तावत् शाधि नः करवाम किम्॥**' (कुमारसम्भव ६। ३-४, २४) पार्वतीमंगलमें भी शिवजीका उन्हें स्मरण करना लिखा है। यथा—*'सिव सुमिरे मुनि सात आइ सिर नाइन्ह। कीन्ह संभु सनमानु जनम फल पाइन्ह॥ सुमिरहिं सकृत तुम्हहिं जन तेइ सुकृती बर। नाथ जिन्हहिं सुधि करिअ तिन्हहि सम तेइ नर॥ ४७॥ सुनि मुनि बिनय महेस परम सुख पाएउ।'*—पार्वतीमंगलकी कथा कुमारसम्भवसे प्रायः मिलती-जुलती है। पद्मपुराण सृष्टिखण्डमें इन्द्रने सप्तर्षियोंको पार्वतीजीके पास भेजा है; इसलिये पद्मपुराणकी कथा मानसमें नहीं लग सकती। ☞*'कल्पभेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्हि गाए॥'* के अनुसार और सभी उपर्युक्त भाव ठीक हो सकते हैं। मतभेद होनेसे मानसकविने सप्तर्षिका आगमनमात्र कहकर सब मतोंकी रक्षा की है।

☞ एक बात स्मरण रखनेकी है कि मानसमें जहाँ-जहाँ स्मरण करना कहा है वहाँ उसे प्रत्यक्ष लिखा है, जैसे कि—*'सुमिरत राम हृदय अस आवा', 'हृदय सुमिरि सब सिद्धि बोलाईं'* (श्रीसीताजी), इत्यादि। यह भी हो सकता है कि शिवजीने अपने इस कर्मसे अपनेको प्रभुकी आज्ञा पालन करनेमें परम उत्साहित और तत्पर दिखाया। (ख) *'सप्तर्षि'* इति। पूर्व दोहा ७५ की अर्धाली ४ *'मिलहिं तुम्हहिं जब सप्त रिषीसा।'* में लिखा जा चुका है कि प्रत्येक मन्वन्तरमें सप्तर्षि भिन्न-भिन्न होते हैं। जबतक यह निश्चय न हो कि किस कल्पके किस मन्वन्तरमें यह चरित हुआ, तबतक सातोंके ठीक-ठीक नाम नहीं बताये जा सकते। ☞ वर्तमान समयमें वैवस्वतमन्वन्तर चल रहा है, इसके सप्तर्षि ये हैं—**'कश्यपोऽत्रिर्भरद्वाजो विश्वामित्रोऽथ गौतमः। जमदग्निर्वसिष्ठश्च साध्वी चैवाप्यरुन्धती॥'** (७५।४) देखो।

नोट—३ *'बोले प्रभु अति बचन सुहाए।'* ☞ श्रीशिवजीकी रामाज्ञामें तत्परता कवि अपने शब्दोंसे दिखा रहे हैं कि सप्तर्षियोंके आते ही उन्होंने कुछ और बात न की, झट पार्वतीजीके पास जानेकी आज्ञा दी। वचनोंको *'अति सुहाए'* विशेषण दिया; क्योंकि ये वचन श्रीरामाज्ञाके अनुकूल हैं। पुनः भाव कि ये वचन सप्तर्षियों, देवताओं तथा सभीको भाये, अतः *'सुहाए'* कहा। पुनः सुधाकर द्विवेदीके मतानुसार *'अति सुहाए'* का आशय यह है कि 'तारकासुरसे सब घबड़ा गये थे, सबकी इच्छा थी कि शीघ्र ही शिवजी पार्वतीजीका पाणिग्रहण करें। सप्तर्षि भी व्याहकी प्रार्थनाके ही लिये शिवजीके पास आये थे। उनके मनकी बात कहनेसे वचन *'अति सुहाए'* हुए।

सप्तर्षिका स्वयं प्रभुप्रेरित आगमन अथवा बुलाया जानेका आशय यह है कि विवाह करानेमें एक मध्यस्थ होता है। ये मध्यस्थका काम करेंगे। ब्रह्मवाणीको प्रमाण करेंगे। यथा—**'मध्यस्थमिष्टेऽप्यवलम्बतेऽर्थे।'** (अर्थात् इष्ट अर्थमें मध्यस्थकी आवश्यकता होती है।)

दोहा—पारबती पहि जाइ तुम्ह प्रेम परिच्छा लेहु।
गिरिहि प्रेरि* पठएहु भवन दूरि करेहु संदेहु॥७७॥

शब्दार्थ—**प्रेरि** (सं० 'प्रेरणा' से)=प्रेरणा करके। किसीको किसी कार्यमें प्रवृत्त या नियुक्त करने वा लगाने वा उत्तेजना देनेको 'प्रेरणा' कहते हैं। **प्रेरि**=भेजकर, नियुक्त करके।

अर्थ—आपलोग पार्वतीके पास जाकर उनके प्रेमकी परीक्षा लें और हिमवान्‌को प्रेरणा करके भेजकर उन्हें घर भेजवाइये तथा उनके सन्देहको दूर कर दीजिये॥७७॥

नोट—१ *'पारबती पहि जाइ तुम्ह प्रेम परिच्छा लेहु'* इति। 'प्रभुकी आज्ञाका पालन करना, उनके वचनोंमें विश्वास रखना कि ये सदा शुभ हैं, यह सबका एवं हमारा परम धर्म है, कर्तव्य है, यह शिवजी स्वयं कह चुके हैं। इस तरह पार्वतीजीका पाणिग्रहण तो मंजूर कर चुके, प्रभुकी आज्ञा शिरोधार्य की। तब पार्वतीजीके प्रेमपरीक्षाका प्रयोजन अब क्या रह गया? क्या प्रेम न हो तो न ग्रहण करेंगे? ये शंकाएँ उठाकर महानुभावोंने उसका समाधान इस प्रकार किया है—

पं० रामकुमारजी—पार्वतीजीका प्रेम तो शिवजी मानते ही हैं, अब सप्तर्षिद्वारा परीक्षा कराके उसे जगत्‌में प्रकट किया चाहते हैं। तप तो संसारने जान लिया, भीतरका प्रेम परीक्षा बिना कैसे खुले? यथा—*'प्रेम अमिय मंदरु बिरह भरतु पयोधि गँभीर। मथि प्रगटेउ सुर साधु हित कृपासिंधु रघुबीर॥'* (२।२३८) जैसे भरतजीका प्रेम जगत्‌को प्रकट दिखानेके लिये और आदर्श जनानेके लिये भरतकी यह परीक्षाका चरित रचा गया तथा जैसे श्रीजानकीजीकी शुद्धता जगत्‌में प्रमाणित करनेके लिये सीतात्याग और लंकामें अग्नि-परीक्षाका चरित किया गया; नहीं तो श्रीरामजी तो प्रेम और पवित्रता जानते ही थे। यदि पार्वतीजीका प्रेम शिवजी न जानते होते तो ऐसा न कहते कि *'गिरिह प्रेरि पठएहु भवन दूरि करेहु संदेहु'* किंतु सन्देहयुक्त (संदिग्ध) वचन कहते। [☞ पार्वतीजीका सन्देह पूर्व ही कह आये हैं—*'मिलन कठिन मन भा संदेहू'*

* जाइ पठएहु-१७२१, १७६२, छ०। प्रेरि पठएहु—१६६१, १७०४। प्रेरि पठवहु—का० रा०।

देखिये जब प्रभु कृपा करते हैं तब सब भाँतिसे करते हैं। उनका परमानन्य पातिव्रत्य जगत्‌को आदर्शरूपसे दिखलानेके लिये प्रेम-परीक्षा करायी गयी।' ऐसा ही प्रेम हमारा श्रीरामजीमें होना चाहिये।]

वन्दनपाठकजी—'श्रीरामजीके कहनेसे महादेवजीने तो पार्वतीजीसे विवाह करना स्थिर कर लिया था, संशय केवल इतना था कि विवाहयोग्य अवस्था आ गयी है कि अभी कसर है। इस बातके जाँचनेके लिये प्रेम-परीक्षा लेना कहा। अर्थात् मेरेमें प्रेम-प्रभावके उत्पन्न होनेसे तुम लोगोंको अवस्था मालूम हो जायगी। उस समय हिमवान्‌को हठसे भेजकर पार्वतीको घर भेजवाना। जो हिमवान्‌को संशय हो कि महादेवजी पार्वतीजीको शायद स्वीकार करें तो तुम लोग सब संशयको दूर कर देना।

सु० द्वि०—लोकव्यवहार दिखानेके लिये सप्तर्षियोंको प्रेम-परीक्षा लेनेको कहा अर्थात् हृदयसे मेरेमें पार्वतीका अनुराग है या नहीं, इसको जाँचो।

सू० प्र० मिश्र—परीक्षा लेनेका भाव यह है कि उसका हठ गया या नहीं, इसे देखकर तब हिमालयके पास जाना।—अस्तु।

वि० त्रि०—प्रभु लोग जनकी प्रीतिकी परीक्षा करते हैं, यथा-*'सो प्रभु जन कर प्रीति परीछा।'* (६। १०१। ३) इससे प्रभुका अज्ञान नहीं समझना, उसका उद्देश्य नीतिरक्षा है। यथा—*'जद्यपि प्रभु जानत सब बाता। राजनीति राखत सुरत्राता॥'* यदि कोई प्रेमके लिये तपस्या करता हो तो उसके प्रेमकी परीक्षा लेनी नीति है। परीक्षोत्तीर्ण होनेका यश उसे मिलेगा और परीक्षकका भी मान हुआ कि वे अमुककी परीक्षा लेनेके योग्य समझे गये। सती-शरीरसे इन्होंने स्वामीकी परीक्षा लेना उचित समझा था, अतः स्वीकारके पहले शिवजीने इनकी भी परीक्षा लेना उचित समझा, परीक्षामें उत्तीर्ण होना तो निश्चित ही है।

ब्रह्मगिरा भी सत्य करनी है कि *'मिलहिं तुम्हहिं जब सप्त रिषीसा। जानेहु तब प्रमान बागीसा॥'* इसलिये सप्तर्षि भेजे गये और भेजनेका यह तो एक बहानामात्र है कि परीक्षा लें। *'दूरि करेहु संदेहु।'* सन्देह पार्वतीजी और हिमवान्‌जी दोनोंमें घट सकता है। गिरिराजको सन्देह था कि पार्वतीजी बिना शिवप्राप्तिके घर लौटेंगी या नहीं, क्योंकि अनेक बार वे पूर्व उनको लेने गये परंतु वे न लौटीं। यह बात ब्रह्मवाक्यसे भासित होती है कि *'हठ परिहरि घर जाएहु।'* इनको समझा देना चाहिये कि अब वे अवश्य आयेंगी, उनका मनोरथ सुफल होगा, इत्यादि। पुनः, (७७। ७-८) के नोट ३ में भी एक कारण लिखा जा चुका है कि विवाहमें मध्यस्थ, बिचवानी वा साधककी आवश्यकता होती है। यह पार्वतीमंगलके *'दुलहिनि उमा, ईस बरु, साधक ए मुनि। बनिहि अवसि यहु काज गगन भइ अस धुनि॥'* (४९) इस वाक्यसे भी स्पष्ट है और परीक्षा तो एक व्याजमात्र है। पुनः माधुर्यमें यह भाव भी ले सकते हैं कि परीक्षा लो जिसमें मेरा संदेह दूर हो। संदेह होनेपर ही लोकव्यवहारमें परीक्षा लेना देखा जाता है। इसीसे परीक्षामें उत्तीर्ण होनेपर सप्तर्षिको हर्ष हुआ और ये समाचार देने शिवजीके पास गये, जिसे सुनकर शिवजी प्रेममें मग्न हो गये।

नोट २—हिमाचल और मेना पूर्व लेने गये थे यह बात (शिवपु० २। ३। २३) में स्पष्ट लिखी है। यथा—'**हिमालयस्तदागत्य पार्वतीं कृतिनिश्चयाम्। सभार्यस्ससुतामात्य उवाच परमेश्वरीम्॥**' (२) पर वे न लौटीं, सबको लौटा दिया; यथा—'**सर्वे भवन्तो गच्छन्तु स्वं स्वं धाम प्रहर्षिताः॥**' (१३)

***तब रिषि तुरत गौरि पहँ गयऊ। देखि दसा मुनि बिस्मय भयऊ॥ १॥**
रिषिन्ह गौरि देखी तहँ कैसी। मूरतिमंत तपस्या जैसी॥ २॥

---

* यह अर्धाली संवत् १६६१ की प्रतिमें है। छूटका चिह्न देकर हाशियेपर लिखी गयी है। लेखनी और मसि वही जान पड़ती हैं। सुधाकर द्विवेदीजी, सू० प्र० मिश्रजी एवं पं० रामगुलाम द्विवेदीजीकी प्रतियोंमें भी यह पाठ है। परन्तु काशिराजकी, छक्कन लालजी और भागवतदासजीकी पोथियोंमें नहीं है। करुणासिंधुजी एवं बैजनाथजीकी छपी पुस्तकोंमें इसकी जगहपर—'सुनि सिव बचन परम सुख मानी। चले हरषि जहँ रही भवानी॥' यह अर्धाली है जो किसी प्रामाणिक पोथीमें नहीं मिलती है।

अर्थ—तब (अर्थात् शिवजीकी आज्ञा सुनकर) सप्तर्षि तुरंत गौरी-(श्रीपार्वतीजी-)के पास गये। उनकी (तपसे क्षीण) दशा देखकर मुनि विस्मित हो गये (उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ)॥ १॥ ऋषियोंने वहाँ गिरिजाजीको कैसे देखा जैसे (मानो) मूर्तिमान् तपस्या ही है॥ २॥

नोट—१ *'तब रिषि तुरत……'* इति। (क) सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि—'जैसे शिवजीने बहुत बातचीत न की, तुरंत ऋषियोंको प्रेम-परीक्षाके लिये भेजा, वैसे ही ऋषिलोग भी 'तुरंत' गौरीजीके पास गये। श्रीरामजीकी आज्ञा शिरोधार्य करते ही पार्वतीजी शिवजीकी अर्धाङ्गिनी हो गयीं। शिवजी **'कर्पूरगौरम्**, **'कुंद इंदु दर गौरसुंदरं'** कहे गये हैं। इसलिये गौरके अर्धाङ्गके योग्य यहाँ ग्रन्थकारने *'गौरी'* नाम कहा।' (ख) ☞ स्त्रियाँ अपने सुहागके लिये गौरीका ही पूजन करती हैं। इससे अनुमान होता है कि पतिके लिये तप करनेसे *'गौरी'* नाम पड़ा हो।—*'पूजन गौरि सखी लै आईं।'* (१। २३१) पुन: गौरी=आठ वर्षकी कन्या=गोरे रंगकी कन्या। यथा—'**अष्टवर्षा भवेद्गौरी नववर्षा तु रोहिणी। दशवर्षा भवेत् कन्या अत ऊर्ध्वं रजस्वला॥**' (प्रसिद्ध है)। तप देखकर सप्तर्षिको आश्चर्य क्यों हुआ? इसका कारण कविने यहाँ *'गौरि'* शब्द देकर बता दिया है कि वह अभी आठ ही वर्षकी थीं जब तपस्या करने लगीं। यह अवस्था और उसपर यह दुष्कर मुनियोंके भी मनको अगम तप! अत: आश्चर्य हुआ। (ग) गौरी, सती, पार्वती, गिरिजा, शिवा, अपर्णा, उमा आदि पार्वतीजीके ही नाम हैं। (घ) *'देखि दसा……'*; यथा—*'देखि उमहि तप खीन सरीरा।'* (७५) जो तप इन्होंने किया वह धीर-मुनि-ज्ञानियोंसे भी होना कठिन था, यथा—*'अस तपु काहु न कीन्ह भवानी। भए अनेक धीर मुनि ज्ञानी॥'* (७५। ब्रह्मवाणी); अत: आश्चर्य हुआ।

नोट—२ *'रिषिन्ह गौरि…… देखी'* इति। (क) मूर्तिमान् तपस्या ही है ऐसा देखा अर्थात् तेजपुञ्ज तपोमूर्ति ही है, तपस्याकी मानो अधिष्ठात्री देवी हैं। तपसे तेजोमय हो गयी हैं; यथा—*'बिनु तप तेज कि कर बिस्तारा।'* पद्मपुराणमें लिखा है कि इनके तेजने सूर्य और अग्निकी ज्वालाओंको भी परास्त कर दिया। (तपसे तेजका विस्तार हो रहा है, इसीसे गौरी नाम दिया। वि० त्रि०) (ख) सू० प्र० मिश्र लिखते हैं, कि 'यहाँ कुछ त्रुटि मालूम पड़ती है। वह यह है कि जब साधारण जन भी किसी श्रेष्ठके यहाँ जाता है, तो वह अवश्य उसे कुछ आदरके साथ बैठाता है और उसके आनेका कारण पूछता है, तब वह अपने आनेका कारण कह सुनाता है। इन बातोंका यहाँ कुछ भी उल्लेख नहीं है। कुमारसम्भवमें उल्लेख है कि जब शिवजी ब्रह्मचारी-वेषमें परीक्षा लेने गये तब गिरिजाजीने प्रथम उनका आदर-सम्मान किया, तदनन्तर दूसरी बातें हुईं।' मेरी समझमें यहाँ पूजन, आदर-सत्कार शिष्टाचारका उल्लेख न होनेके दो कारण समझ पड़ते हैं। एक तो यह कि मुनियोंने उनको इस शिष्टाचारका मौका ही न दिया। उन्हें बहुत काम करने हैं, इनकी परीक्षा, फिर हिमवान्‌को समझाकर इनके पास भेजना, इनको घर भेजवाना और सबोंका संदेह निवृत्त करना—और शीघ्र ही शिवजीको सब समाचार देना। इसीसे उन्होंने पहुँचते ही प्रश्न करना प्रारम्भ कर दिया। दूसरे, *'रिषिन्ह गौरि देखी……मूरतिवन्त तपस्या जैसी।'* से जान पड़ता है कि गौरीजी तपमें मग्न हैं, उन्होंने अभी तप करना छोड़ा नहीं है। छोड़तीं कैसे? ब्रह्मवाणीने तो स्वयं कहा है कि वाणीको प्रमाण तब जानना जब सप्तर्षि मिलें। ऐसा अनुमानित होता है कि ब्रह्मवाणी और शिवजीको श्रीरामदर्शन; ये दोनों एक ही समय तुरंत आगे-पीछे हुए हैं। (ग) शिवपुराणमें भी ऐसा ही कहा है। यथा—'**इत्याज्ञप्ताश्च मुनयो जग्मुस्तत्र द्रुतं हि ते। यत्र राजति सा दीप्ता जगन्माता नगात्मजा॥ तत्र दृष्टा शिवा साक्षात्तप:सिद्धिरिवापरा। मूर्ता परमतेजस्का विलसन्ती सुतेजसा॥**' (२। ३। २५। १८-१९) इस उद्धरणमें '**दीप्ता**', '**साक्षात्तप:सिद्धिरिवापरा……सुतेजसा**' मानसके '**मूरतिमंत तपस्या**' के भावार्थ ही हैं। अर्थात् दीप्तियुक्त थीं मानो मूर्तिमती दूसरी तपकी सिद्धि ही परम तेजोमय मूर्तिसे विराजमान हो।

कुमारसम्भवमें श्रीपार्वतीजीकी तपोमूर्तिका वर्णन इस प्रकार है—'**यथा प्रसिद्धैर्मधुरं शिरोरुहैर्जटाभिरप्येव-मभूत्तदाननम्। न षट्पदश्रेणिभिरेव पंकजं सशैवलासंगमपि प्रकाशते॥**' (५) अर्थात् पूर्व जैसे कोमल केशोंसे मुख शोभित था, वैसे ही अब जटाओंसे सुशोभित है। कमलपुष्प केवल भ्रमरसे ही नहीं शोभित होता,

किंतु काईके सङ्गसे भी शोभित होता है। (घ)—यहाँ 'अनुक्तविषया वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार' है। उत्प्रेक्षा अलंकारका मुख्य तात्पर्य किसी उपमेयका कोई उपमान कल्पना-शक्तिद्वारा कल्पित कर लेना है। कल्पना प्रतिभाके बलसे ही हो सकती है। जितनी ही शक्तिमती प्रतिभा होगी उतनी ही उत्तम कल्पना हो सकेगी, इसलिये इस अलंकारको उत्प्रेक्षा कहते हैं। यथा—*'बल सों जहाँ प्रधानता करि देखिय उपमान। उत्प्रेक्षा भूषन तहाँ कहत सुकवि मतिमान॥'* जहाँ किसी वस्तुके अनुरूप बलपूर्वक कोई उपमान कल्पित किया जाता है वहाँ 'वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार' होता है। इसके भी दो भेद हैं। जहाँ उत्प्रेक्षाका विषय न कहा जाय, केवल उसके अनुरूप कल्पना की जाय वहाँ 'अनुक्तविषया वस्तूत्प्रेक्षा' होती है।-(अलंकारमंजूषा) यहाँ तपस्याका मूर्तिमान् होना कविकी कल्पनामात्र है।

बोले मुनि सुनु सैलकुमारी। करहु कवन कारन तपु भारी॥ ३॥

केहि अवराधहु का तुम्ह चहहू। हम सन सत्य मरमु किन* कहहू॥ ४॥

अर्थ—मुनि (सप्तर्षि) बोले—हे शैलकुमारी गिरिजे! किस कारण तुम (यह इतना) भारी तप कर रही हो?॥ ३॥ किसकी आराधना कर रही हो और क्या चाहती हो? हमसे (अपना) सच-सच मर्म (भेद) क्यों नहीं कहती हो?॥ ४॥

मिलानके श्लोक—**'शृणु शैलसुते देवि किमर्थं तप्यते तपः। इच्छसि त्वं सुरं कं च किं फलं तद्वदाधुना॥'** शिवपु० २। ३। २५। २१ अर्थात् हे शैलकुमारी! तुम किसलिये तप कर रही हो? तुम किस देवताका या किस फलकी कामना करती हो? सब कहो।

नोट—१ *'बोले मुनि सुनु सैलकुमारी।……'* इति। (क) माताको जो स्वप्न सुनाया था उसमें भी 'सैलकुमारी' ही सम्बोधन था। यथा *'करहि जाइ तपु सैलकुमारी।'* (७३। १) यहाँ 'सैलकुमारी' से जड़ता सूचित की; इसीको आगे स्पष्ट कहेंगे; यथा *'गिरि संभव तव देह।'* प्रश्नके आदिमें और उत्तरके अन्तमें जड़ताका भाव सूचित किया है, फिर नहीं। (ख) *'करहु कवन कारन तपु भारी'* का भाव कि जिसके लिये लोग तप करते हैं वह सब बातें तो तुम्हें बिना तप किये ही प्राप्त हैं, यथा—**'कुले प्रसूतिः प्रथमस्य वेधसस्त्रिलोकसौन्दर्यमिवोदितं वपुः। अमृग्यमैश्वर्यसुखं नवं वयस्तपः फलं स्यात्किमतः परं वद॥'** (कुमारसम्भव ५। ४१) अर्थात् ब्रह्माके प्रथम कुल-(उत्तम देवकुल-) में जन्म; त्रैलोकोत्तर सौन्दर्य, कान्तिमान् दिव्य शरीर, बिना परिश्रम ही ऐश्वर्य (राज्यसुख) और नवीन अवस्था (जब प्राप्त ही है तब इसके अतिरिक्त) इससे बढ़कर तपका फल क्या हो सकता है (आप ही) बतलाइये? यही आशय पार्वतीमंगलके बटुरूप शिवजीके वाक्योंमें है। यथा *'जनमि जगत जस प्रगटिहु मातु पिता कर। तीयरतन तुम्ह उपजिहु भवरत्नाकर॥ अगम न कछु जग तुम्ह कहँ मोहि अस सूझइ। बिनु कामना कलेस कलेस न बूझइ॥ जौ बर लागि करहु तपु तौ लरिकाइय। पारस जौ घर मिलै तौ मेरु कि जाइय॥ मोरे जान कलेस करिय बिनु काजहि। सुधा कि रोगिहि चाहहि रतन कि राजहि॥ लखि न परेउ तपकारन……।'* (२७-२८)

वि० त्रि०—परीक्षा लेनेमें ही सतीसे चूक हुई थी। अतः ग्रन्थकार इनकी परीक्षा लेनेकी विधि बतलाते हैं। सप्तर्षियोंने अपना स्वरूप नहीं पलटा। केवल मन्वन्तरके सप्तर्षि होनेके नाते पूछते हैं कि किस कारण तप करती हो? जिसमें उत्तर पानेपर शंकरभगवान्में वरोचित गुणोंका अभाव दिखलावें और विष्णुमें सभी वरोचित गुणोंकी स्थिति निरूपण करें, इतनेसे ही परीक्षा हो जावेगी।

नोट—२ *'केहि अवराधहु का तुम्ह चहहू।……'* इति। *'किन कहहू'* इन अन्तिम वचनोंसे जान पड़ता है कि *'करहु कवन कारन तपु भारी'* का उत्तर न मिला तब दूसरा प्रश्न किया, उसका भी उत्तर न मिला, अथवा गिरिजाको उत्तर देनेमें कुछ संकुचित देखा तब मुनियोंने कहा कि *'हम सन सत्य मरमु किन कहहू'?* भाव कि हमलोग तो ऋषि हैं, हमसे क्या पर्दा? हमसे क्यों छिपाती हो?

---

* सब—१७२१, १७६२, छ०। किन—१६६१। की न—१७०४

१ मरम—१७२१, १७६२, छ०, को० रा०। बचन—१६६१, १७०४, सुधाकर द्विवेदी।

(हम मन्वन्तरके सप्तर्षि हैं, तपस्वियोंकी देखभाल हमारे सुपुर्द है, हम वर भी दे सकते हैं, अतः हमसे मर्म कहना चाहिये। वि० त्रि०)

[सुनत रिषिन्ह के बचन भवानी। बोली गूढ़ मनोहर बानी॥]*
कहत बचन मनु अति सकुचाई। हँसिहहु सुनि हमारि जड़ताई॥५॥
मनु हठ परा न सुनै सिखावा। चहत बारि पर भीति उठावा॥६॥

शब्दार्थ—भीति=दीवार। बारिपर भीति उठाना=पानीपर दीवार खड़ी करना। यह मुहावरा है।

अर्थ—(ऋषियोंके वचन सुनते ही भवानी गूढ़ मनोहर वाणी बोलीं) वचन कहनेमें मन बहुत सकुचाता है। आप सब लोग हमारी जड़ता (मूर्खता) सुनकर हँसेंगे॥५॥ मन हठमें पड़ा है (अर्थात् हठ पकड़ ली है), (किसीकी) शिक्षा सुनता ही नहीं। वह पानीपर दीवार उठाना चाहता है॥६॥

नोट—१ *'कहत बचन……'* इति। (क) *'कहत बचन मनु अति सकुचाई'* को कवि या वक्ताकी उक्ति मान सकते हैं और पार्वतीजीकी भी। कविकी उक्ति माननेमें अर्थ होगा कि—कवि कहता है कि—'पार्वतीजी बात कह रही हैं पर उनके मनमें बहुत बड़ा संकोच भरा हुआ है। मनमें अत्यन्त संकोचयुक्त होकर वे वचन कह रही हैं कि—।' इसी तरहका उदाहरण अयोध्याकाण्डमें यह है—*'मातु समीप कहत सकुचाहीं। बोले समउ समुझि मन माहीं।'* (२। ६१। १) पार्वतीजीकी उक्ति मानें तो भी अर्थ ठीक लग जाता है। (ख) सप्तर्षियोंने मर्म पूछा—*'हम सन सत्य मरमु किन कहहू।'* और कहा कि सत्य-सत्य कहो। मर्म गुप्त रखनेकी वस्तु है, उसे प्रकट करनेको कहते हैं। इसी कारण मनमें संकोच हो रहा है तथापि ब्रह्मर्षियोंकी आज्ञाको भी कैसे टालें। अतः इस प्रकार कहना प्रारम्भ किया। क्या संकोच है? इसके उत्तरकी झलक दूसरे चरणमें है कि सुननेवाले हँसेंगे, हमको मूर्ख वा जड़ कहेंगे। कौन-सी वह जड़ता है यह दूसरी अर्धालीमें कहती हैं कि जलपर दीवार खड़ी करना चाहती हैं—यह जड़ता ही तो है, जो सुनेगा, हँसेगा। पुनः संकोचका कारण यह भी है कि स्त्रीको स्त्रीसे भी पतिकी वार्ता करनेमें लज्जा लगती है और ऋषि चिरकालीन हैं तथा पिताके तुल्य हैं, इनसे कैसे कहें? सत्य कहनेकी आज्ञा है अतः बात बनाकर कह नहीं सकतीं। इत्यादि। अतः *'अति संकोच'* है। पुनः *'अति'* का भाव कि सखी-सहेली आदिसे कहनेमें 'संकोच' होता है और पिता आदिसे 'अति संकोच' होता है। (ग) *'हँसिहहु सुनि……'* इति। मुनियोंने 'शैलकुमारी' संबोधन किया। शैल जड़ पदार्थ है, इस सम्बन्धमें यहाँ *'जड़ताई'* शब्दका प्रयोग अति उत्तम हुआ है। इस शब्दमें ध्वनि यह है कि आपने मुझे 'शैलकुमारी' कहा, सो पर्वत तो जड़ होता ही है, तब मुझमें जड़ता क्योंकर न होगी? अर्थात् मैंने शैल-सम्बन्धके योग्य ही जड़ता की है, इसलिये आप हँसेंगे। (स्नेह जाड्य है, यथा *'सो सनेह जड़ता बस कहहू'*। 'मैं स्नेहसे जड़ हूँ, मुझे समझनेका सामर्थ्य नहीं है।' वि० त्रि०)

नोट—२ *'मनु हठ परा न सुनै सिखावा।……'* इति। (क) इसमें ध्वनि यह है कि आप जो शिक्षा देने आये हैं उसे भी यह न सुनेगा, यह बड़ा हठी है, जैसे और किसीकी नहीं सुनता वैसे ही आपकी

---

* अर्धाली ५ 'कहत बचन……' के पहले 'सुनत रिषिन्ह……' कोष्ठकान्तर्गत अर्धाली पंजाबीजी, बैजनाथजी, रामायणीजी और पं० रामवल्लभाशरणजी, नंगे परमहंसजी, पांडेजी, बाबा हरिदासजीकी छपी पुस्तकोंमें है। परन्तु संवत् १६६१, नागरी प्र० सभा, गीताप्रेस आदिमें यह नहीं है। मेरी समझमें यह प्रक्षिप्त अर्धाली है। यदि 'कहत बचन……सकुचाई' को कविकी उक्ति मान लें तब तो प्रक्षिप्ति प्रकट ही है। हाँ, जिनमें 'कहत मरम……' पाठ है उनको एक अर्धाली पूर्वकी आवश्यकता प्रतीत हो सकती है। १६६१ और १७०४ में 'बचन' ही है। 'कहत बचन' को श्रीपार्वतीजीकी भी उक्ति मानें तो भी 'सुनत रिषिन्ह……' की आवश्यकता नहीं जान पड़ती है।—इसीसे हमने इसे संख्यामें नहीं ली और कोष्ठकमें रख दिया है। मानसपीयूषके संवत् १९२४ वाले संस्करणमें हमने इसे दिया था। हाँ, शिवपुराणमें भी ऐसा श्लोक है—'इत्युक्त्वा सा शिवा देवी गिरीन्द्रतनया द्विजैः। प्रत्युवाच वचस्सत्यं सुगूढमपि तत्पुरः।' (२। ३। २५। २२)

भी न सुनेगा।—यह भी जड़ता है, मूर्खता है। (ख) *'चहत बारिपर भीति उठावा।'* अर्थात् पानीपर दीवार उठाना असम्भव है परन्तु मनने यही हठ ठान रखा है। असम्भवको सम्भव, अनहोनीको होनी करना चाहता है। शिवजीको प्राप्त करना, उनसे अपना ब्याह होना, यह इच्छा करना ही जलपर दीवार उठानेकी चाह करना है। शिवजी अगाध जल हैं, यथा—*'कृपासिंधु सिव परम अगाधा।'*, उनकी गृहिणी (स्त्री) बनना दीवार उठाना है। पुनः भाव कि वे परम विरक्त, निष्काम, योगीश्वर हैं अतः उनसे विवाह असम्भव है। वा, वे 'अगेह' हैं और मैं उनकी 'गेहिनी' बनना चाहती हूँ। बाबा हरीदासजी लिखते हैं कि 'शिवजी यहाँ जल हैं, समुद्रवत् अगाध और निराधार हैं, सती-त्यागके समयसे ही उन्होंने घर छोड़ दिया था, जाकर वटतले समाधि लगा ली थी, फिर सती-तन-त्यागके पश्चात् तो उनका राग कैलासमें भी न रह गया था, यथा—*'जब तें सती जाइ तनु त्यागा। तब तें सिव मन भएउ बिरागा॥'* सो उनकी घरनी बनना चाहती हैं। घरनी घर बिना कहाँ रह सकती है, जब संयोग होगा तब वह वैराग्य छोड़कर घर बनाना ही होगा। वैराग्य छुड़ाकर उनके मनमें 'राग' उत्पन्न करानेकी चाह ही 'भीति' उठाना है। श्रीनंगे परमहंसजीका भी यही मत है। पुनः, वारिपर भीति बनानेका भाव यह है कि जलकी स्थिति दृढ़ नहीं है, उसको आधार बनाकर उसपर दीवार खड़ी नहीं की जा सकती, वैसे ही मैं तपके बलपर शिवजीको ब्याहना चाहती हूँ, यह असम्भव है। *'जलपर दीवार उठाना'* मुहावरा है ऐसी वस्तुको आधार बनानेका कि जो दृढ़ न हो। (ग) यहाँ 'ललित अलंकार' है, क्योंकि कहना तो यह है कि मैं योगीश्वर शिवजीसे ब्याह करना चाहती हूँ, पर इस प्रस्तुत वृत्तान्तको न कहकर यह कहती हैं कि वारिपर 'भीति' उठाना चाहती हूँ। (वीरकवि) *'करहु कवन कारन तप'* का यह उत्तर है।

शिवपुराणमें भी ऐसा ही कहा है। यथा—'**करिष्यथ प्रहासं मे श्रुत्वा वाचो ह्यसम्भवाः। संकोचो वर्णनाद्विप्रा भवत्येव करोमि किम्॥ इदं मनो हि सुदृढमवशं परकर्मकृत्। जलोपरि महाभित्तिं चिकीर्षति महोन्नताम्॥**' (२। ३। २५। २४-२५) अर्थात् आप मेरी असम्भव वाणी सुनकर अवश्य हँसेंगे अतः मुझे वर्णन करनेमें संकोच होता है, पर मैं क्या करूँ? यह मेरा दूसरेके वशमें पड़ा हुआ मन जलके ऊपर एक दृढ़ और बहुत ऊँची भीति बनाना चाहता है। ☞ इसके अनुसार वह अर्थ ठीक है जो हमने दिया है।

नारद कहा सत्य सोइ* जाना। बिनु पंखन्ह हम चहहिं उड़ाना॥ ७॥
देखहु मुनि अबिबेकु हमारा। चाहिअ सदा† सिवहि भरतारा॥ ८॥

शब्दार्थ—पंख (सं० पक्ष। प्रा० पक्ख। मराठी एवं हिन्दी पंख)=पक्ष, पखने, पर, डैना, पाँख। वह अवयव जिससे चिड़ियाँ, पतिंगे आदि हवामें उड़ते हैं।

अर्थ—नारदजीने जो कहा उसीको सत्य जान लिया। हम बिना पंखोंके उड़ना चाहती हैं॥ ७॥ हे मुनियो! आप हमारा अज्ञान तो देखिये कि मैं सदा शिवजीको ही पति बनाना चाहती हूँ॥ ८॥

नोट—१ *'नारद कहा सत्य सोइ जाना।......'* इति। (क) जड़ता क्यों करती हो? जब तुम अपनी बातको असम्भव जानती हो तो फिर करती ही क्यों हो? इस सम्भावित प्रश्नका उत्तर देती हैं कि एक तो मनने ऐसा ही हठ कर लिया, वह कहा सुनता ही नहीं। दूसरा उत्तर यह है कि *'नारद कहा......।'* (ख) *'नारद कहा'* अर्थात् *'जद्यपि बर अनेक जग माहीं। एहि कहँ सिव तजि दूसर नाहीं॥'*, *'इच्छित फल बिनु सिव अवराधे। लहिअ न कोटि जोग जप साधे॥'*—यह जो नारदने कहा था। (ग) *'सत्य सोइ जाना'* इति। इससे नारदजीके वचनोंमें प्रतीति जनायी, उन्होंने बताया कि इसके लिये शिव ही वर हैं, अतः इसे मानकर उनको मनने पति मान लिया। और जो उन्होंने कहा कि *'इच्छित फल'* के लिये शिवाराधन

* १ सत्य हम—१७२१, १७६२, छ०। सत्त सोइ—को० रा०। सत्य सोई—१६६१, १७०४।
† सिवहि सदा—१७२१, १७६२, छ०। सदा शिवहि—१६६१, १७०४।

करना आवश्यक है, अतः शिवाराधन करती हूँ। ☞ इस प्रकार इन शब्दोंसे तीन बातें गुप्तरूपसे सूचित कीं।—एक तो *'केहि अवराधहु?'* का उत्तर दे दिया कि देवर्षि नारदने शिवाराधन बताया, अतः शिवाराधन करती हूँ। दूसरे, *'का तुम्ह चहहू?'* का उत्तर कि शिवजीको पति चाहती हूँ। तीसरे यह कि आराधना बतानेसे वे मेरे गुरु हुए, उनके वचनको त्यागनेकी नहीं। पुनः यह भी सूचित करती हैं कि यह हठ मैं अपने मनसे नहीं कर रही हूँ, नारदजी ऐसे महात्मा और देवर्षिकी सम्मतिसे करती हूँ कि जिनके कथनानुसार चलनेसे ध्रुव-प्रह्लादादि कृतकार्य हो गये। वे भी आप लोगोंसे कम नहीं हैं, कि सहज ही किसीके कहनेसे छोड़ दूँ—वस्तुतः सप्तर्षियोंने यह प्रश्न नहीं किया था; वे अपनी तरफसे ही कह रही हैं जिसका आशय यह हो सकता है।

* बिनु पंखन्ह हम चहहिं उड़ाना *

भाव यह कि योगीश्वर शिवजीकी प्राप्तिके योग्य मुझमें साधन नहीं है तथापि उनको अपना पति बनाना चाहती हूँ। (पं०) यहाँ शिवजी आकाश हैं, यथा—**'चिदाकाशमाकाशवासं', 'त्वं व्योम त्वं धरणिरात्मा'** इति। पुष्पदन्तमुनिवाक्य। सो मैं उनकी वामाङ्गी होना चाहती हूँ। वामाङ्गी होने या यों कहिये कि ईश-प्राप्तिके दो उपाय हैं तप और भक्ति। (यही दो नारदजीने बताये हैं; यथा—*'जौं तप करै कुमारि तुम्हारी। भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी॥'* (१। ७०)।—यह तपका उपदेश दिया। दूसरे *'इच्छित फल बिनु सिव अवराधे।'......'* यह आराधनाका उपदेश किया।) ये दोनों हममें नहीं हैं। केवल गुरु नारदके वचनका भरोसा है कि *'होइहि यह कल्यान अब'* और उनके आशीर्वादका भरोसा है। आकाशमें पक्षी पक्षबलसे ही उड़ते हैं। पक्ष न रहनेपर उड़ नहीं सकते; यथा—*'जरे पंख अति तेज अपारा। परेउ भूमि करि घोर चिकारा॥'* (४। २८) *'काटेसि पंख परा खग धरनी।'* (३। २९) ☞ यहाँ पार्वतीजी अपनेको बिना पक्षका पक्षी और शिवजीको आकाश जनाती हैं। तप और भक्ति दोनों पक्ष हैं। उनसे अपनेको रहित बताती हैं। (बाबाहरिदासजी) पं० रामकुमारजी 'कर्म और करतूत' को पंख बनाते हैं। वि० त्रि० का मत है कि आराधनके साधन विरति और विवेक हैं, यथा—*'श्रुति संमत हरि भगति पथ संजुत बिरति बिबेक।'* सो ये दोनों नहीं हैं, फिर भी आराधना करना चाहती हूँ। अथवा कार्यसिद्धिके साधन हैं दैव और पुरुषार्थ। सो दैव प्रतिकूल है, यथा—*'जस बर मैं बरनेउँ तुम्ह पाहीं। मिलिहिं उमहिं तस संसय नाहीं॥'* और पुरुषार्थ मुझमें है नहीं। ☞ *'बिना पंखके उड़ना'* मुहावरा है अर्थात् बिना साधन, उपाय या पुरुषार्थके ही कार्य सफल करनेकी आशा करना।

'सिद्ध योगी बिना पक्षके उड़ा करते हैं। यहाँ शिवजी चेतन आकाश हैं—**'चिदाकाशमाकाशवासं।'** शिवप्राप्तिके योग्य साधन पक्ष हैं। जैसे बिना पक्षके पक्षी नहीं उड़ सकता वैसे ही ऊर्ध्वरेता योगीश्वर श्रीशिवजीकी पत्नी होना सम्भव नहीं।' (मा० त० वि०)

बैजनाथजी लिखते हैं कि 'पति-पत्नी-भावका नेहनाता ही पंख है। जबसे शिवजीने हमें त्याग दिया तबसे हम बिना पक्षके हो गयीं। अब नारदवाक्यके भरोसे बिना पक्षके ही हम उड़ना चाहती हैं अर्थात् पुनः संयोग किया चाहती हैं।'

☞ वस्तुतः *'बिना पंखके उड़ना'* मुहावरा है। इसके लिये यह आवश्यकता खोजनेकी नहीं है कि पंख क्या है, उड़ना क्या है, इत्यादि। ☞ यहाँ अनहोनी बातकी चाह करना 'असम्भव अलंकार' द्वारा सूचित किया गया है।

☞ ऐसा ही शिवपुराणमें कहा गया है। यथा—**'सुरर्षेर्शशासनं प्राप्य करोमि सुदृढं तपः। रुद्रः पतिर्भवेन्मे हि विधायेति मनोरथम्॥ अपक्षो मन्मनः पक्षी व्योम्नि उड्डीयते हठात्॥'** (२। ३। २६-२५) अर्थात् देवर्षिकी आज्ञासे रुद्रको पति बनानेके मनोरथसे अति दृढ़ तप करती हूँ। मेरा मनरूपी पक्षी बिना पक्षका होनेपर भी हठात् आकाशमें उड़ता है।—इस श्लोकके अनुसार 'मन' पक्षी है।

नोट—२ *'देखहु मुनि अबिबेकु हमारा।……'* इति। (क) अविवेक यही है कि शिवजीको सदाके लिये अपना पति बनाना चाहती हैं। भाव यह कि वे तो सहज ही उदासी हैं तब वे स्त्री क्यों करने लगे? और मैं उनकी अर्धाङ्गिनी बननेका हठ ठाने हुए हूँ, यह मेरा अज्ञान तो देखिये? सप्तर्षियोंने भी आगे यही कहा है; यथा—*'तुम्ह चाहहु पति सहज उदासा।'* (ख) *'देखहु मुनि'* का भाव कि आप निश्चय ही इसे समझ सकते हैं, आपको भी मेरी बात ऐसी ही जँचेगी। पुनः भाव कि यह बात देखने ही योग्य है। (ग) *'चाहिअ सदा सिवहि भरतारा'* इति। *सदा सिवहि*—सदा शिवहीको।=शिवजीको ही सदाके लिये अर्थात् जन्म-जन्मान्तरोंके लिये, निरन्तरके लिये जिसमें अब कभी भी वियोग न हो। पुनः, नारदजीने कहा था कि *'सदा अचल एहि कर अहिबाता।'* इसी *'सदा अचल'* के सम्बन्धसे यहाँ *'सदा सिव'* कहा। अर्थात् शिवजी सदा कल्याणस्वरूप हैं, अतः उन्हींकी पत्नी बननेसे अहिवात अचल रह सकता है। (घ) ☞ यहाँ पार्वतीजीने मन-कर्म-वचन तीनोंहीसे शिव-प्राप्तिकी चाह प्रकट की है। *'मन हठ परा……'* यह मन, *'बिनु पंखन्ह हम चहहिं उड़ाना'* यह कर्म और *'चाहिअ सदा सिवहि भरतारा'* यह वचन है। (ङ) *'भरतारा'* शब्द भी *'सहज उदासा'* के सम्बन्धसे बहुत ही उपयुक्त है। जो भरण-पोषण करे वह 'भर्तार' है। उदासी क्या किसीका भरण-पोषण करेगा? कदापि नहीं। यह भी अविवेक ही है।

नोट—३ सुधाकर द्विवेदीजी लिखते हैं कि 'यह लेख उपहास-योग्य है। कोई कन्या अपने बड़ेसे ऐसा न कहेगी कि *'देखहु…… भरतारा।'* पर ये बातें समझमें नहीं आतीं कि गोस्वामीजीने ऐसी खुलाखुली बातें क्यों लिखीं? देखो, कालिदासने भी इसीको यों लिखा है कि पार्वतीजीने स्वयं नहीं कहा, बल्कि अपनी सखीको इशारा किया, तब उसने ही कहा कि ये महादेवजीको पति चाहती हैं। ऐसा कुमारसम्भवमें है।'—द्विवेदीजीकी शंकाका समाधान यह है कि—(क) यहाँ वनमें पार्वतीजी अकेली तप करने आयी हैं, उनके साथ कोई सखी नहीं है जैसा कि पूरे प्रसंगसे स्पष्ट है। ऋषि सत्य-सत्य कहनेको कहते हैं, उनसे झूठ भी तो नहीं कह सकतीं। इसीसे तो उत्तरके पूर्व प्रारम्भमें ही *'कहत बचन मनु अति सकुचाई'* शब्दोंका प्रयोग हुआ। इन शब्दोंकी सार्थकता इस शंकाके होनेपर स्पष्ट दिख रही है। (ख) बात कहनेमें परम संकोच है, फिर भी क्या करें…… लाचार हैं, ऐसा ही अवसर आ पड़ा है। नहीं बोलतीं तो सारा मामला ही चौपट हुआ जाता है। अतः ऐसे अवसरमें ऐसा कहा जाना दोष नहीं समझा जा सकता। ☞ देखिये, श्रीकौसल्या अम्बाके सामने जब श्रीरामजीको श्रीसीताजीसे बोलना पड़ा तब भी कविने श्रीरामजीका सकुचाना कहकर तब उनसे वचन कहलाये हैं; क्योंकि गोस्वामीजी कट्टर मर्यादावादी थे। यथा—*'मातु समीप कहत सकुचाहीं। बोले समउ समुझि मन माहीं॥'* (२। ६१) वैसे ही श्रीसीताजीको भी सासके समीप ही पतिको उत्तर देना पड़ा, तब उन्होंने *'लागि सासु पग कह कर जोरी। छमबि देबि बड़ि अबिनय मोरी॥'* (२। ६४)—इस तरह क्षमा-प्रार्थना करके कहा ही तो! न कहतीं तो करतीं ही क्या? वियोगमें प्राण ही निकल जाते। कम-से-कम चौदह वर्षका वियोग सामने था। इसी तरह यहाँ भी ब्रह्मवाणीसे सप्तर्षियोंका आगमन पूर्व ही मालूम हो चुका है। उनका आगमन कुछ रहस्यसे ही है। यदि उनसे नहीं बोलतीं तो बना-बनाया सारा खेल ही बिगड़ जानेकी सम्भावना है, मौका ही ऐसा आ पड़ा तब लाचार होकर कहना ही पड़ा, नहीं तो कभी न कहतीं। देखिये, वियोग सिरपर खड़ा देख और बिना स्पष्ट कहे काम न चलेगा, लज्जा करनेसे प्राण ही चले जायँगे, यह सब सोचकर सीताजीको सासके सामने मर्यादा तोड़नी पड़ी थी और उन्हीं सीताजीसे जब ग्रामवासिनी स्त्रियाँ पूछती हैं—*'कोटि मनोज लजावनिहारे। सुमुखि कहहु को आहिं तुम्हारे॥ सुनि सनेहमय मंगल बानी। सकुची सिय मन महुँ मुसुकानी॥'* (२। ११७) तब कविने वहाँ मर्यादाका कैसा व्यवहार दिखाया है। पतिका नाम लेना तो दूर रहा, अंगुल्यानिर्देश भी न किया गया। और इनको घरपर छोड़कर वनवासके लिये जानेपर तत्पर देख उन्हीं सीताजीको सब संकोच छोड़कर पूरा लेक्चर ही देना पड़ा जो अनुचित नहीं समझा जाता, वैसे ही यहाँ समझना चाहिये।

नोट—४ श्रीलमगोड़ाजीने 'विश्वसाहित्यमें रामचरितमानसके 'हास्यरस' में सारे शिव-पार्वती-विवाह-

प्रकरणके प्रहसनकलाकी बड़ी सुन्दर व्याख्या की है। हम संक्षेपसे कुछ बातें लिखेंगे जो इस प्रकरणमें विचारणीय हैं—(१) केन्ट और हेजलिटने जो अनमिल बेजोड़पनको हास्यका कारण बताया है, उसका यह बड़ा ही सुन्दर उदाहरण है—एक ओर पार्वतीजीकी सुन्दरता और दूसरी ओर *'बर बौराह बरद असवारा'* इत्यादि। (२) हाँ, तुलसीदासजी पाश्चात्त्यदेशके इस सिद्धान्तको नहीं मानते कि कोई चरित्र हर समय ही हास्य-चरित रहता है; इसीसे उनकी हास्यकला अधिक शिक्षाप्रद है, क्योंकि हमें ज्ञात होता है कि कब हमारा कोई दोष हास्यप्रद हो जाता है और हम सतर्क हो जाते हैं। शिवजीमें उपहासभाव इतना अधिक है कि वह ज्ञात हास्यचरित हैं और उन्हें चिड़चिड़ाहट नहीं आती। ☞ उपर्युक्त चौपाइयोंमें अनमिल-बेजोड़पन साफ है और अभी पार्वतीजीमें उपहासभावकी इतनी ही मात्रा है कि स्वयं उसको स्पष्ट कर देती हैं।

दो०—सुनत बचन बिहसे रिषय गिरि संभव तव देह।
नारद कर उपदेसु सुनि कहहु बसेउ किसु गेह॥ ७८॥

शब्दार्थ—किसु (कस्य)=किसका। यथा—*'सब सिधि सुलभ जपत जिसु नामू'* में 'जिसु'=जिसका।

अर्थ—(श्रीपार्वतीजीके ये) वचन सुनते ही सप्तर्षि खूब हँसे और हँसते हुए बोले कि (क्यों न हो आखिर) तेरा शरीर पर्वतसे ही उत्पन्न हुआ है! (भला), कहो तो, नारदका उपदेश सुनकर (आजतक) किसका घर बसा? अर्थात् किसीका तो नहीं॥ ७८॥

नोट—१ (क) *'सुनत बचन बिहसे रिषय'* इति। सप्तर्षि परीक्षा लेने आये हैं। इसीसे वे पार्वतीजी और नारदजीके वचनोंके निरादरार्थ हँसे और नारदजीके प्रति व्यंगसे उन्होंने निन्दा सूचित करनेवाले वचन कहे। आगे दोहा ८१ में ऋषियोंने कहा है कि *'तुम माया भगवान सिव सकल जगत पितु मातु।'* और विवाहके समय श्रीमेनाजीको श्रीनारदजीके वचनोंमें प्रतीति भी दिलायी है। इससे स्पष्ट है कि भीतरसे वे न नारदजीकी निन्दा ही कर रहे हैं और न निरादर अभिप्रेत है, ऊपरसे ही परीक्षार्थ यह सब कर रहे हैं। शिवपुराणमें लिखा है कि शिवजीने सप्तर्षियोंको आज्ञा दी थी कि सर्वथा छल और वञ्चनायुक्त वचनोंसे परीक्षा करें, इसमें संशय न करें। यथा—'**सर्वथा छलसंयुक्तं वचनीयं वचश्च वः। न संशयः प्रकर्त्तव्यश्शासनान्मम सुव्रताः॥**' (२। ३। २५। १७) इसीसे वे छलभरे असत्य वचन बोले—'**प्रोचुश्छलवचो मृषा।**' (२८)—अतएव इस व्यंगमें स्तुति-पक्षके भाव भी महात्माओंने दरसाये हैं। जैसे ब्रह्माकृत व्यंग-स्तुति। विनयमें शिवजीकी यह है—*'बावरो रावरो नाहु भवानी'* वैसे ही यहाँ भी व्यंग है। (ख) *'गिरि संभव तव देह'* इति। भाव यह कि पर्वत जड़ है और तुम्हारी उत्पत्ति पर्वतसे है, इससे तुम्हारी बुद्धि भी जड़वत् हो गयी है, पथरा गयी है। स्तुतिपक्षमें भाव यह है कि पर्वत परोपकारी और गम्भीर होते हैं वैसे ही तुम भी परम पवित्रात्मा, गम्भीर और परोपकारिणी हो। *'गिरि संभव'* में लक्षणामूलक व्यंग है कि जड़की कन्या क्यों न जड़ता करे, शैलकी कन्या स्वाभाविक ही जड़ हुआ ही चाहे। (पं०, वीरकवि)

शिवपुराणमें जोड़के श्लोक ये हैं—'**इत्याकर्ण्य वचस्तस्या विहस्य मुनयश्च ते।**''''**न ज्ञातं तस्य चरितं वृथा पण्डितमानिनः। देवर्षेः क्रूरमनसः सुज्ञो भूत्वाप्यगात्मजे॥ नारदः कूटवादी च परचित्तप्रमन्थकः। तस्य वार्ता श्रवणतो हानिर्भवति सर्वथा॥**' (२८—३०) अर्थात् पार्वतीजीके वचन सुनकर मुनि हँसकर बोले। ज्ञानवती होकर भी तुमने झूठे मानी पण्डित कठोर मनवाले नारदका चरित नहीं समझा, वह कूटवादी हैं, दूसरोंका चित्त मथन करनेवाले हैं। उनके वचनोंको सुननेमात्रसे ही हानि होती है। (२। ३। २५) *'गिरि संभव तव देह'* और *'नारद कर उपदेस सुनि......'* में ये सब भाव भरे हुए हैं।

नोट—२ *'बसेउ किसु गेह'* में 'वक्रोक्ति अलंकार' है। काकुद्वारा यह अर्थ सूचित करते हैं कि किसीका घर न बसा, जिसको उपदेश दिया, उसका घर ही उजड़ गया। कामारिको पति पाकर क्या तुम्हारा घर कभी बसेगा? इसीके उत्तरमें पार्वतीजीने कहा कि *'बसउ भवनु उजरउ नहिं डरऊँ'* (८०) स्तुति-पक्षमें यह भाव कहा जाता है कि यह देह ही गेह (घर) है; यथा—*'जिव जब तें हरि ते बिलगान्यो। तब*

तें देह गेह निज जान्यो॥' (वि० १३६) नारदजीके उपदेशसे यह देहरूपी घर रह ही नहीं जाता, देहाभिमान जाता रहता है, जीव अपना सहजस्वरूप पा जाता है जिससे वह मुक्त हो जाता है। (पं०)

दक्षसुतन्ह उपदेसिन्ह जाई। तिन्ह फिरि भवनु न देखा आई॥ १॥
चित्रकेतु कर घरु उन्ह घाला। कनककसिपु कर पुनि अस हाला॥ २॥

शब्दार्थ—घालना=बिगाड़ना, नाश करना। यथा—*'जिमि कपिलहि घालइ हरहाई।'* (७। ३९) *'आपु गए अरु घालहिं आनहिं।'* (७। ४०) घर घालना=घर बिगाड़ना; परिवारमें अशान्ति वा हानि पहुँचाना, नाश करना, चौपट करना।

अर्थ—उन्होंने जाकर दक्षके पुत्रोंको उपदेश दिया (जिससे) उन्होंने फिर लौटकर (घरका मुँह भी) न देखा॥ १॥ चित्रकेतुका घर उन्होंने ही चौपट किया। फिर हिरण्यकशिपुकी भी ऐसी ही दशा की॥ २॥

नोट—१ *'दक्षसुतन्ह……'* इति। भाव कि दक्ष दक्ष ही हैं, बड़े चतुर हैं, सो उनके भी पुत्रोंको इन्होंने ऐसा बहकाया कि उनकी दक्षता कुछ काम न कर सकी। एक भी पुत्र न रह गया। सभी पुत्र पिताकी आज्ञाके प्रतिकूल चले, घर न लौटे। जब ऐसे चतुर दक्षका घर बिगाड़ डाला तब तुम क्या चीज हो, जड़ गिरिकी ही पुत्री हो। *'जाई'* का भाव कि प्रायः शिष्य ही गुरुके पास जाता है, परन्तु दक्षके पुत्र नारदके पास उपदेशके लिये नहीं आये थे, वे (नारद) स्वयं बिना बुलाये ही, बिना प्रयोजन उनके पास गये और उनको उपदेश दिया। भाव कि तुम्हारे पास भी तो अपने-आप ही आये थे, कोई बुलाने नहीं गया था। उनका यह स्वभाव है कि खोज-खोजके यही काम किया करते हैं। पुनः भाव कि नारद और दक्ष दोनों ही ब्रह्माके पुत्र हैं [४८ (६) देखिये], नारदजीका जब अपने आत्मीयोंमें यह हाल है, तब तुम तो परायी हो, तुमको भड़कानेमें उन्हें कब दया आने लगी? घरमें ही आग लगायी तब बाहरको कब छोड़ेंगे?

नोट—२ जोड़के श्लोक ये हैं—'……**नारदस्तत्र वै ययौ॥ कूटोपदेशमाश्राव्य तत्र तान्नारदो मुनिः। तदाज्ञया ते सर्वे पितुर्न गृहमाययुः॥ ……ददौ तदुपदेशं ते तेभ्यो भ्रातृपथं ययुः। आययुर्न पितुर्गेहं भिक्षुवृत्तिरताश्च ते॥……विद्याधरश्चित्रकेतुर्यो बभूव पुराकरोत्। स्वोपदेशमयं दत्त्वा तस्मै शून्यं च तद्गृहम्॥ प्रह्लादाय स्वोपदेशान्हिरण्यकशिपोः परम्। दत्त्वा दुःखं ददौ चायं परबुद्धिप्रभेदकः॥**' (२। ३। २५। ३३—४०) अर्थात् दक्षके सुतोंको दो बार ऐसा कूट उपदेश दिया कि फिर वे घर न गये, भिक्षावृत्ति-मार्ग ग्रहण कर लिया। उनके पास स्वयं जाकर उपदेश दिया। विद्याधर चित्रकेतुको वैराग्यका उपदेश देकर उसका घर सूना कर दिया। प्रह्लादको उपदेश देकर हिरण्यकशिपुद्वारा उसे बहुत दुःख पहुँचवाया। अतः वे दूसरोंकी बुद्धिके भेदक हैं।

नोट—३ स्तुति-पक्षका भाव—'उन्होंने फिर संसारमें भ्रमण न किया, पुनः जन्म न लिया, मोक्षमार्गकी राह ली, जहाँसे फिर लौटना नहीं होता। यथा—'**पन्थानमनिवर्तनम्।**' (भा० ६। ५। २१) चित्रकेतु भी भगवान्‌को प्राप्त हुआ। चित्रकेतुका अज्ञान और देहाभिमान इन्होंने मिटाया, हिरण्यकश्यपु नृसिंहभगवान्‌के दर्शनसे कृतार्थ हुआ।' (पंजाबीजी)

नोट—४ दक्षपुत्रोंकी कथा—पञ्चजन प्रजापतिकी कन्यासे दक्षने विवाह करके उससे हर्यश्व नामक दस हजार पुत्र उत्पन्न किये। (मत्स्यपुराणमें १००० हजार पुत्र होना लिखा है—अ० ५ श्लोक ४—१२ में इसकी कथा है)। इन सबोंको दक्षने प्रजा उत्पन्न करनेकी आज्ञा दे सृष्टि रचनेके लिये तपस्या करने भेजा। सिंधु नदी और समुद्रके संगमपर नारायणसर तीर्थ है। यहाँ आ स्नानकर वे तपस्यामें तत्पर हुए। उसी अवसरपर श्रीनारद मुनि वहाँ पहुँचे और यह विचारकर कि इनका हृदय अभी स्वच्छ है, ये भगवद्भजनके योग्य हैं, इनको उपदेश लगेगा, उनसे बोले कि—हे हर्यश्वो! तुमने भूमिका अन्त देखा है? बिना उसके

…वे सृष्टि कैसे करोगे? प्रजापति होकर भी तुम बड़े अज्ञ हो जो व्यर्थ तप कर रहे हो। हमारे प्रश्नका उत्तर दो कि तुमने ये पदार्थ देखे हैं—(१) वह देश जिसमें केवल एक ही पुरुष है। (२) एक बिल जिसमें जानेका मार्ग देख पड़ता है पर उससे निकलते किसीको नहीं देखा। (३) दोनों ओर बहनेवाली नदी (जो एक ओर उथली है और दूसरी ओर काटती है)। (४) पचीस पदार्थोंसे गठित अद्भुत घर। (५) विचित्र बोली बोलनेवाला हंस। (६) छुरा और वज्रसे रचित स्वयं घूमनेवाला चक्र। (७) बहुत रूप धरनेवाली स्त्री। (८) एक पुरुष जो पुंश्चलीका पति है। (९) पृथ्वीका अन्त। और यह भी बताओ कि तुम (१०) अपने सर्वज्ञ पिताकी आज्ञा जानते हो?

इन कूट वाक्योंको सुनकर हर्यश्वगणने उनका भाव अपनी बुद्धिसे यों विचारा कि 'यह लिङ्ग-शरीर राज्य है; जिसमें जीव ही एक पुरुष है। यही आत्माके बन्धनका अनादि कारण है। ईश्वर एक है, सबका साक्षी, सर्वश्रेष्ठ, सर्वैश्वर्य-सम्पन्न और आप ही अपना आधार है। उसको बिना जाने और उसमें चित्त लगाये बिना सब कर्म व्यर्थ हैं। ब्रह्ममें लीन होनेपर पातालगत व्यक्तिके समान फिर कोई नहीं लौटता। अपनी बुद्धि ही वह स्त्री है। जैसे दुष्ट स्त्रीके संगसे पतिकी स्वाधीनता चली जाती है वैसे ही मायाके संगसे जीव ऐश्वर्य-भ्रष्ट हो गया और उस मायाकी सुख-दुःख-रूप गतिका अनुगमन करता रहता है। उत्पत्ति और संहार करनेवाली माया नदी है। अन्तर्यामी पुरुष २५ तत्त्वोंका अद्भुत आश्रय है। ईश्वर-प्रतिपादक शास्त्रमें कर्म जिनसे बन्धन और जिनसे मोक्ष होता है कहे गये हैं, यही शास्त्र हंस है; स्वयं घूमनेवाला काल चक्र है जिसकी धार बड़ी तीक्ष्ण है। शास्त्र हमारा पिता है, निवृत्ति ही उसकी उपयुक्त आज्ञा है।' मनमें इस प्रकार निश्चय करके नारदजीकी परिक्रमा करके उस मार्गको चल दिये जहाँसे कोई न लौटता। (भा० स्क० ६ अ० ५ श्लोक १—२१)

इसके पश्चात् दक्षने फिर पञ्चजनकी कन्यासे सबलाश्व नामक १००० पुत्र उत्पन्न किये—(मत्स्यपुराणमें वीरण प्रजापतिकी कन्यासे शबला नामक १००० पुत्र होना लिखा है—**'हर्यश्वेषु प्रणष्टेषु पुनर्दक्षः प्रजापतिः। वैरिण्यामेव पुत्राणां सहस्रमसृजत्प्रभुः॥ शबला नाम ते विप्राः समेताः सृष्टिहेतवः॥'**) और इनको भी सृष्टि रचनेके लिये तपस्या करनेको वहीं भेजा। श्रीनारदजीने इनसे भी वही प्रश्न किये और अन्तमें इन्हें उपदेश दिया कि तुम भी अपने भाइयोंकी रीति ग्रहण करो, उन्हींका अनुसरण करो। इन्होंने भी वैसा ही किया और घर लौटकर न गये। दक्षने जब यह समाचार पाया तो नारदपर बहुत कुपित हुए और उनसे बोले कि 'तू कपट-वेष धारण किये है, असाधु है, तूने मेरे धर्मनिष्ठ पुत्रोंको भिक्षुकोंके मार्गपर भेज दिया……। प्रथम बार मेरे साथ असह्य दुष्टता की सो मैंने ब्रह्माजीके कहनेसे सह ली। अब फिर तूने हमारे साथ वही अप्रिय व्यवहार किया, हमारा संतानोच्छेदरूपी अमंगल जो तुमने किया है इसको मैं क्षमा नहीं कर सकता' ऐसा कहकर नारदजीको शाप दिया कि 'तुम एक ठौर स्थिर न रहोगे, तीनों लोकोंमें घूमते-फिरते रहोगे, कहीं तुम्हारा पैर न ठहरेगा।' यथा—**'तस्माल्लोकेषु ते मूढ न भवेद् भ्रमतः पदम्॥'** (भा० ६। ५। ४३) इसके पश्चात् दक्षने ६० कन्याएँ अपनी पत्नी असिक्नीसे उत्पन्न करके उन्हें ऋषियोंको ब्याह दीं और इनके द्वारा सृष्टि रचने लगे।

नोट—५ 'चित्रकेतुकी कथा'—शूरसेन देशमें चित्रकेतु सार्वभौम राजा था। इसके एक करोड़ रानियाँ थीं—(बैजनाथजी और महाराज हरिहरप्रसादजी १६००० लिखते हैं।) परंतु न तो कोई पुत्र ही था और न कन्या ही। एक दिन श्रीअङ्गिरा ऋषिजी विचरते हुए राजाके यहाँ आ पहुँचे। राजाने प्रत्युत्थान, पाद्य, अर्घ्यद्वारा पूजनकर उनका आतिथ्य-सत्कार किया। राजासे कुशल-प्रश्न करते हुए ऋषिजीने कहा—'राजन्! तुम्हारा आत्मा कुछ असंतुष्ट-सा देख पड़ता है। किसी इष्ट पदार्थकी अप्राप्तिसे दुःखित हो? तुम चिन्तित-से जान पड़ते हो, क्या कारण है?' राजाने अपना दुखड़ा सुनाया कि 'बिना एक पुत्रके मैं पूर्वजोंसहित नरकमें पड़ रहा हूँ, कृपा करके वह उपाय कीजिये जिससे पुत्र पाकर दुष्पार नरकसे उत्तीर्ण हो सकूँ।' मुनिने त्वाष्ट्र चरु तैयार कर उससे त्वष्टा देवताका पूजन कराया और राजाकी ज्येष्ठ और श्रेष्ठ

पटरानी कृतद्युतिको उस यज्ञका अवशिष्ट अन्न देकर कहा 'इसे खा लो'। फिर राजासे कहा कि इससे एक पुत्र होगा, परंतु उससे तुमको हर्ष और शोक दोनों होंगे। ऋषि यह कहकर चले गये। पुत्र उत्पन्न होनेपर राजाने बहुत दान दिये। पुत्रवती होनेके कारण राजाकी प्रीति इस-रानीसे बढ़ती गयी जिससे और रानियोंके हृदयमें डाह होने लगा। वे सोचतीं कि हम दासियोंसे भी गयीं गुजरीं, हमसे अधिक मंदभागिनी कौन होगी। वे सवतका सौभाग्य न देख-सह सकती थीं। एक बार पुत्र सो रहा था, माता किसी कार्यमें लगी थी। सवतोंने अवसर पाकर बच्चेके ओठोंपर विषका फाया फेर दिया, जिससे उसके नेत्रोंकी पुतलियाँ ऊपर चढ़ गयीं और वह मर गया। इसकी माँको सवतोंके द्वेषका पता भी न था। बहुत देर होनेपर माताने धायसे राजकुमारको जगा लानेको आज्ञा दी, धायने जाकर देखा तो चीख मारकर मूर्छित हो गिर पड़ी। रानी यह देख दौड़ी, कोलाहल मच गया। रानी-राजा दोनोंका शोक उत्तरोत्तर बढ़ता ही गया, महाशोकसे विलाप-प्रलाप करते हुए वे मोहके कारण मूर्छित हो गये।

ठीक इसी अवसरपर श्रीअङ्गिराऋषि और नारदजी वहाँ आ पहुँचे। महर्षि अङ्गिरा और नारदजी राजाको यों समझाने लगे कि—हे राजाओंमें श्रेष्ठ! सोचो तो कि जिसके लिये तुम शोकातुर हो वह तुम्हारा कौन है और पूर्वजन्ममें तुम इसके कौन थे और आगे इसके कौन होगे? जैसे जलके प्रवाहके वेगसे बालू (रेत) बह-बहकर दूर-दूर पहुँचकर कहाँ-से-कहाँ जा इकट्ठा हो जाती है, इसी प्रकार कालके प्रबल चक्रद्वारा देहधारियोंका वियोग और संयोग हुआ करता है। जैसे बीजमें कभी बीजान्तर होता है और कभी नहीं, वैसे ही मायासे पुत्रादि प्राणी पिता आदि प्राणियोंसे कभी संयोगको प्राप्त होते हैं और कभी वियोगको। अतएव पिता-पुत्र कल्पनामात्र हैं। वृथा शोक क्यों करते हो? हम, तुम और जगन्मात्रके प्राणी जैसे जन्मके पूर्व न थे और मृत्युके पश्चात् न रहेंगे, वैसे ही इस समय भी नहीं हैं" [भा० ६। १५। १०८]। राजाको ज्ञान हुआ, इस प्रकार कुछ सान्त्वना मिलनेपर राजाने हाथसे आँसू पोंछकर ऋषियोंसे कहा—'आप दोनों अवधूत-वेश बनाये हुए कौन हैं? आप ज्ञानियोंमें श्रेष्ठ हैं जो हम-सरीखे पागलोंको उपदेश देनेके लिये जगत्में विचरते रहते हैं। आप दोनों मेरी रक्षा करें। मैं घोर अन्धकारकूपमें डूबा पड़ा हूँ। मुझे ज्ञान-दीपकका प्रकाश दीजिये।' अङ्गिरा ऋषिने दोनोंका परिचय दिया और कहा कि—'तुम भगवान्के भक्त और ब्रह्मण्य हो, तुमको इस प्रकार शोकमें मग्न होना उचित नहीं। तुमपर अनुग्रह करनेहीको हम दोनों आये हैं। पूर्व जब मैं आया था तब तुमको अन्य विषयोंमें मग्न देख ज्ञानका उपदेश न दे पुत्र ही दिया, अब तुमने पुत्र पाकर स्वयं अनुभव कर लिया कि गृहस्थको कैसा संताप होता है। स्त्री, घर, धन और सभी ऐश्वर्य सम्पत्तियाँ यों ही शोक, भय, सन्तापको देनेवाली नश्वर और मिथ्या हैं। ये सब पदार्थ मनके विकारमात्र हैं, क्षणमें प्रकट और क्षणमें लुप्त होते हैं। इनमें सत्यताका विश्वास त्यागकर शान्ति धारण करो।' देवर्षि नारदजीने राजाको मन्त्रोपनिषद्-उपदेश किया और कहा कि इसके सात दिन धारण करनेसे संकर्षण-भगवान्के दर्शन होंगे। फिर सबके देखते नारद मुनि मरे हुए राजकुमारके जीवात्मासे बोले—'हे जीवात्मा! अपने पिता, माता, सुहृद्, बान्धवोंको देख। वे कैसे संतप्त हैं। अपने शरीरमें प्रवेशकर इनका संताप दूर कर। पिताके दिये हुए भोगोंको भोगो और राज्यसिंहासनपर बैठो।' लड़का जी उठा और बोला कि—'मैं अपने कर्मानुसार अनेक योनियोंमें भ्रमता रहा हूँ। किस जन्ममें ये मेरे पिता-माता हुए थे? क्रमशः सभी आपसमें एक-दूसरेके भाई, पिता, माता, शत्रु, मित्र, नाशक, रक्षक इत्यादि होते रहते हैं। ये लोग हमें पुत्र मानकर शोक करनेके बदले शत्रु समझकर प्रसन्न क्यों नहीं होते? जैसे सोना, चाँदी आदिके व्यापारियोंके पास सोना-चाँदी आदि वस्तुएँ आती-जाती रहती हैं, वैसे ही जीव भी अनेक योनियोंमें भ्रमता रहता है। जितने दिन जिसके साथ जिसका सम्बन्ध रहता है उतने दिन उसपर उसकी ममता रहती है। आत्मा नित्य, अव्यय, सूक्ष्म, स्वयं प्रकाशित है। कोई उसका मित्र वा शत्रु नहीं।' (भा० स्क० ६ अ० १४, १५। अ० १६। श्लोक १—११)। वह जीव फिर बोला कि मैं पाञ्चाल देशका राजा था, विरक्त होनेपर मैं एक ग्राममें गया। इस मेरी माताने भोजन बनानेके लिये मुझे कण्डा दिया, जिसमें अनेकों चीटियाँ

थीं (कोई-कोई कहते हैं कि फल दिया था; जिसमें चीटियाँ थीं)। संशोधन किये बिना मैंने आग लगा दी। वे सब चीटियाँ मर गयीं। मैंने शालग्रामदेवका भोग लगाकर प्रसाद पाया। वही चीटियाँ मेरी सौतेली माताएँ हुईं। प्रभुको अर्पण होनेसे एक ही जन्ममें सबने मुझसे बदला ले लिया, नहीं तो अनेक जन्म लेने पड़ते—*'प्रभु राखेउ श्रुति नीति अरु मैं नहिं पावा क्लेस।'* अब इस देहसे मेरा सम्बन्ध नहीं। *'यह सब माया कर परिवारा।'* इतना कह जीव शरीरसे निकल गया। राजाको ज्ञान प्राप्त हुआ। उसने राज्य छोड़ दिया। नारदमुनिने सङ्कर्षणभगवान्का मन्त्र दिया, स्तुतिमयी विद्या बतायी। सात दिन जप करनेपर शेषभगवान्का दर्शन हुआ। आपको एक विमान मिला, जिसपर चढ़कर आप आकाशमार्गपर घूमते थे। पार्वतीजीके शापसे वृत्रासुर हुए। भा० स्क० ६ अ० ९—१२ में वृत्रासुर और इन्द्रकी वार्ता आदि देखने योग्य है। (भक्तिसुधास्वाद भक्तमाल तिलक तृतीय आवृत्ति पृष्ठ १२५-१२६)

नोट-६ 'कनककशिपुकी कथा'—प्रह्लादजीकी माताको उपदेश दिया जिससे पिता-पुत्रमें विरोध हुआ। पिता मारा गया। विशेष दोहा २६ (४) में देखिये।

दैत्य बालकोंके पूछनेपर प्रह्लादजीने स्वयं यह वृत्तान्त यों कहा है। (भा० ७ अ० ७में यह वृत्तान्त दिया है)—हिरण्याक्षके मारे जानेपर जब मेरे पिता हिरण्यकशिपु मन्दराचलपर तप करनेके लिये गये तब अवसर पाकर देवताओंने दैत्योंपर चढ़ायी की। दैत्य समाचार पा जान बचाकर भागे, स्त्री-पुत्रादि सबको छोड़ गये। मेरे पिताका घर नष्ट कर डाला गया और मेरी माताको पकड़कर इन्द्र स्वर्गको चले। मार्गमें नारदमुनि विचरते हुए मिल गये और बोले कि 'इस निरपराधिनी स्त्रीको पकड़ ले जाना योग्य नहीं, इसे छोड़ दो।' इन्द्रने कहा कि इसके गर्भमें दैत्यराजका वीर्य है। पुत्र होनेपर उसे मारकर इसे छोड़ दूँगा। तब नारदजी बोले कि यह गर्भ स्थित बालक परम भागवत है। तुम इसको नहीं मार सकते। इन्द्रने नारदवचनपर विश्वास करके मेरी माँकी परिक्रमा करके उसे छोड़ दिया। नारदजी उसे अपने आश्रममें ले गये। वह गर्भके मङ्गलकी कामनासे नारदमुनिकी भक्तिपूर्वक सेवा करती रही। दयालु ऋषिने मेरे उद्देश्यसे मेरी माताको धर्मके तत्त्व और विज्ञानका उपदेश किया। ऋषि-अनुग्रहसे वह उपदेश मैं अबतक नहीं भूला।

नारद सिख जे सुनहिं नर नारी। अवसि होहिं तजि भवनु भिखारी॥ ३॥
मन कपटी तन सज्जन चीन्हा। आपु सरिस सबही चह कीन्हा॥ ४॥

अर्थ—पुरुष (हो या) स्त्री जो भी नारदकी सीख (सिखावन, उपदेश, शिक्षा) सुनते हैं वे घर-बार छोड़कर अवश्य भिक्षुक हो जाते हैं॥ ३॥ (उनका) मन (तो) कपटी है और शरीरपर सज्जनोंके चिह्न हैं। वे सबको अपना-सा (अपने समान) बनाना चाहते हैं॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) यहाँतक तीन उदाहरण दिये। दक्ष, चित्रकेतु और हिरण्यकशिपुके। तीन उदाहरण देनेका भाव कि तीन बहुवचन है। तीन उदाहरण देकर जनाया कि ये तो लोक पीछे एक-एक उदाहरण हमने दिया। (दक्षसुत स्वर्गके, चित्रकेतु मर्त्यलोकके और हिरण्यकशिपु पातालके। पर हिरण्यकशिपुकी राजधानी मुलतान कही जाती है जो भारतवर्षमें है। इससे यह आशय समझ पड़ता है कि लोक तीन हैं; इसलिये तीन उदाहरण दिये गये।) इनके अतिरिक्त बहुतेरोंको उपदेश दे-देकर घर उजाड़ डाला। (ख) ये तीनों उदाहरण पुरुषोंको बहकानेके हुए। इसीसे फिर कहते हैं कि *'नारद सिख जे सुनहिं नर नारी'।* अर्थात् स्त्रियोंको भी बहकाते हैं जिनमेंसे एक तुम भी हो जिन्हें उपदेश दिया। इस प्रकार जनाया कि तीनों लोकोंके निवासियोंको चौपट करते हैं। पुनः, [*'नर नारी'* कहनेका भाव कि पहले जिनको उपदेश दिया उनमें दो दक्षसुत और चित्रकेतु तो पुरुष थे और हिरण्यकशिपुकी स्त्रीको उपदेश देकर हिरण्यकशिपुको चौपट किया। वैरागी पुत्र उत्पन्न हुआ जो अपनी माँके वैधव्यका कारण हुआ। यह उदाहरण स्त्रीको सीख देनेका है। अतः *'नर नारी'* कहा।]

नोट—१ (क) *'जे सुनहिं'* इति। भाव कि ऐसा कोई भी उदाहरण नहीं है जिसमें उनका उपदेश सुननेसे घर न बिगड़ा हो। तुमने भी सुना; इसीसे घर छोड़ वनमें पड़ी हो, राजभोग-ऐश्वर्य छोड़

भिखारिनी तपस्विनी बनी हो। पुनः भाव कि उपदेश श्रवणमात्रका यह फल होता है और तुमने तो इतना कर भी डाला। (ख)—*'अवसि'*=अवश्य ही। अर्थात् इसमें संदेह नहीं है *'भिखारी होहिं'* का साधारण अर्थ यही है कि द्वार-द्वार उन्हें भीख माँगनी पड़ती है, दुःख उठाना पड़ता है। देख न लो, तुम्हारा घर छुड़ाया, तपके बहाने वनमें भेजवाया और तप भी किस लिये ?—'भिखारीसे विवाह करानेके लिये।' तब तुम्हारे भिखारिनी होनेमें क्या संदेह रह गया? मिलान कीजिये—**'असाध्वकार्यर्भकाणां भिक्षोर्मार्गः प्रदर्शितः।'** (भा० ६। ५। ३६) (दक्षने नारदजीसे कहा है कि तुमने स्वधर्मपरायण मेरे पुत्रोंको भिक्षुओंके मार्गका उपदेश दिया)। स्तुतिपक्षमें *'भिखारी'* से संसारसे विरक्त हो जाना कहा।

नोट—२ *'मन कपटी तन सज्जन चीन्हा।'* इति। *'कपटी'* अर्थात् मनमें कुछ है और बाहर दिखानेको कुछ और ही है। *'कपटी'* कहकर दूसरे चरणमें कपटका कारण कहते हैं कि *'आपु सरिस सबही चह कीन्हा।'* अर्थात् चाहते हैं कि जैसे हम घरबाररहित हैं, वैसे ही किसीके भी घरबार न रह जाय। बसा-बसाया घर देख उसे उजाड़नेकी टोहमें लगे रहते हैं। सृष्टिकी बढ़ती नहीं देख सकते। *'उजरे हरष बिषाद बसेरे'* मेनाजीने भी यही कहा है; यथा *'नारद कर मैं काह बिगारा। भवनु मोर जिन्ह बसत उजारा॥.........पर घर घालक लाज न भीरा।'* (९७। १—४) *'तन सज्जन चीन्हा'* अर्थात् ऊपरसे तिलक, कंठी, माला, वीणा, हरिगुणगान आदि सज्जनोंके-से चिह्न बनाये रहते हैं। सज्जन बिछुड़े हुओंको मिलाते हैं और ये मिले हुओंको छुड़ाते हैं। (बै०) *'आपु सरिस'* अर्थात् बिना स्त्री और घरका। यथा *'साँचेहु उन्ह के मोह न माया। उदासीन धनु धामु न जाया।'* (९७। ३)

नोट—३ जोड़के श्लोक—**'मुनिना निजविद्या यच्छ्राविता कर्णरोचना। सा स्वगेहं विहायाशु भिक्षां चरति प्रायशः॥ नारदो मलिनात्मा हि सर्वदोज्ज्वलदेहवान्। जानीमस्तं विशेषेण वयं तत्सहवासिनः॥** (शि० पु० २।३।२५।४१-४२) अर्थात् जिस-जिसने उनका कर्णरोचक उपदेश सुना वह-वह घर छोड़ भिक्षावृत्तिपरायण हो गया। वे देखनेमें बगला-सरीखे उज्ज्वल देहवाले हैं, पर उनका मन मलिन है। हम सहवासी हैं, इससे सब जानते हैं।

नोट—४ सप्तर्षि अपने वचनोंसे सुझाते हैं कि नारदजी मन, वचन और तन तीनोंसे पराया घर बिगाड़नेमें लगे रहते हैं। *'मन कपटी'* से मन *'सिख'* से वचन और *'तन सज्जन चीन्हा'* से तन वा कर्म—इस तरह तीनोंसे धोखा देकर बहकाकर बिगाड़ना कहा। पुनः भाव कि उनके वचनोंमें तो वैराग्य भरा रहता है, मनमें कपट रहता है और तनमें सज्जन-चिह्न अर्थात् ऋषि-वेष बनाये रहते हैं—यह अवगुणी दुरात्माओंके लक्षण हैं; यथा—*'बरन धरमु गयो, आश्रम निवास तज्यो, त्रासन चकित सो परावनो परो सो है। करम उपासना कुबासना बिनास्यो, ज्ञान बचन, बिराग बेष जगत हरो सो है॥......'* (क० उ० ८४) पुनश्च यथा—**'वचस्यन्यन्मनस्यन्यत्कार्यमन्यद्दुरात्मनाम्।'** अर्थात् दुरात्माओंके मनमें कुछ, वचन कुछ और कार्य कुछ और होता है। दक्षने भी कहा है कि तुम ऊपरसे साधुवेष धारण किये भीतरसे दूसरेका बुरा चेतते हो, यथा **'अहो असाधो साधूनां साधुलिङ्गेन नस्त्वया।'** (भा० ६। ५। ३६) (पं० रा० कु०)। (ग) स्तुति-पक्षके भाव कि संसारकी ओरसे मन हटाकर भगवद्भक्त बना देते हैं।

तेहि के बचन मानि बिस्वासा। तुम्ह चाहहु पति सहज उदासा॥ ५॥
निर्गुन निलज कुबेष कपाली। अकुल अगेह दिगंबरु ब्याली॥ ६॥

अर्थ—(सो) उसके वचनोंपर विश्वास मानकर तुम (ऐसेको) पति बनाना चाहती हो जो जन्मसे ही स्वाभाविक ही उदासीन है॥ ५॥ गुणहीन, निर्लज्ज, बुरे वेषवाला, प्रेतों और मनुष्योंकी खोपड़ियोंकी माला पहननेवाला (मुण्डमालधारी), कुलहीन, घरबार रहित, नंगा और सर्पोंको सारे शरीरमें लपेटे रहनेवाला है॥ ६॥

नोट—१ *'तेहि के बचन......'* इति। (क) भाव कि कपटी, अवगुणी, मोहमाया, दयारहित मनुष्य विश्वास करने योग्य नहीं होता, तुमने ऐसे मनुष्यका विश्वास कैसे कर लिया? यहाँतक

उपदेष्टाकी निन्दा की। आगे वरकी निन्दा करते हैं। (ख) पार्वतीजीने पहले नारदवचनको सत्य मानना कहा था तब शिवजीको पतिरूपमें वरण करनेकी बात कही थी; यथा *'नारद कहा सत्य सोइ जाना। बिनु पंखन्ह""। चाहिअ सदा सिवहि भरतारा॥'* अतः उसी क्रमसे ऋषियोंने प्रथम उपदेष्टाकी निन्दा की, (यदि पार्वतीजी इसे सुनकर नारदवचनको असत्य मान लेतीं तब तो आगे कहनेकी आवश्यकता ही न रह जाती), तब वरकी।

नोट—२ *'तुम्ह चाहहु पति""ब्याली'* इति। नारदजीने जो वरके लक्षण बताये थे, उनसे मिलान कीजिये—

नारद	सप्तर्षि	नारद	सप्तर्षि	नारद	सप्तर्षि
१ अगुन २ अमान ३ मातुपितुहीना	निर्गुण निलज्ज अकुल	४ उदासीन ५ संशयक्षीण ६ जोगी ७ अकाम मन }	सहज उदास अगेह सहज उदास	८ नग्न ९ अमंगल वेष जटिल }	दिगम्बर ब्याली कुवेष, कपाली

पार्वतीमंगलमें गोस्वामीजीने इसीको वरवै छन्दमें यों लिखा है—*'कहहु का सुनि रीझेहु बर अकुलीनहिं। अगुन अमान अजात मातु-पितु-हीनहिं॥'*—जिसके अनुसार 'अकुल' का अर्थ 'अकुलीन' या 'अजाति' होना पाया जाता है। *'सहज उदासा'* और *'अगेह'* कहकर जनाया कि उनको किसीका घर नहीं भाता, कहीं नदी-तटपर श्मशानमें पड़े रहते हैं जैसी उदासियोंकी रीति है; यथा *'कहुँ कहुँ सरिता तीर उदासी। बसहिं ज्ञानरत मुनि संन्यासी।'* (७।२९) क्योंकि वहाँ सदा मृतक शरीरोंको देखते रहनेसे आत्मबुद्धिका विस्मरण नहीं होने पाता। 'निर्गुण'से जनाया कि वर होने योग्य उनमें एक भी गुण नहीं है। भाँग, धतूरा आदि खाते हैं। तुम उत्तम शीलादि गुणोंसे युक्त हो तब निर्गुणी तुम्हारे योग्य कैसे हो सकता है? 'निलज' (निर्लज्ज) हैं अर्थात् भूत, प्रेत, पिशाच, पिशाचिनियोंके साथ नंगे नाचते हैं, पिशाचियोंको घूरते हैं; ऐसेके साथ तुम भी लज्जित होगी। *'कुवेष'* से चिताकी अपवित्र भस्म लगाये, पञ्चमुख, तीन नेत्र, जटाधारी, गज-व्याघ्रचर्मधारी (व्याघ्रचर्म पहने और गजचर्म ओढ़े) इत्यादि सब कहे। *'कपाली'* हैं अर्थात् मनुष्यों, प्रेतों और सतीके मरनेपर सतीके भी मुण्डोंकी माला धारण करते हैं। प्रेतोंकी मुण्डमाला धारण करनेका प्रमाण; यथा—'**प्रेतस्त्रङ्न्रस्थिभूषणः**।'(भा० ४। २। १५) *'अकुल'* हैं अर्थात् उनके माँ-बापका ठिकाना नहीं, वे अकुलीन हैं तब कुलीन पुरुषोंके साथ वे बैठ नहीं सकते। अथवा, कुल नहीं है, तुम्हारे सास, श्वशुर, ननद, भौजाई इत्यादि कोई भी नहीं है, ऐसा घर किस कामका है? *'अगेह'* हैं, घर नहीं है; अर्थात् वहाँ तुम्हारे रहनेका कहीं ठिकाना नहीं, तब फिर रहोगी कहाँ? *'दिगम्बर'* हैं, उनके पास कपड़ा भी नहीं, तब तुम्हें ओढ़ने-पहननेको कहाँसे मिलेगा? *'ब्याली'* हैं? अर्थात् सर्पोंको सब अङ्गोंमें लपेटे रहते हैं, नागराज वासुकिको यज्ञोपवीतरूपमें धारण किये रहते हैं और इसी रूपमें वे पृथ्वीपर भ्रमण करते रहते हैं। सबका आशय यह हुआ कि विवाह घर, वर और कुल देखकर किया जाता है, सो ये तीनों ही बातें प्रतिकूल हैं। न घर अच्छा, न कुल और न वर ही अच्छा। विशेष दोहा ७९ (७) में देखिये।

नोट—३ श्रद्धेय शिवजीके विषयमें मुनियोंका अयथार्थ घृणा प्रदर्शित करना 'बीभत्स रसाभास' है (वीरकवि)। ☞ स्तुतिपक्षमें ये सब विशेषण गुण हैं। यहाँतक देवर्षि नारद तथा योगीश्वर शिवजीके विषयमें जो बातें कही गयी हैं, उनके स्तुतिपक्षके भाव यहाँ एकत्र दिये जाते हैं—

वचन	निन्दा-पक्षमें भाव	स्तुति-पक्षमें भाव
'गिरि संभव तव देह	गिरि जड़ है, तुम उसकी पुत्री हो; इससे तुम्हारी बुद्धि भी जड़ हुआ ही चाहे, कि तुम नारदके वचनपर हठ कर बैठी हो।	गिरि परोपकारी वैसे ही तुम भी हो, वह गम्भीर वैसे ही तुम भी हो। परम पवित्र हो (पं०)
बसेउ किसु गेह	किसका घर बसा? सबको उन्होंने उजाड़ दिया, घरका नाश कराया। कामारिको पति पाकर क्या तुम्हारा घर बसेगा? शैलराजका घर भी उजड़ेगा।	यह देह ही घर है, यथा *'जिव जब ते हरि ते बिलगानेउ। तब तें देह गेह निज जानेउ।'* नारदजीके उपदेशसे फिर यह देहरूपी घर रह ही नहीं जाता, देहाभिमान छूट जाता है और जीव मुक्त हो जाता है। (पं०)
तिन्ह फिरि भवन न देखा	घर लौटकर न आये। दक्षका घर उजड़ गया।	उन्होंने फिर संसारमें भ्रमण न किया, पुनः जन्म न लिया।
चित्रकेतु कर घर घाला	वंश ही न रह गया।	(जन्मान्तर-वृत्रासुररूपमें) चित्रकेतु भी भगवान्‌को प्राप्त हो गये। नारदने उनका अज्ञान और देहाभिमान मिटा दिया।
कनककसिपु कर अस हाला	उसको मरवा ही डाला। बाप-बेटेमें विरोध करा दिया।	हिरण्यकशिपु नृसिंहजीके दर्शनसे कृतार्थ हुए भगवत्प्राप्त हुए।
अवसि होहिं······ भिखारी	रोटीके लाले पड़ जाते हैं। टुकड़े माँगते-फिरते हैं।	घर छोड़ विरक्त संन्यासी हो जाते हैं, मिथ्या सम्पदा त्यागकर शमदमादिकसे सम्पन्न हो जाते हैं। संसारसे मनको कपट लेते हैं, दूसरेको भी सज्जन बना लेते हैं।

☞शिवपुराणके जोड़के श्लोक—**'लब्ध्वा तदुपदेशं हि त्वमपि प्राज्ञसम्मता। वृथैव मूर्खीभूता त्वं तपश्चरसि दुष्करम्॥ यदर्थमीदृशं बाले करोषि विपुलं तपः। सदोदासी निर्विकारो मदनारिर्न संशयः॥ अमंगलवपुर्धारी निर्लज्जोऽसदनोऽकुली। कुवेषी भूतप्रेतादिसंगी नग्नो हि शूलभृत्॥'** (२। ३। २५। ४४—४६) अर्थात् तुम विदुषी होकर भी उनका उपदेश पाकर मूर्खा होकर व्यर्थ ही कठिन तप कर रही हो। जिसके लिये तुम कठिन तप कर रही हो वह कामारि सदा उदासी, निर्विकार, अमङ्गलवपुधारी, निर्लज्ज, अगेह, अकुली, कुवेषवाला, भूतप्रेतोंका साथ करनेवाला, नग्न और त्रिशूलधारी है। ☞सदा उदासी, निर्लज्ज, कुवेषी, अकुली, अगेह और नग्न तो स्पष्ट ही मानसमें हैं। मानसके निर्गुण, कपाली और व्यालीके बदले शिवपुराणमें निर्विकार, अमङ्गलवपुधारी, भूतप्रेतादिसङ्गी और शूलभृत् हैं।

नोट—४ शिवजीके विशेषणोंके साधारण ऊपरी भाव कुछ ऊपर नोटमें दिये गये और कुछ अगली चौपाई *'कहहु कवन सुख अस बर पाए'* में दिये जायँगे। स्तुतिपक्षके भाव कुछ पूर्व *'जोगी जटिल अकाम मन······।'* (६७) में दिये गये हैं और कुछ यहाँ पुनः दिये जाते हैं।—*'सहज उदासी'* अर्थात् कोई शत्रु-मित्र नहीं, विषय-वासना छू भी नहीं गयी, अतः परमभक्त हैं। *'कुवेष'* अर्थात् पृथ्वीपर ऐसा वेष किसीका नहीं है। कु=पृथ्वी। 'ब्याली' अर्थात् शेषजीको सदा भूषणसरीखा धारण किये रहते हैं, यथा *'भुजगराज भूषण', 'लसद् भाल बालेंदु कंठे भुजंगा'*— ऐसे सामर्थ्यवान् और भगवान्‌के कीर्तनरसिकके सङ्गी। *'कपाली'* अर्थात् जिनकी समाधि कपाल अर्थात् दशमद्वारमें रहती है। निर्गुण=गुणातीत। अकुल अर्थात् अजन्मा हैं। *'दिगम्बर'* और *'अगेह'* से परम विरक्त संत जनाया। *'निलज'* से अमान अभिमानरहित जनाया, यह भी संतलक्षण है।—इस प्रकार यहाँ व्याजस्तुति अलंकार है।

कहहु कवन सुखु अस बरु पाएँ। भल भूलिहु ठग कें बौराएँ॥ ७॥
पंच कहें सिव सती बिबाही। पुनि अवडेरि मरायेन्हि ताही॥ ८॥

शब्दार्थ—भूलना=गलती करना, धोखेमें पड़ जाना; लुभा जाना, चुकना। पंच=पाँच या अधिक लोगोंका समुदाय, जो कोई झगड़ा निबटानेके लिये एकत्र हों।=जनता=लोग। =लोग। **अवडेर** (अव+रार वा राड़)='झमेला, झंझट, बखेड़ा' (श० सा०)। अवडेरना न बसने देना; न रहने देना; यथा *'भोरानाथ भोरे हो सरोष होत थोरे दोष पोषि तोषि थापि अपनो न अवडेरिये।'* (बाहुक)=चक्करमें डालना, फेरमें डालना, फँसाना। (श० सा०) **अवडेरा**=घुमाव-फिराववाला, चक्करदार, बेढब। कुढब। (श० सा०) पुन:, 'अवडेरि'=त्याग-कर। (पाँ०) सुना जाता है कि पहलवानोंमें इस शब्दका प्रयोग पाया जाता है। कोई दाँव या पेंच करके जोड़ीको फाँसा जाता है जिसे अवडेरा कहते हैं। मराएन्हि=मरवा डाला।

अर्थ—भला, कहो तो सही, ऐसा वर पाकर तुमको कौन-सा सुख होगा? तुम उस ठग-(नारद-)के पगलाने-बहकानेमें खूब ही भूलीं (भटक गयीं)॥ ७॥ लोगोंके कहनेसे (पहले तो) शिवजीने सतीजीसे विवाह किया, फिर फेरेमें डालकर या त्यागकर उनको मरवा डाला॥ ८॥

नोट—१ *'कहहु कवन सुखु अस बरु पाएँ'* इति। भाव कि 'संसारमें दो प्रकारका सुख देखा जाता है—एक तो वह है जिसका सम्बन्ध शरीरसे होता है और दूसरा वह जो मनको शान्ति एवं आनन्द प्रदान करनेवाला होता है। यदि तुम अपने शरीरके लिये नित्य सुखकी इच्छा करती हो तो तुम्हें ब्याली, कपाली, दिगम्बर, निलज, घृणित वेषमें रहनेवाले, भूतप्रेतोंके सङ्गी महादेवसे वह सुख कैसे मिल सकता है? वे ब्याली हैं, फुफकारते हुए भयंकर भुजङ्गोंको आभूषणरूपमें धारण करते हैं, अगेह हैं इसीसे श्मशानभूमिमें रहते हैं और रौद्ररूपधारी प्रमथगण सदा उनके साथ लगे रहते हैं। जिस वरको तुम चाहती हो उसके पानेहीमें बहुत क्लेश है और यदि कदाचित् प्राप्त भी हो जाय तो वह निष्फल वृक्षके समान है—उससे तुम्हें सुख नहीं मिल सकता। दूसरे किसी देवताके पानेसे तुम्हें मानसिक सुखकी प्राप्ति हो सकती है, इस वरसे कदापि नहीं।'

नोट—☞२ मिलान कीजिये पार्वतीमङ्गलके बटुरूपधारी शिवजीके वाक्योंसे—

'कहहु काह सुनि रीझिहु बरु अकुलीनहिं। अगुन अमान अजाति मातु-पितु-हीनहिं।
भीख माँगि भव खाहिं चिता नित सोवहिं। नाचहिं नगन पिसाच पिसाचिनि जोवहिं॥ ३१॥
भाँग धतूर अहार छार लपटावहिं।'.............
सुमुखि सुलोचनि! हर मुखपंच तिलोचन। बामदेव फुर नाम काम-मद-मोचन॥ ३२॥
एकउ हरहि न बर गुन कोटिक दूषनु। नर कपाल गज, खाल ब्याल बिष भूषनु।
कहँ राउर गुन सील सरूप सुहावन। कहाँ अमंगल बेषु बिसेषु भयावन॥ ३३॥
जो सोचहि ससिकलहि सो सोचहि रौरेहि। कहा मोर मन धरि न बरिय बर बौरहि।
हिय हेरि हठ तजहु हठै दुख पैहहु। ब्याह समय सिख मोरि समुझि पछितैहहु॥ ३४॥

उपर्युक्त सारा उद्धरण *'कहहु कवन सुखु अस बरु पाएँ'* का भाव ही है।

टिप्पणी—१ (क) *'कहहु कवन सुखु अस बरु पाएँ'* अर्थात् तुम्हीं कहो, ऐसा वर मिलनेसे क्या सुख मिलेगा, कुछ भी तो नहीं। भाव कि सहज ही उदासीन होनेसे तुमको पतिका सुख नहीं; निर्गुण-निर्लज्ज होनेसे जाति-पाँतिमें प्रतिष्ठा-मानका सुख नहीं; कुवेष-कपाली होनेसे सङ्गका सुख भी नहीं; अकुल-अगेह होनेसे कुल और घरका सुख नहीं, दिगम्बर होनेसे खान-पान, ओढ़ने-पहननेका भी सुख नहीं और ब्याली होनेसे डर ही लगा रहेगा। भाव कि विवाह घर, वर और कुल देखकर किया जाता है सो ऐसे वरसे कोई सुख नहीं होनेका, न घरका, न पतिका, न कुलका, न खान-पानका, न ओढ़ने-पहिननेका। (ख) *'भल भूलिहु ठग कें बौराए'* इति। [ठगलोग बहुधा नशेके मादकमिश्रित पदार्थ लोगोंको

खिलाकर बावला बनाकर यात्रियोंको ठग लिया करते हैं। वैसे ही नारदने *'संभु सहज समरथ भगवाना। एहि बिबाह सब बिधि कल्याना॥'* इत्यादि वचनरूपी विषमिश्रित मोदक देकर तुमको ठग लिया। हजारों वर्ष तनको तपस्यासे कष्ट दिया, इसीसे *'भल भूलिहु'* कहा। पुनः भाव कि उनके चक्करमें पड़ना न था पर तुम पड़ गयीं।

नोट—३ मिलानके श्लोक—**'स धूर्तस्तव विज्ञानं विनाश्य निजमायया। मोहयामास सद्युक्त्या कारयामास वै तपः॥ ईदृशं हि वरं लब्ध्वा किं सुखं सम्भविष्यति। विचारं कुरु देवेशि त्वमेव गिरिजात्मजे॥ प्रथमं दक्षजां साध्वीं विवाह्य सुधिया सतीम्। निर्वाहं कृतवान्नैव मूढः किंचिद्दिनानि हि॥ तां तथैव स वै दोषं दत्त्वात्याक्षीत्स्वयं प्रभुः।'** (शिवपु० २। ३। २५। ४७। ५०) अर्थात् उस धूर्तने अपनी मायासे तुम्हारा विज्ञान नष्ट कर दिया और मीठी-मीठी बातोंसे तुमको मोहितकर तपमें लगा दिया। भला तुम्हीं विचार करो कि ऐसा वर पानेसे क्या सुख मिलेगा? पहले दक्षकी साध्वी कन्या सतीसे विवाह किया पर मूढ़ने थोड़े दिन भी उसका निर्वाह न किया वरंच उसे दोष लगाकर त्याग दिया।

मानसके *'ठग'* का भाव पूरा श्लोक ४७ है। **'दोषं दत्त्वात्याक्षीत्'** और **'निर्वाहंहि'** का सब भाव *'अवडेरि मराएन्हि'* में है।

नोट—४ (क) *'पंच कहें सिव सती बिबाही।......'* इति। भाव कि यदि कहो कि पूर्व भी तो उनके स्त्री थी, पहले भी तो विवाह किया था, तब तुमने क्यों न रोका था, अब हमको ही क्यों मना करते हो? उसपर कहते हैं कि—*'पंच कहें......'* अर्थात् शिवजी तो परम विरक्त हैं, जन्मस्वभावसे ही उदासीन हैं। वे ब्याह न करते थे। देवताओंने मिलकर जबरदस्ती विवाह करवा दिया था। परंतु उसका परिणाम क्या हुआ? उन्होंने दाँव-पेंच लगाकर उसे मरवा ही डाला। प्रथम तो उसके बापका अपमान करके उसको शत्रु बना दिया, फिर उसे दण्डकारण्यमें ले गये। वहाँसे लौटते समय स्वयं ही उसको श्रीरामजीकी परीक्षा लेने भेजा और परीक्षा लेनेपर उस बेचारीको दोष लगाकर त्याग दिया तथा बापके घर भेजकर उसे मरवा डाला—यही भाव *'पुनि अवडेरि मरायेन्हि ताही'* का है। आशय यह कि उस विवाहसे हम सबोंको अनुभव हो गया। इसीसे तुम्हें मना करते हैं। नहीं तो जैसी दशा सतीकी हुई वैसी ही तुम्हारी भी होगी। पीछे हमारी शिक्षा स्मरण करके पछताओगी। (ख) *'पंच कहें'* इति। पद्मपुराणसृष्टिखण्डमें सतीजीके जन्मके पूर्वकी कथा तथा विवाह-तिथि आदिका प्रसङ्ग पुलस्त्यजीने भीष्मजीसे यों कहा है—पूर्वकालमें भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक तथा महर्लोक आदि सम्पूर्ण लोक दग्ध हुए, तब समस्त प्राणियोंका सौभाग्य एकत्रित होकर वैकुण्ठमें जाकर भगवान्के वक्षःस्थलमें स्थित हो गया। तदनन्तर दीर्घकालके पश्चात् जब पुनः सृष्टिरचनाका समय आया, तब प्रकृति और पुरुषसे युक्त सम्पूर्ण लोकोंके अहङ्कारसे आवृत हो जानेपर श्रीब्रह्माजी तथा भगवान् श्रीविष्णुमें स्पर्धा जागृत हुई। उस समय एक पीले रंगकी भयंकर अग्निज्वाला प्रकट हुई, जिससे भगवान्का वक्षःस्थल तप उठा और वह सौभाग्यपुञ्ज वहाँसे गलित हो गया। भगवान्के वक्षःस्थलका वह सौभाग्य अभी रसरूप होकर धरतीपर गिरने नहीं पाया था कि ब्रह्माजीके पुत्र दक्षने उसे आकाशमें ही रोककर पी लिया। उस सौभाग्यके अंशसे उन्हें नीलकमल-समान मनोहर शरीरवाली सती नामक कन्या उत्पन्न हुई, जो 'ललिता' नामसे भी प्रसिद्ध है। शङ्करजीने तीनों लोकोंकी सौभाग्यरूपा त्रिभुवन-सुन्दरी, भोग और मोक्षकी देनेवाली सतीके साथ चैत्र शुक्ल तृतीयाको विवाह किया। (अध्याय २४) कालिकापुराणमें लिखा है कि ब्रह्माजी और भगवान् विष्णुने सृष्टि-स्थितिके लिये अपनी-अपनी शक्तिको ग्रहण किया, पर शिवजीने शक्तिसे संयोग न किया किंतु योगमें मग्न हो गये। ब्रह्मादि देवता इस बातके पीछे पड़े कि शिवजी भी किसी स्त्रीका पाणिग्रहण करें पर उनके योग्य कोई स्त्री न मिली। ब्रह्माकी आज्ञासे दक्षने विष्णुमायाको कन्यारूपमें प्राप्त करनेके लिये उसकी स्तुति की। वह माया सतीरूपमें उनकी कन्या हुई। जिसने अपने रूप और तपस्याद्वारा शिवजीको मोहित और प्रसन्न किया। इस तरह देवताओंके

बड़े यत्न करनेपर शिवजीने सतीसे ब्याह किया। भागवतमें जो दक्षने कहा है कि मैंने ब्रह्माजीके कहनेसे अपनी भोली-भाली कन्या इसे ब्याह दी; यथा—'**तस्मा उन्मादनाथाय नष्टशौचाय दुर्हृदे। दत्ता बत मया साध्वी चोदिते परमेष्ठिना॥**' (४ २। १७) इससे भी यही ज्ञात होता है कि ब्रह्मादि देवताओंने बलात् शिवजीका ब्याह कराया। अतएव '*पंच कहें सिव सती बिबाही॥*' कहा। ब्रह्मादि देवता ही 'पंच' हैं। स्कन्दपु० मा० के०१ में भी लोमशजीने कहा है कि परमेष्ठी ब्रह्माजीके कहनेसे दक्षने सतीका विवाह शङ्करजीके साथ कर दिया था।

दो०—अब सुख सोवत सोचु नहिं भीख माँगि भव खाहिं।
सहज एकाकिन्ह कें भवन कबहुँ कि नारि खटाहिं॥७९॥

शब्दार्थ—एकाकी=अकेला रहनेवाला। अकेला। यथा '*कुटिल कुबंधु कुअवसरु ताकी। जानि राम बनबास एकाकी॥*'(२।२२८)। खटाना=निर्वाह होना, निभना, टिकना।

अर्थ—अब शिवजी सुखसे (अर्थात् सुखकी नींद) सोते हैं। उनको कोई चिन्ता नहीं रह गयी। भीख माँगकर खा लेते हैं। भला स्वभावसे ही अकेले रहनेवालेके घरमें कभी स्त्रीका निर्वाह हो सकता है? (कदापि नहीं)॥७९॥

टिप्पणी—१ (क) '*अब सुख सोवत सोचु नहिं भीख माँगि भव खाहिं॥*' इति। अर्थात् अब बेफिक्रीकी नींद लेते हैं। तात्पर्य कि जबतक सतीजी जीवित रहीं तबतक उनके कारण सोच रहा; अब उनके मर जानेसे निःशोच, निश्चिन्त हो गये। चिन्तारहित होनेसे 'पैर पसार' कर सोते हैं, यही सुखसे सोना है; यथा '*जागैं भोगी भोगहीं, बियोगी रोगी रोगबस, सोवै सुख तुलसी भरोसे एक राम के।*' (क० ७। १०९) '*प्रसाद राम नामके पसारि पायँ सूतिहौं।*' (क० उ० ६९) पुनः, '*सोचु नहि*' का स्वरूप '*भीख माँगि खाहिं*' में भी बताया। इधर-उधरसे भिक्षा कर लेते हैं, बनी-बनायी जहाँ मिली खा लिया, घरमें चूल्हेकी जरूरत न रह गयी। (ख) '*सहज एकाकिन्ह कें भवन कबहुँ कि नारि खटाहिं*' अर्थात् जो सदा अकेले रहा है, जिसकी आदत अकेले रहनेकी पड़ी हुई है, उसको दूसरेका सङ्ग कब अच्छा लगेगा? कभी नहीं। उसपर भी स्त्रीका साथ? उसका निर्वाह तो असम्भव ही है। पुरुष हो तो चाहे निबह भी जाय। स्त्री तो रोज हाय-हाय मचाया करेगी; [☞पार्वतीमङ्गलके ७९(७-८) में दिये हुए उद्धरणसे मिलान कीजिये। (ग) यहाँ काकुद्वारा वक्रोक्ति अलङ्कार है। 'पूज्यदेव' श्रीमहादेवजी और नारदजीके कर्मोंका उपहास वर्णनक्रिया 'हास्यरसाभास' है'—(वीरकवि) (घ) स्तुतिपक्षमें अर्थ होगा कि जिसकी भिक्षा लेते हैं, उसके 'भव' अर्थात् जन्म-मरण वा संसारको खा लेते हैं, हर लेते हैं, फिर आवागमन नहीं होने देते, मुक्ति दे देते हैं। भिक्षा '*आकपात आखत अति थोरे*' इत्यादि ही है। '*सुख सोवत*' अर्थात् सदा तुरीयावस्थामें रहते हैं, आनन्दस्वरूप हैं।]

नोट—१ ऐसा ही शिवपुराणमें है। यथा '**ध्यायन्स्वरूपमकलमशोकमरमत्सुखी। एकलः परनिर्वाणो ह्यसंगोऽद्वय एव च॥ तेन नार्याः कथं देवि निर्वाहः सम्भविष्यति।**' (२। ३। २५। ५०-५१)। ☞ '*सुख सोवत*' का भाव '**ध्यायन्**' में है। अर्थात् सुखपूर्वक अकल एवं अनुपम रूपका ध्यान करते हुए अशोक हो रमण करते हैं। उत्तरार्द्धमें श्लोक ५१ का भाव है।

नोट—२ पं० श्रीराजबहादुर लमगोड़ाजी ७९ (५-८) इत्यादिके सम्बन्धमें 'हास्यरस' में लिखते हैं कि 'सहज उदासी, निर्गुण, कपाली, दिगम्बर, ब्याली, सोवत सोचु नहिं और सहज एकाकी' इन शब्दोंके हास्य व्यङ्ग्यकी प्रशंसा कठिन है। एक ओर यह हास्यप्रद शिववेष प्रकट करते हैं और दूसरी ओर सदाशिवकी बड़ी ही सुन्दर व्याख्या करते हैं—यह तुलसीदासजीकी काव्यकलाका कमाल है कि हास्यरसको भी महाकाव्यकलामें निबाहा है। मिल्टन (Milton) की कला इसके अभावमें रूखी है। यह दुभाषीपन ही इन शब्दोंका जौहर है।

अजहूँ मानहु कहा हमारा। हम तुम्ह कहुँ बरु नीक बिचारा॥ १॥
अति सुंदर सुचि सुखद सुसीला। गावहिं बेद जासु जसु लीला॥ २॥
दूषनरहित सकल गुनरासी। श्रीपति पुर बैकुंठ निवासी॥ ३॥
अस बरु तुम्हहि मिलाउब आनी। सुनत बिहसि* कह बचन भवानी॥ ४॥

अर्थ—अब भी हमारा कहना मान लो। हमने तुम्हारे लिये अच्छा वर सोचा-विचारा है॥ १॥ (जो) बहुत ही सुन्दर, पवित्र, सुखदायक और सुशील है, जिसका यश और चरित्र वेद गाते हैं॥ २॥ जो दोषोंसे रहित, समस्त गुणोंकी राशि, श्रीपति और वैकुण्ठपुरीका निवासी है॥ ३॥ हम ऐसे वरको लाकर तुमसे मिला देंगे। यह सुनते ही भवानीजी हँसकर यह वचन बोलीं—॥ ४॥

☞ जोड़के श्लोक—'**अद्यापि शासनं प्राप्य गृहमायाहि दुर्मतिम्।''''त्वद्योग्यो हि वरो विष्णुस्सर्वसद्गुणवान्प्रभुः। वैकुण्ठवासी लक्ष्मीशो नानाक्रीडाविशारदः॥ तेन ते कारयिष्यामो विवाहं सर्वसौख्यदम्॥ इत्येवं वचनं श्रुत्वा पार्वती जगदम्बिका। विहस्य च पुनः प्राह''''।**'(शिवपु० २। ३। २५। ५२—५५)।

टिप्पणी—१ (क) *'अजहूँ मानहु कहा हमारा।……'* इति। *'अजहूँ'* अर्थात् जो हुआ सो हुआ, पीछेके लिये अब पश्चात्ताप क्या? वह तो अब मिट नहीं सकता पर अभी कुछ गया नहीं। अब भी हमारा कहना मानो। अर्थात् नारद-वचनको त्याग दो। (ख) *'हम तुम्ह कहुँ बरु नीक बिचारा'* अर्थात् नारदने जो वर विचारा वह *'नीक'* नहीं है और हमने जो सोचा है वह *'नीक'* है। *'नीक'* का अर्थ आगे स्वयं स्पष्ट करते हैं।*'अति सुंदर……।'*' नारदने विचारकर बताया था, यथा—*'जे जे बर के दोष बखाने। ते सब सिव पहिं मैं अनुमाने॥', 'संभु सहज समरथ भगवाना। एहि बिबाह सब बिधि कल्याना॥''''जद्यपि बर अनेक जग माहीं। एहि कहँ सिव तजि दूसर नाहीं॥'* अतः ये भी कहते हैं कि हम भी विचारकर बतला रहे हैं। (ग) *'अति सुंदर सुचि सुखद सुसीला॥''''बैकुंठ निवासी'* इति। *'अति सुंदर'* अर्थात् जितने भी सुन्दर पुरुष हैं उन सबसे ये अधिक सुन्दर हैं। स्त्रियोंको पतिकी सुन्दरता प्रिय है, इसीसे प्रथम सौन्दर्यवान् होना कहा। यथा—*'नारि बिलोकहिं हरषि हिय निज निज रुचि अनुरूप। जनु सोहत सिंगार धरि मूरति परम अनूप॥'* [*'अति सुंदर'* कहनेका भाव कि जटा, पञ्चमुख, १५ नेत्र आदि कुरूपता इनमें नहीं है, यथा—*'बिकट बेष मुख पंच पुरारी।'*, ये परम रूपवान् हैं। *'सुचि'* पवित्र हैं अर्थात् शिवजीकी तरह चिताकी अपावन भस्म नहीं लगाते, मुण्डमाला, सर्प, बाघम्बर इत्यादि धारण नहीं करते, किंतु बैजयन्तीमाला, कौस्तुभमणि, वनमाला इत्यादि माङ्गलिक पवित्र वस्तु धारण करते हैं। *'सुखद'* अर्थात् उनके दर्शनसे सुख होता है, शंकरजीकी तरह भयंकर नहीं हैं। शंकरजी संहार करते हैं, ये सबका पालन करके सबको आनन्द देते हैं—*'बिकट बेष रुद्रहि जब देखा। अबलन्ह उर भय भएउ बिसेषा॥''''* ' (९६। ४-५) 'सुशील' हैं, सबका आदर-सत्कार, लिहाज-मुरव्वत करते हैं, किसीका अनादर नहीं करते, जैसे शिवजीने दक्षका किया, ऐसा सुन्दर स्वभाव है कि भृगुजीने चरणका प्रहार किया तो भी उनका पूजन ही किया, उनका चरण ही दबाने लगे कि कहीं चोट न लग गयी हो। शंकरजीकी तरह ये उदासीन नहीं है। बाबा हरिप्रसादजी लिखते हैं कि *'अति'* का भाव यह है कि सुन्दर, पवित्र, सुखद इत्यादि तो शिवजी भी हैं परंतु विष्णु-भगवान् अतिशय सुन्दर इत्यादि हैं। 'दूषणरहित' हैं अर्थात् इनमें दिगम्बर, ब्याली, अकुल, अगेह इत्यादि एक भी दोष नहीं हैं, ये सकल गुणखानि हैं *'पुर बैकुंठ निवासी'* अर्थात् इनके घर है, वैकुण्ठ अनुपम स्थान इनका है।—(रा० प्र०, पं०, बै०)।] *'गावहिं बेद जासु जसु लीला'* का भाव कि कुलमान भी यशी होते हैं, सो बात यहाँ नहीं, इनकी लीलाका यश वेद गाते हैं। *'पुर बैकुंठ'* कहनेका भाव कि वैकुण्ठ बहुत हैं, अष्ट वैकुण्ठ हैं, तथा जहाँ भी भगवान् बिठा दिये जाते हैं वही स्थान वैकुण्ठ कहलाने

---

* वचन कह विहँसि—१७२१, १७६२, छ०। बिहसि कह बचन—१६६१, १७०४ को०, रा०।

लगता है, सो नहीं किंतु जो वैकुण्ठ उपमारहित है वहाँके निवासी हैं। *'श्रीपति'* का भाव कि वे दिगम्बर हैं और ये श्रीके पति हैं। [पुनः, श्रीपति=शोभायुक्त हैं, लक्ष्मीपति हैं। ये वचन *'सहज एकाकिन्हके भवन कबहुँ कि नारि खटाहिं'* की जोड़में कहे गये। पंजाबीजी लिखते हैं कि ''यद्यपि 'श्री' का अर्थ लक्ष्मी भी प्रसिद्ध है, परंतु यहाँ रुचिवर्द्धनहेतु कथन है, इससे 'शोभाके स्वामी' ही अर्थ ठीक है। लक्ष्मी अर्थ करनेसे सपत्नी-दाह-द्योतक रुचिघातक वाक्य होता है।'' बैजनाथजी और रा० प्र० ने भी यही अर्थ किया है। श्रीपति हैं अर्थात् कुबेष नहीं हैं] अथवा श्री=धनु।

टिप्पणी—२ (क) यहाँ नौ गुण विष्णुमें दिखाये। कारण कि शिवजीमें भी नौ ही अवगुण दिखाये हैं। एकको जोड़में एक गुण यहाँ दिखाया है, यथा—

श्रीशिवजी	विष्णुभगवान्	श्रीशिवजी	श्रीविष्णुजी
सहज उदासी	१ सुशील	कपाली	५ शुचि
निर्गुण	२ गुणराशि	अकुल	६ गावहिं बेद जसु लीला
निर्लज्ज	३ दूषणरहित	अगेह	७ पुर बैकुंठनिवासी
कुवेषु	४ अतिसुन्दर	दिगम्बर	८ श्रीपति
		व्याली	९ सुखद

[१—वीरकविजी आठ-ही-आठ अवगुण और गुण लेते हैं और दोनोंका मिलान अन्य प्रकारसे करते हैं। वे लिखते हैं कि 'ऊपर क्रमसे १ निर्गुण, २ निर्लज्ज, ३ कुवेषु, ४ कपाली, ५ अकुल, ६ अगेह, ७ दिगम्बर और ८ व्याली—ये आठ दोष शिवजीके गिनाये हैं। उसी प्रकार भंगक्रमसे १ जिनके यशकी कथा वेद गाते हैं, २ सब गुणोंकी राशि, ३ अतिसुन्दर, ४ वैकुण्ठवासी, ५ लक्ष्मीनाथ, ६ पवित्र, ७ निर्दोष और ८ सुखद—ये आठ गुण विष्णुके कथन करनेमें 'यथासंख्य' अलंकार' है। जिस क्रमसे पहले अवगुणोंका वर्णन है वह क्रम गुणोंके वर्णनमें नहीं निबाहा गया है। २—कोई निर्लज्जके मुकाबिलेमें *'गावहिं बेद जासु जसु लीला'* अर्थात् यशस्वीको, अकुलकी जोड़में श्रीपतिको, दिगम्बरके मिलानमें, सुखदको ब्यालीके मेलमें दूषणरहित विशेषणको लेते हैं। वि० त्रि० दिगम्बर, अकुल, उदासी और निर्गुणकी जोड़में क्रमशः सुशील, दूषणरहित, श्रीपति और *'गावहिं बेद जासु जसु लीला'* को लेते हैं।]

नौ-ही-नौ अवगुण एवं गुण कहकर एक-(शिवजी-) को अवगुणकी अवधि और दूसरे-(विष्णुजी-) को गुणोंकी अवधि सूचित की। संख्याकी अवधि ९ हीतक है। जैसा २८ (१) में दिखा आये हैं। ☞[श्रीपार्वतीजीने भी ऋषियोंके कथनका यही अर्थ समझा। यह बात आगेके दोहेसे स्पष्ट है—*'महादेव अवगुन भवन बिष्नु सकल गुनधाम।'* स्मरण रहे कि सप्तर्षि प्रेमपरीक्षार्थ आये हैं, इसलिये उन्होंने अवगुण शब्दका प्रयोग किया है, नहीं तो वे तो श्रीहरिहरके परम भक्त हैं। इन विशेषणों तथा वाक्योंमें भीतर-भीतर स्तुति भरी हुई है, जैसा ६७ (८), ६७ और ७९ (३-६) में लिखा जा चुका है।] (ग)—*'अस बर तुम्हहिं मिलाउब आनी'* इति। भाव कि तुमने ऐसा उग्र तप किया तब भी तुमको शिवजी न प्राप्त हुए और हम बिना परिश्रम ही घर बैठे सुन्दर वरको लाकर मिला देंगे, नारदकी तरह तुमसे उनके लिये तप करनेको न कहेंगे। (घ) *'सुनत बचन कह बिहँसि भवानी'* इति। *'तुम्ह कहुँ मिलाउब आनी'* जो कहा इसीपर हँसीं। हँसकर ऋषिके वचनका निरादर और नारदवचनका आदर सूचित किया। हस्तरेखको तथा विधिके अंकोंको प्रमाण रखा।

☞[*'सुनत बचन बिहँसे रिषय'* वैसे ही यहाँ *'सुनत बचन कह बिहसि भवानी'* कहा। वे इनके वचनपर हँसे थे, ये उनके वचनपर हँसीं। इन दोनों वाक्योंके बीचमें ७८ से ८० (४) तक ऋषियोंके वचन हैं। ☞ऋषियोंके वचन दो दोहे और ११॥ अर्धालियोंमें हैं, पार्वतीजीका उत्तर एक दोहा और ११॥ अर्धालियोंमें है।]

पं० श्रीराजबहादुर लमगोड़ाजी—*'सुनत बिहसि कह बचन भवानी।'* शिव और विष्णुका अनमिल बेजोड़पन

अभी व्यंग्यहीकी भाषामें है, इससे पार्वतीमें भी हास्यभाव ही है जैसा आगे विदित है यद्यपि अब कुछ चिड़चिड़ापन भी है—(हास्यरस)।

सत्य कहेहु गिरि भव तनु एहा। हठ न छूट छूटै बरु देहा॥ ५॥
कनकौ पुनि पखान तें होई। जारेहु सहजु न परिहर सोई॥ ६॥

शब्दार्थ—भव=उत्पन्न। पखान (पाषाण)=पत्थर। सहजु=स्वभाव।

अर्थ— (पार्वतीजीने कहा—) आपने सत्य ही कहा कि (मेरा) यह शरीर पर्वतसे उत्पन्न हुआ है (इसीसे तो इसका) हठ न छूटेगा, शरीर भले ही छूट जाय॥ ५॥ (देखिये) फिर सोना भी तो पाषाणसे ही उत्पन्न होता है सो तपाये जानेपर भी वह अपना स्वभाव नहीं छोड़ता॥ ६॥

नोट—१ (क) *'सत्य कहेहु……'* इति। सप्तर्षियोंके *'गिरिसंभव तव देह'* का उत्तर यहाँ पूरी एक चौपाईमें (दो अर्धालियोंमें) है—*'सत्य'* से *'परिहर सोई'* तक। अर्थात् आपने जो कहा यह सत्य ही है। गिरिसम्भव होनेके कारण मेरा हृदय पत्थरके समान दृढ़ और कठोर है। कारणके अनुसार ही कार्य होता है, यही नहीं किंतु कारणसे कार्य अधिक कठिन होता है, यह स्वाभाविक नियम है। यथा—*'कहँ लगि कहउँ हृदय कठिनाई। निदरि कुलिसु जेहिं लही बड़ाई॥ कारन तें कारज कठिन होइ दोषु नहिं मोर। कुलिस अस्थि तें उपल तें लोह कराल कठोर॥'* (२। १७९)। जैसे पत्थरकी लीक नहीं मिटती वैसे ही मेरी भी वृत्ति अविचल है; किसीके कहनेका प्रभाव अब उसपर नहीं पड़ता। (ख) *'हठ न छूट……'* इति। भाव कि स्वभाव जन्म-जन्मान्तरमें भी नहीं छूटता। इसी तरह हमारा यह शरीर छूट जाय तब भी दूसरे जन्ममें मेरा फिर यही हठ रहेगा। जबतक शिवजीकी प्राप्ति न होगी तबतक कितने ही जन्म क्यों न हो जायँ, सबमें यही हठ रहेगा। यथा—*'जनम कोटि लगि रगरि हमारी। बरउँ संभु न त रहउँ कुँआरी॥'* (१। ८१)पुनः भाव कि दुराग्रहीके लिये कोई नीति नहीं है। जिनकी समझ उलटी है उन्हें किसने आजतक राहपर लगाया है। मुझे भी ऐसा ही समझकर मेरे विषयमें अधिक विचार अब न कीजिये। यह *'अजहूँ मानहु कहा हमारा'* का उत्तर है।

नोट—२ (क) *'कनकौ पुनि पखान तें होई'* इति। भाव कि सोना भी पत्थरसे ही उत्पन्न होता है। सोनेको जला डालो तो भी वह अपना स्वभाव (रंग और खरापन) नहीं छोड़ता, तब पर्वतसे उत्पन्न होनेपर मैं अपना स्वभाव कैसे छोड़ सकती हूँ? सोना जड़ होकर भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ता और मैं तो चेतन हूँ तब मुझे तो अपनी हठपर और भी दृढ़ होना चाहिये। तात्पर्य कि शिवजीके लिये मेरा दृढ़ संकल्प है, यह छूट नहीं सकता। (ख) ☞इसके जोड़की चौपाई अयोध्याकाण्डमें यह है—*'कनकहि बान चढ़इ जिमि दाहे। तिमि प्रियतम पद प्रेम निबाहे॥'* (२। २०५) (ग) यहाँ 'दृष्टान्त अलङ्कार' है। *'हठ न छूट……'* उपमेय वाक्य है और *'जारेहु सहजु……'* उपमान वाक्य है। (घ) *'पुनि'* का भाव कि जैसे तुम मुझे गिरिसम्भव कहते हो वैसे ही कनक भी तो गिरि-सम्भव है। मुझसे स्वभाव छोड़नेको कहते हो, उसका स्वभाव क्यों न छुड़ा दिया? पुनः भाव कि मैं तो उसकी बहिन ही ठहरी तब मेरा स्वभाव उसका-सा क्यों न हो? (ङ) *'जारेहु सहजु न परिहर सोई'* इति। भाव कि जलानेपर सभी पदार्थोंका रङ्ग-रूप बदल जाता है, परंतु सोना जैसे-जैसे तपाया जाता है तैसे-तैसे वह और भी चोखा रंग पकड़ता जाता है। वैसे ही मेरी भी चाहे जितनी कठिन परीक्षा हो मैं हठ नहीं छोड़नेकी, मेरा प्रेम नित्य नया बढ़ता ही जायगा। तपाये जानेसे सोनेका स्वभाव घटता नहीं वरंच बढ़ता है, उसका मूल्य बढ़ता है। वैसे ही मेरा भी उत्तरोत्तर बढ़ेगा। पुनः भाव कि जलानेपर पाषाणका हठ छूट जाता है पर पाषाणसे उत्पन्न कनकका 'हठ' नहीं छूटता, चाहे वह हजारों वार क्यों न जलाया जाय; वैसे ही मेरे पिता *'गिरि'* का हठ भले ही छूट जाय पर हमारा हठ नहीं ही छूटेगा। (खर्रा) (च) ☞मिलान कीजिये—*'अचलसुता मनु अचल बयारि कि डोलइ। साँच सनेह साँचि रुचि जो हठि फेरइ। सावन सरित सिंधु रुख सूप सो घेरइ॥ मनि बिनु फनि जलहीन*

मीन तनु त्यागइ। सो कि दोष गुन गनइ जो जेहि अनुरागइ॥' (पार्वतीमङ्गल ३६-३७) ये सब भाव इन तथा आगेकी अर्द्धालियोंमें भरे हुए हैं। ☞पुनः यथा—**'सत्यं भवद्भिः कथितं स्वज्ञानेन मुनीश्वराः। परंतु मे हठो नैव मुक्तो भवति हे द्विजाः॥ स्वतनोः शैलजातत्वात्काठिन्यं सहजं स्थितम्। इत्थं विचार्य सुधिया मां निषेद्धुं न चार्हथ॥'** (शिवपुराण २। ३। २५। ५६-५७)

नारद बचन न मैं परिहरऊँ। बसौ भवन ऊजरौ नहिं डरऊँ॥ ७॥
गुर के बचन प्रतीति न जेही। सपनेहु सुगम न सुख सिधि तेही॥ ८॥

अर्थ—(इसी प्रकार) मैं नारदजीका उपदेश न छोड़ूँगी। घर बसे या उजड़े, मुझे इसका डर नहीं (है)॥ ७॥ जिसको गुरुके वचनोंमें विश्वास नहीं है, उसे स्वप्नमें भी सुख और सिद्धि (वा, सुखकी सिद्धि) सुलभ नहीं हो सकती॥ ८॥

श्रीलमगोड़ाजी—ऋषियोंके दोनों मजाकोंको बड़ी सुन्दरतासे उलट दिया गया है। परंतु अन्तिम पद—*'गुर के बचन प्रतीति न जेही।'''* हास्यरससे शान्तरसपर पहुँच गया है।

नोट—१ सप्तर्षियोंकी सभी बातोंका उत्तर पार्वतीजीने दिया है—

सप्तर्षियोंके वचन		पार्वतीजीके उत्तर
गिरि संभव तव देह	१	*'सत्य कहेहु गिरिभव तनु एहा। हठ न छूट छूटै बरु देहा॥ कनकौ पुनि पखान तें होई। जारेहु सहजु न परिहर सोई॥'*
नारद कर उपदेसु सुनि कहहु बसेउ किसु गेह	२	*नारद बचन न मैं परिहरऊँ। बसउ भवन उजरउ नहिं डरऊँ॥*
तेहिके बचन मानि बिस्वासा	३	*गुर के बचन प्रतीति न जेही*
कहहु कवन सुखु अस बर पाएँ	४	*सपनेहुँ सुगम न सुख सिधि तेही*

५. शिवजीके अवगुण और विष्णुजीके गुण कहे, उसका उत्तर *'महादेव अवगुन भवन बिष्नु सकल गुनधाम। जेहि कर मनु रम जाहि सन तेहि तेही सन काम॥'* (८०) है।

अजहूँ मानहु कहा हमारा	६	*जो तुम्ह मिलतेउ प्रथम मुनीसा। सुनितिउँ सिख तुम्हारि धरि सीसा॥ अब मैं जन्मु संभु हित हारा।*
अस बर तुम्हहिं मिलाउब आनी	७	*जौं तुम्हरे हठ हृदय बिसेषी। रहि न जाइ बिनु किये बरेषी॥ तौ कौतुकिअन्ह आलस नाहीं। बर कन्या अनेक जग माहीं॥*
मन कपटी तन सज्जन चीन्हा।	८	*मैं पा परउँ कहै जगदंबा। तुम्ह गृह गवनंहु''''''।*
''''''तेहिके बचन		

नोट—२ (क) सप्तर्षियोंने नारदजीको बुरा-भला कहा। यह पार्वतीजीको बहुत बुरा लगा। इसीसे प्रारम्भमें ही वे उनको बताये देती हैं कि देवर्षि नारद हमारे गुरु हैं, उनके वचन हमारे लिये पत्थरकी लकीरके समान हैं, टाले नहीं टल सकते। *'नारद बचन न मैं परिहरऊँ'* कहकर फिर उसका कारण बताती हैं कि *'गुर के बचन प्रतीति न जेही।'''''''* (ख) *'नारद'* शब्द ही गुरुत्वका द्योतक है; क्योंकि 'गुशब्दस्त्वन्धकारस्तु रुशब्दस्तन्निरोधकः। अन्धकारनिरोधित्वाद्गुरुरित्यभिधीयते॥' के अनुसार हृदयके अन्धकारके नाशको 'गुरु' कहते हैं। हृदयका अन्धकार अज्ञान है। अज्ञानका नाश आत्म-परमात्म-ज्ञानसे ही होता है और आत्म-परमात्म-ज्ञान जिनके द्वारा हो, वे ही 'गुरु' हैं। अतः *'गुर बिनु होइ कि ज्ञान'* के अनुसार ज्ञानदाता 'गुरु' कहे जाते हैं और 'नारं ज्ञानं ददातीति नारदः' अर्थात् 'नार' (ज्ञान) जो दे उसका नाम 'नारद' है। इस व्युत्पत्तिसे नारद और गुरु शब्द एकार्थवाची होनेसे नारदजीको 'गुरु' कहा और 'गुरोराज्ञा गरीयसी' तथा 'आज्ञा गुरूणां ह्यविचारणीया' (रघुवंश), के अनुसार *'नारद बचन न मैं परिहरऊँ।''''''गुर के बचन''''''* इत्यादि कहा गया। (वे० भू० रा० कु० दास)। (ग) ☞श्रीगुरुवाक्यपर शिष्यका ऐसा ही दृढ़ विश्वास रहना चाहिये। विश्वासका धर्म दृढ़ता है, यथा *'बट बिस्वास अचल निज धर्मा।'* वह अवश्य

फलीभूत होगा इसमें सन्देह नहीं। शिष्यमें आचार्याभिमान होना परम गुण है, इष्टप्राप्तिका सर्वोपरि उपाय है और परम लाभ है। गुरुनिष्ठ भक्तोंकी कथाएँ भक्तमालमें भी प्रसिद्ध हैं। (घ) *'सपनेहु सुगम न सुख सिधि तेही'* इति। भाव कि मनुष्योंकी कौन कहे, देवताओंको भी स्वप्नमें भी सुख और सिद्धि प्राप्त नहीं हो सकती। देवराज इन्द्र और चन्द्रमा—ये लोकपाल भी गुरुकी अवज्ञा करनेसे दुःखी ही हुए।

नोट—३ शिवपुराणमें गुरुवचनपर चार श्लोक हैं। उनको भी *'प्रतीति न जेही'* और *'प्रतीति न जेही'* करके यहाँ भी ले सकते हैं। जिनको प्रतीति नहीं है उनको दुःख-ही-दुःख होता है और जिनको प्रतीति है उन्हें सुख होता है। यथा—'**गुरूणां वचनं पथ्यमिति वेदविदो विदुः। गुरूणां वचनं सत्यमिति यद्धृदये न धीः। इहामुत्रापि तेषां हि दुःखं न च सुखं क्वचित्॥ गुरूणां वचनं सत्यमिति येषां दृढा मतिः। तेषामिहामुत्र सुखं परमं नासुखं क्वचित्॥ सर्वथा न परित्याज्यं गुरूणां वचनं द्विजाः। गृहं वसेद्धाशून्यं स्यान्मे हठस्सुखदस्सदा॥**'(२।३।२५।५८—६१)

नोट—४ नारदजीसे पार्वतीजीने तप करनेका उपदेश होनेपर उनसे पञ्चाक्षरी-मन्त्र भी लेकर उनको गुरु किया था। यथा—'**रुद्रस्याराधनार्थाय मन्त्रं देहि मुने हि मे। न सिद्ध्यति क्रिया कापि सर्वेषां सद्गुरुं विना।**······ **इति श्रुत्वा वचस्तस्याः पार्वत्या मुनिसत्तमः। पञ्चाक्षरं शम्भुमन्त्रं विधिपूर्वमुपादिशः॥**' (शिवपुराण २। ३। २१। ३१—३३)। अर्थात् जब पार्वतीजीने कहा कि बिना सद्गुरुके सिद्धि नहीं होती; अतः आप मुझे शिवाराधनका मन्त्र दें, तब नारदजीने उनको पञ्चाक्षरी मन्त्र दिया, उसका प्रभाव बताया, ध्यान बताया।—इस तरह वे विधिपूर्वक गुरु हुए थे।

दो०—महादेव अवगुन भवन बिष्नु सकल गुन धाम।
जेहि कर मनु रम जाहि सन तेहि तेही सन काम॥८०॥

शब्दार्थ—**रमना**=लग जाना, आसक्त हो जाना।

अर्थ—महादेवजी अवगुणोंके घर (सही) और भगवान् विष्णु समस्त गुणोंके धाम हों। (सही) पर जिसका मन जिससे रम गया है, उसको तो उसीसे काम है॥८०॥

नोट—१ ☞श्रीपार्वतीजी अपने वाक्योंद्वारा उपदेश दे रही हैं कि मनुष्यको अपने उपास्यमें दृढ़ रहना चाहिये, अन्यमें चित्त लगाना उचित नहीं। यहाँ किस सुन्दरताके साथ उत्तर दिया गया है, वह देखने ही योग्य है। 'शिवजीमें आप जिन बातोंको दोष समझे हुए हैं, जो आप अवगुण बताते हैं, वे गुण ही हैं अवगुण नहीं हैं—यह वाद-विवाद वे नहीं करतीं। न तो परम श्रद्धास्पदके गुण-दोष-विवेचनपर शास्त्रार्थ इष्ट है और न विष्णुके विरुद्ध एक शब्द मुखसे निकालना इष्ट है। वे सप्तर्षियोंकी बात मान लेती हैं कि ठीक है, शिवजीमें दोष-ही-दोष हैं और विष्णुजीमें गुण-ही-गुण हैं, पर मैं करूँ तो क्या? मेरा मन तो शिवजीहीमें रम गया है, हमें गुण-दोषसे कोई सरोकार ही नहीं रह गया। अतः वे ही मुझे प्रिय लगते हैं, दूसरा नहीं। यथा—'**तस्य तदेव हि मधुरं यस्य मनो यत्र संलग्नम्॥**' (कथासरित्सागर) अर्थात् जिसका मन जहाँ लगा है, उसे वही मीठा है। पुनश्च—*'गुन अवगुन जानत सब कोई। जो जेहि भाव नीक तेहि सोई॥'* (१। ५) यह लोकोक्ति है। *'सो कि दोष गुन गनइ जो जेहि अनुरागइ। बौरेहिके अनुराग भइउँ बड़ि बाउरि। दोस निधान इसानु सत्य सबु भाषेउ। मेटि को सकइ सो आँकु जो बिधि लिखि राखेउ॥ को करि बादु बिबादु बिषाद बढ़ावइ। मीठ काह कबि कहहिं जाहि जोइ भावइ॥'* (३७—४०) वाद-विवाद करनेसे क्या लाभ? बहुत कहनेकी आवश्यकता ही नहीं। हमारा मन इन्हींमें रम गया है—इस बातका कोई उत्तर नहीं रह गया। जो बात ऋषियोंने कही, उसीको लेकर उसीसे उत्तर देती चली जा रही हैं। सप्तर्षियोंने पार्वतीजीको 'गिरिसम्भव' कहा, शिवजीको अवगुणधाम कहा और नारदजीको 'कपटी' तथा उन्हींके सम्बन्धसे *'बसेउ किसु गेह'* इत्यादि जो-जो बातें उन्होंने कहीं, उन सबोंको स्वीकार करते हुए आप उत्तर दे रही हैं।

'जेहि कर मनु रम जाहि सन······' यह पद प्रेमकी एकाग्रताके लिये जनश्रुति बन चुका है। पार्वतीजीके प्रेमकी धारणामें आन्तरिक जोड़ देखा जाता है, बाहरी नहीं। (हास्यरस। लमगोड़ाजी)

जौ तुम्ह मिलतेहु प्रथम मुनीसा। सुनतिउँ सिख तुम्हारि धरि सीसा॥ १॥
अब मैं जन्म संभु हित* हारा। को गुन दूषन करै बिचारा॥ २॥
जौ तुम्हरें हठ हृदय बिसेषी। रहि न जाइ बिनु किएँ बरेषी॥ ३॥

शब्दार्थ—**बरेषी**-वरकी इच्छा=कन्याके लिये योग्य वर देखना और मिलाना वर देखी (जिसे किसी-किसी देशमें वरगुहारी, वरतुही, विचवानी और सगाई भी कहते हैं)। वरेक्षा, वरेच्छा, वरिच्छाकी रीति यही जान पड़ती है।=विवाहसम्बन्धके लिये वर या कन्या देखना; विवाहकी ठहरौनी। यह शब्द अन्यत्र भी प्रयुक्त हुआ है; यथा—*'लोग कहैं पोच सो न सोच संकोच मेरे ब्याह न बरेषी जाति पाँति न चहत हौं।', 'घरघाल चालक कलह-प्रिय कहियत परम परमारथी। तैसी बरेषी कीन्हि पुनि मुनि सात स्वारथ सारथी॥'* (पार्वतीमंगल ५७)

अर्थ—हे मुनीश्वरो! यदि पहले आप ही मिले होते तो मैं आपका ही उपदेश सिरपर धरकर सुनती॥ १॥ अब (तो) मैं अपना जन्म शिवजीके लिये हार चुकी; (अतः अब) गुण-दोषका विचार कौन करे?॥ २॥ यदि आपके हृदयमें बहुत ही हठ है, विवाहकी बातचीत किये बिना रहा नहीं जाता॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'जौ तुम्ह मिलतेहु प्रथम……'* इति। (क) सप्तर्षियोंके *'अजहूँ मानहु कहा हमारा'* का उत्तर यह दे रही हैं। इसपर यदि वे कहें कि जभी महात्मा मिल जाये तभीसे हठ छोड़कर उनका कहा मान लेना चाहिये। हम इस समय मिले हैं, तुम्हारी भूल तुमको बताते हैं; अतः अभीसे उसे मानकर उसपर चलो।' तो, उसके उत्तरमें कहती हैं कि *'अब मैं जन्म संभु हित हारा।'* अर्थात् सम्मति देने या माननेका समय अब हाथसे निकल गया। (ख) *'अब मैं जन्म संभु हित हारा'* में वर्तमान स्थिति कही और आगे भविष्यकी भी यही परिस्थिति प्रतिज्ञापूर्वक कहती हैं—*'जन्म कोटि लगि रगर हमारी।……'* केवल वर्तमान कहतीं तो भविष्य रह जाता। भूतके कथनका कोई प्रयोजन नहीं है, क्योंकि वह तो हो ही चुका। वर्तमान और भविष्यके लिये बता दिया कि मैं अपनेको शिवजीको समर्पण कर चुकी। अतः आपका उपदेश शिरोधार्य करनेमें असमर्थ हूँ। यदि आप नारदजीके पहले आते तो आपका उपदेश शिरोधार्य करती।

नोट—१ *'धरि सीसा'* इति। बड़ोंकी आज्ञा सिरपर धरकर स्वीकार करना कहा जाता है, अर्थात् शिरोधार्य की जाती है। यथा—*'अज्ञा सिरपर नाथ तुम्हारी', 'सिर धरि आयसु करिअ तुम्हारा॥'* (७६) *'मातु उचित धरि आयसु कीन्हा। अवसि सीस धरि चाहउँ कीन्हा॥'* (२।१७४) *'प्रथम जो आयसु मो कहुँ होई। माथे मानि करौं सिख सोई॥'* (२।२५८) *'प्रभु प्रसन्न मन सकुच तजि जो जेहि आयसु देब। सो सिर धरि धरि करिहि सबु'''॥'* (२।२६९) *'चले सीस धरि राम रजाई।'* (२।३१८) इत्यादि। यह मुहावरा है। अतः *'धरि सीसा'* कहा। अर्थात् आदरपूर्वक सुनती। ध्वनि यह है कि अब तो नारदके वचनको सिरपर धर चुकी हूँ अतः आपके वचनोंका आदर नहीं हो सकता। पुनः, भाव कि आज्ञा न माननेसे अप्रसन्न होकर शाप न दे दें यह सोचकर समझा रही हैं कि यदि प्रतिज्ञाबद्ध न होती तो अवश्य मानती, प्रतिज्ञा तोड़ना तो आप भी पसंद न करेंगे। दूसरे, कन्याका विवाह एक ही बार होता है सो मैं तो मनसे शिवजीको वर चुकी, अब दूसरेके योग्य नहीं रही। तीसरे, आपके कहनेसे आज नारदजीका वचन छोड़ दूँ, कल और कोई आकर कुछ और कहे तो क्या आपका वचन छोड़ना आपको ठीक लगेगा?

नोट—२ *'संभु हित हारा'* इति। भाव कि जैसे जुएमें जो वस्तु हार दी जाती है वह दूसरेकी हो जाती है; वैसे ही मैं प्रेमरूपी जुएमें यह शरीर शिवजीके हाथ हार चुकी, अब यह तन उनका हो गया, हमारा या किसी औरका कोई अधिकार इसपर नहीं रह गया। *'को गुन दूषन करहि बिचारा'* इति। भाव कि यह धर्म कुलवन्तियोंका नहीं है कि पहले किसीसे मन लग गया, फिर दूसरेकी प्रशंसा सुनी तो

* सैं— १७२१, १७६२, छ०। हित— १६६१, १७०४, को० रा०।

गुण-दोषोंका निर्णय करने लगीं। जिसको एक बार मन दे दिया, फिर उसमें दोष न विचारना चाहिये। प्रेमास्पदमें गुण-दोषका विचार करना प्रेमीके प्रेममें कच्चापन साबित करता है, उसके प्रेममें बट्टा लगाता है—*'सो कि दोष गुन गनइ जो जेहि अनुरागइ।'* (पार्वतीमंगल ३७)

नोट—३ *'जौ तुम्हरें हठ……'* —भाव कि इतना उत्तर पानेपर भी यदि आप नहीं चले जाना चाहते और हठ करके फिर कुछ कहना चाहते हैं अतः कहती हैं*'जौं……।'* (वि० त्रि०)

तौ कौतुकिअन्ह आलसु नाहीं। बर कन्या अनेक जग माहीं॥ ४॥
जन्म कोटि लगि रगर* हमारी। बरौं संभु न त रहौं कुआरी॥ ५॥

अर्थ—तो कौतुकप्रिय लोगों-(खेलाड़ियों-) को आलस्य तो होता ही नहीं, संसारमें वर और कन्याएँ बहुत हैं (आप वहाँ जाकर बरेषी करें, अपना हौसला मिटा सकते हैं)॥ ४॥ हमारी तो करोड़ों जन्मोंतक यही रगड़ रहेगी कि शिवजीहीको ब्याहूँगी नहीं तो कुआरी ही बनी रहूँगी॥ ५॥

नोट—दोहा ८० से ८१ (४) तकका प्रसंग कविका अपना जान पड़ता है। अर्धाली ५का भाव शिवपुराणके—**'चेच्छिवस्स हि मे विप्रा विवाहं न करिष्यति। अविवाहा सदाहं स्यां सत्यं सत्यं वदाम्यहम्॥'** (२।३।२५।६८) इस श्लोकमें है।

टिप्पणी—१ *'तौ कौतुकिअन्ह……'* इति। *कौतुकिअन्ह* (=कौतुक करनेवाले) कहकर जनाया कि आप तो कौतुक करने आये हैं। *'बरेषी'* कन्याकी ओरसे की जाती है, कहीं वरकी ओरसे कन्याएँ नहीं ढूँढ़ी जातीं, सो आप विष्णुभगवान्‌की ओरसे उनके लिये कन्या ढूँढ़ने आये हैं, अतः यह कौतुक ही जान पड़ता है। *'कौतुकी'* कहनेके और भाव ये हैं—(क) नारदजीको गुरु कहा, यथा—*'गुर के बचन प्रतीति न जेही।'* इससे इनको कौतुकी कहा। (ख) सप्तर्षियोंके वचन मानना नहीं है और वे नारदजीके उपदेशसे हटाना चाहते हैं। अतः कौतुकी कहा। (ग) कौतुकीका काम है खेल खिलाना, खेल करना। ये एकको दूसरेसे मिलानेका काम करनेको कहते हैं, यथा—*'अस बरु तुम्हहि मिलाउब आनी।'* अतः कौतुकी कहा। (ब्रह्मवाणीने तो मनोरथ सुफल होनेका वरदान दिया और कहा कि *'अब मिलिहहिं त्रिपुरारि।'* साथ ही वाणीके प्रमाणके लिये सप्तर्षियोंके मिलापकी सूचना दी थी। सप्तर्षि आये तो, पर उलटी-पलटी बातें करने लगे। दूसरा वर कर देनेकी और शिवजीकी ओरसे विमुख करनेकी कह रहे हैं। इससे वे समझ गयीं कि ये खेलवाड़ कर रहे हैं। यही समझकर वे कह रही हैं कि आपको आकाशवाणीने भेजा किसलिये और आप कह क्या रहे हैं, खेलवाड़ ही करना है तो बहुत घर हैं। यहाँ तो आकाशवाणीको प्रमाण करनेवाली बात ही कहनी उचित थी)। २—*'आलसु नाहीं'* इति। खेलाड़ी और तमाशाई आलसी नहीं होते, आलस्य करें तो फिर कौतुक कैसे कर सकें।

नोट—१ 'ऋषियोंका कैसा अच्छा मखौल है। यह याद रहे कि ऋषियोंने केवल परीक्षाके लिये यह सब कहा था। इसीसे चतुरताके साथ द्विभाषीपन प्रकट है। तुलसीदासजीकी काव्यकलामें कलाकारी और कारीगरी साथ-साथ चलती है।' (हास्यरस। लमगोड़ाजी)

नोट—२ *'जन्म कोटि लगि रगर हमारी।……'* इति। यदि ऋषि कहें कि अच्छा इस जन्ममें न सही आगेके लिये हम अभीसे कहे रहते हैं। अथवा, कहें कि तुम हमारा अपमान करती हो पर शिवजी तो तुम्हें प्राप्त होनेके नहीं, तुम पीछे पछताओगी कि हमने ऋषियोंकी बात न मानी, नारदके बहकानेमें लग गयीं, सब परिश्रम व्यर्थ हुआ, तो उसपर कहती हैं कि यह आशा न रखिये, इस जन्मकी तथा एक जन्मकी क्या करोड़ों जन्म बीत जायँ तो भी मैं अपना हठ नहीं छोड़नेकी, ब्याह करूँगी तो शंकरजीसे ही नहीं तो कुआरी ही बनी रहूँगी। *'कुँआरी रहऊँ'* का भाव कि प्रतिज्ञा न छोड़ूँगी, हताश होकर संकल्पके प्रतिकूल विवाह न करूँगी, दूसरेसे विवाह कदापि न करूँगी, यह समझ लूँगी कि विवाह विधाताने लिखा ही नहीं। यथा—*'तजहु आस निज निज गृह जाहू। लिखा न बिधि बैदेहि बिबाहू॥ सुकृत जाइ जौं पन*

* रगरि—१७२१, १७६२, १७०४, छ०। रगर-१६६१

परिहरऊँ। कुँअरि कुआरि रहउ का करऊँ॥' यहाँ 'विकल्प' अलंकार है। जहाँ ऐसा वाक्य हो कि ऐसा हुआ तो हुआ, नहीं तो ऐसा ही होगा, वहाँ यह अलंकार होता है। आशय यह कि इस जन्ममें तप करते-करते प्राण छूट गये तो दूसरे जन्ममें फिर उन्हींके लिये तप करूँगी, फिर भी न मिले तो तीसरे जन्ममें फिर शिवजीहीके लिये तप करूँगी, इसी तरह जबतक वे न मिलेंगे हठ न छोड़ूँगी, बराबर प्रयत्न करूँगी।—यह प्रेमकी सीमा है।

तजौं न नारद कर उपदेसू। आपु कहहिं सत बार महेसू॥ ६॥
मैं पाँ परौं कहैं जगदंबा। तुम्ह गृह गवनहु भएउ बिलंबा॥ ७॥

अर्थ—मैं नारदजीका उपदेश नहीं ही छोड़ूँगी (चाहे) महेशजी ही स्वयं सैकड़ों बार क्यों न कहें॥ ६॥ जगन्माता श्रीपार्वतीजी कहती हैं कि मैं आपके पैरों पड़ती हूँ, आप घर जायँ, बहुत देर हो गयी है॥ ७॥

नोट—१ *'तजौं न''''''आपु कहहिं सत बार महेसू॥'* इति। 'शिवजीके लिये ही तो तप कर रही हैं, उनको पति मान चुकीं, फिर भी उनका कहना न मानेंगी।' इस कथनका क्या प्रयोजन है? इसमें क्या अभिप्राय है? इसपर महानुभावोंने अनेक भाव लिखे हैं। कुछ ये हैं—

१-पूर्व कह चुकी हैं कि *'गुर के बचन प्रतीति न जेही। सपनेहुँ सुगम न सुख सिधि तेही॥'* इष्टसे आचार्यका दर्जा (पद) बड़ा है। [वाल्मीकिजीने श्रीरामजीसे कहा है—*'तुम्ह तें अधिक गुरहि जिय जानी।'* (२।१२) और भी कबीरजीने कहा है—*'गुरु गोबिन्द दोनों खड़े काके लागौं पाय। बलिहारी उन गुरुनकी गोबिन्द दियो लखाय॥'*, पुनः,*'राखइ गुर जौं कोप बिधाता। गुर बिरोध नहिं कोउ जग त्राता॥'* (१। १६६)।] अतएव गुरुके वचनपर दृढ़ रहना ही कर्तव्य है।

२-जब किसी अनुष्ठानका फल प्राप्त होनेको होता है, उसकी सिद्धि होनेका समय आता है, तब देवता अनेक विघ्न उपस्थित करते हैं, पर उत्तम साधक इष्टकी ओरसे चाहे कितना ही कष्ट क्यों न पहुँचे कदापि इष्टका प्रेम नहीं छोड़ते। यथा—*बरषि परुष पाहन पयद पंख करउ टुक टूक। तुलसी तदपि न चाहिये चतुर चातकहिं चूक॥ उपल बरषि गरजत तरजि डारत कुलिस कठोर। चितउ कि चातक मेघ तजि कबहुँ दूसरी ओर॥ पबि पाहन दामिनि गरज झरि झकोर खरि खीझि। रोष न प्रीतम दोष लखि तुलसी रामहि रीझि॥'* (दोहावली २८२—२८४)—इष्ट स्वयं ऐसा विघ्न डालते हैं, हानि पहुँचाते हैं, तब तो प्रेमी प्रेम छोड़ता ही नहीं, तब और किसीके विघ्न डालनेसे, बहकानेसे वह कब बहक सकता है? यहाँ शिवजीका स्वयं कहना ही (कि हम तुम्हारे पति नहीं होंगे, हमारे लिये तप न करो, इत्यादि) प्रेमपनमें विघ्न डालना है। कुमारसम्भव और पार्वतीमंगलमें तो यहाँतक लिखा है कि शिवजी स्वयं ब्रह्मचारी बनकर परीक्षा लेने गये थे। यथा—**'बटु बेष पेखन पेम पनु ब्रत नेम ससि सेखर गए॥'** (पार्वतीमंगल २५)

३-जबतक पाणिग्रहण न हो जाय तबतक वरको कोई अधिकार आज्ञा देनेका नहीं है। (बै०) ☞यहाँ ध्वनित अर्थ यह भी है कि आपको शङ्करजीने क्यों भेजा? स्वयं ही क्यों न आकर परीक्षा कर ली? स्वयं ही चाहे आकर और कहकर देख न लें कि भला मैं कभी भी विचलित हो सकती हूँ। इन शब्दोंसे ज्ञात होता है कि वे जान गयीं कि ये शिवजीके भेजे आये हैं। (रा० कु०) ☞वस्तुतः दृढ़ता दिखानेका इससे बढ़कर और क्या कथन हो सकता है कि जिनके लिये मैं तप कर रही हूँ वे स्वयं ही एक बारकी कौन कहे, सैकड़ों बार स्वयं आ-आकर कहें कि हम तुमको पत्नीरूपसे वरण नहीं करनेके, तब भी मैं हठ न छोड़ूँगी, ब्याहूँगी तो उन्हींको, नहीं तो अनब्याही रहूँगी और उनके ही लिये तप करती रहूँगी। गुरुने कहा है कि मिलेंगे। मैं उनके वचनपर दृढ़ हूँ। तब आपके कहनेको भला मैं कब सुनने लगी? धन्य! धन्य!! धन्य!!! जय! जय!! जय!!! जगज्जननी हम सबोंको यह अनन्यताका पाठ सिखा रही हैं, अपने आचरणद्वारा उपदेश दे रही हैं। जय! जय!! जय!!!

कुछ लोगोंने और भी भाव लिखे हैं पर मेरी समझमें वे उपयुक्त नहीं हैं। जैसे कि—

(क) ऊपर जो सप्तर्षियोंने नारदजी एवं शिवजीकी निन्दा की उसका प्रायश्चित्त बताती हैं कि *'आपु*

कहहिं सत बार महेसू।' अर्थात् निन्दाका पाप तभी छूटेगा जब आप सौ बार महेश-महेश जपें वा शङ्करशतक जपें। यथा—*'जपहुँ जाइ संकर सत नामा।'* (१। १३८)। (भगवान्‌ने नारदजीसे कहा है)। (ख) नारदजीका उपदेश शङ्कर-प्राप्तिका है। अतः अवरेबसे अर्थ कर लें कि 'नारदजीका महेश (प्राप्तिका) उपदेश नहीं छोड़ूँगी, चाहे आप हमसे सैकड़ों बार क्यों न कहें।'

नोट—२ *'मैं पाँ परौं कहैं जगदंबा।'''''* इति। (क) ☞यह साधारण मनुष्यप्रकृति है कि जब किसी दुष्ट वा प्रतिकूल पुरुषका संग पड़ जाता है जो दुष्टतासे बाज नहीं आता, व्यर्थ ही जीको दुखाता है, जिससे मनुष्य आजिज (तंग) आ जाता है और शिष्टाचार या अपनी भलमनसाहतके कारण कुछ कह नहीं सकता, तब वह यही कहता है— 'अच्छा मैं पाँव पड़ता हूँ, हाथ जोड़ता हूँ, आपसे हार गया, जाइये बहुत देर हो गयी, अधिक कुछ कहना-सुनना नहीं चाहता, बड़ी कृपा होगी अब आप चले जायँ'— यही सब भाव 'पाँव पड़ने' में हैं। यह मुहावरा 'अत्यन्त दीनतासे प्रार्थना वा विनय करने' के भावमें आता है। (ख) *'कहैं जगदंबा'* इति। श्रीनारदजी और श्रीशिवजी, गुरु, साधु और इष्टकी निन्दा सप्तर्षियोंने की। पार्वतीजी उसे सह न सकीं; गुरु-इष्टकी निन्दा सुनकर क्रोध आना उचित ही था, पर उन्होंने क्रोध न करके उलटे विनती की। अतः *'जगदंबा'* विशेषण दिया। अर्थात् ये तो जगज्जननी हैं, पुत्र कितना ही बिगाड़ता है तब भी माता बालक जानकर वात्सल्य नहीं छोड़ती, उसका अहित नहीं करती, न उसपर क्रोध ही करती है। यथा— 'कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति॥' (बै०, रा० प्र०, पं० रा० कु०)। (ग) पार्वतीमंगलमें बटुकी बातें सुन क्रोध आया है फिर भी ऐसी ही विनय वहाँ भी है; यथा—*'करनकटुक बटु बचन बिसिख सम हिय हए। अरुन नयन चढ़ि भृकुटि अधर फरकत भए॥ बोली तनु फिरि लखि सखिहि काँपु थर-थर। आलि बिदा करु बटुहि बेगि बड़ बरबर॥'' बकि जनि उठहि बहोरि कुजुगुति सँवारहि॥ जनि कहहि कछु बिपरीत जानत प्रीति रीति न बात की। सिव साधु निंदक मंद अति जो सुनै सोउ बड़ पातकी॥'* (३८—४१)—ये सब भाव इस अर्धालीमें हैं। (घ) *'जगदंबा'* शब्द देकर यह भी जना दिया कि ये सर्वज्ञा हैं, जानती हैं कि सप्तर्षिको आगे और क्या करना है। अभी हिमाचलके घर जाना है, उनको यहाँ भेजना इत्यादि।

नोट—३ *'तुम्ह गृह गवनहु'*— इति। (क) इसमें भी ध्वनिसे बहुत भाव भरे हैं। एक तो साधारण कि—'बाबा! बहुत हो चुका, अब घर जाइये, अधिक जी न जलाइये।' दूसरे, मैं तो उपदेश लेने आपके यहाँ गयी नहीं, आप अपने घर जायँ, मैंने आपको बुलाया तो है नहीं, इत्यादि। आप अपने घर रहें, मैं अपने। तीसरे, आपको क्या और काम नहीं है जो यहाँ इतना समय व्यर्थ बिता रहे हैं? जाइये, अपना काम देखिये, आकर व्यर्थ बकवादसे क्या लाभ?—ये भाव तो साधारण मुहावरेके अनुकूल हुए। आशय यह कि मैं निन्दा सुनना नहीं चाहती, व्यर्थ न सताइये, चलते हूजिये।—*'भइ बड़ि बार आलि कहु काज सिधारहि'* (पार्वतीमंगल ४०)। (ख) व्यंग्यसे यहाँ *'नारद कर उपदेस सुनि कहहु बसेउ किसु गेह'* का भी उत्तर दे रही हैं कि 'जाइये, महाराज! अपना घर सँवारिये, सँभालिये; वह न उजड़ने पावे। हमारे घरकी चिन्ता न कीजिये।' (ग) यहाँ 'तिरस्कार अलंकार' है; यथा—*'त्यागिय आदरणीयहू लखिय जो दोष बिशेष। तिरस्कार भूषण कहैं जिनको सुमति अशेष॥'* (अ० मं०) (घ) पुनः, गुप्तरूपसे यह भी बताती हैं कि 'क्या शिवजीकी आज्ञा आप भूल गये?' अब शीघ्र हमारे घर जाइये। शङ्करजीकी आज्ञानुसार गिरिराजको जाकर हमारे ले जानेके लिये भेजिये— यह भाव *'जगदंबा'* के सम्बन्धसे हो सकता है। (ङ) कोई-कोई यह भाव लिखते हैं कि 'अपने वरके लिये जाकर किसी औरका घर देखिये' यह भाव *'तौ कौतुकिअन्ह आलस नाहीं।'''''* के अनुकूल है। परन्तु मुहावरेके अनुसार तो यह अर्थ यहाँ प्रसंगानुकूल नहीं। *'गृह'* के साथ 'अन्य किसीका' ये शब्द अपनी ओरसे बढ़ाने पड़ते हैं।

देखि प्रेम बोले मुनि ज्ञानी। जय जय जगदंबिके भवानी॥ ८॥

दो०—तुम्ह माया भगवान शिव सकल जगत पितु मातु।
नाइ चरन सिर मुनि चले पुनि पुनि हरषत गातु॥ ८१॥

अर्थ—श्रीपार्वतीजीका प्रेम देखकर ज्ञानी-मुनि सप्तर्षि बोले—'जगदम्बिके! हे भवानी! आपकी जय हो! जय हो!॥ ८॥ आप माया हैं और शिवजी भगवान् हैं। आप दोनों संसारके माता-पिता हैं।' (यह कहकर पार्वतीजीके) चरणोंमें सिर नवाकर (प्रणाम करके) मुनि वहाँसे चल दिये। उनके शरीर बारम्बार पुलकित हो रहे हैं॥ ८१॥

नोट—१ *'देखि प्रेम……'* इति। (क) शिवजीकी आज्ञा थी कि—*पारबतीं पहिं जाइ तुम्ह प्रेम परिच्छा लेहु।'* (७७) सप्तर्षियोंने आकर परीक्षा करके प्रेम देख लिया। अतः *'देखि प्रेम'* कहा। (ख) सप्तर्षिजी पार्वतीजीका वास्तविक स्वरूप जानते हैं, अतः उनको *'ज्ञानी'* कहा। (ग) मुनि जब परीक्षा लेने आये तब उन्होंने पार्वतीजीको *'शैलकुमारी'* कहकर सम्बोधन किया था, क्योंकि परीक्षा माधुर्यहीमें होती है; इसीसे वहाँ ऐश्वर्यसूचक सम्बोधन नहीं दे सकते थे। परीक्षा ले चुकनेपर ऐश्वर्य खोल दिया, *'जगदंबिके भवानी'* कहा। (घ) *'पार्वती पहिं जाइ तुम्ह प्रेम परिच्छा लेहु॥'* (७७)। उपक्रम है, *'देखि प्रेम'* पर उसका उपसंहार है। (ङ) *'जय जय जगदंबिके'* इति। परीक्षामें पूरी उतरीं, इससे सब अत्यन्त प्रसन्न हुए और जय-जयकार करने लगे। आनन्दके उद्गारमें मुखसे ऐसे शब्द बारम्बार निकलते हैं। यहाँ आनन्दकी वीप्सा है। (दो बार प्रश्नोत्तर हुआ, अतः दो बार जय-जयकार किया। वि० त्रि०) *'जगदम्बिके'* और *'भवानी'* का भाव कि हमलोग जानते हैं कि आप तो जगन्माता हैं, भवकी नित्यशक्ति हैं, आप जानती ही हैं कि हमलोग किसलिये आये थे। इस तरह पूर्वके माधुर्यको ऐश्वर्यसे मिलाते हैं।

नोट—२ *'तुम्ह माया भगवान शिव……'* इति। (क) माया और ईश्वरसे, प्रकृति और पुरुषसे जगत्‌की उत्पत्ति है। इससे दोनोंका सम्बन्ध अनादि सिद्ध जनाया। उत्पत्तिकर्त्ता होनेसे *'भगवान'* कहा, यथा—उत्पत्तिं प्रलयं चैव……' मिलान कीजिये—*'श्रुतिसेतुपालक राम तुम्ह जगदीस माया जानकी। जो सृजति जगु पालति हरति रुख पाइ कृपानिधान की॥'* (२। १२६)। (ख) *'नाइ चरन सिर मुनि चले'* इति। जब सप्तर्षि आये थे, तब उन्होंने प्रणाम नहीं किया था, आते ही तपका कारण पूछ चले थे, क्योंकि परीक्षा लेनी थी, बड़े बनकर आये थे। उस समय 'शैलकुमारी', 'गौरि' नाम दिये गये अर्थात् प्राकृत राजाकी कन्या कहकर सम्बोधन किया गया था। राजकुमारीको प्रणाम अयोग्य होता। उपदेश भी माधुर्यमें ही बनता है, ऐश्वर्यमें नहीं। अतः उस समय प्रणाम न किया। अब उनको जगदम्बिके, भवानी, भगवान् शंकरकी आद्याशक्ति माया कहा, अतः प्रणाम करना आवश्यक हुआ। प्रारम्भमें यदि प्रणाम करते तो माताकी परीक्षा लेना घोर अनुचित होता। (ग) *'तब रिषि तुरत गौरि पहिं गयऊ।'* (७८। १) उपक्रम है, *'नाइ चरन सिर मुनि चले'* पर उसका उपसंहार हुआ। (घ) *'पुनि पुनि हरषत गातु'* इति। इससे हृदयका प्रेम सूचित हो रहा है। देवताओंको प्रणाम करनेमें हर्ष होना ही चाहिये। यथा—*'चले जात सिव सती समेता। पुनि पुनि पुलकत कृपा निकेता॥……भए मगन छबि तासु बिलोकी। अजहुँ प्रीति उर रहति न रोकी॥'* (५०) पुनः निष्ठा, श्रद्धा और प्रेम देखकर मग्न हो गये हैं, अतः शरीर पुलकित हो रहा है। जैसे—भरतजीका स्वभाव, विनय, प्रेम, निष्ठा आदि देख श्रीवसिष्ठ, जनक, देवता आदि सभी आनन्दमें मग्न हो जाते थे—*'भरत बिनय सुनि देखि सुभाऊ। सिथिल सनेह सभा रघुराऊ॥ रघुराउ सिथिल सनेह साधु समाज मुनि मिथिला धनी। मन महुँ सराहत भरत भायप भगति की महिमा घनी॥'* (२। ३०१) *'धन्य भरत जय राम गोसाईं। कहत देव हरषत बरिआईं॥ मुनि मिथिलेस सभा सब काहू। पुलकि प्रसंसत राउ बिदेहू॥ सेवक स्वामि सुभाउ सुहावन। नेम पेमु अति पावन पावन॥……सचिव सभासद सब अनुरागे॥'* (२। ३०९) *'मुनिगन गुर धुरधीर जनक से। …तेउ बिलोकि रघुबर भरत प्रीति अनूप अपार। भए मगन मन तन बचन सहित बिराग बिचार॥'* (२। ३१७) ऐसे ही सप्तर्षि श्रीपार्वतीजीका प्रेम, नेम, निष्ठा तथा अन्तिम विनम्र वचन आदि देख, सुन और स्मरण कर पुलकित होते हैं, प्रेममें मग्न हैं और उनकी सराहना कर रहे हैं। भवानीका स्वभाव और उनकी बातें

जैसे-जैसे स्मरण होती हैं तैसे-तैसे पुलकाङ्ग हो-हो आता है; अतः *'पुनि पुनि हरषत'* कहा। पुनः, जिस कार्यके लिये आये थे उसकी सिद्धि हुई इससे हर्ष है। (ङ)—यहाँ सप्तर्षियोंका मन, वचन और कर्म तीनोंसे भवानीके चरणोंमें अनुराग दिखाया है। *'पुनि पुनि हरषत'* से मन (क्योंकि हर्ष मनका धर्म है), *'जय जय जगदंबिके भवानी। तुम्ह माया भगवान""""'* से वचन और *'नाइ चरन सिर'* से कर्मका अनुराग कहा। ☞शिवपु० में भी प्रणाम और जय-जयकार है।

नोट—३ श्रीलमगोड़ाजी—(क) दृश्य हास्यसे उठकर शान्त रसके शिखरपर जा पहुँचा जो महाकाव्यकी विशेषता है। (ख) जी० पी० श्रीवास्तवजी जो इस समय हास्यकलाके मुख्य आचार्य हैं, उनके सूत्रानुसार ऋषियोंने मानो 'कुकुड़ूँकूँ' बोल दिया। तुलसीदासजीकी कलाका कमाल यह है कि 'कुकुड़ूँकूँ' बोलनेवाले चरित्र भी बहुधा रंगमंचसे हर्षित ही बिदा होते हैं।

सप्तर्षि-गिरिजा-संवाद समाप्त हुआ।

जाइ मुनिन्ह हिमवंतु पठाए। करि बिनती गिरिजहि गृह ल्याए॥ १॥
बहुरि सप्तरिषि शिव पहिं जाई। कथा उमा कै सकल सुनाई॥ २॥

अर्थ—मुनियोंने जाकर हिमवान्‌को भेजा। वे विनती करके गिरिजाजीको घर ले आये॥ १॥ फिर सप्तर्षियोंने शिवजीके पास जाकर उमाजीकी सारी कथा उनसे कह सुनायी॥ २॥

नोट—१ *'जाइ मुनिन्ह""""'* इति। (क) शिवजीकी आज्ञा थी कि *'गिरिहि प्रेरि पठएहु भवन'* उस आज्ञाका पालन यह हुआ। यहाँ *'प्रेरि'* का अर्थ खोल दिया। पूर्व *'प्रेरि'* कहा और यहाँ *'पठाए'*। इस तरह *'प्रेरि'*=भेजकर। यथा—*'भृंगिहि प्रेरि सकल गन टेरे।'* (९०)। (ख) *'करि बिनती""""'* इति। विनती करनेका भाव कि पार्वतीजी तपका हठ किये हुए हैं, अतः विनती करके उनको तपसे निवृत्त किया। ब्रह्मवाणीके *'हठ परिहरि घर जायहु तबहीं'* से यही भाव सिद्ध होता है। (ग) *'गृह ल्याए'* इति। घरसे हिमाचलकी राजधानी 'ओषधिप्रस्थ' अभिप्रेत है। गन्धमादनपर्वत इस पुरके बाहरका उपवन है ऐसा कुमारसम्भव सर्ग ६ श्लोक ३३ में कहा है। इस पुरका वर्णन श्लोक ३६से ४६ तकमें है। पद्मपुराण-सृष्टिखण्डमें भी इसका वर्णन है। दोहा ६५ की अर्धाली ६ भी देखिये।

नोट—२ *'बहुरि सप्तरिषि शिव""""'* इति। (क) *'बहुरि'* का भाव कि शिवजीकी आज्ञा तो इतनी ही मात्र थी कि प्रेमपरीक्षा लो, गिरिराजको भेजकर उमाजीको घर भेजो। लौटकर फिर अपने पास आनेको नहीं कहा था परंतु सप्तर्षि पार्वतीजीका निश्चल पवित्र प्रेम देख इतने मुग्ध हो गये कि उनका चरित सुनानेके लिये वे शिवजीके पास पुनः आये। परीक्षा लेने भेजा था, अतः कहने आये कि हमने परीक्षा ली, उनके प्रेमकी बलिहारी है। पुनः, *'बहुरि'* कहा क्योंकि एक बार पूर्व आ चुके थे, यथा—*'तबहि सप्तरिषि सिव पहिं आए।'* अब दूसरी बार आये। पुनः, *'बहुरि'*=लौटकर, फिर। पुनः, *'बहुरि'* का भाव कि जब हिमाचल पार्वतीजीको घर ले आये तब—यह भाव *'गिरिहि प्रेरि पठएहु भवन'* से ध्वनित होता है। (ख) *'कथा उमा कै""""'* इति। अर्थात् जिस प्रकार परीक्षा ली; जो-जो बातें इन्होंने कहीं और जो-जो उत्तर उन्होंने दिये वे सब कहे। तथा यह भी बताया कि कैसी तपोमूर्ति ही वे देख पड़ती थीं।

भए मगन शिव सुनत सनेहा। हरषि सप्तरिषि गवनें गेहा॥ ३॥
मन थिरु करि तब संभु सुजाना। लगे करन रघुनायक ध्याना॥ ४॥

अर्थ—(उमाजीका) प्रेम सुनते ही शिवजी आनन्दमें डूब गये। सप्तर्षि प्रसन्न होकर अपने घर गये॥ ३॥ तब सुजान शिवजी मनको स्थिर करके श्रीरघुनाथजीका ध्यान करने लगे॥ ४॥

नोट—१ *'भए मगन शिव सुनत सनेहा।""""'* इति। (क) मग्न होनेका भाव कि 'अब पार्वतीजीको

भरोसा हो गया होगा और उनकी तपन मिट गयी होगी! (रा० प्र०) और भी भाव टीकामें दिये हैं पर मेरी क्षुद्रबुद्धिमें तो 'पार्वतीजीका अपने ऊपर सच्चा अनन्य प्रेम' होना ही मग्न होनेका वास्तविक कारण है। उनके प्रेम-समुद्रमें आप डूब गये। त्रिपाठीजीका मत है कि भगवती *'ई'* हैं, बिना उनके शिव शव हैं; अतः पुनः 'शिवत्व' प्राप्तिके निश्चयसे आनन्दित हुए। (ख) *'हरषि……गेहा'* इति। सेवा जो सौंपी थी वह अपने द्वारा पूरी हो गयी, भगवान् शङ्कर सेवासे प्रसन्न हुए, अतः इनको भी 'हर्ष' हुआ। (ग) सप्तर्षियोंका घर कहाँ है जो इनका यहाँसे घर जाना कहा गया? इसका उत्तर *'जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हे। उचित बास हिमभूधर दीन्हे॥'* (६५) से ही हो जाता है कि अन्य ऋषियोंकी तरह इन्होंने भी हिमालयपर ही आश्रम बना लिया था, वहीं गये। हरिद्वारसे पाँच-छः मील उत्तर (पूर्वदिशा लिये हुए) एक सप्तस्रोत नामक प्रसिद्ध रमणीक स्थान है। यहाँसे थोड़ी-थोड़ी दूरसे छोटी-छोटी सात धाराएँ जाकर भगवती भागीरथीमें मिलती हैं। इन्हीं सप्तस्रोतोंके स्थानपर सप्तर्षियोंका निवासस्थान कुछ कालतक था; ऐसी प्रख्यात जनश्रुति है। कुमारसम्भवके अनुसार यह कथा वैवस्वत मन्वन्तरकी ही है। इसी मन्वन्तरमें सप्तर्षि पार्वतीजीके पास गये थे। सप्तर्षियोंके नाम जो इसमें दिये हैं, उनमें वसिष्ठजीका भी नाम है, जो श्रीअरुन्धतीजीसहित यहाँ गये थे। वैवस्वत मन्वन्तरके सप्तर्षियोंमें वसिष्ठजीका नाम प्रथम है। (विष्णुपुराण अंश ३। १। ३०, ३२। विष्णुपुराण अंश ३ अ० १, २ में चौदहों मन्वन्तरोंके सप्तर्षियोंकी नामावली दी हुई है। उनमेंसे केवल वैवस्वत मन्वन्तरमें ही वसिष्ठजीकी गणना है, अन्य तेरहमें नहीं है। ☞सप्तर्षियोंके घरके विषयमें तर्क-पूर्ण एक समाधान तो ऊपर हो ही चुका। दूसरा समाधान यह है कि हिमालयसे भिन्न भी इनके घर प्रसिद्ध हैं—(१) वसिष्ठजीका घर एक तो अयोध्याजीमें प्रसिद्ध ही है, दूसरा घर ('रघुवंश' महाकाव्यके सर्ग २ के अनुसार) अर्बुद नामक हिमालयके एक शिखरपर भी है, जहाँ रहकर महाराज दिलीपजीने उनकी नन्दिनी कामधेनुकी सेवा कर वरदान पाया था। (२) काश्यपका घर सुमेर प्रसिद्ध है। अभिज्ञानशाकुन्तलमें भी इसका वर्णन स्पष्टरूपसे है। (३) अत्रिजीका घर चित्रकूटमें अनुसूया-आश्रमके नामसे प्रसिद्ध है। (४) जमदग्निजीका आश्रम रेवा नदीके तटपर था (महाभारत)। (५) गौतमजीका स्थान गोदरिया सेमरिया जनकपुरसे कुछ दूरीपर अहल्या-आश्रम-नामसे दरभंगा जिलेमें कमतौल स्टेशनके पास था। (६) विश्वामित्रजीका स्थान कुछ दिन कौशिकी तटपर था। ब्रह्मर्षि हो जानेपर गङ्गातट-कामवनके सिद्धाश्रममें था जिसे आजकल बक्सर कहते हैं। उसका असली नाम 'व्याघ्रसर' है। (७) भरद्वाजजीका आश्रम प्रयागमें प्रसिद्ध ही है। (बै० भू०, रा० कु० दास)

नोट—२ *'मन थिरु करि……'* इति। (क) 'भक्ता सतीके स्नेह और विरहसे अबतक मन थिर न था। पुनः भाव कि श्रीपार्वतीजीके प्रेमसे मन चञ्चल हो गया था। उनके प्रेमके हाथों मानो बिक गये थे; यथा—*'हमहि आजु लगि कनउड़ काहु न कीन्हेउ। पारबती तप प्रेम मोल मोहि लीन्हेउ॥'* (पार्वतीमंगल-४५) अतः मनको सावधानकर फिर भजनमें लगे। पं० रामकुमारजी कहते हैं कि 'सतीतनत्यागसे मनमें वैराग्य हो गया था, कहीं किसी वस्तुमें राग न होता था, सर्वत्र विचरते फिरते थे। (नीलगिरिपर भुशुण्डिजीसे रामचरित सुननेसे विश्राम मिला तब पुनः कैलास आये थे) अब मन स्थिर हुआ तब ध्यान करने लगे। पहली समाधिमें काननचारी रूपका ध्यान किया था और इस समाधिमें, जिस रूपसे श्रीरामजी उनके सामने प्रकट हुए थे, यथा—*'प्रगटे राम कृतज्ञ कृपाला। रूपसीलनिधि तेज बिसाला॥'* (७६) उसी रूपका ध्यान किया। पुनः, *'मन थिरु करि'* का भाव कि जीव स्वतः मनके वश हो जाता है, जब भगवान् कृपा करें, तब उसका मन अपने वशमें होता है, और ये तो भगवान् हैं, मन स्वतः इनके वशमें ही है, जब जैसा चाहें उससे वैसा काम लें, वे मनके अधीन नहीं हैं। अतएव उन्होंने अपनेसे ही मनको स्थिर किया।' त्रिपाठीजीका मत है कि आनन्दकी घटना उपस्थित होनेपर महात्मा लोग भगवान्‌का ध्यान करते हैं, वैसे ही शिवजी यहाँ ध्यान करने लगे। (ख) ☞मनको स्थिर कर ध्यान करने लगे अर्थात् समाधि लग गयी,

यथा—'*सहज बिमल मन लागि समाधी।*' (१२५) समाधि लगनेकी बात आगे ब्रह्माजीके वचनोंसे स्पष्ट है, यथा—'*तेहि तपु कीन्ह संभु हित लागी। सिव समाधि बैठे सब त्यागी॥*' (८३) (ग) '*मन थिरु करि*......' यह उपक्रम है। इसका उपसंहार '*भयउ ईस मन छोभु बिसेषी॥*'...... (८७। ४)। पर है।

श्रीपार्वती-प्रेम-परीक्षा-प्रकरण समाप्त हुआ

तारक असुर भएउ तेहि काला। भुज प्रताप बल तेज बिसाला॥ ५॥
तेहि* सब लोक लोकपति जीते। भए देव सुख† संपति रीते॥ ६॥

अर्थ— उसी समय तारक नामका दैत्य हुआ जिसकी भुजाओंका बल, प्रताप और तेज बहुत बड़ा था। (अर्थात् जो बड़ा प्रतापी, बलवान् और तेजस्वी था)॥ ५॥ उसने सब लोकों और लोकपालोंको जीत लिया। देवता सुख और संपत्तिसे खाली हो गये॥ ६॥

नोट—१ पद्मपुराण-सृष्टिखण्डमें तारकासुरके जन्मकी कथा इस प्रकार है—'महर्षि कश्यपके वरदानसे दितिके वज्राङ्ग नामक एक पुत्र हुआ जिसके सभी अङ्ग वज्रके समान सुदृढ़ थे और जो जन्मते ही सब शास्त्रोंमें पारङ्गत हो गया। माताकी आज्ञासे वह स्वर्गमें गया और अमोघ तेजवाले पाशसे इन्द्रको बाँध लाया। ब्रह्माजी तथा कश्यपजीके कहनेसे उसने इन्द्रको मुक्त कर दिया और ब्रह्माजीसे वरदान माँगा कि मेरा मन तपस्यामें लगे और वह निर्विघ्न पूरी हो। ब्रह्माजीने उसे वर दिया और एक वराङ्गी नामकी स्त्री उत्पन्न करके उसको पत्नीरूपसे अंगीकार करनेको दी। दोनों तप करने लगे। ब्रह्माजीने प्रसन्न होकर वर दिया कि उसके हृदयमें आसुरभाव कभी न हो और तपस्यामें उसका अनुराग बना रहे। तपस्या समाप्तकर जब वह घर आया तो स्त्रीको न पाया। वनमें उसने स्त्रीको रोते हुए पाया। पूछनेपर मालूम हुआ कि इन्द्रने उसे बहुत डरवाया और घरसे निकाल दिया था जिससे वह प्राण-त्याग करनेका निश्चय कर चुकी थी। उसने वज्राङ्गसे कहा—'आप मुझे ऐसा पुत्र दीजिये जो मुझे इस दुःख-समुद्रसे तार दे। वज्राङ्गने इसी आशयसे फिर तप किया और ब्रह्माने उसे वर दिया कि 'तारक' नामक महाबली पुत्र होगा। मत्स्यपुराणमें भी इस तप और वरदानका उल्लेख है। यथा—'**अलं ते तपसा वत्स मा क्लेशे दुस्तरे विश। पुत्रस्ते तारको नाम भविष्यति महाबलः॥**' (अ० १४७ श्लोक १७) वराङ्गी अपने पतिद्वारा स्थापित किये हुए गर्भको पूरे एक हजार वर्षतक धारण किये रही, इसके बाद उसने पुत्रको जन्म दिया जो जन्मते ही भयंकर पराक्रमी हो गया। देवताओंका दमन करनेके विचारसे उसने पारियात्रपर्वतपर जाकर बड़ा उग्र तप किया जिससे सुरासुर सभी जले जाते थे। सबको भयभीत देख ब्रह्माजीने उसके पास जाकर उससे इच्छित उत्तम वर माँगनेको कहा। यथा—'**उद्विग्नाश्च सुराः सर्वे तपसा तस्य भीषिताः। एतस्मिन्नन्तरे ब्रह्मा परमं तोषमागतः॥**' (मत्स्यपुराण अ० १४८ श्लोक १४) '**वृतं तेनेदमेवं प्राक् मया चास्मै प्रतिश्रुतम्। वरेण शमितं लोकानलं दग्धुं हि तत्तपः॥**' (कुमारसम्भव सर्ग १ श्लोक ५६)—और शिवपुराणमें इसे तार असुरका पुत्र कहा है। इसने जब एक हजार वर्षतक तप किया और कुछ फल न हुआ, तब इसके मस्तकसे एक बहुत प्रचण्ड तेज निकला जिससे देवता लोग व्याकुल होने लगे, यहाँतक कि इन्द्र सिंहासनपरसे खिंचने लगा। देवताओंकी प्रार्थनापर ब्रह्माजी उसे वर देने आये। पद्मपुराणमें चार सौ वर्ष तप करना लिखा है। अस्तु।

मत्स्यपुराणके अनुसार उसने साष्टाङ्ग दण्डवत् कर हाथ जोड़ प्रार्थना की कि '**देव भूतमनोवास वेत्सि जन्तुविचेष्टितम्। कृतप्रतिकृताकांक्षी जिगीषुः प्रायशो जनः॥ वयं च जातिधर्मेण कृतवैराः सहामरैः। तैश्च निःशेषिता दैत्याः क्रूरैः सन्त्यज्य धर्मिताम्॥ तेषामहं समुद्धर्त्ता भवेयमिति मे मतिः।**' (१८-१९) हे देव! हम सब प्राणियोंके हृदयमें वास करनेवाले! आप सबकी इच्छाको भलीभाँति जानते हैं। प्रायः लोग दूसरेके साथ वैसा ही कर्तव्य करनेकी इच्छा रखते हैं जैसा उनके साथ दूसरोंने किया है। हमसे देवताओंसे स्वाभाविक

* तेइ—१७०४। ते—को० रा०। तेहि—१६६१, १७२१, १७६२, छ०। † सब— १७०४।

वैर है। उन्होंने दैत्यकुलको निःशेष कर दिया है। अतः उसका उद्धार करनेकी इच्छा है। यह कहकर तब उसने इस तरह वर माँगा कि 'किसी महापराक्रमी प्राणी या किसी अस्त्र-शस्त्रसे मेरी मृत्यु न हो, यही उत्तम वर हमारे हृदयमें स्थित है। हे देवेश! यही वर मुझे दीजिये और किसी वरकी मुझे इच्छा नहीं है।' और पद्मपुराणमें यह वर माँगना लिखा है कि 'किसी भी प्राणीसे मेरी मृत्यु न हो। श्रीब्रह्माजीने कहा कि देहधारियोंके लिये मृत्यु निश्चित है, अतः ऐसा वर नहीं मिल सकता कि किसी प्रकार मृत्यु न हो। तुम ऐसा वर माँगो कि इस-इससे मेरी मृत्यु न हो।' जिस किसी निमित्तसे भी, जिससे तुम्हें भय न हो, अपनी मृत्यु माँग लो, जिससे तुम्हें शङ्का हो उससे मृत्यु न होनेका वर माँग लो।' तब दैत्यराजने मायासे मोहित होकर यह वर माँगा कि हमारी मृत्यु सात दिनके बालक शिशुको छोड़कर और किसीसे न हो।' और शिवपुराणानुसार उसने दो वर माँगे। पहला तो यह कि—'मेरे समान संसारमें कोई बलवान् न हो।' दूसरा यह कि—'यदि मैं मारा जाऊँ तो उसीके हाथसे जो शिवजीसे उत्पन्न हो।' अस्तु, ब्रह्माजी उसके इच्छित वरको देकर ब्रह्मलोकको गये और तारक अपने घर गया। ऐसा वर प्राप्त होनेपर महिष, कालनेमि, जम्भ, ग्रसन, शम्भु आदि बड़े-बड़े दैत्य उससे आ मिले और उसको अपना अधिपति बनाया। (मत्स्यपुराण अ० १४८, १५४, श्लोक २०—२६, ४७—४९) अब तारकासुर घोर अन्याय करने लगा। त्रैलोक्यमें कोई स्वतन्त्र न रह गया। देवताओंके सारे विमान-समूह छीन लिये, सुमेरुपरके देवताओंके निवासस्थानोंपर भी अधिकार कर लिया। पद्मपुराणमें लिखा है कि वायुदेवसे असुरोंका उद्योग जानकर कि वे बड़ी भारी सेना लेकर स्वर्गपर धावा करनेवाले हैं। इन्द्र देवताओंकी सेना लेकर संग्रामके लिये निकले और एक साथ ही सब-के-सब तारकपर प्रहार करने लगे। पर उसका कुछ कर न सके। उसने देवताओंको अपने हाथके पृष्ठ भागसे ही मार गिराया। बचे हुए प्राण लेकर भगे, तब सब देवता ब्रह्माजीके पास गये और उनसे अपना दुखड़ा रो सुनाया।—*'देखे बिधि सब देव दुखारे'* पर टिप्पणी देखिये। ब्रह्माजीने कहा कि हमने उसे वर दिया है, उसका स्वयं नाश करना हमारे लिये अयोग्य है। 'विषका वृक्ष भी बढ़ाकर स्वयं ही काटना उचित नहीं।' उस दैत्यने सात दिनके शिशुसे अपनी मृत्यु होनेका वर माँगा था। तारकासुरके तेजको श्रीमहादेवजीके वीर्यसे उत्पन्न शिशुके अतिरिक्त और कोई नहीं सह सकता। 'शिवजीके पुत्रके अतिरिक्त तारकको और कोई मार नहीं सकता। इस समय हिमालयपर पार्वतीजी शिवजीके लिये तप कर रही हैं। जाकर ऐसा उपाय रचो कि उनका संयोग शिवजीके साथ हो जाय।'—(श० सा०) शिवजी समाधिस्थ हैं, यत्न करो कि वे पार्वतीजीसे विवाह करें। (कुमारसम्भव सर्ग २। ५७, ५९, ६१ मत्स्यपुराण अ० १४६, १५४) पद्मपुराणमें लिखा है कि—'हिमालयकी कन्या जो उमादेवी होगी, उसके गर्भसे उत्पन्न पुत्र अरणिसे प्रकट होनेवाले अग्निदेवकी भाँति तेजस्वी होगा। उस पुत्रका सामना करनेपर तारकासुर नष्ट हो जायगा।' (संक्षिप्त पद्मपुराणसे) इसके आगेकी कथा आगे ग्रन्थकारने स्वयं दी है।

नोट—२ *'भयउ तेहि काला'* इति। (क) इससे प्रश्न होता है—*'तेहि काला'?* सतीजीके समयमें ही हुआ या पार्वतीजन्म होनेपर या शिवजीके दूसरी समाधि लगानेपर हुआ? स्कन्द और पद्मपुराणसे तो निश्चय होता है कि तारकासुरके वर पाने और देवताओंकी पुकारके पश्चात् श्रीपार्वतीजीका जन्म हुआ और मत्स्यपुराण तथा कुमारसम्भवका मत है कि देवताओंने जब ब्रह्माजीसे पुकार की उस समय शिवजी समाधिस्थ थे। इससे यह निश्चय होता है कि पार्वतीजीके जन्मके पश्चात् ही तारकका जन्म हुआ और पार्वती-तपकी समाप्तिके लगभग ही उसको भी वर मिला, चाहे कुछ पहले या पीछे और उसका अत्याचार समाधि होनेपर बढ़ा। मानसका *'तेहि काला'* कुमारसम्भव और मत्स्यपुराणसे मिलता-जुलता है। (ख) देखिये, प्रभुकी आज्ञा तो है कि *'जाइ बिबाहहु सैलजहिं'* और शिवजी समाधि लगाकर बैठ गये। उनका यह कर्म प्रभुकी आज्ञाके प्रतिकूल हुआ। इसीसे भगवान्‌ने विघ्न उपस्थित कर दिया कि *'तारक असुर भयउ तेहि काला।'* उसका जन्म चाहे समाधिके पहले ही हो गया हो पर विशाल प्रताप, बल और तेज उसका समाधिस्थ होनेपर हुआ। ऐसा अन्वय कर सकते हैं कि—*'भुज प्रताप बल तेज तेहि काल बिसाल*

भएउ।' प्रभुकी आज्ञा तो ब्याहकी है ही, अब लोक-व्यवहार भी ऐसा ही आ बना कि अब उमाजीको अवश्य ब्याहेंगे। आगे *'संभु सुक्र संभूत सुत एहि जीतै रन सोइ'* इस दोहेके द्वारा लोक-व्यवहार कहा गया। (पं० रामकुमारजी)

टिप्पणी—१ *'भुज प्रताप बल तेज बिसाला'* इति। (क) कीर्त्ति, यश, बल या नाम सुनकर ही शत्रु डर जाय यह*'प्रताप'* कहलाता है। *'तेज'* यह है कि मुखपर तपस्याके कारण ऐसा प्रकाश है कि शत्रु सामने आनेपर आँख नहीं लड़ा सकता, देखकर काँप उठता है; यथा—*'तेज निधान लखन पुनि तैसें। कंपहिं भूप बिलोकत जाकें। जिमि गज हरि किसोर के ताकें॥'* (१। २९३) देखते ही सिर झुक जाना, नम्र पड़ जाना यह *'तेज'* का प्रभाव है। *'बल'* यह है कि कैसा भी दुर्घट कार्य हो उसे सुगमतासे बिना परिश्रम कर डाले। (ख) कुमारसम्भवमें *'तेज'* के सम्बन्धमें यह लिखा है कि जब सब देवता घबड़ाकर ब्रह्माजीके पास गये, तब ब्रह्माजीके प्रश्न करनेपर इन्द्रका इशारा पाकर बृहस्पतिजीने देवताओंका दुःख यों वर्णन किया है—'इन्द्र, वरुण, यमराज, चन्द्रमा, सूर्य, पवन, रुद्रों और वासुकी इत्यादिके तेज तारकासुरके सामने नष्ट हो गये हैं। सभी उसका रुख जोहते रहते हैं, तो भी वह शान्त नहीं होता, तीनों भुवनोंको क्लेश देता है। दुष्ट कभी भी भला बिना प्रतिकारके शान्त हो सकते हैं? वह देव-बधूटियोंसे पंखा झलवाता है, यज्ञोंमें दिये हुए हव्योंको अग्निके मुखसे छीन ले जाता है। विष्णुका चक्र भी उसका कुछ न कर सका।' (सर्ग २, श्लोक २०—५५) पद्मपुराणमें लिखा है कि ब्रह्माजीने देवताओंसे कहा—'तुम्हारा तेज किसने छीन लिया? तुम ऐसे देख पड़ते हो मानो तुममें कुछ भी करनेकी शक्ति ही न रह गयी। तुम्हारी कान्ति जाती रही।'—यह सब तेज और प्रतापका ही भावार्थ है। इसीसे *'प्रताप तेज'* विशाल कहा। उसके आगे देवताओंका तेज, प्रताप जाता रहा। (ग) *'बल'* के सम्बन्धमें पूर्व कह आये हैं कि उसने यह वर माँग लिया था कि 'मेरे समान संसारमें कोई बलवान् न हो' अतः *'बल'* विशाल है। उसके सामने किसीका बल नहीं चलता। समस्त देवताओंने एक साथ उसपर प्रहार किया तब उसने रथपरसे कूदकर करोड़ों देवताओंको अपने हाथके पृष्ठ भागसे ही मार गिराया—(पद्मपुराण)।—यह उसके विशाल बलका उदाहरण है। अर्धाली ७, ८ का नोट भी *'प्रताप बल तेज'* पर देखिये। [*'बल'* शब्दके पहिले *'प्रताप'* शब्दके प्रयोगका भाव कि उसकी भुजाओंके प्रतापके बलसे उसके अनुचर लोकपालोंको बाँधकर पशुओंकी भाँति खींच लाये। इस भाँति प्रताप कहा। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ (क) *'तेहि सब लोक लोकपति जीते'* इति। सब लोकपति अर्थात् *'रबि ससि पवन बरुन धनधारी। अगिनि काल जम सब अधिकारी॥'* (१। १८२) पद्मपुराणमें लिखा है कि अपने दूत वायुसे दैत्योंका उद्योग सुनकर इन्द्रने संग्रामकी तैयारी की। यमराजको सेनापति बनाकर समस्त लोकपाल अपनी-अपनी दुर्जय सेना लेकर साथमें गये। पर सब-के-सब प्रथम ही बार हार गये। तब उसने सबके लोकोंपर अधिकार जमा लिया। अतः *'लोक लोकपति जीते'* कहा। (ख) *'भए देव सुख संपति रीते'* इति। इससे जनाया कि सब देवता पराधीन होकर रह रहे हैं। पराधीनको सुख कहाँ ? यथा—*'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।'* (१। १०२) अतः *'सुख रीते'* कहा। उनके सब लोक छिन गये हैं। अतः *'संपति रीते'* कहा। इससे जनाया कि इन्द्रादि लोकपालोंको जीतकर उनकी सब संपत्ति भी छीन ली। *'लोक जीते'* से यह भी जनाया कि लोकोंको लोकपालोंसे छीनकर अब उनमें अपनी नीतिके अनुसार हुकूमत करता था, उन अधिकारियोंके स्थानपर अपने अधिकारी नियुक्त कर दिये थे। दैत्य ही देवताओंपर शासन करते थे।

अजर अमर सो जीति न जाई। हारे सुर करि बिबिध लराई॥७॥
तब बिरंचि सन* जाइ पुकारे। देखे बिधि सब देव दुखारे॥८॥

अर्थ—वह अजर-अमर था, (किसीसे) जीता नहीं जाता था। देवता लोग (उसके साथ) अनेक

* पहिं— १७२१, १७६२, छ०। सन— १६६१, १७०४, को० रा०।

प्रकारसे लड़ाई करके हार गये॥ ७॥ तब सबोंने जाकर ब्रह्माजीसे पुकार की। ब्रह्माजीने सब देवताओंको दुःखी देखा॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'अजर अमर सो……'* इति। (क) भाव कि वह न तो बुड्ढा ही होता है, न उसका शरीर किसी प्रकार जीर्ण वा जर्जर होता है और न वह किसीके मारे मरता है; अतएव जीता नहीं जाता। [(ख) यहाँ यह शङ्का उठाकर कि 'वह अजर-अमर था तो मरा कैसे?' वे महानुभाव अपनी शङ्काके समाधानार्थ यों अर्थ करते हैं कि 'अजर-अमर (जो देवता उन) सों (से) जीता नहीं जाता', वा 'अजर-अमर देवताओंसे वह जीता नहीं जाता।' वा सो=सों=सदृश, समान। अर्थात् 'अजर-अमर-सा है, इसीसे जीता नहीं जाता।' मेरी समझमें समाधान यह हो सकता है कि जैसे देवता भी अमर कहलाते हैं, *'अमर'* उनका नाम ही हो गया है, पर वे भी तो काल पाकर मरते ही हैं। देवताओंको जो *'अमर'* कहा जाता है वह मनुष्यादिकी अपेक्षासे ही कहा जाता है। वैसे ही यहाँ भी *'अमर'* से तात्पर्य यही है कि केवल सात दिनके शिशुको छोड़कर वह सबसे अमर था, अवध्य था। काल आदि देवता मारनेको समर्थ होते हुए भी उसे नहीं मार सकते, भगवान् विष्णुका चक्र भी उसका कुछ न कर सका, जो मृत्युके साधन प्रसिद्ध हैं और जो वर्तमान हैं उनसे वह अवध्य है, उनके द्वारा इस समय वह मर नहीं सकता।—इसी भावसे उसे *'अजर अमर'* कहा गया।] (ग)—*'हारे सुर करि बिबिध लराई'* इति। *'बिबिध'* अर्थात् जितनी भी लड़ाईकी विधियाँ हैं, वह सब प्रकारकी लड़ाई की, फिर भी न जीत पाये। कोई भी प्रकार लड़ाईका न बचा। अथवा साम, दान, दण्ड और भेद सब प्रकारसे लड़ाईमें हार गये। पुनः, *'बिबिध'* से यह भी भाव ले सकते हैं कि बहुत बार लड़ाई की, कभी न जीते। [*'अजर अमर……'* से बल और *'हारे सुर……'* से उसका तेज दिखाया। वि० त्रि०]

टिप्पणी—२ *'तब बिरंचि सन जाइ पुकारे……'* इति। (क) *'तब'* अर्थात् जब किसी प्रकार न जीत पाये, जब अपना कोई पुरुषार्थ कारगर न हुआ, न चला। (ख) *'बिरंचि'* का भाव कि ये सृष्टिरचयिता हैं, इन्होंने देवताओंके लिये स्वर्ग आदि लोक रचे और सृष्टि रचनेके समयसे ही आपने स्वर्गलोक यज्ञभोगी देवगणके अधिकारमें दे रखा है, वह अधिकार तारकासुरने छीन लिया है, अतः उन्हींके पास फरियाद लेकर आये। ☞प्रायः यही रीति भी है कि जब देवता दैत्यों या राक्षसोंसे पीड़ित होते हैं तब इन्हींके पास फरियाद करते हैं, वैसे ही यहाँ भी उन्हींसे पुकार की। रावणके अत्याचारपर भी *'बिरंचि'* हीके यहाँ जाना कहा है। भाव यह है कि आपने सृष्टि रची, अधिकार दिये; वह आपकी सृष्टि नष्ट हुई जाती है, आपका सारा परिश्रम मिट्टीमें मिल जाएगा, सारी सृष्टि चौपट हो जायगी, यदि आप शीघ्र इसका उपाय न करेंगे। पुनः, ब्रह्माने ही उसे वर दिया है, अतः सृष्टिरचयिता जान उन्हींके पास गये। (ग) *'देखे बिधि सब देव दुखारे'* इति। देवता सृष्टिरचयिता तथा अपना स्वामी जानकर उनके पास गये और *'बिधि'* (ब्रह्माजी) सबके विधानकर्त्ता हैं, अतः वें दुःखी हुए। इसी भेदसे पहले *'बिरंचि'* और अब *'बिधि'* नाम दिये गये। *'देखे……'* का दृश्य कुमारसम्भवमें बहुत अच्छा दिखाया है। सर्ग २ श्लोक १९—२७ में लिखा है कि ब्रह्माजी देवताओंको देखकर बोले—'हे वत्सगण! आपके मुखोंपर पूर्ववत् कान्ति नहीं है। इन्द्रका वज्र कुण्ठित-सा और वरुणका पाश दीन-सा देख पड़ता है। कुबेरकी भुजा गदासे रहित मानो अनादरकी सूचना दे रही है। यमराजका दण्ड अशक्त-सा जान पड़ता है।……क्या आपकी प्रतिष्ठा किसीने भङ्ग की है?

नोट—१ *'भुज प्रताप बल तेज बिसाला'* कहकर *'देखे बिधि सब देव दुखारे'* यहाँतक उसका प्रताप, बल और तेज तीनों दिखाये। यद्यपि प्रताप और तेज प्रायः पर्याय शब्दकी तरह प्रयुक्त होते हैं तब भी उनमें सूक्ष्म भेद है। *'प्रताप'* बल-पराक्रमादि महत्त्वका ऐसा प्रभाव जिसकें कारण उपद्रवी शान्त रहते हैं। मनुष्य एक ही स्थानपर बैठा रहता है पर उसका प्रताप देश-देशान्तरोंमें दूर-दूरतक फैला हुआ काम करता है, उसका भय छाया रहता है। यथा—*'जब तें रामप्रताप खगेसा। उदित भएउ अति प्रबल दिनेसा॥ पूरि प्रकास रहेउ तिहुँ लोका। बहुतेन्ह सुख बहुतन मन सोका॥'* (उ० ३१) *'जिन्हके जस प्रताप के आगे। ससि मलीन रबि सीतल लागे॥'* —शत्रुके उरमें अत्यन्त ताप हो यह प्रतापका लक्षण है। *'भए देव सुख*

संपति रीते' सुख जाता रहा, यह विशेष सन्तापका प्रत्यक्ष चिह्न है। तथा—*'तब बिरंचि सन जाइ पुकारे। देखे बिधि सब देव दुखारे॥'* इन दोनोंमें तारकासुरका विशाल प्रताप कहा और ऊपर यह भी दिखा आये हैं कि सब लोकपालोंके तेज नष्ट हो गये।—*'ससि मलीन रबि सीतल लागें'*—यह सब प्रताप है। कोई मुँहसे कुछ भी बात निकालते डरता है। *'तेज'* जैसे कि अग्नि। तेजमें अग्निका दृष्टान्त दिया जाता है। *'तेज कृसानु रोष महिषेसा।'* तेजमें भी ताप और प्रकाश होता है। शरीरमें तेज रहनेसे साहस और बल होता है। भेद केवल इतना है कि तेज सम्मुख होनेपर काम देता है और प्रताप पीठ पीछे—परोक्षमें भी। यथा—*'राजन राम अतुल बल जैसे। तेज निधान लखन पुनि तैसे॥ कंपहिं लोक बिलोकत जाके। जिमि गज हरि किसोरके ताके॥'* अर्थात् जिसकी ओर ताक दें उसकी नानी ही मर जाय। तेज और बल *'तेहि सब लोक लोकपति जीते।'* *'हारे सुर करि बिबिध लराई'* और *'जीति न जाई'* इनमें दिखाये।

दोहा—सब सन कहा बुझाइ बिधि दनुजनिधन तब होइ।
संभु सुक्र संभूत सुत एहि जीतै रन सोइ॥८२॥

अर्थ—ब्रह्माजीने सबसे समझाकर कहा कि उस दानवका नाश तब होगा जब शिवजीके वीर्यसे पुत्र उत्पन्न हो। इसे लड़ाईमें वही जीतेगा॥८२॥

टिप्पणी—१ (क) *'सब सन कहा बुझाइ'* इति। सबसे कहा जिसमें सबको सन्तोष हो और सब मिलकर उपाय करें। सबसे कहा, इसीसे सभीने वचन सुनकर अन्तमें प्रशंसा की; यथा—*'मत अति नीक कहइ सबु कोई।'* *'कहा बुझाइ'* अर्थात् समझाया कि उसने ऐसा बड़ा उग्र तप किया था कि उसके तेजसे पृथ्वी जली जाती थी। इस दुःखके निवारणार्थ हमने उसे वरदान देकर अनुकूल बनाया और तपस्यासे रोका। वह इस समय देवता, दैत्य और असुर सभीके लिये अवध्य है। जिसके द्वारा उसका वध हो सकता है, वह पुरुष त्रिलोकीमें अभीतक पैदा नहीं हुआ। उस दैत्यने अपनी मृत्यु सात दिनके ऐसे शिशुसे माँगी है जो शङ्करजीके वीर्यसे पैदा हो। श्रीशिवजीके वीर्यमें ऐसा तेज है। उस तेजसे जो पुत्र होगा वह तारकका वध करेगा। तुम्हारा कार्य सिद्ध होगा। वही पुत्र तुम्हारा सेनापति होगा। पार्वतीजीने शिवजीको पतिरूपसे पानेके लिये तप किया है और मैंने उन्हें वरदान दिया है। शिवजी समाधिस्थ हो गये हैं। तुम जाकर ऐसा उपाय करो कि उनकी समाधि छूटे और वे पार्वतीजीको ग्रहण करें। (कुमारसम्भव सर्ग २, मत्स्यपुराण अ० १४६, १५४, पद्मपुराण सृष्टिखण्ड। कुमारसम्भवमें ब्रह्माजीके शब्द ये हैं कि 'तुम शिवजीके चित्तको किसी प्रकार उमाजीके रूपपर मोहित कर दो जैसे चुम्बक लोहेको आकर्षित करता है।' यथा—'**उमारूपेण ते यूयं संयमस्तिमितं मनः। शम्भोर्यतध्वमाक्रष्टुमयस्कान्तेन लौहवत्॥**' (२।५९)) पुनः, बुझाना यही है जो आगे कहा है—*'दनुजनिधन तब होइ'* से लेकर *'एहि बिधि भलेहि देव हित होई'* तक। (ख) *'बिधि'* इति। इसके यहाँ दोनों अर्थ लिये जा सकते हैं—एक तो 'ब्रह्मा, विधानकर्त्ता'; दूसरे 'विधान, उपाय, प्रकार।' अर्थात् ब्रह्माजीने विधि समझाकर कही। पुनः भाव कि ये 'विधि' हैं अर्थात् विधानकर्त्ता हैं, सब विधान जानते हैं, क्या उचित कर्त्तव्य है इसके जाननेवाले तथा करनेवाले हैं; इसीसे उन्होंने सबको दुःखित देखकर दया करके विधान (उपाय) बताया, जिससे देवताओंके अधिकार उनको फिर मिल जायँ और सृष्टिका कार्य विधिपूर्वक चलता रहे। इस भावसे यहाँ *'बिधि'* नाम दिया गया। (ग) *'दनुज निधन तब होइ'* इति। जब ऐसा हो तब ऐसा हो, यह 'संभावना अलङ्कार' है। इससे जनाया कि हम तुम्हारा दुःख दूर नहीं कर सकते, उपाय बताये देते हैं जिससे दुःख दूर हो। (घ) *'संभु सुक्र संभूत सुत'* इति। भाव कि सुत तो गणेशजी भी हैं, यदि वे ज्येष्ठ पुत्र समझे जायँ (वा, *'सुर अनादि जिय जानि'* के भावसे, क्योंकि उनका पूजन इनके विवाहमें होगा ही); पर वे शम्भु-शुक्र-सम्भूत नहीं हैं। [☞इस कथनसे मत्स्यपुराण, शिवपुराण और कुमारसम्भव तीनोंके मतोंका पोषण हो जाता है। यदि यह वर माँगा हो कि शम्भु-शुक्र-सम्भूत सुतसे मरूँ तो वह भी बात आ गयी और यदि यही वर माँगा

हो कि सात दिनके बालकसे मरूँ तो भी इसमें आ गया कि ऐसा तेजस्वी पुत्र शङ्करजीके ही तेजसे सम्भव है, अन्यसे नहीं। अतः उनका विवाह कराना आवश्यक है।] संत श्रीगुरुसहायलालजी लिखते हैं कि 'शिवजी ऊर्ध्वरेता हैं। इस कारण उनके वीर्यका पतन होना ही दुस्तर है। तो भी जैसे हो उनके ही वीर्यसे पुत्र उत्पन्न होना चाहिये। ऊर्ध्वरेताका वीर्य परवश परस्त्रीकी कलासे पात नहीं होता। इसलिये विवाह होनेका उपाय प्रथम होना आवश्यक है।' (मा० त० वि०) और मयङ्ककार लिखते हैं कि 'वीर्य' शब्दका प्रयोग करनेका कारण यह है कि शिवजीका वीर्य पार्वती-रतिके मिष पृथ्वीपर गिरा, वहाँसे गङ्गामें प्राप्त हुआ, गङ्गासे जाम्बुनदतालमें प्राप्त हुआ। इस प्रकार अग्नि आदिमें वह वीर्य प्राप्त हुआ जिससे षण्मुख कार्तिकेयका जन्म हुआ। इस कारण वीर्य कहा।' (ङ) यहाँ 'शुक्र' शब्दमें १६६१ की पोथीमें तालव्य शकारका प्रयोग किया गया है। (च) 'शम्भुशुक्र' कहकर जनाया कि शरीरसम्भूत पुत्रसे काम न चलेगा। नहीं तो शरीरसम्भूत तो वीरभद्रादिक थे ही। (वि० त्रि०) (छ) कुमारसम्भवमें इस दोहेसे मिलता हुआ यह श्लोक है—**'संयुगे सांयुगीनं तमुद्यते प्रसहेत कः। अंशादृते निषिक्तस्य नीललोहितरेतसः॥'** (२। ५७)

बाबा हरिदासजी लिखते हैं कि—*'अजर अमर सो जीति न जाई।'* कोई देवता उसे जीन न पाते थे, इसका कारण यह है कि उसका नाम 'तारक' था। भगवान् श्रीरामचन्द्रजीका षडक्षर मन्त्र भी तारक कहलाता है। नामका सम्बन्ध होनेसे न मरता था। यह नामका महत्त्व दिखाया। अतः उसके मारनेका उपाय *'संभु सुक्र संभूत सुत'* बताया। शम्भु=शं+भु=कल्याणकी भूमि। उनके वीर्यसे सम्भूत अर्थात् सं (कल्याण) ही 'भूत' अर्थात् उत्पन्न होगा। भाव यह कि शिवके भी शिवरूप लोक-कल्याणहेतु प्रकट होंगे। शिवजी पञ्चमुख हैं और शिवसुत षण्मुख होंगे। ये शिवके भी शिव हैं, षण्मुख षडक्षरमन्त्ररूप होकर प्रकट होंगे। भगवान्ने देखा कि यह 'तारक' होकर जीवोंको भवसागरमें डालता है, हमारे जन्मकी निन्दा कराता है; अतः षडक्षर ब्रह्म तारकमन्त्ररूप शिवजीके द्वारा प्रकट कराया।

मोर कहा सुनि करहु उपाई। होइहि ईश्वर करिहि सहाई॥ १॥
सतीं जो तजी दक्ष मख देहा। जनमी जाइ हिमाचल गेहा॥ २॥
तेहि तपु कीन्ह संभु पति लागी। शिव समाधि बैठे सबु त्यागी॥ ३॥

अर्थ—मेरी बात सुनकर उपाय करो, कार्य होगा, ईश्वर सहायता करेंगे॥ १॥ सतीजी जिन्होंने दक्षके यज्ञमें शरीर छोड़ दिया था उन्होंने जाकर हिमाचलके घर जन्म लिया है॥ २॥ शिवजी पति हों इस निमित्त उन्होंने तप किया (और इधर) शिवजी सब छोड़-छाड़ समाधि लगा बैठे॥ ३॥

टिप्पणी—१ (क) *'मोर कहा सुनि करहु उपाई।……'* इति। भाव कि उपाय करो और ईश्वरका भरोसा रखो कि वे कार्य सफल करेंगे। ☞यहाँ पुरुषार्थ और ईश्वरकी सहायता दोनोंको प्रधान रखा। इससे जनाया कि जीवके लिये दोनों बातें कर्त्तव्य हैं, उपाय भी और ईश्वरका भरोसा भी। यथा—*'तासु दूत तुम्ह तजि कदराई। राम हृदय धरि करहु उपाई॥'* (४। २९) *'सखा कही तुम्ह नीकि उपाई। करिअ देव जौं होइ सहाई॥'* (५। ५१) *'तदपि एक मैं कहौं उपाई। होइ करै जौ दैउ सहाई॥'* (६९। १) भी देखिये। (ख) *'होइहि ईश्वर करिहि सहाई'*—यह एक प्रकारसे ब्रह्माजीका आशीर्वाद हुआ। ऐसा कहा क्योंकि मनुष्यका कर्ममें अधिकार है, फल तो ईश्वरके हाथ है; यथा—*'सुभ अरु असुभ कर्म अनुहारी। ईस देइ फल हृदय बिचारी॥'* (ग) [*'होइहि ईश्वर करिहि……'* ये ब्रह्माजीके वचन हैं और *'होइ करै जौ दैउ सहाई।'* ये हिमाचल-प्रति नारदजीके वचन हैं। ब्रह्माजी तारकासुरको वर दे चुके हैं और इधर पार्वतीजीको भी वर दे चुके हैं तथा वे भगवान्के प्रभावके द्वादश प्रधान ज्ञाताओंमेंसे हैं, अतः उन्होंने निश्चय कहा—*'होइहि'*, *'करिहि सहाई'*। देवर्षि नारदने *'जौं'* संदिग्ध वचन कहा; क्योंकि उन्हें पार्वतीजीका ऐश्वर्य हिमाचलसे अभी गुप्त रखना था और हिमवान्को पार्वतीजीको तप करने भेजनेके लिये उत्साहित करना था।]

टिप्पणी—२ *'सतीं जो तजी……'* इति। (क) *'सतीं जो'* का भाव कि संसारमें सती बहुत-सी

हैं, पर हम उन सतीको कहते हैं जो दक्षकी कन्या और शिवजीकी पत्नी थीं, जिन्होंने दक्षयज्ञमें अपना शरीर त्याग दिया था। वही पार्वतीरूपसे हिमाचलके यहाँ अवतरी हैं। पुनः, *'जो तजी'* से जनाया कि तुम वह सब वृत्तान्त जानते ही हो एवं उनको भी जानते ही हो। पुनः, *'सतीं'* कहकर जनाया कि वे पतिव्रता-शिरोमणि हैं, वे दूसरेको कभी न ब्याहेंगी, यह तुम निश्चय जानो। वे सती हैं इसीसे उन्होंने शिवजीके लिये ही तप किया। (ख) *'जनमी जाइ……'*। इति [*'जाइ'* का भाव कि यज्ञ तो हरिद्वार कनखलमें हुआ था। वहीं उन्होंने शरीर छोड़ा था और जन्म लिया हिमाचलके यहाँ। अतः जाकर जन्म लेना कहा। यथा—*'तेहि कारन हिमगिरि गृह जाई। जनमी पारबती तनु पाई॥'* (६५) (वि० त्रि०) लिखते हैं कि कालिकापुराणमें लिखा है कि उन ऊर्ध्वरेता शम्भुके वीर्यको स्थानसे प्रचलित करनेमें पार्वती ही समर्थ हैं और किसी स्त्रीमें ऐसा सामर्थ्य नहीं है।— **'तमूर्ध्वरेतसं शम्भुं सैव प्रच्युतरेतसम्। कर्तुं समर्था नान्यास्ति काचिदप्यबलापरा॥'**]

टिप्पणी—३ *'तेहि तपु कीन्ह संभु पति लागी।……'* इति। (क) शम्भु पति होनेके लिये तप किया। भाव कि उन्हींको पतिरूपसे वरण कर चुकी हैं। यथा—*'देखहु मुनि अबिबेकु हमारा। चाहिअ सदा सिवहि भरतारा॥'* —यह स्वयं उन्होंने सप्तर्षियोंसे कहा है और ब्रह्माजीने तो वर ही दिया है कि *'अब मिलिहहिं त्रिपुरारि।'*, *'अस तपु काहु न कीन्ह भवानी।'* वे जानते ही हैं। (ख) *'शिव समाधि बैठे……'* इति। भाव कि विवाहके लिये कन्या तो मौजूद ही है, पर विवाहकी कोई युक्ति बैठती नहीं कि कैसे हो। तात्पर्य कि शिवजी पार्वतीजीको अङ्गीकार नहीं करते। यही बात आगे स्पष्ट कही है, यथा—*'पारबती तपु कीन्ह अपारा। करहु तासु अब अंगीकारा॥'* (८९) इसीसे समाधि लगाकर बैठ गये हैं। [(ग) पूर्व कहा था कि *'लगे करन रघुनायक ध्याना।'* (८२। ४) अब ब्रह्माजीके वचनोंसे जान पड़ा कि ध्यानमें समाधि लग गयी।] (घ) *'सबु त्यागी'* अर्थात् सब संग, सबका ममत्व इत्यादि त्यागकर। यथा—*'भजहु नाथ ममता सब त्यागी।'* (६। ७) (मन्दोदरीवाक्य),*'एहि बिधि सर रचि मुनि सरभंगा। बैठे हृदय छाँड़ि सब संगा।'* (३। ८)

जदपि अहै असमंजस भारी। तदपि बात एक सुनहु हमारी॥ ४॥
पठवहु कामु जाइ शिव पाहीं। करै छोभु संकर मन माहीं॥ ५॥
तब हम जाइ शिवहि सिर नाई। करवाउब बिबाहु बरिआई॥ ६॥

अर्थ—यद्यपि है तो बड़ा ही असमञ्जस (दुविधा, सन्देह, शक) तथापि हमारी एक बात सुनो॥ ४॥ जाकर कामदेवको शिवजीके पास भेजो। वह जाकर शङ्करजीके मनमें क्षोभ (चञ्चलता, विचलता, खलबली) उत्पन्न करे। (जिससे समाधिसे मन विचलित हो, समाधि टूट जाय)॥ ५॥ तब हम जाकर शिवजीके चरणोंमें माथा नवाकर जबरदस्ती ब्याह करवा देंगे॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) *'अहै असमंजस भारी'* इति। भाव कि प्रथम तो यही असमञ्जस है कि न जाने समाधि कब छूटे। दूसरे, यदि प्रयत्न भी किया जाय तब भी उसका एक तो छुड़ाना ही दुस्तर है और कदाचित् प्रयत्नसे छूट भी जाय तो छुड़ानेवालेकी खैरियत नहीं, वह बच नहीं सकता। तीसरे, समाधि छूटनेपर भी विवाह करना कठिन है। (ख) *'पठवहु कामु जाइ……'* इति। समाधि छुड़ानेका यह उपाय बताया। [*'जाइ'* दीपदेहलीन्यायसे दोनों ओर लगेगा। जाकर भेजो और वह *'जाइ शिव पाहीं।'* अथवा अन्वय यों करें—*'जाइ, पठवहु कामु शिव पाहीं'* जाकर कामदेवको शिवजीके पास भेजो। इससे जनाया कि कामदेवका आवाहन ब्रह्माजीके सामने नहीं हुआ। अन्यत्र हुआ। ब्रह्माजीसे सलाह लेकर देवता ब्रह्मलोक वा सुमेरुपरसे (जहाँ ब्रह्माजीकी कचहरी है) लौट गये। यही बात *'सुरन्ह कही निज बिपति……।'* (८३) से भी पायी जाती है। कुमारसम्भवमें भी ऐसा ही है; यथा—**'इति व्याहृत्य विबुधान् विश्वयोनिस्तिरोदधे। मनस्याहितकर्तव्यास्तेऽपि देवा दिवं ययुः॥ तत्र निश्चित्य कन्दर्पमगमत् पाकशासनः। मनसा कार्यसंसिद्धौ त्वरा द्विगुणरंहसा॥'** (२। ६२-६३) अर्थात् ब्रह्माजी देवताओंसे इस प्रकार कहकर अन्तर्धान हो गये तब देवता

मनसे अपने कर्तव्यका निश्चय करके स्वर्गको गये और वहाँ झटपट कामदेवका स्मरण किया। यदि 'जाई' को *'शिव पाहीं'* के ही साथ समझें तो यह भी भाव हो सकता है कि देवता सब वहीं बने रहे और वहीं उन्होंने कामदेवका आवाहन किया और जबतक 'समाधि' नहीं छूटी तबतक देवता वहीं रहे। (८८। ४) भी देखिये। (ग) *'करै छोभु संकर मन माहीं'* इति। शंकरजीका मन इस समय समाधिमें स्थिर है, अतः मनमें क्षोभ करनेको कहा। *'क्षुभ सञ्चलने।'* मन चञ्चल होनेसे समाधि छूट जायगी क्योंकि समाधि निर्विकार चित्तैकसाध्य है। *'मन माहीं'* कहनेका भाव कि कामदेवका स्थान मन ही है, इसीसे उसके मनसिज, मनोज आदि नाम हैं। अतः वह शङ्करजीके मनतक पहुँच सकता है, दूसरेकी पहुँच वहाँ नहीं हो सकती। पुनः, मनमें क्षोभ करनेको कहा; क्योंकि महात्मा पुरुष निष्कम्प—अविचल होते हैं। उनके मनको वश करना अत्यन्त दुष्कर कार्य है। मन ही इन्द्रियोंके समुदायका रूप है। मनको क्षुब्ध करनेपर ही महात्माओंपर विजय हो सकती है। अतः समझाया कि कामको भेजो कि वह अन्तःकरणमें प्रवेश करके इन्द्रियसमुदायको व्याप्त कर रमणीय साधनोंद्वारा कार्य सिद्ध करे।]

टिप्पणी—२ *'तब हम जाइ……'* इति। (क) देवताओंने ब्रह्माजीसे पुकार की, अतः उन्होंने उपाय बताया कि इस तरह जाकर समाधि छुड़ानेका प्रयत्न करो। फिर आगे विवाह करानेका काम स्वयं करनेको कहा—यह सहायता उन्होंने अपनी ओरसे देनेको कही। *'सिरु नाई'* का भाव कि जब किसीसे कोई काम जबरदस्ती कराना होता है तब उसका यही उपाय है। बड़प्पन छोड़ सिर चरणोंपर रख देनेसे देवता प्रसन्न हो जाते हैं। ऐंठसे बरिआई नहीं चलती। भाव कि उनको प्रणाम करेंगे और काम निकाल लेंगे। 'वे सप्तर्षिसे हिमाचलको कहला चुके हैं, तब विवाह कैसे न करेंगे!' यह बरिआईका भाव है।

एहि बिधि भलेहि[१] देवहित होई। मत अति नीक कहै सबु कोई॥ ७॥
प्रस्तुति[२] सुरन्ह कीन्हि अति[३] हेतू। प्रगटेउ बिषम बान झखकेतू[४]॥ ८॥

शब्दार्थ—प्रस्तुति (सं०)= प्रकर्षेण स्तुति=अत्यन्त स्तुति; प्रशंसा। हेतु=प्रेम, अनुराग; यथा—*'पति हिय हेतु अधिक अनुमानी। बिहँसि उमा बोलीं प्रिय बानी॥'* (१। १०७)। झख=मछली। झखकेतू=जिसकी ध्वजापर मछलीका चिह्न है—(८४। ६) *'कोपेउ जबहिं बारिचरकेतू'* देखिये।

अर्थ—इस तरह भले ही देवताओंका हित होगा (अन्य उपाय नहीं है)। (यह सुनकर) सब कोई बोल उठे कि सलाह बहुत ही अच्छी है॥ ७॥ देवताओंने अत्यन्त अनुरागसे कामदेवकी भारी स्तुति की (तब) पञ्चबाणधारी मकरध्वज कामदेव प्रकट हुआ॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'एहि बिधि भलेहि देवहित होई।……'* इति। (क) *'भलेहि'*=भले ही।=भलीभाँति। यहाँ ये दोनों अर्थ घटित होते हैं। इस अर्धालीका अर्थ कोई ऐसा भी करते हैं—'सब कोई कहने लगे कि यह मत बहुत अच्छा है, इस प्रकार देवताओंका पूरा हित होगा।' (ख) *'देवहित होई'* इति। क्या हित होगा? मुख्य हित तारक-वध है; यथा—*'सब सन कहा बुझाइ बिधि दनुज निधन तब होइ।'* तारक-वधसे देवगण

१-भले— १७०४।

२-अस्तुति—१७०४, १७२१, १७६२, छ०। प्रस्तुति—१६६१। 'प्रस्तुति' पाठ १६६१ की पोथीका है। सम्भवतः इसको लेखप्रमाद समझकर वा इसका अर्थ न समझकर लोगोंने 'अस्तुति' पाठ कर दिया है। यह संस्कृत-भाषाका शब्द है। इसमें 'स्मरण, आवाहन और प्रकर्ष करके स्तुति एवं अत्यन्त प्रशंसा' के भाव एक साथ चित्तमें आ जाते हैं। सबसे प्राचीन पाठ होनेके अतिरिक्त भावपूर्ण होनेसे यही पाठ उत्तम लगता है।

३-अस हेतू—१७२१, १७६२, छ०, को० रा०। अति हेतू—१६६१, १७०४। 'हेतू' का अर्थ प्रायः 'कारण' ही होता है। सम्भव है कि वह अर्थ ठीक न बैठनेसे 'अति' के स्थानपर 'अस' पाठ कर दिया गया। 'अस हेतू' का अर्थ 'इस हेतुसे, इस अभिप्रायसे, इस कारणसे, करना होगा। पर टीकाकारोंने—'हेतु ऐसा है कि (जिसकी स्तुति नहीं की) उसकी स्तुति कर रहे हैं।' यह अर्थ किया है।

४-बान झखकेतू— १६६१, १७२१, १७६२, छ०, को० राम। बारिचर केतू—१७०४। परन्तु रा० प्र० में 'बाम झखकेतू' ही है।

फिर स्ववश बसेंगे। [पुनः भाव कि समाधि-भङ्गके अन्य उपाय भी हैं, पर उनके करनेसे समाधि-भङ्ग होनेपर शिवजी कारणकी खोज करेंगे, देवताओंपर विपत्ति बिना आये न रहेगी। अतः उनसे भली प्रकार हित न होगा। और कामकी उत्पत्ति ही मनःक्षोभके लिये है, अतः उसके समाधि भङ्ग करनेपर कारणकी खोज न होगी। वि० त्रि०] (ग) *'मत अति नीक कहै सब कोई'* इति। जो मत सबके मनको भाता है, उससे अवश्य कार्य सिद्ध होता है; यथा—*'नीक मंत्र सबके मन भावा।'* तात्पर्य कि सब सहमत हुए।

टिप्पणी—२ *'प्रस्तुति सुरन्ह कीन्हि अति हेतु……'* इति। (क) कामदेवके आविर्भावके लिये अत्यन्त स्नेहसे भारी स्तुति की। हेतु=प्रेम; यथा—*'हरषे हेतु हेरि हर ही को॥'* (१। १९) *चले संग हिमवंत तब पहुँचावन अति हेतु॥'* (१०२) (ख) *'प्रगटेउ'* कहा क्योंकि काम तो सर्वत्र व्यापक है, मनमें ही उसका निवास रहता है, अतः स्तुति करनेपर वहीं प्रकट हो गया। [देवगण आर्त थे, इसलिये उन्होंने प्रकर्षरूपसे स्तुति की, नहीं तो कामदेव बुलवा लिये जाते। यथा—*'कामहि बोलि कीन्ह सनमाना॥'* (१२५। ५) (वि० त्रि०)] (ग) *'बिषम बान'* इति। [विषम=पाँच।=तीक्ष्ण।-मनमें विषमता अर्थात् विकार उत्पन्न करनेवाले।=कठिन जिससे कोई उबर (बच) न सके] कामदेवके बाणोंकी विषमता शिवजी भी न सह सके; यथा—*'छाँड़े बिषम बिसिख उर लागे। छूटि समाधि संभु तब जागे॥'* (८७) अतः बाणोंको *'बिषम'* विशेषण दिया।

नोट—१ ☞कामदेव पञ्चबाणधारी कहा जाता है। वे पञ्च बाण क्या हैं—इसमें कई मत हैं। (क) पं० रामवल्लभाशरणजी प्रमाणका एक श्लोक यह बताते थे जो अमरकोशकी टीकामें भी है—**'उन्मादस्तापनश्चैव शोषणस्तम्भनस्तथा। सम्मोहनश्च कामश्च बाणाः पञ्च प्रकीर्तिताः॥'** बाबा हरिहरप्रसादजी तथा मुं० रोशनलालजी इसीको भाषामें यों लिखते हैं—*'वशीकरन मोहन कहत आकर्षण कवि लोग। उच्चाटन मारन समुझु पंच बाण ये योग॥'* श्रीकरुणासिन्धुजी लिखते हैं कि 'आकर्षण, उच्चाटन, मारण और वशीकरण ये चारों कामदेवके धनुष हैं। कम्पन पनच है और मोहन, स्तम्भन, शोषण, दहन तथा वन्दन—ये पाँच बाण हैं पर सुमनरूप हैं।' (ख) ये पाँच फूल कौन हैं? पंजाबीजी, पं० श्रीरामवल्लभाशरणजी तथा अमरकोश-टीकाके अनुसार वे पाँच पुष्प ये हैं—**'अरविन्दमशोकञ्च चूतं च नव मल्लिका। नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः॥'** मुं० रोशनलाल एवं बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि *'करना केतिक केवड़ा कदम आमके बौर। ए पाँचो शर कामके केशवदास न और॥'* पंजाबीजी 'लालकमल, अशोकपुष्प, आमका बौर, चमेली और इन्दीवर' नाम लिखते हैं। श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि केवड़ा उच्चाटन, केतकी आकर्पण, कमल मोहन, गुलाब वशीकरण, करवीर (कनेर) मारण—ये पञ्च पुष्पबाण हैं। ☞यहाँतक अनेक महात्माओंकी सम्मति लगभग एक-सी है। पर किसी-किसीके मतानुसार शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये पाँच विकार ही पञ्चबाण हैं। पर इस मतका कोई प्रमाण दासको नहीं मिला।

नोट—२ ☞पञ्चबाण धारण करनेका भाव यह कहा जाता है कि 'यह शरीर पञ्चतत्त्वों—पृथ्वी, जल, पावक, वायु और आकाशसे ही बना है। इस कारण एक-एक तत्त्वको भेदन करनेके लिये एक-एक बाण धारण किया है। कामदेवके बाण प्रायः पुष्पोंके ही माने गये हैं और श्रीमद्गोस्वामीजीका भी यही मत है। यथा—*'सूल कुलिस असि अँगवनिहारे। ते रतिनाथ सुमन सर मारे॥'* (२। २५) धनुष और बाण दोनों फूलके हैं; यथा—*'काम कुसुम धनु सायक लीन्हें। सकल भुवन अपने बस कीन्हें॥'* (१। २५७) *'अस कहि चलेउ सबहि सिरु नाई। सुमन धनुष कर सहित सहाई॥'* (८४। ३)

☞विषम बाण और झखकेतु ये दोनों वशीकरण और विजयके आयुध साथ दिखाकर जनाया कि विजय प्राप्त होगी। मीन वशीकरणका चिह्न माना जाता है।

दोहा—सुरन्ह कही निज बिपति सब पुनि मन कीन्ह बिचार।
संभु बिरोध न कुसल मोहि बिहसि कहेउ अस मार॥ ८३॥

अर्थ—देवताओंने अपनी सारी विपत्ति उससे कह सुनायी। कामदेवने सुनकर मनमें विचार किया। (फिर) हँसकर उनसे यों कहा कि शिवजीके वैरसे मेरी कुशल नहीं॥ ८३॥

टिप्पणी—१ (क) *'मन कीन्ह बिचार'* कहकर जनाया कि *'संभु बिरोध न कुसल मोहि'* यह उसने मनमें विचार किया और फिर यही बात स्पष्ट कह भी दी। (ख) *'संभु बिरोध न कुसल'* इति। भाव कि वे शम्भु हैं, कल्याणकी उत्पत्ति करनेवाले हैं, कल्याणकर्त्ता हैं, जब कल्याणकर्त्तासे ही विरोध किया जायगा तब कल्याण कैसे हो सकता है? कुशल और कल्याण पर्याय है।

नोट—१ *'बिहसि कहेउ अस मार'* इति। यहाँ हँसनेमें व्यञ्जनामूलक गूढ़ व्यंग्य है कि ये सब ऐसे स्वार्थपरायण हैं कि अपना हित-साधनके लिये दूसरेको आगमें झोंकते हैं; इन्हें अपना काम बननेसे प्रयोजन है चाहे दूसरेका उससे नाश ही क्यों न हो। यथा—*'कपट कुचालि सीवँ सुरराजू। पर अकाज प्रिय आपन काजू॥'* (२। ३०२) महानुभावोंने हँसनेके अनेक भाव लिखे हैं—(१) मेरे पराक्रमको देवता लोग अच्छी तरह जानते हैं कि मैं ईश्वरके मनमें भी क्षोभ उत्पन्न कर देनेवाला हूँ। इसीसे वे मुझे ऐसे वीरके सामने भेजते हैं। अर्थात् अपनी शूरताके गर्वसे हँसा। (पं०, रा० प्र०) (२) 'ये विबुध (विशेष बुद्धिमान्) कहलाते हैं पर इनकी बुद्धिमें यह नहीं आता कि शिवजी तो 'अमन' (जिनके मन है ही नहीं) हैं। जब मन ही नहीं है तब हमारा वहाँ गुजर कहाँ? क्योंकि हम तो मनजात वा मनसिज ही हैं, मनहीमें प्रभाव भी डालते हैं।' (रा० प्र०) (३) 'ये सुमेरुको सेरसे मिलाया चाहते हैं। कहाँ तो सुमेरुवत् शिवजी और कहाँ सेर-समान मैं; हमारा-उनका जोड़ कहाँ?' (रा० प्र०) (४) कामदेव सोचता है कि *'सूल कुलिस असि अँगवनिहारे। ते रतिनाथ सुमन सर मारे॥'* (२। २५)—यह मेरा प्रभाव है, ऐसा मैं हूँ। मैं अपने सामने अबतक किसीको कुछ न समझता था, पर इन्होंने आज मुझे शङ्कर-ऐसे वीरसे भिड़ाया कि जहाँ जाकर फिर कुशल नहीं। पर क्या हानि है? वीरका काम ही समरमें सम्मुख लड़कर मरना है, यही वीरकी शोभा है; यथा—*'सन्मुख मरन बीर कै सोभा। तब तिन्ह तजा प्रान कर लोभा॥'* (६। ४१) (पं०, रा० प्र०) (५) देवता यह नहीं सोचते कि मेरी मृत्यु हो जायगी तो उनको भी तो भोगका सुख न मिलेगा। (पं०)—(मेरी समझमें हँसनेका कारण गर्व नहीं हो सकता, क्योंकि आगे वह स्वयं कह रहा है कि *'श्रुति कह परम धरम उपकारा।'* इससे विरोध होगा।) (६) यह मोहदलका प्रथम वीर है, अतः मृत्युपर हँसा—'शूराणां मरणं तृणम्।' (वि० त्रि०)।

नोट—२ *'कहेउ अस मार'* इति। *'मार'* का भाव कि अभीतक तो मैं सबका मारनेवाला कहलाता था, परन्तु अब मेरी ही मृत्यु जान पड़ती है। *'मार'*=कामदेव। *'मार'* का एक अर्थ कोशमें 'जिसपर मार पड़ती है' यह भी दिया है। इस प्रकार एक भाव यह भी निकल सकता है कि 'जिसपर मार पड़नेको है, जिसका नाश होनेको है, वह कामदेव बोला।' कुशल नहीं है, इसीसे *'मार'* नाम दिया। पुनः, 'राम' का उलटा *'मार'* है। भगवान् शङ्करके हृदयमें 'राम' विराजमान हैं; यथा—*'लगे करन रघुनायक ध्याना।'* वह इस ध्यानको उलटने जा रहा है; अतः *'मार'* नाम दिया गया। 'राम' की जगह *'मार'* होनेपर खैरियत नहीं, मारा ही जायगा। 'मार' यह नाम आगे फिर ऐसा ही विचार उठनेपर महाकविजीने दिया है; यथा—*'चलत मार अस हृदय बिचारा। सिव बिरोध ध्रुव मरनु हमारा॥'* अतः *'मार'* शब्दके प्रयोगका यह भाव सुसंगत भी है। *'अस'*—अर्थात् *'संभु बिरोध न कुसल मोहि। तदपि करब मैं काजु तुम्हारा।......'* इत्यादि।

तदपि करब मैं काजु तुम्हारा। श्रुति कह परम धरम उपकारा॥ १॥
परहित लागि तजै जो* देही। संतत संत प्रसंसहिं तेही॥ २॥

अर्थ—तो भी मैं तुम्हारा काम करूँगा। श्रुति (वेद) कहती है कि परोपकार परम धर्म है॥ १॥ दूसरेके हितके लिये जो शरीर त्याग देता है, संत उसकी सदा बड़ाई करते हैं॥ २॥

टिप्पणी—१ *'तदपि करब मैं काजु तुम्हारा।......'* इति। (क) *'तदपि'* का भाव कि अपनी मृत्युकी किञ्चित् परवा (चिंता) न करके आप लोगोंका काम करूँगा। ☞यह कामका सत्पुरुषत्व दिखाते हैं।

* जे—१७०४, १७२१, १७६२, छ०। जो—१६६१, को० रा०।

(ख) *'श्रुति कह परम धरम उपकारा।'* इति। [उपकार परम धर्म है, यथा—*'पर हित सरिस धरम नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधमाई॥ निर्नय सकल पुरान बेद कर।'* (७। ४१) **'अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम्। परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्॥'** अर्थात् व्यासजीके अठारहों पुराणोंका सारांश ये दो वचन हैं—परोपकार ही पुण्य है और परपीड़ा ही पाप है। भर्तृहरिजीने भी कहा है—**'एते सत्पुरुषाः परार्थघटकाः स्वार्थं परित्यज्य ये सामान्यास्तु परार्थमुद्यमभृतः स्वार्थाविरोधेन ये। तेऽमी मानुषराक्षसाः परहितं स्वार्थाय निघ्नन्ति ये ये निघ्नन्ति निरर्थकं परहितं ते के न जानीमहे॥'** (नीतिशतक ७५) अर्थात् वे ही लोग सत्पुरुष हैं जो अपना स्वार्थ त्यागकर निःस्वार्थभावसे दूसरोंके कार्यका सम्पादन करते हैं। जो अपना स्वार्थ रखते हुए भी दूसरोंके कार्यमें उद्यम करते हैं वे सामान्य मनुष्य हैं और जो अपने स्वार्थके लिये दूसरोंको हानि पहुँचाते हैं, कष्ट देते हैं, दूसरोंका काम बिगाड़ते हैं वे मनुष्यरूपमें राक्षस ही हैं। परन्तु हमारी समझमें नहीं आता कि वे कौन हैं, उनको किस नामसे पुकारा जाय कि जो बिना प्रयोजन ही दूसरोंके हितकी हानि करते हैं। ☞सब देवताओंका तो हित होगा, एक हमारी मृत्यु हो जायगी तो हो जायगी। यही उपकार 'सत्पुरुषता' है। *'श्रुति कह परम धरम उपकारा'* इत्यादि वचनोंसे स्पष्ट है कि इस परोपकारके विचारसे ही वह इस कार्यमें तत्पर हो रहा है। उपकारको परम धर्म कहकर जनाया कि आत्मरक्षा धर्म है।]

टिप्पणी—२ *'परहित लागि तजै जो देही।......'* इति। (क) कहनेका आशय यह है कि अभीतक तो वीरोंमें मेरी गिनती रही, वीरोंमें ही प्रशंसा होती रही और अब परोपकारियोंमें प्रशंसा होगी। (ख) *'संतत संत प्रसंसहिं तेही'* इति। यहाँ सन्तका प्रशंसा करना कहा। शुकदेवजी, विप्र, सुकवि और बुध आदिका प्रशंसा करना न लिखा, यह क्यों? इसका कारण यह है कि मन, वचन और कर्मसे परोपकार करना सन्तोंका ही स्वभाव है; यथा—*'पर उपकार बचन मन काया। संत सहज सुभाउ खगराया॥' 'संत सहहिं दुख पर हित लागी।'* (७। १२१) इसीसे ये सदा प्रशंसा भी करते हैं। सुकवि कुछ असत्य भी जोड़ गाँठ लिया करते हैं। कामदेवको एक बड़प्पन तो यही मिल गया कि उसकी गणना चार पदार्थों (पुरुषार्थों) में होने लगी। यथा—*'गुरु संगति गुरु होइ सो लघु संगति लघु नाम। चारि पदारथमें गने नरकद्वारहू काम॥'* (दोहावली ३५९) (रा० प्र०) अथवा भाव कि आजतक मेरी गिनती षड्रिपुमें रही, सन्त मेरी निन्दा करते रहे, अब परोपकारके लिये शरीर छोड़नेसे सन्त-समाजमें मेरी प्रशंसा सदा होगी। (वि० त्रि०) (ग) सन्त मन-कर्म-वचनसे परोपकार करते हैं। उनका प्रशंसा करना कहा है, अतः कामदेवकी परोपकारमें मन-कर्म-वचनसे तत्परता भी यहाँ दिखायी है। यथा—*'सुनि मन कीन्ह बिचार'*, मनसे विचार किया कि मरण होगा पर यह उपकारका काम है, अतएव कर्तव्य है; *'तदपि करब'* यह मनसे तत्पर दिखाया। *'तदपि करब मैं काजु तुम्हारा।......अस कहि॥'* यह वचनसे परोपकारमें तत्पर जनाया और *'चलेउ सबहिं सिरु नाई'* इत्यादि कर्मकी तत्परता है। [(१) सरस्वतीजीको जब देवताओंने रामवनवास करानेके लिये संकोचमें डाला तब उसने भी कुछ ऐसा ही विचारकर हर्षपूर्वक देवताओंका काम करनेको दशरथपुर प्रस्थान किया था। यथा—*'आगिल काजु बिचारि बहोरी। करिहहिं चाह कुसल कबि मोरी॥ हरषि हृदय दसरथपुर आई।'* (२। १२) (२) यहाँ 'अर्थान्तरन्यास अलङ्कार' है। पहले साधारण सिद्धान्त कहा कि *'श्रुति कह परम धरम उपकारा'*, फिर विशेष सिद्धान्तसे उसका समर्थन किया कि सन्त सदा परोपकारमें प्राण समर्पण कर देनेवालोंकी प्रशंसा करते हैं। (३) मानसमें इस वाक्यका उदाहरण मिल जाता है। श्रीरामजीने गीधराजकी प्रशंसा की है; यथा—*'जल भरि नयन कहहिं रघुराई। तात कर्म निज तें गति पाई॥ परहित बस जिन्हके मन माहीं। तिन्ह कहुँ जग दुर्लभ कछु नाहीं॥'* (३। ३१) श्रीरामजी सन्त हैं, यथा—*'सब कोउ कहइ राम सुठि साधू।'* (२। ३२)]

अस कहि चलेउ सबहि सिरु नाई। सुमन धनुष कर सहित* सहाई॥ ३॥
चलत मार अस हृदय बिचारा। शिव बिरोध ध्रुव मरन हमारा॥ ४॥

---

* लेत—१७२१, १७६२, छ०, भा० दा०। सहित—१६६१, १७०४, को० रा०।

अर्थ—ऐसा कह सबको सिर नवा, हाथोंमें पुष्प धनुष (बाण और ध्वजा) लिये हुए सहायकोंसहित वह चला॥ ३॥ चलते समय कामदेवने हृदयमें ऐसा विचार किया कि शिवजीसे वैर करनेसे हमारा मरण निश्चय है॥ ४॥

टिप्पणी—१(क)*'अस कहि'* उपसंहार है। *'संभु बिरोध न कुसल मोहि बिहसि कहेउ अस मार।'*...... 'इसका उपक्रम है। यहाँतक कामके वचन लिखे गये। [(ख) *'सिरु नाई'* इति। ☞ विदा होते समय बड़ों और बराबरवालोंको प्रणाम करना शिष्टाचार है और यहाँ तो इन्द्र, वरुण, कुबेर आदि समस्त देवगणोंका ही समाज एकत्र है, उसपर भी इन्द्र देवताओंका राजा ही है। इसलिये प्रणाम उचित ही है। पुनः बड़ोंको प्रणाम करके चलनेसे उनका हार्दिक आशीर्वाद साथ रहता है, जिससे कार्यमें सफलता होती है। यथा—*'अस कहि नाइ सबन्ह कहुँ माथा। चलेउ हरषि हिय धरि रघुनाथा॥'* (हनुमान्‌जी ५। ४), *'अंगद चलेउ सबहिं सिरु नाई।'* (६। १८) *'रघुपति चरन नाइ सिर चलेउ तुरंत अनंत।'* (६। ७४) ☞ स्मरण रहे कि ग्रन्थमें महाकविने बराबर दिखाया है कि जहाँ प्रणाम नहीं किया गया है वहाँ प्रायः कार्यकी सिद्धि नहीं हुई है; यथा—*'सहित सहाय जाहु मम हेतू। चलेउ हरषि हिय जलचर केतू॥'*(१। १२५) (कामदेव नारदकी समाधि न छुड़ा सका); *'आयसु मागि राम पहिं अंगदादि कपि साथ। लछिमन चले क्रुद्ध होइ बान सरासन हाथ॥'*(६। ५१) (लक्ष्मणजी शक्तिसे मूर्च्छित हुए)। इत्यादि। [कुछ महानुभावोंने *'सिरु नाई'* के ये भाव लिखे हैं—(१) कामदेवने अनुमानसे निश्चय किया है कि *'शिव बिरोध ध्रुव मरन हमारा।'* इसलिये उसने सोचा कि इस तनसे यह अन्तिम दण्डवत् तो कर लूँ, फिर शरीर रहे न रहे। (पं०) (२) *'सबहि सिरु नाई'* अर्थात् सभीने सिर नीचा कर लिया, इस विचारसे कि हमारा यह ऐसा सच्चा सेवक सहायक मारा न जाय। अथवा, सबका सिर नवा दिया। इत्यादि। परंतु ये भावार्थ संगत प्रतीत नहीं होते।] (ख) *'सुमन धनुष कर सहित सहाई'* इति। ☞ ये कामदेवके आयुध और बल वा सेना हैं। वन, ऋतुराज वसन्त, भ्रमर, कोकिलादि पक्षी इत्यादि कामके सहायक सैन्य और सुभट हैं, यथा—*'बिरह बिकल बलहीन मोहि जानेसि निपट अकेल। सहित बिपिन मधुकर खग मदन कीन्ह बगमेल॥ देखि गएउ भ्राता सहित तासु दूत सुनि बात। डेरा कीन्हेउ मनहुँ तब कटकु हटकि मनजात॥'*(३। ३७) *बिटप बिसाल लता अरुझानी। बिबिध बितान दिए जनु तानी॥ कदलि ताल बर धुजा पताका। देखि न मोह धीर मन जाका॥ बिबिध भाँति फूले तरु नाना। जनु बानैत बने बहु बाना॥ कहुँ कहुँ सुंदर बिटप सुहाए। जनु भट बिलग बिलग होइ छाए॥ कूजत पिक मानहु गज माते। ढेक महोख ऊँट बिसराते॥ मोर चकोर कीर बर बाजी। पारावत मराल सब ताजी॥ तीतिर लावक पदचर जूथा। बरनि न जाइ मनोज बरूथा॥ रथ गिरि सिला दुंदुभी झरना। चातक बंदी गुनगन बरना॥ मधुकर मुखर भेरि सहनाई। त्रिबिध बयारि बसीठी आई॥ चतुरंगिनी सेन सब लीन्हें। बिचरत सबहि चुनौती दीन्हें॥ लछिमन देखत काम अनीका। रहहिं धीर तिन्ह कै जग लीका॥ एहि कें एक परम बल नारी। तेहि तें उबर सुभट सोइ भारी॥'* (३। ३८) (ग) ☞ *'सुमन धनुष कर'* इति। [कामका धनुष फूलोंका बना हुआ है, उसका नाम उन्मादन प्रसिद्ध है, जो स्त्रीकी भौंहोंके तुल्य चलनेवाला है। यथा—'ततः कामोऽपि कोदण्डमादाय कुसुमोद्भवम्। उन्मादनेति विख्यातं कान्ताभ्रूतुल्यवल्गितम्॥' (का० पु०) (वि० त्रि०)] यहाँ लोग शङ्का करते हैं कि यहाँ धनुषका हाथमें लेना कहा, परन्तु बाणका नाम नहीं लिया, यह क्यों? बिना बाणके धनुष व्यर्थ ही है।' समाधान यह है कि जब कामदेव प्रकट हुआ तब उसके साथ ध्वजा और बाणका वर्णन कर चुके थे; यथा—*'प्रगटेउ बिषम बान झखकेतू।'* अब चलते समय *'सुमन धनुष'* भी साथ होना कह दिया। दोनों जगह दोनोंको समझना चाहिये। इस प्रकार दोनों मिलाकर कामदेवका पूरा स्वरूप कहा गया। ☞ यह श्रीमद्गोस्वामीजीकी शैली है कि जब कोई बात दो या अधिक जगह लिखनी होती है तब वे प्रायः उसका कुछ अंश एक जगह लिख देते हैं और कुछ दूसरी जगह। अर्थ लगाते समय दोनोंको सर्वत्र समझ लेना होता है। इसी तरह यहाँ अर्थ लगानेमें ध्वजा, धनुष और सरको दोनों ठौर ले लेना चाहिये। [दूसरे, *'सुमन धनुष'*=सुमन (विषम बाण) और सुमन धनुष। पुष्प ही उसके बाण हैं, अतः *'सुमन'* से उसे भी कह दिया। इस तरह भी समाधान कर सकते हैं। धनुष-बाण दोनों साथ हैं यह आगे स्पष्ट कहा है यथा—*'दुइ माथ केहि रतिनाथ जेहि कहुँ कोपि कर धनु सरु धरा।'* (८४)]

टिप्पणी—२ *'चलत मार अस हृदय बिचारा।......'* इति। (क) मरण निश्चय है, अतः 'मार' नाम दिया। दोहा ८३ भी देखिये। (ख) शिव-विरोधसे मरण निश्चय किया। 'शिव' से वैर करना कल्याणसे वैर करना है; अतः अकल्याण छोड़ और क्या हो सकता है? पुनः, 'शिवविरोधमें मरणका निश्चय इससे किया कि शिवजी परम भागवत हैं; यथा—*'संतद्रोह जिमि कर कुल नासा।'* अम्बरीष-दुर्वासाकी कथा प्रसिद्ध ही है। —**'साधुसज्जनसंतापात्किमाश्चर्यं कुलक्षयः।'** साधुसन्तोंके सन्तापसे कुलका क्षय होता है, इसमें आश्चर्य ही क्या?' (पं०) [कामदेवको ब्रह्माका शाप था कि तू शम्भुकी नेत्राग्निसे निःसंशय जल जायगा, उस शापका स्मरण कर उसने मनसे *'ध्रुव मरन हमारा'* ऐसा विचार किया। यथा—**'प्राप्तकालश्च सस्मार शापं ब्रह्मकृतं पुरा। शम्भुनेत्राग्निदग्धस्त्वं भविष्यसि न संशयः॥'** (का० पु०) (वि० त्रि०)] यहाँ 'अनुमान प्रमाण' अलङ्कार है। (ग) यहाँ *'ध्रुव'* शब्द बीचमें होनेसे उसके हृदयका निश्चय भी बताता है। *'शिव बिरोध ध्रुव'* अर्थात् परोपकारार्थ विरोध करना आवश्यक है, अतएव वह तो निश्चय ही करूँगा और *'ध्रुव मरन हमारा'* यह उसका फल भी निश्चय ही है। ये दोनों विचार उठे। (घ) ऊपर उसने अपने लिये एक वचन 'मैं' का ही प्रयोग किया था, यथा—*'संभुबिरोध न कुसल मोहि बिहसि कहेउ अस मार'* *'तदपि करब मैं काजु तुम्हारा।'* पर यहाँ उसने *'शिव बिरोध ध्रुव मरन हमारा'* कहा। *'हमारा'* बहुवचन पद देकर जनाया कि मेरा ही मरण नहीं, किन्तु मेरे साथ सब सहायकोंका भी मरण है। क्योंकि यह विचार *'अस कहि चलेउ सबहि सिरु नाई। सुमन धनुष कर सहित सहाई॥'* के पश्चात्का है, जब सहायक भी उसके साथ हैं। अथवा, *'शिव बिरोध'* करनेका दृढ़ संकल्प करनेसे अलङ्कारसे *'हमारा'* कहा। आगे *'तब आपन प्रभाउ बिस्तारा। ......'* में गर्व और मद संचारी भाव झलक भी रहे हैं।

तब आपन प्रभाउ बिस्तारा। निज बस कीन्ह सकल संसारा॥५॥
कोपेउ जबहिं बारिचरकेतू। छन महुँ मिटे सकल श्रुति सेतू॥६॥

अर्थ—तब उसने अपना प्रभाव फैलाया और सारे संसारको अपने वश कर लिया॥५॥ ज्यों ही मीनध्वज कामदेवने कोप किया त्यों ही क्षणमात्रमें समस्त वेदमर्यादा मिट गयी॥६॥

नोट—१ *'तब आपन प्रभाउ बिस्तारा।......'* इति। (क) तात्पर्य कि आखिर मरना तो है ही, तो विनाशकालमें भी संसारको अपना प्रभाव दिखाकर ही क्यों न मरूँ? कम-से-कम लोगोंको यह तो दिखा ही दूँ कि मैं कैसा पुरुषार्थी रहा हूँ। (यहाँ गर्व और मद संचारी भाव हैं।) (पं० रा० कु०) (ख) *'निज बस कीन्ह सकल......'* इति। यहाँ यह शङ्का होती है कि 'कार्य तो था केवल शङ्करजीको विजय करनेका, सारे संसारको इसने क्यों सताया?' इसका समाधान भी लोगोंने अनेक प्रकारसे किया है।— (१) एक यह कि उसने यह सोचा-विचारा कि हमारी मृत्यु तो होगी ही, पर लोग यह न समझें कि मेरा प्रभाव कुछ नहीं है, इससे अपना प्रभाव दिखा दूँ कि मैं कैसा वीर हूँ। (वै०, रा० प्र०) (२) दूसरे यह कि शिवजीको आगे 'दुराधर्ष' कहा है, यथा—*'रुद्रहिं देखि मदन भय माना। दुराधरष दुर्गम भगवाना॥'* यदि प्रथम कामका विश्वविजयी होना न दिखाते तो श्रीशङ्करजीकी उत्कर्षता न पायी जाती। इसका प्रभाव देख लेनेपर अब लोग शङ्करजीकी प्रशंसा करेंगे कि ऐसे विश्वविजयी कामको उन्होंने जला दिया। (वन्दन पाठकजी) (३) तीसरे यह कि काम सबके हृदयमें रहता है। जब उसने शिवजीके विजयके लिये अपना प्रभाव डाला तो जगत् आप-से-आप वशमें हो गया। (वन्दन पाठकजी) (४) चौथे यह कि शत्रुपर चढ़ाईके समय जो भी सम्मुख पड़ जाता है, उसपर भी वार हो ही जाता है, यह रीति है। (वन्दन पाठकजी) (५) पाँचवें यह कि 'जब किसीकी मृत्यु निकट होती है तब उसका प्रताप अत्यन्त तप जाता है अतएव कामको विश्वविजयी गाया।' (वन्दन पाठकजी) (६) जब बड़ी वस्तु जलानी होती है तब अग्नि भी बड़ी ही प्रकट करनी होती है और अग्नि जितनी ही अधिक बड़ी होती है उतनी ही अधिक दूरतक उसका ताप भी चारों ओर फैलता है। इसी तरह कामदेवको शिवजीके विजयके लिये अपनी पूरी शक्ति लगानी

पड़ी और सर्वव्यापक होनेसे सभीपर उसका प्रभाव पड़ गया। (७) विश्वनाथपर प्रहार करनेके पहले विश्वको वश्य करना चाहिये। राजापर वार करनेसे पहले उसके राज्यपर आक्रमण करना चाहिये। (वि० त्रि०)

नोट—२ *'कोपेउ जबहिं बारिचरकेतू।'''''* इति। ☞ यह अर्धाली सूत्ररूप है और इसके आगेकी चौपाई व्याख्यारूप है। बारिचर=जलमें चलनेवाली=मछली, मीन। ध्वजामें मछलीका चिह्न धारण करनेके कारण ये कहे जाते हैं—(१) कामका नाम मनसिज है, मनसे ही इसकी उत्पत्ति है। मन चंचल है, काम भी चंचल है और मीन भी चंचल। जो जैसा होता है वैसा ही संगी, साथी, सम्बन्धी ढूँढ़ता है। इसीसे उसने अपनी ध्वजापर मीनका चिह्न धारण किया। (पं०) (२) यहाँ *'बारिचर'*—शब्दका प्रयोग खूबी, चोखाई और अभिप्रायसे खाली नहीं। *'बारि'* में एक मछलीहीका सच्चा स्नेह है, जलसे उसका वियोग हुआ नहीं कि उसने प्राण दे दिये। यथा—*'मकर उरग दादुर कमठ जल जीवन जल गेह। तुलसी एकै मीन को है साँचिलो सनेह॥'* (दोहावली ३१८) अन्य जलचर जलके बाहर भी रह जाते हैं, पर मीन एक पल भी जलसे बाहर नहीं रह सकती। जब ध्वजामें मीन है तब वहाँतक जल भी रहना (उसको जीवित रखनेके लिये) परमावश्यक है। अतः *'बारिचरकेतू'* नाम देकर सूचित करते हैं कि वह कामरूपी जलकी बाढ़को ध्वजातक पहुँचा देगा तब भला धर्मका पताका क्योंकर रह सकता है? जलकी बाढ़में बाँधों और पुलोंके टूटनेका भी भय रहता है। यहाँ ध्वजातक जल चढ़ा, इसीसे श्रुतियोंके सेतु (पुल) डूब गये। (पं०) (३) *'बारिचरकेतू'* और *'श्रुति सेतु'* कथनका आशय कि मछली जलके तले (भीतर) ही रहती है सो पताकापर चली गयी, इतना अधर्म-जल बढ़ा, अतः श्रुतियोंकी बाँधी हुई मर्यादा न रह गयी तो आश्चर्य ही क्या? पुनः भाव कि वेदोंकी रक्षाहेतु मत्स्यावतार होता है, इसीसे उसने मत्स्यको ध्वजापर धारणकर श्रुतिसेतुको तोड़ना शुरू किया कि अब कैसे जाकर वेदोंका उद्धार करेंगे। पुनः मीन और काम दोनों तमोगुणी हैं और दोनोंकी वृत्ति जलमय होती है। काम द्रव्यरूप ही है। यथा—*'होइ बिकल सक मनहि न रोकी। जिमि रबिमनि द्रव रबिहि बिलोकी॥'* (३। १७) वैसे ही यह सबकी वृत्तिको काममय कर देता है। (पं० रा० कु०) दोहा १२५ की छठी अर्धाली *'चलेउ हरषि हिय जलचरकेतू'* भी देखिये। मीन वशीकरणका चिह्न है। ध्वजापर यह चिह्न है। ध्वजापर यह चिह्न कहकर बताते हैं कि वह सारे ब्रह्माण्डको वशमें किये हुए है। यथा—*'मीन बिंदु रामचन्द्र कीन्ह्यो बशीकरण पाँय ताहि ते निकाय जनमन जात हरयो है।'* (भक्तिरसबोधिनीटीका भक्तमाल)

नोट—३ *'छन महुँ मिटे'''''* इति। (क) *'छन महुँ'* अर्थात् थोड़ी ही देरमें; क्योंकि कामका सारा कौतुक केवल चार दण्डतक तो रहा ही था। यथा—*'दुइ दंड भरि ब्रह्मांड भीतर कान कृत कौतुक अयं।'* और *'उभय घरी अस कौतुक भयऊ।'* (ख) श्रुतिसेतु=वेदोंने जो वर्णाश्रम सदाचार आदि धर्मकी मर्यादा बाँध दी है। इसका वर्णन स्वयं ग्रन्थकार आगेकी चौपाइयोंमें कर रहे हैं। 'श्रुतिसेतु सूत्ररूप है, आगे इसकी व्याख्या है। ब्रह्मचर्यादि वेदोंके बाँधे हुए पुल हैं। (ग) लड़ाईमें जिन पुलोंसे सहायता मिलती है वे पहले तोड़े जाते हैं। अतः पहला काम उसने यह किया कि श्रुति सेतुको तोड़ डाला। (वि० त्रि०)

ब्रह्मचर्ज ब्रत संजम नाना। धीरज धरम ग्यान बिग्याना॥ ७॥
सदाचार जप जोग बिरागा। सभय बिबेक कटकु सबु भागा॥ ८॥

अर्थ—ब्रह्मचर्य, व्रत और अनेक प्रकारके संयम, धैर्य, धर्म, ज्ञान, विज्ञान, सदाचार, जप, योग और वैराग्य (यह) विवेककी सारी सेना भयभीत होकर भाग गयी॥ ७-८॥

नोट—१ (क) ब्रह्मचर्य दो प्रकारका होता है। एक आधिदैविक दूसरा आध्यात्मिक। आधिदैविक ब्रह्मचर्यके पालनसे ही आध्यात्मिक ब्रह्मचर्यकी प्राप्ति होती है जो कि मनुष्य-शरीरका चरम लक्ष्य है। और उस आधिदैहिक ब्रह्मचर्यकी पूर्ण रक्षा अष्ट प्रकारके भोगोंके त्यागसे ही हो सकती है। ब्रह्मचर्यके बाधक आठ प्रकारके भोग ये हैं—**'स्रग्गन्धो वनिता वस्त्रं गीतताम्बूलभोजनम्। भूषणं वाहनं चेति भोगस्त्वष्टविधः स्मृतः॥'** दूसरा आध्यात्मिक ब्रह्मचर्य है ब्रह्ममें विचरना। अर्थात् सतत काल ब्रह्म (इष्ट) का चिन्तन करना,

'सर्वं ब्रह्ममयं जगत्' *'निज प्रभुमय देखहिं जगत',* जगन्मात्रमें ब्रह्मव्याप्तिकी भावना करते रहना, सम्पूर्ण चराचरमात्रको ब्रह्ममय देखना आध्यात्मिक ब्रह्मचर्य कहा जाता है। आधिदैहिक ब्रह्मचर्य, नाना प्रकारके संयम, नियम, व्रत, दान, धैर्य, धर्म और ज्ञानादि आध्यात्मिक ब्रह्मचर्यके साधन हैं। साधनसे साध्य श्रेष्ठ होता है। इसीसे साध्य 'ब्रह्मचर्य' को यहाँ प्रथम कहकर तब व्रत-संयमादि साधन कहे गये। साधनमें विपरीतता होनेसे साध्यमें भी विपरीतता हो जाती है। यही बात आगे 'विवेककटक'(साधन) के भागने (विपरीत होने) पर कही गयी है—*'देखहिं चराचर नारिमय……'* (वे० भू०)। पुनः मन-कर्म-वचन तीनोंसे मैथुनका त्याग ब्रह्मचर्य-व्रत है। मैथुन (वा भोग) आठ प्रकारका होता है; यथा—**'कर्मणा मनसा वाचा सर्वावस्था तु सर्वदा। सर्वत्र मैथुनत्यागो ब्रह्मचर्यं तदुच्यते॥'** (वै०, पं०) **'दर्शनं स्पर्शनं केलिः रहस्यं गुह्यभाषणम्। संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिर्वृत्तिरेव च। एतद्योगत्व-(एतन्मैथुन-) मष्टाङ्गं प्रवदन्ति मनीषिणः॥'** (पां० कोष्ठकवाला पाठ भावप्रकाशका है) पुनश्च *'सर्वत्यागसंकल्प रति तन्मय गुप्त बिचार। कीर्तन सुमिरन देखिबो मैथुन अष्ट प्रकार॥'* (वै०) पुनः (ख) 'व्रत'—किसी बातके करने वा न करनेका दृढ़ संकल्प। ब्रह्मचर्य व्रत=ब्रह्मचर्यका संकल्प। कामको जीतनेसे ब्रह्मचर्य सिद्ध होता है। इससे कामका मुख्य शत्रु ब्रह्मचर्य है; यथा—*'ब्रह्मचरज ब्रत रत मति धीरा। तुम्हहि कि करइ मनोभव पीरा॥'* (१। १२९) इसीसे प्रथम ब्रह्मचर्यको ही जीता, उसीका नाश प्रथम किया—यह जनानेके लिये ही इसीको प्रथम कहा। मुख्य विरोधीको काबूमें कर लेनेसे और सब तो फिर सहज ही दब जाते हैं, वशमें हो जाते हैं। (ग) *'संजम नाना'* इति। संयम=इन्द्रियनिग्रह=मन और इन्द्रियोंको वशमें रखनेकी क्रिया। संयम कहीं बारह और कहीं दस प्रकारके कहे गये हैं। दस ये हैं—**'१ अहिंसा २ सत्यमस्तेयम् ३-४ ब्रह्मचर्यम् ५ दयार्जवम् ६-७-८ क्षमाधृतिमिताहारः ९-१० शुचिश्च संयमा दश॥'** अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य, दया, सरलता एवं कुटिलताका अभाव, क्षमा, धैर्य, सूक्ष्म भोजन तथा पवित्रता 'नाना' विशेषण देकर ये सब जना दिये गये। योगमें ध्यान, धारणा और समाधिके साधनको संयम कहा है। (घ) धीरज=धैर्य=कामादिके वेगके वश न होना, यथा—**'वेगेनावध्यमानत्वममिते कामक्रोधयोः। गदितं धीमतां धैर्यं बले भूपसि तेजसि॥'** (वै०) (ङ)—विज्ञान, योग, वैराग्यके अर्थ पूर्व दोहा ३७ (७, ९-१०) में तथा अन्यत्र भी लिखे गये हैं। 'धर्म' के चार चरण सत्य, तप, दान और विद्या हैं; यथा— **'विद्या दानं तपः सत्यं धर्मस्येति पदानि च।'** (भा० ३। १२। ४१) कोई-कोई विद्याके बदलेमें 'शौच' को एक पाद कहते हैं। —विशेष दोहा ४४ *'धर्म बिधि……'* में देखिये। 'सदाचार'=अच्छे आचरण; वेदविहित कर्म-धर्म; सात्त्विक शिष्ट व्यवहार। *'जप'* इति।—यह कई प्रकारका होता है। मनके अभ्यन्तर मन्त्र और मन्त्रके अभ्यन्तर मनको स्थित करना भी 'जप' है; यथा— **'मनो मध्यस्थितो मन्त्रः मन्त्रमध्यस्थितं मनः। मनो मन्त्रं च संयोगो जप इत्यभिधीयते॥'** (वै०) जपके नाम और भेद हारीतस्मृतिमें आये हैं; यथा— **'जपो नामविधिवद्गुरूपदिष्टवेदाविरुद्धमन्त्राभ्यासः। तद्विविधं वाचिकं मानसं चेति। मानसं तु मनसा ध्यानयुक्तम्। वाचिकं द्विविधम्, उच्चैरुपांशुभेदेन। उच्चैरुच्चारणं यथोक्तफलम्। उपांशु सहस्रगुणं मानसं कोटिगुणम्॥'** (अ० ३। ४१—४४) विशेष ३७ (१०) में देखिये।

नोट—२ *'सभय बिबेक कटकु सबु भागा'* इति। (क) ब्रह्मचर्य, संयम आदिको अलग-अलग कहकर *'सभय……'* कहनेका भाव कि यह सब विवेककी सेना है। इनके अतिरिक्त और भी हैं, *'सबु'* कहनेसे उनका भी ग्रहण हो गया। (ख) यहाँ विवेककी सेनाका भागना कहा, आगे विवेक (अर्थात् राजा) का भी भागना कहते हैं। (ग) ब्रह्मचर्य आदि सबके एक साथ भाग जानेका वर्णन 'सहोक्ति अलंकार' है। इन सबोंको विवेकसैन्यके साथ रूपण देना 'रूपक' है। (वीरकवि)

छंद—भागेउ बिबेकु सहाय सहित सो सुभट संजुग महि मुरे।
सदग्रंथ पर्बत कंदरन्हि महु जाइ तेहि अवसर दुरे॥
होनिहार का करतार को रखवार जग खरभरु परा।
दुइ माथ केहि रतिनाथ जेहि कहु कोपि कर धनु सरु धरा॥

शब्दार्थ—'संजुग=रण, संग्राम। यथा—'*जीतेहु जे भट संजुग माहीं। सुनु तापस मैं तिन्ह सम नाहीं॥*' (६। ८९) **संजुग महि**=संग्रामभूमि; लड़ाईका मैदान। **मुरे**=मुड़े; फिरे; पीठ दी। **कंदरा**=पर्वतकी गुफा। **दुरे**=छिप गये। **रतिनाथ**=कामदेव। **खरभरु**=खलबली। **करतार** (कर्तार)=विधाता।

अर्थ—विवेक सहायकोंसमेत भागा। उसके उत्तम-उत्तम योद्धा संग्राम-भूमिमें पीठ दिखा गये (अर्थात् रणमें सम्मुख न ठहर सके)। उस समय वे सब सद्ग्रन्थरूपी पर्वतकी कन्दराओंमें जा छिपे। संसारभरमें खलबली पड़ (मच) गयी। (जहाँ-तहाँ लोग कह रहे हैं) हे विधाता! क्या होनेवाला है? हमारी रक्षा कौन करेगा? दो मस्तक किसके हैं अर्थात् दो सिरोंवाला ऐसा कौन है कि जिसके लिये रतिके पति कामदेवने कोपकर धनुष-बाण (वा, धनुषपर बाण) धारण किया है।

नोट—१ '*भागेउ बिबेकु सहाय सहित*......' इति। इससे जनाया कि कामका कटक बहुत प्रबल और अपार था; इसीसे विवेकके सुभट रणभूमिमें उनके सम्मुख ठहर न सके; पीठ दिखा गये। विवेक राजा अपनी सेनासहित प्राण लेकर भगा; यथा—'*ते सनमुख नहिं करहिं लराई। देखि सबल रिपु जाहिं पराई॥*' (१। १८१) '*देखि बिकट भट बड़ि कटकाई। जच्छ जीव लै गए पराई॥*' (१। १७९) इधर विवेक राजा, उधर काम राजा। हृदय ही देश वा राजधानी है। देवता असुरोंके भयसे भागकर सुमेरुकी कन्दराओंमें जा छिपते थे; यथा—'*रावन आवत सुनेउ सकोहा। देवन्ह तके मेरु गिरि खोहा॥*' (१। १८२) अर्थात् हारा हुआ राजा जाकर वहीं छिपता है, जहाँ शत्रुका भय न हो। वैसे ही यहाँ 'विवेक राजा' अपने मन्त्री, सेना आदिसहित मनुष्योंके हृदयोंसे निकल-निकलकर सद्ग्रन्थोंमें जाकर छिप रहे। अर्थात् किसीमें ब्रह्मचर्य, संयम, सदाचार आदि न रह गये और न विवेक ही रह गया। कामदेवका पूरा अधिकार इनके देश (हृदय) पर हो गया। सबके मन ज्ञानादिकी ओरसे हटकर कामकी ताबेदारीमें लग गये। यही विवेकादिका भागना है। '*सद्ग्रन्थ*' अर्थात् सदाचारके समीचीन ग्रन्थ पर्वत हैं; यथा—'*पावन पर्बत बेद पुराना।*' (७। १२०) उन ग्रन्थोंमें जो अध्याय, सर्ग, काण्ड, ऋचाएँ, मन्त्र और श्लोकोंकी पंक्तियाँ आदि हैं, वे ही कन्दराएँ हैं। अथवा, सद्ग्रन्थ ही पर्वतकन्दराएँ हैं। सद्ग्रन्थरूपी पर्वतकन्दराओंमें जा छिपनेका भाव कि ये सदाचार केवल पोथियोंमें लिखे भर रह गये, ऋषि-मुनि, स्त्री-पुरुष, देवता-मनुष्य इत्यादि किसीमें दिखायी नहीं देते। (ख) करुणासिन्धुजी लिखते हैं कि यहाँ विवेक राजा है, धर्म रथ है; धीरज ध्वजा है, ज्ञान खड्ग, सन्तोष चर्म, क्षमा बखतर (कवच), वैराग्य मन्त्री, विज्ञान मित्र, यम भट, नियम सेनापति, सदाचार सेना, वेदाध्ययन बाजा, सदन कर्म और ब्रह्मचर्य इत्यादि सेवक हैं।' (करु०, वै०)

नोट—२ प्रबोधचन्द्रोदयनाटकमें कामको मन्त्री और प्रधान सेनापति और महामोहको राजा कहा गया है। उसकी सेनाका भी वर्णन है। इसी प्रकार विवेकको राजा कहकर उसकी सेनाका भी वर्णन किया गया है। दोनों प्रतिद्वन्द्वियोंके समाजकी तालिका अयोध्याकाण्ड दोहा २३५ में दी जायगी क्योंकि वहाँ मोहको राजा कहा गया है और विवेकको भी। और दोनोंकी तालिकाका स्वयं गोस्वामीजीने बहुत सुन्दर वर्णन किया है।

नोट—३ '*होनिहार का करतार*......' इति। (क) ☞अद्भुत घटनाएँ देखकर मनुष्य इसी भाँति सोचने लगता है। वही खाका यहाँ खींचा है। लोगोंका व्यग्र होना 'खरभर' कहलाता है; यथा—'*सुनि आगवनु दसानन केरा। कपिदल खरभरु भएउ घनेरा॥*' (६। ९९) '*पुर सोभा खरभरु अधिकाई।*' (पं० रा० कु०) (ख) '*होनिहार का करतार*', '*को रखवार*' इत्यादि शङ्का वितर्क संचारी भाव है। बैजनाथजीके मतानुसार '*दुइ माथ केहि*......' में प्रौढ़ोक्ति अलङ्कार है। जहाँ उत्कर्षका हेतु कल्पित किया जाय वहाँ 'प्रौढ़ोक्ति' होती है।

नोट—४ '*दुइ माथ केहि रतिनाथ जेहि*......' इति। भाव कि एक सिरवाले तो उसके कोपमात्रसे ही वशीभूत हो गये, कोई दो सिरवाला ही होगा तभी परास्त नहीं हो सका। उसीके लिये कामदेवको धनुषबाण लेना पड़ा है। एक सिरवालोंके सिर तो कट ही गये, वे तो वशमें हो चुके। जिसके दो सिर रहे होंगे,

उसीका एक सिर अभी बच रहा है, इसीसे उसीका अभिमान तोड़नेके लिये उसे धनुषपर बाण चढ़ाना पड़ा है। मिलान कीजिये—*'केहि दुइ सिर केहि जमु चह लीन्हा।'* (२। २६) बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि 'यहाँ लोक तो दो ही माथकी शङ्का कर रहा है, यह नहीं जानता कि जिनके लिये धनुषपर सर चढ़ाया है उनके पाँच मस्तक हैं।'

वि० त्रि०—*'धर्म सकल सरसीरुह बृंदा। होइ हिम तिन्हहिं दहै सुखमंदा॥'* धर्मरूपी कमलके लिये स्त्री हिम है और वही कामका परम बल है। इस समय जगत् स्त्रीमय दिखायी पड़ रहा है। हिमकी भारी वर्षा हुई। संसार हिममय हो गया। अतः धर्म सरसीरुहकी दुर्दशा कहते हैं—*'भागेउ बिबेक सहाय सहित।'* हिमशैलसुता-शिवविवाह-प्रकरण हिमऋतु हो गया।

बाबा हरिदासजी—यहाँ शङ्का होती है कि कामकी चढ़ाई तो शिवजीपर है और वे हैं पाँच माथवाले। उनके लिये तो *'दुइ माथ'* कह नहीं सकते क्योंकि तीनकी कमी आयेगी। तब इसका समन्वय कैसे होगा? समाधान—इसमें बात यह है कि त्रिभुवनमें अबतक एकमात्र कामदेवका सिर छत्रधारी रहा है। नीति है कि प्रीति और विरोध बराबरवालेसे करना चाहिये। अब सब कहते हैं कि किस दूसरे वीरका सिर छत्रधारी हो गया है, जिसपर कि रतिनाथने क्रोधित होकर धनुष-बाण हाथोंमें धारण किया है कि उस दूसरे छत्रको भङ्ग कर दूँ।

दोहा—जे सजीव जग अचर चर नारि पुरुष अस नाम।
ते निज निज मरजाद तजि भए सकल बस काम॥८४॥

शब्दार्थ—सजीव=जीव या प्राणयुक्त=जीवधारी; प्राणधारी; प्राणी। मरजाद (मर्यादा)=नियम; सीमा; सदाचार, धर्म, रीति, परिपाटी।

अर्थ—संसारमें जो अचर (स्थावर जड) और चर (चेतन) स्त्री और पुरुष ऐसे नामवाले जीवधारी प्राणी हैं, वे सब अपनी-अपनी मर्यादा छोड़कर कामके वश हो गये॥८४॥

'जे सजीव जग अचर चर......'

'सजीव' का भाव यह कि कोई यह न समझे कि अचर सभी जीवरहित हैं। *'अचर'* में भी बहुतेरे ऐसे हैं कि जिनमें स्पर्श, गन्ध आदि विषयोंकी चेष्टा होती है। वे काम-क्रोधादिके वश भी होते हैं, बिना आँखोंके देखते भी हैं। उनमें पुरुषत्व और स्त्रीत्वके चिह्न भी होते हैं। जैसे कि वृक्षों, पौधों और लताओंमें। उनमें भी कोई पुरुष और कोई स्त्री संज्ञावाले हैं। जो लोग न अपने यहाँके ग्रन्थोंको देखते हैं और न उनमें विश्वास करते हैं वे ही जा-बेजा शङ्काएँ उठा बैठते हैं और अपने यहाँकी परम पवित्र वेदवाणीको भी निरादरकर ईसाई, मुसलमान आदि होकर दीन-दुनिया दोनोंसे हाथ धो बैठते हैं। ऐसे ही लोग कहते हैं कि 'वृक्षोंका निहारना कैसे कहा? वे तो जड़ हैं।' वे सब कुछ पाश्चात्त्य विज्ञानकी आँखोंसे देखते हैं कि जो विज्ञान अभी प्रारम्भिक अवस्थामें है और बदलती रहती है। उन लोगोंको भी यह बता देना जरूरी है कि वर्तमान विज्ञानसे बहुत-सी अपने प्राचीन ग्रन्थोंकी बातें सत्य सिद्ध हो चुकी हैं। जैसे कि विमान, अग्निबाण, शब्दभेदी बाण आदि। और जड़ पदार्थोंके विषयमें इतना ही कह देना बहुत है कि विज्ञानसे यह निश्चय हो चुका है कि वृक्षोंमें भी जीवत्व है। उनमें क्रोध करने, खाने-पीने, मारने, सहन करने आदिकी शक्तियाँ भी होती हैं। कोई बीस-बाईस वर्ष हुए कि माधुरी एवं और भी पत्रोंमें यह समाचार निकला था कि अफ्रिका या अमरीकामें एक वृक्ष ऐसा है कि जिसके पास यदि कोई मनुष्य या पक्षी आदि जाता है तो उसकी डालियाँ पत्तोंसहित उसपर एकदम झुक पड़ती हैं और वह उन पत्तोंमें एकदम बन्द हो जाता है। पत्ते उसे भक्षण कर लेते हैं। लाजवंती (छुई-मुई) छूनेसे मुर्झा जाती है। कुम्हड़ेकी बतियाँ तर्जनी देख मुर्झा जाती हैं, यथा—*'इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं॥'* (१। २७३) पुनः यह भी सब सुनते ही हैं कि 'खरबूजा खरबूजेको देखकर

रंग पकड़ता है। वृक्षोंके बीजोंमें भी संयोगके लिङ्ग होते हैं। इनकी नसलें भी लिङ्गोंके संयोगसे पैदा की जाने लगी हैं। अस्तु। सजीवसे जनाया कि जिनमें जीवत्व नहीं है उन्हें छोड़ शेष सब कामवश हो गये, चाहे वह चर हों चाहे अचर।

'ते निज निज मरजाद तजि……' इति। अर्थात् कामवश हो गये। चेतनोंने चेतनता छोड़ दी; जड़ोंने जड़ता छोड़ दी। यहाँ स्त्रीपुरुषोंकी आसक्ति कही। (पं० रा० कु०) *'निज निज मरजाद तजि'*= जिसके लिये जो नियम बँधे हुए हैं उन नियमोंको त्यागकर यथा—*'भये कामबस समय बिसारी।'* जड़ोंकी जो मर्यादा बँधी है कि इससे आगे न बढ़ें वह मर्यादा उन्होंने तोड़ दी। इत्यादि। त्रिपाठीजी लिखते हैं कि 'जो न नारि हैं न पुरुष, केवल उनके नामके साथ स्त्रीलिङ्ग और पुँल्लिङ्गके प्रत्यय लगे हुए हैं, वे कामवश नहीं होते, पर आज वे भी कामवश हुए, उनमें भी मानो जीवन आ गया, क्योंकि काम जीवनी शक्ति है।'

☞यहाँ प्रथम अचरका कामवश होना कहा तब चरका। इसीसे 'अचर' शब्द प्रथम दिया तब चर। अब इसीको क्रमसे आगे विस्तार करते हैं। *'सबके हृदय……'* से *'अचर'* का कामवश होना कहा और *'देव दनुज……'* यहाँसे *'चर'* के कामवश होनेका विस्तृत उल्लेख है।

'जे' 'ते' वाचकपद देकर दो असम वाक्योंकी समता दिखानेसे 'प्रथम निदर्शना अलङ्कार' है।

सब के हृदय मदन अभिलाषा। लता निहारि नवहिं तरु साखा॥ १॥
नदीं उमगि अंबुधि कहुँ धाईं। संगम करहि तलाव तलाईं॥ २॥
जहँ असि दसा जड़न्ह कै बरनी। को कहि सकै सचेतन करनी॥ ३॥

शब्दार्थ—**अभिलाषा**=बड़ी या प्रबल इच्छा। **अंबुधि**=जलका अधिष्ठान=समुद्र। **संगम**=मिलाप, संयोग। संगम करना=मिलना-जुलना, संयोग करना। **सचेतन** (सं०)=वह प्राणी जिसमें चेतना हो=चैतन्य। जिनमें जान है, जो चलते-फिरते हैं। **करनी**=व्यवस्था, कर्म, दशा।

अर्थ—सबके हृदयमें कामकी प्रबल इच्छा हुई। लताओं-(बेलों-) को देखकर वृक्षोंकी शाखाएँ (डालियाँ) झुकने लगीं॥ १॥ नदियाँ उमड़-उमड़कर समुद्रकी ओर दौड़ीं। ताल-तलैयोंसे संगम करने लगे॥ २॥ जहाँ जड़-पदार्थोंकी ऐसी दशा वर्णन की गयी है तहाँ (भला) चैतन्य जीवोंकी करनी कौन कह सकता है? (कोई भी तो नहीं कह सकता)॥ ३॥

नोट—१ (क) *'सब के हृदय मदन अभिलाषा'* इति। ☞ऊपर दोहेमें *'जे सजीव जग अचर चर'* कह आये, अब यहाँ उनमेंसे कुछको गिना रहे हैं। यहाँसे दो अर्धालियोंमें अचेतन (जड़) जीवोंकी दशा दिखायी है। (ख) *'लता निहारि नवहि तरु साखा'* में पुरुषसंज्ञक जड़ोंमें विशेष कामोद्दीपन दिखाया। *'तरु'* पुंल्लिङ्ग है, वे लता स्त्रियोंको देखकर उनपर आसक्त हो रहे हैं। त्रिपाठीजी लिखते हैं कि *'सब के हृदय मदन अभिलाषा'* यह *'जे सजीव जग'* के विषयमें और *'लता निहारि……तलाईं'* यह अचर *'नारि पुरुष अस नाम'* के सम्बन्धमें कहा गया। लतामें कुच-केशादि कोई लक्षण नारीके नहीं हैं और न वृक्षमें कोई लक्षण पुरुषके हैं, केवल लता शब्द स्त्रीलिङ्ग है और तरु शब्द पुँल्लिङ्ग है। इसी भाँति नदी, तलाई आदिमें स्त्रीलिङ्गका और समुद्र, ताल आदिमें पुँल्लिङ्गका व्यवहार है। सो इस व्यवहारके नाते ये मर्यादा त्यागकर एक-दूसरेसे मिलना चाहते हैं। *'नवहिं'* से जनाया कि लताएँ वृक्षोंके तले अथवा उनके बहुत निकट और उनसे नीची हैं; अतः वृक्ष उनपर संयोगके लिये झुकते हैं। और, *'नदी उमगि अंबुधि कहँ धाईं'* में स्त्रीवर्गमें विशेष कामासक्ति दिखायी। इस तरह सूचित किया कि स्त्री-पुरुष दोनोंपर कामका प्रभाव बराबर पड़ा। तथा *'संगम करहि तलाव तलाईं'* में दोनोंमें कामकी प्रबलता एक-सी साथ-साथ दिखायी। [(ख) *'लता निहारि'* इति। पं० रामकुमारजी लिखते हैं कि 'वृक्ष भी देखते हैं' यह शास्त्रसिद्ध बात है; यथा—'**तस्मात्पश्यन्ति पादपाः।**' अथवा, काम ही उनमें प्रविष्ट होकर देखता है जैसे प्रेत मनुष्योंमें प्रवेश करके अदृष्ट बात कहते हैं। नदी तो समुद्रको जाती ही है, पर 'उमग' कर धाना

यही कामासक्तिका चिह्न है। नदी, तालाब और तलैयोंका उमड़ना कहा, क्योंकि बिना उमड़े दोनोंका संगम कैसे हो सकता है?] (ग) ऊपर कहा है कि *'निज निज मरजाद तजि भए सकल बस काम।'* उसीको यहाँ दिखाते हैं कि नियम तो यह है कि लता-शाखाकी ओर बढ़ती है, यथा—*'बढ़त बौंड़ जनु लही सुसाखा।'* (२। ५। ८) पर यहाँ मर्यादा त्यागकर तरु-शाखा लताकी ओर झुकने लगा। इसी तरह बिना वर्षाके ही नदियाँ समुद्रकी ओर दौड़ीं। (वि० त्रि०) (घ) *'जहँ असि दसा जड़न्ह कै बरनी।……'* इति। अर्थात् इसीसे अनुमान कर लीजिये। उनकी विशेष निर्लज्जता वर्णन करनेमें एक तो लज्जा लगती है, दूसरी वह अकथनीय है। यह चर अर्थात् चेतनायुक्त प्राणियोंकी दशा कही कि वे तो अत्यन्त कामासक्त हो रहे हैं। रक्तमांसादियुक्त स्थूल शरीरवाले जैसे कि मनुष्य, पशु-पक्षी आदि 'चर' समझे जायँ।

नोट—२ यहाँ *'नदीं', 'धाईं'* और *'तलाईं'* बहुवचनसंज्ञक शब्द दिये हैं और 'करहि' एकवचन क्रिया देकर अत्यन्तासक्ति दरसा रहे हैं। पाठक मनमें समझ लें। *'करहिं'* पाठ तो साधारणतया ठीक ही है। पर *'करहि'* हो तो यह भाव होगा।

पं० राजबहादुर लमगोड़ाजी—तुलसीदासजीके शृङ्गाररसमें मर्यादाका उल्लङ्घन नहीं है जैसा कि उनकी फुलवारी-लीलाकी व्याख्याओंसे प्रकट है। यहाँ कामरसका ही वर्णन है, इसलिये कवि मजबूर है। पर फिर भी वर्णन संकेत और आड़से है। उर्दूकवि 'नसीम' में यह कला अच्छी है, पर वहाँ शृङ्गाररस मर्यादासे बाहर है।

पसु पक्षी नभ जल थल चारी। भए कामबस समय बिसारी॥ ४॥
मदन अंध ब्याकुल सब लोका। निसि दिन नहि अवलोकहि कोका॥ ५॥

अर्थ—आकाश, जल और पृथ्वीपर विचरने (चलने) वाले पशु-पक्षी (अपने-अपने संयोगका) समय भुलाकर कामके वश हो गये॥ ४॥ सब लोग (एवं तीनों लोक) कामान्ध होकर व्याकुल हो गये। चक्रवाक (चकवा-चकवी) रात-दिन (कुछ) नहीं देखते (अर्थात् रात-दिनका विचार भूल गये)॥ ५॥

नोट—१ (क) *'पसु पक्षी नभ जल थल चारी। भए……'* इति। जल, थल और आकाश तीनहीमें सारी जड़-चेतन नामक सृष्टि है, यथा—*'जलचर थलचर नभचर नाना। जे जड़ चेतन जीव जहाना।'* (१। ३) अतः यहाँ तीनोंको कहकर संसारभरके प्राणियोंको जना दिया। आकाशगामी पशु नन्दीश्वर, ऐरावत इत्यादि; जलके पशु मकर, घड़ियाल, कछुए इत्यादि और थलके पशु गाय, श्वान, गर्दभ, भैंसा, बैल, हाथी, सिंह इत्यादि। जलके पक्षी कुक्कुट, बगला, हंस, बत्तख इत्यादि। थलके पक्षी सारस, मोर, चकोर इत्यादि। (ख) *'समय बिसारी'* इति। भाव कि पशु-पक्षियोंमें संयोगके समय बँधे हुए हैं; जैसे कि हाथी ग्राममें संयोग नहीं करता, कुत्ते-कुत्तियोंका संयोग कार्तिकमें, गदहे-गदहीका संयोग वैशाखमें और चकवा-चकवीका दिनमें होता है, रातमें नहीं। इत्यादि इस समय ये सब अपने संयोगका समय प्राप्त हुए बिना ही भोग करने लगे। (ग) *'मदन अंध ब्याकुल सब लोका'* इति। *'मदन'* पद देकर जनाया कि बड़े-बड़े योगी, ऋषि, ब्रह्मचारियों इत्यादिका मद जाता रहा, कोई अभिमानी इन्द्रियजित् वा कामजित् न बचा। *'लोक'* के यहाँ दोनों अर्थ हैं—लोग और लोक। *'सब लोका'* अर्थात् त्रैलोक्यमात्र। आगे तीनों लोकोंके प्राणी गिनाये गये हैं, यथा—*'देव दनुज नर किंनर ब्याला……'* *'मदन अंध'* कहकर जनाया कि बुराई-भलाई, लज्जा आदिका कुछ ज्ञान किसीको न रह गया। अन्धेको सूझता नहीं, वैसे ही कामान्ध होनेसे इन्हें कहीं कोई और देख नहीं पड़ता जिसकी लज्जा करें। अतः 'अन्धा' कहा। अन्धेको दिन-रात बराबर, वैसे ही इनको। अन्धेमें और भी भाव भरे हैं, समझनेवाले स्वयं समझ लें। *'ब्याकुल'* से जनाया कि कामोद्दीपन अत्यन्त प्रबल होनेसे व्याकुल हैं कि कहाँ यह आग बुझावें। कामाग्नि शीघ्र बुझानेके लिये व्याकुल हैं। *'निसि दिन नहिं अवलोकहि कोका'* इति। *'कोका'* शब्दका प्रयोग यहाँ मार्केका है। *'कोका'*

नाम उस पण्डितका भी है जिसने कोकशास्त्र रचा था। सब-के-सब कोकापण्डित ही हो गये, कोकशास्त्रमें मानो खूब निपुण हैं। ऐसे कामान्ध हो रहे हैं कि दिन-रात, समय-कुसमय कुछ नहीं सूझता।

'निसि दिन नहि अवलोकहि कोका'

'अगले छन्दमें कहा है कि *'दुइ दंड भरि ब्रह्मांड भीतर कामकृत कौतुक अयं'* अर्थात् कामने यह खेल दो दण्डभर किया अर्थात् दो दण्डभर ही यह कामकृत कौतुक रहा और यहाँ कहते हैं कि चकवा-चकवी रात-दिन कुछ नहीं देखते, जिससे यह कौतुक कम-से-कम एक दिन एक रात तो अवश्य ही होना समझ पड़ता है। पुनः, आगे ८६ (१) में *'उभय घरीं अस कौतुक भयऊ'* ऐसा लिखते हैं। इस तरह यहाँ 'तीन विरोधी बातें' आ पड़ी हैं, यद्यपि ये तीनों प्रसङ्गानुसार एक ही होनी चाहिये'—यह शङ्का उठाकर इसका समाधान महानुभावोंने अनेक प्रकारसे किया है—

(१) विजयदोहावलीमें लिखा है कि *'उभय घरीं सुरलोकमें ब्रह्मलोक दुइ दंड। रह्यो भुवनमें दिवस निसि ब्यापेउ मदन प्रचंड॥'* अर्थात् कामके प्रसङ्गमें तीनों लोकोंकी दशा कही गयी है; इसीलिये तीन प्रकारसे समय भी लिखा गया। ब्रह्मलोकमें दो दण्डतक कौतुक रहा, सुरलोकमें दो घड़ी कौतुक रहा और भूलोकमें एक रात एक दिन रहा।

(२) करुणासिंधुजी, पं० रामकुमारजी आदि लिखते हैं कि 'कामका प्रभाव ब्रह्माण्डभरमें व्याप्त है। ब्रह्माण्डमें एक ही समय एक भागमें रात्रि और दूसरे भागमें दिन रहता है, यह सभी जानते हैं। (स्वतः पृथ्वीपर ही एशिया और यूरोपमें ही देख लीजिये कि जब भारतवर्षमें सबेरा होता है उसके कई घण्टे बाद विलायतमें सबेरा होता है। यहाँ दिन है तब अमरीकामें रात्रि होती है। इत्यादि।) इस कारण रात और दिन दोनों शब्द दिये गये। तात्पर्य कि चक्रवाक सर्वत्र संयोग करने लगे। रात-दिन दोनोंहीमें? जहाँ रात्रि है वहाँवाले रात्रिहीमें और जहाँ दिन है वहाँवाले दिनहीमें कर रहे हैं।' 'यदि केवल रातका भोग कहते तो दिनका भोग न पाया जाता और यदि केवल दिनका भोग कहते तो रात्रिका न पाया जाता। अतएव दोनों कहे।' (पं० रा० कु०) त्रिपाठीजी लिखते हैं कि जहाँ रात्रि थी वहाँके चकवा-चकवीने रात्रि नहीं देखी और जहाँ दिन था वहाँके चकवा-चकवी दिन क्यों देखने लगे, दिनका निषेध तो केवल मनुष्यके लिये है।

(३) यदि एक ही ठौरको लें तो सब खेल रातमें ही होना निश्चित होगा, क्योंकि चक्रवाक दिनहीमें सम्भोग करते हैं, सो मदान्ध होनेसे रात्रिमें ही सम्भोग करने लगे। कुछ विचार न रह गया कि अभी दिन नहीं है, रात ही है। पुनः,

(४) एक दण्ड दिन रहेसे एक दण्ड राततक यह कौतुक हुआ। अतः रात और दिन दोनों कहे। (वं० पा०)

(५) किसी-किसीने *'निसि दिन'* का अर्थ *'समय कुसमय'* किया है और किसीने यह अर्थ किया है कि 'रात-दिन समय-कुसमयका विचार नहीं रह गया, क्योंकि सब 'कोकापंडित' ही हो गये।' और कोई यह अर्थ कहते हैं कि 'कोई रात-दिन नहीं देखता अर्थात् किसीको यह भी नहीं सूझता कि रात है या दिन है, कौन है, क्या है।'

(६) वीरकविजी अर्थ करते हैं कि 'कोई समय-कुसमय नहीं देखता कि क्या है।' वे लिखते हैं कि—यहाँ *'कोका'* शब्दका चकवा पक्षी अर्थ किया जाता है कि चकवा-चकवी दिन-रात नहीं देखते। कामदेवने यह सब खेल दो दण्ड (४८ मिनट) में किया। इतने अल्प समयमें दिन-रातका होना असम्भव है। वन्दन पाठकने अपनी शङ्कावलीमें लिखा है कि एक दण्ड रात थी और एक दण्ड दिन। पर यह वाग्विलासके सिवा कोई प्रामाणिक बात नहीं है!' आप *'कोका'* का अर्थ 'कोई' और 'क्या' करते हैं पर गोस्वामीजीके ग्रन्थों एवं शब्दसागरमें ऐसा अर्थ दासको कहीं नहीं मिला। *'निसि दिन'* के साथ *'कोका'* का कोई दूसरा अर्थ सङ्गत भी नहीं खाता और प्रसिद्ध भी 'चक्रवाक' ही अर्थ है। इसी अर्थमें इसका प्रयोग इसी ग्रन्थमें प्रायः सर्वत्र हुआ है। यथा—*'कोक सोकप्रद पंकजद्रोही। अवगुन बहुत चंद्रमा तोही॥'*……

उयेउ अरुन अवलोकहु ताता। पंकज कोक लोक सुखदाता॥' (१। २३८) *'कमल कोक मधुकर खग नाना। हरषे सकल निसा अवसाना॥'* (१। २३९)।*'कोक तिलोक प्रीति अति करिही॥'* (२। २०९)।*'सुख संतोष बिराग बिबेका। बिगत सोक ए कोक अनेका॥'* (७। ३१) इत्यादि। ☞वस्तुतः चक्रवाकका ऐसा कट्टर नियमवाला दूसरा नहीं कि जो एक पिंजड़ेमें भी बन्द कर दिये जानेपर भी सम्भोगकी कौन कहे, भेंट भी चकवीसे नहीं करता, दोनों एक-दूसरेके सामने मुख भी नहीं करते। यथा—*'संपति चकई भरत चक मुनि आयसु खेलवार। तेहि निसि आश्रम पिंजरा राखें भा भिनुसार॥'* (२। २१५) जब उनकी प्रकृति भी बदल गयी तब भला जो केवल शास्त्रमर्यादासे ही चलनेवाले हैं उनकी क्या कही जाय?—यह आशय जनानेके लिये 'कोक' का उदाहरण दिया गया है।

(७) श्रीनंगे परमहंसजी लिखते हैं कि 'चकवा-चकवीका नियम छोड़ना निश्चित करता है कि कामदेव शिवजीके पास रात्रिमें गया था जिस कारण चकवा-चकवीने अपना नियम छोड़ दिया। यदि कहिये कि तब चकवा-चकवीके लिये *'दिन'* शब्द क्यों लाया गया—*'निसि दिन'''''।'* तो उसका उत्तर यह है कि 'दिन-रात' द्वन्द्व शब्द हैं (जो दो शब्द एक साथ बोलनेका मुहावरा है), जैसे हानि-लाभ, सुख-दुःख, हर्ष-शोक इत्यादि द्वन्द्व शब्द हैं और द्वन्द्वके साथ कहे भी जाते हैं किन्तु प्रतिकूल प्रसङ्गमें कहे जाते हैं। जैसे यदि किसी पण्डितसे पाप-कर्म हो जाय तो यही कहा जायगा कि पण्डितने पाप-पुण्यका विचार नहीं किया, यदि पाप-पुण्यका विचार किया होता तो ऐसा न करता। अब देखा जायगा कि 'पाप' के साथ 'पुण्य' शब्द लगाना पड़ा है पर अर्थ करनेमें 'पाप' हीका अर्थ किया जायगा। वैसे ही चकवा-चकवीके लिये *'निसि दिन'* शब्द है, पर अर्थ करनेमें *'निसि'* ही अर्थ किया जायगा, क्योंकि उनके लिये रात्रि ही प्रतिकूल है। पुनः, *'निसि दिन नहिं अवलोकहिं कोका'* से यह ध्वनि होती है कि रात-दिन देखा करते थे परन्तु उस दिन नहीं देखा। 'रात-दिन' क्यों देखा करते? रात देखते हैं आपसमें अलग होनेके लिये और दिन देखते हैं मिलनेके लिये। अब देखा जाय कि यदि यह प्रसङ्ग सबके लिये प्रतिकूल है तो चकवा-चकवीके लिये प्रतिकूल क्या है? रात्रि। क्योंकि दिन तो उसके लिये अनुकूल है। (अब जो दो बातें और जो विरोधी कही जाती हैं, उनको लीजिये)—*'दुइ दंड भरि ब्रह्मांड भीतर काम कृत कौतुक अयं'* यह पद कामदेवके तमासा रचनेके समयको सूचित करता है कि कामदेवने ब्रह्माण्डके भीतर अपना कौतुक घड़ीभरमें ही रचकर तैयार कर दिया था। और *'उभय घरी अस कौतुक भयऊ'* यह पद कामदेवके तमासेका दो घड़ी स्थित रहना सूचित करता है। यह तमाशा कबतक रहा? जबतक कि कामदेव शिवजीके पास पहुँचा है और वह दो घड़ीमें उनतक पहुँचा है।—*'जब लगि काम शंभु पहिं गयऊ।'* पुनः, जब ब्रह्माण्डके भीतर दो दण्डभर खेल करना लिखा गया है तब दो घड़ीका रहना भी निश्चय होता है। क्योंकि जहाँ तमाशा किया जाता है, वहीं रहना भी होता है। सो जब ब्रह्माण्डभरमें कौतुकका रहना सिद्ध हुआ तब सब लोकोंमें रहना भी निश्चय हो गया। क्योंकि ब्रह्माण्डके भीतर ही सब लोक स्थित हैं। अतः 'विजयदोहावली' का लेख दोषयुक्त है।'

(८) शीलावृत्तमें लिखा है कि—'कौतुक दो ही दण्डभर हुआ पर उसका नसा ज्यों-का-त्यों दो दण्ड और बना रहा। इस तरह दो घड़ीतक कौतुक रहा। एक घड़ी=दो दण्ड। पुनः 'सब लोगोंका कामान्ध होना, लिखा है। दो घड़ीमें रात और दिन इस तरह बनता है कि जहाँ रवि है वहाँ दिन है। वहाँके नर-नारियोंने मर्यादा छोड़ दी, दिनमें ही भोग करने लगे और जहाँ रात है वहाँके चकवा-चकवीने मर्यादा छोड़ दी कि रातमें ही संयोग करने लगे।'

(९) हिन्दी बोलचालमें दण्ड और घड़ीमें प्रायः भेद नहीं माना जाता। वीरकविजीने दण्डका अर्थ 'घड़ी' किया है और पं० रामकुमारजीने भी यही अर्थ किया है। एक दण्ड २४ मिनटका होता है।

देव दनुज नर किंनर ब्याला। प्रेत पिसाच भूत बेताला॥ ६॥
इन्ह कै दसा न कहेउँ बखानी। सदा काम के चेरे जानी॥ ७॥

सिद्ध* बिरक्त महामुनि जोगी। तेपि काम बस भये बियोगी॥ ८॥

शब्दार्थ—दनुज=दैत्य, असुर। देव, किंनर, ब्याल (=सर्प, नाग)—४४ (४) *'देव दनुज……'किंनर……'* देखिये। प्रेत, पिशाच, भूत, बैताल—नोटमें दिये जायँगे। सिद्ध—६१ (१) देखिये। तेपि=तेऽपि=ते अपि=वे भी।

अर्थ—देवता, दैत्य, मनुष्य, किन्नर, नाग, प्रेत, पिशाच, भूत और बेतालोंको सदा कामके चेरे (चेले, दास, गुलाम, किंकर) जानकर मैंने इनकी दशा बखानकर नहीं कही॥ ६-७॥ (जो) सिद्ध, महान् वैराग्यवान्, महामुनि और महान् योगी (हैं) वे भी कामवश योगरहित एवं विरही हो गये॥ ८॥

नोट—१ *'देव दनुज……'* इति। (क)—देवसे स्वर्गवासी, दनुजसे पातालवासी और नरसे मर्त्यलोकवासी सभी जनाये । भूत, प्रेत, पिशाच, बेताल आदि सभी रणमें भाग लेनेवाले नीच प्रकारके शिवगण हैं। भूत, पिशाच और बेताल यह सब प्रेतोंके भेद हैं। उनकी भिन्न-भिन्न जातियाँ हैं। ये सब भी देवकोटिमें माने जाते हैं। भूतोंका मुँह नीचेकी ओर लटका हुआ या ऊपरकी ओर उठा हुआ माना जाता है। ये आत्माएँ अनेक प्रकारके उपद्रव करती और लोगोंको बहुत कष्ट पहुँचाती हैं। भूत-प्रेतोंके सम्बन्धमें साधारणतः यह माना जाता है कि मृत-प्राणियोंकी जिनकी मुक्ति नहीं होती उनकी आत्माएँ चारों ओर घूमा करती हैं और उपद्रव मचाया करती हैं। पिशाच, यक्षों और राक्षसोंसे हीन कोटिके बहुत अशुचि और गन्दे तथा रक्त आदि पीनेवाले कहे जाते हैं। बेताल भूत-पिशाचोंकी अपेक्षा अधिक जबरदस्त और राक्षसोंकी जोड़के होते हैं। बेतालोंकी एक जाति अगियाबेताल भी होती है जिनके मुखसे अग्निकी ज्वाला निकलती है। आनन्दरामायणमें प्रेत-पिशाचका लक्षण इस प्रकार वर्णित है—'**वक्रदंष्ट्रो लम्बजिह्वो निमग्नो रक्तलोचनः। पांशुः पीनोदरः क्षामः लम्बोष्ठोह्यधरस्वतः॥**'—भूत-पिशाच आदि सभी बड़े भयंकर होते हैं। इनकी करालताका वर्णन आगे शिव-बारातमें देखनेमें आता है। (ख) *'इन्ह कै दसा न कहेउँ……'* इति। भाव कि औरोंके, पशु-पक्षीतकके तो समयका नियम भी है, पर इनका तो कोई नियम है ही नहीं, ये तो सदा कामासक्त बने रहते हैं, सदा कामके चेले ही हैं अर्थात् सदा कामकी वृद्धि ही चाहते हैं। आशय यह कि ये सदा सुन्दर स्त्री ही ढूँढ़ा करते हैं। इसीसे इनका वर्णन विस्तारसे नहीं किया। ☞ग्रन्थकार महात्मा हैं, इसीसे उन्होंने कामासक्त लोगोंकी करनी कुछ न लिखी। यथा—*'जहँ असि दसा जड़न्ह कै बरनी। को कहि सकइ सचेतन करनी॥'* तथा यहाँ *'इन्ह कै दसा न कहेउँ बखानी।'* (पं० रा० कु०) (ग) यहाँ देव-दानवादिकी कामान्धताका अर्थ दूसरे योगसे स्थापन करना कि ये तो सदा कामके अनन्य सेवक ही हैं 'अर्थापत्ति प्रमाण अलङ्कार' है। (वीरकवि)

नोट—२ *'सिद्ध बिरक्त महामुनि जोगी……।'* इति। (क) भाव कि सिद्ध आदि योगीश्वर होते हैं, वे इन्द्रियविजयी होते हैं, कामी नहीं होते; सो वे भी कामातुर हो विरही हो गये। इस अयोग्यमें कामदेवकी योग्यता दिखाकर उसके प्रभावकी अतिशय बड़ाई करना 'सम्बन्धातिशयोक्ति अलङ्कार' है। (वीरकवि) (ख) ☞यहाँ 'वियोगी' के दो भावार्थ कहे जाते हैं। एक तो '**बियोगी**'=बि (=विगत)+योगी। *'भए बियोगी'*=योग छोड़ बैठे; कामकी प्रबलतामें अष्टाङ्गयोगसे ध्यान छूट गया और वे कामके वश हो गये। दूसरे, सिद्ध, विरक्त, महामुनि और योगी प्रायः स्त्रीरहित होते हैं। इनके स्त्रियाँ तो होती नहीं तब उनको स्त्रियोंका संयोग कहाँ मिले और काम उन्हें सता रहा है; इस कारण वे स्त्री-विरहमें कामियोंकी तरह वियोगी अर्थात् विरही-से देख पड़ते हैं। वे स्त्रीके लिये इतने व्याकुल हैं जैसे कोई महाविरही अतिकामी स्त्रीके वियोगमें व्याकुल हो। पुनः भाव कि उनका ज्ञान-ध्यान सब जाता रहा। वे सब अपने-अपने धर्मोंसे वियोगी हो गये। अर्थात् जो महान् सिद्ध थे उनका सिद्धियोंसे वियोग हो गया, महामुनियोंका मननसे वियोग हो गया, महाविरक्तका वैराग्यसे और महायोगीका योगसे वियोग हो गया। ये सब स्त्री ढूँढ़ने लगे।

टिप्पणी—१ यहाँतक 'आलिङ्गन, चुम्बन, भाषण और मैथुन' कहे और कामवश होनेमें चार कोटियाँ

* सदा—१७०४

कहीं—१ जड़, २ चेतन, ३ चैतन्यतर और ४ चैतन्यतम। यथा—'*जहँ असि दसा जड़न्ह कै बरनी। को कहि सकइ सचेतन करनी॥*', '*जे सजीव जग अचर चर नारि पुरुष अस नाम।*......।' '*देव दनुज नर किंनर ब्याला*......', '*सिद्ध बिरक्त महा मुनि जोगी।*' पशु-पक्षी आदि साधारण चेतन हैं। देव-दनुजादि चैतन्यतर जीव हैं। '*सिद्ध बिरक्त*' आदि चैतन्यतम हैं।

छंद—भए कामबस जोगीस तापस पावरन्हि की को कहे।
देखहिं चराचर नारिमय जे ब्रह्ममय देखत रहे॥
अबला बिलोकहिं पुरुषमय जगु पुरुष सब अबलामयं।
दुइ दंड भरि ब्रह्मांड भीतर काम कृत कौतुक अयं॥

अर्थ—योगीश्वर और तपस्वी (ही जब) कामवश हो गये (तब) बिचारे नीच प्राणियोंकी कौन कहे। जो लोग चराचर-(मात्र-) को ब्रह्ममय देखते थे, वे उसे स्त्रीमय देखने लगे। स्त्री सारे जगत्‌को पुरुषमय और पुरुष सबको स्त्रीमय देखते हैं। ब्रह्माण्डभरके भीतर दो दण्डतक कामदेवने यह कौतुक रचा (वा कामदेवका रचा हुआ यह कौतुक हुआ)।

नोट—१ (क) '*भए कामबस जोगीस*......' इति। कामका विशेष कोप योगीश्वरों और तपस्वियोंपर है, इसीसे कविने उनका नाम दो बार लिखा। यथा '*भए अकंटक साधक जोगी। जोगी अकंटक भए*...... ॥' (८७) (पं० रा० कु०)। पुनः प्रथम चौपाइयोंमें योगी विरक्त आदिका कामवश होना कहा था और यहाँ छन्दमें उनके सम्बन्धमें जो पूर्व कहा है, उसे लेकर कहते हैं कि ये तो वे लोग हैं कि जो कामसे सदा दूर रहते थे, सदा रागरहित रहते थे, जो कामजित् ब्रह्मचर्यरत हैं, जिनकी सारी सिद्धि ही ब्रह्मचर्यपर खड़ी है, उनकी यह दशा हो गयी, तब तुच्छ मनुष्योंकी क्या कही जाय? न कहनेका कारण बतानेमें उनकी दशा फिर कही। तात्पर्य यह है कि वे पामर प्राणी तो यों ही सदा कामवश रहा करते थे, इस समय तो जो उनकी दशा हुई वह अकथनीय है। वा उनका कामवश होना तो स्वाभाविक इसीसे सिद्ध है, कहनेकी आवश्यकता नहीं।

नोट—२ '*देखहिं चराचर नारिमय*......' इति। ब्रह्ममय देखते थे; यथा '**सर्वमेवात्र त्वद्रूप भूपालमनि व्यक्तमव्यक्त गतभेद विष्णो।**......**आदिमध्यांत भगवंत त्वं सर्वगतमीस पश्यन्ति ये ब्रह्मवादी॥** *जथा पट-तंतु घट मृत्तिका, सर्प-स्त्रग, दारु-करि, कनक-कटकांगदादी।*' (विनय० ५४); '**सर्वं खल्विदं ब्रह्म**'। अर्थात् जो लोग सदा संसारको इस तरह देखते थे, 'सारा जगत् ब्रह्ममय है' यह ही जिनकी दृष्टिमें रहता था, सो भी जगत्‌को स्त्रीमय देखने लगे। पूर्व सब चराचरमें एक ब्रह्मको ही देखते थे अब सबमें उनको स्त्रीका ही दर्शन हो रहा है। (ब्रह्ममय देखनेवाले ज्ञानियोंको समदर्शनका अभ्यास है। उन्हें अब नारीका ध्यान आया तो ब्रह्मकी भाँति वे चराचरमें नारी ही देखने लगे। वि० त्रि०)

नोट—३ '*अबला बिलोकहिं पुरुषमय*......' इति। (क) अर्थात् मैं ही एक स्त्री हूँ और जगन्मात्र पुरुष है, बिना सबसे सम्भोग किये सन्तोष न होगा—ऐसी कामातुर हो रही हैं। वही हाल पुरुषोंका है; वे केवल अपनेको पुरुष देखते हैं और चराचरमात्रको स्त्रीरूप देख रहे हैं, समझते हैं कि बिना सबसे संयोग किये तृप्ति न होगी। (ख) '*अबला*' का भाव कि है तो कहाती '*अबला*' (बलहीन) पर यही कामका परम बल है; यथा '*एहि के एक परम बल नारी। तेहि ते उबर सुभट सोइ भारी॥*' (३। ३८) और अन्तमें इसने परम बल किया ही। (ग) रसिकविहारीके '*नैननमें प्यारी सैननमें प्यारी इन बैननमें प्यारी सुख दैननमें प्यारी है। काननमें प्यारी मन प्राननमें प्यारी गान ताननमें प्यारी रूपवाननमें प्यारी है॥ जागतमें प्यारी नींद लागतमें प्यारी बसी रसिकबिहारी रोम रोममें प्यारी है।*' इस कवित्तको 'नारिमय' एवं 'अबलामयं' का भावार्थ समझना चाहिये। (घ) पुनः, पुरुष अबलामय देखते हैं, इसमें यह भी ध्वनि है कि मदान्ध

होनेके कारण वे जिस-तिस स्त्रीको अपनी प्यास वा आग बुझानेके लिये पकड़ लेते हैं, उसे 'अबला' ही जानते हैं।

नोट—४ *'दुइ दंड भरि……'* इति। (क) प्रारम्भमें कहा था *'तब आपन प्रभाउ बिस्तारा।'* विस्तार कैसे किया यह यहाँतक लिखा, ब्रह्माण्डभरमें प्रभाव विस्तृत किया। (ख) *'दुइ दंड'* और *'अयं'* का अर्थ आगे करते हैं कि दो घड़ी है, यथा—*'उभय घरी अस कौतुक भएऊ।'* दो ही दण्डमें ब्रह्माण्डको जीत लिया और दो ही दण्डमें शिवजीके पास पहुँच गया। (पं० रा० कु०) *'दुइ दंड'* और *'उभय घरी'* पर पूर्व ८५ (५) *'निसि दिन नहिं अवलोकहि कोका'* में लिखा गया है, उसे देखिये। (ग) *'कृत कौतुक अयं'* इति। ब्राह्मण्डका जीतना कामके लिये एक खेल या तमाशा ही है, इसीसे *'कौतुक'* कहा।

सोरठा—धरी न काहूँ धीर सबके मन मनसिज हरे।
जे राखे रघुबीर ते उबरे तेहि काल महुँ॥ ८५॥

अर्थ—किसीने भी धीरज न धारण किया। कामदेवने सबके मन हर लिये। श्रीरघुवीरने जिनकी रक्षा की, वे ही उस समय बच रहे॥ ८५॥

नोट—१ *'धरी न काहूँ धीर……'* इति। काम-ऐसे प्रबल वीरसे रक्षा की। अत: *'रघुबीर'* शब्दका प्रयोग हुआ। वीर ही रक्षा कर सकता है। तात्पर्य कि रघुवीरकी वीरताके आगे उसकी वीरता न चली। जैसे रक्षाके सम्बन्धसे *'रघुबीर'* शब्द दिया, वैसे ही मन हरण करनेके सम्बन्धसे *'मनसिज'* नाम बहुत ही उपयुक्त है।

* 'जे राखे रघुबीर ते उबरे……' *

१ वेदमें तीन काण्ड हैं—कर्म, ज्ञान और उपासना। यहाँतक यह दिखाया कि कामदेवने कर्म और ज्ञानको नष्ट कर डाला। बचे तो केवल उपासक ही। ('ब्रह्मचर्य, व्रत, संयम नाना, धीरज, धर्म, सदाचार, जप, योग, वैराग्य'), *'सभय बिबेक कटक सब भागा'* *'सो सुभट संजुग महि मुरे'* से कर्मकाण्डकी और *'भागेउ बिबेक सहाय सहित'* से ज्ञानकी हार सूचित की। जप तप संयम आदि कर्म हैं। विवेक ज्ञान है। रही उपासना सो उसकी रक्षा श्रीरघुवीरजीने की। (पाँ०) ☞इस वर्णनसे उपासनाकी सर्वोत्कृष्टता दर्शित की गयी है।

नोट—२ *'जे राखे रघुबीर'* अर्थात् जिनकी रक्षा रघुनाथजीने की उन्हें कौन नष्ट कर सकता है? उनका बाल बाँका नहीं हो सकता। अत: रघुवीराश्रित ही बचे। *'सीम कि चाँपि सकै कोउ तासू। बड़ रखवार रमापति जासू॥'* (१। १२६)—यह नारदमोहप्रसङ्गमें भी इसी भावमें आया है और गीतावलीमें भी ऐसा ही कहा है; यथा—*'तिन्ह की न काम सकै चाँपि छाँह। तुलसी जे बसहिं रघुबीर बाँह॥'* (गी० २। ४९)

नोट—३ श्रीनारदजी जब पम्पासरपर श्रीरघुनाथजीके पास गये थे तब उन्होंने प्रभुसे प्रश्न किया था कि जब मैं आपकी मायासे मोहित होकर ब्याह करना चाहता था तब आपने मुझे विवाह क्यों न करने दिया। उसपर प्रभुने यह उत्तर दिया कि *'सुनु मुनि तोहि कहउँ सहरोसा। भजहिं जे मोहि तजि सकल भरोसा॥ करउँ सदा तिन्ह कै रखवारी। जिमि बालक राखइ महतारी॥ गह सिसु बच्छ अनल अहि धाई। तहँ राखइ जननी अरगाई॥ प्रौढ़ भएँ तेहि सुत पर माता। प्रीति करइ नहिं पाछिलि बाता॥ मोरे प्रौढ़ तनय सम ज्ञानी। बालक सुत सम दास अमानी॥ जनहिं मोर बल निज बल ताही। दुहुँ कहँ काम क्रोध रिपु आही॥ यह बिचारि पंडित मोहि भजहीं। पाएहुँ ज्ञान भगति नहिं तजहीं॥'* (३। ४३) सिद्ध, महामुनि और योगियोंको अपने साधन ज्ञान, योग, पुरुषार्थ-बलका भरोसा रहता है। ये प्रौढ़ (सयाने) लड़के हैं, अपनी रक्षा स्वयं करें। परन्तु उपासकोंको श्रीरघुनाथजीको छोड़ स्वप्नमें भी दूसरोंका आशा-भरोसा नहीं रहता। ये शिशु-समान हैं। इसीसे प्रभु उनकी रक्षामें माता-सरीखे सदैव लगे रहते हैं।

नोट—४ ☞कोई-कोई *'जे राखे रघुबीर'* का अर्थ 'जिन्होंने रघुवीरको हृदयमें धारण किया' ऐसा करते हैं।

नोट—५ (क) *'चलत मार अस हृदय बिचारा।'* (८४। ४) उपक्रम है और *'जब लगि काम संभु पहिं गएऊ'* उपसंहार है। (ख) *'जे' 'ते'* के सम्बन्धसे अलङ्कारमञ्जूषाके मतानुसार यहाँ 'प्रथमनिदर्शना अलङ्कार' है और वीरकविजीके मतसे—'पहले यह कहकर कि कामदेवने सभीके मनको हर लिया, फिर अपनी कही हुई बातके विपरीत कथन कि *'जे राखे रघुबीर'*...... उक्ताक्षेप अलङ्कार है। (ग) पंजाबीजी लिखते हैं कि 'हमने यह बात परम्परासे सुनी है कि गोस्वामीजीने पूर्वार्ध सोरठा लिखा तब सोचमें पड़ गये कि यह क्या अनर्थ हो गया; सबमें तो शिवजी भी आ गये। तब श्रीहनुमान्‌जीने उत्तरार्ध लिख दिया।' ऐसी ही किंवदन्ती *'बूड़ सो सकल समाज'* के विषयमें है। परन्तु इसकी सचाई कहाँतक सम्भव है यह विचारनेसे ही प्रकट हो जाती है।

उभय घरीं अस कौतुक भएऊ। जब* लगि काम संभु पहिं गएऊ॥ १॥
शिवहि बिलोकि ससंकेउ मारू। भएउ जथा थिति सबु संसारू॥ २॥

शब्दार्थ—'**थिति**'=ठहराव, स्थायित्व, स्थिति, अवस्था, दशा। '**जथा थिति**' होना=पूर्व अवस्था या दशामें हो जाना, पूर्वस्थिति होना। 'यथाथिति' संस्कृत भाषाके 'यथास्थिति' शब्दका अपभ्रंश है, जिसका अर्थ है '**स्थितिमनतिक्रम्य वर्तते इति यथास्थिति।**' स्थितिका उल्लङ्घन न करके जैसा-का-तैसा रहना। जैसा था वैसा ही।

अर्थ—दो घड़ीतक ऐसा तमाशा रहा जबतक कामदेव शम्भुके पास पहुँच (न) गया॥ १॥ शिवजीको देखकर कामदेव डर गया। सारा संसार (पुनः) ज्यों-का-त्यों स्थिर हो गया॥ २॥

नोट—१ *'उभय घरीं'*...... इति। (क) दो दण्डमें कामदेवने यह कौतुक सारे ब्रह्माण्डमें कर दिया और दो घड़ीतक यह कौतुक होता रहा जबतक शिवजीके पास न पहुँच गया। (नंगे परमहंसजी) प्रायः अन्य बहुत लोगोंके मतानुसार 'घरी'=दण्ड। *'दुइ दंड भरि'* जो छन्दमें कहा था, वहींसे फिर प्रसङ्ग उठा रहे हैं कि *'उभय घरीं अस कौतुक'*...... बीचमें कवि अपनी उक्ति कहने लगे थे कि *'जे राखे'*...... (ख) *'जब लगि'*...... इति। इससे जनाया कि स्वर्गसे रास्ता चलते हुए ब्रह्माण्डभरमें उसने यह प्रभाव फैलाया। शिवजीके निकट पहुँचनेके पूर्व ही वह यह सब कौतुक रच चुका था और सारे ब्रह्माण्डको वशमें कर लिया था। शिवजीके पास पहुँचनेके समयतक ही यह कौतुक रहा, पहुँचते ही कौतुकका अन्त हो गया, सब कौतुक खतम हो गया।

नोट—२ *'शिवहि बिलोकि ससंकेउ मारू'*...... इति। (क) *'ससंकेउ'*—सशंक हो गया, शंकितहृदय वा संदेहयुक्त हो गया, डर गया। हृदयमें शङ्का हो गयी कि ये दुराधर्ष हैं, इन्हें कैसे जीत सकूँगा, इत्यादि। जगत्‌को वश करनेवाला अपना प्रभाव भूल गया। ☞कुमारसम्भवमें भी ऐसा ही कहा है; यथा—'**स्मरस्तथा भूतमयुग्मनेत्रं पश्यन्नदूरान्मनसाप्यधृष्यम्। नालक्षयत साध्वससन्नहस्तः स्रस्तं शरं चापमपि स्वहस्तात्॥**' (सर्ग ३ श्लोक ५१) अर्थात् शिवजीके निकट जानेपर ज्यों ही कामदेवकी दृष्टि उनपर पड़ी, वह भयसे शिथिल हो गया, उसको यह भी सुध-बुध न रही कि उसके हाथोंसे धनुष-बाण मारे भयके गिर पड़े हैं।—यही सब भाव *'ससंकेउ'* के हैं। (ख) *'भएउ जथा थिति'*...... इति। तात्पर्य कि भयसे कामका वेग नहीं रह जाता। जब कामदेव डरा तब लोग यथास्थित हो गये, जगत् निर्भय हो गया, जैसा पूर्व अपनी मर्यादामें था वैसा ही पुनः हो गया। (पं० रा० कु०) यह शिवजीका प्रभाव दिखाया।

* १६६१ की पोथीमें 'जव' है अर्थात् 'व' है।

भए तुरत जग* जीव सुखारे। जिमि मद उतरि गएँ मतवारे॥ ३॥
रुद्रहि देखि मदन भय माना। दुराधरष दुर्गम भगवाना॥ ४॥

अर्थ—संसारके (सब) जीव तुरंत सुखी हो गये। जैसे मद (नशा) के उतर जानेपर मतवाले सुखी होते हैं॥ ३॥ दुराधर्ष, दुर्गम, षडैश्वर्यमान् रुद्र (श्रीशङ्करजी) को देखकर कामदेव भयभीत हो गया॥ ४॥

*** भए तुरत "मद उतरि गएँ मतवारे ***

नोट—१ (क) मदिरा या कोई भी मद्य पान करनेपर जब कोई मतवाला हो जाता है तब उसके कर्म, वचन और तन किसीका भी सँभाल नहीं रह जाता। यथा—*'बातुल भूत बिबस मतवारे। ते नहिं बोलहिं बचन बिचारे॥'* (१। ११५) जब नशा उतर जाता है तब सावधानता आती है। इसी तरह जबतक कामरूपी भूत सिरपर सवार रहता है, तबतक मनुष्यके विचार और बुद्धि उसे छोड़ देते हैं। दितिकी कथा श्रीमद्भागवतमें प्रसिद्ध ही है कि कामान्ध होनेके कारण उसने कश्यपजीकी एक न मानी और कामरूपी मदके उतरनेपर फिर पश्चात्ताप करने लगी। (भा० ३। १४) हाथी जब मदान्ध होता है, उसका मद बहता है, तब वह बड़ा ही व्याकुल हो जाता है। वही मद निकल जानेपर शान्त हो जाता है। वैसे ही ब्रह्माण्डमें सर्वत्र हुआ। कामका नशा जाता रहा, तब सबके विचार ज्यों-के-त्यों पहले-सरीखे हो गये। जो जैसा पहले था, वैसा ही पुनः हो गया। अर्थात् जो पूर्व जितने कामी थे वे उतने ही कामी रह गये, जो कामी न थे वे अब कामके वश न रह गये। (ख) मद्यका उदाहरण देनेका भाव यह है कि जैसे मदिरापानसे लज्जा, भय और मर्यादा तीनों ही नहीं रह जाते। मदिरा श्रेष्ठ लोगोंको भी दूषित कर देती है। वैसे ही कामने किया था। उसके नशेमें भी लज्जा, भय, मर्यादा तीनों ही नष्ट हो गये थे। पं० रामकुमारजी लिखते हैं कि मदिरा और काममें इतना ही अन्तर है कि 'काम भावविशेष्य है'। (ग) *'भए सुखारे'* कथनसे पाया गया कि दो घड़ी बड़ी व्याकुलता रही; यथा—*'मदन अंध ब्याकुल सब लोका।'*

नोट—२ 'कामका तो भोग है, तब दुःखी कैसे हुए?'—यह शंका उठाकर उसका उत्तर पं० रामकुमारजी यह देते हैं कि सब जीव कामके भारसे दुःखित हुए, दो दण्डमें सबको भोगकी प्राप्ति न हुई, मन बिगड़ता रहा, स्त्रियाँ थीं नहीं, भोग किससे करते। (पं० रा० कु०) और जिनके स्त्री थी तो समय अनुकूल न था।

टिप्पणी—१ *'रुद्रहि देखि मदन भय माना।……'* इति। (क) रुद्र प्रलयके देवता हैं। शिवजीको देखकर भयकी प्राप्ति हुई, इससे 'रुद्र' नाम दिया। यथा—*'बिकट बेष रुद्रहि जब देखा। अबलन्ह उर भय भयउ बिसेषा॥'* (१। ९६) रुद्र=रौद्ररससे परिपूर्ण। इस शब्दसे ही भयंकरकी भयानक मूर्तिका ध्यान हृदयमें आ जाता है। रुद्र शब्द ही भयका सूचित करनेवाला है। उसका अर्थ भी 'भयंकर, भयावन' है। यहाँ 'परिकरांकुर अलंकार' है। (कामदेवका 'मद न' रह गया, अतः 'मदन' नाम दिया।) (ख) 'दुराधर्ष' अर्थात् दबनेयोग्य नहीं हैं। दुर्गम हैं अर्थात् उनके समीप कोई जा नहीं सकता और भगवान् हैं अर्थात् प्रलयकर्त्ता हैं। पुनः, भाव कि दुराधर्ष हैं इसीसे वह उन्हें आगे दबा न सका और दुर्गम हैं, अतः उनको न *'पेलि सका'*।—(दुराधर्ष=जिसका पराजय करना, दबाना, उपमर्दन करना या तिरस्कार करना इत्यादि अत्यन्त कठिन है। *'भगवाना'* का भाव कि इनमें ज्ञान, वैराग्य आदि षडैश्वर्य सदा रहते हैं, अतः उनपर वार नहीं चल सकता)। (ग)—पूर्व लिख आये हैं कि *'शिवहि बिलोकि ससंकेउ मारू'* और अब यहाँ फिर लिखते हैं कि *'रुद्रहि देखि मदन भय माना।'* दोनों एक ही बात होनेसे पुनरुक्ति होती है? समाधान यह है कि यहाँ पुनरुक्ति नहीं है। जो पूर्व लिखा था कि *'ससंकेउ मारू'* उसीको अब यहाँ स्पष्ट करके लिखते हैं कि किस कारण वह सशंकित हुआ था। दुराधर्ष, दुर्गम और प्रलयकारी मूर्ति देखकर शंकित हुआ था। अथवा, पूर्व दूरसे देखा तब शंकामात्र हुई थी और अब निकटसे देखनेपर भयभीत हो गया। [अथवा, पूर्व केवल सशंकित होनेका परिणाम कहा गया कि संसार पुनः ज्यों-का-त्यों स्थित हो गया।—*'ससंकेउ मारू। भएउ जथा थिति सब संसारू॥'* और अब भयका कारण बताते हैं। अथवा,

* सब—भा० दा०, रा० गु० द्वि०।

पूर्व शंकित होना कहकर बीचमें संसारका पूर्ववत् स्थित होना कहने लगे थे, अब पुनः वहींसे सम्बन्ध मिलाते हैं, इसीसे पुनः भयका मानना लिखा गया।]

फिरत लाज कछु करि* नहिं जाई। मरनु ठानि मन रचेसि उपाई॥ ५॥
प्रगटेसि तुरत रुचिर रितुराजा†। कुसुमित नव तरु राजि‡ बिराजा॥ ६॥

अर्थ—फिरते हुए लज्जा लगती है और कुछ किया जाता नहीं (अर्थात् कुछ करते बनता नहीं)। मनमें मरनेका निश्चय कर उसने उपाय रचा॥ ५॥ उसने तुरंत ही सुन्दर ऋतुराज वसन्तको प्रकट किया। फूले हुए नये-नये वृक्षोंकी कतारें सुशोभित हो गयीं॥ ६॥

नोट—१ *'फिरत लाज'* इति। लज्जा इससे होती है कि देवताओंको वचन दे आया था कि *'तदपि करब मैं काज तुम्हारा। श्रुति कह परम धरम उपकारा॥'* अब उनको मुँह कैसे दिखाऊँगा। चढ़ाई करके फिर भागनेसे जो दशा वीरकी होती है वह 'लाज' से जना दी, यथा—*'बिरिद बाँधि बर बीरु कहाई। चलेउ समर जनु सुभट पराई॥'* (२। १४४। ८) भारी अपयश होगा, यह लज्जा है। अतः यह निश्चय किया कि लौटनेसे तो मर जाना ही अच्छा है, क्योंकि सबके सामने डींग मारी थी कि *'पर हित लागि तजै जो देही। संतत संत प्रसंसहिं तेही॥'* २—*'कछु करि नहिं जाई।'*—भाव कि करना चाहता है, पर भयवश कुछ किया नहीं जाता। ३—*'मरनु ठानि……'* इति। *'मरता क्या नहीं करता'* यह लोकोक्ति है। मनमें मरनेका निश्चय किया, क्योंकि काम किये बिना लौट जाय तो सबको मुँह क्या दिखायेगा, हँसी होगी और *'संभावित कहँ अपजस लाहू। मरन कोटि सम दारुन दाहू॥'* कहा ही है। अतः निश्चय किया कि मर जाऊँ तो मर जाऊँ, एक बार अपना सारा पौरुष खर्च कर दूँ। अतः जिस भयके मारे शिथिलता आ गयी थी, कुछ पुरुषार्थका साहस न रह गया था, उसे छोड़कर निःशंक होकर फिर पुरुषार्थ करने लगा।

टिप्पणी—१ (क) *'प्रगटेसि तुरत……'* इति। तुरत प्रकट करना कहकर जनाया कि अपनी मायासे प्रकट किया। यथा—*'तेहि आश्रमहि मदन जब गएऊ। निज माया बसंत निरमएऊ॥'* (१। १२६) ऋतुराजको प्रकट करनेसे पाया गया कि उस समय और कोई ऋतु थी, वसन्त न था। *'रुचिर रितुराजा'* का भाव कि जो वसंत-ऋतु अपने समयपर होती है, उससे यह वसंत बहुत अधिक सुन्दर है। (ख) *'कुसुमित नव तरुराजि बिराजा'* इति। वसंतको निर्माण किया है, अतः वृक्षोंका कुसुमित होना कहा और वृक्ष कुसुमित हैं अतः 'नव' अर्थात् 'नमित' हैं। ('नव' से नवीनका भी अर्थ होता है) मायिक है, अतः वि (विशेष)+राजा (शोभित हैं) कहा।

बन उपबन बापिका तड़ागा। परम सुभग सब दिसा बिभागा॥ ७॥
जहँ तहँ जनु उपजत अनुरागा। देखि मुएँहु मन मनसिज जागा॥ ८॥

शब्दार्थ—उपबन=छोटे-छोटे वन जो वनके पास हों=हाथसे लगाये हुए वृक्षोंका वन। पुराणोंमें चौबीस उपवन गिनाये गये हैं।

अर्थ—वन, उपवन, बावली, तालाब और दिशाओंके सब विभाग परम सुन्दर हो गये॥ ७॥ जिधर देखो उधर ही मानो प्रेम ही उमड़ रहा है, जिसे देखकर मरे हुए (एवं मरे हुओंके) मनमें भी काम जाग उठा॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'बन उपबन बाटिका तड़ागा।'* इति। (क) (वन, उपवन सुन्दर हैं, विहारके योग्य हैं। वापिका और तड़ाग जलक्रीड़ाके योग्य हैं। वि० त्रि०) वन और उपवनकी शोभा जलाशय बिना नहीं

---

* कहि—ना० प्र०। † रितुराजू, बिराजू—छ०। ‡ साख—१७२१, छ०। जाति—१७६२, को० रा०। राज—ना० प्र०, १७०४। राजि—१६६१। साख—पाठान्तर। ☞ 'राजि' संस्कृत भाषाका शब्द है, जिसका अर्थ है—पंक्ति, अवली, कतार। ग्रन्थमें अन्यत्र भी इसका प्रयोग है। यथा—'चले मत्त गज घंट बिराजी। मनहु सुभग सावन घन राजी॥' (१। ३००) 'तरुराज' पाठका श्रेष्ठ आम या पारिजात वृक्ष अर्थ करते हैं।

होती, इसीसे वन, उपवनको कहकर *'बापिका तड़ागा'* कहा। (ख) *'परम सुभग सब'* कहकर जनाया कि दसों दिशाओंमें पृथक्-पृथक् न्यारी-न्यारी सुन्दरता है। (सब दिशाएँ और उनके विभाग ये हैं—पूर्व, आग्नेयी, दक्षिण, नैर्ऋती, पश्चिम, वायवी, उत्तर, ईशानी, ऊर्ध्व और अधः। *'उमगत अनुरागा'* से यहाँ कामासक्तिका उमड़ना कहा। अनुरागा=कामकी लहर। *'जहँ तहँ जनु……'* में अनुक्तविषया वस्तूत्प्रेक्षा है। *'परम सुभग सब दिसा बिभागा'* कहकर *'उमगत अनुरागा'* और *'मनसिज जागा'* कहनेका भाव कि सौन्दर्य देखकर अनुराग होता है, उससे कामोद्दीपन होता है। आगे भी *'जागै मनोभव मुएँहु मन बन सुभगता न परै कही'* इसी भावसे कहा गया है।

नोट—१ *'देखि मुएँहु मन……'* इति। साधारणतः इसका अर्थ तो यही होता है कि 'मरे हुओंके भी मनमें कामोद्दीपन हुआ।' परंतु इस अर्थमें लोग शंका करते हैं कि 'यहाँ 'देखि' शब्द आया है और निर्जीव प्राणियोंका देखना नहीं कहा जा सकता?' यहाँ कामदेवकी अत्यन्त उत्कृष्टता, उसका प्रचण्ड प्रभाव दिखा रहे हैं, अतः असम्भवका भी सम्भव होना कहा गया। यह 'असम्भवातिशयोक्ति अलंकार' है। प्रायः औषधियोंके विषयमें प्रशंसा करते हुए यह कहा ही जाता है कि यह जड़ी ऐसी ही है कि मरा हुआ भी जी उठे। पुनः जैसे काश्मीरके सम्बन्धमें कहा जाता है कि जली हुई लकड़ी भी हरी हो जाती है। वैसे ही यहाँ कहा गया। मरा हुआ बीज नहीं जमता, पर यहाँ वह भी जमा। (पं० रा० कु०) ☞*'मुएँहु'* से मृतप्राय लोगोंका भाव लेना चाहिये। यथा—'**अङ्गं गलितं पलितं मुण्डं दशनविहीनं जातं तुण्डम्। वृद्धो याति गृहीत्वा दण्डं तदपि न मुञ्चत्याशापिण्डम्॥**' चर्पटपञ्जरीमें कही हुई यह दशा मृतकवत् है। मानसमें भी 'अतिबूढ़े' को मृतकवत् ही माना है। यथा—*'अतिबूढ़ा।……जीवत सव सम चौदह प्रानी।'' 'मुएहि बधे नहिं कछु मनुसाई।'* (६। ३०); (८७। ७) भी देखिये।

पाँडेजी इस शङ्काके निवारणार्थ *'मुएँहु मन'* का अर्थ 'नपुंसकके मनमें भी' वा 'मरे हुए मनमें भी' करते हैं। 'मरे हुए मन'='जिनके मन शमदमादि साधनोंद्वारा संकल्प-विकल्परहित हो गये हैं।=जिन्होंने अपने मनको कामकी ओरसे भलीभाँति मार रखा है। जैसे पारा मारा (फूँका) जाता है तो उसकी चञ्चलता दूर हो जाती है, वैसे ही इनके मन मर गये हैं।' इस अर्थके ग्रहण करनेमें फिर यह शङ्का उपस्थित होती है कि 'ऐसे लोगोंका वर्णन तो पूर्व कर चुके हैं; यथा—*'सिद्ध बिरक्त महामुनि जोगी। तेपि कामबस भए बियोगी॥'* तो अब यहाँ दूसरे कौन हैं जिनसे तात्पर्य है? इस प्रश्नको उठाकर वे ही यह समाधान करते हैं कि यहाँ *'मुएँहु मन'* शिवजीके समीपवर्त्ती सिद्ध, मुनि आदिसे तात्पर्य है, जिनकी चर्चा *'सिद्ध तपोधन जोगिजन सुर किंनर मुनिबृंद। बसहिं तहाँ सुकृती सकल सेवहिं शिव सुख कंद॥'* दोहा १०५ में आयी है और पूर्व ब्रह्माण्डके सिद्ध, विरक्त आदिको कहा था। परंतु कोई ऐसा प्रमाण नहीं मिलता कि पूर्व वे निकटवर्त्ती सिद्धादि मोहित नहीं हुए थे।

त्रिपाठीजी लिखते हैं कि 'मनकी बीज-वासना है। निर्वासन मन मरा हुआ है, क्योंकि उसका बीज नष्ट हो चुका है, पर सुन्दरतामें यह प्राणदा शक्ति है कि मरा हुआ मन भी थोड़ी देरके लिये जाग उठता है।'

विनायकी टीकाकार इस प्रसङ्गपर लोलाम्बराजका यह श्लोक देते हैं—

'**ताम्बूलं मधु कुसुमस्त्रजो विचित्राः कान्तारं सुरतरुर्नवा श्रिलासवत्यः। गीतानि श्रवणहराणि मिष्टमन्नं क्लीबानामपि जनयन्ति पञ्चबाणम्॥**' अर्थात् पान, वसन्त, सुगन्धित पुष्पोंकी मालाएँ, सघन वन, दिव्य वृक्ष, नवयौवना स्त्री, कर्णमधुर गीत और स्वादिष्ट अन्न—ये पदार्थ गिरे हुए दिलवालों (नामर्दों) के भी मनमें कामोद्दीपन करते हैं। दोहा (८७। ७) भी देखिये।

छंद—जागै मनोभव मुएहु मन बन सुभगता न परै कही।
सीतल सुगंध सुमंद मारुत मदन अनल सखा सही॥

बिकसे सरन्हि बहु कंज गुंजत पुंज मंजुल मधुकरा।
कलहंस पिक सुक सरस रव करि गान नाचहिं अपछरा॥

अर्थ—मरे हुओंके एवं मरे हुए मनमें भी काम जाग उठा। वनकी सुन्दरता कही नहीं जा सकती। कामरूपी अग्निका सच्चा सखा शीतल, सुगन्धित और सुन्दर मन्द पवन चलने लगा। तालाबोंमें बहुत-से कमल खिल उठे। सुन्दर भ्रमरोंके समूह गुंजार कर रहे हैं। कलहंस, कोयल और तोते रसीली ध्वनि कर रहे हैं, अप्सराएँ गा-गाकर नाच रही हैं।

खर्रा—*'मुएँहु'* मनमें मनसिजका जागना कहकर आगे बताते हैं कि कैसे जागा। इस तरह कि शीतल-सुगन्ध-सुमन्द पवन हृदयमें प्रवेश करके कामाग्निको प्रज्वलित कर दिया। *'सखा सही'* कहकर उसमें यह अभिप्राय कह दिया है।

नोट—१(क) *'मदन अनल सखा सही'* इति। सही=सच्चा। कामदेव भयभीत है। इस आपत्तिमें (शीतल-सुमन्द-सुगन्धित) पवनने उसकी सहायता की। इसलिये उसे 'सच्चा' सखा कहा। यथा—*'आपत काल परखिअहिं चारी। धीरज धर्म मित्र अरु नारी॥' 'बिपति काल कर सत गुन नेहा। श्रुति कह संत मित्र गुन एहा॥'* (४। ७) यहाँ कामको अग्नि कहा। पवन अग्निको प्रज्वलित करता ही है। इसलिये पवनको अग्निका सखा कहा गया। शीतल, मन्द और सुगन्धित पवनसे कामोद्दीपन होता है; यथा—*'चली सुहावनि त्रिबिध बयारी। काम कृसानु बढ़ावनि हारी॥'* (१२६। ३) इससे यह कामका मित्र हुआ और आपत्तिमें सहायता करनेसे 'सच्चा सखा' हुआ। [पवन अग्निका सखा प्रख्यात है, पर वह सच्चा सखा नहीं है, वह दीपकको बुझा देता है। यथा—*'सबै सहायक सबलके कोउ न अबल सहाय। बात बढ़ावत अगिनको दीपहि देत बुझाय॥'* परंतु शीतल-मन्द-सुगन्धित पवन कामाग्निका सच्चा सखा है। कैसी ही दुर्बल कामाग्नि हो, उसे वह बढ़ा ही देगा। इसीलिये *'मदन अनल सखा सही'* कहा। (वि० त्रि०)] (ख) *'मंजुल मधुकरा'* से जनाया कि ये साधारण भौंरोंकी अपेक्षा कहीं अधिक सुन्दर हैं। 'कलहंस'—इस ग्रन्थमें हंस तीन प्रकारके कहे गये हैं—हंस, राजहंस और कलहंस। मधुर स्वरके सम्बन्धसे यहाँ 'कलहंस' को कहा। 'कल' का अर्थ 'सुन्दर' भी होता है। यहाँ मधुर वाणीवाले कलहंससे प्रयोजन है। क्योंकि कामोद्दीपनके लिये मधुर वाणीका प्रयोजन होता है। मिलान कीजिये—*'बोलत जल कुक्कुट कलहंसा। प्रभु बिलोकि जनु करत प्रसंसा॥'* (३। ४०)

नोट—२ वनकी सुभगता *'कुसुमित नव तरु राजि बिराजा'* से *'करि गान नाचहिं अपछरा'* तक कही गयी। वनशोभा, तड़ागशोभा, कमलशोभा और मधुकरशोभा क्रमसे लिखी गयी। हंसकी शोभा चालसे है; यथा—*'सखी संग लै कुँअरि तब चलि जनु राजमराल।' 'हंस गवनि तुम्ह नहिं बन जोगू॥'* (२। ६३)

नोट—३ पंपासरके वर्णनसे मिलान करनेसे यहाँकी चौपाइयोंके भाव स्पष्ट हो जाते हैं। अतः यहाँ हम उनका मिलान देते हैं—

पंपासर	यहाँ
बिकसे सरसिज नाना रंगा। मधुर मुखर गुंजत बहु भृंगा।	१ बिकसे सरन्हि बहुकंज गुंजत पुंज मंजुल मधुकरा।
बोलत जल कुक्कुट कलहंसा।"""सुंदर खगगन गिरा सुहाई। जात पथिक जनु लेत बुलाई।	२ कलहंस पिक सुक सरस रव
चहुँ दिसि कानन बिटप सुहाए। चंपक बकुल कदंब तमाला। पाटल पनस परास रसाला॥ नवपल्लव कुसुमित तरु नाना।""""	३ कुसुमित नव तरुराजि बिराजा।""""
सीतल मंद सुगंध सुभाऊ। संतत बहै मनोहर बाऊ।	४ सीतल सुगंध सुमंद मारुत।
कुहू कुहू कोकिल धुनि करहीं। सुनि रव सरस ध्यान मुनि टरहीं।	पिक सरस रव

उपर्युक्त मिलानसे स्पष्ट है कि—'बहु='नाना रंगके' अर्थात् श्वेत, पीत, अरुण, श्याम आदि रंगोंके विविध जातिके कमल।' 'मधुकरा'=मधुर-मधुर शब्द करनेवाले भ्रमर। *'सरस रव'* अर्थात् रसीले स्वरसे

सबको मोहित और कामासक्त कर देते हैं। *'कुसुमित नव तरु राजि'*=हरे नवीन पल्लवोंसे युक्त, फूल-फलसे लदे हुए चम्पा, कदम्ब, तमाल, मोलसिरी, पाकर, कटहल, ढाक वा पलाश, आम आदिके वृक्ष। *'पिक सरस रव'*='कुहू-कुहू' वा 'पी कहाँ, पी कहाँ,' का रसीला शब्द करती है, जिसे सुनते ही मुनियोंके ध्यान टूट जाते हैं। ☞यहाँतक सब उद्दीपन है, आगे *'करि गान नाचहिं अपछरा'* आलम्बन है।

नोट—४ *'करि गान नाचहिं अपछरा'* इति। ☞(क) गोस्वामीजीने 'अप्सरा' शब्दको बिगाड़कर उसकी जगह भाव भरा हुआ 'अपछरा' शब्दका प्रयोग किया है। वे छल करने, मनको मोहित करने या चुराने आयी हैं, अतः 'अपछरा' बहुत ही उपयुक्त है। अपछरा=अप (=बुरी तरहसे) छरा (=छलनेवाली)। इससे भला कब किसीका भला सम्भव है? ये सदा तपको भ्रष्ट करती रहती हैं।—यह समझकर 'अपछरा' ही प्रायः लिखते हैं। यथा—*'होहिं सगुन मंगल सुभद करहिं अपछरा गान॥'* (९१) इत्यादि। (ख) *'करि गान नाचहिं……'* का भाव कि अपने गान-तान-नृत्यसे मनको विशेष मोहित करनेके लिये आयी हैं। यथा—*'सुरसुंदरीं करहिं कल गाना। सुनत श्रवन छूटहिं मुनि ध्याना॥'* (१। ६१) (ग) *'करि गान'* को कोई-कोई कलहंस, पिक और शुकके साथ लगाकर भी अर्थ करते हैं, इस तरह कि—कलहंस, शुक, पिक सरस ध्वनिसे गान करते हैं और अप्सराएँ उनके गानके साथ नृत्य करती हैं। पुनः *'करि गान'* को देहलीदीपक भी मानकर दोनों ओर लेकर अर्थ किया जा सकता है।

दोहा—सकल कला करि कोटि बिधि हारेउ सेन समेत।
चली न अचल समाधि सिव कोपेउ हृदय निकेत॥ ८६॥

अर्थ—कामदेव सेनासहित करोड़ों प्रकारसे अपनी समस्त कलाएँ करके हार गया। (पर) शिवजीकी अचल समाधि न डगी, तब हृदय ही जिसका घर है वह कामदेव कुपित हो उठा॥ ८६॥

नोट—१ *'सकल कला'* इति। *'सकल कला'* मेंसे कुछ ऊपर *'प्रगटेसि तुरत रुचिर रितुराजा।'* से *'करि गान नाचहिं अपछरा'* तक लिखे गये। विशेष (१२६। ४—७) में देखिये।

वि० त्रि०—कामका सेनापति शृङ्गार है और हावभावादि सैनिक हैं। यथा—**'सेनाधिपो मे शृङ्गारो हावभावाश्च सैनिकाः।'** भाव चार हैं—स्थायी, संचारी, अनुभाव और विभाव। स्थायीके नव, संचारीके तैंतीस, विभावके दो और अनुभावके अन्तर्गत हावके ग्यारह भेद हैं। कलाएँ चौंसठ हैं। यथा—**'बिब्बोकाद्यास्तथा हावाश्चतुःषष्टिकलास्तथा।'** (का० पु०) ये सब कलाएँ और हाव-भाव अप्सराओंके नृत्यमें दिखाये गये।

नोट—२ (क) *'हारेउ सेन समेत चली न……'* इति। कुमारसम्भव सर्ग ३ श्लोक ४० में कहा है कि उस समय अप्सराओंका गाना सुननेपर शिवजी ध्यानमें और भी जम गये। भला आत्मेश्वरोंकी समाधि छुटानेमें कोई विघ्न समर्थ हो सकता है?' यथा—**'श्रुताप्सरोगीतिरपि क्षणेऽस्मिन् हरः प्रसंख्यानपरो बभूव। आत्मेश्वराणां नहि जातु विघ्नाः समाधिभेदप्रभवो भवन्ति॥'** पद्मपुराणमें भी कुछ ऐसा ही है—कामदेवकी कलाको समझकर वे योगमायासे आवृत होकर दृढ़तापूर्वक समाधिमें स्थित हो गये। (ख) *'कोपेउ हृदय निकेत'* इति। भाव कि हृदय ही कामका घर है। शंकरजीने उसका अपने घरमें जानेका रास्ता ही बंद कर दिया। उसे अपने घरमें जानेका रास्ता खोलना है, अतः वह क्रोधरूपी उपायसे राह निकालनेकी युक्ति करने लगा। ☞भला कोई अपने घरसे निकाल दिया जाय, उसमें जानेका रास्ता ही बंद कर दिया जाय तो उसे क्रोध क्यों न होगा? क्रोध हुआ ही चाहे। ये सब भाव *'हृदय निकेत'* और *'कोपेउ'* में हैं। पुनः, *'हृदय निकेत'* कहकर जनाया कि उसने इन्द्रियोंको विषयोंमें प्राप्त कर दिया, पर इन्द्रियाँ विषयोंको न प्राप्त हुईं, विषय सामने प्राप्त होते हुए भी इन्द्रियोंने उधर न ताका तब उसे क्रोध हुआ। पुनः भाव कि हृदय उसका निकेतन (घर) है, अतः वह हृदयमें विकार उत्पन्न करनेमें समर्थ होगा। इस तरह 'हृदयनिकेत' कहकर आगेकी सफलता यहाँ प्रथम ही जनाये देते हैं। ठीक ही है, अपने घरमें अपनी बात चलती ही है। चलनी ही चाहिये। अपनी गलीमें कुत्ता भी शेर हो जाता है। विशेष आगे चौपाईमें देखिये।

देखि रसाल* बिटप बर साखा। तेहि पर चढ़ेउ मदन मन माखा॥ १॥
सुमन चाप निज सर संधानें। अति रिस ताकि श्रवन लगि तानें॥ २॥

शब्दार्थ—रसाल=आमका वृक्ष। साखा (शाखा)=डाल। 'माखा'—'माष' क्रिया 'मक्ष' और 'अमर्ष' दोनोंसे बनी हुई मानी जा सकती है। 'मक्ष' का अर्थ है—दम्भ; दोष छिपानेकी चालाकीसे कोशिश। 'मर्ष' सहनशीलताको कहते हैं। 'अमर्ष' का अर्थ हुआ 'अधीरता' 'असहनशीलता' और इसीलिये 'रोष' और 'क्रोध' भी असहनशीलता और अधीरतासे होता है। आगे *'अब जनि कोउ माषै भट मानी।'* (२५२), *'माषे लखन कुटिल भै भौंहैं। रदपट फरकत नयन रिसौंहैं॥'* (२५२) और *'तुम्हरे लाज न रोष न माषा'* (६। २४) तथा यहाँ 'माष' से 'न सह सकने और इसीसे रुष्ट वा क्रुद्ध होनेका भाव निकलता है। 'रोष' अर्थ लक्ष्यार्थ है। 'संधानना'—धनुषकी प्रत्यञ्चा चढ़ाकर उसपर बाणको लगाना। रिस=क्रोध।

अर्थ—आमके वृक्षकी एक भारी, मोटी सुन्दर डाल देखकर कामदेव मनमें खिसियाया और क्रोधसे भरा हुआ उसपर जा चढ़ा॥ १॥ अपने पुष्पधनुषपर अपने (पाँचों पुष्पके खास) बाण चढ़ाये और अत्यन्त क्रोधसे (लक्ष्य वा निशानेको) ताककर उन्हें कानपर्यन्त ताना (खींचा)॥ २॥

नोट—१ *'देखि रसाल बिटप'* इति। (क) आम शृङ्गाररसकी मूर्ति है। इसीसे आमपर चढ़ा। आमका नाम ही 'रसाल' रसका आलय है और काम भी 'रसालय' है, शृङ्गाररसका रूप ही है (खर्रा)। आमके वृक्षपर चढ़नेके और भी भाव ये कहे जाते हैं—निशाना लगाना है और निशाना ऊँचेसे ही अच्छा लगता है। आजकल भी सिंहके शिकारके लिये मचान बाँधे जाते हैं, जहाँसे सिंहपर निशाना लगाया जाता है (खर्रा)। अथवा जहाँ शिवजी समाधिमें स्थित हैं उसके समीप ही आमका वृक्ष है। (पं०) वा, आमका वृक्ष कामदेवका रथ है, अतः आमपर चढ़ा, मानो अपने रथपर चढ़कर युद्ध करनेको चला। अथवा कामदेवने सोचा कि बाण मारकर इसके पत्तोंमें छिप भी सकेंगे, जिसमें शिवजी देख न सकें। (पं०) अतः आमपर चढ़ा। (ख) *'बर'* से बड़ी श्रेष्ठ बौरोंसे लदी हुई आदि जनाया।

नोट—२ किसी-किसीका मत है कि शिवजी आमकी छाँहमें समाधि लगाये बैठे थे, इसीसे कामदेव उसपर चढ़ा और कोई बटतले समाधिका लगाना और आमका वृक्ष उसके पास होना कहते हैं। पर निशाना सामनेसे और वह भी कुछ दूरीसे विशेष ठीक होता है। पद्मपुराणमें लिखा है कि समाधिस्थलकी वेदी देवदारुके वृक्षसे सुशोभित हो रही थी। और कुमारसम्भवका भी यही मत है, यथा—'**स देवदारुद्रुमवेदिकायां शार्दूलचर्मव्यवधानवत्याम्। आसीनमासन्नशरीरपातस्त्रियम्बकं संयमिनं ददर्श॥**' (कु० सं० ३। ४४) अर्थात् देवदारुवृक्षके नीचे वेदिकापर व्याघ्रचर्म बिछाये हुए समाधिस्थ त्र्यम्बक शिवजीको कामदेवने, जिसकी मृत्यु निकट आ गयी है, देखा। मानसमें शिवजीका निवास प्रायः वटतले देखा जाता है। पर किस स्थानपर श्रीरघुनाथजीने उनको दर्शन दिये और कहाँ, इसपर मानसकवि चुप हैं।

नोट—३ आम, आमके पुष्प और आमके बौर ये सभी कामदेवको अतिप्रिय हैं। कुमारसम्भवमें नवीन आम्रपल्लवोंसहित आमके पुष्प और बौरको मदनका बाण कहा गया है। यथा—'**सद्यः प्रबालोद्गमचारुपत्रे नीते समाप्तिं नवचूतबाणे। निवेशयामास मधुर्द्विरेफान् नामाक्षराणीव मनोभवस्य॥**'(सर्ग ३। २७) अर्थात् आमके कोमल पत्ते ही जिनके पंख हैं ऐसे नवीन बौररूपी बाणोंको तैयारकर वसंतने उनपर भ्रमरोंको बिठा दिया है, जो ऐसे जान पड़ते हैं मानो बाणोंपर नाम खोद दिया गया है।

'देखि' इति। पूर्व कहा था कि *'कोपेउ हृदय निकेत'* और अब कहते हैं कि *'देखि रसाल······चढ़ेउ'* इस तरह पद्मपुराणका भाव भी यहाँ जना दिया कि 'पहले वह वृक्षकी शाखासे भ्रमरकी भाँति झंकार करते हुए भगवान् शङ्करजीके कानमें होकर हृदयमें प्रविष्ट हुआ था, पर वे उसके कुचक्रको समझकर दृढ़तापूर्वक समाधिमें स्थित हो गये। उनके योगमायासे आविष्ट होनेपर कामदेव जलने लगा, अतः वह

* बिसाल—१७०४। रसाल १६६१, १७२१, १७६२, छं० को० रा०।

वासनामय व्यसनका रूप धारण करके उनके हृदयसे बाहर निकल आया।' बाहर निकलनेपर *'देखि रसाल'* कहा।

नोट—४ *'मन माखा'* इति। जब मनुष्य अपने कार्यसाधनमें रुकावट देख खिसिया जाता है और वह मरण निश्चय जान लेता है तब उसका क्रोध और साहस बहुत बढ़ जाता है और उस दशामें वह बड़ा भारी काम कर डालता है। यही बात *'मन माखा'* कहकर जनायी गयी है।

नोट—५ *'सुमन चाप निज सर संधानें।……'* इति। (क) *'संधानें'* बहुवचन क्रिया देकर *'निज सर'* से पुष्पके पाँचों बाणोंका धनुषपर लगाना जनाया। अथवा, पद्मपुराणके अनुसार *'निज सर'* से जनाया कि 'आमके बौरका मनोहर गुच्छ लेकर उसमें मोहनास्त्रका अनुसन्धान किया'—यही उसका बाण था जो उसने चलाया। (ख) *'अति रिस ताकि श्रवन लगि तानें'* इति। अभीतक तो कामदेव सेनाकी सहायतासे काम करता रहा था। जब उसने देख लिया कि सेना अपना सब करतब (कर्तव्य) कर चुकी, कुछ बन न पड़ा, तब स्वयं अकेला ही समाधि छुटानेपर उद्यत हुआ। इसीसे यहाँ अब सेनाको नहीं लिखते। रिसमें आकर वीर मनुष्य अपना पूरा-पूरा पुरुषार्थ करनेपर उतारू हो जाता है, उसके बाण कराल हो जाते ही हैं। श्रीराम-खर-दूषणादि और श्रीराम-रावणादिके समरमें इसके अनेक प्रमाण हैं। कानपर्यन्त प्रत्यंचा खींचनेका भाव यह है कि उसने उसमें अपना भरपूर बल लगा दिया। प्रत्यंचा जितना ही ताना या खींचा जाता है, बाण भी उतने ही अधिक वेगसे जाता है, जिससे दुर्वेध्यको भी भेदा जा सकता है। मिलान कीजिये—*'तानि सरासन श्रवन[१] लगि पुनि छाँड़े निज[२] तीर॥ तब चले बान कराल॥……कोपेउ[३] समर श्रीराम। चले बिसिख[४] निसित निकाम॥'* (३। १९-२० खर-दूषण-प्रसंग), वैसे ही यहाँ *'सुमन[१] चाप निज[२] सर संधानें। अति रिस[३] ताकि श्रवन[१] लगि तानें॥ छाँड़े बिसम[४] बिसिख……।'* पुनः रावणसमरमें भी ऐसा ही देखिये। यथा—*'भए क्रुद्ध[३] जुद्ध बिरुद्ध……। तानेउ चाप श्रवन[१] लगि छाड़े बिसिख[४] कराल[२]॥' 'राम मारगन गन चले……।* (६। ९०) *'खैंचि सरासन श्रवन लगि छाँड़े सर एकतीस।'* (६। १०१)—इससे रावणके प्राण ही ले लिये। वैसे ही यहाँ कामदेवने भी देवताओंका काम करनेके लिये प्रबल शत्रु शिवजीके लिये कानतक शरासन खींचकर उनके हृदयको लक्ष्य करके अपने खास तीक्ष्ण बाण छोड़े और उन्होंने जाकर पूरा काम किया।

छाँड़े * बिषम बिसिख† उर लागे। छूटि समाधि संभु तब जागे॥ ३॥
भएउ ईस मन छोभु बिसेषी। नयन उघारि सकल दिसि देखी॥ ४॥

शब्दार्थ—बिषम=तीक्ष्ण।=पाँच। ८३ (८) देखिये। बिसिख (सं० विशिख)=बाण। छोभ (क्षोभ)= उद्वेग, चंचलता, खलबली। उघारना=खोलना।

अर्थ—(फिर) तीक्ष्ण (पाँचों) बाण छोड़े (जो जाकर) हृदयमें लगे तब समाधि छूट गयी और शिवजी जागे॥ ३॥ समर्थ शङ्करजीके मनमें बहुत क्षोभ हुआ। उन्होंने नेत्र खोलकर सब दिशाएँ देखीं॥ ४॥

नोट—१ *'छाँड़े बिसम……'* इति। (क) सारी कलाएँ जब सफल नहीं होतीं तब *'निज सर'* से काम लिया जाता है। वैसे ही यहाँ सब तरह हार माननेपर उसने अपने खास पञ्चबाणोंका प्रयोग किया। 'बिषम बाणोंके' संधानकी विषमता वा तीक्ष्णता दिखाते हैं कि उन्होंने जाकर शिवजीके हृदयको क्षुभित कर दिया। यहाँ *'बिषम'* के दोनों अर्थ हैं। (ख) कामके पाँचों बाण बड़े भयंकर हैं। यथा—'त्वदाशुगानां यद्वीर्यं तद्वीर्यं न भविष्यति। वैष्णवानां च रौद्राणां ब्रह्मास्त्राणां च तादृशम्॥' इनका वीर्य वैष्णवास्त्र, रौद्रास्त्र और ब्रह्मास्त्रसे भी अधिक है। कामदेवको ब्रह्माजीका वरदान था कि विष्णु, शिव और मैं भी तुम्हारे अस्त्रके वशवर्त्ती रहेंगे। यथा—'अहं विष्णुर्हरश्चापि तवास्त्रवशवर्तिनः।' (का० पु०, वि० त्रि०) (ग) *'छूटि समाधि……'* इति। समाधि छूटी, अतः ध्यान जाता रहा। पूर्व कहा था कि *'मन थिरु करि तब संभु सुजाना। लगे करन रघुनायक ध्याना॥'* तथा *'शिव समाधि बैठे सब त्यागी।'*—अब बाण लगनेसे वह सब

* छाँड़ेउ। † बान—१७२१, छ०, भा० दा० बिसिष—१६६१।

बातें जाती रहीं। ध्यान मनकी एकाग्रतासे होता है सो जो मन स्थिर था वह अब अस्थिर हो गया, जैसा आगे कहते हैं—*'भएउ ईस मन छोभु बिसेषी।'* ☞ब्रह्माजीने जो कहा था कि *'पठवहु कामु जाइ शिव पाहीं। करै छोभु संकर मन माहीं॥'* उस वाक्यको यहाँ चरितार्थ किया, अर्थात् वैसा यहाँ कामद्वारा करवाके दिखाया गया, वह काम पूर्ण हो गया।

नोट—२ (क) *'भएउ ईस मन छोभु बिसेषी'* इति। *'विशेष क्षोभ'* से कामके बाणकी 'विषमता' कही। 'पुष्पधनुषपर पुष्पबाण चढ़ाकर उससे समाधि छुड़ाना, अपूर्ण कारणसे कार्यका उत्पन्न करना *'द्वितीय विभावना अलंकार'* है।' (वीरकवि) 'ईश' का भाव कि श्रीरामजीकी माया ऐसी प्रबल है कि 'अक्षोभ" और 'ईश्वर' अर्थात् ऐश्वर्यवान् समर्थ शिवजीतकका मन क्षुब्ध हो गया। (वै०) (ख) शङ्का—'शिवजी तो श्रीरामजीके ध्यानमें थे तब कामदेवसे उनको विघ्न क्यों हुआ?', समाधान—प्रभुकी तो आज्ञा थी कि *'अब उर राखेहु जो हम कहेऊ'* (७७) *'जाइ बिबाहहु सैलजहि'* (७६) यह प्रभुने कहा था और इसीको हृदयमें धरनेको कहा था। शिवजीने यह आज्ञा शिरोधार्य भी की, यथा—*'सिर धरि आयसु करिअ तुम्हारा।'* *'आज्ञा सिरपर नाथ तुम्हारी'* (७७) परंतु तत्पश्चात् इस आज्ञाका पालन न कर वे समाधिस्थ हो बैठे, उनकी आज्ञाको हृदयमें धरनेके बदले उन्होंने उनकी मूर्ति हृदयमें धर ली और श्रीपार्वतीजी तथा देवताओंका दुःख हरना इस समय परम आवश्यक है। अतएव समाधिमें विघ्न हुआ। (वै०) (ग) *'नयन उघारि'* इति। इससे जनाया कि शिवजीकी समाधिमें नेत्र बंद थे। (पद्मपुराणकी कथामें उनके नेत्र अधखुले थे और उनकी दृष्टि नासिकाके अग्रभागपर जमी हुई थी। उससे एकवाक्यता यों की जा सकती है कि पूर्व जो नेत्र अधखुले थे और एक ओर ध्यानमें लगे हुए थे उनको उस ओरसे उठाकर पूरा खोला और सब दिशाओंमें देखा।) नारदजीकी समाधिमें नेत्र खुले हुए थे, इसीसे वहाँ नेत्रोंका खोलना नहीं लिखा गया। पुनः, *'उघारि'* से यह भी जनाया कि कामके किसी करतबसे नेत्र नहीं खुले, वरंच मनमें चञ्चलता आ जानेपर उसका कारण देखनेके लिये उन्होंने स्वयं नेत्रोंको खोला। (घ) *'सकल दिसि देखी'*—सब दिशाओंमें देखा कि चित्तके विकारका क्या कारण है, यथा—'हेतुं स्वचेतो विकृतेर्दिदृक्षुर्दिशामुपान्तेषु ससर्ज दृष्टिम्।' (कु० सं० सर्ग ३।६९)

सौरभ पल्लव मदनु बिलोका। भएउ कोपु कंपेउ त्रैलोका॥ ५॥
तब सिव तीसर नयन उघारा। चितवत कामु भएउ जरि छारा॥ ६॥

अर्थ—आमके पत्तोंमें (छिपे हुए) कामदेवको (उन्होंने) देखा (तो) उन्हें बड़ा क्रोध हुआ जिससे तीनों लोक काँप उठे॥ ५॥ तब शिवजीने तीसरा नेत्र खोला। देखते ही कामदेव जलकर राख हो गया॥ ६॥

नोट—१(क) *'सौरभ पल्लव मदनु बिलोका'* इति। पूर्व कामदेवका आमकी मोटी डालपर बैठना कहा था; यथा—*'देखि रसाल बिटप बर साखा। तेहि पर चढ़ेउ मदनु मनु माखा॥'* और यहाँ लिखते हैं कि *'सौरभ पल्लव मदनु बिलोका।'* इसमें भाव यह है कि कामदेवने बाण मारनेके लिये बड़ा रूप धारण किया, इसीसे बड़ी मोटी शाखापर चढ़कर वहाँसे बाण छोड़े। बाण छोड़नेपर जब क्षोभ हुआ और शिवजी नेत्र खोल देखने लगे तब छोटा रूप धरकर आमके पत्तोंमें छिप गया। (शिकारीकी पोशाक भी हरी होती है, पत्ते भी हरे, कामका शरीर भी श्याम।) यथा—*'तरुपल्लव महँ रहेउ लुकाई'* (श्रीहनुमान्जी)—(खर्रा) *'मदनु बिलोका'*=कामदेवको देखा। दूसरा भाव कि देखकर जनाया कि अब तू सच ही 'मदन' हो जायगा, तेरा 'मद' न रह जायगा, तेरा नाश ही किये देता हूँ। (ख) *'भएउ कोपु कंपेउ त्रैलोका'* इति। 'कोप' देखकर ऐसा अनुमान होता था कि प्रलय करना चाहते हैं। इसीसे त्रैलोक्य काँप उठा। एक बार सतीका मरण सुनकर कोप किया था तो सब देवता देखे हुए हैं कि दक्षयज्ञकी क्या दशा हुई। उसके पश्चात् यह कोप देखा तो भयभीत हो गये कि न जाने क्या कर डालें? हमारे मित्र कामदेवका नाश न कर डालें।

नोट—२ (क) *'तव सिव तीसर नयन उघारा'* इति। श्रीशिवजीके प्रत्येक सिरमें तीन-तीन नेत्र हैं,

इसीसे त्रिनेत्र वा त्रिलोचन भी उनका नाम है। चन्द्रमा, सूर्य और अग्नि तीन नेत्र हैं, यथा—*'भारती बदन बिष अदन सिव ससि पतंग पावक नयन'*—(क० उ० १५२), *'निठुर निहारिए उघारि डीठि भाल की'*—(क० उ० १६९) पहले दो नेत्रोंसे देखा कि कामदेव कहाँ छिपा हुआ है और तीसरा नेत्र उसको भस्म करनेके लिये खोला, क्योंकि जलाना काम अग्निका है। कोई-कोई महानुभाव ऐसा भी कहते हैं कि दो नेत्र सूर्य, चन्द्ररूप जगत्‌की उत्पत्ति और पालन करते हैं और अग्निनेत्र प्रलय करनेवाला है। इसीसे त्रैलोक्यवासी काँप उठे। कुमारसम्भवके अनुसार कामदेवको देखते ही तीसरे नेत्रसे अग्निज्वाला निकल पड़ी। (ख) तीसरे नेत्रसे जलानेके अनेक भाव टीकाकारोंने लिखे हैं जिनमेंसे कुछ ये हैं—

(१) तीसरे नेत्रसे जलाया क्योंकि काम भी चारों फल, अर्थ, धर्म, काम और मोक्षमें तीसरा है (रा० प्र०) वा,(२) यह तुच्छ जीव है, यदि नेत्रके घूरनेसे ही काम चले तो शस्त्र क्यों चलावें। (पंजाबीजी) वा, (३) कामका मनमें प्रवेश करनेका फाटक नेत्र है; इसलिये द्वारहीपर मारा, भीतर न जाने दिया। (रा० प्र०) वा, (४) श्रीरामजी आपसे पार्वतीजीको ग्रहण करनेको कह गये थे, उसमें काम समाधि छुटाकर सहायक हुआ; इसलिये नेत्रावलोकन कृपादृष्टि है। उसपर यह कृपा की कि अबतक तन होनेसे एकदेशीय था, अब सर्वदेशी बना दिया; यथा—*'बिनु बपु ब्यापिहि सबहि अब'* (८७)। (वै० रा० प्र०)

—अग्निनेत्रसे चितवना और कामका भस्म होना, कारण और कार्य एक साथ होनेसे 'अक्रमातिशयोक्ति' अलंकार हुआ—(वीरकवि)।

नोट—३ *'चितवत'* अर्थात् आँख खुलते ही दृष्टि उसपर पड़ते ही वह भस्म हो गया, देर न लगी, देवता मुँहसे कुछ बात भी न कह सके। यथा—**'स्फुरन्नुदर्चिः सहसा तृतीयादक्ष्णः कृशानुः किल निष्पपात॥ क्रोधं प्रभो! संहर संहरेति यावद् गिरः खे मरुतां चरन्ति। तावत्स वह्निर्भवनेत्रजन्मा भस्मावशेषं मदनं चकार॥'** (कु० सं०। ३। ७१-७२) अर्थात् कामदेवको देखते ही उनके तीसरे नेत्रसे अग्निज्वाला निकली और जबतक देवगणके मुखसे वचन निकलें-निकलें कि हे प्रभो! क्रोधको रोकिये, रोकिये, तबतक ज्वालाने कामदेवको भस्म ही कर डाला।

हाहाकार भएउ जग भारी। डरपे सुर भए असुर सुखारी॥७॥
समुझि कामसुख सोचहिं भोगी। भए अकंटक साधक जोगी॥८॥

शब्दार्थ—**हाहाकार**=शोर, हलचल, हा, हा! हाय! हाय!—ये शोकके वचन हैं। डरपना=डरना; यथा—*'एकहि डर डरपत मन मोरा। प्रभु महिदेव श्राप अति घोरा॥'* (१। १६६) **भोगी**=इन्द्रियोंका सुख चाहनेवाले; विषयासक्त, विषयी; व्यसनी लोग, **अकंटक**=कंटक (काँटा) रहित—निष्कंटक, विघ्नबाधारहित; बेखटका।

अर्थ—संसारमें बड़ा हाहाकार मच गया। देवता डर गये और दैत्य प्रसन्न हुए॥७॥ विषयी लोग कामसुखको याद कर-करके सोचमें पड़ गये और साधक योगी निष्कंटक हो गये॥८॥

नोट—१ *'हाहाकार भएउ जग भारी। डरपे सुर……'* इति। देवताओंने जब तारकासुरसे पीड़ित हो श्रीब्रह्माजीसे जा पुकार की तब *'सब सन कहा बुझाइ बिधि दनुज निधन तब होइ। संभु सुक्र संभूत सुत एहि जीतइ रन सोइ॥ ८२॥ मोर कहा सुनि करहु उपाई।'* श्रीब्रह्माजीके आज्ञानुसार देवताओंने शिवजीकी समाधि छुड़ानेके लिये कामदेवको भेजा था। श्रीशिवजीने अग्निनेत्र खोलकर कामदेवको भस्म कर दिया। देवता भयभीत हो गये हैं, क्योंकि काम ही जब भस्म हो गया तब शिवजीके वीर्यसे पुत्र उत्पन्न होना ही असम्भव हो गया, पुत्र न उत्पन्न होनेसे तारकासुरका वध नहीं हो सकता, अब असुर और भी सतावेंगे। जो कारण देवताओंके शोकका हुआ, वही असुरोंकी प्रसन्नताका हुआ ही चाहे। दूसरा कारण भयका यह है कि हमलोगोंने कामदेवको समाधि छुड़ाने भेजा था, यह जानकर शिवजी हमें भी दण्ड न दें। जैसे दक्ष-यज्ञमें दक्षकी सहायता करनेवाले सब देवताओं और मुनियोंको भी भारी दण्ड दिया गया था। यह तो स्वर्गवासियोंके भयका कारण हुआ। पुनः भाव कि कामके नाशसे तो सभीके वंशोंका अब नाश ही हुआ, पितृतर्पणादि कौन करेगा! इत्यादि। इससे जगत्‌के और लोगोंमें हाहाकार मचा।

नोट—२ *'समुझि काम सुख सोचहिं भोगी……'* इति। (क) विषयी लोगोंको चिन्ता हो गयी कि अब विषय-सुखभोग कैसे करेंगे। मैथुन विषयानन्द आठ प्रकारका है; इसीसे विषयीका कामसुख समझकर सोचना कहा। अथवा, वे सोचते हैं कि कामदेव भस्म कर दिया गया तब तो हमें अब कामवासना ही न पैदा होगी; अतः भोगके सुखसे अब हम सदाके लिये वंचित रहेंगे। (ख) *'भए अकंटक साधक जोगी'* इति। साधक योगियोंके लिये काम काँटा है अर्थात् शत्रु है; यथा—*'भए कामबस जोगीस तापस पावँरन्हि की को कहै।'* (८५) वे अकंटक हो गये अर्थात् शत्रुहीन हो गये। यथा—*'आए करै अकंटक राजू।'* (२। २२८)

नोट—३ ☞यहाँतक शिवजीकी समाधि छुड़ानेके प्रसङ्गमें कामदेवके तीन आक्रमण वा एकके बाद एक करके तीन बार उपाय करना कहकर यह भी दिखाया गया है कि 'सिद्ध, विरक्त, महामुनि, योगीश, तापस' आदिसे शिवजी कहीं अधिक श्रेष्ठ हैं। सिद्धादिको मारने (कामवश करने) में न तो कामदेवका ही काम पड़ा और न उसकी सेनाका। वे तो उसके प्रभावमात्रसे ही मारे गये। देखिये कामदेव जब देवताओंसे विदा होकर चला तब प्रथम उसने केवल अपना प्रभाव फैलाया; यथा—*'तब आपन प्रभाउ बिस्तारा'* और इतनेहीसे उसने *'निज बस कीन्ह सकल संसारा।'* कामके प्रभाव एवं कौतुकका वर्णन *'तब आपन प्रभाउ बिस्तारा।'* (८४। ५) से लेकर *'धरी न काहू धीर……'* (८५) तक है। इस खेलमात्र (प्रभावदर्शनमात्र) से *'भए कामबस जोगीस तापस।'* पर इसका किञ्चित् भी प्रभाव शिवजीपर न पड़ा। यह प्रथम आक्रमण हुआ। शिवजीपर कुछ भी प्रभाव न पड़नेसे वह खिसिया गया और प्राणोंपर खेलकर उसने दूसरा उपाय रचा। उसने रुचिर ऋतुराजको प्रकट किया। वनकी परम सुभगता आदि उपाय रचे, जिसे देख *'मुएँहु मन मनसिज जागा।'* *'मुएँहु मन'* से जनाया कि सिद्ध विरक्त महामुनि *'जोगी'* और *'जोगीस तापस',* जिनका पूर्व ही कामके प्रभावसे ही पराजित होना कह आये हैं, उनसे ये *'मुएँहु मन'* अधिक हैं, क्योंकि इनको प्रभावमात्रसे न वश कर सका था, इनके लिये विशेष उपाय रचना पड़ा था। (८६। ६) ८६ *'मुएँहु मन'* देखिये।—यह दूसरा आक्रमण है, जो *'मरनु ठानि मन रचेसि उपाई'* (८६। ५) से लेकर *'सकल कला करि कोटि बिधि हारेउ सेन समेत।'* (८६) तक वर्णित है—यहाँ काम और उसकी सेनाकी कलाओंका बल दिखाया, पर इसका भी प्रभाव शिवजीपर न पड़ा। तब उसने स्वयं अपना निजका पुरुषार्थ दिखाया *'कोपेउ हृदय निकेत'* (८६) से *'छाँड़े बिषम बिसिख उर लागे।'* तक है। यह तीसरा आक्रमण है। इससे शिवजीकी समाधि छूट गयी।

नोट—४ *'कामु भएउ जरि छारा'* इस एक कारणसे ही कई विरोधी कार्य एक साथ उपस्थित हो गये। देवता डरे, असुर सुखी हुए, भोगी चिन्तित हुए और योगी निष्कण्टक हो गये। अतः यहाँ 'प्रथम व्याघात' अलङ्कार है।

छंद—जोगी अकंटक भए पति-गति सुनत रति मुरुछित भई।
रोदति बदति बहु भाँति करुना करत संकर पहिं गई॥
अति प्रेम करि बिनती बिबिध बिधि जोरि कर सन्मुख रही।
प्रभु आसुतोष कृपाल शिव अबला निरखि बोले सही॥

शब्दार्थ—रति=कामदेवकी स्त्री जो दक्षके पसीनेसे उत्पन्न उनकी कन्या मानी जाती है। सबसे अधिक रूपवती और सौंदर्यकी साक्षात् मूर्ति होनेसे समस्त देवताओंके मनमें इसे देखकर अनुराग उत्पन्न हुआ था; इसीसे इसका नाम 'रति' पड़ा। करुना (करुणा)=वह दुःख जो अपने प्रिय बन्धु इष्ट-मित्रादिके वियोगसे उत्पन्न होता है। शोक। सही=सत्य, सचमुच, निश्चय।

अर्थ—योगी बेखटके अर्थात् निश्चिन्त हो गये। रति अपने पतिकी दशा सुनते ही मूर्च्छित हो गयी। रोती-पीटती है, विलाप करती है, (इस तरह) बहुत प्रकारसे शोक करती हुई वह (कल्याणकर्ता) शङ्करजीके

पास गयी। अत्यन्त प्रेमसे बहुत प्रकारसे विनती करके वह हाथ जोड़े सामने खड़ी रह गयी। समर्थ, शीघ्र प्रसन्न होनेवाले, दयालु शिवजी अबला (असहाय स्त्री) को देख बोले ही तो सही। (अर्थात् दुःखित देख रहा न गया, करुणा आ गयी और प्रसन्न होकर वे शुभ वचन बोल ही पड़े।)

नोट—१ (क) *'पति गति सुनत'* इति। किससे सुना? पद्मपुराण और कुमारसम्भवमें तो 'रति' का कामदेवके साथ वहाँ जाना और आक्रमणमें सहायक होना कहा गया है; यथा—**'समाधवेनाभिमतेन सख्या रत्या च सा शंकमनुप्रयातः। अंगव्ययप्रार्थितकार्यसिद्धिः स्थाण्वाश्रमं हैमवतं जगाम॥'** (कु० सं० ३। २३) अर्थात् मदन अपने प्रिय सखा वसंत और रतिके साथ हिमाचलपर शिवजीके आश्रममें यह निश्चय करके गया कि चाहे प्राण ही क्यों न चले जायँ पर देवकार्य सिद्ध कर दूँगा। इनके मतानुसार रतिने कामदेवको भस्मीभूत होते स्वयं देखा। पर मानसकार यहाँ *'पति गति सुनत'* अर्थात् दूसरोंसे कामदेवकी गतिका सुनना लिखते हैं। इसीसे रतिका समीप होना नहीं पाया जाता। उससे दूर ही वह रही होगी। *'हाहाकार भयउ जग भारी'* यह देवताओंका हाहाकार सुनकर उसे कामदेवके भस्म होनेका हाल मिला अथवा नारदजीने समाचार दिया हो। त्रिपाठीजी लिखते हैं कि 'कामदेवने विभाव प्रस्तुत कर दिया था, पर वहाँ अनुभाव ही नहीं हुआ, स्थायी भाव पुष्ट कैसे हो? अतः रतिका आगमन न हो सका था। उसने पतिकी गति सुनी।'

(ख) *'बदति'*—यह रीति स्त्रियोंमें प्रायः देखनेमें आती है कि मृतककी प्रशंसा कर-करके रोती हैं, कहीं-कहीं सिर और छाती भी पीटती हैं, ये सब भाव *'बदति'* शब्दमें ध्वनित हैं। रावणके मरनेपर भी ऐसा ही हुआ था, यथा—*'पति सिर देखत मंदोदरी। मुरुछित बिकल धरनि खसि परी॥ जुबतिबृंद रोवत उठि धाई। तेहि उठाइ रावन पहिं आई॥ पतिगति देखि ते करहिं पुकारा। छूटे कच नहिं बपुष सँभारा॥ उर ताड़ना करहिं बिधि नाना। रोवत करहिं प्रताप बखाना॥ तव बल नाथ डोल नित धरनी। तेजहीन पावक ससि तरनी॥ सेष कमठ सहि सकहिं न भारा। सो तनु भूमि परेउ भरि छारा॥ बरुन कुबेर सुरेस समीरा। रन सनमुख धर काहु न धीरा॥'*......*'तव बस बिधि प्रपंच सब नाथा॥'* (६। १०३) ऐसा ही यहाँ भी समझ लेना चाहिये। (ग) *'बदति करुना करत'* इति। 'कुमारसम्भव' सर्ग ४ में रतिका विलाप कालिदासजीने वर्णन किया है। उसमेंसे किञ्चित् यहाँ लिखा जाता है। हे प्राणनाथ! तुम्हारा सुन्दर शरीर इस दशाको प्राप्त देखकर भी मेरा हृदय विदीर्ण नहीं होता। हा! स्त्री कैसी कठोर होती है। हे पति! तुम जो यह कहा करते थे कि तू मेरे हृदयमें रहती है, मेरी प्रिया!' वे वचन तुम्हारे कहाँ गये? वे वचन तो आज मुझे छल ही प्रतीत होते हैं, नहीं तो तुम्हारा शरीर नष्ट होनेपर 'रति' नष्ट क्यों न हुई?......तुम्हारे हाथोंसे बना हुआ वसन्तसम्बन्धी पुष्पोंका यह आभरण मेरे अङ्गोंपर वर्तमान है, परंतु वह तुम्हारा सुन्दर शरीर नहीं दिखायी देता। क्रूर देवताओंके स्मरण करनेपर मेरे पैरोंमें महावर समाप्त किये बिना ही तुम चले गये थे, अब आकर उसे पूरा तो करो।......हे पति! तुमसे अलग होकर मैं छणभर भी जीती रह सकी, यह निन्दा अवश्य मुझे प्राप्त होगी।......हे कामदेव! इस समय दर्शन दो। यह वसन्त तुम्हारा दर्शन चाहता है, पुरुषोंका प्रेम स्त्रियोंमें स्थिर भले न हो, पर मित्रोंपर तो अवश्य ही होता है।......दुःसह दुःखसे मेरा रंग धूम्र-सा हो गया है। मुझे देखो तो सही! हे वसन्त! देखो चन्द्रिका चन्द्रके साथ जाती है, बिजली मेघके साथ नष्ट होती है, स्त्री पतिके मार्गमें जानेवाली है,. यह जड़ भी जानते हैं, मुझे अग्नि देकर तुम पतिके समीप पहुँचा दो।......(श्लोक ५—३८)—यही सब बहु भाँतिकी करुणा है।

(घ) *'संकर पहिं गई।'* शङ्कर शब्दकी सार्थकता उनके आचरणमें प्रकट कर दिखायी है। कल्याणकर्त्ता उनका नाम ही है। अतः वे कल्याण करेंगे, अतः शङ्करके पास गयी और उन्होंने कल्याण किया भी।

नोट—२ *'अति प्रेम करि बिनती'* इति। इससे जनाया कि *'रोदति बदति बहु भाँति करुना करत'* ये शिवजीके पास पहुँचनेके पूर्व मार्गमें चलते हुए समयकी दशाका वर्णन है। समीप पहुँचनेपर *'अति*

प्रेम' से विनती करने लगी। पद्मपुराणमें उसकी *'बिबिध भाँति बिनती'* विस्तारसे है।* कल्याणमय, शरणद, मनोवाञ्छित प्रदान करनेवाले इत्यादि विशेषणोंको दे-देकर उसने बारम्बार नमस्कार करके अन्तमें अपना मनोरथ इस प्रकार कहा है—'मैं अपने प्रियतमकी प्राप्तिके लिये सहसा आपकी शरणमें आयी हूँ। भगवन्! मेरी कामनाको पूर्ण करनेवाले और यशको बढ़ानेवाले मेरे पतिको मुझे दे दीजिये। मैं उनके बिना जीवित नहीं रह सकती। पुरुषेश्वर! प्रियाके लिये प्रियतम ही नित्य सेव्य है। आप ही इस भुवनके स्वामी और रक्षक हैं। आप परमदयालु और भक्तोंका दुःख दूर करनेवाले हैं।'

नोट—३ *'प्रभु आसुतोष कृपाल शिव'* इति। *'प्रभु'* का भाव कि आप समर्थ हैं। कर्तुमकर्तुम्, होनी-अनहोनी, सम्भव-असम्भव आप सब कुछ कर सकते हैं। कामदेवको जला दिया, उसे जिला भी सकते हैं। *'आसुतोष'* हैं अर्थात् कोई आपका कितना ही अपराध क्यों न करे, पर यदि फिर दीन होकर विनती करे तो आप उसके पूर्वकृत अपराधोंपर किञ्चित् भी विचार न करके उसपर शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। ☞ प्रीति एवं क्रोध तीन प्रकारके कहे गये हैं—उत्तम, मध्यम और निकृष्ट। यथा—*'उत्तम मध्यम नीच गति पाहन सिकता पानि। प्रीति परिच्छा तिहुन की बैर ब्यतिक्रम जानि॥'* (दोहावली ३५२) आपका क्रोध उत्तम है, शीघ्र मिट जाता है, जैसे पानीकी लकीर। *'कृपाल'* हैं, प्रसन्न होकर शीघ्र कृपा करते हैं, रतिपर भी कृपा करेंगे। *'शिव'* अर्थात् कल्याणस्वरूप हैं। कामदेवके बिना सृष्टि कैसे बढ़ेगी? देवताओंका कल्याण कैसे होगा? यह सब समझकर कल्याणका उपाय करेंगे। (ग) *'अबला निरखि'* इति। *'प्रभु'* कहकर *'अबला निरखि'* कहनेका भाव कि असहाय, असमर्थको देखकर समर्थकी-सी बात कहेंगे, कृपा करेंगे, कृपा न करनी होती तो मौन रह जाते, बोलते नहीं। *'अबला'* नाम ही यहाँ दीनता, निर्बलता, पराधीनता, असहायता और पतिविहीनता सूचित कर रहा है। *'अबला'* का अर्थ है—'नहीं है बल जिसके।' स्त्री पराधीन है पर जबतक पति रहता है तबतक उसे पतिके बलसे बल रहता है। पतिके मर जानेपर, एकमात्र बल जो उसको था, वह भी न रह गया और वह यथार्थ ही *'अबला'* हो गयी। इसीसे *'अबला'* शब्द बहुत ही उत्तम यहाँ प्रयुक्त हुआ है। (घ) *'बोले सही।'* ☞यहाँ दिखाया कि जब विनती मन, कर्म, वचन तीनोंसे की जाती है तब देवता शीघ्र प्रसन्न होते हैं। रतिने मन, वचन, कर्म तीनोंसे विनती की। यहाँ *'अति प्रेम'* से मन, *'करि बिनती'* से वचन और *'जोरि कर'* से कर्म सूचित किया गया। इसीसे शिवजी शीघ्र प्रसन्न हो गये। ग्रन्थमें इसके उदाहरण सर्वत्र हैं।

नोट—४ ☞ यहाँतक मदनकी चढ़ाई और दहन-प्रसङ्गमें चार हरिगीतिका छन्द आये हैं। चार छन्दोंके प्रयोगका भाव यह कहा जाता है कि यहाँ कामदेवने चार चतुष्टयोंको विजय किया है—(१) तप, योग, ज्ञान, वैराग्यको। (२) देव, मनुष्य, तिर्यक् और स्थावरको। (३) चारों वर्णों और (४) चारों आश्रमोंको। वे० भू० पं० रामकुमारदासजी कहते हैं—(क) यहाँके चारों छन्द कामसम्बन्धी ही हैं। परंतु तीन छन्दोंमें

---

* पद्मपु० सृष्टिखण्डमें पुलस्त्य-भीष्म-संवादमें मदनदहन-प्रसङ्गकी कथा भी है। पुलस्त्यजी कहते हैं—कामदेवको भगवान् शिवके हुंकारकी ज्वालासे भस्म हुआ देख रति उसके सखा वसन्तके साथ जोर-जोरसे रोने लगी। फिर वह त्रिनेत्रधारी भगवान् चन्द्रशेखरकी शरणमें गयी और धरतीपर घुटने टेककर स्तुति करने लगी।

रति बोली—जो सबके मन हैं, यह जगत् जिनका स्वरूप है और जो अद्भुत मार्गसे चलनेवाले हैं उन कल्याणमय शिवको नमस्कार है। जो सबको शरण देनेवाले तथा प्राकृत गुणोंसे रहित हैं उन भगवान् शङ्करको नमस्कार है। भक्तोंको मनोवाञ्छित वस्तु देनेवाले महादेवको प्रणाम है। कर्मोंको उत्पन्न करनेवाले महेश्वरको नमस्कार है। देव! आप ललाटमें चन्द्रमाका चिह्न धारण करते हैं, आपको नमस्कार है। आपकी लीलाएँ असीम हैं। उनके द्वारा आपकी उत्तम स्तुति होती रहती है। वृषभराज नंदी आपका वाहन है। आप दानवोंके तीनों पुरोंका अन्त करनेवाले हैं, आपको नमस्कार है। आप सर्वत्र प्रसिद्ध हैं और नाना प्रकारके रूप धारण किया करते हैं, आपको नमस्कार है। कालस्वरूप आपको नमस्कार है तथा काल और कल दोनोंसे अतीत आप परमेश्वरको नमस्कार है। आप चराचर प्राणियोंके आचारका विचार करनेवालोंमें सबसे श्रेष्ठ आचार्य हैं। प्राणियोंकी सृष्टि आपहीके संकल्पसे हुई है। आपके ललाटमें चन्द्रमा शोभा पाते हैं।

'रतिनाथ' 'काम' और *'मनोभव'* शब्द क्रमशः स्वतन्त्ररूपसे आये हैं और चौथेमें रतिकी गौणतामें आया है। प्रथम छन्दमें *'रतिनाथ'* का भाव है—रति (आसक्ति, नाथ) (नाथृबंधने) अर्थात् जिसने सबको अपनेमें आसक्त (अर्थात् कामासक्त) करके बाँध लिया है। इस अर्थका स्पष्टीकरण दोहेमें किया गया है, *यथा—'भए सकल बस काम'।* दूसरे छन्दमें *'काम'*—शब्द देनेका भाव कि ब्रह्माण्डभरको वश करनेमें उसे किञ्चित् भी प्रयास नहीं करना पड़ा। ब्रह्माण्डको वश करना उसका एक कौतुकमात्र था। इसीसे दूसरे छन्दमें *'काम'* शब्द दो बार आया है—*'भए कामबस जोगीस'* और **'काम कृत कौतुक अयं'**। कामवश होना कहकर फिर यह भी उसी *'काम'* शब्दसे बताया कि कामने सबको कैसे वशमें कर लिया। **काम**=इच्छा। **काम कृत**=इच्छामात्रसे किया। अर्थात् उसने कौतुककी इच्छामात्र की, बस सब वशीभूत हो गये। प्रथम दो छन्दोंमें दिखाया कि इच्छामात्रके कौतुकसे जीवित-मनवालोंको वशमें कर लिया और तीसरेमें दिखाया कि *'मुये'* मनको सहायकोंकी कृपाद्वारा वश किया और स्वयं मुये मनमें प्रवेश करके उसे जगाया। इसीसे यहाँ *'मनोभव'* नाम दिया गया। जब अपनी इच्छामात्र तथा साथियोंकी सहायतासे भी शिवजीको न क्षुब्ध कर सका तब शरीरके बलका प्रयोग किया और शरीरसे विनाशको प्राप्त हो गया। चौथेमें रतिकी गौणतामें कहकर जनाया कि रतिकी याचनासे (यहाँ 'नाथृ' धातु 'याचने' अर्थमें है) उसे शक्ति एवं शरीर प्राप्त हुआ। शक्ति तुरंत ही प्राप्त हो गयी; इससे उसे पहले कहा। शरीर कालान्तरमें प्राप्त हुआ, अतः उसे पीछे कहा।

(ख) कर्मकाण्डी और शुष्क ज्ञानवाले ज्ञानियोंका वश होना और उपासकोंका उबारना कहा। शिवजी ज्ञानी उपासक हैं अतः काम उनसे डर गया और उन्होंने उसपर निग्रह-अनुग्रह भी किया। ज्ञानी उपासकोंसे काम डरता है। यथा—*'नारद बिष्नु भगत पुनि ज्ञानी'* अतः *'कामकला कछु मुनिहि न ब्यापी। निज भय डरेउ मनोभव पापी॥'*

दोहा—अब तें रति तव नाथ कर होइहि नामु अनंगु।
बिनु बपु ब्यापिहि सबहि पुनि सुनु निज मिलन प्रसंगु॥ ८७॥

शब्दार्थ—**अनंग**=बिना अङ्गका; कामदेवका नाम है। **प्रसंग**=बात।

अर्थ—हे रति! अबसे तेरे स्वामीका नाम 'अनङ्ग' होगा। वह सबको बिना शरीरहीके व्यापेगा। यदि वह कहे कि मुझे तो उससे सुख न होगा तो उसको सान्त्वना देनेके लिये स्वयं ही यह भी कहते हैं (कि) और अब तू अपने पतिसे मिलनेकी बात सुन॥ ८७॥

नोट—१ (क) *'होइहि नामु अनंगु'* इति। अर्थात् अबसे कामदेवका नाममात्र रहेगा, शरीर न रहेगा, पर क्रियाकारिता रहेगी। केवल तेरे मिलापके लिये मैं उसे शरीर देता हूँ। (ख) *'बिनु बपु ब्यापिहि'*—यह अनुग्रह है, प्रसाद है। इस आशीर्वादसे संसारका काम होता रहेगा। *'बिनु बपु ब्यापिहि सबहि'*—प्रसन्नताका फल है। अभीतक वह एकदेशीय था और 'अब सबको बिना अङ्गके ही व्यापेगा,' इस आशीर्वादसे वह सर्वदेशीय, सर्वव्यापी बन गया। (ग) *'सुनु मिलन प्रसंग'* अर्थात् कब और कहाँ वह तुझसे सशरीर मिलेगा, अब यह भी बताता हूँ सो सुन। उसको प्रद्युम्नजीकी प्राप्ति कैसे हुई यह प्रसंग श्रीमद्भागवत स्कन्ध १० उत्तरार्ध अ० ५५ में है।

जब जदुबंश कृष्नु अवतारा। होइहि हरन महा महिभारा॥ १॥
कृष्नतनय होइहि पति तोरा। बचनु अन्यथा होइ न मोरा॥ २॥
रति गवनी सुनि संकर बानी। कथा अपर अब कहौं बखानी॥ ३॥

शब्दार्थ—जदुबंश (=यदुवंश=राजा यदुका कुल। राजा ययातिके बड़े पुत्रका नाम यदु था जो शुक्राचार्यकी लड़की देवयानीसे पैदा हुआ था। ययातिने जब उससे युवावस्था माँगी और उसने वृद्धावस्थाके बदलेमें अपनी युवावस्था देना स्वीकार न किया तब ययातिने शाप दे दिया। शापकी बात श्रीकृष्णजीने स्वयं उग्रसेनसे कही है। यथा—'**ययातिशापाद्यदुभिर्नासितव्यं नृपासने।**'(भा० १०। ४५। १३) अर्थात् हम यादवोंको शाप

है, इससे हम राज्यसिंहासनपर नहीं बैठ सकते। प० पु० भूमिखण्डमें लिखा है कि ययातिने शाप दिया कि 'तेरा वंश राज्यहीन होगा। उसमें कभी कोई राजा न होगा' फिर यदुकी प्रार्थनापर कि मैं निर्दोष हूँ, मुझ दीनपर दया कीजिये, राजाने प्रसन्न होकर वर दिया कि भगवान् तेरे वंशमें अंशोंसहित अवतार लेंगे, उस समय तेरा कुल शापसे मुक्त हो जायगा। यदुवंशका वर्णन भा० ९। ३० में दिया है।

अर्थ—जब पृथ्वीका भारी भार हरण करनेके लिये यदुवंशमें (भगवान्‌का) श्रीकृष्णावतार होगा॥ १॥ तब श्रीकृष्णजीका पुत्र (प्रद्युम्न) तेरा पति होगा। मेरा वचन असत्य नहीं होता॥ २॥ श्रीशङ्करजीके वचन सुनकर रति चली गयी। अब दूसरी कथा विस्तारसे कहता हूँ॥ ३॥

नोट—१ (क) *'जब जदुबंश……'* इति। अर्थात् द्वापरके अन्तमें। इससे जान पड़ता है कि पार्वती-जन्म, तप तथा मदन-दहन यह सब सम्भवतः त्रेताहीमें हुआ। (ख) *'हरन महि भारा'* इति। द्वापरमें बहुत-से राक्षस ही मनुष्यरूप धारणकर पृथ्वीपर आये थे; यथा—'**भूमिर्दृप्तनृपव्याजदैत्यानीकशतायुतैः। आक्रान्ता भूरिभारेण ब्रह्माणं शरणं ययौ॥**'(भा० १०। १। १७) अर्थात् जरासन्ध, कंस, शिशुपाल, वक्रदन्त, दुर्योधनके भाई इत्यादि सब पूर्व जन्ममें राक्षस थे। इन्हींका नाश करनेके लिये भगवान्‌ने यदुवंशमें अवतार लिया। ये सब भूमिपर भारस्वरूप थे। भा० १। ३। २३ में भी कहा है। यथा— '**एकोनविंशे विंशतिमे वृष्णिषु प्राप्य जन्मनी। रामकृष्णाविति भुवो भगवानहरद्भरम्॥**' अर्थात् यदुवंशमें बलराम और कृष्णरूपसे जन्म लेकर पृथ्वीका भार उतारा।

नोट—२ *'कृष्नतनय होइहि पति तोरा'* इति। भा० १० उत्तरार्ध अ० ५५में कथा है कि श्रीकृष्णजीके पुत्र प्रद्युम्नजीको सूतिकागृहसे ही शम्बरासुर उठा ले गया था, जब वे दस दिनके भी न थे और ले जाकर समुद्रमें डाल दिया था। वहाँ एक बलवान् मत्स्यने उनको निगल लिया। दैवयोगसे वह मत्स्य एक मछुवाहेके जालमें फँस गया। धीवरलोग उसे राजाकी भेंटके योग्य समझकर उस मत्स्यको शम्बरके निकट ले गये। शम्बरासुरके रसोइयेने जब उसका पेट चीरा तो उसमेंसे एक सुन्दर बालक निकला। उन्होंने ले जाकर उसे मायावतीको दे दिया, जो शम्बरासुरके यहाँ रसोईकी देख-भालका काम करती थी। मायावतीको बड़ा आश्चर्य हुआ। नारदजीने उसी समय आकर उसे बताया कि यह कामदेवका अवतार हैं। मायावती पूर्वकी रति थी जो इस रूप और नामको धारणकर अपने पतिकी प्रतीक्षा कर रही थी। नारदजीसे मालूम होनेपर वह उनका पालन करने लगी, मायावतीने प्रद्युम्नको सब वृत्तान्त पूर्व और वर्तमान जन्मका बताया और प्रद्युम्नको मोहनी माया सिखायी, जिससे वे शम्बरासुरके वधके बाद पति-पत्नी दोनों श्रीरुक्मिणीजी (प्रद्युम्नजीकी माता) के पास गये। खोये हुए बेटेको पाकर सब प्रसन्न हुए। हिन्दी शब्दसागरमें न जाने कहाँसे किस प्रमाणसे यह लिखा है कि प्रद्युम्नके पुत्र अनिरुद्ध कामदेवके अवतार कहे गये हैं। जो भी हो यदि ऐसा कहीं प्रमाण हो भी तो भी वह न तो गोस्वामीजीका सम्मत है, न शङ्करजीका और न भागवतका। भा० १० उ० ५५ के '**कामस्तु वासुदेवांशो दग्धः प्राग्रुद्रमन्युना। देहोपपत्तये भूयस्तमेव प्रत्यपद्यत॥**' (१) **स एव जातो वैदर्भ्यां कृष्णवीर्यसमुद्भवः। प्रद्युम्न इति विख्यातः सर्वतोऽनवमः पितुः॥**' (२) अर्थात् वासुदेवके अंश कामदेवने रुद्रद्वारा भस्म किये जानेपर पुनः शरीरप्राप्तिके लिये वासुदेवहीका आश्रय लिया। वह कामदेव ही भगवान् कृष्णके वीर्यद्वारा रुक्मिणीजीके गर्भसे उत्पन्न हुआ।—इस उद्धरणसे प्रद्युम्नजीका ही रतिपति होना स्पष्ट है।

नोट—३ (क) *'होइहि पति तोरा'* का भाव कि तब तेरा पति अनङ्ग न रहेगा, सदेह होकर तुझको पतिसुख देगा। (ख) *'बचनु अन्यथा होइ न मोरा'* इति। **अन्यथा**=व्यर्थ, असत्य, निष्फल। शिवजी न भी कहते तब भी वचन झूठा नहीं हो सकता था। यह जो कहा वह केवल उसके विश्वास और परितोषके लिये। ऐसे ही श्रीरामजीके वचन श्रीमनुशतरूपाजी-प्रति और भुशुण्डि-प्रति हैं—*'पुरउब मैं अभिलाष तुम्हारा। सत्य सत्य पन सत्य हमारा। पुनि पुनि अस कहि कृपानिधाना। अंतरधान भए भगवाना॥'* (१५२) *'पुनि पुनि सत्य कहौं तोहि पाहीं। मोहि सेवक सम प्रिय कोउ नाहीं॥……भगतिवंत अति नीचउ प्रानी। मोहि प्रानप्रिय*

असि मम बानी॥' (७। ८६) इसी तरह नारदप्रति भगवान्‌के वचन हैं—*'जेहि बिधि होइहि परमहित नारद सुनहु तुम्हार। सोइ हम करब न आन कछु बचन न मृषा हमार॥'* (१३२) इत्यादि। (खर्रा)

नोट—४ (क) *'रति गवनी सुनि संकर बानी'* इति। श्रीशङ्करजीकी वाणी अर्थात् कल्याणकारी कथाकी इति यहाँ लगायी। *'रोदति बदति बहु भाँति करुना करति संकर पहिं गई'* उपक्रम और *'रति गवनी सुनि संकर बानी'* उपसंहार है। रतिको सद्यः पतिकी प्राप्ति नहीं हुई, अतः वह हर्षित नहीं है और दूसरे युगमें मिलनेकी ध्रुव आशा है, इससे उसे विषाद भी नहीं है। अतः हर्ष-विषाद कुछ न कहकर *'रति गवनी'* मात्र कहा गया। *'अबला निरखि बोले सही'* और *'रति गवनी'* के बीचमें शङ्करवाणी है। ☞ मदन-दहन-प्रसंग यहाँ समाप्त हुआ। यह सब कथा श्रीशम्भुचरितके अन्तर्गत है, जो *'सुनहु संभु कर चरित सुहावा'* (७५। ६) पर प्रारम्भ हुआ था। (ख) *'कथा अपर अब कहौं बखानी।'* यहाँसे अब पार्वती-विवाहकी कथा प्रारम्भ होती है। *'अपर'* अर्थात् शिवसमाधि, मदनदहन और रतिवरदानकी कथा कही, अब दूसरी कथा कहते हैं।

श्रीशम्भुचरितान्तर्गत मदन-दहन-प्रसङ्ग समाप्त हुआ।

(शम्भुचरितान्तर्गत)

उमा-शम्भु-विवाह-प्रसङ्ग

देवन्ह समाचार सब पाए। ब्रह्मादिक बैकुंठ सिधाए॥ ४॥
सब सुर बिष्नु बिरंचि समेता। गए जहाँ शिव कृपानिकेता॥ ५॥

अर्थ—देवताओंने सब समाचार पाये। ब्रह्मा आदि (सब देवता) वैकुण्ठको चले॥ ४॥ (वहाँसे) विष्णु और ब्रह्माजीसहित सब देवता जहाँ कृपाके धाम श्रीशिवजी थे, वहाँ गये॥ ५॥

नोट—१ *'देवन्ह समाचार सब पाए'* इति। नारदजीने रतिको मदनदहनकी सूचना दी, फिर उसको वरदान होते ही उन्होंने देवताओं और ब्रह्माजीको खबर दी। ब्रह्माजीने कहा ही था कि शङ्करजीकी समाधि छूटनेपर हम जाकर उनका जबरदस्ती विवाह करवायेंगे; अतः देवता तुरंत ब्रह्माजीके पास समाचार पाते ही पहुँचे। अथवा कामदेवको शिवजीके पास भेजकर वे ब्रह्मलोक वा ब्रह्माजीकी कचहरीमें ही बने रहे, अपने-अपने स्थानको लौट न गये थे, इसीसे *'तब बिरंचि पहिं जाइ पुकारे'* कहकर वहाँसे उनका लौटना नहीं कहा। यथा—*'एहि बिधि भलेहि देवहित होई। मति अति नीक कहै सबु कोई॥'* यह कहकर वक्ता *'अस्तुति सुरन्ह कीन्हि अति हेतू'* यह कहते हैं। अतः वहीं नारदजीसे समाचार मिलनेपर तुरत ब्रह्माजीको साथ लेकर वे वैकुण्ठ श्रीविष्णुभगवान्‌के पास गये। *'सब'* अर्थात् मदनका प्रभाव फैलाना, कोटि कलाएँ रचना, फिर स्वयं पञ्चबाण चलाना, त्रिनेत्रका उसे भस्म करना और रतिको वरदान देना, यह सब समाचार।

नोट—२ *'सब सुर बिष्नु बिरंचि समेता'* से जनाया कि भगवान् विष्णुको साथ लेनेके लिये वैकुण्ठ गये थे। ☞स्मरण रहे कि अन्यत्र भी लिखा गया है कि विधि, हरि, हर—ये त्रिदेव जगत्‌के कार्यके लिये एक-पादविभूतिमें रहते हैं। जिसके द्वारा जो कार्य होनेको होता है उसके पास अन्य दो जाते हैं और उसकी प्रशंसा करते हैं। उसी तरह यहाँ भी ये दोनों शिवजीके पास गये। त्रिपाठीजीका मत है कि बरिआई विवाह कराना है और विष्णुपर शिवजीकी बड़ी प्रीति है, इनको ले चलनेसे शिवजीपर अधिक दबाव पड़ेगा। इसलिये सब वैकुण्ठको गये।

नोट—३ *'गए जहाँ शिव कृपानिकेता'* इति। अभी कृपा करके रतिको वरदान दिया ही है, यथा—*'प्रभु आसुतोष कृपाल शिव……।'* अतः 'कृपानिकेत' विशेषण दिया। पुनः भाव कि देवताओंने कामको विघ्न करने भेजा तब भी इनपर रुष्ट न होकर कृपा ही करेंगे, इनकी प्रार्थना स्वीकारकर सबका दुःख हरेंगे, यह जनानेके लिये प्रारम्भमें ही यह विशेषण बीजरूपसे दिया।

पृथक पृथक तिन्ह कीन्हि प्रसंसा। भए प्रसन्न चंद्र अवतंसा॥ ६॥
बोले कृपासिंधु बृषकेतू। कहहु अमर आए केहि हेतू॥ ७॥
कह बिधि तुम्ह प्रभु अंतरजामी। तदपि भगतिबस बिनवौं स्वामी॥ ८॥

अर्थ—उन सबोंने अलग-अलग शिवजीकी स्तुति की। चन्द्रशेखर श्रीशिवजी प्रसन्न हुए॥ ६॥ दयासागर धर्मकी ध्वजा शिवजी बोले—'हे देवताओ! कहिये, आप किसलिये (कैसे) आये?॥ ७॥ ब्रह्माजीने कहा—हे प्रभो! आप अन्तर्यामी हैं (सबके हृदयकी जानते ही हैं), तथापि हे स्वामी! भक्तिवश मैं आपसे विनती करता हूँ॥ ८॥

नोट—१ *'पृथक पृथक……'* इति। (क) सब स्वार्थके लिये आये हैं, अर्थार्थी हैं और आर्त्त भी हैं; इसीसे सबने अलग-अलग स्तुति की, जिसमें शिवजी प्रसन्न हो जायँ। (ख) *'भए प्रसन्न चंद्र अवतंसा'* इति। *अवतंस*=टीका, भूषण, शिरोभूषण। *'चंद्र अवतंसा'*=चन्द्रमा जिनका शिरोभूषण है=चन्द्रशेखर। 'चंद्र-अवतंस' विशेषणका भाव—(१) क्षीण, हीन, दीन, दुर्बलको आश्रय देनेवाले हैं। देवता लोग इस समय अपने लोकोंसे निकाले हुए, यज्ञभागसे वञ्चित क्षीण, दुर्बल तथा ऐश्वर्यके छिन जानेसे, *'सुख संपति रीते'* हो जानेसे दीन और दुःखित हैं; उनके भी आश्रयदाता होंगे। (२) चन्द्रमाको आश्रय देकर जगत्पूज्य बना दिया, वैसे ही देवगणकी रक्षाका उपाय करके उनको फिरसे ऐश्वर्यसम्पन्न करके उनकी प्रतिष्ठा स्थापित कर देंगे। (३) चन्द्रमा गुरुद्रोही और वक्र है और देवताओंने भी स्वार्थवश जगद्गुरु शंकरजीका अपराध किया, तो भी जैसे चन्द्रमाको अपनाया वैसे ही इनको अपनायँगे। (४) चन्द्रमा शरदातपको हरता है, वैसे ही शिवजी देवताओंके संतापको हरेंगे। (५) दक्षने चन्द्रमाको शाप दिया, उसी दक्षने सतीजीका अपमान किया। जैसे दक्षसे त्रासित चन्द्रमाको आपने ग्रहण किया वैसे ही दक्षसे अपमानित सतीको जो अब पार्वतीरूपमें हैं आप स्वीकार करेंगे।

नोट—२ यहाँ पंजाबीजीने यह शंका की है कि 'देवताओंमें भगवान् विष्णु और ब्रह्माजी भी थे। इनको शिवजीने न प्रणाम ही किया और न अभ्युत्थानका शिष्टाचार किया। यह क्यों?' और इसका समाधान यह किया गया है कि शिवजीके उपास्यदेव श्रीरघुनाथजी हैं, उनको छोड़ वह और किसीको बड़ा नहीं मानते; यथा—*'रघुकुलमनि मम स्वामि सोइ कहि सिव नायउ माथ॥'* (११६) परन्तु (भा० ४। ६। ४०) **'स तूपलभ्यागतमात्मयोनिं सुरासुरेशैरभिवन्दिताङ्घ्रिः। उत्थाय चक्रे शिरसाभिवन्दनमर्हत्तमः कस्य यथैव विष्णुः॥'** (अर्थात् सुरेश तथा असुरेशोंसे भी वन्दित शंकरजीने ब्रह्माजीको आया हुआ देख इस तरह सिर झुकाकर और उठकर प्रणाम किया, जैसे भगवान् विष्णु वामनरूपसे कश्यपजीके पुत्र होनेसे कश्यपजीको प्रणाम करते हैं)। एवं (भा० ४। ७। २२) **'प्रणेमुः सहसोत्थाय ब्रह्मेन्द्रत्र्यक्षनायकाः॥'** (अर्थात् दक्षयज्ञशालामें भगवान् विष्णुको आये हुए देख ब्रह्मा, इन्द्र, शिवजी आदिने उठकर उनको प्रणाम किया।), इन प्रामाणिक वाक्योंसे विरोध पड़ता है। इनमें शिवजीका ब्रह्माजीका एवं भगवान्‌का प्रणाम करना स्पष्ट कहा है। इसका समाधान (८८। ५) के नोट २ में भी कुछ लिखा जा चुका है।

विविध पुराणोंके देखनेसे प्रत्येक पक्षपातरहित मनुष्य इस सिद्धान्तपर पहुँचेगा कि विष्णु, शंकर और ब्रह्मा तीनोंहीके **'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'** *'नित्यविज्ञानानन्दघन निर्गुणरूप सर्वव्यापी'* 'सगुण एवं निराकाररूप' और 'ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र—ये रूप सिद्ध होते हैं। विष्णुपुराणमें श्रीपराशरजी भगवान् विष्णुकी स्तुति करते हुए कहते हैं कि 'निर्विकार, शुद्ध, नित्य, परमात्मा, सर्वदा एक रूप, सर्वविजयी, हरि, हिरण्यगर्भ, शंकर, वासुदेव आदि नामोंसे प्रसिद्ध, संसारतारक, विश्वकी उत्पत्ति, स्थिति तथा लयके कारण, एक और अनेक स्वरूपवाले, स्थूल, सूक्ष्म, उभयात्मक व्यक्ताव्यक्त स्वरूप एवं मुक्तिदाता भगवान् विष्णुको मेरा बारम्बार नमस्कार है। इस संसारकी उत्पत्ति, पालन एवं विनाश करनेवाले ब्रह्मा, विष्णु, महेशके भी मूल कारण,

जगन्मय उस सर्वव्यापी भगवान् वासुदेव परमात्माको मेरा नमस्कार है। विश्वाधार, सूक्ष्मसे भी अति सूक्ष्म सर्वभूतोंके अंदर रहनेवाले, अच्युत पुरुषोत्तम भगवान्को मेरा प्रणाम है। (वि० पु० १। २। १५)

(भा० ४। ७। ५१—५४) में श्रीमन्नारायण-वाक्य हैं कि मैं ही सृष्टि, पालन और संहार कृत्योंके अनुकूल ब्रह्मा, विष्णु और रुद्ररूप धारण करता हूँ। इसी प्रकार ब्रह्माजीके बारेमें देवीपुराण (८३। १३—१६) में कहा गया है कि 'उत्तम बुद्धिवाले, व्यक्ताव्यक्तरूप, त्रिगुणमय, सबके कारण, विश्वकी उत्पत्ति, पालन एवं संहारकारक ब्रह्मा, विष्णु, महेशरूप तीनों भावोंसे भावित होनेवाले देवाधिदेव ब्रह्मदेवके लिये नमस्कार है। हे महाभाग! आप रजोगुणसे आविष्ट होकर हिरण्यगर्भरूपसे चराचर संसारको उत्पन्न करते हैं तथा सत्त्वगुणयुक्त होकर विष्णुरूपसे पालन करते हैं एवं तमोमूर्ति धारण करके रुद्ररूपसे सम्पूर्ण संसारका संहार करते हैं।'

(भा० ८। ७। ७—४५) में कालकूटसे जलते हुए देव-दानवगण जब शंकरजीके पास गये तब प्रजापतियोंने शंकरजीकी स्तुति करते हुए ऐसा ही कहा है। जैसे श्रीमद्भागवतमें भगवान्का वाक्य है कि **'अहं ब्रह्मा च शर्वश्च जगतः कारणं परम्॥'** यथार्थमें हम तीनों एक हैं। वैसे ही शिवपुराणमें शिववाक्य है **'त्रिधा भिन्नो ह्यहं विष्णो ब्रह्माविष्णुहराख्यया। एकं रूपं न भेदोऽस्ति भेदे च बन्धनं भवेत्॥'** लिंगपुराणमें कई अद्भुत कथाएँ ऐसी हैं जिनसे देवताओंमें श्रेष्ठ विष्णु और ब्रह्मासे भी शिवका उत्कर्ष दिखाया गया है। लिंगपुराणमें जिस प्रकार शिवजीको परब्रह्म परमात्मस्वरूप माना है उसी प्रकार अन्य पुराणोंमें विष्णु आदिको सर्वशक्तिमान् माना है, परंतु सर्वशक्तिमान् परमेश्वरस्वरूप है एक ही व्यक्ति, किसी भी पुराणमें परमेश्वरकी शक्तिका भागीदार नहीं मिलता। पूर्ण पुरुषकी ही भिन्न-भिन्न नामोंसे वन्दना की गयी है। हिंदू-विचारोंका अद्भुत ऐक्य ही हिंदूधर्मकी महान् विशेषता है।

शिवपुराणमें कहा गया है कि 'ये तीनों (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) एक-दूसरेसे उत्पन्न हुए हैं, एक-दूसरेको धारण करते हैं और एक-दूसरेके अनुकूल आचरण करते हैं। कहीं ब्रह्माकी प्रशंसा की जाती है, कहीं विष्णुकी और कहीं महादेवकी। उनका उत्कर्ष एवं ऐश्वर्य इस प्रकार एक-दूसरेकी अपेक्षा अधिक कहा है, मानो वे अनेक हों।'

वैसे ही यहाँ कहा है कि *'सब सुर बिष्नु बिरंचि समेता। गए जहाँ शिव कृपानिकेता॥ पृथक-पृथक तिन्ह कीन्हि प्रसंसा। भए प्रसन्न चंद्र अवतंसा॥'* इस सम्बन्धसे शिवजीकी अतिशय प्रशंसा 'सम्बन्धातिशयोक्ति' अलंकार है।

उपर्युक्त वाक्योंसे यह स्पष्ट है कि वस्तुतः एक ही ब्रह्म सृष्टि-कार्यनिमित्त तीन रूप धारण करता है। तीनोंमें गुणजन्यभेद होनेपर भी वास्तविक अभेद है। इसकी पुष्टि विष्णुपुराणके **'सृष्टिस्थित्यन्तकरणीं ब्रह्मविष्णुशिवाभिधाम्। स संज्ञां याति भगवानेक एव जनार्दनः॥'** एक ही भगवान् सृजन, रक्षण और हरणरूप कार्य करनेसे ब्रह्मा, विष्णु, महेश नामोंको प्राप्त होते हैं। नाम-रूपका भेद है, परंतु वस्तु-तत्त्वमें कोई भेद नहीं है।

जब जिसके द्वारा सृष्टि-रक्षा आदिका कार्य होनेको होता है तब उसके पास शेष दो रूप देवगणसहित जाते हैं और उसकी स्तुति करते हुए उसको जगत्-मात्रका स्वामी, स्रष्टा, उद्भवस्थितिसंहारकर्त्ता और अपनेको उनका सेवक कहते हैं। वास्तवमें तीनों एक ही तत्त्व हैं, अभेद हैं। तब कौन किसका वन्द्य कहा जाय? वे परस्पर एक-दूसरेसे वन्द्य हैं।

रह गया यह कि यहाँ प्रणामादि क्यों न किये गये। इसका कारण तो यही जान पड़ता है कि ब्रह्माजीके वचन भी सत्य करने हैं। उन्होंने कहा था कि *'तब हम जाइ शिवहि सिरु नाई।'……'।* इसीलिये ब्रह्माजीका स्तुति आदि करना लिखा गया और शिवजीका उनको प्रणाम करना नहीं कहा गया। यहाँ ब्रह्माजी सेवकभाव लेकर आये हैं, यह *'सिरु नाई'* एवं *'कह बिधि तुम्ह प्रभु'* से स्पष्ट है। तब शिवजी प्रणाम कैसे करते? वास्तवमें कोई किसीसे न्यूनाधिक नहीं है। ब्रह्माजी परपितामह हैं, आगे समधी बनकर बारातमें जायँगे। भगवान्के व्यंग्य वचन सुन-सुनकर शिवजी हँसते देखे जाते हैं, क्योंकि हरि और उनके

वचन दोनों ही शिवजीको प्रिय हैं। यथा—*'मनही मन महेस मुसुकाहीं। हरिके ब्यंग्य बचन नहिं जाहीं॥ अति प्रिय बचन सुनत प्रिय केरे।'* (९३)

नोट—३ (क) *'बोले कृपासिंधु बृषकेतू।......'* इति। कृपाके समुद्र हैं, असीम कृपा करेंगे। वृष (बैल, धर्म) आपकी पताकापर है। उपकार परम धर्म है, यथा—*'श्रुति कह परम धर्म उपकारा।'* इस तरह (=वृषकेतु परोपकाररूपी परम धर्म)। आपकी पताकापर है। भाव कि आप परोपकारकी पताका बाँधे वा फहरा रहे हैं। कृपा की और परोपकार करेंगे। (खर्रा) पुनः भाव कि धर्मध्वज हैं। अतः धर्मकी, वेदमर्यादाकी रक्षा अवश्य करेंगे। (ख) *'कहहु अमर आए केहि हेतू'* इति। *'अमर'* सम्बोधनसे ही अभयदान दे रहे हैं, जैसे श्रीरघुनाथजीने विभीषणको *'लंकेस'* कहकर सम्बोधन किया था। *'कह बिधि तुम्ह प्रभु अंतरजामी।......'* यह *'कहहु अमर आए केहि हेतू'* का उत्तर है। (ग) *'तदपि भगतिबस बिनवौं......।'* भाव कि जिस लिये हम आये हैं सो तो आप जानते ही हैं तो भी भक्तिभावके अनुसार अन्तर्यामीसे कहा ही जाता है, यह भक्तिकी रीति है, स्वामी जानते हुए पूछते हैं और भक्त कहता है। जैसे मनुजीसे माँगनेको कहा गया तब उन्होंने कहा कि *'सो तुम्ह जानहु अंतरजामी। पुरवहु मोर मनोरथ स्वामी॥'* उसपर भगवान्‌ने कहा—*'सकुच बिहाइ मागु नृप मोही।'* (१४९) तब उन्होंने माँगा। यह भक्तिकी रीति है। मिलान कीजिये—*'जद्यपि अवध सदैव सुहावनि। रामपुरी मंगलमय पावनि॥ तदपि प्रीतिकी रीति सुहाई।'* यही भाव *'भगति बस'* का है।

दोहा—सकल सुरन्ह कें हृदय अस संकर परम उछाहु।
निज नयनन्हि देखा चहहि नाथ तुम्हार बिबाहु॥ ८८॥

अर्थ—१ हे श्रीशङ्करजी! हे नाथ! समस्त देवताओंके हृदयमें ऐसा परम उत्साह है (कि) अपनी आँखोंसे आपका ब्याह देखना चाहते हैं॥ ८८॥

अर्थ—२ हे नाथ! कल्याणकारी मङ्गलोत्सव आपका ब्याह अपनी आँखोंसे देखना चाहते हैं।—ऐसा सब देवताओंके हृदयमें है॥ ८८॥

नोट—१ *'सकल सुरन्ह कें हृदय अस।'* भाव कि यह उनके हृदयकी बात है जो वे प्रकट नहीं कह सकते थे, आप 'अन्तर्यामी' हैं, जानते ही हैं, वही मैंने आज्ञानुसार प्रकट कह सुनाया। *'निज नयनन्हि देखा चहहिं'* इन वचनोंमें भी संकोच भरा हुआ है। संकोच न होता तो कहते कि *'निज नयनन्हि देखहिं'* हम सब देवता आपका विवाह देखें। देवता संकोचवश हैं, इसीसे उन्होंने स्वयं न कहा, विधिने उनकी चाह अपनी ओरसे कही। (पं० रा० कु०) पुनः *'सकल सुरन्ह'* का भाव कि मैंने तो पहिला ब्याह जो सतीके साथ हुआ था उसे देखा है। पर उस मन्वन्तरके देवता अब रहे नहीं, साथके सब देवता इस मन्वन्तरके हैं, इन्होंने आपके ब्याहकी कथा केवल सुनी है। अतः ये लोग अपनी आँखोंसे देखना चाहते हैं। (वि० त्रि०) उछाहु=मङ्गल, आनन्द, उत्साह, उत्कण्ठा। यथा—*'तिन्ह कहुँ सदा उछाहु मंगलायतन रामजसु,' 'प्रभु बिवाह जस भएहु उछाहू। सकहिं न बरनि गिरा अहिनाहू॥' 'रामरूपु भूपति भगति ब्याहु उछाहु अनंदु। जात सराहत मनहिं मन मुदित गाधिकुलचंदु॥'*

यह उत्सव देखिअ भरि लोचन। सोइ कछु करहु मदन मद मोचन॥ १॥
कामु जारि रति कहुँ बरु दीन्हा। कृपासिंधु यह अति भल कीन्हा॥ २॥
सासति करि पुनि करहिं पसाऊ। नाथ प्रभुन्ह कर सहज सुभाऊ॥ ३॥

शब्दार्थ—पसाऊ (सं० प्रसाद, प्रा० पसाव)=प्रसाद, कृपा, अनुग्रह। यथा—*'चारिउ कुँवर बियाहि पुर गवने दसरथ राउ। भए मंजु मंगल सगुन गुरु-सुर संभु-पसाउ॥'* (श्रीरामाज्ञाप्रश्न ३८)

अर्थ—हे कामदेवके मदको छुड़ानेवाले! वही (ऐसा ही) कुछ कीजिये कि सब लोग यह उत्सव नेत्र भरकर देखें॥ १॥ 'कामदेवको जलाकर रतिको वरदान दिया', हे दयासागर! यह आपने बहुत ही

अच्छा किया॥ २॥ हे नाथ! समर्थ स्वामियोंका यह सहज (जन्मका) स्वभाव ही है कि वे दण्ड देकर फिर अनुग्रह किया करते हैं॥ ३॥

नोट—१ *'यह उत्सव देखिअ……'* इति। (क) पूर्व कहा कि *'निज नयनन्हि देखा चहहिं नाथ तुम्हार बिबाहु'* और यहाँ *'यह उत्सव……'* फिर कहकर जनाया कि विवाह देखनेकी बड़ी लालसा है, भारी उत्कण्ठा है। ☞ जो विषय अत्यन्त प्रिय होता है, उसके थोड़े सेवनसे तृप्ति नहीं होती, इन्द्रियोंको उसके भरपूर भोगनेकी इच्छा होती है, इसीसे *'भरि लोचन'* देखनेको कहा। (ख) ☞ जहाँ-जहाँ दर्शनकी भारी उत्कण्ठा देखी जाती है वहाँ-वहाँ कविने *'भरि लोचन'* देखना कहा है। यथा—

उत्कण्ठा	दर्शन
'हृदय बिचारत जात हर केहि बिधि दरसनु होइ।	*१ भरि लोचन*
तुलसी दरसन लोभु मन डरु लोचन लालची।' (४८)	*छबिसिंधु निहारी*
'रामचरनबारिज जब देखौं। तब निज जनम सुफल करि लेखौं'	*२ निज प्रभु बदनु निहारि*
'भरि लोचन बिलोकि अवधेसा। तब सुनिहौं…… ।' (७। ११०। ११)	*निहारी। लोचन सुफल करौं उरगारी॥*

३—'मंगलमूरति लोचन भरि भरि। निरखहिं हरषि दंडवत करि करि॥'

४—'सबके उर……कबहिं देखिबे नयन भरि रामलखन दोउ बीर।' (१। ३००)

पुनः, (ग)—*'भरि लोचन'* अर्थात् जी भरकर देखनेका भाव कि सब तारकासुरसे सताये हुए हैं, शीघ्र विवाह हो जाय जिसमें हम सब बारातमें जाकर जी भरकर आनन्द लूटें, नहीं तो यदि उसने हमें सता ही लिया, कैद कर लिया या ऐसा कोई कड़ा दण्ड दिया कि हम विवाहमें न जा सकें, तो फिर ब्याह कौन और कैसे देखेगा? जीकी लालसा जीहीमें रह जायगी। (घ) *'सोइ कछु करहु'* अर्थात् जिससे भी कार्य बने वही कीजिये, हम और कुछ नहीं कहते। (ङ) *'मदन मद मोचन'* सम्बोधन देकर देवता सूचित करते हैं कि हम जो विवाह करनेकी प्रार्थना करते हैं वह कुछ इसलिये नहीं कि आपकी तृप्ति होगी; क्योंकि आप तो कामके मदको मर्दन करनेवाले हैं, आपने तो कामको जला ही डाला; किन्तु इससे कहते हैं कि देवताओंका सङ्कट दूर हो। आप अपने सुखके लिये विवाह न करें सही, किन्तु हमारे हेतु करें, हमें विवाह देखनेका सुख दें। भक्तोंकी रुचि रखनेके लिये विवाह कीजिये। (रा० प्र०; वै०)

नोट—२ *'काम जारि……'* इति। (क) यह मानवप्रकृति है। जिसको प्रसन्न करना होता है उसके किये हुए कार्यकी प्रथम प्रशंसा की जाती। वैसा ही यहाँ देखा जाता है। (ख) *'सासतिं करि पुनि……'* इति। इस अर्धालीको अर्धाली २ *'काम जारि……'* और अर्धाली ४ *'पारबती तपु कीन्ह……'* के बीचमें दीपदेहलीन्यायसे रखकर जनाया कि यह आगे-पीछे दोनों अर्धालियोंके साथ है। कामको दण्ड दिया फिर रतिपर करुणा करके प्रसन्न हो वरदान देकर कामदेवपर अनुग्रह भी किया। ब्रह्माजी गुप्त रीतिसे दरसाते हैं कि इसी प्रकारसे सतीजीने सतीतनमें आपकी अवज्ञा की, इष्टका अपमान किया, झूठ बोलीं, इत्यादि अपराध किये। उसका दण्ड अबतक उनको बहुत मिल चुका। आप स्वामियोंके सहज स्वभावको जानते ही हैं। अपने उस प्रभुत्वके सहज स्वभावसे अब उसपर भी कृपा कीजिये। (ग) *'कृपासिंधु……'* इति। अर्थात् दयानिधान लोगोंको जैसा चाहिये वैसा ही आपने किया। इससे सृष्टिका कार्य न बिगड़ेगा। (घ) *'नाथ प्रभुन्ह कर……'* इति। यथा—**'नाघं प्रजेश बालानां वर्णये नानुचिन्तये। देवमायाभिभूतानां दण्डस्तत्र धृतो मया॥'** (भा० ४। ७। २) यह वाक्य शिवजीका दक्षके सम्बन्धमें है कि दक्ष-जैसे बाल-बुद्धिवालोंके अपराधको न मैं कहता हूँ और न स्मरण ही करता हूँ। केवल सावधान करनेके लिये थोड़ा दण्ड दे दिया है। श्रुतिसेतुकी रक्षाके लिये दण्ड देना आवश्यक है। यथा—*'जौं नहिं दंड करौं खल तोरा। भ्रष्ट होइ श्रुति मारग मोरा।'* (७। १०७। ४)

पारबतीं तपु कीन्ह अपारा। करहु तासु अब अङ्गीकारा॥ ४॥
सुनि बिधि बिनय* समुझि प्रभु बानी। ऐसेइ होउ कहा सुखु मानी॥ ५॥

अर्थ—पार्वतीने भारी तप किया है, अब उसे (वा उसके तपको) अङ्गीकार कीजिये॥ ४॥ ब्रह्माजीकी विनती सुनकर और प्रभु श्रीरामचन्द्रजीका वचन याद करके शिवजीने आनन्द एवं प्रसन्नतापूर्वक कहा कि 'ऐसा ही हो'॥ ५॥

नोट—१ (क) *'तप कीन्ह अपारा'* कहनेका भाव कि उग्र तपस्या करके वे अब शुद्ध हो गयी हैं और यह तप भी आपके लिये ही किया है। *'अपारा'* कहा क्योंकि ऐसा तप किसीने नहीं किया; यथा—*'अस तपु काहु न कीन्ह भवानी। भए अनेक धीर मुनि ज्ञानी॥'* (ख) *'करहु तासु अब अङ्गीकारा'* इति। भाव कि आप पति हों, इसीलिये यह अपार तप किया गया। आप तप करनेवालेको उसका फल दिया करते हैं, अतः उसके तपको सुफल कीजिये, उसका मनोरथ पूरा कीजिये। अङ्गीकार=स्वीकार।=ग्रहण।

नोट—२ (क) *'सुनि बिधि……'* इति। भाव कि *'बिधि'* की विनय है, अतः *'बिधि'* ही है, करनी ही चाहिये। उल्लङ्घन करने योग्य नहीं है। *'प्रभु बानी'* है, अर्थात् स्वामी (श्रीरामजी) की आज्ञा है सो भी भङ्ग करने योग्य नहीं। अतः दोनों माननीय हैं, कर्तव्य हैं। *'बिधि बिनय'*—*'कह बिधि तुम्ह प्रभु अंतरजामी'* (८८। ८) से यहाँ *'करहु तासु अब अङ्गीकारा'* तक है। और *'प्रभु बानी'* (दोहा ७६) *'जाइ बिबाहहु सैलजहिं……' 'अब उर राखेहु जो हम कहेऊ।'* है। (ख) प्रभु श्रीरामचन्द्रजीके वचन अकेले ही इस कार्यके लिये काफी थे, तो भी साथ-ही-साथ एक कारण यहाँ ब्रह्माजीकी प्रार्थना और भी उपस्थित हो गया; इस प्रकार यहाँ 'द्वितीय समुच्चय' अलङ्कार हुआ। यथा—*'एक काजके करनको हेतु जु होयँ अनेक। ताहि समुच्चय दूसरो बरनैं कवि सविवेक॥'*—(अ० मं०)

तब देवन्ह दुंदुभीं बजाईं। बरषि सुमन जय जय सुरसाईं॥ ६॥
अवसरु जानि सप्तरिषि आए। तुरतहि बिधि† गिरिभवन पठाए॥ ७॥

अर्थ—तब देवताओंने नगाड़े बजाये और फूलोंकी वर्षा कर-करके *'जय जय सुरसाईं'* (हे देवताओंके स्वामी! आपकी जय हो! जय हो!!) ऐसा कहने लगे॥ ६॥ उचित समय जानकर सप्तर्षि आये। ब्रह्माजीने तुरन्त ही उनको हिमाचलके घर भेजा॥ ७॥

नोट—१ *'तब देवन्ह……'* (क) *'तब'* अर्थात् जब शङ्करजीने कह दिया कि *'ऐसेइ होइ'* तब। इससे जनाया कि पहले सन्देह था कि पार्वतीको अङ्गीकार करेंगे या नहीं, जैसा कि ब्रह्माजीने उनसे कहा था; यथा—*'जदपि अहइ असमंजस भारी'* एवं *'एहि बिधि भलेहि देवहित होई।' 'भलेहि'* सन्देहवाचक है। (ख) *'दुंदुभीं बजाईं'* इससे अपना हर्ष सूचित किया। दुन्दुभी एक वचन है, *'दुंदुभीं'* बहुवचन है। अनुस्वार बहुवचनका चिह्न है। 'नदी' का बहुवचन 'नदीं'; यथा—*'नदीं उमगि अंबुधि कहुँ धाईं'* और 'तलाई' का बहुवचन 'तलाईं' है; यथा—*'संगम करहिं तलाव तलाईं'* (८५) जैसे नगाड़े बजाना हर्षका सूचक है वैसे ही *'बरषि सुमन……'* भी हर्षके ही कारण हो रहा है। यथा—धनुषके टूटनेपर*'पुर अरु ब्योम बाजने बाजे। …… सुर किंनर नर नाग मुनीसा। जय जय जय कहि देहिं असीसा।'* (२६५), और फिर विवाह हो जानेपर—*'सुनि हरषहिं बरषहिं बिबुध सुरतरु सुमन सुजान।'* (३२४) इसी तरह शिव-पार्वती-विवाह हो जानेपर *'हिय हरषे तब सकल सुरेसा॥ ……जय जय जय संकर सुर करहीं॥ बाजहिं बाजन बिबिध बिधाना। सुमन बृष्टि नभ भइ बिधि नाना॥'* (१०१)—देवता लोग स्वार्थकी सिद्धि देखकर इस प्रकार अपना हर्ष प्रकट किया करते हैं। (ग) *'सुरसाईं'* कहा क्योंकि पार्वतीजीको ग्रहण करनेसे देवताओंकी रक्षा होगी। स्वामी सेवककी रक्षा करता ही है।

* बचन—१७०४। विनय—१६६१, १७२१, १७६२, छ०, को० रा०।

† हिमि— १७०४। विधि—अन्य सबोंमें।

नोट—२ (क) *'अवसर जानि……'* इति। शिवजीने पार्वतीजीको ग्रहण करना स्वीकार कर लिया है, ब्रह्मादि देवता अभी वहीं उपस्थित हैं; बस, तुरन्त इसी समय लग्न निश्चित कर बारात सजा ली जाय, फिर कहीं समाधि आदिकी शङ्का न रह जाय। उचित अवसरपर काम करनेसे सराहना और सफलता होती है। *'अवसर कौड़ी जो चुकै बहुरि दिये का लाख। दुइज न चंदा देखिये उदय कहा भरि पाख॥'* (दोहावली ३४४) इससे जनाया कि सप्तर्षियोंको बड़ी लालसा है कि इस महामङ्गलमें हम भी किसी प्रकारसे निमित्त बनें। अब अवसर आया है कि ब्राह्मण लग्नपत्रिका लिखानेके लिये भेजा जाय; अतः सप्तर्षि स्वयं पहुँच गये। (ख)*'तुरतहि बिधि गिरि भवन पठाए।'*—इससे जनाया कि सब चाहते हैं कि तुरत ही विवाह हो जावे। ब्रह्माजीको अभी सब घेरे हुए हैं, इसीसे उन्होंने कार्यमें शीघ्रता की जिसमें सबको सन्तोष हो। (ग) *'गिरिभवन पठाए'*—उनको समाचार देने और मुहूर्त ठीककर लग्नपत्रिका लानेको भेजा। यथा— *'सबु प्रसंग गिरिपतिहि सुनावा। सुदिनु सुनखतु सुघरी सोचाई। बेगि बेदबिधि लगन धराई॥ पत्री सप्तरिषिन्ह सोइ दीन्ही॥'* (९१) *'जाहु हिमाचल गेहु प्रसंग चलाएहु। जौं मन मान तुम्हार तौ लगन लिखाएहु॥ अरुंधती मिलि मैनहि बात चलाइहि। नारि कुसल इह काजु आजु बनि आइहि॥ दुलहिनि उमा ईस बरु साधक ए मुनि। बनिहि अवसि एहु काजु……॥'* (पार्वतीमङ्गल ४८-४९)—ये सब भाव यहाँ ले सकते हैं।

प्रथम गए जहँ रहीं भवानी। बोले मधुर बचन छल सानी॥८॥

दोहा—कहा हमार न सुनेहु* तब नारद कें† उपदेस।
अब भा झूठ तुम्हार पन जारेउ कामु महेस॥८९॥

अर्थ—वे पहले वहाँ गये जहाँ भवानीजी थीं और कपटभरे मीठे वचन बोले॥८॥ नारदके उपदेशसे तुमने उस समय हमारी बात न सुनी (कहा न माना)। अब तो तुम्हारा प्रण झूठा हो गया (क्योंकि) महादेवजीने (तो) कामको जला डाला॥८९॥

नोट—१ *'प्रथम गए जहँ रहीं……'* इति। (क) इससे जनाया कि पार्वतीके रहनेका घर अलग था, जैसे जनकपुरमें श्रीजानकीजीका महल अलग था।—*'सिय निवास सुंदर सदन सोभा किमि कहि जाइ॥'* (२१३) प्रथम इनके पास क्यों गये? यह प्रश्न उठाकर उसका उत्तर रामायणी लोग यह देते हैं कि 'जब पहले गये थे तब वे अनशनव्रत कर रही थीं। उस समय बुद्धि और होती है और अब घरमें राजसी ऐश्वर्य भोग रही हैं। अतः देखना चाहते हैं कि अब कैसी वृत्ति है। वा छेड़कर उनके मुखारविन्दसे कुछ और भी सुनना चाहते हैं। (अर्थात् विनोदार्थ वहाँ गये; कौतुकी हैं ही, यथा—*'तौ कौतुकिअन्ह आलस नाहीं॥'* (८१) ☞पं० रामकुमारजीका मत है कि प्रथम बार उत्तर न सूझा था, अब उत्तरकी जगह मिल गयी है। अतः गये कि देखें अब क्या कहती हैं। यह समाधान विशेष संगत है। विशेष दोहा ९० में देखिये। (ख) *'बोले मधुर बचन छल सानी'* इति। कपटी छली लोग मधुर बोलते ही हैं, जिसमें उनका कपट चल जाय; यथा—*'कपट बोरि बानी मृदुल बोलेउ जुगुति समेत॥'* (१। १६०) (कपटी मुनि), *'सजि प्रतीति बहु बिधि गढ़ि छोली। अवध साढ़साती तब बोली॥'* (२। १७) (मन्थरा)। कपटी मुनि और मन्थरा तो भीतरसे कपटी थे पर यहाँ यह बात नहीं है। ये उदाहरण एकदेशीय-मात्र समझे जायँ। यहाँ *'छल सानी'* कहकर जनाते हैं कि सप्तर्षियोंका हृदय शुद्ध है, उनके वचनमात्रमें ही छल है, भीतर तो पूज्य भाव है, ऊपरसे दिखावमात्रके ऐसे वचन हैं। विनोदयुक्त हैं। (खर्रा) पुनः, छल साने हुए वचन प्रायः इसलिये मीठी वाणीसे बोले जाते हैं कि जिसमें जिसको छेड़ा जाता है उसको बुरा भी न लगे, मनोरञ्जन हो, उसे क्रोध न आवे; नहीं तो विनोदका मजा ही चला जाय। (भावोपहत न होनेसे यहाँ छलयुक्त वचन भी प्रशस्त है।)

* सुनहु—१६६१। सुनेहु—औरोंमें। † कर—१७०४। कें—१६६१। के—औरोंमें।

नोट—२ *'कहा हमार न सुनेहु तब नारद कें उपदेसु'* यथा—*'तजौं न नारद कर उपदेसू। आपु कहहिं सत बार महेसू' 'जनम कोटि लगि रगर हमारी। बरौं संभु न त रहउँ कुँआरी॥' 'अब भा झूठ तुम्हार पन'* अर्थात् यह काम अब तो अविवेकका साबित हुआ। जब कामदेवको जला दिया तो अब ब्याह करके क्या करेंगे? और तुम्हें पतिका सुख ही क्या होगा? पाँडेजी *'अब भा झूठ'* को देहरीदीपक मानकर अर्थ करते हैं कि 'नारदका उपदेश और तुम्हारा प्रण दोनों झूठे हुए।'

नोट—३ (क) *'जारेउ काम महेसु।'* कामको जलानेमें *'महेस'* नाम दिया। भाव कि ये महान् समर्थ हैं, इससे इन्होंने कामको भस्म ही कर दिया, नहीं तो उसे भस्म करना तो दूर रहा, जीतनेको भी कोई समर्थ नहीं है। यथा—*'काम कुसुम धनु सायक लीन्हें। सकल भुवन अपने बस कीन्हें॥'* (२५७) *'सूल कुलिस असि अँगवनिहारे। ते रतिनाथ सुमन सर मारे॥'* (२। २५) अब तो कुँआरी ही रहो या हमारे बताये वरको ब्याहो। (ख) परीक्षा बड़े गज़बकी थी और व्यंग्यका माधुर्य तो स्पष्ट है ही। (लमगोड़ाजी)

वि० त्रि०—भाव यह है कि कन्यादान अथवा प्रतिग्रहमें कामकी ही प्रधानता है। मन्त्र पढ़ा जाता है—**'कोऽदात् कस्मा अदात् कामोऽदात् कामायादात्। कामो दाता कामः प्रतिगृहीता कामैतत्ते।'** (अर्थात् किसने दिया? किसको दिया? कामको दिया। हे काम! यह सब तेरे लिये है।) जब काम ही नहीं तब विवाह क्या? पुत्र-प्रयोजना भार्या।

सुनि बोलीं मुसुकाइ भवानी। उचित कहेहु मुनिबर बिज्ञानी॥ १॥
तुम्हरे जान कामु अब जारा। अब लगि संभु रहे सबिकारा॥ २॥

शब्दार्थ—**'सबिकारा'**=विकारयुक्त। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर—ये षड्विकार माने गये हैं। इनमेंसे यहाँ 'काम'-विकारसे ही तात्पर्य है। अर्थात् कामी हैं।

अर्थ—यह सुनकर भवानी मुस्कुराकर बोलीं—हे विज्ञानी मुनीश्वरो! आपने यथार्थ (ठीक) ही कहा॥ १॥ आपकी समझमें शिवजीने अब कामको जलाया। अबतक वे कामी ही रहे॥ २॥

नोट—१ *'सुनि बोलीं मुसुकाइ भवानी……।'* (क) मुस्कुरानेके भाव कि ज्ञानी और मुनिश्रेष्ठ होते हुए भी अज्ञानीके-से वचन कहे। (खर्रा) वा इस तरह उनके वचनका निरादर सूचित किया। एवं मुस्कुराकर जनाया कि क्या अभी भी आपका चित्त परीक्षासे नहीं भरा, फिर कुछ सुनना चाहते हैं?—(वै०) (ख) *'मुसुकाइ'* के साथ *'भवानी'* ऐश्वर्यसूचक पद दिया, नहीं तो राजकुमारीकी हैसियतसे ऋषियोंपर हँसना पाप है। यथा—*'सुनत बिहँसि कह बचन भवानी॥ सत्य कहेहु गिरिभव तनु एहा।'* (८०) (ग) *'उचित कहेहु मुनिबर बिज्ञानी'* इति। 'विज्ञानी मुनीश्वरोंका ऐसा कहना योग्य ही है! शङ्करजीको काम विकारयुक्त जानना यही विज्ञानका स्वरूप है?'—यह व्यंग्य है। (रा० कु०) आप विज्ञानी हैं, बड़े हैं, तब क्या कहूँ? आपका कहना ठीक ही है। आप जो कहें उचित ही है। वीरकविजी लिखते हैं कि *'मुनिबर बिज्ञानी'* में स्फुटगुणीभूत व्यंग है। विज्ञानी मुनियोंका अज्ञानीकी तरह बातें कहना बड़े आश्चर्यकी बात है। पाँडेजीका मत है कि 'विवाहके व्यवहारमें अपना देवर मानकर' हँसकर बोलीं। बैजनाथजी भी लिखते हैं कि सप्तर्षि ब्रह्माजीके पुत्र हैं और रुद्र भी ब्रह्माजीसे उत्पन्न हैं, इस प्रकार ये शिवजीके छोटे भाई हुए। इधरके प्रान्तोंमें रीति है कि छोटा भाई भावज (बड़े भाईकी पत्नी) से हँसी करता है, उसीको यहाँ लक्ष्य करके श्रीपार्वतीजीने ये वचन कहे। अभिप्राय कि विज्ञानी होनेके कारण तुम सब जानते ही हो, तब अज्ञानियोंकी-सी बात कहनी उचित न थी। हाँ, इस नातेसे आपका कहना उचित ही है, नहीं तो अनुचित था। अन्य महानुभावोंके मतानुसार जब सप्तर्षि प्रथम बार आपको *'सकल जगत मातु'* (८१) एवं *'जगदंबिके भवानी'* कहकर प्रणाम कर चुके हैं तब उसके प्रतिकूल दूसरा अर्थ सङ्गत नहीं जान पड़ता।

नोट—२ (क) *'तुम्हरे जान कामु अब जारा……'* इति। इसमें अज्ञानपनको स्पष्ट कह दिया। *'अब जारा'* इस वचनसे ही शिवजीपर दोषारोपणकी झलक निकल रही है जो वे आगे कहती हैं और उनके

वचनोंका खण्डन भी इनमें ही है। अर्थात् शिवजी तो कामदेवको अनादिकालसे जलाये हुए हैं, कुछ अब नहीं जलाया। *'तुम्हरें जान कामु अब जारा'* यह सूत्र है—इसीकी व्याख्या आगेके तीन चरणोंमें है। (ख) *'हमरें जान सदा शिव जोगी……'* इति। सदाका अन्वय *'जोगी', 'अज'* इत्यादि सबके साथ है।

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—'मखौल कितना साफ है कि आपलोग ऋषि होते हुए भी असली रहस्य न समझ सके और शिवजीमें विकारकी सम्भावना कर ली। वक्तृताका आगामी अंश हमारे प्रसङ्गसे बाहर है……परन्तु इसमें प्रेमकी द्वन्द्वता और प्रतिज्ञाकी अटलता कूट-कूट भरी है और कामदेवके भस्म होनेका रहस्य भी खोल दिया गया है। यह भी प्रकट कर दिया गया है कि सच्चे प्रेमको अपने ऊपर विश्वास होता है, जैसा किसी उर्दू कविने कहा है *'कच्चे धागेसे चले आयेंगे सरकार बँधे।'* (हास्यरस)

हमरें जान सदा शिव जोगी। अज अनवद्य अकाम अभोगी॥ ३॥
जौं मैं शिव सेए अस जानी। प्रीति समेत कर्म मन बानी॥ ४॥
तौ हमार पन सुनहु मुनीसा। करिहहिं सत्य कृपानिधि ईसा॥ ५॥

शब्दार्थ—**अनवद्य** (अन+अवद्य)=अनिन्द्य, निर्दोष। (श० सां०)—अवद्य=अधम, गर्ह्य, नींच। यथा—'निकृष्टप्रतिकृष्टार्वरेफयाप्यावमाधमाः। कुपूयकुत्सितावद्यखेटगर्ह्याणकाः समाः॥' अनवद्य=उत्तम। **अभोगी**=जिसको स्त्री आदि समस्त भोगविषयोंकी इच्छा नहीं=अनित्य समस्त भोगविषयोंसे विरक्त वा उदासीन। भोग आठ प्रकारके हैं—शिरगन्ध, वनिता, वस्त्र, गीत, ताम्बूल, भोजन, भूषण और वाहन।

अर्थ—हमारी समझमें तो शिवजी सदासे ही योगी, अजन्मा, अनिन्द्य, निष्काम और भोगविषयोंसे विरक्त हैं॥ ३॥ यदि मैंने ऐसा जानकर शिवजीकी सेवा मन, कर्म, वचनसे प्रेमसहित की है॥ ४॥ तो हे मुनीश्वरो! सुनिये, दयाके निधान (सागर, भण्डार) 'ईश' हमारा प्रण सत्य करेंगे॥ ५॥

नोट—१ *'हमरें जान सदा शिव जोगी……'* इति। (क) *'सदा'* का अन्वय *'जोगी', 'अज'* इत्यादि सबके साथ है। (ख) यहाँ 'योगी' आदि पाँचों विशेषण बड़े महत्त्वके हैं। योगी हैं; यथा—*'नाम बामदेव दाहिनो सदा असंग-रंग अर्ध-अंग अंगना अनंगको महनु है।'* (क० ७। १६०) *'तुम्हरें जान'* की जोड़में यहाँ *'हमरें जान'* कहा। दोनोंकी *'जान'* का मिलान—

वहाँ—१ *तुम्हरें जान* २ *अब लगि* ३ *संभु रहे सबिरकारा।*
यहाँ—१ *हमरें जान* २ *सदा* ३ *शिव जोगी।*

'योगी' कामकी चाह नहीं करते। यथा—*'समुझि काम सुख सोचहिं भोगी। भए अकंटक साधक जोगी॥'* इनको कामसे वैर है, तब ये कामी कैसे हुए? पुनः, *'अज'* अर्थात् अजन्मा हैं। अजन्मा कहकर वासनारहित बताया, क्योंकि काम (वासना) से ही जन्म-मरण होता है और इनका जन्म नहीं होता; तब ये कामी कैसे हुए? अनवद्य हैं अर्थात् निर्विकार हैं तब इनमें विकार कैसे सम्भव है? *'अकाम'* अर्थात् स्त्रीविषयसे रहित हैं और अभोगी अर्थात् समस्त भोगविषयसे विरक्त हैं, विषयके पास भी नहीं जाते, विषय-भोग नहीं करते, तब कामी कैसे हो सकते हैं? ☞जो वासनासे रहित होता है, वही अकाम और अभोगी होता है और वही उत्तम कहा जाता है।

नोट—२ *'जौं मैं शिव सेए अस जानी।……'* इति। (क) *'अस'* अर्थात् योगी, अज, अनवद्य, अकाम और अभोगी। भाव कि स्त्री होते हुए भी मैं यह जानकर भी कि उनको स्त्रीकी चाह नहीं है, वे अकाम, अभोगी हैं, मैं उन्हींसे विवाह करना चाहती हूँ, मुझे भी विषयभोगकी इच्छा नहीं है। (ख) *'सेए……प्रीति समेत कर्म मन बानी'* इति। सेना=सेवा, उपासना या आराधना करना। *'केहि अवराधहु'* जो प्रथम बार सप्तर्षियोंने कहा था, वही *'अवराधन'* यहाँ 'सेवा' है। *'प्रीति समेत'* यथा—*'उर धरि उमा प्रानपति चरना।……', 'नित नव चरन उपज अनुरागा।……'*(७४) *'जेहिं कर मन रमु जाहि सन तेहि तेही सन काम॥* (८०)*देखि प्रेम बोले मुनि ग्यानी।'* (८१)*'कर्म'* यथा—*'संबत सहस मूल फल खाए।'* (७४। ४) से लेकर (७४। ७) तक सारा तप।

मन, यथा—*'बिसरी देह तपहि मनु लागा।'* (७४। ३)*'उर धरि उमा प्रानपति चरना', 'सुनि मुनि गिरा सत्य जिय जानी।......'* (६८), *'उमा सो बचनु हृदय धरि राखा'* (६८), इत्यादि सब मनकी सेवा है। वाणीकी सेवा; यथा—*'बरौं संभु न त रहौं कुआरी।', 'तजौं न नारद कर उपदेसू।'* इत्यादि। ☞ शिवपुराणमें लिखा है कि नारदजीने पार्वतीजीको पञ्चाक्षरी शिवमन्त्र जपनेको बताया था। इसके अनुसार श्रीपार्वतीजी शिवमन्त्र बराबर जपती रहीं। यही उनकी वाचिक सेवा है। ☞ जप गुप्त रखना चाहिये, यथा—*'जोग जुगुति तप मंत्र प्रभाऊ। फलइ तबहिं जब करिअ दुराऊ।'* (१। १६८) इसीसे ग्रन्थकारने भी स्पष्ट न लिखा था; उन्हींकी 'कहनी' लिख दी। जब पार्वतीजीने 'वाणी' से सेवा कही तब उससे नाम वा मन्त्रका जप सिद्ध हुआ।

नोट—३ *'तौ हमार पन सुनहु मुनीसा।......'* इति। (क) ठीक ऐसे ही वचन श्रीजानकीजीके हैं। दोनोंका मिलान—

श्रीपार्वतीजी	श्रीजानकीजी (दोहा २५९)
कर्म मन बानी	१ *तन मन बचन मोर पन साँचा,*
जौं मैं शिव सेए	२ *रघुपतिपदसरोज चितु राचा।*
तौ......कृपानिधि ईसा	३ *तौ भगवान सकल उर बासी,*
हमार पन......करिहहिं सत्य	४ *करिहि मोहि रघुबर कै दासी।*
प्रीति समेत, हमार पन	५ *प्रभु तन चितइ प्रेम-पन ठाना।*

(ख) *'हमार पन'* अर्थात् *'बरौं संभु न त रहौं कुआरी।'* शिवजीसे ही विवाह करूँगी, दूसरेसे नहीं। (ग) *'करिहहिं सत्य'* अर्थात् मेरा प्रण सत्य होगा, झूठ नहीं होनेका, भगवान् हमारी प्रतिज्ञाको अवश्य सत्य करेंगे। *'कृपानिधि'* का भाव कि ये दयासागर हैं, मुझपर अवश्य दया करेंगे, मुझे उनकी अहेतुकीय कृपाका भरोसा है। (घ) *'ईसा'* इति। ईशके दोनों अर्थ लग सकते हैं—एक तो परमेश्वर श्रीरामजी। यथा—*'जौं प्रभु दीनदयाल कहावा। तौ सबदरसी सुनिअ प्रभु......॥'* ५९॥ सतीजीने इन्हीं सर्वदर्शी प्रभुका स्मरण आर्ति हरण करनेके लिये किया था और उन्हीं प्रभुने अबतक बराबर उनपर कृपा की है। इसीके जोड़में श्रीजानकीजीके वचन *'तौ भगवान सकल उर बासी'* हैं। अतः, ईश=श्रीरामजी। दूसरे, ईश=शंकरजी। (ङ) पुनः, 'ईश' का भाव कि वे समर्थ हैं, असम्भवको भी सम्भव कर देंगे। ४ ☞ यहाँतक सप्तर्षियोंके *'अब भा झूठ तुम्हार पन'* का उत्तर हुआ।

तुम्ह जो कहा हर जारेउ मारा। सोइ अति बड़ अबिबेकु तुम्हारा॥ ६॥

अर्थ—आपने जो कहा कि महादेवजीने कामदेवको जला दिया, यही (आपका कथन) आपका अतिशय अज्ञान है॥ ६॥

नोट—१ *'हर जारेउ मारा'* इति। कामदेवका संहार करनेके सम्बन्धसे 'हर' नाम दिया। इससे यह भी जनाया कि ये संसारमात्रका संहार करनेवाले हैं, कामको भस्म करना कौन बड़ी बात है? अथवा, **'क्लेशं हरतीति हरः'** क्लेश हरण करनेके सम्बन्धसे 'हर' नाम दिया अर्थात् वह साधकों, योगियों और भक्तजनोंको क्लेश दे रहा था, अतः उसे जला डाला।

नोट -२ *'तुम्ह जो कहा हर जारेउ मारा।......'* इति। *'हर जारेउ मारा।'* अर्थात् आपके कथनसे यह आशय निकलता है कि अभीतक शिवजीको काम व्यापता था, अब न व्यापेगा। अथवा, कामका जलाना कहकर आप भगवान् शंकरपर दूसरोंको कष्ट देने या मारने आदिका दोष लगाते हैं। ये दोनों दोषारोपण अनुचित हैं। क्योंकि वे तो सदासे योगी, अज, अकाम, अनवद्य और अभोगी हैं। दूसरे वे किसीको क्यों मारने या जलाने लगे? वे तो राग-द्वेष-क्रोधादिसे परे हैं, अतः यह दोषारोपण भी अनुचित है।—इसीको आगे स्पष्ट दृष्टान्त देकर समझाती हैं और इसीसे उनको 'अविवेकी' कहती हैं।

नोट—३ *'सोइ'* अर्थात् *'हर जारेउ मारा'* वा *'जारेउ काम महेस'* यह कथन।

अति बड़ अबिबेकु तुम्हारा

टिप्पणी—१ *'अति बड़ अबिबेकु '* से तीन तरहका अज्ञान पाया गया *'अबिबेकु ', 'बड़ अबिबेकु '* और *'अति बड़ अबिबेकु '।* भवानीजीने उनमें तीनों बातें दिखायीं। *'तुम्हरें जान काम अब जारा'* यह अविवेक है अर्थात् इतना भी ज्ञान तुमको नहीं है कि वे तो सदासे योगी, अकाम और अभोगी, सदासे ही कामरहित हैं। ☞ यह भी न जानना अविवेक है। *'अब लगि संभु रहे सबिकारा'* अर्थात् शम्भुको षड्विकारयुक्त मानना, उनको कामी जानते रहे, यह *'बड़ अबिबेकु '* है। और, *'हर जारेउ मारा'* अर्थात् भगवान्‌में किसीको मारनेका दोष लगाना यह *'अति बड़ अबिबेकु '* है। *'हर जारेउ मारा'* इस कथनको सप्तर्षिका *'अति बड़ अबिबेकु '* कहा, क्योंकि इससे ईश्वरपर दूसरोंको मारने वा जलानेका दोष आरोपित होता है, वस्तुत: ईश्वर किसीका अनहित नहीं करते, वे किसीको नहीं मारते। पापी अपने पापसे मारे जाते हैं। यथा—*बिस्व द्रोहरत यह खल कामी। निज अघ गएउ कुमारग गामी॥'* (लं० १०९) *'काहु न कोउ सुख दुख कर दाता। निज कृत करम भोग सब भ्राता॥'* (२।९२) *'कौसल्या कह दोसु न काहू। करम बिबस दुख सुख छति लाहू॥'* (अ० २८२)।*'जीव करम बस सुख दुख भागी॥'* (२। ११)

श्रीमद्भागवत स्कं० ४ अ० ६में श्रीब्रह्माजीने शिवजीसे ऐसा ही कहा है।—'**त्वं कर्मणां मङ्गलं मङ्गलानां कर्तुः स्म लोके तनुषे स्वः परं वा। अमङ्गलानां च तमिस्रमुल्बणं विपर्ययः केन तदेव कस्यचित्॥** ४५॥ **न वै सतां त्वच्चरणार्पितात्मनां भूतेषु सर्वेष्वभिपश्यतां तव। भूतानि चात्मन्यपृथग्दिदृक्षतां प्रायेण रोषोऽभिभवेद्यथा पशुम्॥** ४६॥ **पृथग्धियः कर्मदृशो दुराशयाः परोदयेनार्पितहृद्रुजोऽनिशम्। परान्दुरुक्तैर्वितुदन्त्यरुन्तुदास्तान्मा-ऽवधीद्दैववधान्भवद्विधः॥**' ४७॥ भाव यह कि 'जिनका स्वभाव ही है कि दूसरेके मर्मको सदा छेदन करते हैं, उनको समझ लेना चाहिये कि उन्हींका कर्म उनका छेदन करता है। दैव आप ही उनके विपर्यय हो रहा है। जिनका हृदय मायासे तृप्त हो.रहा है, वे अहं-ममम में पड़े हैं। जैसे-जैसे उनके दुष्कर्म उदय होते हैं वैसे ही वे फल भोगते हैं। आप-सरीखे जो भगवत्-आश्रित हैं वे उनके दुष्कृत देख यही सोचते हैं कि दैवगतिमें यह विचारा क्या करे, आप सब उसपर कृपा ही करते हैं।'

कुमारसम्भवमें श्रीपार्वतीजीने ब्रह्मचारी (शिवजी) से कहा है कि—(सर्ग ५ श्लोक ७५) '**उवाच चैनं परमार्थतो हरं न वेत्सि नूनं यत एवमात्थ माम्। अलोकसामान्यमचिन्त्यहेतुकं द्विषन्ति मन्दाश्चरितं महात्मनाम्॥**' अर्थात् महात्माओंके चरित अज्ञानी नहीं समझते; इसीसे वे उनको दोष लगाते हैं, उनके चरित्रोंकी निन्दा करते रहते हैं।—इस प्रकार तीन बातें जो भवानीने कहीं, उन्हीं तीनोंमें क्रमसे तीनों प्रकारके अविवेक उन्होंने सप्तर्षियोंमें कहे।

टिप्पणी—२ ☞ स्मरण रहे कि श्रीभवानीजीने उनके *'जारेउ काम महेस'* इन्हीं तीन शब्दोंको पकड़कर इन्हींसे उनको 'अविवेकी', 'बड़ अविवेकी' और 'अति बड़ अविवेकी' कह डाला। इस वाणीमें उन्होंने तीन अर्थ और तीनों दोषयुक्त दिखाये— एक तो यह कि कामको 'अब' जलाया; दूसरे, कामदेवके रहते वे कामी बने रहे। अब कामवासना नहीं रह गयी और तीसरे यह कि कामको जलाया (इससे रागद्वेषविकारयुक्त दिखाया)। इस तरह कामके जीवित रहते और उसके न रहते दोनों दशाओंमें, इनके शब्दोंसे इनका शिवजीको दोषी ठहराना साबित किया। इस प्रकार सप्तर्षियोंको उनके ही वाक्यसे लज्जित कर दिया, फिर वे कुछ कह ही न सके ।

टिप्पणी—३ पुनः प्रथम वाक्य भवानीजीका यह है—*'उचित कहेउ मुनिवर बिज्ञानी।'* व्याख्या आगेके सब वचन हैं। व्यंग्यसे प्रथम कहा कि 'विज्ञानी मुनिवर' का ऐसा कथन अयोग्य है। आगे इस व्यंग्यको स्वयं धीरे-धीरे खोलती हुई अन्तमें स्पष्ट कह दिया कि ऐसे कथनसे स्पष्ट है कि आप अत्यन्त बड़े अज्ञानी हैं। जैसे अन्तमें *'अति बड़ अबिबेकु '* वैसे ही आदिमें *'मुनिवर बिज्ञानी'। 'मुनिवर बिज्ञानी'* से तीन तरहके मुनियोंकी सूचना दी—मुनि, मुनिवर, विज्ञानी मुनिवर। क्रमसे इनके कथन 'अविवेक, बड़ अविवेक, अति बड़ अविवेक' के कहे। अर्थात् मुनियोंका ऐसा कथन अविवेकका, मुनिवरोंका *'बड़ अबिबेकु '* का और विज्ञानी मुनिवरोंका ऐसा कथन *'अति बड़ अबिबेकु '* का सूचक है।

त्रिपाठीजीका मत है कि 'मैंने कामवासनासे शङ्करकी उपासना की है, ऐसी धारणा तुम लोगोंका बड़ा अविवेक है, पर शंकरमें अभिमानका आरोप करना कि उन्होंने कामको जलाया, यह तुम्हारा और बड़ा अविवेक है।'

तात अनल कर सहज सुभाऊ। हिम तेहि निकट जाइ नहिं काऊ॥ ७॥
गएँ समीप सो अवसि नसाई। असि मन्मथ महेस कै नाई॥ ८॥

अर्थ—हे तात! अग्निका तो यह सहज ही (अपना निजका, जन्मसे ही) स्वभाव है कि पाला उसके पास कभी भी नहीं जाता॥ ७॥ समीप जानेपर (तो) वह अवश्य नष्ट हो जायगा। कामदेव और महादेवजीका (भी) ऐसा ही न्याय है॥ ८॥

नोट—१ *'तात अनल……'* इति। (क) प्रथम तो ऋषियोंको अत्यन्त बड़ा अज्ञानी कहा और अब उनको *'तात'* सम्बोधन करती हैं; यह कैसा? *'तात'* संस्कृत भाषाका शब्द है। यह 'पिता' का वाचक है और पितृतुल्य गुरुजनोंके लिये प्रयुक्त हो सकता है। पर दुलार, प्यार आदिके भावसे छोटोंके लिये जब आवेगा तब प्रायः सम्बोधनरूपमें ही आवेगा। सम्बोधनरूपमें यह भाई, मित्र, पुत्र विशेषतः अपनेसे छोटेके लिये व्यवहृत होता है। यहाँ आदिमें श्रीपार्वतीजीको *'भवानी'* नाम दिया है—*'सुनि बोलीं मुसुकाइ भवानी।'* भवानी हैं, जगन्माता वा भववामा होनेसे प्रथम तो सप्तर्षियोंको उन्होंने डाँट-फटकार बतायीं; फिर माताके समान उनको समझाने लगीं; अतः प्यारका सम्बोधन दिया। माताका यह सहज स्वभाव होता ही है। पंजाबीजी लिखते हैं कि पूर्व इनको अविवेकी कहा था, इसीसे अब सम्मान-हेतु *'तात'* सम्बोधन किया। और पाँड़ेजी इसको सम्बोधन न मानकर अग्निका धर्म मानते हुए इस चरणका अर्थ करते हैं कि 'अग्निका सहज स्वभाव ही *'तात'* (गर्म) है।' (ख) *'हिम तेहि निकट……। गए समीप सो अवसि नसाई'* इति। हिम और अग्निका दृष्टान्त यहाँ देनेके भाव ये कहे जाते हैं कि—(१) आगके पास जाड़ा-पाला नहीं रहने पाता, उसका नाश हो जाता है। वह पास न जाय तो अग्नि उसे जलाने तो नहीं जाती। वैसे ही कामदेव धृष्टतापूर्वक स्वयं शिवजीके पास गया। अग्निनेत्र खुलते ही वह जल मरा; इसमें शिवजीका दोष क्या? (२) परमार्थमें ज्ञान-वैराग्यादि अग्निरूप हैं, उनके पासं कामादिरूपी हिम नहीं जाता। (वै०) (३) लौकिकमें पाला वायव्य दिशामें रहता है, आग्नेय दिशामें जाता ही नहीं, अतः *'निकट जाय नहिं काऊ'* के दृष्टान्तमें इन दोनोंकी उपमा दी। (वै०)

नोट—२ *'असि मन्मथ महेस कै नाई'* इति। *'नाई'* का अर्थ है—१समान दशा, २ एक-सी गति। ३ समान, तुल्य। इस चरणके अर्थमें टीकाकारोंको बड़ी कठिनाईका सामना पड़ा है और वे भावार्थ कहकर निकल गये। *'असि'* और *'नाई'* दोनों पर्य्याय-से हैं, यही कठिनाईका कारण हो गया। पाँड़ेजी *'नाई'* का अर्थ 'पास' लिखते हैं और वीरकविजीने भी निकट जानेसे ऐसा अर्थ किया है। दासकी समझमें इसका दो प्रकार अर्थ हो सकता है। एक कि 'ऐसी ही मन्मथ और महेशकी गति वा दशा है।' दूसरा कि 'ऐसा ही न्याय मन्मथ और महेशका है' अर्थात् यही न्याय उनमें लागू होता है। ☞ स्मरण रहे कि सं० १६६१ की पोथीमें *'नाई'* शब्द है। यह संस्कृत भाषाके *'न्याय'* शब्दका अपभ्रंश है। न्याय पुँल्लिङ्ग है, नाई स्त्रीलिङ्ग है। *'असि'* के सम्बन्धसे स्त्रीलिङ्गका प्रयोग हुआ है। यहाँ *'नाई'* संज्ञा है, विशेषण नहीं है।

उपमान वाक्यमें दो बातें कहीं। एक कि अग्निका सहज स्वभाव है कि हिम उसके पास नहीं जाता। दूसरी कि यदि हिम गया तो अवश्य नष्ट हो जाता है। यही न्याय वा यही दशा शिवजीकी और कामदेवकी है। महेशके पास काम जाता ही नहीं, यदि गया तो अवश्य नष्ट हुआ चाहे। महेश अनलरूप हैं, काम हिमरूप है, 'मन्मथ' की जोड़में महेशका प्रयोग कैसा उत्कृष्ट हुआ है। वह मनको मथनेवाला है तो ये भी तो देवोंके देव महादेव हैं। भला, इनके मनमें वह कब विकार उत्पन्न कर सकता है? यहाँ 'दृष्टान्त' अलंकार है। ☞ *'तुम्ह जो कहा हर जारेउ मारा।'* से लेकर *'असि मन्मथ……'* तक सप्तर्षियोंके *'जारेउ काम महेस'* का उत्तर है।

दोहा—हिय हरषे मुनि बचन सुनि देखि प्रीति बिश्वास।
चले भवानिहि नाइ सिर गए हिमाचल पास॥ ९०॥

अर्थ—(भवानी पार्वतीजी) के वचन सुनकर और उनका प्रेम और विश्वास देखकर सप्तर्षि मनमें प्रसन्न हुए। वे भवानीको मस्तक नवा (प्रणाम) कर चल दिये और हिमाचलके पास पहुँचे॥ ९०॥

नोट—१ *'हिय हरषे मुनि बचन सुनि'* इति। (क) *'हिय हरषे'* का भाव कि *'अति बड़ अबिबेकु'* बनानेपर क्रुद्ध न हुए क्योंकि मुनि हैं। जैसे *'छल साने'* वचन कहे थे वैसा ही उत्तर भी मिला। (ख) *'देखि प्रीति विश्वास।'* इति। प्रीति देखी, यथा—*'जौ मैं शिव सेए अस जानी। प्रीति समेत करम मन बानी॥'* *देखि विश्वास,* यथा—*'तौ हमार पन सुनहु मुनीसा। करिहहिं सत्य कृपानिधि ईसा॥'* (प्रीति देखी कि 'शिवजीने कामको जलाया' यह दोषारोपण सह न सकीं, तुरंत बोलीं—*'सोइ अति बड़ अबिबेकु तुम्हारा।'* विश्वास देखा कि गुरुरूपसे नारदपर और इष्टदेवरूपमें शिवजीपर कैसा अटल विश्वास है—*'तौ हमार·······'* (वि० त्रि०) (ग)—पं०रामकुमारजी यह शंका उठाकर कि 'इस बार तो उन्हें भवानीके पास न ब्रह्माहीने भेजा, न शिवने, तब वे अपनेसे क्यों गये?' और उसका समाधान करते हैं कि 'पहले जब उमाकी परीक्षा लेने आये तो उमाजीके वचनसे निरुत्तर हो गये, कोई जवाब न बन पड़ा। अब मनमें आयी कि *'अब भा झूठ तुम्हार पन'* यह कहैं चलकर, देखें क्या जवाब देती हैं।

☞ इस प्रसङ्गमें दो बातें स्मरण रखनेकी हैं कि श्रीपार्वतीजीके लिये सर्वत्र बहुवचन क्रियाओंका प्रयोग हुआ है।—*'प्रथम गए जहँ रहीं भवानी', 'सुनि बोलीं मुसुकाइ भवानी'।* दूसरे जैसे मुनियोंने *'हमार' 'तुम्हार'* का प्रयोग किया वैसे ही उत्तरमें *'हमार, हमरें', 'तुम्हार, तुम्हरें'* का प्रयोग हुआ है।

नोट—२ *'चले भवानिहि नाइ सिर'* यह उपसंहार है। *'प्रथम गए जहँ रहीं भवानी॥'* (८९। ८) उसका उपक्रम है। विनोदार्थ आये थे, विनोद हो गया और निरुत्तर भी हो गये। अतः कुछ न बोले, प्रणाम करके चलते हुए। प्रथम बार भी चलते ही समय प्रणाम किया गया था। प्रथम बार परीक्षा लेने आये थे तब पार्वतीजीने उनसे चले जानेको कहा था; यथा—*'मैं पा परउँ कहै जगदंबा। तुम्ह गृह गवनहु भएउ बिलंबा॥'* (८१) तब वे गये थे। अबकी बार वह नौबत नहीं आयी; कारण कि अबकी विनोदमात्र था और वह भी मधुर वाणीमें।

नोट—३ *'गए हिमाचल पास'* इति। *'तुरतहि बिधि गिरि भवन पठाए।'* (८९। ७) पर प्रसङ्ग छोड़ा था, अब *'गए हिमाचल पास'* कहकर वहींसे प्रसङ्ग मिलाते हैं।

सबु प्रसंगु गिरि पतिहि सुनावा। मदन दहन सुनि अति दुखु पावा॥ १॥
बहुरि कहेउ रति कर बरदाना। सुनि हिमवंत बहुत सुखु माना॥ २॥
हृदय बिचारि संभु प्रभुताई। सादर मुनिवर लिये बोलाई॥ ३॥

अर्थ—(और उन्होंने) गिरिराजको सब प्रसंग (समाचार) सुनाया। कामदेवका भस्म होना सुनकर वह अत्यन्त दुःखी हुए॥ १॥ फिर उन्होंने रतिका वरदान (पाना) कहा, वरदान सुनकर वे बहुत सुखी हुए॥ २॥ हृदयमें शङ्करजीकी प्रभुता विचारकर हिमवान्‌ने आदरपूर्वक श्रेष्ठ-श्रेष्ठ मुनिवरोंको बुलवा लिया॥ ३॥

नोट—१ (क) *'सबु प्रसंगु'* अर्थात् तारकासुरसे पीड़ित देवताओंका ब्रह्माजीके पास जाना। उनकी सलाहसे शिवजीकी समाधि छुड़ानेके लिये उन सबोंका कामदेवको भेजना और कामदेवका ब्रह्माण्डको विजय करके शिवजीकी समाधि छुटाना, शिवजीका उसे भस्म कर देना। इतनी कथा कही। (ख) *'मदन दहन सुनि अति दुखु पावा'*—दुःख होनेका कारण यह हुआ कि कन्याको पतिका सुख ही न होगा, हमें नाती-पनातीका सुख न मिलेगा और इतना भारी तप शिवजीके लिये जो किया गया वह सब व्यर्थ ही हुआ। अब उनके साथ विवाह करना उचित होगा या नहीं, यह चिन्ता पड़ गयी। उधर तप उन्हींके लिये किया गया है, अतः यह टाले टल भी नहीं सकता। (ग) *'अति दुखु पावा'* से जनाया कि पूर्व

पतिके दोष सुनकर दुःख हुआ था और अब कामदेवका दहन सुना, तब *'अति दुख'* हुआ। (घ) *'……रति कर बरदाना। सुनि……बहुत सुखु माना'* इति। भाव कि जिसको हानिसे अति दुःख होता है, उसको लाभसे अति सुख हुआ ही चाहे। अतः वरदान सुनकर अति सुख हुआ। पुनः, जिस वस्तुकी हानिसे अति दुःख होता है जब वही वस्तु पुनः प्राप्त हो जाती है तब जो सुख होता है वह अकथनीय होता है, अतः *'अति सुखु माना'* कहा। बहुत दुःख हुआ अतः उसकी निवृत्तिके लिये रतिका वरदान कह सुनाया। इससे सिद्ध हुआ कि दम्पतिकी अब भी वही लौकिकी दृष्टि है।

(ङ) *'बिचारि प्रभुताई'* अर्थात् विचारा कि बड़े ही समर्थ हैं, कृपाल हैं—*'नाथ प्रभुन्ह कर सहज सुभाऊ। सासति करि पुनि करहिं पसाऊ'।* उजाड़ना और फिर बसा देना, मारना और जिलाना इत्यादि कामोंके करनेको आप ही समर्थ हैं। इस प्रभुताको विचारनेसे लौकिकी दृष्टिसे जो शङ्का हुई थी वह जाती रही। अतः ब्याहके लिये तैयार हो गये। (च) *'सादर मुनिवर लिये बोलाई'* इति। सप्तर्षि तो समीप हैं ही, अतः 'मुनिवरों' से उन ऋषियोंका ग्रहण है जो हिमालयपर बसे हुए थे। यथा—*'जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हे'* (६५, *'वेदसिरा मुनि आइ तब सबहिं कहा समुझाइ'* (७३) मुनिवरोंका बुलाना कहकर जनाया कि सप्तर्षियोंने रतिके वरदानके पश्चात् ब्रह्मादि देवताओंका शिवजीके पास जाना, विवाह अङ्गीकार कराना और तुरंत अपना यहाँ भेजा जाना भी कहा और यह भी कहा कि सब देवता अभी वहीं हैं, हमारी राह देख रहे होंगे। यह जानकर हिमवान्‌ने भी शीघ्रता की। उसी समय उन्होंने ज्योतिषी मुनीश्वरोंको बुलवाकर मुहूर्त निश्चय करायी।

सुदिन सुनखतु सुघरी सोचाई। बेगि बेद बिधि लगन धराई॥ ४॥
पत्री सप्तरिषिन्ह सोइ दीन्ही। गहि पद बिनय हिमाचल कीन्ही॥ ५॥

अर्थ—उनसे शुभ दिन, शुभ नक्षत्र और शुभ घड़ी शोधवाकर वेदविधानके अनुसार शीघ्र लग्न धरायी अर्थात् निश्चित कराके लिखा ली॥ ४॥ हिमाचलने वही लग्नपत्रिका सप्तर्षियोंको दे दी और चरण पकड़कर उनकी विनय की॥ ५॥

नोट—१ *'सुदिन सुनखतु सुघरी सोचाई……लगन……'* इति। (क) दिन, नक्षत्र और घड़ीमें *'सु'* उपसर्ग देनेसे पाया जाता है कि दिन, नक्षत्र, घड़ी बुरे भी होते हैं। त्रिपाठीजी कालिकापुराणका प्रमाण देते हुए लिखते हैं कि वैशाख सुदी पंचमी गुरुवार, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, मेष लग्न, भरणीके आदिमें सूर्य, यह लग्न मुनियोंने स्थिर की। यथा—**'माधवे मासि पञ्चम्यां सिते पक्षे गुरोर्दिने। चन्द्रे चोत्तरफाल्गुन्यां भरण्यादौ स्थिते रवौ।'**

नोट—२ *'बेगि बेद बिधि……'* इति। (क) *'बेगि'* का भाव कि कहीं शिवजी फिर समाधि न लगा बैठें। अथवा यह जानकर कि देवता दुःखी हैं, इसीसे ब्रह्माजीने सप्तर्षियोंको हमारे यहाँ भेजा है, वे प्रतीक्षा कर रहे होंगे। अतः शीघ्रता की कि इन्हींके साथ लग्न चली जाय। शुभ कार्यमें विलम्ब करना उचित नहीं—**'शुभस्य शीघ्रम्।'** *'बेद बिधि……'* इस कथनसे ज्ञात हुआ कि देवतालोग भी वेदका प्रमाण मानते हैं और वेदके अनुसार चलते हैं। (ख) *'पत्री……सोइ दीन्ही।……'* इति। यहाँ *'लगन धराई'* का अर्थ खोल दिया कि लग्न आदि शोधवाकर पत्रमें लिखवा लिया और वही पत्र उनको दे दिया। इस पत्रको लग्नपत्र वा पत्रिका कहते हैं। ☞ इसमें विवाह और उससे सम्बन्ध रखनेवाले दूसरे कृत्योंका भी लग्न स्थिर करके ब्योरेवार लिखा जाता है। (ग) *'गहि पद बिनय……'* इति। विनती की कि हमारे महत् भाग्य उदय हुए, हम तो किसी योग्य नहीं, उनको कुछ दे नहीं सकते इत्यादि। मेरी ओरसे यह बहुत-बहुत विनती ब्रह्माजी और महेशजीसे कर दीजियेगा।

जाइ बिधिहि तिन्ह दीन्हि* सो पाती। बाचत प्रीति न हृदय समाती॥ ६॥
लगन बाचि अज† सबहि सुनाई। हरषे मुनि‡ सब सुर समुदाई॥ ७॥
सुमनबृष्टि नभ बाजन बाजे। मंगल कलस दसहु दिसि साजे॥ ८॥

शब्दार्थ—पाती=पत्रिका, लग्नपत्र। समुदाई (समुदाय)=समाज, गिरोह।

अर्थ—उन्होंने जाकर वह पत्रिका ब्रह्माजीको दी। उसे पढ़ते हुए उनके हृदयमें प्रेम नहीं समाता (उमड़ा चला आता है)॥ ६॥ ब्रह्माजीने लग्न पढ़कर सबको सुनाया। सब मुनि और सब देव-समाज (सुनकर) हर्षित हुए॥ ७॥ आकाशसे फूलोंकी वर्षा होने लगी, बाजे बजने लगे। दसों दिशाओंमें मङ्गल कलश सजाये गये॥ ८॥

नोट—१ *'जाइ बिधिहि……'* इति। (क) पार्वतीमङ्गलसे जान पड़ता है कि एक रात सप्तर्षियोंको हिमाचलके यहाँ लग्नपत्रिकाके कारण ठहरना पड़ा था; यथा—*'रिषि सात प्रातहि चले प्रमुदित ललित लगन लिखाइ कै॥'* (५१) (ख) *'बिधिहि तिन्ह दीन्हि सो पाती'* इति। लग्नपत्रिका कन्याका पिता वरके पिताके पास भेजता है। यहाँ ब्रह्माजी समाजमें अगुआ हैं, प्रधान हैं, सबके पितामह हैं, इन्हींने शिवजीको विवाहके लिये राजी किया और इन्हींने सप्तर्षियोंको गिरिराजके पास भेजा था। यह भी रीति है कि जब पिता नहीं होता तो जो बड़े-बूढ़े होते हैं उनके हाथमें पत्रिका दी जाती है। शिवजी तो दूलह हैं; विवाहका कार्य बड़े-बूढ़ेके हाथमें रहता है। अतः इन्हींको लग्नपत्रिका दी गयी। पुनः, श्रीमद्भागवतमें ब्रह्माजीसे ही रुद्रकी उत्पत्ति कही गयी है। यथा— **'धिया निगृह्यमाणोऽपि भ्रुवोर्मध्यात्प्रजापतेः। सद्योऽजायत तन्मन्युः कुमारो नीललोहितः॥ (७) स वै रुरोद देवानां पूर्वजो भगवान्भवः॥'** (८) अर्थात् सनकादिने जब सृष्टि-रचना करनी स्वीकार न की तब ब्रह्माजीको क्रोध आ गया। बहुत रोकनेपर वह क्रोध भृकुटियोंद्वारा तुरंत एक नीललोहितवर्ण बालकके रूपमें प्रकट हो गया। वे देवताओंके पूर्वज भगवान् शङ्कर उत्पन्न होते ही रोने लगे इत्यादि। (भा० ३। १२) पद्मपुराण सृष्टिखण्डमें भी है कि क्रोध आनेपर ब्रह्माजीके ललाटसे मध्याह्नकालीन सूर्यके समान अर्धनारीश्वररूप रुद्र प्रकट हुए।—इन प्रमाणोंसे ब्रह्माजी शिवजीके पिता ही हैं। अतः ये समधी हैं; इसीसे इनको लग्नपत्रिका दी गयी। इनका और हिमाचलका समधौरा हुआ है। यथा—*'पहिलिहि पँवरि सुसामध भा सुखदायक। इत बिधि उत हिमवान सरिस सब लायक॥'* (७२ पार्वतीमङ्गल) (ग) *'बाचत प्रीति न हृदय समाती।'* इति। ☞श्रीरामविवाहकी पत्रिका जब श्रीदशरथजी महाराजके पास आयी तब उनका भी यह हाल हुआ था। विशेष भाव वहीं लिखे गये हैं।

* दोनोंका मिलान *

श्रीब्रह्माजी	श्रीदशरथजी (दोहा २९०)
जाइ बिधिहि तिन्ह दीन्हि सो पाती	*१ करि प्रनामु तिन्ह पाती दीन्ही।*
बाँचत प्रीति न हृदय समाती	*२ बारि बिलोचन बाचत पाती। पुलक गात आई भरि छाती॥*
लगन बाचि अज सबहि सुनाई	*३ पुनि धरि धीर पत्रिका बाँची*
हरषे मुनि सब सुर समुदाई	*४ हरषी सभा बात सुनि साँची*
सुमन बृष्टि नभ बाजन बाजे	*५ हरषि हने गह गहे निसाना*
मंगल कलस दसहु दिसि साजे	*६ 'भुवन चारिदस भयउ उछाहू॥'* *'मंगल रचना रची बनाई'॥* २९६॥

☞*'प्रीति न हृदय समाती'* की व्याख्या उपर्युक्त मिलानमें आये हुए उद्धरणोंसे हो जाती है। 'प्रेम

* दीन्ही सो—१७०४। † बिधि—१७२१, छ०। अस—१७६२। तेहि—१७०४। अज—१६६१, को० रा०। ‡ सुनि सब—१७०४। मुनिवर—को० रा०। मुनि सब—१६६१, १७२१, १७६२, छ०।

समाता नहीं' अर्थात् इतना बढ़ा है कि हृदयरूपी पात्रमें न अट सका, अश्रु और रोमाञ्चरूपसे बाहर निकल पड़ा। प्रेममें यह दशा हो जानेका कारण एक तो यह है कि देवताओंका दुःख अब अवश्य शीघ्र दूर होनेकी पूर्ण आशा हो गयी, पार्वतीजीको वर दिया वह पूरा होगा, बारातमें समधी बनकर जायँगे। दूसरे पत्रिकाकी रचना भी कारण है। (घ) दो बार बाँचनेके उल्लेखका भाव एक तो यह कि प्रेमके मारे पढ़ी न जा सकी, पढ़ते ही प्रेम-विभोर हो गये। इससे दुबारा पढ़ी; जैसे कि दशरथजी महाराजने। दूसरा कि प्रथम पढ़कर स्वयं समझ लिया तब सबको भी पढ़कर सुनाया। तीसरा भाव कि प्रथम लग्नपत्रका पढ़ना लिखा और दूसरी बार केवल लग्न सबको सुनायी। बाँचना एक ही बारका कहा, दूसरी बार बाँच चुकनेपर केवल लग्नको सुनाया। वा चौथा भाव कि प्रथम स्वयं पढ़कर आनन्द लिया, फिर प्रेमलपेटी पत्रिका सबको सुनाकर सबको भी आनन्द दिया। ☞ *'नभ बाजन बाजे' 'मंगल कलस दसहु दिसि साजे।'* कहनेसे पाया जाता है कि ब्रह्माजीने लग्न सुनाकर सबसे यह भी कहा कि सब-के-सब विवाहके मङ्गल-साज सजो और शीघ्र बारातकी तैयारी करो। इसीसे तुरंत मङ्गल सजाये और बधाइयाँ होने लगीं। यथा—*'बेगि बुलाइ बिरंचि बँचाइ लगन तब। कहेन्हि बियाहन चलहु बुलाइ अमर सब॥ बिधि पठए जहँ तहँ सब सिवगन धावन। सुनि हरषहिं सुर कहहिं निसान बजावन॥'* (पार्वतीमङ्गल ५६) (ङ) *'हरषे मुनि सब सुर......।'* हर्षका कारण स्पष्ट है कि अब तारकासुरका नाश शीघ्र होगा, हमारी विपत्ति दूर होगी एवं बाराती बनकर तुरत ही जायँगे, इत्यादि। हर्ष मनका है; इसीको सुमनवृष्टि करके कर्मद्वारा प्रकट कर रहे हैं। (च) *'मंगल कलस दसहु दिसि साजे'* इति। दसहु दिसि कहकर जनाया कि समस्त दिग्पाल मङ्गल मनाने लगे, सभी अपने-अपने यहाँ मङ्गलकलश सजा-सजाकर रख रहे हैं। *'मंगल कलश'* उन्हें कहते हैं जो विवाहके समय सजाये हुए चौक पूरकर द्वार-द्वारपर रखे जाते हैं। इनपर मङ्गलशकुनसूचक पक्षी आदि भी बनाये जाते हैं। श्रीरामविवाहमें भी इनका उल्लेख है और राज्याभिषेकपर भी। यथा—*'मंगल कलस अनेक बनाए॥* (२८९। २) *'छुहे पुरट घट सहज सुहाए। मदन सकुन जनु नीड़ बनाए॥'* (३४६। ६) (ये ही मङ्गलकलश हैं, विशेष वहीं देखिये), *'कंचन कलस बिचित्र सँवारे। सबहिं धरे सजि निज निज द्वारे॥'* (७। ९) सम्भवतः *'मंगल कलस'* का भाव न समझकर लोगोंने *'मंगल सकल'* पाठ कर दिया हो। *'मंगल कलस'* पाठमें दोनों भावोंका समावेश हो सकता है—*'मंगल'* और *'मंगलकलश।'* इस प्रकार प्रथम *'मंगल'* का अर्थ होगा—'शकुनसूचक द्रव्य।' यथा—*'मंगल मुदित सुमित्रा साजे॥ हरद दूब दधि पल्लव फूला। पान पूगफल मंगल मूला॥ अच्छत अंकुर रोचन लाजा। मंजुल मंजरि तुलसि बिराजा॥ छुहे पुरट घट सहज सुहाए। मदन सकुन जनु नीड़ बनाए॥ सगुन सुगंध न जाइ बखानी। मंगल सकल सजहिं सब रानी॥......'* इत्यादि। (१। ३४६) पुनः, यथा—*'बंदनवार पताका केतू। सबन्हि बनाए मंगल हेतू॥ बीथीं सकल सुगंध सिचाई। गजमनि रचि बहु चौक पुराई॥ नाना भाँति सुमंगल साजे। हरषि नगर निसान बहु बाजे॥'* (उ० ९) यह ही अनेक प्रकारके *'मङ्गल'* हैं।

पं० रामकुमारजी—'देवता सब प्रत्यक्ष यहीं बैठे हैं तब आकाशमें बाजा बजानेका क्या प्रयोजन? उसी जगह क्यों न बजाये?' इस सम्भावित शङ्काका उत्तर यह है कि (सुरतरुके पुष्पोंकी) वृष्टि नभसे ही बनती है, इसीसे सुमनवृष्टि वहींसे हुई और बाजे भी साथ-साथ वहींसे बजे। अथवा *'बाजन बाजे'* बहुवचन पद देकर जनाया कि गन्धर्वलोग आकाशसे अनेक बाजे बजा रहे हैं। यह काम उनका है।'

दोहा—लगे सँवारन सकल सुर बाहन बिबिध बिमान।
होंहिं सगुन मंगल सुभद* करहिं अपछरा गान॥ ९१॥

अर्थ—सब देवता अपने भाँति-भाँतिके वाहन और विमान सजाने लगे। शुभदायक (मङ्गलकारक) मङ्गल शकुन हो रहे हैं; अप्सराएँ गाना गा रही हैं॥ ९१॥

* सुभग—छ०। सुखद—१७०४, को० रा०। सुभद—१६६१, १७२१, १७६२।

नोट—१ *'लगे सँवारन……'* इति। (क) लग्न पढ़ी गयी और तुरंत देवता वाहनादि सजाने लगे। इससे निश्चय हुआ कि लग्न जल्दीकी ठहरी है। (ख) *'बाहन बिबिध बिमान'* इति। देवताओंके वाहन भिन्न-भिन्न हैं, जैसे कि भगवान् विष्णुका वाहन गरुड़, इन्द्रका ऐरावत, यमका भैंसा, कुबेरका पुष्पकविमान, वरुणका मगर, ब्रह्माजीका हंस एवं हंसाकार विमान, अग्निदेवका बकरा, पवनदेवका मृग, ईशानका वृषभ और नैर्ऋतका प्रेत वाहन है। इसी प्रकार सब लोकपाल, ग्रह आदि अपनी-अपनी सेनासहित थे। वाहन=सवारी। विमान=आकाशमें उड़नेवाला रथ। ये भी अनेक प्रकारके होते हैं। कुबेरका पुष्पकविमान प्रसिद्ध ही है। ☞'मानसर नामक' प्राचीन ग्रन्थके अनुसार विमान गोल, चौपहला और अठपहला होता है। गोलको 'बेसर', चौपहलेको 'नागर' और अठपहलेको 'प्रविड़' कहते हैं। (श० सा०) देवताओंके विमान भी दिव्य होते थे। उनमें घटने-बढ़ने, छोटे-बड़े हो जानेकी शक्ति होती थी। त्रिपुरासुरके तीनों विमानोंकी चर्चा पूर्व आ चुकी है। वे नगरके समान बड़े थे। पुष्पकविमानपर समस्त वानरयूथप आ गये थे। (ग) वाहनोंपर बहुमूल्य झूलें आदि डाली जाती हैं, उनको आभूषण पहनाये जाते हैं, तिलक आदि अनेक विचित्र रङ्गोंसे उनके मस्तक आदिपर चित्रकारी होती है, उनको मालाएँ पहनायी जाती हैं, इत्यादि। यही सब सँवारना है। ऐसा ही विमानोंके सम्बन्धमें जानिये। आज भी बारातों और मङ्गलोत्सवोंमें यह रीति देखनेमें आती है।

नोट—२ *'होंहिं सगुन मंगल सुभद……'* इति। (क) *'सुभद'* (शुभद)=शुभदायक। यह संस्कृत शब्द है। ☞सम्भवतः अर्थ न समझनेके कारण इसे लेखक प्रमाद समझकर 'सुभग' और 'सुखद' पाठ लोगोंने कर दिया हो। (ख) मङ्गल शकुनोंका वर्णन कवि श्रीरामजीके विवाहकी बारातके पयान-समय करेंगे, इसीसे उन्होंने यहाँ केवल *'मंगल सुभद'* विशेषण देकर छोड़ दिया। दोहा ३०३ में जो वर्णन है, वही सब यहाँ मङ्गल सुभदसे कह दिया है। यथा—*'होहिं सगुन सुंदर सुभदाता॥ चारा चाषु बाम दिसि लेई। मनहुँ सकल मंगल कहि देई॥ दाहिन काग सुखेत सुहावा। नकुल दरसु सब काहूँ पावा॥ सानुकूल बह त्रिबिध बयारी। सघट सबाल आव बर नारी॥ लोवा फिरि फिरि दरसु देखावा। सुरभी सनमुख सिसुहि पियावा॥ मृगमाला फिर दाहिनि आई। मंगल गन जनु दीन्ह देखाई॥ छेमकरी कह छेम बिसेषी। स्यामा बाम सुतरु पर देखी॥ सनमुख आयो दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ बिप्र प्रबीना॥ मंगलमय कल्यानमय अभिमत फल दातार। जनु सब साँचे होन हित भए सगुन एक बार॥* (३०३) *मंगल सगुन सुगम सब ताके……'*। ☞ इस उद्धरणका *'सुभदाता'* और *'कल्यानमय अभिमत फल दातार'* ही यहाँका 'सुभद' है और 'मंगलमय' यहाँका 'मङ्गल' है।

नोट—३ स्कन्द पु० मा० के० के मतानुसार शिवजीने विष्णु, ब्रह्मा आदिको नारदजीके द्वारा बारातके लिये बुलाया है और मानस-कल्पवाली कथाके अनुसार जान पड़ता है कि सप्तर्षियोंने ब्रह्माजीको लग्नपत्रिका दी। उसे पाकर ब्रह्माजीकी प्रेरणासे सब देवता बराती बनकर चले। स्कन्दपु० के शिवजी विवाहके लिये उतावले हो रहे थे। मानसकल्पके शिवजी ऐसे नहीं हैं। यहाँ तो ब्रह्मादि देवता ही उनके विवाहके लिये उत्सुक हैं। इसीसे तो लग्न सुनते ही सब सुर और मुनि हर्षित होकर बारातके लिये तैयार होने लगे। 'पार्वतीमङ्गल' में ब्रह्माजीका ही सबको निमन्त्रण भेजना कहा है। यथा—*'बेगि बुलाइ बिरंचि बँचाइ लगन तब। कहेन्हि बियाहन चलहु बुलाइ अमर सब॥ बिधि पठए जहँ तहँ सब सिवगन धावन। सुनि हरषहिं सुर कहहिं निसान बजावन॥* (५६) *रचहिं बिमान बनाइ सगुन पावहिं भले। निज निज साजु समाजु साजि सुरगन चले॥'*

शिवहि संभुगन करहिं सिंगारा। जटा मुकुट अहिमौरु सँवारा॥ १॥
कुंडल कंकन पहिरे ब्याला। तन बिभूति पट केहरि छाला॥ २॥
ससि ललाट सुंदर सिर गंगा। नयन तीनि उपबीत भुजंगा॥ ३॥
गरल कंठ उर नर सिर माला। अशिव बेष शिवधाम कृपाला॥ ४॥
कर त्रिशूल अरु डमरु बिराजा। चले बसहँ चढ़ि बाजहिं बाजा॥ ५॥

शब्दार्थ—'मौरु' (मौर)—एक प्रकारका शिरोभूषण जो ताड़पत्र या खुखड़ी आदिका बनाया जाता है और विवाहमें वरके सिरपर पहनाया जाता है। *'कुण्डल'*—यह कानोंमें पहननेका एक मण्डलाकार भूषण है, जो प्राय: सोने या चाँदीका होता है। यह अनेक प्रकारके आकारका बनाया जाता है; जैसे—मकराकृत, मीनाकृत, मोराकृत कुण्डल। *'कंकन'* (कङ्कण)—यह आभूषण हाथकी कलाईपर बाँधा जाता है और विवाहके पश्चात् बारात लौटनेपर कङ्कण छोड़नेकी रस्म होती है। शब्दसागरमें लिखा है कि विवाहमें देशाचार-अनुसार चोकर, सरसों, अजवायन आदिकी पीले कपड़ेमें नौ पोटलियाँ लाल-पीले तागेसे बाँधते हैं, एक तो लोहेके छल्लेके साथ दूलह वा दुलहिनके हाथमें बाँध दी जाती है। शेष आठ मूसल, चक्की, ओखली, पीढ़ा, हरीस, लोढ़ा, कलश आदिमें बाँधी जाती हैं। *'डमरु'*—एक बाजा जिसका आकार बीचमें पतला और दोनों सिरोंकी ओर बराबर चौड़ा होता जाता है। दोनों सिरोंपर चमड़ा मढ़ा होता है। इसके बीचमें दो तरफ बराबर बढ़ी हुई डोरी बँधी रहती है, जिसके दोनों छोरोंपर एक-एक कौड़ी या गोली बँधी होती है। बीचमें पकड़कर जब बाजा हिलाया जाता है तब दोनों कौड़ियाँ चमड़ेपर पड़ती हैं और शब्द होता है। यह बाजा शिवजीको बहुत प्रिय है। (श० सा०) संस्कृत-व्याकरणके चौदह मूल सूत्रोंकी रचना *'डमरू'* से ही हुई है। इस सम्बन्धमें एक मत यह है कि व्याकरणके पारदर्शी होनेके उद्देश्यसे पाणिनिने घोर तपस्या की। शिवजीने प्रकट होकर ताण्डव-नृत्य करते हुए चौदह बार डमरू बजाया। उसके १४ नादोंसे ही १४ सूत्रोंकी रचना हुई। इसीसे वे माहेश्वरसूत्र कहलाये। दूसरी कथा यह है कि सनकादिकी प्रार्थनापर शिवजीने १४ बार डमरू-ध्वनि की, जिससे ये १४ सूत्र हुए। (विशेष विनय-पीयूष-पद १० में देखिये) कहा जाता है कि इस जगत्‌को विनाश करनेवाले रात्रि-दिवसको ही शिवजी डमरूरूपसे धारण किये हुए हैं।

अर्थ—शिवजीके गण शिवजीका शृङ्गार कर रहे हैं। जटाओंका मुकुट बनाकर उसपर सर्पोंका मौर सजाया गया॥ १॥ सर्पोंके कुण्डल और सर्पोंके कङ्कण पहने हैं। शरीरपर भस्म (रमाये) और बाघाम्बरका वस्त्र (कटिमें बँधा है)॥ २॥ सुन्दर ललाट (माथे) पर सुन्दर चन्द्रमा और सुन्दर सिरपर सुन्दर गङ्गाजी (विराजमान हैं)। तीन नेत्र हैं। सर्पोंका ही जनेऊ है॥ ३॥ कण्ठमें हालाहल विष और वक्षःस्थल (छाती) पर मनुष्योंकी खोपड़ीकी माला है। ऐसा अमङ्गल वेष होनेपर भी वे कल्याणके धाम और कृपालु हैं॥ ४॥ हाथमें त्रिशूल और डमरू विशेष शोभा दे रहे हैं (शिवजी यह शृङ्गार हो जानेपर) बैल (नन्दीश्वर) पर चढ़कर चले। बाजे बज रहे हैं॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'सिवहिं संभुगन करहिं सिंगारा।'''''* इति। (क) उधर देवता बारातकी तैयारी करते हैं, उसी समय इधर गण वरको तैयार करते हैं। वरका शृङ्गार वर स्वयं नहीं करता, दूसरे ही करते हैं; इसीसे यहाँ शिवगणोंका शृङ्गार करना कहा। (पुन: उनका शृङ्गार उनके अनुकूल अन्य देवता कर भी नहीं सकते। शिवजीके नित्यके परिकर ही जान सकते हैं कि उनके स्वरूपके योग्य कैसा शृङ्गार करना चाहिये। अत: *'संभुगन'* का ही शिवजीको सजाना कहा।) [(ख) भगवान् शङ्करके किस अङ्गमें कौन सर्प आभूषणरूपसे रहते हैं? उत्तर—वे सर्पराज वासुकिको छातीमें चपकाये हुए यज्ञोपवीतकी भाँति धारण करते हैं। कम्बल और अश्वतर इन दोनों नागोंको दोनों कानोंका कुण्डल बना रखा है। कर्कोटक और कुल्किसे उत्तम कङ्कणका काम लेते हैं। शङ्ख और पद्म नामक नाग उनके भुजबन्द हैं। (स्कं० पु० मा० के०) ऐसा ही शृङ्गार शिवगणोंने शिवजीका किया।] (ग) *'तन बिभूति पट केहरि छाला'* इति। दूलहके अङ्गराग लगाया जाता है। उसकी जगह यहाँ *'बिभूति'* अर्थात् भस्म है। जामाकी जगह बाघाम्बर है। *'छाल'*=चर्म। सिंहचर्म पहने नहीं हैं, किंतु बाँधे हैं, जैसे कटिमें पटुका बाँधा जाता है। आगेके *'नगन जटिल भयंकरा'* जो लड़कोंने माँ-बापसे कहा है उससे शिवजीका नग्न होना, वस्त्र न पहिने होना स्पष्ट है। केहरिछाला पटुका है। (घ) *'ससि ललाट सुंदर सिर गंगा'* इति। वेषभरमें यही सुंदर हैं, चन्द्रमा और गङ्गाजी। इसीसे इन्हींके साथ *'सुंदर'* विशेषण दिया। मस्तकपर चन्द्रमा है, उसके

ऊपर गङ्गाजी, इसीसे प्रथम चन्द्रमाको कहा तब गङ्गाको। [(ङ) *'गरल कंठ…… । अशिव बेष शिवधाम'* इति। *'गरल'* अर्थात् देवता आदिको कालकूटकी विषम ज्वालासे जलते देख आपने उस गरलको कण्ठमें रख लिया था। जिसके कारण कण्ठ नीला पड़ गया है। उसीका यहाँ संकेत है। यह शिवजीके अत्यन्त कृपालु करुणामय स्वभावका सूचक है, इसीसे *'कृपाला'* कहा। *'उर नर सिर माला'* से स्पष्ट किया कि मृतक मनुष्योंकी खोपड़ियोंकी माला है। कहा जाता है कि श्रीसुरथ और श्रीसुधन्वाजी जो राजा नीलध्वज या हंसध्वजके लड़के थे। जिन्होंने युधिष्ठिरजीके राजसूय-यज्ञके घोड़ेको पकड़ा था और परम भागवत थे, उनके मारे जानेपर उनकी खोपड़ियोंको भी मालामें धारण किये रहते हैं। स्कंदपु० में लिखा है कि जब चन्द्रमा राहुसे डरकर शिवजीकी शरणमें गया और शङ्करजीने उसे मस्तकपर स्थान दिया तब राहुने आकर शङ्करजीकी स्तुति करके उनसे अपना भक्ष्य माँगा। शङ्करजीके कहनेपर कि मैं देवता और असुर सबका आश्रय हूँ, राहु भी उनको प्रणाम कर मस्तकपर जा बैठा। तब भयके मारे चन्द्रमाने अमृतका स्राव किया। उस अमृतके सम्पर्कसे राहुके अनेक सिर हो गये। देवकार्यसिद्धिके लिये शङ्करजीने उन सब मुण्डोंकी माला बना ली। (माहेश्वर केदारखण्ड) साथ ही यह भी कहा जाता है कि जब-जब सतीजी शरीरका त्याग करती हैं तब-तब उनके मुण्डको वे धारण करते हैं, उन्हीं मुण्डोंकी यह माला है। पर यहाँ *'उर नर सिर माला'* से इसका निराकरण होता है। (च) *'असिव बेष'*—मुण्डमाला, श्मशानकी विभूति, सर्प लपेटे, बाघाम्बर इत्यादि वेष 'अमङ्गल' है; परंतु आप शिवधाम (कल्याणके घर) और कृपालु हैं। अतः दूसरोंको भी कल्याण देते हैं। यथा—*'भेष तो भिखारि को भयङ्कररूप शङ्कर दयाल दीनबन्धु दानि दारिद-दहनु है।'* (क० उ० १६०)*'साज अमंगल मंगल रासी॥'* (२६। १) देखिये। ☞'कुमारसम्भव' सर्ग ५ श्लोक ७५—८२ में ब्रह्मचारी (शिव) से शिवजीके अमङ्गल-वेषकी निन्दा सुनकर श्रीपार्वतीजीने कहा है कि 'अज्ञानीलोग महात्माओंको यथार्थ नहीं जान सकते, इसीसे उनकी निन्दा करते हैं। शिवजी तो दरिद्र होनेपर भी सम्पत्तियोंके कारण हैं, श्मशानके आश्रय होते हुए भी त्रैलोक्यनाथ हैं, भयङ्कर रूप होते हुए भी वे शिव कल्याणसौम्यरूप हैं—**'स भीमरूपः शिव इत्युदीर्यते।'** चिताभस्म भी उनके देहस्पर्श-संसर्गसे पवित्र करनेको समर्थ हो जाती है। देवता उसे शिरोधार्य करते हैं। ऐरावतपर चढ़नेवाला इन्द्र बैलपर सवार शिवके चरणोंको प्रणाम करता है।' इत्यादि।] यहाँ विरोधाभास अलंकार है।

टिप्पणी—२ *'कर त्रिसूल अरु डमरु बिराजा।……'* इति। त्रिशूलसे भक्तजनोंके तीनों शूलोंका नाश करते हैं। बसहपर सवार हैं। वृषभ धर्मका स्वरूप है। बसहपर सवार हैं अर्थात् धर्मपर आरूढ़ हैं, यथा—*'जौं नहि करउँ दंड खल तोरा। होइ भ्रष्ट श्रुति मारग मोरा॥'*, **'मूलं धर्मतरोर्विवेकजलधेः'**। *'कर डमरु बिराजा'* कहकर 'चले' और *'बाजहिं बाजा'* कहनेका भाव कि शिवजी भी डमरू बजाते जा रहे हैं और भी बाजे बज रहे हैं। *'बाजा'* के साथ *'बाजहिं'* क्रिया दी और डमरूके लिये *'बिराजा'* ऐसा करके जनाया कि डमरू इन सब बाजोंसे विशेष है; कारण कि डमरू व्याकरण-शास्त्रका मूल है और उसके बजानेवाले श्रीशङ्करजी हैं। ऊपर कहा था कि *'सुमन बृष्टि नभ बाजन बाजे'* और यहाँ कहते हैं कि *'चले बसह चढ़ि बाजहिं बाजा'*, इस तरह जनाया कि ऊपर और नीचे दोनों ओर बाजे बज रहे हैं। [यदि *'बाजहिं'* को एकवचन मानें तो डमरू बजाते हैं, यह अर्थ कर सकते हैं।]

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—चित्रका अनमिल बेजोड़पन *'ससि ललाट सुंदर सिर गंगा'* के साथ-साथ विचारणीय है। *'अहि मौर सँवारा'* में *'सँवारा'* शब्द हास्यकलाकी जान है। मैं तो जब इस प्रसंगको पढ़ता हूँ तो मुँहसे अनायास ही निकल जाता है कि *'बलिहारी भँग घुटना बाबाकी, क्या शकल बनायी है।'* परंतु कवि बड़े सुन्दर संकेतसे याद दिला देता है कि यह नक्काली नहीं है। इसमें शिव-व्यक्तित्वका रहस्य भी है—*'असिव बेष सिवधाम कृपाला'*। तुलसीदासजीकी कलाकी यह विशेषता है कि संकेत ऐसे होते कि रसभंग न हो।

दूलहके साजका शिव दूलहके साजसे मिलान

सिरपर पगड़ी। उसपर रंग-विरंगके मणियोंसे जटित मौर,	१ जटामुकुट। उसपर रंग-विरंगके मणियुक्त सर्पोंका मौर
कानोंमें कुण्डल, हाथमें कङ्कण	२ सर्पका सिर और पूँछ मिलाकर कुण्डल बना। कङ्कणाकार करके कलाईमें लपेट दिया।
उबटन, अतर	३ विभूति, चिताकी भस्म
जामा नीमा पटुका	४ बाघाम्बर
दही अक्षतका तिलक	५ बालचन्द्र
शुद्धताके लिये स्नान	६ गङ्गाजी सदा विराजमान
माथेपर डिठौना जिसमें नजर न लगे	७ भालपर अग्निनेत्र—'निठुर निहारिये डीठी भालकी।'
ब्याहके पूर्व तीन सूतका जनेऊ	८ तीन सर्पोंसे त्रिसूत्र जनेऊ बना
दुलहके पास खड्ग वा लोहेका अस्त्र रक्षाहेतु रहता है	९ त्रिशूल और डमरू
मोतीमणि आदिकी माला	१० नर-मुण्डमाल

नोट—१ सर्पोंके आभूषण, विभूति, व्याघ्रचर्म आदिके धारण करनेके कुछ आध्यात्मिक भाव—(क) कालभगवान्‌के अधीन है, इस भावको दरसानेके लिये आप महाविषधर सर्पको धारण किये हैं। पुनः, जिस समय जीव अपनी सत्ताको शिवभावमें लीन कर देता है उस समय जीवसे द्वन्द्वात्मक कर्मोंसे युक्त प्रकृतिके नाना प्रकारके धर्म अपने-आप ही निवृत्त हो जाते हैं। इस बातको प्रकट करनेके लिये शङ्करजी सर्पोंको अपना अलंकार बनाये हैं। (ख) स्थूलका अन्तिम परिणाम भस्म है। इस स्थूल ब्रह्माण्डको भस्मरूपमें ले आनेवाले शङ्कर हैं। इस भावको सूचित करनेके लिये उनके शरीरमें भस्म लगी रहती है। यह त्याग-वैराग्य-उदासीनता-निर्लिप्ततादिको भी प्रकट करता है। (ग) अति शौर्यशाली तथा बली जीवोंपर शासन करनेमें समर्थ हैं। व्याघ्रचर्म धारण करना इस भावका सूचक है। पुनः प्रथमरूपमें ब्रह्माण्डके साथ कालका सम्बन्ध है। ब्रह्माण्डकी आयुके अनुसार महाकाल रुद्र भी परिच्छिन्न हैं। इसलिये रुद्रको व्याघ्राम्बरधारी कहा है। मस्तकमें चन्द्रमाका संकेत प्रणवकी अर्धमात्रासे है और इसी निमित्त उनके मस्तकको अर्धचन्द्र भूषित करता है। (श्रीभवानीशङ्करजी) बालशशि धारण कर जनाते हैं कि टेढ़े, कुटिल, दीन-क्षीणको भी शरण देते तथा जगद्वन्द्य करते हैं—'**यमाश्रितो हि वक्रोऽपि चन्द्रः सर्वत्र वन्द्यते।**' (ङ) आध्यात्मिक गङ्गा एक बड़ा तेजपुञ्ज है, जो महाविष्णुके चरणसे निकलकर ब्रह्माण्डनायक श्रीमहादेवजीके मस्तकपर गिरता है और वहाँसे संसारके कल्याणके निमित्त फैलता है। इस तेजको केवल 'महादेव' धारण कर सकते हैं। श्रीशिवजीकी कृपासे इस आध्यात्मिक गङ्गाका लाभ अभ्यन्तरमें अन्तरस्थ काशीक्षेत्रमें होता है। (श्रीभवानीशङ्कर पुनः शिवजीको 'पृथ्वीका अभिमानी देव' कहा गया है। पृथ्वीका सबसे उच्च प्रदेश हिमालय ही उनका सिर है। हिमालयसे जगत्पावनी पुण्यसलिला श्रीगङ्गाजीका आविर्भाव होता है। इस भावको प्रकट करनेके लिये शङ्करजी गङ्गाजीको अपने मस्तकपर धारण करते हैं। (च) दोनों नेत्र पृथ्वी और आकाशके सूचक हैं। तृतीय नेत्र बुद्धिके अधिदैव सूर्य ज्ञानाग्निका सूचक है। इसी ज्ञानाग्निरूप तीसरे नेत्रके खुलनेसे काम भस्म हो गया था। (छ) *'गरल कंठ'* इति। संसारके अनिष्टसे अनिष्टकारी पदार्थोंको भी अनुकूल बनानेमें आप समर्थ हैं। इस भावको प्रकट करनेके लिये आप विषपान किया करते हैं। (श्रीगंगेश्वरानन्दजी) (ज) *'नर सिर माला'* इति। विनयमें भी *'नृकपालमालधारी'* (पद १२) कहा है। कारण-शरीर विशिष्ट चेतनकी समष्टि ही रुद्र है। कारणविशिष्ट चेतन जो शरीरद्वयके नष्ट होनेपर

अवशिष्ट रह जाता है, उन्हीं सब प्रलयकालीन जीवोंकी स्थितिके सूचक भगवान् शङ्करके गलेमें मुण्डमाल पड़ी हुई है। (श्रीगंगेश्वरानन्दजी) (झ) **'त्रिशूल'** का भाव है त्रितापका नाश करना अर्थात् त्रितापसे मुक्ति पाकर जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओंसे भी परे तुरीयामें पहुँचना। ऐसा साधक ही यथार्थ त्रिशूलधारी है। (श्रीभवानीशङ्करजी) ***'डमरू'*** का भाव शब्दार्थमें दिया गया है। (ञ) **'बसह'** इति। सत्त्वगुणका पूर्ण विकास होनेपर ही धर्मका विकास होता है। पशुजातिमें सबसे अधिक सत्त्वगुणका विकास गोजातिमें है। इसलिये धर्मका सूचक बैल ही श्रीशिवजीका वाहन है। श्रीवासुदेवशरणजी लिखते हैं कि कामकी एक संज्ञा 'वृष' है। शिवजी मदनका दहन कर चुके हैं। उन्होंने कामको परास्त कर लिया है। वे अरूपहार्य योगीश्वर हैं। अतएव 'वृष' उनका वाहन बन गया है—विशेष देखना हो तो 'विनय-पीयूष' में पद १०, ११, १२ में एवं अन्य शिवस्तुतियोंमें देखिये।

वि० त्रि०—शिवजी तमोगुणके अधिष्ठाता होनेपर भी त्रिगुणातीत हैं, इसीलिये अशुभ वेष शिवधाम हैं। भस्म, गङ्गाजी, तृतीय नयन, सर्प और डमरूके व्याजसे पाँचों तत्त्वोंको धारण किये हुए हैं। चन्द्र और गरलके व्याजसे सञ्जीवनी और मारण-शक्ति (जो सब शक्तियोंकी सार हैं) धारण किये हुए हैं! **'अशिव बेष शिवधाम'** यह अलौकिकता है। लोकमें ठीक इसके विपरीत है। सौम्यको ***'सौम्य बेष'*** और करालको 'कराल बेष' प्रिय लगता है।

प० प० प्र०—(क) ***'जटा मुकुट अहि मौरु सँवारा'***—जटा मुकुट तो मङ्गलरूप है किंतु उसपरका ***'अहिमौर'*** अमङ्गल है। तथापि अहिमौर बताता है कि कोई कितना ही बड़ा तपस्वी क्यों न हो जबतक वासनारूपी सर्पका फण उसके ऊपर रहता है तबतक भव-भयसे छुटकारा न मिलेगा। वह सर्प डसेगा। (ख) ***'ससि ललाट'*** शशिके धारणका भाव कि तुम भले ही वक्र और कलङ्कित आदि क्यों न हो, यदि सद्‌गुरुरूपी शिवजीका आश्रय ले लोगे तो अवश्य जगद्वन्द्य हो जाओगे। (ग) ***'सुंदर सिर गंगा'*** द्वारा सूचित करते हैं कि वासनारूपी नागिनके भय और उसके दुःखद विषयरूपी विषसे मुक्त होनेके लिये ज्ञान-गङ्गाको सिरपर धारण करना चाहिये। भगवच्चरणामृतको सिरपर चढ़ाइये। ज्ञान-गङ्गा सद्‌गुरु शिवजीकी कृपासे ही प्राप्त होगी—**'ज्ञानं महेश्वरादिच्छेत्'**। ***'बिन गुरु होइ कि ज्ञान ज्ञान कि होइ बिराग बिनु।'*** अतः प्रथम अहिमौर तब वैराग्यकी आवश्यकता बतायी। शङ्करजी 'वैराग्याम्बुजभास्कर' हैं ही। (घ) ***'कुण्डल ब्याला'***—मन ही भयङ्कर व्याल है। कानोंमें जो नाद सुन पड़ता है, उसमें मनको लगानेसे वह मनरूपी व्याल वशमें आता है—(योगतारावली देखिये) इस अभ्यासको नादानुसंधान कहा है। मनको वश करनेके लाखों साधनोंमें यह सर्वश्रेष्ठ है। यहाँ योगाभ्यासकी आवश्यकता सूचित की। (ङ) ***'कंकन ब्याला'***—विषय दुर्धर व्याल हैं, इनसे जीव घिरा हुआ है जिससे उसका भगवान्‌से वियोग हुआ। नादानुसंधानरूपी योगसाधनद्वारा विषय-व्यालबन्धन तो छूटेगा ही, पर वे जीवके वशमें इसके हाथमें कङ्कणके समान भूषणास्पद बनके रहेंगे। (च)***'पट केहरि छाला'*** योगाभ्यास बाघाम्बरपर करना शीघ्र सिद्धिप्रद होता है। व्याघ्र क्रूर पशु है पर उसका चर्म पवित्र है। व्याघ्रचर्म कटिमें लपेटनेसे सूचित किया कि दोषोंको त्यागकर गुणोंका ग्रहण करना चाहिये। (छ) ***'तन बिभूति'*** से जनाया कि अष्टसिद्धि आदि विभूति योगाभ्याससे प्राप्त होगी, पर जो साधक इस ऐश्वर्यको चिताभस्मके समान अमङ्गल समझकर त्याग करेगा उसके शरीरपर लगा हुआ भस्म भी परममङ्गलकारक होगा। यह याद रखे कि सब दृश्य एवं ऐश्वर्य एक दिन भस्म होगा ही। (ज) ***'नयन तीनि'*** शिवजी त्रिनयन हैं। कृशानु, भानु और हिमकररूप हैं। मध्य नयन कृशानु है। नयन=नेता=ले आनेवाला (अमरव्याख्या सु०) सुख समाधानतक ले जानेवाले तीन नयन श्रीरामनाममें हैं, यथा—***'बंदौं नाम राम रघुबर को। हेतु कृसानु भानु हिमकर को॥'*** (१९। १) श्रीरामनामरूपी नयनका अभाव हो और तीन या उससे भी अधिक आँखें हों तो भी भक्ति-विवेक-विरागका दर्शन होना असम्भव है। जिसके पास रामनाम-नेत्र होगा वह कृतकृत्य होगा। (झ) ***'उपबीत भुजंगा'*** इति। भुजंग=कुटिल गति। भाव यह है कि रामनामके प्रभावसे कुटिल गतिवाले काम-क्रोधादि महाभयङ्कर भुजङ्ग वशमें आ जायँगे। (ञ) ***'गरल कंठ'***—रामनामके प्रभावसे कालकूट भूषण हो गया, वे नीलकण्ठ

बन गये, अमर हो गये। रामनामका प्रभाव दिखाया कि उससे जन्म-मरणका भय दूर हो जाता है। संसारमें फिर आना नहीं पड़ता। (ट) *'उर नर सिरमाला'*—इससे जनाया कि ऐसे रामनामनिरत रामभक्त भगवान् शिवजीको इतने प्रिय होते हैं कि वे उनके मुण्डोंकी माला अपने गलेमें धारण करते हैं। (ठ) *'कर त्रिशूल'*—भाव कि शिवजी और रामनाम रामनामप्रेमी भक्तोंके त्रिशूल त्रिविध तापोंका नाश करते हैं। (ड) *'कर डमरु बिराजा'* इति। डमरू एक प्रकारका वाद्य है। इसके वादनसे डम्-डम् ऐसी ध्वनि निकलती है। **डम् इति ध्वनिं इयति इति डमरू** (अमरव्या० सु०) शिवजीकी डमरूध्वनिकी यह महिमा है कि उसको सुनते ही सब प्रतिकूलता भाग जाती है। 'ड'—कार शङ्कर है। उनके 'कर' में शं (कल्याण) विराजता है। (ढ) *'चले बसह चढ़ि'* इति। शिवजी वृषारूढ़ होकर ब्याहके लिये चल पड़े। बृष=धर्म। योग, ज्ञान और भक्तिकी प्राप्तिका मूल आधार धर्म है। वेदपुराणोक्त धर्मपर आरूढ़ होकर चलनेसे ही यह सब साधन अनायास सिद्ध होगा, अन्यथा असम्भव है। यथा—*'धर्म ते बिरति जोग ते ज्ञाना। ज्ञान मोक्षप्रद बेद बखाना', 'बिमल ज्ञान जल जब सो नहाई। तब रह राम भगति उर छाई॥'*

उपसंहार। *'जटा मुकुट'* से प्रारम्भ किया, मानो साधन-मन्दिरके कलशसे प्रारम्भ हुआ और साधन-मन्दिरकी धर्मरूपी नींवतक बखाना है। शिवजीके वेषमें जो कुछ अमङ्गलता देखनेमें आती है, वह इस प्रकार परम मङ्गलताका बोध करानेके लिये है। १४ प्रकारोंसे भूषित शिवजी अमङ्गल वेषवाले होनेपर भी १४ भुवनोंमें वन्द्य और पूज्य हैं और '**श्रीरामभूपप्रियम्**' हैं। वैसे ही इस साधन-परम्पराका आश्रय लेनेवाला जीव चौदहों भुवनोंमें पूज्य-वन्द्य ही बनेगा, यह भी ध्वनित किया है।

देखि शिवहि सुरतिय मुसुकाहीं। बर लायक दुलहिनि जग नाहीं॥ ६॥
बिष्नु बिरंचि आदि सुरब्राता। चढ़ि चढ़ि बाहन चले बराता॥ ७॥
सुर समाज सब भाँति अनूपा। नहिं बरात दूलह अनुरूपा॥ ८॥

शब्दार्थ—ब्राता=(ब्रात)=समूह, समुदाय। यथा—'**समूहो निवहव्यूहसंदोहविसरव्रजाः। स्तोमौघनिकरव्रात-वारसंघातसञ्चयाः॥ ३९॥ समुदायः समुदयः।**' (अमरकोश २।६)

अर्थ—श्रीशिवजीको देखकर देवताओंकी स्त्रियाँ (देवाङ्गनाएँ) मुस्कुरा रही हैं कि (अहा! इस) वरके योग्य (तो) दुलहिनि संसारभरमें नहीं मिलेगी॥ ६॥ श्रीविष्णुभगवान् और ब्रह्माजी आदि देवताओंके समाज (अपनी-अपनी) सवारियोंपर चढ़-चढ़कर बारातमें चले॥ ७॥ देवसमाज सब प्रकार उपमारहित (अर्थात् परम सुन्दर) था। (हाँ! पर) बारात दूलहके योग्य न थी॥ ८॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—देववधुओंका मजाक देखिये। *'मुसुकाहीं' 'बर लायक दुलहिनि जग नाहीं'* और *'नहिं बरात दूलह अनुरूपा'* की चुटकियाँ गजबकी हैं। अनमिल बेजोड़पन बिलकुल साफ कर दिया है।

नोट—१ देववधूटियोंके दबी जबान मुस्कुरानेमें व्यंग्य यह है कि पार्वतीजी तो परम सुन्दर हैं पर दूलह ऐसा परम भयावन है, भला वह उनके योग्य कब हो सकता है? दूलहके स्वरूपके योग्य तो वैसे वेषवाली स्त्री हो सकती है, सो कहीं मिलनेकी नहीं। कहाँ तो अमङ्गल-वेष एवं भयंकर दूलह और कहाँ परम सुन्दर रूपवती दुलहिनि! दो अनमिल वस्तुओंका एक ठौर वर्णन होनेसे यहाँ प्रथम विषम अलंकार है।

नोट—२ पं० रामकुमारजी लिखते हैं कि यहाँ सुरत्रियोंका मुस्कराना लिखा, पर उनका कहना नहीं लिखा। (अर्थात् मन-ही-मन यह समझकर कि *'बर लायक दुलहिनि जग नाहीं'* मुस्कुरा रही हैं।) *'मुसुकाहीं'* का कारण दूसरे चरणमें देते हैं। बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि *'बर लायक दुलहिनि जग नाहीं'* में भाव यह है कि इनके योग्य केवल चिद्रूपा श्रीपार्वतीजी ही हैं, जो अप्राकृत हैं, इस जगकी नहीं हैं।

नोट—३ *'बिष्नु बिरंचि आदि सुरब्राता।'......* 'इति। (क) कविका सँभाल यहाँ दर्शनीय है। यदि 'बिरंचि

आदि' अथवा 'विष्णु आदि' कहते तो विष्णु या ब्रह्माकी न्यूनता पायी जाती। अर्थात् दूसरेकी सामान्यता पायी जाती, दूसरा छोटा समझा जाता। इस दोषको बचानेके लिये *'बिष्नु बिरंचि'* दोनोंको कहकर तब 'आदि' शब्द दिया। नहीं तो इनमेंसे एक जो 'आदि' शब्दके पश्चात् लिखा जाता वह अन्य देवताओंके समान समझा जाता। (पं० रा० कु०) (ख) *'सुरब्राता'* कहा क्योंकि देवताओंकी बहुत जातियाँ, यक्ष, किन्नर, गन्धर्व आदि हैं, सबके अपने-अपने अलग-अलग यूथ हैं। वही यहाँ *'सुरब्राता'* से जनाया। (ग) *'चढ़ि चढ़ि बाहन'*—विष्णु गरुड़पर, ब्रह्मा हंसपर, इन्द्र ऐरावतपर इत्यादि। 'विशेष दो० ९१ नोट—१ में देखिये।' बहुत-से विमानोंपर हैं और सब सपरिवार हैं। इसीसे सुरत्रियोंकी भी चर्चा की गयी। (घ) *'सब भाँति अनूपा'* अर्थात् रूप, भूषण, वसन, वाहन इत्यादि सब प्रकारसे परम सुन्दर हैं, कोई उपमा नहीं दी जा सकती। (ङ) *'नहिं बरात दूलह अनुरूपा'* अर्थात् जैसा दूलह है, जैसा उसका समाज है, वैसी ही बारात होनी चाहिये। बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि इसमें भाव यह है कि 'बारात अनुपम है, परंतु सर्पादि भूषणोंके योगसे दूलह ऐसी बारातके योग्य नहीं।'

☞यहाँतक बारातियोंके समाजका वर्णन हुआ। बारातमें कौन आगे, कौन पीछे, यह बात भी कविने अपने क्रमशः वर्णनसे जना दी है। आगे पार्षदोंसहित विष्णुभगवान् हैं, उनके पीछे ब्रह्माजी और उनके पीछे देवसमाज है।

दोहा—बिष्नु* कहा अस बिहसि तब बोलि सकल दिसिराज।
बिलग बिलग होइ चलहु सब निज निज सहित समाज॥ ९२॥

अर्थ—तब विष्णुभगवान्‌ने सब दिक्पालोंको बुलाकर हँसकर ऐसा कहा—(भाई!) सब लोग अपने-अपने समाजसमेत अलग-अलग होकर चलो॥ ९२॥

नोट—१ *'बिष्नु कहा अस बिहसि तब बोलि सकल दिसिराज।......'* इति। (क) हँसकर हास्य किया, यहाँ हँसकर कहना एक तो व्यंग्य है; यथा— *'हरि के ब्यंग बचन नहिं जाहीं।'* व्यङ्ग्योक्तिद्वारा यहाँ हास्यरस वर्णन किया गया। दूसरे, यह हँसना दयालुता सूचित करता है। शिवगणोंने दूलहका शृङ्गार किया और उनके हृदयमें दूलहके साथ-साथ चलनेकी रही, पर देवताओंके बीचमें उनका गुजर कैसे हो? भगवान्‌ने सोचा कि सबका समाज अलग-अलग हो जाय तो शिवगणोंकी भी लालसा पूरी हो जायगी। इस कारण हँसकर व्यंग्य वचन कहे। तीसरा कारण हँसकर कहनेका यह है कि जबतक इस तरह न कहेंगे, शिवजी अपनी सेनाके साथ न रहेंगे और जबतक शिवगण शिवजीके साथ न होंगे तबतक वह बारात शिवजीकी बारात न जान पड़ेगी। (ख) *'बोलि सकल दिसिराज'* इति। दसों दिक्पालोंसे कहा, शिवजीसे न कहा कि आप हमसे अलग हो जाइये, यह इसलिये कि उन्होंने सुन्दर रूप धारण नहीं किया, अतः वे अपनी अनुपम बारात अपने साथ बुलाकर कर लें, देवताओंके साथ यह रूप नहीं सोहता। (पं० रा० कु०) (ग) 'सकल दिसिराज।' दिक्पाल दस हैं जो दसों दिशाओंका पालन करते हैं—पूर्वके इन्द्र, अग्निकोणके अग्नि (वह्नि), दक्षिणके यम, नैर्ऋत्यकोणके नैर्ऋत (सूर्य), पश्चिमके वरुण, वायव्यके पवन, उत्तरके कुबेर, ईशानके ईश (वा चन्द्र), ऊर्ध्वके ब्रह्मा और अधो दिशाके अनन्त नाग।

☞दस दिशाओंपर विशेष २८। १ भाग १ में देखिये। (घ) दस दिक्पालोंके अधिकारमें ही सब देवता हैं, अतः इन्हींको बुलाकर कहा। (ङ) *'बिलग......'* इति। 'अपना-अपना समाज अलग-अलग लेकर चलो' कथनका भाव कि जिसमें स्पष्ट प्रतीत हो कि यह अमुक दिक्पालका समाज है, अपनी-अपनी तैयारी और त्रुटिका अपनेको ही जिम्मेदार रहना चाहिये। एककी त्रुटिके सब जिम्मेदार न समझे जायँ। सबकी अलग-अलग शोभा दिखायी पड़े। शिवजी स्वयं ईशानकोणके दिक्पाल हैं, इनकी शोभा अलग रहे। (वि० त्रि०)

* पाठान्तर—'बिष्नु कहा तब बिहँसि करि'

बर अनुहारि बरात न भाई। हँसी करैहहु* पर पुर जाई॥ १॥
बिष्नु बचन सुनि सुर मुसुकानें। निज निज सेन सहित बिलगानें॥ २॥
मन ही मन महेसु मुसुकाहीं। हरि के बिंग्य बचन नहिं जाहीं॥ ३॥

शब्दार्थ—बिलगाना=अलग-अलग हो जाना। बिंग्य (व्यंग्य)—शब्दकी तीन प्रकारकी शक्तियों या वृत्तियोंमेंसे वह शक्ति या वृत्ति जिससे शब्द या शब्दसमूहके वाच्यार्थ अथवा लक्ष्यार्थसे भिन्न किसी और ही अर्थका बोध होता है। साधारण अर्थको छोड़कर कोई विशेष अर्थ प्रकट होता है 'व्यंजना शक्ति' कहलाती है। व्यञ्जनाशक्तिसे प्रकट होनेवाले विशिष्ट गुप्त अर्थको 'व्यंग्य' कहते हैं। इस तरह, व्यंग्य=वह लगती हुई बात जिसका कुछ गुप्त अर्थ हो।

अर्थ—भाई! दूलहके योग्य बारात नहीं है। पराये (दूसरेके) नगरमें जाकर हँसी कराओगे?॥ १॥ विष्णुभगवान्‌के वचन सुनकर देवता मुस्कुराये और अपनी-अपनी सेनाके सहित अलग-अलग हो गये॥ २॥ महादेवजी मन-ही-मन मुस्कुरा रहे हैं कि भगवान्‌के व्यंग्य वचन नहीं छूटते। (वा, व्यर्थ न जाने पावें)॥ ३॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—भगवान् विष्णुकी चुटकी भी मजेकी है। *'सुर मुसुकाने'* में परिहासभाव और *'मन ही मन महेसु मुसुकाहीं'* में उपहास भाव कूट-कूटकर भरा है। शिवजीका उदार उपहासभाव देखिये कि मजाककी पूर्ति स्वयं करा लेते हैं जैसा आगे प्रकट होगा।

टिप्पणी—१ *'बर अनुहारि बरात न भाई।……'* इति। (क) अनुहारि (अनुहारका स्त्रीलिङ्ग)=योग्य, अनुरूप, लायक। ऊपर कहा था कि *'सुर समाज सब भाँति अनूपा। नहिं बरात दूलह अनुरूपा।'* अर्थात् बारात सब भाँति सुन्दर है और वर सब भाँति असुन्दर वा कुरूप है। इसी बातको विष्णुभगवान् भी व्यंग्यसे कह रहे हैं कि *'बर अनुहारि'* बरात नहीं है अर्थात् वर तो सुन्दर है पर बारात असुन्दर है—यह व्यंग्य सुनकर देवता भी हँसे और शिवजी भी हँसे [पंजाबीजी भी ऐसा ही लिखते हैं—'काव्यमें चमत्कारको व्यंग्य कहते हैं। यहाँ इन वचनोंमें यह चमत्कार है कि कहना तो था कि बारातके अनुसार वर नहीं है और कहा यह कि वरके अनुसार बारात नहीं। पुनः कहा कि तुम्हारी हँसी होगी ,और (उस कथनमें) तात्पर्य यह है कि वरकी हँसी होगी।' यहाँ व्यंग्यसे जनाया कि बारात तो अनुपम है, पर वर कुरूप है।] *'भाई'* प्यार और प्रेमका सम्बोधन है। विशेष ८। १३, १३। १०, ३९। ८, भाग १ देखिये। [(ख) *'सुर मुसुकानें'* कथनसे पाया गया कि देवताओंने यह व्यंग्य समझ लिया और उसे पसंद किया। व्यंग्य दो प्रकारका होता है। एक तो विनोदका जो दिल्लगी करनेवालेका, समाजको तथा जिसके सम्बन्धसे दिल्लगी की जाय उसको भी प्रिय लगता है। यथा—*'गारी मधुर स्वर देहिं सुंदरि बिंग्य बचन सुनावहीं। ……सुनि सचु पावहीं॥'* (१। ९९) दूसरा व्यंग्य तिरस्कारात्मक जो कम-से-कम उसको बुरा लगता है जिसके सम्बन्धमें वह बोला जाता है। (जैसे जनकपुरमें धनुर्भङ्गके पश्चात् परशुरामजीके साथ लक्ष्मणजीके वचन) भगवान् विष्णुका व्यंग्य विनोदका था। इसीसे देवता हँसे और शिवजीको भी वह व्यंग्य *'अति प्रिय'* लगा।] यहाँ 'सुरों' के सम्बन्धमें *'मुसुकानें'* कहा और शिवजीके सम्बन्धमें कहते हैं कि *'मन ही मन महेसु मुसुकाहीं।'* इस भेदमें भाव यह है कि देवता प्रकट मुसुकाये और महादेवजी मन-ही-मन मुसुकाये। अर्थात् ये मनहीमें प्रसन्न हुए और देवतालोग भगवान्‌का तर्क सुनकर हँसे। पुनः *'मुसुकानें'* और *'मुसुकाहीं'* से जनाया कि देवता एक ही बार सब-के-सब हँसे और शिवजी बारम्बार मुसुका रहे हैं, मन-ही-मन बहुत प्रसन्न हो रहे हैं। (ग) *'हरि के बिंग्य बचन नहिं जाहीं'* इति।—[पंजाबीजी *'नहिं जाहीं'* का अर्थ 'व्यर्थ न जावें' ऐसा करते हैं। वे लिखते हैं कि शिवजीके वचनोंका अभिप्राय यह है कि 'हरि हमारे प्यारे हैं और उनकी इच्छा हँसी करानेकी है तो हमको भी यही कर्तव्य है जिसमें वे प्रसन्न रहें।' इसमें महेशजीकी गम्भीरता दिखायी गयी है। व्यंग्यका अन्य अर्थ संगत नहीं है, क्योंकि कवि आगे स्वयं कहते

* करैहहि—रा० प०। अर्थात् बारात जाकर हँसी करावेगी।

हैं कि *'अति प्रिय बचन सुनत प्रिय केरे।'* यह व्यंग्य प्रसन्नताको सूचित कर रहा है।' श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि (जब देवता अलग हो चले तब भी) 'भगवान् बारम्बार व्यंग्य वचन कह रहे हैं। इसीसे *'नहिं जाहीं'* नहीं जाते ऐसा कहा। मंद-हँसन स्वनिष्ठ उत्तम हास्य है।' पं० रामकुमारजी लिखते हैं कि 'देवताओंने भगवान्की आज्ञाका पालन किया कि अलग-अलग हो गये और शिवजीने आज्ञावाले गणोंको बुलाया।' *'हरिके बिंग्य बचन नहिं जाहीं'* अर्थात् रहें]

अति प्रिय बचन सुनत प्रिय केरे। भृंगिहि प्रेरि सकल गन टेरे॥ ४॥
शिव अनुसासन सुनि सब आए। प्रभु पद जलज सीस तिन्ह नाए॥ ५॥
नाना बाहन नाना बेषा। बिहसे शिव समाज निज देखा॥ ६॥

शब्दार्थ—**भृंगी**—अमरकोशमें नन्दीश्वरका ही नाम 'भृङ्गी' भी कहा है, यथा—'**भृङ्गीभृङ्गीरिटिस्तुण्डी नन्दिको नन्दिकेश्वरः।**' (१। १। ४३) ये कामरूप हैं, जब जो रूप और जितने रूप चाहें बना सकते हैं। ये वाहन भी हैं और शिवजीके द्वारपाल भी। यथा—'**लतागृहद्वारगतोऽथ नन्दी वामप्रकोष्ठार्पितहेमवेत्रः। मुखार्पितैकाङ्गुलिसंज्ञयैव मा चापलायेति गणान् व्यनैषीत्॥**' (कु० सं० ३। ४१) अर्थात् शिवजीके समाधिस्थ होनेपर द्वारपर सोनेका बेत लिये हुए गणोंको अपने मुखपर अंगुली देकर इस इशारेसे उनको मना करते हैं कि यहाँ कुछ भी शब्द न करो। ये प्रमथादि गणोंके नायक हैं। शब्द-सागरमें 'भृङ्गी' को 'शिवजीका एक विशेष पार्षद' कहा है। ☞ हो सकता है कि इस नामका कोई और पार्षद हो जो साथमें चोबदारकी तरह चल रहा हो अथवा नन्दीश्वरहीके ये दोनों नाम और रूप हों। जिस समय जैसी सेवाकी आवश्यकता होती है, वैसा रूप धारण कर लेते हैं। **प्रेरि**=प्रेरणा करके।=भेजकर। यथा—*'गिरिहि प्रेरि पठयहु भवन'* (७७) **अनुसासन**=आज्ञा। **टेरना**=बुलाना=ऊँचे स्वरसे पुकारना।

अर्थ—अपने प्यारेके अत्यन्त प्रिय वचन सुनते ही उन्होंने भृङ्गीको भेजकर अपने समस्त गणोंको बुला लिया॥ ४॥ शिवजीकी आज्ञा सुनकर सब आये और स्वामीके चरणकमलोंमें उन्होंने सिर नवाया (प्रणाम किया)॥ ५॥ भाँति-भाँतिके अनेक वाहन और अनेक वेषोंवाले अपने समाजको देख शिवजी खूब हँसे॥ ६॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—*'अति प्रिय'* में उपहास-भाव इतना कूट-कूटकर भरा है कि कुछ हिसाब नहीं। दोस्तकी बात (मजाक) से शिवजीको बड़ा आनन्द हुआ। 'अनमिल बेजोड़पन' के उभारनेके लिये और दूसरी ओर *'जस दूलह तसि बनी बराता'* का 'जोड़' साफ दिखा देनेके लिये यही ठीक था कि सब शिवसमाज एक साथ हो जाय।

नोट—१ *'भृंगिहि प्रेरि......'* इति। भृङ्गीको प्रेरित किया। उन्होंने समस्त गणोंको उच्च स्वरसे आवाज देकर बुलाया। चाहे वह कोई दूसरा गण हो और चाहे नन्दीश्वरके ये दोनों रूप हों। एक रूपसे वाहन बने हैं, दूसरे रूपसे सेवक भृङ्गी। *'अनुसासन सुनि'* से जनाया कि सबको शिवजीकी आज्ञा उन्होंने सुनायी। कोई-कोई 'भृङ्गी' का अर्थ 'बिगुल' करते हैं, पर *'अनुसासन सुनि'* से भृङ्गीगण ही अर्थ होना ठीक है।

नोट—२ *'शिव अनुसासन सुनि सब आए।......'* इति। आज्ञा सुनकर सब आये। भाव कि मङ्गलका समय है, उसमें अपनी कुरूपता (अमङ्गलरूप) समझकर न आते, पर भृङ्गीद्वारा शिवजीकी आज्ञा पाकर आये। *'प्रभु पद जलज सीस तिन्ह नाए'* इससे उनकी स्वामिभक्ति और जानकारी जनायी। ये गण कौन हैं, यह कवि आगे स्वयं लिखते हैं। (पं० रा० कु०) ३—*'नाना बाहन नाना बेषा।......'* इति। प्रथम मनमें हँसे थे, अब खिलखिलाकर वा प्रकट हँसे। एक कारण इसका यह भी है कि पहले अपने मित्रों और छोटोंमें थे। दूलहरूपसे उनके सामने जोरसे हँसना अयोग्य समझा, अब अपनी जमातमें हैं इससे खूब हँसे। शिवजीकी हँसीमें भगवान्की व्यंग्योक्तिका उत्तर व्यंजित होता है। वे यहाँ हँसकर उत्तरमें जनाते हैं कि अब तो बारात वरके योग्य हो गयी न? अब तो *'पर पुर'* में हँसी न होगी? श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि यह परनिष्ठ मध्यम हास्य है।

कोउ मुखहीन बिपुल मुख काहू। बिनु पद कर कोउ बहु पद बाहू॥ ७॥
बिपुल नयन कोउ नयन बिहीना। रिष्टपुष्ट कोउ अति तन खीना॥ ८॥
छंद—तन खीन कोउ अति पीन पावन कोउ अपावन गति धरें।
भूषन कराल कपाल कर सब सद्य सोनित तन भरें॥
खर स्वान सुअर सृकाल* मुख गन बेष अगनित को गनें।
बहु जिनस प्रेत पिसाच जोगि जमाति बरनत नहि बनें॥
सोरठा—नाचहिं गावहिं गीत परम तरंगी भूत सब।
देखत अति बिपरीत बोलहिं बचन बिचित्र बिधि॥ ९३॥

शब्दार्थ—**बिपुल**=बहुत। **बाहूं**=भुजा, हाथ, बाँह। **रिष्टपुष्ट** (हृष्टपुष्ट)=मोटाताजा। **गति**-रीति, बेष, ढंग, चाल=दशा—(पं० रा० कु०) **कपाल**=मरे हुए मनुष्यकी खोपड़ी। **सद्य** (सं० अव्यय)=आजहीका, तुरंतका, तत्कालका, ताजा। **सोनित**=खून, रक्त, रुधिर। **भरें**=लगाये हुए,पोते हुए। **खर**=गर्दभ, गदहा। **स्वान**=कुत्ता। **सुअर**=शूकर। **सृकाल** (शृगाल)=सियार, गीदड़। **जिनस** (जिंस)=किस्म, जाति, प्रकार। **जोगि**=जोगड़े, प्रमथादि पार्षद। **जमाति** (जमाअत)=गरोह, समूह। **तरंगी**=लहरी, मनमौजी, जो जीमें आवे वही करनेवाले।

अर्थ—कोई बिना मुखका है तो किसीके बहुत-से मुख हैं, कोई बिना हाथ-पैरका है तो किसीके बहुत-से हाथ-पैर हैं॥ ७॥ किसीके बहुत-से नेत्र हैं तो कोई बिना आँखका ही है। कोई मोटा-ताजा है तो कोई अत्यन्त दुर्बल शरीरका (अर्थात् बिलकुल सूखा हुआ, जिसके शरीरमें मांस रह ही नहीं गया)॥ ८॥ कोई अत्यन्त दुर्बल शरीरका है तो कोई अत्यन्त मोटा-ताजा है। कोई पवित्र और कोई अपवित्र वेष धारण किये हैं। उनके आभूषण (गहने) भयंकर हैं, हाथोंमें खोपड़ियाँ हैं। सभी शरीरोंमें ताजा खून पोते हुए हैं। उनके मुख गदहे, कुत्ते, सुअर और गीदड़ोंके-से हैं। गणों (शिवजीके पार्षदों वा सेवकों) के अगणित (बेशुमार, असंख्य) वेष हैं, उन्हें कौन गिने? बहुत जातिके प्रेत, पिशाच और जोगड़ोंकी जमातें हैं, उनका वर्णन करते नहीं बनता। (छंद) सब भूत परम तरंगी हैं, सब मन-मौजी गीत गा रहे हैं और नाच रहे हैं। वे देखनेमें बहुत ही बेढंगे हैं, विचित्र प्रकारकी बोली बोल रहे हैं। (सोरठा)॥ ९३॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—इस शिवसमाजको देखिये और दिल खोलकर हँसिये। अनमिल बेजोड़पनका इससे सुन्दर उदाहरण मिलना कठिन है। यह व्यंगचित्र सर्वसाधारणको इतना रुचिकर हुआ कि आज भी धनी वैश्योंके लड़कोंके विवाहमें विदूषक लोग इसी शिवसमाजकी नकलमें हास्यजनित प्रगतियाँ करते देखे जाते हैं; क्योंकि शिव-बारात सौभाग्यसूचक समझी जाती है।

पं० रामकुमारजी—१ (क) *'कोउ मुखहीन बिपुल मुख काहू'।* बिना मुखके ही जीवित हैं, इस कथनसे उनकी दिव्यता दिखायी। यहाँसे लेकर *'तन खीन कोउ अति पीन'* तक गणोंका रूप वर्णन किया, आगे उनका वेष कहते हैं। —*'पावन कोउ अपावन गति धरें'।* यहाँ गतिका अर्थ दशा है। (ख) *'भूषन कराल कपाल कर'।* भाव कि जैसे देवता वैसा ही उनका वेष भी हुआ ही चाहे। गण कराल वैसे ही उनके भूषण भी कराल। *'कपाल कर'* कहकर *'सद्य सोनित तन भरें'* कहनेसे जान पड़ता है कि खोपड़ियोंसे खून टपक रहा है, वही खून सारे शरीरमें पोते हुए हैं। *'पावन गति धरें'* अर्थात् त्रिपुण्ड्र रमाये, रुद्राक्ष पहने, रुद्राक्षका कण्ठा गलेमें पहने, इत्यादि जिससे वे पवित्र जान पड़ते हैं। हाथमें ताजे कटे हुए सिर लिये हैं, यह अपावन गति है। (ग) *'खर स्वान सुअर सृकाल मुख गन बेष……'* इति। अर्थात् किसीका मुख गधेका-सा है, किसीका कुत्तेका-सा इत्यादि। गणोंके वेष अगणित हैं। [कोई-कोई ' मुख' का अर्थ

---

* पाठान्तर—सृगाल—(रा० बा० दा०)

'मुख्य' करते हैं, यह अर्थ यहाँ नहीं लगता, क्योंकि पूर्व कह आये हैं कि *'भृंगिहि प्रेरि सकल गन टेरे',* सभीको बुलाया, मुख्यहीको नहीं। प्रथम इतना भर कहा था कि कोई मुखहीन हैं, कोई बहुमुख हैं। और यहाँ यह बताया कि मुख किस प्रकारका है—मनुष्यका-सा, देवताओंका-सा या और किसी तरहका?]

नोट—१ पार्वतीमङ्गलके वर्णनसे मिलान कीजिये—*'प्रमथनाथके साथ प्रमथगन राजहिं। बिबिध भाँति मुख बाहन बेष बिराजहिं॥ कमठ खपर मढ़ि खाल निसान बजावहिं। नरकपाल जल भरि भरि पिअहिं पियावहिं॥ बर अनुहरति बरात बनी हरि हँसि कहा। सुनि हिय हँसत महेस केलि कौतुक महा॥* तथा *'मुदित सकल सिवदूत भूतगन गाजहिं। सूकर महिष स्वान खर बाहन साजहिं॥ नाचहिं नाना रंग तरंग बढ़ावहिं। अज उलूक बृक नाद गीत गन गावहिं।'''''॥'* (६१-६२, ५७-५८)—इससे मानसके वर्णनके भावार्थ स्पष्ट हो जाते हैं। *'जोगि जमाति'* प्रमथगण हैं जो शिवजीके मुख्य पार्षद हैं। *'कपाल कर'* से एक अर्थ तो वही है जो ऊपर दिया गया, दूसरा यह कि एक हाथमें खोपड़ियोंके ही पात्र हैं जिनसे जल पीते हैं।

नोट—२ *'बहु जिनस प्रेत पिसाच'''''''* इति। (क) यहाँ प्रेत-पिशाचके साहचर्यसे *'जोगि'* (योगी) भी प्रेत-पिशाचोंकी ही कोई जाति जान पड़ती है। योगिनियों, रणदेवियोंका वर्णन युद्धमें अरण्य और लङ्का काण्डोंमें आया है। जैसे योगिनियाँ हैं वैसे ही योगी भी एक जाति ही होगी। कालिकापुराणके अध्याय २९ में प्रमथ आदिकी उत्पत्तिका वर्णन है। प्रमथ, भूत, पिशाच आदिकी रणमें भाग लेनेवाली नीच जातियाँ भी हैं और प्रमथोंकी अनेक ऊँची जातियाँ भी हैं जो योगी हैं और शङ्करजीके समान हैं। हमारी समझमें *'जोगि जमाति'* से वही अभिप्रेत होंगे। स्कन्दपुराण ब्रह्मोत्तरखण्डमें इनके रूप और वेषका वर्णन सुना जाता है। (ख) पं० रामकुमारजी *'जोगि'* से 'योगी शिवजी' का अर्थ करते हैं और कहते हैं कि *'जोगी'* के साहचर्यसे यहाँ *'जमाति'* शब्द दिया। योगी शिवजीकी जमात है, अतः *'बरनत नहिं बने।'* अर्थात् अकथ्य है। वे यह भी कहते हैं कि योगियोंके समूहको 'जमात' कहते हैं, जिससे समझ पड़ता है कि वे दोनों प्रकार अर्थ करते हैं। आगे बालकोंने जो—*'संग भूत प्रेत पिसाच जोगिनि बिकट''''''रजनीचरा'* कहा है, उससे बारातमें (रातमें विचरनेवाली) योगिनियोंका भी साथ होना पाया जाता है। वैसे ही योगी भी प्रमथादिकी एक जाति ही जान पड़ती है। पार्वतीमङ्गलसे भी यही सिद्ध होता है।

नोट—३ (क) इनके वाहनोंका उल्लेख नहीं किया गया। मुख बताये; उसीसे समझ पड़ता है कि जैसा मुख है वैसी ही सवारी है। पार्वतीमङ्गलमें वाहनोंका वर्णन इस तरह है,—*'मुदित सकल सिव दूत भूतगण गाजहिं। सूकर महिष स्वान खर बाहन साजहिं॥'*· (५) प्रेत, पिशाच, भूत—(८५। ६) में देखिये। कहते हैं कि पिशाचोंका मुख सुईके छेदके समान होता है और उनकी तालू अग्निके समान चमकती रहती है। (ख)—*'नाचहिं गावहिं गीत परम तरंगी भूत सब'* इति। देवसमाजमें अप्सराएँ गाती हैं,—*'होंहि सगुन मंगल सुभद करहिं अपछरा* गान॥' (९१) शिवसमाजमें भूत नाचते-गाते हैं। सब *'परम तरंगी'* हैं, अर्थात् बड़े ही लहरी हैं, जैसी तरंग मनमें उठी वैसा ही नाचने-गाने लगते हैं। इससे यह भी जनाते हैं कि देखनेमें कराल हैं। पर हृदयके स्वच्छ हैं।—(पं० रा० कु०) यहाँपर *'भूत सब'* शब्द देकर जनाया कि ऊपर जो *'बहु जिनस प्रेत पिसाच जोगि जमाति'* कहा, उन सबकी 'भूत' संज्ञा है। उन्हींको यहाँ 'भूत' कहा। (ग) *'देखत अति बिपरीत बोलहिं बचन बिचित्र बिधि'* इति। *'देखत अति बिपरीत'* अर्थात् देखनेमें अच्छे नहीं अत्यन्त बुरे आचरणवाले हैं। *'बोलहिं बचन बिचित्र बिधि'* अर्थात् किसीका गला घघाता है, कोई हकलाता है, कोई भिन्नाता है इत्यादि। कोई कुत्तेकी, कोई भेड़ियेकी, कोई गधे इत्यादिकी भाँति-भाँतिकी बोलियाँ बोलते हैं। यथा—*'नाचहिं नाना रंग तरंग बढ़ावहिं। अज उलूक बृक नाद गीत गन गावहिं॥'* (५८) इति पार्वतीमङ्गले। पंजाबीजीने *'बिचित्र बिधि'* का अर्थ सुन्दर वाणी किया है और अन्य कुछ महानुभावोंने ये अर्थ किये हैं—(१) शास्त्रविहित वचन बोलते थे, गीत राग-रागिनीसंयुक्त गाते थे, विधिपूर्वक विचित्र वचन बोलते थे। (२) अजब ढंगसे बोलते थे। (३) जो किसीके समझमें न आवे ऐसे विचित्र ढंगसे बोलते थे।

नोट—४ *'कोउ मुख हीन……'* में *'हीन, बिपुल, पद, नयन'* इत्यादि शब्द कई बार आये हैं जिससे भाव अधिक रुचिकर हो गये हैं अतः यहाँ 'पुनरुक्तिप्रकाश अलङ्कार' है।—*'एक शब्द बहु बार जहँ परै रुचिरता अर्थ। पुनरुक्ती प्रकाश सो बरनैं बुद्धि समर्थ॥'* (अ० मं०) यहाँ शिवजीकी बारात-वर्णनमें हास्यरसकी प्रधानता है और गौणरूपसे अद्भुत तथा बीभत्सकी भी किञ्चित् झलक है। शंकरजी अवलम्बन विभाव हैं। उनकी विलक्षण वेषरचना, सर्पभूषण, जटिल, हरिचर्म और विभूतिधारण, अद्भुतगण उद्दीपन विभाव है। उन्हें देखकर सुर, देवाङ्गनाओंका हँसना अनुभाव है, हर्ष संचारी-भावद्वारा हास्य स्थायीभाव पुष्ट होकर रसरूप हुआ।

पं० प० प्र०—१ शिवसमाज और देवसमाज। (१) शिवसमाजमें *'कोउ मुखहीन बिपुल मुख काहू'*। देवोंमें दो मुख और चार शृङ्गवाले अग्निदेव हैं तथा चार मुखवाले ब्रह्माजी हैं। इस तरह देवोंमें *'बिपुल मुख काहू'* हैं, पर *'कोउ मुखहीन'* नहीं है। शिवसमाजमें मुखहीन हैं फिर भी जीते हैं, दौड़ते-नाचते हैं, यह उनकी अलौकिकता है। कबन्धका मुख नष्ट होनेपर उसे पेटमें मुख देना पड़ा तब वह जीवित रहा। मुखहीनका जीना असम्भव है सो शिवसमाजमें देखिये। (२) *'बिनु कर पद कोउ बहु पद बाहू'* इति। विष्णुके चार हाथ हैं। अग्निके सात हाथ और तीन पैर हैं, इस प्रकार देवोंमें भी *'बहु पद बाहु'* हैं, पर *'बिनु कर पद'* कोई नहीं है। शिवगणोंमें *'बिनु पद'* होते हुए भी दौड़नेवाले हैं यह अलौकिक है। यह केवल योगसामर्थ्यसे ही हो सकता है। (३) *'बिपुल नयन कोउ नयन बिहीना'* इति। ब्रह्माके आठ, अग्निके चार और इन्द्रके सहस्र नेत्र हैं। सहस्र नयन होनेपर भी इन्द्र अन्धा-सा है—*'लोचन सहस न सूझ सुमेरू।'* पर शिवसमाजमें अन्धे भी अपरिचित मार्गपर आनन्दमग्न होकर चल रहे हैं, यह अलौकिक योगसामर्थ्य-निदर्शक है। (४) *'रिष्टपुष्ट कोउ अति तन खीना'* इति। देव प्रायः सभी हृष्टपुष्ट होते हैं, पर लोकलज्जाको डरते हैं, विषयी हैं अतः वस्त्राभूषणोंसे अपनी कुरूपता छिपाते हैं। शिवसमाज *'सब लोकलाज खोई'* वाले हैं। निस्पृह हैं, यथालाभ संतुष्ट हैं। जैसे उनके स्वामी वैसे ही वे। और देवसमाज स्वार्थी हैं।—*'आये देव सदा स्वारथी। बचन कहहिं जनु परमारथी॥'* (५) *'पावन कोउ अपावन गति धरे'* इति। कोई रुद्राक्ष, रुद्राक्षमाला, तिलक, वस्त्र-भूषण, झाँझ-मृदंग, शङ्ख, शहनाई आदि धारण किये हैं। इसके विरुद्ध कोई कपाल, सद्यशोणित आदि अपावन अमङ्गल पदार्थोंको धारण किये हैं। देवोंमें भी स्याहीके समान कृष्णवर्ण और महिषारूढ़ यमराज हैं; सात हाथ, दो मस्तक और तीन पदवाले अग्नि मेषारूढ़ हैं; घोड़ेका मुख, नरका शरीर तथा नरमुख, अश्वशरीरवाले किन्नर हैं। निर्ऋति देवका वाहन तो प्रेत ही है। वरुणका वाहन मगर है।—क्या ये सौन्दर्य और पावनताके लक्षण हैं? पर दोष देखनेवालेको दोष ही दीखते हैं और गुणोंकी खोज करनेवालेको गुण ही देख पड़ते हैं। निर्दोष तो एकमात्र भगवान् ही हैं—'निर्दोषं हि समं ब्रह्म।'

☞ इस शिवसमाज-वर्णनमें ध्यानमें रखनेयोग्य एक बात यह है कि इस समाजमें एक भी स्त्री नहीं है। शिवसमाज अपने स्वामीके समान *'जोगी अकाम मन'* है, यह यहाँ ध्वनित किया गया है। देव तो अपनी-अपनी पत्नीको साथ लेकर चले हैं, इतना ही नहीं अप्सराओंका समाज भी उनके साथ है। जैसे शिवदूलहवेष-वर्णनमें शृङ्गार और रौद्र रसोंका अभाव है वैसे ही शिवसमाजमें दोनोंका अभाव है। कामके अभावमें क्रोध भी नहीं है।

(६) *'नाचहिं गावहिं गीत परम तरंगी……'* इति। देवसमाजमें अप्सराएँ गान कर रही हैं, पर वह गान देवोंको प्रसन्न करनेके लिये है, स्वतन्त्र नहीं है। शिवसमाजमें भी गायक हैं, पर ये स्वामितन्त्र होते हुए भी स्वतन्त्र-आत्मतन्त्र हैं, आत्मानन्दमें रँगे हुए स्वामिभक्तिरस-सरिता-तरङ्गमें जो जिसको जब भाता है वह तब तैसा गाता-नाचता है।

२ ☞ *'देखत अति बिपरीत'*—यहाँ हमारे पथप्रदर्शक (कवि) पर्देके पीछे प्रकाशमें बताते हैं कि शिवगण विपरीत नहीं हैं, पर उनका व्यवहार-आचरण विपरीत-सा दीखता है। शिवगणोंने सोनेपर चाँदीका मुलम्मा चढ़ा दिया है और देवोंने चाँदीपर सोनेका मुलम्मा चढ़ाया है। देवोंने स्वार्थको परमार्थमें छिपाया है और शिवगणोंने अपवित्रतामें परमार्थको छिपाया है। इस प्रकार शिवसमाज भी अशिववेष शिवधाम है। जैसा देव वैसा भक्त।

३ शिवसमाजमें रस। शृङ्गाररस नहीं है। वीररस नहीं-सा है, क्योंकि इस रसका स्थायी भाव उत्साह तो सबमें है, पर उद्दीपन विभावादिका पूर्ण अभाव है। मुखहीन, करहीन, पदहीन, अति तनु क्षीण शिवगण करुणरसका उद्दीपन विभाव है। अति विपरीत, अति विचित्र बोलना, नयन बिना देखना, पदविहीनोंका चलना इत्यादि अद्भुत रस तो भरा पड़ा है। इसी तरह हास्य, भयानक, बीभत्स रस तो भरपूर हैं। रौद्र नहीं है, क्योंकि क्रोध किसीमें नहीं है, कोई शत्रु-मित्र नहीं है। शान्तरस पावन गतिवालोंमें है। नाचना, गाना, शिववन्दन करना इत्यादि भक्तिके संचारी भाव हैं।

वि० त्रि०—इस बारातमें सात्त्विक, राजस, तामस तीनों प्रकृतिके लोगोंके इष्टदेव हैं। शिवजीकी जमातमें राजसके इष्टदेव यक्ष-राक्षसोंका अन्तर्भाव है। भूत-प्रेत तामसी लोगोंके इष्टदेव हैं। विष्णु आदि सात्त्विक लोगोंके इष्टदेव हैं। इस तरह यह बारात इष्टदेवोंकी है। इसीलिये कहा गया कि *'उमा महेस बिबाह बराती। ते जलचर अगनित बहु भाँती॥'* ये श्रीराम सुकीर्ति सरयूके जलचर हैं । रामभक्तोंको इनसे बचकर रहना चाहिये। जलचर मनुष्योंको निगल जाते हैं, इसी भाँति इष्टदेव भी उपासकको अपनेमें मिला लेते हैं। भूत-प्रेतके उपासक भूत-प्रेत, यक्ष-राक्षसके उपासक यक्ष-राक्षस और देवताके उपासक देवता हो जाते हैं। और प्रभु कहते हैं कि मेरे उपासक मुझको प्राप्त होते हैं—**'देवान् देवयजो यान्ति मद्भक्ता यान्ति मामपि।'** अतः रामभक्तोंको अन्यकी उपासनामें तन्मय न हो जाना चाहिये।

जस दूलह तसि बनी बराता। कौतुक बिबिध होहिं* मग जाता॥ १॥

अर्थ—(याज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि) जैसा दूलह है (अब) वैसी ही बारात बन गयी। मार्गमें जाते हुए बहुत प्रकारके अनेक कौतुक हो रहे हैं॥ १॥

टिप्पणी—१ (क) *'जस तसि'* का भाव कि प्रथम बारात दूलहके अनुरूप न थी; यथा *'सुरसमाज सब भाँति अनूपा। नहिं बरात दूलह अनुरूपा॥'* (९२। ८) (ख) *'तसि बनी'* अर्थात् अब अनुरूप बन गयी। तात्पर्य कि अब बारातने शोभा पायी, जैसी चाहिये वैसी ही अब है। पुनः भाव कि अब बारातकी शोभा हो गयी, इससे अब हँसी न होगी। पहले बारात देवताओंकी-सी थी, वह वरके अनुरूप न थी, इससे उनकी हँसी होती; यथा—*'बर अनुहारि बरात न भाई। हँसी करैहहु पर पुर जाई॥'* (९३। १) यथायोग्यका वर्णन 'प्रथम सम अलङ्कार' है। (ग) *'कौतुक बिबिध होहिं मग जाता'* इति। *'बिबिध कौतुक'* का भाव कि और बारातमें जो कौतुकी हैं वे ही कौतुक करते हैं और इस बारातमें सभी कौतुकी हैं; यथा—*'परम तरंगी भूत सब॥'* (९३) इसीसे यहाँ 'विविध' कौतुक होते हैं। ☞ बारातोंमें कौतुक, गान आदि सब होता ही है, यथा—*'करहिं बिदूषक कौतुक नाना। हास कुसल कल गान सुजाना॥'* (३०२। ८) वैसे ही यहाँ भी हो रहे हैं। यहाँ *'बिबिध कौतुक'* क्या है, यह ऊपर दोहेमें लिख आये हैं *'नाचहिं गावहिं गीत परम तरंगी भूत सब। देखत अति बिपरीत बोलहिं बचन बिचित्र बिधि॥'* (घ) देवताओंकी बारातका चलना लिख आये, यथा—*'बिष्नु बिरंचि आदि सुरब्राता। चढ़ि चढ़ि बाहन चले बराता॥'* (९२। ७) अब भूतोंकी बारातका चलना कहते हैं।—*'कौतुक बिबिध होहिं मग जाता।'*

नोट—बारातका वर्णन यहाँ समाप्त हुआ। बारातकी समाप्तिसे पहले ही *'जस दूलह तसि बनी बराता'* यह (Suggestiveness) की कला बड़ी सुन्दर है। श्रीतुलसीदासजी हमारी कल्पनाशक्तिको उभारकर स्वतन्त्र भी छोड़ देते हैं। चाहे जितने कौतुकोंकी कल्पना आप करते जायँ। *'बिबिध'*—शब्द भी इस कलाकी जान है। कौतुक अनेक प्रकारके हैं, एक ही तरहके नहीं कि जी ऊब जाय।

शिव-बारात-वर्णन-प्रसंग समाप्त हुआ

* होत—१७०४

इहाँ हिमाचल रचेउ बिताना। अति बिचित्र नहिं जाइ बखाना॥ २॥
सैल सकल जहँ लगि जग माहीं। लघु बिसाल नहिं बरनि सिराहीं॥ ३॥

अर्थ—यहाँ (कन्याकी ओर) हिमाचलने अत्यन्त विचित्र मण्डप रचा, जिसका वर्णन नहीं हो सकता॥ २॥ जगत्-भरमें जहाँतक सब छोटे-बड़े पर्वत हैं जो वर्णन करनेसे चुक नहीं सकते॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'इहाँ हिमाचल……'* इति। (क) *'इहाँ'* का सम्बन्ध ऊपरसे है। *'लगन बाँचि अज सबहि सुनाई। हरषे मुनि सब सुरसमुदाई॥ सुमन बृष्टि नभ बाजन बाजे। मंगल कलस दसहुँ दिसि साजे॥'* (९१। ७-८)—यहाँसे इसका सम्बन्ध है। वहाँ देवता मङ्गल साजते हैं, यहाँ हिमाचलने बितान रचा है। वहाँ ग्रन्थकारको इसके कहनेका मौका नहीं मिला। जब बारात चली, तब बितानकी चर्चाका मौका मिला। पुनः, *'इहाँ'* से सूचित होता है कि इस समय ग्रन्थकारकी बुद्धि भी बारातकी पेशवाई अगवानीमें है, घरातियों-जनातियोंके साथ है। (ख) प्रथम राजाके घरकी शोभा कहते हैं, आगे पुरकी शोभा कहेंगे। वितानके वर्णनसे हिमाचलके घरका वर्णन हुआ, क्योंकि वितान घरमें है। यथा—*'भूप भवन किमि जाइ बखाना। बिश्वबिमोहन रचेउ बिताना॥'* (१। २९७)

टिप्पणी—२ *'अति बिचित्र नहिं जाइ बखाना'* इति। *'अति बिचित्र'* का भाव—(क) पुरकी शोभा विचित्र है; यथा—*'पुर सोभा अवलोकि सुहाई। लागइ लघु बिरंचि निपुनाई॥'* और राजाके घरकी शोभा *'अति बिचित्र'* है; यथा—*'कनककोट बिचित्र मनिकृत सुंदरायतना घना॥'* (५। ३)……*'गयउ दसानन मंदिर माहीं। अति बिचित्र कहि जात सो नाहीं॥'* (५। ५) (ख) वह वितान अनेक प्रकारके मणियोंसे रचित है जो पर्वतसे प्रकट हुई हैं; यथा—*'प्रगटीं सुंदर सैल पर मनि आकर बहु भाँति॥'* (६५) (ग) —जनकपुरका वितान 'विचित्र' है, यथा—*'जाइ न बरनि बिचित्र बिताना॥'* (२८९) और यह वितान *'अति बिचित्र'* है। यह भेद भी साभिप्राय है। जनकपुरका वितान गुणी मनुष्योंका बनाया हुआ है; यथा—*'पठए बोलि गुनी तिन्ह नाना। जे बितान बिधि कुसल सुजाना॥ बिधिहि बंदि तिन्ह कीन्ह अरंभा॥'* (२८७) और यहाँका वितान *'हिमाचल रचेउ'* अर्थात् यह देवताओंका रचा हुआ है। इसीसे इस वितानकी विशेषता *'अति'* से जनायी।—[☞ श्रीमद्गोस्वामीजीकी यह शैली है कि जिस विषयको एकसे अधिक बार वर्णन करना है, उसको पूरा-पूरा सर्वत्र नहीं लिखते, किंतु उसे प्रायः एक ही स्थलपर कह देते हैं जहाँ उसकी प्रधानता समझते हैं और अन्यत्र वही वर्णन वहाँके दो-एक शब्दोंद्वारा सूचित कर देते हैं। श्रीमिथिलाजीमें मण्डपकी विचित्र रचना विस्तारसे कहेंगे; इसलिये यहाँ *'अति बिचित्र नहिं जाइ बखाना'* इतना ही कहकर छोड़ दिया। वहाँके *'अति बिचित्र'* 'रचना' 'वितान' *'जाइ न बरनि'* वे शब्द यहाँ देकर वैसी ही रचना यहाँ भी जना दी गयी। विचित्र रचनाका वर्णन *'रचहु बिचित्र बितान बनाई'* (२८७। ६) से लेकर *'जाइ न बरनि बिचित्र बिताना'* (२८९। ३) तक है। इसमें 'विचित्र' शब्द दो बार और रचनाकी अति विचित्रता एक बार कही गयी है। यथा *'रचना देखि बिचित्र अति मन बिरंचि कर भूल॥'* (२८७)—ये सब भाव *'अति बिचित्र'* में यहाँ भी समझना चाहिये। ऐसा विचित्र कि ब्रह्मा भी अपनी कारीगरी भूल जाते हैं, इसे देखकर भौचक्के-से हो जाते हैं। पं० रामकुमारजीकी दृष्टि केवल वितानके साथ जो *'बिचित्र'* शब्द है उसीपर सम्भवतः पड़ी होगी] २—*'नहिं जाइ बखाना'* इति। जो *'अति बिचित्र'* होता है वह बखाना नहीं जा सकता; यथा—*'गयउ दसानन मंदिर माहीं। अति बिचित्र कहि जात सो नाहीं॥'* (५। ५) *'जाइ न बरनि बिचित्र बिताना॥'* (२८९। ३) यहाँ भी वितान *'अति बिचित्र'* है, इसीसे कहते हैं कि *'नहिं जाइ बखाना'* बखाना नहीं जाता, इसीसे ग्रन्थकारने उसका बखान नहीं किया।-यह *'नहिं जाइ बखाना'* इन वचनोंका स्वरूप दिखा दिया।

टिप्पणी—३ *'सैल सकल जहँ लगि……'* इति। (क) शैल भाई-बिरादरी हैं, जाति-बिरादरीके हैं; इससे

इनको प्रथम न्योता—यह बात '*सैल*' शब्दको आदिमें देकर जना दी। और बिरादरी होनेसे छोटे-बड़े सभीको न्योता, क्योंकि बिरादरीमें छोटे-बड़ेका भेद नहीं माना जाता। सब बराबरके माने जाते हैं। (ख) '*जहँ लगि जग माहीं*' से जनाया कि सातों द्वीपोंके पर्वतोंको निमन्त्रित किया। (ग) '*नहिं बरनि सिराहीं*' का भाव कि सबको पृथक्-पृथक् न्योता दिया था, इससे सबको पृथक्-पृथक् वर्णन करना चाहिये था; इसी कारण कहते हैं कि वर्णन करनेसे चुक नहीं सकते, इतने अधिक हैं। यह भी दिखाया कि जिनका-जिनका वर्णन नहीं हो सकता, उन सबोंको न्योता पृथक्-पृथक् दिया गया है। (घ) ☞ '*लघु बिसाल नहिं बरनि सिराहीं*' का अन्वय दीपदेहलीन्यायसे आगेके '*बन सागर सब नदीं तलावा*' के साथ भी है।

बन सागर सब नदीं तलावा। हिमिगिरि सब कहुँ नेवत पठावा॥ ४॥
कामरूप सुंदर तन धारी। सहित* समाज सहित बर नारी॥ ५॥

शब्दार्थ—**नेवत**=निमन्त्रण, न्योता, विवाह आदि मङ्गल उत्सवोंमें जाति, बिरादरी, सम्बन्धी और मित्र आदिको सम्मिलित होनेके लिये बुलानेकी रीति। **कामरूप**=इच्छा-अनुसार रूप धारण कर लेनेवाला।

अर्थ—(और जितने भी छोटे-बड़े) सब वन, समुद्र, नदियाँ और तालाब हैं उन सबोंको हिमाचलने न्योता भेजा॥ ४॥ ये सब इच्छानुसार रूप धारण करनेवाले सुन्दर शरीर धारणकर समाजसहित अपनी-अपनी सुन्दर स्त्रियोंको साथ लिये हुए॥ ५॥

टिप्पणी—१ '*बन सागर सब नदीं तलावा।*......' इति। (क) हिमाचल स्वयं जलमय है; यथा—'*जलु हिम उपल बिलग नहिं जैसे*' (११६) यह स्वयं पर्वत है और इसपर वन हैं, इसीसे पर्वतों, वनों और जलाशयोंको न्योता दिया।—[नदी शैलकन्या कहलाती हैं जैसे कि गङ्गाजी '*हिमसैलबालिका*' (विनय १६), नर्मदाजी '*मेकलसैलसुता*' (१। ३१) कहलाती हैं। समुद्र नदियों-जलाशयोंका पति कहलाता है। इस नाते नदियों और समुद्रोंको सपरिवार न्योता।] (ख) '*सब*' का अन्वय वन, सागर, नदी और तालाब सबके साथ है। '*सब*' कहकर जनाया कि घरभरको न्योता भेजा, यही बात आगे कहते हैं—'*सहित समाज सहित बर नारी।*'

टिप्पणी—२ '*कामरूप सुंदर तन धारी।*......' इति। (क) जैसी जिस समय कामना करें, वैसा रूप धर ले सकते हैं; इसीसे '*सुंदर तन*' धारण किये हैं। पुनः, (पर्वत आदि कैसे आ सकते हैं वे तो जड़ हैं, इसीसे) '*कामरूप*' कहा। अर्थात् वे सब अपने इस निज रूपसे नहीं आ सकते थे, इसीसे शरीर धारण करके आये। ☞ पूर्व दोहा (६५। ६) में बताया गया है कि—पर्वत, नदी आदिसे उनके अधिष्ठातृ देवता अभिप्रेत हैं। वे जब जैसा चाहें वैसा रूप धारण कर सकते हैं। देखिये, जब रघुनाथजीने समुद्रपर कोप किया तब वह 'विप्ररूप' धरकर आया था। इसी प्रकार नदियोंके दो रूप हैं, एक जलप्रवाहरूप, दूसरा मूर्तिमान् देवरूप। पार्वतीमङ्गलसे भी यही भाव पुष्ट होता है। यथा—'*गिरि बन सरित सिंधु सर सुनइ जो पायउ। सबु कहँ गिरिवर नायक नेवति पठाएउ॥ धरिधरि सुंदर भेस चले हरषित हिए।*......' (५२-५३) इसपर वि० त्रि० कालिकापुराणका प्रमाण देते हैं—'**नद्यश्च पर्वताः सर्वे द्विरूपास्तु स्वभावतः। तोयं नदीनां रूपं तु शरीरमपरं तथा॥ स्थावरं पर्वतानां तु रूपं कायं तथा परम्। शुक्तीनामथ कम्बूनां यथैवान्तर्गता तनुः॥ बहिरस्थिस्वरूपं तु सर्वदैव प्रवर्त्तते। एवं जलं स्थावरं तु नदीपर्वतयोस्तदा॥ अन्तर्वसति कायस्तु सततं नोपपद्यते। नदीनां कामरूपित्वं पर्वतानां तथैव च। जगत्स्थित्यै पुरा विष्णुः कल्पयामास यत्नतः॥**'—[शैल नदी आदिके दो रूप होते हैं। स्थूलरूप तो वही है जैसा हमलोग देखते हैं, पर इसीके अन्तर्गत उनका दूसरा रूप है। जैसे शङ्ख और घोंघा आदिके दो रूप होते हैं, एक तो ऊपरवाली खोपड़ी जड़रूप, दूसरा भीतरका जन्तु चेतन रूप।] (ख) '*सुंदर तन धारी*' इति। सुन्दर शरीर धारण करनेका भाव यह है कि जिनके यहाँ जाना

* सहित समाज सोह—१७०४। सकल समाज सहित—को० रा०। सहित समाज सहित—१६६१, १७२१, १७६२, छ०।

है, वे सब सुन्दर हैं। हिमाचल, मेना और पुरवासी सभी सुन्दर हैं। यथा—*'बनिता पुरुष सुंदर चतुर छबि देखि मुनिमन मोहहीं।'* (९४ छन्द) (विवाहका समय है, ब्रह्मादि देवता बारातमें आ रहे हैं, अपने सब सम्बन्धी भी जुटेंगे; अतएव *'सुंदर तन'* धारण करके आना योग्य ही है। (ग) *'सहित समाज सहित बर नारी'* इति। इससे स्पष्ट है कि हिमाचलने सभीको न्योता दिया है इसीसे सब सपरिवार आये हैं। (घ) *'बर नारी'* अर्थात् जैसे उनके पति सुन्दर तनधारी होकर चले वैसे ही ये सुन्दर रूप धारण करके साथ चलीं।

गए सकल तु* हिमाचल गेहा। गावहिं मंगल सहित सनेहा॥ ६॥
प्रथमहि गिरि बहु गृह सँवराए। जथा जोगु तहँ तहँ सब छाए॥ ७॥
पुरसोभा अवलोकि सुहाई†। लागै लघु बिरंचि निपुनाई॥ ८॥

शब्दार्थ—जथाजोग=यथायोग्य, जैसा चाहिये वैसा। छाना (अकर्मक क्रिया)=डेरा डालना, बसना, टिकना। यथा—*'राम प्रबरषन गिरि पर छाए॥'* (४। १२) *'चित्रकूट रघुनंदन छाए॥'* (२। १३४) निपुनाई=निपुणता, कौशल, रचना-चातुरी, कला-कौशल।

अर्थ—सब सादर हिमाचलके घर गये। सब प्रेमसहित मङ्गल गीत गा रहे थे॥ ६॥ हिमाचलराजने पहलेहीसे बहुत-से घर सजवा रखे थे। वहाँ-वहाँ वे सब यथायोग्य (जहाँ जिसके लिये जैसा उचित था, जिसको जहाँ सुपास था) टिक गये॥ ७॥ नगरकी सुन्दर शोभा देखकर ब्रह्माजीकी रचना-चातुरी तुच्छ लगती थी॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'गए सकल तु हिमाचल गेहा""""।'* इति। (क) हिमाचलके घर गये। *'गेह'* कहनेका भाव कि हिमाचल पर्वत तो अनेक योजनका है। जहाँ उसका अधिष्ठातृ देवता हिमाचलराज रहता है वहाँ गये। (ख) *'गावहिं मंगल'* इति। विवाहके समय मङ्गलगान होता ही है; इसीसे स्त्रियाँ मङ्गल गाती हैं। ☞ प्रायः स्त्रियाँ ही मङ्गल गाया करती हैं; यथा—*'सुरसुन्दरी करहिं कल गाना।'* (६१) *'मंगल गान करहिं बर भामिनि'* इत्यादि। वैसे ही यहाँ भी समझना चाहिये। (ग) *'सहित सनेहा'* इति। भाव कि इस विवाहोत्सवको अपने ही घरका मङ्गल समझती हैं, अतः प्रेमसे गाती हैं जैसे घरके उत्सवमें गातीं।

टिप्पणी—२ *'प्रथमहिं गिरि बहु गृह""""'* इति। (क) ऊपर निमन्त्रित लोगोंका आना कहा, इसीसे यहाँ *'प्रथमहिं'* पद दिया। भाव कि न्योता देनेके साथ ही उनके टिकनेका पहले ही बन्दोबस्त कर दिया गया कि न जाने कब आ जायँ। *'बहु गृह'* सजवाये क्योंकि निमन्त्रित लोग बहुत हैं। (ख) *'सँवराए'* कथनका भाव कि ये सब घर पूर्वके ही बने हुए हैं, केवल सजाये गये हैं। अर्थात् इस समय केवल रचना-विशेष की गयी है। (ग) *'जथाजोग'* कहकर जनाया कि सबको उचित स्थान टिकनेको मिला; यथा *'उचित बास हिमभूधर दीन्हे'* (६५)। पूर्व *'लघु बिसाल नहिं बरनि सिराहीं'* कहा था, अब उन्हीं सबोंका यथायोग्य बसना कहते हैं, इस तरह कि छोटेको छोटा स्थान, बड़ेको बड़ा, जो जैसा है वैसा ही स्थान

* तुहिनाचल—१७२१, १७६२, छ०, को० रा०। तु हिमाचल—१६६१, १७०४, वंदन पाठक। रा० प० में 'आएउ सकल हिमाचल गेहा' पाठ है। तुहिनाचल=तुहिन+अचल=हिमाचल। सं० १६६१ में 'तु हिमाचल' स्पष्ट है। 'तु' अव्यय होनेसे कई अर्थ देता है। जैसे कि 'निश्चय, तो, सादर' इत्यादि। यथा—'तु स्याद्भेदेऽवधारणे।' (अमरकोश ३। ३। २४१) पादपूर्तिके लिये भी बिना किसी अर्थके इसका प्रयोग होता है; यथा—'तु हि च स्म ह वै पादपूरणे।' (अमरकोश ३। ४। ५)—इस तरह एक तो पादपूर्तिके लिये समझ लें तो भी कोई अड़चन नहीं पड़ती। दूसरे यदि 'सादर' अर्थ लें तो यह भाव निकलता है कि सब लोग आदरपूर्वक हिमाचलके यहाँ गये। जब किसी हित, मित्र या पूज्यके यहाँ लोग निमन्त्रणमें जाते हैं तब समयानुसार कुछ भेंट अवश्य ले जाते हैं, विशेषकर कन्याके विवाहमें तो अवश्य ही। दूसरे राजा, गुरु एवं देवताओंके यहाँ खाली हाथ जानेका शास्त्रोंमें निषेध भी है—'रिक्तहस्तस्तु नोपेयाद्राजानं दैवतं गुरुम्।' 'तु' अव्यय देकर जनाया कि ये निमन्त्रित लोग भेंट लेकर आये। यथा—'धरि धरि सुंदर भेस चले हरषित हिए। चउँर चीर उपहार हार मनिगन लिए॥ (पार्वतीमङ्गल १। ५३) † न जाई—१७०४। 'सुहाई' औरोंमें।

उसको दिया गया।—ये सब स्थान हिमाचलके घरके भीतर हैं, क्योंकि न्योतहरी सब हिमाचलके घरमें गये हैं—'*गए सकल तु हिमाचल गेहा*'। घरमेंके ही घर सजवाये गये हैं, सबोंको घरमें ही वास दिया गया है। यह बात आगे प्रसङ्गसे भी निश्चित होती है। यहाँतक राजाके घर वर्णन किये। वितान और निमन्त्रित लोगोंका वर्णन हुआ आगे पुरका वर्णन करते हैं। आशयसे जनाया कि राजाका स्थान बड़ा भारी है कि जिसमें अनन्त लोगोंके रहनेका स्थान हो गया। ['*छाए*' शब्दसे जनाया कि कुछ दिनोंतक यहाँ निवास होगा। यथा—'*चित्रकूट रघुनंदन छाए।*' (२। १३४) '*बर्षाकाल मेघ नभ छाए।*' (४। १३) '*सकल सिद्धि संपति तहँ छाई।*' (१। ६५)।]

टिप्पणी—३ '*पुर सोभा अवलोकि सुहाई।......*' इति। (क) ☞ जहाँ अत्यन्त शोभा दिखानी होती है, वहाँ ग्रन्थकार 'विधि' के बनानेकी उत्प्रेक्षा किया करते हैं। यथा—'*सिंहासनु अति दिव्य सुहावा। जाइ न बरनि बिरंचि बनावा॥*' (१। १००। ३), '*चारु बजारु बिचित्र अँबारी। मनिमय बिधि जनु स्वकर सँवारी॥*' (१। २१३। २) '*जनु बिरंचि सब निज निपुनाई। बिरचि बिश्व कहँ प्रगटि देखाई॥*' (१। २३०। ६) '*कहा एक मैं आजु निहारें। जनु बिरंचि निज हाथ सँवारे॥*' (१। ३११। ५), '*मनिखंभ भीति बिरंचि बिरची कनक मनि मरकत खची।*' (७। २७। छन्द) इत्यादि। (ख) '*लागै लघु बिरंचि निपुनाई*' इति। तात्पर्य कि ब्रह्माकी सृष्टिभरमें ऐसा सुन्दर नगर नहीं है। विरंचिकी निपुणताका नमूना घरमें मौजूद है। सिंहासन उनका बनाया हुआ है; यथा—'*सिंहासनु अति दिव्य सुहावा। जाइ न बरनि बिरंचि बनावा॥*' (१। १००। ३) यह निपुणता पुरकी शोभाके आगे लघु लगती है। यह कहकर जनाया कि पुर बड़ी कारीगरीसे बना है। यहाँ 'सम्बन्धातिशयोक्ति अलङ्कार' है। (त्रिपाठीजीका मत है कि 'अनुकरणकी वस्तु असलीसे अच्छी बनी हुई है। नकली कमल असलीसे सुन्दर बने हैं, इसलिये विरंचिकी निपुणता थोड़ी मालूम होती है।) (ग) पुरकी शोभा 'अत्यन्त' कहनेसे राजाके स्थान महल आदिकी विशेषता सूचित हो गयी, क्योंकि पुरसे राजाका स्थान विशेष सुन्दर होता ही है, इसीसे पुरकी शोभा अधिक कही गयी। (घ) प्रथम वितानकी रचना, निमन्त्रित लोगोंका आगमन और गृहोंका सँवारना कहकर तब पुरकी शोभा कहनेका भाव कि यह सब पुरकी शोभा है।

छंद—लघु लाग बिधिकी* निपुनता अवलोकि पुर सोभा सही।
बन बाग कूप तड़ाग सरिता सुभग सब सक को कही॥
मंगल बिपुल तोरन पताका केतु गृह गृह सोहहीं।
बनिता पुरुष सुन्दर चतुर छबि देखि मुनि मन मोहहीं॥

दोहा—जगदंबा जहँ अवतरी सो पुरु बरनि कि† जाइ।
रिद्धि‡ सिद्धि संपत्ति सुख नित नूतन अधिकाइ॥ ९४॥

शब्दार्थ—तोरन=बन्दनवार। मङ्गल अवसरोंपर आम, अशोक आदिके पत्तोंको सुतलीमें लगाकर या पुष्पोंकी माला बनाकर दीवारों, द्वारों, खम्भों आदिपर सजावटके लिये लटकानेकी रीति है। इन्हींको तोरण कहते हैं। संस्कृतमें 'तोरण' का अर्थ—'किसी घर या घरका बाहरी फाटक विशेषत: वह द्वार जिसका ऊपरी भाग मण्डपाकार तथा मालाओं और पताकाओं आदिसे सजाया गया हो'—ऐसा वाल्मीकीय आदिमें मिलता है। श्रीबैजनाथजीने '*तोरन*' का अर्थ 'मण्डपका फाटक' किया है। '*पताका*', '*केतु*'—बाँस या

---

* कै—रा० प०।

† न जाइ—१७०४। ‡ रिधि सिधि संपति सकल सुख—१७२१, छ०, भा० दा०। रिद्धि-सिद्धि संपति सकल सुख—को० रा०। रिद्धि सिद्धि संपत्ति सुख—१६६१, १७०४।

कदम्ब, मोलसरी आदि लकड़ियोंके डंडे (पाँच हाथसे लेकर उन्नीस हाथतक लम्बे) जिनपर पताका फहराती है उन्हें *'केतु'* या *'ध्वजा'* कहते हैं। जो तिकोना या चौकोर कपड़ा ध्वजाके सिरेपर लगाया जाता है, उसे *'पताका'* कहते हैं। इसपर कोई-न-कोई चिह्न अवश्य होता है। ये रंग-बिरंगके होते हैं। पताका बिना डंडेके भी सुतली आदिमें लगाकर फहराते हैं। पुनः, केतु=झंडा, निशान, अलम। *'पताका'*= फरहरा, झंडी।—मङ्गल कार्योंमें शोभाके लिये इनका व्यवहार होता है। आनन्दरामायण मनोहरकाण्ड हनुमद्ध्वजारोपण सर्गके अनुसार पाँच हाथतकके डंडेमें जब वस्त्र लगता है तब उसे *'पताका'* और इससे अधिक उन्नीस हाथतकके डंडेमें जब वस्त्र रहे तब उसे *'ध्वजा या केतु'* कहते हैं। रिद्धि (ऋद्धि)=समृद्धि, बढ़ती। ऋद्धि-सिद्धि=समृद्धि और सफलता।

अर्थ—नगरकी शोभा देखकर सचमुच (यथार्थ ही) ब्रह्माजीका कलाकौशल तुच्छ लगने लगा। वन, बाग, कुएँ, तालाब और नदियाँ सभी सुन्दर हैं। उन (की सुन्दरता) का वर्णन कौन कर सकता है? (कोई तो नहीं।) घर-घर बहुत-से मङ्गल तथा माङ्गलिक बन्दनवार,* पताका और ध्वजाएँ शोभित हो रही हैं। वहाँके सुन्दर चतुर स्त्री-पुरुषोंकी छटा देखकर मुनियोंके मन मोहित हो जाते हैं। जिस नगरमें स्वयं जगत्की माताने ही अवतार लिया क्या वह पुर वर्णन किया जा सकता है? (अर्थात् नहीं।) ऋद्धि-सिद्धि, सम्पत्ति और सुख नित्य नये बढ़ते जाते हैं॥ ९४॥

नोट—१ लमगोड़ाजी लिखते हैं कि—'मानो एक ओर शिवसमाज और दूसरी ओर हिमाचलपुरीका अनमिल बेजोड़पन एक अनुपम उदाहरणरूपमें रचा गया है। हास्यरसकी एक सूक्ष्म बात याद रहे कि शिवसमाजका चित्र तभी हास्यप्रद हो सकता है जब शिवगणोंका रूप भी भीतरसे कल्याणकारी और बाहरसे अशिव हो; अन्यथा यही दृश्य भयानक रसका सूचक हो सकता है। लड़के जो इस रहस्यको समझ नहीं सके भयभीत हुए और बड़े (सयाने) जो-जो इसे समझ सकते थे, उनके लिये वह हास्यका मसाला बना। बड़े शिव-बारातपर भी हँसते हैं और लड़कोंके भयपर भी।

टिप्पणी—१ *'लघु लाग……'* इति। (क) *'सही'* अर्थात् निश्चय ही लघु लगती है, इसीसे कविने वहीं उसी समय प्रथम ही लघु लगना लिख दिया था। यथा—*'लागै लघु बिरंचि निपुनाई।'* (वि० त्रि० *'सही'* को शोभाका विशेषण मानते हैं। शोभा सही=सच्ची शोभा।) (ख) *'लघु लाग……सही'* इस कथनसे पाया गया कि पुरकी शोभा ब्रह्माजीके कला-कौशलसे बाहर है। यह भगवतीका चमत्कार है। (ग) ☞ यहाँ *'लघु लाग……'* यह पुरकी शोभा कही और आगे *'मंगल बिपुल तोरन……'* में फिर पुरकी शोभा कह रहे हैं, बीच *'बन बाग'* आदिकी शोभा कही है—ऐसा करके जनाया कि वन, बाग आदि शहरके बीचमें भी हैं। (घ) *'बन बाग कूप तड़ाग……'* इति। यह पुरके बाहरकी शोभा कहते हैं; यथा—*'सुमन बाटिका बाग बन……। सोहत पुर चहुँ पास।'* (१। २१२) *'पुर सोभा कछु बरनि न जाई। बाहेर नगर परम रुचिराई॥ देखत पुरी अखिल अघ भागा। बन उपबन बापिका तड़ागा॥ बापी तड़ाग अनूप कूप मनोहरायत सोहहीं।……'* (७। २९) (ङ) *'सक को कही'*—कोई कह नहीं सकता, इसीसे केवल वन-बाग आदि सबके नामभर गिना दिये, उनकी सुन्दरता न कही। (च) *'मंगल बिपुल तोरन……'* इति। विपुल मङ्गल हैं। अर्थात् द्वार-द्वारपर चौकें पूरी गयी हैं, विचित्र स्वर्णके घट धरे हैं, माङ्गलिक वृक्ष लगे हैं, यथा *'कंचन कलस बिचित्र सँवारे। सबनि धरे सजि सजि निज द्वारे॥ बंदनवार पताका केतू। सबन्हि बनाए मंगल हेतू॥ बीथी सकल सुगंध सिंचाई। गजमनि रचि बहु चौक पुराई॥'*……(७। ९) पुरके बाहरकी शोभा कहकर अब पुरके भीतरकी शोभा कहते हैं। *गृह गृह सोहहीं'* कहकर जनाया कि पार्वतीजीके विवाहका उत्सव घर-घर हो रहा है। [पार्वतीमङ्गलमें ग्रन्थकारने यह रचनाएँ यों वर्णन की हैं—*'कहेउ हरषि हिमवान बितान बनावन। हरषित लगीं सुआसिनि मंगल गावन॥'* (५३) *'तोरन कलस चँवर धुज बिबिध बनाइन्हि। हाट*

*दूसरा अर्थ—प्रत्येक घरके फाटकपर अनेक माङ्गलिक ध्वजाएँ आदि शोभित हैं।

पटोरन्ह छाय सफल तरु लाइन्हि।' (५४)] (छ)*'बनिता पुरुष सुंदर चतुर'* कहनेका भाव कि चतुराई बिना सुन्दरता खण्डित है, अधूरी रहती है, *'सुंदर चतुर'* कहकर पूर्ण शोभा जनाई। (६-८) *'सुन्दर'* से शरीरकी शोभा कही और 'चतुर' कहकर अनेक शुभगुण सम्पन्न जनाया। यथा—*'पुर नर नारि सुभग सुचि संता। धरमसील ग्यानी गुनवंता॥'* (१। २१३) 'चतुर' से पवित्र, धर्मात्मा, ज्ञानी और गुणवान् जनाया। (ज) *'मुनि मन मोहहीं'* से सुन्दरताकी अतिशय बड़ाई कही कि जिनका मन*'बिधि प्रपंच बियोगी'* है, विधिकी निपुणतासे विरक्त है, वे भी मोहित हो जाते हैं। पुरकी शोभा कहकर तब यहाँतक पुरवासियोंकी शोभा कही गयी।

टिप्पणी—२ *'जगदंबा जहँ अवतरी'* इति। (क) ☞ अत्युक्तिका समाधान इसी प्रकार ग्रन्थकार सर्वत्र करते हैं यथा—*'बसइ नगर जेहि लच्छि करि कपट नारि बर बेषु। तेहि पुर कै सोभा कहत सकुचहिं सारद सेषु॥'* (१। २८९) *'सोभा दसरथ भवन कइ को कबि बरनै पार। जहाँ सकल सुर सीसमनि राम लीन्ह अवतार॥'* (१। २९७) तथा यहाँ *'जगदंबा जहँ अवतरी……'*। (ख) *'जगदम्बा'* का भाव कि जो जगत्की उत्पत्ति करनेवाली हैं, जब वही अवतरीं तब उस जन्मभूमिकी शोभा कौन कह सके! तात्पर्य कि जगत्भरसे उसकी शोभा अधिक है। (ग) *'रिद्धि सिद्धि संपत्ति……'* यह दूसरा हेतु शोभाके अकथनीय होनेका है *'ऋद्धि सिद्धि संपत्ति'* अर्थात् अष्ट सिद्धियाँ और नवों निधियाँ सभी सुख नित्य नवीन अधिक होते हैं। इससे शोभा नहीं कही जा सकती। जब उमाजी गिरिराजके घरमें अवतरीं तबसे सिद्धियों और निधियोंने वहीं वास कर लिया। यथा—*'जब ते उमा सैल गृह जाईं। सकल सिद्धि संपति तहँ छाईं॥'* (६५) और जब विवाह होने लगा तब *'नित नूतन'* अधिक होने लगीं। *'नित नूतन अधिकाई'* कहनेसे प्रथमका (पूर्वका) वर्णन न्यून हो गया।

टिप्पणी—३ ☞ हिमाचलके यहाँ सब वस्तुओंकी शोभा अकथनीय है—यह इस प्रसंगमें दिखाया है। यथा—

(१) *'यहाँ हिमाचल रचेउ बिताना। अति बिचित्र नहिं जाइ बखाना।'*
(२) *'बन बाग कूप तड़ाग सरिता सुभग सब सक को कही।'*
(३) *'बनिता पुरुष सुंदर चतुर छबि देखि मुनि मन मोहहीं।'*
(४) *'जगदंबा जहँ अवतरी सो पुर बरनि कि जाइ।'*
(५) *'सो जेवनार कि जाइ बखानी। बसहिं भवन जेहि मातु भवानी॥'* (९९)
(६) *'जेवँत जो बढ़ेउ अनंदु सो मुख कोटिहू न परै कह्यो।'* (९९)
(७) *'सिंघासन अति दिब्य सुहावा। जाइ न बरनि बिरंचि बनावा॥'* (१००)
(८) *'सुंदरता मरजाद भवानी। जाइ न कोटिहुँ बदन बखानी।'* (१००)
(९) *'अन्न कनक भाजन भरि जाना। दाइज दीन्ह न जाइ बखाना॥'* (१०१)
(१०) *'पुनि पुनि मिलति परति गहि चरना। परम प्रेम कछु जाइ न बरना॥'* (१०२)

नोट—२ पार्वतीमङ्गलके वर्णनसे मिलान कीजिये। *'तोरन कलस चँवर धुज। गौरी नैहर केहि बिधि कहहु बखानिय। जनु रितुराज मनोजराज रजधानिय॥ जनु राजधानी मदनकी बिरची चतुर बिधि और ही। रचना बिचित्र बिलोकि लोचन बिथक ठौरहि ठौरही॥'* (५४-५५)

नगर निकट बरात सुनि आई*। पुर खरभरु सोभा अधिकाई॥ १॥
करि बनाव सजि† बाहन नाना। चले लेन सादर अगवाना॥ २॥
हिय हरषे सुरसेन निहारी। हरिहि देखि अति भए सुखारी॥ ३॥
सिव समाज जब देखन लागे। बिडरि चले बाहन सब भागे॥ ४॥

* जब—१७०४। सुनि—१६६१, १७२१, १७६२, छ०। † सब—१७०४, गौड़जी। सजि—१६६१, १७२१, १७६२, छ०, को० रा०।

शब्दार्थ—खरभरु=खड़बड़, चहल-पहल, धूमधाम। **बनाव**=शृङ्गार, सजावट। **अगवाना**। (संज्ञा पु०)—जब बारात कन्याके घरके पास आ जाती है तब कन्यापक्षके कुछ लोग खूब सज-धजकर गाजे-बाजेसहित आगे जाकर बारात और समधीसे मिलकर उनको सादर द्वारपर ले आते हैं, इन्हीं लोगोंको 'अगवान' कहते हैं। और, इस अभ्यर्थनाको '**अगवानी**' वा '**पेशवाई**' कहते हैं। **सजि**=सजाकर; भूषण-वस्त्रादिसे अलङ्कृत करके। **सेन**=सेना, समाज। **बिडरना**=विशेष डर जाना। यह शब्द केवल पद्यमें प्रयुक्त होता है और इसका प्रयोग प्रान्तिक है। *'बिडरि', यथा—'हारे लै बिडारे जाइ पति पै पुकारे कही सुनो बजमारे मति जावो हरि गाइए।'*—(भक्तमाल भक्तिरसबोधिनी टीका क० *३१), 'भजे बिडरि बालक चहुँ ओरी'* (छात्रप्रकाश)

अर्थ—बारातको नगरके निकट आयी सुनकर नगरमें चहल-पहल (मचने) से उसकी शोभा और भी बढ़ गयी॥ १॥ कन्या पक्षवाले अगवान लोग अपना-अपना बनाव शृङ्गार करके और अनेक प्रकारकी सवारियाँ सजाकर आदरपूर्वक अगवानी लेने चले॥ २॥ देवताओंके समाजको देखकर वे मनमें हर्षित हुए। और, विष्णुभगवान्‌को देखकर तो अत्यन्त ही सुखी हुए॥ ३॥ (किंतु) जब वे शिवसमाजको देखने लगे तब सब वाहन (घोड़े, हाथी, ऊँट आदि) डरसे भड़ककर तितर-बितर हो भागे॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'नगर निकट बरात सुनि आई।......'* इति। (क) *'निकट सुनि'* का भाव कि अभी बारात इतनी दूर है कि सुन पड़ी, देख नहीं पड़ती, नहीं तो *'देखि'* कहते। ☞ रीति है कि जब बारात निकट आ जाती है तब लोग अगवानीके लिये चलते हैं। निकट आनेका समाचार सुनकर सज-धजकर तैयार रहते हैं। (ख) *'पुर खरभरु'* जो स्थिर है वह चलायमान होवे यही 'खरभरु' कहलाता है। यथा—*'होनिहार का करतार को रखवार जग खरभरु परा।'* (८४), *'खरभरु नगर सोच सब काहू। दुसह दाह उर मिटा उछाहू॥', 'चिक्करहिं दिग्गज डोल महि गिरि लोल सागर खरभरे।'* (५। ३५), *'सुनि आगमन दसानन केरा। कपि दल खरभरु भयउ घनेरा॥'* (६। ९९) (ग) *'सोभा अधिकाई'* का भाव कि शोभा तो पुरमें पूर्वसे ही थी, यथा—*'पुर सोभा अवलोकि सुहाई।......'* (९४। ८), अब बारातका निकट आना सुनकर पुरमें चहल-पहल मच गयी है, अगवानीके लिये लोग तैयार हो रहे हैं, इसीसे अब शोभा अधिक हो गयी है। यही आगे लिखते हैं—*'करि बनाव......'*।

टिप्पणी—२ (क) *'करि बनाव सजि बाहन नाना।'* इति। अगवानीमें वाहन मुख्य हैं, इसीसे वाहनोंका साजना कहा। *'नाना'* से जनाया कि बहुत हैं, हाथी, घोड़े, ऊँट आदि सभी हैं और अनेक जातिके हैं। प्रथम सब तैयारी करके तब लोग अगवानीको जाते हैं, इसीसे *'सजि'* पद दिया। (ख) *'हिय हरषे सुर सेन निहारी'* इति। प्रथम सुरसेनके देखनेसे पाया गया कि देवता लोग अलग-अलग होकर आगे हो गये हैं, शिवजीको पीछे छोड़ दिया है, इसीसे प्रथम देवसमाज देख पड़ा, पीछे शिवसमाज। *'सुरसमाज'* सब सुन्दर है, यथा—*'सुरसमाज सब भाँति अनूपा।'* इसीसे सुरसमाजको देखकर हर्ष हुआ। (ग) *'हरिहि देखि अति भए सुखारी'* इति। एक चरणमें देवताओंको कहा, दूसरेमें विष्णुभगवान्‌को। देवताओंसे विष्णु-भगवान्‌को पृथक् कहकर जनाया कि ये सब देवताओंसे अधिक सुन्दर हैं। *'अति भए सुखारी'* का भाव कि देवसमाजको देखकर सुखी हुए और भगवान्‌को देखकर 'अति सुखी' हुए। (घ) *'शिवसमाज जब......'* इति। शिवसमाज, यथा—*'नाना बाहन नाना बेषा। बिहसे सिव समाज निज देखा॥'* (९३। ६) से *'देखत अति बिपरीत......।'* ९३ तक। (ङ) *'बिडरि चले......'* से जनाया कि जो नाना वाहन यूथ-यूथ थे वे सब मारे भयके पृथक्-पृथक् होकर भागे; क्योंकि शिवसमाज बहुत भयंकर है। और, जो यूथ बँधे थे वे सब भी भागे और *'बिडरि'* चले। (त्रिपाठीजी लिखते हैं कि शिवसमाजको देखकर हाथी-घोड़े ऐसे भड़के कि सवारोंके रोकनेपर भी न रुके, भाग निकले। अतः सवारका भागना न कहकर वाहनका भागना कहते हैं।)

नोट—१ सब वाहन एवं अधिकांश पैदल दर्शक हाथी-घोड़ोंके भड़कनेके कारण भगे। अगवानियोंका भागना नहीं समझना चाहिये, क्योंकि ये तो बारातको लेकर आयेंगे। ☞ बाराती प्रायः अपरिचित होते

हैं, इसीसे भेंट-प्रणाम किसीसे कोई नहीं करता, सवारसे सवार मिलते हैं, और लोग तमाशा देखते हैं। अतएव यहाँ भेंट या प्रणाम करना कुछ न कहा, केवल देखनाभर लिखा है। यथा—*'हिय हरषे सुरसेन निहारी'* (१) *'हरिहि देखि अति भए सुखारी'* (२) *'शिव समाज जब देखन लागे'* (३) *'देखन लागे'* में भाव यह है कि पूरा समाज नहीं देख पाये कि वाहन भड़ककर भगे। यह भी जनाया कि चकित होकर देख रहे हैं कि यह कैसी बेढंगी बारात है।

नोट—२ लमगोड़ाजी—*'बिडरि चले'* इस भगदड़का फिल्म-कला और हास्यप्रद चित्रण विचारणीय है। आगे चलकर लड़कोंका चित्रण *'भय कंपित गाता'* भी इन्हीं कलाओंका उदाहरण है।

धरि धीरजु तहँ रहे सयानें। बालक सब लै जीव परानें॥५॥
गए भवन पूछहिं पितु माता। कहहिं बचन भय कंपित गाता॥६॥

शब्दार्थ—जीव=प्राण। पराने=भागे।

अर्थ—समझदार ज्ञानवान् कुछ बड़ी अवस्थावाले धीरज धरकर वहाँ डटे रह गये और बालक (तो) सब प्राण लेकर भगे॥५॥ घरमें जानेपर पिता और माता पूछते हैं (तब वे) भयके मारे काँपते हुए शरीरसे वचन कह रहे हैं॥६॥

टिप्पणी—१ *'धरि धीरजु तहँ रहे सयानें।......'* इति। (क) 'तहँ रहे' का भाव कि समाज देखकर डरे तो सयाने भी, पर वे धैर्य धारण करके रह गये, भागे नहीं। (ख) *'सयानें'* का भाव कि समझदार हैं, वे यह समझकर खड़े रहे कि ये हमें भक्षण न करेंगे, इनका वेष ही ऐसा है। और बालक लोग प्राण लेकर भगे कि कहीं ये हमें खा न जायँ। पुनः, *'बालक सब लै जीव परानें'* के सम्बन्धसे *'सयानें'* का अर्थ है—'अवस्थामें बड़े', 'वयोवृद्ध', 'समझदार', 'ज्ञानवान्', हाथी, घोड़ों आदिके सँभालनेमें कुशल, तथा जो शिवजीका स्वरूप भलीभाँति समझते थे, जो यह जानते हैं कि शिवजी असुरोंको मोहित करनेके लिये ही यह अमङ्गल वेष धारण किये हुए हैं पर वस्तुतः हैं मङ्गलराशि। यथा पद्मपुराणे—'**त्वं च रुद्र महाभाग मोहनार्थं सुरद्विषाम्। पाखण्डाचरणं धर्मं कुरुष्व सुरसत्तम॥ एवं देवहितार्थाय वृत्तिं वेदविगर्हिताम्। विष्णोराज्ञाम्पुरस्कृत्य कृतं भस्मादिधारणम्॥ बाह्यचिह्नमिदं देवि मोहनार्थं सुरद्विषाम्। अन्तरे हृदये नित्यं ध्यात्वा देवं जनार्दनम्॥**' (उत्तरखण्ड अ० २३५ श्लोक० २८—३०) अर्थात् हे देवश्रेष्ठ महाभाग रुद्रजी! आप असुरोंको मोहित करनेके लिये पाखण्डके आचरण ग्रहण करें। भगवान् विष्णुकी इस आज्ञाके अनुसार देवताओंके हितार्थ वेदविरुद्ध निषिद्ध आचरण हमने धारण कर लिये। चिताकी भस्म रमाने, मुण्डमाल और सर्पादि धारण करने लगे। श्रीशिवजी कहते हैं कि हृदयमें तो मैं सदैव जनार्दनभगवान्का ही ध्यान करता हूँ। विशेष पूर्व (२६। १) *'साज अमंगल मंगलरासी'* (भाग १) देखिये। (ख) बालक और पशु अज्ञानी हैं, वे भगे। सयाने जिनके ज्ञान है वे वहीं बने रहे। सयानोंने अपने ज्ञानसे धीरज धरा, जो बालक हैं वे अज्ञानके कारण धीरज न धर सके, अतः भगे।

टिप्पणी—२ *'बालक सब लै......'* इति। (क) बालकके साथ *'सब'* विशेषण दिया, *'सयानें'* के साथ कोई विशेषण नहीं दिया। इससे जनाया कि बालकोंमेंसे वहाँ कोई न रह गया, सभी भाग गये। सवार भी सब भागे; यथा—*'बिडरि चले बाहन सब भागे।* *'सयाने'* के साथ *'सब'* विशेषण न देनेका तात्पर्य यह है कि कुछ भागे, कुछ वहीं रहे। (ख) ☞ बालक, युवा और वृद्ध तीनों अगवानीमें थे। जिस क्रमसे अगवानी लेने चले, उसी क्रमसे ग्रन्थकार लिखते हैं। युवा सवारीमें आगे-आगे थे। उनके वाहन उन्हें ले भागे, न तो वे समयपर घर गये और न वहाँ ही रहे। अतः ग्रन्थकारने उनका हाल कुछ न लिखा। उनके पीछे सयाने थे, वे वहीं खड़े रहे, उन्हींने अगवानी करके बारातको ले जाकर जनवासेमें ठहराया इनके पीछे बालक थे जो भागकर घर आये और सब वृत्तान्त कहा। (ग) बालकका प्राण लेकर भागना कहा; क्योंकि उनको बारात यमराजकी सेना-सी देख पड़ी; यथा *'जम कर धार कि धौं बरिआता'।* यमदूत प्राण हरण करने आते हैं, इसीसे 'प्राण लेकर' भागना कहा कि कहीं ये ले न लें।

टिप्पणी—३ *'गए भवन पूछहिं पितु माता।......'* इति। (क) *'पूछहिं'* से जनाया कि घर जाकर इन्होंने बारातका हाल स्वयं न कहा; क्योंकि भयसे व्याकुल हैं। भयसे शरीर काँप रहा है। भयके मारे मुँहसे बात नहीं निकलती और मनमें भय भरा अर्थात् तन-मन-वचन तीनोंसे भयको प्राप्त हैं, इसीसे पिता-माताको पूछना पड़ा। माता-पिताको चिन्ता हो गयी कि एकायक इसको क्या हो गया, कोई रोग तो नहीं हो गया जो यह थर-थर काँप रहा है। पूछनेपर इन्होंने कहा। [(ख) प्रथम पिताको लिखा, तब माताको क्योंकि पिता घरके बाहर बैठे हुए पहले मिले तब माता। (ग) वाहनों और बालकोंका अयथार्थ भयवर्णन 'भयानक रसाभास' है। (वीरकवि)]

कहिअ* काह कहि† जाइ न बाता। जम कर धार कि धों बरिआता॥७॥

बरु बौराह बसह‡ असवारा। ब्याल कपाल बिभूषन छारा॥८॥

शब्दार्थ—बरिआत=बारात। बौराह=बौरहा, बावला, पागल। *बसह* (सं० वृषभ)=बैल। असवार=चढ़ा हुआ सवार। (क्षार)=राख, भस्म।

अर्थ—क्या कहें? कुछ बात कही नहीं जाती। भला यह यमकी सेना है कि बारात है? ॥७॥ दूलह पागल है, बैलपर सवार है। सर्प, मनुष्योंकी खोपड़ियाँ (नरमुंडमाला) और राख ही उसके विभूषण (भूषणविशेष) हैं॥८॥

टिप्पणी—१ *'कहिअ काह.......'* इति। (क) कहना तो चाहिये था कि 'बारात है कि यमकी सेना है, पर ऐसा न कहकर कहा कि 'यमकी सेना है कि बारात'। क्योंकि वे इसे निश्चय ही यमकी सेना समझे हुए हैं। इसीसे *'जम कर धार'* में *'धों'* नहीं कहते, *'बरिआत'* में *'धों'* कहते हैं। बारात होनेमें संदेह है, निश्चय नहीं है। यहाँ संदेहालङ्कार है। (ख) यमके दर्शनसे शरीर काँपने लगता है, बोल नहीं निकलता। इन्हें यमकी सेना देख पड़ी, इसीसे ये बीचमें न रुके, घरमें जा घुसे। घरमें माता-पिता बारातका हाल पूछते हैं तो उसपर कहते हैं कि *'कहिअ काह'* क्या कहें? अर्थात् आप जो पूछते हैं सो तो कही नहीं जाती। फिर आगे कुछ कहते हैं। पुनः भाव कि तुम क्या पूछते हो, हमसे तो बोला भी नहीं जाता, कहें तो क्या कहें और कैसे कहें। (ग) शिवसमाज किसीसे भी कुछ कहते नहीं बनता; यथा *'बहु जिनस प्रेत पिसाच जोगि जमात बरनत नहिं बने॥'* (९३) तब इन बेचारे बालकोंसे कैसे कहते बने।

टिप्पणी—२ *'बरु बौराह बसह.......'* इति। (क) बारातको कहकर अब वरका हाल कहते हैं। ☞ जो बारात देखने जाते हैं, वे बारात देखते हैं, वरकी सवारी देखते हैं, वरके आभूषण देखते हैं, इत्यादि। वैसे ही ये सब देखने लगे देखनेपर सब विपरीत ही देख पड़ा, वह यह कि वर उत्तम सवारीपर चढ़ता है, घोड़ेपर या पालकीमें प्रायः चढ़ता है पर यह बैलपर सवार है। वर सोनेके बाले, कंकण आदि पहनते हैं और यह सर्पोंको पहने है। वर मोहनमाल, मोतियों या मणियोंकी माला पहनते हैं और यह नरमुण्डमाल पहने है। वर पीताम्बर आदि धारण करते हैं और यह नंगा है। वर अतरचन्दनादि लगाये रहते हैं और यह श्मशानकी भस्म रमाये है। बारातमें सुन्दर-सुन्दर बाराती आते हैं, इसके बाराती भूत-प्रेत-पिशाच हैं। तात्पर्य कि यहाँ तो एक बात भी अच्छी नहीं है। (ख) वरको बौरहा कहकर 'बौरहा' के लक्षण कहते हैं—*'बसह असवारा.......'* इत्यादि। सवारीपर प्रथम दृष्टि पड़ी, क्योंकि बड़ी है, इसीसे प्रथम सवारी कहकर तब आभूषण कहे।

छं०—तन छार ब्याल कपाल भूषन नगन जटिल भयंकरा।
संग भूत प्रेत पिसाच जोगिनि बिकट मुख रजनीचरा॥

---

* कहा-पाठान्तर। † जात-१७०४। ‡ बरद-१७०४, १७२१, १७६२, छ०। बसह-१६६१।

जो जिअत रहिहि बरात देखत पुन्य बड़ तेहि कर सही।
देखिहि सो उमा बिबाह घर घर बात असि लरिकन्ह कही॥

शब्दार्थ—जटिल=जटाधारी। जटा=एकमें उलझे हुए सिरके बहुत बड़े-बड़े बाल। रजनीचर=निशिचर। जोगिनि (योगिनी)=रणदेवियाँ जो रणमें कटे-मरे मनुष्योंके रुण्डमुण्डको देखकर आनन्दित होती हैं और मुण्डोंको गेंद बनाकर खेलती हैं।

अर्थ—(वरके) शरीरपर भस्म लगी है, सर्प और मुण्डमाल उसके आभूषण हैं। वह नंगा, जटाधारी और भयंकर है। उसके साथ भयंकर मुखवाले भूत-प्रेत-पिशाच, योगिनियाँ और निशाचर हैं। जो कोई बारातको देखता जीवित बच जायगा सचमुच ही उसके बड़े पुण्य होंगे। वही उमाजीका विवाह देखेगा। —घर-घर लड़कोंने ऐसी बातें कहीं।

टिप्पणी—१ *'तन छार ब्याल……'* इति। (क) सब आभूषणोंके स्थान (अर्थात् कौन किस अङ्गमें हैं) पूर्व *'जटा मुकुट अहिमौर सँवारा॥ कुंडल कंकन पहिरे ब्याला। तन बिभूति पट केहरि छाला॥……गरल कंठ उर नर सिर माला।'* दोहा ९२ में लिख आये, इसीसे यहाँ आभूषणभर कहे, उनके स्थान न कहे। (ख) *'भयंकरा'* से आभूषण, रूप और साथियों, साथके गणोंको भयंकर जनाया। *भयंकरा'* दीपदेहली है। (ग) शङ्का—शिवजी चाहते तो गणोंसमेत सुन्दर रूप धारण कर लेते तब उन्होंने मङ्गलसमयमें अमङ्गल रूप क्यों धारण किया? समाधान—महात्मा देवर्षि नारदका वचन है कि *'जोगी जटिल अकाम मन नगन अमंगल बेष। अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि परी हस्त असि रेख॥'* (६७) उनके वचन सत्य करनेके लिये वे पार्वतीजीको अमङ्गलवेषसे प्राप्त हुए।—*'मृषा न होइ देवरिषि भाषा'* [यह शिवजीका सहज वेष भी है। इस वेषसे पार्वतीजीकी अकामता भी प्रतीत हुई है। जैसे श्रीरामजी नारदवचन सत्य करते हैं, यथा *'नारद बचन सत्य सब करिहौं'* वैसे ही शङ्करजी उनके वचन सत्य करते हैं। शिवजीके इस विवाह शृङ्गारमें शृङ्गाररसका कहीं पता नहीं है यह विशेष ध्यानमें रखनेकी बात है। रौद्र और शृङ्गारको छोड़ अन्य सब रसोंका अस्तित्व शिवशृङ्गारमें है। समन्वयकी यह सावधानता कितनी सराहनीय है। काम नहीं है, अतः शृङ्गार नहीं है। प० प० प्र०] (घ)[नोट—शिवजीका बाघाम्बर पहने होना पूर्व कह आये हैं; यथा—*'तन बिभूति पट केहरि छाला'* और यहाँ *'नगन जटिल'* अर्थात् नंगा होना कहते हैं। इससे जान पड़ता है कि बाघाम्बर लँगोटीकी तरह नहीं पहने हैं, किन्तु उसे केवल ऊपरसे डाले हुए हैं। बालक छोटे हैं और नीचे खड़े हैं। शिवजी नन्दीश्वरपर सवार हैं। इसीसे लड़कोंको नंगे दिखायी पड़े।]

टिप्पणी—२ *'संग भूत प्रेत पिसाच……'* इति। (क) वरका वर्णन कर अब बारातियोंका वर्णन क्रमशः कहते हैं कि सङ्गमें भूतप्रेतादि हैं। प्रथम कहा कि बारात यमराजकी सेना है। यहाँ यमकी सेनाका अर्थ खोल दिया कि यही सब भूत-प्रेत-पिशाचादि ही यमकी सेना है। वर स्वयं भयंकर है और भयंकरोंको साथमें लिये है। (ख) ☞ देवताओंने प्रथमसे ही सङ्ग छोड़ दिया, इसीसे देवताओंको सङ्गमें नहीं कहते, भूत-प्रेत सङ्ग हैं, अतः उन्हें कहते हैं। *बिकट*=भयंकर। अर्थात् खा ही जायँगे। (ग) *'जो जिअत रहिहि……'* इति। ऊपर *'बिकट मुख रजनीचरा'* कहा। (रजनीचर मनुष्योंको खा जाते हैं; यथा *'नर अहार रजनीचर चरहीं॥'* (२। ६३) इससे जनाया कि ये भयंकर-मुख हैं, अवश्य सबको भक्षण कर लेंगे। जो कदाचित् अभी न भक्षण करेंगे तो भी बारात देख लेनेपर कोई भी न जीवित बचेगा, सब छले जायँगे। (घ) *'जो' 'रहिहि'* एकवचन देनेका आशय यह है कि बारात देखकर सब न जीवित रहेंगे, कोई एक (चाहे) जीता बच जाय। जो कोई एक बच गया उसके बड़े पुण्य होंगे। (ङ) *'पुन्य बड़ तेहि कर सही'* इति। भाव कि पुण्यपुरुष ही यमकी सेनासे बचते हैं, पापी मारे जाते हैं। *'जो'* संदिग्ध वचन है। तात्पर्य कि पहले तो कोई जियेगा नहीं, यदि कोई जिया भी तो वही जिसके *'बड़ पुन्य'* बहुत बड़े पुण्य होंगे, छोटे पुण्यवाला न बचेगा। *'सही'* का भाव कि पुण्य बड़ा और सही होगा तभी बचेगा, अन्यथा नहीं। पुनः भाव कि जिस पुण्यमें विघ्न हुआ होगा उस पुण्यसे नहीं बच सकेगा।

टिप्पणी—३ *'देखिहि सो उमा बिबाह'* इति। (क) *'जो'* का सम्बन्धी *'सो'* यहाँ है। *'जो जिअत रहिहि' 'सो बिबाह देखिहि।'* (ख) *'उमा बिबाह'* कहा क्योंकि यहाँ *'उमा'* प्रधान हैं; कन्यापक्षवालोंमें कन्याकी प्रधानता रहती है, अतः *'उमा बिबाह'* कहा। वरपक्षके होते तो *'शिवबिबाह'* कहते। (ग) *'घर घर बात असि लरिकन्ह कही'* इति। घर-घर कहनेका भाव कि देखनेकी इच्छा लड़कोंको बहुत रहती है; इसीसे घर-घरके लड़के बारात देखने आये थे।

☞ मिलान कीजिये—*'घरघर बालक बात कहन लागे तब॥ प्रेत बेताल बराती भूत भयानक। बरद चढ़ा बर बाउर सबइ सुबानक॥'* (१०६) *कुसल करइ करतार कहहिं हम साँचिअ। देखब कोटि बिआह जिअत जौं बाँचिअ॥'* (१०७) (पार्वतीमंगल)।

प० प० प्र०—भयानक रसकी महिमा तो देखिये। कपाल शिवगणोंके हाथमें है। पर बालकोंने उसे शिवजीके हाथमें ही रख दिया। शिवसमाजमें योगिनी, चामुण्डा आदि स्त्रियाँ हैं ही नहीं तथापि बालकोंकी भयाकुल बुद्धि योगिनियोंका अस्तित्व भी बखाना। भयग्रस्त बालकोंके स्वभावका यहाँ यथातथ्य वर्णन किया है।

दो०—समुझि महेस समाज सब जननि जनक मुसुकाहिं।
बाल बुझाए बिबिध बिधि निडर होहु डरु नाहिं॥ ९५॥

अर्थ—महादेवजीका सारा समाज समझकर सब माता-पिता मुस्कुराने लगे और उन्होंने बालकोंको अनेक प्रकारसे समझाया कि निडर हो जाओ, कोई डरकी बात नहीं है॥ ९५॥

टिप्पणी—१ (क) लड़के यमकी धार समझकर डरे और माता-पिता महेशका समाज समझकर हँसे कि शिवजीका समाज ही ऐसा है। [☞ लड़कोंने जिस तरह सारे दृश्यका बखान किया है वह कितना भयानक है? परन्तु कविकी हास्यकलाका लुत्फ देखिये कि इस भयानक दृश्यसे भी हँसी आती है। *'जननि जनक मुसुकाहिं'* का हास्य दो तरफा है। हँसी एक ओर तो भङ्ग घोटना बाबाके समाजपर आती है और दूसरी ओर लड़कोंकी बुद्धिपर। *'बर बौराह बरद असवारा'* तो एक हास्यपद जनश्रुति बन गया है। सारा दृश्य फिल्मकलासे ओतप्रोत है।—(लमगोड़ाजी)] (ख) *'बाल बुझाए बिबिध बिधि'* इति। बहुत प्रकारसे समझाना कहा क्योंकि लड़के घर-घरके हैं, बहुत हैं, घर-घरके माता-पिता भी मिलकर बहुत हैं, किसीने कुछ कहकर समझाया, किसीने कुछ और कहकर समझाया, इत्यादि बहुत प्रकार हुआ। अथवा, बालक बहुत डरे हुए हैं; यथा—*'बालक भभरि भुलान फिरहिं घर हेरत'* (पार्वतीमंगल ६४) इसीसे प्रत्येकको विविध प्रकारसे समझाना पड़ा कि डर छूट जाय। (ग) *'निडर होहु……'* का भाव कि लड़के बिना डरके डरे हुए हैं—(यह भी डर छुड़ानेका एक ढङ्ग है)।

लै अगवान बरातहि आए। दिए सबहि जनवास सुहाए॥ १॥
मैना सुभ आरती सँवारी। संग सुमंगल गावहिं नारी॥ २॥

अर्थ—अगवाने लोग बारातको ले आये और सबोंको सुन्दर-सुन्दर जनवासा (ठहरनेको) दिया॥ १॥ श्रीमेनाजीने मङ्गल आरती सजायीं; साथमें स्त्रियाँ सुन्दर मङ्गलाचारके गीत गा रही हैं॥ २॥

टिप्पणी—१ (क) *'लै अगवान……'* इति। पूर्व कह आये हैं कि *'धरि धीरज तहँ रहे सयाने'*, यही सयाने जो वहाँ रह गये थे वे ही बारातकी अगवानी कर बारातको ले आये। पुनः पूर्व कहा था कि आदरपूर्वक अगवानी लेने चले—*'चले लेन सादर अगवाना।'* (९५। २) अब यहाँ अगवानी ले आना कहा। ☞ यहाँतक 'अगवानी' की रस्मका वर्णन हुआ। (ख) *'दिए सबहि जनवास……'*—*'दिए'* और *'सुहाए'* बहुवचनपद देकर जनाया कि बहुत-से जनवासे दिये। सबको न्यारे-न्यारे (पृथक्-पृथक्) जनवासे दिये क्योंकि सब एक जनवासेके लायक नहीं हैं। देवता, राक्षस, भूत, प्रेत, पिशाच आदि अनेक जातिके बाराती हैं। सब अलग-अलग ठहरे यह आगे स्पष्ट है, यथा—*'अचवाइ दीन्हे पान गवनें बास जहँ*

जाको रह्यो।' (९९) इससे पाया गया कि सबका निवास पृथक्-पृथक् था। (ग) *'सुहाए'* बहुवचनमें प्रयोग किया गया है; यथा—*'कलपभेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाए॥'* (१। ३३), *'जहँ जहँ तीरथ रहे सुहाए। मुनिन्ह सकल सादर करवाए॥'* (१। १४३), *'तिन्हके निकट बिसाल सुहाए। धवल धाम बहु बरन बनाए॥'* (१। २२४),*'नवपल्लव फल सुमन सुहाए। निज संपति सुररूख लजाए॥'* (१। २२७) *'देखन बागु कुँअर दुइ आए। बय किसोर सब भाँति सुहाए॥'* (१। २२९) इत्यादि। यदि एक ही जनवासा होता तो *'सुहावा'* एकवचन—पद देते। यथा—मध्य बाग सरु *सोह सुहावा।'* (१। २२७), *'प्राची दिसि ससि उयउ सुहावा।'* (१।२३७), *'सीस जटा ससि बदनु सुहावा।'* (१।२६८), *'सिंहासन अति दिव्य सुहावा'*। (१। १००) इत्यादि। (घ) *'सबहि'* का भाव कि कोई यह न समझे कि देवता उत्तम जनवासेके योग्य हैं और भूत-प्रेतादि उत्तम निवासस्थानके योग्य नहीं हैं, अतः देवताओंको अच्छे जनवासे मिले होंगे और भूत-प्रेतोंको बुरे। सभीको सुन्दर उत्तम जनवासे दिये गये। सबका समान आदर किया गया।

टिप्पणी—२ *'मैना सुभ आरती सँवारी।……'* इति। (क) *'मैना सँवारी'* कहनेसे पाया गया कि मेनाजीने अपने हाथों आरती सजायीं। इससे रानी मेनाजीकी श्रद्धा दिखायी। (ख) *'सुभ आरती'* इति। शुभ और मङ्गल पर्याय हैं,यथा— *'श्वः श्रेयः शं शिवं भद्रं कल्याणं मङ्गलं शुभमित्यमरे।'* विवाहके पूर्व वरका परछन होता है; यथा—*'सजि आरती अनेक बिधि मंगल सकल सँवारि। चलीं मुदित परिछन करन गजगामिनि बर नारि॥'* (१। ३१७) पुनः*'सुभ आरती'* से परछनके साज-सामग्रीका ग्रहण हुआ। यथा *'रामु दरस हित अति अनुरागीं। परिछन साजु सजन सब लागीं॥ हरद दूब दधि पल्लव फूला। पान पूगफल मंगल मूला॥ अच्छत अंकुर रोचन लाजा। मंजुल मंजरि तुलसि बिराजा॥'* (१। ३४६) यहाँ *'सुभ आरती सँवारी'* कहकर आगे *'परिछन चली हरहि'* कहनेसे स्पष्ट हुआ कि आरती करना ही *'परिछन'* है। (परन्तु इसमें आरतीके अतिरिक्त और भी रीतियाँ होती हैं)। (ग) *'संग सुमंगल गावहिं नारी'* इति। *'संग नारी'* कहकर श्रीमेना अम्बाजीकी प्रधानता जनायी। अर्थात् मेनाजी गाती हैं और उनके सङ्गमें और स्त्रियाँ भी मिलकर गा रही हैं। *'मैना'* शब्दके साथ *'गावहिं'* बड़ा चोखा है। इनका स्वर मधुर है इसीसे *'मैना'* नाम है, मानो *'मैना'* (सारिका) ही हैं।—[पं० रामकुमारजीका यह मत है, पर अधिकांश लोगोंके अनुसार मेनाजी नहीं गा रही हैं। केवल स्त्रियाँ गा रही हैं। मेनाजीपर ६८ (३) में लिखा जा चुका है।]

कंचन थार सोह बर पानी। परिछन चली हरहि हरषानी॥ ३॥
बिकट बेष रुद्रहि जब देखा। * अबलन्ह उर भय भएउ बिसेषा॥ ४॥

शब्दार्थ—कंचन=सोना, सुवर्ण। परिछन (परछन)=विवाहकी एक रीति जिसमें बारात घरपर आनेपर कन्यापक्षकी स्त्रियाँ वरके पास जाती हैं और उसे दही, अक्षतका टीका लगाती हैं, उसकी आरती उतारती हैं तथा उसके ऊपरसे मूसल, बट्टा आदि घुमाती हैं। (श० सा०) वरके घरपर भी वरपक्षकी स्त्रियाँ माँ, भावज इत्यादि भी परछन करती हैं। कोई-कोई *'परछन'* को 'परीक्षण' का अपभ्रंश कहते हैं और कहते हैं कि यह वरकी परीक्षा है और कोई इसे 'परि+अर्चन' का अपभ्रंश मानते हैं। थार (थाल)—काँसे या पीतल आदिका बड़ा छिछला थालीसे बहुत बड़ा बर्तन।

अर्थ—सुन्दर हाथोंमें सोनेका थाल शोभित है। (इस प्रकार वे) हर्षपूर्वक महादेवजीका परछन करने चलीं॥ ३॥ जब उन्होंने विकट (भयंकर) वेषवाले रुद्रको देखा तब स्त्रियोंके हृदयमें बहुत अधिक भय उत्पन्न हो गया॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'कंचन थार सोह……'* इति। (क) *'संग सुमंगल गावहिं नारी'* और *'परिछन चली हरहि हरषानी'* से सूचित किया कि घरसे सब गाते हुए चलीं। (ख) *'कंचन थार'*—इसमें परछनका

* अबलन्हि—१७०४, को० रा०। अबलन्ह—१६६१, १७२१, १७६२।

सब मङ्गल द्रव्य रखा हुआ है जो पूर्व शुभ आरतीकी टिप्पणीमें कह आये। थालमें आरती भी सजायी हुई होती है। (ग) *'बर पानी'* कहकर हाथोंको कमल-समान जनाया। *'बर पानी'* अर्थात् हस्तकमलमें। यथा—*'कनक थार भरि मंगलन्हि कमल करन्ह लिये मात। चलीं मुदित परिछनि करन पुलक पल्लवित गात॥'* (१। ३४६) (घ)*'परिछन चली हरहि……'*—हरका परछन करने चलीं और हर्षित हैं। तात्पर्य यह कि शिवजीका दर्शन होगा इस विचारसे हर्षित हैं। दर्शनके लिये हर्ष हुआ कि दर्शन करके आरती उतारेंगी। यथा—*'रामदरस हित अति अनुरागीं। परिछनि साज सजन सब लागीं॥'* (१। ३४६) (इसीसे यहाँ *'हर'* शब्द दिया। जो क्लेशोंके हरनेवाले शिव हैं उनकी हम दूलहरूपमें आरती करेंगी। साधारणतः भी वरको देखने आदिका उत्साह सासु आदिको होता ही है और मङ्गलकार्य भी है, अतः हर्ष होना स्वाभाविक है।)

टिप्पणी—२ (क) ☞ इस प्रसङ्गभरमें श्रीमेनाजीकी प्रधानता दिखायी है।—शुभ आरती सँवारनेमें प्रधान हैं—*'मैना सुभ आरती सँवारी।'* गानेमें प्रधान हैं, स्त्रियाँ तो सङ्गमें गाती हैं—*'संग सुमंगल गावहिं नारी'।* शोभामें प्रधान हैं—*'कंचन थार सोह बर पानी।'* चलनेमें प्रधान हैं—*'परिछन चली हरहि हरषानी।'* (ख) पुनः, यहाँतक आरती, गान, थाल, हाथ और स्नेहकी शोभा कही। *'आरती सँवारी'* से आरतीकी, *'सुमंगल गावहिं'* से गानकी, *'कंचन थार'* से थालकी, *'बर पानी'* से हाथकी और *'हरषानी'* से स्नेहकी शोभा कही।

टिप्पणी—३ *'बिकट बेष रुद्रहि……'* इति। (क) विकट अर्थात् भयङ्कर; यथा—*'तन छार ब्याल कपाल भूषन नगन जटिल भयंकरा'* इसीसे अबलाओंको विशेष भय हुआ। (ख) *'रुद्रहि देखा'* से पाया गया कि और गणादि सङ्गमें कोई नहीं हैं, रुद्र अकेले ही हैं। यह बात आगेके *'गए महेस जहाँ जनवासा'* से स्पष्ट है; क्योंकि जनवासेको जाते समय भी कोई गण साथमें नहीं कहा गया। (सम्भव है कि भूत-प्रेतादि बहुत कुरूप एवं नंगे थे जिन्हें देख लड़के भय खाकर प्राण लेकर भाग आये थे, इसीसे यह समझकर कि अब स्त्रियाँ परछन करने आयँगी, अतः गणादिको जनवासेमें रहने दिया हो ; अथवा, देवताओंमें यह रीति ही हो कि बाराती जनवासेमें ठहरा दिये जाते हैं, केवल वर परछनके लिये कन्याके द्वारपर आता है क्योंकि यहाँ शङ्करजीके अतिरिक्त कोई भी बाराती नहीं कहा गया। *'जब देखा'* का भाव कि विकट वेष तो नारदजीसे सुना था, यथा—*'नगन अमंगल बेष'* पर देखना दूसरी बात है। सुननेसे डरी न थीं, देखनेसे डरीं। (ग) शिवजीका रूप—वेष देखकर स्त्रियाँ भयको प्राप्त हुईं, इसीसे यहाँ 'रुद्र' नाम दिया। रुद्र भयानक हैं, उन्हें देखकर डर लगता ही है। यथा—*'रुद्रहि देखि मदन भय माना।'* (१। ८६) (घ)*'अबलन्ह उर भय'* कहनेका भाव कि भय तो पुरुषोंको भी हुआ और वे तो बेचारी *'अबला'* ही हैं, अतः इनको विशेष भय हुआ तो आश्चर्य ही क्या? ऐसा होना तो उचित ही था। (ङ) *'भय बिसेषा'* का भाव कि भय तो औरोंको भी हुआ। बालकोंको, वाहनोंको, अगवानोंको, सभीको भय हुआ था, केवल सयाने लोग ही धैर्य धारण कर वहाँ रह गये थे और सब तो भाग ही गये। पर, अबलाओंको 'विशेष' भय हुआ, क्योंकि भयभीत होना तो नारि-स्वभाव ही है; यथा—*'नारि सुभाउ सत्य सब कहहीं। अवगुन आठ सदा उर रहहीं॥……भय अबिबेक असौच अदाया ॥'* (६। १६) [*'बिसेष भय'* के और भाव ये हैं—(१) शङ्कर-समाज देखकर भय हुआ और ये तो सिरसे पैरतक सर्प लपेटे थे, इससे इन्हें देख विशेष भय हुआ। (२) ब्रह्मा-विष्णु आदि और उनके समाजोंको देखकर बहुत हर्ष हुआ था, उनके बाद एकदमसे विकट विकराल स्वरूप देख पड़ा, इसीसे 'विशेष हर्ष विशेष भय' में परिवर्तित हो गया; वे परम भयभीत हो गयीं। (३) आरती देखकर सर्प लपलपाये, अतः बहुत डर गयीं।]

☞ नोट—यह चित्र भी हास्यप्रद है परन्तु यहाँ हँसी टिकाऊ नहीं है। कारण कवि स्वयं आगे लिखता है। (लमगोड़ाजी) स्त्रियोंका अयथार्थ भय 'भयानक रसाभास' है।

भागि भवन पैठीं अति त्रासा। गए महेसु जहाँ जनवासा॥ ५॥
मैना हृदय भएउ दुखु भारी। लीन्ही बोलि गिरीसकुमारी॥ ६॥

शब्दार्थ—**पैठीं** (सम्भवतः 'प्रविष्ट' का अपभ्रंश 'पैठना' है)=घुस गयीं, घरके भीतर चली गयीं। यथा—'*चलेउ नाइ सिरु पैठेउ बागा।*' (५। १८)

अर्थ—अत्यन्त भयके मारे भागकर वे सब घरमें घुस गयीं और महादेवजी जहाँ जनवासा था वहाँ चले गये॥ ५॥ श्रीमेनाजीके हृदयमें भारी दुःख हुआ। उन्होंने गिरीशकुमारी श्रीपार्वतीजीको बुला लिया॥ ६॥

टिप्पणी—१'*भागि भवन पैठीं*......' इति। (क) बालक डरे थे, अतः वे भागकर घरमें चले गये; यथा—'*बालक सब लै जीव पराने। गए भवन*......'; और इनके सम्बन्धमें कहते हैं कि ये भागकर '*भवन पैठीं*' भवनमें पैठ गयीं। वहाँ '*गए*' और यहाँ '*पैठीं*' शब्द देकर स्त्रियोंके '*अति त्रास*' का स्वरूप दिखाया है। (ख) '*अति त्रासा*' का भाव कि बालकोंको '*त्रास*' हुई और स्त्रियोंको '*अति त्रास*' हुई । अथवा, अबलाओंके उरमें विशेष भय हुआ इसीसे '*अति त्रास*' हुई (ग) '*गए महेसु*......' इति। इससे जनाया कि शिवजी परछन करानेको खड़े रहे, जब स्त्रियाँ भाग गयीं तब आप भी जनवासेको चले गये। ☞ इससे सिद्ध होता है कि अगवानी लोग बरातियोंको जनवासा देकर शिवजीको परछन करानेके लिये द्वारपर ले आये थे। इसीसे जब स्त्रियाँ भाग गयीं तब जनवासेमें इनका जाना लिखा गया। अथवा, इनको भी जनवासा देकर तब वहाँसे लाये हों। [जनवासेमें चले जानेका भाव यह भी कहा जाता है कि शिवजीने यही समझा कि इस देश और कुलमें परछनकी यही रीति है कि वरको देखकर परात पटककर स्त्रियाँ घरमें घुस जायँ। अतएव परछनकी रसम समाप्त समझकर जनवासेको चले गये। विशेष भाव आगे 'महेश' शब्दमें दिये गये हैं।]

नोट—यहाँ इस प्रसङ्गमें क्रमशः प्रसङ्गानुकूल शिवजीके तीन भिन्न-भिन्न नामों 'हर', 'रुद्र' और 'महेश' का प्रयोग हुआ है। प्रथम आरती वा परछनके साथ 'हर' पद दिया। जो आर्तिहरण हैं, उनकी आरती करने चलीं, यथा—'*आरति करिय आरतिहरकी।*' (विनय०) ये श्रीगिरिजाजीका पाणिग्रहण करके गिरिजाजीका तथा माता-पिताका क्लेश हरण करेंगे जिससे फिर देवताओंके भी सङ्कट निवारण होंगे। इस विचारसे आरती (परछन) के प्रसङ्गमें 'हर' (**क्लेशं हरतीति हरः**) नाम उपयुक्त है। विकट वेष और विशेष भयकी उत्पत्तिसे 'रुद्र' शब्दकी सार्थकता प्रकट की है। स्त्रियोंके भाग जानेपर जनवासेमें जाते समय 'महेश' नाम देनेमें भाव यह है कि आप 'महान् ईश' हैं, आपकी सब जीवोंपर दया है, यथा—'*पान कियो बिष भूषन भो करुनाबरुनालय साइँ हियो है।*'(क० ७। १५७) आप समझ गये कि हमारा विकट वेष देखकर स्त्रियाँ डर गयीं, वे हमारे ऐश्वर्यको, हमारे स्वरूपको नहीं जानतीं, अतएव जनवासेमें जाकर ठहर गये और कोई दूलह होता तो अपमान समझकर बारातसहित घर लौट जाता। आगे स्वरूपका बोध भी होनेका उपाय इसी बहाने रच दिया है।

प० प० प्र०—'*बिकट बेष रुद्रहि जब देखा।*......*गए महेस*......' इति। पहले शिव थे, यथा—'*शिवहि संभुगन करहिं सिंगारा।*' फिर 'महेश' बने, यथा—'*मन ही मन महेस मुसुकाहीं*'। तत्पश्चात् 'हर' बने, यथा—'*परिछन चली हरहि हरषानी।*' पर अन्तमें प्रतीत हुए-'रुद्र'। महेश=महान् ईशः। उन्होंने अपनी ईशनशक्तिसे '*भृंगिहि प्रेरि सकल गन टेरे*' और महेशता सिद्ध की। कुछ क्रोध नहीं आया, इससे अपने मनपर ईशता दिखायी। स्त्रियाँ परछनके लिये चलीं तब उनको विश्वास हुआ कि अब पार्वतीजीका विवाह होगा, उनकी चिन्ताका हरण हुआ; अतः 'हर' नाम यथार्थ ठहरा। जब दूलहको प्रत्यक्ष देख लिया तब तो वे रुद्र (भयानक) ही ठहरे। वास्तवमें तो '**संसाररुजं द्रावयतीति रुद्रः**' (श्रुति)। संसाररूपी रोगके भगानेवाले होनेसे रुद्र नाम है। यहाँ तो उनको देखते ही मेना आदि सब स्त्रियाँ भागने लगीं। अज्ञानी विषयी जीव शिवजीसे दूर-दूर प्रपञ्च-मरुमरीचिकाके पीछे-पीछे भागते दौड़ते हैं—यह इन स्त्रियोंके निमित्तसे दिग्दर्शित किया है। '*शिवधाम कृपाला*' हैं; इतने अपमानपर भी क्रोधका लेश नहीं। शान्त गम्भीर इन्द्रियसंयमी महेश जनवासेको चले गये।

टिप्पणी—२ '*मैना हृदय भएउ दुखु भारी।*......' इति। (क) '*भारी*' कहनेका भाव कि दुःख तो

सभी स्त्रियोंको हुआ पर इनको 'भारी' दुःख हुआ। भारी अनर्थ देखकर भारी दुःख हुआ। अन्य स्त्रियोंके हृदयमें भयका होना कहा—*'अबलन्ह उर भय भएउ बिसेषी।'* और मेनाजीके हृदयमें भारी दुःखका भी होना कहा, क्योंकि माताका ममत्व कन्यापर बहुत होता है। विशेष वात्सल्य, विशेष ममत्व विशेष दुःखका कारण होता ही है। अथवा उमाजीका भारी क्लेश समझकर माताको भारी दुःख हुआ क्योंकि उमामें इनका भारी स्नेह है, उमा इनको प्राणोंसे अधिक प्रिय हैं, यथा—*'कंत उमा मम प्रान पियारी।'* (१।७१)।*'अधिक सनेह गोद बैठारी।'* कन्याके दुःखसे माता दुःखी हुई और माताके दुःखसे साथकी सब अबलाएँ दुःखी हुईं; यथा—*'भईं बिकल अबला सकल दुखित देखि गिरिनारि।'* (९६) (ख) ☞ मेनाजीको भय, त्रास, दुःख सभी भारी हुए; यथा—*'भय भएउ बिसेषा', 'भागि भवन पैठीं अति त्रासा।', 'मैना हृदय भएउ दुखु भारी'।* (ग) [*'लीन्ही बोलि'* इति। पार्वतीजीको बुलानेका कारण वात्सल्य और करुणा ही जान पड़ते हैं। यहाँका दृश्य मानवप्रकृतिका पूरा नमूना है। ठीक ऐसा ही मनुष्य स्वाभाविक करते हैं। यहाँ करुणरस परिपूर्ण है। टीकाकारोंने बुलानेके भाव ये कहे हैं—(१) इनके रूपको देख और गुणोंको स्मरणकर विलाप करेंगे जिससे भय और दुःख दोनों ही कम हो जायेंगे, यथा—*'कहेहू तें कछु दुख घटि होई॥'* (५। १५) (२) 'पार्वतीजी वरको देखकर कहीं डर न जायँ। (३) कहीं ऐसा न हो कि हिमाचल बाहर-ही-बाहर इनको ब्याह दें।] (घ) *'गिरीसकुमारी'* का भाव कि यह राजकुमारी है, इसका विवाह राजाके साथ होना चाहिये था न कि योगीके साथ। योगीके साथ ब्याह बहुत अयोग्य है—यही समझकर मेनाजीको बहुत दुःख हुआ। (पुनः भाव कि यह पर्वतराजकी कन्या है, पर्वत अविचल होते हैं, वैसे ही यह भी माताकी व्याकुलता देखकर किञ्चित् भी विचलित न होंगी, माताके विलापसे भी इनका धैर्य न जायगा, इनका धैर्य भी 'गिरीशवत्' है, ये माताको भी धीरज देंगी।)

प० प० प्र०—नारदजीसे शिवजीके वेषका स्वरूप प्रथम ही जान लिया था, श्रीभगवान्‌का स्मरण करनेपर उनका भय और सोच चला गया था और वे स्वयं पार्वतीजीको शंकरनिमित्त तप करनेका उपदेश देनेको गयीं। फिर वेदशिरा मुनिसे पार्वतीजीकी महिमा भी सुनी, इत्यादि सब होनेपर भी मेनाजी क्यों डरीं? ☞ यहाँ मानवी मनके स्वभावका एक सुन्दर चित्र चित्रित किया है और बताया है कि श्रव, विचार और प्रत्यक्ष वस्तु-दर्शनमें महदन्तर रहता है। प्रत्यक्ष दर्शन होनेपर मानवी मन सब पूर्व विचारों, सिद्धान्तों और रहस्य-ज्ञानको एक निमिषमें भूल जाता है। मानसशास्त्राभ्यासी लोगोंको श्रीमानसमें मानवी मनके स्वभावका अभ्यास करनेके लिये जितनी विविध सामग्री उपस्थित मिलती है इतनी किसी अन्य महाकाव्यमें दुर्लभ है। *'ममता तरुण तमी अँधियारी। राग द्वेष उलूक सुखकारी'* का महान् प्रभाव यहाँ दिखाया है तथा *'सभय सुभाउ नारि कर साँचा। मंगल महँ भय मन अति काँचा ॥'* (५। ३७। २) इस वचनको यहाँ चरितार्थ किया है। अर्जुन और भारतीय युद्ध भी इस मानव प्रकृतिका उदाहरण है।

अधिक सनेह गोद बैठारी। स्याम सरोज नयन भरे* बारी॥७॥
जेहि बिधि तुम्हहि रूपु अस दीन्हा। तेहि जड़ बरु बाउर कस कीन्हा॥८॥

अर्थ—बहुत स्नेह (के कारण) से गोदमें बिठा लिया। उनके नीलकमलसमान नेत्रोंमें जल भर आया॥ ७॥ (वे बोलीं) जिस विधाताने तुमको ऐसा (सुन्दर) रूप दिया उस जड़ने दूलहको बावला क्यों वा कैसे बना दिया!॥८॥

टिप्पणी—१*'अधिक सनेह……'* इति। (क)*'अधिक सनेह'* कहकर जनाया कि पूर्व जितना स्नेह था उससे इस समय अधिक बढ़ गया है। पूर्व उमाको प्राणप्यारी कहा है, यथा—*'कंत उमा मम प्रान पिआरी'* (७१) अब प्राणोंसे अधिक प्रिय हो गयीं, (दुःख देखकर स्नेह अधिक हो ही जाता है), इसीसे आगे उनके स्नेहके कारण प्राण दे देनेपर उद्यत हैं। ☞ उमाके भविष्य क्लेशका चिन्तन, स्मरण

* भरि—ना० प्र०, गौड़जी।

और विचार कि मेरी कन्याको आगे बड़ा दुःख होगा, स्नेहकी अधिकताके कारण हैं। *'अधिक स्नेह'* का स्वरूप यहाँसे दिखाते हैं। अधिक स्नेहसे ही गोदमें बिठाया। (ख) *'स्याम सरोज नयन'* इति। शृङ्गारका समय है, इसीसे शृङ्गार करके आरती उतारने चली थीं। षोडश शृङ्गारमेंसे अंजन, काजल या सुरमा लगाना भी एक शृङ्गार है। सुरमा या काजलयुक्त होनेसे नेत्रोंको श्यामकमल-समान कहा। (पाँड़ेजी) (ग) *'नयन भरे बारी'*—विचारती हैं कि यह राजकुमारी है, इसका निर्वाह योगीके साथ कैसे होगा? यही सोचकर अधिक स्नेहके कारण गोदमें बिठा लिया है और यही समझकर आँसू भर आये।

टिप्पणी—२ *'जेहि बिधि तुम्हहि……'* इति। (क) वरका भयानक रूप देखकर अपनी कन्याके सुन्दर रूपका सोच करने लगीं। *'विधि'* को दोष लगाती हैं क्योंकि फलके दाता *'विधि'* ही हैं। (ख) ☞ फलदाता होनेसे विधिको ही सब लोग दोष लगाया करते हैं; यथा *'एक बिधातहि दूषन देहीं। सुधा देखाइ दीन्ह बिषु जेहीं॥'* (२। ४९) *'सहित बिसाद परसपर कहहीं। बिधि करतब उलटे सब अहहीं॥ निपट निरंकुस निठुर निसंकू। जेहि ससि कीन्ह सरुज सकलंकू॥ रूख कलपतरु सागरु खारा। तेहिं पठए बन राजकुमारा॥'* (२। ११९) *'बिधि न सकेउ सहि मोर दुलारा। नीच बीचु जननी मिस पारा॥'* (२। २६१) *'बिधि बामकी करनी कठिन जेहिं मातु कीन्ही बावरी॥'* (२। २०१) *'दै दोष सकल सरोष बोलहिं बाम बिधि कीन्हो कहा॥'* (२। २७६) इत्यादि। (ग) *'तेहि जड़'* इति। *'जड़'* कहनेका भाव कि ऐसी रूपवती कन्याका ऐसा पति बनाना 'जड़ता' है। रूपवती दुलहिनके लिये रूपवान् दूलह चाहिये न कि विकट वेषधारी बावला। ऐसा बुरा वर रचना मूर्खताका काम है। यथायोग्य कार्य करनेसे ही *'बिधि'* को 'विधि' कहा जाता है, योग्य कार्य करनेसे ही वह चतुर कहा जाता है। यथा— *'जेहि बिरंचि रचि सीय सँवारी। तेहि स्यामल बरु रचेउ बिचारी॥'* (१। २२३) (यह विधिकी चतुरता है); *'कैकइ सुअन जोगु जग जोई। चतुर बिरंचि दीन्ह मोहि सोई॥'* (२। १८१) (यहाँ भी यथायोग्य करनेसे विधिको चतुर कहा) पार्वतीजीके सम्बन्धमें अयोग्य करने (अयोग्य वर रचने) से यहाँ 'जड़' कहा। ऐसे ही अयोग्य कार्य करनेसे 'विधि' को निठुर, निरंकुश, नीच, वाम आदि विशेषण (उपर्युक्त उद्धरणोंमें) लोगोंने दिये हैं। [(घ) पंजाबीजी लिखते हैं कि पार्वतीजीको रूप और तदनुकूल बुद्धि, धैर्य आदि गुण जैसे होने चाहिये वैसे ही विधिवत् दिया, इसीसे *'तुम्हहि रूप अस दीन्हा'* के साथ 'विधि' शब्द दिया और वरको भयंकर जटिल आदि अयोग्य रूप-गुणवाला बनानेसे उसी विधिको *'जड़'* कहा। और किसीका मत यह है कि इस समय मेनाजी व्याकुल हो गयी हैं, इसीसे विह्वलताके कारण उन्होंने 'जड़' कह दिया। यथा *'अति आरत अति स्वारथी अति दीन दुखारी। इन्ह को बिलगु न मानिये बोलहिं न बिचारी॥ लोकरीति देखी सुनी व्याकुल नरनारी। अति बरषे अनबरषेउ देहिं दैवहिं गारी॥'* (विनय० ३४) और कोई-कोई 'जड़' को वरका विशेषण मानकर अर्थ करते हैं कि 'उसने दूलहको जड़ और बावला कैसे बनाया।' (ङ) इस अर्धालीमें दो अनमिल बातोंका वर्णन है कहाँ तो यह रूप और कहाँ बावला वर? अतः यहाँ 'प्रथम विषम अलङ्कार' है।] (च) ☞ यहाँ मेनाजीके तन, मन और वचन तीनोंकी दशा दिखायी। स्नेहके कारण हृदयमें दुःख हुआ, यह मनकी व्यवस्था कही। उमाको स्नेहसे गोदमें बिठा लिया यह तनका हाल कहा और आगे उमाको स्नेहके कारण दुःखकी बातें कहती हैं कि *'जेहि बिधि……'* इत्यादि, यह वचनकी दशा कही। भाव कि मेनाजी तन-मन-वचनसे उमाजीके स्नेहमें डूब गयी हैं।

वि० त्रि०—जो प्रश्न ब्रह्मदेवसे करना चाहिये था, वह अपनी कन्यासे करने लगीं। विधिको उपालम्भ देती हैं अथवा इस व्याजसे कन्याकी अस्वीकृति चाह रही हैं।

छंद—कस कीन्ह बरु बौराह बिधि जेहि तुम्हहि सुन्दरता दई।
जो फलु चहिअ सुरतरुहि सो बरबस बबूरहि लागई॥

तुम्ह सहित गिरितें गिरौं पावक जरौं जलनिधि महुँ परौं।
घरु जाउ अपजसु होउ जग जीवत बिबाहु न हों करौं॥

शब्दार्थ—बरबस=जबरदस्ती, बरजोरी, जबरई, बलात्। जाउ (जाय)=बिगड़ जाय, उजड़ जाय। *'घर जाना'* मुहावरा है अर्थात् घर बिगड़ जाय, कुलका नाश हो जाय। हों=मैं।

अर्थ—जिस विधाताने तुमको सौन्दर्य (अर्थात् सुन्दर रूप) दिया, उसने दूलहको कैसे बावला बनाया? जो फल कल्पवृक्षमें लगना चाहिये वह जबरन बबूलमें लग रहा है। तुम्हारे सहित मैं पर्वतपरसे (भले ही) गिर पड़ूँ (गिरकर प्राण दे दूँ), आगमें जल मरूँ, समुद्रमें डूब मरूँ, घर (भले ही) उजड़ जाय, वंशका नाश हो जाय और (चाहे) जगत्‌भरमें अपयश (क्यों न) हो पर मैं जीते-जी विवाह नहीं (ही) करूँगी।

टिप्पणी—१ *'कस कीन्ह······'* इति। (क) यह बात बारम्बार कह रही हैं, इसीसे ग्रन्थकारने भी इसे दो बार यहाँ लिखा; यथा *'जेहि बिधि तुम्हहि रूप अस दीन्हा। तेहि जड़ बरु बाउर कस कीन्हा॥'* पूर्व कह चुकी हैं, वही बात फिर कहती हैं। (वस्तुतः ऐसा कुछ नियम भी है कि किसी-किसी छन्दके आरम्भमें कुछ शब्द दोहराये जाते हैं, मानसमें भी कई स्थानोंपर ऐसा हुआ है।) (ख) *'जो फलु चहिअ······'* इति। यहाँ उमाजी फल हैं, सुन्दर रूपवाला पति सुरतरु है, शिवजी बबूलका वृक्ष हैं, शिवजीकी प्राप्ति होनेको है यह बबूलमें उस फलका लगना है। *'चहिअ सुरतरुहि'* का भाव कि कल्पवृक्ष देववृक्ष है, यह देवताओंका भाग्य है। आशय यह कि उमाजीका ब्याह तो किसी परम सुन्दर देवताके साथ होना चाहिये था। बबूल प्रेतवृक्ष है। प्रेतवृक्ष बबूलमें वह सुन्दर फल लगनेको है अर्थात् प्रेताधिपतिके साथ विवाह हो रहा है। कल्पवृक्षके फलके समान सुन्दर फल नहीं और बबूलसमान निकाम (निकम्मा) नहीं कि पास जाय भी तो काँटे ही चुभेंगे। बबूलमें काँटे-ही-काँटे, वैसे ही वरमें सर्प, विभूति, मुण्डमाल, जटा, बाघाम्बर आदि काँटे-ही-काँटे हैं। [बैजनाथजी आदिका मत है कि यहाँ परम सुन्दर भगवान् विष्णु 'सुरतरु' हैं। पार्वतीजी और उनका सौन्दर्य (परम सुन्दरी पार्वतीजी) फल हैं। शिवजी काँटेदार बबूलका वृक्ष हैं। मेनाजी सोचती हैं कि पार्वतीजीका विवाह होना चाहिये था भगवान् विष्णुसे, सो न होकर कुरूप, भयंकर वेषवाले शिवजीसे होनेको है।] (ग) *'बरबस लागई'* का भाव कि हमारा मन तो कदापि नहीं है कि शिवजीके साथ ब्याह हो। मैं नहीं करना चाहती। ['वरबस' कहा क्योंकि शिवजी ही पति हों इसीलिये तप कराया और किया गया। शिवप्राप्तिका वर भी मिल गया। यथा—*'भयउ मनोरथ सुफल तव सुनु गिरिराज कुमारि। परिहरु दुसह कलेस सब अब मिलिहहिं त्रिपुरारि।'* (७४) ब्रह्मवाणी असत्य हो नहीं सकती। अतएव न चाहनेपर भी बलात् होनेको है। (घ) मेनाजीकी इच्छाके विरुद्ध वर मिलना 'विषादन अलङ्कार' है; यथा—*'जहँ चित चाही वस्तु ते पावै वस्तु बिरुद्ध। बुद्धिवंत नर बरनहीं तहाँ विषादन शुद्ध॥'* (अ० मं०) श्रीमेनाजी अपने उपर्युक्त अभिप्रायको सीधे-सीधे न कहकर उसका प्रतिबिम्बमात्र *'सुरतरु······लागई'* कहकर जनाती हैं। ऐसा वर्णन 'ललित अलङ्कार' है। यथा—*'ललित अलंकृत जानिये कह्यो चाहिए जौन। ताहीके प्रतिबिंबही बरनन कीजै तौन।'* (अ० मं०)]

टिप्पणी—२ *'तुम्ह सहित गिरि तें गिरौं······'* इति। (क) भाव कि तुम जीती रहोगी तो वे बलात् ब्याह कर लेंगे, इसलिये 'तुम्हारे सहित' मैं पर्वतसे गिरूँगी। मेनाजी और पार्वतीजी 'गिरि' पर हैं। हिमाचल 'गिरि' है। इसीसे प्रथम गिरिपरसे गिरनेकी बात कही। (ख) ☞ यहाँ तीन प्रकारसे मरनेकी तैयारी दिखायी—*'गिरि ते गिरौं', 'पावक जरौं', 'जलनिधि महँ परौं'।* पर्वत, पावक और जल इन तीनके कहनेका भाव यह है कि मरनेपर शरीरको तीन तत्त्वोंमेंसे इन्हीं किसी एककी प्राप्ति होती है—किसीको पृथ्वीतत्त्व, किसीको अग्नितत्त्व और किसीको जलतत्त्वकी। [पुनः भाव कि मरनेपर शरीरकी तीन ही प्रकारकी गति होती है; यथा—*'कृमि भस्म बिट परिनाम तनु तेहि लागि जग बैरी भयो।'* (विनय० १३६)

उन तीन व्यवस्थाओंके लिये तीन प्रकारसे कहा। पर्वतसे गिरनेपर पृथ्वीतत्त्वमें मिलनेसे 'कृमि', अग्निमें जलनेसे भस्म और समुद्रमें डूबनेसे जलजन्तुओंके खा लेनेसे 'विष्ठा' होगी।] (ग) गिरि, पावक और जलनिधि तीनोंके क्रमका भाव कि प्रथम पर्वतसे गिरना सुगम वा सुलभ है, अंतः उत्तम है। इससे कठिन है 'पावकमें जलना' क्योंकि इसमें चिता बनानेकी कठिनता है, अतएव यह मध्यम है। समुद्रमें जाकर डूबना इन दोनोंसे कठिन है क्योंकि समुद्र दूर है, उसकी प्राप्ति शीघ्र नहीं हो सकती। अतएव निकृष्ट उपाय होनेसे उसे अन्तमें कहा। [पुनः दूसरा भाव यह कहा जाता है कि प्रथम गिरिपरसे गिरनेको कहा, फिर सोचीं कि हिमाचल गिरिराज है, इस कारण कदाचित् गिरिपरसे गिरनेपर भी मृत्यु न हो तब अग्निमें जल मरूँगी और यदि अग्निदेव भी न जलावें (क्योंकि सब देवताओंका स्वार्थ इसी विवाहमें है) तो समुद्रमें डूब जाऊँगी।]

प० प० प्र०—मरनेके ये तीन उपाय मेनाके मनोभावानुकूल हैं। वे सोचती हैं कि भयानक रुद्रका स्पर्श किसी प्रकार भी मेरी प्रिय पुत्रीके देहको न होने पावे। गिरिसे गिरनेपर व्याघ्रादि पशु उसे तुरन्त खा लेंगे, मृत देहोंका पता भी न लगेगा, यह उत्तम उपाय है और सहज-साध्य है। अग्निमें जलनेसे देह भस्म हो जायगी, पर वह योगी चिताकी भस्मको विभूति समझता है, भस्मको भी रुद्रवेषका डर लगेगा, अतः यह उपाय उतना उत्तम नहीं। जलमें डूबकर मरनेसे जलचर देहको खा लेंगे, मृतदेह उनके हाथ न लगेगी, पर समुद्र दूर और दुर्गम है।—विष, शस्त्र या उद्बन्धनसे मरना इससे सुलभ है पर विषसे मरनेपर वे उसे जिला लेंगे। शस्त्रसे मस्तक काटकर मरनेपर वे किसी पशुका मस्तक उसपर रख देंगे दक्षकी-सी दशा होगी। इत्यादि। देवोंके पास अमृत रहता ही है और उन्होंने स्वार्थवश यह सब कराया है। अतः जिस साधनसे मृतदेह उनको न मिल सके वे ही सोचे।

लमगोड़ाजी—'यहाँ अनमिल बेजोड़पनसे ही करुणरस उत्पन्न हो गया है। इसीसे मेरी धारणा है कि वह अनमिल बेजोड़पन हास्यरसमें गिना जाना चाहिये जिससे हँसी आवे।—हाँ! यहाँ कविका कमाल है कि एक चित्रसे एक ओर हास्य, दूसरी ओर भयानक एवं करुणरस उत्पन्न किये हैं। पर कवि अन्तमें जोर करुणरसपर ही देता है—***'जो फलु चहिअ सुरतरुहि सो बरबस बबूरहि लागई।'*** इसीलिये ***'छछूँदर लगावै चमेलीका तेल'*** का सकरुण रूपान्तर प्रयुक्त हुआ है।'

टिप्पणी—३ ***'घर जाउ······'*** इति। (क) पूर्व कह आये हैं कि बारात यमकी सेना है (यह लड़कोंने घर-घर कहा है)। विवाह न करनेसे यमकी सेना घर अवश्य लूट लेगी और अपयश होगा, यही सोचकर कहती हैं कि ***'घर जाउ······।'*** अर्थात् घरका लुट जाना और अपयश होना यह सब मुझे स्वीकार है, मंजूर है, पर विवाह करना अंगीकार नहीं है। 'घर जाना' शीघ्र होगा और अपयश पीछे। अर्थात् घर लुटनेमें देर नहीं होनेकी और अपयश तो उसके पश्चात् कहीं होगा जब खबर फैलेगी; इसीसे ***'घर जाउ'*** प्रथम कहा। [(ख) बैजनाथजी आदिने 'बारात घर लौट जाय', 'हमसे घर छुट जाय', 'शिवगण हमारा घर लूट लें—इस प्रकार अर्थ किये हैं। पर 'घर जाना' मुहावरा है, अतः ये अर्थ ठीक नहीं हैं।]

दोहा—भईं बिकल अबला सकल दुखित देखि गिरिनारि।
करि बिलापु रोदति बदति सुता सनेहु सँभारि॥ ९६॥

शब्दार्थ—बिलापु=बिलख-बिलखकर या विकल होकर रोनेकी क्रिया=शोकयुक्त वचन निकालना। रोदति=रुदन करती हैं; रोती हैं। बदति=कहती हैं।

अर्थ—हिमाचलराजकी स्त्रीको दुःखित देखकर सब स्त्रियाँ व्याकुल हो गयीं। (मेनाजी) बेटीके स्नेहको याद कर-करके बिलख-बिलखकर रोती-पीटती और कहती थीं॥ ९६॥

वीरकविजी—१ 'पर्वतराजकी भार्याको विकल हुई देखकर अन्य स्त्रियोंका व्याकुल होना, रोना 'मित्रपक्षीय प्रत्यनीक अलङ्कार' है।

२—शंका—मेनाजी पहले ही देवर्षि नारद और हिमवान्‌द्वारा शिवजीके रूपको सुन चुकी थीं, फिर इतना डर उन्हें क्यों हुआ जब कि उन्होंने उक्त वरकी प्राप्तिके लिये कन्याको तपस्या करने भेजा? समाधान—मानसप्रकरणमें कह आये हैं कि कविता-नदीके लोकमत और वेदमत दो किनारे हैं। यहाँ नदीकी धारा लोकमतके किनारेसे लगकर चल रही है। स्त्रियोंका स्वभाव भीरु और चंचल होता है। भीषण वेष देख पहलेकी कही-सुनी बातें मेना भूल गयीं। वे पुत्रीके स्नेहमें विह्वल हो उठीं। फिर इस घटना-सम्बन्धसे श्रीपार्वतीजीकी अत्यन्त महिमा सब लोगोंपर व्यक्त करना कविको अभीष्ट है।

३ 'हिंदी नवरत्नके लेखक इस बातको लेकर गोसाईंजीपर बेतरह टूट पड़े हैं। उन्होंने यहाँतक कविपर आक्षेप किया है कि महादेवजीका विवाह इस कारण बिगाड़ा गया है जिसमें श्रीरामचन्द्रजीके विवाहकी शोभा बढ़ जाय। शिव! शिव! इस दोषारोपणसे समालोचकोंने सत्यका गला घोंट डाला है।'

टिप्पणी—१ *'भई बिकल······'* इति। (क) मेनाजीके वचन सुनकर कि वे पार्वतीसहित प्राणान्त करनेपर तुली हुई हैं तथा उनको अत्यन्त दुःखित देख, देखनेवाली सब स्त्रियाँ विकल हो गयीं। (ख) पहले मेनाजी नेत्रोंमें अश्रु भरे हुए दुःखकी बातें कहती रहीं, अब उच्च स्वरसे रोने लगीं। अतः *'करि बिलापु रोदति'* कहा। (ग) *'करि बिलाप······सनेह सँभारि'* इति। भाव कि सुताका स्नेह सँभालकर, हृदयमें धारण करके दुःख मानकर और उसके गुणोंको विचारकर विलाप करके रोती हैं और सुताके रूप और गुणोंको बखान करती हैं, अपने दुःखकी बातें कहती हैं।—[*'सुता सनेह'* के तीन अर्थ हो सकते हैं—सुतापर अपना स्नेह, सुताका अपनेपर स्नेह और सुताकी कोमलता। स्नेह=कोमलता। तीनों अर्थ यहाँ घटित होते हैं। मुझे यह प्राणोंसे अधिक प्यारी है तब ऐसे कुयोग्य वरके साथ मैं ब्याह कैसे करने दूँ?-इसका मुझमें इतना स्नेह है तब इसकी रक्षा मैं न करूँ तो कौन करेगा? वि० त्रि० *'सुता सनेह सँभारि'* का भावार्थ यह कहते हैं—'बेटीके स्नेहको सँभाले हुए हैं, कोई त्रुटि नहीं होने पावे। यदि ऐसे वरसे ब्याह हो गया तो माँके प्रेममें (वात्सल्यमें) त्रुटि समझी जायगी।'

नारद कर मैं काह* बेगारा†। भवनु मोर जिन्ह‡ वसत उजारा॥ १॥
अस उपदेसु उमहि जिन्ह दीन्हा। बौरे बरहि लागि तपु कीन्हा॥ २॥

अर्थ—मैंने नारदका क्या बिगाड़ा जिन्होंने मेरा बसता हुआ घर उजाड़ डाला?॥ १॥ और जिन्होंने उमाको ऐसा उपदेश दिया कि उन्होंने बावले वरके लिये तप किया॥ २॥

टिप्पणी—१ *'नारद कर मैं काह बेगारा······'* इति। (क) विधिकी निन्दा करके अब नारदकी निन्दा करती हैं, क्योंकि विधि तो कर्मका फल देते हैं; उनका दोष ही क्या? जिसके लिये तप किया गया, विधिने उसकी प्राप्ति कर दी। कर्म (तप) करानेके हेतु नारदजी ही हैं, इन्हींने तप करवाया जैसा वे स्वयं आगे कहती हैं। [(ख) *'काह बेगारा'* का भाव कि जो कोई किसीको हानि पहुँचावे तो बदलेमें यदि उसको हानि पहुँचायी जावे तो अपराध नहीं माना जाता, कोई दोष नहीं देता; पर मैंने तो नारदजीका कुछ बिगाड़ा नहीं, तब उन्होंने हमसे काहेका बदला लिया कि हमारा अनर्थ किया?] (ग) *'भवन मोर······'* इति। इस कथनसे जान पड़ता है कि मेनाजीको यह निश्चय विश्वास हो गया है कि अब घर न बचेगा। 'भवनका उजाड़ना' कहनेमें भाव यह है कि सप्तर्षियोंका वाक्य सुन चुकी हैं कि नारदके सिखावनसे घर नष्ट होता है; यथा—*'नारद सिख जे सुनहिं नर नारी। अवसि होहिं तजि भवनु भिखारी॥'* (१। ७२)।—(सप्तर्षियोंके वाक्य मेनाजीने सुने हैं इसका प्रमाण नहीं मिलता, यह अनुमान ही होगा। पर यह कह सकते हैं कि मेनाजी नारदजीका स्वभाव जानती हैं और जो कह रही हैं वह भी जानती हैं। यह बात पार्वतीमंगलसे भी सिद्ध होती है।)—और ब्याह न होनेसे बाराती घर अवश्य लूट लेंगे यह मेनाजीको निश्चय है जैसा कि *'घर जाउ······'* उपर्युक्त वचनोंसे स्पष्ट है।—यही विचारकर कहती हैं कि नारदने

* कहा—छ०। काह—१६६१, १७२१, १७६२। † बिगारा—प्रायः औरोंमें। बेगारा—१६६१। ‡ जेहि—१७०४।

मेरा घर उजाड़ा। तप कराकर बावले वरको ला मिलाया जिससे घर बचना कठिन है। (घ) *'बसत'* का भाव कि घर सम्पूर्ण पदार्थोंसे सम्पन्न है, यदि घरमें कुछ न होता तो इतना दुःख न होता। इन्होंने तो बसा-बसाया घर उजाड़ा।

टिप्पणी—२ *'अस उपदेसु······'* इति। (क) यथा—*'जौं तपु करै कुमारि तुम्हारी। भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी॥ जद्यपि बर अनेक जग माहीं। एहि कहँ शिव तजि दूसर नाहीं॥'* (१। ७०)।—[☞ जो प्रथम अर्धालीमें कहा था कि *'नारद कर मैं काह बेगारा'* उसीको अगली तीन अर्धालियोंमें स्पष्ट करती हैं कि मैंने कुछ नहीं बिगाड़ा, उन्होंने व्यर्थ ही, अकारण ही हमारा घर उजाड़ा, हमारी लड़कीसे वृथा ही बावले वरके लिये तप करवाया, हमारी लड़कीका जन्म बिगाड़ा। (ख) *'बौरे बरहि······'* का भाव कि ऐसा वर मुफ्त भी मिलता तो भी मैं उसे अपनी कन्या न ब्याहती, सो उसके लिये उन्होंने उसे तपका उपदेश दिया, जिसमें उनका चाहा—चेता टल न सके। ☞ यहाँ *'बरबस बबूरहि लागईं'* का भाव स्पष्ट कर दिया है।] (ग) ब्रह्माने बावला वर बनाया, अतः प्रथम ब्रह्माको बुरा-भला कहा था, यथा—*'कस कीन्ह बर बौराह······।'* और नारदजीने तप करवाया, अतः इनकी भी निन्दा की।

साचेहु उन्ह कें मोह न माया। उदासीन धनु धामु न जाया॥ ३॥
पर घर घालक लाज न भीरा। बाँझ कि जान प्रसव कै पीरा॥ ४॥

शब्दार्थ—**मोह**=प्रीति। **माया**=कृपा, दया। यथा—**'माया दम्भे कृपायां च।'** **जाया**=विवाहिता स्त्री; विशेषतः वह जो बच्चा जन चुकी हो। यथा—**'तज्जाया जाया भवति यदस्या जायते पुनः इति श्रुतिः।'** जिसमें पुरुष फिर पुत्ररूपसे उत्पन्न होता है वही स्त्री 'जाया' कहलाती है। इसका एक अर्थ 'संतान' भी होता है। **घालक**=नाशक, नाश करने वा बिगाड़नेवाले। **भीरा**=भय, डर। **बाँझ**=वह स्त्री जिसके बच्चा न होता हो, वन्ध्या। **प्रसव**=बच्चा जननेवाली; प्रसूति।=बच्चा जननेकी क्रिया। **पीरा** (सं० पीडा)=पीड़ा, दर्द, कष्ट।

अर्थ—सत्य ही उनके मोह है न माया (वा, मायामोह नहीं है)। न शत्रु है न मित्र, न धन है न धाम और न स्त्री-पुत्र ही॥ ३॥ वे पराया घर उजाड़नेवाले हैं, उनको न लज्जा है न भय। भला बाँझ प्रसवकी पीड़ाको क्या जाने?॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'साचेहु उन्ह कें मोह न······'* इति। (क) *'साचेहु'* कहकर जनाया कि जब सप्तर्षियोंकी कहनी सुनी थी कि नारदके मोह-माया नहीं है तब उनकी बात सत्य न मानी थी, इसीसे अब कहती हैं कि *'साचेहु'* अर्थात् यह बात सत्य साबित हुई।—(पर इसका क्या प्रमाण है कि प्रेमपरीक्षाकी गुप्त बातें सप्तर्षियों या गिरिजाजीने मातासे कहीं? मेरी समझमें नारदमुनिका यह स्वभाव सब जानते ही हैं, वैसे ही मेनाजी भी सुनती या जानती रही हैं पर अब स्वयं उसका अनुभव हुआ, अपने ही ऊपर बीत रही है; अतः वे कहती हैं कि *'साचेहु'* अर्थात् अभीतक तो सुना ही था अब जान गयी कि जो सब कहते हैं वह सत्य ही है।) (ख) *'मोह न माया'* इति। भाव कि उन्होंने इतनी छोटी और सुकुमार कन्यासे तप करवाया और वह भी बावले वरके लिये; यदि उनके हृदयमें प्रेमका अंकुर होता तो ऐसा कदापि न करते। माया, कृपा, दया भी नहीं है, यदि होती तो जब हमने उमाको ले जाकर चरणोंपर डाल दिया था; यथा—*'सुता बोलि मेली मुनि चरना।'* तब तो दया लग आनी थी। आगे मोहमाया न होनेका कारण स्वयं कहती हैं। (ग) *'उदासीन धनु धामु न जाया'* इति। *'उदासीन'* में भाव यह कि भलेमानुस नहीं हैं, उनमें भलमनसाहत है ही नहीं, नंगोंके समान हैं; यदि भलेमानुस होते तो अच्छेके यहाँ ब्याह कराते। *'धनुधाम······'* का भाव कि धन-धाम, स्त्रीमें मोह-माया होती ही है, पर इनके ये तीनों नहीं हैं, तब माया-मोह कहाँसे हो? अपने धन, धाम, स्त्री नहीं हैं, इसीसे *'पर घर घालक'* हैं, पराया घर उजाड़ा करते हैं, सबको अपना-सा बनाना चाहते हैं; यथा—*'आपु सरिस सबही चह कीन्हा।'* (१। ७९) ☞*'साचेहु उन्ह के······जाया'* यह बावले वरके लिये तप करानेका कारण बताया और आगे *'पर घर घालक······'* में भवन उजाड़नेका हेतु कहती हैं।

टिप्पणी—२ *'पर घर घालक······'* इति। (क) *'दच्छसुतन्ह उपदेसेन्हि जाई। तिन्ह फिरि भवन न देखा आई॥ चित्रकेतु कर घर उन्ह घाला। कनककसिपु कर पुनि अस हाला॥'* (१। ७९) तथा *'भवन मोर जिन्ह बसत उजारा।'* के सम्बन्धसे *'पर घर घालक'* कहा। पूर्व औरोंसे तथा पुराणों-इतिहासोंमें सुना था और अब स्वयं भी अनुभव किया। (ख) *'लाज न भीरा'* इति। अर्थात् लज्जा नहीं है कि कोई कुछ एवं क्या कहेगा? डर नहीं है कि लोक-परलोक बिगड़ेगा। विरक्त हैं, उदासीन हैं, धन-धाम, स्त्री-पुत्र कुछ है ही नहीं, अतः नंगापन करनेमें डर नहीं है कि कोई हमारा बिगाड़ना चाहे तो बिगाड़ेगा क्या? लज्जा नहीं है, कहनेमें भाव यह भी है कि ब्रह्माजीने एवं दक्षने शाप भी दिया तब भी परघरघालनेका स्वभाव न छोड़ा, ऐसे निर्लज्ज हैं। (ग) *'बाँझ कि जान प्रसव कै पीरा'* इति। अर्थात् घर होता तो घर बिगड़नेकी पीर भी जानते। [पुनः भाव कि स्त्री होती और उससे कोई कन्या होती तब उसको यदि ऐसा वर मिलता तो भले ही जान पड़ता कि माता-पिताको कैसा दुःख होता है, तभी दूसरेके दुःखको समझते, फिर ऐसा उपदेश कभी न देते। इस चरणमें काकोक्तिद्वारा कण्ठध्वनिसे विपरीत अर्थ भासित होनेसे यहाँ 'वक्रोक्ति अलङ्कार' है अर्थात् वन्ध्या स्त्री प्रसव-वेदनाको नहीं जान सकती, उसका अनुभव हो ही नहीं सकता, क्योंकि उसके संतान कभी होती नहीं, जिसपर पड़े वही जान सकता है।]

नोट—पार्वतीमङ्गलमें भी मेनाजीके ऐसे ही वचन हैं। वहाँ सप्तर्षियोंको भी लथाड़ा है। यथा—*'नारद के उपदेस कवन घर गे नहिं॥'* (६६) *घरघालक चालक कलह प्रिय कहियत परम परमारथी। तैसी बरेखी कीन्हि पुनि मुनि सात स्वारथ सारथी॥ उर लाइ उमहि अनेक बिधि जलपति जननि दुख मानई॥'* (६७)

जननिहि बिकल बिलोकि भवानी। बोली जुत बिबेक मृदु बानी॥ ५॥
अस बिचारि सोचहि मति माता। सो न* टरै जो रचै बिधाता॥ ६॥

शब्दार्थ—मति=मत, नहीं, न। रचना=विधान करना, निश्चित करना, लिखना।

अर्थ—माताको व्याकुल देखकर भवानी (श्रीपार्वतीजी) विवेकयुक्त कोमल वाणी बोलीं॥ ५॥ हे माता! जो विधाता निश्चित कर देता है वह टलता नहीं—ऐसा विचार कर सोच न कीजिये॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'जननिहि बिकल बिलोकि······'* इति। (क) मेनाजीको विकल देखकर सब स्त्रियाँ विकल हो गयी थीं। *'जननिहि'* कहकर जनाया कि औरोंको व्याकुल देखकर नहीं वरं च 'जननी' को व्याकुल देखकर बोलीं। (कारण कि और सब तो मेनाजीकी व्याकुलतासे व्याकुल थीं। जब उनकी व्याकुलता जाती रहेगी तब और सब तो स्वयं ही शान्त हो जायँगी।) (ख) *'भवानी'* नाम देनेके भाव ये हैं—(१) यद्यपि ये कन्या हैं और माता आदि सभी व्याकुल हैं तथापि ये किञ्चित् व्याकुल नहीं हैं। सबकी शिवजीमें अप्रीति है, पर इनका प्रेम जैसा-का-तैसा दृढ़ बना हुआ है। ये जानती हैं कि हम शिवपत्नी थीं और अब भी वही हमारे पति होंगे; इसलिये कविने *'भवानी'* अर्थात् भवपत्नी कहा। भला बच्चा माँको क्या ज्ञानोपदेश करेगा? और यहाँ ये ज्ञानोपदेशके वचन कह रही हैं, अतः कवि प्रथम ही समाधानके लिये *'भवानी बोली'* कहकर तब उनके वचन कहते हैं। अर्थात् ये तो भवपत्नी हैं, लीलामात्रके लिये ये मेनाजीकी पुत्री हुई हैं, नहीं तो ये तो *'सदा संभु अरधंग निवासिनी'* हैं। (ग) *'जुत बिबेक'* इति। वाणीको यह विशेषण देकर जनाया कि और सब स्त्रियाँ अज्ञानी हैं, इसीसे वे सब मेनाजीको विकल देख स्वयं विकल हो गयीं; यथा—*'भईं बिकल अबला सकल दुखित देखि गिरिनारि।'* किसीको ज्ञान नहीं है कि मेनाजीको समझाकर उनका सोच दूर करतीं। भवानी व्याकुल नहीं हुईं क्योंकि इनको विवेक है। पुनः, भाव कि 'विवेकमय' वचनोंसे शोक और व्याकुलता दोनों ही दूर होते हैं; यथा—*'सोक निवारेउ सबहि कर निज बिज्ञान प्रकास।'* (२। १५६) *'कहि प्रिय बचन बिबेकमय कीन्ह मातु परितोषु।'* (२। ६०) अतः 'विवेकयुत' वचन बोलीं। [(घ) भवानीके बोलनेका कारण तो स्पष्ट ही है कि सभी स्त्रियाँ व्याकुल हैं, कोई भी

* मिटै—१७०४।

सावधान नहीं हैं जो माताको समझातीं। दूसरा कारण यह कहा जाता है कि जबतक माता ब्रह्माको दोष देती रहीं तबतक आप न बोलीं, परंतु जब नारदजीको बुरा-भला कहने लगीं तब बोलना आवश्यक हो गया, क्योंकि गुरुकी निन्दा सुनना पाप है। यदि आप ही सुनती रहतीं तो जगत्‌में फिर गुरुमर्यादा कैसे रहती? श्रीसीतास्वयंवरमें भी माता सुनयनाजी बहुत ही विह्वल हो गयी थीं, परंतु वहाँ उनकी एक सखी बड़ी सयानी थी, उसने उनको समझा लिया था।]

टिप्पणी—२'*अस बिचारि सोचहि मति*......' इति। (क) '*बिचार*' का भाव कि विचार करनेपर सोच जाता रहता है, अतएव मेरे वचनोंपर विचार करो। (ख) '*सो न टरै*......' आगेकी चौपाईमें देखिये। यहाँ लिखा है—'*जो रचै बिधाता*' और आगे कहते हैं '*करम लिखा जो।*' इस तरह 'रचने' का अर्थ 'लिखना' स्पष्ट कर दिया।

करम लिखा जौ बाउर नाहू। तौ कत दोसु लगाइअ काहू॥ ७॥
तुम्ह सन मिटहि कि बिधि* के अंका। मातु ब्यर्थ जनि लेहु कलंका॥ ८॥

शब्दार्थ—कत=क्यों; किसलिये। सन=से। अंक=रेखा, लेख, अक्षर। कलंक=अपयश, धब्बा, बदनामी, दोष। नाहू (सं० नाथ)=स्वामी, पति; यथा—'*नाह नेहु नित बढ़त बिलोकी।*' (२। १४०)

अर्थ—जो हमारे कर्म (भाग्य) में बावला ही पति लिखा है तो किसलिये किसीको दोष लगाया जाय (एवं लगाती हो)॥ ७॥ विधाताके लिखे हुए अङ्क क्या तुमसे मिट सकते हैं? (अर्थात् कदापि नहीं मिट सकते।) हे माता! व्यर्थ ही अपने ऊपर कलङ्क मत लो॥ ८॥

टिप्पणी—१ (क) 'करम'=लिलार, ललाट, (भाग्य); यथा—'*दुख सुख जो लिखा लिलार हमरे।*......' मेनाजीने नारदजीको दोष लगाया कि '*अस उपदेसु उमहि जिन्ह दीन्हा।*......' उसीपर कहती हैं कि '*करम लिखा*......*तौ कत दोसु लगाइअ काहू।*' तात्पर्य कि इसमें हमारे कर्मका दोष है, नारदजीका नहीं। यथा—'*कौसल्या कह दोसु न काहू। करम बिबस दुख सुख छति लाहू॥*' (२। २८२) पुनः भाव कि तुम ही कहती हो कि '*जेहि बिधि तुम्हहि रूपु अस दीन्हा। तेहि जड़ बरु बाउर कस कीन्हा॥*' (अर्थात् यह सिद्धान्त तुम जानती हो और यह भी जानती हो कि विधिने ऐसा वर लिखा है तब व्यर्थ किसीको दोष क्यों लगाती हो?) [(ख) '*तुम्ह सन मिटहि*......*कि*' इति। '*सो न टरै जो रचै बिधाता*', '*करम लिखा जौ बाउर नाहू*' और '*तुम्ह सन मिटहि कि बिधि के अंका*' कहकर माताको नारदजीके पूर्व वचनोंका स्मरण कराती हैं।—'*कह मुनीस हिमवंत सुनु जो बिधि लिखा लिलार। देव दनुज नर नाग मुनि कोउ न मेटनिहार॥*' (६८) '*जस बरु मैं बरनेउँ तुम्ह पाहीं। मिलिहि उमहि तस संसय नाहीं॥*' '*जोगी जटिल अकाम मन नगन अमंगल बेष। अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि परी हस्त असि रेख॥*' (६७) अर्थात् उन्होंने विधाताका लिखा हमारे भाग्यमें जो है वह बता दिया था। तब नारदमुनिका इसमें दोष क्या? तुम उनके वचन भूल गयी हो, सो मैं याद दिलाती हूँ। वे तो प्रथम ही कह चुके हैं कि '*हस्त असि रेख*' अर्थात् 'विधिके अङ्क' ऐसे ही पड़े हैं।—यह नारद-सिद्धान्त है कि 'विधिके अङ्क नहीं मिटते' अतः '*करम लिखा जो बाउर नाहू*' अर्थात् विधाताने हमारे भाग्यमें ऐसा ही पति लिखा है यह कहकर अब कहती हैं कि ['*तुम्ह सन मिटहि कि?*'।] अर्थात् तुम्हारे मिटाये विधिके अङ्क नहीं मिटेंगे, तुम जो विधाताके अङ्क मेटनेको कह रही हो, यह हो नहीं सकता। '*जीवत बिबाहु न हौं करौं*' यही विधाताके लिखे अङ्कोंका मिटाना है; सो यह हो नहीं सकता। मेनाजीने जो कहा था कि '*कस कीन्ह बरु बौराह*......*बिबाह न हौं करौं*' उसीपर कहा कि '*तुम्ह सन मिटहि कि बिधि के अंका*', और जो माताने कहा था कि '*घर जाउ अपजस होउ*' उसपर कहती हैं कि '*ब्यर्थ जनि लेहु कलंका।*'

---

* कर—१७०४। कै—को० रा०। के—१६६१, १७२१, १७६२।

नोट—*'ब्यर्थ जनि लेहु कलंका'* इति। भाव कि पर्वतपरसे गिरने, अग्निमें जलने या समुद्रमें डूबनेसे सब तुम्हींको दोष देंगे, बुरा-भला कहेंगे। नारदजी एवं विधाताको कोई दोष न देगा और न उनका कोई दोष है, क्योंकि विधाता कर्मोंके अनुसार लिख देता है; यथा—*'कठिन करम गति जान बिधाता। जो सुभ असुभ सकल फल दाता॥'* (२। २८२) हमारे कर्मोंके अनुसार उसने हमारा पति लिख दिया। अतः विधाताका दोष नहीं। और नारदजीने लिखा हुआ सुना दिया, जैसा होना है वह बता दिया; अतः उनका भी दोष नहीं। जब अपने ही कर्मोंका दोष है तब उनको बुरा कहनेसे तुमको कोई अच्छा न कहेगा। *'ब्यर्थ'* से यह भी जनाया कि ब्याह तो होना ही है और वर भी यही मिलना है; हाय-हाय करनेपर भी कुछ और नहीं हो सकता। लोग तुमको ही कलंक लगायँगे कि बहुत रो-पीटकर कर ही क्या लिया?

छं०—जनि लेहु मातु कलंकु करुना परिहरहु अवसरु नहीं।
दुखु सुखु जो लिखा लिलार हमरें जाब जहँ पाउब तहीं॥
सुनि उमा बचन बिनीत कोमल सकल अबला सोचहीं।
बहु भाँति बिधिहि लगाइ दूषन नयन बारि बिमोचहीं॥

शब्दार्थ—करुना=मनका वह विकार जिससे पराये दुःखको देखकर दुःख होता है, पर यहाँ *'करुना'* से करुणाका कार्य 'शोक, दुःख, विलाप, रोना-पीटना' अर्थ गृहीत है; यथा—*'जनि अबला जिमि करुना करहू'* (कैकेयीवाक्य दशरथप्रति २। ३५)

अर्थ—हे माता! कलङ्क मत लो, रोना-धोना छोड़ो, यह अवसर शोकका नहीं है। हमारे ललाटमें जो दुःख-सुख लिखा है वह जहाँ ही मैं जाऊँगी वहाँ ही मुझे मिलेगा। उमाजीके बहुत नम्र, विनययुक्त और कोमल वचन सुनकर सब स्त्रियाँ सोच एवं सोच-विचार करने लगीं और विधाताको बहुत प्रकारसे दोष लगा-लगाकर नेत्रोंसे आँसू गिराने लगीं।

टिप्पणी—१ *'जनि लेहु कलंकु……'* इति। (क) मेनाजी विलाप करके रोती हैं; *''करि बिलाप रोदति बदति……'* इसीपर कहती हैं कि *'करुना परिहरहु अवसरु नहीं।'* अर्थात् यह मङ्गलका अवसर है, न कि करुणाका। (करुणाका अवसर तो तभी था जब नारदसे पहिले-पहल समाचार सुना था। वि० त्रि०) यही कवि आगे कहते हैं—। *'लगे होन पुर मंगल गाना।'* (ख) *'दुखु सुखु जो लिखा……'* इति। प्रथम दुःखकी उत्पत्ति है पीछे सुखकी (और इस समय तो दुःख सिरपर पड़ा है) इसीसे प्रथम 'दुःख' कहा। दुःख-सुख दोनों कहनेका भाव कि ये दोनों साथ ही रहते हैं। कहीं भी जीव जाय, दोनों मिलते हैं। कहीं ऐसा नियम नहीं है कि यहाँ सुख ही मिलेगा या दुःख ही मिलेगा; यथा—*'जनम मरन सब दुख सुख भोगा। हानि लाभु प्रिय मिलन बियोगा॥ काल करम बस होहिं गोसाईं। बरबस राति दिवस की नाईं॥'* (२। १५०) (ग) *'सुनि उमा बचन बिनीत……'* इति। मेनाजी विलाप करके विकल हुईं; यथा—*'करि बिलाप……जननी बिकल अवलोकि'*, तब स्त्रियाँ भी विकल हुईं। उमाजीने सोचकर विवेकयुक्त विनम्र वचन कहे कि *'दुखु सुखु जो लिखा……।'* इसीसे सब स्त्रियाँ सोचको प्राप्त हुईं। [पुनः, *'सोचहिं'*=विचार करने लगीं। अर्थात् विचारती हैं कि धन्य है यह कन्या! है तो यह बालिका, पर इसकी बुद्धि सयानोंसे भी अच्छी है। जो यह कहती है सो सत्य ही है। नारदका क्या दोष? उन्होंने तो प्रथम ही कह दिया था कि जो *'बिधि लिखा लिलार'* उसके अनुसार वर ऐसा अवश्य मिलेगा। दोष है तो विधिहीका न कि नारदका। यह भाव आगेके *'बिधिहि लगाइ दूषन'* से भी सिद्ध होता है। अर्थात् वे अब नारदको दोष नहीं देतीं। पंजाबीजीका मत है कि स्त्रियाँ पार्वतीजीके वाक्योंको सुनकर *'सोचहिं'* अर्थात् चिन्ता करती हैं कि ऐसी सुन्दर और बुद्धिमान् कन्याको पति कैसा अयोग्य मिला है, विधातापर इसका दोष धरकर सब रुदन करती हैं।] (घ) *'बहु भाँति……'* इति। बहुत भाँति दूषण लगाती हैं; यथा—

'सहित बिषाद परसपर कहहीं। बिधि करतब उलटे सब अहहीं॥ निपट निरंकुस निठुर निसंकू। जेहिं ससि कीन्ह सरुज सकलंकू॥ रूख कलपतरु सागरु खारा॥' (२। ११९) इत्यादि ही बहुत प्रकार हैं। विधि होकर इसने ये—ये 'अविधि' कार्य किये। (ङ) *'बिधि'* को दोष लगानेका भाव कि माताने विधि और नारद दोनोंको दोष लगाया। पार्वतीजीने माताको मना किया—*'कत दोसु लगाइअ काहू'* यह समझकर स्त्रियाँ विधिको दोष देती हैं, क्योंकि पार्वतीजीने विधिके लिखनेका प्रमाण रखा है—*'करम लिखा जो', 'जो बिधि लिखा लिलार।'*

दो०—तेहि अवसर नारद सहित अरु रिषि सप्त समेत।
समाचार सुनि तुहिनगिरि गवनें तुरत निकेत॥ ९७॥

शब्दार्थ—तुहिन=पाला, तुषार, हिम। तुहिनगिरि=हिमाचल।

अर्थ—यह समाचार सुनते ही तुरंत उसी समय नारदमुनिसहित और सप्तर्षियोंको साथ लिये हुए हिमाचलराज घरमें गये॥ ९७॥

लमगोड़ाजी—किस कुशलतासे करुणरसके प्रवाहको शान्तरसकी ओर फेरा है! माताको भावीपर संतुष्ट होनेका उपदेश, पातिव्रत्य धर्मकी ओर संकेत जिस रूपमें यहाँ है, वही रूप दुःखी माताके सामने ठीक था।

नोट—१ यहाँ *'सहित'* और *'समेत'* दो शब्द पर्यायवाची देकर सूचित किया कि केवल नारदजीको ही नहीं घरमें ले गये किन्तु सप्तर्षियोंको भी साथ ले गये। सप्तर्षियोंका भी साथ ले जाना आवश्यक दिखाया। इसी कारण इनके लिये एक शब्द *'समेत'* अधिक दिया और जनाया कि केवल नारदमुनिके साथ जानेसे काम न चलेगा। पुनः *'सहित'* शब्दसे यह भी भाव लिया जा सकता है कि 'स हित' अर्थात् हित-मित्रों 'समेत' वा 'प्रेमसमेत नारदको सप्तर्षि समेत'। आदर-प्रेमसहित नारदजीको साथ ले जाना कहकर जनाया कि स्त्रियाँ इनको दोष लगा रही हैं, पर हिमाचल दोष न देकर इनका आदर कर रहे हैं। पुनः, दो पर्याय शब्द देनेका भाव यह भी हो सकता है कि नारदजीको लेकर जा रहे थे कि इतनेमें ही सप्तर्षि भी आ गये तब उनको भी साथ ले लिया। पर इसका प्रमाण अभी कोई मिला नहीं है।

नोट—२ *'नारद सहित अरु रिषि सप्त समेत'* इति। नारदजीको साथ ले आनेका भाव यह है कि स्त्रियाँ इनको दोष दे रही हैं; इसलिये ये ही उनको समझावें। दूसरे यह कि समझानेमें नारदजी बड़े प्रवीण हैं, सबसे श्रेष्ठ हैं, इनके समान समझाना किसीसे नहीं बन पड़ता। और सप्तर्षियोंको साथ इसलिये लाये कि स्त्रियोंका इस समय नारदपर विश्वास नहीं है, फिर प्रत्येक मनुष्य अपना समर्थन करता ही है परन्तु सात बड़े-बड़े महर्षि महात्मा भी वही बात कहेंगे तब विश्वास हो जायगा। तीसरे, (पं० रामकुमारजीके मतानुसार) 'सप्तर्षियोंको साथ इससे लाये कि इन्होंने नारदजीकी निन्दा की थी।' अतः अब नारदजीके वचनोंसे, उनके समझानेसे मेनाको बोध न होगा, न संतोष होगा, उनके वचनोंपर इनकी प्रतीति नहीं होनेकी। जब सप्तर्षियोंके सामने नारदजी मेनाजीको समझायेंगे और सप्तर्षि उनके वचनोंमें अपनी सहानुभूति दिखावेंगे, उनके वचनोंमें सहमत होते जायँगे तब विश्वास होगा कि ये सत्य कह रहे हैं, इनका कुछ भी दोष नहीं है। नारद सफाई देंगे, सप्तर्षि उनके गवाह या साक्षी होंगे। चौथे यह कि सप्तर्षि 'बरेषी' करने आये थे, उन्होंने हिमाचलको पार्वतीजीके ब्याहकी तैयारी करनेको कहा और लग्न धरवायी थी, इससे उनको भी मेनाजी दोषी समझती हैं, यथा—*'तैसी बरेषी कीन्हि पुनि मुनि सात स्वारथ सारथी।'* (पार्वतीमङ्गल ६७) अतः दोनों मुलजिमोंको साथ लाये कि दोनों समझावें।

तब नारद सबही समुझावा। पूरब कथा प्रसंगु सुनावा॥ १॥
मयना सत्य सुनहु मम बानी। जगदंबा तव सुता भवानी॥ २॥
अजा अनादि शक्ति अबिनासिनि। सदा संभु अरधंग निवासिनि॥ ३॥
जग संभव पालन लय कारिनि। निज इच्छा लीला बपु धारिनि॥ ४॥

जनमीं प्रथम दक्षगृह जाई। नामु सती सुंदर तनु पाई॥५॥
तहहुँ सती संकरहि बिबाहीं। कथा प्रसिद्ध सकल जग माहीं॥६॥

शब्दार्थ—अज=अजन्मा अर्थात् कारणरहित स्व इच्छित जन्म लेनेवाली। **अबिनासिनि**=नाशरहित। अर्थात् मोहादि कारणोंसे आत्मस्वरूप नहीं भूल सकता, किन्तु जिनका ज्ञान सदा एकरस बना रहता है (बैजनाथजी)।

अर्थ—तब नारदजीने सभीको समझाया। पूर्व-जन्म-कथाका प्रसंग सुनाया॥१॥ (वे बोले) हे मेना! सत्य-सत्य हमारी बात सुनो, तुम्हारी बेटी जगत्-माता भवानी (शिवपत्नी) हैं॥२॥ अजन्मा, अनादि शक्ति और अविनाशिनी हैं। सदा श्रीशिवजीके अर्धाङ्गमें निवास करनेवाली अर्थात् उनकी अर्द्धाङ्गिनी हैं॥३॥ जगत्को उत्पन्न, पालन और संहार करनेवाली हैं। अपनी इच्छासे लीलाशरीर धारण करनेवाली हैं॥४॥ पहिले दक्षके घर जाकर इन्होंने जन्म लिया (उस समय इनका) नाम सती था। इन्होंने सुन्दर शरीर पाया था॥५॥ वहाँ भी सतीने शङ्करहीको ब्याहा था (एवं सतीजी शङ्करको ब्याही गयी थीं)। यह कथा सारे संसारमें प्रसिद्ध है॥६॥

नोट—१ *'तब नारद सबही समुझावा।......'* इति। केवल नारदजीने समझाया, सप्तर्षियोंने नहीं; इसका एक कारण यह है कि पूर्व इन्होंने गिरिजाजीका भविष्य और वर्तमान मेना और हिमाचलको सुनाया था, यद्यपि हिमाचलने इनको त्रिकालज्ञ कहकर 'भूत' काल भी पूछा था। उस समय 'भूत' कालका चरित सुनानेका अवसर न था, क्योंकि उसमें ऐश्वर्य भरा है। उसके सुननेसे माधुर्यमें दम्पतिको इनके पालन-पोषण आदिका यथार्थ सुख न प्राप्त होता। अब उस प्रसंगके सुनानेका अवसर है। पुनः पूर्वप्रसंगके सुनानेका अवसर है। पुनः, पूर्वप्रसंग सुनानेका भाव कि नारदजीने पूर्व कर्मगति *'जो बिधि लिखा लिलार'* कहकर समझाया था; परन्तु इस समय इनको उससे धैर्य और सन्तोष नहीं हो सकता था क्योंकि वे विधाताको भी तो दोष दे ही रही हैं। अतएव पूर्वका ऐश्वर्यमय प्रसंग कहकर धैर्य देंगे। (ख) *'सबही'* का भाव कि भवानीने केवल माताको समझाया था और इन्होंने सबको समझाया मेना तथा सब स्त्रियों आदिको जो वहाँ उपस्थित थीं। कैसे समझाया यह दूसरे चरणमें कहते हैं। *'पूरब कथा०'* अर्थात् पूर्व सती-तनकी कथाका प्रसंग सुनाया। आगे जैसा सुनाया सो कहते हैं।

टिप्पणी—१ *'मयना सत्य सुनहु मम बानी।......'* इति। (क) यहाँ मेनाजी ही मुख्य हैं। इन्हींकी विकलतासे औरोंकी विकलता है। यथा—*'भईं बिकल अबला सकल दुखित देखि गिरिनारि।'* इनको बोध हो जानेसे और सब स्वयं शान्त हो जायँगी, इसीसे इन्हींको सम्बोधन करके कहते हैं। *'सत्य सुनहु मम बानी'* कथनका भाव कि नारदके वचनमें मेनाजीको विश्वास नहीं है, इससे वे कहते हैं कि हमारा वचन सत्य है, हम झूठ नहीं बोलते। अथवा, तुम्हारे समझानेके लिये हम बात बनाकर नहीं कहते, हम सत्य ही कहते हैं। वा, उमाका ऐश्वर्य कहना चाहते हैं [illegible]को इसमें विश्वास दिलानेके लिये *'सत्य'*—पद दिया। (पहिले जो कहा था उस वाणीमें कौतुकका [illegible]ट था। सत्य बातको गुप्त रखा था। वि० त्रि०) (ख) *'जगदंबा तव सुता भवानी'* इति। जगन्माता और शिवपत्नी हैं। पुनः, भवानी इनका नाम है और ये जगत्की माता हैं; यह ऐश्वर्य कहा। *'सुता तुम्हारि'* अर्थात् वे ही तुम्हारी सुता हैं; यह माधुर्य कहा, यथा—*'जनकसुता जग जननि जानकी। अतिशय प्रिय करुणानिधानकी॥'* में श्रीजानकीजीकी माधुर्यमें स्तुति है। (ग) *'अजा अनादि शक्ति अबिनासिनि।'* इति। इनका जन्म नहीं होता, इसीसे आदिरहित हैं, इनका नाश नहीं इसीसे अन्तरहित हैं, यथा—*'नहिं तव आदि अंत अवसाना।'* शक्ति कहकर दूसरे चरणमें बताते हैं कि किसकी शक्ति हैं—*'सदा संभु अरधंग निवासिनि।'* [अर्थात् शिवजीका नित्य संयोग इनको प्राप्त है। तुम्हारे देखनेमें ये अलग जान पड़ती हैं, पर वस्तुतः शम्भुसे इनका वियोग किसी कालमें नहीं है। इससे यह शङ्का जीमें हो सकती है कि इनको नित्य संयोग है और इनका जन्म तथा विनाश इत्यादि नहीं होते तो हमारे यहाँ जन्म कैसे हुआ? इसके निवारणार्थ *'निज इच्छा लीला बपु धारिनि'* कहा।

अर्थात् अपनी इच्छासे जब लीला करना चाहती हैं तब-तब शरीर धारण करती रहती हैं। *'अजा अनादि शक्ति अबिनासिनि'* कहकर इनको **'चिच्छक्तिरूपा'** जनाया।]

टिप्पणी—२ (क) *'जग संभव पालन लय कारिनि।......'* इति। सदा *'संभु अरधंग निवासिनि'* कहकर उत्पत्ति, पालन, संहार करना कहनेका भाव कि माया ईश्वरसे मिलकर उत्पत्ति आदि कर्म करती है। अर्थात् प्रकृति पुरुषसे मिलकर जगत्का व्यवहार करती है। जगत्की उत्पत्ति-पालन-संहार करती है। अर्थात् यही ब्रह्मा, विष्णु, महेश बनाती है; प्रधान माया त्रिगुण धारण करनेसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश कहलाती है। (ख) *'निज इच्छा लीला बपु धारिनि'* अर्थात् इनका शरीर धारण करना कर्मके वशसे नहीं होता, इनका शरीर *'लीला बपु'* है, पाञ्चभौतिक नहीं है। यह कहकर आगे वपु धरना कहते हैं। [जिस तरह श्रीशङ्करजीमें भगवान्‌के आवेशावतार होनेके कारण शास्त्रोंमें ईश्वरत्व प्रतिपादन किया गया है, उसी तरह श्रीपार्वतीजीमें भी भगवच्छक्तिके आवेश होनेसे उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय आदि करनेका निरूपण किया जाता है। (वेदान्तभूषण पं० रामकुमारदासजी)]

बाबा हरिदासजी (शीला)—*'तब नारद सब ही समुझावा......'* इति। जब श्रीशिवजीका कुवेष देख मेना आदि सब व्याकुल हुए तब नारदजीने श्रीशिवजीका परत्व कहकर सबको समझाया कि वे विश्वात्मा सर्वजीवोंके हृदय हैं। मन, बुद्धि, चित्त, अहंकाररूप सब उनके अधीन हैं, वे मलिन नहीं हैं, सदा एकरस दुःखसुखातीत हैं, इसीसे वे स्वतन्त्र हैं। ऐसे समझाकर तब *'पूरुब कथा प्रसंग'* सुनाया। *'पूरुब'* अर्थात् प्रकाशमयी कथा कही जो आगे कहते हैं। भवानी अर्थात् भव (संसार) से आनि अर्थात् अरिता (शत्रुता) है, रामचरितरूपी ओषधिको प्रकट करनेवाली हैं जिससे भवरोगका नाश होगा। अजा अर्थात् अज जो ब्रह्म उसकी अनादि शक्ति हैं। अविनाशिनी हैं। यावत् देव, दैत्य, राक्षस, नरादि जो समस्त जीव त्रैलोक्यमें हैं वे इन्हींकी शक्तिसे डोलते-फिरते अर्थात् चैतन्य हैं, ब्रह्म प्रकाशक है और ये चैतन्य करनेवाली हैं।

टिप्पणी—३ (क) *'जनमीं प्रथम दक्षगृह जाई......'* इति। प्रथमका भाव कि तुम्हारे ही यहाँ नहीं प्रथम जन्म लिया किन्तु तुम्हारे यहाँसे पहले दक्षके घर जन्म लिया था। *'जाई'* का भाव कि अपनी इच्छासे अवतार लिया *'निज इच्छा लीला बपु'* धारण किया इसीसे सुन्दर तन है, यथा—*'इच्छामय नर बेष सँवारे। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे॥'* (१५२। १) *'कामरूप सुंदर तनु धारी।'* (९४। ५), *'हनुमदादि सब बानर बीरा। धरे मनोहर मनुज सरीरा॥'* (७। ८) इत्यादि। पुनः *'सुंदर तनु पाई'* कथनका भाव कि मेनाजी यह कहती थीं कि *'जेहि बिधि तुम्हहि रूप अस दीन्हा। तेहि जड़ बरु बाउर कस कीन्हा॥'* इसी बातको भावसे कहते हैं कि दक्षके यहाँ भी इनका सुन्दर तन था, वहाँ भी सती शङ्करजीको ब्याही गयी थीं। (ख) ☞ यहाँतक भवानीके नाम, रूप, लीला और धाम चारों कहे। *'अजा अनादि शक्ति अबिनासिनि'* यह नाम हैं; *'सदा संभु अरधंग निवासिनि'* यह धाम है; *'जग संभव पालन लय कारिनि'* यह लीला है और *'निज इच्छा लीला बपु धारिनि'* यह रूप है।—यह निर्गुणस्वरूपके सम्बन्धसे कहे; आगे सगुणरूपके सम्बन्धी ये चारों कहे हैं—*'जनमी प्रथम दक्षगृह जाई'* यह धाम *'नाम सती'* यह नाम, *'सुंदर तनु पाई'* यह रूप और *'एक बार आवत सिव संगा'* से *'अब जनमि तुम्हरे भवन'* तक लीला है। (ग) *'तहहुँ सती संकरहि बिबाहीं'* अर्थात् किसी भी जन्ममें शिवजीसे वियोग नहीं होता। (घ) *'कथा प्रसिद्ध सकल जग माहीं।'* अर्थात् सब जानते हैं, अतएव इसके कहनेका कुछ प्रयोजन नहीं है। जो कथा प्रसिद्ध नहीं है सो हम सुनाते हैं—*'एक बार आवत......।'*

नोट—२ सती-जन्म, सती-तन-त्याग, वीरभद्रद्वारा दक्षयज्ञविध्वंस और पार्वतीजन्मकी कथाएँ श्रीमद्भागवत स्कन्ध ४ अ० १, २, ३, ४, ५, ७। मत्स्यपुराण, शिवपुराण, सप्तम्या वायवीय संहिता पूर्व भाग अ० १८, १९, द्वितीय सतीखण्ड अ० २५, २६ तथा पद्मपुराण और स्कन्दपुराणमें विस्तृतरूपसे हैं। सतीमोह, सीतावेषधारण, श्रीरामपरीक्षा और सतीत्यागकी कथा भावार्थरामायण, आनन्दरामायण सारकाण्ड सर्ग ७, वीरभद्रचम्पू ग्रन्थ, शिवपुराण रुद्रसंहिता सतीखण्ड अ० २४, २५, २६ में हैं। उद्धरण सतीमोहप्रकरणमें

दिये गये हैं। मानसमें सतीमोहप्रसंग *'उर उपजा संदेह बिसेषी।'* (५०। ५) से *'होइ न हृदय प्रबोध प्रचारा।'* (५१। ४) तक है *'करेहु सो जतन बिबेकु बिचारी।'* (५२। ३) से *'मैं संकर कर कहा न माना।'* (५४। १) तक सीता-वेष धरकर परीक्षा लेने तथा पश्चात्ताप करनेका प्रसंग है।

नोट—३ *'अजा अनादि शक्ति……'* इत्यादि। मिलान कीजिये—'एवं दाक्षायणी हित्वा सती पूर्वकलेवरम्। जज्ञे हिमवतः क्षेत्रे मेनायामिति शुश्रुम॥ तमेव दयितं भूय आवृङ्क्ते पतिमम्बिका। अनन्यभावैकगतिं शक्तिः सुप्तेव पूरुषम्॥' (भा० ४। ७। ५९-६०) अर्थात् दक्षकन्या सतीने अपने पूर्व शरीरको इस प्रकार त्यागकर हिमालयकी भार्या मेनाके कोखसे जन्म लिया। जिस प्रकार प्रलयकालमें लीन हुई शक्ति फिर ईश्वरका ही आश्रय लेती है, उसी प्रकार अनन्यपरायण श्रीअम्बिकादेवीने उस जन्ममें भी अपने एकमात्र आश्रय और प्रियतम भगवान् शङ्करको ही वरा।

एक बार आवत शिव संगा। देखेउ रघुकुल* कमल पतंगा॥७॥
भएउ मोहु शिव कहा न कीन्हा†। भ्रम बस बेष सीअ कर लीन्हा‡॥८॥

छंद—सिय बेषु सतीं जो कीन्ह तेहि अपराध संकर परिहरीं।
हर बिरह जाइ बहोरि पितु कें जग्य जोगानल जरीं॥
अब जनमि तुम्हरें भवन निज पति लागि दारुन तप किया।
अस जानि संसय तजहु गिरिजा सर्वदा संकर प्रिया॥

दो०—सुनि नारद के बचन तब सब कर मिटा बिषाद।
छन महुँ ब्यापेउ सकल पुर घर घर यह संबाद॥९८॥

अर्थ—एक बार शिवजीके साथ (कैलासको) आते हुए इन्होंने रघुवंशरूपी कमलके (खिलानेको) सूर्य (रूप श्रीरामचन्द्रजी) को देखा॥७॥ (तब) इनको मोह हुआ। इन्होंने शिवजीका उपदेश न माना और भ्रमके वश होकर श्रीसीताजीका वेष बना लिया था॥८॥ सतीजीने जो सीताजीका रूप धारण किया उसी अपराधसे श्रीशङ्करजीने उनको त्याग दिया। शिववियोगमें फिर वे पिताके यज्ञमें जाकर योगाग्निमें जल मरीं। अब तुम्हारे घर जन्म लेकर अपने पति (शिवजी) के लिये उन्होंने बड़ा उग्र (कठिन) तप किया। ऐसा जानकर चिन्ता छोड़ो, गिरिजा तो सदा ही शिवजीकी प्रिया (पत्नी) हैं। तब नारदके वचन सुनकर सबका शोक मिट गया और क्षणभरमें घर-घर सारे नगरमें यह वृत्तान्त फैल गया॥९८॥

टिप्पणी—१ (क) *'एक बार आवत शिव संगा……'* इति। *'आवत'* अर्थात् दण्डकारण्यसे कैलासको आ रहे थे। *'रघुकुल कमल पतंगा'* का भाव कि जैसे सूर्यके समीप अन्धकार नहीं जाता वैसे ही श्रीरामजीके पास मोह नहीं जाता; यथा *'राम सच्चिदानंद दिनेसा। नहिं तहँ मोह निसा लव लेसा॥'* (११६। ५) वही बात यहाँ कहते हैं। *'भएउ मोहु शिव कहा न कीन्हा'* अर्थात् वे श्रीरामजीमें मोह (आरोपण) करने लगीं कि जहाँ मोह संभव ही नहीं था। उनके स्वरूपमें भ्रम किया, यथा—*'भ्रमबस बेष सीअ कर लीन्हा।'* भ्रम भी तिमिर है, यथा—*'जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा। तेहि किमि कहिअ बिमोह प्रसंगा॥'* (११६। ४) (ख) *'सिय बेषु सती जो कीन्ह……'* इति। तात्पर्य कि श्रीरामजीमें मोह और भ्रम करनेसे नहीं त्यागा और न अपनी आज्ञाको भङ्ग करनेसे ही त्याग किया, क्योंकि शिवजी क्षमाशील हैं और ईश्वरमें मोह और भ्रम तो बड़े-बड़े ज्ञानियोंको हो जाता है; किंतु सीतावेष धारण करनेसे इनका परित्याग किया; क्योंकि शिवजीका सीताजीमें माताभाव है इत्यादि। (ग) *'हर बिरह जाइ……'* इति। 'हरके विरहके कारण योगाग्निमें जल गयीं।' कहनेका भाव कि योगाग्निसे विरहाग्नि अधिक तापदाता है, यथा—*'तजौं देह करु बेगि उपाई।*

* रबिकुल— पं० रा० व० श०। † कीन्हीं, लीन्हीं—रा० प्र०, पं०। ‡ यह हरिगीतिका छन्द है।

दुसह बिरह अब नहिं सहि जाई॥ (यह श्रीसीताजीने त्रिजटासे कहा है।) पुनः, योगाग्निसे शरीर त्याग करना उत्तम रीति है, यथा—*'अस कहि जोग अगिनि तनु जारा। राम कृपा बैकुंठ सिधारा॥'* (३। ९) *'तजि जोग पावन देह हरिपद लीन भइ जहँ नहिं फिरे।'* (३। ३६) [*'बहोरि'* शब्दका भाव कोई-कोई महानुभाव यह भी करते हैं कि पहिले विरहानलमें जलती रहीं, फिर यज्ञमें जानेपर क्रोधानलकी आँच लगी तब योगाग्नि प्रकट कर भस्म हो गयीं।] *'तपु किया'* अर्थात् हमने नहीं करवाया।

टिप्पणी—२ *'अस जानि संसय तजहु……'* इति। भाव कि न तो ब्रह्माने इनके लिये बावला वर बनाया और न हमने इनको बावले वरके लिये तप ही कराया, इन्होंने आप ही तप किया है। इनका शिवजीका सम्बन्ध कुछ नवीन नहीं है, ये तो सदासे शिवजीकी ही प्रिया अर्थात् अनादि शक्ति हैं। इन्होंने अपने पतिके लिये तप किया और शङ्करजी उनका सदा प्रिय करते हैं, यह कहकर दोनोंमें अन्योन्य प्रीति दिखायी। *'अस जानि'* अर्थात् जैसा पूर्व कह आये—*'जगदंबा तव सुता भवानी'* से *'अब जनमि तुम्हरें भवन निज पति लागि दारुन तप किया।'* तक। (यह दीपदेहरीन्यायसे दोनों तरफ लगता है।)

टिप्पणी—३ (क) *'सुनि नारद के बचन तब……'* इति। पार्वतीजीके समझानेसे विषाद न गया, क्योंकि वे अपना ऐश्वर्य अपने मुखसे न कह सकती थीं; जब नारदने उनका ऐश्वर्य वर्णन किया तब विषाद मिटा। *'तब नारद सबही समुझावा।'* से यहाँतक नारदके वचन हैं। *'तब नारद……'* उपक्रम है और *'सुनि नारद के बचन तब'* उपसंहार। [नारद शब्दके अनेक अर्थ हैं पर यहाँ 'नुः इदं नारं अज्ञानं द्यति नाशयति ताडयति' नर जीवोंके अज्ञानको मार-पीटकर भगाते हैं, इससे नारद कहलाते हैं। यह धात्वर्थ यहाँ चरितार्थ हुआ है। प० प० प्र०] (ख) *'ब्यापेउ सकल पुर घर घर……।'* पूर्व दुःखकी बात घर-घर व्यापी थी, अब यह संवाद घर-घर व्यापा। प्रथम लड़कोंद्वारा घर-घर बात फैली थी, अब भी वैसे ही फैली। पुनः भाव कि घर-घरका विषाद दूर हो गया जो वहाँ उपस्थित थे उनका विषाद नारद-वचन सुननेसे चला गया और जो वहाँ नहीं थे उनका (अर्थात् पुरवासियोंका) विषाद यह संवाद घर-घर व्याप जानेसे दूर हो गया। पुनः आदिमें कहा था कि *'नारद सबही समुझावा',* अतः अन्तमें यहाँ कहा कि *'सब कर मिटा बिषाद।'* भाव कि नारदके वचन सुननेसे विषाद नहीं रह जाता। यहाँ 'भ्रान्त्यापह्नुति अलङ्कार' है।

पं० श्रीराजबहादुर लमगोड़ाजी—नारदजीने सारे महाकाव्यवाले रहस्यको खोल दिया; अब प्रहसन-कला शान्तरसके शिखरपर पहुँच गयी। तुलसीदासजीका कमाल ही यही है कि वे हर रसको उसके पूरे जोरमें लिखते हैं, पर अन्तमें महाकाव्य-कलाके उच्च शिखरपर पहुँचा देते हैं और नाटकीय एवं महाकाव्य-कलाका एकीकरण हो जाता है जो संसारमें सफलताके साथ किसी और कविसे बन नहीं पड़ा।

नोट—नारदजीका मेना और हिमाचलको समझाना शिवपुराण पार्वतीखण्डमें है। शिवपुराणमें नारदजीने ये बातें पहले ही बार हिमालयसे कही हैं। यथा—'अनया कन्यया तेऽद्रे अर्द्धनारीश्वरो हरः।' शरीरार्द्धं हरस्यैषा हरिष्यति सुता तव।' 'एषा तव सुता काली दक्षजा ह्यभवत्पुरा॥' सती नामाभवत्तस्यास्सर्वमङ्गलदं सदा। सती सा वै दक्षकन्या भूत्वा रुद्रप्रियाभवत्॥' पितुर्यज्ञे तथा प्राप्यानादरं शङ्करस्य च। तं दृष्ट्वा कोपमाधायात्याक्षीद्देहं च सा सती॥' पुनस्सैव समुत्पन्ना तव गेहेऽम्बिका शिवा। पार्वती हरपत्नीयं भविष्यति न संशयः॥' (२। ३। ८। २९-३०, ४५—४८)

तब मयना हिमवंतु अनंदे। पुनि पुनि पारबतीपद बंदे॥ १॥
नारि पुरुष सिसु जुवा सयानें। नगर लोग सब अति हरषानें॥ २॥
लगे होन पुर मंगल गाना। सजे सबहि हाटक घट * नाना॥ ३॥
भाँति अनेक भई जेवनारा। सूपसास्त्र अस कछु ब्यवहारा॥ ४॥

---

* १६६१ में 'घटकँ' है।

शब्दार्थ—**अनंदे**=आनन्दको प्राप्त हुए, सुखी हुए। **बंदे**=वन्दना की। स्तुति, प्रणाम, आदर, पूजन, यह सब 'वन्दना' है, यथा—*'पुनि मुनिगन्ह दुहुँ भाइन्ह बंदे। अभिमत आसिष पाइ अनंदे॥'* (अ० २४२) **जुवा** (युवा)= जवान, युवा अवस्थाके। **सयाने**=वृद्ध, बूढ़े। **हाटक**=सोना। **जेवनार**=भोजनके पदार्थ, रसोई। **ब्यवहारा** (व्यवहार)=क्रिया, रीति। **सूपसास्त्र**=पाकशास्त्र, वह पुस्तक जिसमें भोजनके अनेक विधान दिये हैं। रसोईमें दालका उत्तम बनना मुख्य समझा गया है। इसीसे रसोइयाकी परख होती है। इसी कारण पाकशास्त्रका नाम सूपशास्त्र हुआ। सूप=दाल।

अर्थ—तब मेना और हिमवान् अत्यन्त आनन्दमें मग्न हो गये और उन्होंने बारम्बार पार्वतीजीके चरणोंकी वन्दना की॥ १॥ स्त्री, पुरुष, बालक, जवान और वृद्ध नगरके सभी लोग अत्यन्त प्रसन्न हुए॥ २॥ पुरमें मङ्गलगान होने लगा, सभीने अनेक प्रकारके (चित्रित) सोनेके कलश सजाये अर्थात् अपने-अपने द्वारपर सजाकर रखे॥ ३॥ जैसी कुछ पाकशास्त्रमें रीति है उसके अनुसार अनेक प्रकारकी रसोई बनी॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'तब मयना हिमवंतु……'* इति। मेना अधिक व्याकुल थीं, अतः उन्हें अधिक आनन्द हुआ, यथा—*'जो अति आतप ब्याकुल होई। तरु छाया सुख जानइ सोई॥'* इसीसे मेनाको प्रथम लिखा। इसी प्रकार श्रीसुनयनाजीका अधिक आनन्द दिखानेके लिये उनका नाम जनक महाराजके पहले लिखा गया है, यथा—*'सखिन्ह सहित हरषी अति रानी। सूखत धान परा जनु पानी॥ जनक लहेउ सुखु सोचु बिहाई। पैरत थके थाह जनु पाई॥'* (१। २६३) पुनः, नारदजीने मेनाहीको सम्बोधन करके समझाया था—*'मयना सत्य सुनहु मम बानी'* से *'अस जानि संसय तजहु'* तक; इससे भी उनको अधिक हर्ष है और इसीलिये पतिके पहिले इनको कहा गया। [हिमवान्‌ने यद्यपि धैर्य नहीं छोड़ा था, पर वरको देखकर वे भी विषण्ण थे, अब नारदजीका व्याख्यान और सप्तर्षि तथा स्वयं उमाकी मौनरूपेण स्वीकृति देखकर समझ गये कि उमा जगदम्बा हैं।…… (वि० त्रि०)] (ख) *'बंदे'* इति। ऐश्वर्य जानकर भगवतीभाव आ गया, अतः पुनः-पुनः प्रेमसे पद-वन्दना कर रहे हैं। पुनः भाव कि ऐश्वर्य सुनकर सुख हुआ, सुताभाव माननेसे भय हुआ; यथा—*'अस्तुति करि न जाइ भय माना। जगतपिता मैं सुत करि जाना॥'* अतः *'पुनि पुनि पद बंदे।'*

टिप्पणी—२ *'नारि पुरुष सिसु जुवा सयानें।'* इति। अर्थात् जितनी भी स्त्रियाँ थीं, बाल, युवा और वृद्धा तथा तीनों अवस्थाके पुरुष—सभीको सुख हुआ। (ख) *'नगर लोग'* का भाव कि हिमाचलके घरके ही नहीं किंतु नगरभरके और कोई-कोई ही नहीं किंतु सभी। नगरभरके लोग 'अति' दुःखी हुए थे, इसीसे *'अति हरषाने'*। नारदके वचन सुनकर मेना और हिमवंतको आनन्द हुआ, पीछे जब बात नगरमें फैली तब पुरवासियोंको हर्ष हुआ, उसी क्रमसे आनन्द होना लिखा गया।

टिप्पणी—३ *'लगे होन पुर मंगल गाना।……'* इति (क) प्रथम मङ्गलगान हो रहा था; यथा—*'गावहिं मंगल सहित सनेहा'*, *'संग सुमंगल गावहिं नारी'*—वह मङ्गलगान बंद हो गया था क्योंकि *'अबलन्ह उर भय भएउ बिसेषा'* और उसकी जगह रोदन होने लगा था; यथा—*'भईं बिकल अबला सकल दुखित देखि गिरि नारि। करि बिलाप रोदति बदति सुता सनेह सँभारि॥'* अब वे मङ्गलगीत पुनः होने लगे। (ख) *'सजे सबहि हाटक घट……'* इति। (घट तो पहले ही सजे और रखे गये थे, पर जब मङ्गलगान बंद हो गया, करुणा छा गयी; तब वे उठाकर घरमें रख दिये गये थे। अब पुनः) घर-घर स्वर्णघट सज गये। घट सजाकर द्वारपर रखे गये, यथा—*'कंचन कलस बिचित्र सँवारे। सबनि धरे सजि निज निज द्वारे॥'* (ग) *'नाना'* इति। घट नाना प्रकारके हैं अर्थात् अनेक प्रकारसे बने हैं, अनेक प्रकारसे चित्रित हैं और अनेक हैं।

नोट—१ *'भाँति अनेक भई जेवनारा।……'* (क) *'भाँति अनेक'* अर्थात् चारों प्रकारका भोजन बना, यथा—*'चारि भाँति भोजन बिधि गाई। एक एक बिधि बरनि न जाई॥ सरस रुचिर बिंजन बहु जाती। एक एक रस अगनित भाँती॥'* (३२९। २, ५) इन सबोंका बोध इस पदसे कराया। [बैजनाथजीका मत है कि भक्ष्य, भोज्य और चोष्य आदि विविध भाँतिके भोजन हैं। वे भक्ष्यमें चर्वणवत् रूखे स्वादिष्ट व्यंजनोंको

लेते हैं, जैसे लड्डू, बूँदी, खुर्मे, पापड़, समोसा, पिड़ाक, मठरी, खाजा आदि। भोज्यमें वे दाल-भात, खिचड़ी, तस्मई (क्षीरान्न खीर), रोटी, पूरी, पूवा, अमरती, जलेबी आदि मिठाई, दूध, दही, मलाई, मोहनभोग आदिको लेते हैं और चोष्यमें साग-भाजी तरकारीका ग्रहण करते हैं। श्रीकरुणासिंधुजी भक्ष्य, चोष्य और लेह्य चार प्रकार मानते हैं। चोष्य वस्तुतः वे पदार्थ हैं जो चूसे जाते हैं और लेह्य वे हैं जो चाटे जाते हैं। कोई भक्ष्य, चोष्य, लेह्य और पेय चार प्रकार मानते हैं। वीरकविजी पेय (पीनेयोग्य) को चोष्यमें गिनते हैं।] (ख) ☞ जनकपुरमें विवाहमें भातका परसना कहा है; यथा—*'सूपोदन सुरभी सरपि सुंदर स्वाद पुनीत। छन महुँ सब के परुसि गे चतुर सुआर बिनीत॥'* (३२८) परंतु हिमाचलके यहाँ देवताओंका भात खाना नहीं लिखते हैं। इसके दो कारण हो सकते हैं। एक तो यह कि देवताओंमें भात खानेकी रस्म (चाल) नहीं है, मनुष्योंमें ही है। दूसरे, यह कि वरके कुलमें कोई है ही नहीं, भात कौन खाये, भात बिरादरी और कुलके ही खाते हैं, इसीसे भातका परसना न लिखा।

पं० राजबहादुर लमगोड़ाजी—१ *'तब मयना हिमवंत अनंदे।......'* इति। यह हर्ष कितना टिकाऊ है। हमने करुणा, भयानक और हास्यरसोंके ज्वारभाटेको देखा है, पर अब हम महाकाव्यके उस उच्च शिखरपर हैं जहाँ स्थायी हर्ष है—शिव और शिवाकी जोड़ी संसारके कल्याणके लिये सामने है। इसी रूपकी वन्दना वेदमें है। यहाँ भी दम्पति माता-पिता भी इसीलिये *'पुनि पुनि पारबती पद बंदे।'*

नोट—२ लड़कियोंके पैर पूजनेका रहस्य भी यही है—हम छठीमें बालक और बालिकाका पूजन 'देवी' और देवरूपमें करके आरती उतारते हैं और विवाह-समय अपनी पुत्रीके पदका पूजन लक्ष्मी तथा पार्वतीरूपमें करते हैं।

नोट—३ तुलसीदासजीके प्रहसनकलाका यह सिद्धान्त न भूलना चाहिये कि कोई चरित्र हमेशा हास्यप्रद नहीं रहता, हम 'परिस्थिति' तथा किसी दोषके उभारके कारण हास्य-पात्र बन जाते हैं।

सो जेवनार कि जाइ बखानी। बसहिं भवन जेहि मातु भवानी॥५॥
सादर बोले सकल बराती। बिष्नु बिरंचि देव सब जाती॥६॥
बिबिध पाँति बैठी जेवनारा। लागे परुसन निपुन सुआरा॥७॥
नारिबृंद सुर जेवत जानी। लगीं देन गारी मृदु बानी॥८॥

शब्दार्थ—**कि**=कैसे, किस प्रकार।=क्या। **जेवनार**=बहुत-से मनुष्योंका एक साथ बैठकर भोजन करना; भोज, भोजन करनेवाले। **पाँति**=पंक्ति, पंगत।=एक साथ भोजन करनेवाले बिरादरीके लोग, परिवार-समूह। **सुआर**=रसोइया; रसोई बनानेवाले; सूपकार। **बृंद**=समूह, झुण्ड।

अर्थ—(भला) जिस घरमें (स्वयं) माता भवानीका निवास हो वहाँकी वह जेवनार किस प्रकार एवं क्या वर्णन की जा सकती है?॥५॥ (हिमाचलने) सब बारातियोंको तथा विष्णु, ब्रह्मा और सब जातिके देवताओंको आदरपूर्वक (भोजनके लिये) बुला लिया॥६॥ अनेक जातिके देवताओंकी 'पाँति' जेवनारको बैठी (एवं भोजन करनेवालोंकी अनेक पंक्तियाँ बैठीं। तब) प्रवीण रसोइये परसने लगे॥७॥ देवताओंको भोजन करते जानकर स्त्रीवृन्द मीठी कोमल वाणीसे गालियाँ देने लगीं। अर्थात् गालियाँ गाने लगीं॥८॥

टिप्पणी—१ *'सो जेवनार कि जाइ बखानी।......'* इति (क) *'मातु भवानी'* का भाव कि भोजन बनाने और खिलानेमें माता ही मुख्य है। (ख) *'बसहि भवन जेहि'* का भाव कि जिनके स्मरणमात्रसे दूसरोंके यहाँका पाक सुन्दर होता है वही वहाँ बसती हैं, तब उनके अपने भवनके पाक क्यों न सुन्दर होंगे? (ग) *'भवानी'* का भाव कि ये भवपत्नी हैं, अतः भवके लिये, भवके बारातियोंके लिये, इन्होंने अपने प्रभावसे जेवनारको सुन्दर कर दिया; यथा—*'जानी सिय बरात पुर आई। कछु निज महिमा प्रगटि जनाई॥'* (३०६। ७)

टिप्पणी—२ *'सादर बोले सकल बराती।......'* इति। (क) देवता भावके भूखे हैं इसीसे विष्णु

आदिको सादर बुलाया। पाँवड़े देते लाना आदर है, यथा—*'परत पाँवड़े बसन अनूपा। सुतन्ह समेत गवन कियो भूपा॥'* (३२८। २) *'गिरिवर पठए बोलि लगन बेरा भइ। मंगल अरघ पाँवड़े देत चले लइ॥'* (७१) (पार्वतीमंगल) (ख) *'सकल बराती'* अर्थात् भूत, प्रेत, राक्षस, योगिनी इत्यादि सबको बुलाया। सब जातिके देवताओंका एक साथ बुलावा हुआ, इससे सूचित किया कि स्थान बड़ा भारी है जिसमें सबको एक ही समय न्यारे-न्यारे बिठाकर एक साथ भोजन कराया गया जैसा आगे लिखते हैं—*'बिबिध पाँति बैठी जेवनारा।'* [*'देव सब जाती'* अर्थात् देवताओंकी जितनी जातियाँ वा किस्में हैं वे सब बारातमें थे। जैसे—आठ दिक्पाल, आठ वसु, ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य, उनचास मरुत, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, नाग, सिद्ध इत्यादि।] (ग) *'बिबिध पाँति……'* का भाव कि देवता अनेक जातिके हैं, अपनी-अपनी जातिकी पाँति है, इसीसे अनेक जाति और अनेक पाँति दोनों कहे। (घ) *'निपुन सुआरा'* इति। रसोइयोंकी निपुणता यह है कि जिसको जितना चाहिये उतना ही परोसें, जो वस्तु जिसको चाहिये वह बिना माँगे देवें, पवित्रता और सावधानतासे परोसें, ऐसा न हो कि कोई पदार्थ इधर-उधर गिर जाय, कोमल वाणीसे नम्रतापूर्वक भोजन करावें। पुनः भाव कि क्षणमात्रमें इतनी बड़ी पंगतिको पारस कर दिया; यथा—*'छन महुँ सबके परुसि गे चतुर सुआर बिनीत॥'* (३२८) अनेक जाति-पाँतिकी पंगति है और बड़ी भारी है, अतः निपुण रसोइयोंहीका यहाँ काम है।

टिप्पणी—३ *'नारि बृंद सुर जेंवत जानी',* यहाँ जेंवत 'देखी' न कहकर *'जानी'* पद देकर जनाया कि स्त्रियाँ सब परदेमें हैं। भोजनके समय देवता सब वेदपाठ करते रहे। जब वेदपाठ बंद हुआ तब जान लिया कि अब भोजन कर रहे हैं अथवा और किसी प्रकार जाना हो।

छं०—गारीं मधुर सुर देहिं सुंदरि बिंग्य बचन सुनावहीं।
भोजनु करहिं सुर अति बिलंबु बिनोदु सुनि सचु पावहीं॥
जेवँत जो बढ़्यो अनंदु सो मुख कोटिहूँ न परै कह्यो।
अचवाइ दीन्हे पान गवनें बास जहँ जाको रह्यो॥

दो०—बहुरि मुनिन्ह हिमवंत कहुँ लगन सुनाई आइ।
समय बिलोकि बिबाह कर पठए देव बोलाइ॥ ९९॥

शब्दार्थ—सुर=स्वर, शब्द, आवाज। सुंदरि=गौरांगिनी, गौर वर्णवाली, स्त्रियाँ। बिनोदु=हास-विलास, मनोरंजक व्यंग, हँसी-दिल्लगीकी बातें। सचु=सुख; यथा—*'हँसहिं संभुगन अति सचु पायें।'* (१३४। ५) *'कर हरि भली प्रभु घोरा असवार भए मारी फौज सब कहैं लोग सचु पावहीं'* (भक्तिरसबोधिनी टीका)। **जेवँत** (जेंवना=जीमना; भोजन करना)=खाते समय। अचवाना=भोजनके बाद हाथ-मुँह धुलाना, कुल्ली कराना। आचमन कराना। लगन=लग्नका मुहूर्त; लग्नपत्रिका। ९१ (४) देखो।

अर्थ—स्त्रियाँ मधुरस्वरसे गालियाँ देती हैं और व्यंग्यभरे वचन सुनाती हैं। देवता विनोद (जो गालीके गानमें है उसे) सुनकर सुख पा रहे हैं (इसीसे वे) भोजन करनेमें बड़ी ही देर लगा रहे हैं। भोजनके समय जो आनन्द बढ़ा वह करोड़ों मुखोंसे भी नहीं कहा जा सकता। (भोजन कर चुकनेपर) हाथ-मुँह धुलवाकर सबको पान दिये गये (तब) सब जहाँ जिसका निवासस्थान था अर्थात् जो जहाँ ठहरे थे वहाँ चले गये। फिर मुनियोंने आकर हिमवान्‌को लग्नपत्रिका सुनायी। विवाहका समय देखकर उन्होंने देवताओंको बुला भेजा॥ ९९॥

टिप्पणी—१ (क) *'गारी मधुर सुर……'* इति। मृदु वाणी और मधुर स्वरसे गाली देती हैं। व्यंग वचन सुनाती हैं क्योंकि प्रकट गाली कठोर होती है। वही व्यंग्यके भीतर मृदु और मधुर हो जाती है। एक तो उनकी वाणी मृदु और मधुर है, उसपर भी व्यंग्य सुनाती हैं। अर्थात् अपनी ओरके पुरुषोंका

नाम लेकर और ब्रह्मादि देवताओंकी स्त्रियोंके नाम लेकर व्यंग्यसे दोनोंका संयोग होना गाती हैं, यथा—*'जेंवत देहिं मधुर धुनि गारी। लै लै नाम पुरुष अरु नारी॥'* (३२९। ६) [☞ विवाहकी गालियाँ मीठी कही जाती हैं, क्योंकि ये प्रेमकी गालियाँ हैं, केवल प्रमोद-विनोद, हासविलासके निमित्त गायी जाती हैं। दोहावलीमें इनको *'अमियमय'* कहा है; यथा—*'अमिय गारि गाज्यो गरल गारि कीन्ह करतार। प्रेम बैर की जननि जुग जानहिं बुध न गवाँर॥'* (३२८) किसी औरने भी कहा है—*'फीकी पै नीकी लगै जो विवाहमें गारि।'* गालियाँ जो और समय बैर विरोधके कारण हो जाती हैं, बुरी लगती हैं, वे ही विवाहमें प्रिय लगती हैं। जो अंगीकार करनेयोग्य नहीं उसे अंगीकार करनेसे यहाँ 'अनुज्ञा अलङ्कार' है। व्यंग्य जैसे शिवजीको कहती हैं कि इनके तो माँ-बापका ही ठिकाना नहीं।] (ख) *'भोजन करहिं सुर अति बिलंबु''''* इति। विलंबसे भोजन करते हैं जिसमें और सुननेको मिलें। आनन्दके लिये ही विनोद होता है अतः *'सचु पावहीं'* कहा। (ग) *'जेवँत जो बढ़्यो अनंद''''* यहाँ सचुका अर्थ आनन्द स्पष्ट कर दिया। *'जेवँत बढ़्यो अनंद'* का तात्पर्य कि जेवनार बहुत अच्छा बना है—*'सो जेवनार कि जाइ बखानी'* और गालियाँ बहुत अच्छी हुईं कि जिससे सब देवता प्रसन्न हुए। *'अँचवाइ दीन्हे पान''''* का भाव कि भृत्यगण सबको आचमन करवाते हैं, पान देनेवाले पान देते हैं, यथा—*'अँचइ पान सब काहू पाए।'* (त्रिपाठीजी लिखते हैं कि 'यज्ञभुक् देवता आज भोजन करने बैठे हैं, स्तुतिके स्थानपर गाली हो रही है। उनके लिये गाली नयी वस्तु है। सो प्रेमकी गाली सुन-सुनकर आनन्द बढ़ रहा है। यह दृश्य देखकर लोग फूले नहीं समाते थे, अतः कहते हैं कि वर्णन नहीं हो सकता।) (ङ) *'बास जहँ जाको रह्यो'* से जनाया कि एक जनवासेमें सबका वास न था, कई जनवासे थे।

नोट—१ इस प्रकरणमें पहले भोजन कहा गया, तब विवाह और आगे श्रीसीतारामजीके विवाहमें प्रथम विवाह हुआ तब जेवनार। भेदका कारण यह है कि यहाँ देव-विवाह है, अतः इसमें देवलोककी रीति वर्ती गयी और श्रीसीतारामजी मनुष्य-अवतार हैं इसलिये उनके विवाहमें मनुष्यलोक (भूलोक) की रीतिसे प्रथम विवाह हुआ तब जेवनार। कोई-कोई महानुभाव कहते हैं कि जेवनार इससे पहले हुआ कि कहीं ऐसा न हो कि ब्याह करके दूलह तुरत चल दे, क्योंकि डरे हुए हैं कि परछन न होनेसे दूलह रुष्ट न हो गया हो। तथा देवताओंका प्रयोजन तो विवाहसे ही सिद्ध हो जाता है फिर उन्हें ठहरनेकी आवश्यकता नहीं। वे सदाके स्वार्थी हैं। अतः डर है कि विवाह होते ही वे दूलहको लेकर चल न दें। इससे जेवनार प्रथम ही कर दिया गया।

त्रिपाठीजीका मत है कि 'ब्याह मेष लग्नमें सूर्योदयके समय होनेवाला था, अतः रातको बारात ब्याहके पहिले ही जिमाई गयी। रामजीका ब्याह रात्रिके समय था, अतः बारातका अपने घर जिमाना दूसरे दिन हुआ।'

टिप्पणी—२ *'बहुरि मुनिन्ह हिमवंत''''''* इति। (क) *'मुनिन्ह'* बहुवचन देकर सूचित करते हैं कि सप्तर्षियोंने आकर लग्न जनायी; * क्योंकि हिमाचलके यहाँसे लग्न सप्तर्षि ले गये हैं—*'पत्री सप्तरिषिन्ह सोइ दीन्ही। गहि पद बिनय हिमाचल कीन्ही॥'* (९१। ५) वही सप्तर्षि अब विवाह कराते हैं। [इस विवाहमें गर्ग, वसिष्ठ, बृहस्पति, अत्रि, गौतम, भागुरि, भृगु, शक्ति, जमदग्नि, पराशर, मार्कण्डेय, शिलावाक्, शून्यपाल, अक्षतस्त्रम्, अगस्त्य, च्यवन और गोभिल आदि महर्षि विवाहकार्य विधिपूर्वक सम्पन्न करानेके लिये उपस्थित थे। गर्गजी हिमवान्के पुरोहित थे।] (ख) लग्न सुनानेका तात्पर्य कि हिमाचल अब देवताओंको बुला भेजें, यही बात आगे कहते हैं—*'समय बिलोकि''''।'* (वि० त्रि० लिखते हैं कि प्रातःकालमें सप्तर्षि लोग लग्न सुनाने आये, अर्थात् वरपक्षसे कहलाया गया कि बुलावा जल्दी भेजें। नहीं तो हिमवान्ने ही ऋषियोंको बुलाकर लग्न स्थिर कराया था, उन्हें फिरसे सुनानेकी आवश्यकता क्या थी?') (ग) *'समय बिलोकि।'* ऋषियोंने

---

* इसीसे और भी सर्वत्र बहुवचन ही कहा है, यथा—'बहुरि मुनीसन्ह उमा बोलाई', 'जस बिबाह कै बिधि श्रुति गाई। महा मुनिन्ह सो सब करवाई', 'बेदमंत्र मुनिवर उच्चरहीं।'

आगेसे लग्न जनायी और हिमाचलने लग्नका समय देखा, इससे जाना गया कि हिमाचल पण्डित हैं।* *'सुनाई आइ'* का भाव कि लग्नकी बात बहुत सूक्ष्म है, कहला भेजनेके लायक नहीं थी; मुनियोंने स्वयं ही आकर सुनायी। ☞ अब सर्वत्र देवताओंहीका नाम देते हैं, शिवगणोंका नाम कहीं नहीं कहते, यथा—*'सादर बोले सकल बराती। बिष्नु बिरंचि देव सब जाती॥'* (१) *'भोजन करहिं सुर अति बिलंब बिनोदु सुनि सचु पावहीं।'* (२) *'समय बिलोकि बिबाह कर पठए देव बोलाइ।'* (३) *'बोलि सकल सुर सादर लीन्हे। सबहि जथोचित आसन दीन्हे॥'* (४) *जगदंबिका जानि भव भामा। सुरन्ह मनहि मन कीन्ह प्रनामा॥'* (५) तथा *'पानिग्रहन जब कीन्ह महेसा। हिय हरषे तब सकल सुरेसा॥'* (६) इससे यह सूचित होता है कि उन सबोंने भी अब देवताओंके समान सुन्दर रूप धारण कर लिया है। अथवा बारात पूरी करके वे सब चले गये। (सबने सुन्दर रूप धारण कर लिये यह बात पार्वतीमङ्गलके *'बर बिलोकि बिधु गौर सुअङ्ग उजागर। करति आरती सासु मगन सुखसागर॥'* (७३) से अनुमानित होती है। अब शिवजीका भी भयंकर रूप नहीं है।)

बोलि सकल सुर सादर लीन्हे। सबहि जथोचित आसन दीन्हे॥ १॥
बेदी बेदबिधान सँवारी। सुभग सुमंगल गावहिं नारी॥ २॥
सिंघासनु अति दिब्य सुहावा। जाइ न बरनि† बिरंचि बनावा॥ ३॥
बैठे शिव बिप्रन्ह सिरु नाई। हृदय सुमिरि निज प्रभु रघुराई॥ ४॥

शब्दार्थ—जथोचित (यथोचित)=यथायोग्य। (९४। ७) देखो। बेदी (वेदी, वेदिका)=यज्ञादिक शुभकर्मोंमें भूमिको शुद्ध और साफ करके उसपर कुछ शुद्ध मिट्टी डालकर प्रायः चौकोर भूमि तैयार करते हैं, इसीको वेदी कहते हैं। बिधान=(में कही हुई) रीति। दिब्य=अलौकिक, बहुत ही सुन्दर।

अर्थ—(हिमाचलने) सब देवताओंको आदरपूर्वक बुलवा लिया और सबको यथायोग्य आसन (बैठनेको) दिये॥ १॥ वेदोक्त रीतिसे वेदी सजायी गयी। स्त्रियाँ सुन्दर श्रेष्ठ मङ्गल गीत गाने लगीं॥ २॥ (वेदिकापर) अत्यन्त दिव्य सुन्दर सिंहासन (सुशोभित है जो) वर्णन नहीं किया जा सकता क्योंकि स्वयं ब्रह्माजीका बनाया हुआ है॥ ३॥ ब्राह्मणोंको मस्तक नवाकर और हृदयमें अपने इष्टदेव श्रीरघुनाथजीका स्मरण करके शिवजी उस सिंहासनपर बैठे॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'बोलि सकल सुर……'* इति। बुला भेजा। जब वे आ गये तब सबको यथायोग्य आसन दिया। *'सकल'*—पद देनेका भाव कि सभी देवता मानकी इच्छा रखते हैं, इसीसे सबको बुलाया और सबको आसन दिये, यथा—*'सादर बोले सकल बराती'*। *'सादर'* अर्थात् पाँवड़े देते हुए जैसे भोजनके समय बुलाया था वैसे ही विवाहके समय बुलाया। बरातियोंको आसन देकर आगे वरको आसन देना कहते हैं। (ख) *'बेदी बेद बिधान……'* इति। देवताओंमें वेदका प्रमाण है, इसीसे सर्वत्र वेदका ही प्रमाण कहते हैं; यथा—*'सुदिन सुनखत सुघरी सोचाई। बेगि बेदबिधि लगन धराई॥'* (१), *'बेदी बेद बिधान सँवारी'* (२), *'जस बिबाह कै बिधि श्रुति गाई'* (३) *'सँवारी'* कहकर जनाया कि वेदी अत्यन्त सुन्दर बनी है। वेदी बैठनेके लिये बनी है; यथा—*'बेदी पर मुनि साधु समाजू। सीयसहित राजत रघुराजू॥'* (अ०) वेदीपर सिंहासन है। उसपर शिवजी बैठे, स्त्रियाँ वरके आगमनके मङ्गल गीत गाती हैं। ☞ सुभग और सुमङ्गलका 'सु' दोनों सुन्दरताके वाचक होनेसे पुनरुक्तिका आभास है। इसका समाधान यह है कि सुभगका स्त्रियोंके गानेसे सम्बन्ध है और सुमङ्गलका 'सु' मङ्गलसे सम्बन्ध रखता है।

टिप्पणी—२ (क) *'सिंघासनु अति दिब्य……'* इति। वेदी दिव्य है, सुहायी है और सिंहासन अति

---

* उस समय वृश्चिक लग्न थी—(वै०)। विवाह मेषलग्नमें हुआ—(वि० त्रि०)।

† बिचित्र—१७०४, वीरकवि। बिरंचि—१६६१, १७२१, १७६२, को० रा०, पं०, वै०।

दिव्य है, अति सुहावा है क्योंकि वेदीके ऊपर रखा हुआ है, मानो विरंचिका बनाया है—यहाँ लुप्तोत्प्रेक्षा है। अथवा, विरंचिका ही बनाया है कहीं इसका प्रमाण अवश्य होगा।* (ख) *'बैठे शिव बिप्रन्ह……'* इति। विप्रोंको सिर नवानेका भाव कि विप्र सब नीचे बैठे हैं और आप सिंहासनपर बैठने जाते हैं, अतः अपराध क्षमार्थ ऐसा किया। अथवा ब्राह्मण रामजीके इष्ट हैं इससे प्रथम विप्रोंको स्मरण किया तब रामजीका। ब्राह्मण वहाँ उपस्थित हैं, वे ही विवाह करा रहे हैं इससे उन्हें सिर नवाया (यह लोकरीति है, शिष्टाचार है) और श्रीरामजी वहाँ प्रकट नहीं हैं इसीसे उनको हृदयमें स्मरण किया। *'निज प्रभु'* से कोई दूसरा प्रभु भी पाया जाता है, अतः *'रघुराई'* कहकर दाशरथी श्रीरामजीको *'निज प्रभु'* बताया। (पुनः शिवजी भक्तिपथके मुख्य आचार्य हैं और भक्तिपथका प्रथमपाद विन्यास है *'प्रथमहि बिप्रचरन अति प्रीती।'* अतः प्रथम विप्रोंको प्रणाम किया। वि० त्रि०) [*'हृदय सुमिरि'* का भाव महात्मा लोग यह कहते हैं कि अमनिया पदार्थ प्रथम अपने इष्टको अर्पण वा निवेदन करके तब स्वयं ग्रहण करना चाहिये—*'तुम्हहिं निवेदित भोजन करहीं। प्रभु प्रसाद पट भूषन धरहीं॥'* इसलिये प्रभुको सिंहासन अर्पण करके तब उसपर बैठे। मङ्गलकार्योंमें इष्टदेवका स्मरण आरम्भमें करना उचित ही है।] रघुनाथजी शिवजीके इष्टदेव और 'निज प्रभु' हैं; यथा *'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा।'* (५१। ८) *'सोइ प्रभु मोर चराचर स्वामी। रघुबर सब उर अंतरजामी॥'* (११९। २)

बहुरि मुनीसन्ह उमा बोलाईं। करि सिंगारु सखीं लै आईं॥ ५॥
देखत रूप सकल सुर मोहे। बरनै छबि अस जग कबि को हे॥ ६॥
जगदंबिका जानि भवभामा†। सुरन्ह मनहि मन कीन्ह प्रनामा॥ ७॥
सुंदरता मरजाद भवानी। जाइ न कोटिहु‡ बदन बखानी॥ ८॥

शब्दार्थ—मोहे=मोहित हो गये, लुभा गये, रीझे, लुब्ध हो गये, यथा *'देखि रूप मोहे नरनारी।'* (२४८। ४) *'चारयो दल दूलह चारु बने। मोहे सुर औरन कौन गने॥'*, (केशव) *'देखत बपु अति स्यामल सोहै। देखत सुरनर को मन मोहै॥'* बहुरि=फिर अर्थात् तत्पश्चात्।

अर्थ—तब मुनीश्वरोंने उमाको बुलाया अर्थात् आज्ञा दी कि उमाको ले आओ। सखियाँ उनका शृङ्गार करके उन्हें ले आयीं॥ ५॥ उनके रूपको देखते ही समस्त देवता मुग्ध हो गये (तब भला) संसारमें ऐसा कवि कौन है जो उस छबिका वर्णन कर सके?॥ ६॥ जगन्माता और भव (शङ्करजी) की पत्नी जानकर देवताओंने उन्हें मन-ही-मन प्रणाम किया॥ ७॥ भवानीजी सुन्दरताकी सीमा हैं, करोड़ों मुखोंसे भी बखानी नहीं जा सकतीं॥ ८॥

---

* यहाँ कोई-कोई शंका करते हैं कि 'पूर्व कह आये हैं कि 'पुर सोभा अवलोकि सुहाई। लघु लागइ बिरंचि निपुनाई॥' तो अब ब्रह्माके बनाये हुए सिंहासनमें क्या चतुरता है जो वर्णन नहीं हो सकती?' और इसके समाधानार्थ यह अर्थ करते हैं कि—(१) उसका बनाव विरंचिसे भी वर्णन नहीं हो सकता। (२) जो ब्रह्माके बनाये हुए हैं वे वर्णन नहीं कर सकते। (पं०) दासकी समझमें इसका भाव यह समझना चाहिये कि ब्रह्माजीने इसे अपने हाथोंसे बनाया है, इसीसे वर्णन नहीं किया जा सकता। यथा 'जनु बिरंचि निज हाथ सँवारे……मन भावहिं मुख बरनि न जाहीं।' (१। ३११) 'सीयमातु किमि जाइ बखानी।'……'सब समेटि बिधि रची बनाई।' (३२४। १, २) इत्यादि स्थलोंमें जहाँ-जहाँ ब्रह्माजीका स्वयं बनाना या रचना लिखा है वहाँ-वहाँ 'बरनि न जाई' या इसीके समानार्थी शब्द ग्रन्थकारने प्रयुक्त किये हैं, तथा यहाँ भी इसी प्रकार समझ लेनेमें कोई शङ्काकी बात नहीं जान पड़ती। अत्यन्त सुन्दरताके वर्णनमें प्रायः विरंचिका बनाया कहा करते हैं; यथा 'जनु बिरंचि सब निज निपुनाई। बिरचि बिस्व कहँ प्रगटि देखाई॥' (१), 'चारु बजार बिचित्र अँबारी। मनिमय जनु बिधि स्वकर सँवारी॥' (२)' 'मनिखंभ भीति बिरंचि बिरचि कनकमनि मरकत खची', (३) तथा यहाँ अत्यन्त सुन्दरताके कारण 'विरंचि बनावा' कहा गया। सब सृष्टि बिरंचि सङ्कल्पसे रचते हैं।

† बामा—ना० प्र०, १७०४। ‡ कोटिन्हि—ना० प्र०। १७०४। कोटिहु—१६६१, १७२१, १७६२; छ०, को० रा०।

टिप्पणी—१ *'बहुरि मुनीसन्ह उमा बोलाईं'* इति। (क) *'बहुरि'* पदसे पाया गया कि मुनियोंने ही मन्त्र पढ़कर शिवजीको सिंहासन अर्पण किया, उसपर उनको बिठाया। *'मुनीसन्ह'* से सप्तर्षिका ग्रहण पार्वतीमङ्गलके अनुसार हो सकता है एवं औरोंका भी, जैसा पूर्व दोहा ९९ में लिखा गया है; यथा—*'सप्त रिषिन्ह बिधि कहेउ बिलंबु न लाइअ। लगन बेर भै बेगि बिधान बनाइअ॥' 'थापि अनल हर बरहि बसन पहिराएउ। आनहु दुलहिनि बेगि समउ अब आएउ॥'* अतएव उन्होंने उमाको बुलाया। और बारातियोंको हिमाचलहीने सादर आसन देकर बैठाया, जैसे जनक महाराजने किया था—*'निज पानि जनक सुजान सब कहँ आनि सिंघासन धरे।'* बोलाईं अर्थात् लानेकी आज्ञा दी। माता जानकर शृङ्गारवर्णन न किया। एक ही चरणमें शृङ्गार करना और ले आना कहकर ले आने एवं शृङ्गार करनेमें अति शीघ्रता दिखायी, बहुत सखियोंने मिलकर शृङ्गार किया। अलंकृत कन्याके दानका विधान है। अतः शृङ्गार करके लायीं। (ख) *'देखत रूप सकल सुर मोहे……'* इति। यह रूपकी सुन्दरता है। भगवतीकी शोभा देखकर सब देवता मोहित हो गये और देवी मोहरूप हैं, सबको मोहको प्राप्त कर देती हैं। यथा—**'ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा। बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति॥'**, *'जो ज्ञानिन्ह कर चित अपहरई। बरिआईं बिमोह बस करई॥'* इसी कारण सब देवता मोहित हो गये। इसका हाल आगे लिखते हैं—*'जगदंबिका जानि……'* *'बरनै छबि अस जग कबि को है'* की व्याख्या आगे लिखते हैं—*'सुंदरता मरजाद……'* । ये दोनों बातें क्रमसे लिखी हैं। (ग) *'बरनै छबि अस जग कबि को है'* का भाव कि दिव्य बुद्धिवाले सब देवता छबि देखकर मोहित हो गये तब जगत्‌में प्राकृत बुद्धिवाले कवि क्या वर्णन करेंगे? [श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि रूप वह कहा जाता है जो बिना भूषणहीके भूषित हो। ऐसे साधारण रूपको तो देखते ही देवगण मोहित हो जाते हैं तब फिर भला उस रूपका शृङ्गार जब होगा तो उसे भला कौन कवि वर्णन कर सकता है? पुनः, जब देवता ही मोहित हो गये तब मनुष्य ऐसा कौन है जो उस रूप और छबिको नखसे शिखतक देख सका हो? और जब देखा ही नहीं तब वर्णन क्यों कर सके? कोई-कोई महानुभाव कहते हैं कि यहाँ कालिदासजीकी ओर संकेत है। उन्होंने उमाजीका नखशिख वर्णन किया। उसका फल यह मिला कि उनको कुष्ठ हो गया। बहुत विनय करनेपर उन्हें 'रघुवंश' काव्य बनानेकी आज्ञा हुई जिसके बनानेपर रोग दूर हुआ।]

टिप्पणी—२ *'जगदंबिका जानि भवभामा…… ।'* इति। (क) प्रथम रूप देखकर मोहित हो गये, फिर प्रबोध होनेपर जगत्‌की माता भवभामा जानकर मातृबुद्धिसे प्रणाम किया। (ख) मनमें प्रणाम करनेका भाव कि माधुर्यके समयमें ऐश्वर्य न प्रकट किया, इस विचारसे कि हमारे प्रणाम करनेसे इनका ऐश्वर्य खुल जायगा। (और ऐश्वर्य खुलनेसे विवाहकार्यमें विघ्न पड़ेगा।) (ग) *'जानि भवभामा'* का भाव कि भव (शंकरजी) जगत् वन्द्य हैं—*'संकर जगतबंद्य जगदीसा। सुर नर मुनि सब नावहिं सीसा॥'* उनकी ये भामा हैं अतः ये भी जगत्-वन्द्य हैं—यह जानकर प्रणाम किया। (घ) *'जगदंबा'* का भाव कि जगत्‌भरकी शोभा इन्हींकी बनायी है।

नोट—मिलान कीजिये, पार्वतीमङ्गलके—*'सखी सुआसिनि संग गौरि सुठि सोहति। प्रगट रूपमय मूरति जनु जगु मोहति॥ ७६॥ भूषन बसन समय सम सोभा सो भली। सुखमा बेलि नवल जनु रूप फलनि फली॥ कहहु काहि पटतरिय गौरि गुन रूपहि। सिंधु कहिय जेहि भाँति सरिस सर कूपहि॥ ७७॥ आवत उमहिं बिलोकि सीस सुर नावहिं। भए कृतारथ जनम जानि सुखु पावहिं॥'*

टिप्पणी—३ *'सुंदरता मरजाद भवानी।……'* इति। (क) भाव कि मर्यादातक कोई पहुँचता नहीं, इससे उत्कृष्ट सुन्दरता कहीं है नहीं। *'कोटिहु बदन'* का भाव कि एक तो करोड़ों मुख किसीके हैं नहीं, हो भी तो उनका सौन्दर्य बखाना नहीं जा सकता। ☞ *'कोटिहु'* कहकर शेष शारदा आदिका भी निरादर किया। (ख) ☞ नारदजीने पार्वतीजीके तीन नाम कहे थे, यथा—*'नाम उमा अंबिका भवानी।'* यहाँ उसी क्रमसे तीनों नाम लिखे गये हैं। यथा—(१) *'बहुरि मुनीसन्ह उमा बोलाईं',* (२) *जगदंबिका जानि भवभामा'* (३) *'सुंदरता मरजाद भवानी।'*

छंद—कोटिहु बदन नहिं बनै बरनत जगजननि सोभा महा।
सकुचहिं कहत श्रुति सेष सारद मंदमति तुलसी कहा॥
छबिखानि मातु भवानि गवनीं मध्य मंडप शिव जहाँ।
अवलोकि सकहिं न सकुच पतिपद कमल मनु मधुकरु तहाँ॥

दो०—मुनि अनुसासन गनपतिहि पूजेउ संभु भवानि।
कोउ सुनि संसय करै जनि सुर अनादि जिय जानि॥ १००॥

अर्थ—जगज्जननी पार्वतीजीकी महान् शोभा करोड़ों मुखोंसे भी वर्णन करते नहीं बनती। श्रुति, शेष और सरस्वतीजीतक कहनेमें सकुचते हैं, तब भला मन्दबुद्धि तुलसीदास क्या है। (किस गिनतीमें है जो कहेगा।) छबिकी खानि माता भवानी मण्डपके बीचमें जहाँ शिवजी थे, गयीं। संकोचवश पतिके चरण-कमलोंको वे देख नहीं सकतीं, पर उनका मनरूपी भौंरा वहीं था। मुनियोंकी आज्ञासे श्रीशिवपार्वतीजीने गणपतिजीका पूजन किया। हृदयसे देवताओंको अनादि जानकर कोई इस बातको सुनकर संशय न करे॥ १००॥

टिप्पणी—१ (क) *'कोटिहु बदन नहिं बनै बरनत'* अर्थात् सहस्र, दो सहस्रकी कौन कहे जिसके करोड़ों मुख हों वह भी वर्णन नहीं कर सकता, यह कहकर आगे उसका कारण बताते हैं कि *'जगजननि'* ये जगत्-माता हैं और *'सोभा महा'* अर्थात् उनकी शोभा अपार है। *'जगजननि'* का भाव कि जगत्‌भरकी शोभा इन्हींकी बनायी हुई है, तब इनकी शोभा कौन कह सके? अथवा जगत्‌भरकी ये माता हैं, सारी प्राकृतिक शोभा इन्हींसे उत्पन्न हुई है, तब भला वह आपकी शोभाकी उपमा कैसे हो सकती है? अथवा, माताकी शोभा कौन कहे, जगत्‌मात्र उनकी संतान है। माताकी शोभा-सुन्दरता वर्णन करनेका अधिकार बालकको नहीं है; यथा—*'जगत मातु पितु संभु भवानी। तेहिं सिंगारु न कहौं बखानी ॥'* (१०३।४) (ख) *'सोभा महा'* इति। महाशोभा है, इसीसे सर्वत्र शोभा विशेष लिखते हैं, यथा—

रूप देखकर देवता मोहित हो गये—*'देखत रूप सकल सुर मोहे' (१)*
छबिकी खानि हैं, कोई कवि कह नहीं सकता—*'बरनै छबि अस जग कवि को' (२)*
सुन्दरताकी मर्यादा हैं, कोटिहु बदनसे कहते नहीं बनती—*'सुंदरता मरजाद भवानी।……' (३)*
शोभा महान् है, श्रुति-शेषादि नहीं कह सकते—*'सकुचहिं कहत……' (४)*

टिप्पणी—२ (क) *'सकुचहिं कहत श्रुति सेष सारद।'* श्रुति, शेष और शारदा ये सब वक्ताओंमें श्रेष्ठ हैं। पुनः, श्रुतिसे भूलोक, शेषसे पाताल और शारदासे ब्रह्मलोक एवं स्वर्गलोकके सर्वश्रेष्ठ वक्ता सूचित किये। इन सबका सकुचाना कहकर त्रैलोक्यके समस्त श्रेष्ठ वक्ताओंको असमर्थ दिखाया। इस तरह *'सकुचहिं कहत……'* से महाशोभाका अर्थ खोला। यहाँ 'सम्बन्धातिशयोक्ति अलङ्कार' है। योग्य वक्ताओंमें वर्णनकी अयोग्यता कहकर शोभाकी अतिशय बड़ाई कही गयी। पुनः *'सकुचहिं कहत श्रुति सेष सारद'* का भाव कि ज़ब *'कोटिहु बदन'* से नहीं कहते बनती तब यदि हम कहते हैं तो पार न मिलेगा और पार न मिलनेसे हमारी लघुता होती है, यह सोचकर सकुचते हैं। (ख) *'मंदमति तुलसी कहा'* अर्थात् जब श्रुति-शेषादि दिव्य बुद्धिवाले कहनेमें सकुचते हैं तब मैं तुलसी तो मतिमन्द, मन्दबुद्धि हूँ। मैं क्या हूँ, कुछ भी तो नहीं हूँ जो वर्णनका साहस कर सकूँ। (ग) *'छबि खानि मातु……'* इति। प्रथम सखियाँ श्रीपार्वतीजीको मण्डपकी सीमामें ले आयी थीं, अब 'मध्य-मण्डप' को चलीं। ☞ यहाँ शोभा-वर्णनके सम्बन्धमें जननि शब्द अनेक बार आया है। यह साभिप्राय है। सबके साथ *'जननि'* पद देकर यह बात दरसाते हैं कि सबका इनके प्रति मातृभाव है। मातृबुद्धिसे ही देवताओंने प्रणाम किया—*'जगदंबिका जानि भवभामा। सुरन्ह मनहिं मन कीन्ह प्रनामा॥'* *'जगजननि'* की शोभा श्रुति-शेषादि माता मानकर ही नहीं कह सकते। और वक्ता याज्ञवल्क्यजी मातृभावसे कहते हैं कि *'छबिखानि मातु भवानि……।'*

टिप्पणी—३ *'अवलोकि सकहिं न……'* इति। (क) अर्थात् नीचे दृष्टि किये हैं, इसीसे चरण देखे। (ख) *'पतिपद कमल……'* अर्थात् जहाँ पतिके पदकमल हैं वहाँ इनका मन मधुकर है। ☞ पूर्व सतीतनमें शिवजीके चरणोंमें स्नेह था, *'जौं मोरे सिवचरन सनेहू। मन क्रम बचन सत्यब्रत एहू॥'* अब उमातनमें भी शिवचरणमें स्नेह कहते हैं। पतिपदमें प्रेम करना पतिव्रताका धर्म है, यथा—*'एकै धर्म एक ब्रत नेमा। काय बचन मन पतिपद प्रेमा॥'* [(ग) *'सकुच'* का कारण लोकमर्यादा, लोकलज्जा है। सब समाज जनाती, बराती वहाँ बैठे हैं और आप दुलहिन बनी हैं। पंजाबीजी सतीतनमें पति-अवज्ञाके कारण भी संकोच होना कहते हैं। *'पति पद कमल मन मधुकर तहाँ'* में 'परम्परित रूपक है'। (घ) मन-मधुकर चरणोंमें कबसे लगा है, प्राप्त होनेमें संकोच बाधक हो रहा है। भाव यह कि शिवजीका सौन्दर्य कैसा था जिसपर त्रैलोक्यसुन्दरी उमा मुग्ध थीं *'अंग अंगपर उदित रूपमय पूषन'* (पा० मं०) वि० त्रि०]

टिप्पणी—४ *'मुनि अनुसासन गनपतिहि……'* इति। (क) *'कोउ सुनि संसय करै जनि'* कहा क्योंकि शिव-पार्वती-विवाह ही अभी हो रहा है, गणेशजीका जन्म हुआ ही नहीं, तब गणेशपूजन कैसे हो रहा है?' यह संदेह मनमें प्राप्त होनेकी सम्भावना है, अतएव कवि स्वयं ही उसका समाधान करते चलते हैं। (ख) *'सुर अनादि जिय जानि'* इति। सब देवताओंके मन्त्र ऋचाएँ लिखी हैं, इससे सिद्ध होता है कि सब देवता अनादि हैं।

नोट—१ (क) श्रीकाष्ठजिह्वस्वामीजी लिखते हैं कि मन्त्रमयी मूर्ति तो सनातन है, अनादि है। अतः गणेशजी अनादि कहे गये। रा० प० प० कार लिखते हैं कि 'मन्त्रमयी मूर्ति अनादि मीमांसारीति वेदोंमें भी लिखा ज्यों-का-त्यों ब्रह्माजीने रचा' [प्रमाण श्रुतिः—**'सूर्य्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।'** (यजुर्वेद)] (ख) गोस्वामीजी तो सभीको श्रीसीताराममय देखते हैं—*'मैं सेवक सचराचर रूप स्वामि भगवंत'।* इस प्रकार भी सब देवता अनादि हैं। (ग) विवाह अभी हुआ नहीं, किंतु गणेशपूजन करानेमें 'भाविक अलङ्कार' है—(वीरकवि) (घ) विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि 'यहाँपर हिंदूधर्मके गूढ़ रहस्यके कुछ दिग्दर्शन करनेकी आवश्यकता है, सो यों कि भक्तजन अपनी-अपनी रुचिके अनुसार विशेष गुणसम्पन्न देवताको इष्ट मानकर उसका पूजन सर्वोपरि बतलाते हैं। परंतु यथार्थमें ये सब उसी परब्रह्म परमात्माके उपासक हैं—तुलसीदासजीने तो सर्वरूपरूपी, सर्वशरीर-शरीरी, सर्वनाम-नामी रामहीको जानकर समस्त नामोंसे रामहीको वन्दन किया है—जैसा लिखा है *'सीय राममय सब जग जानी। करौं प्रनाम जोरि जुग पानी॥'* क्योंकि इन्होंने श्रीरामहीको परमात्मारूप सिद्ध किया है, यथा—*'राम सो परमात्मा भवानी……।'* श्रीगणेशजीकी प्रथम वन्दना तथा उनका प्रथम पूजन इस आधुनिक प्रथाको गोस्वामीजीने कितनी उत्तम रीतिसे निबाहा है कि ग्रन्थके आदिमें वन्दना भी की तथा उन्हें राममय और रामहीके कारण पूज्यपद प्राप्त हुए कह गये और सबसे बड़े महादेवजी और पार्वतीजी जिनकी ये संतान पुराणोंमें कहे गये हैं, उन्हींके विवाहमें उनका पूजन करवाकर उन्हें अनादि कहकर दर्शाया है कि ये भी परमात्मारूप पूजनीय हैं। पुराणोंमें दो पीठ प्रसिद्ध हैं—एक विष्णुपीठ जिसमें विष्वक्सेन प्रथमपूज्य हैं और दूसरा रुद्रपीठ जिसमें गणेश प्रथमपूज्य हैं। बौद्ध, जैन, चार्वाक आदि पाखण्डधर्मके बढ़नेपर श्रीशङ्करजीने शङ्कराचार्यरूपसे अवतार लेकर समस्त पाखण्डियोंको परास्त किया और वैदिकधर्म स्थापन किया। सम्पूर्ण पण्डित इन्हींके अनुयायी हो गये और तभीसे बहुधा लोगोंकी रुचि विष्णुपीठकी अपेक्षा रुद्रपीठपर हुई। तभीसे समस्त मङ्गलकार्योंमें गणेशजीका प्रथम पूजन होने लगा। प्राचीन ग्रन्थोंमें ऐसा नहीं किया गया है।'

जसि बिबाह कै बिधि श्रुति गाई। महामुनिन्ह सो सब करवाई॥ १॥
गहि गिरीस कुस कन्या पानी। भवहि समरपीं जानि भवानी॥ २॥
पानिग्रहन जब कीन्ह महेसा। हिय हरषे तब सकल सुरेसा॥ ३॥
बेदमंत्र मुनिबर उच्चरहीं। जय जय जय संकर सुर करहीं॥ ४॥

शब्दार्थ—**गहि**=ग्रहण करके, लेकर, पकड़कर। **पानी** (पाणि)=हाथ=जल। *सुरेस* (सुरेश)-दिक्पाल। सब दिग्पाल अपनी-अपनी सेनाके ईश हैं; यथा—*'निज निज सेन सहित बिलगाने।'* **कुस** (कुश)=कासकी-सी एक घास होती है जो नुकीली, तीखी और कड़ी होती है। कुश बहुत पवित्र माना जाता है। यज्ञ, विवाह, तर्पण आदि कर्मकाण्डोंमें और आसनके काममें इसका उपयोग होता है। कुश और जल हाथमें लेकर संकल्प पढ़ा और किया जाता है। वेदमन्त्र—अर्थात् स्वस्तिवाचन इत्यादि।

अर्थ—श्रुतियोंमें विवाहकी विधि जैसी कुछ कही गयी है, महामुनियोंने वह सब करवायी॥ १॥ हिमाचलने हाथमें कुश, जल और कन्याका हाथ लेकर उन्हें भवानी (भवपत्नी) जानकर भव (शिवजी) को समर्पण किया॥ २॥ जब महादेवजीने पाणिग्रहण किया तब सभी दिग्पाल, देवता हृदयमें बड़े प्रसन्न हुए॥ ३॥ श्रेष्ठ-श्रेष्ठ मुनि वेदमन्त्रोंको उच्चारण कर रहे हैं, और देवता *'जय जय जय संकर'* अर्थात् शंकरजीका जय जयकार करते हैं॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'जसि बिबाह कै बिधि……'* इति। (क) यहाँ लोकरीति नहीं कहते, इससे पाया गया कि लोकरीति देवताओंमें नहीं है, मनुष्योंमें है; यथा—*'करि लोक बेद बिधानु कन्यादान नृपभूषन किये।'* (३२४) (ख) एक चौपाईमें (दो चरणोंमें) सब विवाहकी विधि करना कहा, एकमें कन्यादान करना कहा। दो चौपाइयोंमें (चार चरणोंमें) विवाहभर वर्णन कर दिया। महादेव-पार्वतीविवाह बहुत संक्षेपसे गोसाईंजीने कहा, क्योंकि आगे श्रीरामविवाह विस्तारसे कहेंगे। ☞ ग्रन्थकारकी रीति है कि जो प्रसंग एक जगह विस्तारसे कहा है उसे दूसरी जगह संक्षेपसे कहते हैं, और जो संक्षेपसे कहते हैं उसे दूसरी जगह विस्तारसे कहते हैं।

नोट—१ मिलान कीजिये—*'बिप्र बेदधुनि करहिं सुभासिष कहि कहि। गान निसान सुमन झरि अवसर लहि लहि॥ बरु दुलहिनिहि बिलोकि सकल मन रहसहिं। साखोच्चार समय सब सुरमुनि बिहँसहिं॥ लोक बेद बिधि कीन्ह लीन्ह जल कुस कर। कन्यादान संकलप कीन्ह धरनीधर॥ पूजे कुलगुरु देव कलसु सिल सुभ धरी। लावा होम बिधान बहुरि भाँवरि परी। बंदन बंदि ग्रंथिबिधि करि ध्रुव देखेउ। भा बिबाह सब कहहिं जनमफल पेखेउ॥'* (पार्वतीमंगल ७८—८०)

टिप्पणी—२ *'गहि गिरीस कुस कन्या पानी।……'* इति। *'पानी'* शब्द यहाँ श्लेषार्थक है, हाथ और जल दोनों अर्थोंमें प्रयुक्त हुआ है। (यह शब्द *'गिरीस'*, *'कुस'* और *'कन्या'* तीनोंके साथ अर्थ करनेमें लिया जायगा। इसीसे सबके अन्तमें दिया गया) *'जानि भवानी'* क्योंकि नारदजीसे सुन चुकी हैं कि ये *'सदा संभु अरधंग निवासिनि'* हैं। [भवपत्नी जानते हैं, अतः उनकी वस्तु (अमानत, धरोहर) जानकर उनकी अमानत उनको समर्पित की, सौंप दी। यथा—**त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पितम्।'** अर्थात् यह सदासे आपकी हैं, अतः मैं आपकी इस वस्तुको आपको ही समर्पण करता हूँ, आप इसे लीजिये। अपनी जानकर देते तो 'दान' करना कहते। पंजाबीजी लिखते हैं कि हिमाचलने विचारा कि ये ईश्वरी हैं, हमको कृतार्थ करनेके लिये कुछ दिनोंके लिये हमारे यहाँ आ गयी थीं, अब पुनः उनको प्राप्त हुईं, मैं कौन हूँ जो दानका अभिमानी बनूँ।]

नोट—२ स्कं० पु० में समर्पण इस प्रकार है—**'इमां कन्यां तुभ्यमहं ददामि परमेश्वर। भार्यार्थं प्रतिगृह्णीष्व'** अर्थात् हे परमेश्वर! मैं अपनी यह कन्या आपको धर्मपत्नी बनानेके लिये समर्पित करता हूँ; कृपया स्वीकार करें (स्कं० मा० के०)। ☞ अब पाठक स्वयं देख लें कि गोस्वामीजीके शब्द व्यासजीके शब्दोंसे कितने अधिक भावात्मक और उत्कृष्ट हैं।

नोट—३ यहाँ विवाह बहुत संक्षेपसे कहा है, इसीसे मेनाजीका आना नहीं कहा। *'जस बिबाह कै बिधि श्रुति गाई। महामुनिन्ह सो सब करवाई॥'* इसीके भीतर मेनाजीका आगमन कह दिया गया; क्योंकि वेदमें स्त्रीसहित कन्यादान करनेकी विधि है। आगे श्रीराम-विवाहमें मेनासहित हिमाचलका कन्यादान करना

कहा है। यथा—'*जनक बाम दिसि सोह सुनयना। हिमगिरि संग बनी जनु मयना॥*' (३२४। ४) स्कंद पु० माहेश्वर केदारखण्डमें भी लिखा है कि 'गर्गाचार्यजी (हिमाचलके पुरोहित) के आदेशसे हिमाचल अपनी पत्नी मेनाके साथ कन्यादान करनेको उद्यत हुए। मेना सोनेका कलश लेकर उनकी अर्धाङ्गिनी बनी हुई थीं। परम सौभाग्यवती मेना समस्त आभूषणोंसे विभूषित होकर हिमवान्‌के साथ बैठी थीं।'

नोट—४ प्रथम सब बिधि कराके पीछे कन्यादान करना लिखा। इससे पाया गया कि देवताओंमें ऐसी ही रीति है, सब कृत्य करके तब कन्यादान होता है और मनुष्योंमें प्रथम कन्यादान होकर तब पीछे सब कृत्य होते हैं। (पं० रा० कु०)

नोट—५ भवानीको भवके अर्पण करना कहकर यथायोग्यका संग वर्णन किया यह 'प्रथम सम अलङ्कार' है।

टिप्पणी—३ '*पानिग्रहन जब कीन्ह*……' इति। (क) पाणि गहकर शिवको समर्पण किया। जब शिवजीने पाणिग्रहण किया तब सब सुरेश हर्षित हुए कि अब सुरोंकी रक्षा होगी, तारकासुर मारा जायगा। (ख) '*जब*' का भाव कि पाणिग्रहणतक देवताओंको संदेह था कि ब्याह करें या न करें। उसके हो जानेपर संदेह न रह गया, अतः '*हरषे*'। (ग) देवता स्वार्थमें जड़ हो जाते हैं; यथा—'*बिबुध बिनय सुनि देवि सयानी। बोली सुर स्वारथ जड़ जानी॥*' (अ०) यहाँ भी वे स्वार्थवश जड़ हो गये हैं, यह नहीं जानते कि शिवजी भगवान्‌की और ब्रह्माकी आज्ञासे बारात लेकर ब्याह करने आये हैं विवाह कैसे न करेंगे? [पंजाबीजी लिखते हैं कि 'पूर्व सतीशरीरमें अवज्ञा और शंकरजीका वैराग्य विचारकर संयोगमें संदेह था।' त्रिपाठीजी लिखते हैं—'पाणिग्रहणके पहिलेतक डर रहा कि बात बिगड़ने न पावे। परम विरक्तका ब्याह है। इन्हें राजी करनेमें क्या-क्या नहीं करना पड़ा। सब कुछ ठीक होनेपर मैना ही मचल पड़ीं कि चाहे प्राण जाय ब्याह न होने दूँगी। लोकपालोंको आर्तिवश विश्वास नहीं हो रहा है। '*अँधेरेको आँख मिले तब जाने।*' वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। अतः पाणिग्रहण होनेपर ही विश्वास हुआ।']

टिप्पणी—४ '*बेदमंत्र मुनिबर उच्चरहीं।*……' इति। (क) मुनि कृत्य करवा रहे हैं, अतः वेदमन्त्र उच्चारण करते हैं। देवता अपनी अर्थसिद्धि समझकर हर्षित हुए, इसीसे जय-जय करते हैं कि आप सबसे उत्कृष्ट हैं। पाणिग्रहण करके सबका कल्याण किया, इसीसे 'शंकर' कहा। (ख) पाणिग्रहणके पश्चात् जयध्वनि-वेदध्वनि होती है, सुमनवृष्टि होती है, बाजे बजते हैं; यथा—'*जय धुनि बंदी बेद धुनि मंगल गान निसान। सुनि हरषहिं बरषहिं बिबुध सुरतरु सुमन सुजान॥*' (३२४) वही यहाँ लिखते हैं—'*बेद मंत्र*', '*सुमन बृष्टि भै बिधि नाना*' ['*जय-जय*' में 'वीप्सा अलङ्कार' है।—'*आदर अचरज आदि हित एक शब्द बहु बार। ताही बिप्सा कहत हैं जे सुबुद्धि भंडार॥*' महानुभावोंने और भाव ये कहे हैं—१ तीन बार जयसे तीनों लोकोंमें वा आदि मध्य अन्त सर्वदा, वा मन वचन कर्म तीनोंसे जय सूचित की। २—'तीनों अवस्थासे जयरूप जो तुरीयस्वरूप शिवजी हैं, उनकी जय हो'—(पंजाबीजी)]।

टिप्पणी—५ पाणिग्रहण—विवाहमें कन्यादानके समय कन्याका हाथ वरके हाथमें दिया जाता है; इसीको 'पाणिग्रहण' कहते हैं। उस समयसे कन्या वरकी स्त्री हो जाती है। पाणिग्रहणके समय वरको वचन देना होता है कि हम इसके अपराध क्षमा करेंगे। पर यहाँ कन्यादान नहीं है, यहाँ समर्पण है, हाथ-में-हाथ पकड़ाकर सौंप दिया, वचनबद्धकी बात यहाँ नहीं है। इसीसे आगे मेनाजीने शिवजीसे प्रार्थना की है कि '*नाथ उमा मम प्रानप्रिय गृह किंकरी करेहु। छमेहु सकल अपराध अब होइ प्रसन्न बर देहु॥*'

बाजहिं बाजन बिबिध बिधाना। सुमन बृष्टि नभ भै बिधि नाना॥५॥
हर गिरिजा कर भएउ बिबाहू। सकल भुवन भरि रहा उछाहू॥६॥
दासी दास तुरग रथ नागा। धेनु बसन मनि बस्तु बिभागा॥७॥
अन्न कनक भाजन भरि जाना। दाइज दीन्ह न जाइ बखाना॥८॥

शब्दार्थ—बिधाना=प्रकार, रीति, ढंग। बृष्टि=झड़ी। उछाहू=उत्साह। जाना (यान)=विमान, रथ, सवारी। दाइज=दाइजा, दहेज, वह धन और सामान जो कन्यापक्षकी ओरसे वर-पक्षको दिया जाय (प्रायः जो कन्याका पिता वर वा समधीको देता है)।

अर्थ—अनेक प्रकारके बाजे तरह-तरहसे बजने लगे, आकाशसे अनेक प्रकारसे भाँति-भाँतिके फूलोंकी वर्षा (झड़ी) होने लगी॥५॥ श्रीशिव-पार्वतीजीका ब्याह हो गया। समस्त लोकोंमें उत्साह आनन्द भरपूर छा गया*॥६॥ दासी, दास, घोड़े, रथ हाथी, गायें, वस्त्र और मणि आदि अनेक जातिकी न्यारी-न्यारी सब वस्तुएँ ॥७॥ अन्न और सोनेके बर्तन रथों, विमानों आदि सवारियोंमें भर-भरकर दहेजमें दिये गये, जिनका वर्णन नहीं हो सकता॥८॥

टिप्पणी—१ '*बाजहिं बाजन*……' इति। बाजे बहुत प्रकारके होते हैं और तरह-तरहसे बजते हैं; यथा—'*झाँझि मृदंग संख सहनाई। भेरि ढोल दुंदुभी सुहाई॥ बाजहिं बहु बाजने सुहाए।*' (१। २६३), '*सरस राग बाजहिं सहनाई॥ घंटघंटि धुनि बरनि न जाहीं।*' (१। ३०२) *(ख)* '*सुमन बृष्टि नभ भै बिधि नाना*', यथा—'*बरषहिं सुमन सुअंजलि साजी*', '*बरषहिं सुमन रंग बहु माला*', '*सुरतरु सुमनमाल सुर बरषहिं*', '*देवन्ह सुमन बृष्टि झरि लाई*'। यही नाना विधिसे वृष्टि हुई, कोई छूट्टे फूल तो कोई मालाएँ और कोई सुन्दर अञ्जलि सजाकर इत्यादि रीतिसे पुष्पोंकी वर्षा कर रहे हैं। (ग) (यहाँ विवाहमें सेंदूरदान, कोहबर, भाँवरी इत्यादि कई रीतियोंका होना वर्णन नहीं हुआ। इसका कारण यह जान पड़ता है कि देव-विवाहमें ये रीतियाँ नहीं हैं, केवल पाणिग्रहण ही पर्याप्त है।) (घ) ☞ यहाँ देवताओंके मन, वचन, कर्म तीनोंका हाल कहा, तीनोंसे उनकी प्रसन्नता दिखायी। '*हिय हरषे तब सकल सुरेसा*' (हर्ष मनका धर्म है), '*जय जय जय संकर*' यह वचन है और तनसे फूलोंकी वर्षा की।

टिप्पणी—२ (क) '*हर गिरिजा कर*……' इति। जगत् प्रकृतिपुरुषमय है, प्रकृतिपुरुषके उत्साहसे भुवनभरमें उत्साह भर गया, अर्थात् भुवनभरके सभी लोग उत्साहयुक्त हुए। मुनि लोगोंने उत्साह गाया, इसीसे भुवनमें फैल गया, सभी कोई कह-सुनकर उत्साहयुक्त होते हैं। '*भरि रहा*' का भाव कि उत्साह अब कभी जा न सकेगा। [तृतीयविशेष अलङ्कार है—(वीरकवि)] पुनः, हर और गिरिजा नाम यहाँ देव-दुःख-हरणके विचारसे दिये। हर दुःख हरनेवाले और गिरिजा परोपकारिणी। (ख) '*दासी दास तुरग*……' इति। दासी-दास सेवाके लिये, घोड़े, रथ, गज चढ़नेके लिये, धेनु दूध पीनेके लिये, वस्त्र और मणि पहिननेके लिये दिये। '*बस्तु बिभागा*' का भाव कि सब वस्तुएँ न्यारी-न्यारी दीं। अर्थात् प्रत्येक वस्तु कई-कई प्रकारकी हैं इसीसे वस्तुका विभाग कहा। यथा—'*बस्तु अनेक करिअ किमि लेखा। कहि न जाइ जानहिं जिन्ह देखा॥*' ☞ '*दासी*' अर्थात् जो श्रीपार्वतीजीकी '*शुचि*' सेविकाएँ थीं; यथा—'*दासी दास दिये बहुतेरे। सुचि सेवक जे प्रिय सिय केरे॥*' (३३९। २)। '*दाइज बसन मनि धेनु धन हय गय सुसेवक सेवकी। दीन्ही मुदित गिरिराज जो गिरिजहि पियारी पेवकी॥*' (पा० मं० ८१) 'रथ' को 'तुरग' और 'नागा' के बीच देहरीदीपकन्यायसे रखकर सूचित करते हैं कि घोड़े और हाथी जुते हुए रथ दिये एवं घोड़े-हाथी अलग-अलग भी दिये गये। त्रिपाठीजीका मत है कि 'चतुरङ्गिणी सेना और वस्तु विभाग दिये। दासी-दाससे पदाति कहा। तुरग, रथ, नागसे शेष तीनों अङ्ग कहे। और भी तीन विभाग दिये—धेनुविभाग, वसनविभाग और मणिविभाग।']

टिप्पणी—३ '*अन्न कनक भाजन भरि*……' इति। अन्न भोजनके लिये और कनकभाजन नित्य भोजनादिके काममें लानेके लिये दिये। [पुनः, अन्न दहेजमें दिया, क्योंकि इनको वनमें अन्नकी प्राप्ति नहीं है, यथा—*अब सुख सोवत सोच नहिं भीख माँगि भय खाहिं। सहज एकाकिन्ह कें भवन कबहुँ कि नारि खटाहिं॥*' (७९)। नहीं तो लोग दहेजमें अन्न नहीं देते, यथा—'*कहि न जाइ कछु दाइज भूरी। रहा कनक मनि मंडप पूरी॥*

* यथा—'पेखेउ जनमफल भा विवाह उछाह उमगहि दस दिसा। निसान गान प्रसून झरि तुलसी सुहावनि सो निसा॥' (पार्वतीमङ्गल ८१)

कंबल बसन बिचित्र पटोरे। भाँति भाँति बहु मोल न थोरे॥ गज रथ तुरग दास अरु दासी। धेनु अलंकृत काम दुहासी॥' (३२६। २—४) पुनश्च *'तुरग लाख रथ सहस पचीसा। सकल सँवारे नख अरु सीसा॥ मत्त सहस दस सिंधुर साजे। जिन्हहिं देखि दिसि कुंजर लाजे॥ कनक बसन मनि भरि भरि जाना। महिषी धेनु बस्तु बिधि नाना॥ दाइज अमित न सकिय कहि दीन्ह बिदेह बहोरि॥'* (३३३) यह भाव कई महानुभावोंने 'अन्न और पात्र देनेके' लिखे हैं, माधुर्यमें यह ठीक भी हो सकता है, नहीं तो शिवजी तथा पार्वतीजीकी महिमा अभी-अभी नारदादिसे सुन-जानकर यह भाव कहाँ रह सकता है कि घरमें लड़कीको अन्न खानेको न मिलेगा। बरतन तो आज भी दिये जानेकी रीति है।] चीजें अगणित हैं, कहाँतक लिखें (और आगे श्रीसीताराम-विवाहमें विस्तारसे लिखना भी है) इसीसे कुछके नाम गिनाकर लिखते हैं कि *'न जाइ बखाना।'* अर्थात् अमित है। इतनेहीमें सब कह चुके, कुछ बाकी न रह गया।

छंद—दाइज दियो बहु भाँति पुनि कर जोरि हिमभूधर कह्यो।
का देउँ पूरनकाम संकर चरनपंकज गहि रह्यो॥
शिव कृपासागर ससुर कर संतोषु सब भाँतिहि कियो।
पुनि गहे पदपाथोज मयना प्रेम परिपूरन हियो॥

दो०—नाथ उमा मम प्रान सम* गृहकिंकरी करेहु।
क्षमेहु सकल अपराध अब होइ प्रसन्न बरु देहु॥ १०१॥

शब्दार्थ—पूरनकाम (पूर्णकाम)=निष्काम, जिसकी सब कामनाएँ पूर्ण हैं, किसी बातकी चाह जीमें नहीं रह गयी है; आप्तकाम, सदातृप्त।=दूसरोंकी इच्छा पूर्ण करनेवाले। ससुर (श्वशुर)=पत्नीका पिता। संतोषु=समाधान, सम्मान।

अर्थ—हिमाचलने बहुत प्रकारका दहेज दिया। फिर हाथ जोड़कर कहा—'हे शङ्कर! आप तो पूर्णकाम हैं, सबके कल्याणकर्ता हैं, मैं आपको क्या दे सकता हूँ?' (इतना कहकर वे) उनके चरण-कमलोंको पकड़कर रह गये (चरण छोड़नेकी इच्छा नहीं करते)। कृपासिंधु शिवजीने सब प्रकारसे ससुरका सम्मान किया। फिर (हिमाचलके छोड़नेपर) श्रीमेनाजीने (शिवजीके) चरणकमल पकड़े। (उनका) हृदय प्रेमसे परिपूर्ण है। (मेनाजी बोलीं—) हे नाथ! उमा मुझे प्राणोंके समान (प्रिय) है। इसे अपने घरकी टहलनी बनाइयेगा। अब इसके सब अपराधोंको क्षमा कीजियेगा। प्रसन्न होकर मुझे अब (यही) वरदान दीजिये॥ १०१॥

नोट—१ *'दाइज दियो बहु भाँति'* इति। कुछ छंदोंका नियम है कि वे पूर्व कहे हुए कुछ शब्दोंको प्रारम्भमें दोहराते हैं। पूर्व कहा है कि *'दाइज दीन्ह न जाइ बखाना।'* उसीसे यहाँ छंदका प्रारम्भ किया—*'दाइज दियो बहु भाँति।'* अर्थात् दहेज जो पूर्व लिख आये हैं वह बहुत भाँतिका है। यदि इसको स्वतन्त्र वाक्य मानें तो भाव यह होगा कि दहेज बहुत भाँतिका दिया गया, हमने उसमेंसे कुछ भाँतिका कहा है; वह तो इतनी भाँतिका है कि गिनाया नहीं जा सकता। भाव कि वस्तुएँ अनेक हैं और प्रत्येक वस्तु अनेक प्रकारकी हैं।

नोट—२ (क) *'कर जोरि'* इति। यह विनम्रता दीनताकी परमा मुद्रा है। पुनः भाव कि दान करके विनय करना सम्मान है, विनययुक्त दान आदरका दान है। दान करके विनय न करना अभिमानका सूचक है। (ख) *'चरनपंकज गहि रह्यो'* इति। चरण पकड़के रह जाना, यह अत्यन्त दीनता, व्याकुलता और प्रेम-विभोरताका सूचक है। और मेनाजी प्रेमविभोर हैं, इससे वे प्रथमसे ही चरणोंपर गिरीं।

टिप्पणी—१ (क) *'शिव कृपासागर……'* का भाव कि ज्यों ही हिमाचल प्रार्थना करके चरणोंपर

* सम—१६६१, ना० प्र०, गौड़जी। प्रिय—१७२१, १७६२, भा० दा०, को० रा०, छ०, रा० प्र०।

गिरे त्यों ही शिवजीने उनपर बड़ी भारी कृपा की। (ख) *'का देउँ पूरनकाम'* से जनाया कि हिमाचलको दहेज देनेमें संतोष नहीं हुआ, इसीसे शिवजीने उनका संतोष किया कि 'आपने हमें बहुत दिया' (ग) *'संतोषु सब भाँतिहिं कियो'* अर्थात् उनके दहेजकी, दानकी, सेवाकी और उनकी भक्ति इत्यादि सभी बातोंकी प्रशंसा की। (घ) *'पुनि गहे पदपाथोज मयना……'* इति। सास और ससुर दोनोंका शिवजीमें और शिवजीका सास-ससुरमें समान प्रेम है; इसीसे ग्रन्थकार समान भाव गान कर रहे हैं—(१) दोनोंका 'शिवचरण गहना' कहा। (२) दोनोंके साथ चरणोंको कमलका विशेषण दिया। इस तरह शिवपदकमलमें दोनोंका मधुकर समान प्रेम दिखाया। (३) सास-ससुर दोनोंके नाम दिये। (४) ससुरका दहेज देकर और सासका उमाको सौंपकर प्रार्थना करना दिखाया। (५) दोनोंका शिवजीमें ईश्वरभाव दिखाया। (६) शिवजीका दोनोंमें माधुर्यभाव रखकर दोनोंको संतोष देना कहा। यथा—

श्रीहिमाचलराज	श्रीमेनाजी
का देउँ……चरनपंकज २ गहि १ रहे	**पुनि गहे १ पदपाथोज २ मैना**
पुनि कर जोरि हिमभूधर ३ कह्यो	**,, मैना ३**
का ४ देउँ पूरनकाम ५ संकर	**नाथ ५ उमा मम ४ प्रानसम गृहकिंकरी……**
ससुर कर संतोष ६ सब ७ भाँतिहिं कियो	**बहुबिधि ७ संभु सासु समुझाई ६**

☞ मेनाजीने उमाके अपराध क्षमा करनेकी प्रार्थना की, इसीसे उनको समझाया कि 'हमने सब अपराध क्षमा किये तथा आगे भी क्षमा करते रहेंगे, (मनुष्योंके विवाहमें अपराध क्षमा करनेकी प्रतिज्ञा कन्यादानके समय होती ही है)—इसे गृहकिङ्करी बनायेंगे, आप निश्शङ्क रहें।' हिमाचलने दहेज देकर प्रार्थना की कि *'का देउँ……'*, इसीसे उनका संतोष करना कहा, इस तरह कि हमने बहुत कुछ पाया।

टिप्पणी—२ *'नाथ उमा मम……'* इति। (क) वर माँगती हैं अत: *'नाथ'* सम्बोधन किया—'**नाथृ याचने**'। (ख) नारदजीसे सुन चुकी हैं कि *'सिय बेष सती जो कीन्ह तेहि अपराध संकर परिहरी'*। इसीके लिये प्रार्थना करती हैं कि *'छमेहु सकल अपराध अब।'* (ग) *'सकल अपराध'*, यथा—*'भएउ मोह शिव कहा न कीन्हा'* (१), *'भ्रमबस बेष सीय कर लीन्हा'* (२), *'मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना'* (३), *'पुनि पतिबचन मृषा करि माना'* (४), *'प्रेरि सतिहिं जेहि झूठ कहावा'* (५) (घ) माताका स्नेह कन्यापर अधिक रहता है, इसीसे माताने कन्याके लिये प्रार्थना करके वर माँगा।

नोट—३ *'छमेहु सकल अपराध अब'* इति। यहाँ पूर्वार्धमें *'नाथ उमा मम प्रान सम……'* यह कन्याके लिये प्रार्थना है और उत्तरार्धमें *'छमेहु'* के साथ *'सकल'* और *'अब'* शब्द देकर यही आशय प्रकट किया है कि पूर्व इसके अपराध आपने क्षमा नहीं किये थे (यह 'असुन्दर व्यंग्य' है)। इसीसे इसको इतना संकट भोगना पड़ा, 'अब' इसके समस्त अपराध जो पूर्व इससे हुए थे तथा जो आगे इससे हो जायँ उन सबोंको क्षमा कर दीजिये और करते रहियेगा। *'मम प्रान सम'* कहकर यह भी जनाया कि इसको दु:ख होनेसे मुझे अत्यन्त दु:ख होगा, अत: मेरी खातिर इसके अपराध क्षमा करते रहियेगा।—यह तो हुआ प्रसंगानुकूल अर्थ। और, साधारण अर्थ यह है कि जो अपराध इससे हो जायँ उन्हें क्षमा कीजियेगा जैसा कि प्राय: कहनेकी रीति है। कोई-कोई *'छमेहु सकल अपराध'* को मेनाजीमें ही लगाते हैं। अर्थात् मेनाजी कहती हैं कि मुझसे जो अपराध हुए कि मैं आपको देखकर घरमें भागकर जा घुसी थी और आपको तथा औरोंको भी बुरा-भला कह डाला था, उन्हें क्षमा कीजिये।

टिप्पणी—३ *'गृहकिंकरी करेहु'* और *'छमेहु सकल अपराध'* यह लोकोक्ति है, साधारण बोलचाल है—सदा मुझे अपना दास समझियेगा, सब अपराध क्षमा कीजियेगा; इत्यादि। पर इनमें व्यंग्यसे कुछ विशेष भाव भी निकलते हैं। जैसे कि—श्रीनारदजी और सप्तर्षियोंने शिवजीको *'अगेह'*, *'अकुल अगेह दिगंबर'* कहा था। मेनाजीके वचनोंसे व्यंग्यद्वारा यह भाव टपकता है कि अब तो इसके लिये घर बनाकर रहना

और इसको टहलनी कर देना। यह असुन्दर गुणीभूत व्यंग्य है। बैजनाथजी यह भाव कहते हैं कि घरहीमें सेवा कराना, अब अकेले न छोड़ना। बेमर्याद यह बाहर न जाने पावे क्योंकि सतीको अकेले न छोड़ते तो वे क्यों सीतावेष धारण करतीं।

टिप्पणी—४ यहाँ मेनाजी मन, वचन और तन तीनोंसे लगी हुई विनती कर रही हैं। *'प्रेमपरिपूरन हियो'* से मन, *'गहि पद'* से तन और *'नाथ उमा मम प्रान सम'* से वचनकी दशा प्रकट है।

☞ यहाँ विवाह-प्रसंगमें कहीं भी मेनाजीका शृङ्गार वर्णन नहीं किया गया। इसलिये कि कन्यादानके समय हिमाचलके साथ रही हैं और इनका शृङ्गार भी वैसा ही था जैसा श्रीसुनयनाजीका—यह श्रीसुनयनाअम्बाके शृङ्गारके समय कहा है—*'सुजस सुकृत सुख सुंदरताई। सब समेटि बिधि रची बनाई॥'......'जनक बाम दिसि सोह सुनयना। हिमगिरि संग बनी जनु मैना॥'* (३२३)—आगे वर्णन करना था, अतः यहाँ वर्णन नहीं किया।

नोट—४ मिलान कीजिये—*'गहि सिव पद कह सासु बिनय मृदु मानबि। गौरि सजीवनिमूरि मोरि जिय जानबि॥'* (८६) (पार्वतीमंगल)

बहु बिधि संभु सासु समुझाई। गवनीं भवन चरन सिरु नाई॥ १॥
जननीं उमा बोलि तब लीन्ही। लै उछंग सुंदर सिख दीन्ही॥ २॥
करेहु सदा संकर पद पूजा। नारिधरमु पति देउ न दूजा॥ ३॥
बचन कहत भरे* लोचन बारी। बहुरि लाइ उर लीन्हि कुमारी॥ ४॥

शब्दार्थ—उछंग (उत्संग)=गोद। यह केवल पद्यमें आता है। नारिधरमु=पातिव्रत्य।

अर्थ—शिवजीने बहुत तरहसे सासको समझाया (तब वे) चरणोंमें सिर नवाकर घरको गयीं॥ १॥ तब (लौटनेपर) माताने उमाको बुला लिया और गोदमें लेकर सुन्दर शिक्षा दी॥ २॥ 'सदा शिवजीके चरणोंकी सेवा-पूजा करती रहना। स्त्रियोंके धर्ममें पति ही (उनका) देवता है, (पतिको छोड़) और कोई (देवता) नहीं है॥ ३॥ वचन कहते-कहते नेत्रोंमें जल भर आया, (तब उन्होंने) फिर कन्याको छातीसे लगा लिया॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'बहु बिधि समुझाई'*, यह कि (१)—अपराध क्षमा करेंगे, (२)—गृह किंकरी बनायेंगे। (३)—*'नाथ उमा मम प्रान सम'* जो मेनाने कहा था उसके उत्तरमें कहा कि इनको किञ्चित् भी क्लेश नहीं होगा, तुम्हें ये प्राण सम प्रिय हैं तो हमारी भी ये प्राणप्रिया हैं। उमाके प्रेममें माता विह्वल हैं, इसीसे *'बहु बिधि'* समझाया।

नोट—१ बाबा हरिदासजी *'बहु बिधि'* में पाँच विधिसे समझाना लिखते हैं। एक यह कि सती नाम पतिवियोगिनीका है, इसलिये अमङ्गल है और मेरा नाम शिव है जो माङ्गलिक है। इसी परस्पर विरोध होनेके कारण उस समय वियोग हुआ। दूसरी यह कि इन्होंने उस समय माता श्रीसीताजीका रूप धारण किया था, यदि हम भक्तिपथका त्याग करते तो जगत्‌भर भ्रष्ट मार्ग धारण कर लेता; इसलिये सतीको त्यागना पड़ा। तीसरी यह कि ब्रह्माकी सभामें दक्षके नाश होनेके लिये नन्दीका शाप हुआ था, बिना हमसे वियोग हुए दक्षका नाश कैसे होता? अतः वियोग हुआ। चौथी यह कि तुम दोनों स्त्री-पुरुषने आदि शक्तिको पुत्रिरूपमें पानेके लिये बड़ा तप किया था, उसकी पूर्ति बिना सतीतन-त्यागके नहीं होती, इसीसे वियोग हुआ। पाँचवीं यह कि शैल परोपकारी हैं। गङ्गा आदि इसीसे निकलकर जगत्‌के पाप हरती हैं। अतः जगत्‌का उपकार करनेके लिये ये शैलसुता हुई हैं, आगे रामकथाकी श्रोता बनकर जगत्‌का उपकार करेंगी। २-पं० शुकदेवलालजी *'बहु बिधि'* समझाना यह लिखते हैं कि 'अपने भाग्यको धन्य मानो कि तुम्हारे यहाँ सब देवताओंने आकर तुमको दर्शन दिया। हम पार्वतीपर कदापि रुष्ट नहीं होनेके,

* भरि—१७०४, को० रा०। भरे—१६६१, १७२१, १७६२।

तुम चिन्ता न करो। हमारा जो वेष तुम देखती हो वह तो हम केवल असुरोंको मोहित करनेके लिये भगवान्‌की आज्ञासे बनाये रहते हैं, यह हमारा वास्तविक रूप नहीं है—इत्यादि।' ३—जो *'छमेहु सकल अपराध अब'* को मेनामें लगाते हैं उनके अनुसार भाव यह होगा कि हमारा वेष ही ऐसा है कि साधारण लोग इसे देखकर डर जाते हैं, आप जो डरकर भाग गयी थीं, वह स्वाभाविक बात है, उसमें आपका दोष क्या? हम तो उसको कभी मनमें नहीं लाये।

टिप्पणी—२ (क) *'गवनीं भवन'* से जनाया कि महलके बाहर निकल आयी थीं। समझानेसे प्रसन्न हुईं। तब प्रणाम करके भवनको गयीं। उमाजीको पातिव्रत्य धर्मकी शिक्षा देनेके लिये शीघ्रतासे गयीं। (ख) *'जननीं उमा बोलि'* इति। शिवजीसे उमाजीके लिये प्रार्थना की, अब उमाको शिवसेवाका सिखावन देती हैं। (ग) *'लै उछंग......'* गोदमें बैठाया, यह स्नेहका आधिक्य है, यथा—*'अधिक सनेह गोद बैठारी।'* (घ)*'संकर पद पूजा'* का भाव कि कल्याणकर्ताके पूजनसे तुम्हारा कल्याण है। (ङ) *'नारि धरम......।'* पतिपदकी पूजा सदा करना यह कहकर उसका कारण उत्तरार्धमें बताती हैं कि स्त्रीको पतिदेव छोड़ दूसरा धर्म नहीं है। *'एकै धरम एक ब्रत नेमा। काय बचन मन पतिपद प्रेमा॥'* (आ०) [भाव यह कि उसका मुख्य धर्म यही है कि पतिहीको एकमात्र अपना उपास्य और आराध्य देव माने। पर यह स्मरण रहे कि भगवान्‌की भक्ति स्त्रियोंको भी कही गयी है। भगवान्‌का आराधन परम धर्म, ऐसा न होता तो गोपिकाओंके प्रेमकी प्रशंसा नारदजी भक्तिसूत्रमें न करते, श्रीपार्वतीजी रामनाम न जपतीं, वामदेवजीसे वैष्णवदीक्षा न लेतीं। श्रीमीराजी, रत्नावतीजी, कुन्तीजी, द्रौपदीजी, करमैतीजी इत्यादि इसके ज्वलन्त उदाहरण हैं।]

टिप्पणी—३ *'बचन कहत भरे......'* इति। सिखावन दे चुकीं, अब वचन कहती हैं। पहिले गोदमें लिये रहीं, अब अत्यन्त स्नेहवश होकर कुमारी वा पुत्रीभावसे उरमें लगा लिया, ऐश्वर्य भूल गया जो नारदसे सुना था। दुःखकी बात जब कहने लगीं तब नेत्रोंमें जल भर आया। [☞ *'लाइ उर लीन्हि'* यह करुणरसकी परिपूर्णता जनाता है। कुछ लोग कहते हैं कि हृदयसे लगाकर जनाती हैं कि तनसे तो वियोग हो रहा है, पर हृदयसे न जाना। (प्र० सं०) श्रीसीताजीकी बिदाईके समय उन्हें शिक्षा दी गयी थी कि *'सास ससुर गुर पूजा करेहू। पतिरुख लखि आयसु अनुसरेहू॥'* पर यहाँ ऐसी शिक्षा नहीं दी गयी, क्योंकि यहाँ तो सास, ससुर और गुरु तीनोंका अभाव है। (वि० त्रि०)]

कत बिधि सृजीं नारि जग माहीं। पराधीन सपनेहु सुख नाहीं॥ ५॥
भै अति प्रेम बिकल महतारी। धीरजु कीन्ह कुसमय बिचारी॥ ६॥
पुनि पुनि मिलति परति गहि चरना। परम प्रेमु कछु जाइ न बरना॥ ७॥
सब नारिन्ह मिलि भेटि भवानी। जाइ जननि उर पुनि लपटानी॥ ८॥

शब्दार्थ—**कत**=किसलिये, क्यों। सृजना=उत्पन्न करना, रचना। **भेटि**=गले वा छातीसे लगकर मिलना।

अर्थ—जगत्‌में विधाताने स्त्रियोंको क्यों बनाया? पराधीनको तो स्वप्नमें भी सुख नहीं॥ ५॥ माता प्रेममें अत्यन्त व्याकुल हो गयीं। कुसमय विचारकर उन्होंने धैर्य धारण किया॥ ६॥ बारम्बार मिलती हैं और चरणोंको पकड़कर पैरोंपर गिर पड़ती हैं। अत्यन्त प्रेम है, कुछ वर्णन नहीं किया जाता॥ ७॥ श्रीपार्वतीजी सब स्त्रियोंसे मिल-भेंटकर माताके हृदयसे फिर जा लपटीं॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'कत बिधि सृजीं......'* इति। भाव कि स्त्री सदा पराधीन ही रहती है। *'सुख नाहीं'* अर्थात् पराधीनतामें सर्वथा दुःख-ही-दुःख है। ☞ हितोपदेशमें पराधीनको मृतकसमान कहा है; यथा—**'ये पराधीनतां यातास्ते वै जीवन्ति के मृताः।'** स्त्रियोंके लिये स्वतन्त्रता ही बिगड़ना कहा गया है, यथा—*'जिमि सुतंत्र होइ बिगरहिं नारी'* (कि०) कन्या बालपनेमें माता-पिताके अधीन है, वे जहाँ चाहें ब्याह करें, ब्याहके बाद युवावस्थामें पतिके अधीन है, वह जैसे चाहे तैसे रखे। और वृद्धावस्थामें पुत्रके अधीन है। यह मनुका

वचन है।—'**पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने। वार्द्धके तु सुतो रक्षेन्न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति॥**' स्त्री पराधीन रहती है, इस कथनका भाव यह है कि अब पतिके अधीन रहकर पतिकी सेवा करना। [पुनः भाव कि विधिप्रपञ्च गुण और दोष मिलाकर बना है। इसमें सुख भी है और दुःख भी। पर स्त्रियोंको तो स्वप्नमें भी सुख नहीं है। उसको सदा पराधीन रहना पड़ता है। कारण कि स्त्रीमें स्वतन्त्रताकी योग्यता नहीं है। उसके शरीरका संगठन ऐसा है कि उसे सदा रक्षाकी आवश्यकता रहती है स्वतन्त्र रहनेसे बिगड़ जाती है। उमाको विदा कर रही हैं, अतः स्त्रीजातिकी परवशतापर आक्षेप करती हैं। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ (क)*'मैं अति प्रेम······'* इति। *'कुसमय बिचारी'* अर्थात् रुदन करने या व्याकुल होनेका समय नहीं है। मङ्गल समयमें आँसू न बहाना चाहिये। [पुनः, *'कुसमय'* है अर्थात् दुःखका समय नहीं है, मङ्गलका समय है वा, यह विचारकर कि करुणावश होनेसे समयके व्यापार बिगड़ जायेंगे। कन्या भी दुःखित होगी। (वैं०)] (ख)*'पुनि पुनि मिलति······'* इति। प्रेममें नेम नहीं रह जाता, इसीसे चरणोंमें पड़ती हैं। प्रेम कहते नहीं बनता (अकथनीय है), यथा—*'निर्भर प्रेम मगन मुनि ज्ञानी। कहि न जाइ सो दसा भवानी॥'* ☞ यहाँतक माताका प्रेम पार्वतीप्रति दिखाया। आगे पार्वतीजीका प्रेम माताप्रति दिखाते हैं। (ग) प्रथम उमाको गोदमें बिठाया, फिर हृदयमें लगा लिया, अत्यन्त प्रेममें विकल हो गयीं तब धीरज धरा। अर्थात् उमाको गोदसे उतारकर भेंटने लगीं जब भेंटने लगीं तब पुनः परमप्रेमको प्राप्त हुईं। (घ) पुनः-पुनः मिलती हैं, पुनः-पुनः चरणोंमें पड़ती हैं। चरणोंमें पड़-पड़कर भेंटनेकी विधि नहीं है, इसीपर आगे लिखते हैं कि परम प्रेम है, प्रेमके ही कारण विकल हैं; यथा—*'निर्भर प्रेम मगन मुनि ज्ञानी। कहि न जाइ सो दसा भवानी॥ दिसि अरु बिदिस पंथ नहिं सूझा। को मैं चलेऊँ कहाँ नहिं बूझा॥'* [(ङ) पुनः, *'मिलति परति'* से दो भाव दरसाये। माधुर्यमें वात्सल्यभावसे मिलती हैं। जब ऐश्वर्य स्मरण हो आता है तब पैरों पड़ने लगती हैं, प्रणाम करती हैं, चरण पकड़ लेती हैं।]

टिप्पणी—३*'सब नारिन्ह मिलि भेटि······'* इति। (क) *'मिलि' 'भेटि'* दोनोंका एक ही अर्थ है, यहाँ दोनों शब्द लिखनेका तात्पर्य यह है कि सब स्त्रियोंसे दो-दो बार मिलीं। (ख) 'सब' से मिलने-भेंटनेका भाव कि पार्वतीजी सुशीला हैं, सयानी हैं, सबका मान रखती हैं, व्यवहार यथार्थ बरतती हैं; इसीसे सब स्त्रियोंने प्रसन्न होकर आसिष दिया। (ग) मातासे दो बार भेंटीं; प्रथम आदिमें सबसे पहिले और फिर सबसे पीछे अन्तमें, *'पुनि पुनि मिलति०'* और *'जननिहि बहुरि मिलि०'* बीचमें सब स्त्रियोंसे भेंटीं। यह भेंटनेका क्रम है, अतः इसी क्रमसे गुसाईंजीने लिखा। (घ) *'जाइ जननि उर पुनि लपटानी'* से पाया गया कि प्रेममें विभोर हो जाती थीं तब पुनः-पुनः मिलती चरणोंपर पड़ती थीं और पार्वतीजी भी तब माताके उरमें पुनः-पुनः लिपट जाती थीं। पुनः भाव कि माता पुनः-पुनः मिलीं इसीसे पार्वतीजी भी मातासे पुनः-पुनः मिलती हैं।

नोट—मिलान कीजिये। *'भेंटि बिदा करि बहुरि भेंटि पहुँचावहिं। हुँकरि हुँकरि सुलवाइ धेनु जनु धावहिं॥ उमा मातु मुख निरखि नयन जल मोचहिं। नारि जनम जगु जाय सखी कहि सोचहिं।'* (८७) (पार्वतीमंगल)

छंद—जननिहि[1] बहुरि मिलि[2] चलीं उचित असीस सब काहूँ दईं।
फिरि फिरि बिलोकति मातुतन तब[3] सखीं लै शिव पहिं गईं॥
जाचक सकल संतोषि संकरु उमासहित भवन[4] चले।
सब अमर हरषे सुमन बरषि निसान नभ बाजे भले॥

१. जननी—१७०४। २. मिल—१६६१। ३. जब—१७२१, १७६२, छ०, को० रा०। तब—१६६१, १७०४, रा० प्र०। ४. 'न' का 'ने' या 'न' पर चिह्न देकर हाशियेपर महीन कलम या नीबसे 'हि' बनाया है। राशावाले हाथका बनाया जान पड़ता है। १६६१ में। ; १७०४ में भवन है। भवनहिं—१७२१, १७६२, को० रा०।

दोहा—चले संग हिमवंतु तब पहुँचावन अति हेतु।
बिबिध भाँति परितोषु करि बिदा कीन्ह बृषकेतु॥ १०२॥

शब्दार्थ—जाचक (याचक)=मँगता, भिक्षुक। **'संतोषि'** अर्थात् इतना दान दिया कि अघा गये फिर माँगनेकी चाह न रह गयी, यथा—*'जाचक सकल अजाचक कीन्हे।'* 'हेतु'=प्रेम यथा—*'भाइन्ह सहित उबटि अन्हवाए। छरस असन अति हेतु जेंवाए॥', 'अस्तुति सुरन्ह कीन्हि अति हेतू। प्रगटेउ बिषम बान झखकेतू॥'* परितोषु=प्रसन्न, संतोष, खुश। इच्छा पूर्ण होनेसे जो प्रसन्नता हो। बिदा कीन्ह=लौटनेकी आज्ञा दी, लौटाया, रुखसत किया।

अर्थ—(पार्वतीजी) मातासे फिर मिलकर चलीं, सब किसीने उन्हें यथायोग्य आशीर्वाद दिये। वे घूम-घूमकर पीछे माताकी ओर देखती जाती हैं। तब सखियाँ उनको शिवजीके पास ले गयीं। सब याचकोंको संतुष्टकर शिवजी पार्वतीसहित अपने घर कैलासको चले। सब देवता फूलोंकी वर्षा कर-करके प्रसन्न हुए। आकाशमें भलीभाँति (घमाघम) नगाड़े बजने लगे। तब हिमाचल अत्यन्त प्रेमसे पहुँचानेके लिये साथ चले। वृषकेतु श्रीशिवजीने अनेक प्रकारसे परितोष करके उनको विदा किया॥ १०२॥

टिप्पणी—१ (क) *'जननिहि बहुरि मिलि……'* इति। मातासे भेंट करके जब चलीं तब स्त्रियोंने आसिष दिया। तात्पर्य यह कि अब सब जान गयीं कि ये सबसे मिल-भेंट चुकीं, कोई बाकी नहीं रहा, अब ये न लौटेंगी, इससे इस समय आसिष दिया। (ख) उचित असीस स्त्रियोंके लिये अहिवातकी अचलता है; यथा—*'सदा सुहागिनि होहु तुम्ह जब लगि महि अहिसीस', 'अचल होहु अहिवात तुम्हारा। जब लगि गंग जमुन जलधारा॥' (ग) 'फिरि फिरि बिलोकति……'* इति। फिरि-फिरि देखनेका भाव कि जब सखियाँ उमाजीको शिवजीके पास ले गयीं तब माता पीछे हो गयीं; इसीसे फिर-फिरकर देखती हैं। **'फिरि फिरि'** यह कि कुछ दूर चलती हैं फिर माताको देखती हैं, फिर चलती हैं, कुछ दूर चलकर फिर पीछे देखती हैं। पुनः भाव कि सखियाँ अब उनको माताके पास नहीं आने देतीं, अतः *'फिरि फिरि बिलोकति'** (घ) *'सखी लै गईं'* अर्थात् माता और सब स्त्रियाँ वहीं रह गयीं।

टिप्पणी—२ (क) *'जाचक सकल संतोषि संकरु'* इति। जब उमाजी पास आ गयीं तब उनके कल्याणार्थ शिवजीने दान-पुण्य किया। याचक तो आपको सदा ही अत्यन्त प्रिय हैं, यथा—*'जाचक सदा सुहाहीं'* इति। (विनय०) और यहाँ तो याचकोंके लिये समय ही है। (ख) *'उमासहित भवन चले'* इति। सकल याचकोंको संतुष्ट कर उमासहित चलना कहकर सूचित किया कि इतने अधिक याचक थे और इतना अधिक दान दिया; जिसने जो और जितना माँगा उससे भी अधिक देकर उनको तृप्त करके चले। पुनः यह कि जितना कुछ दहेज मिला वह सब वहीं दान कर दिया। हिमाचलकी दी हुई वस्तुओंमें उमाजी ही बाकी रह गयीं सो उन्हें लेकर घरको चले। यह भाव *'उमासहित भवन चले'* का दिखानेके लिये ही *'सुरन सहित चले', 'गगन सहित चले'* ऐसा कुछ भी न कहा। (ग) *'भवन'* अर्थात् कैलासको चले; यथा—*'भवन कैलास आसीन कासीं'।* (विनय०) आगे इसी अर्थको स्पष्ट कर दिया है—*'जबहिं संभु कैलासहि आए'।*

टिप्पणी—३ (क) *'सब अमर हरषे सुमन……'* इति। देवतालोगोंने समय जानकर फूल बरसाये, यथा—*'समय समय सुर बरषहिं फूला।'* यात्रामें मङ्गलके लिये पुष्पकी वृष्टि होती है, यथा—*'बरषहिं*

---

* १ लोकरीति भी है कि कन्या विदा होते समय पीछे फिर-फिरकर देखती है। ऐसा न करनेसे अपवाद होता है कि अरे! यह तो पहिलेसे ही पतिको पहिचानती थी। २ पं०—(क) इससे अपनी कृतज्ञता जनाती हैं कि तुम्हारे यहाँ यह शरीर हमें मिला जिससे बिछुड़े हुए पति फिर मिले। (ख) कृपादृष्टि डालती हैं कि 'तुम्हारा घर सदा श्रीसे पूर्ण रहेगा, देवता, मुनि आदि यहाँ बराबर वास करेंगे। इस कृपादृष्टिका फल है कि नर-नारायण वहाँ सदा विराजते हैं, उद्धवादि संत वहाँ जाते थे।'

सुमन सुमंगल दाता।' (३०२। ४) *'सुर प्रसून बरषहिं हरषि करहिं अपछरा गान। चले अवधपति अवधपुर मुदित बजाइ निसान॥'* (३३९) और चलनेकी तैयारी करनेपर निशान बजाये जाते हैं; यथा—*'चली बरात निसान बजाई। मुदित छोट बड़ सब समुदाई॥'* (३४३। ७) यात्रा समय हर्ष मङ्गलसूचक है, यथा—*'चलेउ हरषि हियँ धरि रघुनाथा'* (सुं०)—ये समस्त बातें शुभ मङ्गलमय यात्राकी द्योतक हैं। पुनः, जब शंकरजी उमासहित भवनको चले तब सबको हर्षका कारण यह हुआ कि अब तारकासुर मारा जायगा। कामदेवके भस्म होनेपर सब देवता बहुत दुःखी और सभीत थे—*'डरपे सुर भए असुर सुखारी।'* वह डर अब दूर हुआ, असुरवधकी प्रतीति हुई। (ख) ☞ हिमाचलने प्रथम दिन बारातको खिलाया और दूसरे दिन ब्याह करके विदा कर दिया, इससे जाना गया कि देवताओंमें ऐसी ही चाल है। [परंतु 'पार्वतीमङ्गल' में विवाहके पश्चात् जेवनार हुई और फिर बिदाई हुई। यथा—*'लोक बेद बिधि कीन्ह जल कुस कर। कन्यादान संकलप कीन्ह धरनीधर॥'* (७९)...... *'जेइँ चले हरि दुहिन सहित सुर भाइन्ह। भूधर भोर बिदा कर साज सजाएउ॥'* (८५)] (ग) *'बाजे भले'* अर्थात् गहगहाकर बजे।

टिप्पणी—४ (क) *'चले संग हिमवंतु तब......'* इति। अर्थात् जब उमासहित शिवजी भवनको चले तब। (ख) ☞ मेनाजी भवनसे बाहर आयीं और भेंट करके फिर भवनमें गयीं अर्थात् जैसा स्त्रीको उचित है वैसा मेनाने किया। और हिमाचल वरको पहुँचानेको पुरके बाहरतक गये। अर्थात् जैसा पुरुषोंको चाहिये वैसा ही इन्होंने किया। (ग) *'अति हेतु'*=अत्यन्त स्नेहसे; यथा—*'हरषे हेतु हेरि हर ही को।'* (घ) *'बिबिध भाँति परितोष करि'* अर्थात् जैसे पूर्व बहुत तरह समझाया था वैसे ही अब फिर बहुत तरह समझाया; सेवा, भक्ति, दान, दहेज इत्यादिकी प्रशंसा की। (ङ) *'पहुँचावन चले'* कहकर *'बिदा कीन्ह'* कहनेका भाव कि पहुँचानेके लिये साथ न ले गये। वहींसे अथवा कुछ दूर चलकर निकटसे ही लौटा दिया। ऐसा करनेमें 'वृषकेतु' कहा, अर्थात् धर्मकी ध्वजा हैं, ऐसा करना धर्म है। ☞ विवाह-प्रसङ्गमें आदि और अन्त दोनोंमें देवताओंका हर्ष, पुष्पवृष्टि, बाजोंका बजना कहकर बारातके प्रसङ्गको सम्पुटित किया है। बारात चलनेके प्रथम*'हरषे मुनि सब सुर समुदाई॥ सुमन बृष्टि नभ बाजन बाजे।'* (९१। ७-८) उपक्रम है, और बारात बिदा होनेपर *'सब अमर हरषे सुमन बरषि निसान नभ बाजे भले'* यह उपसंहार है।

तुरत भवन आए गिरिराई। सकल सैल सर लिए बोलाई॥१॥
आदर दान बिनय बहु माना। सब कर बिदा कीन्ह हिमवाना॥२॥
जबहिं संभु कैलासहिं आए। सुर सब निज निज लोक सिधाए॥३॥
जगत मातु पितु संभु भवानी। तेहिं सिंगारु न कहउँ बखानी॥४॥

शब्दार्थ—*शृङ्गार*=नख-शिख-शोभा; शरीरकी चित्ताकर्षक सजावट, इत्यादि। स्त्रियोंके शृङ्गार सोलह कहे गये हैं—अङ्गमें उबटन लगाना, नहाना, स्वच्छ वस्त्र धारण करना, बाल सँवारना, काजल लगाना, सेंदूरसे माँग भरना, महावर देना, भालपर तिलक लगाना, चिबुकपर तिल बनाना, मेंहदी लगाना, अर्गजा आदि सुगन्धित द्रव्योंका प्रयोग करना, आभूषण पहनना, फूलोंकी माला धारण करना, पान खाना, मिस्सी लगाना। *'अंग शुची मंजन बसन माँग महावर केश। तिलक भाल तिल चिबुकमें भूषण मेंहदी वेश॥ मिस्सी काजल अर्गजा बीरी और सुगन्ध। पुष्पकलीयुत होय कर तब नवसप्त निबंध॥'* ☞ यहाँ नखशिख-शोभाके साथ-साथ महती सम्भोगलीला भी 'सिंगार' शब्दसे अभिप्रेत है।

अर्थ—'गिरिराज हिमाचल तुरंत घर आये और सब पर्वतों और तालाबोंको बुला लिया॥ १॥ बहुत आदर, सम्मान, दान और विनयसहित सबकी बिदाई हिमवान्‌ने की॥ २॥ (इधर) जैसे ही शिवजी कैलासपर आये (वैसे ही) सब देवता अपने-अपने लोकोंको चले गये॥ ३॥ भवानी और शिवजी जगत्‌के माता-पिता हैं, इसीसे मैं उनका शृङ्गार बखानकर नहीं कहता॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'तुरत भवन आए……।'* बारातियोंके बाद घराती वा जनातीकी बिदाई होती है। पाहुने, सम्बन्धी, इष्टमित्र अपने यहाँ बारात आनेके बहुत पूर्वसे टिके हुए हैं, अतः *'तुरत'* आकर इनको विदा किया। (ख) *'सकल सैल सर'* इति। *'सैल सकल जहँ लगि जग माहीं। लघु बिसाल नहिं बरनि सिराहीं॥ बन सागर सब नदी तलावा। हिमगिरि सब कहँ नेवत पठावा॥'* यह ९४ (३-४) में कहा है पर यहाँ केवल *'सैल सर'* का नाम दिया गया। इससे यह न समझो कि 'केवल इन्हीं दोकी बिदाई हुई वा केवल यही दो बुलाये गये थे, अतः पूर्वापर विरोध है।' निमन्त्रण भेजनेमें *'सैल'* को आदिमें और *'तलावा'* (=सर) को अन्तमें कहा, इनके बीचमें *'बन सागर सब नदी तलावा'* को कहा था। ग्रन्थकारने यहाँ विदा करनेमें आदि और अंतके नाम ग्रहण करके मध्यके भी सभी नामोंका ग्रहण सूचित कर दिया।

टिप्पणी—२ (क) *'आदर दान बिनय बहु माना……'* इति। यथा—*'सनमानि सकल बरात आदर दान बिनय बड़ाइ कै।'* (३२६) [यहाँ चार प्रकारसे बिदाई कही है। जिनकी लड़की अपने यहाँ ब्याही है, जो अपने यहाँका कुछ ले नहीं सकते उनका आदर; छोटों और विप्रोंको दान, बड़ों और मुनियोंसे विनय और मान्य (जिनके यहाँ अपने घरकी कन्या ब्याही है उन) का मान किया। अथवा, सबका सब प्रकार आदर-दान-मान आदि किया। सम्मान-दान सब दानोंसे बड़ा है।] (ख) *'सब कर बिदा कीन्ह'* इति। भाव कि सबको न्योता भेजा था, यथा—*'हिमगिरि सब कहुँ नेवत पठावा।'* इससे 'सबको' विदा करना कहा। *'बिदा कीन्ह'* का भाव कि पाहुने बिना विदा किये विदा नहीं हो सकते। आज्ञा लेकर ही जाना होता है; यथा *'चलेउ पवन सुत बिदा कराई।'* (ग) *'बिदा कीन्ह हिमवान'* का भाव कि स्वयं अपनेसे विदा किया, राजा होकर भी निरभिमान हैं, दूसरेसे विदा करा देते ऐसा नहीं किया।

टिप्पणी—३ (क) *'जबहिं संभु कैलासहि आए……'* इति। भाव कि बाराती शिवजीको घरतक पहुँचाकर तब विदा हुए। इस चौपाईका सम्बन्ध ऊपरके *'जाचक सकल संतोषि संकरु उमासहित भवन चले'* से है। वहाँ *'भवन चले'* यहाँ 'भवन (कैलास) में आये'—*'भवन कैलास आसीन कासीं।'* सूचीकटाहन्यायानुसार प्रथम हिमाचलका भवनमें आकर सबको विदा करना कहकर तब शिवजीका कैलासपर आना और विहार इत्यादि वर्णन करते हैं। (ख) *'सुर सब निज निज लोक सिधाए'* इति। [यहाँ शिवजीका देवताओंको विदा करना न लिखकर *'सब सिधाए'* कहा। भाव यह कि हिमवान्ने तो सबको न्योता दिया था इससे सबको विदा भी किया और यहाँ शिवजीने किसीको निमन्त्रण तो दिया न था। सब देवता अपनेसे ही बारात सजकर साथ चले थे। ब्रह्मा, विष्णु आदिहीने तो शिवजीको दूलह बनाया था। अतः इनकी बिदाई भी न कही गयी। जैसे स्वयं बाराती बनकर बारात ले गये वैसे ही स्वयं चले भी गये।] अथवा, यहाँ बिदाईका प्रसङ्ग चल रहा है, बिदाईका समय है। मेनाने पार्वतीजीको विदा किया, बृषकेतु शिवजीने हिमाचलको विदा किया, हिमाचलने बरातियों और घरातियोंको विदा किया। इसी तरह यहाँ महादेवजीने देवताओंको विदा किया। तब वे सिधाये। [स्कन्दपु० के अनुसार शिवजीने देवर्षि नारदद्वारा भगवान् विष्णु, ब्रह्मा और इन्द्रादि देवताओंको बारातमें चलनेके लिये कहला भेजा था। पूर्व इस विषयमें लिखा जा चुका है।]

टिप्पणी—४ *'जगतमातु पितु……'* (क) माता-पिताका शृङ्गार पुत्रको कहना अनुचित है। जगत्के माता-पिता हैं, यथा—रघुवंशमहाकाव्यमें। **'वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये। जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ॥'** यह कहकर जनाया कि जगत्मात्रके कवियोंको शम्भुभवानीका शृङ्गार कहना अनुचित है। (ख) यहाँ *'मातु पितु संभु भवानी'* यथासंख्य नहीं है। पाठक्रमादर्थक्रमोबलीयान् (ग) यहाँ प्रथम 'मातु कहनेका भाव कि शृङ्गार न कहनेमें माता मुख्य है, माताका शृङ्गार न कहना चाहिये। (घ) *'तेहिं सिंगारु न कहउँ बखानी'* का भाव कि यहाँ शृङ्गार कहनेका प्रयोजन था। स्त्री-पुरुषकी क्रीड़ाका वर्णन शृङ्गार कहलाता

है। जैसा महादेव-पार्वतीजीने काम-क्रीड़ा की वैसा ग्रन्थकार न वर्णन कर सके। [स्मरण रहे कि भगवान् शङ्करने भी इस समय अत्यन्त सुन्दर रूप धारण करके सुरतारम्भ किया। स्कन्दपुराणका मत है कि दम्पति महान् क्रीड़ाके लिगे गन्धमादन पर्वतके एकान्त प्रदेशमें चले गये थे। पर मानसकल्पकी कथामें यह विहार कैलासपर हुआ। बैजनाथजी लिखते हैं कि यह कविकी उक्ति है। इनका शृङ्गाररसमय चरित कहनेमें लज्जा लगती है। यह अश्लील दूषण विचार कर न कहा—'**व्रीडाजुगुप्साऽमंगलव्यंजकत्वादश्लीलं त्रिधेति**' काव्यप्रकाश। अर्थात् लज्जा, घृणा तथा अमङ्गलका व्यंजक होनेसे अश्लील दोष तीन प्रकारका है। त्रिपाठीजी लिखते हैं कि शम्भुशुक्रसम्भूत सुतकी इस समय बड़ी आवश्यकता थी, अतः शृङ्गाररसका विधान बड़े विस्तारसे हुआ, जिसे देखकर भगवान् नन्दिकेश्वरने कामशास्त्रकी रचना की।]

करहिं बिबिध बिधि भोग बिलासा। गनन्ह समेत बसहिं कैलासा॥ ५॥
हरगिरिजा बिहार नित नयऊ। एहि बिधि बिपुल काल चलि गएऊ॥ ६॥
तब जनमेउ* षटबदन कुमारा। तारकु असुरु समर जेहि मारा॥ ७॥
आगम निगम प्रसिद्ध पुराना। षन्मुख जन्मु सकल जग जाना॥ ८॥

शब्दार्थ—**भोग बिलास**=आमोद-प्रमोद रतिक्रीड़ा। **भोग**=सुख। **बिलास**=मनोविनोद; आनन्दमय क्रीड़ा; प्रेमसूचक एवं प्रसन्न करनेवाली क्रियाएँ। **बिहार**=संभोग; रतिक्रीड़ा। **षन्मुख** (षण्मुख)=छः मुखवाले कार्त्तिकेयजी।

अर्थ—श्रीशिवजी और गिरिजाजी विविध प्रकारके भोग-विलास करते हैं, गणोंसहित कैलासपर बसते हैं॥ ५॥ उनका नित्य नया विहार होता था। इस प्रकार बहुत समय बीत गया। ६॥ तब छः मुखवाले 'कुमार' नामक पुत्रका जन्म हुआ, जिसने तारकासुरको संग्राममें मारा॥ ७॥ वेद, शास्त्र और पुराणोंमें षट्मुखके जन्म (की कथा) प्रसिद्ध है, सारा संसार जानता है। अर्थात् लोक और वेद दोनोंमें प्रसिद्ध है॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'करहिं बिबिध बिधि भोग बिलासा'* इति। इस समय शिवजी प्रवृत्तिमार्गको ग्रहण किये हुए हैं, वही यहाँ कहते हैं—जैसे प्रवृत्तिमार्गवाले अनेक प्रकारका भोग-विलास करते हैं वैसे ही शिवजी *'करहिं बिबिध बिधि भोग बिलासा।'* (१); प्रवृत्तिवाले अपने गणसमेत अपने घरमें रहते हैं, वैसे ही शिवजी *'गनन्ह समेत बसहिं कैलासा'।'* (२); प्रवृत्तिवाले अपनी स्त्रीके संग विहार करते, वैसे ही *'हर गिरिजा बिहार नित नयऊ।'* (३); प्रवृत्तिवाले पुत्र उत्पन्न करते हैं, वैसे ही यहाँ—*'तब जनमेउ षटबदन कुमारा।'* (४); वे विवाह करते हैं वैसे ही यहाँ *'हर गिरिजाकर भयऊ बिबाहू'* (५)। पुनः भाव कि तप नहीं करते भोग-विलास करते हैं, गण उनकी सेवा करते हैं, निर्जन स्थानमें नहीं रहते वरन् कैलास दिव्य स्थानमें रहते हैं, अब कहीं विचरते नहीं। उत्तरकाण्ड दोहा ५६ में शिवजीने कहा है कि प्रियाके वियोगमें वैराग्यवान् होकर गिरि-वन आदिमें अकेले विचरते थे। इसीसे यहाँ अब प्रियसंयोग होनेपर उस दशाका त्याग कहा। [वि० त्रि० लिखते हैं कि भोग-विलासकी विस्तृत विधि है, कामशास्त्रमें उसका उल्लेख है। जिसने कामशास्त्र नहीं देखा उसे क्या मालूम? पशुकी भाँति सन्तति उत्पन्न कर लेना दूसरी बात है।]

टिप्पणी—२ (क) *'हरगिरिजा बिहार नित नयऊ'* इति। पुराणोंमें लिखा है कि महादेवजीने कई हजार वर्ष रात-दिन भोग-विलास किया तब कार्त्तिकेयका जन्म हुआ। (ख) *'बिपुल काल चलि गयऊ'* का भाव कि भोग-विलास तथा विहारमें बहुत दिन बीत गये, कुछ जान ही न पड़ा। श्रीशिवजी योगकी अवधि हैं और भोगकी भी अवधि हैं; यथा—*'श्रुतिपथपालक धरमधुरंधर। गुनातीत अरु भोग*

* १६६१में 'जनमेउँ' है।

पुरंदर॥' (७। २४। २) (यह श्रीरघुनाथजीके सम्बन्धमें कहा गया है।) विपुल काल बीत गया, पर विहारसे तृप्ति नहीं होती, यथा—*'बुझै न काम अगिनि तुलसी कहुँ बिषयभोग बहु घी ते'* (विनय)। इसीसे *'नित नयऊ'* कहा अर्थात् जैसे—घी पड़नेसे अग्नि बढ़ती है वैसे ही विषयभोगसे कामाग्नि बढ़ती है। (नित नव विहारपर कालिदासने 'कुमारसम्भव' लिख डाला, परंतु ग्रन्थकारने इसे अनुचित समझकर दिग्दर्शनमात्र कर दिया। (वि० त्रि०)

टिप्पणी—३ *'तब जनमेउ षटबदन कुमारा……'* इति। (क) प्रथम भोग-विलास करना कहा, फिर गिरिजासंग विहार करना कहकर तब षट्वदनका जन्म, क्रमसे यह सब वर्णन किया गया। पंचमुख महादेवजी, एकमुख पार्वतीजी, दोनोंके संगसे षट्मुख कुमार हुए। षट्वदनका नाम 'कुमार' है, मुद्रालङ्कारसे यह भी यहाँ जना दिया है। (ख) षट्मुखका जन्म तारकासुर वधहेतु हुआ। इसीसे षट्वदनका जन्म और तारकासुरका वध साथ ही कहा। आगे फिर जन्म और तारकासुरके वधका हाल कहते हैं कि ये दोनों बातें लोकवेद प्रसिद्ध हैं। (ग) *'तारक असुर समर जेहिं मारा'* यह देवकार्यकी सफलता गायी। (घ) *'समर मारा'* का भाव कि छल करके अथवा और कोई उपाय करके नहीं मारा, सम्मुख लड़कर मारा। (ङ) ☞ षट्मुखका जन्म कई प्रकारसे मुनियोंने कहा है। सबका मत रखनेके लिये कोई प्रकार यहाँ नहीं लिखा।

टिप्पणी—४ *'आगम निगम प्रसिद्ध पुराना……'* इति। (क) इन तीन ग्रन्थोंका प्रमाण वक्ता प्रायः देते हैं, यथा—'नाना पुराणनिगमागमसम्मतं यद्', *'सारद सेष महेस बिधि आगम निगम पुरान।'* इत्यादि। ये तीनों जगत्‌में प्रसिद्ध हैं तथा इन तीनोंमें षडाननजन्म प्रसिद्ध है। इसीसे सब जगत् जानता है। अतएव पहिले तीनोंमें प्रसिद्ध होना कहकर तब जगत्‌का जानना कहा। ☞देखना चाहिये कि कहाँ-कहाँ है। मत्स्यपुराणमें विस्तारसे जन्म-कथा है। भारतमें तो 'कार्त्तिकेयपर्व' ही एक पर्व है।

नोट—☞*'षटबदनकुमारा'* इनके छः मुख थे इससे षडानन नाम पड़ा। जन्मकी कथाएँ वाल्मीकीय बालकाण्ड सर्ग ३६, मत्स्यपु० अ० १५८, महाभारत वनपर्व, पद्मपु० सृष्टिखण्ड, स्कन्दपुराण मा० के० खण्डादिमें विविध प्रकारसे दी हुई हैं। शिवपार्वतीजीको भोग-विलास करते हुए सौ या सहस्र वर्ष बीत गये तब इनका जन्म हुआ। वाल्मीकीयके मतसे दिव्य सौ वर्षतक विहार हुआ, यथा—'**दृष्ट्वा च भगवान्देवीं मैथुनायोपचक्रमे। तस्य संक्रीडमानस्य महादेवस्य धीमतः। शितिकण्ठस्य देवस्य दिव्यं वर्षशतं गतम्॥**' (१। ३६। ६) और मत्स्यपु० के अनुसार सहस्र वर्ष हुआ, यथा—'**विभ्रतः क्रीडतीत्युक्तं ययुस्ते च यथागतम्।**' (२२) '……**गते वर्षसहस्रे तु देवास्त्वरितमानसः॥**' (२३। अ० १५८) कृत्तिकाओंने इनको पाला। (स्कं० पु० के अनुसार कृत्तिकाओंने अग्निद्वारा शङ्करजीके वीर्यको धारण किया) इसलिये अथवा पद्मपु० के अनुसार कृत्तिकाओंने श्रीपार्वतीजीको सरोवरका जल पीनेको दिया और उनसे वचन ले लिया कि उनका पुत्र कृत्तिकाओंके नामसे (कार्त्तिकेय) प्रसिद्ध हो, वा कृत्तिका नक्षत्रमें जन्म होनेसे इनका नाम कार्त्तिकेय या स्वामिकार्तिक हुआ। तेजके स्कन्न होने, गङ्गाजी और अग्निके धारण करनेसे स्कन्द, गाङ्गेय और अग्निभू इत्यादि भी इनके नाम हुए। इन्द्रकी सेनाके सेनापति होकर इन्होंने तारकासुरपर चढ़ायी की, इससे सेनानी भी कहलाये। तारकासुरने मुद्गर, भिण्डपालादि शस्त्रास्त्र इनपर चलाये पर वह इनका कुछ न कर सका। इन्होंने एक गदा मारी जिससे वह घायल हो गया तब उसने जाना कि ये दुर्जेय हैं, हमारे काल हैं। यह समझकर उसने सब सेनासहित एक बारगी इनपर प्रहार किया, पर इससे भी कुछ न हुआ। अब कार्त्तिकेयजी कुपित हुए, असुर सैन्य मारी गयी और भगी। तब तारकासुरने गदाका प्रहार कर इनके वाहन मोरको मारा। वाहन और देवताओंको भयभीत देख ये शक्ति लेकर उसपर दौड़े और उसके प्रहारसे उसका हृदय विदीर्णकर उसके प्राण ले लिये। (मत्स्यपु० अ० १६०)—'विनय-पीयूष' में विनयपत्रिकाके पद १५ में इनकी कथा विस्तारसे लिखी गयी है, प्रेमीपाठक वहाँ देखें।

छंद—जगु जान षन्मुख जन्मु कर्मु प्रतापु पुरुषारथु महा।
तेहि हेतु मैं बृषकेतुसुत कर चरित संक्षेपहि कहा॥
यह उमा संभु बिबाहु जे नरनारि कहहिं जे गावहीं।
कल्यानकाज बिबाह मंगल सर्वदा सुखु पावहीं॥

दो०—चरित सिंधु गिरिजारमन बेद न पावहिं पारु।
बरनै तुलसीदास किमि अति मतिमंद गँवारु॥१०३॥

अर्थ—षट्मुखकी उत्पत्ति, कर्तव्य, प्रताप और महान् पुरुषार्थ (सम्पूर्ण) को संसार जानता है। इसी कारण मैंने धर्मकी ध्वजा श्रीशङ्करजीके पुत्रका चरित थोड़ेहीमें कहा। जो स्त्री-पुरुष इस शिव-पार्वती-विवाहकी कथाको (व्याख्यानरूपमें) कहेंगे और जो इसे (संगीतके ढंगसे) गाते हैं वा गायेंगे वे कल्याणके कार्यों, विवाह-मङ्गल (आदि) में सदा सुख पाते हैं और पावेंगे। श्रीगिरिजापति शङ्करजीका चरित समुद्र (-वत् अपार) है, वेद भी उसका पार नहीं पाते, (तब) अत्यन्त मन्दबुद्धि और गँवार तुलसीदास क्योंकर वर्णन कर सके॥ १०३॥

टिप्पणी—१ (क) *'जग जान षन्मुख......'* इति। मत्स्यपुराणमें जन्म, कर्म, प्रताप और पुरुषार्थ चारों विस्तारसे लिखे हैं, वहाँ पाठक देख लें, इतना विस्तार यहाँ नहीं लिख सकते। जन्मादि-क्रमसे कहे हैं। जन्म अनेक प्रकारसे कहे हैं, कर्म देवताओंको अभयदान आदि, प्रताप यह कि उनके स्मरणसे शत्रु और रागादिका नाश होता है और मनोरथ सिद्ध होते हैं। महापुरुषार्थ तारकासुरका वध है। [पुनः, केवल शम्भुशुक्र-सम्भूत होना 'जन्म'। जन्म ग्रहण करते ही सुरसेना पतिपदपर अभिषेक 'प्रताप' और उनकी शक्तिका किसी देवतासे न उठना 'महापुरुषार्थ' है। (वि० त्रि०)] (ख) *'तेहि हेतु मैं......'* इति। यह याज्ञवल्क्यजीकी इति है। वे भरद्वाजजीसे कहते हैं कि आप वेद-पुराण-शास्त्र जानते हैं, इन्होंने जगत्के लिये विस्तारसे कहा है, अतएव जगत् भी जानता है। इसीसे संक्षेपसे कहा। ☞ संक्षेपका कारण सर्वत्र लिखते हैं; यथा, *जौं अपने अवगुन सब कहऊँ। बाढ़ै कथा पार नहि लहऊँ॥ ताते मैं अति अलप बखाने। थोरेहि महँ जानिहहिं सयाने॥'* (१) *'कहुँ महिष मानुष धेनु खर अज खल निसाचर भच्छहीं। एहि लागि तुलसीदास इन्हकी कथा कछु एक है कही॥'* (२) यथा यहाँ *'जगु जान......'*। पुनः भाव कि जिनके चरित वेदादि कहते हैं, संसार जानता है, उनके चरित भला मैं कहाँतक बखान कर सकता हूँ। [*'जगु जान'* से यह भी जनाया कि चरित अत्यन्त प्राचीन परमानन्ददायक और मनोवाञ्छित वस्तु प्रदान करनेवाला प्रसिद्ध है, इसीसे सब जानते हैं।]

टिप्पणी—२ (क) *'यह उमा संभु'* इति। अब प्रसङ्गका माहात्म्य कहते हैं। इस कथनका भाव यह है कि हम अपने ग्रन्थका माहात्म्य कहते हैं। *'नर नारि'* कहकर सबको अधिकारी बताया। *'कहहिं'* अर्थात् कथारीतिसे कहते और गानरीतिसे गाते हैं। ☞ षट्मुखके जन्मसे महादेवपार्वतीका विवाह सफल हुआ। तारकासुरके वधसे षट्मुखका जन्म सफल हुआ। यह सब कहकर माहात्म्य कहनेका भाव कि ये सब चरित्र विवाहसम्बन्धी हैं। (ख) *'कल्यान काज बिबाह मंगल......'* इति। मङ्गल और कल्याण पर्याय शब्द हैं, यथा—'कल्याणं मगलं शुभम्' इत्यमरः। पर यहाँ दोनों लिखनेसे ज्ञात होता है कि कुछ भेद है। वह यह कि 'कल्याण=भलाई। और, मङ्गल=अशुभकी निवृत्ति', तथा *'मंगलमय कल्यानमय अभिमत फल दातार।'* (१। ३०३) कल्याणकर्ताके विवाहसे कल्याण होगा, इस विवाहसे देवतादि सबका कार्य हुआ, इसीसे इसके श्रवणसे सबका कार्य सिद्ध होगा। विवाह सुननेसे विवाह, मङ्गल सुननेसे मङ्गल और सुखके चरित्र सुननेसे सुख पावेंगे—यह सब होंगे। [यहाँ विवाहकी फलश्रुति कही है। *'कल्यान काज बिबाह मंगल सर्बदा सुख......'* का भाव महात्मा लोग यह कहते हैं—(१) 'जो किसी कार्यके लिये

कहे या गावे उसे कार्यमें कल्याण होगा। जो विवाहके लिये पढ़ेंगे उनका विवाहमें मङ्गल होगा और जो निष्काम पढ़ते हैं उनको सदा ही सुख होगा।' (शुकदेवलालजी) वा, (२) विवाह ही कल्याण कार्य है। (३) वा, 'कल्याणके यावत् कार्य (धन, धाम, स्त्री, पुत्र, आरोग्य, दीघार्यु आदि) विवाहादि यावत् मङ्गल प्रसिद्ध उत्सवादिसहित सदा सर्वदा सुखपूर्वक सब वस्तु पावेंगे।' (वै०)]

टिप्पणी—३ (क) *'चरित सिंधु गिरिजारमन……'* इति। *'सुनहु संभु कर चरित सुहावा'* से लेकर *'चरित सिंधु……'* तक शम्भु-चरित है। यहाँ गोसाईंजी अपनी इति लगाते हैं—*'बरनैं तुलसीदास किमि……'।* गिरिजारमनका भाव कि जैसे गिरिजाके पति हुए वह चरित समुद्र है, तात्पर्य कि जितना हमने कहा इतना ही नहीं है। *'चरित सिंधु'* कहकर चरितकी अपारता दिखायी, यथा—*'रघुबीर चरित अपार बारिधि पार कबि कौने लह्यौ';* इसीसे *'बेद न पावहिं पारु'* कहा। [शिवमहिम्नस्तोत्रमें पुष्पदन्तने कहा है—'**असितगिरिसमं स्यात् कज्जलं सिंधुपात्रे सुरतरुवरशाखा लेखनी पत्रमुर्वी। लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं तदपि तव गुणानामीश पारं न याति॥**' *'चरित सिंधु……'*—भाव कि नदीका पार मिलता है, समुद्रका नहीं। इसीलिये *'न पावहिं पार'* कहा। वेद सभी कुछ कह सकते हैं, जब वे ही नहीं कह सकते तब मैं क्योंकर कह सकूँ (मा० सं०)। *'चरित सिंधु……न पावहिं पार'* यहाँ कहा। ऐसे ही श्रीरामचरितके सम्बन्धमें उत्तरकाण्डमें कहा है—*'चरित सिंधु रघुनायक थाह कि पावै कोइ।'* (७। १२३) इससे जनाया कि दोनोंके चरित अपार अथाह सागर हैं। यह समानता दिखायी। (प० प० प्र०) (ख) *'अति मतिमंद गँवार।'* इति। भाव कि वेद पढ़-सुनकर चरित जाने जाते थे, वही वेद जब पार नहीं पाते तब मैं तो वेद पढ़ा नहीं हूँ क्योंकि अति मतिमन्द हूँ, न वेदोंको सुना ही है क्योंकि गँवार हूँ, ग्रामवासी हूँ, ग्राममें वेदकी प्राप्ति कहाँ सम्भव है जो सुनता। (घ) ☞ महादेव-पार्वतीका विवाह गुसाईंजीने नियमपूर्वक गाया है। 'शिवजी गणोंसमेत कैलाससे चले' वहाँसे 'विवाह करके कैलास आये', यहाँतक प्रत्येक दोहेमें एक छन्द लिखते हैं और प्रत्येक दोहेमें चार-चार चौपाइयाँ लिखीं। एक-ही-एक दोहा और एक-ही-एक छन्द लिखते हैं, सर्वत्र छन्द एक ही प्रकारका है। [☞ इसमें ११ ही छन्द हैं अर्थात् एक रुद्री (रुद्र=११) देकर इस प्रसङ्गको विशेष माङ्गलिक बना दिया है। ☞ स्मरण रहे कि इस प्रसङ्गमें (संवत् १६६१ की प्रतिसे स्पष्ट है कि) मूल पाठमें 'शिव' शब्द प्रायः तालव्यी शकारसे ही लिखा गया और जहाँ कहीं संयोगी 'क्ष' चाहिये वहाँ 'छ' की जगह क्षकारहीका प्रयोग प्रायः हुआ है। इसमें भी कुछ भाव अवश्य ही होंगे। पाठकगण तथा खोजक इसपर विचार करें।]

नोट—१ *'कर्म प्रताप पुरुषारथ महा'* तारकासुरके वधसे ही प्रकट हैं। इनका तेज देखकर इन्द्रको सोच हुआ और इसने इनपर वज्रका आघात किया जिससे इनका पेट फट गया। इन्होंने अपने हाथसे अपना पेट पकड़ लिया। अश्विनीकुमारने ओषधि देकर पेटको फिर जैसा-का-तैसा कर दिया। एक बार इन्होंने पर्वतमें बरछा मारा जिससे पर्वतके आरपार छेद हो गया। पैदा होनेके सप्ताहके भीतर ही तारकासुरका इन्होंने वध किया था इत्यादि।

नोट—२ षण्मुख और वृषकेतुसुत दो नाम इनके इस प्रकरणमें दिये गये। तारकासुरके वध और तेज प्रताप तथा पुरुषार्थके विचारसे षट्वदन नाम दिया गया। छः मुखवाले हैं तब क्यों न ऐसे हों? वृषकेतुसुत इससे कहा कि तारकासुरके वधसे फिर धर्मका प्रचार हुआ।

नोट—३ पं० श्रीराजबहादुर लमगोड़ाजीके 'विश्वसाहित्यमें रामचरितमानस हास्यरस' नामक पुस्तकके आधारपर ही इस (शिव-पार्वती-विवाह) प्रकरणके नोट लिखे गये हैं, यह प्रकरण समाप्त हो रहा है; अतएव विश्व-साहित्यके नातेसे अब एक नैतिकका बृहत् अवतरण यहाँ दिया जाता है। श्रीलमगोड़ाजी लिखते हैं कि मैंने 'रामायणमें करुणरस' शीर्षक लेखमालामें (जिसका कुछ अंश 'कल्याण' में प्रकाशित हो चुका है) यह स्पष्ट कर दिया है कि पश्चिमी दुःखान्त नाटकीय सिद्धान्तके कारण आदर्शवाद (Idealism) सर्वदा असफल ही समझा जाता है। नवीन साहित्य यज्ञके एक प्रतिनिधि बर्नार्डशा अवश्य हैं। उन्होंने भी अपने 'Man and Superman' नामक नाटकमें आदर्शवादका मखौल ही उड़ाया है।

टैनर एक आदर्शवादी था जो संसारसे विरक्त होकर त्यागपूर्ण जीवन बिताना चाहता था। अना मायारूपिणी स्त्री थी जो उसे आदर्शके आकाशसे वास्तविकताकी पृथ्वीपर खींच लाना चाहती थी। आखिर टैनर मायाके फंदेमें फँस गया और विवाह हो गया। पर बेचारेकी आदर्शपूर्ण भावनाएँ अब भी बनी हुई थीं। वह भोग-विलासकी सारी सामग्री बेचकर अब भी एक कुटिया बनाना चाहता था। अनाकी सखियाँ उसकी ऐसी आदर्शपूर्ण वक्तृता सुनकर सतर्क हुईं तो उसने कहा—'उन्हें बकने दो' (Let him talk). आह, जीती हुई माया अपने पराजित व्यक्तिकी सिर्फ बातोंवाली डींगकी परवा नहीं करती। पश्चिमी संसारमें आदर्शवादकी मिट्टी तो अब भी पलीद ही है; पर यहाँ देखिये कि आर्य-सभ्यतामें शिव-पार्वती-विवाह बड़े मर्मकी चीज है। आज भी स्त्री-समुदायमें पातिव्रत्य धर्मके नाते पार्वती (गौरी)—पूजाकी ही प्रमुखता प्राप्त है। और शिवजी तो *'सदा शिव योगी'* तथा आदर्श एवं वैराग्यकी मूर्ति ही समझे जाते हैं। पार्वतीजीका आदर्श भोग-वासना नहीं है अपितु सेवा है। वे अनाकी तरह शिवजीको नीचे नहीं घसीटतीं परंतु अपनेको शिवजीके अर्पण करती हैं—शिव-पार्वती-विवाहके बाद शिवजीके किसी आदर्शका बट्टा नहीं लगा। उनकी कुटीकी सजावट वही योगीकी कुटीकी सजावट बनी रही। हाँ, उसमें अन्नपूर्णाके सौन्दर्यका समावेश अवश्य हो गया जिससे जीवनका रूखा-सूखा-पन जाता रहा।—कविने इसीलिये लिखा है *'संभुचरित सुनि सरस सुहावा'* (योगके साथ 'हास्यरस' भी है और 'शृङ्गार-रस' भी)।

वीरकविजी—*'चरित सिंधु······बरनै तुलसीदास किमि······'* में उक्ताक्षेप और 'विचित्र' अलङ्कारकी ध्वनि व्यंजित होती है।'······अत्यन्त मतिमन्द कहकर अपनेको गँवार बनाना इससे श्रेष्ठ वक्ता होनेकी इच्छा रखना विचित्र है। *'लघुता ललित कुबारि न खोरी* है।'

श्रीशिव-पार्वती-विवाह-प्रकरण यहाँ समाप्त हुआ।

कैलास-प्रकरण

(उमा-शंभु-संवादका हेतु)

संभु चरित सुनि सरस सुहावा। भरद्वाज मुनि अति सुखु पावा॥ १॥
बहु लालसा कथा पर बाढ़ी। नयनन्हि* नीरु रोमावलि ठाढ़ी॥ २॥
प्रेम बिबस मुख आव न बानी। दसा देखि हरषे मुनि ग्यानी॥ ३॥

शब्दार्थ—सरस=रसयुक्त; रसीला=नवों रसोंसे पूर्ण। लालसा=उत्कट इच्छा; बहुत बड़ी अभिलाषा या चाह। रोमावलि=रोंगटे, रोयोंकी पंक्ति।=रोयोंकी पंक्ति जो पेटके बीचों-बीच नाभिसे ऊपरकी ओर गयी हुई होती है।

अर्थ—श्रीशिवजीका सुन्दर रसीला चरित सुनकर श्रीभरद्वाज मुनिने बहुत ही सुख पाया॥ १॥ उनको कथा (सुनने) की लालसा बहुत बढ़ी, नेत्रोंमें जल भर आया और रोमावली खड़ी हो गयी॥ २॥ प्रेमसे बेवस हो गये, मुखसे वचन नहीं निकलता। (भरद्वाजजीकी यह) दशा देखकर ज्ञानी मुनि श्रीयाज्ञवल्क्यजी हर्षित हुए॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'संभु चरित सुनि सरस सुहावा'* इति। (क) *'सरस'* से जनाया कि यह प्रसङ्ग नवों रसोंसे पूर्ण है।—[नवों रसोंके लक्षण पूर्व (३७। १०) *'नवरस जप तप जोग बिरागा'* और *'भावभेद रसभेद अपारा।'* (९। १०) में विस्तारसे लिखे गये हैं। भक्तवर श्रीशर्वरीशजीने 'नवरसतरंग' में रसोंके

* नयन—१७०४, को० रा०, वि० त्रि०। नयनन्हि—१६६१, १७२१, १७६२, छ०।

लक्षण इस प्रकार दिये हैं—(१) शृङ्गार—'दंपति छबि करषै जहाँ बरषै मोद अपार। सरसै सदा वसंत ऋतु रसमय सोइ शृङ्गार॥' उदाहरण—'छबिखानि मातु भवानि गवनीं मध्य मंडप शिव जहाँ। अवलोकि सकहि न सकुच पतिपद कमल मनु मधुकर तहाँ॥' (१। १००) (२) हास्य—'हाव भाव मुख भ्रू नयन बयन व्यंग्य सुनि चैन। तेहि रस हास्य जनावई बरनत बनै बनै न॥'; (३) करुण—'सुखकी चिंता ताप तय दुखहि रहै टिघराय। करुणा रसको रूप इमि सर्बरीश बिलगाय॥'; (४) रौद्र—'रिस नख शिख लों व्यापि रहि तपै ताप तन माहि। रस सु रौद्र तेहि कवि कहैं हर्ष शोक भय नाहिं॥'; (५) वीर—'पीर गनै नहिं शंक मन रहै धीर रणरंग। तकै आपनी घात को सो रस वीर प्रसंग॥'; (६) भयानक—'जाके बेग बिलाय चित भभरे मन बुधि ज्ञान। ज्ञान भयानक रस हरेउ कैसे करै बखान॥'; (७) बीभत्स—'घृणता अरु दुर्गन्धिता कुत्सित महा कुरूप। सहजहि लहिय बिराग जहँ सो बिभत्स रसरूप॥'; (८) अद्भुत—'सत्य बीच भासै असत असत बीच सत्यार्थ। हरिचरित्र जग नाट्य सम अद्भुत यहै यथार्थ॥ मन बुधि चित सब मिलि रहहिं······ ठगाय। होइ विवर्ण ठग भासहीं अद्भुत यहै जनाय॥'; (९) शान्त—'गत संकल्प विकल्प होइ चमकति चमक तुरीय। शर्बरीश गत शान्तरस अकथनीय कथनीय॥']

उदाहरण, यथा—(१)'बिष्नु बिरंचि आदि सुरब्राता। चढ़ि चढ़ि बाहन चले बराता॥ सुर समाज सब भाँति अनूपा।' (९२। ७-८), 'सिवहिं संभुगन करहिं सिंगारा।', 'करि बनाव सजि बाहन नाना। चले लेन सादर अगवाना॥' (९५। २) कामसमाजवर्णन, गाली-गान आदि शृङ्गाररसके उदाहरण हैं।

(२) हास्य—'बिष्नु बचन सुनि सुर मुसुकानें। निज निज सेन सहित बिलगानें॥' (९३। २), 'देखि शिवहि सुरत्रिय मुसुकाहीं। बर लायक दुलहिनि जग नाहीं॥' (९२। ६), 'नाना बाहन नाना बेषा। बिहसे शिव समाज निज देखा॥' (९३। ६) इत्यादि।

(३) करुण—'भई बिकल अबला सकल दुखित देखि गिरिनारि। करि बिलाप रोदति बदति सुता सनेह सँभारि॥' (९६)······जनि लेहु मातु कलंकु करुना परिहरहु अवसर नहीं॥' (९७), 'रोदति बदति बहु भाँति करुना करत संकर पहिं गई। अति प्रेम करि बिनती बिबिध बिधि जोरि कर सन्मुख रही॥' (८७)

(४) रौद्र—'रुद्रहि देखि मदन भय माना। दुराधरष दुर्गम भगवाना॥' (८६। ४), 'बिकट बेष रुद्रहि जब देखा। अबलन्ह उर भय भएउ बिसेषा॥' (९६। ४), 'सौरभ पल्लव मदनु बिलोका। भयउ कोप कंपेउ त्रैलोका॥ तब सिव तीसर नयन उघारा। चितवत काम भएउ जरि छारा॥' (८७। ५-६)

(५) वीर—'अस कहि चलेउ सबहि सिरु नाई। सुमन धनुष कर सहित सहाई॥ कोपेउ जबहि बारिचरकेतू। छन महँ मिटे सकल श्रुतिसेतू॥ ब्रह्मचरज ब्रत संजम नाना। धीरज धरम ज्ञान बिज्ञाना॥ सदाचार जप जोग बिरागा। सभय बिबेक कटकु सबु भागा॥' (८४। ३—८) 'देखि रसाल बिटप बर साखा। तेहि पर चढ़ेउ मदन मन माखा॥ सुमन चाप निज सर संधाने। अति रिस ताकि श्रवन लगि ताने॥ छाँड़े बिषम बिसिख उर लागे। छूटि समाधि संभु तब जागे॥' (८७। १—३)

(६) भयानक—'शिवसमाज जब देखन लागे। बिडरि चले बाहन सब भागे॥······बालक सब लै जीव परानें॥ गए भवन पूछहिं पितु माता। कहहिं बचन भय कंपित गाता॥ कहिअ काह कहि जाइ न बाता। जम कर धार किधों बरिआता॥' (९५। ४—७), 'बिकट बेष रुद्रहि जब देखा। अबलन्ह उर भय भएउ बिसेषा॥' (९६)

(७) बीभत्स—'भूषन कराल कपाल कर सब सद्य सोनित तन भरें। खर स्वान सुअर सृकाल मुख गन बेष अगनित को गने······' (९३)

(८) अद्भुत—'कोउ मुखहीन बिपुल मुख काहू। बिनु पद कर कोउ बहु पद बाहू॥ बिपुल नयन कोउ नयन बिहीना। रिष्टपुष्ट कोउ अति तनखीना॥······'(९३), 'अजा अनादिशक्ति अबिनासिनि। सदा संभु अरधंग निवासिनि॥ जग संभव पालन लयकारिनि। निज इच्छा लीला बपु धारिनि॥ जनमीं प्रथम दच्छ गृह जाई॥ नाम सती सुंदर तन पाई॥' (९८। २—५)

(९) शान्त—'जब तें सती जाइ तनु त्यागा। तब तें शिव मन भयउ बिरागा॥ जपहिं सदा रघुनायक

नामा। जहँ तहँ सुनहिं रामगुनग्रामा॥ चिदानंद सुखधाम शिव बिगत मोह मद मान (काम)। बिचरहिं महि धरि हृदय हरि सकल लोक अभिराम॥' (७५), *'मयना सत्य सुनहु मम बानी। जगदंबा तव सुता भवानी॥'''''निज इच्छा लीला बपु धारिनि।'; 'संकर सहज सरूप सम्हारा। लागि समाधि अखंड अपारा॥'* (५८।८)

☞ पुनः, इसमें वात्सल्य, सख्य और दास्य-भक्ति-सम्बन्धी ये रस भी हैं।

(१०) वात्सल्यरस, यथा—*'कहहु सुता के दोष गुन मुनिबर हृदय बिचारि।'* (६),*'जननी उमा बोलि तब लीन्ही। लै उछंग सुंदर सिख दीन्ही॥ करेहु सदा संकर पद पूजा। नारि धरमु पति देउ न दूजा॥'* (१०२। २-३), *'नाथ उमा मम प्रान सम गृहकिंकरी करेहु। छमेहु सकल अपराध अब होइ प्रसन्न बरु देहु॥'* (१०१)

(११) सख्य यथा—*'अति प्रिय बचन सुनत प्रिय केरे।'* (९०। ४)

(१२) दास्य, यथा—*'भृंगिहि प्रेरि सकल गन टेरे॥ शिव अनुसासन सुनि सब आए। प्रभुपद जलज सीस तिन्ह नाए।'* (९३। ४-५) *'सिर धरि आयसु करिअ तुम्हारा। परम धरम यह नाथ हमारा॥ मातु पिता गुर प्रभु कै बानी। बिनहि बिचार करिअ सुभ जानी॥ तुम्ह सब भाँति परम हितकारी। अज्ञा सिर पर नाथ तुम्हारी॥'* (७७। २-४)

☞ पुनः, श्रवण-कीर्तनादि नवधा भक्तिके भी लक्षण इसमें पाये जाते हैं; अतः *'सरस'* कहा। उदाहरण, यथा—*'जपहिं सदा रघुनायक नामा। जहँ तहँ सुनहिं रामगुनग्रामा॥'* (७५। ८), *'बिचरहिं महि धरि हृदय हरि सकल लोक अभिराम।'* (७५), *'नित नै होइ रामपद प्रीती।'* (७६। ३),*'सिर धरि आयसु करिय तुम्हारा।'''''* (७७।२), *'होइहि सोइ जो राम रचि राखा''''।'* (५२। ७),*'नाथबचन पुनि मेटि न जाहीं'*, इत्यादि।

(ख) *'संभुचरित'* इति। *'उमाचरित सुंदर मैं गावा। सुनहु संभु कर चरित सुहावा॥'* (१। ७५। ६) उपक्रम है, *'संभुचरित सुनि सरस सुहावा'* उपसंहार है।—यही इतनेके बीचमें *'शम्भुचरित'* है। इसके भीतर नौ रस हैं, अतः यह *'सरस'* है। सरस है, इसीसे स्वयं *'सुहावा'* अर्थात् सुन्दर है और दूसरोंको सुहाता है। *'सरस'* और *'सुहावा'* दो विशेषण दिये, इसीसे *'अति सुख'* पाना लिखा।

(ग) ☞ अच्छे वक्ताओंकी वाणी सुनकर सर्वत्र श्रोताओंको *'अति सुख'* हुआ है। यथा—

(१) *'रामकथा मुनिबर्ज बखानी। सुनी महेस परम सुखु मानी॥'* (४८। ३)

(२) *'भगति जोग सुनि अति सुख पावा। लछिमन प्रभु चरनन्हि सिरु नावा॥'* (३। १७। १)

(३) *'हरिचरित्रमानस तुम्ह गावा। सुनि मैं नाथ अमिति सुख पावा॥'* (७। ५३। ७) (उमाजी)

(४) *'नयन नीर मन अति हरषाना। श्रीरघुपति प्रताप उर आना॥'* (७। ९३। २) (गरुड़जी)

तथा यहाँ, (५) *'संभुचरित सुनि सरस सुहावा। भरद्वाज मुनि अति सुख पावा॥'*

टिप्पणी—२ *'बहु लालसा कथा पर बाढ़ी।'''''* इति। (क) सुनकर *'अति सुख'* पाया, इसीसे *'बहु लालसा'* बढ़ी कि शिवचरित्र और सुनावें। *'अति सुख पावा'*, अतएव *'नयन नीर रोमावलि ठाढ़ी।'* नेत्रोंमें जल और तनमें रोमाञ्च होना प्रेमकी दशा है, इसीसे आगे 'प्रेम' शब्द भी लिखते हैं—*'प्रेम बिबस मुख आव न बानी।'* अथवा, (ख) कथा सरस है, भरद्वाजजी रसके जानकार हैं, इसीसे कथापर बहुत लालसा बढ़ी। यथा—*'रामचरित जे सुनत अघाहीं। रस बिसेष जाना तिन्ह नाहीं॥'* (७। ५३) लालसा बढ़नेकी बात चेष्टा वा दशाके द्वारा जान पड़ी। दशा आगे लिखते हैं—*'नयन नीर''''।'* (ग) [पंजाबीजी लिखते हैं कि श्रीयाज्ञवल्क्यमुनिकी 'कथाकी रीति और अपूर्व कथासे 'अति सुख' हुआ। अथवा, कथा सरस और सुन्दर है और भरद्वाज 'सर्वरसग्राही' हैं, इसलिये 'सुहावनी' भी है]।

टिप्पणी—३ *'प्रेम बिबस मुख आव न बानी।''''* इति। (क) प्रेममें मुखसे वाणी नहीं निकलती; यथा—*'कोउ किछु कहइ न कोउ किछु पूँछा। प्रेम भरा मन निज गति छूँछा॥'* (२। २४२। ७) (बैजनाथजी लिखते हैं कि प्रियका रुख देखकर या गुण सुनकर जो प्रेम उमगता है और शरीरकी सुध नहीं रह जाती, यह प्रेमकी पहली 'उक्त दशा' है।) (ख) *'दसा देखि'* इति। मन, कर्म और वचन तीनोंकी दशा देखी। यथा—*'बहु लालसा कथा पर बाढ़ी'* यह मन, *'नयनन्हि नीरु रोमावलि ठाढ़ी।'* यह तन वा

कर्म और *'प्रेम बिबस मुख आव न बानी'* यह वचनकी दशा कही। मन, कर्म और वचन तीनोंसे भरद्वाजजीको यहाँ प्रेममें मग्न देख श्रीयाज्ञवल्क्य मुनि हर्षित हुए। (ग) *'मुनि ज्ञानी'* कहनेका भाव कि श्रीयाज्ञवल्क्यजीको यह ज्ञान अच्छी तरहसे है कि शिवविमुख श्रीरामजीको प्रिय नहीं है, शिवभक्त श्रीरामजीको प्रिय है। अथवा, ज्ञानी होते हुए भी प्रेमकी दशा देखकर प्रसन्न हुए। इससे जनाया कि श्रीयाज्ञवल्क्यजी ज्ञानी और प्रेमी दोनों हैं। प्रेम ज्ञानकी शोभा है, यथा—*'सोह न रामपेम बिनु ज्ञानू। करनधार बिनु जिमि जलजानू॥'* (२।२७७।५) वे कोरे शुष्क ज्ञानी नहीं हैं।

प० प० प्र०—हर्षित इससे कि ऐसा श्रोता बड़े भाग्यसे मिलता है। श्रीरामकृपासे ही ऐसे शिव-राम-प्रेमी श्रोतासे सत्सङ्ग करनेका लाभ वक्ताको मिलता है। भुशुण्डिजीने भी कहा है—*'आजु धन्य मैं धन्य अति जद्यपि सब बिधि हीन। निज जन जानि राम मोहि संतसमागम दीन॥'* (७। १२३) यह केवल विनय नहीं है। यह त्रिसत्य है कि भरद्वाज या गरुड़जीके समान श्रोतासे सत्सङ्ग करनेका भाग्य केवल रामकृपासे ही मिलता है।

नोट—१ श्रोताको वक्ताकी प्रशंसा करके अपनी कृतज्ञता जनानी चाहिये थी, सो यहाँ नहीं की गयी? इसका समाधान यह है कि ग्रन्थकारने इनका कृतकृत्य होना *'प्रेम बिबस मुख आव न बानी'* कहकर सत्य कर दिखाया। इसीसे आगे इनकी वाणी, इनका बोलना नहीं लिखा।

अहो धन्य तव जन्मु मुनीसा। तुम्हहि प्रान सम प्रिय गौरीसा॥ ४॥
शिव पद कमल जिन्हहिं रति नाहीं। रामहि ते सपनेहुँ न सोहाहीं॥ ५॥
बिनु छल बिश्वनाथ पद नेहू। रामभगत कर लच्छन एहू॥ ६॥

अर्थ—अहा हा! हे मुनीश! आपका जन्म धन्य है। आपको गौरीपति श्रीशिवजी प्राणोंके समान प्रिय हैं॥ ४॥ श्रीशिवजीके चरणकमलोंमें जिनका प्रेम नहीं है, वे स्वप्नमें भी (अर्थात् कभी भूलकर भी) श्रीरामजीको नहीं भाते॥ ५॥ विश्वनाथ (श्रीशिवजी) के चरणोंमें निष्कपट प्रेम होना, यही (वा, यह भी) श्रीरामभक्तका लक्षण है॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'अहो धन्य तव जन्म''''* इति। (क) याज्ञवल्क्यजी भरद्वाजजीकी प्रशंसा कर रहे हैं, इसीसे सम्बोधनमें भी *'मुनीस'* यह बड़प्पनका पद दिया। (पहले मुनि ही सम्बोधन किया था, यथा—*'सुनु मुनि मिटिहि बिषाद'*; अब प्रेममें विभोर देखकर *'मुनीस'* कहते हैं। वि० त्रि०) श्रीरामजीके शुचि सेवक होनेसे आश्चर्य हुआ, अतः *'अहो'* कहा। श्रीरामजीका शुचि सेवक होना आश्चर्य है। श्रीरामजीके शुचि सेवक होने तथा गौरीश इनको प्राणसम प्रिय होनेसे *'धन्य'* कहा।—(पंजाबीजी लिखते हैं कि भाव यह है कि 'हमने गौरीशके चरित तुमको सुनाये थे कि यदि विरक्त होंगे तो इनका मन इन चरित्रोंमें न लगेगा, प्रेम न होगा। तुम धन्य हो, तुमको ईश्वरोंकी सब क्रियाएँ प्यारी हैं। अथवा, भेद-दृष्टिवाले तत्त्वके अधिकारी नहीं हैं। दोनोंमें तुम्हारी भक्ति है, इसलिये तुम धन्य हो।) (ग) *'गौरीसा'* का भाव कि जैसे गौरी (पार्वतीजी) को ईश (शिवजी) प्रिय हैं, वैसे ही तुमको भी प्रिय हैं। (घ) श्रीभरद्वाजजीकी रामभक्ति प्रकट है, इसीसे याज्ञवल्क्यजीने संवादके आदिमें कहा था कि *'राम भगत तुम्ह मन क्रम बानी। चतुराई तुम्हारि मैं जानी॥'* (४७। ३) शिवभक्ति गुप्त है। जब शिवचरित सुनाया गया तब प्रकट हुई, उसीको देखकर प्रशंसा करते हैं।

टिप्पणी—२ *'शिव पद कमल जिन्हहिं रति नाहीं।''''''* इति।(क) तात्पर्य कि ऐसे लोग रामभक्त कहलाते भर हैं, पर भगवान्‌को प्रिय नहीं हैं; यथा—*'सिवद्रोही मम भगत कहावा। सो नर सपनेहुँ मोहि न पावा॥'* (६। २) (पं० रा० कु० का पाठ *'भावा'* है)। (ख) सगुण-रूप होनेसे *'सपनेहु'* कहा, नहीं तो ईश्वरको स्वप्न कैसा?—('स्वप्नमें भी मुहावरा है। स्वप्नसे तात्पर्य नहीं है। *'सपनेहुँ साँचहु मोहि पर जौं'* (१। १५ देखिये।) (ग) श्रीरामजीके प्रिय (भक्त)में प्रेम न हुआ तो श्रीरामजीको कैसे सुहावें?

पुनः भाव कि शिवपदमें रति नहीं है, अर्थात् उनसे विरोध करते हैं। विरोध करना इससे पाया गया कि वे रामजीको स्वप्नमें भी नहीं सुहाते। [यहाँ शिवपदकमलरतिका अभाव विवक्षित है। प्रेमका अभाव होनेपर भी शिवद्रोहका अभाव रह सकता है। अतः *'रति नाहीं'* से विरोध करनेका भाव लेना सुसंगत नहीं है। शिवद्रोही तो नरकगामी होते हैं, यथा—*'संकर प्रिय मम द्रोही सिवद्रोही मम दास। ते नर करहिं कलप भरि घोर नरक महुँ बास॥'* (६। २) शिवपदरतिहीनको श्रीरामजीकी भक्ति नहीं, यथा—*'संकर भजन बिना नर भगति न पावहिं मोरि।'* (७। ४५) (प० प० प्र०)]

टिप्पणी—३ *'बिनु छल बिस्वनाथपद नेहू।......'* इति। (क) *'बिस्वनाथ'* का भाव कि शिवजी विश्वको उत्पन्न करते हैं, विश्वका पालन करते हैं, विश्वके आत्मा हैं, यथा—*'जगदातमा महेसु पुरारी। जगत जनक सबके हितकारी॥'* (१। ६४। ५) अतएव इनके पूजनसे विश्वभरका पूजन हो गया। पुनः भाव कि इनकी प्रसन्नतापर जगत्‌की प्रसन्नता निर्भर है। (ख) विश्वनाथके चरण-सेवनसे श्रीरामजीकी भक्ति मिलती है। यथा—*'होइ अकाम जो छल तजि सेइहि। भगति मोरि तेहि संकर देइहि॥'* (६। ३। ३) (ग) छल क्या है? *'स्वारथ छल फल चारि बिहाई'* से स्पष्ट है कि स्वार्थकी चाह, अर्थ-धर्म-काम-मोक्षकी चाह भी छल है। संसारको दिखानेके लिये जो भक्ति की जाती है वह छल है। [(घ) *'रामभगत कर लच्छन एहू'* इति। भागवतोंपर प्रेम करना ही भागवतोंका मुख्य लक्षण है, यथा—**'आराधनानां सर्वेषां विष्णोराराधनं परम्। तस्मात्परतरं देवि तदीयानां समर्चनम्॥** (पाद्मे) श्रीशिवजी परम भागवत हैं; यथा—**निम्नगानां यथा गङ्गा देवानामच्युतो यथा। वैष्णवानां यथा शम्भुः पुराणानामिदं तथा॥'** (भा० १२। १३। १६) (शुकदेवलालजी)]

वि० त्रि०—असाधारण धर्मको लक्षण कहते हैं। यहाँ भरद्वाजजीकी परीक्षा ली गयी कि लक्षितमें लक्षण घटता है या नहीं। सो लक्षण घटा। अतः कथा सुननेका अधिकारी जान लिया।

अलङ्कार'—*'तुम्हहिं प्रान सम प्रिय गौरीसा'* में 'पूर्णोपमालङ्कार' है। *'शिवपद कमल जिन्हहि रति नाहीं।......'* में पहले साधारण बात कहकर कि जिनका शिवपदकमलमें प्रेम नहीं है वे श्रीरामजीको प्रिय नहीं होते, फिर उसका समर्थन विशेष सिद्धान्तसे करना कि श्रीरामभक्तका लक्षण ही यह है कि श्रीशिवजीमें प्रेम हो 'अर्थान्तरन्यास अलङ्कार' है।

शिव सम को रघुपति ब्रत धारी। बिनु अघ तजी सती असि नारी॥ ७॥
पनु करि रघुपति भगति देखाई*। को शिव सम रामहि प्रिय भाई॥ ८॥

अर्थ—श्रीशिवजीके समान श्रीरघुनाथजीकी भक्तिका व्रत धारण करनेवाला दूसरा कौन है? अर्थात् कोई नहीं (कि) जिन्होंने सती-ऐसी पतिव्रता स्त्रीको बिना अघके ही त्याग दिया॥ ७॥ और प्रण करके श्रीरघुनाथजीकी भक्तिको दिखाया है। हे भाई! श्रीरामजीको शिवजीके समान (दूसरा) कौन प्रिय है? अर्थात् कोई नहीं॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'शिव सम को......'* इति। (क) प्रथम कहा कि जिनके शिवपदकमलमें प्रीति नहीं है वे श्रीरामजीको नहीं सुहाते और उनके चरणोंमें निष्कपट प्रेम होना यह रामभक्तका लक्षण है, अब इसीका कारण लिखते हैं कि *'शिव सम को......'*। अर्थात् उनका रघुपतिव्रत पतिव्रताके व्रतके समान है।

* 'बिनु अघ तजी......' इति *

महर्षि याज्ञवल्क्य आदिके मतसे श्रीसतीजी *'बिनु अघ'* हैं, क्योंकि उन्होंने किसी पाप-बुद्धिसे सीतारूप नहीं धारण किया, परीक्षार्थ धारण किया। शिवजी रघुपतिव्रतधारी हैं। श्रीसीतारूप धारण करना उस व्रतके विरुद्ध है, उससे भक्तिका नाश है। जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा है, यथा—*'जौं अब करौं सती सन प्रीती।*

---

* 'दृढ़ाई'—रा० प०, गौड़जी, ना० प्र०। 'दिढ़ाई'—वीरकवि। देखाई—१६६१, १७०४, १७२१, १७६२, छ०, को० रा०, पंजाबीजी। प्राचीन पोथियोंमें 'देखाई' है।

मिटै भगति पथु होइ अनीती॥' (१। ५६। ८) इस कारण उनको त्याग करना पड़ा। पुनः, *'बिनु अघ'* कहनेका भाव कि पापसे तो सभी त्याग करते हैं, पाप होनेपर त्याग करनेसे कौन बड़ाई है? भक्तिकी रक्षाके लिये बिना पापके ही त्याग किया, यह शिवजीकी बड़ाई है। (पं० रामकुमारजी) याज्ञवल्क्यजी यहाँ श्रीशिवजीके रघुपति-भक्तिव्रतकी प्रशंसामें यह प्रमाण दे रहे हैं। देखिये, अपराधिनी अहल्याके त्यागसे क्या किसीने गौतमजीकी प्रशंसा की? किसीने तो नहीं। तब अपराधिनी सतीके त्यागमें श्रीशिवजीकी बड़ाई कैसे सम्भव हो सकती है?

यहाँ प्रायः सभी यह शंका करते हैं कि सतीमोह आदि प्रकरणों और आगे कैलास प्रकरणमें भी जो कहा है—*'मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना। पुनि पति बचनु मृषा करि जाना॥'* (१। ५९। १) *'कृपासिंधु सिव परम अगाधा। प्रगट न कहेउ मोर अपराधा॥'* (१। ५८। २) *'निज अघ समुझि न कछु कहि जाई। तपै अवाँ इव उर अधिकाई॥'* (१। ५८। ४) *'सिय बेषु सती जो कीन्ह तेहि अपराध संकर परिहरीं।'* (१। ९८) इत्यादि—इन प्रमाणोंके होते हुए भी *'बिनु अघ'* कैसे कहा? इससे पूर्वापर विरोध होता है। दूसरी शंका यह करते हैं कि 'यदि सतीजीका कोई अपराध न था तो शिवजीपर उनके त्यागका दोष आरोपण होता है; उनमें श्रीपार्वतीजीके कथनानुसार 'अकरुणा और मर्यादा-भंग' दोष लगेगा; क्योंकि निरपराध पतिव्रताका त्याग करना घोर अन्याय है!' —ये शंकाएँ उठाकर उनके समाधान भी महानुभावोंने किये हैं।—

१ *'अघ'* शब्दका अर्थ 'पाप, दुःख, खेद, और व्यसन' है। यथा—**'अहो दुःखव्यसनेष्वघम्'** (अमरकोश ३। ३। २७) यदि *'दुःख'* अर्थ ले लें तो शंका निवृत्त हो जाती है। अर्थ यह होगा—'सती-ऐसी प्रिय स्त्रीको भी त्याग देनेमें उनको किंचित् दुःख न हुआ, शिवजी रामभक्तिमें ऐसे पक्के हैं।' (मा० त० वि०) इस अर्थमें कोई-कोई यह शंका करते हैं कि शिवजी तो स्वयं कहते हैं कि *'तब अति सोच भयउ मन मोरें। दुखी भयउँ बियोग प्रिय तोरें॥'* (७। ५६) तब *'बिना दुःख'* कैसे माना जाय? प्रत्युत्तरमें कहा जाता है कि सतीजीमें पत्नीभावका त्याग करनेमें दुःख नहीं हुआ, जब सतीजी दक्षयज्ञमें जाकर भस्म हुईं तब शिवजी 'भक्तके विरहसे' व्याकुल हुए; यथा—*'जदपि अकाम तदपि भगवाना। भगत बिरह दुख दुखित सुजाना॥'* (१। ७५। २) देखिये। सतीजीमें आपके दो भाव हैं, एक पत्नी, दूसरा भक्त। पत्नीभावसे वियोगका दुःख नहीं हुआ। वरंच भक्तिभावसे हुआ।

२ *'बिनु अघ'* शिवजीका विशेषण मान लें अथवा *'रघुपति ब्रत'* का। अर्थात् निष्पाप (अनघ) शिवजीने सती-ऐसी स्त्रीको तज दिया। 'अथवा, शिवसमान निर्मल रघुपतिभक्तिव्रत धारण करनेवाला कौन है? *बिनु अघ*=निर्मल; यथा—*'पर अघ सुनइ सहस दस काना।'* (१। ४। ९) *'बिनु अघ रघुपति ब्रत धारी'*=पापरहित रघुपतिव्रत धारण करनेवाला। भाव यह कि लोग व्रत-नियमादि लोभवश वा स्वार्थके लिये करते हैं और शंकरजीने सतीत्यागरूपी व्रत केवल श्रीरामचन्द्रजीकी भक्तिके निमित्त धारण किया। (पं०)

३ नंगे परमहंसजी लिखते हैं कि सतीने सीताजीका रूप धारण किया, इस अपराधसे शिवजीने उनका त्याग किया, अतः सतीजी पापी नहीं हैं। पापी उनको कहते हैं जो स्वयं पापकर्म करता है और अपराधी उसको कहते हैं जो अपनी चूकसे दूसरेको नुकसान पहुँचा देता है, वैसे ही सतीजीने शिवजीको नुकसान पहुँचा दिया था कि शिवजी जिन सीताजीको माताभाव करके मानते थे, उन्हीं सीताजीका रूप सतीने बना लिया था। अब यदि शिवजी सतीजीसे संग करते हैं तो माताभावमें विरोध पड़ता है, यही शिवजीका नुकसान है। (प्रमाण)—*'जौं अब करउँ सती सन प्रीती। मिटै भगति पथ होइ अनीती॥'* इसी कसूरसे शिवजीने त्याग किया था, अतः सतीके लिये *'बिनु अघ'* की शङ्का करना वृथा है।

४ मा० त० वि० कार लिखते हैं कि—(क) 'स्त्री-त्याग किये जानेयोग्य तभी है जब व्यभिचारका पाप पाया जाय और पाप वही है जिसका प्रायश्चित्त भी हो, सो पाप सतीमें नहीं रहा तथापि श्रीशिवजी रामव्रत अभिरक्षक हैं, इसलिये सतीका त्याग किया। जिसमें दूसरोंको भी भय हो।' (ख) *'निज अघ समुझि'* और *'मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना'* इत्यादिमें जो *'अघ'* कहा गया है यह केवल सतीजीका

अनुमानमात्र है; यथा—*'सती हृदय अनुमान किय……।'* (१। ५७) और यहाँ जो *'बिनु अघ'* कहा है वह याज्ञवल्क्य-स्मृतिकारकी सम्मति है। *'तजी'* से *'पृथक् शय्या'* का तात्पर्य है। इतनेपर भी शिवजीने उनको ग्रहण नहीं किया, इस अन्तिम अवस्थाका उल्लेख यहाँ *'बिनु अघ सती'* में है। (ग) अथवा, यद्यपि सतीजीने अपनेको अघयुक्त कहा तथापि श्रीशिवजी और श्रीरामजी किसीने भी उनको अघवाली न कहकर *'परम पुनीत'* और *'अति पुनीत'* ही कहा है। सम्भवतः उन्होंने सोचा होगा कि असत्य भाषण आदि अपराध तो छोटोंसे होता ही है, ऐसे अपराधके लिये यदि स्वामी उसका त्याग करे तो निर्वाह नहीं होनेका। —जान पड़ता है कि सतीजीको अन्ततक यह नहीं मालूम हुआ कि शङ्करजीने उनका किस कारणसे त्याग किया है; वे यही समझती रही हैं कि मैं झूठ बोली, पतिका वचन असत्य माना और श्रीरामजीको मनुष्य माना, इसीसे मेरा त्याग हुआ है और इसीसे उन्होंने इन्हींका पश्चात्ताप किया है। पश्चात्ताप न होता तो वह पाप बना रहता। पश्चात्तापसे पाप धुल गया, अब वह नहीं है।

५ बैजनाथजी लिखते हैं कि बिना पाप सती-ऐसी सुन्दर पतिव्रताको त्याग करनेका भाव यह है कि यदि शिवजी उनको ग्रहण करते तो शिवजीको कोई पाप न लगता, जो सतीजीका पाप विचारिये तो व्यर्थ ही है, वे अपना फल भोगतीं, शिवजीसे क्या प्रयोजन? यदि कहो कि सम्बन्ध है तो इसका उत्तर है कि यह तो नियम शिवजीमें नहीं, क्योंकि जब राजा वीरमणिने रामाश्वमेधमें घोड़ा बाँधकर-शत्रुघ्नजीसे युद्ध किया तब शिवजीने वीरमणिका साथ दे शत्रुघ्नजीसे युद्ध किया, इत्यादि। और सतीजीने परीक्षामात्र सीता-वेष धारण किया, वेष करनेसे असलियत तो आ नहीं जाती, यथा—*'जथा अनेक बेष धरि नृत्य करै नट कोइ। सोइ सोइ भाव देखावइ आपुन होइ न सोइ॥'* (७। ७२) श्रीरामस्नेह-दृढ़ताहेतु ही शिवजीने उनका त्याग किया और किसी कारण नहीं।

(विचार कीजिये तो सतीजी निष्पाप ही ठहरेंगी जैसा ऊपर कुछ महानुभावोंका मत लिखा गया है।) एक पाप *'सीतावेष'* धारण करना कहा जाता है। इसमें सतीजी यों निर्दोष ठहरती हैं कि जीव जिस उपायसे भी भगवत्-सम्मुख हो उसे दोष नहीं कहते। सतीजीने तो प्रभुको जाननेहीके लिये परीक्षार्थ सीतारूप धारण किया था न कि किसी पाप-बुद्धिसे।—*'जानें बिनु न होइ परतीती। बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती॥ प्रीति बिना नहिं भगति दिढ़ाई। जिमि खगपति जल कै चिकनाई॥'* (७। ८९। ७-८) भुशुण्डिजीका वाक्य है कि बिना जाने विश्वास नहीं होता, बिना विश्वास प्रीति नहीं होती और बिना प्रेमके भक्ति दृढ़ नहीं होती। सतीजीने जाननेके लिये यह किया, अतः निर्दोष हैं। देखिये गोपिकावृन्दने तो काममोहित हो प्रभुमें प्रेम किया था तब भी उनको कोई दोष न लगा वरंच वे परम धन्य मानी गयीं। यथा, *'काममोहित गोपिकन्ह पर कृपा अतुलित कीन्ह। जगतपिता बिरंचि जिन्हके चरन की रज लीन्ह॥'* (विनय० २१४) और भी देखिये, नित्य ही देखनेमें आता है कि लड़के लीला-स्वरूप श्रीराम-कृष्ण-सीता-राधिका आदि बनते हैं पर वे सदाके लिये श्रीराम-कृष्ण आदि नहीं मान लिये जाते, जितनी देर वे लीलारूप धारण किये रहते हैं उतनी ही देर वह भाव उनमें माना जाता है। उनके पिता-माता-विद्यागुरु आदि उन्हीं लड़कोंको पुत्र, विद्यार्थी आदि भावोंसे दण्ड देते हैं तथापि उन माता, पिता, गुरु आदिको लोग और वेद-शास्त्र कोई भी तो दोष नहीं लगाते। इसी तरह भगवत्-सम्मुखताके लिये और वह भी पतिकी आज्ञासे—*'तौ किन जाइ परीछा लेहू॥ तब लगि बैठ अहौं बटछाहीं। जब लगि तुम्ह ऐहहु मोहिं पाहीं॥ जैसे जाइ मोह भ्रम भारी। करेहु सो जतनु बिबेकु बिचारी॥'* (१। ५२। १—३)—सतीजी, यह जाननेके लिये कि ये राम ब्रह्म ही हैं या नहीं, परीक्षार्थ गयीं और उसीके लिये कुछ क्षणोंके लिये उन्होंने सीता-वेष धारण किया। अतः उसमें कोई पाप न था और शिवजी भी यदि उनको न त्याग करते तो भी कोई उनको पाप न लगाता।

दूसरा पाप 'पतिसे झूठ बोलना' है। सतीजी परीक्षासे भयभीत हो गयी थीं, वे घबड़ायी हुई पतिके पास आयी थीं—*'सती सभीत महेस पहिं चलीं हृदय बड़ सोचु।'* (१। ५३) ……*'जाइ उतरु अब देहौं*

काहा। उर उपजा अति दारुन दाहा॥' ''''सतीं समुझि रघुबीर प्रभाऊ। भय बस सिव सन कीन्ह दुराऊ॥' (५६। १)। विद्यामायाकी प्रेरणासे जीवको मोह होता है, जैसे श्रीभुशुण्डिजी, गरुड़जी और नारदजीको हुआ, तो भी इनको कोई भी पापी नहीं कहता, फिर सतीजीने जो *'भय बस'* शिवजीसे दुराव किया तो उनका दोष क्या? यह तो मायाकी प्रेरणासे हुआ; यथा—*'बहुरि राममायहि सिरु नावा। प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा॥'* (१। ५६। ५) कोई किसीसे जबरदस्ती झूठ कहलावे तो वह झूठ पाप कैसे? फिर शिवजी स्वयं कहते हैं कि *'परम पुनीत न जाइ तजि'''''॥'* (१। ५६)। सतीजी ऐसी पतिव्रता हैं, परम पवित्र हैं। यह भाव *'सती असि नारी'* विशेषणसे भी झलकता है कि सतीत्वमें कलङ्क लगानेवाला कोई बाधक अर्थात् दोष नहीं था। इसमें यदि यह कहा जाय कि सभी जीव तो मायावश ही पाप आदि करते हैं तब तो उन सबको ही दोष नहीं लगना चाहिये तो इसका एक समाधान यह किया जाता है कि शिवजीका भाव सम्भवतः यह है कि जैसे किसी पाषाण आदिका विग्रह बने और उसकी प्रतिष्ठा होनेके पश्चात् वह विग्रह खण्डित हो जाय तो उस पाषाणको किसी अन्य काममें नहीं लाया जाकर उसे पुण्य नदियोंमें विसर्जन कर दिया जाता है; जिसका अभिप्राय यह है कि दूसरा भी उसे काममें न लावे; इसी प्रकार सतीजीके जिस शारीरिक तत्त्वमें श्रीसीताजीका आकार अर्थात् रूप प्रकट हुआ वह आकार नष्ट होने (बदलने) पर भी उस मूल शारीरिक तत्त्वको काममें लाना उचित नहीं है। क्या इतना उच्च भाव कोई धारण कर सकता है? इसीसे श्रीयाज्ञवल्क्यादिने उनकी प्रशंसा की है।

अथवा, सतीजीका दोष तो था ही जैसा सतीजीने स्वयं *'निज अघ'* आदिसे कई जगह जनाया है, परंतु **'पश्चात्तापेन शुद्ध्यति'** इस वाक्यानुसार पश्चात्तापसे उनकी शुद्धि हो गयी थी।

इन उपर्युक्त विचारोंके अनुसार सतीजीको स्मृतिकार श्रीयाज्ञवल्क्यजीने *'बिनु अघ'* निष्पाप ही निश्चय किया, दूसरा चाहे उनमें पापका आरोप भले ही करे। और, बिना अपराधके त्यागमें ही शिवजीकी भक्तिकी परमोच्च भावना और उनके चरितकी परम स्वच्छता प्रकट हो रही है।

बैजनाथजी ठीक ही लिखते हैं कि 'भागवत-धर्म' की गति बड़ी सूक्ष्म है। असली माता-पिताके दर्शन-स्पर्शसे धर्ममें बाधा नहीं होती; यथा—*'लीन्ह लाइ उर जनक जानकी।', 'बार बार मुख चुंबति माता',* इत्यादि। राजा, मित्र' श्वशुर, गुरु और इष्ट इनकी स्त्रियोंमें माताभाव मानना चाहिये; परंतु इनमें मानसी सम्बन्धकी चेष्टा दर्शाना इस भावनामें धर्मकी बड़ी ही सूक्ष्म गति है क्योंकि जिनमें माता-भाव रखा जाता है, पर जो असली माता नहीं हैं, उनके एकमात्र चरणोंका ही दर्श-स्पर्श उचित माना गया है, सर्वाङ्गका नहीं। देखिये लक्ष्मणजीने अम्बा श्रीजानकीजीके आभूषण देखकर यही कहा था कि **'नाहं जानामि केयूरे नाहं जानामि कुण्डले॥ नूपुरे त्वभिजानामि नित्यं पादाभिवन्दनात्।'** (वाल्मी० ४। ६। २२-२३) ऐसे भागवत-धर्मके भावका निर्वाह दुर्घट है, क्योंकि थोड़ेहीमें संसार दूषण लगाता है। सतसईमें कहा भी है—*'अपजस जोग कि जानकी मनि चोरी की कान्ह। तुलसी लोक रिझाइबो करसि कातिबो नान्ह॥'* धर्मको परम स्वच्छ अमल रखनेके लिये बहुत सफाईसे काम करनेकी आवश्यकता होती है। श्रीभरतजीने ऐसा ही किया तभी तो उनका निर्मल यश जगमगा रहा है।—परंतु सफाईका व्यापार जैसा भरतजी और शिवजीका हुआ वह कुछ प्रभुको रिझानेके लिये नहीं किया गया, क्योंकि प्रभु तो सर्वज्ञ हैं, अन्तर्यामी हैं, वे तो सच्चे प्रेमसे रीझते हैं, जो इनमें स्वाभाविक ही परिपूर्ण है। इन्होंने अपने धर्मकी अमलताहेतु सतसईके वाक्यानुसार *'नान्ह काता।'*

श्रीशिवजीका भक्तिभाव बड़ा ही गूढ़ और सूक्ष्म है। उनका श्रीसीताजीमें माताभाव है। वे अपने आचरणसे उपदेश दे रहे हैं कि इष्टकी परछाहींपर भी दृष्टि न डालनी चाहिये। श्रीरघुपति-स्नेहको अमल और निर्दूषित रखनेके लिये ही उन्होंने परम सती पत्नीका त्याग किया। वस्तुतः यहाँ पापका कोई प्रयोजन नहीं।

शिवजीको छोड़ भक्तिपक्षमें इतना सावधान कौन होगा कि केवल कुछ क्षणोंके लिये और वह भी परीक्षार्थ सीताजीका वेषमात्र बना लेनेसे सतीजीमें माताभाव कर लिया तथा पत्नीभाव स्थित रखनेमें

अपने भक्तिपथको दूषित और कलंकित समझा? यथा—*'जो अब करौं सती सन प्रीती। मिटै भगति पथु होइ अनीती॥'* (१। ५६। ८) धन्य! धन्य!! धन्य!!! क्यों न हो, जगत्‌के आचार्यके योग्य ही है। इसीसे तो गोस्वामीजीने उनको **'मूलं धर्मतरोः'** कहा है।

☞ उपदेश—यहाँ भक्तोंको बड़ा भारी उपदेश है। प्रथम तो यह कि भगवद्विमुखसे प्रीति न करे। दूसरे यह कि लीला-स्वरूपमें भी भगवद्भाव रखे। किसीमें प्रभुका कोई गुण देखकर उसमें वह भावना रखनेसे भक्ति दृढ़ होती है। यह बात श्रीशिवजीने अपने आचरणसे ही दिखा दी है। वर्तमान समयके महात्मा श्रीमधुसूदनाचारी (मधुप अली) चँदवारा, ग्राम-जिला बाँदाके, योगिराज बाबा मोहनदासजी फतेहपुरनिवासी और नवलवर-उपासक भक्तप्रवर श्रीरामाजी खेड़ायनिवासी, जिला सारनके चरित्र इस समय भी जीते-जागते उदाहरण हैं। इस संस्करणके समय इनमेंसे दोका साकेतवास हो चुका है। श्रीविभीषणजीकी भक्ति भक्तमालमें देखनेयोग्य है कि मनुष्यको देख उसमें श्रीरामजीका भाव ले आये कि हमारे सरकार भी नराकार ही हैं। ☞श्रीशिव-पार्वतीजीका नित्य संयोग है। भक्तोंमें श्रीरामभक्ति दृढ़ करनेके हेतु ही, यह सब लीला हुई है।

श्रीजानकीशरणजीने उपर्युक्त विचारोंका खण्डन किया है। वे लिखते हैं—'सतीजी तो' *'बिनु अघ'* किसी प्रकार कही जा ही नहीं सकतीं। क्या परपतिमें पापबुद्धि लाना ही पाप है? और पाप पाप नहीं कहा जाता? सतीजीमें एक पाप कौन कहे अनेकों पाप प्रमाणित हैं। देखिये पतिव्रताका धर्म है—पति-वचनमें विश्वास रखना……। सतीजीको *'लाग न उर उपदेस जदपि कहेउ सिव बार बहु',* जिसके लिये स्वयं शिवजी सोचते हैं—*'मोरेहु कहे न संसय जाहीं। बिधि बिपरीत भलाई नाहीं॥'* सतीसे जो कर्म हुआ, पतिके वचनको नहीं मानना, उसका फल भी शिवजीने अनुमान किया और वही हुआ भी, तो क्या बिना अघके भी दुःख होता है? पुनः, दशरथनन्दन परब्रह्म परमात्माको प्राकृत मनुष्य करके मानना, कहना और इस कथनको सुनना, इसपर शंकरजीने पार्वतीजीसे कहा था, यथा—*'तुम्ह जो कहा राम कोउ आना। जेहि श्रुति गाव धरहिं मुनि ध्याना॥ कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जे मोह पिसाच। पाखंडी हरिपद बिमुख जानहिं झूठ न साँच॥'* इत्यादि। क्या ऊपरके अपराधियोंको निष्पाप ही समझा जावे? पुनः जब सतीके अनुमानसे श्रीरामजी मनुष्य ही ज्ञात हो रहे थे तो विरही मनुष्य जिसकी पत्नी खो गयी है उस दशामें उसकी पत्नीका रूप धारण करके उसके निकट जाना क्या पतिव्रताका कर्म है? इतनेपर भी सतीको अघयुत कहनेमें सब लोग क्यों सकुचाते हैं? परीक्षा पानेपर लौटकर शिवजीके पास आनेपर सतीने शिवजीसे मिथ्या कहा, यथा—*'कछु न परीच्छा लीन्ह गोसाईं। कीन्ह प्रनाम तुम्हारिहि नाईं॥'* क्या मिथ्या बोलना अघ नहीं है? *'नहिं असत्य सम पातक पुंजा'* का क्या भाव होगा? सतीजीके मिथ्या भाषणपर शिवजीका विचारना—*'बहुरि राम मायहि सिर नावा। प्रेरि सतिहिं जेहि झूठ कहावा॥'*

'जो लड़के लीलारूप बनते हैं वह परीक्षार्थ नहीं, भ्रमवश नहीं, बल्कि प्रेमवश। सतीजीका सीतारूप बनना प्रेमवश तथा भक्तिवश माना जायगा तो ऐसी भक्ताके लिये शिवजी नहीं कहते कि *'किये प्रेम बड़ पाप।'* भगवान् कृष्णके विरहमें गोपिकाएँ कृष्णचरित्र करने लगीं, कोई कृष्ण बनी, कोई राधिका आदि, इसी भक्तिपर भगवान् प्रकट हो गये। और सती तो *'भ्रमबस बेष सीय कर लीन्हा'।* उसका फल भी देखिये *'सियबेष सती जो कीन्ह तेहि अपराध संकर परिहरी।'* और स्वरूप बननेवाले लड़कोंको माता-पिता दण्ड देते हैं, वह अन्याय करते हैं। लीलानुकरण-पद्धतिमें लिखा है कि जैसे अर्चा-विग्रहका पूजन-विधान होता है उसी प्रकार लीलारूपका भी चाहिये अर्थात् जितने वर्षतक लड़के लीलारूप बनें तबतक उनके साथ लौकिक सम्बन्ध नहीं रखना चाहिये तब प्रभु स्वयं लीलारूपमें आवेश होकर प्रकट होते हैं, नहीं तो लीला नहीं बल्कि उनकी गीला होती है।

'मायाकी प्रेरणासे जीवको मोह होता है, इसमें जीवका क्या दोष? इसका समाधान—क्या भुशुण्डि, गरुड़, नारदादि ही मायाके वश मोहित हुए? मायाके वशमें सारा संसार ही है अर्थात् सब ही लोग परवश

हैं, इस सिद्धान्तसे किसीको पाप लगना नहीं चाहिये।''कोई जबरदस्ती किसीसे झूठ कहलावे तो वह पाप कैसे?' समाधान—जिस समय यवनोंका अत्याचार भारतनिवासियोंके ऊपर हुआ था उस समय अनेकों भारतवासी हिंदुओंको यवनोंने जबरदस्ती गोमांस खिला दिया था और अपनी विधिसे मुसलमान बना दिया था, अनेकों आदरणीया भारतनिवासिनी सती स्त्रियोंके साथ बलात्कार किया था, पुनः यवनी बना दिया, क्या यह सब पाप नहीं गिना जायगा? मूलके पाठको लोगोंने बदल दिया है *'परम प्रेम नहिं जाइ तजि''*' में प्रेमकी जगहपर *'पुनीत'* कर दिया है।

'यद्यपि ऐश्वर्यमें शिव-पार्वतीजीका नित्य संयोग है, तथापि भक्तिको दृढ़ानेहेतु शिवजीने माधुर्य-लीला मर्यादा-पालनके हेतु की है। सो भी निज सिद्धान्तसे नहीं, निज इष्टदेव श्रीरामचन्द्रजीकी सम्मतिसे, यथा—*'सुमिरत राम हृदय अस आवा। यह तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं।'* यदि सती निष्पाप होतीं, तो उनके साथ प्रेम करनेमें पाप कैसा? यथा—*'किये प्रेम बड़ पाप।'* (मा० अ० दी० चक्षु)

प० प० प्र०—सतीजीने यद्यपि असत्य-भाषण और पतिसे कपट किया तथापि वह उनकी निज बुद्धिसे नहीं हुआ। यह राममायाकी प्रेरणासे हुआ—*'प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा'*। किसीको गुप्त रीतिसे मदिरा पिलानेपर वह यदि असत्य-भाषणादि पाप करे तो यह मानना कि उसने यह पाप किया महादोष है। ☞ यहाँ यह उपदेश मिलता है कि सती-सदृश पतिव्रता या नारद एवं गरुड़-समान किसी सन्तसे जब उनके स्वभावविरुद्ध कोई दोष या पाप इत्यादि हो जाता है, तब उसकी चर्चा करना दूसरोंके लिये सन्त-निन्दा करनेके समान है। दूसरोंके दोषोंके विषयमें उदासीन रहना ही हितकर है। पाप हुआ या नहीं और किसने किया इसका निर्णय करना अति दुष्कर है। *'कठिन करम गति जान बिधाता'* ऐसा समझकर भगवान्‌का स्मरण करना ही श्रेयका मार्ग है। जिससे पाप हुआ उस दोषभाजन या पापकर्ताको पश्चात्तापसे दग्ध होकर पाप-प्रक्षालनके लिये भगवच्छरणागति और भगवन्नामाश्रय ग्रहण करना आवश्यक है। वह कभी ऐसा न मान ले कि हरिमायाकी प्रेरणासे ही ऐसा हुआ, क्योंकि हरिमायाकी करनीको जानना अति अगम्य है।

टिप्पणी—२ (क) *'सती असि नारी'* इति। भाव कि सतीजी पतिव्रताशिरोमणि हैं, उनपर शिवजीका अत्यन्त प्रेम है तथा वे अत्यन्त सुन्दरी हैं; यथा—*'पतिदेवता सुतीय महुँ मातु प्रथम तव रेख। महिमा अमित न सकहिं कहि सहस सारदा सेष॥'* (१। २३५) *'सदा संभु अरधंग निवासिनि'*, *'जनमीं प्रथम दक्ष गृह जाई। नामु सती सुंदर तनु पाई॥'* (१। ९८। ३,५) वे ऐसी थीं कि उनका त्याग करना कठिन और असह्य था, यथा—*'परम पुनीत न जाइ तजि किएँ प्रेम बड़ पापु। प्रगटि न कहत महेस कछु हृदय अधिक संतापु॥'* (१। ५६) *'दुखी भयउँ बियोग प्रिय तोरें।'* (७। ५६। ५)—ऐसी उन सतीजीको भी 'रघुपतिव्रत' के रक्षणार्थ त्याग दिया।

(ख) *'पनु करि रघुपति भगति देखाई'* इति। अर्थात् सतीजीके त्यागकी प्रतिज्ञा करके रघुनाथजीके चरणोंमें जो उनका प्रेम था वह उन्होंने प्रकट कर दिया। *'देखाई'* का भाव कि शिवजीकी भक्ति गुप्त थी, दूसरेको दिखाती न थी, श्रीशिवजीने अपने कर्म (आचरण) द्वारा दिखाया कि ऐसी भक्ति करनी चाहिये, श्रीरघुपतिभक्तिका आदर्श यह है। (ग) *'को शिव सम रामहि प्रिय'*, यथा—*'कोउ नहिं सिव समान प्रिय मोरें। असि परतीति तजहु जनि भोरें॥'* (१। १३८। ६) (ये भगवान्‌के वचन हैं) (घ)—*'भाई'* सम्बोधन की रीति है। विशेष भाव पूर्व आ चुके हैं।

दो०—प्रथमहि मैं कहि शिवचरित बूझा मरमु तुम्हार।
सुचि सेवक तुम्ह राम के रहित समस्त बिकार॥ १०४॥

अर्थ—मैंने प्रथम ही श्रीशिवजीका चरित कहकर तुम्हारा भेद ले लिया। तुम श्रीरामचन्द्रजीके सम्पूर्ण दोषोंसे रहित पवित्र सेवक हो॥ १०४॥

टिप्पणी—१ 'प्रथमहि''तुम्हार' इति। इससे पाया गया कि शिवविमुखको श्रीरामचरित न सुनाना चाहिये। याज्ञवल्क्यजीने भरद्वाजजीका मर्म लेनेके लिये प्रथम शिवचरित कहा, इसीसे गोस्वामीजीने प्रथम रामभक्तका

चरित्र कहकर तब रामचरित कहा। ऐसा करके उन्होंने सबको यह दिखाया कि हमको भी गौरीश प्राणोंके समान प्रिय हैं।

नोट—१ *'सुचि सेवक""'* इति। *'सुचि'* और *'रहित समस्त विकार'* से तात्पर्य उन दोषोंसे है जो ऊपर चौ० ३—८में कहे गये हैं। अर्थात् शिवभक्ति और श्रीरामभक्तिमें भेदभाव रखना, परम भागवत श्रीशिवजीके चरित और श्रीरामचरितमें भेद-बुद्धि रखना इत्यादि विकार हैं। श्रीशिवजीके चरितमें वैसा ही प्रेम रखना जैसा श्रीरामचरितमें, यह श्रीरामसेवककी शुचिता है। श्रीशिवजीसे द्रोह करना और श्रीरामजीके सेवक बनना यह अशुचिता है। जो शिवद्रोही हैं वे श्रीरामजीके शुचि सेवक नहीं हैं। *'सुचि सेवक तुम्ह राम के""'* का भाव कि शिवजीके चरणकमलोंमें तथा उनके चरितमें तुम्हारा वैसा ही प्रेम है जैसा श्रीराम-चरण-कमल और उनके चरितमें। कैसे जाना? यह पूर्व कह आये—*'नयन नीरु रोमावलि ठाढ़ी। प्रेमबिबस मुख आव न बानी। दसा देखि हरषे मुनि ज्ञानी॥'* शिवचरित सुननेपर उनकी यह प्रेमकी दशा प्रत्यक्ष देखी। दूसरे, इससे कि उन्होंने श्रीराम-कथा विस्तारसे कहनेकी प्रार्थना की थी, यथा—*'कहहु सो कथा नाथ बिस्तारी।* (१।४७।१) और याज्ञवल्क्यजीने कहा भी—*'तात सुनहु सादर मन लाई। कहहुँ राम कै कथा सुहाई॥'* (१। ४७। ५) पर यह प्रतिज्ञा करके भी रामचरित न कहकर शिवचरित कहने लगे, तो भी वे सावधानतापूर्वक सुनते रहे, कहीं टोका भी नहीं, यह भी न कहा कि मैंने तो रामकथा पूछी और आप कहने लगे शिवचरित। इत्यादि। वरंच शंभुचरित सुनकर अत्यन्त सुखको प्राप्त हुए। ☞ उत्तम श्रोताके यही लक्षण हैं। २—पंजाबीजीका मत है कि *'सुचि'* से निष्काम और *'रहित विकार'* से निर्दम्भ सूचित किया। भाव कि जो सकाम और दम्भी होते हैं वे एकान्तमें गुरुजनोंसे प्रश्न करके उनको उत्तर देनेमें सावधान करते हैं और उनके हृदयमें गुह्य आशा यह रहती है कि ये बड़े प्रामाणिक वक्ता हैं, हमारे पास इनके रहनेसे हमारी महिमा प्रसिद्ध होगी, इत्यादि वासनाकृत विकार तुममें नहीं पाये जाते। और बैजनाथजी *'विकार'* से कामादिका ग्रहण करते हैं।

मैं जाना तुम्हार गुन सीला। कहौं सुनहु अब रघुपति लीला॥ १॥

सुनु मुनि आजु समागम तोरें। कहि न जाइ जस सुखु मन मोरें॥ २॥

शब्दार्थ—'सीला' (शील)=पवित्राचरण, सद्वृत्ति, स्वभाव। यथा—'शीलं स्वभावे सद्वृत्ते।' (अमरकोश ३। ३। २००) 'अद्रोहः सर्वभूतेषु कर्मणा मनसा गिरा। अनुग्रहश्च दानं च शीलमेतत्प्रशस्यते॥' (अमर-टीका शीलनिरूपणाध्याय), 'शुचौ तु चरिते शीलम्।' (अमरकोश १।७।२६) लीला=चरित। मनुष्यके मनोरञ्जनके लिये किये हुए ईश्वरावतारोंका अभिनय। वह व्यापार जो चित्तकी उमंगसे केवल मनोरञ्जनार्थ किया जाय। समागम=सम्मिलन, मिलनेसे, सत्सङ्गसे।

अर्थ—मैंने तुम्हारा गुण और शील जान लिया। अब मैं श्रीरघुनाथजीकी लीला कहता हूँ, सुनो॥ १॥ हे मुनि! आज तुम्हारे समागमसे जैसा कुछ सुख मेरे मनमें हुआ है वह कहा नहीं जा सकता॥ २॥

टिप्पणी—१ *'मैं जाना तुम्हार गुन सीला।""'* इति। (क) भाव कि आप समस्त विकारोंसे रहित समस्त गुणोंसे युक्त हैं, यथा—*'संत हंसगुन गहहिं पय परिहरि बारि बिकार।'* (ख) ☞ प्रथम श्रोताके सब लक्षण भरद्वाजजीमें कहकर तब कथा सुनानेको कहते हैं। श्रोताके लक्षण उत्तरकाण्ड दोहा ६९ *'श्रोता सुमति सुसील सुचि कथारसिक हरिदास। पाइ उमा अति गोप्यमपि सज्जन करहिं प्रकास॥'* में दिये हैं। ये सब लक्षण इनमें हैं (१)—*सुमति, यथा—'मैं जाना तुम्हार गुन।'* सुमति आदि गुण हैं। [*सुमति,* यथा—*'संभु चरित सुनि सरस सुहावा। भरद्वाज मुनि अति सुख पावा॥'* (वि० त्रि०)] (२) *सुशील,* यथा—*'मैं जाना तुम्हार गुन सीला।'* (३) शुचि, यथा—*'सुचि सेवक तुम्ह रामके रहित समस्त बिकार'*। (४) कथारसिक, यथा—*'बहु लालसा कथा पर बाढ़ी।'* (५) हरिदास—*'सुचि सेवक तुम्ह राम के""।'* (ग) *'कहौं सुनहु अब'* इति। *'अब'* का भाव कि हमने प्रथम रामचरित कहनेकी प्रतिज्ञा की थी, यथा—*'तात सुनहु सादर मनु लाई। कहहुँ राम कै कथा सुहाई॥'* (१। ४७। ५) पर बीचमें तुम्हारा मन लेनेके लिये शिवचरित

कहने लगा था। अब रघुपतिचरित कहता हूँ। पुनः, दूसरा अभिप्राय यह है कि तुम शिवभक्त हो, रामभक्त हो, तुम्हारे चित्तमें कुतर्क नहीं है, तुमको रघुपतिलीला अत्यन्त मधुर लगेगी। यथा—*'हरिहरपद रति मति न कुतरकी। तिन्ह कहुँ मधुर कथा रघुबर की॥'* (१। ९। ६) अतएव *'अब'* कहता हूँ, सुनो। पुनः, भाव कि उत्तम अधिकारी श्रोताके सब लक्षण तुममें परीक्षा करके देख लिये, अतः अब कहता हूँ, क्योंकि अनधिकारीसे न कहना चाहिये। [आसुरी सम्पत्तिवालोंको सुनानेसे उनका अकल्याण होता है; यथा—*'अस रघुपति लीला उरगारी। दनुज बिमोहनि जन सुखकारी॥'*; अतः कथा कहनेके पहले यह समझ लेना चाहिये कि इससे सुननेवालेकी हानि तो नहीं होगी, तब कथा कहनी चाहिये। सतीपर बड़ी विपत्ति कथाके अनादरसे आयी। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ *'सुनु मुनि आजु समागम तोरें।······'* इति। (क) *'आजु समागम तोरें'* से जनाते हैं कि यह सब शिवचरित *'जागबलिक मुनि परम बिबेकी। भरद्वाज राखे पद टेकी॥'* (१। ४५। ४) से *'संभुचरित सुनि सरस सुहावा।··दसा देखि हरषे मुनि ज्ञानी॥'* (१। १०४। ३) तक; एक ही दिनमें याज्ञवल्क्यजीने भरद्वाजजीको सुनाया था। पुनः भाव कि समागम तो पूर्व भी प्रतिदिन होता ही रहा और सुख भी मिलता रहा, परंतु आजके समागमसे बड़ा सुख हुआ। तथा—आजका-सा सुख पूर्व कभी नहीं मिला था। (ख) संतसमागमसे सुख होता ही है, यथा—*'संत मिलन सम सुख जग नाहीं।'* (७। १२१। १३) *'आजु धन्य मैं धन्य अति जद्यपि सब बिधि हीन। निज जन जानि राम मोहि संत समागम दीन॥'* (७। १२३) (ग) ☞ भरद्वाजजीका सुख प्रथम कह आये, यथा—*'संभुचरित सुनि सरस सुहावा। भरद्वाज मुनि अति सुख पावा॥'* अब इस चौपाईमें याज्ञवल्क्यजीका सुख वर्णन करते हैं—*'कहि न जाइ जस सुख मन मोरें।'* इस प्रकार अन्योन्य सुख वर्णन किया। (घ) श्रोता और वक्ता दोनोंने शिवचरितसमुद्रमें स्नान किया; यथा—*'चरितसिंधु गिरिजारमन बेद न पावहिं पारु।'* (१०३) चरित कहने-सुननेसे सुख होना *'स्नान'* करना है। यथा—*'कहत सुनत हरषहिं पुलकाहीं। ते सुकृती मन मुदित नहाहीं॥'* (१। ४१। ६) (ङ) ☞ स्मरण रहे कि सुन्दर वक्ता पाकर श्रोताको सुख होता है और सुन्दर श्रोता पाकर वक्ताको सुख होता है। यथा—

(१) शिवजी (वक्ता)—*'प्रश्न उमा कै सहज सुहाई। छल बिहीन सुनि सिव मन भाई॥'* (१। १११। ६)
'उमा प्रश्न तव सहज सुहाई। सुखद संत संमत मोहि भाई॥' (१। ११४। ६)

श्रीउमाजी (श्रोता)—*'नाथ कृपा अब गएउ बिषादा। सुखी भएउँ प्रभु चरन प्रसादा॥'* (१। १२०। ३)

(२) भुशुण्डिजी (वक्ता)—*'सुनत गरुड़ कै गिरा बिनीता। सरल सुप्रेम सुखद सुपुनीता॥ भएउ तासु मन परम उछाहा।'*(७। ६४) *'पुलक गात लोचन सजल मन हरषेउ अति काग।'* (७। ६९)

गरुड़जी (श्रोता)—*'मोह जलधि बोहित तुम्ह भए। मो कहँ नाथ बिबिध सुख दए॥'* (७। १२५)

(३) तथा—यहाँ—याज्ञवल्क्यजी—*'कहि न जाइ···।'* भरद्वाजजी—*'अति सुख पावा।'*

(ङ)—*'कहि न जाइ'* से जनाया कि अपूर्व एवं अकथनीय आनन्द मिला।

रामचरित अति अमित मुनीसा। कहि न सकहिं सतकोटि अहीसा॥ ३॥
तदपि जथा श्रुत कहौं बखानी। सुमिरि गिरापति प्रभु धनु पानी॥ ४॥

शब्दार्थ—अहीसा (अहि ईश)=सर्पराज श्रीशेषजी। जथा (यथा)=जैसा। श्रुत=सुना हुआ; ज्ञात। जथाश्रुत (यथाश्रुत) एक शब्द है। यथाश्रुत (सं०)=*'श्रुतम् अनतिक्रम्य वर्तते इति यथाश्रुतम्'* अर्थात् जो सुने हुएके बाहर नहीं। तात्पर्य कि जो या जैसा सुना हुआ है। गिरापति=वाणीके स्वामी (प्रेरक); विशेष—मं० श्लो० १ में देखिये। धनुपानी=धनुपाणि=हाथमें धनुष धारण किये हुए, यथा—*'जब उर बसहिं राम धनुपानी।'*

अर्थ—हे मुनीश्वर! रामचरित अत्यन्त अपार है। सौ करोड़ शेष (भी उसे) नहीं कह सकते॥ ३॥ तो भी वाणीके स्वामी, हाथोंमें धनुष (बाण) धारण करनेवाले प्रभु श्रीरामचन्द्रजीका स्मरण करके जैसा सुना है वैसा बखानकर कहता हूँ॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'रामचरित अति अमित······'* इति। (क) प्रथम शिवचरितको सिन्धु कह आये, अब

श्रीरामचरितकी बहुतायत कहते हैं। तात्पर्य कि भक्त और भगवान् दोनोंके चरित अनन्त हैं। अनन्तता वा अपरिमेयत्व दूसरे चरणमें दिखाते हैं कि *'कहि न सकहिं सतकोटि अहीसा'*। (ख) *'अति अमित'* कथनका तात्पर्य यह भी है कि हम इसे प्रभुके प्रसन्न होनेके लिये ही कहते हैं; कुछ समाप्तिके विचारसे नहीं कहते। यथा—*'एहि भाँति निज निज मति बिलास मुनीस हरिहि बखानहीं। प्रभु भावगाहक अति कृपाल सप्रेम सुनि सुख मानहीं॥'* (७। ९२) *'बुध बरनहिं हरिजस अस जानी। करहिं पुनीत सुफल निज बानी॥'* (१। १३। ८) *'राम अनंत अनंत गुन अमित कथा बिस्तार।'''*।' (१। ३३) *'जल सीकर महि रज गनि जाहीं। रघुपति चरित न बरनि सिराहीं॥'* (७। ५२। ४) इत्यादि *'अति अमित'* के प्रमाण हैं। [(ग) जबतक इनका मर्म नहीं जान लिया कि ये शिव-विमुख नहीं हैं तबतक 'मुनीश' सम्बोधन नहीं दिया था। यथा—*'कहौं सो मति अनुहारि अब''''सुनु मुनि मिटिहि बिषाद।'* (१। ४७) शम्भुचरितमें प्रेम देख सच्चा रामभक्त जाना तब 'मुनीश' सम्बोधन भी देने लगे। यथा—*'अहो धन्य तव जन्मु मुनीसा।'*, *'रामचरित अति अमित मुनीसा'*।] (घ)*'कहि न सकहिं सतकोटि अहीसा।'* इति। भाव यह कि जब सौ करोड़ शेष एकत्र होकर कहें तो भी कह नहीं सकते तब एक मैं मनुष्य क्या कह सकता हूँ। पुनः, शेषजीके दो हजार जिह्वाएँ हैं, उसपर भी करोड़ों शेष! और मेरे तो एक ही जीभ है तब मैं कैसे कह सकता हूँ? (ङ) शतकोटि शाखासे वेद शम्भुचरित कहते हैं पर पार नहीं पाते—*'चरित सिंधु गिरिजारमन बेद न पावहिं पार।'* यह भागवत-चरितकी अनन्तता है। शतकोटि अहीश रामचरित नहीं कह सकते, क्योंकि *'नाना भाँति राम अवतारा। रामायन सतकोटि अपारा॥'*, *'रामचरित सतकोटि अपारा। श्रुति सारदा न बरनै पारा॥'* (७। ५२। २) अपारका पार कहाँ?—यह रामचरितकी अनन्तता है।

टिप्पणी—२ *'तदपि जथा श्रुत कहौं''''''* इति। (क) ऐसा ही अन्य सभी वक्ताओंने कहा है। यह बड़े लोगोंके कथनकी रीति है। यथा—

श्रीशिवजी—*'तदपि जथाश्रुत जसि मति मोरी। कहिहौं देखि प्रीति अति तोरी॥'* (१। ११४। ५)

भुशुण्डिजी—*'राम अमित गुनसागर थाह कि पावइ कोइ। संतन्ह सन जस किछु सुनेउँ तुम्हहिं सुनाएउँ सोइ॥'* (७।९२)

तुलसीदासजी—*'मैं पुनि निज गुर सन सुनी कथा सो सूकर खेत।'* (१।३०)

[भेद केवल इतना है कि भगवान् याज्ञवल्क्य यथाश्रुत कहनेमें समर्थ हैं, यथा—*'ते श्रोता बक्ता समसीला। सबदरसी जानहिं हरिलीला॥'* और दीन घाटके वक्ता यथाश्रुत कहनेमें अपनेको असमर्थ पाते हैं। यथा—*'किमि समझौं मैं जीव जड़ कलिमल ग्रसित बिमूढ़॥ तदपि कही गुर बारहिं बारा। समुझि परी कछु मति अनुसारा॥ भाषाबद्ध करब मैं सोई।'* (वि० त्रि०)]

(ख) गोस्वामीजीने अपने गुरुजीसे सुनी। शिवजीने महर्षि अगस्त्यजीसे सुनी, यथा—*'रामकथा मुनिबर्ज बखानी। सुनी महेस परम सुख मानी॥'* (१।४८।३) भुशुण्डिजीने शिवजीसे सुनी, यथा—*'सो सिव कागभुसुंडिहि दीन्हा।'* (१। ३०। ४) और याज्ञवल्क्यजीने भुशुण्डिजीसे सुनी—*'तेहि सन जागबलिक पुनि पावा।'* (१। ३०) (ग) *'कहौं बखानी'* अर्थात् विस्तारपूर्वक कहूँगा। (घ) *'सुमिरि गिरापति''''* इति। श्रीरामचरित कहनेके लिये *'गिरापति'* का स्मरण किया, यह बात वे स्वयं आगे कहते हैं—*'जेहि पर कृपा करहिं जन जानी। कबि उर अजिर नचावहिं बानी'''॥'* कौन गिरापति? धनुपाणि अर्थात् धनुषधारी, धनुर्धर शार्ङ्गधर। कौन धनुषधारी? *'राम सूत्रधर अंतरजामी।'* कौन राम? वह जो 'प्रभु' अर्थात् राजा हैं, अथवा, *'गिरा'* को प्रेरण करने और विघ्न दूर करनेमें समर्थ हैं, धनुष-बाण लिये हुए विघ्नोंसे रक्षा करते हैं, गिराको प्रेरित करनेवाले हैं। श्रीरामजीको *'गिरापति'* कहा, यह बात आगेके *'प्रनवौं सोइ कृपाल रघुनाथा'* से स्वयं कविने स्पष्ट कर दी है।

नोट—१ पाँड़ेजी *'गिरापति प्रभु'* ऐसा मानकर अर्थ करते हैं। अर्थात् सरस्वतीके पति ब्रह्माजीके स्वामी धनुर्धर श्रीरामचन्द्रजी। गिरापति=ब्रह्माजी; यथा—*'ईस न गनेस न दिनेस न धनेस न सुरेस*

सुर गौरि गिरापति नहि जपने।' (क० ७। ७८) और प्रभु श्रीरामजी गिरापति हैं, इसके प्रमाण ये हैं—*'ब्रह्म बरदेस बागीस ब्यापक बिमल बिपुल बलवान निर्बान स्वामी।'* (वि० ५४)*'बेद बिख्यात बरदेस बामन बिरज बिमल बागीस बैकुंठस्वामी।'* (वि० ५५) *'बरद बनदाभ बागीस विश्वात्मा बिरज बैकुंठ मंदिर बिहारी॥'* (वि० ५६)—विशेष मं० श्लो० १ में 'वाणी' पर टिप्पणी देखिये। १। ११। ७ भी देखिये। रा० प्र०—कार और पंजाबीजी *'गिरापति' 'धनु पानी'* का भाव यह लिखते हैं कि आप वाणीको रसनापर स्थित कर देंगे और जो कुछ कहना उचित होगा उसे कहला देंगे, जो कहते न बनेगा उसे ठीकसे कहला लेंगे। पुनः, यशकथनमें अनेक विघ्न होते हैं, उनको भी निवारण करेंगे। इस भावकी पुष्टि *'कबि उर अजिर नचावहिं बानी'* अगली चौपाईसे होती है। (रा० प०) पुनः, *'गिरापति प्रभु'* के स्मरणका भाव कि जो कठपुतलीके नाचको यथार्थतः नेत्रसे देखना चाहे अर्थात् यह देखना चाहे कि किस प्रकार काठकी पुतली नाचती और बोलती है तो उसके स्वामी सूत्रधरका सम्मान करे, तब वह तमाशेका सार दिखलाकर तुष्ट करेगा, वैसे ही वाणीके सूत्रधर तथा स्वामी श्रीरामजी हैं, उनकी अनुकूलतासे वाणीका यथार्थ नृत्य प्रदर्शित होगा, अतएव *'गिरापति'* कहा। (मा० म०) भाव यह कि जैसे कठपुतलीका नाच देखनेका इच्छुक कठपुतलीसे न बोलकर उसके सूत्रधरका ही सम्मान करता है वैसे ही यहाँ कथा कहनेमें वाणीका स्मरण न करके उसके सूत्रधर नचानेवाले स्वामी श्रीरामजीका ही स्मरण करके कथा प्रारम्भ करते हैं; इनकी अनुकूलतासे वाणी यथार्थ रीतिसे हृदयमें नाचेगी।

वि० वि० का मत है कि 'रामसच्चिदानन्दकी तीन शक्तियाँ हैं। सत् शक्ति (महालक्ष्मी), चित् शक्ति (महासरस्वती) और आनन्द शक्ति (महाकाली)। इस भाँति रामजी गिरापति हैं।

नोट—२ रामचरितको *'अति अमित'* कहकर फिर उसीको यह कहकर प्रतिपादन करना कि यथाश्रुत कहूँगा 'निषेधाक्षेप अलङ्कार' है। यथा—*'पहिले करै निषेध जो फिर ठहरावै ताहि। कहत निषेधाक्षेप तेहि कबिजन सकल सराहि॥'* (अ० मं०)

सारद दारु नारि सम स्वामी। राम सूत्रधर अंतरजामी॥ ५॥
जेहि पर कृपा करहिं जनु जानी। कबि उर अजिर नचावहिं बानी॥ ६॥

शब्दार्थ—दारु नारि=लकड़ीकी बनी हुई स्त्री=कठपुतली। सूत्रधर=सूत्र (=सूत, तार) ☞ धार=कठपुतरीको सूत्र पकड़कर नचानेवाला। अजिर=आँगन। जनु (जन)=दास; भक्त।

अर्थ—सरस्वतीजी कठपुतलीके समान हैं। अन्तर्यामी स्वामी श्रीरामजी सूत्रधर हैं॥ ५॥ अपना जन जानकर जिस कविपर वे कृपा करते हैं उसके हृदयरूपी आँगनमें वाणीको नचाते हैं॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'सारद दारु नारि…'* इति। (क) कठपुतलीका स्वामी होता है जो उसे सूत्र धरकर नचाता है। यहाँ श्रीरामजी शारदाके स्वामी हैं, अन्तर्यामीरूपसे उसे नचाते हैं। तात्पर्य कि अन्तर्यामी श्रीरामजी शारदाके स्वामी हैं, शारदाको प्रेरित करते हैं। दाशरथि श्रीरामजी एकपत्नीव्रत श्रीसीताजीके ही स्वामी हैं, इसीसे अन्तर्यामीरूप पृथक् कहा। वाणी जड़ है, अन्तर्यामी प्रेरणा करता है तब निकलती है, इसीसे वाणीको कठपुतलीके समान कहा; यथा—*'बिषय करन सुर जीव समेता। सकल एक तें एक सचेता॥ सबकर परम प्रकासक जोई। राम अनादि अवधपति सोई॥'* (१। ११७)—('स्वामी' कहकर यह भी जनाया कि मेरे ही स्वामी सरस्वतीके नचानेवाले हैं, अतः मुझपर कृपा करके वे उसे अच्छी तरह नचावेंगे।) (ख) *'अंतरजामी'* का भाव कि कठपुतलीको नचानेवाला छिपकर बैठता है और सूत्रपर कठपुतलीको नचाता है तथा श्रीरामजी अन्तर्यामी रूपसे वाणीको नचाते हैं। ये भी छिपे बैठे हैं, अन्तर्यामी रूप देख नहीं पड़ता। *'उमा दारु जोषित की नाईं। सबहि नचावत राम गोसाईं॥'* (४।११।७) इस चौपाईमें ग्रन्थकारने श्रीरामजीका अन्तर्यामी रूपसे सबको नचाना कहा ही है! (गीतामें भी कहा है) **'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।**

भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया॥' (१८। ६१) अर्थात् शरीररूप यन्त्रमें आरूढ़ हुए सम्पूर्ण प्राणियोंको अन्तर्यामी परमेश्वर अपनी मायासे उनके कर्मोंके अनुसार भ्रमाता हुआ सब प्राणियोंके हृदयमें स्थित है। भा० १। ६। ७ में भी कहा है **'ईशस्य हि वशे लोके योषा दारुमयी यथा'** अर्थात् कठपुतलीके समान यह सम्पूर्ण लोक ईश्वरके वशीभूत है। (ग) यहाँ नचानेवाला, नाचनेवाला और नचानेका स्थान तीनों उत्कृष्ट हैं—श्रीरामजी ऐसे नचानेवाले, शारदा ऐसी कठपुतली और 'जन-उर' आँगन है।

नोट—१*'राम सूत्रधर'* इति। ऊपर *'सुमिरि गिरापति प्रभु धनुपानी'* में श्रीरामजीको *'गिरापति'* कह आये हैं, उसी अर्थको यहाँ पुनः ज्ञापकहेतुद्वारा युक्तिसे समर्थन किया है अर्थात् वाणीके सूत्रधर हैं, उसे नचाते हैं, इससे जान पड़ा कि वे उसके स्वामी हैं। अतः यहाँ काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।

नोट—२ कठपुतली तार या घोड़ेके बालके सहारे नचायी जाती है, जिसे 'सूत्र' कहते हैं। कठपुतलीको नचानेवाला 'सूत्रधर' परदेमें छिपकर बैठता है। वैसे ही सूत्रधर राम गोसाईं देख नहीं पड़ते। साधारण पुरुष केवल सरस्वतीकी क्रिया देखते हैं। सूत्र क्या है, इसमें मतभेद है।

बैजनाथजी कहते हैं कि 'अन्तर्यामीकी प्रेरणारूप सूत्र नाभिस्थान परावाणीमें लगा है'। फिर आगे चलकर वे लिखते हैं कि काव्यमें तीन कारण होते हैं—शक्ति, व्युत्पत्ति और अभ्यास। शक्ति (ईश्वरकी प्रेरणा) तो सूत्र है जिसे पकड़कर प्रभु वाणीको नचाते हैं, व्युत्पत्ति वाणीका वस्त्र और अभ्यास भूषण है। जैसे भूषण-वस्त्रसे कठपुतलीका नाच अच्छा लगता है वैसे ही व्युत्पत्ति, अभ्यास और शक्तिसे प्रकट वाणी भी भली लगती है।

मा० म० कार लिखते हैं कि 'वाणी' पाँच हैं—अतिपरा, परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी। यथा—***'क्रम ते बाणी पंच हैं लखो बैखरी माँझ। तुलसी पश्यन्ती परा परापरा पर माँझ॥'*** (रामनामकला मणिकोश) सब वाणियोंका कारण अति परा है, उसका स्थान शिखा है। वही वाणी नाभिमें आनेसे परा कहलाती है, उस वाणीका सूत्र ब्रह्म है। वही वाणी हृदय, कण्ठ और जिह्वापर आनेसे क्रमसे पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी कहलाती है। उनके सूत्र सत्त्व, रज, तम हैं, 'अति परा' के कारण श्रीरामजी हैं, अतएव उनको सूत्रधर कहा। और जानकीशरणजी अ० दी० च० में लिखते हैं कि 'वाणी चार हैं—परा वाणी हृदयमें बसती है और सर्वगुणोंसे रहित है, पश्यन्ती हृदयके शिरोभागमें रहती है और सात्त्विकगुणसंयुक्त है, मध्यमा कण्ठमें और वैखरी मुखमें विराजती हैं और क्रमशः राजस-तामसगुण युक्त हैं। तीनों सूत्रों, सत्त्व, रज, तमकी सूत्रधर बिन्दुरूपा श्रीजनकनन्दिनी हैं क्योंकि वे त्रिगुणात्मिका कही जाती हैं। परन्तु पराका सूत्र रेफ है और रेफात्मक श्रीरामचन्द्रजी हैं, इसीसे ग्रन्थकारने उनको सूत्रधर कहा।'

श्रीकरुणासिन्धुजी वाणीके चार स्थान बताते हैं—परा, पश्यन्ती आदि। आद्या शक्ति वा त्रिदेवको पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरीके सूत्रोंका और श्रीरामजीको परा वाणीके सूत्र (अन्तर्यामी ब्रह्म) का सूत्रधर बताते हैं।

श्रीगङ्गाप्रतापडींगरजी लिखते हैं कि किसी-किसीका अनुभव है कि इन वाणियोंके स्थान इस प्रकार हैं—वैखरीका जिह्वा, मध्यमाका कण्ठ, पश्यन्तीका त्रिकुटी और पराका मस्तक। विचारके पश्चात् ही वाणीका उपयोग होता है और विचारका केन्द्र मस्तक ही है तथा सब शक्तियोंका ही केन्द्र यही है। इससे परावाणीका स्थान भी यदि यही हो तो कोई आश्चर्य नहीं। इसपर 'कल्याण' के योगाङ्कमें एक लेख भी है—कुण्डलिनीके सम्बन्धमें।

उपर्युक्त महानुभावों तथा अबतकके टीकाकारोंमेंसे प्रायः किसीने भी कोई प्रमाण नहीं दिये हैं जिनके आधारपर उन्होंने वाणीके प्रकार और उनके स्थान लिखे हैं। हमने बहुत खोज करके ***'भगति हेतु बिधि भवन बिहाई। सुमिरत सारद आवत धाई॥'*** (१। ११। ४) में इस विषयपर प्रकाश डाला है। वाणी चार प्रकारकी है—परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी। मूलाधारस्थ पवनसे संस्कारीभूत शब्दब्रह्मरूप स्पन्दशून्य बिन्दुरूप मूलाधारमें स्थित वाणीको 'परा वाणी' कहते हैं। वही परा वाणी जब उस पवनके साथ नाभिकमलतक आती है और वहाँ कुछ स्पष्ट (अभिव्यक्त) होनेपर मनका विषय होती है तब

उसको 'पश्यन्ती' कहते हैं। वही वाणी जब पवनके साथ हृदयतक आती है और कुछ अधिक स्पष्ट होती है परंतु श्रोत्रके द्वारा उसका ग्रहण नहीं होता, केवल जपादिमें बुद्धिके द्वारा जाननेयोग्य होती है तब उसको मध्यमा कहते हैं। वही जब मुखतक आती है और श्रोत्रसे ग्राह्य होती है तब 'वैखरी' कही जाती है। विशेष १। ११। ४ में देखिये।

टिप्पणी—२ *'जेहि पर कृपा करहिं जनु जानी।……'* इति। (क) कठपुतलीवाला धनिक जानकर द्रव्यके लिये नचाता है, और श्रीरामजी 'जन' जानकर कृपा करके (अर्थात् जनसे कुछ चाहते नहीं) वाणीको नचाते हैं। [अथवा, कठपुतलीकां स्वामी धनके लोभसे धनवान् देखकर तब नचाता है; वैसे ही श्रीरामजी प्रेम वा भक्तिरूपी धनका धनी देखकर अपने यशके विस्तार होनेके लोभसे एवं भक्त जानकर वाणीको नचाते हैं। कठपुतलीवाला निर्धनके यहाँ नहीं नचाता, वैसे ही श्रीरामजी भक्ति-धन-रहितके हृदयमें वाणीको नहीं नचाते, क्योंकि यहाँ निज-यश विस्ताररूपी लाभ नहीं होनेका। (अ० दी० च०)] (ख) *'कृपा करहिं'* से जनाया कि कृपा डोर है, यथा—*'कृपा डोरि बंसी पद अंकुस परम प्रेम मृदु चारो।'* (वि० १०२) (ग) ☞ यहाँ *'जनु जानि'* और *'कबि उर'* दो नाम लिखते हैं। तात्पर्य कि जन और कवि दोनों हों तब उरमें नचाते हैं, केवल कवि हो जन न हो तो श्रीरामजी ऐसी वाणीको नहीं नचाते और यदि केवल जन ही है, कवि नहीं, तो भी वाणीको नहीं नचाते। पुनः, (घ) कृपा करनेमें 'जन' कहा, क्योंकि कृपा जनहीपर होती है और वाणीको नचानेमें 'कवि' शब्द देनेका तात्पर्य कि जिसके उरमें वाणी नाचे वही कवि है और जिसपर कृपा हो वही जन है। (ङ) वहाँ कठपुतलीका नाच देखकर लोग सुखी होते हैं, यहाँ श्रीरामजीके कृपापात्र-कविकी वाणीका विलास देखकर बड़े-बड़े विद्वान् प्रसन्न होते हैं। श्रीरामजी ऐसे निपुण नचानेवाले हैं तब वाणीकी शोभा क्योंकर न हो? (च) कविके उरको *'अजिर'* कहा, क्योंकि पुतली नचानेवाला प्रायः मैदानमें नचाता है। इस प्रकार यहाँ *'सारद दारु नारि……बानी'* में साङ्गरूपक है।

श्रीलमगोड़ाजी—*'सारद दारु नारि……। राम सूत्रधर……।……कबि उर……'* इति। कविवर टैगोरका भी यही मत है कि वस्तुतः कवि केवल एक बाँसुरी है, आवाज जो उसमेंसे निकलती है किसी औरहीकी। पूज्य आचार्य श्रीमहावीरप्रसाद द्विवेदीने मुझसे एक बार पूछा था कि क्या तुलसीदासजीने यह सब सोचकर लिखा था जो तुम लोग खोज-खोजकर उनके शब्दोंसे निकालते हो? मैंने कविवर टैगोरके मतके आधारपर उत्तर दिया कि—वास्तविक कविके वाक्य स्वयं सरस्वतीके वाक्य होते हैं, जिनमें सदा नवीनता रहती है—जिस तरह सूर्य एक प्रकृतिका चमत्कार है, वह नहीं सोचता कि कोई उसकी किरणोंसे रंगोंका विज्ञान निकाल रहा होगा; कोई चिकित्सक सूर्यस्नानकी विधि बताता होगा, इत्यादि-इत्यादि। इसी तरह कवि सोचकर नहीं लिखता। उसका शब्दप्रवाह सुरसरिधारकी तरह स्वाभाविक होता है। भाष्यकार, टीका लिखनेवाले और समालोचक अनेक-अनेक गुण ढूँढ़ निकालते हैं। इसीलिये मिलटनने भी कहा है कि काव्य लिखनेसे पहले कविको अपना जीवन ही काव्य बनाना चाहिये; तब तो सरस्वतीका प्रवाह उसके शब्दोंद्वारा निकलेगा परन्तु सौभाग्य यह है कि तुलसीदासजी बहुत अधिक मात्रामें जान-बूझकर लिखनेवाले कवि (Conscious poet) थे; यह बात स्पष्ट हो जायगी यदि आप इस बातपर विचार करें कि हर विचारणीय घटना या वक्तृताके पहले या पीछे वे स्वयं जो आलोचना करते हैं उससे अच्छी आलोचना करना कठिन है।

प्रश्न—*'सुमिरत सारद आवत धाई।'* (१। ११। ४) *'सारद बोलि बिनय सुर करहीं।'* (२।११।८) *'अस कहि सारद गइ बिधि लोका।'* (२। २९५) *'देखि मनोहर चारिउ जोरी। सारद उपमा सकल ढँढोरी॥'* आदि स्थलोंपर शारदाको चैतन्य कहा गया है, तब यहाँ जड़ कठपुतलीकी उपमा क्यों दी गयी? (वे० भू०)

उत्तर—ईश्वरका ज्ञान सदा एकरस रहता है, कभी संकुचित नहीं होता और एकपादविभूत्यन्तर्गत

जीव भगवान्‌की मायाके अधीन हैं। अतः जीवका ज्ञान एकरस नहीं रहता, संकुचित-विकसित होता रहता है; यथा—*'ज्ञान अखण्ड एक सीताबर। माया बस्य जीव सचराचर॥', 'माया बस्य जीव अभिमानी', 'उपजइ बिनसइ ज्ञान जिमि पाइ सुसंग कुसंग'* इत्यादि। सब जीवोंके समान शारदा भी एक जीव विशेष ही है। जड़ चैतन्य सभी ईश्वराधीन हैं। सबका व्यापार भगवत्प्रेरणासे ही चलता है, स्वतन्त्र नहीं। इसीसे अर्थात् केवल भगवत्पारतन्त्र्यत्वके ही लक्ष्यसे शारदा एवं सबको कठपुतलीसे उपमा दी गयी है, कुछ जडत्वभावसे नहीं; क्योंकि यदि जडत्वभावसे कठपुतलीकी उपमा शारदाकी दी जाती तो यह कठपुतलीकी उपमा शिवजी सम्पूर्ण चराचरमात्रके लिये न दे डालते। यथा—*'उमा दारु जोषित की नाईं। सबहिं नचावत राम गोसाईं॥'* श्रीमद्भागवतमें भी चराचरमात्रके लिये भगवत्पारतन्त्र्यत्वके ही कारण 'योषा दारुमयी यथा' कहा गया है। (वे० भू०)

नोट—३ विनायकी टीकाकारने *'सारद दारु नारि'* की व्याख्यामें एक भजन उद्धृत किया है—*'धनि कारीगर करतारको पुतलीका खेल बनाया। बिना हुक्म नहि हाथ उठावे बैठी रहे नहिं पार बसावे॥ हुक्म होइ तो नाच नचावै जब आप हिलावे तार को। जिसने यह जगत रचाया॥ १॥ जगदीश्वर तो कारीगर है पाँचों तत्त्वकी पुतली नर है। नाचे कूदे नहि वजर है पुतलीघर संसारको। बिन ज्ञान नजर नहि आया॥ २॥ उसके हाथमें सबकी डोरी कभी नचावे काली गोरी। किसीकी नहि चलती बरजोरी तज दे झूठ बिचारको। नहिं पार किसीने पाया॥ ३॥ परलयमें हो बंद तमासा फेर दुबारा रच दे खासा। 'छज्जूराम' को हरिकी आसा है धन्यवाद हुशियारको। आपेमें आप समाया॥'* ४॥

प्रनवौं सोइ कृपाल रघुनाथा। बरनौं बिसद तासु गुन गाथा॥ ७॥

अर्थ—उन्हीं कृपाल रघुनाथजीको मैं प्रणाम करता हूँ और उन्हीं (कृपालु) के निर्मल गुणोंकी कथाका वर्णन करता हूँ॥ ७॥

टिप्पणी—१ (क) *'सोइ कृपाल'* अर्थात् वाणीके प्रेरक जो कृपा करके *'कबि उर अजिर नचावहिं बानी'* उनको। कृपाल अर्थात् कृपा करनेवाले कहा क्योंकि ऊपर कह आये हैं कि *'जेहि पर कृपा करहिं""।'* (ख) *'कृपाल रघुनाथा'* इति। पूर्व *'राम अंतरजामी'* कहा था और यहाँ *'कृपाल रघुनाथा'* कहा, इसमें भाव यह है कि वह जनपर कृपा करनेवाले अन्तर्यामी कृपा करके रघुनाथ हुए हैं, अर्थात् निर्गुण (अव्यक्त) से सगुण हुए हैं। सगुण होनेमें कृपा मुख्य है—'मुख्यं तस्य हि कारुण्यम्'; इसीसे *'कृपाल'* विशेषण दिया। पुनः *'कृपाल'* का भाव कि मैं रघुनाथजीको प्रणाम करता हूँ, वे मुझे अपना जन जानकर मेरे हृदयमें वाणीको नचावें जिससे मैं उनके गुण वर्णन करूँ। (ग) *'बिसद तासु गुन गाथा'* इति। विशद कहनेका भाव कि जैसे भगवान्‌के गुण विशद हैं, वैसे ही मेरी वाणी विशद हो जाय। यथा—*'करहु अनुग्रह अस जिय जानी। बिमल जसहिं अनुहरइ सुबानी॥'* (१। १४। १३) (घ) ☞ स्मरण रहे कि अन्य सब वक्ताओंने भी श्रीरामजीको प्रणाम करके ही कथा प्रारम्भ की है—

तुलसीदासजी—*'अब रघुपति पद पंकरुह हिय धरि पाइ प्रसाद। कहउँ जुगल मुनिवर्य""॥'* (१। ४३)

'सुमिरि सो नाम राम गुनगाथा। करौं नाइ रघुनाथहि माथा॥' (१। २८। २)

शिवजी—*'करि प्रनाम रामहिं त्रिपुरारी। हरषि सुधासम गिरा उचारी॥'* (१। ११२। ५)

भुशुण्डिजी—*'तरहिं न बिनु सेये मम स्वामी। राम नमामि नमामि नमामी॥'* (७। १२४। ७) यह अन्तका मङ्गलाचरण है। इसीसे सूचित हुआ कि आदिमें श्रीरामजीको प्रणाम करके भुशुण्डिजीने कथा आरम्भ की है।

टिप्पणी—२ ☞ इस प्रसङ्गमें यहाँ निर्गुण और सगुण दोनों रूप कहे हैं, इसीसे स्मरण और प्रणाम दो बातें पृथक्-पृथक् लिखीं। निर्गुणके लिये *'सुमिरि'* क्रिया और सगुणके लिये *'प्रनवौं'* कहा है—*'सुमिरि गिरापति""। राम सूत्रधर अंतरजामी', 'प्रनवौं' सोइ कृपाल रघुनाथा'*।

☞ यहाँतक उमा-शम्भु-संवादका हेतु कहा। आगे उमा-शम्भु-संवाद कहते हैं।

कैलास-प्रकरण (तदन्तर्गत)

उमा-शम्भु-संवाद एवं शिव-गीता

परम रम्य गिरिबर कैलासू। सदा जहाँ शिव उमा निवासू॥ ८॥

दो०—सिद्ध तपोधन जोगिजन सुर किन्नर मुनिबृंद।
बसहिं तहाँ सुकृती सकल सेवहिं शिव सुखकंद॥ १०५॥

शब्दार्थ—रम्य=सुन्दर; जो देखी हुई होनेपर भी अनदेखी-सी जान पड़े; रमणीया। तपोधन=तपस्वी; तप ही जिसका धन है; जो तपके सिवा और कुछ नहीं करता। =तपस्यापूर्ण—(वै०) सुखकंद=आनन्दकन्द, आनन्दघन। कन्द=मूल।=मेघ, घन, बादल; यथा—*'यज्ञोपवीत बिचित्र हेममय मुक्तामाल उरसि मोहि भाई। कंद तड़ित बिच ज्यों सुरपति धनु निकट बलाक पाँति चलि आई॥'* (गीतावली)

अर्थ—कैलास पर्वतोंमें श्रेष्ठ और अत्यन्त रमणीय है, जहाँ श्रीशिव-पार्वतीजीका निवास रहता है॥ ८॥ सिद्ध, तपस्वी, योगीलोग, देवता, किन्नर और मुनियोंके समूह वहाँ बसते हैं और ये सब पुण्यात्मा आनन्दकन्द शिवजीकी सेवा करते हैं॥ १०५॥

टिप्पणी—१ (क) *'परम रम्य'* का भाव कि इसकी रमणीयता देखकर ही श्रीशिवज़ी सदा कैलासपर ही उमासहित रहते हैं, तथा इसमें सदा सुख पाते हैं। [मिलान कीजिये—*'परम रम्य आरामु येह जो रामहि सुख देत॥'* (१। २२७) से। (जैसे पुष्पवाटिकामें) श्रीरामजीको सुख देनेसे श्रीजनकमहाराजके बागको *'परम रम्य'* कहा है। भाव कि श्रीरामजी स्वयं सुखस्वरूप आनन्दघन हैं, उनको भी इसने आनन्द दिया, इसलिये बागको *'परम रम्य'* कहा; वैसे ही यहाँ 'सुखकन्द शिवजी' को कैलाससे सुख होता है इससे कैलासको *'परम रम्य'* कहा गया।] पुनः *'परम'* का भाव कि अन्य सब स्थानोंसे कैलासकी शोभा अधिक है। (*'परम'* अतिशयका बोधक है। यह शब्द और भी स्थानोंके साथ आया है—*'परम रम्य मुनिबर मन भावन।'* (१। ४४। ६), *'परम रम्य आरामु येह……'*, इत्यादि।) (ख)*'गिरिबर'* से जनाया कि सब पर्वतोंसे यह अधिक श्रेष्ठ है। (ग)*'सदा जहाँ शिव उमा निवासू'* से सूचित किया कि शिव-उमाके निवाससे पर्वतकी बड़ाई हुई है, जैसे श्रीसीतारामजीके चित्रकूट-निवाससे विन्ध्याचलने बड़ाई पायी। यथा—*'बिंधि मुदित मन सुखु न समाई। श्रम बिनु बिपुल बड़ाई पाई॥'* (२।१३८।८) उमासहित यहाँ निवास कहनेका भाव कि यह श्रीशिवजीका विहारस्थल है। एक रूपसे श्रीउमामहेश्वरजी यहाँ सदा विहार करते हैं। [पुनः भाव कि हिमालयपर और भी पर्वतशिखर हैं जो रमणीय हैं, परन्तु यह अत्यन्त रमणीय है; इसीसे उमासहित शिवजी यहाँ सदा रहते हैं। इस प्रकार यहाँ स्थानी और स्थान दोनोंकी श्रेष्ठता दिखायी। (पुनः *'सदा'* का भाव कि काशीमें भी वे रहते हैं, यथा—*'जहँ बस संभु भवानि सो कासी सेइअ कस न।'* परन्तु राजा दिवोदासके समयमें शिवजीके काशी छोड़नेकी कथा सुनी जाती है। कैलासमें सदा निवास रहता है। वि० त्रि०) (घ) यहाँ उमा-शम्भु-संवादका स्थान दिखाया। ☞ इसी तरह अन्य तीनों वक्ताओंकी कथा अथवा संवादोंके स्थान ग्रन्थकारने कहे हैं। यथा—

(१) *'नौमी भौमवार मधु मासा। अवधपुरी यह चरित प्रकासा॥'* (१। ३४। ५) (तुलसीदासजी)

(२) *'भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा।'* (१। ४४)*'……जागबलिक मुनि परम बिबेकी।……'* (याज्ञवल्क्यजी)

(३) *'उत्तरदिसि सुंदर गिरि नीला। तहँ रह काकभुसुंडि सुसीला॥'* (७। ६२। २)*'……गएउ गरुड़……'* (भुशुण्डिजी)।

प० प० प्र०—१ चारों संवादोंके स्थानोंके वर्णनसे यह सूचित किया है कि परम रम्य, परम पावन, अति विचित्र और गूढ़ रघुपतिकथाके लिये स्थान भी परम रमणीय, परम पावन, सन्त-मुनि और सुकृती पुरुषोंका निवासवाला होना चाहिये। वहाँ शान्ति और एकान्त भी चाहिये।

२—*'जहँ शिव उमा निवासू'* इति। विवाहके पूर्व शिव-उमा थे। विवाह करके कैलासपर पहुँचनेपर शम्भु-भवानी बने, यथा—*'जबहिं संभु कैलासहि आए।'''''जगत मातु पितु संभु भवानी।'* (१०३। ३-४) शृङ्गार विहार समय *'हर गिरिजा'* और गिरिजारमण बने, यथा—*'हरगिरिजा बिहार नित नयऊ', 'चरितसिंधु गिरिजारमन''''''।'* (१०३) पुत्रमुखदर्शनसे गृहस्थ कर्तव्यमुक्त होनेपर जब रामभक्तिपथका अवलम्बन किया तब फिर शिव-उमा हो गये। केवल भावार्थ भेदवाले शब्दोंके प्रयोगसे विशेष कुछ भी न कहकर गूढ़ भावना, परिस्थिति, कर्तव्यपालन इत्यादिका दिग्दर्शन सुचारुरूपसे करनेकी यह *'मानसकवि तुलसी'* की काव्यकला समग्र मानसमें अथ-से-इतितक भरी पड़ी है!

टिप्पणी—२ *'सिद्ध तपोधन''''''* इति। (क) *'बृंद'* शब्द सिद्ध आदिके अन्तमें देकर सबके साथ सूचित किया अर्थात् सिद्धोंके वृन्द, तपोधनवृन्द इत्यादि। (व्याकरणमें यह नियम है कि द्वन्द्वसमासके अन्तमें जो पद होता है वह उस समासके प्रत्येक शब्दके साथ भी लगता है। यथा—'**द्वन्द्वान्ते श्रूयमाणं पदं प्रत्येकमपि सम्बद्ध्यते।**') सिद्ध भी देवताओंकी एक जाति है तथा जो योगद्वारा सिद्धियोंको प्राप्त हो चुके हैं, जिनका साधनकाल समाप्त हो गया और जो सिद्ध हो गये। योगी—१। २२। १; किन्नर—१। ६१। १ में देखिये। (ख) *'मुनि'* वे मुनिसमुदाय भी हैं जो स्वारोचिष मन्वन्तरमें कश्यपजीके स्त्री मुनिसे उत्पन्न हुए। अरिष्टासे जो उत्पन्न हुए वे किन्नर और गन्धर्व कहलाये। (प० पु० सृष्टिखण्ड) *'बसहिं तहाँ सुकृती'* का भाव कि सुकृतोंसे कैलासमें वास होता है। तहाँ अर्थात् जहाँ *'सदा शिव उमा निवासू'* है। *'बसहिं तहाँ'* कहनेका भाव कि उमा-शिव-निवास वहाँ सदा रहता है, इसीसे सुकृती वहाँ बसते हैं। यदि वहाँ शिव-उमा-निवास सदा नहीं होता तो न बसते। *'सुकृती'* का भाव कि उन्हें कैलास सुकृतसे मिला है, इसीसे वहाँ बसते हैं, कहीं अन्यत्रसे आकर शिव-सेवा नहीं करते। सुकृतसे कैलास मिला और सुकृतसे ही शिव-सेवा मिली। *'बृंद'* शब्द सकलका सम्बन्धी है। (ग) *'बसहिं'* और *'सेवहिं सुखकंद'* कहनेका तात्पर्य है कि सुकृतका फल सुख है, यथा—*'सब दुख बरजित प्रजा सुखारी। धरमशील सुंदर नर नारी॥'* (१। १५५। २), *'भुवन चारिदस भूधर भारी। सुकृत मेघ बरषहिं* सुख बारी॥' (२। १। २), *'बरनाश्रम निज निज धरम निरत बेदपथ लोग। चलहिं सदा पावहिं सुखहिं नहिं भय* सोक न रोग॥' (७। २०)—ये कैलासके वाससे सुख नहीं मानते। शिवजी सुखके कन्द हैं, उनकी सेवा करते हैं। अर्थात् शिवसेवासे ही सुख मानते हैं। (घ) *'सेवहिं'* का भाव कि सेवाके लिये ही बसते हैं और शिवजी सेवक-सुकृतियोंका पालन करते हैं। सेवक शालि हैं, यथा—*'सेवक सालि पाल जलधर से', 'बरषारितु रघुपति भगति तुलसी सालि सुदास।'* (ङ) *'सुखकंद'* अर्थात् सुखरूपी जलकी वर्षा करनेवाले मेघ हैं। 'कं' (जलं) ददातीति कंदः।—*'सुकृत मेघ बरषहिं सुख बारी।'* (२। १। २) [कन्दका अर्थ मूल भी है। 'मूल' अर्थमें भाव यह होगा कि शिवजी सुखरूपी वृक्षकी जड़ हैं। जैसे मूलकी रक्षाके बिना वृक्ष नहीं रह सकता, वैसे ही शिव-सेवा बिना सुख रह नहीं सकता; यथा—*'जिमि सुख लहइ न संकर* द्रोही।' (४। १७। ५) *'कंद'* का अर्थ मेघ करते हुए पाण्डेजी कहते हैं कि *'सेवहिं सुखकंद'* का भाव यह है कि हमपर भी कभी श्रीराम यशजलकी वर्षा कर देंगे,—*'बरषहिं राम सुजस बर बारी'*]।

नोट—मिलान कीजिये भा० ४। ६। ९ '**जन्मौषधितपोमन्त्रयोगसिद्धैर्नरेतरैः। जुष्टं किन्नरगन्धर्वैरप्सरोभिर्वृतं सदा॥**' यहाँसे लेकर श्लोक २२ तक कैलासका बहुत सुन्दर वर्णन है। वह सब भाव गोस्वामीजीने *'परम रम्य'* विशेषणसे जना दिये हैं। *'सिद्ध तपोधन'* आदिसे कैलासकी पवित्रता दिखायी। वाल्मीकीयमें भी सिद्ध तपोधन मुनियोंके निवासका प्रमाण मिलता है। अहल्याको शाप देनेके पश्चात् परम तपस्वी गौतमजी हिमालयके उस शिखरपर तपस्या करने लगे जहाँ सिद्ध और चारण निवास करते हैं। यथा—'**इममाश्रममुत्सृज्य सिद्धचारणसेविते। हिमवच्छिखरे रम्ये तपस्तेपे महातपाः॥**' (वाल्मी० १। ४८। ३३)

हरि हर बिमुख धर्म रति नाहीं। ते नर तहँ सपनेहुँ नहिं जाहीं॥ १॥

तेहि गिरि पर बट बिटप बिसाला। नित नूतन सुंदर सब काला॥ २॥

शब्दार्थ—**बिमुख**=उदासीन, विरुद्ध, प्रतिकूल, जिसकी प्रीति नहीं है। **बिटप**=वृक्ष, पेड़। **नित नूतन**=नित्य नया, सदा हराभरा। **बिसाला** (विशाल)=बड़ा भारी।

अर्थ—जो हरि-हर-विमुख हैं, जिनकी धर्ममें प्रीति नहीं है, वे मनुष्य वहाँ स्वप्नमें भी नहीं जाते॥ १॥ उस पर्वतपर एक विशाल बरगदका वृक्ष है जो सब कालोंमें सदा हराभरा नित्य नया और सुन्दर बना रहता है॥ २॥

टिप्पणी—१ *'हरि हर बिमुख······'* इति। (क) दोहेमें कैलासके अधिकारी कहे—*'सिद्ध तपोधन जोगिजन····'* इत्यादि। अब अनधिकारी कहते हैं।—*'हरि हर बिमुख'*। इस तरह यहाँतक तीन कोटि (तरह) के लोग गिनाये। एक तो वे जो 'सदा' निवास करते हैं—*'सदा जहाँ शिव उमा निवासू।'* दूसरे, सिद्ध, तपस्वी, योगी इत्यादि सुकृती लोगोंका निवास कहा; इनका वहाँ 'सदा' निवास नहीं है, क्योंकि इनको सुकृतसे कैलासवास प्राप्त हुआ है; जितना सुकृत है उतने ही दिनका वास है, **'क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति।'** (गीता ९। २१) इसीसे सुकृती लोगोंके निवासमें 'सदा' पद नहीं दिया गया। तीसरी कोटिमें वे लोग गिनाये जिनका वहाँ जाना ही नहीं होता। वे हैं *'हरि हर बिमुख····'*। (ख) यहाँ प्रथम 'हरि' को कहनेका भाव यह है कि जैसे शिवविमुख श्रीरामजीको नहीं भाते; यथा—*'शिव पद कमल जिन्हहिं रति नाहीं। रामहि ते सपनेहुँ न सोहाहीं॥'* (१। १०४) वैसे ही *'हरि बिमुख'* शिवजीको नहीं सुहाते, शिवजी उन्हें अपने कैलासमें निवास नहीं देते। ☞इसी वचनके अनुकूल कैलासवासियोंका भी उल्लेख किया गया है।—*'सेवहिं शिव सुखकंद'* कहकर जनाया कि ये लोग हरि-हर-विमुख नहीं हैं; *'बसहिं तहाँ सुकृती सकल'* से सूचित किया कि ये सब धर्मरत हैं। पुनः, (ग) दोहेमें जाग्रत्-अवस्थाके निवासी कहे गये और अब स्वप्नावस्थाका हाल कहते हैं कि जो हरि-हर-विमुख हैं वे वहाँ स्वप्नमें भी नहीं जाते तब वहाँ 'वास' की कौन कहे। जाग्रदवस्थामें जो व्यवहार होता है, वही स्वप्नावस्थामें होता है, सुषुप्तिमें कुछ नहीं होता और पुण्यपापके फलका भोग भी जाग्रत् और स्वप्नावस्थामें ही होता है। इसीसे जाग्रत् और स्वप्न दो ही अवस्थाएँ लिखीं। पुनः, (घ) *'हरि हर बिमुख'* से उपासनाहीन, *'धर्म रति नाहीं'* से कर्महीन, इस तरह दो कोटिके लोग गिनाये। इससे जनाया कि उपासक और धर्मात्मा वहाँ बसते हैं। ज्ञानीका नाम यहाँ नहीं दिया गया क्योंकि ज्ञानियोंको कैवल्य मोक्ष प्राप्त होता है अथवा ज्ञानाभिमानके कारण वे वहाँसे च्युत हुए हैं। यथा—*'जे ज्ञान मान बिमत्त तव भवहरनि भक्ति न आदरी। ते पाइ सुर दुर्लभ पदादपि परत हम देखत हरी॥'* (७। १३) [पुनः *'धर्म रति नाहीं'* का भाव कि धर्मपर चलनेवालोंको दुःख नहीं होता किन्तु सुखकी प्राप्ति होती है, यथा—*'सब दुख बरजित प्रजा सुखारी। धरमसील सुंदर नर नारी॥'* (१। ११५) *'बरनाश्रम निज निज धरम निरत बेद पथ लोग। चलहिं सदा पावहिं सुखहि······॥'* (७। २०) धर्ममें प्रीति न होनेसे सुखभोगसे वञ्चित रहकर दुःख भोगते हैं। *'सुख चाहहिं मूढ़ न धर्मरता।'* (७। १०२) सुखका साधन धर्म है, अतः धर्मसे विमुख रहनेसे सुख कब हो सकता है? शंकरजी धर्मके मूल हैं, यथा—**'मूलं धर्मतरोः'** (अ० मं०) (प्र० सं०)]

वि० त्रि०—*'ते नर तहँ सपनेहुँ नहिं जाहीं'* इति। भाव कि ऐसोंमेंसे कोई कैलास जानेका स्वप्न भी नहीं देखता। यह बात स्पष्ट ही है। आसुरी प्रवृत्तिके लोगोंको वहाँ जानेमें अधिक सुविधा है, क्योंकि वे मद्यमांसादिके प्रयोगसे उस भयानक शीतका सामना कर सकते हैं। पर उनका जाना न जानेके बराबर है। यही ठीक है कि वे नहीं जाते, क्योंकि उन्हें वहाँ सिवा हिम और पाषाणके कुछ दिखायी ही नहीं पड़ता। दिव्य प्रदेशके दर्शनके लिये दिव्य दृष्टिकी आवश्यकता होती है। बिना सूर्यमें संयमद्वारा दृष्टि प्राप्त किये कैलासके दिव्यांशका, जिसका यहाँ वर्णन है, दर्शन नहीं प्राप्त हो सकता।

टिप्पणी—२ *'तेहि गिरि पर बट····'* इति। (क) ☞*'परम रम्य गिरिबर कैलासू'* से *'तेहि गिरि पर····'* तक गिरिका वर्णन किया। (ख) *'बट बिटप बिसाला'* इति। *'बिसाला'* अर्थात् हजार योजन लम्बा-चौड़ा है। [वटवृक्ष बहुत बड़े-बड़े आज दिन भी भरतवर्षमें पाये जाते हैं। नर्मदातटपर एक वटवृक्ष इतना

विशाल है कि उसके नीचे महाराजा अपनी छः-छः, सात-सात हजार मनुष्योंकी सेना साथ लिये महीनों विहार किया करते थे। इसके पत्ते इतने सघन हैं कि वे ही शामियानेका काम देते हैं, वर्षाकी बूँदों और सूर्यकी किरणोंका वहाँ गम-गुजर नहीं। इसकी छाया गर्मीमें सुन्दर शीतल और जाड़ेमें गर्म रहती हैं।—तब फिर कैलासस्थ वटकी विशालताका कहना ही क्या? वह तो अनादिकालीन है। इसी प्रकारका भगवान् विष्णुका अक्षयवट है जो प्रलयमें भी बना रहता है। (भा० ४।६।३२) में भगवान् शङ्करके वटवृक्षका वर्णन इस प्रकार है—**'स योजनशतोत्सेधः पादोनविटपायतः। पर्यक्कृताचलच्छायो निर्नीडस्तापवर्जितः॥'** अर्थात् वह वृक्ष सौ योजन ऊँचा और पचहत्तर-पचहत्तर योजन लम्बी शाखाओंसे फैला हुआ था। उसके चारों ओर निश्चल छाया थी। उसमें कोई घोसला भी नहीं था और उसके नीचे रहनेवालोंको धूपका कष्ट नहीं होता था।] गिरिकी शोभा कहकर अब गिरिके ऊपर स्थित वटकी शोभा कहते हैं। (ग) *'नित नूतन सुंदर सब काला'* इति। अर्थात् उसके पत्ते कभी नहीं झड़ते, सदा हरे-भरे कोमल बने रहते हैं। *'सब काला'* अर्थात् वर्षा, हिम, ग्रीष्म सभी ऋतुओंमें तथा भूत, भविष्य, वर्तमान तीनों कालोंमें, दिन-रात-संध्या सभी समय सुन्दर रहता है; तात्पर्य कि उस वटवृक्षको कालके धर्म नहीं व्यापते। [साधारण वटके विषयमें किसी कविने कहा है-**'कूपोदकं वटच्छाया श्यामा स्त्री चेष्टिकागृहम्। शीतकाले भवेदुष्णमुष्णकाले च शीतलम्॥'** और यह तो शिवविश्रामविटप है तब यह सब ऋतुओंमें नित-नूतन सुन्दर हो तो आश्चर्य क्या? *'नित नूतन ''' काला'* कहकर इसे माया—आवरण और प्राकृत विकारोंसे रहित तथा दिव्य जनाया।]

त्रिबिध समीर सुसीतलि छाया। शिव बिश्राम बिटप श्रुति गाया॥ ३॥

एक बार तेहि तर प्रभु गएऊ। तरु बिलोकि उर अति सुखु भएऊ॥ ४॥

शब्दार्थ—**समीर**=पवन, वायु। **सुसीतलि** (सुशीतल)=अनुकूल ठंढी। **विश्राम बिटप**=वह वृक्ष जहाँ श्रमनिवृत्तिके लिये जाते हैं, श्रमनिवृत्तिका स्थान। शिवजीको विश्राम देनेवाला वृक्ष। **तर**=तले, नीचे। **तरु**=वृक्ष।

अर्थ—(शीतल, मन्द, सुगन्धित) तीनों प्रकारकी वायु और सुन्दर (अनुकूल) शीतल छाया वहाँ रहती है। वेदोंने उसे शिवजीके विश्राम करनेका वृक्ष कहा है॥ ३॥ एक बार प्रभु (श्रीशिवजी) उसके नीचे गये। वृक्षको देखकर उनके हृदयमें अत्यन्त सुख हुआ॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'त्रिबिध समीर'* इति। तीनों प्रकारके पवनका चलना कहते हैं, परंतु इसका कोई कारण नहीं कहते, इससे पाया जाता है कि वहाँ बिना कारण ही सदा स्वतः त्रिविध समीर चलता रहता है। (कारण भी स्पष्ट है। हिमालयपर होनेसे शीतल, विशाल वृक्ष उसपर होनेसे मन्द और कैलासपर शिवजीके मित्र कुबेरका चैत्ररथ वन होनेसे सुगन्धित है) (ख) *'सुसीतलि छाया'* इति। वटकी सुन्दर छाया विशेष सुखदायी है; इसीसे कविने बहुत जगह वटकी ही छायामें बैठना तथा कथाका होना लिखा है। यथा—*तब लगि बैठ अहौं बटछाहीं। जब लगि तुम्ह ऐहहु मोहि पाहीं॥'* (१। ५२। २) *'जानी श्रमित सीय मन माहीं। घरिक बिलंबु कीन्ह बट छाहीं॥'* (२। ११५। ३)*'तब रघुबीर श्रमित सिय जानी। देखि निकट बटु सीतल पानी॥ तहँ बसि''''* (२। १२४। ३-४) *'बटछाया बेदिका बनाई। सिय निज पानि सरोज सुहाई॥ जहाँ बैठि''''''* (२। २३७) *'करि तड़ाग मजन जल पाना। बट तर गयउ हृदय हरषाना॥'* (७। ६३। ३) *'मेरु सिखर बटछाया मुनि लोमस आसीन।'* (७। ११०) तथा यहाँ—*'तेहि गिरिपर बट बिटप बिसाला नित नूतन सुंदर सब काला।'''* (ग) *'सुसीतलि'* का भाव कि बहुत शीतलसे जाड़ा लग आता है, रोग उत्पन्न होता है, इसीसे सुशीतल कहकर जनाया कि यह दोषरहित है, सदा एकरस सुखदायक है। यथा—*'प्रेम भगति जो बरनि न जाई। सोइ मधुरता सुसीतलताई॥'* (१। ३६। ६) तथा—*'भरत सुभाउ सुसीतलताई। सदा एक रस बरनि न जाई॥'* (१। ४२। ८) देखिये। पुनः, (घ) शीतल छाया कहकर जनाया कि उमा-शम्भु-संवाद ग्रीष्मऋतुमें हुआ, गर्मीके दिन थे और गर्मीमें वटछाया अच्छी लगती ही है। (ङ) *'शिव विश्राम बिटप'* कहकर वटको अमर बताया और *'श्रुति गाया'* से उसका अजर होना कहा। ऊपर *'सुंदर सब काला'* अर्थात् काल और प्राकृत विकाररहित कह ही आये हैं। इस तरह

इस वटको दिव्य जनाया। इसीसे इसका नाम 'अक्षयवट' है। *'श्रुति गाया'* से इसे अनादिकालीन जनाया क्योंकि वेद अनादि हैं।

नोट—१ कुछ महात्माओंका मत है कि कथावार्ता कहना-सुनना ही महात्माओंका विश्राम है; यथा—*'करि भोजन मुनिबर बिज्ञानी। लगे कहन कछु कथा पुरानी॥'* (१। २३७। ५) *रिषय संग रघुवंशमनि करि भोजनु बिश्रामु। बैठे प्रभु भ्राता सहित दिवसु रहा भरि जामु॥'* (१। २१७)—(दोनों ठौर दोपहरका समय है। इसलिये विश्रामसे कथावार्ता ही सूचित होता है।) *'एहि बिधि कहत राम गुनग्रामा। पावा अनिर्बाच्य बिश्रामा॥'* (५। ८। २) *'सुनत श्रवन पाइय बिश्रामा।'* (१। ३५। ७) यह वट कथावार्ताका स्थान है। यहाँ आकर कथाका स्मरण होनेसे विश्राम और अतिसुख मिलता है। यथा—*'हर हिय रामचरित सब आए। प्रेम पुलक लोचन जल छाए॥ श्रीरघुनाथरूप उर आवा। परमानंद अमित सुख पावा॥'* (१। १११। ७-८) भाव कि कथाकी स्मृतिसे परमानन्द होकर अमित सुख होता है। देखिये श्रीसनकादिजी ब्रह्मानन्द छोड़कर कथा सुनते हैं क्योंकि इसमें परमानन्द मिलता है। जिससे बढ़कर सुख नहीं।

गिरि और वटकी शोभाका मिलान

कैलास	वट
परम रम्य गिरिबर कैलासू	१ यह भी सब कालमें सुन्दर है—*'नित नूतन सुंदर'''।'*
गिरि बर	२ वट विशाल
शिव—उमा—निवास	३ शिव—विश्राम विटप
अपनी रमणीयतासे सुखद है	४ वट *'बिलोकि उर अति सुख भयऊ।'*

टिप्पणी—२ *'एक बार तेहि तर प्रभु गयऊ।''''''* ' इति। (क) *'एक बार'* का भाव कि यह शिवजीके विश्रामका वट है, वहाँ अनेक बार गये हैं, जाया करते ही हैं, उनमेंसे एक बारका हाल हम कहते हैं कि जब श्रीपार्वतीजीने श्रीरामचरितका प्रश्न किया था।—[*'एक बार'* एक दफा, एक समयकी बात है कि।] (ख) *'गएऊ'* से जनाया कि रहनेके स्थानसे वटवृक्ष अलग है, दूर है। उस वटतले विश्राम किया करते हैं। (ग) *'तरु बिलोकि''''''* ' अर्थात् वृक्षकी शोभा देखकर सुख हुआ। तरुकी शोभा पूर्व ही कह आये हैं—*'नित नूतन सुंदर''''''*'। (घ) *'अति सुखु भएऊ'* कहकर जनाया कि वटकी अत्यन्त शोभा है, इसीसे अत्यन्त सुख हुआ। यथा—*'नील सघन पल्लव फल लाला। अबिरल छाँह सुखद सब काला॥ मानहु तिमिर अरुनमय रासी। बिरची बिधि सँकेलि सुषमा सी॥'* (२। २३७। ४-५)—[पुनः, *'अति सुखु'* होनेका कारण स्थान और विटप आदिकी परम रमणीयता है, यथा—*'परम रम्य आराम यह जो रामहि सुख देत।'* (१। २२७) और यह वट *'परम रम्य गिरिबर कैलास'* पर है ही। पुनः, वट सुखदायी होता ही है, यह बात ग्रन्थकारने ग्रन्थभरमें उसीको बारम्बार लिखकर जना दी है। यथा—*'नाथ देखिअहिं बिटप बिसाला। पाकरि जंबु रसाल तमाला॥ तिन्ह तरुबरन्ह मध्य बटु सोहा। मंजु बिसाल देखि मन मोहा॥'* (२। २३७) इत्यादि। टि०१ (ख) देखिये। और शिवजीको तो वट इतना अधिक प्रिय है कि *'प्राकृतहू बट-बूट बसत पुरारि हैं।'* (क० ७। १४०) (ङ) यहाँ लोग यह प्रश्न करने लगते हैं कि 'क्या और कभी ऐसा सुख न मिला था जो *'एक बार'* और *'अति सुख'* यहाँ लिखा? इसका उत्तर टि० २ (क) में आ जाता है। अर्थात् यह एक दफाकी बात है; ऐसे ही उनको सदा यही सुख होता है जब-जब वे यहाँ आते हैं।]

नोट—२ बैजनाथजी लिखते हैं कि गोस्वामीजीने श्रीरामनवमीको श्रीअयोध्याजीमें कथा प्रारम्भ की, श्रीयाज्ञवल्क्यजीने फाल्गुन द्वितीयाको प्रयागमें और शिवजीने 'एक बार' जेष्ठग्रीष्ममें कैलासपर इस विशाल वटके नीचे कथा कही।

निज कर डासि नागरिपु छाला। बैठे सहजहिं संभु कृपाला॥ ५॥
कुंद इंदु दर गौर सरीरा। भुज प्रलंब परिधन मुनिचीरा॥ ६॥

शब्दार्थ—डासना—बिछाना। नाग=हाथी। नागरिपु=सिंह। छाल=खाल, चर्म। नागरिपु छाला=बाघाम्बर। सहजहिं=स्वाभाविक ही अर्थात् कथा या समाधिके विचारसे नहीं, साधारण ही। कुंद—यह पौधा जुहीका-सा होता है, कुआरसे फाल्गुन-चैततक फूलता रहता है। मं० सोरठा ४ देखिये। दर=शङ्ख। प्रलंब=बहुत लम्बी अर्थात् घुटनेतक लम्बी, आजानु। परिधन (सं० परिधान)=कमरके नीचे पहिननेका वस्त्र। अमरकोशमें इसके चार नाम दिये हैं, यथा–'**अन्तरीयोपसंख्यानपरिधानान्यधोंऽशुके।**' (अमर २। ६। ११७) मुनिचीरा (चीर=वस्त्र)=वल्कल वस्त्र।

अर्थ—अपने हाथोंसे बाघाम्बर बिछाकर कृपालु शिवजी स्वाभाविक ही वहाँ बैठ गये॥ ५॥ कुन्द-पुष्प, चन्द्रमा और शङ्खके समान गौर(गोरा, उज्ज्वल) शरीर है। भुजाएँ बहुत लम्बी हैं। मुनियोंके-से वल्कल वस्त्र (पहने हुए) हैं॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) *'निज कर डासि'* इति। इससे सूचित हुआ कि वहाँ कोई नहीं था। [इससे निरभिमानता भी सूचित होती है। ☞ उपदेश—'गोस्वामीजी सब आचार्यवक्तृत्वधर्म श्रीमहादेवजीद्वारा लक्षित कराते हैं। जब ऐसा हो तब भगवत्तत्त्व उपदेश (करने)का अधिकारी है और तभी जिज्ञासुको यथार्थ तत्त्व प्राप्त होता है। वक्ताको चाहिये कि मन-कर्म-वचनसे निरभिमानी हो, अपने शरीरकी सेवा करानेकी अपेक्षा न करे, अपने हाथों सब कर्म और शरीरकी परिचर्या कर ले।'(करु०) (ख)बैजनाथजीका मत है कि 'एकाग्रताहेतु अपने हाथसे बिछाया जिसमें कोई दूसरा न आवे। इससे जनाया कि वे अकाम हैं। सिंहचर्म ज्ञान-सिद्धिदायक है।' रा० प्र० कार कहते हैं कि 'अति संकोची हैं, संकोचके मारे किसीसे बिछानेको न कहा; अथवा जीवोंके उपदेशहेतु कि सबसे लघु बना रहना चाहिये, वा इससे निर्दम्भ जनाया। दूसरोंसे काम कराना आप सिद्ध बनकर बैठना यह भी दम्भका स्वरूप है। अथवा, एकान्तमें पार्वतीजीको उपदेश करना है, यहाँ कोई गण नहीं है'। प्र० स्वामीजी लिखते हैं कि 'अपने हाथसे आसन बिछानेमें अनेक हेतु हो सकते हैं पर '**स्वयं दासास्तपस्विनः**' तपस्वीको अपनी सेवा स्वयं करनी चाहिये। दूसरा कारण विशेष महत्त्वका यह है कि जिस व्याघ्र-चर्म, कुश, कम्बल, कृष्णाजिन इत्यादि आसनपर बैठकर ध्यान वा जपादि पारमार्थिक साधन किया जाता है उसको दूसरेके स्पर्शसे बचाना चाहिये, क्योंकि स्पर्श करनेवालेके संस्कार स्पर्शसे संक्रमित होते हैं। इसीसे कितने तपस्वीलोग अपना आसन अपने कन्धेपर रखे हुए ही कहीं जाते हैं, जानेपर अपने हाथसे उसे बिछाते और उसपर बैठते हैं। न्यूनाधिकारी साधकके आसनपर बैठना भी उचित नहीं। संस्कारोंका संक्रमण अन्नमें जैसा अति सूक्ष्म रीतिसे होता है, वैसा आसन, जल, स्थान इत्यादिमें भी होता है। अतः शिवजी '**धर्ममार्गं चरित्रेण**' बताते हैं।'] (ग) *'नागरिपु छाला'* इति। 'शिवजीके बाघाम्बर है' (उनको बाघाम्बर प्रिय है, बाघाम्बर आपका वस्त्र है, बाघाम्बर आपका आसन है, यह सदा आपके पास रहता है) इसीसे सर्वत्र इसीका उल्लेख है। यथा—*'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला। तन बिभूति कटि केहरिछाला॥'* (१। ९२। २) '**शङ्खेन्द्वाभमतीवसुन्दरतनुं शार्दूलचर्माम्बरं।**' (६। मं० २) '**मृगाधीशचर्माम्बरं मुंडमालं**'। (७। १०८) तथा यहाँ *'निज कर डासि नागरिपु छाला'*। इसीसे इसीको बिछाया। [पार्वतीजीके संशयरूपी नागको नष्ट करना है, अतः सिंहचर्म बिछाया। अथवा, संशयरूपी सिंह रामभक्तिरूपी गऊसे विरोध करता था, अतः उसकी खाल निकालकर उसको दबाकर बैठे। (रा० प्र०)]

नोट—१ आसन अनेक प्रकारके कहे गये हैं। सबोंके धर्म पृथक्-पृथक् हैं यथा—''**कुशासने भवेदायुः मोक्षः स्याद्व्याघ्रचर्मणि। अजिने सर्वसिद्धिः स्यात्कम्बले सिद्धिरुत्तमा॥ वस्त्रासनेषु दारिद्र्यं धरण्यां शोकसम्भवः। शिलायां च भवेद्व्याधिः काष्ठे व्यर्थपरिश्रमः॥** (अगस्त्य सं० ३२।१२-१३) अर्थात् कुशासनसे आयुकी वृद्धि, बाघाम्बरसे मोक्ष, कृष्णमृगचर्मसे सर्वसिद्धि और (ऊनी) कम्बलासनसे उत्तमा सिद्धि, अर्थात् सद्गतिकी प्राप्ति होती है। इसी तरह सूतीवस्त्रासनसे दारिद्र्य, बिना आसनके खाली भूमिसे शोकोत्पत्ति, पत्थरसे रोग और काष्ठासनसे पूजनादि व्यर्थ हो जाते हैं।

टिप्पणी—२ (क) *'बैठे सहजहिं'* साधारण ही बैठ गये, अर्थात् सुखासनसे बैठ गये। ध्यानके लिये

वटतले नहीं बैठे जैसे सतीमोह होनेपर बैठे थे; यथा—*'तहँ पुनि संभु समुझि पन आपन। बैठे बटतर करि कमलासन॥ संकर सहज सरूप सम्हारा। लागि समाधि अखंड अपारा॥'* (१। ५८। ७-८) पुनः भाव कि सब कृत्यसे सावकाश होकर बैठे। कालक्षेप करनेको बैठे। *'कृपाला'* का भाव कि शिवजी त्रिकालज्ञ हैं, जानते हैं कि एकान्त पाकर पार्वतीजी अपना संदेह प्रकट कर प्रश्न करेंगी, उनके संशयकी निवृत्तिके लिये कृपा करके एकान्तमें आकर बैठे। पुनः, भाव कि इससे वक्ताका लक्षण बताया कि उसे ऐसा कृपाल होना चाहिये।

टिप्पणी—३ *कुंद इंदु दर गौर सरीरा।''''''* इति। (क) कुन्दसमान कोमल और सुगन्धयुक्त, इन्दुसमान प्रकाश और आह्लादयुक्त तथा शङ्खसमान सुचिक्कन और दृढ़। यहाँ वाचकलुप्तोपमा अलङ्कार है। शरीर उपमेय है, कुन्द, इन्दु, दर उपमान हैं, गौर धर्म है; 'सम' वाचक यहाँ नहीं है। [(ख) कीनायोगीजी कहते हैं कि 'कुन्द इन्दु दर' भगवान् शङ्करके तीनों स्वरूपोंके प्रतिपादक हैं। कुन्द ईश्वरस्वरूपकी उपमा है, क्योंकि इससे सृष्टिकी उत्पत्ति, पालन और संहारसे विशेष सम्बन्ध है। इन्दु सदाशिवतत्त्वका बोधक है जो शान्तिका अधिष्ठाता है। इसी तरह दर विशुद्ध विज्ञानात्मक महाशिवस्वरूपका परिचायक है। (ग) बैजनाथजी लिखते हैं कि इन तीन उपमाओंसे सर्वांगकी शोभा दिखाते हैं। 'कुन्द' से शोभाके तीन अङ्ग रमणीकता, मृदुता और सुकुमारता लिये, देखे हुए होनेपर भी अनदेखा-सा जानना यह गुण इनमें है। 'इन्दु' से माधुरी (जिसे देखनेपर तृप्ति न हो), सुन्दरता (सर्वांग सुठौर होना) और द्युति अङ्ग लिये। और, 'दर' से कान्ति (सुवर्णकी-सी ज्योति), लावण्य (जैसे मोतीका-सा पानी) और रूप (जो बिना भूषण ही भूषित लगे) ये तीन अङ्ग कहे।] (घ)— ☞'कृपाल कहकर भीतर-(अन्तःकरण-) की शोभा कही थी, अब बाहर तनकी शोभा कुन्दादिसे कहते हैं। गौरता वा गोरेपनमें एक-एक स्थलके एक-एक उपमान कहे गये हैं। पृथ्वीका कुन्द, स्वर्गका इन्दु और जलका शङ्ख। जल, थल और नभ ये तीन ही स्थान होते हैं। [इन तीन उपमाओंको देकर तीनों लोकोंमें सुन्दरताकी सीमा होना सूचित किया। कुन्दसे भूलोक, इन्दुसे स्वर्ग और दरसे पाताललोक सूचित किया; शङ्ख समुद्रमें होता है। (ङ) तीनों उपमाओंके गुण पृथक्-पृथक् हैं परंतु शिवजीमें तीनोंके गुण एक ही ठौर मिलते हैं। कुन्दसमान उज्ज्वल, कोमल, सुगन्धित; इन्दुसम शीतल प्रकाशयुक्त और अमृतमय; तथा दरके समान पुष्ट, सुडौल, सुचिक्कन। कण्ठ शङ्खसमान त्रिरेखायुक्त है।]

प० प० प्र०—जैसे यहाँ कुन्द, इन्दु, दर तीन उपमाएँ वक्तव्य गुणोंको दरसानेके लिये प्रयुक्त हुई हैं वैसे ही श्रीरामजीकी श्यामताके लिये नीलसरोरुह, नीलमणि, नीलनीरधर—ये तीन उपमाएँ दी गयी हैं। कुन्दमें प्रसन्नता, सुगन्ध, कोमलता, सरसता, माधुर्य, भृङ्गोंको आकर्षित करनेकी शक्ति आदि नौ गुण हैं, जैसे नील सरोरुहमें हैं। कुन्दमें तेजस्विता, शीतलता, ताप-दाह-निवारक शक्ति इत्यादि नहीं हैं, ये गुण इन्दुमें हैं, पर काठिन्य, गाम्भीर्य, शब्दमाधुरी, शब्दकी ध्वनिकी पवित्रता, माङ्गल्य, भयकारिता, भयहारिता इत्यादि शङ्खके गुण कुन्द और इन्दुमें नहीं हैं। कुन्दके गुण अल्पकाल टिकते हैं, पर दरके गुण दीर्घकालतक रहते हैं तथा नीलमणिकी कठिनता और शङ्खकी कठिनतामें बहुत अन्तर है। वैसा ही भेद नीलसरोरुह और कुन्दमें तथा नीलनीलधर और शङ्खमें है। इस प्रकार शिवजीसे रामजीकी किञ्चित् श्रेष्ठता भी सूचित की है। उपर्युक्त गुणोंके लिये आधार शिवरूपवर्णनमें मानसमें ही हैं। विस्तारभयसे यहाँ नहीं दिये जाते।

नोट—२ *'भुज प्रलंब'* अर्थात् आजानुबाहु हैं। *'परिधन मुनिचीरा'* अर्थात् उदासीन तपस्वी-वेष है। पुनः भाव कि 'आप ऐसे विरक्त हैं कि भोजपत्र आदि वल्कल वस्त्र ही पहनते हैं, पर हैं *'प्रलंबभुज'* अर्थात् दान देनेके लिये सदा हाथ बढ़ाये रखते हैं। (करु०)

तरुन अरुन अंबुज सम चरना। नख दुति भगत हृदय तम हरना॥ ७॥
भुजग भूति भूषन त्रिपुरारी। आननु सरद चंद छबिहारी॥ ८॥

शब्दार्थ—अंबुज=कमल। दुति (द्युति)=चमक, ज्योति। भुजग=सर्प। आननु=मुख।

अर्थ—नये पूरे खिले हुए लाल कमलके समान चरण हैं। नखोंकी ज्योति भक्तोंके हृदयके अन्धकारको

हरनेवाली है॥७॥ सर्प और (चिताकी) भस्म आपके शरीरके आभूषण हैं और आप त्रिपुरासुरके शत्रु हैं। मुख शरद्पूर्णिमाके चन्द्रमाकी छबिका हरनेवाला है॥८॥

टिप्पणी—१ *'तरुन अरुन अंबुज सम चरना।'''''''* इति। (क) यहाँ पूर्णोपमालंकार है। चरण उपमेय है, अम्बुज उपमान है, सम वाचक है और अरुन धर्म है। *'नख दुति भगत हृदय तम हरना'* यह चरणका विशेषण है। वे चरण कैसे हैं? अपने नखोंकी द्युतिद्वारा भक्त-हृदय-तमको हर लेते हैं। 'नखकी द्युति भक्तके हृदयतमको हरती है'—इस अर्थमें *'हृदय तम हरनी'* पाठ होना चाहिये, पर यहाँ *'हरनी'* पाठ नहीं है, *'हरना'* है। 'नखोंकी द्युति भक्तोंके हृदयतमको हरनेवाली है' ऐसा अर्थ करनेमें समर्थन इस प्रकार करना होगा कि भाषामें लिङ्गका नियम नहीं रहता। यथा—*'निगम नेति सिव अंत न पावा। ताहि धरै जननी हठि धावा॥'* (१। २०३। ८) *'मरम बचन जब सीता बोला। हरि प्रेरित लछिमन मन डोला॥'* (३। २८। ५)—इस ग्रन्थमें प्रायः कर्ताके साथ क्रियाका सम्बन्ध नहीं रहता, कर्मके साथ रहता है। यथा—*'जौं मम चरन सकसि सठ टारी। फिरहिं राम सीता मैं हारी॥'* (६। ३३। ९)—यहाँ अङ्गदके साथ क्रियाका सम्बन्ध नहीं है 'सीता' के साथ है, इसीसे *'हारी'* कहा। पुनः यथा—*'तब हनुमंत कहा सुनु भ्राता। देखी चहउँ जानकी माता॥'* (५। ८। ४) तथा यहाँ *'हृदयतम'* के साथ *'हरन'* क्रियाका सम्बन्ध है। ऐसे ही आगे *'आननु सरद चंद छबिहारी'* में *'हारी'* छबिके साथ है। (अथवा, *'चरना'* के योगसे यहाँ *'हरना'* कहा। अथवा, 'नख अपनी द्युतिसे तम हरनेवाले हैं' ऐसा अर्थ कर लें। अर्थात् नखका उसे विशेषण मान लें।) (ख) *'नख दुति भगत'''''''* इति। *'हृदय तम हरना'* से सूचित किया कि चरण हृदयमें धारण करे तब हृदयका अन्धकार हरण होगा। *'भगत हृदय'* कहनेका भाव कि भक्तलोग ही चरणोंको हृदयमें धारण करते हैं, इसीसे उन्हींके हृदयका तम हरते हैं। वे चरणोंको हृदयमें रखते हैं इसीसे भक्त कहलाते हैं—पादसेवन चतुर्थ भक्ति है ही। नख-द्युति हृदयतमको हरती है, इस कथनसे जनाया कि शिवजी सबके गुरु हैं, जगद्गुरु हैं; यथा—*'तुम्ह त्रिभुवन गुरु बेद बखाना।'* (१। १११। ५) गुरुवन्दनामें लिखा है कि गुरुदेव अपने पदनख-ज्योतिद्वारा शिष्यके मोहान्धकारको नाश करते हैं। यथा—*'श्रीगुर-पद-नख मनिगन जोती। सुमिरत दिव्य दृष्टि हिय होती॥ दलन मोह तम सो सुप्रकासू। बड़े भाग उर आवहिं जासू॥'* (१। १। ५-६) यह लक्षण शिवजीमें दिखाकर उन्हें सबका गुरु जना दिया। पार्वतीजी उन्हें आगे *'त्रिभुवनगुरु'* कहेंगी ही, उसीको बीजरूपसे यहाँ कह दिया है। *'भगत हृदय तम हरना'* विशेषण यहाँ देकर सूचित करते हैं कि पार्वतीजीके मोह-भ्रम-संशयरूपी तमका विनाश करेंगे।

टिप्पणी—२ *'भुजग भूति भूषन त्रिपुरारी।'''''''* इति। (क) कथाके प्रारम्भमें मङ्गलरूपका वर्णन करते हैं, इसीसे यहाँ अमङ्गल साज नहीं कहा। मुनि चीर पहने हैं! नरसिरमाल अमङ्गल है, अतः उसे यहाँ नहीं कहते। (ख) *'भुजग'* से सर्पराज शेष-(वा वासुकि-) को सूचित किया। शेषजी भूषण हैं, यह आगेके *'भुजगराज भूषन सिरनाथा।'* (१०९। ८) से स्पष्ट है। शेष भगवान्‌के भक्त हैं, अनन्त नाम लेते हैं, अपने ऊपर भगवान्‌को शयन कराते हैं। इसीसे इनका संग यहाँ वर्णन किया है। रामभक्त होनेसे वे भी इनका साथ नहीं छोड़ते। (ग) *'भूति'*—विभूतिका बड़ा माहात्म्य है, इसीसे विभूतिको वर्णन किया। (करुणासिंधुजीका मत है कि यह विभूति श्रीअवधकी है जो शरीरपर रमाये हैं। इससे आपकी परमोपासना दर्शित की है।) [भूति और भुजङ्गका सम्बन्ध शिवजीके सम्बन्धमें प्रायः सर्वत्र पाया जाता है। यथा—*'सुकृति संभुतन बिमल बिभूती'*, *'भव अंग भूति मसानकी सुमिरत सुहावनि पावनी'*, *'तन बिभूति पट केहरि छाला'*, *'सोऽयं भूतिविभूषणः'*, यस्योरसि व्यालराट्', *'कंठे भुजंगा'*, यहाँतक कि रुद्राष्टक भी *'भुजंग प्रयातवृत्त'* में किया गया है। (प० प० प्र०)]

नोट—१ *'त्रिपुरारी'* इति। (क) *'मुनि सन बिदा मागि त्रिपुरारी'* (१। ४८। ६) देखिये। (ख) भाव कि त्रिपुरको मारकर आपने त्रिलोकको सुख दिया है। (पं० रामकुमारजी) पुनः *'त्रिपुरारी'* का भाव कि 'मन' ही असुर है। उसके तीन पुर काम, क्रोध और लोभ अथवा, अर्थ-धर्म-काम

वा सत्त्व-रज-तम हैं, जिनमें वह क्षण-क्षण बना रहता है जब मनको उसके स्थानसहित नाश कर डाले तब परमतत्त्व-उपदेश कर सकता है। शिवजीने इन सबोंका नाश कर डाला है। (करु०) पुनः, *'त्रिपुरारी'* कहकर त्रिगुणात्मक मोहका नाशक जनाया। (वै०) पुनः भाव कि स्थूल-सूक्ष्म-कारण तीनों शरीर ही त्रिपुर हैं। त्रिपुरासुरके वधसे त्रैलोक्य सुखी हुआ, वैसे ही श्रीशिवजी जीवोंके स्थूल-सूक्ष्म-कारण तीनों शरीरों तथा काम-क्रोध-लोभ एवं त्रिगुणात्मक मोह आदिका नाश कर उनको भवबन्धनसे छुड़ानेवाले तथा सुखी करनेवाले हैं। (रा० प्र०)

टिप्पणी—३ *'आननु सरद चंद छबिहारी'* इति। (क) *'भुज प्रलंब परिधन मुनिचीरा'* यह शरीरके मध्यभागका वर्णन हुआ। *'आननु सरद चंद छबिहारी'* यह ग्रीवाके ऊपरका भाग वर्णन किया गया। ध्यान-वर्णन करनेकी एक रीति यह भी है। (ख) यहाँ आनन शरत्-चन्द्र है, श्रीरामकथा शशिकिरण है, (अथवा वाणी किरण है) यथा—*'ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥'* (१। १२०। १) शरच्चन्द्र आतप हरता है; आननचन्द्र मोह-शरदातपका हरण करता है। [(ग) *'छबिहारी'* का भाव यह कि चन्द्रमा तो एक दिन ताप हरता है, दूसरे दिन सूर्य फिर तप्त कर देते हैं पर आपका मुखचन्द्र दैहिक, दैविक, भौतिक तीनों तापोंको चरितामृत देकर नष्ट ही कर देता है, फिर उन तापोंको कभी होने ही नहीं देता, यह विशेषता है। (करु०) (घ) इससे अत्यन्त अज्ञानतम-नाशक जनाया और विषयानलसे संतप्तोंके ताप हरण करनेवाले निश्चित कराया तथा भक्त-चकोरको सुखदायी व्यञ्जित किया। (रा० प्र०)

वि० त्रि०—*'तरुन अरुन अंबुज'* से *'मुनिमन मधुप'* का आश्रय कहा। *'भुजंग भूति भूषन'* से वैराग्य कहा। *'त्रिपुरारी'* से सत्यसंध कहा। *'चंद छबिहारी'* से सौन्दर्य कहा, भाव कि उनका चरित ही रसमय नहीं है, मूर्ति भी रसमयी है।

प० प० प्र०—१०६ (५—८) इन चार चौपाइयोंमें श्रीशिवजीके इस रूप और गुणोंमें माधुर्य ओजका सुन्दर मिश्रण है। यहाँ प्रसाद गुण भी सहज है। इन तीन गुणोंका रसभावाङ्कुर मधुर मिश्रण अन्य ग्रन्थोंमें मिलना दुर्लभ है।

दो०—जटा मुकुट सुरसरित सिर लोचन नलिन बिसाल।
नीलकंठ लावन्यनिधि सोह बाल बिधु भाल॥१०६॥

शब्दार्थ—सुरसरित=देवनदी=गङ्गाजी। **नलिन**=कमल। **लावन्य** (लावण्य)=लुनाई; नमक, सुन्दरता। **लावन्यनिधि**=सुन्दरताके समुद्र वा खजाना। **बाल बिधु**=द्वितीयाका चन्द्रमा।

अर्थ—सिरपर जटाओंका मुकुट और गङ्गाजी सुशोभित हैं, नेत्र कमल-समान बड़े-बड़े हैं, कण्ठ नीला है, वे सौन्दर्य-निधान हैं, उनके ललाटपर द्वितीयाका चन्द्रमा शोभित है॥१०६॥

टिप्पणी—१ भगवान् शंकरकी शोभा वर्णन कर रहे हैं, इसीसे यहाँ सब शोभा ही कही है। *'कुंद इंदु दर गौर सरीरा'* यह शरीरकी शोभा कही, *'भुज प्रलंब'* से भुजाओंकी शोभा कही, *'परिधन मुनिचीरा'* से कटिकी शोभा कही। (☞ जहाँ-जहाँ भयंकर रूप कहा गया है वहाँ-वहाँ नग्न कहा है। *'नगन जटिल भयंकरा'* (१। ९५) *'तरुन अरुन अंबुज सम चरना'* यह चरणोंकी शोभा है, *'नख दुति भगत हृदय तम हरना'* से नखकी शोभा कही, *'भुजग भूति भूषन'* यह शरीरकी शोभा है; यथा—*'गौर सरीर भूति भल भ्राजा।'* (१। २६८) *'आननु सरद चंद छबिहारी'* से मुखकी, *'जटा मुकुट……'* से सिरकी, *'लोचन नलिन……'* से नेत्रकी, *'नीलकंठ'* से कण्ठकी और *'बाल बिधु भाल'* से ललाटकी शोभा कही गयी।

नोट—१ (क) *'जटा मुकुट'* इति। यही उदासीनताका वेष है। शिवजी उदासीन रहते हैं, सबमें उनका समान भाव है, कोई शत्रु-मित्र नहीं। (वै०) पुनः भाव कि वक्ता भीतर-बाहरसे पहले स्वयं विरक्त स्वरूप धारण करे तब उपदेष्टा बनने योग्य हो; देवनदी गङ्गाको सिरपर धारण करनेका भाव कि किसीसे झूठ न बोले। (रा० प्र०) शिवजी सदा सत्य बोलते हैं। वे साक्षी हैं। (करु०) (ख) *'लोचन नलिन*

बिसाल' अर्थात् कमल-दल-समान लंबे। भाव कि नेत्र कृपारसभरे हैं, जिसमें श्रोताको आह्लाद हो। (वैं०, करु०) *'नीलकंठ'* का भाव कि त्रैलोक्यपर दया करके जो कालकूट आपने पी लिया था उस दयालुताका चिह्न आज भी आपके कण्ठमें विराजमान है; उसीसे कण्ठ नीला पड़ गया। यथा—*'जरत सकल सुरबृंद बिषम गरल जेहिं पान किय।'* (कि० मं० सो०) *'पान कियो बिष भूषन भो।'* (क० ७। १५७) *'बिष भूति बिभूषन।'* (क० उ० १५१) पुनः भाव कि यद्यपि विष जलाता है तब भी आप उसे त्यागते नहीं, अर्थात् जिसको एक बार अङ्गीकार कर लेते हैं फिर उसका त्याग नहीं करते। (रा० प्र० पं०) इससे भक्तवात्सल्य सूचित किया। *'लावन्य' 'निधि'* का भाव आगे दिया गया है। *'सोह बाल बिधु भाल'* इति। द्वितीयाका चन्द्रमा दीन, क्षीण तथा वक्र है; पर आपके आश्रित होनेसे आपने उसे भी जगद्वन्दनीय बना दिया। यथा **'यमाश्रितो हि वक्रोऽपि चन्द्रः सर्वत्र वन्द्यते।'** (मं० श्लो०३) पुनः भाव कि कैसा ही टेढ़ा क्यों न हो आप उसे उपदेश कर वन्दनीय बना देते हैं। (रा० प्र०)। द्विजचन्द्रदर्शन माङ्गलिक है, अतएव आपका दर्शन भी मङ्गलप्रद है। (करु०) मं० श्लो० ३ भी देखिये। ☞वक्ता कैसा वैराग्यवान् आदि होना चाहिये यह यहाँ दिखाया है। (करु०)*

टिप्पणी—२ *'लावन्यनिधि'* इति। शोभाके समुद्र हैं। समुद्रमें रत्न हैं। समुद्रमन्थनसे चौदह परमोत्तम रत्न निकले थे। इस प्रसंगमें भगवान् शंकरके स्वरूपमें कुछ रत्नोंका वर्णन किया है। जैसे कि—१ *'नीलकंठ'* से गरल (कालकूट), २ *'बिधुभाल'* से चन्द्र, ३ *'कुंद इंदु दर गौर'* से शङ्ख, ४ *'प्रनत कलपतरु नाम'* (आगे दोहा १०७ में)से कल्पवृक्ष, ५ *'करि प्रनाम रामहि त्रिपुरारी। हरषि सुधा सम गिरा उचारी॥'* (११२। ५) से अमृत—(रा० प्र० और वैं० *'बाल बिधु भाल'* से ही अमृत-रत्नका ग्रहण करते हैं। प० प० प्र० रामकथा सुधाको लेते हैं जो उनके मुखसे टपकती है, यथा—*'नाथ तवानन ससि स्रवत कथा सुधा रघुबीर'* (६) *'नखदुति'* से मणि, यथा—*'श्रीगुर पद नख मनिगन जोती।'* (१। १। ५।७) *'पारबती भल अवसरु जानी। गईं संभु पहिं मातु भवानी।'* (१०७। २) से लक्ष्मीका ग्रहण हुआ, यथा—**'या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता।'**† ८*'रामकथा सुरधेनु सम सेवत सब सुखदानि'* से कामधेनु रत्न कहा।‡

नोट—२ समुद्रसे चौदह रत्न निकले थे। यथा—'**लक्ष्मीः कौस्तुभपारिजातकसुराधन्वन्तरिश्चन्द्रमाः, गावः**

---

* प० प० प्र०— इस शिवरूपवर्णन तथा दोहा १०७ में उत्तम सद्गुरुके सभी लक्षण मिलते हैं। शिवजीने पार्वतीजीसे सद्गुरु-लक्षण ये कहे हैं—'सद्गुरुः परमेशानि शुद्धवेषो मनोहरः। सर्वलक्षणसम्पन्नः सर्वावयवशोभितः॥ १॥ सर्वागमार्थतत्त्वज्ञः सर्वतन्त्रविधानवित्। लोकसम्मोहनाकारो देववत् प्रियदर्शनः॥ २॥ सुमुखः सुलभः स्वच्छो भ्रमसंशयनाशकः। इंगिताकारवित् प्राज्ञ ऊहापोहविचक्षणः॥ ३॥ अन्तर्लक्ष्यो बहिर्दृष्टिः सर्वज्ञो देशकालवित्। आज्ञासिद्धिस्त्रिकालज्ञो निग्रहानुग्रहक्षमः॥ ४॥ वेधको बोधकः शान्तः सर्वजीवदयाकरः। स्वाधीनेन्द्रियसंचारः षड्वर्गविजयप्रदः॥५॥ अग्रगण्योऽतिगम्भीरः पात्रापात्रविशेषवित्। शिवविष्णुसमः साधुर्मनुभूषणभूषितः॥ ६॥ निर्ममो नित्यसंतुष्टः स्वतन्त्रोऽनन्तशक्तिमान्। सद्भक्तवत्सलो धीरः कृपालुः स्मितपूर्ववाक्॥ ७॥ नित्ये नैमित्तिकेऽकाम्ये रतः कर्मण्यनिन्दिते। रागद्वेषभयक्लेशदम्भाहंकारवर्जितः॥ ८॥ स्वविद्यानुष्ठानरतो धर्मज्ञानार्थदर्शकः। यदृच्छालाभसंतुष्टो गुणदोषविभेदकः॥ ९॥ स्त्रीधनादिष्वनासक्तोऽसंगो व्यसनादिषु। सर्वाहंभावसन्तुष्टो निर्द्वन्द्वो नियतव्रतः॥ १०॥ ह्यलोलुपो ह्यसङ्गश्च पक्षपाती विचक्षणः। निःसंगो निर्विकल्पश्च निर्णीतात्मातिधार्मिकः। ११। तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी निरपेक्षो नियामकः। इत्यादि लक्षणोपेतः श्रीगुरुः कथितः प्रिये॥ १२॥' (हिन्दी-महायोगविज्ञान। ये श्लोक कुलार्णवतन्त्रके हैं, ऐसी स्मृति उत्स्फूर्त होती है) पाठक मानसवाक्योंसे तुलना कर लें।

† वैं०— नेत्रकमलमें कृपारूप लक्ष्मी। रा० प्र०— विभूति ही लक्ष्मी है, क्योंकि विभूतिका अर्थ ऐश्वर्य भी है। प० प० प्र०—लक्ष्मी=उमा। ओः महेशस्य मा=उमा।

‡ वैं० भृकुटी धनुष है, दयादृष्टि कामधेनु, उपदेशवचन धन्वन्तरि, भवरुजहर्ता कीर्ति उच्चैःश्रवा, कर कल्पतरु। प० प० प्र०—धन्वन्तरि=वैद्य। सद्गुरुवैद्य हैं, और शंकरजी 'त्रिभुवनगुरु बेद बखाना', 'गुरुं शंकररूपिणम्'। सुष्ठु गतिं ददाति इति सुरा अर्थात् सुरा=उत्तम वस्तुको देनेवाली। रामस्नेहरूपी सुरा इनके पास है। नागरिपुछालमें 'नाग' (गज) है।

कामदुघाः सुरेश्वरगजो रम्भादिदेवाङ्गनाः। अश्वः सप्तमुखो विषं हरिधनुः शङ्खोऽमृतञ्चाम्बुधेः, रत्नानीति चतुर्दश प्रतिदिनं कुर्वन्तु नो मङ्गलम्॥' (अज्ञात) परंतु इनमेंसे यह आठ रत्न शिवजीके योग्य जानकर ग्रन्थकारने इस प्रसंगमें दिये हैं, छ:को अयोग्य जानकर छोड़ दिये।

टिप्पणी—३ ☞ इस प्रसंगमें नाम, रूप, लीला और धाम चारों कहे हैं, इस तरह कि विवाह आदिका वर्णन लीला है, *'परम रम्य गिरिबरु कैलासू। सदा जहाँ शिव उमा निवासू॥'* यह धाम है, *'कुंद इंदु दर गौर सरीरा'* से *'नीलकंठ लावन्यनिधि सोह बाल बिधु भाल'* तक रूपका वर्णन है और आगे *'प्रनत कलपतरु नाम।'* (१०७) में नाम कहा गया।

वि० त्रि०—*'लावन्यनिधि'* से शृंगार, *'जटामुकुट'* से हास्य, *'कृपालु'* से करुणा, *'भुज प्रलंब'* से वीर, *'नखदुति भगत हृदय तम हरना'* से अद्भुत, *'त्रिपुरारि'* से रौद्र, *'भूतिभूषन'* से बीभत्स, *'भुजग भूषन'* से भयानक और *'निज कर डासि नागरिपु छाला। बैठे सहजहिं संभु कृपाला'* से शान्तरस द्योतित किया। अथवा जटामुकुटसे तपस्वियोंका राजा, *'सुरसरितसिर'* से भक्तवत्सल, *'लोचन नलिन बिसाल'* से सर्वद्रष्टा, *'नीलकंठ'* से आर्तिहर, *'लावन्यनिधि'* से छबिधाम और *'बाल बिधु भाल'* से महिमाप्रद कहा।

लमगोड़ाजी—तुलसीदासजीकी काव्यमयी चित्रकलाका कमाल यह है कि उनके नखशिखवर्णनोंको विचारें तो सारे प्रसङ्गों और भावोंके परिवर्तन सामने आ जाते हैं। ऊपरके वर्णनकी शिवविवाहके समयके वर्णनसे तुलना कीजिये और आनन्द उठाइये।

बैठें सोह कामरिपु कैसें। धरें सरीरु सांतरसु जैसें॥ १॥
पारबती भल अवसर जानी। गईं संभु पहिं मातु भवानी॥ २॥

अर्थ—कामदेवके शत्रु श्रीशिवजी बैठे हुए कैसे सुशोभित हो रहे हैं, जैसे (मानो) शान्तरस ही शरीर धारण किये (बैठा) हो॥ १॥ अच्छा अवसर (मौका) जानकर (जगत्) माता भवानी श्रीपार्वतीजी श्रीशिवजीके पास गयीं॥ २॥

टिप्पणी—१ *'बैठें सोह……'* इति। (क) ☞'बैठे कहकर प्रसङ्ग छोड़ा था, यथा—*'बैठे सहजहिं संभु कृपाला।'* (१०६। ५)। बीचमें स्वरूपका वर्णन करने लगे थे, अब पुनः वहींसे उठाते हैं—*'बैठें सोह……'*। (ख) *'बैठें सोह कामरिपु*—यहाँ *'कामरिपु'* कहकर शान्तरसकी शोभा कही। तात्पर्य कि जबतक काम-विकारसे रहित न हो तबतक शान्तरस नहीं आ सकता, जब कामका नाश होता है तब शान्तरसकी शोभा है। जब मनुष्य शान्त होता है तभी बैठता है, बिना शान्तिके दौड़ता-फिरता रहता है। (ग) *'धरें सरीरु सांतरसु जैसें'* इति। अर्थात् शिवजी शान्तरसके स्वरूप हैं। शान्तरस उज्ज्वल है और शिवजी भी गौरवर्ण हैं—['कर्पूरगौरम्', 'कुन्देन्दु कर्पूर दर गौर विग्रह' (वि० १०), 'कंबु कुन्देन्दु कर्पूर गौरं' (वि० १२)] तथा उनका सब साज ही उज्ज्वल है। यथा—(१) *'कुंद इंदु दर गौर सरीरा'* (शरीर उज्ज्वल), (२) *'नख दुति भगत हृदय तम हरना'* (नखद्युति उज्ज्वल), (३) *'भुजग भूति भूषन त्रिपुरारी'* (विभूति और शेष दोनों उज्ज्वल), (४) *'आनन सरदचंद छबिहारी'* (मुख चन्द्रसमान प्रकाशित), (५) *'सुरसरित सिर'* [सुरसरित भी शुक्लवर्णा हैं—*'भ्राज बिबुधापगा आपु पावन परम मौलि मालेव सोभा विचित्रं'*—(वि० ११)], (६) *'बिधु भाल'* (चन्द्रमा भी शुक्लवर्ण)। (घ) *'कुंद इंदु दर गौर'* से स्वरूपका वर्णन उठाकर *'बाल-बिधु भाल'* पर समाप्त किया। इस तरह प्रथम शिवजीका शुक्लरूप वर्णन करके तब शान्तरसकी उपमा दी।

नोट—१ (क) श्रीबैजनाथजी शान्तरसका वर्णन यों करते हैं—*'शास्त्र चिंत हरि-गुरु-कृपा है बिभाव सत्संग। अनूभाव नासाग्र दृग सात्विक सकल अभंग। मति धृति अरु निर्वेदता अपस्मृती संभ्रांति। वितर्कादि संचार सब स्थायी मति शांति॥'* शान्तका देवता परब्रह्म है, शिवजीके भी देवता परब्रह्म हैं, परमात्मा आलम्बन और आत्मतत्त्व उद्दीपन है। (ख) मा० म० के मतसे यहाँ निर्वेद (मनका वैराग्ययुक्त होना) स्थायी, रामतत्त्वका ज्ञान अनुभाव (शान्तरसको अनुभव करानेवाला), वट उद्दीपन और क्षमा विभाव है जो रसको प्रकट कर रहा है। करुणाकण जो तनमें विराजमान है वही संचारी है। इस रसके स्वामी ब्रह्म हैं। अतएव श्रीशिवजी

अपने स्वामीकी अभङ्ग कथा कहेंगे। (ग) रसरत्नहारमें 'शान्तरस' का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—**'सम्यग्ज्ञानसमुद्भूतः शान्तो निस्पृहनायकः। रागद्वेषपरित्यागात्सम्यग्ज्ञानसमुद्भवः॥'** अर्थात् शान्तरस जिसका नायक निस्पृह रहता है, उसकी उत्पत्ति उस सम्यक् ज्ञानसे है, जो रागद्वेषके परित्यागसे उत्पन्न होता है।

नोट—२ (क) *'कामरिपु'* का भाव कि कामना अनेक दुःख उत्पन्न करती है, आप उनके निवारक हैं। अर्थात् श्रोताके हृदयसे कामनाओंको निर्मूल कर देनेको समर्थ हैं। (रा० प्र०) *'धरें सरीर सांतरस जैसें'*—शान्त होकर बैठना भी उपदेशहेतु है। इससे जनाते हैं कि बिना शान्तचित्त हुए उपदेश लगता नहीं। अथवा, काम हरिकथाका बाधक है, यथा—*'क्रोधिहि सम कामिहिं हरिकथा। ऊसर बीज बए फल जथा॥'* अतः *'कामरिपु'* विशेषण दिया। (रा० प्र०)। तात्पर्य यह कि वक्ता और श्रोता दोनों निर्विकार हों। (पं० रा० कु०) (ख) पुनः भाव कि 'उनका भोगविलास भी कामाभास है, सो भी देवताओंके कल्याणके लिये है' (वि० त्रि०) ☞*'बैठें सोह''''''सांतरस जैसें'* इति। क्योंकि इसी अवस्थामें श्रीरामकथाका वर्णन हुआ, इसलिये उसमें शान्तरस प्रधान है। कविका कमाल है कि नवों रसोंको पूरे जोरमें लिखता है, जो नाटकीय कलाकी विशेषता है, पर हर रसको शान्तरसके इसी कैलासशिखरपर मानो पहुँचा देता है, जो महाकाव्यमें होना ही चाहिये। (लमगोड़ाजी) (ग) प्रथम चरणमें उपमेय वाक्य देकर फिर वाचक शब्द *'जैसें'* द्वारा उसकी विशेषसे समता दिखाना 'उदाहरण' अलङ्कार है।

टिप्पणी—२ (क) ☞ कथाके प्रारम्भ-समय शिवजीका स्थान और स्वरूप वर्णन किया। इसीके द्वारा, इसीके व्याजसे ग्रन्थकारने कथाके स्थान और वक्ताओंके लक्षण कहे हैं। (ख) *'परम रम्य गिरिबरु कैलासू। सदा जहाँ शिव उमा निवासू॥ ''''''तेहि गिरि पर बट बिटप बिसाला। नित नूतन सुंदर सब काला॥'* से जनाया कि कथाका स्थान ऐसा होना चाहिये। अब उदाहरण सुनिये। (१) *'भरद्वाज आश्रम अति पावन। परम रम्य मुनिबर मन भावन॥ तहाँ होइ मुनि रिषय समाजा।'* (१। ४४) (२) *'सब बिधि पुरी मनोहर जानी। सकल सिद्धिप्रद मंगलखानी।। बिमल कथा कर कीन्ह अरंभा।'* (१। ३५) (३) *'गिरि सुमेरु उत्तर दिसि दूरी। नील सयल एक सुंदर भूरी। तासु कनकमय सिखर सुहाए। चारि चारु मोरे मन भाए॥ तिन्ह पर एक एक बिटप बिसाला। बट पीपर पाकरी रसाला॥ सैलोपरि सर सुंदर सोहा। मनि सोपान देखि मन मोहा।'* (७। ५६) (४)*'मंगलरूप भयउ बन तब तें। कीन्ह निवास रमापति जब तें॥ फटिकसिला अतिसुभ्र सुहाई। सुख आसीन तहाँ द्वौ भाई॥ कहत अनुज सन कथा अनेका। भगति बिरति नृपनीति बिबेका॥'* (४। १३। ५—७) इत्यादि।

☞(ग) वक्ता कैसा होना चाहिये सो सुनिये।—(१) *'निज कर डासि नागरिपु छाला'*। ऐसा निरभिमान और कृपालु होना चाहिये। (२) *'बैठें सोह कामरिपु कैसें। धरें सरीरु सांतरसु जैसें॥'* —ऐसा स्वरूप हो और निष्काम हो।

(घ) वक्ताके सात लक्षण कहे गये हैं। यथा—**'विरक्तो वैष्णवो विप्रो वेदशास्त्रविशुद्धिकृत्। दृष्टान्तकुशलो धीरो वक्ता कार्योऽतिनिस्पृहः॥'** इन सातोंको श्रीशिवजीमें घटित दिखाते हैं।—(१) विरक्त, यथा—'जोग ज्ञान वैराग्य निधि।' १०७। (२) वैष्णव, यथा—*'सोइ प्रभु मोर चराचर स्वामी। रघुबर सब उर अंतरजामी।'* (११९। २) (३) विप्र यथा—'वन्दे ब्रह्मकुलं कलङ्कशमनम्' (३ मं० श्लो० १) (४) 'वेदशास्त्रविशुद्धिकृत्' यथा—*'सकल कला गुन धाम।'* १०७। (५) दृष्टान्तकुशल, यथा—*'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जानें। जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचानें।।'* (११२। १) *'जथा गगन घन पटल निहारी। झाँपेउ भानु कहहिं कुबिचारी'*। (११७। २) *'उमा राम बिषइक अस मोहा। नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा।'* (११७। ४) इत्यादि। (६) धीर, यथा—*'बैठें सोह कामरिपु कैसें। धरें सरीरु सांतरसु जैसें॥'* (७) निस्पृह, यथा—*'कामरिपु'* अर्थात् निष्काम।

प० प० प्र०—शिवजी जहाँ बैठे हैं वहाँ *'संत बिटप सरिता गिरि धरनी'* इन पञ्च परोपकारियोंका सम्मेलन हुआ है। यथा—*'शिव बिश्राम बिटप,'* *'परम रम्य गिरिबर कैलासू'*, *'सुंदर सिर गंगा'*। और पृथ्वीपर तो बैठे ही हैं। शिवजी स्वयं संतशिरोमणि हैं ही। संतोंके लक्षण उनमें भरपूर हैं।

टिप्पणी—३ *'पारबती भल अवसरु जानी।''''''* इति। (क) अच्छा अवसर यह कि भगवान् शंकर

सब कृत्यसे अवकाश पाकर एकान्तमें बैठे हैं। अपना मोह प्रकट करना है, इसलिये एकान्त चाहिये। श्रीभरद्वाजजीने भी अपना मोह श्रीयाज्ञवल्क्यजीसे एकान्तमें कहा था, जब सब मुनि चले गये थे, क्योंकि सबके सामने अपना मोह कहनेमें लज्जा लगती है; यथा—*'कहत सो मोहि लागत भय लाजा।'* (१। ४५। ८) जब शिवजी वटतले आये थे तब उनके साथ कोई न था, अपने हाथों उन्होंने बाघाम्बर बिछाया और जब पार्वतीजी आयीं तब भी वहाँ कोई और न आया था। स्त्री-पुरुषका एकान्त है यह समझकर आयीं। (रा० प्र० का मत है कि सुन्दर दिन, मुहूर्त, तिथि, नक्षत्र आदि और शिवजीको प्रसन्न बैठे जानकर आयीं) (ख) *'भल अवसर'* जानकर गयीं; क्योंकि समयपर काम करना चाहिये, समयपर ही कार्य करनेकी प्रशंसा है, यथा—*'समयहि साधे काज सब समय सराहहिं साधु'* (दोहावली ४४८) [सब लोगोंने अवसर देखा है, वैसे ही पार्वतीजीने अवसर देखकर काम किया। उदाहरण, यथा—*'अवसरु जानि सप्तरिषि आए। तुरतहिं बिधि गिरि भवन पठाए॥'* (१।८९)*'सो अवसरु बिरंचि जब जाना। चले सकल सुर साजि बिमाना।* (१। १९१)।*'सीय मातु तेहि समय पठाईं। दासीं देखि सुअवसरु आईं॥'* (२। २८१) *'ऐसे प्रभुहि बिलोकउँ जाई। पुनि न बनिहि अस अवसरु आई।'* (३। ४१) *'अवसर जानि बिभीषनु आवा। भ्राता चरन सीसु तेहि नावा।'* (५। ३८) *'देखि सुअवसर प्रभु पहिं आयउ संभु सुजान॥'* (६। ११३)]

अवसरपर कार्य करनेसे कार्य सिद्ध होता है और संत तथा जगत् सराहता है। यथा—*'लाभ समयको पालिबो, हानि समयकी चूक। सदा बिचारहिं चारु मति सुदिन कुदिन दिन टूक॥'* (दोहावली ४४४) *'अवसर कौड़ी जो चुकै, बहुरि दिये का लाख। दुइज न चंदा देखिय, उदौ कहा भरि पाख॥'* (दो० ३४४) *'समरथ कोउ न राम सों, तीय हरन अपराधु। समयहि साधे काज सब, समय सराहहिं साधु।'* (दो० ४४८) इत्यादि। (ग) *'पारबती'* नामका भाव कि ये पर्वतराजकी कन्या हैं। पर्वत परोपकारी होते हैं, यथा—*'संत बिटप सरिता गिरि धरनी। परहित हेतु सबन्ह कै करनी॥'* अत: ये भी शिवजीके पास जगत्का उपकार करनेके विचारसे आयी हैं, यथा—*'कथा जो सकल लोक हितकारी। सोइ पूछन चह सैलकुमारी॥'* [नदी पर्वतसे निकलती है और समुद्रमें जा मिलती है। वाल्मीकीयरामायणके सम्बन्धमें कहा गया ही है—'वाल्मीकिगिरिसम्भूता रामसागरगामिनी।' वैसे ही श्रीरामचरितमानस कथारूपिणी नदी आप (पार्वतीजी)के द्वारा निकलकर श्रीरामराज्याभिषेक-प्रसंगरूपी समुद्रमें जा मिलेगी।—यह 'पार्वती' शब्दसे जनाया] (घ) *'गईं संभु पहिं मातु भवानी'* इति। *'भवानी'* (भवपत्नी) हैं, अतएव सबकी माता हैं। सबके कल्याणके लिये गयी हैं, इसीसे 'शंभु' पद दिया अर्थात् कल्याणकर्त्ताके पास गयीं। (माता पुत्रोंका सदा कल्याण सोचती, चाहती और करती है। ये जगज्जननी हैं, अतएव ये जगत्-मात्रका कल्याण सोचकर कल्याणके उत्पत्तिस्थान एवं कल्याणस्वरूप 'शंभु' के पास गयीं। 'शंभु' के पास गयी हैं, अत: अब इनका भी कल्याण होगा। शिवजी अब इनमें पत्नीभाव ग्रहणकर इनका वैसा ही आदर करेंगे।)

जानि प्रिया आदरु अति कीन्हा। बाम भाग आसनु हर दीन्हा॥ ३॥
बैठीं शिव समीप हरषाई। पूरुब जन्म कथा चित आई॥ ४॥

अर्थ—प्रिय पत्नी जानकर शिवजीने उनका अत्यन्त आदरसम्मान किया। अपनी बायीं ओर बैठनेको आसन दिया॥ ३॥ श्रीपार्वतीजी प्रसन्न होकर शिवजीके समीप (पास, निकट) बैठ गयीं। (तब उनको अपने) पूर्व (पिछले) जन्मकी कथा स्मरण हो आयी॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'जानि प्रिया……'* इति। (क) *'जानि प्रिया'* का भाव कि प्रियाका आदर सब कोई करते हैं। ये शिवजीकी प्रिया हैं; यथा—*'अस जानि संसय तजहु गिरिजा सर्बदा संकर प्रिया।'* (१। ९८) *'दुखी भयउ बियोग प्रिय तोरें।'* (७। ५६) (ख) पूर्व सतीतनमें जब सीतारूप धारण किया था तब शिवजीने माता मानकर सम्मुख आसन दिया था।—*'जाइ संभुपद बंदनु कीन्हा। सनमुख संकर आसनु दीन्हा।'* (१। ६०। ४) अब प्रिया जानकर वामभागमें आसन दिया। क्योंकि त्याग उसी शरीरका था जिससे सीतारूप धारण किया था; यथा—*'एहि तन सतिहि भेट मोहि नाहीं।'* (५७। २) [(ग) रा० प्र०

कारका मत है कि प्रियाके मनकी बात जानकर कि श्रीरामकथा पूछने आयी हैं उनका अति आदर किया।] (घ) *'आदरु अति कीन्हा'* इति। हँसते और प्रिय वचन कहते हुए स्वागत करना, योग्य आसन देना, इत्यादि ही 'अति आदर' है। [(ङ) *'बाम भाग......'* इति। यहाँ *'अति आदरु'* का अर्थ खोल दिया। बायीं ओर अपने पास बिठाना यही *'अति आदर'* का स्वरूप है; यथा—*'अति आदर समीप बैठारी। बोले बिहँसि कृपाल खरारी।'* (६। ३७। ४) इत्यादि। यहाँ 'हर' शब्दके श्लेषद्वारा ग्रन्थकार गुप्त रीतिसे यह भी दिखा रहे हैं कि इन्होंने पार्वतीजीके पूर्व (सती) शरीरमें उनका योग्य (वामभागका) आसन जो हर लिया था, यथा—*'सनमुख संकर आसन दीन्हा'*, वह 'हर लिया हुआ' आसन फिर दिया। अर्थात् पार्वतीतनमें माता-भाव नहीं रखा। श्लिष्ट शब्दद्वारा किसी पूर्व कहे हुए गुप्त अर्थको कविका स्वयं खोलना *'विवृतोक्ति अलंकार'* है।]

टिप्पणी—२ *'बैठीं शिव समीप हरषाई।......'* इति। (क) *'समीप'* अर्थात् वामभागमें उनके पास ही। *'हरषाई'* का भाव कि सतीतनमें जब सम्मुख आसन दिया था तब दुःखी हुई थीं, अब वामभागमें आसन पानेपर हर्ष हुआ, क्योंकि इससे सूचित हुआ कि शिवजीने हमारे पूर्वके अपराध क्षमा कर दिये। (ख) *'पूरुब जन्म कथा चित आई'*—भाव कि जब वाम भागमें आसन दिया तब *'सनमुख आसन'*-वाली बातकी सुध आयी कि पूर्वजन्ममें हमें श्रीरामजीमें मोह हुआ था, तब इन्होंने सम्मुख आसन दिया था, इत्यादि। [(ग) मा० म० कार तथा रा० प्र० कार लिखते हैं कि 'इसी वटतले सतीजीका अपमान हुआ था, अर्थात् अनादरपूर्वक शिवजीने सम्मुख आसन दिया था, जो पार्वतीजन्मका हेतु हुआ। अब आदर करके बैठाया, तब सती-अवतारकी कथा याद पड़ी'।]

श्रीशिवजी तथा श्रीपार्वतीजीका मिलान

श्रीशिवजी	श्रीपार्वतीजी
बैठे सहजहिं संभु कृपाला	१ *बैठीं शिव समीप हरषाई*
धरें शरीर सांतरसु जैसें	२ *'मातु भवानी'* कहकर शांतरस जनाया
एक बार तेहि तर प्रभु गयऊ	३-४ *पारबती भल अवसरु जानी। गईं संभु पहिं*
हर हिय रामचरित सब आए	५ *पूरुब जन्म कथा चित आई*
तरु बिलोकि उर अति सुख भयऊ	६ *बैठीं शिव समीप हरषाई*

पति हिय हेतु अधिक अनुमानी*। बिहसि उमा बोलीं प्रिय† बानी॥ ५॥

कथा जो सकल लोक हितकारी। सोइ पूछन चह सैलकुमारी॥ ६॥

अर्थ—पतिके हृदयमें (अपने ऊपर पूर्वकी अपेक्षा) अधिक स्नेह अनुमान कर श्रीउमाजी हँसकर प्रिय वाणी बोलीं॥ ५॥ जो समस्त लोकोंका कल्याण करनेवाली है वही कथा श्रीगिरिजाजी पूछना चाहती हैं॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'पति हिय हेतु......'* इति। (क) शिवजीने उमाजीका *'अति आदर'* किया; इसीसे *'अधिक हेतु'* कहा। हेतु=स्नेह, प्रेम। (ख) *'बिहसि'* अर्थात् प्रसन्न होकर। तात्पर्य कि पतिकी प्रसन्नता चाहती ही थीं, सो मिल गयी, अतः प्रसन्न हुईं। [श्रीकरुणासिन्धुजी हँसनेका कारण 'पिछला तिरस्कार, अपनी अज्ञानता और अब अपनी सम्मुखता तथा शिवजीकी प्रसन्नताका अनुमान कि ऐसे दयालु हैं कि मेरी समस्त चूक क्षमा कर दी', यह सब बताते हैं। बैजनाथजी लिखते हैं कि पूर्वकी अपेक्षा अधिक स्नेह अनुमान करनेपर हृदयसे आनन्दसिन्धु उमड़ा, जिसका प्रवाह बाहर आनेपर हँसीद्वारा प्रकट हुआ। वि० त्रि० का मत है कि पूर्वजन्मकी कथाकी स्मृतिसे हँस पड़ीं।] (ग) *'अनुमानी'*=मनमें मानकर अर्थात् मनमें निश्चय करके (बोलीं)। ☞ इस कथनका तात्पर्य यह है कि जबतक वक्ता हृदयसे प्रसन्न न हो तबतक प्रश्न न करना चाहिये। (घ) पार्वतीजी अवसर जानकर आयीं और अवसर पाकर बोलीं। (शिवजीका अपने ऊपर प्रेम और प्रसन्न देखकर बोलना ही अवसर पाकर बोलना है।) (ङ) यहाँ पार्वतीजीके मन, वचन और कर्म तीनों लगे हुए दिखाये हैं। *'बिहसि'* से मनकी प्रसन्नता

* मनमानी—१७२१, १७६२। मन माहीं—छ०, वन्दन पाठक। अनुमानी-१६६१, १७०४. को० रा०।

† मृदु बानी—१७२१, १७६२, को० रा०। प्रिय बानी-१६६१, १७०४।

कही, वचन *'प्रिय'* है और *'बोलीं कर जोरी'* यह कर्म है। हाथ जोड़ना आगे स्पष्ट है; यथा—*'करहु कृपा बिनवौं कर जोरें।'* (१०९। ५) *'बंदौं पद धरि धरनि सिरु बिनय करौं कर जोरि।'* (१०९)

टिप्पणी—२ *'कथा जो सकल लोक……'* इति। (क) लोकहितकारिणी कथा पूछना चाहती हैं, इसीसे 'शैलकुमारी' कहा। शैल परोपकारी हैं—*'संत बिटप सरिता गिरि धरनी। परहित हेतु सबन्ह कै करनी॥* उनकी ये कन्या हैं अतः परोपकारिणी हैं, वह कथा पूछती हैं जिससे जीवोंका उपकार होगा। यथा—*'धन्य धन्य गिरिराजकुमारी। तुम्ह समान नहिं कोउ उपकारी॥ पूछेहु रघुपति कथा प्रसंगा। सकल लोक जग पावनि गंगा॥'* (१। ११२) कथा समस्त लोकोंका हित करनेवाली है, अर्थात् सबको पवित्र करनेवाली है। [विशेष *'पारबती भल अवसरु जानी'* चौ० २ में देखिये। (ख) 'शैलकुमारी' का लोकहितकारिणी कथाका पूछना योग्य ही है। यह कारणके समान कार्यका वर्णन 'द्वितीय सम' अलङ्कार है, यथा—*'कारणके सम बरणिये कारजको जेहि ठौर। देखि सरिस गुन रूप तहँ बरनत हैं सम और॥'* (अ० मं०) 'शैलकुमारी' संज्ञा साभिप्राय होनेसे 'परिकराङ्कुर' की ध्वनि व्यंजित होती है। (वीरकवि)]

प० प० प्र०—जो सज्जन परहित करता है उसके मनमें स्वप्नमें भी यह कल्पना स्पर्श नहीं करती कि मैं लोकहित या परोपकार करूँगा। दूसरोंका दुःख या अहित देखकर सन्तोंका हृदय दुःखी होता है और वे अपने हृदयको शान्ति देनेके लिये ही दूसरोंका दुःख निवारण और परोपकार करते रहते हैं। विटप, सरिता, गिरि, धरणीका जैसे सहज स्वभाव है परोपकार करना, वैसे ही यह सन्तोंका सहज स्वभाव है, उनसे रहा ही नहीं जाता; वे तो शत्रुओंका भी दुःख दूर करनेका प्रयत्न करते हैं। शैलजा तो अपने हृदयकी असम्भावना, मोह आदिसे छुटकारा पानेके लिये ही प्रश्न करती हैं। पर सन्तोंका प्रत्येक महत्त्वका कर्म स्वाभाविक ही लोकोपकारक ही ठहरता है। अतएव इन शब्दोंसे यह भाव न समझ लेना चाहिये कि वे लोकोपकारहेतु कथा पूछती हैं।

बिश्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी॥७॥
चर अरु अचर नाग नर देवा। सकल करहिं पद पंकज सेवा॥८॥

अर्थ—हे विश्वके स्वामी! हे मेरे नाथ! हे त्रिपुरासुरके नाशक! आपकी महिमा तीनों लोकोंमें प्रसिद्ध है॥७॥ चेतन और जड़, नाग, मनुष्य और देवता (तीनों लोकोंके निवासी) सभी आपके चरणकमलोंकी सेवा करते हैं॥८॥

टिप्पणी—१ *'बिश्वनाथ मम नाथ……'* इति। (क) *'बिश्वनाथ'* का भाव कि आप संसारभरके स्वामी हैं; अतः संसारभरका कल्याण करना आपका कर्त्तव्य है सो कीजिये, सकल लोकहितकारिणी कथा कहिये। (सकल लोकहितकारिणी कथाके सम्बन्धसे *'बिश्वनाथ'* कहा और अपनी विशेषतानिमित्त फिर *'मम नाथ'* कहती हैं।) (ख) 'विश्वनाथ' कहकर फिर अपनेको पृथक् कर *'मम नाथ'* अर्थात् अपना नाथ कहनेका भाव कि मैं अपने नाथकी नाईं पूछ रही हूँ, विश्वनाथके नातेसे नहीं पूछती हूँ। आप मेरे नाथ पृथक् करके हैं, यथा—*'सुर नर मुनि सचराचर साईं। मैं पूछउँ निज प्रभुकी नाईं॥'* (३। १४। ६) (श्रीलक्ष्मण-वचन श्रीरामप्रति)। तात्पर्य कि अपने नाथसे जोर अधिक है। पुनः भाव कि विश्वके स्वामी जगत्‌भरका पालन-पोषण-कल्याण करते हैं, फिर भी जगत्‌की अपेक्षा अपने जनपर विशेष कृपा करते हैं; यथा *'नर नारायन सरिस सुभ्राता। जग पालक बिसेषि जन त्राता॥'* (१। २०। ५) अतएव *'मम नाथ'* कहकर अपने ऊपर विशेष कृपा चाहती हैं।) (ग) *'मम नाथ'* अर्थात् आप मेरे पति हैं, अतः मेरे भ्रम-संशय-मोहको दूर करना आपका कर्त्तव्य है, उसे दूर कीजिये। यथा—*'ससि भूषन अस हृदय बिचारी। हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी॥'* (१०८। ४) *'अज्ञ जानि रिस उर जनि धरहू। जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू। ……अजहूँ कछु संसउ मन मोरें। करहु कृपा बिनवौं कर जोरें॥'* (१०९। २,५)। ☞ ऐसा ही सब श्रोता कहते हैं। यथा—*'नाथ एक संसउ बड़ मोरें। करगत बेद तत्त्व सब तोरें॥ अस बिचारि प्रगटौं निज मोहू। हरहु नाथ करि जन पर छोहू॥ ……जैसे मिटै मोह भ्रम भारी। कहहु सो कथा नाथ बिस्तारी।'* (१। ४५—४७) (भरद्वाज), *देखि परम पावन तव आश्रम। गयउ मोह संसय नाना भ्रम॥ अब श्रीरामकथा अति पावनि। सदा सुखद दुखपुंज नसावनि॥ सादर तात सुनावहु मोही। बार बार बिनवउँ*

प्रभु तोही॥' (७। ६४) (गरुड) (घ) *'पुरारी'* इति। भाव कि त्रिपुरासुर तीन पुरोंमें तीनों लोकोंमें रहता था, आपने उसके तीनों पुरोंसहित उसका नाश किया। वैसे ही मोह, संशय और भ्रम—ये तीन पुर हैं जिनमें शोकरूपी त्रिपुरासुर रहता है, आप तीनों पुरों (मोहादि) सहित शोकका नाश करके मुझे सुख दें। पुनः भाव कि त्रिपुरासुर तीनों लोकोंको पीड़ित किये था। आपने उसे मारकर तीनों लोकोंको सुखी किया, वैसे ही वह कथा कहिये जिससे तीनों लोकोंको सुख हो। (रा० प्र०)] त्रिपुरकी कथा—१। ४८। ६ *'मुनि सन बिदा माँगि त्रिपुरारी'* में देखिये। ☞शोक, मोह, संदेह और भ्रम—ये चारों शिवजीकी उक्तिमें स्पष्ट हैं। यथा—*'राम कृपा तें पारबति सपनेहु तव मन माहिं। सोक मोह संदेह भ्रम मम बिचार कछु नाहिं॥'* (१। ११२) शिवजीने जो यह कहा है कि *'मम बिचार कछु नाहिं',* उसमें भाव यह है कि शिवजीके विचारमें त्रिपुर कुछ नहींहीके समान है। (च) *'विश्वनाथ'* *'मम नाथ'* कहनेके बाद *'पुरारी'* कहनेका भाव कि आपने त्रिपुरासुरका वध करके विश्वका हित किया, शोक-मोह-सन्देह-भ्रमका नाश करके मेरा हित कीजिये। कथासे विश्वका और मेरा, दोनोंका हित है, पुनः *'पुरारी'* कहकर जनाया कि पूर्वकालमें आपने तनसे विश्वका हित किया है, अब कथा कहकर वचनसे विश्वका हित कीजिये, क्योंकि यह कथा *'सकल लोक हितकारी'* है जो मैं पूछना चाहती हूँ। (छ) *'त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी'* इति। कौन महिमा विदित है? एक तो त्रिपुरवधकी (क्योंकि त्रिपुरासुर तीनों लोकोंको नाकों चना चबवाता था, उसके वधसे तीनों लोकोंमें महिमा विख्यात हुई) दूसरी महिमा आगे कहते हैं *'चर अरु अचर नाग नर देवा। सकल करहिं पदपंकज सेवा॥'* इत्यादि। पुनः त्रिभुवनमें महिमा विदित है, इसीसे त्रैलोक्यनिवासियों (नाग, नर, देव) का सेवा करना लिखा।

टिप्पणी—२ *'चर अरु अचर नाग……'* इति। (क) यहाँ चर और अचर दोनोंको कहा। चेतन जीवोंका सेवा करना तो ठीक है पर अचर (जड़ पदार्थ) की सेवा कैसे सम्भव है? ये किस प्रकार सेवा करते हैं? उत्तर यह है कि भक्त चाहे कहीं किसी योनिमें क्यों न रहें वे कहीं भी सेवा नहीं छोड़ते, उसी योनिमें रहकर भगवान्का स्मरण करते रहते हैं, जैसा कि कहा है—(१) *'जेहि जेहि जोनि करम बस भ्रमहीं। तहँ तहँ ईस देउ यह हमहीं॥ सेवक हम स्वामी सियनाहू। होउ नात यह ओर निबाहू॥ अस अभिलाष नगर सब काहू।'* (२। २४) (अवधपुरवासी)

(२) *'जेहि जोनि जनमौं कर्म बस तहँ रामपद अनुरागऊँ।'* (४। १०) (बालि)

(३) *'खेलिबे को खग मृग तरु किंकर ह्वै रावरो राम हौं रहिहौं। एहि नातें नरकहुँ सचु पैहौं या बिनु परम पदहुँ दुख दहिहौं॥'* (विनय २३१ गोस्वामीजी) यदि *'तरु'* से सेवा न हो सकती तो ऐसा कदापि न कहते। वृक्षोंकी सेवा यह है कि फूल और छाया खूब दें। भगवान्की सेवा वनमें जड़ पदार्थोंने की ही है; यथा—*'फूलहिं फलहिं बिटप बिधि नाना। मंजु बलित बर बेलि बिताना॥'* (२। १३७) *'सब तरु फरे रामहित लागी। रितु अरु कुरितु काल गति त्यागी॥'* (६। ५। ५) अयोध्याकाण्डमें मेघों, वृक्षों और तृण आदिकी सेवा सबने पढ़ा ही है। यथा—*'भइ मृदु महि मगु मंगलमूला॥ किए जाहिं छाया जलद सुखद बहइ बर बात। तस मग भयउ न राम कहँ जस भा भरतहि जात॥'* (२। २१६) *'भइ मृदु भूमि सकुचि मन मनहीं॥ कुस कंटक काँकरी कुराईं। कटुक कठोर कुबस्तु दुराईं॥ महि मंजुल मृदु मारग कीन्हे। बहत समीर त्रिबिध सुख लीन्हें॥ सुमन बरषि सुर घन करि छाहीं। बिटप फूलि फलि तृन मृदुताहीं॥ मृग बिलोकि खग बोलि सुबानी। सेवहिं सकल रामप्रिय जानी॥'* (२। ३११) दोहावलीमें भी कहा है—*'बिनु ही रितु तरुवर फरै सिला द्रवै जल जोर॥'* [पुनः यहाँ 'जड़' शब्द न देकर 'अचर' शब्द दिया है। एक तो 'चर' के सम्बन्धसे। दूसरे 'अचर' शब्द देकर जनाया कि जो मनुष्यादिकी तरह इधर-उधर जा-आ नहीं सकते, परन्तु जिनमें जीवात्मा (चेतन) रहा करता है। जब स्वामी उनके पास आते हैं, तब वे (अचर) उनकी सेवा करते हैं।] (ख) कैलासवासी जो सुकृती हैं, उनका शिव-सेवक होना कह आये—*'सिद्ध तपोधन'''सेवहिं शिव सुखकंद।'* (१०५) और अब यहाँ *'चर……'* से अन्य सब स्थानोंके लोगोंको कहते हैं जो कैलासमें वास नहीं करते, वरंच अन्यत्र रहकर सेवा करते हैं। (ग) *'नाग नर*

देवा'—नागसे पाताल (क्योंकि ये पातालमें रहते हैं), नरसे मर्त्यलोक और देवसे स्वर्गलोक अर्थात् त्रैलोक्यनिवासी चराचर जीवोंका सेवा करना दिखाकर शङ्करजीको त्रिभुवनगुरु जनाया; यथा—*'तुम्ह त्रिभुवन गुरु बेद बखाना। आन जीव पाँवर का जाना॥'* (१११। ५) (घ) *'सकल करहिं'''''''*; यथा—*'संकर जगत बंद्य जगदीसा। सुर नर मुनि सब नावत सीसा॥'* (५०। ६) सेवाका हेतु आगे दोहेमें भी कहा है।

प० प० प्र०—यहाँ *'सकल करहिं पद पंकज सेवा'* के *'सकल'* शब्दपर ध्यान देना आवश्यक है। भाव यह है कि महेश जगदात्मा हैं—*'जगदात्मा महेस पुरारी'*। प्रत्येक प्राणी, चर हो वा अचर, अपने सुखके लिये रात-दिन प्रयत्नशील रहता है, यही प्रभुकी सेवा है। कोई विरला ही यह जानता है कि **'आत्मा त्वं गिरिजा मतिः सहचराः प्राणाः शरीरं गृहम्। पूजा ते विषयोपभोगरचना निद्रा समाधिस्थितिः॥ संचारः पदयोः प्रदक्षिणविधिः स्तोत्राणि सर्वा गिरः। यद्यत्कर्म करोमि तत्तदखिलं शम्भो तवाराधनम्॥'**—भले ही कोई जाने या न जाने पर आत्माके सुखके लिये ही सब कुछ किया जाता है। कोई मार्ग भूलकर करता है और कोई उचित मार्गसे जान-बूझकर करता है, इतना ही भेद है।

दोहा—प्रभु समरथ सर्बग्य शिव सकल कला गुन धाम।
जोग ग्यान बैराग्य निधि प्रनत कलपतरु नाम॥१०७॥

अर्थ—हे प्रभो! आप समर्थ, सर्वज्ञ, कल्याणस्वरूप, सम्पूर्ण कलाओं और गुणोंके धाम औरं योग, ज्ञान तथा वैराग्यके समुद्र भण्डार या खजाना हैं। आपका नाम शरणागतोंके लिये कल्पवृक्ष है॥१०७॥

टिप्पणी—१ (क) पहले 'विश्वनाथ' कहकर समस्त ब्रह्माण्डका नाथ कहा, अब *'प्रभु'* कहकर ब्रह्माण्डमें जो जीव बसे हुए हैं, उनका नाथ कहती हैं। (ख) *'समरथ'* अर्थात् रामकथा कहने तथा भ्रम दूर करनेको समर्थ हैं, क्योंकि सर्वज्ञ हैं; कल्याणस्वरूप हैं, सकल कलाओं और गुणोंके धाम हैं [अर्थात् सब कलाओंसहित विद्याका आपमें निवास है, इत्यादि। कला—*'सकल कला सब बिद्या हीनू।'* (१। ९। ८) देखिये। 'समर्थ'-से उत्पत्ति-पालन-संहार करने तथा शापाशीर्वादादि देनेको समर्थ जनाया (वै०)। पुनः, *'सर्बज्ञ'* से ज्ञानकी निरतिशयता कही, *'जोग ज्ञान बैराग्य निधि'* से जगद्गुरु होना द्योतित किया। (वि० त्रि०)]

नोट—१ करुणासिन्धुजी लिखते हैं कि 'चन्द्रमा जब सोलह कलाओंसे पूर्ण हो तब पूर्णिमा होती है। *'सकल कला गुन धाम'* कहकर शिवजीका सदा षोडश कलाओं और अनन्त गुणोंसे पूर्ण होना यहाँ जनाया है।' बैजनाथजी *'चौंसठ कला वा षोडश कला'* ऐसा अर्थ करते हैं। सोलह कलाएँ; यथा—*'धर्मैश्वर्य यश मोक्ष श्री शरण रक्ष बिरतीस। पोषण भरणोत्पत्तिस्थिति लयाधार रिपुखीस॥'* (बै०)

टिप्पणी—२ *'प्रनत कलपतरु नाम'* अर्थात् प्रणत आपका नाम जपकर चारों पदार्थ प्राप्त करते हैं। चर-अचर आदि जो पूर्व गिना आये वे सभी प्रणत हैं, ये सब पाद-सेवन-भक्ति करते हैं, नाम जपते हैं और मनोरथ पाते हैं। ('नाम' उपमेयमें, कल्पतरु उपमानके गुण स्थापन करनेमें 'द्वितीय निदर्शना' अलङ्कार है।)

प० प० प्र०—ये सब विशेषण श्रीरामजीमें भी पाये जाते हैं। प्रभु समर्थ; यथा— *'प्रभु समरथ कोसलपुर राजा।'* (३। १७। १४) सर्वज्ञ यथा—*'सुनु सर्वज्ञ कृपा सुखसिंधो।'* (७। १८। १) *शिव*=सच्चिदानन्द, *'राम सच्चिदानंद दिनेसा।'* (१।११६।५) सकल कला, यथा—*'अलप काल सब बिद्या आई।'* (१। २०४। ४) *गुन धाम*, यथा—*'बिनय सील करुना गुन सागर।'* (१। २८५। ३) *'जोग ज्ञान बैराग्य निधि'* यथा—*'कोसलपति भगवान'*, भगवान्‌में योग, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, धर्म और श्री—इन छः गुणोंका निधि ही रहता है। *'प्रनत कलपतरु नाम'* यथा—*'नाम कामतरु काल कराला।'* (२७। ५) *'प्रनत कलपतरु करुना पुंजा।'* (७। १२६। २) इस प्रकार राम और शिवमें अभेद बताया।

जौ मो पर प्रसन्न सुखरासी। जानिय सत्य मोहि निज दासी॥१॥
तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥२॥

अर्थ—हे सुखकी राशि (ढेर, समूह, खजाना)! यदि आप मुझपर प्रसन्न हैं और मुझे सत्य ही अपनी 'निज दासी' जानते हैं॥१॥ तो हे प्रभो! अनेक प्रकारसे श्रीरघुनाथजीकी कथा कहकर मेरा अज्ञान हरिये॥२॥

टिप्पणी—१ *'जौं मो पर प्रसन्न सुखरासी।'* इति। (क) पूर्व सुखके विशेषण कहे; यथा—*'प्रभु समरथ सर्बग्य शिव सकल कला गुन धाम। जोग ज्ञान बैराग्य निधि प्रनत कलपतरु नाम॥'* इस दोहेमें जितने विशेषण हैं वे सब सुखके रूप हैं। *'सुखरासी'* कहकर इन सबोंकी राशि जनाया। पुनः, आगे शिवजीको कल्पतरु कहती हैं; यथा—*'जासु भवनु सुरतरु तर होई'* और कल्पवृक्ष सब सुखोंकी राशि है, अतएव *'सुखरासी'* सम्बोधन दिया। *'सुखरासी'* का भाव कि अज्ञानरूपी दुःख दूर करके मुझे सुखी कीजिये। यह बात उपसंहारमें स्पष्ट है—*'नाथ कृपा अब गएउ बिषादा। सुखी भएउँ प्रभु चरन प्रसादा॥'* (१२०। ३।) (ख) श्रीशिवजीने *'जानि प्रिया आदरु अति कीन्हा'* इस अत्यन्त आदरको देखकर कहती हैं कि *'जौं मो पर प्रसन्न'* यदि सत्य ही आप मुझपर प्रसन्न हैं; और जो *'प्रिया'* जानकर *'बाम भाग आसनु हर दीन्हा'* उसको लेकर कहती हैं कि *'जौं जानिय सत्य मोहि निज दासी॥'* (ग) शङ्का—शिवजी तो सत्य ही दासी जानते हैं, उनमें असत्य कहाँ है जो कई बार *'सत्य'* शब्द दिया? समाधान—*'सत्य'* शब्दका सम्बन्ध शिवजीके साथ नहीं है, किन्तु उमाके साथ है अर्थात् सत्य दासीका विशेषण है। पार्वतीजी कहती हैं कि यदि आप मुझे सत्य (सच्ची) दासी जानते हों कि यह हमारी *'सत्य कै दासी'* है, झूठी दासी नहीं है—यह आगे स्पष्ट कहा है, जिससे इस अर्थकी पुष्टि होती है, यथा—*'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी। दासी मन क्रम बचन तुम्हारी।'* (११०। १) मन, कर्म, वचनसे दासी होना 'सत्य दासी' होना है। (यथा—*'मन बच क्रम मोहि निज जन जाना। मुनि मति पुनि फेरी भगवाना॥'* (७। १२३)*'यह मम भगत कर्म मन बानी।'* (७। ११४)—[प्रथम संस्करणमें हमने यही अर्थ दिया था परंतु अब मेरा विचार है कि मुख्य अर्थ यह नहीं है; इसीसे इसको हमने ऊपर अर्थमें नहीं दिया है। मेरी समझमें ऐसा बोलना मुहावरा है। दूसरे, *'सत्य'* *'जानिय'* के साथ है। *'सत्य'* और *'निज दासी'* के बीचमें *'मोहि'* शब्द रखा गया है जो दोनोंको अलग करता है। *'जानिय मोहि सत्य निज दासी'* पाठ कवि रख सकते थे। तीसरे, *'निज'* का अर्थ 'सच्चा, खास' भी है, अतः *'सत्य'* शब्दको बिना यहाँ लाये भी 'सच्ची दासी' अर्थ हो जाता है; यथा—*'जे निज भगत नाथ तव अहहीं।'* (१। १५०। ८) *'प्रभु सर्बज्ञ दास निज जानी।'* (१। १४५। ५) *'देखि दसा निज जन मन भाए।'* (३। १०। १६) *'अब बिनती मम सुनहु शिव जौं मोपर निजु नेहु॥'* (१।७६) *'मन मेरो मानै सिख मेरी। जौं निज भगति चहै हरि केरी॥'* (विनय) बैजनाथजी अर्थ करते हैं—'मन, क्रम, वचनसे मैं आपकी दासी हूँ, यदि यह बात आप सत्य जानते हैं।' इनके अनुसार भी, निज दासी=मन-कर्म-वचनसे सेवामें रत। पंजाबीजीका मत है कि वामभागमें आसन देनेसे निश्चय करती हैं कि मुझपर प्रसन्न हैं और दासी बना लिया। *'जानिय सत्य......'* का भाव कि आपने मेरे पूर्वजन्मकी सब अवज्ञाएँ, जो मुझसे हुई थीं, अपने चित्तसे भुला दीं] (घ) *'दासी'* कहकर उसका अधिकार दिखाती हैं।

प० प० प्र०—*'प्रभु'* और *'दासी'* शब्दोंसे सेव्य-सेवक, आश्रय-आश्रित-सम्बन्ध जनाया। आगे यह सम्बन्ध *'तुम्ह त्रिभुवन गुरु'* कहके गुरु-शिष्य-सम्बन्धमें परिणत होगा, तब शिवजी कहेंगे। आगे मतिभ्रम भारीका हरण, दुःख-विनाश *('सहि कि दरिद्रजनित दुखु सोई')* और सुखलाभ यह 'प्रयोजन' कहा है। *'नाना बिधि रघुनाथ कथा'* यह विषय कहा *'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी'* इत्यादि और *'आरत अधिकारी'* में अधिकारी-अनधिकारी कहा है।

टिप्पणी—२ *'तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना।......'* इति। (क) *'तौ'* का सम्बन्ध *'जौं मो पर......'* से है। तात्पर्य कि यदि प्रसन्न हैं तो उस अपनी प्रसन्नताको सफल कीजिये। क्योंकि जिसको ईश्वर अपना जाने और ऐसा जानकर उसपर प्रसन्न हो, तो उसमें अज्ञान न रहना चाहिये। इसीपर आगे दृष्टान्त देती हैं—*'जासु भवन......'।* अज्ञान हरनेमें 'प्रभु' कहा, अर्थात् हरनेको समर्थ हैं। ☞ ऊपर १०७। ४ में कहा है कि *'पूरुब जन्म कथा चित आई'* अर्थात् स्मरण हो आया कि पूर्वजन्ममें शिवजी न तो मुझपर प्रसन्न ही रहे और न उन्होंने मुझे निज दासी ही समझा, इसीसे पूर्वजन्ममें अज्ञान दूर न हुआ। इसीसे अब कहती हैं कि अब यदि आपने मुझे निज दासी समझा है और मुझपर प्रसन्न हुए हैं तो अब अज्ञानको भी चला जाना चाहिये, अब उसके रहनेका कौन सम्बन्ध

है जो वह बना रहे? (ख) *'हरहु मोर अज्ञाना'* इति। श्रीरामस्वरूपका न जान पड़ना अज्ञान है, यही पार्वतीजी आगे कहती भी हैं।—*'तुम्ह कृपाल सब संसउ हरेऊ। राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ॥'* (१२०। २) (ग) *'कहि रघुनाथ कथा'* इति। अर्थात् यद्यपि अज्ञानकी निवृत्ति वेदान्तसे भी होती है, पर उससे मेरा भला न होगा; अतः आप वेदान्त कहकर अज्ञान न हरिये, किन्तु श्रीरघुनाथजीकी कथा कहकर हरिये। तात्पर्य कि आत्म-परमात्म-ज्ञानमें मुझे अज्ञान नहीं है, सगुण ब्रह्म (की लीला) जाननेमें अज्ञान है। अतएव सगुण ब्रह्मकी कथा कहकर अज्ञान हरण कीजिये। पुनः भाव कि श्रीरघुनाथजीकी कथामें ज्ञान परिपूर्ण है। यथा—*'राम कथा मुनि बर बहु बरनी। ज्ञान जोनि पावक जिमि अरनी॥'* (७। ३२। ८) इसीसे पृथक्-पृथक् ज्ञान कहकर अज्ञान-हरण करनेका कुछ प्रयोजन नहीं है। पुनः भाव कि अगस्त्यजीके मुखसे श्रीरामकथा सुन चुकी हैं; यथा—*'राम कथा मुनिबर्ज बखानी। सुनी महेस परम सुख मानी॥'* (४८। ३) इससे जानती हैं कि वह ज्ञानकी समूह है। अतः *'रघुनाथ कथा'* ही सुनना चाहती हैं। (घ) *'बिधि नाना'* इति। अज्ञान भारी है, इसीसे कहा कि *'नाना बिधि'* से कथा कहिये। [बैजनाथजी *'नाना बिधि'* से 'अवतारका हेतु, धामकी महिमा, नामका प्रताप, रूपके गुण और ऐश्वर्य-माधुर्य-यश-कीर्त्तिमय लीलादि' का भाव लेते हैं।]

जासु भवनु सुरतरु तर होई। सहि कि दरिद्र जनित दुखु सोई॥ ३॥
ससि भूषन अस हृदय बिचारी। हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी॥ ४॥

अर्थ—जिसका घर कल्पवृक्षके नीचे हो, (भला) वह दरिद्रसे उत्पन्न दुःखको क्यों सहेगा?॥ ३॥ हे शशिभूषण (चन्द्रशेखर)! हे नाथ! ऐसा हृदयमें विचारकर मेरे बुद्धिके भारी भ्रमको हर लीजिये॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'जासु भवनु सुरतरु तर होई।……'* इति। (क) *'सुरतरु'*—क्षीरसागरमन्थनसे निकला हुआ एक वृक्ष, जो देवलोक (स्वर्ग) में है।—*'नाम रामको कलपतरु।'* (१। २६) में देखिये। (ख) यहाँ शिवजी कल्पवृक्ष हैं, उसके तले पार्वतीजीका भवन है, अर्थात् ये शिवजीकी दासी हैं। (ग) *'सुरतरु तले'* भवन होनेमें ही शिवजीकी प्रधानता है, इसीसे शिवजीकी प्रधानता रखनेके लिये ऐसा कहा है। भवनके पास कल्पवृक्ष होनेसे पार्वतीजीकी प्रधानता होती, इससे वैसा ही कहा। (घ) ऊपर नामको कल्पतरु कहा है—*'प्रनत कलपतरु नाम'*। रूप भी कल्पतरु है, यह यहाँ कहा। भाव यह कि जिसका नाम लेनेसे मोहका नाश होता है, उसके समीप रहनेपर तो मोह किसी प्रकार न रहना चाहिये। यहाँ शिवजी सुरतरु हैं और उनके समीप रहना यही भवन है। (ङ) ☞कल्पवृक्षके तले जाकर माँगनेसे कल्पवृक्ष देता है। यथा—*'जाइ निकट पहिचानि तरु छाँह समनि सब सोच। मागत अभिमत पाव जग राव रंक भल पोच॥'* (२। २६७) पार्वतीजी कल्पवृक्षरूप शिवजीके पास गयीं,—*'बैठीं शिव समीप हरषाई'*; और माँगती हैं कि मेरा अज्ञान नष्ट हो—*'तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना॥'* सुरतरु-तले जानेवालेका दरिद्र नाश होता है और मेरा भवन ही सुरतरु-तले है। तात्पर्य कि एक बार ही आपके पास जानेसे अज्ञान दूर हो जाता है और मैं तो रात-दिन आपके पास ही रहती हूँ।—यही सुरतरु-तले भवनका होना है। (च) *'सहि कि दरिद्र-जनित……'* इति। मोह दरिद्र है, यथा—*'मोह दरिद्र निकट नहिं आवा॥'* (७। १२०। ४) उसीके हरनेकी प्रार्थना करती हैं—*'तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना॥'* अज्ञान और मोह पर्याय हैं। (दरिद्रता स्वयं ही दुःख है, यथा—*'नहिं दरिद्र सम दुख जग माहीं।'* (७। १२१। १३) यहाँ 'वक्रोक्ति' अलङ्कार है।)

टिप्पणी—२ *'ससिभूषन अस हृदय बिचारी।'* इति। (क) शशिभूषणका भाव कि शशि शरदातपको हरता है, यथा—*'सरदातप निसि ससि अपहरई'*; आप मेरे मोहरूपी तापको हर लीजिये। यह भाव उपसंहारके *'मिटा मोह सरदातप भारी।'* (१। १२०। १) से सिद्ध होता है। इस तरह 'सुरतरु' और 'ससि भूषण' दोनों ही विशेषण मोहके ही नाशके लिये कहे गये। [(ख) *'ससिभूषन'*, यथा—*'आननु सरद चंद छबि हारी।'* (१०६। ८) *'सोह बालबिधु भाल।'* (१०६) 'मुख चन्द्र है, वचन किरण हैं, भारी भ्रम वा मोह शरदातप है। यथा—*'ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥'* (ग) पुनः भाव कि 'आपने अल्प कलावाले एवं वक्र चन्द्रमाको मस्तकपर धारण किया और उसे जगत्-वन्द्य बना दिया,

मैं भी अल्प-गुणयुक्त और संशयात्मक हूँ तथापि आपने मुझे अङ्गीकार कर लिया है; अथवा जैसे चन्द्रमा ओषधियोंको रस देता है और अन्धकार भी हरता है, वैसे ही आप मेरी बुद्धिको भक्तिरूपी रस दें और मेरे बुद्धिका भ्रम भी निवारण करें।' (पं०)] (घ) *'अस हृदय बिचारी'* का भाव कि आप चन्द्रभूषण हैं, सुरतरु हैं, अपने गुणोंको विचारकर मेरा भ्रम दूर कीजिये, मेरे अवगुणोंकी ओर न देखिये। (ङ) *'मम मति भ्रम भारी'*—मतिका भ्रम आगे कहती हैं—*'जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि। देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति बुद्धि अति मोरि॥'* (१०८)

वि० त्रि०—गुरुसे पूछनेपर ही ज्ञान होता है, अतः पहिले अज्ञानके दूर करनेकी प्रार्थना मायाकी आवरणशक्ति दूर करनेके लिये की थी—*'हरहु मोर अज्ञाना।'* अब दूसरी प्रार्थना मायाकी विक्षेपशक्ति (भ्रम) को दूर करनेके लिये हो रही है। पहिले वस्तुका अज्ञान होता है, उसके बाद अन्यथा ज्ञान होता है। ये ही दोनों क्रमशः मायाकी आवरणशक्ति और विक्षेपशक्ति कहलाते हैं।

प्रभु जे मुनि परमारथ बादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥५॥
सेस सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥६॥
तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनंग आराती॥७॥

शब्दार्थ—परमार्थ=परम अर्थ जो पदार्थ सबसे परे है। (पां०) परमारथबादी (परमार्थवादी)=ब्रह्मज्ञानी, चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्मके स्वरूपको यथार्थ जानने और कहनेवाले। *'परमारथ पथ परम सुजाना।'* (१। ४४। २) देखिये। *अनंग*=बिना अङ्गके (ही सबको व्यापनेवाला)=कामदेव। यथा—*'अब ते रति तव नाथ कर होइहि नामु अनंगु। बिनु बपु ब्यापिहि सबहि पुनि सुनु निज मिलन प्रसंगु।'* (१। ८७) आराती=शत्रु। 'अराती' शुद्ध संस्कृतभाषाका शव्द है। **'अभिघातिपराऽरातिप्रत्यर्थिपरिपन्थिनः।'** (अमरकोश २। ८) **अनंग आराती**=कामारि।

अर्थ—हे प्रभो! जो परमार्थवादी मुनि हैं वे श्रीरामजीको अनादि ब्रह्म कहते हैं॥५॥ शेष, शारदा, वेद और पुराण सभी श्रीरघुनाथजीके गुण गाते हैं॥६॥ और फिर हे कामदेवके शत्रु! (ये ही नहीं किन्तु) आप भी दिन-रात आदरपूर्वक राम-राम जपते हैं॥७॥

टिप्पणी—१ *'प्रभु जे मुनि परमारथबादी।......'* इति। (क) *'जे'* अर्थात् सब मुनि नहीं, केवल वही जो परमार्थतत्त्वके ज्ञाता और वक्ता हैं। ('परमार्थवादी' हेतुगर्भित विशेषण है। इससे जनाया कि ये यथार्थ तत्त्वके ज्ञाता होनेसे इनका विचार वा ज्ञान प्रामाणिक है।) (ख) *'कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी'* अर्थात् मुनिलोग रूपका निरूपण करते हैं। यथा *'जिति पवन मन गो निरस करि मुनि ध्यान कबहुँक पावहीं॥'* (४। १०) *'करि ध्यान ज्ञान बिराग जोग अनेक मुनि जेहि पावहीं॥'* (३। ३२) यहाँ *'रूप'* कहकर आगे *'लीला'* कहती हैं। (ग) *'सेस सारदा......'* यथा *'सारद सेस महेस बिधि आगम निगम पुरान। नेति नेति कहि जासु गुन करहिं निरंतर गान॥'* (१। १२) मुनि, शेष और शारदासे मर्त्य, पाताल और स्वर्ग तीनों लोकोंके प्रधान-प्रधान वक्ताओंको कह दिया। वेद और पुराण तीनों लोकोंके वक्ता हैं। (घ) *'सकल करहिं......'* का भाव कि वे रघुपति यही हैं या कोई और *'रघुपति'* हैं, जिनका वेदादि गुण गाते हैं। ☞ इन दोनों चरणोंमें *'लीला'* कही, *'रघुपति गुन गान'* लीला है। आगे *'नाम'* को कहती हैं। [*'राम'* से कई रामका बोध होता है, अतः *'रघुपति'* कहा। (पां०)]

टिप्पणी—२ (क)—[*'तुम्ह पुनि'* का भाव कि वे श्रीरामजीको अनादि ब्रह्म भले ही मानें और कहें तथा उनका गुणगान करें तो भले ही करें, इसमें मुझे आश्चर्य नहीं होता, परंतु आप तो *'प्रभु समर्थ सर्वज्ञ सकल कला-गुन-धाम योग-ज्ञान-वैराग्यनिधि'* हैं तथा *'अनंग आराती'* हैं अर्थात् कामनारहित पूर्णकाम हैं; इत्यादि विशेषणों और गुणोंसे युक्त होनेपर भी आप *'राम राम'* जपते हैं, इसीसे मुझे भारी संदेह हो गया है] (ख) *'दिन राती'* अर्थात् निरन्तर जपते हैं, विश्राम नहीं करते, भजनहीमें विश्राम मानते हैं। (ग) *'सादर जपहु'* का भाव कि श्रीशिवजीको राम-नाम अत्यन्त प्रिय है; यथा *'अतिथि पूज्य प्रियतम पुरारि के॥'* (१। ३२। ८) इसीसे आदरपूर्वक जपते हैं। [पुनः, 'सादर=भावपूर्वक।' भाव कि श्रीसीताजीके

वियोगकालमें रघुनाथजीको अति शोकातुर देखकर भी आपकी श्रद्धामें किञ्चित् भी न्यूनता न आयी। (पं०)]
(घ) *'अनंग आराती'* का भाव कि कामका नाश करके *'राम राम'* जपते हैं, क्योंकि काम भजनका बाधक है। कामको त्यागकर भजन करना चाहिये। यथा *'तब लगि कुसल न जीव कहुँ सपनेहुँ मन बिश्राम। जब लगि भजत न राम कहुँ सोकधाम तजि काम॥'* (५। ४६) [पुनः भाव कि और लोग सकाम जपते हैं। और आप निष्काम जपते हैं, उसपर भी आदरपूर्वक जपते हैं। (पं०) पुनः भाव कि कामदेवको भस्म करके फिर उसे अङ्गहीन सजीव कर दिया, ऐसे समर्थ होकर भी आप नाम जपते हैं। (वै०)]
(ङ) ☞यहाँ नाम कहा, आगे *'धाम'* कहती हैं। शिवजी राम-नाम जपते हैं, यथा *'अस कहि लगे जपन हरि नामा॥'* (५२। ८), *'राम नाम सिव सुमिरन लागे॥'* (६०। ३), *'महामंत्र जोइ जपत महेसू'* *'तव नाम जपामि नमामि हरी॥'* (७। १४) इत्यादि।

नोट—श्रीपार्वतीजी रूप, लीला, नाम और धाम चारों श्रीरघुपतिकथामें सुनना चाहती हैं, अतएव यहाँ अपने वचनोंमें ये चारों बातें गुप्त रीतिसे प्रकट कर रही हैं। क्रमसे वे चारोंका महत्त्व कहती जा रही हैं। ऊपर जो उन्होंने कहा था—*'तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥'* उससे इस भावका समर्थन हो रहा है।

टिप्पणी—३ रूप, लीला और नामको क्रमसे कहनेका भाव—(क) मुनि, शेषादि और श्रीशिवजी—ये सभी नाम, रूप, लीला और धामका निरूपण करते हैं। रही बात यह कि एक-एक मुख्य है। जिसमें जो मुख्य है उसमें उसीको कहा गया। परमार्थवादी मुनिमें रूपकी प्रधानता है, शेषादिमें लीलाकी और शिवजीमें नामकी प्रधानता है। अतएव इन्हींको पृथक्-पृथक् उनके साथ कहा। पुनः, (ख) ☞ रूप, लीला और नाम उत्तरोत्तर एकसे दूसरेको अधिक प्रिय जनाया। मुनि रूप कहते हैं। (क्योंकि मुनि मननशील होते हैं। ये रूपका ध्यान करते हैं। इसीसे ये 'रूप' के ज्ञाता होनेसे उसीको कहते हैं) लीला रूपसे विशेष प्रिय है, यथा *'हरि ते हरिचरित पियारे'* (गीतावली), *'जीवनमुक्त ब्रह्मपर चरित सुनहिं तजि ध्यान। जे हरि कथा न करहिं रति तिन्ह के हिय पाषान॥'* (७। ४२) लीलासे नाम अधिक प्रिय है, यथा *'रामचरित सतकोटि महँ लिय महेस जिय जानि॥'* (१। २५) (ग) ☞ रूपसे लीला और लीलासे नाम विशेष है, अतएव इनके ग्रहण करनेवाले भी इनसे उत्तरोत्तर विशेष दिखाये गये। मुनियोंसे शेषादि विशेष हैं, क्योंकि मुनि इनकी उपासना करते हैं और इनसे शिवजी विशेष हैं; क्योंकि ये सब शिवजीका गुण गाते हैं।—*'चरितसिंधु गिरिजारमन बेद न पावहिं पारु॥ १०३॥'*

टिप्पणी—४ यहाँ तीन प्रमाण दिये हैं—मुनि, शेषादि और शिवजी। तीन प्रमाण देनेका कारण यह है कि पार्वतीजीने सतीतनमें शिवजीके मुखसे तीन ही प्रमाण सुने हैं, जो प्रमाण सुने हैं वे ही आप भी दे रही हैं। यथा *'जासु कथा कुंभज रिषि गाई॥'* (५१। ७) *'मुनि धीर जोगी सिद्ध संतत बिमल मन जेहि ध्यावहीं। कहि नेति निगम पुरान आगम जासु कीरति गावहीं'* और *'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा। सेवत जाहि सदा मुनि धीरा॥'* (१। ५१। ८)

टिप्पणी—५ जिस क्रमसे शिवजीने वर्णन किया था, उसी क्रमसे पार्वतीजीने भी प्रश्न उठाया। दोनोंका मिलान—

श्रीशिवजी	श्रीपार्वतीजी
सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा।	*१ तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु……*
सेवत जाहि सदा मुनि धीरा॥	*२ प्रभु जे मुनि परमारथबादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥*
मुनि धीर जोगी सिद्ध संतत बिमल मन जेहि ध्यावहीं।	*३ सेस सारदा बेद पुराना।*
कहि नेति निगम पुरान आगम जासु कीरति गावहीं॥	*सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥*
सोइ राम ब्यापक ब्रह्म भुवन निकायपति मायाधनी।	*४ रामु सो अवधनृपतिसुत सोई।*
अवतरेउ अपने भगत हित ।	*की अज अगुन अलख गति कोई॥*

रामु सो अवधनृपति सुत सोई। की अज अगुन अलख गति कोई॥ ८॥

अर्थ—(जिनको मुनि अनादि ब्रह्म कहते हैं, जिनका यश शेषादि गाते हैं और जिनका नाम आप जपते हैं) वे राम वही अवधके राजा दशरथके पुत्र हैं (जिनको वनमें विलाप करते देखा था), या अजन्मा, निर्गुण (अव्यक्त) और अलक्ष्य गतिवाले कोई और (राम) हैं?॥ ८॥

टिप्पणी—१ (क) वेद-पुराणोंके वचनोंसे और महादेवजीके इष्ट (होने) से ब्रह्म निश्चय किया। *'अवध'* पद कहकर धाम सूचित किया; नहीं तो *'नृपतिसुत'* इतना ही कहतीं। अवधनृपतिके सुत हैं तब तो अवध उनका धाम है। (ख) *'की अज अगुन अलख गति कोई'* इति। ऊपर जो तीन बातें तीन चौपाइयोंसे कहीं वही यहाँ 'अजादि' तीन पदों (विशेषणों) से कहती हैं। अर्थात् उपर्युक्त तीनों चौपाइयोंका प्रयोजन अज आदि तीन पदोंसे ग्रहण किया गया। *'प्रभु जे मुनि परमारथ बादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥'*—यह बात *'अज'* से, *'सेस सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥'* —यह बात *'अगुण'* से, और *'तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥'*—यह बात *'अलख गति'* से ग्रहण की। (ग) ब्रह्मके तीन लक्षण हैं—अज, अगुण, अरूप। यथा *'जेहि कारन अज अगुन अरूपा। ब्रह्म भएउ कोसलपुर भूपा॥'* (१। १४१। २) यहाँ जो *'अलख गति'* कहा, उसका अर्थ इस प्रकार *'अरूप'* हुआ। (घ) *'की अज अगुन……'* इस शङ्काका कारण आगे देती हैं कि *'जौं नृपतनय……।'* अज आदिके भाव भी वहीं दिये जायँगे।

बैजनाथजी—१ यह आश्चर्य अभिनिवेशित वार्ता है। जैसे लोकमें कोई महाराज नामजादा किसीके कार्यहित दया कर एकाकी ही निकले और कोई उसे पहचानकर कहे कि यह तो अमुक महाराजा है तो सब यही कहेंगे कि तू झूठा है, क्योंकि तू एक अदना (तुच्छ, साधारण व्यक्ति) को महाराज बताता है, भला वह होते तो डंके, निशान, सेनाके पदप्रहारसे गजों जमीन खुदकर रज हो आकाशको जाती। यदि किसीने विश्वास किया भी तो ऐश्वर्यहीन देख आश्चर्यवश पुनः पूछता है कि अरे! यह वही महाराजा है? वैसे ही सतीजीको प्रथम विश्वास नहीं आया। जब प्रभाव देखा तब बुद्धि भ्रमित हो गयी, जिससे यथार्थ बोध न हो सका। किञ्चित् विश्वास है इसीसे आश्चर्यान्वित होकर पूछती हैं कि *'राम सो……।'*

२ *'अज'* का भाव कि ब्रह्म तो जन्म नहीं लेता, वह तो अजन्मा है और ये तो राजाके पुत्र हैं। ब्रह्म 'अगुण' अर्थात् मायिक गुणोंसे परे है, उसमें कोई गुण छू नहीं जाते और ये तो रजोगुणवश सकाम होनेसे स्त्रीमें आसक्त रहे, स्त्री-वियोग होनेसे तमोगुणवश हो विलाप करते देखे गये। ब्रह्म अलखगति है, उसकी गति कोई जान नहीं सकता। [ब्रह्मकी गति अलक्ष्य है, वह प्राकृत इन्द्रियोंका विषय नहीं है। बिना दिव्य सूक्ष्म दृष्टि प्राप्त किये कोई देख नहीं सकता और न जान ही सकता है। यथा—'**एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते। दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः।**' (कठ० १। ३। १२)] और इनकी गति तो प्रत्यक्ष ही सबको दिख रही है। मैंने स्वयं देखी है जैसा आगे कहती हैं—*'देखि चरित……।'* और सभीने देखा है कि विरहसे व्याकुल हो रहे थे—*'देखा प्रगट बिरह दुख ताकें।'* (४९। ८)

टिप्पणी—२ ☞ शिवजीका उपदेश सतीजीको नहीं लगा। इसका कारण एक तो वहीं उसी प्रसंगमें कहा गया है, यथा—*'लाग न उर उपदेसु जदपि कहेउ सिव बार बहु। बोले बिहसि महेसु हरिमाया बलु जानि जिय॥'* (१। ५१) अर्थात् इसमें मायाका प्राबल्य कारण था। दूसरे, शिवजीने वहाँ अवतारका हेतु नहीं कहा था, इससे संदेह बना रह गया कि ब्रह्म अवतार नहीं लेता। वही शंका यहाँ प्रकट करती हैं—*'जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि'*। यह शंका पूर्व सतीतनमें भी रही थी। यथा—*'ब्रह्म जो व्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद।'* (१। ५०) इसीसे वे बारंबार अवतारका कारण पूछती हैं। यथा—*'प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी।'* (१। ११०) *'राम ब्रह्म चिनमय अबिनासी। सर्ब रहित सब उर पुर बासी॥ नाथ धरेउ नृप तन केहि हेतू। मोहि समुझाइ कहहु बृषकेतू॥'* (१। १२०)

दोहा—जौ नृप तनय त ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि।
देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति बुद्धि अति मोरि॥ १०८॥

अर्थ—(क्योंकि वे राम) यदि राजपुत्र हैं तो ब्रह्म कैसे? (और यदि ब्रह्म हैं तो) स्त्री-वियोग-विरहमें बुद्धि बावली कैसे? उनके चरित देखकर और महिमा सुनकर मेरी बुद्धि अत्यन्त चकरा रही है, अर्थात् बुद्धि निश्चय नहीं कर पाती कि ये दाशरथी राम ब्रह्म हैं॥ १०८॥

टिप्पणी—१ पार्वतीजीने जिन तीन बातोंसे श्रीरघुनाथजीको ब्रह्म निश्चय किया उन्हीं तीनों प्रकारोंसे श्रीरामजीके ब्रह्म होनेमें संदेह करती हैं। यथा—(क) *'प्रभु जे मुनि परमारथबादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥'* इसके विरुद्ध यहाँ दिखाती हैं कि *'जौ नृप तनय त ब्रह्म किमि'* राजपुत्र हैं तब अनादि ब्रह्म कैसे? (ख) *'सेस सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥'* इसके विरुद्ध दिखाती हैं कि शेषादि जिनका गुण गाते हैं, उनकी मति नारि-विरहमें भोरी हो गयी, यह गुण कैसे सम्भव करें? (ग) *'तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥'* अर्थात् जिनके नामकी ऐसी महिमा है। यथा—*'राम नाम कर अमित प्रभावा। संत पुरान उपनिषद गावा॥ संतत जपत संभु अबिनासी। सिव भगवान ज्ञान गुन रासी॥ आकर चारि जीव जग अहहीं। कासीं मरत परमपद लहहीं॥ सोपि राम महिमा मुनिराया। सिव उपदेसु करत करि दाया॥'* (१। ४६) जिनका ऐसा नाम है, उनके चरित कैसे हैं? भाव कि प्रथम तो ब्रह्मका अवतार नहीं होता और यदि अवतार हो भी तो उनमें अज्ञान नहीं हो सकता।

नोट—१ अपनी ओरसे जो पूर्व कहा है उसका खण्डन करती हैं। राजाके पुत्र हैं, राजाके यहाँ इनका जन्म हुआ तब ये ब्रह्म कैसे हो सकते हैं कि जिनका परमार्थवादी मुनि ध्यान करते हैं? स्त्री-विरहमें ये ऐसे विह्वल हो गये कि इनकी बुद्धि बावली हो गयी, ये विलाप करते थे और लताओं-वृक्षों आदिसे पूछते थे; यथा—*'हा गुनखानि जानकी सीता। रूप सील ब्रत नेम पुनीता॥ लछिमन समुझाए बहु भाँती। पूछत चले लता तरु पाँती॥ हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी। तुम्ह देखी सीता मृगनयनी॥ खंजन सुक कपोत मृग मीना॥'* से *'एहि बिधि खोजत बिलपत स्वामी। मनहु महा बिरही अति कामी॥'* तक। (३। ३०। ७—१६) जो ऐसे पागल हो रहे थे उनकी लीला भला शेषादि कैसे गावेंगे? *'देखि चरित'* अर्थात् *'नारि बिरह मति भोरि'* यह चरित प्रत्यक्ष देखा और महिमा कुम्भज ऋषि तथा आपसे सुनी। जिनकी ऐसी महिमा है कि आप निष्काम होकर उनका नाम सादर निरंतर जपा करते हैं उनके चरित्र ऐसे कब हो सकते हैं? (भाव यह कि इन सब बातोंका सामञ्जस्य नहीं बैठता। इस भाँति परमार्थवादी, शेष, शारदा, वेद, पुराण और स्वयं शिवजीके सिद्धान्तपर भगवती उमाने संदेह किया। वि० त्रि०)

बैजनाथजी—*'महिमा सुनत'*, यथा पुरुषसूक्ते—'एतावानस्य महिमातो ज्यायांश्च पूरुषः। पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।' अर्थात् ऐसे पुरुषकी इतनी महिमा है जो लोकका मोक्षदाता है। इसी कारणसे उसको श्रेष्ठ पुरुषोत्तम कहते हैं। उसके एक पाद अर्थात् किञ्चित् अंशसे चराचर संसार है, तीन पाद आकाशमें हैं। अथवा वह विनाश-रहित स्वयं प्रकाश है। इत्यादि महिमा है। २ *'देखि चरित'*—अर्थात् *'नारि बिरह मति भोरि'* यह चरित देखकर और अगस्त्यजीसे, शेष-वेद-पुराणादिसे तथा आपके मुखसे महिमा सुनकर।

जौ अनीह ब्यापक बिभु कोऊ। कहहु बुझाइ नाथ मोहि सोऊ॥ १॥
अज्ञ जानि रिस उर जनि धरहू। जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू॥ २॥

शब्दार्थ—अनीह (अन ईहा) इच्छा, चाह वा कामनारहित। *'एक अनीह अरूप अनामा।'* (१। १३। ३) देखिये। व्यापक—(१। १३। ३) देखिये। विभु=समर्थ अर्थात् सत्यसंकल्प, सत्यकाम। अज्ञ=अज्ञान, अनजान, अबोध, नासमझ, नादान।

अर्थ—यदि अनीह, व्यापक, समर्थ (राम ब्रह्म) कोई और हो तो, हे नाथ! मुझे वह भी समझाकर

कहिये॥ १॥ मुझे अबोध (नादान) जानकर मनमें क्रोध न लाइये। जिस तरह मेरा मोह मिटै वही कीजिये॥ २॥

टिप्पणी—१ *'जौं अनीह……'* इति। (क) अज, अगुण, अलखगति, अनीह, व्यापक और विभु कहकर पूर्व-जन्मके संदेह प्रकट किये कि ब्रह्म अवतार नहीं लेता; यथा—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद।'* (१। ५०) इसीसे कहती हैं कि नृपतिसुतसे अन्य जो कोई पूर्वोक्त विशेषणयुक्त ब्रह्म है, उसे भी समझाकर कहिये। तात्पर्य कि ब्रह्मका 'बूझना' कठिन है। (ख) यहाँ अगुण ब्रह्मको *'बुझा'* कर अर्थात् समझाकर कहनेकी प्रार्थना करती हैं, क्योंकि निर्गुण ब्रह्मके चरित नहीं होते, वह तो अनीह है और सगुण ब्रह्म चरित करते हैं, इससे ऊपर उनकी कथा कहनेकी प्रार्थना की है। यथा—*'तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥'*

बैजनाथजी—जो गुण सुने वे देखनेमें नहीं आये, इसीसे श्रीरामरूपमें परब्रह्मका निश्चय नहीं होता। इसीसे कहती हैं—*'जौं अनीह……'।* अनीह=बालयुवा-वृद्धावस्था, पुष्ट, क्षीण; उदासीन या प्रसन्न इत्यादि चेष्टाओंरहित सदा एकरस प्रसन्न-रूप। *'बिभु'*=समर्थ अर्थात् विभवरूप अवतार भगवान्के पाँच रूप हैं (ब्रह्मस्वरूपके पाँच भेद हैं) उनमेंसे अर्चा और व्यूह इन दो रूपोंमें तो पार्वतीजीने अपने-आप ही बोध कर लिया है। इनके अतिरिक्त जो तीन रूप पर, अन्तर्यामी और विभव हैं, उनके सम्बन्धमें संदेह है, वही पूछती हैं कि इनमेंसे जो सर्वोपरि परब्रह्मरूप हो (पर-स्वरूप हो) वह हमें समझाइये। उनका ऐश्वर्य सुनाकर मनको बोध करा दीजिये।

टिप्पणी—२ *'अज्ञ जानि रिस उर जनि धरहू।……'* इति। (क) ☞ इस वचनसे निश्चय होता है कि *'जौं अनीह ब्यापक बिभु कोऊ'* इतना कहते ही शिवजीकी चेष्टा बदल गयी, क्रोधयुक्त हो गयी, जैसा कि आगे शिवजीके वचनोंसे भी प्रमाणित होता है। यथा—*'एक बात नहि मोहि सोहानी। जदपि मोह बस कहेहु भवानी॥ तुम्ह जो कहा राम कोउ आना। जेहि श्रुति गाव धरहिं मुनि ध्याना॥ कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जे मोह पिसाच।'* (१। ११४) क्रोधका चिह्न देखते ही पार्वतीजी समझ गयीं कि मुझसे कहते नहीं बना, बात बिगड़ गयी, इसलिये तुरत ही *'अज्ञ जानि रिस उर जनि धरहू'* कहकर वे प्रार्थना करने लगीं। (बैजनाथजीका मत है कि *'अज्ञ जानि'* का भाव यह है कि 'पूर्ववत् अज्ञान जानकर क्रोध न कीजिये कि समझेगी कि नहीं, कौन व्यर्थ बकवाद करे। अथवा, पूर्णबोध बिना मैं अज्ञ हूँ, बिना बताये कैसे बोध होगा, ऐसा जानकर रिस न कीजिये) (ख) *'अज्ञ जानि……'* का भाव कि अज्ञका अपराध बड़े लोग उरमें नहीं रखते; यथा—*'छमहु चूक अनजानत केरी।'* (१। २८२। ४) फिर स्त्रियाँ तो सहज ही अज्ञ होती हैं, यथा—*'कीन्ह कपट मैं संभु सन नारि सहज जड़ अज्ञ।'* (१। ५७) अतएव कहती हैं कि अज्ञ जानकर रिस न कीजिये, किन्तु अज्ञताको हर लीजिये। (पुनः, *'अज्ञ जानि……'* का भाव कि नासमझ होनेके कारण यदि मैंने कुछ अनुचित कहा हो तो उसे क्षमा कीजिये। यथा—*'अनुचित बहुत कहेउँ अज्ञाता। छमहु छमा मंदिर दोउ भ्राता॥'* (१। २८५। ६) (ग) *'जेहि बिधि मोह मिटै……'* इति। मोह मिटानेका उपाय हरिकथा है। यथा—*'बिनु सतसंग न हरिकथा तेहि बिनु मोह न भाग।'* (७। ६१) सो यह बात वे प्रथम ही कह चुकी हैं—*'कहि रघुनाथ कथा……'।* (भाव कि मैं वह विधि नहीं जानती जिससे मोह मिट जाय। यदि कथा कहनेके अतिरिक्त कोई विधि हो, तो उसे ही काममें लाइये। वि० त्रि०)

मैं बन दीखि राम प्रभुताई। अति भय बिकल न तुम्हहि सुनाई॥ ३॥
तदपि मलिन मन बोधु न आवा। सो फलु भलीभाँति हम पावा॥ ४॥

अर्थ—मैंने वनमें श्रीरामजीकी प्रभुता देखी थी, परंतु अत्यन्त भयसे व्याकुल (होनेके कारण मैंने यह बात) आपको सुनायी नहीं॥ ३॥ तो भी मेरे मलिन मनको बोध न हुआ। उसका फल हमने भली प्रकार (खूब अच्छी तरह) पा लिया॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'मैं बन दीखि……'* इति। (क) यदि शिवजी कहें कि मोह मिटनेका हेतु तो हो चुका

है, तुम वनमें श्रीरामजीकी प्रभुता देख ही चुकी हो; तो उसपर कहती हैं—*'मैं बन दीखि……'*, *'अजहू कछु संसउ मन मोरें। करहु कृपा……'*। (ख) महिमा सुनना ऊपर कह चुकी हैं—*'देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति……'*। इससे पाया गया कि महिमा देखी नहीं, यह शिवजीसे दुराव करना ठहरता है, इसीसे कहती हैं कि *'मैं बन दीखि राम प्रभुताई'* पर आपके भयसे व्याकुल होकर आपसे नहीं सुनाया; कारण कि आपका कहा मैंने नहीं माना था और वहाँ जानेपर आपकी ही बात ठीक निकली, तब मैं अत्यन्त भयभीत हो गयी कि अब क्या उत्तर दूँगी। यथा—*'मैं संकर कर कहा न माना। निज अज्ञानु राम पर आना॥ जाइ उतरु अब देहौं काहा। उर उपजा अति दारुन दाहा॥'* (१। ५४) *'सतीं समुझि रघुबीर प्रभाऊ॥ भय बस सिव सन कीन्ह दुराऊ॥'* (१। ५६। १) (ग) जब शिवजीकी चेष्टा रिसयुक्त हुई तब समझ गयीं कि यही रामजी ब्रह्म हैं, इनसे अतिरिक्त और कोई ब्रह्म नहीं है। यही अब कहती हैं। (ग) *'न तुम्हहिं सुनाई'* कहकर अपना कपट प्रकट करती हैं। बातको छिपाकर दूसरी बात कहना कपट है। वह कपट यह था कि *'कछु न परीछा लीन्हि गोसाईं। कीन्ह प्रनामु तुम्हारिहिं नाईं।। जो तुम्ह कहा सो मृषा न होई। मोरे मन प्रतीति अति सोई।'* (१। ५६। २-३)

पूर्व शिवजीसे कपट किया था, इसीसे उनके हृदयमें ज्ञान उत्पन्न न हुआ; यथा—*'होइ न बिमल बिबेक उर गुर सन कियें दुराव।'* (१। ४५) अब दुराव छोड़कर कपट त्यागकर शिवजीसे सब हाल स्पष्ट कह रहीं हैं, इसलिये अब श्रीरामस्वरूपका बोध हो जायगा। (घ) [वनमें प्रभुता देखनेका प्रसङ्ग—*'जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू। पिता समेत लीन्ह निज नामू॥ कहेउ बहोरि कहाँ बृषकेतू। बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू।'* (१। ५३। ७-८) तथा—*'जाना राम सती दुखु पावा। निज प्रभाउ कछु प्रगटि जनावा॥ सतीं दीख कौतुक मग जाता।'* (१। ५४। ३) से *'बहुरि बिलोकेउ नयन उघारी। कछु न दीख तहँ दच्छकुमारी'*। (५५। ७) तक है। अत्यन्त भयसे व्याकुल होनेका प्रसंग—*'सती सभीत महेस पहिं चलीं हृदय बड़ सोचु'*। (५३) से *'उर उपजा अति दारुन दाहा'* तक। पुनः *'सोइ रघुबर सोइ लछिमन सीता। देखि सती अति भईं सभीता॥'* इत्यादि। (१। ५५। ५—८) तथा—*'सती समुझि रघुबीर प्रभाऊ। भय बस सिव सन कीन्ह दुराऊ॥'* (५६। १)।]

टिप्पणी—२ *'तदपि मलिन मन बोधु न आवा।……'* इति। (क) बोध न होनेका हेतु कहती हैं कि मन मलिन था इसीसे ज्ञान न हुआ। मनमें संशय, भ्रम आदि करनेसे ज्ञानादि गुण नष्ट हो जाते हैं, मन मलिन हो जाता है। यथा—*'अस संसय आनत उर माहीं। ज्ञान बिराग सकल गुन जाहीं॥'* (१। ११९। ६) सतीजीको बहुत संशय हुआ था। यथा—*'अस संसय मन भएउ अपारा। होइ न हृदय प्रबोध प्रचारा॥'* (१। ५१) इसी तरह गरुड़के हृदयमें बहुत भ्रम था इसीसे उनको प्रबोध न होता था। यथा—*'नाना भाँति मनहि समुझावा। प्रगट न ज्ञान हृदय भ्रम छावा॥'* (७। ५९) [गुरुकी अवज्ञा करनेसे ईश्वरका साक्षात्कार होनेपर भी बोध नहीं होता। (रा० प्र०)] (ख) *'सो फलु भलीं भाँति……'* इति। अर्थात् ईश्वरमें नरबुद्धि लायी, आपका वचन झूठ माना; इसका फल भली प्रकार मिला। यथा—*'मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना। पुनि पति बचनु मृषा करि जाना॥ सो फलु मोहिं बिधाता दीन्हा। जो कछु उचित रहा सोइ कीन्हा॥'* (१। ५९)। [भलीभाँति फल यह कि पतिने सतीतनमें पत्नीभावका त्याग किया, यह पति-परित्यागका भारी दुःख, उसीके कारण आगे तन-त्याग, पुनर्जन्म, बालपनेहीसे उग्र तप, इत्यादि जो हुआ वह सब इसीका परिणाम था। यथा—*'प्रभु मोहि तजेउ हृदय अकुलानी। निज अघ समुझि न कछु कहि जाई। तपै अवा इव उर अधिकाई॥'* (१। ५८) (ग) ☞ भ्रम अन्तःकरणमें होता है। अन्तःकरण चार हैं—मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार। इसीसे यहीं ये चारों कहे गये। यथा—*'बैठीं शिव समीप हरषाई। पूरुब जन्म कथा चित आई॥'*, *'देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति बुद्धि अति मोरि।'*, *'अजहू कछु संसउ मनु मोरें।'* 'मेरी' बुद्धि भ्रमित हो रही है, 'मेरे' मनमें संशय है। *'मोरें'* यह अहङ्कार है। मन और बुद्धिके साथ अहङ्कार मिला हुआ है। (घ) ☞ यद्यपि प्रभुता देखी तथापि बोध न हुआ। कारण कि ब्रह्ममें मनुष्यबुद्धि करनेसे मन

मलिन हो गया था, इससे तथा शिवजीसे दुराव करनेसे एवं मायाकी प्रबलतासे बोध न हुआ। [यथा—*'सती कीन्ह चह तहहुँ दुराऊ। देखहु नारि सुभाव प्रभाऊ॥ निज माया बलु हृदय बखानी।'* (१। ५३) *'बहुरि राम मायहि सिरु नावा। प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा॥'* (५६। ५) इसी तरह नारदको मायावश बोध न हुआ था; *'सुनत बचन उपजा अति क्रोधा। माया बस न रहा मन बोधा॥'* (१। १३६) मोहसे मन मैला हो जाता है, यथा—*'मोह जनित मन लाग बिबिध बिधि कोटिहु जतन न जाई।'''*]

बैजनाथजी—*'सो फलु भली भाँति हम पावा'*—भाव कि आप-ऐसे आचार्यका उपदेशामृत, उसपर भी प्रभुका दर्शनरूप अमृत दोनोंको पानेपर भी दुःख हुआ, क्योंकि मुझसे उचित कर्तव्य न बना। नहीं तो प्रभुका प्रभाव देखकर चाहिये था कि त्राहि-त्राहि करती हुई स्तुति करती तो वे शरणपाल मेरा अपराध क्षमा कर देते और आपसे सच्ची बात कह देती तो आप भी दयालु हो क्षमा कर देते; परंतु मन मलिन था, इससे एक भी कर्तव्य न बना।

वि० त्रि०—*'तदपि मलिन……'* इति। पहले आचरण और विक्षेप कह चुकीं, अब मनोमल कहती हैं, अर्थात् अपनेमें मायाकी तीनों शक्तियों आवरण, विक्षेप और मलको दिखलाया। अज्ञानका फल ही दुःख है सो भलीभाँति मैं पा चुकी। फिर भी दण्डसे अज्ञान पूरी तरह नष्ट नहीं हुआ।

प० प० प्र०—कारण-कार्यक्रमानुसार चरणोंका क्रम यह चाहिये—*'मैं बन दीख राम प्रभुताई। तदपि मलिन मन बोध न आवा। अति भय बिकल न तुम्हहि सुनाई।''।'* यहाँ यह क्रम न रखकर जनाया कि पूर्वजन्मकी उस घटनाकी स्मृतिसे पार्वतीजी इतनी डर गयीं कि भयकी बात पहिले कह डालीं। प्रभुताके देखनेका परिणाम प्रतीतिसे प्रीति होना कहा है, पर यहाँ कारणके अस्तित्वमें भी कार्य नहीं हुआ, यह 'विशेषोक्ति' अलङ्कार है। पार्वतीजीकी भावनाको प्रदर्शित करनेके लिये यहाँ कारण-कार्य सम्बन्ध भङ्ग किया गया।

अजहूँ कछु संसउ मन मोरें। करहु कृपा बिनवौं कर जोरें॥५॥
प्रभु तब मोहि बहु भाँति प्रबोधा। नाथ सो समुझि करहु जनि क्रोधा॥६॥

अर्थ—मेरे मनमें अब भी कुछ संशय है। (अब मुझपर) कृपा कीजिये, मैं हाथ जोड़कर विनती करती हूँ॥५॥ हे प्रभो! उस समय आपने मुझे बहुत तरहसे समझाया था (फिर भी मेरा संदेह न मिटा), हे नाथ! यह सोचकर कि (इसने हमारी बात न मानी थी) क्रोध न कीजिये॥६॥

नोट—१ *'अजहूँ कछु संसउ'* इति। पूरा संशय *'उर उपजा संदेहु बिसेषी॥'* (१। ५०। ५) से *'अस संसय मन भएउ अपारा।'* (५१। ४) तकमें दिखाया गया। इसमेंसे कुछकी निवृत्ति तो श्रीरामपरीक्षा-समय उनका प्रभाव देखनेपर हो गयी थी। १। ५३, १। ५४। २-३, १। ५५। ७-८ देखिये। अर्थात् यह निश्चय हो गया था कि ये सर्वज्ञ हैं, ब्रह्मा-विष्णु-महेशके इष्ट और उपास्य हैं, इसमें अब संदेह नहीं। परीक्षा लेनेपर अब वे उससे यह सिद्धान्त निकालती हैं कि दो ब्रह्म राम हैं—एक अगुण जो अवतार नहीं लेते, दूसरे सगुण जो अवतार लेते हैं। अपना यह संशय उन्होंने यहाँ *'रामु सो अवधनृपति सुत सोई।……'* इत्यादिसे प्रकट किया। परन्तु *'की अज अगुन अलख गति कोई।', 'जौ अनीह ब्यापक बिभु कोऊ'* यह सुनते ही शिवजीकी चेष्टा बदलती देख आपको विश्वास हो गया ये ब्रह्म ही हैं, ब्रह्म दो नहीं हैं, और अवतार भी ब्रह्मका होता है। अब मुख्य संशय केवल यह रह गया कि किस हेतु और किस प्रकार निर्गुण ब्रह्म सगुण होता है। शेष प्रश्न इन्हींकी शाखाएँ हैं।

टिप्पणी—१ *'अजहूँ कछु संसउ……'* इति। (क) अर्थात् परिपूर्ण संशय अब नहीं है, पूर्व बहुत था—*'अस संसय मन भएउ अपारा।'* (१। ५१। ४) (ख) *'करहु कृपा'* अर्थात् संशय दूर कीजिये। संशयसे भारी क्लेश मिला, उसका लेश अभी बना हुआ है, इसीसे संशय दूर करनेके लिये हाथ जोड़कर प्रार्थना करती हैं और उसके हरण करनेके लिये ही *'कृपा'* करनेको कहती हैं, जैसा आगे *'तुम्ह कृपाल सब संसउ हरेऊ।'* (१। १२०। २) से स्पष्ट है।

टिप्पणी—२ *'प्रभु तब मोहि बहु भाँति प्रबोधा।……'* इति। (क) यदि शिवजी कहें कि हमने तो संदेह दूर करनेके लिये ही बहुत समझाया, इसीसे *'प्रबोध'* पद दिया। *प्रबोध*=प्रकर्ष करके समझाया। (ख) ☞यहाँ उपदेश न माननेके अपराधके लिये क्षमाप्रार्थी हैं। इसके पूर्व जो *'अज्ञ जानि रिस उर जनि धरहू'* कहकर क्षमा माँगी थी वह प्रश्नकी अज्ञानताके लिये माँगी थी। इसीसे दो बार क्रोधका क्षमा करना लिखा गया। (ग) ☞ पार्वतीजी अपने मनसे शिवजीका रुष्ट होना समझे हुई हैं, वस्तुतः शिवजीको क्रोध नहीं है। देखिये, जब सतीजीने उपदेश न माना था तब वे हरिकी मायाका बल समझकर हँस दिये थे, सतीपर क्रोध नहीं किया था। यथा—*'लाग न उर उपदेसु जदपि कहेउ सिव बार बहु। बोले बिहसि महेसु हरिमाया बलु जानि जिय।'* (१। ५१) [(घ) *'बहु भाँति प्रबोधा'*- प्रसंग *'सुनहि सती तव नारि सुभाऊ। संसय अस न धरिय उर काऊ॥ जासु कथा कुंभज रिषि गाई।'* से *'लाग न उर उपदेसु……।'* (१। ५१) तक है।]

तब कर अस बिमोह अब नाहीं। रामकथा पर रुचि मन माहीं॥ ७॥
कहहु पुनीत रामगुन गाथा। भुजगराज भूषन सुरनाथा॥ ८॥

शब्दार्थ—**बिमोह**=विशेष मोह, भारी मोह। **रुचि**=लालसा। **पुनीत**=पवित्र एवं पावन करनेवाली।

अर्थ—तबका-सा विशेष मोह अब नहीं है। (अब तो) मनमें श्रीरामकथापर रुचि है। अर्थात् श्रीरामकथा सुननेकी चाह मनमें है॥ ७॥ हे सर्पराजभूषण (शेषजीको भूषणरूपसे धारण करनेवाले)! हे सुरस्वामी! श्रीरामजीके पावन गुणोंकी कथा कहिये॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'तब कर अस बिमोह अब नाहीं…'* इति। (क) भाव कि उस समय मायाकी प्रबलतासे मेरा मन मलिन हो गया था, इसीसे तब विशेष मोह था। यथा—*'माया बस न रहा मन बोधा।'* (१। १३६) अब सामान्य मोह रह गया है। (ख) *'रामकथा पर रुचि मन माहीं'* इति। इसीसे बारम्बार कथा कहनेको कह रही हैं—(यह रुचिका स्पष्ट प्रत्यक्ष लक्षण है। श्रीशिवजीने भी कहा है—*'तव मन प्रीति देखि अधिकाई। तब मैं रघुपति कथा सुनाई॥'* (७। १२८। २)यथा—*'तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥'* (१। १०८। २) *'कहहु पुनीत रामगुन गाथा।'* (यहाँ) और आगे भी *'अति आरति पूछौं सुरराया। रघुपति कथा कहहु करि दाया॥'* (१। ११०। ३)—इत्यादि सबोंमें *'कहहु'* क्रिया देकर *'रुचि'* का स्वरूप दिखाया है। (ग) ☞ प्रथम कहा कि वनमें श्रीरामजीकी प्रभुता देखनेपर भी कुछ संदेह रह गया। यथा—*'मैं बन दीखि राम प्रभुताई। अति भय बिकल न तुम्हहिं सुनाई॥ तदपि मलिन मन बोधु न आवा।'* और तब कहती हैं कि आपके समझानेपर भी कुछ मोह रह गया है। (अथवा, यह कहकर कि आपके समझानेपर भी मैं न समझी थी, यह समझकर क्रोध न कीजिये, अब क्रोध न करनेका कारण बताती हैं कि अब कुछ ही मोह रह गया है। जबतक *'बिमोह'* रहा तबतक रामकथा सुननेकी रुचि न थी, अब वैसा मोह नहीं है यह इससे जानती हूँ कि अब उसमें रुचि है)।

टिप्पणी—२ *'कहहु पुनीत रामगुन गाथा।…'* इति। (क) श्रीरामगुणगाथा पुनीत है, यह स्वयं शिवजी आगे कहते हैं। यथा—*'पूछेहु रघुपति कथा प्रसंगा। सकल लोक जग पावनि गंगा॥'* (१। ११२। ७) पुनः यथा—*'पावन गंग तरंग माल से।'* (१। ३२। १४) *'कहहु रामगुन-गाथा'* का भाव कि उसके सुननेसे रहा-सहा मोह भी नष्ट हो जायगा। यथा *'बिनु सतसंग न हरिकथा तेहि बिनु मोह न भाग।'* (७। ६१) (ख) *'भुजगराज भूषन'* अर्थात् शेष-ऐसे वक्ता आपके भूषण हैं, अतः आप सब कुछ कह सकते हैं। [पुनः शेषजी भक्तोंमें श्रेष्ठ हैं, सो आपके भूषण हैं, तब और कौन आपसे बढ़कर हो सकता है? आपसे कुछ छिपा नहीं रह सकता। (रा० प्र०, करु०) पद्मपुराण पातालखण्डमें श्रीवात्स्यायन ऋषिप्रवरने इन्हींसे श्रीरामचन्द्रजीकी कथा विस्तारसे सुनी है। इसके पूर्व सूर्यवंशके राजाओं और श्रीरामाश्वमेधकी संक्षिप्त कथा भी शेषजीने ही उन्हें सुनायी थी। शेषजीके ऊपर भगवान् शयन किये हुए हैं, उनसे अधिक भगवान्‌के चरित्र और कौन जानेगा? हजार मुखोंसे वे निरन्तर प्रभुका गुणगान किया ही करते हैं। आरतीमें ग्रन्थकारने

कहा ही है। *'सुक सनकादि शेष अरु सारद, बरनि पवनसुत कीरति नीकी।'* मानसमें भी कहा है—*'सहस बदन बरनइ परदोषा।'* (१। ४। ८) देखिये।] (ग) *'सुरनाथा'* का भाव कि देवता लोग सब वस्तुओंके ज्ञाता होते हैं और आप तो उनके भी स्वामी हैं, अतः सब बात जानते ही हैं। [पुनः देवता सत्त्वगुणी, *'जान'* अर्थात् विशेष बुद्धिमान् और जानकार होते हैं। आप उनके भी स्वामी हैं, अतएव उनसे भी श्रेष्ठ हैं। पुनः आप देवस्वामी हैं अतएव आपका स्वरूप दैवी मायासे परे है, तब भला आपसे बढ़कर रामकथाका वक्ता और मोहकी निवृत्ति करनेवाला कौन मिलेगा? (रा० प्र०, रामदासजी) पुनः भाव कि आप अपने आश्रितोंपर कृपा करते हैं, सुरवृन्दपर कृपा करके विषपान कर लिया था। मुझपर कृपा कीजिये। (वि० त्रि०)]

दोहा—बंदौं पद धरि धरनि सिरु बिनय करौं कर जोरि।
बरनहु रघुबर बिसद जसु श्रुति सिद्धांत निचोरि॥ १०९॥

अर्थ—मैं पृथ्वीपर सिर धरकर आपके चरणोंको प्रणाम करती हूँ और हाथ जोड़कर विनती करती हूँ। श्रुतियोंका सिद्धान्त निचोड़कर श्रीरघुनाथजीका निर्मल यश वर्णन कीजिये॥ १०९॥

टिप्पणी—१ (क) *'बंदौं पद धरि धरनि सिरु'* अर्थात् चरणोंपर वा पृथ्वीपर सिर रखकर प्रणाम करना वन्दनाकी अवधि (सीमा पराकाष्ठा) है और *'बिनय करौं कर जोरि'* अर्थात् बद्धाञ्जलि होकर, हाथ जोड़कर विनय करना यह विनयकी सीमा है। (ख) *'श्रुति सिद्धांत निचोरि'* इस कथनसे सिद्ध हुआ कि श्रीरघुवरयश श्रुतियोंका सिद्धान्त है। तात्पर्य कि सब वेद श्रीरामजीका यश वर्णन करते हैं। यथा—*'बंदौं चारिउ बेद भव-बारिधि बोहित सरिस। जिन्हहिं न सपनेहु खेद बरनत रघुबर बिसद जसु।'* (१। १४) वेद साक्षात् मूर्तिमान् होकर रामयश-गान करते हैं। यथा—*'बंदी बेष बेद तब आए जहँ श्रीराम।'*—*'लखेउ न काहू मरम कछु लगे करन गुन गान।'* (७। १२)—*'जे ब्रह्म अजमद्वैतमनुभवगम्य मनपर ध्यावहीं। ते कहहु जानहु नाथ हम तव सगुन जस नित गावहीं॥'* [वेद रघुवर-विमल-यश वर्णन तो करते हैं पर वेदका अन्त नहीं, 'यथा—अनन्ता वै वेदाः' (भरद्वाज); अतः कहती हैं कि वेदोंमेंसे उनके सिद्धान्तको निचोड़कर कहिये, अर्थात् उसका सार भजनोपयोगी अंश रघुवर-यश कहिये। (वि० त्रि०)]

वेदान्तभूषणजी—'श्रुति सिद्धांत निचोरि' इति। महर्षि हारीतजीने श्रुतिसिद्धान्तका वर्णन इस तरह किया है—**'प्राप्यस्य ब्रह्मणो रूपं प्राप्तस्य प्रत्यगात्मनः। प्राप्त्युपायं फलं चैव तथा प्राप्तिविरोधिनः॥ वदन्ति सकला वेदाः सेतिहासपुराणकाः। मुनयश्च महात्मानो वेदवेदाङ्गवेदिनः॥'** अर्थात् जीवके परम प्राप्य ब्रह्म श्रीरामजीका स्वरूप, भगवत्प्राप्तिसे लाभ और जीवको भगवत्से वियोग करानेवाले विरोधियोंके स्वरूप, इन्हीं पाँच तत्त्वोंको इतिहासपुराणोंसहित समस्त वेद तथा वेद-वेदाङ्गके जाननेवाले महात्मा मुनि लोग वर्णन करते हैं। श्रुति-सिद्धान्त निचोड़कर कहनेके लिये आग्रह करनेपर श्रीशंकरजीने श्रीरामचरितके साथ-साथ ही इन पाँच स्वरूपोंका विवरण भी स्पष्टरूपमें कर दिया है। एक सिलसिलेसे इन्हींका वर्णन इसलिये नहीं किया गया कि पार्वतीजीने केवल रघुवरचरितको ही श्रुति-सिद्धान्त समझकर उसके लिये प्रश्न किया था; परंतु परम वेदज्ञ श्रीशङ्करजीने प्रसंगानुकूल इन पाँचों सिद्धान्तोंका वर्णन अच्छी तरह किया है। *'जेहि इमि गावहिं बेद बुध जाहिं धरहिं मुनि ध्यान। सोइ दसरथसुत भगत हित कोसलपति भगवान।'* (१। ११८) *'कहि नित नेति निरूपहिं बेदा।'* में 'प्राप्यस्वरूप'; *'ईश्वर अंस जीव अबिनासी। चेतन अमल सहज सुखरासी॥'* (७। ११७) *'जीव अनेक एक श्रीकंता'*, इत्यादिमें प्राप्तका स्वरूप; *'जहँ लगि साधन बेद बखानी। सब कर फल हरि भगति भवानी'*। (७। १२६) *'नीति निपुन सोइ परम सयाना। श्रुति सिद्धान्त नीक तेहि जाना॥ सोइ कबि कोबिद सोइ रनधीरा। जो छल छाँड़ि भजइ रघुबीरा।'* (७। १२७)। *'श्रुति सिद्धांत इहै उरगारी। भजिअ राम सब काज बिसारी।'* (७। १२३) में उपाय; *'सुर दुर्लभ सुख करि जग माहीं। अन्तकाल रघुपतिपुर जाहीं।'* (७। १५) में फल (भगवत्प्राप्तिमें लाभ) और *'एक दुष्ट अतिसय दुख रूपा। जा बस जीव परा भवकूपा।'* (३। १५) इत्यादिमें विरोधीका स्वरूप दिखाया है।

जदपि जोषिता नहिं* अधिकारी। दासी मन क्रम बचन तुम्हारी॥ १॥
गूढ़ौ तत्त्व न साधु दुरावहिं। आरत अधिकारी जहँ पावहिं॥ २॥
अति आरति पूछौं सुरराया। रघुपति कथा कहहु करि दाया॥ ३॥

शब्दार्थ—**जोषिता** (सं० योषित्)=स्त्री। **अधिकारी**=उपयुक्त पात्र, हकदार।

अर्थ—यद्यपि स्त्री अधिकारिणी नहीं है (तथापि मैं तो) मन-कर्म-वचनसे आपकी दासी हूँ॥ १॥ साधुलोग जहाँ आर्त अधिकारी पाते हैं वहाँ वे गूढ़ तत्त्वको भी नहीं छिपाते (कह देते हैं)॥ २॥ हे देवताओंके स्वामी! मैं अत्यन्त आर्त्तभावसे पूछ रही हूँ। मुझपर दया करके अब रघुनाथजीकी कथा कहिये॥ ३॥

टिप्पणी १ ***'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी'*** इति। (क) दोहेमें श्रुतिसिद्धान्त कहनेकी प्रार्थना है। स्त्रीको वेद सुननेका अधिकार नहीं है। यथा—**'स्त्रीशूद्रद्विजबन्धूनां त्रयी न श्रुतिगोचरा।'** (भा० १। ४। २५)] (ख) ***'जोषिता नहिं अधिकारी'*** का भाव आगे दोहा १२० के ***'जदपि सहज जड़ नारि अयानी।'*** में श्रीपार्वतीजीने स्वयं स्पष्ट कर दिया है। अनधिकारीका ही अर्थ ***'सहज*** जड़ और ***अयानी'*** स्पष्ट किया गया है। दोनों जगह ***'जदपि'*** शब्द भी है। भाव यह है कि उनमें इतनी गम्भीर सूक्ष्मबुद्धि नहीं होती कि वे गम्भीर गहन विषय समझ सकें।]

नोट—१ वेदान्तभूषणजीका मत है कि 'यहाँ आया हुआ ***'जोषिता'*** शब्द संस्कृतभाषाके रूढ्यात्मक ***'योषित्'*** शब्दका अपभ्रंश न होकर **'जुषी प्रीतिसेवनयोः'** इस ***'जुष'*** धात्वात्मक शब्दसे बनाया हुआ है, जिसका भाव यह हुआ कि जो स्त्री विषयानुरागिणी होकर भगवत्-व्यतिरिक्त अन्यकी प्रीतिपूर्वक सेवा करे वही श्रुतिसिद्धान्तकी अधिकारिणी नहीं है। शास्त्रकारोंने शिवजीकी भी आवेशावतारोंमें गणना की है और श्रीमद्भागवत तथा मानसमें उनको परम भागवत कहा है। भगवद्भक्ता स्त्री श्रुतिसिद्धान्तित परमज्ञानकी अधिकारिणी है, इस बातको **'स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्'** (गीता ९। ३२) से भगवान्ने स्वयं ही स्पष्ट कर दिया हैं। वाचक्नवी, गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, अदिति, यमी और आत्रेयी आदि अनेक विदुषी स्त्रियोंके नाम उपनिषदों और संहिताभागमें आये हैं, जिन्होंने अमुक-अमुक सूक्तोंके अर्थ समझकर महर्षियोंको पढ़ाये हैं।'

इस विषयमें व्याकरण-साहित्याचार्य पं० रूपनारायण मिश्रजीके विचार इस प्रकार हैं। 'जोषिता' **'जुष सेवायाम्'** इस सौत्रधातुसे, **'हृसृरुहियुषिभ्य इति।'** उणादि सूत्र १। १०२।' इस सूत्रसे इति प्रत्यय करनेसे योषित् शब्द बनता है। भागुरिजीके मतसे हलन्त शब्दोंसे 'आप' प्रत्यय होता है। यथा—**'आपं चैव हलन्तानां यथा वाचा निशा दिशा।'** अर्थात् जैसे वाच्का वाचा, निश्का निशा और दिश्का दिशा, वैसे ही योषित्का योषिता होता है। अथवा, इसी धातुसे **स्वार्थे णिच्** प्रत्यय करके कर्ममें **'क्त'** प्रत्यय होनेसे भी योषिता शब्द हो सकता है। यद्यपि अमरकोशमें **'योषित्'** ऐसा तकारान्त ही है तथापि अन्य कोशोंमें **'योषिता'** भी मिलता है। यथा—**'स्त्रीर्वधूर्योषिता रामा'** इति त्रिकाण्डशेषः।' हिन्दीमें 'य' का 'ज' प्रायः पढ़ा जाता है और गोस्वामीजीने 'य' के स्थानपर 'ज' का प्रयोग भी किया है, जैसे कि जथा, जोग, जग्य, जमन इत्यादि। वैसे ही यहाँ भी **'योषिता'** को **'जोषिता'** लिखा। संस्कृतमें यकारादि 'योषिता' शब्द ही सर्वत्र मिलता है, चवर्गादि **'जोषिता'** ऐसा पाठ कहीं देखनेमें नहीं आता। यदि मिले तो **'जुषी प्रीतिसेवनयोः'** इस धातुसे वह बन सकता है; परंतु उसका अर्थ वही होगा जो यकारादि योषिता शब्दका है; क्योंकि **'जुष्'** धातुका प्रयोग कुत्सित सेवामें नहीं मिलता। जैसे कि **'जोषयेत् सर्वकर्माणि'** (गीता ३। २६) इत्यादि वचनोंसे सिद्ध है।

वे० भू० जीका अर्थ माननेमें और भी आपत्तियाँ पड़ती हैं। ***'जदपि'*** शब्दका तात्पर्य इस अर्थमें सिद्ध नहीं होता। क्योंकि श्रीपार्वतीजी अपनी गणना **'जोषिता'** में कर रही हैं। श्रीमद्भागवत, गीता आदि

* अन— १७२१, १७६२, को० रा०, छ०। नहिं—१६६१, १७०४

और अन्यत्र मानसमें ही जो स्त्रियोंके सम्बन्धमें इस ढंगके वाक्य आये हैं वहाँपर भी स्त्रीवाचक शब्दोंके अर्थ इसी प्रकार भिन्न-भिन्न करने होंगे। अतः इस प्रसङ्गकी व्यवस्था इस प्रकार करनी ठीक होगी कि जैसे **'स्त्रीशूद्रद्विजबन्धूनां त्रयी न श्रुतिगोचरा।'** (भा० १। ४। २५) तथा भा० ११। १७। ३३; ११। ८। ७—१४ और गीता ९। ३२ में स्त्रियों और शूद्रोंको पापयोनि कहा गया है और इसीसे उनको श्रुतिका अधिकारी नहीं कहा गया, फिर भी भगवत्-सम्मुख होनेसे उनका अधिकारी होना भी कहा है, वैसे ही यहाँ सर्वसाधारण स्त्रीकी प्रकृति प्रवृत्ति-प्रधान अर्थात् रजोगुणी और तमोगुणी होनेसे अनधिकारी कहा है। अर्थात् स्त्रियोंमें प्रायः अनधिकारी ही होती हैं। ऋषिपत्नियाँ और ब्रह्मवादिनी आदि तो अपवादमात्र हैं। सिद्धान्त समूहका होता है।

प्र० स्वामी भी मेरे मतसे सहमत हैं। वे लिखते हैं कि पार्वतीजीकी भावना यह है कि स्त्रियोंको वेदादिमन्त्र श्रवणका अधिकार नहीं है, यह सत्य है, तथापि मैं *'दासी मन क्रम बचन तुम्हारी'* अर्थात् मैं सती, पतिव्रता हूँ, इससे मैं अनधिकारी नहीं हूँ, सामान्य स्त्रियोंको अधिकार नहीं है। गार्गी आदि नाम अपवादभूत हैं। हाँ, स्कन्दपुराण ब्राह्मखण्ड चातुर्मास्य माहात्म्यमें गालव मुनि और पैंजवन शूद्रकी कथासंवाद है। इसमें गालव मुनिने पैंजवन शूद्रको शालग्रामपूजा करनेकी आज्ञा दी। इस विषयमें गालवने कहा है कि असच्छूद्र और पातिव्रत्यविहीन स्त्रियोंको अधिकार नहीं है, सच्छूद्र और पतिव्रताको अधिकार है। यह सिद्धान्त यहाँ ध्वनित किया है। नानापुराणनिगमागमसम्मत ग्रन्थके वचनोंका विचार नानापुराणनिगमागम-सम्मतिसे ही ठीक होगा। (स्कन्दपुराणाङ्क देखिये) सच्छूद्र कौन है, पतिव्रता कौन है, इसका निश्चय गालव या शिवके समान महापुरुष ही कर सकते हैं।

टिप्पणी—२ (क) *'दासी मन क्रम बचन तुम्हारी'* का भाव कि मुझे केवल अपने सम्बन्धसे स्त्री-जाति होनेके कारण अधिकार नहीं है, पर आपके सम्बन्धसे मुझे अधिकार है। मैं आपकी दासी हूँ, पतिव्रता हूँ। आपकी दासी और पतिव्रता होनेसे मुझे सुननेका अधिकार है। पुनः *'तुम्हारी दासी'* का भाव कि आप ईश्वर हैं, ईश्वरके भक्त इसके अधिकारी हैं। *'सोइ सिव कागभुसुंडिहि दीन्हा। राम भगत अधिकारी चीन्हा॥'* (१। ३०) (ख) प्रथम चरणमें अनधिकारी होना कहकर दूसरे चरणमें अधिकारी होना कहती हैं। [(ग) मन-कर्म-वचनसे दासी होना कहकर अपनेको उत्तम पतिव्रता जनाया। यथा—*'एकइ धर्म एक ब्रत नेमा। काय बचन मन पतिपद प्रेमा॥'* (३। ५) उत्तम पतिव्रता सब धर्मोंकी अधिकारिणी होती है, तथा सहधर्मिणी होनेसे पतिके साथ उसे सब धर्मोंका अधिकार है। (बै०)]

वि० त्रि०—स्त्रियोंका वेदके सिद्धान्तोंमें अधिकार नहीं है। अर्थित्व तथा सामर्थ्य न होनेपर अधिकार नहीं होता। केवल लौकिक सामर्थ्य भी अधिकारका कारण नहीं होता। शास्त्रीय अर्थमें शास्त्रीय सामर्थ्यकी अपेक्षा होती है। अतः शास्त्रीय सामर्थ्य न होनेसे वेदमें स्त्रीका अधिकार नहीं है, पर भगवती कहती हैं कि मैं तो वेदरूप आपकी मनसा, वाचा, कर्मणा दासी हूँ, अर्थात् सदा आपके अर्धाङ्गमें निवास करनेवाली हूँ। औरोंको न हो, पर मुझे शास्त्रीय सामर्थ्य कैसे नहीं है?

टिप्पणी—३ *'गूढ़ौ तत्त्व न साधु दुरावहिं।'''''* इति। [(क) गूढ़=गुप्त, गहन। अथवा, वेदोंमें जो रामतत्त्व गुप्त है, जो बिना अनुभवके नहीं समझ पड़ता। (बै०) तत्त्व=ब्रह्म, आत्मा और मायाके सम्बन्धकी बात जिससे मनुष्य मोक्षका अधिकारी हो जाता है। (ख) ☞ *'गूढ़'* इति। ब्रह्म दो उपाधियोंसे विभूषित है। उसके सगुण और निर्गुण दो रूप कहे जाते हैं। इसी प्रकार उसके चरित भी दो प्रकारके हैं—ऐश्वर्य और माधुर्य। सर्वेश्वरता, सर्वकर्तृत्व, सर्वज्ञता और सर्वव्यापकता आदिको ऐश्वर्य-चरित कहते हैं और मानवप्रकृतिसुलभ चरित या नरनाट्यको माधुर्य। निराकार और सर्वव्यापक परमात्मा किस तरह देशकाल-बद्ध हो सकता है, यह बात सहसा समझमें नहीं आती। बड़े-बड़े ज्ञानियोंको इस विषयमें मोह हो जाता है। यही इस चरितकी विशेषता भी है। इसीसे इस माधुर्य-चरितको *'गूढ़'* वा गुप्त कहा है। यथा—*'श्रोता बक्ता ज्ञाननिधि कथा राम कै गूढ़।'''''* (१। ३०), *'उमा राम गुन गूढ'''''॥'* (३ मं०), *'चाहहु सुनै*

रामगुन गूढ़ा''''' ।' (१। ४७), *'अस रघुपति लीला उरगारी। दनुज बिमोहनि जन सुखकारी॥'* (७। ७३) तथा यहाँ *'गूढ़उ तत्त्व न साधु दुरावहिं।'* नरनाट्यमें किस प्रकार परत्वका चमत्कार भरा हुआ है, यही उस चरितकी निगूढ़ता है।] (ग) 'गूढ़ तत्त्व भी नहीं छिपाते' कहनेका तात्पर्य यह है कि गूढ़ तत्त्वोंको गुप्त रखना चाहिये। यह प्रत्येकसे कहनेकी वस्तु नहीं है। परन्तु आर्त्त अधिकारीसे वह भी नहीं छिपाया जाता, आर्त्त अधिकारी मिलनेपर संत उसे कह देते हैं। श्रीपार्वतीजीके कथनका भाव कि गूढ़ तत्त्व अनधिकारीसे न कहना चाहिये, पर मैं तो आर्त्त अधिकारिणी हूँ, मुझसे वह तत्त्व आपको छिपाना न चाहिये। (घ) *'न साधु दुरावहिं'* का दूसरा भाव कि तत्त्वका छिपाना उसका आदर करना है, पर जो साधु हैं अर्थात् पराये कार्यको साधते हैं, वे आर्त्त अधिकारी पाकर कह देते हैं। [(ङ) *'आरत अधिकारी'*= वे अधिकारी जो उस तत्त्वको पानेके लिये अत्यन्त आतुर हो रहे हैं और उसकी प्राप्तिके बिना जिनका चित्त बहुत व्याकुल तथा दुःखी रहता है। श्रीकरुणासिंधुजी कहते हैं कि 'संसार और उसका सम्बन्ध जिसे दुःखरूप लग रहा है, जो उससे संतप्त हो रहा है और सत्संग तथा तत्त्व पाकर ही सुखी होगा, वही *'आरत अधिकारी'* है। आरत (आर्त्त)=पीड़ित, दुःखित। कातर] (च) *'जहँ पावहिं'* इति। भाव कि आर्त्त अधिकारी सर्वत्र नहीं मिलते। [*'जहँ'* से सूचित करती हैं कि आर्त्त अधिकारी कहीं भी हो, किसी भी वर्ण या आश्रमका हो, स्त्री वा पुरुष कोई भी हो, गूढ़ तत्त्व उसे उसी अवस्थामें बताया जा सकता है।]

टिप्पणी—४ *'अति आरति पूछौं सुरराया।''''' '* इति। (क) *'अति आरति पूछौं'* का भाव कि आर्त्त अधिकारी होते हैं और मैं तो अति आर्त्त हूँ। ☞ यहाँतक दोनों प्रकारसे अपनेको अधिकारी जनाया—एक तो दासीभावसे, दूसरे 'अति आर्त्त' से।

अति आर्त्तका लक्षण यह है कि आर्त्त अपना दुःख बारम्बार निवेदन करता है। श्रीपार्वतीजी यहाँ बारम्बार कथा कहनेकी प्रार्थना कर रही हैं, वे अपनेको अति आर्त्त दिखा रही हैं। चरणोंपर पड़ती हैं, हाथ जोड़ती हैं, बारम्बार विनती करती हैं जैसा पूर्व कह आये हैं, यथा—*'बंदौं पद धरि धरनि सिर बिनय करउँ कर जोरि'* इत्यादि सब *'अति आरति'* का स्वरूप है। (ख) *'सुरराया'* का भाव कि देवता 'आर्त्तिहर' होते हैं और आप तो देवताओंमें श्रेष्ठ हैं, देव-देव महादेव हैं। पुनः भाव कि सामान्य राजा आर्त्तको देखकर उसके दुःखको दूर करते हैं और आप तो सुरराया हैं। पुनः, भाव कि आप सुरोंके दुःखको दुष्टोंका दलन करके दूर करते हैं, वैसे ही मेरे मोह-भ्रमरूपी दुष्टोंका नाश करके मेरे अत्यन्त दुःखको दूर कीजिये, ये मुझे अत्यन्त दुःख दे रहे हैं। (ग) *'रघुपति कथा कहहु करि दाया'* इति। (पूर्व *'गूढ़ौ तत्व'* और यहाँ *'रघुपति कथा'* शब्द देकर जनाया कि *'रघुपति कथा'* 'गूढ़ तत्त्व' है।) *'करि दाया'* दायाका भाव कि आपका कृपापात्र कथाश्रवणका अधिकारी है। यथा—*'संभु कीन्ह यह चरित सुहावा। बहुरि कृपा करि उमहि सुनावा॥'* (१। ३०। ३)

नोट—२ श्रीशिवजी अनधिकारीसे श्रीरामतत्त्व नहीं कहते। यथा—*'रिषि पूछी हरिभगति सुहाई। कही संभु अधिकारी पाई।'* (१। ४८) *'तव मन प्रीति देखि अधिकाई। तब मैं रघुपति कथा सुनाई॥ यह न कहिअ सठ ही हठसीलहि।''''' ।'* (७। १२८) इत्यादि। अतएव श्रीपार्वतीजी आर्त्त होकर दयाकी अभिलाषिणी हैं। अन्तमें *'कहहु करि दाया'* कहकर जनाया कि मैं तो बारम्बार एकमात्र आपकी कृपाका ही अवलम्ब लिये हुए हूँ। यह भाव दृढ़ करनेके लिये प्रश्नोंके आदि-अन्तमें दयाका सम्पुट दिया है। यहाँ *'कहहु करि दाया'* और अन्तमें *'सोउ दयाल राखहु जनि गोई।'* कहा है।

नोट—३ इन चौपाइयोंसे मिलते-जुलते श्लोक अध्यात्मरामायण बालकाण्ड सर्ग १ में ये हैं **'पृच्छामि तत्त्वं पुरुषोत्तमस्य सनातनं त्वं च सनातनोऽसि॥ गोप्यं यदत्यन्तमनन्यवाच्यं वदन्ति भक्तेषु महानुभावाः। तदप्यहोऽहं तव देव भक्ता प्रियोऽसि मे त्वं वद यत्तु पृष्टम्॥''''''' जानाम्यहं योषिदपि त्वदुक्तं यथा तथा ब्रूहि तरन्ति येन॥'** (७—९) अर्थात् मैं आपसे पुरुषोत्तमभगवान्‌का सनातन तत्त्व पूछना चाहती हूँ, क्योंकि आप भी

सनातन हैं। जो अत्यन्त गुप्त रखने योग्य विषय होता है तथा जो अन्य किसीसे कहने योग्य नहीं होता, उसे भी महानुभाव लोग अपने भक्तोंसे कह देते हैं। हे देव! मैं भी आपकी भक्ता हूँ, आप मुझे अत्यन्त प्रिय हैं, अतएव जो मैंने पूछा है उसे कहिये।'.....इस तरह समझाकर कहिये कि स्त्री होनेपर भी मैं आपके वचनोंको सहज ही समझ सकूँ। मानसके *'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी' 'दासी मन क्रम बचन तुम्हारी', 'गूढ़ौ तत्व न साधु दुरावहिं'* इन उद्धरणोंकी जगह क्रमशः अध्यात्ममें **'जानाम्यहं योषिदपि त्वदुक्तं यथा तथा ब्रूहि', 'तदप्यहोऽहं तव देव भक्ता प्रियोऽसि मे त्वम्'** और **'गोप्यं यदत्यन्तमनन्यवाच्यं वदन्ति भक्तेषु महानुभावाः'** ये वाक्य हैं। अब प्रेमी पाठक मानसके इस अधिकारित्व प्रसंगको अध्यात्मरामायणके उद्धरणसे स्वयं मिलाकर देखें तो उनको स्वयं देख पड़ेगा कि यहाँका वर्णन वहाँसे कहीं उत्तम और बढ़कर हुआ है।

यहाँ श्रीरामचरितरूपी गूढ़ तत्त्वके तीन अधिकारी कहे गये। एक वह जो मन-कर्म-वचनसे तत्त्ववेत्ताका दास हो। दूसरे जो आर्त्त हो। और, तीसरे, वह जिसपर संतकी दया हो जाय। श्रीपार्वतीजीके इन वचनोंका अभिप्राय स्पष्ट है। वे कहती हैं कि मैं स्त्री होनेके कारण अधिकारिणी नहीं हूँ, क्योंकि स्त्रियाँ प्रायः सहज अज्ञ होती हैं, परन्तु जो मन-कर्म-वचनसे श्रीरामतत्त्ववेत्ताका दास हो वह अधिकारी माना जाता है चाहे वह स्त्री ही क्यों न हो। (यही आशय अध्यात्मरा० का है) यह लक्षण मुझमें अवश्य है। मैं मनसा-वाचा-कर्मणा पातिव्रत्यका अनुसरण कर रही हूँ। ☞ मानसकी पार्वतीजी फिर इस दावेको भी छोड़ देती हैं और दूसरे अधिकारत्वकी शरण लेती हुई कहती हैं। यदि दासीसे भी न कहा जा सके तो 'आर्त्त जिज्ञासु' भी तो अधिकारी होता है। मैं अति आर्त्त हूँ। यह भी न सही, मैं सब प्रकार अयोग्य हूँ। अनधिकारिणी हूँ, तो भी आप मुझे अपनी कृपासे अधिकारिणी बना लीजिये। ☞ यहाँ श्रीपार्वतीजीने अधिकारिणी होनेका अभिमान जब सर्वथा छोड़ दिया तब उनको सन्तोष हुआ कि शिवजी अब अवश्य कृपा करेंगे; इसीसे आगे प्रश्न करना प्रारम्भ कर दिया। अध्यात्मरा० में अपनेको अधिकारिणी जनाकर, उसी दावेपर पूछनेका साहस किया गया है और यहाँ मानसमें वे सब अधिकार होते हुए भी अभिमान छोड़कर अपनेको अनधिकारिणी जनाकर केवल शिवकृपाका ही आश्रय लिया गया है।—यह एक भारी विशेषता है।

अथ श्रीशिवगीता

वि० त्रि०—'श्रीरामचरितमानस भरद्वाजजीके इस प्रश्नपर खड़ा है कि *'राम कवन प्रभु पूछउँ तोही। कहिअ बुझाइ कृपानिधि मोही॥'* ऐसा ही प्रश्न भगवती हिमगिरि-नन्दिनीने शिवजीसे किया था और शिवजीने उसका समाधान किया था। उसी प्रसङ्गको याज्ञवल्क्यजीने उक्त प्रश्नके उत्तरमें कह डाला। यह रामचरितमानस है। अपने संशयके उन्मूलनके लिये गिरिजाने आठ प्रश्न किये, तत्पश्चात् बारह प्रश्न श्रीरामावतारके चरित्रवर्णन तथा भक्तिज्ञानादि-विषयक किये, एवं गिरिजाके बीसों प्रश्नोंका उत्तर ही श्रीरामचरितमानस है। अन्तमें भगवतीने यह भी विनय किया कि जो कुछ मुझसे पूछनेमें रह गया हो, उसे भी छिपा न रखिये; अर्थात् जानने योग्य जितनी बातें हैं, वे सब गिरिजाजीने पूँछीं और शिवजीने उत्तर दिया। परंतु चार प्रश्नोंके उत्तरमें ही गिरिजाका सब संशय जाता रहा और वे कृतकृत्य हो गयीं। अतः मैं उतने ही अंशको शिवगीता कहता हूँ। अवतारवादमें जो कुछ कहना है, उतनेमें सब कुछ कहा गया।'

श्रीगोस्वामीजीने कहा है कि *'नदी नाव पटु प्रश्न अनेका। केवट कुसल उतर सबिबेका॥'*, अतः यह जानना परमावश्यक है कि किस प्रश्नका कौन-सा उत्तर है। गिरिजा बीस प्रश्न बराबर करती गयीं और शिवजीने भी सबका उत्तर क्रमसे इकट्ठा ही दिया। उनमेंसे पहिले आठके पृथक्करणमें बड़ी कठिनता पड़ती है। यद्यपि श्रीग्रन्थकारने प्रश्नोंको पृथक् करनेके लिये *'हरहु मोर अज्ञाना', 'कहहु'* इत्यादि प्रार्थनासूचक लोट् लकारका आठ बार बराबर प्रयोग किया, तथापि उत्तरमें *'सुनहु' 'तजु'* आदि क्रियाओंका भी आठ बार प्रयोग किया है, फिर भी हम-जैसे अल्पज्ञोंको प्रश्न-उत्तरके मिलानमें बड़ी कठिनता पड़ती है। अतः

उनका मिलान नीचे दिया जाता है।

यदि पाठक मिलानके अनुसार प्रश्न और उत्तरको मिला-मिलाकर पढ़ेंगे तो उनको ग्रन्थके समझनेमें बड़ा सुभीता होगा और ग्रन्थकारकी पंडिताईपर चकित होना पड़ेगा कि जै बार *'कहहु'* कहकर प्रश्न है, ठीक उतनी ही बार *'सुनहु'* कहकर उत्तर है, शिवजीने प्रत्येक *'कहहु'* के उत्तरमें *'सुनहु'* कहा है।

प्रश्न	उत्तर
जौ मोपर प्रसन्न सुखरासी। जानिय सत्य मोहि निज दासी॥ तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥ (१०८। १-२)	१ *'धन्य धन्य गिरिराजकुमारी'* से *'गिरिजा सुनहु राम कै लीला। सुर हित दनुज बिमोहन सीला॥'* तक (११२। ५ से दो० ११३ तक)
जासु भवन सुरतरु तर होई। सह कि दरिद्र जनित दुखु सोई॥ ससिभूषन अस हृदय बिचारी। हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी॥ (१०८। ३-४)	२ *'रामकथा सुंदर करतारी'* से *'सादर सुनु गिरिराजकुमारी'* तक। (११४। १-२)
'प्रभु जे मुनि परमारथबादी' से *'कहहु बुझाइ नाथ मोहि सोऊ।'* (१०८। ५ से १०९। १ तक)	३ *'रामनाम गुन चरित सुहाए।'* (११४। ३) से *'अस निज हृदय बिचारि तजु संसय । ११५।'* तक
अज्ञ जानि रिसि उर जनि धरहू। जेहि बिधि मोह मिटै सो करहू।' (१०९। २)	४ *'भजु रामपद। ११५'* से *'बोले कृपानिधान।'* १२० तक
'मैं बन दीख राम प्रभुताई।' (१०९। ३) से *'करहु कृपा बिनवौं कर जोरे।'* (१०९। ५) तक	५ *सुनु सुभ कथा भवानि रामचरितमानस बिमल। कहा भुसुंडि बखानि सुना बिहगनायक गरुड़॥* १२०॥
'प्रभु मोहि तब बहु भाँति प्रबोधा' से *'कहहु पुनीत रामगुन गाथा'* तक। १०९ (६—८)	६ *सो संबाद उदार जेहि बिधि भा आगे कहब। सुनहु राम अवतार चरित परम सुंदर सुखद॥* १२०॥
बंदउँ पद धरि धरनि सिरु बिनय करउँ कर जोरि। बरनहु रघुबर बिसद जस श्रुतिसिद्धांत निचोरि। १०९।	७ *हरिगुन नाम अपार कथा रूप अगनित अमित। मैं निज मति अनुसार कहौं उमा सादर सुनहु* ॥ १२०॥
'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी' से *'रघुपति कथा कहहु करि दाया।'* तक। ११९ (१—३)।	८ *सुनु गिरिजा हरिचरित सुहाए। बिपुल बिसद निगमागम गाए॥'* (१२१। १)

श्रीपार्वतीजीके प्रश्न

प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी॥४॥
पुनि प्रभु कहहु राम अवतारा। बालचरित पुनि कहहु उदारा॥५॥

शब्दार्थ—उदार=बड़ा दानी; देनेमें किञ्चित् संकोच न करनेवाला।—*'उदारो दातृमहतोः'* इति। (अमरकोश ३।३।१९) *'जनु उदार गृह जाचक भीरा॥'* (३। ३९। ८) *'सुनहु उदार सहज रघुनायक। सुंदर अगम सुगम बर दायक॥'* (३। ४२। १) *'ऐसो को उदार जग माहीं। बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं॥'* (विनय १६२)= सुन्दर; यथा—*'उदारं सुन्दरं प्रोक्तमुत्कृष्टं पूजितं तथा'* इति (त्रिलोचनः)=सरल; यथा—*'बालचरित अति सरल सुहाए। सारद सेष संभु श्रुति गाए॥'* (२०४। १) *'दक्षिणे सरलोदारौ'* इति। (अमरकोश ३।१।८)

अर्थ—प्रथम उस कारणको विचारकर कहिये जिससे निर्गुण ब्रह्म *'सगुन बपु धारी'** होता है॥ ४॥ हे प्रभो! श्रीरामजीका अवतार कहिये और तब फिर उदार बालचरित कहिये॥ ५॥

नोट—१ श्रीपार्वतीजीकी मुख्य शंका और उनका सिद्धान्त *'प्रथम सो कारन'''''धारी'* में है। उनका सिद्धान्त है कि निर्गुण ब्रह्म सगुण होता ही नहीं—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नृप जाहि न जानत बेद॥'* (५०) देखिये। दूसरे यह कि *'जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि॥'* (१०८) अर्थात् जो देह धारण करता है वह निर्गुण ब्रह्म नहीं है। इस प्रकार उनके सिद्धान्तमें ब्रह्म दो हैं, एक निर्गुण, दूसरा सगुण और शिवजीका सिद्धान्त है कि जो निर्गुण है वही सगुण है, दोनों एक ही हैं (१०९। १) *'जौं अनीह ब्यापक बिभु कोऊ।'''''* में बताया गया है कि शिवजीकी चेष्टा ही देखकर उन्हें विश्वास हो गया कि ब्रह्म एक ही है, निर्गुण ही सगुण है। अतएव उनका अब केवल यह प्रश्न रह गया कि 'निर्गुण ब्रह्म किस कारण सगुण होता है?' क्यों शरीर धारण करता है?

टिप्पणी—१ *प्रथम सो कारन'''''* इति। (क) पार्वतीजीकी मुख्य शङ्का यही है। उन्हें निर्गुणके सगुण होनेमें संदेह है, इसीसे निर्गुण ब्रह्मके सगुण होनेका ही प्रश्न प्रथम किया। अथवा प्रथम अवतारका हेतु वा प्रयोजन पूछा, फिर अवतारकी लीलाका प्रश्न क्रमसे करती हैं। (ख) यहाँ निर्गुण ब्रह्मका सगुण होना पूछनेसे जाना गया कि उमाजीने अपनी इस शङ्काको कि 'ब्रह्म अवतार नहीं लेता।' शिथिल समझा और शिवजीके—*'सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म भुवननिकायपति मायाधनी। अवतरेउ अपने भगत हित निज तंत्र नित रघुकुलमनी॥ ५१॥'* अर्थात् ब्रह्म अवतार लेता है—इस उपदेशको पुष्ट समझा। (ग) यहाँ वस्तुतः दो प्रश्न हैं। एक कि 'निर्गुण ब्रह्म सगुण कैसे हुआ?' दूसरे 'वपुधारी कैसे हुआ?' अर्थात् पञ्चतत्त्व-निर्मित शरीर कैसे धारण किया?—[इससे सिद्ध हुआ कि वे समझती हैं कि प्रभुका यह शरीर मनुष्यका-सा पञ्चतत्त्वोंका ही है; यथा—*'छिति जल पावक गगन समीरा। पंचरचित अति अधम सरीरा॥'* (४। ११) अतः *'बपु धारी'* में यह प्रश्न आ गया कि 'उनका शरीर इन्हीं पञ्चतत्त्वोंसे बना है या वे और किसी प्रकार स्वरूप धर लेते हैं, वह शरीर किसी और प्रकारका है?'] (घ) *'कहहु बिचारी'*—भाव कि निर्गुणका सगुण होना बहुत कठिन है। क्या यह बात आपके विचारमें आ सकती है? यहाँ *'कहहु बिचारी'* कहा अर्थात् स्वयं समझकर कहिये और आगे चलकर पुनः कहती हैं कि *'राम ब्रह्म चिनमय अबिनासी। सर्ब रहित सब उर पुर बासी॥ नाथ धरेउ नर तनु केहि हेतू। मोहि समुझाइ कहहु बृषकेतू॥'* (१२०। ६-७) अर्थात् मुझे समझाकर कहिये। *'बिचारी'* और *'समुझाई'* *'कहहु'* का तात्पर्य यह है कि यह शङ्का भारी है, इसे विचारने और समझानेकी आवश्यकता है।

[*'बिचारी'* में यह शङ्का होती है कि 'क्या शिवजी जानते नहीं हैं, अब उसका कारण ढूँढ़ निकालेंगे?' परंतु यह बात नहीं है। पार्वतीजीके कथनका भाव यह है कि निर्गुण ब्रह्म अवतार लेता है,यह तो आपके व्यवहार और प्रभुके ऐश्वर्यसे जो मैंने वनमें देखा था, निश्चय हो गया; परंतु वह क्यों अवतार लेता है, यह समझमें नहीं आता, पूर्णकामको प्रयोजन नहीं हो सकता, सत्यसंकल्पको शरीर-धारणकी आवश्यकता नहीं। अतः उसे इस तरह विचारकर कहिये कि मेरी समझमें आ जाय।]

टिप्पणी—२ *'पुनि प्रभु कहहु राम अवतारा।'''''* इति। (क) अर्थात् रज और वीर्यसे पैदा हुए, गर्भमें रहे कि आकर प्रकट हो गये? गर्भसे प्रकट हुए कि गर्भमें नहीं आये ऐसे ही प्रकट हो गये? और प्रकट होकर जो चरित किये सो कहिये।

नोट—२ *'राम अवतारा।'* यहाँ इस प्रश्नमें अवतार पूछा कि कैसे अवतीर्ण हुए, गर्भसे पैदा हुए कि साक्षात् प्रकट हो गये। परंतु जब शिवजीने चार दोहोंमें *'सगुनहि अगुनहि नहि कछु भेदा॥'* (११६। १) से *'ज्ञान बिराग सकल गुन जाहीं॥'* (११९। ६) तक अगुण-सगुणका स्वरूप भली-भाँति समझाया तब

* इसके अर्थ ये हैं—(१) सगुण शरीरधारी होता है। (२) सगुण कैसे होता है? तथा वपुधारी कैसे होता है? (पं० रामकुमार)

इनको पूर्ण विश्वास हो गया कि श्रीरामजी ही निर्गुण और सगुण दोनों हैं, मोह-माया, हर्ष-विषाद इत्यादिका लेश भी इनमें नहीं है, ये *'राम ब्रह्म चिनमय अबिनासी'* हैं और तब इन्होंने श्रीरामजीके अवतारका हेतु भी पूछा। इसीलिये शिवजीने अवतारके साथ अवतारका हेतु भी कहा है। *'नाथ धरेउ नरतनु केहि हेतू॥'* (१२०। ७) का उत्तर *'हरि अवतार हेतु जेहि होई॥'* (१२१। २) से *'यह सब रुचिर चरित मैं भाषा॥'* (१८८। ६) तक है। इसके आगे शुद्ध परात्पर ब्रह्मका अवतार वर्णन किया गया है।

श्रीकरुणासिंधुजी लिखते हैं कि 'इनको पूर्व सतीतनमें तीन संदेह हुए थे, उनका स्मरण करके गर्भित प्रश्न करती हैं। क्रमहीसे दोनों प्रश्नोंके अवान्तर समस्त तात्पर्यसे भरा है। वे सोचती हैं कि हमारे मतमें निर्गुण ब्रह्म सगुण नहीं होता। यदि शिवजी कहेंगे कि निर्गुण सगुणरूप होता है तब मैं समझूँगी कि सतीतनमें मुझसे समझते न बना था, रामचन्द्रजी ही निर्गुण ब्रह्म हैं, भक्तोंके लिये सगुण हुए। दूसरा प्रश्न अवतार और लीलाका यह सोचकर किया कि यदि रामचन्द्रजीको निर्गुण न कहेंगे तो यह कहेंगे कि विष्णुके अवतार हैं, तब मैं यह समझूँगी कि मेरी समझमें गलती थी कि ये विष्णु नहीं हैं। यदि न निर्गुण और न विष्णु ही कहा तो दशरथ-पुत्र कहेंगे; परंतु मैंने वनमें इनके चरित्रमें परात्पर विग्रह-स्वरूप देखा है, यह सोचकर तीसरा प्रश्न लीलाका किया कि इससे उनका यथार्थ स्वरूप स्पष्ट समझमें आ जावेगा। बाकी सब प्रश्न इन्हींके अन्तर्गत हैं।'

वि० त्रि०—रामजी कैसे अवतीर्ण हुए? भाव यह कि सभी अवतारोंके अवतीर्ण होनेकी विधि पृथक्-पृथक् है। नृसिंहभगवान् खम्भेसे अवतीर्ण हुए, वाराह ब्रह्मदेवकी नासिकासे, इत्यादि। ये कैसे अवतीर्ण हुए?

नोट—३ *'बालचरित पुनि कहहु उदारा'* इति। (क) बालचरितको उदार कहनेका भाव कि इसमें थोड़ी ही रीझमें बहुत कुछ दे देते हैं, जैसे बालक लड्डू देख रुपया भी दे देता है, गोदमें आ जाता है, इत्यादि। देखिये, श्रीभुशुण्डीजीको कैसा बड़ा वर मिला। यथा *'मन भावत बर मागउँ स्वामी। तुम्ह उदार उर अंतरजामी॥'* (७। ८४। ८) से *'एवमस्तु कहि रघुकुल नायक""कबहूँ काल न ब्यापिहि तोही॥'* (७। ८८। १) तक। 'उदार' के सभी अर्थ जो शब्दार्थमें दिये गये यहाँ लगते हैं। बालचरित सुन्दर हैं, सरल हैं, उत्कृष्ट हैं और परम दानशील हैं। पुनः; (ख) उदार=देशकाल-पात्रापात्रका विचार न करके याचकमात्रको स्वार्थरहित मनोवाञ्छित दान देनेवाला। यथा—'**पात्रापात्रविवेकेन देशकालाद्युपेक्षणे। वदान्यत्वं विदुर्वेदा औदार्यं वचसा हरेः॥**' भ० गु० द०, वै०, वि० त्रि० कहते हैं कि इस चरितमें दासोंको अधिक आनन्द मिलता है; यथा *'बालचरित हरि बहु बिधि कीन्हा॥ अति अनंद दासन्ह कहँ दीन्हा।'* इसीसे इसे उदार कहा।

नोट—४ बालचरित-प्रकरण कहाँसे कहाँतक है? इसके और अन्य चरितोंके प्रकरण ठीक-ठीक जाननेके लिये हमें मूल रामायणसे सहारा लेना चाहिये जो श्रीमद्गोस्वामीजीने श्रीभुशुण्डीजीसे उत्तरकाण्डमें कहलाया है। वहाँ बालचरित ऋषि-आगमनतक दिखाया है। यथा—*'तब सिसुचरित कहेसि मन लाई॥ बालचरित कहि बिबिध बिधि मन महँ परम उछाह। रिषि आगमन कहेसि पुनि श्रीरघुबीर बिबाह॥'* (६४) शिशु-चरित तो प्रगट होते ही दोहा १९२ से प्रारंभ हो गया; यथा—*'कीजै सिसु-लीला अति-प्रिय सीला यह सुख परम अनूपा॥ सुनि बचन सुजाना रोदन ठाना होइ बालक सुर भूपा॥'* *'सुनि सिसु रुदन परम प्रिय बानी। संभ्रम चलि आईं सब रानी॥'* परन्तु सिलसिलेसे यह प्रसंग नामकरण-संस्कार होनेपर *'मुनि धन जन सरबस सिव प्राना। बालकेलि रस तेहि सुख माना।'* (१९८। २) से प्रारम्भ होकर *'यह सब चरित कहा मैं गाई।'* (२०६। १) तक गया है।

कहहु जथा जानकी बिबाही। राज तजा सो दूषन काही॥ ६॥
बन बसि कीन्हें चरित अपारा। कहहु नाथ जिमि रावन मारा॥ ७॥
राज बैठि कीन्ही बहु लीला। सकल कहहु संकर सुखसीला॥ ८॥

अर्थ—जिस तरह जानकीजीको ब्याहा सो कहिये। राज्यका त्याग किया सो किस दोषसे?॥ ६॥ वनमें

बसकर जो अपार चरित किये, उन्हें कहिये। हे नाथ! जिस प्रकार रावणको मारा वह कहिये॥७॥ हे सुखस्वरूप श्रीशंकरजी! राज्यपर बैठकर श्रीरामजीने बहुत लीलाएँ कीं, वह सब कहिये॥८॥

टिप्पणी—१ *'कहहु जथा जानकी बिबाही।'* इति। इस प्रश्नसे मुनि-यज्ञरक्षा, अहल्योद्धार, धनुर्भङ्ग इत्यादि (बालचरितके पश्चात्) जितना भी चरित बालकाण्डकी समाप्तितक है वह सब 'जानकी-विवाह' की कथा है; यथा—*'बालचरित कहि बिबिध बिधि मन महँ परम उछाह। रिषि आगमन कहिसि पुनि श्रीरघुबीर बिबाह॥'* (७। ६४) इस तरह चार प्रश्नोंमें बालकाण्ड समाप्त हुआ। आगेके चरणमें *'राज तजा……'* यह अयोध्याकाण्डका प्रश्न है। एक ही प्रश्नसे अयोध्याकाण्ड पूर्ण हुआ।

नोट—१ मूल रामायणमें 'बालचरित' के पश्चात् 'ऋषि-आगमन' है तब 'श्रीरघुबीर-विवाह'; परंतु यहाँ श्रीपार्वतीजीके प्रश्नोंमें 'बालचरित' के पश्चात् 'विवाह' का प्रश्न है। दोनोंमें भेद नहीं है, क्योंकि ऋषि-आगमन ही विवाहका मुख्य कारण है। श्रीदशरथजी महाराजने जब पुत्रोंके देनेमें संकोच किया, तब वसिष्ठजीने राजाको समझाया है। यथा—*'सब सुत प्रिय मोहि प्रान कि नाईं। राम देत नहिं बनइ गोसाईं॥'* (२०८। ५) *तब बसिष्ठ बहु बिधि समुझावा। नृप संदेह नास कहँ पावा॥'*, वह समझाना यही था कि इनके साथ जानेसे इनका विवाह होगा। कविने विश्वामित्रजीके वचनोंमें भी *'अति कल्यान'* ये शब्द देकर इसी बातको गुप्त रीतिसे कह दिया है। यथा—*'देहु भूप मन हरषित तजहु मोह अज्ञान। धर्म सुजस प्रभु तुम्ह कौं इन्ह कहँ अति कल्यान।'* (२०७) विवाहको 'कल्याण कार्य' कहते भी हैं; यथा—*'कल्यान काज बिबाह मंगल सर्बदा सुख पावहीं।'* (१। १०३) गीतावलीमें भी श्रीविश्वामित्रजीके बहाने विवाह कहा गया है। यथा—*'जनम प्रसंग कह्यो कौसिक मिस सीय स्वयंबर गायो। राम भरत रिपुदवन लखन को जय सुख सुजस सुनायो। तुलसिदास रनिवास रहस बस भयो सब को मन भायो।'* (गी०। १। ४१) विश्वामित्रजीने भी कहा है—*'राजन राम लखन जौं दीजै। जस रावरो लाभ ढोटनिहूँ……।'* (गी० १। ४८) यह बात वाल्मीकीय और अध्यात्मरामायणोंसे भी स्पष्ट है। पुत्र जब विवाह योग्य हुए तब राजाको विवाहकी बड़ी चिंता हुई। उसी समय शिवजी, विश्वामित्रजी आये। यथा—**'अथ राजा दशरथस्तेषां दारक्रियां प्रति॥ ३७॥ चिन्तयामास धर्मात्मा सोपाध्यायः सबान्धवः। तस्य चिन्तयमानस्य मन्त्रिमध्ये महात्मनः॥ ३८॥ अभ्यागच्छन्महातेजा विश्वामित्रो महामुनिः।'** (वाल्मी० १। १८) अर्थात् धर्मात्मा राजा दशरथ मन्त्रियों, बन्धुवर्गों और गुरुसहित पुत्रोंके विवाहके सम्बन्धमें विचार कर ही रहे थे कि उसी समय महातेजस्वी महर्षि विश्वामित्रजीका आगमन हुआ। पुनश्च, **'रामो न मानुषो जातः परमात्मा सनातनः॥ योगमायापि सीतेति जाता जनकनन्दिनी॥ विश्वामित्रोऽपि रामाय तां योजयितुमागतः। एतद्गुह्यतमं राजन्न वक्तव्यं कदाचन।'** (अ० रा० १। ४। १२, १८-१९) अर्थात् वसिष्ठजीने समझाया कि श्रीरामजी मनुष्य नहीं हैं, सनातन परमात्मा हैं और सीताजी योगमाया हैं जो जनकनन्दिनी हुई हैं। दोनोंका संयोग (विवाह) करानेके लिये ही इस समय श्रीविश्वामित्रजी यहाँ आये हैं, यह अत्यन्त गुप्त रहस्य है, इसे कभी किसीसे न प्रकट करना। अतएव श्रीपार्वतीजीने 'ऋषि-आगमन' को 'विवाह' का ही अङ्ग मानकर उसको पृथक् नहीं कहा। ☞ इस तरह *'कहहु जथा जानकी बिबाही'* यह प्रश्न वा प्रसंग *'आगिल कथा सुनहु मन लाई।'* (१। २०६। १) से बालकाण्डके अन्ततक है और मूलरामायणके अनुसार *'आगिल कथा सुनहु मन लाई'* से *'रहे कीन्ह बिप्रन्ह पर दाया।'* (१। २१०। ७) तक 'ऋषि-आगमन' प्रसंग है और *'तब मुनि सादर कहा बुझाई। चरित एक प्रभु देखिय जाई॥ धनुषयज्ञ सुनि……।'* (१। २१०। ८) से *'सियरघुबीर विवाह'* प्रकरण प्रारम्भ होगा।

प० प० प्र०—*'जथा'* का भाव कि जयमाल-स्वयंवरमें ब्याहा या पण-स्वयंवरमें या वीरशुल्का प्राप्त की या ब्राह्म-विवाहविधिसे ब्याहा अथवा दुष्यन्त-शकुन्तला-विवाहके समान गान्धर्व-विधिसे ब्याहा या कन्याकी इच्छासे कन्याके पिता आदिसे युद्ध करके ले आये, इत्यादि, कहिये।

वि० त्रि०—भाव कि माता-पिताने कन्या देखकर विवाह नहीं किया, अपने पुरुषार्थसे श्रीरामचन्द्रजीने श्रीजानकीजीको ब्याहा, सो वह कथा कहिये।

टिप्पणी—२ *'राज तजा सो दूषन काही'।* इति। किस दोषसे राज छोड़ दिया? इस प्रश्नसे जनाया कि राज्यमें कोई दोष देखा होगा तभी उसे छोड़ा, नहीं तो राज्यके लिये लोग संसारमें क्या नहीं करते; उसपर भी *'अवधराज सुरराज सिहाहीं'* ऐसे राज्यको क्यों छोड़ते? इसका उत्तर शिवजीने *'भूप सजेउ अभिषेक समाजू। चाहत देन तुम्हहि जुबराजू॥ राम करहु सब संजम आजू। जौं बिधि कुसल निबाहै काजू॥ गुरु सिख देइ राय पहिं गयऊ। राम हृदय अस बिसमय भयऊ॥ जनमे एक संग सब भाई। भोजन सयन केलि लरिकाई॥ करनबेध उपवीत बिआहा। संग संग सब भयउ उछाहा॥ बिमल बंस यह अनुचित एकू। बंधु बिहाइ बड़ेहि अभिषेकू॥ प्रभु सप्रेम पछितानि सुहाई।'* (२। १०। २—८) इन चौपाइयोंमें दिया है। चारों भाइयोंके सब संस्कार जन्मसे लेकर विवाहतक साथ-साथ हुए और राज्य भाइयोंको छोड़कर अकेले मुझ बड़े पुत्रको ही, यह अनुचित समझ उन्होंने राज्यत्यागके उपाय रच दिये और राज्य छोड़ दिया।

नोट—२ इसपर यह शंका होती है कि 'जब इस दोषसे छोड़ा तब फिर उसे ग्रहण क्यों किया?' समाधान—बिना भक्त भरतके राज्य स्वीकार न किया और भरतजीके देनेसे स्वीकार किया। (रा० प्र०) पुराणों तथा रामायणोंसे स्पष्ट है कि श्रीरघुनाथजीने राज्य सब भाइयोंके पुत्रोंको बाँट दिया था।

नोट—३ राज्य तो कैकयीके वरदानके कारण छोड़ा गया, पर यहाँ श्रीरामजीका उसमें दोष देखकर छोड़ना कहा गया। इसका कारण यह है कि श्रीरामजी स्वतन्त्र हैं, वे राज्य ग्रहण करना चाहते तो यह विघ्न होता ही क्यों? यह सब लीला तो प्रभुकी इच्छासे ही हुई। यथा—*'तब किछु कीन्ह राम रुख जानी। अब कुचालि करि होइहि हानी।'* (२। २१८। ३) सत्योपाख्यानमें तो कैकेयीजीसे श्रीरामजीका यह माँगना लिखा है कि हमारे लिये तुम अपयश सहो, यदि तुम्हारा हमपर प्रेम है और कैकेयीजीने उसे स्वीकार भी कर लिया था। अतः जो कुछ भी हुआ वह श्रीरामजीकी इच्छासे।

टिप्पणी—३ *'बन बसि कीन्हें चरित अपारा……'* इति। (क) ☞ इस प्रश्नसे अरण्य, किष्किन्धा और सुन्दर तीन काण्ड समाप्त हुए। वनचरित बहुत हैं इससे *'अपार'* कहा। बहुत चरितका प्रमाण भुशुण्डीजीकी मूल रामायणसे मिलता है। उन्होंने वनचरितकी सूची दो दोहोंसे अधिकमें दी है। यथा—(१) *'सुरपति सुत करनी।'* (७। ६५। ८) (२) *'प्रभु अरु अत्रि भेंट पुनि बरनी।'* (७। ६५। ८) (३, ४) *'कहि बिराध बध,' 'जेहि बिधि देह तजी सरभंग',* (५-६) *'बरनि सुतीच्छन प्रीति पुनि' 'प्रभु अगस्ति सतसंग।* (६५) (७) *'कहि दंडक बन पावनताई',* (८) *'गीध मइत्री पुनि तेहि गाई',* (९) *'पुनि प्रभु पंचवटी कृत बासा। भंजी सकल मुनिन्ह की त्रासा।',* (१०)*'पुनि लछिमन उपदेस अनूपा'* इत्यादिसे *'सागर निग्रह कथा सुनाई।'* (७। ६७। ८) तक सैंतालीस चरित्र भुशुण्डीजीने गरुड़जीसे वर्णन किये हैं। अतएव *'अपार'* कहा। अथवा, *'अपार'* इससे कहा कि अन्य प्रश्नोंका और विशेषकर कई प्रश्नोंका उत्तर एक ही काण्डमें मिल जाता है और इसका उत्तर तीन काण्डोंमें है। अथवा, जिसका कोई पार न पा सके ऐसे जो गुप्त रहस्य हैं उनमेंसे अनेक वनमें (चित्रकूट, स्फटिकशिला, पंचवटी आदिमें) हुए; अतएव *'अपार'* कहा। अथवा, सतीतनमें प्रभुकी अपार महिमा वनमें देख अत्यन्त सभीत हो गयी थीं, उस चरितका पार न पा सकीं, उसको विचारकर *'अपार'* कहा। (ख) वनमें पर्णकुटी छाकर बहुत दिन (लगभग तेरह वर्ष) रहे, अतएव *'बन बसि'* वनमें बसना कहा। (ग) *'कहहु नाथ जिमि रावन मारा'* से सम्पूर्ण लंकाकाण्डका ग्रहण हुआ। यदि इतना ही कहतीं कि रावणवध कहिये, *'जिमि'* अर्थात् जिस तरह यह शब्द न कहतीं तो शिवजी केवल राम-रावण-संग्राम कहते। सेतुबन्धन, अङ्गद-रावण-संवाद, कुम्भकर्ण-मेघनादादिका वध इत्यादि कुछ न कहते। *'जिमि'* शब्दसे इन सबोंका ग्रहण हुआ। [इससे रावणके मारनेकी विधि पूछी। इसका मारना बड़ा कठिन था। दुर्गम स्थानमें निवास, मेघनाद, कुम्भकर्ण प्रभृतिसे रक्षित, स्वयं तपस्या वरदानादिसे अजेय, सिर कटनेपर भी न मरना आदि ऐसी अनेकानेक बातें थीं। जनकनन्दिनीजी भी इसके मरनेकी विधि त्रिजटासे पूछने लगीं। सो उसके मरनेकी विधि बताइये। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—४ *'राज बैठि कीन्ही बहु लीला।—'* इति। (क) मूलरामायणमें यह प्रसङ्ग इस प्रकार है

'जेहि बिधि राम नगर निज आए। बायस बिसद चरित सब गाए॥ कहेसि बहोरि राम अभिषेका। पुर बरनत नृपनीति अनेका॥' (७। ६८) यह प्रसङ्ग उत्तरकाण्डके प्रारम्भसे *'अस कहि मुनि बसिष्ठ गृह आए। कृपासिंधु के मन अति भाए।'* (७। ५०। १) तक है। (ख) *'संकर सुखसीला'* कहनेका भाव यह है कि आप सब चरित (जो राज्यपर बैठकर श्रीरामचन्द्रजीने किये) मुझसे कहकर मुझे सुख दीजिये, जैसे श्रीरामचन्द्रजीने अपने चरित्रोंद्वारा श्रीअवधपुरवासियोंको सुख दिया था। श्रीरामचन्द्रजीने राजा होनेपर राज्यलीलासे पुरवासियोंको सुख दिया, अतएव पुरवासी उन्हें 'सुखराशि' कहते थे; यथा—*'रघुपति चरित देखि पुरवासी। पुनि पुनि कहहिं धन्य सुखरासी।'* (७। २०। ६) आप मुझे सुनाकर सुख देंगे, अतएव आप भी 'सुखशील' हैं। श्रीरामचन्द्रजीने श्रीअवधमें अपने चरितसे पुरवासियोंको सुख दिया था, श्रीशिवजीने कैलासपर श्रीरामचरित सुनाकर श्रीपार्वतीजीको सुख दिया। श्रीरामचरितसरितमें स्नान करनेवालोंको आज भी वही सुख होता है। यथा—*'भरत राम रिपु दवन लखन के चरित सरित अन्हवैया। तुलसी तब के से अजहूँ जानिबे रघुबर नगर बसैयां॥'* (गीतावली १। ९। ६) तब श्रीपार्वतीजीको सुख क्यों न हो। कुछ महानुभाव *'सुखसीला'* को लीला और शंकर दोनोंका विशेषण मानते हैं। क्योंकि चरित देखकर पुरवासी सुखी हुए थे, जैसा ऊपर कहा गया है। [☞ 'सुखशील' का भाव कि रामराज्यसे ऐसा सुख हुआ कि आजतक भारत उसे भूलता नहीं। जब बहुत सुख मिलता है तब लोग कहते हैं कि रामराज्य है। आप सुखशील हैं, ऐसे सुखकी कथा कहिये। (वि० त्रि०)]

दोहा—बहुरि कहहु करुनायतन कीन्ह जो अचरज राम।
प्रजा सहित रघुबंसमनि किमि गवने निज धाम॥ ११०॥

अर्थ—फिर (तत्पश्चात्), हे करुणाधाम! जो आश्चर्य (की बात) श्रीरामजीने किया वह कहिये। रघुकुलशिरोमणि श्रीरामजी प्रजा-सहित अपने धामको कैसे गये?॥ ११०॥

टिप्पणी—१ *'करुनायतन'* इति। पार्वतीजी जानती हैं कि शिवजी श्रीरामजीकी *'निजधाम यात्रा'* न कहेंगे। उनकी अरुचि जानकर उसको कहलानेके लिये *'करुनायतन'* सम्बोधन देकर सूचित करती हैं कि मुझपर करुणा करके यह चरित कहिये। यद्यपि पार्वतीजीने बहुत नम्रतापूर्वक यह प्रश्न किया तथापि शिवजीने परधाम-यात्रा नहीं ही कही। (ख) *'कीन्ह जो अचरज राम'* इति। आश्चर्यकी बात कहा, क्योंकि किसी और अवतारमें ऐसा नहीं हुआ कि भगवान् सदेह अपने धामको गये हों और अपनी प्रजाको भी साथ ले गये हों। यह अद्भुत चरित इसी अवतारमें देखा गया। (ग) ☞ अवतारसे लेकर निजधाम-यात्रातक पृथक्-पृथक् कथाएँ पूछकर अन्तमें फिर उन्होंने यह भी कह दिया कि *'जो प्रभु मैं पूछा नहिं होई। सोउ दयाल राखहु जनि गोई॥'* जिसमें एक भी चरित रह न जाय।—इससे श्रीपार्वतीजीकी श्रीरामकथामें अत्यन्त प्रीति प्रकट होती है। (यह प्रीति देखकर ही शिवजीने श्रीरामचरित कहा—*'तव मन प्रीति देखि अधिकाई। तब मैं रघुपति कथा सुनाई॥'* (७। १२८)

वि० त्रि०—*'कीन्ह जो अचरज……'* इति। प्रजाप्रेमकी पराकाष्ठा हो गयी। सम्पूर्ण प्रजाको कैसे साथ ले गये? 'कर्म वैचित्र्यात् सृष्टिवैचित्र्यम्', कर्मकी विचित्रतासे ही सृष्टिमें वैचित्र्य है। सबका कर्म एक साथ ही कैसे समाप्त हुआ, जो सब-के-सब मुक्त हो गये?

'किमि गवने निज धाम'

इस प्रश्नका उत्तर श्रीरामचरितमानसमें स्पष्ट रीतिसे कहीं नहीं पाया जाता। गुप्त रीतिसे इसका उत्तर अवश्य उत्तरकाण्डमें सूचित कर दिया गया है, ऐसा बहुतोंका मत है। उनका मत है कि श्रीरामस्वरूपका बोध हो जानेसे श्रीपार्वतीजीको गुप्त उत्तरसे पूर्ण संतोष हो गया, उनको उत्तर मिल गया, नहीं तो वे कथाकी समाप्तिपर अवश्य इस प्रश्नका उत्तर माँगतीं। दूसरा मत है कि श्रीशिवजीने इस प्रश्नका उत्तर गुप्त या प्रकट किसी रूपसे दिया ही नहीं।

कुछ महानुभावोंने यह प्रश्न उठाकर कि 'परमधाम-यात्रा स्पष्ट शब्दोंमें क्यों वर्णन नहीं की गयी

अथवा इस दोहेके प्रश्नोंका उत्तर स्पष्ट क्यों नहीं कहा गया?' उसका उत्तर भी अपने-अपने मतानुसार दिया है। हम पहिले उनमेंसे कुछका उल्लेख यहाँ करते हैं—

१ परधाम-यात्राके सम्बन्धमें ऋषियोंके मत भिन्न-भिन्न हैं। कितने ही मतोंसे इसके उत्तरमें विरोध पड़ता। श्रीगोस्वामीजीने प्रश्न तो कहा 'पर चित्त उनका अत्यन्त कोमल था, अन्तमें उपरामकी बात न कही जा सकी।' (बाबा रामदासजी)

२ उपासकोंका भाव यह है कि श्रीरामचन्द्रजी श्रीअयोध्याजीमें नित्य विहार करते हैं, अतएव उनके भावानुसार किसी अन्य धाममें उनकी यात्रा हुई ही नहीं। वा, इसीसे 'विरस जानकर यात्रा न कही।' (वन्दन पाठकजी) गुप्त उत्तरसे उपासकोंकी भावनाके विरुद्ध भी न पड़ा और उत्तर भी हो गया।

३ *'उमा अवधबासी नर नारि कृतारथ रूप। ब्रह्म सच्चिदानंदघन रघुनायक जहँ भूप॥'* (७। ४७) में प्रजाका नित्यधाम-गमन गुप्तरूपसे कहा गया है। क्योंकि 'कृतार्थरूप' कहनेसे प्रजाका आवागमनरहित होना सूचित कर दिया गया है। ब्रह्म श्रीराम जहाँके राजा हैं वह सच्चिदानन्दघन है, 'अप्राकृत' है अर्थात् साकेत केवल सच्चिदानन्द है यह सूचित किया। (रा० प्र० से उद्धृत)

रा० प्र० कार लिखते हैं कि 'इस प्रश्नको उत्तरके योग्य न विचारकर उत्तर न लिखा। क्योंकि साकेत और श्रीअवध एक ही पदार्थ हैं। जैसे साकेतविहारी और अवधविहारी नाममात्र दो हैं, इसी प्रकारसे व्यवस्था श्रीसाकेत और श्रीअवधकी जानो।'—[प्रमाण, सदाशिवसंहिता, यथा—**'भोगस्थानं पराऽयोध्या लीलास्थानं त्विदं भुवि। भोगलीलापती रामो निरङ्कुशविभूतिकः॥'** (स० शि० सं० पटल ५)]—*'अवधहि में प्रगट भए हैं अवधहि में पुनि रहे समाय।'* इसीलिये इस प्रश्नका खण्डन—*'उमा अवधबासी नर नारि कृतारथ रूप……'* इस दोहेमें किया। यहाँ कृतार्थरूप कहकर और ठौर जानेका भ्रम दूर किया, क्योंकि वे कृतार्थरूप हैं, और ठौर क्यों जायेंगे? जहाँके राजा ब्रह्मसच्चिदानन्दघन रघुनायक हैं वहाँका त्याग किस भाँति सम्भव है? यहाँ *'बहुरि कहहु करुनायतन……'* इस प्रश्नको व्यर्थ ठहराया' (व्यर्थ ठहराया अर्थात् पुरवासियोंको किस तरह और कहाँ ले गये, यह प्रश्न ही *'नर नारि कृतारथ रूप……'* जान लेनेपर अब नहीं उठता या रह जाता)।

सारांश, तात्पर्य यह निकला कि श्रीपार्वतीजीको श्रीरामतत्त्वका उस समय यथार्थ बोध न होनेसे उनका *'प्रजा सहित रघुबंसमनि किमि गवने निज धाम'* यह प्रश्न करना उचित ही था। परन्तु रामतत्त्वके ज्ञाता श्रीशिवजीने जब उन्हें बोध करा दिया कि *'अवधबासी नर नारि कृतारथरूप……'* हैं तब उनका *'निज धाम गवन'* का संदेह ही निवृत्त हो गया, इसीसे उन्होंने कथाके बाद यह कहा कि *'ज्ञानेउ रामप्रताप प्रभु चिदानंदसंदोह।'* (उ० ५२) जो शिवजीने *'ब्रह्म सच्चिदानंदघन रघुनायक जहँ भूप'* कहा था, वही *'प्रभु चिदानंदसंदोह।'* श्रीपार्वतीजीके वचनोंमें है।

बाबा श्रीजयरामदासजी रामायणी (साकेतवासी) लिखते हैं कि 'इस प्रश्नका उत्तर शिवजीने दिया ही नहीं है, इसीसे इस ग्रन्थमें वह कहीं नहीं मिलता। उत्तर न देनेका कारण यह है कि 'श्रीपार्वतीजीने कुल १४ प्रश्न किये हैं। उन्हें दो विभागोंमें विभक्त किया जा सकता है: प्रथम भागमें ८ प्रश्न हैं—*'प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपुधारी'* से *'राज बैठि कीन्हीं बहु लीला। सकल कहहु संकर सुभ सीला'* तक। 'उपर्युक्त प्रथम ८ प्रश्नोंका आरम्भ *'प्रथम'* शब्दसे होता है और उनकी समाप्ति राजगद्दीकी प्राप्ति-विषयक प्रश्नपर होती है। उसके आगे *'बहुरि'*—शब्दसे दूसरा भाग आरम्भ होता है। उसमें छः प्रश्न हैं, जिनमें श्रीरघुनाथजीके स्वरूपका बोध न होनेके कारण कुतर्कके आभास एवं असम्भावनाकी आशङ्कासे युक्त पहला प्रश्न तो यही है। इसके सिवा ५ क्रमशः भगवत्तत्त्व, भक्ति, ज्ञान, विज्ञान और वैराग्यके विषयमें हैं। यथा—*'बहुरि कहहु करुनायतन कीन्ह जो अचरज राम।……।'* जब श्रीशङ्करजीने *'पुरुष प्रसिद्ध प्रकासनिधि प्रकट परावरनाथ'* से *'राम सो परमातमा भवानी। तहँ भ्रम अति अबिहित तव बानी'* इस चौपाईतक पार्वतीजीको श्रीरघुनाथजीके स्वरूपका बोध करा दिया, तब श्रीपार्वतीजीकी सारी कुतर्ककी रचना

नष्ट हो गयी और उन्हें जो श्रीरघुनाथजीका प्रजावर्गसहित निजधामको जाना असम्भव-सा जान पड़ता था वह सारी दारुण असम्भावना नष्ट हो गयी, ...'*सुनि सिवके भ्रम भंजन बचना। मिटि गइ सब कुतर्क की रचना॥ भइ रघुपति पद प्रीति प्रतीती। दारुन असंभावना बीती॥*'—तब वे श्रीमहादेवजीके चरणकमलोंको स्पर्शकर हाथ जोड़कर कहने लगीं—'*ससिकर सम*.....*तुम कृपालु सब संसय हरेऊ। राम स्वरूप जान मोहि परेऊ॥*'.....'*प्रथम जो मैं पूछा सोइ कहहू*।' अर्थात् अब मुझे श्रीरामजीके स्वरूपका बोध हो गया है......मुझे अपनी किङ्करी जानकर मैंने पहले (श्रीरामचन्द्रजीके सिंहासनारूढ़ होनेतकके आठ) प्रश्न किये हैं, अब '*सोई*'—केवल उतनोंहीका वर्णन कीजिये। [तात्पर्य कि इसके आगे '*बहुरि*' शब्दसे आरम्भ होनेवाले छः प्रश्नोंको मैं वापस लेती हूँ। अब उनके उत्तर सुननेकी मुझे आवश्यकता नहीं है। अतः वे खारिज समझे जायँ]। इस प्रकार जब प्रश्नकर्त्ताहीने अपने प्रश्नोंको निकाल दिया तो वक्ता उत्तर कैसे दे सकता है? इसी उत्तरकाण्डमें राज्याभिषेकतकका चरित्र सुनानेके पश्चात् जब शिवजीने कहा कि '*अब का कहौं सो कहहु भवानी*' तब उन्होंने '*बायस तनु रघुपति भगति मोहि परम संदेह*' इत्यादिसे नया प्रश्न श्रीकाकभुशुण्डिजीके विषयमें किया है। इससे सिद्ध है कि अब उन्हें पीछेके प्रश्नोंका उत्तर सुननेकी इच्छा नहीं थी।'

किसी-किसी महानुभावका मत है कि इस प्रश्नका उत्तर '*एक बार रघुनाथ बुलाए*.....।' (७।४३) से '*गए जहाँ सीतल अमराई। भरत दीन्ह निज बसन डसाई॥ बैठे प्रभु सेवहिं सब भाई। मारुतसुत तब मारुत करई*।' (७। ५०) तकमें गुप्तरूपसे है। शीतल अमराईसे लौटकर फिर घरमें आना वर्णन नहीं किया गया और प्रसङ्गकी समाप्ति कर ही दी गयी। अतएव समझना चाहिये कि इतनेसे ही निजधामयात्रा सूचित कर दी गयी है। और कोई कहते हैं कि '*हनूमान भरतादिक भ्राता। संग लिए सेवक सुखदाता॥*' '*पुनि कृपाल पुर बाहेर गए*' इन अर्धालियोंमें पुर-बाहर जाना कहकर परमधाम-यात्रा, और '*सेवक*' कहकर '*प्रजा*' को संग लिये जाना सूचित कर दिया गया है, यथा—'*हम सेवक स्वामी सियनाहू। होउ नात एहि ओर निबाहू॥*' पुनः सेवकसे सुग्रीवादि सखा-सेवकोंको भी साथ ले जाना जना दिया। '*गए जहाँ सीतल अमराई*' के शीतल अमराईसे निजधाम साकेतलोक सूचित किया।

संत उन्मनी टीकाकार, पं० शिवलाल पाठक और श्रीपंजाबीजी इस दोहेमें दो प्रश्न मानते हैं। १—'*कीन्ह जो अचरज राम*' अर्थात् कौन-कौन आश्चर्यजनक कार्य किये? २—प्रजासहित निजधाम क्यों कर गये? मयंककार लिखते हैं कि 'प्रथम आश्चर्य यह है कि अपने विश्वास-निमित्त श्रीरामचन्द्रजीने श्रीजानकीजीसे शपथ कराया......चौथा आश्चर्य यह है कि मनुष्य-शरीरसे किस प्रकार परधाम गये? और पाँचवाँ यह कि क्या इस अयोध्यासे श्रेष्ठ कोई अन्य रामचन्द्रजीका धाम है?

वेदान्तभूषणजी—प्रत्येक प्रधान भगवदवतारोंके निजधामगमनमें कुछ विलक्षणता है। जैसे, नृसिंहजीका शरभ-शिवसे युद्ध करके, श्रीकृष्णजीका व्याधके बाणद्वारा इत्यादि। वैसे ही मुख्यतम अवतार श्रीरामजीके भी निजधामगमनमें जो विलक्षणता हो वह कहिये। अयोध्याके प्रतापी राजाओंमेंसे कई एक राजा अपनी अयोध्यानिवासी प्रजाको साथ लिये भगवल्लोकको गये हैं। सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र, रुक्माङ्गदजी, ऋषभजी और कुशजी अयोध्याके समस्त जीवोंसहित परधामको गये हैं। और श्रीरामजी एक तो मुख्यतम अवतार, दूसरे अवधनरेशोंमें सबसे प्रतापी रघुवंशमणि थे, अतः वे अवश्य अवधनिवासी प्रजाओंके साथ स्वधामको गये होंगे। अतएव उस गमनका चरित्र भी कहिये। पार्वतीजी यह समझे बैठी हैं कि अन्य अवतारोंकी तरह श्रीरामजी भी कहींसे आकर फिर चले गये होंगे; क्योंकि '*अवतरेउ अपने भगतहित निज तंत्र नित रघुकुलमनी*' यह बात सतीजीसे स्वयं श्रीशिवजीने ही कही थी और इस समय पार्वतीजीको '*पूरुब जन्म कथा चित आई*' है, इसीसे उन्होंने ऐसा प्रश्न किया कि निजधामको कैसे गये? परंतु शिवजी तो जानते हैं कि प्रभु '*अवधहीसे प्रगट हुए और अवधमें ही रहत समाय*' इसीसे उन्होंने कहा कि '*राम अनादि अवधपति सोई*' अर्थात् श्रीरामजी कहींसे आते नहीं और जब आते ही नहीं तो जायँगे कहाँ? अतः '*उमा अवधवासी नर नारि कृतारथरूप*।.....' यही पार्वतीजीके प्रश्नका उत्तर भी है।

इस दीन (सम्पादक) की समझमें तो श्रीपार्वतीजीने जितने प्रश्न किये, उनमेंसे कोई भी वापस नहीं लिये गये। यदि श्रीरामचरित (परमधाम) के बाद प्रश्न वापस लिये गये होते तो शिवजीने श्रीरामचरित वर्णन करते हुए बीच-बीचमें उनकी व्याख्या न की होती। केवल बात यह है कि श्रीरामचरितमें ही भक्ति, ज्ञान, वैराग्यादि सभी सिद्धान्तोंके प्रश्न किसी-न-किसी पात्रद्वारा उठाये गये हुए और उनके उत्तर दिये हुए बराबर पाये जाते हैं। श्रीपार्वतीजी न जानती थीं कि भक्ति आदि भी श्रीरामचरितके अंग हैं, इसीसे उन्होंने प्रश्न किया। जब उत्तर मिल ही गया तो अन्तमें फिर कैसे पूछतीं? फिर पूछतीं तो समझा जाता कि कथा ध्यान देकर नहीं सुनीं एवं बड़ी मूर्ख हैं। बुद्धिमान्‌के लिये इशारा काफी है। प्रश्नकर्ताका सन्तोष हो गया, फिर क्यों वह पूछता? दूसरे, यदि प्रश्न वापस लेतीं तो अपनी 'चोरी' आदि और गुप्त रहस्य शिवजी न कहते। विशेष आगे (१११। १—५) में भी देखिये। यह मेरा अपना विचार है और महानुभावोंको जो रुचे उनके लिये वही अच्छा है। सन्तोष हो जाना चाहिये।

प० प० प्र०—*'किमि गवने निज धाम'* के उत्तरका उपक्रम यों किया है—*'जानि समय सनकादिक आए।'* (७। ३२। ३) यहाँके *'समय'* शब्दका भाव 'निजधाम-गमन-समय' लेना आवश्यक है, अन्यथा शब्दगत निरर्थक दोष घटित होगा, क्योंकि नारद और सनकादिक तो प्रतिदिन अयोध्यामें आते थे और दरबारमें ही आते थे, यह *'नारदादि सनकादि मुनीसा। दरसन लागि कोसलाधीसा॥ दिन प्रति सकल अयोध्या आवहिं।'* के 'कोसलाधीश' शब्दसे सिद्ध होता है। 'कोसलाधीश' से राज्यसिंहासनासीन दरबारमें बैठे हुए श्रीराम अभिप्रेत हैं। इस उद्धरणमें *'समय जानि' 'अवसर जानि'* इत्यादि शब्द नहीं हैं। उपसंहारमें भी *'तेहि अवसर मुनि नारद आए करतल बीन।'* (७। ५०) ऐसा कहा है। जब भगवान् प्रजासहित निजधाम-गमन करनेको तैयार हुए उसी अवसरपर नारदजी आये।

साक्षात् निजधाम-गमनके समय जो अन्तिम स्तुति नारदकृत है उसमें रघुपति, रघुनाथ इत्यादि रघुवंश या रविकुलसम्बन्धी एक भी शब्द नहीं है। *'गावन लागे राम कल कीरति सदा नवीन'* उपक्रम है और *'तुलसिदास प्रभु पाहि प्रनतजन।'* (७। ५१। ९) उपसंहार है। 'राम' शब्दसे उपक्रम किया और 'प्रभु' शब्दसे उपसंहार किया, क्योंकि रघुकुल वा रविकुलका सम्बन्ध छोड़कर प्रभु राम ही उस समय निज-धामको जा रहे थे, रघुवंशमणि निजधाम नहीं गये। प्रभु राम गये (इस स्तुतिमें *'दसरथकुल कुमुद सुधाकर'* और कोसलामण्डन शब्द आये हैं)।

और भी प्रमाण देखिये—वसिष्ठजीने अवतारकालमें कभी श्रीरामजीकी ऐश्वर्यभावसे न तो स्तुति ही की और न कुछ माँगा ही, क्योंकि गुरु-शिष्य-सम्बन्धका निर्वाह आवश्यक था। पर जब उन्होंने देखा कि प्रभु आज-कलमें परमधाम सिधारनेवाले हैं तब वे स्वयं राजमहलमें गये और ऐश्वर्यभावसे स्तुति करके उन्होंने वर भी माँग लिया। इससे भी बलवत्तर प्रमाण *'मारुतसुत तब मारुत करई। पुलक बपुष लोचन जल भरई॥'* (७। ५०। ७) यह चौपाई है। सेवामें पुलकवपुष होना स्वाभाविक है, पर लोचन-जलका उल्लेख रामसेवारत हनुमान्‌जीके चरित्रमें नहीं है, यह लोचनजल रामवियोग-दुःखजनित है। (उत्तरकाण्डमें देखिये) दूसरा जो सम्पादकजीका मत है वही उचित है।

पुनि प्रभु कहहु सो तत्व बखानी। जेहि बिग्यान मगन मुनि ग्यानी॥ १॥
भगति ग्यान बिग्यान बिरागा। पुनि सब बरनहु सहित बिभागा॥ २॥
औरौ राम रहस्य अनेका। कहहु नाथ अति बिमल बिबेका॥ ३॥

शब्दार्थ—तत्व=वास्तविक यथार्थ पदार्थ। विज्ञान=विशेष ज्ञान; अनुभव।=ब्रह्मलीन दशा। (मं० श्लो० ४, १। १८। ५, १। ३७। ९) *'कहब ग्यान बिग्यान बिचारी'* में देखिये। बिभाग=प्रत्येक भाग। कई खण्डों या वर्गोंमें विभक्त वस्तुका एक-एक खण्ड या वर्ग; अंश, भाग। औरौ=और भी। रहस्य, गुप्त एवं गूढ़ चरित्र।

अर्थ—हे प्रभो! फिर वह तत्त्व विस्तारपूर्वक कहिये जिसके विशेष ज्ञान एवं साक्षात्कारमें ज्ञानी मुनि डूबे रहते हैं॥ १॥ फिर भक्ति, ज्ञान, विज्ञान और वैराग्य इन सबोंको (अर्थात् इन चारोंके स्वरूपोंको)

उनके प्रत्येक भागसहित (पृथक्-पृथक्) वर्णन कीजिये॥ २॥ और भी जो श्रीरामजीके अनेक रहस्य (गुप्त चरित) हैं उन्हें भी कहिये। हे नाथ! आपका ज्ञान अत्यन्त निर्मल है॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'पुनि प्रभु कहहु सो तत्व बखानी'* इति। (क) ऊपर कहा था कि *'गूढ़उ तत्व न साधु दुरावहिं'* अब वही गूढ़ तत्त्व पूछ रही हैं। विज्ञानसे गूढ़ तत्त्व लख पड़ता है, इसीसे *'जेहि बिज्ञान'* पद दिया। (ख) *'सो तत्व जेहि'* का भाव कि सब विद्याओंका तत्त्व होता है सो मैं नहीं पूछती, किंतु मैं वही तत्त्व पूछती हूँ जिसमें विज्ञानी मुनि मग्न रहते हैं। (ग) ☞ श्रीपार्वतीजीने श्रीरामचरित पूछकर तब तत्त्व, भक्ति, ज्ञान, विज्ञान, वैराग्य और रामरहस्य पूछे। (इसका कारण यह है कि वे समझती थीं कि ये सब बातें रामायणमें नहीं हैं। इसीसे उन्होंने ये प्रश्न अलग किये। ☞ यहाँ सहज जिज्ञासुका स्वरूप दिखाया है कि वह अज्ञ होता है।) श्रीशिवजीने इन सब प्रश्नोंके उत्तर भी रामायणके अन्तर्गत ही कह दिये, इसीसे रामचरितके पश्चात् इनके उत्तर नहीं दिये। यदि पृथक् उत्तर देते तो समझा जाता कि ये सब रामायणमें नहीं हैं।

वि० त्रि०—सगुणविषयक प्रश्न करके अब शुद्ध निर्गुणरूप पूछती हैं। सिद्धिविषयक बातें पूछकर फिर साधनके विषयमें पूछती हैं कि भक्ति, ज्ञान, विज्ञान और वैराग्यको विभागसहित कहिये, क्योंकि ये चारों साधन पृथक् होनेपर भी परस्पर उपकारी हैं।

नोट—१ (क) *'पुनि प्रभु कहहु सो तत्व बखानी।......'* का उत्तर, यथा—*'धरे नाम गुर हृदय बिचारी। बेदतत्व नृप तव सुत चारी॥'* (१। १९८। १) *'जोगिन्ह परम तत्वमय भासा। शांत सुद्ध सम सहज प्रकासा॥'* (१। २४२। ४) इस प्रकार *'तत्त्व'*=गूढ़ तत्त्व, परम तत्त्व=ब्रह्म। यह अर्थ कोशोंमें भी है।

(ख) भक्ति, ज्ञान, विज्ञान और वैराग्यके उत्तर क्रमसे सुनिये। (१) 'भक्ति' का उत्तर *'भगति निरूपन बिबिध बिधाना।'* (१। ३७। १३) में देखिये। (२) 'ज्ञान' का उत्तर है *'ज्ञान मान जहँ एकौ नाहीं। देख ब्रह्म समान सब माहीं॥'* (३। १५। ७) ज्ञानका स्वरूप ४। ७। १४—२२ में यों दिखाया है—*'प्रभुहि जानि मन हरष कपीसा॥ उपजा ज्ञान बचन तब बोला। नाथ कृपा मन भयउ अलोला॥ सुख संपति परिवार बड़ाई। सब परिहरि करिहउँ सेवकाई॥ ए सब राम भगति के बाधक। कहहिं संत तव पद अवराधक॥ सत्रु मित्र सुख दुख जग माहीं। मायाकृत परमारथ नाहीं॥ सपनें जेहि सन होइ लराई। जागें समुझत मन सकुचाई॥ अब प्रभु कृपा करहु एहि भाँती। सब तजि भजन करौं दिन राती॥ सुनि बिराग संजुत कपि बानी।'* पुनः, यथा—*'तारा बिकल देखि रघुराया। दीन्ह ज्ञान हरि लीन्ही माया॥ छिति जल पावक गगन समीरा। पंच रचित अति अधम सरीरा॥ प्रगट सो तनु तव आगे सोवा। जीव नित्य केहि लगि तुम्ह रोवा॥ उपजा ज्ञान चरन तब लागी। लीन्हेसि परम भगति बर माँगी॥'* (४। ११। ३-४) पुनः, अयोध्याकाण्डमें निषादराजको लक्ष्मणजीने ज्ञान-वैराग्य-भक्तिरस-मिश्रित उपदेश दिया है जो 'लक्ष्मणगीता' नामसे प्रसिद्ध है। यथा—*'बोले लखन मधुर मृदु बानी। ज्ञान बिराग भगति रस सानी॥ काहु न कोउ सुख दुख कर दाता। निज कृत करम भोगु सब भ्राता॥ जोग बियोग भोग भल मंदा। हित अनहित मध्यम भ्रम फंदा॥ जनमु मरनु जहँ लगि जग जालू। संपति बिपति करम अरु कालू॥ धरनि धाम धनु पुर परिवारू। सरगु नरकु जहँ लगि ब्यवहारू॥ देखिअ सुनिय गुनिय मन माहीं। मोह मूल परमारथ नाहीं॥ सपनें होइ भिखारि नृप रंकु नाकपति होइ। जागें लाभ न हानि कछु तिमि प्रपंच जिय जोइ।'* (९२) इत्यादिसे *'भगत भूमि भूसुर सुरभि.....'*। (९३) तक। (३) विज्ञान, यथा—*'तिन्ह सहस्त्र महँ सब सुखखानी। दुर्लभ ब्रह्मलीन बिज्ञानी॥'* (७। ५४। ५) श्रीपार्वतीजीके इन वचनोंसे स्पष्ट है कि ब्रह्ममें लीन होना ही 'विज्ञान' है। इस तरह विज्ञानका उत्तर *'ब्रह्मानंद सदा लय लीना। देखत बालक बहु कालीना॥'* (७। ३२। ४) *'ब्रह्मानंद लोग सब लहहीं। बढ़इ दिवस निसि बिधि सन कहहीं॥'* इत्यादि। (४) *'बिराग'* का उत्तर, यथा—*'कहिअ तात सो परम बिरागी। तृन सम सिद्धि तीनि गुन त्यागी॥'* (३। १५। ८) (किसीने ज्ञानदीपक-प्रसङ्गको ज्ञान, विज्ञानके उत्तरमें दिया है; पर वह पार्वतीजीके प्रश्नका उत्तर नहीं है)।

टिप्पणी—२ *'भगति ज्ञान बिज्ञान……'* इति। भक्तिको प्रथम कहा क्योंकि ज्ञान और वैराग्य दोनों भक्तिके पुत्र हैं। *'बिभाग सहित'* का भाव कि इनका एक साथ भी वर्णन हो सकता है। यथा—*'भगतिहि ज्ञानहि नहिं कछु भेदा। उभय हरहिं भव संभव खेदा॥'* (७। ११५) इस तरहका वर्णन वे नहीं चाहतीं। उनको पृथक्-पृथक् सुननेकी श्रद्धा है, इसीसे विभागसहित कहनेकी प्रार्थना की।

टिप्पणी—३ *'औरौ राम रहस्य अनेका।……'* इति। (क) *'औरौ'* का भाव कि पूर्व जो तत्त्व, भक्ति, ज्ञान, विज्ञान आदिके प्रश्न किये वे सब भी 'रहस्य' हैं, यथा—*'यह रहस्य रघुनाथ कर बेगि न जानइ कोइ।'* (७। ११६) (ज्ञान और भक्तिके भेदके सम्बन्धमें ऐसा कहा गया है)। इनके अतिरिक्त और भी जो अनेक रामरहस्य हैं उन्हें कहिये। यदि *'औरौ राम रहस्य'* न कहकर केवल रहस्य कहतीं तो भ्रम होता कि किसका रहस्य कहें, क्योंकि शिवरहस्य, देवीरहस्य, विष्णुरहस्य आदि अनेक रहस्य हैं। अतः *'रामरहस्य'* कहकर जनाया कि केवल श्रीरामजीके और रहस्य पूछती हैं। (ख) *'अनेका'* का भाव कि कोई संख्या देकर रामरहस्य पूछतीं तो प्रीतिकी इति समझी जाती कि बस इतना ही सुननेकी इच्छा है, आगे नहीं। *'अनेक'* कहकर जनाया कि सब कहिये, जितने आप जानते हों, एक-दो कहकर न रह जाइयेगा। (ग) *'अति बिमल बिबेका'* इति। रामरहस्य गुप्त वस्तु है, किसीको वह देख नहीं पड़ता और न कोई उसे जान सकता है। यथा—*'यह रहस्य रघुनाथ कर बेगि न जानइ कोइ। जो जानइ रघुपति कृपा सपनेहु मोह न होइ।'* (७। ११६) रहस्य विमल विवेकरूपी नेत्रोंसे देख पड़ता है। यथा—*'तेहि करि बिमल बिबेक बिलोचन। बरनौं रामचरित भवमोचन।'* (१। २) *'उघरहिं बिमल बिलोचन ही के।……सूझहिं रामचरित मनि मानिक। गुपुत प्रगट जहँ जो जेहि खानिक।'* (१। १) अतएव *'अति बिमल बिबेका'* विशेषण देकर जनाया कि आपको सब रहस्य देख पड़ते हैं। पुनः भाव कि साधक-सिद्ध-सुजान सिद्धाञ्जन लगाकर गुप्त वस्तु देखते हैं और भक्तलोग श्रीगुरुपदरजरूपी अञ्जन लगाकर विमल विलोचन पाकर गुप्त चरित्र देख लेते हैं; पर आप तो सहज ही अति निर्मल ज्ञानवान् हैं। आपको बिना किसी उपायके श्रीरामकृपासे सहज ही सब रहस्य साक्षात् देख पड़ते हैं। वै० सं० में शेष और महेशको विमल-विवेकी कहा है, यथा—*'को बरनै मुख एक तुलसी महिमा संत की। जिन्ह के बिमल बिबेक सेष महेस न कहि सकत॥'* (३४) यहाँ *'अति बिमल बिबेक'* कहकर उन्हें शेषसे भी श्रेष्ठ जनाया।

नोट—२ इस प्रश्नका उत्तर—(क) *'देखरावा मातहि निज अद्भुत रूप अखंड। रोम रोम प्रति लागे कोटि कोटि ब्रह्मंड॥'* (१। २०१) से *'यह जनि कतहुँ कहसि सुनु माई॥'* (२०२। ८) तक। (ख) *'मास दिवस कर दिवस भा मरम न जानइ कोइ। रथ समेत रबि थाकेउ निसा कवन बिधि होइ॥'* (१। १९५) *यह रहस्य काहू नहिं जाना।'* (ग) *'निज निज रुख रामहि सबु देखा। कोउ न जान कछु मरमु बिसेषा॥'* (१। २४४। ७) (घ) *'जिन्ह के रही भावना जैसी। प्रभु मूरति तिन्ह देखी तैसी॥'* (१। २४१। ४)……।' (ङ) *'मुदित नारि नर देखहिं सोभा। रूप अनूप नयन मनु लोभा॥ एकटक सब सोहहिं चहुँ ओरा। रामचंद्र मुखचंद चकोरा॥'* (२। ११५। ४-५) (च) *'लछिमनहूँ यह मरमु न जाना। जो कछु चरित रचा भगवाना॥'* (३। २४। ४) इत्यादि।

प० प० प्र०—पहले आठ प्रश्नोंके कथनमें *'कहहु'* क्रिया-पद बार-बार आया है। इसका कारण यह है कि वे सब प्रश्न रामचरित-कथाके हैं। 'कथा' के साथ मानसमें करना या कहना या गाना क्रियाका ही प्रयोग मिलता है। जहाँ तात्त्विक सिद्धान्तोंकी चर्चा या कथनका सम्बन्ध है वहाँ कहना या करना क्रियाका प्रयोग न करके बखानना, वर्णन करना इत्यादि प्रयोग मिलते हैं। यह दोहा ४४ की टीकामें लिखा जा चुका है। वही नियम यहाँ भी चरितार्थ किया है; पर *'रहस्य'* के साथ *'कहहु'* कहा है। इसमें भाव यह है कि गूढ़ चरित कथाका *'रहस्य कहहु'*। यह भेद ध्यानमें रखनेसे मतभेदके लिये स्थान बहुत कम हो जाते हैं।

इन प्रश्नोंके उत्तर श्रीरामकथाके कथनमें प्रसंगानुकूल दिये हैं। प्रत्येक सोपानमें न्यूनाधिक प्रमाणसे

गूढ़ तत्त्वका बखान है, भक्ति-ज्ञान-विज्ञान-विरागादिका विवरण है, रामरहस्योंका उद्घाटन प्रसंगानुसार यत्र-तत्र किया है। उत्तरकाण्डमें विशेषरूपसे है।

वि० त्रि० *'रामरहस्य अनेका'* इति। जितनी भाँतिकी मायाएँ हैं उन सबोंमें रहस्य होता है। उस रहस्यके जाननेसे वह माया समझमें आ जाती है। सबसे प्रबल रामकी माया है। उस मायाका रहस्य ही रामका रहस्य है। उसके जाननेसे राममायाका पता चलता है, अतः उसके जाननेकी बड़ी आवश्यकता है, जिसके सामने महेशके उपदेशका बल नहीं चलता। वह माया भी एक प्रकारकी नहीं है। उमाका स्वयं अनुभूत विषय है। एक मायाने उन्हें मोहित किया था और दूसरीने अनेक ब्रह्माण्ड, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्रसहित पलभरमें रचे। यह दो प्रकारकी माया तो उनकी स्वयं अनुभूति थी। अतः रहस्य भी कम-से-कम दो होने चाहिये, इसलिये *'रहस्य अनेका'* कहती हैं।

जौं प्रभु मैं पूछा नहिं होई। सो दयाल राखहु जनि गोई॥ ४॥
तुम्ह त्रिभुवन गुर बेद बखाना। आन जीव पाँवर का जाना॥ ५॥

अर्थ—हे प्रभो! जो बातें मैंने न भी पूछी हों, वह भी, हे दयालु! छिपा न रखियेगा॥ ४॥ वेदोंने आपको त्रैलोक्यका गुरु कहा है। अन्य जीव पामर (नीच) हैं वे क्या जानें?॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'जौं प्रभु मैं पूछा नहिं होई।……'* इति। (क) ☞ श्रीपार्वतीजीके इस प्रश्नके कारण, उनके इस कथनसे, अब शिवजी अपना अनुभव भी कहेंगे, नहीं तो जितना उन्होंने पूछा था उतना ही कहते। (ख) *'दयाल'* सम्बोधनका भाव कि बिना जानी हुई बातका प्रश्न कोई कर ही न सकती थीं, जितनी बातें जानती थीं उतनीहीका प्रश्न किया है, क्या और पूछने योग्य बात है सो नहीं जानतीं। अतः *'दयाल'* कहकर जनाया कि दया करके और भी जो मैंने नहीं पूछा हो, मैं न जानती हूँ, वह भी कहिये। (ग) *'राखहु जनि गोई'* का भाव कि बहुत बातें गोपनीय हैं, उन गोपनीय बातोंको भी कृपा करके अपनी ओरसे कहिये। यह प्रश्न करनेकी चतुराई है। छिपानेवाली बातें पूछती हैं, इसीसे उपक्रम और उपसंहारमें प्रार्थना की है—*'गूढ़उ तत्व न साधु दुरावहिं'* तथा *'सोउ दयाल राखहु जनि गोई'।* पुनः, उपक्रम और उपसंहार दोनोंमें 'दया' करनेको कहा है—*'रघुपति कथा कहहु करि दाया'* और यहाँ *'सोउ दयाल……'।* दयाका सम्पुट देनेका भाव कि सबका उत्तर दया करके दीजिये। 'दया' मुख्य है। उपक्रममें पूछे हुए चरितोंको दया करके कहनेको कहा और उपसंहारमें बिना पूछे हुए चरितोंको दया करके कथन करनेकी प्रार्थना करती हैं। ☞कौन बातें हैं जो पार्वतीजीने नहीं पूछीं और शिवजीने कहीं? उत्तर—अपनी चोरी अपना अनुभव। यथा—*'औरौ एक कहौं निज चोरी। सुनु गिरिजा अति दृढ़ मति तोरी॥ काकभुसुंडि संग हम दोऊ। मनुजरूप जानै नहिं कोऊ॥ परमानंद प्रेम सुख फूले। बीथिन्ह फिरहिं मगन मन भूले॥'* (१९६। ३—५) *'उमा कहउँ मैं अनुभव अपना। सत हरि भजनु जगत सब सपना॥'* (३। ३९। ५) इत्यादि।

प० प० प्र०—*'जौं प्रभु मैं पूछा नहिं होई'……'गोई'* इति। रमणीय भाव यह है कि जिन प्रश्नोंके पूछनेकी इच्छा है पर पूछना असम्भव-सा हो रहा है, उन प्रश्नोंका उत्तर भी गुप्त न रखियेगा। ऐसे प्रश्नोंमें मुख्य है 'सीतापरित्याग'। सतीदेहमें पार्वतीजी पतिपरित्याग-दुःखका अनुभव भरपूर कर चुकी हैं, इससे इस प्रश्नके लिये उनकी जिह्वा खुलती ही नहीं, अतः इस सम्बन्धका प्रश्न करना असम्भव हो गया। इस प्रश्नके उत्तरका संकेत *'दुइ सुत सुंदर सीता जाए।'* (७। २५। ६) में है, क्योंकि आगे *'दुइ दुइ सुत सब भ्रातन्ह केरे'* ऐसा कहा है। इस भेदमें ही सीतापरित्याग और परित्यक्त दशामें पुत्रजन्म सूचित किया है। श्रीसीता-भूमि-विवर-प्रवेश-विषयक ऐसा दूसरा प्रश्न है जो वे न कर सकीं। इसका उत्तर केवल दो-एक शब्दोंमें *'दोउ बिजयी बिनयी अति सुंदर'* इस चरणमें सूचित कर दिया है। *'बिजयी'* से रामाश्वमेध समयका विजय और *'बिनयी'* से दोनों पुत्रोंके यज्ञमण्डपमें श्रीसीताजी और श्रीवाल्मीकिजीके साथ आकर रामायण-गान करके जो विनय दिखाया है उसकी ओर संकेत है। इसीके सम्बन्धसे भूमि-विवर-प्रवेश ज्ञात होता है। ऐसा ही तीसरा प्रश्न जिसके पूछनेका साहस न हुआ वह है 'लक्ष्मणजीका निर्याण',

इसका उत्तर *'एक बार बसिष्ठ मुनि आए। जहाँ राम सुखधाम सुहाए॥ अति आदर रघुनायक कीन्हा। पद पखारि पादोदक लीन्हा॥'* में गूढ़ ध्वनिद्वारा संकेत किया गया है। यहाँ पदप्रक्षालन-सेवा स्वयं रघुनाथजीने की है। (ठीक है। पर एकान्तमें मिलनेके कारण स्वयं करना उचित है। हनुमान्‌जी अथवा कोई भ्राता भी साथमें नहीं है। कोई भी साथ होता तो वसिष्ठजी न आ सकते थे। यह भी कहा जा सकता है।)

इन प्रसङ्गोंके स्पष्ट वर्णनके लिये जो कठिनता हृदयमें चाहिये वह गोस्वामीजीके कोमल हृदयमें नहीं है, अतः उनसे भी इन प्रसङ्गोंका स्पष्ट कथन न करते बना।

टिप्पणी—२ *'तुम्ह त्रिभुवन गुर बेद बखाना।……'* इति। (क) *'त्रिभुवन गुर'* का भाव कि आप सबके गुरु हैं, अतः कथा कहकर त्रैलोक्यवासियोंका उपकार करना आपका कर्त्तव्य है, सो कीजिये। (ख) *'पाँवर का जाना'* अर्थात् अपनेसे वे कुछ नहीं जान सकते, जो आप कहेंगे वही वे जानेंगे। भाव कि सब जीवोंको कृतार्थ कीजिये, सबोंपर कृपा करके सब पदार्थ प्रकट कर दीजिये। [पुनः *'आन जीव पावँर'* का भाव कि आप पामर जीवोंमें नहीं हैं, आपकी गणना तो ईश्वरकोटिमें है, कारण कि आप मोक्षाधिकारी हैं अर्थात् स्वयं जीवन्मुक्त रहते हुए दूसरोंको मुक्ति प्रदान करते हैं। (वे० भू०) (ग) उमाजीके प्रश्नोंका प्रकरण यहाँ समाप्त हुआ। *'बिस्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी॥'* (१०७। ७) उपक्रम है और *'तुम्ह त्रिभुवन गुर……'* उपसंहार है।]

प० प० प्र०—जबतक पति-पत्नी-भावसे प्रार्थना करती रहीं तबतक रामकथा कहनेका विचार शिवजीके मनमें नहीं आया। *'तुम्ह त्रिभुवन गुर'* कहनेसे अब गुरु-शिष्य-सम्बन्ध प्रस्थापित होनेपर कथाका उपक्रम करेंगे। (सब प्रश्न यहाँ समाप्त हो गये। अन्तमें इसपर समाप्त करके जनाया कि दूसरा कोई इनका यथार्थ उत्तर दे नहीं सकता। उपक्रममें 'विश्वनाथ' और त्रिभुवन' शब्द हैं, उपसंहारमें भी 'त्रिभुवन गुर' है। उनके चुप हो जानेपर उत्तरका आरम्भ हुआ।)

उमा-प्रश्न-प्रकरण समाप्त हुआ।

प्रश्नोत्तर-प्रकरणारम्भ

प्रश्न उमा के* सहज सुहाई। छल बिहीन सुनि सिव मन भाई॥ ६॥
हर हिय रामचरित सब आए। प्रेम पुलक लोचन जल छाए॥ ७॥

शब्दार्थ—आए=झलक पड़े, स्मरण हो आये।

अर्थ—श्रीपार्वतीजीके छलरहित सहज ही सुन्दर प्रश्न सुनकर शिवजीके मनको भाये॥ ६॥ हर (श्रीशिवजी) के हृदयमें सब रामचरित आ गये। प्रेमसे शरीर पुलकित हो गया और नेत्रोंमें जल भर गया॥ ७॥

टिप्पणी—१ *'प्रश्न उमा के……'* इति। गोस्वामीजी सर्वत्र 'प्रश्न' शब्दको स्त्रीलिङ्ग ही लिखते हैं। यथा *'प्रश्न उमा के सहज सुहाई'* (यहाँ), *'धन्य धन्य तव मति उरगारी। प्रस्न तुम्हारि मोहि अति प्यारी॥'* (७। ९५। २) इत्यादि। *'सहज सुहाई'* अर्थात् बनावटी नहीं; यथा—*'उमा प्रश्न तव सहज सुहाई॥'* (१। ११३) छलरहित होनेसे *'सुहाई'* कहा। अपना अज्ञान एवं जो बातें प्रथम सतीतनमें छिपाये रही थीं, यथा—*'मैं बन दीखि राम प्रभुताई। अति भय बिकल न तुम्हहि सुनाई॥'* वह सब अब कह दीं; इसीसे *'छल बिहीन'* कहा। यथा—*'रामु कहा सबु कौसिक पाहीं। सरल सुभाउ छुअत छल नाहीं॥'* (२३७। २) ईश्वरको छल नहीं भाता, यथा—*'निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा॥'* (५। ४४। ५) ये प्रश्न *'छल बिहीन'* हैं, अतः मनको भाये। (ख) प्रश्न 'सुहाये' और 'मन भाये' हैं यह आगे शिवजी स्वयं कहते हैं—*'उमा प्रस्न तव सहज सुहाई। सुखद संत संमत मोहि भाई॥'* (११४। ६)

---

* कै—१७२१। के—१६६१, १७०४, १७६२। कर—छ०, को० रा०।

नोट—१ प्रश्न चार प्रकारके होते हैं—उत्तम, मध्यम, निकृष्ट और अधम। उत्तम प्रश्न छलरहित होते हैं, जैसे कि जिज्ञासु जिस बातको नहीं जानते उसकी जानकारीके लिये गुरुजनोंसे पूछते हैं, जिससे उनके मनकी भ्रान्ति दूर हो। फिर उन बातोंको समझकर वे उन्हें मनन करते हैं। यथा—*'एक बार प्रभु सुख आसीना। लछिमन बचन कहे छल हीना॥'* (३। १४। ५) मध्यम प्रश्न वह हैं जिनमें प्रश्नकर्त्ता वक्तापर अपनी विद्वत्ता भी प्रकट करना चाहता है, जिससे वक्ता एवं और भी जो वहाँ बैठे हों वे भी जान जायँ कि प्रश्नकर्त्ता भी कुछ जानता है, विद्वान् है। निकृष्ट प्रश्न वह हैं जो वक्ताकी परीक्षाहेतु किये जाते हैं। और अधम प्रश्न वे हैं जो सत्सङ्ग-वार्तामें उपाधि करने, विघ्न डालनेके विचारसे किये जाते हैं।

पार्वतीजीके प्रश्न उत्तम हैं, क्योंकि वे अपना संशय, भ्रम, अज्ञान मिटानेके उद्देश्यसे किये गये हैं। यथा—*'जौं मोपर प्रसन्न सुखरासी। जानिय सत्य मोहि निज दासी॥ तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना।'''' ॥'* (१०८। १-२) *'जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू'* *'अजहूँ कछु संसउ मन मोरें। करहु कृपा बिनवौं कर जोरें॥'* (१०९। २, ५) इत्यादि।

नोट—२ कुछ महानुभावोंने इस विचारसे कि 'प्रश्न' शब्द पुँल्लिङ्ग है और *'सुहाई'* स्त्रीलिङ्ग, *'सुहाई'* और *'छल बिहीन'* को 'उमा' का विशेषण माना है; पर यह उनकी भूल है। ग्रन्थकारने इस शब्दको स्त्रीलिङ्गका ही माना है।

टिप्पणी—२ *'हर हिय रामचरित सब आए।''''''* इति। (क) पूर्व कहा था कि *'रचि महेस निज मानस राखा। पाइ सुसमउ सिवा सन भाषा॥'* (३५। ११) इससे स्पष्ट है कि सब रामचरित शिवजीके हृदयमें हैं; तब यहाँ यह कैसे कहा कि शिवजीके हृदयमें आये? इस शङ्काका समाधान यह है कि बात सब हृदयमें रहती है, पर स्मरण करानेसे उनकी स्मृति आ जाती है। मानसग्रन्थ हृदयमें रहा, पर पार्वतीजीके पूछनेसे वह सब स्मरण हो आया। यही भाव हृदयमें *'आए'* का है। यथा—*'सुनि तव प्रश्न सप्रेम सुहाई। बहुत जनम कै सुधि मोहि आई॥'* (७। ९५। ३) [भुशुण्डीजी सब जानते थे, पर गरुड़जीके प्रश्न करनेपर वे सब सामने उपस्थित-से हो गये, स्मरण हो आये। श्रीमद्भागवतमें इसी प्रकार जब वसुदेवजीने देवर्षि नारदजीसे अपने मोक्षके विषयमें उपदेश करनेकी प्रार्थना की; यथा—'**मुच्येम ह्यञ्जसैवाद्धा तथा नः शाधि सुव्रत॥**' (११।२।९) तब देवर्षि नारदजीने भी ऐसा ही कहा है, यथा—'**त्वया परमकल्याणः पुण्यश्रवणकीर्तनः। स्मारितो भगवानद्य देवो नारायणो मम॥**' (१३) अर्थात् आपने परमकल्याणस्वरूप भगवान् नारायणका मुझे स्मरण कराया जिनके गुणानुकीर्तन पवित्र हैं। वैसे ही यहाँ समझिये। पुनः जैसे पंसारीकी दूकानमें सब किराना रहता है, पर जब सौदा लेनेवाला आकर कोई एक, दो, चार वस्तु माँगता है तब उसके हृदयमें उस वस्तुका स्मरण हो आता है कि उसके पास वह वस्तु इतनी है और अमुक ठौर रखी है। इसी तरह जैसे-जैसे पार्वतीजीके प्रश्न होते गये वैसे-ही-वैसे उनके उत्तरके अनुकूल श्रीरामचरित चित्तमें स्मरण हो आये।] पुनः, हृदयमें *'आए'* का भाव कि सब प्रश्नोंके उत्तर मुखाग्र कहने हैं, सब चरित शिवजीको कण्ठ हैं, उनके हृदयसे ही निकलेंगे, पोथीसे नहीं। (ख) 'सब' अर्थात् जो चरित पूछे हैं एवं जो नहीं पूछे हैं वे भी। (ग) *'प्रेम पुलक''''''* इति। चरित-स्मरण होनेसे प्रेम उत्पन्न हुआ; यथा—*'रघुबर भगति प्रेम परमिति सी॥'* (१। ३१। १४) उससे शरीर पुलकित हुआ क्योंकि शिवजीका श्रीरामचरितमें अत्यन्त प्रेम है; यथा—*'अतिथि पूज्य प्रियतम पुरारि के॥'* (१।३२।८) (घ) ['हर' शब्द देकर जनाया कि वे रामचरित कहकर उनका दुःख हरेंगे]।

श्रीरघुनाथ रूप उर आवा। परमानंद अमित सुख पावा॥८॥

अर्थ—श्रीरघुनाथजीका रूप हृदयमें आ गया। उन्हें परमानन्दका अमित सुख प्राप्त हुआ॥८॥

टिप्पणी—१ (क) *श्री*=शोभायुक्त। दूसरे चरणमें शोभाका आधिक्य दिखाते हैं। परमानन्दस्वरूप श्रीशिवजी भी शोभाको देखकर असीम सुखको प्राप्त हुए। (पं० रामकुमारजी 'परमानंद' शब्दको शिवजीमें लगाते

हैं।) (ख) प्रथम *'हर हिय रामचरित सब आए'* कहकर तब *'श्रीरघुनाथ रूप उर आवा'* कहनेका भाव कि जब रामचरित हृदयमें आता है तभी रामरूप हृदयमें आता है; यथा—*'रामकथा मंदाकिनी चित्रकूट चित चारु। तुलसी सुभग सनेह बन सिय रघुबीर बिहारु॥'* (१। ३१) श्रीरामचरित और श्रीरामरूप हृदयमें आये। रामचरित सुनाना है और श्रीरामरूपका भ्रम (जो पार्वतीजीको है उसे) दूर करना है, इसीसे ये दोनों हृदयमें आकर प्राप्त हुए। पुनः, रामचरित आनेपर तब श्रीरामरूप हृदयमें आया, क्योंकि रामचरितमें श्रीरामरूप कथित है, जब चरित कहा जाता है तब उसमें रामरूपका वर्णन होता है; अतः रामरूप पीछे आया। [नाम-स्मरणके प्रभावसे रूपका अनायास हृदयमें आना कहा गया है, यथा—*'सुमिरिअ नाम रूप बिनु देखें। आवत हृदयँ सनेह बिसेषें॥'* और यहाँ चरितसे हृदयमें रूपकी प्राप्ति कही। इस प्रकार रामनाम और रामचरितकी समानता दिखायी। प० प० प्र०]

नोट—१ प्रथम चरित आता है, उससे प्रेम उत्पन्न होता है और प्रेमसे रूपका साक्षात्कार होता है। ठीक यही दशा क्रमशः शिवजीकी हुई। यथा—*'हर हिय रामचरित सब आए', 'प्रेम पुलक लोचन जल छाए',* तब *'श्रीरघुनाथ रूप उर आवा।'* श्रीदशरथजी महाराजने श्रीजनकपुरसे आयी हुई पत्रिका जब पायी और उसमें श्रीरामजीके चरित पढ़े तब उनकी भी क्रमशः यही दशा हुई थी। यथा—*'बारि बिलोचन बाँचत पाती। पुलक गात आई भरि छाती॥ राम लखन उर कर बर चीठी।'* (१। २९०। ४-५) *'रामकथा मंदाकिनी'।* (१।३१) भी इसी भावका पोषक है।

नोट—२ बाबा हरिदासजी—'श्रीशिवजी अबतक कहाँ रहे जो गिरिजाजीके सुध करानेपर चरित और ध्यान उदय हुए?' (सम्भवतः उनकी शंका यह है कि उनका ध्यान अबतक कहाँ रहा?) समाधान 'जबसे सतीजीसे वियोग हुआ तबसे गिरिजा-समान श्रीरामकथाका श्रवणरसिक तथा श्रीशिवजीसे पूछनेवाला कोई और न मिला। अथवा, वे अबतक परात्पर निर्गुण ब्रह्मके ध्यानमें रहे, वही पिछला अभ्यास बना रहा, जब उमाजीने याद करायी तब उनके हृदयमें रामचरित और ध्यान उदय हुए।'

नोट—३ कोई-कोई 'श्रीरघुनाथ' से 'श्रीसीताजीसंयुक्त श्रीरामजी' का अर्थ करते हैं, जैसे—*'बसहु हृदय श्री अनुज समेता।'* (३। १३। १०) *'श्रीसहित दिनकरबंसभूषन काम बहु छबि सोहई।'* (७। १२) इत्यादिमें 'श्री' शब्द श्रीसीताजीके लिये आया है। परंतु आगे *'बंदौं बालरूप सोइ रामू।'* (११२। ३) कहा गया है, इससे यहाँ बालरूपका ही हृदयमें ध्यान होना निश्चित है। स्वामी प्रज्ञानानन्दजीका मत है कि यहाँ वही रूप अभिप्रेत है, जिसके दर्शन उन्हें पार्वतीजीसे विवाह करानेके लिये हुआ था।

प० प० प्र०—*'रूप उर आवा'* इति। पार्वती-विवाह-प्रकरणमें श्रीरामजीने जिस रूपमें प्रकट होकर दर्शन दिया था, उसे शिवजीने हृदयमें रख लिया था, पर दीर्घकालतक निर्गुण-निर्विकल्प-समाधि और पार्वती-विवाह तथा इसके पश्चात् दीर्घकालतक गिरिजारमण होकर शृङ्गार-लीला विहारके कारण वह सगुण-मूर्ति विस्मृत-सी हो गयी थी। अब चरित्र-स्मरणके प्रभावसे वही मूर्ति प्रकट हुई, ऐसा मानना ही पूर्व सन्दर्भ और वस्तुस्थितिके अनुरूप है। 'श्रीरघुनाथ' शब्दोंका भी उसी रूपसे सम्बन्ध है। *'प्रगटे राम कृतज्ञ कृपाला। रूप सीलनिधि तेज बिसाला।'* श्री='तेज बिसाला'। वही रूप हृदयमें आया क्योंकि यहाँ भी पार्वतीजी ही निमित्त बनी हैं।

नोट—४ *'परमानंद अमित सुख पावा'* इति। (क) उत्तरकाण्डमें श्रीभुशुण्डीजीके वचन हैं कि *'जेहि सुख लागि पुरारि असुभ बेष कृत सिव सुखद। अवधपुरी नर नारि तेहि सुख महँ संतत मगन॥ सोई सुख लवलेस जिन्ह बारक सपनेहु लहेउ। ते नहिं गनहिं खगेस ब्रह्मसुखहिं सज्जन सुमति।'* (७। ८८) इन्हीं वचनोंकी अपेक्षासे इन्हींके अनुसार यहाँ *'अमित परमानंद सुख'* कहा। श्रीरामदर्शनका सुख ऐसा ही है; यथा—*'चितवहिं सादर रूप अनूपा। तृप्ति न मानहिं मनु सतरूपा॥ हरष बिबस तन दसा भुलानी।'* (१। १४८) *'जाहिं जहाँ जहँ बंधु दोउ तहँ तहँ परमानंद।'* (१। २२३) इत्यादि। (ख) *'अमित सुख'* का स्वरूप आगे दिखाते हैं—*'मगन ध्यानरस'।*

दोहा—मगन ध्यान रस दंड जुग पुनि मन बाहेर कीन्ह।
रघुपति चरित महेस तब हरषित बरनै लीन्ह॥१११॥

शब्दार्थ—दंड—*'दुइ दंड भरि ब्रह्मांड भीतर……'* (१। ८५) छंदमें देखिये।=घड़ी, साठ पल या चौबीस मिनटका काल। रस=वेग, आनन्द=**'रसो ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति'** (तैत्ति० आनन्दवल्ली अनुवाक ७)। =किसी विषयका आनन्द; यथा—*'जो जो जेहि जेहि रस मगन तहँ सो मुदित मन मानि'*। =मनकी तरङ्ग। **ध्यान रस**=ध्यानजनित आनन्द; यथा—*'जाग न ध्यानजनित सुख पावा।'* (३। १०। १७)

अर्थ—श्रीमहादेवजी ध्यानके आनन्दमें दो दण्डतक मग्न रहे, फिर उन्होंने मनको बाहर किया और हर्षपूर्वक श्रीरघुनाथजीका चरित वर्णन करने लगे॥१११॥

टिप्पणी—१ (क) मन ध्यानरसमें मग्न हो गया, बाहर नहीं होना चाहता था; क्योंकि मूर्ति अत्यन्त मधुर है, मनोहर है। यथा—*'मूरति मधुर मनोहर देखी। भयउ बिदेहु बिदेहु बिसेषी॥'* (२१५। ८) *'मंजु मधुर मूरति उर आनी। भई सनेह सिथिल सब रानी॥'* (३३७। ५) इसीसे ध्यानको 'रस' कहा। चरित हृदयमें आये, श्रीरामरूप हृदयमें आया, दो दण्ड श्रीरामरूपमें मनको मग्न किये रह गये, फिर उसे ध्यानसे अलग किया। इसीसे *'कीन्ह'* पद दिया। (ख) *'बाहेर कीन्ह'* से सूचित करते हैं कि जबरदस्ती हठपूर्वक मनको ध्यानसे हटाया। (ग) *'परमानंद अमित सुख'* को छोड़कर मनको किसलिये बाहर किया?' इसका उत्तर यह है कि ध्यान करनेके लिये। इस समय बहुत कालका अवकाश नहीं है, हरिचरित वर्णन करना है, इसीसे हरिचरित वर्णन करनेमें मनको लीन किया। ☞ इसी तरह सभी भक्त चरित्रके लिये ध्यान छोड़ देते हैं। यथा—*'जीवनमुक्त ब्रह्मपर चरित सुनहिं तजि ध्यान।'* (७। ४२) (सनकादिकजी), *'राम लखनु उर कर बर चीठी। रहि गये कहत न खाटी मीठी॥ पुनि धरि धीर पत्रिका बाँची।'* (१। २९०) (श्रीदशरथजी) क्योंकि भक्तोंको भगवान्‌से भगवान्‌के चरित्र प्रिय हैं—*'प्रभु ते प्रभु चरित पियारे'* इति। (गीतावली) पुनः ऐसी मूर्तिका परम आनन्द छोड़कर कथा कहने लगे, यह कथाका माहात्म्य है। यहाँ कथाका यह महत्त्व दिखाकर कथाकी विशेषता दिखायी है। [और भी उत्तर ये हैं—(३) कदाचित् ध्यानमें समाधि लग जाय तो प्रश्नकर्ता बैठा ही रह जायगा। इस समय पार्वतीजी कथा सुननेको अति उत्कण्ठित हैं। (पं०) (४) ध्यानमें स्वार्थ था और चरितसे परमार्थ होगा, अर्थात् श्रीरामचरित कहनेसे तीनों लोकोंका उपकार होगा और ध्यानमें केवल अपनेहीको सुख है, यह जानकर ध्यान छोड़ा। (पं०) (५) ध्यानमें मग्न होकर श्रीरामचरित वर्णन करनेके निमित्त वृत्तिका उत्थान किया। ध्यान करनेका कारण यह है कि ध्यानके पश्चात् वचन मधुर और स्निग्ध होकर निकलते हैं। (पं०) (६) आनन्द, ध्यान और यश दोनोंमें तुल्य है। अतः कुछ काल ध्यान किया फिर यश कथन करने लगे। जैसे, कोई पेड़ा खाकर जलेबी खाय। (रा० प्र०) (७) सब कामोंके प्रारम्भमें ध्यान करना विधि है। अतएव ध्यान करके तब कथा आरम्भ की। (रा० प्र०) (८) ध्यान करनेका हेतु यह था कि प्रभुसे प्रार्थना करें कि वह शक्ति प्रदान करें, जिससे हमारे कथनसे इनका महामोह वा भ्रम दूर हो। (रा० प्र०) वा, (९) ध्यानमें प्रश्नोंपर विचार करते रहे जब विचार आ गये तब मनको बाहर किया। (रा० प्र०)] (१०) प्रश्न सुनते ही सब चरित्र हृदयमें आते ही वे गद्‌गद हो उनके आनन्दमें मग्न हो गये, परन्तु प्रश्नोंका उत्तर देना था, उस संस्कारसे फिर देहपर आ गये।

नोट—श्रीबैजनाथजी ध्यानरसका अर्थ 'शान्तरस' करते हैं। भाव यह कि 'शान्तरसमें डूबे रहे, फिर मन बाहर किया अर्थात् परमहंसी वृत्ति छोड़ सामान्य वृत्ति धारण की। यहाँ शान्तरसमें परमात्मा श्रीरामरूप आलम्बन और आत्मतत्त्व उद्दीपन हैं, इत्यादि।' इस भावमें 'रस'=वह आनन्दात्मक चित्तवृत्ति या अनुभव जो विभाव-अनुभाव और संचारीसे युक्त किसी स्थायीभावके व्यंजित होनेसे उत्पन्न होता है। 'पार्वतीजीका प्रश्न सत्सङ्गमूलक है, प्रेम-जल पाकर उससे रामचरित अंकुरित हुआ, जिसके चिन्तनसे इन्द्रियोंकी वृत्ति अहङ्कारमें, अहङ्कार चित्तमें और चित्त बुद्धिमें लीन हो गये। बुद्धि पाकर मन शुद्ध हो आत्मरूपमें, आत्मरूप श्रीरामरूपमें लीन हो गया।' (वै०)

टिप्पणी—२ *'हरषित बरनै लीन्ह'* इति। ☞ श्रीरामचरितका वर्णन महात्मालोग हर्षपूर्वक ही किया करते हैं। यथा *'कहत सुनत हरषहिं पुलकाहीं। ते सुकृती मन मुदित नहाहीं॥'* (१। ४१। ६) अब इनके उदाहरण सुनिये। चारों वक्ताओंकी हर्षपूर्वक प्रवृत्ति इसी ग्रन्थमें देख लीजिये। यथा—(क) *'भयेउ हृदय आनंद उछाहू। उमगेउ प्रेम प्रमोद प्रबाहू॥'* (१। ३९। १०) (श्रीगोस्वामीजी) (ख) *'सुनु मुनि आजु समागम तोरें। कहि न जाइ जस सुख मन मोरें॥ रामचरित अति अमित मुनीसा। कहि न सकहिं सतकोटि अहीसा॥ तदपि जथाश्रुत कहौं बखानी। सुमिरि गिरापति प्रभु धनुपानी॥'* (१। १०५) (श्रीयाज्ञवल्क्यजी) (ग) *'करि प्रनाम रामहि त्रिपुरारी। हरषि सुधासम गिरा उचारी॥'* (१। ११२। ५) (श्रीशिवजी) (ख) *'भयउ तासु मन परम उछाहा। लाग कहै रघुपति गुन गाहा॥'* (७। ६४। ६) (श्रीभुशुण्डीजी)

झूठेउ सत्य जाहिं बिनु जानें। जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचानें॥ १॥
जेहि जाने जग जाइ हेराई। जागे जथा सपन भ्रम जाई॥ २॥

शब्दार्थ—भुजंग=सर्प। रजु (रज्जु)=रस्सी। जाइ हेराई=खो जाता है; अदृश्य हो जाता है; विस्मृत हो जाता है; नगण्य हो जाता है।

अर्थ—जिनको बिना जाने झूठा भी सत्य जान पड़ता है, जैसे रस्सीको बिना पहचाने (उसमें) साँप (का भ्रम हो जाता है)॥ १॥ जिसके जान लेनेपर संसार खो जाता है, जैसे जागनेपर स्वप्नका भ्रम जाता रहता है॥ २॥

नोट—१ यहाँसे लेकर *'करि प्रनाम रामहि त्रिपुरारी……॥'* (११२। ५) तक वस्तुनिर्देशात्मक तथा नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण है।

वस्तुनिर्देशात्मक वह मङ्गलाचरण कहलाता है, जिसमें वक्ता सूत्ररूपसे वह समस्त कथा बीजरूपसे कह जाता है, जो वह वर्णन करना चाहता है। समस्त रामचरितमानसका तात्पर्य पार्वतीजीका मोह छुड़ाना है और वह रामरूपका ठीक ज्ञान करा देनेहीसे होगा। अतः यहाँ शिवजीने श्रीरामजीके ठीक रूपका ज्ञान करानेके हेतु ही यह चौपाई कही है। गोस्वामीजीके समस्त काव्यग्रन्थोंमें इस प्रणालीका निर्वाह बड़ी खूबीसे हुआ है, सैकड़ों उदाहरण उसके रामचरितमानसहीमें पाये जाते हैं। यथा—**'नीलाम्बुजश्यामलकोमलाङ्गं सीतासमारोपितवामभागम्। पाणौ महासायकचारुचापं नमामि रामं रघुवंशनाथम्॥'** *'गई बहोरि गरीब निवाजू॥'* इत्यादि। *'झूठेउ सत्य जाहिं बिनु जानें'* और *'जेहि जाने जग जाइ हेराई'* उपमेय वाक्य हैं और *'जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचाने'* तथा *'जागे जथा सपन भ्रम जाई'* उपमान वाक्य हैं। दोनों वाक्योंमें *'जिमि'* और *'जथा'* वाचक पद देकर समता दिखायी है। अतएव इनमें 'उदाहरण' अलंकार है।

'झूठेउ सत्य……' इति।

(समन्वय-सिद्धान्तानुसार)

१—यद्यपि अद्वैतसिद्धान्तमें ही रज्जुसर्पके दृष्टान्तसे जगत्‌को मिथ्या कहना प्रचलित है तथापि श्रीमद्‌गोस्वामीजीने इन (रज्जु-सर्पादि) प्रचलित दृष्टान्तोंको समन्वय-सिद्धान्तमें भी सुगमताके साथ लगाया है, जिससे सभी दृष्टान्त समन्वय-सिद्धान्तमें लग जाते हैं और इसकी उपादेयता भी बढ़ जाती है।

मानसपीयूषके इस संस्करणके परिचयमें बताया जा चुका है कि श्रीमद्‌गोस्वामीजी भगवान् बोधायनाचार्यके समन्वय-सिद्धान्तके पूर्ण अनुयायी हैं। इस समन्वय-सिद्धान्तका विशिष्टाद्वैत-सिद्धान्त नाम पड़नेपर ही लोगोंमें परस्पर भेदभाव मालूम पड़ने लगा है, भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यजीने अपने आचार-व्यवहारोंसे उस व्यापक सिद्धान्तसे जनसमुदायको अपनाया। उन्हींके शिष्य-प्रशिष्योंमें श्रीगोस्वामीजी हैं। अतः उनके रचित इस मानसमें भी उसी तरह व्यापक शब्दोंके प्रयोग भरे पड़े हैं, जिससे लोगोंको अद्वैतसिद्धान्त-प्रतिपादनकी ही भावना होती है।

समन्वय-सिद्धान्तमें 'झूठ, मृषा, मिथ्या, असत्य' का अर्थ महर्षि पतञ्जलिके **'विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम्'** इस सूत्रके अनुसार 'विपरीत वा अयथार्थ ज्ञानका विषय' है। अर्थात् जिस वस्तुका ठीक-ठीक ज्ञान हमें नहीं हुआ, जिसको हम कुछ-का-कुछ समझ रहे हैं।

'सत्यका अर्थ है 'यथार्थ ज्ञानका विषय' अर्थात् जिसको हम ठीक-ठीक जानते हैं।

समन्वयसिद्धान्तमें 'ब्रह्म' शब्दसे 'चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म' का ही ग्रहण होता है। अर्थात् चिदचिद् ज़गत् ब्रह्मका शरीर है और ब्रह्म इसका शरीरी अन्तर्यामी आत्मा है। तात्पर्य यह कि जो चराचर जगत् हमारे दृष्टिगोचर हो रहा है वह वस्तुतः 'चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म' ही है। परंतु हमने उस अन्तर्यामी ब्रह्मको उस रूपमें न जानकर केवल उसके एक अंश परिणामी जगत्को एकरस नित्य मान लिया (और उसीमें हम आसक्त हो गये), यही 'अयथार्थ ज्ञान' है और जगत् 'अयथार्थ ज्ञानका विषय' है, अतः 'झूठा' है। यदि हम अन्तर्यामी ब्रह्मको जगत्के शरीरीरूपमें जानते होते तो यह 'झूठा' न कहा जाता।

यहाँ कुछ लोग शंका करते हैं कि 'रज्जु-सर्पका दृष्टान्त अद्वैतसिद्धान्तमें ही ठीक बैठता है; क्योंकि जैसे केवल रज्जुमें उससे अत्यन्त भिन्न सर्पका भास होता है, वैसे ही केवल ब्रह्ममें जगत्का भास होता है और समन्वय-सिद्धान्तमें तो ब्रह्म सदा चिदचिद्विशिष्ट होनेसे जगत् सूक्ष्मावस्थामें भी उसमें वर्तमान है; रज्जुमें यदि सर्प होता तो यह दृष्टान्त ठीक होता?' यह भी प्रश्न होता है कि 'रज्जुमें सर्पकी कौन सत्ता विद्यमान है जिससे सर्पका भ्रम हो जाता है; क्योंकि रज्जु और सर्पके लिये तो पञ्चीकरण-प्रक्रियाका भी संघट्ट नहीं हो सकता?'

उसके समाधानके लिये हमें प्रथम सिद्धान्त जान लेना चाहिये कि समन्वय-सिद्धान्तमें दार्शनिकोंने 'आकृति' को भी शब्दोंका वाच्य माना है। उसीको 'जाति' आदि शब्दोंसे भी व्यवहार किया जाता है। इसीसे रज्जु, जलरेखा तथा भूदलनादिमें ही सर्पकी भ्रान्ति होती है, अन्यत्र नहीं; क्योंकि अन्यत्र आकृति भी नहीं पायी जाती।

अवयवरचना-विशेषको जाति माना जाता है। गौकी आकृतिविशेषको ही गोत्व जाति कहते हैं। वह आकृति जहाँ भी होगी, उसको गौ माना जायगा। इस सिद्धान्तानुसार सर्पका लम्बापन, वर्तुलाकार आदि कुछ आकार-विशेष रज्जुमें होनेसे रज्जुमें सर्प भी वर्तमान है। 'जैसे ब्रह्मके साथ जगत् भी है, वैसे ही रज्जुके साथ सर्प भी है। अतः दृष्टान्तमें कोई वैषम्य नहीं आता।

इसपर शङ्का हो सकती है कि 'जब रज्जुमें नित्य सर्प है ही तब जो लोग व्यवहारमें यह कहते हैं कि 'यह रज्जु है', 'यह सर्प है' इसकी व्यवस्था किस प्रकार होगी?' इसका समाधान यह है कि रस्सीमें रस्सीके अवयव बहुत हैं और सर्पके अवयव कम हैं। अतः रस्सीमें रस्सीके अवयव-विशेष होनेसे उसे रस्सी कहा जाता है। परंतु जब अन्धकारादि दोषरूप प्रतिबन्धकोंसे उसके अवयव आच्छादित हो जाते हैं तब उसमें स्थित सर्पके जो अवयव हैं, वे अनुभवमें आते हैं; इसीसे उसमें सर्पका भास होता है। जब प्रकाश आदिसे अन्धकारादि दोषरूप प्रतिबन्धकोंका नाश हो जानेपर रज्जुके अवयव अनुभवमें आते हैं तब रज्जुका ज्ञान होनेसे सर्पका अनुभव नहीं होता।

इस प्रकार रज्जुमें कुछ अंशोंमें सर्पकी स्थिति होनेपर वह अव्यवहारी अर्थात् व्यवहार करनेमें अयोग्य है; अतः उसको सर्प नहीं कहा जाता। पुनः 'झूठा' का अर्थ 'परिणामी' अर्थात् 'परिवर्तनशील' और 'सत्य' का अर्थ 'अपरिणामी' अर्थात् 'स्थिर' भी ले सकते हैं। परमात्माको न जाननेसे जीव इस परिवर्तनशील जगत्को स्थिर समझकर उसमें फँसता है। अतः इन चौपाइयोंसे भ्रमकी निवृत्ति की गयी है। (व्या० न्या० मीमांसा वेदान्ताचार्य सार्वभौम वासुदेवाचार्यजी)

२—बाबा जयरामदासजी—*'झूठेउ सत्य'''''* 'इति। जैसे—**'यत्सत्त्वादमृषैव भाति सकलम्'** में कुछ लोगोंका कहना है कि गोस्वामीजीने जगत्को मिथ्या माना है, वैसे ही यहाँपर उनके मतानुसार जगत्-प्रपञ्चको झूठा

कहा गया है। परंतु यहाँपर भी पूर्व (**रज्जौ यथाऽहेर्भ्रमः**) की तरह सर्प और रस्सीकी उपमा है। अतएव यहाँ भी उसी प्रकार प्रकट जगत्‌के नानात्वका सत्य भासना मृषा है, न कि जगत् ।* इसके बादकी चौपाइयाँ स्पष्ट बतला रही हैं कि जगत् रागरूपमें यथार्थ भासता है तब इसका नानारूप प्रतीत होना खो जाता है, यथा—'*जेहि जाने जग जाइ हेराई।*……' तथा—'*बंदउँ बालरूप सोइ रामू*……।' तात्पर्य यह कि जिस रूपमें जगत्‌को हम देख रहे हैं वह सत्य नहीं है; इसका रूप राममय है। अतः इस जगत्‌का नानाकार झूठा है; न कि जगत् ही झूठा है; जगत् तो रामरूप आकारमें सत्य है, क्योंकि जब हमको जगत् निजप्रभु-राम-मय जान पड़ता है तब इसका नानात्व उसी प्रकार गायब हो जाता है जिस प्रकार जागनेपर स्वप्नका भ्रम नष्ट हो जाता है। स्वप्नका भ्रम क्या है—'*सपनें होइ भिखारि नृपु रंक नाकपति होइ*' अर्थात् 'कोई राजा स्वप्नमें अपनेको भिक्षुक रूपमें जानता या देखता है अथवा कोई भिक्षुक अपनेको इन्द्ररूपमें देखता है'। परंतु स्वप्नमें राजाका भिक्षुक होना तथा भिक्षुकका इन्द्र होना मिथ्या था, न कि संसारमें भिक्षुकका होना और स्वर्गमें इन्द्रका होना। ये दोनो बातें सत्य ही हैं, केवल स्वप्नमें उन व्यक्तियोंका अपने लिये ऐसा परिवर्तन देखना झूठा था। इसी प्रकार जगत्‌को झूठा न कहकर उसमें जो नानात्व भासता है, उसे ही झूठा कहा गया है। साथ ही जगत् जिस रामका रूप है, उसकी वन्दना की गयी है और नाम-जप (उपासना) की बात कही गयी है, जो अद्वैतवादके विरुद्ध है। (मानसरहस्य)

वेदान्तभूषणजी—'*झूठेउ सत्य जाहि बिनु जानें। जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचानें॥ जेहि जाने जग जाइ हेराई। जागे जथा सपन भ्रम जाई॥*' इति। जैसे यहाँ श्रीशिवजी मङ्गलाचरण करते हुए जगत् और श्रीरामजीमें परस्पर स्वभाव तथा स्वरूप-भेद बतलानेके लिये रज्जु और भुजङ्गका दृष्टान्त देते हैं वैसे ही श्रीगोस्वामीजीने भी अपने मङ्गलाचरणमें '**यत्सत्त्वादमृषैव भाति सकलं रज्जौ यथाऽहेर्भ्रमः**' से यही बात कही है। इन प्रकरणोंमें जगत्‌के मिथ्यात्वका तात्पर्य नहीं है क्योंकि जो पदार्थ नित्य तथा भगवदाश्रित रहते हैं वे कभी मिथ्या हो ही नहीं सकते; कारण कि भगवान् भी मिथ्या नहीं हैं। जगत् नित्य और हरि-आश्रित है, यथा—'*बिधि*

* 'यत्सत्त्वादमृषैव भाति सकलम्' में जगत्‌को मिथ्या मानना अद्वैतवाद कहा जाता है। बाबा जयरामदास 'दीन' जी लिखते हैं कि अद्वैतवादके निरासमें यहाँ पहले तो 'यत्सत्त्वात्' जिस प्रभुकी सत्तासे ऐसा हो रहा है—'नाथ जीव तव माया मोहा'। फिर श्लोकके प्रथम और अद्वैतवादके विरोधी तीसरे चरणपर ध्यान देना चाहिये। यह 'यत्' कौन है यह चौथे चरणमें बताकर उनको प्रणाम किया गया है। 'यन्माया……' से उन्हें कर्मयोगका अधीश्वर, 'यत्सत्त्वात्……' से ज्ञानका आधार और 'यत्पादप्लव……' से उन्हें उपासनाका आधेय बताया गया है। अन्तिम चरणमें उन्हींको 'अशेषकारणपरम्' बताया है। इससे अवतारवाद और सेव्यभाव स्पष्ट सिद्ध होता है।

अब रहा यह प्रश्न कि जगत् मृषा कितने अंशमें मालूम होता है। इसका निर्णय दी हुई उपमासे ही कीजिये। रस्सीको साँप मानना मिथ्या है, न कि रस्सी और साँप ये दोनों मिथ्या हैं, क्योंकि यदि साँपका अस्तित्व ही न होता तो उसका भ्रम ही कहाँसे आता? इसी प्रकार यह जगत् कारणरूपसे सत्य और कार्यरूपमें मृषा है, इसीसे हमें रामरूप जगत्‌में नानारूप जगत्‌की भ्रान्ति हो रही है। अर्थात् है तो यह जगत् (स्थावर-जंगम) श्रीरामरूप—'अग जग रूप भूप सीताबर' (वि० प०), परन्तु हमलोगोंको प्रभुकी ही मायाके आवरणके कारण नानारूपमें भास रहा है। जैसे रस्सी यथार्थमें है, वैसे ही यह समस्त जगत् रामरूपमें यथार्थ है—'सीयराममय सब जग जानी', 'निज प्रभुमय देखहिं जगत', 'मैं सेवक सचराचर रूप स्वामि भगवंत'।

जिस तरह रज्जुमें सर्पका भ्रम मिथ्या है, उसी तरह इस रामरूप जगत्‌में गृह, वृक्ष, पर्वत, सरिता, पशु, पक्षी, पुत्र, कलत्र आदि नानात्वका भासना झूठा है। (मानसरहस्य) परंतु सर्प किसी समय देखा सुना हुआ है, सर्पका होना मिथ्या नहीं है। 'नानारूप जगत्‌का विशेषण या शरीररूपमें सत्य देखा गया है परंतु जगत्‌का विशेष्य या स्वतन्त्ररूपसे देखना ही झूठा है, मिथ्या है।—(मा० पी० सं०) अतः यह विधिप्रपंच भी कारणरूपसे नित्य और अनादि है। यथा—'बिधि प्रपंच अस अचल अनादी।', 'प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादी उभावपि।' (गीता १३। १९) अतएव जगत्‌को सर्वथा मिथ्या नहीं कहा गया है, किंतु इस प्रकट जगत्‌की नानारूपमें सत्यता प्रतीत होना मिथ्या माना गया है।

प्रपंच अस अचल अनादी' और *'एहि बिधि जग हरि आश्रित रहई'* इत्यादि। इसीसे यहाँ मिथ्या न कहकर भ्रम कहा गया है। 'भ्रम' का अर्थ है 'औरका और समझ पड़ना' जैसे कि भूदलन, जलरेख और रज्जुका सर्प आदि। वैसे ही भ्रममें पड़कर अस्वतन्त्र जगत्‌को स्वतन्त्र मान लेना झूठा है, इसीसे 'भ्रम' कहा। *'जग जाइ हेराई'* कहकर केवल अदृश्य होना कहा, मिथ्या नहीं। क्योंकि जगत् तो सदैव सृष्टिक्रमानुसार बना ही रहता है, केवल जिस भाग्यभाजन जीवपर परमात्माकी निर्हेतुकी कृपा हो जाती है वह मुक्त हो जाता है और त्रिपादविभूति श्रीसाकेतमें जानेपर वह ब्रह्मके सहित सम्पूर्ण कामनाओंको भोगते हुए आप्तकाम हो जाता है, यथा—'**यो वेद निहितं गुहायाम्। सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता**' (तैत्ति आ० १। १)

पं० रामकुमारजी—१ *'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जानें।......'* इति। ☞यहाँ झूठ जगत्‌के लिये और *'जाहि'* आगेका *'जेहि'* श्रीरामचन्द्रजीके लिये आया। जगत्‌का ग्रहण *'जेहि जाने जग जाइ हेराई'* से और 'राम' का ग्रहण *'बंदौं बालरूप सोइ रामू'* इन अगले चरणोंसे हुआ। ☞ यह भी स्मरण रहे कि यहाँ दृष्टान्त एकदेशीय है, सर्वदेशीय नहीं, केवल सत्य और असत्य दिखलानेके लिये दृष्टान्त दिया गया है। इतना मात्र दिखलानेके लिये, कि बिना रामजीको जाने जगत् सत्य प्रतीत होता है और उनको जाननेपर वही असत्य है, दृष्टान्त दिया गया है। यहाँ झूठा जगत् सर्प है और श्रीरामजी रज्जु हैं। दृष्टान्तके इस अंशसे यहाँ कविको प्रयोजन नहीं है कि 'रस्सी जड़ है और सर्प चैतन्य है, ऐसे ही रामजी जड़ हैं और जगत् चैतन्य'। इस देशमें दृष्टान्त नहीं दिया गया है। यहाँ कविने दो दृष्टान्त दिये, एक जाननेमें, दूसरा न जाननेमें, अर्थात् श्रीरामजीको न जाननेसे जगत् सत्य है और जाननेसे असत्य।

२ (क) *'झूठेउ'।* जगत् झूठा है, यथा—*'झूठो है झूठो है झूठो सदा जगु संत कहंत जे अंतु लहा है।* (क०) (ख) यहाँ रज्जु रामजी हैं और जगत् भुजंग (सर्प) है, यथा—'**मां पाहि संसार भुजंग दष्टं०।**' (ग) जगत्‌को भुजङ्गकी उपमा देनेमें भाव यह है कि जगत्‌का वास्तविक रूप न जाननेसे वह सर्पकी तरह चैतन्य तथा भयदायक है; यथा—*'बूड़ेउ मृगबारि खायेउ जेवरी के साँप रे'* (वि० ७४) [नोट—पण्डितजीका आशय यह जान पड़ता है कि *'झूठेउ सत्य......'* इस चौपाईमें जो रज्जु-सर्पका दृष्टान्त दिया गया है, उसमें केवल *'अन्यथा ज्ञान'* अर्थात् भ्रम ही दर्शित किया गया हो यह बात नहीं है, किंतु जैसे रज्जु वस्तुतः हितकारक ही है, बाधक नहीं है, परंतु उसका ज्ञान न होनेसे उसमें अहितकारक और बाधक सर्पका भास होता है, वैसे ही श्रीरामजी सबके हितकारक और अनुकूल हैं, परंतु उनको न जाननेसे उनमें दुःखदायी एवं प्रतिकूल संसारका अनुभव होता है।] (घ) *'जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचाने'* इति। भाव कि जैसे रज्जुमें सर्प भ्रम है, वैसे ही श्रीरामजीमें जगत् भ्रम है। जिनकी दृष्टिमें रज्जु है उनकी दृष्टिमें (वहाँ) सर्प नहीं है और जिनकी दृष्टिमें सर्प है, उनकी दृष्टिमें (वहाँ) रज्जु नहीं है। इसी प्रकार जिनकी दृष्टिमें श्रीरामजी हैं, उनकी दृष्टिमें जगत् (स्वतन्त्रात्मक) नहीं है और जिनकी दृष्टिमें जगत् है, उनकी दृष्टिमें रामजी नहीं हैं। एक ही वस्तुमें रज्जु और सर्प (के भाव) चित्तमें एक संग नहीं रहते।

बैजनाथजी—१ श्रीपार्वतीजीके मनमें श्रीरामरूपकी सत्यतामें भ्रम है; इसीलिये श्रीशिवजी कहते हैं कि 'हे प्रिये! इसमें कुछ तुम्हारा दोष नहीं है, संसारमें स्वाभाविक यही रीति है कि जिसी पदार्थको विचारो उसीको विना यथार्थ जाने झूठ भी सत्य ही देख पड़ता है।'

२ श्रीरामजीको जान लेना चाहिये, क्योंकि जान लेनेसे जगत् ही हेराय जाता है, जैसे स्वप्नमें किसीने देखा कि मैं लुट गया; अथवा किसीने देखा कि मुझे द्रव्य मिल गया, जागनेपर दोनोंके भ्रम मिट गये। वैसे ही संसार भ्रमरूप है। जैसे हण्डीमें गिलास और गिलासमें दीपशिखा है पर सब यही कहते हैं कि हण्डीका प्रकाश है कोई यह नहीं कहता कि दीपशिखाका प्रकाश है। इसी प्रकार प्रकृति, बुद्धि, अहंकार, पञ्चभूतमय जगरचनामें भगवत्-रूपकी चैतन्यता है, पर लोग ऐसा न मानकर

देहव्यवहारहीको सत्य माने हैं। यथा—राजा-प्रजा, ब्राह्मण-शूद्र, पिता-पुत्र इत्यादि भ्रमरूप संसारकी सत्यता तभीतक है जबतक रामरूपको नहीं पहचाना, जब रामरूपकी पहचान हुई तब लोकसत्यता हेराय गयी। भाव कि वैर त्यागकर सबमें समदृष्टिसे भगवान्‌को व्याप्त देखने लगता है।

पं० श्रीकान्तशरण—श्रीरामजीको जानना जागना है। जाननेपर सम्पूर्ण जगत्‌का बोध श्रीरामजीके शरीररूपमें हो जाता है, तब उस (जगत्) के प्रेरक नियामक श्रीरामजी जाने जाते हैं और जगत्‌की भ्रमात्मक नानात्व सत्ता नहीं रह जाती, यही जगत्‌का 'हेराय' (खो) जाना है जैसे स्वप्नकी मनःकल्पित सृष्टि जागनेपर नहीं रह जाती, वैसे ही जगत्‌का नानात्वरूप भी मनसे कल्पित है, यथा—*'जौं निज मन परिहर बिकारा। तौ कत द्वैतजनित संसृति दुख संसय सोक अपारा॥ सत्रु मित्र मध्यस्थ तीनि ये मन कीन्हें बरिआईं। त्यागब गहब उपेछनीय अहि हाटक तृनकी नाईं॥'* (वि० १२४) अर्थात् जगत् श्रीरामजीका शरीर है, यथा—**'जगत्सर्वं शरीरं ते'**। (वाल्मी० ६। ११७। २७) ऐसा ज्ञान होनेपर फिर कोई शत्रु-मित्र आदि नहीं रह जाते। अतः हित करनेवाले माता, पिता आदिको मित्र और अनहित करनेवालेको शत्रु आदिकी भावना मनकी भ्रमात्मक कल्पना है। यही नानात्वदृष्टि *'सुत बित देह गेह स्नेह'* रूप जगत्‌के नामसे प्रसिद्ध है। इस नानात्वका दशदिगात्मक रूप—*'जननी जनक बंधु सुत दारा। तनु धन भवन सुहृद परिवारा॥ सबकै ममता ताग बटोरी……'* है।

* अद्वैत मतके अनुसार भाव *

'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जानें।……' इति। प्रथम मङ्गलाचरण श्लोक ६ में **'यत्सत्त्वादमृषैव भाति सकलम्'** अर्थात् जिनकी सत्तासे सकल (संसार) सत्य भासता है ऐसा कहा है। परंतु वहाँ यों भी अर्थ हो सकता है कि सत्य जगत् जिनकी सत्तासे भासता है, अतः ग्रन्थकार इस उद्धरणका अपना अभीष्ट अर्थ स्पष्ट करते हैं कि जगत् झूठा है परंतु सत्य भासता है। सम्भवतः इसी अभिप्रायसे कविने वहाँका रज्जु-सर्पका दृष्टान्त ही यहाँ दिया है।

वहाँ केवल यही कहा कि ब्रह्मकी सत्तासे जगत्‌का भास होता है, परंतु यह नहीं बताया था कि वह विपरीत भास अर्थात् भ्रम क्यों होता है और उसकी निवृत्ति कैसे होगी। वह यहाँ कहते हैं कि ब्रह्मके न जाननेसे झूठा जगत् सत्य-सा भासता है तथा जाननेसे उसकी निवृत्ति होती है। अर्थात् जगत्‌का अनुभव तो जैसा ब्रह्मज्ञानके पहले था वैसा ही रहेगा, परंतु ज्ञानके पूर्व वह उसे सत्य समझता था, अतः प्रियाप्रिय भावसे सुख, दुःख, हर्ष, विषाद आदि पाता था, अब ज्ञान होनेसे उसके सत्यत्वबुद्धिका नाश हो गया अतः अब वह सुख-दुःख नहीं पाता।

यहाँपर यह सब विषय कहनेका तात्पर्य है कि शिवजी पार्वतीजीसे कहते हैं कि यद्यपि तुमने केवल श्रीरामजीके स्वरूपको नहीं जाना अतः उसके जाननेके लिये यह प्रश्न किया है, तथापि इसके साथ और भी बात यह है कि श्रीरामजीको न जाननेसे प्रपञ्च दुःखदायी भासता है और उनको जाननेसे उस दुःखकी निवृत्ति होती है।

इसी प्रकार हमलोगोंको भी यह समझना चाहिये कि यदि हमें श्रीरामजीके विषयमें कोई शङ्का न भी हो तो भी इस प्रापञ्चिक दुःखसे छूटनेके लिये श्रीरामजीका स्वरूप जानना आवश्यक है और स्वरूपके ज्ञानके लिये चरित जाननेकी आवश्यकता है। नादबिन्दूपनिषद्‌में कहा है कि जैसे रज्जुका त्याग करके अर्थात् रज्जुको न जानकर भ्रमसे कोई सर्पका ग्रहण करता है अर्थात् उसे सर्प समझता है, वैसे ही मूढ़ बुद्धि जीव सत्य ब्रह्मस्वरूपको न जानकर जगत्‌को देखता है। जब वह रज्जुके टुकड़ेको जान जाता है तब सर्परूप नहीं रहता, वैसे ही अधिष्ठान ब्रह्मको जाननेपर यह सब प्रपञ्चशून्य हो जाता है। यथा—**'यथा रज्जुं परित्यज्य सर्पं गृह्णाति वै भ्रमात्॥ तद्वत् सत्यमविज्ञाय जगत् पश्यति मूढधीः। रज्जुखण्डे परिज्ञाते सर्परूपं न तिष्ठति॥'** (२६-२७), **अधिष्ठाने तथा ज्ञाते प्रपञ्चे शून्यतां गते''।'** श्रीमद्भागवतमें भी दशमस्कन्धमें ब्रह्माजी स्तुति करते हुए कहते हैं कि रज्जुके अज्ञानसे उसमें सर्पशरीरकी

उत्पत्ति अर्थात् अनुभूति होती है और रज्जुके ज्ञानसे उस सर्पकी निवृत्ति होती है, वैसे ही आत्माका स्वरूप न जाननेसे यह सकल प्रपञ्च भासता है और आत्माके ज्ञानसे विलीन होता है। यथा—'**आत्मानमेवात्मतया विजानतां तेनैव जातं निखिलं प्रपञ्चितम्। ज्ञानेन भूयोऽपि च तत्प्रलीयते रज्ज्वामहेर्भोग-भवाभवौ यथा॥**' (१०। १४। २५)

यद्यपि उपर्युक्त दोनों स्थलोंमें जगत् तथा रज्जु सर्पको स्पष्ट शब्दोंसे मिथ्या नहीं कहा है तथापि वह बात अर्थात् सिद्ध है कि जो अज्ञानसे भासता है और ज्ञानसे नष्ट होता है वह मिथ्या (भ्रम) ही है। अन्यत्र स्पष्ट शब्दोंमें मिथ्यात्व कहा भी गया है। यथा—'**वेदः शास्त्रं पुराणं च कार्यं कारणमीश्वरः। लोको भूतं जनस्त्वैक्यं सर्वं मिथ्या न संशयः॥**' (४३) (तेजोबिन्दूप०) अर्थात् वेद, शास्त्र, पुराण, कार्य, कारण, ईश्वर, तीनों लोक, पञ्चभूत और प्राणी इत्यादि सब मिथ्या हैं, इसमें संशय नहीं। भागवत दशमस्कन्धकी ब्रह्मस्तुतिमें '**ये ते तरन्तीव भवानृताम्बुधिम्।**' (१।१४।२४) इस प्रकार संसारको मिथ्या समुद्र कहा है। अध्यात्मरामायणमें भी '**असर्पभूतेऽहिविभावनं यथा रज्ज्वादिके तद्वदपीश्वरे जगत्।**' (७। ५। ३७) ऐसा कहा है। अर्थात् रज्जु आदि जो सर्प नहीं हैं, उनमें सर्पकी भावना जैसे होती है वैसे ही ईश्वरमें जगत्‌की भावना होती है।

तेजोबिन्दूपनिषद्‌के वाक्योंसे यह शङ्का उपस्थित होती है कि 'जब वेद-शास्त्र-पुराण आदि सभी मिथ्या हैं तब दुराचरण आदिसे न तो कोई रोकनेवाला रह गया और न कोई रोकनेकी आवश्यकता ही रह गयी। इस प्रकार आचार-विचार सभीका लोप हो जायगा जो परिणाममें अहितकर है?' समाधान यह है कि जबतक जीवको किञ्चित् भी देहाभिमान है तबतक उसको वेद-शास्त्र-पुराण आदि सब जगत् सत्य ही है और उसको वेदशास्त्रानुसार चलना ही चाहिये। आत्मज्ञानोत्तर जब वह ब्रह्ममें लीन रहेगा तब उसके लिये ये सब कथन सत्य हैं क्योंकि उस समय संसार सत्य हो वा झूठ, उसके लिये दोनों बराबर हैं। (ब्रह्मचारीजी)

वि० त्रि०—झूठ और सत्यका विभाग बुद्धिके अधीन है। जिस पदार्थको विषय करनेवाली बुद्धिका नाश नहीं होता वह पदार्थ सत्य है और जिसको विषय करनेवाली बुद्धि नष्ट हो जाती है वह झूठ है। झूठविषयक बुद्धि तभीतक बनी रहती है जबतक सत्यका ज्ञान न हो। सत्यका ज्ञान होते ही झूठविषयक बुद्धिका नाश हो जाता है, जैसे जबतक रज्जुका ज्ञान नहीं होता तबतक सर्पविषयक बुद्धि बनी रहती है, रज्जुका ज्ञान होते ही सर्पविषयक बुद्धिका नाश हो जाता है। अतः रज्जु सत्य है और उसमें भासित होनेवाला सर्प झूठ है। इसी न्यायसे संसारका मिथ्यात्व सिद्ध करते हैं कि ब्रह्मके ज्ञानसे संसार खो जाता है; अर्थात् संसारको विषय करनेवाली बुद्धि नष्ट हो जाती है। जैसे जागनेसे स्वप्नको विषय करनेवाली बुद्धिका नाश हो जाता है इससे सिद्ध होता है कि ब्रह्म सत्य है और जगत् मिथ्या है।

* जेहि जाने जग जाइ हेराई·······।'*

पं० रामकुमारजी—(क) श्रीरामजीको जानना जागना है। जगत् स्वप्न-भ्रम है। स्वप्नमें अनेक भ्रम होते हैं, यथा—*'सपने होइ भिखारि नृप रंक नाकपति होइ', 'जौं सपने सिर काटै कोई।·······'* इत्यादि। इसीसे '*सपन-भ्रम*' कहा; एक भ्रम न कहा। जैसे जागनेसे स्वप्न-भ्रम जाता रहता है, वैसे ही श्रीरामजीको जाननेसे जगत् जाता रहता है। भाव कि जब श्रीरामजी ही शरीरी-शरीररूपसे व्यापक-व्याप्य हैं; यथा—*'बिस्वरूप ब्यापक रघुराई।'* भगवान् ही विश्वरूप हैं—*'बिस्वरूप रघुबंस मनि करहु बचन बिस्वास। लोक कल्पना बेद कर अंग अंग प्रति जासु॥'* (लं० १४) पुनः यथा—**खं वायुमग्निं सलिलं महीं च ज्योतींषि सत्त्वानि दिशो द्रुमादीन्। सरित्समुद्रांश्च हरेः शरीरं यत्किञ्च भूतं प्रणमेदनन्यः॥**' (भा० ११। २। ४१) जब यह समझ पड़ता है तब जगत् कहाँ रह जाता है? कहीं भी तो नहीं—*'मैं सेवक सचराचर रूप स्वामि भगवंत।'* बस जगत् इस भाँति दीखने लगता है।—यह भाव *'जग जाइ हेराई'* का है। पुनः, (ख) जगत् बिना जाने अज्ञानतासे है, ज्ञान होनेपर जगत् नहीं है। जगत् स्वप्नरूप है, यथा—*उमा कहउँ मैं अनुभव अपना।*

सत हरि भजन जगत सब सपना॥' श्रीरामजीको जाने बिना जगत् सर्पकी नाईं दुःखदाता है, अर्थात् जन्म-मरण बना ही रहता है और रामजीको जान लेनेसे वही दुःखद जगत् रामरूपमय होकर सुखदायक हो जाता है—*'निज प्रभुमय देखहिं जगत केहि सन करहिं बिरोध।'* (७। ११२)

नोट—१ सर्प भयदायक है, डँस लेता है। रस्सी निर्भय और सुखदायक है, जल भरनेके काम आती है, इत्यादि। इसी प्रकार जगत् और श्रीरामजी हैं। अर्थात् जगत्-व्यवहार सत्य मान लेनेसे, उसमें आसक्त होनेसे जन्म-मरण होता है; यही सर्पका डँसना है। और उसे श्रीराममय जान लेनेसे, श्रीरामजीको उसका प्रकाशक और उसे प्रकाश्य जान लेनेसे लोक-परलोक सब प्रकारसे सुख होता है। श्रीरामजी सत्य हैं, जगत्-व्यवहार असत्य है, ऐसा निश्चय होनेपर आवागमन छूट जाता है।

नोट—२ *'हेराई'* शब्दका स्वारस्य ही है कि वह वस्तु (जिसका 'हेराना' कहा गया है) है, पर हमारे काममें नहीं आती। अर्थात् अब हमको जगत् दुःखद नहीं रह गया। इस शब्दसे जगत्का अभाव नहीं सिद्ध होता, प्रत्युत इससे उसकी अन्यत्र सत्ता ही ज्ञात होती है।

वेदान्तभूषणजी—ईश्वरकर्तृक होनेसे स्वाप्नसृष्टि और जाग्रत्सृष्टि दोनों सत्य हैं, क्योंकि *'ईस देइ फल हृदय बिचारी'* अर्थात् ईश्वर तो जीवोंके शुभाशुभ कर्मानुसार सुख-दुःख फल देनेके लिये ही सृष्टिकी रचना करता है। अतः स्वाप्नसृष्टि भी ईश्वरकर्तृक है, इसे स्वयं श्रुति ही स्पष्टरूपसे कहती है, कि **'न तत्र रथा न रथयोगा न पन्थानो भवन्त्यथ रथान् रथयोगान् पथः सृजते स हि आत्मा'** (बृहदारण्यकोपनिषद् ४। ३। १०) अर्थात् स्वप्नावस्थामें रथ, घोड़े, सड़क और मैदान आदि नहीं रहते, परंतु जीवोंके कर्मानुसार वहाँपर भी ईश्वर सब कुछ तैयार कर देता है। जिस तरहसे स्वप्नमें कर्मफल भोगनेके बाद जागनेपर जीवोंको वह स्वप्न एक भ्रममात्र ही मालूम होता है, उसी तरह स्थूल शरीरसे जाग्रतावस्थाके सुख-दुःख भोग लेनेसे जब सब प्रकारके कर्मोंका अत्यन्ताभाव हो जाता है और जीव भगवत्कृपासे परमपद प्राप्त कर लेता है तब यह स्थूल जगत् भी एक भ्रम ही मालूम पड़ने लगता है। इसे श्रुतियोंने **'स उत्तमः पुरुषः स तत्र पर्य्येति'** (छान्दोग्य ८। १२। ३) इत्यादि शब्दोंमें समझाया है। इसका और भी विशेष विवरण *'जौं सपने सिर काटै कोई।'* (१। ११८। २) में देखिये।

नोट—३ *'जेहि जाने जग जाइ हेराई। जागे जथा सपन भ्रम जाई'* इति। स्वप्नसृष्टि और स्वप्नसृष्टिके व्यापार सोतेमें सत्य ही जान पड़ते हैं। जबतक स्वप्न देखनेवालेकी नींद नहीं टूटती, वह जागता नहीं, तबतक (स्वप्नमें ही कोई कितना समझावे) उसे कदापि कोई समझा नहीं सकता कि यह सब भ्रम है, स्वप्न है, मिथ्या है। जब वह स्वयं जागता है तब आप-ही-आप बिना परिश्रम जान लेता है कि यह सब हमारा भ्रम था।

श्रीलक्ष्मणजीने निषादराजको समझाते हुए इस बातको बड़ी उत्तम रीतिसे दिखाया है; यथा—*'सपने होइ भिखारि नृपु रंक नाकपति होइ। जागें लाभ न हानि कछु तिमि प्रपच जिय जोइ॥'* (२। ९२) अर्थात् जैसे कोई कंगाल स्वप्नमें देखे कि वह राजा हो गया, उसे इन्द्रका पद प्राप्त हो गया, अथवा कोई राजा देखे कि वह भिखारी हो गया, तो यह भ्रम दोनोंको स्वप्नमें सत्य जान पड़ता है। एक मारे खुशीके फूला नहीं समाता, दूसरा शोकसे पीड़ित हो रहा है। जब वे जागते हैं, तो न पहलेका हर्ष, न दूसरेका शोक रह जाता है। दोनोंको तब विश्वास होता है कि यह तो सब झूठा था, भ्रम था—यही हाल इस जगत्का है। *'जौं सपने सिर काटइ कोई। बिनु जागे न दूरि दुख होई।'* (१। ११८। २)

ठीक यही हाल जगत्का है। जो कुछ यहाँ हमें दिखायी पड़ता है, यह सब स्वप्नका भ्रम है, यथा—*'"""धरनि धामु धनु पुर परिवारू। सरगु नरकु जहँ लगि ब्यवहारू॥ देखिय सुनिय गुनिय मन माहीं। मोह मूल परमारथ नाहीं॥'* (२। ९२) जबतक हम मोह-निशामें सो रहे हैं ये सब प्रपंच हमें सत्य जान पड़ते हैं, यथा—*'मोह निसा सब सोवनिहारा। देखिय सपन अनेक प्रकारा॥'* (२। ९३) जब ज्ञानरूपी सूर्योदय होता है और हमारी आँखें खुलती हैं तब हम श्रीरामजीहीको सत्य जानते हैं और जगत्के व्यवहार असत्य

प्रतीत होते हैं, जगत्-प्रपंचको सत्य मानना ही स्वप्न देखना है। यह हमारी माता है, यह पिता हैं, यह भाई हैं, यह पुत्र है, यह स्त्री है, यह हमारा शरीर है, यह हमारा धन है, यह हमारा घर है, ये हमारे मित्र हैं, ये हमारे कुटुम्बी हैं, इत्यादि अहं-ममत्वके कारण सुख-दुःखात्मक भोगका नाम ही जगत् है। और संसारसे वैराग्य होना अहं-ममत्वका छूट जाना जगका हेराना वा खो जाना है। श्रीरामजीको जानना जागना है; यथा—*'उमा कहउँ मैं अनुभव अपना। सत हरिभजन जगत सब सपना॥'*, *'जानिय तबहिं जीव जग जागा। जब सब बिषय बिलास बिरागा॥ होइ बिबेकु मोह भ्रम भागा। तब रघुनाथ चरन अनुरागा॥'* (२। ९३। ४-५)

इसी विषयको विनयपत्रिकाके निम्न पदोंमें क्या ही अच्छा दिखाया है। इनसे ये रज्जु, सर्प, स्वप्न और जागना इत्यादि खूब स्पष्ट समझमें आ जावेंगे।

(१) *'जागु जागु जीव जड़ जोहै जग-जामिनी। देह गेह नेह जानि जैसे घन दामिनी॥ सूते सपने ही सहै संसृत संताप रे। बूड़ो मृगबारि खायो जेवरीको साँप रे॥ कहैं बेद बुध तू तौ बूझि मन माहिं रे। दोष दुख सपनेके जागे ही पै जाहिं रे॥ तुलसी जागे ते जाइ ताप तिहूँ ताय रे। रामनाम सुचि रुचि सहज सुभाय रे॥'* (७३)

(२) *'जानकीशकी कृपा जगावती सुजान जीव जागि त्यागि मूढ़ताऽनुराग श्री हरे। करि बिचार तजि बिकार भजि उदार रामचंद्र भद्रसिंधु दीनबंधु बेद बदत रे॥ मोहमय कुहू-निसा बिसाल काल बिपुल सोयो खोयो सो अनूप रूप स्वप्न जूपरे। अब प्रभात प्रगट ज्ञान-भानु के प्रकास बासना सराग मोह द्वेष निबिड़ तम टरे॥'* (७४)।

बंदौं बालरूप सोइ रामू। सब सिधि सुलभ जपत जिसु नामू॥ ३॥

शब्दार्थ—सिधि (सिद्धि)—आठ सिद्धियाँ (अणिमा आदि) भगवत् वा योगसम्बन्धी हैं और दस सामान्य सिद्धियाँ हैं, इनका विस्तृत उल्लेख मं० सो० १ में हो चुका है। इनके अतिरिक्त पाँच क्षुद्र सिद्धियाँ हैं। सुलभ=सहज ही प्राप्त हो जाता है।=सुगम। जिसु=जिसका। यह 'यस्य' का अपभ्रंश जान पड़ता है। यथा—*'नारद के उपदेस सुनि कहहु बसेउ किसु गेह॥'* (१। ७८) में 'किसु'=किसका।

अर्थ—उन्हीं रामचन्द्रजीके बालरूप (एवं बालकरूप श्रीरामचन्द्रजी) की मैं वन्दना करता हूँ, जिनका नाम जपनेसे सब सिद्धियाँ सहज ही प्राप्त हो जाती हैं॥ ३॥

टिप्पणी—१ (क) *'बंदौं बालरूप'* इति। श्रीरामजीके निर्गुणरूपका गुण कहकर अब सगुणरूपके गुण कहते हैं। जब निर्गुणसे सगुण हुए तब प्रथम बालरूप धारण किया, इसीसे अथवा शिवजीकी उपासना बालरूपकी है इससे बालरूपकी वन्दना की। अथवा, शिवजी चाहते हैं कि हमारे हृदयरूपी आँगनमें प्रभु बसें और बालरूप ही आँगनमें विचरता है इसीसे वे दशरथ अजिरविहारी बालरूप रामकी वन्दना करते हैं। (ख) पूर्व जो *'श्रीरघुनाथरूप उर आवा॥'* (१। १११। ८) कहा था उसे यहाँ खोला कि वह कौन रूप था—बालरूप।

नोट—१ *'बालरूप सोइ रामू'* इति। (क) *'सोइ'*—जिनके विशेषण ऊपर दो चौपाइयोंमें दिये और यहाँ भी अर्थात् जिनको न जाननेसे झूठा भी सत्य प्रतीत होता है और जिनके जाननेसे जगत्‌के व्यवहार असत्य प्रतीत होने लगते हैं; पुनः जिनके नामके जपसे सम्पूर्ण सिद्धियाँ सुलभ हो जाती हैं उन रामचन्द्रजीको (*बंदौं*) (ख) श्रीवैजनाथजी लिखते हैं कि 'शिवजी शान्तरसमें श्रीरामचन्द्रजीको भजते हैं, इसीसे बालरूपहीको इष्ट मानते हैं, उसीका ध्यान करते हैं, क्योंकि जितने प्रकारकी भक्तियाँ हैं उन सबके करनेको बालरूप सुलभ हैं। इस अवस्थामें विधि-अविधि नहीं देखते और थोड़ी सेवामें बहुत प्रसन्न हो जाते हैं; जैसे बच्चा मिट्टीके खिलौनेके बदलेमें अमूल्य पदार्थको दे देता है।' [इस कथनसे भगवान्‌में अज्ञताका आरोपण होता है कि वे ऐसे अज्ञानी हैं कि किसीके फुसलानेमें आ जाते हैं। पर वस्तुतः इसमें भाव यह है कि भगवान्‌को जिस प्रकारसे जो भजता है भगवान् उसके साथ उसी प्रकारका नाट्य करते हैं। जो उनको

लड़का मानते हैं, उनके साथ वे भी प्राकृत बालकोंका-सा नाट्य करते हैं। दूसरा भाव इसमें यह है कि बालकरूपमें जितनी सेवा भक्त कर सकता है उतनी सेवा अन्य अवस्थाके रूपोंमें नहीं हो सकती।] (ग) श्रीलोमशजी और काकभुशुण्डिजीकी उपासना भी बालकरूप रामकी थी। यथा—*'बालकरूप राम कर ध्याना। कहेउ मोहिं मुनि कृपानिधाना॥'* (७। ११३) *'इष्टदेव मम बालक रामा॥'* (७। ७५) पुनः, देखिये कि सभी जीवोंके बालक स्वाभाविक ही बड़े ही भले और प्यारे लगते हैं, सम्भव है कि यह भी एक कारण बालरूपकी उपासनाका हो। (रा० प०) काशिनरेशजी लिखते हैं कि *'बालक सो परमहंस वेदन अस मनी है'* अर्थात् बालक परमहंसरूप हैं। अतएव बालरूपकी वन्दना की। (रा० प० प०)

नोट—२ इस ग्रन्थमें कई स्थानपर शिवजीका ध्यान करना, हृदयमें अन्य अवस्थाओंके रूपों और छबिकी मूर्त्तिको धारण करना और बाल, विवाह, उदासीन, राज्याभिषेक आदि सभी समयके रूपोंमें मग्न होना वर्णित है। यथा—*'परमानंद प्रेम सुख फूले। बीथिन्ह फिरहिं मगन मन भूले॥'* (१। १९६) *'संभु समय तेहि रामहिं देखा।'''''पुनि पुनि पुलकत कृपानिकेता।। भये मगन छबि तासु बिलोकी। अजहुँ प्रीति उर रहति न रोकी॥'* (१। ५०) *'अंतरधान भये अस भाखी। संकर सोइ मूरति उर राखी॥'* (१। ७७) *'बिनय करत गदगद गिरा पूरित पुलक सरीर॥'* (७। १३)''''''*बार बार बर माँगउँ हरषि देहु श्रीरंग। पद सरोज अनपायनी भगति सदा सतसंग॥'* (७। १४)

इससे स्पष्ट है कि श्रीशिवजी सभी रसोंके आनन्दके भोक्ता हैं। *'सेवक स्वामि सखा सिय पीके।'* सभी रसोंके उपासक श्रीशिवजीको अपना गुरु मानते हैं—*'तुम त्रिभुवन गुरु वेद बखाना।'* *'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि॥'* (७। ४५)। और *'बिनु तव कृपा रामपद पंकज सपनेहु भक्ति न होइ।'* *'रिषै सिद्ध मुनि मनुज दनुज सुर अपर जीव जग माहीं। तुअ पद बिमुख पार न पाव कोउ कल्पकोटि चलि जाहीं॥'* (विनय० ९) भी इसके प्रमाण हैं। भक्तमालमें श्रीनरसीजीकी कथा भी देखिये।

ब्रह्मचारी श्रीबिन्दुजी कहते हैं कि 'अब यह प्रश्न है कि श्रीशिवजीका ध्येय स्वरूप क्या है? कुछ महात्माओंका मत है कि उनका ध्येय रूप श्रीरामजीका बालस्वरूप है। क्योंकि यहाँपर वे स्वतः भावसे हार्दिक चावसे रामजीके बालरूपकी वन्दना करते हैं— *'बंदौ बालरूप सोइ रामू।'* यहाँपर उद्दीपन प्रत्यक्ष स्वरूप रामजीका कोई नहीं है। प्रत्यक्ष कोई उद्दीपन होनेसे उससे प्रभावान्वित होकर हृदय उसके वशीभूत हो जाता है। अतः उस समय उस छटाका ध्यान एवं स्मरण होना स्वाभाविक है। परंतु जब प्रत्यक्ष कोई उद्दीपन न हो उस समय यदि भावुक स्वतः किसी स्वरूपका ध्यान करे तो वह उसका सहज और एकान्त ध्येय समझा जाता है। यहाँपर भगवान् शङ्करका रामजीके बालस्वरूपका ध्यान ऐसा ही ध्यान है। उसका स्मरण होते ही वे मग्न हो गये, उनका मन उस रूपमाधुरीमें लीन हो गया। जब-जब रामावतार हुआ तब-तब उनकी बाल-छबिके दर्शनोंके लोभसे वे अपने शिष्य भुशुण्डिके साथ छद्मवेषसे अयोध्या-राजसदनमें अवश्य गये हैं। छद्मवेष तभी धारण किया जाता है जब हृदयमें कोई रहस्यात्मक भाव उत्पन्न होता है—वह उसका निजी ऐकान्तिक भाव होता है। इससे भी भगवान् शङ्करका बाल-स्वरूप ही स्वकीय ध्येय सिद्ध होता है। यदि यह कहा जाय कि उन्होंने भगवान् (श्रीरामचन्द्रजी) के और रूपोंको भी प्रेमसे देखा है, जैसे विवाह, वनयात्रा, संग्राम, विजय, राज्याभिषेकके अवसरोंपर तथा भगवान्ने जब प्रकट होकर उन्हें विवाह-प्रस्तावपर सहमत किया तब—*'संकर सोइ मूरति उर राखी।'* तो इसका यह तात्पर्य है कि भावुकों और उपासकोंका एक अङ्गी रस अथवा ध्येय होता है और (रस अथवा रूप) अङ्ग-स्वरूप। जैसे मुख है तथा और अङ्ग हैं। जैसे सभी अङ्गोंकी छटाओंपर भावुक जन मोहित होते हैं और उनका वर्णन करते हैं पर मुखका विशेषरूपसे, उसके दर्शनोंसे वे अत्यन्त आनन्दित होते हैं। इसी प्रकार रसिक उपासकोंका अङ्गी रस उनका सविशेष भाव अथवा ध्येय होता है तथा इष्टके मुखेतर (अन्यान्य) अङ्गोंकी तरह अन्य रस या भाव अथवा स्वरूप अङ्गभूत सामान्य होता है यद्यपि *'जनक भवनकी शोभा जैसी। गृह गृह प्रति पुर देखिअ तैसी॥'* तथापि राजसदनकी विशेषता थी। इसी प्रकार इष्टके यद्यपि सभी स्वरूप एक-से गुण, धर्म एवं महत्त्वके हैं परंतु अपनी रुचि और भावनाके अनुसार एक विशेष अथवा अङ्गी ध्येय हो जाता है।

प्र० स्वामीका मत है कि शिवजी बालरूपके उपासक नहीं हैं और उसके प्रमाणमें लिखते हैं कि 'मानसमें जिस रूपके दर्शनके लिये शिवजी छटपटा रहे हैं वह बालरूप नहीं है। बालकाण्डमें (५०। १। ३) में *'जय सच्चिदानंद जगपावन'* कहकर जिनके प्रेममें मग्न हुए वह बालरूप नहीं है। *'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा'* में जिसका कथन है वह बालरूप नहीं है, 'रघुबीररूप' है (इसके आगे 'रघुबीर' 'बीर' 'रघुनाथ' शब्दोंके भेद लिखे हैं, जो दोहा २१० में आ चुके हैं)। *'प्रगटे राम कृतज्ञ कृपाला। रूप सील निधि तेज बिसाला॥'* (१। ७५। ५) यह अवतार समाप्तिके पश्चात्की बात है। यह भी बालरूप नहीं है। शिवपार्वती-विवाहके समय *'बैठे शिव बिप्रन्ह सिरु नाई। हृदय सुमिरि निज प्रभु रघुराई॥'* जिस राम-प्रभुकी इच्छासे विवाह स्वीकार किया और जिसकी मूर्त्तिको हृदयमें रख लिया था, उसीका स्मरण किया। यह भी बालरूप नहीं है।

'जे पद सरोज मनोज अरि उर सर सदैव बिराजहीं। ते पद पखारत भाग्यभाजन जनक⋯॥' (३२४ छन्द) जनकजीने बालरूप रामके पद नहीं पखारे। इत्यादि। सम्पूर्ण मानसमें केवल एक बार ही बालरूपको वन्दन किया है। यहाँ बालरूपका वन्दन साभिप्राय है, गूढ़ार्थ-चन्द्रिकामें साधार सविस्तर लिखा है। यह वन्दन सती-पार्वती-भवानीके भ्रमको मिटानेके हेतु ही किया है।'—पाठक दोनों महात्माओंके विचारोंको स्वयं विचार करके जैसा उनको रुचे ग्रहण करें।

नोट—३ (क) श्रीसन्तसिंहजी पंजाबी लिखते हैं कि 'ऊपर दो चौपाइयोंमें स्वरूप-लक्षण अर्थात् परमात्माका निज स्वरूप वर्णन हुआ और यहाँ तटस्थ लक्षणोंका स्वरूप कहा है।' (तटस्थ=किसी वस्तुका वह लक्षण जो उसके स्वरूपको लेकर नहीं बल्कि उसके गुण और धर्म आदिको लेकर बतलाया जाय।) प्रोफे० दीनजी कहते हैं कि श्रीपार्वतीजीने प्रश्न किया कि निर्गुण ब्रह्म सगुण कैसे होता है, अतः निर्गुण सगुणको समझानेके लिये श्रीशिवजीने दोनों रूप कहे हैं, पहला रूप यही है—*'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जाने।⋯जेहि जाने जग जाइ हेराई।⋯'* और दूसरा रूप *'बंदौं बालरूप सोइ रामू'* है, यह बात *'सोइ'* शब्दसे प्रकट होती है। इसीको पंजाबीजीने तटस्थ लक्षण कहा है।

संत उनमनी टीकाकार लिखते हैं कि यह रूप 'भ्रूघ्राणमध्यमें वा अधर श्वेत द्वीपमें सन्तोंको अनुभव होता है। यद्वा केवल नेत्र सूर्य अग्नि इत्यादि बुद्धि संवित् प्रवृत्ति करि। जिसका भेद सन्त ही जानते हैं।'

वि० त्रिपाठीजी लिखते हैं कि 'बालरूप राम और किशोररूप राम एक ही हैं फिर भी बालरूपके उपासक बालरूपको ही इष्ट मानते हैं। प्रसङ्ग यहाँ निर्गुण ब्रह्मका है। निर्गुणमें ही जगत्का भ्रम होता है। अतः बालक रामकी उपासनासे निर्गुण ब्रह्मकी उपासना कही। निर्गुण-सगुणमें अवस्था-भेद-मात्र है। सगुणको किशोरावस्था मानिये तो निर्गुण बाल्यावस्था है। जगत्में रहते हुए भी प्रपंचसे पृथक् होनेसे बालरूपमें निर्गुण उपासना ही कही।'

नोट—४ *'बंदौं बालरूप सोइ रामू।⋯अजिर बिहारी'* इस चौपाईमें 'प्रथम निदर्शना' अलंकार है। *'सोई' 'जोई'* इत्यादि शब्दोंसे यह बात प्रकट है। वीर कविजी लिखते हैं कि 'ऊपरकी चौपाई *(जेहि जाने जग जाइ हेराई।⋯)* का भाव लेनेसे यहाँ 'विकस्वर अलंकार' होता है। पहले विशेष बात कहकर उसका समर्थन *'बंदौं बालरूप सोइ रामू'*—इस सामान्यसे करके फिर भी सन्तुष्ट न होकर विशेष सिद्धान्तसे समर्थन करते हैं कि जिनका नाम जपनेसे सारी सिद्धियाँ सुलभ होती हैं।'

टिप्पणी—२ (क) *'सोइ रामू।⋯'* इति। जिसके बिना जाने जगत् रज्जुमें सर्पकी नाईं भासता है और जिसके जाननेसे जगत् स्वप्नभ्रमवत् हिरा जाता है, ऐसा कहकर श्रीरामजीकी वन्दना करनेका भाव यह है कि पार्वतीजीको श्रीरामरूपमें भ्रम है, इसीसे श्रीरामरूपकी वन्दना करते हैं कि (मैं तो एक बार इनको उपदेश कर ही चुका पर इनको बोध न हुआ अतः अब आप ऐसी कृपा करें कि) मेरे अबकी बारके कथनसे इनको आपका रूप जान पड़े। आपके जाननेसे भ्रम दूर होता है, यह बात स्वयं पार्वतीजीने

आगे स्वीकार की है, यथा—*'तुम्ह कृपाल सबु संसय हरेऊ। राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ॥'* (१। १२०। २) पुनः भाव कि बिना आपको जाने जगत्‌ने सतीजीको सर्पकी नाईं दुःख दिया, डँस लिया, जिससे इनका मरण और पुनर्जन्म हुआ। अब मैं प्रार्थना करता हूँ, कृपा कीजिये कि आपका रूप इनको जान पड़े जिसमें आगे जन्ममरण-दुःख न भोगना पड़े। (ख) *'सब सिधि सुलभ……'* इति। [यथा—**'विनाप्यर्थैः समर्थं हि दातुमर्थचतुष्टयम्। मङ्गलायतनं तन्मे बाल्ये यद्रामभाषितम्॥'** अर्थात् बिना अर्थके भी जो धर्मार्थ काम-मोक्ष देनेमें समर्थ है, ऐसा रामजीका बाल्यावस्थाका भाषण मेरे लिये मङ्गलका आयतन हो। (वि० त्रि०)] यहाँतक छः चरणोंका अन्वय एक साथ है।

मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवौ सो दसरथ अजिर बिहारी॥ ४॥

शब्दार्थ—**द्रवौ** ('द्रवना'से)=कृपा कीजिये। **अजिर**=आँगन।

अर्थ—मङ्गलोंके धाम, अमङ्गलोंके हरनेवाले और श्रीदशरथ महाराजके आँगनमें विहार करनेवाले वे (बालकरूप श्रीरामजी मुझपर) कृपा करें॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) नाम, रूप, लीला और धाम इन तीनोंका सम्बन्ध लगाकर तब शिवजी *'बंदौं बालरूप……'* इत्यादिसे रूपकी वन्दना करते हैं। तात्पर्य कि शिवजीने यहाँ श्रीरामजीके नाम, रूप, लीला और धाम चारोंका मङ्गलाचरण किया है। ☞ नामादि चारों *'मंगल भवन'* हैं यथा—

नाम—*'मंगल भवन अमंगल हारी। उमा सहित जेहि जपत पुरारी॥'* (१। १०। २)

रूप—*'मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवौ सो दसरथ अजिर बिहारी॥'* (यहाँ)

लीला—*'मंगल करनि कलिमल हरनि तुलसी कथा रघुनाथ की॥'* (१। १०)

धाम—*सब बिधि पुरी मनोहर जानी। सकल सिद्धि प्रद मंगल खानी॥'* (१। ३५। ५)

अतएव पार्वतीजीके मङ्गल-कल्याणके लिये यहाँ कथाके प्रारम्भमें शिवजीने चारोंका मङ्गलाचरण किया है। यथा—*'सब सिधि सुलभ जपत जिसु नामू'* से नाम, *'बंदौं बालरूप सोइ रामू'* से रूप, *'द्रवौ सो दसरथ अजिर'* से धाम (क्योंकि दशरथ-अजिर श्रीअयोध्याधाममें है) और *'बिहारी'* से लीला (क्योंकि विहार करना लीला है) का मङ्गलाचरण किया है।

(ख) *'मंगल भवन……'* अर्थात् आप स्वयं मङ्गलके भवन हैं और दूसरोंका अमङ्गल हरते हैं। **'मङ्गलायतनो हरिः'** *'दसरथ अजिर बिहारी'* कहते हुए *'द्रवौ'* कहनेका तात्पर्य यह है कि हमारे हृदयाङ्गनमें ही विहार कीजिये। यथा—*'तन की दुति स्याम सरोरुह लोचन कंजकी मंजुलताइ हरैं। अति सुंदर सोहत धूरि भरे छबि भूरि अनंग की दूरि धरैं॥ दमकैं दँतियाँ दुति दामिनि ज्यों किलकैं कल बाल बिनोद करैं। अवधेस के बालक चारि सदा तुलसी मन मंदिरमें बिहरैं॥'* (क० १। १) इसीसे बालरूपकी वन्दना की। बालक घरका आँगन छोड़ बाहर नहीं निकलता, सदा आँगनमें ही 'विचरता' है।

नोट—१ स्मरण रहे कि श्रीमद्गोस्वामीजीने *'मंगल भवन अमंगल हारी'* नामको स्मरणकर कथा प्रारम्भ की है, यथा—*'भाय कुभाय अनख आलसहू। नाम जपत मंगल दिसि दसहू॥ सुमिरि सो रामनाम गुनगाथा। करउँ नाइ रघुनाथहि माथा॥'* (१। २८। १-२) भगवान् शङ्करने भी उसी *'मंगल भवन अमंगल हारी'* से कथा प्रारम्भ की है। भेद केवल इतना है कि श्रीमद्गोस्वामीजीने श्रीरामनामको *'मंगल भवन अमंगल हारी'* कहा, यथा—*'मंगल भवन अमंगल हारी। उमासहित जेहि जपत पुरारी॥'* (१। ९। २) और श्रीशिवजीने वही विशेषण श्रीरामरूपको दिया। इस प्रकार ग्रन्थमें नाम और रूप दोनोंका ऐक्य और दोनोंका *'मंगल भवन अमंगल हारी'* होना पुष्ट किया है। ग्रन्थकारने यह बात नाम-वन्दनामें भी प्रकट की है, यथा—*'समुझत सरिस नाम अरु नामी।'*

नोट—२ प्रोफे० दीनजी कहते हैं कि चौपाईके अन्तिम चरणमें जो *'अजिर बिहारी'* शब्द आये हैं वे बालरूपहीपर घटित हो सकते हैं। अतः *'मंगल भवन अमंगल हारी'* शब्द भी 'बालरूपके' ही विशेषण हैं। वास्तवमें राजा दशरथका अमङ्गल (वंशलोप वा अपुत्र होना इत्यादि) बालस्वरूप प्रकट होकर हरण किया और बालस्वरूपसे ही दशरथके घरको मङ्गलसे भर दिया। चारों भाइयोंके संस्कार होते समय उनके

जन्मके क्रमानुसार लगातार तीन दिनतक एक-एक मङ्गलका सिलसिला चला जाता था—जैसे रामजीकी छठी चतुर्दशीको, भरतजीकी पूनोंको और लक्ष्मण एवं शत्रुघ्नजीकी प्रतिपदाको। गीतावलीमें इस बातको रतजगाके सम्बन्धमें गोस्वामीजीने स्पष्ट कहा है, यथा—*'ज्यों आजु कालिहु परवु जागन होंहिगे नेवते दिये।'* (गी० बा० पद ५) इत्यादि।

पं० शुकदेवलालजी—प्रथम भगवच्चरित्रके मङ्गलाचरणहीमें श्रीपार्वतीजीके समस्त सन्देहोंको निवारण करते हुए श्रीशिवजीने अपने इष्टदेव बालरूप श्रीरामचन्द्रजीको प्रणाम किया है।

करि प्रनाम रामहि त्रिपुरारी। हरषि सुधा सम गिरा उचारी॥ ५॥
धन्य धन्य गिरिराजकुमारी। तुम्ह समान नहिं कोउ उपकारी*॥ ६॥

अर्थ—त्रिपुरासुरके नाशक श्रीमहादेवजी श्रीरामजीको प्रणाम करके हर्षपूर्वक अमृत समान वचन बोले॥ ५॥ हे गिरिराजकुमारी! तुम धन्य हो! धन्य हो! तुम्हारे समान कोई भी उपकारी (परोपकार करनेवाला) नहीं है॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'करि प्रनाम……'* इति। ☞ श्रीशिवजीका तीन बार प्रणाम करना इस प्रसंगमें लिखा गया। एक *'बंदौ बालरूप सोइ रामू',* दूसरे *'करि प्रनाम रामहि'* (यहाँ) और तीसरे दोहा ११६ में *'रघुकुलमनि मम स्वामि सोइ कहि सिव नायउ माथ।'* प्रथम *'बंदौं……'* में मानसिक मङ्गलाचरण है, दूसरे *'करि प्रनाम……'* में वाचिक और तीसरे *'सिव नायउ माथ'* में कायिक मङ्गलाचरण है। इस प्रकार मन, वचन और कर्म तीनोंसे यहाँ मङ्गलाचरण और प्रणाम दिखाया। पुनः, (ख) वन्दन और प्रणाम दो बातें दो बार कहकर जनाया कि निर्गुणरूपकी वन्दना की और सगुणरूपको प्रणाम किया। *['बंदौं बालरूप'* ये श्रीशिवजीके वचन हैं और *'करि प्रनाम'* ये ग्रन्थकारके वचन हैं। 'वंदन' में स्तुति और प्रणाम दोनों शामिल हैं। सम्भवतः शिवजीने *'बंदौं बालरूप'* कहते हुए साथ-ही-साथ सिर झुकाया और फिर श्रीगिरिराजकुमारीको सम्बोधन करने लगे। इसी बातको कवि लिखते हैं *'करि प्रनाम……'। 'बालरूप'* भी सगुणरूप ही है।] (ग) *'त्रिपुरारी'* का भाव कि शिवजीने त्रिपुरासुरका वध किया था, अब उनकी वाणीसे त्रिपुरके समान दुःखदाता मोहरूपी असुर एवं अरि नाशको प्राप्त होगा। [पुनः अमरकथाको सुनकर त्रैलोक्य आनन्दित होगा; अतएव *'त्रिपुरारी'* विशेषणयुक्त नाम दिया। १। ४८। ६, १। १०६। ८, १। १०७। ७ देखिये]। (घ) *'मगन ध्यानरस……। रघुपति चरित महेस तब हरषित बरनै लीन्ह।'* (१। १११) पर प्रसंग छोड़ा था। बीचमें मङ्गलाचरण किया, अब फिर वहींसे प्रसंग उठाते हैं। वहाँ *'हरषित बरनै लीन्ह'* कहा, यहाँ *'हरषि सुधा सम गिरा उचारी'।* (ङ) गिरा सुधा समान है, पार्वतीजीने अन्तमें स्वयं इसे अपने मुखसे स्वीकार किया है। यथा—*'नाथ तवानन ससि स्त्रवत कथा सुधा रघुबीर। स्त्रवन पुटन्हि मन पान करि नहिं अघात मति धीर॥'* (७। ५२) 'सुधा सम' कहनेका भाव कि मधुर है, अत्यन्त रुचिकर है तथा जन्म-मरण छुड़ानेवाली है। (च) *'गिरा उचारी'* से पाया गया कि पूर्वकी चारों चौपाइयाँ मानसिक हैं। मनमें मङ्गलाचरण किया, अब वाणी उच्चारण करते हैं।

नोट—१ *'सुधा सम'* कहा क्योंकि आप अमर कथा कहेंगे; इसीको सुनकर शुकजी अमर हो गये। पुनः यहाँ *'सुधा'* ही न कहकर *'सुधा सम'* कथनका भाव कि—(क) समुद्रसे निकली हुई सुधासे तृप्ति हो जाती, अन्य दूसरे स्वादकी इच्छा नहीं होती, परन्तु श्रीरामकथा सुधासे रसज्ञोंकी तृप्ति नहीं होती—*'……नहिं अघात मति धीर।'* और साथ-ही-साथ अन्य रसोंके स्वादोंकी इच्छा भी नहीं होती। यथा—*'तौ नवरस षटरस रस अनरस ह्वै जाते सब सीठे।'* (विनय० १६९) (ख) समुद्रसे निकली हुई सुधा पाञ्चभौतिक शरीरको युगान्त या कल्पान्ततकके लिये अमर बना देती है और श्रीरामकथासुधा जीवको मुक्त कर देती है, जिससे वह फिर जन्म-मरणको प्राप्त ही नहीं होता—यथार्थतः अमर होना यही है।—'न च पुनरावर्तते न च पुनरावर्तते' (छां० ८। १५। १), 'मामुपेत्य तु कौन्तेय पुनर्जन्म न विद्यते' (गीता ८। १६) (ग) इसपर शंका हो सकती

* अधिकारी—छ०। उपकारी—१६६१, १७०४, १७२१, १७६२, को० रा०।

है कि 'जब सुधा 'रामकथासुधा' की समता नहीं कर सकती तब उसकी उपमा देकर सम क्यों कहा?' तो उत्तर यह है कि जब समानताकी उपमा नहीं मिलती तब किञ्चित्मात्र भी जिसमें सादृश्य होता है उसीको देकर सन्तोष करना पड़ता है। जैसे '**इषुवत्सविता गच्छति**' अर्थात् सूर्य बाणके समान वेगसे जाते हैं। इसमें बाणकी अपेक्षा सूर्यकी गति बहुत भारी है पर उपमा दें, तो किसकी दें, उपमा तो सर्वसाधारणके अनुभूत वस्तुकी दी जाती है जिससे वह तात्पर्यको समझ जाय। पुनः जैसे '**वायुवेगसमं मनः**' इसमें मनके वेगको वायुके समान कहा गया है यद्यपि मनका वेग अकथनीय है। इत्यादि।

टिप्पणी—२ '*धन्य धन्य गिरिराजकुमारी*......' इति। (क) उपकारके सम्बन्धसे '*गिरिराजकुमारी*' सम्बोधित किया। (१०७। ६) '*सैलकुमारी*' देखिये। गिरि परोपकारी होते ही हैं। गिरिराजने गिरिजाका ब्याह शिवजीके साथ करके देवताओंका उपकार किया। यहाँ 'द्वितीय सम' अलङ्कार है। गिरिराजकी कन्या परोपकारिणी हुआ ही चाहे। इसमें परिकराङ्कुरकी ध्वनि है। (ख) '*धन्य धन्य*'—भाव कि तुम धन्य हो, गिरिराज धन्य हैं कि जिनकी तुम कन्या हो। ☞ परोपकारी जीव धन्य हैं क्योंकि परोपकार समस्त शास्त्रोंका सिद्धान्त है; यथा—'*पर हित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधमाई। निर्नय सकल पुरान बेद कर। कहेउँ तात जानहिं कोबिद नर॥*' (७। ४१। १-२) '**अष्टादशपुराणानां व्यासस्य वचनद्वयम्। परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्**' (प्रसिद्ध)। धर्म और पुण्य पर्याय हैं। '*कवन पुण्य श्रुति बिदित बिसाला*' गरुड़जीके इस प्रश्नका उत्तर भुशुण्डिजीने यह दिया है कि '*परम धरम श्रुति बिदित अहिंसा।*' (७।१२१। २२) इस तरह धर्म=पुण्य। पुनः यथा—'**सुकृती पुण्यवान् धन्यः**' (अमरकोश ३। १। ३) ['*धन्य धन्य*' में आदरकी वीप्सा है यहाँ वीप्सा अलङ्कार है। '*धन्य धन्य*' अर्थात् तुम प्रशंसायोग्य हो। ☞ श्रीभुशुण्डिजीने गरुड़जीके सुन्दर प्रश्न सुनकर उनकी बुद्धिके सम्बन्धमें ऐसा ही कहा है; यथा—'*धन्य धन्य तव मति उरगारी। प्रस्न तुम्हारि मोहि अति प्यारी॥*' (७। ९५। २) वैसे ही यहाँ '*प्रस्न सुहाई*' के सम्बन्धसे '*धन्य धन्य*' कहा गया। अध्यात्म रा० सर्ग १ में इसी भावको यों लिखा है—'**धन्यासि भक्तासि परमात्मनस्त्वं यज्ज्ञातुमिच्छा तव रामतत्त्वम्। पुरा न केनाप्यभिचोदितोऽहं वक्तुं रहस्यं परमं निगूढम्॥**' अर्थात् तुम श्रीरघुनाथजीकी परम भक्ता हो क्योंकि तुमने श्रीरामतत्त्वके जाननेकी इच्छा प्रकट की है। अतएव तुम धन्य हो; प्रशंसायोग्य हो। इस परम गोप्य रहस्यको आजतक मुझसे किसीने नहीं पूछा था और न मैंने कहा।—इसके अनुसार यह भी भाव हुआ कि परम गोप्य रहस्य प्रथम-प्रथम इन्हींने पूछा इससे '*धन्य धन्य*' कहा। वि० त्रि० का मत है कि पार्वतीजीके 'प्रथम विनय '*तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा बिधि नाना॥*' की पूर्तिमें यहाँसे हाथ लगा। इस विनयमें दो अभिलाषाएँ हैं—एक तो रामकथा सुननेकी, दूसरी अज्ञानहरणकी। अतः दोनों अभिलाषाओंके लिये दो बार धन्य-धन्य कहा।' (ग) '*उपकारी*'—क्या उपकार किया यह आगे कहते हैं कि सबको श्रीरामचरणानुरागी बनानेके लिये, जगत्का कल्याण करनेके लिये श्रीरामकथा, श्रीरामतत्त्व पूछा है।

पूँछेहु रघुपति कथा प्रसंगा। सकल लोक जग पावनि गंगा॥७॥
तुम्ह रघुबीर चरन अनुरागी। कीन्हिहु प्रश्न जगत हित लागी॥८॥

शब्दार्थ—**कथा प्रसंगा**=कथाके प्रसङ्ग। (पं० रा० कु०)।=कथा और प्रसङ्ग।=कथाके सम्बन्धमें। (वीरकवि) १। ३७। १५ '*औरउ कथा अनेक प्रसंगा*' देखिये।

अर्थ—तुमने श्रीरघुनाथजीके कथाके प्रसङ्ग (एवं कथा और उसके प्रसङ्ग) पूछे हैं, जो समस्त लोकोंके लिये जगत्पावनी गङ्गाजी (के समान) हैं॥७॥ तुम श्रीरघुवीरजीके चरणोंकी अनुरागिणी हो। तुमने प्रश्न जगत्के कल्याणके लिये किये हैं॥८॥

टिप्पणी—१ '*पूँछेहु रघुपति कथा*......' इति। (क) पार्वतीजीने कहा था '*रघुपति कथा कहहु करि दाया*', वही बात यहाँ शिवजी कह रहे हैं। (ख) **कथा प्रसंगा**=कथाके प्रसङ्ग। पार्वतीजीने कथाके प्रसङ्ग ही पूछे हैं, यथा—'*प्रथम सो कारन कहहु बिचारी*......।', '*पुनि प्रभु कहहु राम अवतारा*', '*बालचरित*

पुनि कहहु उदारा' इत्यादि। ये सब कथाके प्रसङ्ग ही हैं। इसीसे 'कथा प्रसङ्ग' पूछना कहा। (किसी-किसीका मत है कि 'यहाँ कथा और प्रसङ्ग दो बातें हैं। पार्वतीजीने प्रथम जो यह कहा था कि *'रघुपति कथा कहहु करि दाया'* उसकी जोड़में यहाँ *'कथा'* शब्द दिया और फिर जो एक-एक प्रसङ्ग पृथक्-पृथक् पूछे उनकी जोड़में यहाँ 'प्रसङ्ग' शब्द दिया गया।' पंजाबीजीका मत है कि 'प्रसङ्ग'=वार्ता। (ग) *'सकल लोक जग पावनि गंगा।'* इति। अर्थात् सकल लोक और जगत्‌को पावन करनेवाली हैं। यथा—'वाल्मीकिगिरिसम्भूता रामसागरगामिनी। पुनातु भुवनं पुण्या रामायण महानदी॥' यहाँ *'सकल लोक'* से *'जग'* को पृथक् कहा है, यथा—*'तिभुवन तीनि काल जग माहीं। भूरि भाग दसरथ सम नाहीं॥'* (२। २। ४) *'मम अनुरूप पुरुष जग माहीं। देखेउँ खोजि लोक तिहुँ नाहीं॥'* (३। १७। ९) तथा यहाँ *'लोक जग पावनि'* कहा। हमने *'जगपावनि'* को गङ्गाका विशेषण माना है और *'सकल लोक'* को *'कथा प्रसंगा'* के साथ लेकर अर्थ किया है। प्रोफे० दीनजी कहते हैं कि मेरे विचारसे इसका पाठ *'पावनि जस'* होना अधिक सङ्गत जान पड़ता है, नहीं तो लोक और जग शब्दोंमें पुनरुक्ति हो जाती है और न्यूनपदत्व और अन्वयभ्रष्टताका दोष आ जाता है। परन्तु प्रायः समस्त प्राचीन पोथियोंमें पाठ *'जग पावनि'* ही है। 'लोक' का अर्थ 'लोग' भी है। इस तरह यह 'द्वितीय निदर्शना अलङ्कार' है।

नोट—१ *'सकल लोक जग पावनि गंगा'* इति। श्रीभगीरथ महाराज केवल अपने पुरुखा सगरमहाराजके पुत्रोंके उद्धारके लिये गङ्गाजीको पृथ्वीपर लाये। पर इस कार्यसे केवल उन्हींका उपकार नहीं हुआ वरन् तीनों लोकोंका हुआ और आज भी हो रहा है क्योंकि गङ्गाजीकी एक धारा स्वर्गको और एक पातालको भी गयी जहाँ वे मन्दाकिनी और भोगवती नामसे प्रसिद्ध हुईं। श्रीशिवजी कहते हैं कि इसी तरह तुम्हारे प्रश्नोंसे तीनों लोकोंका हित होगा। यहाँ पार्वतीजीका प्रश्न भगीरथ है कथाको जो कहेंगे वह गङ्गा है। प्र० स्वामी लिखते हैं कि *'जग'* में श्लेष है। जगका दूसरा अर्थ है जंगम। भागीरथी गङ्गा तो देश-परिच्छिन्न हैं, स्थावर हैं और पार्वतीजीके निमित्तसे प्रकट होनेवाली रामकथा गङ्गा जंगम हैं—*'सबहि सुलभ सब दिन सब देसा। सेवत सादर समन कलेसा॥'*

टिप्पणी—२ *'तुम्ह रघुबीर चरन अनुरागी……।'* इति। (क) ☞भगवान्‌के अनुरागी जगत्‌का हेतुरहित उपकार करते हैं। यथा—*'जग हित निरुपधि साधु लोग से ।'* (१। ३२। १३) *'हेतु रहित जग जुग उपकारी। तुम्ह तुम्हार सेवक असुरारी॥'* (७। ४७। ५) तुममें मोह नहीं है (यह आगे कहते हैं), तुमने जगत्‌के हितार्थ प्रश्न किया, अतएव तुम रघुवीरचरणकी अनुरागिणी हो। पुनः कथा सुननेसे अनुराग होता है, यथा—*'राम चरन रति जो चह अथवा पद निर्बान। भावसहित सो यह कथा करउ स्त्रवन पुट पान।'* (७। १२८) तुम तो अनुरागिणी हो ही, तुमने जगके हितके लिये प्रश्न किये जिसमें कथा सुनकर सारा जगत् श्रीरामचरणानुरागी हो जाय तथा (सकल लोक जग पावनि गङ्गाके समान यह कथा पूछकर तुमने) सकल जगको पावन किया।

नोट—२ श्रीरामचरणानुरागिणी कहनेका एक कारण पूर्व श्रीभरद्वाजप्रसङ्गमें भी कह आये हैं कि वक्ताओंकी यह रीति है। दूसरे, श्रीरामचन्द्रजीने प्रकट होकर श्रीशिवजीसे इनकी सिफारिश की थी, यथा—*'अति पुनीत गिरिजा कै करनी। बिसतर सहित कृपानिधि बरनी॥' ……जाइ बिबाहहु सैलजहिं……'* (७६) श्रीरामपदमें प्रेम न होता तो प्रभु ऐसा क्यों करते ? तीसरा भाव कि श्रीरामपदानुरागीको मोहभ्रमादि होता ही नहीं और तुम श्रीरामानुरागिणी हो, अतः यह निश्चय है कि तुम अपनेमें मोह आदि कहकर लोकहित करना चाहती हो। (रा० प्र०)

नोट—३ श्रीअनुसूयाजीने अम्बा श्रीजानकीजीको पातिव्रत्यधर्मका उपदेश देकर कहा था कि *'सुनु सीता तव नाम सुमिरि नारि पतिब्रत करहिं। तोहि प्रानप्रिय राम कहिउँ कथा संसार हित॥'* (३। ५) वैसे ही यहाँ शिवजीके वचन हैं।

दोहा—रामकृपा तें पारबति* सपनेहु तव मन माहिं।
सोक मोह संदेह भ्रम मम बिचार कछु नाहिं॥ ११२॥

अर्थ—हे पार्वती! मेरे विचार (समझ) में तो श्रीरामकृपासे तुम्हारे मनमें स्वप्नमें भी शोक, मोह, सन्देह और भ्रम कुछ भी नहीं है॥ ११२॥

टिप्पणी—१ (क) *'रामकृपा तें'* का भाव कि तुम श्रीरघुवीरचरणानुरागिणी हो, इसीसे तुमपर रामकृपा है और रामकृपासे शोकादि कुछ नहीं है। इससे शिवजीका यह सिद्धान्त निश्चित हुआ कि मोह-संदेहादि सब श्रीरामकृपासे जाते रहते हैं अथवा, (ख) श्रोताकी प्रशंसा करना सब वक्ताओंकी रीति है। यथा—*'रामभगत तुम्ह मन क्रम बानी। चतुराई तुम्हारि मैं जानी॥ चाहहु सुनै राम गुन गूढ़ा। कीन्हिहु प्रस्न मनहु अति मूढ़ा॥'* (१। ४७) (इति याज्ञवल्क्यः), *'सब बिधि नाथ पूज्य तुम्ह मेरे। कृपापात्र रघुनायक केरे॥ तुम्हहिं न संसय मोह न माया। मो पर नाथ कीन्हि तुम्ह दाया॥'* (७। ७०) (इति भुशुण्डिः) तथा यहाँ *'तुम्ह रघुबीर चरन अनुरागी।'* अथवा (ग) शोक-मोह-सन्देहादिके रहते हुए भी यह कहकर कि तुम्हारे मनमें कुछ भी नहीं है यह दिखाते हैं कि भगवत्-सम्मुख होते ही जीवके अवगुण नहीं गिने जाते। यथा—*'सनमुख होइ जीव मोहि जबहीं। जन्म कोटि अघ नासहिं तबहीं॥'* (५। ४४। २)

नोट—१ *'सोक मोह संदेह भ्रम'* के भेद (१। ३१। ४) *'निज संदेह मोह भ्रम हरनी'* में देखिये। वि० टी० कार लिखते हैं कि 'श्रीअगस्त्य-शिवसत्सङ्गमें जो वस्तु पार्वतीजीको प्राप्त हुई थी वह उन्होंने वनमें जाकर गँवा दी, खो दी, इसीसे शोक हुआ, सतीतनमें पतिके वचनपर विश्वास न हुआ और श्रीरामचन्द्रजीके ब्रह्म होनेमें सन्देह हुआ यही मोह है; और श्रीरामचन्द्रजीको प्राकृत नर समझा यह भ्रम है।'

नोट—२ यहाँ प्रायः लोग यह शङ्का किया करते हैं कि 'श्रीशिवजी यह कहते हैं कि 'हमारे विचारमें तो तुम्हें शोक-मोह-सन्देह-भ्रम स्वप्नमें भी नहीं है', यदि यह सत्य है तो फिर शिवजीने आगे चलकर यह कैसे कहा कि, *'अस निज हृदय बिचारि तजु संसय भजु रामपद। सुनु गिरिराजकुमारि भ्रम-तम रबिकर बचन मम॥'* (११५) *'एक बात नहिं मोहिं सुहानी। जदपि मोह बस कहेउ भवानी॥'* (१। ११४। ७) और *'राम सो परमातमा भवानी। तहँ भ्रम अति अबिहित तव बानी॥ अस संसय आनत उर माहीं। ग्यान बिराग सकल गुन जाहीं॥'* (११९। ५-६)। इतना ही नहीं वरन् श्रीपार्वतीजीने आपके इन अन्तिम वचनोंका समर्थन भी तुरत ही किया कि *'ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥ तुम्ह कृपाल सब संसय हरेऊ। रामसरूप जानि मोहि परेऊ। नाथ कृपा अब गयेउ बिषादा॥'* (१। १२०। १—३) और कथाकी समाप्तिपर पुनः ऐसा ही कहा, यथा—*'नाथ कृपा मम गत संदेहा।'......'उपजी राम भगति दृढ़ बीते सकल कलेस।'* (७। १२९) *'तुम्हरी कृपा कृपायतन अब कृतकृत्य न मोह।'* (७। ५२) श्रीयाज्ञवल्क्यजी भी इनको भ्रम होना सूचित करते हैं वे श्रीभरद्वाजमुनिसे कहते हैं कि *'सुनि सिवके भ्रम भंजन बचना। मिटि गइ सब कुतरक कै रचना॥ भइ रघुपतिपद प्रीति प्रतीती। दारुन असंभावना बीती॥'* (११९। ७-८)

इस शङ्काका समाधान भी अपनी-अपनी मतिके अनुसार लोगोंने किया है।

१—श्री पं० रामकुमारजी कहते हैं कि—(क) भगवान् भक्तोंके अवगुणोंको हृदयमें नहीं लाते, यथा—*'जन अवगुन प्रभु मान न काऊ। दीनबंधु अति मृदुल सुभाऊ॥', 'जन गुन अलप गनत सुमेरु करि अवगुन कोटि बिलोकि बिसारन'* (वि० २०६), इत्यादि। [विशेष प्रमाणोंके लिये २९ (५) देखिये।] तब औरोंकी क्या गिनती! सन्त अपने प्रभुका स्वभाव-गुण क्यों न अनुसरें ? अतः वे भी प्रभुके कृपापात्रोंमें अवगुण

* हिमसुता—१७२१, छ०, भा० दा०, रा० प०। पारबति—१६६१, १७०४, १७६२, को० रा०, गौड़जी। 'हिमसुता' पाठमें 'हिम' से हिमगिरिका अर्थ लेना होगा। साहित्यानुसार 'हिमसुता' शब्द ठीक नहीं है, 'हिमगिरिसुता' ठीक है। हिमगिरिसुताका भाव यह है कि 'हिमगिरि अचल, धवल, स्वच्छ है, वैसे ही तुम्हारी बुद्धि अचल, निर्मल और निर्विकार है। (वै०, रा० प्र०)

रहते हुए भी उन अवगुणोंको गिनतीमें नहीं लाते। पुनः, (ख) उत्तम वक्ताओंकी रीति यहाँ दिखायी है। प्रथम प्रशंसा फिर भय आदि यह रीति है। अर्थात् वे श्रोताको पहिलेसे भय नहीं देते; क्योंकि ऐसा करें तो वह डर जायगा, उनका उपदेश ही क्या सुनेगा। जिसका फल यह होगा कि हृदयमें सन्देहकी ग्रन्थि जैसी-की-तैसी बनी ही रह जायेगी। इस विचारसे वे उसकी बड़ी प्रशंसा करते हैं। ऐसा ही श्रीयाज्ञवल्क्य मुनि और श्रीभुशुण्डिजीने किया है; यथा—*'रामभगत तुम्ह मन क्रम बानी।''''''कीन्हेहु प्रस्न मनहु अति मूढ़ा॥'* (४७) यह कहकर मुनि कथा कहने लगे और जैसे *'सब बिधि नाथ पूज्य तुम्ह मेरे। कृपापात्र रघुनायक केरे॥ तुम्हहिं न संसय मोह न माया। मोपर नाथ कीन्हि तुम्ह दाया॥'* (उ० ७०) काकभुशुण्डिजीने यह कहकर तब फिर कहा कि *'तुम्ह निज मोह कहा खगसाईं। सो नहिं कछु आचरज गोसाईं॥'*; वैसे ही यहाँ शिवजीने ऐसा कहकर उनका आदर किया, दमदिलासा दिया, आगे फिर *'तदपि असंका कीन्हेहु सोई'* इत्यादि वचन कहते हुए भय देकर कथा प्रारम्भ करेंगे। आदर और भयकी रीति श्रीशुकदेव-परीक्षित्‌जीके संवादमें भी देख लीजिये। (पं० रामकुमारजीके भाव सयुक्तिक और उचित हैं। (प० प० प्र०)

२—श्रीमानसी वन्दनपाठकजी इस शङ्काका समाधान यों करते हैं कि 'यहाँ जो मोहादिका न होना कहा है वह अविद्याजनित शोकमोहादि हैं, जो भवसिन्धुमें डालनेवाले हैं। श्रीपार्वतीजीको विद्यामायाजनित मोह है। वह रामविषयक मोह भव पार करनेवाला है, यथा—*'हरि सेवकहिं न ब्याप अबिद्या। प्रभु प्रेरित ब्यापइ तेहि बिद्या। ताते नास न होइ दास कर। भेद भगति बाढ़इ बिहंगबर॥'* (उ० ७९) इसका प्रमाण शिवजीने आप ही दिया है कि *'तदपि असंका कीन्हेहु सोई। कहत सुनत सबकर हित होई॥'* इस चौपाईसे प्रकरण लगा है, संदेह नहीं है। विशेष (११४। ७) भी देखिये।

३—शिवजीके इस वाक्यमें *'राम कृपा तें'* और *'मम बिचार'* शब्द बड़े गूढ़ हैं। जिसपर श्रीरामचन्द्रजीकी कृपा होगी उसको शोकादिक रह ही नहीं सकते, श्रीरामकृपासे यह सब छूट जाते हैं, हमारे विचारमें तो ऐसा ही है कि तुमने यह शङ्का परोपकारहेतु ही की है, यह तुम्हारी शङ्का नहीं है। इसीसे आगे चौपाईमें 'अशङ्का' शब्द दिया अर्थात् जो सत्य ही शङ्का नहीं है किंतु शङ्काभास है—केवल शङ्काका मिस (बहाना) है। आगे जो कहा *'तहँ भ्रम अति अबिहित तव बानी'* और *'जदपि मोह बस कहेउ भवानी'* उसका तात्पर्य यह जान पड़ता है कि तुम्हें मोह नहीं है, कथा सुननेके लिये तुमने अपनेको मोहके वश होना कहा। तो भी हमारे सिद्धान्तमें परात्पर परब्रह्मके विषयमें ऐसा प्रश्न (इस अभिलाषासे भी कि कथा सुननेको मिले) करना अनुचित है और जो उन्होंने कहा कि संशय छोड़ो, हमारे भ्रमभंजन वचन सुनो, यह श्रीपार्वतीजीके वचनोंके अनुसार कहा है अर्थात् यदि तुम्हें भ्रम है जैसा तुम कहती हो तो वह भी दूर हो जायगा और औरोंके भी भ्रम दूर होंगे।

४—ब्रह्मचारी श्रीबिन्दुजी कहते हैं कि वास्तविक तात्पर्य यह है कि भगवान् शिवने पहले श्रीपार्वती अम्बाके स्वतः शुद्ध (प्रकृत) स्वरूपको सहज ही सम्बोधन किया और फिर उनके लीला (नाट्य) स्वरूपको। यही कारण है कि उन्होंने पूर्वमें उनमें स्वप्नमें भी शोक-मोह, संदेह-भ्रमकी स्थिति नहीं मानी, उनकी उद्भावना नहीं की। फिर घटनाक्रमसे उनमें किञ्चित् मोहका आरोप करते हुए उनके नाट्य-चरितको बुद्धिस्थ किया। अस्तु, भगवतीका मूल स्वरूप तो वैसा ही शुद्धबुद्धमुक्त-स्वभाव (मोहरहित) है, जैसा श्रीशिव भगवान्‌ने वर्णन किया है।

५—मानसतत्त्व-विवरणकार लिखते हैं कि 'शिवजी श्रीपार्वतीजीके *'अज्ञ जानि जनि रिसि उर धरहू। जेहि बिधि मोह मिटइ सोइ करहू॥'*, *'सो फल भली भाँति हम पावा'*, *'तब कर अस बिमोह अब नाहीं। रामकथा पर रुचि मन माहीं॥'* इत्यादि इन वाक्योंका अभिप्राय देखकर कहते हैं कि हे पार्वती! जिस किस्मके शोक-मोह और संदेह-भ्रमपर मेरी दृष्टि थी सो तुम्हारे मनमें स्वप्नमें भी नहीं है। इस जागृतिका क्या कहना, कि जो तुम पूर्ववृत्तान्त स्मरण करके डर रही हो। *'तदपिअसंका''''' '*और *'एक बात नहिं मोहि सुहानी।'* फिर यह क्यों कहा? इसका उत्तर यह है कि शिवजी जिस बातपर क्रोध कर रहे हैं वह 'विमोह' मात्र अर्थात् महामोह है। वह बात न सुहायी, क्योंकि वह उपासकोंकी रीतिके प्रतिकूल है।'

६—पं० श्रीकान्तशरणजी कहते हैं कि 'श्रीशिवजी और श्रीयाज्ञवल्क्यजीने इनके पूर्व पक्षके अंशोंको लेकर कहा है कि जिनमें मोह आदि वास्तविक रूपमें होंगे, वे इन वचनोंसे छूट जायँगे। इस तरह इस प्रसङ्गके महत्त्वको कहा है। श्रीपार्वतीजीने जिस भावसे अज्ञानी बनकर पूर्व पक्ष किया है उसका अन्ततक निर्वाह किया है और इस तरह श्रोताओंके लिये प्रसङ्गोंका महत्त्व और वक्ताओंके प्रति कृतज्ञता वर्णनकी रीति बतलायी है।'

७—वि० त्रि० लिखते हैं कि शिवजी पार्वतीजीपर रामजीकी कृपा देख चुके हैं कि स्वयं प्रकट होकर माँगा कि *'जाइ बिबाहहु सैलजहि यह मोहि माँगे देहु',* उस पार्वतीको शोक, मोह, संदेह, भ्रम क्या कभी हो सकता है? *'क्रोध मनोज लोभ मद माया। छूटै सकल राम की दाया॥'* अत: कहते हैं *'सोक मोह……नाहिं।'*

तदपि असंका कीन्हिहु सोई। कहत सुनत सब कर हित होई॥ १॥
जिन्ह हरिकथा सुनी नहिं काना। श्रवनरंध्र अहि* भवन समाना॥ २॥

शब्दार्थ—**असंका** (आशंका)=झूठी शंका, बिना सन्देहका सन्देह, बनावटी शंका।=शङ्का।=अति शङ्का। (प० प० प्र०) **श्रवन**=कान। **रंध्र**=छेद। **अहि भवन**=सर्पका बिल।=बाँबी।

अर्थ—तथापि तुमने वही आशंका की है जिसके कहने-सुननेसे सबका कल्याण होगा॥ १॥ जिन्होंने कानोंसे हरिकथा नहीं सुनी, उनके कानोंके छिद्र साँपके बिलके समान हैं॥ २॥

टिप्पणी—१ *'तदपि असंका……'* इति। (क) असंका; यथा—*'जौं नृपतनय त ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि।'* (१०८) पार्वतीजीने शङ्काएँ कीं और कथा-प्रसंग पूछे; दोनोंसे सबका हित कहते हैं, यथा— *'पूँछेहु रघुपति कथा प्रसंगा। सकल लोक जग पावनि गंगा॥ तुम्ह रघुबीर चरन अनुरागी। कीन्हिहु प्रस्न जगत हित लागी॥'*— यही हित है। अर्थात् इससे जगत् पवित्र होगा; सबका भ्रम दूर होगा; जैसा शिवजी स्वयं आगे कहते हैं—*'सुनु गिरिराजकुमारि भ्रम तम रबिकर बंचन मम।'* (११५)— ('असंका' शब्द देकर शिवजी अपने पूर्वके वचनोंको पुष्ट कर रहे हैं। अर्थात् जिसमें तुम्हें संदेह नहीं है वही बात शङ्का उठाकर तुमने दूसरोंके हितार्थ पूछी है। 'आशंका' शुद्ध शब्द है उसे 'असंका' कहा, जैसे आकाशको अकास, 'आनंद' को अनंद, 'आश्चर्य या आचरज' को अचरज, 'आषाढ़' को असाढ़ इत्यादि।)

(ख) *'कहत सुनत……।'* कहने-सुननेसे कैसे हित होगा ? इस तरहकी लोग कहेंगे कि पार्वतीजीने ऐसी शंका की थी और शिवजीने ऐसा उत्तर दिया था, अतएव माननीय है—ऐसा समझकर भ्रमादि दूर होंगे। [पुन:, *'कहत सुनत'* का भाव कि चाहे कहें, चाहे सुनें अर्थात् वक्ता और श्रोता दोनोंका कल्याण होगा। *'सब कर'* का भाव कि इसके कथन-श्रवणका अधिकार सबको है, कोई भी जाति, वर्ण या आश्रमका क्यों न हो, सभीका भला होगा। *'कहत सुनत सब कर……'* ये शब्द *'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी।……'* के उत्तरमें हैं। अर्थात् तुमने जो कहा कि 'स्त्रियाँ अधिकारिणी नहीं हैं' यह बात श्रीरामकथाके सम्बन्धमें नहीं है, इसके कथन-श्रवणके अधिकारी सभी हैं। क्या हित होगा? उत्तर—भ्रम दूर होगा, भवबन्धन छूटेगा, श्रीरामपदमें प्रीति होगी। यथा—*'कहहिं सुनहिं अनुमोदन करहीं। ते गोपद इव भवनिधि तरहीं॥'* (७। १२९) *'उपजइ प्रीति रामपदपंकज। मन क्रम बचन जनित अघ जाई। सुनहिं जे कथा श्रवन मन लाई॥'* (७। १२६)]

प० प० प्र०—*'तदपि असंका कीन्हिहु……'* इति। पार्वती-तनमें भी सती-तनवाला संशय बना ही है, यह देखकर उसकी चर्चा चलायी। श्रीरामजीको नर कहा, इससे महेशजीके हृदयमें खलबली मच गयी है, पर पार्वतीजी सभीत न होने पावें इस विचारसे ऊपरसे शान्ति धारण करके कहा कि *'कहत सुनत सबकर हित होई।'* तथापि हृदयकी खलबली शान्तिका भङ्ग करना चाहती है, आशंकाका विषय छोड़कर

* दूसरा अर्थ—'जिन कानोंने हरिकथा नहीं सुनी वे कर्णछिद्र सर्पके बिलके समान हैं।' आगेकी चौपाइयोंमें इसी प्रकारका अर्थ है इसलिये यहाँ भी वैसा ही अर्थ कर सकते हैं। (मा० पी० प्र० सं०)

विषयान्तर करनेका यही कारण है। सतीदेहमें भवानीने जो कुछ किया था, उसकी स्मृति बलवती होकर आगेकी चौपाइयोंमें पर्यायसे व्यक्त हो रही है। इन चौपाइयोंमें तथा आगे (११५। ८) तक मानस-शास्त्राभ्यासियोंके लिये बहुत खाद्य भरा हुआ है। २—श्रीरामजीका दर्शन होनेपर सतीजीने नमन नहीं किया। नमस्कार भी नहीं किया। बहुत समझानेपर भी उनके हृदयमें रामभक्ति न आयी। रामगुनगान न करके उलटे उनकी परीक्षा लेनेको दौड़ी गयीं। अन्तमें कैलासके मार्गमें शिवजीके विविध कथाएँ कहनेपर भी उन्हें हर्ष न हुआ। सतीजीने रामकथा सुनानेकी प्रार्थना भी न की। इन्हीं छः बातोंकी चर्चा आगेकी छः चौपाइयोंमें करते हैं; पर पार्वतीजी भयभीत होने न पावें, इस हेतुसे क्रम भङ्ग किया है तथा 'राम' के स्थानमें 'हरि' शब्द प्रयुक्त किया है। तथापि चौ० ६ में तो 'राम' शब्द आ ही गया। ऊपर कहा हुआ भावार्थ न लेनेसे प्रथम चौपाई और बादकी छः चौपाइयोंमें विषयान्तर और अप्रस्तुत विषयक कथन दो दोष होते हैं।

वि० त्रि०—१ *'तदपि असंका……'* इति। भाव कि तुम्हारी आशङ्काका अभिप्राय यह है कि चरित्र देखकर जब मुझे मोह हो गया तो वही चरित्र सुनकर जीवोंको मोह होना कौन बड़ी बात है। अतः शङ्काके व्याजसे वे बातें मुझसे कहलाना चाहती हो जिनसे संसार मोहसे छूटकर कल्याण प्राप्त करे।

(२) *'जिन्ह हरिकथा……'* इति। जो विकलेन्द्रिय या विकृतमस्तिष्क हैं उन्हें किसी वस्तुका सम्यक् ज्ञान हो नहीं सकता, उनका कथन सर्वथा उपेक्षणीय है। ऐसे लोग छः प्रकारके होते हैं। इनसे शिवजी श्रोताको सावधान किये देते हैं। पार्वतीजीके प्रथम विनय *'तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना।……'* का उत्तर हरि-विमुख निन्दा तथा प्रार्थनाकी स्वीकृतिद्वारा शिवजी दे रहे हैं। ☞निन्दा विधेयकी स्तुतिके लिये की जाती है, निन्दायोग्यकी निन्दाके लिये नहीं। यहाँपर छः प्रकारकी निन्दा हरिकथाश्रवणकी स्तुतिके लिये की गयी। कामकथारूपी सर्पके निवाससे जिसके कर्णछिद्र बिलके समान भयंकर हो गये, उसके कलेजेपर साँप लोट रहा है, उसके कहनेका कौन प्रमाण! (यह पहिला हरिविमुख है)।

टिप्पणी—२ *'जिन्ह हरिकथा सुनी नहिं काना।……'* इति। (क) हरिकथासे हित होता है और ये उसे नहीं सुनते, अतएव इनके कान व्यर्थ हैं। (यहाँ 'हरि' शब्द देकर भगवान्‌के सभी अवतारों और स्वरूपोंकी कथाएँ सूचित कर दी हैं। कोई-कोई 'हरि' से 'राम' का ही अर्थ लेते हैं।—**'रामाख्यमीशं हरिम्'** (मं० श्लो० ६) (ख) *'सुनी नहिं काना'* का भाव कि जो वस्तु सुननी चाहिये, जैसे कि हरिकथा, यथा—*'श्रवनन्ह को फल कथा तुम्हारी'* (विनय०), सो नहीं सुनते और जो न सुनना चाहिये, सो सुना करते हैं। (ग) अहिभवनमें सर्प रहते हैं, कानोंमें प्रपञ्चरूपी सर्पोंने निवास किया है। अर्थात् कानोंसे विषयप्रपञ्चकी कथाएँ सुना करते हैं। [सर्पके बिलमें प्रायः कोई दूसरा जीव नहीं जाता, वैसे ही जिन कानोंमें विषय-सर्प रहता है उनमें श्रीरामकथा नहीं जाती। अर्थात् उनको रामकथा अच्छी नहीं लगती] (घ) यहाँ **'श्रवण'** को प्रथम कहा क्योंकि श्रवणभक्ति प्रथम है। (ङ) पहले तो कहा कि *'कहत सुनत सब कर हित होई'*; इसमें *'कहत'* शब्द प्रथम रखा और *'सुनत'* पीछे, परंतु यहाँ *'जिन्ह हरिकथा सुनी नहिं काना'* कहा, अर्थात् यहाँ 'सुनना' प्रथम कहते हैं और आगे *'जो नहिं करै राम गुन गाना'* कहते हैं अर्थात् कहना, गुण-गान करना यह पीछे कहते हैं। इस भेदमें तात्पर्य यह है कि श्रवण और कथन दोनों ही एक समान प्रधान हैं, कोई कम-वेश—न्यूनाधिक नहीं है। पुनः, श्रीमद्भागवतमें नवधा भक्तिकी गणना 'श्रवण' हीसे प्रारम्भ की है; यथा—**'श्रवणं कीर्त्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनं……।'** (७। २३) पुनः, वाल्मीकिजीने श्रीरघुनाथजीके जो चौदह निवासस्थान कहे हैं, उनमें भी यही क्रम है। यथा—*'जिन्हके श्रवन समुद्र समाना। कथा तुम्हारि सुभग सरि नाना॥ भरहिं निरंतर होहिं न पूरे।……लोचन चातक जिन्ह करि राखे। रहहिं दरस जलधर अभिलाषे॥ ……जसु तुम्हार मानस बिमल हंसिनि जीहा जासु।'* (२। १२८); अतएव गोस्वामीजीने भी इस प्रसंगको 'श्रवण' हीसे उठाया।

नयनन्हि संत दरस नहिं देखा। लोचन मोरपंख कर लेखा॥३॥
ते सिर कटु तुंबरि सम तूला। जे न नमत हरि गुर पद मूला॥४॥

शब्दार्थ—दरस (सं० दर्श, दर्शन)=मूर्ति, स्वरूप; यथा—'*भरत दरसु देखत खुलेउ मग लोगन्ह कर भागु।*' (२। २२३) ☞'दरस दिखाना, दरस देखना, पूर्वकालमें भाषाका मुहावरा-सा रहा है ऐसा जान पड़ता है। यथा—'*ग्राम निकट जब निकसहिं जाई। देखहिं दरसु नारि नर धाई॥*' (२। १०९। ७) श्रीप्रियादासजीने 'भक्तिरसबोधिनी टीका' (भक्तमाल) में इसका प्रयोग किया है। यथा—'*कह्यो कुवाँ गिरो चले गिरन प्रसन्न हिये जिये सुख पायो ल्यायो दरस दिखाइए।*' (पीपाजीकी कथा क० २८३) अर्थात् दर्शन दिया। वैसे ही यहाँ, 'दरस देखा'=दर्शन किया। पुनः, दरस=दर्श, दर्शन; यथा—'*दरस परस मज्जन अरु पाना। हरइ पाप कह बेद पुराना॥*' (१। ३५। १) **मोरपंख**=मोरका पर जो देखनेमें बहुत अधिक सुन्दर होता है और जिसका व्यवहार अनेक अवसरोंपर प्रायः शोभा या शृङ्गारके लिये होता है। **लेखा**=लिखा हुआ।=रेखाएँ, नकशा, गणना, गिनती। **कटु तुंबरि**=कड़वी लौकी (तोंबी) जो भोजनके कामकी नहीं होती। कोई-कोई इसका अर्थ उस कड़वी लौकीका करते हैं जिसके कमण्डल बनाये जाते हैं, जो भोजनके कामकी नहीं होती। संत-महात्माओंका कहना है कि यहाँ कमण्डलुवाली तोंबीसे तात्पर्य नहीं है, क्योंकि उससे तो संत-महात्माओंका बड़ा उपकार होता है। प्रत्युत उस लौकीसे तात्पर्य है जो लम्बी-लम्बी होती है तथा जो कमण्डलके काममें नहीं आती, किन्तु उससे जाल बनाये जाते हैं जो जीवोंके फाँसने और नष्ट करनेके काममें आते हैं। यह लौकी जाल-सरीखी फैलती है। लोग जहाँ इसे होते देखते हैं तुरत उखाड़ फेंकते हैं। बैजनाथजी '*कड़वी तरोई*' अर्थ करते हैं। '*सम तूल*'—समान, सम, समतल—ये पर्याय शब्द हैं। इनका अर्थ है—सदृश, तुल्य। 'समतूल' गहोरा (बुन्देलखण्ड) देशकी बोली है। वहाँ 'बराबर' के अर्थमें इसका प्रयोग होता है। मानसमें अन्यत्र भी इसका प्रयोग हुआ है। यथा—'*एहि बिधि उपजै लच्छि जब सुंदरता सुखमूल। तदपि सकोच समेत कबि कहहिं सीय समतूल॥*' (१। २४७) पदमूल-नोट-२ देखिये।

अर्थ—जिन नेत्रोंसे सन्तोंका दर्शन नहीं किया गया* वे नेत्र मोरके पंखकी चन्द्रिकाओंके समान हैं॥३॥ जो सिर भगवान् और गुरुके चरणोंपर नहीं झुकते अर्थात् उनको प्रणाम नहीं करते, वे कड़वी तोंबीके समान† हैं॥४॥

टिप्पणी—१. '*नयनन्हि संत दरस……*' इति। (क) कथा संतके संगसे होती है; यथा—'*बिनु सतसंग न हरि कथा……।*' (७। ६१) जब संतोंका दर्शन ही नेत्रोंसे कभी नहीं किया, उनके पास गये ही नहीं, तब कथा सुननेको कैसे मिले? कथामें रुचि क्योंकर उत्पन्न हो? (ख) प्रथम '*जिन्ह हरि कथा सुनी नहिं काना*' से हरिविमुखोंको कहा, अब '*संत दरस नहिं देखा*' से संत वा भागवतविमुखोंका हाल कहते हैं कि साधु-संतोंसे इतना वैर रखते हैं कि आँखोंसे उन्हें देखते भी नहीं, उनका संग तो दूर रहा। (भा० २। ३। २२) में जो '**लिङ्गानि विष्णोर्न निरीक्षतो ये**' ये शब्द आये हैं उसके 'विष्णुलिङ्ग' से संत ही अभिप्रेत हैं। '*संत भगवंत अंतर निरंतर नहिं किमपि……।*'

बैजनाथजी—'यहाँ असज्जनोंके लक्षण वर्णन करके, सज्जनोंके लक्षण दर्शित किये हैं। यथा—कथाश्रवण

---

* अर्थान्तर—१—संतोंको देखकर उनका अवलोकन नहीं किया। २—नेत्रोंसे संतदर्शन न हुआ और न संतोंने उन्हें देखा। ३—आदरसमेत दर्शन नहीं किया। (पं० शुकदेवलालजी। इनका मत है कि दरस और देखा दो शब्द ताकीदके लिये लिखे गये। ☞ये सब अर्थ टीकाकारोंने पुनरुक्ति समझकर किये हैं। वस्तुतः यहाँ पुनरुक्ति नहीं है। दरस=रूप, दर्शन; यथा—'रहहिं दरस जलधर अभिलाषे। (२। १२८। ६)

† सम और तूलमें पुनरुक्तिके भ्रमसे लोगोंने ये अर्थ किये हैं—१—कटुतूँबरि और तूल (रूई) के समान हैं (न जानें कब उड़ जायँ)। २—तूँबरि सम कटु और तूल सम तुच्छ। (पं०) ३—अनुमानमें कटु तूँबरि समान हैं। (तूल अनुमाने) इत्यादि।

इन्द्रिय, संतदर्शन उचित तथा हरिगुरुचरणोंको प्रणाम उचित, हरिभक्ति उचित, गुणगान उचित, कथा सुनकर हर्ष होना और लीलामें मोह न होना उचित हैं। इन सब बाह्यकर्मोंके साथ एक-एक अङ्गको व्यर्थ कहा (यदि उस अङ्गसे वह उचित कार्य न हुआ)।'

नोट—१ *'लोचन मोरपंख कर लेखा ।'* मोरके पक्षमें चन्द्रिकाएँ बनी होती हैं, देखनेमें वे नेत्र-से जान पड़ते हैं जो बड़े ही सुन्दर और जीको लुब्ध करनेवाले होते हैं। परंतु वे चन्द्रिकाएँ देखने ही भरकी सुन्दर हैं, रेखा-मात्र ही हैं, उनकी आकृति मात्र नेत्रकी-सी है, उनसे देखनेका काम नहीं लिया जा सकता, चक्षुका काम रूप देखना है सो उन नेत्रोंसे नहीं हो सकता, अतएव वे व्यर्थ हैं।

संतोंका दर्शन जिन नेत्रोंसे न किया गया उनकी गणना मोरपंखमें की गयी है। अर्थात् वे नेत्र चाहे कैसे ही खूबसूरत कमलवत् ही क्यों न हों, पर वे और उनकी सुन्दरता व्यर्थ हैं। हरिगुरु-संत-दर्शनहीसे नेत्र सफल होते हैं अन्यथा वे नेत्र केवल नामधारक हैं। यथा—*'निज प्रभु बदन निहारि निहारी। लोचन सुफल करउँ उरगारी॥'* (७। ७५)

वि० त्रि०—संतका लक्षण है कि उनको भगवान्‌के चरणोंको छोड़कर न शरीर प्यारा है, न घर। यथा—*'तजि मम चरन सरोज प्रिय जिन्ह कहुँ देह न गेह।'* रामप्रेमसे ही संतका आदर है। जिसने रामकथा सुनी ही नहीं, वह संतके दर्शनके लिये क्यों जायगा ? नेत्रोंका फल भगवद्दर्शन है, किंतु भगवद्दर्शन दुर्लभ है, परंतु भगवान्‌की चलमूर्ति (संत) का दर्शन तो सुलभ है। संतदर्शनसे पाप दूर होते हैं, उसे संतदर्शन हुआ नहीं, अतः वह पापी है, जो चाहेगा बकेगा।

टिप्पणी—२ *'ते सिर कटु तूँबरि सम तूला'* इति। (क) कटुतूँबरी सिरके आकारकी होती है। लम्बी तूँबरी न तो कड़वी होती है और न सिरके आकारकी ही, इसीसे 'कटु' तूँबरीकी उपमा दी गयी। (ख) ☞संतका दर्शन करनेपर संतके चरणोंमें मस्तक नवाना चाहिये। अतः क्रमसे कथाश्रवण कहकर जिनसे कथा प्राप्त होती है उन संतोंको कहा, संत-मिलनपर प्रणाम कहा गया। परंतु यहाँ 'संत' पद न कहकर उसकी जगह *'हरि गुर पद मूला'* कहा, इसका कारण यह है कि हरि, गुरु, संत तीनों एक ही हैं—*'भक्ति भक्त भगवंत गुरु चतुर नाम बपु एक'*— (नाभाजी)। पुनः, (ग) प्रथम 'हरि' को कहा, फिर संतको और यहाँ गुरुको भी कहकर हरिका सम्पुट दिया। इस तरह यहाँतक भगवान्‌के तीनों रूपोंसे विमुखोंका हाल कहा—हरिविमुख, संतविमुख और गुरुविमुख। सब दृष्टान्त तीनोंमें लगा लेने चाहिये, यह जनाया। आगे भगवान्‌के चौथे शरीर 'भक्ति' से विमुखोंको कहते हैं।

नोट—२ *'ते सिर......। हरि गुर पद मूला॥'*—यहाँ *'पद मूला'* पद कैसा उत्तम पड़ा है। इसकी विलक्षणता श्रीमद्भागवतके स्कन्ध २ अ० ३ के २३ वें श्लोकसे मिलान करनेपर स्पष्ट देख पड़ेगी। 'पदमूल' तलवेको कहते हैं। रज और चरणामृतका तलवोंहीसे सम्बन्ध है। इन्हींकी रज लोग सिरपर धारण करते और तीर्थपान करते हैं। ध्यान भी चरणचिह्नका किया जाता है। पुनः ऊपरके भागमें नूपुरादि और नखका ध्यान होता है। तुलसी ऊपर चढ़ेगी। शीशपर तलवे ही रखे जाते हैं। *'पद मूला'* में पदका ऊपरी भाग और पदमूल दोनोंका अभिप्राय भरा है। श्रीमद्भागवतके **'भागवताङ्घ्रिरेणुम्'** अर्थात् रज और **'विष्णुपद्या......न वेद गन्धम्'** अर्थात् चरणोंपर चढ़ी हुई तुलसीका सूँघना दोनों ही भाव इसमें दर्शा दिये हैं।

इसी प्रकार यहाँ 'हरि-गुरु' पद भी विलक्षण चमत्कार दिखा रहा है। इसमें गुरु-गोविन्द, दोनोंके नमस्कारका भाव है। श्रीमद्भागवतमें भी इन दोनोंकी वन्दनाका निर्देश है; यथा—**'न नमेन्मुकुन्दम्'** (श्लोक २१) अर्थात् भगवान्‌का वन्दन। फिर वहीं आगे **'भागवताङ्घ्रिरेणुम्'** अर्थात् भगवद्भक्त, भागवतकी चरणरेणुका सेवन। अस्तु, दोनों ही सेव्य हैं।

हरिगुरुको जो प्रणाम इत्यादि नहीं करते उनके सिर व्यर्थ हैं। वे शरीरपर मानो बोझ ही हैं, जैसा श्रीमद्भागवतके **'भारः परं पट्टकिरीटजुष्टमप्युत्तमाङ्गम्'** (श्लोक २१) में कहा है।

जिन्ह हरि भगति हृदय नहिं आनी। जीवत सव समान तेइ प्रानी॥५॥
जो नहिं करै राम गुन गाना। जीह सो दादुर जीह समाना॥६॥

शब्दार्थ—आनी (आनना-लाना)=लायी; यथा—*'कुल कलंकु तेहि पावँर आना।'* (१। २८३। ३) *'आनहु रामहि बेगि बोलाई।'* (२। ३९। १) सव (शव)=मृतक; मुर्दा, मरा हुआ।

अर्थ—जो हरिभक्तिको अपने हृदयमें नहीं लाये अर्थात् जिनमें हरिभक्ति नहीं है, वे प्राणी जीते-जी मुर्देके समान हैं॥५॥ जो जिह्वा श्रीरामगुणगान नहीं करती, वह मेंढककी जीभके समान है॥६॥

टिप्पणी—१ *'जिन्ह हरि भगति हृदय नहिं आनी।'......* इति। (क) हरिगुरुसंतचरणसेवनसे हरिभक्ति प्राप्त होती है, अतः *'नमत हरि गुर पद मूला'* कहकर हरिभक्तिको कहा। (ख) *'हरि भगति'* शब्दसे जितनी प्रकारकी भक्तियाँ हैं उन सबोंका यहाँ ग्रहण हुआ। इनमेंसे तीन भक्तियाँ ऊपर तीन अर्धालियोंमें कही गयीं—कथा-श्रवण, संतसङ्ग और गुरुपदसेवा *(तीसरि भगति अमान)।* (ग) *'जीवत सव समान तेइ प्रानी'* इति। (लं ३० में अङ्गदके वचन रावणप्रति ये हैं—*'कौल कामबस कृपिन बिमूढ़ा। अति दरिद्र अजसी अति बूढ़ा॥ सदा रोगबस संतत क्रोधी। बिष्नु बिमुख श्रुति संत बिरोधी॥ तनु पोषक निंदक अघखानी। जीवत सव सम चौदह प्रानी॥'* इनमें १४ प्राणियोंको *'जीवत सव सम'* कहा है, उन १४ मेंसे दो ये हैं—विष्णुविमुख और श्रुतिसंतविरोधी। अर्थात् जीते-जी ये मुर्दे (मरे हुए) के तुल्य हैं। इस प्रमाणके अनुसार उपर्युक्त चार अर्धालियोंमें जिनको गिना आये वे भी इस गणनामें आ गये, क्योंकि *'जिन्ह हरिकथा सुनी नहिं।'* तथा *'जिन्ह हरि भगति हृदय नहिं आनी'* ये दोनों विष्णुविमुख हैं ही और*'नयनन्हि संत दरस नहिं देखा'* ये संत विरोधी हैं तथा ये सब एवं*'जे न नमत हरि गुर पद मूला'।*श्रुतिविरोधी हैं क्योंकि वे श्रुतिके प्रतिकूल चलते हैं।

नोट—१ शवसमान कहनेका भाव कि उनका जीवन व्यर्थ है, जैसे मुर्दा फेंका या जलाया ही जाता है। पुनः, जैसे मुर्देको छूनेसे वा उसके सम्बन्धसे लोग अपवित्र हो जाते हैं, स्नान-दानसे शुद्धि होती है, वैसे ही भक्तिहीन मनुष्य अपवित्र तथा अमङ्गलरूप और उसके संगी भी अपवित्र।

नोट—२ प्रोफे० श्रीदीनजी कहते हैं कि शव-समानका भाव यह है कि जैसे मुर्दाशरीर घृणाका पात्र हो जाता है, उसी प्रकार वह भी घृणाका पात्र है, कोई भी उसे अपने संन्निकट नहीं रखना चाहता।

नोट—३ मिलान कीजिये—*'जीवत राम मुए पुनि राम सदा रघुनाथहि की गति जेही। सोइ जियै जगमें तुलसी नतु डोलत और मुए धरि देही॥'* (क०)

टिप्पणी—२ *'जो नहिं करै राम गुन गाना'।* इति। (क) ऊपर शिवजीने कथाके सम्बन्धमें कहा है कि *'कहत सुनत सब कर हित होई।'* *'कहत सुनत'* मेंसे *'सुनत'* अर्थात् श्रवण करना *'जिन्ह हरिकथा सुनी नहिं काना'* में कह आये, अब *'कहत'* अर्थात् कीर्तन करना वा कीर्तन-भक्ति कहते हैं। भक्ति पाकर गुणगान करना चाहिये, अतः *'हरि भगति हृदय नहिं आनी'* के बाद 'गुणगान' करना लिखा। गुणगान करने और सुननेसे हृदय पुलकित होता है, अतः आगे इसे कहते हैं।

नोट—४ *'जीह सो दादुर जीह......'* इति। मेंढकके जिह्वा होती ही नहीं। इसकी उपमा देकर सूचित किया है कि जिह्वाका साफल्य श्रीरामगुणगानमें है, जिनसे यह न हुआ उनकी जिह्वा व्यर्थ है, न होनेके सदृश है, उनका बोलना निरर्थक है जैसे कोई बिना जीभके बड़बड़ाये। मेंढकोंके विषयमें ऐसी कथा है कि एक बार अग्निदेव रुष्ट होकर पातालको चले गये। वहाँ अग्निकी उष्णतासे मेंढक ऊपर निकल आये। इधर देवगण अग्निकी खोजमें जब वहाँ पहुँचे तो मेंढकोंसे अग्निका पता लग गया। अग्निदेवने मेंढकोंको शाप दिया कि तुम्हारे जीभ न रहे। इसपर देवताओंने उन्हें आशीर्वाद दिया कि उष्णतासे यदि तुम मृतक भी हो जाओगे तो भी पावसके प्रथम जलसे तुम सजीव हो जाया करोगे। अयोध्याकाण्डमें कहा भी है—*'जल ज्यों दादुर मोर भए पीन पावस प्रथम।'* (२५१) सुना है कि जापानमें इनकी खेती होती है।

कुलिस कठोर निठुर सोइ छाती। सुनि हरिचरित न जो हरषाती॥ ७॥

शब्दार्थ—निठुर (निष्ठुर)=निर्दय, दयारहित।

अर्थ—वही छाती वज्रसमान कठोर और निष्ठुर है, जो हरिचरित सुनकर भी हर्षित नहीं होती॥ ७॥

नोट—१ भगवत्-चरित्र सुनकर हर्ष होना चाहिये। यथा—'*कहत सुनत हरषहिं पुलकाहीं। ते सुकृती मन मुदित नहाहीं॥*' (१। ४१। ६) हर्ष न होनेसे कठोर और निष्ठुर कहा। निठुर='जिसमें निचोड़नेसे कुछ भी रस न निकले; रसहीन, भावनाहीन; जिसमें कोई भी भली-बुरी भावना रह ही नहीं जाती।' (प्रो० दीनजी) पुनः, निठुर कहनेका भाव कि वे अपनी आत्माका नाश कर रहे हैं, उनको अपने ऊपर भी किञ्चित् दया नहीं आती। (वै०) यथा—'*ते जड़ जीव निजात्मक घाती। जिन्हहिं न रघुपति कथा सोहाती॥*' (७। ५३) पुनः द्रवीभूत न होनेसे कुलिसकठोर और निष्करुण होनेसे निठुर कहा। यथा—'*हिय फाटहु फूटहु नयन जरहु सो तन केहि काम। द्रवै स्त्रवै पुलकै नहीं तुलसी सुमिरत राम॥*' (वि० त्रि०)

नोट—२ चौपाईका भाव यह है कि प्रथम तो वे कथा सुनते ही नहीं और यदि सुनते भी हैं तो हृदयमें हर्ष नहीं होता, प्रत्युत मोह होता है। मोहका हेतु आगे कहते हैं।

नोट—३ ☞११३ (२) से ११३ (७) तक सभी चौपाइयोंका भाव और अर्थ श्रीमद्भागवत २। ३ से मिलता-जुलता है; अतः हम उन श्लोकोंको यहाँ उद्धृत करते हैं—

आयुर्हरति वै पुंसामुद्यन्नस्तं च यन्नसौ। तस्यर्ते यत्क्षणो नीत उत्तमश्लोकवार्तया॥

तरवः किं न जीवन्ति भस्त्राः किं न श्वसन्त्युत। न खादन्ति न मेहन्ति किं ग्रामपशवोऽपरे॥

श्वविड्वराहोष्ट्रखरैः संस्तुतः पुरुषः पशुः। न यत्कर्णपथोपेतो जातु नाम गदाग्रजः॥

बिले बतोरुक्रमविक्रमान्ये न शृण्वतः कर्णपुटे नरस्य। जिह्वाऽसती दार्दुरिकेव सूत न चोपगायत्युरुगाय गाथाः॥

भारः परं पट्टकिरीटजुष्टमप्युत्तमाङ्गं न नमेन्मुकुन्दम्। शावौ करौ नो कुरुतः सपर्यां हरेर्लसत्काञ्चनकङ्कणौ वा॥

बर्हायिते ते नयने नराणां लिङ्गानि विष्णोर्न निरीक्षतो ये। पादौ नृणां तौ द्रुमजन्मभाजौ क्षेत्राणि नानुव्रजतो हरेर्यौ॥

जीवञ्छवो भागवताङ्‌घ्रिरेणुं न जातु मर्त्योऽभिलभेत यस्तु। श्रीविष्णुपद्या मनुजस्तुलस्याः श्वसञ्छवो यस्तु न वेद गन्धम्॥

तदश्मसारं हृदयं बतेदं यद्गृह्यमाणैर्हरिनामधेयैः। न विक्रियेताथ यदा विकारो नेत्रे जलं गात्ररुहेषु हर्षः॥

(१७—२४)

अर्थात् सूर्यनारायण उदय और अस्त हो-होकर मनुष्योंकी आयुको वृथा नष्ट करते हैं। इसमें उतना ही समय सफल है जिसमें हरिचर्चा की गयी हो। जैसे मनुष्य जीते हैं वैसे क्या वृक्ष नहीं जीवित रहते, लोहारकी धौंकनी क्या हमारे-तुम्हारे समान नहीं श्वासा लेती, ऐसे ही गाँवके पशु कुत्ता, शूकर आदि क्या भोजन और मलत्याग नहीं करते? यदि मनुष्यमें भक्ति नहीं है तो मनुष्योंमें और उनमें कुछ अन्तर नहीं है। कुत्ते जिस प्रकार द्वार-द्वार फिर-फिरकर गृहपालद्वारा ताड़ित होते हैं, ग्राम्य शूकरादि जैसे असार वस्तु ग्रहण करते हैं और ऊँट जैसे केवल कण्टक भोजन करता है एवं गधा जैसे केवल बोझ लादता है, वैसे ही जिसके श्रवणपथमें भगवान्‌ने कभी प्रवेश नहीं किया, अर्थात् हरिभक्तिहीन मनुष्य कुत्तेके समान सर्वत्र तिरस्कारको पाता है और शूकरके समान असार-(विषय-) ग्राही है। वह ऊँटके समान दुःखादि कण्टकोंको भक्षण करता है एवं गधेके समान केवल संसारके भारमें क्लेशको प्राप्त होता है॥ हे सूतजी! मनुष्यके कान बिलके समान व्यर्थ हैं, जिनमें कभी भगवच्चरित्र नहीं गया, वह जिह्वा मेंढककी जिह्वाके सदृश वृथा है जो हरिकथाओंका कीर्तन नहीं करती। वह सिर पट्ट और किरीट-मुकुटसे युक्त होनेपर भी भाररूप है जो हरिके आगे न झुके, वे हाथ मुर्देके हाथोंके समान हैं जो सोनेके कंकण धारण किये हैं, परंतु कभी हरिकी सेवा या टहल नहीं करते। मनुष्योंके वे नेत्र मोरके परमें जैसे केवल देखनेके नेत्र बने होते हैं वैसे ही हैं, जो भगवान्‌की पवित्र मूर्तियोंका दर्शन नहीं करते और वे पैर वृक्ष-ऐसे वृथा

हैं, जो भगवान्‌के मन्दिरमें या तीर्थ-स्थानमें नहीं जाते॥ वह मनुष्य जीते ही मरेके तुल्य है जो भगवान्‌के चरणोंकी रेणुकाको सिरपर नहीं धारण करता या विष्णुके चरणोंकी चढ़ी हुई तुलसीके गन्धको नहीं सूँघता। वह हृदय वज्रका है जो हरिनामोंको सुनकर उमग न आवे, गद्गद न हो और रोमाञ्च न हो आवे एवं नेत्रोंमें आनन्दके आँसू न भर आवें। (१७—२४)

नोट—☞४ *'जिन्ह हरिकथा सुनी नहिं काना।'* से *'सुनि हरिचरित न जो हरषाती।'* तकका आशय यह है कि श्रवणेन्द्रिय तभी सफल होती है जब उससे निरन्तर भगवान्‌का चरित्र सुना जाय, अत: कानोंसे सदा भगवान्‌के चरित्र, गुण और नामादिको ही श्रवण करना चाहिये। इसी तरह नेत्रोंसे संत-भगवंत आदिके दर्शन, चरणस्पर्श आदि करे, सिरसे भगवान्, संत-गुरुको प्रणाम करे। हृदयसे भक्ति करे और चरित्र सुनकर, संत-हरि-गुरुका दर्शन और उनको प्रणाम करके हर्षित हो, हर्षसे शरीरमें रोमाञ्च हो। जिह्वासे निरन्तर श्रीरामयश-गुण-नामका कीर्तन करे, इत्यादिसे ही नेत्र, सिर, हृदय और जिह्वाका होना सफल है, नहीं तो इनका होना व्यर्थ हुआ। यथा—**'चक्षुर्भ्यां श्रीहरेरेव प्रतिमादिनिरूपणम्। श्रोत्राभ्यां कलयेत्कृष्णगुणनामान्यहर्निशम्॥'** (६१। ९७); **'सा जिह्वा या हरिं स्तौति तन्मनस्तत्पदानुगम्। तानि लोमानि चोच्यन्ते यानि तन्नाम्नि चोत्थितम्॥'** (५०। २९) (प० पु० स्वर्गखण्ड) इन सब चौपाइयोंमें 'प्रथम निदर्शना' अलंकार है।

प० प० प्र०—श्रीमद्भागवतके श्लोकोंमें हाथ, चरण, नाक और भगवन्नामकी भी चर्चा है, पर सतीजीके चरित्रप्रसंगमें उनका सम्बन्ध नहीं आया, इसीसे शिवजीने यहाँ उनकी चर्चा नहीं की। भागवतके श्लोकोंमें इतना ओज नहीं है जितना इन चौपाइयोंमें है। इसका कारण भी शिवजीके हृदयकी 'प्रक्षुब्धतापर दबायी हुई अवस्था' है। आगे (११४। ७) से (११५। ७) तक यह दबान भी उड़ जाती है और प्रक्षुब्ध हृदयकी भावना स्वयं प्रकट हो जाती है। श्रीमद्भागवतमें श्लोकोंके शब्दोंको कुछ फेर-फार करके यहाँ प्रयुक्त करना भी गूढ़भाव-प्रदर्शनार्थ है। रामायणीलोग श्लोकों और चौपाइयोंके शब्दोंका मिलान धात्वर्थके आधारसे कर सकेंगे। मराठी गूढार्थचन्द्रिकामें विस्तारसे लिखा है। (यह अभी प्रकाशित नहीं हुई है।)

गिरिजा सुनहु राम कै लीला। सुर हित दनुज बिमोहनसीला॥ ८॥

शब्दार्थ—**बिमोहन**=विशेष मोहमें डालनेवाली। सीला (शीला। यहाँ यह शब्द विशेषण है)=प्रवृत्त, तत्पर, प्रवृत्तिवाला, स्वभावयुक्त। यथा—*'सकल कहहु संकर सुखसीला।'* (१। ११०। ८), *'कपि जयसील रामबल ताते।'*

अर्थ—हे गिरिजे! सुनो। श्रीरामचन्द्रजीकी लीला देवताओंका हित और दैत्योंको विशेष मोहित करनेवाली है॥ ८॥

नोट—१ इसके जोड़की चौपाइयाँ अयोध्या, अरण्य और उत्तरकाण्डोंमें ये हैं—*'राम देखि सुनि चरित तुम्हारे। जड़ मोहहिं बुध होहिं सुखारे॥'* (२। १२७। ७) *'उमा राम गुन गूढ़ पंडित मुनि पावहिं बिरति। पावहिं मोह बिमूढ़ जे हरिबिमुख न धरम रति॥'* (३ मं०) *'असि रघुपति लीला उरगारी। दनुज बिमोहनि जन सुखकारी॥'* (७। ७३। १) इन उपर्युक्त उद्धरणोंमें जो 'बुध', 'पंडित', 'मुनि' और 'जन' कहे गये हैं वे ही यहाँ 'सुर' हैं और जो उनमें 'जड़', 'विमूढ़', *'हरि बिमुख न धर्म रति'* और 'दनुज' कहे गये हैं वे ही 'दनुज' हैं। अथवा, (७। ७३) में *'दनुज बिमोहनि', 'जन सुखकारी'* कहा और यहाँ *'दनुज बिमोहनसीला'* और *'सुर हित'* कहा; अतएव 'जन' ही 'सुर' हैं। अथवा, चारों स्थलोंमें पृथक्-पृथक् नाम देकर 'सुर, जन (भक्त), बुध, पंडित, मुनि' इन सबोंको सुखकारी जनाया। अथवा, बुध और जनको सुख, पंडित, मुनिको वैराग्य और सुरोंको हितकारी होना कहा। पुनः, गीता और विष्णुधर्मोत्तरमें दो प्रकृतिके प्राणियोंका संसारमें होना कहा गया है, एक दैवी, दूसरी आसुरी। यथा—**द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च।'** (गीता १६। ६) **'द्विविधो भूतसर्गोऽयं दैव आसुर एव च। विष्णुभक्तिपरो दैवो विपरीतस्तथासुरः॥'** (विष्णुधर्मोत्तर) अर्थात् इस लोकमें दो प्रकारके जीवोंका सर्ग (सृष्टि) है, एक दैवी, दूसरी आसुरी। जो विष्णुभक्तिपरायण हैं वे दैवीसर्गसम्भूत हैं और जो उनके विपरीत हैं, वे आसुरी

सर्गसम्भूत हैं।—इसके अनुसार सुर, बुध, पंडित आदिसे दैवी सर्गसम्भूत प्राणिमात्र और दनुज, मूढ़ आदिसे आसुरी सम्पत्तिवाले अभिप्रेत हैं। वैराग्य और सुख होना हित है। आसुरी और दैवी सम्पदावालोंके लक्षण गीता अ० १६ में देखिये।

टिप्पणी—१ (क) यहाँ जन अथवा दैवी सम्पदावाले 'सुर' हैं और दुर्जन अथवा आसुरी सम्पदावाले असुर हैं। (ख) कहना-सुनना और न कहना-सुनना दोनों ऊपर कह आये। अब दोनोंका हेतु लिखते हैं। जो सुर हैं उनका हित होता है, अतः वे कहेंगे-सुनेंगे। जो आसुरी सम्पत्तिवाले हैं उनको श्रीरामलीला मोह उत्पन्न करनेवाली है, अतः वे कथा न कहें-सुनेंगे। (यह सती-चरित्रपर कटाक्ष है, व्यङ्ग है। प० प० प्र०)।

नोट—२ श्रीरामकथा देवताओंको हितकारिणी और दैत्योंको अहितकारिणी है। तात्पर्य यह है कि दैवी सम्पत्तिवाले—सात्त्विक बुद्धिवाले सज्जनोंमें इससे भक्ति, वैराग्य, विवेक आदिकी वृद्धि होती है, उनका लोक-परलोक दोनों बनता है और आसुर सम्पत्तिवालों, राजस-तामस-वृत्तिवालोंमें उसी रामचरितसे मोहकी विशेष वृद्धि होती है, ये शास्त्रोंमें सुनते हुए भी मूढ़ ही बन जाते हैं, ईश्वरको प्राकृत मनुष्य ही कहने लगते हैं। इसपर यह शङ्का हो सकती है कि 'रामलीला वस्तु तो एक ही है, उससे दो विरुद्ध कार्य कैसे ?' समाधान यह है कि जैसे स्वातीजल तो वही होता है, पर उसका बूँद पृथक्-पृथक् वस्तुओंमें पड़नेसे उनमें पृथक्-पृथक् गुण उत्पन्न करता है। देखिये सीपमें पड़नेसे वह मोती बन जाता है, वही केलेमें पड़नेसे कपूर, बाँसमें बंसलोचन, गोकर्ण-(गौके कान-) में पड़नेसे गोरोचन बन जाता है और सर्पमें उसीसे विषकी वृद्धि होती है। (११। ९) देखिये। पुनः देखिये, भगवान् श्रीकृष्णके जिस अद्भुत रूपको अर्जुन देखकर उनकी शरण गये, उसीको दुर्योधनने देखकर उसे नटका खेल कहा—इत्यादि। इसी तरह श्रीरामलीला वस्तु एक ही है, पर पात्रापात्रभेदसे वह भिन्न-भिन्न एवं विरोधी गुणोंको उत्पन्न करती है, 'सुरों' का हित होता है और असुरोंका अहित। यहाँ 'प्रथम व्याघात' अलंकार है।

नोट—३ *'गिरिजा सुनहु'*— यहाँ पार्वतीजीको सम्बोधन करके सुननेको कहनेमें भाव यह है कि शिवजी कथाका पात्रभेदसे भिन्न-भिन्न गुण कहकर श्रीपार्वतीजीको सावधान कर रहे हैं कि देखो फिर लीलासे मोहमें न पड़ जाना, मोहमें पड़ना असुरोंका काम है न कि दैवी सम्पत्तिवालोंका। इसी प्रकार जब अरण्यकाण्डमें पहुँचे तब भी सावधान किया है—*'उमा राम गुन गूढ़……'* । क्योंकि वहाँ तो वही लीला वर्णन की जायगी कि जिससे उन्हें सतीतनमें मोह हुआ था। (वै०)

दो०—रामकथा सुरधेनु सम सेवत सब सुखदानि।
सत[1] समाज सुरलोक सब को न सुनै[2] अस जानि॥ ११३॥

अर्थ—श्रीरामकथा कामधेनु-समान है, सेवा करनेसे सब सुखोंकी देनेवाली है। संतसमाज समस्त देवलोक हैं, ऐसा जानकर उसे कौन न सुनेगा?॥ ११३॥

नोट—१ *'रामकथा सुरधेनु……'* सुरधेनु=कामधेनु। क्षीरसागर-मन्थनसे निकले हुए चौदह रत्नोंमेंसे यह भी एक है। यह अर्थ, धर्म, कामकी देनेवाली है, जमदग्निजी और वसिष्ठजीके पास इसीकी संतान नन्दिनी आदि थीं।—(३१। ७) 'कामदगाई' देखिये। 'सेवत'—रामकथाकी सेवा उसका पूजनीय भावसे सादर कीर्तन-श्रवण है।

टिप्पणी—१ *'रामकथा सुरधेनु……'* इति। (क) पूर्व *'सुरहित'* कहकर अब उसे (सुरहितको) चरितार्थ करते हैं कि भक्त सुर हैं, रामकथा सुरधेनु है, संतसमाज सुरलोक है। तात्पर्य कि कामधेनु सुरलोकमें है, रामकथा संतसमाजमें है—*'बिनु सतसंग न हरिकथा'*— इससे रामकथाके मिलनेका ठिकाना बताया।

---

१ —संतसभा—वै०, रा०प्र०। संतसमाज—१६६१। 'स' पर अनुस्वार स्पष्ट है, पर हाथसे पोंछा हुआ जान पड़ता है। यह लेखकप्रमाद है क्योंकि इससे छन्दोभंग दोष आता है।

२ —सुनें—१६६१।

जैसे सुरधेनुका ठिकाना सुरलोक है वैसे ही कथाका संतसमाज है। (ख) *'सेवत सब सुखदानि'।* सब सुखोंकी दात्री जानकर दैवी संपदावाले ही सुनते हैं अर्थात् सब सुनते हैं। *'सब सुखदानि'* का भाव कि कामधेनु अर्थ, धर्म और काम तीन पदार्थ देती है और कथा चारों पदार्थ देती है' यदि ऐसा लिखते तो चार ही पदार्थोंका देना पाया जाता, परंतु कथा चारों पदार्थ तो देती ही है और इनसे बढ़कर भी पदार्थ ब्रह्मानन्द, प्रेमानन्द, ज्ञान, वैराग्य, नवधा प्रेमपराभक्तियाँ इत्यादि अनेक सद्गुणोंको भी देनेवाली है, यही नहीं किंतु श्रीरामचन्द्रजीको लाकर मिला देती है। अतएव *'सब सुखदानि'* कहा, पापहरणमें गङ्गासमान और सर्वसुखदातृत्वमें कामधेनु-समान कहा। (*'सब सुखदानि'* अर्थात् सबको, जो भी सेवा करे उसे ही, सब सुखोंकी देनेवाली है।)

प० प० प्र०—सब सुख तो रामभक्तिसे मिलते हैं, यथा—*'सब सुखखानि भगति तैं माँगी। नहिं जग कोउ तोहि सम बड़ भागी॥'* (७। ८५। ३) रामकथा सुरधेनु रामप्रेमभक्ति प्रदान करती है। मानसके उपसंहारमें शिवजीने ही कहा है कि *'रामचरन रति जो चह अथवा पद निर्बान। भाव सहित सो यह कथा करउ श्रवन पुट पान॥'* (७। १२८) *'सुख कि होइ हरि भगति बिनु। बिनु सतसंग न हरिकथा तेहि बिनु मोह न भाग। मोह गए बिनु रामपद होइ न दृढ़ अनुराग ॥'* भाव यह कि सत्संगमें रामकथा श्रवण करनेसे वैराग्य, विमल ज्ञान और पराभक्ति लाभ क्रमशः होते हैं।

नोट—२ रामकथाश्रवण स्वयं रामभक्ति है। इसीसे सब सुख प्राप्त हो जाते हैं। बालकाण्ड दो० ३१ में भी कहा है—*'जीवनमुकुति हेतु जनु कासी', 'सकल सिद्धि सुख संपति रासी', 'रघुबर भगति प्रेम परमिति सी।'*

नोट—३ (क) यहाँ पूर्णोपमा अलंकार है। (ख) सुरतरु, चिन्तामणि और कामधेनु सभी अभिमतके देनेवाले हैं। यहाँ कामधेनुकी उपमा दी, क्योंकि धेनु सर्वत्र पूजी जाती है और श्रीरामकथा भी पूजनीय है, यह दोनोंमें विशेष समता है। पुनः, गौ विचरती है, तरु स्थायी है और चिन्तामणि केवल इन्द्रको प्राप्त है। कथा भी संतसमाजद्वारा सर्वत्र सबको प्राप्त है। (ग) *'सुरलोक सब',* यही पाठ प्रायः सभी प्राचीन पोथियोंमें मिलता है, परंतु 'सब' का ठीक अर्थ न समझकर कुछ टीकाकारोंने 'सब' की ठौर 'सम' पाठ कर लिया है। सुर-लोक=देवताओंके लोक, स्वर्ग। देवलोक बहुत हैं। मत्स्यपुराणमें भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्यम्—ये सातों लोक देवलोक कहे गये हैं। विश्रामसागर एवं दासबोधमें स्वर्ग इक्कीस कहे गये हैं। वरुण, कुबेरादि अष्ट लोकपालोंके ही आठ लोक हैं। इनके अतिरिक्त नवग्रहोंके लोक भी सुरलोक कहे जाते हैं, इत्यादि। अतएव 'सब' पाठ निस्सन्देह ठीक है। पुनः, लोकका अर्थ समाज भी है। यह अर्थ भी यहाँ ठीक घटित हो सकता है। अर्थात् 'संतसमाज समस्त देवसमाजके समान है'।

नोट—४ *'को न सुनै अस जानि'* इति। (क) श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि 'सभीका इससे हित है—*'सुनहिं बिमुक्त बिरति अरु बिषई। लहहिं भगति गति संपति नई॥'* अर्थात् जीवन्मुक्त पुरुषोंको भक्ति तथा वैराग्यवानोंको मुक्तिका लाभ है और विषयी सम्पत्तिको पाते हैं जिससे उन्हें मोह बढ़ता है।' (ख) इसकी जोड़की चौपाई दोहा (३१। ७) में है—*'रामकथा कलि कामद गाई'* । वहाँ भी देखिये।

वि० त्रि०—विनय करते हुए गिरिजाने कहा कि *'जासु भवन सुरतरु तर होई। सह कि दरिद्रजनित दुख सोई॥'* इसीके उत्तरमें शिवजी कहते हैं कि दरिद्रजनित दुःख सहनेका कोई कारण नहीं। रामकथारूपी सब सुखदानि कामधेनुका सेवन करो। अज्ञानसे ही लोग दुःख सह रहे हैं, नहीं तो रामकथारूपी कामधेनुके रहते दुःखकी कौन-सी बात है?

रामकथा सुंदर करतारी। संसय बिहग उड़ावनिहारी॥ १॥
रामकथा कलि बिटप कुठारी। सादर सुनु गिरिराजकुमारी॥ २॥

शब्दार्थ—करतारी=हाथकी ताली। तारी (ताली)=दोनों हथेलियोंके परस्पर आघातका शब्द।=हथेलियोंको एक-दूसरेपर मारनेकी क्रिया; थपेड़ी। कलि=कलियुग।=कलह, पाप, मलिनता। कुठारी=कुल्हाड़ी।

अर्थ—श्रीरामकथा हाथकी सुन्दर ताली है जो संशयरूपी पक्षियोंको उड़ानेवाली है॥ १॥ श्रीरामकथा कलिरूपी वृक्ष (को काटने) के लिये कुल्हाड़ी है। हे गिरिराजकुमारी! उसे आदरपूर्वक सुनो॥ २॥

टिप्पणी—१ *'रामकथा सुंदर करतारी'* इति। (क) कथाको *'करतारी'* कहनेका भाव कि—(१) कथा शब्दरूप है और करताली भी शब्द है। (२) रामकथाको ऊपर सुरधेनु और संतसमाजको सुरलोक कहा है, परंतु सुरधेनु और सुरलोक दोनों अगम (दुर्लभ) हैं। कामधेनु सुरलोकमें है, संतसमाज मृत्युलोकमें है और कथारूपिणी कामधेनु संतसमाजमें है—यह सुगमता ऊपर दोहेमें दिखायी गयी। किंतु संतसमाजका मिलना भी तो दुर्लभ है, यथा—*'सतसंगति दुर्लभ संसारा।'* (७। १२३। ६) अतएव *'करतारी'* समान कहकर रामकथाका सबको सुलभ होना जनाया। क्योंकि हाथ सबके होते हैं, ताली बजाना अपने अधीन है। *'करतारी'* अपने पास है, मानो कामधेनु अपने घरमें बँधी है, सभी घर बैठे सुख प्राप्त कर सकते हैं, संतसमाज ढूँढ़नेका कोई प्रयोजन नहीं है। (ख) ['ताली दोनों हाथोंसे बजती है। भवानी, गरुड़ आदि श्रोता और शिष्य बायें हाथके समान हैं और श्रीशिवजी, भुशुण्डिजी आदि वक्ता और गुरु दक्षिण हस्तवत् हैं। प्रश्नोत्तर होना शब्द अर्थात् तालीका बजना है। (पं०) अथवा, मुखसे कथाका वर्णन करना ताली बजना है, नाम और रूप दोनों हाथ हैं, दिव्य गुण अँगुलियाँ हैं, नाम और रूपकी गुणमय कथा *'करतारी'* है। जैसे कि अहल्योद्धारमें उदारता, यज्ञरक्षामें वीरता, धनुर्भङ्गमें बल, खरदूषणादिके वधमें शौर्य, शबरी-गीधपर अनुकम्पा और सुग्रीवपर करुणा इत्यादि गुण सुननेसे संशय आप ही चले जाते हैं। (वै०)] (ग) *'करतारी'* को सुन्दर कहनेका भाव कि तालीके शब्दसे कथाका शब्द सुन्दर है, क्योंकि यह भगवत्-यश आदि अनेक गुणोंसे परिपूर्ण है और वह ध्वन्यात्मक है।[पुनः, भाव कि वक्ता और श्रोता दोनों सुन्दर अर्थात् ज्ञानी-विज्ञानी हों, जब ऐसे वक्ता-श्रोता परस्पर श्रीरामकथा कहते-सुनते हैं तब उनके शब्द सुनकर सब जीवोंके संशयरूपी पक्षी उड़ जाते हैं। (शीलावृत्त)]

टिप्पणी—२ *'संसय बिहग उड़ावनिहारी'* इति। (क) श्रीपार्वतीजीने प्रार्थना की थी कि *'अजहूँ कछु संसय मन मोरें। करहु कृपा बिनवौं कर जोरें॥'* (अर्थात् कुछ संशय अब भी बना रह गया है); इसी वाक्यके सम्बन्धसे शिवजी यहाँ कहते हैं कि रामकथा संशयको उड़ा देनेवाली है। (ख) 'संशय' को बिहंग कहनेका भाव कि जैसे पक्षी वृक्षपर आते, बैठते और तालीका शब्द करनेसे अर्थात् हाँकनेसे उड़ जाते हैं, वैसे ही अनेक संशय जो आते (उत्पन्न होते) हैं। वे कथा सुननेसे चले जाते हैं।[(ग) जैसे ताली बजानेके साथ-साथ लोग हल्ला मचाते हैं, लगे-लगे कहते हैं, तब पक्षी उड़ता है, वैसे ही कथा जब कहे-सुने और उसमें लगे अर्थात् उसे धारण करेगा तब संशय-पक्षी भागेगा, अन्यथा नहीं। (खर्रा) पुनः, भाव कि चिड़िया उड़ानेका सुगम उपाय यही है कि बैठे-बैठे ताली बजा दे, चिड़ियाँ स्वयं उड़ जायँगी। इसी भाँति कथा आरम्भ कर दे, संशय आप ही भाग जायगा। (वि० त्रि०)]

मा० म०—*'सम श्रोता वक्ता बजै तारी चुटकी नून। नेह कथा रघुनंद को तारी हुटकी ऊन॥'* अर्थात् जहाँ श्रोता-वक्ता समान हों वहाँ मानो ताली बजती है और जहाँ दोमेंसे एक भी न्यून हुआ वहाँ मानो चुटकी बजती है। परंतु चुटकीसे संशय-पक्षी भागता नहीं और जो इससे भी न्यून हुआ तो उसको केवल हाथ ही हिलाना जानो।

नोट—१ संशय पक्षी है जो खेतका अन्न और वृक्षोंके फल खाता है, रखवाले उसे हाँकते हैं, इत्यादि। यहाँ खेत या वृक्ष, अन्न और फल, किसान; रखवाले और पक्षी आदि क्या हैं? उत्तर—यहाँ तन खेत वा वृक्ष है। श्रीरामभक्ति श्रीरामसम्मुखता, श्रीरामप्रेम आदि अन्न और फल हैं। जीव किसान है। गुरु, आचार्य, संत, वक्ता रखवाले हैं; यथा—*'जे गावहिं यह चरित सँभारे। तेइ येहि ताल चतुर रखवारे॥'* (३८। १) ये राजकुमार हैं तो ब्रह्म कैसे? ब्रह्म हैं तो स्त्रीवियोगमें बावले क्यों हो रहे थे? एक तुच्छ राक्षसने उन्हें नागपाशमें बाँध कैसे लिया? इत्यादि संशय पक्षी हैं जो जीवके श्रीरामसम्मुखता आदि अन्न वा फलको खाते हैं। आचार्योंके मुखसे जो कथाका वर्णन होता है वही थपोड़ी शब्द है, जिससे संशय उड़ जाते हैं। (वै०)

नोट—२ *'रामकथा कलि बिटप कुठारी'* इति। (क) श्रीरामकथाको प्रथम संशयरूपी पक्षीको उड़ानेके लिये 'करताली' कहा। रामकथा करतालीने संशय-पक्षियोंको उड़ा तो दिया, परंतु जबतक उनके बैठनेका

आधार वा अड्डा 'विटप' बना हुआ है तबतक वे वहाँसे सर्वतः जाते नहीं, उड़े और फिर आ बैठे। अतएव पक्षीको उड़ाना कहकर अब उसके आधारको जड़से काट डालना भी कहा। न वृक्ष रहेगा, न पक्षी उसपर बैठेगा। इस तरह भाव यह हुआ कि श्रीरामकथा संशय-पक्षीको उड़ाकर फिर उसके बैठनेके स्थान (संशयके स्थान) कलि-विटपका भी नाश करती है। (ख) कलिको विटप कहनेका भाव कि पक्षी वृक्षपर आते हैं और संशय कलिमें आते हैं। अर्थात् संशय मलिन बुद्धिमें होते हैं, दिव्य बुद्धिमें नहीं। (पं० रा० कु०) संशयका आधार मनकी मलिनता है जो पापोंका मूल है। संशय मलिन मनमें ही बसेरा लेते हैं; यथा—*'तदपि मलिन मन बोधु न आवा।'* (१०९। ४) कलिका स्वरूप भी मल-मूल-मलिनता ही है, यथा—*'कलि केवल मल मूल मलीना'*; इसीसे *'कलि'* को *'बिटप'* कहा। कलिका अर्थ मलिनता वा पाप भी है। (ग) बैजनाथजी *'कलि बिटप'* का रूपक यों देते हैं कि यहाँ कलि वृक्ष है, कुसङ्ग उसका मूल है, कुमति अङ्कुर है। पापकर्म शाखा, पल्लवादि हैं और दुःख फल है। रामकथा कुल्हाड़ी है। 'आचार्य लोहाररूप धातु नाम गढ़नि, गुण धार, युक्ति बेंट, वक्ता बढ़ई' और वचन प्रहार है।—(सूक्ष्म रीतिसे केवल इतनेसे काम चल जाता है। कलि वृक्ष, कथा कुल्हाड़ी, वक्ता-काटनेवाला, वचन-प्रहार)। (घ) संशयमें बिहंगका और कलिमें वृक्षका आरोपण 'सम अभेद रूपक' है। एक रामकथाकी समता पृथक्-पृथक् धर्मोंके लिये करताली और कुल्हाड़ीसे देना 'मालोपमा अलंकार' है। दोनोंकी संसृष्टि है। (वीर)

टिप्पणी—३ *'सादर सुनु……'* इति। ☞श्रीरामचरित आदरपूर्वक सुनना चाहिये। यथा—

'सादर कहहिं सुनहिं बुध ताही। मधुकर सरिस संत गुन ग्राही॥' (१। १०। ६)

'सबहि सुलभ सब दिन सब देसा। सेवत सादर समन कलेसा॥' (१। २। १२)

'सदा सुनहिं सादर नर नारी। तेइ सुरबर मानस अधिकारी॥' (१। ३८। २)

'राम सुकृपाँ बिलोकहिं जेही॥ सोइ सादर सर मज्जन करई।……॥' (१। ३९। ५-६)

'सादर मज्जन पान किए तें। मिटहिं पाप परिताप हिए तें॥' (१। ४३। ६)

'कहौं कथा सोइ सुखद सुहाई। सादर सुनहु सुजन मन लाई॥' (१। ३५ तुलसी)

'तात सुनहु सादर मन लाई। कहहुँ राम कै कथा सुहाई॥' (याज्ञवल्क्य १। ४७। ५)

'कहौं राम गुन गाथ भरद्वाज सादर सुनहु।' (याज्ञवल्क्यजी १। १२४)

'सब निज कथा कहउँ मैं गाई। तात सुनहु सादर मन लाई॥' (भुशुण्डीजी ७। ९५। ४) तथा यहाँ *'सादर सुनु गिरिराजकुमारी।'*

नोट—३ (क) उपर्युक्त उद्धरणोंसे स्पष्ट है कि चारों वक्ताओंने अपने-अपने श्रोताओंको सादर सुननेके लिये बराबर सावधान किया है। (ख) *'सादर सुनु'* का भाव कि पापका नाश तथा संशयकी निवृत्ति एवं बुद्धिकी मलिनताका सर्वतः अभाव तभी होगा जब कथा सादर सुनी जायगी और सादर श्रवण तभी होता है जब उसमें श्रद्धा हो। कथा ओषधि है, श्रद्धा उसका अनुपान है। यथा—*'अनूपान श्रद्धा अति रूरी।'* (७। १२२। ७) इसीसे रामकथा सादर सुननेकी परम्परा है। (ग) ☞यहाँतक कथाका माहात्म्य कहा और कथाके अधिकारी तथा अनधिकारी बताये। इस प्रसङ्गका उपक्रम *'धन्य धन्य गिरिराजकुमारी।'* (११२। ६) है और *'सादर सुनु गिरिराजकुमारी'* उपसंहार है। (घ) ☞संशय दूर करके कथा कहनेकी रीति है। यथा—*'एहि बिधि सब संसय करि दूरी। सिर धरि गुर पद पंकज धूरी॥……करत कथा जेहि लाग न खोरी।'* (१। ३४)

राम नाम गुन चरित सुहाए। जनम करम अगनित श्रुति गाए॥ ३॥
जथा अनंत राम भगवाना। तथा कथा कीरति गुन गाना॥ ४॥

अर्थ—श्रीरामचन्द्रजीके नाम, गुण, चरित, जन्म और कर्म (सभी) सुन्दर और अगणित हैं, ऐसा वेदोंने कहा है॥ ३॥ जैसे भगवान् श्रीरामजीका अन्त नहीं, वैसे ही उनकी कथा, कीर्ति और गुण भी अनन्त हैं॥ ४॥

नोट—१ नाम, जैसे कि राम, रघुनन्दन, अवधविहारी, हरि आदि। गुण, जैसे कि उदारता, करुणा, कृपा, दया, भक्तवत्सलता, ब्रह्मण्य, शरणपालत्व, अधम-उधारण आदि। चरित, जैसे बालचरित, यशकीर्ति-

प्रतापादिका जिनमें वर्णन ऐसे धनुर्भंग-युद्धादि चरित। जन्म, जैसे कि मत्स्य, कच्छप, नृसिंह, कृष्ण, वराह आदि असंख्यों अवतार लेना। कर्म, जैसे कि वेद-धर्म-संस्थापन आदि। (पं०, वै०)

टिप्पणी—१ *'राम नाम गुन चरित……'* इति। (क) नाम, गुण, चरित, जन्म और कर्म आदिको यहाँ गिनाकर तब कथा कहनेका भाव यह है कि जो कथा हम कहते हैं उसमें श्रीरामनाम, श्रीरामगुण, श्रीरामचरित, श्रीरामजन्म और श्रीरामकर्म ये सभी हैं और सभी सुहाये हैं।[मा० त० वि० कार लिखते हैं कि 'नाम, गुण आदि पाँच गिनाये, मानो पञ्चाङ्गरूपको श्रुतियोंने अगणित भेद करके गाया है'] (ख) [नाम, गुण आदि सभी अनन्त हैं। यथा—*'महिमा नाम रूप गुन गाथा। सकल अमित अनंत रघुनाथा॥'* (७। ९१। ३), *'राम अनंत अनंत गुनानी। जनम करम अनंत नामानी॥ ……रघुपति चरित न बरनि सिराहीं।'* (७। ५२। ३-४)] (ग) *'श्रुति गाए'* यथा—*'जे ब्रह्म अजमद्वैतमनुभवगम्य मनपर ध्यावहीं। ते कहहु जानहु नाथ हम तव सगुन जस नित गावहीं॥'* (७। १३) *'श्रुति गाए'* कथनका भाव कि सब प्रामाणिक हैं। भगवान्‌के जन्म, कर्म सब दिव्य हैं और असंख्य हैं। यथा—**'जन्मकर्म च मे दिव्यम्'** (गीता ४। ९), **'अवतारा ह्यसंख्येया हरेः सत्त्वनिधेर्द्विजाः।'** (भागवत १। ३। २६) *'जथा अनंत राम भगवाना।……'* इति। भाव कि जैसे श्रीरामजी भगवान् (षडैश्वर्ययुक्त) हैं वैसे ही उनके चरित आदि ऐश्वर्यसे भरे हुए हैं; जैसे श्रीरामजीका अन्त नहीं मिलता वैसे ही कथा आदिका भी अन्त नहीं मिलता। [पं० रामकुमारजीने यह अर्थ किया है। पर प्रायः लोग वही अर्थ करते हैं जो ऊपर दिया गया।]

नोट—२ *'जथा अनंत………'* इति। यथा—**'नान्तं विदाम्यहममी मुनयोऽग्रजास्ते मायाबलस्य पुरुषस्य कुतोऽपरे ये। गायन् गुणान् दशशतानन आदिदेवः शेषोऽधुनापि समवस्यति नास्य पारम्॥'** (भा० २। ७। ४१) अर्थात् उन पुराणपुरुषके मायाबलका अन्त न तो मैं ही जानता हूँ और न तुम्हारे अग्रज समस्त (सनकादि) मुनि ही जानते हैं। आदिदेव शेषभगवान् अपने हजार मुखोंसे नित्यप्रति उनका गुणगान करते हुए भी अबतक पार न पा सके। तब और जीव किस गिनतीमें हैं।

३ वे० भू० जी—*'भगवाना'* इति। यह शब्द जीवविशेष और परमात्माके लिये भी शास्त्रोंमें व्यवहृत हुआ है, जिसका कारण यह है कि *'भग'* शब्दसे बहुत-से अर्थोंका ग्रहण किया जाता है। सब शब्दोंमें साधारण और असाधारण दो भेद होते हैं। जो शब्द किसी एकके लिये ही प्रयुक्त किया जा सके, दूसरेमें उसका समावेश न हो उसे असाधारण कहते हैं और जिस शब्दका प्रयोग बहुतोंमें होता है उसे साधारण कहा जाता है। इसलिये असाधारण *'भग'* (ऐश्वर्य) केवल परमात्मामें ही व्यवहृत हो सकता है और साधारणका व्यवहार जीवविशेष, जैसे कि देवताओं और महर्षियों आदिमें करके उन्हें भी भगवान् शब्दसे विशेषित किया गया है। असाधारण भग ये हैं, ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, तेज, वीर्य, पोषणत्व, भरणत्व, धारणत्व, शरण्यत्व, सर्वव्यापकत्व और कारुण्यत्व आदि। यथा—**'ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यतेजोवीर्याण्यशेषतः। भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः॥ पोषणं भरणाधारं शरण्यं सर्वव्यापकम्। कारुण्यं षड्भिः पूर्णो रामस्तु भगवान् स्वयम्॥'** (तत्त्वत्रयभाष्य १-२) इन श्लोकोंमें कहे हुए ऐश्वर्य केवल परमात्माहीके गुण हैं, इसलिये ये असाधारण हुए। साधारण भग ये हैं—**'ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः। ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा॥ उत्पत्तिं प्रलयञ्चैव जीवानामागतिं गतिम्। वेत्ति विद्यामविद्याञ्च स वाच्यो भगवानिति॥'** (वि० पु० ६। ५। ७४,७८) इन श्लोकोंमें कही हुई बातोंके प्राप्त एवं जाननेवालोंको भी भगवान् कहा जाता है और ये सब साधनोंसे प्राप्त एवं ज्योतिष यथा दर्शनोंसे जानी जाती हैं। इसलिये शास्त्रज्ञों, लौकिक ऐश्वर्यशालियों तथा देवताओंको भी भगवान् शब्दसे विशेषित किया जाता है। इन श्लोकोंमें कहे गये भग परमात्मा तथा जीव-विशेषमें भी रहनेसे ये साधारण भग हुए। यही कारण है कि कहीं-कहीं ब्रह्मा, शिव और इन्द्रादि देवताओंको तथा नारद-वसिष्ठादि महर्षियोंको भी अभियुक्तोंने भगवान् शब्दसे विशेषित किया है।

तदपि जथा श्रुत जसि मति मोरी। कहिहौं देखि प्रीति अति तोरी॥ ५॥

शब्दार्थ—तदपि=तथापि; तो भी। जथा श्रुत=सुना हुआ। (१०५। ३-४) देखिये।

अर्थ—तो भी तुम्हारी अत्यन्त प्रीति देखकर मैं कहूँगा, जैसा कुछ मैंने सुना है और जैसी कुछ मेरी बुद्धि है॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'तदपि जथा श्रुत……॥'* ☞अभिमानरहित बोलना उत्तम वक्ता पुरुषोंकी रीति है। इसीसे सभी वक्ताओंने 'दूसरोंसे सुनी हुई' और 'मति-अनुसार' कहा है। (क) *'जथा श्रुत'*, यथा-(१) गोस्वामीजी—*'मैं पुनि निज गुर सन सुनी कथा सो……॥'* (३०)……*भाषाबद्ध करबि मैं सोई।'* (२) याज्ञवल्क्यजी—*'तदपि जथा श्रुत कहौं बखानी।'* (१०५। ४) (३) भुशुण्डिजी—*'संतन्ह सन जस किछु सुनेउँ तुम्हहि सुनायउँ सोइ।'* (७। ९२) तथा यहाँ शिवजी *'जथा श्रुत'* कहते हैं (ख) *'जसि मति मोरी'* (मति-अनुसार); यथा—(१) *'करइ मनोहर मति अनुहारी।'* (तुलसीदासजी ३६। २) (२) *'कहौं सो मति अनुहारि अब……।'* (१। ४७), *'रघुपति कृपा जथा मति गावा। मैं यह पावन चरित सुहावा॥'* (याज्ञवल्क्यजी ७। १३०। ४) (३) *'निज मति सरिस नाथ मैं गाई।'* (७। ९१। १) *'कहेउँ नाथ हरि चरित अनूपा। ब्यास समास स्वमति अनुरूपा॥……नाथ जथामति भाषेउँ राखेउँ नहिं कछु गोइ।'* (भुशुण्डीजी ७। १२३) (४) *'मति अनुरूप* निगम अस गावा।' (वेद १। ११८) (५) *'निज निज मति मुनि हरि गुन गावहिं। निगम सेष सिव पार न पावहिं॥'* (७। ९१। ४) वैसे ही शिवजी भी निरभिमानके वचन कह रहे हैं।

नोट—१ *'जथा श्रुत जसि मति……'* के और भाव—(क) वेदोंने भी इनका वर्णन करके पार न पाया, वे *'नेति नेति'* कहते हैं, 'इति' नहीं लगा पाते, और किसीकी भी बुद्धि वहाँतक नहीं पहुँच सकी, फिर भला और किसीकी क्या सामर्थ्य कि कहे! इसलिये जैसा कुछ हमने सुना-समझा है वह कहता हूँ। (ख) श्रीपार्वतीजीने शिवजीको 'भगवान्', 'समर्थ' आदि विशेषण देकर तब उनसे प्रश्न किये और कथा पूछी हैं; यथा—*'सिव भगवान ज्ञान गुन रासी'*, *'प्रभु समर्थ सर्बग्य सिव सकल कला गुन धाम।'*, *'जोग ज्ञान वैराग्य निधि प्रनत कल्पतरु नाम'*, *'तुम्ह त्रिभुवन गुरु बेद बखाना।'* इसीपर उनका इशारा है। वे कहते हैं कि यह सब ठीक है, पर भगवान् रामचन्द्रजी और उनके चरित इत्यादि अनन्त हैं, हम इतने समर्थ होनेपर भी उनका वर्णन यथार्थ नहीं कर सकते। (ग) इन शब्दोंसे अपने वाक्यको प्रमाणित कर दिखा रहे हैं। अर्थात् यदि उनका अन्त मिल सकता तो हम सब जानते ही होते और कह भी सकते। (घ)*'जथा श्रुत'* कहकर तब *'जसि मति मोरी'* कथनका भाव कि जो कुछ हमने सुना है वह भी सब-का-सब और यथार्थ मैं नहीं कह सकता, जहाँतक मेरी बुद्धिकी पहुँच है वहींतक कह सकूँगा। इससे यह भी जनाया कि सुना बहुत है, इतना ही नहीं कि जितना कहता हूँ। (ङ) अनन्त वस्तुके कथनमें यही होता है कि वह यथाश्रुत और यथामति कहा जाता है।

टिप्पणी—२ *'कहिहौं देखि प्रीति अति तोरी'* इति। ☞यह कथाका उपक्रम है। इसका उपसंहार *'तव मन प्रीति देखि अधिकाई। तब मैं रघुपति कथा सुनाई॥'* (७। १२८। २) पर है। (ख) *'प्रीति अति'*—[श्रीपार्वतीजीने पूर्व कथा-श्रवण-हेतु तीन अधिकारी गिनाये हैं—(१) जो मन, कर्म, वचनसे वक्ताका दास हो। (२) जो अति आर्त्त हो और (३) जो वक्ताका कृपापात्र हो। इन तीनोंमेंसे *'अति आर्त्त'* होना ही *'अति प्रीति'* है, इसीको शिवजीने ग्रहण किया। अतएव जो पार्वतीजीने कहा है कि *'अति आरति पूछौं सुरराया। रघुपति कथा कहहु करि दाया॥'* यही *'अति प्रीति'* है, जिसका देखना शिवजी कह रहे हैं](ग) अति प्रीति देखकर तब कथा कहने-सुनानेका भाव कि कथा, कीर्त्ति, गुण आदि गुह्य (गोपनीय) थे, अति प्रीति देखकर प्रकट किये गये। ☞ उपसंहार भी *'तव मन प्रीति देखि……'* पर करके शिवजी उपदेश कर रहे हैं कि जिसकी श्रीरामकथामें अत्यन्त प्रीति हो उसीको कथा सुनानी चाहिये, प्रीतिरहितको कदापि न सुनावे। इसी प्रकार श्रोताको चाहिये कि पहले अपनेको 'अति आर्त्त अधिकारी' बना ले, तब प्रश्न करे, तो फिर *'गूढ़ौ तत्त्व न साधु दुरावहिं।'* (घ) श्रीशिवजी इन चौपाइयों और शब्दोंसे कथाका प्रारम्भ करते हैं और अन्तमें इन्हीं शब्दोंसे कथाकी समाप्ति करेंगे।—

उपक्रम	उपसंहार
'जथा अनंत राम भगवाना। तथा कथा कीरति गुन नाना॥	१ *'राम अनंत अनंत गुनानी। जनम करम अनंत नामानी॥'* (७। ५२)
रामनाम गुन चरित सुहाये। जनम करम अगनित स्रुति गाये॥'	*स्रुति सारदा न बरनइ पारा।*
'जसि मति मोरी'	२ *मैं सब कही मोरि मति जथा* (उ० ५२)
'कहिहउँ देखि प्रीति अति तोरी'	३ *तव मन प्रीति देखि अधिकाई।.....'*

उमा प्रश्न तव सहज सुहाई। सुखद संत संमत मोहि भाई॥ ६॥
एक बात नहिं मोहि सोहानी। जदपि मोह बस कहेहु भवानी॥ ७॥
तुम्ह जो कहा राम कोउ आना। जेहि श्रुति गाव धरहिं मुनि ध्याना॥ ८॥

शब्दार्थ—संत संमत=संत अनुमत=जिसमें संत भी सहमत हों। सम्मत=सहमत, अनुमत, अनुमोदित। =अनुमति। भाई=अच्छी लगी। (गोस्वामीजी 'प्रश्न' को स्त्रीलिङ्ग मानते हैं, इसीसे उसीके अनुसार 'भाई' क्रिया दी है।)

अर्थ—'हे उमा! तुम्हारे प्रश्न स्वाभाविक ही सुन्दर, सुख देनेवाले और संतसम्मत हैं (अतएव) मुझे भी भाये॥ ६॥ (परंतु) हे भवानी! मुझे एक बात अच्छी नहीं लगी, यद्यपि तुमने मोहवश ही ऐसा कहा (अथवा, यद्यपि तुमने अपनेको मोहके वशमें होना कहा है)॥ ७॥ तुमने जो यह कहा कि 'वे राम कोई और हैं जिन्हें वेद गाते हैं और जिनका ध्यान मुनिलोग करते हैं'॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'उमा प्रश्न.....'* इति। (क) *'संत संमत'* अर्थात् छलरहित हैं; यथा—*'प्रश्न उमा के सहज सुहाई। छल बिहीन सुनि सिव मन भाई॥'* (१। १११। ६)—[इन दोनों चौपाइयोंमें एक ही बात कही गयी है।' (१११। ६) में *'सहज सुहाई'* और *'छल बिहीन'* होनेसे *'मन भाई'* कहा था और यहाँ *'सहज सुहाई', 'सुखद संत संमत'* होनेसे *'मन भाई'* कहा है। इस प्रकार *'सुखद संत संमत'* से *'छल बिहीन'* का अर्थ ग्रहण कराया गया। (ख) *'सहज सुहाई'* के भाव (१११। ६) में देखिये। बैजनाथजी लिखते हैं कि प्रश्न सहज सुन्दर हैं क्योंकि रामतत्त्व-विषयक हैं, इसीसे सबको 'सुखद' हैं। संतसम्मत हैं क्योंकि परमार्थ-साधक हैं; इसीसे मुझे भाये।]

वि० त्रि०—प्रश्नकी प्रशंसा करते हैं। *'जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि'* यह प्रश्न बहुत सुन्दर है और इसमें स्वाभाविकता है। ऐसे मार्मिक प्रश्नके उत्तरमें वक्ताको भी सुख होता है। संतोंकी भी यही सम्मति है कि प्रकृत जिज्ञासुकी यथार्थ जिज्ञासाका उत्तर देना चाहिये। शुष्क तर्ककी प्रतिष्ठा नहीं है। बलवान् तार्किक निर्बलको दबा लेता है और जो उससे भी बड़ा तार्किक है वह उसके तर्कका भी खण्डन कर देता है, अतः शास्त्रकी मर्यादाके भीतर-भीतर तर्क होना चाहिये। तुम्हारा तर्क शास्त्रके भीतर है, शास्त्रके समझनेके लिये है।

टिप्पणी—२ (क) *'एक बात नहिं.......'* भाव कि और सब बातें सुन्दर, सुखद और संतसम्मत हैं, केवल एक ही बात असुन्दर, दुःखद और साधु-असम्मत है; इसीसे वह हमें नहीं अच्छी लगी, अन्य सब अच्छी लगी। [(ख) यहाँपर यह दिखाया है कि रोचक और भय तुल्य होने चाहिये, तभी जिज्ञासुका कल्याण होता है। यदि संकोचवश रोचक-ही-रोचक कहे तो ठीक नहीं और यदि अपनी उत्कृष्टता दिखानेके लिये बहुत ही भय या ताना दे तो वह भी उचित नहीं। वक्ताओंको यह नीति स्मरण रखनी चाहिये। इसी विचारसे श्रीशिवजीने प्रथम पार्वतीजीकी प्रशंसा की, उनके प्रश्नोंको सुन्दर, सुखद, संतसम्मत कहा और तब यह कहा कि *'एक बात नहिं मोहि सोहानी'*। (बाबा रामदासजी, पं० रा० प०) पुनः *'नहिं मोहि सोहानी'* का भाव कि एक प्रश्न जो संतसम्मत नहीं है वह भवानीके मुखसे निकलना न चाहिये था, ऐसा प्रश्न उमा (=महेशकी लक्ष्मी) को लाञ्छनास्पद है। जो प्रश्न शिवजीको अप्रिय लगा उससे उनके

हृदयमें क्रोधका प्रादुर्भाव हुआ है और वे पार्वतीजीको फटकारना चाहते हैं, पर वे भयभीत न हो जायँ, इसलिये सामान्यरूपसे कहेंगे। (प० प० प्र०)] (ग) *'जदपि मोह बस कहेहु'* अर्थात् पक्षपात करके नहीं कही गयी तब भी हमें अच्छी नहीं लगी। ☞ यह बात शिवजीको यहाँतक असह्य हुई कि उनसे रहा न गया, उन्होंने उसे कह ही डाला। वह कौन एक बात है सो आगे कहते हैं। (घ) पूर्व दोहा १०८ में श्रीपार्वतीजीने तीन बातें कहीं। (श्रीरामपरत्वके तीन प्रमाण दिये)—(१)' *'प्रभु जे मुनि परमारथ बादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥'* (२) *'सेस सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥'*, (३) *'तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥'* और अन्तमें कहा *'राम सो अवध नृपतिसुत सोई। की अज अगुन अलख गति कोई॥'* यह अन्तिम बात है। *'की अज अगुन·····'* ही वह बात है जो न सुहाई। *'तुम्ह जो कहा राम कोउ आना'* के *'कोउ आना'* का और *'की·····कोई'* का एक ही अर्थ है। शिवजीको यह बात कितनी दुःखद और नापसन्द (अरुचिकर) एवं असह्य हुई, यह उनके उत्तरके शब्दोंकी स्थितिसे झलक रही है। उन्होंने पार्वतीजीकी तीन बातोंमेंसे दोको *'राम कोउ आना'* के साथ कहा। (अर्थात् *'राम कोउ आना'* कहकर उसी अर्धालीके दूसरे चरणमें *'जेहि श्रुति गाव धरहिं मुनि ध्याना'* इन दो बातोंका वा प्रमाणोंको कहा, अपनेको न कहा)। *'राम कोउ आना'* के साथ अपना नाम नहीं रखा—

पार्वतीजीका प्रश्न		श्रीशिवजीका उत्तर
'सेस सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना'	१	*'जेहि श्रुति गाव'*
'प्रभु जे मुनि परमारथ बादी।'	२	*'धरहिं मुनि ध्याना'*
'तुम्ह पुनि राम राम दिन राती।'	३	इसका उत्तर नहीं दिया।

'राम कोउ आना' के साथ अपना नाम न देकर जनाया कि दाशरथी श्रीरामजीके अतिरिक्त किसी अन्य रामके साथ हमारा नाममात्र भी नहीं है, अन्य रामके प्रतिपादनमें हमारा किञ्चित् कहीं भी सम्बन्ध नहीं है। ☞यह शिवसिद्धान्त है। जहाँ अन्य रामका प्रतिपादन हो वहाँ हमारे सम्बन्धकी कौन कहे वहाँ तो हमारा नाम भी नहीं सुना जायगा।

वि० त्रि०-आँखें तो बहुतोंको हैं, पर सभी रत्नको पहचान नहीं सकते, उन्हें शीशेमें और रत्नमें भेद नहीं मालूम पड़ता, उस भेदको तो केवल जौहरीकी आँखें देखती हैं। अतः रत्नका ग्रहण दो-एक रात्निकोंको दिखाकर, सत्-तर्कद्वारा श्रद्धा करके ही संसार करता है। जो अभागा रात्निकोंपर कुतर्कके बलसे श्रद्धा नहीं करता, वह सदा रत्नसे वञ्चित रहता है। इसी भाँति राम ब्रह्म हैं या नहीं, इसका निर्णय सामान्य पुरुष नहीं कर सकता। इस बातके जौहरी परमार्थवादी मुनि और शेष-शारदादि हैं, उनके वचनपर सत् कर्मद्वारा श्रद्धा करना ही प्राप्त है।

शिवजीका कहना है कि जब तुम स्वयं कहती हो कि *'प्रभु जे मुनि परमारथवादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥ सेष सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥ तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥'* तब तुमने कुतर्कका आश्रय करके इनके वचनोंमें अश्रद्धा क्यों की? ये लोग जब कहते हैं कि ये वही राम हैं, जिनका वेद गुणगान करता है और मुनि ध्यान धरते हैं, तब तुम्हारे मनमें *'राम कोउ आना'* की भावना कैसे उठी? जिसे विशेषज्ञ महात्मा एक स्वरसे कहें उस विषयमें भी संशयको बनाये रखना, यह मोहकी छाया है। यही बात मुझे भी अच्छी न लगी। इस प्रकारकी धारणा तो हरिविमुखोंको होती है, जिनका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। अब उन्हीं हरिविमुखोंकी भर्त्सना पार्वतीजीका भ्रम मिटानेके लिये शिवजी क्रमसे करते हैं।

वै०—*'मोह बस कहेहु'* = तुमने अपने मनको मोहके वश होना कहा है। इस अर्थमें भाव यह है कि इस कथनसे तुम निर्दोष ठहरती हो, मोहवश होनेसे मनुष्य ऐसा कह सकते हैं। शिवजी पार्वतीजीको वचन-दण्ड दे रहे हैं, उनके कथनका अभिप्राय यह है कि तुम कहती हो कि अब पहला-सा विमोह

नहीं किंतु कुछ ही है, अज्ञ जानकर रुष्ट न हूजिये, अब कथा सुननेकी रुचि मुझको है। सो कथा सुननेके लिये तो तुमको मोह नहीं और श्रीरामरूपमें संदेह करनेके लिये मोह है, यद्यपि उनका प्रभाव तुमने भली प्रकार देख लिया है।

जैसे एक बने हुए मतवालेने राजाको गालियाँ दीं। उसके नौकरोंने उसे दण्ड देना चाहा तो राजाने रोक दिया कि वह तो पागल है, अपने होशमें नहीं है, ऐसेको दण्ड देना उचित नहीं। वह और भी शेर हुआ, अधिक गालियाँ देता हुआ आगे चला, जहाँ नदीमें प्रवेश कर पार जाना पड़ता था। वहाँ उसने अपनी जूती उतारकर हाथमें ले ली। तब राजाने उसको दण्ड देनेकी आज्ञा दी और कहा कि गालियाँ देनेके लिये तुझे होश न था और जूती बचानेका होश है! वैसे ही यहाँ शिवजी कहते हैं कि हमारे विचारमें तुम्हें मोह नहीं है, तुमने जान-बूझकर ऐसा प्रश्न किया है इसीसे मुझे यह बात नहीं सुहायी।

नोट—*'भवानी'* सम्बोधनका भाव कि तुम तो भवपत्नी हो, हमसे सम्बन्ध रखनेवालेको ऐसा कदापि न कहना चाहिये था। यही मुझे दुःखी कर रहा है।

दो०—कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जे मोह पिसाच।
पाषंडी हरि पद बिमुख जानहिं झूठ न साच॥११४॥

शब्दार्थ—ग्रसना=बुरी तरह पकड़ना; ऐसा पकड़ना कि छूट न पावे। झूठ=वह बात जो यथार्थ न हो। 'झूठ-साँच कुछ नहीं जानते' यह बोली है, मुहावरा है अर्थात् वे झूठ और सत्यमें फर्क नहीं निकाल सकते, उसका विवेचन नहीं कर सकते।

अर्थ—ऐसा अधम मनुष्य कहते हैं, जिन्हें मोहरूपी पिशाचने ग्रस लिया है, जो पाखण्डी हैं, हरिपदविमुख हैं और झूठ-सच कुछ नहीं जानते*॥११४॥

टिप्पणी—१ (क) *'कहहिं सुनहिं अस अधम·····'* भाव कि न तो ऐसा कहना ही चाहिये और न सुनना ही। *अधम*=अधर्मी। अधर्मी हैं अर्थात् कर्म (कर्मकाण्ड) रहित हैं। *'ग्रसे जे मोह पिसाच'* मोह-पिशाचने ग्रस लिया है अर्थात् ज्ञान (ज्ञानकाण्ड) रहित हैं। 'हरिपदविमुख' हैं अर्थात् उपासना (काण्ड) रहित हैं। इस तरह इन तीन उपाधियोंसे उन लोगोंको जो दाशरथि श्रीरामजीसे भिन्न अन्य 'राम' का प्रतिपादन करते हैं, वेदत्रयी कर्म-ज्ञान-उपासना-काण्डत्रयसे रहित बताया और काण्डत्रयरहित होनेसे इनकी मुक्ति कदापि नहीं हो सकती, सदा संसारचक्रमें पड़े जन्मते-मरते रहेंगे—यह जनाया। (ख) *'ग्रसे जे मोह पिसाच'*—मोहको पिशाचकी उपमा देनेका भाव कि भूत-प्रेत जिसको लगते हैं, जिसके सिरपर सवार होते हैं, वह पागल-सरीखा बोलने लगता है, वैसे ही ये बोलते हैं। जैसे पिशाच सिरपर चढ़कर पिशाचग्रस्तसे जो चाहता है कहलवाता है, वैसे ही मोहरूपी पिशाच इनके सिरपर सवार है, वही इनसे परमेश्वरके विषयमें जैसी-तैसी बातें बकवाता है; यथा—*'बातुल भूत बिबस मतवारे। ते नहिं बोलहिं बचन बिचारे॥'* (११५। ७) *'मरम बचन सुनि राउ कह कहु कछु दोषु न तोर। लागेउ तोहि पिसाच जिमि कालु कहावत मोर॥'* (२। ३५) (ग) *'पाषंडी'* हैं अर्थात् दिखानेभरके लिये करते हैं। [(घ) त्रिपाठीजीका मत है कि 'यह पहिले प्रकारके हरिविमुखों (जिन्होंने *'हरिकथा सुनी नहिं काना'*) के लिये कहते हैं कि ऐसे अधम लोग ऐसी बातें कहते और सुनते हैं। हरिकथा तो कभी सुनी नहीं, वे मिथ्या संसारको ही सत्य माने बैठे हैं, ब्रह्म (सत्य) उनके लिये कोई वस्तु ही नहीं है।']

नोट—*'ग्रसे जे मोह पिशाच'* पाखण्डी इत्यादि विशेषण औरोंके देकर उसके अभिप्रायसे शिवजी पार्वतीजीको धिक्कारते हैं। (वै०) इस भावके अनुसार यहाँ तुल्यप्रधान गुणीभूत व्यंग है—*'चमत्कारमें व्यंग्य*

* कोई-कोई ऐसा अर्थ करते हैं—वे झूठ जानते हैं, सत्य नहीं जानते और कहते हैं कि जैसे संतोंका झूठ बोलना विषके समान जान पड़ता है, वैसे ही खलोंको सत्य बोलना विषके समान जान पड़ता है।—मिथ्या माहुर सज्जनहिं खलहिं गरल सम साँच। तुलसी छुअत पराइ ज्यों पारद पावक आँच॥' (दोहावली ३२९) अतएव इनका झूठ ही जानना कहा।

अरु वाच्य बराबर होय।' तुल्यप्रधान गुणीभूत वहाँ कहा जाता है जहाँ वाच्यार्थ और व्यंग्यार्थ बराबरीके हों। कथन तो यहाँ सर्वसाधारणके लिये है, पर उस सर्वसाधारणमें पार्वतीजी भी आ जाती हैं; अतः उनपर भी घटित हो जाता है, वे चाहें तो ऐसा समझ सकती हैं कि यह सब मुझको कहते हैं। *'मोह पिसाच'* में सम-अभेद रूपक है। पहले एक साधारण बात कहकर कि ऐसा अधम नर कहते हैं, फिर उसका समर्थन विशेष सिद्धान्तसे करना कि जो मोहग्रस्त हैं, पाखण्डी हैं इत्यादि वे ऐसा कह सकते हैं, किन्तु तुम्हारा कहना युक्त नहीं—'अर्थान्तरन्यास' अलंकार है। प्र० स्वामीके टिप्पणी आगेकी चौपाईमें देखिये।

अज्ञ अकोबिद अंध अभागी। काई बिषय मुकुर मन लागी॥ १॥

लंपट कपटी कुटिल बिसेषी। सपनेहु संत सभा नहिं देखी॥ २॥

शब्दार्थ—**अज्ञ**=जिनका धर्मभूत ज्ञान संकुचित हो। **अकोबिद**=शास्त्रजन्य ज्ञानसे रहित।=जो पण्डित नहीं है। **काई**=जङ्ग, मैल, मल। **लंपट**=विषयोंमें लपटे हुए, विषयी, कामी; यथा—*'पर त्रिय लंपट कपट सयाने।'* (७। १००) **कपटी**=जिनके मनमें कुछ हो और बाहर कुछ।—*'मन कपटी तन सज्जन चीन्हा।'*

अर्थ—जो अज्ञानी, अकोविद, अन्धे और भाग्यहीन हैं; जिनके मनरूपी दर्पणमें विषयरूपी मल लगा है॥ १॥ जो विशेषरूपसे लंपट, कपटी और कुटिल हैं, जिन्होंने (जाग्रत्‌की कौन कहे) स्वप्नमें भी सन्तसमाजका दर्शन नहीं किया॥ २॥

टिप्पणी—१ (क) *'अज्ञ'* से ज्ञाननयनरहित जनाया और *'अकोबिद'* से श्रुतिस्मृतिनेत्ररहित। [यथा—वृद्धपाराशरस्मृतौ—**'श्रुतिस्मृती उभे नेत्रे ब्राह्मणानां प्रकीर्त्तिते। एकेन विकलः काणो द्वाभ्यामन्ध इतीरितः॥'** अर्थात् शास्त्रोंमें ब्रह्मवेत्ताओंके वेद और धर्मशास्त्र दो नेत्र कहे गये हैं। इनमेंसे जिसको एकहीका ज्ञान हो दूसरेका न हो वह काना है और जिसे दोनोंका ज्ञान न हो उसे अन्धा कहा गया है। पुनश्च यथा हितोपदेश—**'अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्। सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः॥'** अर्थात् अनेक संशयोंका छेदन करनेवाला और परोक्ष बातोंका दर्शानेवाला शास्त्र सबकी आँख है; जिसे यह न हो अर्थात् जिसे शास्त्रका ज्ञान नहीं है, वह ही अन्धा है]; इसीसे (ज्ञान-श्रुतिस्मृति नेत्रहीन होनेसे) अन्धा कहा। अथवा, (ख) *'अज्ञ अकोबिद'* से भीतर (हृदय) के नेत्रोंसे रहित कहा और *'अन्ध'* से बाहरके नेत्रोंसे रहित जनाया (अर्थात् इनके भीतरकी और बाहरकी दोनों ही फूटीं); क्योंकि सगुण ब्रह्म बाहरके नेत्रोंसे देख पड़ता है। आगे इसीको स्पष्ट करके लिखते हैं—*'मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना। रामरूप देखहिं किमि दीना॥'* (ग) [मा० पी० प्र० सं०—*'अज्ञ अकोबिद'''''* का अन्वय वा सम्बन्ध चौथी चौ० *'मुकुर मलिन'''''* से है। *'अज्ञ'* हैं अर्थात् ज्ञान-वैराग्य-नेत्रहीन हैं। ''''ज्ञान-वैराग्य और श्रुतिस्मृति ये ही दो नेत्र कहे गये हैं, यथा—*'ज्ञान बिराग नयन* उरगारी।' (७। १२०)''''''']

प० प० प्र०—मोह पिशाचग्रस्त=विमोहवश। पाखण्डी=न धर्मरति। हरिपदबिमुख=हरिविमुख। जानहि झूठ न साँच=मतिमन्द। इस प्रकार यहाँ चारको कहा, पर इनमें प्रथम मोहपिशाचग्रस्तोंका उल्लेख पार्वतीजीपर कटाक्ष करके ही किया है। इन चारोंको ही आगे क्रमशः अभागी, अन्ध, अकोविद और अज्ञ कहते हैं, यथा—*'अज्ञ अकोबिद अंध अभागी।'* पर चौपाईमें क्रम उलटा है। कारण कि शिवजीने पार्वतीजीके मोहसे ही उपक्रम किया है और अन्तमें उपसंहार भी पार्वतीमोहके विषयमें ही करना है।

सती-पार्वती, गरुड़, नारदादि ज्ञानीको मोह होता है, वे अभागी हैं। पाखण्डी=जो वेदविरोधी रावणादि राक्षसोंके समान हैं, अपनी सत्ता, ऐश्वर्यादिके अभिमानसे, मदसे अन्धे हो जाते हैं; जिससे रामलीलाका रहस्य उनकी समझमें नहीं आता। हरिपदविमुख, हरिभक्तिविहीन, हरिविरोधी, अकोविद है, वह उलटा ही जानता है और जो अज्ञ अर्थात् मतिमन्द है, वह झूठ और सत्य कुछ नहीं जानता, उसको शास्त्र-ज्ञान आदि कुछ नहीं है।

ऐसे चार प्रकार न माननेसे भरद्वाज, गरुड़, सती, पार्वती आदिको भी पाखण्डी और हरिविरोधी कहना पड़ेगा; पर ऐसा मानना सत्यका अपलाप और सन्तोंकी निन्दा ही ठहरेगी। (आगे शृङ्खला ११५। ३-४ में देखिये।)

वि० त्रि०—वेद-असम्मत वाणी बोलनेवाले, यदि विज्ञ भी हों तो उन्हें अज्ञ ही समझना चाहिये। जिसे इतना अभिमान है कि अपनी समझके सामने ईश्वरीय वाणीको नहीं गिनता, अथवा ऐसा अविश्वासी है कि सनातन वेदपर विश्वास नहीं करता, अथवा मनसे भी अचिन्त्य रचनावाले संसारको देखनेपर भी उसके रचयिताकी ओर जिसका ध्यान नहीं जाता, वह विज्ञ होनेपर भी अज्ञ है, कोविद (पण्डित) होनेपर भी मूर्ख है, आँख रहते अन्धा है।""यदि ईश्वरमें विश्वास हो तो यह बात भी समझमें आवे कि इस विश्वका रचनेवाला विश्वके कल्याणके लिये बिना कुछ उपदेश दिये उसे उपेक्षित नहीं छोड़ सकता। अतः उसे वेद-शास्त्रकी आवश्यकता मालूम पड़ेगी और जिसे ईश्वरपर विश्वास नहीं वह वेद क्यों मानेगा? तब वह अभागी है, भव-भंजनपदविमुख है, मुनि-जन-धन-सर्वस्व शिव प्राण उसके भाग्यमें नहीं, वह सदा जन्म-मरणरूपी संसारमें पड़ा हुआ अधमगतिको प्राप्त होता चला जायगा।

टिप्पणी—२ *'काई बिषय मुकुर मन लागी'* इति। (क) विषयरूपी काई मनरूपी दर्पणमें लगी हुई है अर्थात् मन विषयी हो रहा है, तब रामरूप कैसे देख पड़े? यथा—*'राम प्रेम पथ पेखिये दिए विषय तन पीठि। तुलसी केंचुरि परिहरे होत साँपहू डीठि॥'* (दोहावली ८२) अर्थात् श्रीरामप्रेमगली तभी देख पड़ती है जब विषयको पीठ दे, उससे विमुख हो जाय, जैसे सर्पको उस समयतक नहीं सूझ पड़ता जबतक केंचुल उसके शरीरको आच्छादित किये रहती है।

टिप्पणी—३ *'लंपट कपटी कुटिल......'* इति। (क) [लंपट अर्थात् कामी, परस्त्रीगामी, व्यभिचारी हैं, इसीसे उनके मनमें कपट रहता है, स्वकार्य साधनार्थ वे कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं और मनमें उनके कुछ है, सारा व्यवहार कपटका रहता है, अतः कपटी कहा। कुटिल हैं अर्थात् टेढ़ी चाल चलते हैं। वि० त्रि० लिखते हैं कि 'कपटी अपनी अन्तरात्मासे कपट करता है, उसे सत्यज्ञान हो ही नहीं सकता। यथा—*'कपट करौं अंतरजामिहु ते अघ ब्यापकहि दुरावौं।'* कुटिल परम सरल वचनमें भी पेंच देखता है, यथा—*'चलै जोंक जिमि बक्रगति जद्यपि सलिल समान।'* ऐसे लोगोंको वेदपर विश्वास नहीं हो सकता।'] *'सपनेहु'* का भाव कि सन्तसमाजका दर्शन बड़े भाग्यसे होता है, यथा—*'बड़े भाग पाइब सतसंगा।'* (७। ३३। ८) जब बड़े भाग्य उदय हों तभी दर्शन होता है, सामान्य भाग्यसे सन्त-दर्शन नहीं मिलता। और, इनके न तो बड़ा भाग्य है और न सामान्य ही; ये तो अभागे हैं। इसीसे इन्हें स्वप्नमें भी सन्त-सभाके दर्शन नहीं हुए। [पुनः, भाव कि जाग्रदवस्थामें दर्शन होना बड़ा भाग्य है। यह न हो, पर कदाचित् स्वप्नमें ही सन्तोंके दर्शन हो जायँ तो भी भाग्य ही समझना चाहिये, यद्यपि यह सामान्य ही है, पर ये पूरे अभागी हैं, क्योंकि इन्हें कभी स्वप्नमें भी दर्शन नहीं हुआ। पुनः, मुहावरेके अनुसार *'सपनेहु'* का भाव 'कभी भी', 'भूलेसे भी' है। पुनः, ऊपर जो *'अज्ञ अकोबिद अंध अभागी'* कहा था उसीके सम्बन्धसे यहाँ *'सपनेहु संत सभा....'* कहा। अन्धे भी स्वप्न देखते हैं, पर ये ऐसे अभागे हैं कि इन्होंने कभी स्वप्न भी सन्तोंका नहीं देखा। पुनः, भाव कि मनुष्य जो व्यवहार दिनमें करता है, प्रायः वही उसे स्वप्नमें देख पड़ता है और ये तो लंपट हैं, इनका व्यवहार कपट एवं कुटिलताका रहता है, अतएव इन्हें वही स्वप्नमें दीखेगा। जाग्रत्‌में संत-समागम किया होता तो स्वप्नमें भी सम्भव था।—स्वप्नमें भी किये हुए सत्सङ्गका प्रभाव श्रीवसिष्ठजी तथा श्रीविश्वामित्रजीके उस प्रसङ्गसे अत्यन्त स्पष्ट हो जाता है, जब कि पचास हजार वर्षके कठिन तपके फलपर विश्वामित्रजी अपने सिरपर पृथ्वी न धारण कर सके और वसिष्ठजी स्वप्नमें किये हुए केवल दो घड़ीके सत्सङ्गके फलपर पृथ्वीको अपने सिरपर धारण करनेको समर्थ हुए थे। स्वप्नके सत्संगका यह प्रभाव है, अतः *'सपनेहु संत सभा नहिं देखी'* का भाव कि स्वप्नमें भी सत्सङ्ग होना दुर्लभ पदार्थ है, यदि हो जाता

तो वे सुधर जाते, संत-असम्मत वाणी न कहते। पुनः, भाव कि इनका साथ सदा असंतोंका रहता है, अतः ये सब आचरण इनमें हैं]। ☞ *'संतसभा नहिं देखी'* का भाव कि संतदर्शनसे बुद्धि निर्मल हो जाती है। यथा—*'संत दरस जिमि पातक टरई।'* (४। १७), *'काक होहिं पिक बकउ मराला', 'सठ सुधरहिं सतसंगति पाई।'* (१। ३) इन्होंने दर्शन नहीं किया; इसीसे मलिनबुद्धि बने रहे।

कहहिं ते बेद असंमत बानी। जिन्ह[1] के सूझ लाभु नहिं हानी॥ ३॥
मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना। राम रूप देखहिं किमि दीना॥ ४॥

शब्दार्थ—**बेद असंमत**=वेदविरुद्ध, वेदोंके प्रतिकूल।

अर्थ—जिन्हें अपना हानि-लाभ नहीं सूझता, वे ही वेदविरुद्ध वचन कहते हैं॥ ३॥ (उनका मनरूपी) दर्पण मैला है और वे नेत्ररहित हैं, तब भला वे बेचारे श्रीरामरूप कैसे देखें?॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'कहहिं ते बेद'''''* इति। *'संतसभा नहिं देखी'* से संत-विरुद्ध और *'बेद असंमत'* से वेद-विरुद्ध। अर्थात् उनकी वाणी सन्त और श्रुति दोनोंसे विरुद्ध है; अतएव वह प्रमाण नहीं है। इससे जनाया कि तुम्हारी *'राम कोउ आना'* वाली बात संत-श्रुति-असंमत है। (ख) *'लाभ नहिं हानी'* इति। लाभ क्या है? रघुपति-भक्तिका होना। यथा—*'लाभु कि किछु हरिभगति समाना।'* (७। ११२। ८) *'लाभ कि रघुपति भगति अकुंठा।'* (६। २६। ८) 'हानि क्या है? नरतन पाकर भी भगवद्भक्ति न करना। यथा—*'हानि कि जग एहि सम किछु भाई। भजिअ न रामहि नर तनु पाई॥'* (७। ११२। ९) [पुनः यथा—*'तुलसी हठि हठि कहत नित चितु सुनि हित करि मानि। लाभ राम सुमिरन बड़ो बड़ी बिसारे हानि॥'* (दोहावली २१)] (ग) *'सूझ'*—ऊपर इनको 'अंध' कह आये, इसीसे यहाँ न सूझना कहा, क्योंकि अन्धेको सूझता नहीं। लाभ और हानि इनको नहीं सूझते; यथा—*'परमारथ पहिचानि मति लसति बिषय लपटानि। मनहु चिता ते अधजरत तुलसी सती परानि॥'* इति। (दोहावली) अर्थात् परमार्थको जानकर भी बुद्धि विषयमें लपटी रहती है; इनकी दशा वैसी ही शोचनीय है जैसे कोई स्त्री सती होने जाय और अधजली होकर उठ भागे।]

प० प० प्र०—*'काई बिषय मुकुर मन लागी॥ लंपट कपटी कुटिल बिसेखी। सपनेहु संतसभा नहिं देखी॥'*— ये हैं वेद-असम्मत वाणी कहनेके कारण और *'जिन्ह के सूझ लाभ नहिं हानी',* कारण भी चार ही गिनाये हैं। चारोंको लाभ-हानि नहीं सूझती। जिन्होंने स्वप्नमें भी सन्तसभा नहीं देखी वे अकोविद होते हैं। जो अन्धे हैं वे मदान्ध हैं, वे विशेष विषयलंपट, विशेष कपटी और विशेष कुटिल बनते हैं जैसे रावण। अज्ञ और अन्ध-अकोविद लोगोंके मनपर विषय-काई लगी रहती है।—ऐसे चार भेद न माननेसे सती, पार्वती, गरुड़को लंपट, कपटी, कुटिल विशेष आदि मानना पड़ेगा। सतीने कपट तो किया ही, पर विशेष नहीं किया और लंपटादि नहीं हैं यह है दुर्जनोंका लक्षण। जो अभागी हैं ये *'हरि मायाबल जगत भ्रमाहीं।'* शेष तीन अविद्या मायावश भ्रमते रहते हैं।' (शृङ्खलाके लिये ११५। ७-८ में देखिये)

वि० त्रि०—वेद तो कहता है कि '**चिन्मयेऽस्मिन् महाविष्णौ जाते दशरथे हरौ। रघोः कुलेऽखिलं राति राजते यो महीस्थितः।**' (रा० पू० ता० उ०) (अर्थात्) चिन्मय महाविष्णु हरि रघुकुलमें श्रीदशरथजीके यहाँ उत्पन्न हुए। रामरहस्योपनिषद् कहता है कि '**राम एव परं ब्रह्म राम एव परं तपः। राम एव परं तत्त्वं श्रीरामो ब्रह्म नापरम्॥**' और मुक्तिकोपनिषद्में कहा है कि '**राम त्वं परमात्मासि सच्चिदानन्दविग्रहः। इदानीं त्वां रघुश्रेष्ठ प्रणमामि मुहुर्मुहुः॥**' राम! आप परमात्मा सच्चिदानन्दविग्रह हैं। हे रघुश्रेष्ठ! आपको बार-बार प्रणाम। सामवेदके उत्तरार्चिक अ० १५ खं० २ सू० १ मं० ३ में संक्षेपसे रामकथा भी वर्णित है—'**भद्रो भद्रया सह सचमान आगात् स्वसारं जारोऽभ्येति पश्चात्। सुप्रकेतैर्द्युभिरग्निर्वितिष्ठन्नुशद्भिर्वर्णैरभिराममस्थात्॥**' (**भद्रः कल्याणकरो रामचन्द्रो भद्रया सीतया सचमानः सहितः यदा वनमागात् तदा**

१ जिन्हहिं न—१७२१, १७६२ छ० को० रा०। जिन्हके—१६६१, १७०४।

जारः धर्मविरुद्धाचरणेन स्वायुषो जरयिता रावणः पश्चाद् रामसान्निध्ये स्वसारं स्वपित्रादिऋषिरक्तोत्पन्नत्वेन भगिनीतुल्यां सीताम् अभ्येति हरणार्थमायात् तदनन्तरं सुप्रकेतैः शोभनध्वजैः द्युभिः अलौकिकैरुशद्भिः कमनीयैर्वर्णै रथैः कुम्भकर्णादिश्च सह अग्निः क्रोधाग्निप्रज्वलितहृदयो रावणः वितिष्ठन् युद्धाय सन्नद्धः सन् रामम् अभिस्थात् रामस्य सान्निध्यं गतवान्।) अर्थात् कल्याणकर श्रीरामचन्द्र जब कल्याणकरी सीताजीके साथ वन गये, तब धर्म-विरुद्धाचरणसे अपने-आपको नष्ट करनेवाले रावणने रामजीकी अनुपस्थितिमें स्वपित्रादि ऋषियोंके रक्तसे उत्पन्न भगिनीके समान सीताके समीप जाकर उन्हें हरण किया; तदनन्तर क्रोधाग्निसे जलता हुआ वह विचित्र वर्णवाले रथोंसे सज्जित होकर कुम्भकर्णादिकोंसे युक्त, रामजीके साथ युद्ध करने गया।' मन्त्ररामायण प्रसिद्ध ही है; पर वे कहेंगे कि राम कोई दूसरे हैं।

टिप्पणी—२*'मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना।……'* इति। (क) *'मुकुर'* का भाव कि निर्मल मनसे श्रीरामजी देख पड़ते हैं। यथा—*'निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा॥'* (५। ४४) *'नयन'* का भाव कि श्रुतिस्मृति-ज्ञानसे श्रीरामरूप देख पड़ता है, पर इनका मन-मुकुर मलिन है और श्रुतिस्मृति-ज्ञान-नेत्र इनके नहीं हैं, अतः इन्हें नहीं सूझता। *'मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना'* की व्याख्या *'अज्ञ अकोबिद अंध अभागी। काई बिषय मुकुर मन लागी॥'* में कर आये हैं, पर वहाँ *'रामरूप देखहिं किमि दीना'* यह नहीं कहा था, इसीसे इसकी व्याख्या वहाँ नहीं की गयी। (ख)*'रामरूप देखहिं किमि'* का भाव कि बिना रामरूप देखे वेद-असंमत-वाणी कहते हैं, यदि रामरूप देख पड़े तो ऐसा न कहें। ☞जिन्हें पूर्व कह आये और जिन्हें 'पर' (आगे) कहेंगे वे सब रामरूप देखनेके अधिकारी नहीं हैं। (ग) *'देखहिं किमि दीना'* इति। शंका—'दीन तो भगवान्‌को प्रिय हैं; यथा—*'जेहि दीन पिआरे बेद पुकारे द्रवउ सो श्रीभगवाना।'* (१। १८६) और दर्शनके अधिकारी हैं (यथा—*'नाथ सकल साधन मैं हीना। कीन्ही कृपा जानि जन दीना॥'* (३। ८। ४)*'हे बिधि दीनबंधु रघुराया। मो से सठ पर करिहहिं दाया॥'* (३। १०। ४)*'एहि दिवान दिन दीन कनिगरे रीति सदा चलि आई।'* (विनय), तब यहाँ *'देखहिं किमि दीना'* कैसे कहा ?' समाधान यह है कि जिन दिव्य गुणोंसे भगवान् देख पड़ते हैं, उन गुणोंसे ये हीन हैं, ऐसे दीन रामरूप देखनेके अधिकारी नहीं हैं। जो दीन भगवान्‌को प्रिय हैं वह सब दिव्य गुणोंसे पूर्ण हैं, पर अपनेको सबसे छोटा वा तुच्छ मानते हैं। गीताके **'अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रिताः।'** (९। ११) ही यहाँके 'दीन' हैं।

नोट—१ यहाँ मुकुरकी उत्प्रेक्षासे अपने हृदयमें श्रीरामजीको देखना कहा, क्योंकि मन वा अन्तःकरणमें ही ज्ञान-वैराग्य नेत्र हैं और वहीं श्रीरामरूप भी है। यथा—*'दूरि न सो हितू हेरु हिये ही है।'* (वि० १३५) *'परिहरि हृदयकमल रघुनाथहि बाहेर फिरत बिकल भयो धायो।'* (वि० २४४) (बाबा रामदासजी)।

नोट—२ (क) मानस-तत्त्व-विवरणकार लिखते हैं कि 'यहाँ उपमेयलुप्ता अलंकार है। विषयसे अन्तःक़रण मलिन हो रहा है—**'ज्ञानं चाप्रतिमं तस्य त्रिकालविषयं भवेत्। दूरश्रुतिर्दूरदृष्टिः स्वेच्छया खगतां व्रजेत्॥'** इति (शिवसंहिता) इसलिये सफाई जरूरी है सो हुई नहीं। एवं जो सन्तरहस्य है—*'उलट नयना देख ले अपना राम अपनेमें'* सो इससे भी हीन हैं एवं रामधन-रहित हैं तो रामरूप कैसे देख सकें? अथवा दो जनोंको निकट वस्तु देखना अगम है। एक वह जिसका दूरबीन मलिन है, दूसरा जिसे मोतियाबिन्द हो और रामरूप तो दूरसे भी दूर और निकटसे भी निकटतर है। दूरबीनका मुकुर मानसचक्र है, उसमें जंग लगा अर्थात् अगोचरीमुद्रा सिद्ध नहीं हुई है। पुनः, श्रुति-स्मृतिरूपी नेत्र होते तो भी रामरूप देख पड़ता; क्योंकि श्रुतिस्मृतिके नेत्र रामनाम हैं, यथा—'लोचनस्तु श्रुतीनाम्।' यह भेद उनको नहीं मिला, अतएव वे रामरूप कैसे देख सकें।'' (ख) प्रोफे० दीनजी कहते हैं कि*'मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना'* में 'रूपकातिशयोक्ति' अलंकार है। (ग) रा० प्र० कार लिखते हैं कि *'मुकुर मलिन……'* का भाव यह है कि 'विवेक रहित हैं। कदाचित मोतियाबिन्द आदिसे जब नहीं सूझता है तब ऐनक लगाते हैं सो वह भी मलिन है, अर्थात् देखनेके उपयोगी नहीं। यहाँ मुकुर-स्थानमें उपदेष्टाको जानो।' (घ) बैजनाथजी

लिखते हैं कि 'मनरूपी दर्पण तो विषयरूप मल लगनेसे मलिन है, फिर वे विचार-विवेकरूपी नेत्रोंसे रहित हैं, उनको अपना ही रूप नहीं सूझता है तब रामरूप कैसे देख पड़े? मनदर्पण अमल आत्मरूपके सम्मुख हो और विचार-विवेक नेत्र हों तो अपना रूप देखे और वैराग्य-सन्तोषकी सहायतासे सावधान होवे तब आत्मरूपके बुद्धि-विज्ञान नेत्रोंसे रामरूप देख पड़े। जो अपना ही आत्मरूप भूला है और बुद्धि ज्ञानहीन विषयवश है वह दीन रामरूप कैसे जाने? यहाँ गुण देख उपमेयका उपमानमें आरोप होनेसे 'गौणी साध्यावसाना लक्षणा' है।'

☞नोट—३ विषयकाईके दूर करनेकी ओषधि भी गोस्वामीजीने बतायी है। वह यह कि गुरुपद-रजके सेवनसे मलिनता दूर होती है। यथा—*'श्रीगुरुचरन सरोजरज निज मन मुकुर सुधारि।'* पुन:, यथा—*'गुरु पद रज मृदु मंजुल अंजन। नयन अमिय दृग दोष बिभंजन॥'*

जिन्ह के अगुन न सगुन बिबेका। जल्पहिं कल्पित बचन अनेका॥५॥
हरि माया बस जगत भ्रमाहीं। तिन्हहिं कहत कछु अघटित नाहीं॥६॥

शब्दार्थ—जलपना=बकना, डींग मारना, बकवाद करना, बढ़-बढ़कर बातें करना, शेखी बघारना। यथा—*'एहि बिधि जल्पत भयउ बिहाना।'* (६। ७१। ९) *'जनि जल्पसि जड़ जंतु कपि सठ बिलोकु मम बाहु।'* (६। २२) *'सत्य सत्य सब तव प्रभुताई। जल्पसि जनि देखाउ मनुसाई॥'* (६। ८९। १०) *'जनि जल्पना करि सुजस नासहि......'* (६। ८९) कल्पित=मनसे गढ़े हुए, मनगढ़न्त; यथा—*'दंभिन्ह निज मति कल्पि करि प्रगट किए बहु पंथ।'* (७। ९७) भ्रमाहीं=भ्रमते रहते हैं, जन्म-मरणके चक्रमें चक्कर खाते रहते हैं। ☞ **'भ्रमाना'** भ्रमनाकी सकर्मक क्रिया है परंतु यहाँ वह अकर्मक क्रियाके ही अर्थमें है। **अघटित**=अयोग्य, अशोभित, अनुचित, कुछ आश्चर्यकी बात।

अर्थ—जिनके निर्गुण-सगुणका विवेक नहीं है, वे अनेक मनगढ़न्त बातें बकते हैं॥५॥ भगवान्‌की मायाके वशमें होकर वे संसारमें चक्कर खा रहे हैं। उनके लिये तो कुछ भी कह डालना असम्भव नहीं है (अर्थात् वे सभी तरहकी बेढंगी बातें कह सकते हैं, उनका कुछ भी कह डालना आश्चर्यकी बात नहीं)॥६॥

टिप्पणी—१ (क) *'अगुन न सगुन बिबेका'* इति। अगुण-सगुणका विवेक यह है कि जब वह अव्यक्त रहता है तब अगुण, निर्गुण वा अव्यक्त कहलाता है और जब प्रत्यक्ष दिखायी देता है तब वही सगुण कहा जाता है, दोनोंमें वास्तविक भेद नहीं है। यथा—*'एक दारु गत देखिअ एकू। पावक सम जुग ब्रह्म बिबेकू॥'* (१। २३। ४) अर्थात् निर्गुण काष्ठके भीतरके अव्यक्त, अप्रकट अग्निके समान है और सगुण प्रत्यक्ष वा व्यक्त अग्निके समान है। जैसे *'अति संघर्षन कर जो कोई। अनल प्रगट चंदन ते होई॥'*, वैसे ही जो निर्गुण *'एक अनीह अरूप अनामा। अज सच्चिदानंद परधामा॥'* ...... इत्यादि विशेषणोंसे युक्त है वह भी *'नाम निरूपन नाम जतन ते'* प्रकट हो जाता है—*'सोउ प्रगटत जिमि मोल रतन ते'*, पुन:, प्रेमकी अधिकतासे प्रकट हो जाता है; यथा—*'प्रेम ते प्रभु प्रगटइ जिमि आगी'*, *'नेम प्रेमु संकर कर देखा। ......प्रगटे राम कृतग्य कृपाला।'* (१। ७६) इत्यादि। विशेष (१। २३। ४) में देखिये। एवं श्रीशिवजी भी अगुण-सगुणका विवेक आगे स्वयं ही कहते हैं—*'सगुनहिं अगुनहिं नहिं कछु भेदा। ......जलु हिम उपल बिलग नहिं जैसे।'* (११६। १-३) (ख) *'जल्पहिं कल्पित बचन'* अर्थात् वेद-असम्मत वाणी कहते हैं। वेदविरुद्ध होनेसे *'कल्पित'* कहा। (ग) *'रामरूप देखहिं किमि दीना'* और *'जल्पहिं कल्पित बचन'* दोनों बातें कहकर जनाया कि श्रीरामरूप तो देखते नहीं और बातें बहुत गढ़ते-बकते हैं।

टिप्पणी—२ *'हरि माया बस......'* इति। (क) अर्थात् अविद्यामायाके वश हैं। (हरिमाया दो प्रकारकी है, एक विद्या, दूसरी अविद्या। जीव अविद्या मायाके वश जगत्‌में जन्म-मरणके चक्रमें पड़े भ्रमण करते रहते हैं, चौरासी भोगते हैं, बारम्बार जन्म लेते और मरते रहते हैं। यथा—*'तेहि कर भेद सुनहु तुम्ह सोऊ। बिद्या अपर अबिद्या दोऊ॥ एक दुष्ट अतिसय दुखरूपा। जा बस जीव परा भव कूपा॥ एक रचइ जग गुन बस जाकें। प्रभु प्रेरित नहिं निज बल ताकें॥'* (३। १५। ४—६) अत: यहाँ अविद्यामायावश

होना ही अभिप्रेत है।') (ख) *'तिन्हहि कहत……'* अर्थात् अज्ञानकी बातें जो वे कहते हैं वे सब उनमें घटित हैं, उनके योग्य ही हैं। (ग) ☞ऐसा ही भुशुण्डिजीने कहा है। यथा—*'माया बस मतिमंद अभागी। हृदय जमनिका बहु बिधि लागी॥ ते सठ हठ बस संसय करहीं। निज अज्ञान राम पर धरहीं॥ काम क्रोध मद लोभरत गृहासक्त दुख रूप। ते किमि जानहिं रघुपतिहि मूढ़ परे तम कूप॥'* (७। ७३) इस तरह शिवजी और भुशुण्डिजीका एक ही सिद्धान्त है। [जिसने हरिभक्तिको हृदयमें स्थान नहीं दिया उस चौथे प्रकारके हरिविमुखके विषयमें यह कहा गया है। (वि० त्रि०)]

बातुल भूत बिबस मतवारे। ते नहिं बोलहिं बचन बिचारे॥ ७॥
जिन्ह कृत महामोह मद पाना। तिन्ह कर कहा करिअ नहिं काना॥ ८॥

शब्दार्थ—**बातुल**=जिसको बात वा बाई चढ़ी है; बावला; सिड़ी; पागल। **भूत बिबस**=जिसके शरीरमें भूतप्रेत समा गया है, भूतका आवेश है; प्रेतग्रस्त। **मतवारे** (मतवाले)=जो मदिरा, भंग, धतूर आदि मादक पदार्थ खाकर पागल हो जाते हैं; उन्मत्त; नशेमें चूर। कान करना=सुनना। यथा—*'तेइ कछु कान न कीन्ह कुटिल प्रबोधी कूबरी।'* (२। ५०) यह मुहावरा है।

अर्थ—जिन्हें सन्निपात हो गया है, जो पागल हैं, जो भूत (प्रेतों) के विशेष वश हैं, जो मतवाले हैं, ऐसे लोग विचारकर वचन नहीं बोलते। जिन्होंने महामोहरूपी मदिरा पी है, उनके कथन (वचनों, बातों) पर कान न देना चाहिये॥ ७-८॥

टिप्पणी—१ *'बातुल भूत बिबस मतवारे'* का दूसरा अर्थ इस प्रकार भी होता है कि*'बातुल'* से लोभी (यथा—*'लोभ बात नहिं ताहि बुझावा।'* (७।१२०।४) वा कामी (यथा—*'काम बात कफ लोभ अपारा।'* (७। १२१। ३०) *'भूत बिबस'* से मोहग्रस्त (यथा—*'ग्रसे जे मोह पिसाच।'* (११४) और *'मतवारे'* से महामोही (यथा—*'जिन्ह कृत महामोह मद पाना'*) का ग्रहण कर लें तो भाव यह होगा कि लंपट (कामी, लोभी), *'ग्रसे जे मोह पिसाच'* और महामोही—ये कोई विचारकर वचन नहीं बोलते। इनके कथनपर कान न देना चाहिये, पर यह अर्थ शिथिल है, क्योंकि एक ही बात दो जगह कहनेसे पुनरुक्ति दोष आता है।—पूर्व जो *'ग्रसे जे मोह पिसाच'* कहा उसीको यहाँ *'भूत बिबस'* कहा, [क्योंकि भूत और पिशाच प्रायः एक ही हैं। पूर्व जो*'लंपट कपटी कुटिल'* कहा, वही यहाँ *'बातुल'* हैं; क्योंकि लंपट कामीको कहते हैं; यथा—*'परतिय लंपट कपट सयाने'*; और कामको बात कहा ही है—*'काम बात""।'* (७। १२१) वातग्रस्तको बातुल कहते हैं];*'जिन्ह कृत महामोह मद पाना'* कहनेसे *'मतवारे'* का कथन हो चुका, तब पुनः, *'मतवारे'* कहनेका प्रयोजन ही क्या रह गया? यदि कविको यह अर्थ अभीष्ट होता तो विकारोंके नाम खोलकर लिखते; जैसे *'मोह'* को पिशाच और महामोहको मादक कहा था।

टिप्पणी—२ *'जिन्ह कृत महामोह मद पाना।……'* इति (क) ☞*'मोह'* को पिशाच कहा—*'ग्रसे जे मोह पिसाच'*। *'महामोह'* को मादक (मद्य) कहा। तात्पर्य कि पञ्चपर्वा अविद्याके भेदोंमेंसे मोह और महामोह भी दो भेद हैं। यथा—**'तमोऽविवेको मोहः स्यादन्तःकरणविभ्रमः। महामोहस्तु विज्ञेयो ग्राम्यभोगसुखैषणा॥ मरणं ह्यन्धतामिस्रं तामिस्रं क्रोध उच्यते। अविद्या पञ्चपर्वैषा समुद्भूता महात्मनः॥'**, (विष्णुपुराण) अर्थात् अविवेकको तम कहते हैं, मनके भ्रमको मोह, विषयसुखकी इच्छाको महामोह, मरणको अंधतामिस्र और क्रोधको तामिस्र कहते हैं। इस प्रकार परब्रह्म परमात्मासे ये पाँच प्रकारकी अविद्या प्रकट हुई हैं। (१३६। ५-६) भी देखिये*। (ख) यह प्रसंग *'मोह'* से उठाया था—*'ग्रसे जे मोह पिसाच'*, और *'महामोह'* पर समाप्त किया—*'जिन्ह कृत महामोह मद……'*। आदि-अन्तमें मोहको लिखनेका भाव कि जितने

* मानस तथा गोस्वामीजीके अन्य ग्रन्थोंमें तम और महामोह ये शब्द यत्र-तत्र आये हैं। इनका अर्थ प्रसंगानुसार जहाँ जैसा है वहाँ वैसा मानसपीयूषमें लिखा ही गया है। टीकाकारोंने इनके अर्थोंके भेद जो लिखे हैं वह भी इनमें दिये गये हैं। यहाँपर पं० रामकुमारजीने मोह और महामोह दोनों शब्दोंके प्रयोगका कारण यह बताया है कि पञ्चपर्वा अविद्यामें ये दोनों नाम हैं।

अवगुण इनके बीचमें वर्णन किये गये, वे सब मोह और महामोहके अन्तर्गत हैं। पुनः, (ग) अनधिकारी कुतर्कियोंका प्रसङ्ग 'मोह' से उठाकर (यथा—'*कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जे मोह पिसाच॥*' (११४) यहाँ महामोहपर समाप्त करनेका तात्पर्य यह है कि मोह सभी अवगुणोंका मूल है, यथा—'*मोह सकल ब्याधिन्ह कर मूला॥*' (७। १२१। २९) '*मोह मूल बहु सूलप्रद त्यागहु तम अभिमान।*' [(घ) '*महामोहमद पाना*' का भाव कि साधारण मदिरासे माते हुएके वाक्यका कोई प्रमाण नहीं करते; क्योंकि वे तो अनाप-शनाप बका ही करते हैं, तब जो महामोहरूपी मदिरा पीकर मतवाले हुए हैं उनकी कौन कहे? (रा० प्र०)] (ङ) ☞जो-जो श्रीरामजीमें कुतर्क करनेवाले हैं, उन-उनके नाम यहाँतक गिनाये कि इतने लोगोंकी बातें न सुननी चाहिये। यहाँतक कहनेवालोंकी छः कोटियाँ कीं। प्रत्येक कोटिमें 'कहना' है। यथा—(१) '*कहहिं सुनहिं अस*.....।' (११४) (२) '*कहहिं ते बेद असम्मत बानी।*' (३)'*जल्पहिं कल्पित बचन अनेका*' (४) *तिन्हहि कहत कछु अघटित नाहीं।*' (५)'*ते नहिं बोलहिं बचन बिचारे।*' (६) '*तिन्ह कर कहा करिय नहिं काना।*' —[(१) से (५) तक '*कहना*' क्रिया वा कथनार्थवाची शब्दका प्रयोग हुआ और अन्तमें '*कहा*' (कथन) शब्दका प्रयोग हुआ। इसका भाव यह है कि जिन-जिनका ऐसा कहना लिखा गया, उन सबोंका ही कहना न मानना चाहिये, उनपर ध्यान न देना चाहिये, उनके वचन अयोग्य हैं, वेदविरुद्ध होते हैं। मा० पी० प्र० सं०] (च) छः कोटियाँ कहनेका भाव कि ऐसे लोग छः प्रकारके हैं—(१) काण्डत्रयरहित। (२) अवगुणी। (३) निर्गुण-सगुण-विवेकरहित। (४) मायावश। (५) वातुल, भूतविवश, मद्यप। (६) महामोहवश।—महामोह भीतरकी मदिरा है और मतवालोंका मतवालापन मदिरासे है।'

प० प० प्र०—'*बातुल भूत बिबस मतवारे*' यह वचन अज्ञ, अकोविद और अंध इन तीनोंके लिये उपसंहारात्मक है। काम वात है, उससे क्रोधकी उत्पत्ति होती है। अज्ञानी विषयी जीव विषय-कामनारूपी वातसे वातुल हैं। भूत और पिशाच भिन्न हैं, यथा—'*सँग भूत प्रेत पिसाच जोगिनि*' (शिव-समाज वर्णनमें), '*जंबुक भूत प्रेत पिसाच।*' (३। २० छं० १) इत्यादि। माधवनिदानग्रन्थमें भी भूतग्रहोत्थ उन्माद और पिशाचग्रहोत्थ उन्मादके लक्षण भिन्न हैं। '**अत्यर्थवाग्विक्रमचेष्टः**' भूतोत्थ उन्मादका एक लक्षण है। वह मनुष्य लज्जास्पद आसुरी-राक्षसी वृत्तिसे बोलता है, क्रिया करता है। यह अकोविदके लिये कहा है। ऐश्वर्य-मदसे अंध ही मतवारे हैं। यथा—'*सब ते कठिन राजमदु भाई। जो अँचवत नृप मातहि तेई॥*' (२। २३१। ६-७)

'*जिन्ह कृत महामोह मद पाना*' यह वचन 'हरिमायाबश अभागी' जीवोंके लिये है। '*मायाबस मतिमंद अभागी। हृदय जवनिका बहु बिधि लागी॥ ते सठ हठबस संसय करहीं। निज अज्ञान राम पर धरहीं॥*' (७। ७३। ८-९) सतीजीने स्वयं ही कहा है कि '*मैं संकर कर कहा न माना। निज अज्ञान राम पर आंना॥*' उपक्रममें इनके विषयमें कहा कि '*तिन्हहि कहत कछु अघटित नाहीं*' और उपसंहारमें कहा कि '*तिन्ह कर कहा करिअ नहिं काना*'। शेष तीन अज्ञ, अकोविद, अंध (के विषयमें कहा) '*जल्पहिं कल्पित बचन अनेका*'। शृङ्खलाके लिये। (११७। १—३ देखिये)।

वि० त्रि०—'*बातुल भूत बिबस मतवारे।*......' यह पाँचवें हरिविमुखके विषयमें कहा जो रामगुणगान नहीं करता। रामगुणगान न करनेवालेकी बुद्धि मलिन हो जाती है, वह विचारहीन बातें बोलता है। '*जिन्ह*

ईश्वरकृष्णकृत सांख्यकारिकाकी 'सांख्यतत्त्व-कौमुदी' टीकामें पञ्चपर्वा अविद्याका नाम आया है। यथा—'अतएव 'पञ्चपर्वा अविद्या' इत्याह भगवान् वार्षगण्यः॥' (४७) उस प्रसंगमें कहा गया है कि योगशास्त्रमें जो पञ्चक्लेश, अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश बताये हैं, इन्हींको सांख्यशास्त्रने क्रमशः तम, मोह, महामोह, तामिस्र और अंधतामिस्र कहा है। तम और मोहके उसीमें आठ-आठ भेद कहे हैं और महामोहके दस। यथा—'भेदस्तमसोऽष्टविधो मोहस्य च दशविधो महामोहः॥' (४८) अव्यक्त, महत्तत्त्व, अहंकार और पञ्चतन्मात्राओंमें आत्मबुद्धि होना 'तम' है। अणिमादि अष्टसिद्धियोंमें आत्मीयत्व और शाश्वतिकत्व बुद्धि 'मोह' है और शब्दादि पञ्चविषय दिव्य और अदिव्य भेदसे दस हैं, इनमें आसक्ति होना 'महामोह' है।—यह व्याख्या सांख्यशास्त्रानुसार है।

कृत महामोह मद पाना।......' यह छठे प्रकारके हरिविमुखके विषयमें कहा है जो हरिचरित सुनकर हर्षित नहीं होता। मद्य पीनेवाले प्रत्यक्ष देखते हैं कि मद्यपकी बुद्धिका लोप हो जाता है। स्वयं भी बुद्धिलोपका अनुभव करते हैं। उन्हें बुद्धिलोपकी अवस्था अच्छी लगती है, वे उसीपर आसक्त हैं। इसलिये वे मद्य पीते हैं। इसी भाँति कुछ लोग ऐसे हैं कि उन्हें धर्मविरुद्ध, शास्त्रविरुद्ध तथा ईश्वरके विरुद्ध बोलना अच्छा लगता है, जानते हैं कि यह बात बुरी है, पर उन्हें व्यसन हो गया है, उसका त्याग नहीं कर सकते, जिस भाँति मद्यप मद्यके दोषोंको जानता हुआ उसको त्याग नहीं सकता, बल्कि उसकी प्रशंसा करता है। मद्यपके कहनेका न तो कोई खयाल करता है और न कोई उसका कहना मानता है। मोहमयी मदिरा तो बड़ी प्रबल है, उसे पान करनेवालेकी बात तो कभी सुननी नहीं चाहिये, वह सब कुछ कह सकता है। तुम तो परीक्षातक ले चुकी हो, तुम्हें रामकथापर रुचि है, तुमने ऐसी बात मुँहसे निकाली कैसे?

सो०—अस निज हृदय बिचारि तजु संसय भजु राम पद।
सुनु गिरिराजकुमारि भ्रम तम रबिकर बचन मम॥ ११५॥

अर्थ—अपने हृदयमें ऐसा विचारकर संदेहको छोड़ो और श्रीरामजीके चरणोंका भजन (सेवन) करो। हे गिरिजे! भ्रमरूपी अंधकारका नाश करनेवाले सूर्यकिरणरूपी हमारे वचन सुनो॥ ११५॥

टिप्पणी—१ (क) *'अस'* अर्थात् यह लोग अप्रामाणिक बात कहते हैं, इनके कथनपर कान न देना चाहिये, ऐसा। (ख) ☞ऐसा ही भुशुण्डिजीने गरुड़जीसे कहा है। यथा—*'अस बिचारि मतिधीर तजि कुतर्क संसय सकल। भजहु राम रघुबीर करुनाकर सुंदर सुखद॥'* (७। ९०) तात्पर्य यह है कि विचार करनेपर संशय चला जाता है। बिना हृदयमें विचारे संदेह दूर नहीं होता, किंतु परिताप बढ़ता जाता है। यथा—*'अनसमुझे अनसोचिबो अवसि समुझिये आपु। तुलसी आपु न समुझिये पल पल पर परितापु॥'* (दोहावली) संशय दूर होनेपर भजन बनता है। (ग) *'सुनु गिरिराजकुमारि.........'*— भाव कि जिनको पूर्व गिना आये हैं, उनके वचन न सुनो, वे भ्रममें डालनेवाले हैं; प्रत्युत हमारे वचन सुनो, क्योंकि हमारे वचन भ्रमके नाशक हैं। ☞संशय दूर करके अब भ्रमको दूर करते हैं।

वि० त्रि०—१ (क) *'अस.........तनु.........संसय'* इति। अधम नर वातुल, भूतविवश और मतवालेकी भाँति श्रुतिसिद्धान्त-विषयोंपर शंका उठाते हैं, शास्त्रविरुद्ध बातें कहते हैं। संसारसागरके पार जानेके इच्छुकोंको वेदपर विश्वास करना ही होगा। संशय और विपर्यय ये दोनों तत्परत्वके मुख्य प्रबन्धक हैं। इनका नाश विपरीत निश्चयसे होता है। अतः इस विषयकी शंका छोड़ो। रामको ब्रह्म समझकर भजो। (ख) *'सुनु'*—मनन-निदिध्यासन भी 'श्रवण' के अन्तर्गत हैं। जिसने सुनकर मनन-निदिध्यासन नहीं किया, उसने वस्तुतः श्रवण ही नहीं किया, क्योंकि उसका सुनना न सुननेके बराबर है। यहाँ *'सुनु'* कहकर तीसरी विनतीके उत्तरकी समाप्ति कही गयी।

☞यहाँ यह शङ्का उपस्थित होती है कि 'शिवजी पार्वतीजीसे खलोंके वचन श्रवण करनेको मना करते हैं और यह उमामहेश्वरसंवाद त्रेतायुगमें हुआ, यथा—*'एक बार त्रेताजुग माहीं। संभु गए कुंभजरिषि पाहीं॥'* ८७ हजार वर्षपर शिवजीकी समाधि छूटी, फिर सतीका मरण हुआ, पार्वतीका जन्म हुआ, ४४०० वर्ष पार्वतीजीने तप किया, तत्पश्चात् विवाह हुआ, भोग-विलासमें बहुत वर्ष बीते, उसके कुछ दिनों बाद संवाद हुआ। १२ लाख ९६ हजार वर्ष त्रेताका प्रमाण है तबतक त्रेतायुग ही रहा। तब त्रेतायुगमें खल कहाँ रहे? यथा—*'ऐसे अधम मनुज खल कृतजुग त्रेता नाहिं। द्वापर कछुक बृन्द बहु होइहहिं कलिजुग माहिं॥'* (७। ४०) इसका समाधान यह है—शिवजीने पार्वतीजीसे कहा कि *'तुम्ह रघुबीर चरन अनुरागी। कीन्हेहु प्रश्न जगतहित लागी॥'* जगत्के हितार्थ जब यह प्रश्न किये गये हैं तब यह आवश्यक हुआ ही कि इसके अधिकारी और अनधिकारियोंका वर्णन करते। किनकी बातें कान देनेसे मोह उत्पन्न होता है, यह भी बताना ही चाहिये, जिससे जगत् उनसे बचे। अतएव जगत्-हितार्थ श्रीपार्वतीजीके मिषसे जगत्को

खलोंके वचन सुननेसे मना करते हैं। शिवजी सर्वज्ञ हैं, वे जानते हैं कि आगे द्वापर और कलिमें ऐसे खल होंगे। यह उपदेश वा कथन वैसा ही है जैसा अनसूयाजीका पातिव्रत्यका उपदेश श्रीसीताजीके प्रति हुआ है, यथा *'सुनु सीता तव नामु सुमिरि नारि पतिब्रत करहिं। तोहि प्रानप्रिय राम कहेउँ कथा संसारहित॥'* (ग) *'रबिकर बचन मम'*— यहाँ वचनको सूर्यकिरण कहा है, रवि क्या है? शिवजीका ज्ञान ही रवि है, यथा *'जासु ग्यान रबि भवनिसि नासा। बचन किरन मुनि कमल बिकासा॥'* (२। २७७। १) (घ) ☞*'देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति बुद्धि अति मोरि॥'* उमाजीके इस वचनके सम्बन्धसे यहाँ *'भ्रमतम रबिकर बचन मम'* कहा गया। यहाँ परंपरितरूपक है।

सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा। गावहिं मुनि पुरान बुध बेदा॥ १॥
अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई॥ २॥

शब्दार्थ—सगुन अगुन—नोट १ में देखिये। अरूप=व्यक्तरूप-रहित। =प्राकृतरूप-रहित, चिदानन्दरूपवाला। अलख (अलक्ष्य)=जो देख न पड़े।

अर्थ—सगुण और निर्गुणमें कुछ भेद नहीं, मुनि, पुराण, पण्डित और वेद (ऐसा) कहते हैं॥ १॥ जो निर्गुण, (व्यक्त) रूपरहित, अलक्ष्य और अजन्मा है वही भक्तके प्रेमके वश सगुण(व्यक्त—गुणयुक्त) होता है॥ २॥

टिप्पणी—१ *'सगुनहि अगुनहि नहिं'''''।'* इति। पूर्व दोहा (११५। ५) में कहा कि *'जिन्हके अगुन न सगुन बिबेका। जल्पहिं कल्पित बचन अनेका॥'* अब अगुन-सगुनका विवेक कहते हैं कि इनमें कोई भेद नहीं है। निर्गुण-सगुणमें कुछ भेद नहीं है, इस कथनका भाव यह है कि जैसे निर्गुणमें मोहादि विकार नहीं हैं वैसे ही सगुणमें भी विकार नहीं हैं। निर्गुणमें सगुणसे बड़ा भेद समझ पड़ता है, निर्गुणमें किञ्चित् भी विकार नहीं है और सगुणमें सभी विकार देख पड़ते हैं (यद्यपि वस्तुतः ये भी विकार नहीं हैं), इसीसे इनमें अभेद कहा। दोनोंमें अभेद है, कोई भी भेद नहीं है, इसमें 'मुनि पुराण, बुध और वेद' का प्रमाण देते हैं—*'गावहिं मुनि'''''*' ।

* सिद्धान्त *

☞१—समन्वयसिद्धान्तानुसार ब्रह्म वस्तुतः गुणसामान्यभावयुक्त है ही नहीं। वह सदा दया, क्षमा, वात्सल्य आदि दिव्य गुणों और सम्यक् ऐश्वर्योंसे युक्त है। दिव्य गुणोंकी दो अवस्थाएँ हैं। एक व्यक्त, दूसरी अव्यक्त। जब दिव्य गुण अव्यक्त अवस्थामें रहते हैं तब ब्रह्मको निर्गुण वा अगुण कहा जाता है। अगुण=अ (नहीं)+(व्यक्त) गुण।=नहीं हैं व्यक्त गुण जिसमें। अथवा, अगुण=अव्यक्त हैं गुण जिसके। यह मध्यमपदलोपी समासद्वारा अर्थ होगा।

'अगुण' का अर्थ मानसके बहुतेरे प्रसङ्गोंमें इसी प्रकार होगा। गोस्वामीजीका अभिप्राय भी यही जान पड़ता है जैसा कि अनेक प्रसङ्गोंपर विचार करनेसे सिद्ध होता है; यथा *'अगुन सगुन दुइ ब्रह्म सरूपा। अकथ अगाध अनादि अनूपा॥''''''''एक दारुगत देखिय एकू। पावक सम जुग ब्रह्म बिबेकू॥''''''''निर्गुन तें एहि भाँति बड़ नाम प्रभाउ अपार।'* (१। २३), *'जद्यपि ब्रह्म अखंड अनंता। अनुभवगम्य भजहिं जेहि संता॥ अस तव रूप बखानउँ जानउँ। फिरि फिरि सगुन ब्रह्म रति मानउँ॥'* (३। १३)—(इसमें यद्यपि *'अगुन'* शब्द नहीं है परन्तु अन्तिम चरणके *'सगुन'* शब्दसे स्पष्ट है कि प्रथम दो चरणोंमें 'निर्गुण' स्वरूपका वर्णन है), *''लागे करन ब्रह्म उपदेसा। अज अद्वैत अगुन हृदयेसा॥ अकल अनीह अनाम अरूपा। अनुभवगम्य अखंड अनूपा॥''''''''बिबिध भाँति मोहि मुनि समुझावा। निर्गुन मत मम हृदय न आवा॥'* (७। १११) इत्यादि। और *'कोउ ब्रह्म निर्गुन ध्याव अब्यक्त जेहि श्रुति गाव॥'* (६। ११३) में तो स्पष्ट ही कर दिया गया है।

यद्यपि 'निर्गुण' शब्दका अर्थ समन्वय-सिद्धान्तके विद्वानोंने 'मायिक गुणोंसे रहित' किया है तथापि यह अर्थ मानसके ऐसे-ऐसे कतिपय प्रसङ्गोंमें सङ्गत नहीं होता।

जैसे कि प्रकृत-प्रसङ्गमें *'सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा'* से जना रहे हैं कि सगुण और अगुण दो भिन्न-भिन्न अवस्थाएँ हैं जो अनुभवमें आती हैं। आपाततः भिन्न अवस्था होनेसे इनको दो मान सकते हैं, परंतु विचारपूर्वक सूक्ष्म दृष्टिसे देखनेपर उनमें भेद नहीं है, यही बात यहाँ कही गयी है। अब *'अगुन'* का अर्थ 'मायिक गुणोंसे रहित' लेनेसे यह आपत्ति पड़ती है कि तब सांनिध्यात् 'सगुण' का अर्थ भी उसी ढंगसे 'मायिक गुणोंसे युक्त' होगा जो अत्यन्त अनिष्ट है। दूसरे, जो मायिक गुणोंसे रहित है वह दिव्य गुणोंसे युक्त है, इस कथनसे कोई विशेषता नहीं आती। तीसरे, 'मायिक गुणोंसे रहित' और 'दिव्य गुणोंसे युक्त' ये विशेषण व्यक्त और अव्यक्त दोनों अवस्थाओंमें समानरूपसे लग सकते हैं तब फिर *'नहिं कछु भेदा'* शब्दोंका महत्त्व ही क्या रह जाता है?

२—अद्वैत-सिद्धान्तमें ब्रह्मको निर्गुण अर्थात् दिव्य (सात्त्विक) और अदिव्य (राजस-तामस) सर्वगुणोंसे रहित केवल सच्चिदानन्दस्वरूप माना जाता है। ध्यान रहे कि 'सच्चिदानन्द' गुण नहीं है किंतु ब्रह्मका स्वरूप ही है। उपनिषद्, पुराण आदिमें जो माया प्रकृति, अव्यक्त आदि नामोंसे कही जाती है, वह ब्रह्मकी शक्ति है। उसके सत्त्व, रज और तम ये तीन गुण हैं। मायामें ये तीनों गुण समान अवस्थामें रहते हैं। जब इन गुणोंमें मिश्रण आरम्भ होता है तब महत्तत्त्व, अहङ्कार, पञ्चतन्मात्रा, पञ्चमहाभूत आदि सब सृष्टि अनुभवमें आती है। इस मायाके दो भेद हैं—विद्या और अविद्या। विद्योपाधि ब्रह्मको ईश्वर कहा जाता है। यह ईश्वर कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ एवं भक्तवत्सल तथा दया, क्षमा आदि गुणोंसे युक्त है। यद्यपि ये सब गुण मायाके हैं, ब्रह्मके नहीं, तथापि माया स्वयं जड है, उसको स्वयं कुछ बल नहीं है, वह चिद्रूप ब्रह्मके आश्रयसे ही सब कुछ करती है; जैसा मानसमें ही कहा है—*'एक रचइ जग गुन बस जाकें। प्रभु प्रेरित नहि निज बल ताकें॥'* (३। १५। ६) अतः इन मायाके गुणोंका आदि आश्रय होनेसे ब्रह्मको 'सगुण' कहा जाता है परंतु वह वस्तुतः है निर्गुण।

सत्त्व गुण भी मायाका ही है तथापि मायाका परिवार जहाँ-जहाँ गिनाया गया है वहाँ-वहाँ काम-क्रोधादि राजस-तामस गुणोंका ही उल्लेख मिलता है; जिससे स्पष्ट है कि दया, क्षमा, वात्सल्य आदि सात्त्विक गुण जो कि साधारण जीवोंतकमें देख पड़ते हैं वे जीवको मायासे छुड़ानेवाले हैं। इसीसे उनको मायाके परिवारमें नहीं गिनाया गया। जैसे मोक्षादिकी कामना कामना नहीं कही जाती, वैसे ही सात्त्विक गुण मायाके होनेपर भी उनकी गणना मायामें नहीं की जाती। अतः जैसे जीवोंके सात्त्विक गुण मायामें नहीं गिने जाते वैसे ही ईश्वरके जो शुद्ध सात्त्विक गुण हैं वे भी मायाके नहीं माने जाकर ईश्वरके ही माने जाते हैं। यद्यपि वे गुण हैं मायाके ही।

टिप्पणी—२ *'गावहिं मुनि पुरान बुध बेदा'* इति। अर्थात् हमारे इस वाक्यके कि *'सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा'* ये सब प्रमाण हैं। *'सगुनहि……'* ये वचन शिवजीके हैं। इन वचनोंको कहकर वे जनाते हैं कि हम भी यही कहते हैं। यथा—*'सुनु गिरिराजकुमारि भ्रम तम रबिकर बचन मम।'* यही प्रथम वचन है।

वि० त्रि०—शास्त्रका अनुवाद बाँच लेनेसे कोई शास्त्रके मर्मको नहीं जान सकता। उसे तो गुरुपरम्परासे मननशील महात्मा लोग जानते हैं। अतः वेद-पुराणके साथ ही, मुनि और बुधको भी प्रमाण दे रहे हैं।

नोट—मुनि, पुराण, बुध और वेदोंके गानेके प्रमाण, यथा (क्रमसे)—

(क) **'निरञ्जनं निष्प्रतिमं निरीहं निराश्रयं निष्कलमप्रपञ्चम्। नित्यं ध्रुवं निर्विषयस्वरूपं निरन्तरं राममहं भजामि॥', रामः सत्यं परं ब्रह्म रामात् किंचिन्न विद्यते। तस्माद्रामस्वरूपोऽयं सत्यं सत्यमिदं जगत्॥'** (रा० स्तव० ५६, ९४) अर्थात् निर्मल, निरुपम, इच्छासे रहित, जिनको किसीका आश्रय नहीं है, निरवयव, प्रपंचसे रहित, अविनाशी, जिनका स्वरूप निर्विषय है—ऐसे श्रीरामजीको मैं निरन्तर भजता हूँ॥ ५६॥ श्रीरामजी ही सत्य परब्रह्म हैं। उनके विना और कुछ नहीं है, अतः यह जगत् श्रीरामजीका ही स्वरूप है (यह बात) सत्य है और यह जगत् भी सत्य है, सत्य है॥ ९४॥

(ख) **'सत्त्वादयो न सन्तीशे यत्र च प्राकृता गुणाः। स शुद्धः सर्वशुद्धेभ्यः पुमानाद्यः प्रसीदतु॥ योऽसौ निर्गुणः प्रोक्तः शास्त्रेषु जगदीश्वरः। प्राकृतैर्हेयसत्त्वाद्यैर्गुणहीनत्वमुच्यते॥'** (विष्णुपु०) अर्थात् सत्त्व, रज और तम ये प्रकृतिके गुण हैं। ये गुण भगवान्‌में नहीं हैं, वह सर्व शुद्ध पदार्थोंसे शुद्ध है। वह आदिपुरुष (मेरे ऊपर) प्रसन्न हों। शास्त्रोंमें जो भगवान्‌को निर्गुण कहा जाता है इसका तात्पर्य यह है कि भगवान् मायाके तुच्छ गुणोंसे रहित हैं।

पुनश्च **'परमानन्दसंदोहो ज्ञानमात्रश्च सर्वशः। सर्वैर्गुणैः परिपूर्णः सर्वदोषविवर्जितः॥'** (वराहपु०) अर्थात् वह परमात्मा श्रेष्ठ आनन्दसे परिपूर्ण, ज्ञानस्वरूप और सर्वव्यापक है। वह सर्व (दिव्य) गुणोंसे परिपूर्ण और सर्व दोषोंसे रहित है।

'समस्तकल्याणगुणात्मकोऽसौ स्वशक्तिलेशाद्धृतभूतसर्गः। तेजोबलैश्वर्यमहावबोधसुवीर्यशक्त्यादिगुणैकराशिः॥ परः पराणां सकला न यत्र क्लेशादयः सन्ति परावरेशे॥' (विष्णुपु० ६। ५। ८४-८५) अर्थात् सर्वमङ्गलकारी गुणोंसे युक्त, अपनी शक्तिके लेशमात्रसे जो अनन्त ब्रह्माण्डोंको धारण करते हैं, जो तेज, बल, ऐश्वर्य आदि गुणोंसे युक्त हैं (हमलोगोंकी दृष्टिसे) श्रेष्ठ (देवता आदि) जिसकी अपेक्षा छोटे हैं, ऐसे जिस ईश्वरमें क्लेश आदि कुछ भी नहीं हैं वे बड़ोंके भी बड़े हैं।

'समस्तहेयरहितं विष्ण्वाख्यं परमं पदम्' (विष्णुपु० १। २२। ५३) विष्णु जिनका नाम है, ऐसा श्रेष्ठ पद सर्वत्याज्य (गुण आदि) से रहित है।

(ग) **'निर्गुणवादाश्च परस्य ब्रह्मणो हेयगुणासम्बन्धाद्युपपद्यन्ते'** (जगद्गुरु श्रीरामानुजाचार्यजी। श्रीभाष्य)। अर्थात् परब्रह्मके विषयमें (श्रुति-पुराणादिमें) जो निर्गुणबोधक वाक्य मिलते हैं उनका परब्रह्ममें त्याज्य गुणोंका सम्बन्ध न होनेसे प्रतिपादन किया जाता है। **'स्वभावतोऽपास्तसमस्तदोषमशेषकल्याणगुणैकराशिम्।'** (जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्यजी) अर्थात् समस्त दोषोंसे रहित और स्वभावतः जिनमें कल्याणकारी दिव्य गुणोंका एक समूह स्थित है।

प्राकृतगुणरहितत्वेन दिव्यगुणवत्त्वेन च निर्गुणसगुणपदवाच्यं ब्रह्म एकमेव।' (बिन्दुगाद्याचार्य जगद्गुरु श्रीरामप्रसादाचार्यजी) प्राकृत गुणोंसे रहित होनेसे निर्गुण और दिव्यगुणोंसे युक्त होनेसे सगुण शब्दोंसे कहा जानेवाला परब्रह्म एक ही है।

(घ) **'परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च।'** (श्वेताश्वतर-उ० ६—८) इसपर ब्रह्मकी स्वाभाविक ज्ञानबलक्रियात्मक विविध पराशक्ति सुनी जाती है। **'य आत्मापहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः।'** (छान्दोग्य-उ० ८। ७। १) अर्थात् आत्मा पाप, जरा, मृत्यु, क्षुधा, पिपासादिसे रहित और सत्यकाम, सत्यसंकल्प है।

टिप्पणी—३ ***'अगुन अरूप अलख अज जोई।.......'*** इति। (क) यह श्रीपार्वतीजीके ***'राम सो अवध नृपति सुत सोई। की अज अगुन अलख गति कोई॥'*** इस प्रश्नका उत्तर है। चारों विशेषणोंका स्वरूप आगे दृष्टान्तद्वारा दिखाते हैं। (ख) ***'भगत प्रेम बस सगुन सो होई'*** यह सगुण होनेका हेतु कहते हैं, यथा—***'तुम्ह सारिखे संत प्रिय मोरे। धरौं देह नहिं आन निहोरे॥'*** (५। ४८) ***'ब्यापक बिस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना॥ सो केवल भगतन्ह हित लागी। परम कृपाल प्रनत अनुरागी॥'*** (१। १३) ***'भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तन भूप।'*** (७। ७२) भगवती श्रुति कहती है—**'उपासकानां कार्यार्थं ब्रह्मणो रूपकल्पना'** (रा० पू० ता०)। यह पार्वतीजीके प्रथम प्रश्न ***'प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी॥'*** (११०। ४) का उत्तर यहाँसे चला।

मा० त० वि०—जो अगुण अर्थात् सच्चिदानन्दमात्र है, अरूप अर्थात् प्राकृत रूपरहित अनादिरूप है, अलख अर्थात् प्राकृत दृष्टिसे गोचर नहीं किंतु निज शक्तिसे (गोचर होता है) और जो अज है अर्थात् माता-पिताके रजवीर्यसे उत्पन्न नहीं, वही भक्तके प्रेमके कारण सगुण होता है, जब भक्तको देखा कि वह तदाश्रय, तल्लीन, तद्रूप हो गया, फिर तो सगुणरूप बना-का-बना ही है अर्थात् स्वतन्त्र सच्चिदानन्दरूप

ही किसीको साकेतादि सर्वोत्कृष्ट लोकोंमें अद्भुत लीलासम्पन्न, किसीको पुत्र-सा इत्यादि यथायोग्य भावात्मक प्रेमकी बाहुल्यतासे न कि जीवोंकी तरह परतन्त्र, अल्पज्ञ आदि गुणविशिष्ट हो जाता है। ऐसे निर्विशेष तत्त्वका सविशेष होना कैसे सिद्ध होता है यह आगे कहते हैं *'जल हिम.......।'*

वि० त्रि०—अगुण, अरूप, अव्यक्त और अज जिस ब्रह्मको कहते हैं, वह भक्तके प्रेमके वश हो जाता है। जैसा भक्त चाहता है वैसा वह बन जाता है। यथा—**'यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति। तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम्।'** (गीता ७। २१) वह निर्गुणसे सगुण, अरूपसे रूपवान्, अव्यक्तसे व्यक्त और अजसे जन्मवाला हो जाता है।

वे० भू०—भाव यह है कि जो अगुण है अर्थात् सच्चिदानन्दमात्र है, प्राकृत गुण (जैसे काम-क्रोधादि) रहित है, जो प्राकृतरूप श्यामत्व, गौरत्व तथा बाल, पौगण्ड, युवा आदि अवस्थापन्न-रूपरहित है वा जिसका रूप अनादि है, जो अलख है अर्थात् जो प्राकृत नेत्रादि इन्द्रियोंसे अगोचर है, किंतु अपनी शक्तिसे ही गोचर होता है, जो माता-पिताके वीर्यसे उत्पन्न नहीं एवं जिनका जन्म-मरणादि विकारोंसे रहित शुद्ध सत्त्वात्मक विग्रह है, वे ही भगवान् भक्तोंके प्रेमवश दिखानेमात्रको प्राकृत गुणोंका भी ग्रहण करते हैं। यथा—**'शुद्धं स्वधाम्न्युपरताखिलबुद्ध्यवस्थं चिन्मात्रमेकमभयं प्रतिषिध्य मायाम्। तिष्ठंस्तयैव पुरुषत्वमुपेत्य तस्यामास्ते भवानपरिशुद्ध इवात्मतन्त्रः॥'** (भा० ४। ७। २६) *'मनहु महा बिरही अति कामी।'* (३। ३०। १६) *'नारि बिरह दुख लहेउ अपारा। भयो रोष रन रावन मारा॥'* तथा प्राकृत रूपोचित अवस्थाओंका ग्रहण भी अपने दिव्य विग्रहमें करते हैं; यथा-*'भये कुमार जबहिं सब भ्राता।'* (१। २०४) *'बय किसोर सुषमासदन.....।'* १। २२०) इत्यादि। इसीसे प्राकृत इन्द्रियोंसे ग्राह्य भी होते हैं, यथा—*'नयन बिषय मो कहँ भयेउ।'* (१। ३४१) *'समरथ धाइ बिलोकहिं जाई।.......'* (२। १२१) *'सब सिसु एहि मिस प्रेम बस परसि मनोहर गात। तन पुलकहिं अति हरषु हिय देखि देखि दोउ भ्रात॥'* (१। २२४) इत्यादि।

जो गुन रहित सगुन सोइ कैसें। जलु हिम उपल बिलग नहिं जैसें॥ ३॥

शब्दार्थ—हिम उपल=बर्फका पत्थर अर्थात् ओला। बिलग=अलग, भेदवाले।

अर्थ—जो गुणरहित है वही सगुण है। (यह) कैसे? जैसे जल और ओलेमें भेद नहीं॥ ३॥

टिप्पणी—१ (क) श्रीपार्वतीजीको संदेह था कि निर्गुण ब्रह्म सगुण नहीं होता, यथा—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥'* (१। ५०) श्रीशिवजीने निर्गुणका सगुण होना कहकर उनका यह संदेह दूर किया। आगे दोहेतक श्रीरामरूपमें जो संदेह है उसे दूर करते हैं। (ख) *'जलु हिम उपल बिलग नहि जैसें'* इति। अर्थात् जैसे जल और हिम-उपलमें कुछ भेद नहीं है, इसी प्रकार अगुण और सगुणमें भेद नहीं है। जो अरूप था उसका रूप इस प्रकारसे हुआ जैसे जलसे हिम-उपल हुआ, जो अगुण था वह ऐसा सगुण हुआ ज़ैसे हिम-उपल, तथा जो अलख था वह ऐसा लख पड़ा, जो अज था उसने इस प्रकार जन्म लिया। ☞हिम-उपलमें ही सब दिखा दिया। प्रथम जो जल था वही कारण पाकर पत्थर (ओला) हुआ और फिर जल हो गया। ऐसे ही जो प्रथम निर्गुण था वह (भक्तप्रेमरूपी) कारण पाकर सगुण (व्यक्त गुणवाला) हुआ और फिर निर्गुण (अव्यक्त गुणवाला) हो गया। [(ग) जो निर्गुण है वह सगुणरूप कैसे धारण करता है, इसका उत्तर यहाँ दिया कि जो निर्गुण है वही सगुण है जैसे जल और ओला। भाव कि तुम सगुणमें विकार आरोपण करती हो, वस्तुतः उसमें विकार है नहीं। जैसे जल निर्विकार है वैसे ही ओला भी। ओला भी जल ही है और कुछ नहीं। वैसे ही सगुण और निर्गुणमें भेद नहीं। (खर्रा)]

मा० त० वि०—जल कारण पाकर ओला बन गया, पर ज्यों-का-त्यों स्वयमेव रसरूप ही है न कि औरका और हो गया।

नोट—*'जलु हिम उपल'* का दृष्टान्त देनेका तात्पर्य यह है कि जैसे जलमें कठिनता, बर्तुलाकार और विशिष्ट श्वेतता आदि गुण प्रथम देखनेमें नहीं आते, परंतु जब शैत्यसंयोग होता है तब बिना किसी

अन्य वस्तुके मिलाये ही वह बर्फ बन जाता है, उस समय उसमें ये सब गुण प्रकट हो जाते हैं और तदनुसार उसका नाम भी दूसरा हो जाता है। अज्ञानी लोग इसे जलसे भिन्न समझते हैं पर ज्ञानी इसमें और जलमें अभेद मानेंगे। यदि जलमें कोई अन्य वस्तु मिलनेसे ओला बनता तो कहा जा सकता था कि उपर्युक्त धर्म उस मिलाये हुए वस्तुके हैं, पर इसमें कोई अन्य वस्तु न मिलानेपर भी ये गुणधर्म उत्पन्न होते हैं, अतः यह सिद्ध है कि ये गुणधर्म पूर्व ही स्थित थे, प्रथम अव्यक्त थे, अब व्यक्त हो गये। जैसे कोई अपरिचित मनुष्य हमारे सामने आवे तो हम उसे मनुष्य ही कहते हैं। यदि वह गाने लगा तो हम उसे गवैया कहेंगे अर्थात् गुणके प्रकट होनेपर हम कहेंगे कि गवैया आया है। यदि हम उस मनुष्यके गुण पहलेसे ही जानते हैं तो न गानेपर भी हम उसे गवैया ही कहते हैं। इसी तरह अव्यक्त ब्रह्मको न जाननेपर हम उसके गुण प्रकट होनेपर उसे सगुण कहते हैं और उसके गुण पूर्वसे ही जाननेपर अव्यक्तावस्थामें भी हम उसे उन गुणोंसे युक्त कहते हैं। जैसे अव्यक्तावस्थामें भी *'जय जय सुरनायक जन सुखदायक प्रनतपाल भगवंता…… '* आदि कहकर स्तुति की गयी है और सगुण होनेपर भी उसको *'जय सगुन निर्गुन रूप अनूप भूप सिरोमने।…… '* आदि कहा है।

वेदान्तभूषणजी—जल और ओलेमें केवल द्रवत्व और कठिनत्वका भेद रहता है। अर्थात् वही पदार्थ जब द्रवत्वरहित तथा कठिनत्वविशिष्ट रहता है तब ओला कहा जाता है और जब द्रवत्वविशिष्ट तथा कठिनत्वरहित रहता है तब जल कहा जाता है। केवल द्रवत्व एवं कठिनत्वके उद्भूतानुद्भूतके कारण वह दो नामसे कहा जाता है। **'तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकैकामकरोत्।'** (छान्दोग्य० ६। ३। ४) के अनुसार अप्-तत्त्वमें चतुर्थांश तेजतत्त्व तथा चतुर्थांश पृथ्वीतत्त्व है, इसलिये जिस समय तेजतत्त्वकी अधिकता रहती है उस समय अप्तत्त्व द्रवत्वाधिक्यके कारण जल कहा जाता है और जिस समय पृथ्वीतत्त्वकी अधिकता रहती है उस समय अप्तत्त्व कठोरतायुक्त होनेके कारण हिम, उपल, ओला, बर्फ आदि कहलाता है। केवल इसके अतिरिक्त जल और ओलेमें कोई भेद नहीं रहता। इसी तरह स्वाभाविक दिव्य गुणविशिष्ट सगुण और स्वाभाविक हेयगुणरहित निर्गुणमें केवल ऐश्वर्य तथा माधुर्यके गोपनत्व एवं प्रदर्शनत्वमात्रका भेद रहता है। अर्थात् जब ब्रह्म अपने ऐश्वर्यके आधिक्यका गोपन करके माधुर्यके आधिक्यका प्रदर्शन प्राकृत इन्द्रियविशिष्ट जीवोंको कराता है तब सगुण और जब माधुर्याधिक्यका गोपन करके केवल शास्त्रोंद्वारा ऐश्वर्याधिक्यका प्रदर्शन कराता है तब निर्गुण कहा जाता है। जिस तरह अप्तत्त्वके द्रवत्व एवं कठिनत्वका कारण तेज एवं पृथ्वीतत्त्वकी उद्भूतता तथा अनुद्भूतता है उसी तरह ब्रह्मके उभयरूप प्रदर्शनत्वका कारण *'भगत प्रेम बस सगुन सो होई', सोइ दसरथ सुत भगत हित कोसलपति भगवान'* इत्यादिके अनुसार भक्तपरवशता करुणा आदिको प्रकट करनेसे सगुण तथा इससे भिन्न ईश्वरत्व प्रदर्शनकालमें निर्गुण कहलाता है।

वि० त्रि०—शास्त्रकी मर्यादा कहकर अब उसी मर्यादाके भीतर तर्क भी दे देते हैं। प्रश्न यह है कि निर्गुण और सगुण दोनों परस्पर विरोधी पदार्थ हैं, एकमें ही विरुद्धधर्माश्रयत्व कैसे सम्भव है? उत्तर देते हैं कि दो पदार्थ नहीं हैं, अवस्थाभेदसे स्वरूपमें भेद मालूम पड़ता है। वास्तवमें भेद कुछ नहीं। जैसे जलका स्वाभाविक गुण द्रवत्व है, परन्तु शीतके वश होकर उसमें दृढ़ता आ जाती है और वह पत्थर-सा दृढ़ हो जाता है, जो बात उसमें नहीं थी वह आ जाती है।—इस भाँति *'जौ नृप तनय त ब्रह्म किमि'* इस मोहांशको मिटाया।

जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा। तेहि किमि कहिअ बिमोह प्रसंगा॥ ४॥

शब्दार्थ—तिमिर=अन्धकार। पतंग-सूर्य। प्रसंग (सं०)+घनिष्ठ सम्बन्ध, सम्बन्ध-प्राप्ति।*

अर्थ—जिसका नाम भ्रमरूपी अन्धकार (नष्ट करनेके) लिये सूर्यके समान है उसमें मोहका सम्बन्ध कैसे कहा जा सकता है? ॥ ४॥

---

* प्रथम संस्करणमें 'प्रसंग' का अर्थ 'चर्चा' लिखा गया था और इस चरणका अर्थ उसके सम्बन्धमें मोहकी चर्चा कैसे ला सकते हैं किया गया था।

टिप्पणी—१ (क) प्रथम कथाका माहात्म्य कहा, यथा—'*रामकथा सुरधेनु सम सेवत सब सुखदानि।* ......११३।''*रामकथा सुंदर करतारी। संसय बिहग उड़ावनि हारी॥ रामकथा कलि बिटप कुठारी। सादर सुनु गिरिराजकुमारी॥*' इत्यादि; अब नाममाहात्म्य कहते हैं—'*जासु नाम भ्रम*....।' और आगे रूपमाहात्म्य कहते हैं। (ख)—(यहाँ पार्वतीजीके '*नारि बिरह मति भोरि*' का उत्तर है) (ग)'*जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा*' इति। अर्थात् जिनका नाम लेनेसे दूसरोंके भ्रम मिट जाते हैं; यथा—*सेवक सुमिरत नामु सप्रीती। बिनु श्रम प्रबल मोह दलु जीती॥*.....' (१। २५। ७) [भाव कि प्रभुका तो नाममात्र भ्रमका नाशक है। जहाँ सूर्य प्रकाशमान है वहाँ अन्धकार कैसा? नामके तेजके सम्मुख मोह जा ही नहीं सकता; यथा—'*दिनकर के उदय जैसे तिमिर तोम फटत।*' (विनय०) (घ)'*तेहि किमि कहिअ बिमोह प्रसंगा*' अर्थात् जिसके नाममें यह गुण है कि वह दूसरेके मोह-भ्रमको दूर कर देता है, उसमें मोह-सम्बन्धप्राप्ति असम्भव है, उसमें मोह होनेकी चर्चा चलाना अयोग्य है, मोह होना तो कोसों दूर है। भाव यह कि भ्रम अपनेमें है, उसमें मोहका लेश सम्बन्ध नहीं है। पार्वतीजीने जो कहा था कि '*खोजै सो कि अग्य इव नारी।*' (१। ५१। २) यही विमोह-प्रसंग है, जिसकी ओर यहाँ इशारा है। (यह समाधान 'कैमुतिकन्याय' से किया गया है। जिसने बड़े-बड़े काम किये उसे छोटा काम क्या बड़ी बात है।)]

नोट—भुशुण्डिजीने भी ऐसा ही कहा है। यथा—'*निर्मल निराकार निर्मोहा। नित्य निरंजन सुख संदोहा॥ प्रकृति पार प्रभु सब उर बासी। ब्रह्म निरीह बिरज अबिनासी॥ इहाँ मोह कर कारन नाहीं। रबि सनमुख तम कबहुँ कि जाहीं॥*' (७। ७२) यहाँ परम्परित रूपक और वक्रोक्तिका मिश्रण है।

वि० त्रि०—नाम और रूप मायाके अंश हैं, इसलिये उन्हें उपाधि कहा। यथा—'*नाम रूप दुइ ईस उपाधी।*' स्वरूप तो उनका सच्चिदानन्द है पर इस नाम-उपाधिमें, जिसके सम्बन्धसे ऐसा सामर्थ्य आ जाता है कि सूर्यकान्तमणिकी भाँति पापरूपी रूईकी राशिको भस्म करके ज्ञानका कारण होता है, वह विरह-विकल नहीं हो सकता।

राम सच्चिदानंद दिनेसा। नहिं तहँ मोह निसा लव लेसा॥५॥
सहज प्रकासरूप भगवाना। नहिं तहँ पुनि बिज्ञान बिहाना॥६॥

शब्दार्थ—दिनेसा (दिनेश)=दिनके स्वामी; सूर्य। लव लेसा (लव लेश)=किञ्चित् भी, लेश वा नाममात्र। बिहाना=सबेरा।

अर्थ—श्रीरामचन्द्रजी सच्चिदानन्द (रूप) सूर्य हैं। वहाँ मोहरूपी रात्रिका लेशमात्र नहीं है॥ ५॥ वे स्वाभाविक ही प्रकाशरूप और भगवान् (षडैश्वर्ययुक्त) हैं। वहाँ विज्ञानरूपी सबेरा ही नहीं होता॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) '*राम सच्चिदानंद*' का भाव कि सच्चिदानन्दरूपमें मोहादि विकार नहीं हैं; इसीसे ऐश्वर्यमें सच्चिदानन्द कहते हैं; यथा—'*जय सच्चिदानंद जग पावन।*' (१। ५०) '*तिन्ह नृपसुतहि कीन्ह परनामा। कहि सच्चिदानंद परधामा॥*' (१। ५०) '*जानेउँ राम प्रताप प्रभु चिदानंद संदोह*' (७। ५२)'*उमा अवधबासी नर नारि कृतारथ रूप। ब्रह्मसच्चिदानंदघन रघुनायक जहँ भूप॥*' (७। ४७) '*सोइ सच्चिदानंद घन रामा। अज बिग्यान रूप बलधामा॥*.... ॥' (७। ७२) '*चिदानंद संदोह राम बिकल कारन कवन।*' (७। ६८) '*प्राकृत सिसु इव लीला देखि भएउ मोहि मोह। कवन चरित्र करत प्रभु चिदानंद संदोह॥*' (७। ७७) इत्यादि, तथा यहाँ '*राम सच्चिदानंद दिनेसा।*' कहा। (ख) नामको सूर्य कह आये; यथा—'*जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा।*' अब रूपको सूर्य कहते हैं। इस तरह नाम-नामीसे अभेद दिखाया।—['**न भेदो नामनामिनोः।**' पुनः भाव कि—(१) पहले दूसरेके अन्धकारको दूर करना कहा। फिर स्वयंप्रकाशरूप होना कहकर दर्शित किया कि उनके पास तो अन्धकार जा ही नहीं सकता। (२) नामको पहले कहा, क्योंकि नामके अभ्याससे रूपका साक्षात्कार होता है।]

नोट—१ '*राम सच्चिदानंद दिनेसा*' का भाव कि जैसे सूर्योदय होता है तो किसीको बतलाना नहीं पड़ता कि यह सूर्य है, सब देखकर आप ही जान लेते हैं, वैसे ही श्रीरामजीके रूप, चरित्र, गुण आदि

देखकर उन्हें सच्चिदानंद भगवान् मानना ही पड़ता है, प्रमाणकी आवश्यकता नहीं रहती। परशुरामगर्वदलन, बालिवध, खरदूषणवध, सेतुबन्धन इत्यादि प्रसङ्ग ऐसे ही हैं। *'सच्चिदानंद'* पद देकर सूर्यसे इनमें विशेषता दिखायी। (मा० पी० प्र० सं०)

टिप्पणी—२ *'नहिं तहँ मोह निसा लव लेसा'* इति। भाव कि सूर्यके पास रात्रि नहीं होती, इसी प्रकार सच्चिदानन्दरूपमें मोह नहीं होता। यथा—'**चिदानंद संदोह मोहापहारी।**' (७। १०८) सूर्य रात्रिका 'अपहारी' है, वैसे ही सच्चिदानन्द *'मोहापहारी'* है। (यहाँ परम्परित रूपक अलंकार है।)

टिप्पणी—३ *'सहज प्रकासरूप भगवाना।*……'इति। (क) भगवान्‌से सूचित किया कि समस्त ब्रह्माण्डोंके तथा मायाके पति हैं; यथा—*'सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म भुवननिकायपति मायाधनी। अवतरेउ अपने भगत हित निजतंत्र नित रघुकुलमनी॥'* (१। ५१) (ख) *'नहिं तहँ मोह निसा लव लेसा'* कथनसे पाया वा समझा गया कि मोह नहीं है तो ज्ञानरूपी बिहान है, अतएव उसके निराकरणार्थ कहते हैं कि *'सहज प्रकासरूप भगवाना।*……*।'* [भाव कि जिस प्रकार सूर्य सहज प्रकाशरूप है, उसमें अन्धकार या निशाका लेश नहीं, दिनका भी प्रवेश नहीं; पृथ्वीके जिस भागमें उसकी विद्यमानता होती है, वहाँ दिनकी कल्पना की जाती है और जहाँ उसका अभाव रहता है वहाँ रात्रिकी भावना होती है, अर्थात् उसकी अभाव-दशाको रात्रि कहते हैं और भावकी अवस्थाको दिन; वस्तुतः उसमें इन दोनोंकी सम्भावना नहीं, वह शुद्ध और सहज प्रकाशरूप है; यथा—'**सहजप्रकाशरूपे च रवौ न निशा न दिनम्।**' इसी तरह सच्चिदानन्द भगवान् परम ज्ञानके तत्त्वभूत स्वतः और स्वाभाविक प्रकाशमय अविच्छिन्न ज्ञानके सूर्य हैं। इसलिये उन्हें ज्ञानकी अपेक्षा नहीं।—*'देखिय रबिहि कि दीप कर लीन्हे।'* वहाँ न अज्ञान है न ज्ञान, ज्ञान वा अज्ञान होना जीवधर्म है, जैसा आगे कहते हैं। जैसे रातकी अपेक्षा दिन है वैसे ही पहले अज्ञान होता है तब ज्ञान होता है; यह बात यहाँ नहीं है। यहाँ तो एकरस स्वतः प्रकाश है। प्रभु स्वतः प्रकाशरूप हैं और उनका बड़ा भारी ऐश्वर्य है। *'नहिं तहँ मोह निसा*……*'* से दिखाया कि उनमें अज्ञान नहीं है और*'नहिं तहँ पुनि बिग्यान बिहाना'* से दिखाया कि ज्ञान भी नहीं है।]

पुनः, (ग)*'सहज प्रकासरूप'* कहकर जनाया कि सूर्य सहज प्रकाशरूप नहीं है। वह श्रीसीतारामजीहीसे प्रकाश पाता है। यथा—'**यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम्। यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम्॥**' (गीता १५। १२) (अर्थात् जो तेज सूर्यमें स्थित हुआ सम्पूर्ण जगत्‌को प्रकाशित करता है……उसको तू मेरा ही तेज जान।) और श्रीरामचन्द्रजी सहज प्रकाशरूप हैं, किसीके प्रकाशसे प्रकाशरूप नहीं हैं, क्योंकि वे भगवान् हैं।

नोट—२ *'नहिं तहँ पुनि बिज्ञान बिहाना'* इति। भाव कि सबेरा तो वहाँ ही कहा जा सकता है जहाँ रात रही हो। जहाँ रात है ही नहीं वहाँ यह नहीं कह सकते कि सबेरा हुआ। वैसे ही जहाँ अज्ञानरूपी रात्रि है ही नहीं वहाँ यह नहीं कहा जा सकता कि ज्ञान हुआ; जहाँ मोह रहा हो वहीं ज्ञानसे उसके नाश होनेपर विज्ञानरूप सबेरा होना कहा जा सकता है।[यहाँ अधिक अभेद रूपक है।—(वीरकवि)]

पुनः, यों भी कह सकते हैं कि उदय तभी कहा जा सकता है जब सूर्य अस्त हुआ हो, और जहाँ सूर्य सर्वकाल है, अस्त कभी होता ही नहीं, वहाँ तो उसका उदय होना अथवा प्रभात होना नहीं कहा जा सकता। इसी तरह प्रभु तो सदा विज्ञानरूप ही हैं वहाँ विज्ञानका उदय होना नहीं कहा जा सकता।

श्रीपंजाबीजी लिखते हैं कि 'लोग कहते हैं कि सूर्य रात्रिका शत्रु है, जब भानुने रात देखी ही नहीं तो उसका नाशक कैसे? वैसे ही श्रीरामचन्द्रजीकी आत्मामें अविद्या फुरती ही नहीं तो उसकी अभाव-क्रिया कैसे कही जाय? जो कोई कहे कि उनमें अज्ञान नहीं पर ज्ञान तो है, उसपर कहते हैं कि वे सहज प्रकाशरूप हैं अर्थात् उनका प्रकाश उपजने या विनाश होनेवाला नहीं है। उनमें ज्ञानका होना ऐसे कहते हैं जैसे सूर्यके लिये दिन—दोनों ही असम्भव। तात्पर्य यह कि जिन्होंने निशा देखी है वे दिनको

भी जानते हैं, जिस भानुमें रात कभी हुई नहीं उसमें दिन किसको कहिये। वैसे ही जिन जीवोंकी बुद्धिमें अविद्या है, सो अविद्याकी निवृत्त्यवस्थाको ज्ञान कहते हैं और जिस सच्चिदानन्द आत्मामें अज्ञान कुछ फुरा ही नहीं वहाँ ज्ञान किसको हो और किसका?

श्रीपंजाबीजीके लेखका भाव यह है कि ज्ञान वा अज्ञानका होना जीवमें स्थापित हो सकता है, राममें नहीं। जीव अज्ञानी है, इसलिये उसे ज्ञानका भास होता है। जिसमें अज्ञान है ही नहीं उसमें ज्ञानका भास कैसा? जिसने रात्रिको देखा है उसे दिनका भान होगा, जिसने रात्रि देखी ही नहीं और सदा प्रकाशहीमें रहता है वह तो यही जानेगा कि केवल यही दशा रहती है, दिनका उसे नामतक मालूम न होगा! इसी प्रकार राममें अज्ञानकी स्थापना नहीं हो सकती। अतः ज्ञानकी भी स्थापना नहीं की जा सकती। वहाँ तो एकरूप सदा ही ज्योति-ही-ज्योति है, प्रकाश-ही-प्रकाश है, विज्ञान-ही-विज्ञान है।

नोट—३ *'पुनि'* इति। पूर्व लिखा जा चुका है कि यह शब्द गहोरावासियोंमें बिना अर्थका ही बोला जाता है। तथा—*'मैं पुनि पुत्रबधू असि पाई'* में *'मैं पुनि'*=मैने, *'मैं पुनि गयउँ बंधु सँग लागा'* में *'मैं पुनि'* =मैं। *'पुनि'* का अर्थ 'और' भी ले सकते हैं। अथवा *'पुनि'* का भाव कि जैसे रातके बाद फिर दिन, अज्ञानके बाद फिर ज्ञान, वैसा यहाँ पुनर्विज्ञानका प्रसंग नहीं।

नोट—४ इन चौपाइयोंसे मिलते-जुलते श्लोक ये हैं—**'अज्ञानसंज्ञौ भवबंधमोक्षौ द्वौ नाम नान्यौ स्त ऋतज्ञभावात्। अजस्रचिन्त्यात्मनि केवले परे विचार्यमाणे तरणाविवाहनी॥'** (भा० १०। १४। २६) अर्थात् भवबन्धन और उससे मोक्ष दोनों ही अज्ञानके नाम हैं। ये सत्य और ज्ञानस्वरूप परमात्मासे भिन्न अस्तित्व नहीं रखते। जैसे सूर्यमें दिन और रातका भेद नहीं है, वैसे ही विचार करनेपर अखण्ड चित्स्वरूप केवल शुद्ध आत्मतत्त्वमें न तो बन्धन ही है और न मोक्ष ही। पुनश्च, **'यथाप्रकाशो न तु विद्यते रवौ ज्योतिः स्वभावे परमेश्वरे तथा। विशुद्धविज्ञानघने रघूत्तमेऽविद्या कथं स्यात्परतः परात्मनि॥ २१॥ नाहो न रात्रिः सवितुर्यथा भवेत् प्रकाशरूपाव्यभिचारतः क्वचित्। ज्ञानं तथाज्ञानमिदं द्वयं हरौ रामे कथं स्थास्यति शुद्धचिद्घने॥ २३॥ तस्मात्परानन्दमये रघूत्तमे विज्ञानरूपे हि न विद्यते तमः। अज्ञानसाक्षिण्यरविन्दलोचने मायाश्रयत्वान्नहि मोहकारणम्॥ २४॥** (अ० रा० १। १) अर्थात् जिस प्रकार सूर्यमें कभी अन्धकार नहीं रहता, उसी प्रकार प्रकृत्यादिसे अतीत विशुद्ध, ज्ञानघन, स्वतः प्रकाशरूप, परमेश्वर परमात्मा राममें भी अविद्या नहीं रह सकती॥ २१॥ प्रकाशरूपताका कभी व्यभिचार न होनेसे जिस प्रकार सूर्यमें रात-दिनका भेद नहीं होता, वह सर्वदा एक समान प्रकाशमान रहता है—उसी प्रकार शुद्ध चेतनघन भगवान् राममें ज्ञान और अज्ञान दोनों कैसे रह सकते हैं?॥ २३॥ अतएव परानन्दस्वरूप विज्ञान अज्ञानसाक्षी कमलनयन भगवान् राममें अज्ञानका लेश भी नहीं; क्योंकि वे मायाके अधिष्ठान हैं; इसलिये वह उन्हें मोहित नहीं कर सकती॥ २४॥

हरष बिषाद ज्ञान अज्ञाना। जीव धर्म अहमिति अभिमाना॥ ७॥
राम ब्रह्म ब्यापक जग जाना। परमानंद परेस पुराना॥ ८॥

शब्दार्थ—अहमिति (अहं इति)=अहं ऐसा। =अहंकार, यथा—*'अहमिति मनहु जीति जग ठाढ़ा।'* (२८६। ६) *'जिता काम अहमिति मन माहीं।'* (१२७। ५) *'चले हृदय अहमिति अधिकाई।'* (१२९। ७) *'हृदय रूप अहमिति अधिकाई॥'* (१३४। १) परमानन्द=परम आनन्दस्वरूप। परेस (पर ईश)=सबसे परे जो ब्रह्मा आदि हैं उनके भी स्वामी। सर्वश्रेष्ठ स्वामी। यथा—*'तुम्ह ब्रह्मादि जनक जग स्वामी।'* पुराना=पुराणपुरुष।

अर्थ—हर्ष, शोक, ज्ञान, अज्ञान, अहम् ऐसा जो अभिमान अथवा अहंकार और अभिमान (ये सब) जीवके धर्म हैं॥ ७॥ श्रीरामचन्द्रजी (तो) ब्रह्म, व्यापक, परमानन्दस्वरूप, परात्पर स्वामी और पुराण-पुरुष हैं, यह सारा जगत् जानता है॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'हरष बिषाद……'* इति। (क) जीव कर्मवश दुःख-सुखका भागी होता है, उसमें ज्ञान और अज्ञान दोनों रहते हैं, परंतु ईश्वरमें ज्ञान एकरस रहता है। यथा—*'ज्ञान अखंड एक सीताबर॥ जौं*

सब के रह ज्ञान एक रस। ईश्वर जीवहि भेद कहहु कस॥' (७। ७८) (ख) *'अहमिति'* अर्थात् मैं। इसीको 'अहंकार' कहते हैं। अहंकार और अभिमानमें भेद यह है कि अहंकार अपनेका होता है और अभिमान वस्तुका होता है कि यह हमारी है।[बैजनाथजीका मत है कि देहव्यवहारको अपना मानना *'अहमिति'* है और मैं ब्राह्मण, मैं विद्वान्, मैं धनी, मैं राजा इत्यादि *'अभिमान'* है। हमारी समझमें *'अहमिति' 'अहं इति'* कहकर अभिमानका स्वरूप क्या है यह बताया है। वि० त्रि० जी *'अहमिति'* से अस्मिता और *'अभिमान'* से गर्वका अर्थ लेते हैं।] (ग)*'जीव धर्म'* इति। ये सब जीवके धर्म हैं। यथा—*'माया बस्य जीव अभिमानी। ईस बस्य माया गुन खानी॥'* (७। ७८। ६) भाव कि तुम श्रीरामजीमें *'बिषाद'* समझती हो यदि हम उनमें *'हर्ष'* कहें, तुम उनमें अज्ञान कहती हो, यदि हम उनमें ज्ञान कहें, तो यह भी नहीं बनता; क्योंकि हर्ष-विषाद ये सभी जीवके धर्म हैं।

नोट—१ *'जीव धर्म'''''।'* अर्थात् ये सब विकार जीवोंमें होते हैं, ईश्वरमें नहीं। उदाहरणार्थ श्रीलोमशमुनि, श्रीसनकादिकजी और गरुड़जीको लीजिये। चिरजीवी मुनि श्रीलोमशजी निर्गुणब्रह्मके वेत्ता परम ज्ञानी जो *'सो तैं ताहि तोहि नहिं भेदा। बारि बीचि इव गावहिं बेदा॥'* (७। १११) ऐसा कहते थे और *'ब्रह्म ज्ञान रत मुनि बिज्ञानी'* थे, उनको भी क्रोध आ ही गया। श्रीसनकादिकजीको भी क्रोध आ गया कि जो *'ब्रह्मानंद सदा लयलीना।'''''समदरसी मुनि बिगत बिभेदा॥'* (७ । ३२) इन्होंने जय-विजयको शाप दे ही दिया। *'गरुड़ महाग्यानी गुनरासी। हरिसेवक अति निकट निवासी॥'* (७। ५५) सो इनको भी मोह हो ही गया। ये सब विज्ञानी हैं, फिर भी जीव ही तो ठहरे। श्रीरामजी इन द्वन्द्वोंसे परे हैं, जीव नहीं हैं, वे तो *'ब्रह्म व्यापक''''''* हैं।

टिप्पणी—२ *'राम ब्रह्म व्यापक''''''* इति। (क) ब्रह्म अर्थात् बृहत् हैं, बड़ेसे भी बहुत बड़े हैं। व्यापक हैं अर्थात् सूक्ष्म हैं। यथा—**'अणोरणीयान्महतो महीयान्।'**इति। (श्रुति) (श्वे० ३। २०) यह जगत् जानता है, यथा—*'सब को प्रभु सब में बसै जानै सब कोइ।'* (विनय०) परमानन्दस्वरूप हैं अर्थात् उनमें दुःख कहीं आ ही नहीं सकता। *पुराना, यथा—'संभु बिरंचि बिष्नु भगवाना। उपजहिं जासु अंस ते नाना॥'* (१४४। ६)

दो०—पुरुष प्रसिद्ध प्रकाशनिधि प्रगट परावर नाथ।
रघुकुलमनि मम स्वामि सोइ कहि सिव नायउ माथ॥ ११६॥

शब्दार्थ—*'पुरुष'*-महर्षि पतञ्जलिके सिद्धान्तानुसार **'क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः।'** (समाधिपाद) अर्थात् पञ्चक्लेश और कर्मविपाकाशय (कर्मफलभोग) आदिसे अपरामृष्ट (अर्थात् जिनको क्लेशादि स्पर्श भी नहीं कर सकते वह पुरुषविशेष ईश्वर है। यजुर्वेदमें पुरुषकी व्याख्या इस प्रकार है—**'एतावानस्य महिमाऽतो ज्यायांश्च पूरुषः।'** (३१। ३) श्वेताश्वतरमें **'स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तम्।'** (३। ३। १९) अर्थात् जो सबको जाननेवाले हैं, जिनको जाननेवाला कोई नहीं है, उनको महापुरुष सबके आदि पुरातन और महान् पुरुष कहते हैं। *'प्रसिद्ध'*=विख्यात अर्थात् वेदों, शास्त्रों आदिमें प्रसिद्ध। दूसरा अर्थ *'सिद्ध'* शब्दमें 'प्र' उपसर्ग लगाकर *'प्रसिद्ध'* शब्द बना हुआ लेकर किया जाता है। इस प्रकार *'प्रसिद्ध'*=जिसको उभय विभूतिकी सिद्धि बिना किसी उपायके स्वाभाविक ही प्राप्त हो=उभयविभूतिविनायक। इस तरह यह श्रीरामजीका एक विशेषण है; यथा—**'पादोऽस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।'** (यजु० ३१। ३), **'भोगस्थानं पराऽयोध्या लीलास्थानं त्विदं भुवि। भोगलीलापती रामो निरङ्कुशविभूतिकः।** (सदाशिवसंहिता ५) **'प्रकाशनिधि**=प्रकाशके अधिष्ठान खजाना वा भण्डार। **प्रगट** (प्रकट)=प्रत्यक्ष हैं। *'परावर'*—**'परे अवराः (न्यूना) यत्र'** इस व्युत्पत्तिके अनुसार 'परावर' का अर्थ है 'जिसमें बड़े-से-बड़े जाकर छोटे हो जाते हैं।' अर्थात् सर्वश्रेष्ठ। यह शब्द परब्रह्म परमात्माके लिये उपनिषदोंमें भी आया है; यथा—**'भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥** मुण्डक० २ खण्ड श्रुति ८।' अर्थात् उस 'परावर' (परात्पर पुरुषोत्तम) से इस जीवके हृदयकी अविद्यारूप ग्रन्थि

खुल जाती है और उसके सब संशय कट जाते हैं तथा उसके शुभाशुभ कर्म नष्ट हो जाते हैं।* नाथ=सबके स्वामी; सर्वेश्वर। **'पतिं विश्वस्य आत्मेश्वरम्।'**

अर्थ—जो पुराणपुरुष हैं (जिनको 'पुरुषसूक्त' में 'पुरुष' नामसे कहा गया है), (वेद-शास्त्रादिमें) प्रसिद्ध हैं एवं उभयविभूतिनायक हैं,† सम्पूर्ण प्रकाशके अधिष्ठान हैं, प्रकट हैं‡, परावर हैं और सबके नाथ हैं, वे ही रघुकुलशिरोमणि श्रीरामजी मेरे स्वामी हैं—ऐसा कहकर श्रीशिवजीने मस्तक नवाया (प्रणाम किया)॥ ११६॥

नोट—१ ***'प्रसिद्ध'*** का अर्थ यदि विख्यात लें तो भाव होगा कि सब कालमें, सब देशमें तथा वेद-शास्त्रपुराणादिमें प्रसिद्ध हैं; यथा—**'शास्त्रं न तत्स्याद् नहि यत्र रामः काव्यं न तत्स्याद् नहि यत्र रामः। न संहिता यत्र न रामदेवो न सा स्मृतिर्यत्र न रामचन्द्रः॥'** (पद्मपुराणे। वै०) **'ब्रह्माविष्णुमहेशाद्या यस्यांशा लोकसाधकाः। तमादिदेवं श्रीरामं विशुद्धं परमं भजे॥'** (स्कन्दपु०। वै०)

नोट—२ ***'प्रकाशनिधि'*** इति। भाव यह कि सम्पूर्ण प्रकाशयुक्त पदार्थोंके जो प्रकाशक हैं, सम्पूर्ण ज्योतिमानोंका सम्पूर्ण प्रकाश जिनके प्रकाशके एक क्षुद्रतम अंशद्वारा सम्पादित होता है, सारा जगत् जिनके प्रकाशसे प्रकाशित है; यथा—**'तच्छुभ्रं ज्योतिषां ज्योतिः'**, **'तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥'** (मुण्ड० २, खण्ड २। ९, १०) ***'सब कर परम प्रकाशक जोई।'***

वैजनाथजीके मतानुसार, ***'प्रकाशनिधि'***= 'जिसके रूपमें सम्पूर्ण प्रकाश परिपूर्ण हैं'। यथा—**'तत्त्वस्वरूपं पुरुषं पुराणं स्वतेजसा पूरितविश्वमेकम्। राजाधिराजं रविमण्डलस्थं विश्वेश्वरं राममहं भजामि॥'** (सनत्कुमारसंहिता) **'एकं चापि परं समस्तजगतां ज्योतिर्मयं कारणं प्रागन्ते च विकारशून्यमगुणं निर्नामरूपं च यत्। तच्छ्रीरामपदारविन्दनखरप्रान्तस्य तेजोमलं प्रज्ञा वेदविदो वदन्ति परमं तत्त्वं परं नास्त्यतः॥'** (भा०) (वै०) ***'प्रकाशनिधि'*** का विशेष विवरण **'ज्योतिश्चरणाविधानात्'** (ब्रह्मसूत्र १। १। २५) पर श्रीभाष्य, श्रीआनन्दभाष्य और श्रीजानकीभाष्य देखना चाहिये।

नोट—३ ***'राम सो अवधनृपतिसुत सोई।……'*** पार्वतीजीके इस प्रश्नका उत्तर चल रहा है। ***'राम ब्रह्म व्यापक……'*** से अन्तर्यामीस्वरूप कहकर अब सर्वकारणरूप पर-स्वरूप कहते हैं। (रा० प्र०)

टिप्पणी—१ (क) दोहेका भावार्थ यह है कि जो 'पुरुष, प्रसिद्ध, प्रकाशनिधि और परावर-नाथ' इन विशेषणोंसे युक्त हैं वे 'श्रीराम' प्रकट हैं। वे रघुकुलमणि हैं, अर्थात् उन्होंने रघुकुलमें जन्म लिया है। (ख) अन्तमें ***'रघुकुलमनि'*** कहकर (पूर्वकथित) समस्त ऐश्वर्यको माधुर्यमें घटित किया है। (ग) ☞ यही प्रसङ्ग उत्तरकाण्ड में विस्तारसे कहा गया है। यथा—***'सोइ सच्चिदानंदघन रामा। अज विज्ञानरूप बलधामा'॥ ३॥ ब्यापक ब्याप्य अखंड अनंता। अखिल अमोघ सक्ति भगवंता॥ ४॥ अगुन अदभ्र गिरा गोतीता। सबदरसी अनवद्य अजीता॥ ५॥ निर्मम निराकार निर्मोहा। नित्य निरंजन सुख***

---

* प्रायः अन्य टीकाकारोंने 'परावरनाथ' को एक शब्द मानकर 'परावर' के अर्थ किये हैं—(क) पर=त्रिपादविभूति जो परधाममें है। अवर=एकपादविभूति अखिल ब्रह्माण्ड-रचना (वै०) (ख) पर=जीव। अवर=माया। (ग) परावर='ब्रह्मादि पूर्वज, मनु आदि' (मानसकोश)। (घ) पर=निर्गुण। अवर=सगुण। (रा० प्र०) (ङ) पर=कारणावस्थापन्न जीव तथा प्रकृति=सूक्ष्म चिदचित्। अवर=कार्यावस्थापन्न जीव और प्रकृति=स्थूल चिदचित्। (वे० भू०) (च) पर=अवतारी। अवर=अवतार। नाथ=सर्वेश्वर। कर्मधारयसमाससे। (वे०भू०)

इस तरह 'परावरनाथ'=(क) त्रिपादविभूति एवं एकपादविभूति दोनों विभूतियोंके स्वामी। यथा—(पादोऽस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि), (पुरुषसूक्त यजु० ३१। ३)। (ख) जीव और प्रकृतिके स्वामी। जीव, माया और जगत्के स्वामी,—(मानसाङ्क) (ग) ब्रह्मादि पूर्वजोंके स्वामी। (घ) निर्गुण और सगुण दोनोंके स्वामी। (ङ) सृष्टिके पूर्वोत्तर-कालीन जीव और प्रकृतिके स्वामी। (च) अवतारी, अवतार और सर्वेश्वर।

† अर्थान्तर—'जो पुरुष प्रसिद्ध हैं।' (वै०)। ‡ प्रथम संस्करणमें 'प्रगट' का अन्वय 'रघुकुलमनि' के साथ करके अर्थ किया गया था कि 'जो रघुकुलमें मणिरूप प्रकट हुए हैं'।

संदोहा॥ ६॥ प्रकृति-पार प्रभु सब उर बासी। ब्रह्म निरीह बिरज अबिनासी॥ ७॥ इहाँ मोह कर कारन नाहीं। रबि सनमुख तम कबहुँ कि जाहीं॥ ८॥ भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप।'…… ॥ ७२॥

टिप्पणी—२ *'रघुकुलमनि मम स्वामि सोइ'* कहकर मस्तक नवानेका भाव यह है कि श्रीशिवजीने प्रथम मानसिक प्रणाम किया था। *'बंदौ बालरूप सोइ रामू।'……'करि प्रनाम रामहि त्रिपुरारी॥'* (१। ११२) वाला प्रणाम मानसिक था और अब वचन कहकर प्रणाम करते हैं। इसीसे *'कहि'* शब्द दिया गया।

टिप्पणी—३ *'राम ब्रह्म ब्यापक'…… । पुरुष प्रसिद्ध'……'नाम'* इन विशेषणोंका भाव यह भी है कि जिन्हें वेदान्ती व्यापक ब्रह्म कहते हैं। सांख्य पुराणपुरुष कहता है, [यहाँ 'सांख्य' से सेश्वर सांख्य, जिसे पातञ्जलिदर्शन कहते हैं, समझना चाहिये न कि कपिलदेवजीका सांख्य, क्योंकि (कपिलदेवजीके) सांख्य-सिद्धान्तमें 'पुरुष' शब्दसे अनेक जीवोंका ही ग्रहण किया गया है। उसमें ईश्वरकी सत्ता नहीं मानी गयी है।] जिसे योगी प्रकाशनिधि और पौराणिक परावरनाथ कहते हैं, सारांश यह कि जो कोई भी जो कुछ भी नाम कहता है, हैं वह सब श्रीरामजी ही। यथा हनुमन्नाटक—'**यं शैवाः समुपासते शिव इति ब्रह्मेति वेदान्तिनो बौद्धा बुद्ध इति प्रमाणपटवः कर्तेति नैयायिकाः॥ अर्हन्नित्यथ जैनशासनरताः कर्मेति मीमांसकाः सोऽयं वो विदधातु वाञ्छितफलं त्रैलोक्यनाथो हरिः॥**' अर्थात् शैव 'शिव' मानकर, वेदान्ती ब्रह्म मानकर, बौद्ध बुद्ध मानकर, प्रमाणमें प्रवीण नैयायिक लोग कर्ता शब्दसे, जैनी अर्हन् शब्दसे और मीमांसक कर्म शब्दसे जिसकी उपासना करते हैं, वे ही ये त्रिलोकीनाथ हरि श्रीरामचन्द्रजी आपलोगोंके वाञ्छित फलोंकी पूर्ति करें।

पंजाबीजी—*'राम ब्रह्म ब्यापक जग जाना।'* से लेकर यहाँतक बारह विशेषणोंमें निर्गुणका स्वरूप कहा और *'रघुकुलमनि'* यह एक विशेषण सगुणरूपका कहकर अपनी अभेद-उपासना श्रीरामचन्द्रजीके स्वरूपमें लखाकर शंकरजीने ग्रन्थके आरम्भके समय निर्विघ्न-परिसमाप्तिहेतु इष्टदेवको प्रणाम किया।

वै० भू०—*'मम स्वामि सोइ'* का भाव कि *'रघुकुलमनि'* महाराज श्रीदशरथजीको भी कहा गया है; यथा—*'अवधपुरी रघुकुलमनि राऊ। बेद बिदित तेहि दसरथ नाऊ॥'* (१। १८८। ७) अतः ब्रह्म, व्यापक, पुरुष आदि अनेक विशेषण देकर तब *'रघुकुलमनि मम स्वामि सोइ'* कहा। अर्थात् जो इन विशेषणोंसे युक्त हैं वे 'रघुकुलमणि' मेरे स्वामी हैं, अन्य 'रघुकुलमणि' नहीं।

नोट—४ *'हर्ष बिषाद ज्ञान अज्ञाना।'* से लेकर यहाँतकका तात्पर्य यह है कि जिस ब्रह्मकी वार्ता इस समय मैं कर रहा हूँ, उसमें हर्षविषादादि जीवधर्मोंका आरोप नहीं हो सकता। वह तो जीव और माया तथा मेरे समान ईश-कोटिवाले व्यक्तियोंका भी स्वामी है और वही मेरा इष्टदेव श्रीरामरूपमें प्रत्यक्ष है।

वि० त्रि०—१ श्रीशिवजी अब उन छहों आप्तों (रात्निकों) की ओरसे उत्तर दे रहे हैं, जिनके सिद्धान्तका उमाने अनादर किया था। *'राम सच्चिदानंद दिनेसा।'* (११६। ५) से दोहा ११६ तक परमार्थवादीकी ओरसे कहा। २—हर्ष, शोक, ज्ञान, अज्ञान, अस्मिता और गर्व—ये सातों जीवधर्म हैं। बन्धसे लेकर मोक्षतक द्वैत जीवकल्पित है, इससे उन्हें जीवधर्म कहा। ब्रह्मके सात धर्म हैं—व्यापक, परमानन्द, परेश, पुराना, पुरुषप्रसिद्ध (यथा—*'जगदातमा प्रानपति रामा),* प्रकाशनिधि (यथा—*'जिमि घट कोटि एक रबि छाहीं)* और प्रगट परावरनाथ (यथा—*'राम रजाइ मेटि जगमाहीं। देखा सुना कतहुँ कोउ नाहीं॥ उमा दारु जोषित की नाईं। सबहिं नचावत राम गोसाईं'॥*)

निज भ्रम नहिं समुझहिं अज्ञानी। प्रभु पर मोह धरहिं जड़ प्रानी॥ १॥
जथा गगन-घनपटल निहारी। झाँपेउ भानु कहहिं कुबिचारी॥ २॥

शब्दार्थ—जड़=मूर्ख।—विशेष टिप्पणीमें देखो। प्रानी (प्राणी)=जीव, मनुष्य। धरना-आरोपण करना। अपनेमें स्थित गुणोंको दूसरेमें मानना। पटल=परदा। समूह, (पं० रा० कु०, वै०) झाँपना=ढक लेना, छिपा देना।

अर्थ—अज्ञानी मूर्ख मनुष्य अपना भ्रम तो समझता नहीं, (और उलटे) मोहका आरोपण करता है

प्रभु श्रीरामजीमें॥ १॥ जैसे आकाशमें मेघपटल देखकर कुविचारी मनुष्य कहता है कि मेघोंने सूर्यको ढक लिया॥ २॥

नोट—१ इन चौपाइयोंकी जोड़की चौपाइयाँ भुशुण्डि-गरुड़-संवादमें ये हैं—*'जब जेहि दिसि भ्रम होइ खगेसा। सो कह पच्छिम उयउ दिनेसा॥ नौकारूढ़ चलत जग देखा। अचल मोह बस आपुहि लेखा॥ बालक भ्रमहिं न भ्रमहिं गृहादी। कहहिं परस्पर मिथ्याबादी॥ हरि बिषइक अस मोह बिहंगा। सपनेहुँ नहिं अज्ञान प्रसंगा॥'* (७। ७३)

टिप्पणी—१ *'निज भ्रम……'* इति। (क) *'नहिं समुझहिं'* का भाव कि यदि अपना भ्रम समझ पड़ता तो प्रभुपर मोहका आरोप कदापि न करता। अज्ञानी कहनेका भाव कि भ्रम अज्ञानसे होता है और अज्ञान जीवका धर्म है। यथा—*'हरष बिषाद ज्ञान अज्ञाना। जीव धर्म……॥'* (१। ११६) [(ख) *'प्रभु पर मोह धरहिं'* अर्थात् प्रभुको अज्ञानी समझते हैं। यहाँ सतीजीके *'खोजै सो कि अज्ञ इव नारी'* इन विचारोंकी ओर संकेत है। पुनः, *'नारि बिरह दुख लहेउ अपारा। भएउ रोषु रन रावन मारा॥'* (१। ४६) (श्रीभरद्वाजवाक्य) अर्थात् प्रभुका नरनाट्य देखकर उन्हें सचमुच ही सुखी एवं दुःखी, कामी एवं क्रोधी इत्यादि मान लेते हैं और उनको प्राकृत राजा समझने लगते हैं। विरही, कामी, क्रोधी आदि समझना ही प्रभुमें मोहका आरोप करना है। वस्तुतः ब्रह्म अवतारकालमें भी कभी मोहावृत नहीं होता परं च नरनाट्य करता हुआ वह लीलारसका भोग करता है। यथा—**'परमपुरुषोऽपि लीलार्थं दशरथवसुदेवादिपितृलोकादिकमात्मनः सृष्ट्वा तैर्मनुष्यधर्मलीलारसं भुङ्क्ते।'** (श्रीभाष्य ४। ४। १४)] (ग) *'जड़ प्रानी'* कहनेका भाव कि प्रभुमें मोहका आरोप करना पड़ता है। यथा—*'जेहि बिधि मोह भयउ प्रभु मोही।……राम कृपा आपनि जड़ताई। कहउँ खगेस सुनहु मन लाई॥'* (७। ७४-७५) श्रीरामजी सूर्य हैं, मोह रात्रि है, सूर्यके यहाँ रात्रि कभी भी नहीं है—*'राम सच्चिदानंद दिनेसा। नहिं तहँ मोह निसा लव लेसा॥'* जहाँ मोहरात्रिका लेशमात्र नहीं वहाँ मोहका आरोप करते हैं, प्रभुको अज्ञानी समझते हैं, अपना भ्रम नहीं समझ पड़ता, अतः जड़ कहा। [जो पुरुष मोहवशात् इष्ट-अनिष्ट, सुख-दुःख आदि नहीं जानता उसे अज्ञ वा जड़ कहते हैं। यथा—**'इष्टं वानिष्टं वा सुखदुःखे वा न चेह यो मोहाद् विन्दति परवशगः स भवेदिह जडसंज्ञकः पुरुषः॥'**] (घ) अपना भ्रम नहीं समझते, उलटे प्रभुपर मोह धरते हैं, इसीपर आगे दृष्टान्त देते हैं। प्रभुपर मोह धरना अधर्म है; यथा—*'पाछिल मोह समुझि पछिताना। ब्रह्म अनादि मनुज करि माना॥'* (७। ९३)

नोट—२ *'जथा गगन घन……'* इति। (क) पूर्व एक साधारण बात कहकर कि अज्ञानी मूर्ख मनुष्य अपना भ्रम तो समझता नहीं उलटे प्रभुपर मोहका आरोपण करता है, अब उसकी विशेषसे समता दिखाते हैं। अतः यहाँ 'उदाहरण' अलंकार है। यहाँ सच्चिदानन्द भगवान् रामजी निर्मल आकाश हैं, सूर्यका बादलोंसे ढाँका जाना कहना श्रीरामजीको मोहावृत कहना है और 'अज्ञानी जड़ प्राणी' यहाँके 'कुविचारी' हैं। (ख) *'झाँपेउ भानु'* इति। झाँपना कहनेसे जान पड़ता है कि वस्तु जो छुपायी गयी है वह छोटी है और ढाँकनेवाली वस्तु बड़ी है। मेघ नीचे हैं, सूर्य ऊपर। वे सूर्यको तो ढक नहीं सकते। हाँ! वे पृथ्वीके सन्निकट होनेसे अपने आकार-प्रकारानुसार पृथ्वीके किञ्चित् अंशको एवं उस अंशपर उपस्थित चराचरवर्गको ही आच्छादित करते हैं। इस तरह मेघोंने देखनेवालोंको ढक लिया, इसीसे उसे सूर्य नहीं दिखायी पड़ते। परंतु वह अपनी गलती नहीं समझता। यदि बद्रीनारायण आदिक ऊँचे पर्वतोंकी शिखरपर वह मनुष्य चढ़ जाय तो उसको अपनी गलती सूझ पड़े कि मेघ तो बहुत नीचे थोड़ेसे घेरेमें हैं और सूर्य तो इनसे बहुत दूर ऊँचेपर है। वैसे ही श्रीरामचन्द्रजी तो ''मोहपार' हैं और इनको मोहने घेर लिया है जिससे वे उससे परे जो रामरूप है उसे तो देख ही नहीं सकते और हठवश कहते हैं कि श्रीरामजीको मोह है। अपनेमें ज्ञान हो तो समझे कि यह तो नरनाट्य है। श्रीपंजाबीजी यों लिखते हैं कि 'परदा तो नेत्रोंपर पड़ा है और वे उसे सूर्यके आगे ठहराते हैं।'

टिप्पणी—२ (क) प्रथम श्रीरामजीको सूर्य कह आये—*'राम सच्चिदानंद दिनेसा'*। इसीसे यहाँ सूर्यका

ही दृष्टान्त प्रथम दिया है। (ख) *'कहहिं कुबिचारी'* का भाव कि जो सुविचारी, विचारवान् समझदार ज्ञानी हैं वे ऐसा नहीं कहते, वे तो यह कहेंगे कि हमारी दृष्टिके सामने मेघका आवरण आ गया है, जिससे हम सूर्यकी प्रभासे वञ्चित हो रहे हैं। (ग) *'कुबिचारी'* का भाव कि ये विचार नहीं करते कि सूर्य लक्षयोजन (पर) है, बादलोंसे कैसे ढाँका जा सकता है? जब बादल सूर्यके ऊपर होते और सूर्यसे बड़े होते तब कहीं ढक सकते। अपनी दृष्टि और सूर्यके बीचमें बादल हैं,. इससे अपनी ही दृष्टि ढकी हुई है जिससे सूर्य नहीं देख पड़ते। चौपाईका तात्पर्य यह है कि मोह अपनेमें है, प्रभुमें नहीं। [जैसे बादलोंसे सूर्य नहीं ढके हैं वैसे ही श्रीरामजी श्रीजानकी-विरहमें न तो विलाप ही कर रहे हैं, न उन्हें खोज रहे हैं और न व्याकुल ही हैं, वे तो नरनाट्य कर रहे हैं, श्रीजानकीवियोग तो उनको कभी होता ही नहीं, दोनोंका नित्यसंयोग है। जैसे सतीतनमें परीक्षा करके पार्वतीजी देख चुकी हैं। यथा—*'अवलोके रघुपति बहुतेरे। सीता सहित न बेष घनेरे॥ सोइ रघुबर सोइ लछिमनु सीता। देखि सती अति भई सभीता॥'* (१। ५६) *'सती दीख कौतुक मग जाता। आगे रामु सहित श्री भ्राता॥'*......(१। ५४) याज्ञवल्क्यजी भी कहते हैं *'कबहूँ जोग बियोग न जाकें। देखा प्रगट बिरह दुखु ताकें।'* (१। ४९) उनमें मोह नहीं, मोह और भ्रम है देखनेवालेको। (वै०, नंगे परमहंसजी)]

प० प० प्र०—*'निज भ्रम नहिं समुझहिं अज्ञानी।'......'* इत्यादि तीन अर्धालियोंमें अज्ञ, अकोविद, अंध, अभागीकी चर्चा सोदाहरण चलायी है। प्रभुपर मोह आरोपित करनेका सर्वसामान्यहेतु यहाँ सिद्धान्तरूपसे कहा है। आगे दो चौपाइयोंमें दृष्टान्त है। रज्जु न देखनेसे किसी-किसीको भ्रम पैदा होता है। भ्रमका मूल कारण अज्ञान है। न जाननेसे बाह्य-सादृश्यसे विपरीत ज्ञान पैदा होता है। इसको भ्रम कहते हैं। रज्जुके स्थानमें रज्जुज्ञान न होनेसे सर्पका भ्रम होता है, अथवा सर्पको न जाननेसे पुष्पहारका भ्रम होता है; यही उस रज्जुपर या सर्पपर अपना अज्ञान और भ्रम आरोपित करना है। रज्जु है नहीं यह अज्ञान आरोपित करना है, राम ब्रह्म नहीं हैं यह अज्ञानका धरना है और राम नृपसुत हैं यह भ्रमका धरना है। तीनों अवस्थाओं तथा तीनों कालोंमें रज्जु रज्जु ही है, वह कभी सर्प नहीं बनती, वैसे ही राम सदा सर्वकाल सर्व अवस्थाओंमें सच्चिदानन्दघन ब्रह्म ही हैं।

२ **अज्ञानी**=जड़-मूढ़। 'जड़' की व्याख्या *'ते जड़ जीव निजात्मक घाती। जिन्हहिं न रघुपति कथा सोहाती॥'* (७। ५३। ७) *'जे असि भगति जानि परिहरहीं। केवल ज्ञान हेतु श्रम करहीं॥ ते जड़ कामधेनु गृह त्यागी। खोजत आकु फिरहिं पय लागी॥'* इन उद्धरणोंमें है। अर्थात् जड़=हरिपदविमुख, हरिभक्तिविमुख, केवल ज्ञानके लिये यत्न करनेवाले। अज्ञानी अपना भ्रम प्रभुपर आरोपित करते हैं। हरिपदविमुख, हरिभक्तिविमुख अपना मोह प्रभुपर धरते हैं। अब वाच्यार्थमें दृष्टान्त देकर गूढ़ार्थमें हरिमायावश अभागीकी हालत कहते हैं।—

'जथा गगन घनपटल......' इति। **'घनच्छन्नदृष्टिर्घनच्छन्नमर्कं यथा निष्प्रभं मन्यते चातिमूढः। तथा बद्धवद्भाति यो मूढदृष्टः स नित्योपलब्धिस्वरूपोऽहमात्मा॥'** (हस्तामलकस्तोत्र १२) नेत्रोंके ऊपर मेघपटल सामने आनेसे देखनेवाला सूर्यको नहीं देख सकता, वह मेघपटलको ही देखता है। यह आकाशस्थ मेघपटल निसर्गसे स्वयं आता है या पवनके प्रभावसे इकट्ठा होता है, इसमें देखनेवाला कारण नहीं है अथवा नेत्रेन्द्रिय भी सदोष नहीं है, पर सूर्यको न देख सकनेसे उसकी बुद्धिमें भ्रम पैदा होता है, आकाशमें मेघपटल न आता तो वह ऐसा न कहता। यह दृष्टान्त हरिमायामोहित सती, पार्वती और गरुड-समान व्यक्तियोंके लिये है। मोहाम्भोधरप्रकृतिके प्रभावसे ही आता है और बुद्धिमें जो भ्रम होता है वह हरिमायाकी महिमासे ही (शृङ्खलाके लिये ११७। ३-४ में देखिये)।

वि० त्रि०—*'निज भ्रम......'* इति। अपने भ्रमको न समझनेवाले ही अज्ञानी हैं। जो अपने भ्रमको समझता है वह ज्ञानी है। दर्पणके प्रतिबिम्बका ज्ञान जानकारके लिये प्रभा और अनजानके लिये भ्रमात्मक है। मदान्धकारमें रज्जुका सर्प दिखायी पड़ना अज्ञान नहीं है, रज्जुको सर्प समझना अज्ञान है। वह तो

सभीको सर्परूपमें ही दिखायी पड़ेगी। परंतु जानकारको वहाँ भ्रमप्रयुक्त क्रियाका अभाव है। अविवेकी प्राणी अपने भ्रमको न समझेंगे, वे रज्जुको ही दोष देंगे कि वह सर्परूपमें क्यों परिणत हो गयी। *'जथा गगन……'*—इससे आवरणशक्ति कहा।

चितव जो लोचन अंगुलि लाएँ। प्रगट जुगल ससि तेहि कें भाएँ॥ ३॥
उमा राम बिषइक अस मोहा। नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा॥ ४॥

शब्दार्थ—लाएँ=लगाकर, लगाये हुए। भाएँ=समझमें; यथा *'नहिं भलि बात हमारे भाएँ॥'* (१। ६२) **बिषइक**=विषयका=सम्बन्धका; सम्बन्धी।

अर्थ—जो कोई मनुष्य नेत्रमें अँगुली लगाकर चन्द्रमाको देखे तो उसकी समझमें दो चन्द्रमा प्रकट हैं॥ ३॥ उमा! श्रीरामचन्द्रजीके विषयका मोह ऐसा है* जैसा आकाशमें अन्धकार, धूँआ और धूलका सोहना॥ ४॥

नोट—१ *'लोचन अंगुलि लाएँ।'……'* इति। (क) आँखके निचले भागमें एक उँगलीसे जरा-सा दबाकर और पुतलीको जरा ऊपर चढ़ाकर देखनेसे एक वस्तु दो रूपोंमें दिखायी देती है, यह प्रत्यक्ष अनुभव जो चाहे करके देख ले। (ख) भाव यह है कि दोष-कसूर तो स्वयं करें और चन्द्रमा दो दिखायी दें तो कहते हैं कि दो चन्द्रमा उदय हुए हैं। इसमें चन्द्रमाका क्या दोष? (ग) पूर्व एक साधारण बात कही कि मूर्ख अपनेमें तो दोष देखते नहीं, उलटे प्रभुमें मोहकी कल्पना कर लेते हैं, इसी उपमेय वाक्यकी समता विशेष बातसे यहाँ भी दिखा रहे हैं। अतएव यहाँ 'उदाहरण' अलंकार है।

टिप्पणी—१ पिछले चरणोंमें सूर्यका दृष्टान्त देकर अब चन्द्रमाका दृष्टान्त देते हैं। इस तरह सूर्य और चन्द्रमा दोनोंका दृष्टान्त देकर जनाया कि श्रीरामजी सदा सर्वकालमें निरन्तर रहते हैं; सूर्यसे दिनका ग्रहण हुआ और चन्द्रसे रात्रिका। पुनः भाव कि जैसे मेघसमूह (के आवरण) से सूर्य नहीं देख पड़ते वैसे ही भारी मोहसे श्रीरामजी ब्रह्म नहीं जान पड़ते किंतु मनुष्य जान पड़ते हैं। जैसे उँगली लगानेसे दो चन्द्रमा देख पड़ते हैं, वैसे ही सामान्य मोहसे श्रीरामजी देख तो पड़ते हैं, पर चन्द्रमाकी तरह दो देख पड़ते हैं—ईश्वर और मनुष्य। यथा—*'प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ जाहि जपत त्रिपुरारि॥'* (१। ४३) (भरद्वाज) एवं *'राम सो अवधनृपति सुत सोई। की अज अगुन अलखगति कोई॥'* (१। १०८) इति (श्रीपार्वतीवाक्य)

नोट—२ भगवान् शंकराचार्यजीने भी प्रथम ब्रह्मसूत्रके भाष्यमें **'एकश्चन्द्रः स द्वितीयवत्'** लिखा है।

नोट—३ यहाँ दो दृष्टान्त देनेका भाव यह भी हो सकता है कि किसी वस्तुका यथार्थ ज्ञान होनेके लिये करण अर्थात् मन और इन्द्रिय आदिका शुद्ध होना आवश्यक है। करणके निर्दोष होनेपर भी यदि कोई बाह्य प्रतिबन्ध आ जावे तो भी यथार्थ ज्ञान नहीं हो सकता। प्रथम दृष्टान्त (*'जथा गगन-घनपटल निहारी। झाँपेउ भानु……'*) से बाह्य प्रतिबन्ध जनाया और दूसरे दृष्टान्त (**'चितव जो लोचन अंगुलि लाएँ'**) से करणका दोष दिखाया। अब दार्ष्टान्तमें भगवान् श्रीरामजी भानु हैं, उनका नरवेष धारणकर नरनाट्य करना घनपटल है, यह भगवान्‌का ज्ञान न होनेके लिये बाह्य प्रतिबन्ध है। पुनः अविद्याके कारण अपना मन और इन्द्रियाँ दूषित हैं, वैसे ही अँगुली लगानेसे अपने नेत्र दूषित हुए, यह श्रीरामरूपी चन्द्रका यथार्थ ज्ञान न होनेके लिये करणदोष है।

दो दृष्टान्त देकर जनाया कि एक-एक ही प्रतिवन्ध होनेसे वस्तुका यथार्थ ज्ञान नहीं होता और जहाँ अनेक प्रतिवन्ध हैं वहाँ यथार्थ ज्ञान कब हो सकता है।

श्रीनंगे परमहंसजी—*'प्रगट जुगल ससि……'* का भाव कि 'जिसकी बुद्धिमें द्वैत लगा है उसको श्रीरामजानकी दो देख पड़ते हैं, नहीं तो (दोनों) एक हैं। अतः श्रीरामजीके लिये जो मोह है कि श्रीजानकीजीके विरहमें खोजते हैं यह वृथा है।'

---

* *अर्थान्तर*—श्रीरामचन्द्रजीके विषयमें इस प्रकार मोहकी कल्पना करना वैसा ही है जैसा (मानसाङ्क)। सोहना=दीखना (मानसाङ्क)।

वेदान्तभूषणजी— *'चितव जो लोचन अंगुलि लाएँ।……'* इति। नेत्रमें अँगुली लगाकर दोनों पुतलियोंकी सीधको ऊपर, नीचे कर देनेसे दो चन्द्रमाकी प्रतीति होती है। उस अवस्थामें चन्द्रमाको दो मान लेना निस्सन्देह अज्ञान है, लेकिन दो चन्द्रकी प्रतीति होना अज्ञान नहीं है, क्योंकि दर्शन सामग्री एवं देश-भेदसे चन्द्रद्वयका प्रतीत होना सत्य है। इसका तात्पर्य यह है कि चक्षुगोलकोंकी नेत्रेन्द्रियोंके एक सीधसे हटकर ऊपर और नीचे हो जानेसे दो सामग्री हो जाती हैं, जिससे चन्द्रद्वयकी प्रतीति होती है। जैसे एक वस्तुको दो व्यक्ति एक साथ ही देखते हों वैसे ही अँगुली लगानेपर नेत्रेन्द्रियाँ दो जगह होकर एक साथ ही चन्द्रमाको देखती हैं। दो व्यक्तियोंके देखनेपर दोनों शरीरोंका अनुग्राहक जीवात्मा भिन्न-भिन्न होता है, इसीलिये उस पदार्थका दो रूपसे भासित होना नहीं माना जा सकता है। परंतु नेत्रमें अँगुली लगानेपर तो चक्षुरिन्द्रिय देखनेकी शक्तियाँ दो भागोंमें बँट जाती हैं। किंतु उनका अनुग्राहक प्रत्यगात्मा एक ही होनेके कारण चन्द्रद्वयकी प्रतीति होना **'सर्वविज्ञानयथार्थमितिवेदविदाम्मतम्'** इस शास्त्रसिद्धान्तके अनुसार सत्य है। इसीसे यहाँ श्रीशङ्करजीने, अँगुली लगानेके कारण जो चन्द्रद्वयकी प्रतीति होती है, उस प्रतीतिके यथार्थ होनेसे ही उसमें कोई दोष नहीं दिया, जैसे कि अन्य दृष्टान्तोंमें 'अज्ञानी, कुविचारी, मोहित और भ्रमित' आदि कहा है। शङ्का हो सकती है कि 'जब उन्हें उसमें कुछ अच्छा या बुरा कहना ही न था तब *'चितव जो लोचन अंगुलि लाएँ।……'* आदि कहनेका प्रयोजन ही क्या था?' इसका समाधान बहुत ही सरल है कि देखनेकी सामग्री दो हो जानेसे तो दो चन्द्रकी प्रतीति होनी ठीक ही है, परंतु ब्रह्मको 'अवधनृपतिसुत' से भिन्नको 'अगुण, अज आदि विशेषणयुक्त' देखना अथवा सगुण ब्रह्म और निर्गुण ब्रह्मको दो अवस्थावाला मान लेना सत्य नहीं किंतु अज्ञान है। क्योंकि ब्रह्मके जाननेका साधन औपनिषदिक ज्ञान दो भागोंमें विभक्त नहीं होता, किंतु धर्मभूतज्ञानके साथ तिरोहित हो जाता है और उसकी जगहपर अज्ञान एवं तज्जन्य मायामोह-भ्रमादि आसन जमा लेते हैं। इसीसे यहाँ *'चितव जो लोचन'* आदि कहना पड़ा।

टिप्पणी—२ *'उमा राम बिषइक अस मोहा।……'* इति। (क) यहाँतक जीव (देखनेवालों) के सम्बन्धका जैसा मोह है वैसा कहकर अब रामविषयक मोहको कहते हैं अर्थात् जो श्रीरामजीमें प्रत्यक्ष मोह देख पड़ता है (जैसे कि श्रीसीताजीको खोजना, उनके विरहमें विलाप करना, इत्यादि) वह कैसा है यह बताते हैं। *'नभ तम……'* (ख) *'नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा'* इति। अर्थात् वह मोह ऐसा है जैसे तम, धूम और धूरिसे आकाश शोभित होता है। यहाँ *'सोहा'* एकवचन क्रिया है। यदि आकाशके द्वारा तम, धूम, धूरिकी शोभा कहनी होती तो सोहे बहुवचन कहते। (ग) *'सोहा'* कहनेका भाव कि तम-धूम-धूरिसे आकाशकी अशोभा नहीं हुई, किंतु शोभा ही हुई। इसी प्रकार मोह (की लीला) से श्रीरामजी अशोभित नहीं हुए वरं च शोभित हुए हैं। तात्पर्य कि नरतनमें मोहादिके ग्रहणसे माधुर्यकी शोभा है, ऐश्वर्य प्रकट होनेसे स्वाँगकी शोभा नहीं रह जाती। [मोह आदि जो नरनाट्यमें दिखाये गये हैं उनसे श्रीरामजीकी भी शोभा है। यदि वे ऐसी लीला न करते तो शोभा न होती। क्योंकि प्रभुने नर-शरीर धारण किया है। जैसे नाट्य करनेमें यदि नटका स्वरूप खुल जाय तो नटकी शोभा नहीं रह जाती, वैसे ही प्रभुके माधुर्य नरनाट्यमें यदि लोग यह जान जाते कि ये परात्पर ब्रह्म हैं तो फिर नरनाट्य ही कहाँ रह जाता? ऐश्वर्य न प्रकट हो इसी विचारसे तो श्रीशङ्करजी समीप न गये थे, यथा—*'गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु गएँ जान सब कोइ'*। ऐसा ही श्रीवाल्मीकिजीने कहा है। यथा—*'नर तनु धरेहु संत सुर काजा। कहहु करहु जस प्राकृत राजा॥ राम देखि सुनि चरित तुम्हारे। जड़ मोहहिं बुध होहिं सुखारे॥ तुम्ह जो कहहु करहु सबु साँचा। जस काछिय तस चाहिय नाचा॥'* (२। १२७) प्रभुके नरनाट्यकी शोभा यही है कि लीलाको देख-देख सब वाह-वाह ही करते रहे कि खूब भेष बनाया, जैसा भेष वैसा ही नाट्य। श्रीभुशुण्डीजीने भी गरुड़जीसे ऐसा ही कहा है, यथा—*'जथा अनेक बेष धरि नृत्य करइ नट कोइ। सोइ सोइ भाव देखावइ आपुन होइ न सोइ॥'* (७। ७२) *असि रघुपति लीला उरगारी। दनुज बिमोहनि जन सुखकारी॥'* अध्यात्मरामायणमें वसिष्ठजीने कहा है। यथा—'देवकार्यार्थसिद्ध्यर्थं भक्तानां भक्तिसिद्धये। रावणस्य वधार्थाय

जातं जानामि राघव॥ २४॥ तथापि देवकार्यार्थं गुह्यं नोद्घाटयाम्यहम्। यथा त्वं मायया सर्वं करोषि रघुनन्दन॥ २५॥ तथैवानुविधास्येऽहं शिष्यस्त्वं गुरुरप्यहम्' (२। २) अर्थात् हे राघव! मैं जानता हूँ, आपने देवताओंका कार्य सिद्ध करनेके लिये, भक्तोंकी भक्ति सफल करनेके लिये और रावणका वध करनेके लिये ही अवतार लिया है॥ २४॥ तथापि देवताओंकी कार्यसिद्धिके लिये मैं इस गुप्त रहस्यको प्रकट नहीं करता। हे रघुनन्दन! जैसे आप मायाके आश्रयसे सब कार्य करेंगे वैसे ही मैं भी 'तुम शिष्य हो और मैं गुरु हूँ' इस सम्बन्धके अनुकूल व्यवहार करूँगा।'

नोट—४ *'नभ तम धूम धूरि'* इति। तम, धूम और धूरि दार्ष्टान्तमें क्या हैं, इसमें मतभेद है।

(१) पं० रामकुमारजीका मत है कि—(क) यहाँ श्रीरामजी नभ हैं, राजसी, सात्त्विकी और तामसी मोह क्रमसे तम, धूम और धूरि हैं। ये श्रीरामजीको स्पर्श नहीं कर सकते। (जैसे तमादि आकाशका स्पर्श नहीं कर सकते, उसका अंत नहीं पा सकते। यथा—*'तुम्हहिं आदि खग मसक प्रजंता। नभ उड़ाहिं नहिं पावहिं अंता॥ तिमि रघुपति महिमा अवगाहा। तात कबहुँ कोउ पाव कि थाहा॥'* (७। ९१) अथवा, (ख) जैसे आकाशमें तम, धूम और धूरि सोहते हैं, वैसे ही श्रीरामजीमें मोह शोभित हो रहा है। तम तमोगुण है, धूम सत्त्वगुण और धूरि रजोगुण है। इन मायिक गुणोंसे ईश्वर मलिन न होकर शोभाहीको प्राप्त होता है। तात्पर्य यह कि श्रीरामजीके ग्रहण करनेसे 'मोह' की 'लीला' संज्ञा हुई जिसके गानसे जीव कृतार्थ होता है।

(२) श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि 'आकाश सदा एकरस निर्मल शोभित है। उसमें देखनेमात्रको अन्धकारसे विशेष आवरण, धूरिसे सामान्य और धूमसे किञ्चित् आवरण दिखायी पड़ता है सो देखनेवालेको देखने-मात्रका आवरण है, आकाश तो सदा अमल है। वैसे ही विषयी जीवोंको अपने मोहसे प्रभुमें मोह दिखायी पड़ता है। आत्मरूपमें ८ आवरण हैं। १ प्रकृति, २ बुद्धि, ३ त्रिगुणाभिमान, ४ आकाश, ५ वायु, ६ अग्नि, ७ जल, ८ पृथ्वी। वायुतक जीवको ज्ञान रहता है। जब अग्नितत्त्वमें आया तब किञ्चित् आवरण हुआ, जैसे धूमसे आकाशमें (सतीजी, गरुड़जी आदि ज्ञानियोंको जैसे मोह हुआ)। जलतत्त्वका आवरण सामान्य आवरण है, जैसे आकाशमें धूल (जैसे रावणादि विमुख जीव जानते हुए भी प्रभुमें मनुष्यत्वका आरोपण करते थे)। पृथ्वीतत्त्व आवरण होनेसे जीव विषयी हुआ, यह विशेष आवरण है, जैसे अंधकार—(विषयी प्रभुमें ईश्वरता देखते ही नहीं)'

(३) वीरकविजी (श्रीबैजनाथजीके ही भावको लेकर) इस प्रकार लिखते हैं कि आकाश निर्लेप है। धूल धरतीका विकार है, धुआँ अग्निका और तम सूर्यके अदृश्य होनेका। कारण पाकर ये आकाशमें फैलते और स्वयं विलीन हो जाते हैं। आकाश इनके दोषोंसे सर्वथा अलग है, वह ज्यों-का-त्यों निर्मल बना रहता है। यहाँ भी उदाहरण अलंकार है।

(४) श्रीनंगे परमहंसजी लिखते हैं कि जैसे आकाशमें तम, धूम और धूरि देख पड़ते हैं किंतु आकाशमें ये कोई विकार नहीं हैं, वैसे ही श्रीरामजीके विषयमें (उनके नरनाट्यमें) बालचरित, श्रीसीतावियोगविरह और रणक्रीड़ा करके रावणादिका वध दिखलायी पड़े हैं, पर ये कोई श्रीरामजीमें हैं नहीं क्योंकि तम, धूम, धूरि ये सब आकाशमें कारणसे हैं, वैसे ही श्रीरामजीके चरितमें बालचरित आदि सब कारण पाकर हुए हैं। जैसे तम, धूम और धूरिके कारण कुहरा, अग्नि और पवन हैं वैसे ही बालचरितका कारण मनुशतरूपाका वरदान है। (दोनोंने वर माँगा था कि हमारे पुत्र हों और प्रभुने उनको यह वर दिया भी, यथा—*'चाहौं तुम्हहि समान सुत प्रभु सन कवन दुराउ।'* (१। १४९)......*एवमस्तु करुनानिधि बोले।' 'जो बरु नाथ चतुर नृप माँगा। सोइ कृपाल मोहि अति प्रिय लागा॥'*......१५०।*'जो कछु रुचि तुम्हरे मन माहीं। मैं सो दीन्ह सब संसय नाहीं॥', 'इच्छामय नरबेष सँवारें। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारें॥ अंसन्ह सहित देह धरि ताता। करिहौं चरित भगत सुखदाता॥'* (१। १५२) सीताविरहका कारण नारदजीका शाप है। यथा—*'मम अपकार कीन्ह तुम्ह भारी। नारि बिरह तुम्ह होब दुखारी॥ श्राप सीस धरि हरषि हिय*......*।'* (१। १३७)*'मोर साप करि अंगीकारा।*

सहत राम नाना दुखभारा॥' (३। ४१) रणक्रीड़ा तथा रावणादिके वधके कारण ब्रह्मस्तुति एवं आकाशवाणी है। रणक्रीड़ामें नागपाशबंधन, अठारह दिनतक रावणसे संग्राम करके तब उसका वध करना इत्यादि रणकी शोभाके लिये है। यही शिवजीने बताया है। यथा—*'नट इव कपट चरित कर नाना। सदा स्वतन्त्र एक भगवाना॥ रनसोभा लगि प्रभुहिं बँधायो……'* (६। ७२)। नहीं तो*'भृकुटिभंग जो कालहि खाई। ताहि कि सोहइ ऐसि लराई॥'* (१। ६५) रावणवधके कारण ब्रह्मस्तुति, आकाशवाणी और रावणका वरदान है। यथा—*'मुनि सिद्ध सकल सुर परम भयातुर नमत नाथ पदकंजा।……॥'* (१। १८६) *'हरिहौं सकल भूमि गरुआई। निर्भय होहु देव समुदाई॥ गगन ब्रह्मबानी सुनि काना। तुरत फिरे सुर हृदय जुड़ाना॥ 'हम काहू के मरहिं न मारे। बानर मनुज जाति दुइ बारे॥'* (१। १७७) *'रावन मरनु मनुज कर जाचा। प्रभु बिधि बचन कीन्ह चह साचा॥'* (१। ४९) जैसे आकाशमें कुहरा, अग्नि और पवनरूपी कारणोंका अभाव होनेसे तम, धूम आदि कार्योंका अभाव हो जाता है (वैसे ही सबके वरदानों आदिकी पूर्ति बालचरित, सीताविरह, रावणवध आदि कार्योंद्वारा हो जानेपर फिर ये मोह लीलारूपी कार्य नहीं रह जाते। जिनसे लोगोंको भ्रम हो जाता है) और, आकाश कार्य-कारणसे रहित सदा स्वच्छ है, वैसे ही श्रीरामजी इन कार्य-कारणोंसे रहित, अर्थात् उनसे परे, सदा स्वच्छ, निर्मल, निर्विकार हैं। यथा—*'सुद्ध सच्चिदानंदमयकंद भानुकुल केतु। चरित करत नर अनुहरत संसृति सागर सेतु॥'* (२। ८७)

(५) मयङ्ककार कहते हैं कि 'शिवजीके वचनका तात्पर्य यह है कि रामविषयक मोहरूपी तमने गरुड़के हृदयको तमवत् आच्छादित किया और तुम्हारे हृदयको धूमवत् आच्छादित किया और भरद्वाज मुनिके हृदयको धूरवत् आच्छादित किया, तब उनके संदेह निवारणार्थ कागभुशुण्डी, मैं और याज्ञवल्क्यने पराभक्तिमय कथाको कहा, जिससे वह सब दूर हो गये और उन्हींके द्वारा जगत्में इस कथाका प्रचार हुआ।' सारांश यह कि गरुड़जीको रणमें प्रभुका बंधन देखकर, तुमको (सतीतनमें) सीताविरहविलाप एवं वनलीला देखकर और भरद्वाजको स्त्रीविरह तथा रोषयुक्त हो रावणवध करने इत्यादिमें जो मोह हुआ वही क्रमशः तम, धूम और धूरि है। [परंतु इस भावमें यह शंका उपस्थित होती है कि क्या उस समय श्रीभरद्वाज-याज्ञवल्क्य-संवाद हो चुका था, जब शिवजीने श्रीपार्वतीजीसे यह कथा कही? याज्ञवल्क्यजीके *'ऐसेइ संसय कीन्ह भवानी। महादेव तब कहा बखानी॥ कहौं सो मति अनुहारि अब उमा संभुसंबाद॥'* (१। ४७) से विरोध होता है। यदि भरद्वाजजीकी जगह श्रीभुशुण्डिजीका मोह लें तो कुछ अच्छा अवश्य हो जाता है, पर तीनों संवादोंका इन तीन दृष्टान्तोंमें लानेकी बात चली जाती है।]

नोट—५ यहाँतक बाहरके आवरण कहे, आगे भीतरके आवरण कहते हैं। (पं० रा० कु०)

प० प० प्र०—१ *'चितव जो……'* इति। (क) इस दृष्टान्तमें यह भेद है कि यहाँ 'नयनदोष' जानबूझकर निर्माण किया गया है। निसर्ग और हरिमाया यहाँ अज्ञान और भ्रमका कारण नहीं है। *'नयन दोष जा कहँ जब होई।……'* यह दृष्टान्तसदृश नहीं है। यहाँ नयनदोष प्राकृतिक है, सहज ही पैदा हुआ है और यहाँ *'चितव जो……'* में नयनदोष जानबूझकर अल्पकालके लिये निर्माण किया गया है—दोनोंमें इतना भेद है। पाखण्डीलोग जानबूझकर ऐसा करते हैं। रावण ठीक-ठीक जानता था पर जानबूझकर प्रभुपर मनुष्यत्वका आरोप करता रहा। (ख) मोहपिशाचग्रस्त पाखण्डी हरिपदविमुख और*'जानहिं झूठ न साँच'* वालोंके मोहभ्रमादिके हेतु भिन्न-भिन्न होते हैं, पर *'प्रभु पर मोह धरहिं'* यह कार्य एक ही है।

२ *'नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा'* इति। *'सोहा'* एकवचन है। *'धूरि'* कर्ता होता तो *'सोही'* चाहिये था। तम, धूम, धूरि तीनोंको साथ ले लें तो *'सोहहिं'* चाहिये था। अतः *'नभ सोहा'* ऐसा लेनेसे अर्थ होता है कि तम, धूम और धूरिके कारण आकाश सोहता है, उसकी कुछ हानि नहीं होती।

तम (अन्धकार) में ही आकाशकी शोभा मनोहर लगती है। दिनमें सूर्यके प्रकाशमें आकाश नयनमनोहर नहीं होता। रामचरित्रमें अज्ञान, मोह, भ्रम, हर्ष-शोक आदि विकार जो दीखते हैं वे उनकी शोभा ही बढ़ाते

हैं—*'फूलें कमल सोह सर कैसा। निर्गुन ब्रह्म सगुन भएँ जैसा।'* रात्रिमें ही असंख्य तारागण, ग्रहादिक आकाशस्थ देदीप्यमान मणिदीपोंके समान उस सुनील आकाशपटलपर मनोहर लगते हैं, उससे प्रसन्नता और शीतलताका लाभ होता है। उसपर भी यदि राकारजनी और राकाशशि हों तब तो उस मनोहरतासे परमानन्द आदि होते हैं और चकोरको तो परम सुख और सुधाकी प्राप्ति होती है। चक्रवाक दुःखी होते हैं। निर्गुण ब्रह्ममें मायाका संयोग होनेपर सगुण ब्रह्म दीखता है, इसमें यदि *'राका रजनी भगति तव राम नाम सोइ सोम'* और*'रामचरित राकेसकर'* भी हों तो सन्त-चकोरोंको सुखकी परम सीमा ही उपलब्ध होती है। तम तमोगुणका प्रतीक है, अज्ञानका उपमान है। वह आकाशस्थ तम आकाशको स्पर्शतक नहीं करता। इसी प्रकार राम-कृष्णादिके तमोगुणी चरित भी भक्तोंको सुखदायक, दुर्जनोंको विमोहक और सुरहितकारी ही होते हैं।

३ '**धूम**' धूसर होता है पर ऊर्ध्वगामी है और ऊर्ध्वगति सत्त्वगुणका लक्षण है—**'ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्त्वस्थाः'** (गीता) अतः धूमसे भगवान्‌के सत्त्वगुणी चरित्र समझना चाहिये। निर्गुण-निराकार ब्रह्ममें सत्त्वगुण भी नहीं है। धूमको आकाशमें फैलानेमें वायुकी आवश्यकता है, वातकी मदद बिना गतिका अस्तित्व ही नहीं रहता। वायु (=माया)+निर्गुण-निराकार ब्रह्म=सगुण-साकार ब्रह्म। उनके सत्त्वगुणी लीलाचरित आकाशगामी धूमके समान आकाशकी शोभाके वर्धक ही होते हैं। प्रतिक्षण इस धूमकी गति और दिशा पलटती है। वह आकाशगामी धूम भी नयनमनोहर होता है, इसीसे लोग उसका फोटो लेते हैं। इन चरित्रोंके पठन-पाठन, कथन-श्रवण और अनुकरणसे ज्ञान-भक्ति-लाभ होता है और जैसे वह धूम आकाशमें समा जाता है, वैसे ही ज्ञानी भक्त जीव ब्रह्ममें लीन हो जाता है अथवा हरिधामगमनरूपी सर्वोत्तम परमोच्च गतिको प्राप्त होता है।

४ '**धूरि**' रजोगुणका प्रतीक है। धूरि=रज। *'रज मग परी निरादर रहई'* पर *'गगन चढ़त रज पवन प्रसंगा।'* आकाशमें चढ़नेके लिये इसे भी पवनकी आवश्यकता है। वह आकाशगामी रज आकाशकी शोभा ही बढ़ाती है। वैसे ही प्रभुके रजोगुणी चरित हर्ष-शोक, विरह-विलापादि, कामीजनोंके-से चरित्र विवाहोत्सव, पुत्र-जननादि सभी चरित्र रजोगुणी हैं। पर इन चरित्रोंके पठन-पाठनादिसे जीवके हृदयाकाशका रजोगुण भाग जाता है और वह स्वच्छ निर्मल बन जाता है। वायु और अग्नि (सूर्यकी उष्णता) की सहायतासे जो वाष्प तैयार होता है उसको जलधर बनानेके लिये आकाशस्थ अति सूक्ष्म रजःकणोंका ही उपयोग होता है और वह जलद जगजीवनदाता होता है, वाष्प नहीं। निर्गुण ब्रह्मरूपी आकाशमें रजोगुणी सगुणचरित्ररूपी लीलाधूरि मायारूपी पवनकी गतिसे उड़ती है। भाव कि वह निर्गुण ब्रह्म ही करुणाघन, दयाघन बनकर कृपावारिकी वृष्टि करता है *'कृपा-बारिधर राम खरारी'* भक्त भव-हारी होते हैं। निर्गुण ब्रह्म ग्रीष्म-ऋतुके दिवसके आकाशके समान है। जीवके हृदयका रजोगुण *'रज मग परी निरादर रहई'* के समान *'सबके पद प्रहार नित सहई'।* सगुण चरित्रमें त्रिगुणात्मक लीला ही मनोहर और प्रलोभनीय होती है।

वि० त्रि०—अब विक्षेप कहते हैं। आवरणसे आत्माका अज्ञान होता है, विक्षेपसे द्वैतकी प्रतीति होती है। अपनी आँखमें उँगलीद्वारा विक्षेप हुआ, चन्द्रमाको कोई विक्षेप नहीं हुआ, अच्छी तरह मालूम है कि एक है, पर चन्द्रमा दो दिखलायी पड़ने लगते हैं। जगत्‌का आभास कर्म-दोषोंसे उत्पन्न है, उसकी निवृत्ति ज्ञानमात्रसे नहीं हो सकती। चूक अपनी है, चन्द्रमाकी नहीं। इसी भाँति अपना द्वैत भाव राममें दिखायी पड़ता है। जबतक कार्यका लय नहीं होगा, व्यवहारलय नहीं हो सकता। इसी भाँति स्वयं मलावृत होनेसे रामजीमें मलिनता दिखायी पड़ने लगती है। हमें जब अन्धकार, धूम और धूलिका अनुभव होता है, तब कहते हैं कि आकाश अन्धकार, धूम और धूलिसे भर गया। तमसे सूक्ष्म, धूमसे स्थूल और धूलिसे स्थूलतर मल कहा। यहाँ ब्रह्मकी उपमा आकाशसे दी गयी, क्योंकि आकाश और चिदात्मा विलक्षण नहीं हैं। दोनों ही सूक्ष्म, निर्मल, अज, अनन्त, निराकार, असङ्ग और सबके भीतर-बाहर व्याप्त हैं। चैतन्यपूर्ण आत्मा ही आकाश है, उसमें किसी वस्तुका लेप नहीं हो सकता। जीव समझता है कि जैसी हमें सच्ची विकलता होती है, वैसी ही रामजीको भी होती है। यह निर्गुण-निराकारमें अध्यासका उदाहरण है। वह सबका प्रकाशक है, उसमें अज्ञानान्धकार कहाँ?

बिषय करन सुर जीव समेता। सकल एक तें एक सचेता॥ ५॥
सब कर परम प्रकासक जोई। राम अनादि अवधपति सोई॥ ६॥

शब्दार्थ—**करन** (करण)=इन्द्रियाँ। **सचेत**=चेतनयुक्त चैतन्य, सजग, स्फूर्त। **प्रकासक**=प्रकाश करनेवाले। जिसकी सत्तासे किसी अन्य वस्तुका अस्तित्व कायम रहे वह 'प्रकाशक' और वह वस्तु 'प्रकाश्य' कहलायेगी। जैसे अन्धेरेमें दीपकद्वारा हम किसी वस्तुको देखते हैं तो दीपक 'प्रकाशक' है और वह वस्तु 'प्रकाश्य' है। दीपकको हटा दिया जाय तो वह वस्तु स्वयं लुप्त हो जायगी। इसी तरह श्रीरामजी समस्त वस्तुओंके प्रकाशक हैं। (लाला भगवानदीनजी) उनके सत्तारूपी प्रकाशसे जगत् भासित होता है, अनुभवमें आता है, अतः जगत् प्रकाश्य है, जैसा आगे कहते हैं।

अर्थ—विषय, इन्द्रियाँ, इन्द्रियोंके देवता और जीव सब-के-सब (प्रतिलोमरीतिसे) एक-दूसरे (की सहायता) से चैतन्य होते हैं॥ ५॥ जो सबका परम प्रकाशक है (अर्थात् जिसके कारण सबका अस्तित्व अनुभवमें आता है) वही अनादि (ब्रह्म) अयोध्यापति श्रीरामजी हैं॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) *'बिषय करन……'* इति। पूर्व कह आये हैं कि श्रीरामजी सहज प्रकाशरूप एवं प्रकाशनिधि हैं—*'सहज प्रकासरूप भगवाना।……' 'पुरुष प्रसिद्ध प्रकासनिधि।'* (११६) अब उनका प्रकाश कहते हैं। विषय इन्द्रियोंसे, इन्द्रियाँ देवताओंसे और देवता जीवसे उत्तरोत्तर सचेत हैं। विषय, करण आदि एक-से-एक उत्तरोत्तर श्रेष्ठ हैं। विषयमें इन्द्रियोंको आकर्षण करनेकी शक्ति है, यही विषयकी चैतन्यता है।* [विषय, इन्द्रियाँ उनके देवताओंके नाम निम्न चार्ट (नकशे) से स्पष्ट हो जायँगे। प्रत्येक इन्द्रियपर एक-एक देवताका वास है; यथा—*'इंद्री द्वार झरोखा नाना। तहँ तहँ सुर बैठे करि थाना॥ आवत देखहिं बिषय बयारी। ते हठि देहिं कपाट उघारी॥'* (उ० ११८) इन्द्रियोंमें चेतनता उनके देवताओंसे आती है, यदि देवता अपना वास उनपरसे हटा लें तो वे कुछ काम नहीं कर सकतीं, इसी भाँति विषय इन्द्रियोंसे चेतनता पाते हैं और इन्द्रियोंके देवता जीवसे प्रकाश पाते हैं। शरीरके जीवरहित होनेपर देवता इन्द्रियोंको सचेत नहीं कर सकते। जीव भी बिना श्रीरामजीकी सत्ताके कुछ नहीं कर सकता है।

	विषय—	इन्द्रियाँ—		इन्द्रियोंके देवता—
पञ्चतन्मात्रा — ज्ञानेन्द्रियोंके विषय	शब्द	श्रवण	ज्ञानेन्द्रियाँ	दिशा
	स्पर्श	त्वचा (त्वक्)		पवन
	रूप	नेत्र		सूर्य
	रस	जिह्वा		वरुण वा प्रचेता
	गंध	नासिका		अश्विनीकुमार
कर्मेन्द्रियोंके विषय	भाषण, भक्षण	वाणी (मुख)	कर्मेन्द्रियाँ	अग्नि
	लेना-देना	हाथ		इन्द्र
	चलना	पैर		जगविष्णु उपेन्द्र
	मल-त्याग	गुदा (पायु)		यम वा मित्र
	मैथुन-मूत्रत्याग	उपस्थ		प्रजापति वा मृत्यु
	संकल्प करना	मन	अन्तःकरण	चन्द्रमा
	निर्णय करना	बुद्धि		ब्रह्मा
	धारणा	चित्त		विष्णु वा अच्युत वा वासुदेव
	अहंता होना	अहंकार		शिव (रुद्र)

* 'विषय' का अर्थ देश और आश्रय भी होता है। इस अर्थको लेकर किसीका कहना है कि करण, सुर और जीव सभीका आश्रय या देश देह है, इस तरह 'विषय' का अर्थ देह भी होता है। देह जड़ होनेपर भी जीवका चैतन्य लेकर ही सचेत होता है।

नोट—१ *'बिषय करन सुर.......'* इति। अद्वैतमतानुसार भाव यह कहा जाता है कि 'जीव चेतन है, सुर भी जीव होनेसे चेतन हैं और विषय तथा करण जिसमें मनका भी समावेश है मायाके कार्य होनेसे जड़ हैं। जैसे तारमें बिजली और कोयलेमें अग्निके प्रविष्ट होनेसे तार तथा कोयला प्रकाशरूप देखनेमें आता है, वैसे ही चेतन जीव मनमें व्याप्त होनेसे मन चैतन्ययुक्त अर्थात् सचेत होता है। मनसे और देवताओंसे इन्द्रियाँ तथा देह सचेत होते हैं। जीव ब्रह्मका प्रतिबिम्ब है। अतः जैसे चन्द्रका प्रकाश और जल आदिमें पड़े हुए सूर्यप्रतिबिम्बका प्रकाश वस्तुतः सूर्यके ही प्रकाश हैं वैसे ही जीवका चैतन्य भी श्रीरामजीका ही है। इस प्रकार श्रीरामजी सबके परम प्रकाशक अर्थात् सबको सचेत करनेवाले हैं।

नोट—२ विशिष्टाद्वैतमतानुसार जीव स्वयं चेतन है तथापि प्रलयावस्थामें देह, मन, इन्द्रियाँ आदि न होनेसे वह जडवत् ही रहता है। जब श्रीरामजीकी इच्छासे देहादिकी सृष्टि होती है तब उसमें प्रविष्ट होकर वह चेतनताका व्यवहार करता है। अतः उसको भी सचेत करनेवाले श्रीरामजी हुए। अथवा मायावशात् यह जीव अचेत अर्थात् अज्ञानाच्छादित रहता है, मैं कौन हूँ, मेरा क्या कर्त्तव्य है, इत्यादिका ज्ञान उसको नहीं रहता। जब श्रीरामजीकी कृपा होती है तब वह सचेत होता है।

टिप्पणी—२ *'सब कर परम प्रकासक जोई।.......'* इति। (क) सबके *'परम प्रकासक'* कथनका भाव कि करण, सुर और जीव—ये सब एक-ही-एकके प्रकाशक हैं और श्रीरामजी सबके प्रकाशक हैं। पुनः, भाव कि करण, सुर और जीव—ये सब प्रकाशक हैं और श्रीरामजी *'परम प्रकासक'* हैं। इन्द्रिय-सुर-जीवके प्रकाशसे विराट् (समष्टि ब्रह्माण्डगोलक) चैतन्य न हुआ, किन्तु श्रीरामजीके प्रकाशसे चैतन्य हुआ। [यथा—**'वर्षपूगसहस्रान्ते तदण्डमुदकेशयम्। कालकर्मस्वभावस्थो जीवोऽजीवमजीवयत्॥'** (भा० २। ५। ३४) अर्थात् वह अण्ड एक सहस्र वर्षतक जलमें पड़ा रहा, तदनन्तर काल-कर्म-स्वभावस्थित जीव (सबको अपने स्वरूपमें स्थित रखनेवाले परमात्मा) ने उस निर्जीव अण्डको सजीव कर दिया।] (ख)*'राम अनादि अवधपति सोई'* अर्थात् जो सबका परम प्रकाशक परमात्मा है वही श्रीरामजी हैं। 'अनादि'का भाव कि विषयकरणादिके आदि श्रीरामजी हैं और श्रीरामजीका आदि कोई नहीं है वे अनादि हैं। अनादि देहलीदीपकन्यायसे राम और अवधपति दोनोंके साथ है 'अनादि अवधपतिका भाव कि अनादिकालसे अवधपति हैं (*'अनादि अवधपति'* कथनसे अवधकी भी अनादिता सूचित कर दी। इस विशेषणसे जनाया कि त्रेतायुगसे ही ये अवधपति नहीं हुए किन्तु अनादि-कालसे हैं। पुनः, 'अनादि राम' कहनेसे निर्गुण ब्रह्मका बोध होता, इसीसे सगुणवाचक पद 'अवधपति' दिया।) (ग) श्रीरामजी सबके प्रकाशक कैसे हैं यह **'यत्सत्त्वादमृषैव भाति सकलं.......'** मं० श्लो० ६ की व्याख्यामें भी देखिये। अद्वैत और विशिष्टाद्वैत दोनों मतोंके अनुसार ब्रह्म सबका परम प्रकाशक है। अद्वैतमतानुसार ब्रह्मका परमप्रकाशकत्व ऊपर *'बिषय करन सुर'* पर नोट १ में एक प्रकारसे दिया ही है, दूसरा प्रकार ऐसा है—इस मतमें भ्रमका अधिष्ठान ही उसका (भ्रमका) प्रकाशक है, जैसे रस्सीपर सर्पका भ्रम होता है। यहाँ सर्पका भास करानेवाली रस्सी ही है। रस्सी यहाँ न होती तो सर्पका भास न होता। अतः सर्पका प्रकाशक रस्सी है। परंतु विचार करनेपर रस्सी भी भ्रम ही है; वस्तुतः यह सन है। (सनको ही ऐंठन आदि देनेसे रस्सी, टाट, बोरा आदि अनेक पदार्थ मानते हैं, परंतु सर्वसाधारणको यह बात ध्यानमें नहीं आती) अतः सिद्ध हुआ कि सर्पका प्रकाशक रस्सी है और रस्सीका प्रकाशक सन है; इसलिये सर्पका परम प्रकाशक सन है। ऐसे ही दुनियामें जो ये अनेक पदार्थ अनुभवमें आते हैं उनमें एकका दूसरा प्रकाशक है; जैसे परई, पुरवा आदिका मृत्तिका; घड़ा, लोटा, गिलास आदिका ताँबा; कटक, कुण्डल आदिका सुवर्ण; धोती, कुरता आदिका रूई प्रकाशक है; परंतु मृत्तिका, ताँबा, सुवर्ण और रूई इत्यादिका भी मूल प्रकाशक परब्रह्म ही है। अतः इन सब अनन्त पदार्थोंका परम प्रकाशक (इनका मूलतत्त्व) परब्रह्म परमात्मा श्रीरामजी ही हैं। विशिष्टाद्वैतमतानुसार भी पूर्व नोट २ में एक प्रकार कहा है, दूसरा—जैसे सूर्य अग्नि आदि सबको प्रकाशित करते हैं, परंतु उनको भी प्रकाशित करनेवाले श्रीरामजी हैं, यथा—'**यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम्। यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम्।**' (गीता १५। १२) इत्यादि।

वि० त्रि०—*'निज भ्रम नहिं समुझहिं अज्ञानी।'* (११७। १) से यहाँतक शिवजीने शारदाकी ओरसे उत्तर दिया।

जगत प्रकास्य प्रकासक रामू। मायाधीस ज्ञान गुन धामू॥ ७॥
जासु सत्यता तें जड़ माया। भास सत्य इव मोह सहाया॥ ८॥

शब्दार्थ—**प्रकाश्य, प्रकाशक**—ऊपर चौ० ५-६ में देखिये। **मायाधीश**=मायाका स्वामी वा प्रेरक एवं अधिष्ठाता। **सहाया**=सहायतासे।

अर्थ—यह सब जगत् प्रकाश्य है। मायाके अधिष्ठाता, ज्ञान और गुणोंके धाम श्रीरामजी प्रकाशक हैं॥ ७॥ जिनकी सत्यतासे जड माया भी मोहकी सहायतासे सत्य-सी जान पड़ती है॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'जगत प्रकास्य......'* इति। ☞ अन्तर्प्रकाश (भीतरका प्रकाश) कहकर अब बाहरका प्रकाश कहते हैं। जगत् प्रकाशमान है, श्रीरामजी प्रकाशकर्ता हैं। जगत् कार्य है; उसमें प्रकाश कहकर अब (आगे) जगत्के कारणमें प्रकाश कहते हैं। जगत्का कारण माया है। 'श्रीरामजी मायापति हैं, ज्ञानगुणधाम हैं, इस कथनका भाव यह है कि मायाकी जडता और अवगुण (विकार) इनमें नहीं आते। ये तो मायाको ज्ञान और गुण देते हैं, तब उनसे वह जगत्की रचना करती है, यथा—*'एक रचइ जग गुन बस जाके।'*

नोट—१ 'प्रकाशक', 'मायाधीश', 'ज्ञानगुणधाम'। इन विशेषणोंको देकर सूचित करते हैं कि श्रीरामचन्द्रजी जगत्के प्रकाशक और कारण, और केवल जगत्हीके नहीं वरन् जगत्को रचनेवाली मायाके भी प्रकाशक हैं। मायाको जड़ कहा अर्थात् बताया कि उसमें अपनी कुछ शक्ति नहीं है, उसमें श्रीरामजीकी शक्ति है, इसीसे श्रीरामजीको मायाका स्वामी कहा। श्रीभुशुण्डिजीने भी कहा है कि*'माया खलु नर्तकी बिचारी'* हैं (उ० ११६), जैसा नाच श्रीरामजी नचाते हैं वैसा नाचती है। यथा—*'सोइ प्रभु भ्रू बिलास खगराजा। नाच नटी इव सहित समाजा॥'* (७। ७२)

'मायाधीश कहनेसे यह शङ्का होती है कि मायाके सम्बन्धसे श्रीरामजीमें भी मायाजनित अज्ञान और अवगुण होंगे? इस शङ्काके निवारणार्थ *'ज्ञान गुन धामू',* विशेषण दिया अर्थात् श्रीरामजीमें मायाके विकार नहीं हैं, वे तो ज्ञान और गुणोंके धाम हैं, उन्हींसे ज्ञान और गुण पाकर माया जगत्की रचना करती है। (मा० पी० प्र० सं०)

'ज्ञान गुन धामू' ज्ञानादि दिव्य गुणोंके धाम हैं। यथा—'**ज्ञानबलैश्वर्यवीर्यशक्तितेजः-सौशील्यवात्सल्यमार्दवार्जवसौहार्दसौम्यकारुण्यमाधुर्यगाम्भीर्यौदार्यस्थैर्यधैर्यशौर्यपराक्रमसत्यकामसत्यसंकल्पकृतित्व-कृतज्ञताद्यसंख्येयकल्याणगुणगुणौघमहार्णव इति रामानुजमन्त्रार्थे।**' **पुनर्भगवद्गुणदर्पणे** यथा—'**ज्ञानशक्ति-बलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः। भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः॥ हेयप्रत्यनीकत्वाशेषत्वाभ्यां सह गुणाष्टकमिदम्। जगदुत्पत्त्यादिव्यापारेषु प्रधानकरणम्॥ आश्रयणभजनोपयोगिनोऽन्ये गुणा वक्ष्यन्ते तत्र सत्यत्वज्ञानत्वानन्तत्वैकत्व-विभुत्वामलत्वस्वातन्त्र्यानन्दत्वादयाः।**' इत्यादि। (बैजनाथजी)

मूलरामायणमें नारदजीने श्रीरामचन्द्रजीके अनेक गुण वर्णन किये हैं, जो विशेष देखना चाहें (वा० १। १) देख लें। इनमेंसे यदि एक गुण भी किंचित् मात्रामें किसीमें आ जाता है तो वह महात्मा और सिद्ध हो जाता है।

नोट—२ *'जासु सत्यता तें......'* इति। (क) जिन शब्दोंके अनेक अर्थ होते हैं उनका प्रकरणानुसार जो अर्थ ठीक बैठता है वही लिया जाता है, जैसे 'हरि' शब्द मानसमें (१) '**रामाख्यमीशं हरिम्।** (मं० श्लो० ६) (२) *'कृपासिंधु नररूप हरि।'* (मं० सो० ५) (३) *'कह प्रभु सुनु सुग्रीव हरीसा।* (४। १२। ७) इत्यादि स्थानोंमें पृथक्-पृथक् अर्थमें आया है। (१) में जीवोंके क्लेश हरनेवाले अथवा भगवान्। (२) में भगवान् अथवा सूर्य और (३) में बन्दर अर्थ लिया गया है। वैसे ही झूठ, मृषा, मिथ्या आदि शब्दोंका प्रयोग तुलसीग्रन्थावलीमें भिन्न-भिन्न स्थलोंमें भिन्न-भिन्न अर्थोंमें हुआ है। यथा—*'झूठेहुँ हमहिं दोष जनि देहू।'* (२। २८। ३) *'सुनहु भरत हम झूठ न कहहीं।'* (२। २१०) *'झूठइ लेना झूठइ देना।'* (७। ३९) *'झूठो है झूठो है झूठो सदा जग संत कहंत जे अंत लहा है।'* (क० ७)

'मृषा न कहउँ मोर यह बाना।' (७। १६। ७) *छाँड़हु नाथ मृषा जल्पना।'* (६। ५६) *'मिथ्यारंभ दंभ रत जोई। ता कहँ संत कहहिं सब कोई॥'* (७। ९८) इत्यादि स्थलोंमें जहाँ जो अर्थ ठीक बैठता है वही लिया गया है।

इसी प्रकार *'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जानें।'* (१।११२। १) में जो अर्थ ठीक बैठता है वह दिया गया। वहाँ 'सत्य' के प्रतिपक्षमें 'झूठ' शब्द दिया गया, उसीके अनुसार यहाँ भी *'सत्य इव'* कहनेसे इसके प्रतिपक्षमें 'झूठ' का ग्रहण होता है। सत्य इव भासती है अर्थात् सत्य नहीं है, झूठ है। इस 'झूठ' का अर्थ यहाँ परिवर्तनशील अर्थात् परिणामी, बदलनेवाला, अस्थिर। और 'सत्य' का अर्थ 'परिवर्तनरहित अर्थात् अपरिणामी, न बदलनेवाला, स्थिर' है।

माया अर्थात् मायाका कार्य जगत् झूठा है और श्रीरामजी सत्य हैं। जैसे जल ठंडा है और अग्नि उष्ण है। इस भेदको न जाननेवाले मनुष्यको यदि गर्म जल दिया जाय तो वह उसका उष्णता-धर्म जलका ही धर्म समझेगा, वैसे ही जगत् श्रीरामजीमें मिला हुआ है इसलिये कभी-कभी जगत्में सत्यत्वका अनुभव हो जाता है, यद्यपि वह सत्यत्व-धर्म श्रीरामजीका ही है। मोहवशात् इस भेदको और श्रीरामजीको न जाननेसे अज्ञानी जीव इस सत्यत्वको जगत्का ही मान बैठते हैं और उसमें फँसकर दुःख उठाते हैं।

'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जाने' में श्रीरामजीको न जाननेसे झूठ सत्य जान पड़ता है यह बताया था और यहाँ बताते हैं कि श्रीरामजीकी सत्यतासे माया सत्य-सी जान पड़ती है। इन दोनों वाक्योंको विचार करनेसे यह बात सिद्ध होती है कि जगत्में भासमान सत्यत्व वस्तुतः श्रीरामजीका है, जब हम रामजीको जानेंगे तब हमें यह ज्ञान हो जायगा कि यह सत्यत्व श्रीरामजीका है।

पूर्व *'बिषय करन'* को सचेत और जगत्का प्रकाश करनेवाला कहा और यहाँ श्रीरामजीको *'मायाधीस'* कहा, उससे जान पड़ा कि माया अर्थात् विषयकरण और जगत् भी कोई एक सत्य वस्तु है जिसके अधीश श्रीरामजी हैं। उसके निराकरणार्थ कहते हैं कि *'जासु सत्यता तें जड़ माया। भास सत्य इव……।'* अर्थात् माया सत्य नहीं है, उसका सत्य-सा भासना श्रीरामजीकी सत्यतासे है।

जैसे **'यत्सत्त्वादमृषैव भाति सकलं……'**। इस प्रसङ्गकी कुछ बातें *'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जाने।'* (११२। १) में कविने खोलीं, वैसे ही *'झूठेउ सत्य……'* की कुछ विशेष बातें ,यहाँ खोलते हैं।

'झूठेउ सत्य' से यह अर्थ होता है कि झूठा भी सत्य है। अथवा जो द्वैत-अद्वैत दोनोंको सत्य मानते हैं उनके मतानुसार 'झूठ भी है और सत्य भी है' ऐसा भी अर्थ होता है। अतः गोस्वामीजी अपना अभीष्ट अर्थ स्पष्ट करनेके लिये यहाँ *'भास सत्य इव'* पद देते हैं अर्थात् माया वस्तुतः सत्य नहीं है, किन्तु श्रीरामजीकी सत्यतासे सत्य भासित होती है।

'बिषय करन सुर जीव समेता' से लेकर यहाँतक तीन बातें दिखायीं। एक यह कि इन सबोंके सचेत करनेवाले श्रीरामजी हैं। दूसरे यह कि जगत्-मात्रको प्रकाशित करनेवाले (अर्थात् जिनके कारण हमें जगत् अनुभवमें आता है वह) भी श्रीरामजी ही हैं। तीसरे यह कि उनमें जो सत्यत्व भासता है वह भी श्रीरामजीके सत्यत्वसे ही भासता है। यथा—*'तस्य भासा सर्वमिदं विभाति।'* (मुण्डक० २। २। १०) जैसे 'रज्जु सर्प' के संचलन, भास, सत्यत्व आदि सब गुणधर्म उसके अधिष्ठान 'रज्जु' के ही हैं वैसे ही यह जगत् श्रीरामजीमें भासित होनेसे इस जगत्के चेतनत्व, भास और सत्यत्व सब गुणधर्म श्रीरामजीके ही हैं, यह बात उपर्युक्त प्रसङ्गसे जनायी है।

मा० पी० प्र० सं०—स्थूल शरीरकी सत्तासे नख और बाल बढ़ते हैं, यदि इन दोनोंको शरीरसे अलग कर दें तो स्थूल शरीरको किंचित् पीड़ा नहीं होती। इसी प्रकार ईश्वरकी सत्तासे जड़ मायामें सत्यकी प्रतीति होती है, उसके अलग हो जानेसे जीवको दुःख नहीं, वरन् सुख ही होता है। पुनः जैसे चुम्बक पत्थरकी सहायतासे लोहा (जड़ वस्तु) चैतन्य (चलता हुआ) जान पड़ता है, वैसे ही माया-मोहकी सहायतासे सत्य जान पड़ती है। (यह भाव अध्यात्मरामायणके आधारपर होगा। यह अद्वैत मत है।) अध्यात्मरामायण सर्ग १ श्लोक १८—२० में शिवजीके वचन इस प्रसङ्गपर ये हैं—**'सर्वान्तरस्थोऽपि निगूढ आत्मा स्वमाययासृष्टमिदं विचष्टे।**

जगन्ति नित्यं परितो भ्रमन्ति यत्सन्निधौ चुम्बकलोहवद्धि॥ एतन्न जानन्ति विमूढचित्ताः स्वाविद्यया संवृतमानसा ये। स्वाज्ञानमप्यात्मनि शुद्धबुद्धे स्वारोपयन्तीह निरस्तमाये॥ अर्थात् प्रभु सब जीवोंके अंदर बसे हैं, परन्तु बहुत गुप्त हैं, अपनी मायासे रचे हुए इस संसारको देख रहे हैं। जगत् जड़ है तब भी उनके प्रभावसे नित्य ही इस प्रकार परिभ्रमण कर रहा है जैसे जड़ लोहा चुम्बक पत्थरके प्रभावसे। अर्थात् यह जो मायाका दृश्य है यह प्रभुकी सत्ताके कारण सत्य-सा देख पड़ता है। ऐसा न जानकर अपने मनपर अविद्यामायाका आवरण डाले हुए मूर्ख लोग अपने अज्ञानको आत्मरूप, शुद्ध-बुद्ध, मायासे परे प्रभुमें आरोपण करते हैं।

टिप्पणी—२ (क) *'जासु सत्यता तें जड़ माया'* इति। आगे इसीको दृष्टान्त देकर दिखाते हैं। झूठी मायाके सम्बन्धसे रामजी न देख पड़े, किन्तु असत्य मालूम हुए, यथा—*'गगन घनपटल निहारी। झाँपेउ भानु कहहिं कुबिचारी॥', 'मायाछन्न न देखिये जैसे निर्गुन ब्रह्म'।* रामजी सत्य हैं; उनकी सत्यतासे झूठी माया सत्य जान पड़ी। (ख) जो असत्य और जड़ माया श्रीरामजीकी सत्तासे सत्य और चेतन भासती है—ऐसा कहनेसे यह पाया जाता कि सभीको माया सत्य प्रतीत होती है, इससे *'मोह सहाया'* पद दिया। भाव यह कि जिसको मोह है, उसीको माया सत्य भासती है, अन्यको नहीं। यथा—*'बदन हीन सो ग्रसइ चराचर पान करन जो जाहीं', 'जिमि अबिबेकी पुरुष सरीरहि।'* (२। १४२) (मोह, अज्ञान, अविवेक पर्याय शब्द हैं। अविवेकी मनुष्य अपनेको देह समझकर देहके ही पालन-पोषणमें लगा रहता है। यदि मोह न होता तो वह देहको जड़, असत्य और अपनेको उससे भिन्न चेतन अमल सुखराशि जानता) जो मोहरहित ज्ञानी पुरुष हैं जैसे श्रीशुक-सनकादिकजी, उनको तो वह असत्य ही देख, समझ पड़ती है। (प्र० सं०) (ग) पुनः, यहाँ श्रीरामचन्द्रजी और माया दोनोंका प्राबल्य दिखा रहे हैं। श्रीरामजीमें इतनी सत्ता है कि असत्यको सत्य प्रतीत करा देते हैं और मायामें इतनी असत्यता है कि ऐसे ईश्वरको असत्य कर देती है। देखिये, गरुड़को मोहमें डाल दिया, यथा—*'ब्यापक ब्रह्म बिरज बागीसा। माया मोह पार परमीसा॥ सो अवतार सुनेउँ जग माहीं। देखेउँ सो प्रभाव कछु नाहीं॥……'* । (७। ५८) इसी तरह सतीजीको, यथा—*'बहुरि राम मायहि सिर नावा। प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा॥'* (प्र० सं०)

वि० त्रि०-माया अघटित-घटना-पटीयसी है। उसके अधीश बनकर सगुण हुए। मिथ्या माया जड़ है। उसमें प्रकाशन-शक्ति नहीं है। परिच्छेदके अवभासको अनात्मभास कहते हैं, वही अविद्या, जड़ शक्ति, शून्य या प्रकृति कहलाता है। ब्रह्म चेतन है, उसकी सत्यतासे जड़ माया (संसार), मोह (अज्ञान) की सहायतासे सत्य-सी मालूम होती है। भाव यह कि श्रीरामजीमें जो 'विरह विकलतादि' तुमने देखा वह माया थी, सत्य नहीं था। जब रामजीमें सारा संसार बिना हुए दिखायी पड़ता है तो उतना विरह विकलतादिका बिना हुए दिखायी पड़ना कौन-सी बड़ी बात थी। तुम्हारे अज्ञानकी सहायतासे वह सब सत्य दिखायी पड़ा।

दोहा—रजत सीप महुँ भास जिमि जथा भानुकर बारि।
जदपि मृषा तिहुँ काल सोइ भ्रम न सकै कोउ टारि॥ ११७॥

शब्दार्थ—रजत=चाँदी। भास (सं०)=भासती है=चमकती है; प्रतीत होती है। भास (संज्ञा)=प्रतीति। भानुकर=भानु (सूर्य) कर (किरण)। भानुकर बारि—(१। ४३। ८) *'तृषित निरखि रबिकर भव बारी……'* में देखिये। मृषा=अयथार्थ ज्ञानका विषय, धोखा देनेवाला। टारना=हटाना।

अर्थ—जैसे सीपमें (व्यवहारात्मिका) रजतका भास और जैसे सूर्यकिरणमें (व्यवहारात्मक) जलका भास, यद्यपि ये (व्यवहारात्मिक रजत और व्यवहारात्मक जल दोनों) तीनों कालों (भूत, भविष्य, वर्तमान) में मिथ्या हैं (तथापि) इस 'भ्रम' को कोई हटा नहीं सकता। (भाव कि भ्रम हो जाता ही है)॥ ११७॥

टिप्पणी—१ जैसे सीपमें चाँदीका भास होता है और सूर्यकिरणमें जलका, वैसे ही श्रीरामजीकी सत्यतामें माया सत्य भासती है। (पिछली चौपाई *'जासु सत्यता ते जड़ माया। भास सत्य इव मोह सहाया॥'* में

जो कहा उसीका दृष्टान्त इस दोहेमें दे रहे हैं। वहाँ मायाका स्वरूप कहा, यहाँ उसका दृष्टान्त दिया।) सीप सत्य है, (उसमें) चाँदी (का भास) झूठ है। सूर्यकिरण सत्य है, (उसमें) जल (का भास) झूठ है। ऐसे ही श्रीरामजी सत्य हैं, माया झूठी है।

टिप्पणी—२ यहाँ दो दृष्टान्त दिये हैं—सीपमें चाँदीका भ्रम और रविकिरणमें जलका भ्रम। दो दृष्टान्त इसलिये दिये कि श्रीरामजीके दो रूप हैं, एक निर्गुण दूसरा सगुण। (इन्हीं दोका प्रसंग यहाँ चला जा रहा है।) दो रूप, यथा—*'जय राम रूप अनूप निर्गुन सगुन गुनप्रेरक सही।'* सगुण स्थूल है, इससे सगुण रूपके दृष्टान्तमें 'सीप' को कहा, क्योंकि 'सीप' स्थूल है। निर्गुणरूप सूक्ष्म है; उसके लिये रविकिरणका दृष्टान्त दिया, क्योंकि सूर्यकिरण भी सूक्ष्म है। अथवा, जो दृष्टान्त मायाके लिये दिया, वही आगे जगत्‌के लियें देते हैं; इसीसे यहाँ दो दृष्टान्त दिये—एक मायाके लिये, दूसरा जगत्‌के लिये। [पुनः ऐसा भी कह सकते हैं कि रज्जुसर्प अँधेरेका दृष्टान्त है और रजत-सीप तथा मृगजल पूर्ण प्रकाशके दृष्टान्त हैं जिनमेंसे एक निकटका और दूसरा दूरका है।]

नोट—१ समन्वय-सिद्धान्तानुसार 'मृषा' शब्दका अर्थ 'अयथार्थ ज्ञानका विषय, धोखा देनेवाला, परिवर्तनशील इत्यादि ही माना जाता है, जैसा कि *'झूठेउ सत्य'* की व्याख्यामें लिख आये हैं। *'तिहु काल'* का भाव कि यह आजहीका ऐसा नहीं है, भूतकालमें भी ऐसा ही था और आगे भी ऐसा ही 'मृषा' रहेगा। *'भ्रम न सकइ कोउ टारि'* का भाव कि यह जानते हुए भी कि शुक्ति-रजत और मृगजल सदा ऐसा ही धोखा देते हैं तब भी इनके धोखेमें लोग आ जाते हैं। *'जदपि'* कहकर इसमें यह विलक्षणता दिखायी।

इस सिद्धान्तानुसार शुक्ति-रजत और मृगजल दोनों हैं और सदा अपने अधिष्ठानमें, अर्थात् रजत-शुक्तिमें और जल सूर्यकिरणमें स्थित हैं। इसका समर्थन *'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जाने। जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचाने॥'* (११२। १) में किया जा चुका है। एक समाधान और यह भी है कि नैयायिकोंने चाँदीको तेज माना है और शुक्ति पृथ्वीतत्त्व है। पञ्चीकरणके अनुसार पृथ्वीमें तेजका अष्टमांश है। अतः शुक्तिमेंके पृथ्वीतत्त्वका अंश आच्छादित होनेसे उसमें स्थित तेजस्तत्त्वका अनुभव होता है। तब उसमें चाँदीका भास होता है। इसी प्रकार सूर्यकिरण तेज है और पञ्चीकरणानुसार तेजमें जलतत्त्वका अष्टमांश है। जब तेजस्तत्त्वका आच्छादन होता है तब किरणोंमें जलतत्त्वका भास होता है। [श्रीरामानुजाचार्यस्वामी, स्वामी श्रीरामानन्दाचार्यजी और श्रीप्रभाकरजी आदि वेदवेत्ताओंका यह निश्चित सिद्धान्त है कि सम्पूर्ण ज्ञान सत्य है—**यथार्थं सर्वविज्ञानमिति वेदविदां मतम्।'** (श्रीभाष्य) और श्रुति-स्मृतियोंमें भी त्रिवृत्करण, पञ्चीकरण और सप्तीकरण आदिसे सीपमें रजतकी तथा रविकिरणमें जलकी नित्य सत्यता समझायी गयी है। रज्जुमें सर्पका, सीपमें रजतका तथा रविकिरणमें जलका भ्रम उसकी स्वल्पसत्ताका प्रत्यायक है। जहाँपर जिसकी सत्ता स्वल्पमात्र भी नहीं रहती, वहाँ उसका भ्रम नहीं होता। जैसे सीपके ही पृष्ठभागपर अथवा तमालपत्रादिमें रजतका भान नहीं होता; क्योंकि वहाँ रजतकी स्वल्प सत्ता भी नहीं है। (वे० भू०)]

इसपर यह शङ्का हो सकती है कि इस सिद्धान्तके अनुसार जब शुक्तिमें रजत और सूर्यकिरणमें जल सूक्ष्मरूपसे है ही तब उसके ज्ञानको 'भ्रम' क्यों कहा गया? इसका समाधान यह है कि उसके ज्ञानको यहाँ 'भ्रम' नहीं कहा गया, किंतु वह वस्तुतः 'मृषा' अर्थात् अयथार्थ ज्ञानका विषय, अस्थिर और परिवर्तनशील है तथापि हम उसे यथार्थ ज्ञानका विषय, स्थिर और परिवर्तनरहित समझते हैं; यही 'भ्रम' है।

नोट—२ बाबा जयरामदासजी—*'जासु सत्यता ते जड़ माया·····'* यह चौपाई अद्वैतमतके समर्थनमें उद्धृत की जाती है। यहाँ यह कहा जाता है कि मायाको असत्य कहा गया है, अतः यह अद्वैतवाद है। परंतु इसके ऊपरकी चौपाई देखिये—*'जगत प्रकास्य प्रकासक रामू। मायाधीस ग्यान गुनधामू॥'* इसमें श्रीरामजीको मायाधीश कहकर स्पष्ट मायावाद सूचित किया गया है तथा जगत् शब्द जड़ मायाके पर्यायवाची शब्दके रूपमें

व्यवहृत हुआ है। दोहेके नीचेकी चौपाई *'एहि बिधि जग हरि आश्रित रहई। जदपि असत्य देत दुख अहई॥'* में भी जगत्का भासना ही असत्य कहा गया है; क्योंकि यहाँ भी वही स्वप्नकी उपमा दी गयी है; यथा—*'जौं सपने सिर काटै कोई। बिनु जागें न दूरि दुख होई॥'* और इस भ्रमका हटना सिवा रामकृपाके और किसी साधनसे सम्भव नहीं है—*'जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई। गिरिजा सोइ कृपाल रघुराई॥'* यद्यपि यह भ्रम तीनों कालमें मिथ्या है, अर्थात् यह जगत् तीनों कालमें रामरूपके अतिरिक्त और कुछ नहीं है, फिर भी उस भ्रमको कोई भी अपने पुरुषार्थसे हटानेमें समर्थ नहीं है जैसा कि *'रजत सीप महँ भास जिमि जथा भानुकरबारि। जदपि मृषा तिहुँ काल सोइ भ्रम न सकइ कोउ टारि॥'* इस दोहेमें कहा है। यहाँ *'रजतसीप'* की उपमासे 'विद्यामाया' और *'भानुकरबारि'* की उपमासे अविद्यामायाको सूचित किया गया है; क्योंकि विद्यामाया—*'एक रचइ जग गुन बस जाके'* दुःखद नहीं है, परंतु वह नानारूप-जगत्को भासित कराकर, पर्दा-सा डालकर भ्रम उत्पन्न करती है और दूसरी अविद्यामाया मृगतृष्णाकी भाँति 'मैं', 'मोर', 'तैं', 'तोर' बन्धनवाली दुःखरूपा है, यथा—*'एक दुष्ट अतिसय दुखरूपा। जा बस जीव परा भवकूपा॥'*

इन दोनों प्रकारकी मायाओंसे युक्त जगत् न कभी पहले भूतकालमें ही रामरूपको छोड़कर वस्तुतः इस नानारूपमें था, न अब वर्तमानकालमें ही है और न आगे कभी भविष्यमें ही इसका यह नानात्व वास्तविक होगा; तीनों कालोंमें यह जगत् भगवत्स्वरूप ही सत्य है। इसीसे कहा गया है—*'एहि बिधि जग'* अर्थात् इस प्रकारका यह जगत् जो *'हरि आश्रित रहई'* अर्थात् जिसके आश्रय केवल श्रीरामजी ही हैं, जिनका यह विश्वरूप है—*'बिश्वरूप रघुबंसमनि करहु बचन बिश्वास।'* अतएव यहाँ भी माया या जगत्को मिथ्या न कहकर उसके नानात्व भ्रमको ही मिथ्या कहा गया है, जो भ्रम श्रीरामकृपासे ही मिटता है। भ्रम मिटनेपर जीवको यह संसार श्रीरामरूप भासने लगता है तथा वह भ्रमजनित दुःखसे मुक्त होकर सुखी हो जाता है। इसलिये यहाँ भी अद्वैतवादसे कोई सम्बन्ध नहीं है। (मानसरहस्य)

नोट—३ वे० भू०—वेदान्तप्रकरणमें गोस्वामीजी 'असत्य' और 'जड़' शब्दोंको पर्यायवाची तथा 'सत्य' और 'चेतन' शब्दोंको पर्यायवाची मानते हैं *। यह निम्न चौपाई और विनयके पदसे स्पष्ट हो जाता है—*'जासु सत्यता ते जड़ माया। भास सत्य इव मोह सहाया॥'* अर्थात् जिस ब्रह्मकी चैतन्यतासे सहायक भूत अपने कार्य मोहके सहित जड़ माया भी चैतन्य भासित होती है, वह दयालु ब्रह्म रघुकुलावतीर्ण श्रीरामजी ही हैं। यदि यहाँ *'सत्य इव'* का *'चैतन्य इव'* अर्थ न किया जायगा तो 'जड़' शब्दकी कोई गति ही नहीं रह जाती। अतएव 'जड़' शब्दके साहचर्यसे मायामें सत्यका अर्थ चैतन्य और 'असत्य' का अर्थ जड़ मानना नितान्त आवश्यक है।† मायाको मिथ्या माननेको तो ग्रन्थकार ही विनयपत्रिका और कवितावलीमें मना कर रहे हैं। यथा *'जौं जग मृषा तापत्रय अनुभव होत कहहु केहि लेखे?* ‡*'झूठो है झूठो है झूठो*

---

* परंतु गोस्वामीजीने इस ग्रन्थमें श्रीरामजीको सत् (सत्य चित्) (चेतन) एक साथ ही अनेक बार कहा है। यथा 'ब्यापक एक ब्रह्म अबिनासी। सत चेतनघन आनँद रासी॥' (१। २३। ६) 'राम सच्चिदानंद दिनेसा॥' (१। ११६। ५) 'सोइ सच्चिदानंदघन……॥' (७। २५) इत्यादि। यदि सत्य और चेतन पर्याय होते तो क्या इस प्रकार एक साथ इनका प्रयोग हो सकता है? (श्रीगंगाधर ब्रह्मचारीजी)

† परंतु इसपर शङ्का होती है कि यहाँ जड़ शब्द एक बार और सत्य शब्द दो बार आया है। अतः विशेष होनेसे सत्य शब्दकी प्रतियोगितामें जड़का अर्थ मिथ्या क्यों न किया जाय? जैसा कि आगेके दोहा 'जदपि मृषा तिहुँ काल' में स्पष्ट कहा ही है, इसी प्रकार अन्यत्र भी 'असत्य' मिथ्या आदि शब्दोंका प्रयोग किया ही है। वहाँ भी क्या ऐसी ही खींचातानी करके अर्थ किया जाय जो सर्वथा अनुचित है। (श्रीगंगाधर ब्रह्मचारीजी)।

‡ वस्तुतः यहाँ लोगोंका तर्क-वितर्क है कि यदि जगको झूठ कहें तो दुःखका अनुभव किस प्रकार हो सकता है? इसके आगे कहते हैं कि 'कहि न जाइ मृगबारि सत्य भ्रमतें दुख होइ बिसेषें॥' अर्थात् (सूर्यकी किरणोंसे) जो मृगजलका भ्रम होता है उससे भी बहुत दुःख होता है, परंतु उसको सत्य नहीं कहा जाता। अन्तमें 'तुलसीदास सब बिधि प्रपञ्च जग जदपि झूठि श्रुति गावै' इस प्रकार स्पष्ट शब्दोंमें जगत्को झूठ कहा और अपने सिद्धान्तको श्रुतिकी सम्मति भी बताया। (श्रीगंगाधर ब्रह्मचारीजी)

सदा जग संत कहंत जे अंत लहा है। ताको सहै सठ संकट कोटिक काढ़त दंत करंत हहा है। जानपनीको गुमान बड़ो तुलसीके बिचार गँवार महा है।' (क०) अद्वैतसिद्धान्त प्रातिभासिक, व्यावहारिक और पारमार्थिक तीन सत्ताओंको मानता है। गोस्वामीजीने इनको कहीं भी स्पष्ट न लिखकर अद्वैतसिद्धान्तोंको भ्रमात्मक माना है यथा—*'कोउ कह सत्य झूठ कह कोऊ जुगल प्रबल करि मानै। तुलसिदास परिहरै तीनि भ्रम सो आपनु पहिचानै॥'* भाव यह है कि प्रकृतिको सत्य कहनेवाले सांख्यवादको, असत्य माननेवाले अद्वैतवादको और दोनों सिद्धान्तोंको प्रबल माननेवाले द्वैताद्वैत (भेदाभेद) वादके सिद्धान्तोंको भ्रमात्मक* कहते हुए परित्याग करनेके लिये बतलाया गया है।

कोई-कोई समझते हैं कि रजत-सीप आदि दृष्टान्त केवल अद्वैतवादियोंके ही हैं। ऐसा मानना सर्वथा भूल है, क्योंकि इन्हीं दृष्टान्तोंको सभी दार्शनिकोंने अपने-अपने पक्षके समर्थनमें अर्थान्तरसे दिया है।

इसी तरह रज्जु-सर्प और भानुकरवारि आदिके दृष्टान्तोंको भी समझना चाहिये।

इसं दोहेसे अद्वैतवाद कभी भी सिद्ध नहीं हो सकता क्योंकि अध्यास तो बिना तीनके बन ही नहीं सकता। एक तो अधिष्ठान (आधार) जिसमें कि किसी दूसरी वस्तुका आरोप होता हो। दूसरा वह पदार्थ जिसकी कल्पना अधिष्ठानमें की जाय। तीसरा वह (अधिष्ठाता) जो कि अज्ञानसे दूसरेमें दूसरेका आरोप करे। जैसे कि दृष्टान्तमें १—अधिष्ठान=सीपी, रविकिरण और रज्जु आदि। २—कल्पित पदार्थ रजत, जल और सर्पादि। ३—अधिष्ठाता=कल्पना करनेवाला अज्ञानी व्यक्ति। क्योंकि सीपी रविकिरण और रज्जु आदिको तो यह भाव हो ही नहीं सकता कि मुझमें चाँदी, जल और सर्पादिका आरोप हुआ है। इसी प्रकार चाँदी आदिको भी यह अनुमान नहीं हो सकता कि मैं सीपी आदिमें अध्यस्त हूँ। यह भास तो उसे होगा जो अधिष्ठान सीपी आदि तथा अध्यस्त रजत आदिसे सर्वथा भिन्न कोई एक तीसरा ही हो। उसी तरह, अधिष्ठानपदार्थ ब्रह्म १, अध्यस्त पदार्थ जगत् २, और अधिष्ठाता (अध्यास करनेवाला) अज्ञानी ३, होने चाहिये। बिना इन तीनोंके अध्यासवाद बन ही नहीं सकता और जब तीनों नित्य (अनादि) होंगे तभी स्वामी शंकराचार्यजीके बतलाये **'एवमनादिरनन्तो नैसर्गिकोऽयमध्यासः'** इस सिद्धान्तके अनुसार यह अध्यासवाद सिद्ध होगा।†

---

* इस कथनसे तो प्रायः सब आचार्योंके सिद्धान्तोंको भ्रमात्मक कहना पड़ेगा, क्योंकि कुछ लोग (बौद्धादि) जगत्को असत्य मानते हैं, कुछ (विशिष्टाद्वैती, द्वैती तथा सर्वसाधारण लोग) इसको सत्य मानते हैं और कुछ (निंबादित्यानुयायी) सत्यासत्य मानते हैं। अतः उपर्युक्त कथनानुसार ये सब सिद्धान्त भ्रमात्मक मानने पड़ेंगे। श्रीस्वामी शंकराचार्यजीके अनुयायी (अद्वैती) जगत्को न सत्य मानते हैं न असत्य, किंतु सदसद्विलक्षण अर्थात् अनिर्वचनीय मानते हैं, अतः गोस्वामीजीके विचारसे यही एक सिद्धान्त भ्रमरहित है, (ध्यान रहे कि अद्वैत मतमें मिथ्या, मृषा, असत्य आदि शब्दोंका तात्पर्य 'अनिर्वचनीय' ही है।) दूसरोंको क्या कहें खास गोस्वामीजीने ही अपने ग्रन्थोंमें इन शब्दोंका प्रयोग विशेषरूपसे किया है जैसा कि अद्वैतियोंको छोड़कर अन्य कोई प्रायः नहीं करता, तो क्या गोस्वामीजी अपने ही कथनको भ्रम कहेंगे, मेरे विचारसे तो गोस्वामीजीके इस कथनका तात्पर्य यह है कि 'जगत्के सत्य मिथ्याविषयक वादविवादसे जीवका उद्धार न होगा; अतः इस व्यर्थ झगड़ेको छोड़कर आत्मज्ञान कर लेना चाहिये, इसीसे ही जीवका उद्धार होगा (ध्यान रहे कि यहाँपर 'सो आपनु पहिचाने' कहा है, अपनेको जाननेसे मोक्ष कहनेवाले अद्वैती ही हैं)। (पं० रूपनारायण मिश्र)

† वस्तुतः अद्वैतसिद्धान्तानुसार ब्रह्मको छोड़कर अन्य जीव अथवा जगत् कोई पदार्थ है ही नहीं, परंतु यह बात पामर जीवोंके समझमें सहसा नहीं आती। अतः उनको समझानेके लिये शास्त्रमें कहा गया है कि जैसे रज्जुपर सर्प भासता है वैसा ही ब्रह्मपर जगत् भासता है। तात्पर्य प्रातिभासिक सत्ता और व्यावहारिक सत्ता मानकर ही यह सब कथन है। पारमार्थिक सत्तामें तो 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' वा 'अहं ब्रह्माऽस्मि' इत्यादि कथनको भी स्थान नहीं है, ठीक ही है जब कि ब्रह्मके अतिरिक्त अन्य कुछ है नहीं तब किसको किसका अध्यास होगा ! परंतु यह तत्त्व न समझनेसे ही अनेक शंकाएँ उठती हैं। उनका समाधान भी किया जाता है जिसपर लोग और तर्क-वितर्क करने लगते हैं; जैसे श्रीरामजीका श्रीजानकीजीसे कदापि वियोग नहीं होता तथापि लीलाके अनुसार दोनोंका वियोग, उससे दोनोंको शोक, पुनर्मिलन फिर हर्ष इत्यादि पुराणादिमें वर्णित है; जिसको लेकर अज्ञानी जीव उसपर तर्क-वितर्क करने लगते हैं, उन्हीं लोगोंके विषयमें

नोट—४ श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि 'अपने स्थानमें चाँदी और जल सच्चे हैं। उसी सचाईसे सीपमें चाँदीकी प्रभा दिखायी देती है और रविकिरणमें जलकी। सीपमें चाँदीका प्रकाशमात्र है, स्थूल सीप ही है, उसको चाँदी मानना भ्रम है; तथा रविकिरणमें जलका प्रकाशमात्र है। स्थूल किरण ही है, उसको जल मानना भ्रम है। वैसे ही संसारमें ईश्वरका प्रकाशमात्र है, स्थूल पाञ्चभौतिक है यथा स्त्री, पुत्र आदि यावत् देह-व्यवहार है, उसको सच्चा मानना भ्रम है। यद्यपि देह-व्यवहार तीनों कालमें वृथा है तो भी उसमें सचाईका भ्रम मिटता नहीं।'

नोट—५ अद्वैतसिद्धान्तके अनुसार दोहेका भाव यह है कि जगदुत्पत्तिके पूर्व यह जगत् नहीं था अथवा प्रलयके बाद नहीं रहेगा, यह बात सर्वसाधारणकी बुद्धिमें आ जाती है परंतु जब कि प्रत्यक्ष जगत्का अनुभव हो रहा है और उससे सुख-दुःख प्राप्त होता है, अतः अनुभवकालमें तो यह अवश्य है, ऐसा ही सर्वसाधारणलोग समझते हैं। परंतु इस सिद्धान्तमें चराचर जगत् न तो प्रथम था, न इस समय है और न आगे होगा। गोस्वामीजी दो दृष्टान्त देकर इसी सिद्धान्तका प्रतिपादन यहाँ कर रहे हैं।

रज्जुसर्पके दृष्टान्त पूर्व दिये गये। उसपर कदाचित् कहा जाय कि सर्प चेतन होनेसे, हल्ला-गुल्ला करनेसे भाग गया होगा वस्तुतः वह सर्प ही था, रस्सी न थी, अतः रस्सीमें सर्पका भ्रम होना सिद्ध नहीं होता, अतएव शुक्ति (सीप) रजतका दृष्टान्त देते हैं। रजत समझकर जब उसको उठाया तब हाथमें सीप आयी तब ध्यानमें आ जाता है कि जिसको हम रजत समझते थे वह रजत नहीं है, सीप है। अतः सिद्ध हुआ कि सीप अनुभवकालमें रजत न था, अब भी नहीं है; अतएव आगे भी नहीं होगा। इस प्रकार तीनों कालमें उसका मृषात्व सिद्ध हो गया।

कुछ दार्शनिक रज्जु-सर्प, शुक्ति (सीप)—रजत, और मृगजल आदिको सत्य अर्थात् तीनों कालोंमें विद्यमान मानते हैं, अतः गोस्वामीजी अपना मत स्पष्ट शब्दोंमें लिखते हैं कि ये तीनों कालोंमें मृषा हैं।

प० प० प्र०—*'रजत सीप……'* इति। इन दृष्टान्तोंसे जनाते हैं कि जगत्की प्रातिभासिक सत्ताका नाश भी जीवके अधीन नहीं है। व्यवहारकालमें व्यावहारिक सत्ताका नाश भी जीवके प्रयत्नसे नहीं होता है। भ्रमाधिष्ठान सीप और भानुकरको जान लेनेपर भी उस ज्ञानीकी इन्द्रियोंको विशिष्ट परिस्थितिमें शुक्तिमें रजत और भानुकरमें जलका आभास तो होगा ही, पर वे त्रिकालमें सत्य नहीं हैं यह जाननेवाला उनसे सुख प्राप्तिकी आशा कभी करेगा ही नहीं। इस विश्वकी पारमार्थिक सत्यता सत्ता नहीं है। यह प्रपञ्च*'मोहमूल परमारथ नाहीं'* यह लक्ष्मणगीतामें कहा ही है। जीवन्मुक्तावस्थामें भी विश्वकी प्रातिभासिक और व्यावहारिक सत्ता नष्ट नहीं होती है। केवल निर्विकल्प समाधि-अवस्थामें विश्व नहीं रह जाता।

दो दृष्टान्त साभिप्राय हैं। इन दो दृष्टान्तोंसे केवलाद्वैतसम्प्रदायके दो मतोंका दिग्दर्शन कराया है। शुक्तिका रजतमें शुक्तिका उपादान कारण है और सूर्यकिरणोंकी विशिष्ट परिस्थिति निमित्त कारण है। एक पक्ष मायाधिष्ठान ब्रह्मको निमित्त और मायाको उपादान कारण मानता है। जल-बीचि, कनक-कंकण दृष्टान्त भी इस मतके ही निदर्शक हैं। दूसरे दृष्टान्तमें भानुकर उपादान है और भूमिकी विशिष्ट परिस्थिति निमित्त कारण है। (यह दूसरा पक्ष है जो) ब्रह्मको उपादान और मायाको निमित्त मानता है। इन दो दृष्टान्तोंमें सूर्यस्थानीय ब्रह्म है, एकमें सूर्य उपादान है और एकमें निमित्त। भागवतटीकाकार श्रीधर ब्रह्मको उपादान और मायाको निमित्त मानते हैं तथा बहुत-से ज्ञानोत्तरभक्तिमार्गीय केवलाद्वैती सन्तोंका भी यही मत है। शङ्करानन्दादि ब्रह्मको निमित्त और मायाको उपादान मानते हैं पर दोनोंमें अभेद होनेसे कोई हानि नहीं है। ब्रह्मको उपादान माननेवाले परिणामवादका अंगीकार नहीं करते।—देखिये श्रीमद्भागवतकी वेदस्तुति **'न घटत उद्भवः प्रकृतिपूरुषयोरजयोः……।'** (भा० १०। ८७। ३१)। की श्रीधरी टीका।

बालकाण्डमें श्रीपार्वतीजीके प्रश्नपर दोहा ११४ से ११८ तक कहा गया है। मेरे विचारसे श्रीगोस्वामीजीने इस भक्तिप्रधान ग्रन्थमें चरित्रको ही प्राधान्य दिया है तथापि अन्य विषय और दार्शनिक तत्त्व-विचार भी यत्र-तत्र संक्षेपसे दिये हैं। ऐसे स्थलोंपर अपने सम्प्रदायके सिद्धान्तानुसार ग्रन्थकी संगति लगानेभरका यत्न करना चाहिये, अन्य सिद्धान्तके खण्डनमें समय न देना ही अच्छा। (पं० रूपनारायण मिश्र)

वि० त्रि०—सीपमें रजत तीन कालमें असत्य है। सीपोंकी सत्यतासे उसमें सत्यताकी प्रतीति होती है। सीपीका इदमंश रजतमें प्रतीत होता है और सीपीका नील-पृष्ठ त्रिकोणादिरूप तिरोहित रहता है। इसी भाँति परमात्मामें इस मिथ्या जगत्की प्रतीति होती है। असंग आनन्दादि गुण तिरोहित हो जाते हैं और रजतकी भाँति जगत् भासित होने लगता है। यह हुआ मन्द अन्धकारका भ्रम। अब प्रकाशका भ्रम कहते हैं। जेठकी दुपहरियामें जलका भ्रम होता है। वह जल तीनों कालोंमें असत्य है, पर दिखलायी पड़ता है। ज्ञानसे भ्रमकी निवृत्तिमात्र होती है, संसार-दर्शनकी निवृत्ति नहीं होती, वह तो उसी भाँति भासित होता रहता है।*'भ्रम न सकै कोउ टारि'* का यही अभिप्राय है कि असत्य प्रतीतिके बाद भी उसका दिखायी देना नहीं बंद होता। उसी भ्रमको कोई टाल नहीं सकता। संसार-भ्रम क्या टलेगा ?

टिप्पणी—३ (क) *'तिहुँ काल'* का भाव कि श्रीरामजी तीनों कालोंमें हैं, माया उनके आश्रित है, इससे वह भी तीनों कालोंमें है। यथा—*'बिधि प्रपंच अस अचल अनादी।'* (ख) *'भ्रम न सकै कोउ टारि'*— मृषा होते हुए भी सत्य ऐसा भासता है इस भ्रमको कोई हटा नहीं सकता। अर्थात् भ्रमको दूरकर मायाको छोड़ देना शक्तिसे बाहर है, यथा—*'सो दासी रघुबीरकी समझें मिथ्या सोपि। छूट न रामकृपा बिनु नाथ कहउँ पद रोपि॥'* ☞छूट नहीं सकती तब आखिर जनक, शुकदेव आदि मायासे छूटे कैसे? अपनी शक्तिसे नहीं किंतु रामकृपासे। रामकृपासे ही यह भ्रम मिटता है। यही आगे कहते हैं,*'जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई।'* पुनः, [(ग) यहाँ *'कोउ'* का अर्थ है स्वयं वह अथवा दूसरा कोई अथवा जिस अधिष्ठानपर भ्रम हुआ है जबतक उसका ज्ञान नहीं होगा तबतक कोई नहीं टाल सकता। इसीसे श्रीरामजीको जाने बिना उनमें जो जगत्का भास होता है उसे कोई टाल नहीं सकता। (घ) *'कोउ न सकै'* का यह भी भाव है कि टारनेका प्रयत्न तो बहुत करते हैं; योग, जप, तप, यज्ञ आदि अनेक साधन करते हैं, परंतु इनके द्वारा छूटना तो दूर रहा और अधिक भ्रममें फँसता जाता है।]

नोट—६ पंजाबीजी लिखते हैं कि 'सीपमें चाँदी सीपके अज्ञान (ज्ञान न होने) से और रेतका ज्ञान न होनेसे रविकिरणके विषय मृगतृष्णाका जल दृष्टिमें आता है। ये कल्पित पदार्थ असत्य हैं, पर उस समय असत्य नहीं भासते', इसीसे *'न सकै कोउ टारि'* कहा।

एहि बिधि जग हरि आश्रित[१] रहई। जदपि असत्य देत दुख अहई॥ १॥
जौं सपने सिर काटै कोई। बिनु जागें न दूरि दुख होई॥ २॥
जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई। गिरिजा सोइ कृपाल रघुराई॥ ३॥

शब्दार्थ—**आश्रित**=ठहरा हुआ, सहारेपर टिका हुआ, अधीन।

अर्थ—इसी प्रकार जगत् भगवान्के आश्रित रहता है, यद्यपि वह असत्य (परिवर्तनशील) है तो भी दुःख देता है॥ १॥ जैसे, यदि स्वप्नमें कोई सिर काटे तो बिना जागे उसका दुःख दूर नहीं होता॥ २॥ हे गिरिजे! जिसकी कृपासे ऐसा भ्रम मिट जाता है वही कृपालु श्रीरघुनाथजी हैं॥ ३॥

नोट—१ (क) दोहा (११७। ८)*'जासु सत्यता तें जड़ माया।.....'* में मायाका स्वरूप कहा और यहाँ (११८। १) में जगत्का स्वरूप बताया। इन दोनोंके बीचमें दोहा ११७ *'रजत सीप.....'* को देकर दोहेको दीपदेहलीन्यायसे दोनों ओर सूचित किया। अर्थात् माया और जगत् दोनोंका एक ही स्वरूप है यह जनाया। (ख)*'एहि बिधि'* अर्थात् जिस विधि सीपीके आश्रित चाँदी और रविकिरणके आश्रित जल इसी प्रकार हरिके आश्रित जगत् है। अर्थात् उनकी सत्तासे जगत् सत्य (अपरिणामी) प्रतीत होता है। (ग) *'एहि बिधि.....'* का तात्पर्य यह है कि शुक्ति-रजत और मृगजल-शुक्ति और सूर्यकिरणके आधारपर ही भासते हैं। वैसे ही जगत् भी श्रीरामजीके आधारपर भासता है।*'एहि बिधि'* से इन्हीं दोका बोध होता है न कि मायाका। मायाका स्वतन्त्र अनुभव है नहीं, जगत् आदि कार्यरूपसे ही

१. आसृत—१६६१।

उसका अनुभव होता है। अतः दोनोंमें अभेद मानकर ही यत्र-तत्र इन शब्दोंका प्रयोग किया जाता है। (घ) *'एहि बिधि'* से जाना गया कि जैसे शुक्तिरजत, मृगजल, रज्जुसर्प आदि तीनों कालमें नहीं हैं वैसे ही जगत् पहले नहीं था, अभी नहीं है और न आगे रहेगा। इसपर यदि कोई कहे कि 'जब यह असत्य ही है तो फिर उसकी चिन्ताकी क्या आवश्यकता, उससे कोई हानि नहीं होगी?' तो उसपर कहते हैं कि यद्यपि यह असत्य है तथापि दुःख देता है, अतः उसके (भ्रमके) निवृत्तिका उपाय करना चाहिये। यहाँ शंका हो सकती है कि 'ब्रह्म सत्य है तब उसका आश्रित जगत् असत्य कैसे हो सकता है।' समाधान—जैसे ब्रह्म चेतन है परंतु उसका आश्रित जगत् जड़ है। ब्रह्म आनन्दघन है परंतु जगत् दुखदायी है, वैसे ही सत्य ब्रह्मका आश्रित जगत् असत्य हो सकता है।

टिप्पणी—१ (क) *'एहि बिधि'* अर्थात् जैसे माया हरिके आश्रित है वैसे ही जगत् भी हरिके आश्रित है। (ख) जो दृष्टान्त मायाके सम्बन्धमें दिया वही दृष्टान्त जगत्‌में देनेका तात्पर्य यह है कि माया और जगत् दोनों एक हैं। माया जगत्‌की उपादान कारण है, कार्य और कारण अभिन्न हैं जैसे मृत्तिका और घट*। भगवान्‌ने स्वयं कहा है—*'गो गोचर जहँ लगि मन जाई। सो सब माया जानेहु भाई॥'* जगत् मायामय है। (ग) *'जदपि असत्य देत दुख अहई।'* 'यद्यपि असत्य है तो भी दुःख देता है; यह सत्य है' तब शंका होती है कि असत्यका दुःख देना कैसे सत्य माना जाय? इसीपर शंकानिवारणार्थ दृष्टान्त देते हैं—*'जौं सपने सिर काटै कोई……'*। ☞यहाँ दिखाया कि माया और जगत्‌का स्वरूप एक ही है। माया असत्य है—*'जदपि मृषा तिहुँ……'* जगत् असत्य है—*'जदपि असत्य……'* माया हरिके आश्रित,—*'जासु सत्यता तें जड़……'*, *जग हरि आश्रित— 'एहि बिधि जग……'* माया भ्रमरूप है,—*'भ्रम न सकै कोउ टारि'* जगत् भ्रमरूप,—*'जासु कृपा अस भ्रम'*।

टिप्पणी—२ **'अहो विकल्पितं विश्वमज्ञानान्मयि भासते। रूप्यं शुक्तौ फणी रज्जौ वारि सूर्यकरे यथा॥'** इति अष्टावक्रवेदान्ते। अष्टावक्रजी कहते हैं कि हमको अज्ञानके कारण यह जगत् सीपमें चाँदी, सूर्यकिरणमें जल और रस्सीमें सर्पकी नाईं भासता है। ये ही तीनों दृष्टान्त गोस्वामीजीने भी दिये हैं, परंतु युक्तिके साथ। जहाँ जैसा चाहिये वहाँ वैसा कहा, एक ही जगह तीनों दृष्टान्त नहीं दिये। यह तुलसीकी विलक्षणता है। तीनों दृष्टान्त यथा—*'झूठेउ सत्य जाहि बिनु जाने। जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचाने॥'* (१), *'रजत सीप महँ भास जिमि'* (२), *'जथा भानुकर बारि'* (३) गोस्वामीजीने पूर्व सर्पको 'जग' के साथ दोनोंका भयावन-धर्म लेकर कहा। भाव यह कि जैसे सर्प भयावन है, उसके डसनेसे लहरें आती हैं, मृत्यु होती है, वैसे ही जगत् भयावन है, उसको सत्य जानना ही उसका डसना है जिससे पुनर्जन्म-मरण होता है। और यहाँ *'रजत सीप……'* इस दोहेमें सीपमें चाँदी और मृगवारिमें जल इन्हीं दोका प्रयोजन था जैसा कि दोहा ११७ की टिप्पणी १ में लिखा गया।

टिप्पणी—३ गोस्वामीजीने दोनों प्रचलित मतोंको यहाँ दिया है। किसीके मतसे माया और जगत् हैं। उनके मतके अनुकूल कहते हैं कि *'जगत प्रकास्य प्रकासक रामू'*। अर्थात् जगत् है तभी तो जगत्‌को प्रकाशित करते हैं। तथा *'मायाधीस ज्ञान गुन धामू'* से दिखाया कि माया है तभी तो मायाके अधीश हैं। पुनः, किसीके मतसे न माया है न जगत्। यथा—*'जासु सत्यता तें जड़ माया। भास सत्य इव मोह सहाया॥'* *'रजत सीप महँ भास जिमि जथा भानुकर बारि……'*, *'एहि बिधि जग हरि आश्रित रहई। जदपि असत्य देत……'*॥ सीपमें चाँदी नहीं है, सूर्यकी किरणमें जल नहीं है, ऐसे ही माया और जगत् भी नहीं है।

वे० भू० जी—रजतादिका दृष्टान्त देकर *'एहि बिधि जग हरि आश्रित रहई'* पदसे जग और ब्रह्मका

---

* मायाको जगत्‌का उपादान कारण मानना सांख्यका मत है। अद्वैत एवं विशिष्टाद्वैतादि सिद्धान्तवाले तो ब्रह्मको ही उपादान कारण मानते हैं।

शरीर-शरीरी भावसे अपृथक् सिद्ध सम्बन्ध दिखलाया है। क्योंकि श्रुतिस्मृतिका मन्तव्य जगत् और ब्रह्मके शरीर-शरीरी भावमें है। यथा—'**यस्य पृथिवी शरीरम्**', '**यस्यात्मा शरीरमिति श्रुतिः**', '**जगत्सर्वं शरीरं ते**' इत्यादि।

टिप्पणी—४ (क) *'जौं सपने सिर काटै कोई……।'* अर्थात् जगत् स्वप्न है—*'उमा कहउँ मैं अनुभव अपना। सत हरिभजन जगत सब सपना॥'* संसारी दुःख स्वप्नका दुःख है जो जागनेसे ही जाता है। यथा—*'सपने के दोष दुख जागे ही पै जाहि रे।'* (विनय०) हरिको जानना ही जागना है। यथा—*'जेहि जाने जग जाइ हेराई। जागे जथा सपन भ्रम जाई॥'* (ख) *'जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई।'*— *'अस'* अर्थात् जैसे जागनेसे स्वप्नभ्रम मिट जाता है उसी प्रकार। पुनः, अस अर्थात् जो किसीके टाले न टल सका था, यथा—*'भ्रम न सकै कोइ टारि'* वह भ्रम (मिट गया)। भाव यह है कि भ्रमका मेटना-मिटाना क्रियासाध्य नहीं है वरन् कृपासाध्य है। स्वप्नका भ्रम जागनेसे जाता रहता है। मोह-निशामें सोये हुओंको रामकृपा जगाती है, यथा—विनयमें *'जानकीस की कृपा जगावती सुजान जीव……।'* मूढ़ताका त्याग और श्रीहरिपदमें अनुराग करना ही जागना है, यह रामकृपासे ही होता है। सोतेमें अपना दुःख दूर करनेका सामर्थ्य जीवमें नहीं है, (वह किसीके जगानेसे ही जागता है। जैसे सोतेमें बर्राते हुए सुनकर लोग सोये हुएको सावधान कर देते हैं कि क्या है? क्या बर्रा रहे हो? यही बात यहाँ बताते हैं कि *'जासु कृपा……'* अर्थात् इस संसाररूपी रात्रिमें सोये हुए जीवको श्रीरामजीकी कृपा जगाती है।) रामकृपासे दुःख दूर होता है। और कोई भ्रम टाल भी नहीं सकता, रामजीकी कृपासे भ्रम मिट जाता है। (ग)*'सोइ कृपाल रघुराई।'* जगत्का भ्रम कृपा करके मेटते हैं अतः कृपाल कहा। पुनः कृपालका भाव कि कृपा करके रघुराई हुए, अवतारका हेतु कृपा ही है—'**मुख्यं तस्य हि कारुण्यम्।**' (कृपा न करते तो रघुकुलमें अवतार ही क्यों लेते ? नास्तिकोंका उपहास क्यों सहते?)

वि० त्रि०—ऊपर सीपमें रजत और भानुकरमें वारिके रहनेकी विधि कह आये कि उनकी भ्रान्तिमात्र होती है। इसी भाँति हरिमें जगत्के होनेकी भ्रान्तिमात्र है, वस्तुतः जगत् कुछ हुआ नहीं, भ्रान्तिमात्र है, मिथ्या है, फिर भी यह दुःख देता रहता है। उदाहरण देते हैं कि जैसे कोई स्वप्नमें सिर काटे। सिर तो वस्तुतः सुरक्षित है, सिरका काटना बिलकुल झूठ है, पर स्वप्न देखनेवाला सिरके कटनेकी पीड़ा और मरनेका दुःख ठीक-ठीक अनुभव करता है। उसे उस दुःखसे कोई छुड़ा नहीं सकता। उसको दुःखसे बचा देनेका एकमात्र उपाय उसका जागना है। जागनेसे ही उसका भ्रम मिट सकता है। स्वप्नके विकल्पमें केवल मन ही द्रष्टा, दर्शन और दृश्यरूप होकर विचित्रतासे भासता है। इसी प्रकार शुद्ध संवित् भी विचित्राकारसे भासती है। *'जगत प्रकास्य प्रकासक रामू॥'* (११७। ७) से *'गिरिजा सोइ कृपाल रघुराई।'* (११८। ३) तक श्रीशिवजीने शारदाकी ओरसे कहा।

नोट—२ (क) *'कृपा'* अर्थात् एकमात्र हम ही समस्त जीवोंकी रक्षा करनेमें समर्थ हैं, जीवकी सामर्थ्य नहीं है कि वह अपना दुःख दूर कर सके, यह सामर्थ्यका अनुसंधान कृपा है। यथा—'**रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थ्यसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी॥**'—(वै०) (ख) *'जासु कृपा'* यथा—*'सो दासी रघुबीर कै समुझे मिथ्या सोपि। छूट न रामकृपा बिनु नाथ कहउँ पद रोपि॥'* *'अतिसय प्रबल देव तव माया। छूटइ राम करहु जौं दाया॥'* (ग) जागना कृपासाध्य है तो कृपा कैसे हो? इसका उत्तर यह है कि *'मन क्रम बचन छाँड़ि चतुराई। भजत कृपा करिहहिं रघुराई॥'* छल छोड़कर भजन करनेसे प्रभु कृपा करते हैं, इसका उदाहरण इसी ग्रन्थमें यत्र-तत्र मिलेगा, यथा—*'मन बच क्रम बानी छाँड़ि सयानी सरन सकल सुर जूथा',* जब इस प्रकार ब्रह्मादिक प्रभुके शरण गये तब तुरत कृपा हुई, यथा—*'गगन गिरा गंभीर भइ हरनि सोक संदेहु'* (१८६), प्रभुने दुःखकी निवृत्तिका उपाय कर दिया।

रू० ना० मिश्र—अद्वैत-सिद्धान्तानुसार भाव यह है कि यहाँ असत्य होते हुए भी जगत् दुःख देता है, इसका उदाहरण देते हैं *'जौं सपने सिर काटै कोई……।'* अद्वैतमतानुसार जगत् स्वप्नवत् मिथ्या है।

स्वप्नमें देखे हुए सब पदार्थ मिथ्या होनेपर भी सुख-दुःख देते हैं वैसे ही जगत् मिथ्या होनेपर भी सुख-दुःख देता है, यथा—'**तस्मादिदं जगदशेषमसत्स्वरूपं स्वप्नाभमस्तधिषणं पुरुदुःखदुःखम्॥**' (भा० १०। १४। २२) अर्थात् यह अशेष जगत् असद्रूप, स्वप्नवत् अत्यन्त दुःखद है। पुनश्च, '**शोकमोहौ सुखं दुःखं देहापत्तिश्च मायया। स्वप्नो यथाऽऽत्मनः ख्यातिः संसृतिर्न तु वास्तवी॥**'(भा० ११। ११। २) अर्थात् इस जीवको मायासे शोक, मोह, सुख-दुःख और देहप्राप्ति इत्यादि संसृतिका भास होता है, वह वास्तविक नहीं है, जैसे कि स्वप्न।

यहाँ'*जासु सत्यता ते जड़ माया*' से'*जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई*' तक ग्रन्थमें परब्रह्म श्रीरामजीको सत्य तथा जगत्‌को मृगजल, शुक्तिरजत, स्वप्नवत् मिथ्या कहा है। इसी प्रकार इस ग्रन्थमें तथा विनय-पत्रिकामें परब्रह्म श्रीरामजीको सच्चिदानन्दरूप, एक, अनीह, अज, निर्गुण, निर्विकार, निराकार इत्यादि तथा जगत्‌को रज्जुसर्पादिवत् मिथ्या अनेक स्थलोंमें कहा है, इससे यही सिद्ध होता है कि श्रीगोस्वामीजी अद्वैत-सिद्धान्तके अनुयायी हैं; क्योंकि उपनिषद्, श्रीमद्भागवत तथा अन्य पुराण आदि सर्वमान्य प्राचीन ग्रन्थोंमें इस प्रकारका वर्णन मिलता है जिसको सर्व साम्प्रदायिक अपने-अपने सिद्धान्तानुसार किसी-न-किसी प्रकार लगा लेते हैं, परंतु निजी साम्प्रदायिक ग्रन्थमें इस प्रकारका वर्णन अद्वैतानुयायियोंके ग्रन्थोंको छोड़कर अन्यत्र कहीं भी नहीं मिलता है।

श्रीगोस्वामीजी किस सम्प्रदायके हैं यह तो इतिहासज्ञ लोग सिद्ध करें, परंतु उनके ग्रन्थकी शैली सगुणोपासक अद्वैतियोंके समान है* इतनी बात निर्विवाद है और '**वचस्येकं मनस्येकं कार्यमेकं महात्मनाम्**' इस वचनके अनुसार जैसा वे प्रतिपादन करते हैं वैसा ही उनका मत है यह भी सिद्ध ही है।

इसपर शङ्का हो सकती है कि अद्वैती तो निर्गुण ब्रह्मको ही माननेवाले हैं। वे तो '**अहं ब्रह्मास्मि**' मैं ही ब्रह्म हूँ, यही कहनेवाले हैं। वे सगुणोपासना और भक्तिमार्ग क्या जानें? इसका समाधान यह है कि—अद्वैत मतानुयायियोंमें दो भेद हैं, एक ज्ञानप्रधान और दूसरा भक्तिप्रधान। इनमें पहले भक्तिमार्गको मानते हुए भी तत्त्वविचार, आत्मचिन्तनमें विशेष निमग्न रहते हैं और दूसरे ब्रह्मको निर्गुण-निर्विकार आदि मानते हुए भी सगुणरूपके सेवा-पूजा आदि भक्तिमार्गमें निमग्न रहते हैं। इन दो मार्गोंमें प्रथम मार्ग विशेष कठिन है, दूसरा उसकी अपेक्षा कुछ सुलभ है, अतः प्रथम मार्गके अनुयायी थोड़े हैं और दूसरे मार्गके अनुयायी विशेष हैं। गोस्वामीजीने अपने ग्रन्थोंमें दोनों मार्गोंका प्रतिपादन समान भावसे किया है तथा दोनों मार्गके अनुयायी इसमें वर्णित हैं। इस चरित्रप्रधान ग्रन्थके अन्तिम फलश्रुतिमें भी'*रामचरनरति जो चह अथवा पद निर्बान*' कहकर स्पष्टरूपसे दो फल बताये हैं। श्रीलोमशजी प्रथम पक्षके अनुयायी हैं और श्रीशिवजी, अगस्त्यजी, सुतीक्ष्णजी आदि दूसरे पक्षके अनुयायी हैं।

अद्वैतसिद्धान्तको माननेवाले सगुणोपासक किस प्रकार होते हैं इसके उदाहरण महाराष्ट्रिय संत हैं। श्रीज्ञानेश्वर महाराज, नामदेवजी, एकनाथ महाराज, तुकारामजी महाराज, समर्थ रामदासस्वामी आदि अनेक महात्मा कट्टर अद्वैती होते हुए कट्टर सगुणोपासक हो गये हैं; यह बात उनके ग्रन्थोंसे सिद्ध होती है। किसीने यहाँतक कह डाला है कि यथार्थ उपासक तो अद्वैती ही हो सकता है, अन्य लोग तो उपासनाकी नकल उतारते हैं। ठीक भी है। उपासक तो अपने इष्ट उपास्यको छोड़कर अन्यको जानता ही नहीं, कहाँतक कहें वह अपना तन, मन, धनकी कौन कहे स्वयं अपनेको उपास्यमें मिला देता है; जैसा कि अरण्यकाण्डमें अनुसूयाजीने श्रीकिशोरीजीसे कहा है कि उत्तम पतिव्रताको अपने पतिको छोड़कर अन्य पुरुषका भान ही नहीं होता, ऐसे ही उस उषासककी स्थिति है वह '**सर्वं खल्विदं ब्रह्म**' अर्थात् यह जो सब अनुभवमें आता है वह सब मेरा उपास्य परब्रह्म परमात्मा ही है, '**अहं ब्रह्मास्मि**' अर्थात् मैं जिसको 'अहम्' ऐसा कहता हूँ वह 'ब्रह्म' ही है; मैं वास्तविक कोई वस्तु नहीं है। '**देहबुद्ध्या तु दासोऽहं जीवबुद्ध्या त्वदंशकः। तत्त्वबुद्ध्या त्वमेवाहमिति मे निश्चिता मतिः॥**' अर्थात् देह-बुद्धिसे मैं आपका दास हूँ, जीवबुद्धिसे आपका अंश हूँ, परंतु तत्त्वविचारसे

* श्रीगोस्वामीजी विशिष्टाद्वैती होते हुए उन्होंने अद्वैतियोंका-सा प्रतिपादन क्यों किया इसका कुछ समाधान इस ग्रन्थके प्रारम्भमें 'नये संस्करणका परिचय' में देखिये।

वास्तविक मैं तू ही हूँ, यहाँपर 'एव' शब्द 'त्वम्' के साथ लगा है न कि 'अहम्' के साथ अर्थात् 'त्वम्' का प्राधान्य है। दूसरोंको क्या कहें, इस सिद्धान्तके आद्य उद्धारक शङ्कराचार्य—'**अविनयमपनय विष्णो०**' इत्यादि '**षट्पदी**' में कहते हैं '**सत्यपि भेदापगमे नाथ तवाहं न मामकीनस्त्वम्। सामुद्रो हि तरंगः क्वचन समुद्रो न तारंगः॥**' अर्थात् हे नाथ! यद्यपि (आपमें और मेरेमें वास्तविक कुछ) भेद नहीं है (तथापि द्वैत बुद्धिसे व्यवहार-दशामें यही कहा जाय कि) आपसे 'मैं' हूँ, न कि मुझसे आप; जैसे समुद्र और तरंगोंमें कुछ भेद नहीं है तथापि समुद्रसे तरङ्ग कहा जाता है तरङ्गोंसे समुद्र नहीं कहा जाता।

बड़े खेदकी बात है कि ऐसे महापुरुषको कुछ लोग 'मिथ्यावादी, मृषावादी' इत्यादि व्यंग्य कटु वचन (गुप्त गालियाँ) कहा करते हैं। सुना जाता है कि प्राचीन ग्रन्थोंमें कुछ लोगोंने अद्वैत खण्डनके समयमें इस प्रकार कहा है, यदि यह सत्य हो तो उन महापुरुषोंको क्या कहा जाय! हो सकता है कि अपने सिद्धान्तके अभिनिवेशसे क्रोधावेशमें आकर मुखसे कुछ निकल गया हो जैसा कि श्रीरामजीके राज्याभिषेकमें विघ्न होनेसे क्रुद्ध होकर लक्ष्मणजीने अपने पिताको कटु वचन कहे हैं (अ० रामायण), परंतु हमलोगोंको विशेषतः श्रीरामानन्दियोंको तो उसका अनुकरण कदापि नहीं करना चाहिये, क्योंकि हमलोगोंके पूर्वाचार्य श्रीनाभास्वामीजीने अपने श्रीभक्तमालमें—'***कलिजुग धर्म पालक प्रगट आचारज संकर सुभट*''''''।' इत्यादि वर्णन किया है। गोस्वामीजीके ग्रन्थोंको माननेवालोंको तो विशेषरूपसे सावधान रहना चाहिये, क्योंकि इन्होंने तो जगत्‌को 'मिथ्या, मृषा, असत्य, झूठ आदि' कहनेकी झड़ी ही लगा दी है।

मुख्य तात्पर्य कहनेका यह है कि अद्वैतसिद्धान्तानुयायी होनेसे और जगत्‌को झूठ कहनेसे उपासनामें यत्किञ्चित् भी न्यूनता नहीं आती किंतु विशेष लाभ ही है। अपने ऊपर अपना प्रेम तो सबका स्वभावसिद्ध है, 'मैं सदा रहूँ, मेरा नाश कभी न हो' यह सभी चाहते हैं, परंतु मैं कौन हूँ? मेरा क्या स्वरूप है?' यह न जाननेसे देहादिको ही अपना स्वरूप मानकर अर्थात् यह देहादिक ही मैं हूँ ऐसा समझकर ही इनपर प्रेम करते हैं और रात-दिन उसके लालन-पालनमें लगे रहते हैं; परंतु जब यह ज्ञान होगा कि यह 'देह, इन्द्रियाँ, मन और चेतन जीवात्मा' मैं नहीं हूँ; किंतु परब्रह्म परमात्मा श्रीरामजी ही मेरा स्वरूप हैं तब देहादिकी आसक्ति, प्रेम आदि हटकर श्रीरामजीपर यह सब होगा और तदनुसार उन्हींका लालन, पालन आदि सब कुछ होगा।

इसी प्रकार जगत्‌को मिथ्या माननेसे लाभ ही है, क्योंकि जगत्‌को झूठ समझनेपर न तो उसपर आसक्ति रहेगी, न उसकी इच्छा होगी और न उसकी प्राप्तिसे हर्ष तथा अभावसे दुःख होगा, इन सब विषयोंको दुःखदायी तो सब ही मानते हैं, उसका त्याग तो अवश्य करना ही है, तब इसको सत्य माननेका व्यर्थ उपद्रव किसलिये किया जाय, सत्य माननेसे उसमें आसक्ति बढ़ेगी, मिथ्या माननेसे आसक्ति घटेगी और उसके त्यागमें कष्ट नहीं होगा, इस प्रकार अद्वैतियोंके इस सिद्धान्तमें भी लाभ ही है।

अद्वैती जो जगत्‌को मिथ्या कहते हैं इस मिथ्या शब्दका अर्थ है 'अनिर्वचनीय' अर्थात् जिसका प्रतिपादन ठीक-ठीक नहीं हो सकता। नहीं कहो तो अनुभवमें आता है; और है कहो तो विचारनेपर हाथमें कुछ लगता नहीं। जैसा रज्जु-सर्प रज्जुके न जाननेसे अनुभवमें आया और समीप जाकर देखने लगे तो लापता हो गया; इसलिये इसको है वा नहीं, कुछ कहा नहीं जाता, इसीको 'अनिर्वचनीय' कहा जाता है। ठीक भी है कि व्यासजी, जैमिनिजी आदि षड्दर्शनाचार्य तथा श्रीस्वामी रामानुजाचार्य, श्रीमध्वाचार्य, श्रीवल्लभाचार्य आदि बड़े-बड़े धुरंधर विद्वान् भी जिसके निर्वाचनमें सहमत होकर एक निर्णय न कर सके तो उसको 'अनिर्वचनीय' न कहा जाय तो और क्या कहा जाय, वह तो 'अनिर्वचनीय' सिद्ध ही हुआ।

उपनिषद्, पुराण, आदिमें द्वैत और अद्वैत ये दो शब्द मिलते हैं। विशिष्टाद्वैतका नामतक कहीं नहीं है, तथापि श्रीरामानुजाचार्यजीने सब श्रुतियोंका समन्वय करके एक सिद्धान्त सिद्ध किया और उसीका नाम 'विशिष्टाद्वैत' रखा है। (इसका अर्थ कोई यह न समझे कि यह सिद्धान्त आधुनिक है। ये सब सिद्धान्त प्राचीन परम्परागत हैं, समयानुसार लुप्त हुए थे तो इन आचार्योंने उनका जीर्णोद्धार किया है). ठीक ऐसे ही श्रीगोस्वामीजीने

अपना क्या सिद्धान्त है यह कहीं स्पष्ट नहीं कहा, तथापि इस चरित्र-ग्रन्थमें निर्गुण परब्रह्मका वर्णन तथा जगन्मिथ्यात्व आदि अद्वैतियोंके खास विषयोंका वर्णन उन्होंने विशेषरूपसे किया है (जिसकी यहाँ बिलकुल आवश्यकता नहीं थी) इसीसे उनके विचारोंका अनुमान कोई भी निष्पक्षपातसे कर सकता है, मेरे विचारसे जो अद्वैती निर्गुण मतके नामपर उपासकोंको तुच्छ समझते हैं या विरोध करते हैं और जो उपासनाके नामपर निर्गुण विचारको तुच्छ समझते हैं या विरोध करते हैं, उन दोनोंके लिये गोस्वामीजीने इस प्रकार एकत्र वर्णन किया है कि ये दोनों इसको पढ़ें, मनन करें और परस्पर विरोध करना छोड़ दें।

जगन्मिथ्यात्व सिद्ध करनेके लिये 'रज्जु-सर्प, शुक्तिरजत, स्वप्न' आदि दृष्टान्त दिये जाते हैं, इसका कारण यह है कि जब मनुष्यके अनुभवके विरुद्ध कोई बात कही जाती है तो उसके समझमें नहीं आती, तब उसको समझानेके लिये उसके अनुभवमें आयी हुई बातोंका दृष्टान्त दिया जाता है, तब उसके समझमें आता है।

जगत् वस्तुतः है नहीं तो अनुभवमें कैसे आता है? यह समझानेके लिये ही रज्जुसर्पादिके दृष्टान्त दिये जाते हैं, इन दृष्टान्तोंको अपने सिद्धान्तानुकूल लगानेके लिये जगत्सत्यत्ववादी अनेक युक्तियाँ लगाते हैं। जैसे कि सर्प कभी देखा था उसीका यहाँ स्मरण हुआ, अथवा लम्बाकृति आदिरूपसे रज्जुमें सर्प सर्वदा रहता ही है। पञ्चीकरणसे शुक्तिमें (पृथ्वीमें) चाँदी (तेज) सूक्ष्मरूपसे रहता है, रविकिरणोंमें जल रहता ही है, स्वप्नमें ईश्वर सब पदार्थ उत्पन्न करते हैं इत्यादि। क्या सर्वसाधारण लोगोंको समझानेपर भी वे इन युक्तियोंको समझ सकते हैं? यदि नहीं तो दृष्टान्तोंसे क्या लाभ? इसीसे तो जगत्सत्यत्ववादी इन दृष्टान्तोंको कभी नहीं देते (और उनको आवश्यकता भी क्या है? सर्वसाधारण लोग तो जगत्‌को सत्य मानते ही हैं। उनको दृष्टान्त देकर समझानेकी आवश्यकता ही नहीं)। गोस्वामीजीने इन दृष्टान्तोंके द्वारा जगन्मिथ्यात्व अनेक बार सिद्ध किया है, इससे भी उनके सिद्धान्तका अनुमान कोई भी कर सकता है। (पं० रूपनारायण मिश्र)

आदि अंत कोउ जासु न पावा। मति अनुमानि निगम अस गावा॥ ४॥
बिनु पद चलै सुनै बिनु काना। कर बिनु करम करै बिधि नाना॥ ५॥
आनन रहित सकल रस भोगी। बिनु बानी बकता बड़ जोगी॥ ६॥
तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहै घ्रान बिनु बास असेषा॥ ७॥
असि सब भाँति अलौकिक करनी। महिमा जासु जाइ नहिं बरनी॥ ८॥

शब्दार्थ—**अनुमानि**=अनुमान करके, विचार करके। ☞न्यायके अनुसार प्रमाणके चार भेदोंमेंसे एक 'अनुमान' भी है जिससे प्रत्यक्ष साधनके द्वारा अप्रत्यक्ष साध्यकी भावना हो। इसके भी तीन भेद हैं—पूर्ववत् वा केवलान्वयी, शेषवत् वा व्यतिरेकी (जिसमें कार्यको प्रत्यक्ष देखकर कारणका अनुमान किया जाय) और सामान्यतोदृष्ट वा अन्वयव्यतिरेकी (जिसमें नित्यके सामान्य व्यापारको देखकर विशेष व्यापारका अनुमान किया जाता है)। **बकता** (वक्ता)=बोलनेवाला; भाषण-पटु। **जोगी**=योगी।=योग (कौशल) वाला अर्थात् योग्य। **परस** (सं० स्पर्श)=छूनेकी क्रिया; छूना। यथा ***'दरस परस मज्जन अरु पाना। हरै पाप कह बेद पुराना॥'*** (१। ३५) **घ्रान** (सं०)=नाक। **बास** (वास)=गंध; सुगंध; बू। **असेषा**=सम्पूर्ण। **अलौकिक**=इस लोकसे परेकी; इस लोककी नहीं।=अप्राकृत दिव्य; अमायिक।=अद्भुत।

अर्थ—जिसका आदि और अन्त किसीने न पाया। वेदोंने बुद्धिसे अनुमान करके इस प्रकार (जैसा आगे लिखते हैं) गाया है॥ ४॥ (कि वह) बिना पैरके चलता है, बिना कानके सुनता है, बिना हाथके अनेक प्रकारके कर्म करता है॥ ५॥ मुखके बिना ही सम्पूर्ण रसोंका भोक्ता (भोग करने वा आनन्द लेनेवाला) है। वाणीके बिना ही बड़ा योग्य वक्ता है॥ ६॥ शरीरके बिना ही (अर्थात् बिना त्वक्, इन्द्रिय, त्वचाके) स्पर्श करता और नेत्रोंके बिना ही देखता है। नाकके बिना ही सम्पूर्ण गन्धको ग्रहण करता है (अर्थात् सूँघता है)॥ ७॥ उस (ब्रह्म) की करनी सब प्रकारसे ऐसी 'अलौकिक' है (कि) जिसकी महिमा वर्णन नहीं की जा सकती॥ ८॥

नोट—१ श्वेताश्वतरोपनिषद् तृतीयाध्यायमें इससे मिलती-जुलती श्रुतियाँ ये हैं—**'सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम्।'''''१७।'''''अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः। स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तम्॥'** १९॥ अर्थात् वे परमात्मा समस्त इन्द्रियोंसे रहित होनेपर भी समस्त इन्द्रियोंके विषयोंको जानते हैं॥ १७॥ वे हाथों और पैरोंसे रहित होनेपर भी सब जगह समस्त वस्तुओंको ग्रहण करते हैं और वेगपूर्वक सर्वत्र गमन भी करते हैं। नेत्रके बिना ही देखते हैं, कानोंके बिना सब कुछ सुनते हैं। वे समस्त जानने योग्य और जाननेमें आनेवाले समस्त पदार्थोंको भलीभाँति जानते हैं; परंतु उनको जाननेवाला कोई नहीं है। जो सबको जाननेवाला है; भला उसको कौन जान सकता है? उसके विषयमें महापुरुष कहते हैं कि वे सबके आदि, पुरातन, महान् पुरुष हैं॥ १९॥

नोट—२ पद्मपुराणभूमिखण्ड अध्याय ८६ वेन-विष्णु-संवादान्तर्गत गुरुतीर्थ तथा च्यवन महर्षिकी तीर्थयात्रा-कथा-प्रसंगमें कुञ्जल (तोता)-उज्ज्वल-संवादमें कुञ्जलने भगवान्‌का ध्यान इसी तरहका वर्णन किया है, यथा—**'ध्यानं चैव प्रवक्ष्यामि द्विविधं तस्य चक्रिणः। केवलं ज्ञानरूपेण दृश्यते ज्ञानचक्षुषा॥ ६९॥ योगयुक्ता महात्मानः परमार्थपरायणाः। यं पश्यन्ति यतीन्द्रास्ते सर्वज्ञं सर्वदर्शकम्॥ ७०॥ हस्तपादादिहीनश्च सर्वत्र परिगच्छति। सर्वं गृह्णाति त्रैलोक्यं स्थावरं जंगमं सुत॥ ७१॥ मुखनासाविहीनस्तु घ्राति भुङ्क्ते हि पुत्रक। अकर्णः शृणुते सर्वं सर्वसाक्षी जगत्पतिः॥ ७२॥ अरूपो रूपसम्पन्नः पञ्चवर्गसमन्वितः। सर्वलोकस्य यः प्राणः पूजितः सचराचरे॥ ७३॥ अजिह्वो वदते सर्वं वेदशास्त्रानुगं सुत। अत्वचः स्पर्शमेवापि सर्वेषामेव जायते॥ ७४॥ सदानन्दो विरक्तात्मा एकरूपो निराश्रयः। निर्जरो निर्ममो व्यापी सगुणो निर्गुणोऽमलः'**॥ ७५॥ अर्थात् (मैं चक्रधारीभगवान्‌का ध्यान कहता हूँ। वह दो प्रकारका है—निराकार और साकार। निराकारका ध्यान ज्ञानरूपसे होता है, ज्ञाननेत्रसे ही वे देखे जाते हैं। योगी और परमार्थपरायण महात्मा तथा यतीन्द्र उन सर्वज्ञ सर्वद्रष्टाका साक्षात्कार करते हैं॥ ६९-७०॥ वे हस्तपादादिरहित होनेपर भी सर्वत्र जाते और समस्त चराचर त्रैलोक्यको ग्रहण करते हैं॥ ७१॥ मुख और नासिकारहित होनेपर भी वे खाते और सूँघते हैं। बिना कानके सुनते हैं। सबके साक्षी और जगत्पति हैं॥ ७२॥ रूपहीन होनेपर भी पञ्चेन्द्रिययुक्त रूपवाले भी हैं। सर्वलोकोंके प्राण और चराचरसे पूजित हैं॥ ७३॥ जिह्वारहित होनेपर भी वे वेदशास्त्रानुकूल सब बातें बोलते भी हैं। त्वचारहित होनेपर भी सबोंका स्पर्श करते हैं॥ ७४॥ वे सत्-आनन्दस्वरूप विरक्तात्मा, एकरूप, निराश्रय, जरा-ममता-रहित, सर्वव्यापक, सगुण, निर्गुण और विशुद्ध हैं॥ ७५॥)

नोट—३ वैराग्यसंदीपनीमें गोस्वामीजीने यही विषय यों लिखा है—*'सुनत लखन श्रुति नयन बिनु रसना बिनु रस लेत। बास नासिका बिनु लहइ परसइ बिना निकेत॥'* ३॥

टिप्पणी—१ *'आदि अंत कोउ जासु न पावा।'''''* इति। (क) आदि और अन्त तन धारण करनेसे होता है, उसके तन नहीं है जैसा आगे कहते हैं—*'तन बिनु परस'''''।'* [(ख) इस कथनका भाव यह है कि प्राकृत लोगोंका जन्म 'आदि' है और मरण 'अन्त' है और ये तो स्वतः भगवान् हैं, परात्पर ब्रह्म हैं, अतएव 'अनादि' हैं। स्मरण रहे कि अवतारमें जन्म नहीं होता, प्रभु प्रकट हो जाते हैं। (मा० पी० प्र० सं०) पुनः, 'आदि-अन्त किसीने न पाया' का भाव कि सारी सृष्टि प्रभुसे ही उत्पन्न होती है और अन्तमें उन्हींमें लीन हो जाती है; तात्पर्य कि सृष्टिके पूर्व भी एकमात्र प्रभु ही थे और सृष्टिके अन्तपर भी एकमात्र वे ही रह जाते हैं और कोई नहीं। तब बीचमें पैदा हुआ जीव उनका आदि-अन्त क्या जाने? सृष्टिके स्थितिकालमें भी जीव जब ज्ञानका सब व्यवहार कर रहा है, उस अवस्थामें भी वह उनका यथार्थ वर्णन नहीं कर सकता। क्योंकि वह परिच्छिन्न है, अणु है और प्रभु अपरिच्छिन्न तथा व्यापक हैं। अतः *'आदि'''''पावा'* कहा। (ग) बैजनाथजी लिखते हैं कि 'श्रीरघुनाथजीका रूप कब और किससे हुआ, नाम कब किसने धरा, धाम कब किसने निर्माण किया और लीला कबसे प्रारम्भ हुई इति 'आदि' और कबतक रहेंगे इति 'अन्त' 'किसीने भी न पाया।' (घ) मनुष्यकी बुद्धिमें सादि और सान्त पदार्थ ही आ सकते हैं, अनादि और अनन्तकी वह भावना नहीं कर सकता। जिसका आदि और अन्त हो उसीका वर्णन सम्भव है। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ (क)*'मति अनुमानि'* इति। भाव कि वेद भी यथार्थ (नहीं जानते और न) कह सकते हैं, बुद्धिके अनुमानभर कहते हैं; क्योंकि आदि-अन्त कुछ है ही नहीं। (भाव यह है कि वेद अनादि हैं सो वे भी जिनका आदि और अन्त खोजते-खोजते हार गये तब अपनी बुद्धिसे अनुमान करके उन्होंने ऐसा कहा तो फिर और लोग किस गिनतीमें हैं। इसी विचारसे यहाँ केवल वेदोंका नाम दिया और *'कोउ'* शब्दसे शेष सब सृष्टिको जना दिया।)

नोट—४ रा० प्र० कार कहते हैं कि भाव यह है कि 'वह जैसा है वैसा वेद भी नहीं जानते और न कह सकते हैं। इसपर यदि कोई शंका करे कि 'आदि-अन्त नहीं तो जन्म, परधामगमन आदि तो सुना गया है और जिनके हाथ-पैर इत्यादि होते हैं उनका एक दिन अभाव भी है ?' तो इसके निवारणार्थ कहते हैं कि उनका प्राकृत शरीर ही नहीं तो जन्म और अन्त कैसे बनेगा—*'चिदानंदमय देह तुम्हारी।'* इसीको आगे कहते हैं—तीन चौपाइयोंमें प्राकृत इन्द्रिय, प्राकृत शरीर और प्राकृत करनी इत्यादिका निषेध करके फिर कहेंगे कि वह अप्राकृतिक है तथा उसकी इन्द्रियाँ कर्म इत्यादि भी अप्राकृतिक हैं।

नोट—५ *'गावा'*—बैजनाथजी लिखते हैं कि जो बात निश्चयपूर्वक जानी-समझी न हो उसको समझाकर विस्तारसे कहना असम्भव है। इसलिये *'बखाना'* वर्णन करना' इत्यादि शब्द न देकर *'गाना'* शब्दका यहाँ प्रयोग किया, क्योंकि 'गान' में केवल भावार्थ ही दर्शित किया जाता है; पढ़ने-सुननेवाला जैसा चाहे समझ ले। इस प्रकार वक्ताकी भी मर्यादा बनी रह जाती है।' दोहा ४५ भी देखिये।

टिप्पणी—३ (क) *'बिनु पद चलै……'* इति। यहाँसे भगवान्‌का वर्णन है। भगवान् पादके देवता हैं इसीसे 'पद' से वर्णन प्रारम्भ किया। इन्द्रियके बिना इन्द्रियका विषय (भोग) कहते हैं यह ईश्वरकी ईश्वरता है, इन्द्रियके बिना इन्द्रियका विषय नहीं होता। इन्द्रियोंका विषय भी उनमें नहीं है, यह उनकी ईश्वरता है, जैसा आगे कहते हैं, यथा—*'महिमा जासु जाइ नहिं बरनी।'* वे सब जीवोंकी इन्द्रियों और इन्द्रियोंके विषयको प्रकाशित करते हैं, यथा—*'बिषय करन सुर जीव समेता।……सब कर परम प्रकासक जोई।'* और आप स्वयं इन्द्रिय और उनके विषयसे रहित हैं। क्योंकि इन्द्रिय और उनके विषय माया हैं। (ख)*'तन बिनु परस……असेषा'* यहाँतक दस इन्द्रियोंमेंसे आठका विषय कहा, अश्लील समझकर गुदा और लिङ्गके विषय नहीं कहे।

टिप्पणी—४ *'असि सब भाँति अलौकिक करनी'* इति। (क) *'सब भाँति'*— पृथक्-पृथक् चरण, कर, नेत्र, नासिका और श्रवण आदिको कह आये। जिसके रूपको वेद पार नहीं पाते, जिसकी महिमाका वर्णन करना असम्भव है; इस कथनका तात्पर्य यह है कि उनका रूप अनन्त है। उनकी महिमा अनन्त है। यथा—*'महिमा नाम रूप गुन गाथा। सकल अमित अनंत रघुनाथा॥'* (ख) ऐसी अलौकिक करनी है। भाव कि जैसी करनी प्रभुमें है कि बिना इन्द्रियके सब कार्य करते हैं वैसी करनी त्रैलोक्यमें नहीं है, यह अलौकिकता है।

वि० त्रि०—योगी लोग आज भी ऐसे बहुत-से कार्य कर दिखाते हैं, जिन्हें साधारण पुरुष विश्वास नहीं कर सकते। जिसकी प्रकृति जिस वस्तुके विश्वास करनेकी नहीं होती वह उस वस्तुका विश्वास नहीं कर सकता। आँखमें पट्टी बाँधकर पीठके द्वारा पुस्तक पढ़नेका कौतुक जिसने देखा है, वह बिना हाथके ग्रहण करनेपर, बिना पैरके चलनेपर, बिना आँखके देखनेपर, बिना कानके सुननेपर अविश्वास नहीं कर सकता, फिर जिन कामोंको योगिवर्य कर सकते हैं, उन्हें परमेश्वर जो नित्य योगी हैं, जो सर्वदा ऐश्वर्यशाली हैं, अवश्य कर सकते हैं, वे बिना पैरके चल सकते हैं, बिना हाथके ग्रहण कर सकते हैं, बिना कानके सुन सकते हैं, बिना आँखके देख सकते हैं, इसमें आश्चर्यकी बात नहीं है। इसीसे *'बड़ जोगी'* अर्थात् महायोगी कहा है। लौकिक करनीके वर्णनके लिये शब्द हैं, अलौकिक पदार्थके वर्णनके लिये शब्द नहीं मिलते। इसलिये जिस महाप्रभुकी करनी सब भाँतिसे अलौकिक है, उसकी महिमा नहीं वर्णन की जा सकती।

'आदि अंत……अलौकिक करनी' इति।

इन चौपाइयोंके जोड़की जो श्रुतियाँ नोट १ में श्वेताश्वतरोपनिषद्से उद्धृत की गयी हैं उनके पूर्वकी श्रुतियाँ ये हैं—१ **'विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतो बाहुरुत विश्वतस्पात्।'** (श्वे० ३। ३) अर्थात् उनकी सब जगह आँखें हैं, सब जगह मुख हैं, सब जगह हाथ हैं और सब जगह पैर हैं। (२) **'तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्।'** (३।९) अर्थात् उस परम पुरुष परमेश्वरसे यह सम्पूर्ण जगत् परिपूर्ण है। (३) **'सर्वाननशिरोग्रीवः।'** (३। ११) अर्थात् वह परमात्मा सब ओर मुख, सिर और ग्रीवावाला है। (४) **'सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।'** (३। १४) वह परमपुरुष हजारों सिरोंवाला, हजारों आँखोंवाला और हजारों पैरोंवाला है। (५) **'सर्वतः पाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्। सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति॥'** (३। १६) अर्थात् वह परम पुरुष सब जगह हाथ-पैरवाला, सब जगह आँख, सिर और मुखवाला तथा सब जगह कानोंवाला है……।' (६) **सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम्। सर्वस्य प्रभुमीशानं सर्वस्य शरणं बृहत्॥ १७॥** अर्थात् जो समस्त इन्द्रियोंसे रहित होनेपर भी समस्त इन्द्रियोंके विषयोंको जाननेवाला तथा सबका स्वामी और सबका शासक एवं सबसे बड़ा आश्रय है।

वेदोंमें ब्रह्मके रूप और प्रत्येक इन्द्रियोंके वर्णनके साथ ही इन्द्रियोंका व्यापार भी वर्णित है। यथा—**'ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्।'** (यजु०) इस श्रुतिमें ब्रह्मके मुख होना कहा है। इसी तरह **'अस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदः।'** (छां०, **'सर्वगन्धः सर्वरसः'** (बृ० उ०) **'बाहूराजन्यः कृतः'** (यजु०), **'चन्द्रमा मनसो जातः'** (यजु०), **'सत्यकामः सत्यसंकल्पः'** (छां०), **'इच्छां चक्रे'** और **'तदैक्षत बहु स्याम्'** (छां०) में ब्रह्मका श्वास लेना, सूँघना तथा स्वाद लेना, दो भुजाओंवाला होना, मनवाला, सङ्कल्प करनेवाला, इच्छा करनेवाला कहकर बुद्धिवाला सूचित किया गया है। ये सब श्रुतियाँ ब्रह्मको शरीरवाला कहती हैं।

इस तरह परस्पर विरोधी श्रुतियाँ वेदोंमें हैं और सभी सत्य हैं, मात्र देखने-सुननेमें ही इनमें विरोध भासित होता है। ☞इसीसे कहते हैं—*'अस सब भाँति अलौकिक करनी।'* परब्रह्म परमात्मा अचिन्त्यशक्ति हैं और विरुद्धधर्माश्रय हैं। एक ही समयमें उनमें विरुद्धधर्मोंकी लीला होती है। इसीसे वे एक ही साथ सूक्ष्म-से-सूक्ष्म और महान्-से-महान् बताये गये हैं—**'अणोरणीयान्महतो महीयान्।'** (कठ० १ वल्ली २। २०) वे परमात्मा अपने नित्य परधाममें विराजमान रहते हुए ही भक्ताधीनतावश उनकी पुकार सुनते ही दूर-से-दूर चले जाते हैं—**'आसीनो दूरं व्रजति।'** परधाममें निवास करनेवाले पार्षदोंकी दृष्टिमें वहाँ शयन करते हुए ही वे सब ओर चलते रहते हैं। **'शयानो याति सर्वतः।'** अथवा वे सदा सर्वदा सर्वत्र स्थित हैं, उनकी सर्वव्यापकता ऐसी है कि बैठे भी वही हैं, दूर देशमें चलते भी वही हैं, सोते भी वही हैं और दूर देशमें जाते-आते भी वही हैं। वे सर्वत्र सब रूपोंमें नित्य अपनी महिमामें स्थित हैं। इस प्रकार अलौकिक परमैश्वर्यस्वरूप होनेपर भी उन्हें अपने ऐश्वर्यका अभिमान नहीं है। (कठ० १। २। २१)

सम्पूर्ण लोकोंमें स्थित समस्त जीवोंके कर्म एवं विचारोंको तथा समस्त घटनाओंको अपनी दिव्य शक्तिद्वारा निरन्तर देखते रहते हैं। भक्त जहाँ-कहीं भी भोजनके योग्य वस्तु समर्पित करता है उसे वे वहीं भोग लगा सकते हैं। वे सब जगह प्रत्येक वस्तुको एक साथ ग्रहण करनेमें और अपने आश्रित जनोंके सङ्कटका नाश करके उनकी रक्षा करनेमें समर्थ हैं। जहाँ भी उनके भक्त उन्हें बुलाना चाहें, वहीं वे एक साथ पहुँच सकते हैं। उन्होंने भक्तोंकी रक्षा करने तथा उनको अपनी ओर खींचनेके लिये हाथ बढ़ा रखा है। भक्त जहाँ उनको प्रणाम करता है वहीं उनके चरण और सिर आदि अङ्ग मौजूद रहते हैं।

बाबा जयरामदासजी रामायणी—*'बिनु पद चलइ सुनइ बिनु काना। कर बिनु करम करै बिधि नाना॥'* इस चौपाईको पढ़नेपर यह शङ्का उठती है कि जब भगवान् बिना पैरके चल सकते हैं, बिना कानके सुन सकते हैं, बिना हाथके काम-काज कर सकते हैं, तब उन्हें अवतार लेनेकी क्या आवश्यकता होती

है? वे तो निराकाररूपसे ही सब कुछ कर सकते हैं। और भगवान्‌के निराकार एवं सर्वव्यापी होनेकी स्थितिमें *'बिनु पद चलै'* आदि भी कहना कहाँतक ठीक है ?'

उत्तर—भगवान्‌के गुण, प्रभाव और रहस्यको न जाननेके कारण ही इस प्रकारकी शङ्काएँ उठा करती हैं। यदि हम भगवान्‌के सर्वशक्तिमान् सर्वव्यापी होनेपर ही विश्वास कर लें तो इस शङ्काका समाधान अपने-आप हो जाता है। क्योंकि जो सर्वव्यापी एवं सर्वशक्तिमान् है वह सब जगह सब कुछ कर सकता है।"......इस प्रसंगमें ग्रन्थकारने वेदवचनों (**'अपाणिपादो जवनो ग्रहीता'** इत्यादि) का ही अक्षरशः अनुवाद किया है—*'जेहि इमि गावहिं बेद'......।'* अस्तु। उपर्युक्त शङ्का केवल श्रीमानससे ही नहीं, वेदोंसे भी सम्बन्ध रखती है।*'बिनु पद चलै'* इत्यादिसे यही दिखलाया गया है कि परब्रह्म श्रीभगवान् जीवोंकी भाँति मायिक शरीर और इन्द्रियोंकी अपेक्षा न रखकर सर्वशक्तिमान् होनेके कारण शरीर और इन्द्रियोंके कार्योंको अपनी शक्तिसे ही सिद्ध कर लेनेमें पूर्ण समर्थ हैं। यहाँ यह बात नहीं कही गयी है कि परमात्माको चलनेकी आवश्यकता पड़ती है, बल्कि उनके इस ऐश्वर्यका कथन किया गया है कि और कोई बिना पैरके नहीं चल सकता परन्तु भगवान्‌में सामर्थ्य है, वे बिना पैरके भी चलते हैं, यही अघटित घटना है; इसीलिये आगे चौपाईमें कहा गया है—*'असि सब भाँति अलौकिक करनी। महिमा जासु जाइ नहिं बरनी॥'*

अब रही यह शङ्का कि 'सर्वव्यापीको चलनेकी आवश्यकता नहीं, इसलिये उनके सम्बन्धमें *'बिनु पद चलइ।'* आदि कहना ठीक नहीं है, अथवा सर्वज्ञके सुनने-सुनाने एवं सर्वद्रष्टाके देखने-दिखाने आदि क्रियाओंका वर्णन करना असंगत है।' इस शङ्काका समाधान तभी हो सकता है जब वेदभगवान् अथवा स्वयं गोस्वामिपाद अपनी कृपाका प्रसार करके इस रहस्यको समझा दें। इस सम्बन्धमें कवितावलीके *'अंतरजामिहु ते बड़े बाहरजामी हैं राम जो नाम लिए तें। धावत धेनु पेन्हाइ लवाइ ज्यों बालक बोलनि कान किए तें॥ आपनि बूझि कहै तुलसी कहिबे की न बावरि बात बिये तें। पैज परें प्रहलादहु को प्रगटे प्रभु पाहन ते न हिये तें॥'* इस सवैयामें भक्तजनोंके हितार्थ बहुत सुन्दर सिद्धान्त निचोड़कर रख दिया गया है। इसका तात्पर्य यह है कि भक्तलोग अपने सगुण सरकारको ही निर्गुण अर्थात् मायाके गुणोंसे अतीत, निराकार अर्थात् मायिक (पाञ्चभौतिक) शरीरसे परे, दिव्य विग्रह, दिव्य वपु, वेदसिद्धान्त आदि मानते हैं। उन्हीं प्रभुको सर्वव्यापक मानकर उनके सम्बन्धमें श्रीगोस्वामिपाद यह कह रहे हैं कि 'अन्तर्यामी भगवान्‌से हमारे बहिर्यामी प्रभु श्रीरामचन्द्रजी ही बड़े हैं, क्योंकि जब कोई प्रेमपूर्वक उनका नाम पुकारता है तब वे उसे सुनकर इस प्रकार दौड़ते हैं, जैसे तत्काल ब्याई हुई गौ अपने बछड़ेकी बोली सुनकर वात्सल्यभावसे उसकी ओर दौड़ती है। श्रीगोस्वामीजी महाराज कहते हैं कि मैं अपने समझकी बावरी बात कह रहा हूँ, यह बात दूसरेसे कहनेयोग्य नहीं है। बात यह है कि यद्यपि श्रीप्रह्लादजी सर्वव्यापी भगवान्‌के सच्चे विश्वासी और एकनिष्ठ भक्त थे, परन्तु जब पैज पड़ गयी तब उनकी बात रखने तथा उनकी रक्षा करनेके लिये उनके हृदयके अन्तरसे अन्तर्यामी भगवान् नहीं निकले, बल्कि भक्तभयहारी भगवान् बाहरसे अर्थात् खम्भसे ही प्रकट हुए।

कितनी सुन्दर युक्ति है, इस प्रकार भगवत्-भागवत-रहस्योंपर विचार करनेपर निराकार एवं सर्वव्यापी प्रभुका सुनना, बोलना, चलना ही नहीं, दौड़ना तथा भक्तरक्षार्थ कर्म (युद्धादि) करना भी सिद्ध होता है। इसमें शङ्का करनेकी कोई बात नहीं।

नोट—६ श्रीरामजीकी जो महिमा यहाँ वर्णन की गयी है, उसपर महानुभावोंने भिन्न-भिन्न भाव लिखे हैं जो यहाँ लिखे जाते हैं—

(१) प्रोफे० लाला भगवानदीनजी कहते हैं कि 'इन चौपाइयोंसे मैं तो यह मतलब समझता हूँ कि जैसे लौकिक जनोंके लिये इन्द्रियोंका होना जरूरी है, वैसे ही कोसलपति दशरथसुतके लिये जरूरी नहीं। अर्थात् लौकिक जन बिना इन्द्रियोंके कोई कार्य नहीं कर सकते, पर कोसलपति श्रीरामजी कर सकते हैं। भावार्थ यह हुआ कि उनकी शक्ति अनन्त और अपार है, वे किसी प्रकारसे प्रकृतिके पाबंद नहीं

हैं, स्वतन्त्र हैं। यह बात *'अलौकिक'* शब्दसे प्रत्यक्ष प्रकट है, इसी शब्दपर विचार करनेसे सब रहस्य खुल जाता है।'

(२) इस प्रसंगमें गोस्वामीजी *'बिनु पद चलै'* से लेकर *'ग्रहइ घ्रान बिनु बास असेषा'* तक इन्द्रियरहित होते हुए भी इन्द्रियोंके सब व्यवहार कार्योंका करना कहते हैं। पदादि इन्द्रियरहित होनेमें भाव यह है कि प्रभुका सर्वाङ्ग चिन्मय है जैसा कि वाल्मीकिजीने भी कहा है यथा—*'चिदानन्दमय देह तुम्हारी। बिगत बिकार जान अधिकारी॥'* (२। १२७। ५)

इसपर यह प्रश्न उठता है कि 'प्रभुके नखशिखका वर्णन, कर-पद-नासिका-नेत्रादि इन्द्रियोंका उल्लेख शास्त्रों, पुराणों, रामायणों आदिमें तथा इस ग्रन्थमें भी अनेक स्थलोंमें विस्तारसे पाया जाता है, उसके अनुसार यहाँ विरोध-सा जान पड़ता है?' इसका समाधान इस प्रकार है कि जैसे स्वर्णकी मूर्तिमें हस्तपादादि सब अवयव रहते हैं, परंतु विचारदृष्टिसे देखनेसे वहाँ स्वर्णके अतिरिक्त और कोई वस्तु नहीं है फिर भी जब हम उसका वर्णन करते हैं तब उसके प्रत्येक अङ्गका पृथक्-पृथक् वर्णन करते हैं। इसी प्रकार प्रभुके सगुणरूपमें विग्रहानुसार सब अवयव देखनेमें आते हैं, उन्हींका वर्णन ऋषि-मुनि-भक्तजन आदि मति-अनुसार करते हैं। तात्पर्य कि प्रभुके सर्वाङ्ग चिन्मय हैं। अतिरिक्त तत्त्वान्तरसे बने हुए अस्मदादिकोंके इन्द्रियोंके सदृश उनका तत्तद्विषयज ज्ञान नहीं है, अर्थात् इन्द्रियादिके निरपेक्ष सर्वदा सर्वविषयक भान आदि उनमें विद्यमान हैं।' (दार्शनिक सार्वभौमजी)

'असि सब भाँति अलौकिक करनी'······' इति। जैसे सर्वसाधारण जीव मन, इन्द्रिय और देह आदिसे अभीष्ट कार्य करते हैं, वैसे ही सब कार्य भगवान् बिना इन्द्रियोंके ही करते हैं, अतः उसे *'अलौकिक'* कहा। तात्पर्य यह है कि प्रभु सर्वव्यापक हैं। भक्त जहाँ ही उनको पुकारता है, वहाँ ही वे उसकी पुकार सुन लेते हैं और आ भी जाते हैं। वास्तविक यह आना-जाना भी लोकव्यवहार-दृष्टिसे ही कहा जाता है, नहीं तो वे तो अव्यक्तरूपसे वहाँपर भी विद्यमान हैं। यही बिनु पद चलने, बिना कानोंके सुनने आदि कथनका भाव है। इसी प्रकार और भी इन्द्रियरहित व्यवहारोंको समझिये।

(३) किसीका मत है कि 'भगवान्‌का स्वरूप सदैव षोडश वर्षका और द्विभुज है। यह निरूपण साकार ब्रह्मका है। क्योंकि यदि इसको निराकारका निरूपण मानें तो अनेक शङ्काएँ उठती हैं, यथा—जब ब्रह्म सबमें व्याप्त ही है तो ऐसा कौन स्थल है जहाँ उनको चलनेकी आवश्यकता होगी; बोलना और सुनना बिना दो व्यक्तियोंके नहीं हो सकता, यदि कोई और भी है तब तो दो ईश्वर हुए या उसके समान कोई और भी है, ऐसा हुआ तो ईश्वरके अद्वितीय होनेमें संदेह होगा। वह तो अकर्म है; उसका कर्म होना (करना?) कैसे सम्भव हो सकता है कि जिसके लिये उसको हाथकी जरूरत है, जब किसी रसमें वह अपूर्ण हो तभी उसको किसी रसका भोक्ता कह सकते हैं, वह ब्रह्म तो वाणीमें और वाणीसे परे है तो उसको वक्ता कैसे कह सकते हैं ? पुनः, जब वह किसीसे अलग हो तब उसका स्पर्श करना कहा जावे। वह तो चराचरमें व्याप्त है। इत्यादि, इत्यादि। अतएव यह निश्चय है कि श्रीशिवजी साकारहीका निरूपण कर रहे हैं।'

'त्रिपुटीके अभ्यन्तर सब चराचर ब्रह्माण्ड, विषय, इन्द्रिय, देवता इत्यादि हैं। जैसे कानपर दिशा, पाँवपर यज्ञविष्णु इत्यादि। जब देवता अपना निवास छोड़ते हैं तब मनुष्य श्रवणादि कर्म नहीं कर सकता। विराट् इत्यादिके इन्द्रियोंपर भी इनका वास रहता है, क्योंकि सतोगुणसे सम्पूर्ण देवताओं, रजोगुणसे इन्द्रियों और तमोगुणसे विषयोंकी उत्पत्ति और स्थिति है। परंतु प्रभु रामचन्द्रजीकी देह सच्चिदानन्दमय है, देही-देहका यहाँ विभाग नहीं, यज्ञविष्णु आदि देवताओंका वास इनकी इन्द्रियोंपर नहीं—यही तात्पर्य *'बिनु पद'* इत्यादिका है।'

(४) मानसमयङ्ककार लिखते हैं कि 'अलौकिक शब्दको विचारो क्योंकि लौकिक उसे कहते हैं जिसका बीज त्रिपुटी है अर्थात् इन्द्रिय, देवता और विषय, जिससे लौकिक काम बनता है और परमात्माका अलौकिक कर्म है अर्थात् चलना, सुनना, कर्म करना इत्यादि सब हैं परंतु इन्द्रियरहित हैं। तात्पर्य यह

कि परमात्माकी इन्द्रियाँ भी अलौकिक हैं जिनसे वह सब कर्म करता है। इससे यह सिद्ध होता है कि रामका चरण इत्यादि अङ्ग सनातन विराजमान है, जिसके बिना लौकिक अर्थात् त्रिपुटी असमर्थ हो छीज जाता है, यथा—*'सबकर परम प्रकासक जोई। राम अनादि अवधपति सोई॥',' शब्द अलौकिक ही लखो लौकिक त्रिपुटी बीज। राज राम चरणादि नित तिन बिन लौकिक छीज॥'*

(५) वि० त्रि०—एक स्थानसे पैर उठाकर दूसरे स्थानमें रखना ही चलना है। जहाँ पहिले पैर था वहाँ भी वह है। जहाँ रखा जायगा वहाँ भी वह है, अतः वह बैठे-ही-बैठे दौड़नेवालेके आगे निकल जाता है। (**तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत्**), वह श्रोत्रका भी श्रोत्र है, अतः बिना कानके सुनता है। उसके पाणिपाद सर्वत्र हैं, सर्वत्र सिर-मुख हैं, इत्यादि। इसीलिये उसे अपाणिपाद कहते हैं।

(६) श्रीबैजनाथजी इसका भावार्थ यों लिखते हैं कि (क) 'किसीने उसके पैर, कान, हाथ, मुख आदि देखे नहीं पर अनुमानसे उसका चलना, सुनना, अनेक कर्म करना, सब रसोंका भोक्ता होना इत्यादि सूचित होता है; क्योंकि उसीके प्रभावसे सब चलते, सुनते इत्यादि हैं, जैसे प्रजाके गुण देखकर राजाके गुणोंका अनुमान किया जाता है, वैसे ही श्रीरघुनाथजीको वेद अनुमान करके गाते हैं।'

(ख) 'हरिभक्त ऐसा अर्थ करते हैं कि जैसे सब जीवोंके हाथ, पैर, कान आदि इन्द्रियाँ हैं वैसी इन्द्रियाँ श्रीरामरूपमें नहीं हैं। उनका सर्वाङ्ग एकतत्त्व स्वयंप्रकाशरूप है। यथा—'**पदश्रवणकराननवाणीत्वङ्नयन-नासिकादीन्द्रियविषयाधीशैः विवर्जितो रामः साक्षात्परब्रह्मविग्रहः सच्चिदानन्दात्मकः स्वयम्**' (शिवस्मृति)। इस प्रकार प्रभुके पदकर्णादि विषय देवादि त्रिपुटीबद्ध नहीं हैं। अतएव बिना पदादि चलना आदि कहा।'

(ग) 'ज्ञानी लोग अर्थ करते हैं कि अन्तरात्मा पदादि अङ्गहीन है, परंतु उसीकी शक्तिसे गमनागमन आदि देहका व्यवहार होता है। अतएव बिना पदादि गमनादि कहे।'

(घ) 'विदुष ऐसा अर्थ करते हैं कि आदि-प्रकृति बिना पदके चलती है, बुद्धि बिना कानके सुनती है, त्रिगुणात्मक अहङ्कार बिना हाथके अनेक कर्म करता है। चराचरमात्रकी रचना इस अहङ्कारसे ही होती है। सात्त्विक अहङ्कारसे इन्द्रियोंके देवताओं, राजससे इन्द्रियों और तामससे इन्द्रियोंके विषयकी रचना होती है। आकाश बिना मुखके भक्षण करता है अर्थात् सब उसीमें समा जाते हैं। जल बिना जिह्वाके सब रसोंको धारण करता है। पुनः, व्योम बिना वाणीहीके वक्ता है क्योंकि उसमें सहज ही शब्द होता रहता है। पुनः योगी है, सदा एकरस स्थिर रहता है। पवन तन बिना सबका स्पर्श करता है, अग्नि नेत्र बिना देखते हैं अर्थात् उसके प्रकाशमें सब देखते हैं, पृथ्वी नाक बिना वास धारण करती है, इति विराट्‌रूपका यहाँ वर्णन है'।

(ङ) भगवत्-क्रिया-परायण यों अर्थ करते हैं कि 'यहाँ पूजित श्रीस्वरूप वर्णित है। भगवत् प्रतिमामें नरवत् पैर नहीं हैं, पर वह चलती है, जैसे साक्षी गोपाल चले आये—(भक्तमाल भक्तिरसबोधिनी-टीका क० २३८—२४१); कान बिना सुनती है, जैसे जगन्नाथजीमें प्रार्थनाका उत्तर मिलता है इत्यादि। इसी प्रकार श्रीबालाजीने बिना हाथके ही अर्थीका मनोरथ पूर्ण किया, श्रीजनार्दनभगवान्‌के तस्मई (खीर) भोगमें सर्प गिर गया जो अधिकारियोंने अभ्यागतोंको खिला दिया था। भगवान्‌के नरवत् नेत्र नहीं पर उन्होंने देखा, आजतक भगवान्‌का रोष प्रसिद्ध है।' करके बिना ही सात सौ कोसपर अङ्गद भक्तकी अर्पण की हुई जलमें डाली हुई मणिको जगन्नाथजीने ग्रहणकर हृदयपर धारण किया। विष्णुपुर बेगूसराय जिला मुँगेरमें श्रीरामदासजी श्यामनायिकाजीके यहाँ भगवान् थालका सब भोग पा (खा) गये, क्योंकि ब्राह्मण साधुओंने हँसीमें कहा था कि हम ठाकुरका जूठा न खायेंगे। धनाकी रोटी खायी, नामदेवजीके हाथका दूध पिया इत्यादि। बिना नरवत् मुखके रसोंका आनन्द लिया।

(च) श्रीरामानुरागी ऐसा भी कहते हैं कि 'यहाँ प्रेमाभक्ति वर्णित है। जब उरमें प्रभुका साक्षात्कार होता है तब ऐसा प्रेम-प्रवाह उमगता है कि वह बिना पदके चलने लगता है, उसे यह सुध नहीं रहती कि मेरे पैर कहाँ पड़ रहे हैं एवं सर्वाङ्गकी सुध भूल जाती है। यथा नारदसूत्रमें '**अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः।**

सा कस्मै परमप्रेमरूपा। अमृतस्वरूपा च। यल्लब्ध्वा पुमान्सिद्धो भवत्यमृतो भवति तृप्तो भवति। यत्प्राप्य न किञ्चिद्वाञ्छति न शोचति न द्वेष्टि न रमते नोत्साही भवति॥' (बैजनाथजी)

(छ) विषयी विमुख जीव ऐसा अर्थ करते हैं कि 'यहाँ विषयानन्द वर्णित है कि बिना पदके चले स्वपद (अपने पैरसे) न चले किंतु वाहनपर चले; बिना कानके सुने अर्थात् अर्जी आदि बाँचकर सुने, कर बिना अर्थात् हुक्ममात्रसे दण्ड और रक्षा आदि करे; मुखरहित सर्वाङ्ग रस भोग करे, जैसे कि नेत्रोंसे नृत्यरङ्गरसका, श्रवणसे गानतानरसका, तनमें अरगजादि पुष्पशय्याका, इत्यादि रीतिसे सर्व रसोंका भोग करे। बिना वाणी अर्जीपर हुक्म लिख दे; तन बिना दृष्टिमात्रसे अनेक रास-विलासका मानसी भोग करे; नेत्र बिना नायब, दीवान आदिद्वारा राजकाज देखे; नासिका बिना तन-वसन-मन्दिरादि सुगन्धित रखे। ऐसा सर्वाङ्ग सुख जिसको है वही भगवद्रूप यहाँ वर्णित है।' (११८। ५—८) में 'प्रथम विभावना' अलङ्कार है; क्योंकि बिना कारणके कार्यकी सिद्धि वर्णन की गयी है।

दो०—जेहि इमि गावहिं बेद बुध जाहि धरहिं मुनि ध्यान।
सोइ दसरथसुत भगतहित कोसलपति भगवान॥ ११८॥

शब्दार्थ—इमि=इस प्रकार। **'कोसल'**=श्रीअयोध्याजी। हिंदी-शब्दसागरमें लिखा है कि 'घाघरा नदीके दोनों तटोंपरका देश। उत्तर तटवालेको उत्तर-कोसल और दक्षिण तटवालेको दक्षिण-कोसल कहते हैं। किसी पुराणमें इस देशके ४ खण्ड और किसीमें ७ खण्ड बतलाये गये हैं। प्राचीन कालमें इस देशकी राजधानी अयोध्या थी।' और 'कोसलखण्ड' नामक ग्रन्थमें कोसल-देशका विवरण इस तरह है कि विन्ध्याचलसे दक्षिणप्रदेशमें एक राजधानी थी जिसका नाम नागपत्तन था (जिसे आजकल नागपुर कहते हैं)। वहाँ कोसल नामक एक प्रतापी राजा हुआ जिससे उस देशका 'कोसल' नाम पड़ा। तबसे वहाँके जो राजा होते थे उनकी एक 'कोसल' संज्ञा भी होती थी, जैसे तिरहुतिके राजाओंकी जनक, काश्मीरके राजाओंकी केकय, पंजाबके राजाओंकी पाञ्चाल होती थी, इत्यादि। उसी वंशमें एक भानुमन्त राजा हुए जिनकी पुत्री श्रीकौशल्याजी थीं। श्रीकौशल्याजीके विवाहके समयतक उनके कोई भाई न था; इसलिये भानुमन्तजीने कोसलदेशका भी उत्तराधिकारी श्रीदशरथजी महाराजको ही बनाया। उसी समयसे अयोध्या उत्तर-कोसल और नागपत्तन दक्षिण-कोसल नामसे विख्यात हुआ। महाभारतमें स्पष्ट उल्लेख है कि कौरव-पाण्डव-युद्धमें कौरवोंकी ओरसे उत्तर-कोसलका राजा बृहद्‌बल और पाण्डवोंकी ओरसे नग्नजित् दक्षिण-कोसलका राजा गया था।

अर्थ—जिसका वेद और पण्डित इस तरह गान करते हैं और जिसका मुनि लोग ध्यान करते हैं, वही भगवान् भक्तोंके हितार्थ दशरथपुत्र कोसलपति हुए॥ ११८॥

टिप्पणी—१ ऊपर कहा था कि ***'आदि अंत कोउ जासु न पावा।'*** वहाँके ***'कोउ'*** से यह स्पष्ट न हुआ कि किसीने आदि-अन्त कहनेका प्रयत्न किया और न कह सका। अतः उसे यहाँ स्पष्ट करते हैं—***'जेहि इमि गावहिं······'*** अर्थात् वेद, बुध और मुनि ये सब हार थके, किसीने आदि-अन्त न पाया।

टिप्पणी—२ (क) ***'गावहिं बेद बुध······'*** वेद और बुध वक्ता हैं, अतः ये गाते हैं। मुनि मननशील हैं, अतः वे ध्यान धरते हैं। (ख) ***'सोइ दसरथ सुत······'*** इति। यहाँ प्रथम ***'दसरथ सुत'*** कहा तब ***'भगत हित'*** और तब ***'कोसलपति'*** और ***'भगवान।'*** यह क्रम साभिप्राय है। क्रमका भाव यह है कि श्रीदशरथ महाराजके यहाँ उन्होंने पुत्ररूपसे अवतार लिया तब भक्तोंका हित किया। अर्थात् ताड़का, सुबाहु, खरदूषण, मेघनाद, रावणादि राक्षसोंको मारकर सबको सुखी किया। रावणवधके पश्चात् राज्याभिषेक हुआ तब कोसलपति हुए और राज्य किया। (भक्तोंका हित यह भी है कि प्रभुने ये सब चरित उन्हींके लिये किये, जिसमें इन्हें गा-गाकर भक्त भवपार हो जायँ, यथा—***'किये चरित पावन परम सुनि कलि कलुष नसाइ।', 'सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं। कृपासिंधु जन हित तनु धरहीं॥'*** (१। १२२। १) रावणके वधतक ऐश्वर्य छिपा रहा। राज्य-ग्रहण करनेपर उनका ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य प्रकट हुए। अतः कोसलपति कहकर ***'भगवान'*** कहा। ***'भगवान'*** कहकर जनाया कि अवतारकालमें भी षडैश्वर्ययुक्त

थे और अपने ऐश्वर्य प्रकट कर दिखाये हैं, जिसमें भक्त उनको भगवान् जानकर उनका भजन करें। क्रमसे उदाहरण सुनिये।

१ ऐश्वर्य (ईश्वरता)—*'रामराज नभगेस सुनु सचराचर जग माहिं।*
काल कर्म सुभाव गुन कृत दुख काहुहि नाहिं॥' (७। २१)

२ धर्म—*'चारिउ चरन धरम जग माहीं। पूरि रहा सपनेहुँ अघ नाहीं॥'* (७। २१। ३)

३ यश—*'जे ब्रह्म अजमद्वैतमनुभवगम्य मनपर ध्यावहीं।*
ते कहहु जानहु नाथ हम तव सगुन जस नित गावहीं॥' (७। १३)

४ श्री—*'रमानाथ जहँ राजा सो पुर बरनि कि जाइ।*
अनिमादिक सुख संपदा रहीं अवध सब छाइ॥' (७। २९)

५ ज्ञान—*'धरम तड़ाग ग्यान बिग्याना। ए पंकज बिकसे बिधि नाना॥'* (७। ३१। ७)

६ वैराग्य—*'सुख संतोष बिराग बिबेका। बिगत सोक ए कोक अनेका॥'* (७। ३१। ८)

अथवा, अर्थ करें कि जैसा पूर्व ऐश्वर्य कह आये कि *'बिनु पद चलै सुनै बिनु काना।'.......'* इत्यादि, ऐसे ऐश्वर्ययुक्त जो भगवान् हैं वही दशरथ कोसलपतिके सुत हुए। पुनः भाव कि भक्तके सम्बन्धसे *'भगवान'* कहा। ('भगवान्' शब्दका प्रयोग प्रायः उन सब स्थानोंमें हुआ है जहाँ भक्तोंका हित कहा गया है; यथा—*'ब्यापक बिस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना॥ सो केवल भगतन्ह हित लागी॥'* (१। १३। ४-५) *'भगतबछल प्रभु कृपानिधाना। बिस्वबास प्रगटे भगवाना॥'* (१४६। ८) *'भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप॥'* (७। ७२) तथा यहाँ *'भगत हित कोसलपति भगवान'* कहा। अथवा, कोसलमें बड़ा ऐश्वर्य है; आप उसके पति हैं, अतः *'भगवान'* कहा।)

नोट—वेदों और पण्डितोंका गान करना पूर्व चौपाइयोंकी व्याख्यामें दिखाया गया है। तत्त्ववेत्ता मुनि उनका ध्यान करते हैं, इसका प्रमाण स्वयं श्रीशुकदेवजी हैं। इन्होंने श्रीमद्भागवतमें 'महापुरुष' कहकर इन्हींकी वन्दना की है। यथा—'**ध्येयं सदा परिभवघ्नमभीष्टदोहं तीर्थास्पदं शिवविरिञ्चिनुतं शरण्यम्। भृत्यार्तिहं प्रणतपाल भवाब्धिपोतं वन्दे महापुरुष ते चरणारविन्दम्॥ त्यक्त्वा सुदुस्त्यजसुरेप्सितराज्यलक्ष्मीं धर्मिष्ठ आर्यवचसा यदगादरण्यम्। मायामृगं दयितयेप्सितमन्वधावद् वन्दे महापुरुष ते चरणारविन्दम्॥**'

वि० त्रि०—*'आदि अंत कोउ जासु न पावा।'* से यहाँतक शिवजीने वेदकी ओरसे कहा।

कासी मरत जंतु अवलोकी। जासु नाम बल करौं बिसोकी॥ १॥
सोइ प्रभु मोर चराचर स्वामी। रघुबर सब* उर अंतरजामी॥ २॥

अर्थ—जिनके नामके बलसे मैं काशीके जीवोंको मरते हुए देखकर (अर्थात् उनके प्राणोंके निकलनेका समय जानकर) शोकरहित करता हूँ॥ १॥ वे ही मेरे प्रभु अर्थात् इष्टदेव हैं, चराचरके स्वामी हैं, रघुवर हैं और सबके हृदयकी जाननेवाले हैं†॥ २॥

टिप्पणी—१ (क) 'जंतु'=छोटे-बड़े सभी जीव जिन्होंने जन्म लिया।=जितने भी शरीरधारी हैं। यथा 'जन्तु जन्यु शरीरिणः' (इत्यमरः) (ख) *'करौं बिसोकी'* अर्थात् गति देता हूँ। यथा—*'जासु नाम बल संकर कासी। देत सबहि सम गति अबिनासी॥'* (४। १०) *'आकर चारि जीव जग अहहीं। कासी मरत परम पद लहहीं॥'* (१। ४६) [भव-साँसति सहना, बारम्बार जन्म-मरण होना, इत्यादि 'शोक' है। इनसे रहित करते हैं। जन्म-मरण छुड़ाना, उनको परमपदकी प्राप्ति करा देना, *'बिसोकी'* करना है। शुकदेवलालजी *'बिसोकी'* का अर्थ *'बिसोक लोक बासी'* करते हैं। *'बिसोक लोक'* अर्थात् जहाँसे फिर संसारमें न आना पड़े। *'लोक बिसोक बनाइ बसाए।'* (१। १६। ३) देखिये। ☞काशीमें मरे हुए जीवोंको किस प्रकारकी मुक्ति प्राप्त होती है अथवा कौन लोक प्राप्त होता है, इसमें मतभेद है। श्रीरामोत्तरतापिनी उपनिषद्में केवल

---

* बस—१७०४, १७६२। † अर्थान्तर—वे अन्तर्यामी रघुवर सबके हृदयमें हैं। (वि० त्रि०)

'मुक्ति' होनेका वरदान है। यथा—'**स होवाच श्रीरामः।**''''''''**मुमूर्षोर्दक्षिणे कर्णे यस्य कस्यापि वा स्वयम्। उपदेक्ष्यसि मन्मन्त्रं स मुक्तो भविता शिव।।**' अर्थात् श्रीरामजीने कहा—हे शिव! यहाँपर मरते हुए प्राणियोंके दाहिने कानमें तुम स्वयं या किसी औरके द्वारा हमारे मन्त्रका उपदेश कर या करा दोगे तो वह प्राणी मुक्त हो जायगा। विशेष '*कासी मुकुति हेतु उपदेसू।*' (१। १९। ३; १। ४६। ४-५ देखिये।) '*जासु नाम बल*' का भाव कि काशीमें जीवोंकी मुक्ति होना यह उनके नामका प्रभाव है। जिसके नाममें यह प्रभाव है।]

टिप्पणी—२ '*सोइ प्रभु मोर*''''''' इति। (क) '*सोइ*' अर्थात् जीवोंको जिनके नामका उपदेश मैं किया करता हूँ वही रघुवर मेरे प्रभु हैं। ['वही मेरे प्रभु हैं' कहकर जनाया कि जीवोंको मुक्त करनेका सामर्थ्य उन्हींने मुझको दिया है, यह प्रभुत्व उन्हींका है।] पुनः भाव कि उन्हींका नाम मैं भी जपता हूँ, यथा—'*तव नाम जपामि नमामि हरी।*' (७। १४) '*महामंत्र जोइ जपत महेसू। कासी*''''''' (१। १९) केवल दूसरोंको ही उपदेश नहीं देता। (ख) '*चराचरस्वामी*' हैं अर्थात् जड-चेतन सभीका पालन-पोषण करते हैं। '*सब उर अंतरजामी*' अर्थात् सबके हृदयकी जानते हैं, अन्तर्यामीरूपसे सबको चैतन्य किये हुए हैं। (ग) '*रघुबर सब उर अंतरजामी*' का भाव कि ये '*रघुबर*' हैं, इसीसे सबके हृदयकी जानते हैं। '*रघुबर*' शब्दका अर्थ है 'अन्तर्यामी', वही गोस्वामीजी यहाँ लिखते हैं। यथा—'*को जिय कै रघुबर बिनु बूझा।*' (२। १८३) तथा यहाँ '*रघुबर सब उर अंतरजामी*' कहा।

टिप्पणी—३ ☞श्रीपार्वतीजीके संदेह-निवारणार्थ श्रीशिवजी अनेक प्रकारसे ऐश्वर्य निरूपण करके माधुर्यमें उसका पर्यवसान करते हैं। और माधुर्यबोधक नाम कहते हैं। (१) प्रथम '*राम ब्रह्म ब्यापक जग जाना।* (११६। ८) से लेकर'*पुरुष प्रसिद्ध प्रकासनिधि प्रगट परावरनाथ।*' (११६) तक ऐश्वर्य कहकर उस ऐश्वर्यस्वरूपको उन्होंने '*रघुकुलमनि*' में स्थापित किया—'*रघुकुलमनि मम स्वामि सोइ।*' (११६) (२) फिर, '*बिषय करन सुर जीव समेता। सकल एक तें एक सचेता॥ सब कर परम प्रकासक जोई*' में ऐश्वर्य कहा और तुरत '*राम अनादि अवधपति सोई*' कहकर उस ऐश्वर्यको उन्होंने '*अवधपति राम*' अर्थात् '*रघुबर राम*' में घटाया। (३) तीसरी बार, '*जगत प्रकास्य प्रकासक रामू।*' (११७। ७) से '*जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई।*' (११८। ३) तक ऐश्वर्य कहकर तब '*गिरिजा सोइ कृपालु रघुराई*' माधुर्यमें उस ऐश्वर्यको घटा दिया। फिर, (४) '*आदि अंत को जासु न पावा।*' (११८। ४) से '*जेहि इमि गावहिं बेद बुध जाहि धरहिं मुनि ध्यान।*',(११८) तक ऐश्वर्य कहकर तब '*सोइ दसरथ सुत भगत हित कोसलपति भगवान*' से उसका एकीकरण कर दिखाया। इसी तरह यहाँ '*जासु नाम बल करउँ बिसोकी*' से ऐश्वर्य कहकर उसीको '*सोइ प्रभु मोर*''''''''। *रघुबर*' इस माधुर्यमें घटाया। इत्यादि।

टिप्पणी—४ ☞यहाँतक पार्वतीजीके (ब्रह्मविषयक) प्रश्नोंके उत्तर दिये गये—

प्रश्न		उत्तर
'*प्रभु जे मुनि परमारथबादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥ सेस सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥ रामु सो अवधनृपति सुत सोई।*' (१०८। ५, ६, ८)	१	'*जेहि इमि गावहिं बेद बुध जाहि धरहिं मुनि ध्यान। सोइ दसरथसुत*''''''''।' (११८)
'*तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती।*' (१०८। ७)	२	'*कासी मरत जंतु अवलोकी। जासु नाम बल करौं बिसोकी॥ सोइ प्रभु मोर*''''''''*रघुबर*''''''''।'
'*की अज अगुन अलखगति कोई।*' (१०८। ८)	३	'*अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई।*' (११६। २)

तात्पर्य कि जिसको वेद-पुराण गाते हैं, जिसको हम जपते हैं, वही दशरथसुत हैं। ☞पार्वतीजीको विश्वास है कि वेद-पुराण, शिव और मुनि—ये तीनों जिसके उपासक हैं वही ब्रह्म हैं [वा, इन तीनोंके

सिद्धान्त जहाँ एक हों, जिसे ये तीनों ब्रह्म प्रतिपादित करें वही ब्रह्म हैं—यह पार्वतीजीने मनमें निश्चय किया है। मा० पी० प्र० सं०] इस विचारसे शिवजीने तीनोंका प्रमाण दिया-*'जेहि इमि गावहिं बेद, जाहि धरहिं मुनि ध्यान'* और *'सोइ प्रभु मोर चराचर स्वामी'*।

वि० त्रि०—यह शिवजीने पुराणोंकी ओरसे कहा। आगे अर्द्धाली ३, ४, ५ में अपनी ओरसे कहते हैं।

बिबसहु जासु नाम नर कहहीं। जनम अनेक रचित* अघ दहहीं॥ ३॥
सादर सुमिरन जे नर करहीं। भव बारिधि गोपद इव तरहीं॥ ४॥

अर्थ—विवश होकर भी जिसका नाम मनुष्य लेते (उच्चारण करते) हैं (तो उनके) अनेक जन्मोंके अच्छी तरह किये हुए पाप भस्म हो जाते हैं॥ ३॥ और, जो मनुष्य आदरपूर्वक उनका स्मरण करते हैं, वे भवसागरको गौके खुरके समान पार कर जाते हैं॥ ४॥

नोट—१ 'बिबसहु'=बेबस होनेपर भी, जैसे कि शत्रुके वशमें पड़कर, गिरते-पड़ते, आलस्यमें जँभाई लेते, दुःख या पीड़ासे व्याकुल होकर, यमदूतोंके भयसे इत्यादि। जैसे अजामिल आदिके मुखसे निकला था। वा=लाचारीसे पराधीनतावश, परतन्त्रताके कारण, जैसे कि सन्तोंके साथ पड़ जानेसे (जैसा कि रामघाटनिवासी साकेतवासी श्रीरामशरणजी मौनीबाबाके पास जानेपर अवश्य रामनाम लेना पड़ता था)। इस तरह *'बिबसहु'* का भाव 'अनादरसे भी' है, अर्थात् आदरपूर्वक प्रेमसे नहीं। यह अर्थ आगेके *'सादर सुमिरन जे नर करहीं'* से सिद्ध होता है। यहाँ *'बिबसहु'* से अनादरसहित उच्चारणका और *'सादर सुमिरन……'* से आदरपूर्वक उच्चारणका फल बताया है। कवितावलीमें *'बिबस'* और *'सादर'* का भाव यों दिखाया है—*'आँधरो अधम जड़ जाजरो जरा जवन सूकर के सावक ढका ढकेल्यो मग्ग मैं। गिरो हिय हहरि 'हराम हो हराम हन्यो', हाय हाय करत परिगो काल फग्ग मैं॥ तुलसी बिसोक ह्वै तिलोकपति लोक गयो नामके प्रताप बात बिदित है जग्ग मैं सोई। रामनाम जो सनेह सो जपत जन ताकी महिमा क्यों कही है जाति अगमै॥'* (क० उ० ७६) इस कवित्तके प्रथम दो चरणोंमें 'विवश' होकर 'राम' शब्दका उच्चारण होना दिखाया है। शूकरके बच्चेने यवनको धक्का देकर जब ढकेल दिया और वह भड़भड़ाकर गिर पड़ा तब उसके मुखसे 'हराम शब्दका उच्चारण हुआ, जिसमें अन्तमें 'राम' है। ☞वराहपुराणमें भी कहा है—**'तीर्णो गोष्पदवद्भवार्णवमहो नाम्नः प्रभावात्पुनः। किं चित्रं यदि रामनामरसिकास्ते यान्ति रामास्पदम्॥'** अर्थात् श्रीरामनामके प्रभावसे वह गौके खुरके गड्ढेके समान भवसागरको तर गया तब यदि श्रीरामनामके रसिक श्रीरामजीके परमधामको प्राप्त होते हैं तो इसमें आश्चर्य ही क्या ?'

टिप्पणी—१ (क) *'बिबसहु……………'* यथा—*'राम राम कहि जे जमुहाहीं। तिन्हहिं न पाप पुंज समुहाहीं॥'* (२। १९४। ५) रामनाम विवशतासे भी कहे तो भी अनेक जन्मोंके रचे हुए पाप नष्ट हो जाते हैं—यह नामकी महिमा है। दहहीं=भस्म होते वा करते हैं। जलाना, भस्म करना अग्निका धर्म है, अतः *'दहहीं'* से सूचित किया कि पाप रूई है, 'अनेक जन्म रचित पाप' रूईका पर्वत है, श्रीरामनाम अग्नि है, यथा—*'जासु नाम पावक अघ तूला। सुमिरत सकल सुमंगल मूला॥'* (२। २४८। २) **'प्रमादादपि संस्पृष्टो यथानलकणो दहेत्। तथौष्ठपुटसंस्पृष्टं रामनाम दहेदघम्॥'** (पद्मपुराण) (ख) ☞शिवजीके उपदेशसे जीव विशोक हुए, यह नामके सुननेका माहात्म्य है। *'जासु नाम बल करौं बिसोकी'* से सुननेका फल कहकर अब *'बिबसहु जासु नाम……'* में अपने मुखसे नामोच्चारण करनेका माहात्म्य कहते हैं। इस तरह जनाया कि रामनामके कहने तथा सुननेका फल एक ही है, नहीं तो शिवजीके उपदेशसे विशोक न हो सकते। अपने मुखसे जपनेसे भी जीव विशोक होते हैं, यथा—*'चहुँ जुग तीनि काल तिहुँ लोका। भये नाम जपि जीव बिसोका॥'* (१। २७। १)

टिप्पणी—२ *'सादर सुमिरन……'* इति। नाम-जपसे पापका नाश और मोक्ष दोनों कहे। इसका तात्पर्य

* सँचित—बै०।

यह है कि भक्तिसे कर्म और ज्ञान दोनोंका फल प्राप्त होता है। नाम-जप भक्ति है, उससे पापका नाश होना यह कर्मका फल मिला और नित्य-नैमित्तिक मुक्ति होना यह ज्ञानका फल मिला।—'**ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः**' इति श्रुतिः।

वि० त्रि०—विवश उच्चारणका फल बताया कि पापराशि जल जाती है, परन्तु पुण्य बच जाते हैं, जिनके भोगनेमें फिर पाप-पुण्य होते हैं, जिससे जन्म-मरणरूपी संसार बना रहता है। सादर स्मरण करनेवालेके शुभाशुभ कर्ममात्रका दाह हो जाता है, जिससे वह अनायास भवपार हो जाता है।

मा० पी० प्र० सं०—इस प्रसंगमें यह बात स्मरण रखनेकी है कि गोस्वामीजी जहाँ जिसका जैसा मत है वहाँ वैसा ही कहते हैं। उन्होंने ज्ञानियों और उपासकोंका मत पृथक्-पृथक् दिखाया है। देखिये, *'जेहि जाने जग जाइ हेराई……।'* (११२। २) में उन्होंने ज्ञानियोंका सिद्धान्त कहा कि श्रीरामजीको जाननेसे संसार स्वप्नवत् खो जाता है और यहाँ *'सादर सुमिरन जे नर करहीं। भव……'* में भक्तोंका सिद्धान्त बताया कि भक्तके वास्ते सादर स्मरणमात्रसे संसार छूट जाता है। ये दोनों बातें एक ही हैं।—(पं० रामकुमारजीकी टिप्पणीमें यह नहीं है।)

राम सो परमातमा भवानी। तहँ भ्रम अति अबिहित तव बानी॥ ५॥
अस संसय आनत उर माहीं। ज्ञान बिराग सकल गुन जाहीं॥ ६॥

शब्दार्थ—परमातमा=परमेश्वर, ब्रह्म। **अबिहित**=अयोग्य, अनुचित।

अर्थ—हे भवानी! वही परमात्मा श्रीरामचन्द्रजी हैं। 'उनमें भ्रम' यह तुम्हारे वचन, (वा, उनके प्रति तुम्हारे भ्रमके वचन) अत्यन्त अयोग्य हैं, वेद-विरुद्ध हैं॥ ५॥ ऐसा संशय (संदेह) हृदयमें लाते ही ज्ञान-वैराग्य आदि समस्त सद्गुण चले (अर्थात् नष्ट हो) जाते हैं॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) ☞यहाँतक शिवजीने श्रीरामजीको ब्रह्म कहा, भगवान् कहा और परमात्मा कहा। यथा—*'राम ब्रह्म व्यापक जग जाना।'* (११६) *'सोइ दसरथसुत भगत हित कोसलपति भगवान।'* (११८) *'राम सो परमातमा भवानी।'* (यह भगवान्‌का सूत्ररूपसे वर्णन है, यथा—'ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते' इति भागवते) वेदान्ती ब्रह्म, भक्त भगवान् और योगी परमात्मा कहते हैं। तीन दृष्टिसे यहाँ ये तीन शब्द कहे। (ख) *'तहँ भ्रम……'*—वह भ्रमकी वाणी यह है—*'जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि।' देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति बुद्धि अति मोरि॥'* (१०८) (ग) *'अति अबिहित'* अर्थात् वेदविरुद्ध है। [भाव कि वहाँ यदि भ्रम दिखायी पड़े तो उसे अपना भ्रम समझना चाहिये। जिसे सूर्य तमोमय दिखायी पड़े, उसे समझना चाहिये कि यह अपना भ्रम है, कुछ दोष मुझमें ऐसा आ गया है, जिससे ऐसा दिखायी पड़ रहा है। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ *'अस संसय आनत……।'* इति। ज्ञान-वैराग्यादि समस्त गुण पापसे नष्ट होते हैं। अतः *'ज्ञान बिराग सकल गुन जाहीं'* कहकर जनाया कि ऐसा संशय हृदयमें लाना बड़ा भारी पाप है। उदाहरण, यथा—*'अस संसय मन भयउ अपारा। होइ न हृदय प्रबोध प्रचारा॥'* (१। ५१) (श्रीसतीजी), *'नाना भाँति मनहि समुझावा। प्रगट न ग्यान हृदय भ्रम छावा॥'* (७। ५९) (श्रीगरुड़जी) [संशय और भ्रम होनेसे दोनोंको ज्ञानका उदय नहीं हो रहा है। अर्थात् ज्ञान नष्ट हो गया है।]

☞श्रीपार्वतीजीने प्रार्थना की थी कि मेरा मोह, संशय और भ्रम नाश कीजिये। अतः शिवजी इन तीनोंकी निवृत्तिके लिये उपदेश कर रहे हैं।

प्रार्थना		उपदेश
'जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू।' (१०९। २)	१	*'जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा। तेहि किमि कहिअ बिमोह प्रसंगा॥ राम सच्चिदानंद दिनेसा। नहिं तहँ मोह निसा लवलेसा॥'* (११६। ४-५) [*'प्रभु पर मोह धरहिं जड़ प्रानी'*, *'उमा राम बिषइक अस*

		मोहा। नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा॥'.................।'जासु सत्यता तें जड़ माया। भास सत्य इव सोह सहाया॥'......... ११७ इत्यादि वाक्योंसे मोह दूर किया।
'अजहूँ कछु संसउ मन मोरें'	२	*'अस संसय आनत उर माहीं। ग्यान बिराग सकल गुन जाहीं।'* से संसय दूर किया।
'हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी' (१०८। ४)	३	*'जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा', 'निज भ्रम नहिं समुझहिं अज्ञानी'।* (१७) *'जदपि मृषा तिहुँ काल सोइ भ्रम न सकै कोउ टारि।* (११७) *.........जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई।', 'राम सो परमातमा भवानी। तहँ भ्रम अति अबिहित तव बानी॥'* इत्यादि वाक्योंसे भ्रम दूर किया।

नोट—*'अस संसय आनत.........'* का भाव कि श्रीरामजी ज्ञानवैराग्यादि गुणोंके मूल कारण हैं। जब कारणहीमें भ्रम हो गया तब कार्य कैसे रह सकते हैं? भ्रमके साथ ही वे सब चल देते हैं। ध्वनिसे यह एक प्रकारका शिवजीका शाप दाशरथी राममें संशय करनेवालोंके लिये सिद्ध होता है। (मा० पी० प्र० सं०)

☞उपर्युक्त तीन प्रार्थनाओंके सम्बन्धमें यहाँतक उपदेश हुआ।

इति दाशरथी श्रीराम-परात्पर-स्वरूप-वर्णन।

सुनि सिव के भ्रम भंजन बचना। मिटि गै सब कुतरक कै रचना॥७॥
भइ रघुपति पद प्रीति प्रतीती। दारुन असंभावना बीती॥८॥

शब्दार्थ—**कुतरक** (कुतर्क)=वेद-विरुद्ध तर्क। **रचना**=गढन्त, बनावट, स्थिति। यथा—*'जयति बचन रचना अति नागर।'* (२८५। ३) *'देखत रुचिर बेष कै रचना।'* (४। २) **असंभावना**=जिसका होना सम्भव न हो; जैसे पार्वतीजीका यह दृढ़ निश्चय था कि ब्रह्मका नरतन धारण करना असम्भव है, कभी ऐसा हो ही नहीं सकता। **संभावना**=कल्पना, अनुमान। **असंभावना**=ऐसी कल्पना जिसके होनेका कभी अनुमान हीं न हो सके। ☞'अ' जिस शब्दके पहले लगता है उसके अर्थका प्रायः अभाव सूचित करता है। संस्कृतके वैयाकरणोंने इस निषेध-सूचक अव्ययका प्रयोग इतने अर्थोंमें माना है—सादृश्य, अभाव, अन्यत्व अल्पता, अप्राशस्त्य और विरोध। यथा—**'तत्सादृश्यमभावश्च तदन्यत्वं तदल्पता। अप्राशस्त्यं विरोधश्च नञर्थाः षट् प्रकीर्तिताः॥'** (१) (वै० भूषणसार। नञर्थ निर्णय। ७) यहाँ अप्रशस्त और विरोधी दोनों अर्थ ले सकते हैं। पार्वतीजीका अनुमान वा कल्पना अप्रशस्त थी, वेदविरुद्ध थी, अतः दूषित थी। **असंभावना**=अप्रशस्तकल्पना वा अनुमान।=अविश्वास (वि० त्रि०)

अर्थ—श्रीशिवजीके भ्रमनाशक वचन सुनकर श्रीपार्वतीजीकी सब कुतर्ककी रचना मिट गयी॥७॥ उनको श्रीरघुनाथजीके चरणोंमें प्रेम और विश्वास हुआ, कठिन 'असम्भावना' दूर हो गयी॥८॥

टिप्पणी—१ *'सुनि सिव के भ्रम भंजन.........।'* इति। (क) *'सुनु गिरिराजकुमारि भ्रम तम रवि कर बचन मम।'* (११५) उपक्रम है और *'सुनि सिव के भ्रम भंजन.........।'* उपसंहार है। शिवजीके वचनोंको यहाँ चरितार्थ किया (अर्थात् घटित कर दिखाया, उनका साफल्य दिखाया)। वचन भ्रमभंजन हैं, अतः उनसे भ्रमका नाश हुआ। (ख) अब (आगे) मोह, संशय और भ्रम सबका नाश कहते हैं। यथा—(१) *'ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥'* (चौ० १)—यह मोहका मिटना कहा। (२) *'तुम्ह कृपाल सबु संसउ हरेऊ। राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ॥'* (चौ० २) यह संशय मिटना कहा। (३) *'सुनि*

सिव के भ्रम भंजन बचना। मिटि गै सब कुतरक कै रचना॥' यह भ्रमका नष्ट होना कहा। भ्रमसे ही कुतर्ककी रचना होती है, अतः भ्रमके नाशसे कुतर्ककी रचना मिट गयी। (ग) संशय और कुतर्कका नाश कहनेका भाव कि संशय सर्परूप है और कुतर्क लहरें हैं जो सर्पके काटनेपर विषके चढ़नेसे आती हैं। इस तरह सर्प और सर्पका विष चढ़नेसे जो लहरें उत्पन्न हुईं इन दोनोंका नाश हुआ अर्थात् कारण और कार्य दोनों न रह गये, यह जनाया। यथा—*'संसय सर्प ग्रसेउ मोहि ताता। दुखद लहरि कुतर्क बहु ब्राता।'* (७। ९३। ६) (गरुड़जीने अपने सम्बन्धमें जो *'कुतर्क बहु ब्राता'* कहा है वही यहाँ 'कुतर्क की रचना' हैं)। (घ) *'कुतरक कै रचना',* यथा—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥'* (५०), *'बिष्नु जो सुर हित नर तनु धारी। सोइ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी॥ खोजै सो कि अग्य इव नारी। ग्यानधाम श्रीपति असुरारी॥'''''''''* ' इत्यादि, *'जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि।'* इत्यादि। (ङ) *'भ्रम भंजन बचन'* वे ही हैं जिनमें श्रीरामजीका माहात्म्य लखाया है तथा जिनमें रामनाम-माहात्म्यपर अविश्वासका दोष दिखाया है।' (पं०) पिछली चौपाईकी व्याख्यामें ये वचन दिये हैं। प्रभुके परात्पर स्वरूपके लखानेवाले जितने वचन हैं वे सभी भ्रमभंजन हैं। वि० त्रि० के मतानुसार *'सुनि'* से चतुर्थ विनय *'अग्य जानि रिसि जनि उर धरहू। जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू॥'* के उत्तरकी (समाप्ति दिखलायी है।)

टिप्पणी—२ *'भइ रघुपति पद प्रीति''''''''''* ' इति। (क) भाव कि भ्रम और कुतर्क इत्यादि प्रीतिप्रतीतिके बाधक हैं। प्रतीति होनेसे प्रीति हुई और प्रतीति हुई श्रीरामस्वरूप जाननेसे (श्रीरामस्वरूपका जानना वे स्वयं आगे कह रही हैं—*'राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ'*); यथा—*'जानें बिनु न होइ परतीती। बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती॥'* (७। ८९। ७) (ख) *'दारुन असंभावना बीती'* इति। 'दारुण असंभावना' से चार वस्तुओंका बोध होता है—एक भावना, दूसरी सम्भावना, तीसरी असम्भावना और चौथी दारुन असम्भावना। इन चारोंके उदाहरण सुनिये—*'भइ रघुपति पद प्रीति'* रघुपति पदमें प्रीति होना भावना है। *'भइ''''''''''प्रीति प्रतीती'* श्रीरघुनाथजीके चरणोंमें प्रीति और प्रतीति दोनोंका होना सम्भावना है, और इन दोनोंका न होना असम्भावना है। श्रीरामजीको अज्ञानी मानना दारुण असम्भावना है। [(ग) मा० पी० प्र० सं० में इस प्रकार था—प्रतीतिमें भावना, प्रीतिमें सम्भावना सूचित हुई। ये दोनों एक ही हैं। कुतर्ककी रचनामें असम्भावना और परब्रह्ममें मनुष्यबुद्धि लाकर उनका अनादर करना इसमें दारुण असम्भावना सूचित की। ये दोनों एक-से हैं सो दोनों मिट गये'—दो-एक प्रसिद्ध टीकाकारोंने इसे लिया है, अतः इसे भी लिख दिया। (घ) श्रीरघुपतिपदमें प्रीति-प्रतीति होना दारुण असम्भावनाके नष्ट होनेका कारण है। यहाँ कारण और कार्य दोनों साथ ही हुए अर्थात् प्रीति-प्रतीति हुई और उसके होते ही साथ-साथ दारुण असम्भावना मिट गयी। अतएव यहाँ 'अक्रमातिशयोक्ति अलङ्कार' है।]

दोहा—पुनि पुनि प्रभुपद कमल गहि जोरि पंकरुह पानि।
बोलीं गिरिजा बचन बर मनहुँ प्रेमरस सानि॥११९॥

शब्दार्थ—पंकरुह=कमल।

अर्थ—बारम्बार प्रभु (श्रीशिवजी) के चरणकमलोंको पकड़कर और अपने करकमलोंको जोड़कर श्रीगिरिजाजी श्रेष्ठ वचन मानो प्रेमरसमें सानकर बोलीं॥११९॥

टिप्पणी—१ (क) *'पुनि पुनि''''''''''गहि'* पुनः-पुनः चरणकमलोंको पकड़कर जनाती हैं कि इन्हींके प्रसादसे मैं सुखी हुई। यथा—*'सुखी भयउँ प्रभु चरन प्रसादा'* (आगे स्वयं कहती हैं)। सुखी हुईं, अतः बारम्बार चरण पकड़ती हैं; यथा—*'सुनत बिभीषन प्रभु कै बानी। नहिं अघात श्रवनामृत जानी॥ पद अंबुज गहि बारहिं बारा। हृदय समात न प्रेम अपारा॥'* (५। ४९) *'देखि अमित बल बाढ़ी प्रीती। बालि बधब इन्ह भइ परतीती॥ बार बार नावइ पद सीसा। प्रभुहि जानि मन हरष कपीसा॥'* (४, ७) पुनः, [बारम्बार चरण पकड़कर अपनी कृतज्ञता सूचित करती हैं। पुनः, श्रीरामजीके चरणोंमें प्रीति-प्रतीति होनेसे सुख

हुआ। बारम्बार चरण पकड़ना प्रेमकी दशा सूचित करता है। यथा—*'मो पहिं होइ न प्रति उपकारा। बंदउँ तव पद बारहिं बारा॥'* (७। १२५। ४) *'पुनि पुनि मिलति परति गहि चरना। परम प्रेम कछु जाइ न बरना॥'* (१। १०२। ७) (मेनाजी)। (ख) श्रीरघुपति पदमें प्रीति-प्रतीति अचल होनेके सम्बन्धसे कविने *'गिरिजा'* नाम दिया (रा० प्र०)] (ग) श्रीशिवजीमें पार्वतीजीकी भक्ति मन, कर्म और वचन तीनोंसे यहाँ दिखाते हैं। चरण पकड़ना और हाथ जोड़ना यह कर्मकी भक्ति है। *'बोलीं गिरिजा बचन बर'* यह वचनकी भक्ति है और *'प्रेमरस'* से सानना यह मनकी भक्ति है। प्रेम होना मनका धर्म है।

अलङ्कार—प्रेमसे आनन्दमें मग्न होकर पार्वतीजीका बोलना उत्प्रेक्षाका विषय है। उनकी वाणी ऐसी मालूम होती है मानो प्रीति आनन्दसे मिश्रित हो। (प्रथम *'बचन बर'* कहा, जो उत्प्रेक्षाका विषय है, तब उत्प्रेक्षा की कि मानो प्रेमरसमें साने हैं)। अतः यहाँ 'उक्तविषयावस्तूत्प्रेक्षा अलङ्कार' है। पार्वतीजीके हृदयमें श्रीराम-ब्रह्म-विषयक रति स्थायी भाव है। रघुनाथजीकी अलौकिक शक्ति, महिमा, गुण, स्वभावादि सुनकर उद्दीपित हो मति हर्षादि संचारी भावोंद्वारा बढ़कर हरिकथा सुननेके लिये बार-बार स्वामीके पाँव पड़ना, हाथ जोड़ना, अनुभावोंद्वारा व्यक्त हुआ है। (वीर)

नोट—१ श्रीपार्वतीजी, श्रीभरद्वाजजी और श्रीगरुड़जीके संशय एकहि-से हैं। श्रीयाज्ञवल्क्यजीने श्रीभरद्वाजमुनिके सन्देहनिवारणार्थ श्रीशिव-पार्वतीसंवाद ही सुनाया है। श्रीशिवजी और श्रीकागभुशुण्डिजीकी इस प्रसङ्गमें एकही-सी शैली जान पड़ती है। इस कैलाश-प्रकरणका भुशुण्डि-गरुड़-संवादसे मिलान करनेसे यह बात स्पष्ट हो जायगी।—

उमा-शंभु-संवाद		श्रीगरुड़-भुशुण्डि-संवाद
'गिरिजा सुनहु राम कै लीला। *सुरहित दनुज बिमोहन सीला॥'*	१	*'अस रघुपति लीला उरगारी।* *दनुज बिमोहन जन सुखकारी॥'*
'निज भ्रम नहिं समुझहिं अज्ञानी। *प्रभु पर मोह धरहिं जड़ प्रानी॥'*	२	*'जे मतिमंद मलिन मति कामी।* *प्रभु पर मोह धरहिं इमि स्वामी॥'*
'जथा गगन घन पटल निहारी। *झाँपेउ भानु कहहिं कुबिचारी॥'*	३	*'जब जेहि दिसि भ्रम होइ खगेसा।* *सो कह पच्छिम उयउ दिनेसा॥'*
'चितव जो लोचन अंगुलि लाए। *प्रगट जुगल ससि तेहिके भाए॥'*	४	*'नयन दोष जा कहँ जब होई।* *पीत बरन ससि कहँ कह सोई॥'*
'उमा राम बिषयक अस मोहा। *नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा॥*	५	*'हरि बिषयक अस मोह बिहंगा।* *सपनेहु नहिं अज्ञान प्रसंगा॥'*
अग्य अकोबिद अंध अभागी। *काई बिषय मुकुर मन लागी॥*	६	*'माया बस मति मंद अभागी।* *हृदय जवनिका बहु बिधि लागी॥'*
मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना। *रामरूप देखहिं किमि दीना॥*	७	*'ते किमि जानहिं रघुपतिहि,* *मूढ़ परे तम कूप।'*
जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा। *तेहि किमि कहिय बिमोह प्रसंगा॥'*	८	*'यहाँ मोह कर कारन नाहीं।* *रबि सन्मुख तम कबहुँ कि जाहीं॥'*
'रघुपति कथा कहहु करि दाया॥' *'बंदउँ पद धरि धरनि सिरु बिनय* *करउँ कर जोरि। बरनहु रघुबर बिसद जस.........'* (१०९)	९	*'अब श्रीरामकथा अति पावनि.........* *सादर तात सुनावहु मोही।* *बार बार बिनवउँ प्रभु तोही॥'*
'अस निज हृदय बिचारि *तजु संसय भजु रामपद.........'*	१०	*'अस बिचारि मतिधीर तजि कुतर्क संसय* *सकल।' 'भजहु राम रघुबीर.........'* (उ० ८८—९०)

'पुनि पुनि प्रभुपद कमल गहि जोरि पंकरुह पानि।	११	*'ताहि प्रसंसि बिबिध बिधि सीस नाइ कर जोरि'*
बोलीं गिरिजा बचन बर मनहु प्रेम.........'	१२	*'बचन बिनीत सप्रेम मृदु बोले'*
'ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥'	१३	*'तव प्रसाद मम मोह नसावा'*
'तुम्ह कृपालु सब संसय हरेऊ। राम स्वरूप जान मोहिं परेऊ॥'	१४	*'संसय सर्प ग्रसेउ मोहिं ताता। दुखद लहरि कुतर्क बहु ब्राता॥ तव सरूप गारुड़ि रघुनायक। मोहि जियायेउ जन सुखदायक॥ राम रहस्य अनूपम जाना'*
'सुखी भइउँ तव चरन प्रसादा।'		

नोट—२ श्रीपार्वतीजी और श्रीभरद्वाजजीका इस सम्बन्धमें मिलान। यथा:—

श्रीपार्वतीजी		श्रीभरद्वाज मुनि
'पति हिय हेतु अधिक अनुमानी।	१	*करि पूजा मुनि सुजस बखानी।*
अजहूँ कछु संसय मन मोरे।	२	*नाथ एक संसय बड़ मोरे।*
बरनहु रघुबर बिसद जस, श्रुति सिद्धांत निचोरि।'	३	*कर गत बेद तत्व सब तोरे॥*
'तुम्ह त्रिभुवन गुरु बेद बखाना।'	४	*'होइ न बिमल बिबेक उर, गुरु सन किये दुराव।'*
जेहि बिधि जाइ मोह भ्रम..........।	५	*अस बिचारि प्रगटउँ निज मोहू।*
तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना।	६	*हरहु नाथ करि जन पर छोहू॥*
अग्य जानि रिस उर जनि धरहू॥	७	*कहत सो मोहि लागत भय लाजा।*
प्रभु जे मुनि परमारथ बादी। कहहिं राम कहँ ब्रह्म अनादी॥ सेष सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन..........॥	८	*राम नाम कर अमित प्रभावा। संत पुरान उपनिषद गावा॥*
तुम पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥	९	*संतत जपत संभु अबिनासी।*
जौं अनीह ब्यापक बिभु कोऊ। कहहु बुझाइ नाथ मोहि सोऊ॥	१०	*राम कवन प्रभु पूछउँ तोही। कहिय बुझाइ कृपानिधि मोही॥*
(जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि)	११	*(राम एक अवधेस कुमारा।)*
देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति.......... ....नारि बिरह मति भोरि।	१२	*तिन्ह कर चरित बिदित संसारा। नारि बिरह दुख लहेउ अपारा॥*
राम अवध नृपति सुत सोई। की अज अगुन अलख गति कोई॥	१३	*प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ, जाहि जपत त्रिपुरारि।*
हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी।	१४	*जैसे मिटइ मोह भ्रम भारी।*
प्रथम सो कारन कहहु बिचारी॥	१५	*कहहु सो कथा नाथ बिस्तारी॥*

ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह सरदातप भारी॥ १॥
तुम्ह कृपाल सबु संसउ हरेऊ। राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ॥ २॥

शब्दार्थ—सरदातप (शरद् आतप)—शरद्-ऋतुके आश्विन-मासमें जब चित्रा नक्षत्र होता है तब घाम बहुत तीक्ष्ण होता है। इस घाममें हिरन काले पड़ जाते हैं। उन्हीं दिनोंकी तपनको शरदातप कहते हैं।

अर्थ—आपकी चन्द्रकिरण-समान वाणी सुनकर भारी मोहरूप शरदातप मिट गया॥ १॥ हे कृपाल! आपने मेरे सब संदेह हर लिये। मुझे श्रीरामजीका (यथार्थ) स्वरूप जान पड़ा॥ २॥

टिप्पणी—१ (क) *'ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी।.........'* इति। यहाँ वाणीको चन्द्रकिरण कहकर मुखको शशि सूचित किया, यथा—*'नाथ तवानन ससि श्रवत कथा सुधा रघुबीर॥'* (७। ५२) वाणीका सुनना किरणका स्पर्श है। मोह शरद्-ऋतुका भारी घाम है। ☞ऊपर शिवजीने अपने वचनको *'रबिकर'* कहा है—*'सुनु गिरिराजकुमारि भ्रमतम रबिकर बचन मम'* उससे रात्रिके दोष भ्रमतमको नाश किया और यहाँ उनके वचनको*'ससिकर सम'* कहा। ताप दिनका है सो चन्द्रकिरणसे नाश हुआ अर्थात् उसी वचनसे दिनके दोष भारी आतपरूपी मोहको नाश किया। पार्वतीजीने जो कहा था कि *'जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू'* उसीके सम्बन्धसे यहाँ कहा कि *'मिटा मोह सरदातप.........।'* [पुनः, पूर्व जो कह आये हैं कि*'आननु सरद चंद छबि हारी॥'* (१। १०६। ८) *'ससि भूषन अस हृदय बिचारी। हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी॥'* (१०७। ४) उसीके सम्बन्धसे वचनको शशिकिरण-सम कहा। *'मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना'* और*'पुनि पतिबचन मृषा करि माना॥'* (१। ५९। २, सती-वचन), ये दोनों बातें शरदातप हैं।]

नोट—१ प्रोफे० दीनजी कहते हैं कि श्रीशिवजी अपने वचनोंको *'रबिकर'* समान कहते हैं और पार्वतीजी उनके वचनोंको शशिकर-सम पाती हैं। इसका भाव यह जान पड़ता है कि शिवजी तो अपने वचनोंको भ्रमरूपी तमको दूर करनेवाला ही समझते हैं, पर श्रीपार्वतीजी उन वचनोंको तम दूर करनेवाले और विशेष प्रकारका शान्तिदायक भी पाती हैं, अतः चन्द्रकिरण मानती हैं, क्योंकि चन्द्रकिरणमें दोनों गुण हैं—तमनिवारक और आनन्ददायक भी। क्योंकि पार्वतीजी स्वयं कहती हैं—*'तुम्ह कृपाल सब संसउ हरेऊ।'* इतना काम सूर्यका था सो हो चुका। आगे चन्द्रकिरणका काम वे स्वयं स्वीकार करती हैं—*'नाथ कृपा अब गयउ बिषादा। सुखी भइउँ प्रभुचरन प्रसादा॥'* यही आह्लादका पाना है।

वि० त्रि०—१ भगवतीने शीतलताका अनुभव किया, अतः*'ससिकर सम सुनि गिरा तुम्हारी।'* कहा। शशिकरमें मृगतृष्णाका भ्रम भी नहीं होता, अन्धकार भी मिटता है और शरद्के चित्राकी कड़ी धूपका ताप भी मिटता है। २—विनती थी कि*'जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू'* सो अब कहती हैं कि*'मोह मिटा।'* चौथी विनयके उत्तरमें ही सब संशय मिट गया, अतः पाँचवीं विनय*'अजहूँ कछु संसय मन मोरे'* के उत्तरकी आवश्यकता नहीं रह गयी।

प० प० प्र०—पार्वतीजी कहती हैं कि भारी मोह मिटा और रामस्वरूपका ज्ञान हुआ पर यह स्वीकारिता मोहनाशाभास है; श्रीमहेशजीके डरसे दी हुई है, मोहका पूरा-पूरा नाश अभी हुआ नहीं। प्रमाण देखिये। आगे शिवजी कहते हैं—*'सती सरीर रहिहु बौरानी। अजहुँ न छाया मिटति तुम्हारी॥ तासु चरित सुनु भ्रमरुजहारी।'* (१। १४१। ४-५) शिवजीके जिन वचनोंसे डर गयीं वे ये हैं—*'राम सो परमातमा भवानी। तहँ भ्रम अति अबिहित तव बानी॥ अस संसय आनत उर माहीं। ज्ञान बिराग सकल गुन जाहीं॥'* पार्वती-वचन और शिववाक्यका समन्वय इस प्रकार होता है। भारी मोहरूपी शरदातप मिट गया, भारी मोह नहीं है यह पार्वतीजीने कहा है। शिवजी कहते हैं—*'अजहुँ न छाया मिटति'* अर्थात् तुम्हें अब न तो भारी मोह है और न मोह ही, पर मोहकी छाया है। अतः दोनोंमें विरोध नहीं है।

उत्तरकाण्डमें भवानी भी स्वयं ही कहती हैं—*'तुम्हरी कृपा कृपायतन अब कृतकृत्य न मोह।'* (५२)और फिर अन्तमें भी कहा है—*'नाथकृपा मम गत संदेहा।'* (१२९। ८) अतएव बालकाण्डमें यदि सम्पूर्ण मोहका नाश मान लें, तो फिर उत्तरकाण्डमें *'न मोह'*, *'गत संदेहा'* की आवश्यकता नहीं रह जाती। अतः अर्थ यही करना होगा कि इस समय *'भारी मोह'* का मिटना कहकर जनाया कि अभी कुछ मोह है। उस मोहके मिटनेपर उत्तरकाण्डमें*'अब न मोह'* कहा। अर्थात् मोह नहीं रह गया। कुछ संदेह रह गया था वह भी जाता रहा, यह अन्तमें कहा गया। मोहका प्रभाव ही ऐसा है कि कुछ श्रवणके बाद ऐसा प्रतीत होता है कि वह जाता रहा, पर वह हृदयके कोनेमें कहीं छिपा रहता है और समय पाकर पुनः प्रकट हो जाता है। इसीसे तो शिवजीने गरुड़जीसे कहा है—*'तबहिं होइ सब संसय भंगा। जब बहु काल करिअ*

सतसंगा॥' (७। ६१। ४) [यह भी कह सकते हैं कि श्रीरामविषयक जो मोह रह गया था वह चरित सुननेपर मिट गया। अतः तब कहा *'अब कृतकृत्य न मोह।'* आगे जो *'गत संदेहा'* कहा गया वह संदेह श्रीगरुड़जी और भुशुण्डिजीके सम्बन्धके थे, उसका मिटना अंतमें कहा। उपक्रममें कहा है—*'बायस तन रघुपति भगति मोहि परम संदेह।'* (५३) श्रीरामविषयक संशय भी रामचरित सुननेपर नहीं रह गया, यह *'तुम्ह कृपाल सब संसउ हरेऊ।'* से स्पष्ट है।]

टिप्पणी—२ *'तुम्ह कृपाल सबु संसउ.........'* इति। (क) पार्वतीजीने संशय नाश करनेके लिये कृपा करनेकी प्रार्थना की थी। यथा—*'अजहूँ कछु संसउ मन मोरें। करहु कृपा बिनवौं कर जोरें॥'* (१। १०९) अतः जब शिवजीने संशय नाश कर दिया तब उनको *'कृपाल'* विशेषण दिया। (ख) *'सबु संसउ'* अर्थात् अपार संशय जो हुआ था, यथा—*'अस संसय मन भयउ अपारा।'* (१। ५१) वह सब हर लिया। संशय दूर होनेसे श्रीरामस्वरूप जान पड़ता है। अतः *'संसउ हरेऊ'* कहकर तब *'रामस्वरूप जानि परेऊ'* कहा। (जबतक संशय रहता है तबतक न तो स्वरूप ही देख पड़ता है और न दुःख ही दूर होता है। यथा- *'बार बार नावइ पद सीसा। प्रभुहि जानि मन हरष कपीसा॥ उपजा ग्यान बचन तब बोला। नाथ कृपा मन भयउ अलोला॥.........मिलेहु राम तुम्ह समन बिषादा।'* (४। ७) सुग्रीवका संशय दूर हुआ, तब रामस्वरूपकी प्राप्ति हुई और श्रीरामजीमें प्रीति प्रतीति हुई, जिससे विषाद दूर हुआ।) (ग) रामस्वरूप जानना ज्ञान है। संशय ज्ञानका नाशक है। यथा-*'अस संसय आनत उर माहीं। ग्यान बिराग सकल गुन जाहीं॥'* इसीसे संशयमें रामस्वरूप नहीं जान पड़ा था। (घ) संशयसे कुतर्ककी उत्पत्ति है अर्थात् कुतर्क उसका कार्य है। पूर्व कुतर्कका नाश कह आये—*'मिटि गै सब कुतरक कै रचना।'* और अब यहाँ संशयका नाश कहकर कार्य-कारण दोनोंका नाश दिखाया।

वि० त्रि०—शिवजीने कहा था कि *'मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना। रामरूप देखहिं किमि दीना॥'* सो कहती हैं कि *'तुम्ह कृपालु सब संसउ हरेऊ। रामस्वरूप जानि मोहि परेऊ॥'*—*'राम सच्चिदानंद दिनेसा'* से *'राम सो परमातमा भवानी'* तक रामजीके स्वरूपका निरूपण शिवजीने किया है।

वि० टी०—श्रीपार्वतीजीने यथार्थ स्वरूप जो समझा उसे यों कह सकते हैं—*'वही राम दसरथ घर डोलै। वही राम घटघट में बोलै। उसी राम का सकल पसारा। वही राम है सब से न्यारा॥'*

नाथ कृपा अब गएउ बिषादा। सुखी भएउँ* प्रभु† चरन प्रसादा॥ ३॥
अब मोहि आपनि किंकरि जानी। जदपि सहज जड़ नारि अयानी॥ ४॥

अर्थ—हे नाथ! आपकी कृपासे अब (सब) दुःख दूर हो गया। हे प्रभो! मैं आपके चरणोंकी कृपासे सुखी हुई॥ ३॥ यद्यपि मैं स्वाभाविक ही जड हूँ, फिर स्त्री और अज्ञानी एवं बुद्धिहीन हूँ तो भी मुझे अपनी दासी जानकर अब—॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'नाथ कृपा अब.........'* इति। (क) *'अब'* अर्थात् जब आपने सब संशय हर लिया और मुझे श्रीरामस्वरूप जान पड़ा तब विषाद गया। तात्पर्य कि रामजीके मिलनेपर, उनका साक्षात्कार होनेपर विषाद नहीं रह जाता। यथा—*'बालि परम हित जासु प्रसादा। मिलेउ राम तुम्ह समन बिषादा॥'* (४। ७) (ख) *'सुखी भयउँ प्रभु चरन प्रसादा'* अर्थात् आपकी कृपासे संशय दूर होते हैं, संशय न रहनेसे श्रीरामस्वरूप जान पड़ता है, जिससे विषाद नहीं रह जाते और विषादके जानेसे सुख होता है—यह क्रमका भाव हुआ।

टिप्पणी—२ *'अब मोहि आपनि किंकरि जानी.........'* इति। (क) ☞ईश्वरको दास अति प्रिय है, इसीसे बारम्बार अपनेको दासी कहकर प्रश्न करती हैं। यथा—(१) *'जौं मो पर प्रसन्न सुखरासी। जानिय सत्य मोहि निज दासी॥'* (१। १०८। १) (२) *'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी। दासी मन क्रम बचन*

*—भइउँ प्रभु-१७२१, १७६२। भइउ अब—छ०। भएउँ—१६६१, १७०४। †—अब-छ०। रा० प्र०।

तुम्हारी॥' (१। ११०। १) तथा (३)*'अब मोहि आपनि किंकरि जानी'।* [स्वामीको सेवक अति प्रिय होता है; यथा—*'सब के प्रिय सेवक यह नीती॥'* (७। १६), *'सुचि सुसील सेवक सुमति प्रिय कहु काहि न लाग॥'* (७। ८६) दूसरा भाव यह कि प्रत्येक बार पहले अपनेको दासी कहकर कथा-श्रवणमें अपना अधिकारी होना जनाकर तब प्रश्न किया है। (१। ११०। १) देखिये। या यों कहिये कि श्रीमेनाजीने शिवजीसे जो यह प्रार्थना की थी, वर माँगा था कि *'नाथ उमा मम प्रान सम गृह किंकरी करेहु। छमेहु सकल अपराध अब होइ प्रसन्न बरु देहु॥'* (१०१) उसीको बारम्बार स्मरण कराकर क्षमा-प्रार्थना करती हुई प्रसन्न करती हैं। (मा० पी० प्र० सं०)] (ख)*'जदपि सहज जड़ नारि अयानी'* इति। भाव कि जड़, स्त्री और अज्ञानी, ये तीनों कथाके अधिकारी नहीं हैं और मैं तो 'जड़, नारि और अयानी' तीनों ही हूँ; रही बात यह कि मैं दासी हूँ, दासीको अधिकार है चाहे वह कैसी ही क्यों न हो। [सतीसे शिवजीने कहा था*'सुनहि सती तव नारि सुभाऊ। संसय अस न धरिय उर काऊ॥'* सो सतीका शरीर छूटकर पार्वती-देह मिलनेपर भी वही संशय उठा, इससे अपना जड़त्व और अज्ञान मान रही हैं। (वि० त्रि०) पुनः यहाँ पार्वतीजी अपनेमें नीचानुसन्धान करके कहती हैं कि यद्यपि मैं स्त्री हूँ, *'अयानी'* अर्थात् चतुराईरहित हूँ, जड़ हूँ; सो यह सब (जो आपने अज्ञ, अंध इत्यादि कहा है) मुझमें होना उचित ही है। क्योंकि पर्वतराजसे उत्पन्न होनेसे मैं सहज ही जड़ हूँ ही, इससे कथाकी अधिकारिणी नहीं हूँ। स्त्री होनेसे अयानी होना भी ठीक है, अज्ञ होनेसे भी मेरा अधिकार नहीं। तथापि अपनी किंकरी जानकर आप अधिकारी मान सकते हैं। (रा० प्र०) ऊपर*'बोलीं गिरिजा बचन बर'''''''''* कहा, *'गिरिजा'* के सम्बन्धसे यहाँ 'जड़' कहना योग्य ही है। 'दूसरा सम' अलङ्कार है।] (ग) यहाँ *'अब मोहि आपनि किंकरि जानी'* कहा और पूर्व कहा था—*'जानिय सत्य मोहि निज दासी'।* इनमेंके *'जानी'* और *'जानिय'* में भाव यह है कि जिसे स्वामी अपना दास जाने-माने वही दास है। यथा—*'राम कहहिं जेहि आपनो तेहि भजु तुलसीदास।'* (दोहावली) *'किंकरि जानी'* अर्थात् अपनी दासी समझकर कहिये, मेरी जड़ता-अज्ञतापर दृष्टि न डालिये। (घ) *'अब'*—इसका सम्बन्ध आगेकी चौपाई—*'प्रथम जो मैं'''''''''* से है। भाव कि मोह, संशय और भ्रमकी निवृत्ति हो गयी, अपनी दासी जानकर अब जो मैंने प्रथम पूछा है वह कहिये। [अयानी-अनजान, अज्ञानी, बुद्धिहीन। यथा—*'रानी मैं जानी अयानी महा, पबि पाहन हूँ ते कठोर हियो है॥'* (क० २। २०) यह शब्द केवल पद्यमें प्रयुक्त होता है।]

प्रथम जो मैं पूछा सोइ कहहू। जौं मो पर प्रसन्न प्रभु अहहू॥५॥
राम ब्रह्म चिनमय अबिनासी। सर्बरहित सब उर पुर बासी॥६॥
नाथ धरेउ नर तनु केहि हेतू। मोहि समुझाइ कहहु बृषकेतू॥७॥

अर्थ—हे प्रभो! यदि आप मुझपर प्रसन्न हैं तो वही कहिये जो मैंने आपसे प्रथम पूछा है॥ ५॥ श्रीरामजी ब्रह्म, ज्ञानमय केवल चैतन्यस्वरूप, अविनाशी, (सबमें रहते हुए भी) सबसे अलग अर्थात् निर्लिप्त और सबके हृदयरूपी नगरमें रहनेवाले हैं॥ ६॥ उन्होंने नर-शरीर किस कारणसे धारण किया? हे धर्मकी ध्वजा (शङ्करजी)! यह मुझसे समझाकर कहिये॥ ७॥

टिप्पणी—१ *'प्रथम जो मैं पूछा'''''* इति। (क) प्रथम प्रश्न यह है—*'प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी॥'* (१। ११०। ४) (ख)*'जौं मो पर प्रसन्न प्रभु अहहू'* से अपने ऊपर शिवजीकी प्रसन्नता जनायी। प्रसन्नताका चिह्न यह है—*'धन्य धन्य गिरिराजकुमारी। तुम्ह समान नहिं कोउ उपकारी॥ पूँछेहु रघुपति कथा प्रसंगा। सकल लोक जग पावनि गंगा॥ उमा प्रस्न तव सहज सुहाई। सुखद संत संमत मोहि भाई॥'* (१। ११२। ६-७, १। ११४। ६) यह तो हुई पूर्वकी प्रसन्नता और आगेकी प्रसन्नता यह है—*'हिय हरषे कामारि तब संकर सहज सुजान। बहु बिधि उमहिं प्रसंसि पुनि बोले कृपानिधान॥'* (१। १२०)

पं० श्रीराजबहादुर लमगोड़ा-१ 'पार्वतीजीने फिर इसी बातपर जोर दिया है कि रामके मानवी चरित्रों

और उनके पारमात्मिक व्यक्तित्वका एकीकरण किया जाय, इसीलिये आप रामचरितमानसके हर प्रसङ्गमें यह एकीकरण पायेंगे। कविका कमाल है कि वह इस तरह नाटककला और महाकाव्यकलाका एकीकरण भी बड़ी सुन्दरतासे करता जाता है।

२ ऐतिहासिक दृष्टिकोणसे भी तुलसीदासजीके समयमें यह प्रश्न बड़े महत्त्वका था; क्योंकि इस्लामी धर्म निर्गुण ही रूपमें ईश्वरको मानता है और तुलसीदासजीके समयमें उसी मतावलम्बियोंका शासन था। (उस समय श्रीनानकजी और श्रीकबीरजीका पंथ भी जोर पकड़ रहा था। काशीजीमें कबीर साहेबकी शब्दी साखी आदिमें कई ऐसी सुननेमें आती हैं जिनमें श्रीदाशरथीरामको ब्रह्मसे अन्य माना हुआ है। उसीका खण्डन यहाँ स्वयं शङ्करजी त्रिभुवनगुरुसे कराया गया है।)

टिप्पणी—२ *'राम ब्रह्म चिन्मय……'* इति। (क) ब्रह्म सब भूतोंको उत्पन्न करता है। यथा—**'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति। तद्विजिज्ञासस्व। तद्ब्रह्मेति।'** (तैत्ति० भृगुवल्ली १। १) अर्थात् ये सब प्रत्यक्ष दिखायी देनेवाले प्राणी जिनसे उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर जिनके सहयोगसे, जिनका बल पाकर ये सब जीते हैं, जीवनोपयोगी क्रिया करनेमें समर्थ होते हैं और महाप्रलयके समय जिनमें विलीन हो जाते हैं, उनको वास्तवमें जाननेकी इच्छा कर। वे ही ब्रह्म हैं। पुनश्च **'यतः सर्वाणि भूतानि भवन्त्यादियुगागमे।'**

ऐसा ब्रह्म नरतन कैसे धरता है ? [पुनः ब्रह्म तो बृहत् है, यथा—**'अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।'** तो उसका एक एवं एकदेशीय और वह भी छोटा-सा शरीर कैसे हो सकता है? (मा० पी० प्र० सं०)] जो चिन्मय है वह प्राकृत दृष्टिगोचर कैसे होता है? [जो 'चिन्मय' है अर्थात् योगियोंके चित्तमें जिसकी झलक किञ्चित् आती है, ऐसा चिन्मय ब्रह्म स्थूल (शरीरधारी) कैसे होगा ? (मा० पी० प्र० सं०)] जो अविनाशी है वह नाशवान् नरतन (मनुष्य) कैसे होता है? *'सर्ब रहित सब उर पुर बासी'* अर्थात् जो सर्वरहित है उसका सम्बन्ध जब सबके साथ हुआ तो वह सर्वरहित कैसे हुआ? जो सबके उरमें बसता है, वह जब मनुष्य हुआ तब सबके उरपुरका वासी कैसे हुआ? [पुनः, जो सर्वरहित है वह मनुष्य हो सबसे मित्रता आदिका व्यवहार कैसे करेगा ? वह किसीका मित्र, किसीका शत्रु कैसे होगा? सब उरवासी अलख एक पुरका वासी लक्षितगति कैसे होगा ? (मा० पी० प्र० सं०)] ☞(ख) श्रीपार्वतीजीने प्रथम प्रश्नमें ब्रह्मको निर्गुण कहा था, यथा—*'प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपुधारी॥'* अर्थात् वे ब्रह्मको निर्गुण ही मानती थीं। अब वे यहाँ निर्गुण ब्रह्मके लक्षण कहती हैं कि वह चिन्मय, अविनाशी, सर्वरहित और सर्व-उर-पुरवासी है। पुनः भाव कि पूर्व ब्रह्मको निर्गुण कहा था, अब श्रीरामजीका स्वरूप जान गयी हैं, इसीसे अब श्रीरामजीको ही *'ब्रह्म चिन्मय……'* कहती हैं। [ऊपर जो कहा था कि *'राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ'* उसका स्पष्टीकरण करके बताया कि रामस्वरूप किस प्रकार जान पड़ा। अब यह संशय नहीं रह गया कि राम-रघुपति ब्रह्म हैं या नहीं। प० प० प्र०]।

टिप्पणी—३ *'नाथ धरेउ नर तन……'* इति (क) श्रीरामस्वरूपमें जो संदेह था वह तो निवृत्त हो गया, यथा—*'तुम्ह कृपाल सबु संसउ हरेऊ। राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ॥'* रही बात ब्रह्मके अवतारकी, यथा—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर……'* (१। ५०) इसमें अभी सन्देह है, इसीसे ब्रह्मके अवतारका हेतु पूछती हैं। [(ख) 'नर-शरीर' तो अनादिभूत प्रभुका है तो वहाँ नरदेह धरना कैसा! परंतु शिवजीको कथाका प्रसङ्ग कहनेमें यह प्रश्न बड़ा उपयोगी हुआ। क्योंकि भगवान् विष्णु भी रघुनाथजीका अवतार धारण करते हैं, अतः इनमें 'नरतन धरना' कहना ठीक है, नारद-शापके कारण द्विभुज हुए। साकेतविहारीका नित्य नररूप है, उनके प्रति *'नर तन धरेउ'* नहीं कहा जा सकता। वे तो जैसे-के-तैसे प्रकट हो गये। इनका नित्य नररूप मनुमहाराजके वरदानमें कहेंगे।' (रा० प्र०) (ग) *'नर तन'* से पाञ्चभौतिक तनका तात्पर्य है। यथा—**'पृथिव्यादिमहाभूतैर्जन्यते प्रादुर्भवतीति पुरुषः नरः।'** (इत्यमरविवेके) भाव यह कि दिव्यरूपसे प्राकृतरूप क्यों हुए? (वै०) *'धरेउ केहि हेतू'* में

भाव यह है कि ब्रह्म, चिन्मय आदि विशेषणयुक्तको तो नरतन धरनेकी कोई आवश्यकता जान नहीं पड़ती और प्रयोजनके बिना कार्यमें प्रवृत्ति नहीं होती। नरतन तो भवपार उतरनेके लिये है, राम तो नित्यमुक्त हैं, उन्हें तो भवपार उतरना नहीं है। (वि० त्रि०) (घ) 'यहाँ *'समुझाइ कहहु'* कहा। इसीसे श्रीशिवजी श्रीरामावतारके कई हेतु बतावेंगे; क्योंकि साकेतविहारी तो नराकार ही हैं सो वे तो पूर्वरूपसे ही मनुमहाराजके हेतु प्रकट हुए। उसी लीलाको करनेके लिये जब नारायणादि भगवान्‌ने रामरूप धारण किया तब वे, चतुर्भुजसे द्विभुज हुए। इत्यादि सन्धि है। इसी कारण शिवजीने इस प्रश्नको अङ्गीकार किया।' (वै०)] (ङ) *'मोहि समुझाइ कहहु'* का भाव कि ब्रह्मके अवतारका हेतु मेरी समझमें नहीं आता। मैं जड़ हूँ; स्त्री हूँ; अज्ञानी हूँ। अतएव मुझे समझाकर कहिये जिसमें समझमें आ जाय। (च)*'बृषकेतू'* इति। सन्देह दूर करना धर्म हैं और आप धर्मकी ध्वजा हैं, आपका धर्म पताकामें फहरा रहा है। अथवा, भाव कि मुझे समझाकर कहिये। यद्यपि मैं जड़ हूँ, अज्ञानी हूँ, तथापि आप तो वृषकेतु हैं, वृष (बैल) ऐसे अज्ञानीको ज्ञानी बनाके आप उसे अपने पताकापर बिठाए हुए हैं।

पं० रामकुमारजी कहते हैं कि 'पूर्वका प्रश्न और तरहका है और वही प्रश्न यहाँ और तरहसे किया है। प्रथम श्रीपार्वतीजी यह सिद्धान्त निश्चित किये थीं कि ब्रह्म निर्गुण है, वह सगुण होता ही नहीं; अतएव ब्रह्म राम कोई और हैं। यह बात *'जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि'* पार्वतीजीके इन वचनोंसे सिद्ध होती है। यह सुनकर शिवजी नाराज हुए। यथा-*'एक बात नहिं मोहि सुहानी।'''''''''कहहिं सुनहिं अस अधम नर''''''* ' इत्यादि। और उन्होंने निर्गुण-सगुण दोनोंकी एकताकर सब सिद्धान्त दाशरथी राममें ही पुष्ट किये, यथा—*'राम ब्रह्म ब्यापक जग जाना'* से *'पुरुष प्रसिद्ध प्रकासनिधि प्रगट परावर नाथ'* कहकर तब यह कहा कि *'सोई'* रघुकुलमणि रामचन्द्रजी हैं। जब इस प्रकार शिवजीने समझाया तब उनको निश्चय हुआ कि ये ही राम ब्रह्म हैं, यथा—*'राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ।'* वही अब यहाँ पार्वतीजी कह रही हैं कि*'राम ब्रह्म चिन्मय अबिनासी''''''* ' इत्यादि हैं, श्रीरामजीका यह स्वरूप है यह मैं जान गयी। अब कथा और देह-धारणका कारण सुननेकी इच्छा है।

नोट—प्रश्न तो बहुत-से हैं किंतु मुख्य उनमें यही है कि 'क्या निर्गुण भी सगुण हो सकता है?' अर्थात् वे निर्गुण और सगुणको ब्रह्मके दो अलग-अलग रूप समझती थीं। इसीसे उन्हें यह संदेह हुआ था। परंतु शिवजीके भ्रमभंजन वचनोंसे उनका यह भ्रम कि निर्गुण और सगुण दो हैं मिट गया। वे समझ गयीं कि अव्यक्त एवं प्राकृतगुणरहित होनेसे ब्रह्म निर्गुण कहलाता है और व्यक्त दिव्यगुणविशिष्ट होनेसे वही सगुण कहा जाता है। अतएव अब दूसरा मुख्य प्रश्न यह रह जाता है कि 'ब्रह्म किस कारण नरतन धारण करता है?' यह अभी समझमें नहीं आया। इसीसे वे कहती हैं कि प्रथम जो मैंने पूछा उसीको कहिये। ☞*'प्रथम'* शब्दके कई अर्थ होते हैं—'सबसे पहला नम्बर १' 'पूर्व'। *'प्रथम'* का अन्वय 'जो' और *'कहहु'* दोनोंके साथ हो सकता है। *'जो'* के साथ लेनेसे भाव होगा कि जो मैंने पूछा था कि*'प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी॥'* वही कहिये। यह कहकर फिर उसी प्रश्नको यहाँ दूसरे शब्दोंमें दोहराती हैं-*'नाथ धरेउ नर तनु केहि हेतू।'* और दूसरा अर्थ यह होगा कि 'जो मैंने पूर्व पूछा है उसीको कहिये' पर उसमेंसे इस प्रश्नका उत्तर समझाकर कहिये कि*'राम ब्रह्म चिनमय अबिनासी। सर्बरहित सब उर पुर बासी॥ नाथ धरेहु नर तन केहिं हेतू।'* भाव कि अन्य प्रश्नोंके उत्तर विस्तारसे समझाकर कहनेकी आवश्यकता नहीं है।

'कहहु' के साथ *'प्रथम'* का अन्वय करनेसे अर्थ होगा कि 'जो मैंने पूछा है उसे प्रथम कहिये' अर्थात्*'प्रथम सो कारन कहहु बिचारी'* से *'औरौ रामरहस्य अनेका। कहहु नाथ'* तकके प्रश्नोंका उत्तर प्रथम कहिये। भाव कि*'जो प्रभु मैं पूछा नहिं होई'* उसको चाहे पीछे कहिये, चाहे जब कहिये पर जो पूछा है उसको अवश्य पहिले कहिये। और इन पूछे हुओंमें भी 'नर-तन धारन' करनेका हेतु समझाकर अर्थात् विस्तारसे कहिये जिसमें समझमें आ जाय, शेषका उत्तर विस्तारसे कहनेकी आवश्यकता नहीं।

उमा बचन सुनि परम बिनीता। रामकथा पर प्रीति पुनीता॥८॥

अर्थ—श्रीपार्वतीजीके परम विनम्र वचन सुनकर और श्रीरामकथापर उनका पवित्र प्रेम (देख)॥ ८॥

टिप्पणी—१ (क)'*बोलीं गिरिजा बचन बर मनहुँ प्रेम रस सानि॥*' (१। ११९) उपक्रम है और'*उमा बचन सुनि*……' उपसंहार है। उमाके वचन '*बर*' (श्रेष्ठ) हैं, 'प्रेमरसमें साने' हुए हैं और'*परम बिनीत*' एवं '*पुनीत*' हैं।'*परम बिनीत*' हैं अर्थात् अत्यन्त नम्र वा नम्रतायुक्त हैं। यथा—'*अब मोहि आपनि किंकरि जानी। जदपि सहज जड़ नारि अयानी॥*','*जौं मो पर प्रसन्न प्रभु अहहू।*' (ख)'*प्रीति पुनीता*' निश्छल प्रीति, यथा—'*भाइहि भाइहि परम समीती। सकल दोष छल बरजित प्रीती॥*' (१। १५३। ७), '*सुमिरि सीय नारद बचन उपजी प्रीति पुनीत॥*' (१। २२९) '*सुनि पाती पुलके दोउ भ्राता। अधिक सनेह समात न गाता॥ प्रीति पुनीत भरत कै देखी। सकल सभा सुख लहेउ बिसेषी॥*' (१। २९१। १-२) यहाँ कथामें उमाजीकी स्वार्थरहित प्रीति है और स्वार्थ ही छल है, यथा—'*स्वारथ छल फल चारि बिहाई॥*' (२। ३०१। ३) (ग) पुनः उमाजीके वचन बाहरसे विनीत हैं, भीतर (हृदयमें) पुनीत प्रीति है और'*बोलीं गिरिजा बचन बर*' यह वचनकी पवित्रता है। इस प्रकार पार्वतीजीके वचनोंमें उनकी मन, वचन और कर्मसे निश्छलता दिखायी।

नोट—१ '*पुनीत*' कहकर जनाया कि प्रीति अपुनीत (अपवित्र) भी होती है। स्वार्थ रखकर जो प्रेम किया जाता है वह पवित्र नहीं है किंतु अपवित्र है। कलिमें प्रायः अपुनीत प्रीति देखनेमें आती है। यथा—'*प्रीति सगाई सकल गुन बनिज उपाय अनेक। कल बल छल कलिमलमलिन डहकत एकहि एक॥*' (दो० ५४७),*दंभ सहित कलिधरम सब छल समेत व्यवहार। स्वारथ सहित सनेह सब रुचि अनुहरत अचार॥*' (दो० ५४८),'धातु वाद *निरुपाधि बर सदगुरु लाभ सुमीत। देव दरस कलिकाल मैं पोथिन दुरे सभीत॥*' (दो० ५५७) (दोहावली)। इन उद्धरणोंसे पवित्र और अपवित्र प्रेम भली-भाँति स्पष्ट हो जाता है। २ '*उमा*' इति। '**उँ=शिवं मातीति उमा**' अर्थात्—उ (शिवजी) को जो जाने वह उमा। '*उमा*' सम्बोधनका भाव कि आज मेरा कहा माननेसे तुम्हारा यह नाम सत्य हुआ। (रा० प्र०) पूर्व '*उमा*' शब्दकी व्युत्पत्ति विस्तारसे लिखी गयी है। मेना माताने इनको तप करनेसे रोका था इसीसे यह नाम पड़ा था। '*चलीं उमा तप हित हरषाई*' (७३। ७) में देखिये।

दो०—हिय हरषे कामारि तब संकर सहज सुजान।
बहु बिधि उमहि प्रसंसि पुनि बोले कृपानिधान॥१२० (क)॥
सो०—सुनु सुभ कथा भवानि रामचरितमानस बिमल।
कहा भुसुंडि बखानि सुना बिहगनायक गरुड़॥१२० (ख)॥
सो संबाद उदार जेहिं बिधि भा आगे कहब।
सुनहु राम अवतार चरित परम सुंदर अनघ॥१२० (ग)॥
हरि गुन नाम अपार कथा रूप अगनित अमित।
मैं निज मति अनुसार कहौं उमा सादर सुनहु॥१२० (घ)॥

अर्थ—तब कामदेवके शत्रु स्वाभाविक ही सुजान श्रीशिवजी हृदयमें प्रसन्न हुए और पुनः उमाजीकी बहुत तरहसे प्रशंसा करके दयासागर शिवजी फिर बोले। हे भवानी! निर्मल रामचरितमानसकी सुन्दर माङ्गलिक कथा सुनो जिसे भुशुण्डिजीने विस्तारपूर्वक कही और पक्षियोंके स्वामी श्रीगरुड़जीने सुनी। वह उदार (भुशुण्डि-गरुड़) संवाद जिस प्रकार हुआ वह मैं आगे कहूँगा। (अभी) श्रीरामचन्द्रजीके परम सुन्दर पवित्र अवतार और उनके चरित सुनो। भगवान्के गुण, नाम, कथा और रूप (सभी) अपार, अगणित और अमित हैं। मैं अपनी बुद्धिके अनुसार कहता हूँ। हे उमा! सादर सुनो॥ (१२०)॥

टिप्पणी—१ *'हिय हरषे कामारि……'* इति। (क) पार्वतीजीके वचन प्रेमरससाने हैं, इसीसे शिवजीको हर्ष हुआ। यथा—*'सबके बचन प्रेम रस साने। सुनि रघुनाथ हृदय हरषाने॥'* (७। ४७) पुनः, कथामें पुनीत प्रेम देखकर हर्ष हुआ। (ख) *'कामारि'* इति। ☞स्मरण रहे कि कथाके प्रारम्भमें (इस प्रकरणके प्रारम्भसे) कवि बार-बार *'कामारि'* विशेषण देते आ रहे हैं। यथा *'बैठे सोह कामरिपु कैसे। धरे सरीर सांतरस जैसे॥', 'तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥' 'हिय हरषे कामारि……'* ऐसा करनेका तात्पर्य यह है कि कथाके वक्ताको कामरहित, शान्त, सुजान और रामभक्त होना चाहिये। जो वक्ता ऐसा होता है उसीकी कथासे श्रोताओंका कल्याण होता है। [पंजाबीजी लिखते हैं कि *'कामारि'* कहनेका भाव यह है कि शिवजीने इनकी प्रशंसा कुछ इनके रूप आदिपर रीझकर नहीं की वरं च इनकी प्रीति देखकर अथवा कुतर्करूपी कामनाएँ—वासनाएँ दूर कर दीं, अतएव *'कामारि'* विशेषण दिया।' बैजनाथजीका मत है कि शंकरजी अकाम हैं, वे अकाम प्रश्न जानकर प्रसन्न हुए।' अथवा कामारि हैं, भक्ति देखकर ही हर्षित होते हैं (वि० त्रि०)।] (ग) *'संकर सहज सुजान'* इति। शंकर अर्थात् कल्याणकर्ता कहा, क्योंकि पार्वतीजीका भ्रम भंजनकर उन्होंने उनका कल्याण किया और कथा कहकर जगन्मात्रका कल्याण करनेको हैं। हृदयकी प्रीति देखकर हर्षित हुए; इसीसे *'सुजान'* कहा। यथा—*'अंतर प्रेम तासु पहिचाना। मुनि दुर्लभ गति दीन्हि सुजाना॥'* (३। २७), *'करुनानिधान सुजानु सीलु सनेह जानत रावरो।'* (१। २३६), *'देखि दयाल दसा सब ही की। राम सुजान जानि जन जी की॥'* (२। ३०४) इत्यादि। (घ) *'सहज सुजान'* का भाव कि किसी लक्षणको देखकर अथवा किसी और विद्यासे हृदयकी जानी हो सो बात नहीं है किन्तु आप स्वाभाविक ही जानते हैं (वि० त्रि० का मत है कि *'सहज सुजान'* हैं, अतः विनीत वचनसे सुखी होते हैं)। (ङ) *'बहु बिधि उमहिं प्रसंसि पुनि'* इति। *'पुनि'* देहलीदीपक है। *'प्रसंसि पुनि'* और *'पुनि बोले'*। *'प्रसंसि पुनि'* से जनाया कि जैसे पूर्व बहुत प्रकारसे प्रशंसा की थी, वैसे ही फिर की। यथा—*'धन्य धन्य गिरिराजकुमारी।'* (१। ११२। ६) से *'कहत सुनत सबकर हित होई।'* (१। ११३। १) तक। *'पुनि बोले'* कहा; क्योंकि एक बार बोलना पूर्व कह आये हैं। यथा—*'करि प्रनाम रामहिं त्रिपुरारी। हरषि सुधासम गिरा उचारी॥'* (१। ११२। ५) से लेकर *'अस संसय आनत उर माहीं॥'* (१। ११९। ६) तक। बीचमें पार्वतीजी बोली थीं; यथा—*'बोलीं गिरिजा बचन बर……।'* (१। ११९) से *'मोहिं समुझाइ कहहु बृषकेतू। उमा बचन……'*(१। १२०। ८) तक। अब पुनः शंकरजी बोले। (च) *'कृपानिधान'* का भाव कि उमाजीपर कृपा करके रामचरित सुनाना चाहते हैं। यथा—*'सुनु सुभ कथा भवानि……'* और *'संभु कीन्ह यह चरित सुहावा। बहुरि कृपा करि उमहि सुनावा॥'* (१। ३०। ३) पुनः [प्रशंसा करनेका भाव कि धन्य हो कि इतना कष्ट सहनेपर भी जबतक शङ्काकी निवृत्ति न हुई तबतक प्रश्न करना न छोड़ा। *'कृपानिधान'* विशेषण दिया; क्योंकि उमाजीके बहाने जगन्मात्रपर कृपा कर रहे हैं। (रा० प्र०)]

टिप्पणी—२ *'सुनु सुभ कथा भवानि……'* इति। (क) कथा शुभ अर्थात् मङ्गलकारिणी है। यह विशेषण श्रीरामकथाके लिये बारम्बार आया है। यथा—*'सुनि सुभ कथा उमा हरषानी।'* (७। ५२), *'यह सुभ संभु उमा संबादा।'* (७। १३०), *'मंगल करनि कलिमल हरनि तुलसी कथा रघुनाथ की।'* (१। १०) (ख) *'सुनु सुभ कथा भवानि'* उपक्रम है और *'सुनि सुभ कथा उमा हरषानी॥'* (७। ५२) उपसंहार है। *'यह सुभ संभु-उमासंबादा'* पर संवादकी इति है। (ग) *'रामचरितमानस बिमल'* इति। *'बिमल'* विशेषण अन्तमें देकर *'कथा'* और *'रामचरितमानस'* दोनोंके साथ सूचित किया। कथा विमल है, यथा-*'बिमल कथा कर कीन्ह अरंभा। सुनत नसाहिं काम मद दंभा॥'* (१। ३५। ६), *'बिमल कथा हरिपद दायनी। भगति होइ सुनि अनपायनी॥'* (७। ५२) जिस कथामें रामचरितमानसका वर्णन है वही कथा निर्मल है एवं वही ग्रन्थ विमल है। (*'बिमल'* में दोनों भाव हैं अर्थात् यह स्वयं अपने स्वरूपसे निर्मल है और दूसरोंके मनको निर्मल करनेवाला है)। (घ) *'कहा भुसुंडि बखानि……'* उपक्रम है और *'उमा कहिउँ सब कथा सुहाई। जो भुसुंडि खगपतिहि सुनाई॥'* (७। ५२। ६) उपसंहार है। तात्पर्य कि जहाँसे शिवजी कथा कहने लगे वहींसे श्रीकाकभुशुण्डिजीका भी प्रारम्भ है और जहाँ शिवजीकी (कथाकी समाप्ति है वहीं भुशुण्डिजीकी

(कथाकी) समाप्ति है। काकभुशुण्डि-गरुड़-संवाद उमामहेश्वर-संवादके पूर्व ही हुआ है, इसीसे शिवजी कहते हैं—*'कहा भुसुंडि बखानि…… ।'* याज्ञवल्क्य-भरद्वाज-संवाद पीछे हुआ, इसीसे इनको न कहा। *'कहौं सो मति अनुहारि अब उमा संभु संबाद…… ।'* (१। ४७) याज्ञवल्क्यजीके इस वचनसे उमा-शम्भु-संवादका इनके संवादके पूर्व होना स्पष्ट है।

टिप्पणी—३ *'सो संबाद उदार जेहि……'* इति। (क) ☞जहाँसे कथा छोड़ी थी वहींसे पुनः प्रारम्भ करते हैं। *'राम नाम गुन चरित सुहाए। जनम करम अगनित श्रुति गाए॥ तदपि जथाश्रुत जसि मति मोरी। कहिहौं देखि प्रीति अति तोरी॥'* (१। ११४। ३—५) पर कथा छोड़कर बीचमें श्रीरामस्वरूपका ज्ञान कराने लगे थे, अब पुनः वहींसे कथा (प्रसङ्ग) उठाते हैं। *'सुनहु राम अवतार'* यह जन्म है, शेष *'हरिगुन नाम अपार कथा रूप अगनित अमित……'* यह वही है जो *'राम नाम गुन चरित सुहाए।……'* है। (ख) उदार=सुन्दर, यथा—'सुन्दरं प्रोक्तमुत्कृष्टं पूजितं तथा' (इतित्रिलोचनः) [*'उदार'* के अनेक अर्थ हैं—उदार=बड़ा। अर्थात् यह संवाद बड़ा है, कहने लगेंगे तो तुम्हारे प्रश्नोंका उत्तर रह ही जायगा। पुनः, उदार=उत्कृष्ट। क्योंकि इससे विहगनायक श्रीगरुड़जीका मोह मिटा। पुनः, उदार=पात्रापात्र और देशकालादिका विचार न करके याचकमात्रको उसकी इच्छापूर्वक दान देनेवाला। इस संवादमें भुशुण्डिजीके वचनोंमें भक्तिका पक्ष है और भक्ति ऊँच-नीच सभीका उद्धार करती है। यथा—'**क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति। कौन्तेय प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति॥**' (गीता ९। ३१), '**मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः। स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्॥**' (गीता) रा० प्र० कार *'उदार'* को 'भुशुण्डि' का विशेषण भी मानते हैं। भाव यह कि अविद्यारूपी दारिद्र्य जिनके आश्रमसे योजनभरकी दूरीपर रहता है ऐसे उदार भुशुण्डिजीका संवाद।] [(ग) *'जेहि बिधि भा'* अर्थात् उस संवादका कारण और जिस तरह गरुड़जी भुशुण्डिजीके पास गये और पूछा, इत्यादि। यथा—*'तेहि केहि हेतु काग सन जाई। सुनी कथा मुनि निकर बिहाई॥ कहहु कवन बिधि भा संबादा। दोउ हरिभगत काग उरगादा॥'* (७। ५५)] (घ) *'आगे कहब'* अर्थात् अभी प्रथम तुम्हारे प्रश्नोंका उत्तर देता हूँ। आगे उत्तरकाण्डमें पार्वतीजीके पूछनेपर कहा है। यथा—*'अब सो कथा सुनहु जेहि हेतू। गयउ काग पहिं खगकुलकेतू॥'* (७। ५८। २) से [भुशुण्डि-गरुड़-संवाद 'आगे कहूँगा', इस कथनमें श्रोताकी प्रीतिकी परीक्षा लेनेका भाव है, यह अभिप्राय उत्तरकाण्डके *'उमा कहिउँ सब कथा सुहाई। जो भुसुंडि खगपतिहि सुनाई॥ कछुक रामगुन कहेउँ बखानी। अब का कहौं सो कहहु भवानी॥'* (७। ५२। ६-७) इस शिववाक्यसे स्पष्ट है। यदि वे पूछती हैं तो सिद्ध होगा कि रामकथापर विशेष प्रीति है। अतः आगे उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि *'मति अनुरूप कथा मैं भाषी। जदपि प्रथम गुप्त करि राखी॥ तव मन प्रीति देखि अधिकाई। तब मैं रघुपति कथा सुनाई॥'* यह संवाद ही था जो प्रथम गुप्त कर रखा था। प० प० प्र०।] (ङ) *'सुनहु राम अवतार चरित……'* इति। अर्थात् राम-अवतार सुनो, अवतारके पश्चात् चरित सुनायेंगे सो सुनना। *'परम सुंदर अनघ'* का भाव कि जैसे श्रीरामजी परम सुन्दर और अनघ हैं, वैसे ही उनके चरित्र भी हैं। यथा—*'यह प्रभु चरित पवित्र सुहावा। कहहु कृपाल काग कहँ पावा॥'* (७। ५५। १) संवादका सुन्दर होना तो पहले ही कह आये हैं।

टिप्पणी—४ *'हरि गुन नाम अपार……'* इति। (क) इससे जनाया कि गुण, नाम, कथा, रूप और चरित्र यह सब कहेंगे। (ख) इस सोरठेका तात्पर्य यह है कि ज्ञानी लोग भगवान्के गुण-नामादिको सुनकर, उनको अनन्त समझकर आश्चर्य नहीं करते। यथा—*'राम अनंत अनंत गुन अमित कथा बिस्तार। सुनि आचरज न मानिहहिं जिन्ह के बिमल बिचार॥'* (१। ३३) यह आश्चर्य सबको होता है, इसीसे संशय हो जाता है। अतएव अन्तमें यह कहकर सबके संशयकी निवृत्ति करते हैं। इसी तरह गोस्वामीजीने *'राम अनंत अनंत गुन……'* । कहकर *'एहि बिधि सब संसय करि दूरी'* कहा है। (ग) *'निज मति अनुसार'*-(१। ११४। ५) *'तदपि जथाश्रुत जसि मति मोरी'* में देखिये। *'अपार अगनित अमित'* (१। ११४। ३-४)

देखिये। (घ)*'सादर सुनहु'* अर्थात् मन, बुद्धि और चित्त लगाकर सुनो। कथा सादर (आदरपूर्वक) सुननी चाहिये, इसीसे चारों संवादोंमें आदरसे सुननेको कहा गया। प्रमाण (१। ११४। २) में देखिये। सादर न सुननेसे उसका प्रभाव नहीं पड़ता।

वि० त्रि०—१—*'सुनु'* इति। *'अजहूँ कछु संसउ मन मोरे'* इस पाँचवें विषयका उत्तर पाँचवें *'सुनु'* शब्दसे सूचित करते हैं। भाव यह कि प्रसंग प्राप्त बचे-बचाये संशयके निरसनके लिये गरुड़-भुशुण्डि-संवाद अन्तमें कहेंगे। २—*'कहहु पुनीत राम गुन गाथा'* इस छठे विनयका उत्तर देते हैं, कहते हैं कि वह संवाद उदार है। अर्थात् इस कथाका ऐसा माहात्म्य है कि यदि काक प्रेमसे कथा कहने बैठे, तो विहङ्गनायक, साक्षात् प्रभुकी विभूति गरुड़ सुननेके लिये आ जावें। ३—*'बरनहु रघुबर बिमल जस'* इस सातवें विनयका उत्तर देते हैं कि*'हरि गुन नाम अपार……'* । हरिके असीम होनेसे उनके नाम और गुण भी अपार हैं। कथा और रूप अगणित हैं, ऐसी अवस्थामें मति अनुसार ही कहा जा सकता है।

कैलास-प्रकरण समाप्त हुआ।

अवतार-हेतु-प्रकरण

सुनु गिरिजा हरिचरित सुहाए। बिपुल बिसद निगमागम गाए॥ १॥
हरि अवतार हेतु जेहि होई। इदमित्थं कहि जाइ न सोई॥ २॥

शब्दार्थ—बिपुल=संख्या या परिमाणमें बहुत अधिक। बिसद (विशद)=उज्ज्वल, निर्मल। इदमित्थं=इदं (यह) इत्थं ('अनेन प्रकारेण इत्थं' अर्थात् इसी प्रकार है)=यह इसी प्रकार है (ऐसा)।

अर्थ—हे गिरिजे! सुनो। श्रीहरिके चरित सुन्दर हैं, अगणित हैं, अत्यन्त विशद हैं और वेदशास्त्रोंने गाये हैं (एवं वेदशास्त्रोंने ऐसा कहा)॥ १॥ श्रीहरिका अवतार जिस कारणसे होता है, वह (कारण) यह है, ऐसा ही है, यह कहा नहीं जा सकता॥ २॥

टिप्पणी—१ *'सुनु गिरिजा हरिचरित……'* इति। (क) ☞प्रथम शिवजीने कहा कि*'सुनु सुभ कथा भवानि रामचरितमानस बिमल'*, फिर कहा कि *'सुनहु राम अवतार चरित परम सुंदर अनघ'* तत्पश्चात् कहा कि *'हरि गुन नाम अपार कथा रूप अगनित अमित। कहौं उमा सादर सुनहु।'* और यहाँ पुनः कहते हैं *'सुनु गिरिजा हरिचरित……'* । बारम्बार *'सुनु'* क्रिया भी दी है। इसका भाव यह है कि प्रथम जो रामचरितमानसकी कथा सुननेको कहा वह समष्टिकथन है और उसके बाद व्यष्टिकथन है (अर्थात् उन्होंने प्रथम सम्पूर्ण मानस सुनानेको कहा, फिर उसके विभाग करके कहा) कि श्रीरामावतार-चरित सुनो, हरिके गुण, नाम, कथा और रूप सुनो तथा हरिचरित सुनो। बालचरितको आदि देकर ये सब चरित पृथक्-पृथक् कहे हैं, इसीसे *'सुनु'* क्रिया सभीके साथ लिखी। [चारों बार सुनना मानसकथाके लिये ही जानो। ये चारों गुण, नाम, कथा, रूप रामचरितमानसहीमें आ गये, अन्यत्र नहीं हैं। पुनः बार-बार कहना ताकीद प्रकट करता है, जो वीप्सा अलङ्कारका लक्षण है वा, शिवजी बारम्बार *'सुनु'* कहकर उनको सुननेके लिये सावधान कर रहे हैं। अन्तमें यहाँ *'गिरिजा'* सम्बोधन देकर जनाते हैं कि सावधानतामें गिरिके समान अचल रहना। प्र० स्वामीजी लिखते हैं कि 'चार कल्पोंके रामावतारके हेतु कहनेका विचार है, इससे चार बार *'सुनु'* क्रियाका उपयोग किया।' *'हरि चरित'*—यहाँ *'हरि'* नाम दिया; क्योंकि विष्णुभगवान् और क्षीरशायी श्रीमन्नारायणका भी (शापवश) श्रीरामावतार धारणकर वह लीला करना कहा जाता है और आगे श्रीरामचरितमानसमें प्रथम इन्हींके अवतारका हेतु कहा गया है। (श्रीरामतापिनी आदिके भाष्यकार बाबा श्रीहरिदासाचार्यजीके मतानुसार श्रीरामजीको छोड़ और कोई श्रीरामावतार नहीं लेता। शाप चाहे विष्णुको हो, चाहे क्षीरशायीको पर अवतार सदा श्रीराम ही लेते

हैं, विष्णु आदि नहीं)। *'हरि'* शब्द श्रीराम, श्रीविष्णु और श्रीमन्नारायण सभीका बोधक है। श्रीपार्वतीजीने तो श्रीरामके अवतारका हेतु पूछा है, परंतु शिवजी 'हरिअवतार हेतु' कह रहे हैं। *'हरि'* शब्दसे ग्रन्थकारकी बड़ी ही सावधानता सूचित हो रही है। वस्तुतः श्रीरामजी तो नित्य नराकार ही हैं; उनके सम्बन्धमें नरतन-धारण करनेका प्रश्न ही व्यर्थ होता; इस बातको शिवजी चार अवतारोंकी कथा कहकर बतावेंगे। श्रीसाकेतविहारी श्रीरामचन्द्रजीका अवतार लेनेके पूर्व ही नरतनहीमें श्रीमनुशतरूपाजीको दर्शन देना कहकर यह बात निश्चय करा देंगे। (मा० पी० प्र० सं)] (ख) *'हरिचरित'* इति। ☞नाम, रूप, गुण, कथा और चरित सभीकी प्रधानता दिखानेके लिये सबोंको (एक-एक जगह) आदिमें लिखते हैं।*'हरि गुन नाम अपार कथा रूप अगनित अमित'* में गुणको प्रथम कहा।*'रामनाम गुन चरित सुहाए।......'* में नामको प्रथम कहा। *'सुनु सुभ कथा भवानि......'* में कथाको,*'जथा अनंत राम भगवाना। तथा कथा कीरति गुन नाना॥'* में रूपको और*'सुनु गिरिजा हरिचरित सुहाए'* में चरितको प्रथम कहा। (ग)*'बिपुल बिसद निगमागम गाए।'* अर्थात् इतने अधिक हैं कि अनादि वेद कबसे गाते चले आते हैं पर अन्त नहीं मिलता। यथा—*'रामचंद्रके चरित सुहाए। कल्प अनेक जाहिं नहिं गाए॥'*

वि० त्रि०—*'रघुपति कथा कहहु करि दाया'* इस आठवें विनयका उत्तर देते हैं। *'सुहाए'* बहुवचन देकर जनाया कि एक कल्पकी कथा न कहकर कई कल्पकी कथा कहेंगे, यह दिखलानेके लिये कि लीलाएँ सामान्यतः एक रूपकी होती हुई भी विस्तारमें प्रत्येककी विशेषता है।

टिप्पणी—२ *'हरि अवतार हेतु जेहि......'* इति। (क) पूर्वोक्त सब प्रसङ्गोंके कहनेकी प्रतिज्ञा करके अब पार्वतीजीके प्रश्न-विशेष*'नाथ धरेउ नर तन केहि हेतू'* जो अवतारका हेतु है, उसका उत्तर देते हैं। **'इदमित्थं'** यही है, ऐसा नहीं कहा जा सकता अर्थात् कहते नहीं बनता; क्योंकि अवतारके हेतु अनेक हैं। यथा—*'राम जनम के हेतु अनेका। परम बिचित्र एक तें एका॥'* (१। १२२। २) अतएव हेतुका निश्चय करते नहीं बनता।

* 'इदमित्थं कहि जाइ न' इति*

१—भाव यह कि निश्चयपूर्वक कोई आचार्य यह नहीं कह सकता कि अमुक अवतारका अमुक ही कारण है। एक ही अवतारके अनेक कारण कहे जाते हैं, फिर भी कोई यह नहीं कह सकता कि बस यही कारण इस अवतारके हैं, अन्य नहीं। श्रीसाकेतविहारीजीका ही अवतार ले लीजिये। इसका हेतु क्या कहेंगे? मनुशतरूपा-तप, या भानुप्रताप-रावणका उद्धार, या सुर-विप्र-संतकी रक्षा? फिर ये सभी कारण हैं या नहीं कौन जानता है? ग्रन्थान्तरोंमें इस अवतारके लिये श्रीकिशोरीजीकी प्रार्थना भी पायी जाती है। अतएव यह कोई नहीं कह सकता कि बस यही कारण है। (मा० पी० प्र० सं०)

२ 'यही और ऐसा ही भगवदवतारका कारण है' यह इसलिये नहीं कहा जा सकता कि सामान्यतः जो कुछ कारण अवतारका देख पड़ता है उससे कुछ विलक्षण ही कारण तब मालूम पड़ने लगता है जब अवतार लेकर भगवान् लीला करने लगते हैं। उस समय कहना तथा मानना पड़ता है कि अवतारका जो कारण अवतारसे पहले कहा गया वह गौण था और जो लीला देखनेसे मालूम पड़ा वह अनुमानतः मुख्य है। शङ्का हो सकती है कि तब 'मुख्य कारण ही बतलाकर अवतार क्यों नहीं होता, गौण ही क्यों विख्यात किया जाता है?', इसका उत्तर एक तो इस प्रकार हो सकता है कि **'परोक्षवादो ऋषयः परोक्षो हि मम प्रियः'** (भागवत) इस अपनी परोक्षप्रियताके कारण भगवान् अपने अवतारके मुख्य प्रयोजनको छिपाते हैं। दूसरे, यह कि अवतारके जिन कारणोंमें तात्कालिक जगत्-हित या किसी एक प्रधान भक्तका हित समाया रहता है उन्हें (इन्हीं कारणोंसे) गौण कह सकते हैं तथा वही विख्यात भी किये जाते हैं। और जिनसे अनन्तकालके लिये सर्वसाधारण जगत्का हित होता रहता है, उन्हें मुख्य कह सकते हैं और उन मुख्य कारणोंका गोपन कार्यसमाप्तितक इसलिये रहता है कि जितनी सुविधा और उत्तमता गोपनमें

रहती है उतनी सर्वसाधारणमें प्रकट कर देनेसे नहीं होती—'**अवतारा ह्यसंख्येया हरेः सत्त्वनिधेर्द्विज**' (भागवत) के अनुसार हरिके अवतारोंका अन्त तो लग ही नहीं सकता, अतः परम प्रसिद्ध अवतारोंमेंसे भी कुछका ही भगवत्कृपासे अपनी समझमें आये हुए गौण तथा मुख्य कारणोंको लिखता हूँ।

अवतार	गौण कारण	मुख्य कारण
१ मत्स्यावतार	मनुको प्रलयका कौतुक दिखाना-मात्र (एक भक्तका कार्य सिद्ध हुआ)।	मनुद्वारा सम्पूर्ण वनस्पति-बीजोंको संग्रह कराकर रक्षा करनेसे जगत्‌मात्रका हित हुआ।
२ कूर्मावतार	मन्दराचल धारणकर समुद्रमंथनद्वारा अमृत निकालना	१ शङ्करजीको कालकूट पिलाकर श्रीरामनाम तथा रामभक्तिकी महिमा प्रकट करना। २ भृगु (वा दुर्वासाके) शापसे समुद्रमें गुप्त हुई लक्ष्मीको प्रकट करना। ३ ऋषि यज्ञ करनेमें सामग्रियोंके अभावका दुःख न उठावें, एतदर्थ कामधेनु और कल्पवृक्षका उत्पन्न करना; इत्यादि।
३ वराहावतार	पातालसे पृथ्वीका उद्धार तथा हिरण्याक्षका वध।	१ यज्ञके स्रुवा-चमसादि कौन पात्र किस आकार और किस प्रमाणके होने चाहिये, इस विवादको मिटानेके लिये अपने दिव्य चिन्मय विग्रहसे समस्त यज्ञाङ्गोंको प्रकट करना। २ भूदेवीकी अपने अंग-संगकी इच्छा पूरी करके नरकासुर नामक पुत्र उत्पन्न करना जिसके द्वारा पूर्व वरदानिक सोलह हजार एक कुमारियोंका संग्रह कराया गया और कृष्णावतारमें उन्हें अपनी महिषी बनाया गया इत्यादि।
४ नृसिंहावतार	प्रह्लादकी रक्षा और हिरण्यकशिपुका वध।	जगत्‌हितके लिये अभिचारादि तन्त्रोंको प्रकट करना तथा भगवान् शंकरकी इच्छाकी पूर्ति।
५ वामनावतार	बलिका निग्रह जिसमें केवल इन्द्रादिका ही हित था; क्योंकि मनुष्य आदि तो राजा बलिके धार्मिक राज्यसे पीड़ित न थे।	ब्रह्माद्वारा तिरस्कृत एवं ब्रह्मकटाहमें रुकी हुई हैमवती गङ्गाका उद्धार करके उन्हें अपने पदरजके द्वारा पापनाशकत्वादि अनेक गुण प्रदान करते हुए ब्रह्माके कमण्डलुमें स्थापित करना था, जिन्हें कि भगीरथ महाराजने अपने तपके प्रभावसे प्रवाहित किया। गङ्गाजीसे अनन्त प्राणियोंका कल्याण होता ही रहता है।
६ श्रीरामावतार	रावण-कुम्भकर्णादिका अत्याचार।	अपने अनेक दिव्य गुण-प्रदर्शनार्थ तथा ज्ञान और धर्म-मार्गोंको सुगम करनेके लिये; यथा—'**धर्ममार्गं चरित्रेण ज्ञानमार्गं च नामतः** (अथर्वणे)
७ श्रीकृष्णावतार	शिशुपाल-दन्तवक्र आदि अनेक क्षत्रियाधमों, राक्षसों आदिका विनाश करनेके लिये।	उलझनमें पड़ी हुई धर्मकी अनेक ग्रन्थियोंको सुलझाने और अपने प्रेम तथा भक्तपरवशत्वादि गुणोंको प्रकट कर दिखानेके लिये।

इसी प्रकार भगवान्‌के प्रत्येक अवतारोंमें कुछ-न-कुछ गूढ़ रहस्य रहता ही है। (वे० भू०)

राम अतर्क्य बुद्धि मन बानी। मत हमार अस सुनहि सयानी॥ ३॥
तदपि संत मुनि बेद पुराना। जस कछु कहहिं स्वमति अनुमाना॥ ४॥
तस मैं सुमुखि सुनावौं तोही। समुझि परै जस कारन मोही॥ ५॥

शब्दार्थ—**अतर्क्य**=तर्कना करनेयोग्य नहीं; जिसमें तर्ककी गति नहीं; जिसपर तर्क-वितर्क न हो सके। =जिसके विषयमें किसी प्रकारकी विवेचना न हो सके; **अचिन्त्य**=तर्कशास्त्रसे न सिद्ध होनेयोग्य। यथा—*'मन समेत जेहि जान न बानी। तरकि न सकहिं सकल अनुमानी॥'* (३४१। ७) तर्क—**'अनिष्टप्रसंज्ञकः तर्कः।'** (इति [illegible]ानुसंधाने) जो युक्ति प्रतिवादीके अनिष्टकी सिद्धि करे। (मा० त० वि०) 'जब किसी वस्तुके सम्बन्धमें वास्तविक तत्त्व ज्ञात नहीं होता तब इस तत्त्वके ज्ञानार्थ (किसी निगमनके पक्षमें) कुछ हेतुपूर्ण युक्ति दी जाती है, जिसमें विरुद्ध निगमनकी अनुपपत्ति भी दिखायी जाती है। ऐसी युक्तिको तर्क कहते हैं। तर्कमें शङ्काका भी होना आवश्यक है। **अनुमान**=अटकल, विचार, अन्दाज। विशेष दोहा (११८। ४) में देखिये। **सुमुखि**=सुन्दर मुखवाली।

अर्थ—श्रीरामचन्द्रजी बुद्धि, मन और वाणी तीनोंसे अतर्क्य हैं। हे सयानी! सुनो। यह हमारा मत है॥ ३॥ तो भी सन्त, मुनि, वेद और पुराण अपनी-अपनी बुद्धिके अनुसार जैसा कुछ कहते हैं॥ ४॥ और जैसा कुछ कारण मुझे समझ पड़ता है, हे सुमुखि! मैं तुमको वैसा सुनाता हूँ॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'राम अतर्क्य·······'* यथा—'यतो वाचो निर्वतन्ते। **अप्राप्य मनसा सह।'** (तैत्ति० २। ४; २। ९) श्रीरामजी अतर्क्य हैं, अतएव उनके अवतारके हेतु नाम, गुण, लीला इत्यादि सभी अतर्क्य हुए। (ख)*'मत हमार अस सुनहि सयानी'* इति। **सयानी**=चतुर; जो थोड़ेहीसे बहुत अच्छी तरह समझ ले। *'सयानी'* का भाव कि तुम चतुर हो, इस बातको समझ सकती हो, अतः समझ जाओ कि जब श्रीरामजी अतर्क्य हैं तब उनके अवतारादि कब तर्कमें आ सकते हैं? तर्कशास्त्रद्वारा उनको कोई कैसे समझ सकता है? [(ग)*'बुद्धि मन बानी'*—मन संकल्प-विकल्प करता है, बुद्धि निश्चय करती है और वाणी निश्चित सिद्धान्तको कहती है; परंतु श्रीरामजीके विषयमें किसीकी भी बुद्धि, मन और वाणी कुछ भी नहीं कर सकते, सभी असमर्थ हैं। पुनः तार्किक बुद्धिसे अनुमान, मुनि मनसे मनन करते हैं, वेद स्वयं वाणी है और सबसे उत्कृष्ट है सो ये तीनों भी तर्क नहीं कर सकते। (द्वि० स०) श्रुति भी है—'**न तत्र चक्षुर्गच्छति न वाग्गच्छति नो मनो न विद्मो न विजानीमः।**' (केन० १। ३) चक्षुसे ज्ञानेन्द्रिय, वाग्‌से कर्मेन्द्रिय, '**मनः विद्मः विजानीमः**' से बुद्धि और चित्तका कार्य बताया। इनमेंसे किसीकी पहुँच राममें नहीं, अतः श्रुतिमाताने कहा है कि '**तर्कः=अप्रतिष्ठः**'। यही *'राम अतर्क्य'* से यहाँ कह दिया है। (प० प० प्र०)]

वि० त्रि०—१—*'अतर्क्य·······'* का भाव कि यदि तर्ककी गति होती तो उनके अवतारके विषयमें **'इदमित्थं'** कुछ कहा जा सकता था। बुद्धि, मन और वाणीद्वारा ही तर्ककी प्रक्रिया होती है, सो बुद्धि आदिकी गति समीप (परिच्छिन्न) पदार्थोंमें होती है। अनादि, अनन्त पदार्थ बुद्धिमें आ ही नहीं सकता। कि पुनः राम सर्वाश्चर्यमय देवमें (यथा—'**सर्वाश्चर्यमयं देवमनन्तं विश्वतोमुखम्**') २—उमाने अपनेको *'जदपि सहज जड़ नारि अयानी'* कहा था, अतः शिवजी उनका प्रोत्साहन करते हुए *'सयानी'* कहकर सम्बोधन करते है।

टिप्पणी—२ *'तदपि संत मुनि बेद पुराना।·······'* इति। (क) अर्थात् यद्यपि ये सब जानते हैं कि श्रीरामजी अतर्क्य हैं तथापि मति-अनुसार कहते हैं। यथा—*'सारद सेस महेस बिधि आगम निगम पुरान। नेति नेति कहि जासु गुन करहिं निरंतर गान॥'* (१। १२), *'सब जानत प्रभु प्रभुता सोई। तदपि कहें बिनु रहा न कोई॥'* (ख) *'जस कछु'* का भाव कि भगवान्‌के चरित अनन्त हैं, उनमेंसे ये कुछ कहते हैं। *'स्वमति अनुमाना'* का भाव कि सब कहनेका सामर्थ्य किसीमें नहीं है, सब अपनी-अपनी बुद्धिके अनुकूल कहते हैं। सब कहनेका सामर्थ्य किसीको नहीं है, इसीसे शिवजी अपने लिये भी ऐसा ही कहते हैं। यथा—*'मैं निज मति अनुसार कहौं उमा सादर सुनहु।'* (१। १२०)

टिप्पणी—३*'तस मैं सुमुखि सुनावौं·····'* इति। (क)*'तस मैं·····तोही·····'* दीपदेहलीन्यायसे दोनों ओर है। अर्थात् जैसा कुछ संत-मुनि आदि कहते हैं वैसा और जैसा कुछ कारण मुझे समझ पड़ता है वैसा; तात्पर्य कि संत आदिका भी मत कहूँगा और उनसे पृथक् जो मेरा मत है वह भी कहूँगा। इसपर प्रश्न उठता है कि शिवजीका

इन सबोंसे पृथक् अपना मत क्या है? उत्तर यह है कि जय-विजय, जलंधर, रुद्रगण और वैवस्वत मनुका प्रकरण सब वेदपुराणोंमें मिलता है, वेदपुराणोंका कहा हुआ है। भानुप्रतापका प्रसङ्ग शिवजीने अपनी समझसे कहा है। यह प्रसङ्ग वेद-पुराण और मुनियोंके ग्रन्थोंमें कहीं नहीं मिलता। [यह कथा केवल शिवजी जानते हैं क्योंकि जहाँ कही यह कथा मिलेगी वहाँ उमा-शम्भु-संवादमें ही मिलेगी, अन्यत्र नहीं; अतएव यह मत शिवजीका है—*'रामचरितसर गुप्त सुहावा। संभु प्रसाद तात मैं पावा॥'* (७। ११३, लोमशवाक्य-मा० पी० प्र० सं०)। धनराज शास्त्री कहते थे कि भानुप्रताप अरिमर्दन कल्पवाली कथा अगस्त्यरामायणमें है जो तिब्बतमें लामाके पुस्तकालयमें है। उसमें सप्त सोपान हैं। परंतु उसमें राजा कुन्तल और सिन्धुमतिका दशरथ और कौशल्या होना बतलाया गया है। विशेष (७। ५२। १—४)*'रामचरित सतकोटि अपारा'* में देखिये] (ख) *'सुमुखि'* इति। श्रीरामकथाका प्रश्न किया है; अतः *'सुमुखि'* सम्बोधन किया। (ग) शिवजीने जैसी प्रतिज्ञा की वैसा ही कहा भी। प्रथम*'संत मुनि······ जस कछु कहहिं'* यह है तब *'समुझि परै जस कारन मोही'* इसी क्रमसे प्रथम सन्त-मुनि, वेदादिका कहा हुआ हेतु कहकर तब पीछे अपनी समझमें जो हेतु है वह कहेंगे।

जब जब होइ धरम कै हानी। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी॥ ६॥
करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी। सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी॥ ७॥
तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा॥ ८॥

शब्दार्थ—अनीति=नीतिके विरुद्ध, अन्याय, अत्याचार। सीदहिं-सीदना (सं सीदति। क्रि० अ०)= दुःख पाना, कष्ट झेलना, पीड़ित होना। यथा—*'तुलसिदास सीदत निसि दिन देखत तुम्हारि निठुराई।'* (विनय०)*'सीदत साधु साधुता सोचति बिलसत खल हुलसति खलई है'* (विनय०)। पीरा=पीड़ा, दुःख।

अर्थ—जब-जब धर्मकी हानि होती है। नीच अधर्मी अभिमानी असुर बढ़ते हैं॥ ६॥ और ऐसा अन्याय करते हैं कि जो वर्णन नहीं किया जा सकता तथा ब्राह्मण, गौ, देवता और पृथ्वी पीड़ित होते हैं॥ ७॥ तब-तब दयासागर प्रभु तरह-तरहके शरीर धरकर सज्जनोंकी पीड़ा हरते हैं॥ ८॥

नोट—१ *'जब जब होइ······'* इति। (क) गीता आदिमें भी यही हेतु कहा है। यथा—**'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥'** (गीता ४। ७) **'इत्थं यदा यदा बाधा दानवोत्था भविष्यति॥ तदा तदाऽवतीर्याहं करिष्याम्यरिसंक्षयम्॥'** (सप्तशती ११। ५४-५५) अर्थात् जब-जब धर्मकी ग्लानि और अधर्मका अभ्युत्थान होता है। तब-तब ही हे अर्जुन! मैं स्वयं ही (अपने संकल्पसे, सम्पूर्ण ईश्वरीय स्वभावका त्याग न करते हुए अपने ही रूपको देव-मनुष्यादिके सदृश आकारमें करके उन देवादिके रूपोंमें) प्रकट होता हूँ। जब-जब संसारमें दानवी बाधा उपस्थित होगी, तब-तब अवतार लेकर मैं संहार करूँगी। (ख) बहुत कालसे धर्मानुष्ठान चलता रहता है, फिर काल पाकर धर्मानुष्ठान करनेवालोंके अन्तःकरणमें कामनाओंका विकास होनेसे अधर्मकी उत्पत्ति होती है। ऐसे अधर्मसे जब धर्म दबने लगता है और अधर्मकी वृद्धि होने लगती है, तब अधम अभिमानी असुर बढ़ने लगते हैं। अधम अभिमानी अर्थात् प्रभुके आश्रितोंको पीड़ा देनेवाले (वि० त्रि०।)

टिप्पणी—१ *'जब जब होइ'* से सूचित हुआ कि प्रभुके अवतारके लिये कोई कालका नियम नहीं है, जभी धर्मकी हानि होती है तभी अवतार होता है। इससे जनाया कि प्रभु सदा धर्मकी रक्षा करते हैं।*'बाढ़हिं असुर······'* यह धर्मकी हानिका हेतु है। अधम अभिमानी असुरोंकी बाढ़, उनकी उन्नति ही इसका कारण है। असुर धर्मकी हानि करते हैं; यथा—*'जेहि बिधि होइ धर्म निर्मूला। सो सब करहिं बेद प्रतिकूला॥'* (१। १८३। ५) (*'हिंसा पर अति प्रीति तिन्ह के पापहिं कवनि मिति॥'* (१। १८३)—यही अधमता है)। किस प्रकार धर्मकी हानि करते हैं, यह आगे कहते हैं *'करहिं अनीति जाइ······।'*

टिप्पणी—२ *'करहिं अनीति······'* इति। (क) *'बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी'* यह जो ऊपर कहा था उसके अधम और अभिमानी दोनों विशेषणोंका भाव यहाँ कहते हैं। अधम हैं, इसीसे अनीति करते हैं। बलका अभिमान है, इसीसे*'सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी।'*,*'करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी'* का उदाहरण,

यथा—*'बरनि न जाइ अनीति घोर निसाचर जो करहिं।……'* (१। १८३) इत्यादि। *'सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी'* का उदाहरण, यथा—*'जेहि जेहि देस धेनु द्विज पावहिं। नगर गाउँ पुर आगि लगावहिं॥'* (१। १८३। ६)*'सुरपुर नितहि परावन होई॥'* (१। १८०। ८)*'परम सभीत धरा अकुलानी॥'* (१। १८४। ४) (यज्ञ-यागादि ही मुख्य धर्म हैं। उनके मुख्य साधन हैं ब्राह्मण और गाय। ब्राह्मणमें मन्त्र प्रतिष्ठित हैं और गोमें हवि प्रतिष्ठित है। देवता इनके द्वारा यज्ञ होनेसे बलिष्ठ हैं। यथा—*'करिहहिं बिप्र होम मख सेवा। तेहि प्रसंग सहजेहि बस देवा॥'* (१। १६९। २), *'तिन्ह कर मरन एक बिधि होई। कहौं बुझाइ सुनहु अब सोई॥ द्विजभोजन मख होम सराधा। सब कै जाइ करहु तुम्ह बाधा॥ छुधाछीन बलहीन सुर सहजेहि मिलिहहिं आइ॥'* (१। १८१) अतः असुर इन्हींको पीड़ा पहुँचाते हैं। अधम, अभिमानीका भार पृथ्वी नहीं सह सकती। अतः वह भी पीड़ित होती है। (वि० त्रि०) (ख) *'धरनी'* को अन्तमें कहनेका भाव कि अनीति करना, विप्र-धेनु-सुरको पीड़ा देना, यही 'धर्मकी हानि' है। धर्मकी हानिसे धरणीको पीड़ा होती है; यथा—*'अतिसय देखि धर्म कै ग्लानी। परम सभीत धरा अकुलानी॥'* (१। १८४। ४)—(*'जेहि बिधि होइ धर्म निर्मूला॥'* (१। १८३ ५) से *'अतिसय देखि धर्म कै ग्लानी……॥'* (१। १८४। ४) तक धर्मकी हानि इत्यादिका वर्णन है। इससे 'धर्मकी हानि' खूब समझमें आ जायगी।)

टिप्पणी—३ *'तब तब प्रभु……'* इति। (क) अर्थात् शरीर धारणकर धर्मकी रक्षा करते हैं, धर्मकी रक्षा करके सज्जनोंकी पीड़ा हरते हैं। तात्पर्य कि धर्मकी हानिमें सज्जनोंको पीड़ा होती है। यथा *'देखत जग्य निसाचर धावहिं। करहिं उपद्रव मुनि दुख पावहिं॥'* (१। २०६। ४) *'सीदहिं'* का अर्थ पीड़ा देते हैं (वा, पीड़ा पाते हैं), यह यहाँ स्पष्ट कर दिया। (ख) असुरोंके मारनेके सम्बन्धसे *'प्रभु'* और विविध शरीर धरने तथा सज्जनोंकी पीड़ा हरनेके सम्बन्धसे *'कृपानिधि'* कहा। अवतारका हेतु कृपा है ही। [विविध शरीर धारण करनेमें *'प्रभु'* और सज्जनोंकी पीड़ा हरनेमें *'कृपानिधि'* कहा। *'प्रभु'* शब्द सामर्थ्यका द्योतक है। तरह-तरहके शरीर धारण करना यह 'प्रभुत्व' गुण है, प्रभुताका काम है; और पीड़ा हरन करना दया-करुणा जनाता है। (ग)*'……धरि बिबिध सरीरा'* *'मीन कमठ सूकर नरहरी। बामन परसुराम बपु धरी॥ जब जब नाथ सुरन्ह दुख पायो। नाना तनु धरि तुम्हइँ नसायो॥'* (६। १०९) अर्थात् मीन, कमठ, सूकर, नृसिंह, वामन, परशुराम, कृष्ण इत्यादि, जब जैसा कारण आ पड़ा वैसा शरीर धारण कर लिया। मा० त० वि० कारका मत है कि विविध रीतिसे शरीर धारण करते हैं। जैसे कि खरदूषण-संग्राममें*'देखत परसपर राम'* और रङ्गभूमिमें*'रहे असुर छल छोनिप बेषा। तिन्ह प्रभु प्रगट काल सम देखा॥'* (१। २४१)]

नोट—२ प्रभु किस लिये अवतार लेते हैं। सज्जनोंकी पीड़ा हरनेके लिये। यह यहाँ कहा। और 'किस तरह पीड़ा हरते हैं ?' यह आगे कहते हैं—*'असुर मारि……।'*

दो०—असुर मारि थापहिं सुरन्ह राखहिं निज श्रुति सेतु।
जग बिस्तारहिं बिसद जस रामजन्म कर हेतु॥१२१॥

शब्दार्थ—**थापना**=स्थापित करना, जमाना; अभय करके पुनः बसाना। **राखना**=रक्षा करना। **सेतु**=पुल; मर्यादा।

अर्थ—असुरोंको मारकर देवताओंको स्थापित करते, अपने वेदोंकी मर्यादा रखते और जगत्‌में अपने निर्मल उज्ज्वल यशको फैलाते हैं।—यह श्रीरामजन्मका हेतु है॥१२१॥

नोट—१ ☞ मिलान कीजिये—'**परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे॥**' (गीता ४। ८) अर्थात् साधु पुरुषोंका उद्धार और दूषित कर्म करनेवालोंका नाश करने तथा धर्मस्थापन करनेके लिये मैं युग-युगमें प्रकट होता हूँ। मानसके दोहेमें 'असुरोंका मारना' प्रथम कहा है; क्योंकि इनके नाशसे ही देवताओंकी तथा वेद-मर्यादाकी रक्षा हो जाती है और गीतामें '**परित्राणाय साधूनाम्**' प्रथम कहा है। तब दुष्टोंका नाश और धर्मसंस्थापन। हाँ, यदि हम*'हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा'* जो पूर्व कहा है उसको भी यहाँ ले लें तो गीताका मानससे मिलान हो जाता है। जैसे गीतामें भगवान्‌ने अपने

अवतारोंका उद्देश्य और प्रयोजन बतलाते हुए पहले '**परित्राणाय साधूनाम्**' कहा और तत्पश्चात् '**विनाशाय च दुष्कृताम्**' कहा, वैसे ही यहाँ '***हरहिं सज्जन पीरा***' कहकर '***असुर मारि***' कहा। '***थापहिं***' का भाव कि असुर देवताओंके अधिकार छीनकर स्वयं इन्द्र आदि बन बैठते हैं, उनके लोकोंको छीन लेते हैं इत्यादि। भगवान् अवतार लेकर उनको उनके पदोंपर स्थापित करते हैं। यथा—'***आयसु भो लोकनि सिधारे लोकपाल सबै तुलसी निहाल कै कै दिये सरखतु हैं।***' (क० लं० ५८)

नोट—२ '***असुर मारि थापहिं सुरन्ह*......**' का भाव यह है कि जैसे रोगीकी सड़ी हुई एक उँगलीके विषको सारे शरीरमें फैलनेसे रोकनेके लिये वैद्य उसे शस्त्रसे काटते हैं, इसी प्रकार दुष्टोंका संहार जगत्‌की रक्षाके लिये है। राजनीतिक्षेत्रमें इससे शिक्षा मिलती है कि प्रजाका पालन राजाका प्रधान कर्तव्य है।

टिप्पणी—१ (क) इस दोहेमें चार कार्य बताये। असुर पृथ्वीका भार हैं, उनको मारकर पृथ्वीका काम किया अर्थात् उसका भार उतारा। '***थापहिं सुरन्ह***' अर्थात् देवताओंको अपने-अपने लोकोंमें बसाया, यह देवकार्य किया। '***राखहिं निज श्रुति सेतु***' निजश्रुतिसेतुकी रक्षा करते हैं यह अपना काम करते हैं, और '***जग बिस्तारहिं बिसद जस***' संसारमें यश फैलाते हैं, यह संतोंका कार्य करते हैं; क्योंकि '***सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं। कृपासिंधु जन हित तनु धरहीं॥', एक कल्प एहिं हेतु प्रभु लीन्ह मनुज अवतार। सुररंजन सज्जन सुखद हरि भंजन भुबिभार॥***' (१। १३९) अवतार लेकर प्रभु ये चार कार्य करते हैं। (ख) '***असुर मारि***' का कारण पूर्व कह आये कि '***बाढ़हिं असुर***' असुर बढ़ गये हैं, अतः उनका नाश करते हैं। '***सीदहिं बिप्रधेनु सुर धरनी***' के सम्बन्धसे '***थापहिं सुरन्ह***' और '***जब जब होइ धरम कै हानी***' के सम्बन्धसे '***राखहिं निज श्रुति सेतु***' कहा। (ग) '***निज श्रुति सेतु***' का भाव कि वेदकी मर्यादा भगवान्‌की बाँधी हुई है। श्रुतिसेतुका प्रमाण, यथा—'***कोपेउ जबहिं बारिचरकेतू। छन महुँ मिटे सकल श्रुति सेतू॥ ब्रह्मचर्य व्रत संजम* नाना। धीरज धरम ग्यान बिग्याना॥ सदाचार जपु जोग बिरागा। सभय बिबेक कटकु सब भागा॥**' (१। ८४) '***श्रुतिसेतु पालक राम तुम्ह जगदीश*......*।***' (२। १२६) (घ) '***जग बिस्तारहि*......*।***' भाव कि अपने निर्मल यशसे जगत्‌को पवित्र करते हैं। यथा—'***चरित पवित्र किये संसारा***' (ङ) ☞ यहाँ सब अवतारोंका हेतु संक्षेपसे कह दिया। आगे इसीको विस्तारसे कहेंगे!

नोट—३ '***राम जन्म कर हेतु***' इति। (क) चौ० ६, ७, ८ में साधारणतः सब अवतारोंका हेतु कहा, अब दोहेमें केवल श्रीरामजन्मका हेतु कहते हैं। (रा० प्र०) (ख) श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि 'भूभारहरणादि हेतु तो सभी अवतारोंमें हैं, परंतु उज्ज्वल यश रामावतारहीमें है। यथा—मच्छ, कच्छ, वराहमें यश थोड़ा, स्वरूपता सामान्य, निषिद्ध कुल; नृसिंह भयङ्कर ऐसे कि देवगण भी उनके सम्मुख न जा सके; वामन स्वरूपताहीन, छली, वञ्चक; परशुराम अकारण क्रोधी; कृष्णमें चपलता, छलादि; बौद्ध वेदनिन्दक इत्यादि सबके यशमें दाग है। अमल यश राम-अवतारहीमें है। यथा—'**सत्येन लोकाञ्जयति द्विजान् दानेन राघवः। गुरूञ्छुश्रूषया वीरान् धनुषा युधि शस्त्रवान्॥ सत्यं दानं तपस्त्यागो मित्रता शौचमार्जवम्। विद्या च गुरुशुश्रूषा ध्रुवाण्येतानि राघवे॥**' (वा० रा० २। १२। २९, ३०) पुनः—'**यस्यामलं नृपसदस्सु यशोऽधुनापि गायन्त्यघघ्नमृषयो दिगिभेन्द्रपट्टम्। तं नाकपालवसुपालकिरीटजुष्टपादाम्बुजं रघुपतिं शरणं प्रपद्ये॥**' (भा० ९। ११। २१) पुनः—'**महाराज श्रीमन् जगति यशसा ते धवलिते पयःपारावारं परमपुरुषोऽयं मृगयते। कपर्दी कैलासं कुलिशभृद् भौमं करिवरं कलानाथं राहुः कमलभवनोहंसमधुना॥**' (हनुमन्नाटक)

[नोट—उपर्युक्त श्लोक हमें वाल्मीकीय और हनुमन्नाटकमें नहीं मिले। हाँ! वाल्मीकीयमें किष्किन्धाकाण्ड सर्ग २४ में ताराके वचन श्रीरामप्रति ये अवश्य हैं—'**त्वमप्रमेयश्च दुरासदश्च जितेन्द्रियश्चोत्तमधार्मिकश्च। अक्षीणकीर्तिश्च विचक्षणश्च क्षितिक्षमावान् क्षतजोपमाक्षः॥ त्वमात्तबाणासनबाणपाणिर्महाबलः संहननोपपन्नः। मनुष्यदेहाभ्युदयं विहाय दिव्येन देहाभ्युदयेन युक्तः॥**']—अर्थात् श्रीरामजी सत्यसे लोकोंको, दानसे ब्राह्मणोंको, सेवासे गुरुजनोंको और शस्त्रयुक्त वे धनुषसे युद्धमें वीरोंको जीत लेते हैं। सत्य, दान, तप, त्याग, मित्रता, शौच, सरलता, विद्या और गुरुशुश्रूषा श्रीरामजीमें दृढ़तासे रहते हैं। श्रीरामजीके जिस यशने सब दिशाओंको व्याप्त कर दिया, ऐसे पापका नाश करनेवाले, निर्मल, जिन (श्रीरामजी) के यशको ऋषिलोग राजदरबारमें

अद्यापि गाते हैं, उन (श्रीरामजी) के इन्द्र-कुबेरादिक जिसको नमन करते हैं ऐसे चरणकमलकी मैं शरण हूँ। हे श्रीमान् महाराज! आपके यशसे सब (समस्त) जगत् श्वेतवर्ण हो जाता है, तब परमपुरुष भगवान् विष्णु (अपने) क्षीरसागरको खोजते हैं। तथा शिवजी कैलासको, इन्द्र ऐरावतको, राहु चन्द्रमाको और ब्रह्माजी हंसको खोजते हैं। तात्पर्य कि क्षीरसागर कैलासादि पदार्थ श्वेतवर्ण होनेसे आपके यश (के श्वेतवर्ण) में मिले जाते हैं, अतः उनके स्वामियोंको खोजना पड़ता है। अर्थात् आपका यश सर्वत्र इतना फैला हुआ है। [बालीवध पश्चात् तारा श्रीरामजीसे कहती है कि—आपको यथार्थ जानना और प्राप्त करना कठिन है, आप जितेन्द्रिय, अत्यन्त धार्मिक, अविनाशी कीर्तिवाले, चतुर, पृथ्वीके समान क्षमावान्, आरक्तनेत्र, धनुर्बाण धारण किये हुए, अत्यन्त बलवान्, सुन्दर देहवाले (अर्थात्) मनुष्य-शरीरमें होनेवाली उन्नतिकी अपेक्षा दिव्य देहमें होनेवाली उन्नति (अर्थात् सौन्दर्य, धैर्य, वीर्य, शील आदि सम्पूर्ण सद्गुणों) से युक्त हैं]

नोट—४ कोई-कोई कहते हैं कि भारतकी दशा तो ऐसी ही है फिर अवतार क्यों नहीं होता? *'सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी'* और *'जब जब होइ धरम कै हानी'* ये शब्द विचार करनेयोग्य हैं। आज वह दशा भारतकी नहीं है, विप्र और धेनु अधिक-से-अधिक इन दोको नहीं, तो केवल *'धेनु'* को ही पीड़ित कह सकते हैं। *'सुर'* और *'विप्र'* पर अभी हाथ नहीं लगा। जब देवमन्दिर अच्छी तरह उखाड़े जावेंगे तब वे पीड़ित कहे जा सकेंगे। जैसे किंचित् औरङ्गजेब आदिके समयमें हुआ, उसके साथ ही उनका राज्य चलता हुआ। धर्मका श्रीराम-नामसे अभी निर्वाह होता जाता है। (मा० पी० प्र० सं०) अंग्रेजोंने जब भारतवर्षकी करोड़ों गायों, बैलों आदिकी (इस दूसरी जर्मन लड़ाईमें) हत्या कर डाली तब तुरन्त ही उनके हाथोंसे शासन निकल गया और अब संसारमें उनका मान भी बहुत घट गया—यह तो प्रत्यक्ष हम सबोंने देख लिया। आगे भी जिस शासनमें धर्मकी ग्लानि होगी, वह अपने ही पापोंसे नष्ट हो जायगा।

सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं। कृपासिंधु जनहित तनु धरहीं॥ १॥
रामजनम के हेतु अनेका। परम बिचित्र एक तें एका॥ २॥

अर्थ—वही यश गा-गाकर भक्त भवसागर पार होते हैं। कृपासिंधु भगवान् भक्तोंके लिये शरीर धारण करते हैं॥ १॥ श्रीरामचन्द्रजीके जन्मके अनेक कारण हैं जो एक-से-एक बड़े ही विचित्र हैं॥ २॥

नोट—*'भगत भव तरहीं'* यहाँ तरनेवालोंमें भक्त प्रधान हैं, अतएव यहाँ केवल उन्हींका नाम दिया। पर इससे यह न समझना चाहिये कि वे ही तरेंगे और नहीं। और लोग भी जो यश गायेंगे तरेंगे। यथा—*'करिहौं चरित भगत सुख दाता॥ जेहि सुनि सादर नर बड़ भागी। भव तरिहहिं ममता मद त्यागी॥'* (१। १५२), *'मोहि सहित सुभ कीरति तुम्हारी परम प्रीति जो गाइहैं। संसारसिंधु अपार पार प्रयास बिनु नर पाइहैं॥'* (६। १०६)

टिप्पणी—१ (क) *'सोइ जस गाइ भगत.........'* भाव कि अपने समयके सज्जनोंकी राक्षसजन्यपीड़ा हरते हैं—*'हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा'* और यश विस्तारकर आगेके भक्तोंकी भवपीड़ा हरण करते हैं, इसीसे *'जनहित तनु धरहीं'* कहा। तन धारण करनेके सम्बन्धसे *'कृपासिंधु'* कहा—'मुख्यं तस्य हि कारुण्यम्।' पुनः, भक्तोंपर भगवान्‌की भारी कृपा है, 'अतः कृपासिंधु (सागर) कहा। (ख) पहले कहा कि *'तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा॥'* और फिर यहाँ कहा कि *'सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं। कृपासिंधु जन हित तनु धरहीं॥'* सज्जनोंकी पीड़ा हरनेके सम्बन्धसे वहाँ *'कृपानिधि'* और जनके लिये तन धरनेसे यहाँ *'कृपासिंधु'* कहा। भाव यह है कि कृपासिंधु जनके लिये तन धरते हैं और तन धरकर पीड़ा हरते हैं। दोनों जगह कृपाका समुद्र उनको कहा। ऐसा करके जनाया कि वर्तमान और भविष्य दोनोंपर भगवान्‌की समान कृपा है। (ग) *'राम जनम के हेतु अनेका'* अर्थात् जन्म-जन्मके हेतु अलग-अलग हैं और अनेक हैं। ☞ जन्म, कर्म और कथा सभी विचित्र हैं और सभी अनेक हैं, यथा—*'राम जनम के हेतु अनेका.........'* (१) *'एहि बिधि जन्म कर्म हरि केरे। सुंदर सुखद बिचित्र घनेरे॥'* (२), और *'अपर हेतु सुनु सैलकुमारी।*

कहौं *बिचित्र कथा बिस्तारी॥'* (ग) ☞पूर्व*'असुर मारि थापहिं सुरन्ह……'* इस दोहेमें जन्मका एक हेतु कहा है; इसीसे अब कहते हैं कि (यही एक हेतु नहीं है)*'रामजन्म के हेतु अनेका।'* किसी कल्पमें शाप कारण है, जैसे कि जलंधरकी स्त्रीके शापसे तथा नारदके शापसे अवतार हुए और किसी कल्पमें भक्तपर कृपा करके अवतार लेते हैं। जय-विजय भक्त थे, उनके लिये अवतार लिया, यथा—*'एक बार तिन्ह के हित लागी। धरेउ सरीर भगत अनुरागी॥'* प्रति अवतारके लिये भिन्न-भिन्न कारण होते हैं।

टिप्पणी—२ (क) ☞यहाँ केवल भक्तोंका ही यश गाकर तरना लिखा है, इसीसे लङ्काकाण्डमें 'सभीका यश गाकर' भव तरना लिखा है, यथा—*'जग पावनि कीरति बिस्तरिहहिं। गाइ गाइ भवनिधि नर तरिहहिं॥'* (नहीं तो समझा जाता कि जो रामभक्त नहीं हैं वे न तरेंगे)। (ख) भगवान् भक्तोंके लिये शरीर धारण करते हैं, भक्त भगवान्‌का यश गाते हैं, यह दोनोंकी अन्योन्य प्रीति कही।

जनम एक दुइ कहौं बखानी। सावधान सुनु सुमति भवानी॥ ३॥

अर्थ—मैं दो-एक जन्म बखानकर कहता हूँ। हे भवानी! हे सुन्दर बुद्धिवाली! सावधान होकर सुनो॥ ३॥

टिप्पणी—१*'जनम एक दुइ कहौं'* अर्थात् अनेक हेतुओंमेंसे एक-दो जन्मोंका हेतु कहता हूँ। पुनः भाव यह कि सब अवतारोंका मुख्य हेतु कह दिया, इसीसे अब दो-एक ही कहूँगा, बहुतका प्रयोजन नहीं है। 'एक दो' (दो-एक) लोकोक्ति है, 'थोड़े' का सूचक है।

नोट—१ यहाँ शिवजीने चार कल्पोंकी कथाएँ कही हैं। उनमेंसे तीन संक्षेपमें और एक (श्रीसाकेतविहारीजीका अवतार) विस्तारसे। यहाँ कहते हैं कि *'जनम एक दुइ कहौं बखानी'* और चौथी कथाके सम्बन्धमें कहेंगे कि *'कहउँ बिचित्र कथा बिस्तारी'*। इस कारण कुछ लोग *'एक दुइ'* से (एक+दो) तीनका अर्थ कर लेते हैं। अर्थात् तीन जन्मोंके हेतु साधारण ही संक्षेपसे कहूँगा और श्रीरामजन्मका कारण विस्तारसे कहूँगा। पुनः सतीतनमें यह शङ्का हुई थी कि विष्णु आदि रामावतार लेते हैं, पर ये विष्णु भी नहीं हो सकते; यथा—*'बिष्नु जो सुर हित नर तनु धारी। सोउ सर्बग्य……॥ खोजइ सो कि अग्य इव नारी।'* (१। ५१) इसीसे श्रीशिवजीने श्रीनारायणके सम्बन्धसे विष्णु और क्षीरशायी भगवान्‌के रामावतारको भी कहा। (मा० पी० प्र० सं०)

नोट—२ यहाँ तीन जन्मका कारणमात्र बखानकर कहनेकी प्रतिज्ञा है। इनमें कारणमात्र कहा गया है। यथा—(१)*'एक बार तिन्हके हित लागी। धरेउ सरीर भगत अनुरागी।'* (१। १२३। २) यहाँ जय-विजयके लिये अवतार लेनेका कारणमात्र कहा। (२) *'एक जनम कर कारन एहा। जेहि लगि राम धरी नर देहा॥'* (१। १२४। ३) यहाँ जलंधरके लिये भी अवतार लेनेका कारणमात्र कहा गया। (३)*'एक कलप एहि हेतु प्रभु लीन्ह मनुज अवतार।'* (१। १३९) यहाँ नारदशाप होना अवतारका कारणमात्र कहा गया। और आगे भानुप्रताप-रावणवाले कल्पमें जन्मका कारण और लीला विस्तारपूर्वक स्वमति अनुकूल कहनेकी प्रतिज्ञा है। यथा—*'अपर हेतु सुनु सैलकुमारी।'* से *'लीला कीन्हि जो तेहि अवतारा। सो सब कहिहौं मति अनुसारा॥'* (१। १४१) तक। 'बखानकर कहने' और 'विस्तारसे कहने' का इस तरह भेद दिखाया। (वे० भू०)

वि० त्रि० का मत है कि तीन न कहकर 'एक दुइ' कहनेका भाव यह है कि एक बार तो अपने सेवकोंके हितके लिये शरीर धारण किया और दो बार शापके कारण जन्म ग्रहण किया था।

नोट—३*'सावधान सुनु'* इति। भाव कि—(क) यहाँ तुम्हारी प्रधान शङ्का है। (पं० रा० कु०) (ख) *'सावधान'* अर्थात् चित्त लगाकर विवेचन करती हुई, मनमें गुनती विचारती हुई जिसमें समझमें आ जावे, एकाग्रचित्त होकर। (मा० पी० प्र० सं०) (ग) यदि सावधानतापूर्वक न सुनोगी तो तुम्हें भी कदाचित्

यह भ्रम हो जाय कि इन तीन जन्मोंका कारण जिनके लिये कथन किया गया वे ही श्रीअयोध्याजीमें श्रीरामरूपसे अवतार लेते होंगे। [यह भाव बाबा श्रीहरिदासाचार्यके श्रीरामतापनीयोनिषद्भाष्यके आधारपर कहा जाता है। उनका मत है कि शाप चाहे विष्णुभगवानको हो, श्रीमन्नारायणका श्रीरामावतार सदा साकेतसे ही होता है। इस मतके पोषणमें*'राम जनम के हेतु अनेका'*, *'तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा।'*......*'राम जनम कर हेतु।'* (१। १२१) *'जेहि लगि राम धरी नर देहा'* (जलंधर-रावणके लिये),*'एक कलप एहि हेतु प्रभु लीन्ह मनुज अवतार।'* (१। १३९) (नारद-शापके लिये), इत्यादि उद्धरण भी दिये जाते हैं]।

टिप्पणी—२ *'सुमति'* का भाव कि—(क) बुद्धिमान्‌को बोध थोड़े ही कथनसे हो जाता है। पुनः, (ख) हम कथा थोड़ेहीमें संक्षेपसे कहेंगे, अतः सावधान होकर सुमतिसे सुनो, जिसमें इतने ही कथनसे समझमें आ जावे। यथा—*'थोरेहि महँ सब कहउँ बुझाई। सुनहु तात मति मन चित लाई॥'* (३। १५। १) (ग) तुम्हारी बुद्धि सुन्दर है अतः तुम इतनेमें ही समझ लोगी (सावधानसे मन और चित्तकी सावधानता कही)—*'तातें मैं अति अलप बखाने। थोरे महुँ जानिहहिं सयाने॥'* (१। १२। ६) [पुनः*'सुमति भवानी'* कहकर शिवजी भगवतीके *'जदपि सहज जड़ नारि अयानी'* इस दैन्यका मार्जन करते हैं। (वि० त्रि०)]

द्वारपाल हरिके प्रिय दोऊ। जय अरु बिजय जान सब कोऊ॥ ४॥
बिप्र स्त्राप तें दूनौं भाई। तामस असुर देह तिन्ह पाई॥ ५॥
कनककसिपु अरु हाटक लोचन। जगत बिदित सुरपति मद मोचन॥ ६॥

शब्दार्थ—**द्वारपाल**=द्वाररक्षक ड्योढ़ीदार दरवान। **स्त्राप** (शाप)=अहितकारकामनासूचक शब्द; बद्दुआ। **तामस**=तमोगुणयुक्त; जिसमें प्रकृतके उस गुणकी प्रधानता हो जिसके अनुसार जीव क्रोधादि नीच वृत्तियोंके वशीभूत होकर आचरण करता है। **कनककसिपु** (कनक=हिरण्य+कशिपु)=हिरण्यकशिपु। **हाटक लोचन** (हाटक=हिरण्य+लोचन=अक्ष) हिरण्याक्ष।

अर्थ—हरि (विष्णुभगवान्) के दोनों ही प्रिय द्वारपालों जय और विजयको, सब कोई जानता है॥ ४॥ उन दोनों भाइयोंने विप्र (श्रीसनकादिक ऋषि) के शापसे तामसी असुर शरीर पाया॥ ५॥ (जो) हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष (हो) इन्द्रके मद (गर्व) को छुड़ानेवाले जगत्‌में प्रसिद्ध हुए॥ ६॥

टिप्पणी—१*'द्वारपाल हरिके प्रिय दोऊ।'*......*'* इति। (क) दोनों ही भगवान्‌के द्वारपाल हैं और दोनों ही प्रिय हैं। स्वामीका काम करनेमें निपुण तथा स्वामिभक्त होनेसे *'प्रिय'* कहा। (भक्तमालमें भी कहा है—*'लक्ष्मीपति प्रीनन प्रवीण महा भजनानंद भक्तनि सुहद।'* (नाभास्वामी),*'पार्षद मुख्य कहे षोडश स्वभाव सिद्ध सेवा ही की रिद्धि हिय राखी बहु जोरि कै। श्रीपति नारायण के प्रीनन प्रबीन महा ध्यान करै जन पालै भावदृगकोरिकै। सनकादि दियो शाप प्रेरिकै दिवायो आप प्रगट ह्वै कह्यो पियो सुधा जिमि घोरि कै। गही प्रतिकूलताई जोपै यही मन भाई या तें रीति हद गाई धरी रंग बोरि कै॥'* (प्रियादासजी। टीका कवित्त २५) (ख)*'जान सब कोऊ'* अर्थात् सब जानते हैं, इसीसे विस्तारसे नहीं कहते, पुराणोंमें इनकी कथा लिखी है और पुराण जगत्‌में प्रसिद्ध हैं। 'जय' बड़े हैं, इससे उनको पहले कहा। [ग्रन्थकारकी रीति है कि दो भाइयोंका नाम जब साथ देते हैं तो प्रथम बड़ेको तब छोटेको क्रमसे कहते हैं। यथा—*'नाम राम लछिमन दोउ भाई।'* (४। २। २), *'नाथ बालि अरु मैं द्वौ भाई।'*, (४। ६। १) *'नाथ नील नल कपि द्वौ भाई।'* (५। ६०। १) तथा यहाँ*'जय अरु बिजय'*, *'कनककसिपु अरु हाटकलोचन'* में जयको और कनककशिपुको प्रथम रखकर जनाया कि जय बड़ा भाई है वही हिरण्यकशिपु हुआ। विजय और हिरण्याक्ष छोटे हैं। हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष जुड़वाँ भाई (यमज) हैं। प्रथम हिरण्याक्ष निकला, पीछे हिरण्यकशिपु, पर वीर्यकी स्थितिके अनुसार हिरण्यकशिपु बड़ा माना जाता है)। (मा० पी० प्र० सं०)]

टिप्पणी—२ '*बिप्र स्राप तें दूनौं भाई।*' इति। (क) ☞ इस प्रकरणमें सनकादिको मुनि, ऋषि या ज्ञानी विशेषण नहीं दिया किन्तु '*बिप्र*' या 'द्विज' ही कहा है, क्योंकि इन्होंने वैकुण्ठमें भी जाकर मननशीलता न कर क्रोध करके शाप दिया। ['*बिप्र*' क्रोधमें भर जाते हैं और शाप दिया ही करते हैं। जैसे कि बिना सोचे-समझे भानुप्रतापको। ऋषियों, ज्ञानियोंको तो मननशील और संत-स्वभाव होना चाहिये, पर इन ब्रह्मज्ञानी महर्षियोंने शील, दया, शान्ति और क्षमा आदिको त्यागकर यहाँ कोप किया। अतएव उनको ऋषि आदि न कहकर '*बिप्र*' कहा। इससे ग्रन्थकारकी सावधानता प्रकट हो रही है। श्रीमद्भागवतमें भी शाप देनेके पश्चात् जब भगवान्‌का वहाँ आगमन हुआ तब उन्होंने भी मुनियोंसे ब्राह्मणोंकी महिमा गायी है और अन्तमें मुनियोंको '*बिप्र*' सम्बोधन किया है। यथा—'**शापो मयैव निमितस्तदवैत विप्राः।**' (भा० ३। १६। २६) में नारदजीने भी श्रीयुधिष्ठिरजीसे इनको विप्र-शाप होना कहा है। यथा—'**मातृष्वसेयो वश्चैद्यो दन्तवक्त्रश्च पाण्डव। पार्षदप्रवरौ विष्णोर्विप्रशापात्पदाच्च्युतौ।**' (भा० ७। १। ३२) अर्थात् तुम्हारे मौसेरे भाई शिशुपाल और दन्तवक्त्र भगवान् विष्णुके प्रमुख पार्षद थे। ये विप्रशापके कारण ही अपने पदसे च्युत हो गये थे। त्रिपाठीजी लिखते हैं कि सनकादिककी उपमा चारों वेदोंसे दी गयी है, यथा—'*रूप धरे जनु चारिउ बेदा*', इसलिये उन्हें विप्र कहा। विप्रशाप अन्यथा नहीं हो सकता; यथा—'*किये अन्यथा होइ नहिं बिप्रसाप अति घोर।*'] (ख) 'विप्रशापसे' असुर हुए, इस कथनका भाव यह है कि इन्होंने असुर-शरीर पानेका कर्म नहीं किया था, ये शापसे असुर हुए। ब्राह्मणके शापसे असुर देह मिली, इसीसे तमोगुणी शरीर हुआ। ('*दूनौं भाई*' से स्पष्ट किया कि जय और विजय भाई-भाई थे)।

नोट—'*बिप्रस्राप*' इति। श्रीमद्भागवत स्कन्ध (३ अ० १५-१६) में श्रीब्रह्माजीने इन्द्रादि देवताओंसे शापकी कथा यों कही है—'हमारे मानस-पुत्र सनकादिक सांसारिक विषय-भोगोंको त्यागकर यदृच्छापूर्वक लोकोंमें विचरते हुए अपनी योगमायाके बलसे एक बार बैकुण्ठधामको गये।......इस अपूर्व धामको देखकर अतिशय आनन्दित और हरिके दर्शनके लिये एकान्त उत्सुक हुए। छः ड्योढ़ियाँ लाँघकर जब सातवीं कक्षामें पहुँचे तो यहाँ द्वारपर दो द्वारपाल देख पड़े। ऋषियोंने उनसे पूछनेकी कुछ भी आवश्यकता न समझी, क्योंकि उनकी दृष्टि सम है, वे सर्वत्र ब्रह्महीको देखते हैं। ज्यों ही मुनि सातवीं कक्षाके द्वारसे भीतर प्रवेश करने लगे दोनों द्वारपालोंने (इन्हें नग्न देख और बालक जान हँसते हुए) बेंत अड़ाकर इन्हें रोका। 'सुहृत्तम हरिके दर्शनमें इससे विघ्न हुआ' ऐसा जानकर वे मुनि सर्पके समान क्रोधान्ध हुए।......और उन्होंने शाप दिया कि 'तुम दोनों रजोगुण एवं तमोगुणसे रहित मधुसूदनभगवानके चरणकमलोंके निकट वास करनेयोग्य नहीं हो। अपनी भेद-दृष्टिके कारण तुम इस परम पवित्र धामसे भ्रष्ट होकर जिस पापी योनिमें काम, क्रोध और लोभ—ये तीन शत्रु हैं उसी योनिमें जाकर जन्म लो' 'ये ही दोनों द्वारपाल जय-विजय हैं। इस घोर शापको सुनकर उन दोनोंने मुनियोंके चरणोंपर गिर उनसे प्रार्थना की कि......हम नीच-से-नीच योनिमें जन्म लें तथापि यह कृपा हो कि हमको उन योनियोंमें भी मोह न हो जिससे हरिका स्मरण भूल जाता है।' ठीक इसी समय भगवान् लक्ष्मीजीसहित वहीं पहुँच गये। मुनि दर्शन पाकर स्तुति करने लगे। फिर भगवान्‌ने बड़े गूढ़ वचन कहकर उनको आश्वस्त किया कि ये दोनों हमारे पार्षद हैं, तुम मेरे भक्त हो, तुमने जो दण्ड इनको दिया, मैं उसे अङ्गीकार करता हूँ......आप ऐसी कृपा करें कि ये फिर शीघ्र मेरे निकट चले आवें......'। भगवान्‌का क्या तात्पर्य है यह ऋषिगण कुछ न समझ सके और उनकी स्तुति करते हुए बोले कि 'यदि ये दोनों निरपराध हैं और हमने व्यर्थ शाप दिया हो तो हमें दण्ड दीजिये......'। भगवान्‌ने कहा कि तुमने जो शाप दिया इसमें तुम्हारा कुछ दोष नहीं, यह मेरी इच्छासे हुआ है। मुनियोंके चले जानेपर भगवान् अपने प्रिय पार्षदोंसे बोले कि तुम डरो मत। मैं ब्राह्मणके शापको मेट सकता हूँ; पर मेरी यह इच्छा नहीं, क्योंकि यह शाप मेरी ही इच्छासे तुमको हुआ है। मुझमें वैरभावसे मन लगाकर शापसे मुक्त होकर थोड़े ही कालमें तुम मेरे लोकमें आ जाओगे।'

[जय-विजयको यह शाप क्यों हुआ? इसका वृत्तान्त यह है कि एक बार भगवान्‌ने योगनिद्रामें तत्पर होते समय इनको आज्ञा दी कि कोई भीतर न आने पावे। श्रीरमाजी आयीं तो उनको भी इन्होंने रोका, यह न सोचा कि भला इनके लिये भी मनाही हो सकती है? श्रीलक्ष्मीजीने उस समय ही इनको शाप दिया था। यथा—'**एतत्पुरैव निर्दिष्टं रमया क्रुद्धया यदा। पुरापवारिता द्वारि विशन्ती मय्युपारते॥**' (यह भगवान्‌ने स्वयं जय-विजयको बताया है।) (भा० ३। १६। ३०।)]

ये दोनों कश्यपकी स्त्री दितिके पुत्र हुए। बड़ेका नाम हिरण्यकशिपु और छोटेका नाम हिरण्याक्ष हुआ। हिरण्यकशिपुकी कथा *'रामनाम नरकेसरी.........'* दो० २७ में देखिये। हिरण्याक्षकी कथा नीचे दी गयी है। दूसरे जन्ममें वे विश्रवामुनिके वीर्यद्वारा केशिनीके पुत्र, रावण-कुम्भकर्ण नामक हुए। फिर वे ही द्वापरमें शिशुपाल और दन्तवक्त्र हुए जो अर्जुनकी मौसीके पुत्र हैं। भगवान् कृष्णके चक्र-प्रहारसे निष्पाप हो शापसे मुक्त हुए—(स्कंध ७ अध्याय १) वराहावतार और हिरण्याक्षवधकी कथा (भा० ३ अ० १३, १८) और १९ में इस प्रकार है कि सृष्टिके आदिमें जब ब्रह्माजीसे मनु-शतरूपाजी उत्पन्न हुए तब उन्होंने ब्रह्माजीसे आज्ञा माँगी कि हम क्या करें। ब्रह्माजीने प्रसन्न हो उन्हें सन्तान उत्पन्न करके धर्मसे पृथ्वीपालन करनेकी आज्ञा की। मनुजीने उनसे कहा कि बहुत अच्छा पर हमारे और प्रजाके रहनेका स्थान हमें बतलाइये, क्योंकि पृथ्वी तो महाजलमें डूबी हुई है। ब्रह्माजी चिन्तित हो विचार करने लगे। इतनेमें उनकी नासिकासे सहसा अँगूठेभरका शूकर निकल पड़ा जो उनके देखते-देखते पलमात्रमें पर्वताकार होकर गर्जा। ब्रह्माजी और उनके पुत्र मरीचि आदि ऋषि चकित हुए। अन्ततोगत्वा उन्होंने यह निश्चय किया कि यज्ञपुरुषने हमारी चिन्ता मिटानेके लिये अवतार लिया है और उनकी स्तुति की। तब वाराहभगवान् प्रलयके महाजलमें प्रवेशकर डूबी हुई पृथ्वीको अपने दाँतपर उठाये हुए रसातलसे निकले।

इतनेमें समाचार पा हिरण्याक्षने गदा उठाये हुए सामने आकर राह रोकी और परिहास करते हुए अनेक कटुवचन-(ओहो! जलचारी शूकर तो हमने आज ही देखा। पृथ्वी छोड़ दे.........) कहे। परंतु भगवान्‌ने उसके वचनोंपर कान न दे उसके देखते-देखते पृथ्वीको जलपर स्थितकर उसमें अपनी आधारशक्ति देकर तब दैत्यसे व्यंग्य वचन कहते हुए उसका तिरस्कार किया। गदा-त्रिशूलादिसे दैत्यने घोर युद्ध किया। फिर अपने माया-बलसे छिपकर लड़ता रहा। भगवान् भी गदा और गदा छूट जानेपर चक्रसुदर्शनसे प्रहार करते रहे। अन्तमें उन्होंने लीलापूर्वक उसे एक तमाचा ऐसा मारा कि उसका प्राणान्त हो गया।

टिप्पणी—३ *'कनककसिपु अरु हाटकलोचन.........'* इति। (क) कनककशिपु ज्येष्ठ भ्राता है, इसीसे उसे प्रथम कहा। यथा—'**हिरण्यकशिपुर्ज्येष्ठो हिरण्याक्षोऽनुजस्ततः॥**' (भा० ७। १। ३९) (ख) *'सुरपति मद मोचन'* अर्थात् उन्होंने इन्द्रको जीत लिया। ☞ भक्तिके कारण जय-विजयकी प्रसिद्धि कही—*'जान सब कोऊ।'* भगवान्‌के प्रिय द्वारपाल हैं, सब पार्षदोंमें अपनी भक्तिके कारण मुख्य हैं। राक्षसोंकी प्रसिद्धि उपद्रवसे होती है, अतः राक्षस होनेपर *'जगत बिदित सुरपति मद मोचन'* कहकर उनकी प्रसिद्धि कही। सुरपतिको गर्व था कि मेरे समान ऐश्वर्य और बल-पराक्रममें कोई नहीं हैं। यथा—*'मोहि रहा अति अभिमान। नहिं कोउ मोहि समान॥'* (६। ११२)—इस मदको उन्होंने चूर्ण कर डाला। (इन्द्र वीररसके अधिष्ठाता हैं। वि० त्रि०)

बिजई समर बीर बिख्याता। धरि बराह बपु एक निपाता॥ ७॥
होइ नरहरि दूसर पुनि मारा। जन प्रहलाद सुजस बिस्तारा॥ ८॥

शब्दार्थ—**बिजई** (विजयी)=सबको जीतनेवाले; जय पानेवाले। **बपु**=शरीर। **बिख्यात**=प्रसिद्ध; मशहूर। **निपाता**=नाश वा वध किया। **नरहरि** (नृहरि)=नृसिंह। **बराह**=शूकर, सुअर।

अर्थ—संग्राममें विजयी और वीरोंमें विख्यात हुए। भगवान‍्ने एकको (हिरण्याक्षको) वराहका शरीर धरकर मारा॥ ७॥ फिर नृसिंह हो दूसरेको मारा और भक्त प्रह्लादका सुन्दर यश फैलाया॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'बिजई समर……'* इति। (क) समरमें विजयी कहनेका भाव कि छल-कपट करके विजय नहीं प्राप्त की किंतु सामने लड़कर जीता है। इन्द्रके गर्वको तोड़ा और कभी किसीसे हारे नहीं, अतः विजयी और विख्यात वीर कहा। (ख) *'धरि बराह बपु एक निपाता'* यहाँ छोटे भाई हिरण्याक्षको प्रथम कहा, बड़ेको पीछे कहते हैं, कारण कि छोटा भाई पहले मारा गया और बड़ा पीछे। अतएव क्रमभङ्ग करके कहा।

टिप्पणी—२ *'होइ नरहरि दूसर……'* इति। (क) पूर्व कहा था कि *'तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा'* अतः विविध शरीरोंमेंसे यहाँ कुछ (दो) कहे—एक वराह, दूसरा नृसिंह। [मिलान कीजिये—**'हतो हिरण्यकशिपुर्हरिणा सिंहरूपिणा। हिरण्याक्षो धरोद्धारे बिभ्रता सौकरं वपुः॥'** (भा० ७। १। ४०) में ज्येष्ठका नाम पहले दिया और छोटेका पीछे। गोस्वामीजीने बात वही कही पर क्रम पलटकर। यह विशेषता है। जिसका वध पहले हुआ उसे पहले कहा। *'नरहरि'* शब्दसे हिरण्यकशिपुका ब्रह्मसृष्ट प्राणीसे अवध्य होना सूचित किया। (ख) *'जन प्रहलाद सुजस बिस्तारा'* इति। अर्थात् प्रह्लादजीकी रक्षाके लिये नृसिंहरूप धारण करके राक्षसको मारा। पूर्व कहा था कि—*'जग बिस्तारहिं बिसद जस…………॥ सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं।'* अर्थात् भगवान् अपना यश फैलाते हैं जिससे भक्तजन भवपार हो जायँ। और यहाँ कहते हैं कि *'जन प्रहलाद सुजस बिस्तारा'* अर्थात् अपने भक्तका यश फैलाया। भाव यह है कि जैसे अपना यश फैलाते हैं, वैसे ही साथ-ही-साथ अपने भक्तका भी यश फैलाते हैं, भक्तसुयश विस्तृत करनेका भी तात्पर्य यही है कि उनका सुयश-गान भी भवपार करता है। दोनोंके यशगानका एक ही फल वा माहात्म्य जनाया—*'सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं'* श्रीगोस्वामी नाभाजी भी लिखते हैं—*'अग्रदेव आज्ञा दई भगतन्ह को जसु गाउ। भवसागर के तरन कहँ नाहिंन आउ उपाउ॥'*

नोट—१ *'जन प्रहलाद……'* इति। (क) *'जन'* अर्थात् दास वा भक्त प्रह्लादजी ब्रह्मण्य, शीलसम्पन्न, सत्यसंध, जितेन्द्रिय, सबके प्रिय, अति सुहृद्, भद्रपुरुषोंके चरणोंमें दासवत विनीत, दीनोंपर पिताके समान दया करनेवाले, बराबरवालोंसे भाईसमान स्नेह करनेवाले, गुरुजनोंमें ईश्वरभाव रखनेवाले, मान और गर्वसे रहित, विषयोंसे निःस्पृही, आसुरभावरहित इत्यादि भक्तोंके गुणोंसे सम्पन्न थे। वे भगवत्-प्रेममें कभी रोते, कभी हँसते, कभी गुण-गान करते, लज्जा छोड़कर नाचने लगते। वे सर्वत्र उस प्रभुको ही देखते थे, भगवद्भक्तिको ही पुरुषका एकमात्र सर्वश्रेष्ठ स्वार्थ मानते थे और यही सहपाठियों तथा पिताको उपदेश करते थे। वे निष्काम भक्त थे, वर माँगना वे मजूरोंका काम समझते थे। भगवान् सर्वव्यापक हैं, वे जड़ और चेतन सभीमें एक समान व्याप्त हैं, यह तो प्रह्लादहीने प्रत्यक्ष कर दिखाया। यथा— **'सत्यं विधातुं निजभृत्यभाषितं व्याप्तिं च भूतेष्वखिलेषु चात्मनः। अदृश्यतात्यद्भुतरूपमुद्वहन् स्तम्भे सभायां न मृगं न मानुषम्॥'** (भा० ७। ८। १८) अर्थात् अपने सेवकके वचन सत्य करने तथा सम्पूर्ण प्राणियोंमें अपनी व्यापकता दिखानेके लिये सभाके भीतर उसी स्तम्भसे श्रीहरि बड़ा ही विचित्र रूप धारणकर प्रकट हुए।

(ख) *'सुजस बिस्तारा'* इति। यथा— **'यस्मिन्महद्गुणा राजन्गृह्यन्ते कविभिर्मुहुः। न तेऽधुनापि धीयन्ते यथा भगवतीश्वरे॥ यं साधुगाथासदसि रिपवोऽपि सुरा नृप। प्रतिमानं प्रकुर्वन्ति किमुतान्ये भवादृशाः॥'** (भा० ७। ४। ३४-३५), अर्थात् पण्डितजन उनके महान् गुणोंको बारम्बार ग्रहण करते हैं तथा भगवान‍्के समान उनके गुण अभीतक तिरोहित (अप्रसिद्ध) नहीं हुए हैं। देवगण उनके प्रतिपक्षी होनेपर भी सभामें साधु-पुरुषोंकी चर्चा चलनेपर भगवद्भक्त प्रह्लादका दृष्टान्त दिया करते हैं।

(ग) श्रीप्रह्लादजीका सुयश किस प्रकार विस्तार किया और उनको क्या सुयश मिला? उत्तर—उनकी भक्ति प्रकट करनेके लिये यह किया कि जब हिरण्यकशिपुने प्रह्लादजीको मार डालनेके लिये नाना उपाय

किये; जैसे कि एक साथ ही अनेक विकराल असुरोंसे उनके सम्पूर्ण मर्मस्थानोंमें त्रिशूलोंसे प्रहार कराया, दिग्गजोंसे रौंदवाया, विषधर सर्पोंसे डँसवाया, अभिचार कराया, पर्वतोंपरसे गिरवाया, अनेकों मायाओंका प्रयोग कराया, विष पिलाया, उपवास कराया, अग्निमें जलनेको डाला, पर्वतोंके नीचे दबवाया, जलमें डुबाया इत्यादि अनेक यातनाएँ दीं; तब भी उसको मारा नहीं, किंतु उसके सब उद्यम व्यर्थ कर दिये; जिससे संसारको उनकी भक्ति प्रकट हो जाय कि इतनी यातनाएँ दी जानेपर भी वे भक्तिसे न डिगे और किंचित् भय न माना। उनको यह सुयश मिला कि वे भक्तशिरोमणि माने जाते हैं, भगवान्‌ने स्वयं उनको भक्तोंमें आदर्शस्वरूप माना है और वर दिया है कि जो तुम्हारा अनुकरण करेंगे वे मेरे भक्त हो जायँगे; यथा—**'भवन्ति पुरुषा लोके मद्भक्तास्त्वामनुव्रताः। भवान्मे खलु भक्तानां सर्वेषां प्रतिरूपधृक्।'**(भा० ७। १०। २१) चराचरमें भगवान् व्याप्त हैं, यह परिचय एवं विश्वास सबको इन्हींके चरित्रसे हुआ, यह यश इन्हींको मिला। यथा—*'प्रेम बदौं प्रहलादहि को जिन्ह पाहन ते परमेश्वर काढ़े।'* (क० ७। १२७) भगवान्‌ने अपना परम वात्सल्य अपने **'क्षन्तव्यमङ्ग यदि चागमने विलम्बम्।'** (अर्थात् दैत्यके किये हुए विषम काण्डको, उसकी की हुई दारुण यातनाओंको देखते हुए भी मुझे जो आनेमें विलम्ब हुआ उसे क्षमा करो।) इन शब्दोंसे दिखाया है। नृसिंहभगवान्‌के क्रोधको शान्त करनेका सामर्थ्य किसीमें न था, लक्ष्मीजी भी देखकर भग गयीं, भक्तशिरोमणि प्रह्लादने ही जाकर उनको शान्त किया। इत्यादि सब यश प्रह्लादका ही है। (पद्मपुराणकी कथामें किंचित् भेद है वहाँ लक्ष्मीजीकी प्रार्थनापर क्रोध शान्त हो गया)।

दो०—भए निसाचर जाइ तेइ महाबीर बलवान।
कुंभकरन रावन सुभट सुर बिजई जग जान॥१२२॥

अर्थ—वे ही जाकर महावीर बलवान् कुम्भकर्ण और रावण (नामक) राक्षस हुए, जो बड़े ही योद्धा और देवताओंको पराजय करनेवाले हुए। उन्हें जगत् जानता है॥ १२२॥

टिप्पणी—१ (क) हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष *'सुरपतिमदमोचन'* थे और रावण-कुम्भकर्ण-*'सुरविजयी'* हुए, इससे (एकमें *'सुरपति'* और दूसरेमें *'सुर'* कहकर) सूचित किया कि रावण-कुम्भकर्ण हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्षकी अपेक्षा कम बली थे। ☞यहाँ दिखाते हैं कि काल पाकर उत्तरोत्तर बल कम होता गया। यहाँतक जय-विजयके तीनों रूपोंका उत्कर्ष गाया है। जब वे जय-विजय थे तब उनको सब कोई जानता था, यथा—*'जय अरु बिजय जान सब कोऊ।'* जब वे हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष हुए तब भी वे जगत्‌में विदित हुए, यथा—*'जगत बिदित सुरपति मद मोचन।'* और जब रावण-कुम्भकर्ण हुए तब भी उनको जगत्‌भर जानता था, यथा—*'सुर बिजई जग जान।'*

नोट—१ दोहेके पूर्वार्धका अर्थ उत्तरार्धमें है।*'भए निसाचर'* के 'निशाचर' शब्दसे त्रेतायुगमें रावण-कुम्भकर्णका होना जनाया। सत्ययुगमें दैत्य हुए, त्रेतामें निशाचर हुए और द्वापरमें क्षत्रिय हुए। पूर्वार्धमें*'महाबीर बलवान'* कहा, इसीसे उत्तरार्धमें *'सुभट सुर बिजई'* कहा। महावीर हैं, अतः सुभट हैं। अतएव सुरविजयी हैं। बलवान् हैं, सुरविजयी होनेसे जगत्‌भर जानता है। (मा० पी० प्र० सं))

नोट—२ यहाँतक शिवजीने इनके दो ही जन्म, जो आसुर-योनिमें हुए, कहे। यद्यपि आगे चौपाईमें तीन जन्मतक आसुरी शरीर पाना कहते हैं, तथापि उन्होंने तीसरे जन्मके नाम नहीं कहे। कारण कि तीसरा जन्म द्वापरमें हुआ। भगवान् कृष्णके हाथोंसे मरकर वे मुक्त हुए। परन्तु श्रीपार्वतीजीने 'राम-अवतार' का प्रश्न किया है और शिवजीका संकल्प भी 'रामजन्म' ही है, यथा—*'राम जनमके हेतु अनेका। परम बिचित्र एक तें एका॥ जनम एक दुइ कहौं बखानी।'* श्रीरामजन्महेतुकी प्रतिज्ञा है, अतएव *'राम-अवतार'* तक कहकर छोड़ दिया, आगेकी कथाकी आवश्यकता नहीं। श्रीराम-अवतारका हेतु यहीं समाप्त हो गया। (मा० पी० प्र० सं०)

मुकुत न भए हते भगवाना। तीनि जनम द्विज बचन प्रबाना*॥ १॥
एक बार तिन्ह के हित लागी। धरेउ सरीर भगत अनुरागी॥ २॥

शब्दार्थ—मुकुत (मुक्त)=मोक्षको प्राप्त, जन्म-मरणादिसे रहित। हते=मारे जानेपर। प्रबाना (प्रमाण)=प्रमाण, मर्यादा, मान। (श० सा०) यथा—'*सुनहि सूद्र मम बचन प्रबाना।*' (७—१०९) लागी=लिये।

अर्थ—भगवान्के (हाथोंसे) मारे जानेपर (भी वे) मुक्त न हुए (क्योंकि) ब्राह्मण (श्रीसनकादिकजी) के वचनका प्रमाण तीन जन्मका था॥ १॥ भक्तानुरागी प्रभुने एक बार उनके हितार्थ (नर) देह धारण किया॥ २॥

टिप्पणी—१ '*मुकुत न भए हते भगवाना*' इति। (क) भाव कि भगवान्के हाथसे वध होनेसे मुक्ति होती है, यथा—'*रघुबीर सर तीरथ सरीरन्हि त्यागि गति पैहहिं सही।*' (५। ३) '*निर्बानदायक क्रोध जाकर""""। निज पानि सर संधानि सो मोहि बधिहि सुखसागर हरी॥*' (३। २६) पर इनकी मुक्ति न हुई; इसका कारण दूसरे चरणमें बताते हैं कि '*तीनि जनम द्विज बचन प्रबाना*'। द्विजके वचनका प्रमाण तीन जन्म राक्षस होनेका था। भगवान् ब्रह्मण्यदेव हैं, यथा—'*प्रभु ब्रह्मन्यदेव मैं जाना। मोहि निति पिता तजेउ भगवाना॥*' (२०९। ४) इसीसे उन्होंने ब्राह्मण-वचनको प्रमाण रखा, अपना प्रमाण न रखा। (देखिये, भगवान् चाहते तो ब्रह्मशापको मिटा देते, शापको अङ्गीकार न करते तो शाप उनके पार्षदोंका बाल भी बाँका न कर सकता, पर उन्होंने ब्राह्मणोंके वचनोंको प्रमाण करनेके लिये 'अपनी रीति छोड़ दी'। यथा—'**भगवाननुगावाह यातं मा भैष्टमस्तु शम्। ब्रह्मतेजः समर्थोऽपि हन्तुं नेच्छे मतं तु मे॥**' (भा० ३। १६। २९) अर्थात् भगवान्ने जय-विजयसे कहा, 'तुम लोग यहाँसे जाओ। मनमें किसी प्रकारका भय न करो। तुम्हारा कल्याण होगा। मैं सब कुछ करनेमें समर्थ होकर भी ब्रह्मतेजको मिटाना नहीं चाहता, क्योंकि वह मेरा मान्य है।—इसी तरह भीष्मपितामहकी प्रतिज्ञा रखनेके लिये अपनी प्रतिज्ञा छोड़ दी थी जिसमें ब्राह्मण और भक्तका अनादर न हो। मुक्ति न होनेका कारण हरि-इच्छा है। उन्होंने श्रीसनकादिक ऋषियोंको प्रेरितकर तीन जन्मका शाप दिलाया था। यथा—'**एतौ सुरेतरगतिं प्रतिपद्य सद्यः""""। """"शापो मयैव निमितस्तदवैत विप्राः॥**' (भा० ३। १६। २६) भगवान्ने कहा—हे ब्राह्मणो! इन्हें जो शाप तुमने दिया उसे मेरी ही प्रेरणासे हुआ समझो। अब ये शीघ्र ही दैत्ययोनिको प्राप्त होंगे)। (ख) '*भगवाना*' का भाव कि यद्यपि गतिदाता हैं तथापि ब्राह्मणके वचनको सत्य करनेके लिये गति न दी। जीवको गति वा अगति देनेवाले भगवान् ही हैं, यथा—'*काल करम गति अगति जीवकी सब हरि हाथ तुम्हारे।*' (विनय०) (ग) '*तीनि जनम द्विज बचन*' का भाव कि एक तो इन्होंने ब्राह्मणोंको न माना, दूसरे भगवान्को न माना कि वे ब्रह्मण्य हैं और तीसरे अपनी ओर भी दृष्टि न की कि हम कौन हैं। न सोचा कि हम भगवान्के पार्षद हैं, हमको ऐसा करना योग्य नहीं। इन तीन अपराधोंसे तीन जन्मतक असुर-शरीर होनेका शाप दिया। [शापका प्रमाण यथा—'**रजस्तमोभ्यां रहिते पादमूले मधुद्विषः। पापिष्ठामासुरीं योनिं बालिशौ यातमाश्वतः॥ एवं शप्तौ स्वभवनात्पतन्तौ तैः कृपालुभिः। प्रोक्तौ पुनर्जन्मभिर्वां त्रिभिर्लोकाय कल्पताम्॥**' (भा० ७। १। ३७-३८) अर्थात् तुम दोनों भगवान् मधुसूदनके रजस्तमोगुणहीन चरणकमलोंमें रहनेयोग्य नहीं हो, अतः तुम शीघ्र ही अत्यन्त पापमयी असुरयोनिको प्राप्त हो जाओ। जब जय-विजय अपने स्थानसे भ्रष्ट होने लगे, तब उन कृपालु मुनियोंने कहा—'तुम्हारे तीन जन्मोंके द्वारा यह शाप समाप्त होकर पुनः वैकुण्ठलोककी प्राप्तिमें सहायक हो।'

यहाँ यह शङ्का प्रायः की जाती है कि 'जय-विजय तो बड़े प्रिय भक्त थे, इनकी तो शापसे रक्षा करनी चाहिये थी?' इसका समाधान ऊपर आ चुका कि यह सब तो भगवान्ने स्वयं लीला करनेकी

* प्रमाना—१७२१, छ०, को० रा०। प्रबाना—१६६१, १७०४, १७६२।

इच्छासे किया-कराया। भक्तमालमें भी प्रियादासजीने ऐसा कहा है, यथा—*'सनकादि दियो शाप प्रेरिकै दिवायो आप प्रगट है कह्यो पियो सुधा जिमि घोरिकै। गही प्रतिकूलताई जो पै यही मन भाई याते रीति हद गाई धरी रंग बोरिकै॥'* दूसरा समाधान यह है कि इनके उद्धारके लिये भगवान्‌ने स्वयं अवतार लिये, यही नहीं वरञ्च ये हरिको इतने प्रिय हैं कि इन्होंने तो तीन बार जन्म लिया और भगवान् ही चार बार अवतीर्ण हुए। एक बार हिरण्याक्षके लिये, दूसरी बार हिरण्यकशिपुके लिये, तीसरी बार रावण-कुम्भकर्णके लिये और चौथी बार शिशुपाल और दन्तवक्त्रके निमित्त। तीसरा समाधान यह है कि भगवान्‌ने अपने भक्तोंको तीनों जन्मोंमें बड़ाई दी है। इससे स्पष्ट है कि वे बराबर भक्तोंका प्रतिपालन करते रहे।

टिप्पणी—२*'एक बार तिन्हके.........'* इति। (क) भगवान्‌ने तो जय-विजयके हितार्थ वाराह, नृसिंह, राम और कृष्ण चार शरीर धरे, तब *'एक बार'* शरीर धरना कैसे कहा, *'चारि बार तिन्ह कै हित लागी'* कहना चाहिये था? इस शङ्काका समाधान यह है कि (पार्वतीजीने श्रीरामजीके अवतारका प्रश्न किया है अतः) शिवजी श्रीरामजन्मका हेतु कहते हैं, यथा—*'रामजन्म के हेतु अनेका। ....जनम एक दुइ कहौं बखानी॥'* जय-विजय शापसे हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष हुए, फिर वे ही रावण और कुम्भकर्ण हुए जो श्रीरामावतारके कारण हुए। रामजन्मके हेतुतक कहनेका प्रयोजन है, इसीसे आगेके जन्मका हाल न कहा (श्रीरामजन्म इनके तीन जन्मोंमेंसे दूसरे जन्मके लिये एक ही बार हुआ। अतः *'एक बार'* कहना ठीक है। श्रीरामजीका अवतार*'एक बार'* हुआ और केवल रावण-कुम्भकर्णके वधके लिये हुआ।*'एक बार'* यहाँ इसी अवतारके लिये आया है।) (ख) शङ्का—अवतार जय-विजयके हितार्थ कहते हैं पर उनका हित तो नहीं हुआ अर्थात् वे मुक्त न हुए, तब *'हित लागी'* कैसे कहा? समाधान—*'तीनि जनम द्विज बचन प्रवाना'* से कविने शङ्काका समाधान कर दिया है। वध करके प्रमाणतक पहुँचा देना यही हित है। वराह और नृसिंहरूपसे हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपुको मारकर कुम्भकर्ण-रावणतक पहुँचाया, फिर श्रीरामजीने कुम्भकर्ण-रावण-वध करके (उनके वह शरीर छुड़ाकर) दन्तवक्त्र-शिशुपालतक पहुँचाया (अर्थात् रावण-कुम्भकर्णका शरीर छुड़ाकर उनको तीसरा शरीर लेनेका उपाय कर दिया, जिससे उनकी शीघ्र मुक्ति हो जाय)। तब श्रीकृष्णजीने उनको मारकर मुक्त किया। (ग)*'धरेउ सरीर भगत अनुरागी'*—शरीर धारण करनेका कारण *'भगत अनुरागी'* बताया। जय-विजय भक्त थे और प्रिय थे ही। यथा—*'तेहि धरि देह चरित कृत नाना। सो केवल भगतन हित लागी। परम कृपाल प्रनत अनुरागी॥'* (१। १३)

वि० त्रि०—*'भगत अनुरागी'* इति। भगवान्‌ने भक्तानुरागी शरीर धारण किया अर्थात् रामावतार हुआ। रामावतार भक्तानुरागी अवतार है। यथा—*'ध्वज कुलिस अंकुस कंजजुत बन फिरत कंटक किन लहे।'* भगवान्‌के इन चार चिह्नोंसे युक्त चरणोंके वनमें फिरते हुए कण्टकविद्ध होनेका योग किसे हुआ ? अर्थात् सिवा रामावतारके और किसी अवतारमें ऐसा योग नहीं हुआ। क्योंकि रामावतार भक्तानुरागी अवतार है। ये भक्तपर इतना अनुराग करते हैं कि उनके लिये वन-वनमें फिरे, चरणोंमें काँटे गड़े। यह देखकर ज्योतिषी चकित हुए। यथा—*'राजलखन सब अंग तुम्हारे। देखि सोच अति हृदय हमारे॥ मारग चलहु पयादेहि पाएँ। ज्योतिष झूठ हमारेहि भाएँ॥'*

कस्यप अदिति तहाँ पितु माता। दसरथ कौसल्या बिख्याता॥ ३॥
एक कलप एहि बिधि अवतारा। चरित्र पवित्र किए संसारा॥ ४॥

शब्दार्थ—**'कस्यप अदिति'**—कश्यपजी वैदिक कालके ऋषि हैं। एक मन्वन्तरमें सारी सृष्टि इन्हींकी रची हुई थी। ये सप्तर्षियोंमेंसे भी एक हैं। अदिति और दिति आदि इनकी बहुत-सी स्त्रियाँ थीं जिनसे इन्होंने सृष्टिकी वृद्धि की। अदिति, इन्द्र, सूर्य आदि देवताओंकी माता हैं और दिति दैत्योंकी। किसी-किसी कल्पमें कश्यप-अदिति ही मनु-शतरूपा एवं दशरथ-कौशल्या हुआ करते हैं।

अर्थ—वहाँ (उस अवतारमें) कश्यप और अदिति पिता-माता हुए जो श्रीदशरथ और श्रीकौशल्याजी (के नामसे) प्रसिद्ध हुए॥ ३॥ एक कल्पमें इस प्रकार अवतार लेकर प्रभुने अपने चरित्रोंसे संसारको पवित्र किया॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'तहाँ'* अर्थात् उस कल्पमें। खास कश्यप और अदिति पिता-माता नहीं हैं वरञ्च वे दशरथ-कौशल्यारूप हुए तब पिता-माता विख्यात हुए। यथा—*'कश्यप अदिति महातप कीन्हा। तिन्ह कहँ मैं पूरुब बर दीन्हा॥ ते दसरथ कौसल्या रूपा। कोसलपुरी प्रगट नर भूपा॥'* (१। १८७) (ख) *'कस्यप अदिति तहाँ पितु माता'* कहनेका भाव कि सब कल्पोंमें वा सदा *'कश्यप अदिति'* ही दशरथ-कौशल्या नहीं होते, इस कल्पमें वे ही दशरथ-कौशल्या हुए अन्य कल्पोंमें और पिता-माता होते हैं; जैसे स्वायम्भुव मनु और शतरूपा हुए। यदि सब कल्पोंमें कश्यप-अदिति ही पिता-माता होते तो सर्वत्र कश्यप-अदितिको पिता-माता कहनेका प्रयोजन ही कौन था ? कश्यप-अदितिने श्रीरामजीके लिये बड़ा तप किया तब माता-पिता हुए, यथा—*'कस्यप अदिति महा तप कीन्हा।.........।'* (१। १८७) पुनः भाव कि *'कस्यप अदिति तहाँ पितु माता'* कहकर इसे भी श्रीरामावतारका हेतु बताया, श्रीरामजी पुत्र हों, इसलिये उन्होंने तप किया था; इसी हेतु श्रीरामजीने अवतार लिया।

टिप्पणी—२ *'एक कलप एहि बिधि.........'* इति। (क) ☞ अब इस कल्पकी कथा समाप्त की। (हिरण्यकशिपु आदि सब एक ही कल्पमें हुए। वराह, नृसिंह, श्रीराम और श्रीकृष्ण ये चारों अवतार एक ही कल्पमें हुए।) (ख) *'चरित पबित्र किए.........'* इति।' *असुर मारि थापहिं सुरन्ह राखहिं निज श्रुति सेतु। जग बिस्तारहिं बिसद जस रामजन्म कर हेतु॥'* (१२१) इस दोहेको यहाँ चरितार्थ करते हैं। —कुम्भकर्ण और रावण इन असुरोंको मारा जो सुरविजयी थे। इन्होंने देवताओंके लोकोंको छीन लिया था, अतः इनको मारकर देवताओंको अपने-अपने लोकोंमें बसा दिया; यह *'थापहिं सुरन्ह'* को घटित किया। इनके मरनेसे श्रुतिसेतुकी रक्षा हुई, यह *'पालहिं श्रुति सेतु'* हुआ। रहा *'जग बिस्तारहिं.........'* वह यहाँ चरितार्थ हुआ—*'चरित पबित्र किए संसारा।'*

इति वैकुण्ठाधीश पार्षद—जय-विजयार्थ अवतार समाप्त।

* जलन्धरके लिये अवतार *

एक कलप सुर देखि दुखारे। समर जलंधर सन सब हारे॥ ५॥
संभु कीन्ह संग्राम अपारा। दनुज महाबल मरै न मारा॥ ६॥
परम सती असुराधिप नारी। तेहि बल ताहि न जितहिं पुरारी॥ ७॥

अर्थ—एक कल्पमें सब देवता जलन्धरसे हार गये। (याज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि तब) देवताओंको दुःखी देखकर॥ ५॥ शिवजीने बहुत भारी घोर युद्ध किया, पर वह दैत्य महाबलवान् था, मारे न मरता था॥ ६॥ उस दानवराजकी स्त्री पतिव्रता थी। उसीके बल (प्रभाव) से त्रिपुरासुरके नाशक महादेवजी भी उस दानवको न जीतते थे॥ ७॥

टिप्पणी—१ *'एक कलप सुर देखि दुखारे।.........'* इति। (क) प्रथम भक्तोंके हेतु अवतार होना कहा, यथा—*'एक बार तिन्ह के हित लागी। धरेउ सरीर भगत अनुरागी॥'* अब देवताओंके लिये अवतार होना कहते हैं। जलन्धरने देवताओंको जीतकर उनके सब लोक छीन लिये थे, इसीसे देवता दुःखी हुए। यथा—*'तेहिं सब लोक लोकपति जीते। भए देव सुख संपति रीते॥'* (१। ८२। ६) (ख) *'सब हारे'* अर्थात् तैंतीस कोटि देवता हार गये। (ग) *'सुर देखि दुखारे'* का भाव कि भगवान् देवताओंका दुःख नहीं देख सकते; यथा—*'जब जब नाथ सुरन्ह दुखु पायो। नाना तनु धरि तुम्हइँ नसायो॥'* (६। १०९) (घ) जलन्धरकी कथा आगे है।

टिप्पणी—२*'संभु कीन्ह संग्राम..........'* इति। (क) भाव कि जब सब देवता हार गये तब शिवजीने संग्राम किया। (ख) *'अपारा'* कहकर जनाया कि देवता लोग शीघ्र हार गये थे और शिवजी बहुत दिनोंतक लड़ते रहे। संग्राम वर्षों जारी रहा। कोई पार न पाता था। (ग)*'महाबल मरै न मारा'* अर्थात् महाबलवान् है, इससे मारे नहीं मरता। पुनः भाव कि शिवजी उसके वधके लिये उसे भारी शस्त्रास्त्रसे मारते हैं पर सब शस्त्रास्त्र व्यर्थ जाते हैं, दानव मरता नहीं।

टिप्पणी—३*'परम सती असुराधिप नारी।..........'* इति। (क) अर्थात् इसीसे असुर महाबली है। (ख)*'तेहि बल ताहि न जितहिं पुरारी'* उसी बलसे असुरको पुरारि नहीं जीतते। अर्थात् धर्मकी मर्यादाका नाश नहीं कर सकते। भाव यह कि वह असुर अपने शरीरके बलसे नहीं लड़ रहा है किन्तु अपनी स्त्रीके पातिव्रत्य धर्मके बलसे लड़ता है। [सती स्त्रियोंके पातिव्रत्य धर्मका बल बड़ा भारी होता है। जलन्धरकी कथामें प्रमाण देखिये] पुनः*'तेहि बल'* से जनाया कि वह दानव शङ्करजीके सदृश बलवान् नहीं है, वह केवल सतीत्व धर्मकी रक्षासे बचता है, नहीं तो शिवजी उसे जीत लेते। यहाँ 'प्रथम उल्लास अलङ्कार' है—*'और वस्तु के गुणन ते और होत बलवान।'* [(ग)*'परम सती'* तो गिरिजाजी भी हैं। जलन्धरकी स्त्री वृन्दाकी जोड़में गिरिजाजीको क्यों न कहा? कारण कि उनका सामर्थ्य श्रीपार्वतीजीके सतीत्वसे नहीं है वे तो स्वयं सहज समर्थ भगवान् हैं और जलन्धरको केवल उसकी स्त्रीके पातिव्रत्यका बल और सामर्थ्य है, उसमें स्वयं यह सामर्थ्य न था कि त्रिपुरासुरके मारनेवालेका सामना कर सकता। अतएव जलन्धरके साथ उसकी स्त्रीके पातिव्रत्यका बल भी कहा और शिवजीके साथ श्रीगिरिजाजीके पातिव्रत्यको न कहा। (मा० पी० प्र० सं०)] (घ) *'पुरारी'* का भाव कि यह असुर त्रिपुरासुरसे भी अधिक बलवान् है। त्रिपुरको तो शिवजीने एक ही बाणसे मार गिराया था, यथा—*'मार्यो त्रिपुर एक ही बान'* (विनय०), पर इसे नहीं जीतने पाते। [अथवा, त्रिपुरनाशकको जलन्धरका मारना क्या कठिन था? परन्तु उसका वध करनेसे पातिव्रत्यधर्मकी मर्यादा न रह जाती, इस धर्मसङ्कटमें पड़कर शिवजी उसे न मार सके। यहाँ एक ओर तो पातिव्रत्यका प्रभाव दिखाया और दूसरी ओर मर्यादाकी रक्षा दिखायी। (मा० पी० प्र० सं०)]

'जलंधर'—यह शिवजीकी कोपाग्निसे समुद्रमें उत्पन्न हुआ था। जन्मते ही यह इतने जोरसे रोने लगा कि सब देवता व्याकुल हो गये। ब्रह्माजीके पूछनेपर समुद्रने उसे अपना पुत्र बता उनको दे दिया। ब्रह्माजीने ज्यों ही उसे गोदमें लिया उसने उनकी दाढ़ी (ठुड्डी) इतने जोरसे खींची कि उनके आँसू निकल पड़े। इसीसे ब्रह्माने उसका नाम जलंधर रखा। इसने अमरावतीपर कब्जा कर लिया। इन्द्रादिक सभी देवता इससे हार गये। अन्ततोगत्वा श्रीशिवजीने इन्द्रका पक्ष ले उससे बड़ा घोर युद्ध किया। उसको न जीत पाते थे क्योंकि उसकी स्त्री वृन्दा, जो कालनेमिकी कन्या थी, परम सती थी। सतीत्वका बल ऐसा ही है; यथा—**'यस्य पत्नी भवेत्साध्वी पतिव्रतपरायणा। स जयी सर्वलोकेषु सुमुखी स धनी पुमान्॥ कम्पते सर्वतेजांसि दृष्ट्वा पातिव्रतं महः। भर्त्ता सदा सुखं भुङ्क्ते रममाणो पतिव्रताम्॥ धन्या सा जननी लोके धन्योऽसौ जनकः पुनः। धन्यः स च पतिः श्रीमान् येषां गेहे पतिव्रता॥'** (मा० त० वि०)

यह जानकर कि शिवजी उसके पतिसे लड़ रहे हैं वृन्दाने पतिके प्राण बचानेके लिये ब्रह्माकी पूजा प्रारम्भ की। जब शिवजीने देखा कि जलंधर नहीं मर सकता तब उन्होंने भगवान्‌का स्मरण किया। भगवान्‌ने सहायता की। वे वृन्दाके पास पहुँचे [किस रूपसे ? इसमें मतभेद है। कहते हैं कि वृन्दाने पूर्व जन्ममें पति-रूपसे भगवान्‌को वरण करनेके लिये तपस्या की थी और उन्होंने उसे वैसा वर भी दिया था। सो इस प्रकार सिद्ध हुआ]।—वृन्दाने उन्हें देखते ही पूजन छोड़ दिया। पूजन छोड़ते ही जलंधरके प्राण निकल गये।

सतीत्वभङ्गके प्रसङ्गकी कथाएँ पुराणोंमें कई तरहकी हैं।

भगवान्‌ने यह छल किया कि वे तपस्वी यति बनकर उसके घरके पास विचरने लगे। वृन्दाने उनसे पूछा कि हमारा पति कब जय पावेगा? यति बोले कि वह तो मार डाला गया। तब वृन्दाने कहा कि तुम झूठ कहते हो। हमारा पातिव्रत्य रहते हुए उसे कौन मार सकता है? यतिने आकाशकी ओर दृष्टि

की तो दो वानर जलंधरके शरीरको विदीर्ण करते हुए देख पड़े। थोड़ी ही देरमें शरीरके टुकड़े वृन्दाके समीप आ गिरे। यह देख वह विलाप करने लगी......तब यतिने कहा कि इसके अङ्गोंको तू जोड़ दे तेरे पातिव्रत्यधर्मसे वह जी उठेगा। उसने वैसा ही किया। अङ्गोंके स्पर्श करते ही भगवान्‌ने उसमें प्रवेशकर जलंधर रूप हो उसका व्रत भङ्ग किया; तभी इधर जलंधरको शिवजीने मारा। वृन्दाको यह बात तुरत मालूम हुई। जब उसने शाप दिया तब भगवान्‌ने अपने लिये पूर्व जन्मकी तपस्याकी कथा कहकर उसका सन्तोष किया। शाप यह था कि जलंधर रावण होकर तुम्हारी पत्नी हरेगा, इत्यादि। अरण्यकाण्ड *'अजहु तुलसिका हरिहि प्रिय।'* (दोहा ५) में कथा दी गयी है। १२४ (५) में भी देखिये।

दोहा—छल करि टारेउ तासु ब्रत प्रभु सुर कारज कीन्ह।
जब तेहिं जानेउ मरम तब श्राप कोप करि दीन्ह॥ १२३॥

अर्थ—प्रभुने उसका पातिव्रत्य छलसे भङ्गकर देवताओंका काम किया। जब उसने यह मर्म जाना तब कोप करके शाप दिया॥ १२३॥

टिप्पणी—१ (क) *'छल करि'* का भाव कि परम सती है, उसका पातिव्रत्य भङ्ग करना प्रभुके लिये भी साध्य न था, इसीसे साक्षात् (प्रत्यक्ष रूपसे) उसके व्रतको न टाल सके, छल करना पड़ा। भगवान्‌ने भोगकी इच्छासे नहीं किन्तु सुरकार्यके लिये असुराधिप-नारिसे भोग किया। (ख) छल करना दोष है अतएव *'प्रभु'* शब्द देकर उन्हें दोषसे निवृत्त किया। वे समर्थ हैं, अतः छल करनेका अधर्म उनको नहीं हो सकता। यथा—*'समरथ कहुँ नहिं दोषु गोसाईं। रबि पावक सुरसरि की नाईं॥'* (१। ६९) (पुनः परोपकारमें दोष नहीं लगता, प्रभुने देवताओंको आर्त्त देख उनका सङ्कट दूर किया, अतएव *'सुर कारज कीन्ह'* भी कहा) (ग) *'सुर कारज कीन्ह'* अर्थात् इधर व्रत लूटा, उधर शिवजीने असुरको मारा जिससे देवताओंका दुःख मिटा। (घ) *'जब तेहि जानेउ'* इति। ☞कैसे जाना? भगवान्‌ने मर्म जनाया, जिसमें वह उन्हें शाप दे और वे लीला करें नहीं तो जिस मर्मको भगवान् छिपावें उसे जाननेको कौन समर्थ हो सकता है? यथा—*'मास दिवस कर दिवस भा मरम न जानइ कोइ। रथ समेत रबि थाकेउ निसा कवन बिधि होइ॥'* (१९५) *'निज निज रुख रामहि सबु देखा। कोउ न जान कछु मरमु बिसेषा॥'*, (२४४। ८)। *'लछिमनहू यह मरमु न जाना। जो कछु चरित रचा भगवाना॥'*, (३। २४। ५) *'छन महिं सबहिं मिले भगवाना। उमा मरम यह काहु न जाना॥'*, (७। ६। ७) *'तेहि कौतुक कर मरम न काहू। जाना अनुज न मातु पिताहू॥'* (७। ७९। ५) इत्यादि। जिसको प्रभु कृपा करके स्वयं जना दें वही जान सकता है। यथा—*'जग पेखन तुम्ह देखनिहारे। बिधि हरि संभु नचावनिहारे॥ तेउ न जानहिं मरमु तुम्हारा। औरु तुम्हहि को जाननिहारा॥ सोइ जानइ जेहि देहु जनाई। ....तुम्हरिहि कृपा तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन॥'* (२। १२७) तब जलंधरकी स्त्री बिना जनाये कैसे जान सकती थी? [प्रभुको तो लीला करनी थी, यह सब उनकी इच्छासे हुआ; यथा—*'मम इच्छा कह दीन दयाला।'* (१। १३८) (यह नारदजीसे भगवान्‌ने कहा है, वैसे ही यहाँ समझना चाहिये।) प्रभुने अपनी इच्छासे यह बात वृन्दाको जनायी; इसीसे अगली चौपाईमें आपको *'कौतुकनिधि'* कृपाल कहा है। (मा० पी० प्र० सं०)] (ङ) **'मरम'**—यह कि ये विष्णु हैं, इन्होंने छलसे हमारा पातिव्रत्य छुड़ाया और यह कि व्रतभङ्ग होते ही मेरा पति मारा गया। (च) **श्राप**—यह शाप दिया कि तुमने हमसे छल किया, हमारा पति तुम्हारी स्त्रीको छलकर हरेगा, तुमने हमें पतिवियोगसे व्याकुल किया वैसे ही तुम स्त्रीवियोगसे दुःखी होगे; तुमने हमें मनुष्यतन धरकर छला, अतः तुमको मनुष्य होना पड़ेगा। (छ) *'श्राप कोप करि दीन्ह'* इति। ☞बिना क्रोधके शाप नहीं होता, जब होता है तब क्रोधसे होता है। यथा—*'बेषु बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा। तिन्हहिं सराप दीन्ह अति गाढ़ा॥'* (१३५। ८) (नारदजी); *'बोले बिप्र सकोप तब नहिं कछु कीन्ह बिचार। जाइ निसाचर होहु नृप मूढ़ सहित परिवार॥'* (१७३) (भानुप्रतापको विप्रोंका शाप), *'जदपि कीन्ह एहि दारुन पापा। मैं पुनि दीन्हि कोप करि सापा॥'* (७। १०९। ३) (शिवजी), *'पुनि*

पुनि सगुन पच्छ मैं रोपा। तब मुनि बोलेउ बचन सकोपा॥.........लीन्ह श्राप मैं सीस चढ़ाई।' (७। ११२) (लोमश-शाप) तथा यहाँ भी कहा *'श्राप कोप करि दीन्ह'* ।

तासु श्राप हरि दीन्ह* प्रमाना। कौतुकनिधि कृपाल भगवाना॥ १॥
तहाँ जलंधर रावन भएऊ। रन हति राम परमपद दएऊ॥ २॥

शब्दार्थ—प्रमान (प्रमाण)=आदर, मान। हति=मारकर।

अर्थ—हरिने उसके शापको आदर दिया, क्योंकि वे कौतुकके निधान (भण्डार, खजाना), कृपाल और षडैश्वर्य सम्पन्न हैं॥ १॥ वहाँ (उस कल्पमें) जलंधर रावण हुआ। श्रीरामजीने उसे संग्राममें मारकर परम पद (अपना धाम, मोक्ष) दिया॥ २॥

नोट—१ *'तासु श्राप हरि दीन्ह प्रमाना'* इति। भगवान्‌के स्मरणसे तो लोगोंके शाप मिट जाते हैं, यथा—*'सुमिरत हरिहि श्राप गति बाधी',* फिर भला उन्हें शाप क्योंकर लग सकता है? जय-विजयसे भी भगवान्‌ने यही कहा था कि हम शाप मेट सकते हैं पर यह हमारी ही इच्छा है; इसलिये शाप अङ्गीकार करो, तुम्हारा कल्याण होगा।

किसीका भी सामर्थ्य नहीं कि जबरदस्ती उनको शाप अङ्गीकार करा सके, देखिये भृगुजीका शाप उन्होंने न स्वीकार किया तब भृगुजीने यह विचारकर कि शापके अङ्गीकार न किये जानेसे हमारा ऋषित्व नष्ट हो जायगा, उग्र तप किया और भगवान्‌के प्रसन्न होनेपर उन्होंने यही वर माँगा कि हमारा शाप आप अङ्गीकार करें।

यही बात नारद-मोह प्रकरणमें झलकती है। नारद मुनिने जब यह चाहा कि हमारा शाप असत्य हो जाय तब भगवान्‌ने कहा कि नहीं, हमारी इच्छा है, हम उसको सत्य करेंगे। यथा—*'मृषा होउ मम शाप कृपाला। मम इच्छा कह दीन दयाला॥'* (१। १३८) अतएव यहाँ भी सतीत्वकी मर्यादा-प्रतिष्ठाकी रक्षा एवं लीलाके लिये शाप अङ्गीकार किया गया।

टिप्पणी—१ *'हरि दीन्ह प्रमाना.........'* इति। (क) *'हरि'* का भाव कि जिनके स्मरणसे शाप दूर हो जाता है, जो शापके हरनेवाले हैं, यथा—*'सुमिरत हरिहि श्राप गति बाधी॥'* (१२५। ४) उन्होंने शापको आदर-मान दिया। भगवान् अपनी इच्छासे शाप ग्रहण करते हैं, वे न चाहें तो उन्हें शाप नहीं लग सकता। यही बात आगे कहते हैं—*'कौतुकनिधि कृपाल भगवाना।'* (ख) [रा० प्र० कार कहते हैं कि दोहेमें *'प्रभु'* शब्द देकर यहाँ शापको प्रमाण देना कहनेका भाव यह है कि वे उसे अन्यथा करनेको समर्थ हैं तथापि उन्होंने शाप ले लिया, क्योंकि वे कौतुकनिधि हैं; उनको कौतुक बहुत प्रिय है और कौतुक प्रिय होनेका हेतु कृपालुता है; वे असुरोंको सद्गति देते और भक्तोंके गानेके लिये कल्याणकारक चरित करते हैं।] (ग) *'कौतुकनिधि'* का भाव कि लीला करना चाहते हैं, इसीसे शापको अङ्गीकार किया। *'कृपाल'* हैं अतएव देवताओंपर कृपा करके अवतार लेना चाहते हैं। कृपा अवतारका हेतु है। पुनः *'कृपाल'* का भाव कि जलंधरकी स्त्रीपर कृपा करके शाप अङ्गीकार किया। शापको अङ्गीकार करनेसे उसको सन्तोष हुआ। *'भगवाना'* अर्थात् षडैश्वर्यसम्पन्न हैं। जलंधर रावण होकर धर्म, यश, श्री, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्यका नाश करेगा तब 'भगवान्' अवतार लेकर रक्षा करेंगे। (घ) भगवान् होकर शापको मान लिया क्योंकि मर्यादा-पुरुषोत्तम हैं। धर्मका नाश करनेवालेको दण्ड चाहिये। यदि आप शाप अङ्गीकार न करते तो धर्मकी मर्यादा कैसे रहती? दण्डका काम किया, अतः दण्ड अङ्गीकार किया। अपराधीको जो दण्ड दिया जाता है उसको आनन्दसे भोगना अपराधीका कर्तव्य है। यदि भगवान् स्वयं ही धर्मविधान कर देंगे तो दूसरे उनका अनुकरण करेंगे। यथा—'यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः। स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥ न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किंचन। नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि॥ यदि

* कीन्ह प्रबाना—१७२१, छ०, को० रा०। दीन्ह—१६६१ (कीन्ह का दीन्ह बनाया है), १७०४।

ह्यहं न वर्तेयं जातु कर्मण्यतन्द्रितः। मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः॥' (गीता ३। २१—२३) (अर्थात् श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करता है, दूसरा पुरुष भी वह-वह ही आचरण करता है। वह जितने प्रमाणमें करता है, संसार उसीके पीछे चलता है। यद्यपि मेरे लिये तीनों लोकोंमें कुछ भी कर्त्तव्य नहीं है, और न किसी अप्राप्त वस्तुको प्राप्त ही करना है, तथापि मैं कर्ममें बर्तता हूँ। यदि मैं सजग होकर कदाचित् कर्ममें प्रवृत्त न होऊँ तो, अर्जुन! सब मनुष्य सब प्रकारसे मेरे मार्गका अनुसरण करते हैं (अतः वे भी कर्मोंको छोड़ देंगे)। इसी हेतुसे शापको स्वीकार किया।

मा० पी० प्र० सं०—'*कौतुकनिधि*……….।' अपने ऊपर शाप ले लेनेका यहाँ कारण बता रहे हैं। कौतुक खेल, तमाशा, मनबहलावको कहते हैं। '*कौतुकनिधि*' विशेषण देकर यह भी सूचित करते हैं कि इस शापसे आपको किंचित् दुःख न हो सकता था और न हुआ, जैसे दिलबहलाव (मनोरञ्जन) के खेल-तमाशेसे नहीं होता। पुनः कृपालु हैं; शाप अङ्गीकार कर वृन्दापर कृपा की, उसका मन रख लिया, उसको इतनेमें सन्तोष हो गया। पुनः, भगवान् हैं, इसलिये भी शाप कुछ बाधा नहीं कर सकता था, इनके लिये यह कोई बड़ी बात नहीं। जो उत्पत्ति, पालन, संहार करता है, उसे सभी कुछ शोभा देता है।

टिप्पणी—२'*तहाँ जलंधर रावन भयऊ*' इति। (क) जहाँ जैसा प्रसङ्ग होता है वहाँ ग्रन्थकार वैसा ही लिखते हैं। यहाँ केवल जलंधरका रावण होना कहा गया, क्योंकि यहाँ जलंधरकी स्त्रीने केवल जलंधरके लिये कहा कि हमारा पति तुम्हारी स्त्रीको छल करके हरेगा। इसके वर्णनका यहाँ कोई प्रयोजन नहीं था कि उसका भाई कुम्भकर्ण हुआ या कौन, और परिवार राक्षस हुआ या नहीं। जहाँ दोको शाप हुआ, जैसे जय-विजय-प्रकरणमें, वहाँ कुम्भकर्ण और रावण दो कहे और जहाँ कुटुम्बभरको शाप हुआ। जैसे भानुप्रतापको वहाँ कुटुम्बभरका हाल कहा गया। यथा—'*काल पाइ मुनि सुनु सोइ राजा। भयउ निसाचर सहित समाजा॥ दस सिर ताहि बीस भुजदंडा। रावन नाम बीर बरिबंडा॥ भूप अनुज अरिमर्दन नामा। भएउ सो कुंभकरन बलधामा॥ सचिव जो रहा धरमरुचि जासू। भएउ बिमात्र बंधु लघु तासू। ……….रहे जे सुत सेवक नृप केरे। भए निसाचर घोर घनेरे॥*' (१। १७६) [जय-विजय दो भाई थे और दोनोंको शाप हुआ था उनके साथ और कोई न था। इसी तरह रुद्रगण दो थे और दोनोंको एक ही साथ शाप हुआ। अतएव उनके सम्बन्धमें रावण-कुम्भकर्ण होना लिखा गया। भानुप्रतापने ब्राह्मणोंको परिवारसहित निमन्त्रण दिया था जैसा कि '*नित नूतन द्विज सहस सत बरेहु सहित परिवार।*' (१६८) तथा '*छत्रबंधु तैं बिप्र बोलाई। घालै लिए सहित समुदाई॥*' (१। १७४। १) से स्पष्ट है इसीसे ब्राह्मणोंने परिवारसहित सबको शाप दिया था। यहाँ जलंधर अकेला था, विष्णु भी अकेले ही छलने गये थे, अतः केवल जलंधरका रावण होना कहा और उसीका वध करना लिखा गया। बैजनाथजीका मत है कि जलंधरके जो प्रिय सखा थे वे ही कुम्भकर्णादि हुए। परन्तु पंजाबीजी, रा० प्र० आदिका मत है कि उस कल्पमें केवल रावण ही हुआ—'*कल्प भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाए॥*' (१। ३३) (मा० पी० प्र० सं०)]

(ख)'*परम पद दएऊ*' अर्थात् मुक्त कर दिया। जय-विजय रावण-कुम्भकर्ण हुए तब विप्रशापके कारण मुक्ति न हुई थी और यहाँ जलंधर-रावणकी मुक्तिमें कोई बाधा नहीं है।

नोट—२ जलंधरकी स्त्री वृन्दाकी कथासे हमें शिक्षा मिलती है कि—(क) पातिव्रत्य एक महान् धर्म है। यह एक महान् तपके बराबर है। (ख) सती स्त्रीका पति बड़े-से-बड़े संग्रामको जीत सकता है। (ग) धोखा देनेवालेको दण्ड मिलता है। (यह भी कथा है कि वृन्दाके शापसे भगवान्‌को शालग्राम होना पड़ा और वृन्दा तुलसी हुई जो उनके मस्तकपर चढ़ती है। इसके अनुसार शिक्षा यह है कि सतीके साथ छल करनेवालेकी दशा ऐसी होती है, उसे जड़-पत्थर बनना पड़ता है। वा, जब भगवान्‌को पाषाण बनना पड़ा तब साधारण मनुष्यको न जाने क्या होना पड़े!) (घ) छल और कपटका परिणाम बहुत बुरा होता है। (ङ) सज्जन वही हैं जो अपनी हानि करके भी दूसरोंको लाभ पहुँचाते हैं। (श्रीरामहर्षलालजी)।

एक जनम कर कारन एहा। जेहि लगि राम धरी नर देहा॥ ३॥
प्रति अवतार कथा प्रभु केरी। सुनु मुनि बरनी कबिन्ह घनेरी॥ ४॥

अर्थ—एक जन्मका कारण यह है कि जिसके लिये श्रीरामजीने मनुष्य-शरीर धारण किया॥ ३॥ (याज्ञवल्क्यजी कहते हैं) हे मुनि! सुनो। प्रभुके प्रत्येक अवतारकी अनेकों कथाएँ कवियोंने वर्णन की हैं॥ ४॥

टिप्पणी—१ '*एक जनम*.........*राम धरी*.........' इति। जय-विजय भक्त थे। जब उनके उद्धारके लिये जन्म लिया तब शिवजीने श्रीरामजीको '*भगत अनुरागी*' विशेषण दिया, यथा—'*धरेउ सरीर भगत अनुरागी।*' जलंधर भक्त न था, इसीसे यहाँ '*भक्तानुरागी*' नहीं कहते, इतना ही भर कह दिया कि श्रीरामजीने नर-देह धारण की। ☞इस कल्पकी कथा यहाँ समाप्त की।

टिप्पणी—२ (क) '*प्रति अवतार*.........' इति। यथा—'*कल्प कल्प प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नाना बिधि करहीं॥*' (१। १४०। २), (ख) '*सुनु मुनि*' से यह वाक्य याज्ञवल्क्यजीका भरद्वाजके प्रति जनाया। (ग) '*बरनी कबिन्ह घनेरी*' अर्थात् एक-एक कल्पकी कथा अनेक मुनियोंने वर्णन की है, इसीसे कथाएँ बहुत-सी हो गयीं। (घ) ☞'*असुर मारि थापहि सुरन्ह*.........' यह दोहा इस कल्पमें भी चरितार्थ हुआ है। यथा—'*तहाँ जलंधर रावन भएऊ। रन हति राम परम पद दएऊ॥*' यह असुरोंका मारना हुआ। '*एक कलप सुर देखि दुखारे। समर जलंधर सन सब हारे॥*.........' इत्यादिमें सुरोंकी रक्षा कही। '*प्रभु सुर कारज कीन्ह*' अर्थात् असुर-वधसे श्रुतिसेतुकी रक्षा हुई। और, '*प्रति अवतार कथा प्रभु केरी। सुनु मुनि बरनी कबिन्ह घनेरी॥*' यह '*जग बिस्तारहिं बिसद जस*' अर्थात् जगत्‌में यशका विस्तार कहा गया।

नोट—यहाँतक तीनों बार '*एक*' '*एक*' कहा—यथा—'*एक बार तिन्हके हित लागी*', '*एक कलप एहि बिधि अवतारा।*' (१२३। ४) '*एक जनम कर कारन एहा।*' (१२४। ३) '*एक कलप सुर देखि दुखारे।*' (१२३। ५) इत्यादि। क्योंकि यदि ऐसा कहते कि एकमें यह कारण था, दूसरेमें यह, तीसरेमें यह, तों सम्भव है कि यह समझा जाता कि ये अवतार इसी क्रमसे एकके पीछे एक होते गये हैं। यहाँ केवल हेतु बताया है न कि क्रम। पूर्व कह आये हैं कि '*रामजनम कर हेतु अनेका*' इनमेंसे दो-एक कहता हूँ। इसी कथनानुसार तीन कल्पोंकी कथा कही, कौन किस कल्पकी है, वा, कौन पहले है, कौन पीछे, इससे यहाँ प्रयोजन नहीं रखा। पुनः एक, दो, तीन गिनती न देकर अगणित सूचित किया। इसीसे अन्तमें '*सुनु मुनि बरनी कबिन्ह घनेरी*' कहा। (मा० पी० प्र० सं०)

'वैकुण्ठवासी भगवान् विष्णुको वृन्दाका शाप होनेसे रामावतार' यह प्रकरण समाप्त हुआ।

'क्षीरशायी श्रीमन्नारायणको शाप होनेसे श्रीरामावतार'

(तदन्तर्गत)

नारद-मोह-प्रसङ्ग

नारद श्राप दीन्ह एक बारा। कलप एक तेहि लगि अवतारा॥ ५॥
गिरिजा चकित भईं सुनि बानी। नारद बिष्नु भगत पुनि* ग्यानी॥ ६॥

अर्थ—एक बार नारदजीने शाप दिया। एक कल्पमें इस कारणसे अवतार हुआ॥ ५॥ ये वचन सुनकर पार्वतीजी चकित हुईं कि नारदजी तो भगवान् विष्णुके भक्त और फिर ज्ञानी हैं॥ ६॥

टिप्पणी—'*नारद श्राप दीन्ह एक बारा*.........' इति। (क) भाव कि एक कल्पमें जलंधरकी स्त्रीने शाप दिया और एक कल्पमें देवर्षि नारदने शाप दिया। ☞कल्पोंकी गिनती नहीं की, कहीं '*एक*' कहा,

* मुनि—१७०४। पुनि—१६६१, १७२१, १७६२। पुनि जानी—को० रा०।

कहीं *'अपर'* कहा। यथा—*'एक कलप एहि बिधि अवतारा। चरित पवित्र किए संसारा॥'* (१२३। ४) *'नारद श्राप दीन्ह एक बारा। कलप एक तेहि लगि अवतारा॥'* (यहाँ),*'अपर हेतु सुनु सैल कुमारी। कहौं बिचित्र कथा बिस्तारी॥'* (१४१।.१) *'भरद्वाज सुनु अपर पुनि राम जनम कर हेतु।'* (१५२) श्रीरामजन्मके हेतु अनेक हैं, इसीसे यह कहते नहीं बनता कि यह प्रथम कल्प है, यह दूसरा कल्प है, यह तीसरा है; अतएव इतना मात्र कहा कि एक कल्पमें यह अवतार हुआ। (ख)*'तेहि लगि'* अर्थात् नारदशापके निमित्त।

[वृन्दाने जो शाप दिया वह नारदशापके समान ही है। भेद इतना है कि (वृन्दाने) सर्पराज शेषको भी शाप दिया है। यथा—**'त्वं चापि भार्यां दुःखार्तो वने कपि सहायवान्। भ्रम सर्पेश्वरेणाय यत्ते शिष्यत्वमागतः॥'** (प० पु० उ० खं० १०५। ३०) प० पु० उ० खं० अ० ३से १७ तक जलंधरकी कथा बहुत विस्तारसे है और (अध्याय ९। १०६) तक 'जलंधर' नाम है। कथा एक ही है। कल्पभेदसे कुछ अन्य बातोंमें भी भेद है। इसमें एक महत्त्वकी बात यह है कि जलंधरने भवानीका पातिव्रत्य भ्रष्ट करनेका जब प्रयत्न किया तभी भगवान् क्षीराब्धिनिवासी नारायणने कपटसे सर्पेश्वर शेषको अपना शिष्य बनाकर वृन्दासे छल किया। अपने भक्तके पातिव्रत्यका रक्षण करनेके लिये ही भगवान्‌को छल करना पड़ा।]

टिप्पणी—२*'गिरिजा चकित भईं·········'* इति। (क) (सनकादिक ऋषि भी तो ज्ञानी थे, उनके जय-विजयको शाप देनेपर आश्चर्य क्यों न हुआ ? इस शङ्काका समाधान यह है कि) जय-विजयकी कथा प्रसिद्ध है—*'जय अरु बिजय जान सब कोऊ'* इससे उसमें आश्चर्य नहीं हुआ। [दूसरे, वहाँ सनकादिक मुनियोंका नाम न देकर*'बिप्र स्राप तें दूनौ भाई। तामस असुर देह तिन्ह पाई॥'* (१२२। ५) ऐसा कहा था। केवल 'विप्रशाप' कहा था और विप्र तो शाप दिया ही करते हैं। अतएव आश्चर्य न हुआ था और यहाँ देवर्षि नारदका नाम लिया है, अतः आश्चर्य हुआ। तीसरे, चकित होनेका कारण यह भी हो सकता है कि नारदजी आपके गुरु हैं, यथा—*'गुर के बचन प्रतीति न जेही।'* (८०। ८) गुरुकी निन्दा न सही गयी। उनमें दोष बतानेपर चकित हुईं। इसलिये प्रश्न करती हैं। चौथे, ऐसा भी कहा जाता है कि जय-विजयके शापकी कथा पहलेसे जानती थीं और नारद-शापका प्रसङ्ग न जानती थीं, इसीसे पहले आश्चर्य न हुआ, अबकी हुआ। (मा० पी० प्र० सं०)] यहाँ बड़ा आश्चर्य माना। आश्चर्यका कारण अगले चरणोंमें वे स्वयं प्रकट करती हैं—*'मुनि मन मोह आचरज भारी।'* (ख)*'नारद बिष्नु भगत पुनि ज्ञानी'* का भाव कि विष्णुभक्त हैं, भक्त होकर अपने स्वामीको शाप कैसे दिया ?*'पुनि ज्ञानी'*—ज्ञानी हैं तब उनको क्रोध कैसा ? क्रोध तो द्वैतबुद्धिसे होता है, ज्ञानीको तो क्रोध होता नहीं। यथा—*'क्रोध कि द्वैत बुद्धि बिनु द्वैत कि बिनु अज्ञान।'* (७। १११) भक्त और ज्ञानी दोनोंमें मोह होना सम्भव नहीं, यथा—*'मोह दरिद्र निकट नहिं आवा।'* (७। १२०) *'भए ज्ञान बरु मिटै न मोहू।'* (२। १६९) [भक्त अपने स्वामीको शाप दे, यह असम्भव है, अनुचित है। ज्ञानीको राग-द्वेष नहीं होता तब वह शाप क्यों देगा? (पं०)]

नोट—१ नंगे परमहंसजी लिखते हैं कि 'इस चौपाईमें किसीका नाम नहीं है कि नारदने किसको शाप दिया। परन्तु कथामें नारदने दो व्यक्तियोंको शाप दिया है, प्रथम हरगणोंको पीछे विष्णुभगवान्‌को। जब दोनोंमेंसे किसीका नाम नहीं है तब जिसको प्रथम शाप नारदने दिया है उसीके नामसे अर्थ होगा, यह नीति है। हरगणोंके कल्पमें विष्णुभगवान्‌को शापवश अवतार लेना अर्थ करना कैसी भारी भूल है क्योंकि एक शापसे दो बार भगवान्‌को दुःख उठाना सिद्ध हो जायगा।'

हमारी समझमें पूर्व और पश्चात्‌के वाक्योंद्वारा हम पता लगा सकते हैं कि शिवजीका इशारा किसकी ओर है। पूर्व प्रसङ्गमें अभी कहे आ रहे हैं कि*'छल करि टारेउ तासु ब्रत प्रभु सुरकारज कीन्ह। जब तेहि जानेउ मरम तब श्राप कोप करि दीन्ह॥'*(१२३), *'तासु श्राप हरि दीन्ह प्रमाना। ·········एक जनम कर*

कारन एहा॥' उसके बाद ही यह कहते हैं कि *'नारद श्राप दीन्ह एक बारा।'*— इस उद्धरणसे स्पष्ट भाव यही निकलता है कि एकमें जलंधरकी स्त्रीने शाप भगवान्‌को दिया था जिससे श्रीरामजीको नर-देह धरना पड़ा था और एक कल्पमें नारदने भगवान्‌को शाप दिया था जिससे श्रीरामजीको अवतार लेना पड़ा। पार्वतीजीने भी यही समझा है, इसीसे वे तुरत कहती हैं—*'कारन कवन श्राप मुनि दीन्हा। का अपराध रमापति कीन्हा॥'* यदि इनकी समझमें भूल होती तो तुरत शिवजी कह देते।

स्मरण रहे कि यहाँसे लेकर*'एक कलप एहि हेतु प्रभु लीन्ह मनुज अवतार।'* (१३९) तक एक ही प्रसङ्ग है—*'यह प्रसंग मोहि कहहु पुरारी'* का उत्तर १३९ पर समाप्त हुआ है। दो पृथक् कल्पोंकी कथाएँ यदि इसमें होतीं तो दो बार *'एक कलप एहि हेतु········'* यह इनके पर्यायशब्द कहे गये होते—एक बार विष्णुको शाप होनेके साथ ही कहना था, जैसे जलंधरवाले प्रसङ्गमें कहा गया और एक बार हरगणोंके शाप वा शापानुग्रहके बाद कहना था कि *'एहि लगि राम धरी·······'* या इसके समानार्थी शब्द जैसे कि जय-विजयके प्रसङ्गको कहकर कहा था, यथा—*'एक बार तिन्हके हित लागी। धरेउ सरीर भगत अनुरागी॥'* पर यहाँ ऐसा नहीं कहा गया, वरञ्च हरगण और भगवान् दोनोंको शाप देनेके, एवं भगवान्‌के शाप स्वीकार करनेपर हरगणोंके शापानुग्रहके पश्चात् शिवजी कहते हैं कि *'एक कलप एहि हेतु प्रभु·······'*। भगवान्‌के शाप स्वीकार करनेपर ही हरगणोंका शापानुग्रह होकर प्रसङ्ग समाप्त होता, क्योंकि अब अवतारका पूरा ठाट ठट गया, सब सामग्री एकत्र हो गयी—रावण, कुम्भकर्ण, रामावतार, सीताहरण, सबका मसाला मिल गया। यह कथा यहीं समाप्त हो गयी; आगेसे इसका सम्बन्ध नहीं। इसके आगे *'अपर हेतु'* से दूसरी कथाका प्रारम्भ होता है। अतएव यह निर्विवाद सिद्ध है कि भगवान्‌को जो नारदका शाप हुआ उसीसे हरगणोंका उद्धार हुआ है। एक कल्पका शाप दूसरे कल्पके रावणादिके लिये होना एक अनोखी और अविश्वसनीय बात होगी।

यह इस दासका अपना और बहुत-से साहित्यज्ञोंका मत है और पाठकोंको जो ठीक जान पड़े वही उनके लिये ठीक है।

अब दूसरी बात जो यह कही गयी है कि 'एक शापसे दो बार भगवान्‌को दुःख उठाना सिद्ध हो जायगा', उसके विषयमें यह कहना अयोग्य न होगा कि—(१) एक तो यह बात ठीक नहीं जँचती कि एक कल्पकी बात दूसरे कल्पमें जाय। प्रत्येक कल्पमें एक रावण होता है और उसके वधके लिये श्रीरामजीका अवतार होता है, यथा—*'कलप कलप प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नाना बिधि करहीं॥'* यदि यह मानें कि हरगण-रावणके लिये नारदशापसे भगवान्‌का अवतार नहीं हुआ, तब यह स्पष्ट है कि एक ही कल्पमें दो बार रावण हुए और दो बार भगवान्‌का अवतार हुआ, नहीं तो यह मानना पड़ेगा कि एक कल्पमें शाप हुआ दूसरे कल्पके लिये, जो ठीक नहीं।—*'हरि प्रेरित जेहि कलप जोइ जातुधानपति होइ।·······'* (१७८) से स्पष्ट है कि कल्पमें एक ही रावण होता है।

(२) भगवान्‌को एक शापसे दो बार क्या अनेक बार दुःख उठाना पड़ता है। भक्तके लिये वे क्या नहीं करते? अम्बरीषमहाराजके लिये*'जनमेउ दस बार।'* जय-विजयके लिये चार बार अवतरे। इत्यादि।

(३) एक ही कल्पमें अवतारके अनेकों कारण उपस्थित हो सकते हैं और होते ही हैं। कोई जरूरी नहीं कि एक ही हो—*'राम जनम के हेतु अनेका। परम बिचित्र एक तें एका॥', 'हरि अवतार हेतु जेहि होई। इदमित्थं कहि जाइ न सोई॥'* हरगणवाले कल्पमें भी कई हेतु उपस्थित हो गये—नारदमोहनिवारण, हरगणोद्धार, भगवान्‌को शाप इत्यादि।

यह भी स्मरण रहे कि यहाँ जो 'विष्णु' 'रमापति' 'हरि' शब्द आये हैं वे सब एक उन्हीं क्षीरशायी भगवान्‌के लिये आये हैं जिनका नारदमोहप्रसङ्गसे सम्बन्ध है, यथा—*'नारद बिष्नु भगत पुनि ज्ञानी'* कहकर कहा है *'का अपराध रमापति कीन्हा', 'बड़ रखवार रमापति जासू', 'जिमि यह कथा सुनायहु मोही॥ तिमि जनि हरिहिं सुनावहु कबहूँ', 'छीरसिंधु गवने मुनिनाथा', 'हरि सन माँगौं सुंदरताई', 'दुलहिन लै गे लच्छि-*

निवासा', 'सपदि चले कमलापति पाहीं॥ देहउँ श्राप कि मरिहउँ जाई।' 'धरिहहिं बिष्नु मनुज तनु तहिआ॥ समर मरन हरि हाथ तुम्हारा।'

श्रीपरमहंसजी लिखते हैं कि नारदशापसे अवतार लेनेका 'अनुमान करना गलत है क्योंकि दूसरे कल्पमें भगवान् स्वयं कह रहे हैं कि *'नारद बचन सत्य सब करिहौं।'* दूसरा प्रमाण स्वयं नारदजीका वचन है कि *'मोर शाप करि अंगीकारा। सहत राम नाना दुख भारा॥'*

इसके सम्बन्धमें उसी प्रसङ्गमें लिखा गया है। यहाँ केवल पाठकोंसे यह कहना है कि 'कौन रामावतार ऐसा है जिसमें नारद-वचन सत्य न किया गया हो?' सभीमें तो नरतन धारण करना पड़ा, सभीमें तो सीताहरण और विलाप हुआ और सभीमें वानरोंने सहायता की। ये ही तीन शाप तो थे? उपर्युक्त वचन प्रत्येक कल्पमें सत्य होते ही हैं तब तो आकाशवाणी यथार्थ ही है। उसमें शङ्का उठती ही नहीं।

कारन कवन श्राप मुनि दीन्हा। का अपराध रमापति कीन्हा॥७॥
यह प्रसंग मोहि कहहु पुरारी। मुनि मन मोह आचरज भारी॥८॥

अर्थ—मुनि (देवर्षि नारद) ने किस कारण शाप दिया? लक्ष्मीपति भगवान्‌ने क्या अपराध किया? ॥ ७॥ हे त्रिपुरारि! यह प्रसङ्ग मुझसे कहिये। मुनिके मनमें मोह होना बड़े आश्चर्यकी बात है॥८॥

टिप्पणी—१ *'कारन कवन.......'* इति। (क) भाव कि मुनि मननशील होते हैं (शान्त होते हैं), उनका शाप देना असम्भव-सा है (क्योंकि शाप तो क्रोधसे होता है और क्रोध इष्टहानिरूपी अपराधसे होता है)। भगवान् भक्तवत्सल हैं, वे किसीका अपराध नहीं करते। करेंगे क्यों? वे तो श्रीपति हैं, उनको तो किसी बातकी कमी नहीं जो वे किसीका अपराध करते। अपने यहाँ कमी होनेसे ही दूसरेका अपराध होता है अतः यह बात भी असम्भव है। क्या कमी थी जिससे उन्होंने अपराध किया? [पंजाबीजी भी लिखते हैं कि *'रमापति'* कहनेका भाव यह है कि सब उपाधियाँ लक्ष्मीसे होती हैं सो वह तो उनकी दासी है। तब भला उनको उपाधि कौन कर सकता है। पुनः शान्तको क्रोध नहीं होता, अतः मुनिको क्रोध क्यों होने लगा। (वै०)]

टिप्पणी—२ *'यह प्रसंग मोहि कहहु पुरारी।.......'* इति। (क) श्रीशिवजीने यहाँतक दो कल्पोंकी कथा संक्षेपसे कही थी और यह प्रसङ्ग एक ही चौपाई अर्थात् दो ही चरणोंमें इतना ही मात्र कहकर कि *'नारद श्राप दीन्ह एक बारा। कलप एक तेहि लगि अवतारा॥'* समाप्त कर दिया था। इसीसे श्रीपार्वतीजी कहती हैं कि यह प्रसङ्ग मुझसे विस्तारपूर्वक कहिये। अर्थात् शापका सम्पूर्ण प्रसङ्ग वर्णन कीजिये, 'किस कारणसे शाप दिया? क्या अपराध भगवान् रमापतिने किया था जो मुनिने शाप दिया? मुनिके मनमें मोह कैसे उत्पन्न हो गया?' इत्यादि सब प्रसङ्ग कहिये; क्योंकि मुझे बहुत ही आश्चर्य और उत्कण्ठा है। (ख) *'पुरारी'* का भाव कि आप त्रिपुर ऐसे भारी दैत्यके नाशक हैं, मेरा सन्देह भी उसीके समान बड़ा भारी है, इसे भी निवृत्त कीजिये। (ग) *'मुनि मन मोह'*—[भाव कि मोहके बिना अज्ञान नहीं और अज्ञान बिना इष्टको शाप नहीं दे सकते। (वै०)] *'आचरज भारी'* का भाव कि विष्णुभक्त और उसपर भी जो ज्ञानी भक्त हो, उसको ही मोह नहीं होता; यथा—*'सुनहु भगतिमनि कै प्रभुताई॥ रामभगति चिंतामनि सुंदर। बसइ गरुड़ जाके उर अंतर॥ परम प्रकास रूप दिन राती। मोह दरिद्र निकट नहिं आवा॥'* (७। १२०) *'सुनु मुनि मोह होइ मन ताकें। ग्यान बिराग हृदय नहिं जाकें॥'* (१। १२९) (अर्थात् जिसके ज्ञान-वैराग्य नहीं होते उसीके मनमें मोह होता है, ज्ञानी एवं विरक्तोंको मोह नहीं होता।)

दोहा—बोले बिहँसि महेस तब ज्ञानी मूढ़ न कोइ।
जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होइ॥
सोरठा—कहौं राम गुन गाथ भरद्वाज सादर सुनहु।
भव भंजन रघुनाथ भजु तुलसी तजि मान मद॥१२४॥

अर्थ—तब महादेवजी हँसकर बोले कि न कोई ज्ञानी है, न मूढ़। श्रीरघुनाथजी जब जिसको जैसा कर देते हैं तब वह उसी क्षण वैसा ही हो जाता है।* (याज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि) हे भरद्वाजजी! मैं श्रीरामजीके गुणोंकी कथा कहता हूँ, तुम आदरपूर्वक सुनो। तुलसीदासजी कहते हैं (रे मन!)मद और मानको छोड़कर भवके नाशक श्रीरघुनाथजीका भजन कर॥१२४॥

टिप्पणी—१ *'बोले बिहँसि''''* इति। (क) पार्वतीजीने नारदको ज्ञानी कहा, ज्ञान और ज्ञानीपर उनकी इतनी आस्था देख शिवजी हँसे। [पुनः, भाव कि अभी तो तुमने शापकी ही बात सुनी है, उनके साथ तो बड़े-बड़े कौतुक हुए हैं, जो हम आगे कहेंगे, तब तो तुम और भी चकित होगी। अथवा, इस समय तुम अपने उपदेष्टाकी बात सुनकर चकित हुई हो और अपनी बात भूल गयी कि तुमको कैसा भारी मोह हुआ था, तुम भी तो ज्ञानवान् रही हो पर मोह-पिशाचने तुम्हें ऐसा ग्रसा कि इस जन्ममें भी साथ लगा रहा। (पं०) अथवा, मायाका प्राबल्य विचारकर हँसे कि तुम तो नारदकी कहती हो, नारदके बाप ब्रह्मा और मैं भी तो मोहके वश हो अनेक नाच नाच चुके हैं। भगवान्‌की इच्छा प्रबल है—*'हरि इच्छा भावी बलवाना'*। (ख) *'ज्ञानी मूढ़ न कोइ'* इति। भाव कि ज्ञानी अथवा मूढ़ कोई नहीं है। ज्ञान और मोह दोनोंके प्रेरक वे ही हैं। यह सब श्रीरघुनाथजीका खेल है; जब जिसको जैसा चाहें बना दें। यथा—*'मसकहि करइ बिरंचि प्रभु अजहि मसक ते हीन। अस बिचारि तजि संसय रामहि भजहिं प्रबीन॥'* (७। १२२) *'बंध मोच्छ प्रद सर्वपर माया प्रेरक सीव।'* (३। १५) उदाहरणार्थ ध्रुवजीको लीजिये। ये बिलकुल (निरे) अबोध बालक थे। श्रीहरिने अपने वेदमय शङ्खसे उनके कपोलको छूकर उनको तत्काल ही दिव्य वाणीकी प्राप्ति करा दी तथा सब विद्याओंका ज्ञाता बना दिया—'''**ब्रह्ममयेन कम्बुना पस्पर्श बालं कृपया कपोले॥**'(भा० ४। ९। ४) ☞ जीवको ज्ञानकी सीमा बना देनेपर जब उसे अपने ज्ञानका अभिमान हो जाता है तब भक्तवत्सल प्रभु तुरन्त ही उस अभिमानको तोड़नेका उपाय रच देते हैं, जिससे वह सुधर जाय, शुद्ध हो जाय, फिर भुलावेमें न पड़े। यथा—*'सुनहु राम कर सहज सुभाऊ। जन अभिमान न राखहिं काऊ॥ संसृतमूल सूल प्रद नाना। सकल सोकदायक अभिमाना॥ ताते करहिं कृपानिधि दूरी। सेवक पर ममता अति भूरी॥ जिमि सिसु तन ब्रन होइ गोसाईं। मातु चिराव कठिन की नाईं॥'* (७। ७४) यही 'गुणगाथा' है जो शिवजी पार्वतीजीसे और याज्ञवल्क्यजी भरद्वाजजीसे कह रहे हैं। इसीको गोस्वामीजी उपदेश मानकर अपने व्याजसे सबको उपदेश कर रहे हैं। (मा० पी० प्र० सं०)] (ग) *'जेहि जस रघुपति करहिं जब''''* अर्थात् उनकी इच्छासे ज्ञानी मूढ़ हो जाता है और मूढ़ ज्ञानी हो जाता है। (घ) *'सो तस तेहि छन होइ'* का भाव कि (यों तो) ज्ञानीका मूढ़ और मूढ़का ज्ञानी हो जाना जल्दी नहीं होता (यह परिवर्तन होनेमें समय लगता है) परन्तु रघुनाथजीके करनेसे तत्काल हो जाता है, जिसे वे जिस क्षणमें चाहें ज्ञानीसे मूर्ख और मूर्खसे ज्ञानी बना दे सकते हैं। ज्ञानी नारदको क्षणभरमें मूढ़ बना दिया, यथा—*'माया बिबस भए मुनि मूढ़ा।'* और फिर क्षणभरमें ही पुनः ज्ञानी बना दिया; यथा—*'जब हरि माया दूरि निवारी। नहिं तहँ रमा न राजकुमारी॥'* (१३८। १)

बैजनाथजी—*'ज्ञानी मूढ़ न कोइ'* अर्थात् चराचर जीव जड़-चेतन मिले हुए हैं इसीसे कोई न तो शुद्ध ज्ञानी है और न कोई शुद्ध मूढ़ ही है, क्योंकि शुद्ध ज्ञान तो ईश्वरहीमें है और मूढ़ता मायामें है और ईश्वरांश जीव मायाके वश है, इससे न ज्ञानी ही है न मूढ़। यथा—*'ज्ञान अखंड एक सीताबर। माया बस्य जीव सचराचर॥'* रघुपतिका भाव कि भगवान् रघु (=जीव) के पति (स्वामी) हैं अतः जीवका धर्म है कि प्रभुके सम्मुख रहे जिसमें प्रभु मायाको रोके रहें जिससे वह (जीव) सज्ञान बना रहे। जब जीव अपना धर्म छोड़ श्रीरामविमुख होता है तब प्रभुकी कृपा रुक जाती है और जीव मूढ़ हो जाता है।

श्रीपोद्दारजी—इस प्रसंगपर यह शङ्का उठायी जाती है कि 'जब श्रीरघुनाथजीके बनाये ही प्राणी ज्ञानी

* विनायकी टीकाकार एक अर्थ यह लिखते हैं कि—'ज्ञानी पुरुष बहुधा मूर्खता नहीं करते (परन्तु उनके सुधार आदिके निमित्त) ईश्वर जब जिसको जैसा चाहें उसे वैसा बना सकते हैं। भाव यह कि वे यदि चाहें तो ज्ञानीसे मूर्खताका और मूर्खसे ज्ञानीका काम करा सकते हैं।'

या मूढ़ बनता है, तब प्रयत्नपूर्वक साधन करनेकी क्या आवश्यकता है? वह तो व्यर्थ ही हो जाते हैं।' इसपर कुछ विचार किया जाता है। यह सिद्धान्त है और इसमें कोई सन्देह नहीं कि एकमात्र श्रीभगवान् ही सर्वेश्वर एवं सर्वशक्तिमान् हैं। उनकी इच्छाके बिना, उनके सहारेके बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता। तब बिना उनकी इच्छाके ज्ञानी-मूढ़ तो बन ही कैसे सकता है। वे ही चेतनको जड़ और जड़को चेतन बनानेवाले हैं। इसलिये संसारके सब योगक्षेमोंको उन्हींपर छोड़कर केवल भजन-ही-भजन करना चाहिये। एकमात्र उन्हींकी कृपा एवं सन्निधिका अनुभव करते हुए निरन्तर उन्हींमें स्थित रहना चाहिये।

यह तो हुई सिद्धान्तकी बात, अब व्यवहारकी बात लिखी जाती है। भगवान् जो किसीको ज्ञानी या मूढ़, जड़ अथवा चेतन बनाते हैं सो क्या केवल अपनी स्वतन्त्र इच्छासे ही बनाते हैं अथवा कुछ और कारण होता है? क्या उनकी इच्छा विषम होती है? क्या उनकी कृपा सबपर समान नहीं है? परन्तु यह कैसे सम्भव है? वे सबपर समान कृपा रखते हैं, सबका हित चाहते हैं और वैसी ही प्रार्थना पूर्ण करते हैं जिससे परिणाममें उसका कल्याण हो। जीवोंके शुभाशुभ कर्म और अधिकारके अनुसार ही उनकी विधि-व्यवस्था होती है। कहा है—*'सुभ अरु असुभ करम अनुहारी। ईस देइ फलु हृदयँ बिचारी॥'*

जिन्हें अपने कर्तृत्वका अभिमान है, उन्हें कर्मके बन्धनमें रहना ही पड़ेगा। परन्तु जिन्होंने कर्मबन्धनका परित्याग करके भगवान्की शरण ली है उनका भार तो भक्तवत्सल भगवान्पर है ही। उनकी अभयवाणी है—**'योगक्षेमं वहाम्यहम्'** नारदके जीवनमें भी भगवान्की शरणागति है। जब-जब उनके मनमें शरणागतिके विपरीत कोई भाव आया तब-तब भगवान्ने उसे दूर किया। मूलमें ही यह कथा आयी है कि कामपर विजय प्राप्त करनेके पश्चात् क्रोध न आनेके कारण नारदके मनमें कुछ अभिमान आ गया था, जो कि शरणागतिका विरोधी है। भगवान्ने देखा कि *'उर अंकुरेउ गर्ब तरु भारी।'* अब भगवान् क्या करेंगे! उन्होंने निश्चय कर लिया। *'बेगि सो मैं डारिहौं उखारी। पन हमार सेवक हितकारी॥'* ····फिर जो उनकी दशा हुई वह मूलग्रन्थमें ही वर्णित है। शंकरजीके मनमें वे सभी बातें आ रही थीं और उन्होंने हँसते हुए कह दिया कि शाप देनेमें ऋषिका कोई दोष नहीं था, भगवान्की इच्छा ही वैसी थी। वास्तवमें भगवान्को अवतार लेकर लीला करनी थी, उसके साथ यदि एक सेवकके मूढ़तासे कहे हुए वचन भी सफल हो जायँ तो मनोरञ्जनकी एक और सामग्री बन जाय।

भगवान् ही सब कुछ करते-कराते हैं, यह केवल वाणीसे कहकर जो लोग अपने पापोंका समर्थन करते हैं, वे नारकीय जीव हैं। उन्हें अभी बहुत दिनोंतक संसारमें भटकना अवशेष है। क्योंकि भगवान्की इच्छासे कोई अच्छा कर्म बन जाता है उसे तो वे अपना किया हुआ कहते हैं और बुरे कर्मोंको भगवान्पर थोप देते हैं। उन्हें ध्यान रखना चाहिये कि तत्त्वज्ञानी ऊँचे भक्तोंके जो सिद्धान्त हैं उनको पापी हृदय समझ ही नहीं सकता। पहले वे प्रयत्न करके *'गुन तुम्हार समुझइ निज दोषा'* के अनुसार आचरण करेंगे तब उनका हृदय शुद्ध होगा और वे उस बातको समझ सकेंगे। ऊँचे अधिकारियोंके लिये जो बात कही गयी उसे अपने पापी जीवनमें घटाकर पापको प्रश्रय देना सर्वथा पतनका कारण है। यदि अपने जीवनको सुधारना है तो पापकर्मोंसे बचकर पूरी शक्तिसे भगवान्के भजन-साधनमें और कर्त्तव्यकर्ममें लग जाना चाहिये। (कल्याण १३-३)

प० प० प्र०—इस दोहेमें *'ज्ञानी मूढ़ न कोइ'* इत्यादि जो सिद्धान्त कहा है वह साधारण विषयी जीवोंके लिये नहीं है। सतीजी, पार्वतीजी, नारदजी, गरुड़जी, लोमशजी इत्यादि महान् भगवद्भक्तोंके लिये ही यह वचन है। अन्य पामर जीव तो *'मायाबस परिछिन्न जड़'* हैं ही। वे अविद्यामें पड़े हैं। अतः यह ध्यानमें रखना चाहिये कि अन्य जीव तो अपने कर्मानुसार ज्ञानी या मूढ़ हैं। कोई यह (न)मान ले कि भगवान्ने मुझको मूढ़ बनाया। ज्ञानी या भक्त भी यह न मान लें कि हम अब मुक्त हो गये, हमको कुछ डर नहीं है।—*'दुहुँ कहँ काम क्रोध रिपु आही।'* (३। ४३। ९) *'जे राखे रघुबीर ते उबरे तेहि काल महँ',* जबतक भगवान्की कृपा बरसती है तभीतक कोई ज्ञानी या भक्त रह सकता है। पर

जब किसी ज्ञानी या ज्ञानी भक्तसे कोई अनुचित कार्य, दोष या पाप इत्यादि होता है, तब उनको दोष देना उचित नहीं है। सती-मोह-प्रसंगमें यही उपदेश दिया है।

नोट—१ ज्ञानी और मूढ़ उपमानोंका एक ही धर्म ठहराना कि जब जिसको रघुपति जैसा कर दें वह वैसा हो जाता है 'द्वितीय तुल्ययोगिता अलङ्कार' है। (वीर)

नोट—२ *'भरद्वाज सादर सुनहु'* इति। (क) इस ग्रन्थमें जहाँ भक्ति और ज्ञानकाण्डका मेल होता है वहाँ श्रीशिव-पार्वतीका और जहाँ भक्ति और कर्मका मेल होता है, वहाँ भुशुण्डि-गरुड़-संवादका प्रसंग लगाया गया है। यहाँ कर्मकी प्रधानता दिखानी है। अतएव याज्ञवल्क्य-भरद्वाजका प्रसंग लगाया गया। (प्रोफे० दीनजी) (ख) भरद्वाज मुनिको सावधान करनेका एक कारण यह कहा जाता है कि 'नारदजीके शिष्य वाल्मीकिजी हैं और वाल्मीकिजीके भरद्वाज। तात्पर्य कि याज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि तुम्हारे दादा गुरुकी कथा कहता हूँ, उन्हें भी मोह हुआ था, सो सावधान होकर सुनो।'

टिप्पणी—२ *'कहौं राम गुन गाथ····'* इति। ☞याज्ञवल्क्यजी भरद्वाज मुनिसे कहते हैं कि 'राम-गुण गाथा' सुनो और 'श्रीरामजीको भजो'—यह उपदेश दे रहे हैं। इस उपदेशमें गोस्वामीजी स्वयं भी सम्मिलित हो जाते हैं—*'भजु तुलसी तजि मान मद।'* अर्थात् यह उपदेश वे अपने ऊपर अपने लिये भी मान लेते हैं (मानो) याज्ञवल्क्यजी यह उपदेश उन्हें भी कर रहे हैं कि 'हे तुलसी!' मान-मद छोड़कर श्रीरघुनाथजीका भजन कर जिसमें तेरा भी भवभञ्जन हो, भव छूटे, क्योंकि श्रीरघुनाथजी भवभञ्जन हैं।'

टिप्पणी—३ *'भजु तुलसी तजि मान मद'* इति। ☞मोह, मान और मद—ये सब भजनके बाधक हैं। मान-मदमें भजन नहीं बनता, इसीसे इनको त्यागकर भजन करनेको कहते हैं। यथा—*'कृषी निरावहिं चतुर किसाना। जिमि बुध तजहिं मोह मद माना॥'* (४। १५) तात्पर्य यह कि मोह-मद-मान नारद-ऐसे महात्माओंको भी दूषित कर देते हैं। (जैसा आगे कथामें दिखायेंगे) अतएव इनसे सदा डरते तथा दूर रहना चाहिये।

वि० त्रि०—गोसाईंजी अपने मनको सावधान करते हैं कि तू मान-मद छोड़कर भजन कर। भाव कि भजन करनेमें भी तुम्हारा पुरुषार्थ नहीं है, उसकी कृपासे ही तुम भजन करते हो, अतः भजनका श्रेय तुम्हें कुछ नहीं, इसलिये मान-मद छोड़नेको कहते हैं।

हिमगिरि गुहा एक अति पावनि। बह समीप सुरसरी सुहावनि॥ १॥

आश्रम परम पुनीत सुहावा। देखि देवरिषि मन अति भावा॥ २॥

शब्दार्थ—गुहा=गुफा। वह अँधेरा गड्ढा जो पर्वतके नीचे बहुत दूरतक चला गया हो। कन्दरा। यथा—*'कोल बिलोकि भूप बड़ धीरा। भागि पैठ गिरि गुहा गँभीरा॥'* (१५७। ७)। *देवरिषि* (देवर्षि)=नारदमुनि।

अर्थ—हिमालयपर्वतमें एक अत्यन्त पवित्र गुफा है जिसके समीप सुन्दर गङ्गाजी बह रही हैं॥ १॥ परम पवित्र सुन्दर आश्रम देखकर देवर्षि नारदजीके मनको वह अत्यन्त भाया॥ २॥

☞नारदमोह-प्रसंगकी कथा शिवपुराण द्वितीय रुद्रसंहिता अध्याय २से २०में जो दी है उससे मानसमें दी हुई कथा बहुत मिलती-जुलती है। अतः मिलानके श्लोक बराबर यहाँसे हम देते जा रहे हैं। यथा—'**हिमशैलगुहा काचिदेका परमशोभना। यत्समीपे सुरनदी सदा वहति वेगतः॥ तत्राश्रमो महादिव्यो नानाशोभासमन्वितः। तपोऽर्थं स ययौ नारदो दिव्यदर्शनः॥**' (२-३) मानसके *'अति पावनि'*, *'सुहावनि'*, *'परम पुनीत सुहावा'* के स्थानपर उसमें क्रमशः '**परमशोभना**', '**वेगतः**' और '**महादिव्यो नानाशोभासमन्वितः**' हैं।

टिप्पणी—१ *'हिमगिरि गुहा····'* इति। (क) *'अति पावनि'* का कारण आगे कहते हैं कि *'बह समीप सुरसरी सुहावनि'*। (ख) *'अति पावनि'* का भाव कि हिमाचलकी सभी गुफाएँ स्वयं पवित्र हैं, उसपर भी यहाँ परम सुहावनी गङ्गाजी समीप बह रही हैं। इनके सम्बन्धसे वह *'अति पावनी'* हो गयी है। (*'सुहावनी'* से जनाया कि धारा खूब वेगसे बह रही है)।

टिप्पणी—२ *'आश्रम परम पुनीत सुहावा।……'* इति। (क) ☞ सुहावन पावन स्थानमें संत भजन करते ही हैं। यथा—*'भरद्वाज आश्रम अति पावन। परम रम्य मुनिबर मन भावन।'* (१। ४४), *'सुचि सुंदर आश्रमु निरखि हरषे राजिवनैन।'* (२। १२४), *'पहुँचे दूत रामपुर पावन। हरषे नगर बिलोकि सुहावन॥'* (१। २९०), *'है प्रभु परम मनोहर ठाऊँ। पावन पंचबटी तेहि नाऊँ॥'* (३। १३) तथा यहाँ *'आश्रम परम पुनीत सुहावा। देखि देवरिषि मन अति भावा॥'* (ख) आश्रममें गङ्गा और गुहा दोनों हैं, इसीसे आश्रममें इन दोनोंके गुण कहे *'परम पुनीत'* भी है और 'सुहावना' भी। [*'सुहावा'* से नाना शोभासमन्वित और *'परम पुनीत'* से महादिव्य जनाया] (ग) *'देवरिषि मन अति भावा'* इति। आश्रम परम पावन और परम सुहावन है, अतएव अति भाया। पुनः भाव कि सुरसरिकी समीपता देखकर मनको भाया क्योंकि ये देवर्षि हैं और गङ्गाजी सुर (देव) सरि हैं। इसीसे मनको भानेमें *'देवरिषि'* नाम दिया। [*'देवरिषि'* नाम यहाँ दिया है। क्योंकि पहले गङ्गाका *'सुरसरी'* देवनदी नाम दिया है। यहाँ देवसरि हैं अतएव देवसम्बन्धसे 'देवर्षि' को भाया ही चाहे। पुनः *'अति भावा'* का भाव कि परम पुनीत होनेसे भाया (अच्छा लगा) और *'परम सुहावन'* भी होनेसे *'अति भावा'*। आश्रम पवित्र होनेका लक्षण यह है कि वहाँ पहुँचते ही स्वतः आनन्द उत्पन्न हो जाता है। (मा० पी० प्र० सं०)]

निरखि सैल सरि बिपिन बिभागा। भयउ रमापति पद अनुरागा॥ ३॥
सुमिरत हरिहि श्राप गति बाधी। सहज बिमल मन लागि समाधी॥ ४॥

शब्दार्थ—निरखि=देखकर। बिभाग=पृथक्-पृथक् भाग वा अंश १। १११। २ में देखिये। बाधना=बाधा या रुकावट डालना=रोकना। गति=चाल, राह, दशा, अवस्था। श्राप गति बाधी=शापकी राह वा चाल रुक गयी; शापके प्रमाणित होनेमें रुकावट पड़ गयी।

अर्थ—शैल, नदी और वनके भाग (अलग-अलग) देख उनको रमापतिके चरणोंमें अनुराग हुआ॥ ३॥ भगवान्‌का स्मरण करते ही शापकी गति नष्ट हो गयी। मनके स्वाभाविक ही निर्मल होनेसे समाधि लग गयी॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'निरखि सैल रमापति………'* इति। नारायणावतारके (वा, जिस कल्पमें क्षीरशायी श्रीनारायणको शाप हुआ उस) कल्पकी कथा कहना चाहते हैं, इसीसे *'रमापति'* पदमें अनुराग होना कहा। पुनः गङ्गाजीको देखकर गङ्गाजनककी सुध आ गयी कि ये भगवान् रमापतिके चरणसे उत्पन्न हुई हैं। यह स्मरण होते ही श्रीरमापतिपदमें अनुराग हुआ। (प्रकृतिकी शान्त शोभा देखकर मन भी शान्त हो जाता है, वनकी श्री देखकर उसके रचयिता श्रीपतिके चरणोंमें अनुराग होता है। वि० त्रि०)

नोट—१ यहाँ उपासकोंकी रीति और उनका स्वभाव भी दिखा रहे हैं। पादोदक देख भगवान्‌के पदकमलका स्मरण हुआ, भक्तिरसका उद्दीपन हुआ। वे अनुरागमें मग्न हो गये। यथा—*'रघुबर बरन बिलोकि बर बारि समेत समाज। होत मगन बारिधि बिरह…… ॥'* (२। २२०) भरतजी और सभी समाज यमुनाजीका केवल श्याम रंग देख मग्न हो गये थे। पुनः, यथा—*'देखत स्यामल धवल हलोरे। पुलकि सरीर भरत कर जोरे॥'* (२। २०४) त्रिवेणीजीमें यमुनाजलका रंग देख श्रीरामचन्द्रजीका और गङ्गाजीका जल देख श्रीसीताजी और लक्ष्मणजीका स्मरण हो उठा जिससे विरहाग्नि बहुत भड़क उठी।

टिप्पणी—२ एक बार देखना प्रथम कह चुके हैं, यथा—*'देखि देवरिषि मन अति भावा'*। अब यहाँ पुनः देखना लिखते हैं—*'निरखि सैल…… '*। इससे यह पाया जाता है कि यह *'सरि'* गङ्गाजीसे पृथक् और दूसरी सरि है। *'सैल सरि'* से पर्वतकी उस नदीसे तात्पर्य है जो झरनोंसे पैदा होती है।

नोट—२ तपके लिये घोर वन, भोजनके लिये फल-फूलवाले वृक्ष भी जिसमें बहुतायतसे मिल सकते हों और स्नान-पानके लिये नदीका जल इन सब बातोंका यहाँ सुपास था जो भजनके लिये आवश्यक हैं। एकान्त रमणीय स्थान देख भक्तोंको भजन सूझता है और विषयी लोगोंमें उससे कामोद्दीपन होता

है। *'विभाग'* पद देकर सूचित किया कि शैल, सरि, वन सबकी शोभा पृथक्-पृथक् देखी। *'सैल सरि बिपिन बिभाग'* पर वाल्मीकि-आश्रमका वर्णन देखिये। यथा—*'राम दीख मुनि बासु सुहावन। सुंदर गिरि कानन जल पावन॥ सरनि सरोज बिटप बन फूले। गुंजत मंजु मधुप रस भूले॥ खग मृग बिपुल कोलाहल करहीं। बिरहित बैर मुदित मन चरहीं॥ सुचि सुंदर आश्रम निरखि हरषे राजिवनैन।*……'

नोट—३ श्रीबैजनाथजी यह शंका उठाकर कि 'क्या नारदजी पहले स्मरण न करते थे? क्या उनको पहले अनुराग न था?' उसका समाधान यह करते हैं कि 'पहले स्मरणमें सदा देह-व्यवहारकी सुध बनी रहती थी, इस समय देहकी सुध-बुध न रह गयी, आत्मदृष्टि तदाकार हो गयी, निर्विकल्प समाधि लग गयी।'

☞उपदेश—भगवद्भजन एकान्त सुन्दर और पवित्र आश्रममें करना चाहिये। भगवद्भजनसे बड़ी-बड़ी बाधाएँ नष्ट हो जाती हैं। अतएव भगवद्भजनका नियम प्रारम्भ कर दीजिये।

टिप्पणी—३ *'सुमिरत हरिहि श्राप गति बाधी'* इति। (क) दक्ष प्रजापतिके शापकी गति बाधित हुई। [अर्थात् दक्षने जो शाप दिया था कि तुम एक जगह स्थिर न रह सकोगे, घूमते ही तुम्हारा समय बीतेगा, हरिस्मरणसे वह शाप या यों कहिये कि शापका प्रभाव नष्ट हो गया, उनकी गति रुक गयी। ☞यहाँ यह बताते हैं कि प्रेमसे जो हरिका स्मरण करता है, शाप उसका कुछ नहीं कर सकता]। उनका तन स्थिर हो गया और मन भी स्थिर हो गया।

नोट—४ विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि पहिले 'काल' की एक कन्या दुर्भगा नामकी पतिकी खोजमें सर्वत्र फिरी; पर उसे किसीने न स्वीकार किया। निदान एक समय नारदमुनिको पृथ्वीपर देख उन्हें नैष्ठिक ब्रह्मचारी जानकर भी उसने उनसे कहा कि तुम मेरे पति बनो। नारदमुनिने इसे स्वीकार न किया। तब उसने उन्हें यह शाप दिया कि तुम किसी स्थानमें बहुत देर न रह सकोगे।

यह कथा कहाँकी है, इसका प्रमाण उन्होंने नहीं दिया है। दक्षप्रजापतिके शापकी कथा भागवतमें है। उनके पुत्रोंको बहकाया इसीपर उन्होंने शाप दे दिया। यथा—'**चुक्रोध नारदायासौ पुत्रशोकविमूर्च्छितः। देवर्षिमुपलभ्याह रोषाद्विस्फुरिताधरः॥ अहो असाधो साधूनां साधुलिङ्गेन नस्त्वया। असाध्वकार्यर्भकाणां भिक्षोर्मार्गः प्रदर्शितः ॥……कृतवानसि दुर्मर्षं विप्रियं तव मर्षितम्॥ तन्तुकृन्तन यन्नस्त्वमभद्रमचरः पुनः। तस्माल्लोकेषु ते मूढ न भवेद् भ्रमतः पदम्॥**' (६। ५। ३५-३६, ४२-४३) अर्थात् दक्ष पुत्रशोकसे मूर्च्छित होकर नारदजीपर अत्यन्त कुपित हुआ, क्रोधमें उसके होंठ फड़कने लगे। रे दुष्ट! ऊपरसे साधु-वेश धारण करनेवाले तूने मेरे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जो मेरे स्वधर्मपरायण पुत्रोंको भिक्षुकोंके मार्गका उपदेश दिया। तूने जो पहले असह्य अप्रिय किया था उसे मैंने सह लिया। हे संतानविनाशक! तूने फिर मेरा अप्रिय किया। इसलिये मैं शाप देता हूँ कि सम्पूर्ण लोकोंमें विचरते हुए तेरे ठहरनेका कोई निश्चित स्थान न होगा।'

टिप्पणी—४ (क) *'सहज बिमल मन'* अर्थात् मन विषयासक्त नहीं है। विषय ही मल है। यथा—*'काई बिषय मुकुर मन लागी', 'मन मलिन बिषय संग लागे'* (वि० ८२)। (ख) *'सहज बिमल मन लागि समाधी'* का भाव कि समाधि निर्मल मनके अधीन है। यथा—'**मनसो वृत्तिशून्यस्य ब्रह्माकारतया स्थितिः। असम्प्रज्ञातनामासौ समाधिरभिधीयते॥**' (सहज=स्वाभाविक अर्थात् तप आदि उपायोंसे निर्मल बनाया हुआ नहीं, किंतु जन्मसे ही स्वच्छ है)।

वि० त्रि०—*'सुमिरत हरिहि*……' इति। अर्थात् भगवन्नाम-जप और उसके अर्थकी भावना आरम्भ हुई। इससे प्रत्येक चेतनका अधिगम हुआ और अन्तरायका अभाव हुआ।—'**ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्त-रायाभावश्च।**' (यो० सू०)

मुनि गति देखि सुरेस डेराना। कामहि बोलि कीन्ह सनमाना॥ ५॥
सहित सहाय जाहु मम हेतू। चलेउ हरषि हिय जलचरकेतू॥ ६॥

अर्थ—नारदमुनिकी यह दशा एवं सामर्थ्य देख इन्द्र डर गया। उसने कामदेवको बुलवाकर उसका बड़ा आदर-सत्कार किया॥ ५॥ (फिर कहा कि) हमारे लिये तुम अपने सहायकोंसहित जाओ। (यह सुन) मीनध्वज कामदेव मनमें हर्षित होकर चला॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'मुनि गति देखि सुरेस डेराना।'''''* इति। (क) दक्षके शापकी गति बाधित हुई। यह मुनिकी गति, यह मुनिका सामर्थ्य देख इन्द्र डरा कि इन्होंने अपने भजनके प्रतापसे दक्षप्रजापतिका शाप दूर कर दिया तब हमारा लोक ले लेना इनको कौन मुश्किल (कठिन) है, (यह इनके लिये कौन बड़ी बात है? यह तो इनके बायें हाथका खेल है)। (ख) *'कामहि बोलि कीन्ह सनमाना'* इति। [राजा यदि किसी सेवकको अपनी ओरसे बुलाकर उसका सम्मान करे तो समझ लेना चाहिये कि बड़ा कठिन कार्य आ उपस्थित हुआ है, हमारे प्राणोंहीपर आ बननेकी सम्भावना है। (प्रोफे० लाला भगवानदीनजी) जब किसीसे कोई काम निकालना होता है तब आदर-सत्कार करनेकी रीति ही है, विशेषतः शत्रुपर लड़ाई करनेके लिये सुभटोंकी प्रशंसा और उनका सम्मान करनेकी चाल है। वीरोंका आदर-सम्मान करके उनको युद्धमें भेजा जाता है। यथा—*'देखि सुभट सब लायक जाने। लै लै नाम सकल सनमाने॥ भाइहु लावहु धोख जनि आजु काज बड़ मोहि। सुनि सरोष बोले सुभट बीर अधीर न होहि॥'* (२। १९१) पुनश्च यथा कुमारसम्भवे—'**अवैमि ते सारमतः खलु त्वां कार्ये गुरुण्यात्मसमं नियोक्ष्ये। व्यादिश्यते भूधरतामवेक्ष्य कृष्णेन देहोद्वहनाय शेषः॥**' (३। १३) अर्थात् जैसे भगवान्ने शेषमें पृथिवी धारण करनेकी शक्ति देख अपने शरीरको धारण करनेकी आज्ञा दी, वैसे ही तुम्हारा पराक्रम जानकर अपना भारी काम देकर तुम्हारा सम्मान करता हूँ। स्मरण रहे कि शिवजीकी समाधि छुड़ानेमें उसके प्राणपर आ बीतेगी, यह जानकर उस प्रसङ्गमें बड़ी स्तुति उसकी की थी और यहाँ तो उसे बुला भेजा है और आज्ञा दी है।

टिप्पणी—२ [(क) *'सहित सहाय जाहु'* का भाव कि मुनिका भारी महत्त्व देखकर कामदेवको अकेले भेजनेका साहस न हुआ, उसे विश्वास नहीं है कि वह हमारे काममें अकेले सफल हो सकेगा। इसीसे *'सहाय सहित'* जानेकी आज्ञा दी] (ख) *'मम हेतू'* अर्थात् हमारे लिये, हमारे हितार्थ। भाव कि नारदभजन भङ्ग करनेसे हमारा हित होगा, हमारा लोक बचेगा, हमारा इन्द्रपद रक्षित रहेगा। (ग) *'चलेउ हरषि हिय'* इति। *'हरषि'* एक तो इसलिये कि यह स्वामीकी आज्ञा है कि हमारे कार्यके लिये जाओ, उनका यह खास काम है। स्वामीका कार्य करनेमें हर्ष होना ही चाहिये। दूसरे, हर्ष यह सोचकर भी हुआ कि (देवर्षि नारदकी समाधि छुड़ानेसे मेरा और भी अधिक यश और सम्मान होगा, मेरे लिये उनकी समाधि छुड़ाना कौन बड़ी बात है) मैं जाते ही समाधि छुड़ा दूँगा। (उसे सहज ही सफलता प्राप्त करनेका अभिमान है, विश्वास है। अतः हर्षित होकर चला)। तीसरे, वह चलते समय सेना लेकर चला है (यह आगे चलकर वक्ता स्पष्ट कह रहे हैं), अपनी वह सेना देखकर हर्षित हुआ। यथा—*'देखि सहाय मदन हरषाना।'* (१२६। ६), **'सेन बिलोकि राउ हरषाना।'** (१। १५४) (पुनः मुनियोंके भजनमें बाधा डालनेसे इसे हर्ष होता ही है, यह इसका स्वभाव है। अतः *'चलेउ हरषि'* कहा)। (घ) *'हिय'*—हृदयमें प्रसन्नता है। ऊपरसे अपना हर्ष प्रकट नहीं करता, क्योंकि उससे अभिमान जान पड़ता, काममें सफलता न होनेपर लज्जित होना पड़ा] (ङ) *'जलचर केतू'* इति। अर्थात् जिसकी पताकापर *'जलचर'* (मीनका चिह्न) है। पताका रथके ऊपर होता है। अतः *'जलचर केतू'* कहकर सूचित किया कि रथपर चढ़कर चला। यदि रथपर चढ़कर न चला होता तो पताकाके वर्णन करनेका कोई प्रयोजन न था। (पताका रथका एक अङ्ग है, यथा—*'सौरज धीरज तेहि रथ चाका। सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका॥'* (६। ७९), *'रथ सारथिन्ह बिचित्र बनाए। ध्वज पताक मनि भूषन लाए॥'* (१। २९९), *'रथ बिभंजि हति केतु पताका।'* (७। ९१), विशेष भाव *'कोपेउ जबहिं बारिचर केतू।'* (१। ८४। ६) में देखिये।

सुनासीर मन महुँ असि* त्रासा। चहत देवरिषि मम पुर बासा॥७॥
जे कामी लोलुप जग माहीं। कुटिल काक इव सबहि डेराहीं॥८॥

शब्दार्थ—'सुनासीर' (शुनासीर)=इन्द्रका एक नाम। लोलुप=लोभवश चंचल; लोभी।

अर्थ—इन्द्रके मनमें ऐसा (अर्थात् यह) डर हुआ कि देवर्षि नारद हमारे नगर (अमरावतीपुरी) में निवास (अर्थात् अपना दखल अधिकार जमाना) चाहते हैं॥७॥ संसारमें जो लोग कामी और लोभी हैं, वे कुटिल कौएकी तरह सबसे डरते (शङ्कित रहते) हैं॥८॥

टिप्पणी—१ *'सुनासीर मन महुँ असि त्रासा'* इति। (क) कामदेवके चले जानेपर ऐसा कहकर जनाते हैं कि कामको भेजनेपर भी इन्द्रको शान्ति नहीं प्राप्त हुई। देवर्षिका भारी सामर्थ्य देखकर उन्हें विश्वास नहीं होता कि कामदेव नारदजीके मनमें विकार उत्पन्न कर सकेगा। अतएव वह चिन्ताग्रस्त है। इसीसे पुनः सोचने लगा। (अथवा यह कह सकते हैं कि पहले केवल डर कहकर उसे कामदेवके बुलानेका कारण बताया और अब बताते हैं कि इन्द्रको क्या डर था। यह भाव *'असि'* से सूचित होता है)। (कुचालके कारण यहाँ सीधा-सीधा नाम न देकर शुनासीर रूढ़ि नाम दिया। अत्यन्त डर एवं देवर्षिका बड़ा भारी सामर्थ्य दिखानेके लिये पहले 'सुरेश' कहा था। रुद्रसंहितामें भी 'शुनासीर' ही नाम आया है)। (ख) *'मन महुँ'* का भाव कि वह अपना त्रास वचन और कर्मसे किसीपर प्रकट नहीं होने देता। मन-ही-मन संतप्त हो रहा है। वचनसे किसीसे कहता नहीं और उपाय कुछ चलता (या सूझता भी) नहीं; इस तरह मन, वचन और कर्म तीनोंसे त्रास दिखाया।

प० प० प्र०—*'सुनासीर'* नाम सहेतुक है। **'सुष्ठु नासीरं सेनामुखं यस्य सः सुनासीरः'** (अमरव्याख्यासुधा) भाव कि सुरेशके पास देवोंकी (३३ करोड़) अच्छी सेना है तो भी वह एक निष्काम ब्रह्मलोकनिवासी निर्मोह हरिभक्तसे डर गया। भला ब्रह्मलोकवासी स्वर्गकी इच्छा क्यों करेगा! पर सुरेशके मनमें ऐसा विचार आया कि यदि वे मेरी अमरावती आदि लेनेका विचार करेंगे तो मेरे पास देवोंकी बड़ी अच्छी सेना है (इनके बलपर मैं उन्हें सफल-मनोरथ न होने दूँगा)। इसीसे सुरपतिको कुटिल काक-समान कहा और आगे कुत्तेके समान कादर, निर्लज्ज आदि कहते हैं।

टिप्पणी—२ *'चहत देवरिषि……'* इति। [क्या त्रास है वह इस चरणमें बताया। *'देवरिषि'* शब्द देकर सूचित करते हैं कि यह विचार उसके मनमें कैसे उठा कि नारदजी सुरलोक (का आधिपत्य) चाहते हैं। *'चहत देवरिषि'* में भाव यह है कि अभी तो देवर्षि ही हैं] तप करके देवर्षि हुए, अब देवराज होना चाहते हैं, इसीसे इन्होंने समाधि लगायी है, नहीं तो अब इन्हें और क्या चाहिये था। (पुनः, *'मम पुरबासा'* का भाव कि उनका बसना ही मेरे प्रभुत्वके लोपका कारण होगा। वे देवर्षि हैं, अतः उनका वैसा ही सम्मान करना पड़ेगा, उनकी आज्ञाके वशवर्त्ती होना पड़ेगा। दूसरेके आज्ञावशवर्त्ती हुए तब इन्द्र किस बातके रह जायँगे। वि० त्रि०) 'नारदजी इन्द्रलोककी प्राप्तिकी वासनासे भजन नहीं कर रहे हैं तब इन्द्रको ऐसा भय क्यों प्राप्त हुआ, इस सम्भावित शङ्काका समाधान आगे करते हैं कि *'जे कामी……।'*

टिप्पणी—३ *'जे कामी लोलुप……'* इति। (क) यहाँ *'कामी'* को काककी उपमा दी। मानसमुखबंदमें भी कामीको काक कहा है। यथा—*'कामी काक बलाक बिचारे।'* (३८। ५) इन्द्रकी रीति कौएकी-सी है, यथा—*'काक समान पाकरिपु रीती। छली मलीन कतहुँ न प्रतीती॥'*(२। ३०२) इसीसे उसके लिये

---

* 'असि' पाठ १६६१ में है अतः इस संस्करणमें हमने यही पाठ रखा है। रा० प० काशिराजकी प्रतिका भी यही पाठ है। अति—भा० दा०, कोदोराम, मा० पी० प्र० सं०। 'अति त्रासा' का भाव कि इन्द्र तो सभी तपस्वियोंसे भयभीत रहता है, सभीका तप देखकर वह शङ्कित-हृदय हो जाता है और नारद एक तो देवर्षि, दूसरे उनका प्रताप प्रत्यक्ष ही देखा जा रहा है कि 'शाप गति बाधी' अतः 'अति त्रास' हुआ।

काककी उपमा दी। विशेष आगे दोहा १२५ में देखिये। [इन्द्रपद वैषयिक सुखकी पराकाष्ठा है। इसलिये कामी, लोलुप और कुटिल कहा। काककी उपमा देकर छली आदि जनाया। छली, यथा—*'सहित सहाय जाहु मम हेतू।'* मलिन, यथा—*'चहत देवरिषि मम पुर बासा।'* *'कतहुँ न प्रतीती'* यथा *'मुनि गति देखि सुरेस डेराना।'* (वि० त्रि०)]

नोट—१ *'मुनि गति देखि·····'* से यहाँतकसे मिलते हुए श्लोक दूसरी रुद्रसंहितामें ये हैं—*'चकम्पेऽथ शुनासीरो मनस्सन्तापविह्वलः॥ ६॥ मनसातिविचिन्त्यासौ मुनिर्मे राज्यमिच्छति। तद्विघ्नकरणार्थं हि हरिर्यत्नमियेष सः॥ ७॥ सस्मार स स्मरं शक्रश्चेतसा देवनायकः। आजगाम द्रुतं कामस्समधीर्महिषीसुतः॥'* (८) मानसके *'सुनासीर मन असि त्रासा'* *'चहत देवरिषि मम पुर बासा'* की जगह श्लोकमें क्रमशः *'शुनासीरः'*, *'मनस्संतापविह्वलः'* *'मुनिर्मे राज्यमिच्छति'* पद आये हैं। चौ० ८ और दोहा २५ वक्ता (शिवजी) की आलोचना है। मानसके *'कामहि बोलि कीन्ह सनमाना'* की जगह *'सस्मार स स्मरं शक्रश्चेतसा देवनायकः·····'* है।

दो०—सूख हाड़ लै भाग सठ स्वान निरखि मृगराज।
छीनि लेइ जनि जान जड़ तिमि सुरपतिहि न लाज॥ १२५॥

शब्दार्थ—हाड़=हड्डी। स्वान (श्वान)=कुत्ता। मृगराज=पशुओंका राजा; सिंह।

अर्थ—जैसे मूर्ख और दुष्ट कुत्ता सिंहको देखकर सूखी हड्डी लेकर भागे और जैसे वह मूर्ख यह समझता है कि कहीं सिंह उसे छीन न ले, वैसे ही देवराज इन्द्रको (यह सोचते हुए कि देवर्षि मेरा राज्य छीन न लें) लज्जा नहीं लगी॥ १२५॥

टिप्पणी—१ यहाँ इन्द्रपुरीका राज्य एवं भोग सूखा 'हाड़' है, इन्द्र श्वान है, नारद मृगराज हैं। देवर्षि एक तो भगवान्‌के निष्काम भक्त हैं, फिर वे ब्रह्मलोकके निवासी हैं जहाँका सुख और ऐश्वर्य इन्द्रलोकसे अनन्तगुण अधिक है, तब वे भला इन्द्रपुरीके सुखकी इच्छा क्यों करने लगे? यह इन्द्रको न समझ पड़ा। इसीसे उसे 'जड़' कहा—*'छीनि लेइ जनि जान जड़।'* इन्द्र सूखी हड्डीके समान भोगको लेकर भागा, इसीसे उसे निर्लज्ज कहा—*'तिमि सुरपतिहि न लाज।'* और महात्माके प्रति अविश्वास और प्रतिकूल कर्म करनेसे *'सठ'* कहा—*'लै भाग सठ।'* ☞भगवान्‌के भजनके आगे इन्द्रपुरीका सुख सूखी हड्डीके समान है।

टिप्पणी—२ इस प्रसङ्गमें इन्द्रको दो उपमाएँ दी गयीं—*'कुटिल काक इव'* और *'सठ स्वान।'* डरनेमें (एवं कुटिलतामें) काककी और (सूखा हाड़ लेकर) भागनेमें श्वानकी। भक्त लक्ष्मीके विलासको भी निषिद्ध समझते हैं। यथा—*'रमा बिलासु राम अनुरागी। तजत बमन जिमि जन बड़भागी॥'* (२। ३२४) इसीसे इन्द्रके ऐश्वर्यको *'सूख हाड़'* की उपमा दी। श्वान सिंहके गुण और आहारको नहीं जानता और अपने 'सूखे हाड़' को बहुत (बड़ी न्यामत, भगवान्‌की अपूर्व देन) मानता है, इसीसे उसे 'जड़' कहा।

नोट—१ बैजनाथजी लिखते हैं कि 'नारदजी समस्त संसार-सुखको त्यागे हुए केवल एक मनरूपी मतवाले हाथीके मारनेवाले भगवद्दास हैं। उनको इन्द्रका राज्य क्या है? अर्थात् संसार-सुख सूखा 'हाड़' है, मन मतङ्ग है और नारद सिंह हैं।

पं० शुकदेवलालजी लिखते हैं कि जैसे कुत्ता सूखी हड्डीको बहुत बड़ा पदार्थ समझता है; वैसे ही इन्द्र नारदकी (देवर्षि, भगवद्भक्त) पदवीके आगे अपने एक मन्वन्तरके राज्यको बड़ा पदार्थ मानता है।

लाला भगवानदीनजी लिखते हैं कि देवेन्द्र किसीकी उत्कृष्टता नहीं सह सकते, इसी तरह नरेन्द्र भी। यह रजोगुणका स्वभाव है, खासियत है।

नोट—२ इन्द्रको काक और श्वान दोनोंकी उपमाएँ अयोध्याकाण्डमें भी उसके शङ्कित-हृदय, छली, कुटिल, मलिन, अविश्वासी और कपट-कुचालकी सीमा तथा पर-अकाज-प्रिय और स्वार्थी स्वभाव होनेमें दी गयी हैं। यथा—*'कपट कुचालि सीवँ सुरराजू। पर अकाज प्रिय आपन काजू॥ काक समान पाकरिपु रीती। छली मलीन कतहुँ न प्रतीती॥·····लखि हिय हँसि कह कृपानिधानू। सरिस*

स्वान मघवान जुवानू॥' (२। ३०२। १-८) यही सब बातें दिखानेके लिये यहाँ ये दोनों उपमाएँ दी गयीं। छल और कुमार्गकी वह सीमा है। अपना कार्य साधना, पराया काज बिगाड़ना यही उसको प्रिय है। यही दिखलाना था।

इस दोहेसे मिलते-जुलते एवं उसपर प्रकाश डालनेवाले दो दोहे दोहावलीमें ये हैं—(१) *'लखि गयंद लै चलत भजि स्वान सुखानो हाड़। गज गुन मोल अहार बल महिमा जान कि राड़॥'* (३८०) अर्थात् हाथीको देखकर कुत्ता सूखी हड्डी लेकर भाग चलता है कि कहीं वह उसके आहारको छीन न ले। क्या वह मूर्ख हाथीके गुण, मूल्य, आहार, बल और महिमाको जान सकता है? कदापि नहीं। (२) *'कै निदरहु कै आदरहु सिंहहिं श्वान सियार। हरष बिषाद न केसरिहि कुंजर-गंजनिहार॥'* (३८१) अर्थात् सिंह तो हाथीका मस्तक विदीर्ण करके खानेवाला है, वह दूसरेका मारा हुआ (शिकार) तो छूता ही नहीं; तब भला वह सूखी हड्डीकी तरफ दृष्टि ही क्यों डालेगा?—ये सब भाव एवं और भी भाव दोहावलीके दोहोंसे मिलान करनेसे भलीभाँति स्पष्ट हो जाते हैं। जैसे कि कुत्तेके आदर वा निरादरसे सिंहको हर्ष वा विषाद नहीं होता, उसी तरह इन्द्र एवं कामदेवके आदर अथवा निरादरसे नारदजीके मनमें हर्ष या विषादसूचक कोई भी विकार न उठा। यथा—*'भयउ न नारद मन कछु रोषा। कहि प्रिय बचन काम परितोषा॥'* यहाँ उदाहरण अलङ्कार है।

महर्षि पाणिनिजीने श्वन्, मघवन् (इन्द्र) और युवन् इन तीनोंका (तद्धितप्रकरणसे भिन्न प्रकरणोंमें) एक-सरीखा रूप प्रदर्शित करनेके लिये अपने प्रसिद्ध व्याकरण ग्रन्थ अष्टाध्यायीमें एक ही सूत्रमें तीनोंको लिखा है। यथा—**'श्वयुवमघोनामतद्धिते।'** (६। ४। १३३) यह सूत्र इस प्रकरणमें देनेका भाव ही यह है कि इन्द्र और युवापुरुष दोनों प्रत्येक दशामें कुत्तेके समान ही हैं। [कामपरवशता एवं लोलुपतामें इनकी उपमा कुत्तेसे देना उचित ही है परंतु अन्य अवस्थामें नहीं । इसीलिये महर्षि पाणिनिजीने **'अतद्धिते'** शब्द दिया है। पाणिनिके **'अतद्धिते'** कहनेका भाव तद्धितप्रकरणके अतिरिक्त यह है कि जो जवान मनुष्य तत् हिते अर्थात् तत् (ब्रह्म) की प्राप्तिके साधनमें लगा है उसकी गणना श्वान और इन्द्रकी समान कोटिमें नहीं करनी चाहिये। (वे० भू०)] लट्टायनसंहितामें भी तीनोंको समान कहा है; यथा—**'समाः श्वयुववासवाः।'** भर्तृहरिजीके **'कृमिकुलचितं लालाक्लिन्नं विगन्धि जुगुप्सितं निरुपमरसं प्रीत्या खादन्नरास्थि निरामिषम्। सुरपतिमपि श्वा पार्श्वस्थं विलोक्य न शङ्कते नहि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम्॥'** (नीतिशतक ९) अर्थात् कीड़ोंसे व्याप्त, लारसे भीगे, दुर्गन्ध, निन्दित, नीरस और मांसरहित मनुष्यकी हड्डीको निर्लज्ज कुत्ता प्रेमसे चबाता है तब अपने पास इन्द्रको भी खड़े देखकर शङ्का नहीं करता, वैसे ही नीच पुरुष जिस पदार्थको ग्रहण करता है उसकी निस्सारतापर ध्यान नहीं देता।—इस श्लोकके अनुसार दोहेका भाव यह निकलता है कि निर्लज्ज इन्द्र सूखी हड्डीके समान अपने राज्यको निस्सार नहीं समझता।

तेहि आश्रमहि मदन जब गएऊ। निज माया बसंत निरमएऊ॥ १॥
कुसुमित बिबिध बिटप बहु रंगा। कूजहिं कोकिल गुंजहि भृंगा॥ २॥

शब्दार्थ—मदन=कामदेव। माया=संकल्प, शक्ति। निरमएऊ=निर्माण किया; रचा; उत्पन्न किया। कुसुमित= पुष्पित; फूले हुए। कूजना (सं० कूजन)=बोलना; मधुर शब्द करना; कुहू-कुहू करना। यथा—*'कूजत पिक मानहु गज माते।'* (३। ३८। ५) *'कुहू कुहू कोकिल धुनि करहीं। सुनि रव सरस ध्यान मुनि टरहीं॥'* (३। ४०) *'कूजहिं खग मृग नाना बृंदा।'* (७। २३) *'बिमल सलिल सरसिज बहुरंगा। जल खग कूजत गुंजत भृंगा॥'* *'गुंजना, गुंजरना'* (सं० गुंज)=भौंरोंका भनभनाना; मधुर ध्वनि निकालना; गुनगुनाना, यथा—*'मधुर मुखर गुंजत बहु भृंगा।'* (३। ४०। १)

अर्थ—जब कामदेव उस आश्रममें गया तब उसने अपनी मायासे वसन्त-ऋतुका निर्माण किया॥ १॥ नाना प्रकारके वृक्ष रङ्ग-बिरङ्गके फूलोंसे खिल उठे (लद गये)। कोयलें कुहू-कुहू कर रही हैं और भौंरें गुंजार कर रहे हैं॥ २॥

नोट—१ कामदेवका प्रसङ्ग *'चलेउ हरषि हिय जलचरकेतू'* (१२५। ६) पर छोड़ा था। बीचमें इन्द्रकी काक-श्वान-इव रीति वा स्वभावका वर्णन करने लगे थे। अब पुनः कामका वृत्तान्त कहते हैं।

नोट—२ यहाँ विघ्न करनेको जाते समय *'मदन'* नाम दिया और अन्तमें लौटते समय भी अर्थात् प्रसङ्गके उपक्रम और उपसंहार दोनोंमें यही नाम दिया गया है। यहाँ *'मदन जब गयऊ'* और अन्तमें *'गएउ मदन तब सहित सहाई।'* (१२७। २) इस शब्दके प्रयोगमें गूढ़ भाव, आशय और चमत्कार है; वह यह कि यह जाता तो बड़े मदके साथ है—*'चलेउ हरषि·····'* पर वहाँ इसकी दाल न गलेगी, इसका 'मद' 'न' रह जायगा। इसी प्रकार श्रीशिवजीकी समाधि छुड़ानेके प्रसङ्गमें कहा गया है। यथा—*'रुद्रहि देखि मदन भय माना।·····मदन अनल सखा सही॥ ८६॥ देखि रसाल बिटप बर साखा। तेहि पर चढ़ेउ मदनु मन माखा॥ ·····सौरभ पल्लव मदन बिलोका।'*

टिप्पणी—१ *'······जब गएऊ।·····'* इति। (क) जब आश्रममें गया तब वसन्तका निर्माण किया, इस कथनसे जनाया कि जब नारदजी उस आश्रममें गये थे तब वसन्त-ऋतु न थी; क्योंकि यदि होती तो उसका वर्णन पूर्व ही किया गया होता। जब वे गये थे तब इतना ही कहा था कि *'निरखि सैल सरि बिपिन बिभागा'* और जब कामदेव वहाँ पहुँचा तब भी वसन्त न था, इसने जाकर अपनी मायासे वसन्त-ऋतुका निर्माण किया। आगे वसन्तका रूप दिखाते है। [(ख) इन्द्रने कहा था कि *'सहित सहाय जाहु मम हेतू।'* वह सहाय कौन है, यह यहाँ बताया। पाँच अर्धालियोंमें इसका वर्णन करके तब छठीं अर्धालीमें कहा है कि *'देखि सहाय मदन हरषाना'* अर्थात् यही इसके सहायक हैं।] (ग) *'कुसुमित बिबिध बिटप बहु रंगा'*—विविध प्रकारके वृक्ष फूले हुए हैं, इसीसे बहुत रङ्गके हैं। (घ) *'कूजहिं कोकिल'*—यह कोयलोंका कूजना कुहू-कुहू करना मुनिका ध्यान छुड़ानेके लिये है। कोकिलोंकी कूजसे ध्यानमें विक्षेप होता ही है; यथा—*'कुहू-कुहू कोकिल·····'* (उपर्युक्त)। ये सब उद्दीपन हैं।

चली सुहावनि त्रिबिध बयारी। काम कृसानु बढ़ावनिहारी*॥ ३॥
रंभादिक सुरनारि नबीना। सकल असमसर कला प्रबीना॥ ४॥

शब्दार्थ—बयारी=पवन, वायु, हवा। रम्भा—एक अप्सरा जो क्षीरसमुद्रसे मथकर प्रकट किये हुए चौदह रत्नोंमेंसे एक रत्न है। सुरनारि=देववधूटियाँ, अप्सराएँ। नबीना=नवयौवना, नयी उभरती हुई जवानीवाली। असम=विषम=पाँच, तीर। असमसर=पञ्चबाण। विषमबाण=कामदेव। 'कला'—नृत्य, गान, हाव-भाव-कटाक्ष आदि शृङ्गारके जितने अङ्ग हैं वे ही 'कला' हैं। यथा—'भावः कटाक्षहेतुश्च शृङ्गारे बीजमादिमम्। प्रेममानः प्रणेयश्च स्नेहो रागश्च संस्मृतः॥ अनुरागः स एव स्यादंकुरः पल्लवस्तथा। कलिका कुसुमानीति फलं भोगः स एव च।·····' (सत्योपाख्यान। वै०) विशेष *'सकल कला करि कोटि बिधि हारेउ सेन समेत।'* (१। ८६) में देखिये। प्रबीना (प्रवीण)=कुशल, निपुण, पूरा होशियार।

अर्थ—कामाग्निको उकसाने, उभाड़ने, उत्तेजित करनेवाली सुहावनी, (शीतल, मन्द, सुगन्धित) तीनों प्रकारकी वायु चलने लगी॥ ३॥ रम्भा आदि नवयौवना (उठती जवानीवाली) अप्सराएँ जो समस्त कामकलाओंमें निपुण हैं॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'चली सुहावनि त्रिबिध बयारी'* इति। पवन शीतल, मन्द और सुगन्धयुक्त तीन प्रकारका है। यहाँ हवामें तीनों गुण हैं। गङ्गाजलके स्पर्शसे वह शीतल है, वनके वृक्षोंकी आड़से होकर आनेसे मन्द है और फूलोंके स्पर्शसे सुगन्धित है। अथवा, स्वाभाविक ही शीतल, मन्द और सुगन्धित है। यह सब कामदेवकी मायासे निर्मित हुए हैं, अतः बिना कारण स्वाभाविक ही त्रिविधगुणयुक्त हो सकती

---

* जगावनिहारी—१७२१, १७६२। बढ़ावनिहारी-१६६१, छ०, को० राम, १७०४। शरीरमें काम यदि अल्प भी हो तो त्रिविध बयारि उसे बहुत कर देती है। 'जगावनिहारी' में भाव यह है कि जिनके मन कामकी ओरसे मर गये हैं उनको फिर जिला देती है। मुनियोंके मनमें काम पड़ा सो रहा था उसको जगा देती है।

है। (ख) *'काम कृसानु बढ़ावनिहारी'* इति। अर्थात् कामको प्रज्वलित कर देनेवाली है। कामदेवकी इच्छा है कि नारदमुनि कामासक्त हो जायँ, इसीसे कामदेवने कामाग्निको प्रज्वलित करनेवाली त्रिविध *'बयारि'* चलायी। (*'बयारि'* कामकी दूतिनी भी कही गयी है यथा—*'त्रिबिध बयारि बसीठी आई।'* (३। ३८) (ग) यहाँतक नारदजीके मनमें क्षोभ उत्पन्न करनेके लिये उनको वनकी शोभा दिखायी। यथा—*'लछिमनु देखु बिपिन कै सोभा। देखत केहि कर मन नहिं छोभा॥'* (३। ३७। ३) *'जागइ मनोभव मुएहुँ मन बन सुभगता न परै कही।'* (१। ८६)

नोट—१ वनमें सब वृक्षोंमें सुगन्धित पुष्प खिले हुए हैं। फूलोंकी सुगन्धसे रक्तमें गर्मी पैदा होती है जिससे कामकी जागृति होती है, काम उत्पन्न हो जाता है। कोकिलकी कूज और भ्रमरोंकी गूँज इत्यादि शृङ्गाररसके उद्दीपन विभाव हैं जिनसे काम जाग उठता है। *'त्रिबिध बयारि'* को *'काम कृसानु बढ़ावनिहारी'* विशेषण देकर जनाया कि यह कामकी सच्ची सहायिका है। शीतल-मन्द-सुगन्धित पवन कामाग्निको विशेष प्रज्वलित करता है, इसीसे उसको कामका एक खास एवं सच्चा सखा अन्यत्र कहा गया। यथा—*'सीतल सुगन्ध सुमन्द मारुत मदन अनल सखा सही।'* (१। ८६) ☞कामकी मायाका विस्तार क्रमसे हुआ है। प्रथम वनको शोभायुक्त बनाया गया। रंग-रंगके नाना प्रकारके पुष्पोंसे लदे हुए अनेक प्रकारके वृक्ष, कोयलोंकी कूज और भ्रमरोंकी गूँज यह सब वनकी सुभगता है जिससे काम जाग्रत् हो। तत्पश्चात् *'त्रिबिध बयारि'* का निर्माण कहा गया जो जागे हुए कामको प्रज्वलित कर दे। कामाग्निके प्रज्वलित होनेपर फिर उसे कामासक्त कर देती है। इसीसे आगे अप्सराओंका वर्णन है।

नोट—२ यहाँ पवन, समीर, मारुत आदि शब्द न देकर *'बयारि'* स्त्रीलिंग वाचक शब्दका देना भी साभिप्राय है। पवनादि पुँल्लिंग है। पुरुषको देखकर पुरुष नहीं मोहित होता, स्त्रीको देखकर मोहित हो जाता है। अतएव स्त्रीलिंग शब्द देकर जनाया कि इसका (बयारिका) देहमें लगना ऐसा ही है जैसे कोई स्त्री आलिंगन कर रही हो। स्त्रीका स्पर्श कामाग्निको बढ़ाता ही है। पवनसे अग्नि प्रज्वलित होता है अतः काममें अग्निका आरोप करनेसे 'सम अभेद रूपक अलङ्कार' है।

नोट—३ भगवान् शंकरकी समाधि छुड़ानेको जब कामदेव गया था तब प्रथमसे, ही उसके मनमें शङ्का थी। यथा—*'संभु बिरोध न कुसल मोहिं'''''' । ८३। तदपि करब मैं काज तुम्हारा।''''''चलत मार अस हृदय बिचारा। सिव बिरोध ध्रुव मरनु हमारा॥'* इसीसे उसने वहाँ जानपर खेलकर अपना सारा प्रभाव दिखाया जिससे *'जागइ मनोभव मुएहुँ मन'*। और यहाँ तो उसको विश्वास था कि 'मुनिकी समाधि मैं सहज ही छुड़ा दूँगा' इसलिये यहाँ पूर्ण प्रभाव नहीं दिखाया। दूसरे भगवान् शंकर ईश-कोटिमें हैं और नारदजी 'देवर्षि' ही हैं। इसलिये यहाँ *'बढ़ावनिहारी'* ही कहा गया। अथवा, *'बयारी'*हीके साथ *'बढ़ावनिहारी'* कहकर जनाया कि इसके पूर्व जिन सहायकोंका वर्णन किया गया है, वे कामको जगानेवाले थे और यह उसे प्रज्वलित करनेवाली है।

टिप्पणी—२ *'रंभादिक सुरनारि''''''* इति। (क) यहाँ *'निज माया बसंत निरमएऊ'* से लेकर *'काम कृसानु''''''* तक कामका बल कहा, अब उसका परम बल कहते हैं, यथा—*'एहि कें एक परम बल नारी। तेहि तें उबर सुभट सोइ भारी॥'* (३। ३८) (ख) [रम्भाको आदि (आरम्भ) में दिया क्योंकि यह चौदह रत्नोंमेंसे एक है। और 'आदि' शब्दसे उर्वशी, मेनका प्रभृति अप्सराओंका भी वहाँ होना जनाया] *'सुरनारि'* से दिव्य और *'नबीना'* से सुन्दर एवं षोडशवर्षकी युवा अवस्थावाली सूचित किया। नवयौवना होनेमें सब कामकला लगती है; इसीसे *'नबीना'* कहा। (पुनः भाव कि बच्चा पैदा होनेसे शरीरकी कान्ति जाती रहती है, यथा—*'जननी जोबन बिटप कुठारू'* पर ये सदा नवयौवना ही बनी रहती हैं। अप्सराओंके सुन्दर नृत्य, गान और हावभावसे तो कामको बड़ी सहायता मिलती है ही, यह तो नित्य ही देखनेमें आता है, उसपर फिर देवाङ्गनाओंके रूप और गानका कहना ही क्या? इसीसे आगे इन्हें 'सहाय' और 'बल' कहते हैं।) (ग) *'असमसर कला प्रबीना'* कहकर जनाया कि इन्होंने नारदजीके समीप जाकर अपना सब कामकला-कौशल कर दिखाया, सब कलाएँ एक-एक करके उनके सामने कीं।

'असमसर-कला' इति।

प्रसिद्ध मीमांसक मण्डन मिश्रकी पत्नी परम विदुषी श्रीशारदाने कामशास्त्रसम्बन्धी प्रश्नोंसे ही श्रीशंकराचार्यजीको निरुत्तर कर दिया, तब श्रीशंकराचार्यजीने समय लेकर अमरुक राजाके मृत शरीरमें प्रविष्ट हो उनकी रानियोंसे काम-कलाओंका ज्ञान प्राप्त करके उत्तर दिया था। विदुषी भारतीके वे प्रश्न ये हैं—**'कलाः कियत्यो वद पुष्पधन्वनः किमात्मिकाः किञ्च पदं समाश्रिताः। पूर्वे च पक्षे कथमन्यथास्थितिः कथं युवत्यां कथमेव पूरुषे॥'** अतः ज्ञात हुआ कि स्त्री और पुरुषके लिये भिन्न-भिन्न रूपेण काम अपनी कलाओंका प्रयोग करता है। सम्भवतः कामने शिवजीके ऊपर पुरुषसम्बन्धी कलाओंका ही प्रयोग किया होगा और उनमें भी जिनका सम्बन्ध श्रवणेन्द्रियसे ही रहा होगा। और *'रंभादिक सुर नारि नबीना। सकल असमसर-कला प्रबीना॥'* अनेक सुर-नारियोंके साथ सम्पूर्ण कलाओंको प्रयोगरूपसे नारदको दिखलाया था। यहाँपर उनकी व्याख्या न करके केवल कुछ कलाओंका नाममात्र दे दिया जाता है।

बाभ्रव्य ऋषिका मत है कि **'आलिंगनचुम्बननखच्छेददशनच्छेदसंवेशनसीत्कृतपुरुषायितौपरिष्टानाम्, अष्टानामष्टधाविकल्पभेदादष्टावष्टकाःश्चतुःषष्ठिरिति बाभ्रवीयाः॥'** (कामसूत्र० २। ४। ४) आलिंगनादि आठों कलाओंमें प्रत्येकके आठ-आठ भेद होनेसे कुल चौंसठ कलाएँ हुईं। परन्तु वात्स्यायन ऋषिका कहना है कि चौंसठ उपभेदमें देशभेदसे विभिन्नता भी है। जैसे **'पांचालिकी च चतुःषष्ठिरपरा' 'मागधीरपरा च।'** (वात्स्यायनसूत्र १। ३। १७) तथा उपर्युक्त आलिंगनादिके अतिरिक्त चार मुख्य भेद और हैं तथा सबके बराबर उपभेद नहीं होते, जैसे सप्तपर्ण वृक्षके प्रत्येक पल्लवोंमें सात-सात ही पत्ते नहीं होते न्यूनाधिक भी होते हैं और पञ्चवर्णी बलिके सभी कोष्ठक पाँच रंगवाले ही नहीं होते। न्यूनाधिक भी रंगोंका सम्मिश्रण होता है। यथा—**'विकल्पवर्गाणामष्टानां न्यूनाधिकत्वदर्शनात्—प्रहरणानविरुतपुरुषो-पसृतचित्ररतादीनामन्येषामपि वर्गाणामिह प्रवेशनात् प्रायोवादोऽयम्। यथा सप्तपर्णो वृक्षः पञ्चवर्णो बलिरिति वात्स्यायनः॥'** (वा० सू० २। ४। ५)

मुख्यतः कामकलाएँ आलिंगनादि आठ ही हैं, यही बाभ्रव्य और वात्स्यायनादिके मतका निष्कर्ष है। वैसे तो *'सकल कला करि कोटि बिधि'''''।'* के अनुसार एक-एकके कोटियों (अनेकों) उपभेद हैं पर महर्षि वात्स्यायनके मतानुसार कुछ मोटे-मोटे उपभेद ये हैं—

१—आलिंगनके आठ भेद—स्पष्टकम् १, विद्धकम् २, उद्घृष्टकम् ३, पीड़ितकम् ४, इति—(वा० सू० २। ४। ६), लतावेष्टितकम् ५, वृक्षाधिरूढकम् ६, तिलतण्डुलकम् ७, क्षीरनीरकम् ८—इति च॥' (वा० सू० २। ४। १४)

२—चुम्बनके सोलह भेद—१ निमित्तक, २ स्फुरितक, ३ घट्टिक, ४ सम, ५तिर्यक्, ६ उद्भ्रान्त, ७ द्यूत, ८ अवपीड़ितक, ९ अञ्चित, १० मृदु, ११ उत्तर, १२ प्रतिरोध, १३ चलित, १४ रागसंदीपक, १५ प्रतिबोधित और १६ समौष्ट। (वा० सू० ३। ४। १—३२)

३—आठ प्रकारके नखच्छेद—आच्छुरितक, अर्धचन्द्र, मण्डल, रेखा, व्याघ्रनख, मयूरपदक, शशप्लुतक और उत्पलपत्रक (३। ६। १—३२)

४—आठ प्रकारके दशनच्छेद—गूढ़क, उच्छूनक, बिन्दु, बिन्दुमाला, प्रवासमणि, मणिमाला, खण्डाभ्रक और वाराहचर्वित (३। ५। १—१९)

५—संवेशनके ग्यारह भेद—उत्फुल्लक, जिम्भृत, उज्जिम्भृत, इन्द्राणिक, सपुटक, पीड़ितक, उत्पीड़ितक, प्रपीड़ितक, वेष्टितक, वाड़विक और भृगनक। (३। ६। १—१९)

६—सीत्कृतके मन्द, चण्ड, उरुवेग और कलकूजित—ये चार भेद हैं। (३। ६। २०—२७)

७—पुरुषायितके श्रमित और प्रतियोगित भेद हैं। (३। ८। १, २)

८—औपरिष्टकके निन्द, कष्टायित और विनिन्द—ये तीन भेद हैं। (३। ९। १—६)

९—प्रहरणनके सात भेद हैं—तिर्यक्, पेष्टिक्, चण्डित, स्वल्पित, अपहस्तक, प्रसृतक और मौष्ठक (३। ७। १—४)

१०—विरुतके आठ भेद हैं—हिंकार, स्तनित, कूजित, रुदित, सीत्कृत, दूत्कृत, फूत्कृत और प्रविरुत। (३। ७। ५—१७)

११—पुरुषोपसृत (पुरुषोपसृत?) के मन्द, चाटु और अधिकृत तीन भेद हैं।

१२—चित्ररतके चालीस भेद हैं—वेणुदारित १, शूलाचितक २, कार्कटक ३,परावृतक ४, चित्रक ५, अवालम्बितक ६, धेनुक ७, पद्मक ८, शौन ९, ऐणेय १०, छागल ११, खराक्रान्त १२, मार्जारक १३, ललितक १४, व्याघ्रास्कन्दन १५, गजोपमर्दित १६, वाराहघृष्टक १७, तुरगाधिरूढ़क १८, संघाटक १९, गोयूथिक २०, प्रेंखा २१, सरित २२, उद्भुंग्रक २३, उरुस्फुटनक २४, फणिपाशक २५, स्थितक २६, हिण्डोलक २७, कौर्म २८, ऊर्ध्वगतोरुयुग २९, पारिवर्तित ३०, समुद्र ३१, परिवर्तनक ३२, पत्रयुग्मक ३३, वैपरीतक ३४, हुलक ३५, चटकविलसित ३६, भ्रमरक ३७, प्रेंखोलित ३८, अवमर्दनक ३९ और उपसृप ४०।

अश्लीलता एवं अनुभवहीनताके कारण उपर्युक्त कला-भेदोंका स्पष्टीकरण नहीं किया गया है। वात्स्यायन महर्षिका तो कहना है कि—'**न शास्त्रमस्तीत्यनेन प्रयोगो हि समीक्ष्यते। शास्त्रार्थान् व्यापिनि विद्यात् प्रयोगांस्त्वेकदेशिकान्॥**' (७। ६। १५) समस्त विषय लिखना शास्त्रका महत्त्व है, परंतु उसका करनेवाला प्रत्येक नहीं होना चाहिये। वे० भू० जीसे खोज कराकर लिख दिया है।

करहिं गान बहु तान तरंगा। बहु बिधि क्रीड़हिं पानि पतंगा॥५॥

शब्दार्थ—**तान तरंग**=अलापचारी; लयकी लहर। **तान**=गानेका एक अंग। **अनुलोम**-बिलोम गतिसे गमन। अनेक विभाग करके सुरका खींचना; आलाप। संगीत दामोदरके मतसे स्वरोंसे उत्पन्न तान उनचास (४९) हैं। इन ४९ से आठ हजार तीन सौ कूट तान निकलते हैं।' (श० सा०)। **तरंग**=स्वरोंका चढ़ाव-उतार—'***बहु भाँति तान तरंग सुनि गंधर्ब किन्नर लाजहीं।***', '***करहिं''''''तान तरंगा***' अर्थात् राग आलापको रुक-रुककर बढ़ाती हैं जिससे उसमें लहर उठे जिसे उपज कहते हैं। **क्रीड़ा**=केलि, आमोद-प्रमोद, कल्लोल, खेल-कूद। **पतंग**=गेंद, कंदुक। यथा—'**योऽसौ त्वया करसरोजहतः पतङ्गो दिक्षु भ्रमन्भ्रमत एजयतेऽक्षिणी मे।**' (भा० ५। २। १४) अर्थात् तुम जो अपने करकमलोंसे थपकी मारकर इस कंदुकको उछाल रही हो सो यह दिशा-विदिशाओंमें जाता हुआ मेरे नेत्रोंको चञ्चल कर रहा है। विशेष भावार्थ नोटमें देखिये।

अर्थ—(वे नवयौवना अप्सराएँ बहुत आलापकारीके साथ) गान कर रही हैं, बहुत तानके तरंग (उपज मूर्छना आदि) लेती हैं। हाथोंमें गेंद लिये हुए बहुत प्रकारसे उससे क्रीड़ा कर रही हैं (उसे थपकी देती और उछालती हैं)॥५॥

* बहु बिधि क्रीड़हिं पानि पतंगा *

'**पतंग**'—इस शब्दके अनेक अर्थ हैं। किसीने इसका अर्थ 'गुड्डी', 'कनकौआ', किसीने 'चिनगारी', किसीने 'अरुण' और किसीने 'गेंद' किया है और उसी अर्थके योगसे '***बहु बिधि क्रीड़हिं पानि पतंगा।***' के भाव यों कहे हैं—(१) हाव-भावसहित मदनानन्द-वर्द्धक क्रीड़ाएँ करती हैं। भाव बतानेमें हाथ ऐसे चञ्चल चलते हैं जैसे पवनके वश पतंग आकाशमें उड़ता है। हाथोंको पतंगकी तरह अनेक प्रकारसे (हाव-भाव दर्शानेके निमित्त) चलाती थीं—(रा० प्र०)। विनायकीटीकाकार लिखते हैं कि 'तानोंकी उपजके साथ मनमें जो तरंगें उठती थीं उसीके अनुसार हाव-भावको हाथोंके द्वारा दर्शाती थीं; [जैसा सत्योपाख्यानमें कहा है—'**यतो हस्तस्ततो दृष्टिर्यतो दृष्टिस्ततो मनः। यतो मनस्ततो भावो यतो भावस्ततो रसः॥ अंगेनालम्ब्य यद् गीतं हस्तेनार्थं प्रदर्शयेत्। चक्षुर्भ्यां भावमित्याहुः पादाभ्यां तालनिर्णयः॥**' (१-२) अर्थात् (नाचने-गानेके समय जो शरीरकी व्यवस्था हो जाती है सो यों है) जिस ओर हाथ रहे उसी ओर दृष्टि रहती है और जहाँपर दृष्टि रहे वहींपर मन लगा रहे। जहाँ मन हो वहीं भाव दर्शाया जावे और जहाँ भाव दर्शाया गया हो वहीं रस

उत्पन्न होता है॥ जिस गीतको मुखसे आलापे उसका अर्थ हाथोंके इशारेसे जतावे, नेत्रोंसे भाव प्रकट करे और पावोंसे ताल सूचित करता जावे॥' (१-२) (बैजनाथजी)] वे *'पतंग'* का अर्थ 'गुड्डी' करते हैं।

२—आलापचारीके साथ भाव दर्शानेमें इतनी फुर्तीसे हाथ चलते हैं, जैसे अग्निसे चिनगारी शीघ्र निकलती है। (रा० प्र०) वा, जैसे हाथमें चिनगारी होनेसे हाथ शीघ्र चलते हैं, बदलते रहते हैं वैसे ये पैंतरे बदलती हैं।

३—गुलाबी, जैसे अरुणोदयका रंग वैसे, हाथोंसे क्रीड़ा करती हैं—(रा० प० प०, बाबू श्यामसुन्दरदास)।

४—हाथोंसे थपकी देकर गेंद उछालती हैं—(पंजाबीजी, श्रीगुरुसहायलाल, प्रोफे० दीनजी, शुकदेवलालजी)।

५—पतंगका अर्थ सूर्य करके यह अर्थ करते हैं कि 'सूर्यकी ओर हाथ उठाकर क्रीड़ा करती हैं। ऐसा करके अपने अङ्गोंको दिखाती हैं जिससे मनमें विक्षेप हो।'

☞श्रीमद्भागवतमें राजा अग्नीध्रजीके पास पूर्वचित्ति अप्सराका जाकर क्रीड़ा करना जहाँ (स्कन्ध ५ अ० २ में) वर्णित है वहाँ अप्सराकी एक क्रीड़ा यह भी वर्णन की गयी है। राजाने अप्सरासे कहा कि 'तुम अपने करकंजसे गेंदको थपकी दे-देकर उछालती हो, जहाँ-जहाँ वह जाता है वहीं-वहीं मेरी दृष्टि जाती है, जिससे मेरे नेत्र चञ्चल हो रहे हैं।' यह भी कामकी एक कला है। पुनः, (स्कन्ध ३ अ० २० श्लोक ३६) में भी यह शब्द ऐसे ही प्रसंगपर गेंदके अर्थमें आया है, यथा—'**नैकत्र ते जयति शालिनि पादपद्मं घ्नन्त्या मुहुः करतलेन पतत्पतङ्गम्। मध्यं विषीदति बृहत्स्तनभारभीतं शान्तेव दृष्टिरमला सुशिखासमूहः॥**' अर्थात् हे प्रशंसा करनेयोग्य रूपवाली! तुम्हारे चरण-कमल एक जगह नहीं रहते, क्योंकि तुम गेंद उछालती हो और जब वह पृथ्वीपर गिरता है तब फिर दौड़कर थपकी मारती हो·····।

नवयौवना सुन्दर स्त्रियोंका गेंद-क्रीड़ा करना बहुत ठौर पाया जाता है, यथा—(भागवत स्कन्ध ३ अ० २२ श्लो० १७) '**यां हर्म्यपृष्ठे क्वणदङ्घ्रिशोभां विक्रीडतीं कन्दुकविह्वलाक्षीम्। विश्वावसुर्न्यपतत्स्वाद्विमानाद्विलोक्य संमोहविमूढचेताः॥**' अर्थात् हे महाराज! आपकी यह सुन्दरी कन्या एक बार महलके ऊपर कंदुक-क्रीड़ा कर रही थी, विश्वावसु इसकी अपूर्व शोभा देख मोहित हुआ···।

अस्तु, यहाँ यही अर्थ और यही भावार्थ जो उपर्युक्त श्लोकोंमें पाया जाता है, पूर्ण संगत और ठीक प्रतीत होता है।

श्रीमद्भागवतके उद्धरणोंसे स्पष्ट है कि *'पाणि पतङ्ग क्रीड़ा'* से भी देवता एवं ऋषियोंके मन मोहित हो गये। और यहाँ श्रेष्ठ-से-श्रेष्ठ अप्सराएँ-देवाङ्गनाएँ, तान-तरङ्गके साथ गान भी कर रही हैं और गेंदकी क्रीड़ा भी कर रही हैं। यह सब मुनिकी समाधि छुड़ानेके लिये ही किया गया। यथा—*'सुर सुंदरी करहिं कल गाना। सुनत श्रवन छूटहिं मुनि ध्याना॥'* (१। ६१) *'बहु भाँति तान तरंग सुनि गन्धर्ब किन्नर लाजहीं'* (गी०। ७। १९)

देखि सहाय मदन हरषाना। कीन्हेसि पुनि प्रपंच बिधि नाना॥ ६॥
काम कला कछु मुनिहि न ब्यापी। निज भय डरेउ मनोभव पापी॥ ७॥
सीम कि चाँपि सकै कोउ तासू। बड़ रखवार रमापति जासू॥ ८॥

शब्दार्थ—**प्रपञ्च**=माया, रचना। जैसे कि भीनी-भीनी बूँदोंकी जलवर्षा, पुष्पबाणोंकी वर्षा इत्यादि कामवर्द्धक क्रियाएँ, छल, आडम्बर। **कामकला**=मोहन, आकर्षण, उच्चाटन और वशीकरण आदिके उपाय। ऊपर चौ० ४ में देखिये। **ब्यापना**=असर करना, लगना, प्रभाव डालना, आकर्षित करना। **मनोभव**=कामदेव। **सीम** (सीमा)=हद, सरहद, मर्यादा। यथा—*'हैं काके द्वै सीस ईस के जो हठि जन की सीम चरै'* (वि० १३७) **चाँपना**=दबा लेना, यथा—*'तिनकी न काम सकै चापि छाँह। तुलसी जे बसहिं रघुबीर बाँह॥'* (गी० २। ४९। ६) **बड़**=सबल, सबसे बड़ा, समर्थ, श्रेष्ठ।

अर्थ—कामदेव सहायकको देखकर हर्षित हुआ फिर उसने अनेक प्रकारके प्रपञ्च रचे॥ ६॥ कामके कोई भी करतब मुनिको किंचित् भी न व्यापे। पापी कामदेव अपने ही डरसे डर गया॥ ७॥ श्रीलक्ष्मीपति भगवान् जिसके बड़े रक्षक हैं, उसकी सीमाको कौन दबा सकता है? (कोई भी तो नहीं)॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'देखि सहाय……'* इति। (क) इन्द्रकी आज्ञा थी कि *'सहित सहाय जाहु मम हेतू'*; अब यहाँ आकर बताते हैं कि वे *'सहाय'* कौन हैं। पाँच अर्धालियोंमें जिनका वर्णन किया गया यही वे सहायक हैं जिन्हें वह साथ लाया (इनको सहायक इस विचारसे कहा कि वे सब कामोद्दीपन करते हैं)। ऊपर चौ० १-४ देखिये। कामकी सेनाका वर्णन अरण्यकाण्डमें *'सहित बिपिन मधुकर खग मदन कीन्ह बगमेल।* ३७।' से लेकर *'एहि कें एक परम बल नारी। तेहि तें उबर सुभट सोइ भारी॥'* (३८। १२) तक है। (ख) *'हरषाना'* हर्षित हुआ कि अब कार्य सफल हुआ, देर नहीं, सब ठाट-बाट ठीक बन गया, अब नारद बच नहीं सकते, शीघ्र ही हमारे जालमें फँसते हैं, कामासक्त होने ही चाहते हैं। अथवा सहायकोंकी सुन्दरता देखकर प्रसन्न हुआ। (ग) यहाँतक सहायकोंकी कलाका वर्णन हुआ। आगे अब उसने स्वयं अपना अनेक प्रकारका प्रपञ्च रचा। जैसे कि सुमनशर अर्थात् कामबाणका चलाना, इत्यादि। यथा—*'सकल कला करि कोटि बिधि हारेउ सेन समेत। चली न अचल समाधि सिव कोपेउ हृदय निकेत॥'* (१। ८६) *'देखि रसाल बिटप बर साखा। तेहि पर चढ़ेउ मदनु मन माखा॥ सुमन चाप निज सर संधाने। अति रिस ताकि श्रवन लगि ताने॥ छाँड़े बिषम बिसिख उर लागे। छूटि समाधि संभु तब जागे॥'* नाना विधिके प्रपञ्च शृङ्गाररसके ग्रन्थोंमें लिखे हैं। (घ) *'कीन्हेसि पुनि'* का भाव कि एक बार प्रपञ्च कर चुका है, यथा—*'तेहि आश्रमहि मदन जब गएऊ। निज माया बसंत निरमएऊ॥'* अब पुनः करने लगा। (अथवा, प्रथम सहायक सेनाको देखकर हर्ष हुआ पर यह देखकर कि सहायकोंकी एक भी कलाने अभीतक कुछ भी असर नहीं किया, उसने फिर स्वयं प्रपञ्च रचे। वि० त्रि० का मत है कि वायुके झोकेसे अप्सराओंके अञ्चल आदिका हट जाना इत्यादि प्रकारके प्रपञ्च किये।)

टिप्पणी—२ *'काम कला कछु मुनिहि न ब्यापी……'* इति। (क) *'सकल असमसर कला प्रबीना'* रम्भादि अप्सराओंने अपनी समस्त कलाएँ कीं और फिर कामदेवने स्वयं भी अनेक प्रपञ्च रचे, फिर भी *'कामकला'* न व्यापी, यह कहकर *'प्रपंच'* का अर्थ यहाँ कामकला स्पष्ट कर दिया। (ख) *'निज भय डरेउ'* का भाव कि नारदजीकी ओरसे भय नहीं है। (भाव यह कि मुनिने तो किंचित् भी प्रतिकारात्मक क्रूरदृष्टि उसकी ओर नहीं की, परंतु इसने उनसे द्रोह किया है, इसीसे वह स्वयं भयभीत हो रहा है। यथा—*'परद्रोही की होहिं निसंका।'* (७। ११२। २) इसीसे *'डरेउ'* के साथ *'पापी'* और *'निज भय'* शब्द दिये। पापी सदा अपने पापके कारण डरता ही रहता है। रावण-ऐसा महाप्रतापी भी श्रीसीताहरण करके *'चला उताइल त्रास न थोरी।'* (३। २९) तब कामदेवका डरना तो स्वाभाविक ही है कि मैंने उनके देखते-देखते अपराध किया है, कहीं शाप न दे दें; यद्यपि उसका भय निर्मूल साबित हुआ)। (ग) *'मनोभव'* का भाव कि काम मनसे उत्पन्न होता है और नारदजीका मन सहज ही विमल है, इसीसे कामकी कलाएँ उनको न व्यापीं। (घ) *'पापी'* इति। जब कामने शिवजीपर चढ़ाई की और सब लोकोंको व्याकुल कर दिया तब उसको 'पापी' न कहा था और यहाँ 'पापी' विशेषण देते हैं। कारण कि इन्द्रने दुष्टभावसे कामको देवर्षि नारदपर चढ़ाई करनेको भेजा था, यथा—*'सुनासीर मन महुँ अति त्रासा। चहत देवरिषि मम पुर बासा॥'* इसीसे वक्ताओंने इन्द्रको 'शठ', 'श्वान', 'जड़', 'काक' और निर्लज्ज आदि कहकर उसकी निन्दा की और उसके सहायक कामदेवकी भी निन्दा की। दुष्टके संगसे तथा दुष्ट कर्म करनेसे निन्दा होती है। जब श्रीशिवजीपर इसने चढ़ाई की थी तब उसमें सबका उपकार था और उसमें ब्रह्मा आदि सभीका सम्मत था; इसीसे तब निन्दा न की थी। पुनः, इतना ही नहीं, वरंच भगवान् श्रीरामचन्द्रजीसे भी स्वयं शङ्करजीने हामी भर ली थी कि पार्वतीजीको जाकर व्याह लावेंगे

फिर भी अखण्ड समाधि लगा बैठे थे। यथा—*'जाइ बिबाहहु सैलजहि यह मोहि माँगे देहु।'* (७६) *कह शिव जदपि उचित अस नाहीं। नाथ बचन पुनि मेटि न जाहीं॥ सिर धरि आयसु करिअ तुम्हारा। परमु धरमु यह नाथ हमारा॥......अग्या सिर पर नाथ तुम्हारी॥' 'मनु थिर करि तब संभु सुजाना। लगे करन रघुनायक ध्याना॥'* (१। ८२) *'सिव समाधि बैठे सबु त्यागी।'* (८३। ३) अतएव वहाँ कामदेवका कार्य भगवत्-इच्छाके अनुकूल था और *'राम रजाइ सीस सब ही के'* है; इसीसे ब्रह्मादि देवताओंने लोकहितार्थ वहाँ कामको भेजा था। वहाँपर परोपकार था, यह बात उसने स्वयं स्वीकार की है। यथा—*'परहित लागि तजै जो देही। संतत संत प्रसंसहिं तेही॥'* (८४। २) ऐसे उच्च एवं शुद्ध विचारसे वह शंकरजीकी समाधि छुड़ाने गया था। वहाँ प्रशंसाका काम था और यहाँ उसने किंचित् भी न सोचा-विचारा। इन्द्रकी बातोंमें आकर घमण्डमें हर्षसे फूला न समाया, भगवद्भक्तके भजनमें बाधा डालनेको तत्पर हो गया। अतएव यहाँ उसे 'पापी' कहा और वहाँ न कहा। पुनः, वहाँ तो उसने शिवजीको भी उनके परम धर्म *'अज्ञा सिर पर नाथ तुम्हारी'* के पालनमें सहायता की। अतः 'पापी' कैसे कह सकते थे?

टिप्पणी—३ *'सीम कि चाँपि सकै कोउ......'* इति। (क) मुनिके मनमें कामका प्रपञ्च न व्यापा, इससे पाया गया कि उनके मनकी वृत्ति 'सीमा' है। [यहाँ मनको सीमाकी उपमा दी। 'सीमा' का अर्थ है मर्यादा; हद्द, मेड़। मनहीमें कामकी जागृति होती है, वहींसे कामकी प्रवृत्ति होती है, वहीं काम अपना बल प्रकट करता है। अतएव मनको वशमें कर लेना ही यहाँ परायी सीमाका दबा लेना कहा गया। जैसे कोई राजा, जमींदार या किसान दूसरेकी जमीन दाब लेते हैं वैसे ही काम दूसरेके मनपर पलमात्रमें दखल—अधिकार जमा लेता है। यथा—*'मुनिहि मोह मन हाथ पराएँ।'* (१। १३४) *'तात तीनि अति प्रबल खल काम क्रोध अरु लोभ। मुनि बिज्ञान धाम मन करहिं निमिष महुँ क्षोभ।'* (३। ३८) विनयके पद १३७ के *'जौं पै कृपा रघुपति कृपाल की बैर और के कहाँ सरै। होइ न बाँको बार भगत को जौ कोउ कोटि उपाय करै॥ ....हैं काकें द्वै सीस ईस के जो हठि जनकी सीम चरै। तुलसिदास रघुबीर बाहु बल सदा अभय काहू न डरै॥'* इस उद्धरणसे इस चौपाईका भाव मिलता-जुलता है। दोनोंहीमें 'सीमा' का दबाना कहा गया है। *'सीम कि चाँपि सकै'* में काकोक्तिद्वारा उलटा अर्थ होना कि 'कोई नहीं दबा सकता' 'वक्रोक्ति अलङ्कार' है।] (ख) *'बड़ रखवार रमापति जासू'* इति। ऊपर कह आये हैं कि *'निरखि सैल सरि बिपिन बिभागा। भएउ रमापति पद अनुरागा॥'* (१२५। ३) अर्थात् नारदजीके मनमें श्रीरमापतिपदमें अनुराग उत्पन्न होना कहा है। इसीसे यहाँ रक्षा करनेमें भी *'रमापति'* को 'रखवार' कहा। (ग) रमापतिको रक्षक कहनेका भाव यह है कि जैसे लक्ष्मीपति भगवान् विष्णु रमाजीकी रखवाली (रक्षा) करते हैं, वैसे ही वे दासोंकी भी रक्षा करते हैं। ('कामने भगवान् शङ्करकी समाधि तो छुड़ा दी और नारदजीकी समाधि न छुड़ा सका, यह कैसे माना जा सकता है?' इस सम्भावित शङ्काका समाधान यह अर्धाली करती है कि यहाँ नारदजीके साथ उनके रक्षक रमापति मौजूद हैं और वहाँ तो शिवजी भगवान्‌की आज्ञाका उल्लंघन ही कर बैठे थे, इससे वहाँ भगवान् उनकी रक्षा क्यों करने लगे? समाधि तुड़वाना और विवाह कराना तो भगवान्‌को स्वयं ही मंजूर था)।

नोट—शिवपुराण दूसरी रुद्रसंहिता अ० २में मिलानके श्लोक ये हैं—'**न बभूव मुनेश्चेतो विकृतं मुनिसत्तमाः। भ्रष्टो बभूव तद्गर्वो**....। **ईश्वरानुग्रहेणात्र न प्रभावः स्मरस्य हि।**' (१६-१७)

दो०—सहित सहाय सभीत अति मानि हारि मन मैन*।
गहेसि जाइ मुनि चरन तब कहि सुठि आरत बैन†॥ १२६॥

शब्दार्थ—**हारि** (सं०)=हार, पराजय, पराभव, शिकस्त। शत्रुके सम्मुख असफलता होना *'हारि'* है। **मैन** (मयन)=मदन, कामदेव।

* मयन। † बयन—१६६१। तब कहि सुठि आरत बयन—१६६१। कहि सुठि आरत मृदु बैन—१७०४, १७२१, १७६७, छ०।

अर्थ—तब सहायकोंसहित मनमें हार मान अत्यन्त भयभीत हो कामदेवने जाकर अत्यन्त आर्त्त वचन कहते हुए मुनिके चरण पकड़ लिये॥ १२६॥

टिप्पणी—१ पहले कामदेवका भयभीत होना कहा—*'निज भय डरेउ मनोभव पापी।'* अब सहायकोंका भी सभीत होना कहते हैं। उसने सहायकोंसहित मुनिका अपराध किया है, इसीसे *'सहायसहित'* भयभीत है! (कामदेवको आदि और अन्त दोनोंमें कहा, क्योंकि प्रारम्भमें इसीने *'निज माया बसंत निरमएऊ'* और अन्तमें इसीने *'कीन्हेसि पुनि प्रपंच बिधि नाना।'*)

टिप्पणी—२ *'मानि हारि मन मैन'* अर्थात् मनसे हार गया, *'कहि सुठि आरत बैन'* अर्थात् अत्यन्त आर्त्त वचन बोला, जैसे कि *'त्राहि त्राहि दयाल मुनि नारद'* इत्यादि और *'गहेसि जाइ मुनि चरन'* अर्थात् हाथोंसे चरण पकड़े। इस प्रकार जनाया कि कामदेव मन, कर्म, वचन तीनोंसे नम्र हो गया है तभी तो वह तीनोंसे मुनिकी शरण हुआ।

टिप्पणी—३ (क) *'मानि हारि'* हार यहाँतक मानी कि इन्द्रकी सभामें जाकर उसने अपनी हार कही। यथा—*'मुनि सुसीलता आपनि करनी। सुरपति सभा जाइ सब बरनी॥'* (ख) *'गहेसि चरन'*। सहायकोंसहित चरण पकड़े। चरण पकड़ना, आर्त्त वचन बोलना, यह क्षमा-प्रार्थनाकी मुद्रा है। सबका अपराध क्षमा कराना चाहता है, इससे सबको साथ लेकर गया।

भएउ न नारद मन कछु रोषा। कहि प्रिय बचन काम परितोषा॥ १॥
नाइ चरन सिरु आयसु पाई। गएउ मदन तब सहित सहाई॥ २॥
मुनि सुसीलता आपनि करनी। सुरपति सभाँ जाइ सब बरनी॥ ३॥
सुनि सबके मन अचरजु आवा। मुनिहि प्रसंसि हरिहि सिरु नावा॥ ४॥

शब्दार्थ—परितोषा=समाधान सन्तुष्ट प्रसन्न वा खुश किया। सुसीलता=सुन्दर स्वभाव; कोई कैसा ही अपराध करे उसपर रुष्ट न हो उसको क्षमा ही करना 'सुशीलता' है, यथा—*'प्रभु तरुतर कपि डारपर ते किय आपु समान। तुलसी कहूँ न रामसे साहब सील निधान॥'* विशेष ७६ (५-६), १०५ (१) में देखिये।

अर्थ—नारदजीके मनमें कुछ भी क्रोध न हुआ। उन्होंने प्रिय वचन कहकर कामदेवको सन्तुष्ट किया॥ १॥ तब मुनिके चरणोंमें माथा नवा, उनकी आज्ञा पा, कामदेव सहायकोंसहित चला गया॥ २॥ देवराज इन्द्रकी सभामें जाकर उसने मुनिकी सुशीलता और अपनी करतूत सब वर्णन की॥ ३॥ यह सुनकर सबके मनमें आश्चर्य हुआ, (उन्होंने) मुनिकी बड़ाई करके भगवान्‌को मस्तक नवाया॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'भएउ न नारद मन कछु रोषा।'''''* इति। (क) कामको जीते हैं इसीसे मनमें कुछ रोष न हुआ। क्रोधकी उत्पत्ति कामसे है, यथा—**'संगात्संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते'** (गीता)। जहाँ काम ही नहीं है वहाँ क्रोध कैसे हो सके? इसीसे दोनों जगह *'कछु'* शब्द दिया। *'काम कला कछु मुनिहि न ब्यापी'* पूर्व कहा, अतः यहाँ भी *'भएउ न नारद मन कछु रोषा'* कहा। काम 'कुछ' न व्यापा, अतः रोष भी 'कुछ' न हुआ। (ख) पुनः भाव कि कामकी उपस्थितिमें, उसकी प्राप्तिमें (अर्थात् जब कामासक्त हो जानेका पूरा सामान प्राप्त था तब भी) काम उत्पन्न न हुआ और क्रोधकी प्राप्तिमें (अर्थात् अपराध करनेपर क्रोध हो जाता है उसके होते हुए) भी क्रोध न हुआ, इसका कारण ऊपर कह आये *'सीम कि चाँपि सकै''''।'* अर्थात् भगवान्‌के रक्षक होनेसे ही न काम हुआ न क्रोध। (ग) *'कहि प्रिय बचन''''।'* भाव कि प्रियवचन कहे बिना कामदेवको सन्तोष न होता; इसीसे प्रिय वचन कहकर उसे अभय किया। *'परितोष'* इस तरह कि तुम्हारा दोष क्या, तुम तो सुरपतिकी आज्ञासे आये, स्वामीकी आज्ञा पालन करना धर्म है। (ब्रह्माने इसीलिये तुम्हारी सृष्टि की है, सनातन सृष्टि तुम्हारे आधारसे चल रही है, तुमने अपना कर्तव्य पालन किया। मैं अप्रसन्न नहीं हूँ। इस तरह उसका सन्तोष किया। *वि० त्रि०)* **प्रिय**=जो कामदेवको अच्छे लगे एवं कोमल मीठे। (घ) ☞ जैसे काम मन-वचन-कर्मसे

नम्र हुआ, वैसे ही नारदजी मन-कर्म-वचनसे शीतल रहे। *'भएउ न नारद मन कछु रोषा'* यह मन है, *'कहि प्रिय बचन'* यह वचन है और *'काम परितोषा'* यह कर्म है। (दिलासा देनेमें सिर वा पीठपर हाथ प्रायः रखते हैं, यह कर्म है।)

टिप्पणी—२ (क) पूर्व कह आये हैं कि *'सहज बिमल मन लागि समाधी'* और यहाँ लिखते हैं कि *'कामकला कछु मुनिहि न ब्यापी।'* जब कामकला कुछ व्यापी नहीं तब समाधि कैसे छूटी? यदि समाधिका उपराम नहीं हुआ तो परितोष कैसे किया? समाधि छूटनेपर ही तो कामको समझाया? इन सम्भावित शङ्काओंका समाधान यह है कि समाधि दो प्रकारकी है, एक सम्प्रज्ञात दूसरी असम्प्रज्ञात। यहाँ सम्प्रज्ञात समाधि है (जिसमें चैतन्य रहकर सब कौतुक देखते हुए भी मन भगवान्‌के अनुरागमें परिपूर्ण रहता है, ध्येयहीका रूप प्रत्यक्ष रहता है, यथा—*'मन तहँ जहँ रघुबर बैदेही। बिनु मन तन दुख सुख सुधि केही॥'* (अ० २७५)* जब कामदेव चरणोंपर आकर गिरा तब परितोष करने लगे। (ख) भगवान्‌को अभिमान नहीं भाता। देखिये जब कामदेवको अभिमान हुआ कि नारद हमारे सामने क्या हैं तब भगवान्‌ने उसे हरा दिया और जब नारदको अभिमान हुआ तब नारदको हरा दिया।

टिप्पणी—३ (क) *'नाइ चरन सिरु आयसु पाई।'*—जब कामदेव आया था तब उसने मुनिको प्रणाम न किया था—*'तेहि आश्रमहि मदन जब गएऊ। निज माया बसंत निरमएऊ॥'* (यहाँ प्रणाम करना नहीं लिखा)। जब अपराध किया तब (एवं वह 'सब तरहसे समाधि छुड़ानेका प्रयत्न करके हार गया है, अतएव उनका प्रभाव समझकर भयके मारे, अपराध क्षमा कराने तथा उनके क्रोधसे) बचनेके लिये *'गहेसि जाइ मुनि चरन'* उनके चरण पकड़े। और, अब (जब पास जानेपर भी किंचित् क्रोध मुनिको न हुआ तब यह समझकर कि त्रैलोक्यमें इनके समान दूसरा नहीं है।) इनको भारी महात्मा जानकर (एवं अपनी कृतज्ञता जनानेके लिये) चलते समय चरणोंमें सिर नवाकर और आज्ञा पाकर चला। (नोट—☞यह शिष्टाचार है कि महात्माओं, गुरुजनोंके समीप जाने और वहाँसे विदा होनेपर उनको सादर प्रणाम किया जाता है।) भारी महात्मा समझा (यों भी कह सकते हैं कि कामदेवके हृदयमें मुनिके प्रिय वचनों इत्यादिका प्रभाव यहाँ दिखा रहे हैं। उनका सुशील स्वभाव इसके हृदयमें बिंध गया है) इसीसे मुनिका माहात्म्य (महत्त्व) आगे इन्द्रकी सभामें कहेगा। काम-क्रोध-लोभको जीतनेवाला ईश्वरके समान है, यथा—*'नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा॥ लोभ पास जेहि गर न बँधाया। सो नर तुम्ह समान रघुराया॥'* (४। २१ सुग्रीवोक्ति) अतः इनको ईश्वर-समान समझा। (ख) *'गएउ मदन तब सहित सहाई'* इति। इन्द्रलोकसे 'सहायसहित' चला था, अतः *'सहित सहाई'* जाना भी कहा। ☞आदिसे अन्ततक सब कार्य 'सहायसहित' किये हैं। (१) इन्द्रलोकसे साथ चला—*'सहित सहाय जाहु मम हेतू। चलेउ हरषि हिय जलचरकेतू॥'*; (२) 'सहायसहित' विघ्न किया—*'देखि सहाय मदन हरषाना। कीन्हेसि पुनि प्रपंच बिधि नाना॥'* (३) 'सहायसहित' मुनिके चरण पकड़े—*'सहित सहाय सभीत अति मानि हारि मन मैन। गहेसि जाइ मुनि चरन कहि…।'* और (४) सहायकोंसहित इन्द्रलोकको गया। इस कथनका तात्पर्य यह है कि कामदेवकी स्वामिभक्ति दिखाना है। स्वामिभक्त है इसीसे स्वामीकी आज्ञाका स्वरूप प्रत्येक जगह दिखायी दे रहा है। आज्ञा थी कि *'सहित सहाय जाहु'* अतः सब काम *'सहित सहाय'* किये। *'सहित सहाय जाहु'* उपक्रम है और *'गएउ…सहित सहाई'* उपसंहार है। [नोट—कामको तो शिवजी भस्म कर चुके थे, वह अनङ्ग है, तब यहाँ उसका जाना, चरण पकड़ना इत्यादि कैसे कहा गया? इसका उत्तर *'कल्पभेद हरि चरित सुहाये'* जान पड़ता है]

* असम्प्रज्ञात समाधि वह है जिसमें प्राणवायुको ब्रह्माण्डमें चढ़ा लेते हैं। इस समाधिमें शरीर जड़वत् हो जाता है। केवल बाहरी विषयोंकी कौन कहे, इसमें ज्ञाता-ज्ञेयकी भी भावना लुप्त हो जाती है। इसीको 'जड़ समाधि' भी कहते हैं। 'जिति पवन मन गो निरस करि मुनि ध्यान कबहुँक पावहीं।' (४। १०) में जो कहा है यह भी इसका उदाहरण है।

टिप्पणी—४ *'मुनि सुसीलता आपनि करनी।·····'* इति। (क) *'कहि प्रिय बचन काम परितोषा'* यह सुशीलता कही। अपराध करनेपर भी क्रोध न करना 'शील' है और उसपर भी प्रसन्न होकर प्रिय वचन कहकर अपराधीका परितोष करना 'सुशीलता' है। (ख) (वसन्तका निर्माण करना तथा) *'कीन्हेसि पुनि प्रपंच बिधि नाना'* इत्यादि 'अपनी करनी' कही। (ग) *'सुरपति सभा जाइ सब बरनी'* अर्थात् सभाके बीचमें जहाँ सब देवता बैठे थे वहाँ जाकर सबके सामने कहा। *'सब बरनी'* अर्थात् अपनी हार, चरणोंपर गिरना इत्यादि भी सब कहा, किंचित् संकोच कहनेमें न किया। निस्संकोच सब कह दिया क्योंकि देवता यथार्थ भाषण करते हैं (सत्यभाषी होते हैं, अतएव सब सत्य-सत्य कह दिया)। (घ) अपनी करनी तो प्रथम है तब मुनिकी सुशीलता पर यहाँ कही पहले मुनिकी सुशीलता तब अपनी करनी? कारण कि कामदेव मुनिकी सुशीलतासे सन्तुष्ट हुआ है। (नोट—कामदेवके हृदयपर सुशीलस्वभावका बहुत गहरा प्रभाव पड़ा, इसीसे आते ही उसने प्रथम सुशीलता ही कही। प्रभावसे ऐसा विस्मित हो गया है कि अपनी न्यूनता भी कह डाली, उसे भी न छिपा सका।)

टिप्पणी—५ *'सुनि सबके मन अचरजु आवा·····'* इति। (क) काम-क्रोधको जीतना आश्चर्य है, इसीसे *'अचरज आवा'* कि जो *'काम कुसुम धनु सायक लीन्हें। सकल भुवन अपने बस कीन्हें॥'* सो भी मुनिका कुछ न कर सका। (ख) *'मुनिहि प्रसंसि।'* प्रशंसा कि तीनों लोकोंमें जो कोई नहीं कर सका, वह नारदने किया अर्थात् इन्होंने त्रैलोक्यको जीत लिया, यथा—**'कान्ताकटाक्षविशिखा न खिदन्ति यस्य चित्तं न निर्दहति कोपकृशानुतापः। कर्षन्ति भूरि विषयाश्च न लोकपाशैर्लोकत्रयं जयति कृत्स्नमिदं स धीरः॥'** इति भर्तृहरिनीतिशतके। (१०८) (अर्थात् वह धीर पुरुष तीनों लोकोंको जीतता है जिसके हृदयको स्त्रियोंके कटाक्षरूपी बाण नहीं छेदते, जिसके चित्तको कोपरूपी अग्निकी आँच नहीं जलाती और न नाना प्रकारके विषय ही लोभके फन्देमें फँसाकर खींचते हैं।) क्यों न हो, ये भगवान्के बड़े ही प्रिय भक्त हैं इत्यादि।—[रुद्रसंहिता २। २ में केवल इन्द्रका विस्मित होना और प्रशंसा करना कहा है। यथा—**'विस्मितोऽभूत्सुराधीशः प्रशशंसाथ नारदम्।'** (२४)] (ग) *'हरिहि सिरु नावा'* प्रणाम करनेमें भाव कि यह सब आपकी कृपासे हुआ—*'यह गुन साधन ते नहिं होई। तुम्हरी कृपा पाव कोइ कोई॥'* धन्य हैं भक्तवत्सल भगवान्! और धन्य हैं उनके ऐसे प्रिय भक्त!

नारदमुनि और शिवजी दोनोंके प्रसङ्गोंका मिलान।

श्रीशिवजी	श्रीनारद मुनि
'सुरन्ह कही निज बिपति सब'।	*१-सुनासीर मन महुँ अति त्रासा।*
'पठवहु काम जाइ शिव पाहीं'।	*२-सहित सहाय जाहु मम हेतू।*
'अस कहि चलेउ सबहिं सिर नाई'।	*३-चलेउ हरषि हिय जलचरकेतू।*
'अस्तुति सुरन्ह कीन्ह अति हेतू'।	*४-कामहि बोलि कीन्ह सनमाना।*
प्रगटेसि तुरत रुचिर रितुराजा।	*५-निज माया बसंत निरमयऊ।*
कुसुमित नव तरुराजि बिराजा।	*६-कुसुमित बिबिध बिटप बहुरंगा।*
सीतल सुगंध सुमंद मारुत।	*७-चली सुहावनि त्रिबिध बयारी।*
मदन अनल सखा सही।	*८-काम कृसानु बढ़ावनिहारी।*
देखि रसाल बिटप बर साखा।	*९-देखि सहाय मदन हरषाना।*
रुद्रहिं देखि मदन भय माना।	*१०-सहित सहाय सभीत अति मानि हारि मन मैन।*
सकल कला करि कोटि बिधि हारेउ सेन समेत।	*११-काम कला कछु मुनिहि न ब्यापी।*

तब नारद गवने सिव पाहीं। जिता काम अहमिति मन माहीं॥ ५॥
मार चरित संकरहि सुनाए। अति प्रिय जानि महेस सिखाए॥ ६॥

शब्दार्थ—गवने=गये। अहमिति=अहं इति। 'मैं' (अर्थात् मैंने कामको जीत लिया, मेरे समान दूसरा नहीं, इत्यादि) ऐसा (अभिमान, अहङ्कार)।=अहङ्कार।

अर्थ—(जब कामदेव सहायकोंसहित चला गया) तब नारदजी शिवजीके पास गये। कामको जीता है 'मैं' ने ऐसा (अहङ्कार) उनके मनमें है॥ ५॥ उन्होंने श्रीशङ्करजीको 'मार'-चरित सुनाये। अपने परम प्रिय जानकर महादेवजीने उन्हें शिक्षा दी॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'तब नारद गवने सिव पाहीं।…'* इति। (क) कामदेवने इन्द्रकी सभामें कहा ही है। इन्द्रादि देवता सब नारदकी प्रशंसा कर रहे हैं। अतएव देवताओंके यहाँ विदित हो चुका, वहाँ जाकर कहनेका कुछ प्रयोजन नहीं रह गया। ब्रह्मा-विष्णु-महेशको विदित नहीं है, उनसे प्रकट करना चाहते हैं। प्रथम शिवजीके पास गये; क्योंकि शिव 'अहङ्कार'का स्वरूप वा अहङ्कार ही हैं—*'अहंकार सिव'* (लं०); और नारदको अहंकार है। अतः अहंकार पहले इनको अपने स्वरूपके पास ले गया। [अहंकार नारद-जैसे देवर्षिको शिवजीके पास इसलिये लिये जा रहा है कि मानो शिवजीको एक-दूसरे कामारि प्रतिद्वन्द्वीका दर्शन करा दे। (लमगोड़ाजी)] (ख) *'जिता काम अहमिति मन माहीं'* अर्थात् कामको जीतनेका अहङ्कार है; इसीसे कामको जीतनेका समाचार कहने गये। ☞१ अहङ्कार है। इसका प्रमाण प्रत्यक्ष है कि कहाँ तो रमापति पदानुरागमें मग्न बैठे थे और कहाँ अब सहसा उठकर चल दिये। बैठे न रहा गया तो औरोंको जनाने चले। पुनः, पहुँचनेपर प्रणामादि कुछ नहीं किये, क्योंकि अब अपनेको उनसे भी अधिक समझते हैं—'कामको जीता है।' शत्रुको मरण स्वीकार होता है, प्रणत होना नहीं। काम तपस्वी लोगोंका शत्रु है, सो वह हार भी गया और मेरे सामने प्रणत भी हुआ। शिवजीने कामको भस्म कर दिया पर उसे प्रणत न कर सके। मेरा प्रभाव उनसे अधिक हो गया। (ग) अभीतक कामको जीतनेवाले केवल शङ्करजी थे; अहङ्कारके कारण उनके ही पास प्रथम गये—यह जताने कि कुछ आपने ही नहीं जीता है, हमने भी जीता है। आपको तो क्रोध भी हुआ था, आपकी समाधि भी छूटी थी, हमें ये कोई विघ्न उपस्थित नहीं हुए। इत्यादि।* (घ)*'गवने'* (=गये) कहकर मुनिके मनमें अपनी जय प्रकट करनेकी अत्यन्त उत्सुकता दिखायी। चले न कहा, पहुँचना कहा। इस तरह अहङ्कारका प्रभाव चालपर भी संकेतरूपमें दिखा दिया गया है। जिसका आनन्द सिनेमा (Cinema) देखनेवाले ले सकते हैं।] ☞नारदजीके द्वारा यह उपदेश भगवान् दे रहे हैं कि हमारी रक्षासे काम-क्रोधादि जीते जाते हैं और बिना हमारी रक्षाके काम-क्रोधके वशीभूत होना होता है।

टिप्पणी—२ *'मारचरित संकरहि सुनाए।…'* इति। (क) महादेवजी कुशल न पूछने पाये (न और कोई शिष्टाचार हुआ) दृष्टि पड़ते ही कामचरित कहने लगे। जाते ही कामचरित न कहने लगे होते तो महादेवजी कुशल पूछते, बैठाते (जैसा क्षीरसागरमें जानेपर भगवान्ने किया है, यथा—*'हरषि मिलेउ उठि कृपा निकेता। बैठे आसन रिषिहि समेता॥ बोले बिहँसि चराचर राया। बहुते दिनन्ह कीन्हि मुनि दाया॥'* पुनः यथा—*'करत दंडवत लिए उठाई। राखे बहुत बार उर लाई॥ स्वागत पूछि निकट बैठारे। लछिमन सादर चरन पखारे॥'* (३। ४१) (ख) *'संकरहिं सुनाए',* यहाँ शङ्कर अर्थात् कल्याणकर्त्ताको सुनाना कहा। इसीसे

---

* १-अहङ्कार यह भी हो सकता है कि श्रीशिवजी 'मोहिनी' स्वरूप देख कामको न रोक सके थे, ब्रह्मा, विष्णु भी कामजित् नहीं कहे जा सकते, त्रिलोकमें हमारे समान कोई नहीं।' ब्रह्मा सरस्वतीके पीछे दौड़े थे, विष्णु लक्ष्मीको छोड़ नहीं सकते। क्रोध अवश्य जीता है। 'अहमिति मन माहीं' शब्दोंसे मुख्य भाव यही जान पड़ता है। इन वचनोंमें व्यञ्जनामूलक गूढ़ व्यंग्य है। प० प० प्र० इससे सहमत हैं।

२—पंजाबीजी लिखते हैं कि 'किसीको अपूर्व वस्तु मिले तो उचित है कि वह उसे अपने मित्रको दिखावे। अथवा, जो विद्या किसीके पास होती है वह उस विद्याके आचार्यके पास जाकर अपने गुणोंको प्रकट करता है। श्रीशिवजी कामके जीतनेमें मुख्य हैं। अतः उनके पास प्रथम गये।'

शङ्करजी इनके कल्याणकी बातें इनसे कहते हैं। (ग) *'अति प्रिय जानि महेस सिखाए'* इति। सिखाया जिसमें इनकी दुर्दशा न हो। अति प्रियमें दोष देखे तो उसे उपदेश देना उचित है, यथा—*'कुपथ निवारि सुपंथ चलावा।'* (*'अति प्रिय'* होनेके ये कारण हैं कि आप परम भागवतोंमेंसे एक हैं। शङ्करजीको भगवद्भक्त अति प्रिय हैं, उसपर भी ये तो नाम-जापक हैं, इससे इनके अतिप्रिय होनेमें क्या सन्देह हो सकता है?—*'नारद जानेउ नाम प्रतापू। जग प्रिय हरि हरि हर प्रिय आपू॥'*

☞नोट—१ गोस्वामीजीका काव्यकौशल, उनके शब्दोंकी आयोजना देखिये। कामदेवके अनेक नामोंमेंसे यहाँ 'मार' को ही चुनकर रखा है। क्यों न हो! नारदजी सदा राम चरित गाया और सुनाया करते थे, यथा—*'बार बार नारद मुनि आवहिं। चरित पुनीत 'राम' के गावहिं॥ ....सुनि बिरंचि अतिसय सुख मानहिं। पुनि पुनि तात करहु गुनगानहिं॥ सनकादिक नारदहिं सराहहिं।....'* (७। ४२) पुनश्च *'यह बिचारि नारद कर बीना। गए जहाँ प्रभु सुख आसीना। गावत राम चरित मृदु बानी। प्रेम सहित बहु भाँति बखानी॥'* (३। ४१) इत्यादि। शङ्करजी भी 'राम' चरितके रसिक हैं; अगस्त्यजीके पास इसी सत्सङ्गके लिये जाया करते हैं—*'रामकथा मुनिबर्ज बखानी। सुनी महेस परम सुख मानी॥'* भुशुण्डिके यहाँ मराल तन धरकर सुनी, इत्यादि। सो उनको आज नारदमुनि 'राम' चरित न सुनाकर 'मार' चरित सुनाते हैं। अहंकारने बुद्धि ऐसी पलट दी कि 'राम' का ठीक उलटा 'मार' आज उनके मुखसे गाया जा रहा है।

नोट—२ ☞शिवपु० रु० सं० २। २ में मिलानके श्लोक ये हैं—**'कामाज्जयं निजं मत्वा गर्वितोऽभू-न्मुनीश्वरः।.....तथा संमोहितोऽतीव नारदो मुनिसत्तमः। कैलासं प्रययौ शीघ्रं स्ववृत्तं गदितुं मदी॥ रुद्रनत्वाब्रवीत्सर्वं स्ववृत्तं गर्ववान् मुनिः। मत्वात्मानं महात्मानं स्वप्रभुं च स्मरञ्जयम्॥ तच्छ्रुत्वा शङ्करः प्राह नारदं भक्तवत्सलः।....'** (२७, २९—३१) इसमेंके **'कामाज्जयम्', 'निजं मत्वा गर्वितः', 'कैलासं प्रययौ शीघ्रम्', 'अब्रवीत्सर्वम्।' 'शंकरः प्राह नारदं भक्तवत्सलः'**, ये अंश मानसमें क्रमशः *'जिता काम', 'अहमिति मन माहीं', 'तब नारद गवने सिव पाहीं', 'सुनाये'*, और *'अतिप्रिय जानि महेस सिखाए'* हैं। पर मानसका *'मारचरित'* शिवपुराणके **'सर्वं स्ववृत्तं गर्ववान्'** आदिसे कहीं अधिक उत्कृष्ट और भावगर्भित है। *'अतिप्रिय जानि महेस सिखाए'* की जोड़में शि० पु० में शिवजीके वचन हैं **'शास्म्यहं त्वां विशेषेण मम प्रियतमो भवान्। विष्णुभक्तो यतस्त्वं हि तद्भक्तोऽतीव मेऽनुगः॥'** (३४) अति प्रियमें यह भी भाव आ गया कि विष्णुभक्त होनेसे तुम मुझे अति प्रिय हो।

बार बार बिनवौं मुनि तोही। जिमि यह कथा सुनायहु मोही॥ ७॥
तिमि जनि हरिहि सुनावहु[1] कबहूँ। चलेहु प्रसंग दुराएहु तबहूँ॥ ८॥

दो०—संभु दीन्ह उपदेस हित नहिं नारदहि सोहान।
भरद्वाज कौतुक सुनहु हरि इच्छा बलवान॥ १२७॥

शब्दार्थ—**प्रसंग**=विषयका लगाव या सम्बन्ध, वार्ता; बात; प्रकरण। **दुराना**=छिपाना; गुप्त रखना; सुनी-अनसुनी कर जाना; टाल जाना।

अर्थ—हे मुनि! मैं आपसे बारम्बार विनती करता हूँ कि जैसे आपने यह कथा मुझसे सुनायी है॥ ७॥ वैसे भगवान्‌को कदापि न सुनाइयेगा। (किन्तु उसका) प्रसङ्ग चले भी तब भी छिपाइयेगा (प्रकट न कीजियेगा)॥ ८॥ (श्रीयाज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि) शङ्करजीने तो हितोपदेश किया अर्थात् उनके हितकी शिक्षा दी, पर वह नारदजीको अच्छी न लगी। हे भरद्वाज! हरिकी इच्छा बलवती है, उसका तमाशा सुनो॥ १२७॥

नोट—१ रुद्रसंहिता २। २ में मिलानके श्लोक ये हैं—**'वाच्यमेवं न कुत्रापि हरेरग्रे विशेषतः॥**

१. सुनायहु—१७२१, को० रा०। सुनाएहु-छ०। सुनावहु-१६६१, १७०४, १७६२।

पृच्छमानोऽपि न ब्रूयाः स्ववृत्तं मे यदुक्तवान्। गोप्यं गोप्यं सर्वथा हि नैव वाच्यं कदाचन॥ शास्म्यहं त्वां विशेषेण मम प्रियतमो भवान्। विष्णुभक्तो यतस्त्वं हि तद्भक्तोऽतीव मेऽनुगः॥ नारदो न हितं मेने (शिव) मायाविमोहितः॥' (३२—३५) अर्थात् (श्रीशिवजी कहते हैं—हे नारदजी!) जैसा यह समाचार आपने मुझसे कहा इस प्रकार अब कहीं भी न कहियेगा। विष्णुभगवान्‌के आगे तो पूछनेपर भी बिलकुल ही न कहियेगा, इसको गुप्त ही रखना, कभी भी न कहना॥ आप मुझको अत्यन्त प्रिय हैं इसलिये विशेषरूपसे आपको शिक्षण दे रहा हूँ, क्योंकि आप विष्णुभक्त हैं, जो उनका भक्त होता है वह विशेषरूपसे मेरे सम्मतिके अनुसार चलता है॥ परंतु भगवान्‌की मायासे मोहित होनेसे शिवजीका यह उपदेश नारदजीको अच्छा नहीं लगा॥' (३२—३५) ये सभी प्रायः उपर्युक्त चौपाई और दोहेमें आ जाते हैं।

टिप्पणी—१ *'बार बार बिनवौं मुनि तोही।.....'* इति। (क) बड़े लोग प्रार्थना करके उपदेश देते हैं, यथा—*'बिनती करउँ जोरि कर रावन। सुनहु मान तजि मोर सिखावन॥'* (५। २२) (श्रीहनुमान्‌जी) (१); *'तात चरन गहि माँगउँ राखहु मोर दुलार। सीता देहु राम कहँ अहित न होइ तुम्हार॥'* (५। ४०) (विभीषण) (२); *'औरौ एक गुपुत मत सबहिं कहउँ कर जोरि। संकर भजन बिना नर भगति न पावै मोरि॥'* (७। ४५) (श्रीरामचन्द्र) (३); तथा यहाँ *'बार बार बिनवौं'* (४)। (नोट—यद्यपि शिवजी बड़े हैं तो भी विनय करते हैं; क्योंकि यह बड़ोंका स्वभाव है कि वे छोटोंके कल्याणार्थ अपनी मान-मर्यादा छोड़ विनय करके उनको समझाते हैं जिसमें वह उसे मान ले, धारण कर ले। (ख) *'बार-बार'* विनय करते हैं क्योंकि यह कथा भगवान्‌से अत्यन्त गुप्त रखनेयोग्य है। (ग) *'तोही'* भाषा में यह प्रेम और प्यारसूचक बोली है।)

टिप्पणी—२ *'तिमि जनि हरिहि सुनावहु कबहूँ'* इति। तात्पर्य कि हमें सुनानेसे कुछ चिन्ता वा हर्ज नहीं है, पर हरिको सुनानेसे तुम्हें दुःख होगा। शिवजी जानते हैं कि भगवान् जनका अभिमान नहीं रखते (अर्थात् नहीं रहने देते)। यथा—*'होइहि कीन्ह कबहुँ अभिमाना। सो खोवै चह कृपानिधाना॥'* (७। ६२) (ख) *'चलेहु प्रसंग.....'* अर्थात् हमसे बिना प्रसङ्ग चले ही यह कथा तुमने प्रकट की पर वहाँ भगवान् अवश्य प्रसंग चलायेंगे तब भी इसे गुप्त रखना, उनसे कदापि इसकी चर्चा न चलाना।

वि० त्रि० *'जिमि'....'तिमि'* का भाव कि सत्य कथा सुनानेमें कोई रोक नहीं, परंतु सुनानेका ढंग ठीक नहीं है, इससे अभिमान टपकता है। अतः सिखाते हैं कि इस ढंगसे यह कथा हरिको कभी न सुनाना।

टिप्पणी—३ (क) *'संभु दीन्ह उपदेस हित नहिं नारदहि सोहान'* इति। हित उपदेश है, तो भी उनको न अच्छा लगा, यह क्यों? इसलिये कि नारदजी यह समझे कि हमारी बड़ाई इनको नहीं सुहायी, इनके हृदयमें मत्सर है। ये नहीं चाहते कि दूसरा कोई कामविजयी प्रसिद्ध हो, ये हमारा उत्कर्ष नहीं सह सकते। (ख) *'भरद्वाज कौतुक सुनहु.....'* इति यहाँ याज्ञवल्क्यजीकी उक्ति कही गयी, क्योंकि *'तब नारद गवने सिव पाहीं'* से लेकर *'संभु बचन मुनि मन नहिं भाए'* तक शिवजीकी उक्ति नहीं कहते बनती। शम्भुके वचन नारदको प्रिय न लगे, इसका कारण याज्ञवल्क्यजी *'हरि इच्छा'* बताते हैं। अर्थात् शिवजीने हरि-इच्छाके प्रतिकूल उपदेश दिया, इसीसे उनको अच्छा न लगा। हरि-इच्छा परम बलवती है, यदि हरि-इच्छा होती तो वचन सुहाते। (ग) *'बलवान'*—शिवजीका भी उपदेश न लगने पाया इससे *'बलवान'* कहा। बलवान् कहकर जनाया कि सबके ऊपर है। *'हरि इच्छा'* का प्रमाण, यथा—*'मृषा होउ मम श्राप कृपाला। मम इच्छा कह दीनदयाला॥'* (१३८। ३) पुनः भाव कि जब भक्तका कहा न माना तब हरि-इच्छा हुई कि अब इनकी दुर्दशा करनी चाहिये।

☞ नोट—२ हितकी बात बुरी लगे तो जानना चाहिये कि उसे विधाता वाम हैं, यथा—*'हित पर बढ़े बिरोध जब अनहित पर अनुराग। राम बिमुख बिधि बाम गति सगुन अघाय अभाग॥'*

नोट—३ शंकरजीकी नम्रता और कल्याणकारक उपदेश विचारणीय हैं। परन्तु नारदजीमें अहंकारके कारण *'अपने मुख आपनि करनी'* वाली प्रशंसाका दोष भी उत्पन्न हो चुका था। वे भला क्यों मानते? वे 'घमण्ड' और 'बक्की हास्य चरित्र' बन चुके थे। (श्रीलमगोड़ाजी)

नोट—४ इस प्रसंगके आदिमें ही शिवजीने *'हरि इच्छा'* का बीज बो दिया था। वहाँ जो

कहा था कि *'जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होइ।'* (१२४) उसीको यहाँ चरितार्थ कर दिखाया है—*'हरि इच्छा बलवाना'* और *'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई।.....'* प्रथम तो अपनी कृपासे भगवान्‌ने नारदजीको ज्ञानियोंकी सीमा (ज्ञानिशिरोमणि) बनाया और अब उन्हें मूर्खों-(कामियों-क्रोधियों-) की सीमा बनावेंगे। (मा० पी० प्र० सं०)

'हरि इच्छा' से यहाँ *'हरि इच्छारूपी भावी'* अभिप्रेत है। इसीको आगे चौपाईमें *'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई'* कहा है। यह *'हरि इच्छारूपी भावी'* अमिट है, यथा—*'हरि इच्छा भावी बलवाना।'* (१। ५६। ६) इसीको आगे *'करै अन्यथा अस नहिं कोई'* कहा है। *'कौतुक'* शब्दसे वक्ता स्पष्ट करते हैं कि भगवान् कुछ लीला करना चाहते हैं; यह *'कौतुक'* (लीलाकी इच्छा) ही हरि-इच्छा है। *'कौतुक'* शब्दसे हास्यका स्पष्ट संकेत है और *'हरि-इच्छा'* शब्दसे प्रकट है कि 'हास्यरस किसी नैतिक उद्देश्यसे ही प्रयुक्त किया जा रहा है जिसमें इच्छा सम्मिलित है।' *'हरि इच्छा भावी'* और कर्मानुसार प्रारब्ध भोगवाली भावीका भेद (१। ५६। ६) में लिखा जा चुका है।

नोट—५ जी० पी० श्रीवास्तवजीने ठीक कहा है कि यद्यपि बहुत-से और सूत्र हास्य कलाकारोंने ढूँढ़ निकाले हैं फिर भी अरस्तू (Aristotle) के समयसे अबतक पतन (Degradation) ही हास्यका मुख्य कारण माना जाता है। यहाँ नारदजीका पतन अहंकारके कारण है। लमगोड़ाजी अपनी पुस्तकके पृष्ठ २६ पर लिखते हैं कि श्रीवास्तवजीका यह कथन भी सत्य है कि हास्यरसका कुशल कलाकार हास्यको ठीक उस होशियार डाक्टरकी तरह प्रयुक्त करता है जो दोषको तनिक उभारकर उसे ओषधि तथा किसी प्रयोगद्वारा बाहर निकाल देता है। इसीसे हास्यरस नैतिक सुधारका सहायक माना गया है। हाँ, तुलसीदासजीका कमाल यह है कि महाकाव्यकलामें भी इसका सुन्दर प्रयोग कर दिया, नहीं तो मानो संसारमें यह धारणा-सी हो रही थी कि बिना लम्बा मुँह बनाये महाकाव्य लिखा ही नहीं जा सकता। इसीसे मिल्टन इत्यादिकी कला रूखी-सूखी हैं।

गान्धीजीने ठीक कहा है कि ईश्वरीय शक्तियाँ हमारे द्वारा कला उसी समय आरम्भ करती हैं जब हम अपने वैयक्तिक अहंकारको शून्य-गणनामें पहुँचा दें। सच है यह अहंकार ही है जो वैयक्तिक दोषोंको भुलाये रहता है।—नारदने जो तनिक कामपर विजय पायी तो अहंकार आ धमका। नारदने पहिले इन्द्र-सभामें अपनी विजयका वर्णन किया। (कामदेवद्वारा) वहाँ जो तारीफ हुई तो अहंकार और भड़क उठा। अब सीधे *'कामारि'* महादेवजीके पास पहुँचे—*'जिता काम अहमिति मन माहीं।'* (श्रीलमगोड़ाजी)

नोट ६ ☞—काम, क्रोध, लोभ और अहंकार इत्यादि भाई हैं। एक हार जाता है तो दूसरा लड़नेको पहुँचता है, इत्यादि। कामका पराजय हुआ तो अहंकारने आ दबाया। अब इनकी भली प्रकार दुर्दशा करायेगा।

राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥ १॥
संभु बचन मुनि मन नहिं भाए। तब बिरंचि के लोक सिधाए॥ २॥
एक बार करतल बर बीना। गावत हरिगुन गान प्रबीना॥ ३॥
छीरसिंधु गवने मुनिनाथा। जहँ बस श्रीनिवास श्रुति माथा॥ ४॥

शब्दार्थ—**अन्यथा**=विरुद्ध, जैसा है उसका उलटा, और-का-और, विपरीत। **श्रीनिवास**=लक्ष्मीजीमें रमण करनेवाले, श्रीके स्थान, जिनमें श्रीका निवास है, श्रीयुक्त, लक्ष्मीपति। बैजनाथजी इसका अर्थ 'लक्ष्मीजीका धाम (पितापक्षमें) क्षीरसागरमें' ऐसा करते हैं। **'बर बीना'**—'**वीणावादनतत्त्वज्ञः श्रुतिजातिविशारदः। तालज्ञश्चाप्रयासेन मोक्षमार्गं नियच्छति॥**' (याज्ञवल्क्य) यह प्रचीनकालका एक प्रसिद्ध बाजा है जिसका प्रचार अबतक भारतके पुराने ढंगके गवैयोंमें है। इसमें बीचमें एक लम्बा पोला दण्ड होता है, जिसके दोनों सिरोंपर दो बड़े-बड़े तूँबे लगे होते हैं और एक तूँबेसे दूसरे तूँबेतक बीचके दण्ड परसे होते हुए लोहेके तीन और पीतलके चार तार लगे रहते हैं। लोहेके तार पक्के और पीतलके कच्चे कहलाते हैं। इन सातों तारोंको

कसने या ढीला करनेके लिये सात खूँटियाँ रहती हैं। इन्हीं तारोंको झनकार कर स्वर उत्पन्न किये जाते हैं। भिन्न-भिन्न देवताओं आदिके हाथमें रहनेवाली वीणाओंके नाम अलग-अलग हैं। जैसे, महादेवके हाथकी वीणा लम्बी, सरस्वतीके हाथकी कच्छपी, नारदके हाथकी महती इत्यादि।—(श० सा०) **श्रुतिमाथ**=समस्त श्रुतियोंके मस्तक, पुरुषसूक्त। शिरोभाग अर्थात् जिसको श्रुतियोंने मुख्य प्रतिपाद्य विषय माना है। यथा—**'वेदानां प्रबला मन्त्रास्तस्मादध्यात्मवादिनः। तस्माच्च पौरुषं सूक्तं न तस्माद्विद्यते परम्॥'** (१)

अर्थ—श्रीरामचन्द्रजी जो करना चाहते हैं वही होगा। ऐसा कोई नहीं जो उसके विरुद्ध कर सके (वा, उनकी इच्छाको व्यर्थ कर सके)॥ १॥ श्रीशिवजीके वचन मुनिके मनको न अच्छे लगे तब वे ब्रह्मलोक-को चल दिये॥ २॥ एक बार हाथमें श्रेष्ठ वीणा लिये हुए गानविद्यामें निपुण मुनिनाथ नारदजी हरिगुण गाते हुए क्षीरसागरको गये, जहाँ वेदोंके मुख्य प्रतिपाद्य पूज्य श्रीनिवास भगवान् रहते हैं॥ ३-४॥

टिप्पणी—१ (क) ***'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई।'''''*** अर्थात् श्रीरामजी कौतुक (लीला) करना चाहते हैं, शिवजी उनकी इस इच्छाको (नारदको उपदेश देकर) अन्यथा करना चाहते थे सो न कर सके, भगवान्‌की इच्छा ही हुई। ☞***'हरि इच्छा बलवान'*** की इन दोनों चरणोंमें व्याख्या की है। ***'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई'*** यह हरिकी इच्छा कही और ***'करै अन्यथा अस नहिं कोई'*** यह हरि-इच्छाका बल कहा; यथा—***'हरि इच्छा भावी बलवाना। हृदय बिचारत संभु सुजाना॥'*** (१। ५६। ६) (ख) ***'संभु बचन मुनि मन नहिं भाए'''''*** इति। हरि-इच्छा बलवान् है इसीसे वचन न भाये। अतएव वहाँसे चल दिये। यह भी न पूछा कि आप मुझे चरचा करनेसे क्यों रोकते हैं? ***'तब बिरंचिके लोक सिधाए'*** से जनाया कि बैठे नहीं, यदि शिवजी प्रशंसा करते तो बैठते। (ग) ***'संभु दीन्ह उपदेस हित नहिं नारदहि सोहान'*** पर प्रसंग छोड़ा था, बीचमें वचन प्रिय न लगनेका कारण कहने लगे। अब पुनः वहींसे कहते हैं—***'संभु बचन'''''।'*** (घ) ***'तब बिरंचि के लोक सिधाए'*** इति। शिवजीसे कहकर अब ब्रह्माको अपना विजय विदित करनेको चले। [अथवा, ब्रह्मलोकमें रहते ही हैं, अतएव बात अच्छी न लगी तो अपने घर चल दिये। ब्रह्माजीको सुनाना न कहा, क्योंकि पितासे (कामचरित) कहना उचित न समझा, अयोग्य समझा। (मा० पी० प्र० सं०)] ***'बिरंचि के लोक'*** कहनेका भाव कि ब्रह्मलोकमें सबसे कहा, ब्रह्माजीसे यह बात स्वयं न कह सकते थे क्योंकि वे पिता हैं, लोकमें सबको मालूम हो जानेसे उनके द्वारा वहाँ भी खबर पहुँच जायगी। यह उपाय रचकर अब क्षीरशायी भगवान्‌पर अपना पुरुषार्थ प्रकट करने जायेंगे।

टिप्पणी—२ ***'एक बार करतल बर बीना।'''''*** इति। (क) ***'एक बार'*** से जनाया कि कुछ दिनों बाद, कुछ काल बीतनेपर गये, तुरत नहीं गये। ब्रह्मलोक नारदका घर है, अतः कुछ दिन घर रह गये। (ख) ***'बर बीना'*** का भाव कि आप गानमें तथा वीणा बजानेमें प्रवीण हैं। ☞***'गावत हरि गुनगान प्रबीना'*** अर्थात् हरिगुण ही गाते हैं अन्यथा (इसके अतिरिक्त और) कुछ नहीं गाते, यथा—***'यह बिचारि नारद कर बीना। गए जहाँ प्रभु सुख आसीना॥ गावत रामचरित'''''।'*** (३। ४१) ***'गगनोपरि हरिगुनगन गाए। रुचिर बीर रस प्रभु मन भाए॥'*** (६। ७०) ***'तेहि अवसर मुनि नारद आए करतल बीन। गावन लागे राम कल कीरति सदा नबीन॥'*** (७। ५०) तथा यहाँ ***'गावत हरिगुन'''''।'*** (ग) जब शिवजीके यहाँ गये तब वीणा बजाना, हरिगुण गाना नहीं कहा और जब भगवान्‌के यहाँ चले तब गाते-बजाते चले, क्योंकि ये अपने इष्ट हैं, इष्टके मिलनेमें प्रेम है। (वा, ब्रह्मलोकमें कुछ दिन रह जानेसे अहंकार कुछ शान्त हो गया है। त्रिपाठीजी लिखते हैं कि इस समय जगत्‌में कोई ऐसा गायक नहीं है जो वीणापर गान कर सके। तानपूरापर ही गानेवाले कम हैं पर नारद गानमें ऐसे प्रवीण हैं कि वीणापर गान करते हैं।)

टिप्पणी—३ ***'छीर सिंधु गवने मुनि नाथा।'''''''*** इति। ***'छीर सिंधु गवने'*** का भाव कि जय-विजय और जलन्धर इन दो कल्पोंमें वैकुण्ठवासी विष्णुका अवतार कहा, अब नारायणके अवतारकी कथा कहते हैं। [या यों कहें कि जय-विजय, रावण-कुम्भकर्णवाले कल्पमें जय-विजयको शाप श्रीरामावतारका

हेतु था, जलन्धरवाले कल्पमें वैकुण्ठवासी भगवान् विष्णुको वृन्दाका शाप श्रीरामावतारका हेतु था और नारद-मोहवाले कल्पमें क्षीरसागरशायी भगवान् नारायणको शाप अवतारका हेतु होना था। जहाँ जिसके हेतुसे अवतार होता है, वहाँ उसकी कथा कही जाती है। इसीसे यहाँ नारदजीका क्षीरसागरमें श्रीमन्नारायणके पास जाना कहा गया। (यह भाव उनके मतानुसार होगा जो भगवान् विष्णु और श्रीमन्नारायणका *'रामावतार'* लेना नहीं मानते)]

(ख) भगवान्‌के पास चले इसीसे *'मुनिनाथ'* विशेषण दिया। क्योंकि जो भगवान्‌के पास पहुँचे (उनको प्राप्त हो) वही सबसे बड़ा है। (ग) *'जहँ बस श्रीनिवास'* इति। श्रीनिवास=जिनमें लक्ष्मीजीका निवास है। तात्पर्य कि लक्ष्मीसहित जहाँ भगवान् निवास करते हैं। इसी अभिप्रायसे *'श्रीनिवास'* कहा। (घ) *'श्रुतिमाथा'* अर्थात् सब श्रुतियाँ जिनका कथन करती हैं। तात्पर्य कि जो सब वेदोंके तत्त्व हैं जिनको वेद निर्गुण-सगुण वर्णन करते हैं, वही चतुर्भुज स्वरूप धारण करके क्षीरसिन्धुमें बसते हैं; यह श्रुतिमाथाका अभिप्राय है। [प्रमाण यथा—'**जगृहे पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः। सम्भूतं षोडशकलमादौ लोकसिसृक्षया॥**' (भा० १। ३। १)]

बाबा हरिदासजी—*'श्रुतिमाथ'* का भाव—'वेद जिसका माथा है। अर्थात् जो कोई श्रुतिमें विरोध करता है तो भगवान्‌का सिर दुखता है। नारदजी जगद्‌गुरु शिवजीकी शिक्षा त्यागकर यहाँ आये हैं (सो ये उनका) मानमर्दन करेंगे।'

वि० त्रि०—उस सहस्रशीर्षा पुरुषका सिर वेद है, यथा—भागवत—'छन्दांस्यनन्तस्य शिरो गृणन्ति।' इसलिये उसे *'श्रुतिमाथ'* कहा।

हरषि मिलेउ* उठि रमानिकेता†। बैठे आसन रिषिहि समेता॥५॥
बोले बिहसि चराचर राया। बहुते दिनन्ह‡ कीन्हि मुनि दाया॥६॥

अर्थ—रमानिवास (लक्ष्मीपति) भगवान् श्रीमन्नारायण प्रसन्नतापूर्वक उठकर उनसे मिले और देवर्षि नारदसहित आसनपर बैठे॥५॥ चराचरके स्वामी भगवान् हँसकर बोले—'हे मुनि! (इस बार आपने) बहुत दिनोंमें कृपा की'॥६॥

टिप्पणी—१ *'हरषि मिलेउ······'* इति। (क) हर्षपूर्वक मिलनेका भाव कि जैसे भगवान्‌के दर्शनसे, उनके मिलनेसे दास-(भक्त-) को हर्ष होता है, वैसे ही दासके दर्शनसे, उसके मिलनेसे भगवान्‌को हर्ष होता है। [पंजाबीजी लिखते हैं कि इन्होंने काम-क्रोधको जीता है, इससे इनका आदर किया। अथवा, हर्षपूर्वक उठकर मिलनेमें गूढ़ भाव यह है कि इससे इनका अभिमान और बढ़ेगा तब ये शंकरजीका उपदेश भूल जायेंगे और हमें कौतुक देखनेको मिलेगा।' बाबा हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि 'भवसागर तरनेकी उपयोगिनी जो हमारी लीला है उसके प्रारम्भमें सहायक हुए, यह जानकर हर्ष है।' (रा० प्र०) वस्तुतः प्रसन्नतापूर्वक उठकर मिलना शिष्टाचार है। ऐसा करना भारी आदर-सत्कारका द्योतक है]। (ख) *'मिलेउ उठि'* क्योंकि श्रीमन्नारायण क्षीरसागरशयन हैं, यहाँ वे सदा शयन ही किये रहते हैं। यथा—*'करौ सो मम उर धाम सदा छीरसागर सयन'* (मं० सो० ३), 'भुजग शयनम्', 'नमस्ते जलशायिने।' अतः उठकर मिलना कहा। (ग) *'रमानिकेता'* कहकर *'श्रीनिवास'* जो पूर्व कह आये हैं उसका अर्थ स्पष्ट किया। जैसे, *कृपानिकेत*=कृपाके स्थान; वैसे ही, *'रमानिकेत'*=श्रीजीके निवासस्थान। 'रमानिकेत' का भाव कि जैसे आप रमाजीको हृदयमें बसाये हैं वैसे ही आपने नारदजीको हृदयसे लगा लिया। अथवा भाव यह कि यद्यपि आप रमानिकेत हैं; तथापि धर्ममें प्रमाद नहीं है, साधुओं, विप्रोंसे मिलनेमें एवं उनका मान करनेमें सावधान हैं। अथवा, रमानिकेत हैं इससे महात्माओंका आदर करके सदा रमाकी रक्षा करते रहते हैं।

---

* मिले—१७२१, १७६२, को० राम। मिलेउ—१६६१, १७०४। †उठे प्रभु कृपा निकेता—छ०। ‡सं० १६६१ में मूलमें 'दिन' है। छूटा हुआ एक 'न' हाशियेपर दूसरी स्याहीसे बनाया गया है।

साधुके अनादरसे, उनका अपमान करनेसे लक्ष्मीका नाश है, यथा—'**आयुः श्रियं यशो धर्मं लोकानाशिष एव च। हन्ति श्रेयांसि सर्वाणि पुंसो महदतिक्रमः॥**' (भा०) अर्थात् बड़ोंका आदर न करनेसे अथवा उनका अपमान करनेसे छोटोंकी आयु, श्री, यश, धर्म, परलोक, आशीर्वाद एवं सब प्रकारके कल्याण नष्ट होते हैं। ब्राह्मणोंका मान करते हैं इसीसे रमानिकेत हैं, रमा सदा यहीं बसती हैं, कभी इन्हें छोड़ती नहीं। (घ)—'***बैठे आसन*······**' इति। अर्थात् अपने बराबर अपने ही आसनपर बैठाया, दूसरा आसन न दिया। (यह अत्यन्त आदरका तथा प्रसन्नताका स्वरूप है। दूसरे, इस कथनसे मुनिके अहंकारकी वृद्धि भी दिखा रहे हैं। स्वामीके बराबर या उनके आसनपर बैठना दासके लिये अयोग्य है। नारदजीने प्रणामतक न किया और आसनपर बराबर बैठ गये, सम्भवतः यह विचारकर कि भगवान् भी हमको बराबरका मानते हैं तभी तो साथ बैठाते हैं। अथवा अपनेको त्रिदेवसे श्रेष्ठ मानकर बराबर बैठे, यह समझकर कि इन्होंने भी तो केवल क्रोधको जीता है, स्त्री साथ रखते हैं; अतः ये भी कामजित् नहीं कहे जा सकते और मैंने दोनोंको जीता है)। विशेष आगे चौ० ८ में देखिये।

प० प० प्र०—नारदजीको मोहित करनेकी प्रक्रिया क्षीरसागरमें ही शुरू हो गयी। इसका सच्चा कारण तो अहंकारवश होकर शिवजीके उपदेशका मनमें तिरस्कार और बाह्यतः उनका अपमान करना ही है। शिवसमान प्रियतम भक्तका अपमान भगवान् सह नहीं सकते; इसीसे तो अन्तमें जो प्रायश्चित्त कहा वह शिव-शतनामका जप ही कहा, यथा—'*जपहु जाइ संकर सत नामा।*'

नोट—१ '***बोले बिहसि*······**' इति। यहाँसे इतने सुन्दर प्रहसनका मुख्य भाग प्रारम्भ होता है कि जिसका उदाहरण साहित्यजगत्‌में मिलना अवश्य ही कठिन है। इस प्रहसन-प्रसंगमें तो हास्यरस कूट-कूटकर भरा है। हाँ! शिव-विवाहमें वह अवश्य है, पर आंशिक ही है। (लमगोड़ाजी)

टिप्पणी—२ '***बोले बिहसि चराचर राया*······**' इति। भाव यह कि —(क) जिस प्रसन्नतासे उठकर मिले थे उसी प्रसन्नतासे 'हँसकर' बोले। अथवा (ख) '***हास***' भगवान्‌की माया है। यथा—'***हासो जनोन्मादकरी च माया।***', '***माया हास बाहु दिगपाला।***' (६। १५५) हँसे नहीं कि माया फैलायी; यथा—'***भ्रम तें चकित राम मोहि देखा। बिहँसे सो सुनु चरित बिसेषा॥***' (७। ७९। ४) जब-जब मायाका कौतुक दिखाना अभिप्रेत हुआ है तब-तब प्रभु हँसे हैं। हँसते ही कौसल्या अंबा, महामुनि विश्वामित्र, वाल्मीकिजी तथा भुशुण्डिजी आदि मायासे मोहित हो गये। देखिये, कौसल्याजीने जब स्तुति करते हुए कहा कि '***ब्रह्मांड निकाया निर्मित माया रोम रोम प्रति बेद कहै। मम उर सो बासी यह उपहासी सुनत धीर मति थिर न रहै॥***' तब प्रभु मुसकरा दिये क्योंकि उनको तो चरित करना था। '***प्रभु मुसुकाना चरित बहुत बिधि कीन्ह चहै।***' बस, वहींसे माताकी बुद्धि पलट गयी, यथा—'***माता पुनि बोली सो मति डोली*······।**' (१। १९२) विश्वामित्रजी प्रभुका ऐश्वर्य खोले देते थे, यथा—'***कह मुनि बिहँसि कहेहु नृप नीका। बचन तुम्हार न होइ अलीका॥ ये प्रिय सबहि जहाँ लगि प्रानी।***' (१। २१६) इसपर ☞'***मन मुसुकाहिं राम सुनि बानी।***' प्रभुके मुसकराते ही वे मोहित हो माधुर्य कहने लगे—'***रघुकुलमनि दसरथ के जाए।***' वाल्मीकिजीने जब कहा—'***पूँछेहु मोहि कि रहौं कहँ मैं पूछत सकुचाउँ। जहँ न होहु तहँ देहु कहि तुम्हहि देखावौं ठाउँ॥***' (२। १२७) तब '***सुनि मुनि बचन प्रेमरस साने। सकुचि राम मन महुँ मुसुकाने॥***' बस वहींसे माधुर्यमें आ गये। वैसे ही यहाँ देवर्षिजी तो इस '***बिहसि***' बोलनेको अपने ऊपर भगवान्‌की बड़ी भारी प्रसन्नता समझ रहे हैं और पड़ गये हैं मायाके जालमें।—प्रभुने हँसकर मायाका विस्तार किया अर्थात् माया फैलायी जिससे नारदजी मोहित हो कामचरित कह चले। [अथवा (ग) अपनी मायाकी प्रबलतापर हँसे। यथा—'***निज माया बलु हृदय बखानी। बोले बिहँसि राम मृदु बानी॥***' (१। ५३) (सती-मोह-प्रसंगमें), वैसे ही यहाँ '***बोले बिहसि।***' अथवा, (घ) यह प्रभुका सहज स्वभाव है। सदा प्रसन्नवदन रहते हैं और हँसकर बोलते हैं—'**स्मितपूर्वाभिभाषी।**' वैसे ही यहाँ प्रसन्नतापूर्वक मिले और बोले। (ङ) इससे भगवान्‌का सौशील्य दरसाया। (च) हँसनेका भाव कि हमारी रक्षाको भूल गये; शरणागति त्याग अहंकारसे फूले नहीं समाते।

(वै०, रा० प्र०) वा, (छ) 'नारं ज्ञानं ददातीति नारदः' जो दूसरोंको ज्ञानोपदेश करते थे वही इस समय ऐसे अभिमानयुक्त हो गये कि शिवजीका हितोपदेश भी उनको बुरा लगा, यह सोचकर हँसे। (पां०, रा० प्र०) वा, (ज) मुनिकी मूढ़तापर हँसे, इनके अभिमानपर हँसे। (पं०)]

नोट—२ *'बिहसि'* की मुसकान गजबकी है। वह साफ बता रही है कि भगवान् सारे रहस्यको समझ गये। नारद तो अहंकारमें भरे थे ही, तनिक-से प्रश्नपर ही उन्होंने सारा प्रसंग कह सुनाया। परम कौतुकी भगवान्की लीला आगे देखिये।

टिप्पणी—३ (क) *'चराचर राया'* का भाव कि जो चराचरमात्रपर दया करते हैं, वे ही अपने ऊपर मुनिकी दया बताते हैं—*'कीन्हि मुनि दाया।'* इससे सूचित करते हैं कि हमारे भक्त हमसे अधिक हैं। यथा—*'सातवँ सम मोहि मय जग देखा। मोते संत अधिक करि लेखा॥'* (३। ३६। ३) *'मोरे मन प्रभु अस बिस्वासा। राम ते अधिक राम कर दासा॥'* (७। १२०) अथवा, भाव कि चराचरके हितार्थ लीला किया चाहते हैं। (ख) *'बहुते दिनन्ह……'* इति। ☞यह कहा जिसमें नारदजी इतने दिन न आनेका हेतु 'कामप्रसंग' कहें। ऐसा ही हुआ भी।

नोट—३ नारदजीने अभीतक अपनेसे कामके प्रसंगको नहीं कहा। भगवान् उस प्रसंगको इस चतुरतासे छेड़ रहे हैं। शंकरजीने जो कहा था कि *'चलेहु प्रसंग दुरावहु तबहूँ।'*, भगवान्का *'बहुते दिनन्ह कीन्हि मुनि दाया'* यह कथन ही 'प्रसंगका चलना' है, यही उस *'चलेहु प्रसंग'* का अभिप्राय था। भगवान् शंकर भगवान्का स्वभाव जानते हैं, यथा—*'जान भुसुंडि संभु गिरिजाऊ।'* वे ये भी जानते हैं कि प्रभु *'जन अभिमान न राखहिं काऊ',* वे समझते थे कि भगवान् इनका अहंकार मिटानेके लिये अवश्य छेड़ेंगे। इसीसे उन्होंने छिपानेकी ताकीद कर दी थी। वही प्रसंग छिड़ा। ध्वनिसे भाव यह है कि इतने दिनोंपर अबकी दर्शन हुए, क्या कहीं चले गये थे? पहले तो शीघ्र-शीघ्र दया करते थे, अबकी बहुत दिनपर दर्शन दिये। हमसे कोई अपराध तो नहीं हो गया जो दया कम कर दी? इसके उत्तरमें अवश्य कहेंगे कि और कोई बात नहीं है। हमने समाधि लगायी थी, इन्द्रने कामदेवको भेजा इत्यादि।

नोट—४ रुद्र सं० २। २ में प्रसंगके श्लोक ये हैं—**'आगच्छन्तं मुनिं दृष्ट्वा नारदं विष्णुरादरात्। उत्थित्वाग्रे गतोऽनन्तः शिश्लेष ज्ञातहेतुकः॥ ४३॥ स्वासने समुपावेश्य……॥ ४२॥ कुत आगम्यते तात किमर्थमिह चागतः। धन्यस्त्वं मुनिशार्दूल तीर्थोऽहं तु तवागमात्॥'** (४४) अर्थात् मुनिको आये हुए देखकर भगवान्ने आदरपूर्वक उठकर आगे जाकर उनका सत्कार किया क्योंकि वे कारणोंको जानते थे। अपने आसनपर उनको बिठाकर बोले—हे तात! इस समय आप कहाँसे आ रहे हैं और किस कारणसे आपका आगमन हुआ है। हे मुनिश्रेष्ठ! आप धन्य हैं। आपके आगमनसे मैं पवित्र हो गया। मानसके **'बहुते दिनन्ह कीन्हि मुनि दाया'** में शि० पु० से कितनी अधिक सरलता, रोचकता और साथ ही व्यंग है। पाठक स्वयं देख लें।

काम चरित नारद सब भाषे। जद्यपि प्रथम बरजि सिव राखे॥७॥
अति प्रचंड रघुपति कै माया। जेहि न मोह अस को जग जाया॥८॥

दोहा—रूख बदन करि बचन मृदु बोले श्रीभगवान।
तुम्हरे सुमिरन तें मिटहिं मोह मार मद मान॥१२८॥

शब्दार्थ—बरजना=मना करना। प्रचंड=प्रबल, कठिन। जाया=जन्म लिया, पैदा हुआ। रूख (रुक्ष)=रूखा-सूखा, मुसकराहटरहित, उदासीन।

अर्थ—यद्यपि शिवजीने उन्हें प्रथम ही मना कर रखा था (तथापि) नारदजीने कामदेवका सारा चरित कह सुनाया॥ ७॥ श्रीरघुनाथजीकी माया अत्यन्त प्रचण्ड है। जगत्में ऐसा कौन पैदा हुआ जिसे वह मोहित न कर सके? (अर्थात् ऐसा कोई नहीं है)॥८॥ रूखा मुख करके श्रीभगवान् कोमल वचन बोले कि

आपका स्मरण करनेसे (दूसरोंके) मोह, काम, मद और अभिमान मिट जाते हैं (तब भला ये आपको कब व्याप सकते हैं?)॥ १२८॥

टिप्पणी—१ (क) *'कामचरित नारद सब भाषे'* अर्थात् उन्होंने पूरा-पूरा वृत्तान्त आदिसे अन्ततक विस्तारपूर्वक कहा। शंकरजीका उपदेश भूल गये वा न माना। इसीपर आगे कहते हैं। (ख) *'अति प्रचंड रघुपति कै माया'* इति। ☞ *'अति प्रचंड'* से चण्ड, प्रचण्ड और अति प्रचण्ड तीन प्रकारकी मायाका बोध कराया। देवताओंकी माया *'चण्ड'* है, ब्रह्मा-शिवादिकी माया *'प्रचण्ड'* है और रघुपतिकी माया *'अति प्रचण्ड'* है। ☞ देखिये कि जब मायाने सतीजीसे झूठ कहलवाया तब याज्ञवल्क्यजीने मायाकी बड़ाई की, यथा—*'बहुरि राम मायहि सिरु नावा। प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा॥'* और यहाँ भी जब उसने नारदसे कामचरित कहलवाया तब भी मायाकी बड़ाई की कि *'अति""जेहि न मोह।'* भाव यह है कि इस समय मायाके वश होनेसे शिवजीका कहना न माना। संसारमें ऐसा कोई भी नहीं है जिसे श्रीरामजीकी माया न मोहित कर सके। यथा—*'मन महुँ करइ बिचार बिधाता। माया बस कबि कोबिद ज्ञाता॥ हरि माया कर अमित प्रभावा। बिपुल बार जेहि मोहि नचावा॥ अगजगमय जग मम उपराजा। नहिं आचरज मोह खगराजा॥'* (७। ६०) *'नारद भव बिरंचि सनकादी। जे मुनिनायक आतमबादी॥ मोह न अंध कीन्ह केहि केही।'""'यह सब माया कर परिवारा। प्रबल अमित को बरनै पारा॥ सिव चतुरानन जाहि डेराहीं। अपर जीव केहि लेखे माहीं॥'* (७। ७०-७१) बा० ५१ भी देखिये। पुन: यथा—*'को न क्रोध निर्दह्यो काम बस केहि नहिं कीन्हो। को न लोभ दृढ़ फंद बाँधि त्रासन करि दीन्हो? कवन हृदय नहिं लाग कठिन अति नारि नयन सर? लोचन जुत नहिं अंध भयो श्री पाइ कौन नर? सुर नाग लोक महि मंडलहु को जु मोह कीन्हों जय न? कह तुलसिदास सो ऊबरै जेहि राख राम राजिवनयन।'* (क० उ० ११७) *'जद्यपि बरजि"""'* यथा—*'बार बार बिनवौं मुनि तोही'* से *'संभु दीन्ह उपदेस हित'* तक।

टिप्पणी—२ (क) यहाँ राम, विष्णु और नारायणमें स्वरूपत: अभेद दिखानेके लिये *'विष्णु'* को (श्रीभगवान्) कहा और पूर्व *'राम'* कहा था, यथा—*'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥'* (१२८। १) (बाबा हरिदासाचार्यके मतानुसार भाव यह होगा कि अवतार तो श्रीरामजीकी ही इच्छासे होता है, उन्हींको अवतार लेना है। इस बातको सूचित करनेके लिये ही यहाँ प्रारम्भमें उनकी इच्छा कही और फिर आगे तो लीलामात्र है।) (ख) नारदजीने शिवजी, ब्रह्माजी और श्रीमन्नारायणजी तीनोंसे कामचरित प्रकट किया। त्रिदेवसे कहकर यह जनाया कि हम तीनोंसे बड़े हैं। ब्रह्माजी कन्याके पीछे दौड़े, शिवजी मोहिनीरूप देखकर अपनेको न सँभाल सके और विष्णुने जलन्धरकी स्त्रीको ग्रहण किया। कोई कामको न जीत सका। हमने कामको जीता।

टिप्पणी—३ *'रूख बदन करि'* इति। भाव कि अभिमानकी बात भगवान्‌को अच्छी न लगी। (*'करि'* में भाव यह है कि उनका मुखारविन्द कभी रूक्ष नहीं रहता, वे तो सदा प्रसन्नवदन ही रहते हैं पर मुनिके हितार्थ उन्हें रूखी चेष्टा करनी पड़ी) जैसे बच्चेको फोड़ा हो जानेपर माता उसके हितार्थ कठोर बन जाती है। यथा—*'जन अभिमान न राखहिं काऊ।""ताते करहिं कृपानिधि दूरी। सेवकपर ममता अति भूरी॥ जिमि सिसु तन ब्रन होइ गोसाईं॥ मातु चिराव कठिन की नाईं॥'* (७। ७४)

नोट—१ *'रूख बदन करि"""'* इति। जब किसी वस्तुमें चिकनाहट (घी, तेल इत्यादिकी) लग जाती है तब उसे रूखी-सूखी वस्तुसे (जैसे राख, मिट्टी, बेसन, आटा) मलते हैं तो चिकनाहट दूर हो जाती है। यहाँ नारद मुनिका हृदय अहंकाररूपी चिकनाईसे स्निग्ध हो गया है, इसी चिकनाहटको मिटानेके लिये रूखी वस्तु चाहिये। (रा० प्र०) भगवान्‌के मुखकी इस समयकी चेष्टा रूखी वस्तु है। मुख रूखा करनेका यही भाव है कि यह बात हमको अच्छी नहीं लगी, हम इस अहंकारको मिटावेंगे।

प्रोफे० दीनजी कहते हैं कि 'और बार तो रामचरित सत्संगवार्ता होती थी, अबकी काम-चरित। क्योंकि इनका हृदय कामसे स्निग्ध है। चिकना है तो उसको मिटानेको रूखी वस्तु चाहिये ही।'

कोई ऐसा कहते हैं कि 'भगवान्‌ने (जो) स्नेहका बर्ताव किया जिससे मुनिका अहंकार बढ़ता गया (वही) स्नेह तैलवत् स्निग्ध (चिकनी) वस्तु है। भगवान् उस स्नेहको हटाकर रूखे बन रहे हैं।'

टिप्पणी—४ *'बचन मृदु बोले'* इति। मृदु वचन बोलनेमें भाव यह है कि रूखा मुँह करके रूखा वचन बोलने थे पर वे रूखे वचन न बोलकर *'मृदु बचन'* ही बोले, क्योंकि भगवान् तो सदा मृदुभाषी ही हैं, वे तो अहित करनेवालेसे भी कठोर नहीं बोलते। (रूखे वदनसे प्रायः कोमल वचन नहीं ही निकलते, इसीसे यहाँ ऐसा कहा)

नोट—२ मृदु वचन बोलनेके और भाव ये हैं कि (१) जिसमें नारदको दुःख न हो। अथवा, (२) भगवान् सत्त्वगुणके स्वरूप हैं, वे कठोर शब्द कभी बोलते ही नहीं, यह उनका सहज शील स्वभाव है। वा, (३) 'यद्यपि मुनिको अहंकारने दबा लिया है तो भी वे प्रभुके लाड़ले ही हैं, इनके हृदयमें चोट न लगे, यह समझकर 'कोमल वचन बोले'। (रा० प्र०)अथवा, (४) 'क्रोधादिक भगवान्‌के अधीन हैं' इससे। अथवा, (५) रूखा मुँह करनेपर पुनः विचार किया कि अभी-अभी हमने इनका सम्मान किया था अब तुरत अपमान करना योग्य नहीं। अथवा, (६) गर्व दूर करनेके निमित्त रूखा बदन कर लिया था और इस विचारसे मृदु वाणी बोले कि अभी इसका कौतुक देखना है; इन्होंने हमारे परमप्रिय शंकरजीका उपदेश न माना। अब हम इन्हीं काम-क्रोधादिकसे इनको लज्जित करायेंगे। (पं०)

टिप्पणी—५ *'श्रीभगवान'* इति। (क) *'श्रीभगवान'* का भाव कि षडैश्वर्यसम्पन्न हैं, उससे शोभित हैं। 'अति प्रचंड माया' के प्रेरक होनेसे यहाँ 'भगवान्' कहा। यथा—'**वेत्ति विद्यामविद्यां च स वाच्यो भगवानिति।**' [अथवा, (ख) भाव कि देवर्षि नारदका मन कामादिसे डिगनेवाला न था; परंतु भगवान् जैसा चाहें वैसा कर दें। (रा० प्र०)]

नोट—३ भगवान्‌के इस वाक्यमें, *'तुम्हरे सुमिरन ते मिटहिं……'* व्यंग्य भी भरा हुआ है। तुम्हारे लिये कामका जीत लेना कौन बड़ी बात है जब कि तुम्हारा स्मरणमात्र करनेसे दूसरे उसपर जय पाते हैं? इसमें अभिप्राय यह भरा है कि अभी कामादि तुम्हारे नहीं मिटे हैं। हाँ, अब हम मिटानेका उपाय किये देते हैं, तुम्हारा मोह *'सुमिरे'* ही मिटेगा, यथा—*'जपहु जाइ संकर सत नामा। होइहि हृदय तुरत बिश्रामा॥'* (१। १३८)।—(रा० प्र०)

बैजनाथजी लिखते हैं कि 'तुम भगवत्-शरणागति भूले हो, जब उसे पुनः स्मरण करोगे तब शुद्ध होगे।' पुनः, तुम्हारा ज्ञान दूर हो गया अतएव तुम्हें मोहादिक अब व्यापेंगे, यह व्यंग्यसे जनाया। अब तुम्हें शीघ्र ही मनोभव-पीड़ा होगी।

टिप्पणी—६ ☞मोह महिपालके तीन सुभट हैं—'मार, मद और मान! *'मिटहिं मार……'* का भाव कि आपके स्मरणमात्रसे सेनासहित राजाका नाश हो जाता है। (भाव कि आपका दर्जा बहुत ऊँचा है। वीतरागमें चित्तकी धारणा करनेसे समाधि सिद्ध होती है। वि० त्रि०)

नोट—४ मिलानके श्लोक, यथा—'**विष्णुवाक्यमिति श्रुत्वा नारदो गर्वितो मुनिः। स्ववृत्तं सर्वमाचष्ट समदं मदमोहितः॥**'(रुद्र सं० २। २। ४५) '**……धन्यस्त्वं मुनिशार्दूल तपोनिधिरुदारधीः। भक्तित्रिकं न यस्यास्ति काममोहादयो मुने॥**'(५१) अर्थात् भगवान्‌के वाक्य सुनकर गर्वित हुए मुनि अपना सब वृत्तान्त मदसहित कह गये। तब भगवान् बोले—'मुनिश्रेष्ठ! तपोनिधि, उदार बुद्धिवाले आप धन्य हैं! जिनके हृदयमें त्रिदेवकी भक्ति नहीं है, उसीको काम और मोहादि सताते हैं।—पाठक देखें *'तुम्हरे सुमिरन तें मिटहिं मोह मार मद मान'* कितने उच्च, कितने उत्कृष्ट हैं।

सुनु मुनि मोह होइ मन ताकें। ज्ञान बिराग हृदय नहिं जाकें॥ १॥
ब्रह्मचरज ब्रत रत मतिधीरा। तुम्हहि कि करै मनोभव पीरा॥ २॥
नारद कहेउ सहित अभिमाना। कृपा तुम्हारि सकल भगवाना॥ ३॥
करुनानिधि मन दीख बिचारी। उर अंकुरेउ गर्बतरु भारी॥ ४॥

शब्दार्थ—**अंकुर**=अँखुआ, गाभ, अँगुसा, कल्ला, नवोद्भिद। **अंकुरेउ**=अंकुर निकला है।

अर्थ—हे मुनि! सुनिये। मोह तो उसीके मनमें होता है कि जिसके हृदयमें ज्ञान-वैराग्य नहीं है॥ १॥ और आप ब्रह्मचर्य-व्रतमें तत्पर हैं, धीरबुद्धि हैं, (भला) आपको कामदेव कैसे पीड़ित कर सकता है? ॥ २॥ नारदजीने अभिमानसहित कहा—'भगवन्! यह सब आपकी कृपा है॥ ३ ॥ दयासागर भगवान्‌ने मनमें विचारकर देखा कि इनके हृदयमें गर्वरूपी भारी वृक्षका अंकुर जमा (फूटा) है॥ ४ ॥

नोट—१ मिलान कीजिये। '**विकारास्तस्य सद्यो वै भवन्त्यखिलदुःखदाः। नैष्ठिको ब्रह्मचारी त्वं ज्ञानवैराग्यवान् सदा॥ कथं कामविकारो स्याज्जन्मनाविकृतस्सुधीः। इत्याद्युक्तवचो भूरि श्रुत्वा स मुनिसत्तमः॥ विजहास हृदा नत्वा प्रत्युवाच वचो हरिम्। किं प्रभावः स्मरः स्वामिन्कृपा यद्यस्ति ते मयि॥**'(रुद्रसं० २। २। ५२—५४) अर्थात् उसीको (जो त्रिदेवका भक्त नहीं है) ये सब दुःखद विकार होते हैं। आप तो नैष्ठिक ब्रह्मचारी और सदा ज्ञान-वैराग्यवाले हैं। आपको कामविकार कैसे हो सकता है? आप तो जन्मसे ही विकाररहित और सुन्दर बुद्धिवाले हैं। मुनिने यह सुनकर हृदयसे नमस्कार कर हँसते हुए कहा—स्वामिन्! मुझपर आपकी यदि कृपा है तो काम मेरा क्या कर सकता है?

टिप्पणी—१ नारदने '*कामचरित सब भाषा।*' क्रमसे सब कहे, वैसे ही क्रमसे भगवान्‌ने उनकी प्रशंसा की। (१) नारदजीने प्रथम रम्भादिकी कला कही। उसके उत्तरमें भगवान्‌ने कहा—'*सुनु मुनि मोह होइ मन ताकें। ज्ञान बिराग हृदय नहिं जाकें॥*' (२) फिर कामका प्रपञ्च कहा, उसके उत्तरमें '*ब्रह्मचरजब्रत-रत मतिधीरा। तुम्हहिं कि करै मनोभव पीरा॥*' कहा गया।

नोट—२ '*सुनु मुनि मोह होइ मन ताकें। ज्ञान*……' इस एक ही पंक्तिमें मोह और ज्ञान दोनोंको रखा, क्योंकि ये दोनों राजा हैं। आसुरी सम्पत्तिका राजा मोह है और काम, मद-मान उसके सुभट हैं। और दैवी सम्पत्तिका राजा ज्ञान है और वैराग्य, ब्रह्मचर्य, धैर्य उसके मन्त्री और सुभट हैं। यथा—'*मोह दसमौलि तद्भ्रात अहंकार पाकारिजित काम*……' इति। (विनय०, पद ५८), एवं '*सचिव बिराग बिबेक नरेसू।*……*भट जम नियम सैल रजधानी*……॥ *जीति मोह महिपाल दल सहित बिबेक भुआलु॥*' (अ० २३५) दो राजा एक देशमें नहीं रह सकते। अतएव जहाँ ज्ञान रहेगा वहाँ मोह नहीं रह सकता। व्यंग्यार्थ यह है कि आपके हृदयसे अब विवेक भाग गया, इसीसे वहाँ अब मोहने दखल—अधिकार जमाकर निवास कर लिया है। दो राजा एक देशमें नहीं रह सकते, यह शब्दोंकी स्थितिसे कवि दिखा रहे हैं। एक चरणमें मोहको रखा और दूसरेमें ज्ञानको।

टिप्पणी—२ (क) भगवान्‌ने जो पूर्व कहा था कि तुम्हारे स्मरणसे मोहादि मिटते हैं, उसी मोह-मार-मदको अब विस्तारसे कहते हैं। (ख) '*हृदय नहिं जाकें*' का भाव कि ज्ञान और वैराग्य जिसके वचनमात्रमें हैं (हृदयमें नहीं हैं) उसको मोह होता है और जिसके हृदयमें इनका निवास रहता है उसको ये नहीं व्यापते। तात्पर्य कि ज्ञान मोहको जीत लेता है। यथा—'*जीति मोह महिपाल दल सहित बिबेक भुआलु। करत अकंटक राज पुर सुख संपदा सुकालु॥*' (२। २३५) (ग) '*ब्रह्मचरज ब्रत रत*……' इति। ज्ञानको कहकर तब वैराग्य, ब्रह्मचर्य और धैर्यको कहा; क्योंकि ये ज्ञानके सुभट हैं।

वि० त्रि०—भाव कि हमलोग तो गृहस्थ हैं, मुझे रमा हैं, शिवजीको उमा हैं, ब्रह्मदेवको शारदा हैं, अतएव हमलोग राग और अज्ञानकी सीमाके भीतर हैं। आप परिव्राजक हैं, ब्रह्मचर्यव्रतमें रत हैं, मतिधीर हैं। आप मुनि हैं। दुःखमें जिसका मन उद्विग्न न हो, सुखकी जिसे इच्छा न हो, जिसे राग, भय और क्रोध न हों, ऐसे स्थितप्रज्ञको मुनि कहते हैं—'**दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः। वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते॥**' (गीता २। ५६)

पं० राजबहादुर लमगोड़ाजी—१ मज़ाकका लुत्फ़ ही यह है कि मज़ाक करनेवालेकी किसी बातसे पता न लगे कि वह मज़ाक़ कर रहा है, नहीं तो हास्यपात्र चौंक जायगा और हास्यका वार पूरा न पड़ेगा। इसीलिये तो भगवान्‌ने रूखा मुँह करके नारदकी तारीफके पुल बाँध दिये।

नारदका अहंकार और भी उभर आया और वे नम्रभावसे (जो यहाँ अहंकारका रूपान्तर ही है) कहने लगे *'कृपा तुम्हारि……।'* २—नाटकीय दृष्टिकोणसे यह अभिनयताके लिये बड़ी सुन्दर हिदायत है और फिल्मकलाकी बड़ी सूक्ष्म प्रगति। [मानसका नारदमोह बड़ा मनोहर एकाकी प्रहसन-काव्य है, अनुपम है। (प० प० प्र०)]

टिप्पणी—३ (क) *'ब्रह्मचरज ब्रतरत मतिधीरा'* इति। ऊपर (*'सुनु मुनि मोह होइ……'* में) मोहकी व्याख्या की थी, अब *'मार'* की व्याख्या करते हैं। ब्रह्मचर्य-व्रत-रत और मतिधीर ये दोनों कामको जीतते हैं। आप ब्रह्मचर्यरत और मतिधीर दोनों हैं—इस कथनका तात्पर्य यह हुआ कि जिसके ज्ञान, वैराग्य, ब्रह्मचर्य और धीरबुद्धि हो वह स्मरणके योग्य है, उसके स्मरणसे सब विकार दूर होते हैं, यथा—*'तुम्हरे सुमिरन ते मिटहिं……।'* (ख) *'नारद कहेउ सहित अभिमाना।……'* इति। तात्पर्य कि यदि वे अभिमानसहित न कहते तो *'कृपा तुम्हारि सकल भगवाना'* इस बातमें 'सब कुछ बन जाता।' *'अभिमान सहित कहेउ'* का भाव कि कामको जीतनेका अहंकार अपना है कि हमने जीता है और ऊपरसे भगवान्‌की कृपा कहते हैं। (ग) *'कृपा तुम्हारि सकल'* का भाव कि रम्भादि अप्सराओंको देखकर मोह न हुआ; कामका विकार न व्यापा, ज्ञान, वैराग्य, ब्रह्मचर्य और मतिमें धैर्य हैं, सो सब आपकी कृपा है। नारदको अभिमान है इसीसे यह न कहा कि 'यह सब आपकी कृपासे है, हममें कुछ भी नहीं है।' जैसा कि हनुमान्‌जीने कहा है—*'सो सब तव प्रताप रघुराई। नाथ न कछू मोरि प्रभुताई॥'* (५। ६। ३। ९) अभिमानके साथ न कहते तो उत्तर बिलकुल ठीक था। अभिमानके कारण बात विनय-प्रदर्शनमात्र हो गयी।

टिप्पणी—४ *'करुनानिधि मन दीख बिचारी।……'* इति। (क) *'करुणानिधि'* कहनेका भाव कि लोग अभिमानीका अभिमान सुनकर क्रोध करते हैं पर भगवान्‌को इनपर करुणा हुई, क्योंकि जानते हैं कि वे अपने दास हैं। (ख) *'उर अंकुरेउ गर्बतरु भारी'* इति। *'नारद कहेउ सहित अभिमाना'* इसी अभिमानको भगवान् *'गर्व'* कहते हैं। भक्तोंको जैसे ही गर्व हुआ वैसे ही प्रभु उसका नाश करते हैं, जिसमें आगे क्लेश न भोगना पड़े; इसीसे *'करुणानिधि'* कहा। और दुष्टोंको जब गर्व होता है तब उन्हें मारते हैं, यथा—*'जब जब होइ धरम कै हानी। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी॥ करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी। सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी। तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा॥'* (१। १२१)

नोट—३ यहाँ 'करुनानिधि' विशेषण दिया क्योंकि दया करके भक्तोंका अहित नहीं होने देते, सदा उनका हित ही सोचते और करते हैं। 'अहंकार' भवसागरमें डालनेवाला है।

'उर अंकुरेउ गर्बतरु भारी॥ बेगि……' इति—अहंकार संसारका मूल है, इसीसे बारम्बार चौरासी भोगना पड़ता है। अहंकार भारी दुःखदाता है, इसीसे 'गर्बतरु' को 'भारी' कहा। भगवान् करुणानिधान हैं, वे अपने भक्तोंको भव-प्रवाहमें नहीं पड़ने देते। इन चौपाइयोंका भाव भुशुण्डिजीके वचनोंसे खूब स्पष्ट समझमें आ जावेगा। यथा—*'सुनहु राम कर सहज सुभाऊ। जन अभिमान न राखहिं काऊ॥ संसृत मूल सूल-प्रद नाना। सकल सोक दायक अभिमाना॥ ताते करहिं कृपानिधि दूरी। सेवक पर ममता अति भूरी॥ जिमि सिसु तन ब्रन होइ गोसाईं। मातु चिराव कठिन की नाईं॥ जदपि प्रथम दुख पावइ रोवइ बाल अधीर। ब्याधि नास हित जननी गनति न सो सिसु पीर॥ तिमि रघुपति निज दासकर हरहिं मान हित लागि।'* (उ० ७४)

ये समस्त दुःख आगे आवेंगे, अभी अंकुर ही फूटा है, शीघ्र जड़से उखड़ सकता है; नहीं तो यदि यह पूरा बढ़ गया—भारी वृक्ष हो गया, तो इसका उखाड़ना कठिन हो जावेगा। इसीसे यहाँ *'अंकुरेउ'*, *'तरु भारी'* और आगे *'बेगि'* कहा है। *'भारी'* क्योंकि सब शोकोंकी जड़ है।

बेगि सो मैं डारिहौं उखारी[१]। पन हमार सेवक हितकारी॥ ५॥
मुनि कर हित मम कौतुक होई। अवसि उपाय करबि मैं सोई॥ ६॥

१-पाठान्तर—'उपारी'।

अर्थ—मैं उसे शीघ्र ही उखाड़ डालूँगा, क्योंकि सेवकका हित करना यह हमारी प्रतिज्ञा है (वा, हमारी प्रतिज्ञा सेवकके लिये हितकर है)॥५॥ अवश्य मैं वही उपाय करूँगा जिससे मुनिका भला और मेरा खेल होगा (मेरी लीला होगी)॥६॥

टिप्पणी—१ *'बेगि सो मैं डारिहौं उखारी।.....'* इति। (क) *'बेगि'* क्योंकि अभी गर्व-तरु जमा है, उसके उखाड़नेमें कुछ भी परिश्रम नहीं है और नारदके हृदयमें बहुत दुःख अभी उखाड़नेसे न होगा। बड़ा वृक्ष उखाड़नेमें पृथ्वी विदीर्ण हो जाती है। तात्पर्य कि बहुत दिन रह जानेसे उसका अभ्यास हो जाता है फिर वह हृदयसे नहीं जाता। अभी गर्व हृदयमें अंकुरित हुआ है, अभी उसका अभ्यास नहीं पड़ा है। (ख) *'पन हमार सेवक हितकारी'* कहनेका भाव कि गर्व अहितकारी है। पुनः, भाव कि 'भगवान् परायी विभूति नहीं देख सके, अपनी बड़ाईकी ईर्ष्यावश होकर अथवा अवगुण देखकर क्रोधसे गर्व दूर करनेपर उद्यत हैं', ऐसा नहीं है किंतु वे सेवकका हित करनेके लिये उसके गर्वका नाश किया करते हैं, यथा—*'जन अवगुन प्रभु मान न काऊ। दीनबंधु अति मृदुल सुभाऊ॥', 'जेहिं जन पर ममता अति छोहू। जेहिं करुना करि कीन्ह न कोहू॥'* (१। १३। ६) *'अपने देखे दोष राम न कबहूँ उर धरे।'* (दोहावली) [भगवान् परायी विभूति, पराई बाढ़ देख नहीं सकते, इत्यादि संदेहोंके निवारणार्थ *'करुनानिधि', 'सेवक हितकारी', 'मुनि कर हित मम कौतुक'* आदि पद दिये हैं। *'पन हमार.....'* में स्वभावोक्ति अलंकार है।]

टिप्पणी—२ *'मुनि कर हित मम कौतुक होई..... ।'* इति। (क) *कौतुक*=लीला। हमारा कौतुक होगा अर्थात् हम अवतार धारण करके लीला करेंगे। पूर्व जो कहा था कि *'भरद्वाज कौतुक सुनहु'* उस *'कौतुक'* का अर्थ यहाँ खोलते हैं कि 'भगवान्‌का कौतुक सुनो।' यह बात भगवान् यहाँ अपने मुखसे ही कह रहे हैं। *'मम कौतुक होई'* (ख) प्रथम. मुनिका हित होगा अर्थात् गर्व दूर होगा; वे क्रोध करके शाप देंगे तब भगवान्‌की लीला होगी, उसी क्रमसे यहाँ भगवान्‌के वचन हैं—*'मुनि कर हित'* तब *'मम कौतुक।'* *कौतुक*=लीला, यथा—*'बहु बिधि मोहि प्रबोधि सुख देई। लगे करन सिसु कौतुक तेई॥'* (७। ८८) इत्यादि (ग) *'अवसि उपाय करबि मैं सोई'* इति। यहाँ भगवान् उपाय करनेको कहते हैं। भक्तका हित तो कृपादृष्टिसे ही कर सकते हैं तब उपाय करनेमें क्या भाव है? इस कथनमें तात्पर्य यह है कि कृपाकोरसे अभिमान दूर कर सकते हैं इसमें संदेह नहीं पर उसमें अवतारका हेतु न उत्पन्न होता। (और प्रभुकी इच्छा लीलाकी है) अतः *'उपाय करबि'* कहा। उपायमें अवतारका हेतु होगा। लीला हेतु उपाय करना कहा गया। (घ) *'करुनानिधि मन दीख बिचारी'* से यहाँतक मनका विचार है।

श्रीमान् लमगोड़ाजी—१ अभिमानका यह नम्रतारूप रूपान्तर कितना विचित्र है।

२ कविने किस सुन्दरतासे भगवान्‌के विचारोंको व्यक्त किया है जिसे वे लोग विशेषतः समझ सकेंगे जिन्होंने शेक्सपियरके चरित्रोंकी स्वगत वार्ताओंका आनन्द उठाया है। मजा यह है कि प्रहसनके द्रष्टाओंपर सारा रहस्य खुल जाता है परंतु हास्यपात्रको पता नहीं चलता। भगवान् वस्तुतः बड़े ही कुशल नैतिक चिकित्सकके रूपमें दिखायी पड़ते हैं और अहंकारको जड़से उखाड़नेकी प्रतिज्ञा करते हैं, हास्य प्रयोग प्रारम्भ करते हैं। वाकई हास्यरसका उचित प्रयोग यही है कि हास्यपात्रका हित हो और साथ ही हम सबका *'कौतुक'* भी हो जाय पर घृणाकी मात्रा न बढ़ने पावे।

तब नारद हरिपद सिर नाई। चले हृदय अहमिति अधिकाई॥७॥
श्रीपति निज माया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करनी तेहि केरी॥८॥
दो०—बिरचेउ मग महुँ नगर तेहि सतजोजन बिस्तार।
श्रीनिवास-पुर तें अधिक रचना बिबिध प्रकार॥१२९॥

अर्थ—तब नारदजी भगवान्‌के चरणोंमें सिर नवाकर चले। उनके हृदयमें घमण्ड और भी अधिक हो गया॥७॥ लक्ष्मीपति भगवान्‌ने अपनी मायाको प्रेरित किया। उसकी कठिन करनी सुनो॥८॥ उस मायाने

मार्गमें चार सौ कोसके लंबे-चौड़े नगरकी विशेष रचना की। जिसकी अनेक प्रकारकी रचना वैकुण्ठपुरसे भी बढ़-चढ़कर थी॥ १२९॥

टिप्पणी—१ *'तब नारद हरिपद सिर नाई।'''''* इति। (क) *'तब'* अर्थात् जब नारदके कामचरित कह चुकनेपर भगवान् उनकी प्रशंसा कर चुके तब नारद वहाँसे चल दिये। तात्पर्य कि बस इतनेसे ही तो प्रयोजन था कि कामचरित सुनावें और अपनी बड़ाई सुनें। (ख) *'अहमिति अधिकाई।'* भाव कि जब शिवजीके पास गये तब अहंकार अधिक न हुआ, शिवजीने प्रशंसा न की और यहाँ भगवान्‌ने प्रशंसा की—*'तुम्हरे सुमिरन ते मिटहिं मोह मार मद मान'*; इसीसे वहाँ कहा था कि *'जिता काम अहमिति मन माहीं'* और यहाँ कहते हैं कि *'चले हृदय अहमिति अधिकाई।'*

नोट—१ शिवजीने इनका आदर-सत्कार न किया। प्रत्युत इन्हें उपदेश देने लगे थे और भगवान्‌ने इनका आदर-सत्कार किया। उठकर मिलना आदर जनाता है, यथा—*'आगे होइ जेहि सुरपति लेई। अरध सिंघासन आसन देई॥'* ऐसा ही भगवान्‌ने किया। यही कारण है कि शिवजीको चलते समय भी उन्होंने प्रणाम न किया पर भगवान्‌को जाते समय प्रणाम किया। यह भी अहंकारहीका सूचक है। [जो अहंकारीकी प्रशंसा करता है, वह उसको प्रिय लगता है और जो प्रशंसा न करके उलटी सुनाता है, विरुद्ध कहता है वह उसको मत्सरी और द्वेषी लगता है। (प० प० प्र०)]

पहले कहा था कि *'जिता काम अहमिति मन माहीं'* और अब बताते हैं कि *'चले हृदय अहमिति अधिकाई'* अर्थात् पहले अहंकारका बीज पड़ा था और अब अंकुर हो वह बढ़ चला। प्रथम शिवजीने रोका था, इससे ज्यों-का-त्यों रह गया था, अब प्रशंसारूपी जल पाकर बढ़ा। अब वे सोचते हैं कि शिवजीने सत्य ही ईर्षावश रोका था, भगवान् तो सुनकर प्रसन्न हुए हैं, न कि रुष्ट।

टिप्पणी—२ *'श्रीपति निज माया तब प्रेरी।'''''* इति। (क) यहाँ *'श्रीपति'* और *'निज माया'* दोनोंको एक साथ लिखने तथा निज मायाको प्रेरित करना कहनेसे स्पष्ट किया कि 'श्रीजी' से 'माया' पृथक् वस्तु है कि जिसको प्रेरित किया। यथा—*'नहिं तहँ रमा न राजकुमारी'*। (ख) आगे माया बहुत चमत्कार करेगी, इसीसे उसे *'श्रीपति'* की माया कहा। (ग) *'प्रेरी'* का भाव कि यहाँ उसने नारदको मोहकर कामचरित कहलाये, अब आगे मोहनेके लिये उसे भेजा। पुनः भाव कि माया अपनी ओरसे नहीं गयी। पुनः; *'निज माया'* का भाव यह कि भगवत्-दासोंको औरोंकी माया वशमें नहीं कर सकती, जैसे इन्द्रकी माया नारदको न व्यापी। भक्त भगवान्‌की ही मायाके वशमें होते हैं अतएव *'निज माया'* कहा। 'जहाँ-जहाँ मायाकी प्रेरणाका वर्णन है तहाँ-तहाँ मायाकी प्रशंसा है।', यथा—*'बहुरि राम मायहिं सिरु नावा। प्रेरि सतिहि जेहि झूठ कहावा॥'* इत्यादि। पुनः भाव कि कामकी मायासे मोहित न हुए अतः निज मायाको भेजा। (घ) *'कठिन करनी'* कहा क्योंकि जो दुर्दशा की उसमें नारदजीको प्राणान्त क्लेश हुआ—*'संभावित कहँ अपजस लाहू। मरन कोटि सम दारुन दाहू॥'* और इसको किंचित् दया न आयी।

टिप्पणी—३ *'बिरचेउ मग महुँ नगर तेहि'''* इति। (क) 'रचना' काम विद्या मायाका है। यथा—*'एक रचै जग गुन बस जाकें। प्रभु प्रेरित नहिं निज बल ताकें॥'* (३। १५) हरि-सेवकको अविद्या माया नहीं व्यापती, उसे विद्या ही व्यापती है। यथा—*'हरि सेवकहिं न ब्याप अबिद्या। प्रभु प्रेरित ब्यापै तेहि बिद्या॥'* (७। ७९) यहाँ भी माया प्रभु-प्रेरित है, यथा—*'श्रीपति निज माया तब प्रेरी।'* अपनी ओरसे नहीं व्यापती। (इससे जनाया कि यह 'विद्या माया' है।) [(ख)*'मग महुँ'* कहकर जनाया कि वह नारदसे पहले ही आगे पहुँच गयी। मार्गमें नगर बनानेका भाव कि जिसमें वह इनके देखनेमें अवश्य आवे और वे नगरमें होते हुए जायँ। (ग) *'नगर'* मुनिको वन, काम, कोकिल आदिकी शोभा मोहित न कर सकी थी; इसलिये अबकी नगर रचा जिसकी शोभा श्रीनिवासपुरसे अधिक थी जिसमें वे मोहित हो जायँ। जैसे श्रीअयोध्याजीकी शोभा देखकर वैराग्य भूल जाता था, यथा—*'नारदादि सनकादि मुनीसा।''देखि नगरु बिराग बिसरावहिं॥'* (७। २७) वैसे ही इसे देखकर इनका वैराग्य जाता रहे। (मा० पी० प्र० सं०)]

(घ) *'सतजोजन बिस्तार'* इति। मार्गमें इतने विस्तारका नगर बनानेमें भाव यह है कि एक तो वैकुण्ठ सौ योजनका है। दूसरे, नारदजी विरक्त महात्मा हैं। विरक्त संत (जब प्रसाद पाये हुए होते हैं तब) प्राय: बस्तीके बाहर ही विचरते हैं। अतएव मायाने इतना बड़ा नगर बनाया कि नगरके भीतर ही होकर जाना पड़े, इधर-उधर कहींसे न निकला जा सके और कहींसे उनको रास्ता ही न मिले। कहाँतक बचायेंगे।

वि० त्रि०—चित्‌के (ब्रह्मके) अति दुर्घटस्वातन्त्र्यको माया कहते हैं। लोकमें योगी, मन्त्रशास्त्री और ऐन्द्रजालिक थोड़ा-सा आच्छादित स्वातन्त्र्य पाकर युक्तिसे दुर्घट घटना घटा देते हैं तब श्रीपतिकी मायाके लिये क्या कहना है! भासनकालमें भी स्वरूपसे अतिवर्तन उसकी दुर्घटना है।

नोट—२ यह नगर कहाँ रचा गया? इसमें मतभेद है। पं० रामकुमारजीका मत है कि यह नगर जम्बूद्वीपमें रचा गया। नारदजी क्षीरसागरसे अपने घर ब्रह्मलोक नहीं गये। जैसे कि पूर्व लिखा गया है कि *'तब बिरंचि के लोक सिधाए।'* (१२८। २) अर्थात् वहाँ काम-चरित कहने गये थे। वहाँसे भगवान्‌को सुनाने आये। अब यहाँसे ब्रह्मलोक शीघ्र जानेका कोई प्रयोजन रह ही न गया। अतएव विचरनेके लिये जम्बूद्वीप गये। और किसीका मत है कि काश्मीरान्तर्गत जो उसकी राजधानी 'श्रीनगर' है वही यह मायानगरी है। त्रिपाठीजी लिखते हैं कि टेहरी राज्यमें जो प्राचीन श्रीनगर था उसे तो गङ्गाजी बहा ले गयीं, वहाँ अब रमापति-मन्दिर ही रह गया है। उसीके संनिकट अब दूसरा श्रीनगर बसा है।

टिप्पणी—४ *'श्रीनिवास-पुर तें अधिक……'* इति। (क) लक्ष्मीपति भगवान्‌के पुरसे अधिक विविध प्रकारकी रचना है क्योंकि (१) श्रीनिवासपुर असल है और यह नकल है, असलसे नकलमें चमत्कार अधिक होता है। (२) क्षीरसागर वैकुण्ठ तो मुनि जब-तब जाया ही करते थे। वहाँका वैभव-विलास अनेक बारका देखा है, यदि उससे बढ़कर न बनाती तो नारदका मन उधर आकर्षित न होता। (३) नारदका वैराग्य कुछ साधारण वैराग्य नहीं है जो डिग जाय, अतएव अधिक रचना की। [श्रीनिवासपुर कहकर जनाया कि यह इतना सुन्दर है कि भगवान् लक्ष्मीजीके सम्बन्धसे यहीं अपनी ससुरालमें ही रहने लगे। लक्ष्मीजीकी उत्पत्ति क्षीरसागरसे है,' अत: वह आपकी ससुराल है।—(वै०)] (४) नारद सात्त्विकी हैं; अतएव इनको मोहित करनेके लिये सात्त्विक पुरीकी नकल बनायी। (ख) *'श्रीनिवास-पुर'* कहकर वैकुण्ठपुरी सूचित किया क्योंकि श्रीनिवास जहाँ (क्षीरसागरमें) बसते हैं वहाँ 'पुर' नहीं है। वैकुण्ठका वैभव सबसे अधिक है, यथा—*'जद्यपि सब बैकुंठ बखाना। बेद पुरान बिदित जग जाना॥'*

नोट—३ पंजाबीजी यहाँ अतिशयोक्ति और वीर कविजी व्यतिरेक अलंकार मानते हैं। श्रीनिवासपुर उपमानसे 'नगर' उपमेयमें उत्कृष्टता वर्णन की गयी है।

नोट—४ मिलान कीजिये—**'इत्युक्त्वा हरिमानम्य ययौ यादृच्छिको मुनि:।'** (रुद्रसं० २। २। ५५)…… **'……चकाराशु मायां मायाविशारद:॥ मुनिमार्गस्य मध्ये तु विरेचे नगरं महत्। शतयोजनविस्तारमद्भुतं सुमनोहरम्॥'** (४-५) **स्वलोकादधिकं रम्यं नानावस्तुविराजितम्।'** अर्थात् ऐसा कहकर भगवान्‌को प्रणाम करके मुनि यथेच्छ स्थानको चल दिये। भगवान्‌ने मायाको प्रेरित किया जिसने मुनिके मार्गमें बड़े नगरकी रचना की जो सौ योजनके विस्तारका और अद्भुत तथा मनोहर था। अपने लोकसे भी अधिक सुन्दर अनेक वस्तुओंसे सुशोभित था। शिवपु० में शिवजीकी इच्छासे भगवान्‌का मायाको प्रेरित करना कहा है, जिससे शिवजीके चरितमें लाञ्छन-सा लगता देख पड़ता है। इस तरह मानसका मत उत्कृष्ट है।

बसहिं नगर सुंदर नर नारी। जनु बहु मनसिज रति तनु धारी॥ १॥
तेहि पुर बसै सीलनिधि राजा। अगनित हय गय सेन समाजा॥ २॥
सत सुरेस सम बिभव बिलासा। रूप तेज बल नीति निवासा॥ ३॥

बिस्वमोहनी तासु कुमारी। श्री बिमोह जिसु* रूपु निहारी॥४॥
सोइ हरिमाया सब गुन खानी। सोभा तासु कि जाइ बखानी॥५॥

शब्दार्थ—**मनसिज**=मनसे उत्पन्न, कामदेव। **हय**=घोड़ा, अश्व। **गय**=गज, हाथी। **बिभव**=ऐश्वर्य। **बिलास**=सुखभोग। **जिसु**=जिसका। यथा—*'सब सिधि सुलभ जपत जिसु नामू।'*

अर्थ—उस सुन्दर नगरमें सुन्दर स्त्री-पुरुष बसते थे, मानो बहुत-से कामदेव और रति (कामदेवकी स्त्री) ही शरीर धारण किये हुए हों॥१॥ उस पुरमें शीलनिधि नामक राजा रहता था, जिसके अगणित (बेशुमार, जिसकी गणना न हो सके) घोड़े, हाथी, सेना और समाज था॥२॥ उसका वैभव-विलास सौ इन्द्रोंके समान था। वह रूप, तेज, बल और नीतिका (मानो) निवास-स्थान ही था॥३॥ उसकी लड़कीका नाम विश्वमोहिनी था, जिसके रूपको देखकर लक्ष्मीजी भी मोहित हो जायँ॥४॥ यह वही सब गुणोंकी खानि हरिकी माया है। (तब भला) उसकी शोभा कब (एवं क्या) वर्णन की जा सकती है? (कदापि नहीं)॥५॥

टिप्पणी—१ *'बसहिं नगर सुंदर नर नारी'* इति। (क) यहाँ *'सुन्दर'* दीपदेहरीन्यायसे नगर और नर-नारी दोनोंका विशेषण है। नगर ही इतना सुन्दर है कि काम अपनी स्त्रीसहित वहाँ आकर बस जाय तो आश्चर्य नहीं। उनके निवासके योग्य है, इसीसे स्त्री-पुरुषोंको रति और कामके समान कहा। पुनः भाव कि नारदको कामके वश करना है इसीसे मायाने वहाँके स्त्री-पुरुषोंको रति और कामके समान सुन्दर बनाया है। (ख) *'जनु बहु मनसिज रति'''* इति। *'बहु'* कहकर जनाया कि प्रत्येक नर-नारी एक-एक काम और रतिके समान हैं, इसीसे जान पड़ता है कि बहुत-से काम और रति ही हैं। ☞ कामदेवने नारदको मोहनेके लिये वन बनाया, वसंत बनाया, अप्सराएँ बनायीं तब भी नारदको न मोह सका था; इसीसे मायाने नगर बनाया। वहाँ एक ही काम था, यहाँ रतिसहित अनन्त काम मोहित करनेके लिये विराजमान हैं। अर्थात् कामदेव-ही-कामदेव रतियोंसहित बसाये गये हैं कि अब तो मोहित होंगे पर इनका वैराग्य ऐसा तीव्र है कि इतनेपर भी वे मोहित न होंगे। कामने वनकी 'श्री' दिखायी थी, मायाने नगरकी 'श्री' दिखायी। वहाँ नारद रम्भादिको देखकर न मोहे थे, इसीसे माया स्वयं विश्वमोहिनी बनी। कामके बनाये हुए प्रपञ्च नारदजीके देखे हुए थे और मायाकृत प्रपञ्च अपूर्व हैं।

नोट—१ यहाँ अतिशय सौन्दर्य उत्प्रेक्षाका विषय है। उसे न कहकर यह उत्प्रेक्षा की गयी कि मानो अनेक कामदेव और रति ही हैं। अतएव यहाँ अनुक्तविषया-वस्तूत्प्रेक्षा' है। *'रूप तेज बल नीति निवासा'* में सहोक्ति अलंकार है। (वीरकवि)

नोट—२ व्याकरण—*'बसइ'* एकवचन, *'बसहिं'* बहुवचन। यथा—रहइ रहहिं, कहइ कहहिं, सेवइ सेवहिं, बरइ बरहिं, पावइ पावहिं, लगावइ लगावहिं, मुसुकाइ मुसुकाहिं, उकसहिं, अकुलाहीं। इत्यादि। निहारी, निहारि=देखकर। पूर्वकालिक क्रिया। यथा—आनी, आनि, जानि, फूली, बिलोकी, बिरचि, सुनि, बिचारी, (कर) जोरि, बखानी, धीर, कहि इत्यादि। (श्रीरूपकलाजी)

टिप्पणी—२ (क) *'तेहि पुर बसै सीलनिधि राजा'* अर्थात् यह मायानगर राजा शीलनिधिकी राजधानी है। [मोहका कारण शील है, यह गुण अधिक मोहक होता है। अतएव जो शीलका खजाना, शीलका समुद्र है उसीको इसने राजा बनाया। वा, मूर्तिमान् शीलसमुद्र ही राजा है।] (ख) *'अगनित हय'''* इति। नगर, प्रजा और राजाको कहकर अब राजाका ऐश्वर्य कहते हैं, फिर गुण कहेंगे। समाज=रथ आदि सामग्री; सब सामान। हाथी, घोड़े, सोना और समाज कहकर चतुरंगिणी सेनाका होना जनाया। (ग) प्रजाको प्रथम वर्णन करके तब राजाको कहनेका भाव यह है कि नारदजीने जैसे-जैसे नगरमें प्रवेश किया वैसे-ही-वैसे वक्ता भी वर्णन करते जाते हैं। प्रथम उन्होंने प्रजाको देखा, तब राजाके स्थानमें पहुँचे। [*'बसै'* का

* जेहि—ना० प्र०।

भाव कि नगर तो अभी बना है, परंतु शीलनिधि राजा उसमें कई पीढ़ीसे बसते थे। घोड़ा-हाथी-सेना सब अनेक देशके भिन्न-भिन्न कालोंमें आये हैं तथा भर्ती हुए हैं। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—३ *'सत सुरेस सम बिभव बिलासा।'''* इति। (क) नगरकी रचनाको भगवान्‌की पुरीसे अधिक कहा था, यथा—*'श्रीनिवासपुर तें अधिक रचना बिबिध प्रकार।'* तो ऐश्वर्य भी भगवान्‌के ऐश्वर्यसे अधिक कहना चाहिये था; सो न कहकर *'सत सुरेस सम'* कहा, क्योंकि भगवान्‌के ऐश्वर्यसे अधिककी कौन कहे उसके समान भी ऐश्वर्य किसीका हो नहीं सकता तब कहते कैसे? इसीसे शत इन्द्रोंके ऐश्वर्यसे अधिक कहा। (ख) नगर सौ योजनके विस्तारका रचा, इसीसे सौ इन्द्रोंका वैभव-विलास बनाया। पुनः, *'सत सुरेस सम'* कहकर राजाको सौ इन्द्रोंके समान सुकृती जनाया। सौ अश्वमेध यज्ञ करनेसे इन्द्रपद प्राप्त होता है। पुनः भाव कि एक इन्द्रका वैभव-विलास उनको न मोहित कर सका, इसलिये यहाँ सौ इन्द्रोंका वैभव रचा। [इन्द्रका वैभव-विलास सबसे अधिक है, इसीसे जहाँ वैभवका उत्कर्ष दिखाना होता है वहाँ इसीकी उपमा दी जाती है। यथा—*'भूपति भवन सुभाय सुहावा। सुरपति सदनु न पटतर पावा॥'* (२। ९०) *'अमरावति जसि सक्रनिवासा।'* (१। १७८) *'सुनासीर सत सरिस सो संतत करइ बिलास।'* (६। १०) *श्रुति पथ पालक धरम धुरंधर। गुनातीत अरु भोग पुरंदर।'* (७। २४) *'मघवा से महीप विषय सुख साने'* (क० ७। ४३), *'राज सुरेस पचासक को''''।'* (क० ७। ४५) *'भोगेन मघवानिव'* (मूलरामायण)। 'सत'=सैकड़ों।] (ग) *'रूप तेज बल नीति निवासा'* यह राजाके गुण हैं। अर्थात् परम रूपवान्, परम तेजस्वी, परम बलवान् और परम नीतिज्ञ हैं।

टिप्पणी—४ *'बिश्वमोहिनी तासु कुमारी।'''* इति (क) शीलनिधिकी कन्या 'विश्वमोहिनी' हुई, तात्पर्य कि विश्वको मोहित करनेका हेतु शील है। (ख) *'श्री बिमोह'''* का भाव कि जिन श्रीजीको देखकर विश्व मोहित हो जाता है वे 'श्रीजी' भी विश्वमोहिनीको देखकर मोहित हो जाती हैं। स्त्रीको देखकर स्त्री नहीं मोहित होती, यथा—*'मोह न नारि नारि के रूपा।'* पर विश्वमोहिनीका सौन्दर्य ऐसा है कि उसे देखकर 'श्रीजी' भी मोहित हो जाती हैं तब औरोंकी क्या चली! नारद क्योंकर न मोहित होंगे। इस कथनसे जनाया कि यह कन्या शोभाकी अवधि है। यहाँ 'सम्बन्धातिशयोक्ति अलंकार' है।

नोट—३ (शिवपुराणमें कन्याका नाम 'श्रीमती' है। यथा—'**अथ राजा स्वतनयां नामतः श्रीमतीं वराम्।**' (२। ३। ११) नारदजीने भगवान्‌से कहा है कि शीलनिधिकी कन्या श्रीमती स्वयंवरकी इच्छा कर रही है। वह जगत्-मोहिनी विख्यात है—'**जगन्मोहिन्यभिख्याता।**' (२। ३। २६) इस तरह विश्वमोहिनीका अर्थ विश्वको मोहित करनेवाली भी है। अद्भुतरामायणमें भी एक अवतारका नारदशापसे होना वर्णित है। उसमें भी कन्याका नाम श्रीमती है। कन्याके बापका नाम अम्बरीष है। (आगे प्रसंग आनेपर संक्षिप्त कथा इसकी भी दी जायगी।)

नोट—४ मिलानके श्लोक, यथा—'**नरनारीविहाराढ्यं चतुर्वर्णाकुलं परम्॥ ६॥ तत्र राजा शीलनिधिर्नामैश्वर्यसमन्वितः।**' (रुद्रसं० २। ३) अर्थात् वह नगर स्त्री-पुरुषोंके विहार करनेयोग्य था, जिसमें चारों वर्ण निवास करते थे। सम्पूर्ण ऐश्वर्यसे युक्त शीलनिधि राजा राज्य करता था।

टिप्पणी—५ *'सोइ हरिमाया'''* इति। (क) यहाँ बताया कि वह कन्या कौन है। वह हरिमाया ही है। (नगर, राजा, प्रजा इत्यादिकी रचना कर चुकनेपर भी संदेह ही रह गया कि कदाचित् नारदजी इतनेसे भी मोहित न हों, इस विचारसे वह हरिमाया स्वयं विश्वमोहिनीरूप धारणकर राजकुमारी बनकर उपस्थित हुई। जगत्-भरको मोहित करनेका सामर्थ्य रखती है, एक नारद किस गिनतीमें हैं)। (ख) *'सब गुनखानी'* इति। अर्थात् सब गुणोंकी खानि है, यह आगे स्वयं कविने स्पष्ट लिखा है, यथा—*'लच्छन तासु बिलोकि भुलाने।''''जो एहि बरै अमर सोइ होई।'* इत्यादि। अर्थात् जो इसको बरे वह अमर, समरविजयी, चराचरसेव्य हो। यह तो माधुर्यमें गुणकी खानि कहा और ऐश्वर्यमें तो तीनों गुणों-(सत्त्व, रज, तम-) की खानि है, अर्थात् त्रिगुणात्मिका माया है। यथा—*'एक रचइ जग गुन बस जाके।'* (३। १५) (वनमें रम्भादिके गुणोंसे

मोहित न हुए थे, अतः सब गुणोंकी खानि राजकुमारी बनी) (ग) *'सोभा तासु कि जाइ बखानी।'* अर्थात् उसकी शोभा अनिर्वचनीय है, बखानी नहीं जा सकती। यह हरिकी माया है, इसीसे इसका रूप न वर्णन किया। इसकी ओर देखनेसे अनहित होता है, यह समझकर वर्णन न किया। यथा—*'होइ बुद्धि जो परम सयानी। तिन तन चितव न अनहित जानी॥'* (७। ११८) [यह तीनों गुणोंको उत्पन्न करनेवाली विद्यामाया है। भगवान् दासोंपर अविद्या मायाको प्रेरित नहीं करते क्योंकि वह तो अहित करनेवाली है। यथा—*'हरि सेवकहिं न ब्याप अबिद्या। प्रभु प्रेरित तेहि ब्यापहि बिद्या॥'* (७। ७९) एक तो शोभा 'अतुलित' है, यह सौन्दर्यकी खानि ही है, दूसरे यह भगवान्‌को ही ब्याहेगी, इससे बखानी कैसे जा सके? (मा० पी० प्र० सं०)] (घ) *'सोइ हरिमाया'''* कहकर जनाया कि अन्तमें यह हरिहीको बरेगी।

वि० त्रि०—नगर तो अभी बना पर राजाका ब्याह हुए बहुत दिन हो गये, ब्याहसे बेटी भी थी जो ब्याहयोग्य हो गयी थी, उसके स्वयंवरका समाचार सुनकर देश-देशके राजा कई दिनोंसे आकर ठहरे थे। यह हरिमायाकी कठिन करनी है, किसी भाँति बुद्धि काम नहीं करती। देशकालका कोई नियम ही न रह गया।

करै स्वयंबर सो नृपबाला। आए तहँ अगनित महिपाला॥ ६॥
मुनि कौतुकी नगर तेहि गएऊ। पुर बासिन्ह सब पूछत भएऊ॥ ७॥
सुनि सब चरित भूपगृह आए। करि पूजा नृप मुनि बैठाए॥ ८॥
दो०—आनि देखाई नारदहि भूपति राजकुमारि।
कहहु नाथ गुन दोष सब एहि के हृदय बिचारि॥ १३०॥

शब्दार्थ—बाला=बालिका, कन्या। कौतुकी=कौतुक (कुतूहल) जिनको प्रिय है।

अर्थ—वही राजकुमारी (अपना) स्वयंवर कर रही है। (अतएव) अगणित राजा वहाँ आये॥ ६॥ कौतुकी मुनि उस (कौतुकी) नगरमें गये और पुरवासियोंसे सब हाल पूछने लगे॥ ७॥ सब समाचार सुनकर वे राजमहलमें आये। राजाने मुनिकी पूजा करके उनको बिठाया॥ ८॥ राजाने राजकुमारीको लाकर नारदजीको दिखाया (और बोले कि) हे नाथ! इसके सम्पूर्ण गुण-दोषोंको हृदयमें विचारकर कहिये॥ १३०॥

नोट—१ शिव पु० में मिलते हुए श्लोक ये हैं—'**प्रदानसमयं प्राप्ता वरमन्वेषती शुभम्। सा स्वयंवरसम्प्राप्ता सर्वलक्षणलक्षिता॥ 'चतुर्दिग्भ्यः समायातैस्संयुतं नृपनन्दनैः॥'''एतादृशं पुरं दृष्ट्वा मोहं प्राप्तोऽथ नारदः। कौतुकी तन्नृपद्वारं जगाम मदनैधितः॥ आगतं मुनिवर्यं तं दृष्ट्वा शीलनिधिर्नृपः। उपवेश्यार्चयाञ्चक्रे रत्नसिंहासने वरे॥'''दुहितेयं मम मुने'''॥ अस्या भाग्यं वद मुने सर्वजातकमादरात्। कीदृशं तनयेयं मे वरमाप्स्यति तद्वद॥**' (रुद्र० २। ३। ८—१५) अर्थात् इसके विवाहका समय आ गया। श्रेष्ठ वरकी खोजमें यह स्वयंवरमें प्राप्त हुई है। चारों ओरसे राजा लोग बड़े सज-धजसे आये हुए थे। ऐसे नगरको देखकर नारद मोहको प्राप्त हुए और कामदेवसे बढ़े-चढ़े हुए कौतुकी नारद राजाके द्वारपर पहुँचे। उनको आया हुआ देखकर राजाने उनको श्रेष्ठ रत्नसिंहासनपर बिठाया और पूजा की। राजाने श्रीमती नामकी अपनी कन्याको लाकर नारदजीके चरणोंपर डाल दिया। (यथा—'**अथ राजा स्वतनयां नामतश्श्रीमतीं वराम्। समानीय नारदस्य पादयोस्समपातयत्॥ ११॥**') नारदके पूछनेपर कि यह देवतुल्य कन्या कौन है? राजाने बताया कि यह मेरी कन्या है और कहा कि आप इसका भाग्य कहिये, यह कैसा वर पावेगी। मानसके नारद विशेष वैराग्यवान् हैं। इनको न तो नगर ही मोहित कर सका और न नृपका ऐश्वर्य।

टिप्पणी—१ (क) *'करै स्वयंबर सो नृपबाला।'''* इति। ☞क्षीरसागरसे नारद चले, इतनी ही देरमें यह सब तैयारी मायाने कर ली। जयमाल डालने, स्वयंवर करनेके योग्य अवस्था बनाकर स्वयं वहाँ उपस्थित

हुई। स्वयंवर करती है अर्थात् अपने-आप ही वरको अंगीकार करती है इसीसे अगणित राजा आये हैं। (ख) *'आए तहँ अगनित महिपाला।'* —राजा पुरके बाहर उतरे हैं, यथा—*'पुर बाहेर सर सरित समीपा। उतरे जहँ तहँ बिपुल महीपा॥'* (१। २१४) (ग) हरिकी माया है, सब गुणोंकी खानि है और स्वयंवर कर रही है, इससे जनाया कि वह हरिहीको *'बर'* करेगी, उन्हींको ब्याहेगी। (घ) ☞मायाने स्वयंवर रचा जिसमें धर्मसे कन्याकी प्राप्ति समझकर नारद इच्छा करें। अधर्मसे इच्छा और उद्योग न करेंगे जैसे रम्भादिको देखकर इच्छा न की। ('स्वयंवर' धर्म-रीतिका विवाह है, अतएव स्वयंवर रचा। यदि किसीके साथ विवाहकी सगाई हो गयी होती तो नारदको मोहित होना अयोग्य होता, वे उसको देखते ही क्यों? उसपर उनका वश ही नहीं, यह समझ वे चुप रह जाते। अतएव स्वयंवर किया। अपनी इच्छासे वर करेगी; इसीसे मुनि भगवान्‌से सुन्दर रूप माँगेंगे जिससे वह इन्हींसे विवाह कर ले)।

टिप्पणी—२ *'मुनि कौतुकी नगर तेहि गएऊ।'*' इति। (क) कौतुकीका भाव कि कुतूहल देखनेका उनका स्वभाव है, यही इनका दिल-बहलाव है, अतः कुतूहल देखने गये। कौतुकी स्वभाव न होता तो नगरके भीतर जानेका कौन प्रयोजन था। नगरमें बड़ा भारी वैभव देख पड़ा, पुर अति सुन्दर बना है, चारों ओर राजा लोग उतरे हुए हैं, इसीसे देखनेकी इच्छा हुई। ☞यहाँ मुनि कौतुकी हैं और नगर भी 'कौतुकी' अर्थात् मायाका रचा हुआ कौतुक है। मुनिको कौतुकी जानकर यह कौतुक दिखाया। (ख) *'पुरबासिन्ह सब पूछत भएऊ।'* पुरवासियोंसे सब वृत्तान्त पूछा। उन्होंने सब बताया, यह बात आगेके *'सुनि सब चरित'* से जानी गयी और यह भी बताया कि आज शीलनिधि राजाकी कन्याका स्वयंवर है, उसके समान सुन्दर कन्या त्रैलोक्यमें नहीं है। *'सब'* पूछा अर्थात् पूछा कि यह भीड़ कैसी है, किसका राज्य है इत्यादि।

टिप्पणी—३ (क) *'सुनि सब चरित भूपगृह आए।'*' इति। पुरवासियोंसे *'सब'* पूछा, अतः उन्होंने *'सब'* बताया, इसीसे कहते हैं कि *'सुनि सब चरित।'* *'भूपगृह आए'*; किस लिये? कन्याके लक्षण देखनेके लिये, (यह इनका स्वभाव है), यथा—*'नारद समाचार सब पाए। कौतुक ही गिरिगेह सिधाए॥'* (१। ६६) (ख) *'करि पूजा नृप मुनि बैठाए'* अर्थात् पाद्य, अर्घ्य करके आसन दिया, यथा—*'सैलराज बड़ आदर कीन्हा। पद पखारि बर आसनु दीन्हा॥ नारि सहित मुनिपद सिरु नावा। चरन सलिल सबु भवन सिंचावा॥'* (१। ६६) इत्यादि।

टिप्पणी—४ (क) *'आनि देखाई नारदहि भूपति राजकुमारि। कहहु नाथ'''* इति। ☞हिमाचलने पार्वतीजीको बुलाकर प्रणाम कराया, पीछे दोष-गुण पूछे, यथा—*'निज सौभाग्य बहुत गिरि बरना। सुता बोलि मेली मुनि चरना॥'* (१। ६६) और यहाँ शीलनिधिने राजकुमारीको लाकर दिखाया पर प्रणाम न कराया और न स्वयं कन्याने किया। यह कर्तव्य साभिप्राय है। इसमें तात्पर्य यह है कि प्रणाम करना भक्ति है, जिसकी भक्ति की जाय, जिसको प्रणाम किया जाय, उसकी फिर दुर्दशा करते नहीं बनती, ऐसा करना अयोग्य होगा। (और कन्याके हाथों वा उसके द्वारा मुनिकी दुर्दशा होनी है) इसीसे माया नारदके चरणोंपर नहीं पड़ी। शीलनिधि राजा भी तो मायाका ही बनाया हुआ है, अतः उसने प्रणाम न कराया। (ख) ☞हिमाचलने प्रथम दोष पूछा तब गुण—*'कहहु सुता के दोष गुन मुनिबर हृदय बिचारि।'* (१। ६६) और शीलनिधिने प्रथम गुण पूछे तब दोष—*'कहहु नाथ गुन दोष सब'''।'* इस भेदका तात्पर्य यह है कि पार्वतीजीके दोष गुण ही हैं (अर्थात् जिनको प्रथम दोष बताया गया था, वे अन्तमें गुण ही सिद्ध हुए) यथा—*'दोषउ गुन सम कह सबु कोई।'* (१। ६९) और मायाके गुण सब दोष ही हैं जो नारदके ठगनेके लिये ही धारण किये गये हैं (मायाके गुण अन्तमें दोषरूप ही सिद्ध होते हैं। उसमें सार वस्तु कुछ भी नहीं है। नारदजी जो गुण कन्यामें देखेंगे वे दोष ही हैं) यथा—*'सुनहु तात माया कृत गुन अरु दोष अनेक। गुन यह उभय न देखिअहिं देखिअ सो अबिबेक॥'* (७। ४१)

प० प० प्र०—शैलराजने *'दोष गुन'* पूछे तथापि नारदने पहले गुण ही देखे और पश्चात्

'दुइ चारी' दोष कहने लगे पर कहे ग्यारह। जितने गुण कहे उतने ही दोष कहे। इससे सिद्ध हुआ कि पार्वतीजी (महेशकी माया) मुनिवरको गुणदोषसाम्यमयी जान पड़ी। पर *'हरिमाया अति दुस्तर तरि न जाइ बिहगेस'* ऐसी है और वह **'अजा दोषगृभीतगुणा'** है, आनन्दादिको ढकनेके लिये उसने गुणोंका स्वाँग लिया है, गुणोंमें दोषोंको छिपाये है। अतः नारदजी दोषोंकी तरफ देखनेमें इस समय असमर्थ हैं, क्योंकि मायामोहित हैं। वेदोंने भी श्रीमद्भागवतमें कहा है **'जय जय जह्यजामजितदोषगृभीतगुणाम्।'**(१०। ८७। १४) अर्थात् हे अजित! आपकी जय हो, जय हो। जैसे व्यभिचारिणी दूसरे लोगोंको ठगनेके लिये गुण धारण करती है, वैसे ही आनन्द आदिका आवरण करनेके लिये गुण धारण करनेवाली चराचरकी अविद्याका नाश कीजिये। पार्वतीजीने शिवजीके गुणोंको दोषरूपमें धारण किये थे, इसलिये दोष-गुण-क्रम वहाँ रखा है।

नोट—३ हिमाचलने *'मुनिबर'* सम्बोधन किया और शीलनिधिने *'नाथ'* कहकर पूछा। कारण कि नारद राजासे कपट करेंगे, हृदयमें कुछ होगा बाहर मुँहसे कुछ कहेंगे। इससे यहाँ मायाने *'मुनिबर'* नहीं कहलवाया।

☞पूर्व मायाने जितना कुछ बनाया है वह सब क्रमसे चरितार्थ किया है।

	चरितार्थ—
बिरचेउ मग महँ नगर तेहि सत जोजन बिस्तार	१ *मुनि कौतुकी नगर तेहि गयऊ*
बसहिं नगर सुंदर नर नारी	२ *पुरबासिन्ह सब पूछत भयऊ*
तेहि पुर बसइ सीलनिधि राजा	३ *सुनि सब चरित भूप गृह आए*
बिस्वमोहनी तासु कुमारी	४ *आनि देखाई नारदहि भूपति राजकुमारि*
करइ स्वयंबर सो नृपबाला	५ *हे बिधि मिलइ कवन बिधि बाला*

व्याकरण—'नारदहिं'=नारदको। कर्मकारकका चिह्न 'को' के बदलेमें 'हि'। यथा—'रामहि, नृपहि, मुनिहि, रुद्रहि, मोहि, तुम्हहि, हमहि, पतिहि, कालहि इत्यादि। (श्रीरूपकलाजी)

देखि रूप मुनि बिरति बिसारी। बड़ी बार लगि रहे निहारी॥ १॥
लच्छन तासु बिलोकि भुलानें। हृदय हरष नहिं प्रगट बखानें॥ २॥

शब्दार्थ—बार=देर, समय। भुलाना=भुलावेमें आना; चकरा जाना; धोखा खाना; भ्रममें पड़ना।

अर्थ—रूपको देखकर मुनिने अपना वैराग्य भुला दिया। बड़ी देरतक देखते ही रह गये॥ १॥ उसके लक्षण देखकर चकरा गये, धोखेमें आ गये अर्थात् ज्ञान जाता रहा। हृदयमें हर्ष हुआ। (लक्षणोंको) प्रकट न कहा। (मनमें सोचने लगे कि)॥ २॥

टिप्पणी—१ (क) *'देखि रूप मुनि बिरति बिसारी'* अर्थात् *'बिरति'* की इच्छा न रह गयी। वैराग्यको भुलाकर बड़ी देरतक देखते रह गये अर्थात् मोहको प्राप्त हो गये। पूर्व कह आये हैं कि *'श्री बिमोह जिसु रूप निहारी',* अर्थात् रूप ऐसा है कि जो देखे वही मोहित हो जाय, 'श्रीजी' तक मोहित हो जायँ तब नारद कैसे न मोहको प्राप्त होते? (ख) नारदजीका वैराग्य देखिये। मायाने सौ योजनका सुन्दर नगर बनाया, वह उनको न मोहित कर सका। रति-समान सुन्दर स्त्रियाँ बनायीं, उन्हें भी देखकर वे न मोहे। सैकड़ों इन्द्रोंके समान वैभव-विलास रचा, उसे भी देखकर उनका मन न डिगा—ऐसा परम वैराग्य था। पर विश्वमोहिनीका सौन्दर्य ऐसा था कि वे मुग्ध हो गये, वैराग्यकी इच्छा न रह गयी, वैराग्य जाता रहा। कभी उन्हें वैराग्य था यह भी स्मरण न रहा।

नोट—१ *'बड़ी बार लगि रहे निहारी'* इति। (क) मुनि हाथ पकड़कर लक्षण देखने लगे तो हाथ हाथमें ही रह गया, दृष्टि कन्याके मुखपर ही डट गयी। राजा समझे कि मुनि हृदयमें लक्षण विचार रहे हैं पर इनका मन रूपमें आसक्त हो गया है। इसीसे ये कुछ-का-कुछ समझे। (ख) बैजनाथजी लिखते हैं कि 'बड़ी देरतक रूप निहारते रह गये, यह थिर सात्त्विक है'। यहाँ नैनवारी रति मुनिमें अनुचित

इति अभाव है जो हास्यरसका अङ्ग है। अतएव यहाँ 'उर्जस्व अलंकार' है। (ग) टकटकी लगाये देखते रहे अर्थात् वैराग्य चलता हुआ। (पं० शुकदेवलाल)

टिप्पणी—२ *'लच्छन तासु बिलोकि भुलानें'* इति। (क) *'भुलानें'* अर्थात् ज्ञान जाता रहा। यह भी स्मरण न रहा कि मैं ब्रह्मचर्यरत मुनि हूँ। रूप देखकर वैराग्य पहले ही चलता हुआ था। इस तरह ज्ञान और वैराग्य दोनों ही न रह गये, तब मोह हुआ। (ख) यहाँ *'सुनु मुनि मोह होइ मन ताकें। ग्यान बिराग हृदय नहिं जाकें॥'* भगवान्‌का यह वाक्य जो उन्होंने नारदसे कहा था सिद्ध हुआ। (ग) यहाँ प्रथम वैराग्यका नाश कहकर तब ज्ञानका नाश कहा; कारण कि वैराग्यसे ज्ञानकी उत्पत्ति होती है। यथा—*'जानिअ तबहिं जीव जग जागा। जब सब बिषय बिलास बिरागा॥ होइ बिबेकु मोह भ्रम भागा।'* (२। ९३) *'धर्म ते बिरति जोग ते ग्याना।'* (३। १६) *'ज्ञान कि होइ बिराग बिनु।'* (७। ८९) अतएव पहले कारण गया तब कार्य। कारण ही न रह गया तब कार्य कैसे रहे? (घ) *'भुलाना'* ज्ञानका नाश होना है। ज्ञान गया, अतः *'हृदय हरष'* हर्ष हुआ कि उपाय करनेसे यह कन्या हमको मिलेगी। [लक्षण देख हृदयमें आनन्दके मारे विपरीत अर्थ समझ लिया। विपरीत अर्थ समझना यही ज्ञानका जाना है। (पं० शुकदेवलाल)] (ङ) *'नहिं प्रगट बखाने'* इति। प्रकट न वर्णन करनेमें हृदयका भाव यह था कि लक्षण सुनकर देवता, मनुष्य, राक्षसादि सभी उसे पानेका प्रयत्न करेंगे और राजा शीलनिधि इन लक्षणोंको जान जायँगे तो वे त्रिदेवमेंसे ही किसीको देंगे। अतः गुण प्रकट न किये। ☞नीति है कि जबतक कार्य न हो जाय तबतक वह बात प्रकट न की जाय। यथा—*'जोग जुगुति तप मन्त्र प्रभाऊ। फलै तबहिं जब करिअ दुराऊ॥'* (१। १६८) *'जिमि मन माँह मनोरथ गोई।'* (२। ३१६) (च) इसी चौपाईका आगे विस्तार करते हैं। लक्षण देखकर भुला गये हैं। वे लक्षण कौन हैं यह आगे कहते हैं।

बैजनाथजी—*'भुलाने।'* अर्थात् कार्यमायाने आत्मदृष्टि खींच मुनिको प्राकृत जीवोंकी तरह इन्द्रियविषयमें आसक्त कर दिया। रूप-विषय पा नेत्रद्वारा हर्ष हृदयमें भर गया, उसकी प्राप्तिके लिये वे सकाम हुए जिससे सत्यका नाश हुआ। इसीसे लक्षण प्रकट न किये, झूठ बोले।

नोट—२ श्रीलमगोड़ाजी इस प्रसङ्गकी आलोचना करते हुए लिखते हैं कि कन्याको देखते ही मायाने ऐसा घेरा कि वे कामवश हो लड़कीके सौन्दर्यपर आसक्त हो गये। पतनका यह हाल हुआ कि कामके विजयवाले मार्केको भूल गये, आगपर रखे हुए बालकी तरह नैतिक महत्ताकी कड़ियाँ खटाखट टूट गयीं और एक दोषके बाद दूसरा दोष पैदा हो चला। जब हाथ दिखाया गया तब मनगढ़न्त गुण-दोष बता गये पर दिलमें यही सोचते रहे कि इसे किस प्रकार प्राप्त किया जाय। कामके साथ कपट और मिथ्यावादवाले दोष आ धमके। आह! नारद यह समझ न सके कि यह मायारूपिणी बाला है, इसको 'अमर और चराचरसेव्य' भगवान् ही वर सकेंगे।

नोट—३ शिवपु० में कहा है कि राजाके पूछनेपर नारदजी कामसे विह्वल होकर उसको पानेकी इच्छा करके बोले। 'तामिच्छुः कामविह्वलः।'

जो एहि बरै अमर सोइ होई। समर भूमि तेहि जीत न कोई॥ ३॥
सेवहिं सकल चराचर ताही। बरै सीलनिधि कन्या जाही॥ ४॥
लच्छन* सब बिचारि उर राखे। कछुक बनाइ भूप सन भाखे॥ ५॥

अर्थ—जो इसे ब्याहेगा वह अमर हो जायगा, उसे रणभूमिमें कोई न जीत सकेगा॥ ३॥ सब चर और अचर जीव उसकी सेवा करेंगे जिसे शीलनिधिकी कन्या ब्याहेगी॥ ४॥ उन्होंने सब लक्षण विचारकर हृदयमें रख लिये और कुछ और-के-और ही बनाकर राजासे कहे॥ ५॥

---

* १६६१ में 'लछन' है। प्रायः 'च्छ' की जगह सर्वत्र 'छ' रहता है।

टिप्पणी—१ (क) *'जो एहि बरै अमर सोइ होई।…'* अर्थात् वह मृत्युको जीत लेगा। (ख) *'समर भूमि तेहि जीत न कोई'* अर्थात् वह त्रैलोक्यविजयी होगा, तीनों लोकोंमें उसको कोई न जीत सकेगा, वह सबको जीत लेगा। (ग) *'सेवहिं सकल चराचर ताही'* अर्थात् वह समस्त ब्रह्माण्डका राजा होगा और 'अमर' है ही अतएव यह सिद्ध हुआ कि वह अनन्त कल्पोंतक राज्य करेगा, यथा—*'जरा मरन दुखरहित तनु समर जितै नहिं कोउ। एक छत्र रिपुहीन महि राज कलपसत होउ॥'* (१। १६४) (घ) ☞यहाँ दो बातें कहीं; एक तो यह कि *'जो एहि बरै'*, दूसरी *'बरै सीलनिधि कन्या जाही।'* भाव कि इन्हीं दोमेंसे एकके साथ विवाह होगा जो या तो परम बलवान् हो या परम सुन्दर हो। परम बली होगा तो सबको जीतकर इसे ब्याह लेगा और परम सुन्दर होगा तो कन्या उसपर रीझकर जयमाल डालकर उसे स्वयं वरण करेगी। (ङ) ☞प्रथम ही कह आये कि *'लच्छन तासु बिलोकि भुलानें'*, *'भुलानें'* लक्षणका यही है कि उलटी समझ हो गयी। समझे कि जो इसको ब्याहेगा वह मृत्यु और शत्रुको जीतकर ब्रह्माण्डका राजा हो जायगा; यह न जाना कि जो कोई अमर, ब्रह्माण्डोंका पति इत्यादि लक्षणसम्पन्न होगा वही कन्याको ब्याहेगा, उसीको कन्या वरण करेगी। ☞*'लच्छन तासु बिलोकि भुलानें'* उपक्रम है और *'लच्छन सब बिचारि उर राखे……'* उपसंहार है।

टिप्पणी—२ (क) *'लच्छन सब बिचारि उर राखे।'* इति। राजाकी प्रार्थना है कि *'कहहु नाथ गुन दोष सब यहिके हृदय बिचारि'*, सो हृदयमें विचारना यहाँतक कहा। हृदयमें विचारकर हृदयमें ही रख लिये, राजासे न कहे। (यहाँ मुख्य तीन लक्षण इन्होंने विचारे—अमरत्व, अजित्व और ब्रह्माण्डका आधिपत्य—इन तीनोंको छिपा रखे)। (ख) *'कछुक बनाइ भूप सन भाखे'* का भाव कि विशेष गुण हृदयमें रखे, सामान्य गुण प्रकट किये। *'सब उर राखे'* और यहाँ *'कछुक भाषे'* कहकर जनाया कि उत्तम गुण सब हृदयमें गुप्त कर रखे, उनमेंसे एक भी न प्रकट किया और जो कहे वह एक तो बहुत थोड़े कहे और वह भी गढ़े हुए, जिसमें कन्याका माहात्म्य (महत्त्व) न खुले। यह मायाविवशता दिखायी कि मुनि होकर कपट किया, पेटमें कुछ, मुँहमें कुछ। स्त्रीसंग्रहकी इच्छा होते ही प्रपञ्चमें फँसे।

व्याकरण—बनाइ=बनाकर। पूर्वकालिक क्रिया। यथा—सुनाइ=सुनाकर, देखाइ=दिखाकर। लेइ, देइ, मुसुकाइ, जाइ, आइ, खाइ, रिसाइ इत्यादि। (श्रीरूपकलाजी)

नोट—शिवपु० में नारदने राजासे ये लक्षण भी कहे हैं। यथा—'सर्वेश्वरोऽजितो वीरो गिरीशसदृशो विभुः। अस्याः पति ध्रुवं भावी कामजित्सुरसत्तमः॥' (१८) अर्थात् इसका पति सर्वेश्वर, अजित, शिवसमान विभु, कामजित् और देवताओंमें श्रेष्ठ होगा।

सुता सुलच्छन कहि नृप पाहीं। नारद चले सोच मन माहीं॥ ६॥
करौं जाइ सोइ जतन बिचारी। जेहि प्रकार मोहि बरै कुमारी॥ ७॥
जप तप कछु न होइ तेहि* काला। हैं† बिधि मिलै कवन बिधि बाला॥ ८॥

दो०—एहि अवसर चाहिअ परम सोभा रूप बिसाल।
जो बिलोकि रीझै कुअँरि तब‡ मेलइ जयमाल॥ १३१॥

शब्दार्थ—सुलच्छन=सुलक्षण; सुन्दर उत्तम लक्षणोंसे युक्त। पाहीं=से। हैं=हे। यह कानपुर आदिमें अब भी घरोंमें बोला जाता है। प्रायः आश्चर्य और दुःखयुक्त हृदयसे यह शब्द 'हे' सम्बोधनकी जगह प्रयुक्त

---

* एहि—छ०। इहि—रा० प०। तेहि— १६६१, १७०४, १७२१, १७६२, को० रा०।

†हे—छ०, को० रा०, रा० प्र०। हैं-१६६१। है- १७२१, १७६२, १७०४। 'है' पाठ विनय० और मानसमें कई जगह 'हे' के अर्थमें आया है। सम्भवतः यह बोली रही हो।

‡अरु-वन्दनपाठकजी।

होता है। विनयपत्रिकाकी प्राचीनतम (सं० १६६६ की) पोथीमें तो अनेक पद्योंमें इसका प्रयोग हुआ है और अरण्यकाण्डमें श्रीसुतीक्ष्णजीके प्रसङ्गमें भी यह आया है। यथा—*'हैं बिधि दीनबंधु रघुराया। मो से सठ पर करिहहिं दाया।'* (३। १०) रीझना=मोहित होना; लट्टू हो जाना।

अर्थ—राजासे कहकर कि तुम्हारी कन्या सुलक्षणा है, नारदजी चल दिये। उनके मनमें (कन्याकी प्राप्तिकी) चिन्ता है॥ ६॥ जिस प्रकार वह कन्या मुझे ब्याहे मैं जाकर वही यत्न विचारकर करूँ॥ ७॥ उस समय जप-तप कुछ भी न हो सकता था।* (वे मनमें कह रहे हैं) हे विधाता! किस प्रकार कन्या मिले?॥ ८॥ इस समय (तो) परम शोभा और विशाल रूप चाहिये जिसे देखकर राजकुमारी लट्टू हो जाय, तभी वह जयमाल डालेगी॥ १३१॥

टिप्पणी—१ *'सुता सुलच्छन……'* इति। (क) राजाने गुण और दोष दोनों पूछे पर नारदजीने सुताके *'सुलच्छन'* कहे। इसमें भाव यह है कि नारदजी इस समय मायाके वश हो गये हैं, इसीसे उन्हें माया-(विश्वमोहिनी-)में दोष दिखायी ही नहीं पड़ते, गुण-ही-गुण दीखते हैं; इसीसे उन्होंने गुण ही कहे। यदि दोष देख पड़ते तो फिर प्राप्तिकी इच्छा ही क्यों करते? पुनः, *'सुता सुलच्छन'* का भाव कि इसमें गुण हैं, दोष नहीं हैं। यथा—*'सोइ हरि माया सब गुन खानी।'* (१। १३०। ५) इसीसे दोष नहीं कहे। (ख) पूर्व कहा है कि *'लच्छन सब बिचारि उर राखे'* अर्थात् हृदयमें रखनेमें तो *'लच्छन'* का रखना कहा और राजासे कहनेमें *'सुलच्छन'* शब्द दिया। लक्षण हृदयमें रखे और सुलक्षण कहे, यह कैसा? इस शङ्काका समाधान वक्ताने पहले ही *'कछुक बनाइ भूप सन भाषे'* में *'बनाइ'* शब्द देकर कर दिया है। अर्थात् जो सुलक्षण कहे वे बनाये हुए हैं। जो बात असलको छिपानेके लिये बनायी जाती है, वह असलसे अधिक सुन्दर देखने-सुननेमें होती है; यही दिखानेके अभिप्रायसे यहाँ बनावटमें *'सुलच्छन'* शब्द दिया। (सुलक्षण कहे अर्थात् कहा कि बड़ी भाग्यवान् है, परम सती और सौभाग्यवती होगी, पति बड़ा भारी यशस्वी, पराक्रमी होगा, इसका सुहाग अचल रहेगा इत्यादि।) (ग) *'सोच मन माहीं'* का भाव कि कोई उपाय मनमें नहीं सूझ पड़ता। (क्या यत्न करें जिससे वह हमें ब्याहे यह निश्चित नहीं कर पाते, अतः सोच है। यथा—*'एकउ जुगुति न मन ठहरानी। सोचत भरतहि रैनि बिहानी॥'* (२। २५३) (घ) *'चले'* का भाव कि यत्न करनेके लिये चले, सोचे कि यहाँ बैठे रहनेसे काम नहीं चलेगा; यह आगे स्पष्ट है।

टिप्पणी—२ *'करौं जाइ सोइ जतन बिचारी।……'* इति। प्रथम दो बातोंका विचार करना कह आये। एक *'जो एहि बरै'* (अर्थात् जो महाबलवान् हो कि सब राजाओंको जीतकर इसे ब्याह ले जाय।) दूसरा *'बरै सीलनिधि कन्या जाही'* (अर्थात् जो परम रूपवान् हो जिसमें कन्या स्वयं रीझकर जयमाल पहना दे।) अब सोचते हैं कि हम अपने पुरुषार्थसे तो कन्याको वर नहीं सकते, इससे उपाय वह करना चाहिये जिससे कन्या स्वयं हमपर रीझकर हमें ब्याह ले। (दो बातोंमेंसे अपनेमें एक भी नहीं पाते, न तो बल और न परम सौन्दर्य। इसीसे यत्नका विचार किया। स्वयंवर है, इसमें बलका प्रयत्न करके हर ले जाना अयोग्य है, इससे दूसरी बातके लिये प्रयत्न करना उचित समझा।) यत्नका विचार आगे लिखते हैं।

टिप्पणी—३ *'जप तप कछु न होइ तेहि काला।……'* इति। नारदजी विचारते हैं कि कुछ जप-तप करें। (अर्थात् जप-तपसे कार्य सिद्ध हो सकता है, परम सौन्दर्य मिल सकता है।) पर उस कालमें जप-तप कुछ हो नहीं सकता। अर्थात् उसके लिये समय चाहिये और यहाँ अवकाश है नहीं, स्वयंवर होने जा रहा है, थोड़ा ही समय रह गया है (दूसरे जप-तपमें मनकी आवश्यकता है और मन इस समय पराये हाथमें है।) अतएव विधिसे प्रार्थना करते हैं। *'बिधि'* से प्रार्थना करनेका भाव कि आप कर्मका फल देनेवाले हैं और मुझसे जप-तपादि कोई भी कर्म हो नहीं सकते, तब किस तरह *'बाला'* मिले। अर्थात् बालाके मिलनेकी कुछ *'विधि'* नहीं है, आप कोई *'विधि'* सुझावें, क्योंकि आप *'विधि'* हैं, आप अपना नाम सत्य कीजियें। (जैसे

---

* अर्थान्तर—१ जप-तपसे इस समय कुछ नहीं हो सकता। २ उस समयतक जप-तप कुछ हो नहीं सकता।

श्रीसीताजीने अशोकसे कहा था—*'सुनहि बिनय मम बिटप असोका। सत्य नाम करु हरु मम सोका॥'* (५। १२) ब्रह्माकी प्रार्थनासे विधि सूझी जो आगे कहते हैं।

नोट—१ कुछ लोग यह शङ्का करते हैं कि 'पूर्व किये हुए जप-तपादिके बलसे क्यों न ब्याह कर लिया?' इसका समाधान यों किया जाता है कि—(१) भक्तोंका जप-तप निष्काम होता है। जो इन्होंने पहले किया था वह तो भगवदर्पण हो चुका, वह लौट नहीं सकता। पुनः, (२) भ्रममें ज्ञान-वैराग्यके साथ ही पूर्वकृत जप-तपका स्मरण भी न रहा। भक्तिके प्रभावसे इतना तो अवश्य सूझा कि हरि ही हमारे हितू हैं, उन्हींसे रूप माँगूँ।

टिप्पणी—४ *'एहि अवसर चाहिअ परम सोभा रूप बिसाल।'''''* इति। (क) यहाँ परम शोभा और विशाल रूप दो बातें चाहते हैं। अङ्गकी सुन्दरता *'शोभा'* है और अङ्गकी रचना *'रूप'* है। (शरीरका चढ़ाव-उतार, सब अङ्ग यथायोग्य जहाँ जैसा चाहिये वहाँ वैसा ही होना *'रूप'* कहलाता है। शोभा=सौन्दर्य; सुन्दरता।) इस अवसरमें जप-तप नहीं हो सकता, रूप हो सकता है (यह *'विधि'* ने सुझाया) इसीसे रूपकी प्राप्तिका विचार करते हैं। (परम शोभा और विशालरूपका भाव यह भी है कि स्वयंवरमें अनेक राजा आये हैं जो शोभा, सौन्दर्य और रूपसे युक्त हैं, जब उन सबोंसे बढ़कर रूप और सौन्दर्य होगा तभी कन्या उन सबोंको छोड़कर इन्हींको ब्याहेगी, अन्यथा नहीं। **'कन्या वरयते रूपम्'** प्रसिद्ध ही है। अतः *'परम'* शोभा और *'विशाल'* रूप चाहते हैं।) पूर्व कह आये कि बल हो अथवा सौन्दर्य। संत किसीसे वैर नहीं करते, इसीसे इन्होंने बलकी चाह न की किंतु शोभाकी चाह की। (ख) *'मेलइ जयमाल'*—इन शब्दोंसे *'करै स्वयंवर सो नृप बाला'* के *'स्वयंवर'* शब्दका अर्थ खोला कि 'जयमाल गलेमें डालना' स्वयंवर है। (वा, यह जयमाल स्वयंवर है यह जनाया।) यहाँ 'सम्भावना अलंकार' है। (ग) ☞यहाँसे इनके हृदयकी आतुरता देखते चलिये। विशेष आगे लिखा जायगा।

नोट—२ समानार्थी श्लोक, यथा—**'सुतेयं तव भूपाल सर्वलक्षणलक्षिता। महाभाग्यवती धन्या लक्ष्मीरिव गुणालया॥'''इत्युक्त्वा नृपमामन्त्र्य ययौ यादृच्छिको मुनिः॥'''चित्ते विचिन्त्य स मुनिराप्नुयां कथमेनकाम्॥ स्वयंवरे नृपालानामेकं मां वृणुयात्कथम्॥ सौन्दर्यं सर्वनारीणां प्रियं भवति सर्वथा॥ तद्दृष्ट्वैव प्रसन्ना सा स्ववशा नात्र संशयः।'** (रु० सं० २। ३। १७—२१) अर्थात् राजन्! सर्वलक्षणसम्पन्ना बड़ी भाग्यवाली आपकी यह कन्या धन्य है। यह लक्ष्मीके समान गुणोंकी धाम है।'''ऐसा कहकर मुनि चले गये। अब नारदजी मनमें विचार करने लगे कि इसको किस तरह प्राप्त करूँ। स्वयंवरमें आये हुए राजाओंमें मेरा ही वरण कैसे करे? स्त्रियोंको सौन्दर्य अत्यन्त प्रिय होता है; उसे देखकर स्त्रियाँ प्रसन्न हो अपनेसे वश हो जाती हैं। (ये सब भाव मानसकी इन चौपाइयों और दोहेमें हैं।)

हरि सन मागौं सुंदरताई। होइहि जात गहरु अति * भाई॥ १॥
मोरें हित हरि सम नहिं कोऊ। एहि औसर सहाय सोइ होऊ॥ २॥
बहु बिधि बिनय कीन्ह तेहि काला। प्रगटेउ प्रभु कौतुकी कृपाला॥ ३॥
प्रभु बिलोकि मुनि नयन जुड़ानें। होइहि काजु हिएँ† हरषानें॥ ४॥

शब्दार्थ— गहरु=देर। औसर (अवसर)—समय, मौका।

अर्थ—(एक काम करूँ—) भगवान् हरिसे सुन्दरता माँगूँ (परंतु) भाई रे भाई! वहाँ जानेमें तो बहुत

'एहि' पाठसे अर्थ बहुत सरल हो जाता है। इससे ये वचन नारदके ही विचार सिद्ध होते हैं। 'तेहि' का अर्थ 'उस' होता है और इसी अर्थमें प्रायः इसका प्रयोग सर्वत्र हुआ है। इससे अर्थमें कठिनता हो रही है। इससे यह वचन वक्ताका ले सकते हैं और उसके आगेसे श्रीनारदजीके विचार समझ लें।

* मोहि—भा० दा०।

†१६६१ में 'हिएँ' है।

देर हो जायगी॥ १॥ हरिसरीखा मेरा कोई भी हितू नहीं है, वे ही इस समय सहाय हों॥ २॥ उस समय नारदने बहुत भाँतिसे विनती की तब कौतुकी कृपाल प्रभु प्रकट हो गये॥ ३॥ प्रभुको देखकर मुनिके नेत्र ठंडे हुए। वे हृदयमें हर्षित हुए कि काम अवश्य होगा॥ ४॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—सच है, 'जादू वह जो सिर पै चढ़के बोले'। ये देवर्षि नारद हैं या कामपीड़ित मजनूँ, जो अपने खयाली पुलावमें मग्न है। जिस विष्णुभगवान्‌से अपने कामविजयकी बड़ी डींग मारी थी उन्हींसे अपनी कामवासनाकी पूर्त्तिके निमित्त आज अपने लिये सौन्दर्य माँगने जा रहे हैं। फिर व्याकुलता और उतावलीका यह हाल है कि सोच रहे हैं कि यदि क्षीरसागर या वैकुण्ठतक जाना पड़ा तो *'होइहि जात गहरु अति भाई'*। *'भाई'* शब्द बड़ा मार्मिक है। वह हमारी सहानुभूतिको उत्तेजित करना चाहते हैं, परंतु हमें हँसी आ जाती है क्योंकि व्याकुलता और उतावलीपन प्रकट हो जाता है।

टिप्पणी—१ (क) *'हरि सन मागौं सुंदरताई'* इति। *'एहि अवसर चाहिअ परम सोभा रूप बिसाल'* इस विचारके साथ यह भी विचार मनमें आया कि हरिमें परम शोभा और विशालरूप दोनों हैं और उन्हें रूप देनेका सामर्थ्य भी है, अतः उन्हींसे क्यों न सुन्दरता माँग लूँ यह विचार आया। इसीको निश्चय किया; पर वे क्षीरसागरमें रहते हैं, वहाँतक जानेमें विलम्ब होगा—*'होइहि जात गहरु अति भाई'*, तबतक सब काम ही बिगड़ जायगा। (ख) ☞देखिये, माया नारदको ठगने आयी है और नारद मायाको ठगना चाहते हैं, दूसरेका रूप माँगकर मायाको अपनी पत्नी बनाना चाहते हैं। मायाने अपना रूप दिखाकर नारदको मोहा और नारद मँगनीका रूप दिखाकर मायाको मोहना चाहते हैं। (ग) *'होइहि जात गहरु अति'* भाव कि हमें क्षीरसिंधुतक जानेमें देर होगी, हरिको यहाँ आनेमें देर न लगेगी, इसीसे सोचते हैं कि वे ही आकर सहाय हों। *'गहरु अति'* से जनाया कि क्षीरसिंधु वहाँसे बहुत दूर है। भगवान्‌के स्थानसे बहुत दूरतक मायाका गम्य नहीं है। (भुशुण्डिजीके आश्रमसे चार-चार कोसतक चारों ओर अविद्या न व्यापती थी, *'ब्यापिहि तहँ न अबिद्या जोजन एक प्रजंत।'* तब जहाँ भगवान् स्वयं हैं वहाँसे न जाने कहाँतक मायाका गुजर न होगा। यह नगर बहुत दूरीपर रचा गया होगा। ☞(घ) यहाँ शंका होती है कि 'ये योगिराज हैं, योगबलसे आँख बन्द करके क्यों नहीं जाते? [जैसे स्वयंप्रभाने योगबलसे वानरोंको समुद्रतटपर पहुँचा दिया और स्वयं उसी तरह रामचन्द्रजीके समीप पहुँची और फिर वहाँसे बदरीवनको चली गयी। (कि० दोहा २५) और नारदजी अव्याहतगति हैं, यथा—*'......गति सर्बत्र तुम्हारि।'* (१। ६६)] इसका समाधान यह है कि मुनि इस समय मायाके वशमें होनेसे योगकी सुध (अपना मनोवेग एवं अपना कर्तव्य) भूल गये हैं, यथा—*'माया बिबस भए मुनि मूढ़ा।'* (१३३। ३) (और योगसे भी पहुँचनेमें कुछ विलम्ब ही होगा।) (ङ) *'भाई'* शब्द यहाँ मनसे सम्बोधन है। ऐसा प्रायः बोलनेकी रीति है, यथा—*'जग बहु नर सर सरि सम भाई'*, *'करइ बिचार करउँ का भाई'* इत्यादि। विशेष (१। ८। १३) *'जग बहु नर......'* में देखिये।

टिप्पणी—२ (क) *'मोरे हित हरि सम नहिं कोऊ'* इति। जो अपना हितैषी होता है उसीसे वस्तु माँगे मिलती है, सहायता ली जाती है, वही अवसर पड़नेपर सहाय होता है। यथा—*'तोहि सम हित न मोर संसारा। बहे जात कै भइसि अधारा॥'* (२। २३। २) *'हरि'* का भाव कि 'क्लेशं हरतीति हरिः' आप क्लेशके हरनेवाले हैं, आप हमारे शोचको दूर करें। इसीसे *'हरि'* शब्द दिया। (ख) *'एहि अवसर सहाय सोइ होऊ।'*—सहाय हो अर्थात् हमारा उपकार करो, हमारा क्लेश हरो। *'एहि अवसर'*—अवसर निकल जानेपर कार्यकी हानि है इसीसे नारदजी बारंबार अवसरका विचार कर रहे हैं, यथा—*'जप तप कछु न होइ तेहि काला'* *'एहि अवसर चाहिअ परम सोभा...'* तथा यहाँ *'एहि अवसर सहाय सोइ होऊ।'* ☞यहाँ यह दिखाते हैं कि भगवद्भक्तको यदि कोई कामना होती है तो वह उसे अपने ही प्रभुसे माँगता है, दूसरेसे कदापि नहीं। कष्ट पड़नेपर उन्हींको पुकारता है। धन्य हैं कृपालु भगवान् भी कि मोहमें लिप्त होनेपर भी वह शरणमें आये हुएके ऊपर अपना हाथ रखे ही रहते हैं। वे ही सच्चे हितैषी हैं—*'एक सनेही साँचिलो केवल कोसलपालु'* (विनय० १९१), *'तुलसी प्रभु साँचो हितू......'* (विनय० १९०)]

प० प० प्र०—इतने विषयलोलुप, कामी, मायाविमूढ़ हो गये हैं, फिर भी किसी अन्यका भरोसा नहीं है। यह विशेषता भक्तिका प्रभाव है। इस अनन्यगतिकताने ही मुनिको आखिर बचाया है। मायानिर्मित नगरीके राजकुमारीपर मुनिवर मोहित हुए, इससे हम लोग उनपर हँसते हैं पर हम रात-दिन कल्पों-कल्पोंतक क्या करते हैं! यह जग माया-निर्मित मायामय, असत्य मिथ्या ही तो है और हम बड़े-बड़े पण्डित शूरवीरादि भी मायाजनित अगणित विषयोंसे ही तो सुख चाहते हैं। हम तो मायाजनित अनित्य नश्वर प्राणी मनुष्यादिका ही भरोसा रखते हैं, अपनी निज करनीके भरोसेपर ही चलते हैं। *'मोरे हित हरि सम नहिं कोऊ'* यह तो स्वप्नमें भी कभी हमारे चित्तमें नहीं आता। तब तो हम ही अधिक विमूढ़ और उपहासास्पद हैं। ऐसे विमूढ़ होते हुए भी हम लोग विद्यामायाविमूढ़ देवर्षिका मोह देखकर उनकी हँसी उड़ाते हैं, पर हम यह नहीं सोचते कि स्वयं क्या करते आये हैं। मानस, भागवत, वेदान्तशास्त्रादि मुखसे गाते हुए भी हम तो अविद्या-मोहमें ही आनन्द मान रहे हैं, इसकी हम लोगोंको लज्जा नहीं।

टिप्पणी—३ (क) *'बहु बिधि बिनय कीन्हि तेहि काला'* जैसे कि, आपने अमुक-अमुक भक्तोंकी सहायता की, आप कृपालु हैं, सन्तके हितैषी हैं; हमारे ऊपर कृपा करके प्रकट होकर सहायता कीजिये। (ख) *'तेहि काला'* देहलीदीपक है अर्थात् जिस समय विनय की उसी समय भगवान् भी प्रकट हो गये। नारदजीने प्रार्थना की कि *'एहि अवसर'* सहाय हूजिये, अतः भगवान् उसी *'काल'* प्रकट हो गये—(बिना यत्नके चितचाही बात होनेसे 'प्रथम प्रहर्षण अलंकार' हुआ।) (ग) *'प्रगटेउ प्रभु कौतुकी कृपाला'*—(*'प्रगटेउ'* के सम्बन्धसे *'प्रभु'* शब्द दिया। इन दोनों शब्दोंसे जनाया कि वे तो सर्वत्र हैं, उनका कहीं आना-जाना थोड़े ही है, प्रेमसे तुरत जहाँ भक्त चाहे कृपा करके प्रकट हो जाते हैं; यथा—*'हरि ब्यापक सर्वत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना॥''प्रेम तें प्रभु प्रगटै जिमि आगी।'* समर्थ हैं, जहाँ जब चाहें प्रत्यक्ष हो जायँ। प्रकट होनेके सम्बन्धसे कृपालु भी कहा।) *'कौतुकी'* का भाव कि भगवान् कौतुक करना चाहते हैं, यथा—*'मुनि कर हित मम कौतुक होई।'* कृपालका भाव कि मुनिपर कृपा करके हित करनेके लिये प्रकट हुए। [☞स्मरण रहे कि मोह-प्रसंगका प्रारम्भ ही *'कौतुक'* बीजसे हुआ है। *'भरद्वाज कौतुक सुनहु हरि इच्छा बलवान॥'* (१२७) अतएव प्रसंगके अन्ततक कौतुकका प्रसंग चला जा रहा है, मुनि कौतुकी, नगर कौतुकी, भगवान् भी कौतुकी, सारा खेल मायाका कौतुक, रुद्रगण कौतुकी इत्यादि।]

टिप्पणी—४ (क) *'प्रभु बिलोकि मुनि नयन जुड़ाने'* —अत्यन्त सुन्दर स्वरूप देखकर नेत्र शीतल हुए कि ऐसा स्वरूप मिलनेसे कार्य अवश्य सिद्ध होगा क्योंकि कार्य रूपहीके अधीन है। (ख) *'होइहि काजु हृदय हरषाने।'* हर्ष होनेके कई कारण हैं एक तो यही कि कार्य सिद्ध होनेकी प्रतीति हुई—*'होइहि काज।'* दूसरे यह सोचकर कि जब यह रूप देखकर हमारे नेत्र शीतल हुए हैं तब उसके नेत्र क्यों न शीतल होंगे। तीसरे कि यदि सुन्दर रूप न देना होता तो प्रकट न होते, भगवान् भक्तको 'नहीं' नहीं करते, (यथा—*'मोरे कछु अदेय नहिं तोरे', 'कवन बस्तु असि प्रिय मोहि लागी। जो मुनिबर न सकहु तुम्ह माँगी॥'* (३। ४२) 'होइहि' अर्थात् अवश्य होगा, इसमें सन्देह नहीं। विश्वास इससे है कि कार्य न करना होता तो प्रकट न होते।—[व्याकरण—'होइहि'=होगा। भविष्य क्रिया अन्य पुरुष। यथा—मिटिहि, मिलिहि, जाइहि, रीझिहि, बरिहि, देखिहि, चलिहि।' (श्रीरूपकलाजी)]

नोट—शिवपु० के नारद विष्णुके लोकहीको चले गये और एकान्तमें उनसे सब वृत्तान्त कहा है। मानसके नारदको यह ज्ञान है कि विष्णु सर्वत्र प्रकट हो सकते हैं इससे मार्गमें ही प्रार्थना करते हैं, इनको बहुत उतावली है।

अति आरति कहि कथा सुनाई। करहु कृपा करि* होहु सहाई॥५॥

---

* हरि—पं० रा० व० श०, वै० रा० प्र०। प्रभु—शुकदेवलाल। करि-१६६१, रा० बा० दा०, को० रा०, श्रीनंगे परमहंसजी। *'करि'* पाठ लेनेसे इस चरणकी वाक्यरचना अवश्य शिथिल हो जाती है, परन्तु कविने मुनिकी अधीरताको द्योतित करनेके लिये जान-बूझकर उनसे ऐसी भाषाका प्रयोग कराया है। (गीताप्रेस-संस्करण)

आपन रूप देहु प्रभु मोही। आन भाँति नहिं पावौं ओही॥६॥
जेहि बिधि नाथ होइ हित मोरा। करहु सो बेगि दास मैं तोरा॥७॥
निज माया बल देखि बिसाला। हिय हँसि बोले दीनदयाला॥८॥
दो०—जेहि बिधि होइहि परम हित नारद सुनहु तुम्हार।
सोइ हम करब न आन कछु बचन न मृषा हमार॥१३२॥

अर्थ—बहुत आर्त्त (दीन) होकर एवं बहुत आतुरतासे उन्होंने (सब) कथा कह सुनायी (और प्रार्थना की कि) कृपा कीजिये, कृपा करके सहाय हूजिये॥५॥ हे प्रभो! मुझे अपना रूप दीजिये, (क्योंकि) और किसी तरह मैं उसे नहीं पा सकता॥६॥ हे नाथ! जिस तरह मेरा हित हो वह (उपाय) शीघ्र कीजिये, मैं आपका दास हूँ॥७॥ अपनी मायाका विशाल बल देख मन-ही-मन हँसकर दीनदयाल भगवान् बोले॥८॥ 'हे नारद! सुनो, जिस प्रकार तुम्हारा परम हित होगा हम वही करेंगे और कुछ नहीं, हमारा वचन असत्य नहीं'॥१३२॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—१ कौतुक कितना सुन्दर है, इसका पता तो अभी लग जायगा पर कृपाके स्पष्टीकरणतक तनिक रहना पड़ेगा, यद्यपि उसका आरम्भ भी यहींसे है। मुनिकी व्याकुलता और देर होनेका खटका इसी कृपालुतासे तो दूर करके शीघ्र ही भगवान् प्रकट हो गये। *'नयन जुड़ाने' 'हिय हरषाने'* से यह बात साफ हो जाती है।

२—प्रार्थनाका अन्तिम अंश बड़ा मजेदार है और ऐसे रूपमें रखा गया है कि श्लेष पैदा हो जाय। बस, लीलामय भगवान्‌को कौतुक एवं परम हित दोनोंके दिखानेका मौका मिल गया।

३—*'हिय हँसि'* से भगवान्‌की उदारता तथा उपहास दोनों भाव प्रकट होते हैं। हँसी प्रकट न हो इसका कारण यह भी है कि मजाकका पता नारदको न लगे।

४—भगवान्‌का उत्तर स्पष्ट है परंतु कामपीड़ित मोहान्ध नारदको आज कुछ समझमें नहीं आता—पतन यहाँतक पहुँच गया। ये वही नारद मुनि हैं जिनके लिये भगवान्‌ने गीतामें कहा है कि देवर्षियोंमें नारद मैं हूँ।

टिप्पणी—१ (क) *'अति आरति कहि कथा सुनाई'* इति। भगवान् आर्त्तहरण हैं, अतः 'अति आर्त' होकर कहा।*'अति आरति'*……'अर्थात् कहा कि हमने आपको बड़े दुःखमें बुलाया है, हमको बड़ा संकट है, उसीकी कथा फिर कही। *'कथा सुनाई'* अर्थात् बताया कि 'आपके यहाँसे चलनेपर बीचमें एक सुन्दर नगर मिला। वहाँके राजा-प्रजा सब बड़े सुन्दर हैं। राजाके वैभवविलासके आगे सैकड़ों इन्द्रोंका वैभव कुछ नहीं है। उसकी परम सुन्दरी एक कन्या विश्वमोहिनी है जो अद्भुत रूप-लक्षणयुक्त है। वह इस समय अपना स्वयंवर कर रही है। उसीकी प्राप्तिमें कृपा करके सहाय हूजिये। उसके पानेके लिये हम आतुर हो रहे हैं, हमारी यह आर्ति हरण कीजिये।' क्या सहायता करें सो आगे कहते हैं कि *'आपन रूप देहु प्रभु मोही।'* ☞ जिनसे प्रथम कहा था कि हमने काम-क्रोधको जीत लिया उन्हींसे अब कामी होकर स्त्री-प्राप्तिके लिये दीनतापूर्वक प्रार्थना करते हैं, यह कैसी लज्जाकी बात है? उनसे किस मुखसे कहा गया? उन्हें लज्जा न लगी? इस सम्भावित शङ्काकी निवृत्तिके लिये *'अति आरति'*—पद प्रथम ही दिया गया है। अति आर्त्त हैं, इसीसे होश-हवास ठिकाने नहीं, चेत नहीं है। आर्त्तके चेत एवं विचार नहीं रह जाता, यथा—*'कहउँ बचन सब स्वारथ हेतू। रहत न आरतके चित चेतू॥'* (२। २६९। ४) और नारद तो 'अति आर्त्त' हैं, *'अति आरत अति स्वारथी अति दीन दुखारी। इन्ह को बिलग न मानिये बोलहिं न बिचारी॥'* (विनय० ३४)

टिप्पणी—२ (क) *'आपन रूप देहु प्रभु मोही'* इति। प्रथम विचारमें कह आये कि इस अवसरपर परम शोभा और विशाल रूप चाहिये (दो० १३१) फिर विचारे कि *'हरि सन मागौं सुंदरताई'* (इस चरणमें केवल सुन्दरता माँगनेका विचार लिखा गया) और यहाँ माँगते हैं 'रूप' —*'आपन रूप देहु'*— इससे जनाया कि *'हरि सन'*……' में रूपका अध्याहार और यहाँ 'परम सोभा'

का अध्याहार है, दोनों जगह एक-एक लिखकर दोनोंमें दोनोंका होना दोहेके अनुसार जनाया। (ख) *'आन भाँति नहिं पावौं'* इति। भाव यह कि इसीसे मैं आपका रूप माँगता हूँ, नहीं तो न माँगता। *'आन भाँति'* कथनमें भाव यह है कि अन्य सब उपायोंको मैं पूर्व ही विचार चुका हूँ। (वे विचार पूर्व कह आये हैं; यथा—*'जप तप कछु न होइ तेहि काला'*) (ग) *'ओही'* इति। इसका सामान्य भाव तो हो ही चुका कि 'उसको' नहीं पा सकता। दूसरा भाव यह ध्वनित हो रहा है कि जबसे कार्य-सिद्धिका निश्चय हुआ, यथा—*'होइहि काजु हिएँ हरषाने'*, तबसे उन्होंने विश्व-मोहिनीमें स्त्रीभाव मान लिया है, इसीसे उसका नाम नहीं लेते *'ओही'* कहते हैं।—[जबतक भगवान् प्रकट न हुए थे, तबतक नारदजी विश्वमोहिनीके लिये *'कन्या'*, *'कुमारी'*, *'बाला'* और *'कुअँरि'* शब्दोंका प्रयोग करते आये। यथा—*'बरै सीलनिधि कन्या जाही'*, *'जेहि प्रकार मोहि बरै कुमारी'*, *'हैं बिधि मिलै कवन बिधि बाला॥'* तथा *'जो बिलोकि रीझै कुँअरि।'* भगवान्‌के प्रकट हो जानेसे इनको विश्वमोहिनीकी प्राप्तिका निश्चय हो गया। उन्होंने उसे अपनी स्त्री मान लिया। स्त्रीका नाम नहीं लिया जाता। यथा—**'आत्मनाम गुरोर्नाम नामातिकृपणस्य च। न ग्राह्यं पित्रोर्नाम ज्येष्ठपुत्रकलत्रयोः॥'** (मं० श्लोक ७ में इस श्लोकका उत्तरार्द्ध इससे भिन्न है)]

टिप्पणी—३ *'जेहि बिधि नाथ होइ हित मोरा।'''* इति। (क) तात्पर्य कि विधि कोई भी हो, हित होना चाहिये। मैंने जो विधि अपने हितके लिये निश्चय की वही मैंने सुना दी; किन्तु यदि आप अन्य कोई विधि उत्तम समझते हों तो आप वही विधि काममें लावें। इस कथनसे इनके ही वचनोंसे स्त्री-प्राप्तिकी प्रार्थनाका खण्डन हुआ। *'हित'* करनेकी विनती भगवान्‌की प्रेरणासे की गयी, क्योंकि स्त्री न मिलनेसे ही हित है, यही भगवान् करेंगे। स्त्री माँगते हैं, यह भगवान्‌की इच्छाके प्रतिकूल है। [नोट—*'हित'* नारदमोहहरण-प्रसङ्गका बीज ही है। वहींसे यह प्रसंग उठा है; यथा—*'उर अंकुरेउ गर्ब तरु भारी। बेगि सो मैं डारिहौं उखारी॥ पन हमार सेवक हितकारी। मुनि कर हित मम कौतुक होई। अवसि उपाय करबि मैं सोई॥'* (१२९। ४—६) अतएव उन्हींकी प्रेरणासे नारदजीके मुखसे ऐसा वचन निकला। (ख) *'करहु सो बेगि'* अर्थात् तनिक भी विलम्ब होनेसे काम बिगड़ जायगा, उसे और कोई ले जायगा। *'दास मैं तोरा'* भाव कि आपका प्रण है दासका हित करना; यथा—*'पन हमार सेवक हितकारी।'* ☞नारदजीको बड़ी उतावली है। उनकी परम आतुरता, उनके हृदयकी शीघ्रता चौपाइयोंसे स्पष्ट झलक रही है। यथा—*'जप तप कछु न होइ तेहि काला। हैं बिधि मिलइ कवन बिधि बाला॥'*, *'एहि अवसर चाहिअ परम सोभा रूप'*, *'होइहि जात गहरु अति भाई'*, *'एहि अवसर सहाय सोइ होऊ'*, *'बहु बिधि बिनय कीन्ह तेहि काला'*, तथा यहाँ *'करहु सो बेगि दास मैं तोरा'* और आगे *'गवने तुरत तहाँ रिषिराई।'* इस प्रकार प्रसङ्गभरमें चौपाइयाँ उनकी शीघ्रता अपने शब्दोंसे दिखा रही हैं। यहाँसे *'बेगि'* का सिलसिला चला।

प० प० प्र०-यदि यह वचन नारदजीके मुखसे न निकलता तो भगवान्‌को अपना रूप देना ही पड़ता। ऐसे वचन मुखसे निकलवानेवाली हरिकी विद्यामाया ही है। विद्यामाया जीवका विनाश नहीं होने देती। यथा—*'हरि सेवकहि न ब्याप अबिद्या। प्रभु प्रेरित ब्यापइ तेहि बिद्या। ताते नास न होइ दास कर॥'* (७। ७९। २-३) नारदजी समझते हैं कि विश्वमोहिनीसे विवाह करनेमें हित है। हम भी ऐसा ही मानकर अगणित विषयरूपी भानुकरवारिके पीछे पुच्छविषाणवाले मृगोंके समान ही दौड़ते हैं, तथापि क्या हमारे मुखसे कभी *'करहु सो बेगि दास मैं तोरा'* यह शब्द निकलते हैं? कदाचित् ऐसा मुँहसे निकलता भी हो तथापि चित्तमें तो 'मैं' समाया हुआ है, मैं ज्ञानी इत्यादि भरा ही तो रहता है।

टिप्पणी—४ *'निज माया बल देखि बिसाला।'''* इति। (क) मायाका बल यह कि अभी-अभी इन्होंने हमसे काम-क्रोधके जीतनेकी बात की थी सो मायाने तुरत उनको पकड़ लाकर हमारे सामने ही, हमसे ही स्त्री-प्राप्तिकी विनती करायी। [(ख) नारदजीने काम-क्रोधपर विजय अहङ्कारपूर्वक कही थी, सो यहाँ *'अति आरत कहि कथा सुनाई। करहु कृपा करि होहु सहाई॥'* इत्यादिसे नारदका कामसे

पराजय दिखाया। स्त्री-प्राप्तिके लिये आतुर होना कामवशसे ही होता है। *'आन भाँति नहिं पावौं ओही'* से उनपर लोभकी जय दिखायी। आगे क्रोधसे भी पराजित होना दिखावेंगे। (ग) जब-जब मायाने बड़ोंको जीता तब-तब उसकी बड़ाई की गयी है। १। ५२। ६, १। ५६। ५, १। १२८। ८ देखिये]। (घ) नारदजीने कामको जीता और उन्हीं नारदको मायाने जीता। अतः उसके बलको 'विशाल' कहा। पूर्व जो कहा था—*'सुनहु कठिन करनी तेहि केरी'*, उसी *'कठिन करनी'* को यहाँ *'बल बिसाला'* कहा है। (ङ) *'हिय हँसि'*—हृदयमें हँसे क्योंकि प्रकट हँसनेसे नारदजीको सन्देह होता, वे समझते कि हमारा अनादर (अपमान) कर रहे हैं, हमें अपना रूप न देंगे। अन्य कोई कारण हँसीका यहाँ नहीं जान पड़ता। मायाका बल समझकर हँसे, सो यह हँसी गुप्त रखनेयोग्य ही है, अतः हृदयमें हँसे।

नोट—१ महाराज हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि 'नारद भगवानके मन हैं। मनके रहनेका स्थान हृदय है। अतएव हृदयमें हँसे कि अब कामके जीतनेका अभिमान कहाँ गया? पुनः, इससे आनन्द हुआ कि दासका हित करनेका समय आ गया।' (रा० प्र०)

नोट—२ (क) यहाँ भगवान्‌में कठोरता पायी जाती है कि अपने भक्तकी दुर्दशा स्वयं ही कराते हैं। यह बात यथार्थ ऐसी नहीं है, जैसे बालकके फोड़ेके चिरानेमें माँको हृदय कठोर कर लेना पड़ता है जिसमें बच्चा निरोग हो जाय, यथा—*'तिमि रघुपति निज दास कर हरहिं मान हित लागि'।* इस शङ्काके निवारणार्थ बारम्बार कृपानिधि, कृपाल आदि विशेषण देते आये हैं। (ख) *'दीनदयाला'*— भाव कि नारद मायावश होनेसे दीन हैं; उनपर दया करके बोले।

टिप्पणी—५ *'जेहि बिधि होइहि परम हित·····'* इति। (क) नारदजीने प्रार्थना की थी कि *'जेहि बिधि होइ नाथ हित मोरा। करहु सो बेगि दास मैं तोरा॥'*, भगवान्‌ने इसी वचनको ग्रहण किया और इसीपर कहा *'जेहि बिधि होइहि'*·····।' (भाव यह कि मुनि तो हित ही चाहते हैं पर भगवान् वचन देते हैं कि निश्चिन्त रहो, तुम तो हितहीकी कहते हो, हम वह करेंगे जिसमें तुम्हारा परम हित होगा। *'होइहि'* निश्चयवाचक भविष्य क्रिया है। भगवान् भक्तका परम हित ही चाहते हैं। *'सुनहु'* अर्थात् हमारे वचनोंपर ध्यान दो।) (ख) *'न आन कछु'* का भाव कि तुम जो हमारा रूप माँगते हो सो यह तुम्हारा कहा हुआ हम न करेंगे, हमारा वचन मिथ्या नहीं हो सकता, हम तुमसे सत्य-सत्य कहते हैं। इससे जनाया कि रूप देनेसे तुम्हारा हित न होगा वरञ्च अहित होगा। (यह बात अर० ४३-४४ में नारदजीके पूछनेपर श्रीरामचन्द्रजीने विस्तारपूर्वक मुनिको समझाकर कही है। *'राम जबहि प्रेरेउ निज माया'* (३। ४३२) से *'ताते कीन्ह निवारन·····।'* (४४) तक यह प्रसङ्ग है।)

व्याकरण—करब=करूँगा। भविष्य क्रिया उत्तम पुरुष। यथा—'घटब, आउब, जाब, जितब इत्यादि। (श्रीरूपकलाजी)

नोट—३ मिलानके श्लोक, यथा—'यदि दास्यसि रूपं मे तदा तां प्राप्नुयां ध्रुवम्। त्वद्रूपं सा विना कण्ठे जयमालां न धास्यति॥ स्वरूपं देहि मे नाथ सेवकोऽहं प्रियस्तव। वृणुयान्मां यथा सा वै श्रीमती क्षितिपात्मजा॥ ·····स्वेष्टदेशं मुने गच्छ करिष्यामि हितं तव।' (रुद्रसं० २। ३। २८-२९) अर्थात् यदि आप अपना रूप मुझे दे दें तो वह अवश्य ही मुझको प्राप्त हो सकती है। आपके रूपके बिना वह मेरे कण्ठमें जयमाल कदापि न डालेगी। हे नाथ! आप मुझे अपना स्वरूप दीजिये। मैं आपका प्यारा सेवक हूँ जिससे वह राजपुत्री मुझे वरण कर ले।····· भगवान्‌ने कहा—हे मुनि! आप अपने इच्छित स्थानपर जायँ। मैं आपका 'हित' करूँगा।

कुपथ माँग रुज ब्याकुल रोगी। बैद न देइ सुनहु मुनि जोगी॥ १॥
एहि बिधि हित तुम्हार मैं ठएऊ। कहि अस अंतरहित प्रभु भएऊ॥ २॥
माया बिबस भए मुनि मूढ़ा। समुझी नहि हरि गिरा निगूढ़ा॥ ३॥

शब्दार्थ—कुपथ (कुपथ्य)=वह आहार-विहार जो स्वास्थ्यके लिये हानिकारक हो। रुज=रोग।

ठएऊ=ठाना है, निश्चय किया है। अंतरहित (अन्तर्हित)=अन्तर्द्धान; गुप्त। निगूढ़ा (नि+गूढ़)=जो गूढ़ नहीं हैं, स्पष्ट।

अर्थ—हे योगी मुनि! सुनिये। (जैसे) रोगसे व्याकुल (पीड़ित) रोगी कुपथ्य माँगे (तो) वैद्य उसे (वह कुपथ्य) नहीं देते॥ १॥ इसी प्रकार मैंने तुम्हारा हित ठाना है। ऐसा कहकर प्रभु अन्तर्द्धान हो गये॥ २॥ मायाके विशेष वश होनेसे मुनि मूढ़ हो गये। (इससे) वे भगवान्‌की स्पष्ट वाणीको (भी) न समझे॥ ३॥

श्रीलमगोड़ाजी—*'सुनहु मुनि जोगी'* तथा दोहेके *'नारद सुनहु तुम्हार'* का *'सुनहु'* शब्द बताता है कि भगवान् साफ ध्यान दिला रहे हैं। फिर *'मुनि' 'जोगी'* का व्यंग्य इतना सूक्ष्म है कि अनुभव किया जा सकता है पर बताया नहीं जा सकता। आह, पतन तो देखिये *'मुनि जोगी'* आज *'मुनि मूढ़'* हो गये।

टिप्पणी—१ *'कुपथ माँग……'* इति। (क) *'कुपथ माँग'*—भाव यह कि रोगीको कुपथ्य नहीं जान पड़ता, इसीसे वह उसे माँगता है। वैद्य जानता है कि क्या कुपथ्य है, क्या पथ्य, इसीसे वह नहीं देता। (ख) *'रुज ब्याकुल रोगी'* इति। यहाँ नारद रोगी हैं, जो मायारूपी (वा, मायाका कार्य कामवासनारूपी) रोगसे पीड़ित हैं और स्त्रीरूपी कुपथ्य माँगते हैं। (ग) *'सुनहु'* कथनमें भाव यह है कि पीछे नारदजी यह न कह सकें कि 'मैंने आपका उत्तर नहीं सुना था। यदि मैंने सुना होता कि आपने ऐसा कहा है तो मैं स्वयंवरसमाजमें अपमान कराने क्यों जाता?' अतएव सावधान होकर सुननेको कहते हैं। (घ) *'मुनि जोगी'*—भाव कि योगीके लिये स्त्रीकी प्राप्ति बड़ा कुपथ्य है। उसके लिये विषयसेवन कुपथ्य है। यथा—*'बिषय कुपथ्य पाइ अंकुरे। मुनिहु हृदय का नर बापुरे॥'* (७। १२२। ४) [*'मुनि जोगी'* में व्यंग्य है। भाव यह है कि 'हमारी परतन्त्रताका अभिमान त्यागकर समाधिसे कामको हटाया था सो योग कहाँ है?' (अर्थात् जो आपको यह अभिमान था कि आपने अपने योगबलसे, अपने पुरुषार्थसे कामपर विजय पायी, वह योग आज कहाँ गया?) अथवा 'भाव कि योगियोंका जिसमें हित होता है वही हम करेंगे।' (रा० प्र०)]

प० प० प्र०—*'रुज ब्याकुल रोगी।……'* इति। नारदजीको वातज सन्निपात ज्वर चढ़ा है। ऐश्वर्य-लोभ प्रबल है पर मुख्य है काम। *'काम बात कफ लोभ अपारा।'* पित्त भी कुपित हुआ है पर अभी स्पष्ट देखनेमें नहीं आता। आगे पित्तका प्रकोप स्पष्ट प्रकट होगा।—*'क्रोध पित्त नित छाती जारा'* वातरोगी पथ्य-कुपथ्यका विचार ही नहीं कर सकता पर वातके कारण *'सन्यपात जलपसि दुर्बादा'* के समान कुपथ्यको ही पथ्य मानता है और उसीको माँगता है। सद्वैद्य जानता है कि वातज सन्निपातमें स्त्रीविषयसेवन कुपथ्य है। योग, ज्ञान और भक्तिमें स्त्रीलालसा विनाशकारक है। कुपथ्य न देनेपर रोगी वैद्यको भी दो-चार खोटी-खरी सुनाता है, वही नारद करनेवाले हैं, तथापि रोगीके परम हितके लिये वैद्य सब कुछ शान्तिसे सुन लेता है और उसके वातविकारको हटाता है, ऐसा ही भगवान् करते हैं।

वि० त्रि०—शरीर-रोग और मानसिक रोगकी एक-सी गति है। जैसे सभी शूल वातप्रधान हैं, वैसे ही विषय-मनोरथ सभी कामप्रधान हैं। यथा—*'बिषय मनोरथ दुर्गम नाना। ते सब सूल नाम को जाना॥'*

नोट—१ (क) भगवान् सीधे-सीधे न कहकर कि विवाह न होने दूँगा, उसे कार्यद्वारा जनाया कि वैद्य कुपथ्य नहीं देता। कारण कहकर कार्य सूचित करना 'कारज निबन्धना अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार' है। (वीरकवि) (ख) व्याकरण-देइ=देता है। वर्तमान क्रिया। यथा—करइ, जरइ, लेइ, सेइ। (श्रीरूपकलाजी)

नोट—२ मिलानके श्लोक, यथा—'**भिषग्वरो यथार्त्तस्य यतः प्रियतरोऽसि मे॥**' (३१) अर्थात् जैसे वैद्य रोगीका हित करता है, क्योंकि तुम मेरे प्यारे हो। '**मेने कृतार्थमात्मानं तद्यत्नं न बुबोध सः।**' (रुद्रसं० २। ३। ३३) अर्थात् अपनेको कृतार्थ मानते हुए उनके यत्नको नहीं पहिचाना।

टिप्पणी—२ *'एहि बिधि हित तुम्हार मैं ठएऊ।'* इति। (क) *'एहि बिधि'* अर्थात् जैसे वैद्य रोगीका हित करता है वैसे ही। (अर्थात् वैद्य माँगनेपर भी कुपथ्य नहीं देता, वैसे ही माँगनेपर भी मैं रूप न दूँगा, विवाह न होने दूँगा।) (ख) *'ठएऊ'*=किया। यथा—*'धूप धूम नभ मेचक भएऊ।*

सावन घन घमंड जनु ठयऊ॥' अर्थात् मानो सावनके घनने घमण्ड किया; *'जब तें कुमति कुमत जिय ठयऊ। खंड खंड होइ हृदय न भयऊ॥'* (२। १६२) *'सोरह जोजन मुख तेहिं ठयऊ॥'* (५। २) (पर यहाँ 'ठाना है, निश्चय किया है', यह अर्थ विशेष उत्तम है।) (ग) *'कहि अस अंतरहित'''''* इति। [चटपट यह कहकर चल दिये जिसमें मुनि आगे और कुछ न कहने पावें। अथवा, भाव कि बात समाप्त हुई और चल दिये, क्योंकि इस समय मुनि शीघ्रतामें हैं, सब कार्य *'बेगि'* (शीघ्र) ही चाहते हैं, बात समाप्त होते ही चले जानेसे मुनिको संतोष होगा। जैसे प्रकट होनेमें *'प्रभु'* कहा था, वैसे ही यहाँ अन्तर्हित होनेमें भी *'प्रभु'* शब्द दिया। *'प्रगटेउ प्रभु कौतुकी कृपाला।'* (१३२। ३) उपक्रम है और *'अंतरहित प्रभु भएऊ'* उपसंहार है]

टिप्पणी—३ *'माया बिबस भए मुनि मूढ़ा'''''* इति। (क) 'विवश' का भाव कि मायाके वशमें तो सभी चराचरमात्र है, यथा—*'यन्मायावशवर्त्तिविश्वमखिलम्'* (मं० श्लो० ६) *'को जग जाहि न ब्यापी माया';* पर मुनि उसके विशेष वशमें हैं। (ख) वाणी निगूढ़ है निगूढ़=निर्गत है; गूढ़ता जिसमें; अर्थात् स्पष्ट। वाणी स्पष्ट है तब क्यों न समझ पड़ी, इसका कारण प्रथम चरणमें बताया कि वे *'माया बिबंस'* हैं। माया मनुष्यको मूढ़ बना देती है, यथा—*'जो ग्यानिन्ह कर चित अपहरई। बरिआई बिमोह मन करई॥'* (७। ५९। ५) (ग) *'समुझी नहिं'* भाव यह कि यदि वे समझते तो स्वयंवरमें न जाते, इसीसे मायाने उनको मूढ़ बना दिया जिसमें वे समझ न पावें। माया जानती है कि भगवान् सत्य बोलते हैं, वे अपने भक्तोंसे छिपाव न करेंगे, यथार्थ ही कहेंगे। मुनि समझ जायेंगे तो मेरा सारा परिश्रम ही व्यर्थ हो जायगा, यह सोचकर उसने उन्हें विशेष मूढ़ कर दिया। (वे समझे कि हमारा परम हित विवाहसे है, वही भगवान् करनेको कहते हैं।) [(घ)*'हरि गिरा'* का भाव कि यह वाणी उनका क्लेश हरनेके लिये है। पंजाबीजी 'निगूढ़' का अर्थ 'अति गूढ़' लिखते हैं पर यह अर्थ संगत नहीं है।]

गवनें तुरत तहाँ रिषिराई। जहाँ स्वयंबर भूमि बनाई॥ ४॥
निज निज आसन बैठे राजा। बहु बनाव करि सहित समाजा॥ ५॥
मुनि मन हरष रूप अति मोरें। मोहि तजि आनहि बरिहि न भोरें॥ ६॥

शब्दार्थ—**गवनें**=गये। भूतकालिक क्रिया। (श्रीरूपकलाजी)। **भूमि**=स्थान; रंगभूमि। **बनाव**=सजावट, शृङ्गार। **आसन**=बैठनेके स्थान, जो स्थान जिसके योग्य था।

अर्थ—ऋषिराज नारदजी तुरंत वहाँ गये जहाँ स्वयंवरकी रंगभूमि बनायी गयी थी॥ ४॥ राजालोग बहुत बनाव-शृङ्गार किये हुए समाजसहित अपने-अपने आसनोंपर बैठे हुए थे॥ ५॥ मुनि मनमें प्रसन्न हो रहे हैं कि रूप तो मेरे ही बहुत अधिक है, कन्या मुझे छोड़कर दूसरेको भूलकर भी न ब्याहेगी॥ ६॥

टिप्पणी—१ *'गवनें तुरत'''''* इति। (क) *'तुरत'* गये कि स्वयंवर कहीं हो न जाय। नारदके मनमें बड़ी शीघ्रता (उतावली) है, यह बात ग्रन्थकार अपने अक्षरोंसे दिखा रहे हैं। [जान पड़ता है कि नारदजीको अपना रूप विष्णुरूप देख या समझ पड़ा, इसीसे वे तुरत रंगभूमिमें जा पहुँचे। *'रिषिराई'* का भाव कि ये वाल्मीकि और व्यास आदिके आचार्य हैं। जब मायाने इनकी यह दशा कर डाली तब अस्मदादिक किस गिनतीमें हैं? पुनः भाव कि नारदजी इस समय स्वयंवरमें जा रहे हैं, राजकुमारीके साथ ब्याह करना चाहते हैं, स्वयंवरमें सब राजा-ही-राजा हैं अतएव 'देवर्षि' न कहकर यहाँ उनको 'ऋषिराज' कहा। (ख) *'माया बिबस भए मुनि मूढ़ा'* से *'रिषिराई'* तक यह वाक्य तीनों वक्ताओंमें लगाया जा सकता है। याज्ञवल्क्यजी भरद्वाजजीसे कह रहे हैं कि देखो ये ऋषिराज हैं, तुम्हारे दादा गुरु हैं (क्योंकि भरद्वाजजी वाल्मीकिजीके शिष्य हैं) सो उनकी भी अभिमानसे क्या दुर्गति हुई। शिवजी पार्वतीजीसे कहते हैं कि अपने गुरुकी दशा देखो और भुशुण्डिजी गरुड़जीसे कहते हैं कि जिनके उपदेशसे तुम यहाँतक आये उनकी क्या दशा मायाने कर डाली। (मा० पी० प्र० सं०)] (ग) *'भूमि बनाई'* इति। जैसी श्रीजानकीजीके

स्वयंवरमें रंगभूमि बनी थी, मचान बने थे, वैसे ही यहाँ बने हैं। यथा—*'जहँ धनु मख हित भूमि बनाई॥ अति बिस्तार चारु गच ढारी। बिमल बेदिका रुचिर सँवारी॥ चहुँ दिसि कंचन मंच बिसाला। रचे जहाँ बैठहिं महिपाला॥ तेहि पाछे समीप चहुँ पासा। अपर मंच मंडली बिलासा॥ कछुक ऊँचि सब भाँति सुहाई। बैठहिं नगरलोग जहँ जाई॥''''''॥'* (१। २२४)

टिप्पणी—२(क) *'निज निज आसन बैठे राजा',* इससे जनाया कि यथायोग्य आसन सबको दिये गये हैं। (ख) *'बहु बनाव करि सहित समाजा'* इति। बहुत शृङ्गार किये हैं जिसमें कन्या उन्हींको प्राप्त हो। मन्त्री, कामदार इत्यादि समाज प्रत्येक राजाके साथ है, क्योंकि समाजसे राजाकी शोभा और उसका ऐश्वर्य प्रकट होता है। इससे जनाया कि जब नारद पहुँचे तब सब राजा रंगभूमिमें पहुँचकर बैठ चुके थे, कन्या भी आ चुकी थी। कार्य आरम्भ हो चुका था। इसीसे बराबर बहुत जल्दी करते थे कि विलम्ब होनेसे हम समयपर न पहुँचेंगे। इतने सावधान रहे तब समयपर पहुँच पाये। मायाने समयका संकोच इसीसे किया कि जिसमें नारद अल्प समय समझकर प्राप्तिके लिये व्याकुल हों। (ग) *'मुनि मन हरष रूप अति मोरें'।* *'रूप अति'* का भाव कि रूप तो इनके भी है पर मेरे *'अति'* है अर्थात् मेरे रूपके आगे इनका बनाव-शृङ्गार 'कुछ नहीं' के बराबर है। 'अतिरूप' अर्थात् *'परम शोभा रूप विशाल'* जिसकी चाह हमें थी वही भगवान्ने हमें दिया है। 'हर्ष' के कारण दोनों हैं—एक कि हमारे 'अतिरूप' है, दूसरे कि हमें छोड़ दूसरेको भूलकर भी न ब्याहेगी। 'अतिरूप' है इसीसे विश्वास है कि *'मोहिं तजि आनहिं''''''।'* [*'रूप अति मोरें'* इस कथनसे जान पड़ता है कि नारदजीने और राजाओंका शृङ्गार देखा तो पहले चकित हुए, पर जब अपने रूपको समझा तब हर्ष हुआ कि इन सबोंके तो 'रूप' ही है और हमारे तो 'अति रूप' है। (मा० पी० प्र० सं०) शिवपु० से अनुमान होता है कि नारदको अपना रूप हरिका-सा देख पड़ा अथवा उनको विश्वास है कि उनका रूप विष्णुरूप है, इसीसे वे कृतार्थ मनसे वहाँसे चले। मिलानके श्लोक, यथा—'**अथ तत्र गतः शीघ्रं नारदो मुनिसत्तमः। चक्रे स्वयंवरं यत्र राजपुत्रैस्समाकुलम्॥ तस्यां नृपसभायां वै नारदः समुपाविशत्। स्थित्वा तत्र विचिन्त्येति प्रीतियुक्तेन चेतसा॥ मां वरिष्यति नान्यं सा विष्णुरूपधरं ध्रुवम्।**' (३४, ३६) अर्थात् मुनिश्रेष्ठ तुरत वहाँ गये जहाँ स्वयंवर हो रहा था। वह स्थान राजपुत्रोंसे व्याप्त था। मुनि राजसभामें जाकर प्रविष्ट हुए और बैठकर प्रीतियुक्त चित्तसे विचारने लगे कि विष्णुरूपधारी मुझको ही वह वरेगी, दूसरेको नहीं।

मुनि हित कारन कृपानिधाना। दीन्ह कुरूप न जाइ बखाना॥७॥
सो चरित्र लखि काहु न पावा। नारद जानि सबहि सिर नावा॥८॥
दो०—रहे तहाँ दुइ रुद्रगन ते जानहिं सब भेउ।
बिप्र बेष देखत फिरहिं परम कौतुकी तेउ॥१३३॥

शब्दार्थ—कुरूप=बुरा रूप। भेउ=भेद।

अर्थ—कृपासागर भगवान्ने मुनिके कल्याणके लिये उन्हें ऐसा बुरा रूप दिया कि वर्णन नहीं किया जा सकता॥ ७॥ इस चरित्रको कोई भी न भाँप सका। सभीने उनको नारद जानकर मस्तक नवाया (प्रणाम किया)॥८॥ वहाँ दो रुद्रगण (भी) थे। वे सब भेद जानते थे। ब्राह्मणवेष धारण किये हुए वे देखते-फिरते थे। वे भी परम कौतुकी थे॥१३३॥

श्रीलमगोड़ाजी—अब यहाँसे क्रियात्मक प्रहसन प्रारम्भ होता है। भगवान् नारदजीको बन्दरका रूप देते हैं, परंतु कविकी कलाका सूक्ष्म अंग देखिये। भगवान् नारदकी हँसी अवश्य कराते हैं पर यह नहीं कि सभीको उनका वानररूप देख पड़े और सभी हँसें। परंतु यदि कोई देखता ही नहीं तो लुत्फ ही क्या था, इससे रुद्रगण उनकी चुटकियाँ लेनेको मौजूद हैं और वे देख रहे हैं।

टिप्पणी—१ *'मुनि हित कारन कृपानिधाना।''''''* इति। (क) मुनिने माँगा था कि *'जेहि बिधि नाथ*

होइ हित मोरा।''''', अतः मुनिके हितके लिये कुरूप दिया। कुरूपसे मुनिका हित है। (ख) यहाँतक कई (छः) जगह '*हित*' शब्द लिखा गया पर सबका निचोड़ यहाँ लिखा। यथा—'*बेगि सो मैं डारिहौं उखारी। पन हमार सेवक हितकारी॥*' (१२९। ५) '*मुनिकर हित मम कौतुक होई। अवसि उपाय करबि मैं सोई॥*' (१२९। ६) '*जेहि बिधि नाथ होइ हित मोरा। करहु सो बेगि दास मैं तोरा॥*' (१३२। ७) '*जेहि बिधि होइहि परम हित नारद सुनहु तुम्हार। सोइ हम करब''''।*' (१३२) और '*एहि बिधि हित तुम्हार मैं ठएऊ॥*' (१३३। २) इन सब जगहोंमें केवल 'हित' करनेकी बात कही गयी पर किस प्रकार हित करेंगे यह न खोला था, उसे यहाँ स्पष्ट किया। कुरूपसे सब प्रकारका हित हुआ, अतः उसे अन्तमें यहाँ आकर खोला। (पूर्व स्पष्ट कहनेका मौका न था, अतः उसे पूर्व न लिखा था।) '*कृपानिधाना*' का भाव आगे टिप्पणी २ (घ) में देखिये। (ग) '*दीन्ह कुरूप न जाइ बखाना*' अर्थात् ऐसा भयंकर रूप दिया कि उसका वर्णन नहीं हो सकता तब भला राजकुमारीसे देखा कैसे जायगा? (घ) व्याकरण—'*दीन्ह*' भूतकालिक क्रिया; आदरवाचक।=दिया। यथा—'लीन्ह, कीन्ह'। जाइ=जाता है। वर्तमान क्रिया। यथा—होइ, लखइ, फिरइ, इत्यादि।]

टिप्पणी—२ '*सो चरित्र लखि काहु न पावा।*' इति। (क) (दूसरा न लख सके, यह भगवान्‌की कृपा है) यदि सब देख सके होते तो सभी हँसते, नारदजीकी बड़ी अप्रतिष्ठा होती, सारी लीला ही बिगड़ जाती। (ख) '*नारद जानि सबहि सिरु नावा*'—इस कथनसे सूचित करते हैं कि यहाँ नारदजीके तीन रूप हैं। एक तो विष्णुरूप। नारदजीको अपना स्वरूप भगवान्‌का रूप देख पड़ता है, इसीसे उनको हर्ष है कि '*रूप अति मोरें। मोहि तजि आनहि बरिहि न भोरें॥*' (१३३। ६) दूसरा उनका निज रूप इसीसे वे सभा-समाजभरको नारद देख पड़े और सबने उनको प्रणाम किया। और, तीसरा '*हरि*' अर्थात् वानर रूप। दोनों हरगणों और राजकुमारीको नारदका रूप भयंकर बन्दरका-सा देख पड़ा। यथा—'*मर्कट बदन भयंकर देही। देखत हृदय क्रोध भा तेही॥*' (८) '*रहे तहाँ दुइ रुद्रगन ते जानहिं सब भेउ।''''।*' (१३३)''''''*करहिं कूटि नारदहि सुनाई। नीकि दीन्हि हरि सुंदरताई॥''इन्हहिं बरिहि हरि जानि बिसेषी।*', '*निज मुख मुकुर बिलोकहु जाई॥*' (१३५। ६)—(इसीसे इसको 'चरित्र' कहा।) इस चरित्रको, इस भेदको, इस गुप्त रहस्यको कोई न भाँप सका। जिसे जैसा रूप देख पड़ा उसने उनको वैसा ही समझा और नारदजीने समझा कि हमको भगवान् जानकर सबोंने प्रणाम किया है, इसीसे उनको रूपका अहङ्कार अधिक हो गया। यथा—'*हृदय रूप अहमिति अधिकाई।*' [(ग)—'*काहु*' से तात्पर्य केवल उनसे है जिनका वर्णन यहाँ कर चुके जो इस समाजमें उपस्थित थे। यथा—'*निज निज आसन बैठे राजा। बहु बनाव करि सहित समाजा॥*' तथा राजा, रानी आदि]। (घ) '*कृपानिधाना*' का भाव यहाँ स्पष्ट किया कि मायासे बचानेके लिये कुरूप दिया पर वह भी ऐसा कि लोक-मर्यादा भी न बिगड़ी और काम भी हो गया। लीलामें जो-जो सम्मिलित होनेको हैं, केवल उन्हींको यह चरित्र लखाया, दूसरोंको नहीं।

टिप्पणी—३ '*रहे तहाँ दुइ रुद्रगन ते जानहिं सब भेउ*' इति। (क) '*सो चरित्र लखि काहु न पावा*', किसीने न लख पाया यह बता चुके। जिन्होंने यह चरित्र लख पाया अब उन्हें कहते हैं—'*रहे तहाँ''*'। भगवान्‌की इच्छासे ये रुद्रगण भेद जानते हैं क्योंकि इन्हें कुम्भकर्ण-रावण होना है। (ख) '*सब भेउ*' यह कि शिवजीसे इन्होंने अभिमानकी बात कही, शिवजीका उपदेश न माना, भगवान्‌से भी अभिमानकी बात बोले तब भगवान्‌ने मायाको प्रेरित किया, विश्वमोहिनीको देखकर ये मोहित हुए, भगवान्‌से रूप माँगा, भगवान्‌ने इनको कुरूप दिया। (ग) '*परम कौतुकी तेउ*' का भाव कि नारदमुनि '*कौतुकी*' हैं—'*मुनि कौतुकी नगर तेहिं गएऊ*', ये उन कौतुकी नारदका कौतुक देख रहे हैं। अतएव ये '*परम कौतुकी*' जान पड़े। '*परम कौतुकी*' पदसे सूचित किया कि रुद्रगण शिवजीके भेजे हुए नहीं हैं, इनका कौतुक देखनेका

स्वभाव है, इसीसे ये अपनी इच्छासे आये हैं।* (घ) *'बिप्र बेष देखत फिरहिं'* से जनाया कि (जब नारदजी कैलाससे चले तबसे) ये उनके साथ-साथ सब जगह गये (क्योंकि जानते हैं कि शिवजीका उपदेश नहीं माना है, अवश्य भगवान् कुछ लीला करेंगे। देखें यह कहाँ-कहाँ जाते हैं, क्या-क्या करते हैं) विप्रवेषमें थे जिसमें कहीं रोक न हो, लोग मुनिका शिष्य समझें।

नोट—१ मिलानके श्लोक, यथा—'**इत्युक्त्वा मुनये तस्मै ददौ विष्णुर्मुखं हरेः।''आननस्य कुरूपत्वं न वेद मुनिसत्तमः॥ पूर्वरूपं मुनिं सर्वे ददृशुस्तत्र मानवाः। तद्भेदं बुबुधुस्ते न राजपुत्रादयो द्विजाः॥**' (३३, ३७-३८) अर्थात् (मैं तुम्हारा हित करूँगा) यह कहकर विष्णुने मुनिका मुख बन्दरका कर दिया। मुनि अपने मुखकी कुरूपताको नहीं जानते। सब मनुष्योंने मुनिके पूर्व (नारद) रूपको ही देखा। राजपुत्रोंने भी इस भेदको नहीं जाना। पुनः यथा—'**तत्र रुद्रगणौ द्वौ तद्रक्षणार्थं समागतौ। विप्ररूपधरौ गूढौ तद्भेदं जज्ञतुः परम्॥**' (३९) अर्थात् वहाँ उनकी रक्षाके लिये दो रुद्रगण विप्रवेष धारण किये हुए उस भेदको जानते थे।—मानसमें रुद्रगणका परमकौतुकी होनेके कारण साथ होना विशेष उपयुक्त है।

जेहि समाज बैठे मुनि जाई। हृदय रूप अहमिति अधिकाई॥ १॥
तहँ बैठे महेसगन दोऊ। बिप्रबेष गति लखै न कोऊ॥ २॥
करहिं कूटि† नारदहि सुनाई। नीकि दीन्हि हरि सुंदरताई॥ ३॥
रीझिहि राजकुँअरि छबि देखी। इन्हहि बरिहि हरि जानि बिसेषी॥ ४॥
मुनिहि मोह मन हाथ पराएँ। हँसहिं संभुगन अति सचुपाएँ॥ ५॥

शब्दार्थ-गति=करनी, लीला, माया। कूटि (कूट)=वह हास्य या व्यंग्य जिसका समझना कठिन हो, जिसका अर्थ गूढ़ हो।

अर्थ—जिस समाजमें मुनि अपने हृदयमें रूपका अभिमान बढ़ाये हुए जा बैठे थे॥ १॥ वहीं शिवजीके दोनों गण ब्राह्मणवेषमें बैठे थे। इनकी गतिको कोई जान न सकता था॥ २॥ वे नारदको सुना-सुनाकर कूट वचन कहते थे—'हरिने बहुत अच्छी सुन्दरता दी है॥ ३॥ इनकी छबि देखकर राजकुमारी अवश्य रीझ ही तो जायगी, इन्हें विशेषकर 'हरि' जानकर वरेगी॥ ४॥ मुनिको मोह है, उनका मन दूसरेके हाथमें है। शिवजीके गण बहुत ही सुख पाकर प्रसन्न हो हँसते हैं॥ ५॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—मजाक कितना अच्छा है? नारद स्वयं समझते हैं कि मैं बड़ा सुन्दर हूँ और फूले नहीं समाते। जितना ही वे फूलते हैं उतनी ही उनकी बन्दरवाली सूरत और बिगड़ती है।

टिप्पणी—१ (क) *'जेहि समाज बैठे'* इसका सम्बन्ध आगेकी *'तहँ बैठे महेसगन दोऊ'''''* इस अर्धालीसे है, पीछेकी *'निज निज आसन बैठे राजा'''''* इस चौपाईसे नहीं है, क्योंकि यदि उससे सम्बन्ध होता तो यहाँ कहते कि *'तेहि समाज बैठे मुनि जाई।'* जिस समाजमें मुनि बैठे उसीमें महेशगण बैठे, यत्-तत्का सम्बन्ध यहाँ है। (ख) *'हृदय रूप अहमिति अधिकाई'* अर्थात् जैसे अहंकारी लोग फूलकर बैठते हैं, वैसे ही ये बैठे हैं, यथा—*'जेहि दिसि नारद बैठे फूली।'* (ग) *'तहँ बैठे महेसगन दोऊ'* इति। इससे जनाया कि लोगोंने इन ब्राह्मणोंको नारदजीके सङ्गी जानकर इनके पास ही बैठनेको जगह दी थी। (घ) *'गति लखै न कोऊ'* अर्थात् कोई यह नहीं जानता कि ये रुद्रगण हैं, नारदजीने भी नहीं जाना, जब उन्होंने शाप मिलनेपर स्वयं बताया तब नारदजीने जाना, यथा—*'हरगन हम न बिप्र मुनिराया।'* सबोंने ब्राह्मण ही जाना। नारदके समीप बैठनेका भाव कि जिसमें हमारी बातें मुनिको सुन पड़ें।—(नोट—इससे

---

* पाण्डेजी और पंजाबीजीका मत है कि 'महादेवजीने गुप्त रीतिसे इन दोनों गणोंको मुनिके साथ कर दिया था।' [यह बात आगे नोटमेंके ३९ वें श्लोकसे झलकती है]

† कूट—को० रा०, वं० पा०, रा०, बा० दा०। कूटि—१६६१, १७०४, १७२१, १७६२ छ०।

जान पड़ता है कि रुद्रगण भी नारदके साथ-साथ उनके शिष्य ब्रह्मचारी बने हुए रङ्गभूमिमें गये। विप्रवेष धारण करनेका तात्पर्य यही था कि लोग इन्हें नारदके शिष्य ब्रह्मचारी समझकर उनके पास बैठने दें—रङ्गभूमिमें जानेकी रोक न हो। नारदजीने समझा होगा कि दर्शक हैं।)

टिप्पणी—२ (क) *'करहिं कूटि नारदहि सुनाई'* इति। बुरेको भला कहना, यह कूट है। सुनाकर कूट करते हैं जिसमें नारदको समझ पड़े पर उन्हें समझ नहीं पड़ता। यथा—*'समुझि न परै बुद्धि भ्रम सानी।'* भगवान्ने तो कुरूप दिया—*'दीन्ह कुरूप न जाइ बखाना'* और ये कहते हैं *'नीकि दीन्हि हरि सुंदरताई'*; कुरूपको सुन्दर कहना यह कूट है। (ख) *'रीझिहि राजकुँअरि छबि देखी'* भाव कि यह छबि राजकुँअरिके योग्य है। *'रीझिहि राजकुँअरि·····'* तथा *'बरिहि हरि जानि बिसेषी'* यही मुनिने भी निश्चय किया है। यथा—*'मुनि मन हरष रूप अति मोरें। मोहि तजि आनहि बरिहि न भोरें।'* इसीसे नारद कूट नहीं समझते, इनके वचनोंको यथार्थ समझते हैं कि सत्य ही कह रहे हैं। (ग) ☞यहाँ दो रुद्रगण हैं। प्रथम एक बोला कि *'रीझिहि राजकुँअरि छबि देखी'*, तब दूसरेने उसपर कहा कि (हाँ!) *'इन्हहि बरिहि हरि जानि बिसेषी।'* इसमें साधारण अर्थके अतिरिक्त दूसरा अर्थ यह है कि *'इन्हहि हरि'* अर्थात् बन्दर जानकर विशेष *'बरिहि'* अर्थात् जलभुन जायगी अर्थात् बहुत क्रोध करेगी। इस प्रकार दोनों हँसी कर रहे हैं। यह अर्थ आगेकी *'मर्कटबदन भयंकर देही। देखत हृदय क्रोध भा तेही॥'* इस अर्धालीसे स्पष्ट झलक रहा है। *'हरि'* और *'बरिहि'* कूटके शब्द हैं, इनके दो-दो अर्थ हैं। हरि=भगवान्।=बन्दर। बरिहि=पति बनावेगी, ब्याहेगी।=बर (जल) उठेगी, कुढ़ेगी। यहाँ गूढ़ व्यंग्य है। मुख्यार्थ बाध होकर कुरूपता व्यञ्जित होती है। मुनि इस व्यंग्यको न समझे। यहाँ *'नीकि'* व्यंग्य है, खराब न कहकर *'नीकि'* कहना ही गूढ़ता है।]

टिप्पणी—३ (क)—*'मुनिहि मोह मन हाथ पराएँ'* अर्थात् मन कन्यामें लगा है और अज्ञान है। *'हाथ पराएँ'* अर्थात् अब मन नारदके पास नहीं आता, कन्याके पास रहता है। इसीसे कूट समझ नहीं पड़ती। (ख) *'हँसहिं संभुगन अति सचुपाएँ'* इति। *'नीकि दीन्हि·····बिसेषी'* यह कूट करके (देखा कि उनके हृदयमें अज्ञान छाया है, मन पराधीन हो गया, इसीसे ये कुछ समझते नहीं, यह जानकर) हँसने लगे। [(ग) यह सोचकर हँसते हैं कि कामको जीतनेका अभिमान था, अब कैसे कामातुर हैं। (पंजाबीजी) महाराज हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि 'नारदको हँसनेका अवसर आज ही मिला है, क्योंकि चाहके वश हुए हैं। यहाँ व्यंग्यसे जनाते हैं कि चाहवश जितने हैं सभी हँसने योग्य हैं।']

नोट—१ शिवपुराणवाली कथामें लिखा है कि नारदको मूढ़ समझकर दोनों हरगण उनके पास जा बैठे और आपसमें सम्भाषण करते हुए नारदकी हँसी करने लगे (इस तरह कि) देखो तो नारदका रूप तो साक्षात् विष्णुका-सा है पर मुख वानरका-सा बड़ा भयंकर है। कामसे मोहित हुआ यह व्यर्थ ही राजकुमारीकी इच्छा करता है। इस तरह छलयुक्त वाक्योंसे परिहास करने लगे। यथा—'**पश्य नारदरूपं हि विष्णोरिव महोत्तमम्। मुखं तु वानरस्येव विकटं च भयंकरम्॥ इच्छत्ययं नृपसुतां वृथैव स्मरमोहितः। इत्युक्त्वा सच्छलं वाक्यमुपहासं प्रचक्रतुः॥**'(४१-४२)—देखिये, मानसमें कैसी मर्यादाके साथ कूट है। पुनश्च यथा—'**न शुश्राव यथार्थं तु तद्वाक्यं स्मरविह्वलः। पर्येक्षच्छ्रीमतीं तां वै तल्लिप्सुर्मोहितो मुनिः॥**'(४३) अर्थात् कामसे व्याकुल मुनिने उनके वाक्यको यथार्थ रूपसे नहीं सुना। वे श्रीमतीको प्राप्त करनेकी इच्छासे उसीको देखते हुए मोहित हो गये।

जदपि सुनहिं मुनि अटपटि बानी। समुझि न परै बुद्धि भ्रम सानी॥६॥
काहु न लखा सो चरित बिसेषा। सो सरूप नृपकन्या देखा॥७॥
मर्कटबदन भयंकर देही। देखत हृदय क्रोध भा तेही॥८॥

दो०—सखी संग लै कुअँरि तब चलि जनु राज मराल।
देखत फिरै महीप सब कर सरोज जयमाल॥१३४॥

शब्दार्थ—**अटपटि**=ऊटपटाँग, उलटा, सीधा, टेढ़ी, कूट।

अर्थ—यद्यपि मुनि ऊटपटाँग वचन सुन रहे हैं तो भी उन्हें समझ नहीं पड़ते क्योंकि उनकी बुद्धि भ्रममें सनी हुई है॥ ६॥ उस विशेष चरित्रको (वा, उस चरित्रको विशेषरूपसे खास तौरपर) और किसीने न लख पाया, राजकन्याहीने वह रूप देखा॥ ७॥ बन्दरका-सा मुख और भयंकर शरीर देखकर उसके हृदयमें क्रोध हो आया॥ ८॥ तब राजकुमारी सखियोंको साथ लिये राजहंसिनीके समान चलती हुई कमल-समान हाथोंमें कमलका जयमाल लिये हुए सब राजाओंको देखती फिरने लगी॥ १३४॥

श्रीलमगोड़ाजी—१ कितनी सुन्दरतासे कविने 'मोह मन हाथ पराये' और 'बुद्धि भ्रम' वाले हास्यप्रद दोषोंको उभार दिया है।

२—कविकी कलाकी सूक्ष्मता विचारिये कि जब कन्याने 'मर्कट' वाला भयानक रूप देखा तब ही हम दर्शकोंको भी बताया है, नहीं तो *'दीन्ह कुरूप न जाइ बखाना'* का संकेत था और शिवगणोंके व्यंग्यसे हमारी भी उत्कण्ठा बढ़ती थी। अब अवश्य उनका व्यंग्य भी साफ है और हमें हँसनेका मसाला भी।

नोट—१ शिवपु० वाले नारदका रूप विष्णुका-सा मुँह बन्दरका देख पड़ा था; और राजकुमारीके हाथमें सोनेका जयमाल था। यथा—'**मालां हिरण्मयीं रम्यामादाय शुभलक्षणा। तत्र स्वयंवरे रेजे स्थिता मध्ये रमेव सा॥ बभ्राम सा सभां सर्वां मालामादाय सुव्रता। वरमन्वेषती तत्र स्वात्माभीष्टं नृपात्मजा॥ वानरास्यं विष्णुतनुं मुनिं दृष्ट्वा चुकोप सा। दृष्टिं निवार्य च ततः प्रस्थिता प्रीतमानसा॥**' (४५-४७)

टिप्पणी—१ (क) *'जदपि सुनहिं मुनि अटपटि बानी।'* ये वाणी सुनाकर कहते हैं, यथा—*'करहिं कूट नारदहि सुनाई',* और ये सुनते हैं तब भी कूट समझ नहीं पड़ता; इसका कारण बताते हैं कि *'बुद्धि भ्रम सानी'* अर्थात् बुद्धिमें भ्रम मिल गया है। मन पराये हाथमें है यह कह ही चुके। इस तरह मन और बुद्धि दोनोंका भ्रष्ट होना दिखाया; इसीसे कुछ समझ नहीं पड़ता। [मन संकल्प-विकल्प करता है तब बुद्धि उसपर विचार करती है सो यहाँ दोनों भ्रष्ट हो गये हैं। 'मन कामनाके वश हो जाता है तब बुद्धिमें भ्रम होता है। यहाँ नेत्र अपना विषय (रूप) पाकर उसीमें लुब्ध हैं, उन्हींके कारण मन कामनाके वश हो गया।' (वै०) 'मुनि' शब्दसे जनाया कि उनकी मननशीलतामें त्रुटि नहीं है पर बुद्धिमें भ्रम हो गया है, वह विषयासक्ति और अभिमानसे दूषित हो गयी है, अतः ध्वनि व्यंजना समझ नहीं रहे हैं, समझ रहे हैं कि ये कोई जानकार हैं, प्रशंसा कर रहे हैं। (वि० त्रि०)] (ख) *'काहु न लखा सो चरित बिसेषा'* इति। ☞*'सो चरित्र लखि काहु न पावा'* (१३३। ८) पर प्रसंग छोड़ा था, अब पुनः वहींसे प्रसंग उठाते हैं। पूर्वके *'सो चरित्र लखि काहु न पावा'* का सम्बन्ध राजाओंके साथ था कि कुरूप देने (वा, प्राप्ति) का चरित्र कोई नृप न लख पाया। शम्भुगणोंने लखा सो उनका हाल यहाँतक कहा। अब उसी चरणका सम्बन्ध कन्याके साथ लगाते हैं कि कुरूप दिये जानेका चरित किसीने न जाना, नृपकी कन्याने वह स्वरूप देखा। (ग) [*'बिसेषा'* का भाव कि रुद्रगणोंको भी इस प्रकार पूर्णरीत्या न देख पड़ा जैसा इसको।]

टिप्पणी—२*'मर्कटबदन भयंकर देही'* इति। (क) पूर्व इतना मात्र कहा था कि *'दीन्ह कुरूप न जाइ बखाना।'* कुरूपका वर्णन वहाँ न किया था, यहाँ करते हैं। *'मर्कटबदन'* बनानेका भाव कि रावणने अपनी मृत्यु नर-वानरके हाथ माँगी है, यथा—*'हम काहूके मरहिं न मारे। बानर मनुज जाति दुइ बारे॥'* बन्दरका-सा मुख बनानेसे नारद शाप देंगे कि *'कपि आकृति तुम्ह कीन्हि हमारी। करिहहिं कीस सहाय तुम्हारी॥'* यह लीलाका कार्य होगा। (ख) *'भयंकर देही'* बनानेका भाव कि सब वानर भयंकर होंगे (क्योंकि राक्षसोंको इनसे भय दिलाना है), यह बात अभिप्रायके भीतर (छिपी) है। स्पष्ट देखनेमें भाव यह है कि *'मर्कटबदन.....'* इसलिये बनाया कि कन्या जयमाल न डाले, हमारे भक्तका हित हो। संस्कृतभाषामें देही जीवको कहते हैं सो अर्थ यहाँ नहीं है। देही=देह। यथा—*'परहित लागि तजइ जो*

देही', 'दच्छ सुक्र संभव यह देही', 'चोंचन मारि बिदारेसि देही।' (ग) *'देखत हृदय क्रोध भा तेही'* इति। भयंकर देह देखकर भय होना चाहिये था सो न होकर क्रोध हुआ, यह क्यों? इसका समाधान यह है कि—आशयसे जान पड़ता है कि नारद उसकी ओर घूर-घूरकर एकटक दृष्टि लगाये हुए देख रहे हैं जो दशा उनकी प्रथम दर्शनपर हुई थी। यथा—*'देखि रूप मुनि बिरति बिसारी। बड़ी बार लगि रहे निहारी॥'*, वही दशा पुनः हो गयी है। बेकायदे देख रहे हैं, इसीसे क्रोध हुआ। अथवा, ऐसा कुरूप मनुष्य हमारा पति बनने आया है यह समझकर क्रोध हुआ। अथवा, भगवान्‌ने ऐसा रूप ही दिया है कि जो देखे उसीको क्रोध उत्पन्न हो। यह कुरूप दोको देख पड़ा, एक तो कन्याको दूसरे नारदको। कन्याको क्रोध आया और नारदने जब देखा तब *'बेष बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा'*। (क्रोध हृदयमें रहा, बाहर न निकाला क्योंकि उसका समय न था। क्रोधसे रसभंग हो जाता, मुनि कहीं शाप ही न दे देते। इत्यादि)

नोट—२ मानसमयंककार लिखते हैं कि 'विश्वमोहिनी जो शृङ्गाररसका रस है, शृङ्गाररसवत्‌श्रीमन्नारायणको चाहती है और नारद बीभत्स और भयानक रसका मानो रूप धारण किये हैं। अर्थात् सिरसे नीचे सुन्दर स्वरूप मानो बीभत्स रस है और मुख बन्दरका है सो भयानक है। ये दोनों शृङ्गार रसके शत्रु हैं। अतएव राजकुमारी इनको देखते ही क्रोधित हुई।' और भी भाव इसके ये कहे जाते हैं कि—(२) माया भी भगवान्‌के इस चरित्रको न समझी, उसने न जाना कि ये नारद हैं। उसे क्रोध आ गया क्योंकि वह सोचने लगी कि हमने तो नारदको मोहनेके लिये यह सब रचना की, उसमें यह बन्दर कहाँसे आ गया। (३) भगवान्‌ने लीलाकी सब सामग्री एकत्रित की, उसमेंसे एक यह भी है। उन्हींकी इच्छासे क्रोध हुआ। (४) साथमें सखियाँ-सहेलियाँ हैं अतः भयभीत न हुई। (५) मायाने क्रोध भी मुनिको विशेष मोहमें डालनेके लिये किया। (६) बन्दरका देखना अशुभ है अतएव स्वयंवरमें अमङ्गल जान क्रोध किया इत्यादि।

नोट—३ अद्भुत रामायणवाले कल्पके रामावतारकी कथामें अवतारका कारण नारदशाप ही बताया गया है। वहाँ शीलनिधि और विश्वमोहिनीके स्थानपर श्रीअम्बरीषजी महाराज और उनकी कन्या श्रीमती बताये गये हैं। कथा यह है कि एक समय श्रीनारदजी और श्रीपर्वतऋषि दोनों मित्र साथ-साथ महाराज अम्बरीषजीके यहाँ गये। दोनों श्रीमतीके रूपपर मुग्ध होकर उसको पृथक्-पृथक् राजासे माँगने लगे। राजाका उत्तर मिलनेपर कि जिसको कन्या जयमाल पहिना दे वही ले जाय, दोनों पृथक्-पृथक् भगवान्‌के यहाँ गये और दोनोंहीने उनसे सब वृत्तान्त कहकर अपना-अपना मनोरथ प्रकट किया। नारदने पर्वतऋषिका मुँह बन्दरका-सा और पर्वतने नारद मुनिका मुँह लंगूरका-सा कर देनेके लिये पृथक्-पृथक् प्रार्थना की और साथ ही वह भी प्रार्थना की कि राजकुमारीको ही वह रूप देख पड़े, दूसरेको नहीं भगवान्‌ने दोनोंसे *'एवमस्तु'* कहा। तत्पश्चात् दोनों ही राजाके यहाँ गये। राजाने कन्याको बुलाकर कहा कि दोनों ऋषियोंमेंसे जिसे चाहो उसे जयमाल पहिना दो। कन्या जयमाल लिये खड़ी है। उसे वहाँ एक बन्दर, एक लंगूर और एक सुन्दर धनुषबाणधारी मनुष्य देख पड़े। ऋषि कोई न देख वह ठिठककर रह गयी। संकोचका कारण पूछे जानेपर उसे जो देख पड़ा, वह उसने कह दिया। थोड़ी देर बाद कन्या भी गायब हो गयी। इस रहस्यको न समझकर दोनों ऋषि हरिके पास गये। उन्होंने कहा कि हम भक्तपराधीन हैं, तुम दोनों हमारे भक्त हो। हमने दोनोंका कहा किया।'''' पीछे रहस्य समझनेपर कि ये ही द्विभुजरूपसे कन्याको ले गये थे, दोनोंने उनको शाप दिया कि अम्बरीष दशरथ हों और तुम उनके पुत्र होगे। शेष शाप मानसके अनुसार है।

टिप्पणी—३ *'सखी संग लै कुअँरि तब''''*' इति। [(क) 'बैजनाथजी लिखते हैं कि वन्दीजनोंकी-सी एक जातिकी स्त्री होती है जो सब राजाओंका वृत्तान्त जाने रहती है वही स्वयंवरा सखी साथमें है। जिस राजाके सामने कन्या जाती है, उसका देश, गोत्र, कुल, बल, वीरता, प्रताप, नाम इत्यादि समग्र वृत्तान्त वह वर्णन कर देती है।] (ख) *'चलि जनु राज मराल'* का भाव कि जब कुरूप देखकर क्रोध हुआ तब वहाँसे चल दी। (यहाँ चाल उत्प्रेक्षाका विषय है। मानो राजहंसिनी चल रही हो, यह कहकर

कवि राजकुमारीकी उत्कृष्ट चालका अनुमान करा रहा है। यहाँ उक्तविषया वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार है।) कन्याका रूप सुन्दर है, यथा—*'देखि रूप मुनि बिरति बिसारी।'* उसके लक्षण सुन्दर हैं, यथा—*'लच्छन तासु बिलोकि भुलाने।'* और यहाँ *'चलि जनु राज मराल'* कहकर जनाया कि चाल भी सुन्दर है। रूप, गुण और गति तीनोंको सुन्दर कहकर जनाया कि इन तीनोंसे उसने नारदजीके मनको हर लिया है। (रूप देख उनका वैराग्य और लक्षण देख उनका ज्ञान तो प्रथम ही चला गया था; अब चाल देख मन भी हर लिया गया। ये सब उपाय केवल नारदको मोहनेके लिये किये गये।) (ग) *'देखत फिरै'*, देखती-फिरती है, कथनका भाव कि कोई इसके मनमें नहीं जँचता। [ऐसा जान पड़ता है कि नारदजी रंगभूमिके द्वारके निकट ही बैठे, जहाँसे राजकुमारी स्वयंवरभूमिमें प्रवेश करेगी। इसीसे उसकी दृष्टि प्रथम नारदपर ही पड़ी। इसके बाद रंगभूमिमें उपस्थित अन्य सब राजाओंको देखती फिर रही है कि कोई अपने पसंदका दूलह मिल जाय पर अभी कोई मनका वर देख नहीं पड़ता; अतः फिर रही है। (घ) *'कर सरोज जयमाल।'* यहाँ सरोज देहलीदीपक है। लक्ष्मीजी जब क्षीरसागरसे निकली थीं तब उनके हाथोंमें भी कमलका जयमाल था, वैसे ही यहाँ भी कमलका है।]

जेहि दिसि बैठे नारद फूली। सो दिसि तेहि न बिलोकी भूली॥ १॥
पुनि पुनि मुनि उकसहिं अकुलाहीं। देखि दसा हरगन मुसुकाहीं॥ २॥
धरि नृप तनु तहँ गएउ कृपाला। कुअरि हरषि मेलेउ जयमाला॥ ३॥

शब्दार्थ—उकसना=उचकना, ऊपरको उठना, उतरना। अकुलाना=छटपटाना, व्याकुल होना, मेलना=डालना।

अर्थ—जिस दिशामें नारदजी (रूपके अभिमानमें हर्षसे) फूले बैठे थे उस ओर उस (कन्या) ने भूलकर भी न देखा॥ १॥ मुनि बारम्बार उचकते और छटपटाते हैं। (उनकी) दशा देखकर हरगण मुसकराते हैं॥ २॥ कृपालु भगवान् राजाका शरीर धारणकर वहाँ गये। राजकुमारीने हर्षपूर्वक उनको जयमाल पहना दिया॥ ३॥

श्रीलमगोड़ाजी—नारदका बारम्बार उचकना, जगह बदल-बदलकर बैठना, कन्याका उतना ही क्रोधित होना और हरगणोंका मुसकाना, ऐसी प्रगतियाँ हैं जो हास्य तथा फिल्मकलाकी जान हैं।

टिप्पणी—१ (क) *'सो दिसि तेहि न बिलोकी भूली।'* अर्थात् उसको इनका रूप देखकर इतना क्रोध हुआ कि जिस दिशामें ये बैठे हैं वह दिशा ही छोड़ दी और सर्वत्र राजाओंको देखती-फिरती है। (ख) *'उकसहिं अकुलाहीं'* इति। आकुलता यह समझकर होती है कि उसने अभी हमें देखा नहीं है; देखती तो जयमाल अवश्य डाल देती, इस ओरसे चली गयी है, इधर आती नहीं है। कहीं ऐसा न हो कि बिना हमें देखे दूसरेके गलेमें जयमाल डाल दे, इसीसे अपनेको दिखलानेकी इच्छासे उचक-उचक पड़ते हैं। (ग) *'देखि दसा हरगन मुसुकाहीं'* इति। पहिले कूट कर-करके हँसते थे, अब दशा देखकर मुस्कुराते हैं। भाव यह है कि जबतक कन्या सभामें नहीं आयी थी, तबतक कूट करते और हँसते रहे पर जब वह सभामें आयी तब कूट करना और हँसना बंद कर दिया, क्योंकि तब ऐसा करना शिष्टाचारके विरुद्ध है, मर्यादाके प्रतिकूल है, इसीसे अब मुस्कुराते हैं।

☞(गोस्वामीजीने मर्यादाकी रक्षा सर्वत्र की है, मर्यादापुरुषोत्तमके उपासक ही तो ठहरे। राजकुमारी स्वयंवरभूमिमें आ गयी है; वह एक बड़े प्रतिष्ठित राजाकी कन्या है, उसके सामने हँसी-मसखरी ठट्ठा अनुचित है। अतः वह सब रुक गया; सब काम मर्यादासे होने लगा। यह रीति कविने अन्यत्र भी दर्शायी है। जैसे सीता-स्वयंवरमें)।

टिप्पणी—२ *'धरि नृप तनु तहँ गएउ कृपाला……'* इति। (क)—(राजाका रूप धरकर क्यों गये? अपने रूपसे क्यों न गये? इसके कारण ये हैं कि—) वहाँ नृपसमाज है, इसीसे नृपतन धरकर गये। (स्वयंवर राजाकी कन्याका है, उसमें राजाओंको ही जाना उचित है और वहाँ समाज भी राजाओंका ही है यथा—*'निज*

निज आसन बैठे राजा। बहु बनाव करि सहित समाजा॥' अतएव समाजके योग्य राजा बनना आवश्यक समझकर राजा बने। देखिये श्रीसीता-स्वयंवरमें भी देवता, दैत्य जब आये तो मनुष्यरूप धारण करके ही आये थे—*'देव दनुज धरि मनुज सरीरा। बिपुल बीर आए रनधीरा॥'* (१। १५१) पुनः देखिये कि शिवजी भुशुण्डिजीके आश्रमपर जब श्रीरामचरित सुनने गये तब उस समाजकी योग्यताके विचारसे समाजके अनुकूल मराल-तन धारण कर उन्होंने वहाँ कथा सुनी। यथा—*'तब कछु काल मराल तन धरि तहँ कीन्ह निवास। सादर सुनि रघुपति गुन पुनि आयउँ कैलास॥'* (७। ५७) वैसे ही यहाँ नृपकन्याके स्वयंवरमें नृपतन धरकर जाना योग्य ही था) इसमें आभ्यन्तरिक (भीतरका गुप्त) अभिप्राय यह है कि रावणकी मृत्यु नर-वानरके हाथ है, (भगवान्‌को लीला करना है, नरतन धरनेका शाप लेना है) नरतन धरकर जानेसे नारद नरतन धरनेका शाप देंगे, जैसा आगे स्पष्ट है—*'बंचेहु मोहि जवनि धरि देहा। सोइ तन धरहु श्राप मम एहा॥'* (१३७। ६) (और भी एक कारण स्पष्ट ही है कि यदि भगवान् अपने चतुर्भुजरूपसे जाते तो नारदजी उनको पहचान लेते, जिसका परिणाम यह होता कि भरे समाजमें वे लड़ने लगते, थुक्का-फजीहत होने लग जाती। अतएव उस तनसे न जा सकते थे)।

(ख) *'कृपाला'* इति। भगवान्‌ने नारदका अभिमान कृपा करके दूर किया, यथा—*'संसृति मूल सूलप्रद नाना। सकल सोकदायक अभिमाना॥ ताते करहिं कृपानिधि दूरी। सेवक पर ममता अति भूरी॥ जिमि सिसुतन ब्रन होइ गोसाईं। मातु चिराव कठिन की नाईं॥ जदपि प्रथम दुख पावइ रोवइ बाल अधीर। ब्याधि नास हित जननी गनति न सो सिसु पीर॥ तिमि रघुपति निज दास कर हरहिं मान हित लागि।'* (७। ७४) इसीसे इस प्रसङ्गमें सर्वत्र उनको *'कृपाल'* विशेषण दिया है। यथा—*'करुनानिधि मन दीख बिचारी। उर अंकुरेउ गर्ब तरु भारी॥'* (१२९। ४) *'प्रगटेउ प्रभु कौतुकी कृपाला।'* (१३२। ३) *'हिय हँसि बोले दीनदयाला'।* (१३२। ८) *'मुनि हित कारन कृपानिधाना। दीन्ह कुरूप न जाइ बखाना॥'* (१३३। ७) *'धरि नृपतनु तहँ गएउ कृपाला।'* तथा आगे *'मृषा होउ मम श्राप कृपाला। मम इच्छा कह दीनदयाला॥'* (१३८। ३) [पुनः भाव कि नारदजीका दुःख शीघ्र मिटाना चाहते हैं, इसीलिये नृपतन धरकर भगवान् वहाँ गये। (वै०) (ग) *'हरषि मेलेउ जयमाला'*—भाव कि इच्छानुकूल पतिकी प्राप्ति हो गयी।

नोट—१ शिवपु० में लिखा है कि भगवान् राजाके वेषमें आये। किन्तु उनको राजकुमारीके अतिरिक्त किसी औरने नहीं देखा।—'न दृष्टः कैश्चिदपरैः केवलं सा ददर्श हि।' (४९)। *'हरषि मेलेउ'* से यह भी जनाया कि अनुकूल वर सभामें न दिखायी पड़नेसे दुःखी हो गयी थी। यथा—'न दृष्ट्वा स्ववरं तत्र त्रस्तासीन्मनसेप्सितम्।' (रुद्र सं० २। ३। ४८) भगवान्‌को देखते ही उसका मुखकमल खिल उठा। यथा—'अथ सा तं समालोक्य प्रसन्नवदनाम्बुजा। अर्पयामास तत्कण्ठे तां मालां वरवर्णिनी॥' (५०)

दुलहिनि लै गे* लच्छि निवासा। नृप समाज सब भएउ निरासा॥ ४॥
मुनि अति बिकल मोह मति नाठी। मनि गिरि गई छूटि जनु गाँठी॥ ५॥

शब्दार्थ—लच्छिनिवास=श्रीनिवास।=श्रीपति।=जिनमें लक्ष्मीका निवास है। नाठी (नष्ट)=नष्ट कर दिया; नष्ट हो गयी।

अर्थ—लक्ष्मीपति भगवान् दुलहिनको ले गये। सब राजमण्डली निराश हो गयी॥ ४॥ मोहने मुनिकी बुद्धिको नष्ट-भ्रष्ट कर डाला, इससे मुनि अत्यन्त व्याकुल हो गये, मानो गाँठसे मणि छूटकर कहीं गिर गयी हो॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'दुलहिनि लै गे·····'* इति। (क) जयमाल-स्वयंवर था, इससे जयमाल पड़ते ही श्रीनिवास पति हुए और कन्या दुलहिन हुई। इसीसे यहाँ उसे *'दुलहिनि'* कहते हैं। (विवाहके पूर्व कुमारी, बाला, राजकुमारी, कन्या, कुअँरि आदि शब्द उसके लिये प्रयुक्त किये गये थे। विवाह होनेपर *'दुलहिनि'* कहा।

* लै गये— १७२१। लै गै—छ०। ले गये १७६२। लेगे—१७०४, रा० प०। लै गे—१६६१, को० रा०।

इससे ग्रन्थकारकी उपयोगी शब्दोंकी आयोजनामें सावधानता सराहनीय है।) (ख) *'लच्छिनिवासा'* शब्द देकर जनाया कि विश्वमोहिनी भी भगवान्‌की एक तरहकी लक्ष्मी ही है, इसीसे भगवान् उसे ले गये। [भगवान्‌में ही लक्ष्मीका निवास है, अतएव वह दूसरेकी न दुलहिन ही हो सकती थी और न दूसरेके साथ वह जा ही सकती थी। (मा० पी० प्र० सं०) (ग) *'नृपसमाज सब भएउ निरासा'*—भाव कि कोई यह भी न जान पाया कि वह कौन था, जो एकाएक आया और कुमारीको वर ले गया। राजा तो सब पहलेसे बैठे थे। इसके लिये कोई आसन भी नहीं था। खड़े-खड़े आया और काम करके चला गया। कोई कुछ कर न सका, अतः पूरी निराशा हुई (वि० त्रि०)।]

टिप्पणी—२ *'मुनि अति बिकल'*''''' इति। (क) *'अति बिकल'* का भाव कि भारी वस्तुकी हानिमें भारी व्याकुलता होती है। यही बात आगे कहते हैं कि *'मनि गिरि गई'*। (जितना ही अधिक अमूल्य पदार्थ हाथसे निकल जाता है, उतनी ही अधिक व्याकुलता होती है। इनका *'अति'* गया, अतएव ये *'अति'* विकल हैं)। पुनः, भाव कि मुनिको अपने रूपपर बड़ा हर्ष और अभिमान था, पर जब कन्या सामनेसे जयमाल लिये हुए निकल गयी तब वे *'विकल'* हुए, (*'पुनि पुनि मुनि उकसहिं अकुलाहीं'* में यह भाव गर्भित है कि कन्याके एक बार चले जानेपर भी उनको आशा बनी रही कि वह फिर आवेगी तब मुझको ही जयमाल पहनावेगी) और जब भगवान् उसे ले गये तब *'अति बिकल'* हुए। [पुनः, भाव कि राजाओंको कुमारीके मिलनेकी आशा लगी हुई थी, उसके न मिलनेसे उसका केवल *'निराश'* होना कहा; यथा—*'नृपसमाज सब भएउ निरासा'* और मुनि तो उसे मिली हुई ही माने बैठे थे, उन्हें पूर्ण विश्वास था कि वह दूसरेको न ब्याहेगी, जैसा *'आन भाँति नहिं पावौं ओही।'* (१३२। ६) *'मोहि तजि आनहिं बरिहि न भोरे।'* (१३३। ६) से स्पष्ट है, अतएव वे *'अति बिकल'* हुए। (मा० पी० प्र० सं०)] (ख) *'मोह मति नाठी'* इति। मोहसे बुद्धि नष्ट हो जाती है। यथा—*'मोह मगन मति नहिं बिदेह की। महिमा सिय रघुबर सनेह की॥'* (२। २८६) *'करउँ बिचार बहोरि बहोरी। मोह कलिल ब्यापित मति मोरी।''भयउँ भ्रमित मन मोह बिसेषा॥'* (७। ८२) *'प्रबल अबिद्या कर परिवारा। मोह आदि तम मिटइ अपारा॥ तब सोइ बुद्धि पाइ उजियारा। उर गृह बैठि ग्रंथि निरुआरा॥'* (७। ११८)। तथा यहाँ *'मोह मति नाठी।'* (ग) *'मनि गिरि गई छूटि जनु गाँठी'* इति। विश्वमोहिनी मणि है, उसके लिये मुनिने यत्न किया, भगवान्‌से रूप माँग लाये, यह निश्चय हो गया कि वह हमको ही मिलेगी—*'मोहि तजि आनहिं बरिहि न भोरें'* यही मणिका गाँठमें बाँधना है। वह गाँठसे छूटकर गिर गयी, दूसरा ले गया। ☞इस प्रसंगसे दिखाया कि विवाहके आदिमें दुःख है। (यथा—*'सुता सुलच्छन कहि नृप पाहीं। नारद चले सोच मन माहीं॥'* अर्थात् चिन्ता उत्पन्न कर दी) विवाहका प्रयत्न करे और न सिद्ध हो (सफलता न प्राप्त हो) तो भी दुःख है, (यथा—*'मुनि अति बिकल मोह मति नाठी।'''''* और अरण्यकाण्डमें दिखायेंगे कि विवाह करनेपर भी दुःख है, यथा—*'अवगुन मूल सूल प्रद प्रमदा सब दुख खानि।'* इस तरह दिखाया कि आदि, मध्य, अवसान तीनोंमें विवाह दुःखद है। (घ) राजाओंका निराश होना कहा और नारदका *'अति बिकल'* होना कहा। भेदमें अभिप्राय यह है कि दूसरेकी चीज न मिलनेपर निराशा होती है और अपने गाँठकी वस्तु नष्ट होने (निकल जाने) से व्याकुलता होती है। नारदजी विश्वमोहिनीको अपनी स्त्री मान चुके थे, *'मनि गिरि गई छूटि जनु गाँठी'* इसीसे उसके न मिलनेसे अति व्याकुल हो गये।

नोट—१ विश्वमोहिनीको मणि कहा। क्योंकि इसमें अगणित अमूल्य गुण वा लक्षण देखे थे, सर्वसुलक्षणसम्पन्ना थी, यथा—*'जो एहि बरै अमर सोइ होई'* इत्यादि।

नोट—२ यहाँ नृपसमाजका जाना नहीं कहा गया। क्योंकि यहाँ केवल नारदजीसे प्रयोजन है। पुनः, इस कारण भी राजसमाजका जाना न कहा गया कि यह नगर और सब समाज तो मायामय ही था, इनका जाना कहाँ कहें। वा मायावीके जानेके साथ मायाका खेल-समाज भी सब चला जाता ही है, वैसे ही उसका जाना कहकर इसका भी लुप्त होना जना दिया।

मिलानके श्लोक, यथा—**'तामादाय ततो विष्णुः राजरूपधरः प्रभुः। अन्तर्धानमगात्सद्यस्स्वस्थानं प्रययौ किल॥ सर्वे राजकुमाराश्च निराशाः श्रीमतीं प्रति। मुनिस्तु विह्वलोऽतीव बभूव मदनातुरः॥'** (५१-५२) अर्थात् विष्णुभगवान् तुरत उसको लेकर अन्तर्धान हो गये। सब राजकुमार निराश हो गये। मुनि कामातुर होनेसे अत्यन्त विह्वल हो गये।

प० प० प्र०—गाँठमें बाँधी हुई मणि जब गाँठके खुल जानेसे कहीं गिर जाती है तब वह मनुष्य व्याकुल होकर सोचता है कि मणि कहाँ गिरी, कौन ले गया इत्यादि। इस उत्प्रेक्षासे शिवपु० का कथन ही सूचित किया है कि मुनिने यह जाना ही नहीं कि विश्वमोहिनीको कौन ले गया, नहीं तो मुनिराज सीधे उनका पीछा करते। इसीसे तो भगवान् मुनिराजको मार्गमें ही मिलते हैं और उनके क्रोधाग्निमें घृताहुति डालकर अवतार-नाटककी तैयारी करते हैं।

तब हरगन बोले मुसुकाई। निज मुख मुकुर बिलोकहु जाई॥६॥
अस कहि दोउ भागे भय भारी। बदन दीख मुनि बारि निहारी॥७॥
बेषु बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा। तिन्हहिं सराप दीन्ह अति गाढ़ा॥८॥

दो०—होहु निसाचर जाइ तुम्ह कपटी पापी दोउ।
हँसेहु हमहि सो लेहु फल बहुरि हँसेहु मुनि कोउ॥१३५॥

शब्दार्थ—गाढ़ा=भारी, अतिशय। घोर।

अर्थ—तब हरगण मुस्कराकर बोले कि अपना मुँह तो जाकर दर्पणमें देखिये॥६॥ ऐसा कहकर दोनों भारी डरसे भगे। मुनिने अपना मुँह जलमें झाँककर देखा॥७॥ वेष देखकर मुनिका क्रोध बहुत अधिक बढ़ा, उन्होंने उनको बहुत ही घोर शाप दिया॥८॥ तुम दोनों कपटी पापी हो (अतः) तुम दोनों जाकर कपटी पापी निशाचर होवो। हमको तुमने हँसा (सो) उसका फल लो (इतनेपर भी संतोष न हुआ हो तो) फिर किसी मुनिको हँसना!॥१३५॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—१ भगवान्‌का आना और नृपबालाको स्वयंवरमें जीत लेना, सबका निराश होना और उस समय शिवगणोंका मजाकको खोलते हुए कहना कि जरा शीशेमें मुँह तो देखिये, यह सब प्रसंग परिहास नाटककलाके अमूल्य रत्न हैं और बड़े गजबके हैं। २—नारदके क्रोधसे श्रीवास्तवजीका यह हास्यसिद्धान्त कि घमण्डी चरितनायक चिड़चिड़ा होता है, अक्षरशः सत्य निकलता है।

नोट—१ *'तब हरगन बोले'* इस अर्द्धालीके बिना कोई हर्ज न था और न उसका कोई प्रयोजन था। हरगणोंके मुखसे ये वचन भगवत्-प्रेरणासे निकले। कारण यह कि भेष (रूप) बिना देखे क्रोध न होता, जिससे न तो शाप ही उनको होता न लीला ही पूरी-पूरी बन सकती। यदि ये वचन न कहे गये होते तो कौतुक यहीं समाप्त हो जाता, नारदको क्रोधपर जय पानेका उत्तर क्योंकर मिलता? यह सब *'कौतुक'* का अर्थ होता जाता है जो भगवान्‌ने कहा है।

नोट—२ शिवपु० के हरगणोंके वाक्य ये हैं—'नारदजी! आप तो वृथा ही कामसे मोहित हो रहे हैं, अपने मुखको तो देखिये कि बहुत बुरा है। यथा—**'हे नारद मुने त्वं हि वृथा मदनमोहितः। तल्लिप्सुस्स्वमुखं पश्य वानरस्येव गर्हितम्॥'**(२। ३। ५४) शिवपु० के हरगणोंका मुस्कुराना यहाँ नहीं कहा गया किंतु उनको बोलते समय *'ज्ञानविशारद'* विशेषण दिया गया है।

टिप्पणी—१ (क) *'तब हरगन बोले मुसुकाई……'* इति। भगवान्‌की इच्छासे हरगण ऐसा बोले। यदि ऐसा न कहते तो नारद उनको और भगवान्‌को शाप कैसे देते? लीला कैसे होती? साधारणतः छिद्र बता देना अपराध नहीं है। मुस्कुराकर कहनेसे अपराध हुआ। (ख) *'बिलोकहु जाई'* का भाव कि यहाँ तो दर्पण है नहीं, जहाँ मिले वहाँ जाकर देखो तो! [(ग) *'निज मुख मुकुर बिलोकहु'* अर्थात् जरा देखो तो, तुम्हारा मुँह उसे ब्याहने योग्य था? यह मुहावरा है, लोकोक्ति है। अयोग्यता जनानेके लिये ऐसा

कहा ही जाता है। पंजाबीजी लिखते हैं कि दर्पणमें देखनेको इससे कहा कि वहाँ दर्पण तो है नहीं, जबतक ये कहीं दर्पणके लिये जायँगे तबतक हम भाग जायँगे।]

टिप्पणी—२ (क) ***'अस कहि दोउ भागे भय भारी'*** इति। प्रथम कूट करके हँसते रहे तब नारद न समझे, इससे तब भय न हुआ। जब मुँह देखनेको कहा तब पीछेका किया हुआ अपराध प्रकट हुआ, इसीसे भारी भय हुआ। ***'भागे'*** इससे कि सामने रहनेपर वे चट शाप देंगे, भाग जानेपर चाहे न दें। (ख) ***'बदन दीख मुनि बारि निहारी'*** इति। जलमें मुँह देखना मना है। **'अप्सु नात्मानं नो वेक्षेत्'** सो इन्होंने किया, क्योंकि मोहसे बुद्धि नष्ट हो गयी है। [नाईके घरपर बाल बनवाने, पत्थर-परसे चन्दन लगाने और जलमें अपना रूप देखनेसे इन्द्रकी भी श्री नष्ट हो जाती है। यथा—**'नापितस्य गृहे क्षौरं पाषाणे गन्धलेपनम्। आत्मरूपं जले पश्यन् शक्रस्यापि श्रियं हरेत्।'** (बाबा सरयूदासकी गुटका) परंतु स्मरण रखना चाहिये कि तिलक-प्रकरणमें जलमें मुँह देखकर तिलक करनेका निषेध नहीं है। यथा—**'दर्पणस्य ऋते विद्वान् मुखं वारौ निरीक्ष्य च। कुर्यान्मङ्गलमाकाङ्क्षन्नूर्ध्वपुण्ड्रं मनोहरम्।'** (पाद्मतिलकप्रकरण)। अर्थात् मोक्ष चाहनेवाले विद्वानोंको चाहिये कि दर्पणके अभावमें अपने मुखको पानीमें देखकर ललाटपर सुन्दर ऊर्ध्वपुण्ड्रतिलक करे। रुद्रगणोंको भागते हुए देखकर मुनिको सन्देह हुआ कि कुछ बात अवश्य है, पास ही जलपात्र (कमण्डलु) में जल था, अतः शीघ्रताके कारण इन्होंने उसीमें मुँह देख लिया जिसमें वे भाग न जावें। (श्रीबाबा रामदासजी) (रुद्रसं० २। ३) में दर्पणमें मुख देखना लिखा है—**'मुखं ददर्श मुकुरे'''।'** (५५)

टिप्पणी—३ ***'बेषु बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा'*** इति। अत्यन्त बढ़ा कि हमने सुन्दररूप माँगा सो हमको ऐसा कुरूप देकर सभामें हमारी हँसी करायी। क्रोध अत्यन्त बढ़ा है, इसीसे जिन्होंने हँसी की थी उनको ***'अति गाढ़ा'*** शाप दिया। ☞ प्रथम भगवान्‌की कृपासे नारदको काम-क्रोध कुछ न व्यापे थे, यथा—***'कामकला कछु मुनिहि न ब्यापी'*** और ***'भयो न नारद मन कछु रोषा'।*** अब भगवत्-इच्छासे दोनों अत्यन्त व्यापे, दोनोंने इनको जीता—***'मम इच्छा कह दीन दयाला'।*** क्रोधने जीता, यथा—***बेषु बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा'।*** काम व्यापनेका उदाहरण, यथा—***'अति आरति कहि कथा सुनाई। करहु कृपा करि होहु सहाई।', 'मुनि अति बिकल मोह मति नाठी। मनि गिरि गई छूटि जनु गाँठी॥'*** ☞ इसी तरह जो अर्जुन भगवान्‌की कृपासे महाभारतमें विजयी हुए, उन्हीं अर्जुनको कोल-किरातोंने लूट लिया। तात्पर्य कि भगवत्-इच्छा बलवती है। किसीने कहा है कि ***'द्रोण करण भीषम हने भारतके मैदान। भिल्लन्ह छीनी गोपिका वेइ पारथ वेइ बान॥'*** काम ही क्रोध और लोभ बनकर दिखायी देता है। काम बना तब लोभ हुआ और बिगड़ा तो क्रोध हुआ। यथा—**'कामै क्रोध लोभ बनि दरसै'** (देवतीर्थस्वामिग्रन्थ)

नोट—३ शिवपु० में शाप इस प्रकार है 'तुमने मुझ ब्राह्मणकी हँसी की है, इसलिये उसी आकृतिवाले ब्राह्मणवीर्यसे उत्पन्न होकर भी राक्षस होगे।' यथा—**'युवां ममोपहासं वै चक्रतुर्ब्राह्मणस्य हि। भवेतां राक्षसौ विप्रवीर्यजौ वै तदाकृती॥'** (२। ३। ५७)

टिप्पणी—३ (क) ***'होहु निसाचर जाइ तुम्ह'*** जाकर निशाचर होनेका भाव कि तत्क्षण निशाचर होनेको न कहा। जैसे लोमशजीने कहा था—***'सपदि होहि पच्छी चंडाला।'*** (७। ११२) वरंच राक्षसके यहाँ अवतार होनेका शाप दिया। राक्षस होनेके शापका कारण दिया—***'कपटी पापी दोउ'*** अर्थात् तुम दोनों कपटी और पापी हो। कपट और पाप दोनों राक्षसधर्म हैं, यथा—***'देखत भीमरूप सब पापी। निसिचर निकर देव परितापी॥'*** (१७१। ६) ***'चला महा कपटी अति रोषी॥'*** (१। १८३। ३) ***'नर अहार रजनीचर चरहीं। कपट बेष बिधि कोटिक करहीं॥'*** (२६३। १) ***'होहु कपटमृग तुम्ह छलकारी।'*** (३। २५) ***तासु कपट कपि तुरतहिं चीन्हा॥'*** (५। ४) ***'मरती बार कपटु सब त्यागा।'*** (६। ७५) ***'राक्षस कपट बेष तहँ सोहा।'*** (६। ५६) (ख) ***'कपटी'*** इससे कहा कि वे 'कुरूप' को सुन्दर कहते रहे, यथा—***'नीकि दीन्हि हरि सुंदरताई', 'रीझिहि राजकुअँरि छबि देखी'।*** यही कपट है। (पुनः दोनों जानते थे कि हरिने

इनको कुरूप दिया है तो भी इन्होंने न बताया, यह कपट है) और हँसे इससे पापी कहा, हँसी करना पाप है, यथा—*'हँसत देखि नख सिख रिस ब्यापी। राम तोर भ्राता बड़ पापी॥'* (१। २७७) (ग) *'हँसेहु हमहिं सो लेहु फल'* इससे जनाया कि साधु-ब्राह्मणके साथ हँसी करनेसे राक्षस-शरीर मिलता है। (घ) *'बहुरि हँसेउ मुनि कोइ'* अर्थात् इतनेसे तृप्ति न हो तो फिर किसी मुनिको हँसना। भाव कि संतोंका उपहास करना हँसी-खेल नहीं है, उनको हँसनेका फल ऐसा ही होता है। (ङ) व्याकरण—*'बिलोकहु'* विधिक्रिया *'सुनहु' 'जाहु' 'धरहु' 'होहु'''''* आज्ञाके अर्थमें आता है। *'हसेहु'*=(हँसा) मध्यम पुरुष भूतकाल क्रिया। यथा—*'करायेहु कहेहु गयहु बौरायेहु परचेहु''''' ।' हँसेहु* (हँसना) आज्ञाके अर्थमें, विधिक्रिया मध्यमपुरुष, यथा—*'तजहु जनि।'* (श्रीरूपकलाजी)

पुनि जल दीख रूप निज पावा। तदपि हृदय संतोष न आवा॥ १॥
फरकत अधर कोप मन माहीं। सपदि चले कमलापति पाहीं॥ २॥
देहौं श्राप कि मरिहौ* जाई। जगत मोरि उपहास कराई॥ ३॥
बीचहिं पंथ मिले दनुजारी। संग रमा सोइ राजकुमारी॥ ४॥

शब्दार्थ—सपदि=शीघ्र, तुरत। यथा *'सपदि होहु पच्छी चंडाला।'* (७। ११२)

अर्थ—फिर जलमें मुँह देखा तो अपना (नारद) रूप मिला पाया, तब भी उनके हृदयको संतोष न हुआ॥ १॥ होंठ फड़कते हैं, मनमें क्रोध है। तुरत ही वे कमलापतिभगवान्‌के पास चले॥ २॥ (सोचते जाते हैं कि) शाप दूँगा वा मर जाऊँगा, उन्होंने संसारभरमें मेरी हँसी करायी है॥ ३॥ दैत्यों-राक्षसोंके शत्रु भगवान् बीच राहहीमें उनको मिल गये। साथमें लक्ष्मीजी और वही राजकुमारी थीं॥ ४॥

श्रीमान् लमगोड़ाजी—सारी प्रगतियाँ फिल्मकलाकी जान हैं। क्रोधका ठिकाना नहीं, आज भगवान्‌को शाप देने और मारनेपर तैयार हैं।—'हँसीसे निरहस' 'रारका घर हँसी'—ये कितने साफ साबित हैं।

व्याकरण—*मरिहौं, देहौं*—भविष्यकाल उत्तमपुरुष। (श्रीरूपकलाजी)

टिप्पणी—१ *'पुनि जल दीख रूप निज पावा''''' ।'* इति। (क) शापके बाद फिर मुँह जलमें देखनेसे पाया जाता है कि पहले अच्छी तरह देख न पाये थे। रुद्रगण भागे जा रहे थे, यह जानकर उनको शाप देनेके लिये (जैसे-तैसे देखकर) जल्दीसे देखना बन्दकर उनको शाप देने लगे। शाप देकर अब उनसे छुट्टी मिली तब सावधान होकर अच्छी तरह देखना चाहा। [हरिने मेरा रूप बन्दरका कर दिया। अब मुझे इस रूपमें जीना होगा, यह समझ क्रोध बहुत बढ़ा और उन्होंने रुद्रगणको शाप दे डाला। मनमें चिन्ता उठी 'क्या मेरा सदाके लिये यह रूप हो गया। जो बात बिगाड़नी थी वह तो हरिने बिगाड़ ही दी, अब तो हमारा रूप वापस दे देना था।' अतः फिर जलमें देखा (वि० त्रि०)] (ख) *'रूप निज पावा'* का भाव कि कुरूपका इतना ही मात्र प्रयोजन था कि कन्या प्राप्त न हो और ये रूप देखकर क्रोध करें, शाप दें। सो दोनों काम बने। (ग) *'तदपि हृदय संतोष न आवा'* इति। अर्थात् क्रोध शान्त न हुआ। क्योंकि अभी लीलाका कारण पूर्ण नहीं हुआ। रुद्रगणोंको राक्षस होनेका शाप मिला पर भगवान्‌को मनुष्य होनेका शाप जब हो तब लीलाका हेतु पूर्ण होवे [भाव कि राक्षस तो बन गये, उनके मारनेका, उनकी मुक्तिका तथा भूमिभार हरनेका उपाय अभी नहीं हुआ, जो भगवान्‌के अवतारके प्रधान हेतु हैं। नरतन और वानरोंकी सहायताका शाप बाकी है। २—संतोष न हुआ क्योंकि जब काम बनाना था, (विश्वमोहिनीकी प्राप्ति करानी थी) तब तो बन्दरका-सा मुख बनाया था, अब काम बिगाड़नेपर पूर्ववत् हुआ तो क्या?—(पं०) ☞राजकुमारीके हाथसे निकल जानेकी चोट कितनी भारी थी यह दिखा रहे हैं।]

टिप्पणी—२ *'फरकत अधर कोप मन माहीं।'''''* इति। (क) होंठ फड़कते हैं, मनमें कोप है अर्थात्

*—१६६१ में 'मरीहौं जाई' है। इसका अर्थ किसी-किसीने 'मारूँगा' किया है।

भीतर-बाहर कोपसे आक्रान्त हैं। [मुनिको बड़ा क्रोध है—*'बेषु बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा।'* क्रोधमें ओष्ठ फड़कने लगते हैं, यथा—*'माषे लषन कुटिल भइँ भौंहैं। रदपट फरकत नयन रिसौंहैं॥'*] (ख) *'सपदि चले'* का भाव कि रुद्रगण हँसी करके भागे जाते थे, उन्हें जल्दीसे शाप दिया। भगवान् कुरूप करके चले जा रहे हैं, ऐसा न हो कि कहीं चले जायँ, अतः उनको शाप देनेके लिये जल्दी चले। *'सपदि'* हीके सम्बन्धसे *'कमलापति'* नाम दिया। कमला चञ्चल है, उसके ये पति ठहरे। (ग) *'देहउँ श्राप कि मरिहउँ जाई।'''* इति। शाप दूँगा और यदि वे शाप न अङ्गीकार करेंगे तो उनके ऊपर प्राण दे दूँगा, अर्थात् ब्रह्महत्या उनको दूँगा। मरनेका हेतु दूसरे चरणमें कहते हैं—*'जगत मोरि उपहास कराई।'* ☞भले मनुष्यका मान भङ्ग होता है तो वह या तो प्राण दे देता है, आत्महत्या कर लेता है या मारे शर्मके कहीं दूर चला जाता है। यथा—**'सतां माने म्लाने मरणमथवा दूरशरणम्।'** यहाँ नारदजीको अभी यह नहीं मालूम है कि भगवान् स्वयं ही राजाका रूप धरकर राजकुमारीको ब्याह ले गये, वे समझते हैं कि कोई दूसरा राजा ले गया है, नहीं तो स्त्री ले जानेका दुःख यहाँ कहते। इसीसे उनको उपहासका दुःख है, जगत्में हँसी करायी यह दुःख है। [मान्य-प्रतिष्ठित महानुभावोंके लिये अपयशकी प्राप्ति मरणसे भी अधिक भयंकर दुःख है, यथा—*'संभावित कहुँ अपजस लाहू। मरन कोटि सम दारुन दाहू॥'* (अ० ९५) **'सम्भावितस्य चाकीर्त्तिर्मरणादतिरिच्यते'**(गीता २। ३४) (घ) *'देहौं श्राप कि मरिहौं'* यह संदिग्ध वचन है। यहाँ संदिग्ध वचनोंका प्रयोजन था, क्योंकि भगवान् समर्थ हैं, वे अपनी इच्छासे भले ही शाप अङ्गीकार कर लें नहीं तो उनको शाप लग नहीं सकता।—(१२४। १) देखिये। इसीसे मुनि सोचते हैं कि यदि वे शाप न लेंगे तो मेरे लिये अपकीर्ति मिटानेका दूसरा कोई और उपाय है ही नहीं, मैं प्राण दे दूँगा। यहाँ विकल्प अलंकार है।]

टिप्पणी—३ *'बीचहि पंथ मिले दनुजारी''''।'* इति। (क) *'बीचहि'* का भाव कि न तो मायानगरमें ही रहे और न अभी क्षीरसागर ही पहुँचे हैं, मार्गमें दोनोंके बीचमें ही हैं। (ख) बीचमें ही क्यों मिल गये? इसका एक कारण तो *'दनुजारी'* विशेषणसे ही जना दिया है। वह यह कि रुद्रगणोंको राक्षस होनेका शाप हो चुका है, वे राक्षस होंगे। रुद्रगण जब राक्षस होंगे तब भला उनको मार ही कौन सकेगा? उनका नाश करना ही होगा। भगवान् *'दनुजारी'* हैं, उनके नाशके लिये नरतनधारी होना जरूरी होगा। अतएव नरतन धारण करनेका शाप लेनेके लिये मार्गमें ही मिले। अभी क्रोध भरा हुआ है, शाप क्रोधसे होता है—दोहा १२३ देखिये। मुनिका क्रोध शान्त न होने पावे, वे क्रोधसे शाप दे दें, इसलिये बीचहीमें मिले। पुनः, (बीचमें ही मिल जानेका दूसरा भाव यह है कि एक तो क्षीरसागर दूर है—*'होइहि जात गहरु अति भाई'* यह स्वयं मुनिके वचन हैं—दूसरे वह स्थान निर्विकार है, सात्त्विक है, वहाँ पहुँचते-पहुँचते मुनिका क्रोध ठण्ढा पड़ जाय अथवा उसका वेग बहुत कम हो जाय यह सम्भव है। तब तो बना-बनाया कौतुक ही बिगड़ जायगा।)

(बैजनाथजी लिखते हैं कि नारदजीने मारनेका संकल्प किया है, इसलिये भगवान् तुरत वीरोंकी तरह सामने आ गये, क्योंकि वे दनुजारी हैं। नारदजीकी इस समयकी आसुरी बुद्धि ही दैत्य है। पंजाबीजीके मतानुसार नारदका अहंकार ही निशाचर है, उसका अभी नाश करना है और भविष्यमें रावण-कुम्भकर्णादिको। अतः *'दनुजारी'* विशेषण दिया गया।)

(ग) *'संग रमा सोइ राजकुमारी'* इति। सङ्गमें राजकुमारी इसलिये लिये हुए हैं कि नारदजी समझ जायँ कि ये (भगवान् ही) राजाका रूप धरकर उसे ले आये हैं, नहीं तो नारदजी तो यही समझते रहे कि कोई और राजा ले गया। *'सोइ'* यदि न कहते तो समझा जाता कि कोई दूसरी राजकुमारी होगी *'रमा सोइ राजकुमारी'* का भाव कि जिसमें क्रोध उत्पन्न हो कि रमा ऐसी स्त्रीके रहते हुए भी इन्होंने हमारा भारी अपकार किया।—ये सब क्रोध उपजाने (और उत्तेजित करने) के कारण हैं। [*'संग रमा'* क्योंकि रमाजीको वे पहिचानते हैं, साथ देखकर समझ जायँगे कि (राजारूपमें) ये भगवान् ही

हैं। (रा० प्र० पं०) पुनः, भाव कि नारद *'कमलापति'* के पास चले हैं, अतएव कमलाजीको भी साथ लेकर भगवान् सामने आये (वै०)]

नोट—शिवपु० में शाप देनेके पश्चात् जलमें मुँह देखना कहा है और मानसमें दोनों बार जलमें ही देखा है। इससे जान पड़ता है कि शिवपु० के हरगणोंने रङ्गभूमिमें ही सम्भवतः कहा हो और वहाँ दर्पण होनेसे वहीं पहली बार देखा हो और शाप वहाँसे बाहर निकल जानेपर दिया हो। इसीसे वहाँ दूसरी बार जलमें मुँह देखना कहा गया। मानसमें मर्यादाके साथ चरित हुआ है। यथा—'जले मुखं निरीक्ष्याथ स्वरूपं''''।' (२। ४। ३) शिवपु० के नारदने विष्णुलोकमें जाकर शाप दिया है। *'देहौं श्राप'''* से *'सुनत बचन उपजा अति क्रोधा।'* तकके मानसवाक्य उसमें नहीं हैं।

बोले मधुर बचन सुरसाईं। मुनि कहँ चले बिकल की नाईं॥ ५॥
सुनत बचन उपजा अति क्रोधा। मायाबस न रहा मन बोधा॥ ६॥
पर संपदा सकहु नहिं देखी। तुम्हरे इरिषा कपट बिसेषी॥ ७॥
मथत सिंधु रुद्रहि बौराएहु। सुरन्ह प्रेरि बिष पान कराएहु॥ ८॥

दो०—असुर* सुरा बिष संकरहि आपु रमा मनि चारु।
स्वारथसाधक कुटिल तुम्ह सदा कपट ब्यवहारु॥ १३६॥

शब्दार्थ—**बोध**=ज्ञान, चेत, समझ। **सम्पदा**=धन दौलत, ऐश्वर्य। **इरिषा**=ईर्ष्या, डाह, हसद। **बौरायेहु**=बावला बना दिया, बेवकूफ बनाया, विक्षिप्त बुद्धि कर दी, ठगा, पागल बनाया।

अर्थ—देवताओंके स्वामी भगवान् मीठे वचन बोले—'हे मुनि! आप व्याकुल-सरीखे कहाँ चले जा रहे हैं?'॥ ५॥ वचन सुनते ही अत्यन्त क्रोध उत्पन्न हुआ। मायाके वश होनेसे मनमें चेत (ज्ञान) न रह गया॥ ६॥ (वे बोले कि) तुम परायी सम्पदा—ऐश्वर्य नहीं देख सकते, तुम्हारे ईर्ष्या और कपट बहुत है॥ ७॥ समुद्र मथते समय तुमने शिवको बौरा दिया, देवताओंको प्रेरित करके (तुमने उनको) विष पिलाया॥ ८॥ दैत्योंको सुरा (मदिरा), शंकरजीको विष (दिया) और स्वयं सुन्दर लक्ष्मी और कौस्तुभमणि (लिया), तुम स्वार्थके साधक हो, कुटिल हो। तुम्हारा सदासे ही कपटका व्यवहार है॥ १३६॥

नोट—१ *'बोले मधुर बचन'''''* यह मधुर व्यंग क्रोधाग्निके लिये घृतका काम करनेवाला है।

नोट—२ व्याकरण—'बौरायेहु, करायेहु, मध्यम पुरुष भूतकालिक क्रिया' (श्रीरूपकलाजी।)

टिप्पणी—१ (क) *'बोले मधुर बचन'''''*। भगवान् सदा मधुर वचन बोलते हैं पर इस समय मधुर वचन क्रोधका कारण है। (बैजनाथजीका मत है कि शापका सङ्कल्प है, इसलिये मर्म जानकर 'सुरस्वामी' मधुर वचन बोले। और 'मारने' का सङ्कल्प है अतएव ईर्ष्यावर्द्धक वचन बोले, जिसमें प्रतिज्ञाका पालन करें।') (ख) *'सुरसाईं'* का भाव कि देवताओंके स्वामी हैं, अतः उनकी रक्षाके लिये राक्षसोंको मारेंगे, *'असुर मारि थापहिं सुरन्ह'''''*। [देवताओंके हितके लिये अपने ऊपर शाप लेना चाहते हैं, इसीसे मधुर वचन बोलकर उनके क्रोधको प्रज्वलित करते हैं। अतः *'सुरसाईं'* कहा।]

नोट—३ मार्गमें ही आकर मिलना, साथमें उसी राजकुमारीको भी लिये होना और ईर्ष्याजनक मधुर वचन बोलना ये ही सब बातें क्रोधको अत्यन्त प्रज्वलित करनेका कारण हुईं।

नोट—४ मधुर वचनसे तो क्रोध शान्त होता है, यहाँ उसका उलटा हुआ? यह बात ठीक है कि मीठे वचनोंसे शान्ति होती है। परन्तु यह भी स्वयंसिद्ध है कि यदि कोई किसीका सर्वस्व छीन ले और फिर उससे मीठे वचन बोले तो शान्ति कदापि नहीं हो सकती, वे ही शीतल वचन क्रोधाग्निको अधिक भड़कानेवाले हो जाते हैं, यथा—*'सुनि मृदु बचन मनोहर पियके।''''''सीतल सिख दाहक भइ कैसें। चकइहि सरदचंद निसि जैसें॥'* (अ० ६४)

* पाठान्तर—सुरासुरहिं—(रा० प०)।

नोट—५ *'कहँ चले बिकल की नाईं'* इति। मुनि बहुत विकल हैं, यह प्रथम ही कह आये। यथा—*'मुनि अति बिकल मोह मति नाठी'''''*[वे अपनी धुनमें चले जा रहे हैं, इससे भगवान् स्वयं छेड़कर बोले। *'बिकल की नाईं'* का भाव कि आप मुनि हैं, विकल तो हो नहीं सकते, यथा—*'ब्रह्मचरज ब्रतरत मतिधीरा। तुम्हहिं कि करै मनोभव पीरा॥'* यह विकलताका आभास होगा। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ (क) *'सुनत बचन उपजा अति क्रोधा'*, इससे स्पष्ट पाया जाता है कि क्रोध उत्पन्न करनेके लिये ही मधुर वचन कहे गये थे। यहाँ कहते हैं कि क्रोध *'उपजा'* परन्तु क्रोध तो पूर्वहीसे चला आता है, यथा *'बेषु बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा'* तब *'उपजा अति क्रोधा'* कैसे कहा? इस संभावित शङ्काका समाधान यह है कि अपना वेष जलमें देखनेपर क्रोध अवश्य बहुत बढ़ा था, पर वह क्रोध रुद्रगणोंको शाप देनेपर कुछ शान्त हो गया, शाप देनेमें वह *'अति'* क्रोध खर्च हो गया। अब भगवान्के वचन सुननेपर उनको शाप देनेके लिये वही क्रोध फिर उत्पन्न हो गया। (ख) *'मायाबस न रहा मन बोधा'* इति। तात्पर्य कि यदि बोध रहता तो अपने स्वामीको शाप न देते। न अति क्रोध होता, न कटु वचन निकलते। (ग) ☞ पञ्चपर्वा अविद्याके पाँचों विकार नारदको व्यापे। (१) तमसे अविवेक होता है सो यहाँ *'माया बस न रहा मन बोधा'* (२) मोहसे अन्तःकरणमें विभ्रम होता है, सो यहाँ *'जदपि सुनहिं मुनि अटपटि बानी। समुझि न परइ बुद्धि भ्रम सानी॥'* (३) महामोहसे स्त्रीगमनकी इच्छा होती है सो यहाँ *'जप तप कछु न होइ तेहि काला। हे बिधि मिलै कवन बिधि बाला॥'* (४) अन्धतामिस्रसे मरणको इच्छा होती है, सो यहाँ *'देहौं श्राप कि मरिहौं जाई।'* (५) तामिस्रसे क्रोध होता है, सो यहाँ *'सुनत बचन उपजा अति क्रोधा।'*

नोट—६ अन्धतामिस्र, तामिस्र, महामोह, मोह और तम ये पाँच अज्ञानकी वृत्तियाँ ब्रह्माने सृष्टिके आदिमें उत्पन्न की थीं। यथा—भागवते तृतीयस्कन्धे द्वादशाध्याये—'**ससर्जाग्रेऽन्धतामिस्रमथ तामिस्रमादिकृत्। महामोहं च मोहं च तमश्चाज्ञानवृत्तयः॥**' (२) इन्हींको पञ्चपर्वा अविद्या कहते हैं और पञ्चक्लेश भी, यथा—'**तमोऽविवेको मोहः स्यादन्तःकरणविभ्रमः। महामोहस्तु विज्ञेयो ग्राम्यभोगसुखैषणा॥ मरणं ह्यन्धतामिस्रं तामिस्रं क्रोध उच्यते। अविद्या पञ्चपर्वैषा प्रादुर्भूता महात्मनः॥**' (विष्णुपु०)

टिप्पणी—३ *'पर संपदा सकहु नहिं देखी'* इति। (क) *'पर संपदा'* कहा, क्योंकि मुनि कन्याको अपनी स्त्री मान चुके थे और ले गये उसको भगवान्। (राजकुमारीको अपनी जानते थे, इसीसे वह 'अपनी संपदा' हुई और भगवान्के लिये वह *'पर संपदा'* हुई) *'सकहु नहिं देखी'* कहकर उनमें खलता दिखायी, यथा—*'खलन्ह हृदय अति ताप बिसेषी। जरहिं सदा पर संपति देखी॥'* (ख) ☞ जबतक कन्याका ले जाना न जाना था तबतक उपहास करानेका दुःख हृदयमें रहा, *'जगत मोरि उपहास कराई।'* अब जान गये कि कन्या ये ही ले आये हैं तब कन्याके ले जानेका दुःख हुआ। (ग) पर सम्पदा नहीं देख सकते हो इसका तात्पर्य यह कि तुम स्वंय ही ले लेते हो। [पुनः, भाव कि तुम्हारे सुन्दर स्त्री भी है, तुम अमर और अजेय भी हो, चराचर तुम्हारी सेवा भी करता है। यह सब सम्पदा तुम्हें प्राप्त है, पर ऐसी सम्पदा हमें भी प्राप्त हो जाय, यह तुम नहीं देख सकते। आगे परसम्पदाहरणके उदाहरण देते हैं। (घ) *'तुम्हरे इरिषा कपट बिसेषी'* अर्थात् इसीसे पर सम्पदा नहीं देख सकते। ईर्षाका अर्थ ही है, 'परसंपदा न देख सकना'। तुम्हारे कपट है अर्थात् कपटी हो, कपट-छलसे परायी सम्पदा ले लेते हो। *'बिसेषी'* का भाव कि और भी अनेकों अवगुण तुममें भरे हैं, पर ईर्ष्या और कपट ये दो अवगुण विशेष हैं। (और सब सामान्य हैं। अथवा ईर्ष्या आदि अन्य देवताओंमें भी होते हैं पर तुममें सबसे विशेष हैं।)

टिप्पणी—४ *'मथत सिंधु रुद्रहिं बौराएहु।'''* इति। (क) विष देना भारी दुष्कर्म है, इसीसे इसे प्रथम कहा। इससे जनाते हैं कि तुम आततायी हो। (ख) *'सुरन्ह प्रेरि बिष पान कराएहु'* अर्थात् देवताओंसे कहा कि शिवजी विषपान कर सकते हैं, जाकर उनसे प्रार्थना करो। उन्होंने जाकर प्रार्थना की तब शिवजीने

विष पी लिया। (ग) *'सुरन्ह प्रेरि'* का भाव कि तुम ऐसे कपटी हो कि देवताओंको अपयशी बनाया और स्वयं साफ रहे; वस्तुतः जहर तुम्हींने पिलाया।

नोट—७ *'बौराएहु' 'कराएहु'* शब्दोंसे सूचित करते हैं कि देवताओंमें यह बुद्धि कहाँ थी? तुम्हारे ही सुझानेसे यह बुद्धि उनमें हुई। *'बौराएहु'* का भाव कि शिवजी तो भोले-भाले थे, इससे उनको बातोंमें लाकर विष पिलवाया, वे अपने भाग्यसे जीवित बचे—(शुकदेवलाल) यथा—**'दैवतैर्मथ्यमाने तु यत्पूर्वं समुपस्थितम्। तत्त्वदीयं सुरश्रेष्ठ सुराणामग्रतो हि यत्। अग्रपूजामिह स्थित्वा गृहाणेदं विषं प्रभो॥'** (२३-२४) अर्थात् (भगवान् विष्णुने मुसकराते हुए शूलधारी रुद्रसे कहा) देवताओंके समुद्रमन्थन करनेसे जो पहले प्राप्त हुआ है, हे देवश्रेष्ठ! वह आपका है, क्योंकि आप देवताओंके अग्रगामी हैं। महाराज! यहाँ स्थित होकर आप इस अग्रपूजाको ग्रहण करें। (वाल्मी० १। ४५) पुनः, बौराया इसलिये कि जिसमें बेखटके होकर, रमा और कौस्तुभमणि स्वयं ले जा सकें। (वै०)

टिप्पणी—५ *'असुर सुरा बिष संकरहि……'* इति। (क) यहाँ असुर, शङ्कर और *'आपु'* (भगवान्) तीन नाम लिये। सुरोंका नाम न लिया, क्योंकि देवताओंने उत्तम-उत्तम पदार्थ पाये। शिव और असुर दोके नाम लिये। तात्पर्य यह कि इन दोनोंमेंसे एक (शिव) प्रिय है और दूसरा (अप्रिय) है। इस प्रकार दिखाया कि प्रिय और अप्रिय, मित्र और शत्रु दोनोंका ही अहित करते हैं, किसीको नहीं छोड़ते। हम तुम्हारे दास हैं सो हमारे साथ भी तुमने अहित किया, हमें भी न छोड़ा। शिवजी प्रिय भक्त हैं सो उनको विष पिलाया। राक्षस शत्रु हैं सो उनको मदिरा पिलायी। (ख) *'स्वारथ साधक कुटिल तुम्ह सदा कपट ब्यवहारु'* इति। *'सदा'* का भाव कि कुछ आज ही कपट और कुटिलतासे कुमारीको तुम ले गये हो वा आज ही स्वार्थ साधा हो, यह बात नहीं है, सदासे तुम्हारा यह कपटव्यवहार चला आ रहा है। (ग) ☞ यहाँ शिवजीको विषपान करानेकी बात दो बार लिखी गयी, एक तो *'सुरन्ह प्रेरि बिष पान कराएहु'* और दूसरे *'असुर सुरा बिष संकरहि।'* इसका कारण क्रोध है, क्रोधमें निकम्मी (बुरी) बात बारम्बार निकलती है। (अथवा, पुराणोंके भेदसे ऐसा कहा। वाल्मीकिजीके अनुसार विष्णुभगवान्ने ही शिवजीसे कहा कि प्रथम वस्तु आपका भाग है आप इसे ग्रहण करें।) (घ) *'आपु रमा मनि चारु'* स्वयं सुन्दर मणि और सुन्दर लक्ष्मी ली, इसीसे *'स्वारथ-साधक'* कहा। दूसरेको ठगकर अपना स्वार्थ साधा; इसीसे *'कुटिल'* कहा और मोहिनीरूप धरकर सबको ठगा, इसीसे *'कपटी'* कहा। शिवजीको *'बौराया'* (बावला बनाया) राक्षसोंको उन्मत्त किया, देवताओं और दैत्योंको आपसमें लड़ाकर उनमें संग्राम कराया, यह सब *'कुटिलता'* है। (ङ) पुनः, भाव कि पूर्व जो तीन बातें कही थीं—*'परसंपदा सकहु नहिं देखी' 'तुम्हरे इरिषा'* और *'कपट बिसेषी',* उन्हींके सम्बन्धसे यहाँ *'स्वारथसाधक', 'कुटिल'* और *'सदा कपट ब्यवहारु'* ये तीन बातें कही गयीं। परसम्पदा देख नहीं सकते इसीसे स्वार्थसाधक हो, ईर्ष्या है इसीसे कुटिल हो और कपट विशेष है इसीसे तुम्हारा व्यवहार सदा कपटका रहता है। पुनः, (च) पूर्वार्द्धमें जो कहा—*'असुर सुरा……'* उसीके सम्बन्धसे उत्तरार्द्धमें तीन उसके कारण बताये। स्वार्थसाधक हैं, इसका प्रमाण—*'आपु रमा मनि चारु'* है इसीलिये मणि और रमाको स्वयं ले लिया। कुटिल है इसका उदाहरण है कि शङ्करजीको विष दिया। कपटव्यवहार है इसका प्रमाण कि असुरोंको मदिरा पान करायी। मोहिनीरूप धरकर सबको ठगा। [श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि कुटिलका भाव यह है कि स्नेही बनकर हमसे कहा कुछ और किया कुछ।]

नोट—८ शिवपु० में शापवाले मिलानके श्लोक ये हैं—**'हे हरे त्वं महादुष्टः कपटी विश्वमोहनः। परोत्साहं न सहसे मायावी मलिनाशयः॥ मोहिनीरूपमादाय कपटं कृतवान्पुरा। असुरेभ्योऽपायस्त्वं वारुणीममृतं न हि॥ चेत्पिबेन्न विषं रुद्रो दयां कृत्वा महेश्वरः। भवेन्नष्टाऽखिला माया तव व्याजरते हरे॥ गतिस्सकपटा तेऽतिप्रिया विष्णो विशेषतः। साधुस्वभावो न भवान् स्वतन्त्रः प्रभुणा कृतः॥''तज्ज्ञात्वाहं हरे त्वाद्य शिक्षयिष्यामि तद्बलात्। यथा न कुर्याः कुत्रापीदृशं कर्म कदाचन॥'** (६—१२) अर्थात् हे हरि! तुम महादुष्ट, कपटी, संसारको मोहित करनेवाले, मायावी, मलिनचित्त हो, किसीका उत्साह नहीं सह सकते हो। मोहिनीरूप धरकर असुरोंको

अमृत न पिलाकर मदिरा पिलायी यह कपट किया। यदि दयालु शङ्करजी विष न पी लेते तो आपकी सब माया नष्ट हो जाती। तुमको कपटीकी चालें अति प्रिय हैं। तुम्हारा स्वभाव सज्जनोंका-सा नहीं है। तुम स्वतन्त्र हो····यह जानकर अब मैं ब्राह्मणत्वके बलसे तुमको अभी शिक्षा देता हूँ,' जिसमें फिर तुम कभी ऐसा कर्म न करो। (रुद्रसं० २।४)

परम स्वतंत्र न सिर पर कोई। भावै मनहि करहु तुम्ह सोई॥ १॥
भलेहि मंद मंदेहि भल करहू। बिसमय हरष न हियँ कछु धरहू॥ २॥
डहकि डहकि परिचेहु सब काहू। अति असंक मन सदा उछाहू॥ ३॥
कर्म सुभासुभ तुम्हहि न बाधा। अब लगि तुम्हहि न काहू साधा॥ ४॥
भले भवन अब बायन दीन्हा। पावहुगे फल आपन कीन्हा॥ ५॥

शब्दार्थ—'स्वतन्त्र'=आजाद। 'डहकि'=डाका डालकर, धोखा देकर, छलकर, ठगकर, यथा-*'ज्ञान बिराग भक्ति साधन कहि बहु बिधि डहकत लोक फिरौं'* (विनय), *'जूझेते भल जूझिबो भली जीत ते हार। डहकेते डहकिबो भलो जो करिय बिचार॥'* (दो०) *'साधा'* सीधा या ठीक किया। *परिचेहु*=परक गये। परचना (सं० परिचयन)=चसका लगना, टेव पड़ना। जो बात दो-एक बार अपने अनुकूल हो गयी हो या जिसको दो-एक बार बेरोक-टोक मनमाना करने पाये हों उसकी ओर प्रवृत्त होना।

व्याकरण—*'परिचेहु'*—मध्यमपुरुष भूतकाल क्रिया। *बंचेहु, खायेहु, मारेहु* इत्यादि। *'डहकि'* पूर्वकालिक क्रिया। *भावै*—वर्तमान क्रिया, अन्य पुरुष, यथा—खावै, सोवइ। (श्रीरूपकलाजी)

अर्थ—तुम परम स्वतन्त्र हो, तुम्हारे सिरपर कोई नहीं है, तुम्हारे मनको भाता (जो) है वही तुम करते हो॥ १॥ भलेको बुरा और बुरेको भला करते हो, भय या हर्ष कुछ भी मनमें नहीं धरते॥ २॥ सब किसीको ठग-ठगकर ढीठ हो गये हो, अत्यन्त निडर हो, मनमें सदा उत्साह रहता है॥ ३॥ शुभ-अशुभ कर्म तुम्हें बाधक नहीं होते, अबतक तुम्हें किसीने ठीक न किया॥ ४॥ अब अच्छे घर तुमने बायन दिया है, अपने कियेका फल पावोगे॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'परम स्वतंत्र न सिर पर कोई'* अर्थात् तुम देवता, मनुष्य, राक्षस, चर और अचर सबके ऊपर हो, तुम्हारे ऊपर कोई नहीं है। *'परम स्वतंत्र'* और *'भावै मनहिं करहु तुम्ह सोई'* से भगवान्‌में *'निरंकुस'* होना यह दोष दिखाया। *'परम स्वतंत्र'* कहकर *'न सिरपर कोई। भावै मनहिं करहु·····'* यह उसका अर्थ कर दिया। (ख) *'भलेहि मंद मंदेहि भल करहू'* अर्थात् धर्मात्माओंको पापी बनाकर नरकमें भेजते हो और पापीको सुकृती बनाकर वैकुण्ठमें भेज देते हो। जैसे कि धर्मात्मा नृगको गिरगिट बनाया और पापी अजामिलको अपना धाम दिया। हम तुम्हारे भक्त हैं, तुम्हारा भजन करते हैं, सो हमारा भी उपहास हजारोंमें कराया। उचित-अनुचितका विचार ही नहीं करते, जो मनमें आया वह कर डालते हो। (ग) *'बिसमय हरष न हिय कछु धरहू'* अर्थात् भलेको मंद करनेमें कुछ भय नहीं करते और मंदको भला बनानेमें कुछ हर्ष भी तुम्हारे हृदयमें नहीं होता ऐसे निष्ठुर हो। इससे निष्ठुरतादोष भगवान्‌में दिखाया। तुम्हारे दया नहीं है। (घ) *'डहकि डहकि परिचेहु सब काहू'* सबको ठग-ठगकर परच गये हो अर्थात् ढीठ हो गये हो, इसीसे 'अति असंक हो' और मनमें डहकनेका उत्साह सदा बना रहता है। यहाँ *'निःशंकता'* का दोष दिखाया। ☞ग्रामवासियोंने ब्रह्मामें तीन दोष गिनाये हैं। 'निपट निरंकुश, निठुर और निशंक'। यथा— *'बिधि करतब उलटे सब अहहीं। निपट निरंकुस निठुर निसंकू॥ जेहि ससि कीन्ह सहज सकलंकू॥ रुख कलपतरु सागरु खारा।'* (अ० ११९, २—४) वही दोष क्रमसे नारदजी भगवान्‌में कहते हैं। तात्पर्य कि ग्रामवासियोंने समझकर ब्रह्मामें दोष कहा और नारद बिना समझे भगवान्‌में दोष कहते हैं। इससे पाया गया कि इस समय नारदजी ग्रामीण पुरुषोंसे भी अधिक बुद्धिहीन हो गये हैं —*'माया बस न रहा मन बोधा।'* ☞जान पड़ता है कि यह सब कहते

जाते हैं तब भी भगवान् मुसकराते ही रहे; इसीसे *'मन सदा उछाहू'* कहा। ग्रामवासियों और नारदके वचनोंका मिलान—

ग्रामवासिनी	नारदजी
निपट निरंकुस	*परम स्वतंत्र*
निठुर	*भलेको बुरा करनेमें दयारहित होना*
निसंकू	*अति असंक*

वहाँकी चौपाईके एक चरणमें यहाँकी तीनों चौपाइयाँ गतार्थ हैं। वहाँ स्त्रियाँ ब्रह्माको दोष लगाती हैं, यहाँ नारद उनसे भी बड़े अर्थात् भगवान्‌को दोष लगा रहे हैं। इसका कारण क्रोध है, महा अन्धकार है, जिसमें कुछ नहीं सूझता—न स्वामी न पिता इत्यादि। यथा—*'नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा॥'* (४। २१४)

टिप्पणी—२ (क)*'करम सुभासुभ तुम्हहिं न बाधा'* इति। *'करम कि होहि स्वरूपहि चीन्हें।'* (७। ११२। ३) भगवान्‌को जान लेनेसे जान लेनेवालेके कर्मोंका नाश होता है तब भगवान्‌को शुभाशुभ कर्म कैसे बाधक हो सकता है? 'बाधा नहीं करता' अर्थात् ब्रह्मा तुम्हें फल नहीं दे सकते। शुभाशुभकर्मके फलदाता विधाता हैं, यथा—*'कठिन करमगति जान बिधाता। जो सुभ असुभ सकल फल दाता॥'* (२। २८२। ४) गीतामें भगवान्‌ने स्वयं कहा है कि कर्म मुझे लिप्त नहीं कर सकते। **'न मां कर्माणि लिम्पन्ति""।'** (४। १४) अतः कहा कि *'कर्म बाधा'*। (ख)*'न काहू साथा'* अर्थात् शुभाशुभ कर्मोंका फल किसीने न दिया, अब हम देंगे।

नोट—१*'कर्म सुभासुभ तुम्हहिं न बाधा'* इति। भाव यह है कि कर्मका फल ब्रह्मा देते हैं सो वे भी आपको कर्मका फल दे नहीं सकते, रहे शिवजी सो उनको तुमने विष ही पिलाया था, वे भी तुम्हारा कुछ न कर सके। ये दोनों मुखिया थे सो उनकी यह दशा हुई; और जितने देवता-दैत्य हैं उनमें परस्पर विरोध कराते हो सो वे भी तुम्हारा कुछ नहीं कर सकते। अब इनसे अधिक और रह ही कौन गया जो तुम्हें साधनेयोग्य हो?

टिप्पणी—३ *'भले भवन अब बायन दीन्हा'* इति। *'भले भवन'* का भाव कि टूटे घरसे अर्थात् गरीबके घरसे बायन नहीं लौटता (क्योंकि उसको बदला देनेका सामर्थ्य नहीं है तब बदलेमें बायन क्या दे सके?), अच्छे घरसे लौटता है (अर्थात् अमीर घरके यहाँ जो बायन दिया है उसका बदला भी मिलता है, अपना दिया हुआ (कभी-न-कभी) वापस मिलता है। (ख) *'अब'* का भाव कि इतने दिन अच्छे घर बायन न दिया था (अर्थात् जिन-जिनको बायन दिया था वे गरीब थे, बदलेमें बायन देनेको असमर्थ थे) इसीसे न लौटा था। भाव कि शिवके घर बायन दिया। उनको विष पिलाया यह बायन दिया। असुरोंके घर बायन दिया। उनको ठगकर मदिरा पिलायी, यह बायन उनको दिया। इनमेंसे किसीके यहाँसे बायन न लौटा। वे गरीब थे। अब अच्छे घर बायन दिया है अर्थात् हम अमीर हैं, जैसा बायन दिया वैसा ही लौटानेको समर्थ हैं। पलटेका बायन देते हैं, लो! जो बायन दिया और जो मिला—दोनों आगे कहते हैं। (ग)*'पावहुगे फल आपन कीन्हा'*। बायन विवाहादि उत्सवोंमें फेरा जाता है। यहाँ तुम दुलहिन ब्याह लाये हो, उसी उत्साह (उत्सव) में हमारे यहाँ तुमने बायन भेजा है अर्थात् हमसे वैर किया है सो उसका फल पाओगे। ☞यहाँतक दुर्वचन कहे; आगे शाप देते हैं। *'आपन कीन्हा'* क्या है और फल क्या है यह आगे कहते हैं।

नोट—२ मिलानके श्लोक, यथा—**'अद्यापि निर्भयस्त्वं हि संगं नापस्तरस्विना। इदानीं लप्स्यसे विष्णो फलं स्वकृतकर्मणः॥'** (१३) अर्थात् अबतक निर्भय तुम रहे। कभी वेगवालोंसे पाला नहीं पड़ा। इस किये हुए अपने कर्मका फल अब तुम पाओगे।

नोट—३ पंजाबीजीका मत है कि नारदजी परम भक्त हैं, उनके मुखसे प्रभुके प्रति दुर्वचन कथन ठीक नहीं जँचता; अतएव सर्वज्ञा सरस्वतीने इन वचनोंके अर्थ स्तुतिपक्षमें लगाये हैं—

नारद वाक्य	स्तुति-पक्षका अर्थ—
१ *पर संपदा सकहु नहिं देखी*	१ पर=शत्रु। परसम्पदा=शत्रुकी सम्पदा=आसुरी सम्पदा। अर्थमें 'संतों-भक्तोंमें' शब्दोंका अध्याहार कर लेना होगा। इस तरह अर्थ हुआ कि 'अपने भक्तोंमें आसुरी सम्पदा नहीं देख सकते'। *'पन हमार सेवक हितकारी'* इसका कारण है।
२ *तुम्हरें इरिषा कपट बिसेषी*	२ तुम्हारे (तुममें) ईर्ष्या और कपटसे विशेषता है अर्थात् आप मत्सर और दम्भसे परे हैं। अथवा, विशेष=विगत शेष। अर्थात् ईर्ष्या और कपट लेशमात्र नहीं है। [*'कपट बिसेषी'* अर्थात् विशेष प्रकारकी मायासे आप ईर्ष्या आदि करके भी सेवकहित करा लेते हैं। सब कुछ कर-कराकर भी आप अलिप्त रहते हैं—*'गहहिं न पाप पूनु गुन दोषू'।* प० प० प्र०]
३ *मथत सिंधु रुद्रहि बौराएहु। सुरन्ह प्रेरि बिष पान कराएहु॥*	३ इस वाक्यसे प्रभुको सर्वशक्तिमान् जनाया। भाव कि आपके लिये कोई कार्य दुःसाध्य नहीं है। [विषके रूपमें उनको अमृत ही तो दिया, *'कालकूट फल दीन्ह अमी को।'* और उनको संसाररोग भगानेवाला बना दिया। 'संसाररुजं द्रावयति इति रुद्रः।' आप महादेवजीको नचानेवाले हैं—*बिधि हरि संभु नचावनिहारे'।* प० प० प्र०]
४ *असुर सुरा...चारु*	४ इससे प्रभुको यथोचित व्यवहारमें कुशल वा निपुण जनाया। [जो विष सुरासुरोंको भस्म करनेवाला था उसे शिवजीको देकर उन सबोंकी रक्षा की। यह सब 'शं-कर' अर्थात् कल्याण करनेके लिये ही किया। आपने रमा और मणि ले लीं यह *'चारु'* अर्थात् बहुत अच्छा किया, अन्यथा उनके लिये सुरों और असुरोंमें झगड़ा हो जाता। प० प० प्र०]
५ *स्वारथ साधक कुटिल तुम्ह सदा कपट ब्यवहारु*	५ जो स्वार्थसाधक कपटी हैं उनके लिये आप सदा कुटिल अर्थात् दुःखदायक हैं। अथवा, जो कुटिल और कपटी हैं उनके भी स्वार्थके साधक हैं। [कुटिल=प्रणत, नम्र। स्वारथ (—अपनेको जो अर्थ है उसको) आप साधते हैं, जब वे नम्र वा प्रणत होते हैं। प० प० प्र०]
६ *परम स्वतंत्र...*	६ इससे प्रभुको परम समर्थ सूचित किया। (स्वतन्त्र=आत्मतन्त्र। यथा—*'भगत हित निज तंत्र नित रघुकुलमनी।'* १। ५१ छंद। प० प० प्र०)
७ *न सिर पर कोई*	७ आपकी ही आज्ञामें सबको चलना पड़ता है, आपसे बड़ा कोई है ही नहीं। यथा—*'बिधि हरि हर ससि रबि दिसिपाला। माया जीव करम कुलि काला॥ अहिप महिप जहँ लगि प्रभुताई। जोग सिद्धि निगमागम गाई॥ करि बिचार जिअ देखहु नीके। राम रजाइ सीस सब ही के॥'* (२। २५४)
८ *भावै मनहिं करहु तुम्ह सोई।*	८ *'राम रजाइ मेट मन माहीं। देखा सुना कतहुँ कोउ नाहीं॥'* (२। २९८) *'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥'* *'होइहि सोइ जो राम रचि राखा'* के भाव स्तुति-पक्षमें हैं।
९ *भलेहि मंद मंदेहि भल करहू। बिस्मय हरष न हिअ कछु धरहू॥*	९ इससे भी सामर्थ्य सूचित हुआ। पुनः, भलेहि अर्थात् जिनको उत्तम कार्य करनेका अहङ्कार हो जाता है उनको नीचा करते हो और जो दुष्कर्म करनेवाले हैं (वे आपकी शरणमें आते हैं तो) आप उनको संत बना देते हैं, इसमें आपको हर्ष-शोक कुछ नहीं होता; क्योंकि उन्होंने अपनी करनीका फल पाया है। यथा—*'मसकहि करइ बिरंचि प्रभु अजहि मसक*

ते हीन।' (७। १२२) *'जो चेतन कहँ जड़ करइ जड़हि करइ चैतन्य। अस समर्थ रघुनायक"'।'* (७। ११९) *'जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होइ।'* (१। २२४) *'करउँ सद्य तेहि साधु समाना' 'बिसमय हरष रहित रघुराऊ। तुम्ह जानहु सब राम प्रभाऊ॥ जीव करम बस सुख दुख भागी।'* (२। १२। ३-४)

१० *डहकि डहकि परिचेहु सब काहू।* — १० अर्थात् जब प्रेमी लोग नियम-व्रतादि करके अधिक खेदको प्राप्त होते हैं तब आप उनको अपने भजनमें लगा लेते हैं। (आपको ठगनेवाला कोई नहीं है। किसी-किसी बड़भागीको शुभाशुभदायक कर्मसे ठग-ठगकर धीर बनाते हैं। प० प० प्र०)

११ *अति असंक...साधा।* — ११ यह सब चरण स्तुतिपक्षमें ही हैं। [भाव कि आप ही सर्वरूप हैं और सबमें हैं, इसीसे निर्भय हैं। यथा—**'द्वितीयाद्वै भयं भवति'** (श्रुति), **'भयं द्वितीयाभिनिवेशतः स्यात्।'** *'कर्म सुभासुभ न बाधा'* अर्थात् आप कर्मातीत हैं, कर्मबन्धनसे परे हैं। यथा—**'न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा।' 'न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किंचन। नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि॥'** (गीता ३। २२) *'तुम्हहि न काहू साधा'*—अर्थात् आपकी प्राप्ति साधनसाध्य नहीं है, आपकी कृपासे ही आपकी प्राप्ति होती है। यथा *'तुम्हरिहि कृपा तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन।'* (२। १२७। ४) (प० प० प्र०)]

१२ *भले भवन अब बायन दीन्हा* — १२ *'भले भवन'* अर्थात् संतोके यहाँ आपने नेवता (बायन) दिया अर्थात् उनको पापसे बचाया। इसका फल आप पायेंगे अर्थात् रावणको मारकर यश प्राप्त करेंगे। (पं० का पाठ 'पायन' है जिसका अर्थ नेवता किया है।) [कर्मातीत होते हुए भी आप जो कुछ भी करना चाहते हैं। उसमें मैं सहायक बन जाऊँ। आपकी इच्छा सफल होगी ही। प० प० प्र०]

बंचेहु मोहि जवनि धरि देहा। सोइ तनु धरहु श्राप मम एहा॥ ६॥
कपि आकृति तुम्ह कीन्हि हमारी। करिहहिं कीस सहाय तुम्हारी॥ ७॥
मम अपकार कीन्ह तुम्ह भारी। नारिबिरह तुम्ह होब दुखारी॥ ८॥
दो०—श्राप सीस धरि हरषि हिय प्रभु बहु बिनती कीन्हि।
निज माया कै प्रबलता करषि कृपानिधि लीन्हि॥ १३७॥

शब्दार्थ—**'जवनि'**=जौन, जो। **'आकृति'**=रूप, मुख। **'अपकार'**=अहित, हानि, द्वेष, अनिष्ट-साधन, अनभल, अपमान। **करषि लीन्हि**=खींच लिया।

अर्थ—जो देह धरकर तुमने मुझे ठगा, वही देह धरो, यह मेरा शाप है॥ ६॥ तुमने हमारा रूप बन्दरका-सा बना दिया, तुम्हारी सहायता बन्दर ही करेंगे॥ ७॥ तुमने हमारा भारी अपमान और अहित किया, तुम भी स्त्री-वियोगमें दुःखी होगे॥ ८॥ मनमें प्रसन्न होते हुए प्रभुने शापको शिरोधार्य कर नारदसे बहुत विनती की (और उसके बाद) कृपानिधान भगवान्ने अपनी मायाकी प्रबलताको खींच लिया॥ १३७॥

नोट—१ मुनिके क्रोधका क्या ठिकाना? वह बातें कह डालीं जो शायद कोई नास्तिक भी मुँहसे न निकालेगा। परंतु वाह रे कौतुकी भगवान्! पूरे खिलाड़ी आप ही हैं! साथके खिलाड़ीके सारे शाप भी अङ्गीकार कर लेते हैं। मानवी आकृति भी ग्रहण की, वानर-सेनासे सहायता भी ली और सीता-

वियोगमें विलाप भी किया। महर्षि वाल्मीकिजीने ठीक ही कहा है कि आप जैसा काँछते हैं वैसा ही नाचते हैं। मजाक करनेसे मजाकका नतीजा बरदाश्त करना अधिक कठिन है। भगवान्‌की विनतीका यही रहस्य है। (लमगोड़ाजी)

नोट—२ (क) इन अर्धालियोंके पूर्वार्द्ध (प्रथम चरण) में *'बायन'* और उत्तरार्द्धमें उसका *'बदला'* बताया गया है। (ख) यहाँ जो शाप नारदने दिया है उसमें साधारणतः कोई बुराई नहीं देख पड़ती, वरंच सब अच्छी ही बातें जान पड़ती हैं। जैसे नृपतन धरकर राज्य करना, निशाचरोंकी लड़ाईमें सहायक भी मिल गये। परंतु तनिक ध्यानसे स्पष्ट हो जाता है कि इस अर्थमें जो आशीर्वाद-सा जान पड़ता है वह आशीर्वाद नहीं है। (विशेष टि० १ देखिये)

नोट—३ व्याकरण—*'करिहहिं'*—अन्य पुरुष, बहुवचन, भविष्य क्रिया। यथा धरिहहिं, होइहहिं, हँसिहहिं इत्यादि। **होब**=होंगे, भविष्य क्रिया, मध्यम पुरुष। (श्रीरूपकलाजी)

टिप्पणी—१ *'बंचेहु मोहि जवनि धरि देहा।'''* इति। (क) भगवान्‌ने नृपतन धरकर नारदको ठगा था, यथा—*'नृपतन धरि तहँ गएउ कृपाला।'* इस तरह *'जवनि धरि देहा सोइ तनु'* से नृपतन धरनेका शाप दिया। (ख) *'तनु धरहु श्राप मम एहा'* का भाव कि तन धारण करना कर्मका फल है, कर्मके अधीन है पर तुमको शुभाशुभ कर्म बाधा नहीं करते—(जैसा भगवान्‌ने स्वयं **'न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा।'** (गीता २। १४) में कहा है। अर्थात् कर्मोंके फलमें मेरी स्पृहा नहीं है, इसलिये कर्म मुझको लिपायमान नहीं करते)—इसीसे तुम्हें मनुष्य नहीं होना पड़ता; अतएव हम शाप देते हैं, हमारे शापसे तुम्हें तन धरना पड़ेगा (अर्थात् ईश्वरसे मनुष्य होना पड़ेगा। हमारे शापसे तुम्हें कर्मका फल भोगना होगा।) (ग) ईश्वरके लिये नरतन धारण करना बड़ी हीनताकी बात है, यथा—*'राम भगत हित नर तनु धारी। सहि संकट किय साधु सुखारी॥'* (१। २४। १) इसीसे मुनिने नरतन धरनेका शाप दिया। (घ) भगवान्‌के किये हुए कर्म और उनके फल जो शापद्वारा मिले, इन दोनोंका मिलान यहाँ दिया जाता है, चौपाइयोंके भाव भी साथ-ही-साथ दिखाये जायँगे।

भगवान्‌का किया हुआ कर्म		कर्मका फल जो शापद्वारा मिला
बंचेहु मोहि जवनि धरि देहा।	१	*सोइ तनु धरहु''''''॥*

☞(नारदजी कन्याको अपनी स्त्री मान चुके थे, इसीसे वे कहते हैं कि तुमने मुझे ठगा। जो शरीर तुमने धारण किया था, वही हो। नर बने थे, अतः अब नर बनो।)

कपि आकृति तुम्ह कीन्हि हमारी।	२	*करिहहिं कीस सहाय तुम्हारी॥*

☞(कोई ईश्वरकी सहायता करे! और फिर वह भी बन्दर! दोनोंमें ईश्वरकी बड़ी हीनता है। यथा—*'सुनत बचन बिहँसा दससीसा। जौं असि मति सहाय कृत कीसा॥'* (५। ५६। ४) *'सठ साखामृग जोरि सहाई। बाँधा सिंधु इहइ प्रभुताई॥'* (६। २८। १)

मम अपकार कीन्ह तुम्ह भारी।	३	*नारि बिरह तुम्ह होब दुखारी॥*

[पुनः भाव कि तुम्हारी ऐसी असहायावस्था हो जायगी कि बन्दरोंके पास जाकर सहायता माँगोगे। वे तुम्हारी सहायता करेंगे तब तुम्हारा संकट दूर होगा। किष्किन्धाकाण्डमें (वाल्मी० रा० में श्रीलक्ष्मणजीने हनुमान्‌जीसे यही कहा है। यथा—**'लोकनाथः पुरा भूत्वा सुग्रीवं नाथमिच्छति॥ पिता यस्य पुरा ह्यासीच्छरण्यो धर्मवत्सलः। तस्य पुत्रः शरण्यश्च सुग्रीवं शरणं गतः॥ सर्वलोकस्य धर्मात्मा शरण्यः शरणं पुरा। गुरुर्मे राघवः सोऽयं सुग्रीवं शरणं गतः॥''शोकाभिभूते रामे तु शोकार्ते शरणं गते। कर्तुमर्हति सुग्रीवः प्रसादं हरियूथपः॥'** (४। १८—२४) अर्थात् जो पहले लोकनाथ रह चुके हैं वे सुग्रीवको नाथ बनाना चाहते हैं। जिनके पिता सब लोकोंके शरण्य और धर्मवत्सल थे, वे सुग्रीवकी शरणमें आये हैं। जो सर्वलोकोंके शरण्य थे वे राघव सुग्रीवकी शरणमें आये हैं। ऐसे शोकाभिभूत और शोकार्त्त रामके शरण आनेपर सुग्रीवको चाहिये कि सेनापतियोंके साथ उनपर कृपा करें। इस भाँति शापका साफल्य दिखाया। (वि० त्रि०) पुनः भाव कि

तुमने हमारा स्त्रीहरणरूपी अपकार किया। तुम्हारी स्त्रीको राक्षस हरेंगे, जिनको हमने राक्षस होनेका शाप दिया है। तुम्हारी स्त्रीको हरण करनेके लिये हमने पहले ही राक्षस बना दिये हैं। स्त्रीके हरणसे हमें दुःख हुआ, हमारी छाती जलती है। वैसे ही तुम दुःखित होगे। स्त्रीका हरण भारी अपकार है। आततायी छः प्रकारके माने गये हैं; उनमेंसे परदारापहरण भारी आततायी-कर्म है।]

टिप्पणी—२ पूर्व तीन बातें कहीं। इन तीनोंको यहाँ चरितार्थ करते हैं—

(१)*'डहकि डहकि परिचेहु सब काहू। अति असंक मन सदा उछाहू॥'* अतः *'बंचेहु मोहि'* कहा।

(२)*'भलेहि मंद मंदेहि भल करहू। बिसमय हरष न हिय कछु धरहू॥'* इसीसे *'कपि आकृति तुम्ह''''।'*

(३)*'परम स्वतंत्र न सिर पर कोई। भावै मनहि करहु तुम्ह सोई॥'* इसीसे *'मम अपकार कीन्ह तुम्ह''''।'*

टिप्पणी—३ भगवान्‌ने नारदकी प्रथम *'कपि आकृति'* की, उनको बन्दरका रूप दिया तब राजा बनकर उनको *'बंचेउ'* (ठगा), परंतु यहाँ शाप देनेमें क्रम आगे-पीछे हो गया। अर्थात् पहले नरतन धरनेका शाप दिया तब बन्दरोंका सहायक होना कहा। इसी तरह अवतारके क्रममें प्रथम *'नारिबिरह'* है तब वानरोंकी सहायतापर, यहाँ शापमें क्रम उलटा है। कारण यह है कि इस समय मुनिको 'अत्यन्त क्रोध' है इसीसे शाप क्रमसे नहीं है, व्यतिक्रम है। [शापका क्रम अवतारके अनुसार सरस्वती कहला रही है। जबतक नरतन न धरते, युद्ध ही कौन करता और बन्दर सहायक ही कैसे होते? अतएव प्रथम नरतन धरना कहा तब कपिका सहायक होना। (मा० पी० प्र० सं०)]

टिप्पणी—४ (क) *'श्राप सीस धरि'* इति। भगवान् संतको अपनेसे अधिक मानते हैं। बड़ोंके वचन सिरपर धारण किये जाते हैं, यथा—*अज्ञा सिर पर नाथ तुम्हारी।'* (१। ७७। ४)*'सिर धरि आयसु करिअ तुम्हारा।'* (१। ७७। २) *'चले सीस धरि राम रजाई'।* इसीसे भगवान्‌ने मुनिके शापको शिरोधार्य किया। अर्थात् आदरपूर्वक अङ्गीकार किया। यदि शापको शिरोधार्य न करते तो नारदजी प्राण दे देते, ब्रह्महत्या लगती, वे प्रतिज्ञा कर ही चुके हैं—*'देहौं श्राप कि मरिहौं जाई।'* (ख) *'हरषि हिय'* इति। हृदयमें हर्षित हैं, क्योंकि शाप अपनी इच्छाके अनुकूल है। [पुनः, भाव कि यह आपका सहज स्वभाव है, आप सदा प्रसन्नवदन रहते हैं; यथा—**'प्रसन्नतां या न गताभिषेकतस्तथा न मम्ले वनवासदुःखतः। मुखाम्बुजश्री रघुनन्दनस्य''''॥'** (२ मं० श्लो० २) दूसरे, लीलाका साज अब पूरा-पूरा बन गया; अतएव *'हरषि हिय श्राप सीस धरि'* लिया। (मा० पी० प्र० सं०) तीसरे, आज्ञा शिरोधार्य करनेमें हर्ष होना ही चाहिये। पंजाबीजीका मत है कि हर्ष यह समझकर है कि—(१) किसीके वर या शापसे हमारा कुछ बनता-बिगड़ता नहीं। अथवा, (२) इनको काम और क्रोधको जीतनेका अभिमान था सो अब काम और क्रोधसे उनकी क्या दशा हो रही है, इसीपर ये इतने भूले थे। अथवा, (३) हमने इनकी जितनी हँसी करायी उससे अधिक इन्होंने हमें शाप दे डाला, अतः हम अब इनके ऋणी नहीं रह गये। अथवा, (४) यह हमारे परम भक्त हैं। इन्हें अहंकाररूपी पिशाचने ग्रस लिया था, बहुत अच्छा हुआ कि थोड़ेहीमें वह निवृत्त हो गया। इससे यह भी दिखा दिया कि वस्तुतः प्रभु विस्मय और हर्षरहित हैं।](ग) *'प्रभु बहु बिनती कीन्हि'* इति। भाव कि आप *'प्रभु'* अर्थात् समर्थ हैं तो भी दासकी विनती करते हैं। ऐसा करना समर्थ एवं सामर्थ्यकी शोभा है। बहुत विनती यह कि आप ब्रह्मर्षि हैं, मैंने अपने कर्मका फल पाया जो आपने कहा था कि*'पावहुगे फल आपन कीन्हा'* सो सत्य है, आपका इसमें कुछ भी दोष नहीं है। [भगवान् एक अपने भक्तका ही मान करते हैं। देखिये, इतने कठोर वचनोंपर भी उन्होंने नारदका तिरस्कार न किया। (रा० प्र०)] नारदजीको बहुत क्रोध है, इसीसे उनको शान्त करनेके लिये बहुत विनती करनी पड़ी तब वे शान्त हुए। (घ) *'निज माया कै प्रबलता''''''* 'इति। मायाकी प्रबलताको खींच लेनेमें *'कृपानिधि'* विशेषण दिया; क्योंकि भगवान्‌की कृपासे ही माया छूटती है। यथा—*'अतिसय प्रबल देव तव माया। छूटइ राम करहु जौं दाया॥'* (४। २१) *'सो दासी रघुबीर कै समुझे मिथ्या सोपि। छूट न रामकृपा बिनु*

नाथ कहउँ पद रोपि॥' (७। ७१) (पुनः, *'कृपा निधि'* कहा, क्योंकि प्रभुने मायाको खींच लिया, इसने मुनिको बहुत सता रखा था, बहुत दुःख दिया था।) (ङ) *'निज माया बल देखि बिसाला।'* (१। ३२। ८) उपक्रम है और *'निज माया कै प्रबलता……'* उपसंहार है। (च) यद्यपि मुनि मायाके वश मूढ़ हैं तथा भगवान्‌की इच्छाके वश हैं तथापि उनकी भक्ति ऐसी दृढ़ है कि 'तू' 'तेरा' इत्यादि निरादरके शब्द उनके मुखसे नहीं निकले। [(छ) मुनिके हृदयसे मायाबल खींचकर उन्हें शुद्ध ज्ञान करानेमें 'परिवृत्ति' अलंकार की ध्वनि है। (वीरकवि) मायाकी प्रबलता खींच ली, माया नहीं खींची। पूरी माया खींच लेनेसे मोक्ष हो जाता है, लीला ही समाप्त हो जाती है। (वि० त्रि०)]

नोट—४ मिलानके श्लोक, यथा—**'स्त्रीकृते व्याकुलं विष्णो मामकार्षीर्विमोहकः। अन्वकार्षीस्स्वरूपेण येन कापट्यकार्यकृत॥ तद्रूपेण मनुष्यस्त्वं भव तद्दुःखभुग्घरे। यन्मुखं कृतवान्मे त्वं ते भवन्तु सहायिनः॥ त्वं स्त्रीवियोगजं दुःखं लभस्व परदुःखदः।'''॥'''विष्णुर्जग्राह तं शापं'''।'** (१५—१८) (अर्थ सरल है। शिवपुराणमें शिवजीकी मायासे नारदका मोहित होना और शिवजीका अपनी उस मायाका खींच लेना कहा है।)

जब हरि माया दूरि निवारी। नहिं तहँ रमा न राजकुमारी॥ १॥
तब मुनि अति सभीत हरिचरना। गहे पाहि प्रनतारतिहरना॥ २॥
मृषा होउ मम श्राप कृपाला। मम इच्छा कह दीनदयाला॥ ३॥
मैं दुर्बचन कहे बहुतेरे। कह मुनि पाप मिटिहिं किमि मेरे॥ ४॥

शब्दार्थ—**'निवारी'**=हटा दी। **'पाहि'** (सं०)=रक्षा करो।

अर्थ—जब भगवान्‌ने मायाको दूर कर दिया (तब) वहाँ न रमा ही रह गयी और न राजकुमारी ही॥ १॥ तब अत्यन्त सभीत हो मुनिने भगवान्‌के चरण पकड़ लिये (और बोले) हे शरणागतके दुःखोंको हरनेवाले! मेरी रक्षा कीजिये॥ २॥ हे कृपालु! मेरा शाप झूठा (व्यर्थ) हो जाय। दीनदयाल भगवान् बोले कि हमारी ऐसी ही इच्छा है॥ ३॥ मुनि (फिर) बोले कि मैंने बहुत दुर्वचन कहे, मेरे पाप कैसे मिटेंगे?॥ ४॥

व्याकरण—**'होहु, होउ'**=होवे, विधिक्रिया, यथा—**'जाहु, जाउ'**=जावे, **'जरउ, जरहु'**=जले। इत्यादि। (श्रीरूपकलाजी)

श्रीलमगोड़ाजी—प्रहसनमें हास्यचरितसे कुकड़ूँ-कूँ बुला ली गयी, मानो जी० पी० श्रीवास्तवजीका हास्यसूत्र चरितार्थ हो गया। मगर मजा यह कि हमारी सहानुभूति नारदसे पूर्णतया चली नहीं गयी और जीत भी बिलकुल एकाङ्गी नहीं है।

टिप्पणी—१ *'जब हरि माया दूरि निवारी'* इति। निवारण किया मायाको पर वहाँ साक्षात् लक्ष्मीजी भी न रह गयीं। रमा और राजकुमारी दोनोंके न रहनेका भाव यह है कि यदि दोनों वहाँ रहतीं तो माया न कहलातीं, क्योंकि मायाको तो भगवान्‌ने दूर ही कर दिया। तात्पर्य कि भगवान् जब (भक्तके हृदयसे) मायाको दूर कर देते हैं तब लक्ष्मी और स्त्री (कञ्चन, कामिनी) दोनों दृष्टिमें नहीं रह जातीं। पुनः, भाव कि जब माया दूर की तब नारदके हृदयसे माया निकल गयी, बाहर रमा और राजकुमारी देख पड़ती थीं सो भी न रहीं। (पण्डितजीका अभिप्राय यह जान पड़ता है कि ये लक्ष्मी भी असली लक्ष्मी न थीं, केवल नारदजीका क्रोध भड़कानेके लिये राजकुमारीकी तरह वे भी मायाकी ही थीं।)

नोट—१ यहाँ लोग यह प्रश्न करते हैं कि 'मायाके साथ रमाजीको क्यों हटा दिया?' इसका समाधान यों करते हैं कि 'दोनों बनी रहतीं तो समझा जाता कि जिस मायाको निवारण किया वह और कोई माया है; सो नहीं। ये दोनों ही मायाके विशेष रूप हैं। (पंजाबीजी) लक्ष्मीके दो स्वरूप हैं। १—चेतन, स्त्रीरूप। २—जड़, मणि-मुक्ता-सम्पत्ति आदि। नारदको चेतन और जड़ दोनों मायाओंसे निवृत्त किया। रामभक्त श्रीरामजीकी कृपासे दोनोंका त्याग करते हैं। त्याग कैसे करते हैं और उसका चिह्न क्या है सो दिखाते हैं। यथा—*'काम क्रोध मद लोभ कै जब लगि मनमें खानि। तब लगि मूरख पंडितहु दोनों एक*

समान॥', 'जननी सम जानहिं पर नारी। धन पराय बिष ते बिष भारी॥' जब वृत्ति ऐसी हो जाय तब जानो कि रामकृपा हुई। चिह्न यह है कि धन आदि आया तो उसे परमार्थमें लगा दिया, पास नहीं रखा। (प्र० सं०) त्रिपाठीजी लिखते हैं कि वहाँ रमा और राजकुमारी पहिले भी न थीं, पर मायाके बलसे मुनि उनको प्रभुके साथ देखते थे।

पं० श्रीकान्तशरणजी लिखते हैं कि 'जब भगवान् कृपा करके अज्ञान दूर करते हैं, जीव रमाजीको भगवान्से अभिन्न तत्त्वरूपमें और विद्या मायाको उनकी कृपात्मक इच्छारूपमें पाता है। अतः ये दोनों उनसे भिन्न नहीं रह जातीं।'

टिप्पणी—२ *'तब मुनि अति सभीत हरि चरना।'''''''* इति। (क) यहाँ नारदजीके मन, तन और वचन तीनोंका हाल कहते हैं। मनसे सभीत हुए, तनसे चरण पकड़े और वचनसे *'पाहि प्रनतारति हरना'* कहा। इस तरह मन, कर्म और वचन तीनोंसे शरणागति दिखायी। (ख) 'तब' अर्थात् मायाके दूर करनेपर। जब माया दूर हुई तब क्रोध और वैर भी चित्तसे निकल गये (क्योंकि ये सब मायाके परिवार हैं। मायाके दूर होनेपर जीवको अपने कर्मोंका भय उत्पन्न होता है, उसे अपना अपराध समझ पड़ता है), नारदमुनिको अपना अपराध समझ पड़ा तब वे प्रभुके चरणोंपर गिर पड़े। (ग) मन, कर्म और वचन तीनोंकी दशा कहकर साष्टाङ्ग प्रणाम सूचित किया। [आठों अङ्गोंसे जो प्रणाम किया जाता है उसे साष्टाङ्ग प्रणाम कहते हैं। वे आठ अङ्ग ये हैं—जानु, पद, हाथ, उर, सिर, वचन, दृष्टि (कर्म) और मन (बुद्धि)। कोई-कोई नासिकाको एक अङ्ग मानते हैं।]

टिप्पणी—३ *'मृषा होउ मम श्राप कृपाला।'''''* इति। (क) अपने शापके व्यर्थ होनेकी प्रार्थना करते हैं, इससे जनाया कि अपनी वाणी व्यर्थ कर देनेका सामर्थ्य नारदमें नहीं है, यथा—*'झूठि न होइ देवरिषि बानी।', 'होइ न मृषा देवरिषि भाषा।'* (६८। ७,४) भगवान्को सामर्थ्य है। वे शापको न स्वीकार करके उसे व्यर्थ कर सकते हैं, जैसे दुर्वासा और भृगुजीके शापको व्यर्थ कर दिया था। इसीलिये नारदजी भगवान्से विनय करते हैं। (ख) *'कृपाला'* का भाव कि हमपर यही कृपा कीजिये कि मेरा शाप मिथ्या हो जाय। पुनः, भाव कि हमने शाप दिया, दुर्वचन कहे तब भी आपके मनमें क्रोध न आया, आप विनय ही करते रहे ऐसे कृपाल हैं। (ग) *'मम इच्छा कह दीनदयाला'।* भाव कि तुम भय न करो। नारदजी अपनी करनी समझकर दीन हो रहे हैं, उनपर आपने कृपा की, *'मम इच्छा'* कहकर उनको संतोष किया।

नोट—२ (क) यहाँ भगवान्की कृपाको सर्वोपरि दिखा रहे हैं। यथा—*'तात बात फुरि राम कृपाहीं। राम बिमुख सिधि सपनेहु नाहीं॥'* (२। २५६) (वसिष्ठवाक्य) (ख) *'मम इच्छा'* का भाव यह है कि 'हम शाप न मिटने देंगे। यह सब हमारी इच्छासे हुआ, इसमें तुम्हारा कुछ दोष नहीं है।' हम सत्यसंकल्प हैं, हमारी इच्छा व्यर्थ नहीं हो सकती। पुनः इस कथनमें यह भी आशय है कि शाप न स्वीकार करनेसे नारदमुनिका वचन असत्य हो जाता, उनके शाप एवं आशीर्वादको फिर कोई प्रमाण नहीं मानता, उनका ऋषित्व ही मिट जाता। प्रभु भक्तवत्सल हैं, कृपालु हैं, अतः वे मुनिका वचन व्यर्थ करके उनका अहित नहीं करेंगे। इसीसे *'मम इच्छा'* कहकर उनको सन्तुष्ट कर रहे हैं। (ग) *'दीनदयाला'* का भाव कि रुद्रगणोंको निशाचर होनेका शाप हो चुका है। वे शापसे दीन हैं। नारदशापको स्वीकार न करनेसे रुद्रगणका उद्धार न हो सकेगा। अतः नारदके उस शापको भी सत्य तथा रुद्रगणोंका उद्धार करनेके विचारसे वक्ताओंने 'दीनदयाल' विशेषण दिया। (पं०) (घ) *'मृषा न होइ देवरिषि भाषा'* (६८। ४) को प्रभुने अपने ऊपर भी चरितार्थ कर दिखा दिया। (मा० पी० प्र० सं०) (ङ) *'भरद्वाज कौतुक सुनहु हरि इच्छा बलवान।'* (१२७) उपक्रम है और *'मम इच्छा''''''* उपसंहार है।

टिप्पणी—४ *'मैं दुर्बचन कहे बहुतेरे'''''* इति। (क) भाव कि शाप तो आपकी इच्छासे हुआ तो हुआ, पर मैंने जो दुर्वचन बहुत-से कहे यह तो मेरा पाप है, यह कैसे मिटेगा? ☞ नारदके ऊपर काम और क्रोधका बल हो चुका है। *'कामके केवल नारि'* सो 'नारी' न रह गयी—*'नहिं तहँ रमा न राजकुमारी'*

और *'क्रोधके परुष बचन बल'* वह भी अब न रह गया। इसीसे कठोर वचन कहनेका पश्चात्ताप हो रहा है। शाप मिथ्या होनेकी प्रार्थना की, भगवान्‌ने उसमें अपनी इच्छा कहकर उनका बोध कर दिया। दुर्वचन कहे सो इस पापके मिटनेकी प्रार्थना की तब उसके लिये प्रायश्चित्त बताते हैं, यह क्यों? इसमें भाव यह है कि भगवान् भक्तके वचनोंको नहीं मेटते, उसके पापको अवश्य मेट देते हैं। इसीसे शापको न मिटाया, दुर्वचनोंके पापका प्रायश्चित्त बताया। ☞ शापके विषयमें जब *'मम इच्छा'* यह भगवान्‌ने कहा तब नारदने कहा कि *'पाप मिटिहि किमि मेरे।'* इससे पाया गया कि दासके पाप करनेमें भगवान्‌की इच्छा नहीं है, पाप प्रारब्धवश होते हैं। [जीव अपनी प्रवृत्तिसे ही पापकर्म करता है। यथा—*'तुलसी सुखी जो राम सों दुखी सो निज करतूति।'* (दोहावली ८८) इसीसे उसका प्रायश्चित्त बताते हैं, उसमें अपनी इच्छा नहीं कहते।]

नोट—३ दुर्वचन=कुवचन, गालियाँ, बुरे वचन। 'बहुतेरे'—एक पूरे दोहेमें इनके दुर्वचन हैं। *'पर संपदा सकहु नहिं देखी'* (१३६। ७) से *'पावहुगे फल आपन कीन्हा'* (१३७। ५) अथवा *'मम अपकार कीन्ह तुम्ह भारी॥'* (८) तक।

नोट—४ मिलानके श्लोक, यथा—'**अपतत्पादयोर्विष्णोर्नारदो वैष्णवोत्तमः॥ हर्य्युपस्थापितः प्राह वचनं नष्टदुर्मतिः। मया दुरुक्तयः प्रोक्ता मोहितेन कुबुद्धिना॥ दत्तश्शापोऽपि ते नाथ वितथं कुरु तं प्रभो।'''''कमुपायं हरे कुर्यां दासोऽहं ते तमादिश। येन पापकुलं नश्येन्निरयो न भवेन्मम॥** (रुद्रसं० २। ४। २२—२५) अर्थात् तब नारदजी भगवान्‌के चरणोंपर गिर पड़े। उन्होंने उठाकर मुनिको बिठाया। नारदजी बोले—मैं बड़ा ही कुबुद्धि हूँ, मैंने बहुत खोटे वचन कहे हैं। मेरे दिये हुए शापको आप मिथ्या कर दीजिये। मैं आपका दास हूँ। मुझे आज्ञा दीजिये कि मैं क्या उपाय करूँ, जिससे मेरे पापसमूह नष्ट हो जायँ, मुझे नरक न हो।

जपहु जाइ संकर सत नामा। होइहि हृदय तुरत बिश्रामा॥ ५॥
कोउ नहिं सिव समान प्रिय मोरें। असि परतीति तजहु जनि भोरें॥ ६॥

अर्थ—(भगवान्‌ने कहा कि) शंकर-शतनाम (शंकरशतक) जाकर जपो। (उससे) हृदय तुरत शान्त हो जायगा॥ ५॥ शिवजीके समान मुझे कोई प्रिय नहीं है, यह विश्वास भूलकर भी न छोड़ना॥ ६॥

श्रीलमगोड़ाजी—नारदजीकी नैतिक चिकित्सा पूर्ण हो गयी। पश्चात्तापके होते ही अहंकार मिट गया। भगवान्‌ने एक सरल उपायसे उनका उद्धार करा दिया। इलाज कितना अच्छा और पक्का है। टैगोरजी सत्य कहते हैं कि भगवान् हमें कभी-कभी बड़े इनकारसे सीख देते हैं, नहीं तो कुपथ्य पाकर हमारे रोग बढ़ते ही जायँ। शंकरजीके नामजपका रहस्य यह है कि वे ही 'कामारि' हैं।

नोट—१ *'जपहु जाइ संकर सत नामा'* इति। (क) शंकरशतनामसे शंकरशतक अभिप्रेत है। जैसे 'विष्णुसहस्रनाम', 'गोपालसहस्रनाम', 'श्रीसीतासहस्रनाम' और 'रामसहस्रनाम' इत्यादि हैं, वैसे ही 'शंकर-शतनाम' (शंकरशतक) है। शिवपुराणमें ब्रह्माजीने नारदजीको इस शतनामका उपदेश दिया है और लिङ्गार्चनतन्त्रमें स्वयं शिवजीने अपने शतनाम पार्वतीजीसे कहे हैं और अन्तमें उसका फल भी कहा है। (पूर्वसंस्करणमें, जो सन् १९२४, संवत् १९८२ में प्रकाशित हुआ; शंकरजीके शतनाम न देकर मैंने केवल ग्रन्थोंके नाम दे दिये थे। उनको देखकर कतिपय प्रेमियोंने मुझे पत्र लिखकर पूछा। अतएव वे शतनाम यहाँ उद्धृत किये गये हैं) **शिवलिङ्गार्चनतन्त्रे शिव-पार्वतीसंवादे—**

श्रीपार्वत्युवाच—इदानीं श्रोतुमिच्छामि शिवस्य शतनामकम्।

श्रीसदाशिव उवाच—'''''''मम नाम पराराध्यं तथैव कथितं मया॥ ५॥ तेषां मध्ये सहस्रं तु सारात्सारं परात्परम्। तत्सारं तु समुद्धृत्य शृणु मत्प्राणवल्लभे॥ ६॥ मम नामशतं चैव कलौ पूर्णफलप्रदम्। केवलं स्तवपाठेन मम तुल्यो न संशयः॥ ७॥ पीठादिन्याससंयुक्तं ऋष्यादिन्यासपूर्वकम्। देवताबीजसंयुक्तं शृणुयात्परमाद्भुतम्॥ ८॥ नारदश्च ऋषिः प्रोक्तोऽनुष्टुप् छन्दः प्रकीर्तितः। सदाशिवो महेशानो देवता परिकीर्तिता॥ ९॥ षडक्षरं महाबीजं चतुर्वर्गप्रदायकम्। सर्वाभीष्टप्रसिद्ध्यर्थं विनियोगः प्रकीर्तितः॥ १०॥ ॐ महाशून्यो महाकालो महाकालयुतः सदा। देहमध्ये महेशानि

लिङ्गाकारेण वै स्थितः॥ ११॥ मूलाधारे स्वयम्भूश्च कुण्डली शक्तिसंयुतः। स्वाधिष्ठाने महाविष्णुस्त्रैलोक्यं पालयेत् सदा॥ १२॥ मणिपूरे महारुद्रः सर्वसंहारकारकः। अनाहदे ईश्वरोऽहं सर्वदेवैर्निषेवितः॥ १३॥ विशुद्धाख्ये षोडशारे सदाशिव इति स्मृतः। आज्ञाचक्रे शिवः साक्षाच्चिद्रूपेण हि संस्थितः॥ १४॥ सहस्त्रारे महापद्मे त्रिकोणनिलयान्तरे। बिन्दुरूपे महेशानि परमेश्वर ईरितः॥ १५॥ वास्वरूपे महेशानि नानारूपधरोऽप्यहम्। कल्पान्तज्योतिरूपोऽहं कैलासेश्वरसंज्ञकः॥ १६॥ हिमालये महेशानि पार्वतीप्राणवल्लभः। काश्यां विश्वेश्वरश्चैव वानेश्वरस्तथैव च॥ १७॥ शम्भुनाथश्चन्द्रनाथश्चन्द्रशेखरः पार्वति। आदिनाथः सिंधुतीरे कामरूपे वृषध्वजः॥ १८॥ नेपाले पशुपतिश्चैव केदारे परसीश्वरः। हिंगुलायां कृपानाथो रूपनाथस्तदोद्धकः ॥ १९॥ द्वारकायां हरश्चैव पुष्करे प्रमथेश्वरः। हरिद्वारे महेशानि गङ्गाधर इति स्मृतः॥ २०॥ कुरुक्षेत्रे पाण्डवेशो वृन्दारण्ये च केशवः। गोकुले गोपनीपूज्यो गोपेश्वर इति स्मृतः॥ २१॥ मथुरायां कंसनाथो मिथिलायां धनुर्धरः। अयोध्यायां कृत्तिवासः काश्मीरे कपिलेश्वरः॥ २२॥ काञ्चीनगरमध्ये तु मन्नाम त्रिपुरेश्वरः। चित्रकूटे चन्द्रचूडो योगीन्द्रो विन्ध्यपर्वते॥ २३॥ बाणलिङ्गो नर्मदायां प्रभासे शूलभृत्सदा। भोजपुरे भोजनाथो गयायां च गदाधरः॥ २४॥ झारखण्डे वैद्यनाथो बल्केश्वरस्तथैव च। वीरभूमौ सिद्धिनाथो राढे च तारकेश्वरः॥ २५॥ घण्टेश्वरश्च देवेशि रत्नाकरनदीतटे। गङ्गाभागीरथीतीरे कपिलेश्वर इतीरितः॥ २६॥ भद्रेश्वरश्च देवेशि कल्याणेश्वर एव हि। नकुलेशः कालिघाटे श्रीहटे हाटकेश्वरः॥ २७॥ अहंकोचवधूपूरे जयेश्वर इतीरितः। उत्कले विमलाक्षेत्रे जगन्नाथो ह्यहं कलौ॥ २८॥ नीलाचलारण्यमध्ये भुवनेश्वर इतीरितः। रामेश्वरः सेतुबन्धे लंकायां रावणेश्वरः॥ २९॥ रजताचलमध्ये तु कुबेरेश्वर इतीरितः। लक्ष्मीकान्तो महेशानि सदा श्रीशैलपर्वते॥ ३०॥ अम्बको गोमतीतीरे गोकर्णे च त्रिलोचनः। बद्रिकाश्रममध्ये तु कपिनाथेश्वरो ह्यहम्॥ ३१॥ स्वर्गलोके देवदेवो मर्त्यलोके सदाशिवः। पाताले वासुकीनाथो यमराट् कालमन्दिरे॥ ३२॥ नारायणश्च वैकुण्ठे गोलोके हरिहरस्तथा। गन्धर्वलोके देवेशि पुष्पगन्धेश्वरो ह्यहम्॥ ३३॥ श्मशाने भूतनाथश्च गृहे चैव जगद्गुरुः। अवतारः शंकरोऽहं विरूपाक्षस्तथैव च॥ ३४॥ कामिनीजनमध्ये तु कामेश्वर इति स्मृतः। चक्रमध्ये कुलश्चैव सलिले वरुणेश्वरः॥ ३५॥ आशुतोषो भक्तमध्ये शत्रूणां त्रिपुरान्तकः। शिष्यमध्ये गुरुश्चाहं तथैव परमो गुरुः॥ ३६॥ चन्द्रलोके सोमनाथः स्वर्भानुर्भानुमण्डले। त्रैलोक्ये लोकनाथोऽहं रुद्रलोके महेश्वरः॥ ३७॥ समुद्रमथने काले नीलकण्ठस्त्रिलोकजित्। जम्बुद्वीपे जगत्कर्त्ता शाकद्वीपे चतुर्भुजः॥ ३८॥ कुशद्वीपे कपर्दीशः क्रौञ्चद्वीपे कपालभृत्। मणिद्वीपे मीननाथः प्लक्षद्वीपे शशीधरः॥ ३९॥ अहं च पुष्करद्वीपे पुरुषोत्तम इतीरितः। वेदमध्ये वासुदेवो गुरुमध्ये निरञ्जनः॥ ४०॥ पुराणे परमेशानि व्यासेश्वर इतीरितः। आगमे नागमध्येऽहं निगमे नागरूपधृक्॥ ४१॥ सर्वज्ञो ज्योतिषां मध्ये योगीशो योगशास्त्रके। दीनमध्ये दीननाथो नाथनाथस्तथैव च॥ ४२॥ राजराजेश्वरश्चैव नृपाणां नगनन्दिनि। परं ब्रह्म सत्यलोके ह्यनन्तश्च रसातले॥ ४३॥ आब्रह्मस्तम्भमध्ये तु लिङ्गरूपो ह्यहं प्रिये। इति ते कथितं देवि मम नामशतोत्तमम्॥ ४४॥'

यहाँतक शंकरशतनाम हैं। आगे १९ (उन्नीस) श्लोकोंमें इसके पाठका माहात्म्य कहा है—

पठनाच्छ्रवणाच्चैव महापातककोटयः। नश्यन्ति तत्क्षणाद् देवि सत्यं सत्यं न संशयः॥ ४५॥ अज्ञानिनां ज्ञानसिद्धिर्ज्ञानिनां परमं धनम्। अतिदीनदरिद्राणां चिन्तामणिस्वरूपकम्॥ ४६॥ रोगिणां पापिनां चैव महौषधि इति स्मृतः। योगिनां योगसारं च भोगिनां भोगमोक्षदः॥ ४७॥ इत्यादि। (मा० त० वि० से उद्धृत)

नारद उवाच-काशीनाथश्शिवस्वामी कन्दर्पघ्नस्तु शंकरः। भूपतिर्भूतनाथश्च भूसुरप्रतिपालकः॥ १॥

भगवान् भूतसङ्गी च भालज्योतिर्निरञ्जनः। अन्धकासुरहा शम्भुर्दक्षयज्ञविनाशनः॥ २॥

देवादिर्देवयोगीशो नागभूषणदुःखहा। भस्मापेतो भवानीशो भावनो भक्तिभाजनः॥ ३॥

विश्वरूपी चिदानन्दः अनादिः पुरुषोत्तमः। जगन्नाथो निराकारः पुरध्वंसन ईश्वरः॥ ४॥

नागचर्माम्बरं धृत्वा जटाधारी जगत्पतिः। जानकीनाथमित्रं च शृङ्गी शङ्खसदाप्रियः॥ ५॥

पद्मासनः शिवार्द्धाङ्गी डमरूमुखरप्रियः। वृषध्वजो दयाधीशो भूतकर्ता करामलः॥ ६॥

नीलकण्ठो निजानन्दो निश्चलो निर्मलश्शिवः। वामदेवो महादेवो भस्मकर्ता तमोगुणः॥ ७॥

भृङ्गीशो वीरभद्रादिः सूर्यकोटिप्रभायुतः। तारकप्राणहन्ता च पिनाकी परमेश्वरः॥ ८॥
पद्माक्षोऽपि परब्रह्म रुद्रो दाता जगत्त्रयः। रावणाश्रयकर्त्ता च रावणारिवरप्रदः॥ ९॥
मस्तके बालचन्द्रोऽस्य शीर्षे गङ्गोदकं शुचि। पञ्चात्मा सुप्रकाशी च पञ्चबाणैकनाशनः॥ १०॥
मृगचर्मसुखासीनो मृगमदो गन्धगाहुकः। रुक्मकञ्चनदाता च रुक्मभूधरमालयम्॥ ११॥
वैद्यनाथश्च नन्दीशः कालकूटस्य भक्षकः। वाराणसीविलासी च पञ्चवक्त्रेश्वरो हरः॥ १२॥
हंससोमाग्निनेत्रश्च भस्मकर्त्ता तमोगुणः। सुगुरुः सुखदो नित्यं निरूपाक्षो दिगम्बरः॥ १३॥
चन्द्रशेखरसिद्धान्तः शान्तभूतः सनातनः। सर्वगः सर्वसाक्षी च सर्वात्मा च सदाशिवः॥ १४॥
योगेश्वरो जगत्त्राता जगज्जीवाधिपालकः। जानकीवल्लभपूज्यो रामेश्वरो जलाश्रयः॥ १५॥
श्मशानसदाक्रीडः कपाली करपन्नगः। विघ्नविध्वंसनो नाम बलिपुत्रवरप्रदः॥ १६॥
हृषीकार्थप्रदस्सिद्धिर्ज्योतीरूपो महेश्वरः। शंकरे शतनामानि प्रणीतान्यादियामले॥ १७॥
सर्वकामप्रदो नित्यं प्रातरुत्थाय यः पठेत्। तस्य सर्वफलप्राप्तिः शिवश्चण्डः प्रसीदति॥ १८॥

इति श्रीब्रह्मयामले शंकरशतनामस्तोत्रं समाप्तम् (रा० बा० दा० रामायणीजीसे प्राप्त)

श्रीविजयानन्द त्रिपाठीने शङ्करशतनामस्तोत्र यह दिया है—'**अथ श्रीशिवाष्टोत्तरशतनाममहामन्त्रस्य आदिनारायणऋषिरनुष्टुप्छन्दः श्रीसदाशिवो देवता श्रीसदाशिवप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः। वज्रदंष्ट्रं त्रिनयनं कालकण्ठमरिन्दमम्। सहस्रकरमत्युग्रं वन्दे देवमुमापतिम्॥ ॐ शिवो महेश्वरः शम्भुः पिनाकी शशिशेखरः। वामदेवो विरूपाक्षः कपर्दी नीललोहितः। शङ्करः शूलपाणिश्च खट्वाङ्गी विष्णुवल्लभः। शिपिविष्टोऽम्बिकानाथः श्रीकण्ठो भक्तवत्सलः। भवः शर्वस्त्रिलोकेशः शितिकण्ठः शिवाप्रियः। उग्रः कपाली कामारिरन्धकासुरसूदनः। गङ्गाधरो ललाटाक्षः कालकालः कृपानिधिः। भीमः परशुहस्तश्च मृगपाणिर्जटाधरः। कैलासवासी कवची कठोरस्त्रिपुरान्तकः। वृषाङ्को वृषभारूढो भस्मोद्धूलितविग्रहः॥ १५॥ सामप्रियः स्वरमयस्त्रयीमूर्तिरनीश्वरः। सर्वज्ञः परमात्मा च सोमसूर्याग्निलोचनः॥ १६॥ हविर्यज्ञमयः सोमः पञ्चवक्त्रः सदाशिवः। विश्वेश्वरो वीरभद्रो गणनाथः प्रजापतिः॥ १७॥ हिरण्यरेता दुर्धर्षो गिरीशो गिरिशोऽनघः। भुजङ्गभूषणो भर्गो गिरिधन्वा गिरिप्रियः॥ १८॥ कृत्तिवासा पुरारातिर्भगवान् प्रमथाधिपः। मृत्युञ्जयः सूक्ष्मतनुर्जगद्व्यापी जगद्गुरुः॥ १९॥ व्योमकेशो महासेनो जनकश्चारुविक्रमः। रुद्रो भूतपतिः स्थाणुरहिर्बुध्न्यो दिगम्बरः॥ १०॥ अष्टमूर्तिरनेकात्मा सात्त्विकः शुद्धविग्रहः। शाश्वतः खण्डपरशुरजः पाशविमोचकः॥ ११॥ मृडः पशुपतिर्देवो महादेवोऽव्ययः प्रभुः। पूषदन्तभिदव्यग्रो दक्षाध्वरहरो हरः॥ १२॥ भगनेत्रभिदव्यक्तः सहस्राक्षः सहस्रपात्। अपवर्गप्रदोऽनन्तस्तारकः परमेश्वरः। तारकः परमेश्वरः। इमानि दिव्यनामानि जप्यन्ते सर्वदा मया। नाम कल्पलतेयं मे सर्वाभीष्टप्रदायिनी। नामान्येतानि सुभगे शिवदानि न संशयः। वेद सर्वस्वभूतानि नामान्येतानि वस्तुतः॥ १५॥ एतानि यानि नामानि तानि सर्वार्थदान्यतः। जप्यन्ते सादरं नित्यं मया नियमपूर्वकम्॥ १६॥ वेदेषु शिवनामानि श्रेष्ठान्यघहराणि च। सन्त्यनन्तानि सुभगे वेदेषु विविधेष्वपि॥ १७॥ तेभ्यो नामानि संगृह्य कुमाराय महेश्वरः। अष्टोत्तरसहस्रं तु नाम्नामुपदिशत्पुरा। इति श्रीगौरीनारायणसंवादे शिवाष्टोत्तरशतनामस्तोत्रं सम्पूर्णम्।**'—(कहाँसे यह लिया इसका पता उन्होंने नहीं दिया है)।

मा० त० वि० में *'संकर सत नामा'* के और अर्थ ये दिये हैं—'शतरुद्री' वा 'शङ्करने जिस नामको सत माना है उसे' वा सत अर्थात् प्रशंसा जो शिवजीका नाम है '**ॐ नमः शिवाय**' इत्यादि।

टिप्पणी—१ *'जपहु जाइ संकर सत नामा।'''''* इति। (क) शङ्करशतनाम जपवानेमें भाव यह है कि जब कोई भागवतापराध हो जाता है तो उसका प्रायश्चित्त भगवन्नामजपसे नहीं होता, किंतु भागवत-भजनसे, भक्तके शरण होनेसे ही वह पाप नष्ट होता है। इसके उदाहरण दुर्वासा ऋषि हैं (उन्होंने अम्बरीष महाराज परमभागवतका अपराध किया तब चक्रने महर्षिका पीछा किया, ब्रह्मा, शङ्कर एवं चक्रपाणिभगवान्‌की शरण जानेपर भी उनकी रक्षा न हुई। भगवान्‌ने स्पष्ट कह दिया कि अम्बरीषकी ही शरण जानेसे तुम्हारा दुःख छूट सकता है, अन्यथा नहीं। दुर्वासाजीको भक्तराज अम्बरीषकी शरण

जाना पड़ा। भागवत और भक्तमालमें कथा प्रसिद्ध है। देवर्षि नारदने भागवतापराध किया है। शङ्करजी परम भागवत हैं—**'वैष्णवानां यथा शम्भुः।'** (भा० १२। १३। १६) नारदजीने उनका उपदेश नहीं माना (किंतु उनमें ईर्ष्या और स्पर्धाकी भावना रखकर उनको प्रणाम भी न किया), इसीसे उन्हींका नाम जपनेको कहा। अपनेको दुर्वचन कहे इसका भी प्रायश्चित्त शङ्करशतनाम बताया। [भगवान्‌का स्वभाव है कि *'निज अपराध रिसाहिं न काऊ।'* (२। २१८। ४) *'जन गुन अलप गनत सुमेरु करि अवगुन कोटि बिलोकि बिसारन।'* (वि० २०६), *'अपराध अगाध भएँ जन तें अपने उर आनत नाहिंन जू'* (क० ७। ७) अतएव अपनेको कहे हुए दुर्वचनोंको तो वे दृष्टिमें लाते ही नहीं। परंतु *'जो अपराध भगत कर करई। राम रोष पावक सो जरई॥'* (२। २१८। ५) इन्होंने परम भक्त श्रीशङ्करजीका अपराध किया है, इसलिये मुनिके *'मैं दुर्बचन कहे बहुतेरे।'''''पाप मिटिहि किमि मेरे'* इन वचनोंके उत्तरमें भी वे *'जपहु जाइ संकर सत नामा'* यही प्रायश्चित्त कह रहे हैं। यह कहकर वे नारदजीको संकेतसे बता रहे हैं कि वस्तुतः तुमने शङ्करजीका अपराध किया है, जो अक्षम्य है, अतः तुम यह प्रायश्चित्त करो। (शिव पु० में भगवान्‌ने यही कहा है। यथा—**'यदकार्षीशिववचो वितथं मदमोहितः। स दत्तवानीदृशं ते फलं कर्मफलप्रदः।'** (रुद्र सं० २। ४। २९) अर्थात् मदसे मोहित होकर तुमने जो शिवजीके वचनोंको नहीं माना उसीका फल कर्मफलदाताने तुमको दिया। *'जपहु जाइ संकर सत नामा'* यथा—**'शतनामशिवस्तोत्रं सदानन्यमतिर्जप।'** (२। ४। ३७) अपने प्रति किये हुए अपराधको तो मैं अपराध गिनता ही नहीं, यदि तुम उसे अपराध मानते हो तो वह भी इसीसे छूट जायगा।]

(ख) *'होइहि तुरत हृदय बिश्रामा'* इति। *'तुरत''''* से शङ्करशतनामका माहात्म्य कहा। अर्थात् इससे जनाया कि भागवत-भजनका प्रभाव सद्यः होता है, उसका फल शीघ्र ही मिलता है। भगवान्‌को दुर्वचन कहनेसे नारदजीके हृदयमें संताप है, इसीसे हृदयको विश्राम होना कहा। पापसे विश्रामकी हानि होती है, पापोंके नष्ट होनेसे विश्राम मिलता है।

टिप्पणी—२ (क) *'कोउ नहि सिव समान प्रिय मोरें।'* इति। भाव कि सभी जीव हमें प्रिय हैं, यथा—*'सब मम प्रिय सब मम उपजाये।'* (७। ८६। ४) पर शिवजी अपनी रामभक्तिसे मुझे सबसे अधिक प्रिय हैं। यथा—*'पनु करि रघुपति भगति देखाई। को शिव सम रामहि प्रिय भाई॥'* (१। १०४) (ख) *'असि परतीति तजहु जनि भोरें।'* इति। भाव यह कि तुमने ऐसी प्रतीतिको त्याग दिया था। इसीसे तुमने शङ्करजीके वचनोंका प्रमाण न माना, किंतु उनका अनादर किया। प्रतीतिके त्यागसे ये शिवभक्ति न करेंगे, क्योंकि *'बिनु बिस्वास भगति नहीं'* और शिवभक्ति बिना ये हमको प्रिय न होंगे, ऐसा विचारकर भगवान्‌ने ये वचन कहे कि कदापि ऐसा विश्वास न छोड़ना।

जेहि पर कृपा न करहिं पुरारी। सो न पाव मुनि भगति हमारी॥ ७॥
अस उर धरि महि बिचरहु जाई। अब न तुम्हहि माया नियराई॥ ८॥

दो०—बहु बिधि मुनिहि प्रबोधि प्रभु तब भये अंतरधान।
सत्यलोक नारद चले करत राम गुन गान॥ १३८॥

अर्थ—हे मुनि! जिसपर त्रिपुरारि (शिवजी) कृपा नहीं करते, वह हमारी भक्ति नहीं पाता॥ ७॥ हृदयमें ऐसी धारणा करके पृथ्वीपर जाकर विचरते रहो। अब माया तुम्हारे निकट नहीं आवेगी॥ ८॥ बहुत तरहसे मुनिको समझा-बुझाकर तब प्रभु अन्तर्धान हो गये। नारदजी श्रीरामजीका गुण-गान करते हुए ब्रह्मलोकको चलते हुए॥ १३८॥

टिप्पणी—१ *'जेहि पर कृपा न करहिं पुरारी।''''''* इति। (क) कृपा न करनेमें 'त्रिपुरारी' नाम दिया। क्योंकि त्रिपुरपर कृपा न की थी। *'जेहि पर'* एकवचन देनेका भाव कि भक्ति पानेवाले कोई एक ही होते हैं, बहुत नहीं हैं, इसीसे बहुवचन *'जिन्ह'* न कहा, यथा—*'कोउ एक भाव भगति जिमि मोरी।'* (४। १६) (ख) मिलान कीजिये—*'औरौ एक गुपुत मत सबहि कहउँ कर जोरि। संकरभजन*

बिना नर भगति न पावइ मोरि॥' (७। ४५) (ग) ☞इन चौपाइयोंके क्रमका भाव यह है कि शङ्करनाम जपे तब शङ्कर कृपा करें तब हमारी भक्ति मिले, फिर हमारी भक्तिकी प्राप्ति होनेपर माया पास नहीं आती। अतः *'अब न तुम्हहि माया नियराई'* यह अन्तमें सबके पीछे कहा। (घ) *'अस उर धरि महि बिचरहु जाई'* इस कथनका भाव यह है कि दक्षशापके कारण नारदजी एक जगह नहीं ठहर सकते, अतः *'बिचरहु जाई'* कहा। (इससे यह भी जनाया कि भगवान् देवताओंके आशीर्वाद एवं शापको व्यर्थ नहीं करते। अतः कहा कि पूर्ववत् सर्वत्र विचरते रहना, क्योंकि इससे परोपकार होता रहेगा।) और सन्त अपने सुखसे पृथ्वीपर विचरते रहते हैं—*'फिरत सनेह मगन सुख अपने। नाम प्रसाद सोच नहिं सपने॥'* (१। २५) *'सब संत सुखी बिचरंति मही।'* (७। १४) (ङ) *'अस'* अर्थात् ऐसी धारणा रखकर कि शिवसमान कोई भगवान्‌को प्रिय नहीं है और बिना उनकी कृपाके श्रीरामजीकी भक्ति प्राप्त नहीं हो सकती। (च) *'महि बिचरहु जाई'* अर्थात् विचर-विचरकर पृथ्वीपर भी लोगोंको इसका उपदेश करना। [सन्त परोपकारार्थ विचरा करते ही हैं, यथा—*'जड़ जीवन्ह को करै सचेता। जग माहीं बिचरत एहि हेता॥'* (वै० सं०। ९) तुम यह भी उपदेश देकर जगत्‌का उपकार करना।] (छ) *'अब न तुम्हहिं माया नियराई'*। भाव कि तुमने शङ्करजीकी भक्ति न की (उनके वचनोंको न माना, यही भक्ति न करना है, यथा—*'अज्ञा सिर पर नाथ तुम्हारी')* इसीसे माया तुम्हारे पास आयी, अब शङ्करनामजपसे हमारी भक्ति दृढ़ बनी रहेगी, इससे माया पास न फटक सकेगी। क्योंकि माया भक्तिसे डरती है, यथा—*'भगतिहि सानुकूल रघुराया। ताते तेहि डरपति अति माया॥'* (७। ११६। ५) (ज) 'मायाका नियराना' क्या है? मायाका व्यापना क्लेश है, यथा—*'बार बार कौसल्या बिनय करै कर जोरि। अब जनि कबहूँ ब्यापै प्रभु मोहि माया तोरि॥'* (२०२) पुनः यथा—*'माया संभव भ्रम सकल अब न ब्यापिहहिं तोहि।'* (७। ८५) इत्यादि। भगवान् जिसकी माया दूर कर देते हैं, उसे फिर माया नहीं व्यापती, इसीसे वे कहते हैं कि *'अब न तुम्हहिं माया नियराई'*। *'नियराई'* से जनाया कि हमने माया दूर कर दी है, अब आगे कभी न पास फटकेगी। नियराना=पास जाना। [इसमें यह भी ध्वनि है कि जभी हृदयसे यह बात निकाल दोगे, तभी माया आ दबावेगी। भाव यह कि शंकरविमुख होनेसे भगवान् भी विमुख हो जाते हैं तब माया अच्छी तरह लथेड़ती है, इसीलिये भगवान् सावधान कर रहे हैं। (मा० पी० प्र० सं०)]

नोट—१ यह भगवान्‌का आशीर्वाद है।—*'तुलसी जेहि के रघुबीर से नाथ समर्थ सुसेवत रीझत थोरे। कहा भवभीर परी तेहि धौं बिचरै धरनी तिनसों तिन तोरें।'*—(क० उ० ४९)

मानसमयङ्ककार लिखते हैं कि 'नारदको तीन कारणोंसे मोह हुआ। १—विप्र (दक्ष) शाप मिथ्या करना, २-शिव अपमान, ३-शेषशय्यापर बैठना। प्रथम दोनोंका प्रतिफल पा गये, तीसरा अपराध जो स्वयं भगवान्‌का किया उसको उन्होंने क्षमा किया और स्वयं हाथ जोड़कर प्रबोध किया अर्थात् अपना ही दोष स्वीकार किया, पुनः बार-बार हृदयमें लगाकर बिदा किया।'

टिप्पणी—२ (क) *'बहु बिधि मुनिहि प्रबोधि प्रभु'* इति।—(१) शाप हमारी इच्छासे हुआ, (२) पाप मिटनेका प्रायश्चित्त बताया, (३) अपनी भक्तिका मूल जो शिवभक्ति है उसका उपदेश किया और, (४) यह कहा कि अब माया तुम्हारे पास न आवेगी, यही *'बहु बिधि'* का समझाना है। (ख) *'तब भये अंतरधान'* अर्थात् जब प्रबोध हो गया तब। अब सब काम पूरा हो गया, कुछ करनेको न रह गया, अतएव अब अन्तर्धान होनेका योग्य समय था। ☞मायाको प्रेरित करनेसे सब कार्य हुआ। [*'श्रीपति निज माया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करनी तेहि केरी॥'*] (१२८। ८) उपक्रम है, वहाँसे मायाका प्रसङ्ग चला और *'श्राप सीस धरि हरषि हिय प्रभु बहु बिनती कीन्हि'* तक उसकी कठिन करनीका वर्णन हुआ। सब कार्य मायाके द्वारा यहाँतक सम्पन्न हो गया तब *'निज माया कै प्रबलता करषि कृपा निधि लीन्हि।'* (१३७) यह उपसंहार है। मायाकी प्रबलताको खींच लिया, यहाँ मायाका नाट्य समाप्त हुआ, यही मानो 'ड्राप सीन' परदेका गिराना है। जब मायाको खींच लिया तभी आपको भी अन्तर्धान हो जाना था पर आपके उस समय अन्तर्धान हो जानेसे नारदके हृदयमें संताप बना रह जाता। स्वामीको

शाप दिया, अनेक दुर्वचन कहे, यह उनके हृदयको सदा संतप्त रखता, वे शान्ति न पाते, इसीसे नारदको उद्धारका उपाय बताकर, प्रबोध देकर उनका संताप दूर करके 'तब' अन्तर्धान हुए।

टिप्पणी—३ *'सत्यलोक नारद चले'* इति। (क) भगवान्‌ने तो आज्ञा दी थी कि *'महि बिचरहु जाई'* और नारद चले *'सत्यलोक'* को। इसका तात्पर्य यह है कि *'महि'* (पृथ्वी) सब लोकोंमें है, सब लोक बसे हुए हैं। ये प्रथम सत्यलोकवासियोंको उपदेश करके तब (रजोगुणी) मर्त्यलोक और (फिर तमोगुणी) पातालादि लोकोंके निवासियोंको क्रमशः उपदेश करेंगे। पुनः, भाव कि अपूर्व बात सुनकर उसे ब्रह्मलोकमें कहनेकी उत्कण्ठा हुई, यथा—*'नित नव चरित देखि मुनि जाहीं। ब्रह्मलोक सब कथा कहाहीं॥ सुनि बिरंचि अतिसय सुख मानहिं। पुनि पुनि तात करहु गुन गानहिं॥ सनकादिक नारदहि सराहहिं। जद्यपि ब्रह्मनिरत मुनि आहहिं॥'* (७। ४२) शिवजीकी भक्तिसे रामभक्ति प्राप्त होती है, यह बात नारदकी जानी हुई न थी, इसीसे उन्होंने शिवजीमें प्रेम न किया था। यह समझकर कि यह बात किसीकी जानी हुई नहीं है, यदि जानी होती तो भगवान् यह कैसे कहते कि *'औरउ एक गुपुत मत सबहिं कहउँ"""'*। अतएव उसे बतानेके लिये ब्रह्मलोकको गये। [अथवा, नारदको *'संकर सत नाम'* रूपी गुप्त पदार्थ मिला है, उसे जपनेके लिये 'सत्य' लोकको चले। अथवा, इनका स्वभाव है कि जब कोई अपूर्व पदार्थ पाते हैं तो पहले ब्रह्मलोकमें ही जाकर उसे प्रकट करते हैं, अतः वहीं प्रथम गये। पुनः, रुद्र सं० में भगवान्‌ने उनसे ब्रह्मलोकमें जाने और उनसे शिवजीकी महिमा पूछनेको कहा है और यह भी कहा है कि ये तुम्हें शङ्करजीके शतनामस्तोत्र बतायेंगे, यथा—**'ब्रह्मलोके स्वकामार्थं शासनान्मम भक्तितः।"""स शैवप्रवरो ब्रह्मा माहात्म्यं शङ्करस्य ते। श्रावयिष्यति सुप्रीत्या शतनामस्तवं च हि।'** (२। ४, ७२—७४) अतः वहाँ गये।] (ख) *'चले करत राम गुनगान'* यह उपसंहार है, *'एक बार करतल बर बीना। गावत हरिगुन गान प्रबीना॥'* (१२८। ३) उपक्रम है। बीचमें मोहवश हो जानेसे हरिगुणगान छूट गया था। अब मोह-निवृत्त हो गया तब भगवान्‌में अनुराग उत्पन्न हुआ। अतएव पुनः गुणगान करते चले—*'मोह गए बिनु रामपद होइ न दृढ़ अनुराग'*।

नोट—२ यहाँ उपदेश है कि मायाके आवरणसे अपना स्वरूप भूल जाता है, भजन-पाठ सब छूट जाता है, महात्माओंका अनादर होने लगता है, मायाकी प्राप्तिके लिये अनेक यत्न किये जाते हैं। इन सबका फल केवल दुःखकी प्राप्ति है और कुछ हाथ नहीं लगता।—*'राम दूरि माया प्रबल घटति जानि मन माहिं'*— (दोहावली ६९)

* नारदमोहप्रसङ्गका अभिप्राय *

नारदको कामके जीतनेका अभिमान हुआ—*'जिता काम अहमिति मन माहीं'* तब शम्भु-ऐसे उपदेष्टाका उपदेश न अच्छा लगा।—*'संभु दीन्ह उपदेस हित नहिं नारदहि सुहान'*। उपदेश न लगनेसे उनको मायाकृत प्रपञ्च देख पड़ा—*'बिरचेउ मग महुँ नगर तेहि"""'* इत्यादि। तदनन्तर माया देख पड़ी-*'आनि देखाई नारदहि भूपति राजकुमारि'* और वे उसे देखकर मोहित हो गये—*'बड़ी बार लगि रहे निहारी'*, ज्ञान-वैराग्यको तिलाञ्जलि दे दी—*'देखि रूप मुनि बिरति बिसारी'* और *'लच्छन तासु बिलोकि भुलाने'*। मोहित हो जानेसे उनको मायाकी प्राप्तिकी चिन्ता हुई—*'नारद चले सोच मन माहीं'*, और वे उसकी प्राप्तिका यत्न करने लगे *'करउँ जाइ सोइ जतन बिचारी। जेहि प्रकार मोहि बरइ कुमारी॥'* मायाके लिये यत्न करनेमें स्वरूप बदल गया, यत्न करनेमें हँसी और दुर्दशा हुई, ऐसा जान पड़ा कि विश्वमोहिनी मिलना ही चाहती है, यत्न न सिद्ध होनेसे व्याकुल हुए—*'मुनि अति बिकल मोहि मति नाठी। मनि गिरि गई छूटि जनु गाँठी'*॥ मायाके लिये ही भगवान्‌को शाप दिया, दुर्वचन कहे, उनसे विरोध किया। भगवान्‌की कृपासे मायाकी प्राप्ति न हुई। जब भगवान्‌ने कृपा की तब यह बात समझ पड़ी। ☞इस प्रसङ्गसे यह उपदेश दे रहे हैं कि अभिमानियों और मायासेवियोंकी ऐसी ही दुर्दशा होती है, यही उनकी दशा है।

हरगन मुनिहि जात पथ देखी। बिगत मोह मन हरष बिसेषी॥ १॥
अति सभीत नारद पहिं आए। गहि पद आरत बचन सुनाए॥ २॥

हरगन हम न बिप्र मुनिराया। बड़ अपराध कीन्ह फल पाया॥ ३॥
श्राप अनुग्रह करहु कृपाला। बोले नारद दीनदयाला॥ ४॥
निसिचर जाइ होहु तुम्ह दोऊ। बैभव बिपुल तेज बल होऊ॥ ५॥

शब्दार्थ—'अनुग्रह'=अनिष्ट निवारण, दुःख दूर करनेकी कृपा। श्राप अनुग्रह=शापसे उत्पन्न अनिष्टका निवारण, यथा—'*संकर दीनदयाल अब एहि पर होहु कृपाल। साप अनुग्रह होइ जेहि नाथ थोरेही काल॥*' (७। १०८)

अर्थ—शिवजीके गणोंने मुनिको मोहरहित और मनमें बहुत प्रसन्न रास्तेमें जाते देख॥ १॥ बहुत ही डरे हुए वे नारदजीके पास आये और उनके चरण पकड़कर दीन वचन बोले॥ २॥ हे मुनिराज! हम शिवजीके गण हैं, ब्राह्मण नहीं, हमने बड़ा भारी अपराध किया सो उसका फल पाया॥ ३॥ हे कृपालु! शाप-निवारणकी कृपा कीजिये। यह सुनकर दीनदयालु नारदजी बोले—तुम दोनों जाकर निशिचर होवो, तुम्हारा तेज, बल और ऐश्वर्य बहुत भारी होवे॥ ५॥

नोट—१ मिलानके श्लोक, यथा—'**अथ तं विचरन्तं कौ नारदं दिव्यदर्शनम्। ज्ञात्वा शम्भुगणौ तौ तु सुचित्तमुपजग्मतुः॥ शिरसा सुप्रणम्याशु गणावूचतुरादरात्। गृहीत्वा चरणौ तस्य शापोद्धारेच्छया च तौ॥ ब्रह्मपुत्र सुरर्षे हि शृणु प्रीत्यावयोर्वचः। तवापराधकर्तारावावां विप्रौ न वस्तुतः॥ आवां हरगणौ विप्र तवागस्कारिणौ मुने॥''''स्वकर्मणः फलं प्राप्तं कस्यापि नहि दूषणम्। सुप्रसन्नो भव विभो कुर्वनुग्रहमद्य नौ॥ ''''वीर्या मुनिवरस्याप्त्वा राक्षसेशत्वमादशत्। स्यातां विभवसंयुक्तौ बलिनौ सुप्रतापिनौ॥** (रुद्र० सं० २। ५, ३-६, ८, १३)

टिप्पणी—१ (क) '*हरगन मुनिहि जात पथ देखी*' इति। नारद शाप देकर जलमें पुनः मुँह देखने चले गये थे, वहाँसे चले तो बीचमें भगवान्‌से भेंट हुई। रुद्रगण इनकी राह ताकते रहे कि कब इधर आवें और हम शापानुग्रहकी प्रार्थना करें। (ख) '*बिगत मोह मन हरष बिसेषी*' इति। भाव कि पूर्व जब नारदको देखा था तो मोहयुक्त और मनमें विषाद देखा था। वह समय शापानुग्रह करानेके योग्य न था। अब मनमें विशेष हर्ष है, मोह जाता रहा; अतः यह शापानुग्रहके लिये सुन्दर अवसर है। (ग) मनका हर्ष और मोह-विगत होना कैसे मालूम हुआ? इससे कि अब रामगुणगान करते देख रहे हैं—'*सत्यलोक नारद चले करत रामगुन गान।*' जबतक मोह और विषादयुक्त रहे तबतक रामगुणगान नहीं किया।

टिप्पणी—२ (क) '*अति सभीत नारद पहिं आए*' इति। पूर्व 'भारी भय' पर ही रुद्रगणोंका प्रसङ्ग छोड़ा था—'*अस कहि दोउ भागे भयभारी।*' 'भारी भय' से भागे थे, उसी भारी भयसे युक्त अब सामने आये। '*अति सभीत*' का भाव कि बड़ा भारी अपराध किया है इससे भारी भय है; सामान्य अपराध होता तो साधारण भय होता, '*बड़ अपराध कीन्ह फल पाया।*' [अथवा पहिले इन्होंने हँसी-मसखरी की थी, '*निज मुख मुकुर बिलोकहु जाई*' इससे भारी भय हुआ था कि मुँह देखनेपर शाप न दे दें, अतः '*भागे भय भारी।*' जब शाप दे दिया गया कि 'राक्षस हो' तब '*अति सभीत*' हो गये। (प्र० सं०) (ख) '*गहि पद आरत बचन सुनाए*' यथा—'*आतुर सभय गहेसि पद जाई। त्राहि त्राहि दयाल रघुराई॥ निज कृत कर्म जनित फल पायउँ। अब प्रभु पाहि सरन तकि आयउँ। सुनि कृपाल अति आरत बानी।*' (३। २) पुनः यथा—(लं० २०)—'*आरतगिरा सुनत प्रभु अभय करहिंगे तोहि*' इस प्रकार आर्त होकर बोले जिसमें वे कृपा करें। [मन, कर्म और वचन तीनोंसे मुनिकी शरण आ साष्टाङ्ग पड़ गये, यह बात 'आर्त वचन' में झलक रही है। '*अति सभीत*' यह मनकी दशा, '*गहि पद*' यह कर्म है और '*आरत बचन सुनाए*' यह वचन है।]

टिप्पणी—३ (क) '*हरगन हम न बिप्र मुनिराया*' इति। भाव कि महात्मा लोग निष्कपट, निश्छल वचन कहनेसे प्रसन्न होते हैं, इसीसे इन्होंने अपना छल-कपट खोल दिया कि हम विप्र नहीं हैं। और भगवान्‌ने महादेवजीको अति प्रिय बताकर शिवजीमें नारदजीकी निष्ठा करायी है, अतएव यह भी कहा कि हम हरगण हैं जिसमें शिवजीके नातेसे अवश्य हमपर कृपा करें। पुनः कदाचित् मुनिके मनमें ग्लानि हो कि हमने क्रोधवश हो ब्राह्मणोंको शाप दे दिया जैसे भगवान्‌को शाप देनेपर पश्चात्ताप हुआ था, अतः

उस ग्लानिको मिटानेके लिये कहते हैं कि हम हरगण हैं, इत्यादि; विप्र नहीं हैं। (ख) *'बड़ अपराध कीन्ह फल पाया'* इति। बड़ा अपराध जो किया और उसका फल पूर्व कह आये हैं, यथा—*'होहु निसाचर जाइ तुम्ह कपटी पापी दोउ। हँसेहु हमहिं सो लेहु फल बहुरि हँसेहु मुनि कोउ।'* (ब्राह्मणोंका अपमान करना बड़ा अपराध है, उसका फल राक्षस होना है); इसीसे यहाँ न कहा। [पुनः *'बड़ अपराध'* का भाव कि किसीपर कूट-मसखरी करना 'अपराध' है और संतोंसे, भागवतोंसे ऐसा करना 'बड़ा अपराध' है। *'फल पाया'* अर्थात् हरगणकी पदवी पाकर उससे च्युत होकर राक्षस होने जा रहे हैं।]

टिप्पणी—४ *'श्राप अनुग्रह करहु कृपाला'* इति। (क) शाप क्रोधसे होता है, यथा—*'बेष बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा। तिन्हहिं सराप दीन्ह अति गाढ़ा॥'* और कृपासे वही शाप अनुग्रह हो जाता है, इसीसे 'कृपाल' सम्बोधन दिया। [मिलान कीजिये—*'जदपि कीन्ह एहि दारुन पापा। मैं पुनि दीन्ह कोप करि श्रापा॥ तदपि तुम्हारि साधुता देखी। करिहउँ एहि पर कृपा बिसेषी॥'* (७। १०९) *'कृपाला'* का भाव यह भी है कि आप अपनी कृपासे शापको अनुग्रहरूप कर दीजिये, हमारी करनी ऐसी नहीं है कि वह अनुग्रहरूप हो जाय, अपनी कृपालुताकी ओर देखकर कृपा करें। यथा—'**स्वेनैव तुष्यतु कृतेन स दीनानाथः।**' क्रोधका शाप दुःखरूप होता है, उसे आप अपनी कृपासे सुखरूप बना दीजिये। हरगण जानते हैं कि देवर्षिके वचन व्यर्थ नहीं हो सकते, इसीसे वे केवल शापानुग्रहकी प्रार्थना करते हैं और नारदजीने किया भी ऐसा ही। शाप कायम रखा पर उनको विश्वविजयी बनाकर भगवान्‌के हाथ उनकी मृत्यु दी]। (ख) *'बोले नारद दीनदयाला'* इति। दया करना संतस्वभाव है, संतोंका धर्म है, यथा—*'कोमल चित दीनन्ह पर दाया।'* (७। ३८) नारदजी दीनोंपर दया किया करते हैं, यथा—*'नारद देखा बिकल जयंता। लागि दया कोमल चित संता॥'* (३। २) इसीसे रुद्रगणोंको दीन देखकर उन्होंने दया की। 'बड़ा अपराध किया। उसका फल यह मिला कि देवतासे राक्षस हुए। अब राक्षसयोनिसे उद्धार आपकी कृपासे होगा'—ये दीन वचन हैं। (दीनदयालुता उनके शापानुग्रहसे आगे दिखाते हैं। प्रणाममात्रसे, *'गहि पद आरत बचन सुनावा'* इतने मात्रसे, उनको विश्वभरका राज्य और विपुल वैभवादि सब कुछ दे दिया। *'दीनदयाला'* शब्द साभिप्राय है। दीन वचन सुनकर दीनोंपर दया करनेवाला ही पिघल जाता है और आर्त्तके दुःखको दूर करता है। यहाँ 'परिकराङ्कुर अलंकार' है।)

टिप्पणी—५ (क) *'निसिचर जाइ होहु तुम्ह दोऊ'* इति। भाव कि हमने जो शाप दिया था कि *'जाइ निसाचर होउ तुम्ह कपटी पापी दोउ'* वह अन्यथा न होगा *'होइ न मृषा देवरिषि भाषा'* इसे प्रमाण करके आगे अनुग्रह करते हैं। *'जाइ होहु'* अर्थात् शरीर छूटनेपर निशाचर हो, यह बात *'भए निसाचर कालहि पाई'* से सिद्ध होती है जो आगे कहेंगे। (ख) *'बैभव बिपुल तेज बल होऊ'* अर्थात् राजाओंका वैभव, तेज और बल दिया। जो राजाको होना चाहिये। वह देकर आगे राजा होनेका वरदान देते हैं। 'बिपुल' शब्द देहलीदीपक है। विपुलका अर्थ आगे *'भुजबल बिस्व जितब'* देते हैं। ☞(यह अनुग्रह है)। ☞वैभव, रूप, तेज, बल और नीति ये पाँच अङ्ग राजाओंके अन्यत्र कहे हैं, यथा—*'सत सुरेस सम बिभव बिलासा। रूप तेज बल नीति निवासा॥'* (१३०। ३) इनमेंसे नारदने इनको तीन ही दिये। रूप और नीति इन दोका देना यहाँ नहीं कहा। क्योंकि राक्षसोंमें ये दोनों नहीं होते। राक्षस कुरूप और अन्यायी होते हैं, यथा—*'देखत भीमरूप सब पापी।'* (१८३। ३) *'बरनि न जाइ अनीति घोर निसाचर जो करहिं।'* (१८३) *'करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी।'* यदि वे नीतिसे चलें तो राक्षस ही क्यों कहलावें और तब भगवान्‌का अवतार क्यों होने लगा?

भुजबल बिस्व जितब* तुम्ह जहिआ। धरिहहिं बिष्नु मनुज तनु तहिआ॥ ६॥
समर मरन हरि हाथ तुम्हारा। होइहहु मुकुत न पुनि संसारा॥ ७॥
चले जुगल मुनिपद सिर नाई। भए निसाचर कालहि पाई॥ ८॥

* १६६१ में 'जीतब' है।

दोहा—एक कलप एहि हेतु प्रभु लीन्ह मनुज अवतार।
सुररंजन सज्जन सुखद हरि भंजन भुबि भार॥१३९॥

शब्दार्थ—जहिआ=ज्यों ही, जब। तहिआ=तब। संसारा=आवागमन।

अर्थ—जब तुम अपनी भुजाओंके बलसे ब्रह्माण्डभरको जीत लोगे तब विष्णुभगवान् मनुष्य-शरीर धारण करेंगे॥६॥ तुम्हारी मृत्यु संग्राममें हरिके हाथोंसे होगी, तुम मुक्त हो जाओगे। फिर तुमको संसार न होगा अर्थात् जन्म-मरणसे छूट जाओगे॥७॥ दोनों गण मुनिको मस्तक नवाकर चले गये और काल पाकर निशाचर हुए॥८॥ देवताओंको आनन्द और सज्जनोंको सुख देनेवाले, पृथ्वीका भार-भञ्जन करनेवाले हरिभगवान्ने एक कल्पमें इस कारण मनुष्य-तन धारण किया॥१३९॥

टिप्पणी—१ (क) *'भुजबल बिस्व जितब तुम्ह जहिआ'* अर्थात् तुम विश्वभरके राजा होगे। यथा—*'भुजबल बिस्व बस्य करि राखेसि कोउ न सुतंत्र। मंडलीकमनि रावन राज करै निज मंत्र॥'* (१८२) वैभव, तेज, बल और विश्वका राज्य यह सब देकर उनका यह लोक बनाया। जब विश्वभरसे बल अधिक दिया तब यह भी निश्चय पाया जाता है कि उससे वैभव और तेज भी अधिक दिया है। ☞यहाँ विपुल बलको चरितार्थ करते हैं कि जब तुम विपुल बलसे विश्वको जीतोगे तब तुम्हारे पास विश्वभरका वैभव हो जायगा। (ख) *'धरिहहिं बिष्नु मनुज तनु तहिआ'* इति। भगवान्की इच्छाके अनुकूल शाप हुआ है इसीसे कहते हैं कि *'धरिहहिं मनुज तनु।'* ['जहिआ' और 'तहिआ' से जनाया कि जिस दिन तुम विश्वको जीत लोगे उसी दिन विष्णु नररूपमें अवतीर्ण होंगे। इससे सिद्ध हुआ कि इस कल्पमें रावणने बहुत दिनतक राज्य नहीं किया। (वि० त्रि०)] (ग) *'समर मरन हरि हाथ तुम्हारा'* यह मरणकी उत्तमता कही। [संग्राममें मरना यह वीरोंकी शोभा है, यथा—*'समर मरन पुनि सुरसरि तीरा। रामकाजु छनभंगु सरीरा॥'* (२। १९०) और फिर भगवान्के हाथसे तब उस मरणकी प्रशंसा क्या की जाय?] पुनः, 'हरिहाथ' मरणका भाव कि जब तुम विष्णुका अपराध करोगे तब वे मारेंगे। हरिहाथ मरण होनेसे *'होइहहु मुकुत'* कहा, यथा—*'रघुबीर सर तीरथ सरीरन्हि त्यागि गति पैहहिं सही।'* (घ) *'न पुनि संसारा'* का भाव कि एक ही शरीरके बाद मुक्ति हो जायगी, जय-विजयकी तरह पुनर्जन्म न होगा। ☞*'भुजबल बिस्व……'* से इहलोक बनाया और यहाँ *'होइहहु मुकुत……'* यह परलोक बनाया। (ङ) लोक और परलोक दोनों साधुकी कृपासे बनते हैं।

टिप्पणी—२ *'चले जुगल मुनिपद सिर नाई।'* तात्पर्य कि मुनिने अच्छी तरहसे शापानुग्रह कर दिया, अतः प्रणामसे कृतज्ञता एवं शिष्टाचार, सदाचार सूचित किया। (ख) यहाँ मुनिका चलना न कहा क्योंकि पूर्व लिख चुके हैं *'सत्यलोक नारद चले करत रामगुन गान।'* (मार्ग चलतेमें ही शापानुग्रह किया।) (ग) *'कालहि पाई'* । काल=समय।—मृत्यु। जैसे नारदने भगवान्से विनय की थी, वैसे ही रुद्रगणोंने नारदसे की। दोनोंके शापोद्धार-प्रसङ्गका मिलान यथा—

नारदजी	हरगण
बीचहिं पंथ मिले दनुजारी	१ *हरगन मुनिहि जात पथ देखी*
तब मुनि अति सभीत हरिचरना	२ *अति सभीत नारद पहिं आए*
गहे पाहि प्रनतारतिहरना	३ *गहि पद आरत बचन सुनाए*
मृषा होउ मम श्राप कृपाला	४ *श्राप अनुग्रह करहु कृपाला*
मम इच्छा कह दीनदयाला	५ *बोले नारद दीनदयाला*

☞दोनों मन, कर्म और वचनसे शरण हुए और दोनोंने प्रणाम किया।

'कह मुनि पाप मिटिहिं किमि मेरे	६ *बड़ अपराध कीन्ह फल पाया*

☞भगवान्ने कृपा करके नारदको सन्तोष दिया वैसे ही नारदजीने हरगणोंको—

जपहु जाइ संकर सतनामा	७ *बैभव बिपुल तेज बल होऊ*

होइहि हृदय तुरत बिश्रामा ८ *होइहहु मुकुत न पुनि संसारा*
सत्यलोक नारद चले ९ *चले जुगल मुनिपद सिर नाई*

टिप्पणी—३ (क) *'एक कलप एहि हेतु प्रभु"'* इति। एक-दो-तीन ऐसी गणना नहीं की, इसीसे सब जगह 'एक' 'एक' पद दिया है, यथा—*'एक कलप एहि बिधि अवतारा। चरित पवित्र किए संसारा॥', 'एक कलप सुर देखि दुखारे। समर जलंधर सन सब हारे॥', 'एक कलप एहि हेतु"""।'* तात्पर्य कि अनन्त कल्पोंमें भगवान्‌के अवतार हुए हैं इसीसे निश्चय नहीं है कि यह कल्प प्रथम है, यह दूसरा है, यह तीसरा है या क्या? इत्यादि। (ख) *'लीन्ह मनुज अवतार'* का भाव कि अन्य कल्पोंमें अन्य-अन्य (वराह, नृहरि, मत्स्य आदि) अवतार हुए हैं, परन्तु इनमें मनुष्य-अवतार ही हुआ है क्योंकि *'रावन मरन मनुज कर जाँचा।'* (ग) *'सुररंजन सज्जन सुखद हरि भंजनभुवि भार'* अर्थात् इसीसे मनुज-अवतार लिया। (घ) ☞नारदकल्पमें माता-पिताका नाम नहीं कहा गया। आगे आकाशवाणीद्वारा कहेंगे, यथा—*'कस्यप अदिति महातप कीन्हा। तिन्ह कहुँ मैं पूरब बर दीन्हा॥"""नारद बचन सत्य सब करिहौं॥'* इत्यादि १८७ (३-६)

☞नोट—१ श्रावणकुञ्जकी संवत् १६६१ की प्रतिमें इस प्रसङ्गमें 'कुअँरि' शब्द चार बार आया है पर दो बार 'अ' पर अनुस्वार है—*'जो बिलोकि रीझै कुअँरि तब मेलइ जयमाल।'* (१३१) *'सखी संग लै कुअँरि तब चलि जनु राजमराल।'* (१३। ४)' और दो बार 'अ' पर अनुस्वार नहीं है—*'रीझिहि राजकुअरि छबि देखी।'* (१३४। ४) *'कुअरि हरषि मेलेउ जयमाला।'* (१३५। ३) दोहोंमें अनुस्वार है, चौपाइयोंमें नहीं। और भी जो भाव इस भेदमें हो पाठक उसे विचारें।

नोट—२. किसी-किसीका यह मत है कि ये रुद्र गण (जो नारदशापसे निशाचर हुए) विश्वविजयी हुए, जैसे प्रतापभानु रावण होनेपर विजयी हुआ। क्योंकि नारदवचन असत्य नहीं होता। और कल्पोंमें जो रावण हुए वे कहीं-कहीं हारे भी हैं।

श्रीलमगोड़ाजी—१ तुलसीदासजीकी प्रहसनकला बड़ी स्वाभाविक है, वहाँ कृत्रिम हास्यपात्रका पता नहीं जो हमेशा सरसे पैरतक हँसी ही उत्पन्न कराये। ऐसे हास्यपात्रसे उपदेश ही क्या मिलेगा?

२—तुलसीदासजीकी हास्यकलामें हास्यपात्रका हित होता है क्योंकि उसकी नैतिक चिकित्सा हो जाती है और साथ ही हमारा कौतुक हो जाता है।

३—इस प्रहसनका अन्तिम परदा बड़ी दूरपर जाकर खुला है। सीताहरणमें दुःखसे पीड़ित भगवान् जब पम्पासरोवरपर तनिक विश्राम करते हैं तब नारदजी पहुँचकर प्रश्न करते हैं कि हे भगवन्! आखिर आपने मुझे विवाह क्यों नहीं करने दिया? उत्तर बड़ा मार्मिक है, इससे हम यहाँ उसकी आलोचना करनेके निमित्त उसे लिखे देते हैं जिसमें सब प्रसङ्ग साफ हो जायँ।

भगवान् कहते हैं—*'सुनु मुनि तोहि कहउँ सहरोसा। भजहिं जे मोहि तजि सकल भरोसा।। करौं सदा तिन्ह कै रखवारी। जिमि बालक राखइ महतारी॥ गह सिसु बच्छ अनल अहि धाई। तहँ राखइ जननी अरगाई॥ प्रौढ़ भए तेहि सुत पर माता। प्रीति करै नहि पाछिलि बाता॥ मोरे प्रौढ़ तनय सम ज्ञानी। बालक सुत सम दास अमानी॥ जनहि मोर बल निज बल ताही। दुहुँ कहँ काम क्रोध रिपु आही॥ यह बिचारि पंडित मोहि भजहीं। पाएहु ज्ञान भगति नहिं तजहीं॥ दो०॥ काम क्रोध लोभादि मद प्रबल मोह कै धारि। तिन्ह महँ अति दारुन दुखद मायारूपी नारि॥ ४३॥ सुनु मुनि कह पुरान श्रुति संता। मोह बिपिन कहुँ नारि बसंता॥ जप तप नेम जलासय झारी। होइ ग्रीषम सोखइ सब नारी॥ काम क्रोध मद मत्सर भेका। इन्हहि हरषप्रद बरषा एका॥ दुर्बासना कुमुद समुदाई। तिन्ह कहुँ सरद सदा सुखदाई॥ धर्म सकल सरसीरुह बृंदा। होइ हिम तिन्हहि दहइ सुखमंदा॥ पुनि ममता जवास बहुताई। पलुहहि नारि सिसिर रितु पाई॥ पाप उलूक निकर सुखकारी। नारि निबिड़ रजनी अँधियारी॥ बुधि बल सील सत्य सब मीना। बनसी सम त्रिय कहहिं प्रबीना॥* दो०—*अवगुनमूल सूलप्रद प्रमदा सब दुखखानि। ताते कीन्ह निवारन मुनि मैं यह जिय जानि॥'* ४४॥

आलोचना—(१) ज्ञान और भक्तिका मार्मिक अन्तर महात्माओंके शब्दोंमें आपको अपने स्थानपर

मिलेगा ही। मैं उसके स्पष्टीकरणका अधिकारी भी नहीं। मुझे तो यह दिखाना है कि कौतुकी भगवान्‌की प्रहसनलीला तथा तुलसीदासकी प्रहसनकलाका मूल स्रोत 'प्रेम' है, केवल 'मखौल' नहीं। (२) जो लोग देश, काल और पात्रका विचार नहीं रखते, जो नाटक-कलाकी व्याख्याके लिये आवश्यक है, वे बहुधा इन वाक्योंको तुलसीदासजीके स्त्री-जगत्‌के प्रति अन्यायरूपमें पेश किया करते हैं। इस प्रसङ्गकी विस्तृत व्याख्या मैं 'तुलसीदासजीके स्त्री-सम्बन्धी कटु वाक्योंकी व्याख्या' 'माधुरी' के एक लेखमें कर चुका हूँ। यहाँ संक्षेपमें इतना कहना काफी है कि नारद एक योगी और मुनि थे जो त्यागमार्गपर आरूढ़ थे। अतः भगवान्‌ने उन्हें श्री (स्त्री) का रूप और मायाका रूप एक ही बताया। परंतु उन्हीं रामने विश्वहितके लिये शिव-विवाह पार्वतीसे रचाया। स्वयं एकनारी-व्रत रखा और यही अपने रामराज्यका आदर्श स्थापित किया, इसी प्रसङ्गसे थोड़ी दूर आगे चलकर बालिको डाँटते हुए श्रीरामने कहा है—'*मूढ़ तोहि अतिसय अभिमाना। नारि सिखावन करेसि न काना॥*' क्या यहाँ और रावण-मंदोदरी-प्रसङ्गमें नारी उपदेशिका रूपमें नहीं है? तुलसीदासजी नारीकी उस रूपमें ही बुराई करते हैं जिसमें वह 'गुल खिलाती' चले और 'गुलछर्रे उड़ाते' आये और हमारे पतनका कारण बने, नहीं तो पतिव्रता स्त्री तथा मातारूपमें तो उन्होंने स्त्रीकी सदा प्रशंसा ही की है। खैर, अब नारदजीकी आखिरी अवस्थाका वर्णन देखिये '*सुनि रघुपतिके बचन सुहाए। मुनि तन पुलकि नयन भरि आए॥ कहहु कवन प्रभु कै यह रीती। सेवक पर ममता अरु प्रीती॥ जे न भजहिं अस प्रभु भ्रम त्यागी। ज्ञान रंक नर मंद अभागी॥*' आपने देखा, इस अन्तिम दृश्यमें हास्यरस शान्तरसके ऊँची चोटीपर पहुँच गया। फिर मजाकका लुत्फ यह है कि हास्यपात्र हास्यकर्ताका अनुगृहीत हो जाय। वही दशा नारदकी अन्तिम पदोंमें वर्णित है जो भगवान्‌के कृतज्ञ होकर औरोंको भी भगवत्-भजनका उपदेश करते हैं।

इस क्रियात्मक हास्यका आनन्द आपको तब मिलेगा जब आप उन साधारण हास्य-प्रसङ्गोंपर विचार करेंगे जिनमें सालियाँ, सरहजें या भावजें अपने 'ललाजी' की सोते समय सेंदूर, टिकुली आदिसे सजावट कर देती हैं। 'ललाजी' जागते हैं पर अपनी दशासे अनभिज्ञ जिधर जाते हैं उधर ही कहकहा पड़ता है। जब किसी इशारेसे समझकर अपना मुँह शीशेमें देखते हैं तो झुझलाहटकी हद नहीं रहती। नारदकी गति कुछ वैसी ही बनी और खूब बनी, फिर उम्रभर न भूले और मायाको पास न फटकने दिया।

एहि बिधि जनम करम हरि केरे। सुंदर सुखद बिचित्र घनेरे॥ १॥
कलप कलप प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नाना बिधि करहीं॥ २॥
तब तब कथा मुनीसन्ह* गाई। परम पुनीत† प्रबंध बनाई॥ ३॥
बिबिध प्रसंग अनूप बखाने। करहिं न सुनि आचरजु सयाने॥ ४॥
हरि अनंत हरिकथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहु बिधि सब संता॥ ५॥

शब्दार्थ—**बिचित्र**=रंगबिरंगके, बहुत तरहके, अनूठे, आश्चर्यजनक। **घनेरे**=बहुत। **प्रबंध बनाई**—१३२ (२, ७, ८) देखिये।

अर्थ—इस प्रकार हरिके जन्म और कर्म सुन्दर, सुखदायक, विचित्र और अगणित हैं॥ १॥ कल्प-कल्प (प्रत्येक कल्प) में (जब-जब) प्रभु अवतार लेते हैं और अनेक प्रकारके सुन्दर चरित्र करते हैं॥ २॥ तब-तब परम पवित्र काव्य रचना (छन्दोबद्ध) करके मुनीश्वर कथाएँ गाया करते हैं॥ ३॥ और तरह-तरहके अनेक अनुपम प्रसङ्ग वर्णन किया करते हैं। बुद्धिमान् लोग उन्हें सुनकर आश्चर्य नहीं करते॥ ४॥ भगवान् अनन्त हैं और उनकी कथाका भी अन्त नहीं, सब संत बहुत प्रकारसे कहते-सुनते हैं॥ ५॥

* 'तब-तब कथा विचित्र सुहाई। परम पुनीत मुनीसन्ह गाई॥' को० रा०।

† बिचित्र—छ०। पुनीत— १६६१, १७२१, १७६२, १७०४।

टिप्पणी—१ *'एहि बिधि जनम करम हरि केरे।'''* इति। (क) यहाँ तीन कल्पोंके अवतारोंको कहा,—जय-विजय, जलंधर और नारद। यह कहकर *'एहि बिधि'* कहा अर्थात् इसी प्रकार और भी बहुत-से हैं। ☞ पुनः यह अर्धाली ऊपरके *'एक कलप एहि हेतु प्रभु लीन्ह मनुज अवतार'* इस दोहेकी व्याख्या है। दोहेमें जो *'लीन्ह मनुज अवतार', 'सुररंजन सज्जन सुखद हरि भंजन भुबि भार'* कहा वही यहाँ क्रमसे *'जनम'* और *'करम'* हैं। यह *'एहि बिधि'* का भाव हुआ। (ख) *'सुंदर सुखद बिचित्र घनेरे।'* भाव कि अपने रूपसे सुन्दर हैं, दूसरोंके सुखदाता हैं और विचित्र अर्थात् रंगविरंगके, अनेक प्रकारके हैं। *'घनेरे'* हैं अर्थात् जो हमने तीन कहे, इतने ही न समझो। आगे इन सब पदों (विशेषणों) की व्याख्या करते हैं। (ग) प्रथम (पूर्व) कहा कि जन्मके 'हेतु' अनेक हैं और विचित्र हैं, यथा—*'राम जन्म के हेतु अनेका। परम बिचित्र एक तें एका॥'* अब कहते हैं कि जन्म और कर्म (स्वयं भी) अनेक (और) विचित्र हैं। (घ) [*'बिचित्र'* का भाव यह भी कहते हैं कि वात्सल्य, सख्य, वीर आदि सभी रसोंके चरित्र किये हैं; यही रंग-विरंगके चरित्र हैं।]

टिप्पणी—२ *'कलप कलप प्रति प्रभु अवतरहीं।'''* इति। (क) भाव कि इसीसे उनके जन्म-कर्म घनेरे हैं। *'अवतरहीं'* यह जन्म हुआ, *'चरित करहीं'* यह कर्म हुआ। *'कलप कलप प्रति'* का भाव कि अन्तर नहीं पड़ता, प्रत्येक कल्पमें अवतार होता है। (ख) ऊपरकी अर्धाली *'एहि बिधि जनम करम'''* की ही व्याख्या इस अर्धालीमें है।—*'चारु चरित'* करते हैं अतएव सुन्दर हैं, यथा—'**जन्म कर्म च मे दिव्यम्**।' चरित सुन्दर हैं और अपने भक्तोंके हितार्थ किये जाते हैं, यथा—*'सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं। कृपासिंधु जनहित तनु धरहीं',* अतः सुखद हैं। प्रभु कल्प-कल्पमें अवतरित होते हैं और प्रत्येक कल्पमें चरित करते हैं तथा नाना विधिके करते हैं; अतएव घनेरे हैं। *'घनेरे'* का भाव कि अगणित हैं, यथा—*'जल सीकर महि रज गनि जाहीं। रघुपति चरित न बरनि सिराहीं॥'*(७। ५२) [दोहा २५ भी देखिये। और ३६ (६) भी।]

पं० प० प्र०—*'कलप कलप प्रति'''''* से गीता ४। ८ के '**संभवामि युगे युगे**' इस वाक्यका अर्थ यहाँ स्पष्ट किया है। इसी प्रकार अनेक स्थलोंमें गीताके अनेक वचनोंका अर्थ स्पष्ट किया गया है। गीता और मानस क्रमका एक तुलनात्मक छोटा-सा ग्रन्थ लिखनेकी आवश्यकता है। पण्डितलोग इस ओर ध्यान देंगे यह आशा है।

वि० त्रि०—कालिकापुराणमें कहा है 'प्रत्येक कल्पमें राम और रावण होते हैं। इस भाँति असंख्यों राम और रावण हो गये और होनेवाले हैं। उसी भाँति देवी भी प्रवृत्त होती हैं'। यथा—'**प्रतिकल्पं भवेद्रामो रावणश्चापि राक्षसः। एवं रामसहस्राणि रावणानां सहस्रशः। भवितव्यानि भूतानि तथा देवी प्रवर्तते।**' (अ० ६१। ३९—४१) दूसरे अवतार तो कल्पमें कई बार होते हैं पर रामावतार एक कल्पमें एक ही बार होता है। प्रत्येक कल्पके चरितोंमें विविध भेद रहता है पर चरित्रका ढाँचा प्रायः एक-सा रहता है।

टिप्पणी—३ *'तब तब कथा मुनीसन्ह गाई'''* इति। (क) *'तब तब'* का भाव कि प्रत्येक अवतारकी कथा मुनीश्वरोंने गायी है, यथा—*'प्रति अवतार कथा प्रभु केरी। सुनु मुनि बरनी कबिन्ह घनेरी॥'* (१२४। ४) मुनि प्रत्येक अवतारकी कथा बनाते (छंदोबद्ध करते) और गाते हैं, इसका कारण पूर्व ग्रन्थकार कह आये हैं कि *'करहिं पुनीत सुफल निज बानी।'* (१३। ८) इसीसे यहाँ नहीं कहा। [पूर्व कहा था कि *'बरनी कबिन्ह घनेरी'* और यहाँ कहते हैं कि *'मुनीसन्ह गाई''''प्रबंध बनाई'*। इस तरह यहाँ *'कबिन्ह'* का अर्थ खोला कि तब-तब मुनीश्वर ही कवि हुए और उन्होंने वर्णन किया।] (ख) *'परम पुनीत प्रबंध बनाई'।* यह 'कथा' का अर्थ किया। प्रबन्धका बनाना ही कथा है,—'प्रबंधकल्पना-कथा।' प्रबन्धकी कल्पना अर्थात् रचना करते हैं और वही कथा गाते हैं। *'परम पुनीत'* का भाव कि जो इन प्रबन्धोंको सुनता या गाता है वह भी पवित्र हो जाता है।

टिप्पणी—४ ☞ प्रारम्भमें जो शिवजीने अवतारका हेतु कहा था कि *'असुर मारि थापहिं सुरन्ह राखहिं निज श्रुति सेतु। जग बिस्तारहिं बिमल जस रामजनम कर हेतु॥'* (१२१) इसको इस कल्पकी कथामें

भी चरितार्थ किया है—(१) *'भंजन भुवि भार'* से 'असुरोंका मारना और श्रुति-सेतुकी रक्षा' कही (असुर भुविभार और श्रुतिसेतुनाशक हैं ही) (२) *'सुररंजन'* से 'सुरोंका थापना' कहा और, (३) *'कलप कलप प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नाना बिधि करहीं'* से *'जग बिस्तारहिं बिसद जस…'* कहा।

टिप्पणी—५ *'बिबिध प्रसंग अनूप बखाने।…'* इति। (क)—पूर्व कविजीने ३३ (४) में कहा था कि *'कथा अलौकिक सुनहिं जे ज्ञानी। नहिं आचरज करहिं अस जानी॥'* अर्थात् ज्ञानीलोग अलौकिक 'कथा' सुनकर आश्चर्य नहीं करते और अब उपदेश देते हैं कि कथाके प्रसंगोंमें भी आश्चर्य न करना चाहिये। (ख) *'सयाने'* अर्थात् ज्ञानीलोग चतुर। आश्चर्य न करनेका कारण ऊपरके सात चरणोंमें कहकर तब *'करहिं न सुनि, आचरजु'* कहा। भाव कि कल्पभेद समझकर आश्चर्य नहीं करते (कथाएँ विचित्र-विचित्र और आश्चर्यजनक होती ही हैं, इसीसे सावधान करते जाते हैं कि धोखेमें पड़कर कुतर्क न करने लगें)। यथा—*'नाना भाँति राम अवतारा। रामायन सतकोटि अपारा॥ कलपभेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाए॥ करिय न संसय अस उर आनी। सुनिअ कथा सादर रति मानी॥'* (३३, ६-८) तथा यहाँ *'कलप कलप प्रभु…करहिं न सुनि आचरजु सयाने।'*

टिप्पणी—६ (क) *'हरि अनंत हरिकथा अनंता।'* भाव कि हरि और हरिकथा दोनों एक सदृश हैं, जैसे हरि हैं वैसी ही उनकी कथा है, यथा—*'जथा अनंत राम भगवाना। तथा कथा कीरति बिधि नाना॥'* (ख) *'कहहिं सुनहिं बहु बिधि सब संता'* का भाव कि अन्त नहीं पाते चाहे करोड़ों कल्पोंतक क्यों न गावें, यही बात आगे स्वयं कहते हैं—*'रामचंद्रके चरित सुहाए। कल्प कोटि लगि जाहिं न गाए॥'* मिलान कीजिये—*'महिमा नाम रूप गुन गाथा। सकल अमित अनंत रघुनाथा॥ निज निज मति मुनि हरिगुन गावहिं। निगम सेष सिव पार न पावहिं॥'* (७।९१) तात्पर्य कि *'कहहिं सुनहिं बहु बिधि सब संता।'* सो ये कुछ अन्त पानेकी भावनासे नहीं कहते-सुनते हैं, गा-सुनकर वे सब अपनी भक्ति जनाते हैं, प्रेमके कारण गाते हैं, भगवान् उनका प्रबन्ध सुन; उनकी भक्ति देख सुख मानते हैं, यथा—*'प्रभु भाव गाहक अति कृपाल सप्रेम सुनि सुख मानहीं।'* (७।९१) अतः सब गाते-सुनते हैं। यथा—*'सब जानत प्रभु प्रभुता सोई। तदपि कहे बिनु रहा न कोई॥'*

रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए॥ ६॥
यह प्रसंग मैं कहा भवानी। हरिमाया मोहहिं* मुनि ज्ञानी॥ ७॥
प्रभु कौतुकी प्रनतहितकारी। सेवत सुलभ सकल दुखहारी॥ ८॥

सोरठा—सुर नर मुनि कोउ नाहिं जेहि न मोह माया प्रबल।
अस बिचारि मन माहिं भजिय महामायापतिहि॥ १४०॥

अर्थ—श्रीरामचन्द्रजीके सुन्दर चरित करोड़ों कल्पोंतक गाये नहीं चुक सकते॥ ६॥ हे भवानी! मैंने यह प्रसङ्ग कहा। ज्ञानी मुनियोंको भी भगवान्‌की माया मोहित कर लेती है॥ ७॥ भगवान् कौतुकी और शरणागतका हित करनेवाले हैं। सेवा करनेमें सुलभ और समस्त दुःखोंके हरनेवाले हैं॥ ८॥ देवता, मनुष्य, मुनि कोई भी ऐसा नहीं है जिसे परम बलवती माया न मोह ले। मनमें ऐसा सोच-विचारकर महामायाके अधिष्ठाता श्रीरामचन्द्रजीका भजन करना चाहिये॥ १४०॥

टिप्पणी—१ *'रामचंद्रके चरित सुहाए…।'* इति। (क) ☞ *'कहउँ राम गुन गाथ भरद्वाज सादर सुनहु।'* (१२४) उपक्रम है। अब उसका उपसंहार कहते हैं। *'रामचंद्रके चरित सुहाए…'* पर यह प्रसंग समाप्त किया।

* मोहहिं —पाठान्तर है। अर्थ होगा—'ज्ञानी मुनि हरि मायासे मोहित होते हैं।' १६६१, १७०४ में 'मोहहि' ही है और ठीक है।

(ख) *'रामचंद्र के चरित सुहाए'* का भाव कि जैसे रामजी चन्द्रमाके समान आह्लादकारी, तापहारी और सुन्दर हैं वैसे ही रामचन्द्रजीके चरित्र भी हैं। पुनः, 'रामचन्द्रके' कहनेका भाव कि अवतार लेकर चरित्र रामचन्द्रजीहीने किये, ये चरित्र विष्णुके नहीं हैं। (ग) *'कलप कोटि लगि जाहिं न गाए'* का भाव कि भगवान् कल्प-कल्पमें अवतरते हैं, कल्प-कल्पमें चरित्र करते हैं सो उनके एक-एक कल्पके ही चरित्र करोड़ों कल्पोंतक गाये चुक नहीं सकते। पुनः भाव कि रामचन्द्रजीके चरित्र सुन्दर हैं, आह्लादकारक और तापहारक होनेसे इतने सुखद हैं कि उनको गानेसे कभी मन तृप्त नहीं होता और अनन्त होनेसे गाये चुकते नहीं।

टिप्पणी—२ (क) *'यह प्रसंग मैं कहा भवानी'* इति। भाव कि मुनिलोगोंने विविध अनुपम प्रसंग बखान किये हैं उनमेंसे हमने यह प्रसंग विस्तारसे कहा। पार्वतीजीकी प्रार्थना थी कि *'यह प्रसंग मोहि कहहु पुरारी'*, उसीपर कहते हैं कि *'यह प्रसंग मैं कहा भवानी।'* और जो पार्वतीजीने कहा था कि *'मुनि मन मोह आचरज भारी'* उसपर कहते हैं कि *'हरिमाया मोहहि मुनि ज्ञानी।'* (ख) *'प्रभु कौतुकी प्रनतहितकारी'* यह उपसंहार है। *'मुनिकर हित मम कौतुक होई।'* (१२९। ६) यह जिसका उपक्रम है वह प्रसंग मैंने कहा। तथा *'हरिमाया मोहहिं मुनिज्ञानी'* यह प्रसङ्ग [जिसका उपक्रम *'यह प्रसंग मोहि कहहु पुरारी। मुनिमन मोह आचरज भारी॥'* (१२४। ८) यह अर्द्धाली है।] मैंने कहा। ☞इस प्रसङ्गमें हरिमायासे ज्ञानी मुनि नारदको मोह होना वर्णन किया गया है। *'प्रभु कौतुकी प्रनतहितकारी। सेवत सुलभ सकल दुख हारी'*, प्रभुका कौतुक और प्रणत जो नारद उनका हित करना कथन किया गया है। *'सेवत सुलभ'* कहा। क्योंकि नारदजी चरणोंपर गिरे इतनी मात्र सेवासे उनका सब दुःख हर लिया।—*'यह प्रसंग मैं कहा भवानी'* से *'सकल दुखहारी'* तक चरणोंके क्रमका भाव कहा गया।

नोट—१ *'सेवत सुलभ'* अर्थात् सेवा कठिन नहीं है, यथा—*'सकृत प्रनाम किहें अपनाये।'* (२। २९९) *'भलो मानि हैं रघुनाथ जोरि जो हाथ माथो नाइहै'* (वि० १३५), **'सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम॥'** केवल शरणमें आनेहीसे, केवल इतना कहनेहीसे कि मैं प्रपन्न हूँ तुम्हारा हूँ, सब काम बन जाता है, यथा—**'सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।'** (गीता)

टिप्पणी—३ *'सुर नर मुनि कोउ नाहिं जेहि न मोह माया'* इति। (क) 'सुर, नर, मुनि' कहनेका भाव कि ये ज्ञानयुक्त हैं, इन्हें माया मोह लेती है तब और सब जीव किस गिनतीमें हैं। वे तो अज्ञान (ज्ञानरहित) हैं ही। यथा—*'सिव बिरंचि कहँ मोहई को है बपुरा आन। अस जिय जानि भजहिं मुनि मायापति भगवान॥'* (ख) *'अस बिचारि भजिअ महामायापतिहि'* अर्थात् मायापतिके भजनसे माया नहीं व्यापती, यथा—*'रामभगति निरुपम निरुपाधी। बसइ जासु उर सदा अबाधी॥ तेहि बिलोकि माया सकुचाई। करि न सकइ कछु निज प्रभुताई।'* (७। ११६) *'भगति करत बिनु जतन प्रयासा। संसृतिमूल अबिद्या नासा॥'* (७। ११९) **'दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया। मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते॥'** (गीता) (ग) इस प्रसङ्गके आदि-अन्तमें भजनका उपदेश दिया है, यथा—*'भवभंजन रघुनाथ भजु तुलसी तजि मान मद।'* (१२४) यह आदि है और *'भजिअ महामायापतिहि'* यह अन्त है। इसका तात्पर्य यह है कि नारद मान-मदके कारण मायाके वश हुए, उनकी दुर्दशा हुई तब और जीव किस गिनतीमें हैं?

नोट—२ *'महामायापतिहि।'* भाव कि जो उसके पतिकी सेवा करके पतिको अनुकूल बनाये रहेगा उससे तो वह (महामाया) स्वयं डरेगी। अथवा हमारे पतिकी सेवा यह करता है यह विचारकर प्रसन्न रहेगी और अनर्थ कभी भी न विचारेगी वरन् उसे सब तरह प्रसन्न और सुखी रखेगी। दोनों स्थितियोंमें भला ही होगा।

नोट—३ श्रीशिवजी, श्रीयाज्ञवल्क्यजी और श्रीगोस्वामीजी तीनों वक्ताओंने इस प्रसङ्गको यहाँ समाप्त किया।

	उपक्रम, प्रारम्भ वा संकल्प	पूर्ति वा उपसंहार
श्रीशिवजी	'यह प्रसंग मोहि कहहु।' (१२४। ८)	'यह प्रसंग मैं कहा।' (१४०। ७)
	'मुनिमन मोह आचरज।' (१२४। ८)	'हरि माया मोहहि मुनि ज्ञानी।' (१४०। ७)
याज्ञवल्क्यजी	'कहउँ राम गुन-गाथ।' (१२४)	'रामचंद्र के चरित सुहाये।' (१४०। ६)
	'भरद्वाज कौतुक सुनहु।' (१२४)	'प्रभु कौतुकी।' (१४०। ८)
गोस्वामीजी	'भजु तुलसी तजि मानमद।' (१२४)	'भजिय महामायापतिहि।' (१४०)

'क्षीरशायी भगवान्‌के शापके हेतुसे श्रीरामावतार और तदन्तर्गत नारदमोह'

प्रकरण समाप्त हुआ।

श्रीमनु-शतरूपा-प्रकरण

अपर हेतु सुनु सैलकुमारी। कहौं बिचित्र कथा बिस्तारी॥ १॥
जेहि कारन अज अगुन अरूपा। ब्रह्म भएउ कोसलपुरभूपा॥ २॥
जो प्रभु बिपिन फिरत तुम्ह देखा। बंधु समेत धरें मुनि* बेषा॥ ३॥
जासु चरित अवलोकि भवानी। सती सरीर रहिहु बौरानी॥ ४॥
अजहुँ न छाया मिटति तुम्हारी। तासु चरित सुनु भ्रमरुजहारी॥ ५॥

शब्दार्थ—बिपिन=वन, जङ्गल, दण्डकारण्य। बौरानी रहिहु=बुद्धि फिर गयी थी, विक्षिप्त हो गयी थी, सनक सवार हो गयी थी। छाया=असर। भूत-प्रेतका प्रभाव। आसेबका खलल।

अर्थ—हे गिरिराजकुमारी (पार्वतीजी)! अब और कारण सुनो। मैं विस्तारपूर्वक (यह) विचित्र कथा कहता हूँ॥ १॥ जिस कारण अज, अगुण, अरूप, ब्रह्म अवधपुरीके राजा हुए॥ २॥ जिन प्रभु श्रीरामचन्द्रजीको भ्रातासहित मुनिवेष धरे वनमें फिरते हुए तुमने देखा था॥ ३॥ और हे भवानी! सतीतनमें जिनके चरित्र देखकर तुम बावली हो गयी थीं॥ ४॥ अब भी तुम्हारी (उस बावलेपनकी) छाया नहीं मिटती है, उन्हींके भ्रमरूपी रोगको हरनेवाले चरितको सुनो॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'अपर हेतु सुनु।'* भाव कि रामजन्मके हेतु अनेक हैं और विचित्र हैं, यथा—*'रामजन्म के हेतु अनेका। परम बिचित्र एक तें एका॥'* उन अनेकोंमेंसे तीन हेतु कहे। जय-विजय, जलंधर और नारद। तीनको कहकर उनका उपसंहार दिया। *'एहि बिधि जनम करम हरि केरे। सुंदर सुखद बिचित्र घनेरे॥'* उनका उपसंहार है। अब अन्य हेतु कहते हैं, इसीसे पुनः *'बिचित्र'* विशेषण दिया। (ख) *'जेहि कारन अज अगुन अरूपा। ब्रह्म·····'* अर्थात् और जो कारण कहे वे विष्णु अवतारके हैं, क्षीरशायी नारायण अवतारके हैं। शैलकुमारीका भाव कि तुम्हारे इस प्रश्नसे जगत्‌का उपकार होगा। (शैल-परोपकारी होते हैं तुम शैलकी कन्या हो, अतः तुमने परोपकारके लिये ही प्रश्न किया है) (ग) *'अज अगुन अरूप'* विशेषणोंके देनेका भाव कि पार्वतीजीने तीन विशेषण देकर ब्रह्मको पूछा था, यथा—*'रामु सो अवध नृपति सुत सोई। की अज अगुन अलखगति कोई॥'* (१०८। ८) अतएव वही तीन विशेषण देकर शिवजी ब्रह्मके अवतारका हेतु कहते हैं। (घ) *'कोसलपुरभूपा'* का भाव कि राजा मनुको ब्रह्मने वर दिया था कि *'होइहहु अवध भुआल तब मैं होब तुम्हार सुत।'* (१५१) वही ब्रह्म कोसलपुरभूप हुआ। यह बात शिवजीने उपसंहारमें कही है, यथा—*'उमा अवध बासी नर नारि कृतारथरूप। ब्रह्म सच्चिदानंद घन रघुनायक जहँ भूप॥'* (७। ४७)

नोट—१ पण्डित रामकुमारजीके मतानुसार इससे पूर्व तीन अवतारोंके हेतु कहे। १—वैकुण्ठसे भगवान् विष्णुका जय-विजयके निमित्त। २-वैकुण्ठसे महाविष्णुका जलंधरकी स्त्रीके शापवश और ३-क्षीरशायी

* पाठान्तर—नरवेषा—(रा० प०)

श्रीमन्नारायणका नारदशापवश रामअवतार हुआ। परंतु ये सब अवतार रूपान्तर हैं, चतुर्भुजस्वरूपसे द्विभुज हुए और जो अज-अगुण अरूप परात्पर परब्रह्म मनुशतरूपाजीके प्रेमसे प्रकट हुए वे अखण्डैकरस, नित्य, द्विभुज शार्ङ्गधर सीतापति हैं।—महाराज हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि *'अज अगुण'* आदि चार विशेषण देकर त्रिगुणसे परे तुरीय होना सूचित किया। (प्र० सं०)

नोट—२ पं० रामकुमारजी एक पुराने खर्रेमें लिखते हैं कि पार्वतीजीके प्रश्नके समय शिवजीने तीन कल्पकी कथा कहनेकी प्रतिज्ञा की, सो वे कह चुके। अब चौथा कल्प है, अतः *'अपर हेतु'* शब्द दिये, इसे *'बिचित्र'* कहा और *'बिस्तार'* से कहा। रामायणादिसे विलक्षण है।—*'की तुम्ह तीन देव महँ कोऊ।'* यह तो दो कल्पका अनुमान है जो रमा वैकुण्ठसे हुए। *'नर नारायन की तुम्ह दोऊ'* यह क्षीरशायी कल्पका अनुमान है। *'जग कारन तारन भव भंजन धरनी भार'* यह मनुके प्रसङ्गका अनुमान है।' पुनः *'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥'* यह जो सतीजीका अनुमान है वह स्वायंभू मनुशतरूपाके तपके कल्पकी कथाका अनुमान है। *'बिष्नु जो सुर हित नरतनुधारी। सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी॥'* यह रमावैकुण्ठनिवासीके कल्पके अवतारका अनुमान है। और *'खोजै सो कि अग्य इव नारी। ग्यानधाम श्रीपति असुरारी'* नारदशापकल्पका अनुमान है। गोस्वामीजीकी 'कहनी' रामायणमें चारों कल्पोंकी कथा बराबरसे गुँथी है।

वि० त्रि०—इस अवतारको वल्लभमतमें भी षोडशकला अर्थात् पूर्णावताररूपेण स्वीकार किया है। तीन कल्पोंके अवतारोंका कारण संक्षेपसे कह आये। ब्रह्मके अवतारकी कथा विस्तारसे कहनेका संकल्प है। शेष तीन कल्पोंकी कथाएँ भी वैसी ही हुई थीं, जहाँ कोई विशेषता आ पड़ी है, उसका भी विस्तृत कथामें समावेश कर दिया गया है, वह स्पष्ट मालूम पड़ता है। इस ब्रह्मावतारकी विशेषता यह है कि इसमें श्रीरघुवीरने सब चरित्रोंको अतिशय रूपमें किया है।

टिप्पणी—२ (क) *'जो प्रभु बिपिन फिरत तुम्ह देखा'* इस कथनका तात्पर्य यह है कि पार्वतीजीके मनमें संदेह न रह जाय कि 'हमने जिनको वनमें फिरते देखा वह राम विष्णुके अवतार हैं या ब्रह्मके। [*'प्रभु'* का भाव कि कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ हैं। (रा० प्र०)] (ख) *'बंधु समेत'* कहनेका भाव कि उस समय सीताहरण हो चुका था, केवल लक्ष्मणजी साथ थे। *'बिपिन फिरत'* से जनाया कि श्रीसीताजीको खोज रहे थे। *'धरें मुनि बेषा'* अर्थात् राज्य त्यागकर विशेष उदासी वेषमें थे। (ग) *'जासु चरित अवलोकि'''* इति। *'जासु चरित'* अर्थात् नारिविरहमें व्याकुल। *'रहिहु बौरानी'* का भाव कि मोहपिशाचने तुम्हें ग्रस लिया था क्योंकि जिसे भूत लगता है वह बावला हो जाता है।

टिप्पणी—३ *'अजहुँ न छाया मिटति तुम्हारी'''।'* इति। (क) *'छाया'* का भाव कि अब परिपूर्ण मोह नहीं है, छायामात्र है। प्रमाण यथा—*'तब कर अस बिमोह अब नाहीं।'* (१०९। ७) पुनः, *'तब कर अस बिमोह अब नाहीं'* एवं *'अजहूँ कछु संसय मन मोरे'* जो कहा था उसीके सम्बन्धसे *'अजहुँ न छाया मिटति'* कहा। (अभी मोह-पिशाचका प्रभाव गया नहीं है।) ☞यहाँ यह शङ्का होती है कि अब भी छाया नहीं मिटी तो तीन कल्पोंके अवतार जो कह आये वे व्यर्थ ही हुए! तीन कल्पोंकी कथासे शङ्का निवृत्त न हुई! इसका समाधान यह है कि तीन कल्पोंमें विष्णु अवतारकी कथा शिवजीने कही, सो उनकी विष्णु-अवतारमें तो शङ्का है ही नहीं। उनका स्वयं यह सिद्धान्त है कि विष्णुभगवान् अवतार लेते हैं, यथा—*'बिष्नु जो सुरहित नरतनु धारी।'* (५१। १) शङ्का है ब्रह्मके अवतार लेनेमें, यथा—*'ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद। सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥'* (५०) अतः अब ब्रह्मके अवतारका हेतु कहते हैं। इससे ब्रह्मके अवतारका भ्रम अब दूर होगा। (ख) *'जासु चरित अवलोकि'''।'* चरित्र देखकर भ्रम हुआ था, यथा—*'देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति बुद्धि अति मोरि।'* (१०८) इसीको लक्ष्य करके कहते हैं कि *'तासु चरित सुनु भ्रमरुजहारी'* जिनके चरित्र देखकर भ्रम हुआ उन्हींके चरित्र श्रवण करनेसे भ्रमरोगका नाश होगा। तात्पर्य कि ईश्वरके चरित्र देखकर भ्रम होता है और चरित्रको साङ्गोपाङ्ग

सुननेसे भ्रम दूर होता है, जैसे सतीजीको एवं गरुड़जीको देखनेसे भ्रम हुआ और सुननेसे उनका भ्रम दूर हुआ। भ्रमरुज कहकर चरित्रको ओषधि सूचित किया। ओषधिसे रोग दूर होता है।

लीला कीन्हि जो तेहि अवतारा। सो सब कहिहौं मति अनुसारा॥ ६॥
भरद्वाज सुनि संकर बानी। सकुचि* सप्रेम उमा मुसुकानी†॥ ७॥
लगे बहुरि बरनै बृषकेतू। सो अवतार भएउ जेहि हेतू॥ ८॥

दो०—सो मैं तुम्ह सन कहौं सबु सुनु मुनीस मन‡ लाइ।
रामकथा कलिमलहरनि मंगलकरनि सुहाइ॥ १४१॥

शब्दार्थ—लाइ=लगाकर। लाना=लगाना।

अर्थ—उस अवतारमें जो लीला की वह सब मैं अपनी बुद्धिके अनुसार कहूँगा॥ ६॥ (याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—) हे भरद्वाज! शङ्करजीके वचन सुनकर उमाजी सकुचाकर प्रेमसहित मुस्कुरायीं॥ ७॥ फिर धर्मकी ध्वजा शिवजी वह अवतार जिस कारण हुआ उसका वर्णन करने लगे॥ ८॥ 'हे मुनीश्वर! वह सब मैं तुमसे कहता हूँ, मन लगाकर सुनो। रामकथा कलिके पापोंको हरनेवाली, मङ्गल करनेवाली और सुन्दर है॥ १४१॥

टिप्पणी—१ (क) *'सो सब कहिहौं'* का भाव कि तीन कल्पोंकी लीला कुछ भी नहीं कही, केवल अवतारका हेतुमात्र कहा था, इसीसे इस कल्पकी सब लीला कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं। (ख) *'मति अनुसारा'* का भाव कि भगवान्‌की लीला अनन्त है, हम अपनी बुद्धिके अनुसार कहेंगे। अथवा, इस अवतारकी लीला सब कहेंगे और अन्य अवतारोंकी संक्षेपसे (प्रसङ्गात् कहीं-कहीं) कहेंगे। इति भावः(ग) *'सुनि संकर बानी सँकुचि सप्रेम उमा मुसुकानी।'* इति। ('शङ्कर' नाम दिया क्योंकि सर्व प्रकार कल्याण करनेवाले हैं। पार्वतीजीका कल्याण करनेके लिये ही यह चरित कहने जा रहे हैं।) शिवजीने जो कहा था कि *'अजहु न छाया मिटति तुम्हारी।'* और *'सती सरीर रहिहु बौरानी'* यह सुनकर सँकुची, मुसुकराकर शिवजीके वचनोंको अङ्गीकार किया अर्थात् सूचित किया कि आप जो कहते हैं सो सत्य है और *'तासु चरित सुनु भ्रमरुजहारी'* यह सुनकर प्रेम हुआ। (पां०) [(घ) पुनः सकुचानेका भाव कि प्रभुकी परीक्षा लेनेमें मैंने बड़ी अनीति की। अथवा, अपने ओरकी अनीति और प्रभुकी कृपालुता समुझकर सकुचीं। अथवा, *'बौरानी'* कहनेसे संकोच हुआ। (रा० प्र०)। साँवली सूरत मोहिनी मूर्तिका स्मरण हो आया, इससे प्रेम हुआ। (पं०, रा० प्र०) अबतक छाया नहीं मिटती, यह उपालम्भ सुनकर मुसुकायीं (पं०) अथवा, भ्रमके भागनेसे अपनेको धन्य मानकर हर्षित हुईं। (रा० प्र०) (ङ) *'सकुच, प्रेम और मुस्कान'* तीनों भाव एक साथ उत्पन्न होनेसे यहाँ 'समुच्चय अलंकार' हुआ।]

वि० त्रि०—एक जन्मके कर्मफलभोग पूरा हो जानेपर भी कर्मलेश रह जाता है जो दूसरे जन्मका कारण होता है। यह कर्मघाटकी बात है, अतः इसे कर्मघाटके वक्ताके मुखसे ही कहलाया।

टिप्पणी—२ (क) *'लगे बहुरि बरनै·····'* इति। पार्वतीजीका प्रश्न है कि *'राम ब्रह्म चिन्मय अबिनासी। सर्बरहित सब उर पुर बासी॥ नाथ धरेउ नर तनु केहि हेतू। मोहि समुझाइ कहहु बृषकेतू॥'* (१२०, ६-७) उसीका उत्तर यहाँ *'लगे बहुरि बरनै बृषकेतू।·····'* से दे चले हैं। *'जो'* का सम्बन्ध *'सो'* से है। अर्थात् *'जो प्रभु बिपिन फिरत तुम्ह देखा, सो अवतार भएहु जेहि हेतू।'* (ख) प्रथम हेतु वर्णन करनेकी प्रतिज्ञा की। यथा—*'जेहि कारन अज अगुन अरूपा। ब्रह्म भएउ कोसलपुर भूपा॥'* इसीसे प्रथम हेतु कहते हैं, यथा—*'सो अवतार भएहु जेहि हेतू।'* तत्पश्चात् चरित्र-वर्णन करनेकी प्रतिज्ञा की, यथा—*'तासु चरित सुनु भ्रमरुज हारी।'* अतएव इसे पीछे वर्णन करेंगे। (ग)[*'बृषकेतू'* विशेषणका भाव कि धर्मके पालक हैं, सदा उनकी दृष्टि धर्मपर रहती है, धर्मकी वृद्धिके निमित्त ही वे प्रभुका गुणानुवाद करते हैं। (पं०) अथवा, धर्मकी ध्वजा धारण किये हुए हैं, अधर्मरूप मिथ्या बोलनेवाले नहीं हैं। इस विशेषणसे कथाकी सत्यता सूचित करते हैं। (रा० प्र०)]

* १६६१ में 'संकुचि' है। 'सँकुचि' पढ़ा जायगा। †शिवा हरषानी—(वै०) ‡उर; चित।—पाठान्तर

टिप्पणी—३ (क) *'सो मैं तुम्ह सन कहौं सबु…'* इति। अर्थात् जो शिवजी पार्वतीजीसे वर्णन करने लगे थे वह सब मैं तुमसे कहता हूँ। *'सबु'* का भाव कि शिवजीकी प्रतिज्ञा *'सब'* कहनेकी है, यथा—*'लीला कीन्हि जो तेहि अवतारा। सो सब कहिहौं मति अनुसारा॥'* इसीसे याज्ञवल्क्यजी भी *'सब'* कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं, क्योंकि शिवजीके कथनमें याज्ञवल्क्यजीकी 'कहनी' (कथन) मिली हुई है, यथा—*'कहौं सो मति अनुहारि अब उमा संभु संबाद। भएउ समय जेहि हेतु जेहि सुनु मुनि मिटिहि बिषाद॥'* (४७)

(ख) *'सुनु मुनीस मन लाइ'* इति। 'मन लगाकर सुनो'—इस कथनका तात्पर्य है कि सुनने योग्य है (पुनः भाव कि यह परम गुह्य है, गूढ़ है, मन लगाकर न सुननेसे धारण न होगा।) (ग) *'मंगलकरनि सुहाइ'* यथा—*'मंगलकरनि कलिमलहरनि तुलसी कथा रघुनाथ की।'* (१। १०) (घ) ☞'कथा उपासना है, कर्म और ज्ञान दोनोंका फल देती है। *'मंगलकरनि'* मोक्ष है जो ज्ञानका फल है। *'कलिमलहरनि'* यह कर्मका फल है। [*'मंगल'* शब्द मोक्षवाचक है और *'ज्ञान मोक्षप्रद बेद बखाना'* इस तरह *'मंगलकरनि'* से ज्ञानका फल देनेवाली कहा। *'कलिमल'* अर्थात् नित्य-नैमित्तिक पाप। ये कर्मसे नाश होते हैं। अतः *'कलिमलहरनि'* से कर्मफलदातृत्व कहा, यथा—*'मन क्रम बचन जनित अघ जाई। सुनहिं जे कथा श्रवन मन लाई॥'*, *'मंगलकरनि कलिमलहरनि तुलसी कथा रघुनाथ की।'* (दोहा १० छन्द, देखिये) यहाँ उत्तरोत्तर उत्कर्ष होनेसे 'सार' अलंकार हुआ।]

व्याकरण—अवधी भाषामें शब्दके अन्तमें उकार प्रायः बोला जाता रहा है। गोस्वामीजीने इसका प्रयोग बहुत किया है। जैसे 'सुनु'=सुन, सुनो। गोस्वामीजी 'सूकरखेत' में गुरुजीके साथ बहुत दिन रहे। सूकरक्षेत्रके आसपास इस पार अबतक उकारयुक्त शब्द बोले जाते हैं।

स्वायंभू मनु अरु सतरूपा। जिन्ह तें भै नरसृष्टि अनूपा॥ १॥
दंपति धरम आचरन नीका। अजहुँ गाव श्रुति जिन्ह कै लीका॥ २॥
नृप उत्तानपाद सुत तासू। ध्रुव* हरिभगत† भएउ सुत जासू॥ ३॥
लघु सुत नाम प्रियब्रत ताही। बेद पुरान प्रसंसहिं जाही॥ ४॥

शब्दार्थ—स्वायंभू=स्वयम्भू-(ब्रह्माजी-) से उत्पन्न सबसे पहले 'मनु' स्वायंभुव। सृष्टि=उत्पन्न जगत्। जगत्का आविर्भाव। उत्पत्ति, बनने वा पैदा होनेकी क्रिया या भाव। दम्पति=स्त्री-पुरुष। लीका (लीक)=रेखा, लकीर, गणना। यथा—*'भट महँ प्रथम लीक जग जासू'*, *'लछिमन देखत काम अनीका। रहहिं धीर तिन्ह कै जग लीका॥'* आचरन (आचरण)=व्यवहार, (धर्म) करनेकी रीति भाँति।

अर्थ—श्रीस्वायम्भुव मनु और श्रीशतरूपाजी जिनसे सुन्दर उपमारहित मानवी अर्थात् मनुष्यसृष्टि हुई॥ १॥ स्त्री-पुरुष दोनोंका धर्माचरण बहुत अच्छा था। जिनके धर्मकी लीकको वेद (आज दिन) अब भी गाते हैं। (अर्थात् स्वायम्भुव मनु और शतरूपाजीकी कथा वेदोंमें लिखी है, सब धर्मात्माओंमें इनकी प्रथम रेखा अर्थात् गणना है)॥ २॥ उनके पुत्र राजा उत्तानपाद हुए जिसके पुत्र भगवद्भक्त श्रीध्रुवजी हुए॥ ३॥ जो छोटा पुत्र था उसका नाम प्रियव्रत है, जिसकी प्रशंसा वेद और पुराण कर रहे हैं॥ ४॥

नोट—१ *'स्वायंभू मनु अरु सतरूपा'* इति।—श्रीमद्भागवत स्कन्ध ३ अ० १२ में सृष्टिकी उत्पत्तिका वर्णन है। ब्रह्माजीने अविद्या माया, सनकादि ऋषि, रुद्र, मरीचि आदि दस मानसपुत्र क्रमशः उत्पन्न किये। इनसे सृष्टिकी वृद्धिका कार्य न होता देख मनु-शतरूपाको उत्पन्न किया। (ब्रह्मा सृष्टि-वृद्धि न देख चिन्तित हो दैवकी शरण गये, त्यों ही उनके शरीरके दो भाग हो गये। उन दोनों खण्डोंसे एक स्त्री-पुरुषका जोड़ा प्रकट हुआ। उनमें जो पुरुष था वह सार्वभौम सम्राट् स्वायंभुव मनु हुए और जो स्त्री थी वह महारानी शतरूपा हुईं)। मनुजी ब्रह्मावर्तमें रहते हुए सात समुद्रपर्यन्त सारी पृथ्वीका शासन करते थे। यथा—'ब्रह्मावर्तं

*—ध्रुव—१७२१, छ०। ध्रुव—१६६१, १७०४, १७६२। †—भक्त—को० रा०।

योऽधिवसन् शास्ति सप्तार्णवां महीम्।' (भा० ३। २१। २५) मैथुनद्वारा सृष्टिकी वृद्धि इन्हीं मनु-शतरूपाद्वारा हुई। और इनकी तीनों कन्याओंके वंशसे जगत् प्रजासे परिपूर्ण हो गया। (भा० ३। १२। ५२—५६)

ब्रह्माके एक दिनमें १४ मनु भोग करते हैं। एक-एक मनु अपने-अपने कालमें कुछ अधिक ७१ चतुर्युगी भोग करते हैं। प्रति मन्वन्तरमें भगवान् अपनी सत्त्वमूर्तिद्वारा मनु आदिके रूपमें प्रकट होकर उनके द्वारा अपने पौरुषको प्रकाशित करते हुए विश्वकी रक्षा करते हैं। [मनु और मन्वन्तरोंका विस्तारसे वर्णन *'भक्ति सुधास्वाद'* तिलक (भक्तमालमें) श्रीरूपकलाजीने भाषामें किया है। प्रेमी उसमें भी देख सकते हैं।]

मनु भगवद्भक्त थे। वे धर्मपूर्वक अनेक विषय-भोग एवं प्रजा-पालन करने लगे। निद्राभङ्ग होनेपर वे एकाग्र चित्त हो प्रेमसे हरिचरित सुना करते थे। विषय-भोग करते हुए भी सकल विषय उनके चित्तपर अपना अधिकार न जमा सके। भगवान्हीमें सदा अनुरक्त रहते, लवमात्र समय भी व्यर्थ न जाने देते थे। इस प्रकार भगवत्-प्रसङ्गसे जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति तीनों अवस्थाओंको जीते हुए तुरीयावस्थामें स्थित होकर उन्होंने लगभग ७२ चतुर्युग परिमित समय राज्य कर बिताया। गन्धर्व उनकी कीर्तिको नित्यप्रति गान करते थे।

मुनिगणने उनसे धर्मकी जिज्ञासा की तब उन्होंने अनेक प्रकारके कल्याणकारी धर्म, साधारण धर्म और वर्णाश्रम धर्म वर्णन किये। इनकी स्मृतियाँ धर्मशास्त्र अबतक प्रमाणस्वरूप हैं। (भा० ३। २२। ३२—३८)

इनके दो पुत्र (प्रियव्रत, उत्तानपाद) और तीन कन्याएँ (आकूति, देवहूति, प्रसूति) हुईं। आकूतिका विवाह रुचि प्रजापतिसे, देवहूतिका विवाह महर्षि कर्दम प्रजापतिसे और प्रसूतिका दक्षप्रजापतिसे हुआ। श्रीअनुसूया, अरुन्धती आदि महासती कन्याएँ इन्हीं देवहूतिजीकी हुईं। (भा० ३। २४। २२-२३)

टिप्पणी—१ (क) *'स्वायंभू मनु।'* मनु चौदह हो गये हैं। उनमेंसे यह कौन हैं यह भ्रम निवृत्त करनेके लिये *'स्वायंभू मनु'* कहा। प्रथम ही भ्रम निवारण करके अब आगे सर्वत्र केवल *'मनु'* शब्दका प्रयोग करेंगे। यथा—*'तेहि मनु राज कीन्ह बहु काला', 'तहँ हिय हरषि चले मनु राजा', 'मनु समीप आए बहु बारा', 'बोले मनु करि दंडवत……'* इत्यादि। (ख) *'स्वायंभू मनु'* कहकर इन मनुकी उत्पत्ति *'स्वयंभू'* से जनायी। आगे इनसे मनुष्यकी उत्पत्ति कहते हैं *'जिन्ह तें भै नरसृष्टि अनूपा।'* (ग) *'नरसृष्टि अनूपा'* का भाव कि प्रथम मानसी सृष्टि थी और इनसे मैथुनी सृष्टि हुई। जैसी नर-सृष्टि है ऐसी और सृष्टियाँ नहीं हैं, यह जाननेके लिये *'अनूप'* कहा। [भगवान्का श्रीमुख-वचन है कि *'मम माया संभव संसारा। जीव चराचर बिबिध प्रकारा॥ सब मम प्रिय सब मम उपजाए। सब तें अधिक मनुज मोहि भाए॥'* (७। ८६) अतः *'अनूप'* कहा। पुनः चराचर जीव इसके लिये याचना करते हैं, यही मोक्षको दिलाता है, यथा—*'नर तन सम नहिं कवनिउ देही। जीव चराचर जाचत जेही॥'* (७। १२१) *'नर तनु भव बारिधि कहुँ बेरो।'* (७। ४४) अतः *'अनूपा'* कहा।] (घ) *'धरम आचरन नीका'* का भाव कि चौदहों मनुओंका मुख्य काम यही है कि धर्मका प्रतिपालन करें और करावें। धर्मका आचरण अच्छा कहकर आगे वंशका वर्णन करनेका तात्पर्य कि भारी पुण्यसे ऐसे वंशकी प्राप्ति होती है, यथा—*'तुम्ह तें अधिक पुन्य बड़ काके। राजन राम सरिस सुत जाके॥ बीर बिनीत धरम ब्रतधारी। गुनसागर बर बालक चारी॥'**

प० प० प्र०—स्वयंभू विशेषण साभिप्राय है। इस नामसे जनाया कि स्वायम्भुव (प्रथम) मन्वन्तरमें ब्रह्मने पुत्र होने और अवतार लेनेका निश्चय किया और अवतार हुआ वैवस्वतमन्वन्तर चौबीसवें या

---

* 'धरम आचरन नीका', 'अजहुँ गाव श्रुति'। भाव कि नीक (उत्तम) धर्माचरणमें प्रथम और मुख्य है। ब्रह्माजीसे वेद प्रकट हुए और मनु भी। वेदोंके धर्म मनु करते हैं, अतएव कहा कि मनुका आचरण वेद कहते हैं (क्योंकि ये जो आचरण करते हैं वे वेदोंमें हैं।) (मा० पी० प्र० सं०) 'गाव श्रुति……', यथा 'यन्मनुरवदत् तद्भेषजम्' अर्थात् जो मनु कहते हैं वही (भवरोगके लिये) भेषज है। वेद अपौरुषेय हैं। उसमें व्यक्तिविशेषका नाम नहीं है। उसमें जो व्यक्तिविशेषके नाम आते भी हैं, वे पदोंके नाम हैं। प्रत्येक कल्पमें जो पहिले मनु होते हैं, वे स्वायम्भू कहलाते हैं और ऐसे ही ज्ञानी महात्मा होते हैं। (वि० त्रि०)

उन्नीसवें त्रेतामें। कम-से-कम पाँच मन्वन्तर और चौबीस त्रेतायुग इतने प्रदीर्घकालके पश्चात् वरका फल मिला। अवतार-कारण और अवतारकार्यमें इतना प्रदीर्घ काल बीता। इस कालको भगवान्ने *'कछु काल'* कहा है, यथा—*'तहँ करि भोग बिसाल तात गएँ कछु काल पुनि।'* (१। १५१) जिस दोहेमें यह वचन दिया वह १५१ वाँ है। इस संख्यासे यह बात जना रहे हैं कि पहले ('१') मन्वन्तरमें वचन दिया फिर बीचमें '५' से जनाया कि '५' मन्वन्तर बीचमें बीत गये तब उनके बादके प्रथम ('१') वैवस्वत मन्वन्तरमें अवतार हुआ।

अवतार-विषयक प्रश्न *'पुनि प्रभु कहहु राम अवतारा'* दूसरा है और ग्रन्थकर्त्ताकी दूसरी प्रतिज्ञा है—*'बरनउँ रामचरित भवमोचन॥'* (१। २। २) *'बालचरित पुनि कहहु उदारा'* यह तीसरा प्रश्न रामजन्म और बाल-चरितविषयक है और कविकी तीसरी प्रतिज्ञा है—*'कबि न होउँ नहिं चतुर कहावउँ। मति अनुरूप राम गुन गावउँ॥'* (१। १२। ९) इन दोनोंमें अन्तर १५१ पंक्तियोंका ही है। यह भी दो घटनाओंके बीचके कालका संकेत करनेके लिये है। इस प्रकार २२ प्रतिज्ञाओंका सम्बन्ध २२ प्रश्नोंसे है। प्रतिज्ञा, प्रश्न और उनके उत्तरके शब्दोंमें भी ऐसा साम्य रखा है कि बुद्धि आश्चर्यचकित होती है। दो प्रतिज्ञाओंमें जो अन्तर है वह कालसूचक है यह गूढ़चन्द्रिकामें स्पष्टतया मिलान करके बताया। हिन्दी-मानसप्रेमी विद्वान् इस इशारेपर स्वयं मिलान करके देख लें।

टिप्पणी—२ (क) *'नृप उत्तानपाद सुत'*, ये बड़े पुत्र हैं, जैसा आगेके *'लघु सुत नाम प्रियब्रत ताही'* से स्पष्ट है, इसीसे इनको प्रथम लिखा। भागवतके मनुके पुत्र जो उत्तानपाद हुए हैं वह छोटे पुत्र हैं। यह उत्तानपाद और मनु और किसी कल्पके हैं। *'कलपभेद हरि चरित सुहाए'* के अनुसार यहाँ भी कल्पभेद है। (ख)*'ध्रुव हरि भगत भएउ सुत जासू'* इति। जासू=जिस उत्तानपादके। जैसी बड़ाई पिता-माताकी लिखी—*'दंपति धरम आचरन नीका। अजहु गाव श्रुति जिन्ह कै लीका ॥'* और जैसी बड़ाई छोटे भाई प्रियव्रतकी लिखते हैं—*'बेद पुरान प्रसंसहिं जाही'*, वैसी बड़ाई उत्तानपादकी नहीं लिखते, इसमें आशय यह है कि पुत्रका हरिभक्त होना यह सब बड़ाईकी अवधि (सीमा) है, इसीसे *'ध्रुव हरिभगत भयउ सुत जासू'* इतना ही लिखकर छोड़ दिया और सब बड़ाई इसके सामने कुछ नहीं है। यथा—*'सो कुल धन्य उमा सुनु जगत पूज्य सुपुनीत। श्रीरघुबीर परायन जेहिं नर उपज बिनीत॥'* (७। १२७) (ग) *'नृप उत्तानपाद।'* उत्तानपाद जेठे भाई हैं, राज्यके अधिकारी हैं, इसीसे इनको नृप कहा; प्रियव्रतको नृप न कहा। यह राजनीति है कि ज्येष्ठ पुत्र राज्य पावे, यथा—*'मैं बड़ छोट बिचारि जिय करत रहेउँ नृपनीति।'* [पं० रामकुमारजी यह भी लिखते हैं कि 'जिसका पुत्र हरिभक्त हो वह सब प्रकार बड़ा है, यह विचारकर भागवतका मत न लिखा; किंतु जिस ग्रन्थमें उत्तानपाद ज्येष्ठ पुत्र लिखा है उसीका मत यहाँ दिया।' (नोट—परंतु मेरी समझमें इस भावसे मानसके शिवकथित—चरित्र होनेमें त्रुटि आवेगी। कल्पभेद ही ठीक समाधान है। जिस कल्पमें ऐसा हुआ है उसी कल्पके मनुको द्विभुज ब्रह्मका दर्शन और वरदान है।)] (घ) *'बेद पुरान प्रसंसहि जाहीं'* से जनाया कि पिताके सदृश यह भी धर्मात्मा हैं। पिताके धर्मकी प्रशंसा वेद करते हैं, वैसे ही इनकी भी प्रशंसा करते हैं, पुन: भाव कि वेद-पुराणोंमें कथा है, हम उनकी कथा विस्तारसे नहीं कहते।

नोट—२ 'उत्तानपाद और ध्रुवजीकी कथा भा० स्कं० ४ अ० ८, ९, १०, ११, १२ में देखिये। ध्रुवजीने ५ वर्षकी अवस्थामें तप करके छ: मासहीमें प्रभुको रिझा लिया। ऐसे हरिभक्त!—*'पायेउ अचल अनूपम ठाऊँ॥'* (१। २६। ५) (मा० पी० भाग १ देखिये)।

नोट—३ *'प्रियव्रत'*—इन्हींके वंशमें ऋषभभगवान्ने अवतार लिया। वे स्वयं बड़े ही भगवद्भक्त, वैराग्यवान् और विज्ञानी हुए। नारदजीके चरणोंकी सेवाके प्रभावसे उनको सहज ही परमार्थतत्त्वका ज्ञान हो गया था। ब्रह्मा, मनु आदि बड़ोंकी आज्ञा मानकर भगवत्-इच्छासे उन्हें निवृत्ति-मार्ग छोड़ प्रवृत्ति-मार्गमें प्रवृत्त होना पड़ा था। इन्होंने विश्वकर्मा प्रजापतिकी बर्हिष्मती नामकी कन्यासे विवाह किया। उससे आग्नीध्रादि दस पुत्र और ऊर्जस्वती नामकी कन्या हुई जो शुक्राचार्यको ब्याही गयी। तीन पुत्र तो बाल्यावस्थामें

ही परमहंस हो गये। शेष सातों द्वीपोंके राजा हुए। श्रीमद्भागवत (स्कन्ध ५ अ० १) में लिखा है कि इन्होंने ११ अर्बुद वर्ष राज्य किया। आपने अपने योगबलसे सात तेजोमय रथ (प्रतिदिन एक) निर्माण किये। इन ज्योतिर्मय रथोंपर चढ़कर इन्होंने दूसरे सूर्यके समान सूर्यभगवान्‌के साथ-ही-साथ सात बार पृथ्वीकी परिक्रमा की। इनके रथके तेजसे रातमें भी सूर्यका-सा प्रकाश राज्यभरमें रहता था। अपने सात समुद्र और द्वीपोंकी रचना करके पृथ्वीका विभाग कर दिया एवं नदी, पर्वत और वन आदिसे द्वीपों और खण्डोंकी सीमा बना दी। यह करके फिर स्वर्ग आदिके विभवको नरकतुल्य मान तिनकाके सदृश त्याग दिया।

देवहूति पुनि तासु कुमारी। जो मुनि कर्दम कै प्रिय नारी॥ ५॥
आदिदेव प्रभु दीनदयाला। जठर धरेउ जेहि कपिल कृपाला॥ ६॥
सांख्यसास्त्र जिन्ह प्रगट बखाना। तत्त्वबिचार निपुन भगवाना॥ ७॥
तेहि मनु राज कीन्ह बहु काला। प्रभु आयसु सब* बिधि प्रतिपाला॥ ८॥

सोरठा—होइ न बिषय बिराग भवन बसत भा चौथ पन।
हृदय बहुत दुख लाग जनम गयउ हरिभगति बिनु॥ १४२॥

शब्दार्थ—**आदिदेव**=सम्पूर्ण सृष्टिके कर्त्ता, जिनसे पहले और कोई नहीं हुआ। **जठर**=गर्भ, कोख, कुक्षि। **सांख्यशास्त्र**—छः दर्शनोंमेंसे एक यह भी है। इसमें सृष्टिकी उत्पत्तिका क्रम दिया है। इसमें प्रकृतिहीको जगत्‌का मूल माना है और कहा गया है कि सत्त्व, रज, तम गुणोंके योगसे सृष्टिका और उसके सब पदार्थों आदिका विकास हुआ है। इसमें ईश्वरकी सत्ता नहीं मानी गयी है। आत्माको पुरुष, अकर्ता, साक्षी और प्रकृतिसे भिन्न कहा गया है। **प्रतिपाला**=पालन किया, तामील की, बजा लाये। पन (सं० पर्वन=विशेष अवस्था)=आयुके चार भागोंमेंसे एक। **चौथपन**=चौथी अर्थात् वृद्धावस्था।

अर्थ—पुनः, देवहूतिजी उनकी कन्या हुईं जो कर्दम ऋषिकी प्रिय पत्नी हुईं॥ ५॥ जिसने अपने गर्भमें आदिदेव, समर्थ, दीनदयाल, कृपाल, कपिलभगवान्‌को धारण किया॥ ६॥ जिन्होंने सांख्यशास्त्रका प्रकट बखान किया। वे (कपिल) भगवान् तत्त्वविचारमें बड़े निपुण (प्रवीण, कुशल) थे॥ ७॥ उन स्वायम्भुव मनुने बहुत कालतक राज्य किया और सब तरहसे प्रभुकी आज्ञाका पालन किया॥ ८॥ घरमें रहते हुए चौथापन हो गया, विषयोंसे वैराग्य न हुआ, जीमें बहुत दुःख हुआ कि जन्म हरिभक्ति बिना व्यर्थ बीत गया॥ १४२॥

टिप्पणी—१ (क) *'देवहूति पुनि तासु कुमारी'*— *'पुनि'* का भाव कि उत्तानपाद और प्रियव्रतके पीछे ये पैदा हुईं, दोनों भाइयोंसे ये छोटी हैं। (ख) *'कर्दम कै प्रिय नारी।'* भाव कि स्त्रीका पतिप्रिय होना परम धर्म है, यथा—*'होइहि संतत पियहि पियारी।'* (६७। ३) *'पारबती सम अति प्रिय होहू'* इत्यादि। इसीसे *'प्रिय'* कहा। (वि० त्रि० कहते हैं कि कर्दम प्रजापतिने बहुत बड़ी तपस्या करके भगवान्‌से अपने अनुरूप पत्नी माँगी तब उन्हें देवहूति तपश्चर्याके फलरूपमें प्राप्त हुईं, अतः *'प्रिय नारी'* कहा।) (ग) *'आदिदेव प्रभु दीनदयाला',* इन तीन विशेषणोंसे तीन बातें कहीं। 'आदिदेव' से सृष्टिके कर्ता, सबको उत्पन्न करनेवाला, 'प्रभु' से समर्थ अर्थात् सबका संहार करनेवाले और 'दीनदयाल' से सबके पालनकर्त्ता जनाया। अथवा भाव कि सबके पालन करनेमें प्रभु (समर्थ) हैं, दीनदयाल हैं, प्रलयकालमें सबको अपने उदरमें रखते हैं। (घ) *'जठर धरेहु जेहि'* अर्थात् गर्भाशय वा उदरमें धारण किया। भाव कि जो सृष्टिमात्रको अपने उदरमें रखते हैं उनको इन्होंने अपने उदरमें रखा अर्थात् वे इनके पुत्र हुए। (ङ) *'कृपाला'* का भाव कि कृपा करके इनके जठर-(गर्भ-) में आये। अवतारका कारण कृपा है।

* बहु—१७२१, छ०। सब—१६६१, १७०४, १७६२।

टिप्पणी—२ (क) *'सांख्यसास्त्र जिन्ह प्रगट बखाना'* इति। *'प्रगट बखाना'* का भाव कि बखानना दो प्रकारका होता है। एक लिखकर, दूसरा कहकर। कपिलदेवजीने मातासे कहकर बखान किया, इसीसे *'प्रगट'* पद दिया [वा, वेद भी भगवान्‌की ही वाणी है। वेदोंमें सब कुछ है। अब भगवान्‌ने स्वयं प्रगट होकर आचार्यरूपसे उसको प्रत्यक्ष वर्णन किया। असुर (आसुरि) नामक अपने शिष्यको सांख्यशास्त्रका ज्ञान कराकर उसके द्वारा जगत्‌में पुनः प्रचार कराया। *'प्रगट'* में भाव यह कि वेदोंमें पूर्वपक्षरूपसे आये हुए सांख्यसिद्धान्तका प्रचार किसी कारणवश बंद हो जानेसे प्रकृतिवादका सिद्धान्त लुप्तप्राय हो गया था, इसीसे भगवान्‌ने कपिलरूपसे उसका पुनः प्रचार कराया।] अथवा, *'प्रगट बखाना'*= साक्षात्कार करके बखान किया। यह कहकर दूसरे चरणमें सांख्यशास्त्रका विषय कहते हैं। (ख) *'तत्वबिचार निपुन भगवाना'* अर्थात् सांख्यशास्त्रमें तत्त्वका विचार है। तत्त्व ऐश्वर्य हैं, उन्हींके विचारमें निपुण हैं; इसीसे 'भगवान' कहा। इस तरह भगवान्‌का कपिलदेवरूपमें अवतार कहा और 'सांख्यसास्त्र बखाना' यह उनके अवतारका हेतु कहा। (ग) ☞मनुमहाराजके तीन कन्याएँ हुईं। उनमेंसे देवहूतिको यहाँ कहा, क्योंकि इनके उदरसे कपिलभगवान्‌का अवतार हुआ।

नोट—१ *'सांख्य सास्त्र'* इति। इसमें त्रिविध दुःखोंकी अतिशय निवृत्ति ही परम पुरुषार्थ है। यह छः अध्यायोंमें कहा गया है। प्रथम अध्यायमें विषयोंका निरूपण है। दूसरेमें प्रधान कार्योंका वर्णन है। तीसरेमें विषय-वैराग्य है। चौथेमें पिङ्गलकुमारादि विरक्तोंकी आख्यायिका है। पाँचवेंमें परपक्षका निर्णय है और छठेमें समस्त अर्थोंका संक्षेप है। प्रकृति-पुरुषका ज्ञान ही सांख्यशास्त्रका मुख्य प्रयोजन है।—इसपर सांख्यसूत्र, गौड़पादाचार्यका भाष्य तथा वाचस्पति मिश्रकी *'सांख्यतत्त्व-कौमुदी'* नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं।

श० सा०—कपिलभगवान्‌ने सांख्यशास्त्रमें दो ही तत्त्व प्रधान कहे। एक प्रकृति, दूसरा पुरुष। प्रकृति दो प्रकारकी कहीं—प्रकृति और विकृति। मूल प्रकृति अविकृति है और महदादि सप्त प्रकृति-विकृति दोनों हैं; पुरुष न प्रकृति है न विकृति। प्रकृतिके २४ तत्त्व हैं—महत्तत्त्व, अहंकार, चक्षु, कर्ण, नासिका, जिह्वा, त्वक्, वाक्, पाणि, पायु, पाद, उपस्थ, मन, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश। मूल प्रकृतिसे शेष तत्त्वोंकी उत्पत्तिका क्रम इस प्रकार है।—प्रकृतिसे महत्तत्त्व (बुद्धि), महत्तत्त्वसे अहंकार, अहंकारसे १६ पदार्थ—दसों ज्ञान और कर्मेन्द्रियाँ, मन और पाँच तन्मात्राएँ (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध), पञ्च तन्मात्राओंसे पञ्चमहाभूत। (पृथ्वी, जल इत्यादि) प्रलयकालमें ये सब तत्त्व फिर प्रकृतिमें क्रमशः विलीन हो जाते हैं।

टिप्पणी—३ (क) *'तेहि मनु'* इति। 'तेहि' का सम्बन्ध 'जेहि' से है। *'जिन्ह तें भै नर सृष्टि अनूपा'* *'अजहुँ गाव श्रुति जिन्ह कै लीका'* *'तेहि मनु।'* 'तेहि' अर्थात् जिनके ऐसे-ऐसे पुत्र और कन्याएँ हुईं, जिनकी संतानसे भक्त और भगवान् दोनोंके अवतार हुए उन स्वायम्भुव मनुने (ख) *'राज कीन्ह बहु काला।'* अर्थात् बहुत कालपर्यन्त राज्यसुखभोग किया। उसके बादका हाल आगे कहते हैं। बहुत काल राज्य करनेका कारण दूसरे चरणमें कहते हैं कि *'प्रभु आयसु सब बिधि प्रतिपाला।'* 'प्रभु' से यहाँ ब्रह्माको समझना चाहिये (जैसा श्रीमद्भागवतसे स्पष्ट है। अथवा वह भी भगवान्‌की ही आज्ञा थी—*'ईस रजाइ सीस सब ही के।'*) मैथुनद्वारा मनुष्य-सृष्टि करके प्रजाकी वृद्धि की, प्रजाका पालन किया, धर्मका आचरण किया, जैसा ऊपर कह आये। यह सब प्रभुकी आज्ञा थी। उन्हींकी आज्ञासे बहुत दिन राज्य किया, नहीं तो उनको कुछ भोगकी इच्छा न थी। यह भाव *'प्रभु आयसु सब बिधि प्रतिपाला'* का है। [(ग) वेदमें जो वाक्य आज्ञारूपसे कहे गये हैं। जैसे—सत्यं वद, धर्मं चर, मातृदेवो भव इत्यादि—सत्य बोलो, धर्माचरण करो, माँको देवता मानो, इत्यादि) ये ही धर्म हैं। वेद ईश्वरके वाक्य हैं। अतः उनकी आज्ञा प्रभुकी आज्ञा है। (वि० त्रि०) *'बहु काला'* अर्थात् ७१ चतुर्युग राज्य करनेपर जब फिर सत्ययुग आया तब उसके भी लगभग १८५१४२ वर्ष और कुछ दिन राज्य किया तब तपस्या करने गये।—(वै०)]

नोट—२ *'प्रभु आयसु बहु बिधि प्रतिपाला।'* इति। भा० स्कं० ३ अ० १३ में यह कथा यों है

कि—'मनुशतरूपाजीके उत्पन्न होनेपर इन दोनोंने ब्रह्माजीसे प्रार्थना की कि हमें जो आज्ञा दीजिये वह हम करें। ब्रह्माजीने आज्ञा दी कि 'तुम अपने सदृश संतान उत्पन्न करके धर्मसे प्रजाका पालन करो और यज्ञ करके यज्ञ-पुरुषका भजन करो। इससे मेरी परम शुश्रूषा होगी और परमेश्वर प्रजापालनसे तुमपर प्रसन्न होंगे। प्रभुकी प्रसन्नता तथा ब्रह्मा-(पिता-)की आज्ञाको अपना धर्म समझकर इतने कालतक राज्यकर प्रजाका पालन किया, राज्यभोगकी इच्छासे नहीं। (अ० १३ श्लोक ६—१४) पुनः,

नोट—३ *'सब बिधि'* अर्थात् 'प्रभुकी आज्ञा जिस विधिकी थी उसी सब विधिसे उसका पालन किया। यहाँ प्रभुकी आज्ञा धर्मपालन है, अतएव आज्ञापालनहीको धर्म ठहराकर इस प्रसङ्गको धर्महीपर सम्पुट किया। (प्र० सं०) अथवा ४—प्रभुकी आज्ञा वेद है। वेदके अनुसार राज्य-धर्म प्रजापालन आदि और आश्रमधर्मानुरूप धर्म किये। (रा० प्र०) अथवा ५—वेदमें जितने विधिकर्म हैं वे सब किये। इत्यादि। इससे मनुजीका श्रद्धातिरेक दिखाया।

टिप्पणी—४ *'होइ न बिषय बिराग भवन बसत भा चौथपन'* इति। (क) चौथापन वैराग्यका समय है। चौथेपनमें राजाओंके लिये वन जानेकी आज्ञा नीतिमें है, यथा—*'संत कहहिं असि नीति दसानन। चौथेपन जाइहि नृप कानन॥'* (६। ७), *'अंतहु उचित नृपहि बनवासू॥'* (२। ५६) अतः जब चौथापन आया तब वैराग्य उत्पन्न हुआ।

पुनः भली प्रकार धर्मका सेवन करनेसे वैराग्य उदय होता है। धर्म-सेवन ऊपर लिख आये—*'दंपति धरम आचरन नीका।'* अतः अब वैराग्य हुआ। इसीसे प्रथम धर्म कहकर तब यहाँ वैराग्य होना और तब भक्ति क्रमसे कही। (ख)*'जनम गएउ हरि भगति बिनु'* इति। वैराग्यसे भगवत्-धर्मकी प्राप्ति होती है, वही यहाँ कहते हैं कि वैराग्य न हुआ, जन्म हरिभक्ति बिना व्यर्थ बीता जा रहा है। धर्मसे वैराग्य और वैराग्यसे भक्ति होती है यथा—*'प्रथमहि बिप्रचरन अति प्रीती। निज निज धरम निरत श्रुति रीती॥ एहि कर फल पुनि बिषय बिरागा। तब मम धरम उपज अनुरागा॥'* (३। १६) (ग)*'बहुत दुख लाग'* के कारण दो कहे—एक तो यह कि विषय-भोग करते युग-के-युग बीत गये, दूसरे यह कि घरमें बसते हुए चौथापन हो गया, जन्म भगवद्भक्तिरहित बीता जा रहा है। ☞विषयभोग तथा भवनमें बने रहने इन दोनोंकी ओरसे ग्लानि हुई। तात्पर्य कि अब दोनोंको त्याग देना चाहते हैं; क्योंकि विषयभोगसे भगवान्‌की प्राप्ति नहीं होती, यथा—*'राम प्रेम पथ पेखिए दिये बिषय तन पीठि। तुलसी केंचुलि परिहरे होति साँपहू डीठि॥'* [☞देखिये मनुमहाराजको *'बिषय और भवन'* दोकी ग्लानि हुई और छोटे-बड़े सभी जीवोंका आजकल प्रायः इन दोनोंकी ही चाहमें सारा जन्म बीत जाता है और मरते समय भी इनकी तृष्णा नहीं जाती।] बिना हरिभक्तिके जन्म व्यर्थ गया, इस कथनमें 'प्रथम विनोक्ति अलंकार' है।

नोट—४ *'भवन बसत भा चौथपन'* कहकर सूचित किया कि चौथेपनके आ जानेतक इन्होंने राज्य किया। (पंजाबीजी लिखते हैं कि मनुजीका विषयोंमें आसक्त होना नहीं कहा जा सकता। अतएव 'विराग' का अर्थ 'त्यागका अवकाश' लेना चाहिये। अर्थ है कि गृहस्थीमें विषयोंसे वैराग्यका अवकाश नहीं मिलता, यह चिन्ता हुई। वैराग्यका उदय यहाँ लोकशिक्षार्थ है।)

नोट—☞५—जिन मनुमहाराजके कुलमें ध्रुव, प्रियव्रत आदि ऐसे-ऐसे परमभक्त हुए। उनका यह सिद्धान्त है कि घरमें विषयोंसे वैराग्य होना कठिन है। यथा—*'सुरराज सों राज-समाज, समृद्धि बिरंचिधनाधिप सों धनु भो। पवमान सो, पावक सो, जम सोम सो पूषन सो, भवभूषन भो॥ करि जोग समाधि समीरन साधिकै, धीर बड़ो बसहू मन भो। सब जाइ सुभाय कहै तुलसी जो न जानकि जीवनको जन भो॥'* (क० उ० ४२) *'झूमत द्वार अनेक मतंग जँजीर जरे मद अंबु चुचाते। तीखे तुरंग मनोगति चंचल पौनके गौनहु ते बढ़ि जाते॥ भीतर चंद्रमुखी अवलोकति बाहर भूप खड़े न समाते। ऐसे भए तो कहा तुलसी जो पै जानकी-नाथके रंग न राते॥'* (क० उ० ४४)

प्रियव्रतके मनमें जब वैराग्य उत्पन्न हुआ, उनके उस समयके विचार श्रीमद्भागवतमें यों दिये हैं·

कि 'वह ऐसा विचार करके पश्चात्ताप करने लगे कि अहो! राज्य-भोगमें पड़कर मैं मङ्गलमार्गसे भ्रष्ट हो गया। अहो! मैंने बहुत ही बुरा किया। इन्द्रियोंने मुझे अविद्यारचित विषम विषयोंके गढ़ेमें गिरा दिया। मेरा जन्म ही वृथा बीता जाता है। बस, अब विषयभोगको त्याग करना चाहिये......'—(स्कंध ५ अ० १) यथा—'**अहो असाध्वनुष्ठितं यदभिनिवेशितोऽहमिन्द्रियैरविद्यारचितविषमविषयान्धकूपे। तदलमलममुष्या वनिताया विनोदमृगं मां धिग्धिगिति गर्हयाञ्चकार॥**' (३७)

नोट—६ मनुजीने आयुभर धर्महीका पालन किया, उनको तो पश्चात्ताप न होना चाहिये था। गोस्वामीजीकी उपदेशशैली बड़ी अद्भुत है। धर्मोंसे सुख-भोग प्राप्त होता है, भक्तिकी प्राप्ति नहीं होती और बिना भक्तिके मुक्ति नहीं—*'बिनु हरि-भजन न भव तरिय यह सिद्धांत अपेल।'* इसीको यहाँ पुष्ट कर रहे हैं। अन्य धर्म करना सूदपर रुपया लगाना है (स्नेहलताजी)

बरबस राज सुतहि तब* दीन्हा। नारि समेत गवन बन कीन्हा॥ १॥
तीरथ बर नैमिष बिख्याता। अति पुनीत साधक सिधि दाता॥ २॥
बसहिं तहाँ मुनि सिद्ध समाजा। तहँ हिअ हरषि चलेउ मनु राजा॥ ३॥
पंथ जात सोहहिं मतिधीरा। ग्यान भगति जनु धरें सरीरा॥ ४॥
पहुँचे जाइ धेनुमति तीरा। हरषि नहाने निरमल नीरा॥ ५॥

शब्दार्थ—बरबस=(बल+वश)=हठात्, जबरदस्ती। धेनुमति=गोमती। तीरथ (तीर्थ)=पवित्र स्थान जहाँ धर्मभावसे लोग यात्रा, पूजा, स्नान, दर्शनादिके लिये जाते हों। साधुओंका दर्शन भी तीर्थ है।

अर्थ—तब (उन्होंने) हठात् (विवश होकर) पुत्रको राज्य दिया और स्त्रीसहित वनको चलते हुए॥ १॥ तीर्थमें श्रेष्ठ, अत्यन्त पवित्र और साधकोंको सिद्ध कर देनेवाला नैमिषारण्य (नीमसार तीर्थ) प्रसिद्ध है॥ २॥ वहाँ 'मुनियों और सिद्धों' के समाज-के-समाज बसते हैं। मनुमहाराज मनमें प्रसन्न होकर वहाँको चले॥ ३॥ धीरबुद्धि (राजा और रानी) मार्गमें चलते हुए (ऐसे) शोभित हो रहे हैं मानो ज्ञान और भक्ति ही शरीर धारण किये हुए (जा रहे) हैं॥ ४॥ वे जाकर गोमती नदीके तटपर पहुँचे और निर्मल जलमें प्रसन्नतापूर्वक उन्होंने स्नान किया॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'बरबस'* शब्दसे पुत्रकी पितृभक्ति दिखायी। और *'नारि समेत'* कहकर रानीका पातिव्रत्यधर्म दिखाया और सूचित किया कि वानप्रस्थ-धर्म धारण किया है। यहाँ 'सुत' से जनाया कि राज्य ज्येष्ठ पुत्रको दिया। बड़ा ही पुत्र राज्याधिकारी होता है इसीसे उसके साथ प्रथम ही नृपपद दे आये हैं। यथा—*'नृप उत्तानपाद सुत जासू।'*

नोट—१ पं० रामकुमारजीके मतानुसार उत्तानपादको राज्य हुआ, क्योंकि वह बड़ा लड़का था। कल्पान्तरभेदसे ऐसा हो सकता है।

इस प्रसङ्गके विषयमें श्रीमद्भागवत आदिमें जो इतिहास मिलता है उससे ऐसा जान पड़ता है कि उत्तानपाद और फिर उनकी संतान राज्य-भोग करते रहे। साथ ही यह भी इतिहास है कि मनुमहाराजने प्रियव्रतको बरबस राज्य देकर वनगमन किया। उत्तानपादके विषयमें बरबस राज्य दिया जाना नहीं पाया जाता। इन दो परस्पर विरोधी बातोंका मेल यों हो सकता है कि मनुको मन्वन्तर भोग करना होता है पर उनकी संतानको तो वह आयु मिलती नहीं। पृथ्वीका राज्य उन्होंने उत्तानपादको दिया, उनके बाद ध्रुवजी आदि राजा हुए। प्रियव्रतजी तपस्या करते रहे। नारदजीसे ज्ञान पाकर वे निवृत्तिमार्गपर आरूढ़ हो गये थे। मन्वन्तर समाप्त होनेके पूर्व ही राजा उत्तानपादके वंशमें कोई न रह गया तब प्रियव्रतको जबरदस्ती राज्य दिया। मनुजीके कहनेपर भी उन्होंने राज्य करना स्वीकार न किया तब ब्रह्माजीने आकर समझाया। यह कथा (स्कं० ५ अ० १) में है।

* नृप—भा० दा०, १७२१, को० रा०। पुनि-छ०। तब—१६६१, १७०४, १७६२।

इस प्रकार कहीं विरोध नहीं रह जाता। अथवा यही कह सकते हैं कि *'कल्प भेद हरि चरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाए॥ करिय न संसय अस जिय जानी।'* इस भावकी पुष्टि श्रीसन्तसिंह पंजाबीजीकी टीकासे होती है। और स्वामी पं० श्रीरामवल्लभाशरणजीकी भी सम्मति इसमें पायी जाती है।

नोट—२ *'नैमिष'* 'नैमिषारण्य' (नीमसार)—यह स्थान अवधके सीतापुर जिलेमें है। इसके सम्बन्धमें दो प्रकारकी कथाएँ हैं। (१) वराहपुराणमें लिखा है कि इस स्थानपर गौरमुख नामक मुनिने निमिषमात्रमें असुरोंकी बड़ी भारी सेना भस्म कर दी थी इसीसे इसका नाम नैमिषारण्य पड़ा। (२) देवीभागवतमें लिखा है कि ऋषिलोग जब कलिकालके भयसे बहुत घबराये तब ब्रह्माने उन्हें एक मनोमय चक्र देकर कहा कि तुमलोग इस चक्रके पीछे चलो, जहाँ इसकी नेमि (घेरा, चक्कर) विशीर्ण हो जाय उसे अत्यन्त पवित्र स्थान समझना। वहाँ रहनेसे तुम्हें कलिका कोई भय न रहेगा। कहते हैं कि सूतजी-(सौत मुनि-) ने इस स्थानपर ऋषियोंको एकत्र करके महाभारतकी कथा कही थी। (३) विष्णुपुराणमें लिखा है कि इस क्षेत्रमें गोमतीमें स्नान करनेसे सब पापोंका क्षय होता है।

नोट—३ ऊपरके *'होइ न बिषय·······'* इस दोहेमें तीन बातें कही थीं। उन्हींको अब चरितार्थ करते हैं। *'होइ न बिषय बिराग'* अतएव *'बरबस राज सुतहि तब दीन्हा।'* *'भवन बसत भा चौथपन हृदय बहुत दुख लाग।'*, अतएव राज्य त्यागकर *'गवन बन कीन्हा।'* और, जो पूर्व कहा कि *'जनम गएउ हरिभगति बिनु'* इसके सम्बन्धमें आगे कहेंगे कि *'बासुदेव-पद-पंकरुह दंपति मन अति लाग।'*

नोट—४ (क) *'साधक सिधि दाता। बसहिं तहाँ मुनि सिद्धि·······'* इति।—साधक लोग सिद्धि पाकर सिद्ध हो जाते हैं और साधनरहित होकर वहाँ बसते हैं। विषयी, साधक और सिद्ध तीन प्रकारके जीव संसारमें हैं, यथा—*'बिषई साधक सिद्ध सयाने। त्रिबिध जीव जग बेद बखाने॥'* (२। २७७) इनमेंसे यहाँ केवल साधक और सिद्ध बसते हैं, विषयी नहीं; अतएव दोहीका बसना कहा। (ख) *'हिय हरषि'*— मनका हर्षित होना कार्य-सिद्धिका शकुन है, यथा—*'होइहि काज मन हरष बिसेषी'*, *'हरषि चले मुनि भय हरन।'*

नोट—५ नैमिषारण्य ही क्यों गये अन्यत्र क्यों नहीं? इसके विषयमें बाबा सरयूदासजी लिखते हैं कि 'तपके लिये सत्ययुगमें नैमिषारण्य, त्रेतायुगमें पुष्कर, द्वापरमें कुरुक्षेत्र और कलियुगमें गङ्गातट विशेषरूपसे शीघ्र फलदायक कहे गये हैं, यथा—कूर्मपुराणे—'**कृते तु नैमिषं तीर्थं त्रेतायां पुष्करं वरम्। द्वापरे तु कुरुक्षेत्रं कलौ गङ्गा विशिष्यते॥**' (बाबा सरयूदासकी गुटकासे)

टिप्पणी—२ (क) *'पंथ जात सोहहिं·······ज्ञान भगति·······'* इति।—पृथ्वीभरका राज्य छोड़ पैदल, नंगे पैर पन्थमें चलना भक्ति, ज्ञान और वैराग्यकी शोभा है। ज्ञानी, वैरागी भक्त कहलाकर सवारी विशेष संग लेना शोभा नहीं है। [(ख) धीर=जिनके मनमें कामक्रोधादिके वेगसे उद्वेग न हो। यथा—'**वेगेनावध्यमानेत्वममिते कामक्रोधयोः। गदिते धीमतां धैर्यं बले भूपति तेजसि॥**' (भ० गु० द०। वै०) धीर मति=स्थिर बुद्धिवाले। (ग) करुणासिन्धुजी लिखते हैं कि दम्पति भगवान्‌की प्राप्तिके लिये जा रहे हैं। भक्ति और ज्ञान भी भगवत् प्राप्ति करते हैं, अतएव दम्पति राहमें जाते ऐसे जान पड़ते हैं मानो भक्ति और ज्ञान ही प्रभुसे मिलने जा रहे हैं। यहाँ 'अनुक्तविषयावस्तूत्प्रेक्षा' है। (घ) *'हरषि नहाने निर्मल नीरा'* इति।—उत्साहपूर्वक स्नान करनेका माहात्म्य बहुत है; उत्साह भङ्ग होनेसे धन, धर्म नष्ट होता है। *'निर्मल नीरा'* से जनाया कि वर्षा ऋतु नहीं है। ३९,६,४४,४,४४,८ देखिये। तीर्थमें जाय तो प्रथम उसका माहात्म्य सुने। माहात्म्य सुननेसे स्नानमें उत्साह होता है और तब हर्षपूर्वक स्नान किया जाता है। उसी नियमसे यहाँ स्नान जनाया। यथा—*'गाधिसूनु सब कथा सुनाई। जेहि प्रकार सुरसरि महि आई॥ तब प्रभु रिषिन्ह समेत नहाए।'* (२१२। २-३) *'चित्रकूट महिमा अमित कही महामुनि गाइ। आइ नहाए सरित बर सिय समेत दोउ भाइ॥'* (२। १३२) *'कहि सिय लखनहिं सबहिं सुनाई। श्रीमुख तीरथराज बड़ाई॥ करि प्रनाम·······।·······मुदित नहाइ·······।'* (२। १०६) *'देखु परम पावनि पुनि बेनी। हरनि सोक हरिलोकनिसेनी॥·······पुनि प्रभु आइ त्रिबेनी हरषित मज्जनु कीन्ह।'* (६। ११९) इत्यादि]

आए मिलन सिद्ध मुनि ग्यानी। धरमधुरंधर नृपरिषि जानी॥ ६॥
जहँ जहँ तीरथ रहे सुहाए। मुनिन्ह सकल सादर करवाए॥ ७॥
कृस सरीर मुनिपट परिधाना। सत* समाज नित सुनहिं पुराना॥ ८॥
दोहा—द्वादश अच्छर मंत्र पुनि† जपहिं सहित अनुराग।
बासुदेव पद पंकरुह दंपति मन अति लाग॥ १४३॥

शब्दार्थ—नृपरिषि=राजर्षि। परिधान (सं०)=नीचे पहननेका वस्त्र।=पहननेका वस्त्र=कपड़ा पहनना।

अर्थ—धर्मधुरन्धर राजर्षि जानकर सिद्ध, मुनि और ज्ञानी उनसे मिलने आये॥ ६॥ जहाँ-जहाँ सुन्दर तीर्थ थे, वे सब मुनियोंने उनको आदरपूर्वक करा दिये॥ ७॥ शरीर दुबला है, मुनिवस्त्र (वल्कल-कौपीन आदि) उनके पहननेके वस्त्र थे। वे संतसमाजमें नित्यप्रति पुराण सुना करते थे॥ ८॥ और प्रेमपूर्वक द्वादशाक्षर मन्त्र जपते थे। 'वासुदेव' भगवान्‌के चरणकमलोंमें राजा-रानीका मन बहुत ही लग गया॥ १४३॥

नोट—१ '*आए मिलन सिद्ध मुनि*......' इति। राजाके पास मुनिगण आये। इसका कारण यह है कि मनुमहाराज बड़े ही धर्मधुरंधर राजा हुए। मुनिगण जहाँ वैराग्य और अनुरागकी अतिशयता अनुभव करते हैं वहाँ उनका आदर करते हैं। राज्य छोड़ वानप्रस्थ ले लिया है, अतएव अब राजर्षि हैं—(श्रीरूपकलाजी) पुनः ये तो मानो ज्ञान-भक्तिकी मूर्ति ही हैं, अतएव मुनिगण मानो अपने उपास्यके स्वरूपसे मिलने आये।

बाबा रामप्रसादशरणजी लिखते हैं कि 'सिद्ध लोग इससे मिलने आये कि जिन विषयोंके हेतु हमने नाना साधन करके सिद्धि प्राप्त की है वही सब छोड़कर राजा तप करने आये हैं, अतएव हमसे श्रेष्ठ हैं। मुनि मननशील वैरागी इससे मिलने आये कि जैसे हमको संसारी पदार्थोंसे घृणा है वैसे ही राजाको भी है, अतएव हमारे समान शीलवान् हैं और ज्ञानी इससे मिलने आये कि राजाको वैराग्य हुआ है, वह तत्त्वज्ञानका जिज्ञासु है, उसे उपदेश देना होगा। दूसरे इनका धर्मात्माओंसे स्वाभाविक स्नेह होता है और राजा धर्मधुरन्धर है।' इससे जनाया कि मुनि सिद्ध ज्ञानीके समाजमें धर्म, भक्ति और ज्ञानका आदर है, ऐश्वर्यका नहीं।

नोट—२ '*मुनिन्ह सकल सादर करवाये*' इति। नैमिषारण्यक्षेत्रके मध्यमें अनेक तीर्थ हैं जैसे कि मिश्रिख, पञ्चप्रयाग, चक्रतीर्थ इत्यादि। ये ही सकल तीर्थसे अभिप्रेत हैं। 'सादर' का भाव कि प्रत्येक तीर्थका नाम, माहात्म्य, दर्शन और सेवन-विधि इत्यादि बता-बताकर विधिपूर्वक दान-मानसहित तीर्थ करवा देते थे जिससे दम्पतिको यथार्थ फलकी प्राप्ति हो।

टिप्पणी—१ (क) राजारानी किस प्रकार रहते थे, उनकी नित्य चर्या क्या थी यह यहाँ बताया है, तीर्थवास, फल-फूल-भोजन, वल्कल वस्त्र। इससे शरीर दुबला हो गया है, कुछ काल तीर्थदर्शन ही करते रहे, पुनः संत-समाजमें पुराणादि सुनते रहे, पुनः, रात-दिन अनुरागसहित मन्त्र जपने लगे। (ख) '*सहित अनुराग*' इति।—अनुरागसे कार्य सिद्ध होता है, यथा—'*रामनाम जपु जिय सदा सानुराग रे*' (विनय०) '*मिलहिं न रघुपति बिनु अनुरागा। किए जोग तप ग्यान बिरागा॥*' (७। ६२। १) (ग) '*द्वादश अच्छर मंत्र*......। *बासुदेवपद*......' इति—'वासुदेवपद' देकर द्वादश अक्षर मन्त्रकी व्याप्ति मिटायी अर्थात् और मन्त्र नहीं वासुदेवमन्त्र ही जपा। मूर्तिके ध्यानसहित अनुरागपूर्वक मन्त्र जपनेसे इष्टका शीघ्र साक्षात्कार होता है—यह विधि है। यहाँ वासुदेव, सच्चिदानन्द, ब्रह्म, हरि, ये सब श्रीराम ही हैं क्योंकि श्रीराम ही अन्तमें प्रकट हुए। यथा—'*ब्रह्म सच्चिदानंदघन रघुनायक जहँ भूप।*', 'रामाख्यमीशं हरिम्', 'यदक्षरं परं ब्रह्म वासुदेवाख्यमव्ययम्।' (अ० रा० ७। ८। ६८)। (घ) '*सतसमाज नित सुनहिं पुराना*' कहकर '*द्वादश*......' कहनेसे पाया गया कि सत्सङ्ग और हरिकथाश्रवणसे हरिभक्ति होती है।

* संतसमाज १७६२। 'संत सभा'। (पं०) †मंत्र बर। (बैं०)।

* द्वादश अक्षर मन्त्र *

पं० श्रीरामवल्लभाशरणजीका मत है कि '**ॐ नमो भगवते वासुदेवाय**' यही द्वादशाक्षर वासुदेव मन्त्र है। श्रीनारदजीने यही मन्त्र ध्रुवजीको बताया था। यथा—'**जपश्च परमो गुह्यः श्रूयतां मे नृपात्मज। यं सप्तरात्रं प्रपठन्पुमान् पश्यति खेचरान्॥ ॐ नमो भगवते वासुदेवाय।' मन्त्रेणानेन देवस्य कुर्याद्द्रव्यमयीं बुधः। सपर्यां विविधैर्द्रव्यैर्देशकालविभागवित्॥**' (भा० स्कं० ४ अ० ८। ५३-५४) अर्थात् 'हे राजपुत्र! इसके साथ-साथ जिस परम गुह्य मन्त्रका जप करना आवश्यक है वह भी बतलाता हूँ। इसका सात रात्रि जप करनेसे मनुष्यको सिद्धोंका दर्शन होता है। वह मन्त्र '**ॐ नमो भगवते वासुदेवाय**' है। देशकालके विभागको जाननेवाले बुद्धिमान् पुरुषको चाहिये कि इस मन्त्रद्वारा भगवान्‌की नाना सामग्रियोंसे पूजा करें। (भा०) वासुदेव-मन्त्र पर-वासुदेव और चतुर्व्यूहगत वासुदेव दोनोंका वाचक है। ध्रुवजीको राज्यकी कामना थी। अतएव उनको चतुर्भुजरूपका ध्यान नारदजीने बताया था। जिस मूर्तिका ध्यान किया जाता है वही स्वरूप प्रकट होता है। नारद पाञ्चरात्रमें पर-वासुदेवकी मूर्त्तिका ध्यान यह लिखा है।—'**मरीचिमण्डलं संस्थं बाणाद्यायुधभूषितम्। द्विहस्तमेकवक्त्रञ्च रूपमाद्यमिदं हरेः॥**' अर्थात् तेजके मण्डलमें स्थित, बाण आदि आयुधसे युक्त द्विभुज, एक मुख हरिभगवान्‌का यही आदि रूप है।

मनुशतरूपाजीने वासुदेव मन्त्रका जप किया और पर वासुदेवका ध्यान किया—परन्तु निष्काम होकर, अतएव उनको परात्पर परब्रह्म श्रीरामचन्द्रजीका दर्शन हुआ।

कुछ लोगोंका कहना है कि श्रीसीतारामजी मनुशतरूपाजीके सामने प्रकट हुए हैं इससे यहाँ श्रीराम-सीताजीका ही मन्त्र अभिप्रेत है। श्रीराम षडक्षर मन्त्र तथा श्रीसीता षडक्षर मन्त्र दोनों मिलकर द्वादशाक्षर-मन्त्र हुआ।' इन दोनों मन्त्रोंका जप वैष्णवोंमें एक साथ किया जाता है। परन्तु दोहेमें मन्त्रका विशेषण ***'द्वादश अक्षर'*** है जिससे जान पड़ता है कि मन्त्र एक ही है, दो नहीं और वह मन्त्र बारह अक्षरका है। वासुदेव मन्त्रसे श्रीसीतारामजीका प्रकट होना वैसे ही है जैसे रामनामके जपसे प्रह्लादके लिये 'नृसिंह' का। सत्योपाख्यानमें श्रीसीतारामजीका ध्यान करते हुए द्वादशाक्षर मन्त्रके जपका माहात्म्य भी बताया गया है। यथा—'**ध्यायन्ननन्यभावेन द्वादशाक्षरमन्वहम्। पूजयेद्विधितो नित्यं श्रीरामं न्यासपूर्वकम्॥**' (पू० अ० ३२। २३) फिर सुतीक्ष्णजीके पूछनेपर अगस्त्यजीने बताया है कि '**प्रणवं पूर्वमुच्चार्य नमः शब्द ततो वदेत्। भगवत्पदमाभाष्य वासुदेवाय इत्यपि॥ ततः सर्वात्मसंयोगयोगपीठात्मने नमः। इति मन्त्रेण तन्मध्ये कुर्यात्पुष्पाञ्जलिं पुनः॥**' (४२) इत्यादि। इससे स्पष्ट है कि योगपीठात्मक यही मन्त्र श्रीरामजीका है। अतः वासुदेव-मन्त्रसे श्रीसीतारामजी प्रकट हुए इसमें सन्देह नहीं। (मा० त० वि०)

पुनः, वासुदेवका अर्थ है—'जो सब विश्वमें बसा हुआ है और जिसमें सब विश्वका निवास है। महारामायण यथा—'**सर्वे वसन्ति वै यस्मिन् सर्वेऽस्मिन् वसते च यः। तमाहुर्वासुदेवं च योगिनस्तत्त्व-दर्शिनः॥**' (५२। ८९) तब इससे श्रीरामजी क्यों न प्रकट होते! पुनः, यथा—'***बिस्व बास प्रगटे भगवाना।***'

वि० त्रि०—लिखते हैं कि 'पुराणोंमें वासुदेव शब्दका अति उदार अर्थ पाया जाता है। प्रभु समस्त भूतोंमें व्याप्त हैं और समस्त भूत भी उन्हींमें रहने हैं, तथा वे ही संसारके रचयिता और रक्षक हैं, इसलिये वे वासुदेव कहलाते हैं। यथा—'**भूतेषु वसते सोऽन्तर्वसन्त्यत्र च तानि यत्। धाता विधाता जगतां वासुदेवस्ततः प्रभुः॥**' (वि० पु० अंश ६, अ० ५, श्लो० ८२)………स्वायम्भू मनुकी तपस्याकी कथा कालिकापुराणमें मिलती है, उसमें भी वासुदेवके जपका ही उल्लेख है। यथा—'**ॐ नमो वासुदेवाय शुद्धज्ञानस्वरूपिणे। इति जप्यं प्रजप्तो मनोः स्वायम्भुवस्य च॥ प्रससाद जगन्नाथः केशवो नचिरादथ।**' अर्थात् '**ॐ नमो वासुदेवाय शुद्धज्ञानस्वरूपिणे**' इसे जपते हुए स्वायम्भू मनुपर जगन्नाथ केशवने शीघ्र ही कृपा की। यहाँ '**शुद्धज्ञानस्वरूपिणे**' पद 'भगवते' का अनुवाद है।'

श्रीकरुणासिन्धुजी भी लिखते हैं कि 'वासुदेव, पर पुरुष, ब्रह्म, व्यापक आदि जिसको कहते हैं वह रामचन्द्रजी ही हैं। प्रमाण सनत्कुमारसंहिता यथा—'**नमोऽस्तु वासुदेवाय ज्योतिषां पतये नमः। नमोऽस्तु रामदेवाय**

जगदानन्दरूपिणे॥ कौसल्यानन्दनं रामं धनुर्बाणधरं हरिम्॥' रा० प्र० कार लिखते हैं कि द्वादश अक्षर-मन्त्र राममन्त्रका अङ्गभूत है, उसीको जपते हैं।

पं० शिवलालपाठकजीका मत यहाँ भिन्न है। पाठकजी कहते हैं कि 'वासुदेव' शब्द यहाँ लक्षणा है। अर्थात् मुख्य अर्थका बाध करके और अर्थ प्रकट कर और आगे चरण-कमल (पदपंकरुह) लिखा है। पुनः, वासुदेव श्रीरामचन्द्रजीके प्रकाशको कहते हैं, यथा—'वासुदेवो घनीभूतस्तनु तेजो महाशिवः।' अतएव वासुदेवसे श्रीरामचन्द्रजी सूचित होते हैं, उनके पदका मुनि ध्यान करते हैं और षडक्षर मन्त्र दोनों जपते हैं। अतएव १२ अक्षर मूलमें कहा है, यह अथर्वण वेदमें लिखा है।—(मानसमयङ्क) श्रीकरुणासिन्धुजीने यह भाव भी दिया है।

नोट—३ 'वासुदेव' पद देनेका कारण यह भी हो सकता है कि श्रीमनुमहाराजने कोई विशेषरूप मनमें नहीं निश्चित किया है जो निर्गुण, सगुण, शिव-भुशुण्डि-मन-मानस-हंस, इत्यादि है उसके दर्शनकी अभिलाषा, उसीके गुणोंका ध्यान चित्तमें है। अतएव ऐसा शब्द यहाँ दिया गया कि जो द्वैत, अद्वैत, द्वैताद्वैत, विशिष्टाद्वैत और उपासकों सभीके अनुकूल है, सभीके मतोंका प्रबोधक है, प्रभुका अवतार गुप्त है; अतएव गुप्त रीतिसे लिखा है।

श्रीरामजीके मन्त्रोंके सम्बन्धमें खोज करनेसे हमें वे० भूषणजीसे मालूम हुआ कि आनन्दरामायणके मनोहरकाण्ड सर्ग १५ में एकाक्षरीसे लेकर पञ्चाशताक्षरीतकके अनेक राममन्त्रोंका उल्लेख है। उनमें एक द्वादशाक्षर मन्त्र भी है। यह एक ही है और उसमें विशेषता यह है कि इस मन्त्रके जपका माहात्म्य भी उसमें साथ-ही-साथ पूरे एक श्लोकमें दिया हुआ है जो बात अन्य मन्त्रोंके साथ प्राप्त नहीं है। मन्त्र और उसका माहात्म्य इस प्रकार है—'श्रीसीतारामं वन्दे श्रीराजारामम्।' द्वादशाक्षरमन्त्रोऽयं कीर्तनीयो सदा जनैः। वीणावाद्यादिनः पुण्यः सर्ववाञ्छितदायकः।' (१२९) अतः मेरी समझमें यदि श्रीसीताराम नामात्मक मन्त्र ही लेना हो तो उपर्युक्त द्वादशाक्षरी मन्त्र ले सकते हैं। इसमें श्रीसीता और श्रीराम दोनों नाम भी हैं और यह मन्त्र भी है।

यह खोज इसलिये की गयी कि हारीतसंहितामें श्रीमनुजीका श्रीराम-मन्त्र जपना कहा गया है, यथा—'श्रीरामाय नमो ह्येतत्तारकं ब्रह्म संज्ञितम्। इममेव जपन्मन्त्रं रुद्रस्त्रिपुरदाहकः। कार्तिकेयो मनुश्चैव देवता त्वं प्रपेदिरे। बालखिल्यादि मुनयो जप्त्वा मुक्ता भवाम्बुधेः॥'

श्रीरामरहस्योपनिषद्में अनेक राममन्त्र दिये हैं। उनमेंसे एक द्वादशाक्षरमन्त्र यह है—

'शेषं षडर्णवज्ज्ञेयं न्यासध्यानादिकं बुधैः। द्वादशाक्षरमन्त्रस्य श्रीरामऋषिरुच्यते॥ जगती छन्द इत्युक्तं श्रीरामो देवता मता। प्रणवो बीजमित्युक्तः क्लीं शक्तिर्ह्रीं च कीलकम्॥ मन्त्रेणाङ्गानि विन्यस्य शिष्टं पूर्ववदाचरेत्। तारं मायां समुच्चार्य भरताग्रज इत्यपि॥ रामं क्लीं वह्निजायान्तं मन्त्रोऽयं द्वादशाक्षरः। ॐ ह्रद्भगवते रामचन्द्रभद्रौ च डेयुतौ॥' (द्वितीय अध्याय ५१—५४)

संत श्रीगुरुसहायलालजी एक भाव यह भी लिखते हैं कि 'यह जपरीति वानप्रस्थोंकी है। योगियोंकी रीति है कि प्रथम द्वादशाक्षर जप लेते हैं तब प्रणव वा अजपा जप वा क्रिया इत्यादि करते हैं। इसीसे यहाँ द्वादशाक्षरका जप करके तब *'हरि हेतु करन तप लागे।'* (मा० त० वि०)

> **करहिं अहार साक फल कंदा। सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानंदा॥ १॥**
> **पुनि हरि हेतु करन तप लागे। बारि अधार* मूल फल त्यागे॥ २॥**
> **उर अभिलाष निरंतर होई। देखिअ नयन परम प्रभु सोई॥ ३॥**
> **अगुन अखंड अनंत अनादी। जेहि चिंतहिं परमारथबादी॥ ४॥**

* अहार—पं० रा० व० श०।

शब्दार्थ—शाक, फल, कंद—(७४। ४) देखिये। **सच्चिदानन्द**=सत् (जो किसीसे उत्पन्न नहीं हुआ हो, जिसका विनाश न हो) चित् (सर्वप्रकाशक) आनन्द (सुखस्वरूप)।

अर्थ—वे शाक (साग), फल, कन्द (मूल) खाते और सच्चिदानन्द ब्रह्मका स्मरण करते थे॥ १॥ फिर वे हरिके लिये तप करने लगे। मूल-फलको छोड़कर जलहीका आधार (सहारा) लिया॥ २॥ उनके हृदयमें निरन्तर यही लालसा हुआ करती कि उसी परम प्रभुको देखें, जो निर्गुण, अखण्ड (अविच्छिन्न, सम्पूर्ण, जिसके खण्ड न हो सकें), आदि और अन्त (अर्थात् जन्म-मरण) रहित हैं, जिसका चिन्तन परमार्थवादी (ब्रह्मवादी, तत्त्ववेत्ता) करते हैं॥ ३-४॥

टिप्पणी—१ (क) ***'करहिं अहार साक फल कंदा'*** इति। यहाँ शाक, फल, कन्दके आहारका क्रम पार्वतीजीके तपक्रमसे उलटा है, शेष सब क्रम वही है। पार्वतीजीने प्रथम कन्द खाये तब फल फिर शाक और उसके बाद क्रमसे जलपर फिर पवनपर ही रहीं, तदनन्तर उपवास किये, यथा—***'संबत सहस मूल फल खाए। साग खाइ सत बरष गँवाए॥ कछु दिन भोजनु बारि बतासा। किए कठिन कछु दिन उपवासा॥'*** (७४। ४-५) मनुजीके तपमें व्यतिक्रम कहकर जनाया कि शाक, फल, कन्द यह सब आहार है। सब आहारको एक कोटिमें रखा! तात्पर्य यह कि शाक, फल और कन्द इनमें कोई नियम नहीं लिया कि शाक ही खायेंगे या कन्द ही खायेंगे अथवा फल ही खायेंगे। इनमेंसे जो मिल गया वही खा लिया। अर्थात् कभी कन्द खाये, कभी शाक और कभी फल ही खाकर रह जाते थे।* पार्वतीजीकी तरह राजाने भी वस्त्र छोड़ दिये, वल्कलवस्त्र पहनते हैं, यथा—***'कृस सरीर मुनिपट परिधाना'***, अन्न भी छोड़ दिया, शाक, फल, कन्द खाते हैं। (ख) ***'सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानंदा।'*** भाव कि 'केवल शरीरकी **'कष्टा'** ही नहीं करते (अर्थात् केवल शारीरिक कष्ट ही नहीं उठाते) किन्तु सच्चिदानन्द ब्रह्मका स्मरण भी करते हैं। सच्चिदानन्दके रूप नहीं है इसीसे उनका सुमिरना लिखा और वासुदेवके रूप है इसीसे दोहेमें वासुदेवपदपंकरुहमें प्रीति करना लिखा। सच्चिदानन्द ब्रह्म ही वासुदेव हुए हैं। यथा—***'राम सच्चिदानंद दिनेसा।'*** (११६। ५) ***'बिस्वबास प्रगटे भगवाना।'*** (१४६। ८) ***'जगनिवास प्रभु प्रगटे........।'*** (१९१) (दोहेमें जो वासुदेवपदपंकरुह कहा था उसके 'वासुदेव' का अर्थ यहाँ स्पष्ट कर दिया कि ***'ब्रह्म सच्चिदानंद'*** है। श्रीराम ही ब्रह्म सच्चिदानन्द हैं; यथा—***'ब्रह्म सच्चिदानंदघन रघुनायक जहँ भूप।'*** (७। ४७) ***'जय सच्चिदानंद जग पावन।'*** (५०। ३)

टिप्पणी—२ ***'पुनि हरि हेतु करन तप लागे।..........'*** इति। (क) प्रथम शाक, फल, कंद आहार था। अब उनको त्यागकर जलका आधार लिया। इसीसे यहाँ ***'पुनि'*** पद दिया अर्थात् एक कोटिसे दूसरी कोटिमें गये। इसी तरह जब जल छोड़कर पवनका आधार लिया तब फिर ***'पुनि'*** पद दिया है—***'संबत सप्त सहस्र पुनि रहे समीर अधार।'*** (ख) 'हरि हेतु तप करने लगे', इस कथनका आशय यह है कि पहले मनमें कोई चाह न थी। **'वार्धके मुनिवृत्तीनाम्'** इस न्यायानुसार धर्मपालनार्थ तप और भगवत्-स्मरण करते थे, अब हरिकी प्राप्ति चाहते हैं। वासुदेव, सच्चिदानन्द और हरि एक ही हैं यह जनाया। [दोहा १४३ टि० १ (ग) देखिये] (ग) ☞यहाँसे तप करना कहते हैं, इसीसे यहाँ 'तप' पद दिया और तपका प्रमाण लिखा कि छः हजार वर्ष जल पीकर रहे, सात हजार वर्ष पवन पीकर रहे और दस हजार वर्ष कठिन उपवास किये। शाक, फल और कन्दकी संख्या न की। पार्वतीजीके तपमें शाक-फल और कन्दकी गिनती की थी—***'संबत सहस मूल फल खाए............।'*** (७४। ४ देखिये) इस भेदमें तात्पर्य यह है कि पार्वतीजीकी 'लघु अवस्था' है, वे अत्यन्त सुकुमारी हैं—***'अति सुकुमारि न तन तप जोगू।'*** (७४। २) उनका शरीर तपके योग्य न था अतएव उनका (आहारयुक्त भी) इतना तप भारी तप है, बहुत है। इसीसे उनके तपमें शाक, फल और कन्द आहारकी संख्या दी है और 'कठिन व्रत' की गिनती नहीं की (अर्थात् इसमें संख्या नहीं दी कि कितने समयतक जल और पवनपर रहीं। शाकादि आहारकी संख्या दी।) उन्होंने कठिनव्रत बहुत कम दिन किये—***'कछु दिन भोजन बारि बतासा। किए कठिन कछु दिन उपवासा॥'*** (७४। ५)

---

* प्र० सं० में हमने लिखा था कि 'पहले कंद-मूल-फल तब शाक चाहिये। यहाँ क्रमभंग क्यों किया? क्रमभंगसे जनाया कि कोई नियम नहीं, जो कुछ मिल गया वही खा लिया।'

थोड़े ही दिनका कठिन तप अवस्थाके विचारसे बहुत भारी और दीर्घ कठिन तपके समान समझा गया। (जैसे ध्रुवका, जिन्होंने केवल ५ ही मासमें त्रैलोक्यको डिगा दिया था।) और मनुजीने सुलभ सामान्य एवं सुगम व्रत कम दिन किये इसीसे उनके तपमें *'सुलभ तप'* की गिनती नहीं है, कठिनव्रत बहुत दिन किये इसीसे कठिन व्रतकी गिनती की गयी। कारण कि मनुजी बड़े पुरुषार्थी हैं। [जन्म होते ही ये ब्रह्माकी आज्ञासे पूर्व भी प्रजापतित्वशक्ति सम्पादनार्थ तप कर चुके थे।] दोनोंके तपोंका मिलान—

पार्वतीजी	मनुशतरूपाजी
१ **संबत सहस मूल फल खाये।** **सागु खाइ सत बरष गँवाये॥** **बेल पाती महि परइ सुखाई।** **तीनि सहस संबत सोइ खाई॥**	१ **एहि बिधि बीते बरष षट, सहस बारि आहार।** **संबत सप्त सहस्त्र पुनि, रहे समीर अधार॥** **बरष सहस दस त्यागेउ सोऊ।**
यहाँ बारि, पवन आदिकी संख्या नहीं। (७४। ५—७)	यहाँ कन्दमूल आदिकी संख्या नहीं। (१४४। १)

नोट—१ श्रीबैजनाथजी तथा महाराज हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि—'सत्सङ्ग प्रथम भक्ति है उसको किया तो कथा-श्रवण दूसरी भक्ति प्राप्त हुई, इससे निश्चय हुआ कि हमारा क्या कर्तव्य है, किसकी भक्ति करनी चाहिये, क्या मन्त्र जपना चाहिये। आत्मदृष्टिकी शुद्धिके लिये प्रथम वासुदेव मन्त्रका जप किया। उससे अन्त:करण शुद्ध हुआ तब व्यापक अन्तर्यामी ब्रह्मका स्मरण करने लगे। इससे हृदय अत्यन्त शुद्ध हुआ तब हरि **'रामाख्यमीशं हरिम्'** के लिये तप करने लगे।' (श्रीरामजी ही हरि, ब्रह्म, सच्चिदानन्द और वासुदेव हैं यह पूर्व लिखा जा चुका है।)

नोट—२ बैजनाथजी कहते हैं कि सच्चिदानन्दके स्मरणसे पाँच हजार वर्षमें पाँचों तत्त्व, स्थूल शरीर जाग्रत् अवस्था जीत लिये गये और सज्जनता समता छठी और सातवीं भक्ति प्राप्त हुई। अब सूक्ष्म रूपका आधार है; इसीसे फलादिको छोड़कर जल आहार हुआ। फिर हरि श्रीरामजीके हेतु तप करने लगे। नाम-स्मरणरूपमें मन लगा, संतोष किया। यह आठवीं भक्ति हुई। इससे लिङ्ग शरीर स्वप्नावस्था जीते गये। तब सरल स्वभावसे परम प्रभुके लिये निरन्तर अभिलाषा हुई।

नोट—३ *'उर अभिलाष निरंतर होई। देखिअ नयन परम प्रभु सोई॥'* इति। (क) 'सोई' अर्थात् जिसको सुमिरते हैं 'उस ब्रह्म सच्चिदानन्द परम प्रभुको आँखों देखें।' उस परम प्रभुके उस ब्रह्म सच्चिदानन्दके लक्षण आगे कहते हैं—*'अगुन अखंड.........'* इत्यादि। (ख) परम प्रभु=जो **'अशेष कारण परं रामाख्यं ईशं हरिम्'** है, जो सब प्रभुओंका प्रभु है, यथा—*'संभु बिरंचि बिष्नु भगवाना। उपजहिं जासु अंस ते नाना॥' 'सुनु सेवक-सुरतरु सुरधेनु। बिधिहरिहर बंदित पदरेनू॥'* इत्यादि। (ग) *'उर अभिलाष निरंतर होई'* का भाव कि ब्रह्मका आँखोंसे देखना असम्भव है। (उसका मुनियोंको ध्यानमें अनुभवमात्र होता है)। असम्भवमें 'अभिलाषा नहीं होती; (यह साधारणतया देखा ही जाता है कि जो बात असम्भव है उसके लिये कोई प्रयत्न नहीं करता, जो सम्भव है उसीकी अभिलाषा और प्रयत्न भी करते हैं), पर मनुजीके हृदयमें निरन्तर इस असम्भव बातकी (ब्रह्मको नेत्रोंसे देखनेकी) अभिलाषा बढ़ती ही जाती है, इसका कारण आगे कहते हैं कि *'ऐसेउ प्रभु सेवक बस अहई। भगत हेतु लीला तनु गहई॥ जौं यह बचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमार पूजिहि अभिलाषा॥'* (घ) *'निरंतर होई'* अर्थात् दृढ़ विश्वास है कि पूरी होगी। ['अभिलाषकी परिभाषा यह है—*'नयन बैन मन मिलि रहै चाहै मिल्यो शरीर। कहि केशव अभिलाष यह बरनत है मति धीर॥'* (वै०)]

नोट—४ *'अगुन अखंड अनंत अनादी।.........'* इति। (क) त्रिगुणातीत, पूर्ण और आदि-अन्त-रहित। ये सब निर्गुण (अव्यक्त) ब्रह्मके विशेषण हैं। ☞ जहाँ सगुण ब्रह्ममें भ्रम होता है वहाँ ये ही विशेषण

देकर भ्रम दूर करते हैं, यथा—'*गुनातीत सचराचर स्वामी। राम उमा सब अंतरजामी॥ कामिन्ह कै दीनता देखाई। धीरन्ह के मन बिरति दृढ़ाई।*' (३। ३९) '*उमा एक अखंड रघुराई। नरगति भगत कृपाल देखाई।*' (६। ६०) '*राम अनंत अनंत गुन ""।*' (१। ३३) '*राम अनंत अनंत गुनानी।*' (७। ५२) '*आदि अंत कोउ जासु न पावा।*' (११८। ४) '*पूरन काम राम सुखरासी। मनुज चरित कर अज अबिनासी।*' (३। ३०) '*जो आनंद सिंधु सुखरासी।""*' (११७। ५) '*निरुपम न उपमा आन राम समान राम निगम कहै।*' (७। ९२) तथा'*निगम नेति सिव ध्यान न पावा। मायामृग पाछे सो धावा॥*' (३। २७) इत्यादि। [(ख) '**अखंड**'=अंशकला आदि भेदरहित स्वयं परब्रह्मरूप। अनन्त=वेदादि जिसका अन्त नहीं पाते कि उसमें शक्ति, बल, तेज, प्रताप, गुण कितने हैं। (वै०) जो रूप भगवान्‌ने माता कौसल्याको दिखाया है उसे वक्ताओंने अखण्ड रूप कहा है। यथा—'*देखरावा मातहि निज अद्भुतरूप अखंड। रोम रोम प्रति लागे कोटि कोटि ब्रह्मंड॥*'] (२०१) (ग) '*जेहि चिंतहिं परमारथबादी*' इति। अर्थात् जिसको ब्रह्मवेत्ता भी नहीं समझ सकते, वेद भी नहीं कह सकते, जैसा आगे कहते हैं। परमार्थवादी शिवजी आदि '*अगुण अखण्ड*' आदिका चिन्तन करते हैं, वेद उस स्वरूपका निरूपण '*नेति नेति*' कहकर करते हैं। [प्रकृतिपार होनेसे अगुण, निरवयव होनेसे अखण्ड, नाशरहित होनेसे अनन्त और अज होनेसे अनादि है। वि० त्रि०)]

नेति नेति जेहि बेद निरूपा। निजानंद* निरुपाधि अनूपा॥ ५॥
संभु बिरंचि बिष्नु भगवाना। उपजहिं जासु अंस तें नाना॥ ६॥
ऐसेउ प्रभु सेवक बस अहई। भगतहेतु लीला तनु गहई॥ ७॥
जौ यह बचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमार पूजिहि अभिलाषा॥ ८॥

दो०—एहि बिधि बीते बरष षट सहस बारि आहार।
संबत सप्त सहस्र पुनि रहे समीर अधार॥ १४४॥

व्याकरण—ऐसेउ=ऐसे भी। सोऊ=सो भी। तेऊ, इत्यादि।

अर्थ—जिसको वेद नेति-नेति (इति नहीं है, इति नहीं है) कहकर निरूपण करते हैं। जो स्वयं आनन्दरूप, उपाधि और उपमारहित है॥ ५॥ जिसके अंशसे अनेक शिव, ब्रह्मा और विष्णुभगवान् उत्पन्न होते हैं॥ ६॥ ऐसे प्रभु (समर्थ) भी सेवकके वश हैं। भक्तोंके लिये लीला-तन ग्रहण करते हैं॥ ७॥ यदि वेद यह वचन सत्य ही कहते हैं तो हमारी अभिलाषा (अवश्य) पूरी होगी॥ ८॥ इस प्रकार जलका आहार (भोजन) करते छः हजार वर्ष बीत गये। फिर सात हजार वर्ष वायुके सहारे अर्थात् वायु पीकर रहे॥ १४४॥

टिप्पणी—१ (क)'*नेति नेति जेहि बेद निरूपा*' अर्थात् जो वेदके निरूपणमें नहीं आता। (ख)'*निजानंद निरुपाधि अनूपा*' अर्थात् आप आनन्दरूप हैं, मायाकी उपाधिसे रहित हैं और उपमारहित हैं (ग) ☞ प्रमाण चार हैं—शब्द, अनुमान, उपमान और प्रत्यक्ष। यहाँ दिखाते हैं कि वह ब्रह्म शब्द, अनुमान और उपमान इन तीनोंसे पृथक् है। '*नेति नेति जेहि बेद निरूपा*' यह शब्द-प्रमाण है, '*जेहि चिंतहिं परमारथबादी*' यह अनुमान-प्रमाण है और '*अनूपा*' यह उपमान है। आगे '*ऐसेउ प्रभु सेवक बस अहई*' यह प्रत्यक्ष प्रमाण कहेंगे। (घ) [प्र० सं० में इस प्रकार था—'न्यायके अनुसार प्रमाणके चार भेद हैं। जिससे पदार्थका

* चिदानंद—१७०४, (परंतु रा० प० में 'निजानंद' है), वै०। निजानंद—१६६१, १७२१, १७६२, को० रा०। सं० १६६१ वाली पोथीमें मूलमें 'निजानंद' पाठ है और हाशियेपर 'चिदा' बना है। निजानंदपर हरताल नहीं है। लेख प्राचीन ही दोनों जान पड़ते हैं। शिवजीका पूर्व वाक्य है कि 'सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानंदा' उसके अनुसार यहाँ मनुजीकी अभिलाषामें 'चिदानंद' पाठ ही समीचीन मालूम होता है। निजानंदका भाव कि स्वयं आनन्दस्वरूप है। और उससे सब आनन्दरूप होते हैं।

ज्ञान होता है।.........' यहाँ इन चारोंको कहा है। परमार्थवादी अगुण आदि अनुमान करते हैं। (*'चिंतहिं'* अनुमान है), *'निरूपा'*, यह उपमान है। वेद शब्द है। (*'नेति नेति'* यह शब्द है) उसमें नहीं आता। और*'लीला तनु गहई'* यह प्रत्यक्ष है।]

वि० त्रि०—*'नेति नेति.........'* इति। भाव कि वेद कहता है कि स्थूल भी नहीं है, सूक्ष्म भी नहीं है। दोनों अवस्थाओंके निषेधसे कोई अभावात्मक न समझ ले, इसलिये निजानन्द अर्थात् स्वरूपानन्दरूप कहा। उसे निजानन्द इसलिये कहते हैं कि उसमें अहंकार नहीं है। जितना-जितना अभ्यासयोगसे अहंकारकी विस्मृति होती है, उतना ही सूक्ष्मदृष्टिसे निजानन्दका अनुमान होता है। यथा—**'यावद्यावदहंकारो विस्मृतोऽभ्यासयोगतः। तावत्तावत् सूक्ष्मदृष्टेर्निजानन्दोऽनुमीयते॥'** जाति, गुण, क्रिया और संज्ञा—ये चार प्रकारकी उपाधियाँ हैं। उसमें ये चारों न होनेसे *'निरुपाधि'* कहा। अनूप है, अर्थात् उसके सदृश कुछ भी नहीं है।

टिप्पणी—२*'संभु बिरंचि बिष्नु भगवाना'* यह ब्रह्मका ऐश्वर्य कहा। शम्भु, विरंचि, विष्णुभगवान् हैं अर्थात् ये बड़े ऐश्वर्यमान् हैं। ऐसे ऐश्वर्यमान् त्रिदेव उनके अंशसे उत्पन्न हैं। ब्रह्माण्ड भी करोड़ों हैं, जितने ब्रह्माण्ड हैं उतने ही शम्भु, विरंचि और विष्णु हैं। प्रत्येकमें त्रिदेव हैं। इसीसे *'नाना'*—पद दिया। यथा—*'लोक लोक प्रति भिन्न बिधाता। भिन्न बिष्नु सिव मनु दिसित्राता॥'* (७। ८१) *'ब्रह्मांड निकाया निर्मित माया रोम रोम प्रति बेद कहै।'* (१। १९२) [बैजनाथजी 'नाना' का भाव 'अनेक भाँतिके' लिखते हैं। अर्थात् पञ्चमुखसे लेकर अनन्त मुखके शम्भु, चतुर्मुखसे लेकर अनेक मुखतकके ब्रह्मा और चतुर्भुजसे लेकर अनेक भुजाओं और अनेक मुखोंके विष्णु। साकेतविहारीके अवतारमें लङ्का जीतनेपर देवताओंको अभिमान हुआ उसको भङ्ग करनेके लिये यही प्रभाव श्रीरघुनाथजीने दिखाया था। सिद्धान्ततत्त्वदीपिका इसका प्रमाण है। (वै०) मु० रोशनलाल लिखते हैं कि श्रीभरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्नजी श्रीरामजीके अंश हैं, इन्हींसे नाना त्रिदेव उत्पन्न होते हैं। प्रभुने श्रीभरतादिको अपना अंश कहा ही है।—विशेष*'अंसन्ह सहित मनुज अवतारा।'* (१८७। २) में देखिये।

वि० त्रि० का मत है कि 'यहाँ 'अंश' से 'अंश इव अंश' ग्रहण करना होगा, क्योंकि ऊपर उसे अखण्ड अर्थात् निरंश कह आये हैं। जैसे प्रतिबिम्ब बिम्बका 'अंश इव अंश' है। उसी तरह त्रिदेव उसके प्रतिबिम्बसे उत्पन्न होते हैं।'

टिप्पणी—३*'ऐसेउ प्रभु सेवक.........'* अर्थात् इतने बड़े ऐश्वर्यमान् स्वामी भी। (क)*'लीला तनु गहई'* का भाव कि शरीर धारण करना प्रभुकी लीला है, अपनी इच्छासे भगवान् रूप बनाकर प्रकट हो जाते हैं, यथा—*'इच्छामय नरबेष सँवारे। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे॥'* (१५२। १) (ख) ☞ब्रह्मके अनेक विशेषण हैं। इसीसे अनेक जगह (कुछ-कुछ) कहकर अनेक विशेषणोंको दिखाया है। भक्तहेतु अवतार होना, लीला करना और दर्शन देना कहा है। यथा—(१)*'एक अनीह अरूप अनामा। अज सच्चिदानंद परधामा॥ ब्यापक बिस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना॥ सो केवल भगतन्ह हित लागी॥'* (१३। ३। ५) (२) *'सोइ रामु ब्यापक ब्रह्म भुवन निकाय पति मायाधनी। अवतरेउ अपने भगतहित निजतंत्र नित रघुकुलमनी॥'* (५१) (३) *'बिनु पद चलै सुनै बिनु काना। कर बिनु करम करै बिधि नाना॥ आनन रहित सकल रसभोगी। बिनु बानी बकता बड़ जोगी॥ तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहै घ्रान बिनु बास असेषा॥ अस सब भाँति अलौकिक करनी। महिमा जासु जाइ नहिं बरनी॥ जेहि इमि गावहिं बेद बुध जाहि धरहिं मुनि ध्यान। सोइ दसरथसुत भगतहित कोसलपति भगवान।'* (११८), (४)*'अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई॥'* (११६। २), (५)*'ब्यापक ब्रह्म निरंजन निर्गुन बिगत बिनोद। सो अज प्रेमभगति बस कौसल्या कें गोद।'* (१९८), (६) *ब्यापक अकल अनीह अज निर्गुन नाम न रूप। भगत हेतु नाना बिधि करत चरित्र अनूप।'* (२०५), (७) *'ब्यापकु ब्रह्म अलखु अबिनासी। चिदानंद निर्गुन गुनरासी॥ मन समेत जेहि जान न बानी। तरकि न सकहिं सकल अनुमानी॥ महिमा निगमु नेति कहि कहई। जो तिहुँ काल एकरस रहई॥ नयन बिषय मो कहुँ भयेउ सो समस्त सुखमूल।'* (३४१), (८) *'राम ब्रह्म परमारथ रूपा। अबिगत अलख अनादि अनूपा॥ सकल*

बिकार रहित गत भेदा। कहि नित नेति निरूपहिं बेदा॥ भगत भूमि भूसुर सुरभि सुरहित लागि कृपाल। करत चरित धरि मनुज तनु सुनत मिटहिं जगजाल।' (२। ९३), (९)*ब्रह्म अनामय अज भगवंता। ब्यापक अजित अनादि अनंता॥ गो-द्विज धेनु देव हितकारी। कृपासिंधु मानुष तनुधारी।'* (५। ३९), (१०)*'सोइ सच्चिदानंद घन रामा। अज बिज्ञान रूप बलधामा॥ ब्यापक ब्याप्य अखंड अनंता॥ अखिल अमोघसक्ति भगवंता॥ अगुन अदभ्र गिरा गोतीता। सबदरसी अनवद्य अजीता॥ निर्मम निराकार निर्मोहा। नित्य निरंजन सुख संदोहा॥ प्रकृतिपार प्रभु सब उरबासी। ब्रह्म निरीह बिरज अबिनासी॥ भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप।'* (७। ७२), तथा यहाँ (११)*'अगुन अखंड अनंत अनादी'* से *'भगत हेतु लीला तनु गहई।'* तक। इत्यादि।—तात्पर्य यह कि जिनके अंशसे ब्रह्मादि उपजते हैं वे भक्तोंके प्रेमसे आप ही आकर उत्पन्न होते हैं।*'ऐसेउ प्रभु'* में माधुर्य कहा, भक्ति और भक्तका महत्त्व दिखाया। यही माधुर्य है।

'जौं यह बचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमार।'''''' ☞इससे जनाया कि वेदके वचनमें जिनका विश्वास है उनको ईश्वरकी प्राप्ति होती है। ☞ *'अभिलाषा'* प्रथम कह आये हैं—*'उर अभिलाष निरंतर होई। देखिय नयन परम प्रभु सोई॥'*, यही उपक्रम है और *'तौ हमार पूजिहि अभिलाषा।'* यह उपसंहार है। यहाँ 'शब्द प्रमाण अलंकार' है।

नोट—१ (क)*'अगुन अखंड'* से *'अभिलाषा'* तक, यह प्रसङ्ग हृदयकी अभिलाषाका है। अभिलाषा हृदयमें हो रही है। प्रकट किसीसे नहीं करते। (ख)*'सत्य श्रुति भाषा'* इति। अगुण, अखण्डादि विशेषणयुक्त ब्रह्म भक्तोंके लिये अपनी इच्छासे अवतार लेता है और पृथ्वीपर लीला करता है ऐसा श्रुतिभगवती कहती है। (दोहा १३ की चौ० ४) *'तेहि धरि देह चरित कृत नाना'* में रा० पू० ता० और यजुर्वेदके उद्धरण प्रमाणमें दिये गये हैं। ऋग्वेदमें मन्त्ररामायण प्रसिद्ध है। यथा—**'रघुश्येनः पतयदंधो अछायुवाकविर्दीदयद्गोपु गच्छन्॥ सजातोगर्भो असिरोदस्योरग्रे चारुर्विभृत ओषधीषु। चित्रशिशुः परतिमां स्यक्तून्प्रमातृभ्यो अधिक निक्रदद्गाः॥ विष्णुरित्था परममस्य विद्वानजातो बृहन्नभिपाति तृतीयम्। आसायदस्यपयो अक्रत स्वं सचेतसो अभ्यर्चंत्यत्र॥ अत उत्वापितुभृतोजनित्रींरंनावृधं प्रतिचरंत्यनैः। ताईप्रत्येषि पुनरन्यरूपा असि त्वं विक्षु मानुषीषु होता॥ तिस्रो मातृस्त्रीन्पितॄन्बिभ्रदेक ऊदर्ध्वस्तस्थौनेम वग्लापयन्ति। मन्त्रयं तेदिवोअमुष्य पृष्ठे विश्वविदं वाचमविश्वमिन्वाम्॥ चत्वारिते असुर्याणिनामादाभ्यानि महिषस्य सन्ति। त्वमंगतानि विश्वानि वित्सेयेभिः कर्माणिमघवंचकर्थ॥ अमन्दानस्तोमान्प्रभरेमनीषासिंधावधिक्षियतोभाव्यस्य। यो मे सहस्रममिमीतसवानतूर्तो राजा श्रव इच्छमानः॥ उपमास्यावास्वनयेन दत्ता वधूमंतो दशरथ सो अस्थुः। षष्टि सहस्र मनु गव्यमागात्सनत्कक्षीवां अभिपित्वे अह्नाम्॥ त्वारिंशद्दशरथस्य शोण सहस्त्रस्याग्रे श्रेणिं नयन्ति। मदच्युतः कृशनावतो अत्यान्कक्षीवंत उदमृक्षं तपज्राः॥ उपोपमे परामृशमामेदभ्राणिमन्यथाः। सर्वाहमस्मिरोमशा गंधारीणामिवाविका॥ अपालामिंद्र त्रिष्पूत्व्यकृणोः सूर्यत्व चं। महाँ ऋषिर्देवजा देवजूतोस्तम्भनात्सिंधुमर्णवं नृचक्षाः। विश्वामित्रोयदबहत्सुदासमप्रियायत कुशिकेषुभिरिन्द्र॥'** (१—१२) इत्यादि सातों काण्ड हैं। (बैजनाथजीकी टीकासे उद्‌धृत) इस मन्त्ररामायणरूप वचनको विचारकर मनुजीके हृदयमें विश्वास है।

टिप्पणी—४*'एहि बिधि बीते बरष षट सहस''''''* इति (क)*'एहि बिधि'* अर्थात् जल-आहारपर रहते। ☞उत्तरोत्तर कठिन तप करते जाते हैं यह दिखा रहे हैं। जल-आहार कठिन है यह तप छः हजार वर्ष किया। उससे कठिन पवनका आहार है, उसे सात हजार वर्ष किया, उससे भी कठिन उपवास (अर्थात् पवन भी नहीं लेते) है, सो दस हजार वर्ष किया। इस तरह यहाँतक मनुजीके तपकी तीन कोटियाँ (दर्जे) दिखायीं। (१) अन्नका त्याग, शाकादिका आहार। (२) केवल जलका आधार। (३) केवल पवन। आगे चौथी कोटिका तप है। क्रमशः उत्तरोत्तर उत्कर्ष वर्णनसे 'सार अलंकार' हुआ।

नोट—२ किसका दर्शन चाहते हैं?*'परम प्रभु'* का जो अखण्ड अनन्त अनादि हैं, जिनका परमार्थवादी चिन्तन करते हैं इत्यादि। एवं जो अपने भक्तोंके प्रेमके वश लीलातन ग्रहण करते हैं। इसमें भाव यह भी है कि हमें उस परमप्रभुका दर्शन हो न कि लीलातनका। दर्शनके बाद लीलातनसे उनको अपना पुत्र होना माँगेंगे।

बरष सहस दस त्यागेउ सोऊ। ठाढ़े रहे एक पद* दोऊ॥ १॥
बिधि हरि हर तप देखि अपारा। मनु समीप आए बहु बारा॥ २॥
माँगहु बर बहु भाँति लोभाए। परम धीर नहि चलहिं चलाए॥ ३॥
अस्थिमात्र होइ रहे सरीरा। तदपि मनाग मनहि नहि पीरा॥ ४॥

शब्दार्थ—अपार=जिसका पार नहीं, असीम, अखण्ड, बहुत बड़ा। **अस्थि**=हड्डी। मनाग (मनाक्)=किञ्चित्, जरा-सा भी, यथा—*'टूटत पिनाकके मनाक बाम रामसे ते नाक बिनु भये भृगु नायक पलकमें।'* धीर=दृढ़ चित्तवाले, धैर्यवान्। साहित्यदर्पणके अनुसार 'धैर्य' नायक या पुरुषके आठ सत्त्वज गुणोंमेंसे एक है।

अर्थ—दस हजार वर्ष इसको भी छोड़े रहे। दोनों एक पैरसे खड़े रहे॥ १॥ उनका बहुत बड़ा अखण्ड तप देखकर ब्रह्मा, विष्णु और महेश मनुके पास बहुत बार आये॥ २॥ उन्होंने इनको बहुत तरहसे लालच दिया कि वर माँगो पर वे परम धीर हैं, उनके डिगानेसे वे न डिगे॥ ३॥ शरीरमें हड्डीमात्र रह गयी तो भी उनके मनमें जरा भी पीड़ा नहीं हुई॥ ४॥

बाबा हरिदासजी—*'एहि बिधि बीते बरष षट'''''''बरष सहस दस त्यागेउ सोऊ'* इति। छः हजार वर्षमें षड्विकार और जलतत्त्व जीत लिये, सात हजार वर्षमें मायाके सात आवरण तथा पवनतत्त्व जीते और दस हजार वर्षमें दसों इन्द्रियाँ और दसों दिशाएँ जीतीं।

बैजनाथजी—*'त्यागेउ सोऊ'* अर्थात् पवन खींचते थे वह भी त्याग दिया, अर्थात् श्वास बंदकर नामका स्मरण और रूपका चिन्तन एक पैरपर खड़े होकर करने लगे। यहाँ प्रेमा और परा दोनों भक्तियाँ पूर्ण हैं यह दिखाया। यह प्रेमकी संतृप्त दशा है। आत्मरूपकी अखण्ड प्रीति तैलधारावत् परब्रह्मरूपमें लग गयी, इससे आदि प्रकृतिको जीतकर तुरीयावस्थाको प्राप्त हुए।

टिप्पणी—१*'बरष सहस दस त्यागेउ सोऊ।''''''''* इति। (क) दोहेमें*'संबत सप्त सहस'* कहा था, संवत्का अर्थ 'वर्ष' यहाँ स्पष्ट किया। (ख)*'त्यागेउ सोऊ'* अर्थात् पवनका आधार भी त्याग दिया। 'दोऊ=राजा और रानी दोनों। (ग) ☞ ६००० वर्ष जल पीकर रहे, ७००० वर्ष पवन खाकर रहे, इस तरह क्रमसे कठिन उपवास ८००० वर्षका होना चाहिये था, सो न करके यह अनुष्ठान एकदम १०००० वर्षतक किया। यह व्यतिक्रम क्यों? किस हेतुसे ऐसा किया गया, इस सम्भावित प्रश्नका उत्तर यह है कि जल छोड़कर पवनपर रहे, फिर उसे भी छोड़कर कठिन उपवास करने लगे। अब उसे छोड़े तो इसके आगे तो इससे कठिन और कोई व्रत है नहीं जो करते, इसलिये यही निश्चय किया कि जबतक दर्शन न होंगे इसीपर डटे रहेंगे; इसे न छोड़ेंगे, दर्शन होगा तभी यह तप छूटेगा। (पुनः, भगवान्के मिलनेका, उनकी प्राप्तिका, कोई नियम या नियमित समय नहीं है कि वे उतने समयपर अवश्य दर्शन देंगे, इसलिये इस अनुष्ठानके लिये कोई संख्या न दी गयी। जबतक भगवान् दर्शन न देंगे तबतक तपस्या न छोड़ेंगे। बस, अब यही सङ्कल्प है) परमेश्वरके दर्शन देने; न देनेमें अपना कुछ बस तो है ही नहीं, उनकी कृपा उनकी इच्छापर निर्भर है, इससे ये बराबर कठिन उपवास करते ही गये। दस हजार वर्ष बीतनेपर भगवान्ने दर्शन दिये, इसीसे दस हजार वर्ष उपासे एक पैरपर जो उस समयतक खड़े बीते थे, खड़े रहना कहा गया। यहाँ *'एक पद'* कहकर जनाया कि पूर्व दोनों पैरोंपर खड़े थे।

टिप्पणी—२*'बिधि हरि हर तप देखि अपारा''''''''* इति। (क) तपके फलदाता त्रिदेव हैं, इसीसे वे मनुजीके समीप आये। कर्मफल देनेमें विधाता मुख्य हैं, यथा—*'कठिन करमगति जान बिधाता। सुभ अरु असुभ करम फल दाता॥'* इसीसे विधिका नाम प्रथम लिखा। (ख)*'तप देखि अपारा'* अपार तप देखकर आये, इस कथनका भाव यह है कि राजाको तपसे निवृत्त करने आये, जिसमें फल पाकर तप छोड़ दें। (ग)*'मन समीप आये बहु बारा'* इति। कै बार आये और कब-कब किस समय आये? इसका

* पग—रा० पा०, ना० प्र०, गौड़जी, पं० रा० व० श०। पद-१६६१, १७०४, १७२१, १७६२, छ०, को० राम।

उत्तर यह है कि तीन बार आये और तीन अवसरोंपर आये। प्रथम जब छः हजार वर्ष जलपर आये, इसके बाद जब सात हजार वर्ष पवन ही खाकर रह गये तब आये और अन्तिम बार जब दस हजार वर्ष उपवास करते हो गये तब आये। (वि० त्रि० का मत है कि पहिली तपस्यापर ब्रह्मा आये; दूसरीमें ब्रह्मा और विष्णु दोनों आये और तीसरीमें विधि-हरि-हर तीनों आये।) पुनः, प्रश्न उपस्थित किया जाता है कि श्रीपार्वतीजीका तप देखकर ब्रह्माजी समीप नहीं गये थे, वहाँ केवल आकाशवाणी हुई थी। यथा—*'देखि उमहिं तप खीन सरीरा। ब्रह्म गिरा भइ गगन गँभीरा॥'* (७४। ८) वैसे ही यहाँ आकाशवाणी ही क्यों न हुई? समीप क्यों आये ? इसका उत्तर प्रत्यक्ष है कि राजा ब्रह्मके दर्शनकी अभिलाषासे तप कर रहे हैं—*'देखिय नयन परम प्रभु सोई'।* दर्शनाभिलाषी हैं, इसीसे त्रिदेव यह विचारकर कि हम ब्रह्मके अंश (अंशभूत) हैं, अंश-अंशीसे अभेद है, दर्शन देने आये, दम्पतिसे दर्शन करने और वर माँगनेको कहा। त्रिदेवने विचार किया कि यदि हमसे वर माँग लें तो ब्रह्मको क्यों अवतरना पड़े। इसीसे कई बार आये और बहुत भाँतिसे लोभ दिखाया।

नोट—१ कुछ महानुभाव कहते हैं कि 'मनुजीकी वृत्ति गुणातीतमें लीन है और त्रिदेव गुणमयी हैं। यदि आकाशवाणी होती तो उनको सुनायी ही न देती। अतएव समीप आये'।

नोट—२ पं० शिवलाल पाठकजी*'बहु बारा'* का भावार्थ यों करते हुए प्रश्नका उत्तर देते हैं कि—*'बारा शक्तिन्ह युत लखो, बिधि हरि शंभू आइ। लखि बाणी अनरस तजे, ते सब भजे लजाइ॥'* अर्थात् वे बाराका 'बाला' 'शक्ति', ऐसा अर्थ करते हैं। भाव यह कि त्रिदेव अपनी शक्तियोंसहित आये; परन्तु मनुने उनकी वाणीको निरस समझ त्याग दिया, उनसे वर लेना अङ्गीकार न किया।' (मा० म०)

नोट—३ कुछ लोग कहते हैं कि विधि-हरि-हर एक-एक करके प्रथम आये और अब एक साथ यह समझकर आये कि हम तीनों मिलकर जायेंगे तब ब्रह्म ही स्वरूप हमें मानकर वर माँग लेंगे। अतएव*'बहु बारा'* कहा। वि० त्रि० लिखते हैं कि 'अव्यक्तके अभिमानसे आविष्ट होकर ईश्वर ही रुद्र, हरि और ब्रह्माके रूपसे तीन प्रकारके होकर दृश्यादृश्यके महासमुदायके अवभासक हुए।'

टिप्पणी—३ (क) *'माँगहु बर बहु भाँति लोभाए'* इति। बर=ईप्सा,—'वर ईप्सायाम्'। वर धातु ईप्सा अर्थमें है। ईप्सा=इच्छा। अर्थात् कहा कि जो इच्छा हो सो माँगो। *'बहु भाँति'* यह कि ब्रह्माजीने कहा कि तुम ब्रह्मलोक ले लो, शिवजीने कहा कि तुम हमारे कैलासमें वास करो और विष्णुभगवान्ने कहा कि तुम हमारे वैकुण्ठमें वास करो। इस प्रकार तीनोंने अपने-अपने लोकोंकी प्राप्तिका लोभ दिखाया [अथवा अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष—चारों माँगनेको कहा, जिससे लोभ उत्पन्न हो। (वै०) वा, कहा कि निर्गुण ब्रह्म इन्द्रियका विषय नहीं है, वह तो अनुभवगम्य है। यदि मिश्र ब्रह्मका दर्शन भी हो गया तो क्षणभरके लिये हो जायगा, हमलोग भी तो वही हैं। कुछ भी कामना नहीं है तो मोक्ष माँग लो। (वि० त्रि०)] (ख) *'परम धीर नहिं चलहिं चलाए'* अर्थात् लोभमें नहीं पड़ते, तप नहीं छोड़ते। वे ब्रह्मादिसे वर नहीं माँगते, क्योंकि जानते हैं कि ये तो ब्रह्मके अंशसे उत्पन्न हैं। ब्रह्मादिके डिगानेसे न डिगे इसीसे *'परम धीर'* विशेषण दिया। उनके लोभ दिखानेसे न चलायमान हुए, इससे *'परम धीर'* कहा। पुनः शरीरके कष्टसे न चलायमान हुए, अतः *'परम धीर'* कहा, जैसा आगे कहते हैं कि *'अस्थिमात्र होइ रहे सरीरा। तदपि मनाग मनहिं नहिं पीरा॥'*

नोट—४*'परम धीर नहिं चलहिं चलाए'* यही धैर्यवान्का लक्षण है। शुकदेवलालजी लिखते हैं कि 'वे अपनी अनन्यतासे किसीके चलाये कब चलायमान हो सकते हैं कि दूसरेसे वर माँगें—*'बने तो रघुबर ते बनै……।'* सो ब्रह्मा-शिवकी तो क्या कहें इनका साथी होनेसे विष्णुके देवत्वको भी भगवत्-विभूति मानकर विष्णुसे भी वर ग्रहण न किया। क्योंकि जैसे सूर्यवंश और चन्द्रवंशके सम्बन्धसे रामजीके राघवत्व और कृष्णचन्द्रजीके यादवत्वमें विष्णुविभूति माना गया, ऐसे ही देवत्रयीमें, विष्णुका भी देवत्व विष्णुविभूतिमें माना जाता है।'

नोट—५ बैजनाथजी लिखते हैं कि 'कामनाके वश न हुए कि कुछ वरदान माँगें। पुनः क्रोधवश हो न चलायमान हुए कि उनसे विमुख भाषण करें अर्थात् कहें कि हम तुमसे वर नहीं माँगते इत्यादि स्थिर रहे,' चलाये न चले।

टिप्पणी—४ (क) *'अस्थिमात्र होइ रहे सरीरा'* इति। जब शाक-फल या कंद खाते रहे तब कृशशरीर हो गये थे—*'कृस सरीर मुनिपट परिधाना।'* जब उपवास किये तब अस्थिमात्र रह गया। रक्त और मांस सब सूख गया। (ख) *'तदपि मनाग मनहिं नहिं पीरा'* का भाव कि तनका क्लेश मनमें व्याप जाता है। मनमें पीड़ा नहीं है, इससे जनाया कि मन भगवान्‌में लगा हुआ है, *'बासुदेवपद पंकरुह दंपति मन अति लाग।'* (१४३) बिना मनके (होनेसे) शरीरको दुःख न व्यापा। यथा—*'मन तहँ जहँ रघुबर बैदेही। बिनु मन तन दुख सुख सुधि केही॥', 'बचन काय मन मम गति जाही। सपनेहु बूझिय बिपति कि ताही।'* (५। ३२। २) (सत्ययुगमें अस्थिगत प्राण रहा। सब धातुओंके सूख जानेपर हड्डी-हड्डी रह जानेपर भी इसीसे प्राण नहीं गया। (वि० त्रि०)। ☞ऐसे ही उमाका शरीर तपसे क्षीण हो गया था तब आकाशवाणी हुई थी, यथा—*'देखि उमहि तप खीन सरीरा। ब्रह्मगिरा भइ गगन गँभीरा॥'* यह दिखानेका तात्पर्य यह है कि यहींतक तपकी अवधि है, इसके आगे मरणावस्था है। (ग) 'तदपि' का भाव कि जब शरीर अस्थिमात्र रह गया तब बड़ी भारी पीड़ा होनी चाहिये थी, फिर भी जरा-सी भी पीड़ा न हुई।

प्रभु सर्बग्य दास निज जानी। गति अनन्य तापस नृप रानी॥ ५॥
माँगु माँगु बरु* भै नभ बानी। परम गँभीर कृपामृत सानी॥ ६॥
मृतक जिआवनि गिरा सुहाई। श्रवनरंध्र होइ उर जब आई॥ ७॥
हृष्ट पुष्ट तन भए सुहाए। मानहु अबहि भवन ते आए॥ ८॥

दोहा—श्रवन सुधा सम बचन सुनि पुलक प्रफुल्लित गात।
बोले मनु करि दंडवत प्रेम न हृदय समात॥ १४५॥

अर्थ—सबके हृदयकी जाननेवाले प्रभुने तपस्वी राजा-रानीकी अनन्यगति देख उनको 'निज दास' जाना॥ ५॥ परम गम्भीर कृपारूपी अमृतमें सनी हुई आकाशवाणी हुई कि 'वर माँगो, वर माँगो'॥ ६॥ मरे हुएको जिलानेवाली सुन्दर वाणी कानोंके छेदोंमें होकर जब हृदयमें आयी तब उनके शरीर सुन्दर मोटे-ताजे हो गये, मानो वे अभी-अभी घरसे चले आ रहे हैं॥ ७-८॥ कानोंसे अमृत-समान वचन सुनते ही शरीर पुलकसे प्रफुल्लित हो गया (खिल उठा, हर्षसे रोमाञ्चित हो फूल उठा)। मनुजी (तथा शतरूपाजी) दण्डवत् करके बोले। उनके हृदयमें प्रेम नहीं समाता॥ १४५॥

नोट—१ त्रिदेवके प्रसंगमें *'तप देखि'* और यहाँ 'सर्वज्ञ' कहकर दोनोंमें भेद दिखाया। त्रिदेव तप देखते हैं और प्रभु अन्तःकरणका प्रेम देखते हैं। वे समझ गये कि हमारे दर्शन बिना अब ये शरीर ही त्याग देंगे, अतः बोले।

टिप्पणी—१ *'प्रभु सर्बग्य दास निज जानी।.......'* इति। (क) सर्वज्ञ हैं, अतः सब जानते हैं। *'गति अनन्य'* अर्थात् हमारी गति छोड़ इनको दूसरी गति नहीं है, यथा—*'तुम्हहिं छाँड़ि गति दूसर नाहीं।'* (२। १३०) *'एक बानि करुनानिधान की। सो प्रिय जाके गति न आन की।'* (३। १०। ८) गति=शरण। हमारी प्राप्तिके लिये तप करते हैं यह सब जान गये। इसीसे *'सर्बग्य'* कहा। (ख) तीनों देवता फलदाता हैं, इससे

---

* 'श्रुनि'—१७२१, १७६२, छ०, भा० दा०। 'माँगु माँगु बर' ठीक 'वरं ब्रूहि' का अनुवाद है। बर—को० रा०। बरु—१६६१, १७०४।

वे तप देखकर फल देने आये थे और परमप्रभुने अपना 'निज दास' जानकर कृपा की। राजा परमप्रभुके 'निज दास' हैं। यथा—*'ऐसेउ प्रभु सेवक बस अहई। भगत हेतु लीलातनु गहई॥ जौं यह बचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमार पूजहि अभिलाषा॥'* अर्थात् हम भी उनके सेवक हैं। ब्रह्मादिसे वर न माँगा इसीसे 'अनन्यगति' कहा। (*'जरि जाहु सो जीह जो जाचहि औरहि'*) [निज=सच्चा, खास, अनन्य। जो अनन्यगति हैं वे प्रभुको अति प्रिय हैं। यथा—*'तिन्ह ते पुनि मोहि प्रिय निज दासा। जेहि गति मोरि न दूसरि आसा॥'* (७। ८६)]

टिप्पणी—२*'माँगु माँगु बरु भै नभबानी।.......'* इति। (क) ☞त्रिदेव राजाके समीप आये और*'परम प्रभु'* की आकाशवाणी हुई, वे समीप न आये। इसमें अभिप्राय यह है कि जैसे रूपके दर्शनकी चाह दासको होगी वैसा रूप धरकर प्रकट होंगे। पर इसमें यह प्रश्न होता है कि 'प्रभु तो सर्वज्ञ हैं, जो रुचि है उसे वे जानते हैं, उसीके अनुकूल प्रकट क्यों न हुए?' उत्तर यह है कि यद्यपि स्वामी सर्वज्ञ हैं तथापि सेवकके मुखसे कहलाकर तब प्रकट होंगे। वरदानका यही कायदा (नियम) है कि मुखसे कहलवाकर तब वर दें।—*'बर और हुकुम दिब्य पेखन में'* इति (देव) स्वामीग्रन्थ, यह आगे स्पष्ट है, जैसा मनुने कहा वैसे ही रूपसे प्रकट हुए।

नोट—२ अथवा, त्रिदेव इनके समीप गये तब इन्होंने उनकी ओर देखा भी नहीं। अतएव प्रथम आकाशवाणी हुई। वा, एकदमसे प्रकट होनेसे सम्भव था कि संदेह मनमें बना रह जाता कि ये परात्पर परब्रह्म हैं कि नहीं। दूसरे अत्यन्त हर्षसे प्राणहीका त्याग होना सम्भव था। अतएव थोड़ा सुख पहले दिया, उनका शरीर हृष्ट-पुष्ट कर दिया, इससे उनको विश्वास होगा और वे दर्शनका लाभ भी पूर्ण रीतिसे उठा सकेंगे।

नोट—३ बाबा रामप्रसादशरणजी लिखते हैं कि जबतक पृथ्वीतत्त्वकी प्रधानता रही तबतक उससे उत्पन्न हुए मूल-फलादि खाते रहें। जब धारणा और बढ़ी तब उससे ऊपर जो जलतत्त्व है उसका आहार होने लगा—षट्सहस्र वर्षतक। इससे षट्-विकार (काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सर, मान) छूट गये जिससे त्रिदेवके लुभानेमें न आये, षट्-ऊर्मि (भूख, प्यास, जन्म, मरण, शोक, मोह) भी न रही, षट्चक्र-भेदन कर गये (धौती, वस्ती, कपालादि षट्कर्म जो करते थे वे छूट गये), षट्-ऋतुका प्रभाव भी निकृष्ट हो गया, षड्रस स्वाद जाते रहे। जब 'वारि' आहार भी छूट गया और सात हजार वर्ष समीर-आधारसे रहे तब सप्तावरण दूर हो गये। जब यह भी दस सहस्र वर्ष छोड़े रहे तब दसों इन्द्रियोंके विक्षेप दूर हो गये और दसों दिशाएँ जीत लीं, दस प्राण भी अपने वशमें हो गये। जब तत्त्वके भीतरकी वस्तु वायुतकका निरादर कर दिया और निराधार दस हजार वर्षतक रहे तब निश्चय हो गया कि ब्रह्माण्डके भीतरके न तो किसी देवताकी चाहना है न किसी पदार्थहीकी। सब प्रकार निरवलम्बन होनेपर*'प्रभु सर्बग्य दास निज जानी.........।'*

नोट—४ (क) 'निज दास' और 'अनन्यगति' का अर्थ टिप्पणीमें आ गया। पुनः, यथा—*'बनै तो रघुबरसे बनै कै बिगरै भर पूरि। तुलसी बनै जो और ते ता बनिबेमें धूरि॥'* (दोहावली) प्रभुको अनन्यदास परम प्रिय हैं। श्रीवचनामृत है कि *'मोर दास कहाइ नर आसा। करइ त कहहु कहा बिस्वासा॥'* शुकदेवलालजी 'निज दास' का अर्थ 'अपना आकार-त्रय-सम्पन्न दास अर्थात् अनन्यगति, अनन्यशरण, अनन्यप्रयोजन' करते हैं। (ख) बैजनाथजी लिखते हैं कि दो बार माँगु-माँगु कहनेमें गम्भीरता और गोप्यार्थ यह है कि लोक-परलोक दोनों माँग लो। पंजाबीजी कहते हैं कि मनु और शतरूपा दो हैं, अतएव दो बार कहा अथवा, राजाके विशेष सन्तोषार्थ दो बार कहा। (ग) *'माँगु-माँगु'* यह प्रसाद (प्रसन्नता, कृपा) में वीप्सा (और पुनरुक्ति-प्रकाश भी), यह आगे स्पष्ट है, यथा—*'बोले कृपानिधान पुनि अति प्रसन्न मोहि जानि।'* पुनः-पुनः कथन करना वीप्सा है। *'परम गंभीर'* का भाव कि गम्भीर वाणी तो ब्रह्मादिकी भी थी पर यह 'अति गंभीर' है। कृपारूपी अमृतसे सनी हुई है।—पं० रामकुमारजी)

टिप्पणी—३ (क)*'मृतक जिआवनि गिरा सुहाई।.......'* इति। कृपामृतसानी है, अतएव 'मृतकजिआवनी' है। श्रवणको अमृतसमान सुखद है, अतएव 'सुहाई' है, जैसा आगे कहते हैं,*'श्रवन सुधा सम बचन सुनि।'* वाणी श्रवणद्वारा हृदयमें प्रवेश करती है, अत:*'श्रवनरंध्र होइ.......'* कहा। अथवा, कृपामृतसानी है इसीसे मृतकजिआवनी है और परम गम्भीर है इसीसे सुहाई है, गम्भीरता वाणीकी शोभा है। (ख)*'हृष्ट पुष्ट तन भए सुहाए'* राजा-रानी दोनोंके शरीर हृष्ट-पुष्ट और सुन्दर हो गये।' *'सुहाए'* बहुवचन है, क्योंकि दोनोंके लिये आया है। (ग) *'मानो अबहिं भवन तें आए'* अर्थात् जैसे-के-तैसे पूर्ववत् हो गये।

टिप्पणी—४ *'श्रवन सुधा सम बचन सुनि'* इति। (क) सुहावनी वाणीने तनको पुष्ट और सुन्दर कर दिया, यह वाणीका कृत्य कहकर अब राजाका कृत्य कहते हैं। मुखसे भगवान्के दर्शन माँगते हैं, यथा—*'बोले मनु.......'* शरीरसे दण्डवत् करते हैं, हृदयमें भगवान्का प्रेम है। तात्पर्य कि राजा-रानी मन-वचन-कर्म तीनोंसे शरण हुए। (ख)*'मानहुँ अबहिं भवन तें आए'* यह पुष्टका स्वरूप दिखाया, अब हृष्टका स्वरूप दिखाते हैं—*'श्रवन सुधा सम बचन सुनि पुलक प्रफुल्लित गात।'* शरीरका प्रफुल्लित होना, यही 'हृष्ट' का अर्थ है। ['हृष्ट-पुष्ट' बोली है अर्थात् मोटे-ताजे, आरोग्य, हट्टे-कट्टे। बैजनाथजी—*'रिष्ट-पुष्ट'* पाठ देते हैं और लिखते हैं कि 'रिष्ट' उसे कहते हैं जिसमें अमङ्गल वा विघ्न न व्यापे। यथा—**'रिष्टं क्षेमाशुभाभावेष्वरिष्टे तु शुभाशुभे'** इति। (अमरकोष) अर्थात् अशुभका अभाव। भाव कि शीत-घामादि कुछ छू ही न गये, ऐसा कुशल-क्षेम-पुष्टाङ्ग तन हो गया।' मनुसे यहाँ मनुशतरूपा दोनों अभिप्रेत हैं, जैसा आगेके *'जौं अनाथहित हमपर नेहू', 'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन'* तथा *'दंपति बचन परम प्रिय लागे'* से स्पष्ट है। विशेष (१४६। ७) में देखिये।

नोट—५ यहाँ हृष्ट-पुष्ट होना उत्प्रेक्षाका विषय है, सो पहिले कहकर उसकी उत्प्रेक्षा की गयी कि वह तन कैसा है? कवि अपनी कल्पना-शक्तिसे पाठकका ध्यान धरके लालन-पालन किये हुए शरीरकी ओर तनकी उत्कृष्ट शोभाका अनुमान करानेके लिये खींच ले जाते हैं। अतएव यहाँ *'उक्त विषयावस्तूत्प्रेक्षा'* है।

नोट—६ वाणी सुनते ही शरीर हृष्ट-पुष्ट हो गया। विधि-हरि-हर कई बार मनु-शतरूपाजीके समीप प्रत्यक्ष आये—*'मनु समीप आए बहु बारा'* तिसपर भी इनके शरीर क्षीण ही बने रहे थे और यहाँ केवल वाणीके श्रवणमात्रका यह प्रभाव हुआ। ऐसा करके भगवान्ने उनको अपने परात्पर ब्रह्म होनेका निश्चय कराया। (शीलावृत्त)

नोट—७*'परम गँभीर कृपामृत सानी', 'मृतक जिआवनि गिरा सुहाई'* और*'श्रवन सुधा सम बचन सुनि'*— यहाँतक अमृतहीका स्वरूप निबाहा है। ईश्वर अमृतस्वरूप है यह वेदोंने कहा है।

बाबा रामप्रसादशरणजी (साकेतवासी)—इस प्रकरणमें तीन-ही-तीनका अद्भुत प्रसङ्ग देखिये। श्रीमनु-शतरूपाजी तीन अवस्था बीतनेपर वन गये। जिस तीर्थमें गये उसमें भी तीन ही अक्षर हैं। 'नैमिष' के अक्षरोंमें भी तीन अवस्थाओंका भाव है। 'नै' अर्थात् नीतिवाली युवावस्था जिसमें राजनीतिसे प्रजाका पालन किया है। 'मि' अर्थात् मिश्रित किशोर-अवस्था जिसमें कुछ बाल्यावस्थाके खेलकी याद और कुछ आनेवाली युवावस्थाकी चैतन्यता है, इसीसे मिश्रित कहा। 'ष' अर्थात् खेलवाली प्रथम अवस्था। तीर्थमें जो सरित धार गोमती है उसमें भी तीन अक्षर हैं। गो (कर्म और ज्ञान-इन्द्रियाँ) + मति (बुद्धि)। कर्म, ज्ञान और बुद्धि ये भी तीन हुए। तीन ही प्रकारके लोग इनसे मिलने आये—*'आए मिलन सिद्ध मुनि ग्यानी'*। तीर्थमें पहुँचकर ये तीन ही काम करते हैं—*'संतसभा नित सुनहिं पुराना', 'द्वादस अक्षर मंत्र बर जपहिं सहित अनुराग'* और *'सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानंदा'*। अर्थात् कर्म, उपासना और ज्ञान तीनोंमें तत्पर हैं। *'सुनहिं पुराना'* (कर्म) का नैमिष तीर्थके प्रथमाक्षर 'नै' से सम्बन्ध है क्योंकि पुराणोंमें विधि-निषेध, धर्माधर्मके विवेचनमें नीति ही है। *'द्वादशाक्षर.......'* का दूसरे अक्षर 'मि' से सम्बन्ध है, क्योंकि श्रीयुगल सरकारके दोनों षडक्षरमन्त्र मिले हैं इससे मिश्रित कहा। और *'सुमिरहिं ब्रह्म'* से 'ष' से सम्बन्ध है, क्योंकि लीलाविभूति होनेसे यह जगत् ब्रह्मका खेल ही है। पुन:, *'सुनहिं पुराना'* यह श्रवणभक्ति है, *'जपहिं'* यह दूसरी भक्ति है, यथा—*'मंत्र जाप मम दृढ़ बिस्वासा'* और *'सुमिरहिं ब्रह्म'* यह स्मरण

है।—यहाँ केवल तीन ही क्रियाएँ कहीं और भक्ति हैं नौ। यहाँ एक-एकमें तीन-तीनका अन्तर्भाव है। प्रथम *'संतसभा नित सुनहिं'* में श्रवण, कीर्तन और दास्य तीन भक्तियाँ कहीं। सुननेपर परस्पर अनुकथन होना ही कीर्तन है और सन्तसभामें नित्य नेमसे नम्रतापूर्वक जाना दास्य है। *'मंत्र जपहिं सहित अनुराग'* में अर्चन, वन्दन और पादसेवन कहा। जपसमय ध्यानमें अर्चन-वन्दन हो जाता है। और *'सुमिरहिं ब्रह्म'* में स्मरण, सख्य और आत्मनिवेदन आ गये। जीव-ब्रह्मका सखाभावका सम्बन्ध है—*'स्वारथ रहित सखा सबही के'* । पुनः, लीला भी तीन प्रकारकी है—ऐश्वर्य, माधुर्य, मिश्रित। इनमेंसे *'सुनहिं पुराना'* यह मिश्रित है,*'जपहिं मंत्र'* में केवल माधुर्य है और *'सुमिरहिं ब्रह्म'* इसमें ऐश्वर्य है। श्रीमनुजीका प्रेम माधुर्यमें है और श्रीशतरूपाजीका मिश्रितमें, यह वरसे प्रकट है। तप करनेमें आहार भी तीन ही प्रकारका रहा। यथा—*'करहिं अहार साक फल कंदा', 'बारि अहार मूल फल त्यागे'* और *'संबत सप्त सहस्र पुनि रहे समीर अधार'।* तपमें कालका नियम भी तीन प्रकारका कहा है, यथा—*'एहि बिधि बीते बर्ष षट सहस बारि आहार', 'संबत सप्त सहस्र पुनि रहे समीर अधार'* और *'बरष सहसदस त्यागेउ सोऊ'।* जिनके निमित्त तप करते हैं उनके तीन ही विशेषण कहे, यथा—*'बासुदेव पद पंकरुह दंपति मन अति लाग', 'सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानंदा'* और *'पुनि हरि हेतु करन तप लागे।'* ब्रह्मवाणी हुई तब भी तीन ही बातें कहीं—*'श्रवनरंध्र होइ', 'उर जब आई'* और *'हृष्ट पुष्ट तन भए सुहाए', 'श्रवनसुधा सम बचन·······।'* (१४५) में भी अन्तः-करण, वचन और कर्म तीन कहे। (तु० प० ३। १। २)

सुनु सेवक सुरतरु सुरधेनू। बिधिहरिहर बंदित पद रेनू॥ १॥
सेवत सुलभ सकल सुखदायक। प्रनतपाल सचराचर नायक॥ २॥
जौ अनाथहित हमपर नेहू। तौ प्रसन्न होइ यह बर देहू॥ ३॥
जो सरूप बस सिव मन माहीं। जेहि कारन मुनि जतन कराहीं॥ ४॥
जो भुसुंडि मन मानस हंसा। सगुन अगुन जेहि निगम प्रसंसा॥ ५॥

अर्थ—हे सेवकोंके (लिये) कल्पवृक्ष और कामधेनु! सुनिये। आपके चरणरजकी वन्दना विधि-हरि-हर करते हैं॥ १॥ हे सेवा करते ही सुलभ होनेवाले एवं जिनकी सेवा सुलभ है! सम्पूर्ण सुखोंके देनेवाले! शरणागतका पालन करनेवाले और चराचर (मात्र) के स्वामी!॥ २॥ हे अनाथोंका कल्याण करनेवाले! यदि आपका हमपर प्रेम है तो प्रसन्न होकर यह वर दीजिये॥ ३॥ जो स्वरूप शिवजीके मनमें बसता है, जिसके लिये मुनि यत्न करते हैं॥ ४॥ जो कागभुशुण्डिजीके मनरूप मानससरका हंस है, (जो) सगुण और निर्गुण (दोनों है), जिसकी वेद बड़ाई करते हैं॥ ५॥

नोट—१*'सेवक सुरतरु सुरधेनू।·······'* इति। (क) सुरतरु और सुरधेनु दोनोंहीकी उपमा दी; दोनों मनोरथके देनेवाले हैं। प्रथम सुरतरु कहा, फिर सोचे कि वृक्ष तो जड़ है, जब कोई उसके पास पहुँचे तब वह मनोरथको पूरा करता है और हम असमर्थ हैं, आपतक नहीं पहुँच सकते, आप ही कृपा करके हमारे पास आकर हमारे मनोरथको पूर्ण करें; तब 'सुरधेनु' सम कहा। (ख) यहाँ जो सेवकका *'सुरतरु सुरधेनु'* कहा है इसकी पूर्ति आगे *'तुम्हहिं देत अति सुगम गोसाईं'* और *'जथा दरिद्र बिबुधतरु पाई'* में की है। इस प्रकार कि गोसाईंसे सुरधेनुका भाव ग्रहण किया और बिबुधतरु तो स्पष्ट ही कहा है। (ख) प्र० स्वामी लिखते हैं कि सुरधेनु जब सेवासे प्रसन्न होगी तभी माँगनेपर देगी, वह भला-बुरा, भक्त-अभक्तका विचार भी करती है। सुरतरु न माँगनेपर भी केवल छायाका आश्रय करनेसे सब सोचोंका नाश करता है और माँगते ही अभिमत देता है। यथा—*'देउ देवतरु सरिस सुभाऊ। सनमुख बिमुख न काहुहि काऊ॥ जाइ निकट पहिचानि तरु छाँह समनि सब सोच। मागत अभिमत पाव जग राउ रंक भल पोच॥'* (२। २६७) भगवान् सुरतरु और सुरधेनु दोनोंका काम करते हैं और इससे विशेष मोक्ष या भक्ति भी देते हैं, अतः आगे *'सकल सुखदायक'* कहना पड़ा। दोहा ११३ भी देखिये। (ग) वि० त्रि० लिखते

हैं कि 'सुरतरु और सुरधेनुसे पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग दोनों कहा (यथा—'त्वं स्त्री त्वं पुमान')। सुरतरु अभिमतदानि है और सुरधेनु सब सुखखानि है। यथा—*'अभिमतदानि देवतरुवर से', 'रामकथा सुरधेनु सम सेवत सब सुखखानि।'* (घ) बैजनाथजी लिखते हैं कि 'आकाशवाणीमें माँगु-माँगु दो बार सुन दो रूपका बोध हुआ। इसलिये प्रभुके सम्बोधनहेतु 'सुरतरु' कहा और शक्तिके सम्बोधनके लिये 'सुरधेनु'। आगे इन वचनोंको *'दंपति बचन'* कहा है, इसीसे दोनोंमें एक-एकको लगाते हैं। (ङ) पं० शिवलाल पाठकजी कहते हैं कि*'दोऊ प्रति दोऊ कहे प्यारी प्रीतम माँग। कामधेन अरु कल्पतरु कह दोऊ अनुराग॥'* अर्थात् 'दोनों प्रिया-प्रीतमने मनु-शतरूपासे पृथक्-पृथक् कहा कि वर माँगो तब मनुने रामचन्द्रको सुरतरु और शतरूपाने जानकीजीको सुरधेनु परमप्रेमयुत कहा'—(मानसमयंक)

टिप्पणी—१ *'सुनु सेवक सुरतरु सुरधेनू।.......'* इति। (क) भगवान् सेवक-हितकारी हैं इसी बलसे तप किया था, यथा—*'ऐसेउ प्रभु सेवक बस अहई। भगत हेतु लीला तन गहई॥ जौं यह बचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमार पूजिहि अभिलाषा॥'* अब इसी बलसे वर माँगते हैं कि आप सेवकके लिये कल्पवृक्ष हैं, कामधेनु हैं। (ख) यहाँ 'सुरतरु' और 'सुरधेनु' दो उपमाएँ देनेका भाव यह है कि जो भक्त आपके यहाँ जाते हैं, उनके लिये कल्पवृक्ष हो और जो आपके यहाँ नहीं पहुँचते उनके लिये कामधेनु हो, उनके पास आप स्वयं जाकर उनके मनोरथ पूर्ण करते हैं। (ग) *'बिधि हरि हर बंदित पद रेनू।'*—त्रिदेव आपके चरणरजकी वन्दना करते हैं, इस कथनका तात्पर्य यह है कि जिनकी सेवा ब्रह्मादि करते हैं वे परम प्रभु स्वयं सेवककी सेवा करते हैं। ☞ उपजनेके प्रकरणमें उपजना कहा था; जहाँ *'उपजहिं जासु अंस ते नाना'* कहा वहीं *'भगत हेतु लीला तनु गहई'* कहा, अर्थात् ब्रह्मादिके उपजानेवाले भक्तवश स्वयं 'उपजते' हैं। वैसे ही यहाँ सेवाके प्रकरणमें भक्तका सेवक बनना कहा। जब कहा कि विधि-हरिहर आपकी चरणरजकी वन्दना करते हैं, अर्थात् ब्रह्मादि आपके सेवक हैं तब वहीं यह कहा कि आप अपने भक्तोंके सेवक हैं। भाव कि ब्रह्मादि जिनके सेवक हैं वे ही अपने भक्तोंके सेवक हैं।—यह भाव *'सुनु सेवक सुरतरु.........'* का है। अर्थात् आप सेवककी रुचि पूर्ण करनेमें लगे रहते हैं।

नोट—२ श्रीशुकदेवलालजी लिखते हैं कि 'इस प्रकरणमें विधि-हरि-हर पद व्यामोहक है। वहाँ कोई विद्वान् ऐसे स्थानमें हरिका अर्थ इन्द्रवाचक इन प्रमाणोंसे करते हैं कि देवत्रयमें ब्रह्मा शिवके साथ इन्द्र भी वर्षा करके विश्वका पालन करता है। रामायण, यथा—'ब्रह्मा स्वयम्भूश्चतुराननो वा रुद्रस्त्रिनेत्रस्त्रिपुरान्तको वा। इन्द्रो महेन्द्रः सुरनायको वा त्रातुं न शक्तो युधि रामवध्यम्॥' भारते मोक्षधर्मे इत्यादि।..... परंतु ऐसा अर्थ करनेकी आवश्यकता नहीं है।'

नोट—३*'बिधि हरि हर बंदित पद रेनू'* इति। यथा—*'देखे शिव बिधि बिष्नु अनेका। अमित प्रभाउ एक तें एका॥ बंदत चरन करत प्रभु सेवा।'* (५४। ७-८) पूर्व नाना त्रिदेवोंका अंशसे उत्पन्न होना कहा था, अब चरणसेवा करना कहकर यह भी सूचित किया कि त्रिदेव आपकी सेवासे ही प्रभुत्वको एवं अपने-अपने अधिकारको प्राप्त हैं। यथा—*'हरि हरहि हरता बिधिहि बिधिता श्रियहि श्रियता जेहि दई। सोइ जानकीपति मधुर मूरति मोदमय मंगल मई।'* (वि० १३५) *'जाके बल बिरंचि हरि ईसा। पालत सृजत हरत दससीसा।'*(५। २१। ५) [पुनः, यथा—वसिष्ठसहिता—'जय मत्स्याद्यसंख्येयावतारोद्भवकारण। ब्रह्माविष्णुमहेशादि-संसेव्य चरणाम्बुज॥' (वै०)]

टिप्पणी—२*'सेवत सुलभ सकल सुखदायक।.......'* इति। (क) सेवा सुलभ है। यथा—*'बलि-पूजा चाहत नहीं, चाहत एक प्रीति।'* (वि० १०७),*'सकृत प्रनामु किहें अपनाए।'* (२। २९९) जो*'सेवत सुलभ'* है, जिसकी सेवा आसान है, वह सब सुखोंका दाता नहीं होता, अतएव *'सेवत सुलभ'* कहकर फिर 'सकल सुखदायक' भी कहा। इस प्रकार जनाया कि ऐसे एक आप ही हैं, आपमें ये दोनों गुण हैं। *'सकल सुखदायक'* यथा—*'तुलसिदास सब भाँति सकल सुख जो चाहसि मन मेरो। तौ भजु राम काम*

सब पूरन करै कृपानिधि तेरो॥' (वि० १६२) (ख) प्रथम सुरतरु और सुरधेनु-समान कहा, अब उन दोनोंके धर्म कहते हैं।*'सेवत सुलभ सकल सुखदायक'* इत्यादि उनके धर्म हैं।*'सकल सुखदायक'* अर्थात् अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों पदार्थोंके दाता हो। (ग)*'प्रनतपाल सचराचर नायक'* अर्थात् चराचरको पालते हो। यहाँ प्रणतको चराचरसे पृथक् कहनेका भाव कि चराचरकी अपेक्षा प्रणतका विशेष पालन करते हैं। यथा—*'जगपालक बिशेष जन त्राता'।*

प० प० प्र०—*'सेवत सुलभ सकल सुखदायक'* यह चरण उत्तरकाण्डमें श्रीसनकादिककृत स्तुतिमें भी आया है। वहाँ 'सुरतरु सुरधेनु' का उल्लेख प्रथम करके पीछे यह चरण दिया है। यथा—*'प्रनतकाम सुरधेनु कल्पतरु। होइ प्रसन्न दीजै प्रभु यह बरु॥ भव बारिधि कुंभज रघुनायक। सेवत सुलभ सकल सुखदायक। देहि भगति संसृति सरि तरनी॥'* (७। ३५। २, ६) इस द्विरुक्तिसे जनाया कि सनकादि मुनियोंने जो कुछ माँगा था, वही मनुजी दर्शन होनेपर माँगना चाहते हैं, पर भगवान् अपनी इच्छासे उनकी बुद्धि बदलते हैं। सनकादिक ब्रह्माजीके मानसपुत्र हैं और मनुजी ब्रह्माजीके शरीरसे उत्पन्न हुए हैं। इस पुनरुक्तिसे दोनोंमें समानता दिखायी। (इसमें एक शङ्का उपस्थित होती है कि उस कल्पमें तो पाँच मन्वन्तरोंके बाद अवतार होनेपर सनकादिकने वर माँगा है और मनुजीकी यह अभिलाषा इस मन्वन्तरमें हुई है।)

सनकादिक तो स्वयं भगवान्‌के पास आये हैं तथापि उन्होंने 'सुरधेनु' प्रथम कहा है और भगवान् मनुजीके पास स्वयं आनेवाले हैं तथापि यहाँ 'सुरतरु' प्रथम है, अतः इससे कुछ भाव निकालना गलत है।

वि० त्रि० का मत है कि 'सुरतरु' के सम्बन्धसे *'सेवत सुलभ'* कहा। यथा—*'जाइ निकट पहिचानि तरु छाँह समन सब सोच।.......'* और कामधेनुके सम्बन्धसे *'सकल सुखदायक'* कहा।

टिप्पणी—३ *'जौं अनाथहित हम पर नेहू। तौ.......'* इति। (क) *'अनाथहित'* का भाव कि भगवान् अनाथपर कृपा करते हैं, यथा—*'तात कबहुँ मोहि जानि अनाथा। करिहहिं कृपा भानुकुलनाथा॥'* (५। ७) *'सुन्दर सुजान कृपानिधान अनाथपर कर प्रीति जो। सो एक राम.......।'* (७। १३०) *'नाथ तू अनाथ को अनाथ कौन मो सो'* (वि० ७। ९) ☞(ख) पुनः, भाव कि अनाथके हित एकमात्र आप ही हैं, दूसरा नहीं। राजा और रानी दो हैं, इसीसे 'हम' बहुवचन पद दिया। इसी प्रकार पूर्व *'जौं यह बचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमार पूजिहि अभिलाषा॥'* कहा और आगे भी *'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन'* तथा *'नाथ देखि पदकमल तुम्हारे। अब पूरे सब काम हमारे॥'* में बहुवचन पद दिये। जहाँ दोनोंका सम्मत एक है वहाँ बहुवचन कहा। इसी तरह जहाँ दोनोंका सम्मत एक नहीं है, जहाँ दोनों पृथक्-पृथक् वर माँगते हैं वहाँ एकवचन दिया गया है। यथा—*'सो तुम्ह जानहु अंतरजामी। पुरवहु मोर मनोरथ स्वामी॥' 'चाहउँ तुम्हहिं समान सुत प्रभु सन कवन दुराउ।' 'बंदि चरन मनु कहेउ बहोरी। अवर एक बिनती प्रभु मोरी॥' 'मम जीवन तिमि तुम्हहि अधीना।' 'सोइ कृपाल मोहि अति प्रिय लागा।' 'सोइ बिबेक सोइ रहनि प्रभु मोहि कृपा करि देहु।'* इत्यादि। (श्रीरामप्रसादशरणजी लिखते हैं कि अपनेको अनाथ कहनेका भाव कि 'त्रिलोकमें हम किसीको अपना हितकर नहीं देखते, त्रिदेव भी हमारा अभीष्ट पूर्ण नहीं कर सकते और त्रिकाण्डसे भी हम अपना कल्याण नहीं समझते।' पुनः कणादकृत वैशेषिकवाले कालहीकी प्रेरणासे जगत्‌की उत्पत्ति आदि कहते हैं। हमको तीनों कालसे कदापि सुखकी वृद्धि नहीं है। पुनः, कोई जाग्रत्‌में अपनेको सुखी समझते हैं, कोई स्वप्नहीसे प्रीति करते हैं और कोई सुषुप्तिहीसे आनन्द मानते हैं। परंतु हमको तो इन तीनों अवस्थाओंमें कुछ भी हितकर नहीं जान पड़ता।)

टिप्पणी—४*'जो सरूप बस सिव मन माहीं।.......'* इति। ब्रह्मको नेत्रभर देखना चाहते हैं, ब्रह्मके शरीर नहीं है, इसीसे कहा था कि भक्तोंके लिये *'लीला तनु गहई।'* पर लीलातन तो चतुर्भुज शेषशायी, अष्टभुज, भूमापुरुष, चतुर्व्यूह, द्वादशव्यूह, सहस्रभुज विराट्‌पुरुष, मच्छ, कच्छ, वराह, नृसिंह, कृष्ण इत्यादि अनेक हैं, तुम किस लीलातनका दर्शन चाहते हो? इसपर कहते हैं कि जो स्वरूप शिवजीके मनमें बसता है, जिस स्वरूपके लिये मुनि यत्न करते हैं कि हमारे हृदयमें बसे—*'करि ध्यान ज्ञान बिराग जोग अनेक*

मुनि जेहि पावहीं।' (३। ३२) स्वरूपकी प्राप्तिमें शिवजी सिद्ध हैं। उनके मनमें मूर्ति बसती है। मुनि साधक हैं, वे मूर्त्ति अपने हृदयमें बसानेके लिये साधन करते हैं। जिन मुनियोंके साधन सिद्ध हो जाते हैं, उनके हृदयमें प्रभु बसते हैं, यथा—*'राम करउँ केहि भाँति प्रसंसा। मुनि महेस मन मानस हंसा॥'*

टिप्पणी—५ *'जो भुसुंडि मन मानस हंसा।'''''''* इति। (क) श्रीशिवजी और भुशुण्डिजी दोनों प्रेमी हैं, दोनों ब्रह्मके स्वरूप और स्वभावके 'जनैया' (जाननेवाले) हैं, इसीसे दोनोंके मनमें स्वरूपका बसना लिखा, यथा—*'कागभुसुंडि संग हम दोऊ। मनुज रूप जानै नहिं कोऊ॥ परमानंद प्रेम सुख फूले। बीथिन्ह फिरहि मगन मन भूले॥'* (१९६। ४-५) *'सुनहु सखा निज कहउँ सुभाऊ। जान भुसुंडि संभु गिरिजाऊ॥'* (५। ४८) *'अस सुभाउ कहुँ सुनउँ न देखौं। केहि खगेस रघुपति सम लेखौं॥'* (७। १२४) (ख) यहाँतक शिव, मुनि और भुशुण्डि तीन नाम दिये। इन तीनोंका नाम कहकर ज्ञान, कर्म और उपासना तीनों (से भगवान्‌की प्राप्ति) दिखाते हैं। शिवजी ज्ञानी हैं, मुनि कर्मकाण्डी हैं और भुशुण्डिजी उपासक हैं। तात्पर्य कि भगवान् ज्ञानी, कर्मी और उपासक तीनोंको प्राप्त होते हैं। (एक खर्रेमें पण्डितजी लिखते हैं कि 'भुसुंडि' के कहनेसे (गरुड़को)*'अघाइ कै रामरूपका बोध भया'*) (ग) *सगुन अगुन जेहि निगम प्रसंसा।'* इति सगुण और निर्गुण कहकर जिसकी स्तुति वेद करते हैं, यथा—*'जय सगुन निर्गुन रूप रूप अनूप भूप सिरोमने।'* (७। १३) श्रीरामजीके सगुण और निर्गुण दो रूप हैं। निर्गुण रूप प्रथम ही कह आये—*'अगुन अखंड अनंत अनादी। जेहि चिंतहिं परमारथबादी॥ नेति नेति जेहि बेद निरूपा। निजानंद निरुपाधि अनूपा॥'* इत्यादि। सगुण स्वरूप आगे कहेंगे—*'नील सरोरुह नीलमनि नील नीरधर स्याम'* इत्यादि। (घ) वेद निर्गुण ब्रह्मका निरूपण करते हैं, यथा—*'नेति नेति कहि बेद निरूपा'* और सगुण ब्रह्मकी प्रशंसा करते हैं—*'सगुन अगुन जेहि निगम प्रसंसा'*। एकका निरूपण और दूसरेकी प्रशंसा करनेका भाव कि निर्गुण ब्रह्ममें वाणीका प्रवेश नहीं है—**'यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह'** इति। (श्रुति) सगुणमें वाणीका प्रवेश है, इसीसे प्रशंसा करते हैं। [यहाँ कहते हैं कि*'सगुन अगुन जेहि निगम प्रसंसा।'* और उत्तरकाण्डमें वेद स्वयं कहते हैं कि*'ते कहहु जानहु नाथ हम तव सगुन जस नित गावहीं।'* यह परस्पर भेद कैसा? रामप्रसादशरणजी लिखते हैं कि*'सगुन जस'* गानेमें भाव यह है कि यशका लाभ केवल सगुण ही रूपको है—निर्गुणको नहीं, क्योंकि वह तो क्रियाशून्य है, चेष्टारहित है। जिसकी निषेधकी हानि अथवा विधिके प्रचारकी चेष्टा ही न हो उसको यश कैसे हो सकता है?*'अस प्रभु हृदय अछत अबिकारी। सकल जीव जग दीन दुखारी॥'* (तु० प० ३। ४)]

नोट—४ श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि वचनोंका भाव यह है कि 'आपका स्वरूप कोई जानता नहीं। वेद भी *'नेति नेति'* कहते हैं तब मैं उसे कैसे जानूँ? अतएव उस स्वरूपको इस प्रकार लक्षित करते हैं कि *'जो सरूप'''''''* इत्यादि। पर शिवजीके मनमें बालरूप बसता है, यथा—*'बंदौं बालरूप सोइ रामू।'* मुनियोंके ध्यानमें अवस्थाका नियम नहीं है। देखिये सनत्कुमारसंहितामें पहले **'पितुरङ्कगतं रामम्'** यह बालरूपका ध्यान है, फिर **'वैदेहीसहितं सुरद्रुमतले'** यह किशोरावस्थाका ध्यान है। भुशुण्डिजी बालरूपके उपासक हैं। वेदोंके वर्णनमें अवस्थाका नियम नहीं है। वेदोंने अनन्तरूपोंका वर्णन किया है। इन वचनोंमें परात्पररूप और सब अवस्थाओंका सँभार आ गया।'

नोट—५ मनुजीका यह सिद्धान्त है कि 'शिवजी भगवान् हैं, रामभक्तिके आदि आचार्य हैं, ज्ञान-वैराग्य-वेदतत्त्व आदिके ज्ञाता हैं, यथा—*'तुम्ह त्रिभुवन गुर बेद बखाना।'* (१११। ५) *'जोग ज्ञान बैराग्य निधि।'* (१०७) मुनि इन्द्रियविषय सुखको त्यागकर अनेक कष्ट उठाकर, उपाय करते हैं तो परात्पर रूपहीके लिये करते होंगे। भुशुण्डिजी ऐसे परमभक्त हैं कि जिनके आश्रमके आस-पास चार योजनतक माया नहीं व्यापती, वे भी परात्परकी ही उपासना करते होंगे। वेद भी परात्पर रूपकी ही अगुण-सगुण कहकर प्रशंसा करते हैं।' अतएव इन तीनोंके सिद्धान्तसे जो ब्रह्म हो वही परात्पर होगा।

नोट—६ मयंककार लिखते हैं कि 'शिवजीके मनमें किशोररूप और भुशुण्डिजीके मनमें बालस्वरूप

बसता है। दोनों एक बार देखना दुस्तर है। दम्पतिने विचारपूर्वक यह वर माँगा, जिसमें किशोररूपका तो तत्काल दर्शन हो (प्रथम *'जो सरूप बस सिव मन माहीं'* यह कहा इसीसे प्रथम शिवजीके ध्यानवाला स्वरूप प्रकट हुआ) और अवधमें बालरूपका आनन्द पावें अर्थात् पुत्र हो प्रकट हों। (*'भुसुंडि मन मानस हंसा'* अन्तमें कहा। इसीसे कालान्तरमें वही यज्ञादिरूपी यत्न करनेसे *'भुसुंडि मन मानस हंसा'* बालरूप होकर प्रकट होंगे।) 'मनुने तप करते समय किसीकी उपासना नहीं की, न किसीके नामको जपा। उनका यही अनुष्ठान था कि जो परतम सबसे परे हो वह मुझको दर्शन दे। तब शार्ङ्गधर भगवान् रामचन्द्रजी प्रकट हुए। इससे यह निर्विवाद सिद्ध हुआ कि ये ही सबसे परे और सबके सींव हैं'—(मा० म०)—*'बिधि हरि संभु नचावनिहारे।'*, *'हरिहरहिं हरता बिधिहि बिधिता श्रियहि श्रियता जेहि दई। सोइ जानकीपति मधुर मूरति मोदमय मंगलमई।'* (वि० १३५)

प० प० प्र०—शिवजी रघुवीररूपके उपासक हैं, यथा—*'सोइ मम इष्टदेव रघुबीरा।'* *'जो सरूप बस सिव मन माहीं। जेहि कारन मुनि जतन कराहीं॥'* कहनेपर विचार आ गया कि शिवजी तो बालरूपके उपासक नहीं हैं और बालरूप तो अधिक मोहक, मनोहर और सुखकर है, अतः फिर कहा कि *'जो भुसुंडि मन मानस हंसा'* क्योंकि ये बालरूपके उपासक हैं, जो प्रथम माँगा उसके अनुसार अवतार-समयमें भी प्रथम वही रूप कौसल्याजीको दिखाया *'जो सरूप बस सिव मन माहीं'* और फिर *'भए सिसुरूप खरारी।'* मयंककारने उचित ही लिखा है।

देखहिं हम सो रूप भरि लोचन। कृपा करहु प्रनतारतिमोचन॥ ६॥
दंपति बचन परम प्रिय लागे। मृदुल बिनीत प्रेमरस पागे॥ ७॥
भगत बछल प्रभु कृपानिधाना। बिस्वबास प्रगटे भगवाना॥ ८॥

दो०—नील सरोरुह नीलमनि नील नीरधर स्याम।
लाजहिं तन सोभा निरखि कोटि कोटि सत काम॥ १४६॥

शब्दार्थ—दंपति=स्त्री-पुरुष। पागे=शीरा, किवाम वा चाश्नीमें लपेटे, डुबोये वा साने हुए, यथा—*'आखर अरथ मंजु मृदु मोदक प्रेम पाग पागिहै।'* (विनय०) *भगतबछल* (भक्तवत्सल)—जैसे गऊ नवजात बछड़ेका प्यार करती है वैसे ही भक्तोंका प्यार करनेवाले, उनके दोषोंको स्वयं भोग लेनेवाले, उनपर दृष्टि न करनेवाले और सदा साथ रहनेवाले, यथा भगवद्गुणदर्पण—**'आश्रितदोषभोक्तृत्वं वात्सल्यमिति केचन। आश्रितागस्तिरस्कारबुद्धिवात्सल्यमित्यपि॥ सुस्निग्धहृदयत्वं यद्दोषरौक्ष्यातिगं निजे। जने स्यात्तद्धि वात्सल्यं भक्ते प्राणस्य वै हरेः॥ ममतामोहसम्पर्को दृढीयांस्तनुजादिषु। यत्पिच्छलमनस्कत्वं विदुर्वात्सल्यमुत्तमाः॥ वत्सः स्नेहगुणस्थेयांस्तद्वता वत्सलो हरिः॥'**—(वै०)

अर्थ—हे प्रणतके दुःखको छुड़ानेवाले! हम वह रूप नेत्र भरकर देखें (ऐसी) कृपा कीजिये॥ ६॥ दम्पतिके कोमल, नम्र और प्रेमरसमें पागे हुए वचन प्रभुको परम प्रिय लगे॥ ७॥ भक्तवत्सल, दयासागर, विश्वमात्रमें व्यापक, भगवान् प्रभु प्रकट हो गये॥ ८॥ नील-कमल, नील-मणि और नीले मेघोंके समान श्याम (वर्ण) तनकी शोभा देखकर करोड़ों, अरबों कामदेव लज्जित हो जाते हैं॥ १४६॥

बाबा हरिदासजी—१ श्रीमनुजीने विचारा कि शिवजी और भुशुण्डिजी एवं मुनिजनको ब्रह्मका दर्शन ध्यानमें हुआ करता है, कहीं ऐसा न हो कि हमें भी ध्यानहीमें दर्शन देकर चल दें, हमने तो उनको पुत्र बनानेके लिये तप किया है, अतः कहते हैं कि *'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन'* ध्यानमें नहीं किंतु प्रत्यक्ष देखना चाहते हैं, अपने इन नेत्रोंसे और वह भी भरपूर। २—*'दंपति बचन परम प्रिय लागे।......'* इति। 'दंपति' अर्थात् श्रीसीतारामको (उनके) वचन परम प्रिय लगे—(शीलावृत्ति) (हमने 'दंपति' से मनु-शतरूपाका अर्थ किया है।)

टिप्पणी—१ *'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन।'* भाव कि जो रूप शिवादि ध्यान रखकर मनमें देखते हैं

वही रूप हम प्रत्यक्ष नेत्र भरकर देखें। (ख) *'कृपा करहु प्रनतारति मोचन'* अर्थात् आप प्रणतकी आर्ति हरते हैं, हम प्रणत हैं, हमारी आर्ति हरण कीजिये। तात्पर्य कि आपके दर्शन बिना हम दोनों अत्यन्त आर्त हैं, हम इस योग्य नहीं हैं कि आप दर्शन दें, हमारे ऐसे सुकृत नहीं हैं कि दर्शन प्राप्त हो सकें, आपकी कृपाका ही भरोसा है। आप अपनी ओरसे कृपा करके हमको दर्शन दीजिये। (शिवादि समर्थ हैं। हममें उनका सामर्थ्य नहीं है। हमें एकमात्र आपकी कृपाका भरोसा है। कठोपनिषद्में भी कहा है कि जिसपर वह कृपा करता है उसीको प्राप्त होता है। यथा—**'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्।'**(१। २। २२)

नोट—१ *'दंपति बचन'* इति। पूर्व केवल 'मनु'जीका बोलना लिखा था, यथा—*'बोले मनु करि दंडवत।'* (१४६) और यहाँ स्त्री-पुरुष मनु और शतरूपा दोनोंका बोलना लिखते हैं; यह पूर्वापर विरोध कैसा? बाबा हरिदासजीने इस शङ्काकी निवृत्ति 'दंपति' से 'श्रीसीतारामजी' का ग्रहण करके की है। वे 'दंपति' से 'दंपति श्रीसीतारामजीको' यह अर्थ लेते हैं। हमने तथा प्रायः अन्य सभी टीकाकारोंने 'दंपति मनु-शतरूपाके' ऐसा अर्थ किया है। शङ्काका समाधान संत श्रीगुरुसहायलालजीने इस प्रकार किया है कि 'मनु' से राजा मनु और मनुकी स्त्री दोनों अर्थ निकलते हैं। व्याकरणसे 'मनु' शब्दका स्त्रीलिङ्गमें तीन तरहका रूप है। मनायी, मनावी और मनः। उसमें सूत्र लिखा है—**'मनो रौ वा।'''''''''** (मा० त० वि०)। वि० त्रि० लिखते हैं कि **'मनो रौ वा'** इस सूत्रसे ङीप् विकल्पसे होता है। अतः शतरूपा भी मनु हैं। हिन्दी-शब्दसागरमें भी 'मनु' को पुँल्लिग और स्त्रीलिङ्ग दोनों लिखा है और उसका अर्थ, वैवस्वत 'मनु' और 'मनावी, मनुकी स्त्री' दिया है। इस तरह पूर्वके 'मनु' शब्दमें मनु और उनकी स्त्री शतरूपा दोनोंका ग्रहण होता है। अतः शङ्का नहीं रह जाती। पं० रामकुमारजी शंकाका समाधान इस तरह करते हैं कि पूर्व 'मनु' और यहाँ 'दम्पति' शब्द देकर जनाते हैं कि जो मनुजीने कहा वही महारानी शतरूपाजीने कहा, अर्थात् (अन्तमें) महारानीजीने कहा कि मैं भी यही चाहती हूँ। इस प्रकार ये वचन दोनोंके हुए, नहीं तो दोनोंका एक साथ बोलना नहीं बनता। (नोट—आगे इसी तरह श्रीशतरूपाजीने कहा भी है—*'जो बरु नाथ चतुर नृप माँगा। सो कृपाल मोहि अति प्रिय लागा।'* (१५०। ४) वैसे ही यहाँ राजाके कह चुकनेपर अन्तमें कहा और पूर्वसे भी दोनोंका सम्मत यह था ही—*'पुनि हरि हेतु करन तप लागे। देखिअ नयन परम प्रभु सोई।'* त्रिपाठीजीका मत है कि दम्पतिका हृदय इतना अभिन्न है कि वे ही शब्द दोनों मुखोंसे एक साथ निकल रहे हैं।)

टिप्पणी—२ (क) *'परम प्रिय लागे'* इसका कारण आगे स्वयं कहते हैं *'मृदुल बिनीत प्रेमरस पागे।'* वचन कोमल हैं, सुननेमें कटु-कठोर नहीं हैं, विनम्र हैं। बड़ाई लिये हुए हैं (अर्थात् उनमें सेवक-स्वामि-भावका उल्लङ्घन नहीं हुआ, मर्यादाके अनुकूल और अहङ्कारशून्य हैं, और प्रेमरसमें पगे हुए हैं। भगवान्‌को प्रेम प्रिय है, यथा—*'रामहिं केवल प्रेम पिआरा। जानि लेउ जो जाननिहारा।'* (२। १३७) इसीसे ये वचन *'परम प्रिय'* लगे। (ख) ☞प्रथम कहा कि *'बोले मनु करि दंडवत प्रेम न हृदय समात'* हृदयके उसी प्रेमसे वचन बोले, अतएव उन वचनोंको *'प्रेमरस पागे'* कहा। ☞भगवान्‌के वचन सुधा-समान हैं—*'श्रवन सुधासम बचन सुनि'* और *'मृतक जिआवन'* हैं; इसीसे उन्हें सुनकर स्त्री-पुरुष दोनों जिये, नहीं तो मृत्यु हो जाती। (भगवान्‌के वचन सुनकर दोनों पुलकित और प्रफुल्लित हो गये वैसे ही) इनके वचन प्रेमरससे पागे हैं, इसीसे भगवान्‌को परम प्रिय लगे। [कोमल वचन 'प्रिय' होते हैं, उसपर भी ये वचन 'विनीत' हैं, इससे *'अतिप्रिय'* हुए और फिर प्रेम-रसमें पगे हैं अतएव *'परम प्रिय'* हैं। (वै०)]

नोट—२ बैजनाथजी लिखते हैं *'जौं अनाथ हित हम पर नेहू'* 'प्रनतपाल' *'कृपा करहु प्रनतारति मोचन'* इत्यादि मृदुल हैं। *'सेवक सुरतरु''''''''नायक'* विनीत हैं और *'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन'* प्रेमरसमें पगे हुए वचन हैं।' (प्रेमपगे तो सभी हैं क्योंकि *'प्रेम न हृदय समात'* पूर्व कह आये हैं। वह प्रेम-वचन, पुलक इत्यादि रूपसे बाहर निकल पड़ा है, अतः वचन क्या हैं मानो प्रेम ही हैं।)

टिप्पणी—३ *'भगत बछल प्रभु कृपानिधाना।''''''''* इति। (क) राजाने कहा था कि आप सेवकके

कामधेनु हैं, कल्पवृक्ष हैं और प्रणतपाल हैं, इन्हीं वचनोंको चरितार्थ करनेके लिये यहाँ 'भक्तवत्सल' कहा ('सेवकसुरधेनु' भगवान् हैं तो भक्त 'वत्स' हुआ ही। स्वयं भक्तके पास आये, अतः *'भगत बछल'* विशेषण उपयुक्त है)। जो राजाने कहा था कि *'करहु कृपा प्रनतारति मोचन'* अर्थात् कृपा करके मुझ आर्त्तको दर्शन दीजिये; इस वचनको चरितार्थ करनेके लिये *'कृपानिधान'* कहा अर्थात् भगवान् कृपा करके प्रकट हुए। ☞ भगवान्‌के प्रकट होनेका मुख्य कारण कृपा है, यथा—*'भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी', 'सो प्रगट करुनाकंद सोभाबृंद अग जग मोहई।'* तथा यहाँ *'भगत बछल.......'* कहा। [मृदुल, विनीत और प्रेमरस-पागे—ये तीन विशेषण वचनके दिये,वैसे ही तीन विशेषण भगवान्‌के दिये गये—भगतबछल, प्रभु और कृपानिधान। भक्तवत्सल हैं, प्रेमरसपागे वचन प्रिय लगे। प्रभु हैं, विनीत वचनपर प्रसन्न हुए। कृपानिधान हैं, मृदु वचनपर कृपा की। (वि० त्रि०)] (ख)*'बिस्वबास प्रगटे भगवाना'।* तात्पर्य कि वे कहीं अन्यत्रसे नहीं आये, उनका वास तो विश्वमात्रमें है, (वे वहींसे) उसी जगह जहाँ-के-तहाँ ही प्रकट हो गये, यथा—*'देस काल दिसि बिदिसहु माहीं। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं॥'* (१८५। ६) (ग) *'प्रगटे'* का भाव कि सूक्ष्मरूपसे भगवान् सर्वत्र हैं, देख नहीं पड़ते, वहीं प्रकट हो गये।*'प्रगटे भगवाना'* का भाव कि ऐश्वर्यमान् रूप प्रकट हुआ। पुनः दूसरा भाव कि भक्त और भगवान्‌का सम्बन्ध है, भक्तहेतु प्रकट हुए, इसीसे 'भगवान्' कहा। यथा—*'भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप।'* (७। ७२) (घ) प्रथम प्रेम कहा—*'दंपति बचन प्रेमरस पागे।'* तत्पश्चात् प्रकट होना कहा, क्योंकि प्रेमसे भगवान् प्रकट होते हैं। यथा—*'हरि ब्यापक सर्वत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना।'* (१८५। ५) उदाहरण लीजिये—*'अतिसय प्रीति देखि रघुबीरा। प्रगटे हृदय हरन भय भीरा।'* (३। १०) *'जब सिय सखिन्ह प्रेमबस जानीं। कहि न सकहिं कछु मन सकुचानीं॥ लताभवन तें प्रगट भे तेहि अवसर दोउ भाइ।'* (२३२) इत्यादि। [☞यहाँ 'विश्वास' और 'भगवान्' पद देकर जनाया कि श्रीसीतारामजी ही 'वासुदेव' और 'परमप्रभु' हैं, जिनका मन्त्र जपते थे और जिनके दर्शनकी अभिलाषासे तप कर रहे थे, गुप्त थे सो प्रकट हो गये।]

टिप्पणी—४*'नील सरोरुह नीलमनि नील नीरधर स्याम।'* इति। (क) कमल-समान कोमल और सुगन्धित नीलमणि-समान चिक्कन और दीप्तिमान् और नीले मेघोंके समान गम्भीर श्याम शरीर है। एक उपमामें ये सब गुण नहीं मिले, इससे तीन उपमाएँ दीं। पुनः इन तीन उपमाओंके देनेका भाव कि संसारमें जल, थल और नभ—ये तीन स्थान हैं। यथा—*'जलचर थलचर नभचर नाना। जे जड़ चेतन जीव जहाना॥'* (१। ३। ४) इन तीनों स्थानोंकी एक-एक वस्तुकी उपमा दी। जलके कमलकी, पृथ्वीके मणिकी और आकाशके मेघकी। (ख) *'नीरधर'* शब्दसे सजल मेघ जनाये। *'नील नीरधर स्याम'* में नील 'नीरधर' का विशेषण है और श्याम भगवान्‌का विशेषण है। (ग)*'लाजहिं तन सोभा निरखि कोटि कोटि सत काम'* इति। यथा—*'स्याम सरीर सुभाय सुहावन। सोभा कोटि मनोज लजावन॥'* कामदेवका रंग श्याम है, इसीसे कामकी उपमा लिखी।

* कमल, मणि और नीरधर तीन उपमाओंके और भाव *

बैजनाथजी लिखते हैं कि 'यहाँ तीन उपमान दिये। इन तीनोंमें मिलकर १६ धर्म हैं। इनकी उपमा देकर तनके षोडश शोभामय गुण दर्शित किये हैं। कमलकी उपमा देकर छः गुण दर्शाये, मणिके आठ गुण और मेघके दो गुण। कमलके धर्म हैं 'सुन्दरता, कोमलता, सुकुमारता, सुगन्धता, मनोहरता और मकरन्द'। प्रभुका शरीर सर्वाङ्ग सुडौल, कोमल, सुकुमार, सुगन्धयुक्त, सहज ही मनोहर और असीम माधुर्यरसयुक्त। मणिके धर्म हैं 'उज्ज्वल, स्वच्छ, आवरणरहित, शुद्ध, अपावन न होनेवाला तथा सुषमा, एकरस-दीप्ति, आबवाला'। वैसे ही प्रभु तमोगुणादि रहित हैं, देहमें मलिनता नहीं, निरंजन-निर्मल-एकरूप, तनमन शुद्ध, शोभा, नवयौवन, तेज, लावण्य इत्यादि धर्मयुक्त हैं। मेघ-गम्भीर श्याम, बिजलीयुक्त। प्रभुका गम्भीर श्याम तन और तनपर पीतपट।

२—*श्यामतनके* भिन्न-भिन्न धर्मोंके भिन्न-भिन्न उपमान दिये गये। सब धर्म जो वक्ता दिखाना चाहते

थे वे किसी एक उपमानमें नहीं मिले; इससे वे बराबर उपमा देते गये। श्रीरामचन्द्रजीके विषयमें अंगदजीके बिदाईके प्रसंगमें *'कुलिसहु चाहि कठोर अति कोमल कुसुमहु चाहि'* ऐसा कहा है। वहाँ कुलिश और कुसुमकी उपमाएँ चित्तके लिये दी गयी हैं। कुलिश मणि है और कमल कुसुम है। इस प्रकार कमलवत् श्याम और कोमल इत्यादि गुणोंका ग्रहण होगा, यथा—'नीलाम्बुजश्यामलकोमलाङ्गं सीतासमारोपितवामभागम्'; मणिवत् श्याम और कठोर अर्थात् इससे पुष्ट और एकरस सहज प्रकाशमान गुण लेंगे। यथा—*'परम प्रकास रूप दिन राती। नहिं कछु चहिय दिया घृत बाती॥'* कमल और मणिकी उपमा देनेपर सोचे कि ये सबको सुलभ नहीं, सबको इससे आनन्द नहीं प्राप्त हो सकता और इन्हें सर्वसाधारणने देखा भी नहीं, सुना भर है, अतएव जलधरकी उपमा दी। यह उपमान ऐसा है जिसे सबने देखा है। सब धर्म यहाँ मिल गये। मेघवत् गम्भीर और चराचरमात्रको सुखदायक।

३—यहाँ मालोपमालंकार है। ☞स्मरण रहे कि 'गोस्वामीजीकी मालोपमाओंमें अन्य कवियोंकी अपेक्षा यह बड़ी भारी विशेषता है कि वे जिस विषयके वर्णनमें जहाँ जितनी आवश्यकता समझते हैं वहाँ उतनी उपमाएँ देते हैं। उपमाओंकी व्यर्थ भरमार करके अपना और पाठकका समय नष्ट नहीं करते।'

४—यदि कोई कहे कि मेघ तो अर्क यवासको जलाते हैं तो इसका उत्तर यह होगा कि अर्कयवासरूपी दुष्ट अपने कर्मोंसे नष्ट हो जाते हैं। मेघ या प्रभुका कुछ दोष नहीं, यथा—*'तुलसी दोष न जलद को जौ जल जरत जवास'।* पुनः, नीरधरसे श्रीरामजीकी सहृदयता तथा परोपकारपरायणता भी दिखायी है। मेघ जा-जाकर सबको जल देते हैं और आप कृपानीरधर हैं, भक्तोंके पास जा-जाकर कृपा करते हैं। यथा—*'कृपा बारिधर राम खरारी। पाहि पाहि प्रनतारति हारी॥'* (लं०)

५—वेदान्तभूषणजी कहते हैं कि—(क) कोमल सरसादि होनेसे कमल वात्सल्य भावका द्योतक है। राजत्व (ऐश्वर्यत्व) किंवा राजसमाजमें मणिकी उपमा उपयुक्त होती है। *'कृपा बारिधर राम खरारी'* के अनुसार मेघकी उपमा कृपाका द्योतक है। (ख) प्रायः सर्वत्र एक ही उपमा दी जाती है। यहाँ तीन उपमाएँ एक साथ देनेका भाव यह है कि एक तो भगवान्‌को देखते ही मनुजीके हृदयमें कोमल (वात्सल्य) भावका संचार हो गया, इसे जनानेके लिये *'नील सरोरुह स्याम'* कहा। दूसरे, मनु राजा थे और भगवान्‌के ऐश्वर्यको जानते थे, अतः कविने *'नील मनि स्याम'* कहा। और मनुजी कृपा चाहते थे। यथा—*'कृपा करहु प्रनतारति मोचन'* इसलिये *'नील नीरधर स्याम'* कहा।

६—पंजाबीजी कमलसे कोमलता, मणिसे प्रकाश और मेघसे उदारता और गम्भीरता गुण लेते हैं।

७—रां० प० का मत है कि सरोरुहकी चिकनाई और सुगन्ध, मणिकी चमक और घनकी श्यामता—ये गुण स्वरूपमें हैं। दर्पणकी उपमा न दी क्योंकि वह सुगन्धरहित है और रा० प्र० का मत है कि नीलकमल-समान चिक्कन और कोमल है, नीलमणिसम चमक है और नील मेघके समान सरस है। भाव कि मुखकी 'पानिय' (आब) विमल है और श्यामता तीनोंके समान है।—एक-पर-एक उपमा देते गये। जब तीसरी उपमा भी योग्य न देखी तब हार मानकर चुप हो रहे। अथवा, तीन उपमाएँ देकर इनको त्रिदेवका कारण जनाया।

८—काशीनरेश श्रीईश्वरीप्रसादनारायण सिंहजी लिखते हैं कि एक ही श्यामताको तीन प्रकारसे कहकर *'सत् चित् आनन्द'* भाव दरसाया।

९—वि० त्रि० लिखते हैं कि जलमें सर्वोत्तम नीलिमा नीलकमलकी, थलमें नीलमणिकी और नभमें नीरधरकी है। इन तीनों नीलिमाओंकी शोभा सलोने श्यामसुन्दरमें है।

नोट—३ *'लाजहिं तन सोभा निरखि कोटि कोटि सत काम'* इति। श्याम-तनके लिये उपमा-पर-उपमा देते गये फिर भी समता न देखकर अन्तमें कहना पड़ा कि *'लाजहिं……'* । ऐसा करके उपमेयका अनुपम होना दिखाया। परमोत्कृष्टता जनानेके लिये इतनी उपमाएँ दी गयीं। यहाँ किसीके मतसे तीसरा और किसीके मतसे पाँचवाँ प्रतीपालंकार है। *'कोटि कोटि सत'* असंख्य, संख्यारहितका वाचक है। भाव

यह है कि जैसा शरीरका रंग और शोभा है वह तो किसीसे कहते नहीं बनती; उपमा जो दी गयी वह किञ्चित् एक देशमें जानिये नहीं तो निरुपमकी उपमा कैसी? यथा—*'नील कमल मनि जलद की उपमा कहे लघु मति होत।'* (गी० १। १९। ३) *'कोटि कोटि सत'* कहनेका भाव कि जैसे एक दीपकसे अधिक प्रकाश दोमें और दोसे तीनमें अधिक प्रकाश होता है, वैसे ही यदि संख्यारहित कामदेव एकत्र हों तो भी उन सबोंकी समष्टि शोभा श्रीरामजीके श्यामतनकी शोभाके सामने तुच्छ हो जाती है, जैसे सूर्यके आगे दीपक। प्रभुके शरीरकी श्यामतामें जो दिव्य एकरस गुण हैं वे नीलकमल, नीलमणि और नीले मेघोंमें कहाँ? ☞ यहाँ समष्टि शोभा कहकर आगे अङ्ग-अङ्गकी शोभा पृथक्-पृथक् कहते हैं।

सरद मयंक बदन छबिसीवाँ। चारु कपोल चिबुक दर ग्रीवाँ॥ १॥
अधर अरुन रद सुंदर नासा। बिधुकर निकर बिनिंदक हासा॥ २॥
नव अंबुज अंबक छबि नीकी। चितवनि ललित भावती* जी की॥ ३॥
भृकुटि मनोजचाप छबि हारी। तिलक ललाट पटल दुतिकारी॥ ४॥
कुंडल मकर मुकुट सिर भ्राजा। कुटिल केस जनु मधुपसमाजा॥ ५॥

शब्दार्थ-**मयंक**=चन्द्रमा। **बदन**=मुख। **सीवाँ**=हद, मर्यादा, सीमा जिससे बढ़कर और नहीं। **कपोल**=गाल। **चिबुक**=ठुड्डी, ठोढी। **ग्रीवा**=कण्ठ। **अधर**=ओष्ठ, होंठ, ओंठ। **रद**=दाँत। **नासा**=नासिका, नाक। **अरुन** (अरुण)=लाल। **बिधु**=चन्द्रमा। **कर**=किरण। **निकर**=समूह। **बिनिंदक**=निन्दा करनेवाला, अत्यन्त नीचा दिखानेवाला। **हास्य**=हँसी, मन्द मुसकान। **अंबुज**=कमल। **नव**=नवीन, ताजा खिला हुआ। **ललित**=सुन्दर, मनोहर, प्यारी, स्नेहभरी।† **भावती**=भानेवाली, अच्छी लगनेवाली। **भृकुटि**=भ्रू, भौंह। **पटल**=पटली, तह, आवरण, तट। पुनः, **पटल**=समूह—*'जथा गगन घन पटल निहारी। झाँपेउ भानु कहहिं कुबिचारी॥'*, *'मोह महाघन पटल प्रभंजन'*। **भ्राजना**=दीप्तिमान् होना। **कुटिल**=घूमे हुए, घुँघराले, छल्लेदार। **मकर**=मीन, मछली।=मगर। 'मकराकृत कुण्डल गोलाकार होता है, जैसे मछलीका मुँह और पूँछ मिलानेसे आकार बनेगा।'

अर्थ—उनका मुख शरदपूनोंके चन्द्रमाके समान छबिकी सीमा है। गाल और ठोढ़ी सुन्दर हैं, गला शङ्खके समान है॥ १॥ ओंठ लाल, दाँत और नाक सुन्दर हैं। हँसी चन्द्रमाकी किरणसमूहको अत्यन्त नीचा दिखानेवाली है॥ २॥ नेत्रोंकी छबि नये खिले हुए कमलकी छबिसे अधिक सुन्दर है और चितवन स्नेहसे भरी हुई मनको भानेवाली है॥ ३॥ भौंहें कामदेवके धनुषकी शोभाको हरनेवाली हैं। ललाट-पटलपर तिलक (समूह बिजलीका) प्रकाश कर रहा है॥ ४॥ कानोंमें मकराकृत कुण्डल और सिरपर मुकुट सुशोभित है। टेढ़े घुँघराले बाल (क्या हैं) मानो भ्रमरोंके समाज हैं॥ ५॥

नोट—१ यह सम्पूर्ण प्रसङ्ग भी उपमा और प्रतीप अलङ्कारसे अलंकृत है।

नोट—२ बैजनाथजी लिखते हैं कि दोहा १४६ में पूर्व सोलह गुण कहे। उनमें कमल, मणि और मेघ ये तीन उपमान कह चुके। वहाँ जो तेरह धर्म गुप्त कहे वही तेरह उपमान आगे कहते हैं। यथा—मुख-शशि, ग्रीव-शङ्ख, हास्य-चन्द्रकिरण, नेत्र-कमल, भृकुटी-कामचाप, कुण्डल-मकर, केश-भ्रमर-समाज, भुजदण्ड-करिकर, कंधर-केहरि, पीतपट-तड़ित, उदररेखालहर, नाभि-यमुनभँवर और पद-राजीव। और ऊपर दोहेमें जो कहा है कि शरीरकी शोभाको देखकर असंख्यों कामदेव लज्जित हो जाते हैं, उस वाक्यके प्रमाणहेतु यहाँ कपोल, चिबुक, अधर, दाँत, नासिका, चितवन, तिलक, ललाट, मुकुट, शिर, श्रीवत्स, उर, वनमाला, पदिक, आभूषण, जनेऊ, बाहुभूषण, कटि, निषंग, कर, धनुष और बाण इन बाईस अङ्गोंकी शोभाकी उपमा नहीं दी। (प्रथम संस्करणमें हमने इसको इस प्रकार लिखा था—बैजनाथजी लिखते हैं कि 'यहाँ *'सरद मयंक*

* —भावती १६६१। † 'शृङ्गाररसमें एक कायिक हाव या अङ्गचेष्टा जिसमें सुकुमारता (नजाकत) के साथ भौंह, आँख, हाथ, पैर अङ्ग हिलाये जाते हैं'।—(श० सा०)

बदन""" ' से लेकर'*पद राजीव बरनि नहि जाहीं॥*' (१४८। १) तक १३ उपमान देकर उनके १३ धर्म गुप्त दिखाये हैं। २२ अङ्गोंकी शोभाकी उपमा नहीं दी गयी? उनके विषयमें 'चारु', 'ललित', 'भावती जीकी' इत्यादि विशेषण देकर उनको योंही रहने दिया। इसका कारण यह है कि वे अनुपम हैं, उनकी उपमा नहीं मिली। जो ऊपर दोहेमें कह आये हैं कि '*लाजहिं तन सोभा निरखि कोटि कोटि सत काम*' उसीका निर्वाह इन चौपाइयोंमें खूब ही हुआ है'। जिस अङ्गकी किञ्चित् भी उपमा पायी उसे देते गये।)

नोट—३ पं० रामकुमारजी कहते हैं कि 'सींव' समुद्रको कहते हैं, यहाँ 'सींवाँ' से ही चले (अर्थात् 'सीवाँ' से रूपवर्णन-प्रसङ्गको उठाया) और सीवाँहीपर समाप्त किया है,'*छबि समुद्र हरिरूप निहारी*' अन्तमें और'*बदन छबिसीवाँ*' आदिमें कहा है। यहाँ वाचक लुप्तोपमा है।

टिप्पणी—१'*सरद मयंक बदन छबिसीवाँ॥"""""*' इति॥ (क) ☞शरीरके श्यामवर्णकी शोभा कहकर अब अङ्गोंकी शोभा कहते हैं। (ख) मुख छबिकी सीमा है अर्थात् जैसी शोभा मुखकी है वैसी कहीं नहीं है। 'सींव' कहकर सूचित किया कि शरच्चन्द्रसे मुखकी छबि अधिक है, यथा—'*सरदचंद्र निंदक मुख नीके॥*' (२४३। २) पुनः, भाव कि 'शरद्मयंक' से निर्मल चन्द्र कहा, छबिसींवसे पूर्णचन्द्र कहा; क्योंकि पूर्णिमाका पूर्णचन्द्र छबिकी सीमा होता है। रामचन्द्रजीका मुख छबिकी सीमा है; अतः उसकी उपमा छबिसींव चन्द्रकी देते हैं, यथा—'*भए मगन देखत मुख सोभा। जनु चकोर पूरन ससि लोभा॥*' (२०७। ६) '*सरद सर्बरीनाथ मुख सरद सरोरुह नयन॥*' (२। ११६) इत्यादि। भाव कि शरद्मयंक छबिकी सीमा है, उसके समान बदन छबिकी सीमा है। (शरद्मयंकको मुखसे उपमित करनेपर भी कविको सन्तोष न हुआ तब उसे छबिकी परमावधि बतलाया। वि० त्रि०) (ग)'*दर ग्रीवा*' इति। कण्ठ शङ्खसमान है। शङ्खमें तीन रेखाएँ होती हैं, उपमा देकर कण्ठको त्रिरेखायुक्त (एवं चढ़ाव-उतारसहित) सूचित किया। यथा—'*रेखैं रुचिर कंबु कल ग्रीवा। जनु त्रिभुवन सुषमा की सीवाँ॥*' (२४३। ८) इसमें 'वाचक लुप्तोपमा' हैं।

श्रीबैजनाथजी—छबिके अङ्ग हैं—द्युति, लावण्य, रूप, सौन्दर्य, रमणीयता, कान्ति, माधुरी, मृदुता और सुकुमारता। मुखको शरच्चन्द्र कहा है। चन्द्रमामें भी ये सब अङ्ग हैं। द्युति अर्थात् झलक दोनोंमें है। मुखमें लावण्य जैसे कि मोतीका पानी और चन्द्रमें श्वेतता। मुखमें रूप (बिना भूषणके भूषितवत् जान पड़ना) और चन्द्रमें प्रकाश। मुखमें सौन्दर्य (सर्वाङ्ग सुठौर बना होना) वैसे ही चन्द्र वर्तुल बना। मुखमें रमणीयता (देखनेपर अनदेखा-सा लगना) कान्ति (स्वर्णकी-सी ज्योति), माधुरी (देखनेसे नेत्रका तृप्त न होना), मृदुता, सुकुमारता हैं, ये चन्द्रमामें क्रमशः किरण, कान्ति, अभिनव-शीतलता, निर्मलता और सुकुमारता (ऐसी कि रविकी किरणोंको नहीं सह सकता) हैं।

टिप्पणी—२ (क)'*अधर अरुन रद सुंदर नासा"""*' इति। यथा—'*अधर अरुनतर दसन पाँति बर मधुर मनोहर हासा। मनहु सोन सरसिज महँ कुलिसन्ह तड़ित सहित कृत बासा॥*' इति। (गीतावली ७। १२) (ख)'*बिधुकरनिकर बिनिंदक हासा"""""*' इति। हास चन्द्रकिरण-समूहका निन्दक है। इससे दाँतोंकी चमक दिखायी। यथा—'*कुलिस कुंद कुड़मल दामिनिदुति दसनन्हि देखि लजाई।*' (वि० ६०) '*कुलिसन्ह तड़ित सहित किय बासा।*' (उपर्युक्त) ☞मुख शरच्चन्द्रको लज्जित करता है और 'हास' चन्द्रकिरणको। चन्द्रमासे किरण है, मुखसे हास है। (ग) यहाँ 'हास' वर्णन करनेमें भाव यह है कि श्रीरामचन्द्रजी राजासे हँसकर मिले। यह प्रभुका स्वभाव है। वे सबसे हँसकर मिलते हैं; यथा—'*रामबिलोकनि बोलनि चलनी। सुमिरि सुमिरि सोचत हँसि मिलनी॥*' (७। १९) [इससे 'निजानन्द' और हृदयका अनुग्रह सूचित होता है, यथा—'*हृदय अनुग्रह इंदु प्रकासा। सूचित किरन मनोहर हासा॥*' (१९८। ७) अर्थात् यह आनन्दपूर्ण हास भक्तोंपर अनुग्रह दर्शित करनेके लिये होता है। इससे भक्तोंके हृदयकी तपनको मिटाते हैं। यथा—'*जियकी जरनि हरत हँसि हेरत॥*' (२। २३९) (प्र० सं०)]

टिप्पणी—३'*नव अंबुज अंबक छबि नीकी।"""""*' इति। (क) नवीन कमलसे भी नेत्रोंकी छबि '*नीकी*' है और सुन्दर चितवन'*जीकी भावती*' है। भाव कि नेत्रोंकी उपमा कमलकी दी पर चितवनकी कोई

उपमा है ही नहीं, तब उपमा कहाँसे दें? चितवन जीको भावती है अर्थात् जीके भीतर ही रह गयी, बाहर न प्रकट करते बना, यथा—*'चितवनि चारु मार मनु हरनी। भावति हृदय जाति नहिं बरनी॥'* (२४३। ३) पुनः, *'भावती जीकी'* का दूसरा भाव कि जब श्रीरामजी हँसकर चितवते हैं तब उनकी चितवन जीकी जलन (हृदयके ताप) को हर लेती है, यथा—*'जिय की जरनि हरत हँसि हेरत।'* (२। २३९। ८) इसी भावसे*'भावती जीकी'* कहा। यही भाव दिखानेके लिये यहाँ 'हास, नेत्र और चितवन' तीनोंको एक साथ (तीन चरणोंमें एकके बाद एकको) वर्णन किया [भा० ३। १५। ३९ में यही भाव यों वर्णन किया गया है। **'कृत्स्नप्रसादसुमुखं स्पृहणीयधाम स्नेहावलोककलया हृदि संस्पृशन्तम्।'** अर्थात् भगवान् अपनी स्नेहमयी दृष्टिसे सबके हृदयको सुखी कर रहे हैं। इसी बातको (गीतावली ७। २१) में *'चितवनि भगत कृपाल'* भी कहा है। नेत्रको कमलकी उपमा देकर बड़े-बड़े (कर्णान्त दीर्घ) और लाल डोरे पड़े हुए सूचित किया। यथा—*'अरुन कंज दल बिसाल लोचन'* (गी० ७। ७) पुनः, *'भावती जीकी'* से जनाया कि हृदयको आह्लादित करनेवाली है, जिसकी ओर देखते हैं उसे अपना लेते हैं।] (ख) *'भृकुटि मनोज चाप छबिहारी।.........'* इति। (क) भौहोंकी शोभा टेढ़ेपनकी है, इसीसे धनुषकी उपमा दी। धनुष सुन्दर नहीं होता, इसीसे कामके धनुषकी उपमा दी। कामके धनुषसे ये सुन्दर हैं, अतएव*'मनोज चाप छबिहारी'* कहा। (कामका धनुष इतना सुन्दर है कि उसका नाम उन्मादन है। उन्माद उत्पन्न कर देता है।) इस भौंहके सामने उन्मादन कुछ भी नहीं है। (वि० त्रि०)

नोट—४*'तिलक ललाट पटल दुतिकारी'* इति।—'पटल' शब्दके भिन्न-भिन्न अर्थोंके कारण इस चरणके कई अर्थ हो सकते हैं।—(१) 'ललाट-पटल'=मस्तकका तल (सतह)=ललाट-मण्डल। **'कस्तूरीतिलकं ललाटपटले वक्षःस्थले कौस्तुभम्'** से भी 'पटल' का यही अर्थ सिद्ध होता है। 'दुति' (द्युति) का अर्थ दीप्ति, कान्ति, प्रकाश, चमक है। इस प्रकार इस चरणका अर्थ यह होगा कि 'ललाटकी तहपर तिलक प्रकाशमान है। 'दुतिकारी' चमकनेवाला, प्रकाश करनेवाला।

(२) 'पटल' के कई अर्थ हैं—कपाट, आवरण, छत, पटली; परत, पटरा, समूह। पं० रामकुमारजी और अनेक टीकाकारोंने 'समूह' अर्थ लेकर इस चरणका अर्थ यों किया है।—'मस्तकपर तिलक-समूह प्रकाश कर रहा है', वा, 'समूह' ललाटपर तिलक प्रकाश कर रहा है।'

(३) बैजनाथजी 'पटल' का अर्थ 'छा रहा है'—ऐसा करते हैं **'पटलं छदिः'** (अमर० २। २। १४) **'द्वे छादनस्य'** इति। (अमरविवेक) अर्थात् तिलकका प्रकाश माथेपर छा रहा है।

(४) विनायकी टीकाकारने *'पटल दुतिकारी'* का अर्थ 'बादलमें बिजलीके समान.....' किया है। हमको कोशमें पटलका अर्थ 'मेघ' नहीं मिला।

(५) श्यामवर्ण ललाटपर केशरका पीला-पीला तिलक है, इसीसे बिजलीकी-सी छटा दिखा रहा है। ऊर्द्ध्वपुण्ड्ररेखाएँ ऐसी शोभा दे रही हैं मानो *'अल्प तड़ित जुग रेख इंदु महँ रहि तजि चंचलताई'* (वि० ६२) अथवा—*'भृकुटि भाल बिसाल राजत रुचिर कुंकुमरेखु। भ्रमर द्वै रबिकिरनि ल्याये करन जनु उनमेखु'* ॥ (गी० उ० ९)

(६) बैजनाथजी लिखते हैं कि 'कामके धनुषकी छबिसे मोहन और वशीकरण आदि होते हैं, पर वे एकरस नहीं रहते, पुनः, प्रवृत्तमार्ग है; और भृकुटिकी छबिमें मोहन और वशीकरण अचल एकरस निवृत्त मार्ग है। अथवा, भावकी भृकुटिको देखकर काम धनुष भी फिर मोहन आदि नहीं कर सकता, यथा—*'जे राखे रघुबीर सो उबरा तेहि काल महँ।'*

टिप्पणी—४ (क) तिलक-समूह ललाटमें प्रकाश कर रहा है, यथा—*'भाल बिसाल तिलक झलकाहीं'*। ☞भृकुटीको चाप कहकर तब तिलक वर्णन करनेका तात्पर्य यह है कि तिलक बाणके समान है, यथा—*'भाल बिसाल बिकट भृकुटी बिच तिलकरेख रुचि राजे। मनहुँ मदन तम तकि मर्कत धनु जुगल कनक सर साजे॥'* इति। (गीतावली ७। १२) (ग) पुनः, तिलककी उपमा बिजलीकी दी गयी

है, इसीसे *'दुतिकारी'* कहा, यथा—*'कुंचित कच सिर मुकुट भाल पर तिलक कहउँ समुझाई। अलप तड़ित जुग रेख इंदु महँ रहि तजि चंचलताई॥'* इति। (विनय० पद ६२)

टिप्पणी—५*'कुंडल मकरमुकुट सिर भ्राजा।'''''* इति। (क) *'भ्राजा'* से सूचित हुआ कि मुकुटमें अनेक प्रकारकी मणियाँ लगी हुई हैं, यथा—*'कुंचित कच कंचन किरीट सिर जटित जोति मय बहु बिधि मनिगन'* (गी० ७। १६) *'सिरसि हेम हीरक मानिकमय मुकुट प्रभा सब भुवन प्रकासति।'* इति। (गीतावली ७। १७) ☞यहाँतक मुखका वर्णन है; इसका प्रमाण गीतावली—*'प्रातकाल रघुबीर बदन छबि''''''* (७। १२) है। (ख)*'कुटिल केस जनु मधुप समाजा'* अर्थात् ऐसा जान पड़ता है मानो बहुत-से भौंरे सिमिटकर एक जगह आ बैठे हैं, समाज एकत्र होनेसे ही जुल्फोंकी उपमा हुई, नहीं तो एक-दो भ्रमर जुल्फकी उपमा नहीं हो सकते और बहुतेरे भ्रमरोंके एकत्र हो समाज बने बिना जुल्फका सादृश्य नहीं होता। जब सब अलग-अलग उड़ते रहे तब श्यामता सघन न हुई और जुल्फोंकी श्यामता सघन है, अतएव मधुपसमाजकी उत्प्रेक्षा की गयी। भ्रमर चिकने और श्याम होते हैं, वैसे ही केश सचिक्कन और श्याम हैं, यथा—*'सघन चिक्कन कुटिल चिकुर बिलुलित मृदुल''''''''।'* (गी० ७। ५) *'कुंचित कच रुचिर परम, सोभा नहिं थोरी। मनहुँ चंचरीक-पुंज कंजबृंद प्रीति लागि गुंजत कल गान तान दिनमनि रिझयो री॥'* (गी० ७। ७),*'चिक्कन कच कुंचित''''''''।'*(१९९। १०) इसीसे केशकी उपमा भ्रमरकी दी।

नोट—५ शोभाका वर्णन मुखसे उठाया, क्योंकि मनुजी वात्सल्यभावके रसिक हैं। पिता-माताकी दृष्टि पुत्रके मुखहीपर रहती है। वि० त्रि० लिखते हैं कि सरकारके रूप देखनेकी उत्कट अभिलाषा है, अतः मुखपर ही प्रथम दृष्टि पड़ी, अतः कवि भी पहिले मुखका ही वर्णन करते हैं। शोभाका निर्णय मुखसे ही होता है। अतएव यहाँतक केवल मुखकी शोभा कही।

उर श्रीबत्स रुचिर बनमाला। पदिक हार भूषन मनिजाला॥६॥
केहरि कंधर चारु जनेऊ। बाहु बिभूषन सुंदर तेऊ॥७॥
करि कर सरिस सुभग भुजदंडा। कटि निषंग कर सर कोदंडा॥८॥

दो०—तड़ित बिनिंदक पीतपट उदर रेख बर तीनि।
नाभि मनोहर लेति जनु जमुन भवँर छबि छीनि॥१४७॥

शब्दार्थ—**पदिक**=(नवरत्नजटित) चौकी (विशेष नीचे नोटमें देखिये)। जाल=समूह। **केहरि**=सिंह। **कंधर** (सं०)=गरदन।=कंधा। (वै०, रा० प्र०) **करिकर**=हाथीकी शुण्ड (सूँड़)। **निषङ्ग**=तरकश। **कोदण्ड**=शार्ङ्ग धनुष। **तड़ित**=बिजली। **बिनिंदक**=विशेष नीचा दिखानेवाला; मात करनेवाला। **पीतपट**=पीताम्बर, रेशमी पीला वस्त्र। **उदर**=पेट। **रेख**=लकीरें।

अर्थ—हृदयपर श्रीवत्सचिह्न, सुन्दर वनमाला, नवरत्नजटित। (चौकीयुक्त) हार और मणियोंसे युक्त आभूषण (पहिने) हैं॥ ६॥ सिंहकी-सी (मांसल) गरदन है। सुन्दर (देदीप्यमान्, चमकता हुआ पीत) जनेऊ है और भुजाओंके आभूषण भी सुन्दर हैं॥ ७॥ हाथीके सूँड़के समान सुन्दर भुजदण्ड हैं। कमरमें तरकश और हाथोंमें धनुषबाण हैं॥ ८॥ पीताम्बर बिजलीको भी अत्यन्त नीचा दिखानेवाला है, पेटपर सुन्दर तीन रेखाएँ (त्रिवली) हैं। नाभि मनको हर लेनेवाली है मानो यमुनाजीके भँवरोंकी छबिको छीने लेती है॥ १४७॥

*** 'उर श्रीबत्स रुचिर बनमाला' ***

कोई-कोई श्रीवत्स और भृगुलता दोनोंको पर्याय शब्द कहते हैं और कोई-कोई दोनोंको भिन्न-भिन्न दो चिह्नोंके नाम बताते हैं। श्रीकरुणासिन्धुजी लिखते हैं कि यह श्रीजानकीजीका दूसरा स्वरूप है। श्रीरामचन्द्रजी सदा भक्ति आदिका दान किया करते हैं। इस कारण श्रीजानकीजी श्रीवत्सरूपसे सदैव दक्षिणाङ्गमें सुशोभित रहती हैं। श्रीवत्स=लाञ्छन। छातीपर पीतरोमावलीका गुच्छा दक्षिणावर्त्त—'**श्रीवत्सलाञ्छनमुदारम्**'। संत

श्रीगुरुसहायलालजी कहते हैं कि 'वैकुण्ठाधीशके हृदयपर भृगुचरण-प्रहार (भृगुलता) मात्रका चिह्न है और श्रीसाकेतविहारी (श्रीराम) जीके हृदयपर दक्षिण ओर श्रीवत्सचिह्न है अर्थात् पीतरोमावर्त है। काञ्चननिभा श्रीकिशोरीजी मानो हृदयहीमें निवासकर यह सूचित कर रही हैं कि सम्यक् चरित्र मेरा ही है, जैसा 'रामहृदय' में श्रीकिशोरीजीने श्रीहनुमान्‌जीसे कहा है। अथवा वृन्दावनमें तप करनेसे लक्ष्मीजीको हृदयमें इस रूपसे स्थान मिला। वा, ब्राह्मणोंका महान् अद्भुत महत्त्व सूचित करनेके लिये श्रीसाकेतविहारीजीने भी भृगुलताका चिह्न अङ्गीकार किया। अथवा, कार्यकी वस्तु कारणमें भी प्राप्त होती है, जैसे श्राद्धकर्मकी वस्तु पिता-माता इत्यादिको प्राप्त होती है।' (मा० त० वि०)

पं० महावीरप्रसाद मालवीय लिखते हैं कि 'श्रीवत्स विष्णुभगवान्‌का नाम है, भृगुलता नहीं। भृगुलताको श्रीवत्सलाञ्छन कहते हैं'। घनश्याम त्रिवेदीजीकी पूर्व पक्षावली मानसशंकाके इस प्रश्नका कि 'विप्रपद चिह्न क्यों न लिखा?' उत्तर पं० शिवलाल पाठकजी यह देते हैं कि उससे मनुजीको सन्देह हो जाता कि ये परात्पर ब्रह्म नहीं हैं। रामचन्द्रजी क्षीरशायी भगवान्‌से परे हैं. उनके हृदयपर भृगुलता नहीं है; नैमित्तिक लीलास्वरूपमें गुप्तरूपसे प्रकट होनेके कारण, आवश्यकता पड़नेपर उसे भी धारण कर लिया करते हैं।—(स्नेहलताजी, मा० म०)

श्रीरसरंगमणिजी श्रीरामस्तवराज 'भावप्रकाशिका टीका' में श्रीरामस्तवराजके '**श्रीवत्सकौस्तुभोरस्कं मुक्ताहारोपशोभितम्**।' (१४) के 'श्रीवत्स' पर लिखते हैं कि 'छातीपर बायें ओर श्वेत रोमावलियोंकी भ्रमरी-समान महासौभाग्यभूत महापुरुष-लक्षण 'श्रीवत्स' नामका है। यह श्रीजानकीजीका प्रिय चिह्न है जो शोभित है। कहीं-कहीं श्रीवत्सको पीत रंगका भी कहा है।' (प्र० स्वामी लिखते हैं कि श्रीरामस्तवराजकी टीकामें जो लिखा है वही उचित है। अमरव्याख्यासुधामें '**श्रीयुक्तो वत्सः श्रीवत्सो महत्त्वलक्षणं श्वेतरोमावर्तविशेषः**।' ऐसी व्याख्या है। भृगुपदचिह्न अर्थ लेना उचित नहीं है।)

श्रीहरिदासाचार्यकृत भाष्य, श्लोक १५ में श्रीसीतारामभुद्रणालय (श्रीअयोध्याजीकी छपी हुई सं० १९८६) में आचार्यजी लिखते हैं—'**महापुरुषत्वद्योतको वक्षोवर्तिपीतरोमात्मकचिह्नविशेषः श्रीवत्सशब्देनोच्यते। अत्र श्रीवत्सस्य तत्रापि कौस्तुभस्य नित्यविभूषणस्य धारणत्त्वोक्तेः**।' अर्थात् महापुरुषत्वको सूचित करनेवाला यह जो पीतरोमावर्तरूपी चिह्नविशेष वक्षःस्थलमें स्थित है वह 'श्रीवत्स' नामसे कहा जाता है। यहाँ जैसे श्रीवत्स और कौस्तुभका धारण करना कहा गया है, वैसे ही परात्पर श्रीरामजीके नित्य विभूषणोंमें इन दोनोंका उल्लेख किया गया। इससे यह सिद्ध है कि वे ही परमात्मा यहाँ अवतीर्ण हुए हैं।

पं० रामकुमारजी भी लिखते हैं कि उरमें श्रीजानकीजीका निवास है। 'श्री' श्रीजानकीजीका नाम है। यथा—*'तदपि अनुज श्रीसहित खरारी। बसतु मनसि मम काननचारी।'* (३। ११। १८) *'श्रीसहित दिनकरबंसभूषन काम बहु छबि सोहई।'* (७। १२) *'जेहि बिधि कृपासिंधु सुख मानइ। सोइ कर श्रीसेवा बिधि जानइ॥'* (७। २४) इत्यादि। विष्णुके उरमें श्रीवत्स है (वहाँ वह श्रीलक्ष्मीजीका चिह्न है। लक्ष्मीजी भगवान् विष्णुके वक्षःस्थलमें विराजती हैं), वे विष्णु श्रीरामजीके अंशसे उत्पन्न हैं। श्रीरामजीकी शक्ति श्रीसीताजी हैं। ये श्रीसीतासहित प्रकट हुए हैं। इसीसे यहाँ 'श्री' शब्दका अर्थ 'सीता' है।

नोट—१ '**वनमाला**'=तुलसी, कुन्द, मन्दार, परजाता (पारिजात) और कमल इन पाँच पुष्पोंकी बनी हुई वनमाला जो गलेसे लेकर चरणोंतक लम्बी होती है। गीतावलीमें तुलसीके फूलोंसे रचित वनमाल कहा गया है, यथा—*'सुंदर पट पीत बिसद भ्राजत बनमाल उरसि, तुलसिका प्रसून रचित बिबिध बिधि बनाई।'* (गी० ७। ३) श्रीरामस्तवराजमें तुलसी, कुन्द और मन्दार (देववृक्षविशेष) के पुष्पोंकी वनमालाका भी उल्लेख है। यथा—'**तुलसीकुन्दमन्दारपुष्पमाल्यैरलङ्कृतम्**।'(१६) गीतावलीमें *'तुलसिका* और *प्रसून'* और श्रीरामस्तवराजमें 'मन्दार आदि पुष्प' इस प्रकार अन्वय कर लेनेसे बैजयन्तीमाला यहाँ भी हो जाती है। अमरव्याख्यासुधामें '**आपादपद्मं या माला वनमालेति सा मता**' इतना ही है अर्थात् चरणकमलोंतक लम्बी माला 'वनमाला' कहलाती है। उसमें पुष्पविशेषके नाम नहीं हैं।

नोट—२ '*पदिक हार भूषन मनिजाला*' इति। '*पदिक*' के कई अर्थ हैं। (१) '*पदिक*' (पदक)=रत्न, हीरा, जवाहर, कौस्तुभ। *पदिक हार*=रत्नोंका हार। यथा—'वक्षःस्थले कौस्तुभम्'। (२) '*पदिक*'=चौकी; धुकधुकी; 'नवरत्नजटित स्वर्णका चौकोर आभूषण जो हारके बीचमें वक्षःस्थलपर रहता है। गीतावलीमें पदिकका उल्लेख बहुत जगह आया है। यथा—'*उरसि राजत पदिक ज्योति रचना अधिक, माल सुबिसाल चहुँ पास बनि गजमनी।*' (गी० ७। ५) '*रुचिर उर उपवीत राजत पदिक गज मनि हारु।*' (गी० ७। ८) '*भृगु पद चिह्न पदिक उर सोभित मुकुतमाल""""।*' (गी० ७। १६) '*उर मुकुतामनिमाल मनोहर मनहुँ हंस अवली उड़ि आवति॥ हृदय पदिक""""।*' (७। १७) '*उर मनिमाल बीच भ्राजत कहि जाति न पदिक निकाई। जनु उड़गन मंडल बारिद पर नव ग्रह रची अथाई।*', '*पदुली पदिक रतिहृदय जनु कलधौत कोमल माल।*' (गी० ७। १८) '*पहुँची करनि पदिक हरिनख उर""""।*' (गी० १। ३१) इत्यादि। इन उद्धरणोंसे पदिक और हार दो अलग-अलग भूषण भी जान पड़ते हैं। अथवा, मणि-मुक्ता-हारमें ही नवरत्नजटित पदिक है। दोनों प्रकार हो सकते हैं।

पं० महावीरप्रसाद मालवीयजीका मत है कि 'रत्नजटित चौकीयुक्त घुटनेतक लटकनेवाला स्वर्णका हार 'पदिक'हार कहलाता है।

पं० रामकुमारजी अर्थ करते हैं कि मणियोंके हार और मणिजटित आभूषणोंका समूह तथा नव रत्नयुक्त पदिक पहने हैं।

श्रीकरुणासिंधुजी लिखते हैं कि 'मणियों और छोटे मोतियोंका पाँच लरोंका हार पदिकके नीचे शोभित है। फिर भूषणों और मणियोंका जाल चार अंगुल चौड़ा उरपर विराजमान है। जो मुनियोंके हृदयको अपनेमें फाँस लेता है।'

टिप्पणी—१ (क) '*केहरि कंधर*' इति। सिंहकी-सी ग्रीवा है। **कन्धर=ग्रीव। 'कं मस्तकं धरतीति कन्धरः'।** मस्तकको जो धारण करे वह कन्धर कहलाता है। ग्रीवामस्तकको धारण किये है। [परन्तु ग्रीवको ऊपर कह आये हैं, यथा—'*चारु कपोल चिबुक दर ग्रीवाँ।*' और कन्धेकी उपमा सिंहकी दी जाया करती ही है।—यथा—'*कंध बालकेहरि दर ग्रीवाँ। चारु चिबुक आनन छबि सीवाँ॥*' (७। ७७। २) '*केहरि कंध काम करि कर बर बिपुल बाहु बल भारी।*' (गी० १। ५४) इत्यादि कंधे उन्नत, विशाल और मांसल होनेमें सिंहके कन्धेकी उपमा दी जाती है। इससे '*कन्धर*' का अर्थ लोगोंने कन्धा किया है। ☞शब्दसागरमें 'कन्धर' का अर्थ 'गर्दन' दिया है और 'ग्रीवा' का अर्थ 'सिर और धड़को जोड़नेवाला अङ्ग;' 'गर्दन' दिया है। दोनों शब्द संस्कृतभाषाके हैं। गोस्वामीजीने यहाँ 'ग्रीवा' को शङ्खकी उपमा दी है। इससे मानसके उपर्युक्त 'ग्रीवा' का अर्थ 'कण्ठ वा गला' ही उपयुक्त होगा। गोस्वामीजीने 'ग्रीव' का अर्थ 'कण्ठ' किया भी है। जैसे—'*पुनि सुकंठ सोइ कीन्ह कुचाली।*' में सुकंठ=सुग्रीव। '*कंधर*' शब्दका अर्थ 'गर्दन' अर्थात् कण्ठके पीछेका भाग (जो मांसल और पुष्ट होता है) ले सकते हैं। अमरकोषके अमरविवेक टीकामें इसका हमें प्रमाण भी मिलता है। यथा—'**कण्ठः गलः द्वे ग्रीवाग्रभागस्य। ग्रीवा शिरोधिः कंधरा त्रीणि मान इति ख्यातस्य।**' (२। ६। ८८) इससे ज्ञात होता है कि ग्रीव समूचे (आगे-पीछे दोनों) भागोंका भी नाम है और अग्रभाग तथा पृष्ठभागका अलग-अलग भी ग्रीवा नाम है। ग्रीवा=कण्ठ, गला। ग्रीवा=शिरोधि, कंधरा, मान (गर्दन)। बैजनाथजी आदि कुछ टीकाकारोंने 'कंधा' अर्थ किया है। प्र० सं० में 'कंधा' अर्थ दिया गया था। 'कंधर' को शुद्ध संस्कृतभाषाका शब्द जानकर इस बार अर्थ ठीक कर दिया है]। (ख) '*चारु जनेऊ*' अर्थात् सुन्दर चमकता हुआ पीत जनेऊ है। यथा—'*पीत जज्ञ उपवीत सुहाए।*' (२४४। २) '*पीत जनेउ महाछबि देई।*' (३२७। ५)"""""'*दलन दामिनि दुति यज्ञोपवीत लसत अति पावन।*' (गी० ७। १६) 'चारु' से बिजलीवत् प्रकाशमान जनाया। (ग) '*सुंदर तेऊ*' इति। '*तेऊ*' बहुवचन पद देकर जनाया कि बाहुओंमें बहुत आभूषण हैं। यथा—'*भुज बिसाल भूषनजुत भूरी।*' (१९९। ५) यहाँ बाहुके आभूषणकी शोभा कही, आगे बाहुकी शोभा कहते हैं।

टिप्पणी—२ (क)'*करि कर सरिस सुभग भुजदंडा।*' इति।—यहाँ पूर्णोपमा अलंकार है। हाथीकी सूँड़के समान कहकर बाहुका आकार और बल वर्णन किया, यथा—'*काम कलभ कर भुजबलसीवाँ।*' (२३३। ७) (पुरुषोंकी भुजाएँ कड़ी और बलिष्ठ होती हैं। चढ़ाव-उतारकी सुडौल और लम्बी हैं। हाथीके शुण्डमें और सब अङ्गोंसे अधिक बल होता है। इन सब बातोंके लिये '*करि कर*' की उपमा दी। स्त्रियोंकी भुजाएँ कोमल, नर्म और नाजुक होती हैं, इससे स्त्रीकी भुजाको वल्ली कहते हैं, यथा—'*चालति न भुज बल्ली बिलोकनि बिरह भय बस जानकी।*' (३२७) और पुरुषकी भुजाको दण्ड कहते हैं। (ख)'*कटि निषंग कर सर कोदंडा।*' धनुष-बाण धारण किये हुए मूर्ति प्रकट हुई है। इससे सूचित किया कि हम प्रणतारतिहर्ता, भक्तसुखदाता और असुरोंके नाशक हैं, यथा—'*अंगुलि त्रान कमान बान छबि सुरन्ह सुखद असुरन्हि उर सालति।*' (गी० ७। १७) (ग) मनु महाराजने प्रार्थना की कि जो स्वरूप शिवजी तथा भुशुण्डिजीके उरमें बसता है, उस स्वरूपका हमको दर्शन हो। श्रीशिवजी और कागभुशुण्डिजीके हृदयोंमें धनुषबाण धारण किये हुए ऐसी मूर्ति बसती है, इसीसे धनुषबाण धारण किये हुए मूर्ति प्रकट हुई। (प्रथम '*सर*' तब '*कोदंड*' कहकर जनाया कि दक्षिण हाथमें बाण है और वाममें धनुष। वि० त्रि० लिखते हैं कि 'प्रभुकी द्विभुजमूर्तिका वर्णन है, श्रुति भी '**अयमात्मा पुरुषविधः**' कहती है। अर्थात् परमात्माकी मूर्ति पुरुष-सी है। उस अनाम और अरूपके दिव्य नाम और दिव्य मूर्तियाँ भी हैं, यहाँ द्विभुज मूर्तिका प्रकट होना दिखलाते हैं'।

टिप्पणी—३ (क)'*तड़ित बिनिंदक पीतपट*' इति। कटि कहकर तब पीतपटका वर्णन करते हैं। इससे सूचित करते हैं कि पीतपट कटिमें बाँधे हैं। यथा—'*कटि तूनीर पीतपट बाँधे।*' (२४४। १) '*केहरि कटि पटपीत धर ………*।'(२३३) पीतपट कहकर तब उदरका वर्णन करते हैं। इससे सूचित करते हैं कि पीताम्बर कन्धेपर पड़ा हुआ (काँखासोती) उदरतक लटक रहा है। दोनों जगह पीतपट जनानेके विचारसे किसी एक अङ्गमें धारण करना नहीं लिखा। [(ख) बैजनाथजी लिखते हैं कि यहाँ पीताम्बरके संग कोई अङ्ग नहीं कहे, इससे धोती, जामा, दुपट्टा, सर्वाङ्गके पटका प्रबोध करते हैं।(वै०) '*तड़ित बिनिंदक*' कहकर जनाया कि उसमें अलौकिक चमक है। यथा—'*पीत निर्मल चैल मनहुँ मरकत सैल पृथुल दामिनि रही छाइ तजि सहज ही।*' (गी० ७। ६)]'*उदर रेख बर तीनि*'—पेटपर तीन बल (त्रिवली) का पड़ना शोभा सौन्दर्य माना गया है। यथा—'*नाभी सर त्रिबली निसेनिका, रोमराजि सैबल छबि छावति।*' (गी० ७। १७),'*रुचिर नितंब नाभि रोमावलि त्रिबलि बलित उपमा कछु आव न।*' (गी० ७। १६) (ग) '*नाभि मनोहर लेति जनु जमुन भँवरछबि छीनि*' इति। यमुनाके भँवरकी उपमा देनेका भाव कि यमुनाजलके समान श्रीरामजीका श्याम शरीर है, यथा—'*उतरि नहाए जमुनजल जो सरीर सम स्याम।*' (२। १०९) '*छीनने*' का भाव कि नाभिकी शोभा सदा एकरस बनी रहती है और यमुनाकी छबि सदा नहीं रहती, उसमें भँवरें उठती हैं और मिट जाती हैं, जब मिट जाती हैं तब मानो भँवरकी छबिको नाभिकी छबिने छीन लिया। (वीरकविजी यहाँ 'असिद्धास्पद हेतूत्प्रेक्षा' कहते हैं।)

नोट—३ विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि नाभिकी उपमा बहुधा—'*मैन मथानी दोत बिधि कुंड कूप रस भार। भँवर बिबर छबि रूपको नाभी गुफ़ा सिंगार॥*' इसके अनुसार दी जाती है। अर्थात् कामदेवकी मथानी, ब्रह्मकी दवात, रसका कुण्ड, रसका कुआँ, शोभाकी भँवर, स्वरूपकी बाँबी और शृङ्गारकी गुफासे नाभिकी तुलना की जाती है, यथा—'*मो मन भंजन को गयो उदररूप सर धाय। पर्‍यो सुत्रिबली भँवरमें नाभि भँवरमें आय॥*'

वि० त्रि०—यही द्विभुज मूर्ति शम्भु उरवासी है, इसीके लिये मुनि यत्न करते हैं और यही भुशुण्डि-मन-मानसहंस हैं। इसीकी सगुण-अगुण कहकर वेदोंने प्रशंसा की है। इसीके उदरमें अनन्तकोटि ब्रह्माण्ड हैं। इसीके भीतर ही सब कुछ है, यह परिच्छिन्न दिखायी पड़ती हुई भी अपरिच्छिन्न है, सर्वाश्चर्यमय है, यही परमेश्वरी मूर्ति विश्व ब्रह्माण्डकी प्रतीक है, इसलिये इसे सगुण-निर्गुणरूप अनूपरूप कहा जाता है।

पद राजीव बरनि नहिं जाहीं। मुनि मन मधुप बसहि जिन्ह* माहीं॥ १॥
बाम भाग सोभति अनुकूला। आदिसक्ति छबिनिधि जगमूला॥ २॥
जासु अंस उपजहिं गुन खानी। अगनित लच्छि उमा ब्रह्मानी॥ ३॥
भृकुटि बिलास जासु जग होई। राम बाम दिसि सीता सोई॥ ४॥

शब्दार्थ—बिलास=इशारा, हिलना, फेरना, मनोहर चेष्टा।

अर्थ—(उन) पदकमलोंका (तो) वर्णन नहीं हो सकता जिनमें मुनियोंके मनरूपी भौंरे बसते हैं॥ १॥ बाएँ भागमें छबिकी राशि, जगत्‌की मूल कारण आदिशक्ति (पतिकी शोभाके) अनुकूल सुशोभित हैं॥ २॥ जिनके अंशसे गुणोंकी खानि अगणित लक्ष्मी, पार्वती और ब्रह्माणी उत्पन्न होती हैं॥ ३॥ जिनकी भृकुटिके विलास (मात्र) से जगत् (की रचना) हो जाती है, वे ही श्रीसीताजी श्रीरामचन्द्रजीके बायीं ओर (विराजमान) हैं॥ ४॥

नोट—१ *'पद राजीव बरनि नहिं जाहीं'*।—श्रीबैजनाथजी यों अर्थ करते हुए कि 'कमल सम लाल, कोमल इत्यादि नहीं कहे जा सकते' इसका कारण यह लिखते हैं कि कमलमें जो भ्रमर रहते हैं वे श्यामवर्ण हैं, विषयरसके लोभी हैं और स्वार्थमें रत हैं और इन चरणकमलोंमें वास करनेवाले भ्रमर मुनियोंके मन हैं जो श्वेत (निर्मल), विषयरसरहित और परमार्थरत हैं और भक्तिरस पान करते हैं। *'पद राजीव'* में वाचकधर्मलुप्तोपमा अलंकार है।

नोट—२ आदिशक्तिकी छबिके वर्णनमें *'सोभति अनुकूला'* भर ही कहकर जना दिया कि वह भी छबि समुद्र हैं उनका वर्णन नहीं हो सकता। उनकी अतुलित छबि है और फिर वे जगत्-माता हैं। यथा—*'जगत जननि अतुलित छबि भारी' 'कोटिहु बदन नहि बनै बरनत जगजननि सोभा महा।'* भावुकोंके लिये इतना कह दिया कि श्रीरामजीके अनुहरित ही सब शोभा है। †

टिप्पणी—१ (क) *'पद राजीव बरनि नहिं जाहीं'* इति। भाव कि चरणोंकी शोभाका विस्तार भारी है। चरण ४८ चिह्नोंसे युक्त हैं, २४ अवतारोंके चिह्नोंसे युक्त हैं (अतएव उनका महत्त्व क्योंकर कहा जा सकता है? कहने लगें तो एक बड़ा भारी ग्रन्थ हो जाय फिर भी पार नहीं पा सकते)‡। चरणको कमल कहा इसीसे मनको मधुप कहते हैं। (ख) *'मुनि मन मधुप बसहि.........'* इति। *'बसहि'* से सूचित किया कि मन-मधुप पदकमलका लोभी है, संसारसे तो विरक्त हो गया पर इनका सान्निध्य (समीपता, पास) नहीं छोड़ता, यथा—*'राम चरन पंकज मन जासू। लुबुध मधुप इव तजइ न पासू॥'* ☞जहाँ मुनियोंके मन बसते हैं। वहीं ग्रन्थकारने भी रूप-वर्णनको समाप्त करके अपने मनको बसा दिया। उपासकोंके मनके बसनेका स्थान चरण है। (ग) *'बाम भाग सोभति अनुकूला।'* अनुकूल शोभति हैं, यह कहकर जनाया कि जैसी छबि रामजीकी है वैसी ही छबि श्रीसीताजीकी है। दोनों परस्पर एक-दूसरेसे शोभा पाते हैं। यही सूचित करनेके लिये अनुकूल शोभा लिखते हैं। जैसी छबि श्रीरामजीकी वर्णन की वैसी श्रीसीताजीकी नहीं वर्णन कर सकते; इसीसे *'सोभति अनुकूला'* इन्हीं दो शब्दोंसे सारी छबि कह दी है। माताकी

---

* जेन्ह १६६१।

† अथवा, 'अनुकूला=(१) पतिकी आज्ञानुकूल, यथा—'पति अनुकूल सदा रह सीता। सोभा खानि सुसील बिनीता॥ रामचन्द्र आयसु अनुसरई॥ जेहि बिधि कृपासिंधु सुख मानइ। सोइ कर श्री सेवाबिधि जानइ॥'=(२) श्रीरामानन्दस्वरूपिणी, श्रीरामानन्दकारिणी।'—(करुणासिंधुजी)—(नोट—श्रीसीताजीका नित्यस्वरूप १२ वर्षका है।)

‡ श्रीचरणचिह्नों और उनके कार्यावतारोंका वर्णन श्रीभक्तमालतिलक 'भक्तिसुधास्वाद' तृतीयावृत्ति (सं० १९८३) में श्री १०८ रूपकलाजीने और 'श्रीचरणचिह्नों' में 'लाला भगवानदीनने भाषामें' स्पष्ट लिखा है। महारामायण सर्ग ५२ से ५७ तकमें इसका वर्णन विशेष रूपसे है।

छबिका वर्णन नहीं कर सकते। उनकी शोभा वर्णन करनेका अधिकार भी नहीं है। [खर्रामें 'अनुकूला' का अर्थ 'प्रसन्न' वा 'अनुकूल नायकको अनुकूला नायिका' दिया है। प्र० स्वामी लिखते हैं कि दोनों अर्थ लेना उचित है। रूप लावण्यादिमें अनुकूल और स्वभावसे भी अनुकूल; क्योंकि दोनों *'कहियत भिन्न न भिन्न'* हैं।] (घ)*'आदिसक्ति छबिनिधि जगमूला'* इति। आदिशक्ति अर्थात् सब शक्तियाँ इसी शक्तिसे उत्पन्न हुई हैं। छबिनिधि=छबिसमुद्र अर्थात् छबिकी अवधि हैं। जगमूला अर्थात् प्रधानशक्ति हैं। आदिशक्ति और जगमूलाके अर्थ आगे स्पष्ट करते हैं।

नोट—३ *'आदि शक्ति।'*—आदि=प्रथम, प्रधान, मूलकारण। 'आदिशक्ति'=मूल कारण शक्ति, जो समस्त शक्तियोंकी मूल कारण और स्वामिनी हैं। करुणासिंधुजी तथा बैजनाथजी लिखते हैं कि ३३ शक्तियाँ हैं जो श्रीसीताजीके भृकुटि-विलासको निरख-निरखकर ब्रह्माण्डकी रचना और उसके सब कार्य करती हैं। यथा महारामायण—**'श्रीर्भूर्लीला तथोत्कृष्टा कृपा योगोन्नती तथा। ज्ञाना पर्वी तथा सत्या कथिता चाप्यनुग्रहा॥ २॥ ईशाना चैव कीर्त्तिश्च विद्येला क्रान्तिलम्बिनी। चन्द्रिकापि तथा क्रूरा कान्ता वै भीषणी तथा॥ ३॥ क्षान्ता च नन्दिनी शोका शान्ता च विमला तथा। शुभदा शोभना पुण्या कला चाप्यथ मालिनी॥ ४॥ महोदयाह्लादिनी च शक्तिरेकादशत्रिकाः। पश्यन्ति भृकुटी तस्या जानक्या नित्यमेव च॥'** इत्यादि। सर्ग॥ ५॥

श्रीकरुणासिंधुजी लिखते हैं कि गोस्वामीजीने श्रीसीताजीको आदिशक्ति इस विचारसे कहा है कि 'सब शक्तियाँ श्रीजानकीजीहीकी कला, अंश-विभूति हैं। मूलप्रकृति महामाया है जो जगत्की मूल कारण है वह श्रीजानकीजीका महद् अंश है। अंश-अंशीभावसे श्रीसीताजीको *'जगमूला'* कहा। प्रमाण महारामायण—**'जानक्यंशादिसंभूताऽनेकब्रह्माण्डकारणम्। सा मूलप्रकृतिर्ज्ञेया महामायास्वरूपिणी॥'**

बैजनाथजी—*'बाम भाग........'* इति। वाम दिशि तो स्वाभाविक प्रतिकूलका स्थान है, इसीसे 'दिशि' शब्द न देकर 'भाग' शब्द दिया। भाग=हिस्सा। इस तरह इस चरणका अर्थ है कि 'ऐश्वर्य माधुर्य सम्पूर्णमें दक्षिण भागमें जैसी शोभा प्रभुकी अद्भुत कह आये हैं वैसी ही वाम भागमें आदि शक्तिकी शोभा विचार लीजिये।' पुनः वाम प्रतिकूलका स्थान है, इसके निवारणार्थ कहते हैं—*'सोभति अनुकूला।'* अर्थात् श्रीरामानन्दवर्द्धिनी हैं। भाव कि देखनेमात्रको दो रूप हैं पर वास्तवमें एक ही तत्त्व हैं। 'यही कारण है कि प्रथम दक्षिणाङ्गमें प्रभुके रूपमें केवल माधुर्य अर्थात् प्रत्येक अङ्गकी शोभा वर्णन की और वाम भागमें श्रीसीताजीके रूपमें अब केवल ऐश्वर्य वर्णन करते है। दोनों मिलाकर ऐश्वर्य-माधुर्य सर्वाङ्गका वर्णन पूरा किया।' अथवा यों कहें कि वाम भागमें श्रीसीताजीका ऐश्वर्य वर्णन करके श्रीरामचन्द्रजीका ऐश्वर्य भी लक्षित किया, जैसे श्रीरामचन्द्रजीकी माधुर्य-शोभा कहकर उससे श्रीसीताजीकी भी शोभा लक्षित की।'

टिप्पणी—२ (क) *'जासु अंस उपजहिं गुन खानी........'* इति। यह आदिशक्तिकी व्याख्या है। *'अगनित'* का भाव कि जैसे श्रीरामजीके अंशसे नाना शम्भु, विरञ्चि, विष्णु पैदा होते हैं वैसे ही श्रीसीताजीके अंशसे अगणित उमा, रमा, ब्रह्माणी पैदा हुईं और होती हैं। वहाँ नाना यहाँ अगणित, वहाँ शम्भु, विरञ्चि, विष्णु, यहाँ उमा, ब्रह्माणी, लक्ष्मी। वहाँ भगवान् यहाँ गुणखानी। [श्रीबैजनाथजी *'गुन खानी अगनित लच्छि उमा ब्रह्मानी'* का भावार्थ यह लिखते हैं कि 'जिनमें विविध भाँतिके गुण हैं। अर्थात् महालक्ष्मी, नारसिंही, वाराही आदि सतोगुणी; ब्रह्माणी, इन्द्राणी, सौरी, कौबेरी आदि रजोगुणी और काली, भैरवी, कौमारी आदि तमोगुणी इत्यादि अगणित शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं।] (ख) *'भृकुटि बिलास जासु जग होई।.........'* यह जगमूलाकी व्याख्या है। भृकुटिके विलास अर्थात् कटाक्षसे जगत् उत्पन्न होता है, यथा—*'आदि सक्ति जेहि जग उपजाया।'* [बैजनाथजी*'जग होई'* का अर्थ 'जगत्का व्यापार, सृष्टि-पालन और लय होता है।' ऐसा करते हैं। जब लोककी ओर दयामय भृकुटि होती है तब कार्य करनेवाली सब शक्तियाँ जगत्की रचना कर देती हैं। जबतक सौम्य दृष्टि बनी रहती है तबतक लोकका पालन करती रहती हैं। जब प्रभुका रुख देख भृकुटि टेढ़ी कर लेती हैं तब शक्तियाँ प्रलय कर देती हैं। इस तरह भृकुटि विलासके जगत्का व्यापार होता है। (वै०) ☞यहाँतक विशेषण कहकर अब विशेष्य कहते हैं। (ग)*'राम बाम दिसि सीता*

सोई।' श्रीसीतासहित प्रकट होनेका भाव कि मनुमहाराजकी प्रार्थना है कि अखण्ड ब्रह्म हमको दर्शन दें—*'अगुन अखण्ड अनंत अनादी'* इसीसे श्रीसीतासहित भगवान् प्रकट हुए। इससे पाया गया कि श्रीसीतासहित पूर्ण ब्रह्म है इसीसे सीतासहित प्रकट हुए। जब पूर्ण ब्रह्मने अवतार लेना कहा तब सीतासहित अवतार लेना कहा—*'सोउ अवतरिहि मोरि यह माया।'* बिना सीताजीके ब्रह्मकी पूर्णता वहाँ भी न हुई, इसीसे सीतासहित अवतार लेना कहा।

नोट—४ (क)*'सीता सोई'* अर्थात् वही जिनके विशेषण कह आये। वे ही सीताजी हैं जो वाम भागमें सुशोभित हैं। पुनः *'सोई'* शब्द देकर शिवजी पार्वतीजीको इशारेसे जनाते हैं कि ये वही सीता हैं जिनको ढूँढ़ते हुए श्रीरामचन्द्रजीको तुमने दण्डकारण्यमें देखा था। (ख) यहाँ दोनोंके नाम देकर जनाया कि 'राम' और 'सीता' ये दोनों नाम सनातन हैं।

प० प० प्र०—मनुजी तो निर्गुण निराकार अदृश्य अव्यक्तादि सच्चिदानन्दघन ब्रह्मको ही सगुण साकार रूपमें देखना चाहते थे तब उनको आदिशक्तिसहित दर्शन क्यों दिया गया? इसका कारण इतना ही है कि जो निराकार ब्रह्म है वह बिना मायाकी सहायताके सगुण साकार, नयन-विषय-गम्य हो ही नहीं सकता। इस दर्शनसे यह सिद्धान्त सूचित किया है। अवतार कार्य भी मायाकी सहायतासे ही होता है। इसीसे कह देते हैं कि *'आदिसक्ति जेहि जग उपजाया। सोउ अवतरिहि मोरि यह माया॥'* केवल निर्गुण निराकार ब्रह्म निष्क्रिय है। कोई भी कार्य हो, दोनोंसे ही होता है। केवल ब्रह्म या केवल मायासे कुछ नहीं होता है। यह तात्त्विक सिद्धान्त है। यथा—'न घटत उद्भवः प्रकृतिपुरुषयोरजयोः।'(भा० १०। ८७। ३१)

वि० त्रि०—मनु-शतरूपाने पुंरूप और स्त्रीरूप दोनों रूपोंमें सम्बोधन किया था, यथा—*'सुनु सेवक सुरतरु सुरधेनू'* अतः भगवान् दो रूपसे प्रकट हुए। पुंरूपसे छबिसमुद्र हैं और स्त्रीरूपसे छबिनिधि हैं। स्त्रीरूपसे पुंरूपके अनुकूल हैं और जगमूल भी हैं। पुंरूपसे ब्रह्म हैं तो स्त्रीरूपसे मूलप्रकृति हैं। राम और सीतामें ऐसा अभेद और अनुकूलता है कि युगल मूर्तिके भृकुटि विलासमें भी अन्तर नहीं है। यथा—*'उमा रामकी भृकुटि बिलासा। होइ बिस्व पुनि पावइ नासा॥'* और *'भृकुटि बिलास जासु जग होई। राम बाम दिसि सीता सोई॥'* उसी सीताशक्ति द्वारा ही रामावतार होता है और भगवान् नयनविषय होते हैं—'प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया'। अतः कहा *'राम बाम दिसि सीता सोई।'*

छबिसमुद्र हरिरूप बिलोकी। एकटक रहे नयन पट रोकी॥५॥
चितवहिं सादर रूप अनूपा। तृप्ति न मानहिं मनु सतरूपा॥६॥
हरष बिबस तन दसा भुलानी। परे दंड इव गहि पद पानी॥७॥
सिर परसे प्रभु निज कर कंजा। तुरत उठाए करुनापुंजा॥८॥

दोहा—बोले कृपानिधान पुनि अति प्रसन्न मोहि जानि।
माँगहु बर जोइ भाव मन महादानि अनुमानि॥१४८॥

शब्दार्थ—**एकटक**=टकटकी लगाये, स्तब्ध दृष्टिसे। **नयनपट**=नेत्रके किवाड़ वा परदे, पलक। **तृप्ति**=सन्तोष, जीका भर जाना, अघा जाना। **पानी**=पाणि, हाथ। **परसे**=स्पर्श किया, (सिरपर) हाथ रखा या फेरा। **करुनापुंजा**=करुणामय, करुणासे परिपूर्ण हृदयवाला, दयालु। करुणा मनका वह विकार है जो दूसरेके दुःखको दूर करनेकी प्रेरणा करता है। 'करुणा', यथा—'भगवद्गुणदर्पणे'—'आश्रितार्त्त्याग्निनाहेम्नो रक्षितुर्हृदयद्रवः। अत्यन्तमृदुचित्तत्वमश्रुपातादिकद्रवत्। कथं कुर्यां कदा कुर्यामाश्रितार्त्तनिवारणम्। इति व्यादुःखदुखित्वमार्त्तानां रक्षणे त्वरा। परदुःखानुसन्धानाद्विह्वली भवनं विभो। कारुण्यात्मगुरुत्वेष आर्त्तानां भीतिवारकः।'—(बैजनाथजी)**पुंज**=समूह।

अर्थ—शोभाके समुद्र भगवान्‌के (ऐसे) रूपको देखकर मनु-शतरूपाजी आँखोंकी पलकें रोके हुए

टकटकी लगाये (देखते) रह गये॥ ५॥ उस अनुपम रूपको आदरपूर्वक देख रहे हैं। दर्शनसे तृप्ति नहीं मानते (देखते-देखते अघाते नहीं)॥ ६॥ आनन्दके अधिक वशमें हो जानेके कारण देहकी सुध भूल गयी। वे हाथोंसे चरण पकड़कर दण्डेके समान पड़ गये॥ ७॥ करुणाकी राशि प्रभुने अपने कर-कमलसे उनके सिरोंको छुआ और तुरत उन्हें उठा लिया॥ ८॥ फिर वे कृपाके निधान बोले कि मुझे अत्यन्त प्रसन्न जानकर और महान् दानी मानकर जो मनमें भावे वही वर माँग लो॥ १४८॥

टिप्पणी—१ *'छबि समुद्र हरिरूप बिलोकी।'''''''* इति। *'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन'* इस वचनको यहाँ चरितार्थ किया कि भगवान्‌का रूप देखकर एकटक रह गये, पलक मारना बन्द कर दिया। (ख) ☞श्रीसीताजी छविनिधि हैं, श्रीरामजी छविसमुद्र हैं, इस तरह दोनोंकी छवि समान कही। दोनोंकी छवि कहकर तब फिर हरिको छवि समुद्र कहनेका तात्पर्य कि श्रीसीताजी और श्रीरामजी दोनों एकरूप हैं, यथा—*'गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न। बंदौं सीताराम पद जिन्हहिं परम प्रिय खिन्न॥'* (१७)

नोट—१ ☞छविको समुद्र कहा। समुद्रसे रत्न निकले वह यहाँ दिखाये हैं, यथा—(१) *'राम बाम दिसि सीता सोई', 'उर श्रीबत्स रुचिर बनमाला।'* (२) *'पदिक हार भूषन मनिजाला।'* (३) *'माँगु माँगु धुनि भइ नभ बानी। परम गँभीर कृपामृत सानी॥'* (४) *'चारु कपोल चिबुक दर ग्रीवा।'* (५) *'करि कर सरिस सुभग भुजदंडा।'* (६-७ उदारतामें कल्पवृक्ष और कामधेनु हैं)—*'सुनु सेवक सुर तरु सुरधेनु।'* (८) *'सरदमयंक बदन छबिसींवा।'* (९) *'कटि निषंग कर सर कोदंडा।'*

नोट—२ समुद्र-मन्थनसे चौदह रत्न निकले थे, उनमेंसे यहाँ नौ (श्री, मणि (कौस्तुभ), अमृत, शङ्ख, हाथी (ऐरावत), कल्पवृक्ष, सुरधेनु, मयंक और कोदण्ड कहे। शेष पाँचमेंसे चार तो निकृष्ट हैं। अप्सराएँ वेश्या हैं, वारुणी मादक है, अश्व चञ्चल है और विष प्राणनाशक है। रहे धन्वन्तरि वैद्य सो वे तो भगवान्‌के कलांशावतार ही हैं। इसीसे इन पाँचको न कहा। पुनः जिसे देवता और दैत्योंने मथा वह प्राकृत समुद्र था और यह दिव्य छबि सुधासमुद्र है। देवता और दैत्य दोनों मथनेमें सम्मिलित थे इसीसे उसमेंसे उत्कृष्ट और निकृष्ट दोनों प्रकारके रत्न निकले थे। और इसे केवल परम भक्त दम्पति राजर्षि मनुने अपने शुद्ध अनन्य प्रेम एवं तपरूप रज्जु तथा मथानीसे मथा था, इसमेंसे उत्तमोत्तम रत्न ही प्रकट हुए। (वे० भू०)

नोट—३ वेदान्तभूषणजीका मत है कि यहाँ श्रीरामजीके स्वरूपका वर्णन समुद्रकी लहरोंके समान किया गया है। अर्थात् समुद्रकी लहर जैसे ऊपर उठती है फिर नीचे जाती है, फिर ऊपर जाती और पुनः नीचे गिरती है, यह क्रम किनारे आनेतक बराबर रहता है; इसी तरह मनुके देखनेमें कभी ऊपरका अङ्ग, कभी नीचेका, फिर ऊपर फिर नीचे; इसी क्रमसे मुखसे दर्शन आरम्भ हुआ और पदकमलपर आकर श्रीसीताजीकी ओर देखना प्रारम्भ हो गया, यथा—प्रथम मुखको देखा फिर क्रमशः कपोल, चिबुक और कण्ठको, इसके बाद उन्हें क्रमशः नीचेके अङ्ग देखने चाहिये थे किन्तु ऐसा न करके उन्होंने पुनः ऊपर देखना शुरू किया। ओष्ठ, दाँत, नासिकाको क्रमशः देख फिर नासिकाके नीचे हासका दर्शन करने लगे। तत्पश्चात् फिर दृष्टि ऊपर गयी, नेत्र, भौंह, तिलक और ललाटका दर्शन किया फिर नीचे कुण्डलपर आ गये। पुनः ऊपर मुकुट फिर नीचे केश और सिर। फिर नीचे उरको देख ऊपर कन्धे, जनेऊ और बाहु देखे, तब फिर नीचे कटि देखने लगे। तत्पश्चात् फिर ऊपर कर तब नीचे उदरकी रेखाएँ, पुनः ऊपर नाभि फिर नीचे चरण।—यही दर्शन समुद्रवत् लहरोंका उठना गिरना इत्यादि है, अतः छबिसमुद्र हरिरूप कहा। [समुद्रमें नित्य नयी तरङ्गें उठा करती हैं वैसे इस छवि-समुद्रमें रूपकी तरङ्ग उठा करती हैं, देखनेवाला तृप्त नहीं होता। (वि० त्रि०)]

बैजनाथजी—*'छबिसमुद्र हरिरूप'* कहनेसे एक ही रूपका बोध होता है और यहाँ हैं युगलस्वरूप। तब अर्थ कैसे बने? समाधान—जनकपुरमें युगलसरकारोंके सम्बन्धमें कहा है—*'राम रूप अरु सिय छबि देखे। नर नारिन्ह परिहरीं निमेषे॥'* वैसे ही यहाँ भी समझना चाहिये। यहाँ प्रथम ही श्रीकिशोरीजीकी शोभा *'छबिनिधि'* शब्दसे गुप्तरूपसे कह आये ही हैं। हरि रूपके समुद्र हैं और किशोरीजी छविकी तरङ्ग

हैं। छविके नौ अङ्गोंमेंसे एक अङ्ग रूप भी है। इस प्रकार *'छबि समुद्र रूप'* का अर्थ होगा *'नव अंग युक्त छबितरंग'* (श्रीजानकीजी) *'सहित हरि रूप अगाध समुद्र'।*

नोट—४ (क) श्रीयुगलसरकारोंका ध्यान कहकर तब छवि-वर्णनकी इति लगायी। ऐसा करके दोनोंको एक ही रूप जनाया। *'सरद मयंक बदन छबिसीवाँ'* उपक्रम है और *'छबिसमुद्र हरिरूप'* पर उपसंहार है। (ख) पाँड़ेजी तथा सन्त श्रीगुरुसहायलालजी *'छबिसमुद्र हरिरूप निहारी·········'* का अर्थ यह करते हैं कि 'छबिसमुद्र जो सीताजी हैं उनके शृङ्गारके भीतर हरिरूपको देखकर एकटक रहे।'

नोट—५ श्रीजानकीशरण कहते हैं कि (क) 'हरिहीके लिये मनुजीने यात्रा की, हरिहीके लिये तप किया, वही *'हरि'* शब्द यहाँ भी दिया गया। यह ऐश्वर्यसूचक नाम है।' (ख) पहले *'छबिनिधि'* फिर *'छबिसमुद्र'* कहकर बताया कि दोनों स्वरूपोंपर टकटकी लगी है।' विष्णु-नारायणादि भी हरि हैं पर ये छविसमुद्रके हरि हैं—*'एहि के उर बस जानकी जानकी उर मम बास है',* क्षीरसमुद्रके नहीं। क्षीरसमुद्रके हरि तो इनके अंश हैं।' [यहाँ हरि शब्द देकर जनाया कि परात्पर परब्रह्म हरि यही 'सीताराम' ही हैं, अन्य कोई 'हरि' नहीं—'रामाख्यमीशं हरिम्'। *'एकटक रहे'* का भाव कि पलकमात्रका विक्षेप सह नहीं सकते।]

टिप्पणी—२*'चितवहिं सादर रूप अनूपा·····'* इति। (क) ☞भगवान्‌की उपमा कोई नहीं है, यथा—*'उपमा न कोउ कह दास तुलसी कतहुँ कबि कोबिद कहें।'* (३११) *'निरुपम न उपमा आन राम समान राम·····।'* (७। ९२) दोनों नेत्रोंद्वारा रूपामृतको पान कर रहे हैं। यथा—*'पियत नयनपुट रूप पियूषा। मुदित सुअसनु पाइ जिमि भूखा॥'* (२। १११) (यह *'तापस'* के सम्बन्धमें कहा गया है)। रूपदर्शनके ये दोनों अत्यन्त भूखे थे, इसीसे *'सादर'* (आदरपूर्वक) रूप देख रहे हैं। भूखा अन्नका अत्यन्त आदर करता ही है—यह *'सादर'* का भाव है। (ख) *'तृप्ति न मानहिं'* —रूप (माधुरी) अमृत है इसीसे पान करनेसे तृप्ति नहीं होती। नेत्र प्रेमप्यासे हैं, यथा—*'दरसन तृपित न आजु लगि प्रेम पियासे नयन।'* (२। २६०) ऐसा प्रेम है कि छविसमुद्र भी पाकर तृप्ति नहीं होती, यह प्रेमकी विशेषता दिखायी। [समुद्र पाकर भी तृप्त न हुए क्योंकि कितने हजारों वर्षोंके तृषित हैं। बैजनाथजी लिखते हैं कि माधुरीमें यही प्रभाव है, यथा—*'देखे तृप्ति न मानिये सो माधुरी बखान।'*]

टिप्पणी—३ (क) *'हरष बिबस तन दसा भुलानी·········'* इति। भाव कि पहले तनकी सुध थी इसीसे दण्डवत् की थी—*'बोले मनु करि दंडवत',* अब तनकी सुध भूल गयी, इसीसे दण्ड (डण्डे) की नायीं (तरह) चरणोंपर गिर पड़े। यहाँ दण्डवत् करना नहीं कहते। क्रमशः दिखाते हैं कि रूप देखकर अत्यन्त हर्ष हुआ, हर्षविवश होनेसे तनकी दशा विस्मृत हो गयी, (शरीरकी सुध-बुध न रह गयी) तनकी सुध भुलानेसे चरणोंमें गिर पड़े। भाव कि शरीरकी सुध न रही अर्थात् शरीर जड़वत् हो गया, इसीसे दण्डवत् गिरना कहा। दशा=सुध। ☞[श्रीभरतजीके सम्बन्धमें कहा है कि *'भूतल परे लकुट की नाईं'* और यहाँ *'परे दंड इव'* कहा। दोनोंमें भेदका कारण यह है कि श्रीभरतजी श्रीसीतारामजीके विरह और शोकमें कृश हो गये थे इससे उनकी उपमा लकुट अर्थात् पतली छड़ीसे दी और श्रीमनुशतरूपाजी हृष्ट-पुष्ट हैं—*'मानहु अबहिं भवन ते आए।'* इससे उनके विषयमें 'दण्ड' शब्द प्रयुक्त हुआ।] (ख) ☞मनु महाराजने भगवान्‌का आदर किया। दण्डवत् करना एवं दण्डवत् चरणोंपर गिरना यह आदर है। भगवान्‌ने मनुजीका आदर किया। सिरपर हाथ फेरकर उनको तुरंत उठाया। यह आदर है,*'सिर परसे प्रभु·········'*। (ग)*'तुरत उठाए करुनापुंजा'।* बहुत देरतक पड़े रखनेसे मनुजीका 'अनादर' होता (तुरत न उठानेसे सेवकका निरादर और स्वामीमें निठुरता सूचित होती। इसी तरह यदि सेवक स्वयं ही उठ पड़े तो उसमें प्रेमकी न्यूनता प्रकट होती है।) इसीसे *'तुरत उठाए'* और करुणापुञ्ज कहा। करुणाके पुञ्ज हैं, यथा—*'करुनामय रघुनाथ गोसाईं। बेगि पाइयहि पीर पराईं॥'* (२। ८५) इसीसे तुरत उठाया। ☞मनुके ऊपर मन-वचन-कर्मसे भगवान्‌की कृपा है, यह यहाँ स्पष्ट दिख रहा है,—सिरपर हाथ फेरा यह कायिक कृपा है। करुणापुञ्ज यह मानसिक कृपा है और *'बोले कृपानिधान पुनि'* यह वाचिक कृपा है।

नोट—५ 'श्रीहनुमान्‌जी, विभीषणजी, भरतजी इत्यादि जो-जो प्रभुके चरणोंपर पड़े उन सबोंको

उन्होंने उठाकर हृदयसे लगाया। यहाँ उठाना तो कहा गया परंतु हृदयमें लगाना नहीं वर्णन किया गया, यह क्यों?' समाधान यह है कि 'अभी दम्पति और प्रभुमें पिता-पुत्रका भाव नहीं है। मनु और शतरूपा दोनोंहीने दण्डवत् की। प्रभुने दोनोंके सिरोंपर कर-कमल फेरा। यहाँतक बात ठीक बनी सो कही। दोनोंने एक-सा तप किया, हृदयसे लगावें तो दोनोंको, यदि एकको छातीसे लगावें दूसरेको नहीं तो दूसरेका अपमान सूचित होगा। मनुजी अकेले होते तो उनको हृदयसे अवश्य लगाते। परायी स्त्रीको हृदयसे लगाना अति अयोग्य है; इस कारण शतरूपाजीको हृदयसे न लगा सकते थे। अतएव केवल उठाना ही कहा। गोस्वामीजीकी सँभार, उनकी सावधानता, लोकधर्म-मर्यादाकी रक्षा विलक्षण है, यह उन्हींसे बना है।' (प्र० सं०)

नोट—६ मयंककार कहते हैं कि सिर स्पर्शकर उठाना, यह वात्सल्य रस है। नैमिषारण्यमें रामचन्द्रजीकी ओरसे वात्सल्य रस जानो और अवधमें उलटा मनुकी ओरसे वात्सल्य रस जानो क्योंकि वहाँ मनुके पुत्र प्रकट हुए।' (प्र० सं०)

नोट—७ अलंकार—यहाँ कर उपमेयसे जो काम स्पर्श और उठानेका होना चाहिये वह उसके उपमान कमलद्वारा होना कहा गया। अतएव 'परिणाम' अलंकार हुआ।

टिप्पणी—४ (क)*'बोले कृपानिधान पुनि'* इति। *'पुनि'* का भाव कि उठाकर हृदयमें नहीं लगाया, क्योंकि राजाको हृदयमें लगानेसे रानीका 'अभाव' होता, रानीको उरमें नहीं लगा सकते। पुनः भाव कि एक बार प्रथम ही वर माँगनेको कह चुके हैं—*'माँगु माँगु बर भै नभ बानी',* अब पुनः बोले। पुनः भाव कि प्रथम उठाया, उठाकर तब बोले। पुनि=तत्पश्चात्, तब। (ख)*'अति प्रसन्न मोहि जानि माँगहु बर……'* इति। (भाव कि जो अपनी ओरसे तुमने माँगा सो तो हमने दे दिया पर हम प्रसन्न ही नहीं किंतु 'अति प्रसन्न' हैं यह बात इतनेसे ही समझ लो कि हम अपनी ओरसे तुमसे कहते हैं कि और भी जो कुछ चाहो सो माँग लो। इतना मात्र देनेसे हमको सन्तोष नहीं हुआ, अतः और भी माँगो। कृपाकी बलिहारी!! *'जासु कृपा नहिं कृपा अघाती'*।) (ग)*'अति प्रसन्न मोहि जानि। माँगहु बर……'* इति। यहाँतक वर देनेमें तीन विशेषण दिये—एक तो *'महादानी'*, दूसरे *'अति प्रसन्न'* और तीसरे *'कृपानिधान'*। कृपानिधान हैं, अतएव कृपा करके प्रसन्न होते हैं और प्रसन्न होकर सब कुछ दे देते हैं। *'अति प्रसन्न'* का भाव कि तुमने कहा था कि *'जौं अनाथ हित हमपर नेहू। तौ प्रसन्न होइ यह बर देहू॥'* अर्थात् प्रसन्न होकर हमें दर्शन दीजिये, सो हमने प्रसन्न होकर दर्शन दिया, अब हम अति प्रसन्न हैं जो तुम माँगो सो हम दें। (घ)*'महादानि अनुमानि'* अर्थात् महादानी समझकर वर माँगो; इस कथनका भाव यह है कि भगवान् अन्तर्यामी हैं, उनके हृदयकी जानते हैं कि जो वर ये माँगना चाहते हैं वह अगम है ऐसा जानकर ये न माँगेंगे (जैसा आगेके इनके वचनोंसे स्वयं स्पष्ट है—*'एक लालसा बड़ि उर माहीं। सुगम अगम कहि जात सो नाहीं॥ तुम्हहि देत अति सुगम गोसाईं। अगम लाग मोहि निज कृपनाईं॥'* (ङ) भगवान्‌ने पुनः वर माँगनेको कहा, क्योंकि राजाके हृदयमें (वरकी) लालसा है, यथा—*'एक लालसा बड़ि उर माहीं'*। पुनः दूसरा भाव यह है कि तपका फल तो दर्शन हुआ (सो दे दिया) अब दर्शनका फल होना चाहिये, क्योंकि दर्शनका फल अमोघ है, यथा—*'जदपि सखा तव इच्छा नाहीं। मोर दरस अमोघ जंग माहीं॥'* (५। ४८)

नोट—८ *'महादानि अनुमानि'* इति। मनुजीके हृदयमें सन्देह है कि यह वर मिले कि न मिले। अतएव प्रथम ही उनको निस्सन्देह कर देनेके लिये कहा। ☞स्मरण रहे कि ब्रह्मादि कुछ-न-कुछ छुड़ाकर वर देते हैं, वरमें कुछ-न-कुछ शर्त लगा देते हैं। जैसे रावणको वर देनेमें *'बानर मनुज जाति दुइ बारे'* ऐसा उससे कहलाकर वर दिया। वे दानी हैं और श्रीसीतारामजी महादानी हैं क्योंकि ये सब कुछ, अपनेतकको भी देनेवाले हैं। (प्र० सं०) *'अनुमानि'* का भाव कि मुझे अनुमानसे जानो कि मैं महादानी हूँ। विधि हरिहर दानी हैं, तब अनुमानसे सिद्ध है कि जिसके अंश दानी हैं, वह अंशी महादानी क्यों न होगा?

नोट—९ बैजनाथजी लिखते हैं कि 'यहाँ वामभागमें अर्थात् श्रीकिशोरीजीमें ऐश्वर्य वर्णन किया है। राजा-रानीको इस ऐश्वर्यकी कामना नहीं है। इसीसे श्रीकिशोरीजी नहीं बोलीं। दक्षिणभाग प्रभुरूपमें माधुर्य वर्णन किया गया है, उसीकी चाह दोनोंको है। इसीसे प्रभु ही बोले।' (लोकरीति यह है कि जब स्त्री-पुरुष दोनों साथ होते हैं तब प्राय: पुरुष ही बातचीत करता है।)

सुनि प्रभु बचन जोरि जुग पानी। धरि धीरज बोले* मृदु बानी॥ १॥
नाथ देखि पदकमल तुम्हारे। अब पूरे सब काम हमारे॥ २॥
एक लालसा बड़ि उर† माहीं। सुगम अगम कहि जात जो नाहीं॥ ३॥
तुम्हहिं देत अति सुगम गोसाईं। अगम लाग मोहि निज कृपनाईं॥ ४॥

शब्दार्थ—पूरे=पूर्ण हुए, प्राप्त हो गये। लालसा=अभिलाषा, उत्कट इच्छा। कृपनाईं=कृपणता, कंजूसी, कादर्य, क्षुद्रता, छोटा हृदय होनेसे।

अर्थ—प्रभुके वचन सुनकर वे दोनों हाथ जोड़कर धीरज धरकर कोमल वाणीसे बोले—हे नाथ! आपके चरणकमलोंका दर्शन पाकर अब हमारी सब इच्छाएँ पूरी हो गयीं॥ १॥ मेरे हृदयमें एक बहुत बड़ी लालसा है जो सुगम भी है और अगम भी; इसीसे वह कही नहीं जाती॥ ३॥ हे स्वामी! आपको तो देनेमें अत्यन्त सुगम है, पर मुझे अपनी कृपणताके कारण बहुत कठिन जान पड़ती है॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'सुनि प्रभु बचन जोरि जुग पानी'*······ 'इति। (क) *'सुनि प्रभु बचन'* का भाव कि यदि भगवान् वर माँगनेको न कहते तो राजा वर न माँग सकते क्योंकि एक बार वर माँग चुके हैं (और वह मिल चुका है। *'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन। कृपा करहु प्रनतारति मोचन॥'* यह वर माँगा था सो मिला; यथा—*'छबि समुद्र हरि रूप बिलोकी। एकटक रहे नयनपट रोकी॥'* (ख) *'धरि धीरज बोले मृदु बानी'* इति। [पूर्व कहा था कि *'एकटक रहे नयनपट रोकी'* और *'प्रेम बिबस तन दसा भुलानी'* इसलिये यहाँ धीरज धारण करना कहा। पुन:] *'धरि धीरज'* का भाव कि पूर्व *'प्रेम बिबस तन दसा भुलानी'* रही, अब प्रभुने जब उठाया और वर माँगनेको कहा तब सावधान होकर बोले। (ग) *'जोरि जुग पानी।'* हाथ जोड़कर बोले क्योंकि जो वर माँगना चाहते हैं कि आप हमारे पुत्र हों वह अगम है अत: हाथ जोड़कर माँगते हैं। कठिन वर माँगनेकी यह रीति है। यथा—*'माँगउँ दूसर बर कर जोरी। पुरवहु नाथ मनोरथ मोरी॥'* (२। २९) (कैकयी)। पुन: भाव कि प्रथम बोले तब दंडवत् करके बोले थे, यथा—*'बोले मनु करि दंडवत प्रेम न हृदय समात।'* (१४५) अब हाथ जोड़कर बोले। तात्पर्य कि जब दंडवत् चरणोंपर गिरे *'परे दंड इव गहि पद पानी'* तब भगवान्‌ने उन्हें उठा लिया, तब हाथ जोड़कर बोले। (वा, पहिले भगवान् प्रकट न थे, केवल आकाशवाणी हुई थी तब दंडवत् करके बोले थे। अब प्रत्यक्ष हैं, दंडवत् कर ही चुके हैं, और स्वामी हैं, वर माँगना है अत: अब हाथ जोड़कर बोले।) (घ) यहाँ राजाके तन, मन, वचन तीनों दिखाये। तनसे हाथ जोड़े, मनसे धीरज धरा और वचनसे मृदु बोले।

टिप्पणी—२ (क) *'नाथ देखि पदकमल तुम्हारे। अब पूरे*······' इति। सच्चे भक्त बिना परम प्रभुके दर्शन पाये, अधिकारीवर्गके दर्शनसे संतुष्ट नहीं रह सकते, अत: मनु-शतरूपाजीको प्रथम स्वरूपदर्शनकी

* १६६१ में 'बोली' है। १७६२ में भी 'बोली' है। अर्थ होगा—'कोमल वाणी बोलीं', 'बानी' एवं 'मृदु बानी' के साथ 'बोले' अन्यत्र भी आया है। यथा—'पुनि तापस बोलेउ मृदु बानी।' (१५९। २) 'बोले राम सुअवसरु जानी। सील सनेह सकुचमय बानी॥' (३३६। ४) इत्यादि। अत: हमने 'बोले' पाठ ही समीचीन समझा है। वि० त्रि० लिखते हैं कि 'बोलीं' क्रियाके कर्ता मनु और शतरूपा हैं। ('तृपित न मानहिं मनु सतरूपा'।) क्रियाका सम्बन्ध 'सतरूपा' के साथ है इसलिये क्रियाका प्रयोग स्त्रीलिङ्गमें हुआ।

† मन—रा० प०, वै०।

कामना थी, यथा—*'उर अभिलाष निरंतर होई। देखिय नयन परम प्रभु सोई॥'* उसका दर्शन हो गया इसीसे स्वरूपको देखनेपर कहते हैं कि अब हमारे सब काम पूरे हो गये। अर्थात् अब माँगनेका कुछ प्रयोजन नहीं है। इसीसे आगे अन्य कोई वस्तु नहीं माँगते, इसी रूपकी प्राप्ति माँगते हैं, हमारे पुत्र हूजिये यही माँगना चाहते हैं। रूपके (दर्शन) पानेपर भगवान्‌ने अन्य वर माँगनेको कहा, उसीपर मनुजी कहते हैं कि रूप छोड़कर हमारे मनमें अन्य कोई कामना नहीं है, हमारी सब कामना रूप ही है सो पूरी हो गयी। अथवा, भगवान्‌के चरणकमलके दर्शनसे सब कामनाएँ पूरी होती हैं, इसीसे सब कामनाओंका पूरा होना कहा। [पुनः मनुजी अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष इत्यादि जो कुछ भी है वह सब कुछ श्रीसीतारामजीहीको जानते हैं, अतएव उनके दर्शनसे सब कामनाओंका पूर्व होना कहा। (प्र० सं०)

टिप्पणी—३ (क)*'एक लालसा बड़ि उर माहीं'* इति। एक लालसा है सो भी स्वरूपहीकी प्राप्ति की है। पुनः भाव कि चरणकमलके दर्शनसे सब कामनाएँ पूर्ण हुईं, अब एकमात्र यही एक लालसा रह गयी है सो इसे भी पूरी कीजिये। पुनः भाव कि लालसा 'एक' ही है जो पूर्व थी वही है, दूसरी नहीं है। प्रथम रूप प्रकट होनेकी थी, अब उसके सदा संयोगकी है। *'बड़ि'* का भाव कि पूर्व जो लालसा थी उससे यह बड़ी है। पूर्वकी लालसासे भगवान्‌की प्राप्ति क्षणभरके लिये हुई (यह दर्शन घड़ी-दो-घड़ीका ही है) और इस लालसासे पुत्र होनेसे रूपका संयोग सदा (आजीवन) रहेगा, अतएव इसे *'बड़ी'* कहा। (ख) *'सुगम अगम'* इसकी व्याख्या आगे स्वयं ही करते हैं। (ग) रूप देखकर तृप्ति नहीं हुई—*'तृपित न मानहिं मनु सतरूपा।'* इसीसे पुनः रूपकी प्राप्ति माँगते हैं। (घ) *'कहि जात सो नाहीं'* अर्थात् इतनी अगम है कि वर माँगनेकी बात मुँहसे भी कही नहीं जाती। (रा० प्र० कार अर्थ करते हैं कि 'सुगम है वा अगम' यह कहा नहीं जा सकता।)

वि० त्रि० गृहस्थोंकी लालसा देखिये। जिसे भगवदंश उत्तानपाद और प्रियव्रत-ऐसे पुत्र हुए, किसीसे न प्राप्त होनेवाले पदको प्राप्त करनेवाले ध्रुव-जैसे पौत्र हुए, साक्षात् भगवदवतार कपिलदेव-जैसे जिसे नाती हुए, उसे अब प्रभु-सा पुत्र प्राप्त करनेकी लालसा हुई। अतः इस लालसाको बड़ी बतलाया।

नोट—१ *'अब पूरे सब काम हमारे'* में द्वितीयविशेष अलंकार है। यह कहकर फिर *'एक लालसा बड़ि मन माहीं'* कहना 'निषेधाक्षेप' है। (वीरकवि) कुछ लोग कहते हैं कि मनुजीकी लालसा दर्शनकी थी सो पूरी हो गयी। प्रभुने लीलाहेतु अब यह रुचि उनमें उत्पन्न कर दी है। ☞ स्मरण रहे कि मनुजीके सामने परम प्रभु अपने असली रूपसे खड़े हैं आगे लीला तनके प्रकट होनेका वरदान देंगे।

टिप्पणी—४ *'तुम्हहिं देत अति सुगम गोसाईं……।'* इति। (क) *'अति सुगम'* का भाव कि दानीको *'सुगम'* है और आप महादानी हैं अतः आपको *'अति सुगम'* है। भगवान्‌ने स्वयं कहा है *'माँगहु बर जोइ भाव मन महादानि अनुमानि',* इसीसे *'अति सुगम'* कहा। (ख) *'गोसाईं'* का भाव कि आप 'गौ' (कामधेनु) के स्वामी हैं, अतएव आपके लिये उसका देना *'अति सुगम'* है। आगे कल्पतरुका दृष्टान्त देते हैं अतः उसके साहचर्यसे यहाँ *'गोसाईं'* का अर्थ कामधेनुके स्वामी अति संगत है। (ग) *'अगम लाग मोहि निज कृपनाईं।'* अर्थात् अपनी कृपणताके कारण वह लालसा हमें इतनी अगम लग रही है कि मुँहसे निकालनेमें संकोच होता है। *'अगम लाग'* का भाव कि वस्तुतः आपके लिये वह अगम नहीं है परंतु मुझे अगम लगती है। (मुझे जान पड़ता है कि आप शायद न दे सकें) इसीसे संकोच होता है, माँगा नहीं जाता। [*'सुगम अगम'* में 'विरोधाभास अलङ्कार' है। आपकी ओरसे अगम नहीं है, पर मुझे अपनी क्षुद्रताके कारण मिलनेमें सन्देह होता है, यथा—*'अपडर डरेउँ न सोच समूले।'* (२। २६७) इसी बातको दरिद्रका दृष्टान्त देकर कहते हैं। (प्र० सं०)

नोट—२ *'गोसाईं'* शब्द देकर सूचित करते हैं कि आप हृदयकी जानते हैं, इन्द्रियोंके स्वामी और प्रेरक हैं। 'गो' का अर्थ 'इन्द्रिय' भी है यथा—*'गो गोचर जहँ लगि मन जाई। सो सब माया जानेहु भाई॥'* (३। १५। ३) *'जिति पवन मन गो निरस करि मुनि ध्यान कबहुँक पावहीं।'* (४। १०) सुरतरु

जड़ है वह दरिद्रके जीकी नहीं जानता, बिना माँगे नहीं देता। आप अन्तर्यामी हैं। यहाँ परिकराङ्कुर अलङ्कार है। हृदयकी जानकर स्वयं वर देनेकी कृपा करें, मुझसे कहते नहीं बनता। पुनः आप स्वामी हैं, मैं दास हूँ; स्वामी दासके मनोरथको पूरा किया करते हैं; अतएव मेरा मनोरथ पूरा कीजिये। (प्र० सं०)

नोट—३ श्रीकरुणासिंधुजी कहते हैं कि यहाँ *'निज कृपनाईं'* से कार्पण्य शरणागतिका भाव भी निकलता है। कितना ही कोई जप, तप आदि करे, पर उसके मनमें यह बात स्वप्नमें भी न आनी चाहिये कि मैंने कुछ किया है। प्रभुसे बराबर यही प्रार्थना करनी चाहिये कि मुझसे कुछ नहीं बना, मैं अति दीन हूँ, इत्यादि। वैसे ही यहाँ इतना बड़ा तप करके भी मनुजी अपनेको कृपण कहते हैं।

☞ लाखों वर्षके तपका कोई महत्त्व नहीं है। प्रभुके रिझानेके लिये दीनता और प्रीति मुख्य हैं, यथा—*'तुलसी राम कृपालु ते कहि सुनाउ गुन दोष। होइ दूबरी दीनता परम पीन संतोष॥'* देखिये महर्षि अत्रिजी क्या कहते हैं—*'मन ग्यान गुन गोतीत प्रभु मैं दीख जप तप का किए।'* अनन्य भक्त श्रीसुतीक्ष्णजी भी क्या सोच रहे हैं—*'हे बिधि दीनबंधु रघुराया। मो से सठ पर करिहहिं दाया॥ ''''''''मोरे जिय भरोस दृढ़ नाहीं। भगति बिरति न ग्यान मन माहीं॥ नहिं सतसंग जोग जप जागा। नहिं दृढ़ चरन कमल अनुरागा॥'*

जथा दरिद्र बिबुधतरु पाई। बहु संपति माँगत सकुचाई*॥५॥
तासु प्रभाउ जान नहि सोई। तथा हृदय मम संसय† होई॥६॥
सो तुम्ह जानहु अंतरजामी। पुरवहु मोर मनोरथ स्वामी॥७॥
सकुच बिहाइ माँगु नृप मोही। मोरें नहिं अदेय कछु तोही॥८॥

दो०—दानि सिरोमनि कृपानिधि नाथ कहौं सतिभाउ।
चाहौं तुम्हहि समान सुत प्रभु सन कवन दुराउ॥१४९॥

शब्दार्थ—**बिबुधतरु**=कल्पवृक्ष, सुरतरु। **बिहाइ**=छोड़कर, दूर करके। **अदेय**=जो न दी जा सके। **सिरोमनि** (शिरोमणि)=मुकुटमणि, श्रेष्ठ। **सतिभाउ**।=सच्चा भाव=सद्भावसे। दोहा (४।१) देखिये। **दुराउ** (दुराव)=छिपाव।

अर्थ—जैसे कोई दरिद्र कल्पवृक्षको पाकर भी बहुत सम्पत्ति माँगते हुए संकोच करता है (हिचकता है)॥५॥ (क्योंकि) वह उसके प्रभावको नहीं जानता, वैसे ही मेरे मनमें संदेह होता है॥६॥ आप अन्तर्यामी हैं, उसे जानते ही हैं। हे स्वामिन्! मेरे मनोरथको पूरा कीजिये॥७॥ (प्रभु बोले) हे राजन्! संकोच छोड़कर मुझसे माँगो। तुम्हारे लिये मेरे पास ऐसा कुछ (कोई पदार्थ) भी नहीं है जो तुमको न दे सकूँ॥८॥ (मनुजी तब बोले) हे दानियोंमें शिरोमणि! हे दयासागर! हे नाथ! अपना सच्चा भाव एवं सत्यासत्य कहता हूँ, प्रभुसे क्या छिपाना, मैं आपके समान पुत्र चाहता हूँ॥१४९॥

टिप्पणी—१ *'जथा दरिद्र बिबुधतरु पाई।''''''''* इति। (क) भाव कि मैं दरिद्र हूँ आप कल्पवृक्ष हैं, आपके प्रभावको मैं नहीं जानता, इसीसे हृदयकी लालसा प्रकट करनेमें सकुचता हूँ। ☞ प्रथम जब वर माँगा था तब भगवान्को *'सुरतरु सुरधेनु'* कहा था, वैसे ही अब पुनः सुरधेनु और सुरतरु कहकर तब वर माँगते हैं। *'तुम्हहिं देत अति सुगम गोसाईं'* में *'सुरधेनु'* को कहा और यहाँ *'बिबुधतरु'* को कहते हैं। (ख) *'बिबुधतरु पाई'* का भाव कि कल्पवृक्ष एक तो किसीको जल्दी मिलता नहीं और दरिद्रको तो अगम ही है। (ग) *'बहु संपति माँगत सकुचाई।'* [भाव कि यदि दैव योगसे मिल भी जाय तो भी बहुत धन माँगनेमें उसे संकोच होता है, कारण कि दरिद्रताके कारण उसका हृदय बहुत छोटा हो जाता है वह बड़ी वस्तुकी लालसा करते डरता है। यद्यपि जीमें चाह बहुतकी है। वैसे ही मेरे जीमें लालसा बहुत बड़ी सम्पत्तिकी है पर माँगनेकी हिम्मत नहीं पड़ती (वा साहस नहीं होता)।] करुणासिंधुजी लिखते हैं कि देवतरु सब कुछ देनेयोग्य है पर दरिद्र बहुत समझकर माँगते डरता है, क्योंकि वह अपनेको

* संकुचाई—१६६१। † १६६१ में 'संसया' है।

उतना पानेका पात्र नहीं समझता इसीसे उसे सन्देह रहता है कि मिले या न मिले। ☞जब रूप प्रकट होनेका वर माँगा तब 'कम संपत्ति' थी क्योंकि यह रूप (दर्शन) क्षणभर ही रह सकता है। अब जब पुत्र होकर सदा इस रूपका संयोग माँगते हैं तब इस वरको *'बहु संपति'* कहा, क्योंकि यह सम्पत्ति जन्मभरके लिये है, जन्मभर चलेगी, जन्मभर इस स्वरूपका दर्शन होगा। भगवान् सम्पत्ति हैं, कम प्राप्तिमें कम सम्पत्ति है, बहुत (दिनोंके लिये) प्राप्तिमें बहुत सम्पत्ति है। यहाँ उदाहरण अलंकार है।

टिप्पणी—२ *'तासु प्रभाउ जान नहि सोई।'''''''* इति। (क) सोई=वह दरिद्र। संशय यह कि यह वर बहुत भारी है न मिलेगा, इसीसे नहीं माँग सकते। ☞भगवान्के लिये इतना भारी तप किया उसपर भी अपनेको 'कृपण', 'दरिद्र' कहते हैं? तात्पर्यकी बात तो वस्तुतः यही है कि भगवान्की प्राप्तिके लिये करोड़ों कल्पोंतक तप करे तो भी कुछ नहीं है। भगवान् तो कृपा करके भक्तको मिलते हैं, तपके फलसे नहीं मिलते, ये पूर्व ही कह आये हैं। यथा—*'प्रभु सर्बज्ञ दास निज जानी। गति अनन्य तापस नृप रानी॥'* अनन्य दास जानकर भगवान् उनको प्राप्त हुए, तप देखकर तो ब्रह्मा, विष्णु, महेश आये थे, यथा—*'बिधि हरि हर तप देखि अपारा। मनु समीप आए बहु बारा॥'* क्योंकि ये तीनों देवता तपके फलके देनेवाले हैं।

टिप्पणी—३ *'सो तुम्ह जानहु अंतरजामी। पुरवहु '''''''* इति। (क) भाव कि दरिद्र कल्पवृक्षके प्रभावको नहीं जानता, इसीसे बहुत सम्पत्ति माँगते सकुचाता है और कल्पवृक्ष भी दरिद्रके हृदयकी नहीं जानता क्योंकि जड़ है इसीसे वह उसके मनोरथ पूरे नहीं करता, उससे माँगना पड़ता है तब वह देता है। यथा—*'माँगत अभिमत पाव जग राउ रंक भल पोच।'* (२। २६७) यह दोष कल्पतरुमें है पर आप अन्तर्यामी हैं, आप हृदयकी जानकर मनोरथोंको पूर्ण करते हैं। (ख) *'तुम्ह जानहु'* का भाव कि मैं आपके प्रभावको नहीं जानता, मैं ज्ञानरंक हूँ, आप मेरे हृदयकी जानते हैं क्योंकि आप अन्तर्यामी हैं। मेरे हृदयकी लालसा आप पूरी करें। (ग) *'स्वामी'* का भाव कि मैं 'आपका दास हूँ' दासका मनोरथ स्वामी ही पूरा करते हैं—(*'राम सदा सेवक रुचि राखी'*) [बैजनाथजीका मत है कि सुसेवक कुछ माँगते नहीं, स्वामी उनके मनमें मनोरथ उठते ही पूर्ण करते हैं, इसी भावसे *'स्वामी'* सम्बोधन किया। अथवा पुत्र बनाना चाहते हैं जो सेवक पद है, अतः उसके निवारणार्थ 'स्वामी' कहा। भाव यह कि पुत्रहीमें स्वामित्व चाहते हैं, यह वात्सल्य रसकी रीति है।]

प० प० प्र०—**बिबुधतरु**=सुरतरु। यह वाच्यार्थ है। सुरतरु माँगनेपर देता है, पर याचकके मनकी इच्छाको वह नहीं जानता। पर वि (=विशेष)+ बुध (=विद्वान्) अर्थात् विशेष विद्वान् तरु हो तो माँगनेकी आवश्यकता नहीं रहती। प्रभु तो *'जानसिरोमनि भावप्रिय'* हैं, इससे कहा कि आप जड़ कल्पतरु नहीं हैं आप तो विशेष अन्तःकरणके जाननेवाले तरु हैं; अतः आप मेरी लालसा जानते ही हैं, उसे पूर्ण कीजिये। आप जड़ वृक्ष नहीं हैं, आप तो 'तरन्त्यनेनेति तरुः' अर्थात् जिसकी सहायतासे लोग तरते हैं वह तरु हैं।

वि० त्रि०—यहाँ अज्ञान दरिद्र है। अहंता-ममतासे मूढ़ पुरुषको ब्रह्मसुख अगम है। यथा—*'कबिहि अगम जिमि ब्रह्मसुख अह मम मलिन जनेषु।'* वह समझे बैठा है कि ब्रह्मानन्द उसे मिल नहीं सकता। इसलिये वह उसके लिये यत्न भी नहीं करता और न उसके लिये देवी-देवताकी आराधना करता है। प्रभु कल्पवृक्ष हैं, उन्हें पाकर भी परमानन्द नहीं माँगता।

टिप्पणी—४ *'सकुच बिहाइ माँगु नृप मोही।'''''''* (क) राजाने कहा था कि *'जथा दरिद्र बिबुधतरु पाई। बहु संपति माँगत सकुचाई॥'* इसीपर भगवान् कहते हैं कि *'सकुच'* छोड़कर हमसे माँगो, (तुम दरिद्र नहीं हो, तुम तो 'नृप' हो अतः तुम्हें राजाके समान बड़ी भारी सम्पत्ति माँगनेका अधिकार है, तुम माँग सकते हो) और जो राजाने कहा था कि *'तथा हृदय मम संसय होई'* अर्थात् मिलनेमें सन्देह होता है, उसीपर भगवान् कहते हैं कि *'मोरें नहिं अदेय कछु तोही'*। तात्पर्य कि तुम हमारे जन हो, यथा—*'जन कहुँ कछु अदेय नहिं मोरें। अस बिस्वास तजहु जनि भोरें॥'* (३। ४२। ५) (ख) राजाने

कल्पवृक्षकी उपमा दी थी और कल्पवृक्ष बिना माँगे नहीं देता, यथा—'*जाइ निकट पहिचानि तरु छाँहँ समनि सब सोच। माँगत अभिमत पाव जग राउ रंकु भल पोच॥*' (२। २६७)· इसीसे आप भी कहते हैं कि 'माँगो' (तब हम दें)। राजाने भगवान्‌को अन्तर्यामी कहा, इसीसे भगवान्‌ने कहा कि '*माँगु नृप मोही*' अर्थात् मुझे ही माँग लो, तुम्हारे हृदयमें लालसा है कि मैं तुम्हारा पुत्र होऊँ सो मैं तुम्हारा पुत्र होऊँगा, तुम 'मुझे' माँग लो। ☞ वरदानकी यह मर्यादा है कि माँगा जाय तब दिया जाय, अतएव '*माँगु*' कहा—। '*मोही*' में श्लेषार्थालंकार है। अर्थात् मुझसे माँग लो और मुझको माँग लो।

टिप्पणी—५ '*दानिसिरोमनि कृपानिधि नाथ कहौं सतिभाउ*' इति। (क) भगवान्‌ने कहा था कि '*मोरें नहिं अदेय कछु तोही*' और '*माँगहु बर जोइ भाव मन महादानि अनुमानि।*' इसीसे '*दानिसिरोमनि*' कहा। '*बोले कृपानिधान पुनि अति प्रसन्न मोहि जानि*' तथा '*सकुच बिहाइ माँगु*' कहा, इसीसे '*कृपानिधि*' कहते हैं। दानिशिरोमणि और कृपानिधिका भाव कि आप कृपा करके दान देते हैं। (ख) सति=समीचीन। (ग) '*चाहौं तुम्हहि समान सुत*'—आप हमारे पुत्र हों यह न कहके भगवान्‌के इतना कहनेपर भी संकोच बना ही रह गया। '*सुगम अगम कहि जात सो नाहीं*' इस वचनको यहाँ चरितार्थ किया। साक्षात् भगवान्‌को पुत्र होनेके लिये न कहा। संकोचके मारे उनके समान पुत्र होनेका वरदान माँगा। राजा जानते हैं कि भगवान्‌के समान कोई नहीं है। राजाका विचार पूर्व कह आये हैं कि '*नेति नेति जेहि बेद निरूपा। निजानंद निरुपाधि अनूपा॥*' जब 'अनूप' हैं, उपमाको कोई नहीं है तब समान कहाँ हो सकता है? यथा—'*जेहि समान अतिसय नहिं कोई।*' (३। ६)

नोट—१ संकोच यहाँ भी बना ही रह गया। क्योंकि राजा सोचते हैं कि ब्रह्माण्डनायक, ब्रह्माण्डभरके स्वामी और माता-पिताको पुत्र होनेके लिये कैसे कहें, यह बड़ी धृष्टता होगी, यथा—'*प्रभु परंतु सुठि होति ढिठाई॥ ""तुम्ह ब्रह्मादि जनक जग स्वामी।*' (१। १५०)

त्रिपाठीजी लिखते हैं—'यह संदेह उठ सकता है कि जिसके सन्तानसे सृष्टि भरी पड़ी है, वह सुत क्यों माँगता है? अतः कहते हैं '*सतिभाउ।*' मुझे प्रभुको देखकर लालसा हुई कि मुझे ऐसा पुत्र हो और आप-सा दूसरा है नहीं। अतः आप-सा पुत्र माँगना आपको पुत्ररूपसे चाहना एक बात है, इसलिये माँगनेमें संकोच था। वास्तविक इच्छा आप-सा पुत्र पानेकी है, चाहे जैसे सम्भव हो।'

नोट—२ श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि 'यहाँ पुत्र करि प्रभुकी प्राप्तिमें वात्सल्यरसकी परिपूर्णता है। इसीके अन्तर्गत सब रस आ जाते हैं। जैसे कि विवाहमें शृङ्गार, बालकेलिमें हास्य, वनगमनमें करुणा, परशुरामकी वार्तामें भयानक, मखरक्षामें वीर, जन्मसमयमें अद्भुत इत्यादि। फिर इसमें जगत्‌का हितरूपी परस्वार्थ भी है। पुत्र होंगे तब पतोहू भी स्वाभाविक ही प्राप्त होगी।

नोट—३ कुछ महानुभाव ऐसा भी कहते हैं कि मनुमहाराजने 'समान' शब्द बड़ी चतुरतासे कहा है। सभ्यताको लिये हुए हैं। इससे परीक्षा भी हो जायगी कि परात्पर परब्रह्म ये ही हैं या नहीं। यदि प्रभु कहें कि हमारे समान अमुक देवता हैं तो समझ जायँगे कि परतम प्रभु इनसे भी परे कोई और हैं। क्योंकि ब्रह्मके समान कोई दूसरा है ही नहीं, अधिककी तो बात ही क्या ? (विशेष ऊपर टिप्पणीमें आ गया है।) 'समान' कहकर जनाया कि ऐश्वर्य-माधुर्य इत्यादि जैसे आपमें दिव्य गुण हैं वैसे ही जिसमें हों।

नोट—४ एक खर्रेमें पं० रा० कु० जी लिखते हैं कि जैसे मनुजीने परदेसे वर माँगा वैसे ही प्रभुने भी परदेसे ही कहा कि '*आपु सरिस कहँ""*' ।

नोट—५ श्रीशारदाप्रसादजी ('रामवन सतना') लिखते हैं कि 'इस उपाख्यानमें प्रभुके वचन '*माँगु नृप मोहीं*' बड़े मार्केके हैं। 'मुझे माँग लो' (जैसा चाहते हो, सुतरूपमें ही हम मिलेंगे)। '*माँगु नृप*' (नृप सम्बोधनद्वारा संकेत किया कि अपने लिये राज्य माँग लो जिसमें अन्य कोई धन-जनादिकी चिन्ता पुत्रसुख अनुभवमें बाधक न हो)।'*माँगु नृप मोहीं*' (मुझे राजाके रूपमें माँग लो)। हमें राजा देखकर तुम्हें तो सुख प्राप्त होगा ही और संसारका बड़ा उपकार होगा। राजा कैसा होना चाहिये इसका सदाके

लिये आदर्श स्थापित हो जायगा। राजा तो न माँग सके परन्तु प्रभुने सभी कुछ दिया।—धन्य हैं प्रभु!! तुम्हारे सिवा कौन कह सकता है—*'माँगु नृप मोही।' 'अस प्रभु छाँड़ि भजहिं जे आना। ते नर पसु बिनु पूँछ बिषाना॥'*

देखि प्रीति सुनि बचन अमोले। एवमस्तु करुनानिधि बोले॥ १॥
आपु सरिस खोजौं कहँ जाई। नृप तव तनय होब मैं आई॥ २॥
सतरूपहि बिलोकि कर जोरें। देबि माँगु बरु जो रुचि तोरें॥ ३॥
जो बरु नाथ चतुर नृप माँगा। सोइ कृपाल मोहि अति प्रिय लागा॥ ४॥

शब्दार्थ—अमोले=जिसका मोल न हो सके; अमूल्य।

अर्थ—राजाकी प्रीति देखकर और उनके अमूल्य वचन सुनकर करुणानिधान प्रभु बोले कि 'ऐसा ही हो॥ १॥ हे राजन्! मैं अपने समान और कहाँ जाकर खोजूँ? मैं ही आकर तुम्हारा पुत्र होऊँगा'॥ २॥ शतरूपाजीको हाथ जोड़े देख कहा कि हे देवि! तुम्हारी जो इच्छा हो वह वर माँगो॥ ३॥ (वे बोलीं) हे नाथ! हे कृपाल! जो वर चतुर राजाने माँगा, वही मुझे बहुत ही प्रिय लगा॥ ४॥

नोट—१ *'बचन अमोले।'*—बैजनाथजी लिखते हैं कि 'वचनोंमें अमूल्यता यह है कि पुत्रकी सेवामें निर्हेतु अत्यन्त परिश्रम लालन-पालनका होता है। पुत्र इसका प्रत्युपकार नहीं कर सकता; पितासे उऋण नहीं हो सकता, जैसा प्रभुने भरतजीसे कहा है। यथा—*'निज कर खाल खैंचि या तनु तें जौ पितु पग पानहीं कराऊँ। होउँ न उरिन पिता दसरथ तें कैसे ताके बचन मेटि पति पावउँ॥'* (गी० २। ७२)

पं० रामकुमारजी खर्रेमें लिखते हैं कि ये प्रेमके वचन हैं और प्रेमका मूल्य नहीं है। अतः वचनको अमूल्य कहा। पुनः भाव कि 'ब्रह्म वेदादिसे पिता-भावके वचन सुनते हैं, पर यह पुत्रभावके वचन अपूर्व आज ही सुनें।' अतः अमूल्य हैं।

टिप्पणी—१ *'देखि प्रीति सुनि बचन अमोले। एवमस्तु……'* इति। (क) प्रीति हृदयमें है अतः उसका देखना कहा। प्रीति भीतर है, वचन बाहर हैं; जो मुँहसे निकले अर्थात् भीतर-बाहर दोनों स्वच्छ देखकर प्रसन्न हुए और प्रीति देखकर भगवान्ने *'एवमस्तु'* कहा। प्रेमसे ही भगवान् मिलते हैं। यथा—*'मिलहिं न रघुपति बिनु अनुरागा।'* (७। ६२) पुनः *'देखि प्रीति'* का भाव कि जनका धृष्टतारूप दोष न देखा, राजाके हृदयमें अत्यन्त प्रेम है इसीसे हमें अपना पुत्र बनाना चाहते हैं, यह प्रेम देखा। यथा—*'कहत नसाइ होइ हिय नीकी। रीझत राम जानि जन जी की॥'* प्रीति यह देखी कि हमारे रूपका सदा संयोग चाहते हैं और अमूल्य वचन यह कि *'चाहउँ तुम्हहिं समान सुत',* भगवान्को साक्षात् सुत होनेको न कहकर संकोचवश *'समान सुत'* यह शब्द कहे। पुनः, सुत-प्रीतिकी अवधि (सीमा) है, यथा—*'सुत की प्रीति प्रतीति मीत की……।'* (वि० २६८) यह प्रीति देखी। [पुनः प्रीति अर्थात् निर्हेतु अमल वात्सल्य रसकी प्रीति। (वै०)] (ख) राजाने *'दानिसिरोमनि'* कहा, इसीसे यहाँ भगवान्ने *'एवमस्तु'* कहा अर्थात् जो माँगते हो वही दिया। राजाने *'कृपानिधि'* सम्बोधन किया इसीसे यहाँ भी *'करुनानिधि'* विशेषण दिया गया। पुनः, भगवान् पुत्ररूपसे अवतरनेको कहते हैं और अवतारका मुख्य हेतु करुणा है, अतः *'करुनानिधि'* विशेषण दिया। राजा *'सतिभाउ'* से बोले इसीसे वचनको 'अमोल' कहा। (ग) ☞*'एवमस्तु'* से समझा जाता कि 'अपने समान' पुत्र देनेको कहा है, इसीसे भगवान् पुनः बोले।

वि० त्रि०—*'चाहौं तुम्हहिं समान सुत'* यह अनमोल वचन हैं जिसकी कोई कीमत ही नहीं, अतः उस वचनके पीछे स्वयं बिक गये, कह दिया 'एवमस्तु'। कोई भुक्ति चाहता है, कोई मुक्ति चाहता है और कोई भक्ति चाहता है। मनुजीने कुछ न चाहा, बालरूपसे रामजीको गोद खिलाने और लालन-पालनका सुअवसर चाहा, ऐसी बात चाहे जिससे जगत्का कल्याण हो, अपने परलोकका भार प्रभुपर छोड़ दिया (*'पुं नाम नरकात् त्रायते पुत्रः।'* नरकसे पिताकी रक्षा करता है, इसीसे पुत्र कहलाता है), जैसी दृढ़ प्रीति

पुत्रमें होती है, वैसी दृढ़ प्रीति चाही, प्रभुसे अपना सम्बन्ध सुरक्षित किया और साथ-ही-साथ अपनी भावी संतान मनुष्यजातिके लिये अमूल्य निधि सुलभ कर गये इत्यादि सभी भाँतिसे मङ्गलमयी कामनाओंसे युक्त वचन था, इसलिये उसे अनमोल कहा।

टिप्पणी—२ (क)*'आपु सरिस खोजौं कहँ जाई।'* भगवान् यह नहीं कहते कि हमारे सदृश कोई नहीं है क्योंकि ऐसा कहनेसे अभिमान पाया जाता। आत्मश्लाघारूप दोष आरोपित होता। इसीसे कहते हैं कि अपने सदृश कहाँ जाकर ढूँढ़ूँ। (ख)*'होब मैं आई'* का भाव कि हम गर्भसे नहीं उत्पन्न होंगे, (जीवोंकी तरह रज-वीर्यसे नहीं किन्तु) तुम्हारे यहाँ आकर प्रकट होवेंगे, यथा—*'इच्छामय नरबेष सँवारे। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे॥'* [इससे जनाया कि अपने समान मैं ही हूँ। (मा० त० वि०)]

नोट—२ शुकदेवलालजी लिखते हैं कि प्रभुके इन वचनोंका अभिप्राय यह है कि 'तुमने ऐसा वर माँगा जो मेरे घरमें है ही नहीं; क्योंकि मेरी दोनों विभूतियोंमें न तो कोई मेरे समान है और न अधिक ही और मेरी विभूतिसे बाह्य कहीं कोई किञ्चिन्मात्र भी नहीं है, सर्वत्र मेरी ही विभूति है। अतः अपने समान तो मैं कहाँसे ढूँढ़कर लाऊँ। हाँ, मेरे समान मैं ही हूँ; इसलिये मैं आप ही आकर तुम्हारा पुत्र होऊँगा।' यहाँ लक्षणामूलक गूढ़ व्यंग्य है।

नोट—३ ☞यहाँ बड़े लोगोंकी रीति दिखायी कि वे अपनी बड़ाई अपने मुखसे नहीं करते। प्रभु कहते हैं कि तुमको हमारे समान ही चाहिये तो हम ही तुम्हारे पुत्र होंगे; दूसरेको कहाँ ढूँढ़ें। तुम्हारी इच्छा इतनेसे ही पूर्ण हो जायगी और हम व्यर्थ परिश्रमसे बचेंगे।

श्रीशारदाप्रसादजी—*'माँगु नृप मोही'* मुझीको माँग लो। इतनी कृपा होनेपर भी संकोच न मिटा और वे *'चाहौं तुम्हहिं सुत'* न कह सके और उन्होंने माँगा क्या—*'चाहौं तुम्हहिं समान सुत।'* भगवान्ने *'एवमस्तु'* कह दिया। राजासे माँगनेमें भूल हो गयी तो भगवान्ने देनेमें भूल कर दिखायी (**ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्**)। भगवान् कहते हैं कि *'आपु सरिस खोजहुँ कहँ जाई। नृप तव तनय होब मैं आई॥'* मेरे समान तो कोई है ही नहीं, इस कारण मैं ही तुम्हारा पुत्र होऊँगा। यह तो ठीक है। परन्तु जब राजाने *'चाहौं तुम्हहिं समान सुत'* कहा था तब भी तो भगवान्ने *'एवमस्तु'* कहा था। तो क्या अब अपने समान सुत न देंगे? भक्तके प्रेममें जल्दीमें कह दिया था, ऐसा कहके टाल देंगे कि हम ही आ गये तो हमारे समानकी अब क्या आवश्यकता है? नहीं!! प्रभुका वचन कभी अन्यथा नहीं हो सकता। वे स्वयं आये और अपने समान भरतलालजीको दिया। भरतलाल सब प्रकार श्रीरामजीके समान हैं यह मानसमें बहुत स्पष्ट शब्दोंमें मिलता है। जनकपुरमें सखियाँ आपसमें कहती हैं—*'सखि जस राम लखन कर जोटा। तैसेइ भूप संग दुइ ढोटा॥ स्याम गौर सब अंग सोहाए। ते सब कहहिं देखि जे आए॥ कहा एक मैं आजु निहारे। जनु बिरंचि निज हाथ सँवारे॥ लखन सत्रुसूदन एक रूपा। नख सिख तें सब अंग अनूपा॥'* स्वरूप तो एक समान है ही, जोड़ी भी एक समान है। *'लखन सत्रुसूदन एक रूपा।'* जब भैयाको मनाने भरतजी चित्रकूट जा रहे हैं उस समय रास्तेमें वनवासी स्त्रियाँ क्या कह रही हैं—*'कहहिं सप्रेम एक एक पाहीं। राम लखन सखि होहिं कि नाहीं॥ बय बपु बरन रूपु सोइ आली। सील सनेह सरिस सम चाली॥ बेष न सो सखि सीय न संगा। आगे अनी चली चतुरंगा॥ नहिं प्रसन्न मुख मानस खेदा। सखि संदेहु होइ एहि भेदा॥'*

तापस और राजस वेष भी जिस समानताको न छिपा सका, उसके विषयमें अधिक कहना क्या?

प्रभुने अपनेको आज *'अतिप्रसन्न' 'महादानि'* कहा है, इसकी सार्थकता किस प्रकार की है यह संक्षेपमें देख लिया जाय। *'माँगु नृप मोही'* आदेश है और *'चाहौं तुम्हहिं समान सुत'* की याचना है और प्रभु देते क्या हैं—(१) *'इच्छा मय नरबेष सँवारे। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे॥'*—भगवान् स्वयं पुत्र हुए। (२) प्रभुके समान भरतलाल हुए। (३) *'अंसन्ह सहित देह धरि ताता।'*—अंशी आप और अंश तीन भाई अवतरित हुए। (४) *'बसहु जाइ सुरपति रजधानी'*—स्वर्ग प्राप्त हुआ। (५) *'होइहहु अवध भुआल'*—चक्रवर्त्ती राज्य मिला। (६) *'आदि सक्ति जेहि जग उपजाया। सोउ अवतरिहिं मोरि यह माया॥'* —सीतादेवीका अवतार

न होता तो विवाहादिके अवसरपर जो सुख प्राप्त हुआ वह न मिलता। (७) अबतकके अवतारोंमें जो नहीं हुआ था वह इस अवतारमें करनेका वरदान देते हैं—*'करिहौं चरित भगत सुख दाता।'* ऐसा चरित करेंगे *'जेहि सुनि सादर नर बड़ भागी। भव तरिहहिं ममता मद त्यागी॥'*

इसके उपरान्त राजाने फिर जो वर माँगा था कि *'मनि बिनु फनि जिमि जल बिनु मीना। मम जीवन तिमि तुम्हहिं अधीना॥'* उसके लिये प्रभु संकेत करते हैं—*'पुरउब मैं अभिलाष तुम्हारा।'*

राजाने एक वर माँगा था, प्रभुने ढेर लगा दिया—महादानि ही तो ठहरे। राजसी स्वभाव-(अविश्वासी-) के कारण कहीं पानेके विषयमें सन्देह न करने लगें इस कारण *'सत्य सत्य पन सत्य हमारा'* कहकर भरोसा दिलाया।

ब्रह्मचारीजी—इस प्रसङ्गपर और भी कुछ भाव कहे जाते हैं। जैसे *'माँगु नृप मोही'''''''* इस भगवान्‌के श्लेषात्मक वाक्यसे भगवान्‌का यह आशय प्रकट होता है 'यदि तुम मुझे ही पुत्ररूपसे चाहते हो तो मुझे ही माँगो! संकोच न करो, इसको भी मैं दे सकता हूँ; तेरे लिये मुझे अदेय कुछ नहीं है'; ऐसे ही मनुजीने भी भगवान्‌को ही पुत्ररूपसे माँगना चाहा अर्थात् *'चाहउँ तुम्हहि सुत'* (तुम्हींको पुत्ररूपसे चाहता हूँ) यह कहना था परन्तु *'चाहउँ तुम्हहि'* इतना जैसे-तैसे कह दिया कि संकोचने दबाया तब 'समान' कहकर वाक्य पूरा किया। तात्पर्य संकोचवश अपने असली आशयको छिपाया वही आगे सूचित किया कि *'प्रभु सन कवन दुराउ'* अर्थात् यद्यपि संकोचवश मैं स्पष्ट कह नहीं सका तथापि आप अन्तर्यामी हैं, आप मेरे आन्तरिक भावको पूरा करेंगे, मेरे कथनपर न जायँगे अर्थात् स्वयं ही पुत्र होंगे। [यहाँपर यह भी एक गूढ़ भाव है कि भगवान्‌ने स्पष्टरूपसे माँगनेको कहा (*'माँगु नृप मोही'*) परन्तु मनुजीने संकोचवश स्पष्ट शब्दोंसे माँगा नहीं किन्तु अपनी चाह प्रकट किया। इन्हीं सब भावोंके कारण ही *'चाहउँ '''''''दुराउँ'* इन वचनोंको अमोल कहा है।] भगवान्‌ने जब 'एवमस्तु' कहा, तब मनुजी संशयमें पड़ गये कि 'एवमस्तु=ऐसा हो' इस भगवान्‌के कथनका क्या तात्पर्य है ? मेरी यह चाह ऐसी ही बनी रहेगी वा पूरी होगी, यदि पूरी होगी तो जो मेरे मनमें है कि भगवान् ही स्वयं पुत्र हों वह पूरा होगा वा जो मुखसे निकल गया (भगवान्‌के समान पुत्र हों) वह। भगवान्‌ने मनुजीके इन आन्तरिक संशयात्मक कष्टोंको जानकर दयापूर्वक अपने *'एवमस्तु'* वाक्यका अर्थ स्पष्ट कर दिया। इसी भावसे यहाँ *'करुनानिधि'* नाम दिया। *'बोले'* यह क्रिया देहली-दीपकके ढंगपर बीचमें दिया; अर्थात् प्रथम *'एवमस्तु'* बोले और जब मनुजी संशयमें पड़ गये तब दयासे *'आपु सरिस'''''''* इत्यादि स्पष्ट रूपसे कह दिया।'

'इस प्रसंगमें मनुजी और भगवान्‌के विषयमें जैसा कहा गया वैसा सब व्यवहारमें चरितार्थ करके दिखाया गया है। जैसे, (भगवान् अपने पुत्र हों यह) 'बड़ी लालसा' उरमें है ऐसा कहा; तो उस लालसाको अन्ततक हृदयमें ही छिपा रखा, 'जिस लालसाको अपनी कृपणतासे *'अगम'* समझकर माँगनेमें संकोच होता है' ऐसा कहा; उसपर भगवान्‌के *'सकुच बिहाइ माँगु नृप मोही'* ऐसा कहनेपर भी स्पष्ट खोलकर नहीं माँगा गया, संकोच बना ही रहा इत्यादि। भगवान्‌के विषयमें भी—*'तुम्हहि देत सुगम', 'बिबुध तरु', 'अंतरजामी', 'पुरवहु मोर मनोरथ', 'नहिं अदेय कछु', 'दानिसिरोमनि, 'दया करुना निधि'* इत्यादि (कुछ मनुजीके कथनमें, कुछ स्वयं भगवान्‌के वचनमें, तो कुछ कविके कहनेमें) उल्लेख आया है, सो पूर्णतया सब अंशोंसे अनुभवमें आया है, अन्तर्यामी होनेसे तो मनुजीके एक (मुख्य, अद्वितीय) उरकी बड़ी लालसाको जान गये और संकोचसे स्पष्टतया माँगना न बननेपर भी उनके मनोरथको पूरा करनेका स्पष्ट शब्दोंमें वचन दे दिया, और *'माँगु नृप मोही'* पर जो उन्होंने *'चाहउँ तुम्हहिं समान सुत'* कहा था, इसके लिये आगे *'अंसन्ह सहित देह धरि ताता'* कहेंगे। इस प्रकार भीतरका मनोरथ और बाहरका कथन दोनोंको पूर्ण करके अपना दानियोंमें शिरोमणि (श्रेष्ठ) होना, तथा *'देत सुगम', 'नहिं अदेय कछु', 'कृपानिधि'* आदि सब सिद्ध कर दिखाया। *'चाहउँ तुम्हहि समान सुत'* अर्थात् तुमको और (तुम्हारे) समान सुतको चाहता हूँ; ऐसा भी अर्थ हो सकता है। सम्भवतः इसीसे इस भावको भी पूर्ण करनेका भगवान्‌ने विचार किया इत्यादि।' (श्रीगंगाधर ब्रह्मचारीजी)

टिप्पणी—३ (क) *'सतरूपहि बिलोकि कर जोरें'* । राजा हाथ जोड़े खड़े हैं—*'सुनि प्रभु बचन जोरि जुग पानी॥'*, इसीसे रानी भी हाथ जोड़े खड़ी हैं। पुनः, *'अञ्जली परमा मुद्रा क्षिप्रं देवप्रसादिनी।'* हाथ जोड़नेसे देवता शीघ्र प्रसन्न होते हैं। (ख) ☞शतरूपाजीसे वर माँगनेको इसलिये कहा कि प्रथम बार राजाके वर माँगनेमें रानी भी सम्मिलित हुई थीं, यथा—*'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन। कृपा करहु प्रनतारति मोचन॥ दंपति बचन परम प्रिय लागे।'* इस बार वर माँगनेमें रानी उनके साथ सम्मिलित नहीं हुईं। जैसा (*'चाहौं तुम्हहिं समान सुत'* के *'चाहौं'* एकवचन क्रियासे तथा) आगेके इन वचनोंसे स्पष्ट है कि *'प्रभु परंतु सुठि होति ढिठाई। जदपि भगत हित तुम्हहि सुहाई॥'* इसलिये एवं इससे कि भगवान् दानिशिरोमणि हैं, उन्होंने रानीसे भी वर माँगनेको कहा। (ग) *'बिलोकि कर जोरें'* अर्थात् हाथ जोड़े हुए देखकर वर माँगनेको कहा और राजाके सम्बन्धमें कहा था कि प्रीति देखकर और अमूल्य वचन सुनकर वर माँगनेको कहा था। इसका तात्पर्य यही है कि इस बार रानी चुपचाप खड़ी रहीं, कुछ भी न बोली थीं। (घ) *'देबि मागु बरु जो रुचि तोरें।'* पुत्र होंगे, यह तो राजाहीके वरसे निश्चित हो गया। *'जो रुचि तोरें'* का भाव कि उन्होंने अपनी रुचिका वरदान माँगा, तुम अपनी रुचिका माँगो, रुचि हर एकको अपनी-अपनी होती है।

नोट—४ 'पूर्वरूप देखनेके सम्बन्धमें पृथक् वर माँगना नहीं कहा गया, यहाँ पृथक् वर माँगनेको क्यों कहा?' उत्तर यह देते हैं कि 'रूप-दर्शनमें दोनोंका सम्मत एक था, यथा—*'दंपति बचन परम प्रिय लागे'* और यहाँ मनु महाराजने *'समान सुत'* माँगा सो रामजीने समान ही होनेको कहा। महारानीको इसे भारी ढीठता समझ संशय हुआ, इसीसे वे हाथ जोड़े खड़ी रहीं। उनके हृदयकी रुचि जानकर पृथक् वर माँगनेको कहा गया।'

प्रथम *'दंपति'* ने एक ही वर माँगा था और यहाँ केवल राजाने वर माँगा है जैसा *'सकुच बिहाइ माँगु नृप मोही'* से स्पष्ट है। रानीने कुछ नहीं माँगा था। अतएव राजाको वर देकर उनसे वर माँगनेको कहा गया (प्र० सं०)। (पं० रामकुमारजी)

टिप्पणी—४ *'जो बरु नाथ चतुर नृप मागा। सोइ कृपाल......'* इति। (क) 'चतुर' का भाव कि पुत्र होनेका वर माँगकर आपके रूप और लीलाका निरन्तर आनन्द प्राप्त किया। पुनः चतुर कहा क्योंकि वर माँगनेमें बड़ी चतुरता यह की कि यह नहीं कहा कि आप हमारे यहाँ सदा बने रहें क्योंकि इस कथनसे भक्तिकी न्यूनता होती इससे यह माँगा कि आप हमारे पुत्र हों। पुत्र होनेसे सदा संयोग और प्रेम दोनों बने रह गये [बाबा रामदासजी कहते हैं कि 'चतुर' का भाव यह है कि जिसे शिवादिक मनसे देखते हैं उसको उन्होंने मेरे नेत्रोंके आगे प्रत्यक्ष खड़ा कर दिया और इतना ही नहीं किन्तु आगे जन्मभरके लिये माँग लिया कि जिससे जन्मभर देखते ही रहें, यथा—*'जीवन मरन सुनाम जैसें दसरथ राय को। जियत खेलाए राम राम बिरहँ तनु परिहरेउ।'* (दो० २२१) बैजनाथजीके मतानुसार *'चतुर'* इससे कहा कि पुत्ररूपसे प्रभुकी प्राप्तिमें वात्सल्यरसकी परिपूर्णता है। इसीके भीतर और सब रस आ जाते हैं। जैसे बालकेलिमें, हास्यविवाहमें शृङ्गार इत्यादि। श्रीजानकीशरणका मत है कि 'चतुर' शब्दमें व्यंग्य है कि सेवा तो दूर रही, स्वयं सेवा करायेंगे। वि० त्रि० लिखते हैं कि राजाने ऐसा वर माँगा जो शतरूपाजीको भी अति प्रिय है, क्योंकि इससे दोनोंका कल्याण होगा और दूसरे जन्ममें भी यह सम्बन्ध (दाम्पत्य) बना रहेगा, अतः 'चतुर' कहा।

मानस-मयङ्ककार लिखते हैं कि 'यहाँ 'चतुर' शब्द बड़ा गूढ़ है। क्योंकि राजाने कहा है कि *'सुत बिषइक तव पद रति होऊ। मोहिं बरु मूढ़ कहइ किन कोऊ॥'* इससे 'चतुर' शब्दसे यह ध्वनि निकलती है कि राजाने मूढ़तावश ऐसा वर माँगा है। यदि यह ध्वनि न होती तो राजा अपनेको मूढ़ न कहते। पुनः, इसी कारण शतरूपाने वात्सल्यरसमय भक्ति वर माँगा। दोनोंके वरमें भेद यह है

कि रानीने तो रामचन्द्रकी ओरसे वात्सल्य भाव माँगा और राजाने अपनी ओरसे पुत्र समझकर वात्सल्य भाव माँगा।' (प्र० सं०)]

(ख) *'मोहि अति प्रिय लागा'* क्योंकि राजाको तो (निरन्तर दर्शन और लीलाका आनन्द न हो सकेगा उनके आनन्दमें) अन्तर भी पड़ेगा, पर मुझे तो रातोंदिन आपके संयोगका आनन्द मिलेगा (क्योंकि प्रथम तो माताहीको पुत्रका सुख मिलता है तब कहीं पिताको। लालन-पालनका सुख तो मुझको ही अधिक मिलेगा। मेरे तो नित्य गोदमें ही रहियेगा)। (ग) *'कृपाल'* का भाव कि राजापर जो आपकी कृपा हुई वह मुझे अति प्रिय लगी। यह रानीके पातिव्रत्यकी शोभा है। (घ) *'चतुर'* और *'सोइ कृपाल मोहि अति प्रिय लागा'* कहकर राजाके वचनोंको आदर दिया; क्योंकि आगे उनके वचनमें दोष दिखाती हैं।

नोट—५ इन वचनोंसे रानीकी चतुराई झलकती है। प्रथम तो उन्होंने पतिके वचनको प्रमाणस्वरूप किया और फिर स्वयं वर माँग लिया। ऐसा न कहतीं तो कौन जानता है, राजाके सैकड़ों रानियाँ होती हैं वे किसके पुत्र कहलाते, क्योंकि राजाने तो अकेले अपनेको ही कहा था, यथा—*'चाहौं तुम्हहिं......'* *'मोहि अति प्रिय लागा'* कहकर सूचित किया कि आप हमारे पुत्र कहलायें, आप मेरे ही पुत्र हों, अन्य किसी रानीके नहीं।

प्रभु परंतु सुठि होति ढिठाई। जदपि* भगतहित तुम्हहिं सोहाई॥ ५॥
तुम्ह ब्रह्मादि जनक जग स्वामी। ब्रह्म सकल उर अंतरजामी॥ ६॥
अस समुझत मन संसय होई। कहा जो प्रभु प्रवान† पुनि सोई॥ ७॥
जे निज भगत नाथ तव अहहीं। जो सुख पावहिं जो गति लहहीं॥ ८॥

दो०—सोइ सुख सोइ गति सोइ भगति सोइ निजचरन सनेहु।
सोइ बिबेक सोइ रहनि प्रभु हमहिं कृपा करि देहु॥ १५०॥

शब्दार्थ—सुठि=अत्यन्त। रहनि=आचरण, चाल-ढाल, व्यवहार, रीतिभाँति।=लगन, प्रीति, यथा—*'जो पै रहनि राम सो नाहीं'* (इति विनये)

अर्थ—परंतु, हे प्रभो! अत्यन्त ढिठाई हो रही है यद्यपि भक्तोंके प्रेमसे आपको (यह भी) भाती है॥ ५॥ आप ब्रह्मादिके भी पिता (पैदा करनेवाले), जगत्-मात्रके स्वामी, ब्रह्म और सबके हृदयकी जाननेवाले हैं॥ ६॥ ऐसा समझनेपर मनमें सन्देह होता है। फिर भी जो प्रभुने कहा वह प्रमाण है (असत्य नहीं हो सकता)॥ ७॥ हे नाथ! जो आपके निज भक्त हैं, वे जो सुख पाते और जो गति प्राप्त करते हैं॥ ८॥ हे प्रभो! वही सुख, वही गति, वही भक्ति, वही अपने चरणोंका अनुराग, वही विवेक और वही रहनि, हमें कृपा करके दीजिये॥ १५०॥

नोट—१ *'परंतु'* शब्दसे महारानीने इस वरके माँगनेमें अपनी अरुचि प्रकट की। भाव यह है कि 'मैं न भी माँगू वा स्वीकार करूँ तो अब क्या हो सकता है, आप तो वचन दे चुके, आप अवश्य पुत्र होंगे। इसलिये अब वह वर न लेना व्यर्थ होगा।' (श्रीजानकीशरण)।

टिप्पणी—१ *'प्रभु परंतु सुठि होति ढिठाई।......'* इति। (क) सेवकमें ढिठाई (धृष्टता) होना दोष है, यथा—*'अति बड़ि मोरि ढिठाई खोरी। सुनि अघ नरकहु नाक सकोरी॥'* (२९। १) *'सो मैं सब बिधि कीन्हि ढिठाई।'* (२। २९८) (ख) *'जदपि भगत हित तुम्हहिं सोहाई'* । *'भगत हित'* का भाव कि जिस प्रकार

---

* १६६१, १७०४ और १७६२ में 'भगति' पाठ है। रा० प० मा० त० वि०, पं० में भी 'भगति' पाठ है। १७२१, छ०, को० रा० में 'भगत' पाठ है। भगत-हित=भक्तोंके लिये, भक्तोंके प्रेमसे।=भक्तहितकारी। भगति-हित=भक्तिके प्रेमसे, भक्तिके लिये, भक्तिवश। 'भगत' उत्तम जान पड़ता है।

† 'प्रमान' पाठ कुछ छपी पुस्तकोंमें मिलता है।

भक्तका हित हो वही आप करते हैं *'तुम्हहिं सोहाई'* अर्थात् आपको सुहाती है क्योंकि आप भक्तहितकारी हैं, औरोंको नहीं सुहाती। (इस कथनमें तात्पर्य 'दोषकी निवृत्ति' है, उसके लिये क्षमाकी मानो यह प्रार्थना है।) भाव कि भगवान्‌से अपने दोष अपने मुखसे कह देनेसे वे दोष क्षमा कर दिये जाते हैं। यथा—*'सीतापति रघुनाथ सों कहि सुनाउ गुन दोष। होइ दूबरी दीनता परम पीन संतोष॥'* (दोहावली) **'पापोऽहं पापकर्माहं पापात्मा पापसम्भवः। त्राहि मां पापिनं घोरं सर्वपापहरो हरे॥'** पुनः भाव कि आप सेवककी धृष्टताको स्नेह और सेवा मान लेते हैं, यथा—*'सो मैं सब बिधि कीन्हि ढिठाई। प्रभु मानी सनेह सेवकाई॥'* (२। २९०) और ऐसा मानकर प्रसन्न होते हैं। (नोट—क्या *'ढिठाई'* है सो आगे कहती हैं)। (श्रीडींगरजीका मत है कि पतिके साथ पूर्णतः सहयोग कर वर-प्राप्तिमें कुछ उनसे आगे बढ़ जाना यह मर्यादाका उल्लङ्घन *'ढिठाई'* है)।

टिप्पणी—२ *'तुम्ह ब्रह्मादि जनक जग स्वामी।……'* इति। ☞यह *'ढिठाई'* का स्वरूप दिखाती हैं। (क) ब्रह्मादिके पिता हो, यथा—*'संभु बिरंचि बिष्नु भगवाना। उपजहिं जासु अंस ते नाना॥'* (१। ४। ६) जगत्‌के स्वामी हो। भाव कि जो जगत्‌का पिता है उसको अपना पुत्र बनाना और जो जगत्‌का स्वामी है उसे पुत्ररूपसे अपना दास बनाना, यह बड़ी भारी धृष्टता है। (ख) *'ब्रह्म सकल उर अंतरजामी'* का भाव कि ब्रह्म बृहत् है, उसको छोटा करना और जो सबके हृदयके अन्दर है उसे एकदेशीय करना तथा जो सबके हृदयकी जानता है उसे अज्ञानी बनाना (अर्थात् माधुर्यमें उस ब्रह्मको अज्ञान धारण करना पड़ता है,) ऐसा करनेकी उससे प्रार्थना करना यह सब धृष्टता है।

टिप्पणी—३ *'अस समुझत मन संसय होई।'* इति। अर्थात् ब्रह्मादिके पिता और जगत्‌के स्वामीको हम अपना पुत्र बनाती हैं, ऐसा समझते ही हृदयमें संशय उत्पन्न हो जाता है। कौसल्यारूपमें भी ऐसा समझकर भयभीत हुई हैं, यथा—*'अस्तुति करि न जाइ भय माना। जगत पिता मैं सुत करि जाना॥'* (२०२। ८) भगवान्‌के पुत्र होने-(बनने-)में रानीको संशय उत्पन्न हुआ तब राजाका वर रुक गया। क्योंकि बिना रानीके अङ्गीकार किये रामजी पुत्र कैसे होंगे? नोट—यह कोई बात नहीं है। राजाओंके अनेक रानियाँ होती हैं। भगवान्‌का वचन तो असत्य हो नहीं सकता। वे न जाने कौन ऐसा दूसरा सुकृती पैदा करते। वस्तुतः यह महारानीजीकी वचनचातुरी है, इसीसे वे कहती हैं कि जो आपने कहा कि *'नृप तव तनय होब मैं आई'* यह वचन प्रमाण हैं (असत्य नहीं हो सकते) अर्थात् आप आकर पुत्र हों। ☞रानीने प्रथम पतिके वचनका मान रखा—*'जो बरु नाथ चतुर नृप माँगा। सोइ कृपाल मोहि अति प्रिय लागा॥'* और अब *'कहा जो प्रभु प्रवान पुनि सोई।'* इन वचनोंसे प्रभुके वचनोंका मान रखा।

टिप्पणी—४ *'जे निज भगत नाथ तव अहहीं।……'* इति। (क) *'निज भगत'* का भाव कि धर्म, कर्म, देव और तीर्थसेवी भी आपके सेवक कहलाते हैं, सो वे सेवक नहीं, किन्तु जो आपके 'निज भक्त' हैं वे। जैसे मनुजीने कहा कि जो स्वरूप शिवजीके मनमें एवं जो भुशुण्डिजीके मनमें बसता है वह स्वरूप हम देखें, वैसे ही रानी कहती हैं कि जो सुख इत्यादि 'निज भक्त' को मिलता है वह हमें मिले। तात्पर्य कि भगवान्‌के दिव्य गुण और रूप यथार्थ रूपमें सन्तोंको ही प्राप्त हैं इसीसे सन्तोंके-से सुख, गति आदि माँगे। इस प्रकार दोनोंने सन्तोंका ही मत माँगकर सन्तमतको सर्वोपरि दिखाया। 'निजभक्त' कहकर जनाया कि जो इस मूर्तिके अनुरागी हैं, जिनको यह छोड़ कुछ भाता ही नहीं ऐसे भक्त। (१४५। ५) भी देखिये।

टिप्पणी—५ *'सोइ सुख सोइ गति सोइ भगति……'* इति। (क) ☞*'सोइ सुख'*, यथा—*'मम गुनग्राम नामरत गत ममता मद मोह। ताकर सुख सोइ जानइ परानंद संदोह॥'* (७। ४६) *तुम्ह बिनु दुखी सुखी तुम्ह तेही। तुम जानहु जिय जो जेहि केही॥'* *'सोइ गति'*, यथा—*'तुम्हहिं छाँड़ि गति दूसर नाहीं।'* (२। १३०। ५) (बैजनाथजीका मत है कि *'सोइ सुख'*=जो सुख जीवितावस्थामें पाते हैं और *'सोइ गति'*= जो गति वे अन्तकालमें पाते हैं)। *'सोइ भगति'*, यथा—*'अबिरल भगति बिसुद्ध तव श्रुति पुरान जो गाव। जेहि खोजत जोगीस मुनि प्रभु प्रसाद कोउ पाव॥'* (७। ८४) *'सोइ निज चरन सनेहु'*,

यथा—*'पद राजीव बरनि नहिं जाहीं। मुनिमन मधुप बसहिं जिन्ह माहीं॥'* (१४८। १) *'राम चरन पंकज मन जासू। लुबुध मधुप इव तजइ न पासू॥'* (१७। ४) *'सोइ बिबेक',* यथा—*'जड़ चेतन गुन दोष मय बिस्व कीन्ह करतार। संत हंस गुन गहहिं पय परिहरि बारि बिकार॥'* (१। ६) *'अस बिबेक जब देइ बिधाता। तब तजि दोष गुनहिं मनु राता॥', 'सोइ रहनि'* यथा—*'कबहुँक हों एहि रहनि रहोंगो। श्रीरघुनाथ कृपाल कृपा तें संत सुभाउ गहोंगो॥ जथा लाभ संतोष सदा काहू सों कछु न चहोंगो। परहित निरत निरंतर मन क्रम बचन नेम निबहोंगो॥ परुष बचन अति दुसह श्रवन सुनि तेहि पावक न दहोंगो। बिगत मान सम सीतल मन पर गुन नहिं दोष कहोंगो॥ परिहरि देह जनित चिंता दुख सुख समबुद्धि सहोंगो। तुलसिदास प्रभु एहि पथ रहि अबिरल हरिभक्ति लहोंगो॥'* (विनय० १७२) *'जो पै रहनि राम सों नाहीं ......'.* (वि० १७५) ☞भाव यह है कि आप हमारे पुत्र तो हों, पर हमारे हृदयमें सेवक-सेव्य-भाव बना रहे। पुत्रस्नेहमें पड़कर हमारा विवेक जाने न पावे, हमारा रहन-सहन आपके निज भक्तोंका-सा बना रहे। (ख)*'मोहि कृपा करि देहु'* का भाव कि जैसे राजाको आपने माधुर्यका आनन्द दिया, वैसे ही मुझपर कृपा करके मुझे ऐश्वर्यका आनन्द दीजिये। (ग) ☞भक्ति और चरणस्नेह तो एक ही बात है। दोनोंमें कोई फर्क (बीच, अन्तर) नहीं है। पर यहाँ भक्ति और चरणस्नेह दोनों अलग-अलग माँगे हैं। इसमें भाव यह है कि चरणस्नेह ही माँगतीं तो उसमें नवधाका ग्रहण न होता और नवधा भक्ति ही केवल माँगतीं तो उसमें चरणोंमें स्नेहका ग्रहण न होता, पादसेवन मात्रका ग्रहण होता। अतएव दोनों माँगे। (सम्भवतः पं० रामकुमारजीका यही पाठ है।)

'हमहिं कृपा करि देहु' इति। मनुजीने ब्रह्मगिरा सुनकर जब वर माँगा तब कहा कि *'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन। कृपा करहु प्रनतारति मोचन॥'* अर्थात् दोनोंको प्रणत जनाते हुए दोनोंको कृपा करके दर्शन देनेकी प्रार्थना की। दूसरी बार *'चाहौं तुम्हहिं समान सुत'* यह कहा, तब भगवान्ने शतरूपाजीसे वर माँगनेको कहा। उन्होंने कहा—*'जो बर नाथ चतुर नृप माँगा। सो कृपाल मोहि अति प्रिय लागा॥'* शतरूपाजीने विचारा कि भगवान्के पुत्र होनेपर भी यदि भक्ति न मिली तो विशेष लाभ क्या? *'जनम गएउ हरि भगति बिनु'* यही सोचकर तो घर छोड़कर वनमें आये थे। और बिना विमल ज्ञानके भक्ति हृदयमें दृढ़ नहीं होती, यथा—*'बिमल ज्ञान जल जब सो नहाई। तब रह राम भगति उर छाई॥'* यह बड़ी भूल हुई कि राजाने ज्ञानसहित भक्ति साथ-साथ नहीं माँगी। अतः शतरूपाजीने दोनोंके लिये सोच-विचारकर ऐसा माँगा कि कुछ बाकी रह ही न गया। दोनोंके लिये वर माँगा, इसीसे *'हमहिं देहु'* कहा। राजाने जो भूल की थी उसे महारानीने इस प्रकार सुधारनेका प्रयत्न किया।

नोट—२ *'कृपा करि देहु'* का भाव कि मैं इतने पदार्थयुक्त यह वर पानेकी पात्री नहीं हूँ, आप अपनी ओरसे कृपा करके मुझे दें। भक्ति कृपासाध्य है अतः कृपा करके देनेको कहती हैं।

नोट—३ रानीने अपनी ढिठाई कहते हुए और प्रभुके वचनको प्रमाण भी करते हुए वर माँगा और वह भी कैसा? इसीपर प्रभु रीझेंगे। यहाँ वरके प्रसंगमें *'सोइ'* छः बार दोहेमें आया है। इसमें 'पुनरुक्तिप्रकाश अलंकार' है। इससे भाव अधिक रुचिकर हो गया है। पुनः, प्रत्येक वर-(सुख, गति, भक्ति इत्यादि-) के साथ यह शब्द देकर ताकीद भी जना रहा है अर्थात् और कोई सुख, गति आदि मैं नहीं चाहती, आपके निजभक्तका ही सुख, गति, भक्ति इत्यादि चाहती हूँ, ब्रह्मज्ञानी आदिका नहीं। अतएव 'वीप्सा' भी है। पुनः, रानीने जो कुछ माँगा सबके साथ 'सोइ' विशेषण दिया; क्योंकि यदि किसी एकमें भी—'सोइ' न होता तो वह संतमतसे बाहर हो जाता।

नोट—४ कुछ महानुभाव कहते हैं कि यहाँ छः पदार्थ माँगे; क्योंकि शरणागति छः प्रकारकी है। अथवा, षड्विकारके दूर करनेके लिये छः पदार्थ माँगे। अथवा, मन और पाँचों ज्ञानेन्द्रियोंको वशमें करनेके लिये छः माँगे।

नोट—५ 'निज भक्त' के लक्षण कहे वे सब सुतीक्ष्णजीमें देख लीजिये जो प्रभुके 'निज' भक्त हैं, यथा—*'देखि दसा निज जन मन भाए।'* (३। १०। १६) सुख, यथा—*'मुनिहि राम बहु भाँति जगावा। जाग न ध्यान जनित सुख पावा॥'* (३। १०। १७) गति, यथा—*'प्रभु आगमन श्रवन सुनि पावा। करत मनोरथ आतुर धावा॥'* (३। १०। ३)*'''''जाके गति न आन की॥'* (७) भक्ति, यथा—*'अबिरल प्रेम भगति मुनि पाई'॥* चरण-स्नेह, यथा—*'परेउ लकुट इव चरनन्हि लागी। प्रेम मगन मुनिबर बड़ भागी॥'* (३। १०। २१) विवेक, यथा—*'देखि कृपानिधि मुनि चतुराई। लिए संग बिहँसे दोउ भाई॥'* (३। १२। ४) रहनि, यथा—*'मन क्रम बचन रामपद सेवक। सपनेहु आन भरोस न देवक॥'* (३। १०। २) निज भगत, यथा—*'देखि दसा निज जन मन भाए॥'* (३। १०। १६)

६—जो कुछ शतरूपाजीने माँगा वह सब उनको कौसल्यातनमें प्राप्त भी हुआ है। (१५१। १—३) में देखिये।

सुनि मृदु गूढ़ रुचिर बर* रचना। कृपासिंधु बोले मृदु बचना॥ १॥
जो कछु रुचि तुम्हरे मन माहीं। मैं सो दीन्ह सब संसय नाहीं॥ २॥
मातु बिबेक अलौकिक तोरें। कबहुँ न मिटिहि अनुग्रह मोरें॥ ३॥

शब्दार्थ—रचना=गढ़न, बनावट, जिसमें विशेष चमत्कार वा युक्ति हो ऐसा वाक्य।

अर्थ—कोमल, गूढ़, सुन्दर और श्रेष्ठ वाक्यरचनाको सुनकर दयासागर (प्रभु) कोमल वचन बोले॥ १॥ तुम्हारे मनमें जो कुछ इच्छा है वह सब मैंने दी, इसमें संदेह नहीं॥ २॥ हे माता! मेरी कृपासे तुम्हारा अलौकिक ज्ञान कभी न मिटेगा॥ ३॥

टिप्पणी—१ *'सुनि मृदु गूढ़ रुचिर बर रचना''''''* ' इति। (क) वचनोंमें तीन गुण बताये। एक तो कोमल हैं, दूसरे इनमें गम्भीर आशय भरा है, तीसरे इन वचनोंकी रचना सुन्दर है। राजाके वचनमें दोष भी दिखाती हैं और उनका मान भी रखती हैं यह 'गूढ़ता' है। 'नाथ', 'कृपाल', 'भगतहित' विशेषण देकर प्रार्थना की यह मृदुता है और जितनी भी वचनकी रचना है वह सब सुन्दर है। अथवा, *'जो बरु नाथ चतुर नृप माँगा। सोइ कृपाल मोहि अति प्रिय लागा॥'* यह 'मृदु' है,*'प्रभु परंतु सुठि होति ढिठाई। जदपि भगतहित तुम्हहि सोहाई॥ तुम्ह ब्रह्मादि जनक जग स्वामी। ब्रह्म सकल उर अंतरजामी॥ अस समुझत मन संसय होई। कहा जो प्रभु प्रवान पुनि सोई॥'* यह 'गूढ़' है, और*'जे निज भगत नाथ तव अहहीं। जो सुख पावहिं जो गति लहहीं॥ '* इत्यादि 'रुचिर' हैं। (ख) ☞राजाको जब वर दिया ,तब*'करुनानिधि'* विशेषण दिया था—*'एवमस्तु करुनानिधि बोले'* इसी तरह जब रानीको वर दिया तब *'कृपासिंधु बोले'* ऐसा कहा। इस प्रकार दोनोंपर भगवान्‌की एक-सी कृपा दिखायी।

वि० त्रि०—वचर्न-रचना विनीत होनेसे मृदु, गम्भीरार्थक होनेसे गूढ़ और श्रवण-सुखद होनेसे रुचिर थी। गम्भीरार्थक इसलिये कहा कि पुत्ररूपसे प्रभुकी प्राप्तिसे जिन छः बातोंमें कमी पड़नेका भय है उनको माँगती हैं।

श्रीबैजनाथजी—'भक्तहित आपको देना सुहाता है, पर माँगनेमें ढिठाई होती है ये मृदु हैं। गूढ़ आशय यह है कि रानीने विचारा कि राजाने जो वरदान माँगा वह कर्मकाण्ड देशमें है, मायाकृत विघ्नोंसे रक्षा करनेकी तो कोई बात माँगी नहीं सो माँग लेनी चाहिये। भक्तिके अनेक अङ्ग बटोरकर एकवचनमें कह देना भक्तियुक्त (वर)रचना है।'

नोट—१ *'कृपासिंधु बोले'* इति। महारानीजीने कहा था कि *'हमहि कृपा करि देहु',* अतएव यहाँ *'कृपासिंधु बोले'* कहकर 'कृपा करके' बोलना जनाया।

---

*बर—१६६१, छ०, को० रा०, श्रीनंगेपरमहंसजी। बच—१७०४, १७२१, १७६२। भक्तियुक्त—वै०। १६६१ में 'च' पर हरताल देकर 'र' बनाया है। बच=बचन।

टिप्पणी—२ *'जो कछु रुचि तुम्हरे मन माहीं।......।'* (क) *'देबि माँगु बरु जो रुचि तोरें'* उपक्रम है और *'जो कछु रुचि तुम्हरे ....'* यह उपसंहार है। *'मन माहीं'* से यह भी जनाया कि जो तुम नहीं कह पायी हो पर तुम्हारे मनमें है वा जो भाव तुम्हारे मनमें है, पर तुम ठीकसे नहीं कह पायी हो वह सब भी मैं देता हूँ। (ख) बहुत चीजें माँगी, मिलनेमें संशय होता है, इसीसे कहते हैं कि *'मैं सो दीन्ह सब'* इसमें *'संसय नाहीं'*। जैसे राजाने संशय किया था, यथा—*'तथा हृदय मम संसय होई';* वैसे ही रानीके हृदयमें संशय न उत्पन्न हो कि यह सब गुण हमें कैसे मिलेंगे, (मिलेंगे वा नहीं), यह विचारकर भगवान्‌ने प्रथम ही कह दिया कि *'संसय नाहीं'*। 'संशय नहीं' कहकर संशयकी उत्पत्ति रोक दी। [राजाने संदेह किया था, इससे भगवान्‌को उन्हें पहले समझाना पड़ा था कि संकोच न करो, हम सब कुछ दे सकते हैं, भक्तके लिये कुछ भी अदेय नहीं है। इतनेपर भी राजाका संकोच पूर्णरूपसे न मिटा था। इसीलिये यहाँ प्रथम ही संशय मिटा देते हैं जिसमें फिर इन्हें भी समझाना न पड़े]

टिप्पणी—३ *'मातु बिबेक अलौकिक तोरें।......'* इति। भाव कि रानीने विवेककी बात कही थी कि *'तुम्ह ब्रह्मादि जनक जग स्वामी। ब्रह्म सकल उर अंतरजामी॥ अस समुझत मन संसय होई।',* इस बातपर भगवान् प्रसन्न हो गये और उनकी अनुग्रह इनपर हुई। इसीसे कहते हैं कि *'मातु बिबेक ....अनुग्रह मोरें।'* अथवा, रानीने विवेकसे वर माँगा, इसीसे विवेक सदा बना रहनेका आशीर्वाद दिया।

[भगवान् जानते हैं कि रामावतारके पिताजीका मरण तो तापस-शापके कारण रामवनगमन विरह-निमित्त ही होता है। यदि उनको रामरहस्यका ज्ञान रहेगा तो मरण असम्भव होगा। अतः उनको ज्ञान और ऐश्वर्यज्ञानयुक्त भक्ति देना सम्भव नहीं, इसीसे भगवान् वर भी बड़ी युक्तिसे देते हैं। कहते हैं *'जो कछु रुचि......मैं सो दीन्ह।'* 'आपने जो माँगा वह मैंने दिया वा एवमस्तु' नहीं कहा। *'तुम्हरे मन माहीं'* का भाव कि आप दोनोंके मनकी रुचि भिन्न-भिन्न है अतः जो रुचि जिसके मनमें है वही मैंने दिया। पर इससे यह निश्चित न हुआ कि रानीको क्या दिया। अतः रानीके लिये स्पष्ट कह देते हैं कि *'मातु बिबेक अलौकिक तोरें। कबहुँ न मिटिहि अनुग्रह मोरें॥'* *'तोरें'* एकवचन माताके लिये है, 'तुम्हारें' दोनोंके लिये है।

गोस्वामीजीकी सावधानता देखिये। *'मातु'* कहकर प्रथम शतरूपाको ही सम्बोधित किया। राजाको वर देते समय 'पितु' (वा तात) नहीं कहा; किंतु नृप कहा, यथा—*'नृप तव तनय होब मैं आई॥'* कारण कि पुत्रजन्मका ज्ञान और आनन्द प्रथम माताको होता है तब पिताको। रामजन्मकालमें भी ऐसा हुआ है। इस व्यावहारिक क्रमका भंग मानसमें कहीं नहीं हुआ है। उदाहरण—वन्दना-प्रकरणमें प्रथम कौसल्यामाताकी वंदना करके कहा—*'प्रगटेउ जहँ रघुपति ससि चारू।'* हनुमान्‌जीको प्रथम माता श्रीजानकीजीने सुत कहा, तब रघुनाथजीने। सुं० (१६। ६), (३२। ७) देखो। मर्यादापुरुषोत्तमके चरित्रमें लोक-वेद-शास्त्रकी मर्यादाका भंग अन्य रामायणोंमें तो हुआ है, पर मानसमें ऐसा कहीं नहीं हुआ। (शृङ्खलाके लिये दो० १५० देखिये)]

नोट—२ *'मातु बिबेक अलौकिक तोरें। कबहुँ न मिटिहि अनुग्रह मोरें॥'* इति। (क) *'माता'*—रानीने सन्देह किया कि जो ब्रह्मादिके भी पिता और जगत्‌भरके स्वामी हैं वे पुत्र कैसे होंगे, इसके निवारणार्थ *'मातु'* कहकर सम्बोधन किया। भाव यह कि अवतार तो समयपर ही होगा, परंतु तुमको हमने माता अभीसे मान लिया, सन्देह न करो। (वै०) (ख) रानीने छः पदार्थ माँगे, उनमेंसे 'विवेक' भी एक है। 'विवेक' के लिये कहा कि यह कभी न मिटेगा। इससे यह न समझें कि और सब मिट जायँगे। रानीके विवेकपर प्रभु प्रसन्न हुए क्योंकि ये वर उन्होंने विवेकसे माँगे हैं, उनका सब वचन विवेकमय है, इसीपर प्रभुने प्रसन्न होकर यह कहा कि हम तुमको अपनी ओरसे 'अलौकिक' विवेक देते हैं जो हमारी कृपासे न मिटेगा। 'अलौकिकता' अपनी ओरसे कृपा करके दी। *'न मिटिहि अनुग्रह मोरें'* में यह भी ध्वनि है कि जब हमारी (लीलाहेतु) इच्छा होगी तब मिट भी जायगा। यदि यह न कहते तो विरोध पड़ जाता, क्योंकि उनका ज्ञान मिट भी गया है यथा—*'माता पुनि बोली सो मति डोली।'* (१। १९२) *'अब*

जनि कबहूँ ब्यापै प्रभु मोहि माया तोरि॥' (२०२) अर्थात् काल-कर्मादि इस विवेकको न मिटा सकेंगे। जब मिटेगा तब हमारी कृपा और इच्छासे ही मिटेगा। (ग) अलौकिक विवेक यह कि हमारे ऐश्वर्यको कभी न भूलोगी। यही कारण है कि समय-समयपर ऐश्वर्य दिखाकर उस विवेकको प्रभुने स्थिर रखा।

मा० त० वि०—कार कहते हैं कि माता कौसल्याका विवेक बराबर अखण्ड नहीं पाया जाता जैसा *'सो मति डोली'* और *'मति भ्रम मोर……।'* (२०१। ७) इत्यादिसे स्पष्ट है। अतएव यहाँ भाव है कि जिस समय मैं अनुग्रह करूँगा उस समयसे तुम्हारा अलौकिक विवेक बना रहेगा। इसीसे प्रभुने *'देखरावा मातहि निज अद्भुत रूप अखण्ड।……।'* (२०१) उस अनुग्रहके बादसे अखण्ड विवेक पाया जाता है।

बैजनाथजी लिखते हैं कि 'लौकिक ज्ञान वह है जो शम-दमादि साधनोंद्वारा लोग प्राप्त करते हैं। इसमें विषय बाधक होता है—*'मुनि बिज्ञानधाम मन करहिं निमिष महँ छोभ।'* (३। ३८) जरा चूके कि विषयोंने आ दबाया। जीव अल्पज्ञ है, उसे एकरस ज्ञान नहीं रह सकता, यथा—*'ज्ञान अखंड एक सीताबर॥……जौ सबके रह ज्ञान एकरस। ईश्वर जीवहि भेद कहहु कस॥'* (७। ७८) इसीसे प्रभु कहते हैं कि हमारे अनुग्रहसे तुमको अलौकिक ज्ञान बना रहेगा। अलौकिक अर्थात् एकरस ज्ञान।

वि० त्रि०—लौकिक विवेक शास्त्रजन्यज्ञानविषयक है। पर अलौकिककी बात दूसरी है। महाराज दशरथने लौकिक विवेकसे काम लिया। यथा—*'तुलसी जानेउ दसरथहि धरमु न सत्य समान।' 'रामु तजे जेहि लागि बिनु रामु परिहरे प्रान॥'* (दो० २१९) परंतु माता कौसल्याका अलौकिक विवेक सुनिये।—*'वारौं सत्यबचन श्रुतिसंमत जाते हौ बिछुरत चरन तुम्हारे॥ बिनु प्रयास सब साधनको फल प्रभु पायो सो तो नाहिं सँभारे। हरि तजि धरमसील भयो चाहत नृपति नारि बस सरबस हारे॥ रुचिर काँच मनि देखि मूढ़ ज्यों करतल तें चिंतामनि डारे। मुनि लोचन चकोर ससि राघव सिव जीवन धन सोउ न बिचारे॥'* (गी० अ० २)

नोट—३ श्रीशतरूपाजीने यह वर माँगा कि—*'जे निज भगत नाथ तव अहहीं। जो सुख पावहिं जो गति लहहीं॥ सोइ सुख१ सोइ गति२ सोइ भगति३ सोइ निज चरन सनेहु४। सोइ बिबेक५ सोइ रहनि६ प्रभु हमहि कृपा करि देहु॥'* (१५०) श्रीकौसल्यारूपमें ये सब उनको प्राप्त हुईं, यथा—

(१) *सोइ सुख—'भरीं प्रमोद मातु सब सोहीं॥ पावा परम तत्व जनु जोगी। अमृत लहेउ जनु संतत रोगी॥ जनम रंक जनु पारस पावा। अंधहि लोचन लाभु सुहावा॥ मूक बदन जनु सारद छाई। मानहु समर सूर जय पाई॥'* (दो०)—*'एहि सुख ते सतकोटि गुन पावहिं मातु अनंदु।'* (३५०) *'दिये दान बिप्रन्ह बिपुल पूजि गनेस पुरारि। प्रमुदित परम दरिद्र जनु पाइ पदारथ चारि॥'* (३४५) *'लछिमन अरु सीतासहित प्रभुहि बिलोकति मातु। परमानंद मगन मन पुनि पुनि पुलकित गातु॥'* (उ० ७)

(२) *सोइ गति—'जिन्ह रघुनाथ चरन रति मानी। तिन्ह की यह गति प्रगट भवानी॥'* (२००। २) *'निगम नेति सिव अंत न पावा। ताहि धरै जननी हठि धावा॥'* (२०३। ७) मोद प्रमोद बिबस सब माता। चलहिं न चरन सिथिल भये गाता ॥ राम दरस हित अति अनुरागीं। ……चलीं मुदित परिछन करन पुलक प्रफुल्लित गात।' (३४६) *'कौसल्यादि मातु सब धाईं। निरखि बच्छ जनु धेनु लवाईं॥'* (७। ६)

(३) *सोइ भगति—'कबहुँ उछंग कबहुँ बर पलना। मातु दुलारइ कहि प्रिय ललना॥ ब्यापक ब्रह्म निरंजन निर्गुन बिगत बिनोद। सो अज प्रेम भगति बस कौसल्या के गोद॥'* (१९८)

(४) *सोइ निज चरन सनेहु—'लै उछंग कबहुँक हलरावे। कबहुँ पालने घालि झुलावे॥ प्रेम मगन कौसल्या निसिदिन जात न जान। सुत सनेह बस माता बालचरित कर गान॥'* (२००) *'कौसल्यादि राम महतारी। प्रेम बिबस तन दसा बिसारी॥'* (३४३। ८) *'तन पुलकित मुख बचन न आवा। नयन मूँदि चरनन्हि सिरु नावा॥'* (२०२। ५)।

(५) *सोइ बिबेक—'माया गुन ग्यानातीत अमाना बेद पुरान भनंता।' 'उपजा जब ग्याना प्रभु मुसुकाना……'* तक (१९२ छं०) *'बार बार कौसल्या बिनय करइ कर जोरि। अब जनि कबहूँ ब्यापै प्रभु मोहि माया तोरि॥'* (२०२) *'कौसल्या कह दोसु न काहू। करम बिबस दुख सुख छति लाहू॥……ईस रजाइ सीस सबही

कें। उत्पति थिति लय बिषहु अमी कें॥ देबि मोह बस सोचिअ बादी। बिधिप्रपंच अस अचल अनादी॥ भूपति जिअब मरब उर आनी। सोचिअ सखि लखि निज हित हानी॥' (२। २८२) पुत्रमें परमेश्वर भाव रखना यह अलौकिक विवेक है।

(६) *सोइ रहनि*— कौसल्याजीका सारा चरित निजभक्तकी रहनी है। उदाहरण—*'प्रेम मगन कौसल्या निसि दिन जात न जान। सुत सनेह बस माता बालचरित कर गान॥'* (२००)

बंदि चरन मनु कहेउ बहोरी। अवर एक बिनती प्रभु मोरी॥ ४॥
सुत बिषैक* तव पद रति होऊ। मोहि बड़† मूढ़ कहै किन कोऊ॥ ५॥
मनि बिनु फनि जिमि जल बिनु मीना। मम जीवन मिति‡ तुम्हहिं अधीना॥ ६॥

शब्दार्थ—**अवर**=और भी। **बिषैक**=विषयक=विषयका।=सम्बन्धी। **फनि** (सं० फणि)=सर्प। **मिति**=सीमा, नाप, तोल।

अर्थ—चरणोंमें प्रणाम करके मनु महाराज फिर बोले—हे प्रभो! मेरी एक और भी प्रार्थना है॥ ४॥ आपके चरणोंमें मेरी प्रीति पुत्र-सम्बन्धी हो, चाहे मुझे क़ोई बड़ा मूढ़ ही क्यों न कहे ?॥ ५॥ जैसे बिना मणिके सर्प और बिना जलके मछली, वैसे ही मेरे जीवनकी सीमा आपके अधीन रहे॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) *'बंदि चरन मनु कहेउ बहोरी।……'* इति। दो बार वर माँगा और दोनों बार वंदन किया, यथा—*'बोले मनु करि दंडवत प्रेम न हृदय समात'* और *'परेउ दंड इव गहि पद पानी॥ धरि धीरज बोले मृदु बानी॥'* अब फिर वर माँगते हैं, जैसा आगेके *'अस बरु माँगि चरन गहि रहेऊ'* से स्पष्ट है, इसीसे पुनः चरणोंकी वन्दना की। (ख) *'सुत बिषैक तव पद रति होऊ'* इति। राजाने पुत्र होनेका वर माँगा था; इसीसे अब वे ऐश्वर्य नहीं माँगते। (*'सुत बिषैक'* अर्थात् आपके चरणोंमें हमारा प्रेम हो पर इस तरहका हो जैसे पिताका पुत्रपर, आपमें पुत्रभावसे प्रेम हो, स्वामीभावसे नहीं।) (ग) *'मोहि बड़ मूढ़ कहै किन कोऊ'* इति। (इस भावमें) मूढ़ कहे जानेकी योग्यता है अर्थात् यह बात ऐसी है कि राजाको लोग अवश्य मूढ़ कहेंगे कि ईश्वरको पाकर भी इनको ज्ञान नहीं है, ये भगवान्‌को पुत्र मानते हैं। यथा—*'अस्तुति करि न जाइ भय माना। जगतपिता मैं सुत करि जाना॥'* (२०२। ७) ईश्वरको जो न जाने वह मूढ़ है, यथा *'ते किमि जानहिं रघुपतिहि मूढ़ परे तम कूप॥'* (७। ७३) और जो ईश्वरको पाकर भी उसे न जाने उसमें ईश्वरभाव न माने वह 'बड़ा मूढ़' है। (घ) *'किन कोऊ'* का भाव कि 'राजा बड़ा मूढ़' है यह कहे जानेका हमें किंचित् भय वा संशय नहीं है। आपके चरणोंमें स्नेह हो, हम बड़े मूढ़ भले ही कहे जायँ। भाव कि बड़े ज्ञानी हुए और चरणोंमें अनुरक्ति न हुई तो अच्छा नहीं है और मूढ़ कहाते रहें पर आपके चरणोंमें प्रेम रहे यह अच्छा है, यथा—*'करइ स्वामिहित सेवक सोई। दूषन कोटि देइ किन कोई॥'* (२। १८६) [वाल्मीकीयमें श्रीविश्वामित्रजीने श्रीदशरथ महाराजको ऐसा कह ही डाला है जैसा उनके **'न च पुत्रगतं स्नेहं कर्तुमर्हसि पार्थिव॥ १३॥ अहं ते प्रति जानामि हतौ तौ विद्धि राक्षसौ। अहं वेद्मि महात्मानं रामं सत्यपराक्रमम्॥ १४॥ वसिष्ठोऽपि महातेजा ये चेमे तपसि स्थिताः।'** (वाल्मी० १। १९) अर्थात् वे दोनों राक्षस रामचन्द्रके हाथसे अवश्य मारे जायँगे। सत्यपराक्रमी रामको मैं जानता हूँ और वसिष्ठ आदि ये तपस्वी-तेजस्वी सब ऋषि जानते हैं—इस ध्वनिसे सूचित हुआ कि तुम अज्ञानान्धकारमें पड़े हो, तुम नहीं जानते कि ये तो ब्रह्माण्डमात्रके माता-पिता-स्वामी हैं।]

प० प० प्र०—मनुजीने भगवान्‌के वचनोंका मर्म जान लिया, अतः वे अपने मनकी रुचि प्रकट करके कह देते हैं। *'राम सदा सेवक रुचि राखी'*—इसमें अपवाद केवल एक हुआ है और वह है अङ्गदके सम्बन्धमें, पर वहाँ नैतिक कर्तव्य-पालनमें वैसा ही करना पड़ा। (७। १८-१९) में देखिये।

---

* बिषैक—१६६१, १७०४, रा० प०। बिषइक—पाठान्तर। † बरु—पाठान्तर। ‡ मिति—१६६१, १७०४, १७२१, १७६२, छ०। तिमि—को० रा०।

नोट—१ बैजनाथजी लिखते हैं कि जब राजाने देखा कि रानीने पुत्र तो माँगा ही और साथ ही अनन्य भक्ति भी, ईश्वरभावका स्नेह, निज भक्तोंकी रीति, रहनी और अलौकिक विवेक इत्यादि सोना और सुगन्ध भी, मीठा और वह भी कठौता भर कि वह सब विवेक आदि सदा एकरस बने रहें—तब उन्होंने विचार किया कि यद्यपि प्रभु हमको पुत्ररूपसे प्राप्त हुए तथापि जीवकी अल्पज्ञतामें कहीं ऐसा न हो कि किसी समय हमारा प्रेम इनमें कम हो जाय, इसलिये फिर वर माँगते हैं। *'बड़ मूढ़ कहै'* का भाव कि चाहे कोई कहे कि ये बड़े अज्ञानी हैं कि ईश्वरमें पुत्रभाव रखते हैं, मुझे इस कथनमें किंचित् भी संकोच न हो।

नोट—२ ☞यहाँ यह उपदेश मिलता है कि प्रभुमें किसी-न-किसी भावसे किसी प्रकार भी लग जाना चाहिये। उस भावमें, उस प्रयत्नमें, लोकमें निन्दा भी हो तो भी उसपर कान न देकर अपनी भावनामें, अपनी निष्ठामें दृढ़ रहे। (करु०)

मा० म०—कारका मत है कि 'राजाने सोचा कि रानीने व्यङ्गसे हमें 'चतुर' कहा। इनको हमारा वर (केवल माधुर्यरसका) अच्छा न लगा, इसीसे इन्होंने हमसे पृथक् दूसरा वर माँगा। 'मूढ़' तो हम बन ही चुके, अब हम उसीमें दृढ़ रहेंगे। कटाक्ष तो हो ही चुका, अब हम अपनी धारणासे क्यों हटें ? शतरूपाजी चाहती हैं कि पुत्र होते हुए भी हम उन्हें जगतत्पिता समझें और राजाने माँगा कि पुत्र ही समझते रहें'—(स्नेहलताजी)।

श्रीगङ्गाप्रताप डींगरजी लिखते हैं कि मनु महाराजको पहले भगवान्‌के साक्षात् दर्शनकी अभिलाषा हुई। साक्षात् दर्शन प्राप्त होनेपर वे रूपमाधुरीपर मुग्ध हो गये और उनके हृदयमें यह लालसा उत्पन्न हुई कि बस ऐसे दर्शनोंका सौभाग्य सदा बना रहे। इस विचारसे उन्होंने प्रभुके सदृश पुत्र माँगा। मुग्धताके कारण पुत्रका वर माँगते समय उनके हृदयमें कोई और विचार न था। महारानीजी यह सब देख-सुन रही थीं परन्तु वे इतनेमें सावधान हो चुकी थीं। उन्होंने विचार किया कि महाराजने वर तो यथार्थ माँगा परन्तु केवल पुत्र होनेका माँगा, भक्ति माँगनेको भूल गये। अतः जब भगवान्‌ने उनसे वर माँगनेको कहा तब उन्होंने महाराजके वचनोंका समर्थन किया और भगवान्‌के वचनोंके अनुसार कि जब वे ही पुत्ररूपसे अवतरित होनेको हैं, उन्होंने भक्तोंकी-सी रहनी, सहनी इत्यादि भी माँगी। तब महाराजको होश हुआ कि वर माँगनेमें हमसे थोड़ी भूल हो गयी, अतः उन्होंने अपनेको मूढ़ कहकर प्रभुमें सत्य प्रेम होनेका वर माँगा, जिसमें पुनरागमन न हो। इसीसे कविने वन्दना करते हुए कहा है *'बंदौं अवध भुआल सत्य प्रेम जेहि राम पद।......'* यहाँ किसीके वचनोंमें न कोई चातुरी है और न व्यङ्ग ही; भगवान्‌के सामने ये सब कैसे रह सकते हैं?

विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि ''स्मरण रहे कि पुत्र-भाव रखते हुए दशरथजीने श्रीरामचन्द्रजीके चरणोंमें अटल प्रीति रखी जो लोक-व्यवहारकी दृष्टिसे अनुचित-सी देख पड़ती है। परन्तु उन्होंने उसे पूर्णरूपसे निबाहा जिसका उदाहरण गोस्वामीजीने यथायोग्य दर्शाया है कि *'मीन काटि जल धोइए खाए अधिक पियास। रहिमन प्रीति सराहिए मुएहु मीतकी आस॥'*

दशरथजीका ठीक ऐसा ही हाल हुआ उन्होंने रामचन्द्रजीके वनवासी होते ही प्राण त्याग दिये, फिर भी मुक्त न हो पुत्र-भाव रखते हुए ही स्वर्गमें निवास किये रहे। निदान रावण-वधके पश्चात् फिर आकर श्रीरामचन्द्रजीके दर्शनकर मुक्त हुए। इस प्रकारसे उन्होंने प्रीति निबाही क्योंकि परमात्मा ही पुत्ररूपसे अवतरे थे।''

[☞पुत्र-भाव रहते हुए भी भगवान्‌के चरणोंमें उनका प्रेम रहा यह बात भी मानसमें चरितार्थ हुई देख पड़ती है। यथा—*'मोरे गृह आवा प्रभु सोई।'* (१९३। ५) *'सुमिरि राम गुर आयेसु पाई। चले महीपति संख बजाई॥'* (३०२। ३) *'अस कहि गे बिश्राम गृह राम चरन चितु लाइ॥'* (३५५) उनका प्रेम श्रीरामजीमें ऐसा था कि शरीर त्याग करनेपर स्वर्गमें सब प्रकार इन्द्रद्वारा सम्मानित होनेपर भी वे श्रीराम

बिना सुखी न थे, जैसा वाल्मी० ६। १२२। १३ में उनके वचनसे स्पष्ट है। यथा—'**न मे स्वर्गो बहुमतः सम्मानश्च सुरर्षिभिः। त्वया राम विहीनस्य सत्यं प्रतिशृणोमि ते॥**' (१३ वाल्मी० ६। १२२) अर्थात् हे राम! मैं सत्य-सत्य कहता हूँ कि तुम्हारे वियोगसे युक्त मुझको स्वर्गमें रहना जिसे देवर्षि बड़ी भारी वस्तु समझते हैं, तुम्हारे सहवासके समान सुखदायी नहीं मालूम होता।]

नोट—३ '*मनि बिनु फनि जिमि जल बिनु मीना*' इति। (क) राजाने चरणोंमें प्रेम माँगा। किस प्रकारका प्रेम चरणोंमें हो यह अब कहते हैं। जैसे मणिके बिना सर्प और जैसे जलके बिना मछली नहीं रहती वैसे ही मेरा जीवन आपके अधीन रहे अर्थात् आपके बिना मैं न जिऊँ। (ख) भगवान्‌की इच्छासे मनुजीने दो दृष्टान्त दिये। फणि-मणिके दृष्टान्तसे भगवान्‌के बिना व्याकुल रहें, मृत्यु न हो, यथा—'*मनि लिये फनि जियै, ब्याकुल बिहाल रे॥*' (वि० ६७) यह दृष्टान्त जनकपुर जानेमें चरितार्थ हुआ। विश्वामित्रके साथ भगवान्‌के जानेपर राजा व्याकुल रहे पर मरे नहीं। मरे हुएके समान रहे, यथा—'*सुत हिय लाइ दुसह दुख मेटे। मृतक सरीर प्रान जनु भेंटे॥*' (३०८। ४) दूसरा दृष्टान्त '*जल बिनु मीन*' का है। जल बिना मछली जीती नहीं रह सकती। यह दृष्टान्त वनयात्रामें चरितार्थ हुआ। (ग) प्रथम वियोग विश्वामित्रके संग जानेमें हुआ; इसीसे प्रथम फणि-मणिका दृष्टान्त दिया। दूसरा वियोग पीछे वनयात्रा होनेपर हुआ; इसीसे जल-मीनका दृष्टान्त पीछे कहा। इस तरह दोनों दृष्टान्त क्रमसे कहे गये। यह वर प्रभुकी इच्छासे माँगा गया, क्योंकि लीलामें राजाको दो बार वियोग होना है। (पं० रामकुमारजी) (घ) बैजनाथजी लिखते हैं कि '*मनि बिनु फनि"""मीना*' का भाव यह है कि जैसे मणि सर्पके भीतर और जल मछलीके बाहर रहता है तथा मेरी प्रीति भीतर-बाहर दोनों रहे। वा, जैसे सर्प स्व-इच्छित मणिका वियोग सह सकता है, वैसे मैं स्व-इच्छित सह सकूँ और जैसे मीन जलके बिछुड़ते ही मर जाती है, वैसे ही वियोग होनेपर मैं प्राण त्याग सकूँ।' (ङ) श्रीजानकीशरणजी कहते हैं कि मछली अपनी इच्छासे जलके बाहर नहीं होती, वैसे ही राजा भी रामरूपजलसे अपनी इच्छासे अलग न होंगे, कैकेयी मल्लाहिन बाहर निकालेगी।

अस बरु माँगि चरन गहि रहेऊ। एवमस्तु करुनानिधि कहेऊ॥ ७॥
अब तुम्ह मम अनुसासन मानी। बसहु जाइ सुरपति रजधानी॥ ८॥

सो०—तहँ करि भोग बिसाल* तात गएँ कछु काल पुनि।
होइहहु अवध भुआल तब मैं होब तुम्हार सुत॥ १५१॥

अर्थ—ऐसा वर माँगकर (मनुजी प्रभुके) चरण पकड़कर रह गये। करुणानिधान भगवान्‌ने 'एवमस्तु' (ऐसा ही हो) कहा॥ ७॥ (फिर भगवान् बोले कि) अब तुम मेरी आज्ञा मानकर इन्द्रकी राजधानी-(अमरावती-) में जाकर निवास करो॥ ८॥ हे तात! वहाँ बहुत सुख भोग करके कुछ काल बीतनेपर फिर तुम अवधके राजा होगे, तब मैं तुम्हारा पुत्र होऊँगा॥ १५१॥

टिप्पणी—१ '*अस बरु माँगि चरन गहि रहेऊ*' इति। ☞इस समय तीन बार पदवन्दन दिखाया है। तीन बार वन्दनामें क्रमसे वचन, मन और तन (कर्म) दिखाया है '*बंदि चरन मनु कहेउ बहोरी*' यह वचन है, '*सुत बिषैक तव पद रति होऊ*' यह मन है और '*अस बरु माँगि चरन गहि रहेऊ*' यह तन है। तात्पर्य कि राजाकी भगवान्‌के चरणोंमें मन-वचन-कर्म तीनोंसे प्रीति है। यह तीन बार पदवन्दनका भाव है। ☞भगवान्‌के तीनों बार वर देनेमें वक्ताओंने भगवान्‌को कृपानिधान वा करुणानिधान विशेषण दिया है, यथा—'*भगत बछल प्रभु कृपानिधाना। बिस्वबास प्रगटे भगवाना॥*' (यह प्रथम बारकी प्रार्थनापर कृपा करके दर्शनरूपी वर दिया), '*एवमस्तु करुनानिधि बोले*' (यह दूसरी बार जब पुत्र होनेका वर माँगा तब करुणा करके वर दिया) और '*एवमस्तु करुनानिधि कहेऊ*' (यह अन्तिम बार सुतविषयक

* पाठान्तर—बिलास।

प्रेम माँगनेपर भी करुणा करके वर दिया)। इसका तात्पर्य यह है कि भगवान्‌की अपने दास (मनुजी) पर आदिसे अन्ततक एकरस कृपा बनी हुई है। [जो माँगा वह सब देनेकी इच्छा है अतः 'एवमस्तु' कहा। शतरूपाजीने दोनोंके लिये माँगा और वह सब देना अनुचित था, अतः वहाँ 'एवमस्तु' नहीं कहा। तुलसीदासजीकी काव्यकला शब्दलाघवमें अर्थ गाम्भीर्ययुक्त है।' (प० प० प्र०)]

(चरण पकड़े रह जानेमें भाव यह है कि यह वर लेकर ही मानेंगे। वि० त्रि०)

टिप्पणी—२ '*अब तुम्ह मम अनुसासन मानी।*.......' इति। (क) '*अनुसासन मानी*' का भाव कि राजाके मनमें इन्द्रलोकमें बसनेकी वासना नहीं है। कैसे मालूम हुआ कि नहीं है? इस तरह कि प्रथम ब्रह्मा-विष्णु-महेश तीनों आये, अपना-अपना लोक देते रहे पर ये ऐसे वैराग्यवान् कि (इन्होंने उस सुखको तुच्छ मानकर) उसकी इच्छा न की। '*प्रभु सर्बग्य दास निज जानी। गति अनन्य तापस नृपरानी॥*' (भगवान् इस बातको जानते हैं) इसीसे भगवान्‌ने कहा कि हमारी आज्ञा मानकर इन्द्रलोकमें जाकर रहो। '*राम रजाइ सीस सब ही के।*' स्वामीकी आज्ञा है; अतः उसे मान लिया। (ख) इन्द्रलोकमें निवास करानेका भाव कि राजाने ब्रह्मलोक, विष्णुलोक और शिवलोकको लेना स्वीकार नहीं किया था (इससे वहाँ भेजना उचित न था। वहाँ जानेको कहते तो इनको संकोच होता।) अतएव वहाँ वास करनेको न कहा। पुनः भाव कि भगवान्‌ने प्रसन्न होकर इनको दर्शन दिया, पुत्ररूपसे इनके यहाँ अवतार लेकर सुतविषयक सुख देनेका वरदान दिया। पर इतना देनेपर भी भगवान्‌को संतोष न हुआ, क्योंकि राजाने भगवान्‌को छोड़कर और कुछ भी पदार्थ न माँगा—'*निज करतूति न समुझिअ सपनें। सेवक सकुच सोचु उर अपने॥*' (२। २९९) (अहा! क्या सुन्दर अनुपम स्वभाव सरकारका है!! बलिहारी, बलिहारी!!)। इसीसे इन्द्रलोकमें निवास करनेको कहा। इन्द्रलोकमें भोग-विलास बहुत है। भगवान्‌की आज्ञासे सुरपति-राजधानीमें बसनेसे सुरपति आदि सभी देवता इनकी सेवा करेंगे इनको तपका फल भी कुछ-न-कुछ भोग कराना भगवान्‌को मंजूर है। [किसीका मत यह भी है कि यहाँ भगवान्‌ने वेदमर्यादाकी रक्षा भी की है। तपका फल इन्द्रलोकका भोग-विलास है, उसे भोग करनेको वहाँ भेजा। भोग-विलासमें इन्द्रकी उपमा दी जाती है, यथा—'*भोग पुरंदर।*' (७। २४) '*सुनासीर सत सरिस सो संतत करइ बिलास।*' (६। १०)। '*मघवा से महीप बिषय सुख साने।*' (क० ७। ४६), '*भोगेन मघवानिव*' इत्यादि।]

टिप्पणी—३ '*तहँ करि भोग बिसाल तात गएँ कछु काल*.......' इति। (क) ☞इस वचनसे पाया जाता है कि विशाल भोग-विलास करनेके लिये ही इन्द्रलोकमें वास कराया गया। (ख) वर देनेके साथ-साथ अभीसे भगवान्‌ने रानी-राजामें माता-पिता-भाव मान लिया। इसीसे उनको माता-पिता कहते हैं, यथा—'*मातु बिबेक अलौकिक तोरें*' (शतरूपाजीसे) और '*तहँ करि भोग बिसाल तात गएँ कछु काल पुनि।*' (मनुमहाराजसे) ['मातु' कहकर रानीका संदेह दूर किया था और अब '*तात*' पिता-वाचक पद देकर राजाको अपनी सत्य प्रतिज्ञापर विश्वास दिलाया] (ग) '*कछु काल*' का भाव कि तपका फल तो कई कल्पोंतक इन्द्रलोकका राज्य प्राप्त होनेपर नहीं चुक सकता, कल्पोंतक इन्द्रपद प्राप्ति भी इस तपके आगे कुछ नहीं है। अतएव उसे बहुत कम मानकर '*कछु काल*' कहा। पुनः, राजाको प्रभुका वियोग असह्य है, वे भगवान्‌का वियोग बहुत दिन न सह सकेंगे (और स्वर्गमें न जाने कबतक रहना पड़े यह समझकर राजाको संकोच होगा), इसीसे '*कछु काल*' कहकर राजाकी खातिरी की, उनको संतोष दिया। क्योंकि देवशरीर धारणकर इन्द्रलोकमें बसनेसे यह निश्चय है कि वहाँ देवताओंकी आयुपर्यन्त (वा तपफलभोगपर्यन्त) निवास करना पड़ता है तब तो भगवान्‌की इस आज्ञासे कि '*बसहु जाइ सुरपति रजधानी*', निश्चय होता है कि बहुत कालतक वियोग रहेगा, अतएव उस संदेहकी निवृत्तिके लिये, उस संकोचको मिटानेके लिये भगवान् कहते हैं कि '*गएँ कछु काल पुनि*' अर्थात् तुम्हें देवताओंकी पूर्णायुतक वहाँ न रहना पड़ेगा, कुछ ही काल ठहरना होगा। फिर तुम अवधभुआल होगे। (पुनः, '*कछु काल*' का भाव कि थोड़े ही समयमें विशाल भोग भोग लोगे)।

नोट—१ बैजनाथजी लिखते हैं कि प्रथम कल्पमें बहत्तरवीं चतुर्युगीमें दो लाख तेरह हजार एक सौ बयालीस वर्ष जब सत्ययुगके बीते, उस समय प्रभुने मनुको स्वर्ग जानेकी आज्ञा दी। *'कछु काल'* अर्थात् चौबीस लाख छब्बीस हजार आठ सौ अट्ठावन वर्ष बीतनेपर। अर्थात् जब त्रेतायुगके तीन लाख चौरासी हजार वर्ष बाकी रहेंगे तब तुम राजा होगे।' (१४२। १—४) भी देखिये।

त्रिपाठीजीका मत है पाँच मन्वन्तरतक अमरावतीमें बसनेको कहा। इन्द्र और देवतातक पाँच बार बदलेंगे पर ये वही रहेंगे। सातवें (वैवस्वत) मन्वन्तरमें अवधके राजा होंगे, तब अवतार होगा।

टिप्पणी—४ (क) *'होइहहु अवध भुआल'* इति। इन्द्रलोक देनेपर भी भगवान्‌को संतोष न हुआ तब अवधभुआल होनेका वर दिया कि जहाँ-(अवध-)में इन्द्रलोकसे अनन्तगुण अधिक ऐश्वर्य है। यथा—*'अवधराजु सुरराज सिहाहीं। दसरथ धन सुनि धनद लजाहीं॥'* (२। ३२४) (ख) *'तब मैं होब तुम्हार सुत।'* भाव कि तुम्हारे इस शरीरके तथा देवशरीरके पुत्र न होंगे, जब अवधभुआल होंगे तब तुम्हारे पुत्र होंगे। भगवान्‌से कालका करार नहीं कराया था, पुत्र होनेका करार (एकरार; वचन) था। इसीसे भगवान्‌ने कालका कोई एकरार नहीं किया; पुत्र होनेका करार किया। अपना 'करार' समझकर राजाको संतोष रहेगा। (ग) ☞काल और देश दोनों इस दोहेमें बताये। *'गएँ कछु काल पुनि होइहहु अवध भुआल',* जब अवधभुआल होंगे तब यह 'काल' बताया और 'अवध' यह देश बताया, जहाँ अवतार लेकर पुत्र होंगे। [पूर्व इनकी राजधानी बिठूर (ब्रह्मावर्त) कही जाती है। पूर्व प्रमाण दिया गया है।]

नोट—☞यहाँ यह दिखाते हैं कि प्रभु जिसपर कृपा करते हैं उसको फिर उत्तरोत्तर अधिक सुख देते ही जाते हैं, क्योंकि—*'जासु कृपा नहिं कृपाँ अघाती।'*

नोट—२ जब राज्य-वैभवका भोग साठ हजार वर्ष कर लेंगे तब पुत्र होंगे। बैजनाथजी लिखते हैं कि 'मनुजीने अट्ठाईस हजार वर्ष तप किया। प्रभुने चौबीस हजार वर्ष तपके फलमें चौबीस लाख वर्ष स्वर्ग भोग दिया और चार हजार वर्षके तपके फलमें साठ हजार वर्षभर अवधराज्यका सुखभोग दिया और अट्ठाईस वर्षतक पुत्र होकर वात्सल्यसुख दिया।'—पर इसमें मतभेद है।

प० प० प्र०–बालकाण्ड वन्दना-प्रकरणमें एक बार *'दसरथ राउ'* कहकर वन्दन किया, फिर *'अवध भुआल'* कहकर। यथा—*'दसरथ राउ सहित सब रानी। सुकृत सुमंगल मूरति मानी॥ करौं प्रनाम करम मन बानी॥'* (१। १६। ६-७) *'बंदौं अवध भुआल सत्य प्रेम जेहि रामपद॥'* (१। १६) यहाँ *'होइहहु अवध भुआल'* शब्द देकर सूचित करते हैं कि दोहा १६ में जो वन्दना है वह मनु-दशरथकी है और जो *'दसरथ राउ'* कहकर वन्दना की वह कश्यप (अदिति) दशरथकी है।

इच्छामय नरबेष सँवारे। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे॥ १॥
अंसन्ह सहित देह धरि ताता। करिहौं चरित भगत सुखदाता॥ २॥
जे सुनि सादर नर बड़भागी। भव तरिहहिं ममता मद त्यागी॥ ३॥
आदिसक्ति जेहि जग उपजाया। सोउ अवतरिहि मोरि यह माया॥ ४॥

शब्दार्थ—'**इच्छामय**'=इच्छारूप, इच्छानुसार, इच्छासे, संकल्पमात्रसे। **सँवारे**=रचकर, बनाये हुए। '**निकेत**'= घर, अर्थात् सूतिकागृह, सौर, जच्चाखाना।

अर्थ—अपनी इच्छासे नररूप बनाये हुए तुम्हारे घरमें प्रकट होऊँगा॥ १॥ हे तात! अंशोंसहित देह धारणकर मैं भक्तोंको सुख देनेवाले चरित्र करूँगा॥ २॥ जिन्हें बड़भागी मनुष्य आदरपूर्वक सुनकर ममता-मद छोड़कर संसारसे तर जायँगे॥ ३॥ आदिशक्ति जिसने जगत्‌को उत्पन्न किया वह ये मेरी 'माया' भी अवतार लेंगी॥ ४॥

नोट—१ *'इच्छामय नर बेष सँवारे.........'* इति। (क) नरका अर्थ है 'पाञ्चभौतिक मायामय शरीरवाला'

यथा—'स्युः पुमांसः पञ्चजनाः पुरुषाः पूरुषा नरः।' इति (अमरकोष) इसीसे कहते हैं कि मेरा नर-शरीर मायामय पाञ्चभौतिक नहीं होगा, किंतु 'इच्छामय' होगा। जैसे चीनीके अनेक खिलौने मनुष्य, पशु, पक्षी, फूल, फल इत्यादि बनते हैं, वे देखनेमात्रसे मनुष्य, पशु आदि हैं, पर उनमें मनुष्य, पशु इत्यादिके तत्त्व नहीं है, वे तो भीतर-बाहर चीनी ही हैं; वैसे ही हमारा रूप देखनेमात्रको तो नराकार होगा पर भीतर-बाहर शुद्ध ईश्वरतत्त्व ही है, उसमें देही-देह-विभाग नहीं है, हमारा शरीर चिदानन्दमय ही होगा। मैं अपनी इच्छासे नरतन धारण करूँगा, जीवोंकी तरह कर्मका परिणाम वह शरीर नहीं होगा। (वै०) (ख) संत श्रीगुरुसहायलालजी लिखते हैं कि '**आनन्दो द्विविधः प्रोक्तः मूर्त्तश्चामूर्त्त एव च। अमूर्तस्याश्रयो मूर्तः परमात्मा नराकृतिः॥**' (अर्थात् आनन्द दो प्रकारका है, एक रूपवाला दूसरा रूपरहित। रूपरहितका आश्रय रूपवाले नराकृति परमात्मा हैं)। यही *'इच्छामय नर बेष'* है। अथवा, भाव यह है कि नर वेष तो धारण करूँगा परंतु जब जैसा जिसे इच्छा होगी (वैसा), वा जिसकी इच्छाको जिस रूपसे पूर्ण करना आवश्यक होगा तन्मय नरवेषका (उसे) अनुभव होगा। इसीसे नारदको क्षीरशायी दीख पड़े, परशुरामको रमाकान्त, देवताओंको उभय भाँति, कौसल्याको अनुपम रूप, सतीको राजपुत्र और शिवजीको सच्चिदानन्द ब्रह्म, इत्यादि मानसके प्रसङ्गोंमें पाया जाता है। अथवा, राजाके मनमें यह आशा हो कि संसारी जीवोंकी तरह यदि ये हमारे प्रेमके कारण रज-वीर्यसे पुत्र हुए तो यह अद्भुत लावण्य कैसे बना रहेगा, इससे प्रभुने कहा कि हमारा 'इच्छामय नरबेष' होगा। (ग) *'इच्छामय नरबेष'*, यथा—*'निज इच्छा निर्मित तनु माया गुन गो पार।'* (१९२)। (घ) रा० प्र० कार लिखते हैं कि 'जो शान्तिकी प्राप्ति करावे उसे 'नर' कहते हैं—'**नरति शान्तिं प्रापयतीति नरः।**' जितने ऐसे ईश्वरकोटिके नर हैं उनका इच्छामय वेष सँवारनेवाले हम तुम्हारे गृहमें प्रकट होंगे।' (ङ) मयंककारका मत है कि 'प्रभुने मनुको अमरावतीमें वास करनेकी आज्ञा दी तब इनके मनको क्षोभ हुआ कि इतने दीर्घकालतक यह स्वरूप क्योंकर एकरस रहेगा। अतएव प्रभुने कहा कि मैं इच्छामय सुन्दर शरीर धारण कर तुम्हारे यहाँ प्रकट होऊँगा। इससे राजाको ज्ञान हो गया कि यह नित्य स्वरूप है और मोह दूर हो गया।'

नोट—२ 'नरवेष और देही-देह-विभागरहित शुद्ध चिदानन्दमय शरीर तो अब भी है तब *'सँवारे'* से क्या तात्पर्य है?' इस शंकाका समाधान यह है कि मनुष्य-शरीरमें बाल, कुमार, पौगण्ड, किशोर, युवा आदि अवस्थाएँ होती हैं। हर्ष-विषाद आदि होते हैं। इत्यादि। वैसे ही मेरे चिदानन्दमय शरीरमें लोगोंको ये सब भाव दरसाये जायेंगे। तुम्हारे यहाँ प्रकट होनेपर मैं इन अवस्थाओंकी लीलाएँ भी करूँगा और अपनी इच्छासे नित्यकिशोर लीला भी जो चाहूँगा करूँगा (करु०, वै०)।

नोट—३ *'अंसन्ह सहित देह धरि ताता।'* इति। (क) भाव यह कि इनके बिना हमारा चरित्र नहीं बनता। पुनः, यह सूचित किया कि अंशोंके भी तात (पिता) तुम्हीं होगे। (ख) विनायकी टीकाकार लिखते हैं कि 'परमेश्वर अगणित अंशोंसे पृथ्वीपर अवतीर्ण हो कार्य सिद्ध किया करते हैं। उनमें यहाँ तीन विशेष अंशोंकी सूचना है; सो यों कि—(१) जिस अंशसे पृथ्वीको धारण करते हैं सो लक्ष्मणजीके रूपमें, (२) वह अंश जिससे पृथ्वीका भरण-पोषण करते हैं जो भरतजीके रूपमें और (३) जिस अंशसे शत्रुओंका नाश करते हैं वह विशेषकर शत्रुघ्नके रूपमें, जिन्होंने लवणासुरका वध किया था।' (वस्तुतः यह मत पाँड़ेजीका है)

(ग) करुणासिंधुजी लिखते हैं कि 'अंश दो प्रकारके होते हैं। १-महत्, २-विभूति। जैसे गङ्गा, सरयू आदिकी धारासे स्रोत फूटकर पृथक् निकल चलें पर स्रोत मिला रहे—यह महत् अंश है; और गङ्गा-सरयूका जल घट आदिमें अलग निकाल लिया जाय यह विभूति अंश है। भरतादिक षोडश पार्षद महत् अंश हैं और रामरूप ही हैं।'

(घ) बैजनाथजी लिखते हैं कि एकन्नी, दोअन्नी, चवन्नी, अठन्नी आदि रुपयाके अंश हैं, इनसे रुपया खण्डित नहीं होता। वैसे ही ईश्वरतत्त्व थोड़ा बट जानेसे खण्डित नहीं होता। अंशावतार होनेसे भी पूर्णावतार

खण्डित नहीं होता। व्यापक ब्रह्म चाँदीमात्र है, पूर्णावतार ऊँचा सिक्का है, दुअन्नी आदि अंशावतार हैं। जीव भूषणादि दागी हैं।

(ङ) मा० त० वि० कार लिखते हैं कि भाव यह है कि 'जो-जो भक्त जिस स्वरूपके उपासक होंगे उन्हींके सुखदायक चरित्र करूँगा। वह अंशोंसहित देह धरकर करूँगा। तात्पर्य कि कभी रमा-वैकुण्ठनाथ होकर, कभी क्षीरशायी और कभी श्वेतद्वीपवासी इत्यादि होकर। अथवा, भक्तसुखदाता अंशोंके साथ यह देह धारण किये चरित करूँगा। अतः, '**वैकुण्ठाधीशस्तु भरतः क्षीराब्धीशश्च लक्ष्मणः। शत्रुघ्नश्च स्वयं भूमा रामसेवार्थमागतः॥**' के अनुसार वैकुण्ठाधीशादि भरतादि होंगे। भाव यह कि तुमने तो केवल हमको ही पुत्ररूपसे माँगा है पर तुम्हारे आनन्दके लिये मेरे अनादि लीलाके परिकर भी चरितार्थ देह धारण करेंगे। अथवा, भाव कि पुत्र होनेकी बात ही क्या, मैं अपने चरित भी दिखलाऊँगा।' इत्यादि। [अंशोंके सम्बन्धमें (१८७। २) देखिये।]

नोट—४ '*जेहि सुनि सादर नर बड़भागी*......' इति। भाव यह कि जो अभागे हैं वे न सुनेंगे, यथा—'***एहि सर निकट न जाहिं अभागा।***' (३८। २) '***सुनहु उमा ते लोग अभागी। हरि तजि होहिं बिषय अनुरागी॥***' मद-ममता जन्म-मरणके कारण हैं अतएव इनका त्याग होना कहकर भवसागरके पार होना कहा—(पं० रामकुमारजी)।

बाबा जयरामदासजी रामायणी—परब्रह्म परमात्माने किस प्रयोजनसे अपने अंशोंके सहित अवतार लिया? श्रीरघुनाथजीने स्वयं तो मर्यादा-पुरुषोत्तमका अवतार लेकर अपने भागवतधर्म अर्थात् ईश्वरीय दिव्य गुण-सौशील्य, वात्सल्य, कारुण्य, क्षमा, शरण्यता, दया, सर्वज्ञता, सर्वेश्वरत्व, सर्वान्तर्यामित्व, सर्वदर्शित्व, सर्वनियामकत्व आदिकी सुलभताके साथ-ही-साथ लोकधर्म समस्त मर्यादाका भी आदर्श उदाहरण चरितार्थ कर दिखाया, जिसका पूरा-पूरा निर्वाह किसी जीवकोटिके सामर्थ्यसे सम्भव ही नहीं है। परन्तु विशेष धर्म अर्थात् परमार्थ-सेवनके विशेष आदर्श स्वरूप श्रीप्रभुके तीनों अंशावतार श्रीलक्ष्मण, श्रीभरत और श्रीशत्रुघ्न ही हुए हैं। जो भगवत्-भागवत-सेवाधर्म जीवमात्रके परम कल्याणार्थ अति आवश्यकीय धर्म था, उसके साथ-साथ यथासम्भव लोकधर्मका निर्वाह गौणरूपमें होता ही रहा है। (इसके आगे कल्याण ११-७ पृष्ठ १०९८ से ११०५ तक चारों श्रीविग्रहोंके आदर्श चरितोंका संक्षिप्त दिग्दर्शन करानेके बाद वे लिखते हैं कि) निष्कर्ष यह है कि परम प्रभुने अपने तीनों अंशोंको साथ-साथ अवतरित करके भगवत्-भक्ति और भागवत-भक्तिकी चर्याको अपनी लोकमर्यादाके समान ही आदर्श बना दिया। उचित ही था; क्योंकि लोक-परलोक दोनोंका शिक्षण स्वयं भगवान्‌के अवतारसे ही तो होना था—

अतएव जैसा कि सब भ्राताओंमें छोटे श्रीशत्रुघ्नजीने भागवतसेवाकी निष्ठाको ही आदर्श बनाया; जीवमात्रके लिये प्रथम सीढ़ी संतसेवा ही है। श्रीरामचरितमानसमें सत्संगके प्रभावके सम्बन्धमें और भी देखिये—'***मति कीरति गति भूति भलाई। जब जेहि जतन जहाँ जेहि पाई॥ सो जानब सतसंग प्रभाऊ। लोकहु बेद न आन उपाऊ॥***' अस्तु सच्चे हृदयसे अनन्य होकर संतोंकी सेवा करनेसे भगवान् संतुष्ट और प्रसन्न होकर अवश्य ही अपने दुर्लभ प्रेमको प्रदान करेंगे। उस भगवद्दत्त प्रेमसे भगवान्‌के प्राप्त होनेतक सदैव श्रीभरतजीकी चर्याका अनुसरण करना चाहिये। हृदयमें प्रभुजीका ध्यान करके अहर्निश उनके नामका अनुसंधान करते हुए उनकी प्राप्तिके लिये अनुरागसे करुणाक्रन्दन करना चाहिये। जब श्रीप्रभुकी प्राप्ति हो जाय—साक्षात्कार हो जाय, तब श्रीलक्ष्मणजीकी चर्याका अनुकरण करनेमें तत्पर हो जाना चाहिये। इससे निजत्व और सहजत्वकी प्राप्ति होगी और जीव कृतार्थ हो जायगा। इसी आवश्यकताकी पूर्तिके लिये श्रीमर्यादापुरुषोत्तम सरकारने अंशोंके सहित अवतार लिया, जिसकी बड़ी आवश्यकता थी।

नोट—५ ☞ स्मरण रहे कि '***इच्छामय नर बेष सँवारे। होइहौं प्रगट***......' से स्पष्ट सिद्ध है कि मनु-शतरूपाके आगे जो स्वरूप है, जो मूर्ति है, वह 'लीला तन' नहीं है, वरंच असली अगुण अखण्ड ब्रह्म ही है, लीलातन वा नरवेष श्रीअवधमें अवतरनेपर धारण करेंगे। '***अंसन्ह सहित देह धरि ताता***' भी दलील है कि इस समय ब्रह्म अपने असली देहसे सम्मुख खड़ा हुआ है और कहता है कि मैं तुम्हारे लिये नर-शरीर धारण करूँगा।

''आदि सक्ति ·····। सोउ अवतरिहि मोरि यह माया।''

१-श्रीसीताजीके लिये *'माया'* शब्द यहाँ ठीक उसी प्रकार प्रयुक्त किया गया है जैसे प्रणवरूप होनेसे वेदान्तसूत्रमें ब्रह्मको 'प्रकृति' कहा गया। यहाँ भी *'माया'* शब्दका अर्थ उसी प्रकार समझना चाहिये। प्रमाण, रामोत्तरतापिन्युपनिषद्। यथा—**'श्रीरामसान्निध्यवशाज्जगदानन्ददायिनी। उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम्॥ सा सीता भगवती ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञिता। प्रणवत्वात्प्रकृतिरिति वदन्ति ब्रह्मवादिनः॥'** (३-४) ठीक इसी अभिप्रायसे *'माया'* शब्द यहाँ प्रयुक्त हुआ है। श्रीसीताजी *'माया'* नहीं हैं। उनको रामतापिनी आदि ग्रन्थोंमें चिद्रूपा लिखा है। यथा—**'सीता इति त्रिवर्णात्मा साक्षान्मायामयी भवेत्। ·····दिव्यालङ्कारस्त्रङ्मौक्तिकाद्याभरणालङ्कृता महामायाऽव्यक्तरूपिणी व्यक्ता भवति।'** (सीतोपनिषद्) **'न त्वां केचित् प्रजानते॥ १०॥ ऋते मायां विशालाक्षीं।'** (वाल्मीकि० ७। ११०। १०) **'हेमाभया द्विभुजया सर्वालङ्कृतया चिता·········'** (रामपूर्वतापिन्युपनिषद् ४। ९) वैदिक निघण्टुमें भी **'मायाज्ञानवयुनम्'** से मायाको ब्रह्मकी चिच्छक्ति प्रतिपादन किया गया है। श्रीमद्गोस्वामीजीने भी उनको श्रीरामजीसे अभिन्न अभेद वर्णन किया है। यथा—*'गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न। बंदउँ सीतारामपद जिन्हहिं परम प्रिय खिन्न॥'* (१८) *'माया सब सियमाया माहूँ।', 'जासु कृपाकटाच्छ सुर चाहत चितव न सोइ।'* अन्य भाव लेनेसे पूर्वापर-विरोध होगा। —**'उद्भवस्थिति·········'** मं० श्लोक भी देखिये। सदाशिव-संहितामें भी ऐसा लिखा है—**'रामस्सीता जानकी रामचन्द्रः नाणुर्भेदो ह्येतयोरिति कश्चित्। संतो मत्वा तत्त्वमेतद्धि बुद्ध्वा पारं जाताः संसृतेर्मृत्युकालात्॥'** इस सिद्धान्तकी पुष्टता वनयात्राके समय चक्रवर्ती महाराजके वचनोंसे भी होती है। उन्होंने सुमन्तजीसे कहा है कि *'जौं नहिं फिरहिं धीर दोउ भाई। सत्यसंध दृढ़ब्रत रघुराई॥ तौ तुम्ह बिनय करेहु कर जोरी। फेरिअ प्रभु मिथिलेस किसोरी॥ एहि बिधि करेहु उपाय कदंबा। फिरइ त होइ प्रान अवलंबा॥ नाहिं त मोर मरन परिनामा। कछु न बसाइ भए बिधि बामा॥'* (२। ८२) यदि श्रीसीताजी ब्रह्म न होतीं तो उनके घरपर रहनेसे राजा क्योंकर जीवित रह सकते थे। राजाके ये वचन व्यर्थ हो जाते हैं।

२—पुनः, माया पाँच प्रकारकी है—अविद्या, विद्या, सन्धिनी, संदीपिनी और आह्लादिनी। जो जीवोंके हृदयमें नित्य अशुचि दुःख अनात्म वस्तुमें नित्य शुचि सुख आत्मबुद्धि करा देवे उसको 'अविद्या' कहते हैं। अज्ञानको विनाशकर जीव-परमात्माके यथार्थ ज्ञानको उत्पन्न करनेवाली शक्तिको 'विद्या' कहते हैं। ज्ञान प्राप्त होनेपर जीव-ईश्वरकी सन्धिको अर्थात् अतिशय सान्निध्यको जनानेवाली शक्ति 'सन्धिनी' कही जाती है। जीवोंके हृदयमें परमात्माके साक्षात्कार संदीपन करनेवाली शक्तिको 'संदीपिनी' कहते हैं और ईश्वरसे अविनाभूत रहकर चेतनोंको ब्रह्मानन्द-प्रदातृ-सुखस्वरूपा चिन्मयी शक्तिको 'आह्लादिनी शक्ति' कहते हैं। वही आह्लादिनी शक्ति श्रीसीताजीको कहते हैं। मायाका अर्थ त्रिगुणात्मिका माया यहाँ नहीं है।

३—*'माया'* के अर्थ शक्ति, इच्छा और प्रेरणा भी हैं। उदाहरण—(क)*'रामजीकी माया, कहीं धूप कहीं छाया।'* (ख) *'अति प्रचंड रघुपति कै माया। जेहि न मोह अस को जग जाया॥'* (ग)*'तेहि आश्रमहि मदन जब गयऊ। निज माया बसंत निरमयऊ॥'* (घ)*'बोले बिहँसि महेस तब हरि माया बल जानि जिय।'*

४—*'माया'* शब्द केवल पद्यमें 'कृपा, दया, अनुग्रह' के अर्थमें भी आता है। उदाहरण—(क)*'भलेहि आय अब माया कीजै। पहुनाई कहँ आयसु दीजै॥'* (ख)*'साँचेहु उनके मोह न माया। उदासीन धन धाम न जाया॥'* (ग)*'डंड एक माया कर मोरे। जोगिनि होउँ चलौं सँग तोरे॥'*—(हिन्दी-शब्दसागर)

करुणासिन्धुजी आदि कई टीकाकारोंने यहाँ 'माया' का अर्थ 'कृपा, दया, अनुग्रह' भी लेकर यह भावार्थ कहे हैं—'मेरी शक्ति मेरी दयारूपा जगत्को उत्पन्न करनेवाली', 'मेरी तुमपर यह दया है' अर्थात् तुमने इनको वरमें नहीं माँगा, हम अपनी ओरसे इनका भी सुख तुमको देंगे।

प्रोफे० दीनजी इसी अर्थको यहाँ ठीक समझते हैं। मेदिनीकोशमें 'माया' के अर्थ ये मिलते हैं—**'स्यान्माया शाम्बरीबुद्ध्योः।'**

नोट—६ '**माया—भगवच्छक्तिः।**' जिस शक्तिके बलसे श्रीभगवान् '**बहु स्यां प्रजायेय**' इस अपने संकल्पके अनुसार एकदम नाना जगत्‌रूपी रूपोंको धारण करते हुए जगत्‌की सृष्टि करनेवाले कहलाते हैं, उसीका नाम माया है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश इन तीनों मूर्तियोंके अपने-अपने कार्यक्षेत्रमें जो लीलाएँ हुआ करती हैं उन सबकी प्रेरणा करनेवाली और उनको भलीभाँति सम्पन्न करनेवाली जगन्मातारूपी परमेश्वरी भगवती महामाया भगवच्छक्ति परमाशक्ति श्रीसीताजी हैं।

भगवच्छक्तिके चार अर्थ होते हैं—१ '**भगवतः शक्तिः भगवच्छक्तिः**' षष्ठीतत्पुरुषसमासवाली व्युत्पत्तिसे भगवती भगवान्‌की शक्ति है, वही ईश्वरकी प्रेरणा करनेवाली और उसके सब काम करनेवाली है। २—'**भगवति शक्तिः भगवच्छक्तिः**' सप्तमी तत्पुरुषसमासवाली व्युत्पत्तिसे भगवान्‌में जो शक्ति है उसीका नाम देवी है और उसकी उपासनाके बिना भगवान्‌की उपासना नहीं हो सकती। ३—'**भगवती चासौ शक्तिश्च भगवच्छक्तिः**' इस कर्मधारयसमासवाली व्युत्पत्तिसे शक्तिरूपिणी देवी भगवती है। अर्थात् षड्‌गुणैश्वर्यादिसे विभूषित है और उसकी उपासनासे उपासकोंको सब प्रकारकी ऐश्वर्यादि विभूतियाँ अनायास मिल सकती हैं। ४—'**भगवांश्चासौ शक्तिश्च भगवच्छक्तिः**' इस कर्मधारयसमासवाली व्युत्पत्तिसे देवी और भगवान्‌में भेद नहीं है, बल्कि ऐक्य है।

नोट—७ '***सोउ अवतरिहि***'—अपने लिये '***होइहउँ प्रगट निकेत तुम्हारे***' कहा और '**आदिशक्ति**' के लिये केवल '***अवतरिहि***' कहा। भाव यह कि वे जगत्‌में दूसरी जगह अवतीर्ण होंगी, तुम्हारे यहाँ नहीं।

नोट—८ इस प्रकरणमें श्रीरामजीका ही बोलना गोस्वामीजीके शब्दोंसे पाया जाता है, श्रीसीताजी चुप ही रहीं। महानुभावोंने इसके कारण ये लिखे हैं—

(१)—दोनोंमें अभेद है—'***गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न।***' इस 'निर्भिन्नता' के भावसे केवल श्रीरामजी ही बोले। वा,

(२)—लोमशरामायण और पद्मपुराणकी सम्मति लेकर विश्रामसागरमें लिखा है कि एक विप्र हरिदेव और उनकी पत्नीने भी उसी समय इस अभिलाषासे तपस्या की थी कि आदिशक्ति हमारी सुता हों और परब्रह्म राम हमारे जामाता हों। यथा—'***तहँ बिप्र हरिदेव प्रबीना। कनकलता युत नारि नबीना॥ करहिं तपस्या भगवत हेता। असन बसन तजि अवध निकेता॥***' इत्यादि। और श्रीयुगल सरकारके प्रकट होनेपर उन्होंने इस प्रकार वर माँगा कि '***इन्ह समान कन्या मिलै तुम्ह समान जामात।***' वहाँ भी श्रीकिशोरीजीसे वर नहीं माँगा गया। वैसे ही यहाँ जब श्रीसीताजीसे वर माँगा ही नहीं तब वे क्यों बोलतीं ? विश्रामसागरमें मनुजीने इस प्रकार वरदान माँगा है—'***बोले महिपालक तुम सम बालक इन सम चहों पतोहू। बिषइक इव जानों ईस न मानों देव यहै करि छोहू॥***' (मा० त० वि०) जैसे यहाँ मनुजीसे कहा है कि जब तुम अवधभुआल होगे तब मैं तुम्हारा पुत्र हूँगा वैसे ही विप्र और विप्रपत्नीको यह आज्ञा हुई थी कि '***त्रेता जनक होब तुम्ह सोई। नाम सुनयना इन्ह कर होई॥ तब तव कन्या सक्ति हमारी। ह्वै हैं अंसन संयुत चारी॥ मैं जामात मिलब तहँ जाना। अस कहि भे प्रभु अंतरधाना॥***' (मा० त० वि०) बैजनाथजीके मतसे विप्रका नाम वामवर्त्ती और विप्रपत्नीका नाम सुमति था।

(३)—नृपने पुत्र होनेका वर माँगा तब श्रीसीताजी अपनेको पुत्रवधू जानकर सकुचकर चुप हो रहीं (मानसमयंक, मा० त० वि०)।

(४)—भुवनेश्वरसंहितामें पाया जाता है कि जनकजीको आदिशक्तिने वरदान दिया; क्योंकि उनके जीमें यह लालसा थी कि वे हमारी कन्या हों और यहाँ पुत्रकी चाह है अतएव प्रभु बोले; इनके बोलनेका प्रयोजन न था।

(५)—मानसी वन्दनपाठकजी कहते हैं कि 'ग्रन्थकारने पूर्वहीसे केवल श्रीरामोपासना गायी है—'***बासुदेव पदपंकरुह दंपति मन अति लाग***', '***पुनि हरि हेतु करन तप लागे***' इत्यादि। मनुमहाराज श्रीजानकीजीको नहीं जानते। जानते तो श्रीराघव ऐसा न कहते कि '***आदिसक्ति जेहि जग उपजाया। सोउ अवतरिहि मोरि यह माया॥***' इस वचनसे इनके स्वरूपको राघवने जनाया। जो कहो कि केवल राघवकी उपासना क्यों

गायी तो ग्रन्थकारका पूर्वसंकल्प है—*'जेहि कारन अज अगुन अनूपा। ब्रह्म भयउ कोसलपुर भूपा॥'* अतएव श्रीरामजन्मके हेतुमें श्रीमनुमहाराज हैं और श्रीजानकीजी तो विदेह महाराजके सुकृत भागमें हैं—*'जनक सुकृत मूरति बैदेही। दसरथ सुकृत राम धरे देही॥'* इस विभागसे मनुमहाराजके अंशमें केवल राघव ही हैं इससे दोनों सरकारके वात्सल्यरसके भोक्ता दोनों महाराज हैं। अब यह प्रश्न होता है कि 'तो फिर उभय मूर्ति क्यों प्रकट हुई?' इसका उत्तर यह है कि 'इनका संग-त्याग कभी नहीं होता।' दोनों मिलकर अखण्ड ब्रह्म हैं।'

पुरउब मैं अभिलाष तुम्हारा। सत्य सत्य पन सत्य हमारा॥५॥
पुनि पुनि अस कहि कृपानिधाना। अंतरधान भए भगवाना॥६॥
दंपति उर धरि भगत* कृपाला। तेहि आस्रम निवसे कछु काला॥७॥
समय पाइ तनु तजि अनयासा। जाइ कीन्ह अमरावति बासा॥८॥

दो०—यह इतिहास पुनीत अति उमहि कही† बृषकेतु।
भरद्वाज सुनु अपर पुनि राम जनम कर हेतु॥१५२॥

शब्दार्थ—**निवसे**=निवास किया। निवाससे निवसना क्रिया बनायी है।

अर्थ—मैं तुम्हारी इच्छा पूरी करूँगा। 'हमारी प्रतिज्ञा सत्य है! सत्य है!! सत्य है!!!'॥५॥ कृपानिधान भगवान् बारंबार ऐसा कहकर अन्तर्धान हो गये॥६॥ स्त्री-पुरुष (राजा-रानी) दोनों हृदयमें भक्तोंपर कृपा करनेवाले प्रभुको धारणकर उसी आश्रममें कुछ काल बसे॥७॥ फिर समय पाकर बिना परिश्रम शरीरको छोड़कर इन्द्रलोकमें जा बसे॥८॥ (श्रीयाज्ञवल्क्यजी कहते हैं—) हे भरद्वाज! धर्मध्वज श्रीशिवजीने यह अत्यन्त पवित्र इतिहास उमाजीसे कहा। अब और भी रामजन्मका हेतु सुनो॥१५२॥

नोट—१ *'पुरउब मैं अभिलाष तुम्हारा'* इति। राजाके *'पुरवहु मोर मनोरथ स्वामी'* का उत्तर यहाँ है। *'सत्य सत्य पन सत्य हमारा'* इन वचनोंका हेतु अगली चौपाईके 'कृपानिधान' शब्दमें है। अर्थात् कृपा करके बारंबार 'सत्य' 'सत्य' कहा। पूर्ण विश्वास करा देनेके लिये तीन बार कहा। पूर्व भी *'आपु सरिस खोजौं कहँ जाई'* में लिखा गया है। लोकरीति है कि किसी बातकी प्रतिज्ञा की जाती है तो उसे तीन बार दुहराते हैं। इसीको 'त्रिवाचा' और 'त्रिसत्यम्' कहते हैं। किसी टीकाकारका मत है कि अपने अवतार, अंशावतार और आदिशक्तिके अवतार अर्थात् तीन अवतारोंकी प्रतिज्ञाके विचारसे तीन बार कहा और किसीका मत है कि एक बार राजाके और दूसरी बार रानीके विचारसे कहा और तीसरी बार सत्य अपने पनको कहा अथवा, तीन बारसे त्रिकालमें सत्य जनाया। परंतु अगले चरणमें *'पुनि पुनि अस कहि'* से स्पष्ट है कि तीन ही बार नहीं कहा, वरंच *'सत्य सत्य पन सत्य हमारा'* ऐसा बारंबार कहा है। दोनोंके संतोषार्थ बारंबार कहा।

नोट २—इस प्रसङ्गको जिस शब्दसे उठाया था उसीपर समाप्त किया है। *'भगतबछल प्रभु कृपानिधाना। बिस्वबास प्रगटे भगवाना॥'* उपक्रम है और *'पुनि पुनि अस कहि कृपानिधाना। अंतरधान भए भगवाना॥'* उपसंहार है। 'कृपा' हीसे इस प्रसङ्गको संपुटित किया। भाव कि भक्तपर कृपा करके उसके लिये प्रकट

---

* भगति—भा० दा०, ना० प्र०, गौड़जी। भगत—१६६१, १७०४, रा० प०, मा० त० वि०, पं०। 'भगति कृपाला' का अर्थ होगा 'कृपालकी भक्ति'। इसके अनुसार भाव यह है कि 'दम्पतिने अगुण अखण्डका ज्ञान और तपादि कर्मोंको छोड़ दिया और हृदयमें भक्ति धारण कर ली, क्योंकि कर्म और ज्ञानका फल हरिभक्ति है, यथा—'तीर्थाटन साधन समुदाई। जोग बिराग ज्ञान निपुनाई॥ नाना कर्म धर्म ब्रत दाना।—जहँ लगि साधन बेद बखानी। सब कर फल हरि भगति भवानी॥' (७। १२६) और यह इनको अब प्राप्त ही हो गयी है (प्र० सं०)। † कहा—पाठान्तर।

हुए और यहाँ कृपापूर्वक उसको दिलासा देकर अन्तर्धान हुए। ☞इसके निरन्तर पाठसे कृपा होगी।

नोट—३ *'उर धरि भगत''''''तेहि आश्रम निवसे'* इति। (क) इस समय अगुण अखण्ड अनादि ब्रह्मने अपने इन अनन्य भक्तोंपर अत्यन्त कृपा की है, दर्शन दिये, नये-नये मनोरथ पूर्ण किये और अपनी ओरसे कृपा करके जो नहीं माँगा वह भी दिया। अतः 'भगत कृपाल' विशेषण दिया। जिन्होंने ऐसी असीम कृपा की उन्हींको हृदयमें धारण किया। इससे जनाया कि दर्शनके पश्चात् भी राजा-रानी दोनों अनन्यतापूर्वक उन्हीं प्रभुकी भक्तिमें तत्पर रहे। भक्त तो प्रथम ही थे, यथा—*'गति अनन्य तापस नृपरानी।'* (१४५। ५) अतः *'भगत कृपाला'* पाठ विशेष उत्तम है। (ख) यहाँ दिखाते हैं कि राजा-रानीका वैराग्य आदिसे अन्ततक एकरस रहा। उनके मनोरथ सिद्ध हुए फिर भी वे घर लौटकर न गये।

नोट—४ *'समय पाइ तनु तजि अनयासा'* इति।—सबके मृत्युका समय नियत है। प्रारब्ध-भोग समाप्त होनेपर ही शरीर छूटता है; अतएव *'समय पाइ'* कहा। *'अनयासा'* का भाव यह कि *'जनमत मरत दुसह दुख होई॥'* वह दुःख इन भक्तोंको नहीं हुआ। 'अनायास', यथा—*'जिमि नूतन पट पहिरइ नर परिहरइ पुरान।'* (७। १०९) *'सुमनमाल जिमि कंठ ते गिरत न जानइ नाग।'* (कि०) इसी प्रकार इन दोनोंने एक साथ ही शरीर त्याग दिये।

नोट—५ 'राम-अवतार' प्रसंग यहाँतक कहकर छोड़ दिया। अब आगे रावणका अवतार कहकर फिर दोनों प्रसङ्गोंको मिलावेंगे, तब इस (रामावतार) प्रसङ्गको फिर कहेंगे। यथा—*'अब सो सुनहु जो बीचहिं राखा।'* (१८८। ६) यह रामावतारका प्रसङ्ग तो हुआ; पर *'असुर मारि थापहिं सुरन्ह''''''।'* (१२१) की पूर्तिके लिये आगेका प्रसङ्ग कहते हैं।

स्वायंभुवमनु-शतरूपा और श्रीनारद-प्रसङ्गका मिलान

श्रीमनु-शतरूपाजी	श्रीनारदजी (अरण्यकाण्ड)
परे दंड इव गहि पद पानी। तुरत उठाये करुनापुंजा।	१ *करत दंडवत लिये उठाई राखे बहुत बार उर लाई॥'* (३। ४१। १०)
बोले कृपानिधान पुनि अति प्रसन्न मोहि जान।	२ *नाना बिधि बिनती करि प्रभु प्रसन्न जिय जानि।'* (३। ४१)
सुनि प्रभु बचन जोरि जुग पानी। धरि धीरज बोले मृदुबानी॥	३ *नारद बोले बचन तब जोरि सरोरुह पानि॥'* (३। ४१)
दानि सिरोमनि कृपानिधि नाथ कहउँ सतिभाउ।	४ *सुनहु उदार परम रघुनायक।* (३। ४२)
सुगम अगम कहि जात सो नाहीं।	५ *सुंदर अगम सुगम बरदायक।* (३। ४२)
एक लालसा बड़ि उर माहीं।	६ *देहु एक बर माँगउँ स्वामी।* (३। ४२)
सो तुम्ह जानहु अंतरजामी।	७ *जद्यपि जानत अंतरजामी॥* (३। ४२)
सकुच बिहाइ माँगु नृप मोही। मोरे नहि अदेय कछु तोही॥	८ *जन कहँ कछु अदेय नहिं मोरे। अस बिस्वास तजहु जनि भोरे॥* (३। ४२)
प्रभु परंतु सुठि होत ढिठाई।	९ *अस बर माँगउँ करउँ ढिठाई॥* (३। ४२)
एवमस्तु करुनानिधि बोले।	१० *एवमस्तु मुनि सन कहेउ कृपासिंधु रघुनाथ।* (३। ४२)
हरष बिबस तन दसा भुलानी।	११ *मुनि तन पुलक नयन भरि आये।* (३। ४५)
परे दंड इव गहि पद पानी॥	१२ *नारद सुनत पदपंकज गहे।* (३। ४६)
चाहउँ तुम्हहि समान सुत	१३ *राकारजनी भगति तव रामनाम सोइ सोम।'' बसहु''''''उर ब्योम।* (३। ४२)

नोट—६ *'यह इतिहास पुनीत अति''''' '* इति। ☞ (क) सब कल्पोंमें रामजन्मके दो-दो हेतु लिखे। एक तो रावणका जन्म, दूसरा कश्यप-अदितिका तप। रावण-जन्म विस्तारसे लिखा और कश्यप-अदितिका तप संक्षेपसे कहा, यथा—*'कस्यप अदिति महातप कीन्हा। तिन्ह कहँ मैं पूरब बर दीन्हा॥'* *'कस्यप अदिति*

तहाँ पितु माता। दसरथ कौसल्या बिख्याता॥' इस कल्पमें दोनों हेतु विस्तारसे लिखते हैं। मनुशतरूपाजीका तप विस्तारसे कहा। अब रावणका जन्म विस्तारसे कहते हैं। (ख) *'इतिहास'* शब्दसे जनाया कि कविकल्पित नहीं है। (ग) संत श्रीगुरुसहायलालजी लिखते हैं कि *'अति पुनीत'* इससे कहा कि इस हेतुसे साक्षात् श्रीसाकेतविहारीजीका प्रादुर्भाव है जो कारणोंके भी परम कारण हैं, यथा—**'वन्देऽहं तमशेषकारणपरं रामाख्यमीशं हरिम्।'** (मा० त० वि०) पुनः भाव कि और अवतार शापवश हुए और यह केवल कृपासे, अनन्य निज भक्तके प्रेमवश हुआ; अतएव *'अति पुनीत'* कहा। (मा० त० वि०) पुनः भाव कि इसमें किसीकी रक्षा अथवा किसीको दण्ड आदिकी वासना नहीं है, यह अवतार केवल शुद्ध प्रेम भावसे भरा हुआ है; अतएव यह अति पावन है। (वै०) पुनः, इसके श्रवण-पठन आदिसे *'मन क्रम बचन जनित अघ जाई।'* (७। १२६) अतः *'अति पुनीत'* कहा। यह इस कथाका माहात्म्य बताया। (घ) *'उमहिं कही बृषकेतु'* यह मनु-शतरूपा प्रकरणका उपसंहार है। *'लगे बहुरि बरनैं बृषकेतू।'* (१४१। ८) उपक्रम है। (ङ) *'अपर'* के अर्थ हैं 'और वा दूसरा' तथा 'पश्चात्'। भाव यह कि श्रीसाकेतविहारीके अवतारके एक हेतु तो श्रीमनु-शतरूपाजी हुए, उन्हींके अवतारका दूसरा हेतु अब कहते हैं अथवा, मनु-शतरूपाके वरदानके पश्चात् यह भी कारण हुआ। (मा० त० वि०) पुनः भाव कि 'जिसमें किसीकी रक्षा, किसीको दण्ड, कोई आर्त, कोई अर्थार्थी इत्यादि अनेक वासना हैं, ऐसा जो श्रीरामजन्मका हेतु है' वह। (वै०)

वि० त्रि०—इस इतिहासका उपक्रम, अभ्यास और उपसंहार भक्तिसे है; यथा—*'हृदय बहुत दुख लाग जनम गयउ हरि भगति बिनु'* (उपक्रम), *'पंथ जात सोहत मतिधीरा। ग्यान भक्ति जनु धरे सरीरा॥'* (अभ्यास), *'दंपति उर धरि भगत कृपाला'* (उपसंहार) और भक्तिको गङ्गारूप कहा ही है, यथा—*'रामभगति जहँ सुरसरि धारा।'* यहाँकी भक्ति-गङ्गा विरति-यमुना और विचार-सरस्वतीसहित शोभित है। यथा—*'होइ न बिषय बिराग भवन बसत भा चौथपन, हृदय बहुत दुख लाग।', 'बरबस राज सुतहि नृप दीन्हा। नारि समेत गवन बन कीन्हा॥'* अतः इसे *'अति पुनीत'* कहा।

पं० राजबहादुर लमगोड़ाजी—'तुलसीदासजीकी नाटकीय महाकाव्य कला' इति। मैंने अपने लेखोंमें विस्तारसे लिखा है और इस प्रसङ्गमें संकेतरूपसे फिर लिखता हूँ कि संसारमें तुलसीदासजीको ही महाकाव्य और नाटकीय कलाओंके एकीकरणमें पूर्णतः सफलता प्राप्त हुई है। नहीं तो अंग्रेजी भाषाका तो सिद्धान्त यह है कि महाकाव्यकी उड़ान खड़ी Vertical होती है और नाटकीय कलाका फैलाव पड़ा हुआ Horizontal होता है। एक आकाशकी ओर उड़ती है तो दूसरी पृथ्वीपर फैलती है, भला आकाश व जमीनके कुलावे कैसे मिलें ? फारसी भाषामें भी कहा गया है कि 'रज्म' (वीररस=कुछ महाकाव्यकला), 'बज्म' (शृङ्गार=कुछ नाटकीय कला) और 'पंद व नसायह' (उपदेश-कुछ महाकाव्यकला) का एकीकरण असम्भव है।

तुलसीदासजीने इस सफलताके लिये जिन युक्तियोंका प्रयोग किया है वह संक्षिप्तरूपमें यह है—

(१) बालकाण्डका आदि भाग और उत्तरकाण्डका अन्तिम भाग प्रस्तावना Prologue और उपसंहार Epilogue रूपमें है और इनमें आधिदैविक तथा आध्यात्मिक रहस्योंका प्रकटीकरण हुआ है। बरनार्ड शाने भी इस युक्तिका प्रयोग किया है पर अन्तर यह है कि शा महोदयकी प्रस्तावना इत्यादि गद्यात्मक, मस्तिष्कीय तथा शुष्क हैं और तुलसीदासजीका काव्यचमत्कार वहाँ भी बना है। यहाँतक कि विषयसूची Index तक ऐसे सुन्दर रूपकके रूपमें है कि जिसका जवाब साहित्य-संसारमें मिलना कठिन है।

(२) चरित्र ऐसे लिये हैं जो मानवी और दैवी सत्ताओंके एकीकरणसे बने हैं, जिसमें उनके जीवनका मानवी अंश नाटकीय कलाकी बहार दिखा दे और दैवी अंशसे प्रसङ्ग महाकाव्यकलाके शिखरपर पहुँच सके।

(३) शिव-पार्वती, काकभुशुण्डि-गरुड़ और भरद्वाज-याज्ञवल्क्यके जोड़े बराबर हमारे साथ हैं जो यथासमय रहस्योंका प्रकटीकरण संकेतोंद्वारा करते जाते हैं; परन्तु यह रङ्गमञ्चके आकाशपर ठीक उसी तरह क्षणिक प्रकाशपरिधिके अंदर दिखायी देते हैं जैसे आपने फिल्ममें भगवान् कृष्णको दुपट्टा घुमाते द्रौपदीचीरहरणके समय देखा हो।

(४) कवि भी साथ रहता है और हम दर्शकोंके लिये आलोचना करता जाता है। बरनार्ड शाने भी इस युक्तिका प्रयोग किया है परन्तु गद्यात्मक शुष्क रीतिपर, बिना इस युक्तिके शैक्सपियरके नाटक (विशेषतः दुःखान्तक) भूलभुलैयाँ हैं और नैतिक मार्ग साफ नहीं दीखता।

(५) जहाँ कला नाटकीय है वहाँ भी छोटे-छोटे आधिदैविक दृश्य लाये जाते हैं। इस रूपमें कि रहस्यका प्रकटीकरण भी हो जाय और रस भङ्ग न हो, उदाहरणके लिये, सरस्वती और देवताओंका संवाद वनवास-प्रकरणमें विचारणीय है—शा महोदयने भी इस युक्तिका प्रयोग किया है।

(६) जैसा मैं पहले एक नोटमें कह चुका हूँ, *'निसिचर हीन करौं महि भुज उठाइ पन कीन्ह'* के दृश्यके बाद कलाका रूप बदल जाता है। अब हम महाकाव्यके वायु-मण्डलमें पहुँच जाते हैं, जहाँ सब चीजें असाधारण हैं। पर वहाँ भी नाटकीय कलाकी सरसता जाने नहीं पायी। हमारी कल्पनाशक्तिको रबड़के समान घटने-बढ़नेवाली बना दिया गया है। इस काममें सुरसा-हनुमान्-प्रसङ्ग ठीक वैसा ही है जैसा 'मिल्टन' के 'पैराडाइज-लास्ट' में शैतानी पार्ल्यामेन्टका प्रसङ्ग।

(७) महाकाव्यकलामें ओजगुण प्रधान होना ही चाहिये। गुप्त आकाशवाणी और अमानुषिक दृश्य जैसे यहाँ (मनु-शतरूपाके लिये) भगवान्का मूर्तिमान् प्रकट होना, इस प्रसङ्गमें बड़े मार्केकी चीजें हैं। बरनार्ड शाने अपने-Oracle (भविष्य वक्तव्य-) को ओजस्वी बनानेके लिये मैजिक लैन्टर्न कलासे काम लिया है और उसका अमानुषिक रूप परदेपर दिखाया है। परन्तु यह सब धोखा है। पाश्चात्त्य जगत् वैज्ञानिक संकोचके कारण अमानुषिक सत्ताओंको भूल-सा गया है, नहीं तो इस धोखेकी आवश्यकता न होती। देखिये यहाँ भगवान्का प्रकटीकरण कितना सुन्दर और सरस है।

भारतवर्षमें तो निराकारवादी महापुरुषोंने भी यह माना है कि 'मुक्त पुरुष' का शरीर केवल इच्छामात्र होता है और वे अभ्यागत होते हैं। (स्वामी दयानन्द—सत्यार्थप्रकाश) अब इसमें और *'निज इच्छा निर्मित तन माया गुन गोपार'* में बहुत ही थोड़ा अन्तर रह जाता है। मिल्टनने भी लिखा है कि आधिदैविक व्यक्तियोंमें घटने-बढ़नेकी शक्ति होती है और जो रूप या लिङ्ग चाहें वे धारण कर सकते हैं।

यदि वास्तवमें ईश्वरी सत्ता सब जगह व्यापक है तो *'प्रेम ते प्रगट होहिं जिमि आगी'* का सिद्धान्त Self-evident—(स्वयंसिद्ध) सा प्रतीत होता है। सर मोहम्मद एकबाल-जैसा निराकारवादी मतका कवि भी लिखता है—*'कभी ऐ हक़ीकते मुन्तज़र नज़र आ लिबासे मजाज़ में। कि हजारों सिजदे तड़प रहे हैं हमारे जवीने नियाज़ में॥'* यह तड़प मानव जातिमें बताती है कि हम भगवान्को सगुणरूपमें बिना देखे संतुष्ट नहीं हो सकते! वेदोंमें कितनी ही प्रार्थनाएँ हैं कि भगवान् हमारे सम्मुख तथा हमारे अन्तःकरणमें प्रकट हों। पर खेद है कि हमारी कल्पनाशक्ति इतनी संकुचित हो गयी है कि हम यह सम्भव नहीं समझते कि वह प्रार्थना कभी स्वीकार होगी। भाई! जहाँ और जिस व्यक्तिमें वह प्रकाश प्रकट हो, अगर उसे भगवान्का अवतार कहा जाय या और किसी प्रकाशरूप सत्ताका व्यक्तित्व स्वीकार किया जाय तो अवैदिक कैसे होगा—श्रीजयदेव वेदालङ्कारने अपने सामवेदभाष्यके पृष्ठ ७०२ पर नोटमें लिखा है कि श्रीपण्डित ज्वालाप्रसाद मिश्रने इस मन्त्रसे सीतारामकी कथा निकालनेका यत्न किया है **(सुप्रकेतैर्द्युभिरग्निर्वितिष्ठन्नुशद्भिर्वर्णैरभिराममस्थात्)** अर्थ यों लिखा है 'प्रकाशमान देदीप्यमान परमात्मा उत्तम विज्ञानमय नियमोंसे नाना रूपसे व्याप्त होकर मनोहर रूपोंसे रमण करनेयोग्य इस जगत्को प्रकट करता है, चलाता है, व्यवस्थित करता है'—यह केवल एक उदाहरण है। क्या तुलसीदासजीका कहना, कि अग्नि व्यापकरूप और प्रकट दो रूपोंमें जिस तरह वैज्ञानिक मानते हैं वैसे ही ज्ञान और भक्तिके संयुक्त मार्गमें भगवान्का निराकार और साकाररूप है और प्रकटीकरणका प्रयोग है 'प्रेम', अवैदिक है। एक सूफी कविने भी 'इश्क' की कशिशका जोर दिखाते हुए लिखा है *'कच्चे धागे से चले आयेंगे सरकार बँधे।'* स्वामी दर्शनानन्दजी-जैसे उदार पुरुषोंने भी अपने उपनिषद्भाष्य और वेदान्तभाष्यमें यह माना है कि जब जीवमें आनन्द-गुण परमात्मामेंसे आ जाता है तो वह अपनेमें 'सच्चिदानन्दत्व' का अनुभव करता है और भगवान् कृष्णकी तरह 'स्व' रूपमें बोलता है, वे कहते हैं कि लोहेका गोला भी आगके गुण धारणकर आग हो जाता है।

इन सब उदाहरणोंके देनेका हेतु यह है कि आंग्लभाषा-शिक्षित समुदाय अवतार-प्रकरणको केवल कल्पना न समझे वरन् उसपर विचार करे।

(८) यहाँ प्रसङ्ग नहीं है परन्तु संकेतरूपमें यह भी कह देना अनुचित नहीं है कि तुलसीदासकी कलामें फिल्म और सामाजिक-मनोवैज्ञानिक उपन्यासकलाके गुण भी इस तरह कूट-कूटकर भरे हैं कि साहित्य-संसारमें उनका रामचरितमानस बड़े मार्केकी पुस्तक है—तभी तो उनका दावा है कि *'कलियुग तरन उपाय न कोई। राम भजन रामायण दोई॥'* (अज्ञात)

*** श्रीमनु-शतरूपा-प्रकरण समाप्त हुआ ***

भानुप्रताप-प्रकरण

(भरद्वाज सुनु अपर पुनि रामजनम कर हेतु)

सुनु मुनि कथा पुनीत पुरानी। जो गिरिजा प्रति संभु बखानी॥ १॥
बिस्वबिदित एक कैकय देसू। सत्यकेतु तहँ बसै नरेसू॥ २॥
धरमधुरंधर नीतिनिधाना। तेज प्रताप सील बलवाना॥ ३॥
तेहि कें भए जुगल सुत बीरा। सब गुन धाम महा रनधीरा॥ ४॥

शब्दार्थ—प्रति=से; के सामने; को लक्ष्य किये हुए। पुरानी=प्राचीन।

अर्थ—हे मुनि! वह पवित्र और प्राचीन कथा सुनो जो श्रीशिवजीने श्रीपार्वतीजीसे कही थी॥ १॥ संसारमें प्रसिद्ध एक कैकय देश है। वहाँ सत्यकेतु राजा रहता था॥ २॥ धर्मधुरंधर, नीतिका खजाना, तेजस्वी, प्रतापी, सुशील और बलवान् था॥ ३॥ उसके दो वीर पुत्र हुए जो सब गुणोंके धाम और महारणधीर थे॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'सुनु मुनि कथा पुनीत पुरानी। ……'* इति। (क) *'सुनु'* दो बार कहा है। एक *'भरद्वाज सुनु अपर पुनि रामजनम कर हेतु'*, दूसरे यहाँ *'सुनु मुनि कथा पुनीत पुरानी'*। इसमें पुनरुक्ति दोष नहीं है क्योंकि प्रथम 'सुनु' अपर रामजन्मके हेतुके साथ है अर्थात् जब दूसरा 'हेतु' सुननेको कहा तब *'सुनु'* कहा और अब *'कथा'* कहते हैं, अतः कथा सुननेके लिये *'सुनु'* कहा। दो बार दो बातोंके लिये *'सुनु'* कहा। (ख) *'कथा पुनीत पुरानी'*। पुनीत है अर्थात् श्रवण करनेवाला सुनकर पवित्र हो जाता है। *'पुरानी'* है अर्थात् जब महादेवजीने पार्वतीजीसे कही तब सबने जानी। इसके पहले कोई नहीं जानता था। (ग) ☞संत, मुनि, वेद और पुराणोंका जो मत शिवजीने कहा वह याज्ञवल्क्यजीने भरद्वाज मुनिको सुनाया। अब केवल शिवजीको जो कारण समझ पड़ता है उसे सुनाते हैं, यथा—*'तदपि संत मुनि बेद पुराना। जस कछु कहहिं स्वमति अनुमाना॥ तस मैं सुमुखि सुनावउँ तोही। समुझि परइ जस कारन मोही॥'* (१२१। ४-५) अपूर्व कथा सुनकर भरद्वाजजी पूछते हैं कि यह कथा पूर्व किसने कही है, इसीपर याज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि *'जो गिरिजा प्रति संभु बखानी'* अर्थात् यह उमा-महेश्वर संवाद है। यह कथा कभी सुननेमें नहीं आयी, इसीसे कहते हैं कि यह *'पुरानी'* है। पुनः, यह शङ्का होती है कि इस कथामें तो भगवान्की कुछ भी कथा नहीं है, यह तो केवल एक राजाकी कथा है, इसके सुननेसे क्या लाभ हो सकता है? इसीके निवृत्त्यर्थ *'पुनीत'* विशेषण दिया। अर्थात् राजा भानुप्रताप बड़े ही पुण्यश्लोक हुए, जैसे राजा नल, रघु, युधिष्ठिर आदि हुए और इनके कारण भगवान्का जन्म हुआ, ये भगवान्के जन्मके हेतु हैं, अतएव यह कथा पुनीत है। (ङ) *'संभु बखानी'* का भाव कि यह कथा प्रामाणिक है, शिष्टपरिगृहीत है। भगवान् शंकरने कही और पार्वतीजीने सुनी ऐसा

कहकर सुननेकी श्रद्धा बढ़ायी, नहीं तो इसके सुननेमें उतनी श्रद्धा न रहती। ☞कभी देवता, कभी नर और कभी असुर (तीनों) शापवश राक्षस हुए, कुम्भकर्ण और रावण हुए। पूर्व कथाओंमें देवता और असुरका रावण-कुम्भकर्ण होना कह आये। जय-विजय और रुद्रगण देवता थे और जलंधर असुर था। अब मनुष्यका भी रावण-कुम्भकर्ण होना कहते हैं। भानुप्रताप और अरिमर्दन नर हैं। भानुप्रतापकी कथा कहनेमें प्रधान एक भाव यही है।

नोट—१ (क) *'पुनीत', 'पुरानी'* और *'जो गिरिजा प्रति संभु बखानी'* ये सब विशेषण साभिप्राय हैं। इस श्रीरामावतारके दो हेतु बताये हैं—एक मनुशतरूपाजीको वरदान, दूसरा भानुप्रतापका प्रसङ्ग। दोनोंको *'पुनीत'* कहकर दोनोंकी एकता दिखायी। (ख) *'पुरानी'* है, शिवजी ही जानते थे। यथा—*'हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना॥'* (१८५। ५) तथा यहाँ कथा भी वही जानते थे वा, पुरानी (पुराणी)=पौराणिक। अर्थात् ऋषिप्रणीत ग्रन्थोंमें है। (ग) *'संभु'* और *'गिरिजा'* नाम यहाँ कल्याण और परोपकारके विचारसे बहुत अच्छे आये हैं। (घ) करुणासिंधुजीके मतानुसार यह कथा आदिकल्पकी है, अतः पुरानी कहा। ☞करुणासिंधुजी एवं संत श्रीगुरुसहायलालजी लिखते हैं कि यह कथा महारामायण और शिवसंहितामें है। धनराज सूरजी बताते हैं कि अगस्त्यरामायणमें भानुप्रतापकी कथा है। (प्र० सं०) त्रिपाठीजी लिखते हैं कि 'यद्यपि सभी कथाएँ गिरिजाके प्रति शम्भुकी बखानी हुई हैं, पर याज्ञवल्क्यजी इन दोनों कथाओंके लिये गिरिजाशम्भुकी कही हुई बतलाते हैं, इसका आशय यह मालूम होता है कि इन दोनों कथाओंको भुशुण्डिजीने नहीं कहा और भुशुण्डिजीकी कही हुई कथाकी सूची (मूल रामचरित जो उत्तरकाण्डमें वर्णित है) में इन कथाओंका उल्लेख भी नहीं है। अतः भुशुण्डिजीने प्रधानतः उसी कल्पकी कथा कही, जिसमें नारदजीको मोह हुआ था और शम्भुने प्रधानतः उस कल्पकी कथा कही जिसमें ब्रह्म कोसलपुरभूप हुए थे।' (यह जटिल समस्या है। इसपर बहुत वाद-विवाद होता है।)

टिप्पणी—२ *'बिस्वबिदित एक कैकय देसू।.........'* इति। (क) *'बिस्वबिदित'* मनु महाराजका देश नहीं कहा था, केवल उनका नाम दे दिया था। यथा—*'स्वायंभू मनु अरु सतरूपा',* और यहाँ देश तथा पिताका नाम भी दिया, यद्यपि इनके जाननेका कथाके लिये कोई प्रयोजन न था। इससे जान पड़ता है कि भरद्वाजजीने नाम और देश आदि पूछे (क्योंकि यह नवीन इतिहास है जो उन्होंने पूर्व नहीं सुना था। मनुजी प्रसिद्ध हैं क्योंकि ब्रह्माके पुत्र हैं; इससे उनके देशके जाननेकी चिन्ता न हुई)। इसीसे प्रथम ही उनका देश कहा (वा, स्वयं ही नयी कथा होनेके कारण कहा) पुनः, *'बिस्वबिदित'* कैकय और सत्यकेतु दोनोंका विशेषण है। देश और राजा दोनोंकी समानता दिखानेके लिये *'बिस्वबिदित'* कहा। अर्थात् जैसे कैकयदेश विश्वमें विदित है, वैसे ही सत्यकेतु राजा विश्वविदित हैं। 'सत्यकेतु' जैसा नाम है वैसा ही उसमें गुण है। विश्वमें उसके सत्यकी पताका फहराती है। लोकमें जैसा देश प्रसिद्ध है वैसा ही राजा प्रसिद्ध है यथा—**'द्रुमकुल्य इति ख्यातो लोके ख्यातो यथा भवान्'** इति वाल्मीकीये। (यह वचन विश्वामित्रजीने दशरथजीसे कहा था। अर्थात् जिस तरह लोकमें आप विख्यात हैं उसी तरह वह स्थान द्रुमकुल्यनामसे विख्यात है।) (ख) *'कैकय देसू'* कहनेका भाव कि यदि देश न कहते तो कैकयराजाका बोध होता, यह समझा जाता कि कैकयराजाके यहाँ सत्यकेतु रहते थे। (ग) कैकयदेश विश्वमें विदित है—इस कथनसे राजधानीकी प्रसिद्धि कही, यथा—*'जग बिख्यात नाम तेहि लंका'* और सत्यकेतु नामसे राजाकी श्रेष्ठता दिखायी।

नोट—२ 'केकय' यह देश व्यास और शाल्मली नदीकी दूसरी ओर था और उस समय वहाँकी राजधानी गिरिव्रिज वा राजगृह थी। अब यह देश काश्मीरराज्यके अन्तर्गत है और कक्का (वा गकर) कहलाता है। (श० सा०) विनायकी टीकाकार हिरात जो अफगानिस्तानमें है उसे कैकयदेश लिखते हैं। कहते हैं कि यह कश्यप ऋषिका वसाया हुआ था।

नोट—३ 'सत्यकेतु' 'यथा नाम तथा गुण।' नामसे ही जना दिया कि उसके सत्यकी ध्वजा विश्वभरमें

फहराती थी। *'धर्म न दूसर सत्य समाना'* और सब धर्मोंकी जड़ सत्य ही है, यथा—*'सत्य मूल सब सुकृत सुहाए।'* (२। २८) यह राजा सत्यकेतु है इसीसे धर्मधुरन्धर भी हुआ ही चाहे। पुनः, धर्मके चार चरण हैं—सत्य, शील, दया और दान। यथा-*'प्रगट चारि पद धरम के कलि महुँ एक प्रधान। येन केन बिधि दीन्हे दान करै कल्यान॥'* (७। १०३) *'चारिउ चरन धरम जग माहीं॥'* (७। २१) धर्मधुरन्धर कहकर जनाया कि इन चारों प्रकारके धर्मोंमें निपुण हैं। धुरन्धर=धुरीको धारण करनेवाला, भार उठानेवाला। (प्र० सं०)

टिप्पणी—३ *'धरमधुरंधर नीतिनिधाना।……'* इति। (क) सत्यकेतु है, इसीसे धर्मधुरन्धर है—'सत्यान्नास्ति परो धर्मः'। 'नीतिनिधान' कहा, क्योंकि राजाके लिये नीतिज्ञ होना परमावश्यक है। नीति राजाका एक मुख्य अङ्ग है। नीति बिना जाने राज्य नहीं रहता, यथा—*'राजु कि रहइ नीति बिनु जाने।'* (७। ११२) (ख) *'तेज प्रताप सील बलवाना'* इति। तेजस्वी तीन माने गये हैं,—सूर्य, अग्नि, चन्द्र। यथा—*'तेज हीन पावक ससि तरनी।'* (६। १०३) तेज अग्निका-सा, प्रताप भानुका-सा और शील चन्द्रमाका-सा यहाँ अभिप्रेत है, यथा—*'तेज कृसानु।……'*।'(१। ४। ५) *'जब तें रामप्रताप खगेसा। उदित भएउ अति प्रबल दिनेसा॥'* (७। ३१) *'काम से रूप प्रताप दिनेस से सोमसे सील गनेससे माने'* (क० उ० ४३) [नोट—तेज, प्रताप, शील और बल, ये चार गुण चार लोकपालोंके हैं, ये सब एक ठौर सत्यकेतु राजामें दिखाये। तीन गुणवाले तीन लोकपालोंके नाम कहे गये। चौथा गुण 'बल' पवनदेवके समान जनाया, यथा—*'पवनतनय बल पवन समाना।'* (४। ३०। ४) (प्र० सं०)]

टिप्पणी—४ *'तेहि कें भए जुगल सुत बीरा।……'* इति। (क) धर्मधुरन्धर कहकर तब उसके बाद पुत्रकी उत्पत्ति कहते हैं। तात्पर्य कि धर्मसे उत्तम सन्तानकी प्राप्ति होती है, यथा—*'दंपति धरम आचरन नीका। अजहुँ गाव श्रुति जिन्ह कै लीका॥ नृप उत्तानपाद सुत तासू। ध्रुव हरि भगत भएउ सुत जासू॥'* (१४२। २-३) *'भए'* से सूचित किया कि वीर उत्पन्न होते हैं, बनाये नहीं जाते। (ख) *'सब गुन धाम'* इति। अर्थात् जितने गुण पितामें गिनाये—सत्य, धर्म, नीति, तेज, प्रताप, शील और बल उन सबके ये धाम हैं, वे सब इनमें निवास करते हैं और एक गुण सत्यकेतु-(पिता-) से इनमें अधिक दिखाया, वह है 'वीरता'। (ग) *'महा रनधीरा'* यह गुण पितामें नहीं कहा था। 'महारणधीर' का भाव कि पिता रणधीर थे और ये महारणधीर हुए। 'वीर' कहकर महारणधीर कहनेका भाव कि वीर अधीर नहीं होते, यथा—*'सुनि सरोष बोले सुभट बीर अधीर न होहिं।'* (२। १९१) सम्मुख युद्ध करना, प्राणका लोभ न करना वीरकी शोभा है, इससे वीरगतिकी प्राप्ति होती है। सदा रणधीर रहते हैं। रणमें धैर्यपूर्वक डटे रहना, पीछे पैर न देना, भागना नहीं, यह क्षत्रियधर्म है—'युद्धे चाप्यपलायनम्'। यह पितासे वीरतामें अधिक हुए, यह आगे दिखाते हैं कि वीर पिता एक देशका राजा था और इन्होंने अपने पराक्रमसे सप्तद्वीपका राज्य किया, चक्रवर्ती हुए। यथा—*'चक्रवर्त्तिके लच्छन तोरें।'* (१५९। ४) *'सप्त दीप भुजबल बस कीन्हे।……'* (१५४)

नोट—४ (क) प्रथम उत्तम वंश कहकर अब *'तेहि के भए जुगल सुत बीरा।'* यहाँसे संतानकी श्रेष्ठता दिखाते हैं। जैसे मनु-शतरूपाजीके विषयमें *'दंपति धरम आचरन नीका'* कहकर उत्तानपाद आदि संतानकी श्रेष्ठता दिखायी थी। (ख) मनुसंहिता अध्याय ७ श्लोक १६० में राजाओंके छः प्रधान गुण ये कहे गये हैं—सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव और आश्रय। इनके लक्षण और भेद भी अर्थशास्त्रोंमें दिये हैं।—(वि० टी०)

राजधनी जो जेठ सुत आही। नाम प्रतापभानु अस ताही॥५॥
अपर सुतहि अरिमर्दन नामा। भुजबल अतुल अचल संग्रामा॥६॥
भाइहि भाइहि परम समीती। सकल दोष छल बरजित प्रीती॥७॥
जेठे सुतहि राज नृप दीन्हा। हरि हित आपु गवन बन कीन्हा॥८॥

दो०—जब प्रतापरबि भएउ नृप फिरी दोहाई देस।
प्रजा पाल अति बेद बिधि कतहुँ नहीं अघलेस॥१५३॥

शब्दार्थ—**राजधनी**=राज्यका अधिकारी वा मालिक, यथा कोशलधनी, त्रिभुवनधनी। **जेठ**=ज्येष्ठ, बड़ा। **अचल**=अटल, न टलने वा हटनेवाला, पर्वतसमान, पैर जमाये रहनेवाला। **समीती**=सुंदर मित्रता। **बरजित** (वर्जित)=रहित। **अतुल**=जिसकी तौल या अंदाज न हो सके, बहुत अधिक। **अमित**=जिसकी तुलना या समता न हो सके। **प्रतापरबि**=भानुप्रताप। **दोहाई** (द्वि=दो। आह्वाय=पुकार)। राजाके सिंहासनपर बैठनेपर उसके नामकी घोषणा वा सूचना डंके आदिद्वारा होना।

अर्थ—राज्यका अधिकारी जो जेठा पुत्र है, उसका प्रतापभानु (भानुप्रताप) ऐसा नाम है॥५॥ दूसरे पुत्रका नाम अरिमर्दन है; उसकी भुजाओंमें असीम बल था। लड़ाईमें वह पर्वतके समान अचल था॥६॥ भाई-भाई (दोनों भाइयों) में बड़ा ही मेल और सर्वदोषछलरहित प्रेम था॥७॥ राजाने जेठे सुतको राज्य दिया और आप हरिभजनके लिये वनको चल दिये॥८॥ जब भानुप्रताप राजा हुआ, उसकी दुहाई नगरमें फिरी। वह वेदविहित विधानके अनुसार प्रजाका अत्यन्त पालन करने लगा (उसके राज्यमें) पाप लेशमात्र भी कहीं न रह गया॥१५३॥

टिप्पणी—१ ***'राजधनी जो जेठ सुत आही।'''''*** इति। (क) ***'राजधनी आही'*** अर्थात् राज्यका मालिक (अधिकारी) है, अभी राजा नहीं बनाया गया है। इससे दिखाया कि वह राज्याभिषेकका अधिकारी है क्योंकि ज्येष्ठ पुत्र है, जेठा पुत्र राज्याधिकारी होता है, यह नीति है। यथा—***'मैं बड़ छोट बिचारि जिय करत रहेउँ नृप नीति।'*** (३१) (ख) मालिक है। यह कहकर जनाया कि राजाने भानुप्रतापको मालिक (युवराज) बनाकर राज्यकाजमें प्रवीण किया, अब निपुण हो गया है अतः अब राज्य देंगे, जैसा आगे स्पष्ट है—***'जेठे सुतहि राज नृप दीन्हा'*** । यही कायदा है कि प्रथम राज्यकाज सिखाया जाता है। जब उसके योग्य पुत्र होता है तब उसको राज्य दिया जाता है। यथा—***'देखा बिधि बिचारि सब लायक। दच्छहि कीन्ह प्रजापति नायक॥'*** (६२। ६) ***'कहइ भुआल सुनिअ मुनिनायक। भए राम सब बिधि सब लायक॥'*** (२। ३) वैसे ही सत्यकेतुने किया। [(ग) ***'नाम प्रतापभानु अस'*** का सीधा साधारण अर्थ यही है कि 'प्रतापभानु ऐसा उसका नाम है।' इससे यह भी जनाया कि उसका प्रताप ***'भानु अस'*** सूर्यका-सा है। इसीसे ***'भानुप्रताप'*** न कहकर ***'प्रतापभानु अस'*** कहा। पुनः नाम है भानुप्रताप पर वक्ता सर्वत्र प्रतापभानु ही कहते हैं। भाव यह है कि इसका प्रताप उलटनेवाला है।]

टिप्पणी—२ ***'अपर सुतहि अरिमर्दन नामा।'''''*** इति। (क) नामसे ही दोनों भाइयोंके गुण दिखाते हैं। सूर्यका-सा प्रताप है इससे भानुप्रताप नाम है। दूसरा शत्रुओंको मर्दन करता है, इसीसे उसका अरिमर्दन नाम है। (ख) ***'भुजबल अतुल अचल संग्रामा',*** ये दोनों गुण शत्रुके नाशके लिये आवश्यक हैं। अतः ***'अरिमर्दन'*** कहकर इन गुणोंसे सम्पन्न होना भी कहा। इससे जनाया कि बड़ा पुत्र होनेसे भानुप्रताप राज्यका मालिक हुआ और यह पुत्र फौजका मालिक वा अफसर हुआ। यह राज्यकी रक्षा करता है, शत्रुपर चढ़ाई करता है। ☞बड़ा भाई प्रतापमें अधिक है, छोटा भाई बलमें अधिक है। दूसरे जन्ममें भी ऐसा होगा। कुम्भकर्ण रावणसे अधिक बली था। रावणके घूँसेसे हनुमान्‌जी भूमिपर न गिरे थे, यथा—***'जानु टेकि कपि भूमि न गिरा। उठा सँभारि बहुत रिस भरा॥'*** (६। ८३। १) और कुम्भकर्णके घूँसेसे हनुमान्‌जी चक्कर खाकर गिर पड़े थे। यथा—***'पुनि उठि तेहि मारयो हनुमंता। घुर्मित भूतल परेउ तुरंता॥'*** (६। ६४। ८) रावण विशेष प्रतापी था, यथा—***'कर जोरें सुर दिसिप बिनीता। भृकुटि बिलोकत सकल सभीता॥ देखि प्रताप न कपि मन संका।'*** (५। २०)।

टिप्पणी—३ ***'भाइहि भाइहि परम समीती। सकल'''''*** इति। (क) ***'भाइहि भाइहि'*** कहकर अन्योन्य मित्रता दिखायी। प्रीति और मित्रता पर्याय हैं। (ख) ***'सकल दोष छल बरजित प्रीती'*** का भाव कि कपट-छल जहाँ होता है वहाँ प्रेम नहीं रह जाता, यथा—***'जलु पय सरिस बिकाइ देखहु प्रीति कि रीति***

भलि। बिलग होइ रसु जाइ कपट खटाई परत पुनि॥' (५७) अतएव छलरहित कहा। (ग) *'सकल दोष'* जैसे कि मित्रके दुःखसे दुःखित न होना, (यह दोष है, यथा—*'जे न मित्र दुख होहिं दुखारी। तिन्हहिं बिलोकत पातक भारी॥'*) कुमार्गसे निवारण न करना, मित्रके अवगुण दूसरेसे कहना, देने-लेनेमें शङ्का रखना, हित न करना, विपत्ति पड़नेपर स्नेह न करना, मुखपर प्रशंसा और पीठपीछे निन्दा करना इत्यादि दोष श्रीरघुनाथजीने सुग्रीवसे बताये हैं। कपट=छल—*'सोइ छल हनूमान कहँ कीन्हा। तासु कपट कपि तुरतहि चीन्हा॥'* (५। ३। ४)।

टिप्पणी—४' *जेठे सुतहि राज नृप दीन्हा।……'* इति। (क) जो पूर्व कहा था कि राजा *'धरम धुरंधर नीतिनिधाना'* था, उसीको यहाँ चरितार्थ करते हैं। धर्मात्मा और नीतिनिपुण है, इसीसे ज्येष्ठ पुत्रको राज्य दिया। पुत्रको राज्य देना धर्म और नीति है, यथा—*'लोभु न रामहिं राजु कर बहुत भरत पर प्रीति। मैं बड़ छोट बिचारि जिय करत रहेउँ नृपनीति॥'* (२। ३१) (ख) *'हरि हित आपु गवन बन कीन्हा'* इति। प्रथम धर्म निबाहा; तब उससे वैराग्य हुआ। *'जेठे सुतहि राज नृप दीन्हा।'* यह वैराग्यका लक्षण वा प्रमाण है। वैराग्य होनेसे भगवान्‌में भक्ति हुई, अतः *'हरिहित आपु गवन बन कीन्हा'।* यह सब क्रमसे दिखाया। धर्मसे वैराग्य और वैराग्यसे भक्ति होती है, यथा—*'धर्म तें बिरति ……'; 'प्रथमहिं बिप्र चरन अति प्रीती। निज निज कर्म निरत श्रुति रीती॥ एहि कर फल पुनि बिषय बिरागा। तब मम धरम उपज अनुरागा॥'* (३। १६) (ग) *'गवन बन कीन्हा'* से जनाया कि राजाका चौथापन आ गया, यथा—*'संत कहहिं असि नीति दसानन। चौथे पन जाइहि नृप कानन॥'* (६। ७) उदाहरण—*'होइ न बिषय बिराग भवन बसत भा चौथपन।……।'* चौथेपनमें वन जाना चाहिये यह धर्मनीति है, अतः उसका पालन किया।

[मनुजीने *'बरबस राज सुतहि तब दीन्हा'* और सत्यकेतुको बरबस देना नहीं पड़ा, यह *'जेठे सुतहि राज नृप दीन्हा'* से स्पष्ट है। इससे जनाया कि प्रतापभानुको राज्यकी आकांक्षा थी, इससे उसने नहीं न किया। इसमें ही प्रतापभानुके विनाशका गूढ़ रहस्य कविने रख दिया है। (प० प० प्र०)]

टिप्पणी—५ *'जब प्रतापरबि भएउ नृप फिरी दोहाई देस।……'* इति। (क) नये राजाकी दुहाई फिरती है, यथा—*'नगर फिरी रघुबीर दोहाई'* । इससे स्पष्ट किया कि पहले राज्यके अधिकारी मालिक थे, राजा न थे, अब राजा हुए तब मुनादी फिरी कि ये राजा हैं। सत्यकेतु एक देश (कैकय देशमात्र) का राजा था, इसीसे देशमें दुहाई फिरना कहते हैं। भानुप्रताप अपने पराक्रमसे सब राजाओंको जीतकर सप्तद्वीपके राजा हुए, यह आगे स्पष्ट कहा है—*'सप्तदीप भुजबल बस कीन्हे। लै लै दंड छाँड़ि नृप दीन्हे॥'* (ख) *'प्रजा पाल अति बेदबिधि कतहुँ नहीं अघ लेस'* इति। इससे दिखाया कि राजा कैसा भारी धर्मात्मा है कि प्रजामात्रमें कहीं पापका नामतक नहीं है। [*'अति'* से यह भी जनाया कि प्रजाकी रक्षा आदि पुत्रवत् करता था। कुमार्गियोंको दण्ड देता था। इससे हिंसा, जूआ, चोरी, परस्त्रीगमन आदि व्यसन कहीं नहीं रह गये। (वै०) राजा धर्मात्मा था अतः प्रजा भी धर्मात्मा है।

छान्दोग्योपनिषद् अ० ५ खण्ड ११ में एक केकयकुमार 'अश्वपति' की चर्चा आयी है जिनके पास प्राचीनशाल आदि ऋषियोंसहित अरुणपुत्र उद्दालक मुनि वैश्वानर आत्माके सम्बन्धमें जानकारीके लिये गये थे। उन केकयकुमारने उनसे कहा था कि 'मेरे राज्यमें कोई चोर, अदाता, मद्यप, अनाहिताग्नि, अविद्वान् और परस्त्रीगामी नहीं है फिर कुलटा स्त्री आयी ही कहाँसे ? यथा—'**न मे स्तेनो जनपदे न कदर्यो न मद्यपः। नानाहिताग्निर्नाविद्वान्न स्वैरी स्वैरिणी कुतो॥**' ५॥ इससे जान पड़ता है कि केकयदेशके सभी राजा इस प्रकार प्रजाका पालन करते हैं। राजा भानुप्रताप इनसे भी अधिक प्रजापालक था।]

पुनः, *'अति'* का भाव कि सत्यकेतु भी प्रजाका पालन करते थे पर भानुप्रताप 'अत्यन्त' पालन करता है, *'बेदबिधि'* से जनाया कि वेद-पुराण-शास्त्रमें उसकी अत्यन्त श्रद्धा है। श्रद्धाके उदाहरण यथा—(१)*'प्रजा पाल अति बेद बिधि',* (२)*'भूप धरम जे बेद बखाने। सकल करै सादर सनमाने॥',*

(३)*'दिनप्रति देइ बिबिध बिधि दाना। सुनै सास्त्र बर बेद पुराना॥',* (४)*जहँ लगि कहे पुरान श्रुति एक एक सब जाग। बार सहस्र सहस्र नृप किए सहित अनुराग॥'* (१५५)

नोट—१ करुणासिंधुजी लिखते हैं कि महारामायणमें यह कथा है कि 'भानुप्रताप श्रीसीतारामजीका बड़ा ही कृपापात्र है। इसका नाम प्रतापी है। श्रीरामचन्द्रजीने मनु-शतरूपाजीको वरदान देनेके पश्चात् एक समय इसे आज्ञा दी कि तुम प्रकृति-मण्डलमें जाकर राजा हो, हम तुम्हारे साथ कुछ रणक्रीड़ा करेंगे। [बैजनाथजी लिखते हैं कि इस-(प्रतापी-) पर आदिशक्तिजीका बड़ा प्रेम था। एक समय गेंदके खेलमें उसने अपनी सफलता दर्शायी। इससे प्रसन्न होकर प्रभुने यह आज्ञा दी थी।] आज्ञा पाकर आदिकल्पके प्रथम सत्ययुगमें वही सखा प्रतापभानु राजा हुआ।'

सन्त श्रीगुरुसहायलालजी लिखते हैं कि श्रीरामजीकी इच्छासे प्रतापी सखा भानुप्रताप हुआ और 'बलवर्य' सखा अरिमर्दन हुआ। वे लिखते हैं कि शिवसंहितामें कहा है कि—**'प्रतापी राघवः सखा भ्राता वै स हि रावणः। राघवेण तदा साक्षात्साकेतादवतीर्यते॥'**

नोट—२ *'अति बेद बिधि……'* इति। *'अति बेद बिधि'* कहकर जनाया कि सत्यकेतु 'वेदविधि' से प्रजापालन करते थे और भानुप्रताप उनसे श्रेष्ठ हुआ। (प्र० सं०)

अलंकार—*'अघलेस'* कहकर राजाकी अतिशय नीति-निपुणता कहना 'अत्युक्ति' अलङ्कार है। यथा—*'योग्य व्यक्तिकी योग्यता अति करि बरनी जाय। भूषन सो अत्युक्ति है समुझैं जे मतिराय॥'* (अ० मं०)

नृप हित कारक सचिव सयाना। नाम धरमरुचि सुक्र समाना॥ १॥
सचिव सयान बंधु बलबीरा। आपु प्रतापपुंज रनधीरा॥ २॥
सेन संग चतुरंग अपारा। अमित सुभट सब समर जुझारा॥ ३॥
सेन बिलोकि राउ हरषाना। अरु बाजे गहगहे निसाना॥ ४॥

शब्दार्थ—चतुरंग=चतुरंगिणी सेनाके चार अङ्ग हैं—हाथी, घोड़े, रथ और पैदल। जुझारा=जूझनेवाले; पैर पीछे न रखनेवाले। चाहे लड़ाईमें प्राण ही क्यों न चले जायँ, बाँके वीर, सूरमा। यह शब्द प्रान्तिक है। केवल पद्यमें प्रयुक्त होता है। 'बलवीर'—बलमें औरोंसे बढ़कर, बलवान्, बलवान् और वीर, शूरवीर। वीर=जो किसी काममें औरोंसे चढ़कर हो जैसे दानवीर, कर्मवीर, बलवीर। प्रतापपुंज=प्रतापसमूह। पुंज=समूह, राशि, ढेर। प्रतापपुंज=बड़ा प्रतापी। गहगहे=घमाघम, धूमधामके सहित, बहुत अच्छी तरह। इस अर्थमें यह शब्द बाजोंहीके सम्बन्धमें आता है, यथा—*'बाजे नभ गहगहे निसाना।'* (१। २६२) *'गहगह गगन दुंदुभी बाजी,' 'बाज गहागह अवध बधावा।'* (अ० ७)*'चली गान करत निसान बाजे गहगहे लहलहे लोयन सरसई है।'* (गीतावली) निशान=डंका, धौंस, दुंदुभी। पहले लड़ाईमें डंकेका जोड़ा ऊँटों और हाथियोंपर चलता था और उसके साथ निशान (झंडा) भी रहता था, इससे यह सूचना होती थी कि लड़ाईके लिये हम आये हैं।

अर्थ—मन्त्रीका नाम धर्मरुचि है जो शुक्राचार्यजीके समान सयाना और राजाका हित करनेवाला था॥ १॥ मन्त्री चतुर, भाई बलमें वीर और आप (राजा) बड़ा ही प्रतापी और रणधीर था॥ २॥ साथमें (पास) अपार चतुरंगिणी सेना थी जिसमें अगणित उत्तम-उत्तम योद्धा थे जो सब-के-सब समरमें जूझ जानेवाले थे॥ ३॥ सेनाको देखकर राजा हर्षित हुआ और घमाघम नगाड़े बजने लगे॥ ४॥

टिप्पणी—१ *'नृप हित कारक सचिव सयाना।……'* इति। (क) मन्त्रीका यही एक धर्म है कि राजाका हित करे और चतुर हो। सयाना हो अर्थात् सब बातें जाने, यह मुख्य है। (पुनः, भाव कि राजाका जो भी हित करता है वह सब पूर्ण होता है, अतः सयाना कहा। पुनः, सयाना=ज्ञानी। संग्रामका समय है, अतः ज्ञानी कहा। ज्ञानी कहनेका भाव यह है कि ज्ञानीकी पराजय नहीं होती, यथा—**'यत्र योगेश्वरः**

कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः। तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम॥' (गीता १८। ७८) (ख)*'नाम धरम-रुचि'* अर्थात् यथा नाम तथा गुण है। धर्ममें रुचिका प्रमाण है कि *'नृपहित हेतु सिखव नित नीती।'* (ग) शुक्र समान कहनेका भाव कि शुक्र राजाके हितकारक थे और सयाने भी। जब राजा बलिने उनके वचन न माने तब भी उन्होंने राजाका हित विचारकर जलपात्रमें प्रवेशकर उसमेंसे जल न गिरने दिया, जिसमें राजा संकल्प न कर सके और उसका राज्य बना रह जाय। बृहस्पति भी नीतिमें कम नहीं हैं परंतु उनके समान न कहा। कारण कि इन्द्रने जब बृहस्पतिका अपमान किया तब वे चल दिये। इन्द्रकी राज्यश्री नष्ट-भ्रष्ट हो गयी। पर बृहस्पतिने उनकी रक्षा न की। अतएव बृहस्पतिको शुक्रके समान राजाका हितैषी न जानकर उनकी उपमा न दी। पुनः दूसरा भाव कि राजा भानुप्रतापको राक्षस रावण होना है, शुक्र राक्षसोंके गुरु और मन्त्री हैं। धर्मरुचि भानुप्रताप (भविष्यके रावण)का मन्त्री है, अतः शुक्र समान कहकर भविष्यकी सूचना दी। (घ) प्रजाका हित राजा करते हैं यह दोहेमें दिखा आये। राजाका हित मन्त्री करता है यह यहाँ कहा। ☞राजाके सात अंग कहे गये हैं उनमेंसे मन्त्री प्रधान अंग है, इसीसे मन्त्रीको प्रथम कहते हैं।

नोट—१ श्रीशुक्राचार्यजी देवता हैं। पर दैत्योंके पक्षमें रहते हैं, दैत्योंके आचार्य और सर्वज्ञ हैं। जब राजा बलि नर्मदाके उत्तर तटपर भृगुकच्छक्षेत्रमें अश्वमेध-यज्ञ कर रहे थे तब वामनरूपधारी विष्णुभगवान्‌ने देवकार्यके लिये उनसे जाकर अपने पैरोंकी नापसे तीन पग पृथ्वी माँगी और राजा बलिने देनेको अङ्गीकार कर लिया। उस समय सर्वज्ञ दैत्यगुरुने भगवान्‌के उद्देश्यको जानकर बलिको भूमिदान करनेसे रोका। अनेक प्रकारसे राजाको नीति समझायी—'अपनी जीविकाकी वृत्ति वा प्राणोंकी रक्षाके लिये, पुनः किसीके सत्य बोलनेसे किसीके प्राणोंपर आ बने तो उसकी रक्षाके लिये इत्यादि अवसरोंपर झूठ बोलना पाप नहीं है; तुम अपनी जीविकाकी वृत्तिकी रक्षाके लिये अब भी 'नहीं' कर सकते हो। राजाने इनकी बात न मानी तब गुरुने डाँटा और शापका भी भय दिखाया, अपने अपमानकी चिन्ता न की। फिर भी जब बलि अपनी सत्य-प्रतिज्ञासे न डिगे तब वे जलपात्रमें प्रवेश कर गये, जिसमें संकल्प पढ़नेके लिये जल ही न मिले। इसका फल यह उनको मिला कि उनकी एक आँख फोड़ दी गयी। इस प्रकार अपना अपमान और अहित सहकर भी उन्होंने बलिका भला ही चाहा था। 'शुक्रनीति' इनका ग्रन्थ प्रसिद्ध ही है।

श्रीकेशवदासजीने 'रामचन्द्रिका' में कहा है कि जब अकम्पनादि बड़े-बड़े बली योद्धा मारे गये तब रावणने महोदरसे मन्त्र (सलाह) पूछा। उस समय महोदरने चार प्रकारके मन्त्र और चार प्रकारके मन्त्री कहे हैं। यथा—(१) *'कह्यो शुक्राचार्य सु हौं कहौं जू, सदा तुम्हारो हित संग्रहौं जू।', 'चारि भाँति मंत्री कहे चारि भाँतिके मंत्र। मोहि सुनायो शुक्र जू सोधि सोधि सब तंत्र॥'* (२) छप्पय—*'एक राजके काज हतै निज कारज काजे। जैसे सुरथ निकारि सबै मंत्री सुख साजे॥ एक राजके काज आपने काज बिगारत। जैसे लोचन हानि सही कवि बलिहि निवारत॥ इक प्रभु समेत अपनो भलो करत दासरथि दूत ज्यों। इक अपनो अरु प्रभुको बुरो करत रावरो पूत ज्यों॥'* (१७ वाँ प्रकाश)। (प्र० सं०)

टिप्पणी—२ *'सचिव सयान बंधु बलबीरा।'*······' इति। (क) जिसमें जो गुण प्रधान है उसमें वह गुण लिखते हैं। सचिवमें 'सयानता' प्रधान है—*'नृप हित कारक सचिव सयाना।'* भाईमें बल प्रधान है—*'अपर सुतहि अरिमर्दन नामा। भुज बल अतुल अचल संग्रामा······॥'* और राजामें 'प्रताप' प्रधान है—*'नाम प्रतापभानु अस ताही'* तथा यहाँ *'आप प्रतापपुंज······।'* (ख) शत्रु बुद्धि और बलसे जीता जाता है। यथा—*'नाथ बयरु कीजे ताही सों। बुधि बल सकिय जीति जाही सों॥'* (५। ६) सचिवमें बुद्धि है और भाईमें बल है। ये दोनों राजाकी दक्षिणभुजा हैं। चतुरङ्गिणी सेना और सुभट राजाके वाम भुज हैं, यह बात जनानेके लिये राजाको दोनोंके बीचमें रखा। तात्पर्य कि ऐसा चतुर्भुज विश्वको विजय करता है।

टिप्पणी—३*'सेन संग चतुरंग अपारा। अमित सुभट सब समर जुझारा॥'* इति। (क)*'सेन संग'* कहकर सूचित किया कि राजा दिग्विजयके लिये सेना लेकर निकले हैं, चतुरङ्गिणी सेना कहकर *'सुभट'* को

उससे पृथक् लिखकर जनाया कि यह अक्षौहिणी सेना है। अक्षौहिणीमें पाँच अङ्ग गिनाये गये हैं—हाथी, घोड़ा, रथ, प्यादा और योद्धा। यथा—'**अयुतं च नागास्त्रिगुणी रथानां लक्षैकयोद्धा दशलक्षवाजिनाम्। पदातिसंख्या षट्त्रिंशलक्षा अक्षौहिणीं तां मुनयो वदन्ति॥**' यहाँ भी अक्षौहिणी सेना बतानेके लिये पाँचों अङ्ग कहे। चतुरङ्गिणी सेना अपार है और सुभट भी अमित हैं, इसीसे अक्षौहिणीकी संख्या न की। अपार और अमित कहनेसे अमित अक्षौहिणी दल सूचित किये।

नोट—२ चतुरङ्गिणी सेनाके चार अङ्ग ये हैं—हाथी, रथ, घोड़े और पैदल। यथा—'**हस्त्यश्वरथपादातं सेनाङ्गं स्याच्चतुष्टयम्।**'(अमरकोश २। ८। ३३) सेनाके पत्ति, सेनामुख और गुल्मादि जो सङ्घ प्राचीन ग्रन्थोंमें कहे गये हैं उनमें भी उपर्युक्त हाथी आदि यही चार अङ्ग गिनाये गये हैं। प्रमाण यथा—'**एकेभैकरथा-त्र्यश्वापत्तिः पञ्चपदातिकाः। पत्त्यङ्गैस्त्रिगुणैः सर्वैः क्रमादाख्या यथोत्तरम्॥ ८०॥ सेनामुखं गुल्मगणौ वाहिनी पृतना चमूः। अनीकिनी दशानीकिन्यक्षौहिणी॥ ८१॥**' (अमरकोश २। ८) अर्थात् एक हाथी, एक रथ, तीन घोड़े और पाँच पैदल मिलकर एक 'पत्ति' होती है। इससे क्रमसे तिगुना करते जानेसे उत्तरोत्तर क्रमशः सेनामुख, गुल्म, गण, वाहिनी, पृतना, चमू, अनीकिनी, दशानीकिनी और अक्षौहिणी होती हैं। निम्न तालिकासे यह स्पष्ट हो जायगा—

सेना संख्या	हाथी	रथ	घोड़े	पैदल
१ पत्ति	१	१	३	५
२ सेनामुख	३	३	९	१५
३ गुल्म	९	९	२७	४५
४ गण	२७	२७	८१	१३५
५ वाहिनी	८१	८१	२४३	४०५
६ पृतना	२४३	२४३	७२९	१२१५
७ चमू	७२९	७२९	२१८७	३६४५
८ अनीकिनी	२१८७	२१८७	६५६१	१०९३५
९ दशानीकिनी	६५६१	६५६१	१९६८३	३२८०५
१० अक्षौहिणी	१९६८३	१९६८३	५९०४९	९८४१५

यह गणना अमरकोशके अनुसार हुई और महेश्वरकृत अमरविवेकटीका (सन् १९०७ निर्णयसागरकी छपी) में टीकाकार अक्षौहिणीका प्रमाण कहींका इस प्रकार लिखते हैं। '**तथा च। अक्षौहिण्यामित्यधिकैः सप्तत्या ह्यष्टभिः शतैः। संयुक्तानि सहस्त्राणि गजानामेकविंशतिः॥ एवमेव रथानां तु संख्यानं कीर्तितं बुधैः। पञ्चषष्टिः सहस्त्राणि षट् शतानि दशैव तु॥ संख्यातास्तुरंगास्तज्ज्ञैर्विना रथतुरङ्गमैः। नृणां शतसहस्त्राणि सहस्त्राणि तथा नव। शतानि त्रीणि चान्यानि पञ्चाशच्च पदातयः॥ इत्येकैकम्॥ भारते अक्षौहिणीप्रमाणम्। 'अक्षौहिण्याः प्रमाणं तु खाङ्गाष्टैकद्विकैर्गजैः। रथैरेतैर्हयैस्त्रिघ्नैः पञ्चघ्नैश्च पदातिभिः॥**' महाक्षौहिणीप्रमाणं तु '**खद्वयं निधिवेदाक्षिचन्द्राक्ष्यग्निहिमांशुभिः। महाक्षौहिणिका प्रोक्ता संख्या गणितकोविदैः॥**' अर्थात् अक्षौहिणी सेनामें २१८७० हाथी, २१८७० रथ, ६५६१० घोड़े और १०९३५० पैदल होते हैं।

महाभारतमें इसीको संक्षेपसे इस प्रकार कहा है—'**खाङ्गाष्टैकद्विकैः**' [(द्वि) २ (एक) १ (अष्ट) ८ (अङ्ग) ७ (ख) ० अर्थात् २१८७० हाथी, इतने ही रथ, तिगुने घोड़े और पचगुने पैदल मिलकर 'अक्षौहिणी' सेना होती है। इसी तरह महा अक्षौहिणीकी **खद्वयं-निधि-वेद-अक्षि-चन्द्र-अक्षि-अग्नि-हिमांशु**' (००, ९, ४, २, १, २, ३, १) अर्थात् १३२१२४९०० संख्या सब मिलकर होती है।

आजकल इस सम्बन्धका यह श्लोक प्रचलित है जो श्रीरामकुमारजीने टिप्पणीमें दिया है। परंतु हमें पता नहीं चला कि यह श्लोक कहाँका है। (इसमें अशुद्धियाँ भी बहुत हैं परंतु प्रसिद्ध है अतः दिया है।)

उपर्युक्त प्रमाणोंसे सिद्ध होता है कि सुभटोंकी गणना हाथी, रथ और घोड़ेके सवारोंमें आ गयी

क्योंकि सभी हाथी, घोड़े आदि अनुमानतः बिना वीर योद्धा सवारोंके न होंगे। वीर सुभटोंका हाथी, घोड़े और रथोंमें बैठकर युद्ध करना पाया जाता है। *'सेन चतुरंग अपारा'* कहकर *'अमित सुभट'* कहनेका भाव यह हो सकता है। हाथी, रथ, घोड़े, पैदल अपार हैं (अर्थात् गिनती नहीं है कि कितनी अक्षौहिणी सेना है)। सुभटोंको अमित कहकर जनाया कि पाठक यह न समझ लें कि अपार हाथी आदिमें बहुतेरे खाली ही होंगे, सुभटोंकी संख्या कम होगी सो बात यहाँ नहीं है, हाथी, रथ और घोड़ोंपर जो वीर सुभट हैं वे भी संख्यारहित हैं।

टिप्पणी—४ (क) *जुझारा'* इति। शस्त्रास्त्रसे मरनेको तथा लड़नेको 'जूझना' कहते हैं। यहाँ 'जुझारा'=लड़नेवाले, लड़ैत। यथा—*'पुनि रघुपति सैं जूझै लागा। सर छाँड़ै होइ लागहिं नागा॥'* (ख) मन्त्री, भाई, चतुरङ्गिणी सेना और सुभट सबको गिनानेका भाव कि इन सबको साथ लेकर राजा दिग्विजयके लिये निकला। (ग)*'सुभट सब समर जुझारा।'* —सब सुभट हैं अर्थात् उत्तम चुने हुए वीर योद्धा हैं, इसीसे *'समर जुझारा'* हैं।

टिप्पणी—५*'सेन बिलोकि राउ हरषाना।'*''''''' इति। (क) ☞ यात्राके समय हर्ष होना शकुन है, यथा—*'अस कहि नाइ सबन्ह कहँ माथा। चलेउ हरषि हिय धरि रघुनाथा॥'*, *'हरषि राम तब कीन्ह पयाना। सगुन भए सुभ सुंदर नाना॥'* हर्षसहित चलनेसे कार्य सिद्ध होता है, यथा—*'होइहि काज मोहि हरष बिसेषी।'* (ख) हर्षित हुए कि इस सेनासे हम समस्त शुत्रओंको जीत लेंगे। हर्ष होना भीतरका शकुन है और डंके-नगाड़ेका बजना बाहरका शकुन है, यथा—'**भेरीमृदङ्गमृदुमर्दलशंखवीणा वेदध्वनिर्मङ्गलगीतघोषाः। पुत्रान्विता च युवती सुरभी सवत्सा धौताम्बरं च रजकोऽभिमुखः प्रशस्तः।**' पुनः सेनाको मनके अनुकूल पाया, अतः हर्ष हुआ।

अलङ्कार—सेनाकी ओर देखकर राजा हर्षित हुए। इस चेष्टाको देखकर सेनापति समझ गये कि राजा दिग्विजयके लिये प्रस्थान किया चाहते हैं, उनके इस सूक्ष्म कृत्यके उत्तरमें सेनापतियोंने निशान बजवाये जिससे प्रकट हो जाय कि वे राजाके अभिप्रायको समझ गये। अतएव 'सूक्ष्म अलङ्कार' हुआ। (वीरकवि)

बिजय हेतु कटकई बनाई। सुदिन साधि नृप चलेउ बजाई॥५॥
जहँ तहँ परीं अनेक लराईं। जीते सकल भूप बरिआईं॥६॥
सप्त दीप भुज बल बस कीन्हे। लै लै दंड छाड़ि नृप दीन्हे॥७॥
सकल अवनिमंडल तेहि काला। एक प्रतापभानु महिपाला॥८॥

दोहा—स्वबस बिस्व करि बाहुबल निज पुर कीन्ह प्रबेसु।
अरथ धरम कामादि सुख सेवै समय* नरेसु॥१५४॥

शब्दार्थ—कटकई=सेना, फौज। यह शब्द केवल पद्यमें प्रयुक्त होता है। *'मनहु करुनरस कटकई उतरी अवध बजाइ'* (अ०)।=छोटा कटक, छोटी सेना। साधि=शोधकर, शुभ मुहूर्त विचरवाकर, साधकर। बजाई=बजाकर, डंका पीटकर, यथा—*'देउँ भरत कहँ राज बजाई।'* दंड= वह धन जो शत्रु या छोटे राजाओंसे बड़े राजाको मिलता है, खिराज, कर; वह धन जो अपराधीसे किसी अपराधके कारण लिया जावे। अवनि=पृथ्वी। मंडल=अण्डाकार फैलाव, गोला। प्रवेश करना=भीतर ज़ाना; दाखिल होना, पैठना।

अर्थ—दिग्विजयके लिये सेना सजाकर और शुभ दिन(मुहूर्त) साधकर राजा चढ़ाईका डंका बजाकर चला॥५॥ जहाँ-तहाँ अनेक लड़ाइयाँ (लड़नी) पड़ीं अर्थात् हुईं। सब राजाओंको उसने बलपूर्वक जीत लिया॥६॥ सातों द्वीपोंको अपनी भुजाओंके बलसे वशमें कर लिया और दण्ड ले-लेकर राजाओंको छोड़ दिया॥७॥ उस समय सम्पूर्ण भूमण्डलमें एक भानुप्रताप ही (मण्डलीक) राजा था॥८॥ संसारभरको अपनी

* पाठान्तर—'सबइ'—छ०, भा० दा०।

भुजाओंके बलसे अपने वशमें करके उसने अपने नगरमें प्रवेश किया। राजा अर्थ, धर्म, काम आदि सब सुखोंको समय-समयपर सेवन करने लगा॥ १५४॥

टिप्पणी—१ '*बिजय हेतु कटकई बनाई*.........' इति। (क) '*कटकई बनाई*' अर्थात् व्यूहकी रचना की, आगे-पीछे चलनेका प्रकार किया। प्रथम फौज निकलकर परेडपर खड़ी हुई। उसे देखकर राजा हर्षित हुआ। तब वहीं परेडपर सेनाकी रचना की गयी। सेनाकी रचना करते बने तो अवश्य विजय होती है, इसीसे '*बिजय हेतु कटकई*' का बनाना कहा। '*कटकई बनाई*' से यह भी जनाया कि पूरी सेनामेंसे कुछकी एक छोटी सेना दिग्विजयके लिये बना ली, शेष राजधानीमें ही रहने दी। (ख) '*सुदिन साधि नृप चलेउ।*' इससे ज्ञात हुआ कि उसी दिन दिग्विजयके लिये सुदिन था, उसीको साधा अर्थात् जैसे ही पयान करनेकी लग्न आयी वैसे ही पयान कर दिये। (ग) '*बजाई*' वीर जब दिग्विजयको चलते हैं तब नगाड़ा, डंका बजाकर चलते हैं, यथा—'*मानहुँ मदन दुंदुभी दीन्ही। मनसा बिस्व बिजय कहँ कीन्ही॥*' (२३०। २) वैसे ही यहाँ भी जब सेना निकली तब नगाड़े बजे—'*सेन बिलोकि राउ हरषाना। अरु बाजे गहगहे निसाना॥*' और जब फौज चली तब डंके बजे—'*सुदिन साधि नृप चलेउ बजाई।*' इसीसे नगाड़ोंका बजना दो बार कहा।

टिप्पणी—२ (क) '*जहँ तहँ परीं अनेक लराईं*' इति। लड़ाई 'जहाँ-तहाँ' ही करनी पड़ी तब भी लिखते हैं कि 'अनेक लड़ाइयाँ हुईं। कारण यह है कि सप्तद्वीपके राजाओंको जीता है, इससे लड़ाइयाँ बहुत हुईं, फिर भी जहाँ-तहाँ ही हुईं अर्थात् सर्वत्र नहीं हुईं, कहीं-कहीं ही लड़ाई करनी पड़ी। '*जहँ तहँ*' से जनाया कि सब नहीं लड़े, बहुत-से आकर मिल गये, बहुतेरे भाग गये, यथा—'*जासु देसु नृप लीन्ह छड़ाई। समर सेन तजि गएउ पराई॥*' (१५८। २) (ख) '*जीते सकल भूप बरिआई*' इति। '*बरिआई*' अर्थात् बल-पुरुषार्थसे लड़कर जीता, छल करके (अर्थात् अधर्म-युद्धसे) नहीं। आगे यह स्पष्ट है, यथा—'*स्वबस बिस्व करि बाहुबल*', '*सप्त दीपभुज बलबस कीन्हे।*' (ग) ☞संक्षेपसे युद्ध वर्णन करनेका भाव कि भानुप्रतापको सप्तद्वीपके राजाओंको जीतनेमें कुछ भी विलम्ब न हुआ, बहुत ही शीघ्र सबको जीतकर वे लौट आये। इसीसे युद्धका वर्णन भी बहुत थोड़ेमें किया गया।

टिप्पणी—३ '*सप्त दीप भुज बल बस कीन्हे*.........' इति। तात्पर्य कि सब राजाओंको जीतकर पकड़ लिया और सबके राज्यपर कर बाँध-बाँधकर सबको छोड़ दिया। सब राजा अब आज्ञामें रहते हैं। (राज्य छीनकर अपने राज्यमें मिला लेना अच्छी नीति नहीं है। राज्य उतना ही बड़ा होना चाहिये जिसकी देख-रेख स्वयं राजा कर सके। (वि० त्रि०)

नोट—१ 'सातों द्वीप सात बड़े-बड़े समुद्रोंसे घिरे हुए हैं। उन्हें क्योंकर पार किया? श्रीरघुनाथजी तो सौ योजनवाले चौड़े समुद्रपर सेतु बाँधकर तब लङ्काको गये थे और ये समुद्र तो बहुत बड़े हैं?' यह शङ्का उठाकर पं० रामकुमारजी उसका यह समाधान करते हैं कि 'प्रतापीको सब मार्ग दे देते हैं। भानुप्रतापको भी समुद्रने मार्ग दिया, नहीं तो लाखों योजनके विस्तारके समुद्रोंमें पार कैसे होते? यदि समुद्र मार्ग न देता होता तो श्रीरामजी मार्ग माँगते ही क्यों? यथा—'*तासु बचन सुनि सागर पाहीं। माँगत पंथ कृपा मन माहीं॥*' (५। ५६) मोहवश पहले समुद्रने मार्ग न दिया पर जब उनका बल देखा तब प्रसन्न हुआ—'*देखि राम बल पौरुष भारी। हरषि पयोनिधि भएउ सुखारी॥*' (५। ६०) उसने मार्ग न दिया पर सेतुबन्धनका उपाय बता दिया। सेतुका उपाय बताया जिसमें सुयश हो, यथा—'*एहि बिधि नाथ पयोधि बँधाइय। जेहि यह सुजस लोक तिहुँ गाइय॥*' जब सातों द्वीपोंमें रघुनाथजीका राज्य हुआ तब सेतु बाँधना कहाँ लिखा है। सब समुद्र मार्ग देते रहे।' दूसरा समाधान इसका यह हो सकता है कि उस समय जान पड़ता है कि भारतवर्ष बड़ी उन्नतिपर पहुँच चुका था। राजाके यहाँ बड़े-बड़े विमान (हवाई जहाज) थे, बड़े-बड़े दरियाई घोड़े आदि थे। जैसे पुष्पकविमानपर श्रीरघुनाथजी सेनासहित लङ्कासे श्रीअवध लौटें और तत्पश्चात् भी कई बार जहाँ-तहाँ पुष्पकपर उनका आना-जाना आनन्दरामायण आदिमें पाया जाता है। लङ्काकी चढ़ाईके समय वनवासमें थे, इससे समुद्रबन्धन करना पड़ा था।

नोट—२ सप्तद्वीप और सप्तसमुद्रोंका विस्तृत वर्णन श्रीमद्भागवत स्कन्ध ५ में, करुणासिंधुजीकी आनन्दलहरी टीकामें तथा कोशोंमें पाठक देख सकते हैं।

☞पुराणोंके अनुसार पृथ्वी सप्तद्वीपोंमें विभक्त की गयी है। भागवतमें राजा प्रियव्रतके द्वारा सप्तद्वीपकी सृष्टिका होना कहा गया है। द्वीप=पृथ्वीके विभाग। सातोंके नाम ये हैं—जम्बू, प्लक्ष, शाल्मली, कुश, क्रौञ्च, शाक, पुष्कर। मुसलमानोंमें भी हत्फ अकलीम माने जाते हैं। पर उससे सप्तद्वीपसे कोई मिलान नहीं है।

टिप्पणी—४ *'सकल अवनिमंडल तेहि काला।'''''''* इति। अर्थात् सार्वभौम राजा हुआ। *'अवनि-मंडल'* का तात्पर्य कि सप्तद्वीपमें समस्त पृथ्वी है। जिस कालमें भानुप्रताप राजा था उस कालमें पृथ्वी-भरमें दूसरा स्वतन्त्र राजा नहीं था, यथा—*'भूमि सप्तसागर मेखला। एक भूप रघुपति कोसला॥'*(७। २२) ☞श्रीरघुनाथजीके राज्यशासनके वर्णनमें *'तेहि काल'* न कहा जैसा यहाँ कहा गया है, कारण कि श्रीरामजी तो सभी कालोंमें वर्तमान रहते हैं, यथा—*'आदि अंत मध्य राम साहिबी तिहारी'* राजारूपसे भी भगवान् ही हैं, यथा—*'ईस असंभव परम कृपाला'* 'नराणां च नराधिपः' (गीता १०) और भानुप्रतापमें कालका नियम है क्योंकि कुछ दिन रहे फिर न रहे। [दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि रघुकुलमें पूर्वसे ही चक्रवर्ती राजा होते आये हैं और भानुप्रतापके पूर्वज चक्रवर्ती न थे; यही अपने कुलमें प्रथम ऐसा प्रतापी हुआ।]

टिप्पणी—५ *'स्वबस बिस्व करि बाहुबल''''''* इति। (क)*'सेवैं समय नरेसु'* राजा समयपर सेवते अर्थात् सेवन करते हैं। भाव कि अर्थके समयमें अर्थ, धर्मके समयमें धर्म, कामके समयमें काम और हरिभक्ति और सत्सङ्ग करके मोक्षसुख सेवते हैं। यथा—*'तथा मोच्छसुख सुनु खगराई। रहि न सकइ हरिभगति बिहाई॥' 'तात स्वर्ग अपबर्ग सुख धरिअ तुला एक अंग। तूल न ताहि सकल मिलि जो सुख लव सतसंग॥'* (५। ४) तात्पर्य कि चारों पदार्थ राजाको प्राप्त हैं; यह बात राजाने स्वयं अपने मुखसे आगे कही है, यथा—*'कृपासिंधु मुनि दरसन तोरें। चारि पदारथ करतल मोरें॥'* (१६४। ८) (ख) समस्त पृथ्वीको जीतनेके बाद सुखको वर्णन करनेका भाव कि निष्कण्टक राज्य होनेसे राजाको सुख होता है।

नोट—३ (क) बैजनाथजी लिखते हैं कि अब 'परिपूर्ण विभव वर्तमान है यही बात यहाँ कहते हैं। अर्थ अर्थात् इच्छापूर्ण धन, धर्म अर्थात् सत्य, शौच, दया और दानादियुक्त। काम अर्थात् एक तो कामदेव, दूसरे मनोकामनाएँ इत्यादि यावत् सुख हैं अर्थात् सुगन्ध, वनिता, वस्त्र, गीत, ताम्बूल, भोजन, भूषण और वाहन, ये आठों भाग्याङ्ग सुख राजा भानुप्रतापको सेवते (सेवा करते) हैं। अथवा सब सुख भी प्राप्त हैं और सब देशोंके राजा भी सेवामें हाजिर हैं। (ख) अर्थादिका सेवन आगे वर्णन किया गया है। सभामें बैठकर राज्यकाजको देखना-भालना अर्थका सेवन है, इससे धनका लाभ है। प्रातःकाल पूजा-पाठादि धर्मकर्मके समय धर्मका सेवन करता है। शयनके समय रात्रिमें कामसुखका और सत्सङ्गके समय मोक्षसुखका अनुभव करता है। (रा० प्र०) पं० शुकदेवलाल भी अर्थादिसे 'त्रय वर्ग सांसारिक सुखों' का भाव लेते हैं।'

वि० त्रिपाठीजी लिखते हैं कि 'यद्यपि कामसे सुखमात्रका ग्रहण होता है, पर यहाँ *'कामादि'* पाठ होनेसे स्त्रीसुख अभिप्रेत है और 'आदि' से इतर सुखोंका ग्रहण होगा। राजाको अर्थ, धर्म और काम तीनोंके पूजनकी आज्ञा है। सम्पूर्ण जगत्के लिये कर्मका प्राधान्य है, पर राजा और वेश्याके लिये अर्थका प्राधान्य है, अतः अर्थ पहिले कहा। तत्पश्चात् धर्म और अन्तमें काम कहा।'

वाल्मी० ६। ६३ में कुम्भकर्णने रावणसे कहा है कि जो या तो धर्म, अर्थ और कामको पृथक्-पृथक् अथवा इन तीनोंमेंसे दो-दोको अथवा सबको यथा समय करता है, अर्थात् जो प्रातः-काल करना चाहिये उसे प्रातःकाल, मध्याह्नमें करनेयोग्य मध्याह्नमें इत्यादि करता है, वही राजा नीतिवान् कहा जाता है, यथा—'**धर्ममर्थं च कामं च सर्वान्वा रक्षसां पते। भजते पुरुषः काले त्रीणि द्वन्द्वानि वा पुनः॥**' (९)

पद्मपु० उ० में श्रीदिलीपजी महाराजने अपने सम्बन्धमें कहा है कि मैंने धर्म, अर्थ और कामका यथा-समय सेवन किया है। यथा—**'वर्गत्रयी यथाकालं सेविता न विरोधिता। तथापि मेऽनपत्यस्य न सौख्यं विद्यते हृदि।'** (प० पु० उत्तरखण्ड अ० २०२ श्लोक १०७)......**'एवं धर्मार्थकामा मे यथाकालं निषेविताः।'**(११४) अतः यहाँ भी यही भाव ग्रहण होगा और *'सेवै समय'* पाठ ही उत्तम है।

टिप्पणी—६*'अरथ धरम कामादि सुख.........'* इति। (क) पृथ्वीभरके राजा होनेपर अर्थ वर्णन करनेका भाव कि पृथ्वीभरका द्रव्य सब सिमिटा चला आता है। धनसे धर्म होता है, इसीसे अर्थके पीछे धर्म कहा, धर्मका फल सुख है इससे धर्मके बाद कामादि सुखका भोग कहा। (ख) चारों पदार्थ भण्डार कहाते हैं, यथा—*'चारि पदारथ भरा भँडारू।'*

टिप्पणी—७ राजाके सात अङ्ग हैं—स्वामी, मन्त्री, मित्र, कोश, देश, किला और सेना। यथा—**'स्वाम्यमात्यसुहृत्कोशं राष्ट्रदुर्गबलानि च।'** (अमरकोश २। ८। १७) राजा भानुप्रतापको इन सातों अङ्गोंसे पूर्ण युक्त दिखाते हैं। (१)*'करै जो धरम करम मन बानी। बासुदेव अरपित नृप ग्यानी॥'* वासुदेव स्वामी हैं। (२)*'नृप हितकारक सचिव सयाना। नाम धरमरुचि सुक्र समाना॥'* यह मन्त्री अङ्ग है। (३)*'भाइहि भाइहि परम समीती। सकल दोष छल बरजित प्रीती॥'* भाई मित्र अङ्ग है। (४)*'अरथ धरम कामादि सुख सेवै समय नरेसु।'* चारों पदार्थोंकी प्राप्ति और सप्तद्वीपका द्रव्य कोश है। (५)*'सप्तद्वीप भुज बल बस कीन्हे। लै लै दंड छाड़ि नृप दीन्हे॥'* सातों द्वीप 'देश' अङ्ग है। (६)*'घेरे नगर निसान बजाई। बिबिध भाँति नित होइ लराई॥'* इससे कोट, किला-अङ्ग वर्णन किया। और (७)*'सेन संग चतुरंग अपारा।.........'* यह सेना-अङ्ग है। (परंतु ये ७ राज्याङ्ग हैं, राजाके अङ्ग नहीं, स्वामी=राजा)

भूप प्रतापभानु बल पाई। कामधेनु भै भूमि सुहाई॥ १॥
सब दुख बरजित प्रजा सुखारी। धरमसील सुंदर नर नारी॥ २॥
सचिव धरमरुचि हरिपद प्रीती। नृपहित हेतु सिखव नित नीती॥ ३॥
गुर सुर संत पितर महिदेवा। करै सदा नृप सब कै सेवा॥ ४॥

शब्दार्थ— बरजित (वर्जित)=त्यक्त, रहित। 'सील'=परिपूर्ण। धरमसील=धर्मात्मा।

अर्थ—राजा भानुप्रतापका बल पाकर पृथ्वी सुन्दर कामधेनु (वा कामधेनुसम सुहावनी सुखदायक) हो गयी॥ १॥ प्रजा सब दुःखोंसे रहित और सुखी रहती; स्त्री-पुरुष सुन्दर और धर्मात्मा थे॥ २॥ धर्मरुचि नामक मन्त्रीका श्रीहरिके चरणोंमें प्रेम (भक्ति) था, राजाके हितके लिये वह सदा उसको नीति सिखाया करता था। ३॥ गुरु, देवता, संत, पितृदेव और ब्राह्मण इन सबोंकी सेवा राजा सदैव करता रहता था॥ ४॥

नोट—१*'भूप प्रतापभानु बल पाई।.........'* इति। *'बल'* अर्थात् धर्मका बल। राजाके धर्मसे पृथ्वी प्रजाको सुखद होती है। अतः *'बल पाई'* कहकर *'कामधेनु भै.........'* कहा। धर्मसे सुख होता ही है, यथा—*'तिमि सुख संपति बिनहि बोलाएँ। धरमसील पहिं जाहिं सुभाएँ॥'* (१। २९४। ३)

टिप्पणी—१*'भूप प्रतापभानु बल पाई।.........'* इति। (क) ☞यहाँ पृथ्वी कामधेनु है, राजाका सुन्दर चरित, उत्तम धर्माचरण (*'भूप धरम जे बेद बखाने। सकल करै सादर सनमाने॥'* इत्यादि) तृण है, सुन्दर प्रजा (*सब दुख बरजित प्रजा सुखारी। धरमसील सुंदर नर नारी॥*) वत्स है जिसे पाकर कामधेनुरूपी पृथ्वी पन्हाकर नाना प्रकारके (अर्थ, धर्म, कामादि) पदार्थ रूपी दूध प्रकट करती है। यथा—*'ससि संपन्न सदा रह धरनी।'* अर्थात् भूमिको कामधेनु कहकर जनाया कि पृथ्वीसे अन्न-रत्न आदि मनोरथके अनुकूल उपजने लगे; एक बार बोया जाय, कई बार काटा जाय। दोहावलीमें कामधेनु पृथ्वीका रूपक इस प्रकार दिया है—*'धरनि धेनु चारितु चरत प्रजा सुबच्छ पेन्हाइ। हाथ कछू नहिं लागिहै किएँ गोड़ की गाइ॥'* (५१२) इसीके अनुसार यहाँ भावार्थ कहा गया। (ख)*'प्रतापभानु बल पाई'* यहाँ धर्म शब्दका अध्याहार करना होगा। अर्थात् राजाके धर्मका बल पाकर। इससे दिखाया कि पृथ्वीको राजासे बल मिलता है, समय पलट

जाता है। (ग)*'कामधेनु भै।'* कामधेनु अर्थ, धर्म और काम तीन पदार्थ देती है। राजाके सम्बन्धमें तो प्रथम ही कह आये कि *'अरथ धरम कामादि सुख सेवै समय नरेसु।'* राजाके लिये चारों पदार्थ प्राप्त ही हैं और अब बताते हैं कि सब प्रजाके लिये भी पृथ्वी कामधेनु (अर्थ, धर्म, काम देनेवाली) हो गयी। यहाँ 'प्रथम उल्लास' और 'वाचक वा वाचक धर्मलुप्तोपमा अलङ्कार' है। (घ) *'सुहाई'* को कामधेनुका विशेषण मानें तो भाव होगा कि देवताओंकी कामधेनु सुन्दर नहीं और यह सुन्दर है।

टिप्पणी—२*'सब दुख बरजित प्रजा सुखारी।'''''''* इति। (क) *'सब दुख'* अर्थात् आधि-व्याधि, दारिद्र्य, भय, रोग, शोक और वियोग इत्यादि। दुःख पापका फल है। यथा—*'नहिं दरिद्र सम दुख जग माहीं।'* (७। १२१) *'करहिं पाप पावहिं दुख भय रुज सोक बियोग।'* (७। १००) कहीं पाप नहीं है, यथा—*'प्रजा पाल अति बेद बिधि कतहुँ नहीं अघलेस',* अतः दुःख भी नहीं है। (ख)*'प्रजा सुखारी'।* सब सुखी हैं क्योंकि सब धर्मशील हैं। धर्मका फल सुख है, यथा—*'बरनाश्रम निज निज धरम निरत बेदपथ लोग। चलहिं सदा पावहिं सुख नहिं भय सोक न रोग॥'* (७। २०) जिनकी धर्ममें प्रीति नहीं है उनको सुख नहीं मिलता। यथा—*'सुख चाहहिं मूढ़ न धर्म रता। मति थोरि कठोरि न कोमलता॥'* (७। १०२) (ग) ऊपर कहा कि *'कामधेनु भै भूमि'* अब यहाँ प्रजाको अर्थ, धर्म, कामकी प्राप्ति दिखाते हैं—*'सुखारी'* से अर्थकी प्राप्ति कही, *'धरमसील'* से धर्मकी और *'सुंदर नर नारी'* से कामकी प्राप्ति जनायी। (घ) दुःख-सुख द्वन्द्व हैं, दोनों सर्वत्र रहते हैं। पर यहाँ दुःख नहीं है, सुख-ही-सुख है।

टिप्पणी—३*'सचिव धरमरुचि हरिपद प्रीती।'''''''* इति। (क) मन्त्रीमें कर्म, उपासना और ज्ञान तीनों कहते हैं। *'सचिव सयान बंधु बल बीरा'* एवं *'नृप हित कारक सचिव सयाना'* से ज्ञानी, *'धरम रुचि'* से कर्मी और *'हरिपद प्रीती'* से उपासक जनाया। (ख) प्रथम ही जो कहा था कि *'नृप हित कारक सचिव'* मन्त्री हितकारक है वह हितकारकत्व यहाँ दिखाते हैं कि *'नृपहित हेतु'* नित्य नीतिकी शिक्षा राजाको दिया करता है। तात्पर्य कि राजाका हित नीतिसे है। बिना नीतिके राज्य नहीं रहता, यथा—*'राजु कि रहइ नीति बिनु जानें।'* (७। ११२) (धर्मार्थाविरोधी काम और धर्माविरोधी अर्थका सेवन नीति है जिससे धर्म, अर्थ और काम किसीको भी पीड़ा न हो। वि० त्रि०) (ग)*'धरमरुचि'* कहकर तब हरिपद प्रीति कहनेका भाव कि धर्मसे हरि-भक्तिकी प्राप्ति होती है, यथा—*'जप जोग धरम समूह ते नर भगति अनुपम पावई।'* (३। ६)

नोट—२ महाराज हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि 'हरिपद प्रीति' विशेषण देकर कवि आजहीसे शरणागतिकी नींव दे रहे हैं। ३ ☞उपदेश भक्तिका बीज जो पड़ जाता है वह जन्मजन्मान्तरमें बढ़ता ही जाता है, सूखता नहीं। राक्षस होनेपर भी मन्त्री भगवद्भक्त ही रहा। भुशुण्डिजीने भी कहा है—*'ताते नास न होइ दास कर। भेद भगति बाढ़ै बिहंग बर॥'* (७। ७९) हरिपद प्रीति दूसरे तनमें इसीसे हुई। ४—हरिपद प्रीतिमें मन्त्रीका अपना हित है और नीति सिखानेमें राजाका हित है, वह दोनों करता है। (खर्रा)

टिप्पणी—४ *'गुर सुर संत पितर महिदेवा।'''''''* इति। (क) यहाँ गुरु, सन्त, सुर, पितृ और ब्राह्मण पाँच नाम लिखकर सूचित किया कि यह दूसरे प्रकारके पञ्चदेव हैं। यथा—*'चातक रटत तृषा अति ओही। जिमि सुख लहै न संकरद्रोही॥'*(४। १७। ५) यहाँ शंकरसे 'सुर' को कहा। क्योंकि शंकरजी महादेव हैं। (२)*'देखि इंदु चकोर समुदाई। चितवहिं जिमि हरिजन हरि पाई॥'* (४। १७। ७) यहाँ हरिसे पितृदेव कहे। पितृ भगवान्‌के रूप कहे जाते हैं, यथा—'पितृरूपो जनार्दनः।' (३) *'सरदातप निसि ससि अपहरई। संत दरस जिमि पातक टरई॥'*(४। १७। ५) से 'सन्त' को कहा। (४)*'मसक दंस बीते हिमत्रासा। जिमि द्विजद्रोह किएँ कुल नासा॥'* सें महिदेव कहे। (५)*'भूमि जीव संकुल रहे गये सरदरितु पाइ। सदगुर मिले जाहिं जिमि संसय भ्रम समुदाइ॥'* से गुरु कहा। पञ्चदेव सदा पूज्य हैं, इसीसे राजा सदा सबकी सेवा करते हैं। (ख) *'करै सदा।'* 'सदा' से राजाकी पाँचोंमें अत्यन्त श्रद्धा दिखायी। (ग) सेवाके प्रकरणमें गुरुको प्रथम कहा क्योंकि इनका दर्जा भगवान्‌से भी अधिक है। यथा—*'तुम्ह तें अधिक गुरहि जिय जानी। सकल भाव सेवहिं सनमानी॥'* (२। १२९)

(ग)—(खर्रा) '*गुर सुर संत*......' से जनाया कि राजा कर्म, ज्ञान और उपासना तीनों काण्डोंमें आरूढ़ है। गुरुसेवासे ज्ञान (यथा—'*बिनु गुरु होइ कि ग्यान*'), संतसेवासे उपासना और देव-पितृ-विप्र-सेवासे कर्मकाण्ड सूचित किया।

(घ) विनयमें भी पाँचोंको पञ्चदेवोंकी तरह एक साथ ही कहा है। यथा—'*द्विज देव गुरु हरि संत बिनु संसार पार न पाइये। यह जानि तुलसीदास त्रास हरन रमापति गाइये॥*' (पद १३६। १२) ये भवपार होनेके साधन हैं, अतः इनकी सेवा करता है। विनयमें यहाँके '*पितर*' की जगह '*हरि*' हैं (जिसका कारण ऊपर दिया गया है), शेष चार वही हैं।

भूप धरम जे बेद बखानें। सकल करै सादर सुख मानें॥ ५॥
दिन प्रति देइ बिबिध बिधि दाना। सुनै सास्त्र बर बेद पुराना॥ ६॥
नाना बापी कूप तड़ागा। सुमन बाटिका सुंदर बागा॥ ७॥
बिप्र भवन सुर भवन सुहाए। सब तीरथन्ह बिचित्र बनाए॥ ८॥

दोहा—जहँ लगि कहे पुरान श्रुति एक एक सब जाग।
बार सहस्त्र सहस्त्र नृप किए सहित अनुराग॥ १५५॥

शब्दार्थ—बापी=बावली, छोटा कुँआ वा गहरा तालाब जिसमें जलतक पहुँचनेके लिये सीढ़ियाँ बनी होती हैं। तड़ाग=तालाब। जाग=यज्ञ।

अर्थ—राजाओंके धर्म जो वेदोंने कहे हैं उन सब धर्मोंको राजा आदरपूर्वक सुख मानकर करता था॥ ५॥ प्रतिदिन अनेक प्रकारके दान देता और उत्तम शास्त्र, वेद और पुराण श्रवण करता था॥ ६॥ सब तीर्थोंमें अनेक बावलियाँ, अनेक कुएँ, अनेक तालाब, सुन्दर फुलवाड़ियाँ और बाग तथा ब्राह्मणों और देवताओंके सुहावने घर और मन्दिर विचित्र-विचित्र बनवाये॥ ७-८॥ जहाँतक वेद-पुराणोंमें यज्ञ कहे गये हैं उन सबोंको एक-एक करके हजार-हजार बार राजाने प्रेमसहित किया॥ १५५॥

नोट—१ '*भूप धरम*' इति। राजाओंके धर्म श्रीरामचन्द्रजीने भरतजीसे यों कहे हैं—'*मुखिआ मुख सो चाहिए खान पान कहुँ एक। पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक॥*' (२। ३१५) *राजधरम सरबस एतनोई। जिमि मन माहँ मनोरथ गोई॥*' प्रजापालन, देशरक्षा, उपद्रव आदिका निवारण इत्यादि राजाओंके धर्म हैं। महाभारतके शान्तिपर्वके 'राजधर्म' अंशमें राजाके धर्मोंका वर्णन है।

टिप्पणी—१ '*भूप धरम जे बेद बखानें।*......' इति। (क) भूप धरम=राजधर्म। ये धर्म अपने ही धर्म हैं। '*सादर करै*' से जनाया कि अपने धर्मोंके करनेमें राजाको बड़ी श्रद्धा है। वह श्रद्धा दिखाते हैं। सब करना, सादर करना और सुख मानकर करना यह सब श्रद्धाके द्योतक हैं। (ख) वेद जो कहते हैं वह धर्म है, वेदके प्रतिकूल जो कर्म हैं वह अधर्म हैं, यथा—'*जेहि बिधि होइ धरम निर्मूला। सो सब करहिं बेद प्रतिकूला॥*' (१। १८३। ५) '**वेदप्रतिपादितो धर्मो ह्यधर्मस्तद्विपर्ययः**' इति (मनु० महाभारत) वेद कहते हैं इसीसे करते हैं। सब करते हैं। सब करनेसे शरीरको कष्ट मिलता है, तब अनादर होता हो सो बात नहीं है, यह जनानेको '*सादर सुख मानें*' कहा। ☞भूप-धर्म क्या हैं यह आगे दोहेतक कहते हैं।

वि० त्रि०—'**स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः**' अपने धर्ममें मरना अच्छा है, क्योंकि परधर्म भयका देनेवाला है। राजा यदि संन्यास-धर्मका पालन करने चले तो वह उसके लिये पर-धर्म है, उसका फल अत्यन्त बुरा है। गीतामें प्राधान्येन यही शिक्षा है। धर्माचरण प्रारम्भमें विष-सा मालूम होता है, पर परिणाममें अमृततुल्य है।

टिप्पणी—२ '*दिन प्रति देइ बिबिध बिधि दाना।*......' इति। (क) '*दिन प्रति*' का भाव कि लोग कहीं

पर्व आदि पुण्य अवसरोंपर विविध प्रकारका दान देते हैं पर राजाको ऐसी श्रद्धा है कि '*प्रतिदिन*' विविध प्रकारके दान देते हैं, प्रतिदिन शास्त्रादि सुनते हैं। अनेक पदार्थ देते हैं, यथा—'*गज रथ तुरग हेम गो हीरा। दीन्हे नृप नाना बिधि चीरा॥*' (१। १९६। ८) (पुनः '*बिबिध बिधि*' से जनाया कि जिस दानका जैसा विधान शास्त्रोंमें है उसके अनुसार दान देता था। वि० त्रि०) (ख)'*सुनै सास्त्र बर बेद पुराना*' इति। कथा प्रतिदिन तीन बार होती है। प्रातः, मध्याह्नोत्तर और रात्रिमें। एक समय धर्मशास्त्र होता है, यथा—'*कहहिं बसिष्ठ धरम इतिहासा। सुनहिं महीसु सहित रनिवासा॥*' (३५९। ५) एक समय पुराण होता है और एक बार वेद। (ग)'*सास्त्र बर*' का भाव कि वेद, पुराण, शास्त्र तीनों त्रिगुणात्मक हैं, राजा सतोगुणी और रजोगुणी शास्त्र सुनते हैं, तमोगुणी नहीं सुनते। (घ) प्रथम कहा कि '*भूप धरम जे बेद बखानें। सकल करै*', (सब सादर करते हैं) और अब कहते हैं कि '*सुनै सास्त्र बर बेद*......' इससे सूचित किया कि जो प्रतिदिन सुनते हैं वही करते हैं।

टिप्पणी—३'*नाना बापी कूप तड़ागा।*......' इति। (क) चार चरणोंका अन्वय एक साथ है, '*बनाए*' सबकी क्रिया अन्तमें दी है। '*अनेक*' और '*सुन्दर*' विशेषणका सम्बन्ध सबमें है; इससे अत्यन्त श्रद्धा दिखायी। (ख)'*बापी कूप तड़ाग*' कहकर '*सुमन बाटिका बाग*' को कहनेका भाव कि ये सब जलाशय वाटिका और बागोंमें हैं, यथा—'*बन बाग उपबन बाटिका सर कूप बापी सोहहीं।*' (५। ३) '*मध्य बाग सरु सोह सुहावा।*' (२२७। ७) (ग) एक चरणमें बापी, कूप, तड़ागको कहा और दूसरेमें वाटिका बागको। दो चरणोंमें दोनोंको पृथक्-पृथक् लिखकर जनाया कि वाटिका और बागोंसे पृथक् भी बहुत जलाशय बनाये हैं।

टिप्पणी—४ '*बिप्र भवन सुर भवन सुहाए।*......' इति। (क) '*बिचित्र बनाए*' अर्थात् बनावमें सुन्दर हैं, अनेक रंगोंसे रँगे हुए चित्रित हैं, यथा—'*मंगलमय मंदिर सब केरे। चित्रित जनु रतिनाथ चितेरे॥*' (२१३। ५) (ख) '*सुहाए*' और '*बिचित्र बनाए*' से राजाकी श्रद्धा दिखायी। (ग)'*बिप्र भवन सुर भवन*' इति। पूर्व जो कहा था कि '*गुर सुर संत पितर महिदेवा। करै सदा नृप सब कै सेवा॥*' इससे गुरुस्थान और संतस्थानका बनाना न कहा। संत विरक्त होते हैं, स्थान नहीं चाहते—'*सुत दार अगार सखा परिवार बिलोकु महाकुसमाजहि रे।*' पितृका मन्दिर नहीं होता, इसीसे पितृमन्दिरका बनाना न कहा। (घ)'*सब तीरथन्ह बनाए*' क्योंकि तीर्थस्थानोंमें इनके बनानेका विशेष माहात्म्य है। ब्राह्मण देवताओंकी पूजा करते हैं (इसलिये उनके घर बनाये) मन्दिरोंमें जीविका लगी है। (विप्रभवन और सुरभवनको साथ रखकर सूचित किया कि देवमन्दिरके पास ब्राह्मण पुजारीका घर बना देते थे जिसमें बराबर पूजा होती रहे।)

[पुनः भाव कि वेदकी रक्षाके लिये विप्रभवन, उपासनाके लिये सुरभवन और तरनेके लिये तीर्थोंको बहुत ही सुन्दर बनाया। पुण्यके दो विभाग हैं—इष्ट और पूर्त। उनमेंसे पूर्त यहाँतक कहे, आगे दोहेमें इष्ट कहते हैं। यथा—'**वापीकूपतड़ागादि देवतायतनानि च। अन्नप्रदानमारामः पूर्तमित्यभिधीयते॥**' **एकाग्निकर्महवनं त्रेतायां यच्च हूयते। अन्तर्वेद्यां च यद्दानमिष्टं तदभिधीयते॥**' अर्थात् वापी, कूप, तालाब, देवमन्दिर, अन्नका सदाव्रत और बाग इन सबोंको पूर्त कहते हैं। एकाग्नि कर्म हवन और त्रेताग्निमें जो हवन किया जाता है तथा अन्तर्वेदीमें जो दान किया जाता है, उसे इष्ट कहते हैं। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—५'*जहँ लगि कहे पुरान श्रुति*......' इति। (क) इससे यज्ञ करनेमें श्रद्धा दिखायी। वेद, पुराण और शास्त्रोंका सुनना कहा था। शास्त्रोंमें यज्ञोंका वर्णन नहीं है, इसीसे यहाँ शास्त्रोंको नहीं कहते, केवल वेद-पुराणोंको कहते हैं। (परंतु वे० भू० जी कहते हैं कि प्रत्येक यज्ञका पूर्ण विधान एवं महत्त्व पूर्व मीमांसा शास्त्रमें ही वर्णित है। बिना मीमांसा शास्त्रके किसी भी यज्ञका अस्तित्व ही न रह जायगा। शुक्ल यजुर्वेदके प्रथम और द्वितीय अध्यायमें नवेन्दु और पूर्णेन्दु-यज्ञका, तृतीयाध्यायमें अग्निहोत्रका, चतुर्थसे अष्टमाध्यायतक सोमयज्ञका, दशममें वाजपेय और राजसूय-यज्ञका, एकादशसे अष्टादशतक यज्ञीय वेदी बनानेकी विधि, उन्नीससे इक्कीसतक सौत्रामणियज्ञका, बाईससे पचीसतक अश्वमेधयज्ञका, छब्बीससे एकतीसतक

चान्द्रयज्ञका, तीस और एकतीसमें नरमेधयज्ञका, बत्तीससे पैंतीसतक सर्वमेधयज्ञका वर्णन है। बृहदारण्यकोपनिषद्के पूर्वार्धमें भी यज्ञका ही वर्णन है। इससे इस भावमें त्रुटि आती है।) (ख)*'जहँ लगि'* का भाव कि वेदादिमें ढुँढ़वा-ढुँढ़वाकर यज्ञ किये। *'सहस्र-सहस्र'* शब्द 'अगणित, अनन्त' वाची हैं। 'अनुराग-सहित' करना कहा क्योंकि उत्साह भंग होनेसे धर्म निष्फल हो जाता है, यथा—'**उत्साहभंगे धनधर्महानिः**'। (खर्रा) सहस्रों यज्ञोंका फल ही है कि *'सुनासीर सत सरिस'* विलास पावेगा।

हृदय न कछु फल अनुसंधाना। भूप बिबेकी परम सुजाना॥ १॥
करै जे धरम करम मन बानी। बासुदेव अर्पित नृप ग्यानी॥ २॥
चढ़ि बर बाजि बार एक राजा। मृगया कर सब साजि समाजा॥ ३॥
बिंध्याचल गँभीर बन गयऊ। मृग पुनीत बहु मारत भयऊ॥ ४॥

शब्दार्थ—**अनुसंधान**=पीछे लगना; चाह, खोज या प्रयत्न करना; **सोचना**=विचारना। **अर्पित**=आदरपूर्वक अर्पण या भेंटमें दिया हुआ। **मृगया**=शिकार, अहेर, आखेट। **बिपिन**=वन।

अर्थ—राजा बड़ा बुद्धिमान् और चतुर है। उसने मनमें किसी फलकी इच्छा नहीं की॥ १॥ जो धर्म वह (मन-कर्म-वचनसे) करता था उनको वह ज्ञानी राजा मन, कर्म और वचनसे वासुदेवभगवान्को अर्पण कर देता था॥ २॥ एक बार (की बात है कि) शिकारका सब साज सजाकर राजा उत्तम श्रेष्ठ घोड़ेपर सवार होकर विंध्याचलके घने गहरे वनमें गया और वहाँ उसने बहुत-से पवित्र मृग मारे॥ ३-४॥

टिप्पणी—१*'हृदय न कछु फल अनुसंधाना ""'* इति। (क)*'परम सुजाना'* का भाव कि राजा कर्मकी गतिको जानते हैं कि कर्मके फलकी इच्छा करनेसे कर्म-बन्धन होता है, इसीसे निष्काम कर्म करते हैं। विवेकी हैं अर्थात् असत् कर्म नहीं करते, समीचीन कर्म करते हैं, यथा—*'अस बिबेक जब देइ बिधाता। तब तजि दोष गुनहिं मन राता'* ॥ *'परम'* देहलीदीपक है। [विवेकी था, अतः समझता था कि मेरा कर्ममें ही अधिकार है, फलमें नहीं यथा—'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' (वि० त्रि०)]

नोट—१ रा० प्र० का मत है कि राजाको ज्ञानी कहनेमें भाव यह है कि ज्ञानमें विघ्न होता है। राजाको आगे विघ्न होगा; उसे राक्षस होना पड़ेगा। मा० म० कार लिखते हैं कि 'भानुप्रताप और मनुकी उपासना एक ही (परतम रामचन्द्र) की थी; परंतु उसने जो कर्म किये उनको भगवदर्पण कर दिया, जिसका फल परमधाम जानेपर प्राप्त होगा और मनुमहाराजने अपने शुभ-कर्मका फल लोकहीमें ले लिया कि परमात्मा स्वयं पुत्र हो प्रकट हुए।'

टिप्पणी—२*'करै जे धरम करम मन बानी। बासुदेव अर्पित"'* इति। (क) *'नृप ज्ञानी'* का भाव कि ज्ञानी है, इससे जानता है कि बिना भगवान्को अर्पण किये कर्म व्यर्थ हो जाता है, यथा—*'हरिहि समर्पे बिनु सतकर्मा।""श्रम फल"""।'* (३। २१) (ख) ☞राजामें कर्म, ज्ञान और उपासना तीनों कहते हैं। *'करै जे धरम'* इससे कर्म *'बासुदेव अर्पित'* से उपासना और *'ज्ञानी'* से ज्ञान कहा। [*'करम मन बानी'* दीपदेहली है। राजा सब धर्म मन-कर्म-वचनसे करता है। अर्थात् जितने मन-कर्म-वचनके पाप हैं उनको त्यागकर सब धर्मका प्रतिपालन करता है।] (ग) *'बासुदेव अर्पित'* से राजाकी वासुदेवमें प्रीति कही। भगवान्में प्रेम कहकर राजाके कर्म और ज्ञानकी शोभा कही। बिना भगवत्-प्रेमके कर्म और ज्ञानकी शोभा नहीं है, यथा—*'सो सब करम धरम जरि जाऊ। जहँ न राम पद पंकज भाऊ॥ जोग कुजोग ग्यान अग्यानू। जहँ न राम प्रेम परधानू॥', 'सोह न राम प्रेम बिनु ग्यानू।'* (घ) ☞यहाँ दिखाया कि धर्म भी मन-कर्म-वचन होते हैं जैसे पाप तीनों प्रकारके कहे गये हैं, यथा—*'जे पातक उपपातक अहहीं। करम बचन मन भव कबि कहहीं॥'* (२। ६७) (ङ)*'करै जे धरम'* से जनाया कि सभी धर्मोंको भगवान्को अर्पण कर देता है—(गीतामें कहा भी है—'**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥**' (२। ४७) अतः भगवदर्पण करना उचित ही है।) यदि एक भी कर्म, बिना समर्पित

किया रह जाय तो भवबन्धन होता है। [इसीसे भगवान्‌ने गीतामें कहा है कि सब कर्म सङ्ग और फलको छोड़कर करने चाहिये, यथा—'**एतान्यपि तु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च। कर्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम्॥**' (१८। ६) *'न कछु फल अनुसंधाना'* और *'बासुदेव अर्पित'* कहकर जनाया कि वह सभी कर्म-धर्म निष्काम-भावसे भगवान्‌के अर्पणहेतु ही करता था।]

टिप्पणी—३ (क)*'चढ़ि बर बाजि बार एक राजा'* इति। *'एक बार'* का भाव कि शिकार खेलने तो अनेकों बार गये क्योंकि राजा हैं, पर अनेक बारके मृगयाके कथनका कोई प्रयोजन नहीं है। जिस बारके मृगयाके कथनका प्रयोजन है (जिससे इस कथाका, श्रीरामजन्म-हेतुका सम्बन्ध है) उस बारका प्रसङ्ग कहते हैं। (ख) *'बर बाजि'* पर एक बार चढ़कर मृगयाको गये, इस कथनसे यह सूचित किया कि कभी रथमें, कभी हाथीपर भी चढ़कर शिकारको जाया करते थे, पर इस बार घोड़ेपर चढ़कर गये। इससे यह जनाया कि राजा, सुरथकी तरह एकाकी वनमें गये, यथा—'**एकाकी हयमारुह्य जगाम गहनं वनम्**'। हाथीपर महावत रहता है और रथपर सारथी साथ रहता है, घोड़ेकी सवारीपर कोई साथ नहीं रहता। (ग) *'बर बाजि'* का भाव कि ऐसा श्रेष्ठ घोड़ा है कि उसकी दौड़में कोई शिकार निबह नहीं सकता तथा वह राजाके मनके अनुकूल चलता, काम करता है। (घ)*'मृगया कर सब साजि समाजा'* अर्थात् अनेक प्रकारके हथियार लिये, खड्ग, तलवार, कृपाण, बर्छा, बल्लम, धनुष-बाण, पाश आदि। पुनः *'सब साज'* से यह भी जनाया कि घोड़ा और वस्त्र सब हरे रङ्गके हैं। जिससे वृक्षोंके रङ्गमें छिप सकें* । (ङ)*'बिंध्याचल गँभीर बन गयऊ'* इति। गम्भीर वनमें गया कहकर जनाया कि और जो शिकार खेलनेयोग्य वन थे जहाँ पूर्व जाया करते थे वे गम्भीर न थे, इसीसे उन वनोंमें बहुत मृग नहीं थे, इसमें, गम्भीर होनेके कारण, बहुत मृग थे। (यह भी सम्भव है कि और वनोंमें पूर्व बहुत बार गये थे, इससे वहाँ शिकार बहुत न मिल सकते थे, इससे दैवयोगसे इस वनमें गये।) (च)*'मृग पुनीत बहु मारत भएऊ'।* *'पुनीत'* मृग वह हैं जिनके वधकी आज्ञा शास्त्रने दी है। यथा—*'पावन मृग मारहिं जिय जानी'।'* (२०५ । २) देखिये। मृगयाका सब साज-सजकर गये और गहरे सघन वनमें गये जहाँ बहुत मृग थे, इसीसे बहुत मृग मारे, घने वनमें शिकारके पशु बहुत रहते ही हैं।

फिरत बिपिन नृप दीख बराहू। जनु बन दुरेउ ससिहि ग्रसि राहू॥ ५॥
बड़ बिधु नहिं समात मुख माहीं। मनहुँ क्रोधबस उगिलत नाहीं॥ ६॥
कोल कराल दसन छबि गाई। तनु बिसाल पीबर अधिकाई॥ ७॥
घुरुघुरात हय आरौ पाएँ। चकित बिलोकत कान उठाएँ॥ ८॥

दोहा—नील महीधर सिखर सम देखि बिसाल बराहु।
चपरि चलेउ हय सुटुकि नृप हाँकि न होइ निबाहु॥ १५६॥

शब्दार्थ—बराह=सूकर, सुअर। दुरेउ=छिपा। ग्रसि=भक्षण करके, इस प्रकार पकड़कर कि छूट न सके, निगलकर। बिधु=चन्द्रमा। उगिलत=उगलता, मुँहसे बाहर निकाल फेंकता। दसन (दशन)=दाँत। पीबर=मोटा, स्थूल यथा—'**पीनस्तु स्थूलपीवर इत्यमरः**'। खूब माँस और चर्बीसे लदा हुआ। कोल=सुअर। घुरघुरात=घुरघुराता था, सुअरके गलेसे घुरघुर ऐसा शब्द निकलता है। हय=घोड़ा। आरौ=आरव=शब्द, आहट। महीधर=पर्वत। सिखर=चोटी, कंगूरा। चपरि=चपलतासे, शीघ्र, फुर्तीसे, एकबारगी, जोरसे। यथा—*'तहाँ दसरथके समर्थ नाथ*

---

* राजा रजोगुणी, तमोगुणी और सत्त्वगुणी तीनों कर्म करता है। दिग्विजय, प्रजापालन और अर्थ कामादिका सेवन रजोगुणी कर्म है। गुरु-सुर-पितृ-महिदेव-सेवा इत्यादि सत्त्वगुणी कर्म है। और 'चढ़ि बर बाजि ……मृगया करई' यह तमोगुणी कर्म है। तमोगुणी कर्म करनेसे विघ्न हुआ जैसा आगे कहते हैं। (शिकारी कुत्ते, बाज पक्षी आदि जो कुछ वस्तु मृगयोपयोगी थे वे सब साज' हैं। वि० त्रि०)

तुलसीको चपरि चढ़ायो चाप चन्द्रमा ललामको', 'राम चहत सिव चापहि चपरि चढ़ावन', 'जीवनते जागी आगि चपरि चौगुनी लागि तुलसी बिलोकि मेघ चले मुँह मोरिकै।' सुटुकि=कोड़ा मारकर, चाबुक लगाकर, इशारा (टिकटिक करके) देकर, टिटकार कर। '**निबाह**'=अन्ततक एक-सा पूरा पड़ना, गुजारा छुटकारा, बचावका रास्ता या ढङ्ग, पार पाना, निकलना, बचना।

अर्थ—राजाने एक सुअर वनमें फिरते हुए देखा। (वह ऐसा देख पड़ता था) मानो चन्द्रमाको ग्रसकर राहु वनमें आ छिपा है॥५॥ चन्द्रमा बड़ा है, मुँहमें नहीं अमाता, मानो क्रोधवश वह उसे उगलता भी नहीं॥६॥ यह शोभा सुअरके भयङ्कर दाढ़ोंकी कही गयी है, उसका शरीर बहुत लम्बा-चौड़ा था और मोटाई बहुत थी॥७॥ घोड़ेकी (टापकी) आहट पाकर सुअर घुरघुराता और कान उठाये चौकन्ना हो देख रहा है॥८॥ नीलगिरिके शिखरके समान बड़ा भारी सूकर देख राजा घोड़ेको चाबुक लगाकर फुर्तीसे हाँक चला अर्थात् सरपट छोड़ा जिसमें सुअरका निर्वाह न हो।*

टिप्पणी—१ (क) ***'फिरत बिपिन नृप दीख बराहू'*** इति। ☞कालकेतु राक्षस वराहका रूप धरकर राजाको छलना चाहता है, यथा—***'कालकेतु निसिचर तहँ आवा। जेहि सूकर होइ नृपहि भुलावा॥'*** इसीसे वह वनमें फिरता है कि जिसमें राजा हमें देखें तब हम भागकर इन्हें (पीछा कराते हुए) कपटी मुनिके पास ले जायँ। [सुअर फिर रहा है, यह उसका कपट है। वह अपने कार्यसाधनहेतु फिरता है कि जिसमें राजा हमें देखकर पीछा करें। जैसे मारीच कपट-मृग बनकर श्रीसीताजीके सामने फिरता था।] ☞कालकेतु वराह बनकर मृगोंमें मिला, अवध्य मृग न बना; क्योंकि अवध्य मृग बननेसे राजा पीछा न करते और हिंसक होनेसे वराहका शिकार राजा लोग करते ही हैं। अवश्य वराहरूप देखकर पीछा करेंगे, अतः वराह बना। (ख)***'जनु बन दुरेउ ससिहि ग्रसि राहू'*** इति। इन्द्रके वज्रसे अथवा भगवान्‌के चक्रसे डरकर मानो राहु वनमें जा छिपा है। जैसे हनुमान्‌जीने जब सूर्यको ग्रास कर लिया था तब इन्द्रने वज्र उनपर चलाया था। चन्द्रग्रहणकी उपमा देकर सूचित किया कि राजाके नाश करनेवाला विघ्न प्राप्त हुआ। जैसे चन्द्रमाको राहु ग्रसता है वैसे ही राजा भानुप्रतापको खल ग्रसेंगे। जैसे राहु चन्द्रमाको ग्रसकर वनमें छिपा है वैसे ही राजाको ग्रसनेवाले दुष्ट वनमें छिपे हैं।

नोट—१ यहाँ सुअर उपमेय, राहु उपमान, दोनों काले हैं। डाढ़ें (दाँत) उपमेय, चन्द्रमा उपमान, दोनों श्वेत चमकदार, दोनों गोलाकार। कालापन और गोलाकार दाढ़ोंका मुँहके भीतरसे बाहरतक निकले और चमकते दिखायी पड़ना उत्प्रेक्षाके विषय हैं। राहु और चन्द्रमा दोनों आकाशहीपर रहते हैं, राहुका चन्द्रमाको मुँहमें पकड़कर वनमें छिपना यह उत्प्रेक्षाका आधार असम्भव है, सिद्ध नहीं होता; अतएव यह 'असिद्धास्पद हेतूत्प्रेक्षा' है।

नोट—२ 'क्रोधवश'—क्षीरसमुद्रसे अमृत निकलनेपर जब भगवान् उसे देवताओंमें बाँटने लगे तब राहु भी देवसमाजमें आ बैठा था। चन्द्रमाने इशारेसे इसका छल भगवान्‌को बताया था। उस वैरके कारण क्रोध रहता है। भगवान्‌ने चक्रसे राहुके दो टुकड़े कर दिये; उसमें एक केतु कहलाता है और एक राहु।

नोट ३—श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि वराहको राहुकी उपमा देनेका भाव यह है कि जैसे यह (कालकेतु) राक्षस राहुसम चन्द्रमाको ग्रसे है वैसे ही कपटमुनिरूप केतु 'भानु प्रताप' को ग्रसेगा। (भाव यह जान पड़ता है कि राहु और केतुका सम्बन्ध है। कालकेतुको राहु कहा है तो उसका साथी केतु हुआ। परंतु

---

* कोई-कोई टीकाकार सुअरकी आहट पाकर घोड़ा घुरघुराता है और कान उठाये·······', वा 'घुरघुरानेका शब्द सुन घोड़ा कान उठाये चकित देखता है।' ऐसा अर्थ करते हैं। बैजनाथजी लिखते हैं कि राजा वृक्षोंकी आड़में हैं इससे सूकर चकित देखता है। वीरकविजी एवं विनायकी-टीकाकार 'हाँकि न होइ निबाह' का अर्थ ऐसा भी करते हैं कि 'राजाने सूअरको ललकारा कि अब बच न सकेगा।' और श्रीशुकदेवलालजी 'यद्यपि जानेका निबाह भी नहीं होनेका' ऐसा अर्थ करते हैं। पं० रामकुमारजी 'चपरि चलेउ हय सुटुकि' का अर्थ घोड़ेको टिटकार देकर हाँकके दबाकर चला' ऐसा करते हैं। वि० त्रि०, जी अर्थ करते हैं—'क्योंकि हाँकनेसे निर्वाह नहीं होता था।'

केतुका सूर्यको ग्रसना हमने कभी नहीं सुना। और केतु जिसका उदय उत्पातकारक होता है वह राहुवाला केतु नहीं है।)

टिप्पणी—२ (क) *'बड़ बिधु नहिं समात मुख माहीं'* इति। *'बड़ बिधु'* का भाव कि ग्रहण पूर्णचन्द्रका होता है, पूर्णिमाका चन्द्र पूर्ण और बड़ा होता है। *'नहिं समात'* कहनेका भाव कि शूकरके दाँत मुखसे अधिक हैं अर्थात् बाहर निकले हुए हैं। मुखमें जब नहीं समाता तो उगल देना चाहिये पर वह उगलता नहीं, इसका कारण बताते हैं कि क्रोधवश है। चन्द्रमापर राहुका बड़ा क्रोध है। (ख) *'कोल कराल दसन छबि गाई……'*। इति। ☞यहाँ सूर्यग्रहणकी उत्प्रेक्षा नहीं की क्योंकि सूर्यकी उपमा दाँतकी नहीं (दी जाती) है, चन्द्रमाकी ही उपमा दाँतोंकी (दी जाती) है, यथा—*'हृदय अनुग्रह इंदु प्रकासा। सूचत किरन मनोहर हासा॥'* (१९८। ७), *'अधर अरुन रद सुदंर नासा। बिधु कर निकर बिनिंदक हासा॥'* (१४७। २)। अर्थात् हाससे दाँतोंका प्रकाश चन्द्रकिरणको लज्जित करता है। इसीसे चन्द्रग्रासकी उत्प्रेक्षा दाँतोंकी छबि कहनेके लिये की गयी। चन्द्रमामें छबि है। राहुका स्वरूप भारी है, इसीसे सूकरके तनको भारी कहा, राहु काला सूकर भी काला। (ग) *'चकित बिलोकत कान उठाए'* इति। यह शूकरजातिका स्वभाव है। जब घोड़ा दौड़ा तब आहट मिली अर्थात् टाप सुन पड़ी, तब घुरघुराने लगा जिसमें शब्द सुनकर पास आवें और कान उठाकर शब्द सुनता है कि किस दिशासे आते हैं। *'चकित बिलोकत'* कि कहीं धोखेसे निकट न आ जायँ और मार लें।

टिप्पणी—३ (क) *'नील महीधर सिखर सम……'* इति। नीलपर्वतके समान बड़ा नहीं बना किंतु शिखरके समान बना जिसमें राजाको भ्रम न होने पावे कि इतना बड़ा सूकर तो होता नहीं यह कोई राक्षस है जिसने कपट-छलका वेष धारण किया है। ऐसा सन्देह होनेसे पीछा न करता। (ख) ☞ *'फिरत बिपिन नृप दीख बराहू'* पर प्रसङ्ग छोड़ा था, बीचमें वराहका स्वरूप उत्प्रेक्षाद्वारा कहने लगे, अब फिर वहींसे प्रसङ्ग उठाते हैं—*'देखि बिसाल बराह'*। पूर्व वराहका देखना कहा था, अब देखकर मारनेको दौड़ा यह कहते हैं। (ग) *'नील महीधर'* कहकर जनाया कि नीले शूकरका रूप धरा था। पुनः, नील पर्वत समान कहकर उसके देहकी सुन्दरता कही, यथा—*'गिरि सुमेरु उत्तर दिसि दूरी। नील सयल इक सुंदर भूरी॥'* (७। ५६) इसी नीलगिरिके शिखरके समान कहा। (घ) ☞ *'चपरि चलेउ ……हाँकि न होइ निबाह'* इससे पाया गया कि राजाने वराहको तलवारसे मारनेकी इच्छा की, इसीसे निकट पहुँचनेके लिये उन्होंने घोड़ा दौड़ाया, नहीं तो जहाँसे देखा था वहाँसे निशाना लगाकर बाण मारते।

आवत देखि अधिक रव बाजी। चलेउ बराह मरुतगति भाजी॥ १॥
तुरत कीन्ह नृप सर संधाना। महि मिलि गएउ बिलोकत बाना॥ २॥
तकि तकि तीर महीस* चलावा। करि छल सुअर सरीर बचावा॥ ३॥
प्रगटत दुरत जाइ मृग† भागा। रिसबस भूप चलेउ सँग‡ लागा॥ ४॥

शब्दार्थ—बाजी (बाजि)=घोड़ा। संधाना=चढ़ाया, लगाया। निशाना किया। चलाया। रव (फा० रौ)=रफ्तार, चाल। यह फारसी शब्द है। वेग। दुरत=छिपता। भाजी=भागकर।

अर्थ—घोड़ेको अधिक तेज रफ्तारसे आते देख वराह वायुकी चालसे भाग चला अर्थात् हवा हो गया॥ १॥ राजाने तुरत बाणको धनुषपर चढ़ाकर चलाया, बाणको देखते ही वह पृथ्वीमें दबक गया॥ २॥ राजाने ताक-ताककर तीर चलाये। सुअर छल करके शरीरको बचाता रहा॥ ३॥ कभी छिपता, कभी प्रकट हो जाता, इस प्रकार वह पशु भागता जाता था और राजा रिसके मारे उसके पीछे लगा चला जाता था॥ ४॥

पाठान्तर—* महीप। †मग। ‡संग १६६१।

टिप्पणी—१ (क) *'आवत देखि'।* भाव कि शूकर यही राह देख रहा था कि राजा मेरी ओर आवे तब मैं कपटीमुनिके आश्रमकी ओर भागूँ। (ख) *'अधिक रव बाजी'* अर्थात् घोड़ेको भारी वेगसे आता हुआ देखा। इससे जनाया कि और घोड़ोंसे इसका वेग अधिक है। (ग) *'मरुतगति भाजी'* से जनाया कि घोड़ेके वेगसे (चलनेसे) शूकरका निर्वाह न हो सकेगा, इसीसे वह शूकरकी गतिसे न भागा, पवनकी गतिसे भागा। (नोट—पवनके वेगसे चलना, हवा हो जाना, ये मुहावरे हैं अर्थात् बहुत शीघ्रतासे चलना।) अथवा, *'अधिक रव'* का अर्थ दूसरे चरणमें खोला कि घोड़ा पवनके वेगसे दौड़ा; इसीसे सूकर भी पवनकी गतिसे भागा। इससे जनाया कि घोड़ा पवनवेगी है। (घ) दोहेमें जो *'चपरि चलेउ'* कहा था उसका अर्थ यहाँ खोला कि *'अधिक रव'* से चला।

टिप्पणी २—(क) *'तुरत कीन्ह नृप सर संधाना।'* भाव कि जब तलवारकी पहुँच न रह गयी तब बाण चलाया। *'तुरत'* बाण चलाया यह जानकर कि अब यह वाणकी पहुँचसे भी बाहर निकला जाता है। ☞यहाँ दिखाया कि राजा अश्वारोहण और धनुर्विद्यामें बड़ा निपुण है कि दौड़ते हुए घोड़ेपर बैठा हुआ बाण चलाता है, (घोड़ेकी बागडोर छोड़े हुए हैं। दोनों हाथ धनुषबाणमें फँसे हुए हैं। घोड़ेकी सवारीपर शिकार प्रायः भाला, बर्छा, तलवारसे किया जाता है जिसमें एक हाथसे घोड़ेको सँभाले रहते हैं। बाण चलानेमें दोनों हाथोंका काम पड़ता है।) (ख) *'महि मिलि गएउ बिलोकत बाना'*, इससे बाणकी करालता कही, यथा—*'देखेसि आवत पबिसम बाना। तुरत भएउ खल अन्तरधाना॥'* (१। ६। ७५) पुनः, भाव कि नीलगिरिशिखरसमान वराह है इस प्रमाणसे राजाने बाण मारे। वह पृथ्वीमें मिल गया अर्थात् रजसमान हो गया, बाण ऊपरसे निकल गया। (यह मुहावरा है। जमीनसे मिल गया अर्थात् दबककर जमीनसे जा मिला।) (ग) *'तकि तकि तीर महीस चलावा।'* भाव कि जब प्रथम बाण न लगा, ऊपरसे निकल गया, तब राजा बड़ी सावधानतासे ताक-ताककर बाण चलाने लगा। पुनः, *'तकि तकि'* से जनाया कि बहुत तीर चलाये, सब वार खाली हो जाते हैं। (घ) *'करि छल सुअर सरीर बचावा।'* क्या छल करता है यह आगे लिखते हैं। *'प्रगटत दुरत जाइ मृग भागा'* यह छल है; यथा—*'प्रकटत दुरत करत छल भूरी। एहि बिधि प्रभुहि गएउ लै दूरी॥'* (३। २७) (ङ) *'सरीर बचावा'* से सूचित किया कि बाण लग पाता तो शरीर न बचता, प्राण निकल जाते। ☞संधाननेका अर्थ चलाना है, यह *'तकि तकि तीर महीस चलावा'* से स्पष्ट कर दिया। [बैजनाथजी लिखते हैं कि ये बाण बाणविद्याके अभिमन्त्रित बाण नहीं हैं। शिकारमें पशु समझ सीधे बाण चलाये, नहीं तो वह बच न सकता। कामनामें हानिसे क्रोध और उससे मोह होता है। इसीसे पीछा किये जाता है।]

टिप्पणी ३— (क) *'प्रगटत दुरत जाइ मृग भागा।'* इति। भाव कि बहुत दूर निकल जाता है, तब फिर प्रकट हो जाता है जिसमें राजा निराश होकर चला न जाय और जब राजा निकट आ जाते हैं तब छिप जाता है जिसमें राजा मार न लें। पुनः भाव कि जब बाण आते देखता है तब छिप जाता है, जब बाण व्यर्थ हो जाता है तब फिर प्रकट हो जाता है। *'जाइ मृग भागा'* से जनाते हैं कि राजाके आगेसे कभी कोई मृग बचता न था पर यह मृग बच-बच जाता है, भागा जाता है। (ख) *'रिस बस'*—जब शिकारीको शिकार मारते नहीं मिलता तब उसे स्वभावतः क्रोध आ जाता है। पीछा करनेका कारण क्रोध है। यदि क्रोध न होता तो इतना पीछा न करते। राजा खिसियाये हुए हैं। *'रिस बस'* का भाव कि मृगके पीछे सैकड़ों कोस दौड़े जाना बुद्धिमानी वा समझका काम नहीं है। क्रोधमें समझ (बुद्धि) नहीं रह जाती। उसने विचारसे काम न लिया। अनेक मृग मारे, एक न सही, यह समझ न आयी। (सभी वार मेरे खाली गये, अतः इसमें कुछ रहस्य है, यह शूकर-वेषमें कोई और है।)—[कामन्दकीय नीतिसारमें लिखा है कि राजाओंको मृगया खेलना, पासा खेलना और मद्य-पान करना निन्दित है; क्योंकि इन्हींके कारण पाण्डवों, नल और यदुवंशियोंकी विपत्ति देखी जाती है। यथा—'**मृगयाऽक्षास्तथा पानं गर्हितानि महीभुजाम्। दृष्टास्तेभ्यस्तु विपदः पाण्डुनैषधवृष्णिषु॥**'—(वि० टी०)।]

गएउ दूरि घन गहन बराहू। जहँ नाहिन गज बाजि निबाहू ॥ ५ ॥
अति अकेल बन बिपुल कलेसू। तदपि न मृग मग तजै नरेसू॥ ६ ॥
कोल बिलोकि भूप बड़ धीरा। भागि पैठ गिरिगुहा गँभीरा॥ ७ ॥
अगम देखि नृप अति पछिताई। फिरेउ महाबन परेउ भुलाई॥ ८ ॥

दो०—खेद खिन्न छुद्धित तृषित राजा बाजि समेत।
खोजत ब्याकुल सरित सर जल बिनु भएउ अचेत॥ १५७॥

शब्दार्थ—घन=घना। गहन=वन। नाहिन=नहीं। बिपुल=बहुत। मग=मार्ग, लीक, पीछा। पैठ=घुस गया, प्रवेश किया। खेद=ग्लानि, चित्तकी शिथिलता, थकावट, दुःख। खिन्न=दीन, अप्रसन्न, उदास, चिंतित। तृषित=प्यासा। अचेत=बेसुध, असावधान, मूर्छित, होश-हवास ठिकाने नहीं। छुद्धित=क्षुधित=भूखा।

अर्थ—सुअर बहुत दूर घने जङ्गलमें जा पहुँचा, जहाँ हाथी-घोड़ेका गम-गुजर नहीं॥ ५॥ यद्यपि राजा बिलकुल अकेला है और मनमें बहुत क्लेश है तो भी वह शिकारका पीछा नहीं छोड़ता॥ ६॥ राजाको बड़ा धीर देख सुअर भागकर पर्वतकी एक बड़ी गहरी गुफामें जा बैठा॥ ७॥ उसमें अपना गम-गुजर न देख राजा बहुत पछताता हुआ लौटा तो उस घोर भारी वनमें मार्ग भूल गया॥ ८॥ खेदखिन्न और घोड़ेसहित भूख-प्याससे व्याकुल राजा (घोड़ेको लिये हुए) नदी तालाब खोजते-फिरते हैं, जलके बिना होश-हवास ठिकाने नहीं रह गये॥ १५७॥

पं० राजबहादुर लमगोड़ाजी—यह शिकार-प्रकरण आजकलके शिकार-वर्णनोंसे मिलाइये और कविकी चित्रणकलापर दाद दीजिये। फिल्मकलाकी दृष्टिकोणसे राजा, घोड़े और सुअरकी प्रगतियाँ कितनी सुन्दर हैं।

टिप्पणी—१ (क) *'गएउ दूरि घन गहन बराहू।'* इति॥ इससे दिखाते हैं कि भानुप्रतापके भयसे कपटी मुनि कैसे घोर सघन वनमें भी कितनी दूरीपर रहता था। दूरीका प्रमाण आगे लिखते हैं—*'कह मुनि तात भयो अँधियारा। जोजन सत्तरि नगर तुम्हारा॥'* विन्ध्यवनसे बराह यहाँतक ले आया। विन्धयाचलसे इतनी दूर राजाका नगर रहा होगा। (ख) *'जहँ नाहिन गज बाजि निबाहू।'* तात्पर्य कि यहाँतक हाथी-घोड़ेका निर्वाह था अतएव यहाँतक राजाने अनेक मृग मारे और यहाँतक वराहको खेदते आये, अब आगे गुजर नहीं। (ग) *'अति अकेल बन बिपुल'* इति भाव कि ऐसे घोर वनमें बहुत आदमियोंको साथ लेकर प्रवेश करना चाहिये सो राजा अकेला है, एक भी आदमी सङ्गमें नहीं है।* *'बिपुल कलेसू'*—बहुत क्लेश यह कि कहीं घोड़ा फँस जाता है, कहीं काँटेदार वृक्षोंसे देह छिल जाती है। (घ) *'तदपि न मृग मग तजै नरेसू'* शूकरका मार्ग (पीछा) राजा नहीं छोड़ता, इससे पाया गया कि राजा बाणविद्यामें बड़ा निपुण है, बाणसे (कंटकी वृक्षोंको) काट-काटकर मार्ग करता जाता है, नहीं तो सघन वनमें घोड़ा कैसे दौड़ता? ऊपर कह आये हैं कि *'जहँ नाहिन गज बाजि निबाहू'* तब निश्चय है कि राजा मार्ग बनाते जाते हैं जिससे घोड़ेका निर्वाह होता जाता है। मगका अर्थ मार्ग है, आशयसे उसका अर्थ 'पीछा' है, यथा—*'किन्नर सिद्ध मनुज सुर नागा। हठि सबही के पंथहि लागा॥'* अर्थात् रावण हठ करके सबके पीछे लगा यानी पीछे पड़ा, किसीका पिण्ड नहीं छोड़ता। पन्थ और मग एक ही है। [*'न तजै'* का कारण *'नरेस'* शब्द देकर जना दिया। भाव कि यह राजा है, राजहठ प्रसिद्ध है, वह हठवश पीछा नहीं छोड़ता। (पंजाबीजी)]

टिप्पणी—२ (क) *'कोल बिलोकि भूप बड़ धीरा'* इति। तात्पर्य कि कालकेतु (सूकर) को यह विश्वास था कि महावनमें प्रवेश करते ही जहाँ घोड़ेका निर्वाह नहीं है राजा हमारा पीछा छोड़ देगा

---

* यदि 'मृगया कर सब साजि समाजा' के 'समाज' से यह अर्थ लें कि राजाके सङ्गमें और लोग भी आये थे तब 'अति अकेल' का भाव होगा कि वे सब विन्ध्यके वनसे छूट गये, केवल कुछ गज-बाजिके सवार सङ्गमें आये, सो वे भी महावनमें छूट गये, जहाँ हाथी घोड़ेका निर्वाह न था।

पर उसको धोखा हुआ, राजाने पीछा न छोड़ा। (ख) *'भागि पैठ गिरिगुहा गँभीरा।'*—यहींतक राजाको ले आनेका प्रयोजन था। यह गम्भीर गुफा कपटी मुनिके आश्रमके पास है। पुनः गहरी गुफामें डरकर जा बैठा, यह समझकर कि वैसे राजा पीछा न छोड़ेगा, अवश्य मारेगा, मेरे प्राण ले लेगा, और यह गुफा अत्यन्त अगम है। इसके भीतर नहीं आ सकेगा, यथा—*'अगम देखि नृप अति पछिताई।'* पर मुख्य बात यही थी कि आगे भागने और राजाको ले जानेका प्रयोजन ही न था। (ग) *'अगम देखि नृप अति पछिताई'* इति। अगम्य देखकर उसमें प्रवेश न कर सकते थे, अतएव शिकार हाथसे निकल जानेके कारण पश्चात्ताप हुआ। (पछताना यह कि सब परिश्रम व्यर्थ हुआ, शिकार भी न मिला और अब प्राणोंके लाले पड़े हैं, इत्यादि।) (घ) *'फिरेउ महाबन परेउ भुलाई'* इति। लौट पड़े, उसी रास्ते। तब भूले कैसे? इससे जनाया कि प्यासके कारण रास्ता छोड़कर इधर-उधर जलाशय ढूँढ़ने लगे। मार्गपर कोई जलाशय रहा होता तो न मार्ग छोड़ते न रास्ता भूलते। मार्गपर कोई जलाशय न था, इसीसे खोजने लगे जैसा दोहेसे स्पष्ट है। राजाने बुद्धिसे जलका अनुमान किया होगा, कोई जल-पक्षी पास देख पड़े होंगे, जैसे श्रीहनुमान्‌जीने अनुमान किया था, यथा *'चक्रबाक बक हंस उड़ाहीं। बहुतक खग प्रबिसहिं तेहि माहीं॥'* (४। २४) अथवा जलसे भीगे कोई जीव देख पड़े होंगे उससे अनुमान हुआ कि निकट ही कहीं जलाशय है। इस तरह कपटी मुनिके आश्रममें पहुँचे। आश्रमके पास जल है ही। पुनः भुलानेका कारण व्याकुलता है। जल बिना एवं भूख-प्याससे राजा और घोड़ा दोनों व्याकुल हैं इसीसे भूल गये, यथा *'लागि तृषा अतिसय अकुलाने। मिलै न जल घन गहन भुलाने॥'* (४। २४) पुनः साधारण वन होता तो न भूलता, यह महावन है, अतः भूल गया।

टिप्पणी—३ (क) *'खेद खिन्न छुद्धित तृषित राजा बाजि समेत.......'* इति। भूख-प्यास दोनों लगी हैं। (ख) *'जल बिनु भएउ अचेत'* का भाव कि भूखसे अचेत नहीं हुए, प्यासके कारण अचेत हो गये। दिनभर जल पीनेका अवकाश न मिला, परिश्रम भारी पड़ा, इसीसे प्यास अधिक लगी हुई है। (मनुष्य भूख सह भी सकता है पर प्यास बिना जानपर आ बनती है।) (ग) *'खोजत सरित सर'।* भाव कि राजाको नदी या तालाबसे ही जल मिल सकता था, बावली और कूप एक तो वनमें मिलना असम्भव, दूसरे कूएँसे जल निकालते कैसे? घोड़ेको जल कैसे पिलाते? अतएव बापी-कूपका खोजना न कहा।

नोट—राजाका चित्त शिकार हाथसे निकल जानेके कारण उदास है। उसपर फिर वनके दुःख काँटे, झाड़, भूख, प्यास और संध्याका समय। घोड़ा भी शिथिल है, शिकारी जानवरोंको भी शिकार निकल जानेसे दुःख होता है। भूख-प्यास भी दोनों ही लगी है। घोड़ेकी व्याकुलतासे सवार भी बेकार हो जाता है।

फिरत बिपिन आश्रम एक देखा। तहँ बस* नृपति कपट मुनि बेषा॥ १॥
जासु देस नृप लीन्ह छड़ाई†। समर सेन तजि गएउ पराई॥ २॥
समय प्रतापभानु कर जानी। आपन अति असमय अनुमानी॥ ३॥
गएउ न गृह मन बहुत गलानी। मिला न राजहि नृप अभिमानी॥ ४॥
रिस उर मारि रंक जिमि राजा। बिपिन बसै तापस के साजा॥ ५॥

शब्दार्थ—कपट=नकली, बनावटी। आश्रम=साधुका स्थान। समय=दिन, एकबाल, भाग्योदय, प्रतापकी प्रबलता, बढ़तीके दिन। असमय=अदिन, अभाग्यके दिन, बुरे दिन। साज=सजाव, वेष।

* जहँ बस नृपति जती के बेषा—(रा० व० श०)।

† छोड़ाई—(रामायणीजी)

अर्थ—वनमें फिरते-फिरते एक आश्रम देख पड़ा। वहाँ कपटसे मुनिका वेष बनाये हुए एक राजा रहता था॥ १॥ जिसका देश राजा भानुप्रतापने छीन लिया था (क्योंकि) लड़ाईमें सेना छोड़कर वह भाग गया था॥ २॥ भानुप्रतापका समय और अपना अत्यन्त असमय समझकर॥ ३॥ उसके मनको बहुत ग्लानि हुई इससे घर न लौटा और न वह अभिमानी राजा भानुप्रतापहीसे मिला (मेल-मिलाप, संधि ही की)॥ ४॥ वह राजा दरिद्रकी तरह मनमें क्रोधको मारकर तपस्वीके वेषमें वनमें रहने लगा॥ ५॥

नोट—१ *'तहँ बस नृपति कपट मुनि बेषा'* कहकर फिर उसके कपट मुनिवेषसे वनमें बसनेके कारण, *'जासु देस नृप लीन्ह छड़ाई'* से लेकर *'बिपिन बसै तापस के साजा'* तक कहे। भानुप्रतापके भयसे ७० योजनपर, फिर अति गँभीर वनमें और उसपर भी रूप बदले हुए रहता है—इसीसे *'कपट'* शब्दका प्रयोग हुआ।

पं० राजबहादुर लमगोड़ा—सामाजिक, मनोवैज्ञानिक उपन्यास-कलाके दृष्टिकोणसे यह प्रसंग विचारणीय है।

टिप्पणी—१ (क) *'फिरत बिपिन'*=जलाशय खोजते फिरतेमें। *'आश्रम एक देखा'* इससे सूचित हुआ कि आश्रमके आगे दूसरी तरफ जल है। यदि जल इधर ही होता तो पहिले जल मिलता, पीछे आश्रम। मुनियोंके स्थानको आश्रम कहते हैं। राजा मुनि बना है इसीसे उसके स्थानको आश्रम कहा। (ख) *'तहँ बस नृपति कपट मुनि बेषा'* इति। *'कपट मुनि'* का भाव कि छल करनेके लिये मुनि बना है, वस्तुतः राजा है, यथा—*'राच्छस कपट बेष तहँ सोहा। मायापति दूतहि चह मोहा॥'* (६। ५६) (ग) *'जासु देस नृप लीन्ह छड़ाई'* का भाव कि राज्य छीन लिया था, प्राण भी ले लेता; इसीसे भागकर प्राण बचाया। (घ) *'समर सेन तजि गएउ पराई'* से सूचित किया कि पहिले यह संग्राम करनेको उद्यत हुआ, सेना लेकर लड़ने चला, रही भानुप्रतापकी सेना और उसका बल यह जब उसने देखा कि बहुत भारी है तब धैर्य जाता रहा और सबको वहीं छोड़कर भाग गया। (ङ) ☞यहाँ प्रथम देशका छुड़ाना कहते हैं, पीछे समरमें सेना लेकर आना और भागना। इस क्रममें तात्पर्य यह है कि जब भानुप्रताप देश छुड़ाने लगा तब राजा अपना देश बचानेके लिये लड़नेको तैयार हुआ पर शत्रुको बहुत प्रबल देखकर लड़ा नहीं, भाग गया।* [पंजाबीजी कहते हैं कि कपटी मुनिका नाम *'समरसेन'* था।]

टिप्पणी—२ (क) *'समय प्रतापभानु कर जानी'* इति। क्षत्रियके लिये रणसे भागना बड़ी लज्जा और दोषकी बात है; इसीपर कहते हैं कि समय भानुप्रतापके अनुकूल है, उनका भाग्य उनका प्रताप उदयपर है, इत्यादि। समयके अनुकूल बरतना नीति है। नीतिकी आज्ञा है कि समयपर राजा किसी भी प्रकारसे अपने प्राण बचा सकता है। देवतालोगतक शत्रुको प्रबल देखकर भाग जाते रहे हैं, यथा—*'देखि बिकट भट बड़ि कटकाई। जच्छ जीव लै गए पराई॥'* (१७९। ४) (ख) *'आपन अति असमय अनुमानी'* इति। प्रथम भानुप्रतापका समय (अच्छे दिन) हुआ तब अन्य सब राजाओंका *'असमय'* हुआ; इसीसे भानुप्रतापने सबको जीता और जीतकर देश छीन लिये। राजाने भानुप्रतापका समय देखा, अर्थात् देखा कि यह तो सातों द्वीप जीत लेगा, सर्वत्र इसका राज्य हो ही जायगा, अतएव यह तो राजा ही बना रहेगा, रहे हम तो राजासे रंक हो गये, इससे जान पड़ता है कि हमारा *'अति असमय'* है, हमारे सितारे, हमारे नक्षत्र, हमारे दिन बहुत बुरे हैं। (ग) *'गएउ न गृह मन बहुत गलानी·········'* इति।—भाव कि राजा बहुत अभिमानी है, इसीसे उसने भानुप्रतापसे मेल न किया, उनसे मिला भी नहीं। क्षत्रिय होकर रणसे भाग आया इस बातकी ग्लानि मनमें बहुत मान रहा है, इसीसे घर भी न गया कि किसीको क्या मुँह जाकर दिखाऊँ। ☞यह सोचकर कि यह भी राजा हम भी राजा, जैसे यह क्षत्रिय वैसे हम क्षत्रिय, हम इससे क्यों मिलें, क्यों इसके सामने सिर झुकावें, मिला नहीं। जो राजा भानुप्रतापके वशमें हो गये और जो मिले उन्हें उसने छोड़ दिया। यह न मिला इससे इसका देश भी छीन लिया गया और ग्लानिके कारण यह घरवालोंसे भी न मिला। घर-बार

---

*नीति भी है कि उपद्रव, अकाल, अपनेसे बलवान् शत्रुके चढ़ आनेपर दुष्टसंग पड़ने इत्यादि अवस्थाओंमें जो भाग जाता है वह जीवित रहता है। यथा चाणक्य—'उपसर्गेऽन्यचक्रे च दुर्भिक्षे च भयावहे। असाधुजनसंपर्के पलायति स जीवति॥' (वि० टी०)

भी छूटा, अतएव वनमें जाकर बसा कि वहाँ खोजनेको न आवेगा।

नोट—२ *'मिला न राजहिं नृप अभिमानी'* इति। राजनीतिके चार अङ्ग हैं—साम, दाम, भय, भेद। अपनेको कमजोर देख सन्धि (मेल) कर ली जाती है। इस राजाने मेल न किया, क्योंकि यह अभिमानी है।

टिप्पणी—३ *'रिस उर मारि रंक जिमि राजा।......'* इति (क) राज्य छुड़ा लिया, राज्यसुख छूट गया, यही *'रिस'* है, जैसा आगे *'समुझि राजसुख दुखित अराती। अँवा अनल इव सुलगै छाती॥'* से स्पष्ट है। (ख) *'रिस उर मारि।'* भाव कि 'रिसके मारे लोग सब काम बिगाड़ देते हैं, जूझ जाते हैं, यथा—*'आवा परम क्रोध कर मारा। गरज घोर रव बारहि बारा॥', 'सुनत बालि क्रोधातुर धावा। गहि करि चरन नारि समुझावा॥'* इत्यादि, यह बात समझकर राजाने अपने क्रोधको मारा (दबाया), संग्राममें जाकर जूझा नहीं। (ग) *'रंक जिमि'*—भाव कि जैसे रंक (कंगाल, दरिद्र, भिक्षुकको कोई गाली दे तो उस) से कुछ करते तो बन नहीं सकता (उसका कुछ बस नहीं चलता, वह कुछ कर नहीं सकता। वह बेचारा करे क्या लाचारीसे) मन-ही-मनमें क्रोधको मार रखता है (बस चलता तो खा ही लेता), वैसे ही भानुप्रतापने जब राजाको रंक बना दिया तो वह भी मनमें क्रोध दबाये रखे हैं। (क्रोध करे भी तो कर ही क्या सकता है? अपनी ही हानि है रहे-सहे प्राणोंसे भी हाथ धोना पड़े। निर्बल क्रोध करे तो मारा जाय।) (घ) *'बिपिन बसै तापस के साजा।'* भाव कि जब प्रतिष्ठित लोगोंके मानकी हानि होती है तब वे या तो मर जाते हैं या कहीं दूर चले जाते हैं। यथा—'सतां माने म्लाने **मरणमथवा दूरशरणम्**', यह दूर चला आया। वनमें और वह भी तपस्वीके वेषमें रहता है जिसमें कोई सहसा पहिचान न सके, न ढूँढ़ सके। घने वनमें कौन आवेगा। भानुप्रताप भारी वैरी है, वह पता पावे तो खोजकर वध करे जैसे युधिष्ठिरने दुर्योधनका पता लगाकर उसका वध कराया, यथा—*'भरत कीन्ह यह उचित उपाऊ। रिपु रिन रंच न राखब काऊ॥'* (२। २२९) *'रिपु रुज पावक पाप प्रभु अहि गनिय न छोट करि।'* (३। २१)

तासु समीप गवन नृप कीन्हा। यह प्रतापरबि तेहिं तब चीन्हा॥६॥
राउ तृषित नहि सो पहिचाना। देखि सुबेष महामुनि जाना॥७॥
उतरि तुरग तें कीन्ह प्रनामा। परम चतुर न कहेउ निज नामा॥८॥

दोहा—भूपति तृषित बिलोकि तेहिं सरबरु दीन्ह देखाइ।
मज्जन पान समेत हय कीन्ह नृपति हरषाइ॥१५८॥

अर्थ—राजा उसके पास गया तब उसने पहचान लिया कि यह भानुप्रताप है॥६॥ राजा प्याससे व्याकुल है (इस कारण उन्होंने) उसे न पहिचाना*। सुन्दर (मुनि) वेष देख उसे महामुनि समझे॥७॥ घोड़ेसे उतरकर (राजाने) प्रणाम किया। (परन्तु) बड़ा चतुर है, अपना नाम न बतलाया॥८॥ राजाको प्यासा देख उसने सरोवर दिखा दिया। राजाने घोड़ेसहित प्रसन्नतापूर्वक स्नान और जलपान किया॥१५८॥

टिप्पणी—१ (क) *'तासु समीप'*। भाव कि जिसका देश भानुप्रतापने छीन लिया, जो राजासे रंक हो गया, जिसका घर-बार सब छूट गया है, जो अभिमानी है, क्रोधको भीतर भरे हुए दिन-रात क्रोधाग्निमें जलता रहता है और तपस्वी-वेषमें छिपकर कालकी प्रतीक्षा करता हुआ वनमें बैठा है, उसके पास (*'तासु'* का सम्बन्ध ऊपरकी *'जासु देस नृप लीन्ह छड़ाई'* इत्यादि सब चौपाइयोंसे है)। (ख) *'गवन नृप कीन्हा'* का भाव कि ऐसेके पास भानुप्रताप गये, अतएव इनकी अब भलाई नहीं है, यथा—*'तदपि बिरोध मान जहँ कोई। तहाँ गए कल्यान न होई॥'* (१। ६२। ६) (ग) *'यह प्रतापरबि तेहि तब चीन्हा'* इति। *'तब'* अर्थात् जब राजा कपटी मुनिके समीप गये तब। राजाने कपटी मुनिको दूरसे ही देख लिया था। देखकर समीप चले आये कि दर्शन करें और जलाशय पूछें कि कहाँ है, कम-से-कम उनके पास जल तो अवश्य

---

* 'नहिं सो पहिचाना' का अर्थ एक खर्रेमें यह मिला है कि 'सो अर्थात् जिससे पहचाना जाता था वह पहिचान नहीं है, मुनिवेष बनाये है'. अतः न पहिचान सका।

मिल जायगा। जबतक समीप न गये थे तबतक उसने राजाको न पहिचाना था। (घ) *'राउ तृषित नहिं सो पहिचाना'*। प्याससे व्याकुल हैं, यथा—*'खेद खिन्न छुद्धित तृषित राजा बाजि समेत। खोजत ब्याकुल सरित सर जल बिनु भएउ अचेत॥'* (१। १५७)—*'अचेत'* है, अतः न पहिचान पाया। (ङ) *'देखि सुबेष महामुनि जाना'* इति। यथा—*'लखि सुबेष जग बंचक जेऊ। बेष प्रताप पूजिअहिं तेऊ॥'* (१। ७। ५) भाव कि यदि तृषासे व्याकुल न होते तो सुवेष देखकर भी महामुनि न जानते, पहिचान ही लेते।

टिप्पणी—२ (क) *'उतरि तुरग तें कीन्ह प्रनामा'* इति। (देवमन्दिर, तीर्थ, संत-महात्माओं इत्यादि) गुरुजनोंको देखकर सवारीसे उतरकर, (अस्त्र-शस्त्र उतारकर, अलग रखकर) (तब उनको) प्रणाम करना चाहिये, यथा—*'उतरे राम देव सरि देखी। कीन्ह दंडवत हरषु बिसेषी॥'* (२। ८७) राजाने सुवेष देख महामुनि जाना, अतः घोड़ेसे उतरकर विधिवत् प्रणाम किया। (ख) *'परम चतुर न कहेउ निज नामा'* इति। नाम न प्रकट करनेसे *'परम चतुर'* कहा। यथा—*'सुनु महीस असि नीति जहँ तहँ नाम न कहहिं नृप। मोहि तोहि पर अति प्रीति सोइ चतुरता बिचारि तव॥'* (१। १६३) ☞पुनः, *'न कहेउ निज नामा'* इस कथनका प्रयोजन यह है कि प्रणाम करनेके समय अपना और अपने पिताका नाम कहकर प्रणाम करना चाहिये, यथा—*'पितु समेत कहि कहि निज नामा। लगे करन सब दंड प्रनामा॥'* (१। २६९। २) *'जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू। पिता समेत लीन्ह निज नामू॥'* (१। ५३। ७) *'कोसलेस दसरथ के जाए। नाम राम लछिमन दोउ भाई॥* (४। २) *'बिस्वामित्र मिले पुनि आई। पदसरोज मेले दोउ भाई॥ रामु लषनु दसरथ के ढोटा। दीन्हि असीस देखि भल जोटा॥'* (१। २६९) (भानुप्रतापने अपना नाम न बताया इसीसे अन्तिम चरणमें इसके कारणकी आवश्यकता हुई। मन्त्रीने इसे नीतिमें परम निपुण बना दिया था)।

टिप्पणी—३ (क) *'भूपति तृषित बिलोकि तेहि'* इति। इससे जनाया कि राजाने अपनेसे प्यासे होनेकी बात न कही। उसीने प्यासे देखकर अपनेसे ही बिना पूछे कहा कि आप प्यासे जान पड़ते हैं, जाइये उस सरमें प्यास बुझा आइये। (कैसे जाना कि प्यासे हैं? चेष्टासे। इसीसे *'बिलोकि'* पद दिया।) ☞तृषित देखकर जलाशय बताया, यह बड़ी चतुराई और बुद्धिमानीका काम है। वह कपटसे साधु बना है, इसीसे उसने अपनी दयाका परिचय दिया, आचरणसे साधु होना दिखाया। जिसमें राजा समझे कि हमें व्याकुल देखकर हमपर महात्माको बड़ी दया लग आयी। सन्त दयालु होते हैं, दूसरेका दुःख देख दया लग आती है, यथा—*'नारद देखा बिकल जयंता। लागि दया कोमल चित संता॥'* (३। २) कपटी मुनि यही बात आगे स्वयं कहता है, यथा—*'चक्रबर्त्ति के लच्छन तोरें। देखत दया लागि अति मोरें॥'* (ख) *'सरवर दीन्ह देखाइ'* इति। ☞साधुने सरोवर दिखा दिया। इसमें दूसरा (भीतरी कपटका) आशय यह है कि राजा कहीं पानी पीकर उधर-ही-उधर न चला जाय, इसीसे साथ चला गया। और ऊपरसे यह दिखा रहा है कि राजा जल बिना अचेत है, अकेले सरोवर ढूँढ़नेमें क्लेश होगा, इसलिये साथ गया। यह आशय आगेकी चौपाईसे स्पष्ट है—*'निज आश्रम तापस लै गएऊ'*। साथ न जाता तो *'निज आश्रम लै गएऊ'* कैसे कहते? (ग) *'मज्जन पान समेत हय कीन्ह नृपति'* इति। मृगयामें शूकरका पीछा करनेमें बड़ा परिश्रम पड़ा, दूसरे ग्रीष्मके दिन थे, गर्मीसे भी तपे हुए थे, अतएव स्नान किया और प्याससे *'अचेत'* हो रहे थे, अतः जलपान किया। (घ) *'हरषाइ।'* जैसा जलाशय चाहिये था, वैसा ही मनके अनुकूल मिल गया, अतः हर्षपूर्वक स्नान-पान किया (और घोड़ेको कराया)।

गै श्रम सकल सुखी नृप भएऊ। निज आश्रम तापस लै गएऊ॥ १॥
आसन दीन्ह अस्त रबि जानी। पुनि तापस बोलेउ मृदु बानी॥ २॥
को तुम्ह कस बन फिरहु अकेलें। सुंदर जुवा जीव पर हेलें॥ ३॥
चक्रबर्त्ति के लच्छन तोरें। देखत दया लागि अति मोरें॥ ४॥
नाम प्रतापभानु अवनीसा। तासु सचिव मैं सुनहु मुनीसा॥ ५॥

शब्दार्थ—आसन=ऊन, मूँज, कुश आदिके बने हुए चौखँटे बिछौने जो प्रायः पूजन, भोजनके समय बैठनेके काममें आते हैं। **आसन देना**=सत्कारार्थ बैठनेको कोई वस्तु देना, बैठाना। **जुवा** (युवा)=जवानी, १६ वर्षसे ३५ वर्षतकको अवस्था। **जीव**=प्राण, जीवन। परहेलना (सं० प्रहेलन)=निरादर करना, परवा न करना, तिरस्कार करना। यथा—*'मैं पिउ प्रीति भरोसे गरब कीन्ह जिय माहिं। तेहि रिस हौं परहेली रूसेउ नागर नाह॥'* (जायसी) **अवनीश**=पृथ्वीका स्वामी, राजा।

अर्थ—सारी थकावट दूर हुई और राजा सुखी हुआ तब (वह) तपस्वी उसे अपने आश्रमपर ले गया॥ १॥ सूर्यास्त-समय जानकर बैठनेको आसन दिया। फिर तापस कोमल वचन बोला॥ २॥ तुम कौन हो? वनमें कैसे अकेले फिर रहे हो? तुम्हारी सुन्दर युवा अवस्था है। अपने जीवनका निरादर कर रहे हो अर्थात् प्राणोंकी कुछ परवा नहीं करते॥ ३॥ चक्रवर्ती राजाओंके लक्षण तुममें देखकर मुझे बड़ी दया लगती है॥ (राजाने कहा—) हे मुनीश! सुनिये। एक भानुप्रताप नामका राजा है, मैं उसका मन्त्री हूँ॥ ५॥

टिप्पणी—१ *'गै श्रम सकल सुखी नृप भएऊ'* इति। स्नान करनेसे थकावट दूर होती है और सुख प्राप्त होता है, यथा *'मज्जन कीन्ह पंथश्रम गयऊ। सुचि जल पियत मुदित मन भयऊ॥'* (अ० ८७। ७) *'देखि राम अति रुचिर तलावा। मज्जन कीन्ह परम सुख पावा॥'* (३। ४१) *'करि तड़ाग मज्जन जलपाना। बट तर गएउ हृदय हरषाना॥'* (७। ६३) *'अब जन गृह पुनीत प्रभु कीजै। मज्जनु करिअ समरश्रम छीजै॥'* (लं० ११५) (ख) *'निज आश्रम तापस लै गएऊ'*, इससे पाया गया कि आश्रमसे जलाशय पृथक् कुछ दूरीपर है और यह कि तापस राजाको अपने आश्रममें ले जानेके लिये सरोवरपर ठहरा रहा कि ये स्नानादिसे निवृत्त हो लें तब साथ लेकर जायँ नहीं तो बताकर चला आता। (ग) *'आसन दीन्ह अस्त रबि जानी'*। तात्पर्य कि अब लौटनेका समय नहीं रह गया, ऐसे घोर वनमें रात्रिमें चलते न बनेगा, जैसा कि उसके आगेके *'निसा घोर गंभीर बन पंथ न सुनहु सुजान'* इन वचनोंसे स्पष्ट है। [तपस्वीको भय हुआ कि राजा चैतन्य हुआ है, कहीं मुझे पहचान न ले, इसलिये सूर्यास्तके पहले दूर-ही-दूर था। बोलातक नहीं। (वि० त्रि०) मेरी समझमें दैवयोगसे समय आदि सब उसके अनुकूल हो गये थे।] (घ) *'पुनि तापस बोलेउ मृदु बानी'* इति। ☞राजा भूखे-प्यासे थे, यथा—*'खेद खिन्न छुद्धित तृषित राजा बाजि समेत।'* उनको सरोवर बताकर उनकी प्यास शान्त की, आश्रममें ले गया, आसन दिया, क्षुधा शान्त करनेके लिये कंद-मूल-फल दिये, घोड़ेको घास दी, इत्यादि। सब बातोंके कथनका प्रसङ्गमें कोई प्रयोजन न था, इसीसे ग्रन्थकारने नहीं लिखा। मृदु वाणी बोला क्योंकि संत मृदु वाणी बोलते हैं और खल तो कठोर ही बोलते हैं (*'बचन बज्र जेहि सदा पिआरा'*), खल मृदु वाणी जब बोलते हैं तब केवल छलनेके लिये, यथा—*'बोलहिं मधुर बचन जिमि मोरा। खाहिं महा अहि हृदय कठोरा॥'* (७। ३९) तपस्वीमें दोनों बातें हैं। वह संत बना है और खल तो है ही। अतएव *'मृदु'* वचन बोला। (अपनेको संत जनाने और भीतरसे राजाके साथ छल करनेकी घातमें है। क्योंकि, उसे अपना कार्य साधना है, राजासे दाँव लेना है।)

नोट—१ *'आसन दीन्ह'* और *'पुनि तापस बोला'* से अनुमान होता है कि आसन देनेपर भी राजा तुरत बैठा नहीं, तब यह समझकर कि राजाकी तुरत चले जानेकी इच्छा है, उन्हें रोक रखनेके लिये बातें छेड़ दीं। सूर्यास्तका समय है ही, कुछ और समय बीत जाय तो फिर राजा सहज ही रुक जायगा।

नोट-२—कुछ महानुभावोंका मत है कि *'अस्त रबि'* शब्द यहाँ साभिप्राय है। तपस्वी सोचता है कि प्रतापरूपी भानु जो उदित था उसके अस्तका समय अब आ गया। ऐसा समझकर वह इस तरहकी बातें कर रहा है। (प्र० सं०)

टिप्पणी—२ (क) *'को तुम्ह कस बन फिरहु अकेलें।……'* इति। ☞ये बातें उस समय पूछनेकी थीं जब प्रथम भेंट हुई, पर उस समय उसने न पूछा क्योंकि राजा प्याससे व्याकुल थे। जब राजा जल-पानकर सुखी हुए तब यह प्रश्न किये। इससे कपटी मुनिकी बुद्धिमत्ता प्रकट होती है। (ख) कपटी मुनि राजाको

पहचानता है, यथा—*'यह प्रतापरबि तेहिं तब चीन्हा'* और अनजान बनकर पूछता है। इसका कारण यह है कि अभी भानुप्रतापका नाम बतानेका मौका नहीं है। यदि अभी कपटी मुनि उनका नाम बता दे तो उनके मनमें सन्देह उत्पन्न हो जायगा कि यह कोई जान-पहिचानका आदमी है, छल न करे। धीरे-धीरे जब राजाकी प्रतीति और प्रीति अपनेमें हो जायगी तब अपनी सिद्धाई दिखानेके लिये भानुप्रताप और उनके पिताका नाम बतावेगा। जल्दी करनेसे काम बिगड़ जाता है; अतएव उसने क्रमसे राजाको अपने वशमें किया। (ग) *'बन फिरहु अकेलें'* और *'सुंदर जुवा जीव परहेलें'* का भाव कि तुम तो दिव्य महलोंमें रहने योग्य हो, वनमें फिरने योग्य नहीं हो। तुम्हारे हजारों सेवक, सिपाही, सेना रहना चाहिये तब आश्चर्य है कि तुम अकेले हो। यह कैसे जाना? उसका समाधान स्वयं आगे करता है कि **'चक्रबर्ति के लच्छन तोरें'**। सुन्दर शरीर है, युवावस्था है तब भी प्राणोंका अनादर करते हो, हथेलीपर प्राणोंको लिये वनमें फिरते हो। भाव कि सुन्दर जवान पुरुष ऐसा कभी नहीं करते। [पुनः भाव कि 'अभी तुम युवा हो, वानप्रस्थकी अवस्था नहीं, तब तुम अकेले महावनमें कैसे आये? क्या किसी संकटमें फँस गये हो? जिसके भयसे तापस बनकर यहाँ रहता था यह यहाँ स्वयं आ पहुँचा, अतः उसके आनेका अभिप्राय तथा उसकी परिस्थिति जाननेके लिये प्रश्न करता है। (वि० त्रि०)]

नोट—३ प्राणोंकी तुम्हें परवा नहीं? ऐसा पूछनेका कारण बताते हैं कि सामुद्रिक-शास्त्रानुसार तुम्हारे चक्रवर्ती राजाके लक्षण पाये जाते हैं। राजाका अकेले वनमें फिरना उचित नहीं, न जाने कब क्या आपत्ति आ पड़े। राजाके भलेमें सबका भला है, उसके सुखसे प्रजा सुखी रहती है। इसीसे दया लगना कहा।

टिप्पणी—३ (क) *'चक्रबर्ति के लच्छन तोरें'* इति। (इससे जनाया कि सामुद्रिक-शास्त्रका विशेष ज्ञाता है)। लक्षण अङ्गमें होते हैं, अङ्ग देखकर कहे जाते हैं, यथा—*'राज लछन सब अंग तुम्हारे'।* अतः यह जाना गया कि अङ्ग देखकर चक्रवर्तीके लक्षण होना कहता है। इसीसे कहा कि *'देखत दया लागि'।* (ख) *'दया लगि'* कहा। क्योंकि दया लगना संतका धर्म है, यथा—*'कोमल चित दीनन्ह पर दाया'।* 'अति दया लगी' कहनेका भाव कि हमारी दया तो सभी जीवोंपर रहती है पर तुम्हारे ऊपर अत्यन्त दया लग आयी। तात्पर्य कि तुम्हारे अङ्गोंमें चक्रवर्तीके लक्षण हैं, जिससे निश्चय है कि तुम सब जीवोंके रक्षक हो, तुम्हारे सुखसे सभी जीवोंको सुख है और तुम्हारे दुःखसे सभीको दुःख हुआ चाहे। ☞दयाका स्वरूप पूर्व दिखा आये हैं कि तृषित देखकर सरोवर बताने गया, आश्रमपर ले आया, आसन दिया, यह सब *'अति दया'* है पुनः *'अति'* का दूसरा भाव कि सामान्य क्लेशमें सामान्य दया होती है और भारी पुरुषको भारी क्लेशमे देखा। अतः *'अति दया'* हुई।

नोट—४ सामुद्रिक-शास्त्रमें चक्रवर्तीके लक्षण इस प्रकार हैं । यथा—**'केशाग्रं वृषणं जानु समं यस्य स भूपतिः। ऊरुश्च मणिबन्धश्च मुष्टिश्च नृपतेः स्थिरा॥ नाभ्यन्तःकुक्षिवक्षोभिरुन्नतैः क्षितिपो भवेत्। भ्रुवो नासापुटे नेत्रे कर्णावोष्ठौ च चूचकौ॥ कर्पूरौ मणिबन्धौ च जानुनी वृषणौ कटिः। करौ पादौ स्फिचौ यस्य समौ ज्ञेयः स भूपतिः॥'** (सामुद्रिक)।

टिप्पणी—४ *'नाम प्रतापभानु अवनीसा। तासु सचिव।—'* इति। (क) राजा नीतिविरुद्ध नहीं करता! नाम बताना नीतिविरुद्ध है, इसीसे नाम नहीं बताया। जैसे प्रथम प्रणाम करनेपर नाम न बताया था—*'परम चतुर न कहेउ निज नामा।'* वैसे ही अब भी न बताया। (ख) तापसने चक्रवर्तीके लक्षण कहे सो भी घटित होने चाहिये, क्योंकि महात्माका वचन मिथ्या नहीं है (जो उसने कहा सो ठीक ही है,) अतएव अपनेको राजाका मन्त्री बताया। मन्त्री राजाके समान होता है, जो लक्षण राजामें होते हैं वे मन्त्रीमें भी होते हैं। (ग) तापसने चक्रवर्तीके लक्षण कहे और इस समय भानुप्रताप चक्रवर्ती राजा है। इसीसे राजाने अपनेको भानुप्रतापका मन्त्री बताया। (नहीं तो और किसी राजाका नाम ले लेते) (घ) राजाने कपटी तापसको महामुनि जाना, यथा—*'देखि सुबेष महामुनि जाना'।* इसीसे *'सुनहु मुनीसा'* अर्थात् मुनीश सम्बोधन किया। (ङ) तापसके *'को*

तुम्ह' इस प्रश्नका उत्तर इस अर्धालीमें समाप्त हुआ। *'कस बन फिरहु अकेलें'* का उत्तर आगे देते हैं। [तापसने चक्रवर्तीके लक्षण बताये, इससे राजाने समझा कि ये कोई बड़े भारी मुनि हैं। इसीसे इन्होंने जान लिया। अतः राजाने विचारा कि इन्हें युक्तिसे उत्तर देना चाहिये कि अपना नाम भी प्रकट न हो और मुनिको सन्देह भी न हो। अतः अपनेको चक्रवर्तीका मन्त्री बताया। अपनेको छिपानेके लिये राजा अपनेको मन्त्री बताता है। अतएव यहाँ 'व्याजोक्ति' अलङ्कार है—*'कछु मिस करि कछु और बिधि कहै दुरैकै रूप। सबै सुकबि ब्याजोक्ति तेहि भूषण कहैं अनूप॥'* अर्थात् किसी खुलती हुई बातको छिपानेकी इच्छासे कोई बहानेकी बात बिना निषेधके द्वारा कही जाय।]

फिरत अहेरें परेउँ भुलाई। बड़ें भाग देखेउँ पद आई॥ ६॥
हम कहँ दुर्लभ दरस तुम्हारा। जानत हौं कछु भल होनिहारा॥ ७॥
कह मुनि तात भयउ अँधियारा। जोजन सत्तरि नगरु तुम्हारा॥ ८॥

दो०—निसा घोर गंभीर बन पंथ न सुनहु* सुजान।
बसहु आज अस जानि तुम्ह जाएहु होत बिहान॥
तुलसी जसि भवतब्यता तैसी मिलै सहाइ।
आपुनु† आवै ताहि पहिं ताहि तहाँ लै जाइ॥ १५९॥

शब्दार्थ—अहेर=शिकार। अहेरें=शिकारमें। वह जीव जिसका शिकार किया जाय उसे भी 'अहेर' कहते हैं। बिहान=सबेरा। आपुनु=आप ही; स्वयं। यथा *'आपुनु चलेउ गदा कर लीन्हीं॥'* (१८२। ४)

अर्थ—शिकारके पीछे फिरते हुए भूल पड़ा हूँ, बड़े भाग्यसे (यहाँ) आकर (आपके) चरणोंका दर्शन पाया॥ ६॥ हमें आपका दर्शन दुर्लभ है, मैं समझता हूँ कि कुछ भला होनेवाला है॥ ७॥ मुनिने कहा—हे तात! अँधेरा हो गया, (यहाँसे) तुम्हारा नगर ७० योजनपर है॥ ८॥ हे सुजान! सुनो, रात भयङ्कर अँधेरी है, वन घना और गहरा है, उसमें रास्ता नहीं है। ऐसा जानकर तुम आज यहीं रहो, सबेरा होते ही चले जाना। तुलसीदासजी कहते हैं कि जैसी भवितव्यता (हरिइच्छा, होनेवाली) होती है वैसी ही सहायता मिल जाती है। वह भावी आप ही उसके पास आ जाती है और (आकर) उसको वहीं ले जाती है (जहाँ सहाय करनेवाला है)॥ १५९॥

टिप्पणी—१ *'फिरत अहेरें परेउँ भुलाई।'''''''* इति। (क) ☞ कपटी मुनिके प्रश्नका तात्पर्य यह अभिप्राय लेनेका है कि राजा यहाँ अपनी ओरसे आया है कि कालकेतुके भुलानेसे आया है। यदि कालकेतुके भुलानेसे आया है, वही इनको ले आया है तब तो सब काम बन गया, राजाको छलनेका पूर्ण योग लग गया (क्योंकि जो कुछ मैं अपनी सिद्धाई कहूँगा वह कालकेतु जो अभी आता ही होगा, अपनी मायासे सच्ची कर देगा और यदि यह अपनेसे ही भटककर आ गया है तब तो इसको रोक रखना व्यर्थ ही होगा; क्योंकि कालकेतुका कौन ठिकाना कि आवे या न आवे।) तापस पूछता है—*'कस बन फिरहु अकेलें?'* राजा उसका उत्तर देते हैं कि *'फिरत अहेरें'* किसी संकटसे विवश होकर यहाँ नहीं आया, किंतु शिकार करते-फिरते थे, वनमें भुला गये। इस उत्तरसे कपटी मुनिको निश्चय हो गया कि कालकेतु भुला लाया है, क्योंकि उसने इससे करार किया था कि मैं किसी दिन राजाको शिकारमें भुलाकर तुम्हारे पास ले आऊँगा, पीछेसे मैं भी आऊँगा, तुम सब बात कह रखना। इसीसे अब वह राजासे रातमें यहीं रुक जानेको कहता है। (ख) *'बड़े भाग देखेउँ पद आई'* यथा *'बड़े भाग पाइअ सतसंगा।'* [*'दया लागि'*

---

* सूझ—(छ०)। † 'आपुनु' 'ताहि लिआवहि ताहि पहि'—(छ०)। ऐसा भी अर्थ होता है—'या तो वह आप ही उसके पास आती है या उसीको वहाँ ले जाती है।' विशेष टिप्पणी ५ देखिये। (प्र० सं०)

की जोड़में यहाँ *'बड़े भाग'* कहा। यहाँ 'अनुज्ञा अलङ्कार' है। वनमें भूलना दोष है, दुःख है। उसे मुनिदर्शनसे भाग्य मान लिया।]

टिप्पणी २—*'हम कहँ दुर्लभ दरस तुम्हारा।''''''''* भाव कि जिसका दर्शन खोजनेपर भी नहीं मिल सकता वह रास्ता भुला जानेसे मिल जाय तो जानना चाहिये कि भला होनेवाला है और बड़ा भाग्य है। क्योंकि बड़े ही भाग्यसे अलभ्य लाभ होता है। भूतकालमें पुण्य अच्छा रहा तो वर्तमानकालमें संतदर्शन हुआ, यथा *'पुन्यपुंज बिनु मिलहिं न संता।'* संत मिले इससे आगे होनहार अच्छा है अर्थात् भविष्य भी अच्छा हो जायगा। (पुनः भाव कि हम नगरके रहनेवाले और राजस-तामस वृत्तिके और आप वनमें सात्त्विकवृत्तिसे रहनेवाले, तब भला हमें आपका दर्शन कैसे मिल सकता?)

पं० प० प्र०—यद्यपि भानुप्रताप निष्काम और ईश्वरार्पण करके सब धर्म-कर्म करता था तो भी उसके चित्तमें ऐश्वर्य, भोग-कामना सुप्तावस्थामें थी, यह कविकुलचूड़ामणिने बड़ी गूढ़ युक्तिसे यहाँ जनाया है। वह प्रसुप्त कामना राजस-तामस-संस्कार बलिष्ठ स्थानमें प्रवेश करनेपर और उस कपटमुनिके कुसंस्कारोंके प्रभावसे जाग्रत् हो गयी।

'फिरत अहेरें परेउँ भुलाई। बड़े भाग देखेउँ पद आई॥ हम कहँ दुर्लभ दरस तुम्हारा।' यहाँतक जो राजाने कहा वह उचित ही है। पर *'जानत हौं कछु भल होनिहारा'* उसके इस वाक्यसे उसके हृदयकी गुप्त वासना कुछ अंशमें प्रकट हो रही है। अखिल विश्वका सम्राट् है। जो कुछ चाहिये सब प्राप्त है। *'अर्थ धर्म कामादि सुख सेवै समय नरेसु।'* प्रजा भी सब प्रकार सुखी है। कुछ भी दुःख नहीं है। तब भला कौन-सा भला होनेको शेष था जिसके लिये उसने *'जानत हौं कछु भल होनिहारा'* ऐसी आशा प्रकट की। राजामें भगवद्भक्तिका न तो लवलेश है और न भगवद्भक्तिकी रुचि ही है, इसीसे तो धर्मरुचि स्वयं भक्तिप्रिय होता हुआ भी राजाको केवल राजनीति ही सिखाता रहा। रावण होनेपर भी यही देखनेमें आता है। विभीषणजीने जब केवल राजनीतिका उपदेश दिया तब उसका आदर किया है, पर जब राम-भक्तिका उपदेश देने लगा तब क्या हुआ यह सुन्दरकाण्डमें प्रकट है।

टिप्पणी—३ *'कह मुनि तात भएउ अँधियारा''''* इति। (क) ☞सूर्यास्त होनेपर आसन दिया, यथा *'आसन दीन्ह अस्त रबि जानी।'* इतनी वार्ता होते-होते अँधेरा हो गया। इससे निश्चय हुआ कि कृष्णपक्षकी रात्रि थी और समस्त रात्रि अँधियारी रात थी, इसीसे आगे दोहेमें निशाको घोर कह रहा है। (अमावस्याको तान्त्रिक छलके प्रयोग भी किये जाते हैं। अतएव मुनिको प्रयोगका योग भी अच्छा मिल गया।) सूर्यास्तसे बातें करनी शुरू कीं और इतनी देरतक बातोंमें लगाये रहा कि अँधेरा हो गया, यही बातोंमें लगानेका मुख्य उद्देश्य था। (ख) ☞राजाका घोड़ा केकय देशसे विन्ध्यतक दोही पहरमें गया और लौट आया, यथा *'कानन गएउ बाजि चढ़ि तेही। पुर नर नारि न जानेउ केही॥ गए जाम जुग भूपति आवा। घर घर उत्सव बाज बधावा॥'* इस हिसाबसे केकय देशसे विन्ध्यतक केवल एक पहरका रास्ता राजाके घोड़ेका निश्चित हुआ। पहरभर दिन चढ़ेतक शिकार खेला, तीन परहतक भारी दौड़ लगायी, तब कपटी मुनिके पास पहुँचे। इतना बीच (फासला) विन्ध्यसे महावनतकका है। (ग) *'तात'* कपटी मुनि राजापर छोह करके रात्रिमें टिकनेको कहता है, इसीसे छोहके प्रकरणमें वत्स, बालक वा पुत्रभावसे *'तात'* सम्बोधन करता है। (घ) *'जानत हौं कछु भल होनिहारा'* इन वचनोंसे कपटी मुनि ताड़ गया कि राजा मुझे महामुनि समझकर कुछ लाभकी आशा-पाशमें बँध रहा है, अतः अपना कार्य सिद्ध करनेके लिये वह उसे रोकनेके लिये ये वचन कह रहा है।

टिप्पणी ४—*'निसा घोर गंभीर बन पंथ न सुनहु सुजान।''''''''* इति। (क) ☞तापस यहाँ देश, काल और वस्तु तीनोंकी कठिनता दिखाता है। देश दूर है, ७० योजन है। निशा घोर है अर्थात् काल भयानक है। वन गम्भीर है अर्थात् वस्तु अगम है। (ख) *'बसहु आजु'* अर्थात् ऐसा जानकर आज यहाँ निवास

करो। इस कथनसे पाया जाता है कि राजा अब भी जानेको तैयार हैं, आसन अभीतक ग्रहण नहीं किया है, घोड़ा लिये खड़ा है। निशा घोर है, देख नहीं पड़ता। इसपर यदि राजा कहना चाहे कि हम घोड़ेपर सवार हैं, अँधेरेका कोई भय नहीं, उसीपर प्रथमसे ही कहता है कि *'बन गंभीर'* है, घोड़ा निबह नहीं सकता। इसपर यदि वह कहे कि घोड़ा इस रास्तेसे निकल जायगा। उसपर कहता है कि *'पंथ न।'* *'कह मुनि तात भएउ अँधियारा'* के सम्बन्धसे 'निसा' को 'घोर' कहा। *'जहँ नाहिंन गज बाजि निबाहू'* के सम्बन्धसे *'गंभीर बन'* कहा। और *'फिरत अहेरें परेउँ भुलाई'* के सम्बन्धसे *'पंथ न'* (अर्थात् भूल जानेका डर है) कहा। (ग) *'सुजान'* का भाव कि तुम जानते हो कि रात्रिमें चलना मना है। (घ) *'जाएहु होत बिहान'* इति। ठहरानेसे राजा ठहरनेको कहते हैं इसीसे कपटी मुनि कहता है कि जल्दी चले जाना, सबेरा होते ही चले जाइयो। (नोट—यह भी राजी करनेकी चाल है कि हम रोकते थोड़े ही हैं, तुम्हारे भलेको कहते हैं, सबेरा होते ही चले जाना।)

टिप्पणी ५—*'तुलसी जसि भवतब्यता तैसी मिलै सहाइ।.........'* इति। (क) *'जसि भवतब्यता'* का भाव कि ऐसे धर्मात्मा राजाको भला ऐसा विघ्न होना चाहिये? न होना चाहिये। भावीवश ऐसा हुआ। किसी पूर्वके जन्मका भारी पाप उदय हुआ। (ख) *'मिलै सहाइ'।* भाव कि भवितव्यताका कोई रूप नहीं है, वह 'सहायक' के द्वारा काम करती है। जैसी भावी है वैसी ही *'सहाय'* मिलती है अर्थात् भवितव्यता अच्छी होती है तब अच्छी और बुरी होती है तब बुरी *'सहाय'* मिलती है। (ग) *'आपुनु आवै ताहि पै'* अर्थात् वह भावीके वश आप ही सहायके पास आता है जैसा यहाँ हुआ। भावीवश राजा सहायके पास आया। राजाका भवितव्य है कि उसका तन, धन, राज्य सभी कुछ नष्ट हो जाय, वैसा ही उस भावीको सहाय मिल गया—कपटी मुनि। शीघ्र ही नाश कर डाला। (घ) *'ताहि तहाँ लै जाइ'* अर्थात् (या तो वैसा होता है, वैसा न हुआ तो यह होता है) भावी सहायको उसके पास ले जाती है। उत्तरार्द्ध *'आपुनु आवै......... लै जाइ'* का भाव यह है कि जिस तरह उसका काम बने वही करती है।☞ दूसरी प्रकार इस तरह भी अर्थ हो सकता है कि 'होनहारवालेके पास भावी आप ही आती है और आकर उसको वहीं ले जाती है जहाँ सहाय करनेवाला है।' भाव कि भावी प्रथम सहाय्र तैयार करती है, फिर जीवके पास आती है और उसे सहायके पास ले जाती है। यह अर्थ समीचीन है। [खर्रेमें लिखा है कि 'उस प्राणीका भोग यदि वहीं हुआ तो भावी उसके पास आकर उसी जगह भोग भोगाती है और यदि उसका भोग बाहर हुआ तो उसको वहीं ले जाकर भोगाती है।' 'सहाइ'=संयोग। विनायकीटीकाकार लिखते हैं कि *'आपुनु आवै.........'* यह कथन नीति-शास्त्रके अनुसार है। जैसे—**'तादृशी जायते बुद्धिर्व्यवसायोऽपि तादृशः। सहायास्तादृशा एव यादृशी भवितव्यता॥'** अर्थात् वैसी ही बुद्धि उत्पन्न होती है, वैसा ही उद्योग लग जाता है और सहायता भी वैसी ही मिल जाती है जैसी होनहार होती है।]

श्रीलमगोड़ाजी—कविकी उपस्थिति कितनी आवश्यक है? परन्तु यह विचारणीय है कि किस संक्षिप्तरूपमें वह घटनाके रहस्यपर आलोचना करके प्रकाश डालता है?

नोट—१ श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि यह सम्मत तो याज्ञवल्क्यका है पर ग्रन्थकार सबका सिद्धान्त कहते हैं, इसलिये यहाँ उन्होंने अपना नाम रख दिया है। वैसी ही सहाय मिलती है अर्थात् उसीके योग्य काम करनेवाले मिल जाते हैं। *'आपुनु आवइ।.........'* अर्थात् जिस शत्रुके हाथ बुराई होना है उसके पास वह भावीवश आप ही पहुँच जाता है, जैसे, कपटी मुनिके पास राजा पहुँच गया। अथवा, *'ताहि तहाँ......'* अर्थात् जहाँ बुराई होनेवाली है तहाँ बुराई करनेवाले शत्रुको ले जाती है, जैसे कालकेतु राक्षस सूकररूपमें भानुप्रतापके पास पहुँचा और भुलाकर वनमें ले आया। आगेके लिये भी यही सहाय मिले जो राजाके यहाँ जाकर उसका नाश करायेंगे।

वि० त्रि०—इस प्रकार अर्थ करते हैं—'राजा मृगयाको जाता है। वहाँ कालकेतु सूकर बनकर (भवितव्यताका सहाय होकर) आता है और राजाको ले जाकर कपटी मुनितक पहुँचा देता है, जहाँ राजा स्वयं कपटी मुनिका शिकार हो जाता है।'

श्रीबैजनाथजी लिखते हैं कि यहाँ भवितव्यता प्रारब्ध नहीं है, केवल प्रभुकी इच्छा है, क्योंकि राजा 'प्रतापी' नामक सखा है जो प्रभुकी आज्ञासे राजा हुआ।

नोट—२ *'आपु न आवइ·······'* पाठ अशुद्ध है। क्योंकि यह प्रत्यक्ष देखनेमें आता है कि लोग घरमें बैठे-बैठे मर जाते हैं, कहीं साँपने डस लिया, कहीं छत गिर पड़ी उससे दबकर मर गये, यही भाव *'आपुनु आवइ'* का है। यह सम्मत लाला भगवानदीनजीका भी है। इसमें 'विकल्प अलङ्कार' है।

भलेहि नाथ आयसु धरि सीसा। बाँधि तुरग तरु बैठ महीसा॥ १॥
नृप बहु भाँति प्रसंसेउ ताही। चरन बंदि* निज भाग्य सराही॥ २॥
पुनि बोलेउ मृदु गिरा सुहाई। जानि पिता प्रभु करौं ढिठाई॥ ३॥
मोहि मुनीस सुत सेवक जानी। नाथ नाम निज कहहु बखानी॥ ४॥

अर्थ—'बहुत अच्छा, स्वामी!' राजा (ऐसा कहकर) आज्ञाको सिरपर धरकर घोड़ेको पेड़में बाँधकर आ बैठा॥ १॥ राजाने उसकी बहुत प्रकारसे प्रशंसा की और चरणोंको प्रणाम करके अपने भाग्यको सराहा॥ २॥ फिर सुन्दर कोमल वचन बोले—हे प्रभो! पिता जानकर मैं ढिठाई करता हूँ॥ ३॥ हे मुनीश्वर! हे नाथ! मुझे अपना पुत्र और सेवक जानकर अपना नाम बखानकर कहिये॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'भलेहि नाथ'*। भाव कि आपने बहुत अच्छा कहा, ऐसी घोर रात्रिमें चलना अच्छा नहीं है। (ख) *'आयसु धरि सीसा।'* भाव कि महात्माकी आज्ञा बड़ी प्रसन्नतासे मानी। बड़ोंकी आज्ञा माननेमें ऐसा ही कहा जाता है, यथा—*'सिर धरि आयसु करिय तुम्हारा। परम धरम यह नाथ हमारा॥'* (ग) *'बैठ महीसा'* से सूचित किया कि अभीतक राजा (घोड़ेकी बागडोर थामे) खड़े-खड़े बातें करता रहा था। चलनेपर उद्यत था, अब घोड़ा बाँधकर बैठा। (घ) *'नृप बहु भाँति प्रसंसेउ ताही'*। हमारे बड़े पुण्य हैं, बड़ा भाग्य है कि आपके चरणोंका दर्शन हुआ इत्यादि। जैसे पूर्व कहा था कि *'फिरत अहेरें परेउँ भुलाई। बड़े भाग देखेउँ पद आई॥'* पुनः, तापसने राजाको प्याससे व्याकुल देख सरोवर बताया, आश्रमपर ले आया, घोर रात्रिमें वनमें न जाने दिया तथा यह देखकर कि यह ऐसे घोर वनमें बसे हैं, राजाने इस कपटीको पूर्ण सन्त समझा, अतएव सन्त समझकर सन्तलक्षण कह-कहकर प्रशंसा की। *'बिषय अलंपट सील गुनाकर। पर दुख दुख सुख सुख देखे पर॥ सम अभूतरिपु बिमद बिरागी। लोभामरष हरष भय त्यागी॥ कोमल चित दीनन्ह पर दाया। मन बच क्रम मम भगति अमाया॥ सबहि मानप्रद आपु अमानी।'* (७। ३८) इत्यादि सन्तलक्षण एक-एक करके उनमें कहने लगे, यही बहुत भाँतिकी प्रशंसा है। (पूर्व जो कहा था कि *'बड़े भाग देखेउँ पद आई'* उसीके सम्बन्धसे यहाँ चरणोंको प्रणाम कर भाग्यकी सराहना करना कहा।)

टिप्पणी २—*'पुनि बोलेउ मृदु गिरा सुहाई।·······'* इति। (क) कपटमुनिकी वाणीको मृदु कहा था, यथा—*'पुनि तापस बोलेउ मृदु बानी'*। उसकी वाणीको *'सुहाई'* विशेषण न दिया था क्योंकि वह छलयुक्त है। राजाकी वाणीको *'मृदु'* और *'सुहाई'* दोनों विशेषण देकर जनाया कि इनकी वाणी कोमल और निश्छल है। (ख) *'जानि पिता'* पिता जाननेका भाव कि पिता शरीरकी रक्षा करता है—'पातीति पिता।' आपने जल देकर शरीरकी रक्षा की, प्राण बचाये और शरीरकी रक्षाके लिये ही रात्रिको वनमें न जाने दिया। (कपटीने राजाको *'तात'* अर्थात् वत्स, पुत्र कहा था, यथा—*'कह मुनि तात भएउ अँधियारा।'* *'तात'* शब्द प्यारमें पुत्र, पिता, भ्राता सभीके लिये प्रयुक्त होता है। मुनिके सम्बन्धसे यहाँ *'तात'* से 'पुत्र' का ही

* बंद्य— १६६१।

अर्थ लिया जा सकता है। उसी सम्बन्धसे राजाने *'जानि पिता'* कहा)। (ग) *'करौं ढिठाई'।* भाव कि महात्माओंसे धृष्टता न करनी चाहिये (मैं जो धृष्टता करता हूँ वह पिता जानकर, आपका वात्सल्य अपने ऊपर देखकर करता हूँ। माता-पितासे बालक ढीठ होता ही है, यथा—*'हौं माचल लै छाड़िहौं जेहि लागि अर्यो हों', 'मेरे माय बाप दोउ आखर हौं सिसु अरनि अर्यो।'* (विनय०) (घ) *'मोहि मुनीस सुत सेवक जानी'* अर्थात् मैं आपको अपना पिता जानता-मानता हूँ—*'जानि पिता.........'*, आप मुझे अपना आज्ञाकारी पुत्र जानिये। नाम पूछनेके लिये पुत्र और सेवक बने क्योंकि महात्माओंको अपना नाम बतानेमें संकोच होता है—**'आत्मनाम गुरोर्नाम नामातिकृपणस्य च। श्रेयस्कामो न गृह्णीयाज्ज्येष्ठापत्यकलत्रयोः॥'**; इसीसे प्रार्थना करके पूछते हैं। वहाँ कोई और है नहीं, यदि होता तो उससे पूछ लेते, अतएव मुनिसे ही पूछते हैं। (ङ) *'नाथ नाम निज कहहु बखानी।'* सेवकका धर्म है कि अपने स्वामीका नाम जाने और पुत्रको पिताका नाम जानना चाहिये, अतः नाम पूछनेकी आवश्यकता हुई।

नोट—बैजनाथजी लिखते हैं कि *'बखानी'* का भाव यह है कि जाति, गुण, क्रिया, यदृच्छा आदिके जो नाम हों सो कहिये। राजा जन्म-संस्कार आदि सब हाल जानना चाहता है।

तेहि न जान नृप नृपहि सो जाना। भूप सुहृद सो कपट सयाना॥५॥
बैरी पुनि छत्री पुनि राजा। छल बल कीन्ह चहै निज काजा॥६॥
समुझि राजसुख दुखित अराती। अवा अनल इव सुलगै छाती॥७॥
सरल बचन नृप के सुनि काना। बयर सँभारि हृदय हरषाना॥८॥

दोहा—कपट बोरि बानी मृदुल बोलेउ जुगुति समेत।
नाम हमार भिखारि* अब निर्धन रहित निकेत॥१६०॥

शब्दार्थ—सुहृद=निश्छल, शुद्ध हृदयवाला। अराती (अराति)। रातना=अनुरक्त होना, मन लगाना। यथा—*जिन्हकर मन इन्ह सन नहिं राता,* अराती= न अनुरक्त होनेवाला=शत्रु। सुलगै=जलती है; भभकती है। सरल=सीधे-सादे, कपट-छल-रहित; स्वाभाविक; भोले-भाले।

अर्थ—राजाने उसको न पहचाना, उसने राजाको पहचान लिया। राजाका हृदय निश्छल है और वह कपटमें प्रवीण है॥५॥ एक तो वह शत्रु, फिर जातिका क्षत्रिय, उसपर भी राजा; (अतः) वह छल-बलसे अपना काम निकालना चाहता है॥६॥ वह शत्रु राज्य-सुखको सोचकर दुःखी है, उसकी छाती कुम्हारके आवाँ (भट्टी) की आगकी तरह (भीतर-ही-भीतर) सुलग रही है॥७॥ राजाके सीधे-सादे वचन कानोंसे सुनकर अपने वैरका स्मरण करके वह हृदयमें हर्षित हुआ॥८॥ कपटरूपी जलमें डुबाकर वह युक्ति-समेत कोमल वाणी बोला कि अब तो हमारा नाम भिखारी है और हम धन-धामरहित हैं (वा, भिखारी निर्धन, रहित-निकेत हैं)॥१६०॥

नोट—१ सामाजिक-मनोवैज्ञानिक उपन्यासकालका लुत्फ देखिये। (लमगोड़ाजी)

टिप्पणी—१ (क) *'तेहि न जान नृप'।* पूर्व कपटी मुनिको न पहचाननेका कारण यह बतलाया था कि राजा भूख-प्याससे व्याकुल था, यथा—*'राउ तृषित नहिं सो पहिचाना। देखि सुबेष महामुनि जाना॥'* (१। १५८। ७)। राजा स्नान-जलपान कर अब सचेत हुए और अब समीप ही बैठे हैं, अतः अब तो पहचानना चाहिये था पर राजाने न पहचाना। इसीसे उसका दूसरा कारण लिखते हैं, वह यह कि भूप सुहृद् है। (ख) *'भूप सुहृद सो कपट सयाना'* अर्थात् राजाका हृदय सुन्दर है, निष्कपट है और मुनि कपटमें चतुर है; इसीसे न पहचाना, यथा—*'सरल सुसील धरमरत राऊ। सो किमि जानै*

---

* १६६१ में 'भिखारी' पाठ है।

तीय सुभाऊ।' (२। १६२) [यह (सरलता, सुशीलता और धर्मपरायणता) ही सुहृदताके लक्षण हैं।] पुनः, यथा—*'नाथ सुहृद सुठि सरल चित सील सनेह निधान। सब पर प्रीति प्रतीति जिय जानिय आपु समान।'* (२। २२७) जो सुहृद् होते हैं वे दूसरोंको भी वैसा ही समझते हैं। [*'कपट सयाना'* से स्पष्ट कर दिया कि पूर्व जितनी बातें उसने कीं, वह सब कपटमय थीं, स्वार्थसाधनार्थ थीं।] (ग) *'बैरी पुनि छत्री पुनि राजा'* इति। तात्पर्य कि ये सब एक-से-एक कठिन होते हैं, ये तीनों छल-बलसे अपना काम निकालनेकी सदा इच्छा रखते हैं। [पुनः भाव कि इनमेंसे एक भी होना छल-बलसे काम करनेके लिये पर्याप्त था पर यहाँ तो तीनों गुण एकहीमें मौजूद हैं।] विशेष आगे नोट २ में देखिये।

(घ) *'छल बल कीन्ह चहै निज काजा'* इति। कपटी मुनिने ठीक ऐसा ही किया। प्रथम छल किया कि कालकेतु सुअर बनकर छलकर राजाको यहाँ ले आया और इसने ऊपरसे दया, कोमलता दिखाकर राजाको धोखेमें डालकर उनके नाशका उपाय रचना प्रारम्भ किया, पीछे बलका प्रयोग किया। यथा—*'तेहि खल जहँ तहँ पत्र पठाए। सजि सजि सेन भूप सब धाए।'* स्वयं भी संग्राम किया और राजाको मारा। पुनः भाव कि तापस राजा है, इससे उसने छल किया। राजाके लिये छल करनेकी आज्ञा नीतिमें लिखी है। क्षत्रिय है इसीसे बल किया और बैरी है इसीसे अपना *'काज'* किया अर्थात् राजाको मारकर राज्य लिया। पुनः *'छल बल'* तीनोंमें लगा सकते हैं, तीनों ही छल-बल करते हैं। (ङ) *'कीन्ह चहै निज काजा'* का भाव कि राजाने तो उसे पिता बनाया, आप सुत, सेवक बना तब तो *'तापस'* को ऐसा छल न करना चाहिये था, इसीपर कहते हैं कि वैरी, क्षत्रिय और राजा इन तीनोंका हृदय कठोर होता है, यथा—'**नवनीतं हृदयं ब्राह्मणस्य वाचि क्षुरो निशितस्तीक्ष्णधारः। तदुभयमेतद्विपरीतं क्षत्रियस्य वाङ् नवनीतं हृदयं तीक्ष्णधारम्।**' (महाभा० १। ३। १२३) अर्थात् ब्राह्मणका हृदय मक्खनके समान कोमल होता है और वाणी छुरेकी तीक्ष्ण धार है। क्षत्रियका इसके विपरीत होता है। क्षत्रियकी वाणी मक्खन-समान और हृदय तीक्ष्णधारवाला अर्थात् वज्र-समान कठोर होता है। ये (बाप, बेटा, भाई, स्वामी, सेवक) कुछ भी नाता नहीं मानते, सदा अपना काम छल-बलसे निकालते हैं, यह उनका सहज स्वभाव है।

नोट—२ प्रथम कहा कि 'कपटमें सयाना' है अर्थात् कपट भी ऐसा करता है कि कोई भाँप न सके, जानना तो दूर रहा। फिर *'सयाना'* होनेका कारण बताया—*'बैरी पुनि छत्री पुनि राजा।'* इससे तीनों सयाने एकत्र हो गये हैं। यहाँ 'द्वितीय समुच्चय' अलङ्कार है। वैरी सदा शत्रुकी घातमें रहता है, यथा—*'रिपु रिन रंच न राखब काऊ।'* (२। २२९) *'रिपु पर कृपा परम कदराई॥'* (अर० १९) क्षत्रिय क्रोधी और बलवान् होते हैं, बदला लेनेसे नहीं चूकते, यथा—*'तदपि कठिन दसकंठ सुनु छत्रिजाति कर रोष।'* (लं० २३) राजा सहज अभिमानी और स्वार्थ-परायण होते हैं जैसे बने अपना काम निकालना चाहते हैं, दूसरेकी बढ़ती नहीं देख सकते, समय पाकर उपकार भी भुलाकर अपकार करते हैं, दो राजा एक देशमें नहीं रह सकते जैसे दो तलवार एक मियानमें नहीं रह सकतीं। ये तीनों छल-बलसे काम लेते हैं पुनः, ३—*'बैरी पुनि'*...... इस अर्द्धालीके एक चरणमें *'छल, बल* और *निज काजा'* इन तीनको कहकर जनाया कि वैरी छल, क्षत्रिय बल और राजा अपने कामसे काम रखते हैं, जैसे बने। (पांडेजी)

टिप्पणी—२ (क) *'समुझि राजसुख दुखित अराती।'......'* इति। आवेंकी अग्नि भीतर-ही-भीतर सुलगती रहती है, प्रकट नहीं होती, वैसे ही कपटी मुनिको रह-रहकर राज्यसुख याद आता है, इससे उसकी छाती दुःखसे भीतर-ही-भीतर जलती है। वह अपना दुःख प्रकट नहीं करता [*'अवाँ अनल इव सुलगै छाती'*—(५८। ४) *'तपै अवाँ इव उर अधिकाई।'* में देखिये।] *'समुझि राज सुख'* अर्थात् इसी दुःखसे शत्रुता माने हुए हैं; इसीसे *'अराती'* कहा। (ख) *'सरल बचन नृपके सुनि काना'* इति। सरल-(सीधे-सादे मनुष्य-)से ही कपट चलता है, चतुरसे नहीं चलता, इसीसे *'सरल'* जानकर हर्षित हुआ कि अब यह हमसे बचकर नहीं जा सकता। (ग) *'बयर सँभारि हृदय हरषाना।'* वैर सँभालकर अर्थात् वैरका स्मरण

करके, यह हमारा वैरी है यह याद करके सुखी हुआ। [मिलान कीजिये दोहावलीके *'सत्रु सयानो सलिल ज्यों राख सीस रिपु नाउ। बूड़त लखि पग डगत लखि चपरि चहूँ दिसि आउ॥'* (५२०) इस दोहेसे। इसमें शत्रुका सयानापन दरसाया है।] (घ) *'हृदय हरषाना।'* भाव कि अपने दुःखको भीतर-ही-भीतर आवेंकी अग्निकी भाँति छिपाये था, अब हर्ष है सो भी प्रकट नहीं करता। तात्पर्य कि दुःख-सुख दोनों छिपाये हुए है क्योंकि राजापर खुल जाय तो बड़ी हानि हो जायगी। (ङ) ☞जो ऊपर कहा था कि *'बैरी पुनि छत्री पुनि राजा। छल बल कीन्ह चहै निज काजा॥'* उसे यहाँ चरितार्थ करते हैं—वैरी है, अतः राजसुख समझकर दुःखित है, हृदय जलता रहता है। इसीसे *'अराती'* कहा। क्षत्रिय है, वैर स्मरणकर सुखी हुआ। छत्रिय पिछला वैर 'सँभारते' हैं और राजा है, इसीसे कपटयुक्त वाणी बोला। राजाको कपट करना उचित है, यथा—*'कीन्हेउ कपट लाग भल मोहीं।'*

वि० त्रि०—*'सुनि काना।'*......' इति। कानसे सुननेका भाव कि उसे हृदयमें स्थान नहीं दिया। यह देखकर कि राजा बड़ा सरल मालूम पड़ता है, इसके सरल वचनोंमें चित्त न पिघले, अतः वैरको सँभाला कि इसीने मेरा सर्वस्व हरणकर मुझे वनचारी बना रखा है।

टिप्पणी—३ *'कपट बोरि बानी मृदुल......'* इति। (क) अपना नाम नहीं बताता यही कपट है, यथा—*'कीन्हेउ कपट......'* ☞नाम न बतानेकी बात प्रसङ्गभरमें है। इसीसे *'कपट बोरि'* कहा अर्थात् जो कुछ मृदु वचन आगे कह रहा है वह सब कपटके हैं। राजाने कपटी मुनिको पिता बनाया, आप पुत्र और सेवक बना, तब वह राजाकी प्रीति-प्रतीतिकी परीक्षा करने लगा कि देखें राजा सत्य ही सेवक बनता है या ऊपरसे ही ऐसा कहता है। (ख) *'बोलेउ जुगुति समेत'* इति। अपना नाम नहीं बताता, इस प्रकार अपनी उदासीनता दिखाता है कि हमको किसीसे पहचान करनेका प्रयोजन क्या? यह उसके आगेके *'मैं न जनावउँ काहु'* इन वचनोंसे स्पष्ट है। यही युक्ति है कि यदि राजाको प्रीति-प्रतीति होगी तो फिर प्रार्थना करेगा। राजाने घबड़ाकर ऐसा ही किया। इससे प्रीति और विश्वासकी परीक्षा हो गयी। यथा—*'सहज प्रीति भूपति कै देखी। आपु बिषय बिस्वास बिसेषी।'* (१६१। ६) परीक्षा करके तब आगे छल करता है। (ग) *'नाम हमार भिखारि अब निर्धन रहित निकेत'* यह दीनता अपनी दिखाकर अपना महात्मापन झलका रहा है। जिसमें राजा समझें कि ऐसे बड़े होकर भी महात्मा बड़े ही निरभिमानी हैं। (घ) *'अब'* का भाव कि आगे बहुत कुछ था अब भिखारी, निर्धन और अनिकेत हैं। हमारा अवतार निर्धनके यहाँ नहीं हुआ [व्यंग्य यह है कि हम बड़े ऐश्वर्यमान् थे, राजा थे, हमारे भी महल आदि थे, जो सब तुमने छीन लिया। (बै०)] ☞भानुप्रताप भी उसके अङ्गमें देख रहा है कि सब राजलक्षण हैं (अतः उसका परिचय पूछनेके लिये उत्सुक हुआ ही चाहे। दोहेमें जो कहा है कि *'बोलेउ जुगुति समेत'* वह युक्ति *'अब'* शब्दमें है। श्रीपंजाबीजी लिखते हैं कि *'अब'* में युक्ति और अभिप्राय यह है कि इसे आगे चलकर कहना है कि हम ब्रह्माके पुत्र हैं, अनेक तपस्या की है, पूर्वकल्पमें अनेक शक्तियाँ रची हैं, इत्यादि-इत्यादि और अब तो हम सब त्याग बैठे।

कह नृप जे बिज्ञाननिधाना। तुम्ह सारिखे गलित अभिमाना॥ १॥
सदा रहहिं अपनपौ दुराएँ*। सब बिधि कुसल कुबेष बनाएँ॥ २॥
तेहि तें कहहिं संत श्रुति टेरें। परम अकिंचन प्रिय हरि केरें॥ ३॥
तुम्ह सम अधन भिखारि अगेहा। होत बिरंचि सिवहि संदेहा॥ ४॥
जोसि सोसि तव चरन नमामी। मो पर कृपा करिअ अब स्वामी॥ ५॥

---

* 'सदा अपनपौ रहहिं दुराये' (व्यासजी;) 'सदा रहहिं अपनपौ दुराये......' (श्रावणकुंज) 'रहहिं अपनपौ सदा०' (ना० प्र०)।

शब्दार्थ--**गलित**=गला हुआ, जीर्णशीर्ण, नष्ट-भ्रष्ट। **सरीखे**=सदृश, समान। **गलित अभिमान**=जिनका अभिमान नष्ट हो गया, निरभिमानी। **अपनपौ**=आत्मगौरव, मान, मर्यादा, ममता, अभिमान, अपने रूपको। **अकिंचन**=निर्धन, दरिद्र, दीन, परिग्रहत्यागी। **किंचन**=थोड़ी वस्तु। **अकिंचन**=जिनके पास थोड़ी भी वस्तु न हो, जिसे कुछ भी चाह नहीं, जिनके भगवान् ही एक धन हैं, जिनकी किसीमें अहं-मम बुद्धि नहीं है। **अधन**=धनरहित, निर्धन। **अगेह**=गेह (घर) रहित। **सम**=समान, सरीखे। **जोसि सोसि** (**योऽसि सोऽसि=यः असि सः असि**=जो हो सो हो, जो भी हों।

अर्थ—राजाने कहा कि जो आप-सरीखे विज्ञानके खजाना और निरभिमानी होते हैं॥ १॥ वे सदा अपने गौरवको, अपने स्वरूपको छिपाये रहते हैं। (क्योंकि) बुरा वेष बनाये रहनेमें सब प्रकार कुशल* मानते हैं॥ २॥ इसीसे सन्त और वेद पुकारकर कहते हैं कि परम अकिंचन ही भगवान्‌के प्यारे हैं॥ ३॥ आप-सरीखे निर्धन, भिखारी और गृहहीनोंसे ब्रह्मा-शिवको भी सन्देह होता है†॥ ४॥ आप जो हैं सो हैं (अर्थात् जो कोई भी हों सोई सही) मैं आपके चरणोंको नमस्कार करता हूँ! हे स्वामी! अब आप मुझपर कृपा कीजिये॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) ***'तुम्ह सारिखे गलित अभिमाना'*** इति। ***'तुम्ह सारिखे'*** कहकर जनाते हैं कि जितने विज्ञाननिधान निरभिमानी सन्त हैं उन सबोंमें आप प्रधान हैं। (ख) ***'जे बिज्ञाननिधाना गलित अभिमाना'*** का भाव कि विज्ञाननिधान होनेसे अभिमान नष्ट हो जाता है। ज्ञानसे देहाभिमान छूट जाता है, यथा—***'बहु प्रकार तेहि ज्ञान सुनावा। देह जनित अभिमान छुड़ावा।'*** (४। २८) ***'ज्ञान मान जहँ एकउ नाहीं।'*** (३। १५) दूसरा भाव यह भी हो सकता है कि 'अपने विज्ञानका अभिमान जिनको नहीं है।' (ग) ***'सदा रहहिं अपनपौ दुराएँ।'*** इति। राजा जानते हैं कि 'भिखारी, निर्धन, अनिकेत' ये नाम नहीं हैं, मुनि (छिपाव) करते हैं, इसीसे वे कहते हैं कि विज्ञानी निरभिमानी अपनेको छिपाये रहते हैं। (घ) ***'सब बिधि कुसल कुबेष बनाए'*** इति। बहुत लोगोंके संघट्टसे भजनमें विक्षेप होता है, लोकमान्यता तपका नाश करती है, यथा—***'लोकमान्यता अनल सम कर तप कानन दाहु।'***, राग-द्वेष बढ़ता है—यही 'सब विधि' है। गुप्त रहनेसे सब विधिसे बचत है (नहीं तो कोई लड़का माँगता है, कोई धन, कोई नौकरी इत्यादि। प्रायः आजकल लोग इसीलिये सन्तके पास जाते हैं)। तात्पर्य कि अपनपौ छिपानेके लिये कुवेष बनाये रहते हैं। (ङ) ***'तेहिं तें', 'परम अकिंचन प्रिय हरि केरें'*** के साथ है। इसी कारण अर्थात् गुप्त रहने और निरभिमानी होनेसे (परम प्रिय हैं)। अकिञ्चन गुप्त रहते हैं और निरभिमानी होते हैं। ☞कपटी मुनिने अपनेको भिखारी कहा; उसीके उत्तरमें राजाने उसे ***'विज्ञाननिधान गलित अभिमाना'*** कहा। तापसने अपनेको 'निर्धन, रहित निकेत' कहा; उसके उत्तरमें राजा उसको ***'अकिंचन परम प्रिय हरि केरें'*** कहते हैं। अर्थात् आप भगवान्‌को परमप्रिय होनेके लिये (सर्वस्व त्यागकर) भिखारी, निर्धन और अनिकेत बने हैं।

टिप्पणी २—***'तुम्ह सम अधन भिखारि अगेहा। होत बिरंचि……'*** इति। (क) भाव कि ऐसे निष्किञ्चन ब्रह्मलोक, शिवलोक ले लेनेको समर्थ हैं। ब्रह्मा और शिवको सन्देह हो जाता है कि हमारा लोक न ले लें। अथवा शिव-विरंचि सन्देहमें पड़ जाते हैं कि हम इन्हें क्या दें। (ख) शिव-विरंचिको सन्देह होना कहा क्योंकि ये तपके फलदाता हैं। (ग) ☞ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिदेव हैं। यहाँ तीनोंको कहा है। जब अकिञ्चन और निरभिमानी हुए तब हरिके परमप्रिय हुए (क्योंकि कुवेष और अकिञ्चनता इत्यादि जितनी भी बातें हैं वे सब भगवान्‌को प्रिय लगनेके लिये हैं। हरिके परमप्रिय होनेसे ब्रह्मा और शिवको सन्देह हुआ कि भगवान्‌से हमारा लोक न माँग लें अथवा, यह सन्देह होता है कि हम तो तपका ही फल दे सकते हैं, हरिके परमप्रिय होनेका फल क्या दें? इनको देनेयोग्य कोई वस्तु हमारे पास नहीं है। [आप

---

* दूसरा अर्थ—'सब प्रकारसे निपुण होनेपर भी वे कुवेष बनाये रहते हैं कि जिसमें कोई न जाने।' (पंजाबीजी)

† पंजाबीजी यह अर्थ करते हैं…… 'मुझे शिव-ब्रह्माका सन्देह होता है कि आप वे ही तो नहीं हैं।'

ऐसे अधन, भिखारी और गृहहीन ही ब्रह्म, रुद्रपद पाते हैं। अतः आप ऐसे महापुरुषोंसे उन्हें सन्देह होता है। ये ज्ञानी देवता हैं, अतः इन्हें त्रास नहीं होता, सन्देहमात्र होता है। इन्द्र भोगी है, अतः उसे त्रास हो जाता है। यथा—*'सुनासीर मन महँ अति त्रासा। चहत देवरिषि मम पुर बासा॥'* (वि० त्रि०)]

नोट—विनायकीटीकाकार लिखते हैं कि 'इसका गुप्त अर्थ यह भी हो सकता है कि ब्रह्मा और शिव-सरीखे साधुओंको ऐसे साधुओंके विषयमें सन्देह होता है कि वे झूठे हैं। ऐसे सांकेतिक भावके शब्द अनायास ही सत्यता अथवा भविष्यसूचक ईश्वरकी प्रेरणासे निकल पड़ते हैं।' वीरकविजी लिखते हैं कि 'यहाँ ब्रह्मा और शिवजीके सन्देहद्वारा लक्षणामूलक गूढ़ व्यंग्य है कि जो दूसरोंको धनेश बना देनेवाले, दाताओंके शिरोमणि और वैकुण्ठधाम देनेवाले हैं; वे स्वयं सदा निर्धन, अगेह तथा मँगतोंके वेषमें रहते हैं। मानसाङ्कमें 'सन्देह हो जाता है कि ये वास्तविक सन्त हैं या भिखारी' यह भाव कहा है।

टिप्पणी—३ (क) *'जोसि सोसि।'* जब कपटी मुनिने नाम न बताया तब राजाने महात्मा जानकर हठ न किया, यही कहा कि जो भी हों सो हों हमारा नमस्कार है। कथनका तात्पर्य कि हमें तो आपके चरणोंसे प्रयोजन है। (ख) *'मो पर कृपा करिअ अब स्वामी।'* राजाकी प्रार्थना थी कि मुझे सुत, सेवक जानकर नाम कहिये, पर कपटीने नाम न बताया। इससे जाना गया कि मुनिने सुत, सेवक न माना। अतएव राजा विनती करते हैं कि अब मेरे ऊपर कृपा कीजिये, मुझे अपना सुत और सेवक जानिये, आप मेरे स्वामी हैं, मैं आपको अपना स्वामी मानता हूँ।

प० प० प्र०—[१५९ (६-७) में बता आये हैं कि राजाके हृदयमें भगवद्भक्तिकी रुचि भी न थी] इस मुनिकी कृपासे वैराग्य, ज्ञान, भक्ति माँगनेकी अथवा मन्त्रोपदेश लेनेकी भी इच्छा राजाके मनमें पहले या पश्चात् कहीं देखी नहीं जाती। वह मुनिकी कृपासे कुछ-न-कुछ अलौकिक ऐश्वर्यादिकी इच्छाको अब पूर्ण कर लेना चाहता है जो जगत्में दुर्लभ है। पर जबतक *'बर माँग'* ऐसा मुनि न कह दें तबतक वह उस वासनाको प्रकट नहीं करेगा। उस कपटी चतुर राजाने तो भानुप्रतापके प्रथम वचन *'जानत हौं कछु भल होनिहारा'* से ही ताड़ लिया कि राजाके हृदयमें कुछ ऐहिक कामना है। राजाके इस कामनाङ्कुरको कपट मुनि बार-बार खाद्य और जल देता रहा। प्रतापभानु तो राह ही देखता था कि गुरु महाराज कब *'बर माँगु'* कहें और मैं वर माँगूँ। इतने बीचमें उसने यह भी निश्चित कर लिया कि क्या माँगना चाहिये। (आगे *'अब प्रसन्न मैं संसय नाहीं।'* (१६४। ५) में देखिये।)

सहज प्रीति भूपति कै देखी। आपु बिषय बिस्वास बिसेषी॥ ६॥
सब प्रकार राजहि अपनाई। बोलेउ अधिक सनेह जनाई॥ ७॥
सुनु सतिभाउ कहौं महिपाला। इहाँ बसत बीते बहु काला॥ ८॥

दो०—अब लगि मोहि न मिलेउ कोउ मैं न जनावौं काहु।
लोकमान्यता अनल सम कर तप कानन दाहु॥
सो०—तुलसी देखि सुबेषु भूलहिं मूढ़ न चतुर नर।
सुंदर केकिहि पेखु बचन सुधा सम असन अहि॥ १६१॥

शब्दार्थ—**सहज**=जो बनावटी न हो, स्वाभाविक। **आपु**=अपने विषय, सम्बन्धमें, प्रति। **अपनाई**=अपने वशमें, अपनी ओर वा अपने अनुकूल करके। **केकि**=मोर, मुरैला। **पेखु**=देखो। **असन**=भोजन।

अर्थ—अपने ऊपर राजाका स्वाभाविक प्रेम और अधिक विश्वास देख सब प्रकार राजाको अपने वशमें करके अपना अधिक प्रेम दिखाता हुआ बोला॥ ६-७॥ हे राजन्! सुनो, मैं सत्य-ही-सत्य कहता हूँ, मुझे यहाँ बसे हुए बहुत काल बीत गया॥ ८॥ अबतक मुझे कोई न मिला था और मैं (अपनेको) किसीपर प्रकट नहीं करता; क्योंकि लोक-प्रतिष्ठा अग्निके समान है जो तपरूपी वनको भस्म कर

देती है। तुलसीदासजी कहते हैं कि सुन्दर वेष देखकर मूर्ख ही नहीं, किन्तु चतुर मनुष्य भी धोखा खा जाते हैं। देखिये मोर देखनेमें सुन्दर होता है उसके वचन अमृतके समान हैं, परन्तु सर्प उसका भोजन है॥ १६१॥

टिप्पणी—१ *'सहज प्रीति भूपति कै देखी।'* इति। (क) राजाके विश्वास और प्रेम दोनोंकी विशेषता दिखानेके लिये प्रीतिको *'सहज'* और विश्वासको 'विशेष' कहा। (ख) *'देखी'* का भाव कि कपटी मुनिने राजाकी प्रीति-प्रतीतिकी परीक्षा लेनेके लिये ही दुराव किया था। छिपाव करनेपर भी प्रेम और विश्वास कम न हुए इसीसे दोनोंको *'विशेष'* कहा। (ग) *'जोसि सोसि तव चरन नमामी। मो पर कृपा करिअ अब स्वामी॥'* यह सहज प्रीति है। और *'कह नृप जो बिज्ञान निधाना'* से लेकर *'होत बिरंचि सिवहिं संदेहा'* तक, यह विश्वास है कि ये कोई बहुत भारी महात्मा हैं।

टिप्पणी—२ (क) *'सब प्रकार राजहि अपनाई।'* अपनानेका भाव कि राजाने विनती की कि मुझे अपना सुत सेवक जानकर अपना नाम कहिये, उसने अपना नाम न बताया, ऐसा करनेसे अपनाना न निश्चित हुआ, तब राजाने अपनानेके लिये प्रार्थना की—*'मो पर कृपा करिअ अब स्वामी।'* अतः अब सब प्रकारसे राजाको अपनाया अर्थात् कहा कि तुम हमारे सेवक हो, पुत्र हो, शिष्य हो। (ख)*'बोलेउ अधिक सनेह जनाई।'* अर्थात् अधिक प्रेम दिखाकर बोला कि तुम हमारे सुत-सेवक हुए, हम तुमको अपना सुत-सेवक जानकर अपना नाम कहते हैं नहीं तो न कहते। पुनः*'अधिक सनेह'* का भाव कि पूर्व स्नेह (दिखाया) था और जब अपनाया तब अधिक स्नेह हुआ। (ग) *'जनाई'* का भाव कि वस्तुतः स्नेह है नहीं, झूठा स्नेह प्रकट करता है, यथा—*'रहसी रानि राम रुख पाई। बोली कपट सनेह जनाई॥'* [नीति भी यही है कि *'जो रीझै जेहि भावसे तैसे ताहि रिझाव। पीछे युक्ति विवेकसे अपने मतपर लाव॥'* (वि० टी०) धूर्तोंका पहिला काम यही होता है कि अपने ऊपर विश्वास दृढ़ करा लेते हैं तब अपने कपटजालके पसारमें हाथ लगाते हैं। मन्थराने यही किया था, यथा—*'सजि प्रतीति बहु बिधि गढ़ि छोली। अवध साढ़साती तब बोली॥'* इसी भाँति कपट मुनिने जब देख लिया कि यह मुझे ब्रह्म-रुद्रकी कोटिमें समझने लगा, विनय, परिचय अत्यन्त विश्वास करने लगा तब अधिक स्नेह जनाकर माया फैलायी। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी ३—*'सुनु सतिभाउ कहौं महिपाला।'*......*'* इति। (क) *'सतिभाउ कहौं।'* भाव कि प्रथम जब राजाने नाम पूछा तब उसने दुराव किया, राजा जान गये कि यह नाम नहीं है जो यह बताते हैं; इसीसे फिर प्रार्थना की; इसीसे अब वह कहता है कि मैं *'सतिभाउ'* से कहता हूँ जिसमें इस नामको भी झूठा न समझ ले। आगे जो बातें उसे कहनी हैं वह सब झूठी हैं, उनको राजा झूठ न माने किन्तु सत्य ही जाने इस अभिप्रायसे वह प्रथम *'सतिभाउ कहौं'* ऐसा कहता है अर्थात् मैं सत्य ही कहता हूँ। अब छिपाव नहीं करता हूँ। (ख) *'महिपाला।'* राजाने अपनेको भानुप्रतापका मन्त्री बताया—*'नाम प्रतापभानु अवनीसा। तासु सचिव मैं सुनहु मुनीसा॥'* और कपटी मुनिने उससे *'महिपाल'* सम्बोधन किया, सचिव न कहा। ऐसा करके कपटी मुनि अपनी सर्वज्ञता दिखाता है। अर्थात् बताता है कि तुमने हमसे छिपाया पर हम जानते हैं कि तुम भानुप्रताप हो, जैसा वह आगे स्वयं ही कहेगा। यदि वह राजाको सचिव कहता तो अज्ञता पायी जाती। (ग) *'बीते बहु काला।'* अर्थात् बहुत काल (युगों) तप किया, (यह भी युक्तिका वचन है। दस दिन भी बहुत होते हैं। राजा इससे समझा कि यहाँ इनको रहते कल्प-के-कल्प बीत गये और वह तो वस्तुतः राज्य छिन जानेपर यहाँ आ बसा।)

टिप्पणी—४ *'अब लगि मोहि न मिलेउ कोउ मैं न जनावउँ काहु।'*......*'* इति। (क) राजाने प्रशंसा की थी कि *'सदा रहहिं अपनपौ दुराएँ। सब बिधि कुसल कुबेष बनाएँ॥'* वही बात वह भी कहने लगा कि अबतक हमें कोई न मिला और न हमने किसीको जनाया अर्थात् हम सदासे अपनेको छिपाये ही रहे हैं। कभी कहीं गये नहीं, न किसीसे मिले। *'न मिलेउ कोउ'* अर्थात् एक आप ही मिले। *'न जनावउँ काहु'* अर्थात् आपको प्रथम-प्रथम जनाया। (ख) *'लोकमान्यता अनल सम'*......*'* लोकमान्यताको विनयपत्रिकामें दूषण कहा है, यथा—*'बहुत प्रीति पुजाइबे पर पूजिबे पर थोरि।'*

नोट—१ दो प्रकारसे सन्तको लोग जानते हैं। एक तो यों कि कोई उनके पास पहुँच जाय तो उससे दूसरोंको पता लग जाता है और दूसरे यों कि सन्त स्वयं कहीं भिक्षाटनके लिये जायँ और विभूति आशीर्वादादि देकर दूसरोंको अपनी सिद्धता दिखाकर अपनेको प्रसिद्ध करें। यही बात तापस कह रहा है कि न तो आजतक कोई हमें मिला और न हम ही किसीके पास गये।

☞साधु-सन्तों, तपस्वियोंके लिये यह उपदेश है। जो लोग दान-पुण्य-तपस्या-भजन आदि करके लोकमें प्रतिष्ठा चाहते हैं उनका वह दान, तप आदि व्यर्थ हो जाता है। बैजनाथजी भी लिखते हैं कि तपस्वीको चाहिये कि तपोधनको गुप्त रखे तभी बच सकता है, नहीं तो आर्त्त-अर्थार्थी अनेक सेवा-शुश्रूषादि मान बढ़ाकर तपको लूट लेंगे। जैसे विश्वामित्रकी बड़ी तपस्या त्रिशङ्कुने लूटी, कुछ अप्सराओं और कुछ विप्रपुत्रने लूटी। *'लोकमान्यता……'* में पूर्णोपमालङ्कार है।

टिप्पणी—५ *'तुलसी देखि सुबेषु भूलहिं मूढ़ न चतुर नर।……'* इति। (क) मूढ़ ही नहीं, चतुर मनुष्य भी भूल जाते हैं, इसीपर मोरका दृष्टान्त देते हैं कि देखो मोर सुन्दर है, वचन उसका अमृत-समान है पर भोजन सर्प है। तात्पर्य कि वेष और वचन सुन्दर हैं, करनी खराब है। ऐसे ही खलोंका हाल है, यथा—*'बोलहिं मधुर बचन जिमि मोरा। खाहिं महाअहि हृदय कठोरा॥'* राजा परम चतुर थे पर कपटी मुनिके स्नेहमय वचन और वेषसे धोखा खा गये, यथा—*'बचन बेष क्यों जानिए मन मलीन नर नारि। सूपनखा मृग पूतना दसमुख प्रमुख बिचारि॥' 'हृदय कपट बर बेष धरि बचन कहैं गढ़ि छोलि। अब के लोग मजूर ज्यों क्यों मिलिए मन खोलि॥'* (दोहावली ४०८, ३३२) (ख) ☞*'तुलसी देखि ……नर'* यह बात प्रसङ्गके बीचमें लिखनेका भाव कि जो कपटी मुनिने कहा कि *'अब लगि मोहि न मिलेउ कोउ मैं न जनावउँ काहु। लोक……'* बस, यही बात सुनकर राजा भूल गये, भ्रमसे समझ लिया कि यह कोई बड़ा भारी महात्मा है। इसीपर कहते हैं कि *'तुलसी……।'*

नोट—२ यदि ऐसा अर्थ लें कि 'मूढ़ भूलते हैं, चतुर नहीं', तो भाव यह होगा कि जो रामभक्त हैं वे ही चतुर हैं, जो भक्ति छोड़ दूसरे पदार्थकी चाह नहीं करते, यथा—*'रामहि भजहिं ते चतुर नर', 'सुनु बायस तैं सहज सयाना। काहे न मागेसि अस बरदाना॥ ……रीझेउँ देखि तोरि चतुराई। माँगेहु भगति मोहि अति भाई॥'* राजा साधारण धर्ममें भले ही रत रहा, ज्ञानी भले ही रहा, पर उसमें रामभक्ति बीजका लेश न था, उसको अमर और अकण्टक शतकल्प क्या बल्कि सदाके लिये अजरत्व, अमरत्व और संसारके राज्यकी प्रबल ऐषणा थी, यह अहङ्कार ही उसके पतनका कारण हुआ, इसीसे वह भूला, क्योंकि वह मूढ़ था, उसे अपने तन, धन और राज्यका मोह था, धर्म-कर्ममें कर्तृत्वाभिमान था। और *'अभिमान गोविन्दहि भावत नाहीं।'* यदि वह भक्त होता तो भगवान् उसकी रक्षा अवश्य करते, उन्होंने स्वयं श्रीमुखसे कहा है—*'बालक सुत सम दास अमानी॥ सदा करौं तिन्ह कै रखवारी। जिमि बालक राखइ महतारी॥'* 'चतुर' होता तो प्रलोभनमें कभी न भूलने पाता और न घोर विप्रशापसे नष्ट होनेकी नौबत आती।

नोट—३ 'पूर्व राजाने तापसका वेष देखकर धोखा खाया, यथा—*'देखि सुबेष महामुनि जाना।'* और यहाँ वचनपर भूला अतएव *'सुधासम बचन'* कहा। *'मूढ़ न चतुर नर'* गहौरा देशकी बोली है अर्थात् चतुर और मूढ़ दोनों भूल जाते हैं।' (पं० रामकुमारजी)

नोट—४ इस सोरठेमें राजाके धोखा खानेका कारण ग्रन्थकार नीतिद्वारा समझाते हैं। जैसे मोरके सुन्दर रूप और बोलीसे सभी मोहित हो जाते हैं वैसे ही साधुवेष और स्नेहमय वचनोंसे सभीको धोखा हो जाता है।

नोट—५ कुछ टीकाकारोंने यह अर्थ किया है कि—'मूर्ख भूलते हैं, चतुर लोग नहीं भूलते।' ऐसा अर्थ करते हुए वे इस सोरठेका भाव यह कहते हैं कि पहले जब राजा कपटी मुनिके पास गया था तो वह प्याससे अति व्याकुल था इससे न पहचान सकता था। पर अब तो उसे पहिचान लेना था। राजा चतुर है, उसे धोखा न खाना था। यद्यपि तापसने अपनी सर्वज्ञता जनानेके लिये *'महिपाला'* सम्बोधन किया तथापि इसे तो सोचना था कि हमने तो अपनेको मन्त्री कहा और यह हमें राजा कहता है, हो-

न-हो यह कोई भेदी है। ऐसा सोचकर भलीभाँति विचार कर लेना उचित था। यथा—*'कपट सार सूची सहस बाँधि बचन परबास। कियो दुराउ चहै चातुरी सो सठ तुलसीदास॥ हँसनि मिलनि बोलनि मधुर कटु करतब मन माँह। छुअत जो सकुचै सुमति सो तुलसी तिनकी छाँह॥'* (दोहावली ४४०, ४०९)

त्रिपाठीजी लिखते है कि 'मुनिका वेष है ऐसे घने जंगलमें रहता है जहाँ मनुष्यका गन्ध नहीं, ऐसी वैराग्ययुक्त वाणी है, ऐसे मनुष्यको महामुनि न माननेका कोई कारण नहीं है, फिर भी श्रीग्रन्थकार सावधान करते हैं कि ऐसी अवस्थामें भी लट्टू हो जाना मूढ़का काम है। ये सब साधुके लक्षण नहीं हैं—**'न लिङ्गं धर्मकारणम्'** क्योंकि खल लोग इन सब बातोंकी नकल कर लेते हैं। मोरका सुन्दर वेष और बोली देखकर कौन समझेगा कि यह साँप खाता होगा। अतः वेष, वाणी आदि बाह्य चिह्नोंका कोई मूल्य नहीं। सन्तमें एक लक्षण होता है कि उसकी नकल किसीके किये हो नहीं सकती। वह ग्रन्थकारके शब्दोंमें सुनिये—*'उमा सन्त की इहै बड़ाई। मंद करत जो करै भलाई॥'*

प्रोफेसर दीनजीका मत है कि 'चतुर भूलते हैं मूढ़ नहीं भूलते' यह अर्थ अधिक सङ्गत है, क्योंकि मूढ़ भूलेंगे क्या? वे तो मूर्ख हैं ही, चतुर ही लोग वेष देखकर भूलते हैं, वे गुण नहीं जानते (जैसे मोर खूबसूरत नहीं होता। उसके कण्ठकी नीलिमा ही सुन्दर होती है और अङ्ग नहीं), गँवारको इतनी फिक्र नहीं होती, वह तो दण्डवत् कर चलता होगा।'

नोट ६—यहाँ *'मोर'* और *'अहि असन'* का दृष्टान्त देकर यह भी जनाया है कि जैसे मोर अहिकुलका नाशक है वैसे ही यह कपटी मुनि भानुप्रतापके कुलका नाशक होगा।

नोट ७—गोस्वामीजीने अन्यत्र दोहावलीहीमें मोरके विषयमें *'अहि अहार कायर बचन'* कहा है और यहाँ *सुधासम बचन'* कहा। कारण यह कि मोरकी बोली दो तरहकी होती है, आनन्दमय और दुःखमय। आनन्दमय केवल वर्षाकालमें होती है, दूसरी बोली घबराहटकी होती है। वर्षा और गरजके समय उसकी बोली दूरसे सुहावनी लगती है, पाससे वह भी नहीं।—(दीनजी)

नोट ८—यहाँ यह शङ्का होती है कि इस भावसे तो वेषपूजामें अश्रद्धा होगी जो भागवत-धर्मका एक बड़ा अङ्ग है। इसपर बैजनाथजी लिखते हैं कि राजा हरि-इच्छासे मूढ़ हो गया था, परन्तु जो वेषमात्रके उपासक हैं वे तो समदृष्टिवाले होते हैं। उनको 'भूलमें पड़ना' कहना अयोग्य है। उन्हें परीक्षाकी जरूरत ही नहीं।

अलङ्कार—*'बचन सुधासम असन अहि'* में अनमिल वस्तुओंका वर्णन 'प्रथम विषम' अलङ्कार है।

तातें गुपुत रहौं जग माहीं। हरि तजि किमपि प्रजोजन नाहीं॥ १॥
प्रभु जानत सब बिनहि जनाएँ। कहहु कवन सिधि लोक रिझाएँ॥ २॥
तुम्ह सुचि सुमति परम प्रिय मोरें। प्रीति प्रतीति मोहि पर तोरें॥ ३॥
अब जौं तात दुरावौं तोही। दारुन दोष घटै अति मोही॥ ४॥
जिमि जिमि* तापसु कथै उदासा। तिमि तिमि नृपहि उपज बिस्वासा॥ ५॥

शब्दार्थ—किमपि=कोई भी, कुछ भी, यथा—*'अति हरष मन तन पुलक लोचन सजल कह पुनि पुनि रमा। का देउँ तोहि तिलोक महँ कपि किमपि नहिं बानी समा॥'* (लं०) प्रजोजन=काम, मतलब, सरोकार। सुचि (शुचि)=पवित्र। जनाएँ=प्रकट किये, हि, कहे। रिझाएँ=प्रसन्न किये वा करनेमें। घटै=लगेगा, लगता है। कथै=कहता है; (की) बात करता है, बोलता है। उदासा=उदासीनता, वैराग्य वा निरपेक्षता; झगड़े-टंटेसे अलग रहनेका भाव। उपज=उत्पन्न होता है, बढ़ता है।

अर्थ—इसीसे मैं जगत्में गुप्त रहता हूँ। भगवान्को छोड़ किसीसे कुछ भी प्रयोजन नहीं रखता॥ १॥

---

*जिम—१६६१

प्रभु तो बिना कहे ही सब जानते हैं; भला कहिये तो लोकको रिझानेमें क्या सिद्धता है॥ २॥ तुम पवित्र और सुन्दर बुद्धिवाले हो, (इससे) तुम मुझे परम प्रिय हो। मुझपर तुम्हारा प्रेम और विश्वास है॥ ३॥ (अतएव) हे तात! यदि अब मैं तुमसे छिपाऊँ तो मुझे बड़ा कठिन दोष लगेगा॥ ४॥ ज्यों-ज्यों तपस्वी उदासीनताकी बातें कहता था त्यों-त्यों राजाका विश्वास उसपर बढ़ता जाता था॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'तातें गुपुत रहउँ'* इसका सम्बन्ध *'लोकमान्यता अनल सम कर तप कानन दाहु'* से है। लोकमान्यता तपको जला डालती है, इसीसे अपना तप बचानेके लिये गुप्त रहता हूँ, नहीं तो जाकर किसी तीर्थमें रहता। (ख) राजाने जो कहा था कि *'परम अकिंचन प्रिय हरि केरें'* उसीपर कहता है कि *'हरि तजि किमपि प्रजोजन नाहीं'*, मुझे केवल हरिसे प्रयोजन है तात्पर्य कि सब प्रयोजन हरिसे पूरे होते हैं, यथा—*'सत्य कहउँ भूपति सुनु तोही। जग नाहिंन दुर्लभ कछु मोही॥'* (ग) *'प्रभु जानत सब बिनहिं जनाएँ……।'* भगवान् बिना जनाये सब जानते हैं अर्थात् मनकी, वचनकी और तनकी इन सबकी जानते हैं और सब कुछ देनेको समर्थ हैं तब लोगोंको रिझानेका तो कुछ प्रयोजन रह ही न गया। जो पूर्व कहा कि *'मैं न जनावउँ काहु'* उसीका यहाँ कारण बताता है कि क्यों नहीं किसीपर अपनेको प्रकट करता। (घ) *'कहहु कवन सिधि लोक रिझाएँ।'* तात्पर्य कि लोगोंके रिझानेमें परिश्रम होता है फिर भी कुछ प्रयोजन सिद्ध नहीं होता और प्रभुसे कहना भी नहीं पड़ता, कहनेमात्रका भी परिश्रम नहीं और सिद्धि सब कुछ प्राप्त हो जाती है। (ङ) ☞लोकमें और प्रभुमें अपार भेद दिखाते हैं। लोक जनानेसे जानता है, बिना जनाये नहीं जानता और प्रभु बिना जनाये जानते हैं, लोकको खुशामद करनेसे भी कुछ प्राप्ति नहीं होती और भगवान् बिना कहे सब कुछ देते हैं; अतः *'मैं न जनावउँ काहु।'* *'प्रभु'* शब्दसे जनाया कि वे सर्वसमर्थ हैं, जीव अल्पज्ञ और असमर्थ है।

नोट—१ *'ताते गुपुत रहउँ……'* इत्यादि वचनोंको सुनकर राजाका चित्त कुछ उदास हो गया कि फिर भला ये हमसे भी क्यों बतावेंगे तब वह कपटी मुनि कहता है कि तुमसे नहीं छिपा सकता, क्योंकि *'तुम्ह सुचि……दारुन दोष घटै अति मोही।'* अथवा राजाको सन्देह हो सकता था कि 'तो' हमसे क्यों कहा, अतएव *'तुम्ह सुचि सुमति……'* कहा।

टिप्पणी—२ *'तुम्ह सुचि सुमति परम प्रिय मोरें'* इति। (क) शुचि अर्थात् निश्छल। सुमति अर्थात् बुद्धिमान्। [वेदविहित मार्गमें सात्त्विकी श्रद्धा होनेसे *'सुमति'* कहा। यथा—**'मतिर्नाम वेदविहितमार्गेषु श्रद्धा'** इति (शाण्डिल्योपनिषदि) (वि० त्रि०)] *'सुचि'* को सुमतिका विशेषण मानें तो भाव होगा कि तुम्हारी बुद्धिमें पाप नहीं है, तुम्हारी बुद्धि पवित्र है। *'परम प्रिय मोरें'* का सम्बन्ध *'सुचि, सुमति'* और *'प्रीति प्रतीति मोहिपर तोरें'* से है। (ख) *'प्रीति प्रतीति……'* यथा—*'सहज प्रीति भूपति कै देखी। आपु बिषय बिस्वास बिसेषी॥'* प्रथम राजाकी प्रीति-प्रतीति देख चुका है तब ऐसा कहता है कि हमपर तुम्हारा प्रेम और विश्वास है। तुम शुचि हो इसीसे तुम्हारी प्रीति शुचि है। ☞प्रीतिकी प्रशंसा उसकी पवित्रताकी ही होती है, यथा—*'प्रीति पुनीत भरत कै देखी'*, *'सुमिरि सीय नारद बचन उपजी प्रीति पुनीत……।'* (२२९) *'उमा बचन सुनि परम बिनीता। रामकथा पर प्रीति पुनीता॥'* (१२०। ८) और तुम सुमति हो इसीसे तुम्हारी हमपर प्रतीति हुई अर्थात् तुमने अपनी सुन्दर बुद्धिसे हमको पहचान लिया। तुम्हारी प्रीति-प्रतीति हमपर है, अतः तुम हमको परम प्रिय हो—यह अन्योन्य प्रीति दिखायी। [तात्पर्य कि प्रथम चरणके *'सुचि'* और *'सुमति'* को दूसरे चरणके *'प्रीति'* और *'प्रतीति'* में यथाक्रमसे लगानेसे यह भाव निकला।]

टिप्पणी—३ *'अब जौं तात दुरावउँ तोही।……'* इति। (क) राजाको अपना सुत-सेवक माना, इसीसे *'तात'* सम्बोधन किया। प्रथम जब नाम पूछनेपर कपटी मुनिने न बताया तब राजाने कहा था कि *'सदा अपनपौ रहहिं दुराएँ। सब बिधि कुसल कुबेष बनाएँ॥'* इसीपर वह कहता है कि *'अब जौं……'* अर्थात् पहले दुराव किया था, सुत-सेवक न माना था, पर अब तुम्हें परम प्रिय माननेपर भी यदि दुराव करूँ तो मुझे बड़ा पाप होगा। ऐसा कहा जिसमें राजा यह न समझे कि दुराव करते हैं। (ख) *'दुरावौं तोही।'*

भाव कि औरोंसे गुप्त रहनेसे तपकी रक्षा होती है, इससे वनमें गुप्त रहता हूँ। तुमसे गुप्त रहनेसे पाप है। (ग) *'दारुन दोष घटै अति मोही'* अर्थात् प्रीति-प्रतीति करनेवालेसे कपट करनेसे बड़ा भारी दोष लगता है और मैं साधु हूँ इससे मेरे लिये तो यह अत्यन्त दारुण दोष है।

टिप्पणी ४ *'जिमि जिमि तापस कथै उदासा।……'* इति। (क) *कथै उदासा'*=वैराग्य कहता है, उदासीनता प्रकट करता है। *'कथै उदासा'* में यह भी भाव ध्वनित है कि इसकी उदासीनता कथनमात्र है पर सब बात विश्वासहीपर निर्भर है। *'जिमि जिमि……तिमि तिमि'* से पाया गया कि विश्वास उत्पन्न करनेके लिये ही अपनी उदासीनता वर्णन करता है। यद्यपि प्रथम ही विशेष विश्वास देख चुका है—*'आपु बिषय बिस्वास बिसेषी'*, तथापि फिर भी विश्वास उपजा रहा है क्योंकि विश्वासीसे ही छल लगता (अर्थात् चलता है)। अतएव बारम्बार विश्वासको पुष्ट करता है। ☞खलोंकी रीति है कि सुन्दर वेष बनाकर वैराग्यके वचन सुनाकर लोगोंको छलते-ठगते हैं। ☞(नोट—*'उपज'* कहकर विश्वासको वृक्ष बनाया। विश्वासका बीज राजामें पड़ चुका है; यथा—*'देखि सुबेष महामुनि जाना।'* तपस्वी वेष देखकर राजाको विश्वास हुआ कि यह मुनि है। सुत-सेवक बना इससे उसका विश्वास प्रकट ही है—*'आपु बिषय बिस्वास बिसेषी।'* अब उस बीजको वृक्षरूप कर रहा है अतः उपजाना कहा। वृक्ष अचल होता है वैसे ही विश्वासको अचल बनाता है।)

देखा स्वबस कर्म मन बानी। तब बोला तापस बगध्यानी॥ ६॥
नाम हमार एकतनु भाई। सुनि नृप बोलेउ पुनि सिरु नाई॥ ७॥
कहहु नाम कर अरथ बखानी। मोहि सेवक अति आपन जानी॥ ८॥

दोहा—आदिसृष्टि उपजी जबहि तब उतपति भै मोरि।
नाम एकतनु हेतु तेहिं देह न धरी बहोरि॥ १६२॥

शब्दार्थ—आदि=सबसे पहलेकी, प्रथम।

अर्थ—(जब उसने राजाको) कर्म, मन और वचनसे अपने वशमें देखा तब वह बगध्यानी (शिकारपर घात लगाये बैठा हुआ) तापस बोला॥ ६॥ हे भाई! हमारा नाम 'एकतनु' है। यह सुन राजा फिर मस्तक नवाकर बोला॥ ७॥ मुझे अपना अत्यन्त सेवक जानकर नामका अर्थ बखानकर कहिये॥ ८॥ (उसने उत्तर दिया कि) जब 'आदिसृष्टि' उत्पन्न हुई तभी मेरी उत्पत्ति हुई। 'एकतनु' नाम है, इसका कारण यह है कि फिर (दूसरी) देह नहीं धारण की॥ १६२॥

श्रीलमगोड़ाजी—सारी वार्ता ही नाटकीय तथा उपन्यासकलाकी Dialogue (वकृताद्वन्द्व) की जान है। उसमें कविकी बीच-बीचकी आलोचनाएँ सोनेमें सुगन्धका काम करती हैं।

टिप्पणी—१ (क) *'देखा स्वबस कर्म मन बानी'* इति। *'कह नृप जे बिग्यान निधाना। तुम्ह सारिखे गलित अभिमाना॥'* इत्यादि वचनोंसे प्रशंसा की, इससे 'वाणीसे' वशमें जाना। *'जोसि सोसि तव चरन नमामी।……'* इससे कर्मसे वशमें जाना। *'सहज प्रीति भूपति कै देखी'* इससे मनसे वशमें जाना। (ख) *'तब बोला तापस बगध्यानी।'* बगध्यानीका भाव कि जैसे बगला मछली मारनेके लिये साधु बनकर बैठता है, वैसे ही यह कपटी मुनि राजाका नाश करनेके लिये साधु बनकर बैठा है। *'तब'* का भाव कि प्रथम प्रीति और विश्वास अपने ऊपर देखा था। प्रीति-प्रतीतिसे लोग वशमें होते हैं, यह बात भी अब देख ली। दोनों बातें देख लीं *'तब'*।

नोट १—बगला मछली पकड़नेके लिये बहुत सीधा-सादा बनकर नेत्र बन्दकर नदी-तालाब आदि जलाशयोंके किनारे खड़ा रहता है, परन्तु मछली जलके किनारे आयी नहीं कि उसने गड़प लिया। बगलेको यह मुद्रा केवल अपने घातके लिये होती है। इसीसे बनावटी भक्तोंको 'बगला भगत' कहते हैं। इस शब्दका प्रयोग ऐसे समय होता है जब कोई व्यक्ति अपना बुरा उद्देश्य सिद्ध करनेके लिये बहुत सीधा

बन जाता है। जो ऊपरसे बहुत उत्तम और साधु जान पड़े परन्तु जिसका वास्तविक उद्देश्य दुष्ट और अनुचित हो, जो पूर्ण पाखण्डी, कपटी हो उसे 'बकध्यानी' कहते हैं। इस तापसको बकध्यानी कहा क्योंकि यह केवल वेषमात्रसे साधु है, उसके वचन कपटसे भरे हुए हैं और मनमें तो वह अपनी घात ताक रहा है, यथा—*'जेहि रिपु छय सोइ रचेन्हि उपाऊ।'* (१७०। ८) जैसे बगला मछलीकी घातमें रहता है वैसे ही यह राजाको परिवारसहित नाश करनेकी ताकमें है। बगलेके पाखण्डको एक कविने श्रीरामचन्द्रजीद्वारा व्यङ्गोक्तिसे यों प्रकट किया है—**'पश्य लक्ष्मण पम्पायां बकः परमधार्मिकः। शनैः शनैः पादनिक्षेपं जीवहत्याभिशङ्कया॥'**

टिप्पणी—२ (क) *'नाम हमार एकतनु भाई'* कपटी मुनिने अपना कोई प्रसिद्ध नाम न बताया। क्योंकि जितने प्रसिद्ध मुनि हैं वे सब राजाके सुने-जाने हैं। प्रसिद्ध नाम बतानेसे कपट खुल जानेकी सम्भावना थी, अतएव एक अपूर्व नाम *'एकतनु'* बताया। (ख) *'भाई'*। यहाँ राजाको वह भाई नहीं कह रहा है। राजाको तो *'महिपाल, नृप, तात'* विशेषण देकर सम्बोधन करता है। *'भाई'* कहकर बोलनेकी रीति है। (ग) *'सुनि नृप बोलेउ पुनि सिरु नाई'*। इससे स्पष्ट है कि कपटी मुनि अपना नाम बताकर *'नाम हमार एकतनु भाई'* कहकर चुप हो गया। अपनी ओरसे नामका अर्थ यह विचारकर न कहा कि इससे पता चल जायगा कि राजा इस नामको भी *'नाम'* समझता है या अभी 'दुराव' ही समझता है, (पूरा विश्वास हमपर हुआ या अभी कमी है।) यदि इसे वह *'नाम'* न समझेगा, किन्तु समझता होगा कि हमसे छिपाते हैं, तब तो अर्थ न पूछेगा और यदि इसे सत्य ही हमारा नाम समझेगा तो अर्थ पूछेगा। राजाके मनका अभिप्राय जाननेके लिये केवल नाम कहा। पुनः, सम्भवतः उसने विचारा होगा कि यदि मैं अपनेसे कहूँगा तो राजाको सन्देह होगा और न कहूँगा तो भी अपूर्व नाम सुनकर सन्देह होगा कि एकतन तो सभीके होते हैं, तब इनके *'एकतनु'* नामका क्या आशय है। अद्भुत नाम सुनकर उसके जाननेकी उत्कण्ठा होगी। अतएव अपनेसे न कहना उचित समझकर चुप साध ली। राजाको सुनकर जिज्ञासा हुई ही। (घ) *'सुनि नृप बोलेउ पुनि सिरु नाई।' 'पुनि'* का भाव कि जैसे पूर्व चरणोंमें प्रणामकर प्रार्थनापूर्वक नाम पूछा था वैसे ही बड़ी नम्रताके साथ नामार्थ पूछते हैं—*'तव चरन नमामी। मो पर कृपा करिअ अब स्वामी॥'*

नोट—२ *'एकतनु भाई'* ये वचन सत्य भी हैं। *'एकतनु'* अर्थात् हम अपने बापके एकलौते बेटे हैं, *'भाई'* अर्थात् तुम्हारे भाई-बिरादरी हैं, तुम राजा हम भी राजा, तुम क्षत्रिय हम भी क्षत्रिय। जाति, गुण, क्रिया और यदृच्छा चार भाँतिके नाम होते हैं। अतएव राजा नामका कारण विस्तारसे जानना चाहता है। (वै०)

टिप्पणी—३ *'कहहु नाम कर अरथ बखानी। मोहि सेवक……'* इति। (क) अपना सेवक (गूढ़ तत्त्व भी) सुननेका अधिकारी होता है, यथा—*'जदपि जोषिता नहिं अधिकारी। दासी मन क्रम बचन तुम्हारी॥'* (११०। १) अतः *'कहहु……मोहि सेवक जानी'* कहा। (ख) *'सेवक अति'* कहनेका भाव कि नाम जब पूछा तब अपनेको सुत सेवक कहा था, यथा—*'मोहि मुनीस सुत सेवक जानी। नाथ नाम निज कहहु बखानी।'* (१६०। ४) *'मो पर कृपा करिअ अब स्वामी।'* (१६१। ५) वैसे ही अब नामार्थ पूछनेमें भी अपनेको *'सुत' 'सेवक'* कहते हैं। *'अति सेवक', 'सुत सेवक'* होता है। (जैसे हनुमान्‌जीको उनकी अति सेवाके कारण सुत कहा है,—*'सुनु सुत तोहि उरिन मैं नाहीं', 'हैं सुत कपि सब तुम्हहिं समाना', 'सुनु सुत बिपिन करहिं रखवारी। परम सुभट रजनीचर भारी॥'*) (वा, *'अति सेवक'* का भाव कि आपको छोड़कर मैं दूसरा स्वामी जानता ही नहीं। वि० त्रि०) (ग) *'कहहु नाम कर अरथ'*। ☞देखिये पहिले उसने अपना नाम बतानेमें *'कपट'* किया; अब बिना पूछे अर्थ भी नहीं बताता। *'कहहु……'* से जनाया कि राजाको नामका अर्थ न समझ पड़ा। उसने सोचा कि 'एकतन' तो सभी हैं (दो तनका तो कोई देखने-सुननेमें नहीं आया) तब इनका नाम एकतन क्यों हुआ?

टिप्पणी—४ *'आदिसृष्टि उपजी जबहिं……'* इति। (क) राजा, नामार्थके पश्चात् पिताका नाम न पूछ

पड़े इसका भी उपाय तापस प्रथम ही नामार्थमें ही किये देता है। सृष्टिके आदिमें अपनी उत्पत्ति कहता है इससे पिताका और गुरुका नाम भी पूछनेकी गुञ्जाइश नहीं रह गयी। पिताका अथवा गुरुका नाम मालूम होनेसे भी राजा कपटी मुनिको जान सकता सो भी अब नहीं जान सकता। दूसरे इस अर्थसे राजा यह सोचकर चुप हो जायगा कि इतने पुराने पुरुषोंको हम कैसे जान सकनेको समर्थ हो सकते हैं।

नोट—३ *'एकतनु'* का अर्थ कैसी अनोखी रीतिसे समर्थन करता है। राजा तो यह समझे कि जब प्रथम कल्पके प्रथम सत्ययुगके आदिमें सृष्टि हुई तभी मैं पैदा हुआ और तबसे आजतक अनेक प्रलय और महाप्रलय हो गये पर मेरा वही शरीर बना रहा और सत्य-सत्य भीतरी गुप्त अर्थ यह है कि मेरे पिता-मातासे जो *'आदिसृष्टि'* अर्थात् प्रथम सन्तान हुई वह मैं ही हूँ। अर्थात् अपने माता-पिताका सबसे बड़ा पुत्र हूँ। *'एकतनु भाई'* से एकलौते बेटेका भाव भी निकल सकता है। इसी तरह *'देह न धरी बहोरि'* का भीतरी अर्थ है कि जबसे पैदा हुआ तबसे अबतक जीवित हूँ, न मरा, न दूसरी देह पायी।

नोट—४ *'आदिसृष्टि'* इति। सृष्टि ब्रह्मकी लीला है। ब्रह्म अनादि और अनन्त है। उसकी लीला भी अनादि अनन्त है। अतः सृष्टि भी अनादि है।

यह नहीं कहा जा सकता कि सृष्टिकी उत्पत्ति और लयके कार्यका कबसे प्रारम्भ हुआ अर्थात् सृष्टिका उत्पन्न और लय होना प्रथम-प्रथम कबसे हुआ। हमारे ग्रन्थोंसे पता चलता है कि न जाने कितने ब्रह्मा हो गये। कपटी मुनिके इस शब्दसे यह भी साबित हो सकता है कि हमारे सामने सैकड़ों ब्रह्मा हो गये।

यदि यह मानें कि *'आदिसृष्टि'* से वर्तमान ब्रह्माकी रची हुई प्रथम सृष्टि अभिप्रेत है तब यह प्रश्न होता है कि ब्रह्माने प्रथम-प्रथम सृष्टि कब रची।

सिद्धान्तशिरोमणिकार स्वामी श्रीभास्कराचार्यजीका मत है कि ब्रह्माने पैदा होते ही सृष्टि रची। पर 'सूर्यसिद्धान्त' में सृष्टिके आरम्भके विषयमें ऐसा उल्लेख है—**'ग्रहर्क्षदेवदैत्यादिसृजतोऽस्य चराचरम्। कृताद्रिवेदा दिव्याब्दाः शतघ्ना वेधसो गताः।'** (२४) इसकी व्याख्या पं० सुधाकर द्विवेदी जी इस प्रकार लिखते हैं—**'ब्रह्मदिनादितः शतघ्नवेदसप्तवेददिव्याब्देषु गतेषु ब्रह्मा सृष्टिं रचयित्वा आकाशे नियोजितवान्। ब्रह्मगुप्तादयो ब्रह्मदिनादावेव ग्रहादिसृष्टिं कथयन्ति।'** अर्थात् ब्रह्माजीके दिनके आरम्भसे ४७४०० दिव्यवर्ष (अर्थात् हमारे १७०६४००० वर्ष बीतनेपर सृष्टिकी रचना हुई और ब्रह्मगुप्तादि पण्डितोंके मतसे ब्रह्माकी उत्पत्तिके साथ ही सृष्टिका आरम्भ हुआ।

सिद्धान्तशिरोमणिके मतसे *'आदिसृष्टि उपजी जबहिं……'* का भाव होगा कि ब्रह्माजीकी उत्पत्तिके साथ ही मैं भी उत्पन्न हुआ; मेरी और ब्रह्माकी आयु लगभग एक ही है और सूर्यसिद्धान्तके मतानुसार भाव यह है कि ब्रह्माजीके प्रथम दिनमेंसे जब ४७४०० दिव्य वर्ष बीते तब मेरी उत्पत्ति हुई।

कालकी प्रवृत्तिके सम्बन्धमें यह श्लोक है—**'लङ्कानगर्यामुदयाच्च भानोस्तस्यैव वारे प्रथमं बभूव। मधोः सितादेर्दिनमासवर्षयुगादिकानां युगपत् प्रवृत्तिः॥'** (१५) (सिद्धान्तशिरोमणि सं० १९२९, विद्याविलास प्रेस, काशी।) अर्थात् लङ्कापुरीमें जब सूर्यका उदय हुआ, उसी समयसे रविवार चैत्रशुक्लके आरम्भसे दिन, मास और वर्ष आदिकी एक साथ ही सर्वप्रथम प्रवृत्ति हुई।

जनि आचरजु करहु मन माहीं। सुत तप तें दुर्लभ कछु नाहीं॥ १॥
तप बल तें* जग सृजै बिधाता। तपबल बिष्नु भए परित्राता॥ २॥
तपबल संभु करहिं संघारा। तप तें अगम न कछु संसारा॥ ३॥
भएउ नृपहि सुनि अति अनुरागा। कथा पुरातन कहै सो लागा॥ ४॥
करम धरम इतिहास अनेका। करै निरूपन बिरति बिबेका॥ ५॥

* तैं—१६६१।

शब्दार्थ—'**सृजै**'=उत्पन्न करता है। '**बिधाता**'=ब्रह्मा। '**परित्राता**'=विशेष रक्षा करनेवाला। **संघारा** (संहार)=प्रलय, नाश। **पुरातन**=पुरानी, प्राचीन।

अर्थ—हे पुत्र! मनमें आश्चर्य न करो। तपसे कुछ भी कठिन नहीं॥ १॥ तपस्याके बलसे ब्रह्मा सृष्टि उत्पन्न करते हैं। तपके बलसे विष्णु (सृष्टिके) पालनकर्ता हुए॥ २॥ तपहीके बलसे शिवजी संहार करते हैं। तपसे संसारमें कुछ भी कठिन नहीं है॥ ३॥ यह सुनकर राजाको बड़ा अनुराग हुआ तब वह पुरानी कथाएँ कहने लगा॥ ४॥ कर्म, धर्म और उनके अनेकों इतिहास (कहे और साथ ही) ज्ञान और वैराग्यका निरूपण करने लगा॥ ५॥

श्रीलमगोड़ाजी—तपवाला Peroration (वक्तृताका जोरदार अंश) इतना सुन्दर है कि कविकी जितनी तारीफ की जाय कम है। वक्तृता प्रतिद्वन्द्वी अवाक् रह जाता है।

टिप्पणी—१ '***जनि आचरजु करहु मन माहीं***' इति। (क) ☞सृष्टिके आदिमें उत्पत्ति हुई, यह सुनकर आश्चर्यकी प्राप्ति हुई; उसीका निवारण करता है। '***मन माहीं***' से जनाया कि राजाने आश्चर्यकी शङ्का वचनसे कुछ भी प्रकट न की। मनमें आश्चर्यकी उत्पत्तिकी रोक वह प्रथम ही किये देता है। [प्रोफे० दीनजी कहते हैं कि 'नामका अर्थ कहकर उसने सोचा कि राजाको सन्देह होगा कि जबसे आदिसृष्टि हुई तबसे आजतक ये कैसे बने रह सकते हैं, इसीसे वह पहलेहीसे गढ़न्तकर कह चला कि '***तप*****……**', जिसमें राजा सन्देह करने ही न पावें। अथवा सन्देह मनमें हुआ। चेष्टा देखकर उसने राजाके मनोगतभावोंको जान लिया और अपनी बात पुष्ट करने लगा। इसीसे कहा कि '***जनि आचरजु करहु मन माहीं***' अर्थात् मैं तुम्हारे मनके भावको समझ रहा हूँ। तुम आश्चर्य न करो। इस तरह यहाँ 'पिहित अलङ्कार' हुआ।] (ख) '***सुत***'। राजाने पूर्व प्रार्थना की थी '***मोहि मुनीस सुत सेवक जानी।***' इसीसे अब '***सुत***' कहकर सम्बोधन कर रहा है। (राजाने उसको '***पिता***' कहा है, यथा—'***जानि पिता प्रभु करौं ढिठाई***' और अपनेको सुत कहा। पर कपटी मुनिने अभीतक अपने मुखसे '***सुत***' नहीं कहा था। अब अधिक विश्वास करानेके लिये '***सुत***' कहकर जनाया कि हम भी तुम्हें पुत्र मानते हैं; इसीसे हमने गुप्त बात कही और उसे समझाते भी हैं।) (ग) '***तप तें दुर्लभ कछु नाहीं।***' (सुत कहकर उसके चित्तको अपने वशमें करके) अब अपनेमें तपबल निश्चय कराता है। कैसा तपबल है? ब्रह्मा-विष्णु-महेशके समान। इसीसे आगे तीनोंका तपबल कहता है। कुछ दुर्लभ नहीं है, इस कथनका भाव यह है कि तपबलसे त्रिदेव उत्पत्ति, पालन, संहार करते हैं। तपबलसे हमारी देह नाशको प्राप्त न हुई, इसमें अब आश्चर्य ही क्या? तपबलसे कुछ दुर्लभ नहीं है, यह कहकर जनाता है कि हमको त्रैलोक्यमें कुछ भी दुर्लभ नहीं है। यही बात आगे वह स्वयं स्पष्ट कहता है—'***सत्य कहउँ भूपति सुनु तोही। जग नाहिंन दुर्लभ कछु मोही॥***'

टिप्पणी—२ (क) '***तप बल तें जग सृजै बिधाता।*****……**' इति। उत्पत्ति, पालन और संहार तीनों क्रमसे कहता है। सृष्टिके द्वारा तपका बल दिखाता है। तपबलसे ब्रह्मा सृष्टि रचते हैं, भाव कि ब्रह्मा पहले सृष्टि करनेमें असमर्थ हुए, तब आकाशवाणी हुई कि तप करो, तप करो। तब उन्होंने भारी तप किया जिससे सृष्टि कर सके। इससे भी बड़ा काम उसका पालन करना है। यदि एक क्षण भी आलस्य कर जायँ तो सृष्टिमें गड़बड़ मच जाय और यह सब प्रजा नष्ट हो जाय, सो तपबलसे विष्णुभगवान् सृष्टिकी रक्षा करते हैं। शिवजी सृष्टिका संहार करते हैं। '***जग***' पद आदिमें देकर सबके साथ जनाया। (ख) तपसे कुछ भी दुर्लभ नहीं है अर्थात् तपका बल भारी है, यह कहा था, इसीसे भारी बल दिखानेके लिये त्रिदेवका बल कहा। (ग) '***तप तें अगम न कछु संसारा***' इति। इससे दिखाया कि जगत्की उत्पत्ति, पालन और संहार करना अगम है, पर तपके बलसे सुगम हो गया। जब ऐसा बड़ा कठिन काम सुगम है तब संसारमें और कौन काम है जो तपसे न हो सके? सभी असम्भव काम सम्भव हो सकते हैं। (पुनः इससे यह भी दिखाता है कि केवल त्रिदेवहीमें यह शक्ति नहीं है, किन्तु जो कोई भी तप करे वही उत्पत्ति-पालन-संहार आदि कर सकता है) और यह भी न समझो कि तीनों देवता एक-ही-

एक काम कर सकते हैं। एक ही देवता तपके प्रभावसे तीनों काम कर सकता है। तपसे उन्हें एवं किसीको भी कुछ भी अगम नहीं है। इस तरह अपनेको त्रिदेवके समान जनाया।

नोट—१ *'तप तें अगम न कछु संसारा।'* प्रमाण यथा—'**यद्दुस्तरं यद्दुरापं यद्दुर्गं यच्च दुष्करम्। सर्वं तु तपसा साध्यं तपो हि दुरतिक्रमम्॥**' (मनुसंहिता) पुनः यथा—*'तप अधार सब सृष्टि भवानी॥'* (७३। ५)

नोट—२ ब्रह्मा, विष्णु, महेश भगवान् हैं। इन्हें उत्पत्ति, पालन, संहार करनेके लिये कठिन उपवास आदि तप नहीं करने पड़ते। ये तो सङ्कल्पमात्रसे सब कार्य करते हैं। इनके सम्बन्धमें *'तप'* शब्द 'संकल्प या विचार' के अर्थमें प्रयुक्त होता है अर्थात् वे संकल्प करके विश्वकी उत्पत्ति आदि करते हैं। यहाँ *'तप आलोचने'* धातु है। (रा० व० श०) न तो ब्रह्मा कुलालकी भाँति सब वस्तुओंकी रचना करते हैं, न विष्णु माँकी भाँति सबका पालन करते हैं और न शम्भु व्याधकी भाँति संहार करते हैं। यह सब कार्य उनके तपोबलसे आप-से-आप होता रहता है।

टिप्पणी ३ (क)—*'भयउ नृपहि सुनि अति अनुरागा'* इति। *'अति अनुरागा'* का भाव कि तापसपर राजाका प्रेम तो पूर्वहीसे था, पर अब महिमा सुननेसे *'अति'* अनुराग हो गया। (ख) *'कथा पुरातन कहै सो लागा'* इति। जब तपस्वीकी अति कालीनता सुनकर राजाको आश्चर्य न हुआ, उलटे अनुराग हुआ तब प्राचीन कथाएँ कहने लगा। ☞अनुराग हो तभी मनुष्य कथाके श्रवणका अधिकारी होता है यथा—*'लागी सुनै श्रवन मन लाई। आदिहु तें सब कथा सुनाई।'* (५। १३) राजाको अत्यन्त अनुराग हुआ तब कथा कहने लगा। *'पुरातन'* कथा कहकर अपना 'पुराणपन' अपनी कालीनता सिद्ध करता है। जिसमें राजाको निश्चय हो जाय कि तपस्वीजी बड़े ही कालीन हैं, यह सब घटनाएँ इनकी देखी हुई हैं। (ग) *'करम धरम इतिहास अनेका'* इति। अर्थात् कर्मकी गति कहता है जो अत्यन्त सूक्ष्म और कठिन है। यथा—*'कठिन करम गति जान बिधाता।'* (२। २८२) [इससे जनाया कि कर्मकी गति या तो ब्रह्मा जानते हैं या मैं और कोई नहीं जानता। 'कर्म' से कर्म, अकर्म और विकर्म तीनों भेद सूचित कर दिये। भगवान्ने अर्जुनसे कहा है कि इन तीनोंके विषय जाननेयोग्य हैं। इनकी गति कठिन है। बड़े-बड़े विद्वान् भी इन बातोंको यथार्थरूपसे नहीं जानते। यथा—'**कर्मणो ह्यपि बोद्धव्यं बोद्धव्यं च विकर्मणः। अकर्मणश्च बोद्धव्यं गहना कर्मणो गतिः॥**' (गीता ४। १७) '**कवयोऽप्यत्र मोहिताः।**' (गीता ४। १६) इन सबोंके स्वरूप उसने कहे।] धर्म भी अनन्त हैं। धर्मसे चारों वर्णोंके धर्म, चारों आश्रमोंके धर्म, स्त्रियोंके धर्म, स्वामिधर्म, सेवकधर्म, दानधर्म और मोक्षधर्म इत्यादि अनेक धर्मोंका ग्रहण हो गया। (धर्मके विषयमें पूर्व दोहा ४४ *'ब्रह्म निरूपन धर्म बिधि……'* में विस्तारसे लिखा गया है।) अनेक इतिहास कहता है अर्थात् कर्म-धर्मके उदाहरण इतिहाससे देता है। पुनः, कर्मधर्मकी कथाएँ कहता है तथा और भी इतिहास कहता है। [उदाहरणार्थ इतिहास कहे कि अमुक-अमुक राजाओंने ऐसे-ऐसे कर्म किये और उनसे ये-ये फल प्राप्त किये। (घ) *'करै निरूपन बिरति बिबेका'* इति। ज्ञान और वैराग्यके स्वरूप सूक्ष्म हैं। अतः उनका निरूपण करना कहा—दोहा ४४ भी देखिये।]

उदभव पालन प्रलय कहानी। कहेसि अमित आचरज बखानी॥ ६॥
सुनि महीप तापस बस भएऊ। आपन नाम कहन तब लएऊ॥ ७॥
कह तापस नृप जानौ तोही। कीन्हेहु कपट लाग भल मोही॥ ८॥

सो०—सुनु महीप असि नीति जहँ* तहँ नाम न कहहिं नृप।
मोहि तोहि पर अति प्रीति सोइ† चतुरता बिचारि तव॥ १६३॥

---

* ऐसा ही १६६१ में है।

†पाठान्तर—'परम चतुरता निरखि तव।'

अर्थ—उत्पत्ति, पालन और संहारकी कहानियाँ कहीं और भी अगणित आश्चर्य (की बातें) बखानकर कहीं॥ ६॥ सुनकर राजा तपस्वीके वशमें हो गया और तब अपना नाम कहने लगा॥ ७॥ वह (तापस) बोला कि राजन्! मैं तुम्हें जानता हूँ। तुमने कपट किया, वह मुझे अच्छा लगा॥ ८॥ राजन्! सुनो, ऐसी नीति है कि राजा अपना नाम जहाँ-तहाँ नहीं कहते, तेरी यही चतुरता समझकर तुझपर मेरा अत्यन्त प्रेम है॥ १६३॥

टिप्पणी—१ (क) *'कहेसि अमित आचरज बखानी।'* तात्पर्य कि प्रथम प्रसिद्ध उत्पत्ति, पालन और संहारकी कथाएँ कहीं, यथा—*'तपबल तें जग सृजै बिधाता। तपबल बिष्नु भए परित्राता॥ तपबल संभु करहिं संघारा।'* अब अप्रसिद्ध आश्चर्य बखानकर कहता है। वह यह कि कभी ब्रह्मा पालनका कार्य करते हैं और विष्णु उत्पत्ति करते हैं। यथा—*'जाके बल बिरंचि हरि ईसा। पालत सृजत हरत दससीसा॥'* (५। २१) कभी ब्रह्मा ही तीनों कर्म करते हैं, यथा—*'जो सृजि पालइ हरइ बहोरी। बालकेलि सम बिधि मति भोरी॥'* (२। २८२) और कभी भगवान् ही उत्पत्ति, पालन और संहार करते हैं, यथा—*'आनन अनल अंबुपति जीहा। उतपति पालन प्रलय समीहा॥'* (६। १५) इत्यादि। (ख) *'बखानी'* बखानकर कहनेका भाव कि जो कभी न सुनी थीं ऐसी-ऐसी अद्भुत बातें बहुतेरी कहीं जिसे सुनकर आश्चर्य हो।

नोट—१ *'उदभव पालन प्रलय कहानी'*—द्विभुज शार्ङ्गधनुष-बाणधारी श्रीसाकेतबिहारीकी जब इच्छा हुई कि सृष्टिकी रचना हो तब उन्होंने प्रथम जल उत्पन्न कर उसमें चतुर्भुजरूपसे शयन किया। इसीसे नारायण कहलाये अर्थात् जल है घर जिनका। उनके कमलनाभिसे ब्रह्मा हुए जिनको त्रिगुणात्मक सृष्टि रचनेकी आज्ञा हुई। श्रीमद्भागवत स्कन्ध २में इसकी कथा है जो पूर्व लिखी जा चुकी है। भगवान् विष्णु नारायण आदि रूपोंसे और अवतार ले-लेकर प्रजाकी रक्षा करते हैं। उन अवतारोंका वर्णन किया। *'प्रलय'*—कभी शिवजीद्वारा और कभी शेषजी, सूर्यभगवान्, इत्यादिद्वारा सृष्टि फिर लय हो जाती है। कूर्मपुराणमें नित्य (जो प्रतिदिन लोकमें क्षय हुआ करता है), नैमित्तिक (कल्पान्तमें तीनों लोकोंका क्षय), प्राकृत (जिसमें महदादि विशेषतक विलीन हो जाते हैं) और आत्यन्तिक (ज्ञानकी पूर्णावस्था प्राप्त होनेपर ब्रह्ममें लीन हो जाना) चार प्रकारके प्रलय कहे गये हैं। यथा—**'नित्यो नैमित्तिकश्चैव तथा प्राकृतिको लयः। आत्यन्तिकश्च कथितः कालस्य गतिरीदृशी॥'** (भा० १२। ४। ३८) (प्र० सं०)।

पद्मपु० सृष्टिखण्डमें एक बारकी सृष्टि इस प्रकारकी पुलस्त्यजीने बतायी है—'जब ब्रह्माजी सृष्टि-कार्यमें प्रवृत्त हुए उस समय उनसे देवताओंसे लेकर स्थावरपर्यन्त चार प्रकारकी प्रजा उत्पन्न हुई जो मानसी प्रजा कहलायीं। तदनन्तर प्रजापतिने देवता, असुर, पितर और मनुष्य—इन चार प्रकारके प्राणियोंकी तथा जलकी भी सृष्टि करनेकी इच्छासे अपने शरीरका उपयोग किया। उस समय सृष्टिकी इच्छावाले मुक्तात्मा प्रजापतिकी जंघासे पहले दुरात्मा असुरोंकी उत्पत्ति हुई। उनकी सृष्टिके पश्चात् भगवान् ब्रह्माने अपनी वयस्‌से इच्छानुसार 'क्यों' (पक्षियों) को उत्पन्न किया। फिर अपनी भुजाओंसे भेड़ों और मुखसे बकरोंकी रचना की। इसी प्रकार अपने पेटसे गायों और भैंसोंको तथा पैरोंसे घोड़े, हाथी, गर्दभ, नीलगाय, हिरन, ऊँट, खच्चर तथा दूसरे-दूसरे पशुओंकी सृष्टि की। ब्रह्माजीकी रोमावलियोंसे फल, मूल तथा भाँति-भाँतिके अन्नोंका प्रादुर्भाव हुआ। गायत्रीछन्द, ऋग्वेद, त्रिवृत्स्तोम, रथन्तर तथा अग्निष्टोम यज्ञको प्रजापतिने अपने पूर्ववर्त्ती मुखसे प्रकट किया। यजुर्वेद, त्रिष्टुप्छन्द, पञ्चदशस्तोम, बृहत्साम और उक्थकी दक्षिणवाले मुखसे रचना की। सामवेद, जगतीछन्द, सप्तदशस्तोम, वैरूप और अतिरात्रभागकी सृष्टि पश्चिम मुखसे की तथा एकविंशस्तोम, अथर्ववेद, आप्तोर्याम, अनुष्टुप्छन्द और वैराजको उत्तरवर्ती मुखसे उत्पन्न किया। छोटे-बड़े जितने भी प्राणी हैं सब प्रजापतिके विभिन्न अङ्गोंसे उत्पन्न हुए। कल्पके आदिमें ब्रह्माने देवताओं, असुरों, पितरों और मनुष्योंकी सृष्टि करके फिर यक्ष, पिशाच, गन्धर्व, अप्सरा, सिद्ध, किन्नर, राक्षस, सिंह, पक्षी, मृग और सर्पोंको उत्पन्न किया। नित्य और अनित्य जितना भी यह चराचर जगत् है, सबको आदिकर्ता भगवान् ब्रह्माने उत्पन्न किया।'

टिप्पणी—२ *'सुनि महीप तापस बस भएऊ।……'* इति। (क) तापसके वशमें हो गया अर्थात् यह विचार चित्तमें स्फुरित हो आया कि ये तो भारी महात्मा हैं, इनसे कौन कपट छिप सकता है, ये तो हमें जानते हैं तभी तो हमको इन्होंने महिपाल कहा है। प्रथम कपट किया, नाम न बताया, अब नाम बताना चाहते हैं। तपस्वीने राजाको अपने वशमें जानकर अपना नाम बताया, यथा—*'देखा स्वबस कर्म मन बानी। तब बोला तापस बग ध्यानी॥ नाम हमार एकतनु भाई।'* राजा तपस्वीको अपने वशमें जानकर अपना नाम बतावें सो बात नहीं है, क्योंकि महात्मा किसीके वशमें नहीं होते। राजा स्वयं तापसके वश हो जानेसे अपना नाम बताने लगा। राजाको वशमें करनेके लिये ही उसने अपना माहात्म्य सुनाया था।

नोट—२ पहले भिखारी नाम बताया, फिर कहा कि अच्छा अब हम अपना असली नाम बताते हैं। इस खयालसे कि जब राजा अपना नाम बताने लगेगा तब हमको और भी बातें गढ़नेका अवसर प्राप्त होगा। ऐसा ही हुआ भी (प्रो० दीनजी)। *'कहन तब लएऊ'* से जनाया कि कहनेको हुआ पर कहने न पाया था कि वह बीचमें बोल उठा।

टिप्पणी—३ (क) *'कह तापस नृप जानौं तोही'* इति। जब अपना नाम बताने लगा तब तापस (राजाकी बात काटकर) बोला कि हम तुम्हें जानते हैं। तुम अपनेको मन्त्री बताते हो, पर मन्त्री हो नहीं। तुम तो राजा हो, इसीसे तो हम तुम्हें *'नृप'* कहते हैं। (ख) *'कीन्हेहु कपट लाग भल मोहीं।'* कपट किसीको अच्छा नहीं लगता पर हमको तुम्हारा कपट करना अच्छा लगा। 'भला लगा' कहनेका भाव कि कपटसे और प्रीतिसे विरोध है। कपटसे प्रीतिका नाश होता है, यथा— *'जलु पय सरिस बिकाइ देखहु प्रीति की रिति भलि। बिलग होइ रसु जाइ कपट खटाई परत पुनि॥'* (५७) पर तेरे इस कपटसे मेरा प्रेम तुझसे हटा वा घटा नहीं वरन् अत्यन्त अधिक हो गया। आगे दोहेमें इन दोनों (कपट भला लगने और प्रीति' अति अधिक होने) का हेतु कहता है कि तुम्हारी चतुरता देखकर यह दोनों बातें हुईं। (ग) *'सुनु महीप'* इति। *'अति प्रीति'* का भाव कि चतुरता विचारकर प्रीति हुई, अतएव जैसी चतुरता है वैसी ही प्रीति है। राजामें 'परम' चतुरता है इसीसे *'अति'* प्रीति हुई, यथा—*'उतरि तुरग ते कीन्ह प्रनामा। परम चतुर न कहेउ निज नामा॥'* (घ) *'असि नीति'* का भाव कि तुमने नाम न बताया सो ठीक किया, यही नीति कहती है, तुमने अनीति नहीं की। तुम्हारा नामका छिपाना कपट नहीं है किन्तु राजनीतिकी निपुणता है, तुमने उस नीतिका पालन किया है, कुछ कपट नहीं किया।

नाम तुम्हार प्रतापदिनेसा। सत्यकेतु तव पिता नरेसा॥ १॥
गुर प्रसाद सब जानिअ राजा। कहिय न आपन जानि अकाजा॥ २॥
देखि तात तव सहज सुधाई। प्रीति प्रतीति नीति निपुनाई॥ ३॥
उपजि परी ममता मन मोरें। कहौं कथा निज पूँछे तोरें॥ ४॥
अब प्रसन्न मैं संसय नाहीं। माँगु जो भूप भाव मन माहीं॥ ५॥

शब्दार्थ—निपुनाई=निपुणता। ममता=ममत्व, स्नेह, प्रेम, अपनापन।

अर्थ—तुम्हारा नाम भानुप्रताप है। राजा सत्यकेतु तुम्हारे पिता थे॥ १॥ हे राजन्! गुरुकी कृपासे मैं सब जानता हूँ, पर अपनी हानि समझकर कहता नहीं॥ २॥ हे तात! तुम्हारी स्वाभाविक सिधाई, प्रीति, प्रतीति और नीतिमें निपुणता देख मेरे मनमें ममत्व उत्पन्न हो गया; इसलिये तेरे पूछनेसे अपनी कथा कहता हूँ॥ ३-४॥ अब मैं प्रसन्न हूँ इसमें संदेह नहीं। राजन्! जो मनको भावे माँग ले॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'नाम तुम्हार प्रतापदिनेसा। सत्यकेतु……।'* इति। ☞पितासमेत नाम लेनेका भाव कि प्रणाम करनेके समय पितासमेत नाम लेनेकी विधि है। कपटी मुनिको प्रणाम करते समय राजाने पितासमेत अपना नाम न लिया था, इसीसे उसने अपनी सिद्धता दिखानेके लिये, सर्वज्ञताका पूर्ण विश्वास जमानेकें लिये दोनोंका नाम खोल दिया। तपस्वी पहले राजाके पिताका नाम बताता पीछे राजाका, परंतु भानुप्रताप

अपना नाम कहने ही लगा था इसीसे (उसने इनकी बात काटकर जिसमें राजाके मुखसे नाम निकलने न पावे, राजा रुक जाय) प्रथम इन्हींका नाम कहा पीछे पिताका। (ख) *'गुर प्रसाद सब जानिअ'* इति। ☞प्रथम सब पदार्थोंकी प्राप्ति तपोबलसे कही, यथा—*'सुत तप तें दुर्लभ कछु नाहीं।'* जानकारी गुरुप्रसादसे कहता है क्योंकि बिना गुरुके ज्ञान नहीं होता, यथा—*'बिनु गुर होइ कि ग्यान।'* (इससे यह भी जनाया कि तुम हमें गुरु करोगे तो तुम्हें भी सब सुलभ हो जायगा।) (ग) *'कहिय न आपन जानि अकाजा'* इति।—भाव कि अपनी जानकारी कहनेसे लोकमान्यता होती है, जैसा पूर्व कह चुके हैं, यथा—*'लोकमान्यता अनल सम कर तप कानन दाहु।'*, अतएव नहीं कहते। तात्पर्य कि हम अपनेको छिपाये रखते हैं क्योंकि *'सब बिधि कुसल कुबेष बनाएँ।'* (घ) 'जब सब जानते हो, पिताका नाम बताया, नगरका फासला बताया इत्यादि और यह भी जानते हो कि कहनेसे अकाज होता है तब कहा क्यों? इस सम्भावित शंकाका समाधान स्वयं ही आगे प्रथम ही किये देता है कि *'देखि......।'* (ङ) *'देखि तात तव सहज सुधाई।'* सहज सुधाई, प्रीति, प्रतीति और नीतिकी निपुणता—इन चारका देखना कहा। *'भलेहि नाथ आयसु धरि सीसा'* से *'नाथ नाम निज कहहु बखानी।'* (१६०। १—४) तक *'सहज सुधाई'* है। [यथा—*'सरल बचन नृपके सुनि काना।'* (१६०। ८) *'कह नृप जे बिग्यान निधाना'* से *'मोपर कृपा करिअ अब स्वामी।'* (१६१, १—५) तक सहज प्रीति प्रतीति है।] *'सहज प्रीति भूपति कै देखी। आपु बिषय बिस्वास बिसेषी॥'* यहाँ प्रीति-प्रतीति देखी। *'परम चतुर न कहेउ निज नामा'* यह नीति निपुणता देखी, यथा—*'सुनु महीस अस नीति जहँ तहँ नाम न कहहिं नृप।'*

टिप्पणी—२ (क)*'उपजि परी ममता मन मोरें'* इति। *'उपजि परी'* का भाव कि 'संतको ममता न करनी चाहिये। (संत निर्मम होते हैं। उनका किसीपर ममत्व कैसा? पर तुम्हारी प्रीति-प्रतीति इत्यादि देखकर मुझसे रहा न गया। गुणोंमें सामर्थ्य ही ऐसा है कि आत्माराम मुनियोंको भी खींच लेता है। प्रेमके आगे नेम नहीं रह जाता। बस) 'ममता' उपज पड़ी, तुमपर स्नेह हो गया। अर्थात् हमने तुमको अपना सुत और सेवक मान लिया। (नोट—'ममता वह स्नेह है जो माताका पुत्रके साथ होता है। राजाने अपनेको *'सुत सेवक'* कहा था उसीकी जोड़में इसने *'ममता'* का उपजना कहा। 'उपजना' का भाव ही यही है कि पहले न थी, अब 'प्रेम' आदि बीज पड़नेसे उत्पन्न हो गयी; माता-पिताकी भाँति मेरा सहज प्रेम तुमपर अब हो गया।) (ख) ☞अपनी कथा कहनेके दो हेतु बताये। *'ममता'* और *'पूँछे तोरें।'* राजाने पूछा था; यथा—*'मोहि मुनीस सुत सेवक जानी। नाथ नाम निज कहहु बखानी॥'* ('बखानकर कहो' कहा था, इसीसे नाम, अर्थ उसका कारण तपोबल इत्यादि सब कहे)। दो हेतु कहनेका भाव कि यदि केवल हमारा ममत्व ही तुमपर होता और तुमने पूछा न होता तो भी हम न कहते, इसी तरह यदि केवल तुमने पूछा ही होता पर मुझे तुम्हारे ऊपर ममता न हुई होती तो भी मैं न कहता। यहाँ दोनों क़ारण उपस्थित हो गये, इससे कहना पड़ा।

टिप्पणी—३ (क) *'अब प्रसन्न मैं'* इति। *'अब'* कहनेका भाव कि तुमपर हमारा ममत्व हो गया, तुमको हमने अपना जाना, अब प्रसन्न हैं। पुनः भाव कि जब तुमने नीति बरती, नीतिके अनुकूल कपट किया तब हमको अच्छा लगा था—*'कीन्हेहु कपट लाग भल मोही'*, और जब तुम निष्कपट होकर अपना नाम बताने लगे तब हम प्रसन्न हो गये। (ख) *'संसय नाहीं'* कहनेका भाव कि कपट करनेसे प्रसन्नता होनेमें संदेह होता है, तुम संशय न करो कि 'हमने मुनिसे कपट किया, नाम न बताया, झूठ बोले कि हम मन्त्री हैं, तब हमपर प्रसन्न कैसे होंगे! केवल हमारी खातिरी, हमारे संतोषके लिये ऐसा कहते हैं कि हम प्रसन्न हैं।' (निष्कपट हो गये हो इससे मेरी प्रसन्नतामें भी कुछ संदेह नहीं है।) प्रसन्नतामें विश्वास करानेके लिये *'संसय नाहीं'* कहा। (ग) *'माँगु जो भूप भाव मन माहीं'* इति। ☞छल करनेका और कोई उपाय न देख पड़ा तब वर माँगनेको कहा, यह सोचकर कि जो भी वर माँगेगा उसीमें ब्राह्मण भोजन करानेको कहेंगे। (कपटी मुनिने सोचा कि राजा अब पूरा काबूमें आ गया है, तब

इसके नाशका उपाय करना चाहिये। अतः अब वर माँगनेको कहा।) (घ) *'अब प्रसन्न मैं'* कहकर *'माँगु'* कहनेका भाव कि हमारी प्रसन्नता निष्फल नहीं होती। [वर प्रसन्नता होनेसे ही दिया जाता है, यथा—*'परम प्रसन्न जानु मुनि मोही। जो बर माँगहु देउँ सो तोही।'* (३। ११) *'काग भुसुंडि माँगु बर अति प्रसन्न मोहि जानि।'* (७।८३) इसीसे *'बर'* मँगवानेके लिये प्रथम अपनेको *'अब प्रसन्न'* कहा।] (ङ) *'भूप'* सम्बोधनका भाव यह है कि तुम सातों द्वीपोंके चक्रवर्ती राजा हो, इससे पृथ्वीके (भूलोकके) तो सब पदार्थ तुम्हारे पास हैं ही फिर भी तुम्हें कोई अभाव अवश्य होगा। तुमने कहा ही था *'मो पर कृपा करहु अब स्वामी।'* अतः जो वस्तु तुम चाहो सो माँगो। अर्थात् हम तुम्हें स्वर्गादि अपर लोकोंके पदार्थ भी देनेको समर्थ हैं।

प० प० प्र०— यद्यपि कपट मुनिने *'अब प्रसन्न'''''''माँगु जो भूप भाव मन माहीं'*—ऐसा कहा। तथापि जिसके मनमें कुछ भी विषयवासना नहीं है, उससे यदि कोई एकाएक कहे कि *'माँगु जो भाव मन माहीं'* तो वह उसी क्षण कुछ भी माँगनेमें असमर्थ ही होगा, (पर राजाने तुरत वर माँगा), जो वर राजाने माँगा है वह तो बिना सोच-विचारके कोई भी न माँग सकेगा। सुतीक्ष्णजीकी हालत तो देखिये। जब भगवान्‌ने उनसे कहा—*'परम प्रसन्न जानु मुनि मोही। जो बर मागहु देउँ सो तोही॥'*, तब भक्तिकी आकांक्षा रखते हुए भी मुनिने क्या कहा?—*'मुनि कह मैं बर कबहुँ न जाचा। समुझि न परइ झूठ का साचा॥'* और प्रतापभानुने क्या माँगा—*'जरा मरन दुख रहित तनु समर जितै जनि कोउ। एक छत्र रिपुहीन महि राज कलप सत होउ॥'* क्या बिना पूर्व विचारके ऐसा वर कोई माँग सकेगा? *'कृपासिंधु मुनि दरसन तोरें। चारि पदारथ करतल मोरें॥'* कहा तो सही, पर जो ज्ञानी जीवनमुक्त है, वह ऐसा वर किसीसे क्यों माँगेगा? देखिये तो, राजाने यहाँ भी *'चारि पदारथ'* को ही कहा, भक्तिका नाम भी नहीं लिया, भक्तिका स्मरण भी नहीं हुआ। इस प्रकार सिद्ध हुआ कि प्रतापभानुको ऐश्वर्यकी लालसा थी, इसीसे उन्होंने पिताके राज्य देनेपर नहीं नहीं किया और सम्राट् होनेपर भी अधिक ऐश्वर्यकी लालसा उसके हृदयमें गुप्त रीतिसे बसी हुई थी, वह निष्कामकर्म वासुदेवार्पित करता था पर कर्तृत्वाहङ्कार नष्ट नहीं हुआ था। उसमें भक्तिका पूरा-पूरा अभाव था। (पूर्व १५९। ६-७ भी देखिये शृङ्खलाके लिये)

वि० त्रि०—*'माँगु जो भूप भाव मन माहीं'* इति। इस तरह वह भीतरी इच्छा जानना चाहता है। भीतरी इच्छा ही कमजोरी है, उसीकी पूर्तिके लिये आदमी अन्धा हो जाता है। धूर्त लोग सदा उसे जाननेकी चेष्टा करते हैं, क्योंकि उसे जान लेनेपर ठगनेमें बड़ी सुभीता होती है।

सुनि सुबचन भूपति हरषाना। गहि पद बिनय कीन्हि बिधि नाना॥ ६॥
कृपासिंधु मुनि दरसन तोरें। चारि पदारथ करतल मोरें॥ ७॥
प्रभुहि तथापि प्रसन्न बिलोकी। माँगि अगम बर होउँ असोकी*॥ ८॥

दो०—जरा मरन दुख रहित तनु समर जितै जिनि कोउ।
एक छत्र रिपुहीन महि राज कलप सत होउ॥ १६४॥

शब्दार्थ—कल्प—३३। ७ (मा० पी० भाग १) में देखिये। कल्पोंके नाम आगे दिये गये हैं।

अर्थ—राजा सुन्दर वचन सुनकर प्रसन्न हुआ, तपस्वीके चरणोंको पकड़कर बहुत तरहसे उसने विनती की॥ ६॥ हे दयासागर मुनि! आपके दर्शनसे चारों पदार्थ (अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष) मेरे हथेलीपर हैं तो भी प्रभुको प्रसन्न देख दुर्लभ वर माँगकर (क्यों न) शोकरहित हो जाऊँ॥ ८॥ बुढ़ापा और मृत्युके दुःखोंसे शरीररहित हो, संग्राममें कोई जीत न सके, एक छत्र राज्य हो, पृथ्वीपर कोई शत्रु न रह जाय और सौ कल्पतक राज्य हो॥ १६४॥

---

* पाठान्तर—बिसोकी (भा० दा०)।

टिप्पणी—१ (क) *'सुनि सुबचन……।'* वाञ्छित पदार्थ देनेको कहा, इसीसे इन्हें *'सुबचन'* कहा। ☞यहाँ राजाका मन, वचन और कर्म तीनोंसे मुनिके शरण होना दिखाया। मनमें हर्ष है, वचनसे विनय कर रहा है और तनसे चरण पकड़े है। (ख) *'कृपासिंधु मुनि'* का भाव कि राजाने प्रथम कृपा करनेकी प्रार्थना की थी, यथा—*'मो पर कृपा करिअ अब स्वामी।'* अब *'कृपासिंधु'* कहकर जनाते हैं कि आपने मुझपर असीम कृपा की। (बिना सेवा-शुश्रूषाके, बिना जप-तपके चन्द मिनटोंके समागममें इतनी बड़ी कृपा की कि मुँहमाँगा वर देनेको तैयार हो गये। अतः कृपासिन्धु जाना। वि० त्रि०) (ग) *'……दरसन तोरें। चारि पदारथ करतल मोरें।'* इति। भाव कि चारों पदार्थ तो हमको पूर्वहीसे प्राप्त रहे हैं, यथा—*'अरथ धरम कामादि सुख सेवै समय नरेसु।'* (१५४) अब आपके दर्शनसे वे सब मेरे *'करतल'* में हो गये। अर्थात् (पहिले मुझे तो जरूर प्राप्त थे पर दूसरोंको देनेयोग्य मैं न था, अब आपके दर्शनोंसे मैं इस योग्य भी हो गया।) अब मैं चारों पदार्थ दूसरोंको दे सकता हूँ। (घ) *'प्रभुहि तथापि प्रसन्न बिलोकी।……'*—भाव कि आपके दर्शनसे चारों पदार्थ करतल हो गये, अब आपकी प्रसन्नता देखकर अगम वर माँगता हूँ। वह दर्शनका महत्त्व था, यह प्रसन्नताका महत्त्व है। *'अगम'* अर्थात् जहाँतक किसीकी गति आजतक न हुई हो।

टिप्पणी २—*'जरा मरन दुख रहित तनु……।'* (क) *'तनु'* का भाव कि जैसा आपका तन जरामरण दुःखरहित है वैसा ही हमारा भी कर दीजिये। पुनः हम क्षत्रिय हैं, अतः हमारा तन ऐसा बलवान् कर दीजिये कि हमें कोई न जीत सके। (पुनः भाव कि '**शीर्यते इति शरीरम्**' सो शरीर जरा-मरण-रहित हो, यह महादुर्गम वर है। शरीरका नाम ही रोगायतन है, सो, दुःखरहित हो। *'समर जितै जनि कोउ'* प्राणीमात्रसे अजय हो जाऊँ, इस भाँति अलौकिक पराक्रम माँगा। (वि० त्रि०) (ख) *'एक छत्र'* अर्थात् छत्र एकमात्र हमारे ऊपर लगे; दूसरा छत्रधारी कोई राजा न हो। *'रिपुहीन महि……'* अर्थात् हमको जीतने योग्य कोई शत्रु सौ कल्पतक न हो।

नोट—१ *'कलप सत'* इति। यहाँ भानुप्रताप 'शत कल्प' तक राज्य होनेकी प्रार्थना करता है। अतः कल्पोंके सम्बन्धमें कुछ जानकारीकी आवश्यकता हुई।

अमरकोशमें कल्पके विषयमें यह उल्लेख है—'**मासेन स्यादहोरात्रः पैत्रो वर्षेण दैवतः। दैवे युगसहस्रे द्वे ब्राह्मः कल्पौ तु तौ नृणाम्॥**' (१।४।२१) अर्थात् हमारे (मनुष्योंका) एक मास पितरोंका एक दिन-रात होता है और हमारा एक वर्ष देवताओंका एक दिन-रात होता है। देवताओंके दो हजार युग-(अर्थात् हमारे दो हजार सत्ययुग, दो हजार त्रेता, दो हजार द्वापर और दो हजार कलियुग-) का ब्रह्माका एक दिन-रात होता है जिसे मनुष्यका दो कल्प कहा जाता है। एक सृष्टि दूसरा प्रलय। ब्रह्माके दिनको कल्प कहते हैं और रात्रिको कल्पान्त, कल्प, प्रलय, क्षय आदि कहा जाता है।

ब्रह्माके एक दिनको कल्प कहते हैं। जैसे हमारे यहाँ मासमें तीस दिन होते हैं और प्रतिपदा, पूर्णमासी और अमावस्या होती हैं वैसे ही ब्रह्माजीके प्रत्येक मासमें तीस दिनके तीस नामवाले कल्प और प्रतिपदा आदि होते हैं।

भा० ३।११।३४ की 'अन्वितार्थप्रकाशिका-टीका' में लिखा है कि (स्कन्दपुराणान्तर्गत) प्रभासखण्डके अनुसार श्वेतवाराहसे लेकर पितृकल्पतक, ब्रह्माजीके शुक्ल प्रतिपदासे अमावास्यातक, तीस दिनका एक मास होता है। इन तीसों कल्पोंकी बारह आवृत्ति होनेसे ब्रह्माका एक वर्ष होता है। ब्रह्माजीकी आधी आयुको 'परार्द्ध' कहते हैं। इससे यह सिद्ध हुआ कि कल्पोंके नाम प्रत्येक मासमें वही रहते हैं।

प्रभासखण्डमें कल्पोंके नाम इस प्रकार हैं। यथा—'**प्रथमः श्वेतकल्पस्तु द्वितीयो नीललोहितः। वामदेवस्तृतीयस्तु ततो राथन्तरोऽपरः॥ रौरवः पञ्चमः प्रोक्तः षठः प्राण इति स्मृतः। सप्तमोऽथ बृहत्कल्पः कन्दर्पोऽष्टम उच्यते॥ सद्योऽथ नवमः प्रोक्त ईशानो दशमः स्मृतः। ध्यान एकादशः प्रोक्तस्तथा सारस्वतोऽपरः॥ त्रयोदश उदानस्तु गरुडोऽथ चतुर्दशः। कौर्मः पञ्चदशो ज्ञेयः पौर्णमासी प्रजापतेः॥ षोडशो नारसिंहस्तु समाधिस्तु ततः परः। आग्नेयोऽष्टादशः प्रोक्तः सोमकल्पस्ततोऽपरः॥ भावनो विंशतिः प्रोक्तः सुप्तमालीति चापरः।**

वैकुण्ठश्चार्चिषो रुद्रो लक्ष्मीकल्पस्तथापरः॥ सप्तविंशोऽथ वैराजो गौरीकल्पस्तथान्धकः। माहेश्वरस्तथा प्रोक्तस्त्रिपुरो यत्र घातितः॥ पितृकल्पस्तथान्ते च या कुहूर्ब्रह्मणः स्मृता। त्रिंशत् कल्पस्समाख्याता ब्रह्मणो मासि वै प्रिये॥' (४५—५२) इसके अनुसार कल्पोंके नाम क्रमशः ये हैं—१ श्वेत (श्वेतवाराह) कल्प, २ नीललोहित, ३ वामदेव, ४ रथन्तर, ५ रौरव, ६ प्राण, ७ बृहत्कल्प, ८ कन्दर्प, ९ सद्य, १० ईशान, ११ ध्यान, १२ सारस्वत, १३ उदान, १४ गरुड़, १५ कौर्म (ब्रह्माकी पूर्णमासी), १६ नारसिंह, १७ समाधि, १८आग्नेय, १९ सोमकल्प, २० भावन, २१ सुप्तमाली, २२ वैकुण्ठ, २३ आर्चिष, २४ रुद्र, २५ लक्ष्मी, २६ वैराज, २७ गौरी, २८ अंध्रक, २९ माहेश्वर आर ३० पितृकल्प।

शब्दसागरमें भी तीस नाम दिये हैं। उनमें प्रभासखण्डोक्त नामोंसे कहीं-कहीं भेद है। श० सा० में ११ व्यान; १७ समान; २० मानव; २१ पुमान; २३, २४, २५ क्रमशः 'लक्ष्मी, सावित्री और घोर'; २६ वाराह, २७ वैराज, २८ गौरी—है शेष सब दोनोंमें एक-से हैं।

इसी प्रकार अन्यत्र भी दो-तीन स्थलोंमें तीस कल्पोंके नामोंका उल्लेख मिलता है; परन्तु उनमें भी कुछ नामोंमें भेद है।

कल्पोंकी संख्या और नामोंमें बहुत मतभेद है, हम उसका भी उल्लेख यहाँ किये देते हैं। कोई सात, कोई अट्ठारह और कोई बत्तीस कल्पोंका निर्देश करते हैं।

'प्रतिष्ठेन्दुशेखर' में (स्नान) संकल्पमें सात नाम ये गिनाये हैं—प्राणकल्प, पार्थिवकल्प, कूर्मकल्प, अनन्तकल्प, ब्रह्मकल्प, वाराहकल्प और प्रलयकल्प।

भविष्यपुराण प्रतिसर्गपर्वके चतुर्थ खण्डमें अ० २५ में कल्पोंके नाम इस प्रकार हैं— **'कल्पाश्चाष्टादशाख्यातास्तेषां नामानि मे शृणु। कूर्मकल्पो मत्स्यकल्पः श्वेतवाराहकल्पकः॥ तथा नृसिंहकल्पश्च तथा वामनकल्पकः। स्कन्दकल्पो रामकल्पः कल्पो भागवतस्तथा॥ तथा मार्कण्डकल्पश्च तथा भविष्यकल्पकः। लिङ्गकल्पस्तथा ज्ञेयस्तथा ब्रह्माण्डकल्पकः॥ अग्निकल्पो वायुकल्पः पद्मकल्पस्तथैव च। शिवकल्पो विष्णुकल्पो ब्रह्मकल्पस्तथा क्रमात्॥'** (५०—५३) अर्थात् अठारह कल्प कहे गये हैं, उनके नाम सुनो—कूर्मकल्प, मत्स्यकल्प, श्वेतवाराहकल्प, नृसिंहकल्प, वामनकल्प, स्कन्दकल्प और रामकल्प, भागवत, मार्कण्ड तथा भविष्यकल्प, लिङ्ग, ब्रह्माण्ड, अग्नि और वायुकल्प, पद्म, शिव, विष्णु और ब्रह्मकल्प।

'आह्निक सूत्रावली' में ३२ कल्पोंकी चर्चा हेमाद्रिकृत स्नान सङ्कल्पमें आयी है जिसमें रथन्तरको आदिमें गिनाया है और श्वेतवाराहको आठवाँ कहा है, यथा—**'परार्द्धद्वयजीविनो ब्रह्मणो द्वितीये परार्धे एकपञ्चाशत्तमे वर्षे प्रथममासे प्रथमपक्षे प्रथमदिवसे अह्नो द्वितीये यामे तृतीये मुहूर्त्ते रथन्तरादिद्वात्रिंशत्कल्पानां मध्ये अष्टमे श्वेतवाराहकल्पे स्वायम्भुवादिमन्वन्तराणां मध्ये सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे कृतत्रेताद्वापरकलिसंज्ञकानां चतुर्णां युगानां मध्ये वर्तमाने अष्टाविंशतितमे कलियुगे तत्प्रथमे विभागे।'**

इस सङ्कल्पसे हमें ये बातें मालूम होती हैं—ब्रह्माकी आयु दो परार्द्ध (शब्दसागरके अनुसार हमारे दो शङ्ख वर्ष) हैं। उसमेंसे आधी आयु बीत चुकी। इस समय उनके एक्यावनवें वर्षके प्रथम दिनके दूसरे प्रहरका तीसरा मुहूर्त (दण्ड) चल रहा है। रथन्तरादि बत्तीस कल्पोंमेंसे यह श्वेतवाराह नामक आठवाँ कल्प इस समय वर्तमान है।

हमने कुछ विस्तारसे इसलिये लिखा है कि हमारे देशके वैज्ञानिक अपने सद्ग्रन्थोंको प्रमाण मानकर उसके अनुसार सृष्टिके सम्बन्धमें खोज करें। केवल पाश्चात्त्य वैज्ञानिकोंके पैरोंपर न चलें। ईसाई और मुसलिम खुदाई पुस्तकोंकी अशुद्धता इस सम्बन्धमें तो इतने ही दिनोंमें स्पष्ट हो गयी।

टिप्पणी—३ *'कल्प सत'* राज्य हो अर्थात् ब्रह्माके सौ दिनोंतक हमारा राज्य स्थिर रहे। यह भी ध्वनि है कि हमारे राज्यमें ब्रह्माके सौ दिनतक प्रलय न हो। इतने दिन तो राज्य रहे पर जरा-मरणरहित सदाके लिये हो जाऊँ। (पुनः 'कल्प शत' से मेरी समझमें 'सैकड़ों कल्प' यह अर्थ अधिक उत्तम है। भाव कि ब्रह्माकी आयुभर हम अमर रहें और हमारा राज्य अकण्टक हो। यह तृष्णाका स्वरूप है। राजा

चक्रवर्ती है, चारों पदार्थ प्राप्त हैं तो भी सन्तोष नहीं हुआ, तृष्णा शान्त न हुई। ☞सौ कल्प राज्य हो, ऐसा वर माँगनेसे पाया गया कि राजा न तो ज्ञानी ही था और न भगवद्भक्त ही; क्योंकि यदि ज्ञानी होता तो ऐसे महात्माको पाकर भगवत्तत्त्व पूछता, भगवत्प्राप्ति माँगता, राज्य न माँगता। तब यह कैसे कहा गया कि राजा ज्ञानी है? यथा—*'करै जे धरम करम मम बानी। बासुदेव अर्पित नृप ग्यानी॥'* (१५६। २) उत्तर यह है कि यहाँ 'ज्ञानी' कहनेका अभिप्राय केवल यह है कि राजा धर्मात्मा था, वेद-पुराण सुननेसे उसे यह ज्ञान प्राप्त हो गया था कि बिना भगवान्को अर्पण किये कर्म बन्धनस्वरूप है इसीसे जो धर्म करता था वह भगवान्को अर्पण कर देता था। बस इतने ही अंशमें राजा 'ग्यानी' था)। (इस वरसे स्पष्ट है कि उसके भीतर प्रौढ़ देहाभिमान है और राज्यकी उत्कट वासना है। चाह ही दुःखरूपी वृक्षका दृढ़शक्तिक बीज है। चाह शेष रह जानेपर, जो सुख हैं वह भी दुःखरूप है। ज्ञानी राजा चाहके शेष रह जानेसे बड़ी भारी विपत्तिमें पड़ना चाहता है। वि० त्रि०)

नोट—२ तापससे राजाने जैसा सुना वैसा ही वर माँगा। उसने सोचा कि जब ये आदिसृष्टिसे अपना एक ही तन स्थित रख सके हैं तब इनके लिये कौन बड़ी बात है कि सौ कल्पतक हमारा राज्य इसी शरीरसे करा दें। प्रो० दीनजी कहते हैं कि जिसकी राजसी प्रकृति होती है वह बड़ी आयु चाहता है, जैसे खिजाब लगाकर लोग ईश्वरको धोखा देना चाहते हैं।

नोट ३—राजाके ज्ञानी और भक्त होनेमें सन्देह नहीं वह अवश्य ज्ञानी था। पर यहाँ ठीक वही बात है जो श्रीशंकरजीने पूर्व कही है कि *'ग्यानी मूढ़ न कोइ। जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छन होइ'* एवं *'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई॥'* श्रीरामजी मनुजीके पुत्र होने जा रहे हैं। उसी लीलाके लिये उन्हें रावण भी तैयार करना है। आगे भी *'भूपति भावी मिटहि नहिं जदपि न दूषन तोर'* यह जो कहा है वह भी इस भावका पोषक है। भावी हरि-इच्छाको भी कहते ही हैं।

कह तापस नृप ऐसेइ होऊ। कारन एक कठिन सुनु सोऊ॥ १॥
कालौ तुअ पद नाइहि सीसा। एक बिप्रकुल छाड़ि महीसा॥ २॥
तपबल बिप्र सदा बरिआरा। तिन्ह कें कोप न कोउ रखवारा॥ ३॥
जौं बिप्रन्ह बस करहु नरेसा। तौ तुअ सब* बिधि बिष्नु महेसा॥ ४॥
चल न ब्रह्मकुल सन बरिआई। सत्य कहौं दोउ भुजा उठाई॥ ५॥

शब्दार्थ—कारन (कारण)=वह जिसके बिना कार्य न हो। वह जिसका किसी वस्तु या क्रियाके पूर्व सम्बद्धरूपसे होना आवश्यक हो। साधन। वह जिससे दूसरे पदार्थकी सम्प्राप्ति हो। (श० सा०)

अर्थ—तापस राजाने कहा कि ऐसा ही हो, (पर इसमें) एक कारण है जो कठिन है, उसे भी सुन लो॥ १॥ राजन्! केवल विप्रकुलको छोड़कर काल भी तुम्हारे चरणोंपर मस्तक नवायेगा॥ २॥ तपस्याके बलसे ब्राह्मण सदा प्रबल रहते हैं, उनके कोपसे रक्षा करनेवाला कोई नहीं है॥ ३॥ हे राजन्! जो ब्राह्मणोंको वशमें कर लो तो विधि-हरि-हर सभी तुम्हारे हो जायँ॥ ४॥ ब्राह्मण-कुलसे जबरदस्ती नहीं चल सकती, मैं अपनी दोनों भुजाओंको उठाकर सत्य-सत्य कहता हूँ॥ ५॥

टिप्पणी १—*'कह तापस नृप ऐसेइ होऊ।'* इति। (क) तापस कहनेका भाव कि कपटी मुनिने यह जनाया कि हम तपस्वी हैं, हमारे तपके बलसे ऐसा होगा। *'ऐसेइ होऊ'* यह 'एवमस्तु' का अर्थ है। (ख) *'कारन एक कठिन।'* भाव कि एक कारण कठिन है जो तुमको अजर-अमर न होने देगा। वह कठिन कारण आगे कहता है। 'कारण कठिन है' अर्थात् हमसे इसका निवारण न हो सकेगा। (ग) *'सुनु सोऊ'* का भाव कि जो अगम वर हमने तुमको दिया है उसमें जो कठिन कारण है और

* १६६१ में 'सब' है। पाठान्तर—'बस'।

जो उस कठिन कारणका निवारण है वह भी हम कहते हैं, सुनो। (घ) *'एक'* का भाव कि इस कारणका उपाय हो जाय तो फिर वर रोकनेवाला दूसरा कोई कारण नहीं है। एकमात्र यही है दूसरा कोई नहीं।

टिप्पणी २—*कालौ तुअ पद नाइहि सीसा।'* (क) *'कालौ'* कहनेका भाव कि काल सबको खाता है सो भी तुम्हारे वशमें रहेगा। राजाने *'जरा मरन दुखरहित'* होनेका वर माँगा, उसीपर कपटी मुनि कहता है कि काल भी तुम्हारे चरणोंपर मस्तक नवायेगा अर्थात् वह भी तुम्हारी मृत्यु न कर सकेगा। तब औरोंकी गिनती ही क्या? (ख) *'एक बिप्रकुल छाड़ि।'* भाव कि ब्राह्मण कालसे भी प्रबल हैं। काल तुम्हारे वशमें रहेगा। त्रैलोक्य तुम्हारे वशमें रहेगा। एकमात्र ब्राह्मण वशमें नहीं रह सकते। ☞ राजाने जो वर माँगा है कि *'समर जितै जनि कोउ'* उसीके उत्तरमें कपटी मुनिने *'एक बिप्रकुल छाड़ि……'* कहा अर्थात् काल कुछ न कर सकेगा पर ब्राह्मणोंको तुम भारी वा महाकाल समझो। कालसे हम तुम्हारी रक्षा कर सकते हैं पर ब्राह्मणोंसे नहीं, जैसा आगे कहते हैं—*'तप बल बिप्र सदा बरिआरा। तिन्ह कें कोप न कोउ रखवारा।'* (कपटी मुनिने देख लिया कि भानुप्रतापका राज्य बिना ब्रह्मशापके जा नहीं सकता, अतः ब्राह्मणोंसे भय बतलाकर उसने ब्रह्मद्रोहका बीज बो दिया। वि० त्रि०)

टिप्पणी ३— (क) *'तपबल बिप्र सदा बरिआरा।'* इति। ब्राह्मणकुल तुम्हारे अधीन न होगा, यह कहकर अब उसका कारण कहते हैं कि तपबलसे ये सदा प्रबल हैं। तपका बल पूर्व कह चुके हैं। *'तप बल तें जग सृजै बिधाता।……'* इत्यादि। *'सदा बरिआरा'* कहनेका भाव कि सदा प्रबल कोई नहीं रहता, जब निर्बल हो जाते हैं तब दूसरा उनको जीत ले सकता है, किन्तु यह बात यहाँ न समझो। ये सदा प्रबल रहते हैं, इनका बल कभी नहीं घटता कि जो इन्हें कोई अधीन कर ले। यह न समझो कि हमें तो सौ कल्प रहना है, कभी तो इनका बल कम होगा तब वशमें कर लेंगे। (ख) *'तिन्ह कें कोप न कोउ रखवारा'* इति। तात्पर्य कि विप्रकोपसे हम भी तुम्हारी रक्षा नहीं कर सकते। (ग) *'जौं बिप्रन्ह बस करहु नरेसा। तौ तुअ सब…… ॥'* तात्पर्य कि ब्राह्मणोंके वश हो जानेसे त्रिदेव भी तुम्हारी आज्ञानुसार चलेंगे। यथा—*'मन क्रम बचन कपट तजि जो कर भूसुर सेव। मोहि समेत बिरंचि सिव बस ताकें सब देव॥'* (३। ३३) ☞ब्राह्मणोंको वशमें करनेको कहा पर उसका उपाय न कहा, इस विचारसे कि राजा जब पूछेगा तब बतायेंगे। युक्ति जल्दी न बतानी चाहिये, यह बात वह स्वयं आगे कहेगा, यथा—*'जोग जुगुति तप मंत्र प्रभाऊ। फुरै तबहि जब करिअ दुराऊ॥'* यदि बिना पूछे तुरन्त बता देता तो यह वचन झूठा पड़ जाता। (राजाको इसकी बात काटनेका मौका मिल जाता कि आपने हमसे 'युक्ति' बतानेमें किञ्चित् संकोच न किया और हमसे छिपानेको कहते हैं। ☞आगे जो युक्ति बाँधना है उसकी भूमिका यहींसे बाँध चला है) (घ) *'तौ तुअ सब बिधि बिष्नु महेसा'* का भाव कि जब उत्पन्न, पालन, संहार करनेवाले ही वशमें हो गये तब सब सृष्टि तो वश हो ही चुकी। (नोट—पूर्व तपकी प्रशंसा कर चुका है, इसीसे ब्राह्मणोंका बल भी तपसे ही कहा। भाव कि मैंने जो वर दिया वह तपोबलसे दिया। अतः मेरा वर तपोधनसे ही कट सकता है। और ब्राह्मण तपोधन हैं ही। राजा जानता है कि विप्रोंने जिसपर क्रोध किया उसको किसीने न बचाया इसीसे कहा कि उनको वशमें करो।)

टिप्पणी ४—*'चल न ब्रह्मकुल सन बरिआई।……'* इति। (क) ब्राह्मणकुलसे जबरदस्ती करनेको मना करता है। भाव कि जैसे सब राजाओंको जबरदस्ती जीत लिया यथा—*'जहँ तहँ परीं अनेक लराईं। जीते सकल भूप बरिआईं॥'*, वैसी जबरदस्ती विप्रकुलके साथ नहीं चल सकती क्योंकि *'तप बल बिप्र सदा बरिआरा।'* (पुनः भाव कि ब्रह्मादि देवताओंपर भी जोर चल सकता है पर इनसे वश नहीं चलता। पुनः, *'बरिआई'* का भाव कि वे शस्त्रबलसे वश नहीं हो सकते। विश्वामित्र और वसिष्ठके विरोधसे यह सिद्ध हो गया है कि क्षात्रबलसे ब्रह्मबल बहुत अधिक है। वि० त्रि०) (ख) ☞*'सत्य कहौं दोउ भुजा उठाई।'* प्रतिज्ञा वा प्रण करनेमें भुजा उठानेकी रीति है, यथा—*'पन बिदेह कर कहहि हम भुजा उठाइ*

बिसाल॥' (२४९) *'सो गोसाइँ नहिं दूसर कोपी। भुजा उठाइ कहउँ पन रोपी॥'* (२। २९९) *'निसिचर हीन करउँ महि भुज उठाइ पन कीन्ह।'* (३। ९) बातको अत्यन्त पुष्ट करनेके लिये भुजा उठाकर कहा। (ग) *'सत्य कहउँ'।* सत्य-पद दिया जिसमें राजा ब्राह्मणोंको अत्यन्त प्रबल समझे क्योंकि जबतक अत्यन्त प्रबल न समझेगा तबतक उनके वश करनेका उपाय ही क्यों पूछेगा। जिसमें उपाय पूछे इस अभिप्रायसे ऐसा कहा। (नोट—*'चल न बरिआई', 'दोउ भुजा उठाई'* और *'बिप्र श्राप बिनु'* शब्दोंसे गुप्तरीतिसे जानता है कि विप्रश्रापसे तुम्हारा नाश होगा।)

बिप्र-श्राप बिनु सुनु महिपाला। तोर नास नहिं कवनेहु काला॥६॥
हरषेउ राउ बचन सुनि तासू। नाथ न होइ मोर अब नासू॥७॥
तव प्रसाद प्रभु कृपानिधाना। मो कहुँ सर्वकाल कल्याना॥८॥

दोहा—एवमस्तु कहि कपट मुनि बोला कुटिल बहोरि।
मिलब हमार भुलाब निज कहहु त* हमहिं न खोरि॥१६५॥

शब्दार्थ—मिलब=मिलाप। भुलाब=भुलावा, भटकने या भूल जानेकी बात। त=तो।

अर्थ—हे राजन्! सुनो। ब्राह्मणोंके शाप बिना तुम्हारी मृत्यु किसी भी कालमें न होगी॥६॥ राजा उसके वचन सुनकर हर्षित हुआ (और बोला) हे नाथ! अब मेरा नाश न होगा। (वा, न हो)॥७॥ हे कृपानिधान! हे प्रभो! आपकी प्रसन्नतासे मेरे लिये सब कालमें कल्याण होगा (वा, हो)॥८॥ 'एवमस्तु' कहकर वह कुटिल कपटी (नकली) मुनि फिर बोला कि हमारा मिलना और अपना भटकना (यदि किसीसे) कहोगे तो हमारा कोई दोष न होगा॥१६५॥

टिप्पणी—१ (क) *'बिप्र-श्राप बिनु""नास नहिं कवनेहु काला।'* राजाने तो इतना ही माँगा था कि शरीर 'जरामरण दुख रहित' हो जाय, पर कपटी मुनि उसके हृदयका आशय समझ गया कि इनकी मरनेकी इच्छा नहीं है; इसीसे कहता है कि *'कवनेहु काला'* किसी कालमें तुम्हारा नाश नहीं होनेका। किसी कालमें अर्थात् नित्य प्रलय, नैमित्तिक प्रलय, महाप्रलय आदिमें भी तुम बने रहोगे। ☞इससे राजापर अपनी परम प्रसन्नता और कृपा दिखा रहा है। जितना वर राजाने माँगा उससे अधिक दिया। देवता भी अजर-अमर हैं, पर महाप्रलयमें उनका भी नाश होता है और राजाका नाश कभी न होगा, यह अधिकता है, इसीसे राजा हर्षित हुआ। जैसा आगे कहते हैं—*'हरषेउ राउ बचन सुनि तासू।'* (ख) *'हरषेउ राउ'।* इससे सूचित हुआ कि कपटी मुनिने ब्राह्मणोंके कोपका बहुत भय दिखाया था। राजाके हृदयमें भय न हुआ, क्योंकि राजा ब्रह्मण्य है। इसीसे *'बिप्र-श्राप बिनु सुनु महिपाला'* यह सुनकर न डरा और *'तोर नास नहिं कवनेहु काला'* यह सुनकर प्रसन्न हुआ। (ग) *'नाथ न होइ मोर अब नासू।'* कपटी मुनिने जो कहा था कि तेरा नाश किसी कालमें न होगा वही वर राजा माँग रहा है कि अब मेरा नाश न होवे। [*'न होइ'* का भाव यह कि ब्राह्मण हमसे अप्रसन्न ही क्यों होंगे जो हमारा नाश हो। अतएव निश्चय है कि मेरा नाश अब न होगा।]

टिप्पणी—२ (क) *'तव प्रसाद प्रभु कृपानिधाना'* का भाव कि कल्याण निष्कण्टक अविनाशी राज्य, अविनाशी शरीर और सुखमय जीवन इत्यादि बहुत भारी सुकृतसे होते हैं, हमारे ऐसे सुकृत कहाँ हैं, यह सब आपके प्रसाद (प्रसन्नता) से, आपके प्रभुत्व (सामर्थ्य) से और आपकी समुद्रवत् कृपासे होंगे। (ख) *'मो कहुँ सर्वकाल कल्याना'* इति। जब कपटी मुनिने राजाको उसके माँगनेसे अधिक वर दिया कि *'तोर नास नहिं कवनेहु काला'* तब राजाने (यह सोचकर कि मैंने तो सौ कल्पतक राज्य माँगा है, सो तो इन्होंने पूर्व ही दे दिया, अब सदाके लिये अमर कर दिया तो यह निश्चय है कि सौ कल्पके बाद मेरा राज्य

* १६६१ में 'तहँ हमहि' पाठ है।

न रहेगा, शरीर अवश्य रहेगा, किन्तु पराधीन रहकर यदि जीवन भी बना रहा तो वह किस कामका? अतएव वह अब यह वर माँगता है कि मेरा 'सर्वकाल कल्यान' हो। अर्थात् शरीरपर्यन्त राज्य भी बना रहे, हम अविनाशी तो हुए ही, हमारा राज्य भी अविनाशी हो। 'सर्वकाल' अर्थात् सदा निष्कण्टक राज्य रहे। (नोट—पं० रामकुमारजीने *'होइ'* का अर्थ 'होवे' या 'हो' लिखा है। अर्थात् राजा वर माँगता है कि ऐसा हो। इसीसे आगे तापसने *'एवमस्तु'* कहा है। वि० त्रि० भी यही अर्थ करते हैं।)

टिप्पणी ३—*'एवमस्तु कहि कपट मुनि बोला कुटिल बहोरि"""।'* इति। [(क) जब 'तापस' कहा तब *'ऐसेइ होऊ'* भाषाके शब्द कहे और जब मुनि कहा तब *'एवमस्तु'* देववाणीका शब्द कहा, अर्थ एक ही है।] (ख) यहाँ कपट मुनि और कुटिल दो विशेषण देकर जनाया कि कपटी मुनि कपटी भी है और कुटिल भी। *'एवमस्तु'* कहनेमें कपट मुनि कहा, क्योंकि एवमस्तु कपटसे कहा गया है। राजाके इस कथनपर कि 'मेरा नाश न हो, सब कालमें कल्याण हो, तापसने वचनसे तो एवमस्तु कहा पर अन्तः-करणमें वह राजाके नाशका उपाय विचार रहा है, यही कपट और कुटिलता है और *'मिलब हमार भुलाब निज कहहु त हमहिं न खोरि'* ये वचन कुटिलताके हैं। (ग) भुला जानेमें ही इस कपटीके दर्शन हुए हैं, यथा—*'फिरत अहेरें परेउँ भुलाई। बड़े भाग देखेउँ पद आई॥'* अतएव *'भुलाब निज'* कहा। (घ) *'कहहु त हमहिं न खोरि'* हमारा दोष नहीं है अर्थात् हम पहिलेहीसे तुम्हें जनाये देते हैं, तुम आज्ञा न मानोगे तब हमारा दोष क्या? तुम्हारा नाश तुम्हारी करनीका फल होगा। पुनः भाव कि हम तुमसे न बताते, यह बात छिपा रखते, तो हमको अवश्य दोष लगता। किसीको अपनाकर फिर उससे दुराव करना दोष है (यह भूमिका वह पहले ही बाँध चुका है) यथा—*'अब जौं तात दुरावौं तोही। दारुन दोष घटै अति मोही॥'* (१६२। ४) अतएव दोषसे बचनेके लिये तुमको यह बात भी बता दी जिसमें पीछे यह न कहो कि आपने तो गुप्त रखनेको बताया न था। (ङ) ☞प्रथम बार जब वर दिया तब ब्राह्मणोंको वशमें करनेका आदेश किया, यथा—*'कह तापस नृप ऐसेइ होऊ'* इत्यादि। अब *'एवमस्तु'* कहकर अपनेसे भेंट होनेकी बात दूसरेसे कहनेको मना करता है। ऐसा कहनेमें कपटी मुनिका आन्तरिक अभिप्राय यह है कि राजा लोभके वश होकर दोनों बातें करे; क्योंकि इन दोनों बातोंमें तापसका हित है, उसका स्वार्थ सिद्ध होगा। कहनेको मना करनेमें गुप्त आशय यह है कि कोई जान लेगा तो हमारा भण्डा फूट जायगा, कपट खुल जायगा और प्रत्यक्ष मतलब शब्दोंका यह है कि युक्ति प्रकट कर देनेसे विघ्न होगा, इसीसे प्रकट करनेको मना किया।

नोट—*'मिलब हमार'* और *'भुलाब निज'* दोनों गुप्त रखनेको कहा। क्योंकि एक भी प्रकट होनेसे दूसरा अवश्य प्रकट हो जायगा। मन्त्री परम सयाना है, ताड़ जायगा कि किसी शत्रुने तापस वेष राजाके नाशके लिये बनाकर नाशका उपाय रचा है। वनमें ढुँढ़वाकर उसको मार ही डालेगा। इसीसे बड़ी युक्तिसे मना किया है।

तातें मैं तोहि बरजौं राजा। कहें कथा तव परम अकाजा॥ १॥
छठें श्रवन यह परत कहानी। नास तुम्हार सत्य मम बानी॥ २॥
यह प्रगटें अथवा द्विजश्रापा। नास तोर सुनु भानुप्रतापा॥ ३॥
आन उपाय निधन तव नाहीं। जौं हरि हर कोपहिं मन माहीं॥ ४॥

अर्थ—इसीसे मैं तुझे मना करता हूँ। हे राजन्! इस प्रसङ्गके कहनेसे तेरी अत्यन्त हानि होगी॥ १॥ छठे कानमें इस बातके पड़ते ही तुम्हारा नाश होगा,* हमारा यह वचन सत्य है॥ २॥ हे भानुप्रताप! सुनो,

* 'षट् कर्णे भिद्यते मन्त्रस्तथा प्राप्तश्च वार्तया। इत्यात्मना द्वितीयेन मन्त्रः कार्यो महीभृता॥' (सरयूदासजीकी गुटका)। अर्थात् सलाह की हुई बात छठे कानमें पड़ते ही फैल जाती है, इसलिये राजाको किसी एक प्रधान अमात्यके साथ ही सलाह करनी चाहिये।

इस बातके प्रकट होनेसे या विप्रशापसे तुम्हारा नाश होगा॥ ३॥ और किसी भी उपायसे तुम्हारा नाश न होगा चाहे हरि और हर ही मनमें कोप क्यों न करें॥ ४॥

नोट—१६६१ में *'कोपहि'* पाठ है। यहाँ हरिहरका निरादर सूचित करनेके लिये भी एकवचनका प्रयोग कहा जा सकता है।

टिप्पणी—१ (क) *'तातें मैं तोहि बरजौं।'* भाव कि मैं गुप्त रहता हूँ, मुझे कोई न जाने और जो कार्य करना है वह भी गुप्त रखनेयोग्य है (जैसा आगे कहेगा), यथा—*'जौं नरेस मैं करउँ रसोई। तुम्ह परुसहु मोहि जान न कोई॥'* अतः मैं मना करता हूँ क्योंकि फिर काम न हो सकेगा। (ख) *'तव परम अकाजा'* अर्थात् विशेष कार्यकी हानि है। जो प्रथम कह आये कि *'जरा मरन दुखरहित तनु समर जितै जिनि कोउ।.....'* यह सब कार्य नष्ट हो जायेगा, तुम्हारा मरण होगा। मरण आगे कहता ही है, यथा—*'छठे श्रवन यह परत कहानी। नास तुम्हार.....।'* अतएव मैं तुझे मना करता हूँ जिसमें *'हमहिं न खोरि।'* बातको स्पष्ट कह देनेसे दोष नहीं लगता, यथा—*'कहौं पुकारि खोरि मोहि नाहीं।'* (२७४। ३) अकाजके दो अर्थ हैं। एक तो कार्यका नष्ट होना, दूसरे मरण होना, यथा—*'सोक बिकल अति सकल समाजू। मानहु राजु अकाजेउ आजू॥'* (२। २४) यहाँ दोनों अर्थमें प्रयुक्त हुआ है। (ग) *'छठे श्रवन परत।'* भाव कि (दो कान तुम्हारे, दो हमारे, हम दोनोंतक बात रही तबतक हानि नहीं है। जब तीसरेके कानोंमें पड़ेगी तभी छठे कानमें पड़ना कही जायगी अतएव) तीसरेसे न कहना। किसी दूसरेसे कहनेमें कपटी मुनिने अपना शाप लगा दिया कि यह कथा कही नहीं कि मृत्यु हुई। [*'छठें श्रवन'* पदसे श्लेषद्वारा यह गुप्त अर्थ प्रकट होता है कि कालकेतुके कानोंमें यह बात पड़ते ही अवश्य नाश होगा। मेरी वाणी ध्रुव सत्य होगी] (घ) *'नास तोर'* इति। पहले मृत्युका एक ही कारण था; यथा—*'कारण एक कठिन सुनु सोऊ॥ कालौ तुअ पद नाइहि सीसा। एक बिप्रकुल छाड़ि महीसा॥'* अब मृत्युके दो कारण हुए जैसा आगे वह स्पष्ट कहता है, *'यह प्रगटें अथवा द्विजश्रापा। नास तोर सुनु भानुप्रतापा॥'* (घ) *'सत्य मम बानी'* कहकर भय दिखाया जिसमें किसीसे कहे नहीं। वह शङ्कित है कि कहनेसे कहीं कोई हमारा छल भाँप न ले। (*'सत्य'* का भाव कि अनुनय-विनयसे इसमें परिवर्तन नहीं हो सकता। वि० त्रि०)

नोट—आदिसे बराबर उलटा नाम आया है। यहाँ नाशके साथ ठीक नाम 'भानुप्रताप' दिया है क्योंकि नाश तो इसीका होना है।

टिप्पणी—२ *'यह प्रगटें अथवा द्विजश्रापा'* इति। ☞कपटी मुनि हृदयमें कैसा शङ्कित है, यह शब्दोंमें दिखा रहे हैं। बात प्रकट होनेका अत्यन्त डर लगा हुआ है इसीसे पहले प्रकट करनेमें नाश होना कहता है तब द्विजश्रापसे। 'प्रकटना' मुख्य है, विप्रशाप *'अथवा'* में है अर्थात् गौण है। प्रकट करनेसे उसका कपट खुल जानेकी अत्यन्त सम्भावना है इसीसे प्रकट करनेको बारम्बार मना करता है और बारम्बार भय दिखाता है, यथा—*'मिलब हमार भुलाब निज कहहु त हमहिं न खोरि।'* (१), *'तातें मैं तोहि बरजौं राजा। कहें कथा तव परम अकाजा॥'* (२), *'छठें श्रवन यह परत कहानी। नास तुम्हार सत्य मम बानी॥'* (३) और *'यह प्रगटे अथवा द्विजश्रापा'* (४) लगातार प्रत्येक चौपाईमें मना किया है। यहाँ 'विकल्प अलङ्कार' है। [नोट—क्रमसे भयप्रदर्शन उत्तरोत्तर अधिक होता गया है। प्रथम *'हमहिं न खोरि'* अर्थात् कहोगे तो हमें दोष न देना कि हमसे कहा न था। दूसरेमें *'तव परम अकाजा'* कहा अर्थात् तुम्हारा सब काम बिगड़ जायगा, हमारा क्या जायगा? दो बार तो कहनेसे मना किया। तीसरी और चौथी बार आज्ञा उल्लङ्घन करनेका फल दिखाया एवं प्रकट करनेमें अपना शाप दिया कि तेरा नाश होगा।]

टिप्पणी ३—*'आन उपाय निधन तव नाहीं। जौं हरि हर......'* इति। (क) *'आन उपाय'* का भाव कि कोई भी तुम्हारे नाशका उपाय करे तो वह कारगर न होगा। (ख) *'जौं हरि हर कोपहिं'* का भाव कि इनके मारनेसे जगत् मरता है, इनके जिलानेसे जीता रहता है; पर इनके भी कोपसे तुम्हारा नाश न होगा। (ग) विप्रके कोपसे नाश होगा इससे जनाया कि ब्राह्मण त्रिदेवसे श्रेष्ठ हैं और विप्रकोप हरिहरके कोपसे

अधिक है, यथा—*'इंद्र कुलिस मम (सिव) सूल बिसाला। कालदंड हरिचक्र कराला॥ जो इन्हकर मारा नहिं मरई। बिप्ररोष पावक सो जरई॥'* (७। १०९) तात्पर्य कि हरिहरके कोपसे हम तुम्हारी रक्षा करेंगे, यथा—*'राखै गुर जो कोप बिधाता'* विप्रकोपसे हम नहीं बचा सकेंगे, यथा—*'तपबल बिप्र सदा बरिआरा। तिन्ह कें कोप न कोउ रखवारा।'* (घ) ☞प्रथम जो कहा था कि *'जौं बिप्रन्ह बस करहु नरेसा। तौ तुअ सब बिधि बिष्णु महेसा॥'* उसीको यहाँ *'जौं हरि हर कोपहिं'* कहकर स्पष्ट करते हैं। अर्थात् ब्राह्मणभक्तिसे प्रसन्न होकर त्रिदेव वशमें हो जाते हैं इसीसे उनके कोपसे नाश नहीं हो सकता। [नोट—पूर्व विधिहरिहरका वश होना कहा और क्रोधमें दोहीको कहा। कारण कि विधि तो उत्पत्ति भर करते हैं, सो जन्म तो हो ही चुका अब उनका कोई काम न रह गया। दूसरे, अपने द्वारा उत्पन्न की हुई वस्तुको साधारण मनुष्य भी स्वयं नहीं नष्ट करता तब ब्रह्मा क्यों नष्ट करने लगे। पालन न करनेसे नाश होता है अतएव 'हरि' का नाम लिया और हर तो संहारके देवता ही हैं।]

सत्य नाथ पद गहिं नृप भाषा। द्विज गुर कोप कहहु को राखा॥५॥
राखै गुर जौं कोप बिधाता। गुर बिरोध नहिं कोउ जग त्राता॥६॥
जौं न चलब हम कहें तुम्हारें। होउ नास नहिं सोच हमारें॥७॥
एकहि डर डरपत मन मोरा। प्रभु महिदेव श्राप अति घोरा॥८॥

दो०—होहिं बिप्र बस कवन बिधि कहहु कृपा करि सोउ।
तुम्ह तजि दीनदयाल निज हितू न देखौं कोउ॥१६६॥

शब्दार्थ—राखा=रक्षा की। त्राता=रक्षक, बचानेवाला।

अर्थ—राजाने मुनिके चरणोंको पकड़कर कहा कि हे नाथ! आप सत्य कहते हैं (भला) कहिये तो ब्राह्मण और गुरुके कोपसे किसने रक्षा की है? यदि ब्रह्मा कोप करें तो गुरु बचा सकते हैं।* पर गुरुसे विरोध करनेपर जगत्‌में कोई भी रक्षा करनेवाला नहीं॥६॥ जो मैं आपके कहनेपर न चलूँगा तो अवश्य नाश हो जाय, हमें इसका सोच नहीं॥७॥ पर, प्रभो! मेरा मन एक ही डरसे डर रहा है कि ब्राह्मण-शाप बड़ा कठिन (भयङ्कर) होता है॥८॥ ब्राह्मण किस प्रकार वशमें हों, यह भी कृपा करके कहिये। हे दीनदयालु! आपको छोड़कर मैं किसीको भी अपना हितकर नहीं देखता॥१६६॥

टिप्पणी—१ (क) *'सत्य नाथ।'* मुनिने कहा कि हमारा वचन सत्य है, यथा—*'छठें श्रवन यह परत कहानी। नास तुम्हार सत्य मम बानी॥'* राजा इसीको पुष्ट करता है कि आपका वचन सत्य है। (ख) *'पद गहि।'* तापसने कहा था कि हरिहर भी कोप करें तो भी किसी प्रकार नाश न होगा, यह सुनकर राजाको हर्ष हुआ। अतएव (कृतज्ञता और प्रसन्नता जनानेके लिये) चरण पकड़े, यथा—*'सुनि सुबचन भूपति हरषाना। गहि पद बिनय कीन्ह बिधि नाना॥'* (पुनः, *'सत्य मम बानी'* से जैसे प्रतिज्ञापूर्वक कथन सूचित होता है वैसे ही राजाने *'पद गहि'* कहा कि सत्य है।) (ग) *'द्विज गुर कोप।'* मुनिने द्विजका कोप कहा था, यथा—*'यह प्रगटें अथवा द्विजश्रापा।'* राजाने द्विज और गुरु दोनोंका कोप कहा। तात्पर्य कि गुरुने कथा कहनेको मना किया, न माननेसे गुरुकोप हुआ, इसीसे राजाने द्विजकोप और गुरुकोप दोनों कहे। (घ) ☞राजाने अब कपटी मुनिको गुरु भी मान लिया, पिता और स्वामी तो पहले ही

* 'राखै गुरु०' सुन्दर कविकृत कवित्त इसी विषयपर पढ़ने योग्य है—'गोविन्दके किये जीव जात है रसातलको गुरु उपदेशे सोतो छूटे फंद ते। गोविन्दके किये जीव वश परें कर्मनके गुरुके निवाजे सो तो फिरत स्वच्छन्द ते। गोविन्दके किये जीव बूड़ै भवसागरमें, सुन्दर कहत गुरु काढ़े दुख द्वन्द्व ते। औरहू कहाँ लौं कछु मुख ते कहौं बनाइ गुरुकी तो महिमा है अधिक गोविन्द ते॥' (सुन्दर विलास)।

मान चुका था। *'मोहि मुनीस सुत सेवक जानी'* यहाँ पिता और स्वामी माना और *'द्विज गुर कोप कहहु को राखा'* यहाँ गुरु माना। (ङ) *'राखै गुर जौं कोप बिधाता।'* प्रथम हरिहरका कोप करना कह आये—*'जौं हरिहर कोपहिं मन माहीं।'* अब ब्रह्माका कोप कहते हैं। इस तरह सूचित किया कि ब्रह्मा-विष्णु-महेश तीनोंके कोपसे गुरु बचा सकते हैं। गुरुके विरोधसे ब्रह्मा-विष्णु-महेश कोई भी नहीं रक्षा कर सकते। उत्तरकाण्डमें कथा है कि शिवजीने शूद्रपर कोप करके शाप दिया तब गुरुने रक्षा की। बृहस्पतिका कोप इन्द्रपर हुआ तब वह राज्यभ्रष्ट हुआ, किसीने रक्षा न की, जब वह बृहस्पतिहीकी शरण गया तब फिर सब बन गया। शुक्रके कोपसे दण्डक राजा भस्म हो गये, किसीने रक्षा न की। वसिष्ठजीके कोपसे त्रिशंकुकी क्या दशा हुई। (नोट—प्रथम *'द्विज गुर कोप कहहु को राखा'* कहकर दोनोंको समान कहा, फिर गुरुकोपमें अधिकता दिखायी। यहाँ 'विशेष अलङ्कार' है।)

टिप्पणी २—(क) *'जौं न चलब हम कहें तुम्हारें........।'* इति। ☞राजाके मनमें है कि हमारा नाश न हो, यथा—*'नाथ न होइ मोर अब नासू।'* रहा गुरुके प्रतिकूल चलना, उससे अपना नाश अङ्गीकार करता है कि हमारा नाश हो, हमें सोच नहीं है। गुरुकी प्रसन्नतासे रक्षा होती है, यथा—*'सहित समाज तुम्हार हमारा। घर बन गुर प्रसाद रखवारा॥'* (२। ३०६) जब गुरुकी प्रसन्नता न होगी तब तो नाश होगा ही। (ख) *'नास होउ नहिं सोच हमारें'* का भाव कि हम नाशके योग्य काम ही न करेंगे तब हमारा नाश क्यों होगा, और जब नाशके योग्य काम ही करेंगे तब नाश होगा ही, इसमें हमारा ही दोष है; यह समझकर सोच नहीं है। (ग) *'एकहि डर डरपत मन मोरा।'* नाशके लिये दो डर दिखाये हैं, एक तो कथाका प्रकट करना, दूसरा विप्रश्राप, यथा—*'यह प्रगटें अथवा द्विज श्रापा। नास तोर सुनु भानुप्रतापा॥'* राजा कहते हैं कि इनमेंसे एक ही डरसे हमारा हृदय धड़कता है, दूसरेसे नहीं। इस कथनका तात्पर्य यह है कि दूसरा डर तो हमारे अधीन है। आपने प्रकट करनेको मना किया। हम न प्रकट करेंगे, यह तो हमारे वशकी बात है, पर दूसरा हमारे वशका नहीं है। इसीसे हमें भय लगता है। (घ) *'प्रभु महिदेव श्राप अति घोरा'। 'अति घोरा'* का भाव कि आप ब्रह्मा, विष्णु, महेशके कोपसे बचा लेनेको कहते हैं, ब्राह्मणके कोपसे नहीं, यथा—*'तप बल बिप्र सदा बरिआरा। तिन्ह कें कोप न कोउ रखवारा॥'* इससे सिद्ध हुआ कि त्रिदेवका कोप घोर है और विप्रकोप अति घोर है। (वे रुष्ट होते ही शाप दे देते हैं और वह अप्रतिक्रिय होता है। यथा—*'इंद्र कुलिस मम सूल बिसाला। कालदंड हरिचक्र कराला॥ जो इन्ह कर मारा नहिं मरई। बिप्र रोष पावक सो जरई॥'* वि० त्रि०)

टिप्पणी ३— (क) *'होहिं बिप्र बस कवन बिधि'* इति। कपटी मुनिने प्रथम विप्रोंको वशमें करनेको कहा, यथा—*'जौं बिप्रन्ह बस करहु नरेसा।'* विप्रोंके साथ जबरदस्ती करनेको मना किया, यथा—*'चल न ब्रह्मकुल सन बरिआई। सत्य कहउँ दोउ भुजा उठाई॥'* अर्थात् जैसे राजाओंको भुजबलसे जीता, वैसे ब्राह्मण नहीं जीते जाते। (ध्वनि इसमें यह है कि इनके वश करनेका दूसरा उपाय है जो हम जानते हैं।) इसीसे राजा वह उपाय पूछता है जिससे वे वशमें हो जायँ। (ख) *'कहहु कृपा करि सोउ।' 'सोउ'* का भाव कि जैसे कृपा करके वर माँगनेको कहा और वर दिया, वैसे ही कृपा करके यह भी कहिये। (वा, जैसे आपने बताया कि विप्रको भुजबलसे जीता नहीं जाता, और जैसे यह कहा कि विप्रोंको वश कर लो जिसमें वे कोप ही न करें; वैसे ही वश करनेका उपाय भी कहिये।) (ग) *'तुम्ह सम दीनदयाल निज हितू न देखौं........।'* ☞जो कपटीके पाले पड़ जाता है उसे कपटीके समान दूसरा कोई हितुआ (हितैषी) नहीं देख पड़ता। जैसे कैकेयीको कपटिन मंथराके समान हितैषी कोई न समझ पड़ा, यथा—*'तोहि सम हित न मोर संसारा। बहे जात कै भइसि अधारा॥'* (२। २३) *'निज हितू न'* अर्थात् मेरे तो आप ही सबसे बड़े हित हैं। जरा-मरण-दु:खरहित किया, सौ कल्पका निष्कण्टक राज्य दिया, ऐसा हितैषी कौन होगा। *'दीनदयाल'* का भाव कि और सब स्वार्थके हित हैं, आप दीनदयाल हैं, मेरी दीनता देखकर आपने दया की।

ब्राह्मणोंको वश करानेमें भी आपको छोड़कर दूसरा हितैषी नहीं देख पड़ता। [द्विजद्रोहका बीज उग गया। जो *'गुर सुर संत पितर महिदेवा। करै सदा नृप सब कर सेवा॥'*, वही राजा आज अपने स्वामी (महिदेव) को अपना वश्य करनेकी विधि पूछता है। (वि० त्रि०)]

सुनु नृप बिबिध जतन जग माहीं। कष्ट साध्य पुनि होहि कि नाहीं॥ १॥
अहै एक अति सुगम उपाई। तहाँ परंतु* एक कठिनाई॥ २॥
मम आधीन जुगुति नृप सोई। मोर जाब तव नगर न होई॥ ३॥
आजु लगें अरु जब तें भएऊँ। काहू के गृह ग्राम न गएऊँ॥ ४॥
जौं न जाउँ तव होइ अकाजू। बना आइ असमंजस आजू॥ ५॥

शब्दार्थ—**कष्ट साध्य**=जिसके साधन वा यत्नमें बड़ा कष्ट हो, जिसका करना कठिन है। **असमंजस**=दुबिधा, अड़चन, कठिनाई।

अर्थ—राजन्! सुनो, संसारमें बहुतेरे उपाय हैं, पर उनका साधन कठिन है और फिर भी सिद्ध हों या न हों॥ १॥ (हाँ) एक उपाय बहुत ही सुगम है पर उसमें भी एक कठिनता है॥ २॥ हे नृप! वह युक्ति मेरे अधीन है और मेरा जाना तुम्हारे नगरमें हो नहीं सकता॥ ३॥ जबसे मैं पैदा हुआ तबसे आजतक मैं किसीके घर-गाँव नहीं गया॥ ४॥ और जो नहीं जाता हूँ तो तेरा काम बिगड़ जायगा, आज यह बड़ा असमंजस आ पड़ा है॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'बिबिध जतन'* इससे कपटी मुनिने अपनी बड़ी जानकारी दर्शित की। इससे जनाया कि संसारभरके सब यत्न हमारे जाने हुए हैं। राजाने पूछा था कि विप्र कौन विधिसे वश हों वह उत्तर देता है कि एक-दो विधियाँ नहीं किंतु अगणित विधियाँ वश करनेकी हैं। (ख) *'जग माहीं'* का भाव कि जगत्के लोग जानते हैं। इस तरह जगत्भरके यत्नोंको सामान्य वा साधारण सूचित करके तब अपने यत्नको विशेष और सुगम बताता है जिसमें हमारे कहे हुए यत्नमें श्रद्धा हो। (ग) *'अहै एक अति सुगम उपाई'* इति। पूर्व जगत्के उपाय कहे; अब अपना उपाय बताता है। दोनोंमें भेद दिखाते हैं। वहाँ *'बिबिध'* उपाय, यहाँ *'एक'* उपाय। वे कष्टसाध्य हैं, यह *'अति सुगम'* अर्थात् इस उपायमें कठिनता नहीं है [वहाँ कष्ट उठानेपर भी सन्देह है कि कार्य सिद्ध हो वा न हो और यह तो अपने अधीन है। अतः इसमें सफलता निश्चित है। *'कष्ट साध्य पुनि होहि कि नाहीं'* सुनकर राजा निराश हुआ, उदासी छा गयी तब कपटी मुनिने श्रद्धा बढ़ानेवाली बात कही कि 'एक' बहुत ही सुगम उपाय है। वह उपाय 'एक' ही है दूसरा नहीं। *'एक'* कहनेमें भाव कि और सब पराधीन हैं। जिनमें मेरी जरूरत नहीं वे सब कष्टसाध्य हैं। *'अति सुगम'* यही एक है। *'अति सुगम'* कहा, जिसमें राजा इसके लिये हठ करे]। (घ) *'तहाँ परंतु एक कठिनाई।'* उपाय तो अति सुगम है, उपायमें कठिनता नहीं है, कठिनता उससे पृथक् है। भाव कि जगत्के जितने उपाय हैं उनके करनेमें कठिनता है और इस उपायके करनेमें कठिनता नहीं है। कठिनतामें इतना ही भेद है। पर कठिनता इसमें जो है वह दूसरी बातकी है जो आगे कहता है, उपाय कठिन नहीं है। ☞उपायको अत्यन्त सुगम और विशेष कहकर तब एक कठिनाई कही जिसमें राजा उपायके लोभसे कठिनता अङ्गीकार कर ले। अर्थात् चलनेके लिये विनय करे। ऐसा ही हुआ भी। ☞प्रथम वर देकर वरके सिद्ध होनेमें एक कठिन कारण लगा दिया कि ब्राह्मणोंको छोड़ सभी तुम्हारे वशमें होंगे, ब्राह्मणोंको वशमें करो—यह अपना प्रयोजन सिद्ध किया।—*'कह तापस नृप ऐसेइ होऊ। कारन एक कठिन सुनु सोऊ॥'* और यहाँ वशमें करनेके उपायमें कठिनाई कहता है कि यह उपाय मेरे अधीन है, यह भी अपना प्रयोजन सिद्ध किया।

* १६६१में 'परतु' है।

वि० त्रि०—सरल पुरुषका तबतक पतन नहीं होता, जबतक वह कुटिल न हो जाय, अतः पतन चाहनेवाले हानि-लाभ दिखलाकर उसे कुटिलताकी ओर अग्रसर करते हैं। कपटी मुनिने इसे पहले मन्त्रीसे बात छिपाना सिखाया और अब छल (माया) को स्थान देनेके लिये विवश कर रहा है।

टिप्पणी—२ (क) *'मम आधीन जुगुति नृप सोई।'* अर्थात् इस युक्तिको जगत्में दूसरा कोई नहीं जानता, एकमात्र हम ही जानते हैं, वेदों-पुराणोंमें भी नहीं है। तापसका यह कथन सत्य ही है। अन्न खानेसे सब ब्राह्मण वशमें हो जायँ ऐसा कहीं भी उल्लेख नहीं है। ☞प्रथम यत्न कहा, यथा—*'सुनु नृप बिबिध जतन जग माहीं'* फिर उपाय कहा—*'अहै एक अति सुगम उपाई'* और अब युक्ति कहता है—*'मम आधीन जुगुति……।'* इस तरह *'जतन'*, *'उपाई'* और *'जुगुति'* को पर्याय जनाया। (ख) ☞जब राजा मिले तब उनसे प्रीति करनी पड़ी। उस समय मुनिने कहा था कि *'अब लगि मोहि न मिलेउ कोउ मैं न जनावौं काहु'* अब राजाके नगरमें जाना पड़ेगा, इसीसे कहता है कि *'मोर जाब तव नगर न होई।'* यही कठिनाई है कि 'हम जा नहीं सकते' क्यों नहीं जा सकते यह आगे कहते हैं। (ग) *'आजु लगें अरु जब तें भएऊँ।……'* इति। *'जब तें भएऊँ'* से सूचित किया कि हम वनमें ही पैदा हुए अर्थात् मुनिकुलमें वनहीमें रहे। (घ) *'काहू के गृह ग्राम न गएऊँ।'* पूर्व नगरको कह चुका है, *'मोर जाब तव नगर न होई।'* अब 'ग्राम और घर भी नहीं जाता' यह कहता है। तात्पर्य कि हम परम विरक्त हैं इससे ग्राम, पुर, नगर एवं किसीके घर कहीं भी नहीं जाते। यह प्रथम ही कह चुका है कि आजतक हमें कोई भी मनुष्य न मिला क्योंकि हम गुप्त रहते हैं, यथा—*'ताते गुपुत रहौं बन माहीं।'* और न आजतक हम बस्तीमें गये यह यहाँ कहा। न गये क्योंकि हमें किसीसे कोई प्रयोजन नहीं है, यथा—*'हरि तजि किमपि प्रयोजन नाहीं।'* इसपर यदि कहें कि बिना किसी मनुष्यके मिले सब बातोंकी जानकारी आपको कैसे हुई तो इसे प्रथम ही कह आये हैं कि *'गुर प्रसाद सब जानिअ राजा।'*

टिप्पणी ३— (क) *'जौं न जाउँ तव होइ अकाजू।'* इति। *'मोर जाब तव नगर न होई'* इस कथनसे कपटकी बात निर्जीव हो गयी (अर्थात् आगे कपट-छल करनेकी बात ही खतम हो गयी), अतएव उसे पुनः सजीव करता है कि *'जौं न जाउँ……।'* (ख) *'बना आइ असमंजस।'* भाव कि हमने असमंजस होनेका काम नहीं किया, असमंजस स्वयं आकर बन गया अर्थात् अच्छी तरह असमंजस हो गया कि टालने योग्य नहीं है। (ग) *'आजू'* का भाव कि अबतक हमें कोई न मिला था इसीसे कभी असमंजसका योग न लगा था, आज तुम्हारे मिलनेसे असमंजसका अवसर प्राप्त हो गया। (घ) ☞कपटी मुनि प्रत्यक्षमें राजाके अकाजको बचाता है, यथा—*'कहें कथा तव परम अकाजा'*, *'जौं न जाउँ तव होइ अकाजू।'* और काज करनेको कहता है, यथा—*'अवसि काज मैं करिहौं तोरा।'* (१६८। ३) *'सब बिधि तोर सँवारब काजा।'* (१६९। ६)

नोट—*'मम आधीन'* अर्थात् और कोई इसे नहीं जानता न कर सकता है। *'गृह ग्राम न गएऊँ'* अर्थात् घरकी कौन कहे ग्रामसे होकर भी न निकला। वह उपाय मेरे अधीन है यह सुनकर राजा प्रार्थना करता परंतु जब उसने कहा कि मैं किसीके घर-गाँव कभी नहीं गया तब राजा क्या कहता? मुनिसे हठ न कर सकता था। कपटी मुनिने यह समझकर फिर अपने वचनोंको सँभाला और कहा कि *'जौं न जाउँ तव होइ अकाजू। बना……'* जिसका भीतरी अभिप्राय यह है कि मैं अवश्य जाऊँगा, यदि किंचित् भी प्रार्थना करोगे। *'बना आइ'* का भाव यह कि होनहारवश हरि-इच्छासे ऐसा असमंजस आप ही आ पड़ा, मैं तुमको बुलाने तो गया न था। असमंजस यह कि न जाऊँ तो तेरा काम बिगड़ता है और जाता हूँ तो मुझे दोष लगेगा, इससे न रह ही सकता हूँ और न जा ही सकता हूँ। मेरा नियम भङ्ग न हो और तुम्हारा काम भी बन जाय, इन दोनों बातोंका सामंजस्य नहीं बैठता। (रा० प्र०, पंजाबीजी) यहाँ 'सन्देह अलङ्कार' है। (प्र० सं०)

☞लोभसे अन्धा करके ही धूर्त्त संसारको ठगते हैं। आँख खोलकर यदि देखा जाय तो जनताको वही धूर्त्त वश करनेमें समर्थ होता है, जो अपने प्रलोभनका विश्वास जनताको करा देनेमें समर्थ होता है। बड़े-बड़े बुद्धिमान् ऐसे ही प्रलोभनसे अन्धे होकर महाधूर्त्तको महात्मा मानकर मारे जाते हैं। स्वार्थमें अन्धा होकर राजाने यह न समझा कि केवल नीतिमत्ता तथा सरलतादि गुणको देखकर घंटेभरमें एक महाविरक्तको ऐसी प्रीति कैसे उत्पन्न हो सकती है कि महादुर्लभ वर देकर अपने तपको क्षीण करे और अपने जन्मभरके नियम तोड़ दे। (वि० त्रि०)

अलङ्कार—*'होहिं कि नाहीं'* में वक्रोक्ति है। *'मोर जाब तव नगर न होई।'* इसका समर्थन ज्ञापक हेतुद्वारा किया कि जबसे पैदा हुआ कहीं नहीं गया—'काव्यलिङ्ग अलङ्कार' है।

सुनि महीस बोलेउ मृदु बानी। नाथ निगम असि नीति बखानी॥ ६॥
बड़े सनेह लघुन्ह पर करहीं। गिरि निज सिरनि सदा तृन धरहीं॥ ७॥
जलधि अगाध मौलि बह फेनू। संतत धरनि धरत सिर रेनू॥ ८॥

दोहा—अस कहि गहे नरेस पद स्वामी होहु कृपाल।
मोहि लागि दुख सहिअ प्रभु सज्जन दीनदयाल॥ १६७॥

शब्दार्थ—नीति=सदाचार, मर्यादाका व्यवहार। मौलि=मस्तक।

अर्थ—यह सुनकर राजा कोमल मीठे वचन बोला—हे नाथ! वेदोंने ऐसी नीति कही है॥ ६॥ (कि) बड़े लोग छोटोंपर स्नेह करते हैं। पर्वत अपने सिरोंपर सदा तिनकेको धारण किये रहते हैं॥ ७॥ अथाह समुद्रके मस्तकपर फेन सदा बहा करता है। पृथ्वी अपने सिरपर सदा धूलि धारण किये रहती है॥ ८॥ ऐसा कहकर राजाने पाँव पकड़ लिये (और बोला) हे स्वामी! कृपा कीजिये। हे प्रभो! हे सत्पुरुष! हे दीनोंपर दया करनेवाले! मेरे लिये दुःख सहिये॥ १६७॥

☞कपटी मुनिने अपनी चिकनी-चुपड़ी बातोंसे राजाको मोहित करके स्वार्थी बनाया और आप परमार्थी बना रहा। प्रथम जब राजाने बड़ी प्रार्थना की तब नाम बताया, यथा—*'मोहि मुनीस सुत सेवक जानी। नाथ नाम निज कहहु बखानी॥'* (१) फिर विप्रोंके वश करनेका उपाय बड़ी विनती करनेपर बताया, यथा—*'होहिं बिप्र बस कवन बिधि कहहु कृपा करि सोउ। तुम्ह तजि दीनदयाल निज हितू न देखौं कोउ॥'* (२) और अब राजाके घर चलनेमें राजासे प्रार्थना करा रहा है। (नोट—*'गरजमंद बावला'* यह मसला यहाँ चरितार्थ हो रहा है।)

टिप्पणी—१ (क) *'सुनि महीस बोलेउ'*। राजा नीतिके ज्ञाता होते हैं, यथा—*'सोचिय नृपति जो नीति न जाना'*। राजा यहाँ महात्मासे नीति कहते हैं, अतएव *'महीस'* पद दिया। (ख) *'निगम असि नीति बखानी'* इति। प्रथम ही दिखा आये कि राजा वेदविधिके अनुकूल चलता है, इसीसे वह वेदोंका प्रमाण देता है, यथा—*'प्रजा पाल अति बेद बिधि'* *'भूप धरम जे बेद बखानें। सकल करै सादर सुख मानें॥'* *'जहँ लगि कहे पुरान श्रुति एक एक सब जाग। बार सहस्त्र सहस्त्र नृप किये सहित अनुराग॥'* तथा यहाँ *'सुनि महीस बोलेउ मृदु बानी। नाथ निगम असि नीति बखानी॥'* पुनः [(ग) वेदोंका प्रमाण दिया, क्योंकि महात्मा लोग वेदोंके मार्गपर चलते हैं, पुनः इससे वेदोंकी साक्षी देते हैं कि राजनीतिसे इससे विरोध है, छोटोंसे प्रेम करना राजनीतिके विरुद्ध है, यथा—*'प्रीति बिरोध समान सन करिअ नीति असि आहि।'* (६। २३) पुनः, भाव कि वेद अनादि हैं, उनकी अतुलित महिमा है, यथा—*'अतुलित महिमा बेद की तुलसी किये बिचार। जो निंदत निंदित भएउ बिदित बुद्ध अवतार॥'* (दो० ४६४) अतएव वेदोंकी रीति कही।] (घ) *'बोलेउ मृदु बानी'* अर्थात् जैसी प्रार्थनाकी रीति है वैसी।

टिप्पणी—२ (क) *'बड़े सनेह लघुन्ह पर करहीं'* इसके तीन उदाहरण देते हैं। पर्वत, समुद्र और

पृथ्वी। ☞यहाँ उपदेशभागमें यह बताते हैं कि कैसा ही बड़ा क्यों न हो पर (अपनेसे) बड़ेके पास लघु होकर रहना चाहिये, जैसे राजा भानुप्रताप साधुके समीप अपनेको तृण समझे हैं। पर्वत, समुद्र और पृथ्वी ये तीनों 'बड़े' की अवधि (सीमा) हैं तथा ये तीनों प्रसिद्ध हैं; अतएव इन तीनका उदाहरण बड़प्पनमें दिया। (ख) *'जलधि अगाध मौलि बह फेनू।……'* इति। ☞पर्वतके साथ *'सदा'* और पृथ्वीके साथ सदाका पर्याय *'संतत'* पद दिया है, यथा—*'गिरि निज सिरनि सदा तृन धरहीं', 'संतत धरनि धरत सिर रेनू।'* समुद्रके साथ सदा पद नहीं कहा। यह भी साभिप्राय है। तात्पर्य यह कि गिरिपर तृण सदा रहता है और पृथ्वीपर रज (धूलि) सदा रहती है, पर समुद्रमें फेन सदा नहीं रहता। (पुनः *'संतत'* शब्द दोनोंके मध्यमें देहलीदीपक है,—*'जलधि अगाध मौलि बह फेनू। संतत धरनि धरत सिर रेनू॥'* इस तरह संततको *'जलधि'* के साथ भी लगा सकते हैं। रा० प्र० का भी मत यही है कि समुद्रके मस्तकपर फेन सदा नहीं रहता)। (ग) पर्वत बहुत हैं, इसीसे उसके साथ *'सिरनि'* बहुवचन पद दिया। समुद्र एक है इसीसे मौलि एकवचन पद दिया। इसी तरह पृथ्वीके साथ *'सिर'* एकवचन कहा। (घ) ☞तीन उदाहरण देकर तीन प्रकारकी बड़ाई कहते हैं—ऊँचाईकी, नीचाईकी और विस्तारकी। ऊँचाईमें पर्वत, गम्भीरता (अगाधता) में समुद्र और विस्तारमें पृथ्वीसे बड़ा कोई नहीं है। (पुनः जल, थल, नभ—ये संसारमें तीन हैं, तीनोंमेंसे एक-एक 'बड़े' का दृष्टान्त दिया। जलमें समुद्र सबसे बड़ा, थलमें पृथ्वी और आकाशमें पर्वत सबसे बड़े)। (ङ) ये तीनों जड पदार्थ हैं। जडका ही उदाहरण देनेमें भाव यह है कि यद्यपि ये तीनों 'जड' हैं तथापि ये अपने बड़प्पनको नहीं छोड़ते। जब कि जडोंमें भी जो सबसे बड़े हैं उनकी यह उत्तम रीति है तब आप तो 'चेतन' हैं, महात्मा हैं, आप अपने बड़प्पनका क्यों न निर्वाह करें? यहाँ 'दृष्टान्त अलंकार' है।

वि० त्रि०—सिरपर तृण धारण दासत्व स्वीकारके लिये किया जाता है। पूर्वकालमें जब दास-प्रथा थी, जो लोग अपनेको बेचते थे, वे सिरपर तृण धारण करते थे। पर्वतकी गणना परहितैकव्रत संतोंमें है, सो अपने आश्रितोंके लिये दासताका चिह्न धारण करनेमें संकोच नहीं करता। आप ऐसे विरक्तोंको भी आश्रितके लिये नगर और घर जानेमें संकोच न करना चाहिये। समुद्र अगाध है, अपार है, बड़े-बड़े पुरुषार्थियोंका पुरुषार्थ उसमें नहीं चलता, पर आश्रित होनेके कारण फेन अवस्तु होनेपर भी उसके सिरपर विचरण करता है। आप भी तपोनिधि हैं, आपकी महिमा अगाध और अपार है। मैं आपका आश्रित हूँ, अवस्तु हूँ, मेरे हितको अपनी तपस्याके ऊपर स्थान दीजिये, मेरे कल्याणकी ओर देखिये, अपनी महिमापर दृष्टिपात न कीजिये। पृथ्वी-जैसा गुरु कौन होगा और रेणु-सा लघु कौन है? आश्रित होनेके कारणसे ही पृथ्वी उसे सदा सिरपर धारण करती है। आप गुरु हैं, मुझ-जैसे लघुकी प्रतिष्ठा करनेमें समर्थ हैं।

टिप्पणी—३ *'अस कहि गहे नरेस पद।……'* इति। (क) प्रभु, सज्जन और दीनदयाल सम्बोधन करके, विनय करके चरण पकड़ लिये। भाव यह है कि पहले यह कहा कि बड़े छोटोंको सिरपर धारण करते हैं। इसमें राजाकी धृष्टता पायी जाती है कि यह भी महात्माके सिरपर चढ़ना चाहता है। इसीसे विनीत वचन कहकर चरण पकड़कर जनाता है कि मैं आपके सिरपर चढ़ना नहीं चाहता, मैं तो आपका चरणसेवक हूँ, एकमात्र आपके चरणोंका ही अवलम्ब चाहता हूँ। अथवा पुनः, भाव कि महात्माको कार्यके लिये ले जाना चाहता है और उनका नियम है कि वे कहीं जाते नहीं, अतएव अत्यन्त आर्त्त होकर चरण पकड़े। आर्त्तदशामें भी चरण पकड़नेकी रीति है, यथा—*'सहित सहाय सभीत अति मानि हारि मन मैन। गहेसि जाइ मुनिचरन तब कहि सुठि आरत बैन॥'* (१२६) (ख) *'स्वामी होहु कृपाल।'* भाव कि आप स्वामी हैं, मैं आपका दास हूँ। दास जानकर कृपा कीजिये। (ग) *'मोहि लागि दुख सहिअ प्रभु सज्जन दीनदयाल'* इति। भाव कि दासके लिये 'प्रभु' दुःख सहते हैं, उसपर भी आप सज्जन हैं और *'संत सहहिं दुख परहित लागी'* यह संत-स्वभाव ही है। पुनः आप दीनदयाल हैं, मैं दीन हूँ, दीनोंपर दया करना सन्त-लक्षण है, यथा—*'कोमल चित दीनन्ह पर दाया। संत सहज स्वभाव खगराया॥'* प्रभु, सज्जन

और दीनदयाल ही दीनोंपर कृपा कर सकते हैं तथा दूसरोंके लिये दुःख सहते हैं। इस तरह प्रयोजनके अनुकूल विशेषण दिये। यहाँ 'परिकराङ्कुर अलङ्कार' है। (घ) *'दुख सहिअ'।* यहाँ दुःख क्या है? अपने नियमको तोड़ना। *'काहू के गृह ग्राम न गएऊँ'* यह अपना नियम छोड़कर हमारे यहाँ चलनेमें आपको दुःख होगा, उसे सहिये अर्थात् हमारे यहाँ चलिये।

वि० त्रि०—आशाके दासोंकी गति दिखलाते हैं। सम्राट् होकर आशाकी डोरीमें पशुओंकी भाँति बँधा हुआ दीन हो रहा है। यही स्वार्थान्धता उसके नाशका कारण होगी।

जानि नृपहि आपन आधीना। बोला तापस कपट प्रबीना॥ १॥
सत्य कहों भूपति सुनु तोही। जग नाहिन दुर्लभ कछु मोही॥ २॥
अवसि काज मैं करिहौं तोरा। मन तन[1] बचन भगत तैं मोरा॥ ३॥
जोग जुगुति तप[2] मंत्र प्रभाऊ। फलै तबहिं जब करिअ दुराऊ॥ ४॥

शब्दार्थ—*जोग, तप, मंत्र*—३७। १० (मा० पी० भाग १। ८४। ८ की व्याख्या देखिये।)

अर्थ—राजाको अपने वशमें जानकर वह कपटमें प्रवीण तापस बोला॥ १॥ हे राजन्! सुनो, मैं तुमसे सत्य कहता हूँ। मुझे जगत्में कुछ भी कठिन नहीं है॥ २॥ मैं तेरा काम अवश्य करूँगा। तू मन-कर्म-वचन तीनोंसे मेरा भक्त है॥ ३॥ योग, युक्ति, तप और मन्त्रके प्रभाव तभी फलीभूत होते हैं जब गुप्त रखे जाते हैं॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'आपन आधीना।'* चरण पकड़कर दीन वचन कहकर विनती करना अधीनता जनाता है। ☞कपटी मुनिने जो कुछ भी कहा वह सब राजाको वशमें जानकर ही कहा; जैसे कि (१) वशमें जानकर नाम बताया, यथा—*'देखा स्वबस करम मन बानी। तब बोला तापस बगध्यानी॥'* (२) वशमें जानकर वर दिया, यथा—*'सुनि महीस तापस बस भएऊ।…'* इत्यादि। (३) और अब वशमें जानकर युक्ति बताता है। (ख) *'बोला तापस कपट प्रबीना'* अर्थात् कपटमें प्रवीण है इसीसे कपटकी बात बोला। अपने वश जानकर अर्थात् यह निश्चय समझकर कि अब कपट करनेमें राजा कुछ कुतर्क न करेगा। (*'कपट प्रबीना'* में यह भी भाव है कि कपटमें परम चतुर है, इसका कपट लखा नहीं जा सकता, यथा—*'कपट चतुर नहिं होइ जनाई।'* (२। १८) (ग) *'सत्य कहों'* का भाव कि अपने मुख अपनी बड़ाई न करनी चाहिये। बड़ाई करना दोष है। मैं अपनी बड़ाई नहीं करता, केवल एक सत्य बात कहता हूँ क्योंकि झूठ बोलना बड़ा पाप है, यथा—*'नहिं असत्य सम पातक पुंजा'।* हम झूठ नहीं बोलते। पुनः, *'जग नाहिन दुर्लभ कछु मोही'* ऐसा कहनेमें असत्यकी सम्भावना होती है क्योंकि पूर्णकाम एक ईश्वर ही है, जीव पूर्णकाम नहीं है, इसीसे असत्यका सन्देह *'सत्य कहों'* कहकर दूर किया। (घ) *'तोही'* का भाव कि तू मन-वचन-कर्मसे हमारा भक्त है, तुझसे दुराव करना महापाप है, यथा—*'तुम्ह सुचि सुमति परम प्रिय मोरें। प्रीति प्रतीति मोहिपर तोरें॥', 'अब जौं तात दुरावौं तोही। दारुन दोष घटै अति मोही॥'* अतएव तुझसे कहता हूँ। (ङ) *'जग नाहिन दुर्लभ कछु मोही'।* जैसा कि प्रथम कहा था कि *'जनि आचरजु करहु मन माहीं। सुत तप तें दुर्लभ कछु नाहीं॥'*

वि० त्रि०—कपट मुनि जब राजामें अत्यन्त श्रद्धा देखता है, तब अपनी महिमासूचक एक बात कहता है, फिर उसके परिपाकके लिये समय देता है। यथा—*'सब प्रकार राजहिं अपनाई। बोलेउ अधिक सनेहु जनाई॥ सुनु सतिभाउ कहौं महिपाला। इहाँ बसत बीते बहु काला॥'* जब राजामें फिर श्रद्धाका

---

१. क्रम=१७२१, १७६२, छ०। तन—१६६१, १७०४। २. जप=१७२१, १७६२, छ०। तप—१६६१, १७०४ को० रा०।

उद्रेक उठता है तब उससे अधिक महिमासूचक बात कहता है। यथा—*'देखा स्वबस कर्म मन बानी। तब बोला तापस बगध्यानी॥ नाम हमार एकतनु भाई।'* अब उसी बातको जमानेके लिये बातें करता जाता है फिर जब देखता है कि राजाकी श्रद्धा बढ़ती ही जाती है, अब तो मेरे अधीन हो गया, जो चाहूँगा कराऊँगा, तब कपटमें प्रवीण तापस बतलाता है कि मुझे संसारमें कुछ भी दुर्लभ नहीं है, यह बात मैं तुमसे कहता हूँ। दूसरेसे अपना भेद नहीं खोलता, *'सत्य कहौं'*—भाव कि यह शंका न करो कि कदाचित् मेरा किया हुआ उपाय भी निष्फल हो, वह निष्फल हो ही नहीं सकता। मेरे लिये सब कुछ सुलभ है।

टिप्पणी—२ (क) *'अवसि काज मैं करिहौं'* इति। प्रथम कार्य करनेमें असमंजस कहा, यथा—*'जौं न जाउँ तव होइ अकाजू। बना आइ असमंजस आजू॥'* जब राजाने प्रार्थना की तब कहा कि अवश्य करूँगा। (ख) राजाकी तापसमें मन, कर्म, वचनसे भक्ति है। राजाने स्तुति की; *'बड़े सनेह लघुन्ह पर करहीं', 'संतत धरनि धरत सिर रेनू',* यह वचनकी भक्ति है। *'अस कहि गहे नरेस पद'* यह तन (कर्म) की भक्ति है और *'स्वामी होहु कृपाल'* यह मनकी भक्ति है। मनसे स्वामी माना। (ग) *'जोग जुगुति तप मंत्र प्रभाऊ·····'* इति। इसका प्रत्यक्ष भाव यह है कि ये दुराव करनेसे फलीभूत होते हैं। और उसका आन्तरिक अभिप्राय यह है कि प्रकट होनेमें कोई चतुर मनुष्य हमारे कपटको भाँप न ले और जो युक्ति बतावे तो युक्ति तो कुछ है ही नहीं। मैं रसोई बनाऊँ तुम परोसो, इसमें कौन युक्ति है। यह केवल ब्राह्मणोंके मांसकी रसोई करनेका उपाय है। इसीसे युक्ति छिपायी, राजाको न बतायी। प्रथम अपना मिलना प्रकट करनेको मना किया, उसमें शाप लगा दिया कि बताओगे तो मर जाओगे और अब युक्ति बतानेमें कार्यकी असिद्धि लगा दी। अर्थात् यदि हम तुमको बता देंगे तो तुम्हारा कार्य न सिद्ध होगा, निष्फल हो जायगा। तात्पर्य कि तुम नगरमें जाकर हमारा मिलना न कहना, जब हम आवें युक्ति करें तब हमें कोई न जाने और न यह खुलने पावे कि अन्नमें युक्ति की गयी है; जितना ही छिपाओगे उतना ही शीघ्र कार्य सिद्ध होगा। (☞जितने कपटी हैं वे बात छिपानेपर जोर देते हैं, क्योंकि प्रकट होनेपर उनकी माया चल नहीं सकती। वि० त्रि०)

नोट—जो भूमिका दोहा १६५ *'मिलब हमार भुलाव निज कहहु त हमहिं न खोरि'* पर उठायी थी वह यहाँ प्रकट की। अर्थात् उसका कारण बताता है। (पंजाबीजी)

जौं नरेस मैं करौं रसोई। तुम्ह परुसहु मोहि जान न कोई॥५॥
अन्न सो जोइ जोइ भोजन करई। सोइ सोइ तव आयसु अनुसरई॥६॥
पुनि तिन्ह कें गृह जेंवै जोऊ। तव बस होइ भूप सुनु सोऊ॥७॥

शब्दार्थ—अनुसरई=अनुसरण करेगा; अनुकूल रहेगा। अन्न=खानेका पदार्थ, भोजन। जेवना=भोजन करना, खाना।

अर्थ—राजन्! यदि मैं रसोई करूँ और तुम परसो, मुझे कोई न जान पावे॥५॥ (तो) उस अन्नको जो-जो खायगा वह-वह तुम्हारी आज्ञाके अनुकूल चलेगा॥६॥ हे राजन्! यह भी सुनो कि फिर उनके घर जो भी भोजन करेगा वह भी तेरे वशमें हो जायगा॥७॥

टिप्पणी—१ *'जौं नरेस·····'* इति। (क) तापसने योग, युक्ति, तप और मन्त्र चारके गुप्त रखनेकी बात कही, इनमेंसे यह कौन है? उत्तर—प्रथम ही उसने जो कहा है, *'मम आधीन जुगुति नृप सोई'* वही युक्ति यहाँ कह रहा है। भाव कि रसोईमें मैं ऐसी युक्ति कर दूँगा कि जो भोजन करेगा वह तुम्हारे वश हो जायगा। हम एक लक्ष ब्राह्मणोंके लिये रसोई बनावें और तुम परसो, इस कथनका तात्पर्य यह है कि इतनी बड़ी रसोई बनानेका सामर्थ्य हममें है, परसनेकी शक्ति हम तुमको दे देंगे। तापसका आन्तरिक अभिप्राय यह है कि राजाके परसते ही कालकेतु आकाशवाणी करेगा, राजाको शाप हो जायगा, परसनेका प्रयोजन ही न पड़ेगा। (ख) *'तुम्ह परुसहु'*—तुम ही परसो। भाव कि जो परसेगा उसीके वशमें ब्राह्मण

हो जायँगे। पुनः *'जौं नरेस·····तुम्ह परुसहु'* का भाव कि वहाँ दूसरा कोई रसोइया न रहे और न कोई दूसरा परसनेवाला रहे! (यह कहा क्योंकि डर है कि कोई दूसरा रहेगा तो भण्डा फूट जायगा।) (ग) *'मोहि जान न कोई'* इति। तात्पर्य कि हम किसी दूसरेको दर्शन न देंगे, तुम्हारा कार्यमात्र करेंगे। पुनः भाव कि हमारे प्रकट हो जानेसे ब्राह्मण भोजन करने न आयेंगे क्योंकि हमें तो कोई चतुर मनुष्य भी न पहचान सकेगा, वे सब यही कहेंगे कि न जाने किसकी बनायी रसोई है, रसोइया जाना हुआ ब्राह्मण नहीं है, अतः हम उसकी बनायी रसोई खाने न जायेंगे। हमारे प्रकट हो जानेसे तुम्हारा सब बना-बनाया काम बिगड़ जायगा।

वि० त्रि०—इसी युक्तिमें कपट भरा है, पर अन्धभक्त राजाका उस ओर ध्यान नहीं है। राजाके भोजनमें यदि कोई चूक हो जाय तो रसोईदार और परसनेवालेकी चूक समझी जाती है। उसके लिये राजाको कोई दोषी नहीं बतलाता। अतः कहता है कि तुम परोसो और मुझ रसोईदारको कोई न जाने। अर्थात् ऐसी अवस्थामें जो चूक होगी, उसका जिम्मेदार राजाको छोड़कर और कोई हो नहीं सकता। सभी समझेंगे कि यदि राजाकी सम्मति न थी तो रसोईदार गुप्त क्यों रखा गया।

टिप्पणी—२ *'अन्न सो जोइ·····'* इति। *'अन्न सो'* अर्थात् मैं जो रसोई करूँगा वह अन्न। रसोईमें अन्न मुख्य है इसीसे 'अन्न' को भोजन कहते हैं। रसोईमें ब्राह्मणका मांस मिलानेको है इसीसे मांस बनानेका नाम नहीं लेता। यही कहता है कि हमारा बनाया और तुम्हारा परसा हुआ अन्न जो खायेगा। *'आयसु अनुसरई'*—यह युक्तिका प्रभाव बताया। राजाकी आज्ञा मुख्य है इसीसे आज्ञा मानेगा, यह कहा।

टिप्पणी ३—*'पुनि तिन्ह कें···'* इति। *'पुनि'* से जनाया कि जो तुम्हारे यहाँ भोजन करेंगे वे तुम्हारे वशमें हो जायँगे इसके पश्चात् उन भोजन करनेवालोंके घरमें जो भोजन करने जायेंगे वे भी तुम्हारे वशमें हो जायेंगे और फिर इनके घर जो भोजन करेंगे वे भी तुम्हारे वशमें हो जायेंगे। इस तरह *'पुनि····'* का ताँता सर्वत्र लगता चला गया है। भाव यह कि इस प्रकार पृथ्वीभरके ब्राह्मण तुम्हारे वशमें हो जायँगे, जैसा वह आगे स्वयं कह रहा है—*'एहि बिधि भूप कष्ट अति थोरें। होइहहिं सकल बिप्र बस तोरें॥'* (१। १६९) (*'तिन्ह कें गृह'* से यह भी जनाया कि घरका एक व्यक्ति भी यदि भोजन कर गया तो भी उसके घरमें जो-जो हैं जो घरमें भोजन करते हैं वे भी वशमें हो जायेंगे और बाहरवाले जो करेंगे वे भी वशमें हो जायेंगे। एक नगरवालोंका नाता दूसरे नगरमें, दूसरेका तीसरेमें इत्यादि लगा ही रहता है, इस प्रकारसे समस्त नगरोंके ब्राह्मण एक-दूसरेके लगावसे वशमें हो जायेंगे, सबको अपने यहाँ खिलाना भी न पड़ेगा। कैसी सुन्दर युक्ति बतायी! इस प्रकारकी वशीकरणकी रीति तान्त्रिकोंमें बहुत है)।

वीरकविजी—यहाँ असत्से असत्की समताका भावसूचक 'प्रथम निदर्शना अलङ्कार' है। जैसे उसका रसोई बनाना असत् है वैसे ही विप्रोंका वश होना मिथ्या है।

जाइ उपाय रचहु नृप एहू। संबत भरि संकलप करेहू॥ ८॥

दो०—नित नूतन द्विज सहस सत बरेहु सहित परिवार।
मैं तुम्हरे संकलप लगि दिनहि करबि जेवनार॥ १६८॥

शब्दार्थ—**संकलप** (संकल्प)=प्रतिज्ञा। **संबत** (संवत्)=एक वर्ष। **नित** (नित्य)=नित्यप्रति, प्रतिदिन। **नूतन**=नये, नवीन। **बरेहु**=वरण करना, न्योता देना।

अर्थ—हे राजन्! जाकर यही उपाय करो। एक वर्ष (भोजन कराने) का संकल्प करना॥ ८॥ नित्य नये एक लाख ब्राह्मणोंको कुटुम्बसहित निमन्त्रित करना। मैं तुम्हारे संकल्प (एक वर्षके अनुष्ठान) तक बराबर दिन-ही-दिन रसोई (तैयार) कर दिया करूँगा॥ १६८॥

टिप्पणी—१ *'संबत भरि संकलप करेहू'* इति। भाव यह कि—(क) उस समय घर-शुमारी (गणना) में तीन करोड़ साठ लाख घर वेदपाठी, क्रियावान् श्रेष्ठ ब्राह्मणोंके थे। एक-एक लक्षका नित्य निमन्त्रण

होनेसे एक वर्षमें तीन सौ साठ लक्ष अर्थात् तीन करोड़ साठ लक्षका निमन्त्रण हो जायगा। इसीसे *'संबत'* भरका संकल्प करनेको कहा। वेदपाठी श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको ही निमन्त्रण दिया गया, यथा—*'बरे तुरत सत सहस बर बिप्र कुटुंब समेत।'* (१७२) इनकी अपेक्षा जो सामान्य ब्राह्मण थे उनको निमन्त्रण नहीं दिया गया वे *'पुनि तिन्ह कें गृह जेवैं जोऊ।......'* में आ जायेंगे। पुनः (ख) वर्षभर ब्राह्मण-भोजन करानेकी विधि है अतः *'संबत भरि...'* कहा। [वा (ग) ब्राह्मणोंको वर्षासन दिया जाता है। अथवा (घ) भावीवश ऐसा संकल्प कराया गया क्योंकि विप्रशापसे संवत्‌के भीतर इसका नाश होना है। इसका कारण यह भी हो सकता है कि यदि दो-चार दिनका ही संकल्प होता तो एकाएकी ऐसा होनेसे सबको सन्देह हो जाता कि क्या कारण है। (प्र० सं०)] (ङ) कालकेतु तो एक ही दिनमें राजाको शाप दिला देगा। उसमें यह सामर्थ्य है तभी तो उसने कपटी मुनिको वचन दिया कि *'कुल समेत रिपु मूल बहाई। चौथें दिवस मिलब मैं आई॥'* (१७१। ५) उसने वर्षभरको नहीं कहा था। तापस राजाने एक वर्षका संकल्प करनेको कहा जिसमें राजाको विश्वास हो कि यह बड़ा भारी पुण्य है, इस पुण्यके प्रभावसे ब्राह्मण अवश्य वशमें हो जायेंगे।

टिप्पणी—२ (क) *'नित नूतन'* का भाव कि एकहीको नित्य निमन्त्रण देनेका (नित्यप्रति भोजन करानेका) कोई प्रयोजन नहीं। वह तो एक ही दिनके निमन्त्रणमें भोजन करनेसे वशमें हो जायगा। (ख) *'बरेहु सहित परिवार'* इति। भाव कि यदि परिवारवाले भोजन न करेंगे तो वे वशमें न होंगे। परिवारसहित न्योतना, इस कथनसे यह ज्ञात हुआ कि परिवारकी गणना एक लक्षमें नहीं है। एक लक्ष ब्राह्मणोंमेंसे प्रत्येक ब्राह्मण परिवारसहित निमन्त्रित किया जाय। परिवार चाहे जितना हो उसकी गणना न की जायगी। भीतरी अभिप्राय यह है कि परिवारसहित राजाका नाश कराना है। परिवारसहित निमन्त्रण होनेसे परिवारसहित नाश होनेका शाप होगा। (ग) *'मैं तुम्हरे संकलप लगि.......'* इति। वर्षभरका संकल्प करनेको कहा। राजा संकोचवश मुनिसे वर्षपर्यन्त रसोई करनेको कह नहीं सकता, इसीसे वह स्वयं ही कहता है कि मैं वर्षभर प्रतिदिन रसोई बनाऊँगा। [भाव यह कि तुम इसकी चिन्ता न करो कि इतने ब्राह्मणोंके लिये रसोई कैसे होगी। मैं तपोबलसे दिन-के-दिन ही नित्य भोजन तैयार कर दिया करूँगा और तुम्हें परसनेका सामर्थ्य भी दूँगा। (प्र० सं०) पं० रामकुमार *'संकलप लगि दिनहि'* का अर्थ 'संकल्पके दिनतक, अर्थात् वर्ष दिन' ऐसा करते हैं।]

एहि बिधि भूप कष्ट अति थोरें। होइहहिं सकल बिप्र बस तोरें॥ १॥
करिहहिं बिप्र होम मख सेवा। तेहि प्रसंग सहजेहि बस देवा॥ २॥
और एक तोहि कहौं लखाऊ। मैं एहि बेष न आउब काऊ॥ ३॥
तुम्हरे उपरोहित कहुँ राया। हरि आनब मैं करि निज माया॥ ४॥
तप बल तेहि करि आपु समाना। रखिहौं इहाँ बरष परवाना[1]॥ ५॥

शब्दार्थ—होम=हवन। प्रसंग=प्रकर्ष करके संग=संयोग, सम्पर्क, सम्बन्ध। लखाऊ (*लक्ष्य)=पहचानकी बात, चिह्न। उपरोहित (पुरोहित)=वह प्रधान याजक जो यजमानके यहाँ अगुआ बनकर श्रौतकर्म, गृहकर्म और संस्कार तथा शान्ति आदि अनुष्ठान करे-कराये। पूर्वकालमें पुरोहितका बड़ा अधिकार था। पुरोहितका पद कुलपरम्परागत होता था।

अर्थ—हे राजन्! इस प्रकार (इस विधि या साधनसे) अत्यन्त थोड़े कष्टसे समस्त ब्राह्मण तेरे वशमें हो जायेंगे॥ १॥ ब्राह्मण लोग जो होम, यज्ञ और सेवा-पूजा करेंगे, उसके सम्बन्धसे देवता सहज ही वशमें हो जायेंगे॥ २॥ तुमसे एक और पहचानकी बात बताता हूँ। मैं इस वेषमें कभी न आऊँगा॥ ३॥ हे राजन्! मैं तुम्हारे पुरोहितको अपनी मायाके बलसे हर लाऊँगा॥ ४॥ तपके बलसे उसे अपने समान बनाकर यहाँ एक वर्षपर्यन्त रखूँगा॥ ५॥

---

१. परमाना—पाठान्तर

टिप्पणी—१ (क) *'एहि बिधि·········'*—भाव कि अन्य जो भी विधियाँ हैं वे कष्टसाध्य हैं और इस विधिमें अत्यन्त अल्प कष्ट है। भोजन करानेमात्रका, परसनेभरका कष्ट है। (ख) *'होइहहिं'* अर्थात् निश्चय ही हो जायँगे। भाव कि अन्य साधनोंके करनेपर भी सन्देह ही रहता है कि सफलता हो या न हो, यहाँ—*'कष्ट साध्य पुनि होहिं कि नाहीं'* और इस साधनमें सफलता भी निश्चित है। (ग) *'सकल बिप्र बस तोरें'* इति। संवत्‌भरका संकल्प करना और एक लाख विप्र नित्य निमन्त्रित करना यह कहकर *'सकल बिप्र बस होइहहिं'* कहनेसे पाया गया कि तीन करोड़ साठ लाख घर उस समय वेदपाठी विप्रोंके थे।

टिप्पणी—२ *'करिहहिं बिप्र होम···'* इति। (क) *'सहजेहिं'* का भाव कि देवताओंका वशमें होना कठिन है। वे सहजहीमें वशीभूत हो जायँगे, उनको वशमें करनेके लिये तुम्हें कुछ भी करना न पड़ेगा। पुनः, भाव कि ब्राह्मणोंको वशमें करनेमें किञ्चित् कष्ट उठाना पड़ेगा और इनको वश करनेमें किञ्चित् भी कष्ट नहीं होगा। तात्पर्य यह है कि भूदेवोंको वशमें कर लेनेसे स्वर्गके देवता स्वाभाविक ही वशमें हो जायँगे। (ख) देवता सहजहीमें बिना कष्ट किये कैसे वशमें हो जायँगे यह *'करिहहिं बिप्र होम·····'* से जनाया। भाव यह कि देवता होम, यज्ञ आदिसे वशमें होते हैं, पर तुमको होम, यज्ञ, सेवा-पूजा कुछ न करनी पड़ेगी। *'तेहि प्रसंग'* अर्थात् ब्राह्मण जो होम, यज्ञ, सेवा-पूजा करेंगे उसीके संयोगसे देवता वशमें हो जायँगे। (भाव कि यज्ञादि वे करेंगे और फल मिलेगा तुमको केवल एक बार उनको मेरे हाथका बनाया परसकर खिला देनेसे।)

टिप्पणी—३ *'और एक तोहि कहौं लखाऊ।·····'* इति। (क) *'लखाऊ'* यहाँ कहा और आगे कहा है कि *'मैं आउब सोइ बेष धरि पहिचानेहु तब मोहि।'* इस तरह *'लखाऊ'* का अर्थ वहाँ खोल दिया। *लखाऊ*=पहिचाननेकी बात, जिससे तुम हमको पहचान सको। (ख) प्रथम तो तापसने अपनेको छिपाया कि मुझे कोई जान न पावे। यथा—*'तुम्ह परुसहु मोहि जान न कोई।'* (१६८। ५) कदाचित् कोई जाने भी, तो पुरोहितका वेष देखकर पुरोहित ही जाने, इसीसे कहा कि *'मैं एहि बेष न आउब काऊ।'* भाव कि हमारे प्रकट होनेसे तुम्हारे कार्यकी हानि है। तीसरा (भीतरी) अभिप्राय यह है कि यदि हमें कोई जान गया तो हमारा बना-बनाया काम बिगड़ जायगा, अतः कहा कि इस वेषसे न आऊँगा।

टिप्पणी—४ *'तुम्हरे उपरोहित कहुँ·········'* इति। (क) धर्मके कार्यमें पुरोहित अग्रसर रहता है। राजाका पुरोहित बड़ा बुद्धिमान् है। यदि वह वहाँ रहा तो हमारे छलको भाँप लेगा। (यह उसके हृदयमें भय है। अतः उसको वहाँसे हटा देनेको है।) ऊपरसे यह दिखाता है कि तुम्हारे पुरोहितको मैं अपने समान बनाकर यहाँ रखूँगा जिसमें हमारे तपमें अन्तर न पड़े, आसन शून्य न हो; (ख) *'हरि आनब करि निज माया'* इति। 'हर लाने' का भाव कि प्रत्यक्ष ले आनेसे गुप्त बात खुल जायगी। दूसरे, हमारे कहनेसे वह न आयेगा। हरण करनेसे ही आयेगा। *'निज माया'* अर्थात् अपनी योग-मायासे, योगबलके प्रभावसे। इससे वह अपना प्रभाव, अपना सामर्थ्य दिखा रहा है। [माया सबकी अलग-अलग होती है। सबसे बड़ी रामकी माया है। (यथा—*'सुनु खग प्रबल राम की माया'*), उसके बाद त्रिदेवकी माया है (यथा—*'बिधि हरि हर माया बड़ि भारी।'*), फिर देवकी माया। (यथा—*'कछुक देव माया मति मोई'*), ऋषिकी माया (यथा—*'बिधि बिस्मयदायक बिभव मुनिबर तप बल कीन्ह।'*), फिर असुरकी माया (यथा—*'जब कीन्ह तेहि पाषंड। भए प्रगट जंतु प्रचंड॥'*), फिर मनुष्यकी माया है (यथा—*'इहाँ न लागी राउरि माया'*), सो यहाँ आसुरी और मानुषी दोनों मायाएँ काम कर रही हैं। (वि० त्रि)] (ग) पुरोहितको हर लाना कहा, उसकी सेजपर सोनेको न कहा क्योंकि यह बात महात्माओंके योग्य नहीं है। कालकेतुसे पुरोहितकी स्त्रीके पास शयन करनेको कहा जिसमें स्त्रीको भ्रम न हो कि हमारा पति कहाँ गया।

टिप्पणी—५ *'तप बल तेहि·····'* इति। (क) किस लिये हर लायँगे यह अब बताता है। संवत्‌भर तुम्हारे यहाँ रहना होगा, जैसा पूर्व कह चुके हैं—*'मैं तुम्हरे संकलप लगि·········।'* यहाँ आसन खाली न रहे, इत्यादि। (ख) *'तप बल तेहि करि आपु समाना'*—भाव कि पुरोहित हमारे समान नहीं है और न हो सकता है, मैं अपने तपोबलसे उसे अपने समान बना लूँगा। (पूर्व कह ही चुका है कि *'तप तें

अगम न कछु संसारा।') अपने समान बनानेका भाव कि हमारा काम पुरोहित करेगा और पुरोहितका रूप धरकर तुम्हारा काम मैं करूँगा। [(ग) *'रखिहउँ इहाँ'*—भाव यह कि मेरा नित्य नियम वह करता रहेगा क्योंकि यहाँ और कोई तो आ नहीं सकता, रहे देवता और मुनि सो वे अन्तरिक्षसे मेरे दर्शनोंको आते-जाते हैं उनको भी यह न मालूम हो कि मैं कहीं चला गया। यहाँ वह अपना सामर्थ्य जता रहा है—(पंजाबीजी)। (घ) इस तरह वह राजाको बहकाता है जिसमें यदि कपट खुल भी जाय और राजा यहाँ आवे तो पुरोहित ब्राह्मण समझकर मेरा वध न करे (श्रीजानकीशरणजी)। (ङ) पुरोहित रहेगा तो राजाकी रक्षा करेगा। अतः यह उपाय रचता है। (रा० प्र०)]

वि० त्रि०—पुरोहितका पद मन्त्रीसे बड़ा है, इसीलिये अथर्ववेदी पुरोहित बनानेका आदेश है जो मन्त्रादिसे भलीभाँति राज्य तथा राजाकी रक्षा कर सकता हो। शुक्रनीतिमें पुरोहितके कार्य और अधिकारका विशद वर्णन है। वही धर्माध्यक्ष है। नियमानुसार वह ब्राह्मण भोजनकी देख-रेख करेगा। उसे रसोई देखनेसे तो राजा भी नहीं रोक सकता, तब बिना भेद खुले न रहेगा। अतः कपट मुनिको पुरोहितसे भय है। पुरोहित बनकर रहनेसे धर्मविभाग अपने हाथोंमें रहेगा। दूसरा कोई निरीक्षक न रह जायगा।

मैं धरि* तासु बेषु सुनु राजा। सब बिधि तोर सँवारब काजा॥ ६॥
गै निसि बहुत सयन अब कीजै। मोहि तोहि भूप भेंट दिन तीजै॥ ७॥
मैं तप बल तोहि तुरग समेता। पहुँचैहों सोवतहि निकेता॥ ८॥

दोहा—मैं आउब सोइ बेषु धरि पहिचानेहु तब मोहि।
जब एकांत बोलाइ सब कथा सुनावौं तोहि॥ १६९॥

अर्थ—हे राजन्! सुनो। मैं उसका वेष धारणकर सब तरहसे तेरा कार्य सवारूँगा॥ ६॥ राजन्! रात बहुत बीत गयी, अब सो रहिये। मुझसे-तुझसे अब तीसरे दिन भेंट होगी॥ ७॥ मैं अपने तपोबलसे तुझे घोड़ेसमेत सोते ही (तेरे) घर पहुँचा दूँगा॥ ८॥ मैं वही वेष धरकर आऊँगा। जब तुमको एकान्तमें बुलाकर मैं सब कथा सुनाऊँ तब मुझे जान लेना॥ १६९॥

टिप्पणी—१ *'मैं धरि····'* इति। (क) पुरोहित बननेमें तपोबलका काम नहीं है, इसीसे यहाँ *'तप बल'* न कहा। वेष धरना कहकर तब काज सँवारना कहा। भाव कि प्रथम पुरोहितको अपने समान बनाकर यहाँ रख दूँगा तब उसका रूप धरकर तुम्हारा काम करूँगा। (ख) *'सब बिधि'*—निमन्त्रण देकर बुलाना, जेवनार बनाना, विघ्न दूर करना इत्यादि *'सब बिधि'* हैं।

टिप्पणी—२ (क) *'गै निसि बहुत'* इति। जब तपका प्रभाव कहने लगा था तब राजाको अति अनुराग हो गया था, यह देखकर पुरातन कथाएँ कहने लगा था। यथा—*'भएउ नृपहिं सुनि अति अनुरागा। कथा पुरातन कहै सो लागा॥ ·····कहेसि अमित आचरज बखानी।'* (१६३। ४—६)। इसीसे बहुत रात बीत गयी। *'बहुत'* से जनाया कि आधी रात बीत गयी। यथा—*'कहत कथा इतिहास पुरानी। रुचिर रजनि जुग जाम सिरानी॥'* (२२६। २) (विश्वामित्रजी जब पौराणिक कथा इतिहास कहने लगते थे तब अर्द्धरात्रि बीत जाती थी, वैसे ही यहाँ समझना चाहिये।) (ख) *'सयन अब कीजै'* इति। सोनेकी आज्ञा इससे दी कि कालकेतु आना ही चाहता है। [इससे जान पड़ता है कि राजाका चित्त उसकी बातोंमें ऐसा मग्न है कि नींद भी आनन्दमें उड़ गयी; पर कपटी मुनि तो अपनी घातमें है। वह जानता है कि कालकेतुके आगमनका समय है। राजाके जागते हुए वह कैसे आवेगा, इससे अपने मतलबसे शयन करनेको कहा। पुनः, डर लगा है कि राजा उसे कहीं देख न ले जिससे हमारा कपट खुल जाय। और ऊपरसे एक साधारण-सी बात कहनेमें जान पड़ती है क्योंकि बहुत रात बीतनेपर ऐसा कहना शिष्टाचार है। (प्र० सं०) आज्ञा न देता

* करि—पाठान्तर।

तो राजा न सोता।] (ग) *'भेंट दिन तीजै'* इति। भाव कि आजका दिन तो बीत ही गया। सबेरे तुम्हारे पुरोहितको ले आऊँगा, (ब्राह्मणोंको निमन्त्रित करूँगा) और परसों तुमसे आकर मिलूँगा। [पुनः बहुत दिनपर मिलनेको कहता तो राजा सहन न कर सकता। कलहीका दिन बीचमें है, यह भी उसे युग-समान बीतेगा। यथा—*'जुग सम नृपहि गए दिन तीनी।'* (१७२। ७)] तीसरे दिन मिलनेको कहा, बहुत जल्दी न की। जिसमें काम न बिगड़े। प्रथम दिन तो सोनेमें गया। दूसरे दिन राजा वनमें गये और दोपहरमें लौटे। निमन्त्रणका समय न रह गया। तीसरे दिन सबेरे कालकेतु राजासे मिला इसीसे तुरत उसी दिन विप्रोंको निमन्त्रण दिया गया।

टिप्पणी—३ (क) *'मैं तप बल·····'* इति। तापसने जो अपनी महिमा कही थी वह यहाँ प्रत्यक्ष दिखा रहा है, इसीसे राजाको दृढ़ विश्वास हुआ। यहाँतक उसने अपनेमें योगमाया-बल और तप-बल दोनों बल दिखाये। *'तुम्हरे उपरोहित कहुँ राया। हरि आनब मैं करि निज माया॥'* अर्थात् पुरोहितको हर लानेमें मायाबल और यहाँ राजाको सोते ही पहुँचानेमें तपोबल कहा। (ख) *'पहुँचैहौं' सोवतहि निकेता'* इति। *'सोवतहि'* अर्थात् तुम्हारी निद्रा न भङ्ग होने पायेगी। घर पहुँचानेको कहा जिसमें अपनी महिमा भारी पायी जाय कि सत्तर योजन सोते ही पहुँचाया और वह भी किलेके भीतर महलमें रानीके पास; राजाने ऐसा समझा भी, यथा—*'मुनि महिमा मन महुँ अनुमानी।'* (१७२। ३) (ग) कपटी मुनिने घरमें पहुँचानेको कहा पर राजाने कुछ उत्तर न दिया कि लोग हमसे पूछेंगे तो हम क्या कहेंगे, आपने तो हमें यह वृत्तान्त गुप्त रखनेको कहा है। उत्तर न देनेसे राजाकी कपटी मुनिमें भक्ति दिखायी कि स्वयं भले ही कष्ट सहा कि प्रातः ही उठकर वनमें गया और वहाँसे दोपहरमें लौटकर घर आया पर मुनिको उत्तर न दिया। (स्वामीकी आज्ञा होनेपर उत्तर देना लज्जाकी बात है, यथा—*'उतरु देइ सुनि स्वामि रजाई। सो सेवक लखि लाज लजाई॥'* (२। २६९)

टिप्पणी—४ (क) *'मैं आउब सोइ बेषु धरि'* अर्थात् पुरोहितका रूप धरकर। (ख) *'पहिचानेहु तब मोहि'*—भाव कि पहचाननेमें भ्रम हो जानेकी सम्भावना है क्योंकि हम भी पुरोहितका रूप धरकर आयेंगे। पुरोहितको देखकर भ्रम होगा कि ये मुनि हैं या पुरोहित, आगे ऐसा भ्रम हुआ ही है, यथा—*'उपरोहितहि देख जब राजा। चकित बिलोकि सुमिरि सोइ काजा॥'* (१७२। ६) इसीसे पहचान बतायी है जिसमें भ्रम न हो जाय। [तापसको डर है कि कहीं राजाको अपने पुरोहितमें मेरा धोखा न हो जाय और कोई बात इसके मुखसे मेरे सम्बन्धकी निकल न जाय। अतएव राजाको पुरोहितसे बात करनेको मना करता है।]

सयन कीन्ह नृप आयसु मानी। आसन जाइ बैठ छल ज्ञानी॥ १॥
श्रमित भूप निद्रा अति आई। सो किमि सोव सोच अधिकाई॥ २॥

अर्थ—राजाने आज्ञा मानकर शयन किया। छलमें ज्ञानी (वा, कपटी बना हुआ ज्ञानी) वह तापस अपने आसनपर जा बैठा॥ १॥ राजा थका हुआ है, (इसलिये उसे) बड़ी गहरी नींद आ गयी। उस 'छल ज्ञानी' को (तो) बहुत सोच और चिन्ता है (अतः) वह कैसे सो सकता? (नहीं सो सकता था)॥ २॥

टिप्पणी—१ (क) *'सयन कीन्ह·····'* इति। *'आयसु मानी'* का भाव कि राजाको अभी शयन करनेकी इच्छा न थी, उसका मन कथामें लगा था पर मुनिने आज्ञा सोनेकी दी, अतः उसे शयन करना पड़ा। (क्योंकि एक तो वे कालीन मुनि हैं, दूसरे गुरु हैं, तीसरे राजाको सुत और सेवक मानते हैं और उसका परम हित करनेमें तत्पर हैं। अतः सब प्रकार आज्ञा मानना आवश्यक था।) (ख) *'आसन जाइ बैठ'* इति। प्रथम कह आये हैं कि *'निज आश्रम तापस लै गएऊ। आसन दीन्ह अस्त रबि जानी॥'* (१। १५९) अर्थात् अपने आश्रममें लाकर राजाको आसन दिया। और, अब कहते हैं कि *'आसन जाइ बैठ'*। *'जाइ'* से पाया गया कि कपटी मुनिने दो आसन बना रखे थे, यहाँसे उठकर दूसरे आसनपर जाकर बैठा। दो आसन न होते तो *'जाइ'* न कहते। पुनः, आगे कहा है कि *'तापस नृपहि बहुत परितोषी। चला महा कपटी अति रोषी॥ भानुप्रतापहि बाजि समेता। पहुँचाएसि····॥'* (१७१। ६-७)। इससे यह भी पाया गया

कि 'दूसरा आसन कुछ दूरीपर था, इसीसे *'चला'* शब्द दिया गया। यह आसन एकान्तमें और दूर था नहीं तो वहाँ कालकेतुसे अपने शत्रुके सम्बन्धकी बातें कैसे कर सकता। (ग) *'छल ग्यानी'*—भाव कि इसीसे उसने दो आसन बना रखे थे; क्योंकि राजाके सामने, जहाँ राजा सोवेगा वहाँ कालकेतुसे बातचीत करते न बनेगी। बड़ी सावधानतासे उसने छलकी सिद्धि की अतः *'छल ग्यानी'* कहा।

टिप्पणी—२ (क) *'श्रमित भूप निद्रा·····'* इति। श्रममें निद्रा आती है, यथा—*'लोग सोग श्रम बस गए सोई।'* (२। ८५)। (ख) *'सो किमि सोव'*—भाव कि सोनेका समय हो गया है, इसीसे राजाको सोनेकी आज्ञा दी पर स्वयं न सोया, आसनपर जाकर बैठ रहा। उसका कारण कहते हैं। *'सोच अधिकाई'* अर्थात् सोचमें निद्रा नहीं आती, यथा—*'गएउ भवन अति सोच बस नींद परै नहि राति।'* (३। २२) *'निसि न नींद नहिं भूख दिन भरत बिकल सुचि सोच।'* (२। २५२) (तापसने राजासे जो कुछ अपना प्रभाव कहा वह सब कालकेतु निशाचरके मायावी बलके भरोसेपर, अतः उसे उसके अबतक न आनेका सोच है) कहीं किसी कारणसे रुक न जाय, ऐसा न हो कि न आवे, न आया तो हमारा सब काम ही बिगड़ जायगा, (कालकेतु न आया तो बात झूठी पड़ेगी फिर राजा मुझे जीता न छोड़ेगा), यह सोच है जैसा आगेके *'कालकेतु निसिचर तहँ आवा'* से स्पष्ट है। पुनः, शत्रुके नाशका भी सोच है जो आगे कालकेतुके *'परिहरि सोच रहहु तुम्ह सोई। बिनु औषध बिआधि बिधि खोई॥'* (१७१। ४) इस वाक्यसे स्पष्ट है।

कालकेतु निसिचर तहँ आवा। जेहि सूकर होइ नृपहि भुलावा॥ ३॥
परम मित्र तापस नृप केरा। जानै सो अति कपट घनेरा॥ ४॥
तेहि के सत सुत अरु दस भाई। खल अति अजय देव दुखदाई॥ ५॥
प्रथमहि भूप समर सब मारे। बिप्र संत सुर देखि दुखारे॥ ६॥

शब्दार्थ—केरा=का। यह सम्बन्धका चिह्न है। परम मित्र=बड़ा दिली दोस्त।

अर्थ—कालकेतु राक्षस वहाँ आया जिसने शूकर बनकर राजाको भुलाया था॥ ३॥ वह तपस्वी राजाका परम मित्र था और अत्यन्त 'घनेरा' कपट जानता था॥ ४॥ उसके सौ पुत्र और दस भाई थे जो अत्यन्त दुष्ट, अजय और देवताओंको दुःख देनेवाले थे॥ ५॥ राजाने ब्राह्मणों, संतों और देवताओंको दुःखी देखकर प्रथम ही उन सबोंको संग्राममें मार डाला॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) *'कालकेतु निसिचर'* इति। इसके पूर्व शूकरका परिचय न दिया था, यहाँ प्रकट किया कि कालकेतु ही वह शूकर था। कारण कि वहाँ कालकेतु प्रकट न था, शूकरका रूप धरे हुए था, इसीसे वहाँ ग्रन्थकारने भी उसे प्रकट न किया। यहाँ कालकेतु अपने असली रूपसे प्रकट होकर आया, इसीसे यहाँ कविने उसे प्रकट किया कि यही शूकर बना था, वस्तुतः है राक्षस। राजाके सो जानेपर आया, इससे उसकी सावधानता दिखायी। (ख) *'जेहि सूकर होइ नृपहि भुलावा,* यथा—*'फिरत अहेरें परेउँ भुलाई। बड़े भाग देखेउँ पद आई॥'* (१५९। ६) (ग) *'परम मित्र'* का भाव कि तापसके मित्र तो बहुत हैं पर यह 'परम मित्र' है। क्योंकि दोनों अत्यन्त कपट जानते हैं। (**'समानशीलव्यसनेषु मैत्री'**, समान शील और समान व्यसनवालोंमें मैत्री होती है। शत्रुके शत्रुसे मित्रता होना स्वाभाविक है। मुनि कपटी और राक्षस मायावी, दोनों राजाके शत्रु। वि० त्रि०) (घ) *'जानै सो अति कपट घनेरा'*—भाव कि घनेरा कपट तो तापस भी जानता है पर कालकेतु *'अति घनेरा'* कपट जानता है क्योंकि वह राक्षस है और राक्षस मनुष्यकी अपेक्षा अधिक कपट जानते ही हैं। अति घनेरा कपट आगे जो यह करेगा उससे स्पष्ट है। ☞(ङ) यहाँ कपटी मुनिको *'तापस नृप'* कहा, इसके पूर्व *'नृप'* नहीं कहा था। भाव यह है कि राजाको छलनेके लिये ही वह मुनि बना था, जिसमें राजा उसे मुनि जाने और ऐसा हुआ भी। राजाने कपटी मुनिको मुनि जाना, यथा—*'देखि सुबेष महामुनि जाना।'* मुनि बनकर उसने कपट किया। इसीसे भानुप्रताप कपटी मुनि-संवादमें *'तापस नृप'* न कहा; किन्तु मुनि, तापस, मुनीस आदि कहते रहे और अब कालकेतु-कपटी

मुनिके संवादमें *'तापस नृप'* कहते हैं; क्योंकि अब मुनि कहनेका कोई प्रयोजन नहीं है। कालकेतु जानता है कि यह राजा है, (राज्य छूटनेपर अपनेको छिपानेके लिये तपस्वी वेष धारणकर) तप करता है, इसीसे अब तापस नृप कहते हैं। इस प्रसङ्गभरमें प्रायः यही नाम दिया गया है। यथा—*'परम मित्र तापस नृप केरा', 'तापस नृप मिलि मंत्र बिचारा', 'तापस नृप निज सखहिं निहारी', 'अब साधेउँ रिपु सुनहु नरेसा'* तथा*'तापस नृपहिं बहुत परितोषी।'* (पुनः 'तापस नृप' इससे कहा कि इस समय यहाँ दो राजा हैं, केवल नृप कहनेसे पाठकोंको भ्रम होना सम्भव था।)

टिप्पणी—२ (क) *'तेहि के सत सुत अरु दस भाई'* इति। पुत्र बहुत प्रिय है, इसीसे प्रथम पुत्रका दुःख कहा। सौ पुत्र और दस भाई कहनेका भाव कि इतना उसका परिवार था, उसके सारे वंशका नाश हुआ, सब मारे गये। (ख) *'खल अति अजय……'* इति। *'अति'* देहलीदीपक है। अर्थात् वे अति खल और अति अजय थे। *'खल'* का भाव कि देवताओंकी सम्पत्ति देखकर जलते हैं, यथा—*'खलन्ह हृदय अति ताप बिसेषी। जरहिं सदा पर संपति देखी॥'* (७। ३९) इसीसे देवताओंकी सम्पत्तिका हरण करते हैं। *'अति अजय'* हैं अर्थात् देवता इन्हें नहीं जीत पाते थे, इन्द्रादि सभी देवता हार गये थे। *'देव दुखदाई'* अर्थात् देवताओंसे वैर मानते थे। यथा—*'सुनहु सकल रजनीचर जूथा। हमरे बैरी बिबुध बरूथा॥'* (१८१। ५) (यह रावणने राक्षसोंसे कहा है) [इन्द्रादि देवता दुर्जय (अजय) हैं। उनको भी इन्होंने जीत लिया इससे *'अति अजय'* कहा। ☞देवताओंको दुःख देते और उनकी सम्पत्ति छीन लेते थे, अतएव खल कहा, यथा—*'खलन्ह हृदय……।'* (प्र० सं०)]

टिप्पणी—३ (क) *'प्रथमहि भूप समर सब मारे'* इति। *'प्रथम'* का भाव कि जब भानुप्रताप दिग्विजयको चला और तापस नृपपर चढ़ाई की तब कालकेतु अपने मित्रकी सहायताके लिये अपने सब पुत्रों और सब भाइयोंसहित आया था, तब राजाने उन सब पुत्रों और भाइयोंको संग्राममें मारा। [यह भी हो सकता है कि पहले-पहल कालकेतुसे युद्ध किया; क्योंकि वह ब्राह्मण, देवता और सन्त सभीको दुःख दे रहा था और राजा विप्र-सुर-सन्तसेवी था, इसीसे राजाने प्रथम उन्हींसे युद्ध किया। तत्पश्चात् मनुष्य राजाओंपर दिग्विजयके लिये निकला, यह भाव *'तेहि खल पाछिल बयरु सँभारा। तापस नृप मिलि मंत्र बिचारा॥'* से भी पुष्ट होता है।] (ख) *'बिप्र संत सुर देखि दुखारे'* इति। यह सबको मार डालनेका कारण बताया। भाव कि भानुप्रताप राजाओंको जीतकर उनसे दण्ड लेकर, उनको छोड़ देता था, उनको मारता नहीं था। यथा—*'सप्त दीप भुजबल बस कीन्हे। लै लै दंड छाड़ि नृप दीन्हे॥'* (१५४। ७) पर कालकेतुके पुत्रों और भाइयोंको नहीं छोड़ा, इनका वध किया, क्योंकि देवता, ब्राह्मण आदि जो राजाके सेव्य हैं (यथा—*'गुरु सुर संत पितर महि देवा। करै सदा नृप सब कै सेवा॥'*), जिनका राजा भक्त है वे इन राक्षसोंके कारण निरन्तर दुःखित रहते हैं। यह बात राजाने स्वयं देखी अतः सबोंका नाश किया। (कालकेतु जान बचाकर भाग गया, इसीसे बच गया।) पुनः, *'देखि दुखारे'* का भाव कि राक्षसोंको मारकर उनके दुःखको दूर कर उन्हें सुखी किया। (ग) देवताओंसे राक्षस बलवान् थे। उन राक्षसोंको भानुप्रतापने मारा। इससे पाया गया कि भानुप्रताप देवता और राक्षस दोनोंसे अधिक बलवान् था।

प० प० प्र०—प्रतापभानुने यह राजनैतिक भूलें कीं जो उसके विनाशका कारण हुईं। विश्वविजेताके अभिमानमें उन्होंने राजनीतिका पालन सावधानतासे न किया। *'रिपु रुज पावक पाप प्रभु अहि गनिअ न छोट करि', 'रिपु रिन रंच न राखब काऊ'* यह नीति है। कालकेतुके *'सत सुत अरु दस भाई'* तो मारे पर घमण्डमें आकर कालकेतुकी उपेक्षा कर दी कि अकेला वह क्या कर सकता है। इसी प्रकार जो राजा रणसे भाग गया, उसपर भी ध्यान नहीं रखा। *'तदपि कठिन……छत्र जाति कर रोष।'* (६। २३) यह वे भूल गये।

मानसमें यह प्रतापभानु-आख्यान ही केवल एक ऐसा प्रकरण है जो एकदम मरुभूमिके समान भक्तिरसविहीन होनेसे रूखा-सूखा लगता है। कपट मुनिने चार बार हरि शब्दका प्रयोग किया है, पर

इस प्रकरणमें राम, रघुपति, रघुनाथ इत्यादि शब्द एवं भक्ति शब्द एक बार भी नहीं है। राम और भक्तिका नाम भी नहीं है। इस प्रकरणसे यह उपदेश मिलता है कि चाहे कोई कितना ही धर्मशील क्यों न हो, यदि उसमें सत्सङ्ग, रामनाम और रामभक्ति नहीं है, तो उसको सङ्कट पड़नेपर अपने कर्मके अतिरिक्त कोई सहारा नहीं है, कोई बचानेवाला नहीं। (इसी पृष्ठमें, टिप्पणी २ देखिये।)

तेहि खल पाछिल बयरु सँभारा। तापस नृप मिलि मंत्र बिचारा॥७॥
जेहि रिपु छय सोइ रचेन्हि उपाऊ। भावी बस न जान कछु राऊ॥८॥

दोहा—रिपु तेजसी अकेल अपि लघु करि गनिअ न ताहु।
अजहुँ देत दुख रबि ससिहि सिर अवसेषित राहु॥१७०॥

शब्दार्थ—सँभारा=सँभाला, स्मरण किया, यथा—*'बुधि बल निसिचर परइ न पारयो। तब मारुतसुत प्रभु संभारयो॥'* (६। ९४) *'बार बार रघुबीर सँभारी। तरकेउ पवनतनय बल भारी॥'* (५। १) *'दीनदयाल बिरिदु संभारी। हरहु नाथ मम संकट भारी॥'* (५। २७) मंत्र=सलाह, मशविरा, परामर्श। (जिसका मनन करनेसे रक्षा हो उसे मन्त्र कहते हैं। इस तरह मन्त्रका अर्थ हुआ—जिससे अपनी रक्षा हो, शत्रुका क्षय हो वह उपाय वा सलाह।) छय (क्षय)=नाश। अवसेषित=बचा हुआ।

अर्थ—उस दुष्ट (कालकेतु) ने अपने पिछले वैरको स्मरण किया और तपस्वी राजासे मिलकर सलाह की॥७॥ उन दोनोंने वही उपाय रचा जिससे शत्रुका नाश हो। राजा (भानुप्रताप) होनहारवश कुछ नहीं जान पाया॥८॥ तेजस्वी शत्रु अकेला भी हो तो भी उसे छोटा न समझना चाहिये। (देखिये) राहु जिसका सिरमात्र बच गया था वह अब भी सूर्य और चन्द्रमाको दुःख देता है॥१७०॥

टिप्पणी—१ (क) *'तेहि खल'* इति। *'खल'* का भाव कि राजाको संग्राममें तो मार न सका और अकेला पड़ जानेसे वैरका साहस भी न रह गया था, एक साथी तापस नृपके मिल जानेसे अब छलसे मारनेका उपाय सोचा। *'पाछिल बयरु'*—अर्थात् अपने सौ पुत्र और दसों भाइयोंके मारे जानेका वैर। पुनः भाव कि पहले तो तापस नृपके वैरसे वैर मानता था (मित्रका वैरी अपना वैरी होता है। इसीसे रघुनाथजीने बालिसे कहा है—*'मम भुज बल आश्रित तेहि जानी। मारा चहसि अधम अभिमानी॥'* (४। ९) और अब उसने अपने पुत्रों और भाइयोंके मारे जानेका स्मरण किया (कि इसने हमारे वंशका नाश किया, हम इसका वंशसहित नाश करें)। (ख) *'तापस नृप मिलि....'* इति। (इससे जनाया कि कालकेतु बिना तापस नृपसे मिले अकेले भानुप्रतापको छलसे भी मारनेमें समर्थ न था। इसीसे वह तापस नृपसे मिला और तब दोनोंने मिलकर प्रथम विचारकर उपाय तैयार किया तब राजाको छला।)

टिप्पणी—२ (क) *'जेहि रिपु छय सोइ रचेन्हि उपाऊ।'* इति। राजासे जीतना सम्भव नहीं है, इसीसे *'जेहि छय होइ'* अर्थात् जीतनेका उपाय न रचा, क्षयका उपाय रचा। राजाको मृगयाका व्यसन था ही अतः कालकेतु शूकर बना और तापस नृप मुनि बना। शूकर छलकर राजाको तापसके पास लाया। दोनोंने मिलकर राजाको ब्राह्मणोंसे शाप दिलाया; यही उपाय है जो पूर्व कह आये हैं। यथा—*'जाइ उपाय रचहु नृप एहू। संवत भरि संकलप करेहू॥....'* *'जेहि सूकर होइ नृपहि भुलावा।'* (ख) *'भावी बस न जान कछु राऊ'* इति। कालकेतुका शूकर बनना, वैरी राजाका मुनि बनना, दोनोंका मेल इत्यादि कुछ न जान पाया, इसका कारण *'भावी'* है। *'भावी बस'* कहनेका भाव कि भावीने राजाको अज्ञानी कर दिया, नहीं तो वह बड़ा बुद्धिमान् है, वह अवश्य जान जाता। यदि *'भावी बस'* न कहते तो राजामें अज्ञान पाया जाता। (त्रिपाठीजी लिखते हैं कि 'राजा बड़ा सावधान था। उसने कालकेतु और तपस्वी वेषधारी राजाके खोजवानेका यत्न बहुत किया था, परन्तु भावीवश उसे कुछ पता न लगा। कालक्रमसे बात पुरानी हो गयी और अब उस ओर कोई ध्यान नहीं देता था'।)

टिप्पणी—३ *'रिपु तेजसी अकेल....'* इति। अर्थात् कालकेतु और तापस नृप दोनों अकेले रह गये फिर

भी वे तेजस्वी शत्रु थे, राजाने उनको लघु जानकर खोजकर न मारा, यही समझता रहा कि वे अकेले हमारा क्या कर सकते हैं। उनके भाग जानेपर राजाको चाहिये था कि उन्हें खोजकर मारते। यह नीति है, यथा—*'रिपु रिन रंच न राखब काऊ।'* (२। २२९) शत्रु छोटा भी हो तो भी उसे छोटा न मानना चाहिये, यथा—*'रिपु रुज पावक पाप प्रभु अहि गनिय न छोट करि।'* (३। २१) *'अजहुँ'* का भाव कि यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। *'सिर अवसेषित राहु'*—भाव कि जैसे राहु सिरमात्र ही है वैसे ही कालकेतु और तापस नृप सिरमात्र ही काटनेको रह गये थे और सब वंशका नाश तो राजाने कर ही दिया था।

नोट—१ यह दोहा भानुप्रताप, कालकेतु और तापस तीनोंमें घटित हो सकता है। कपटी मुनिका राज्य गया, उसके परिवार और सेना आदि सब राज्याङ्गोंका नाश हुआ। वह अकेला रह गया, जैसे राहुका सारा धड़ नष्ट हो गया, सिरमात्र रह गया। यद्यपि वह अकेला है तो भी क्या? वह है तो क्षत्रिय, फिर राजा और शत्रु! अवसरपर घात किया ही चाहे। भानुप्रतापको चाहिये था कि उसको खोजकर मारता। इसी तरह कालकेतुका वंश मारा गया। वह अकेला रह गया तो क्या? वह है तो तेजस्वी! देवता उससे जीत न पाते थे। अत: उसे भी मारना था। कालकेतुका परिवार राहुका धड़ है और कालकेतु सिर। (कालकेतुको राहु कहा क्योंकि राक्षस भी काला और राहु भी काला। *'तापस नृप'* को राहु कहा, क्योंकि जैसे राहु छिपकर देवताओंमें जा बैठा था वैसे ही यह भी भागकर मुनिवेष बनाकर बैठा था। और भानुप्रतापको ग्रसनेकी सन्धिकी घातमें था। पुन: भानुप्रताप इस समय अकेला है। उसकी सेना और मन्त्री आदि कोई अङ्ग इस समय साथ नहीं हैं। इसे कालकेतु और तापस नृपने मार क्यों न डाला? उसका समाधान करते हैं कि *'रिपु तेजसी'''।'* अर्थात् वह अकेला है तो क्या? है तो तेजस्वी! न मरा तो फिर इन्हें जीता न छोड़ेगा। जैसे राहुका छल सूर्य और चन्द्रमाने बता दिया पर भगवान्‌के चक्रसे भी वह न मरा, उसका धड़मात्र नष्ट हो गया, सिर जीवित रह गया अत: वह अबतक सूर्य और चन्द्रसे अपना बदला लेता है। पुन: अकेले उसके मारनेसे क्या होता? उसके भाई, मन्त्री प्रभृति खोज लगाकर इन्हें मार डालते, इनके रहते राज्य तो लौटकर मिलेगा नहीं। अतएव अकेले राजाको न मार परिवारसहित उसका नाश करनेका उपाय रचा। बला और अतिबला विद्याके जानकारको कोई सोतेमें मार नहीं सकता अथवा उस समय असुर भी सोते हुए शत्रुको मारना अनुचित समझते थे (वि० त्रि०)।

नोट—२ पंजाबीजी लिखते हैं कि जैसे रवि और शशि दो और राहु एक, वैसे ही कालकेतु और कपटी मुनि दो और भानुप्रताप अकेला है। इसीसे उन दोनोंने विचार किया कि यदि हम इसे मारने लगे और वह जाग पड़ा तो फिर यह हमें राहुकी तरह ग्रसेगा। इसलिये उसे द्विजशाप दिलाकर उसका नाश करना उचित है।

नोट—३ *'अजहुँ'*का भाव कि राहुका सिर काटे गये लाखों वर्ष हो गये। जब क्षीरसमुद्र मथा गया था तबकी यह बात है। पर उस वैरको राहु अबतक नहीं भूला, बराबर सन्धि पाकर वैरीको ग्रसता रहता है। वैसे ही यद्यपि कालकेतुके पुत्र और भाइयोंको मारे हुए तथा तापस नृपका राज्य छिने हुए अनेक वर्ष बीत गये तब भी ये दोनों अपना वैर भूले नहीं, उस पुरानी शत्रुताके कारण आज भानुप्रतापके नाश करनेको उद्यत हैं।

नोट—४ राहुके सिर कटनेकी कथा (दोहा ४। ३) *'हरिहर जस राकेस राहु से'* में देखिये। पूर्वार्द्ध उपमेय वाक्य है और उत्तरार्द्ध उपमान वाक्य। दोनों वाक्योंमें बिना वाचक पदके बिम्ब-प्रतिबिम्ब-भाव झलकना 'दृष्टान्त अलङ्कार' है।

तापस नृप निज सखहि निहारी। हरषि मिलेउ उठि भएउ सुखारी॥ १॥
मित्रहि कहि सब कथा सुनाई। जातुधान बोला सुख पाई॥ २॥
अब साधेउँ रिपु सुनहु नरेसा। जौं तुम्ह कीन्ह मोर उपदेसा॥ ३॥

शब्दार्थ—**सखहि**=सखाको। **सखा**=साथी, मित्र। **साधेउँ**=ठीक कर लिया, वशमें कर लिया। कार्य सिद्ध कर लिया। रिपुका नाश कर दिया।

अर्थ—तपस्वी राजा अपने सखाको देख प्रसन्न हो उठकर मिला और सुखी हुआ॥ १॥ (फिर उसने) मित्रसे सब कथा कह सुनायी। (वह) निशाचर आनन्दित हो बोला॥ २॥ राजन्! सुनो। जो तुमने मेरा उपदेश (मेरे कहनेके अनुसार; मेरा कहा) किया तो अब मैंने शत्रुको साध लिया (उसका नाश कर डाला)॥ ३॥

टिप्पणी—१ (क) *'तापस नृप…'* का सम्बन्ध ऊपरके *'कालकेतु निसिचर तहँ आवा।'…* (१७०। ३) से है। अर्थात् कालकेतु वहाँ आया, उसे देखते ही तापस उठकर मिला। उठकर मिलने और हर्षित होनेका भाव कि तापस कालकेतुकी बड़ी प्रतीक्षामें बैठा था। सोच रहा था कि यदि कहीं कालकेतु आज न आया तो सब काम बिगड़ जायगा। मैंने राजासे एकरार किया है कि तपोबलसे तुम्हें सोते हुए घोड़ेसमेत घर पहुँचा दूँगा, यह बात मेरे सामर्थ्यसे बाहर है, मुझसे तो हो नहीं सकती, इत्यादि सोचमें पड़ा हुआ था, यथा—*'सो किमि सोव सोच अधिकाई।'* जिस समय वह इस चिन्तामें ग्रस्त था उसी समय कालकेतु आ गया। इसीसे तापस बड़ा सुखी हुआ और उठकर मिला। *'निहारी'*से सूचित हुआ कि उसकी राह देख रहा था कि कब आवे। (ख) *'कहि सब कथा सुनाई'* इति। सब कथा सुनानेका भाव कि जिसमें सब बातचीत सुनकर छल करनेमें चूके नहीं, जैसा सुने वैसा ही सब कार्य करे। (ग) *'जातुधान बोला सुख पाई'* इति। कालकेतुको सुख हुआ क्योंकि यह सब छल करना उसके लिये एक साधारण बात है। (धर्मात्माओंके साथ अन्याय करना, उनके नाशमें तत्पर रहना और नाशमें सुख मानना इत्यादि सब निशाचरोंके लक्षण हैं, यथा—*'जिन्हके यह आचरन भवानी। ते जानेहु निसिचर सब प्रानी॥'*(१८४। ३) अतः *'सुख पाई'* के साथ *'जातुधान'* कहा।) कालकेतु आया, यह तापस नृपके मनकी बात हुई। इसीसे वह मित्रको देखकर सुखी हुआ। और कालकेतु कथा सुनकर सुखी हुआ। इससे जाना गया कि यह सब उसके मनकी बात हुई। जैसे कपटी मुनिने कथा सुनाकर कालकेतुको सुख दिया वैसे ही कालकेतु अपने मित्रको सुख देनेकी बात बोला।

टिप्पणी—२ (क) *'अब साधेउँ'* इति। अर्थात् अब मुझसे न बचेगा, अब मैं सब कर लूँगा। [श० सा० में *'साधित'* शब्द मिलता है जिसका एक अर्थ यह है—'जिसका नाश किया गया हो।' इसके अनुसार *'साधेउँ'* का अर्थ होगा 'नाश कर डाला।'] *'अब'* का भाव कि यदि तुम ऐसा उपाय न करते तो हम शत्रुका नाश न कर सकते। (ख) *'जौ तुम्ह कीन्ह मोर उपदेसा।'* इति। इससे पाया गया कि कालकेतु इसे पूर्व ही यह सिखा गया था (कि मैं किसी दिन जब राजा शिकारको निकलेगा उसे छलद्वारा भटकाकर इधर ले आऊँगा। तुम उससे इस तरह बातें करना कि जिससे वह तुम्हें महामुनि जानकर तुम्हारे वशमें हो जाय, तुम्हारी आज्ञाके पालनमें तत्पर हो जाय) इत्यादि।

परिहरि सोच रहहु तुम्ह सोई। बिनु* औषध बिआधि बिधि खोई॥ ४॥
कुल समेत रिपु मूल बहाई। चौथें दिवस मिलब मैं आई॥ ५॥
तापस नृपहि बहुत परितोषी। चला महाकपटी अतिरोषी॥ ६॥

शब्दार्थ—**बिआधि**=(व्याधि)=रोग।

अर्थ—अब तुम चिन्ता त्यागकर सो रहो। विधाताने बिना दवाके रोगका नाश कर दिया॥ ४॥ वंशसहित शत्रुको जड़मूलसे (उखाड़) बहाकर मैं तुमसे चौथे दिन आकर मिलूँगा॥ ५॥ तपस्वी राजाको बहुत प्रकारसे सन्तोष (दिलासा) देकर (वह) महाकपटी और अत्यन्त क्रोधी (कालकेतु) चला॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) *'परिहरि सोच…'* इति। प्रथम कह आये हैं कि कपटी मुनिको सोचके मारे

* बिन—१६६१। प्रायः सर्वत्र 'बिनु' है, यहाँ लेखक-प्रमाद जान पड़ता है।

नींद नहीं पड़ती—*'सो किमि सोव सोच अधिकाई।'* इसीसे कालकेतु कहता है कि सोच छोड़कर सो रहो। सोचमें मनुष्यको निद्रा नहीं पड़ती, यथा—*'निसि न नींद''मरत बिकल सुचि सोच', 'गयो भवन अति सोच बस नींद परै नहिं राति।'* इसीसे प्रथम सोच त्याग करनेको कहा तब सोनेको (*'रहहु सोई'* का भाव कि पैर फैलाकर मेरे भरोसे निश्चिन्त सो रहो) (ख) *'बिनु औषध·····'* इति। यहाँ भानुप्रताप व्याधि है। बिना दवाके अर्थात् बिना उपाय किये। भाव कि ऐसा प्रबल शत्रु साधारण उपायसे नहीं मर सकता तो एक साधारण उपायसे ही नाशको प्राप्त होगा। *'बिधि खोई'* का भाव कि विधिवश ही ऐसा संयोग आ बना है, नहीं तो अपने किये न होता। (ग) *'कुल समेत रिपु मूल····'* इति। शत्रुका मूल कुल है। कुलका नाश होनेसे शत्रु निर्मूल हो जायगा। [विप्र-गुरु-पूजा इसकी जड़ है। ब्राह्मणशापद्वारा इसकी जड़ धो बहाऊँगा। जड़के बह जानेसे इसका राज्यरूपी मकान भी ढह जायगा। (वि० त्रि०)] कपटी मुनिने राजासे कहा था कि *'मोहि तोहि भूप भेंट दिन तीजै'* हमसे-तुमसे तीसरे ही दिन भेंट होगी। इसीसे कालकेतु कहता है कि तीसरे दिन मैं राजासे पुरोहितका रूप धरकर भेंट करूँगा, चौथे दिन ब्राह्मणोंको प्रात: ही निमन्त्रित कराके मध्याह्नमें राजाको शाप दिलाकर उसी दिन तुमसे आ मिलूँगा।

टिप्पणी—२ *'तापस नृपहि·········'* इति। (क) *'बहुत परितोषी'* का भाव कि कपटी मुनिको बहुत सोच है कि न जाने कोई विघ्न उपस्थित हो जानेसे काम न हो तो मेरी क्या दशा होगी। उसने ढाढ़ँस बँधाया कि वार खाली न जायगा। (वि० त्रि०) *'सो किमि सोव सोच अधिकाई',* इसीसे बहुत सन्तोष देना पड़ा। (ख)*'चला'* से स्पष्ट है कि तापस भानुप्रतापसे सोनेको कहकर दूसरी जगह (जहाँ उसके सोनेका आसन था) चला गया था। यदि यहाँसे भानुप्रतापका आसन दूर न होता तो कालकेतुका चलकर वहाँ जाना न कह सकते। (विशेष *'आसन जाइ बैठ छल ग्यानी।'* (१७०। १) में देखिये।) (ग) *'महाकपटी अति रोषी'* इति। भाव कि तापस, कपटी और क्रोधी था, यथा—*'रिस उर मारि रंक जिमि राजा।'* और कालकेतु महा कपटी और अति रोषी है। यथा—*'जानै सो अति कपट घनेरा',* इसको अत्यन्त रोष है क्योंकि इसके दसों भाई और सौ पुत्र सभी राजाने मार डाले थे। [महा कपटी है अर्थात् अत्यन्त कपट जानता है। यथा—*'जानै सो अति कपट घनेरा।'* पुन: अपने अधीन पुरुषपर भी दया नहीं, उसे जड़मूलसे नाश करनेका प्रण किया है; इससे *'अति रोषी'* कहा। *'महा कपटी'* तो आगे उसके कर्मोंसे ही स्पष्ट है। (पं०)]

भानुप्रतापहि बाजि समेता। पहुँचाएसि छन माझ निकेता॥ ७॥
नृपहि नारि पहिं सयन कराई। हयगृह बाँधेसि बाजि बनाई॥ ८॥
दोहा—राजा के उपरोहितहि हरि लै गएउ बहोरि।
लै राखेसि गिरि खोह महुँ माया करि मति भोरि॥ १७१॥

शब्दार्थ—**माझ**=में, मध्यमें। **हयगृह**=घोड़ोंके रहनेका स्थान, घुड़शाल। **भोरी**=भ्रमित, भोली-भाली, जिसमें विचारशक्ति न रह जाय।

अर्थ—भानुप्रतापको घोड़ेसहित क्षणके भीतर ही घरमें पहुँचा दिया॥ ७॥ राजाको रानीके पास लिटाकर घोड़ेको अच्छी तरह घुड़शालामें बाँधा॥ ८॥ (फिर) राजाके पुरोहितको हर ले गया और (अपनी राक्षसी) मायासे उसकी बुद्धि भोरी करके उसे पर्वतकी गुफामें ले जाकर रखा॥ १७२॥

टिप्पणी—१ (क) कपटी मुनिने राजासे कहा था कि *'मैं तप बल तोहि तुरग समेता। पहुँचैहउँ सोवतहि निकेता॥'* इसीसे कालकेतुने उसे सोते हुए घोड़ेसमेत क्षणमात्रमें घर पहुँचा दिया। इस तरह तापसकी बात सत्य की। तापस राजाने तपबल कहा था। इसीसे क्षणभरमें ही पहुँचाया। जिससे राजाको विश्वास हो कि तपोबलसे यह काम किया गया। सोते ही और घोड़ेसमेत उसपर भी क्षणभरमें, यह सब असाधारण

बातें हैं। राजाने इसे मुनिका तपोबल माना भी है, यथा—*'मुनि महिमा मन महुँ अनुमानी।'* (ख) तापसने तो पहले पुरोहितको हर लानेको कहा था, पीछे राजाको घर पहुँचानेको। परंतु कालकेतुने प्रथम राजाको पहुँचाया। क्योंकि यदि वह पहले नगरमें जाकर पुरोहितको हर लाता तो उसे फिर यहाँसे राजाको ले जाना पड़ता और फिर लौटना पड़ता। इस तरह उसे दो बार आना-जाना पड़ता। अतः कालकेतुने बुद्धिमानी की कि इनको वहाँसे लेता गया और यहाँसे लौटतेमें पुरोहितको ले आया।

टिप्पणी—२ *'नृपहि नारि पहिं सयन कराई।'''* इति। (क)तापसने राजासे यह नहीं कहा था कि हम तुम्हें रानीके पास शयन करा देंगे, क्योंकि वह महात्मा बना है। महात्माके मुखमें ऐसी बात शोभा नहीं देती। तापसने जब कालकेतुसे सब कथा कही तब उससे कह दिया कि राजाको रानीके पास शयन करा देना, क्योंकि राजा रानीके पास शयन करता है, पृथक् नहीं सोता। पुरुषका स्त्रीसे पृथक् शय्यापर सोना **'स्त्रीणामशस्त्रवध उच्यते'** स्त्रियोंके लिये अशस्त्रवध कहलाता है। (ख) राजा सो रहा था, उसी अवस्थामें रानीके पास पहुँचाया गया, घोड़ा अश्वशालामें पहुँचा। राजाको शय्यापर लिटाकर तब उसने घोड़ा बाँधा। *'बनाई'* अर्थात् अच्छी तरहसे बाँधा जिससे छूटे नहीं। (*'बनाई'* अर्थात् जीन आदि उतारकर अगाड़ी-पिछाड़ी बाँधकर, जैसी रीति है।)

टिप्पणी—३ *'राजा के उपरोहितहि'''* इति। (क) *'बहोरि'* अर्थात् घोड़ेको अश्वशालामें बाँधनेके पश्चात्। (ख) पुरोहितको हरनेका भाव कि धर्मकार्य कराना पुरोहितका काम है। बलि-वैश्वदेव, ब्राह्मणभोजनका संकल्प कराना, इत्यादिमें पुरोहित रहेगा तो वह सब जान जायगा क्योंकि वह बड़ा बुद्धिमान् पण्डित है। अतः उसे प्रथम ही हर ले गया।

नोट—१ यहाँ *'राजा के उपरोहितहि'* यह पद देनेका भाव यह है कि ब्राह्मण तो तपस्वी होते हैं। उनपर निशाचरकी मायाका प्रभाव नहीं पड़ सकता। पर, यह पुरोहित है, राज्य धन-धान्यसे पला है, इससे वह तेज नष्ट हो गया। इसीसे हर लिया गया। (पं०) वीरकविजी लिखते हैं कि ब्राह्मणके लिये राजपुरोहित होना ही दोषका कारण है, नहीं तो क्यों पागल बनाकर कन्दरामें कैद किया जाता। इसमें 'लेश अलङ्कार' की ध्वनि है।

☞ब्राह्मणों और विरक्तोंको इससे उपदेश ग्रहण करना चाहिये।

नोट—२ इसके साथ राक्षसने दो उपाय रचे। एक तो मति भोरी कर दी, दूसरे गिरिकन्दरामें छिपा दिया। कारण यह कि अगर 'इसे मैं उन्मत्त करके छोड़ दूँगा तो कदाचित् इसे कोई पहिचान ले और नगरमें खबर पहुँचा दे तो हमारा काम बिगड़ जायगा और यदि बिना मति बौराये कन्दरामें रखें तो ऐसा न हो कि वहाँसे चिल्लाये तो कोई सुनकर इसे निकाल दे।' (पं०) मति भोरी कर दी कि कन्दरामें ही घूमा करे बाहर न निकल सके, उसे यही न मालूम हो कि मैं कौन हूँ और कहाँपर हूँ।

महाराज हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि यदि वह बुद्धिसंयुक्त रहता तो कोई जप-तप, यन्त्र-मन्त्र इत्यादि-द्वारा राजाके पास पहुँच जाता और तब सब भेद खुल जाता, अतएव मति भ्रमित कर दी।

नोट—३ यहाँ कालकेतु नामकी सार्थकता दिखायी है। वह मानो सत्य ही कालकी ध्वजा है जो राजाके नाशके लिये उठकर उसके साथ उसके नगरको क्रोधित आया है।

आपु बिरचि उपरोहित रूपा। परेउ जाइ तेहि सेज अनूपा॥ १॥
जागेउ नृप अनभएँ बिहाना। देखि भवन अति अचरजु माना॥ २॥
मुनि महिमा मन महुँ अनुमानी। उठेउ गवहिं जेहिं जान न रानी॥ ३॥
कानन गएउ बाजि चढ़ि तेही। पुर नर नारि न जानेउ* केही॥ ४॥

---

* 'जानेउ'—१६६१।

शब्दार्थ—**बिरचि**=विशेष रचकर; अच्छी तरह बनाकर। **सेज**=शय्या, पलंग। **अनभएँ**=बिना हुए। **बिहाना**=प्रात:काल, सबेरा। **गवहिं**=गौंसे, सँभालकर, धीरे-धीरे, चुपचाप। यथा—***'देखि सरासन गवहिं सिधारे।'*** (२५०। २) **तेही**=वह, उसी। **केही**=किसीने।

अर्थ—आप पुरोहितका रूप बनाकर उसकी अनुपम शय्यापर जा लेटा॥ १॥ राजा सबेरा होनेसे पहिले ही जागा। महलको देखकर उसने बड़ा आश्चर्य माना॥ २॥ मनमें मुनिकी महिमा विचारकर वह चुपचाप बड़ी सावधानीसे उठा जिसमें रानी न जान पाये॥ ३॥ वह उसी घोड़ेपर चढ़कर वनको गया। नगरके स्त्री-पुरुष किसीने भी न जाना॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) ***'बिरचि'*** का भाव कि ऐसा पुरोहितरूप बनाया कि कोई भाँप नहीं सकता (कि पुरोहित नहीं हैं। पुरोहिताइन भी न जान सकी तब दूसरेकी तो बात ही क्या?) (ख) ***'परेउ जाइ'***—सेजपर जाकर लेटनेका भाव कि जिसमें कोई यह न जान पावे कि पुरोहित घरमें नहीं हैं, कहाँ चले गये? [***'जाइ'*** से यह भी जनाया कि पुरोहितको कहीं दूर ले जाकर रख आया। वहाँसे पुरोहितके यहाँ गया।]

(ग) ***'सेज अनूपा'*** इति। इससे जनाया कि उसने विप्रपत्नीका धर्म बिगाड़ा। गोस्वामीजीने इस अपराधको प्रकट न कहा, ***'अनूपा'*** शब्दसे सूचित कर दिया। सेजकी अनूपता यही है कि उसमें अपूर्व स्त्री रहे। [***'सेज'*** प्राय: स्त्रीसहित शय्याके लिये प्रयुक्त होता है। स्त्रीके पास जाकर लेटा, उसका धर्म नष्ट किया और उसने न जाना कि यह हमारे पति नहीं हैं। ***'अनूपा'*** से यह भी जान पड़ता है कि राजासे दानमें मिला होगा। (प्र० सं०) पुरोहितका धर्म नष्ट किया; क्योंकि गुरुका धर्म नष्ट होनेसे शिष्यका विनाश होता है। (पं०) वि० त्रि० लिखते हैं कि पुरोहितकी जैसी शय्या थी वैसी राजाकी न थी, इसलिये अनूप कहा। इससे राजाका नीति-नैपुण्य और धर्मबुद्धि सूचित हुई। राजाके यहाँ पुरोहितका बड़ा सम्मान था। रात अभी बाकी थी, इसलिये शय्यापर जा लेटा।]

टिप्पणी—२ (क) ***'जागेउ नृप'''*** इति। सबेरा होनेके पूर्व ही जागना कहकर जनाया कि यद्यपि राजा बहुत थके हुए थे और बहुत रात बीते सोये थे तथापि अपने जागनेके समय ही जगे। महात्माओंके उठनेका समय प्रात:काल ही है, यथा—***'पछिले पहर भूपु नित जागा।'*** (२। ३८। १) (पुन: भाव कि और सबोंके उठनेके समयसे पहले ही उठा क्योंकि यदि औरोंके उठनेका समय हो गया होता तो राजाका आना लोग जान जाते।) (ख) ***'अति अचरजु माना'*** का भाव कि प्रथम कपटी मुनिकी वार्ता सुनकर आश्चर्य माना था और अब उनका कर्तव्य देखा (कि सत्य ही जो उन्होंने कहा था वैसा किया कि सत्तर योजनकी दूरीपर और फिर महलमें और रानीके पास सोते ही पहुँचा दिया यह विशेष काम किया) अत: अति आश्चर्य हुआ।

टिप्पणी—३ (क) ***'मुनि महिमा'*** इति। भाव कि यह सब महिमा कालकेतुकी है; पर राजाने उसे मुनिकी महिमा जानी। पुन: भाव कि पहले भवन देखकर आश्चर्य माना फिर अपने चित्तका समाधान किया कि यह मुनिकी महिमा है। हमसे कहा था कि सोते ही घोड़ेसमेत तुमको घर पहुँचा देंगे वैसा ही उन्होंने किया, उनकी महिमासे यहाँ पहुँचे, यह उनकी बड़ी भारी महिमा है। (ख) ***'उठेउ गवहिं'''***'—(सोते हुए घरमें पहुँच जाना, किसीको खबर न होना इत्यादि बातोंको छिपानेके लिये राजा चुपचाप उठकर फिर वनको चला गया) ***'जेहि जान न रानी'***—क्योंकि रानी यदि जाग पड़ी तो वह राजाको देखकर अवश्य पूछेगी, पूछनेपर बताना पड़ेगा और बतानेसे हानि है (कपटी मुनि, पहले ही चेतावनी दे चुका है। यथा—***'तातें मैं तोहि बरजउँ राजा। कहें कथा तव परम अकाजा॥ छठें श्रवन यह परत कहानी। नास तुम्हार सत्य मम बानी॥'*** (१६६। १-२) पूछनेपर झूठ बोले तो भी हानि है। क्योंकि ***'नहिं असत्य सम पातक पुंजा।'*** (२। २८) यहाँ 'युक्ति अलंकार' है।

टिप्पणी—४ (क) ***'कानन गएउ',*** वनको चला गया जिसमें लौटनेपर लोग जानें कि राजा अभी वनसे आया है. मुनिका रातमें ही भवनमें पहुँचाना किसीको मालूम न हो। ***'बाजि चढ़ि तेही'*** उसी घोड़ेपर

चढ़कर गया क्योंकि यदि दूसरेपर जाता तो लोगोंको सन्देह हो जाता कि राजा तो जिस घोड़ेपर शिकारको गया था वह तो हयशालामें बँधा हुआ है, राजा कहाँ है, (घोड़ा यहाँ अकेला कैसे और क्यों आया? फिर, दूसरा घोड़ा यहाँ नहीं है, उसे कौन और कब ले गया? दूसरे घोड़ेपर लौटा देख लोग अवश्य पूछते।) (ख) *'पुर नर नारि न जानेउ केही'*, पुरवासियोंमेंसे भी किसीने न जाना, इससे जान पड़ता है कि इसमें कुछ कालकेतुकी मायाका प्रभाव रहा होगा। (निशाचरने राक्षसी मायासे सबको मोहित कर दिया था। वि० त्रि० का मत है कि राजाओंके ऐसे गुप्त मार्ग होते थे कि वे उनसे पुरके बाहर आया-जाया करते थे और किसीको पता न चलता था।)

गएँ जाम जुग भूपति आवा। घर घर उत्सव बाज बधावा॥ ५॥
उपरोहितहि देख जब राजा। चकित बिलोक सुमिरि सोइ काजा॥ ६॥
जुग सम नृपहि गए दिन तीनी। कपटी मुनि पद रह मति लीनी॥ ७॥

शब्दार्थ—गएँ=बीत जानेपर। जाम (याम)=पहर, प्रहर, तीन घंटेका समय। **बधावा**=बधाई, मङ्गलाचार, आनन्द-मङ्गलके अवसरका गाना-बजाना। **चकित**=चौकन्ना, आश्चर्ययुक्त, भौचक्का, हक्का-बक्का। **लीनी**=(लीन)—मग्न, अनुरक्त, लगी हुई, तन्मय।

अर्थ—दोपहर बीतनेपर राजा आया। घर-घर उत्सव होने लगे और बधाइयाँ बजने लगीं॥ ५॥ जब राजा पुरोहितको देखता है (तब अपने) उसी कार्यका स्मरण कर चकित हो (उसकी ओर) देखने लगता है॥ ६॥ राजाको तीन दिन युगके समान बीते (क्योंकि) उसकी बुद्धि कपटी मुनिके चरणोंमें लीन हो रही थी॥ ७॥

टिप्पणी—१ (क) *'गएँ जाम जुग·····'* इति। दोपहरमें आये जिसमें लोग जानें कि तबके गये अब आये हैं। [दो पहर दिन बीतनेपर आया क्योंकि पहले आते तो भी सब पूछते कि रातमें कहाँ ठहरे थे जो इतनी जल्दी आ गये, रातमें क्यों न आ गये? दोपहर होनेसे वे समझे कि कहीं बहुत दूर निकल गये थे जहाँसे सबेरे चलकर आये हैं। (पंजाबीजी, रा० प्र०) किसी-किसीका मत है कि अपने जानेसे दोपहर बीतनेपर आया। अथवा, 'दिन बितानेके लिये दोपहर बीते आया] (ख) *'घर घर उत्सव·····'* इति। जब राजा घोर वनमें प्रवेश कर गया तब साथके लोगोंने लौटकर सब हाल कहा। राजाके न आनेसे घर-घर सब लोगोंको संदेह हो रहा था (कि न जाने जीवित हैं या नहीं। सब दुःखी थे) इसीसे राजाको आये देख घर-घर उत्सव होने लगा और उसका नवीन जन्म समझकर बधाइयाँ बजने लगीं। (जन्मके समय बधाई बजनेकी रीति है। यथा—*'गृह गृह बाज बधाव सुभ प्रगटे सुषमाकंद।'* (१९४) वि० त्रि० का मत है कि मृगयाका साज-समाज साथ न होनेसे लोग समझेंगे कि वे सब विंध्याचलमें राजाकी बाट जोह रहे होंगे।)

टिप्पणी २ (क) *'उपरोहितहि देख जब राजा'* इति। घर-घर उत्सव होने लगा, राजमहलमें भी उत्सव होने लगा, तब पुरोहित भी दान कराने, आशीर्वाद देनेके लिये आया (ही चाहे) इसीसे पुरोहितको देखना कहा। (ख) *'चकित बिलोक·····'*—पुरोहितके द्वारा कार्य होनेको है, यथा—*'मैं धरि तासु बेषु सुनु राजा। सब बिधि तोर सँवारब काजा॥'* (१६९। ६) इसीसे कार्यका स्मरणकर चौकन्ना होकर देखता है कि यह हमारा पुरोहित है कि पुरोहितका रूप धरे हुए मुनि ही हैं। पहचानने नहीं पाता, इसीसे संदेहमें है, जब पहचानेगा तब सुखी होगा, यथा—*'नृप हरषेउ पहिचानि गुरु·····।'* (१७२) अथवा, अपना कार्य प्रिय है इसीसे पुरोहित प्रिय लगा, पुरोहितको चकित देख रहा है कि ये ही हमारा काम करेंगे। (बैजनाथजीका मत है कि जब पुरोहितको देखा तो स्वरूप तो वही था पर बोलचाल, स्वभाव और प्रकारका था इससे उसे देख चित्त चकित हुआ और अपना कार्य सिद्ध समझा।)

टिप्पणी ३—*'जुग सम नृपहि गए दिन तीनी'* इति। (क) तापसने राजासे तीन दिनका करार किया

था, यथा—*'मोहि तोहि भूप भेंट दिन तीजै।'* (१६९। ७) इसीसे उसके बिना तीन दिन सत्ययुग, त्रेता और द्वापर इन तीनों युगोंके समान बीते। तीन दिन कुछ अनर्थ न हुआ। (इसीसे इन तीनको तीन उत्तम युग जो प्रथम होते हैं निश्चित करते हैं) चौथा दिन कलियुगके समान नाश करनेवाला आवेगा। [समयका युग-समान बीतना मुहावरा है। चिन्ता आदिसे समय काटे नहीं कटता, मानो युग-का-युग बीत गया। यथा—*'भइ जुग सरिस सिराति न राती।'* (२। १५५) राजा अपने स्वार्थकी चिन्तामें है कि कब मुनि आयें और मेरा मनोरथ सिद्ध हो। अतः उसे तीन दिन काटे नहीं कटते, युगके समान बड़े जान पड़ते हैं।] (ख) *'दिन तीनी'*—इससे पाया गया कि जिस दिन कपटी मुनिसे बातचीत हुई थी और उसने कहा था कि हमसे-तुमसे तीसरे दिन भेंट होगी, वह दिन छोड़कर तीन दिन पूरे बीते। क्योंकि यह बात उसने दो पहर रात्रि बीतनेपर कही थी। उसके पश्चात् राजा सो गया, सबेरा उसे घरमें हुआ, तब वह दिन युगसमान क्योंकर बीत सकता है! वह दिन तो सुखसे बीता। इससे पाया गया कि कालकेतु दो दिन बिताकर तीसरे दिन संध्या समय राजासे मिला। (ग) *'कपटी मुनि पद रह मति लीनी'*—कपटी मुनिके चरणोंमें राजाकी अत्यन्त प्रीति है; इसीसे प्रसङ्गमें अनेक जगह चरणोंमें प्रेमका उल्लेख कविने किया है। यथा—*'बड़े भाग देखेउँ पद आई।'* (१५९। ६) *'चरन बंदि निज भाग्य सराही।'* (१६०। २) *'जोसि सोसि तव चरन नमामी।'* (१६१। ५) *'गहि पद बिनय कीन्हि बिधि नाना।'* (१६४। ६) *'सत्य नाथ पद गहि नृप भाषा।'* (१६६। ५) *'अस कहि गहे नरेस पद स्वामी होहु कृपाल।'* (१६७) तथा यहाँ *'कपटी मुनि पद'''।'* [*'रह मति लीनी'* से सूचित किया कि प्रत्येक क्षण इसी सोच-विचारमें बीतता था कि कब मुनिके दर्शन हों-]

समय जानि उपरोहित आवा। नृपहि मतें सब कहि समुझावा॥ ८॥
दोहा—नृप हरषेउ पहिचानि गुरु भ्रम बस रहा न चेत।
बरे तुरत सत सहस बर बिप्र कुटुम्ब समेत॥ १७२॥

शब्दार्थ—**मतें**=मत, गुप्त बात। =एकान्तमें। **चेत**=बोध, ज्ञान।

अर्थ—अवसर जानकर पुरोहित आया और राजाको सब गुप्त बात एकान्तमें कह समझायी॥ ८॥ राजा गुरुको पहचानकर प्रसन्न हुआ। भ्रमके वश उसे चेत न रहा। उसने तुरंत एक लाख श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको कुटुम्बसमेत (भोजनके लिये) निमन्त्रण दे दिया॥ १७२॥

टिप्पणी—१ *'समय जानि'''''आवा'* इस कथनसे पाया गया कि समय भी निश्चित कर दिया था कि तीसरे दिन संध्या समय आवेंगे। तापसने राजासे कहा था कि *'पहिचानेहु तब मोहि। जब एकांत बोलाइ सब कथा सुनावौं तोहि॥'* वही यहाँ कहते हैं कि *'नृपहि मतें सब'''* अर्थात् एकान्तमें बुलाकर सब कथा कही। इस तरह यहाँ *'मतें'* का अर्थ है 'एकान्तमें'। *'सब'* अर्थात् जो वार्ता वनमें हुई थी वह सब।

टिप्पणी—२ (क) *'हरषेउ'* से जनाया कि राजा बिना गुरुको पहचाने व्याकुल था—*'जुग सम नृपहि गए दिन तीनी'* पहचाना तब प्रसन्न हुआ। (ख) *'भ्रम'* कि ये महामुनि हैं। *'रहा न चेत'*—विचार करनेवाले मन, बुद्धि और चित्त—ये तीनों कपटी मुनिमें लगे हुए हैं, यथा—*'मुनि महिमा मन महुँ अनुमानी'* (मन मुनिकी महिमामें भूला हुआ है); *'कपटी मुनि पद रह मति लीनी'* (बुद्धि मुनिके चरणोंमें लीन है) और महामुनि होनेका भ्रम हुआ इसीसे चेत न रहा, अर्थात् चित्त उसे महामुनि माने हुए है। (ग) *'बरे तुरत'''''* इति। राजाको इस कार्यके सिद्ध होनेकी बड़ी इच्छा है। इसीसे उसने तुरंत विप्रोंको निमन्त्रित किया। कपटी मुनिकी आज्ञा है कि *'नित नूतन द्विज सहस सत बरेहु सहित परिवार।'* इसीसे राजाने *'बरे तुरत सत सहस'''''।'* वर अर्थात् वेदपाठी ब्राह्मण। (उत्तम, कुलीन, श्रोत्रिय इत्यादि) *'बरे तुरत'* से सूचित किया कि कालकेतुहीने निमन्त्रण जाकर दिया और सबको बुला लाया, यह काम दूसरेसे न बन पाता। एक लक्ष वेदपाठी ब्राह्मणोंके घर निमन्त्रण गया, इससे सूचित हुआ कि नगर बहुत बड़ा है।

नोट—१ *'भ्रम बस रहा न चेत'* इति। वह तो भ्रममें पड़ा था कि ये बड़े चिरकालीन तपस्वी मुनि हैं, अपने तपोबलसे हमें सोते घर पहुँचा दिया, पुरोहितका ठीक रूप बना लिया, इत्यादि बातोंसे वह पूर्ण रीतिसे उसके वशीभूत हो रहा था। बुद्धि उसीमें तन्मय हो रही थी। इसीसे कुछ विचार न किया कि क्या एक लक्ष ब्राह्मणोंका नित्य प्रति निमन्त्रण करना और भोजन कराना तथा उससे विप्र-सुर सबका वश हो जाना सम्भव है? कार्यके उचित होनेका विचार न रहा। जैसा हितोपदेशमें कहा है— **'अनुचितकार्यारम्भः स्वजनविरोधो बलीयसां स्पर्द्धा। प्रमदाजनविश्वासो मृत्युर्द्वाराणि चत्वारि॥'**

नोट २—मयंककार लिखते हैं कि 'राजाने भ्रमवश राजनीतिको त्याग दिया क्योंकि कपटी मुनिने कहा था कि तुम्हारे पुरोहितको हम हर लावेंगे, यहाँ एक वर्ष रखेंगे। यदि राजा पुरोहितके हरे जानेपर यह जाँच करते कि उसकी कुटी कहाँ है, किस प्रकार पुरोहितको रखा है तो सब भेद अनायास खुल जाता परंतु दुःख होनहार था, अतः राजनीति छूट गयी।'

श्रीबैजनाथजी—'राजाको भ्रम क्यों हुआ? क्योंकि प्रथम राजाकी मति परमेश्वरके पदमें लीन रही, उनकी कृपासे धर्म पूर्ण रहा, प्रताप उदित रहा, चैतन्यता बनी रही। जब कपटी राजाके पदमें मति लीन हुई तब मति मन्द हो गयी। किस भाँति सो सुनिये—पहले हरिके आश्रित रहनेसे धर्म पूर्ण रहा इससे प्रथम दिन सत्ययुगसम बीता। जब कपटमें मन लगा, कुछ मति मन्द हुई, तब धर्मके एक पद 'सत्य' का नाश हुआ इससे दूसरा दिन त्रेतासम बीता। कपटके ध्यानसे आधी मति गयी तब धर्मके दो पाद सत्य और शौचका नाश हुआ इससे तीसरा दिन द्वापरसम बीता। चौथे दिन तीन अंश मति मन्द हुई, इससे धर्मके तीन पाद सत्य, शौच और दयाका नाश होनेसे मूर्तिमान् राक्षसरूप कलियुग आया सो एक पद दानमात्र जो बच रहा था उसे भी उसने विघ्न लगाकर उखाड़ डाला। पूर्ण धर्मका नाश हुआ।'

वि० त्रि०—राजाको यह याद न रहा कि कालकेतुके सौ पुत्र और दस भाइयोंको मैंने मारा है, उसका पता किसी तरह नहीं लग सका, वह महामायावी है। बदला लेनेकी फिक्रमें लगा होगा। कहीं यह सब उसकी माया तो नहीं है। नहीं तो एक आदमी इतने आदमियोंके लिये रसोई कैसे बनावेगा?

उपरोहित जेवनार बनाई। छरस चारि बिधि जस श्रुति गाई॥ १॥
मायामय तेहि कीन्हि रसोई। बिंजन बहु गनि सकै न कोई॥ २॥
बिबिध मृगन्ह कर आमिष राँधा। तेहि महुँ बिप्र मासु खल साँधा॥ ३॥

शब्दार्थ—'**बिंजन** (व्यञ्जन)=भोजनके पदार्थ। **छरस**=षट्रस, मधुर, तिक्त, अम्ल (आँवलेके स्वादका), लवण (नमकीन), कटु (कड़वा एवं खट्टा) और कषाय (जिसके खानेसे जीभमें एक प्रकारकी ऐंठन वा संकोच जान पड़े। कसैला, बकठा)। यथा—'**कटुकं लवणं चैव तिक्तं मधुरमेव च। आम्लं चैव कषायं च षड्विधाश्च रसाः स्मृताः॥**' *'चारि बिधि'*—'**भक्ष्यं भोज्यं तथा चोष्यं लेह्यं चैव चतुर्विधम्।**' (दोहा ९९। ४) देखिये। **बिंजन** (व्यञ्जन)=पके हुए भोजनके पदार्थ। (यही अर्थ इसका साधारण बोल-चालमें होता है। अन्यथा तरकारी, साग आदि जो दाल, भात, रोटी आदिके साथ खाये जाते हैं उनको व्यञ्जन कहते हैं)। **आमिष**=मांस। **राँधना**=पकाना। (सं० रंधन शब्दसे बना है) **साँधना**=मिलाना, मिश्रित करना, फेंट देना।

अर्थ—पुरोहितने षट्रस और चार प्रकारकी रसोई बनायी जैसी श्रुतियों-(सूपशास्त्र, पाकशास्त्र-) में वर्णित है॥ १॥ उसने मायामय रसोई बनायी। भोजनके पदार्थ बहुत थे, कोई गिन नहीं सकता था॥ २॥ उसने अनेक पशुओंका मांस पकाया और उसमें उस खलने ब्राह्मणोंका मांस मिला दिया॥ ३॥

टिप्पणी—१ (क) *'उपरोहित जेवनार बनाई…'* इति। कपटी मुनिने कहा था कि *'जौं नरेस मैं करौं रसोई।'* और—*'मैं तुम्हरे संकलप लगि दिनहिं करबि जेवनार।'* इसीसे पुरोहितने जेवनार बनायी। दूसरा कोई रहता तो उसकी राक्षसी माया देखकर समझ जाता कि यह मनुष्य नहीं है, इसीसे उसने वहाँ किसी

दूसरेको न रखा और ऊपरसे यह दिखाया कि हम सिद्ध हैं, हमारा बनाया भोजन खानेसे ब्राह्मण वशमें हो जायँगे, दूसरेके हाथके बनाये हुएसे नहीं। (ख) *'माया मय तेहि कीन्हि रसोई'* यह स्पष्ट ही है जैसा आगे कहा है *'तहँ न असन नहिं बिप्र सुआरा।'* (१७४। ७) ये सब व्यञ्जन राक्षसकी मायासे बने थे, इसीसे कालकेतुके अन्तर्धान हो जानेपर सब व्यञ्जन भी अन्तर्धान हो गये, न वह रहा न व्यञ्जन रहे। पुनः 'मायामय रसोई की' यह कहकर जनाया कि उसके बनानेमें किञ्चित् विलम्ब न लगा, बिना परिश्रम एक लक्ष ब्राह्मणोंका भोजन बन गया। [पुनः, 'मायामय' यह कि बनाया तो थोड़ा ही पर माया यह रची कि देखनेवालेको अगणित देख पड़े, इत्यादि।] (ग) *'बिंजन बहु'* से जनाया कि रसोई मायामय है; किन्तु पदार्थ सब सच्चे हैं, देखनेमात्रके ही हों ऐसा नहीं है। *'गनि सकै न कोई'* यह मायाका चमत्कार है।

टिप्पणी—२ *'बिबिध मृगन्ह......'* इति। (क) विविध मृग अर्थात् हिरन, रोजा, साबर, खरगोश, बारहसिंघा, सेही आदि अनेक पशु। इनके मांसमें ब्राह्मणका मांस मिलानेके लिये किसी ब्राह्मणका वध किया इसीसे उसको खल कहा। यथा—*'कहुँ महिष मानुष धेनु खर अज खल निसाचर भच्छहीं।'* (५। ३) (ख) रसोईमें मांस-भोजन बना, इससे पाया गया कि तब ब्राह्मण मांस खाते रहे। पुरोहितने सब रसोई बनायी, मांस बनाया तब उसे *'खल'* न कहा क्योंकि रसोईमें कोई अयोग्य बात न थी। ब्राह्मणका मांस मिलाया, यह अयोग्य काम किया, इसीसे *'खल'* कहा। [ब्राह्मण अनेक मतमतान्तरके होंगे। कोई शाक्त भी होंगे। उनके लिये मांस पकाया गया। वैष्णव मांस नहीं खाते अथवा, विप्रोंको कुपित करनेके लिये ही ऐसा किया गया, मांस कोई भी ब्राह्मण न खाता था। यह भी स्मरण रहे कि जो निमन्त्रित किये गये वे सब 'वर विप्र' थे। *'वर'* शब्द जनाता है कि वे सब सात्त्विक ब्राह्मण थे। वि० त्रि० लिखते हैं कि वस्तुतः वहाँ कोई रसोई न थी, केवल वहाँ अनेक जन्तुओंके मांस थे और उनमें ब्राह्मणका भी मांस मिला था]।

भोजन कहुँ सब बिप्र बोलाए। पद पखारि सादर बैठाए॥ ४॥
परुसन जबहि लाग महिपाला। भै अकास बानी तेहि काला॥ ५॥
बिप्र बृंद उठि उठि गृह जाहू। है बड़ि हानि अन्न जनि खाहू॥ ६॥
भएउ रसोईं भूसुर मासू। सब द्विज उठे मानि बिस्वासू॥ ७॥

अर्थ—सब ब्राह्मणोंको भोजनके लिये बुलाया। चरण धोकर सबको आदरपूर्वक बैठाया॥ ४॥ ज्यों ही राजा परसने लगा त्यों ही उसी समय आकाशवाणी हुई॥ ५॥ हे ब्राह्मणवृन्द! उठ-उठकर (अपने-अपने) घरको जाओ। अन्न मत खाओ, इसमें बड़ी हानि है॥ ६॥ रसोई ब्राह्मण-मांसकी हुई है। सब ब्राह्मण विश्वास मानकर उठ खड़े हुए॥ ७॥

टिप्पणी—१ जैसे निमन्त्रण तुरंत दिया गया था वैसे ही भोजनके लिये भी तुरंत बोलाया। *'सादर'* देहली दीपक है। सादर चरण पखारे अर्थात् स्वर्णपात्र आदिमें चरण रखकर धोये और सादर बैठाया अर्थात् सबको आसन दिया। यथा—*'सादर सबके पाँउ पखारे। जथा जोग पीढ़न बैठारे॥'* ☞यहाँ पञ्चोपचार पूजन कहते हैं। *'भोजन कहँ सब बिप्र बोलाए'* यह आवाहन है; *'पद पखारि'* पाद्य है; *'सादर बैठारे'* यह आसन है; *'परुसन जबहि लाग'* यह नैवेद्य है; पाँचवाँ ताम्बूल है। यहाँ नैवेद्य और ताम्बूल दोनों न हो पाये।

'परुसन जबहि लाग.....' इति। (क) कपटी मुनिने राजासे परसनेको कहा था, यथा—*'तुम्ह परसहु मोहि जान न कोऊ'* इसीसे राजा परसने लगा। परसते ही आकाशवाणी हुई जिसमें ब्राह्मण उसे भगवान्‌को अर्पण न करें, 'बलिवैश्वदेव' न करें। [(ख) राजाका परोसना यही है कि स्वयं महाराजने भी हाथ लगा दिया। सारा समाज परोस रहा था। भाव यह कि परोसनेका काम पूरा होनेपर राजाने स्वयं परोसनेमें हाथ लगाया, उसी समय आकाशवाणी हुई। परिवारके सहित राजा परोसता था, यह बात इतनेसे ही सिद्ध है कि ब्राह्मणोंने परिवारसहित राजाको शाप दिया। राजाके स्वयं परोसनेसे मालूम हुआ कि बड़ी श्रद्धा

है; नहीं तो राजाके परोसनेका नियम नहीं। हिमाचल और श्रीजनकजीने स्वयं नहीं परोसा। रसोइयोंने परोसा था। पर यहाँ रसोईदारका किसीको पता नहीं। अतः अब राजा पूरी तरह रसोईका जिम्मेदार हो गया। अब निगमन यही होगा कि राजाको ऐसी ही रसोई इष्ट थी, इसीसे न जाने किस-किसको बुलाकर रसोई बनवायी, पुराने रसोइए भी सम्मिलित नहीं किये गये। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी—२ *'भै अकास बानी तेहि काला'*—यह आकाशवाणी ईश्वरकी है जैसा आगे स्पष्ट है—*'ईस्वर राखा धरम हमारा।'* अथवा, शाप दिलानेके लिये कालकेतु ही आकाशसे बोला। *'तेहि काला'* से 'तेहि कालकेतु की' यह अर्थ 'नामैकदेशे नाममात्रस्यैव ग्रहणम्' इस न्यायसे ले सकते हैं। कालकेतुने इस भावसे ब्राह्मणोंका अपराध न किया कि कहीं हमें भी शाप न दें और इसी अभिप्रायसे उसने ब्राह्मणोंका हित किया कि आकाशवाणी बोला। (टि० ४ भी देखिये)

टिप्पणी—३ *'बिप्र बृंद उठि उठि गृह जाहू।'''''* (क) *'उठि उठि'* कहनेसे पाया गया कि ब्राह्मणोंके बहुत-से वृन्द थे, एक बार ही *'उठि'* कहते तो एक ही वृन्द पाया जाता। (ख) *'बिप्र बृंद'* कहा क्योंकि सब ब्राह्मण अपने-अपने कुटुम्बसमेत पृथक्-पृथक् हैं। 'घर जाओ' यह कहनेकी रीति है, यथा—*'तजहु आस निज निज गृह जाहू।', 'तुम्ह घर गवनहु भयउ बिलंबा॥', 'जाहु भवन कुल कुसल बिचारी।'* (ग) अन्न मत खाओ क्योंकि रसोईमें ब्राह्मणोंका मांस बना है, इस कथनसे पाया गया कि सब अन्नमें मांसका संसर्ग कर दिया है। (घ) *'है बड़ि हानि'*—धर्मकी हानि बड़ी हानि है, जैसा ब्राह्मणोंके *'ईस्वर राखा धरम हमारा'* इस वाक्यसे स्पष्ट है। अन्न खानेसे क्या हानि है यह आकाशवाणी आगे कहती है—*'भएउ रसोईं''''''।'* [*'बड़ि हानि'* से जनाया कि अन्य जीवोंका मांस-भक्षण करना भी 'हानि' है और ब्राह्मण-मांस-भक्षण तो बड़ा पाप है, औरोंका प्रायश्चित्त है, इसका प्रायश्चित्त भी नहीं। (प्र० सं०)]

टिप्पणी—४ *'भएउ रसोईं भूसुर मासू'''''* इति। (क) यह 'बड़ी हानि' बतायी। यह आकाशवाणी कालकेतुकी है, यह इस चरणसे सिद्ध होता है। कालकेतुकी वाणी है, इसीसे उसमें उसने अपना नाम नहीं बताया। यदि यह ब्रह्मवाणी होती तो अवश्य कहती कि कालकेतु राक्षसने रसोईमें ब्राह्मण-मांस बनाया है। (ख) *'उठे'* क्योंकि आकाशवाणीकी आज्ञा है कि *'उठि उठि गृह जाहू।'* *'मानि बिस्वासू'* का भाव कि भानुप्रताप विप्रसुरसेवी है इससे कभी विश्वास न होता कि वह ब्राह्मणोंका मांस खिलायेगा; पर बोलनेवाला कोई दिखायी नहीं पड़ता और शब्द सुनायी पड़ते हैं, अतः यह अवश्य आकाशवाणी ही है, यह विश्वास हुआ। आकाशवाणीसे ही ऐसा विश्वास हुआ, अतः उठ पड़े। राजाके विनाशार्थ ब्राह्मणोंपर अपनी करनी प्रकट करनेका अवसर जानकर कालकेतुने सोचा कि यदि सीधे-सीधे कहूँगा तो छानबीन होने लगेगी और सारी कलई खुल जायगी। ब्रह्मवाणीपर झटपट विश्वास होता है, अतः उसकी ओटसे कार्य करना ठीक होगा। तुरन्त अदृश्य होकर व्योममें गया और आकाशवाणी की। इसमें 'व्याजोक्ति अलङ्कार' है। (वीर)]

भूप बिकल मति मोह भुलानी। भावी बस न आव मुख बानी॥८॥

दोहा—बोले बिप्र सकोप तब नहिं कछु कीन्ह बिचार।
जाइ निसाचर होहु नृप मूढ़ सहित परिवार॥१७३॥

अर्थ—राजा व्याकुल (हैरान) है। उसकी बुद्धि मोहसे भूली हुई (अर्थात् नष्ट हो गयी) है। होनहारवश उसके मुखसे वचन नहीं निकलता॥८॥ तब ब्राह्मण कोप करके बोले, उन्होंने कुछ भी विचार न किया।* (कहा कि) रे मूर्ख राजा! तू परिवारसहित जाकर निशाचर हो॥१७३॥

टिप्पणी—१ (क) मोहसे बुद्धि नष्ट हो जाती है, यथा—*'मुनि अति बिकल मोह मति नाठी।'* (१३५।५) राजा मोहके वश है इसीसे उसकी बुद्धि नष्ट हो गयी। उसे चाहिये था कि अपना सब वृत्तान्त ब्राह्मणोंके चरणोंपर गिरकर कह देता (प्रार्थना करता कि कोप न कीजिये, पहले सब वृत्तान्त सुन लीजिये तब अपराध

* दूसरा अर्थ टि० २ में दिया गया है।

हो तो मुझे दण्ड दीजिये)। अपना वृत्तान्त कह देता तो ब्राह्मण शाप न देते। पर भावीवश उसके मुखसे वचन न निकला। (ख) *'भावी बस·····'* इति। भावीवश राजाके साथ छल हुआ इसीसे ग्रन्थकारने कई जगह उसका भावीवश होना कहा है। यथा—*'तुलसी जसि भवतब्यता तैसी मिलै सहाइ।'* (१५९) (भावी उसको कपटी मुनिके पास ले गयी। इस वाक्यसे भावीका प्रवेश राजाके तनमें दिखाया); *'जेहिं रिपु छय सोइ रचेन्हि उपाऊ। भावी बस न जान कछु राऊ॥'* (१७०। ८) (इससे मनमें भी भावीका प्रवेश दिखाया क्योंकि जानना मनसे होता है। राजा मनसे जान न पाये) तथा—*'भावी बस न आव मुख बानी'* (मुखसे वचन न निकला, भावीने वाणी रोक दी; यहाँ वाणीपर भी भावीका प्रभाव कहा); और आगे ब्राह्मणोंने भी कहा है—*'भूपति भावी मिटै नहिं जदपि न दूषन तोर॥'* (१७४)

टिप्पणी—२ *'बोले बिप्र·····'* इति। (क) *'सकोप तब'* अर्थात् जब राजा कुछ न बोला तब राजाको अपराधी समझकर कुपित हुए (क्योंकि आकाशवाणी सुनकर भी उसके निराकरणमें कुछ न बोलनेसे उसमें उसकी सम्मति पायी गयी—*'मौनं सम्मतिलक्षणम्'* *'खामोशी अल रजा'* प्रसिद्ध है। यदि अपराध नहीं किया था तो चुप क्यों रहता? दूसरे विप्रसमाजभरका निमन्त्रण था, इतनोंका धर्म नष्ट होता था। इसीसे तुरत भारी कोप हुआ। बात ऐसी गठ गयी कि आकाशवाणीपर शंकाको स्थान ही नहीं)। (ख) *'नहिं कछु कीन्ह बिचार'* इति। इसके दो अर्थ होते हैं—एक तो यह कि 'तूने कुछ विचार न किया' कि हम ब्राह्मणोंको मांस खिलाकर उनका धर्म नष्ट करते हैं, इस अधर्मसे हमारा स्वयं ही नाश हो जायगा। दूसरे यह कि ब्राह्मणोंने कुछ विचार न किया। उन्हें विचार करना चाहिये था कि राजा तो बड़ा धर्मात्मा है, वह ब्राह्मणोंको विप्रमांस कैसे खिलायेगा, इस बातका निश्चय करके तब शाप देना था। इसी बातपर दूसरी आकाशवाणी हुई। यथा—*'बिप्रहु श्राप बिचारि न दीन्हा।'* (१७४। ५) कुछ विचार न किया (क्योंकि ब्रह्मगिरा असत्य नहीं होती, इसे ब्रह्मवाणी ही समझे; इसीसे एकदम उठे और एकदम क्रोध आ गया) क्रोधमें विचार नहीं रह जाता। (ग) *'जाइ'* अर्थात् मरकर। *'निसाचर होहु'*—भाव कि राक्षस विप्रमांस खाते हैं, यथा—*'खल मनुजाद द्विजामिष भोगी।'* तू जो हमें खिलाना चाहता था वह तू ही जाकर खा। *'मूढ़'*—अपना नाश अपने हाथ किया यही मूढ़ता है। *'सहित परिवार'* निशाचर होनेका शाप दिया क्योंकि ब्राह्मणोंको परिवारसहित विप्रमांस खिलाना चाहा था, अब परिवारसहित जाकर जो हमें खिलाना चाहता था वह खाये (शापमें भी विचार न किया कि परिवारसहित राक्षस होंगे तो विप्रोंके ही वंशका तो नाश करेंगे)।

वि० त्रि०—*'मूढ़'* क्योंकि इसमें तेरा कोई लाभ नहीं और हमारा धर्म चला जाता। *'सहित परिवार'* क्योंकि परिवारसहित तू पादप्रक्षालनादि ब्राह्मण-भोजनके कृत्यमें लगा था, तूने ही परिवारसहित रसोई इसीलिये बनायी और आप ही परोसने चला, हमलोगोंके सर्वनाशके लिये जान-बूझकर तूने सब किया; अतः सहित परिवार निशाचर हो जा।

छत्रबंधु तैं बिप्र बोलाई। घालै लिए सहित समुदाई॥ १॥
ईस्वर राखा धरम हमारा। जैहसि तैं समेत परिवारा॥ २॥
संबत मध्य नास तव होऊ। जल दाता न रहिहि कुल कोऊ॥ ३॥

शब्दार्थ—छत्रबंधु=क्षत्रियोंमें महा अधम, क्षत्रियाधम। 'बंधु' शब्द क्षत्रिय और विप्र वा ब्राह्मणके साथ लगनेपर 'अधम' का वाचक होता है।

अर्थ—रे क्षत्रियाधम! तूने ब्राह्मणोंको समुदाय (कुल, परिवार, समाज) सहित (उनका धर्म) नष्ट करनेके लिये बुलाया॥ १॥ ईश्वरने हमारे धर्मकी रक्षा की और तू परिवारसहित नाशको प्राप्त होगा॥ २॥ एक वर्षके भीतर तेरा नाश होगा। तेरे कुलमें कोई पानी देनेवाला न रह जायगा॥ ३॥

टिप्पणी—१ (क) *'घालै लिए'* अर्थात् धर्मका नाश करनेके लिये जैसा *'ईस्वर राखा धरम हमारा'* से स्पष्ट है। ब्राह्मणके धर्मका नाश करनेवाला क्षत्रिय 'क्षत्रियाधम' है, तू हमको बुलाकर विश्वाससे धर्म नष्ट करना चाहता था अतः 'छत्रबंधु' है। (ख) *'ईस्वर राखा·····'* इति। अर्थात् तूने तो अपनी

ओरसे नाश करनेमें कुछ उठा न रखा था, नाश ही कर चुका था किन्तु ईश्वर धर्मके रक्षक हैं, गौ और ब्राह्मणके हितकर्ता हैं, इसीसे उन्होंने हमारे धर्मकी रक्षा की। पुनः भाव कि तूने हमारे धर्मका नाश करनेके लिये हमें बुलाया, हम तेरे विश्वासमें आये, हम कुछ जानते न थे, इसीसे भगवान्‌ने हमारी रक्षा की। (ग) *'जैहसि तैं समेत परिवारा'*—भाव कि ईश्वर अधर्मियोंका नाश करते हैं, तू अधर्मी है, जान-बूझकर हमारा धर्म नष्ट करनेको उद्यत हुआ, इसीसे तेरा नाश होगा, समाज तथा परिवारसहित हमें नष्ट करना चाहा (जिसमें कोई प्रायश्चित्त करनेवाला न रह जाय। वि० त्रि०), अतः परिवारसहित तेरा नाश होगा।

टिप्पणी—२ (क) *'संबत मध्य नास तव होऊ'* इति। राजाने संवत्‌भरका संकल्प किया था, ऐसी ही कपटी मुनिकी आज्ञा थी। यथा—*'जाइ उपाय रचहु नृप एहू। संबत भरि संकलप करेहू॥'* (१६८। ८) इसीसे (भगवान्‌की प्रेरणासे) संवत्‌भरमें नाश होनेका शाप दिया गया। जो पिछले चरणमें कहा था कि *'जैहसि तैं समेत परिवारा,* उसी *'जैहसि'* को इन चरणोंमें स्पष्ट करते हैं। 'परिवारसमेत नाश जिसमें कोई जल भी देनेवाला न रहेगा' यही परिवारसमेत जाना है। [(ख) *'जल दाता न रहिहि'*—अर्थात् तुम्हारी सद्‌गतिका उपाय करनेवाला भी कोई न रह जायगा। अञ्जलिमें जल लेकर पितरोंके नामसे जल गिराना जल वा पानी देना कहलाता है। मरनेपर मृतकके नामसे जल दिया जाता है। इसीको तर्पण भी कहते हैं। इससे सद्‌गति होती है। 'जलदाता कोई न रहे' इससे नाती-पनाती आदि तथा पोते-परपोते आदि भी जो जल दे सकते हैं उनका भी नाश कह दिया। (ग) पूर्व जो कहा था *'बोले बिप्र सकोप',* उस कोपका स्वरूप दिखाते हैं कि क्रोधके कारण तीन बार 'परिवार समेत' नाश होनेका शाप दिया। यथा—*'जाइ निसाचर होहु नृप मूढ़ सहित परिवार'* (१) *'जैहसि तैं समेत परिवारा'* (२) *'संबत मध्य नास तव होऊ। जलदाता न रहिहि कुल कोऊ॥'* (३)

नृप सुनि श्राप बिकल अति त्रासा। भै बहोरि बर गिरा अकासा॥ ४॥
बिप्रहु श्राप बिचारि न दीन्हा। नहिं अपराध भूप कछु कीन्हा॥ ५॥
चकित बिप्र सब सुनि नभबानी। भूप गएउ जहँ भोजन खानी॥ ६॥

अर्थ—राजा शाप सुनकर अत्यन्त त्राससे अत्यन्त व्याकुल हुआ। (तब) फिर श्रेष्ठ आकाशवाणी हुई॥ ४॥ ब्राह्मणो! तुमने भी सोच-विचारकर शाप न दिया। राजाने कुछ भी अपराध नहीं किया॥ ५॥ आकाशवाणी सुनकर सब ब्राह्मण भौचक्के-से रह गये। राजा (रसोईमें) गया जहाँ भोजन-(के पदार्थों-)की खानि थी॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) *'सुनि श्राप बिकल अति·····'* इति। विप्रशाप अत्यन्त घोर होता है, यथा—*'प्रभु महिदेव श्राप अति घोरा।'* (१६६। ८) (वह अन्यथा नहीं हो सकता) *'किएँ अन्यथा होइ नहिं बिप्र श्राप अति घोर।'* (१७४) इसीसे *'अति त्रास'* हुआ और अति त्रास होनेसे अति व्याकुल हुआ। *'अति'* देहलीदीपक है। अथवा, आकाशवाणी सुनकर विकल हुआ था, यथा—*'भूप बिकल मति मोह भुलानी'* और विप्रशाप सुनकर *'अति बिकल'* हुआ। प्रथम आकाशवाणीसे अपराध साबित हुआ फिर उसका दण्ड मिला। राजा विप्रशापसे पहले ही डरता था, यथा—*'एकहि डर डरपत मन मोरा। प्रभु महिदेव श्राप अति घोरा॥'* और अब वह घोर शाप सुना अतः अब अति त्रास हुआ। [विप्र-शाप अति घोर है। भयङ्करता यह है कि एक तो परिवारसहित नाश हो, वह भी अल्पकालमें और फिर यह कि राक्षस-योनि मिले, उसपर भी पानी देनेवाला कोई न रह जाय अर्थात् सद्‌गति हो सकनेका भी उपाय न रहे। यह अति भयङ्करपन है। (प्र० सं०)]

(ख) *'बर गिरा अकासा'* इति।—[पूर्व आकाशवाणीसे राजा अधर्मी ठहराये गये, राजाको जन्मभर इसकी ग्लानि रहेगी, अतएव उसके संतोषके लिये और उसको लोकमें निरपराध प्रकट करनेके निमित्त देववाणी हुई, नहीं तो इस आकाशवाणीकी कोई आवश्यकता न थी] *'बर'* शब्दसे सिद्ध हुआ कि पहलेवाली आकाशवाणी

श्रेष्ठ न थी। वह कालकेतुकी थी, ब्रह्मवाणी न थी। वहाँ *'बर'* शब्द नहीं है। (*'बहोरि'* अर्थात् शापसे अत्यन्त व्याकुल होनेपर। अथवा, एक आकाशवाणी पूर्व हुई। दूसरी बार फिर हुई अतः *'बहोरि'* कहा)।*

टिप्पणी—२ *'बिप्रहु श्राप.....'* इति। (क) ब्राह्मणोंने कुछ विचार न किया यह वक्ता पहले ही कह आये—*'नहिं कछु कीन्ह बिचार।'* वही बात आकाशवाणी भी कह रही है। इससे जनाया कि बिना अपराधके राजाको शाप दिया। इससे भी सिद्ध है कि पहली आकाशवाणी कालकेतुकी है। यदि वह ईश्वरकी वाणी होती तो प्रथम ही यह बात कह देती कि राजाका इसमें दोष नहीं है। दो बार आकाशवाणी होनेका प्रयोजन ही न था। अपराध विचारकर शाप देना था [*बिप्रहु'* का भाव कि राजाने तो अनजानमें अनुचित किया था, पर तुम विप्र हो तुम्हें ध्यानकर देख लेना था कि यह काम किसका था और किसने आकाशवाणीमें दुष्टतापूर्वक भेद जनाया और किस हेतुसे? (म० त० वि०)] (ख) *'अपराध कछु कीन्हा'*—भाव कि ऐसा शाप भारी अपराधमें देना चाहिये था और राजाने तो किञ्चित् भी अपराध नहीं किया। राजाकी शुद्धता प्रकट करनेके लिये *'बर गिरा'* हुई, नहीं तो राजाके हृदयमें बड़ा संताप रहता कि हमारा निर्दोषपन न ब्राह्मण ही जान पाये न परमेश्वर ही, हमें अपराधी बनाकर दण्ड दिया। इस वाणीसे अब संतोष हुआ।

टिप्पणी—३ *'चकित बिप्र सब.....'* इति। (क) *'चकित'*; क्योंकि एक ओर तो आकाशवाणी कहती है कि रसोईमें विप्र-मांस हुआ है और फिर यह भी कहती है कि राजाका कुछ दोष नहीं है, यह कैसी बात है? (ख) *'गएउ भूप जहँ.....'* इति। [विप्र भी चकित और राजा भी। यहाँ दिखाते हैं कि 'कपटी मुनि पद' में राजाकी बुद्धि कैसी तन्मय हो रही थी, दो बार आकाशवाणी हुई तब भी उसने ब्राह्मणोंसे यह कहानी न कही क्योंकि उसने मना कर दिया था, आकाशवाणी सुन चकित हो रसोईमें गया कि गुरुसे मैं जाकर यह सब कहूँ, वे मेरी रक्षा सुर-विप्र दोनोंसे करेंगे। राजा अति व्याकुल होनेके कारण अत्यन्त शोचमें डूब रहा था, यह आकाशवाणी सुनकर व्याकुलता कुछ दूर हुई, वह सावधान हुआ, अब उस शोच-सागरसे पार होनेको गुरुके पास गया, जब वे न मिले तब शोच *'अपार'* देख पड़ा। शापके पार जानेका सामर्थ्य न देखा तब सब कथा कही]।

तहँ न असन नहि बिप्र सुआरा। फिरेउ राउ मन सोच अपारा॥ ७॥
सब प्रसंग महिसुरन्ह सुनाई। त्रसित परेउ अवनी अकुलाई॥ ८॥

दोहा—भूपति भावी मिटै नहि जदपि न दूषन तोर।
किएँ अन्यथा होइ नहि बिप्र श्राप अति घोर॥ १७४॥

शब्दार्थ—किए=उपाय या यत्न करनेसे। यह अन्यथा=कुछका कुछ, व्यर्थ।

अर्थ—वहाँ न तो भोजनके पदार्थ ही थे और न ब्राह्मण रसोइया ही। राजा मनमें बेहद चिन्तित हो लौटा॥ ७॥ सब वृत्तान्त ब्राह्मणोंको सुनाया और बड़ा ही भयभीत और व्याकुल होकर (ब्राह्मणोंके आगे) पृथ्वीपर गिर पड़ा॥ ८॥ (ब्राह्मण बोले) राजन्! भावी नहीं मिट सकती, यद्यपि तुम्हारा दोष नहीं है। विप्रशाप अत्यन्त घोर (कठिन और भयङ्कर) होता है। किसी भी उपायसे वह व्यर्थ नहीं हो सकता॥ १७४॥

टिप्पणी—१ (क) *'तहँ न असन.....'* इति। भोजनके पदार्थ न देख पड़े क्योंकि रसोई *'मायामय'* थी। व्यञ्जन तो अगणित बने थे, पर उनमेंसे एक भी न देख पड़ा। परदेके भीतर देखा तो रसोइया विप्र भी नहीं था। तब 'अपार सोच' हुआ। [मुख्य अपराधी अपने अपराधके प्रमाणसहित अन्तर्धान हो गया। अब राजा सोचता है कि जिसके ऊपर इतनी आस्था थी वह घोर वैरी निकला। और था वह कौन, जिसने इतनी बड़ी माया करके मेरा नाश किया? मैं अत्यन्त लोभसे मारा गया! अब मेरा और मेरे कुटुम्बका क्या होगा? इत्यादि सोचने लगा। (वि० त्रि०)] अपार शोचका भाव कि राजाको पूर्ण

* यदि पूर्व भी देववाणी मानें तो यहाँ 'वरवाणी' का भाव यह होगा कि पहलीसे विप्रवृन्दने राजाकी भूल समझी और शाप दिया और इससे उनका संदेह मिटेगा और वे शान्त होंगे।

भरोसा और विश्वास था कि मुनि भारी महात्मा हैं, हमारा अवश्य भला करेंगे, इसीसे शोचसे पार होनेके लिये मुनिके पास गया। उनको न देखा (जिसका भरोसा था कि पार कर देगा वह न मिला) अतः सोच अपार हुआ। (ख) *'फिरेउ'* अर्थात् प्रसङ्ग सुनानेके लिये। अभी सब विप्र खड़े हैं।

टिप्पणी—२ *'सब प्रसंग महिसुरन्ह'* इति। रसोईमें जब न पदार्थ देखे, न मुनिको तब राजा समझ गया कि वह मुनि न था, कोई शत्रु था, हमारे साथ बड़ा भारी छल किया, हमको धोखा हुआ; तब सब प्रसङ्ग ब्राह्मणोंको सुनाया। (सब प्रसङ्ग अर्थात् शिकारमें एक शूकरके पीछे घोर वनमें जाना, वहाँ एक तापसका मिलना, उसको महामुनि जान उसके छलमें आना, सोते ही महलमें पहुँच जानेसे उसमें विश्वास होना इत्यादि सब बातें। प्रसङ्गके अन्तमें विप्रवृन्दको आदरपूर्वक स्वयं ही बैठाना और परसना आरम्भ करनातक कहा)। प्रसङ्गके अन्तमें ब्राह्मणोंके शापकी बात आयी, उसे समझकर त्रस्त हो गया, उसे कहते-कहते भयसे अत्यन्त व्याकुल हो उनके आगे चरणोंपर गिर पड़ा।

टिप्पणी—३ *'भूपति भावी मिटै नहिं······'* इति। (क) जब राजा ब्राह्मणोंके आगे सब प्रसङ्ग कह चुका, तब ब्राह्मणोंने समझाया। दूसरी नभवाणी और सारा प्रसङ्ग श्रवण करनेसे राजा निरपराध सिद्ध हुआ। अतएव वे राजाको समझाने लगे। (ख) भावी नहीं मिटती अर्थात् यह सब भावीने कराया, भावी तुमको वहाँ ले गयी, भावीवश तुमने यह काम किया। ☞प्रसङ्गके आदि, मध्य और अन्त तीनोंमें भावीकी प्रमुखता (प्रधानता) कही गयी है। यथा—*'तुलसी जसि भवतब्यता······।'* (१५९) आदिमें, *'भावी बस न जान कछु राऊ।'* (१७०। ८) मध्यमें और *'भावी बस न आव मुख बानी।'* (१७३। ८) अन्तमें। इसीसे ब्राह्मण भावीकी प्रबलता कहकर समझा रहे हैं कि *'भावी मिटै नहि।'* (ग) *'जदपि न दूषन तोर'* कहनेका भाव कि दोष न होनेसे (चाहिये था कि) हम शाप अन्यथा कर देते किन्तु हमारे करनेसे शाप व्यर्थ हो नहीं सकता। [☞स्मरण रहे कि उस समय ब्राह्मणोंका यह प्रभाव था। वे असत्यवादी न थे। इसीसे तो जो वचन मुखसे निकल गया वह निकल गया, वह व्यर्थ न जाता था। आजकलकी गिरी दशा शोचनीय है।]

नोट—१ *'बिप्र श्राप अति घोर'* का भाव कि एक भी ब्राह्मणका शाप घोर होता है और यहाँ तो लाखों विप्रवरोंका शाप एक साथ हुआ, अतः अति घोर है।

नोट—२ भानुप्रताप निर्वासिक धर्मात्मा था। उसे यह विघ्न और घोर शाप? इसमें हरिइच्छा ही प्रधान है। जो कहो कि हरि तो धर्मके रक्षक हैं, उन्होंने कैसे विघ्न लगाया? तो उत्तर यह है कि हरिको त्यागकर राजाने कपटमें मन लगाया तब हरि रक्षक कहाँ रहे? पहले निष्काम कर्म करता था अब वह कामनावश हो गया। सौ कल्पतक राज्य तथा अमर होनेकी दुर्वासना उसमें उत्पन्न हुई, इससे वह बन्धनमें पड़ा। (वै०)

पुनः कुछ लोगोंका कथन है कि पूर्व कर्मोंका फल और साधु-वेषकी मर्यादा रखनेके लिये निशाचर होनेका शाप हुआ। उस योनिमें वह 'मण्डलीक मणि' होकर लगभग ७२ चौकड़ी राज्य भोग करेगा। नर-शरीरमें इतने दिन राज्यका नियम नहीं है।

ब्राह्मणोंद्वारा इन्हें निशाचर होनेका शाप हुआ; क्योंकि उनको विप्र-मांस भोजन करनेको दिया था, निशाचर विप्रमांस भक्षण करते हैं। उनका तात्पर्य यह था कि तू ऐसी योनिमें जा जहाँ यह तुझीको खानेको मिले। यहाँ यह शङ्का होती है कि इस शापसे तो ब्राह्मणोंहीकी हानि है? सच है। इसीसे तो गोस्वामीजीके विलक्षण शब्द *'सकोप'* इत्यादि यहाँ लेखनीसे निकले। क्रोधमें विचार कहाँ? दूसरे भावी है।

प० प० प्र०—मनु और प्रतापभानु। दोनों ही चक्रवर्ती सम्राट् थे, दोनों ही परम धर्मशील, राजनीतिनिपुण और प्रजावत्सल थे। पर मनुजीको वैराग्य और ज्ञान प्राप्त होनेपर भी समाधान नहीं हुआ, उनके हृदयमें भक्तिकी लालसा उत्पन्न हो गयी। प्रतापभानुमें न तो वैराग्य ही था न ज्ञान और न भक्तिकी इच्छा। धर्मका परिमाण 'विषय-विराग' है, वैराग्य प्राप्त होनेके पूर्व ही उसका घोर विनाश हुआ। अगणित निष्काम ईश्वरार्पित यज्ञादि कर्मोंका फल उसको रावण-देहमें मिला—*'सुनासीर सत सरित सो संतत करइ बिलास।'* शत अश्वमेध यज्ञोंका फल इन्द्रके ऐश्वर्यकी प्राप्ति है। रावणको शत इन्द्रका ऐश्वर्य मिला। *'जरा मरन रहित तनु'* की

वासना प्रतापभानुतनमें थी, अतः उस वासना-बलने रावणदेहमें घोर तप करवाया। मरणरहित होनेकी इच्छासे ही रावणने वर माँगा। इस तरह पूर्वकर्म और पूर्ववासनासे तथा विप्रशापसे उसको राक्षसदेह, अपार ऐश्वर्य और अपार सत्ता आदिकी प्राप्ति हुई। तपश्चर्याकी न्यूनता, मरणरहित होनेकी वासना और कल्पशत राज्यकी कामनाने पूरी कर दी। देखिये, एक बारकी कुसंगतिसे दुर्वासना पैदा हुई, जिसका परिणाम यह हुआ। अब विचार कीजिये कि हमलोग तो रात-दिन *'बिषय मनोरथ दुर्गम नाना'* करते ही रहते हैं, हरिभजन करनेकी कभी इच्छा ही नहीं होती, तब जन्म-मरण महादुःखसे कब और कैसे छुटकारा मिलेगा?

नोट—३ 'पूर्व तीन कल्पोंकी कथामें जय-विजय, हरगण प्रभृतिका शाप होनेपर, शापानुग्रहके लिये प्रार्थना करना और शापोद्धार होना पाया जाता है। पर भानुप्रताप शापानुग्रहके लिये प्रार्थी न हुआ और न ब्राह्मणोंने ही अपनी ओरसे अनुग्रह की। कारण यह कि परात्पर ब्रह्मके आविर्भावकी कथा है; ब्राह्मणोंको भी इसकी खबर नहीं है; वे इतना कहकर ही रह गये कि भावी अमिट है।' (श्रीजानकीशरणजी) वि० त्रि० का मत है कि 'यहाँ भी शापानुग्रहकी बात समझ लेना चाहिये, यथा—*'बैभव बिपुल तेज बल होऊ' 'समर मरन हरि हाथ तुम्हारा। होइहौ मुकुत न पुनि संसारा॥'* पर आगेके *'अस कहि सब महिदेव सिधाए।'* से यह असंगत जान पड़ता है।

भानुप्रताप रावणहीका चरित्र मुख्यतः इस ग्रन्थमें है। इन्हींके लिये श्रीसाकेतविहारी श्रीरामका अवतार है। (वै०) पूर्व दोहा (१५३। ५-६) में लिखा जा चुका है कि यह और इसका भाई श्रीरामजीके अत्यन्त प्रिय प्रतापी और बलिवर्य नामक सखा थे। प्रभुने इनके साथ रणक्रीड़ा करनेकी इच्छासे इनको प्रकृतिमण्डलमें भेजा था। यह ब्राह्मणोंको क्या मालूम? *'सो जानइ जेहि देहु जनाई'* तब भला बिना उनके जनाये वे कब जान सकनेको समर्थ हो सकते हैं? अतः *'भावी मिटै नहिं'* यही कहकर रह गये। *'हरि इच्छा भावी बलवाना।'* (१। ५६। ६—८) देखिये।

अस कहि सब महिदेव सिधाए। समाचार पुरलोगन्ह पाए॥ १॥
सोचहिं दूषन दैवहि देहीं। बिरचत* हंस काग किय जेहीं॥ २॥
उपरोहितहि भवन पहुँचाई। असुर तापसहि खबरि जनाई॥ ३॥

अर्थ—ऐसा कहकर सब ब्राह्मण चले गये। पुरवासियोंने समाचार पाया॥ १॥ (तो) वे शोच करने और विधाताको दोष लगाने लगे, जिसने हंस बनाते हुए कौवा बना दिया॥ २॥ पुरोहितको घर पहुँचाकर राक्षस-(कालकेतु-) ने तापसको खबर दी॥ ३॥

टिप्पणी—१ (क) *'महिदेव सिधाए'*—(यहाँ *'महिदेव'* शब्दसे ब्राह्मणोंका महत्त्व सूचित किया कि ये पृथ्वीपरके देवता हैं, देवताओंकी भाँति आवाहनसे आये थे और अपवित्रता देखकर चले जा रहे हैं। वि० त्रि०) आकाशवाणीकी आज्ञा थी कि *'उठि उठि गृह जाहू'*, अतः सब ब्राह्मण घर गये (उठकर तो पहले ही खड़े हो गये थे, शाप देने लगे फिर ब्रह्मवाणीसे चकित होकर प्रसङ्ग सुनने लगे थे; अब चल दिये)। (ख) *'समाचार पुरलोगन्ह पाए'*—ब्राह्मणोंके चल देनेपर उनको समाचार मिला, इससे पाया गया कि राजाने सब प्रसङ्ग जो ब्राह्मणोंसे कहा था वह (वे रास्ता चलते हुए परस्पर कहते-सुनते जाते थे एवं जो पूछता था उससे भी जहाँ-तहाँ कहते गये; इस प्रकार) सब समाचार पुरवासियोंको मिला। ये ब्राह्मण भी पुरके ही थे। (ग) *'सोचहिं'* अर्थात् राजाके लिये शोच करते हैं (कि ऐसा धर्मात्मा राजा न मिलेगा) और दैवको दोष देते हैं, ब्राह्मणोंको दोष क्यों नहीं देते कि जिन्होंने बिना बिचारे शाप दे दिया? कारण कि ब्राह्मणको दोष लगाने, उनकी निन्दा करनेका फल भारी दण्ड है, यह वे जानते हैं, यथा—*'द्विज निंदक बहु नरक भोग करि। जग जनमै बायस सरीर धरि॥'* (७। १२१) (घ) *'बिरचत हंस काग किय'*—अर्थात् भानुप्रतापने ऐसे-ऐसे सत्कर्म किये थे कि देवता होता सो न होकर राक्षस हुआ। [हंसको

* विचरत—१७०४।

क्षीर-नीर-विवरणका विवेक होता है; यथा—'*छीर नीर बिबरन गति हंसी।*' (२। ३१४। ४) इसी तरह राजा अधर्मको त्यागकर धर्ममें रत था, निष्काम धर्म किया करता था, परम विवेकी था, यथा—'*भूप बिबेकी परम सुजाना।*' (१५६। १) यह प्रारम्भमें ही कहा है। उसी सम्बन्धसे कहा कि वह 'हंस' बनाया जा रहा था सो काग बना दिया गया। कौआ काला, कठोरभाषी, मलिनभक्षी, छली इत्यादि वैसे ही राक्षस। राक्षस होनेका शाप दिया यही कौवा बनाना है। इसी तरह राज्य सुनाकर श्रीरामको वनवास देनेपर विधाताको दोष लगाया गया है, यथा—'*एक बिधातहि दूषन देहीं। सुधा देखाइ दीन्ह बिषु जेही॥*' (२। ४९। १) '*लिखत सुधाकर गा लिखि राहू। बिधि गति बाम सदा सब काहू॥*' (५५। २) पुनः भाव कि '*बिधि गति बड़ि बिपरीत बिचित्रा।*' उसीका दोष है जो चाहे कर डालता है। यहाँ 'ललित अलङ्कार' है।]

वि० त्रि—राजासे इस जन्ममें कोई अनर्थ भी नहीं हुआ जिसका फल यह शाप कहा जा सके, अतः दैवको दोष देते हैं कि उन्होंने नियम भंग किया। जन्मसे ही काग या हंस बनानेका विधान है। '*द्विजद्रोही बहु नरक भोग करि। जग जन्मै बायस सरीर धरि॥*' यहाँ तो राजा जन्मसे ही हंस था और हंसकी भाँति आचरण करता था, परम धर्मात्मा था, इसे ब्राह्मणद्रोह कहाँसे उत्पन्न हो गया जो यह ब्राह्मणोंको वश करने चला?

टिप्पणी—२ '*उपरोहितहि भवन*''''' इति। इससे पाया जाता है कि कालकेतुको ब्राह्मणोंका भय था कि राजाकी तरह हमको भी अपना द्रोही समझकर शाप न दे दें, इसीसे उसने प्रथम तुरत पुरोहितको उसके घर पहुँचा दिया जिसमें पुरोहितको जब वे घरमें पायेंगे तो शाप न देंगे। [अथवा, अब अपना काम हो गया, अतः पहुँचा दिया। (रा० प्र०) यह डर था कि पुरोहितकी खोजमें कहीं राजाके आदमी कपटी मुनिके आश्रमतक न पहुँच जायँ। (वि० त्रि०)] राजाने सब प्रसङ्ग कहते हुए पुरोहितके हरण करनेकी बात भी कही तब ब्राह्मण कुपित न हुए, क्योंकि तापसने यह भी तो कहा था कि मैं उसे अपने समान बनाकर अपने आसनमें रखूँगा, पुरोहितको उसने क्लेश नहीं दिया तब ब्राह्मण क्यों कुपित होते? उसपर भी उसको शीघ्र ही घरमें देखा (इससे तापसको शाप कैसे देते? एक बार तो अनर्थ कर ही चुके थे फिर कहीं दूसरा अनर्थ न हो जाय। आकाशवाणीने तो अपराधीका नाम बताया नहीं। (ख) '*असुर तापसहिं*''''' अर्थात् स्वयं जाकर सब समाचार कहा। क्योंकि यही करार था कि '*कुल समेत रिपुमूल बहाई। चौथे दिवस मिलब मैं आई॥*'

तेहि खल जहँ तहँ पत्र पठाए। सजि सजि सेन भूप सब धाए॥ ४॥
घेरेन्हि नगर निसान बजाई। बिबिध भाँति नित होइ लराई॥ ५॥
जूझे सकल सुभट करि करनी। बंधु समेत परेउ नृप धरनी॥ ६॥

अर्थ—उस दुष्टने जहाँ-तहाँ पत्र भेजे। सब राजा सेना सजा-सजाकर चढ़ आये॥ ४॥ डंका बजाकर उन्होंने नगरको घेर लिया। नित्य ही बहुत प्रकारसे लड़ाई होने लगी॥ ५॥ सब योद्धा शूरवीरोंकी करनी करके लड़ मरे। राजा भाईसमेत (संग्राम) भूमिमें गिरा॥ ६॥

टिप्पणी—१ (क) '*तेहि खल*' अर्थात् जिसने पुरोहितको उसके घर पहुँचाया और तपस्वीको खबर दी उसी खलने। कालकेतुको पूर्व खल कह आये हैं, यथा—'*तेहि खल पाछिल बयरु सँभारा।*' (१७०। ७) यहाँ भी '*खल*' उसीको कहा। (निकटवर्ती तापस-शब्दके सम्बन्धसे '*तेहि*' तापसके लिये भी हो सकता है। तापसने यह काम खलताका किया अतः उसे '*खल*' कहा। उसने पत्र लिख-लिख कालकेतुद्वारा सर्वत्र पहुँचाये। '*देखि न सकहिं पराइ बिभूती।*' '*पर हित हानि लाभ जिन्ह केरे। उजरे हरष बिषाद बसेरे॥*' इत्यादि '*खल*' के लक्षण हैं)। (ख) '*जहँ तहँ*' अर्थात् जिन-जिनको भानुप्रतापने जीता और राज्य छीन लिया। (जो आकर भानुप्रतापसे नहीं मिले थे उनके पास)। यथा—'*जीते सकल भूप बरिआई।*' (१५४। ६) (जिनको दण्ड लेकर छोड़ दिया था, पर जिनको हारकी ग्लानि थी वे भी इसमें आ सकते हैं। जिनको वह

जानता होगा कि भानुप्रतापसे भीतर-भीतर जलते हैं उन्हींको पत्र भेजे)। (ग) *'पत्र पठाए'* क्योंकि मुखाग्र कहनेसे विश्वास न होता। (घ) *'भूप सब धाए'* इस कथनसे सूचित हुआ कि सब राजा बड़े प्रसन्न हुए, वे ऐसा चाहते ही थे (कि भानुप्रतापको किसी तरह जीतें)। [*'सजि सजि सेन'* क्योंकि भानुप्रताप बड़ा बली था इससे पूरी सेना लेकर आये। जीत तो सकते न थे, पर शापका बल पाकर जीतनेका विश्वास है। इसीसे प्रसन्न हुए।]

टिप्पणी—२ *'घेरेन्हि नगर…'* इति। (क) नगरको घेरनेसे पाया गया कि किलेसे लड़ाई होने लगी। [घेरनेसे यह भी होता है कि भीतर अन्न नहीं पहुँच सकेगा। वर्षभरमें तो नाश होना है ही, तबतक घेरे रहेंगे, इस तरह सुगमतासे अपनी जय हो जायगी]। (ख) *'निसान बजाई'*। जैसे भानुप्रतापने निशान बजाकर चढ़ाई की और सबको जीता था, वैसे ही इन सब राजाओंने डंका बजाकर जीतनेके लिये भानुप्रतापपर चढ़ाई की। (ग) *'बिबिध भाँति'*—अर्थात् किलेसे, किलेके बाहरसे, तोपसे, तुपकसे, तलवार, बर्छी, धनुष-बाण, गदा, कृपाण इत्यादि भाँतिसे। अथवा, चक्रव्यूह इत्यादि अनेक व्यूहरचनाद्वारा और भी जो भाँति हैं वे भी इसमें आ गयीं। (घ) *'नित होइ'* से जनाया कि बहुत दिन लड़ाई हुई (सम्भवत: लगभग संवत्भर, क्योंकि संवत्मध्य नाशका शाप था), क्योंकि किला भारी था जल्दी न टूट सका (और भानुप्रतापकी सेना भी साधारण न थी)।

टिप्पणी—३ (क) *'जूझे सकल सुभट करि करनी'* इति। सुभटोंमें पुरुषार्थ था; इसीसे उनका करनी करके जूझना लिखा। राजामें शापके कारण पुरुषार्थ न रह गया, इसीसे उसका पुरुषार्थ करके जूझना नहीं लिखते। यदि प्रथमवाला पुरुषार्थ रहता तो सब राजा न जीत पाते। उसके प्रथम पुरुषार्थसे तो वे सब हार चुके थे। यथा—*'सप्त दीप भुज बल बस कीन्हें।…'* [*'करि करनी'* अर्थात् रणभूमिमें अपनी वीरता दिखाकर सम्मुख संग्राम करते हुए। *'करि करनी'* को देहली-दीपकन्यायसे दोनों ओर लगा सकते हैं। तब भाव यह होगा कि दोनों भाई रणमें अपनी वीरतासे लड़े, पीठ न दिखायी, पर शापवश उनका पुरुषार्थ कारगर न होता था, उनका नाश होना ही था। (प्र० सं०) *'बंधु समेत'* अर्थात् अरिमर्दन भी साथ ही गिरा जो *'भुजबल अतुल अचल संग्रामा'* था, वह भी मारा गया]। (ख) सुभटोंका मरना कहकर तब दोनों भाइयोंको कहा। इससे जनाया कि जब सेना रह न गयी तब दोनों भाई स्वयं लड़े।

सत्यकेतु कुल कोउ नहिं बाँचा। बिप्रश्राप किमि होइ असाँचा॥७॥
रिपु जिति सब नृप नगर बसाई। निज पुर गवने जय जसु पाई॥८॥

दो०—भरद्वाज सुनु जाहि जब होइ बिधाता बाम।
धूरि मेरु सम जनक जम ताहि ब्याल सम दाम॥१७५॥

शब्दार्थ—बाँचा=बचाया, यथा—*'बाल बिलोकि बहुत मैं बाँचा। अब यहु मरनहार भा साँचा॥'* (२७५। ४) =बचा। असाँचा=असत्य। बाम=बाम बायाँ, उलटा, प्रतिकूल। मेरु=पर्वत। =सुमेरु। दाम=रस्सी, माला। जनक=पिता।

अर्थ—सत्यकेतुके कुलमें (राजालोगोंने) किसीको न बचा रखा (वा, कोई न बचा)। ब्राह्मणोंका शाप कैसे असत्य हो सकता?॥७॥ सब राजा शत्रुको जीतकर नगरको बसाकर जय और यश पाकर अपने-अपने नगरको गये॥८॥ (श्रीयाज्ञवल्क्यजी कहते हैं) भरद्वाज! सुनो। जिसको जब विधाता वाम होते हैं तब उसको धूलि मेरुके समान, पिता यमराजके समान और रस्सी वा माला सर्पके समान हो जाती है॥१७५॥

टिप्पणी—१ (क) *'सत्यकेतु कुल कोउ…'* इति। सुभटोंका और भाईसहित राजाका जूझना कहा, कुलका नाश न कहा था और शाप है कुलके नाशका भी। अतः कहा कि *'सत्यकेतु कुल कोउ नहिं बाँचा।'* अर्थात् राजालोगोंने अपने शत्रुके कुलमें किसीको न बचा रखा, सबका वध किया। क्योंकि यह राजनीति है कि शत्रु-कुलको न रहने दे। यथा—*'रिपु रिन रंच न राखब काऊ।'* (ख) कुलका कोई व्यक्ति किसी प्रकारसे

न बचा, इसका कारण बताते हैं कि *'बिप्र श्राप किमि·····।'* अर्थात् ब्राह्मणोंके शापसे ऐसा हुआ। उनका शाप है कि *'जलदाता न रहिहि कुल कोऊ',* अतः *'कोउ नहिं बाँचा।'* शाप असत्य नहीं हो सकता। [जय-विजयको जब शाप हुआ तब भी ऐसा ही कहा है। यथा—*'बिप्र श्राप तें दूनौं भाई। तामस असुर देह तिन्ह पाई॥·····मुकुत न भए हते भगवाना। तीनि जनम द्विज बचन प्रबाना॥'* (१२३। १) ब्राह्मण अपने दिये हुए शापको स्वयं व्यर्थ नहीं कर सकते, क्योंकि यदि ऐसा होने लगे तो उनका आशीर्वाद भी कुछ न माना जाय। यह बात देवर्षि नारदके *'मृषा होउ मम श्राप कृपाला।'* से सिद्ध है। (१३८। ३) देखिये। (ग) विप्रद्रोह कुलका नाशक है, यथा—*'जिमि द्विज द्रोह किए कुल नासा।'* (४। १७। ८) अतः *'किमि होइ असाँचा'* कहा; कुलका नाश हुआ ही चाहे। पहले साधारण बात कहकर फिर विशेष सिद्धान्तसे उसका समर्थन किया गया। अतः यहाँ 'अर्थान्तर-न्यास अलङ्कार' है। (प्र० सं०)]

टिप्पणी—२ (क) *'रिपु जिति सब नृप'*—इससे जनाया कि भानुप्रताप (उन) सब राजाओंका शत्रु था, अतः सबका *'रिपु'* को जीतना कहा। (ख) *'नगर बसाई'* इति। भाव कि संग्राम होनेसे पुरवासी भयके मारे जहाँ-तहाँ भागने लगे कि राजालोग हमारा भी वध न कर डालें, हमें न लूट लें, इसीसे सबको निर्भय करके बसाया। अथवा, राजाके नगरमें ब्राह्मण बहुत हैं; इससे राजाओंने नगरमें कुछ भी उपद्रव न किया कि वे हमें भी शाप न दे दें। सबका समाधान करके सबको बसाया कि पुरवासी भय न करें, उनसे कोई न बोलेगा। ऐसा कहनेका कारण है क्योंकि ऐसा देखा जाता है कि शत्रुको मारकर उसका नगर लूट लिया जाता है। [लड़ाईमें नगर उजड़ जाता है, अतः उसका बसाना कहा। पंजाबीजी अर्थ करते हैं कि 'शत्रुको जीतकर सबने तापस नृपको नगरमें बसाया। काश्मीरका राज्य उसको दिया।' और बैजनाथजी अर्थ करते हैं कि 'राजाओंने अपने-अपने नगर स्वतन्त्रतापूर्वक बसाये।' अथवा, भानुप्रतापके नगरमें अपना-अपना थाना बसाया।' सबने आपसमें समझौता करके अपने-अपने हिस्सेकी जगह लेकर उस नगरको बसाया। जैसे पिछली जर्मन लड़ाईमें जो संवत् १९९८ वि० के लगभग प्रारम्भ होकर कई वर्षतक चली, उसमें जर्मनी और जापानकी हार होनेपर अमरीका, रूस और इंग्लैंडने उन मुल्कोंमें अपने-अपने भाग कायम किये।] (ग) *'निज पुर गवने'* इति। नगर बसाकर अपने पुरको गये, इससे सूचित हुआ कि कुछ दिन वहाँ टिककर नगरका बंदोबस्त करके तब गये। पुनः, *'निज पुर गवने'* का भाव कि राजा लोग निश्चय करके आये थे कि भानुप्रतापपर विजय न प्राप्त हुई तो अब नगरमें लौटकर न आयेंगे, क्योंकि वह भारी शत्रु है फिर वह नगरमें न रहने देगा। इसीसे कहते हैं कि जब जय और यश प्राप्त हुआ तब अपने पुरको गये। (घ)*'जय जसु पाई'* इति। भाव कि भानुप्रतापने सब राजाओंका 'जय-यश' हर लिया था। उससे न तो किसी राजाको जय ही मिली थी और न क्षत्रियपनेका यश ही किसीका रह गया था। अब जय और यश दोनों मिल गये (जो पूर्व छिन गये थे)। पुनः 'जय-यश' कहनेका भाव कि शत्रुको संग्राममें मारा; छल करके नहीं मारा। किंतु धर्मयुद्धसे विजय प्राप्त की। प्रथम जय मिली, जय होनेसे यश मिला। अतः उसी क्रमसे कहा।

टिप्पणी ३—*'भरद्वाज सुनु·····'* इति। (क)—यह प्रसङ्ग सुनकर कदाचित् भरद्वाज मुनिको संदेह हो कि ऐसे धर्मात्मा राजाके साथ ऐसा छल और उसका इस प्रकार मरण न होने चाहिये थे, अतः स्वयं ही उस संदेहका निराकरण करते हैं कि *'जाहि जब·····।'* (ख) *'जाहि',* जिसको कहनेका भाव कि कर्मफल सबके ऊपर है। जब=जिस कालमें। भाव कि कर्मका फल समय पाकर उदय होता है। (ग) *'होइ बिधाता बाम'*—भाव कि विधाता ही कर्मफलदाता है, यथा—*'कठिन करम गति जान बिधाता। जो सुभ असुभ सकल फल दाता॥'* (२। २८२। ४) शुभ-कर्म-फल देनेको विधाता दाहिने होता है और अशुभ कर्मका फल देनेको वाम होता है। (घ) धूलि-समान कालकेतु सुमेरु-समान हो गया, जनक-समान कपटी मुनि यम और दामसम विप्र व्याल समान हो गये।

नोट—१ *'धूरि मेरु सम जनक·····ब्याल सम दाम'* इति। ये तीनों बातें राजापर बीतीं। कालकेतुके सौ पुत्र और दस भाई थे। वे सब मारे गये। वह अकेले जान बचाकर भागा। अतः वह रज-सम था,

वही पर्वत हो गया, राजाको उसने कुचल डाला। राजाने कपटी मुनिको पिता माना, यथा—*'जानि पिता प्रभु करौं ढिठाई॥ मोहि मुनीस सुत सेवक जानी।'* (१६०। ३-४) और उसने भी पुत्र माना, यथा—*'सुत तप तें दुर्लभ कछु नाहीं।'* (१६१। १) वही उसके लिये कालरूप हो गया। ब्राह्मण राजाको रत्नमालासम थे। जैसे रत्नमालाका सार-सँभार रखा जाता है वैसे ही यह ब्राह्मणोंका आदर करता था। सो उन्होंने सर्प होकर इसे डस लिया। (मुं० रोशनलाल) बैजनाथजीने भी ऐसा ही लिखा है। वे लिखते हैं कि विप्रवृन्द मुक्तादामसम शोभा-सुखदायक थे। राजद्वारपर उनके दर्शनसे शोभा और सुख प्राप्त होता था, वे आशीर्वाद दिया करते थे; उन्होंने नाशका शाप दिया। और श्रीसंतसिंह पंजाबीजीका मत है कि 'जिन राजाओंको इसने धूलवत् कर दिया वे ही मेरुवत् हो गये। विप्र पितासम कृपा करते थे, वे ही यमतुल्य नाशक हुए और कालकेतु दाम (रस्सी) सम 'सूत्र मन' रहता था सो सर्प हो गया।

वि० त्रि० भी श्रीपंजाबीके मतमें हैं कि 'कपटी मुनि धूल-समान था (यथा—*'नाम हमार भिखारि अब निर्धन रहित निकेत'*), पितृस्थानीय विप्रवृन्द थे। कालकेतुमें कुछ रह नहीं गया था, उसकी आकृतिमात्र राक्षसकी थी, सूकर आदि बना-बना वनमें फिरता था, वह रज्जु था सो सर्प हो गया।

नोट—२ *'सत्यकेतु तहँ बसइ नरेसू'* उपक्रम और *'सत्यकेतु कुल कोउ·····'* उपसंहार है। *'भरद्वाज सुनु अपर पुनि·····'* दोहा १५२ उपक्रम है और *'भरद्वाज सुनु जाहि·····'* उपसंहार।

रा० प्र०—भरद्वाज-याज्ञवल्क्य-संवाद यहीं (अगली चौपाई) तक स्पष्ट देख पड़ता है, आगे ग्रन्थमें कहीं नाम नहीं है। कारण यह है कि भरद्वाजका संदेह रामतत्त्वके विषयमें था, चरितमें नहीं; क्योंकि चरितको तो वे स्वयं प्रकट कहते हैं, यथा—*'तिन्हकर चरित बिदित संसारा।'* अतएव जबतक रामतत्त्व जाननेका प्रयोजन रहा तबतक गोस्वामीजीने *'मुनि भरद्वाज'* इत्यादि सम्बोधन किया। और जो कहें कि *'चाहौ सुनइ राम गुन गूढ़ा'* इस वाक्यमें विरोध पाया जाता है तो उसका उत्तर यह है कि ये वचन भरद्वाज मुनिके नहीं हैं।

काल पाइ मुनि सुनु सोइ राजा। भएउ निसाचर सहित समाजा॥ १॥
दस सिर ताहि बीस भुजदंडा। रावन नाम बीर बरिबंडा॥ २॥
भूप अनुज अरिमर्दन नामा। भएउ सो कुंभकरन बलधामा॥ ३॥
सचिव जो रहा धरमरुचि जासू। भएउ बिमात्र बंधु लघु तासू॥ ४॥
नाम बिभीषन जेहि जग जाना। बिष्नुभगत बिज्ञान निधाना॥ ५॥

शब्दार्थ—भुजदंड=भुज (बाहु; बाँह)+दण्ड (दण्डा)। डण्डेके आकारका होनेसे बाहुको भुजदण्ड कहते हैं। प्रायः बलवान् पुरुषोंके भुजाओंको 'भुजदण्ड' कहा जाता है। स्त्रियोंकी भुजाएँ कोमल होती हैं इससे उन्हें भुजबल्ली कहा जाता है। **बरिबंड**=(बालवंद्य)प्रचण्ड, बली, बलवानोंसे वन्दित। यह शब्द केवल पद्यमें प्रयुक्त होता है। **बिमातृ** (सं०)=अपने माताके अतिरिक्त पिताकी दूसरी विवाहिता स्त्री=सौतेली माँ। **बिमात्र**=विमातृज=सौतेला।

अर्थ—हे मुनि! सुनो। समय पाकर वही राजा समाजसहित निशाचर हुआ॥ १॥ उसके दस सिर और बीस भुजाएँ थीं। रावण नाम था। वह बड़ा बलवान् तेजस्वी प्रचण्ड वीर था॥ २॥ राजाका छोटा भाई (जिसका) अरिमर्दन नाम था वह बलका धाम कुम्भकर्ण हुआ॥ ३॥ जो (धर्मरुचि) मन्त्री था जिसकी धर्ममें रुचि थी, वह उसका सौतेला छोटा भाई हुआ॥ ४॥ उसका नाम विभीषण था, जिसे संसार जानता है। वह विष्णुभगवान्‌का भक्त और विज्ञानका खजाना, भण्डार वा समुद्र था॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'काल पाइ·····।'* इति। जहाँसे राजाके शापका प्रसङ्ग छोड़ा था, वहींसे पुनः कहते हैं। *'काल पाइ·····राजा भएउ निसाचर सहित समाजा।'* का सम्बन्ध *'जाइ निसाचर होहु नृप मूढ़ सहित परिवार।'* (१७३) से मिलाते हैं। (ख) *'काल पाइ'* कहा क्योंकि समय पाकर शरीरकी प्राप्ति होती है। [जीव शरीर छोड़नेके पश्चात् तुरत जन्म ले, यह आवश्यक नहीं है। जब उसके कर्मोंके भोग योग्य समय

(ग्रहस्थिति) और वातावरण होता है तब पुनः जन्म पाता है।] यथा—*'मन महँ तथा लीन नाना तन प्रगटत अवसर पाए।'* (वि० १२४) [हरि-इच्छासे शापमें समयका नियम नहीं हुआ। यदि उसमें नाश होनेपर तुरंत निशाचरयोनि पानेका शाप होता तो मरण होते ही उनका जन्म होता। जैसे लोमशका शाप भुशुण्डीजीको हुआ कि *'सपदि होहु पच्छी चंडाला'* अतः वे तुरंत काक हुए, यथा—*'तुरत भयउँ मैं काग तब"""।'* (७। ११२) अभी प्रभुके अवतारका समय नहीं है, इसीसे वैसा शाप न होने पाया।] जब श्रीरामजीकी इच्छा लीला करनेकी होती है तब प्रथम रावणका अवतार होता है। अतः जिस कल्पमें श्रीरामावतार होनेको था जब वह कल्प आया तब भानुप्रताप रावण हुआ। *'सुनु'* का भाव कि राजा जैसे रावण हुआ वह हम आगे कहते हैं, सुनो। (ग) *'सहित समाज'* निशाचर हुआ क्योंकि शाप था कि *'निसाचर होहु""सहित परिवार'* सहित परिवार ही सहित समाज है। जहाँ श्रीरामजीका परिवारसहित पूजन होता है वहाँ श्रीहनुमान्‌जी, सुग्रीवजी आदिके सहित पूजन होता है, इससे भी समाजकी गणना परिवारमें है।

टिप्पणी—२ (क) *'दस सिर ताहि बीस भुजदंडा'* इति। सब कल्पोंके रावण दस सिर और बीस भुजावाले होते हैं। ऐसा ही सृष्टिका नियम है। भुजकी प्रबलता दिखानेके लिये *'भुजदंड'* शब्द दिया। भारी और बलवान् भुजाको भुजदण्ड कहते हैं। यथा—*'करि कर सरिस सुभग भुजदंडा।'* (१४७। ८) *'दुहु भुजदंड तमकि महि मारी।'* (६। ३१) *'दस सिर बीस भुजदंड'* से सूचित हुआ कि रूप भयदायक है। (ख) *'रावन'* नाम है अर्थात् यह सबको रुलानेवाला है। *'रावयतीति रावणः।'* (विशेष आगे प० प० प्र० की टिप्पणीमें देखिये)। *'बीर बरिबंडा'* वीरोंमें प्रबल है। यथा—*'रन मद मत्त फिरइ जग धावा। प्रतिभट खोजत कतहुँ न पावा॥'* (१८२। ९) वीरकी शोभा बलसे है; इसीसे वीरको बलवान् कहते हैं। यथा—*'भए निसाचर जाइ तेइ महाबीर बलवान।'* (१२२) *'नाथ न रथ नहिं तन पद त्राना। केहि बिधि जितब बीर बलवाना॥'* (६। ७९) *'जेहि ताड़का सुबाहु हति खंडेउ हर कोदंड। खर दूषन तिसिरा बध्यो मनुज कि अस बरिबंड॥'* (३। २५)—ये सब काम बलके वर्णन किये गये हैं, इससे स्पष्ट हुआ कि *'बरिबंड'* का अर्थ 'बलवान्' है। 'रावन नाम' से सूचित किया कि नाम भयदायक है, यथा—*'भई सभय जब नाम सुनावा।'* (३। २८) और *'बीर बरिबंडा'* से जनाया कि पुरुषार्थ भयदायक है, यथा—*'चलत दसानन डोलति अवनी। गर्जत गर्भ स्त्रवहिं सुर रवनी॥'* (१८२। ५) आगे अब क्रमसे सबकी उत्पत्ति कहते हैं। (ग) *'भूप अनुज'*—भाव कि जैसे वह पूर्व भानुप्रतापका छोटा भाई था वैसे ही भानुप्रतापके रावण होनेपर वह रावणका छोटा भाई हुआ। *'अरिमर्दन नामा'*—प्रथम तनमें वह शत्रुका मर्दन करनेवाला था, वैसे ही निशाचर होनेपर बलका धाम था, कोई शत्रु ऐसा न था जो उसके सम्मुख खड़ा रह सके, यथा—*'अतिबल कुंभकरन अस भ्राता। जेहि कहुँ नहिं प्रतिभट जग जाता॥'* (१८०। ३) जैसे अरिमर्दन भानुप्रतापसे अधिक बलवान् था वैसे ही कुम्भकर्ण रावणसे अधिक बलवान् था। अरिमर्दनके सम्बन्धमें कहा था कि *'भुज बल अतुल अचल संग्रामा'* वैसे ही यहाँ बलधामका अर्थ है कि बलवान् और संग्राममें अचल है, क्योंकि जो बलधाम होगा वह संग्राममें अचल अवश्य होगा। रावण वीर और बरिबण्ड (बलवान्) है वैसे ही कुम्भकर्ण अरिमर्दन अर्थात् वीर है और बलधाम है। रावणका रूप भयदायक है वैसे ही कुम्भकर्णका रूप भयदायक है। कुम्भ-समान जब उसके कर्ण हैं तब रूप बड़ा भारी होगा ही।

टिप्पणी ३—*'सचिव जो रहा धरमरुचि जासू।"""'* इति। (क) धर्मरुचि नाम लिखनेका भाव कि मन्त्री तो बहुत थे, पर जो इस नामका था, जिसकी धर्ममें रुचि थी वह रावणका छोटा भाई हुआ। जैसे पूर्वजन्ममें धर्ममें रुचि थी, यथा—*'सचिव धरमरुचि हरिपद प्रीती।'* (१५५। ३) वैसे ही इस जन्ममें भी उसकी जन्मसे ही धर्ममें रुचि हुई। [*'धरम रुचि जासू'* देहलीदीपक न्यायसे दोनों ओर लगता है। अर्थ होगा—उसका विमातृज छोटा भाई हुआ जिसकी धर्ममें रुचि थी]। (ख) *'भयउ बिमात्र बंधु लघु'* इति। मन्त्री भाई हुआ। इससे सूचित हुआ कि राजाका यह मन्त्री धर्मात्मा था, इससे वह उसे भाई करके मानता था; अथवा किसी नातेसे भाई होता था, सगा भाई न था। इसीसे इस जन्ममें वह भाई हुआ, पर सगा भाई न होकर सौतेली मातासे हुआ। *'बंधु लघु'*—भाव कि पूर्व-जन्ममें छोटा था इसीसे अब भी छोटा हुआ।

टिप्पणी—४ *'नाम बिभीषन जेहि जग जाना।'''''* इति। (क) जगत् जानता है; क्योंकि इनकी गणना परम भागवतोंमें है, यही बात अगले चरणमें कहते हैं कि विष्णुभक्त हैं और विज्ञाननिधान हैं; यह भी बात संसार जानता है। पुनः संसार रामायण सुनने वा पढ़नेसे जानता है कि रावणको इन्होंने कैसा-कैसा उपदेश दिया है। (ख) जगत्में प्रथम नाम विख्यात होता है तब गुण। इसीसे प्रथम नाम कहा, पीछे गुण कहते हैं कि *'बिष्नुभगत''''* हैं। (ग) *'जग जाना'* कहकर *'बिष्नु भगत''''* कहनेका भाव कि संसारमें इनकी प्रसिद्धि भक्ति और विज्ञानके कारण हुई, राक्षसी कर्मोंमें नहीं। इससे पाया गया कि ब्रह्माके वरदानके पूर्वसे प्रथम जन्मसे ही, इनको भगवद्भक्ति प्राप्त थी, ब्रह्माका वर तो पीछे इस शरीरमें मिला। पूर्व जन्ममें धर्ममें रुचि थी, इसीसे पूर्वजन्म-संस्कारसे राक्षसदेहमें भी जन्म लेते ही हरिभक्ति प्राप्त हुई। धर्मसे हरिभक्ति मिलती है। यथा—*'जग जोग धर्म समूह तें नर भगति अनुपम पावई।'* (३। ६) (घ) पुनः भाव कि ये ऐसे महाभागवत हैं कि संसार इनकी वन्दना करता है। यथा—**'प्रह्लादनारदपराशरपुण्डरीकव्यासाम्बरीषशुकशौनकभीष्मकाद्यान्। रुक्माङ्गदार्जुनवसिष्ठविभीषणाद्यानेतानहं परमभागवतान् नमामि॥'** (पाण्डवगीतामें यही श्लोक कुछ हेर-फेरसे है। दोहा (२६ । ४) भाग १ देखिये। ये भगवान्के पार्षद भी हैं)।

प० प० प्र०—१ यहाँ देहस्वभावका दुष्परिणाम न होनेका कारण हरिभक्ति ही है। इससे अनुमान होता है कि त्रिजटा आदि जो भी हरिभक्तिमान् व्यक्ति लंकामें थे वे सब पूर्वजन्ममें धर्मरुचि मन्त्रीके ही सम्बन्धी थे और हरिभक्त थे। प्रतापभानु आदि अन्य सब लोग पूर्वजन्ममें धर्मशील और पापरहित होते हुए भी राक्षसदेह पानेसे अधर्मी बन गये। इससे यह सिद्ध हुआ कि पूर्वजन्ममें इनमेंसे कोई भी हरिभक्त नहीं था। ☞इस प्रकरणमें यह विशेष रीतिसे दिखाया है कि देहस्वभाव बिना हरिभक्तिके नहीं जाता है। केवल धर्मशीलतासे देहस्वभाव नहीं जाता। काकभुसुण्डि काकदेहवाला है, पर काकस्वभाव नहीं है; इसका कारण भी यही है कि वह शापके पूर्व विप्रदेहमें हरिभक्तिसम्पन्न था। इस प्रकार ग्रन्थके उपक्रम और उपसंहारमें इन दो कथाओंसे एक ही सिद्धान्त बताया—*'बिनु हरिभक्ति स्वभाव न जाई।'*

२ नारदमोह-प्रकरणसे यह बताया कि शिव-हरि-कृपा-विहीन योग, ज्ञान, वैराग्य और कामविजय भी निरर्थक और अधोगतिदायक हैं।

३ मनुशतरूपा प्रकरणमें बताया कि धर्मशीलता, वैराग्य और ज्ञानको हरिभक्तिका आधार हो तो वह जीव भगवान्को भी वशमें कर लेता है।

४ काकभुशुण्डि-चरित्रमें यह विशेषता बतायी है कि कर्म-ज्ञान-रहित केवल भक्तिसे वैराग्य-ज्ञानादि सब कुछ सहज ही अनायास प्राप्त हो जाता है।

इस प्रकार अन्वय और व्यतिरेक-पद्धतिसे कर्म-धर्म-ज्ञान और भक्तिकी विशेषता बताकर सिद्ध किया है *'रघुपति भगति बिना सुख नाहीं।', 'नाम रामको अंक है सब साधन हैं सून। अंक गए कछु हाथ नहिं अंक रहे दस गून॥'* (दोहावली १०) ऐसा कहना उचित ही है। यही मानसका श्रुतिसिद्धान्त है।

नोट—१ *'भयउ बिमात्र बंधु लघु तासू।'* इति। श्रीरामचरितमानसकल्पवाले रावण और कुम्भकर्ण सहोदर भ्राता थे। विभीषणजी रावणके सौतेले भाई थे। अतः मानसकल्पवाली कथा वाल्मीकीय और अध्यात्म आदि रामायणोंसे भिन्न कल्पकी है। इन रामायणोंके रावण, कुम्भकर्ण और विभीषण सहोदर भ्राता थे। महाभारत वनपर्वमें जिस रावणकी कथा मार्कण्डेय मुनिने युधिष्ठिरजीसे कही है उसका भी विभीषण सौतेला भाई था। कथा इस प्रकार है—पुलस्त्यजी ब्रह्माके परम प्रिय मानस पुत्र थे। पुलस्त्यजीकी स्त्रीका नाम 'गौ' था; उससे वैश्रवण नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। वैश्रवण पिताको छोड़कर पितामह ब्रह्माजीकी सेवामें रहने लगा। इससे पुलस्त्यजीको बहुत क्रोध आ गया और उन्होंने (वैश्रवणको दण्ड देनेके लिये) अपने-आपको ही दूसरे शरीरसे प्रकट किया। इस प्रकार अपने आधे शरीरसे रूपान्तर धारणकर पुलस्त्यजी विश्रवा नामसे विख्यात हुए। विश्रवाजी वैश्रवणपर सदा कुपित रहा करते थे। किंतु ब्रह्माजी उनपर प्रसन्न थे,

इसलिये उन्होंने उसे अमरत्व प्रदान किया, समस्त धनका स्वामी और लोकपाल बनाया, महादेवजीसे उनकी मित्रता करा दी और नलकूबर नामक पुत्र प्रदान किया। साथ ही ब्रह्माजीने उनको राक्षसोंसे भरी लंकाका आधिपत्य और इच्छानुसार विचरनेवाला पुष्पकविमान दिया तथा यक्षोंका स्वामी बनाकर उन्हें 'राजराज' की उपाधि भी दी।

कुबेर (वैश्रवण) जी पिताके दर्शनको प्रायः जाया करते थे। विश्रवा मुनि उनको कुपित दृष्टिसे देखने लगे। कुबेरको जब मालूम हुआ कि मेरे पिता मुझसे रुष्ट हैं तब उन्होंने उनको प्रसन्न करनेके लिये पुष्पोत्कटा, राका और मालिनी नामकी परम सुन्दरी तथा नृत्यगानमें निपुण तीन निशाचरकन्याएँ उनकी सेवामें नियुक्त कर दीं। तीनों अपना-अपना स्वार्थ भी चाहती थीं, इससे तीनों लाग-डाँटसे विश्रवा मुनिको संतुष्ट करनेमें लग गयीं। मुनिने सेवासे प्रसन्न होकर तीनोंको लोकपालोंके सदृश पराक्रमी पुत्र होनेका वरदान दिया। पुष्पोत्कटाके दो पुत्र हुए—रावण और कुम्भकर्ण। मालिनीसे एक पुत्र विभीषण हुआ। राकाके गर्भसे खर और शूर्पणखा हुए। यथा—'**पुष्पोत्कटायां जज्ञाते द्वौ पुत्रौ राक्षसेश्वरौ। कुम्भकर्णदशग्रीवौ बलेनाऽप्रतिमौ भुवि॥ मालिनी जनयामास पुत्रमेकं विभीषणम्। राकायां मिथुनं जज्ञे खरः शूर्पणखा तथा॥**' (महाभारत वनपर्व अ० २७५। ७-८)

रावणके दस सिर जन्मजात थे। इसीसे उसका नाम प्रथम दशग्रीव था। रावण नाम तो कैलासके नीचे दबनेपर हुआ। रावणका अर्थ है रुलानेवाला। (वाल्मी० ७। १६ देखिये) (प० प० प्र० की टिप्पणी देखिये)।

वाल्मीकीयके रावणजन्मकी कथा तथा उसकी माताका नाम इससे भिन्न है। कथा इस प्रकार है कि विष्णुभगवान्‌के भयसे सुमाली परिवारसहित रसातलमें रहने लगा। एक बार जब वह अपनी कुमारी कन्या कैकसीसहित मर्त्यलोकमें विचर रहा था, उसी समय कुबेरजी पिता विश्रवाके दर्शनोंको जा रहे थे। उनका देवताओं और अग्निके समान तेज देखकर वह रसातलको लौट आया और राक्षसोंकी वृद्धिका उपाय सोचकर उसने अपनी कन्या कैकसीसे कहा कि तू पुलस्त्यके पुत्र विश्रवा मुनिको स्वयं जाकर वर। इससे कुबेरके समान तेजस्वी पुत्र तुझे प्राप्त होंगे। पिताकी आज्ञा मान कैकसी विश्रवा मुनिके पास गयी। सायंकालका समय था। वे अग्निहोत्र कर रहे थे। दारुण प्रदोषकालका उसने विचार न कर वहाँ जाकर उनके समीप खड़ी हो गयी। उसे देखकर उन्होंने पूछा कि तुम कौन हो और क्यों आयी हो? उसने उत्तर दिया कि आप तपःप्रभावसे मेरे मनकी बात जान सकते हैं। मैं केवल इतना बताये देती हूँ कि मैं केवल अपने पिताकी आज्ञासे आयी हूँ और मेरा नाम कैकसी है।

विश्रवा मुनिने ध्यानद्वारा सब जानकर उससे कहा कि तू दारुण समयमें आयी है, इससे तेरे पुत्र बड़े क्रूर कर्म करनेवाले और भयंकर आकृतिके होंगे। यह सुनकर उसने प्रार्थना की कि आप-ऐसे ब्रह्मवादीसे मुझे ऐसे पुत्र न होने चाहिये। आप मुझपर कृपा करें। मुनिने कहा—'अच्छा, तेरा पिछला पुत्र वंशानुकूल धर्मात्मा होगा।

कैकसीके गर्भसे क्रमशः रावण, कुम्भकर्ण, शूर्पणखा उत्पन्न हुए। सबसे पीछे विभीषण हुए। (वाल्मी० ७। ९। १—३५)

प्रायः यही कथा अध्यात्मरामायणमें है। (अ० रा० ७। १। ४५—५९) पद्मपुराण-पातालखण्डमें श्रीअगस्त्यजीने श्रीरामदरबारमें जो कथा कही है उसमेंकी 'कैकसी' विद्युन्मालीदैत्यकी कन्या थी। उस कैकसीके ही रावण, कुम्भकर्ण और विभीषण पुत्र हुए।

नोट—२ रावणके दस सिर क्यों हुए? इसपर अनेक महात्माओंने लिखा है। सृष्टिकर्त्ता ही इसका अभिप्राय भले ही ठीक कह सकें। (१)—हरिहरप्रसादजी लिखते हैं कि 'रावणकी माँको पुत्रका वरदान मुनि देकर फिर किसी अनुष्ठानमें दस मासतक लगे रह गये, वह खड़ी रही। तबतक दस बार इसे रजोधर्म हुआ, इस कारण दस सिरका पुत्र मुनिने इसको दिया।' (२)—इसमें सत्, रज, तम तीनों गुण दर्शानेको दस सिर दिये, क्योंकि त्रिदेवके १० सिर हैं, इस तरह कि भगवान् विष्णुके एक सिर है, ब्रह्माजीके चार और शंकरजीके पाँच हैं। सब मिलकर दस हुए। (३)—दसवीं दशा मृत्यु है। यह संसारभरको मृत्युरूप

होगा। (४)—दस सिर मानो १० का अंक है जिसमें एक '१' जो ईश्वर उससे विमुख होनेसे यह शून्य (मृतक) सम होगा। (५)—यह मोहका स्वरूप है। दसों इन्द्रियाँ इसके १० मुख हैं यथा—*'मोह दसमौलि""।'* इत्यादि। (मानसशंकावली, शंकामोचन) पुनः, (६) यों भी कहा जाता है कि रुद्रयामलतन्त्र और पद्मपुराणमें लिखा है कि 'कैकसी' को रतिदानकी स्वीकृति दे मुनि ध्यानमें लीन हो गये। ध्यान छूटनेपर पूछा—उसने कहा दस बार मुझे ऋतु-धर्म हुआ है, इससे आशीर्वाद दिया कि प्रथम पुत्र दस सिरवाला होगा और 'केसी' से कहा कि तेरे एक पुत्र होगा जो बड़ा ज्ञानी और हरिभक्त होगा। रावण, कुम्भकर्ण और शूर्पणखा कैकसीसे हुए और विभीषण 'केसी' से हुए। (वीर)

प० प० प्र०—प्रत्येक कल्पमें रावण 'दसमुख' क्यों और रामावतारके पिता 'दशरथ' ही क्यों? इन प्रश्नोंका समाधान केवल आध्यात्मिक विचारसे ही ठीक-ठीक होता है। तथापि भौतिक दृष्टिसे भी ये नाम यथार्थ हैं। जिसका रथ दसों दिशाओंमें जहाँ चाहे जा सकता है, वह दशरथ है। दशमुखका अर्थ स्पष्ट है। दशमुख विश्रवा मुनिका ही पुत्र होता है। **'विशेषः श्रवः (कीर्तिः) यस्य स विश्रवाः'** जो विशेष विख्यात विश्रुत होता है उसका पुत्र।

अध्यात्मपरक अर्थ—**दशरथ—दशयुक्तः रथो यस्य—दशरथः**। जिसके रथमें दशेन्द्रियरूपी घोड़े रहते हैं वह दशरथ है। जीव ही दशरथ है। **'आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु। इन्द्रियाणि हयानाहुः॥'** (कठ० ३। ३-४) पञ्चकर्मेन्द्रिय, पञ्चज्ञानेन्द्रिय ही जीव दशरथके शरीररूपी रथके घोड़े हैं। रथका सारथी बुद्धिमान् और कुशल होता है तभी वह रथको इष्टस्थलतक ले जाता है और रथी कृतकृत्य होता है। बुद्धि सारथी है और मन लगाम है—**'बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनो प्रग्रहमेव च'**, **'मनोरथानामगतिर्न विद्यते।'** दशरथजीका रथ स्वर्गादि लोकोंमें भी जाता है, जीवके मनोरथोंकी गति अकुण्ठित ही होती है। भौतिक वस्तुस्थिति आध्यात्मिक अर्थानुकूल ही है।

जीव दशरथ अजपुत्र है। अज है ब्रह्म, ईश्वर। और *'ईस्वर अंस जीव अबिनासी'*, **'आत्मा वै पुत्रनामासि'**, **'ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः'**, **'जीवो ब्रह्मैव नाऽपरः।'** दशरथ जीवकी पत्नी महारानी कौसल्या ही होती हैं। **कुशलस्य भावः कौशलम्**। वह है सुमति। और *'जहाँ सुमति तहँ संपति नाना।'* सद्गति, मोक्ष, भक्ति प्राप्त करनेके उत्तम अधिकारी जीवका प्रतीक 'दशरथ' है।

'दशमुख'। इस शब्दका अर्थ 'दशरथ' के समान ही है।=जिसके दशेन्द्रियरूपी मुख होते हैं वह ही दसमुख है। दशमुख भी दसों दिशाओंमें, स्वर्गादि लोकोंमें जा सकता है। **'मुखमुपाये प्रारम्भे, उपाये गेहादिमुखे'** **(हैमः)**। मुख=गृहका द्वार। दस इन्द्रियाँ देहरूपी घरके दस दरवाजे हैं। *'इंद्री द्वार झरोखा नाना।'* इन इन्द्रियरूपी दस मुखोंसे ही जीव भोग भोगता है। दशमुख विषयी है। विवेकी *'धर्मधुरंधर गुननिधि ग्यानी। हृदय भगति मति सारँगपानी॥'* ऐसा जीव दशरथ है और विषयी, निशाचरवृत्तिवाला दुर्जन जीव दशमुख है।

दशमुख विश्रवस् मुनिका पुत्र है। श्रवःश्रुतिः, श्रुतिमें, वेदोंमें विशेष करके जो श्रुत है वह है आत्मा—ब्रह्म। दशमुखकी पटरानी 'मय' दानवकी 'तनया' है। मय अत्यन्त मायावी दानव है। *'तनु विस्तारे'* उसकी तनया मयदानवके गुण-दोषोंका विस्तार ही करेगी। दशमुख कुमतिवाला जीव है।

बुद्धिकी मुख्य तीन वृत्तियाँ होती हैं। वही कौसल्याजी, सुमित्राजी और केकयीजी हैं। कौसल्याजी=शुद्ध सात्त्विक बुद्धि-वृत्ति। मानसमें कौसल्याजीका चरित्र ऐसा ही चित्रित किया गया है। सुमित्राजी राजस-सात्त्विक हैं, यह भी मानसमें अच्छी तरह पाया जाता है। केकयी तामस-सात्त्विक हैं, मानसमें यह भी स्पष्ट दिखाया है। बुद्धिवृत्तिके भेद अनेक हैं, अतः दशरथजीकी तथा दशमुखकी भी अनेक भार्याएँ हैं। मानसमें संख्याका उल्लेख नहीं है। वेदान्तसार-अभंगरामायण (मराठी—प्रज्ञानानन्दकृत) में समग्र रामायण अध्यात्मपरक अर्थसे भरा हुआ बताया है। [आत्मरामायणमें भी सब रामायण अध्यात्मपरक है। वर्षों हुए जब मैंने उसे कहीं देखा था। मा० सं०]

'रावन नाम' इति। दशाननने जब कैलास उठाया तब भवानीजीको डरी हुई देख शिवजीने अपने पदाङ्गुष्ठसे पर्वतको दबाया जिससे दशाननके बीसों हाथ पर्वतके नीचे दब गये और वह जोर-जोरसे रोने

लगा, तबसे उसका नाम रावण हुआ। दशमुख नाम रूपानुसार रखा गया और रावण नाम उसके प्रतापानुसार है। उपनिषद्में रावण नामके अर्थ इस प्रकार मिलते हैं—'**रामपत्नीं वनस्थां यः स्वनिवृत्त्यर्थमाददे॥ १७॥ स रावण इति ख्यातो यद्वा रावाच्च रावणः।**' ऊपर दिया हुआ इतिहास '**रावात् च रावणः**' अर्थानुसार '**श्रीगुरुचरित्र**' ग्रन्थमें और पुराणोंमें उपलब्ध है। वाल्मी० रा० उत्तरकाण्ड सर्ग १६ 'रावण-नाम-प्राप्ति' में ऊपर दी हुई कथा ही विस्तारसे है। दशानन एक सहस्र वर्ष रोता रहा था, इत्यादि। यथा—'**संवत्सरसहस्रं तु रुदतो रक्षसो गतम्। ततः प्रीतो महादेवः शैलाग्रे विष्ठितः प्रभुः॥ ३६॥ मुक्त्वा चास्य भुजान् राम प्राह वाक्यं दशाननम्। प्रीतोऽस्मि तव वीर्यस्य शौण्डीर्याच्च दशानन॥ ३७॥ शैलाकृतान्तेन यो मुक्तस्त्वया रावः सुदारुणः। यस्माल्लोकत्रयं चैतद्रावितं भयमागतम्॥ ३८॥ तस्मात्त्वं रावणो नाम नाम्ना राजन् भविष्यसि। देवता मानुषा यक्षा ये चान्ये जगतीतले॥ ३९॥ एवं त्वामभिधास्यन्ति रावणं लोकरावणम्।**....'

इससे सिद्ध हुआ कि रावण जन्म-नाम नहीं है। जन्म-नाम दशानन ही था।

टिप्पणी—५ (क) राजा, उसका भाई और मन्त्री तीनों राक्षसयोनिमें जाकर भाई हुए। इन तीनों भाइयोंके जन्म, नाम और गुण कहे। *'भएउ निसाचर'* यह जन्म, *'रावन' नाम, 'बीर बरिबंडा'* अर्थात् रावण वीरोंमें श्रेष्ठ था यह गुण कहा। *'भयउ सो कुंभकरन'* यह जन्म, कुम्भकर्ण नाम और *'बलधामा'* अर्थात् कुम्भकर्ण बलवान् था यह गुण कहा। *'भयउ बिमात्र बंधु'* यह जन्म, *'नाम बिभीषन'* और *'बिष्नु भगत बिग्यानानिधाना'* यह गुण कहे। (ख) तीनों भाइयोंके जन्म क्रमसे कहे। प्रथम रावण, तब कुम्भकर्ण, तब विभीषण। इसी क्रमसे छोटाई-बड़ाई जना दी। रावण ज्येष्ठ, उससे छोटा कुम्भकर्ण और कुम्भकर्णसे छोटा विभीषण है। (ग) धर्मरुचि विभीषण हुआ। धर्मरुचिमें कर्म, ज्ञान और उपासना तीनों थे। *'नृप हितकारक सचिव सयाना'* के *'सयान'* शब्दसे 'ज्ञानी' कहा। ☞*'सचिव धर्मरुचि'* के *'धर्मरुचि'* से कर्मकाण्डी और *'हरि पद प्रीति'* से उपासक सूचित किया। वैसे ही राक्षसयोनिमें विभीषण होनेपर भी उसमें ये तीनों गुण हुए। (*'धर्मरुचि जासू'* देहलीदीपक है, इस तरह) 'धर्म' से कर्म, 'विज्ञान' से ज्ञान और 'विष्णुभक्त' से उपासना कही। [मन्त्रीका जैसा नाम था वैसा ही उसमें गुण भी था। निशाचर होनेपर भी वह हरिभक्त हुआ। भक्तिका संस्कार नहीं मिटता, यथा—*'ताते नास न होइ दास कर। भेद भगति बाढ़इ बिहंग बर॥'* (७। ७९) (प्र० सं०)]

वि० त्रि० ने दक्षिण भारतके एक महाविद्वान् वी० सूर्यनारायणरावके रायल हारोस्कोप नामक पुस्तकसे रावणकी यह कुण्डली उद्धृत की है—

रावण-जन्मके समयका निर्णय उत्तरकाण्ड ६४ (८) में लिखा गया है।

रहे जे सुत सेवक नृप केरे। भए निसाचर घोर घनेरे॥ ६॥
काम रूप खल जिनस अनेका। कुटिल भयंकर बिगत बिबेका॥ ७॥
कृपा रहित हिंसक सब पापी। बरनि न जाइ बिस्व परितापी॥ ८॥
दो०—उपजे जदपि पुलस्त्य कुल पावन अमल अनूप।
तदपि महीसुर स्राप बस भए सकल अघरूप॥ १७६॥

शब्दार्थ—कामरूप=इच्छारूप धारण करनेवाले। जब जैसी कामना हो वैसा रूप धर लेनेवाले। जिनस (जिन्स, फा०)=किस्म, प्रकार, जाति। बिगत=विशेष गया हुआ; रहित। परितापी=दुःख देनेवाले। अमल=निर्मल। बेदाग।

अर्थ—राजाके जो पुत्र और सेवक थे वे (ही) बहुत-से भयंकर राक्षस हुए॥ ६॥ वे सब कामरूप, खल, अनेक प्रकार और जातिके, कुटिल, भयंकर, अविवेकी, निर्दयी, हिंसा करनेवाले, पापी और संसारभरको संताप देनेवाले हुए। उसका वर्णन नहीं किया जा सकता॥ ७-८॥ यद्यपि वे पवित्र, निर्मल और अनुपम पुलस्त्यकुलमें उत्पन्न हुए तथापि ब्राह्मणोंके शापवश वे सब पापरूप हुए॥ १७६॥

टिप्पणी—१ *'रहे जे सुत सेवक⋯'* इति। (क) राजाका हाल कहकर अब परिवारका हाल कहते हैं। *'रहे जे सुत⋯'* का भाव कि राजाके सम्बन्धसे ये सब भी राक्षस हुए। इसीसे सर्वत्र राजाका सम्बन्ध दिखाते जाते हैं। यथा—*'भूप अनुज अरिमर्दन नामा।', 'सचिव जो रहा⋯', 'रहे जे सुत सेवक नृप केरे।'* (ख) *'सुत सेवक'* कहनेका भाव कि जो पुत्र थे वे पुत्र हुए और जो सेवक थे वे सेवक हुए। 'सेवक' की गणना परिवारमें है। यथा—*'अतिहि अयाने उपखानो नहि बूझैं लोग, साहही के गोत गोत होत है गुलाम को।'* (क० ७। १०७) अपना गोतिया, अपना परिवार कहा जाता है! [श्रीयन्त्रराज-पूजनमें श्रीविभीषण, अङ्गद, हनुमान्‌जी आदि सेवक होते हुए भी परिवार माने गये हैं। वैसे ही राजाके सेवक उसके परिवार हैं। (रा० प्र०)] (ग)—*'घोर'*—ब्राह्मणका शाप अति घोर है, यथा—*'प्रभु महिदेव स्राप अति घोरा।'*, इसीसे ये सब 'घोर' हुए। *'भए निसाचर घोर'* कहकर जनाया कि राक्षस जन्म लेते ही घोर हुए, यथा—*'देखत भीमरूप सब पापी।' 'घनेरे'* से पाया गया कि भानुप्रतापके पुत्र और सेवक बहुत थे; यथा—*'सेन संग चतुरंग अपारा। अमित सुभट सब समर जुझारा॥'*—ये सब राक्षस हुए। इसीसे *'घनेरे'* कहा।

टिप्पणी—२ (क) *'कामरूप⋯'* कामरूप हैं अर्थात् अनेक रूप धारण करते हैं। खल हैं अतः जगत्‌में उपद्रव करते हैं। यथा—*'करहिं उपद्रव असुर निकाया। नाना रूप धरहिं करि माया॥' 'जिनस अनेका'* अर्थात् अनेक प्रकारके हैं। किसीका मुख हाथीका-सा, किसीका व्याघ्रका, किसीका वृषभका, किसीका शूकर, गर्दभ, श्वान आदिका-सा है। यथा—*'खर स्वान सुअर सृकाल मुख⋯। बहु जिनस प्रेत पिसाच⋯बरनत नहि बनै।'* (९३) पुनः *'कामरूप'* से छली जनाया। भाव कि अनेक रूप धरकर छल करते हैं। कामरूप होनेसे विश्वको सताना उनके लिये सरल हो गया। *'खल'* कहकर खलोंके अनेक अवगुणोंसे युक्त जनाया। यथा—*'खलन्ह हृदय अति ताप बिसेषी। जरहिं सदा परसंपति देखी॥⋯*॥'(७। ३९-४०) *'जे बिनु काज दाहिनेहु बायें⋯।'* (१। ४) राजाके सुत, सेवक, मन्त्री, सेनापति और सेना इत्यादि अनेक प्रकारके सेवक थे, इसीसे अनेक प्रकारके राक्षस हुए, अतः *'जिनस अनेका'* कहा। (ख) *'कुटिल भयंकर⋯'* स्वभावसे कुटिल हैं और शरीर भयंकर है; यथा—*'देखत भीमरूप सब पापी।'* इससे जनाया कि भीतर-बाहर दोनोंसे खराब हैं। *'बिगत बिबेक'* अर्थात् इनमें सत्त्व और रजोगुणका लेश भी नहीं, केवल तमोगुण है। पुनः भाव कि मन कुटिल है, तन (आकृति) भयङ्कर है और अज्ञानी हैं। (ग) ☞जैसे रावणका जन्म कहकर उसके गुण कहे, वैसे ही निशाचरोंका जन्म कहकर उनके लक्षण कहे। कामरूप आदि सब उनके लक्षण हैं।

टिप्पणी ३—*'कृपा रहित हिंसक सब⋯'* इति। (क) *'कृपा रहित'* भाव कि जहाँ कृपा करनेका हेतु उपस्थित है, कृपा अवश्य करनी चाहिये, वहाँ भी कृपा नहीं करते। यथा—*'सपनेहु जिन्ह के धरम*

न दाया।' 'हिंसक सब पापी' का भाव कि जिसने हिंसा की वह सब पाप कर चुका। यथा—*'पर पीड़ा सम नहिं अघमाई।'* (७। ४१), *हिंसा पर अति प्रीति तिन्ह के पापहिं कवनि मिति।'* (१८३) (ख) सब अवगुण क्रमसे कहे। कृपारहित हैं अतः हिंसक हैं, निर्दयी ही हिंसा करते हैं। हिंसक हैं इसीसे पापी हैं क्योंकि हिंसाके समान पाप नहीं। पापी हैं, इसीसे विश्वपरितापी हैं। विश्वपरितापीसे जनाया कि विश्वमें उनसे कोई जीत नहीं सकता, यथा—*'एक एक जग जीति सक ऐसे सुभट निकाय।'* इन विशेषणोंसे जनाया कि विश्वको परिताप देनेमें ये आनन्दानुभव करते थे। जो किसी एकको दुःख दे उसका नाम न लेना चाहिये और ये तो विश्वपरितापी हैं, इसीसे इनके नाम नहीं लेते, इनका वर्णन नहीं करते। विश्वको दुःख देना महान् पाप है, यथा—*'विश्व द्रोह कृत अघ जेहि लागा।'* पापी पृथ्वीका भार होते हैं। (ग) *'बरनि न जाय'* क्योंकि पापीका वर्णन न करना चाहिये। यथा—*'एहि लागि तुलसीदास इनकी कथा कछु यक है कही।'*

टिप्पणी ४—*'उपजे जदपि पुलस्त्य कुल'''''।'* इति। (क) *'जदपि'* का भाव कि ऐसे कुलमें जन्म होनेसे उपर्युक्त अवगुण न होने चाहिये थे। पुलस्त्यकुल पावन अर्थात् शुद्ध है, पवित्र है। अमल है अर्थात् कुलमें कोई दोष नहीं है। अनूप है अर्थात् इस कुलकी कोई उपमा नहीं है। पावनादि क्रमसे कहे। पावन है अतः निर्मल है, और निर्मल है, इसीसे अनूप है। *'तदपि'* का भाव कि कुलीन अधम काम नहीं करते पर ये पावन कुलमें उत्पन्न होकर अपावन हुए, निर्मल कुलमें मलिन हुए और अनुपम कुलमें तुच्छ हुए। उत्तम कुलमें जन्म लेनेपर भी 'अघरूप' हुए। वंशका प्रभाव प्रायः अवश्य पड़ता है पर इनमें वंशका गुण न आया। [*'पावन अमल अनूप',* यथा—*'रिषि पुलस्ति जसु बिमल मयंका। तेहि ससि महँ जनि होहु कलंका॥'* (५। २३) भाव कि ये सब कुलमें कलंकरूप हुए।] (ख) *'महिसुर श्राप बस'*—यह उत्तम कुलमें होनेपर भी अघरूप होनेका हेतु बताया। इससे जनाया कि विप्रशाप अधिक प्रबल है, इसीसे विप्रशापका प्रभाव पड़ा, कुलका प्रभाव न पड़ा। विप्रशापके कारण कुलका प्रभाव न पड़ा।' 'अघरूप' का भाव कि कुल पावन आदि है, पर रावणादि पापी हैं, इनके सब काम कुलधर्मके विपरीत हैं। 'अघरूप' कहनेसे पावन, अमल, अनूप तीनोंके विपरीत अपावन, मलिन और तुच्छ विशेषण इनमें घटित हुए। पुलस्त्य मुनिके कुलमें और हों राक्षस! यहाँ 'द्वितीय विषम अलङ्कार' है।

कीन्ह बिबिध तप तीनिहुँ भाई। परम उग्र नहिं बरनि सो जाई॥ १॥
गएउ निकट तप देखि बिधाता। माँगहु बर प्रसन्न मैं ताता॥ २॥
करि बिनती पद गहि दससीसा। बोलेउ बचन सुनहु जगदीसा॥ ३॥
हम काहू के मरहिं न मारे। बानर मनुज जाति दुइ बारे॥ ४॥

शब्दार्थ—उग्र=उत्कृष्ट, प्रचण्ड, भयंकर, कठिन। बारे=छोड़कर, बचाकर; सिवा। (यह शब्द सं० 'वारण निवारण' निषेधसे बना जान पड़ता है)।

अर्थ—तीनों भाइयोंने अनेक तथा अनेक प्रकारके परम उग्र तप किये। उसका वर्णन नहीं किया जा सकता॥ १॥ तपको देखकर ब्रह्माजी उनके पास गये। (और बोले—) हे तात! मैं प्रसन्न हूँ, वर माँगो॥ २॥ रावणने विनती कर चरण पकड़कर (ये) वचन कहे—'हे जगदीश्वर! सुनिये। हम वानर और मनुष्य (इन) दो जातियोंको छोड़कर किसीके मारे न मरें॥ ३-४॥

टिप्पणी—१ (क) *'बिबिध तप'* यह कि उलटे लटककर झूले, पञ्चाग्नि तापे, जल-वृष्टिका दुःख सहा, जलशयन किया, उपवास किये, अङ्ग काटकर हवन किये, इत्यादि। (ख) पुनः भाव कि तीनमेंसे किसीने किसी प्रकारका किया, किसीने किसी प्रकारका किया। इससे *'बिबिध'* तप कहा। *'कीन्ह''''''तीनिहुँ भाई'* से सूचित हुआ कि तीनों भाइयोंने एक साथ तप करना प्रारम्भ किया। इससे यह भी पाया गया कि तीनों भाई एक संग कुछ ही दिनके आगे-पीछे पैदा हुए, तीनोंमें थोड़े ही दिनोंकी छोटाई-बड़ाई

है। पुनः, इससे यह जनाया कि जो-जो तप करते थे वह तीनों साथ-ही-साथ करते थे, इससे प्रसन्न होकर तीनों भाइयोंको ब्रह्माने साथ ही वर दिया। तपका वर्णन नहीं हो सकता इससे वर्णन न किया। *'परम उग्र'* का भाव कि अन्य तपस्वियोंका तप उग्र होता था और इनका *'परम उग्र'* है। क्योंकि यह राक्षस-तप है (मनुष्यकी अपेक्षा राक्षस क्लेश सहनेमें, तितिक्षामें, अत्यन्त अधिक दृढ़ एवं कठिन होते हैं, इसीसे भयानक कष्ट उन्होंने उठाये, इतना कि कहा नहीं जाता)।

नोट—१ *'कीन्ह बिबिध तप'* इति। उग्रतप क्यों किया गया? पद्मपुराणमें अगस्त्यजीने श्रीरामजीसे कहा है कि एक बार कुबेरजी विमानपर अपने पिताके पास दर्शन करने गये और चरणोंपर पड़कर उनकी स्तुति करके अपने भवनको लौट गये। रावणने देखकर मातासे पूछा कि ये कौन हैं जो मेरे पिताके चरणोंकी सेवा करके लौट गये हैं। इन्हें किस तपस्यासे ऐसा विमान मिला है? रावणके वचन सुनकर माताको रोष आ गया और वह अनमनी होकर बोली—'अरे! मेरी बात सुन। इसमें शिक्षा-ही-शिक्षा भरी हुई है। जिसके विषयमें तू पूछ रहा है वह मेरी सौतके कोखका रत्न कुबेर है, जिसने अपने जन्मसे अपनी माताके विमल वंशको अधिक उज्ज्वल बना दिया है। परंतु तू तो मेरे गर्भका कीड़ा है, केवल अपना पेट भरनेमें ही लगा हुआ है। कुबेरने तपस्यासे भगवान् शंकरको संतुष्ट करके लङ्काका निवास, मनके समान वेगवाला विमान तथा राज्य और सम्पत्तियाँ प्राप्त की हैं। संसारमें वही माता धन्य, सौभाग्यवती तथा महान् अभ्युदयसे सुशोभित होनेवाली है, जिसके पुत्रने अपने गुणोंसे महापुरुषोंका पद प्राप्त कर लिया हो।' माताके क्रोधपूर्ण वचनोंने रावणको उग्र तपके लिये उत्तेजित किया। वह बोला—'माँ! कीड़ेकी-सी हस्ती रखनेवाला वह कुबेर क्या चीज है? उसकी थोड़ी-सी तपस्या किस गिनतीमें है? बहुत थोड़े सेवकोंवाला उसका राज्य क्या है? यदि मैं अन्न, जल, निद्रा और क्रीड़ाका सर्वथा परित्याग करके ब्रह्माजीको संतुष्ट करनेवाली दुष्कर तपस्याके द्वारा समस्त लोकोंको अपने अधीन न कर लूँ तो मुझे पितृलोकके विनाशका पाप लगे।' रावणका निश्चय जानकर उसके दोनों भाइयोंने भी तपका निश्चय किया।

वाल्मीकीयकी कैकसीने महात्मा कुबेरको पिता विश्रवाके दर्शनोंको जाते हुए देख दशग्रीवकी दृष्टि उनकी ओर आकर्षित करते हुए उससे कहा है—'हे पुत्र! अपने भाई वैश्रवणको देखो, वह कैसा तेजस्वी है। तुम उसके भाई हो; किन्तु देखो तुममें और उसमें कितना अन्तर है। तू भी उन्हींके समान होनेका प्रयत्न कर।' यथा—**'पुत्र वैश्रवणं पश्य भ्रातरं तेजसावृतम्। भ्रातृभावे समे चापि पश्यात्मानं त्वमीदृशम्॥'**(७। ९। ४२)""**त्वमपि मे पुत्र भव वैश्रवणोपमः।'** (४३) रावणने ईर्ष्यायुक्त हो उसी समय उनके समान या उनसे अधिक होनेकी प्रतिज्ञा की। अ० रा० में भी ऐसा ही है।

नोट—२ यह तप गोकर्णक्षेत्रमें किया गया। यथा—**'आगच्छदात्मसिद्ध्यर्थं गोकर्णस्याश्रमं शुभम्।'** (वाल्मी० ७। ९। ४७)

नोट—३ *'बिबिध तप'* इति। महाभारतमें जिन रावणादिकी कथा है उनका तप इस प्रकारका था—रावण एक सहस्र वर्ष वायु भक्षण करके एक पैरपर खड़ा होकर पञ्चाग्निसेवनपूर्वक तप करता रहा। इसके पश्चात् उसने अपना सिर काटकर हवन किया। यथा—**'अतिष्ठदेकपादेन सहस्रं परिवत्सरान्। वायुभक्षो दशग्रीवः पञ्चाग्निः सुसमाहितः॥ पूर्णे वर्षसहस्रे तु शिरश्छित्त्वा दशाननः। जुहोत्यग्नौ दुराधर्षस्तेनातुष्यज्जगत्प्रभुः॥'**(७। १०। १६, २०) आगे जो ब्रह्माजीने वरदान दिया है उससे अनुमान होता है कि प्रत्येक सहस्र वर्षके अन्तमें वह एक सिर काटकर हवन कर देता था। यथा—**'यद्यदग्नौ हुतं सर्वं शिरस्ते महदीप्सया। तथैव तानि ते देहे भविष्यन्ति यथेप्सया॥'**(३०) अर्थात् जो-जो सिर तुमने अग्निमें हवन किये हैं वे सब तुम्हारे इच्छानुसार फिरसे हो जायँगे। वाल्मीकीय रा० में नौ बार सिरोंका हवन करना स्पष्ट लिखा है। दसवीं बार जब वह दसवाँ सिर काटनेको हुआ तब ब्रह्माजीका आगमन हुआ। यथा—**'दशवर्षसहस्रं तु निराहारो दशाननः। पूर्णे वर्षसहस्रे तु शिरश्चाग्नौ जुहाव सः॥ एवं वर्षसहस्राणि नव तस्यातिचक्रमुः। शिरांसि नव चाप्यस्य प्रविष्टानि हुताशनम्॥ अथ वर्षसहस्रे तु दशमे दशमं शिरः। छेत्तुकामे दशग्रीवे प्राप्तस्तत्र पितामहः॥'** (वाल्मी० ७। १०। १०—१२)

अध्यात्मरामायण में भी लगभग ये ही श्लोक हैं। पद्मपु० के रावणने सूर्यकी ओर दृष्टि लगाये एक पैरसे खड़े होकर दस हजार वर्षतक तप किया।

वाल्मीकीयमें कुम्भकर्णका तप इस प्रकार है कि धर्म और सन्मार्गमें स्थित होकर ग्रीष्ममें पञ्चाग्नि-सेवन करता था, वर्षाकालमें वीरासनसे बैठकर वर्षा सहन करता था और जाड़ेमें जलमें बैठता था; इस प्रकार उसने दस हजार वर्ष तप किया। और महाभारतके कुम्भकर्णने उपवासकर पृथ्वीपर '**अधःशायी**' होकर तप किया।

वाल्मीकीयके विभीषणने धर्मपूर्वक पवित्रतासे एक पैरपर खड़े होकर पाँच हजार वर्ष नियम किया। इस नियमको समाप्त करके तब ऊर्ध्वबाहु होकर सिर ऊपर किये हुए सूर्यपर दृष्टि जमाये हुए पाँच हजार वर्षतक वेदपाठ करते रहे। इस तरह दस हजार वर्षका तप पूरा किया। महाभारतके विभीषणजी प्रथम एक सूखा पत्ता खाकर जप करते रहे। फिर उपवास करते हुए जपपरायण रहे। (वाल्मी० उ० सर्ग १०; महाभारत, वन० अ० २७५)

भिन्न-भिन्न ग्रन्थोंमें भिन्न-भिन्न प्रकारका तप लिखा है। इसीसे कविने *'बिबिध तप'* कहकर छोड़ दिया।

टिप्पणी—२ *'गयउ निकट·····'* इति। (क) *'गयउ निकट'* भाव कि औरोंको प्रायः आकाशवाणीद्वारा वर देते हैं पर यहाँ निकट आये। इसका कारण आगे कहते हैं कि इनका भारी तप देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुए, इसीसे प्रत्यक्ष आकर दर्शन दिये। यथा—*'बिधि हरि हर तप देखि अपारा। मनु समीप आए बहु बारा॥'* वैसे ही इनका अपार तप देखा तब आये। (ख) *'तप देखि'*—अर्थात् जब तीनों भाई अङ्ग काट-काटकर हवन करने लगे तब ब्रह्मा निकट आये। [कुम्भकर्ण और विभीषणका भी अपने-अपने अङ्ग काटकर हवन करनेका प्रमाण हमें नहीं मिला। विभीषणजी तो ऐसा तामसिक तप कभी न करेंगे। *'माँगहु बर'* क्योंकि देवताओंकी प्रसन्नता व्यर्थ नहीं जाती।] प्रसन्न हैं, इसीसे वात्सल्यभावसे *'तात'* सम्बोधन किया। पुनः रावण ब्रह्माका प्रपौत्र है, इससे *'तात'* कहा। क्रमसे वर देते हैं। रावण ज्येष्ठ है; इसीसे प्रथम उसके पास गये।

टिप्पणी—३ *'करि बिनती पद गहि·····'* इति। (क) रावण बहुत बड़ा वर माँगना चाहता है, इसीसे उसकी प्राप्तिके लिये उसने पहले विनय की और चरणोंपर गिरा तब वर माँगा। यथा—*'माँगउँ दूसर बर कर जोरी। पुरवहु नाथ मनोरथ मोरी॥'* (२। २९) विनती यह की कि आप हमपर प्रसन्न क्यों न हों, आपका प्रसन्न होना यथार्थ ही है। क्योंकि आप हमारे प्रपितामह ही हैं, इत्यादि। यह कहकर चरण पकड़ लिये कि हम आपके चरणोंकी शरण हैं। पुनः (ख) *'पद गहि दससीसा'* से जनाया कि बीसों हाथोंसे चरण पकड़े और दसों मस्तक चरणोंपर रख दिये। [तथा दसों मुखोंसे विनती भी की थी। परंतु यदि रावणने नौ सिर काटकर हवन कर दिये हैं तब ब्रह्माजी वर देने आये जैसा वाल्मीकीय, महाभारत आदिका मत है तब तो यह भाव शिथिल हो जाता है।] (ग) *'सुनहु जगदीसा'* सम्बोधनका भाव कि आप जगत्के स्वामी हैं, आपकी सृष्टिमें हम किसीके मारे न मरें। यथा—*'ब्रह्मसृष्टि जहँ लगि तनु धारी। दसमुख बसबर्ती नर नारी॥'* (१८२। १२) पुनः भाव कि जितने भी जगदीश हैं, ब्रह्मा-विष्णु-महेश और लोकपालादि उनके मारे भी हम न मरें।

टिप्पणी—४ *'हम काहू के मरहिं न मारे·····'* इति। (क) हम बहुवचन कहनेका भाव कि हम तीनों भाई किसीके मारे न मरें। किसीके मारे न मरें, इस कथनसे सूचित हुआ कि रावणके हृदयमें तीनों लोकोंके विजयकी इच्छा है। (ख) *'बानर मनुज जाति दुइ बारे'* इति। इन दोको छोड़नेका भाव कि ये दोनों राक्षसोंके भक्ष्य हैं। यथा—*'कहहु कवन भय करिअ बिचारा। नर कपि भालु अहार हमारा॥'* (६। ८) अथवा, ब्रह्मा और शिवजीने रावणकी वाणीके साथ छल किया। यथा—*'रावण कुंभकरन बर माँगत सिव बिरंचि बाचा छले।'* (गी० ५। ४१) (नहीं तो उसका काम तो *'हम काहू के मरहिं न मारे'* से चल जाता। आगे कुछ कहनेकी आवश्यकता न थी।) जब छल हुआ तब रावणने मृत्युका रास्ता माँगा। प्रथम वाक्यमें मृत्युके लिये रास्ता न था।

नोट—४ *'बानर मनुज जाति दुइ बारे'* इति। महाभारतके रावणको जब ब्रह्मा वर देने गये तो उन्होंने प्रथम ही यह कहा कि अमरत्वको छोड़कर जो वर चाहो माँग लो। यथा—'**प्रीतोऽस्मि वो निवर्तध्वं वरान्**

वृणुत पुत्रकाः। यद्यदिष्टमृते त्वेकममरत्वं तथास्तु तत्॥'(अ० २७५। २२) तब उसने देव-गन्धर्वादिके नाम गिनाकर उनसे पराजय न होना माँगा। तब ब्रह्माने कहा जिनसे तुमने अभयत्व माँगा उनसे अभय रहोगे। और अपनी तरफसे कहा कि मनुष्यको छोड़कर तुम सबसे अभय रहोगे, ऐसा ही हमने विधान किया है। रावण इस वरसे संतुष्ट हो गया क्योंकि उसने सोचा कि मनुष्य तो मेरे आहार हैं, वे मेरा क्या कर सकते हैं। विष्णु और इन्द्रादि देवता ही जब मुझे नहीं मार सकते तब मनुष्य क्या है?

वाल्मीकीयमें ब्रह्माने वर माँगनेको कहा तब रावणने अमरत्व माँगा। इसपर ब्रह्माने कहा कि सबसे अमरत्व नहीं मिल सकता। तुम अन्य वर माँगो। यथा—'**नास्ति सर्वामरत्वं ते वरमन्यं वृणीष्व मे।**' (७। १०। १७) तब उन्होंने सुपर्ण, नाग, यक्ष, दैत्य, दानव, राक्षस तथा देवताओंसे अमरत्व माँगा और कहा कि मनुष्यादि अन्य प्राणियोंसे हमें चिन्ता नहीं है। वे तो तृणके समान हैं (यथा—'**सुपर्णनागयक्षाणां दैत्यदानवरक्षसाम्। अवध्योऽहं प्रजाध्यक्ष देवतानां च शाश्वत॥ नहि चिन्ता ममान्येषु प्राणिष्वमरपूजित। तृणभूता हि ते मन्ये प्राणिनो मानुषादयः॥**'(७। १०। १९-२०)

अध्यात्मरा० में ब्रह्माने वर माँगनेको कहा जैसा मानसमें है। रावणने '**सुपर्णनाग**......' से अमरत्व माँगा और मनुष्यको तृणवत् मानकर स्वयं छोड़ दिया। वाल्मीकीयमें '**मानुषादयः**' है और अ० रा० में '**तृणभूताय मानुषाः**' है। '**मानुषादयः**' में वानर और मनुष्य दोनों आ जाते हैं जिन्हें मानसकल्पके रावणने तृणवत् जानकर छोड़ दिया। ☞श्रीमद्गोस्वामीजीके अक्षरोंकी स्थिति बड़ी विलक्षण है। उनके रावणने भी प्रथम यही कहा कि *'हम काहू के मरहिं न मारे।'* इतना एक चरणमें लिखकर तब दूसरे चरणमें *'बानर मनुज जाति दुइ बारे'* कहा। इस तरह वाल्मीकीयका भाव भी इसमें आ जाता है। अर्थात् प्रथम उसने अमरत्व माँगा। यह वर मिलता न देख उसने दोको बरा दिया।

नोट ५—यहाँ लोग यह शंका करते हैं कि वानरसे तो वह मरा नहीं इनको क्यों छोड़ा? समाधान—(क) तुच्छ जान दोको छोड़ दिया, यह आवश्यक नहीं था कि जिसके हाथ मृत्यु हो उसीको छोड़ता। पुनः, संग्राममें मनुष्य और वानर दोनों रहे। उसका तात्पर्य यही था कि इनको छोड़ किसीके हाथ न मरूँ, इनमेंसे कोई मार सके तो मार सके। रावण तो जानता था कि ब्रह्माने मेरी मृत्यु मनुष्यसे लिखी है, यथा—*'नरके कर आपन बध बाँची। हँसेउँ जानि बिधि गिरा असाँची॥'* (६। २९) पर इन्हें तुच्छ समझ विश्वास न करता था कि इनमेंसे किसीसे भी मेरी मृत्यु होगी। इससे दोनोंको बरा दिया। पुनः, (ख) इसी ग्रन्थमें यह भी प्रमाण है कि उसने अपनी मृत्यु 'मनुज' से माँगी, यथा—*'रावन मरन मनुज कर जाँचा। प्रभु बिधि बचनु कीन्ह चह साँचा॥'* (४९। १) इससे यह भाव लोग कहते हैं कि अपने लिये मनुज और निशाचरोंके लिये वानर कहा। अतएव *'हम'* बहुवचन कहा जिससे वर सार्थक हो जाता है। (यहाँ 'मनुज' शब्द श्लिष्ट है। 'मनुष्य' अर्थके अतिरिक्त दूसरा अर्थ 'मनु-प्रार्थित तथा उन्हींके द्वारा जायमान होनेवाले' यह भी देता है। अर्थात् तेरी मृत्यु उनके द्वारा हो जिन्होंने मनुको वर दिया था कि हम तुम्हारे पुत्र होंगे, मनुष्यरूप धारण करेंगे।)

एवमस्तु तुम बड़ तप कीन्हा। मैं ब्रह्मा मिलि तेहि बर दीन्हा॥५॥
पुनि प्रभु कुंभकरन पहिं गएऊ। तेहि बिलोकि मन बिसमय भएऊ॥६॥
जौं एहिं खल नित करब अहारू। होइहि सब उजारि संसारू॥७॥
सारद प्रेरि तासु मति फेरी। माँगेसि नींद मास षट केरी॥८॥

दो०—गए बिभीषन पास पुनि कहेउ पुत्र बर माँगु।
तेहि माँगेउ भगवंत पद कमल अमल अनुरागु*॥१७७॥

अर्थ—(शिवजी कहते हैं—) मैंने और ब्रह्माने मिलकर उसको वर दिया—'ऐसा ही हो। तुमने बड़ा

* अनुराग—१६६१।

तप किया है'॥ ५॥ फिर प्रभु (ब्रह्माजी) कुम्भकर्णके पास गये। उसको देखकर (उनके) मनमें बड़ा विस्मय हुआ। जो यह खल नित्य आहार करेगा तो सारा संसार ही उजड़ जायगा॥ ६-७॥ (ब्रह्माने यह सोचकर) सरस्वतीको प्रेरित कर उसकी बुद्धि फेर दी (जिससे उसने) छः महीनेकी नींद माँगी॥ ८॥ तत्पश्चात् वे विभीषणजीके पास गये और कहा—'पुत्र वर माँगो।' उसने भगवान्‌के चरणकमलोंमें विशुद्ध अनुराग माँगा॥ १७७॥

टिप्पणी—१ *'एवमस्तु तुम'''* इति। (क) *'तुम बड़ तप कीन्हा'* कहकर *'एवमस्तु'* कहनेका भाव कि यह वरदान बहुत कठिन है, देने योग्य नहीं है, हम न देते परंतु तुमने बड़ा तप किया है इससे तुमको देते हैं। (ख) *'मैं ब्रह्मा मिलि'''* इति। मिलकर वर देनेका भाव कि उसने तप करके दोनों देवताओंको संतुष्ट किया, इसीसे दोनोंने वर दिया। इसने अपने मस्तक काट-काटकर शिवजीको अर्पण किये थे। यथा—*'सादर सिव कहुँ सीस चढ़ाए। एक एकके कोटिन्ह पाए॥'* (६। ९३) *'जो संपति सिव रावनहि दीन्हि दिए दस माथ।'* (५। ४९) इसीसे ब्रह्माके साथ शिवजीने भी वर दिया। कुम्भकर्ण और विभीषणको केवल ब्रह्माने वर दिये। यदि तीनोंको दोनोंने वर दिया होता तो *'मैं ब्रह्मा मिलि'* यह वाक्य बीचमें न कहते। तीनों भाइयोंको वर देकर तब यह वाक्य लिखते। पुनः *'तेहि'* एकवचन है इससे भी केवल रावणको दोनोंका वर देना सिद्ध होता है। अन्यथा *'तिन्हहिं'* शब्द देते। पुनः, मिलकर वर देनेका भाव कि यदि दोनों साथ-साथ वर न देते तो वह तपसे निवृत्त न होता। एकसे वर पाकर फिर दूसरेसे वर प्राप्त करनेके लिये तप करता रहता। अनर्थके दो वरदान देने पड़ते। इसीसे एक ही वरदानमें दोनों शामिल हो गये। यह चतुरता है। (ग) ब्रह्माजी वर देने आये थे, यथा—*'गयउ निकट तप देखि बिधाता।'* और वरदान देकर उनका जाना भी कहा है, यथा—*'तिन्हहिं देइ बर ब्रह्म सिधाए।'* (१७८। १) शिवजी कहाँसे आ गये। वे अपना होना स्वयं कह रहे हैं। उनका न तो कहीं आना लिखा गया न जाना? वे कहीं आये-गये नहीं (रावण आदि शिवजीके स्थानमें ही तप कर रहे थे। उसने उनको ही तो सिर काट-काटकर चढ़ाये थे। यथा—*'सिर सरोज निज करन्हि उतारी। पूजेउँ अमित बार त्रिपुरारी॥'* (६। २५) *'हुने अनल महँ बार बहु हरषि साखि गौरीस॥'* (६। २८) वहाँ शिवजीकी मूर्ति होगी। ब्रह्माजी वर देने लगे तब वे भी प्रकट हो गये)। इसीसे उनका आना न लिखा केवल वर देना लिखा। [अथवा, *'बिधाता'* शब्दसे दोनोंका बोध होता है। क्योंकि पुराणोंमें शिवजीको भी धारण-पोषण करनेवाला कहा है। (रा० प्र०) इस तरह *'गएउ निकट तप देखि बिधाता'* में दोनोंका आगमन जना दिया। *'बिधाता'* शब्द एकवचन है उसीके अनुसार *'गएउ'* क्रिया दी गयी। वाल्मीकीय, महाभारत, पद्मपुराण और अध्यात्ममें केवल ब्रह्माका वर देना कहा गया है। वि० त्रि० कहते हैं कि *'मैं'* प्रथम कहनेसे *'एवमस्तु'* कहनेमें शिवजी आगे दिखायी पड़े।

टिप्पणी २— *'पुनि प्रभु कुंभकरन पहिं गएऊ।'''* इति। (क) *'पुनि'*का भाव कि क्रमसे वरदान दिये। प्रथम रावणको तब उससे छोटे कुम्भकर्णको तब उससे छोटे विभीषणको। *'प्रभु'* कुम्भकर्णकी मति फेर देंगे, कुछ-का-कुछ कहला दिया ऐसे समर्थ हैं। इसीसे *'प्रभु'* कहा—'**कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थः प्रभुः।**' *'कुंभकरन पहिं गएऊ'*—(*'प्रभु'*, *'गएऊ'* एकवचन शब्दोंसे जनाया कि इसे केवल ब्रह्माजीने वर दिया। शिवजी रावणको वर देकर वहीं अन्तर्धान हो गये) पुनः, *'गएऊ'* से सूचित किया कि तीनों भाई कुछ-कुछ दूरीपर अलग-अलग बैठकर तप कर रहे थे, एक जगह न थे। (ख) *'तेहि बिलोकि'''* से सूचित हुआ कि इतना भारी स्वरूप है कि चाहे तो समस्त सृष्टिको खा डाले। पुनः, कुम्भकर्ण जन्म होते ही कुछ दिन बाद तप करने लगा। हजारों वर्ष बीत गये इसने कुछ भी भोजन नहीं किया, अब भोजन करेगा। इसीसे ब्रह्माजीको संदेह हुआ जैसा आगे लिखते हैं—*जौं एहि खल''''।*

नोट—१ *'तेहि बिलोकि मन बिसमय भएऊ'* इति। वाल्मीकिजी लिखते हैं कि जब ब्रह्माजी कुम्भकर्णको वर देनेको उद्यत हुए तब उनके साथके देवताओंने उनसे हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि आप इसे वर न दें क्योंकि बिना वर पाये ही यह तीनों लोकोंको सताता रहा है। देखिये, इसने नन्दनवनमें सात अप्सराओं और इन्द्रके दस सेवकोंको खा डाला। ऋषियों और मनुष्योंकी तो गिनती ही नहीं कि कितने खा डाले। वर

पानेपर तो यह तीनों लोकोंको खा डालेगा। यथा—'**नन्दनेऽप्सरसः सप्त महेन्द्रानुचरा दश॥ अनेन भक्षिता ब्रह्मन्नृषयो मानुषास्तथा। अलब्धवरपूर्वेण यत्कृतं राक्षसेन तु॥**'(३७-३८), '**यद्येष वरलब्धः स्याद्भक्षयेद्भुवनत्रयम्।**' आप इसे वरके बहाने अज्ञान दीजिये। देवताओंकी प्रार्थना सुनकर ब्रह्माने सरस्वतीका स्मरण किया और उनको आज्ञा दी कि कुम्भकर्णकी जिह्वापर बैठकर इससे कहलाओ। यथा—'**वाणि त्वं राक्षसेन्द्रस्य भव वाग्देवतेप्सिता।**'(७। १०। ४३) सरस्वती मुखमें बैठ गयीं।

अध्यात्मरा० में सरस्वतीद्वारा मोहित कुम्भकर्णने वर माँगा कि मैं छः मास सोऊँ और एक दिन भोजन करूँ।—'**स्वप्स्यामि देव षण्मासान्दिनमेकं तु भोजनम्।**'(७। २। २१)

मानसकल्पके कुम्भकर्णको तो देखकर स्वयं ब्रह्माजी विस्मित हो गये, इसीसे उन्होंने स्वयं सरस्वतीको प्रेरित किया।

नोट—२ प्र० सं० में हमने लिखा था कि 'कुम्भकर्ण पर्वताकार विशाल था। पैदा होते ही इसने एक हजार प्राणियोंको खा डाला। इन्द्रने वज्र चलाया वह भी सह लिया और उलटे ऐरावतका दाँत उखाड़कर ऐसा मारा कि वे भगे। इसने सात अप्सराओं, दस देवदूतों और अगणित ऋषियोंको खा डाला। जब ब्रह्माजी वर देनेको हुए तब देवताओंने सब वृत्तान्त स्मरण कराया। इससे सरस्वतीद्वारा उन्होंने वाणी फेर दी, मति फेर दी। 'इन्द्र' पद माँगता सो उसके बदले 'निद्र' माँगा। वा, 'छः मास जागरण और एक दिन नींद' माँगता सो उसका उलटा माँगा।'

नोट—३ वाल्मीकीय और अध्यात्मरा० में रावणके पश्चात् विभीषणको वर दिया गया तब कुम्भकर्णको। महाभारतमें वही क्रम है जो मानसमें है।

टिप्पणी—३ '*जौं एहि खल*""' इति। '*खल*' कहा, क्योंकि यह अन्नादिसे पेट न भरेगा, किंतु सब जीवोंको खायेगा। खल जीवोंका भक्षण करते हैं; यथा—'*कहुँ महिष मानुष धेनु खर अज खल निसाचर भच्छहीं।*' (५। ३), '*खल मनुजाद द्विजामिष भोगी।*' (६। ४४) इत्यादि। यह किसी जीवको न छोड़ेगा। '*नित करब अहारू*' कहा क्योंकि बिना आहारके कोई रह नहीं सकता। भोजन नित्यप्रति किया जाता है, यह नित्यका काम है। अतः यह भी नित्यप्रति आहार करेगा ही। '*होइहि सब उजारि संसारू*'—भाव कि जीव तो वर्षोंमें जाकर आहारके योग्य होते हैं, और नित्य ही इसे बहुत-सा भोजन चाहिये, इतने जीव कहाँसे आयेंगे। इसके भोजनके लिये सारी सृष्टि भी न अँटेगी (पर्याप्त होगी)। सारा संसार ही नष्ट हो जायगा। यथा—'*जौ दिन प्रति अहार कर सोई। बिस्व बेगि सब चौपट होई॥*' (१८०। ५) ब्रह्माजी सृष्टि रचते हैं इसीसे संसारके उजड़नेकी चिन्ता हुई।

टिप्पणी—४ '*सारद प्रेरि तासु मति फेरी*""' इति। (क) शारदा बुद्धि फेरनेमें प्रधान हैं। बुद्धिका फेरना इनके अधिकारमें है। इसीसे जहाँ ऐसा काम होता है वहाँ ये ही बुलायी जाती हैं। यथा—'*अजस पेटारी ताहि करि गई गिरा मति फेरि।*'(२। १२),'*फेरि भरत मति करि निज माया। पालु बिबुध कुल करि छल छाया॥*' (२। २९५) इत्यादि। अतः उसके द्वारा बुद्धि फेर दी। '*मति फेरी*' से जनाया कि अन्य वर माँगनेका निश्चय उसने बुद्धिसे किया था। वह बुद्धि उसकी पलट दी। (ख) ब्रह्माने रावणसे वर माँगनेको कहा और विभीषणजीसे भी, यथा—'*मागहु बर प्रसन्न मैं ताता।*', '*गएउ बिभीषन पास पुनि कहेउ पुत्र बर माँगु।*' किंतु कुम्भकर्णको वर माँगनेको न कहा। कारण कि कुम्भकर्णको देखते ही ब्रह्माजी विस्मयको प्राप्त हो गये, अपनी सृष्टिकी रक्षाकी चिन्तामें पड़ गये—'*तेहि बिलोकि मन बिसमय भएऊ।*', और उन्होंने सरस्वतीको बुद्धि फेरनेको प्रेरित किया। जब सरस्वतीने मति फेर दी, तब ब्रह्माजीको सामने देखकर कुम्भकर्णने स्वयं ही वर माँगा। (जब वर माँगनेको ही नहीं कहा तब '*तात*', '*पुत्र*' या और कोई सम्बोधनका प्रश्न ही नहीं रह जाता। जब माँगनेको कहते तब सम्बोधनके सम्बन्धमें शंका हो सकती थी) (ग) अन्य कल्पोंमें ब्रह्माने रावण और कुम्भकर्ण दोनोंको छला। जैसा गीतावलीमें कहा गया है। इस कल्पमें केवल कुम्भकर्णके साथ छल किया गया। यदि ऐसा न होता तो गोस्वामीजी रावणका भी छला जाना लिखते, केवल इसकी बुद्धिका फेरना न लिखते।

टिप्पणी—५ '*गए बिभीषण पास पुनि*""' इति। (क) यहाँके लिये बहुवचन क्रियाका प्रयोग हुआ।

यह आदरसम्मानका सूचक है। पूर्व जो वर दिये थे वे अनर्थके थे तथा उनमें छल किया गया था। कुछ बचाकर दिया गया था। अतः वहाँ *'गएऊ'* एकवचनका प्रयोग हुआ है। यथा—*'गयउ निकट तप देखि बिधाता', कुंभकरन पहिं गएऊ।'* (ख) विभीषण सबसे छोटे हैं इसीसे उनके पास सबसे पीछे गये। (सम्भवतः इसी क्रमसे तीनों बैठे भी होंगे) (ग) *'पुत्र बर माँगु'*—विभीषणजी भक्त हैं। भक्त भगवान्‌की भक्ति करके सब पितरोंका उद्धार करते हैं। इसीसे *'पुत्र'* कहा। यथा—'**पुन्नरकात् त्रायते इति पुत्रः, पुन्नाम्नो नरकाद्यस्मात्त्रायते पितरं सुतः। तस्मात्पुत्र इति प्रोक्तः स्वयमेव स्वयंभुवः॥**'(वायुपुराणे) अर्थात् जो *'पुं'* नामक नरकसे अपने पितरोंकी रक्षा करे वह 'पुत्र' कहलाता है। ये भक्ति करके अपने पितरोंको कृतार्थ करनेवाले होंगे। [ब्रह्माजी जानते हैं कि रावण अहंकारी है, मान-बड़ाई चाहता है। अतः *'गएउ'* एकवचनसे सूचित किया कि रावण ब्रह्माजीका भी अपमान करेगा, वैसी ही व्यवस्था कुम्भकर्णकी भी है। विभीषणको अभिमान नहीं था, वह सबका आदर-सम्मान करेगा, यह भेद सूचित करनेके लिये विभीषणके पास जानेपर *'गए'* और *'पुत्र बर माँगु'* शब्दोंका प्रयोग किया गया। रावण और कुम्भकर्णको पुत्र न कहा, क्योंकि वे तो वंशके पितरोंको कलंकित करनेवाले हैं। विभीषण कुलकीर्तिको बढ़ाकर पुत्र नामको सार्थक करेंगे (प० प० प्र०)] (घ) *'माँगेउ भगवंत पद''''* इति। भगवन्तपदमें अनुराग माँगनेका भाव कि इससे छः ऐश्वर्य वशमें कर लिये। भक्तिसे ऐश्वर्य स्वयं प्राप्त होते हैं। छः ऐश्वर्य यथा—'**ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः। ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा॥**' अर्थात् ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य। (विशेष 'भगवान्' शब्दपर दोहा (१३। ४) मा० पी० भाग १ में देखिये) (ङ) *'अमल अनुराग'* भाव कि रावण और कुम्भकर्णने स्वार्थ माँगा और स्वार्थ छल है। यथा—*'स्वारथ छल फल चारि बिहाई।'* छल अनुरागका मल है। विभीषणने स्वार्थरहित भगवान्‌की भक्ति माँगी। स्वार्थरहित ही अमल है। भानुप्रतापका यह मन्त्री था। उस समय भी यह हरिभक्त था, यथा—*'सचिव धरमरुचि हरिपद प्रीती।'* अतः राक्षस-तनमें भी वह हरिभक्त हुआ। यहाँ '**न मे भक्तः प्रणश्यति**।'(गीता ९। ३१) *'ताते नास न होइ दास कर। भेद भगति बाढ़इ बिहंगबर॥'* (७। ७९। ३) ये वाक्य चरितार्थ हुए।

तिन्हहिं देइ बर ब्रह्म सिधाए। हरषित ते अपने गृह आए॥ १॥
मय तनया मंदोदरि नामा। परम सुंदरी नारि ललामा॥ २॥
सोइ मय दीन्हि रावनहिं आनी। होइहि जातुधानपति जानी*॥ ३॥
हरषित भएउ नारि भलि पाई। पुनि दोउ बंधु बिआहसि जाई॥ ४॥

शब्दार्थ—*'मय'*—यह दैत्य कश्यपका पुत्र था। दिति इसकी माताका नाम है। यह बड़ा शिल्पी और मायावी था। हेमा अप्सरासे इसके दो पुत्र मायावी और दुन्दुभी और एक कन्या मन्दोदरी हुई। त्रिपुरासुरने इसी दैत्यसे अपने तीनों विमानरूपी पुर बनवाये थे जो तीनों लोकोंमें बिना रोक-टोकके जाते थे। यह दानवोंका विश्वकर्मा था। श्रीकृष्णजी इसे चक्र चलाकर मारना और अग्निदेव जला डालना चाहते थे। अर्जुनने इसकी रक्षा की थी। श्रीकृष्णजीके कहनेसे इसीने श्रीयुधिष्ठिर महाराजके लिये मणिमय सर्वगुणसम्पन्न दिव्यसभाका निर्माण किया था, जो देवता, मनुष्य एवं असुरोंके सम्पूर्ण कला-कौशलका नमूना था। इसीने देवदत्त नामक शङ्ख अर्जुनको और दैत्यराज वृषपर्वाकी गदा भीमसेनको दी थी। तनुजा=तनसे जायमान=लड़की; कन्या। मन्दोदरी—यह भी उस पञ्चकमेंसे एक है जिनका नित्य स्मरण महापातकका नाशक है। यथा—'**अहल्या द्रौपदी कुन्ती तारा मन्दोदरी तथा। पञ्चकं ना स्मरेन्नित्यं महापातकनाशनम्॥**' (आचारमयूख) '**पञ्चकं ना**' का '**पञ्चकन्या**' अशुद्ध पाठ करके लोगोंने इनको पञ्च कन्या कहा है। विशेष मा० पी० भाग १ दोहा २४ (४-५) में देखिये। ललामा=रत्न; सुन्दर। यथा—'**ललामा सुन्दरो ज्ञेयः ललामो रत्नमुच्यते इत्यनेकार्थः।**' नारि ललामा=स्त्री-रत्न, स्त्रियोंमें शिरोमणि। जातुधान (यातुधान)=राक्षस।

* रानी—वै०।

अर्थ—ब्रह्माजी उन्हें वर देकर चले। वे प्रसन्न होकर अपने घर आये॥ १॥ मय (दानव) की मन्दोदरी नामकी कन्या जो परम सुन्दरी और स्त्रियोंमें शिरोमणि थी उसको मयने ले आकर रावणको यह जानकर दी कि वह निशाचरोंका राजा होगा॥ २-३॥ अच्छी स्त्री पाकर वह प्रसन्न हुआ। फिर उसने जाकर दोनों भाइयोंका विवाह किया॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'तिन्हहिं देइ बर……'* इति। ब्रह्माने रावणको वर दिया यह लिखा गया—*'एवमस्तु तुम्ह बड़ तप कीन्हा'*, पर कुम्भकर्ण और विभीषणको *'एवमस्तु'* कहना नहीं लिखा गया। इसीसे यहाँ *'तिन्हहि'* शब्द देकर सबको *'एवमस्तु'* कहना और वर देना सूचित कर दिया। *'तिन्हहिं……सिधाए। हरषित……आए'* का भाव कि उधर ब्रह्माजी ब्रह्मलोकको चले, इतनेहीमें ये सब मारे हर्षके अपने घर श्लेष्मातक वनमें आ गये। (ख) *'हरषित'* का भाव कि रावण और कुम्भकर्णके साथ छल हुआ जिससे रावणने नर-वानरके हाथ मृत्यु और कुम्भकर्णने छः मासकी नींद माँगी। दोनों भाइयोंको मालूम नहीं हुआ कि उनके साथ छल हुआ है, इसीसे हर्षित आये। (रावणने स्वयं नर-वानरको छोड़ दिया, उनसे अभयत्व नहीं माँगा। केवल उनको तुच्छ समझकर।) यदि छल मालूम होता तो पछताते। [यही मत अध्यात्मका जान पड़ता है; जैसा **'सरस्वती च तद्वक्त्रान्निर्गता प्रययौ दिवम्। कुम्भकर्णस्तु दुष्टात्मा चिन्तयामास दुःखितः। अनभिप्रेतमेवास्यात्किं निर्गतमहो विधिः।'**(७। २। २२-२३)अर्थात् सरस्वतीके निकल जानेपर वह दुःखित हो सोच करने लगा कि 'अहो भाग्यका चक्र तो देखो। जिसकी मुझे इच्छा नहीं वह बात मेरे मुँहसे कैसे निकल गयी?' इन शब्दोंसे प्रकट होता है महाभारतके कुम्भकर्णको नहीं मालूम हुआ। पर वाल्मीकीयके कुम्भकर्णने अनुमानसे जान लिया कि देवताओंने उसे मोहित कर दिया था। यथा—**'अहं व्यामोहितो देवैरिति मन्ये तदागतैः।'**(वाल्मी० ७। १०। ४८) (ग) *'गृह आये'*—भाव कि ब्रह्माके वरसे तीनों लोकोंको जीतनेका सामर्थ्य प्राप्त हो गया तो भी लोकपालोंको जीतनेके लिये तुरत न गया, क्योंकि ऐसा साहस करना नीतिके विरुद्ध है। अभी चढ़ाईका समय नहीं है, समय पाकर धावा करेंगे। इसीसे अभी (सबको समाचार देने आदिके लिये) घर आये। [विश्रवा मुनि जिस वनमें तप करते थे उसी वनमें अभीतक ये मातासहित रहते थे, वहीं गये। यथा—**'एवं लब्धवराः सर्वे भ्रातरो दीप्ततेजसः। श्लेष्मातकवनं गत्वा तत्र ते न्यवसन् सुखम्॥'**(वाल्मी० ७। १०। ४९)।]

टिप्पणी २ (क) *'मय तनुजा'* से कुलकी सुन्दर (उत्तम कश्यपकुलकी), *'मंदोदरि नामा'* से नाम भी सुन्दर (पतली कमरवाली। पतली कमर सौन्दर्यमें गिनी गयी है। शास्त्रमें जिन और जिस प्रकारके नामोंका निषेध है वैसा यह नाम नहीं है), *'परम सुंदरी'* से स्वरूपकी सुन्दरता और *'नारि ललामा'* से सुन्दर गुणोंवाली जनाया। पुनः, (ख) *'परम सुंदरी'* है अर्थात् रावणकी अन्य सब रानियाँ भी सुन्दर हैं, यथा *'देव जच्छ गंधर्ब नर किंनर नागकुमारि। जीति बरीं निज बाहु बल बहु सुंदरि बर नारि॥'* (१८२) देव-यक्षादिकी कन्याएँ जो इसकी रानियाँ हुईं वे भी बहुत सुन्दर हैं पर यह *'परम सुन्दर'* है। *'ललामा'* का भाव कि सब रानियाँ श्रेष्ठ हैं—*'सुंदरि बर नारि'*; वैसी ही यह भी श्रेष्ठ है, (सबमें रत्नरूप है, शिरोमणि है)। [अध्यात्मरा० में जो **'सुतां मन्दोदरीं नाम्ना ददौ लोकैकसुन्दरीम्।'**(७। २। ४०) है, वही यहाँ *'तनुजा मंदोदरि नामा', दीन्हि', 'परम सुंदरी नारि ललामा'* है। *'परम सुंदरी नारि ललामा'*=लोकोंमें एक ही सुन्दरी। वाल्मीकरा० में लिखा है कि यह इतनी सुन्दर थी कि इसे देखकर हनुमान्‌जीको भ्रम हुआ कि यही सीता तो नहीं हैं। यथा—**'गौरीं कनकवर्णाङ्गीमिष्टामन्तःपुरेश्वरीम्। कपिर्मन्दोदरीं तत्र शयानां चारुरूपिणीम्॥ स तां दृष्ट्वा महाबाहुर्भूषितां मारुतात्मजः। तर्कयामास सीतेति रूपयौवनसम्पदा॥'**(५। १०। ५२-५३)

टिप्पणी ३—*'दीन्हि रावनहि आनी'* इति। भाव कि विवाहका लग्न आदि न था फिर भी उसने शीघ्र ही अपनी कन्या लाकर उसको अर्पण कर दिया। इसका कारण अगले चरणमें कहते हैं कि *'होइहि जातुधानपति'* अर्थात् यह राक्षसोंका राजा होगा। *'जानी'*—क्योंकि ब्रह्माके वरसे रावण समस्त देवतादिसे अवध्य है, (सब भाइयोंमें बड़ा है और यह वर इसीको मिला है दूसरोंको नहीं), अतः यह सबको जीतेगा, सबपर इसका

अधिकार हो जायगा। यह जानकर अपनी कन्या प्रथम ही दी जिसमें यातुधानपति होनेपर मेरी कन्या ज्येष्ठ पटरानी हो, कोई दूसरा अपनी कन्या न लाकर पहले ब्याह दे। *'दीन्हि''''''आनी'* से जनाया कि डोला विवाह हुआ। [वाल्मीकिजी लिखते हैं कि रावण शिकार खेल रहा था। उसी समय मय मन्दोदरीसहित उसी वनमें पहुँचा। रावणने उसे देखकर उसका तथा कन्याका परिचय चाहा। मयने अपने वंश तथा कन्याका परिचय देकर कहा कि इसके लिये वर खोजने आया हूँ। आप अपना परिचय दें। रावणने अपने वंशका परिचय तथा पिताका नाम बताया। महर्षिका पुत्र जानकर मयने उसके हाथमें मन्दोदरीका हाथ पकड़ाकर कहा कि आप इसे पत्नीरूपसे ग्रहण करें। दशग्रीवने बात स्वीकार कर ली। वहीं अग्नि जलाकर उसने मन्दोदरीका पाणिग्रहण किया। (७। १२। ४—२०) मानसके *'दीन्हि''''''आनी'* में ये सब भाव आ जाते हैं। केवल भेद इतना है कि मानसकल्पमें मयने यह जानकर उसको दिया कि यह पटरानी होगी और वहाँ ब्रह्माके कुल तथा महर्षिका पुत्र जानकर कन्या दी गयी।]

टिप्पणी—४ *'हरषित भएउ....'* इति। (क) हर्षित होनेका भाव कि अन्य स्त्रियोंको पाकर इतना प्रसन्न नहीं हुआ। यह *'परम सुंदरी'* है इससे प्रसन्न हुआ। [यह भारी रत्न घर बैठे ही मिल गया, अतः हर्षित हुआ। औरोंको तो बलात् लाया, उनके सम्बन्धियोंको जीता, दुःख दिया या मार डाला था, वह भी पहले उदास ही रही होगी। और मन्दोदरीको तो उसका पिता स्वयं आकर अर्पण कर गया, कन्या और पिता दोनों ही प्रसन्न थे। इसीसे रावण भी प्रसन्न हुआ। प्रथम ही यह रत्न मिला अतः हर्ष है।] (ख) *'पुनि दोउ बंधु.....'* अर्थात् अपना विवाह हो जानेपर *'जाइ'* का भाव कि अपना ब्याह तो घर बैठे हो गया, पर भाइयोंके विवाहके लिये उसे चढ़ाई करनी पड़ी। [वैरोचनकी पौत्री अर्थात् बलिकी बेटीकी बेटी जिसका नाम वज्रज्वाला था कुम्भकर्णको ब्याही गयी। गन्धर्वराज शैलूषकी लड़की सरमा, जो बड़ी धर्मज्ञा थी, विभीषणजीको ब्याही गयी। यथा—'**वैरोचनस्य दौहित्रीं वज्रज्वालेति नामतः। तां भार्यां कुम्भकर्णस्य रावणः समकल्पयत्॥ गन्धर्वराजस्य सुतां शैलूषस्य महात्मनः। सरमां नाम धर्मज्ञां लेभे भार्यां विभीषणः॥**' (वाल्मी० ७। १२। २३-२४)।] (ग) *'बिआहेसि जाई'* रावणने जाकर इनका ब्याह किया। इससे सूचित हुआ कि ब्रह्माजी, पुलस्त्यजी, विश्रवा मुनि और कुबेर ये कोई रावणके काममें सम्मिलित न हुए और न हैं।

गिरि त्रिकूट एक सिंधु मँझारी। बिधि निर्मित दुर्गम अति भारी॥५॥
सोइ मय दानव बहुरि सँवारा। कनक रचित मनि भवन अपारा॥६॥
भोगावति जसि अहिकुल बासा। अमरावति जसि सक्रनिवासा॥७॥
तिन्ह तें अधिक रम्य अति बंका। जग बिख्यात नाम तेहि लंका॥८॥

शब्दार्थ—*त्रिकूट*—तीन शिखरवाला पर्वत। कहते हैं कि सुन्दर, कुम्भिला और सुवेला इन तीन शिखरोंके होनेसे इसका त्रिकूटाचल नाम पड़ा। इसीपर लङ्का बसी है। देवीभागवतके अनुसार यह एक पीठस्थान है। वामनपुराणके अनुसार इस नामका एक पर्वत क्षीरोदसमुद्रमें है जहाँ नारदजी रहते हैं। कोई ऐसा भी कहते हैं कि एक बार गरुड़ और पवनदेवमें विवाद हुआ कि किसका बल बड़ा है। पवनदेवने प्रचण्ड वेगसे सुमेरुका त्रिकूट नामक शिखर उखाड़कर समुद्रमें फेंक दिया। यह वही त्रिकूटाचल है। लङ्का कौन और कहाँ थी इसमें मतभेद है। पर यह निश्चय है कि आजकी लङ्का वह लङ्का नहीं है। **मँझारी**=मध्यमें। बीचमें। *निर्मित*=निर्माण किया, रचा वा बनाया हुआ। *दुर्गम*=जिसमें किसीकी पहुँच बहुत कठिन हो। **सँवारा**=सजाया। **बंका**=बाका, टेढ़ा, दुर्धर्ष। *भोगावति* (भोगवती)—नागदेवताओंकी रमणीय पुरीका नाम है जो पातालमें है। यह भोगप्रधान पुरियोंमेंसे एक है।

अर्थ—समुद्रके बीचमें ब्रह्माका निर्माण किया हुआ एक बहुत ही विशाल और दुर्गम त्रिकूटाचल पर्वत था॥ ५॥ उसीको मयदानवने फिरसे सँवारा-सजाया। उसमें मणिजटित सुवर्णके अगणित महल थे॥ ६॥ जैसे नागकुलके निवासवाली भोगवती और जैसी इन्द्रके निवासकी अमरावती पुरी है॥ ७॥ उन (दोनों पुरियों) से भी बढ़कर रमणीय और अत्यन्त दुर्धर्ष तथा जगत्‌में प्रसिद्ध उसका नाम लङ्का था॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'गिरि त्रिकूट......'* इति। *'गिरि त्रिकूट', 'सिंधु मँझारी', 'बिधि निर्मित'* ये सब 'दुर्गमता' के हेतु प्रथम कहकर तब *'दुर्गम'* कहते हैं। अर्थात् पहाड़के ऊपर है; इससे *'दुर्गम'* है। फिर चारों ओर समुद्र है। ब्रह्माका बनाया हुआ है अर्थात् ब्रह्माजीने ही इसके चारों ओर पहाड़ बना दिये हैं जिससे चढ़नेका गम्य नहीं। इसीसे *'अति'* दुर्गम है। कोई जल्दी इसपर चढ़ नहीं सकता। [वाल्मीकीयमें श्रीहनुमान्‌जीने लङ्कासे लौटनेपर उसकी दुर्गमताका विस्तारसे वर्णन किया है कि देवदानवादिका तो कहना ही क्या पक्षीकी भी वहाँ पहुँच नहीं। यथा—**'देवदानवयक्षाणां गन्धर्वोरगरक्षसाम्। अप्रधृष्यां पुरीं लंकां रावणेन सुरक्षिताम्॥'** (६। १। ४) 'ये वचन स्वयं श्रीरामजीके हैं कि रावणद्वारा सुरक्षित लङ्कापुरीमें देव, दानव, यक्ष, गन्धर्व, नाग और राक्षस भी नहीं जा सकते। सुन्दरकाण्डमें विशेष लिखा गया है।] *'अति भारी'* कहा क्योंकि इसके एक ही शिखरपर अस्सी कोसका लम्बा और चालीस कोस चौड़ा लङ्का नगर बसा हुआ है। ☞ यहाँ गिरिदुर्ग वर्णन किया। गिरिदुर्ग समस्त दुर्गोंमें प्रशस्त माना गया है। यथा—**'सर्वेषां चैव दुर्गाणां गिरिदुर्गः प्रशस्यते।'** लङ्का गिरिके ऊपर है, यथा—***'गिरि त्रिकूट ऊपर बस लंका। तहँ रह रावन सहज असंका॥'*** (४। २८)

नोट—१ माल्यवान्, सुमाली और माली—ये तीनों सुकेशके पुत्र थे। इन तीनोंने मेरु पर्वतपर जाकर घोर तप किया जिससे ब्रह्माजी प्रसन्न होकर इन्हें वर देने आये। इन्होंने ब्रह्माजीसे वर माँग लिया कि हममें परस्पर प्रेम बना रहे, हमें कोई जीत न पावे, हम अपने शत्रुओंका संहार करते रहें और अजर-अमर हों। वर प्राप्तकर इन्होंने विश्वकर्मासे जाकर कहा कि हमारे निवासके लिये हिमालय, मेरु अथवा मन्दराचलपर शिवभवनके समान बड़ा लम्बा-चौड़ा भवन बना दो। तब विश्वकर्माने बताया कि दक्षिण समुद्रके तटपर त्रिकूट नामका पर्वत है। वही यहाँ कवि कह रहे हैं—***'गिरि त्रिकूट एक सिंधु मँझारी।'*** —**'दक्षिणस्योदधेस्तीरे त्रिकूटो नाम पर्वतः।'** (वाल्मी० ७। ५। २२) फिर विश्वकर्माने बताया है कि उसके पास ही दूसरा बड़ा पर्वत है जिसके बीचके शिखरपर लङ्का नगरी बसी है जो तीस योजन चौड़ी और सौ योजन लम्बी है। यही मानसमें *'अति भारी'* से जना दिया। उसके ऊपर पक्षी भी उड़कर नहीं पहुँच सकते; क्योंकि वह चारों ओरसे मानो टाँकियोंसे छीलकर चिकनाया गया है। यथा—**'शकुनैरपि दुष्प्रापे टङ्कच्छिन्नचतुर्दिशि।'**(७। ५। २४) यही मानसमें *'दुर्गम अति'* कहकर जना दिया। विश्वकर्माने बताया है कि मैंने लङ्कापुरीको इन्द्रकी आज्ञासे बनाया था किंतु यहाँ *'बिधि निर्मित'* कहते हैं। दोनोंका समन्वय इस प्रकार हो सकता है कि त्रिकूटाचल विधि-निर्मित और अति दुर्गम है। उसपर जो लङ्का बनी है वह विश्वकर्माने बनायी होगी। अथवा, लङ्का भी विधि-निर्मित है। किसी कल्पमें विश्वकर्माने उसे सँवारा होगा इससे उसने अपनी बनायी कहा हो। फिर राक्षसोंका निवास होनेपर राक्षसोंके विश्वकर्मा मयदानवने उसे फिरसे सजाया हो।

टिप्पणी—२ *'सोइ मय दानव बहुरि सँवारा.....'* इति। (क) *'बहुरि'* का भाव कि प्रथम तो यह ब्रह्माद्वारा निर्मित हुआ, उनकी बुद्धिसे बना। उसीमें फिर मयदानवने अपनी कारीगरी दिखायी; इसीसे लङ्कापुरी तीनों लोकोंसे अधिक सुन्दर है। जैसा आगे कहते हैं—*'भोगावति......'*। (ख) मयदानवने इसे सजाया क्योंकि लङ्का राक्षसोंका किला है और मयदानव राक्षसोंका कारीगर है, जैसे विश्वकर्मा देवताओंके कारीगर हैं। ब्रह्माकी बनायी हुई वस्तुको इसने सँवारा, इससे सूचित हुआ कि यह कैसा भारी शिल्प कारीगर है। *'सँवारा'* अर्थात् विशेष रचना की। लङ्का कैसी है यह आगे कहते हैं—*'कनक रचित.....'* अर्थात् सोनेकी है, सोनेके भवन हैं, मणियोंसे जटित हैं तथा मणियोंके भी महल बने हैं और अपार हैं।

टिप्पणी ३—*'भोगावति जसि.....'* इति। अहिकुलबासा और शक्रनिवासा कहनेका भाव कि संसारमें भोगवती और अमरावती नामकी पुरियाँ हैं। यहाँ किस भोगवती और अमरावतीको कहते हैं? इस सन्देहके निवृत्त्यर्थ *'अहिकुल.....'* कहा। अर्थात् अष्टकुली नागोंकी जो भोगवती पुरी है और इन्द्रके निवासकी जो अमरावती पुरी है वैसी ही परम सुन्दर पुरी यह है। (स्वर्गमें अमरावती और पातालमें नागदेवोंकी पुरीकी

उपमा दी। पृथ्वीपरकी उपमा न दी क्योंकि पृथ्वीमें इसके समान दूसरी उस समय न थी। पुराणोंमें भोगवती और अमरावतीका विस्तृत वर्णन है।)

टिप्पणी—४ *'तिन्ह तें अधिक रम्य……'* इति। (क) भाव कि भोगवती और अमरावतीसे भी यह अधिक सुन्दर है। लङ्का मर्त्यलोकमें है और इसके समान यहाँकी कोई पुरी नहीं है इसीसे इस लोककी किसी पुरीका नाम न दिया। अथवा, भाव कि मर्त्यलोकमें जैसी लङ्कापुरी है वैसी भोगवती और अमरावती भी नहीं हैं; इसीसे यह जगत्‌में विख्यात है। (ख)' *'अति बंका'* अत्यन्त टेढ़ा है। अर्थात् दुर्धर्ष है। कोई इसे दबा या जीत नहीं सकता। यथा—'**त्रिदशैरपि दुर्धर्षा लंका नाम महापुरी। कथं वीर त्वया दग्धा विद्यमाने दशानने॥**' (हनु० ६। ४२) इसी श्लोकका अनुवाद गोस्वामीजीने सुन्दरकाण्डमें किया है—*'कहु कपि रावन पालित लंका। केहि बिधि दहेउ दुर्ग अति बंका॥'* (५। ३३) श्लोकके '**दुर्धर्ष**' का ही *'अति बंका'* अर्थ किया। बंकका यह अर्थ नहीं है कि बनावमें टेढ़ा है। (ग) *'जग बिख्यात नाम'*—तात्पर्य कि भोगवती नागदेवोंके निवाससे विख्यात है और अमरावती शक्रनिवाससे, किन्तु लङ्का किसीके निवाससे विख्यात नहीं है। वह स्वयं अपने सौन्दर्यसे विख्यात है (पुनः भाव कि लोक तीन हैं—स्वर्ग, पाताल और मर्त्य। स्वर्ग और पातालकी पुरियाँ ऐसी सुन्दर नहीं हैं इसीसे वहाँवाले सब जानते हैं और मर्त्यलोकमें तो यह है ही इससे यहाँ विख्यात है)।

दो०—खाईं सिंधु गभीर अति चारिहुँ दिसि फिर आव।
कनककोट मनि खचित दृढ़ बरनि न जाइ बनाव॥
हरि प्रेरित जेहि कलप जोइ जातुधानपति होइ।
सूर प्रतापी अतुल बल दल समेत बस सोइ॥ १७८॥

अर्थ—अत्यन्त गम्भीर (अथाह और दुस्तर) समुद्र उसकी खाई है जो चारों ओर फिरी हुई है। मणिजटित सोनेका बड़ा दृढ़ शहरपनाह वा किलाकी दीवारें हैं जिसकी बनावट वर्णन नहीं की जा सकती। भगवान्‌की प्रेरणासे जिस कल्पमें जो शूरवीर, प्रतापी और अतुलित बलवाला निशाचरराज होता है वही सेनासहित उसमें निवास करता है॥ १७८॥

टिप्पणी—१ (क) *'खाईं सिंधु……'*, यथा—*'अति उतंग जल निधि चहुँ पासा।'* (५। ३) (ख) पूर्व कहा था कि *'बिधि निर्मित दुर्गम अति भारी'*, अब उस *'अति भारी'* का स्वरूप दिखाते हैं कि लङ्कागढ़ इतना भारी है कि सौ योजनका समुद्र (उसके एक दिशाकी) खाईं है। (इसी प्रकार चारों ओर अगणित योजन लम्बा समुद्र है।) गढ़के नीचे समुद्र खाईं-सरीखा जान पड़ता है। (ग) *'अति गंभीर'* से उसकी दुस्तरता दिखायी; यथा—*'सुनु कपीस लंकापति बीरा। केहि बिधि तरिय जलधि गंभीरा॥ संकुल मकर उरग झख जाती। अति अगाध दुस्तर सब भाँती॥'* (५। ५०) (घ) *'कनककोट……'* इति। भाव कि जैसे घर सब सुवर्णके हैं और मणिरचित हैं, वैसे ही शहरपनाह भी मणिजटित स्वर्णका है। आशय यह कि भीतर-बाहर एक रस शोभा है। *'बनाव'* अर्थात् जिस कारीगरीका बना है वह कहते नहीं बनता। यथा—'**स्वर्णप्राकारसंवीता हेमतोरणसंवृता।**' (वाल्मी० ७। ५ । २५) '**दृढप्राकारपरिखां हैमैर्गृहशतैर्वृताम्।**'(७। ५। ३०)

टिप्पणी २—*'हरि प्रेरित जेहि……'सोइ'* इति। (क) यह वृत्तान्त किलाके दरवाजेके ऊपर लिखा है। (ख) *'हरि प्रेरित'*—भाव कि जब भगवान्‌की इच्छा लीला करनेकी होती है तब उनकी इच्छासे रावण लङ्कापति होता है। (ग) *'जेहि कलप'*—भाव कि प्रत्येक कल्पमें भगवान्‌का अवतार होता है, यथा—*'कल्प कल्प प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नाना बिधि करहीं॥'* (घ) *'जोइ जातुधानपति होइ'* का भाव कि जैसे एक कल्पमें जय-विजय यातुधानपति हुए; एकमें जलन्धर यातुधानपति हुआ, एकमें रुद्रगण यातुधानपति हुए और इस कल्पमें भानुप्रताप, अरिमर्दन यातुधानपति हुए, ऐसे ही अनेक कल्प जो हुए और होंगे

उनमें जो यातुधानपति हुए और होंगे वही यहाँ निवास करते हैं एवं करेंगे। कोई नियम नहीं है (कि अमुक ही यातुधानपति होगा)। (ङ) *'सूर प्रतापी……'*—भाव कि यदि इन गुणोंसे युक्त निशाचरपति न हुआ तो वह यहाँ बसने नहीं पाता। देवता लोग राक्षसोंको मारकर इसपर दखल कर लेते हैं। यही बात आगे कहते हैं—*'रहे तहाँ निसिचर……'*। (च) *'जेहि कल्प……'* से सूचित किया कि लङ्का अनादि है।

नोट—इसमें देवता निवास नहीं करते क्योंकि कहा जाता है कि त्रिकूटाचल हड्डीपर स्थित है। (प्र० सं०)

रहे तहाँ निसिचर भट भारे। ते सब सुरन्ह समर संघारे॥ १॥
अब तहँ रहहिं सक्र के प्रेरे। रच्छक कोटि जच्छपति केरे॥ २॥
दसमुख कतहुँ खबरि असि पाई। सेन साजि गढ़ घेरेसि* जाई॥ ३॥
देखि बिकट भट बड़ि कटकाई। जच्छ जीव लै गये पराई॥ ४॥
फिरि सब नगर दसानन देखा। गएउ सोच सुख भएउ बिसेषा॥ ५॥

शब्दार्थ—भारे=भारी, महान्। रक्षामें=(सँभाल, रक्षा)। संघारे (संहार=नाश। रच्छक (रक्षक)=पहरेदार। **जच्छपति** (यक्षपति)=कुबेर। जीव=प्राण। पराई=भाग (गये)।

अर्थ—वहाँ भारी-भारी निशाचर योद्धा रहते थे। देवताओंने उन सबोंको संग्राममें मार डाला॥ १॥ इन्द्रकी प्रेरणासे अब वहाँ कुबेरके एक करोड़ रक्षक रहते हैं॥ २॥ रावणने कहीं यह खबर पायी (तब) सेना सजाकर उसने गढ़को जा घेरा॥ ३॥ बड़ा विकट योद्धा और बड़ी सेना (वा, विकट भटोंकी बड़ी सेना) देख यक्ष अपने प्राण लेकर भाग गये॥ ४॥ रावणने घूम-फिरकर सब नगर देखा। उसका सोच जाता रहा और वह बहुत सुखी हुआ॥ ५॥

टिप्पणी —१ (क) *'रहे तहाँ निसिचर……'*। भाव कि इस किलेमें राक्षसोंके रहनेकी आज्ञा ब्रह्माकी है; इसीसे राक्षस इसे अपनी वस्तु समझकर वहाँ रहते थे। देवताओंने उनपर चढ़ाई करके उन्हें मारा यह देवताओंकी जबरदस्ती है। (ख) *'भट भारे'* का भाव कि वे भारी भट थे, इसीसे भागे नहीं, देवताओंसे संग्रामभूमिमें लड़े। *'सुरन्ह'* बहुवचन शब्द देकर जनाया कि समस्त ३३ कोटि देवता मिलकर उनसे लड़े, तब माली-सुमाली (?) मारे गये। देवता इनसे प्रबल थे।

नोट—१ पूर्व १७८ (५) के नोट १ में लिखा जा चुका है कि माल्यवान् आदिने विश्वकर्मासे देवताओंके समान रमणीक भवन बनानेको कहा तब उसने उन्हें लङ्कापुरीका पता बताया था। विश्वकर्माके कहनेसे वे सेवकोंसहित वहाँ जाकर रहने लगे। यथा—**'विश्वकर्मवचः श्रुत्वा ततस्ते राक्षसोत्तमाः। सहस्रानुचरा भूत्वा गत्वा तामवसन् पुरीम्॥'**(वाल्मी० ७। ५। २८) वरके बलसे उन्होंने इन्द्रादिको बहुत सताया तब वे भगवान्‌की शरण गये। भगवान्‌ने राक्षसोंको मारनेकी प्रतिज्ञा की। यह सब समाचार माल्यवान्‌को मिला। उसने भाइयों आदिसे परामर्श किया। तब माली और सुमालीने सलाह दी कि हमलोग आज ही सब देवताओंको चलकर मार डालें। जिनके उभाड़नेसे विष्णुने ऐसी प्रतिज्ञा की है। बस, सब सेनासहित देवलोकमें गये। इधर श्रीमन्नारायण भी आयुधोंसे सुसज्जित हो गरुड़पर सवार हो वहीं आ उपस्थित हुए। राक्षसोंने घोर युद्ध किया। सुमाली और मालीने भी भयंकर युद्ध किया। मालीकी गदाकी चोटसे गरुड़ विकल हो रणभूमिमें न ठहर सके। गरुड़द्वारा युद्धसे विमुख किये जानेपर भगवान्‌ने उनकी पूँछकी ओर मुख करके मालीपर चक्र चलाकर उसका सिर काट डाला। माल्यवान्‌को गरुड़ने अपने पंखोंके पवनसे उड़ा दिया तब सुमाली भी भागकर लङ्कामें चला गया। भगवान् राक्षसोंको बराबर सताने और मारने लगे तब वे परिवारसहित पातालमें जा बसे। यथा—**'अशक्नुवन्तस्ते विष्णुं प्रतियोद्धुं भयार्दिताः। त्यक्त्वा लङ्कां गता वस्तुं पातालं सहपत्नयः॥'**(वाल्मी० ७। ८। २२)

टिप्पणी २—*'अब तहँ रहहिं सक्र के प्रेरे……।'* इति। (क) इन्द्रकी प्रेरणासे वहाँ कुबेरके कोटि रक्षक

* घेरसि—१६६१।

रहते हैं, इस कथनसे जनाया कि इन्द्र मालिक हैं। कुबेर उनकी ओरसे किलेदार हैं। कुबेर यक्षपति हैं इसीसे कुबेरकी तरफसे कोटि यक्ष उस किलेमें रखवालीके लिये रहते हैं, जैसा आगेके *'जच्छ जीव लै गए पराई'* से स्पष्ट है। (ख) ☞राक्षसोंको मारकर इन्द्रने वहाँ निवास न किया, क्योंकि लङ्कामें यातुधानपतिके दलसहित निवासका हुक्म ब्रह्माका है, जैसा पूर्व कह आये हैं। यथा—*'हरि प्रेरित जेहि कलप जोइ जातुधानपति होइ। सूर प्रतापी अतुलबल दल समेत बस सोइ॥'* इसीसे उन्होंने अपने रक्षक रख दिये। किलेमें रक्षक होने चाहिये, यथा—*'करि जतन भट कोटिन्ह बिकट तन नगर चहुँ दिसि रच्छहीं।'* (५। ३) अतः रक्षक रखे। (ग) रक्षक कोटि रखनेका भाव कि कोटि राक्षस रहते थे उनको मारा है। अतः उतने ही रक्षक बसाये।

नोट—२ वाल्मीकीयके अनुसार राजा तृणबिन्दु अपनी कन्याको महर्षि पुलस्त्यको सौंप गये। उसकी सेवासे प्रसन्न हो महर्षिने आशीर्वाद दिया कि तूने मेरी वेदध्वनि सुनकर गर्भ धारण किया है अतः तुझे मैं अपने तुल्य पुत्र देता हूँ, जिसका नाम विश्रवा होगा। विश्रवाजी बड़े चरित्रवान् पुत्र हुए। वे पिताके समान तपमें संलग्न रहने लगे। यह देखकर श्रीभरद्वाजजीने अपनी देववर्णिनी नामकी कन्या उनको ब्याह दी। इसीके पुत्र वैश्रवण हुए। पुलस्त्यजीने नामकरण किया और कहा कि यह बालक धनाध्यक्ष होगा। वैश्रवणजीने एक हजार वर्ष कठोर तप किया। कभी जल पीकर, कभी पवन पानकर और कभी निराहार रहकर तप करते रहे। ब्रह्माजीने प्रसन्न होकर वर माँगनेको कहा। उन्होंने लोकपालत्व और धनाध्यक्षत्व माँगा। ब्रह्माने इन्हें यम, इन्द्र और वरुणके समान चौथा लोकपाल और निधियोंका स्वामी बना दिया और पुष्पक विमान दिया। (उत्तरकाण्ड सर्ग २, श्लोक २८—३३; सर्ग ३, श्लोक १—२०) वैश्रवणने पिताजीसे जाकर सब वृत्तान्त बताकर कहा कि पितामहने मेरे रहनेका प्रबन्ध कुछ नहीं किया। तब विश्रवाजीने उनको विश्वकर्माद्वारा निर्मित लङ्कामें निवास करनेको कहा। यथा—**'शून्या सम्प्रति लङ्का सा प्रभुस्तस्या न विद्यते॥ स त्वं तत्र निवासाय गच्छ पुत्र यथासुखम्।'** (वाल्मी० ७। ३। २९-३०) अ० रा० में भी ऐसा ही है। महाभारतमें ब्रह्माने स्वयं लङ्कापुरीको कुबेरकी राजधानी बना दिया।—मानसकल्पकी कथामें इनसे भेद है। मानसके कुबेर लङ्कामें स्वयं नहीं रहते किन्तु उनके एक करोड़ रक्षक वहाँ रहते थे—*'रच्छक कोटि जच्छपति केरे'* और यक्ष ही वहाँसे प्राण लेकर भाग भी गये—*'जच्छ जीव लै गए पराई।'* इन्द्र देवराज हैं और कुबेर ब्रह्माके वरसे अब देवता हैं, अतः इन्द्रने उन्हें लङ्कामें अपने रक्षक रख देनेको प्रेरित किया और उन्होंने रक्षक रख दिये।

टिप्पणी—३ *'दसमुख कतहुँ खबरि असि पाई।'* इति। *'असि'*—अर्थात् जैसा ऊपर (*'गिरि त्रिकूट एक सिंधु मझारी'* से *'अब तहँ रहहिं सक्र के प्रेरे। रच्छक कोटि जच्छपति केरे॥'* तक) लिख आये। किससे खबर मिली यह नहीं बताया; क्योंकि इस विषयपर मुनियोंके विभिन्न मत हैं। कोई नारदसे खबर पाना कहते हैं तो कोई मयदानवसे कहते हैं, क्योंकि इसीने लङ्काको पुनः सँवारा है। इसी मयने अपनी कन्या रावणको दी है। अतएव उसीने कहा भी कि लङ्कापुरी अपनी ही है। तुम्हारे निवासके योग्य है। यक्षोंको हटाकर वहाँ वास करो। इत्यादि अनेक मत होनेसे कविने किसीका नाम न लिखकर सर्वमतरक्षा हेतु *'कतहुँ'* शब्द दिया।

नोट—३ वाल्मीकीयमें लिखा है कि रावणको वर मिलनेके पश्चात् उसका नाना सुमाली यह समाचार पाकर अपने मन्त्रियोंसहित निर्भय होकर पातालसे निकलकर रावणके पास आ उसे गलेसे लगाकर बोला कि बड़े सौभाग्यकी बात है कि मनोवाञ्छित मनोरथ पूर्ण हुआ। विष्णुके भयसे हमलोगोंको दुःखी होकर अपना घरबार छोड़कर रसातलको भाग जाना पड़ा। हमारा वह भय आज दूर हुआ। लङ्का हमारी ही है। हम सब राक्षस उसमें रहते थे, किन्तु अब उसे कुबेरने अपने अधिकारमें कर लिया है—**'अस्मदीया च लङ्केयं नगरी राक्षसोचिता……।'** (७। ११। ७) पर रावणने नानाको समझा-बुझा दिया कि कुबेर हमारे ज्येष्ठ भाई होनेसे पूज्य हैं, ऐसा न कहो। कुछ दिनोंके बाद प्रहस्तने (जो रावणका मामा भी था) उससे कहा कि शूरोंमें भाईपनेका

विचार नहीं होता। देवता और दैत्य दोनों भाई ही तो हैं पर दोनोंमें शत्रुता चली आ रही है। अतः तुमको भी वही व्यवहार करना चाहिये।—'**सौभ्रात्रं नास्ति शूराणां**……।' (७। ११। १४) तुम चलकर उसे छीन लो।

टिप्पणी—४ (क) '*सेन साजि*' का भाव कि जैसे देवता सेना सजाकर निशाचरोंसे लड़ने गये थे, वैसे ही इसने सेना सजाकर गढ़ घेरा। [उसमें एक करोड़ यक्षोंकी सेना रक्षामें रहती है, अतः सेना लेकर जाना उचित ही था।] (ख) '*देहि बिकट भट बड़ि कटकाई।*' इति। '*बिकट भट*' से जनाया कि इनके सामने यक्ष कुछ भी नहीं हैं। माली-सुमाली भारी भट थे। उनसे देवताओंने संग्राम किया था। पर रावणकी सेनामें सब भट '*बिकट*' हैं, इसीसे उनका सामना करनेका साहस न पड़ा। '*बड़ि कटकाई*' से जनाया कि सेनामें यक्षोंसे अधिक राक्षस थे। [भानुप्रतापके पास अपार अक्षौहिणी सेना थी वह सब राक्षस हुई है वही सब लेकर चढ़ाई की है। भानुप्रतापके दिग्विजयके प्रसङ्गमें भी कटकई शब्द आया है '*बिजय हेतु कटकई बनाई।*' वैसे ही यहाँ '*कटकई*' साथ है।] '*देखि*' का भाव कि रावण सेना लेकर आया है, यह सुनकर नहीं भागे वरन् शत्रुके सम्मुख आये और शत्रुकी विकट भटोंकी बड़ी भारी सेना देखी तब भागे (ख) '*जच्छ जीव लै गए पराई।*' इससे जनाया कि उनका सब द्रव्य लङ्कामें रह गया। यक्ष बड़े द्रव्यवान् होते हैं। वे अपना कुछ द्रव्य न ले जा सके। उन्हें तो प्राणके लाले पड़ गये थे। द्रव्य बचाते तो प्राणोंका बचाना कठिन था। प्राणोंपर आ बनी देख जैसे-तैसे प्राण लेकर भागे। (वाल्मीकीय रावणने कुबेरके पास प्रहस्तको दूत बनाकर भेजा कि लङ्कापुरी हमें दे दो। कुबेरने उत्तर भेजा कि यह नगर और राज्य आदि सब तुम्हारा है, हमारा और तुम्हारा कुछ अलग-अलग नहीं है। तुम इसे भोग करो। फिर पितासे परामर्शकर उनकी आज्ञासे अपने बाल-बच्चों-मन्त्रियों और धनसहित लङ्काको छोड़कर कैलासपर चले गये और अलकापुरी बनवाकर उसमें रहने लगे। और महाभारतके रावणने कुबेरसे युद्ध करके उनको जीतकर लङ्कासे निकाल दिया। तब वे गन्धमादन पर्वतपर जाकर रहने लगे।

टिप्पणी—५ '*फिरि सब नगर दसानन देखा*' इति। (क) चारों ओर घूम-फिरकर देखनेका भाव कि कहींसे शत्रुके आनेका मार्ग तो नहीं है। (पुनः इसलिये सब तरफ फिरकर नगरभरको देखा कि कौन स्थान किसके योग्य होगा। कहाँ कचहरी होगी, कहाँ महल, कहाँ सेना और कहाँ परिवारके रहनेके योग्य स्थान हैं, इत्यादि जानकारी और व्यवस्थाके लिये सब नगर देखा।) पुनः, उसकी सुन्दरता, उसकी दुर्गमता इत्यादि देखी, जैसा आगे कहते हैं—'*सुंदर सहज अगम अनुमानी। कीन्हि तहाँ रावन रजधानी॥*' (ख) '*गएउ सोच।*' रावणको स्थानका सोच था, अपने रहने योग्य स्थान कहीं नहीं पाता था। (यह भी सोच था कि हमारा परिवार, सेना इत्यादि सबके सुविधापूर्वक रहनेके लिये जगह बहुत चाहिये। सुमाली, मय या जिसने भी खबर दी थी कि यहाँ काफी जगह है, सबके रहनेका सुपास है, वह सत्य पायी।) अतः सुयोग्य स्थान पाकर सोच मिटा। (ग) '*सुख भयउ बिसेषा।*' गढ़ विशेष है। यथा—'*गिरि पर चढ़ि लंका तेहि देखी। कहि न जाइ अति दुर्ग बिसेषी॥*' (५। २) उसकी विशेषता देख विशेष सुख हुआ। [पुनः, सुख विशेष हुआ क्योंकि एक तो सोच मिटा। दूसरे यह उसकी प्रथम चढ़ाई थी, इसमें सफलता हुई, बिना परिश्रम और बिना युद्धके सुन्दर रमणीक और अति दृढ़, दुर्गम नगर प्राप्त हुआ। सब तरह प्रसन्नता और सुपास होनेसे विशेष सुख हुआ।]

सुंदर सहज अगम अनुमानी। कीन्हि तहाँ रावन रजधानी॥ ६॥
जेहि जस जोग बाँटि गृह दीन्हे। सुखी सकल रजनीचर कीन्हे॥ ७॥
एक बार कुबेरपर* धावा। पुष्पक जान जीति लै आवा॥ ८॥

दो०—कौतुकहीं कैलास पुनि लीन्हिसि जाइ उठाइ।
मनहुँ तौलि निज बाहु बल चला बहुत सुख पाइ॥ १७९॥

* १६६१ में—यहाँ कैथी रकार 'न' है।

शब्दार्थ—कुबेर—इनके जन्मादिकी कथाएँ पूर्व दी जा चुकी हैं। ये विश्रवा मुनिके पुत्र, इन्द्रकी नवों निधियोंके भण्डारी, यक्षोंके राजा, उत्तर दिशाके अधिष्ठाता देवता और संसारभरके धनके स्वामी माने जाते हैं। इनके एक आँख, तीन पैर और आठ दाँत कहे जाते हैं। बड़े तेजस्वी हैं। *'पुष्पकजान'*—यह विमान कुबेरका है जो राजा रघुसे इन्होंने दानमें माँग लिया था। वाल्मी० २। ९। में ब्रह्मासे इनको यह विमान पाना लिखा है। इसमें कई खण्ड हैं। यह घट-बढ़ सकता है। इसीपर श्रीरामचन्द्रजी सेनासहित लङ्कासे श्रीअवध आये थे। पुष्पाकार होनेसे पुष्पक ऐसा नाम पड़ा। वाल्मीकीय उत्तरकाण्ड सर्ग १५, श्लोक ३६—३९ में, तथा युद्धकाण्ड सर्ग १२४, श्लोक २४—२९ में इसका विस्तृत (वर्णन) है। लङ्काकाण्डके मा० पी० टीकामें कुछ उद्धरण दिया गया है। रावणके छीन लेनेपर राजा रघुसे कुबेरने विनती की तब इन्होंने रावणको मारना चाहा था पर ब्रह्माजीने समझा-बुझा उन्हें रोक दिया। रघुजीने प्रतिज्ञा कर दी कि जब रामचन्द्रजी रावणको मारकर इसे लावें तब कुबेरको दे दें। इसीसे लङ्कासे लौटनेपर यह कुबेरको दे दिया गया।—यह मत विजयदोहावलीसे प्रमाणित होता है।

अर्थ—सहज ही सुन्दर और दुर्गम विचारकर रावणने वहाँ अपनी राजधानी की॥ ६॥ जिसको जैसा योग्य था वैसा घर उसको बाँट दिया। (इस प्रकार उसने) सब निशाचरोंको सुखी किया॥ ७॥ एक बार (उसने) कुबेरपर धावा किया और पुष्पकविमान जीतकर ले आया॥ ८॥ फिर उसने जाकर खेल-ही-खेलमें कैलासको उठा लिया, मानो अपनी भुजाओंके बलको तौलकर बहुत प्रसन्न हो चल दिया॥ १७९॥

टिप्पणी—१ (क) *'सुंदर सहज अगम अनुमानी'* इति। *'सहज अगम'* है अर्थात् किलेके भीतर किसी प्रकार कोई शत्रु नहीं आ सकता। शत्रुको रोकनेके लिये सेना आदि रक्षकोंकी जरूरत नहीं, वह स्वाभाविक ही ऐसी बनी है कि देवताओंको भी उसके भीतर प्रवेश करना अगम है। सहज देहलीदीपक है। सहज सुन्दर है और सहज ही अगम है। भाव कि रचना करनेसे सुन्दर नहीं है किन्तु स्वरूपसे ही स्वाभाविक ही सुन्दर है। ☞ पुनः, *'सहज अगम'* का भाव कि ब्रह्माने ही उसे अति दुर्गम निर्माण किया है; यथा—*'बिधि निर्मित दुर्गम अति भारी।'* अतः सहज अगम है। और मयदानवने सँवारा है अतः सहज सुन्दर है। [नोट—रावणको ऐसा अनुमान था कि कोई शत्रु यहाँ आ ही नहीं सकता। इसीसे समुद्रमें सेतुका बँधना सुनकर वह ऐसा घबड़ाया था कि उसके दसों मुखोंसे सहसा एकबारगी दस नाम निकल पड़े,—*'सुनत श्रवन बारिधि बंधाना। दसमुख बोलि उठा अकुलाना॥ बाँध्यो बननिधि नीरनिधि जलधि सिंधु बारीस। सत्य तोय निधि कंपति उदधि पयोधि नदीस॥'* (लं० ५)] (ख) *'कीन्हि तहाँ रावन रजधानी'* का भाव कि निशाचरपतिके वासके लिये ही ब्रह्माने बनाया है,—*'हरि प्रेरित……'*। राजधानी बनानेके इतने कारण दिखाये—सहज सुन्दर है, सहज अगम है, यह किला राक्षसोंका ही है, ब्रह्माकी आज्ञा है।

टिप्पणी २—(क) *'जेहि जस जोग'* से पाया गया कि ब्रह्माने छोटे-बड़े सभी प्रकारके स्थान यहाँ बनाये हैं, यदि सब स्थान एक-से होते तो यथायोग्य स्थान बाँटना कैसे कहते? (ख) *'सुखी सकल रजनीचर कीन्हें।'* इसका एक कारण तो यही है कि यथायोग्य स्थान सबको मिला। अर्थात् बड़ोंको बड़ा और छोटोंको छोटा स्थान मिला। यदि बड़ोंको छोटा और छोटोंको बड़ा स्थान देते तो बड़े लोग दुःख मानते। ये सब स्थान स्वर्णके मणिजटित बने हैं, यथा—*'कनक भवन मनिरचित अपारा।'* तथापि सामान्य-विशेष हैं। सामान्य स्थानोंमें सामान्य मणि और सामान्य सुवर्ण लगे हैं, विशेषमें विशेष लगे हैं। सामान्य विशेष हैं, छोटे-बड़े हैं; इसीसे 'यथायोग्य' कहा। [नोट—इससे जान पड़ता है कि विभीषणजी हरिभक्त तो थे ही, उन्होंने हरिमन्दिर देख अपने लिये ले लिया। उसी मन्दिरका वर्णन सुन्दरकाण्डमें है—*'भवन एक पुनि दीख सुहावा। हरिमंदिर तहँ भिन्न बनावा॥'*]

टिप्पणी ३—(क) *'एक बार कुबेर पर धावा'*। भाव कि यक्षोंको तो प्रथम ही जीत चुका है। अब उनके स्वामीपर धावा किया कि उन्होंने हमारे स्थानमें अपने सेवकोंको टिकाया था। दूसरे इससे धावा किया कि इसने सुन रखा था कि उनके पास पुष्पकविमान बहुत अच्छा है, उसको छीन लानेके लिये ही गया।

(ख) *'जीति लै आवा'* से जनाया कि रावण और कुबेरमें भारी युद्ध हुआ, रावणको विजय प्राप्त हुई। अतः जीतकर लाना कहा।

नोट—१ *'एक बार कुबेर पर धावा'* इति। कुबेरपर चढ़ाई करनेका कारण यह था कि इसके अत्याचारोंको सुनकर उन्होंने उसके पास दूतद्वारा संदेश भेजा कि 'आप कुलोचित उत्तम कार्य करें। नन्दनवनके उजाड़े जाने तथा ऋषियोंके वधके कारण देवता तुम्हारे विरुद्ध उद्योग कर रहे हैं। मैंने तपस्याद्वारा शङ्करजीको प्रसन्न करके उनकी मित्रता प्राप्त कर ली है। तुम कुलको कलंक लगानेवाले काम मत करो।'—यह सन्देश सुनकर ही वह आगबबूला हो गया और बोला कि 'तूने जो कहा है वह मैं सहन नहीं कर सकता। तेरी बातोंको सुनकर अब मैं कुबेरके ही कारण चारों लोकपालोंको यमराजके घर भेजूँगा। यह कहकर उसने खड्गसे दूतको मार डाला और निशाचरोंको खानेको दे दिया। फिर अपने मन्त्रियों और सेनासहित कुबेरपर चढ़ाई की। यहाँ घोर युद्ध हुआ जिसका वर्णन सर्ग १४ और १५ में है। अन्तमें रावणने कुबेरके मस्तकपर भारी प्रहार किया जिससे वे मूर्च्छित होकर गिर पड़े। तब वह जयका स्मारकस्वरूप उनका पुष्पकविमान छीन ले गया। वि० त्रि० का मत है कि लङ्का समुद्रके बीचमें थी अतएव बाहर आने-जानेके लिये यानकी बड़ी आवश्यकता थी। जानता था कि भाई साहबके पास पुष्पक है, अतः उन्हीपर चढ़ाई कर दी।

टिप्पणी—४ (क) *'कौतुक ही कैलास पुनि'* इति। *'पुनि'* अर्थात् पुष्पकको जीत लानेके बाद तब कैलासको उठाने गया। *'कौतुक ही'* =खेलमें, सहज ही। अर्थात् इसके उठानेमें कुछ परिश्रम उसे न हुआ। (ख) *'मनहुँ तौलि निज बाहु बल।'* भाव कि पत्थर (के बाँट) से तौल की जाती है, इसने अपने भुजाओंका बल कैलासरूपी बाँटसे तौला। तौलनेमें एक ओर भारी वस्तु रखी जाती है, दूसरी ओर बाँट। यहाँ कैलासपर्वतरूपी बाँटवाला पल्ला ऊपर उठ गया। इससे जनाया कि भुजबल भारी निकला। (ग) *'चला बहुत सुख पाइ'* अर्थात् बहुत प्रसन्न हुआ कि मैं बड़ा बली हूँ। ☞कैलासके उठा लेनेसे इसको बड़ा सुख हुआ और इसीसे यह बारम्बार कैलास उठानेकी अपनी प्रशंसा करता है, यथा—*'सुनु सठ सोइ रावन बल सीला। हरिगिरि जान जासु भुज लीला॥'* (६। २५। ११) *'हरगिरि मथन निरखु मम बाहू। पुनि सठ कपि निज प्रभुहि सराहू॥'* (६। २८) तथा *'पुनि नभसर मम करनिकर कमलन्हि पर कर बास। सोभत भयो मराल इव संभु सहित कैलास॥'* (६। २२)

नोट—२ कौतुक ही अर्थात् गेंद-सरीखा, यथा—*'निज भुज बल अति अतुल कहउँ क्यों कंदुक ज्यों कैलास उठायो'*(गीतावली लं० ३)। इसीको कवितावलीमें इस तरह कहा है—*'जो दससीस महीधर ईसको बीस भुजा खुलि खेलनहारो। लोकप दिग्गज दानव देव सबै सहमैं सुनि साहस भारो॥'*(क० लं० ३८) कुबेरको जीतकर पुष्पकविमानका ले आना कहकर कैलासको उठाना कहा। इसमें भाव यह है कि पुष्पकपर चढ़कर कैलासको गया। नन्दीश्वरने उसे वहाँ रोका। इसपर उसने क्रोधमें भरकर कैलासको उठा लिया। सहज ही कैलासको उठा लिया इससे विश्वास हुआ कि अब कोई मेरे बलके सामने खड़ा न हो सकेगा। अतएव सुखी हुआ। ☞इस कल्पके रावणका कैलासके नीचे दब जाना नहीं कहा गया।

सुख संपति सुत सेन सहाई। जय प्रताप बल बुद्धि बड़ाई॥१॥
नित नूतन सब बाढ़त जाई। जिमि प्रतिलाभ लोभ अधिकाई॥२॥
अति बल कुंभकरन अस भ्राता। जेहि कहुँ नहिं प्रतिभट जग जाता॥३॥
करै पान सोवै षट मासा। जागत होइ तिहूँ पुर त्रासा॥४॥
जौ दिनप्रति अहार कर सोई। बिस्व बेगि सब चौपट होई॥५॥

शब्दार्थ—नूतन=नवीन, नया। प्रति=हर एक। प्रतिभट=[प्रति (=समान। बराबर, जोड़ वा मुकाबलेका)+भट] मुकाबला करनेवाला; समान शक्तिवाला योद्धा। जाता=पैदा हुआ। तिहूँ पुर=त्रैलोक्य, तीनों लोकोंमें। चौपट=विध्वंस, नष्ट, सत्यानाश।

अर्थ—सुख, सम्पत्ति, पुत्र, सेना, सहायक, जय, प्रताप, बल, बुद्धि और बड़ाई ये सब नित्य नवीन बढ़ते जाते थे। जैसे प्रत्येक लाभपर लोभ अधिक होता है॥ १-२॥ अत्यन्त बलवान् कुम्भकर्ण ऐसा उसका भाई था कि संसारमें जिसकी जोड़का योधा नहीं पैदा हुआ॥ ३॥ वह (मदिरा) पीता और छः महीने सोता था। उसके जागनेपर तीनों लोक भयभीत हो जाते थे॥ ४॥ यदि वह प्रतिदिन भोजन करता (तो) सब जगत् शीघ्र ही चौपट हो जाता॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'सुख संपति सुत सेन सहाई।……'* इति। सुखको प्रथम कहनेका भाव कि सम्पत्ति, सुत आदि जितने गिनाये इन सबकी प्राप्तिमें उसे सुख होता है। अधर्मीको सुख न मिलना चाहिये, यथा—*'करहिं पाप पावहिं दुख……'* और रावणको सुख प्राप्त होना लिखते हैं, यह कैसा? समाधान यह है कि भानुप्रताप शरीरमें जो भारी धर्म इसने किये थे उनका फल अब प्राप्त हुआ, यथा—*'जानि सरदरितु खंजन आए। पाइ समय जिमि सुकृत सुहाए॥'* (४। १६) इसी तरह नारदकल्पवाले हरगण जो शापसे रावण हुए उनको नारदका आशीर्वाद था कि *'निसिचर जाइ होहु तुम्ह दोऊ। बैभव बिपुल तेज बल होऊ॥'* (१३५। ९) इससे उस रावणको भी सुख हुआ। (ख) भानुप्रताप शरीरमें राजाको अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों प्राप्त थे। यथा—*'अरथ धरम कामादि सुख सेवै समय नरेसु।'* (१५४) पर इस शरीरमें केवल सुख-सम्पत्तिकी प्राप्ति कही, धर्म और प्राप्ति नहीं कही; क्योंकि राक्षसतनमें धर्म और मोक्षकी प्राप्ति नहीं होती। धर्म हो तो राक्षस ही क्यों कहलायें? (ग) *'सहाई'*। सुभट, परिवार, मन्त्री आदि ये ही सब 'सहाय' हैं

टिप्पणी २—(क) *'नित नूतन सब बाढ़त जाई।'* भाव कि पूर्व जन्मका भारी पुण्य यथा—*'जहँ लगि कहे पुरान श्रुति एक एक सब जाग। बार सहस्र सहस्र नृप किए सहित अनुराग॥'* (१५५) (ख) *'जिमि प्रतिलाभ लोभ अधिकाई'* इति। ☞लोभका दृष्टान्त देकर सूचित किया कि जैसे लोभका बढ़ना विकार है वैसे ही रावणके सुख-सम्पत्ति आदिका बढ़ना विकार है। जैसे लोभकी बाढ़का अन्त नहीं है वैसे ही रावणके सुख-सम्पत्ति आदिकी बाढ़का अन्त नहीं। ☞*'नित नूतन सब बाढ़त जाई'* में *'सब'* पदके साथ *'जाई'* एकवचन दिया है, चाहिये था कि बहुवचन *'जाहीं'* देते। (इसमें कारण यह है कि दूसरे चरणमें *'लोभ अधिकाई'* एकवचन है उसीके साहचर्यसे यहाँ भी *'जाई'* ही कहा। अथवा,) *'जाई'* बहुवचन है उसे सानुस्वार उच्चारण करना चाहिये। यदि कहो कि दूसरी ओर तो *'अधिकाई'* एकवचन है जो सानुस्वार नहीं है तो उसका उत्तर यह है कि ऐसी बहुत-सी चौपाइयाँ इसी ग्रन्थमें हैं। यथा—*'अब सब बिप्र बोलाइ गुसाईं*। देहु धेनु सब भाँति बनाई॥'* (३३०। ७) वहाँ प्रथम चरणमें अनुस्वार है, दूसरेमें नहीं। (च) *'प्रतिलाभ'* का भाव कि जैसे-जैसे लाभ बढ़ता है तैसे-तैसे लोभ बढ़ता है। ☞जैसे सुख-सम्पत्तिकी बाढ़के लिये *'जिमि प्रतिलाभ लोभ……'* का दृष्टान्त दिया वैसे ही रावणके सिरोंकी बाढ़के लिये भी यही दृष्टान्त दिया गया है, यथा—*'काटत बढ़हिं सीस समुदाई। जिमि प्रतिलाभ लोभ अधिकाई॥'* (६। १०१। १) विशेष लङ्काकाण्डमें देखिये।

नोट—१ *'प्रतिलाभ लोभ अधिकाई'* अर्थात् जैसे-जैसे सुख-सम्पत्ति आदि बढ़ते जाते हैं तैसे-तैसे मनुष्यका लोभ बढ़ता है। उसके जीमें सदा एक-न-एक पदार्थकी कमी ही बनी रहती है जिसके पूरा करनेमें वह लगा रहता है। कितना ही घर भर जाय फिर भी संतोष नहीं होता, हबस नहीं मरती। '९९ का फेर' लोकोक्ति है। जैसे-जैसे वस्तुकी प्राप्ति होती जाती है तैसे-तैसे लालच बढ़ती है कि अमुक वस्तु और हो जाय। यथा—*'कृस गात ललात जो रोटिन को घरबात घरै खुरपी खरिया। तिन्ह सोन सुमेरु से ढेर लहेउ मन तो न भरेउ घर पै भरिया॥'* इसी प्रकार रावणको ज्यों-ज्यों सुख-सम्पत्ति आदिकी नित्यप्रति प्राप्ति होती है त्यों-त्यों उसे और अधिककी चाह होती है, वह नित्यप्रति उसके बढ़ानेकी चिन्तामें लगा रहता है।—यह भाव भी जनाया।

---

* श्रावणकुंजका पाठ 'गुसाईं' है परन्तु अन्यत्र ऐसे प्रयोग मिलते हैं। यथा—'कल गान सुनि मुनि ध्यान त्यागहिं काम कोकिल लाजहीं। मंजीर नूपुर कलित कंकन ताल गति बर बाजहीं।' (३२२) इत्यादि।

वि० त्रि०—'**अधर्मेणैधते पूर्वं ततो भद्राणि पश्यति। ततः सपत्नाञ्जयति समूलं च विनश्यति॥**' अर्थात् पहिले अधर्मसे वृद्धि होती है, तब कल्याण दिखायी पड़ता है, फिर शत्रुओंको जीतता है, अन्तमें मूलके सहित नष्ट हो जाता है। रावणने अधर्मपर पैर रखा है। पहिले घरमें ही छीन-छोर आरम्भ किया। बड़े भाईकी लङ्का छीनी, पुष्पकविमान छीना। इष्टदेवका वासस्थान उखाड़ा। देखनेमें बढ़ोत्तरी होने लगी, यह '**अधर्मेणैधते**' का उदाहरण है। नित्य नया सुख, नित्य नया अर्थलाभ, नित्य नयी कुटुम्बवृद्धि, नित्य नयी मित्र-प्राप्ति, नित्य नयी जीत, नित्य नये प्रताप, नित्य नया सामर्थ्य, नित्य नया आविष्कार और नित्य नयी प्रतिष्ठा बढ़ने लगी। बढ़ोत्तरीकी उपमा देते हैं—'***जिमि प्रतिलाभ लोभ अधिकाई।***' लाभके साथ लोभके बढ़नेकी उपमा देकर दोषका बढ़ना सूचित करते हैं।

टिप्पणी—३ (क) '***अति बल कुंभकरन अस भ्राता***'—यहाँ '***अति बल***' कहकर दूसरे चरणमें '***अति बल***' का स्वरूप दिखाते हैं कि इसके बराबरका बलवान् योद्धा संसारमें नहीं है—'***जेहि कहँ नहिं प्रतिभट जग जाता।***' '***जग जाता***' अर्थात् त्रैलोक्यमें नहीं पैदा हुआ। यहाँ जग=त्रैलोक्य। यथा—'***जागत होइ तिहूँ पुर त्रासा।***' (तीनों लोक भयभीत हो जाते थे इससे स्पष्ट है कि तीनों लोकोंमें ऐसा बलवान् कोई न था)। (ख) ☞रावणमें बल होना कहा, यथा—'***मनहु तौलि निज बाहुबल चला बहुत सुख पाइ।***' '***जय प्रताप बल बुद्धि बड़ाई।***' और कुम्भकर्णमें '***अति बल***' कहते हैं। इससे सूचित किया कि रावणसे कुम्भकर्ण अधिक बलवान् है। यह बात लङ्काकाण्डमें स्पष्ट है। रावणके घूसेसे हनुमान्‌जी न गिरे पर कुम्भकर्णके घूसेसे वे '***घुर्मित भूतल परेउ तुरंता।***' (१७६। ३) देखिये।

प्र० सं०—'***अति बल कुंभकरन अस भ्राता।***'—रावणको इसके बलका बड़ा गर्व था। जब-तब उसके वचनोंसे यह बात स्पष्ट होती है, यथा—'***कुंभकरन अस बंधु मम सुत प्रसिद्ध सक्रारि।***' (६। २७) इसके बलका उसको बड़ा भरोसा था। यथा—'***यह बृत्तांत दसानन सुनेऊ। अति बिषाद पुनि पुनि सिर धुनेऊ॥ ब्याकुल कुंभकरन पहिं आवा। बिबिध जतन करि ताहि जगावा॥***' (६। ६१)। '***बहु बिलाप दसकंधर करई। बंधु सीस पुनि पुनि उर धरई।***' (७१) ऐसा बली था कि रणभूमिमें अकेला जा खड़ा हुआ तो भी मायाछलसे इसने युद्ध न किया, जैसे रावण और मेघनादने किया था। ('***अस***' शब्द भाईपनके उत्कर्षका बोधक है। वि० त्रि०)

टिप्पणी—४ '***करै पान सोवै षट मासा।*****' इति। (क) '***करै पान सोवै***' का भाव कि मदिरा पान करनेसे निद्राका सुख बहुत मिलता है। निद्रा बहुत आती है। यथा—'***करसि पान सोवसि दिन राती***' (शूर्पणखा-वचन रावणप्रति)। इसीसे मदिरापान करना कहकर तब छः मास सोना कहा। '***पान करना***' मदिरापान करनेका अर्थ देता है, यथा—'***महिष खाइ करि मदिरा पाना।***' (६। ६३) '***मान ते ज्ञान पान ते लाजा।***' (३। २१) प्रथम जो कहा था कि '***माँगेसि नींद मास षट केरी***', अब यहाँ उसीको चरितार्थ करते हैं कि '***करै पान सोवै षट मासा।***' '***जागत होइ तिहूँ पुर त्रासा॥***' का भाव कि कुम्भकर्णसे कोई युद्ध क्या कर सके? तीनों लोक तो उसका आहार ही हैं। (कहा जाता है कि उसके जागनेके कई दिन पूर्व ही रावण तीनों लोकोंमें पहरा बिठा देता था कि कोई भागने न पावे।)

टिप्पणी ५—'***जौं दिनप्रति अहार कर सोई*****' इति। भाव कि एक दिनके आहारको विचारकर तो तीनों लोकोंमें त्रास उत्पन्न हो जाता है तब '***दिनप्रति***' अर्थात् नित्यके आहारमें संसार कैसे रह सकता है? ☞इस अर्थकी चौपाई एक बार पूर्व आ चुकी है, यथा—'***जौं एहि खल नित करब अहारू। होइहि सब उजारि संसारू॥***' (१७७। ७) यहाँ पुनः यही बात कहते हैं '***जौं दिन प्रति अहार कर सोई। बिस्व बेगि सब चौपट होई॥***' यह पुनरुक्ति भी साभिप्राय है। वहाँ ब्रह्माके विस्मयका कारण यह बताया है, उनके विस्मय-(होने-) पर ऐसा कहा है और यहाँ कुम्भकर्णकी बड़ाईपर ऐसा कहते हैं। पुनः, दूसरा समाधान इस पुनरुक्तिका यह है कि ब्रह्माको विस्मय हुआ कि चार प्रहरकी रात्रि सोकर जब जागे तब एक दिन हो, ऐसे-ऐसे दिनमें जो यह रोज आहार करेगा तो संसार उजड़ जायगा और यहाँ कहते हैं कि जब छः महीने सोकर यह जगा तब इसका एक दिन हुआ; ऐसे दिनमें जो यह रोज आहार करे

तो संसारका बहुत जल्द नाश हो जायगा। ☞यहाँ *'बेगि'* चौपट होगा यह कहनेमें भाव यह है कि छः महीनेकी भूखके लिये आहार बहुत चाहिये, पूरा आहार मिले तो संसार नाश हो जायगा। *'अहार कर सोई'* कहकर सूचित करते हैं कि राक्षस इसके लिये ला-लाकर इसे आहार कराते हैं। यदि कहीं वह स्वयं ही उठकर जाकर अपनेसे पकड़-पकड़कर खाने लगे तो तीन दिनमें तीनों लोक उजड़ जायँ।

समरधीर नहि जाइ बखाना। तेहि सम अमित बीर बलवाना॥ ६॥
बारिदनाद जेठ सुत तासू। भट महुँ प्रथम लीक जग जासू॥ ७॥
जेहि न होइ रन सनमुख कोई। सुरपुर नितहि परावन होई॥ ८॥

दो०—कुमुख अकंपन कुलिसरद धूमकेतु अतिकाय।
एक एक जग जीति सक ऐसे सुभट निकाय॥ १८०॥

शब्दार्थ—बारिदनाद=मेघनाद। यह मंदोदरीके उदरसे रावणका प्रथम और सबसे बड़ा पुत्र था। जन्मते ही यह मेघवत् गर्जा था अतः मेघनाद नाम पड़ा। दैत्यगुरु शुक्राचार्यकी सहायतासे इसने निकुम्भिलामें सात भारी यज्ञ कर शिवजीको प्रसन्नकर दिव्य रथ, शर, चाप, शस्त्र और तामसी माया प्राप्त की। इन्द्रको जब ब्रह्माजी छुड़ाने आये तब इसने उनसे बदलेमें यह वरदान पाया कि जब-जब अग्निमें हवन करें तब-तब एक दिव्य रथ इसको प्राप्त हुआ करे, जिसपर जबतक यह सवार रहे तबतक अजय और अमर रहे। लङ्काकाण्डकी टीकामें इसके यज्ञों और वरदानोंकी कथाएँ विशेषरूपसे दी गयी हैं। **कुमुख**=दुर्मुख नामका निशाचर। **कुलिसरद**=वज्रदन्त राक्षस।

अर्थ—(वह) रणधीर (ऐसा था कि) वर्णन नहीं हो सकता। (लङ्कामें) उसके समान अगणित बली वीर थे॥ ६॥ मेघनाद उसका बड़ा पुत्र था, जिसकी योद्धाओंमें प्रथम गणना थी॥ ७॥ जिसके सामने रणमें कोई न (खड़ा) होता था और स्वर्गलोकमें तो सदा भगदड़ ही मची रहती थी॥ ८॥ दुर्मुख, अकम्पन, वज्रदन्त, धूमकेतु, अतिकाय ऐसे-ऐसे उत्तम योद्धाओंके समूह-के-समूह थे (जिनमेंसे) एक अर्थात् हरएक अकेले ही जगत्‌भरको जीत सकता था॥ १८०॥

टिप्पणी—१ (क) *'समरधीर नहि जाइ बखाना।'* भाव कि कुम्भकर्णके बलवान् होने, भट होने और समरधीर होनेका बखान तो तब किया जा सके जब किसी भटसे युद्ध हो, परन्तु जब उसकी समानताका वीर ही कोई जगत्‌भरमें नहीं है तब बखान क्या करें? कैसे करें? अतएव *'नहिं जाइ बखाना'* कहा। जब लङ्कामें युद्ध हुआ तब इसकी समरधीरता वर्णन करते हैं यथा—*'मुरयो न मन तन टरयो न टारयो। जिमि गज अर्कफलन्हि को मारयो॥'* (६। ६४) ऐसा समरधीर है। *'अंगदादि कपि मुरुछित करि समेत सुग्रीव। काँख दाबि कपिराज कहुँ चला अमित बल सींव॥'* (६। ६४)—ऐसा बलवान् है और शरीर ऐसा भारी है कि पर्वत उसके शरीरमें ऐसे लगते जैसे हाथीके देहमें अर्कफल लगें अर्थात् पर्वत शरीरमें टकराते हैं तो उसके शरीरको कुछ मालूम भी नहीं होता। (ख) *'तेहि सम अमित बीर बलवाना।'* भाव कि आहारमें इसके समान कोई न था, वीर इसके समान बहुत थे।

नोट—१ पहले तो लिखा कि उसके मुकाबिलेका *'नहिं प्रतिभट जग जाता'* और अब लिखते हैं कि *'तेहि सम अमित बीर बलवाना।'* इन दोनों वचनोंमें परस्पर विरोध देख पड़ता है पर वस्तुतः है नहीं। तात्पर्य यह है कि लङ्कामें उनके जोड़के हैं पर अन्यत्र कहीं नहीं हैं। लड़ाई बाहरवालोंसे की जाती है न कि घरमें ही। *'प्रतिभट'* का अर्थ 'मुकाबिलका शत्रु' है। वि० त्रि० लिखते हैं कि *'सम'* ईषत् न्यून अर्थात् 'कुछ कम' के अर्थमें प्रयुक्त होता है।

टिप्पणी—२ *'बारिदनाद जेठ सुत तासू।.....'* इति। (क) ☞क्रमसे सबका बल वर्णन करते हैं। प्रथम रावणका बल कहा, तब कुम्भकर्णका बल कहा, उसके बाद विभीषणका बल कहना चाहिये था; किन्तु उनका बल न कहकर बड़े लड़केका बल कहने लगे। कारण कि विभीषणजीकी गणना भटोंमें

नहीं है, उनकी गिनती तो महाभागवतोंमें है, जैसा पूर्व दोहा १७६। ४-५ और १७७ में लिख आये हैं। इसीसे विभीषणका बल न कहा। [रावण उन्हें स्वयं भट न समझता था, पिद्दी वा कादर समझता था, यथा—*'करत राजु लंका सठ त्यागी। होइहि जब कर कीट अभागी॥'* *'सहज भीरु कर बचन दिढ़ाई। सागर सन ठानी मचलाई'* *'सचिव सभीत बिभीषन जाके'* इत्यादि। अतः भटोंमें इनकी गिनती न की गयी। भाईके बाद लड़कोंका नम्बर (गणना) आता है, अतः पुत्रोंमें प्रथम बड़े पुत्रका बल कहते हैं] *'तासू'* का भाव कि जिसका कुम्भकर्ण-ऐसा अति बली भाई है, उसीका जेठा पुत्र मेघनाद है। *'जेठ सुत'* कहनेका भाव कि वर्णन क्रमसे कर रहे हैं, यह सबसे बड़ा है, अतः प्रथम इसके बलका वर्णन करते हैं। फिर इससे छोटे पुत्रों कुमुख आदिका वर्णन करेंगे। (ख) *'भट महुँ प्रथम लीक जग जासू'* इति। अर्थात् जगत्‌भरके वीरोंमें श्रेष्ठ है। भटोंमें प्रथम गणना है, इस कथनका तात्पर्य यह है कि यह न समझो कि रावणके हजारों पुत्रोंमें यह प्रथम है किन्तु तीनों लोकोंके भटोंमें इसकी प्रथम रेखा है। वाल्मीकीय उत्तरकाण्डमें श्रीअगस्त्यजीने रावणवधके पश्चात् श्रीअयोध्याजीमें श्रीरामचन्द्रजीसे ऐसा कहा था कि रावणवध कोई बड़ी बात न थी। मेघनाद उससे कहीं अधिक प्रबल और पराक्रमी तथा मायावी था, इन्द्रने रावणको परास्त ही कर लिया था। यदि मेघनाद न पहुँच गया होता। उसने पहुँचकर इन्द्रको बाँध लिया तभीसे उसका नाम इन्द्रजित् हुआ।

टिप्पणी—३ (क) *'जेहि न होइ रन सनमुख कोई'* इति। भटोंमें इसकी प्रथम रेखा है, इसी वचनको चरितार्थ करते हैं कि इन्द्रादि देवता जो बड़े भट हैं वे भी उसके सम्मुख नहीं होते। (ख) *'सुरपुर नितहिं परावन होई।'* सुरपुर कहकर सूचित किया कि मेघनादका आगमन सुनकर सारे सुरपुरके सब देवता भाग जाते थे, एक भी वहाँ न रह जाता था। जैसे—*'रावन आवत सुनेउ सकोहा। देवन्ह तकेउ मेरु गिरिखोहा॥'* वैसे ही इसका आगमन सुननेपर होता था। नित्य ही भगदड़ मची रहती थी, इस कथनका भाव यह है कि देवता राक्षसोंके वैरी हैं, यथा—*'सुनहु सकल रजनीचर जूथा। हमरे बैरी बिबुध बरूथा॥'* इसीसे राक्षस सदा इनके पीछे पड़े रहते थे। पुत्रका बल कहकर अब छोटे पुत्रोंका बल कहते हैं। ये सब बलमें कुम्भकर्णके समान हैं, यथा—*'तेहि सम अमित बीर बलवाना।'* इनके समान लङ्कामें समूह भट हैं। ☞इसी प्रकार रामदलका वर्णन किया है। यथा—*'ए कपि सब सुग्रीव समाना। इन सम कोटिन्ह गनै को नाना॥'* (५। ५५। १) (ख) रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद भारी वीर हैं। यथा—*'कुंभकरन अस बंधु मम सुत प्रसिद्ध सक्रारि। मोर पराक्रम नहिं सुनेहि जितेउँ चराचर झारि॥'* (६। २७) अतएव इनके बल पृथक्-पृथक् कहे और सबोंका बल इकट्ठा कहा। (ग) रावण-कुम्भकर्ण और मेघनादकी जोड़का त्रैलोक्यमें कोई नहीं है, यथा—*'रन मदमत्त फिरइ जग धावा। प्रतिभट खोजत कतहुँ न पावा॥'* (१८२। ९) इति रावणः *'अति बल कुम्भकरन अस भ्राता। जेहि कहुँ नहिं प्रतिभट जग जाता॥'* इति कुम्भकर्णः और *'जेहि न होइ रन सनमुख कोई।'* इति मेघनादः भाव यह कि अन्य वीरोंकी जगत्‌में जोड़ियाँ हैं, उनके सामने वीर सम्मुख हो सकते हैं पर यह सब वीर ऐसे हैं कि जगत्‌को जीत सकते हैं। (रावणने राज्यकी नींव डाली, कुम्भकर्णने त्रैलोक्यको संत्रस्त किया। मेघनादकी धाक स्वर्गतक जम गयी। (वि० त्रि०)

नोट—२ यहाँ यह शङ्का होती है कि जब एक भट विश्वभरको जीत लेनेके योग्य था तो ये वानरोंके हाथोंसे कैसे मारे गये? इसका समाधान स्वयं ग्रन्थकारने शुकद्वारा सुन्दरकाण्डमें किया है। श्रीरघुनाथजीकी सेनाका वर्णन इसकी जोड़में यों है—*'पूछेहु नाथ कीस कटकाई। बदन कोटि सत बरनि न जाई॥ नाना बरन भालु कपि धारी। बिकटानन बिसाल भयकारी॥'''''द्विबिद मयंद नील नल अंगदादि बिकटासि। दधिमुख केहरि निसठ सठ जामवंत बलरासि॥ ए कपि सब सुग्रीव समाना। इन्ह सम कोटिन्ह गनइ को नाना॥ रामकृपा अतुलित बल तिन्हहीं। तृन समान त्रैलोकहिं गनहीं॥'* निशाचर लोग जगत् जीतनेमें समर्थ थे और वानर-भालु जगत्‌को तिनकेके समान गिनते थे। संसारमें वे बली तो किसीको समझते ही न थे। पर यह था श्रीरामकृपासे। जगत्‌का अर्थ 'तीनों लोक' लेनेसे यह भाव हुआ और यदि *'जग'* से मर्त्यलोकमात्र लें

तब तो ये *'जग'* के लिये भट हैं और वानर-भालु त्रैलोक्यके लिये भट हैं पर वस्तुतः जगका अर्थ यहाँ 'तीनों लोक' है।

कामरूप जानहिं सब माया। सपनेहुँ जिन्ह के धरम न दाया॥ १॥
दसमुख बैठ सभाँ एक बारा। देखि अमित आपन परिवारा॥ २॥
सुत समूह जन परिजन नाती। गनै को पार निसाचर जाती॥ ३॥
सेन बिलोकि सहज अभिमानी। बोला बचन क्रोध मद सानी॥ ४॥
सुनहु सकल रजनीचर जूथा। हमरे बैरी बिबुधबरूथा॥ ५॥

शब्दार्थ—कामरूप=जैसी कामना करें, जैसी इच्छा हो वैसा रूप धारण कर सकनेवाला। माया=कपट, छलमय रचना, इन्द्रजाल, यथा—*'अनिप अकंपन अरु अतिकाया। बिचलत सेन कीन्हि इन माया॥ भयउ निमिष महँ अति अँधियारा। वृष्टि होइ रुधिरोपल छारा॥ देखि निबिड़ तम दसहुँ दिसि कपिदल भयउ खँभार। एकहिं एक न देखहिं जहँ तहँ करहिं पुकार॥'* (६। ४५) *'नभ चढ़ि बरष बिपुल अंगारा। महि ते प्रगट होहिं जल धारा॥ नाना भाँति पिसाच पिसाची। मारु काटु धुनि बोलहिं नाची॥ बिष्ठा पूय रुधिर कच हाड़ा। बरषइ कबहुँ उपल बहु छाड़ा॥ बरषि धूरि कीन्हेसि अँधियारा। सूझ न आपन हाथ पसारा॥ कपि अकुलाने माया देखे।......'* (६। ५१) *'धरु धरु मारु सुनिय धुनि काना। जो मारइ तेहि कोउ न जाना॥ अवघट घाट बाट गिरि कंदर। माया बल कीन्हेसि सर पंजर॥'* (६। ७२)। इत्यादि। दाया=दया। सभाँ=सभामें। जूथ (यूथ)=वृन्द, झुण्ड। बरूथ=झुण्ड। मद=धन, यौवन-सौन्दर्यसे जो हर्षयुक्त क्षोभ होता है।

अर्थ—सब कामरूप थे और सब आसुरी माया जानते थे, स्वप्नमें भी उनके न धर्म ही था न दया॥ १॥ रावण एक बार सभामें बैठा अपने अगणित परिवारको देखकर॥ २॥ (कि) पुत्र, सेवक, कुटुम्बी और नाती ढेर-के-ढेर थे। (भला) निशाचर जातिको गिनाकर कौन पार पा सकता है (कौन गिना सकता है?)॥ ३॥ (और) सेनाको देखकर स्वाभाविक अभिमानी रावण क्रोध और अभिमानसे भरे हुए वचन बोला॥ ४॥ समस्त निशाचरवृन्दो! सुनो। देववृन्द हमारे शत्रु हैं॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'कामरूप जानहिं सब माया'* इति। भाव कि जैसी माया करते हैं वैसा रूप धरते हैं। जैसे कि भानुप्रतापके यहाँ मायामय रसोई बनानेके लिये कालकेतुने पुरोहितका रूप धारण किया। श्रीसीताजीको हर लानेके लिये रावण यतिरूप बना और श्रीरामजीको छलनेके लिये मारीच कंचन-मृग बना। इसीसे कामरूप और मायाका जानना एक साथ एक ही चरणमें कहे। यही बात सुन्दरकाण्डमें विभीषणजीके लिये सुग्रीवने कही है, यथा—*'जानि न जाइ निसाचर माया। कामरूप केहि कारन आया'*॥ (ख) *'सपनेहु जिन्हके धरम न दाया'*। स्वप्नमें भी धर्म और दया नहीं है इस कथनका भाव यह है कि स्वप्नावस्थामें मनुष्यका मन अपने वशमें नहीं होता है, जाग्रत्‌में अपने वशमें होता है, इधर-उधर जायँ तो समझाकर लौटा सकते हैं पर राक्षसोंके मनमें तो स्वप्नमें भी धर्मादि नहीं हैं। तात्पर्य कि ये स्वाभाविक अधर्मी और निर्दयी हैं। धर्म नहीं है अर्थात् पापी हैं। दया नहीं है अर्थात् हिंसक हैं। यथा—*'कृपारहित हिंसक सब पापी।'* धर्म बाहरके हैं, दया अन्तःकरणकी। बाह्याभ्यन्तरके भेदसे दया और धर्म दो बातें कहीं (नहीं तो दया भी धर्म ही है)।

वि० त्रि०—माया कुहुक विद्या है, जिससे प्रकृतिके मर्मको जानकर बड़े-बड़े चमत्कारोंका प्रादुर्भाव होता है। आजकल भी उस विद्याका दौर-दौरा है, नहीं तो 'तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्तये। आयासायापरं कर्म विद्यान्या शिल्पनैपुणम्॥' (अर्थात्) कर्म वही है जिससे बन्धन न हो, विद्या वही है जिससे मुक्ति हो, अन्य कर्म तो आयासके लिये है और अन्य विद्या शिल्पकी निपुणतामात्र है।

१८० (१) से यहाँ *'सपनेहुँ जिन्ह के धरम न दाया।'* तक 'अधर्मेणैधते' कहा। आगे 'ततो भद्राणि पश्यति' कहते हैं।

टिप्पणी—२ (क) *'दसमुख बैठ सभाँ एक बारा'* इति। *'एक बारा'* का भाव कि सभामें तो रोज

ही बैठा करता था और परिवारको नित्य ही देखता था पर यहाँ चर्चा उस दिनकी करते हैं जिस दिन सभामें बैठ परिवारको देखकर उसने जगत्‌में उपद्रव करनेका हुक्म दिया। (ख)—*'देखि अमित'* से जनाया कि परिवार इतना बढ़ गया है कि गिनती नहीं की जा सकती। परिवारका नित्य नवीन बढ़ना पूर्व कह आये, यथा—*'सुख संपति सुत सेन सहाई। जय प्रताप बल बुद्धि बड़ाई॥ नित नूतन सब बाढ़त जाई॥'* ☞आगे अपना परिवार गिनाता है *'सुत…'*।

टिप्पणी—३ *'सुत समूह…'* इति। *'समूह'* का अन्वय सुत-जन-परिजन-नाती तीनोंके साथ है। निशाचर जातिका पार कौन गने अर्थात् निशाचरजाति अपार है, कोई गिन नहीं सकता। रावणकी बाढ़को लोभकी उपमा दी थी —*'नित नूतन सब बाढ़त जाई। जिमि प्रति लाभ लोभ अधिकाई॥'* लोभका पार नहीं है, इसी तरह निशाचरोंकी जातिका पार नहीं है।

नोट—१ *'गनै को पार…'* इति। वाल्मीकीयमें इस सम्बन्धमें कथा है कि राक्षसपत्नियाँ गर्भवती होते ही पुत्र जनेंगी और वह पुत्र जन्मते ही सयाना हो जायगा। इसीसे राक्षसोंकी गिनती नहीं हो सकती। वरकी कथा इस प्रकार है—विद्युत्केश राक्षसकी पत्नी सालकटंकटा पुत्रको जन्म देते ही उसे मन्दराचलपर छोड़कर पुनः पतिके पास जाकर विहार करने लगी। उस बालकके रोनेका शब्द उधरसे आकाशमार्गसे जाते हुए शिव-पार्वतीजीने सुना। उसे देखकर उमाजीको दया लगी। उन्होंने शङ्करजीसे कहकर उसको उसी दिन माताकी उम्रका और अमर करा दिया। पार्वतीजीने उसी समय राक्षसियोंको यह वर दिया कि वे गर्भ धारण करते ही बालक जनें और वह बालक तुरन्त माताके समान उम्रवाला हो जाय। यथा—**'सद्योपलब्धिर्गर्भस्य प्रसूतिः सद्य एव च। सद्य एव वयः प्राप्तिर्मातुरेव वयः समम्॥'** (वाल्मी० ७। ४। ३१)

टिप्पणी—४ (क) *'सेन बिलोकि सहज अभिमानी…'* इति। भाव कि रावण स्वाभाविक ही अभिमानी है, उसपर भी अब उसने अपनी अपार सेना देखी; इससे उसका अभिमान और भी अधिक हो गया। क्रोध और मद रावणके वचनोंमें आगे स्पष्ट हैं, अतः *'क्रोध मद सानी'* कहा। *'सेन बिलोकि'* से बाहरी अभिमानका हेतु कहा और *'सहज अभिमानी'* से अन्तःकरणका अभिमान कहा। इसी तरह क्रोध और मद अन्तर्वृत्तियाँ हैं और क्रोधमदसाने वचन कहना बाह्य वृत्ति है। इस तरह जनाया कि उसका भीतर-बाहर क्रोध और मदसे आक्रान्त है। (ख) *'सुनहु सकल रजनीचर जूथा।…'* इति। वैरी हैं क्योंकि राक्षसोंके किलेपर दखल कर लिया था, राक्षसोंको मार डाला था। जैसे देवताओंकी जातियाँ बहुत हैं, वैसे ही निशिचर जातियाँ बहुत हैं। सब जातियोंके यूथ-यूथ बैठे हैं, इसीसे रावण कहता है कि *'सुनहु सकल रजनीचर जूथा।'* *'बिबुध बरूथा'* कहकर समस्त देवताओंको अपना वैरी जनाया। (देख लिया कि अपना परिवार ही लङ्काकी रक्षा करनेमें समर्थ है, अतः सम्पूर्ण सेनाको आज्ञा देता है। (वि० त्रि)

ते सनमुख नहिं करहिं* लराई। देखि सबल रिपु जाहिं पराई॥ ६॥
तिन्ह† कर मरन एक बिधि होई। कहौं बुझाइ सुनहु अब सोई॥ ७॥
द्विजभोजन मख होम सराधा। सब कै जाइ करहु तुम्ह बाधा॥ ८॥

दो०—छुधाछीन बलहीन सुर सहजेहि मिलिहहिं आइ।
तब मारिहौं कि छाड़िहौं भली भाँति अपनाइ॥ १८१॥

अर्थ—वे सम्मुख लड़ाई नहीं करते, बलवान् शत्रुको देखकर भाग जाते हैं॥ ६॥ उनका मरण एक ही प्रकार हो सकता है। मैं उसे अब समझाकर कहता हूँ, सुनो॥ ७॥ ब्रह्मभोज (ब्राह्मण-भोजन), यज्ञ, होम, श्राद्ध तुम इन सबोंमें जाकर विघ्न डालो॥ ८॥ भूखसे पीड़ित (दुर्बल) और निर्बल होकर देवता सहज ही (स्वाभाविक ही) आ मिलेंगे तब उनको या तो मार डालूँगा या भलीभाँति अपने वशमें करके छोड़ दूँगा॥ १८१॥

---

* 'हिं' था पर अनुस्वारपर हरताल लगा है। † पोथीमें 'तेन्ह' है।

टिप्पणी—१ (क) *'ते सनमुख नहिं करहिं लराई·····'*, यथा—*'देखि बिकट भट बड़ि कटकाई। जच्छ जीव लै गए पराई॥', 'जेहि न होइ रन सनमुख कोई। सुरपुर नितहिं परावन होई॥', 'रावन आवत सुनेउ सकोहा। देवन्ह तकेउ मेरु गिरि खोहा॥'* इत्यादि (ख) *'देखि सबल रिपु जाहिं पराई'* का भाव कि देवता कायर नहीं हैं, शत्रुको प्रबल देखकर भाग जाते हैं। नीति यही कहती है कि प्रबल शत्रुसे युद्ध न करे, यथा—*'प्रीति बिरोध समान सन करिअ नीति असि आहि।'* (६। २३) यह *'मद सानी'* वाणी है। (ग) *'तिन्ह कर मरन एक बिधि होई।'* मरणका भाव कि शत्रुको मार डालना चाहिये, छोड़ना न चाहिये, यथा—*'रिपु रिन रंच न राखब काऊ'* पुनः यथा **'ऋणशेषं व्याधिशेषं शत्रुशेषं तथैव च। पुनः पुनः प्रवर्द्धन्ते तस्माच्छेषं न कारयेत्॥'** अर्थात् ऋणशेष, व्याधिशेष, शत्रुशेष ये तीनों शेष बढ़ा ही करते हैं अतः इन्हें सर्वथा निर्मूल कर देना चाहिये। इसीसे देवताओंके मरणका उपाय बताता है। देवताओंने हमारी लङ्का जबरदस्ती ले ली थी। उसका बदला तो हो गया कि हमने लङ्कापर अधिकार कर लिया, रह गया मरण, उन्होंने राक्षसोंको मार डाला था—*'ते सब सुरन्ह समर संहारे'* इसका बदला बाकी है। (उनको मारनेसे मारनेका बदला चुकेगा) उसका यत्न बताता है। ☞यह 'क्रोधसानी' वाणी है। (घ) *'द्विज भोजन मख होम सराधा।·····'* इति। ब्राह्मण-भोजन सब धर्मोंका पोषक है—मखका, होमका, श्राद्धका इत्यादि। इसीसे सबके आदिमें इसे लिखा। देवता दो प्रकारके हैं। एक तो इन्द्रादि, दूसरे पितृदेव। मख और होम तो इन्द्रादि पाते हैं और श्राद्ध पितृदेव पाते हैं।

वि० त्रि०—मर्त्यलोक और देवलोकमें एक व्यापार चलता है। पूर्वकालमें यज्ञके सहित प्रजाकी सृष्टि करके प्रजापतिने कहा कि इसी यज्ञसे तुम लोग बढ़ोगे, यह तुम्हारे लिये कामधेनु होगा। यज्ञसे तृप्त होकर देवता तुम लोगोंको तृप्त करेंगे। तबसे यह व्यापार ब्रह्मभोज, यज्ञ, होम और श्राद्धके रूपमें चल पड़ा है। आहुतिमें दिये हुए अन्नसे अमृत बनता है, उसीसे देवता पुष्ट होते और मर्त्यलोकका कल्याण करते हैं।

टिप्पणी—२ *'छुधाछीन बलहीन·····'* इति। (क) *'सहजहि'* का भाव कि अभी तो ढूँढ़े भी नहीं मिलते किन्तु तब अपनेसे आकर मिलेंगे। ☞यहाँ देवताओंके विषयमें *'मारिहौं कि छाड़िहौं'* वध करना अथवा छोड़ना, दो बातें कहीं। क्योंकि नीतिशास्त्रमें यही लिखा है कि शत्रुको वध कर डाले नहीं तो अपने अधीन कर रखे। शत्रु स्वतन्त्र न रहने पावे। वध मुख्य है, इसीसे वधको प्रथम कहा। छोड़ना गौण है, अतः उसे पीछे कहा। गिरिधरकविजीने भी लिखा है—*'जाकी धन धरती हरी ताहि न लीजै संग। जौं संग राखें ही बने तौ करि राखु अपंग॥'* (ख) *'भली भाँति अपनाइ'* अर्थात् सबोंको सेवक बनाकर रखूँगा। जैसा कि नाटक इत्यादिमें कहा है—**'इन्द्रं माल्यकरं सहस्रकिरणं द्वारि प्रतीहारकं चन्द्रं छत्रधरं समीरवरुणौ संमार्जयन्तौ गृहान्। पाचक्ये परिनिष्ठितं हुतवहं किं मद्गृहे नेक्षसे······'** (ह० ना० ८। २३) अर्थात् रावण गर्वसे अंगदसे कहता है कि इन्द्र तो मेरा फूलमाली है, सूर्य मेरे द्वारका ड्योढ़ीदार है, चन्द्रमा मेरे छत्रका धारण करनेवाला है, पवन और वरुण मेरे झाड़ूदार हैं, अग्निदेव मेरा रसोइया है। क्या तू इसे नहीं देखता? पुनः यथा—*'कर जोरे सुर दिसिप बिनीता। भृकुटि बिलोकत सकल सभीता॥', 'दिगपालन्ह मैं नीर·····।'* (६। २८)

मेघनाद कहुँ पुनि हँकरावा। दीन्ही सिख बलु बयरु बढ़ावा॥ १॥
जे सुर समरधीर बलवाना। जिन्ह कें लरिबे कर अभिमाना॥ २॥
तिन्हहि जीति रन आनेसु बाँधी। उठि सुत पितु अनुसासन काँधी॥ ३॥
एहि बिधि सबही अग्या दीन्ही। आपुन* चलेउ गदा कर लीन्ही॥ ४॥
चलत दसानन डोलति अवनी। गर्जत गर्भ स्त्रवहिं सुर रवनी॥ ५॥

---

* आपनु—१६६१। १८२ छंदमें 'आपुन उठि धावै' है। 'आपनु' का अर्थ आप ही हो सकता है। नु=निश्चयेन।

शब्दार्थ—**हँकरावा**=बुलवाया। **सिख**=शिक्षा। **लरिबे**=लड़ने, लड़ाई। **आनेसु**=ले आना। **काँधी-काँधना**=कंधे वा सिरपर धरना, स्वीकार करना, अङ्गीकार करना, मानना, शिरोधार्य करना। **डोलति**=हिलती है। **श्रवहिं** (स्रवहिं)=पात होते हैं, गिर जाते हैं। **रवनी**=सुन्दरी, स्त्री। **सुररवनी**=देवबधूटियाँ।

अर्थ—फिर मेघनादको बुलवा भेजा और शिक्षा देकर उसके बल (उत्साह) और वैरको उत्तेजित किया*॥ १॥ जो देवता समरमें धीर और बलवान् हैं और जिन्हें लड़नेका अभिमान है॥ २॥ उन्हें लड़ाईमें जीतकर बाँध लाना। पुत्रने उठकर पिताकी आज्ञाको शिरोधार्य किया†॥ ३॥ इसी प्रकार उसने सभीको आज्ञा दी। स्वयं भी चला। हाथमें गदा ले ली॥ ४॥ दशमुख रावणके चलनेपर पृथ्वी हिलने लगती थी। उसके गर्जनसे देवताओंकी स्त्रियोंके गर्भ गिर जाते थे॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'पुनि हँकरावा'* से जनाया कि मेघनाद वहाँ नहीं था, जब सब सभा जुटी थी और सबको उसने समझाया था तथा शिक्षा दी थी कि किस प्रकार देववृन्द वशमें होंगे। यदि मेघनाद भी सभामें रहा होता तो वही शिक्षा उसको देनेका कोई प्रयोजन न होता। (ख) *'दीन्ही सिख बलु बयरु बढ़ावा।'* इति ☞यह शिक्षा सब निशिचरोंको दी थी। *'सुनहु सकल रजनीचर जूथा। हमरे बैरी बिबुध बरूथा॥'* यह वैर बढ़ानेकी शिक्षा है और *'द्विजभोजन मख होम सराधा। सब कै जाइ करहु तुम्ह बाधा॥'* इससे देवता निर्बल हो जायँगे, राक्षसोंका बल अधिक हो जायगा; अतएव यह 'बल' बढ़ानेकी शिक्षा है। (ग) *'जे सुर समरधीर बलवाना।.....'* का भाव कि निर्बल देवता तो सबल रिपुको देखकर भाग जाते हैं, यथा—*'ते सनमुख नहिं करहिं लराई। देखि सबल रिपु जाहिं पराई॥'* जो धीर हैं, समरमें भागते नहीं, डटे रहते हैं और युद्धके अभिमानी हैं, इन वचनोंसे उनके मनकी और *'बलवाना'* से उनके तनकी दृढ़ता कही। वचनका हाल कुछ न कहा क्योंकि वीर वचनसे कुछ नहीं कहते, यथा—*'सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आपु।'* (२७४)

नोट—१ सभामें जो शिक्षा निशाचरोंको दी गयी वह सामान्य शिक्षा है और सामान्य देवताओंके वश करनेके विषयमें है। ब्रह्मभोज, यज्ञ, होम, श्राद्ध आदिमें बाधा डालनेका काम उनको सौंपा गया और मेघनादको जो बुलाया गया वह समरधीर बलवान् देवताओंसे लड़नेके लिये। इसीसे पूर्व उसकी आवश्यकता भी न थी।

नोट—२ *'दीन्ही सिख बलु बयरु बढ़ावा'* इति। शिक्षा दी कि युद्धमें शत्रुको वशमें करनेके साम, दाम, भय और भेद—ये उपाय हैं। व्यूहरचना किस प्रकार करनी चाहिये और उसके तोड़नेके उपाय इत्यादि। मायासे काम कहाँ लेना चाहिये, छल-बल भी कर सकते हैं, इत्यादि जब जहाँ जैसा काम पड़े वैसा करनेमें संकोच न करना। अपनी जीत जैसे बने वैसे करना। ये भाव भी शिक्षामें आ सकते हैं जो लोगोंने कहे हैं।

नोट—३ *'बयरु बढ़ावा'*—यों कि सुर और असुरका वैर स्वाभाविक अनादि कालसे चला आता है। देवता सदा छल करते आये। जैसे क्षीरसागर मथनेके समय छल करके सब अमृत पीकर अमर हो गये। लङ्का हमलोगोंकी प्राचीन राजधानी है सो उन्होंने अवसर पा छीन लिया था इत्यादि। बैजनाथजी लिखते हैं कि यह सब समझाया कि यह राजनीति है कि शत्रुको न छोड़ना चाहिये नहीं तो वह एक-न-एक दिन अवश्य घात करेगा।

टिप्पणी—२ (क) *'तिन्हहि जीति रन आनेसु बाँधी'* ऐसी आज्ञा अन्य राक्षसोंको न दी थी, क्योंकि इसका सामर्थ्य उनको न था। मेघनाद यह काम करनेको समर्थ है, इससे इसको यह आज्ञा दी। *'आनेसु बाँधी'* यह समरधीर अभिमानी बलवान् देवताओंको लाकर हाजिर करनेका उपाय बताया कि उनको जीतकर बाँध लाना, छोड़ न देना, जैसे अन्य निशाचरोंको भगोड़े देवताओंके हाजिर लानेका उपाय बताया था कि ब्रह्मभोजादिमें विघ्न करो तो *'छुधाछीन बलहीन सुर सहजेहि मिलिहहिं आइ।'* [वे निर्बल

---

*अर्थ—'शिक्षा और सेना दी और वैर बढ़ाया'—(वै०)। †अर्थ—'पुत्र! उठकर पिताकी आज्ञाका पालन कर' (वै०)।

हैं, अतः स्वयं आकर मिलेंगे। ये अभिमानी हैं, बाँधकर पकड़ लानेपर मिलेंगे। (बाँध लानेमें भाव यह भी है कि इन्हें बँधा देखकर ब्रह्माजी छुड़ाने आवेंगे और बदलेमें वरदान देंगे। वि० त्रि०)]। (ख) *'आपुन चलेउ गदा कर लीन्ही'* इति। यहाँतक तीन बातें कही गयीं। सेनाको देवताओंकी जीविका नाश करनेकी आज्ञा दी। मेघनादको उनके बाँध लानेकी आज्ञा दी और स्वयं देवताओंको मारनेके लिये गदा लेकर चला।

वि० त्रि०—रावणने तीन विधिसे कार्य आरम्भ किया। देवताओंको रसद न मिलने पावे, इसलिये सेनाको मर्त्यलोक भेजा। इन्द्रादिसे युद्धके लिये मेघनादको भेजा। अन्य देवताओंकी सहायता इन्द्रको न मिलने पावे, इसलिये उनके लोकोंपर स्वयं रावणने आक्रमण किया।

नोट—४ *'चलत दसानन डोलति अवनी'* इति। रावणके रणमदमत्त होकर चलनेपर धरती हिलती है; इसके विषयमें स्वयं पृथ्वीके वचन हैं कि *'गिरि सरि सिंधु भार नहिं मोही। जस मोहि गरुअ एक परद्रोही॥'* पुनः, *'अतिसय देखि धर्म कै ग्लानी। परम सभीत धरा अकुलानी॥ सकल धर्म देखै बिपरीता। कहि न सकै रावन भय भीता॥'* (१८३) मंदोदरीने स्वयं कहा है *'तव बल नाथ डोल नित धरनी।'''सेष कमठ सहि सकहिं न भारा॥'* (६। १०३) और रावणने भी कहा है—*'जासु चलत डोलति इमि धरनी। चढ़त मत्त गज जिमि लघु तरनी॥ सोइ रावन जग बिदित प्रतापी।'* (६। २५) भक्ति तथा कथाके योगसे तो यदि कैलासका उठाना विश्वास कर सकते हैं तो इसके चलनेसे पृथ्वीका हिलना तो कोई बड़ी बात नहीं है। यहाँ दूसरा उल्लास अलङ्कार है!

टिप्पणी—३ *'गर्जत गर्भ स्त्रवहिं सुर रवनी'* इति। यह बात श्रीपार्वतीजीके शापसे पूर्वकी है। क्योंकि श्रीपार्वतीजीके शापसे देवताओंकी स्त्रियोंके गर्भ धारण नहीं होता तब गर्भ गिरनेकी बात ही कहाँ? [यहाँ रावणकी बाढ़ (उन्नति) और देवताओंके तेज-प्रतापकी अवनतिका समय है। इससे देवाङ्गनाओंके गर्भ गिरे, देवसेनाकी संख्या बढ़ने नहीं पाती और राक्षस-परिवार दिन दूना, रात चौगुना बढ़ता गया। जब रावणके अवनतिका समय आया तब श्रीहनुमान्‌जीद्वारा इसका बदला चुका। उनके गर्जनसे निशाचरियोंके गर्भ गिर जाते थे, निशाचर-सेना न बढ़ पाती थी। यथा—*'चलत महाधुनि गर्जेसि भारी। गर्भ स्त्रवहिं सुनि निसिचर नारी॥'* (५। २८)]

नोट—५ पार्वतीजीके शापका प्रसंग वाल्मी० १। ३६ में इस प्रकार है कि जब तारकासुरसे पीड़ित हो देवताओंने ब्रह्माजीसे पुकार की और उन्होंने बताया कि भगवान् शंकरके वीर्यसे उत्पन्न बालकके हाथसे ही उसकी मृत्यु होगी, तुम उपाय करो कि शंकरजी पार्वतीजीका पाणिग्रहण करें। देवताओंने उपाय किये। विवाह हुआ। यह सब कथा मानसमें पूर्व आ चुकी है। तत्पश्चात् हर-गिरिजा-विहारमें सैकड़ों वर्ष बीत गये। देवता घबड़ाये। उन्होंने विहारमें बाधा डाली। जाकर प्रार्थना की। तब महादेवजीने अपने तेजका त्याग किया जिसे अग्नि आदिने धारण किया और उससे कार्तिकेय उत्पन्न हुए। देवताओंने जाकर उमा-शिवजीकी पूजा की। उस समय उमाने क्रोधमें आकर देवताओंको शाप दिया। यथा—**'अथ शैलसुता राम त्रिदशानिदमब्रवीत्॥ २१॥ समन्युरशपत्सर्वान् क्रोधसंरक्तलोचना। यस्मान्निवारिता चाहं संगता पुत्रकाम्यया॥ २३॥ अपत्यं स्वेषु दारेषु नोत्पादयितुमर्हथ। अद्यप्रभृति युष्माकमप्रजाः सन्तु पत्नयः॥'** (२२॥ वाल्मी० १। ३६) अर्थात् श्रीपार्वतीजीकी आँखें क्रोधसे लाल हो गयीं और उन्होंने देवताओंको इस तरह शाप दिया—मैं पुत्रकामनासे पतिके साथ थी। तुमने आकर रुकावट डाली। अतः तुम लोग भी अपनी पत्नियोंसे पुत्र उत्पन्न न कर सकोगे। अबसे तुम्हारी स्त्रियाँ पुत्रहीन होंगी। शिवपु० रुद्रसंहिता अ० २ में कोपके वचन ये हैं—**'रे रे सुरगणास्सर्वे यूयं दुष्टा विशेषतः। स्वार्थसंसाधका नित्यं तदर्थं परदुःखदाः॥ १४॥ स्वार्थहेतोर्महेशानमाराध्य परमं प्रभुम्। नष्टं चक्रुर्मद्विहारं वन्ध्याऽभवमहं सुराः॥ १५॥'''अद्यप्रभृति देवानां वन्ध्या भार्या भवन्त्विति॥'''१८॥''''**।

रावन आवत सुनेउ सकोहा। देवन्ह तके मेरु गिरि खोहा॥ ६॥
दिगपालन्हके लोक सुहाए। सूने सकल दसानन पाए॥ ७॥
पुनि पुनि सिंघनाद करि भारी। देइ देवतन्ह गारि पचारी*॥ ८॥
रन मद मत्त फिरइ जग धावा। प्रति भट खोजत कतहुँ न पावा॥ ९॥

शब्दार्थ—**सकोहा**=क्रोधयुक्त, सकोप। **तके**=(को) शरण ली। **दिगपाल** (दिक्‌पाल)—दिशाओंके रक्षक (आगे इनके नाम कहे हैं। दसों दिशाएँ और उनकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें दोहा (२८। १) मा० पी० भाग १ देखिये। **सूने**=खाली। **सिंघनाद** (सिंहनाद)=सिंहका-सा गर्जन वा शब्द। **पचारी** (प्रचारी)=ललकारकर। **मद**=मद्य=मदिरा।-घमण्ड।

अर्थ—रावणको क्रोधयुक्त आता सुनकर देवताओंने सुमेरु पर्वतकी गुफाओंकी शरण ली। (उनमें जा छिपे)॥ ६॥ लोकपालोंके समस्त सुन्दर लोकोंको रावणने खाली पाया॥ ७॥ बारंबार सिंहके समान भारी गर्जनकर और देवताओंको गालियाँ दे-देकर ललकारकर॥ ८॥ वह लड़ाईके मदसे मतवाला तीनों लोकोंमें दौड़ा फिरता था। अपनी जोड़का योद्धा ढूँढ़ता था। (पर) कहीं न पाया॥ ९॥

नोट—१ *'देवन्ह तके मेरु गिरि खोहा।'* से जनाया कि सुमेरुपर बहुत बड़ी-बड़ी और अगणित गुफाएँ हैं जिनमें सब छिप जाते हैं और रावण उन्हें ढूँढ़ नहीं पाता, इसीसे सब वहीं जाकर छिपते हैं। सुमेरुपर ही ब्रह्माकी कचहरी कही जाती है। जब कोई देवता सामने न आये तब वह उनके लोकोंके भीतर गया तो वहाँ सन्नाटा पाया जैसा आगे कहते हैं।

टिप्पणी—१ *'दिगपालन्हके लोक सुहाए'* इति। *'सुहाए'* का भाव कि ये लोक ऐसे सुन्दर हैं कि इन्हें छोड़नेको कभी जी नहीं चाहता, ये छोड़ने योग्य नहीं हैं तब भी रावणके डरसे वे इन्हें भी छोड़कर चले गये। ☞(रावणका डर सबके हृदयमें कैसा अधिक है यह यहाँ दिखाया कि देवता उसके सामने भोग-विलाससे विरक्त हो जाते हैं)।

टिप्पणी—२ (क) *'देइ देवतन्ह गारि पचारी'*। गाली देता है, ललकारता है जिसमें क्रोधवश होकर सामने आ जावें (जैसे भीमसेनकी ललकारपर दुर्योधन अपना मरण निश्चय जानकर भी लक्ष्मीको तिरस्कृत करके व्यास-सरोवरसे बाहर निकल आया था। वीर शत्रुकी ललकार नहीं सह सकते)। पर कोई प्रकट नहीं होता (इससे जनाया कि देवताओंका मान-मर्ष आदि सब जाता रहा था, यथा—*'तुम्हरे लाज न रोष न माषा'* नहीं तो गाली और ललकार सुनकर अवश्य सामने आते)। (ख) *'रन मदमत्त फिरइ जग धावा॥…'*। भाव कि देवताओंके यहाँ हो आया। वे सब भाग गये। मर्त्यलोकमें कोई नहीं है। इसीसे कहा कि *'प्रतिभट खोजत कतहुँ न पावा।'* इसी तरह कुम्भकर्णकी जोड़का संसारमें कोई नहीं है यह कह आये हैं, यथा—*'अतिबल कुंभकरन अस भ्राता। जेहि कहुँ नहिं प्रतिभट जग जाता॥'* (१८०। ३) [*'जग धावा'* से जनाया कि जहाँ कहीं किसीसे सुनता है कि कोई प्रतिभट है वहीं दौड़ा जाता है पर वहाँ जानेपर कोई मिलता नहीं। *'रनमदमत्त'*—यहाँ रणको मदिरा कहा। मद्यपानसे जैसे कोई मतवाला हो जाय तो उसे और मद्यपानकी इच्छा होती है वैसा ही रावणका हाल है। यह कुबेरादिको जीत चुका है। रण-मदसे मतवाला हो रहा है। उसे यही सूझता है कि और कोई मिले जिससे लड़ूँ।]

नोट—२ *'सुर पुर नितहि परावन होई', 'सूने सकल दसानन पाए'* इति। इसी प्रसंगसे मिलता हुआ एक प्रसंग यह है कि एक बार जब ब्रह्मर्षि संवर्त समस्त देवताओंके साथ राजा मरुतको यज्ञ करा रहे थे उसी समय रावण वहाँ पहुँचा। उसे देख इन्द्र मोर, धर्मराज काक, कुबेर गिरगिट और वरुण हंसका एवं अन्य देवता अन्य पक्षियोंका रूप धारण कर उड़ गये। यथा—'**इन्द्रो मयूरः संवृत्तो धर्मराजस्तु वायसः। कृकलासो धनाध्यक्षो हंसश्च वरुणोऽभवत्॥ ५॥ अन्येष्वपि गतेष्वेवं देवेष्वरिनिषूदन।**' रावणके चले जानेके पश्चात् जिन-

* प्रचारी—पाठान्तर

जिन पक्षियोंका रूप धरकर वे बचे थे उन-उनको उन्होंने वर दिया। तभीसे मयूरकी चन्द्रिकापर सहस्र नेत्र शोभित होने लगे, कौवे किसी रोगसे अथवा अपनेसे नहीं मरते इत्यादि। (वाल्मी० ७ सर्ग १८)

रबि ससि पवन बरुन धनधारी। अगिनि काल जम सब अधिकारी॥ १०॥
किन्नर सिद्ध मनुज सुर नागा। हठि सबही के पंथहि लागा॥ ११॥
ब्रह्मसृष्टि जहँ लगि तनुधारी। दसमुख बसबर्त्ती नर नारी॥ १२॥
आयसु करहिं सकल भयभीता। नवहिं आइ नित चरन बिनीता॥ १३॥

दो०—भुजबल बिस्व बस्य करि राखेसि कोउ न सुतंत्र।
मंडलीकमनि* रावन राज करै निज मंत्र॥
देव जच्छ गंधर्ब नर किन्नर नाग कुमारि।
जीति बरीं निज बाहु बल बहु सुंदर बर नारि॥ १८२॥

शब्दार्थ—अधिकारी=जिसको लोक-व्यापार करनेका अधिकार है—(वै०)।=जिनको लोकपालनका वा लोकमें किसी विशेष कार्यके करनेका स्वत्व वा पद या अधिकार प्राप्त है। **मंडलीकमनि**=सार्वभौम, सम्राट्। **पंथहि लागा**=राहमें लगा अर्थात् सबकी राह रोकी, कोई अपने अधिकारका व्यापार नहीं करने पाता—(वै०)। **मंत्र**=मति, इच्छा, विचार वा नियम। **निज मंत्र**=स्वेच्छानुसार। यही Dictatorship (डिक्टेटरशिप) है। मनमाना करना ही *'निज मन्त्र'* राज्य करना है।

अर्थ—सूर्य, चन्द्रमा, पवन, वरुण, कुबेर, अग्नि, काल, यमराज इन सब लोकपालों और किन्नर, सिद्ध, मनुष्य, देवता और नाग सभीके पीछे (रावण) हठपूर्वक लगा॥ १०-११॥ ब्रह्माकी सृष्टिमें जहाँतक देहधारी स्त्री-पुरुष थे वे सब रावणके आज्ञाकारी (अधीन) थे॥ १२॥ सभी डरके मारे उसकी आज्ञाका पालन करते हैं और नित्य ही आकर उसके चरणोंमें नम्रतापूर्वक प्रणाम करते हैं॥ १३॥ उसने विश्वभरको अपनी भुजाओंके बलसे वशमें कर किसीको स्वतन्त्र न रखा। सब मण्डलीकोंमें शिरोमणि सार्वभौम सम्राट् रावण अपने मन्त्रके अनुसार राज्य करता था। देवता, यक्ष, गन्धर्व, मनुष्य, किन्नर और नागकी कन्याओंको तथा और भी बहुत-सी सुन्दर उत्तम स्त्रियोंको अपने बाहु-बलसे जीतकर ब्याह लीं॥ १८२॥

टिप्पणी—१ (क) रवि, शशि, पवन, वरुण, धनधारी (=धनद, कुबेर), अग्नि, काल, यम ये अष्ट लोकपाल हैं। (ख) ☞ *'आपुन चलेउ गदा कर लीन्ही'* से लेकर *'जीति बरीं निज बाहुबल बहु सुंदर बर नारि'* तक रावणका दिग्विजय वर्णन किया। आगे मेघनादका विजय कहते हैं।

नोट—१ कुबेरको सर्वप्रथम जीतकर पुष्पक ले आया था। उस समय चार लोकपाल प्रधान थे। इन्द्र, वरुण, यम और कुबेर। यमलोकमें भी भारी युद्ध हुआ। यमराज सूर्यपुत्र हैं। वाल्मी० ७, सर्ग २०, २१, २२ में युद्धका वर्णन है। यम कालदण्ड छोड़नेको उद्यत हुए तब ब्रह्माने आकर उनको रोक दिया। उनके कहनेसे वे वहीं अन्तर्धान हो गये और रावणने अपने जयकी घोषणा की। वरुणको जीतनेकी कथा सर्ग २३ में है। वरुणकी सेना और पुत्रोंपर जय पायी। वरुण उस समय ब्रह्मलोकमें थे। मन्त्रीने हार मान ली। रहे लोकपाल इन्द्र। इन्हें तो मेघनाद बाँध ही लाया था। सूर्य, चन्द्र आदिपर विजय प्रक्षिप्त सर्गोंमें है।

'ब्रह्मसृष्टि जहँ लगि तनुधारी। दसमुख बसबर्ती......॥'

यहाँ यह शंका होती है कि अवधेश, मिथिलेश, बालि, सहस्रार्जुन, बलि इत्यादि अनेक लोग ऐसे थे जो रावणके वशमें न थे, फिर *'दसमुख बसबर्ती'* कैसे कहा?

कथनका तात्पर्य यह जान पड़ता है कि ब्रह्माजी जो सृष्टिके रचयिता हैं और शिवजी जो सृष्टिमात्रके

* मंडलीकपति (का०)

संहार करनेवाले हैं जब वे ही रावणके वशमें हो गये, उससे भयभीत रहते और नित्य उसके यहाँ हाजिरी देते हैं तो फिर और कौन रह गया जिसको कहें कि वशमें नहीं है। राजाके वश होनेसे उसकी सब राजधानी वशमें कही जाती है। इसी प्रकार सृष्टिके उत्पन्न और संहार करनेवालोंके वशीभूत हो जानेसे सृष्टिमात्रका वशीभूत होना कहा जाना अयोग्य नहीं। कवित्तरामायणमें ग्रन्थकारने कहा है—*'बेद पढ़ैं बिधि संभु सभीत पुजावन रावन सों नित आवैं। दानव देव दयावने दीन दुखी दिन दूरिहि ते सिर नावैं॥'* (क० ७। २) *'कर जोरे सुर दिसिप बिनीता। भृकुटि बिलोकत सकल सभीता॥'* (५। २) पुनः, *'बसबर्ती'* का भाव यह भी हो सकता है कि विश्वभरमें कोई रावणको वशमें या उसका वध करनेमें समर्थ न था। भानुप्रताप रावण जिसके लिये परब्रह्मका आविर्भाव हुआ वह वस्तुतः किसीसे न हारा था। और कल्पोंमें रावण कहीं-कहीं हार भी गया था। यदि कहें कि अङ्गद-रावण-संवादमें तो उसका पराजय लक्षित होता है तो उसका उत्तर यह होगा कि जैसे इस ग्रन्थमें चार कल्पके अवतारोंकी कथा मिश्रित है वैसे ही अङ्गदके संदिग्ध वचनोंमें अन्य कल्पोंके रावणकी कथा भी जानिये।

त्रिपाठीजी भी लिखते हैं कि 'सार्वभौम राजाका भी किसी अवसरमें पराजय हो जाता है, परन्तु यदि उसके शासनमें उस पराजयसे त्रुटि न आयी हो, तो उस पराजयकी कोई गणना नहीं है। दो-तीन स्थलोंपर रावणका बलिसे पराजय सुना गया है पर रावणमें एक विशेषता थी, उसमें केवल शारीरिक बल ही न था किन्तु तपबल, योगबल, अस्त्रबल, शस्त्रबल, सैन्यबल, दुर्गबल, इष्टबल आदि अनेक बल थे, जिनका समुच्चय और कहीं पाया नहीं जाता। सहस्रार्जुनका वध परशुरामद्वारा हो ही चुका था। बालिसे मैत्री हो चुकी थी। अतः यह कहना सर्वथा उपयुक्त है कि रावणने विश्वको वश्य कर लिया, परन्तु यह शंका-समाधान उन रावणोंके लिये है जो जय-विजय, जलंधर या रुद्रगणके अवतार थे।'

फिर भी यहाँ यह शंका उठती है कि 'आगे चलकर ग्रन्थकारने इसे *'मण्डलीकमनि'* कहा है और कहा है कि *'राखेसि कोउ न स्वतंत्र'* तो दशरथमहाराजादिके विषयमें यह बात कैसे ठीक हो सकती है?' इसके समाधानके लिये कुछ बातोंपर विचार कर लेना जरूरी है। वह यह कि रावणने लगभग ७२ चतुर्युगतक राज्य किया और दूसरे यह कि राजनीतिमें शत्रुके वशीभूत करनेके चार उपाय—साम, दाम, भय, भेद कहे गये हैं। तीसरे यह कि दिग्विजय वर पानेके तुरंत पीछेका है जब लङ्का राजधानी हो चुकी थी। ७२ चतुर्युगीके भीतर रघुकुलमें कई राजा हो गये। राजा रघुसे रावण लड़ने गया था। ब्रह्माजीने दोनोंमें मेल करा दिया। फिर राजा अनरण्यको उनकी वृद्धावस्थाके समय रावणने मार डाला। रघुकुलके राजा चक्रवर्ती होते आये हैं, जब उनको एक बार जीत लिया वा उनसे मेल कर लिया गया तो 'वशवर्त्ती' कहना अयोग्य न होगा। राजा दशरथने न कभी उसका मुकाबिला किया और न इनसे उसे युद्ध करनेकी आवश्यकता हुई।

पुनः यह भी हो सकता है कि राक्षसोंका वैर तो देवताओं और ऋषियोंसे सनातनसे चला आता है। वे मनुष्योंको बिलकुल तुच्छ चींटी-सरीखा समझते हैं, इनसे लड़नेमें भी अपना अपमान ही समझते हैं, यही कारण है कि उसने वर माँगते समय जान-बूझकर मनुजको छोड़ दिया था, यथा—**'अवज्ञाताः पुरा तेन वरदाने हि मानवाः। एवं पितामहात्तस्माद्वरदानेन गर्वितः।'** (वाल्मी० १। १६। ६) इसीलिये नरेशोंपर हाथ क्या चलाता, जबतक कोई सामना न करता? देवता और उनके पक्षपाती सभी इससे भयभीत रहते थे, नरसे देवता और ऋषि बली हैं ही।

यह भी स्मरण रखनेयोग्य है कि अनरण्य महाराजके मारे जानेपर उसको देवर्षि नारदका दर्शन हुआ। देवर्षिने उससे कहा कि तू बेचारे मनुष्योंको क्यों मारता है, ये तो स्वयं ही मृत्युके पंजेमें पड़े हुए हैं। ये तो सैकड़ों व्याधियोंसे स्वयं ग्रस्त रहते हैं। ऐसोंको मारनेसे क्या? मोहमें फँसे स्वयं नष्ट होनेवाले मर्त्यलोकको दुःखी कर तू क्या पायेगा! तू निस्संशय इस लोकको जीत चुका। यथा—**'तत्किमेवं परिक्लिश्य लोकं मोहनिराकृतम्। जित एव त्वया सौम्य मर्त्यलोको न संशयः॥'** (वाल्मी० ७। २०। १५) यहाँके प्राणी यमपुरीको जायँगे, अतः तू यमपुरीपर चढ़ाई कर। उसको जीत लेनेपर तू निस्सन्देह अपनेको सबपर विजयी समझ।

यथा—**'तस्मिञ्जिते जितं सर्वं भवत्येव न संशयः।'** (वाल्मी० ७। २०। १७) यह बात मानकर वह यमपुरीको गया और उसने वहाँ विजय प्राप्त की।

महाराज अनरण्यने मरते समय उसे शाप दिया था कि तूने इक्ष्वाकुकुलका अपमान किया है, अतः इसी कुलमें दाशरथि राम उत्पन्न होंगे जो तेरा वध करेंगे। यथा—**'उत्पत्स्यते कुले ह्यस्मिन्निक्ष्वाकूणां महात्मनाम्। रामो दाशरथिर्नाम यस्ते प्राणान् हरिष्यति॥'** (वाल्मी० ७। १९। ३१) पुनः साहित्यज्ञ ऐसा कहेंगे कि कवियोंकी यह प्रथा है कि जब किसीकी प्रशंसा करनी होती है तो उसको हदतक पहुँचा देते हैं, उस समय उसका अपकर्ष नहीं कहते। इसीसे यहाँ उसकी जीत-ही-जीत कही, कहीं भी उसकी पराजय नहीं कहा। हाँ, जब उसका प्रताप अस्त होनेपर आयेगा तब मंदोदरी, हनुमान्‌जी और अंगदसे बातचीत होनेके समय इनके द्वारा दो-चार जगह जो उसका पराजय हुआ था उसका संकेत कवि कर देंगे। पुनः, यदि रावणका पराजय कहते तो उससे श्रीरामचन्द्रजीकी भी उसके मारनेमें विशेष प्रशंसा और कीर्तिकी बात न होती।

बाबा हरिदासजी शीलावृत्तमें लिखते हैं कि—*'तनुधारी'* कहकर जनाया कि सृष्टि दो प्रकारकी है। एक तनधारी। दूसरी बेतनधारी। बुद्धि, चित्त, मन, इन्द्रिय, स्वभाव, गुण इत्यादि—बेतनधारी (बिना तनवाली) सृष्टि बहुत है सो इस सृष्टिमें एक भी वश न हुआ। एक तनधारी सृष्टि ही वशमें हुई। सब तनधारी जीव दशमुखके आज्ञानुवर्त्ती हुए, इसका भाव यह है कि तनधारी जीवोंकी कोई जाति न बची, सहस्रबाहु आदि व्यक्तिगत भले ही बच गये, पर जाति न बची।

वि० त्रि० का मत है कि तनधारीका वशमें होना कहकर जनाया कि जो तनधारी नहीं था अर्थात् अनंग (कामदेव) वह उसके वशमें न था वरंच वह ही कामदेवके वशमें था।

टिप्पणी—२ (क) *'देव जच्छ गंधर्ब नर किन्नर नाग कुमारि',* इति। यहाँ *'कुमारि'* शब्द देकर जनाया कि बिन ब्याही कन्याओंको जीतकर लाया, विवाहिताओंको नहीं और उत्तरार्द्धमें *'बहु सुंदर बर नारि'* पद जो दिया है वह शब्द उन्हीं कुमारी कन्याओंके लिये ही आया है। जबतक विवाह न हुआ था, केवल जीतकर लाना कहा था, तब *'कुमारि'* दिया, उन्हींके साथ विवाह होनेपर उनको *'सुंदर बर नारि'* कहा। (ख) देव, यक्ष, गन्धर्व, किन्नरसे स्वर्गकी, नरसे भूलोककी और नागसे पाताल-लोककी, इस तरह तीनों लोकोंकी कुमारियोंको जीतकर ब्याहना कहा।

नोट—२ *'कुमारि'* शब्द अल्पावस्थाकी कन्याओंके लिये प्रायः प्रयुक्त होता है। विशेषकर यहाँ इसी भावमें है। बूढ़ी, अनब्याही स्त्रियाँ अभिप्रेत नहीं हैं। किसीने ऐसा भी कहा है कि श्रीसीताजीको छोड़ उसने विवाहिता स्त्रियोंका अपहरण नहीं किया। परंतु इसका निषेध स्वयं रावणके उस वाक्यसे होता है जो उसने श्रीसीताजीसे कहा था। यथा—**'स्वधर्मो रक्षसां भीरु सर्वथैव न संशयः। गमनं वा परस्त्रीणां हरणं सम्प्रमथ्य वा॥'**(वाल्मी० ५। २०। ५) अर्थात् परस्त्रीके साथ सम्भोग करना अथवा उनका बरजोरी अपहरण करना निस्संदेह हम राक्षसोंका सदाका धर्म है। हाँ, बिना उनकी मर्जीके वह उनके साथ रमण नहीं कर सकता था। क्योंकि पुंजिकस्थली अप्सराके साथ बलात्कार करनेसे ब्रह्माजीने उसको शाप दिया था कि यदि अब किसी स्त्रीके साथ ऐसा करेगा तो तेरे सिरके सैकड़ों टुकड़े हो जायँगे। यथा—**'अद्यप्रभृति यामन्यां बलान्नारीं गमिष्यसि। तदा ते शतधा मूर्धा फलिष्यति न संशयः॥'**(वाल्मी० ६। १३। १४)

नोट—३ यहाँ मण्डलीकमनिका भाव सार्वभौम (सब स्वर्ग, भू और पातालमण्डलका) सम्राट् ही सङ्गत जान पड़ता है; नहीं तो पूर्वापर विरोध होगा। क्योंकि पूर्व कहा है कि *'ब्रह्मसृष्टि जहँ लगि तनु धारी।.....'* यदि मण्डलीकका अर्थ केवल १२ राजाओंका अधिपति लें तो *'मण्डलीकमनि'* का अर्थ होगा 'मण्डलीक राजाओंमें शिरोमणि'।

नोट—४ *'राज करै निज मंत्र'* इति। अर्थात धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्रकी आज्ञाको त्यागकर अपना मन्त्र चलाता है, स्वेच्छानुसार राज करता है। (खर्रा) पुनः भाव कि राजाको मन्त्री चाहिये, इसलिये उसने मन्त्री रख लिये थे, नहीं तो उसने कभी भी मन्त्रियोंकी सम्मतिकी परवाह न की। (वि० त्रि०)

इंद्रजीत सन जो कछु कहेऊ। सो सब जनु पहिलेहिं करि रहेऊ॥ १ ॥
प्रथमहिं जिन्ह कहुँ आयसु दीन्हा। तिन्ह कर चरित सुनहु जो कीन्हा॥ २ ॥
देखत भीमरूप सब पापी। निसिचर निकर देव परितापी॥ ३ ॥
करहिं उपद्रव असुर निकाया। नाना रूप धरहिं करि माया॥ ४ ॥
जेहि बिधि होइ धर्म निर्मूला। सो सब करहिं बेद प्रतिकूला॥ ५ ॥
जेहि जेहि देस धेनु द्विज पावहिं। नगर गाउँ पुर आगि लगावहिं॥ ६ ॥
सुभ आचरन कतहुँ नहिं होई। देव बिप्र गुरु* मान न कोई॥ ७ ॥
नहिं हरिभगति जज्ञ तप ग्याना। सपनेहु सुनिय न बेद पुराना॥ ८ ॥

छंद—जप जोग बिरागा तप मख भागा श्रवन सुनै दससीसा।
आपुन उठि धावै रहै न पावै धरि सब घालै खीसा॥
अस भ्रष्ट अचारा भा संसारा धर्म सुनिअ नहिं काना।
तेहि बहु बिधि त्रासै देस निकासै जो कह बेद पुराना॥†

सो०—बरनि न जाइ अनीति घोर निसाचर जो करहि।
हिंसा पर अति प्रीति तिन्ह के पापहि कवनि मिति॥ १८३ ॥

शब्दार्थ—चरित=आचरण। परिताप=दुःख। घालै खीसा=नष्टकर डालता है, यथा—*'केहि के बल घालेहि बन खीसा।'* (५। २१) *'बातन मनहिं रिझाइ सठ जनि घालसि कुल खीस॥'* (५। ५६) *'सो भुजबल राखेहु उर घाली।'* (६। २९)

अर्थ—(रावणने) इन्द्रजीतसे जो कुछ कहा था वह सब (उसने) मानो पहलेहीसे कर रखा था॥ १॥ जिन्हें (रावणने) सबसे प्रथम आज्ञा दी थी उनका चरित सुनो जो (उन्होंने) किया॥ २॥ देवताओंको दुःख देनेवाले निशिचरसमूह सब देखनेमें भयावन और पापी थे॥ ३॥ असुरसमूह उपद्रव करते थे। मायासे अनेक रूप धारण करते थे॥ ४॥ जिस प्रकार धर्म निर्मूल हो वही सब वेदविरुद्ध (उपाय) करते थे॥ ५॥ जिस-जिस देशमें गऊ और ब्राह्मणोंको पाते थे उस-उस नगर ग्राम और पुरमें आग लगा देते थे॥ ६॥ शुभ आचरण (ब्रह्मभोज, श्राद्ध, यज्ञ, दान, गुरु-संतसेवा इत्यादि) कहीं भी नहीं होते, देवताओं, ब्राह्मणों और गुरुको कोई नहीं मानता॥ ७॥ स्वप्नमें भी हरिभक्ति, यज्ञ, तप, दान नहीं होते और न वेदपुराण ही सुननेमें आते थे॥ ८॥ जप, योग, वैराग्य, तप, यज्ञमें देवताओंका भाग जैसे ही रावण कानोंसे सुनता (वैसे ही वह) आप ही उठ दौड़ता, कुछ एवं कोई भी रहने न पाता, धर-पकड़कर सबको विध्वंस कर डालता। संसारमें ऐसा भ्रष्टाचार हो गया कि धर्म तो कानोंसे सुननेमें भी नहीं आता। जो कोई वेद-पुराण कहता उसको बहुत तरहसे भय देता और देशसे निकाल देता था। घोर निशाचर जो घोर अन्याय करते हैं उसका वर्णन नहीं हो सकता। जिनका हिंसापर प्रेम है उनके पापोंकी कौन हद॥ १८३॥

टिप्पणी—१ *'इंद्रजीत सन जो कछु कहेऊ।'* इति। (क) इन्द्रजीत नाम यहाँ देकर जनाया कि इसने इन्द्रको जीत लिया। *'जनु पहिलेहि करि रहेऊ'* का भाव कि इन्द्रादि समरधीर बलवान् देवताओंको जीतनेमें उसे विलम्ब न लगा; उसने सबको बात-की-बातमें जीत लिया। (ख) *'जो कछु कहेऊ'* अर्थात् *'जे सुर समरधीर बलवाना। जिन्हकें लरिबे कर अभिमाना॥ तिन्हहिं जीति रन आनेसु बाँधी।'* यह जो कहा था वैसा ही उसने किया। इन्द्रको बाँध लाया था, यह वाल्मीकीयमें स्पष्ट है। ☞ यहाँ कहते हैं कि *'इंद्रजीत*

* १६६१ में है। † यह चौपाइयाँ छन्द हैं। इसके चारों चरणोंमें ३०, ३० मात्राएँ होती हैं, १०वीं, १८वीं और ३०वीं मात्राओंपर विराम होता है।

सन जो कछु कहेऊ', परन्तु कहा था वस्तुतः 'मेघनाद' से, यथा—***'मेघनाद कहँ पुनि हँकरावा। दीन्ही सिख बल बयरु बढ़ावा॥'*** इत्यादि, जब जीत हुई तब वह ***'इन्द्रजीत'*** कहाया। इस कथनका समाधान दूसरे चरणसे किया है कि वह इन्द्रको इतना शीघ्र (आनन-फानन) जीत लाया मानो पहलेहीसे जीतकर बाँध रखा था, अब रावणके वचन सुनते लाकर दिखा दिया। [(ग)—कारण (युद्ध) न वर्णन करके कार्य प्रकट करना कि इन्द्रको मानो पहलेहीसे जीत रखा था 'अत्यन्तातिशयोक्ति अलङ्कार' है। पर यह उत्प्रेक्षाके अङ्गसे आया है। युद्ध होकर हार-जीत होती है किन्तु इस प्रकारकी उत्प्रेक्षा करना कि मानो युद्धके पहले ही जीत लिया हो 'अनुक्त विषयावस्तूत्प्रेक्षा अलङ्कार' है। दोनोंमें अङ्गाङ्गी भाव है। (वीर)]

टिप्पणी—२ (क) ***'प्रथमहिं जिन्ह कहुँ आयसु दीन्हा······'*** इति। दो चरणोंमें इन्द्रजीतका विजय कहा। अब सेनाका उपद्रव यहाँसे वर्णन करते हैं। ☞ जिस क्रमसे बल वर्णन किया था उसी क्रमसे उपद्रव वर्णन करते हैं। (ख) ***'निसिचर निकर देव परितापी'*** इति। रावणने कहा था कि ***'हमरे बैरी बिबुध बरूथा'*** हैं इसीसे देवताओंको अधिक परिताप देते हैं।* [***'देखत भीमरूप'*** से रूप भयानक, ***'पापी देवपरितापी'*** से हृदय भयानक और ***'करहिं उपद्रव'*** से करनी भयानक कही। देवताओंकी मरणविधिमें यत्नशील हैं, अतः देवपरितापी कहा। (वि० त्रि०)]। (ग) ***'करहिं उपद्रव असुर निकाया।'*** असुर-समूह उपद्रव करते हैं क्योंकि रावणकी आज्ञा सबको ऐसी ही है, यथा—***'सुनहु सकल रजनीचर जूथा।'*** अतः सभी ऐसा करते हैं। उपद्रव करते हैं अर्थात् 'द्विजभोजन, मख, होम, श्राद्ध' सभीमें बाधा डालते हैं, यथा—***'सब कै जाइ करहु तुम्ह बाधा।'*** [(घ)—***'करहिं उपद्रव'*** कहकर ***'नानारूप धरहिं करि माया'*** कहनेका भाव कि आसुरी सेना बड़ी भारी उतर आयी थी, पर उसने एक ओरसे सबके संहारमें हाथ नहीं लगाया। वे सब सम्पूर्ण देशमें फैल गये। कामरूप तो थे ही, उन सबोंने अनेक रूप धारण किये। कोई पण्डितजी बन गये, कोई महात्माजी बन गये, कोई गोसाईंजी बन गये, सुधारक बने, कोई जनताके अगुआ बन गये, कोई देश-हितैषी बने तो कोई समाज-हितैषी बने। अपने रूपमें कोई न रहे, सब साधुरूपमें हो गये और उपद्रव आरम्भ किया। (वि० त्रि०)]

टिप्पणी ३ (क) ***'जेहि बिधि होइ धर्म निर्मूला।····बेद प्रतिकूला'*** इति। वेदके प्रतिकूल करना यह धर्मका निर्मूल करना है, क्योंकि वेदके अनुकूल करना धर्म है और प्रतिकूल करना अधर्म है। वेदके प्रतिकूल कर्मोंका वर्णन आगे करते हैं—***'जेहि जेहि देस····'।*** (ख) ***'जेहि जेहि देस·····'*** कहकर जनाया कि गौ और ब्राह्मण सब देशोंमें नहीं हैं, बहुत कम हैं। [अथवा, डरके मारे सब छिपे रहते हैं वा भाग जाते हैं। ***'धेनु द्विज पावहिं'***—गौ-ब्राह्मणको पाना कहा और किसीका नाम नहीं लेते। क्योंकि ब्राह्मण ही होम, यज्ञ आदि करते और कराते हैं और धेनुसे यज्ञादिकी सामग्री-प्राप्त होती है। यज्ञादिसे देव प्रबल होते हैं जो निशाचरोंके शत्रु हैं, अतः इन दोनोंका नाश करते हैं। ***'नगर गाउँ पुर आगि लगावहिं'***—नगरसे छोटा ग्राम और ग्रामसे छोटा पुरवा होता है; उसी क्रमसे कहा। ***'पुर'*** से पुरवा समझना चाहिये। पुरवेमें कम होते हैं, उससे अधिक ग्राममें और इससे अधिक नगरमें। ये एकपर भी दया नहीं करते। ***'धेनु द्विज'*** से यह भी जनाया कि एक भी गौ या एक भी ब्राह्मण हुआ तो सारे नगर आदिमें आग लगा देते हैं। भाव यह कि तुम लोगोंने इनको नगरसे निकाल क्यों न दिया, उसका फल तुमको भी वही देते हैं। वैरीका मित्र भी वैरी होता है।] (च)—***'आगि लगावहिं'*** कहकर जनाया कि सब बड़े आततायी हैं। [आग लगाना प्रथम आततायित्व है। यथा—**'अग्निदो गरदश्चैव धनहारी च सुप्तघः। क्षेत्रदारापहारी च षडेते ह्याततायिनः॥'** (पद्मपु० सृष्टि० ४८। ५८)] (छ) ***'सुभ आचरन कतहुँ नहिं होई'*** इति। इससे जनाया कि वे आप तो अधर्म करते ही हैं और दूसरोंके लिये भी हुक्म निकाल दिया है कि कोई भी धर्म न करे। इसीसे शुभ आचरण कहीं नहीं होते। यदि कोई धर्म करे, सुर, विप्र और गुरुको माने तो मार डाला जाय; इसीसे कोई इनको मानता भी नहीं। [देव, विप्र, गुरुकी

* जिनका आचरण तमोगुणी हो वे ही निशिचर हैं। निश+चर=तमोगुणचर। (लमगोड़ाजी)

पूजा बंद हो गयी। सभ्य वही माना जाता था, जो भक्ति, यज्ञ, तप आदिको अन्धविश्वास माने। अतः कर्म, उपासना, ज्ञान तीनोंका लोप हो गया। (वि० त्रि०)]

नोट—१ वेद ही धर्मका मूल है, उसके उखाड़नेकी विधि वे जानते थे। पण्डितजी बनकर वे वेदका व्याख्यान करते थे, बतलाते थे कि वेद मनुष्योंका बनाया हुआ है, अब देश-काल वैसा नहीं रह गया, नये वेदकी आवश्यकता है। वेदको खींच-खाँचकर मरोड़कर उसका अर्थ ही दूसरा करते थे। अर्थ करनेकी पद्धति ही बदल देते थे। कोई महात्माजी बनकर अपने माहात्म्यसे लोगोंको प्रभावित करके वेदमार्गसे च्युत करते थे, कोई गोसाईं बने हुए शिष्योंको अधर्म-रास्तेपर लगाते थे। कोई अगुआ बनकर जनताको हरा बाग दिखाते हुए उसे विपत्ति-सागरमें डुबाते थे। कोई सुधारक बनकर सम्प्रदाय और परम्पराके मिटा देनेमें ही कल्याणका मार्ग दिखाते थे। कोई देशहितैषी बनकर देश-के-देशको ईश्वरसे विमुख करनेमें लगे थे। कोई समाजहितैषी बनकर एक जातिका दूसरेसे वैर कराते थे। सभी धर्मोंके प्रतिकूल आचरण स्वयं करते और लोगोंसे कराते थे। जब जनता अधिक काबूमें हो गयी तब स्पष्ट अत्याचार करने लगे। यज्ञमें प्रधान साधन हैं—गौ और ब्राह्मण। उन दोनोंसे संसारका अकल्याण पहिले ही बतलाते थे,अब यह नियम कर दिया कि जिस पुर आदिमें ये पाये जावें उसे एकदम फूँक दो।

टिप्पणी—४ (क) *'जप जोग बिरागा……'* इति। यह काम परम आवश्यक है। ऋषि, मुनि इत्यादि अवश्य जप, यज्ञ आदि करते हैं। इसके लिये वह किसीपर विश्वास नहीं करता। इसीसे यज्ञकी खबर पाते ही स्वयं ही उठकर दौड़ा जाता है। (*'उठि धावै'* से जनाया कि इसमें किञ्चित् भी आलस्य या विलम्ब नहीं सह सकता।) (ख) *'अस भ्रष्ट अचारा भा संसारा……'* इति। ☞प्रथम कह आये हैं कि *'जेहि बिधि होइ धर्म निर्मूला। सो सब करहिं बेद प्रतिकूला॥'*, अब बताते हैं कि उन्होंने धर्मको ऐसा निर्मूल कर दिया कि प्रत्यक्ष दिखायी देनेकी कौन कहे कहीं कानोंसे सुननेमें भी नहीं आता। धर्मका नाश यहाँ कहकर आगे धर्मके मूलका नाश कहते हैं। (ग) *'तेहि बहु बिधि त्रासै देस निकासै जो कह बेद पुराना'* इति। वेद-पुराण धर्मका मूल हैं। वेद-पुराण सुननेसे धर्मका बोध होता है, अतः धर्म निर्मूल करनेकी यह भी एक विधि है कि वक्ता कोई रह ही न जाय। ☞प्रथम श्रोताओंका हाल कहा कि *'सपनेहु सुनिय न बेद पुराना'* अब वक्ताओंका हाल लिखते हैं। (घ) *'बहु बिधि त्रासै'* से जनाया कि निशाचर मारते-डरवाते तो श्रोताओंको भी हैं, पर वक्ताओंको धर्मके उपदेष्टा समझकर बहुत प्रकारसे त्रास देते हैं। (ङ) *'बरनि न जाइ अनीति……।'* यहाँ निशाचरोंके उपद्रवकी इति लगायी। आगे राक्षसोंके अनुयायियोंका उपद्रव वर्णन करते हैं—*'बाढ़े खल बहु चोर जुआरा'* इत्यादि। [*'हिंसा पर अति प्रीति'* कहकर एक हिंसाकर्ममें सभी छोटे-बड़े पापोंका वर्णन 'द्वितीय पर्याय अलङ्कार' है।—(वीरकवि)]

वि० त्रि०—*'जप जोग……'* इति। जप आदिके सम्बन्धमें कहते हैं कि इमली-इमली कहनेसे मुँह मीठा नहीं होता, मिरचा-मिरचा कहनेसे तीता नहीं होता, अतः जप करना व्यर्थ समय व्यतीत करना समझा गया। गाँजेकी दम लगाकर बेहोश होना और समाधि लगाना एक बात समझी गयी। तप करके आँतोंको सुखाना अपनेको दुर्बल बनाना माना गया। विरागकी गिनती नालायकीमें हुई। यज्ञ खाद्यान्नदाहसे सम्पन्न होता है, अतः अपराध माना गया। महाराज रावणकी आज्ञा है कि ये सब दुष्कर्म हैं। अतः जप, योग, यज्ञ सब बन्द हो गये। केवल उड़ती खबर यदि रावणको लग जाय कि कहीं यज्ञादि होते हैं तो स्वयं दौड़ पड़ता कि कहीं जाते-जाते पूर्णाहुति न हो जाय या जिसको इस कामपर भेजा है वह आलस्य न कर जाय। स्वयं ऐसा सावधान रहता था जिससे सब सावधानीसे काम करें। अतः कवि कहते हैं कि घोर निशाचर जो करते हैं उस अनीतिका वर्णन नहीं हो सकता।

☞इस वर्णनमें उपदेशका भाव है। वह यह कि देखिये, यहाँतक धर्मका पतन होता है। अतः धर्मात्मा धर्मका ह्रास देखकर अधीर न हों। धर्मका नाश हो नहीं सकता, उसके सँभालनेके लिये भगवान्‌को आना पड़ता है।

श्रीलमगोड़ाजी—१-आपने देखा कि बालकाण्डमें यहाँतक किस कुशलतासे कविने आध्यात्मिक और आधिदैविक रहस्य बड़ी ही रसमय भाषामें लिख दिये हैं।

२-जिस सामाजिक परिस्थितिमें भगवान्‌का अवतार हुआ है उसका वर्णन कला तथा नैतिक दोनों दृष्टिकोणसे विचारणीय है।

३-जबसे मैंने डाक्टर हरदयालजीका लेख 'प्रभा' में पढ़ा था कि प्राचीन हिन्दीसाहित्यमें रामचरितमानस एक अच्छा राष्ट्रीय काव्य है, क्योंकि इसमें राष्ट्रसंघटनके मूल नियम मौजूद हैं, तबसे बहुधा इस दृष्टिकोणसे विचार किया है और रामायणपर अनेक दृष्टिकोणोंसे विचार-सम्बन्धी (माधुरीमें प्रकाशित अपने) लेखोंमें कुछ विचार प्रकट भी किये हैं। मैं राजनैतिक विशेषज्ञ नहीं हूँ। इसलिये अधिक लिखनेका साहस नहीं करता। हाँ, राजनीतिज्ञोंसे अनुरोध अवश्य करूँगा कि वे 'रामराज्य' के नियमोंपर विचार करें। और इस दृष्टिकोणसे *'रावन रथी बिरथ रघुबीरा'* वाला रथके रूपकका प्रसंग बड़े महत्त्वका है। हाँ, एक बात याद रखना चाहिये कि मानस एक काव्य है; इस कारण उसमें पारिभाषिक राजनीति नहीं है परंतु उसके संकेत बराबर हैं।

देखिये, हमने भानुप्रतापका सार्वभौम राज्य देखा। अब रावणका *'मंडलीकमनि रावन राज करै निज मंत्र'* वाला साम्राज्य देख रहे हैं और *'रामराज्य'* की कथा तो पढ़ेंगे ही। तीनों राष्ट्रोंकी तुलना बड़ी शिक्षाप्रद है। संक्षिप्ततः यह कहना अनुचित नहीं है कि भानुप्रतापके साम्राज्यमें राजस प्रधान है। धर्मका बाहरी रूप (यज्ञ-दान इत्यादि भी हैं) पर शासनकी इच्छा, वासना—रूपमें है। सारी दुनिया मेरी हो। मुझपर कोई विजय न पावे। राज बलसे फैले, इत्यादि। रावणका साम्राज्य तो तामसिक स्पष्ट ही है। इसीलिये दोनोंका परिणाम विनाश और दुःख है। रामराज्यकी पताका ही *'सत्य सील दृढ़'* है, इससे वह सात्त्विक है। उसका रथ *'बल बिबेक दम परहित घोड़े'* से आगे बढ़ता है। परन्तु यह घोड़े, 'क्षमा, दया और समता' के रज्जुसे जोड़े गये हैं।

सत्याग्रही भाई विचार करें कि अभी 'शील' की कमी उनमें है। Non-violence (केवल नकारात्मक) है। साम्यवादी विचार करें कि Liberty (स्वतन्त्रता) की धुनमें उनकी 'समता' खूनमें सनी ही रही है। 'क्षमा, दया' से मिली नहीं है; इसीलिये Liberty (स्वतन्त्रता) और Equality (साम्य) के साथ बेचारा Fraternity (भ्रातृभाव) यों ही रह गया, या अगर काम आया तो बहुत कम।

यह भी विचारणीय है कि अयोध्यामें *'जो पाँचहि मत लागै नीका'* वाला तत्त्व प्रधान है वहाँ *'राज करै निज मंत्र'* की डिक्टेटरी (Dictatorship) का पता नहीं।

बाढ़े खल बहु चोर जुवारा। जे लंपट परधन परदारा॥ १॥
मानहिं मातु पिता नहिं देवा। साधुन्ह सन करवावहिं सेवा॥ २॥
जिन्ह के यह आचरन भवानी। ते जानेहु निसिचर सब* प्रानी॥ ३॥
अतिसै देखि धर्म कै ग्लानी†। परम सभीत धरा अकुलानी॥ ४॥
गिरि सरि सिंधु भार नहि मोही। जस मोहि गरुअ‡ एक परद्रोही॥ ५॥
सकल धर्म देखै बिपरीता। कहि न सकै रावन भय भीता॥ ६॥
धेनु रूप धरि हृदय बिचारी। गई तहाँ जहँ सुर मुनि झारी॥ ७॥
निज संताप सुनायेसि रोई। काहू तें कछु काज न होई॥ ८॥

---

* सम—१७२१, छ०, को० रा०, प्र०। सब—१६६१, १७०४, १७६२। †हानी—१७२१, १७६२, को० रा०। ग्लानी—१६६१, १७०४, छ०। ‡गरव—१६६१। गरुअ—प्रायः औरोंमें।

छंद—सुर मुनि गंधर्बा मिलि करि सर्बा गे बिरंचि के लोका।
सँग गो तनु धारी भूमि बिचारी परम बिकल भय सोका॥
ब्रह्मा सब जाना मन अनुमाना मोर कछू न बसाई।
जा करि तैं दासी सो अबिनासी हमरेउ तोर सहाई॥

सो०—धरनि धरहि मन धीर कह बिरंचि हरिपद सुमिरु।
जानत जन की पीर प्रभु भंजिहि दारुन बिपति॥१८४॥

शब्दार्थ—जुवारा=जुआड़ी, जुआ खेलनेवाले। लंपट=कामुक। दारा=स्त्री। ग्लानी=खेद, दुःख, शारीरिक वा मानसिक शिथिलता। अरुचि, खिन्नता। धरा=पृथ्वी। झारी=समस्त, सब। पीर=पीड़ा, दर्द, दुःख।

अर्थ—बहुत दुष्ट, चोर और जुआरी बढ़े जो पराये धन और स्त्रियोंमें लपटे रहते हैं (अर्थात् उनको ताकते हैं, हरते हैं, उनकी घातमें रहते हैं)॥१॥ माता-पिता-देवता किसीको नहीं मानते। साधुओंसे सेवा कराते हैं॥२॥ हे भवानी जिनके ऐसे आचरण हैं उन सब प्राणियोंको निशाचर जानना॥३॥ धर्मकी अत्यन्त गिरी हुई दशा देखकर पृथ्वी बहुत भयभीत और व्याकुल हो गयी॥४॥ (वह मनमें सोचने लगी कि) मुझे पर्वत, नदी और समुद्रका बोझ (वैसा भारी) नहीं लगता जैसा एक परद्रोही भारी लगता है॥५॥ वह सब धर्म उलटे देख रही है (पर) रावणके डरसे डरी हुई कुछ कह नहीं सकती॥६॥ मनमें सोच-विचारकर वह गायका रूप धारण करके, वहाँ गयी जहाँ सब-के-सब देवता और मुनि थे॥७॥ (उसने) अपना सब दुखड़ा रो सुनाया, (पर) किसीसे कुछ काम न चला॥८॥ सुर-मुनि-गन्धर्व सब मिलकर ब्रह्माके लोकको गये। भय-शोकसे परम व्याकुल बेचारी पृथ्वी भी गऊरूप धरे साथ थी। ब्रह्माजी सब जान गये। उन्होंने मनमें विचार किया कि मेरा कुछ वश नहीं है। जिसकी तू दासी है वह अविनाशी (है वही) हमारा और तुम्हारा सहायक है। (फिर) ब्रह्माजी बोले—'हे पृथ्वि!' मनमें धैर्य धारण कर। भगवान्‌के चरणोंका स्मरण कर। प्रभु अपने दासोंकी पीरको जानते हैं। वे इस कठिन विपत्तिका नाश करेंगे॥१८४॥

टिप्पणी—१ [(क) *'बाढ़े'* से जनाया कि पूर्व भी थे, पर कुछ ही थे। अब निशाचर-शासनके कारण संख्या बहुत बढ़ गयी। पुनः बाढ़े अर्थात् इनकी दिनोंदिन उन्नति देख पड़ने लगी।] (ख) (चोरी और जूआका साथ है। चोर ही पक्के जुआड़ी होते हैं, दूसरेके धनसे उन्हें जूआ खेलना ठहरा। अतः दोनोंको साथ कहा। (वि० त्रि०)*'मानहिं मातु पिता नहिं देवा'* से कृतघ्न और नास्तिक जनाया। *'साधुन्ह सन करवावहिं सेवा'* से अधर्मी सूचित किया; क्योंकि साधुकी सेवा करना धर्म है सो न करके उलटे उनसे सेवा कराते हैं। [(ग) *'ते जानहु निसिचर सब प्रानी'* इति। ☞यहाँ निशाचरका अर्थ बताया है। बड़े-बड़े दाँत-सींग भयावनी शक्ल इत्यादिकी आवश्यकता नहीं है। उपर्युक्त आचरण जिनके हों वे सब निशिचर ही हैं। *'सम'* पाठान्तरका भाव यह होगा कि जो काम निशिचर करते हैं वही ये करते हैं, अतएव यह निशिचरके समान हैं।]

टिप्पणी—२ [(क) *'अतिसै देखि…'* का भाव कि जबतक निशाचरोंमें ही अधर्म रहा तबतक दुःख विशेष न हुआ क्योंकि उनका तो यह स्वाभाविक गुण है, पर जब इनके कारण प्रायः संसारभरमें ऐसे ही आचरण होने लगे, सभी प्राणी निशाचरोंके आचरण करने लगे, जो कुछ धर्म करते थे वे या उनकी संतान ही अधर्ममें रत हो गयी इत्यादि, तब पृथ्वी अकुला उठी। गीतामें भी अवतारके लिये धर्मकी ग्लानिका होना आवश्यक दिखाया है, यथा—'**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥**' (४। ७) अतः यहाँ वही धर्मकी *'ग्लानी'* शब्द देकर सूचित किया कि अवतारके लिये जैसा अधर्मका अभ्युत्थान और धर्मकी हानि होनी चाहिये वे सब उपस्थित हो गये हैं।] (ख)

'परम सभीत धरा अकुलानी' इति। यहाँ *'धरा'* नाम देनेका भाव कि यह धर्मके बलसे सबको धारण किये हुए है; इसीसे अधर्मीका भार नहीं सह सकती। [धरा—**'धरति विश्वम् धृञ् धारणे', 'धराः पर्वताः सन्त्यस्यां वा।'** अर्थात् पर्वत है जिसपर वह *'धरा'* है, जो विश्वको धारण करती है वह धरा है। (प० प० प्र०)]

नोट—१ बाबा हरिदासजी कहते हैं कि—(क) यहाँ *'धरा'* नाम सहेतुक है। जिसको कोई सदा धरे रहे, एवं जो सब वस्तु अपनेमें धरे रहे उसे *'धरा'* कहते हैं। (यह अर्थ अशास्त्रीय है। प० प० प्र०) शेषजी धरनीको सदा अपने शीशपर धारण किये रहते हैं। अतः 'धरा' अकुलाती है कि शेषजी मुझको पापसे लदी हुई समझकर अपने सिरपर बड़ा पापका भार जानकर कहीं जलमें बहा न दें। पापी जीव सिरपर पाप लादते हैं और शेषजी हरिभक्त हैं तब भला वे पापको सिरपर कैसे रहने देंगे? (ख) *'धेनु रूपधरि हृदय बिचारी'* इति। हृदयमें यह विचारा कि जब शेषजी मुझे जलमें डाल देंगे तब मैं क्या यत्न करूँगी? सब जीव मेरे आश्रित हैं। वे सब डूब जायेंगे। देवता तो गगनवासी हैं उनकी जलमें कोई शंका नहीं। यह विचारकर गोरूप धरकर देवसमाजको गयी। [नोट—*'गिरि सरि सिंधु भार नहिं मोही। जस मोहि गरुअ एक परद्रोही॥'* के सम्बन्धसे वा विचारके अनुसार*'धरा'* नाम बड़ा ही उत्तम पड़ा है।]

टिप्पणी—३ *'जस मोहि गरुअ एक परद्रोही'* का भाव कि एक परद्रोहीका भार इन सबके मिलकर भी भारसे अधिक भारी है और यहाँ तो अगणित परद्रोही हैं तब उनके बोझका वर्णन या अंदाजा (अटकल) कौन कर सकता है [सच्चे बोझका निषेध करके उसका भारीपन परद्रोहीमें आरोप करना **'पर्य्यस्तापह्नुति अलङ्कार'** है। (वीरकवि)]

वि० त्रि०—*'सकल धर्म देखै बिपरीता'* इति। शास्त्र कहता है कि **'व्यवस्थितार्यमर्यादः कृतवर्णाश्रमस्थितिः। त्रय्या हि रक्षितो लोकः प्रसीदति न सीदति॥'** अर्थात् वर्णाश्रमकी स्थितिमें संसार सुखी होता है, कष्ट नहीं पाता; परंतु तामसी बुद्धिवालोंको वर्णाश्रम आँखका काँटा हो जाता है। शास्त्र कहता है **'न स्त्रीस्वातन्त्र्यमर्हति'**, परन्तु तामसी बुद्धिवालोंको स्त्रीस्वातन्त्र्य सब कल्याणका मूल जँचता है। शास्त्र कहता है कि **'शौचात् स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्गश्च'** शौचका अभ्यास डालनेसे अपने शरीरसे घृणा हो जाती है, वह दूसरेका संसर्ग नहीं करता, पर तामसी बुद्धिवाले छुआछूत उठा देनेको ही धर्म समझते हैं। रावणने कानून लागू कर दिया है, इससे कोई कुछ कह नहीं सकता।

टिप्पणी—४ *'धेनु रूप धरि हृदय बिचारी'* इति। धेनुरूप धारण करनेका भाव कि एक तो वास्तवमें पृथ्वीका गऊरूप ही है, दूसरे गऊकी रक्षा सब करते हैं; अतः गोरूप धारण किया। [श्रीमद्भागवतमें भी राजा परीक्षित् और कलिके प्रसंगमें पृथ्वीको गौ, धर्मको बैल और कलिको कसाईरूप कहा गया है। सुकृति राजाओंके प्रसंगोंमें जहाँ-तहाँ पृथ्वीरूपी गौका दुहना कहा गया है। पुनः गऊका रूप अति दीनताका स्वरूप है, अतएव गऊ बनी।] *'गई तहाँ जहँ सुर मुनि झारी'* अर्थात् सुमेरु पर्वतकी खोहमें जहाँ ये सब छिपे थे, यथा—*'रावन आवत सुनेउ सकोहा। देवन्ह तके मेरु गिरि खोहा॥'* (१८२। ६)।

प० प० प्र०—अन्य ग्रन्थोंमें *'गो'* रूपके उल्लेख मिलते हैं, पर *'धेनु'* शब्दका व्यापक अर्थ उसमें नहीं है। **'धेनुः स्यात् नव सूतिका'** अर्थात् नयी ब्याई हुई गौको धेनु कहते हैं। ब्याई हुई गौके वत्स (बछड़ा) रहता है। धरारूपी धेनुका बछड़ा तो धर्म है, उसे रावणने धरणीपर नहीं रहने दिया, इसीसे धरा परम सभीत होकर व्याकुल हो गयी। 'मेरे प्राणप्रिय वत्सको सुर-मुनि मुझसे मिला देंगे' इस आशासे वह *'गई तहाँ जहँ सुर मुनि झारी।'* गोशब्दसे यह भाव नहीं निकल सकता।

नोट—२ (क) *'निज संताप सुनायेसि रोई'* इति। गौको जो दुःख होता है तो वह मुँहसे कैसे कहे, अश्रुधारा बहाती है जिससे मालूम हो जाता है कि उसे दुःख है। देवताओंके समीप जाकर रोने लगी; इसीसे वे कष्ट जान गये। अथवा, जैसे उसने गौका रूप धारण किया वैसे ही मुँहसे अपना

दुःख भी कह सुनाया और रोती रही। रो-रोकर दुःख सुनानेसे दया शीघ्र आती है। दूसरे इससे प्रकट होता है कि कष्ट अत्यन्त भारी है, असह्य है; इसीसे रोना आता है। पुनः रोनेका भाव कि आप सब ऐसे समर्थोंके रहते हुए मेरी यह गति हो यह उचित नहीं। यथा—*'सभा माँझ परि ब्याकुल बहु प्रकार कह रोइ। तोहि जिअत दसकंधर मोरि कि असि गति होइ॥'* (३। २१) *'सुनत सभासद उठे अकुलाई। समुझाई गहि बाँह उठाई॥* (ख) पुनः, रोकर जनाया कि देवता आदि तो भागकर बच भी जाते हैं, मैं तो भाग भी नहीं सकती, अतः रोती रहती हूँ। *'काहू तें कछु काज न होई'* क्योंकि ये सब तो स्वयं भयके कारण डरे छिपे रहते हैं, रावण दिन-रात इनके पीछे पड़ा रहता है, यथा—*'किन्नर सिद्ध मनुज सुर नागा। हठि सबहीके पंथहि लागा॥'* तब यह क्या सहायता कर सकते?

टिप्पणी—५ (क) *'सुर मुनि"""गे बिरंचि के लोका।'* भाव कि आपने ही रावणको वर दिया है जिसके बलपर रावण सब अत्याचार कर रहा है। और आपने ही हमें अधिकारी बनाया सो सब अधिकार रावणने छीन लिये, हम भागे-भागे फिरते हैं। आप ही अब हमारे बचनेका उपाय बताएँ। पुनः भाव कि आप सृष्टिके रचयिता हैं, सारी सृष्टिका नाश हो जायगा, अतः शीघ्र उपाय कीजिये। (ख)*'परम बिकल भय""।'* भय रावणका है। यथा—*'सकल धरम देखै बिपरीता। कहि न सकै रावन भय भीता॥'* शोक उसके अत्याचारका और धर्मके नाशका है, यथा—*'अतिसय देखि धर्म कै ग्लानी। परम सभीत धरा अकुलानी॥'* जो पूर्व कहा था उसीको यहाँ इन दो शब्दोंसे जना दिया।

टिप्पणी—६ (क) *'ब्रह्मा सब जाना'* भाव कि देवताओंसे इसने अपना दुःख रोकर सुनाया तब उन्होंने जाना था और ब्रह्मासे दुःख कहना न पड़ा, वे अपनेसे जान गये। *'कछू न बसाई'* अर्थात् मेरी कुछ न चलेगी। ☞देवताओंसे कुछ काम न हुआ, यथा—*'काहू तें कछु काज न होई।'* और ब्रह्माजी भी यही अनुमान करते हैं कि मेरा कुछ बस नहीं। अर्थात् इनसे भी कुछ न हुआ। [(ख) *'जा कर तैं दासी सो अबिनासी'* —भाव कि जिनका किसी-न-किसी कालमें विनाश है उनके हाथसे रावण नहीं मरेगा। जो अविनाशी है उसीके हाथसे उसकी मृत्यु होगी। वही प्रभु हमारे और तुम्हारे सहायक हैं। (बाबा हरीदासजी)] (ग) *'हमरेउ तोर सहाई'* का भाव कि जैसी विपत्ति तुम्हें है वैसी ही हमें भी है।

प० प० प्र०—(क) जब सुर-मुनिने भी असमर्थता दिखायी तब निराशा हुई, अपने वत्ससे मिलना असम्भव समझ वह बेचारी गौके समान दीन बन गयी। अतः *'गो तनु धारी'* बनी। (ख) *'भूमि बिचारी'* इति। पहले *'धरा'* थी अब*'भूमि'* बन गयी। **'भवति इति भूमिः'** (अमर व्या० सु०)। भाव कि अब कुछ (भवति) होगा, क्योंकि वे विरञ्चि हैं, उन्होंने रावणके विरुद्ध कुछ उपाय रचा होगा ही। देखिये, जब ब्रह्माने कुछ उपाय बताया तब बिरञ्चि शब्द आया है, यथा *'कह बिरंचि हरिपद सुमिरु।'* जब कहा कि *'मोर कछू न बसाई'* तब ब्रह्मा-वृद्धिकर्ता। उन्होंने रावणको वर देकर उसके ऐश्वर्य, सत्ता आदिकी वृद्धि कर रखी है, इसीसे वे कुछ कर नहीं सकते।

नोट—३ *'मोर कछू न बसाई'* और *'हमरेउ तोर सहाई'* का भाव कि हम भी तो उससे डरते हैं। देखो, हमें नित्य उसके पास वेद सुनाने जाना पड़ता है, हमारा भी बन्धन वही प्रभु छुड़ावेंगे।

खर्रामें *'हमरेउ तोर सहाई'* का भाव यह लिखा है कि 'हमारे और तेरे सहायमें विरोध है। रावणके मरणसे तेरा सहाय है और हमने तो रावणको नरवानरसे मरनेका वर दिया है, अन्यसे न मरनेमें ही हमारी सहायता है। पर ऐसा कौन नरवानर है जो उसे मार सके, यह बात उसी अविनाशीके हाथ है वह चाहे तो सब सुगम है।'

टिप्पणी—७ (क) *'धरनि धरहि मन धीर'*—पृथ्वी भय और शोकसे परम व्याकुल है। अतः धीरज देते हैं। *'धरनि'* का भाव कि तुम विश्वको धारण करनेवाली हो, अतः धैर्य धारण करो। धैर्य धारणकर

अपना 'धरणि नाम सार्थक कर।' *'हरि पद सुमिरु'*—हरिके चरणोंका स्मरण करनेको कहा, क्योंकि भगवान्‌के स्मरणसे धैर्य बँधता और कष्ट निवृत्त होता है। कष्टमें भगवान्‌का स्मरण करना चाहिये, यथा—*'कह कपि हृदय धीर धरु माता। सुमिरु राम सेवक सुखदाता॥'* (५। १५) स्मरणमें 'हरि' पद दिया क्योंकि 'क्लेशं हरतीति हरिः' और 'विपत्ति' भंजन करनेमें 'प्रभु' शब्दका प्रयोग किया क्योंकि दारुण विपत्तिके भंजन करनेमें वे 'प्रभु' अर्थात् समर्थ हैं, इसीसे देवताओंने रघुनाथजीसे लंकामें कहा है कि *'दारुन बिपति हमहि यह दीन्हा।'*

बैठे सुर सब करहिं बिचारा। कहँ पाइअ प्रभु करिय पुकारा॥ १॥
पुर बैकुंठ जान कह कोई। कोउ कह पयनिधि बस* प्रभु सोई॥ २॥
जाके हृदय भगति जसि प्रीती। प्रभु तहँ प्रगट सदा तेहि रीती॥ ३॥
तेहि समाज गिरिजा मैं रहेऊँ†। अवसर पाइ बचन एक कहेऊँ॥ ४॥

शब्दार्थ—पुकारा=फरियाद, दुहाई, रक्षा या सहायताके लिये चिल्लाहट। अपनी ओर ध्यान आकर्षित करनेके लिये जोरसे किसीका नाम लेना या कोई बात कहना। किसीसे पहुँचे हुए दुःख वा हानिका उससे निवेदन जो दण्ड या पूर्तिकी व्यवस्था करे।

अर्थ—सब देवता बैठे हुए विचार करते हैं कि प्रभुको कहाँ पावें, कहाँ जाकर पुकार करें (अपना दुःख सुनायें)॥ १॥ कोई वैकुण्ठ जानेको कहता है और कोई कहता है कि वही प्रभु क्षीरसागरमें निवास करते हैं॥ २॥ जिसके हृदयमें जैसी भक्ति और जैसा प्रेम है प्रभु (उसके लिये) वहीं सदा उसी रीतिसे प्रकट हो जाते हैं॥ ३॥ हे गिरिजे! उस समाजमें मैं भी था। अवसर पाकर मैंने एक बात कही॥ ४॥

टिप्पणी—१ (क) *'बैठे सुर सब करहिं बिचारा'* से जनाया कि देवताओंने सभा की, उनका समाज विचार करनेके लिये बैठा जैसा आगेके *'तेहि समाज गिरिजा मैं रहेऊँ'* से स्पष्ट है। (अथवा ऐसा भी सम्भव है कि सब देवता वहाँ एकत्र थे ही, अतः सभी सोच रहे हैं कि कहाँ अविनाशी प्रभुको पावें! कहाँ उनसे जाकर पुकार करें?) (ख) *'कहँ पाइअ प्रभु'* अर्थात् जो हमारी विपत्ति हरण करनेको समर्थ हैं उनको कहाँ पावें, कहाँ जाकर मिलेंगे? वे विचार करते हैं कि रावण हमसे अवध्य है, (ब्रह्माके पास गये सो उन्होंने स्वयं कहा है कि *'जाकर तैं दासी सो अबिनासी हमरेउ तोर सहाई'* तथा *'प्रभु भंजिहि दारुन बिपति।'* इससे यह स्पष्ट है कि वे भी कुछ कर नहीं सकते, तथा *'मोर कछू न बसाई',* अतएव) वे अब न तो ब्रह्मासे कहते हैं और न शिवजीसे ही कि आप रावणका वध करें, क्योंकि दोनोंहीने रावणको वर दिया है। यह बड़े लोगोंकी रीति है कि जिसे वे बनाते हैं उसे बिगाड़ते नहीं। (और यदि वे ऐसा करें तो फिर उनके वर और शापका मूल्य ही कुछ न रह जाय। और, जब वचनका मूल्य न रहा तो उन्हींका क्या मूल्य रह गया? वाल्मीकीयमें शिवजीने स्वयं कहा है कि हम वर दे चुके हैं, अतः इसको क्या मारें!) अब रहे विष्णु, यह रावणको मार सकते हैं; ये वचनबद्ध नहीं हैं; अतएव सोचते हैं कि कहाँ जाकर उनसे पुकार करें? इसीपर कोई वैकुण्ठ जानेकी सलाह देते हैं। (ग) प्रभुसे पुकार करनेका भाव कि जब-जब देवताओंको दुःख होता है तब-तब वे ही दुःख हरते हैं, यथा—*'जब जब नाथ सुरन्ह दुख पायो। नाना तनु धरि तुम्हइँ नसायो॥'* (६। १०९) (घ) *'पुर बैकुंठ जान कह कोई।......'* इति। भाव कि जब किसीने कहा कि प्रभुको कहाँ पावें? तब किसीने उत्तर दिया कि वैकुण्ठको चलो, वे वहाँ मिलेंगे। जो स्थान जिस देवताका जाना हुआ है वह वही स्थान बताता है। (दूसरे जो क्षीरशायी भगवान्‌का

---

* महुँ बस सोई—(ना० प्र०)। महँ प्रभु सोई—(रा० प०)। 'रह प्रभु'। †१६६१में 'रहोऊँ' है।

अवतार लेना जानते हैं वे क्षीरसिंधु जानेको कहते हैं।) वैकुण्ठवासी और क्षीरशायी भगवान् अवतार लेते हैं। इससे उनके यहाँ जानेको कहते हैं। ☞देवताओंके वचन उत्तरोत्तर श्रेष्ठ हैं।*'कहँ पाइअ प्रभु करिय पुकारा'* इस वचनमें प्रभुकी प्राप्तिका ठिकाना नहीं है, इससे *'पुर बैकुंठ जान कह कोई'* यह वचन विशेष है, क्योंकि इसमें प्रभुकी प्राप्तिका ठिकाना है। परंतु वैकुण्ठ दूर है इससे कोई कहता है कि *'पयनिधि बस प्रभु सोई'* यह वचन विशेष है। क्षीरसमुद्र निकट है। आगे शिवजीका वचन इससे भी विशेष है क्योंकि जहाँ सब बैठे हुए हैं वहीं प्रभुकी प्राप्ति उन्होंने बतायी। ☞(तीन उपासनाएँ यहाँ दिखायीं। जो वैकुण्ठवासीके उपासक हैं, उन्होंने वैकुण्ठ जानेको और जो लक्ष्मीनारायणके उपासक हैं उन्होंने क्षीरसिंधु जानेको कहा)!

वे० भू० पं० रा० कु० दास—ब्रह्माके एक दिनको कल्प कहते हैं। और *'कल्प कल्प प्रति प्रभु अवतरहीं',* इस तरह ब्रह्माके एक वर्षमें ३६० बार प्रभुका अवतार हो जाता है। अतएव ब्रह्माजीने बहुत बार श्रीरामावतार देखा है, इससे वे जानते हैं कि रामावतार वैकुण्ठ अथवा क्षीरसागरसे नहीं होता किन्तु साकेताधीश श्रीराम ही दाशरथी राम होते हैं—**'तथा रामस्य रामाख्या भुवि स्यादथ तत्त्वतः।'** (अथर्ववेद) विरजापार त्रिपाद्विभूतिमें केवल मुक्त जीव जा-आ सकते हैं—**'यत्र गच्छन्ति सूरयः।'** देवता बद्ध जीव हैं—*'भव प्रवाह संतत हम परे'* के अनुसार ये वहाँ जा नहीं सकते।

ब्रह्माजी तो इस विचारमें हैं कि क्षीरसागर-वैकुण्ठादिसे काम न चलेगा जो एकपाद्विभूतिमें हैं, अतः कैसे काम चलेगा? रहे देवता। वे अवतारकी व्यवस्था नहीं जानते, क्योंकि एक कल्पके भीतर चौदह इन्द्र हो जाते हैं। प्रत्येक इन्द्रके साथ-साथ मनु, सप्तर्षि और देवता आदि भी दूसरे-दूसरे हो जाते हैं। (विष्णु-पुराणादिमें विस्तृत वर्णन है, इस तरह एक कल्पके भीतर देवताओंके कई जन्म हो जाते होंगे।

देवता इतना जानते हैं कि वृन्दाका शाप वैकुण्ठाधीशको हुआ, जय-विजयको सनकादिकका शाप रमा-वैकुण्ठमें हुआ और नारदशाप क्षीरशायीको हुआ तथा नृसिंहावतार क्षीरसागरसे ही हुआ था, यथा—**क्षीरोदार्णवशायिनं नृकेशरिणम्।** नृ० ता०। अतः देवताओंका खयाल है कि नृसिंहवामनादिकी तरह रावणवधार्थ भी क्षीरसागर या वैकुण्ठसे ही कोई अवतार होगा इससे वहीं जाना ठीक होगा। परंतु दोमेंसे कहाँ जायँ! इस सोचमें हैं।

प० प० प्र०— वैकुण्ठाधीश विष्णु तथा क्षीरनिधिनिवासी श्रीमन्नारायणका रामावतार लेना तो अवतारहेतु-प्रकरणसे स्पष्ट है। जिस कल्पमें यह सभा बैठी है उसमें तो **'रामस्तु भगवान् स्वयम्'** (प० पु०) का ही अवतार मनु-शतरूपा वर-प्रदानके अनुसार होनेवाला है, यह शिवजी जानते हैं, इसीसे उन्होंने कहा कि वे सर्वत्र हैं, जहाँ चाहो प्रकट हो सकते हैं। साधारण अज्ञानी लोग यह नहीं जानते कि विष्णु, नारायण और राम तत्त्वतः एक हैं, अतः यहाँ दिखाया है कि रामावतार इन तीनोंमेंसे किसी एकका होता है।

बैजनाथजी लिखते हैं कि देवताओंकी उक्तिमें भाव यह भी है कि जब किसीने वैकुण्ठ जानेको कहा तब सब वैकुण्ठ गये। वहाँ भगवान्‌ने कहा कि इस रावणकी मृत्यु हमारे हाथ नहीं है। तब किसीने क्षीरसमुद्र जानेको कहा। वहाँ जानेपर भी वही उत्तर मिला। जब सब देवता असमंजसमें हुए तब वे शिवजीके पास आये और ये कहा कि अविनाशी प्रभु कहाँ मिलें। (यह भाव शिथिल सा जान पड़ता है।)

टिप्पणी—२ (क) *'जाके हृदय भगति जसि प्रीती'* इति। इस वाक्यके कथनका तात्पर्य यह है कि देवताओंके विचारसे न तो भगवान् प्रकट ही हुए और न आकाशवाणी ही हुई। इसीपर कहते हैं कि जिसके हृदयमें जैसी भक्ति और जैसी प्रीति है उसी रीतिसे प्रभु वहाँ सदा प्रकट होते हैं। देवताओंकी भक्ति और प्रीति वैकुण्ठवासी और क्षीरशायी विष्णुभगवान्‌में है इसीसे उनके पास वे जानेको कहते हैं। जब देवता वहाँ जायँ तब उनको भगवान् वहीं मिलें, यहाँ नहीं मिल सकते। *'जसि प्रीती'* का भाव कि भगवान् प्रीतिसे प्रकट होते हैं, यथा—*'अतिसय प्रीति देखि*

रघुबीरा। प्रगटे हृदय हरन भव भीरा॥' जहाँ भावना करो वहीं प्रकट होते हैं। [जैसे नारदजीने कौतुकी नगरमें ही खड़े-खड़े प्रार्थना की तो वहीं प्रकट हो गये थे। यथा—*'बहु बिधि बिनय कीन्हि तेहि काला। प्रगटेउ प्रभु कौतुकी कृपाला॥'* *'तेहि समाज गिरिजा मैं रहेऊँ'* इससे जनाया कि उस समाजमें शिवजीका भी होना वे नहीं जानती हैं। पार्वतीजीकी यह प्रार्थना है कि *'जो प्रभु मैं पूछा नहिं होई। सोउ दयालु राखहु जनि गोई॥'* (१११। ४) इसीसे शिवजी अपना वहाँ होना उनसे कहते हैं। (ग) *'अवसर पाइ बचन एक कहेऊँ।'* तात्पर्य कि सब देवता अपने-अपने विचार प्रकट कर रहे थे, इससे बीचमें कहनेका अवकाश न मिला था। जब सब कहकर चुप हो रहे, कोई एक विचार निश्चित न हो पाया तब अवसर पाकर मैंने कहा]। *'अवसर पाइ'* क्योंकि अवसरपर कही हुई बात काम करती है। यथा—*'रानि राय सन अवसरु पाई। अपनी भाँति कहब समुझाई॥'* (२। २८४) इत्यादि। अवसर यही था कि कोई मत निश्चित न कर सके, थककर बैठ गये, तब कहना योग्य था।

नोट—शंकरजी कहाँसे आ गये? उत्तर यह है कि देवता ब्रह्माजीके पास गये थे। ब्रह्माजीने सोचा कि यह बात मेरे वशकी नहीं है। अतः वे सबको साथ लेकर कैलास पर्वतपर गये। सब देवताओंने उनकी स्तुति की। शंकरजीने सबको अपने पास बुला भेजा। ब्रह्माजीने सबके आगमनका कारण बताया। तब वे भी साथ हो लिये। [(पद्मपु० पातालखण्ड) इसके आगेकी कथा मानससे भिन्न है] मानस-कल्पकी कथासे ऐसा अनुमान होता है कि कैलासपर ही सब विचार होने लगा। शंकरजी सबको लेकर कहीं गये नहीं, यह उनके *'हरि ब्यापक सर्बत्र समाना'* से स्पष्ट है। विशेष दो० १८७ में देखिये।

हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें* प्रगट होहिं मैं जाना॥५॥
देस काल दिसि बिदिसिहु माहीं। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं॥६॥
अगजगमय सब रहित बिरागी। प्रेम तें प्रभु प्रगटै जिमि आगी॥७॥
मोर बचन सब के मन माना। साधु साधु करि ब्रह्म बखाना॥८॥

दो०—सुनि बिरंचि मन हरष तन पुलकि नयन बह नीर।
अस्तुति करत जोरि कर सावधान मति धीर॥१८५॥

शब्दार्थ—**'दिसि बिदिसि'**—पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण ये चार दिशाएँ हैं। अग्निकोण (पूरब-दक्षिणके बीचमें), नैर्ऋती (दक्षिण-पश्चिमके बीचमें), वायवी (पश्चिम-उत्तरके बीचमें) और ऐशानी (उत्तर-पूरबके बीचमें)—ये चार विदिशाएँ हैं। ऊपर, नीचे (ऊर्ध्व और अधर)—ये दो मिलाकर सब दस दिशाएँ हैं। **विदिसि**=दो दिशाओंके बीचका कोना। **अग**=स्थावर, जड, अचर। **जग**=जंगम, चर, चेतन। **बिरागी**=राग-ममत्वरहित, उदासीन। **'साधु-साधु'**—सत्य है, सत्य है! वाह-वाह! शाबाश! ठीक है, ठीक है, तुम परम साधु हो!

अर्थ—'भगवान् सर्वत्र समानरूपसे व्याप्त हैं और प्रेमसे प्रकट हो जाते हैं, यह मैं जानता हूँ॥ ५॥ कहिये तो, वह कौन देश, काल, दिशा, विदिशा है जहाँ प्रभु न हों?॥ ६॥ (प्रभु) सब चराचरमय हैं, सबसे अलग हैं और अलिप्त वा रागरहित हैं। वे प्रेमसे प्रकट हो जाते हैं, जैसे अग्नि (लकड़ी)से'॥ ७॥ मेरी बात सबके मनमें जमी अर्थात् सबोंने मान ली। मनमें हर्ष हुआ, शरीरमें रोमाञ्च हुआ और नेत्रोंसे जल (प्रेमाश्रु) बहने लगा और वे धीरबुद्धि (ब्रह्माजी) सावधानतासे हाथ जोड़कर स्तुति करने लगे॥ १८५॥

टिप्पणी—१ (क) *'हरि ब्यापक सर्बत्र समाना।'* देवताओंने भगवान्‌को एकदेशीय बताया अर्थात् उनका एक देशमें रहना बताया, यथा—*'पुर बैकुंठ जान कह.....'*, *'कोउ कह पयनिधि बस प्रभु सोई'*। इसीपर

* तैं—१६६१।

शिवजी कहते हैं कि वे सर्वत्र समान व्यापक हैं। (ख) *'प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना'* इति। *'मैं जाना'* का भाव कि तीन कल्पोंकी बात देवताओंने कही। *'पुर बैकुंठ जान कह कोई'* इससे जय-विजय और जलंधरके निमित्त वैकुण्ठवासी भगवान् रामजी हुए। अतः इस वाक्यसे उन कल्पोंको कहा गया। *'कोउ कह पयनिधि बस प्रभु सोई',* यह वाक्य क्षीरशायी भगवान्‌का बोधक है। रुद्रगणोंके लिये क्षीरशायी भगवान् रामजी हुए। चौथे कल्पकी कथा कोई नहीं जानते, जो भानुप्रताप-अरिमर्दनके लिये परात्पर ब्रह्मका अवतार है-*'ब्रह्म भएउ कोसलपुर भूपा'* इसे महादेवजी कहते हैं। *'मैं जाना'* का भाव यही है कि इस बातको शंकरजी ही जानते हैं और यह कथा भी कही हुई शंकरजीकी ही है। यथा-*'सुनु मुनि कथा पुनीत पुरानी। जो गिरिजा प्रति संभु बखानी॥'* जो देवताओंकी जानी है वही आकाशवाणी है।

नोट—१ *'सर्बत्र समाना'*—शिवजी इस गुप्त रहस्यको प्रकट न कर सकते थे, क्योंकि संतमतमें भविष्य गुप्त भेद प्रकट करनेकी रीति नहीं है, दूसरे देवताओंकी दृष्टि यहाँतक नहीं पहुँची थी, उनको प्रतीति भी न होती। अतएव उन्होंने इतना ही कहा कि प्रभु सर्वत्र हैं, जहाँ प्रेमकी विशेषता हुई वे प्रकट हो गये, जैसे लकड़ीमें अग्नि सर्वत्र एक-सी है पर जहाँ रगड़की विशेषता होती है वहींसे वह उत्पन्न हो जाती है।—(मा० त० वि०) शिवजीने लक्षणारूपसे भगवान्‌का परिचय तो दे ही दिया, केवल नाम न प्रकट किया, इस बातको केवल ब्रह्माजी समझे। (स्नेहलताजी) *'समाना'* का भाव कि यह बात नहीं है कि वैकुण्ठमें कुछ अधिक हों या क्षीरसागरमें कुछ अधिक हों और यहाँ कुछ कम हों, वे तो सर्वत्र समान हैं, पर अव्यक्तरूपसे हैं। वे प्रेमसे ही व्यक्तरूपमें आते हैं। (वि० त्रि०)

नोट—२ इस प्रसङ्गमें पृथक्-पृथक् मत दिखलाये हैं। कुछ तो यही समझते थे कि वे वैकुण्ठभगवान् ही अवतार लेते हैं और कोई यह समझता है कि श्रीमन्नारायण ही अवतार लेते हैं। अपने-अपने विश्वास और भक्तिके अनुसार उन्होंने अपनी-अपनी सम्मति दी कि वहाँ चलकर प्रभुसे प्रार्थना करें या यों कहिये कि यहाँ नाना पुराणों और रामायणोंके आचार्योंके सम्मत एकत्र कर दिये हैं। किसीने वैकुण्ठसे अवतार गाया है, जैसे जलंधर और जय-विजयके लिये और किसीने क्षीरसागरसे, जैसे हरगणोंके लिये, इसीलिये कोई वैकुण्ठ और कोई क्षीरसमुद्रकी सम्मति देता है—(मा० त० वि०)। केवल ब्रह्माजी और शिवजी जानते हैं कि वहाँसे यह अवतार न होगा। ये सबसे बड़े हैं जबतक ये भी उनसे सहमत न हों उनका प्रस्ताव चल न सकता था, पर जब देवता कोई एक बात निश्चित न कर सके तब श्रीशिवजी बोले। नोट ७ भी देखिये।

नोट—३ श्रीशिवजीने प्रथम ही क्यों न कहा? इस प्रश्नको लेकर लोग इसका उत्तर यह देते हैं कि (१)—उन्होंने सोचा कि सबकी सम्मतिसे यदि कोई विचार निश्चित हो जाय तो हमें कुछ कहना ही न पड़े। जब देखा कि सब अपनी-अपनी गा रहे हैं, समय व्यर्थ जा रहा है, तब बोले। (२)—आप जानते हैं कि यह अवतार श्रीसाकेतविहारीका होगा न कि वैकुण्ठ वा क्षीरशायीभगवान्‌का। इसलिये जब सबकी सुन चुके तब यही विचारकर कि ऐसा न हो कि ये कहीं चल दें जिसमें व्यर्थ परिश्रम हो, इन्होंने इससे अपना मत कह दिया। पुनः (३)—यदि प्रथम ही अपना मत कह देते तो आपकी बातका इतना आदर न होता, संकोचवश कोई कुछ कहता नहीं पर जीको यह मत भाता या न भाता, यह निश्चय न था।

नोट—४ बाबा जयरामदास रामायणीजी यह अर्थ करते हैं कि 'जो प्रभु श्रीवैकुण्ठधाममें रहते हैं तथा जो प्रभु क्षीरसागरमें रहते हैं वही हरि व्यापक भी हैं, जहाँ प्रेम किया जाय वहीं प्रकट हो जाते हैं।' (कल्याण ५-६-९०७)

टिप्पणी—२ (क) *'देस काल दिसि बिदिसिहु माहीं।'* पूर्व जो कहा था कि हरि सर्वत्र व्यापक हैं उसीका व्यौरा यहाँ करते हैं कि 'देश, काल' इत्यादि। (ख) *'अगजगमय सब रहित बिरागी।'* विरागी अर्थात् रागद्वेषरहित हैं। जहाँ विराग है वहाँ राग है। वह (प्रभु) रागसे अगजगमय नहीं हैं तथा

द्वेषसे सबसे रहित नहीं हैं। [अर्थात् अगजगमय होनेसे यह न समझो कि उनका इसमें राग वा प्रेम है और सब रहितसे यह न समझो कि वे सबसे द्वेष रखते हैं अतः सबसे अलग हैं; किंतु जड़चेतनमय होते हुए भी वे सर्वरहित और विरागी भी हैं। यह दो विरोधी बातें कहकर उनका ऐश्वर्य दरसाया। अथवा, जैसे कमल जलमें होते हुए भी उससे निर्लिप्त रहता है वैसे ही जगमय होते हुए भी प्रभु सर्वरहित हैं। (ग) *'प्रेम तें प्रभु प्रगटै जिमि आगी'* इति। भाव कि सेवकका काम बिना प्रकट हुए व्यापकसे नहीं चलता। इसीसे प्रकट होनेका उपाय बताते हैं। जैसे अग्नि काठके भीतर रहता है और संघर्षणसे प्रकट होता है; इसी तरह हरि सर्वत्र व्यापक हैं। प्रेमसे प्रकट होते हैं। 'प्रभु अग्निकी तरह प्रेमसे प्रकट होते हैं', इस कथनका भाव यह है कि ब्रह्मका विवेक अग्निके समान है, यथा—*'एक दारु गत देखिअ एकू। पावक सम जुग ब्रह्म बिबेकू॥'*

वि० त्रि०—अग्निका प्राकट्य चार प्रकारसे होता है—आवेश, प्रवेश, स्फूर्ति और आविर्भाव। इसी भाँति प्रभुका प्राकट्य भी चार प्रकारसे होता है। बर्तनके पानीमें जैसे अग्निका आवेश होता है, वैसे ही आवेशावतार कुछ दिनके लिये होता है। लोहेके गोलेमें अग्निप्रवेशकी भाँति प्रवेशावतार होता है। बिजलीकी चमककी भाँति स्फूर्ति-अवतार क्षणभरके लिये होता है और आविर्भाव तो पत्थरमें टाँकीकी चोटसे साक्षात् अग्निके प्राकट्यकी भाँति प्रभुका आविर्भाव होता है, अतः अग्निकी उपमा दी।

लमगोड़ाजी—जैसा पहले विस्तारसे एक नोटमें लिखा जा चुका है कि तुलसीदासजीका अवतारवाद बड़े ही तर्कपूर्ण (rationaliot) रूपमें है। इसीलिये उन्होंने उपमा भी वैज्ञानिक ही दी है कि जैसे अग्नितत्त्व सब जगह व्यापक है पर एक जगह संघर्ष या किसी अन्य प्रयोगसे प्रकट होता है उसी तरह परमात्मा 'सर्वत्र' 'समान' रूपसे व्यापक है और 'प्रेम' रूपी प्रयोगसे प्रकट होता है।

नोट—५ *'प्रगट सदा तेहि रीती'''''प्रेम तें प्रभु प्रगटै।'*—ब्रह्म तो सर्वत्र है पर प्रेम सर्वत्र नहीं। मन्दिर और मूर्तिमें प्रेमका संचार अधिक होता है इससे वहाँ लोग सिर झुकाते हैं। जो सबमें प्रभुको एक-सा देखते हैं, जिनका प्रेम सर्वत्र एकरस है जैसे प्रह्लादजीका, उन्हें अग्नि, जल, खम्भ सभीमेंसे भगवान् प्रकट हो जाते हैं। यथा—*'प्रीति प्रतीति जहाँ जाकी तहँ ताको काज सरो'*—(वि०), *'काढ़ि कृपान कृपा न कहूँ पितु काल कराल बिलोकि न भागे। राम कहाँ? सब ठाउँ हैं खंभमें?' हाँ, सुनि हाँक नृकेहरि जागे'*—(क० उ० १२८), *'प्रेम बदों प्रहलादहि को जिन पाहन तें परमेश्वर काढ़े'* (क० उ० १२७), *'त्राहि तीन कहि द्रौपदी ऊँच उठायो हाथ। तुलसी कियो इग्यारहौं बसन बेष यदुनाथ॥'* (दो०) *'तुलसी परखि प्रतीति प्रीति गति आरतपाल कृपालु मुरारी। बसन बेष राखी बिसेष लखि बिरदावलि मूरति नर नारी॥'*—(कृष्ण गीतावली)

नोट—६ *'देस काल दिस''''''* इति। यहाँ प्रभुको वस्तु, देश और काल तीनोंसे अपरिच्छिन्न कहते हैं। *'हरि व्यापक सर्बत्र समाना'* में वस्तु और *'देस काल दिसि बिदिसिहु माहीं''''* में देश और काल कहे।

टिप्पणी—३ *'मोर बचन सब के मन माना।'* भाव कि और लोगोंकी बातें सबके मनमें न आयीं, न जँचीं। यदि मनमें आतीं तो अनेक बातें क्यों कहते? मेरी बात सबको ठीक जँची। (क्योंकि सामञ्जस्य बैठ गया, किसीके अनुभवका खण्डन नहीं हुआ, बल्कि उपपत्ति हो गयी। वि० त्रि०) *'साधु साधु करि ब्रह्म बखाना'* से जनाया कि मेरी बातसे ब्रह्मा अधिक प्रसन्न हुए, इसीसे वे प्रशंसा करने लगे। और देवताओंके मन इस बातको मान गये, उनको यह बात अच्छी लगी, क्योंकि इन्होंने भगवान्‌की प्राप्तिका सुगम उपाय बताया, कहीं जाना-आना नहीं है। दूसरे शिवजीने अपना प्रमाण भी अपने वाक्यके साथ दिया है कि *'प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना',* इससे जनाया कि शिवजीके वचनोंका विश्वास सबको है। *'साधु साधु'* कथनका भाव कि अच्छी बात सुनकर प्रशंसा करनी चाहिये, प्रशंसा न करना दोष है। दूसरे ऐसा न करनेसे कहनेवालेका अपमान सूचित होता है।

नोट—७ मा० म० और अ० दी० कारका मत है कि शिवजीने विचारा कि जिन परतम प्रभुके चरितमें गरुड़, सती और भरद्वाजको मोह हो गया उन अज अगुण ब्रह्मके दशरथपुत्र होनेमें विषयी सत्सङ्गविहीन

देवताओंको भला कब विश्वास होगा। और इस समय परब्रह्मका ही अवतार होना है। यदि देवता वैकुण्ठ गये तो वहाँसे आकाशवाणी होगी कि रावणका वध हमसे न होगा, फिर क्षीरसागर जानेपर भी यही उत्तर मिलेगा। तब ब्रह्मके अवतारका रहस्य प्रकट हो जायगा, जो प्रभु नहीं चाहते। दूसरे देवताओंको विश्वास भी न होगा। कभी-कभी किसी कल्पमें विष्णु आदिका भी अवतार हो जाता है, इससे ब्रह्माको भी पता नहीं चलता कि इस कल्पमें कौन अवतार लेगा। यह बात शिवजी ही जानते हैं। अत: उन्होंने गुप्तरूपसे कह दिया *'प्रेम तें प्रभु प्रगटै जिमि आगी।'* यहाँ *'प्रगट'* शब्द गूढ़ है। मनुसे प्रभुने यही शब्द कहा था *'होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे।'* देवता इस मर्मको न समझ पाये। किन्तु ब्रह्माजी इस संकेतको समझ गये। अत: वे प्रसन्न हुए।

टिप्पणी—४ (क) *'सुनि बिरंचि मन हरष तन पुलक""'* इति। शिवजीने जो कहा कि प्रेमसे प्रभु प्रकट होते हैं, ब्रह्माने वही किया अर्थात् प्रेम किया। शरीर पुलकित हुआ, नेत्रोंसे जल बह चला, यह प्रेमकी दशा है [दूसरे, श्रीशिवजी परमभागवत हैं अत: उनके भक्तियुक्त वचन सुनते ही तुरत प्रेम उमड़ आया]। (ख) यहाँ ब्रह्माजीका मन, कर्म और वचन तीनोंसे भगवान्‌की भक्ति करना दिखाते हैं—मन हर्षित है, तन पुलकित है, वचनसे स्तुति करते हैं—*'रामहिं सुमिरत रन भिरत देत परत गुरु पाय। तुलसी जिन्ह तन पुलक नहिं ते जग जीवत जाय॥'* (दोहावली) (ग) *'सावधान मतिधीर'* कथनका भाव कि शिवजीके वचन सुनकर प्रथम प्रेममें मग्न हो गये, फिर सावधान हुए बुद्धिको धीर किया।

नोट—८ (क) इस दोहेके तृतीय चरणमें एक मात्रा कम है। कवि इससे यहाँ अपनी भी प्रेम-विह्वल-दशा प्रकट कर रहे हैं। (ख) *'जोरि कर'*। हाथ जोड़ना विशेष नम्रता तथा देवताको शीघ्र प्रसन्न करनेकी मुद्रा है। प्रसन्न करनेका यह एक ढंग है, यथा—*'भलो मानिहैं, रघुनाथ हाथ जोरि जो माथो नाइहै'* (विनयपत्रिका) पंजाबीजी लिखते हैं कि 'दोनों हाथ जोड़कर दर्शित किया कि हमने रावणके नाशके लिये दो सन्धियाँ छोड़े रखी हैं।' (ग) स्तुति यहाँ केवल ब्रह्माजीने की; क्योंकि ये सबसे बड़े हैं। ब्रह्माजी यहाँ सबके मुखिया बनकर स्तुति कर रहे हैं। पुन: भाव कि रावणको वर देने यही प्रथम गये थे। उसे वर देकर सब अनर्थका कारण ये ही हुए हैं, इससे सबका भार इन्हींके माथे है। पुन: प्राय: जब-जब अवतारके लिये स्तुति की जाती है तब-तब प्राय: ये ही सबकी ओरसे स्तुति करते हैं। यह परिपाटी है। अत: इन्होंने स्तुति की।

छं०—जय जय सुरनायक जनसुखदायक प्रनतपाल भगवंता।
गो द्विज हितकारी जय असुरारी सिंधुसुता प्रिय कंता॥
पालन सुर धरनी अद्भुत करनी मरम न जानै कोई।
जो सहज कृपाला दीनदयाला करो अनुग्रह सोई॥ १॥
जय जय अबिनासी सब घट बासी ब्यापक परमानंदा।
अबिगत गोतीतं चरित पुनीतं माया रहित* मुकुंदा॥
जेहिं लागि बिरागी अति अनुरागी बिगत मोह मुनिबृंदा।
निसिबासर ध्यावहिं गुनगन गावहिं जयति सच्चिदानंदा॥ २॥

शब्दार्थ—घट=पिण्ड, शरीर, हृदय। अबिगत=जो विगत न हो=जो जाना न जाय, अज्ञात, अनिर्वचनीय, यथा—*'राम सरूप तुम्हार बचन अगोचर बुद्धि पर। अबिगत अकथ अपार नेति नेति नित निगम कह॥'* (२। १२६) =जिसमें किसीकी किञ्चित् गति या पहुँच नहीं, जिसकी दीप्ति सदा एकरस रहती है। यथा—'**निष्प्रभे**

* रहीत—१६६१।

विगतारेकौ' इत्यमरः। वि० त्रि० जी लिखते हैं कि **'इःस्वप्नादौ'** इस सूत्रसे यकारको 'इ' हुआ। **'विप्रकर्षः'** इस सूत्रसे युक्त वर्ण पृथक् हुए। **'अजादौ स्वरादसंयुक्तानां क ख त थ प फां गव दध बमाः'** इससे 'क' को 'ग' होकर 'अव्यक्त' का 'अविगत' रूप सिद्ध हुआ। मुकुंदा=मुक्ति देनेवाले।

अर्थ—हे देवताओंके स्वामी! दासोंको सुख देनेवाले! शरणागतरक्षक भगवान्! आपकी जय हो, जय हो! हे गौ और ब्राह्मणोंके हित करनेवाले! असुरोंके शत्रु और सिंधुसुता श्रीलक्ष्मीजीके प्रिय कंत (पति)! आपकी जय हो। हे देवताओं और पृथ्वीके पालन करनेवाले! आपके कर्म अद्भुत हैं उनका मर्म (रहस्य) कोई नहीं जानता। (ऐसे) जो स्वाभाविक ही कृपाल और दीनदयाल हैं वे (आप हमपर) कृपा करें॥ १॥ हे अविनाशी, घट-घटमें वास करनेवाले, सबमें व्याप्त, परमानन्दरूप, जिनकी गति कोई नहीं जानता, इन्द्रियोंसे परे, पवित्र-चरित, मायारहित, मुक्ति-भुक्तिके दाता! आपकी जय है, जय है! जिनके लिये वैराग्यवान् मुनिवृन्द मोहरहित होकर अत्यन्त अनुरागसे रात-दिन ध्यान लगाते और जिनके गुणगण गाते हैं उन सच्चिदानन्द भगवान्की जय!॥ २॥

टिप्पणी—१ *'जय जय सुरनायक जनसुखदायक*····*'* इति। (क) ☞ श्रीमद्भागवतमें भी ब्रह्मस्तुतिमें **'जय-जय'** शब्द प्रथम है। *'जय'* शब्दका अर्थ है **'सर्वोत्कर्षेण वर्त्तस्व'** अर्थात् आप सब प्रकारसे विजयी हों ('जय' शब्दका प्रयोग देवताओं वा महात्माओंकी अभिवन्दना सूचित करनेके लिये होता है जिसमें कुछ याचनाका भी भाव मिला रहता है। पुनः 'जय' भगवान्का एक नाम भी है। यथा—**'जयो जितारिः सर्वादिः शमनो भयभंजनः।'** (ख) आ० रा० राज्यकाण्ड १। १०३) इस प्रकार *'जय जय'*= हे सर्वविजयिन्! आप उत्कर्षको प्राप्त हों।) (ख) सुरनायक, जनसुखदायक इत्यादि सब विशेषण साभिप्राय हैं। (सुर, जन प्रणत आदि जिनका-जिनका यहाँ नाम ले रहे हैं उन्हीं-उन्हींके लिये यह स्तुति कर रहे हैं। आप सुरनायक हैं, अतः समस्त देवताओंकी रक्षा कीजिये। सेवककी रक्षा स्वामी ही करता है। सन्त और मुनि आपके जन हैं। वे सब दुःखी हैं। आप जनसुखदायक हैं; अतः उनका दुःख दूर करके उन्हें सुख दीजिये। आप प्रणतपाल हैं। सब देवता, सन्त, मुनि, गौ और ब्राह्मण सब आपकी शरण हैं, हम सबोंको शरण दीजिये। आप भगवन्त हैं, हम आपके भक्त हैं। भक्त और भगवन्तका सम्बन्ध है, यथा—*'ब्यापक बिस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना॥ सो केवल भगतन हित लागी।'* (१३। ४-५) *'भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप।'* [पुनः, भाव कि आप षडैश्वर्ययुक्त हैं। यह सारा जगत् आपका ऐश्वर्य है। रावण उसे नष्ट करना चाहता है। उसकी रक्षा करना आपका कर्तव्य है।] *'गो द्विज हितकारी'* हैं, आप गौ-ब्राह्मणके हितैषी हैं (रावण उन्हें खाये जाता है। उनका नाश कर रहा है, यथा—*'जेहिं जेहि देस धेनु द्विज पावहिं। नगर गाँउँ पुर आगि लगावहिं॥'* *'निसिचर निकर सकल मुनि खाए। सुनि रघुबीर नयन जल छाए॥'*) उनका हित करना आपको उचित है। उनका हित कीजिये।

टिप्पणी—२ (क) यहाँतक सुरनायक, जनसुखदायक, गोद्विजहितकारी विशेषणोंसे सुर, सन्त, गौ, विप्र—ये चार नाम कहे। इन चारके लिये ही प्रार्थना करनेका भाव यह है कि इन्हीं चारके लिये भगवान्का अवतार होता है; यथा—*'बिप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार।'* (१९२) अतः इन्हींको पीड़ित कहकर इनकी रक्षाकी प्रार्थना की। (ख) *'जय असुरारी।'* असुरारीका भाव कि देवता, गौ, ब्राह्मण, सन्त सबका हित असुरोंके वधसे होगा। (पुनः, भाव कि दैत्यदलन तो आपका सहज स्वभाव है सो आप क्यों भूल गये? अपना असुरारी नाम सत्य कीजिये। *'जय'* का भाव कि आप असुरोंपर सदा जयमान् हैं। *'जय'* शब्द यहाँतक तीन बार आया है। इसमें आदरकी वीप्सा है। रा० प्र० का मत है कि इससे व्याकुलता और प्रेम प्रकट होता है)। (ग) *'सिंधुसुता प्रिय कंता'* का भाव कि आप लक्ष्मीके प्रिय कन्त हैं, वे आपको कभी नहीं छोड़तीं। अतः असुरोंका वध करनेके लिये आप लक्ष्मीसहित अवतार

लीजिये। [पुनः भाव कि आप समुद्रकी कन्याके पति हैं। समुद्र दुःखी है। लक्ष्मीजीके सम्बन्धसे उसका दुःख दूर कीजिये। पुनः लक्ष्मीजी धनकी अधिष्ठात्री देवी हैं, उनका जड स्वरूप ऐश्वर्य (श्री) नीचोंके हाथ पड़ी है, रावणका 'असद्व्यय' देख वे भी दुःखी हैं। (शीलावृत्त)]

नोट—१ वे० भू० जीका मत है *'सुरनायक''''कंता'* का भाव यह है कि आप भगवान् हैं, प्रणतपाल हैं; अतः गोद्विजादि पीड़ित होते हैं तब आगे कभी सुरनायक (राजा) बनते हैं, क्षीरशायी श्रीमन्नारायण भी आप ही बने जो आपका प्रथम अवतार है। यथा—**'जगृहे पौरुषं रूपं भगवान्महदादिभिः। संभूतं षोडशकलमादौ लोकसिसृक्षया॥'**(भा० १। ३। १) शेषशायीरूप ऐश्वर्यप्रधान अवतार है और इस समय माधुर्यमय राजारूपकी आवश्यकता है; इसीसे प्रथम *'सुरनायक'* कहकर तब *'सिंधुसुता प्रिय कंता'* कहा गया।

टिप्पणी—३ *'पालन सुर धरनी''''''करहु अनुग्रह सोई'* इति। (क) ☞यहाँ भगवान्‌की परोक्ष स्तुति है। इसीसे कहते हैं कि जो इन-इन गुणोंसे विशिष्ट हैं, जो ऐसा है वह अनुग्रह करे। ☞यहाँतक कर्मकाण्डके सम्बन्धसे स्तुति है। (ख) *'पालन सुर धरनी अद्भुत करनी।'* का भाव कि यदि कहें कि 'हम सुर-सन्त-गो-विप्रका हित कैसे करें?' तो उसपर कहते हैं कि सुर और पृथ्वीके पालन करनेमें आपकी अद्भुत करणी है, उसका मर्म कोई नहीं जानता कि आप क्या करेंगे। [अर्थात् आप इनका पालन करनेके लिये आश्चर्यजनक कर्म करते हैं, अनेक भाँतिके अद्भुत रूप धारण करते हैं। *'मरम न जानै कोई'* का यह भी भाव हो सकता है कि कोई यह मर्म समझ नहीं पाता कि जो काल समस्त ब्रह्माण्डोंको खा जाता है वह भी जिसका किंकर है वह समर्थ स्वामी वराहादि तन क्यों धारण करता है।—(पं०, रा० प्र०)] (ग) *'सहज कृपाला'* का भाव कि आप स्तुति-पूजा आदि किसी कारणसे नहीं कृपा करते। [आपके योग्य स्तुति, पूजा, जप, तप कोई कर ही क्या सकता है? जपतपादिसे कोई रिझानेका अभिमान करे तो महामूर्ख है। आप तो बिना कारण अपने सहज स्वभावसे ही कृपा करते हैं, यथा—*'सबपर मोहि बराबरि दाया।'* (७। ८७)। दोहा २८ (४) देखिये। अब कृपामें देर क्यों हो रही है? हम आपकी कृपाहीका आश्रय लिये हुए हैं]। *'दीनदयाला'* का भाव कि इस समय समस्त देवमुनिवृन्द आदि दीन हैं। दीन आपको प्रिय हैं, यथा —*'जेहिं दीन पियारे बेद पुकारे द्रवहु सो श्रीभगवाना', 'यह दिवान दिन दीन कनिगरे रीति सदा चलि आई।'*, [*'केहि दिवान दिन दीन को आदर अनुराग बिसेष'* इति विनय०। यहाँ परिकराङ्कुर अलंकार है]। (घ) *'करो अनुग्रह सोई।'* अर्थात् जो अनुग्रह आप दीनोंपर सदा करते आये हैं वही अनुग्रह हमपर कीजिये। यथा—*'नाथ सकल साधन मैं हीना। कीन्ही कृपा जानि जन दीना॥'* *सोई*=वही जो इन गुणोंसे युक्त हैं।

बाबा हरीदासजी—*'पालन सुर धरनी''''* का भाव यह है कि आप नर, नाग, यक्ष, गन्धर्वादि चराचर जीव-जन्तुओंको जो तीनों लोकोंमें जल, थल या नभमें जहाँ भी वे हैं अहर्निश जल-चारा देते हैं, क्षणमात्र किसीको भूलते नहीं, ऐसी अद्भुत करनी किसीमें नहीं है। आप सहजहीमें यह पालन-कार्य करते हैं, क्योंकि कृपाल हैं।—वही अनुग्रह हमपर कीजिये। हमारे अपराधोंको भुलाकर हमें जल-चारा दीजिये। यहाँ आकर ऐश्वर्यमान् राजा बनकर हमारा पालन कीजिये।

बैजनाथजी—(क) *'पालन सुर धरनी' 'जो सहज कृपाला''''सोई'* से जलंधर-रावणवाले कल्पके अवतारहेतु स्तुति सूचित की। जलंधरसे देवता और पृथ्वी व्याकुल हुए थे। शिवजी उसे मार न पाते थे, तब आपने ही कृपा की थी जिससे वह मारा गया। वही *'सहज कृपाला'* विष्णु अब फिर कृपा कीजिये; क्योंकि वही जलंधर अब रावण होकर हमें सता रहा है। (ख) *'अद्भुत करनी मरम न जानै कोई'* में जय-विजय-रावण-कुम्भकर्णहेतु वैकुण्ठवासी भगवान्‌की स्तुति है। अद्भुत करनी है इसीसे कोई मर्म नहीं जान पाता। सनकादि-ऐसे महर्षियोंको भी क्रोध आ गया और उन्होंने जय-विजयको शाप दे दिया—यह आपकी करनी है। जब जय-विजय हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष हुए तब आपने अद्भुत नृसिंहरूप धारण कर खम्भसे प्रकट हो प्रह्लादकी रक्षा की, हिरण्यकशिपुको मारा। वराहरूपसे हिरण्याक्षको मारकर पृथ्वीका उद्धार किया, इत्यादि। वह जय-विजय अब रावणादि हुए हैं, अतः अब आप हमारी रक्षा इनसे भी करें।

प० प० प्र०— (क) छन्द १में भुशुण्डि-कल्प नारदशापसम्बन्धित कथाकी प्रार्थना है। प्रथम चरणमें सुर और जन (अर्थात् मुनि आदि भक्त) अपनी रक्षाके लिये शरणागति जनाते हैं, यह *'प्रनतपाल'* से सूचित किया है। किससे रक्षा करें और क्या करें? यह *'असुरारी'* और *'गो द्विज हितकारी'* से सूचित किया। तीसरे चरणसे जनाया कि *'सुर धरनी'* का पालन कीजिये, कैसे करें यह हम नहीं जानते, क्योंकि आपकी करनी अद्भुत है। चौथे चरणमें दयाके लिये दीनता प्रकट करते हैं। (ख) वैकुण्ठवासी विष्णु ही शेषशायी नारायण हो गये हैं। (पं० पु० जालन्धर-कथा) सिंधुसुताके प्रिय कान्त होकर क्षीरसागरमें रहते हैं। अतः यह छन्द विष्णु और नारायण-अवतारके कल्पोंकी कथामें उपयुक्त है।

टिप्पणी—४ *'जय जय अबिनासी सब घट बासी ब्यापक परमानंदा।'''* इति। (क) घटवासी और अविनाशीका भाव कि सब चराचर नाशवान् हैं। चराचरमात्रमें आपका निवास है तो भी सबके नाश होनेपर भी आपका नाश नहीं होता, क्योंकि आप सदा अविनाशी हैं।*'ब्यापक परमानंदा'* का भाव कि व्यापक होनेसे अनुमान होता है कि सबके दुःखसे आप दुःखी होते होंगे सो बात नहीं है। आप परमानन्दरूप हैं। [पुनः भाव कि रावणके सामने नाशवान्‌की गति नहीं और हम सबोंका नाश अवश्य है। आप अविनाशी हैं, उसका नाश कर सकते हैं।—*'सो अबिनासी हमरेउ तोर सहाई।'*] (ख)*'सब घट बासी'* यथा—**'यथा सर्वेषु कुम्भेषु रविरेकोऽपि दृश्यते। तथा सर्वेषु भूतेषु चिन्तनीयोऽस्म्यहं मुने॥** [इति ब्रह्माण्डे।' अर्थात् जैसे सब घड़ोंमें एक ही सूर्य देख पड़ता है वैसे ही मेरा चिन्तन समस्त भूतोंमें करना चाहिये। 'गोतीत' इन्द्रियोंसे परे कहनेका भाव कि जबतक जीवकी इन्द्रियोंके शब्दादि विषयोंमें वासनारूप दृष्टि बनी रहती है तबतक उसे प्रभुकी दीप्तिका दर्शन नहीं होता। अतीत=अदर्शन। यथा—**'स्मातीते ऽस्तमदर्शने इत्यमरः।'** (वै०)*
(ग) *'चरित पुनीत'* भाव कि आप अवतार लेकर जो चरित करते हैं वे समस्त जीवोंका कल्याण करनेवाले हैं, यथा—*'सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं।'* आगे जो होंगे वे इनको गा-गाकर भवपार होंगे। अतः जीवोंके कल्याणार्थ अवतार लेकर चरित कीजिये। (घ) *'माया रहित मुकुंदा'* इति। अर्थात् आप स्वयं मायासे परे हैं और दूसरोंको मायासे मुक्त करनेवाले हैं। [मायारहित अर्थात् सत्त्वादि गुण और शब्दादि विषय जो मायाके विकार हैं, उनका स्पर्श लेशमात्र आपको नहीं होता। (वै०)]

बाबा हरीदासजी—*'जय जय अबिनासी'''मुकुंदा'* का भाव कि 'यदि आप कहें कि गर्भ-दुःख-भोग करनेको बुलाते हो तो यह बात नहीं है, आप षड्‌विकाररहित हैं, जीवधर्म-रहित हैं और सदा *'सब घट बासी'* हैं, हम तो एक ही घटमें वास करनेको बुलाते हैं। पुनः यदि कहें कि इन्द्रियाधीन होकर मलिन कर्म करनेको बुलाते हो तो उसपर कहते हैं कि आप गोतीत हैं, इन्द्रियोंके रसभोगसे परे हैं, आपके चरित पुनीत हैं, कभी गोठिल नहीं पड़ते। यदि आप कहें कि हमें परिवार-स्नेहद्वारा मोहमें पड़नेको कहते हो तो उसपर कहते हैं कि *'जेहि लागि'''* इत्यादि।'

टिप्पणी—५(क) *'जेहि लागि बिरागी अति अनुरागी'''* इति। वैराग्य अनुरागका साधक है। यथा—*'एहि कर फल पुनि बिषय बिरागा। तब मम धरम उपज अनुरागा॥'* (३। १६। ७) *'बिगत मोह'* कहा क्योंकि मोह अनुरागका बाधक है, यथा—*'मोह गए बिनु राम पद होइ न दृढ़ अनुराग।'* (ख) ☞*'जय जय अबिनासी'* से *'जयति सच्चिदानंदा'* तक ज्ञान-सम्बन्धसे स्तुति की। (तीन बार जय कहकर आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक तीनों प्रकारकी विजय कही। वि० त्रि०)

बैजनाथजी—*'जय जय अबिनासी'''सच्चिदानंदा'* इति। यहाँ अन्तर्यामीरूपके सम्बोधनद्वारा साकेतविहारीकी स्तुति करते हैं। 'अनुराग' शब्दसे उपासना दर्शित करते हैं, क्योंकि अन्तर्यामीरूपमें केवल आनन्दमात्र है। ऋषियोंका उनमें अनुराग कहनेसे उपास्य, उपासक और उपासना तीनों भाव दर्शित किये गये हैं। यहाँसे अन्ततक साकेतविहारीके अवतारहेतु स्तुति है।

---

* परंतु इसका अर्थ 'अतीत (भूत) में स्म, अदर्शनम् अस्तं ये अव्यय है' ऐसा है।

प० प० प्र०—छन्द २ और ३ भगवान्‌के लिये ही हैं। ब्रह्मा, विष्णु और महेश जिनके अंश (से उत्पन्न) हैं उन भगवान्‌को ही योगी लोग 'ध्याते' हैं। ब्रह्माजी सृष्टिके जनक हैं, पर वे ही प्रार्थना कर रहे हैं, अतः छन्द ३ भी भगवान्‌विषयक ही है। छन्द ४ विष्णु-अवतार रामकथासे सम्बन्धित लेना उचित है। इसमें मन्दर पर्वतका उल्लेख है। इससे कूर्मावतार लेनेवाले भगवान् सूचित किये गये हैं। यह तुलसीदास-संवादकी कथासे सम्बन्धित है। चौथे छन्दमें 'श्री' शब्द भी विष्णु-अवतारसूचक है।

मानसमें मुख्य कथा मनु-शतरूपासम्बन्धित रामावतारकी है। शिव-पार्वती-संवादवाली है। अतः उसके सम्बन्धित दो छन्द इसमें रखे हैं। मानसमें यह भी बताया है कि विष्णु, नारायण और परमात्मा राम एक ही हैं। *'मीन कमठ सूकर नरहरी। बामन परसुराम बपु धरी॥'* ऐसा श्रीरामजीको ही देवकृत स्तुतिमें कहा है। मीनादि अवतार तो विष्णुके ही हुए हैं। *'शचीपति प्रियानुज'* विष्णु ही हैं। *'जेहि पद सुरसरिता''सीस धरी'* यह भी वामनावतारसे ही सम्बन्धित है इत्यादि। अतः इस विषयमें विशेष ऊहापोहकी आवश्यकता नहीं है। तथापि मानस सर्वमतसंग्राहक होनेसे उसमें तीनोंमें भेद भी दिखाया है। ☞ चारों छन्द एक समयकी स्तुतिमें भी उपयुक्त हैं। इन छन्दोंके बहुत शब्द कौसल्याकृत स्तुतिके छन्दोंमें हैं। मिलान करनेसे व्यक्त हो जायगा। यहाँ लिखना अनावश्यक है।

जेहि सृष्टि उपाई त्रिबिध बनाई संग सहाय न दूजा।
सो करउ अघारी चिंत हमारी जानिय भगति न पूजा॥
जो भवभय भंजन मुनिमनरंजन गंजन* बिपति बरूथा।
मन बच क्रम बानी छाड़ि सयानी सरन सकल सुरजूथा॥ ३॥
सारद स्त्रुति सेषा रिषय असेषा जा कहुँ कोउ नहिं जाना।
जेहि दीन पिआरे बेद पुकारे द्रवौ सो श्रीभगवाना॥
भवबारिधि मंदर सब बिधि सुंदर गुनमंदिर सुखपुंजा।
मुनि सिद्ध सकल सुर परम भयातुर नमत नाथ पदकंजा॥ ४॥

दो०—जानि सभय सुर भूमि सुनि बचन समेत सनेह।
गगन गिरा गंभीर भइ हरनि सोक संदेह॥ १८६॥

शब्दार्थ—उपाना=उत्पन्न करना, यथा—*'अखिल बिस्व यह मोर उपाया।'* चिंत=चिन्ता, याद, स्मरण, सुध, खबर, फिक्र। अघारी (अघ+अरि)=पापके शत्रु अर्थात् पापका नाश करनेवाले। बानी=स्वभाव, टेव, प्रकृति। यथा—*'लरिकाई ते रघुबर बानी। पालत नीति प्रीति पहिचानी॥', 'श्रीरघुबीरकी यह बानि'* (वि० २१५)। सयानी=सयानपन, चतुराई। क्रम=कर्म।

अर्थ—जिन्होंने त्रिगुणात्मकरूप बनाकर बिना किसी दूसरे संगी या सहायकके सृष्टिको उत्पन्न कर दिया, वे पापके नाश करनेवाले आप हमारी भी सुध लीजिये, हम न भजन ही जानते हैं न पूजन। जो भवभयके नाशक मुनियोंके मनोंको आनन्द देनेवाले और विपत्ति-जालके नाश करनेवाले हैं, हम सब देववृन्द सयानपनेकी टेवको छोड़कर† मन-कर्म-वचनसे उन्हीं आपकी शरण हैं। सरस्वती, वेद, शेष और समस्त ऋषि किसीने भी जिसे नहीं जाना, जिन्हें दीन प्रिय हैं (ऐसा) वेद पुकारकर कहते हैं वे श्रीभगवान् कृपा करें। हे भवसागरके (मथन करनेके लिये) मन्दराचलरूप! सब प्रकारसे सुन्दर गुणोंके धाम, सुखकी

* खण्डन—१७०४, रा० प्र०।

† यही अर्थ मु० रोशनलाल, रा० प्र०, पं० रामकुमारजी, वीरकवि आदिने किया है। बैजनाथजीने 'वाणी' अर्थ किया है।

राशि! हे नाथ! आपके चरणकमलोंमें सब मुनि, सिद्ध और देवता भयसे अत्यन्त व्याकुल होकर प्रणाम करते हैं। देवताओं और पृथ्वीको भयभीत जानकर और प्रेमयुक्त वचन सुनकर शोकसन्देहहारी गम्भीर आकाशवाणी हुई॥ १८६॥

करुणासिन्धुजी—*'त्रिबिध'* इति। 'तीन प्रकारकी सृष्टि सात्त्विक, राजस, तामस, देव, मनुष्य, दानव, विषयी, साधक, सिद्ध इत्यादि। वा, त्रिधा सृष्टि अर्थात् जीव-सृष्टि, ईश्वरीय सृष्टि और ब्रह्मसृष्टि। जीव-सृष्टिवाले स्वप्नावस्था और संसारमें वर्तमान हैं, ईश्वरीय सृष्टिवाले जाग्रत्‌में और ब्रह्मसृष्टिवाले तुरीयामें; प्रमाणमागमसारे—'**त्रिधासृष्टिः पुरो जाता तत्रैका जीवसंज्ञका। द्वितीया चेश्वरीसृष्टिर्ब्रह्मसृष्टिस्तृतीयका॥ जीवसृष्ट्या द्विधावस्था सुषुप्तिः स्वप्नमध्यगा। ऐश्वर्य्या जागरावस्था ब्रह्मसृष्ट्या तुरीयका॥ ब्रह्मसृष्टिसमुत्पन्नास्तुरीयात्मान एव ये।**"""'। वा काल-कर्म-स्वभाव, उत्पत्ति-पालन-संहार।' [स्वप्न-सृष्टिको जीवसृष्टि इसलिये कहा गया है कि स्वप्नका सम्बन्ध केवल द्रष्टा जीवसे ही रहता है, अन्य किसीसे नहीं। (वेदान्तभूषणजी)]

नोट—१ *'त्रिबिध बनाई'* का अर्थ दो प्रकारसे किया गया है। 'तीन प्रकारकी सृष्टि' बनायी। वह तीन प्रकारकी सृष्टि क्या है, यह करुणासिन्धुजीकी टिप्पणीमें लिखा गया है। बैजनाथजीने 'तीन प्रकारसे बनायी' अर्थ करते हुए सत्त्व, रज, तम तीन प्रकारसे बनाना लिखा। राजसगुणसे ब्रह्मा उत्पत्ति, सत्त्वगुणसे विष्णु पालन और तमोगुणसे शङ्करजी संहार करते हैं। पंजाबीजी सत्त्व-रज-तम-गुणी सृष्टि तीन प्रकारकी मानते हैं। *'संग सहाय न दूजा'* का भाव कि '**एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म**' होनेसे उसके साथ उपादाननिमित्त कारण कह नहीं सकते। (पं०)

२ श्रीहनुमानप्रसाद पोद्दारजी—*'संग सहाय न दूजा'"'*=बिना दूसरे किसी संगी अथवा सहायकके अकेले ही (या स्वयं अपनेको त्रिगुणरूप ब्रह्मा, विष्णु, शिवरूप बनाकर अथवा बिना किसी उपादान कारणके अर्थात् स्वयं ही सृष्टिका अभिन्न-निमित्तोपादान कारण बनकर) तीन प्रकारकी सृष्टि बनायी। (मानसाङ्क)

३ *'सृष्टि उपाई त्रिबिध बनाई'* इति। श्रीपंजाबीजी आदिका आशय यह है कि संसारमें जितने भी कार्य होते हैं उनमें प्रायः उपादान (समवायि), निमित्त और साधारण ये तीन कारण होते हैं। जैसे स्वर्णका कुण्डल कार्य है। स्वर्ण उपादान कारण है। स्वर्णकार—सुनार तथा जिसके निमित्त वह बनाया गया—दोनों निमित्तकारण हैं। अग्नि जिसमें सोना गलाया जायगा, हथौड़ी, निहाई आदि उपकरण साधारण कारण हैं। 'ब्रह्म' शब्दका प्रधान अर्थ विशिष्टाद्वैत-सिद्धान्तानुसार '**चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म**' है। ब्रह्मके '**एकोऽहं बहु स्याम्**' आदि संकल्पमात्रसे सृष्टिकी रचना हो जाती है। इसलिये उसको साधन-सामग्रीकी आवश्यकता नहीं। और, 'संकल्प' भी उससे पृथक् नहीं है, इससे निमित्त और उपादान—दोनों वह स्वयं ही है। *'सहाय न दूजा'* भी इसी भावको पुष्ट करता है। इससे भगवान्‌में अचिन्त्य सामर्थ्य दिखलाया।

सांख्यकारिकामें सोलहवीं कारिकापर श्रीगौड़पादाचार्यजीके भाष्यमें भी तीन प्रकारकी सृष्टिका उल्लेख है। यथा-'**प्रधानात् प्रवृत्तास्त्रयो लोकानैकस्वभावा भवन्ति, देवेषु सत्त्वमुत्कटं रजस्तमसी उदासीने तेन तेऽत्यन्तसुखिनः, मनुष्येषु रज उत्कटं भवति सत्त्वतमसी उदासीने तेन तेऽत्यन्तदुःखिनः, तिर्यक्षु तम उत्कटं भवति सत्त्वरजसी उदासीने तेन तेऽत्यन्तमूढाः॥**' अर्थात् प्रकृतिसे तीन लोक हुए हैं। ये तीनों भिन्न-भिन्न स्वभावोंके होते हैं। देवोंमें सत्त्वगुण विशेष रहता है, इसलिये वे अत्यन्त सुखी रहते हैं। मनुष्यमें रजोगुण विशेष रहता है, इससे वे अत्यन्त दुःखी रहते हैं और पशु-पक्षी आदि अन्य योनियोंमें तमोगुणकी प्रधानता होनेसे वे अत्यन्त मूढ़ होते हैं।—यह सांख्यमत है। वेदान्तमतसे ब्रह्मसे ही सृष्टि होती है। इस प्रकार देव, मनुष्य और तिर्यक् अर्थात् सात्त्विक, राजस और तामस तीन प्रकारकी सृष्टि हुई। ☞ स्मरण रहे कि कोई भी सृष्टि केवल सत्त्व, केवल रज अथवा केवल तमसे उत्पन्न नहीं होती, किंतु उनके सम्मिश्रणसे होती है। जिसमें जिस गुणकी प्रधानता है वह उसी नामसे कही जाती है।

नोट—२ इससे मिलता हुआ श्लोक अ० रा० में यह है—'**मायया गुणमय्या त्वं सृजस्यवसि लुम्पसि।**

जगत्तेन न ते लेप आनन्दानुभवात्मनः॥'(१। २। १५) अर्थात् आप अपनी त्रिगुणमयी मायासे जगत्‌की उत्पत्ति, पालन और लय करते हैं पर उससे लिप्त नहीं होते। आप ज्ञानानन्दस्वरूप हैं।

टिप्पणी—१ (क) ***'जेहि सृष्टि उपाई'*** ...... ***।'*** भाव कि हम सृष्टिकर्त्ता नहीं हैं। हम भी आपकी ही सृष्टि हैं (आपने ही हमें उत्पन्न किया और यह सारा जगत् भी आपने ही उत्पन्न किया है। यथा—***'जो कर्त्ता पालक संहरता', 'जो सृजत पालत हरत'*** इत्यादि। सृष्टि आपकी वस्तु है, अतः उसकी रक्षा करना आपका कर्तव्य है। ***'संग सहाय न दूजा'*** अर्थात् संसाररचनामें आपका कोई और साथी नहीं है कि जिससे जाकर हम अपनी विपत्ति कह सुनावें)। (ख) ***'करउ अघारी चिंत हमारी।'*** अघारीका भाव कि अघरूपी राक्षसके आप नाशक हैं। अथवा, जैसे अघासुरके पेटमें बालक, वत्सोंको बचाया है वैसे ही हमको राक्षस ग्रास कर रहे हैं, हमारी सुध लीजिये। जैसे बालक, वत्स भक्ति-पूजा कुछ नहीं जानते थे वैसे ही हम कुछ नहीं जानते। भजन-स्मरण हममें कुछ नहीं है, एकमात्र आपकी शरण और आपकी कृपा ही आशा-भरोसा है। ('अघ' का अर्थ 'दुःख' भी है। यथा—'अघस्तु वृजने दुःखे' इति। अमरकोश) इससे भाव यह होगा कि 'आप दुःखोंके नाशक हैं, हमारे दुःखोंको दूर कीजिये।'

टिप्पणी—२ ***'जो भव भय भंजन'***... इति। (क) मन, कर्म और वचनसे समस्त देवताओंका शरण होना कहते हैं। इस प्रसङ्गमें यह कथन चरितार्थ कर दिखाया है। सब देवताओंका मन प्रभुमें लगा है, यथा—***'मोर बचन सब के मनमाना।'*** वचनसे सभी प्रभुकी ही चर्चा कर रहे हैं और स्तुतिमें लगे हैं। यथा—***'पुर बैकुंठ जान कह कोई। कोउ कह पयनिधि बस प्रभु सोई॥', 'कहँ पाइअ प्रभु करिय पुकारा।'*** और सब तनसे प्रभुको प्रणाम कर रहे हैं। यह कर्मसे शरण होना है। यथा—***'नमत नाथ पद कंजा।'*** (***'नमत नाथ'*** यह कहते ही सब प्रणाम करने लगे हैं यह भी यहाँ जना दिया)। (ख) ***'बानी छाड़ि सयानी'*** कहनेका भाव कि जबतक जीवके मन, वचन और कर्ममें अपने सयानपनेका भाव बना रहता है तबतक प्रभु कृपा नहीं करते। इससे कहा है—***'मन क्रम बचन छाड़ि चतुराई। भजत कृपा करिहहिं रघुराई॥'*** (२००। ६) ***'सयानी'*** का अर्थ 'चतुराई' यहाँ खोल दिया गया। [देखिये द्रौपदीजीको जबतक अपने वचनका भरोसा रहा कि मैं इससे सबको परास्त करूँगी। मनमें अपने वीर पतियोंका बल-भरोसा रहा और शरीरसे अपनी साड़ीको उघड़ने न देनेका विचार रहा, तबतक भगवान्‌ने कृपा नहीं ही की। जब तीनोंका अभिमान छोड़कर हाथ उठाकर प्रभुको पुकारा तब तुरत भगवान् वस्त्ररूप हो गये। सुग्रीवने वचनसे कहा था कि ***'बालि परम हित'***। मनसे छल और शरीरसे बल दिखलाता रहा, तबतक प्रभुने बालिको नहीं मारा। जब तीनोंका भरोसा न रह गया, यथा—***'बंधु न होइ मोर यह काला', 'बहु छल बल सुग्रीव करि हिय हारा'*** .....।'(४। ८)। तब ***'मारा बालि राम तब'।*** इसी तरह बालिको तीनोंका अभिमान था। ***'सम दरसी रघुनाथ', 'अस कहि चला महा अभिमानी। तृनसमान सुग्रीवहि जानी॥'*** क्रमसे वचन, मन और कर्मके अभिमान थे। बाण लगनेके पश्चात् तीनोंका सयानपन मिटा। ***'धर्महेतु अवतरेहु गोसाईं।'...'अवगुन कवन नाथ मोहि मारा॥'*** यह वचनचातुरी भगवान्‌के उत्तरसे मिटी। यथा—***'सुनहु राम स्वामी सन चल न चातुरी मोरि।'*** मनका अभिमान मिटा, हृदयमें प्रीति हुई और वह शरण हुआ। यथा—***'हृदय प्रीति', 'अंतकाल गति तोरि।'*** कर्मका भी अभिमान न रह गया, यह ***'प्रभु अजहूँ मैं पापी अंत काल गति तोरि।'*** (४। ९) से स्पष्ट है। अथवा ***'बिकल महि'*** से कर्मका अभिमान गया। तब प्रभुने कृपा की। यथा-***'बालि सीस परसेउ निज पानी'*** इत्यादि।]

वि० त्रि०—***'सरन सकल सुर जूथा'*** इति। भाव यह है कि भगवान् शरणागतके उद्धारमें समर्थ हैं, दयाके समुद्र, कृतज्ञ और सुव्यवस्थित हैं, श्रेयकी प्राप्ति करा देते हैं। श्रेयके पीछे नहीं पड़ना चाहिये। निर्हेतुक उपासना ही सच्ची उपासना है। वह आर्त और अर्थार्थीको अपनी नियतिसे कर्मपाककी अपेक्षा न करके फल देते हैं। वह अनन्य शरणका योगक्षेम वहन करते हैं। अपनी नियतिको भी हटाकर उससे साधनका सम्पादन कराके उसे फलसे युक्त करते हैं। यही उनका बड़ा भारी स्वातन्त्र्य है कि प्रारब्ध और नियति भी उनसे विमुखको ही होती है।

टिप्पणी—३ *'सारद स्रुति सेषा·····'* इति। (क) आपको कोई नहीं जानता, यथा—*'बिधि हरि संभु नचावनिहारे। तेउ न जानहिं मरम तुम्हारा। औरु तुम्हहिं को जाननिहारा॥'* (२। १२७), *'सारद सेष महेस बिधि आगम निगम पुरान। नेति नेति कहि जासु गुन करहिं निरंतर गान॥'* (१। १२) 'न त्वां केचित् प्रजानते।', 'ऋते मायां विशालाक्षीं·····॥' (वाल्मी० ७। ११०। १०—१२) अर्थात् श्रीसीताजीको छोड़कर दूसरा कोई आपको नहीं जानता। ये ब्रह्माजीने श्रीरामजीसे कहा है। इसीसे तो श्रीसीताजी सबकी आचार्या हैं। (ख) *'सारद श्रुति·····'* कहकर *'जेहि दीन पिआरे'* कहनेका भाव कि जो ऐसे अगम्य हैं, अज्ञेय हैं वे ही दीनोंको प्राप्त होते हैं क्योंकि दीन उनको प्रिय हैं। विशेष दोहा १। १८ तथा २८। ४ में देखिये। (ग) *'बेद पुकारे'* का भाव कि वेद साक्षी हैं, प्रमाण हैं। उन्होंने आपको दीनबन्धु, दीनदयाल आदि कहा है। (घ) *'द्रवौ सो श्रीभगवाना'* इति। दीनोंके मनोरथ पूर्ण करनेके सम्बन्धसे 'श्रीभगवान्' विशेषण दिया।

नोट—३ (क) *'भव बारिधि मंदर'*= संसारसागरका मन्थन करनेको मन्दराचलरूप। भाव कि आपका नाम भवसागरको मथकर सज्जनरूपी देवताओंको शान्त-सन्तोषादि गुणरूपी अमृत देनेवाला है। (वै०) पुनः भाव कि आप 'संसार-समुद्रमें डूबनेवालोंके आधारभूत हैं। वा, संसारसमुद्रको मथकर सज्जनरूपी रत्नको निकालनेवाले हैं। (रा० प्र०) श्रीकान्तशरणजी *'भव बारिधि'* से 'मुमुक्षुके हृदयसिंधु' का अर्थ करते हुए लिखते हैं कि 'दैवी-आसुरी' सम्पत्तियाँ मथनेवाली हैं। ११ इन्द्रियाँ और ३ अन्तःकरण शुद्ध होकर १४ रत्नरूपमें प्रकट होते हैं। भव-सागरके मथनेवाले देवता, दैत्य, चौदह रत्न और जल-जन्तु आदि क्या हैं, यह पूर्व *'भवसागर जेहि कीन्ह····'* दोहा १। १४ की टिप्पणी में भी देखिये। (ख) *'नमत'* का भाव कि आपकी बान है कि *'सकृत प्रनाम किए अपनाये।'* (ग) *'सब बिधि सुन्दर'* का भाव है कि थोड़ी ही सेवासे प्रसन्न हो जाते हैं, जनके अपराधपर कभी रिसाते नहीं। *'गुनमंदिर सुख पुंज'* का भाव कि आपके भजनसे भक्तजन अनेक उत्तम दिव्य गुणों और सुखसमूहको प्राप्त हो जाते हैं।' (बाबा हरीदासजी)

वि० त्रि०—भगवान् भवसागरके लिये मन्दर हैं। समुद्रके पार तो वानर भी गये पर उन्हें उसकी गहराईका पता नहीं; उसकी गहराईका पता तो मन्दराचलको है। इसी भाँति साधक प्रयत्नसे भवपार चले जाते हैं पर उसके तलका पता श्रीभगवान्‌को ही है। वे ही उसमेंसे अमृतका उद्भावन करके दैवी प्रकृतिवालोंकी पुष्टि कर सकते हैं, उन्हें विजययुक्त कर सकते हैं।

टिप्पणी—४ ☞ *'जेहि सृष्टि·········'* से *'नमत नाथ पद कंजा'* तक भक्ति-सम्बन्धसे स्तुति की गयी। इस तरह यह स्तुति कर्म, ज्ञान और उपासना तीनोंसे युक्त है। नमन करना, शरण होना इत्यादि भक्ति है। उसीका एक अङ्ग शरणागति वा प्रपत्ति है।

(खर्रा)—ब्रह्माजी चतुरानन अर्थात् चार मुखवाले हैं, इसीसे स्तुतिमें चार छन्द हैं। वेदोंमें प्रधान कर्म, ज्ञान और उपासना है सो प्रथम छन्दमें ऋग् कर्म, दूसरेमें यजु ज्ञान और तीसरेमें उपासना सामवेद है। ब्रह्माके मुखसे वेद निकले हैं, इसीसे गोस्वामीजीने छन्दहीसे कहा, दोहा-चौपाईसे न कहा और चौथे छन्दमें दीनता कही। यहाँ घाटोंका भी क्रम है। याज्ञवल्क्यका कर्मघाट है सो पहले छन्दमें, शिवजीका ज्ञानघाट है सो दूसरे छन्दमें, भुशुण्डिजीका उपासनाघाट तीसरेमें और गोस्वामीजीका दैन्यघाट है सो चौथेमें है। दीनतावालेका कर्म है नम्रता। अतएव *'नमत नाथ पद कंजा'* कहा जिसमें सबका अधिकार है।

नोट—४ इस स्तुति और आकाशवाणीके सम्बन्धमें मतभेद है। सन्त श्रीगुरुसहायलालजी कहते हैं कि यह स्तुति सभीकी भावनासे युक्त है, क्योंकि ब्रह्माजी सभीकी ओरसे स्तुति कर रहे हैं। (१८५। १—५) में दिखा आये हैं कि यहाँ तीन मत, सिद्धान्त वा उपासनाके लोग एकत्रित हैं। उसीका निर्वाह यहाँ भी है।—(मा० त० वि०) इस प्रकार प्रथम चार तुकोंमें *'सिंधुसुधा प्रियकंता'* पदसे क्षीरशायी भगवान्‌की वन्दना हुई। फिर आठ तुकोंमें वैकुण्ठभगवान् और महाविष्णुके अवतारवाले कल्पोंकी स्तुति है और अन्तमें श्रीसाकेतविहारीजी परात्पर ब्रह्मकी स्तुति है।

मानसमयङ्ककार लिखते हैं कि 'ब्रह्माकी स्तुति और आकाशवाणी नारदकल्पकी कथा है, जिसमें नारदशापवश श्रीमन्नारायणने अवतार लिया। शिवजी परतम कल्पकी कथा कह रहे थे, परंतु उनका एकाएक प्रकट होना सबको विश्वासप्रद न होगा; अतएव यहाँ शिवजीने कल्पान्तरकी कथा मिला दी जिससे सबको बोध हो जावे। ब्रह्माकी स्तुतिके बाद आकाशवाणी हुई, यह क्षीराब्धिवासी श्रीमन्नारायणकी है; यह बात आकाशवाणीके वचनोंसे सिद्ध होती है। जिस कल्पमें यह स्तुति की गयी थी उसमें कश्यप-अदिति दशरथ-कौशल्या हुए थे। मानसरामायणमें कल्पभेदकी कथा जहाँ-तहाँ सूक्ष्मरीतिसे वर्णित है। वैसे ही यहाँ भी है। परतम अवतारमें स्तुति आदिकी आवश्यकता नहीं पड़ती, केवल शापित अवतार देव-स्तुति सुनकर होते हैं और परतम प्रभु तो मनुके प्रेमवश प्रसन्न होकर वरदान देकर स्वयं बिना विनयके प्रकट हुए। *'जय जय सुरनायक'* से *'अब सो सुनहु जो बीचहि राखा'* तकका प्रसङ्ग परतम कल्पके बाहरकी कथा है।'

श्रीजानकीशरणजी लिखते हैं कि 'परतम कल्पमें स्तुति नैमिषारण्यमें मनुद्वारा हो चुकी है। यथा—*'सुनु सेवक सुरतरु'''*।, (१४६। १) से *'देखहिं हम सो रूप भरि लोचन।'* (६) तक। स्तुतिके बाद प्रभुने प्रकट होकर कहा *'होइहहु अवधभुआल तब मैं होब तुम्हार सुत।'* (१५)········ एक कल्पमें दो बार स्तुति तथापि दो बार आकाशवाणी कदापि नहीं हो सकती।'

मेरी समझमें जैसे कश्यप-अदितिकी स्तुतिपर उनको वर दिया कि मैं तुम्हारा पुत्र तुम्हारे अवधभुआल होनेपर होऊँगा और रावणका अत्याचार होनेपर ब्रह्माकी स्तुतिपर भगवान् अवतार लेनेको कहते हैं, तब अवतार होता है; वैसे ही यहाँ भी प्रथम मनुके लिये वरदान हुआ कि हम तुम्हारे अवधभुआल होनेपर तुम्हारे पुत्र होंगे। जब पुत्र होनेका समय आया तब रावणके अत्याचारसे ब्रह्माजीने स्तुति की और प्रभुने अवतार लेनेको कहा। इस तरह परतम प्रभुका अवतार गुप्त भी रहेगा।

टिप्पणी—५ *'जानि सभय सुर'''*' इति। भगवान्‌की प्रतिज्ञा है कि —**'अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम।'** देवता आदि सभीत हैं, इसीसे शोक-संदेहहारिणी वाणी हुई। [(☞यहाँ आकाशवाणी होनेमें दो कारण दिखाये। एक तो देवता और पृथ्वी दोनोंके भयभीत होनेसे, दूसरे स्नेहयुक्त वचन सुननेसे। शङ्करजीने कहा ही है कि *'प्रेम तें प्रगट होहिं।'* अतः आकाशवाणीरूपसे प्रकट हुए। और सब सभीत शरणमें आये हैं, अतः अभयदायक वाणी बोली गयी।) 'गम्भीरका भाव कि इसमें अक्षर थोड़े ही हैं, पर अर्थ बहुत हैं। (रा० प्र०) ध्वनि भी गम्भीर है। (पं०) बोलनेवाला अदृश्य है और शब्द सुनायी पड़ रहा है, इसलिये *'गगन गिरा गंभीर'* कहते हैं। अथवा जो वाणीका भी वाणी है, उसकी गिरा आकाशद्वारा ही प्रकट होती है। कितने ऊपरसे वाणी आ रही है, इसकी थाह न होनेसे गम्भीर कहा। (वि० त्रि०)]

वेदान्तभूषणजी—१६ तुकोंमें स्तुति करनेका भाव कि जैसे आप लोकसृजनार्थ १६ कलाओंसे शेषशायीरूपसे अवतरित हुए थे। (भा० १। ३। १) वैसे ही अब लोकरक्षणार्थ पुनः अवतार लेकर अपने अनन्त दिव्य गुणोंमेंसे १६ गुण तो अवश्य ही प्रकटकर भक्तोंको आनन्द दीजिये। परमावश्यक वे १६ गुण ये हैं—१ कला (ऐश्वर्य)। २ धर्म (ज्ञानस्वरूपता)। ३ यश (यशका कारण तेज)। ४ श्री (शक्ति)। ५ मोक्ष (निर्बन्धता)। ६ भरण (धारण-शक्ति)। ७ पोषण (कल्याणप्रद शक्ति)। ८ आधार सर्वव्यापकता, सर्वशरीरता। ९ उत्पत्ति। १० पालन। ११ संहारशक्ति। १२ शत्रुनाशक शक्ति। १३ रक्षण (विमुख जीवोंको स्वसम्मुख करनेकी शक्ति)। १४ शरण। १५ लालन (प्रेमप्रदर्शन)। १६ सामर्थ्य। इन्हीं उपर्युक्त १६ को षोडश कला या अंश कहते हैं।

जीव प्रभुके वात्सल्य, सौशील्य, सौलभ्य, सर्वशक्तित्व, कृपा, करुण, सौन्दर्य, क्षमा आदि दिव्य कल्याण-गुणोंका अनुसन्धान करते हुए उनसे अनेक सम्बन्धमेंसे शेष-शेषी, पिता-पुत्र, भार्या-भर्तृत्व, नियाम्य-नियामक, आधाराधेय, सेवक-स्वामी, शरीर-शरीरी, धर्म-धर्मी, रक्ष्य-रक्षक, व्याप्य-व्यापक, भोक्ता-भोकृत्व, अशक्त-सर्वशक्तिमत्व, सख्य, अकिञ्चन-अवाप्तसमस्तकामत्व, पतित-पतितपावन और शरण-शरण्य षोडशसम्बन्धपूर्वक भगवल्लीलाविग्रहका आनन्दानुभव करते हैं।

वि० त्रि०—यह प्रभुका प्रथम गुणग्राम जगमङ्गलरूप है, यथा—*'जगमंगल गुनग्राम राम के।'* इसे अश्विनी नक्षत्र माना गया है। अश्विनी नक्षत्रमें तीन-तीन तारे चमकते हैं। इस स्तुतिमें भी तीन रूपोंकी चमक है। विष्णु, क्षीरशायी और ब्रह्म। अश्विनी नक्षत्रकी आकृति अश्वमुख-सी है। ब्रह्मविद्याके प्रधान उपदेष्टा भगवान् हयग्रीव हैं। उसी ब्रह्मविद्याका निरूपण इस स्तुतिमें है, इससे अश्वमुख माना। अथवा सामवेदके तुल्य होनेसे अश्वमुख माना। यह स्तुति ही जगमङ्गलके लिये ब्रह्मदेवने की थी।

प० प० प्र०—ब्रह्माकृत स्तुति और अश्विनी नक्षत्रका साम्य। (क) अनुक्रम—यह पहली स्तुति है और पहला नक्षत्र अश्विनी है। (ख) नाम-साम्य—नक्षत्रका नाम अश्विनी है। अश्विनी=घोड़ी। सूर्यपत्नी संज्ञाने अश्विनीका रूप लिया और पृथ्वीपर रही। इसकी खोजमें सूर्य यहाँ आये और दो पुत्र हुए, वे ही अश्विनीदेव हैं। अश्वके समान रूपवाली होनेसे अश्विनी नाम है तथा **'अश्नुते व्याप्नोति अश्वः।'** इस स्तुतिमें प्रभुके विविधरूपोंके व्यापक स्वरूपमें वर्णन किया ही है। छन्दोंको पढ़नेकी गति भी अश्वकी गतिके समान ही है। अश्व जब मुकामके समीप आने लगता है तब उसकी गतिमें फेर पड़ता है। वैसा फेर अन्तिम छन्दमें भी है। स्पष्ट करनेमें विस्तार करना होगा, उसके लिये यहाँ स्थल नहीं है। (ग) तारा-संख्यासाम्य।—अश्विनीमें तीन तारे हैं। इस स्तुतिमें *'सिंधुसुता प्रिय कंता'* (शेषशायी नारायण), सर्वव्यापक प्रभु भगवान् सगुण ब्रह्म और श्रीभगवान् (=लक्ष्मीपति वैकुण्ठाधीश विष्णु) ये तीन तारे हैं। आश्चर्यकी बात यह है कि इस नक्षत्रके तीन तारे एक प्रतिके नहीं हैं; दूसरे, तीसरे और चौथे प्रतिका एक-एक तारा है। (नक्षत्र चित्रपट श्रीरघुनाथ शास्त्री)। इस स्तुतिमें सगुण ब्रह्म दूसरी प्रतिका तारा है। निर्गुण-निराकार ब्रह्म प्रतिका तारा इसमें नहीं है। शेषशायी नारायण तीसरी प्रतिका (III Dimension) है और विष्णु चौथी प्रतिका है। यह साम्य कितना अद्भुत है! (घ) साम्य—नक्षत्रका आकार **'अश्वमुखम्'** कहा है। सिंधुसुता प्रिय=लक्ष्मीका प्रिय उसका भाई है। उच्चैःश्रवा भी मन्थनसे ही निकला है, अतः वह भाई है और प्रिय है। यथा—*'बिष बारुनी बंधु प्रिय जेही।'* (ङ) नक्षत्रका देवता अश्विनीकुमार है। संज्ञा जब अश्विनी बनी तब सूर्यको पृथ्वीपर अश्वरूपमें आना पड़ा और अश्विनीकुमारोंका जन्म हुआ। वैसे ही *'राम सच्चिदानंद दिनेसा'* को अश्विनीस्तुतिसे इस पृथ्वीपर आकर पुत्ररूपसे अवतीर्ण होना पड़ा। (च) फलश्रुति—*'जग मंगल गुनग्राम राम के।'* (१। ३२। २)। यह इस स्तुतिकी फलश्रुति है। यह स्तुति रामजन्मका साक्षात् हेतु है—*'राम जनम जग मंगल हेतू।'* गुनमंदिर (=गुणग्राम) शब्द स्तुतिमें ही है। यह स्तुति जगका मङ्गल करनेवाली है।

☞यहाँसे उत्तरकाण्ड दो० ५१ की नारदस्तुतितक २९ स्तुतियाँ हैं। नारदकृत स्तुति रेवतीनक्षत्र है। २८ नक्षत्रोंसे नक्षत्रचक्र बना है। वैसे ही स्तुतिरूपी नक्षत्रचक्र नक्षत्रमण्डल मानसमें है। अश्विनी-स्तुतिके कर्ता *'विधि'* हैं और रेवती-स्तुतिके कर्ता नारदजी हैं—*'गए जहाँ बिधि धाम'* इस प्रकार मण्डलाकार पूरा किया गया। यह एक परम अद्भुत अनुपम काव्यकला है। ऐसे-ऐसे अद्भुत कलाओंके बहुत नमूने मानसमें हैं।

जनि डरपहु मुनि सिद्ध सुरेसा। तुम्हहिं लागि धरिहौं नर बेसा॥ १॥

अर्थ—हे मुनियो, सिद्धो और सुरेश! डरो मत, तुम्हारे लिये मैं नरवेष धारण करूँगा॥ १॥

टिप्पणी—१ यह अभयप्रद वाणी है। आगे पुनः कहा है *'निर्भय होहु देव समुदाई।'* *'जनि डरपहु'* का भाव कि सब सभीत होकर शरणमें आये हैं, यथा—*'मुनि सिद्ध सकल सुर परम भयातुर नमत नाथ पदकंजा।'* ब्रह्माजीने कहा भी है कि *'सरन सकल सुरजूथा।'* अतः आकाशवाणी कहती है कि हम तुम्हें शरणमें लेते हैं, तुम सभीत हो, हम तुम्हारे भयको हरण करेंगे, यथा—*'जौं सभीत आवा सरनाईं। रखिहौं ताहि प्रान की नाईं॥'* (५। ४४) किस तरह रक्षा करेंगे सो दूसरे चरणमें कहते हैं कि *'तुम्हहिं लागि धरिहौं नर बेसा।'* यह वाणी *'हरनि सोक संदेह'* है। *'जनि डरपहु'* से शोक हरण किया और *'धरिहौं नरबेष'* से संदेह दूर किया। संदेह था कि मनुष्य तो राक्षसोंका आहार है, वह रावणको कैसे मार सकेगा। भगवान् कहते हैं कि संदेह दूर करो, हम ही मनुजरूप धारण करेंगे। २ *'तुम्हहिं लागि'* का भाव कि वैसे तो ईश्वरके लिये नर-शरीर धारण करना न्यूनताकी बात है, पर तुम्हारे हितार्थ हम यह भी करेंगे।

इस तरह *'सुरनायक, जन सुखदायक, सहज कृपाला'* आदि विशेषणोंको सत्य किया। 'नरवेष' धारण करनेके भाव *'राम भगत हित नर तन धारी।'* (२४। १)। मा० पी० भाग १ में आ चुके हैं।

वि० त्रि०—*'धरिहौं नर बेसा'*—भाव कि 'कर्मविपाक और आशयसे जिसका सम्पर्क नहीं, ऐसा पुरुष-विशेष ईश्वर है। यथा—**'कर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः।'**(यो० सू०)। तब वह मनुष्य क्यों होने लगा। अतः कहते हैं कि यद्यपि कर्मविपाक और आशयसे मेरा लगाव नहीं है फिर भी तुम्हारे लिये मैं नर-शरीर धारण करूँगा। ध्वनि यह निकलती है कि मैं तुम्हारे लिये नर-शरीर धारण करूँगा परंतु तुम लोग भी अपने लिये वानर-शरीर धारण करो।

वेदान्तभूषणजी—ब्रह्मलोक जानेमें और स्तुतिके अन्तमें नमस्कार करनेमें मुनियोंका वर्णन आया है, विचार करनेमें नहीं। आकाशवाणीमें प्रथम 'मुनि' का नाम कहकर भगवान्ने सूचित किया है कि हमारे अवतार लेनेके प्रधान कारण 'मुनि' ही हैं। भगवद्भक्त होना मुनिका प्रधान लक्ष्य है; इसीसे भक्तोंकी 'मुनि' संज्ञा थी। यथा—**'भेजिरे मुनयोऽथाग्रे भगवन्तमधोक्षजम्।'**(भा० १। २। २५) (अर्थात् पूर्वकालमें मुनिजन भगवान् अधोक्षजका भजन करते थे)। गोस्वामीजीने भी भक्तोंके लिये ही प्रधानतया अवतारका होना कहा है। यथा—*'सहे सुरन्ह बहु काल बिषादा। नरहरि प्रगट किये प्रहलादा॥'* भगवान्ने स्वयं भी कहा है—*'तुम्ह सारिखे संत प्रिय मोरें। धरउँ देह नहिं आन निहोरें॥'* (५। ४८) भगवती श्रुति भी यही कहती है—**'उपासकानां कार्यार्थं ब्रह्मणो रूपकल्पना'** उपासकोंका कार्य एकपाद्विभूतिमें बिना अवतार लिये नहीं हो सकता क्योंकि वे तो परमेश्वरको विविध सम्बन्ध-सूत्रोंमें ग्रथित करना चाहते हैं। उपासकों (मुनियों) की कामनापूर्त्यर्थ ब्रह्मको अनेक रूप बनाने पड़ते हैं, इसीसे भयातुर नमस्कार करनेमें ब्रह्माजीने इन्हींका नाम प्रथम लिया है—*'मुनि सिद्ध सकल सुर परम भयातुर नमत…'*। [विचार करनेमें देवताओंका ही नाम दिया—*'बैठे सुर सब करहिं बिचारा'*। मुनियोंका नाम न दिया। कारण यह भी हो सकता है कि भक्त संकट पड़नेपर भी प्रभुको कष्ट नहीं देना चाहते, कर्मभोग आदि समझकर कष्ट सहते हैं। 'सुर' स्वार्थी होते हैं। इसीसे सुर ही यहाँ अगुआ बने, मुनि केवल साथ हो लिये हों! प्रणाम करनेमें वे पहले हुआ ही चाहें क्योंकि उपासक हैं]।

प० प० प्र०—ये मुनि पृथ्वीतलपर रहनेवाले मुनि नहीं हैं, क्योंकि यहाँके मुनि ब्रह्मलोक और शिवलोक नहीं जाते। महर्लोक, जनलोक, तपोलोक और सत्यलोकमें जो मुनि निवास करते हैं वे ही देवोंके विनयानुसार उनके साथ होते गये। स्वर्गलोकसे देव निकले और सत्यलोकको गये जहाँ *'जेहिं लागि बिरागी अति अनुरागी बिगत मोह मुनि बृंदा। निसिबासर ध्यावहिं गुनगन गावहिं'*। ऐसे मुनि ही यहाँ विवक्षित हैं। भगवान् न तो केवल ज्ञानी मुनियोंके लिये अवतार लेते हैं और न केवल देवताओंके लिये। वे० भू० जीके लेखमें प्रमाण दिये ही हैं।

नोट—इस आकाशवाणीमें प्रथम मुनियों और सिद्धोंको सम्बोधन किया है और अन्तमें देव-समुदायको। इसका कारण एक तो यह है कि ब्रह्माकी स्तुतिमें भी यही क्रम है—*'मुनि सिद्ध सकल सुर परम भयातुर नमत नाथ पदकंजा'*। प्रथम मुनि और सिद्धका नाम है तब देवताओंका। इसीसे आकाशवाणीने आदिमें *'मुनि सिद्ध सुरेसा'* ('सुरेश' में ब्रह्मा, शिव, इन्द्र तीनों आ गये) और अन्तमें *'देवसमुदाई'* शब्द देकर सबको कह दिया। दूसरा कारण (पंजाबीजीके मतानुसार) यह है कि मुनि और सिद्ध सदाके जितेन्द्रिय हैं, अतः उनके सम्मानहेतु उन्हें प्रथम कहा तब देवोंको।

अंसन्ह सहित मनुज अवतारा। लेहों दिनकर बंस उदारा॥ २॥

अर्थ—उदार सूर्यवंशमें अंशोंसमेत मैं 'मनुज' अवतार लूँगा॥ २॥

बाबा हरीदासजी—जैसे ब्रह्माजीने गुप्त विनय की वैसे ही गगनवाणीने गुप्त ही वचनोंमें कहा। जैसे विधिने असुरारी सम्बोधन किया वैसे ही वाणीने *'अंसन्ह सहित मनुज अवतार लेहों।'* कहा अर्थात् असुरोंका नाशक मेरा सुदर्शनचक्र देह धरकर आवेगा, सो अंश शत्रुघ्नजी जानो। जो *'पालन सुर धरनी'* कहा था

उसकी जोड़में सब जगत्के पालनकर्ता विष्णुजी देह धरकर आवेंगे, सो अंश भरतजी जानो। और जो विधिने कहा कि *'भव भयभंजन'''सरन सकल सुरयूथा'* अर्थात् अपने सयानपनसे आपका गुणगान करना भूल गये, अब आप अवतार लेकर चरित करें, जिसे गाकर हम भवपार हों, इसकी जोड़में वाणी कहती है कि सहसानन जो मेरा सदा गुणगान करते हैं वे अवतरेंगे, सो अंश लक्ष्मणजीको जानो।'

'अंसन्ह सहित मनुज अवतारा''' इति।

बाबा जयरामदासजी रामायणी—'परम प्रभुके वे अंश कौन-कौनसे हैं जिनके सहित सरकारका अवतार हुआ?

जिन परम प्रभुकी प्राप्तिके हेतु श्रीस्वायम्भुव मनु तपस्या कर रहे थे, उन ध्येय तथा इष्टका स्वरूप इस प्रकार वर्णित है—*'उर अभिलाष निरंतर होई। देखिय नयन परम प्रभु सोई॥'''''संभु बिरंचि बिष्नु भगवाना। उपजहिं जासु अंस ते नाना॥'*—भगवान् विष्णु, ब्रह्मा और शिव ये ही अंशस्वरूप कथित हैं, आगे चलकर *'बिधि हरिहर बंदित पद रेनू'* कहकर श्रीपरमप्रभुको इन तीनोंका अंशी लक्ष्य कराया गया है। श्रीरामावतार तीनों अंशोंसमेत चतुर्विग्रहमें प्रकट भी हुआ, यह प्रमाणित है। श्रीरामजी, श्रीभरतजी, श्रीलक्ष्मणजी तथा शत्रुघ्नजी चारों भ्राताओंके रूपमें प्रादुर्भाव हुए। *'बेद तत्त्व नृप तव सुत चारी'।* परंतु कौन विग्रह किस अंशसे हुआ, इसका स्पष्ट निर्णय नामकरणके समय गुरु श्रीवशिष्ठजीके द्वारा किया गया है। *'''''बिस्व भरनपोषन कर जोई। ताकर नाम भरत अस होई॥'* जो संसारका भरण-पोषण (पालन) करनेवाले विष्णुभगवान् हैं, इनका नाम भरत है। *'जाके सुमिरन ते रिपु नासा। नाम सत्रुहन बेद प्रकासा॥',* अर्थात् जो वेदका प्रकाश करनेवाले ब्रह्माजी हैं, जिनके स्मरणसे शत्रुओंका हनन हो जाता है, इनका नाम शत्रुहन है। ब्रह्माके चारों मुखोंसे वेदोंका प्रकाश हुआ है। इसके अतिरिक्त मंथराके इस कथनपर कि *'कहौं झूठ फुर बात बनाई। तौ बिधि देइहि मोहि सजाई॥'* ब्रह्माके अंश शत्रुहनजीने ही उसे दण्ड दिया—*'हुमगि लात तकि कूबर मारा। परि मुह भरि महि करत पुकारा॥'* अतः इससे भी शत्रुहनजीका ब्रह्माका अंश होना सिद्ध है। *'लच्छन धाम रामप्रिय सकल जगत आधार। गुरु बसिष्ठ तेहि राखा लछिमन नाम उदार॥'*—जो शुभ लक्षणोंके धाम रामजीके प्रिय शिवजी हैं,—एकादश रुद्रोंमें प्रधान रुद्र और सकल जगत्के आधार शेषजी हैं—उन शिवजीके अंशस्वरूप जो यह चौथे हैं उनका उदार नाम लक्ष्मण है। जीवके वास्तविक लक्ष्य भगवान् श्रीराम ही हैं। उस लक्ष्यको यथार्थतः श्रीशिवजीने धारण किया है, यथा—*'जेहि सुख लागि पुरारि असिव बेष कृत सिव सुखद।'* (७। ८८) अतएव शिवजी *'लच्छनधाम'* हैं। पुनः उनके समान कोई रामप्रिय भी नहीं,—*'कोउ नहिं सिव समान प्रिय मोरे।'*

इस प्रकार परमप्रभुके अवतार श्रीरघुनाथजी हैं और त्रिदेवगत श्रीविष्णुभगवान्के अवतार श्रीभरतजी, श्रीब्रह्माजीके अवतार श्रीशत्रुहनजी तथा श्रीशिवजीके अवतार श्रीलक्ष्मणजी हैं, अतएव सबके एकमात्र अंशी साक्षात् परमप्रभुने अपने तीनों अंशों—त्रिदेवोंसहित अवतार लेकर यह वाक्य सिद्ध कर दिया कि *'अंसन्ह सहित मनुज अवतारा। लेहौं दिनकर बंस उदारा॥'*

नोट—१ उपर्युक्त मीमांसामें कुछ शंकाएँ और अड़चनें पैदा होती हैं। वे ये हैं—१ *'जासु अंस तें'* मूलपाठ है, जिसका अर्थ है कि 'जिसके अंशसे ब्रह्मादि उत्पन्न होते हैं न कि ये जिसके अंश हैं। अतः फिर भी यह प्रश्न खुला रह जाता है कि वह अंश कौन हैं जिनसे ब्रह्मादिक उत्पन्न होते हैं? २—गगनब्रह्मवाणी ब्रह्मा—शिवादिसे ही कह रही है कि *'अंसन्ह सहित मनुज अवतारा। लेहौं दिनकर बंस उदारा॥',* तो यह सिद्ध ही है कि ब्रह्मके अंश, जिसका वाणीमें संकेत है, सम्मुख खड़े हुए ब्रह्माशिवादिमेंसे कोई भी नहीं है वरंच इनसे अतिरिक्त कोई और ही हैं। ३—ब्रह्माजीका जाम्बवान् होना और शिवजीका हनुमान् होना गोस्वामीजीका मत है जैसा कि दोहावलीमें उन्होंने स्पष्ट कहा है, यथा—*'जानि रामसेवा सरस समुझि करब अनुमान। पुरुखा ते सेवक भये हर ते भे हनुमान॥'* (१४३) आकाशवाणी सुनकर ब्रह्माने सबको आज्ञा दी कि वानररूप धरकर *'हरिपद सेवहु जाइ'* और स्वयं जाम्बवान्रूपसे अवतरे। ४—गुरु श्रीवसिष्ठजी

चारों भाइयोंको वेदतत्त्व कहते हैं, यह उपर्युक्त लेखमें स्वयं कहा गया है, पर ब्रह्मा, विष्णु, महेशको कहीं भी वेदतत्त्व नहीं कहा या सुना गया है, तब ब्रह्मादिके अंशको श्रीवसिष्ठजी क्योंकर वेदतत्त्व कहते? ५—पाँचवें, ऊपर परम प्रभुके अंश ब्रह्मादि बताये गये और ब्रह्मादिके अंश शत्रुघ्नादि बताये गये, इससे जाना गया कि भरतादि भ्राता भगवान्‌के अंशावतार न होकर त्रिदेवके अंशावतार हैं। इत्यादि कारणोंसे त्रिदेवको आकाशवाणीमें संकेत किये गये अंश नहीं माना जा सकता।

वेदान्तभूषणजी कहते हैं कि नारदपाञ्चरात्रमें वैकुण्ठाधीशका भरतरूपसे, क्षीरशायी श्रीमन्नारायणका लक्ष्मणरूपसे तथा भूमापुरुषका शत्रुघ्नरूपसे श्रीरामसेवार्थ अवतीर्ण होनेका उल्लेख है। यथा—'**वैकुण्ठेशस्तु भरतः क्षीराब्धीशस्तु लक्ष्मणः। शत्रुघ्नश्च स्वयम्भूमा रामसेवार्थमागताः॥**' वैकुण्ठाधीश श्रीनारायण श्रीरामजीके अंश हैं। यथा—'**नारायणोऽपि रामांशः शङ्खचक्रगदाधरः।**' इति (वाराहपुराणे) शेषशायी श्रीमन्नारायणको परात्पर ब्रह्मका षोडशकलायुक्त विराट् पुरुष कहा है। यथा—'**जगृहे पौरुषं रूपं भगवान्महदादिभिः। सम्भूतं षोडशकलमादौ लोकसिसृक्षया॥**' '**····पश्यन्त्यदो रूपमदभ्रचक्षुषा सहस्रपादोरुभुजाननाद्भुतम्····॥**' (भा० १। ३। १—४) अष्टभुजी भौमापुरुष भी श्रीरामजीके अंश हैं। यथा—'**तस्मिन् साकेतलोके विधिहरहरिभिः संततं सेव्यमाने दिव्ये सिंहासने स्वे जनकतनया राघवः शोभमाने। युक्तो मत्स्यैरनेकैः करिभिरपि तथा नारसिंहैरनन्तैः कूर्मैः श्रीनन्दनन्दैर्हेमगलहरिभिर्नित्यमाज्ञोन्मुखैश्च॥ यज्ञः केशववामनौ नरवरो नारायणो धर्मजः श्रीकृष्णो हलधृक् तथा मधुरिपुः श्रीवासुदेवोऽपरः। एतेनैकविधा महेन्द्रविधयो दुर्गादयः कोटिशः श्रीरामस्य पुरो निदेशसुमुखा नित्यास्तदीये पदे॥** (बृहद्ब्रह्मसंहिता) '**स्थूलं चाष्टभुजं प्रोक्तं सूक्ष्मं चैव चतुर्भुजम्। परं च द्विभुजं रूपं तस्मादेतत्त्रयं यजेत्॥**' (आनन्द-सं०) इत्यादि।

अब यह देखना है कि इन तीनोंसे अगणित त्रिदेव उत्पन्न होते हैं। वैकुण्ठाधीशसे उत्पन्न होनेके प्रमाण, यथा—'**वैकुण्ठः साकारो नारायणः, तेष्वण्डेषु सर्वेष्वेकैकनारायणावतारो जायते, नारायणाद्धिरण्यगर्भो जायते, नारायणादेकादशरुद्रा जायन्ते।**' (ना० उ० ३। २) क्षीरसिन्धुनिवासीसे अनेक त्रिदेवादि और फिर उनसे देव-तिर्यक् और नरादिकी सृष्टिका प्रमाण, यथा—'**एतन्नानावताराणां निधानं बीजमव्ययम्। यस्यांशेन सृज्यन्ते देवतिर्यङ्नरादयः॥**' (भा० १। ३। ५) (वे० भू० जी कहते हैं कि श्लोकके पूर्वार्धमें नाना त्रिदेवकी उत्पत्ति कहकर उत्तरार्धमें त्रिदेवादिसे देव-तिर्यक् आदिकी सृष्टि कही है।)

श्वेतद्वीपनिवासीसे अनेक अवतार होनेका प्रमाण भूमापुरुषके '**कलावतीर्णाववनेर्भरासुरान् हत्वेह भूयस्त्वरयेतमन्ति मे।**'(भा० १०। ८९। ५९) इस वाक्यमें मिलता है। वे भगवान् कृष्णसे कहते हैं कि तुम और अर्जुन दोनों हमारी कलासे अवतीर्ण हो। (गी० प्रे० गुटकामें यह श्लोक नहीं है) (त्रिदेवोंकी उत्पत्तिका स्पष्ट प्रमाण उनके लेखमें नहीं है।)

प्राचीन ग्रन्थोंसे स्पष्ट प्रमाणोंके रहते हुए कि क्षीरशायी लक्ष्मण और भूमापुरुष शत्रुघ्न होते हैं, ब्रह्माजीका शत्रुघ्न और शिवजीका लक्ष्मण होना माना नहीं जा सकता।

'जाके सुमिरन ते रिपु नासा। नाम सत्रुहन बेद प्रकासा॥ के *'बेद प्रकासा'* का अर्थ जो वेदका प्रकाश करनेवाले हैं, ऐसा अर्थ खींचतान है। *'तौ बिधि देइहि मोहि सजाई'* यह एक लौकिक वाक्यप्रथा है कि अमुक कर्मका फल विधि, दैव अथवा ईशादि देंगे। ☞दूसरे शत्रुघ्नजीके लिये कहा गया है कि उनके स्मरणसे शत्रुका नाश होता है। जीवके प्रबल शत्रु मोह-मनोजादि हैं और ब्रह्मादि स्वयं इनके वशमें हो जाते हैं। यथा—*'मन महुँ करै बिचार बिधाता।'''जेहि बहु बार नचावा मोहीं॥'* ब्रह्माके स्मरणसे शत्रुओंके नाशका निर्देश श्रुतिस्मृतिमें नहीं सुना जाता। लक्ष्मणजी शिवावतार होते तो शिवजीका निरादर वे कदापि अपने वाक्योंसे न करते। *'अब आनिय व्यवहरिया बोली। तुरत देउँ मैं थैली खोली॥', 'जौं सत संकर करै सहाई। तदपि हतउँ रन राम दुहाई॥'* इत्यादि कभी न कहते।

कुछ लोग शङ्ख, चक्र और शेषका भरतादि होना कहते हैं, परन्तु मानसमें शङ्खादिके अवतीर्ण होनेकी सांकेतिक चर्चा भी न होनेसे इस विषयमें विचार उठाना व्यर्थ है। (संकीर्तन-अवताराङ्कमेंसे) ब्रह्माका विष्णु,

नारायण, भूमापुरुष आदि भगवद्रूपोंसे तत्त्वतः, गुणतः अभेद होनेसे उन्हींका चार भ्रातारूपसे अवतीर्ण होना विशेष सङ्गत जान पड़ता है।

श्रीबैजनाथजीका मत है कि श्रीसाकेतमें प्रभुके अंश जो श्रीभरत, श्रीलक्ष्मण और श्रीशत्रुघ्नजी हैं उन्हीं भाइयोंसहित प्रभु अवतार लेनेको कहते हैं। यह भी सुसङ्गत है।

प० प० प्र०—१ जब भगवान् स्वयं अवतीर्ण होते हैं, जैसे उमा-शम्भु-संवाद-कथामें तब क्षीरसागरनिवासी नारायण लक्ष्मण होते हैं। विष्णु भरत होते हैं और महेश शत्रुघ्न होते हैं। इस कल्पमें शेषावतार लक्ष्मण माना जाय तो मानसवचनोंसे विरोध होता है। शेषजी ब्रह्मावतार शत्रुघ्नको और विष्णु-अवतार भरतको कैसे मार सकेंगे? मानसके लक्ष्मणने रामरिपु भरत-शत्रुघ्नको मारनेकी प्रतिज्ञा की है। भगवान् शेषशायी ब्रह्मा-विष्णुसे श्रेष्ठ हैं, अतः ऐसी प्रतिज्ञा कर सकते हैं। धनुर्भङ्गके समय लक्ष्मणजीने *'कमठ अहि कोला'* को आज्ञा दी है, शेषशायी ही कमठ, वराह, शेषको आज्ञा दे सकते हैं।

२ मानसमें ही लक्ष्मणजीको शेषावतार भी कहा है। वह इस प्रकार है—जब शेषशायी नारायण अथवा विष्णु राम होते हैं तब शेषजी लक्ष्मण, शङ्ख भरत और चक्र शत्रुघ्न होते हैं। प० पु० तथा स्कन्दपु० में विष्णु, शेष, शङ्ख और चक्रका राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न होना कहा गया है। प० पु० में वृन्दाका शाप शेषशायी और शेष दोनोंको है, वनवास दुःख और कपि-साहाय्यका शाप भी वृन्दाने दिया है। शङ्खका भरत होना मानसमें गूढ़ भाषामें सूचित किया है। *'बिस्व भरन पोषन कर जोई'* अर्थात् विष्णु भरणपोषणकर्ताके करमें जो है वह भरत है। करमें शङ्ख है ही। इसी तरह सुदर्शनचक्रके स्मरणसे शत्रुका नाश होता ही है, अतः चक्र शत्रुघ्न हुए।

वि० त्रि०—*'अंसन्ह सहित'* भाव कि मैं (तुरीयका विभु) अपने अंशों (जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्तिके विभुओं) के सहित मनुष्य-अवतार लूँगा। अर्थात् जब अंशीका अवतार होगा तब अंश भी आवेंगे। राजाके साथ सारा समाज चलता है। सुषुप्तिके प्रभु ईश्वर, स्वप्नके हिरण्यगर्भ और जाग्रत्के विभु विराट् हैं। इन्हींके साथ अवतीर्ण होनेका आश्वासन दिया जा रहा है।

नोट—२ पूर्व कहा जा चुका है कि मानसमें मुख्यतः परात्पर परब्रह्म श्रीरामजीका ही अवतार और चरित कहा गया है, परन्तु 'श्रीरामावतार' का हेतु कहनेमें वैकुण्ठ और क्षीरशायीको शापका दिया जाना और उन शापोंके व्याजसे भी श्रीरामावतारका होना कहा गया है। इसीसे उन तीन कल्पोंकी कथा भी गौणरूपसे मानसकल्पकी कथामें जहाँ-तहाँ ग्रथित है। इसके अगणित प्रमाण ग्रन्थभरमें हैं जैसे स्तुतिमें चार कल्पोंके अवतारोंकी स्तुतिका विवरण है वैसे ही आकाशवाणीमें भी चार कल्पोंके अवतारोंका प्रसङ्ग सूक्ष्म रीतिसे है।

नोट—३ (क) भगवान्ने जो मनुजीसे कहा है कि *'अंसन्ह सहित देह धरि ताता। करिहौं चरित भगत सुखदाता॥'* उसीको वहाँ *'अंसन्ह सहित मनुज अवतारा।' 'लेहों'* कहकर चरितार्थ किया है। *'मनुज'* शब्दमें श्लेषद्वारा यह ध्वनि भरी हुई है कि मनुको जो हमने वर दिया है उसे सत्य करेंगे, उनके पुत्र होंगे। (ख) *'लेहों दिनकर बंस उदारा'* इस वाक्यसे पूर्वके (मनु-शतरूपाजीसे कहे हुए) *'इच्छामय नरबेष सँवारे। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे॥' 'होइहहु अवध भुआल तब मैं होब तुम्हार सुत।'* इन वाक्योंको चरितार्थ किया। ☞ इस प्रकार इस वाणीमें 'मनु प्रार्थित' रामावतारवाले कल्पका प्रसङ्ग है। (ग) *'बंस उदारा'* इति। इस वंशमें समस्त राजा चक्रवर्ती और उदार दानी होते आये हैं। यथा— *'मंगन लहहिं न जिन्ह कै नाहीं।'* उदारसे श्रेष्ठ और महान् भी जनाया। रघुवंशी बड़े वीर और प्रतापी हुए हैं। यथा—*'जिन्ह कै लहहिं न रिपु रन पीठी।', 'कालहु डरहिं न रन रघुबंसी॥'* (२८४। ४) इस कुलमें अवतार लेनेसे अवतार गुप्त रहेगा। अतः कहा कि इस कुलमें अवतार लूँगा। बैजनाथजी लिखते हैं कि *'बंस उदारा'* में अवतारका भाव यह है कि उस कुलमें प्रकट होकर विशेष उदारता प्रकट करूँगा। देशकाल पात्रापात्रका विचार न करके स्वार्थरहित याचकमात्रको मनोवाञ्छित दान दूँगा। यथा—*'सुसमय सब के द्वार द्वै निसान बाजैं। कुसमय तें दसरथ के दानि गरीब निवाजैं।'* (विनय०)

वि० त्रि०-उदार सूर्यवंशमें अवतार ग्रहण करनेका अभिप्राय यह है कि बारह कलाओंमें ही पूर्णता हो जायगी, क्योंकि सूर्यमें बारह कलाएँ हैं। चन्द्रवंशमें अवतार ग्रहण करनेसे सोलह कलाओंमें पूर्णता होती है। क्योंकि चन्द्रमें सोलह कलाएँ हैं।

कस्यप अदिति महा तप कीन्हा। तिन्ह कहुँ मैं पूरब बर दीन्हा॥ ३॥
ते दसरथ कौसल्या रूपा। कोसलपुरी प्रगट नरभूपा॥ ४॥
तिन्ह कें गृह अवतरिहौं जाई। रघुकुल तिलक सो चारिउ भाई॥ ५॥

अर्थ—कश्यप और अदितिने बड़ा भारी तप किया था। मैंने उनको पूर्व ही वर दिया था॥ ३॥ वे दशरथ-कौसल्यारूपमें श्रीअयोध्यापुरीमें नृपति होकर प्रकट हुए हैं॥ ४॥ मैं उनके घरमें जाकर रघुकुलमें शिरोमणि चारों भाईके रूपमें अवतार लूँगा॥ ५॥

नोट—१ (क) *'कस्यप अदिति……'* इति। इससे जनाया कि महर्षि कश्यप और अदिति प्राय: दशरथ और कौसल्या होते हैं अथवा चार कल्पोंके श्रीरामावतारका हेतु कहा गया है; उनमेंसे तीनमें कश्यप-अदिति ही दशरथ-कौसल्या हुए। उनके यहाँ अवतार होना सब जानते हैं, यथा—*'कस्यप अदिति तहाँ पितु माता। दसरथ कौसल्या बिख्याता॥'* (१२३। ३) जय-विजय-कल्पके प्रसङ्गमें शिवजीने *'बिख्याता'* शब्द कहकर जना दिया कि कश्यप-अदितिजीका दशरथ-कौशल्या होना सब देवता जानते हैं। मनु-शतरूपाका दशरथ-कौशल्या होना सब नहीं जानते। (ख) *'प्रगट नरभूपा'* से जनाया कि तुम सब यह बात जानते हो। (ग) *'तिन्ह के गृह अवतरिहौं जाई'* इति।*'जाई'* से जनाया कि हम शीघ्र ही अवतार लेंगे क्योंकि कश्यपादि दशरथादि रूपसे प्रकट हो चुके हैं। (घ) *'रघुकुल तिलक'* इति। प्रथम *'दिनकर बंस'* कहा और अब रघुकुल कहा। भाव कि इस कुलमें 'रघु' जी ऐसे प्रतापी, तेजस्वी और उदार हुए कि 'दिनकरवंशका नाम बदलकर लोग उसे 'रघुकुल' कहने लगे। रघुसे लेकर अनेक राजा इस कुलमें हो गये जिनसे रावण शङ्कित रहता था। अत: इस कुलमें प्रकट होनेसे रावणको इनके मनुष्य होनेमें कभी सन्देह न होगा। (ङ) *'सो चारिउ भाई'* से श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्नजी चारों भाइयोंका अवतार कहा।

नोट—२ श्रीबैजनाथजी तथा पं० रामवल्लभाशरणजी आदिका मत है कि इन चरणोंमें जलंधर और जय-विजयवाले कल्पोंका प्रसङ्ग है। इनके लिये वैकुण्ठसे अवतार हुआ था। इन कल्पोंके सम्बन्धमें पूर्व जो कहा था कि *'कस्यप अदिति तहाँ पितु माता।……'* (१२३। ३) उसीको यहाँ *'कस्यप अदिति……नरभूपा।'* इस वाक्यसे चरितार्थ किया।

नोट—३ वेदान्तभूषणजीका मत है कि रावणकी तरह दशरथ भी कोई हों किन्तु श्रीअयोध्याजीमें साकेतविहारी ही अवतीर्ण होते हैं। इसपर शङ्का हो सकती है कि 'मनुको वर दिया गया तब यहाँ कश्यपका दशरथ होना क्यों कहा?' समाधान यह है कि—(क) मनु और कश्यप दोनों प्रजापति हैं, दोनोंसे सृष्टिका विस्तार होता है। दोनोंकी एक क्रिया होनेसे दोनोंमें अभेद दिखाया। (ख) किशोररामायणमें लिखा है कि *'मारीचो कश्यपो नाम मनुश्चापरजन्मनि।'* (१। ३। १८) अर्थात् मरीचि मुनिके पुत्र कश्यप ही दूसरे जन्ममें मनु हुए। उसीमें आगे चलकर यह लिखा है कि श्रीरामजीका अर्चन करके जो कश्यप भगवान्‌के पिता हुए। (वामनावतार उन्हींके द्वारा हुआ था) वही इस समय (दूसरे जन्ममें) मनु और (तीसरे जन्ममें) नृप होंगे तब परात्पर श्रीराम उनके पुत्र होंगे। यथा—**'समर्चनं यस्य विधाय कश्यपो ह्यदित्या सार्धमवाप पितृताम्। रामस्य एवात्र भवे मनौ नृपे ह्यवाप्नुयात्पुत्रतनुं परात्परः॥'** (१। ५। १२) इसीसे कश्यपका महातप करना कहा। क्योंकि वे ही मनु और दशरथ हुए।

वृन्दाके शापवाले कल्पमें कश्यप-अदिति माता-पिता नहीं हुए थे। आ० रा० में धर्मदत्तका दशरथ होना कहा है।

कहाँ तो मनुसे कहा कि मैं तुम्हारा पुत्र होऊँगा और यहाँ देवताओंसे कहते हैं कि कश्यप दशरथ हुए हैं; उनके यहाँ जन्म लूँगा, इस द्विवाक्यतामें भाव यह है कि जिन कल्पोंमें मैं स्ववाचाबद्ध होनेसे प्रकट होता हूँ, उनमें मनु वा कश्यप ही दशरथ होते हैं और जिनमें मुझे अपने अंश वैकुण्ठ, क्षीरशायी आदिके बदलेमें दाशरथि होना पड़ता है उनमें धर्मदत्त आदि दशरथ होते हैं। मानसमें धर्मदत्तादिका नाम इससे नहीं दिया गया कि इसमें उन शापवाले कल्पोंकी कथा नहीं कहना है। [श्रीहरिदासाचार्यजी (श्रीरामतापनीयोपनिषदादिके भाष्यकार) का यही मत है जो उन्होंने विस्तारसे भाष्यमें लिखा है।]

वि० त्रि०—*'कस्यप अदिति""चारिउ भाई'* इति। *'जनि डरपहु"""बंस उदारा'* यह आकाशवाणी उस कल्पकी है जिसमें स्वायम्भू मनु और शतरूपाकी प्रार्थनासे ब्रह्मका रामावतार हुआ था और भानुप्रतापका रावणावतार हुआ था। जय-विजयके रावण होनेके प्रकरणमें कहा था कि *'कस्यप अदिति तहाँ पितु माता। दसरथ कौसल्या बिख्याता॥'* वही बात आकाशवाणी अब कह रही है कि *'कस्यप अदिति महातप कीन्हा""ते दसरथ कौसल्या रूपा। कौसलपुरी प्रकट नरभूपा॥'* उन्हींके घर हम चार भाई होकर अवतार ग्रहण करेंगे। भाव कि देवताका आयुध-वाहन आदि उनके स्वरूपसे पृथक् नहीं होता। इस अवतारमें शेष भगवान् लक्ष्मण हुए, पाञ्चजन्य शङ्ख भरत और सुदर्शनचक्र शत्रुघ्न हुए। वैकुण्ठनाथका रामावतार हुआ। यह जय-विजय रावण-कुम्भकर्णवाले कल्पकी आकाशवाणी है।

प० प० प्र०—आकाशवाणीमें कश्यप-अदितिके दशरथ-कौसल्या होनेका उल्लेख है, मनु-शतरूपाके दशरथ-कौसल्या होनेका उल्लेख क्यों नहीं है? समाधान—पहले बताया जा चुका है कि १८६ छन्द १ नारायणावतारविषयक है, १८६ छन्द, २, ३ सगुण ब्रह्म-विषयक हैं और छन्द ४ विष्णुविषयक है। नारायण, सगुण-ब्रह्म द्विभुज (जिनका दर्शन मनु-शतरूपाको हुआ था) और विष्णु यह क्रमस्तुतिमें है। इसका उलटा क्रम आकाशवाणीमें है। यथा—(१) *'तुम्हहि लागि धरिहउँ नर बेषा'* कहनेवाले विष्णु नर वेषधारी नहीं हैं, वे चतुर्भुज हैं, इससे उन्होंने कहा कि नरवेष धारण करूँगा। (२) *'अंसन्ह सहित,* देहलीदीपक है। *'मनुज अवतार लेहउँ'* का मनुज श्लेष है। यह संकेत (मनु-जात और मनुष्य) सगुणब्रह्मावतार-विषयक है। मनुजीको जब दर्शन दिया तब नररूप (द्विभुज) ही थे और साकेतनिवासी रामका नररूप ही है; अतः वहाँ *'नरबेष लेहउँ '* कहनेकी आवश्यकता नहीं है। गगनगिरा गम्भीर है, अति गूढ़ है। अतः यही अति गूढ़ वचन है। (३) *'कस्यप अदिति महातप कीन्हा'*—यह शेष दो कल्पोंकी कथासे सम्बन्धित है। एकमें वृन्दाशाप और दूसरेमें नारदमोह कारण है। दोनोंमें कश्यप-अदिति दशरथ-कौसल्या हैं। प्रथम जलंधर-रावण-कल्पका उल्लेख किया, अन्तमें नारदशापवालेका, क्योंकि मानसमूलमें वही कथा प्रथम है, वह कथा चारों कल्पोंके लिये सामान्य है और प्रत्येक वक्ताने अपने कल्पकी कथाको विशेष मिलाया है। इस प्रकार अर्थ करनेसे उलझन, शङ्का और मतभेदके लिये स्थान ही नहीं है। जिस अवतारके जन्मकी कथा शिवजी कह रहे हैं, वह अवतार सगुण ब्रह्मका ही है और १। ४९। १ में भी मनुज शब्द है—*'रावन मरन मनुज कर जाचा',* यहाँ भी *'मनुज अवतारा'* कहा है और दोहा १९२ में भी *'लीन्ह मनुज अवतार'* कहा है। चारों कल्पोंका समन्वय करनेके लिये ही १९२ छन्द १ में *'निज आयुध भुज चारी'* ऐसे गूढ़ शब्द रखे गये हैं।

जय-विजयके लिये जो विष्णुका रामावतार हुआ उसमें कश्यप-अदितिके दशरथ-कौसल्या होनेका उल्लेख १। १२३। ३ में कर आये हैं, अतः यहाँ स्पष्ट नहीं कहा। वहाँ अवतारहेतुकथनमें भी विष्णु-अवतारका प्रथम उल्लेख है, वैसे ही यहाँ है। भेद इतना है कि मनुजीकी कथा विस्तारसे कथन करनेके बाद यह उल्लेख (आकाशवाणी) है। अतः केवल *'मनुज'* शब्दसे संकेत कर दिया गया। शेष विस्तार वही है।

नारद बचन सत्य सब करिहौं। परम सक्ति समेत अवतरिहौं॥ ६॥
हरिहौं सकल भूमि गरुआई। निर्भय होहु देव समुदाई॥ ७॥

अर्थ—नारदका सब वचन सत्य करूँगा। परम (आद्या) शक्तिसहित अवतार लूँगा॥ ६॥ मैं पृथ्वीका सब भार हरूँगा। हे देववृन्द! निडर हो जाओ॥ ७॥

टिप्पणी—१ *'नारद बचन सत्य सब करिहौं'''''*। (क) इससे सूचित हुआ कि नारद कल्पमें भी कश्यप और अदिति ही पिता-माता हुए। [*'सब बचन'* कहा क्योंकि उनके शापमें कई बातें हैं। यथा—(क) *'बंचेहु मोहि जवनि धरि देहा' 'सोइ तनु धरहु',* राजा बनकर ठगा अतः राजा बनकर यह वचन सत्य करेंगे। (२) *'करिहहिं कीस सहाय तुम्हारी',* अतः वानरोंसे सहायता लेंगे। (३) *'मम अपकार कीन्ह तुम्ह भारी। नारि बिरह।'* राजा बनकर स्त्रीसे वियोग कराकर विरही बनाया। अतः रावण यती बनेगा और उसके द्वारा हम अपनी स्त्रीके हरण किये जानेकी लीला भी करेंगे। विरही भी बनेंगे। (४) *'नारि बिरह तुम्ह होब दुखारी।'* अतः विरही बनकर यह भी चरित करेंगे।] (ख) *'परम सक्ति समेत अवतरिहौं'* इति। *'नारि बिरह'* से दुःखी होनेका शाप दिया है इसीसे आकाशवाणी कहती है कि परम शक्तिके साथ अवतार लूँगा। [भाव यह कि मेरी परम 'शक्ति' ही मेरी स्त्री होगी, दूसरी कोई नहीं। परम, परा, आद्या ये सब एक ही हैं। उमानन्दनाथजीने एक तांत्रिक ग्रन्थमें पराशक्तिका वर्णन इस प्रकार किया है—**'यस्यादृष्टो नैव भूमण्डलांशो यस्या दासो विद्यते न क्षितीशः। यस्याज्ञातं नैव शास्त्रं किमन्यैः यस्याकारः सा पराशक्तिरेव॥'** अर्थात् 'परम शक्ति' वह शक्ति है जिसके लिये संसारका कोई भी अदृष्ट नहीं है। कोई ऐसा राजा नहीं जो उसका गुलाम न हो। कोई ऐसा शास्त्र नहीं जिसे वह न जानती हो। पुनः, परम शक्ति=समस्त शक्तियोंका मूल स्रोत। (ग) मनुजीसे जो प्रभुने कहा था कि *'आदि सक्ति जेहि जग उपजाया। सोउ अवतरिहि'* वह भी *'परम सक्तिसमेत अवतरिहौं'* से चरितार्थ किया गया। 'परम' और 'आदि' एक ही बात है। ये उनकी साक्षात्स्वरूपा शक्ति हैं।]

प० प० प्र०—*'नारद बचन सत्य सब करिहौं।'* इति। पहले कहा था कि *'नारद श्राप दीन्ह एक बारा। कलप एक तेहि लगि अवतारा॥'* यह शाप एक कल्पमें अवतारके लिये ही था। पर यहाँ शाप न कहकर *'नारद बचन'* कहनेमें भाव यह है कि जिस कल्पमें किसी दूसरेका शाप कारण नहीं होता है, उसमें नारद-वचन ही सत्य किया जाता है। अद्भुत करनी है। अपने भक्तका प्रेम इतना है।

नोट—१ बैजनाथजीका मत है कि *'नारद बचन'''''* यह आकाशवाणी हरगण-रावणके समयके क्षीरशायी भगवान्‌का वाक्य है। उन्हींको शाप हुआ था। यही मत पं० रा० व० श० जीका है।

नोट—२ पं० रा० व० श०—अवतार तीनों स्थानोंसे होता है। अतएव आकाशवाणीमें तीनोंका समावेश है। 'अवतार' शब्द तीन बार आया है। तीन क्रियाएँ पृथक्-पृथक् तीनों अवतारोंकी कथा सूचित करती हैं।

नोट—३ वे० भू० रा० कु० दास—जो यह कहते हैं कि नारदशापके कल्पमें कश्यप दशरथ हुए थे उन्हें अद्भुत रामायण पढ़ लेना चाहिये। उसमें स्पष्ट लिखा है कि नारदशापकल्पमें अम्बरीष दशरथ हुए थे। (अद्भुत रा० ४। ६०)

टिप्पणी—२ *'हरिहौं सकल भूमि गरुआई'''''* इति। (क) ये आकाशवाणीके अन्तिम वचन हैं। आदिमें *'जनि डरपहु मुनि सिद्ध सुरेसा'''''* कहा है। ब्रह्माजीने कहा था कि सब परम भयातुर हैं, सुरयूथ आपकी शरण हैं, इसीसे ब्रह्मवाणीने आदि और अन्त दोनोंमें *'निर्भय'* होनेको कहकर उनका आश्वासन किया। [*'गरुआई'* अर्थात् भार। पृथ्वी व्याकुल होकर मनमें विचारती थी कि *'गिरि सरि सिंधु भार नहिं मोही। जस मोहि गरुअ एक परद्रोही॥'* (१८४। ५) वही *'गुरुता',* वही भार हरण करनेकी प्रतिज्ञा यहाँ है। पुनः, ब्रह्माजीने जो *'गो द्विज हितकारी जय असुरारी'* कहा था उसके सम्बन्धसे यहाँ *'हरिहौं'''''* कहा। अर्थात् पृथ्वीरूपी गौ, ब्राह्मणों और सुरोंका हित करूँगा। किस तरह? *'गरुआई'* हरकर। राक्षस पृथ्वीका

भार हैं, उनका वध करके सबका हित करेंगे। ब्रह्मस्तुतिके *'सकल सुरयूथा'* की जोड़में यहाँ *'देव समुदाई'* है। *'सकल गरुआई'* से जनाया कि पृथ्वीभरके निशाचरोंका नाश करूँगा।]

मनुप्रकरण तथा नारदवचनसे इस आकाशवाणीका मिलान

मिलान: मनु-प्रकरण	आकाशवाणी
अंसन्ह सहित देह धरि ताता	१ *अंसन्ह सहित मनुज अवतारा*
इच्छामय नर बेष सँवारे	२ *मनुज अवतारा*
होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे	३ *लेहौं दिनकर बंस उदारा*
(क) *बंचेहु मोहि जवनि धरि देहा। सोइ तन धरहु श्राप मम एहा॥*	☞*अंसन्ह सहित मनुज अवतारा लेहौं दिनकर बंस उदारा।*
(ख) *कपि आकृति तुम्ह कीन्हि हमारी। करिहहिं कीस सहाय तुम्हारी॥'''*	☞इन बातोंके कहनेका कोई प्रयोजनन न था। अतः आकाशवाणीने इसपर कुछ न कहा। नारदकल्पकी बात ब्रह्माको मालूम है, इसीसे वे देवताओंसे कहते हैं कि *'बानर तनु धरि धरि महि हरिपद सेवहु जाइ।'*
(ग) *नारि बिरह तुम्ह होब दुखारी*	—यहाँ इनके कथनका कोई प्रयोजन नहीं था।
आदिसक्ति जेहि जग उपजाया। सोउ अवतरिहि मोहि यह माया॥	४ *'परम सक्ति समेत अवतरिहौं'* इसीमें *'नारि बिरह तुम्ह होब दुखारी'* भी सिद्ध हो गया।

☞(परब्रह्मको जो करना है वही उन्होंने कहा। अन्य कल्पोंसे मिलान करके आकाशवाणीने देवताओंको निस्संदेह बोध कराया है।)

होइहहु अवध भुआल तब मैं होब तुम्हार सुत	५ ते दसरथ कौसल्या रूपा। कोसलपुरी प्रगट नर भूपा॥

☞देवता कश्यप-अदितिके यहाँ ही अवतार जानते हैं। इसीसे यहाँ भी कश्यप-अदितिके यहाँ अवतार होना कहा। यथा—*'कस्यप अदिति तहाँ पितु माता। दसरथ कौसल्या बिख्याता॥', 'कस्यप अदिति महातप कीन्हा। तिन्ह कहँ मैं पूरब बर दीन्हा॥ ते दसरथ कौसल्या रूपा।'*

☞बिख्याताका भाव कि कश्यप-अदितिका दशरथ, कौसल्या होना विख्यात है, मनु-शतरूपाका दशरथ-कौसल्या होना विख्यात नहीं है।

गगन ब्रह्म बानी सुनि काना। तुरत फिरे* सुर हृदय जुड़ाना॥ ८॥

अर्थ—आकाशकी ब्रह्मवाणी कानोंसे सुनकर देवताओंके हृदय शीतल हो गये और वे तुरत लौट पड़े॥ ८॥

टिप्पणी—१ *'गगन ब्रह्मबानी'* इति। ब्रह्माकी वाणीको भी ब्रह्मवाणी कहते हैं और परात्पर परब्रह्मकी वाणीको भी 'ब्रह्मवाणी' कहते हैं। पार्वतीजीके तपमें ब्रह्माकी वाणी है, यथा—*'देखि उमहि तपखीन सरीरा। ब्रह्मगिरा भै गगन गभीरा॥'* जो आकाशवाणी हुई वह ब्रह्मकी वाणी है (यह जतानेके लिये *'गगन ब्रह्म'* बानी शब्द यहाँ दिये)।

नोट—१ *'ब्रह्मबानी सुनि'''सुर हृदय जुड़ाना।'* आकाशवाणी देवताओंने कानोंसे सुनी। स्पष्ट सुन लिया कि भगवान् कहते हैं कि *'हरिहौं सकल भूमि गरुआई। निर्भय होहु देव समुदाई॥'* अतः वे सन्तुष्ट हो गये। वाणीको शोक-सन्देहहारिणी कहा था, यथा—*'गगनगिरा गंभीर भै हरनि सोक संदेह।'* उसको यहाँ चरितार्थ करते हैं कि *'सुर हृदय जुड़ाना'*। *'हृदय जुड़ाना'* से सूचित किया कि पूर्व संतप्त थे; जैसा कि *'बैठे सुर सब करहिं बिचारा। कहँ पाइअ प्रभु करिअ पुकारा॥' 'सो करउ अघारी चिंत हमारी' 'परम भयातुर*

---

* फिरेउ—१६६१।

नमत नाथ पदकंजा' तथा *'हरनि सोक संदेह'* से स्पष्ट है। शोकोत्पन्न सन्ताप जाता रहा; अतः हृदय शीतल हो गया।

'गगन ब्रह्मवाणी' इति।

आकाशवाणीके सम्बन्धकी शङ्का बड़ी जटिल है। जो कुछ पूर्व लिखा गया है उसीको समझनेके लिये मैं यहाँ उसे एकत्रित कर रहा हूँ। उससे सबके मत ठीकसे समझमें आ जायेंगे।

पं० शिवलालपाठकजीका मत है कि *'अपर हेतु सुनु सैलकुमारी।'* (१४१। १) से लेकर *'मोर बचन सबके मन माना।'*......।' (१८५। ८) तक दिव्य परतमकल्पका चरित है। इस परतम प्रभुके अवतारकी स्तुति मनुद्वारा हो चुकी है। यहाँ शंकरजीने देवताओंसे कहा कि प्रेम करो, प्रभु प्रकट हो जायँगे। आगे ब्रह्मस्तुति *'जय जय सुरनायक'''* से लेकर *'यह सब रुचिर चरित मैं भाषा। अब सो सुनहु जो बीचहि राखा।'* (१८८। ६) तक नारद शापावतारका प्रसङ्ग है जो परतम-अवतार-कल्पके चरितको छोड़कर शिवजी कहने लगे थे क्योंकि प्राकृत सृष्टिके लोगोंको परतमके अवतारमें विश्वास न होगा।

दूसरा मत यह है कि मानसमें श्रीरामावतारके हेतु-कथनमें चार कल्पोंके रामावतारका हेतु कहा गया है। तीन कल्पोंमें संक्षेपसे कहा। अन्तमें अगुण-अरूप-अजादि विशेषणयुक्त ब्रह्मके अवतारका हेतु विस्तारसे कहा, क्योंकि इसीमें गरुड़जी और सतीजीको भ्रम हुआ था। मानसमें विस्तृतरूपसे परतम अवतारवाले कल्पकी ही कथा है, पर बीच-बीचमें अन्य तीन कल्पोंके प्रसङ्ग-सूचक शब्द देकर ग्रन्थकारने जना दिया है कि सब कल्पोंकी कथाएँ भी साथ-साथ इसमें ग्रथित हैं। इसीसे इस ब्रह्मस्तुतिमें चारों कल्पोंकी देवस्तुति और आकाशवाणीमें चारों कल्पोंकी आकाशवाणी है जैसा पूर्व दिखाया जा चुका है। यह मत श्रीबैजनाथजी, सन्त श्रीगुरुसहायलालजी आदि अनेक टीकाकारोंका है।

तीसरा मत यह है कि यह आकाशवाणी परतम प्रभुके अवतारकी ही है और ब्रह्मवाणी है। अन्य कल्पोंसे इसका सम्बन्ध नहीं। यह वाणी *'गंभीर'* और *'हरनि सोक संदेह'* है। गँभीर अर्थात् गूढ़ है, अगाध है। यहाँ तीन मत वा सिद्धान्तके लोग हैं, इसीसे इसमें ऐसे शब्द आये हैं जिससे तीनोंको सन्तोष हो, सभीका शोक-सन्देह निवृत्त हो। सभी अपनी-अपनी भावनाके अनुसार वैसा ही समझ लें और अपना (परतम प्रभुका) अवतार गुप्त भी रहे, केवल उसके अधिकारी श्रीशिवजी, भुशुण्डिजी, अगस्त्यजी आदि ही जानें। दोहेके *'हरनि सोक संदेह'* शब्द अभिप्रायगर्भित हैं। वाणी इस प्रकारकी न होती तो सबका समाधान न होता।

आकाशवाणीके वचन बड़ी युक्तिके हैं। जो उसने कहा वह सब सत्य है। *'कस्यप अदिति महातप कीन्हा', 'तिन्ह कहँ मैं पूरब बर दीन्हा', 'ते दसरथ कौसल्या रूपा'* और *'कोसलपुरी प्रगट नरभूपा'* ये सब वाक्य सत्य हैं। कश्यप-अदितिने तप किया था, उनको वर मिला था। उन्हींने मनु-शतरूपा होकर परतम प्रभुके लिये तप किया और वर पाया। (यह त्रिदेव ही जानते थे। क्योंकि इनसे उन्होंने वर नहीं माँगा। सुतराम् श्रीसीतारामजीने उन्हें स्वयं दर्शन देकर उनके मनोरथ पूर्ण किये।) वही कश्यप-मनु दशरथरूपसे प्रकट हुए हैं और अदिति-शतरूपा कौसल्या हुई हैं। अतः *'ते दसरथ कौसल्या रूपा। कोसलपुरी प्रगट नर भूपा॥'* भी सत्य है। मनु-शतरूपाके वरदानकी बात सब नहीं जानते और प्रभु अपने अवतारको गुप्त रखना चाहते हैं, अतः आकाशवाणीने मनु-शतरूपाको कश्यप-अदितिमें ही गुप्तरूपसे जना दिया। अधिकारी जान गये, अन्य नहीं।

आगे आकाशवाणी कहती है *'तिन्ह के गृह अवतरिहौं जाई'* यह भी सत्य है। दशरथजीका घर सदा वही है, श्रीअवध वही है, अनादि है। श्रीरामावतार सदा दशरथ-कौसल्याके यहाँ होता है। मनु-शरीर या कश्यप-शरीरमें वह अवतार नहीं होता। श्रीरामावतारके लिये श्रीअवध ही कश्यपका घर है, वही मनुका घर है और वही दशरथका है। इसीसे *'गृह'* शब्द बड़ी युक्तिका है।

अब *'नारद बचन सत्य सब करिहौं।'''* इसको लीजिये। यह भी सत्य है। नारदके वचन ये ही तो हैं कि तुम राजाका शरीर धारण करो, वानर तुम्हारे सहायक बनें, स्त्री-विरह-दुःख तुमको हो। कोई भी रामावतार ऐसा नहीं है जिसमें श्रीराम राजा न होते हों? सभीमें वे राजा होते हैं, सीता-हरण-लीला होती है, वे विरहीका नाट्य करते हैं और वानर ही सहायक होते हैं। यदि ये बातें नारद-शाप-कल्पके अतिरिक्त अन्य कल्पोंके अवतारोंमेंसे निकाल डालें तो फिर अन्य कल्पोंमें लीलाका कार्य ही न रह जायगा। न राम राजा होंगे, न सीता-हरण होगा, न रावण मारा जायगा और न कभी देवताओंका शोक-सन्ताप मिटेगा। नारद-शापका प्रसङ्ग एक ही अवतारमें समाप्त हो जाता है, पर नारद-वाक्य सभी रामावतारोंमें सत्य होते हैं। जो चरित्र प्रभु सदा रामावतार लेकर किया करते हैं, वही एक कल्पमें उन्होंने नारदके मुखसे शापमें भी कहलाये। अ० रा० में नारदवचनकी बात नहीं है फिर भी यह सब चरित्र हुए हैं।

रा० प्र० का मत है कि आकाशवाणीमें कल्पान्तरोंके सूचक शब्द देकर वैकुण्ठवासी भगवान् विष्णु, क्षीरशायी श्रीमन्नारायण और अपनेमें अभेद बताया। जैसे भृगुने लात मारी विष्णुको और भृगुलता धारण करते हैं सभी लीलावतार तथा वृन्दाका शाप हुआ विष्णुको, पर शालग्रामरूपमें चिह्नभेदसे क्षीरशायी श्रीमन्नारायण और श्रीरामादि सभी भगवत्-स्वरूप मिलते हैं। वैसे ही शाप होता है क्षीरशायीको और उसे धारण करते हैं सभी लीलाविग्रह—तत्त्वतः, गुणतः, स्वरूपतः भेद प्रदर्शित करनेके लिये। जैसे तीन कल्पोंके अवतारोंका हेतु कहते हुए बताया है कि उनमें कौन रावण हुआ, वैसे ही मनु-शतरूपाके प्रेमसे परतम प्रभु श्रीसीतारामजीके अवतारके लिये कौन रावण हुआ यह बतानेपर ही अगुण अरूप अज ब्रह्मके अवतारका हेतु समाप्त होता है। अतः बताया कि भानुप्रताप इसमें रावण हुआ। उसके अत्याचारसे देवता पीड़ित हो शरणमें गये। तब उनके शोक-सन्देह-हरणार्थ आकाशवाणी हुई। अतः इस *'गगन ब्रह्मबानी'* का उसी कल्पसे सम्बन्ध होना उचित ही है।

शापित अवतारोंमें प्रायः आकाशवाणी इस अवसरपर नहीं देखी-सुनी जाती, जैसा वाल्मीकीय, अध्यात्म आदि कतिपय ग्रन्थोंसे सिद्ध है। वहाँ वैकुण्ठवासी अथवा क्षीरशायी भगवान्से ब्रह्मादि देवता प्रार्थना करते हैं कि आप रावणको नरावतार लेकर मारें।

अतः यह मानना कि मनुको वरदान इस कल्पमें हुआ, पर उनके लिये अवतार इस कल्पमें नहीं हुआ किसी दूसरे कल्पमें होगा, कहाँतक ठीक हो सकता है पाठक स्वयं विचार कर लें। प्रभुका श्रीमुख-वाक्य है—*'तात गए कछु काल पुनि। होइहहु अवधभुआल तब मैं होब तुम्हार सुत॥'* तब भला मनु-शतरूपाजी कल्पान्तका वियोग कैसे सह सकेंगे?

नोट—२ ☞बाबा श्रीहरिदासाचार्यजीने श्रीरामतापनीय भाष्यमें श्रुति-स्मृति आदि प्रमाणोंसे यह सिद्धान्त किया है कि रामावतार सदा साकेतसे होता है। वैकुण्ठ या क्षीरशायी भगवान् राम नहीं होते। शालग्राम और बल्लौरी शीशे आदिके दृष्टान्तोंसे इस सिद्धान्तकी पुष्टि भी की है। यही मत वेदान्तभूषणजीके लेखोंमें है। मानसके उद्धरणोंसे भी इसकी पुष्टि हो जाती है। जैसा अन्यत्र कहीं-कहीं दिखाया भी गया है।

☞मानसके प्रायः सभी टीकाकारोंने वैकुण्ठाधीश और क्षीरशायीका भी श्रीरामावतार लेना माना है। ग्रन्थोंमें देखा जाता है कि वैकुण्ठाधीश आदि देवताओंके सामने प्रकट हुए हैं और उनकी प्रार्थना सुनकर स्पष्ट कहा है कि मैं नर-शरीर धरकर रावणको मारूँगा। यदि वे श्रीरामावतार नहीं लेते तो उनका वाक्य असत्य ठहरेगा। मानसके *'पय पयोधि तजि अवध बिहाई। जहँ सिय लखनु रामु रहे आई॥'* (२। १३९। ५) आदि वाक्योंसे इनके मतकी पुष्टि भी होती है।

नोट—३ (क) अंशोंके सम्बन्धमें भी मतभेद है। कोई-कोई वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध चतुर्व्यूह अवतार मानते हैं। (मा० त० वि०) कोई शंख, शेष और सुदर्शनका क्रमशः श्रीभरत, श्रीलक्ष्मण,

श्रीशत्रुघ्न होना मानते हैं, जब वैकुण्ठ या क्षीरसिंधुसे अवतार होता है। साकेतसे अवतार होनेपर श्रीभरतादि भाई जो वहाँ हैं वे ही यहाँ अवतीर्ण होते हैं। (वै०) और कोई यह मानते हैं कि अवतार सदा साकेतसे होता है और वैकुण्ठाधीश, विराट् तथा भूमापुरुष ही श्रीरामजीके अंश हैं जो श्रीभरत-लक्ष्मण-शत्रुघ्नरूपसे श्रीरामसेवार्थ अवतीर्ण होते हैं। (वे० भू०)

(ख) अ० रा० में क्षीरशायी भगवान् विष्णुके वचन इस आकाशवाणीसे मिलते हैं, केवल *'नारद बचन सत्य सब करिहौं'* यह अंश उनमें नहीं है। यथा—**'कश्यपस्य वरो दत्तस्तपसा तोषितेन मे। याचितः पुत्रभावाय तथेत्यङ्गीकृतं मया। स इदानीं दशरथो भूत्वा तिष्ठति भूतले॥ तस्याहं पुत्रतामेत्य कौसल्यायां शुभे दिने। चतुर्धात्मा नमेवाहं सृजामीतरयोः पृथक्॥ योगमायापि सीतेति जनकस्य गृहे तदा॥'** (१। २। २५—२८)

नोट—४ श्रीरामचरितमानसमें बाल, अयोध्या और उत्तरकाण्डोंमें सब मिलकर नौ आकाशवाणियाँ हैं। क्रमसे यथा—

(१) *चलत गगन भइ गिरा सुहाई। जय महेस भलि भगति दिढ़ाई॥*
(२) *देखि उमहिं तप खीन सरीरा। ब्रह्म गिरा भइ गगन गँभीरा॥*
(३) *माँगु माँगु बर भइ नभ बानी। परम गँभीर कृपामृत सानी॥*
(४) *नृप सुनि साप बिकल अति त्रासा। भइ बहोरि बर गिरा अकासा॥*
बिप्रहु साप बिचारि न दीन्हा। नहिं अपराध भूप कछु कीन्हा॥
(५) *जानि समय सुर भूमि सुनि बचन समेत सनेह। गगन गिरा गंभीर भइ हरनि सोक संदेह॥*
(६) *जग भय मगन गगन भइ बानी। लखन बाहुबल बिपुल बखानी॥*
(७) *मंदिर माँझ भई नभ बानी। रे हतभाग्य अज्ञ अभिमानी॥*
(८) *बिप्रगिरा सुनि परहित सानी। एवमस्तु इति भइ नभ बानी॥*
(९) *सुनि मुनि आसिष सुनु मति धीरा। ब्रह्म गिरा भै गगन गँभीरा॥ एवमस्तु तव बच मुनि ग्यानी। यह मम भक्त कर्म मन बानी॥*

अनुमान होता है कि इनमेंसे जो वाणियाँ परात्पर परब्रह्म साकेतविहारीके स्वयं मुखारविन्दसे निकली हैं, उन सबोंमें अपने गूढ़ाभिप्रायको जनतापर प्रकट करनेहीके लिये महाकविने *'सुहाई', 'बर'* और *'गंभीर'* इन तीन विशेषणोंमेंसे किसी एकका प्रयोग अवश्य किया है। इस मीमांसाके अनुसार सरकारके अवतार लेनेसे पूर्व बालकाण्डमें पाँच बार और उत्तरकाण्डमें एक बार आकाशवाणीके होनेमें कोई गूढ़ रहस्य अवश्य है। शेष तीन वाणियोंमेंसे एक (छठवीं) जो देवताओंके द्वारा हुई वह प्रसंगानुकूल जगदाधार श्रीलक्ष्मणजीकी स्तुतिमें कही गयी है। महाकवि वहाँ स्पष्टरूपसे लक्ष्मणजीके ही मुखसे क्षात्र-धर्मानुकूल रघुकुलाभिमानका निदर्शन कराते हैं तथा सातवीं और आठवीं बार जो आकाशवाणियाँ हुईं वे श्रीशिवजीके मुखारविन्दसे निकली हैं। इनके द्वारा मानसके आदिकवि श्रीशिवजीने भुशुण्डिजीके हृदयको रामतत्त्व धारण करने योग्य अति पवित्र बनाया और उनको कालान्तरमें लोमश ऋषिद्वारा रामचरितमानस प्राप्त करनेका शुभाशीर्वाद दिया।

इन नौके अतिरिक्त एक वाणी और ग्रन्थमें है। वह भानुप्रतापके प्रसंगमें है—*'परुसन जबहिं लाग महिपाला। भइ अकासबानी तेहि काला॥'*—यह वाणी कालकेतु राक्षसकी है जो उसने भानुप्रतापके नाशके निमित्त अन्तरिक्षसे कही थी।

नवीं वाणी स्वयं श्रीसरकारकी है और वह मानसके मुख्याधिकारी श्रीभुशुण्डिजीके प्रति आशीर्वादात्मक हुई है। इससे सूचित होता है कि लोमश ऋषिके आशीर्वचन जो काकभुशुण्डिप्रति कहे गये और सरकारने जिनका स्वयं समर्थन किया है। अधिकारप्राप्त रामचरितमानसमें माहात्म्य तथा फलरूपसे अद्यावधि विद्यमान हैं और रहेंगे।—(नारायणप्रसाद मिश्रजी)

☞चरित्र और चरित्रनायक दोनोंके अवतार होनेके पूर्व पाँच ही बार ब्रह्मवाणी इसलिये हुई कि मृत्युलोकमें सरकारकी इच्छा पंचायतनरूपसे अवतार लेकर लीला करनेकी थी, जिसका संकल्पात्मक बीजरूप निदर्शन ब्रह्मवाणीद्वारा किया गया।

नोट—५ बाबा जयरामदासजी रामायणीके 'श्रीरामावतारके विभिन्न हेतु और उनके रहस्य' शीर्षक (कल्याण ५-६ में दिये हुए) लेखका खुलासा यह मालूम होता है कि वे श्रीरामजीको अगुण अरूप अखण्ड नित्य परब्रह्म निर्गुण और सगुण तथा उससे भी परे नहीं मानते, वरंच क्षीराब्धिशायी वा परवैकुण्ठनिवासी भगवान्‌का लीला-अवतार ही मानते हैं। त्रिपाद्विभूति परवैकुण्ठवासीका लीला-तन ही मनुजीके समीप आना कहते हैं। उनके ब्रह्म क्षीराब्धिशायी चतुर्भुज हैं। वे त्रिपाद्विभूति परवैकुण्ठके क्षीराब्धिशायी एवं परविष्णुका ही नाम हरि मानते हैं। वे लिखते हैं कि साकेत शब्द ग्रन्थमें कहीं नहीं आया, अतः साकेतसे मनुजीके द्विभुजरूपका आना कहना भ्रम है।

☞इस विषयमें कुछ बातें सदा ध्यानमें रखनेसे भ्रमका निवारण पाठक स्वयं करनेको समर्थ रहेंगे। वे ये हैं—

१—'हरि' क्रिया गुणात्मक नाम है जो भगवान्‌के सभी विग्रहोंके लिये आता है, चाहे वे एक पाद्विभूतिस्थ हों, चाहे त्रिपाद्विभूतिस्थ, चाहे निर्गुण-निराकार इत्यादि हों, चाहे सगुण-साकार इत्यादि। यह शब्द ग्रन्थमें विष्णु, क्षीरशायी भगवान् और राम तीनोंके लिये आया है—*'भरद्वाज कौतुक सुनहु हरि इच्छा बलवान'* कहकर तुरत कहा है कि *'राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई।'* (१२८। १) इससे स्पष्ट है कि श्रीरामका ही नाम 'हरि' भी है। ग्रन्थके मङ्गलाचरणमें परब्रह्मका नाम राम बताया है—'रामाख्यमीशं हरिम्'। सतीजीको सर्वत्र राम ही त्रिपाद्विभूतिस्थ दिखायी दिये। पुनः मनुजीके सामने उपस्थितको *'छबि समुद्र हरिरूप बिलोकी'* कहकर भी यही दिखाया है कि 'राम' का ही नाम 'हरि' भी है। ये हरि द्विभुज हैं जिनका प्रतिपादन मानसमें है।

२—मानसमें कहीं साकेत, त्रिपाद्विभूति, परवैकुण्ठ आदि शब्द नहीं आये हैं। *'अगुण अखण्ड अरूप'* ब्रह्म कौन है और उसका स्थान कहाँ है, यह लोगोंने अपने-अपने मतानुसार टीकाओंमें लिखा है। मानसमें केवल*'बिस्वबास प्रगटे भगवाना'*- ये शब्द स्थानके लिये आये हैं जिसके लिये *'बिस्वबास प्रगटे……'* शब्द आये हैं उस निर्गुण अव्यक्त ब्रह्मका दर्शन मनु-शतरूपाजीको हो रहा है। उस अव्यक्त ब्रह्मका क्या रूप है वह यहीं दिखाया गया है।

३—यह दर्शन अवतारके लाखों वर्ष पूर्वका है। जो रूप सामने है वह 'लीला-तन' नहीं है, 'नरवेष' नहीं है, वह 'देह धरकर आना' नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा होता तो सम्मुख उपस्थित विग्रह ये वचन कदापि न कह सकता कि—*'इच्छामय नरबेष सँवारे। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे॥'*, *'अंसन्ह सहित देह धरि ताता। करिहौं चरित भगत सुखदाता॥'*

४—मानसके उद्धरणोंसे स्पष्ट है कि श्रीरामजी ही परधाम, अखण्ड, निर्गुण, व्यापक आदि विशिष्ट गुण सम्पन्न ब्रह्म हैं और वे अनेक लीलातन भी धारण करते हैं। वे अवतारी और अवतार दोनों हैं। नित्य अखण्ड, अगुण इत्यादि रूप वह था जो मनुजीके सामने था और लीलातन वह था जो दशरथ-अजिर-विहारी हुआ और जिसने समस्त लीला की।

५—ब्रह्म श्रीराम जिनका मानसमें प्रतिपादन है, उनका अपना धाम भी होना मानसमें ही स्पष्ट कहा गया है। यथा—*'रामधामदा पुरी सुहावनि'*, *'मम-धामदा पुरी सुखरासी'* (वक्ता श्रीरामजी हैं, अतः मम=राम), *'पुनि मम धाम सिधाइहहु जहाँ संत सब जाहिं'* (इससे रामधाममें सब सन्तोंका जाना और उसका नित्य त्रिपाद्विभूतिस्थ होना कहा।)

६—त्रिपाद्विभूतिस्थ रामधामको 'साकेत, अपराजिता, अयोध्या' इत्यादि अनेक नामसे कहा गया है। 'राम' ब्रह्म हैं, यह मानसभरमें सर्वत्र दिखाया गया है—*'राम ब्रह्म ब्यापक जग जाना'* इत्यादि। और

श्रीरामतापनीय आदि अनेक उपनिषदों, नारदपाञ्चरात्र तथा अनेक स्मृतियों, संहिताओं और पुराणोंसे प्रतिपादित है—पूर्व भी और आगे तथा उत्तरकाण्डमें प्रमाण भी दिये गये हैं।

७—भुशुण्डि मनमानसहंस *'बालक रूप राम'* हैं—*'इष्टदेव मम बालक रामा'* और शिवजी भी उसी रूपके उपासक जान पड़ते हैं,—*'बंदउँ बालरूप सोइ रामू'* पर वह मनुजीके सामने नहीं है। दूसरे, मनुजीके सामने तो भगवान् श्रीसीताजीसहित हैं और किशोर अवस्थाके हैं।—ठीक यही रूप उपनिषदोंमें ब्रह्म रामका कहा गया है। अतएव पाठक स्वयं सोच लें कि मनु-समीप आया हुआ दर्शन साक्षात् ब्रह्मका है या उनके लीलातनका।

☞ यह भी स्मरण रहे कि उपासना ब्रह्महीकी की जाती है।

८—क्षीरसिन्धु, वैकुण्ठ और उनके पर्याय शब्द जो नारदकल्प, जयविजयकल्प वा जलंधरकल्पके प्रसङ्गोंमें आये हैं वे एकपाद्विभूतिस्थ हैं न कि त्रिपाद्विभूतिस्थ, शापादि त्रिपाद्विभूतिस्थको नहीं होते, त्रिपाद्विभूतिमें जाकर पुनरागमन नहीं होता। इत्यादि। पर त्रिपाद्विभूतिस्थ सर्वव्यापक विश्ववास ब्रह्म राम अपने एकपाद्विभूतिस्थ साकार विग्रहोंको मिले हुए शाप स्वयं अपने ऊपर ले लेते हैं, जब उनकी ऐसी इच्छा हो।

९—भगवान्‌के सब नाम नित्य हैं, श्रीराम ब्रह्म सर्वनामनामी हैं।

१०—नारदवचन प्रत्येक कल्पमें सत्य किया जाता है। रावणवधार्थ सदा नरवेष धारण किया जाता है, सदा सीता-हरण और विरह-विलापका नाट्य होता ही है और सदा ही वानरोंकी सहायता ली जाती है—बस यही तीन वचन नारदके हैं।

११—प्राय: कश्यप और अदिति ही मनु और शतरूपा होते हैं। दोहा १८७ (३—५)देखिये।

नोट—६ बाबा जयरामदासजीका मत मानसमें दिये हुए कल्पोंके प्रसंगोंके विषयमें यह है कि यह सब एक ही व्यापक ब्रह्मकी लीला है। वे लिखते हैं कि आकाशवाणीके 'प्रसङ्गमें यह विचारणीय है कि यदि प्रभु एक न होते तो जहाँ भानुप्रतापके रावण होनेपर पृथ्वीको दु:ख है, स्वायम्भुव मनु और शतरूपाको दशरथ और कौसल्याके रूपमें जन्म लेना है, वहाँ कश्यप-अदितिके तथा नारदवचनके सत्य करनेका जिक्र क्यों आता? नारदशापकी बात तो क्षीराब्धिनाथके समक्षकी है, कश्यप-अदितिको तो जय-विजयके राक्षस बननेके अवसरपर दशरथ और कौसल्याके रूपमें जन्म लेना है। सारांश यह कि यह सब एक ही व्यापक ब्रह्मकी लीला है।'

यदि इसका तात्पर्य यह है कि शापादि चाहे जिसको हो पर रावणवधके लिये व्यापक ब्रह्मका ही अवतार होता है (वह ब्रह्म भिन्न-भिन्न मतानुसार जो भी हो) तब तो यह भाव बाबा श्रीहरिदासाचार्यके पुष्ट किये हुए सिद्धान्तके अनुकूल ही है, जो वे० भू० पं० रामकुमारदासजी तथा स्वतन्त्र सम्पादकीय टिप्पणीमें यत्र-तत्र दिया गया है।

श्रीभाईजी हनुमानप्रसादपोद्दारजी लिखते हैं—'भगवान् श्रीरामका प्रपञ्चातीत भगवत्स्वरूप कैसा है, इस बातको तो भगवान् ही जानते हैं। संसारमें ऐसा कोई नहीं है जो उनके स्वरूपकी यथार्थ और पूर्ण व्याख्या कर सके।....' भगवान्‌का जो कुछ भी वर्णन है, वह पूरा न होनेपर भी उन्हींका है और इस दृष्टिसे भगवान्‌के सम्बन्धमें जो जैसा कहते हैं, ठीक ही कहते हैं। भगवान् श्रीराम परात्परब्रह्म भी हैं, विष्णुके अवतार भी हैं, महापुरुष भी हैं, आदर्श राजा भी हैं और उनके काल्पनिक होनेकी कल्पना करनेवाला मन आत्मरूप भगवान्‌का ही आश्रित होनेके कारण वे काल्पनिक भी हैं। बात यह है कि भगवान्‌का स्वरूप ही ऐसा है, जिसमें सभीका समावेश है, क्योंकि सब कुछ उन्हींसे उत्पन्न है, उन्हींमें है, सबमें वे ही समाये हुए हैं वे ही *'सर्व' 'सर्वगत', 'सर्व उरालय'* हैं।

'दशरथात्मज राम साक्षात् भगवान् हैं। हाँ, कल्पभेदसे भगवान् विष्णु रामरूपमें अवतीर्ण होते हैं तो कभी साक्षात् पूर्णब्रह्म परात्पर भगवान्‌का अवतार होता है। परन्तु यह स्मरण रहे कि विष्णु भी भगवान्‌हीके स्वरूप हैं, इसलिये स्वरूपत: इनमें कोई तारतम्य नहीं है, लीलाभेदसे ही पृथक्त्व है। वे पूर्णब्रह्म, परात्परब्रह्म और साक्षात् 'भगवान् स्वयं' हैं।'

अनेकों ब्रह्माण्ड हैं और सभी ब्रह्माण्डोंमें कल्पभेदसे भगवान्‌के अवतार होते हैं। बहुत बार भगवान् विष्णु ही रामावतार धारण करते हैं, जिस समय विष्णुभगवान्‌का श्रीरामरूपमें अवतार होता है, उस समय श्रीलक्ष्मीजी उनके साथ सीतारूपमें अवतीर्ण होती हैं और जिस समय स्वयं परात्पर प्रभु अवतीर्ण होते हैं, उस समय उनकी साक्षात्स्वरूपा शक्ति अवतार धारण करती हैं। परात्पर श्रीरामके लिये महारामायणमें कहा गया है—'**भरणः पोषणाधारः शरण्यः सर्वव्यापकः। करुणः षड्गुणैः पूर्णो रामस्तु भगवान् स्वयम्॥**'

जिस प्रकार परात्पर समग्र ब्रह्म श्रीरामसे समस्त ब्रह्माण्डोंमें भिन्न-भिन्न शिव, विष्णु और ब्रह्मा उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार उनकी स्वरूपाशक्तिसे अनेकों ब्रह्माण्डोंमें अनेकों उमा, रमा और ब्रह्माणी उत्पन्न होती हैं। परात्पर ब्रह्म ही इन सब रूपोंमें प्रकट हैं और उन्हींकी शक्तिसे ये सब कार्य करते हैं और उतना ही कार्य करते हैं जितनेके लिये विधान है। इसी बातको बतलानेके लिये श्रीरामरूप परात्पर पुरुषोत्तम ब्रह्मकी इस प्रकार महिमा गायी गयी है—'*जाके बल बिरंचि हरि ईसा। पालत सृजत हरत दससीसा॥ विष्णु कोटि सम पालनकर्ता। रुद्र कोटि सत सम संहर्ता॥""बिधि सत कोटि सृष्टि निपुनाई॥*'

रामायणमें '*ब्रह्म*' शब्द प्रायः परात्पर समग्र ब्रह्मके लिये ही आया है, वेदान्तियोंके निर्गुण ब्रह्मके लिये नहीं। क्योंकि वह तो गुणोंसे सर्वथा रहित है और वह भगवान्‌की एक अभिव्यक्तिमात्र है। उसका अवतार नहीं होता, अवतार तो सगुण ब्रह्मका ही होता है। (पर मानसका मत यह नहीं जान पड़ता)।

तब ब्रह्मा धरनिहि समुझावा। अभय भई भरोस जिय आवा॥ ९॥
दो०—निज लोकहि बिरंचि गे देवन्ह इहै सिखाइ।
बानर तन धरि धरि* महि हरिपद सेवहु जाइ॥ १८७॥

अर्थ—तब ब्रह्माजीने पृथ्वीको समझाया। वह निर्भय हुई और उसके जीको भरोसा (ढाढ़स, सन्तोष वा विश्वास) हुआ॥ ९॥ देवताओंको यही शिक्षा देकर कि तुम लोग पृथ्वीपर जाकर वानरविग्रह धारण करके भगवत्-चरणकी सेवा करो, ब्रह्माजी अपने लोकको गये॥ १८७॥

नोट—१ '*तब ब्रह्मा धरनिहि समुझावा*' इति। देवताओंने स्पष्ट सुना, अतः वे निर्भय और सुखी हो गये। तब ब्रह्माने पृथ्वीको समझाया, इस कथनसे जान पड़ा कि पृथ्वी वहीं खड़ी रही, वह न गयी! देवताओंका कानसे वाणी सुनना और हृदय जुड़ाना कहा और इसके विषयमें ऐसा न कहकर ब्रह्माका उसको समझाना कहा। इससे स्पष्ट है कि धरणी आकाशवाणीको नहीं समझ सकी। इसका कारण प्रथम ही कह चुके हैं कि वह रावणके भयसे शोकातुर थी। शोकसे परम विकल थी; यथा—'*सँग गोतनधारी भूमि बिचारी परम बिकल भय सोका।*' परम व्याकुलतामें चेतनाशक्ति जाती रहती है। खड़ी देखकर ब्रह्माने उसे समझाया। पं० रामकुमारजी कहते हैं कि धरणी जड़, है अतः वह न समझ सकी। वि० त्रि० कहते हैं कि ब्रह्माने पृथ्वीको हरिपद-स्मरणका उपदेश दिया था, यथा—'*धरनि धरहि मन धीर कह बिरंचि हरिपद सुमिरु॥*' (१८४)। वह तबसे हरिपदका स्मरण करती रही, इसीसे उसने बात नहीं समझी। ब्रह्माने बताया कि आकाशवाणी हुई है, उसका तात्पर्य यह है।

वे० भू० जी कहते कि जब देवगण तो प्रसन्न हो गये, किंतु पृथ्वीकी उदासी न गयी तब इसे समझाना पड़ा। 'आकाशवाणी तो स्पष्ट ही है; पृथ्वीकी समझमें क्या नहीं आया जो समझाना पड़ा और क्या समझाया?' यह प्रश्न स्वाभाविक ही उठता है। इसका उत्तर यह है कि '*नारद बचन सत्य सब करिहौं*' का आशय उसे न समझ पड़ा। उसने समझा कि नारदशाप तो

* धरि धरनि—को० रा०, १७०४। धरि महि—१६६१, १७२१, १७६२।

क्षीरशायी विराट्को हुआ, वे ही अवतार लेंगे तो इस रावणका वध उनसे कैसे हो सकता है, क्योंकि यह रावण तो राजरोग-सरीखा उनको सदा व्याकुल किये रहता है, वे उसका कुछ नहीं कर सकते। यथा—*'रावन सो राजरोग बाढ़त बिराट उर दिन दिन बढ़त सकल सुख राँक सो।'* (क० सु०)। इसीसे उसे समझाना पड़ा कि श्रीरामजीको परोक्ष प्रिय है—**'परोक्षवादा ऋषयः परोक्षो हि मम प्रियः।'** (भा० ११) अतः इस वाणीमें भी परोक्षवाद है। अवतार तो साकेतसे ही होगा, क्योंकि दाशरथि राम वे ही होते हैं दूसरा नहीं। तब उसको शान्ति मिली।

नोट—२ *'अभय भई भरोस जिय आवा।'* इति। ब्रह्माके समझानेसे वह निर्भय हुई। क्या भरोसा हृदयमें आया? यही कि *'प्रभु भंजिहि दारुन बिपति।'* ब्रह्माने क्या समझाया? यही कि आकाशवाणी हुई है कि *'हरिहौं सकल भूमि गरुआई। निर्भय होहु…।'* प्रभु सम्पूर्ण भारको हरेंगे। अवधपुरीमें राजा दशरथजीके यहाँ नररूपसे अवतार लेकर रावणका सपरिवार नाश करेंगे। *'धरनि धरहि मन धीर'* और भगवान्‌का स्मरण कर। पुनः विजयदोहावलीके अनुसार ब्रह्माजीका पृथ्वीको इस तरह धीरज देना कहा जाता है कि हम तेरे लिये त्रेतायुग द्वापरके पहिले ही किये देते हैं। यथा—*'सुनि ब्रह्माके बचन महि तब मन कीन्ह बिचार। द्वापर दीन्हे पाछ करि त्रेता कियो अगार॥'* कल्पभेदसे ऐसा हो सकता है पर इस ब्रह्मवाणीसे दशरथकौसल्याका आविर्भाव आकाशवाणीके पूर्व ही हो चुकना स्पष्ट है और वे त्रेतामें हुए ही हैं, इस वाणीमें इस भावसे विरोध देख पड़ता है। दूसरे सत्ययुगके बाद प्रथम द्वापर था—इसका कोई प्रमाण नहीं।

नोट—३ ☞ पृथ्वीके भयका प्रसङ्ग *'अतिसय देखि धर्म कै ग्लानी।'* (१८४। ४) से चला। *'परम सभीत धरा अकुलानी'* उपक्रम है और *'अभय भई भरोस जिय आवा।'* (१८७। ९) उपसंहार है। इस तरह *'भरोस जिय आवा'* का भाव खोला कि व्याकुलता दूर हो गयी। मनको विश्राम हुआ, यथा—*'भूमि सहित मन कहुँ बिश्रामा।'* (१८८। १)

नोट—४ *'निज लोकहि बिरंचि गे देवन्ह इहै सिखाइ'* इति। ब्रह्माने ही धरणीको समझाया (क्योंकि वह समझी न थी) और देवताओंको सिखाया, क्योंकि ये सबोंसे बड़े हैं और यही यहाँ अगुआ भी हैं।

नोट—५ अ० रा० में मिलते हुए श्लोक ये हैं—**'यूयं सृजध्वं सर्वेऽपि वानरेष्वंशसम्भवान्। विष्णोः सहायं कुरुत यावत्स्थास्यति भूतले॥' इति देवान्समादिश्य समाश्वास्य च मेदिनीम्। ययौ ब्रह्मा स्वभवनं विज्वरः सुखमास्थितः॥'** (१। २। ३०-३१) अर्थात् तुमलोग भी सब अपने-अपने अंशसे वानरवंशमें पुत्र उत्पन्न करो और भगवान् विष्णुकी सहायता करो। देवताओंको यह आज्ञा देकर और पृथ्वीको ढाढ़स बँधाकर ब्रह्माजी अपने लोकको चले गये।

वाल्मी० १। १७ में ब्रह्माकी आज्ञा पाँच श्लोकोंमें है। उन्होंने कहा है कि प्रधान अप्सराओं, गन्धर्वकी स्त्रियों, यक्ष और नागकी कन्याओं, भालुकी स्त्रियों, विद्याधरियों, किन्नरियों और वानरियोंमें अपने समान पुत्र आपलोग उत्पन्न करें, पर उनका रूप वानरका होना चाहिये। वे वानर किन गुणोंसे सम्पन्न हों यह भी बताया है।

पं० रामकुमारजी—'पूर्व रावणने वर माँगा था कि *'हम काहूके मरहिं न मारे। बानर मनुज जाति दुइ बारे॥'* आकाशवाणी हुई कि *'अंसन्ह सहित मनुज अवतारा।…'* अर्थात् हम मनुजरूपसे अवतरेंगे, इसीसे ब्रह्माने देववृन्दको वानररूप धरनेकी आज्ञा दी। साक्षात् देवता भूमिपर पैर नहीं धरते इसीसे स्पष्ट कहा कि पृथ्वीपर जाकर रहो।' वानरतन धरनेको इससे भी कहा कि ब्रह्मवाणीमें है कि *'नारद बचन सत्य सब करिहौं'* और नारदजीने कहा ही था कि *'करिहहिं कीस सहाय तुम्हारी।'*

नोट—६ यहाँ यह शङ्का प्रायः की जाती है कि पूर्व कहा है कि *'सुर मुनि गंधर्बा मिलि करि सर्बा गे बिरंचि के लोका'* और फिर वहाँसे ब्रह्माका अन्यत्र जाना नहीं कहा गया।

तो फिर *'निज लोकहि बिरंचि गे'* कहनेका क्या अभिप्राय है? इसका समाधान कई प्रकारसे किया गया है। १—यह क्षीरशायीवाले कल्पके अनुसार है। अध्यात्मरामायणमें लिखा है कि ब्रह्मादि क्षीरसागरको गये थे, फिर वहाँसे लौटकर ब्रह्मलोकको आये। यथा—'**तस्मात्क्षीरसमुद्रतीरमगमद् ब्रह्माथ देवैर्वृतो**'''।' (अ० रा० १। २। ७)'''**ययौ ब्रह्मा स्वभवनं**''''।'(३१) २—ब्रह्माजीके दो लोक हैं, एक तो सुमेरपर जिसे सभालोक वा सुरसभा स्थान कहते हैं; दूसरा उनका निजलोक ब्रह्म वा सत्यलोक। सभालोकमें ब्रह्माकी कचहरी होती है। वहीं सब जाकर अपनी पुकार किया करते हैं; वहीं अबकी भी गये। वहीं स्तुति हुई। अब वहाँसे ब्रह्माजी अपने निजलोकको गये। पूर्व *'बिरंचिके लोका'* से कचहरी और *'निज लोकहि'* से ब्रह्मलोक जानिये। ३—ब्रह्माजीने सबको वानरतन धरनेकी आज्ञा दी और फिर आप भी अपने लोक किष्किन्धाको जाम्बवान्‌रूप धारण करके गये। वा ४—*'निज लोकहि'* अपने बारेमें कहा कि हम भी जाम्बवान्‌रूप धरकर जाते हैं, तुम भी चलो। यथा—'**पूर्वमेव मया सृष्टो जाम्बवानृक्षपुङ्गवः**॥'(वाल्मी० १। १७। ७)

प्रोफेसर श्रीरामदासजी गौड़ इस विषयमें यह लिखते हैं—*'बैठे सुर सब करहिं बिचारा। कहँ पाइअ प्रभु करिअ पुकारा॥'* प्रश्न होता है कि यह देवसभा कहाँ बैठी थी? यह तो निश्चय है कि वैकुण्ठमें और क्षीरसागरमें नहीं थी, नहीं तो इन दोनों जगहोंपर जानेका प्रस्ताव न होता। ब्रह्मलोकमें भी यह सभा नहीं बैठी, क्योंकि आगे कहते हैं, *'निज लोकहि बिरंचि गे।'* किसी और देवताके धाममें भी नहीं थी, क्योंकि *'गये देव सब निज निज धामा'* इसका निषेधार्थक है। ब्रह्माजीके लोकतक जानेका तो उल्लेख है ही। *'धरनि धरहि'''बिपति।'* यही ब्रह्माजीका अन्तिम वाक्य ब्रह्मलोकमें है। ब्रह्माजीने जब अनुमान कर लिया कि *'मोर कछू न बसाई'* मेरा भी कोई बस नहीं है, तब आगे उनका कर्त्तव्य क्या रहा?

बेबसीकी बात यह थी कि ब्रह्मा और शिवने ही मिलकर रावणको वर दिया था। देवताओंकी मण्डलीमें जो ब्रह्मलोक पहुँची थी, भगवान् शंकरकी चर्चा नहीं है। परन्तु जब देवता लोग कहीं बैठकर विचार करते हैं तो वहाँ भगवान् शंकर कहते हैं—*'तेहि समाज गिरिजा मैं रहेऊँ।'* अपना उस समाजमें उपस्थित रहना पहले-पहल कहते हैं; कथा कहनेवाले स्वयं ठहरे। अन्तमें ब्रह्मादि देवताओंका अपने-अपने धामको जाना भी कहते हैं—*'गए देव सब निज निज धामा।'* परन्तु अपने जानेकी वा अपने स्थानको चले आनेकी कोई चर्चा नहीं करते। प्रसङ्गसे यह स्पष्ट होता है कि भगवान् शंकर 'उस समाजमें थे और अपने ही स्थानपर थे', इसीलिये न अपने आनेकी चर्चा की, न जानेकी। समाजमें उपस्थित रहनेमात्रकी चर्चा स्पष्ट कहे देती है कि यह देवसभा शिवलोकमें हुई थी, और यह परम्परा भी चली आयी है कि जब-जब देवोंपर संकट पड़ता है, ब्रह्माजी सब देवताओंको लेकर पहले भगवान् शंकरके पास जाते हैं, तब सब मिलकर भगवान् विष्णुके पास जाते हैं। यह सदाकी विधि यहाँ भी बरती गयी है।

प्रसङ्ग और ध्वनिसे ही घटनास्थलकी सूचना देना कवित्वका अपूर्व चमत्कार है। साथ ही यह भी कोमलता ध्यान देनेयोग्य है कि भगवान् शंकर स्वयं कथा कहते हैं, अपनी महत्तासूचक किसी घटनाका वर्णन, विशेषतः अपने इष्टदेवकी चर्चाके साथ, विनय और शिष्टाचारके विरुद्ध है। भगवान् शंकर तो उस सभाके प्रमुखोंमेंसे हैं, उन्हींके पास लोग दोहाई देने गये हैं। परन्तु शालीनता और नम्रताकी हद है कि कहते हैं—*'तेहि समाज गिरिजा मैं रहेऊँ। अवसर पाइ बचन इक कहेऊँ॥'* फिर *'मोर बचन सबके मन माना। साधु साधु कहि ब्रह्म बखाना॥'*, बात सबको भा गयी। विनयपूर्वक कहनेका कैसा उत्तम ढंग है। वास्तवमें भगवान् शंकरका फैसला था कि काम यों होना चाहिये। (स्वभावतः ब्रह्माजी अगुआ हुए, जिनकी सृष्टि थी, जिनकी रक्षा उन्हें इष्ट थी, पर उनके हाथमें न थी। आकाशवाणीके बाद सभा विसर्जित हुई। भगवान् शंकर रह गये। सब चले गये।)

गये देव सब निज निज धामा। भूमि सहित मन कहुँ बिस्रामा॥ १॥
जो कछु आयसु ब्रह्मा दीन्हा। हरषे देव बिलंब न कीन्हा॥ २॥
बनचर देह धरी छिति माहीं। अतुलित बल प्रताप तिन्ह पाहीं॥ ३॥
गिरि तरु नख आयुध सब बीरा। हरिमारग चितवहिं मति धीरा॥ ४॥
गिरि कानन जहँ तहँ भरि* पूरी। रहे निज निज अनीक रचि† रूरी॥ ५॥

अर्थ—सब देवता अपने-अपने स्थानको गये। पृथ्वीसहित सबके मनको विश्राम हुआ॥ १॥ ब्रह्माजीने जो कुछ आज्ञा दी थी उसमें देवता प्रसन्न हुए और (उसके पालनमें) देर न की॥ २॥ पृथ्वीपर उन्होंने वानरदेह धारण की। उनमें बेअन्दाज (अमित) बल और प्रताप था॥ ३॥ सब वीर थे। पर्वत, वृक्ष और नख उनके अस्त्र-शस्त्र थे। वे धीरबुद्धि भगवान्‌की राह देखने लगे॥ ४॥ अपनी-अपनी सेना बनाकर जहाँ-तहाँ पर्वतों और जंगलोंमें वे भरपूर छा गये॥ ५॥

टिप्पणी—१ (क) *'गए देव सब निज निज धामा।""'* इति। ब्रह्माजी अपने लोकको गये, यथा—*'निज लोकहिं बिरंचि गे'* और देवता अपने-अपने धामको गये। भाव कि ये धामसे भागे-भागे फिरते थे—*'देवन्ह तके मेरु गिरि खोहा',* अब निर्भय होनेसे निज-निज धामको गये। *'मन कहुँ बिश्रामा'* कहनेका भाव कि शोक और सन्देहके कारण मनका विश्राम चला गया था, शोक-सन्देह मनमें होता है। आकाशवाणीसे शोक-सन्देह दूर हुआ। अतः अब मनको विश्राम हुआ। (ख) *'भूमि सहित मन कहुँ बिश्रामा'* कहनेका भाव कि यहाँ भूमि मुख्य है, प्रथम यही व्याकुल होकर देवोंके पास गयी थी, देवता उसे लेकर ब्रह्माके पास गये। (ग) *'हरषे देव बिलंब न कीन्हा'* इति। ब्रह्माजीकी आज्ञा है कि *'बानरतनु धरि धरि महि हरिपद सेवहु जाइ';* इसमें भगवान्‌के चरणोंकी प्राप्ति समझकर हर्ष हुआ, वानरतन धरनेकी आज्ञा-पालन करनेमें खेद न हुआ। क्योंकि जिस शरीरसे भगवान्‌की प्राप्ति हो वही सुन्दर है, यथा—*'जेहि सरीर रति राम सों सोइ आदरहिं सुजान। रुद्रदेह तजि नेह बस बानर भे हनुमान॥'* (दोहावली १४२) *'सोइ पावन सोइ सुभग सरीरा। जो तन पाइ भजिअ रघुबीरा॥'* (७। ९६)। दोहा १८। २ मा० पी० भाग १ देखिये। भगवान्‌के चरणोंकी प्राप्तिका और शत्रुको मारनेका बड़ा उत्साह हुआ। इसीसे विलम्ब न किया। अथवा, भगवान्‌ने शीघ्र ही अवतार लेनेको कहा है, यथा—*'तिन्ह के गृह अवतरिहौं जाई',* अतएव तुरन्त आज्ञा-पालन की।

टिप्पणी—२ (क) *'जो कछु आयसु ब्रह्मा दीन्हा'।* आज्ञा प्रथम लिख चुके हैं वही यहाँ *'जो कछु'* से जनायी। अथवा भाव कि आज्ञा होनेपर फिर उसपर कुछ भी विचार न किया कि हम देवतन छोड़कर वानर कैसे हों; क्योंकि गुरुजनोंकी आज्ञा पाकर उसमें तर्क-वितर्क करना, उसपर विचार करना कि करनेयोग्य है या नहीं, करें या न करें, दोष माना गया है। यथा—*'मातु पिता गुर प्रभु कै बानी। बिनहिं बिचार करिअ सुभ जानी॥'* (७७। ३) *'गुरु पितु मातु स्वामि हित बानी।' सुनि मन मुदित करिअ भलि जानी॥ उचित कि अनुचित किएँ बिचारू। धरमु जाइ सिर पातक भारू॥'* (१७७) विचार करनेसे पाप लगता, अतः विचार न किया। मुदित होकर बड़ोंका वचन मानना चाहिये, अतः हर्षित होकर आज्ञाका पालन किया। *'बिलंब न कीन्हा'* में ध्वनि यह है कि यह आज्ञा ऐसी थी कि इसके करनेमें संकोच होता, इसमें दुःख और विलम्ब करनेकी बात थी, वह यह कि देवतासे वानर होना निषिद्ध है। [पंजाबीजीका मत है कि हर्ष इससे हुआ कि इस कार्यसे शोक हरण होनेकी आशा है, दूसरे भगवत्-सेवामें मन लगेगा और तीसरे इस शरीरसे रावणसे बदला भी लेंगे।] (ख) ब्रह्माजीने शरीर धारण करनेकी आज्ञा दी क्योंकि शरीर धारण उन्हींकी आज्ञासे होता है, कर्मके अनुसार ब्रह्मा तन देते हैं।

---

* —महि पूरी—१७२१, छ०। भरि पूरी—१६६१, १७०४, १७६२, को० रा०। †—'रुचि रूरी'—१७०४, १७६२। रचि रूरी—१६६१, को० रा०। छ० का पाठ है—'रहेनि तहाँ निज निज रचि रूरी'।

टिप्पणी—३ *'बनचर देह धरी छिति माहीं।''* इति। देवता (अपने साक्षात्-रूपसे) पृथ्वीका स्पर्श नहीं करते, वानररूपसे उन्होंने उसका स्पर्श किया। जैसे देवोंमें अतुलित बल और अतुलित प्रताप होता है वैसा ही वानरोंमें है।

नोट—१ जब उतना ही बल है तब ये रावणका क्या कर सकेंगे, भागे-भागे फिरेंगे? यह शंका हो सकती है। इसका समाधान यह है कि वरदानके कारण देवबल उसपर कुछ कारगर नहीं होता, नहीं काम देता। वानर और मनुष्य दोको वह छोड़ चुका है, उनमें जब वह देवबल होगा। तब तो वह पराजित होगा ही। पुनः, अतुलितका भाव यह भी हो सकता है कि देव-शरीर और राक्षसोंसे इनमें अधिक बल है।

वाल्मीकीयमें ब्रह्माजीने देवताओंसे कहा है कि आपलोग अपने समान पराक्रमी वानररूपधारी पुत्र उत्पन्न करें जो बलवान् हों, कामरूप हों, राक्षसीमायाको जान सकते हों, वीर, नीतिज्ञ, ने, अवसरानुकूल उपाय करनेकी बुद्धिवाले, अस्त्र-विद्याके ज्ञाता और विष्णुके समान पराक्रमवाले हों। यथा—**'विष्णोः सहायान्बलिनः सृजध्वं कामरूपिणः॥ मायाविदश्च शूरांश्च वायुवेगसमाञ्जवे। नयज्ञान्बुद्धिसंपन्नान्विष्णुतुल्यपराक्रमान्॥ असंहार्यानुपायज्ञान् सिंहसंहननान्वितान्। सर्वास्त्रगुणसंपन्नानमृतप्राशनानिव॥ ''सृजध्वं हरिरूपेण पुत्रांस्तुल्यपराक्रमान्॥'**(सर्ग १७। २—४, ६)। वे ऐसे हों कि शत्रुद्वारा अपने पक्षसे हटाये न जा सकें।—ये सब भाव *'अतुलित बल प्रताप तिन्ह माहीं'* में आ जाते हैं। जैसे राक्षसोंका बल कहनेमें *'अति बल कुंभकरन अस भ्राता।'* इत्यादि कहा है, वैसे ही उनसे विशेष बल होनेका भाव यहाँ *'अतुलित बल''* से जनाया। अतुलित प्रताप कहकर जनाया कि ये जयमान होंगे क्योंकि प्रतापसे सर्वत्र जय होती है।

वै० भू० जीका मत है कि देवशरीरमें इनपर रामकृपा नहीं थी, इसीसे राक्षसोंसे भागे-भागे फिरते थे। जिसपर रामकृपा होती है उसके लिये तो कहा गया है कि *'प्रभु प्रताप ते गरुड़हि खाइ परम लघु ब्याल'* इत्यादि। वानरशरीरमें उनपर कृपा होनेसे उनमें अतुलित बल आ गया। यथा—*'राम कृपा अतुलित बल तिन्हहीं', 'रामकृपा बल पाइ कपिंदा। भए पछयुत मनहुँ गिरिंदा॥'* इसीसे वानररूपसे वे राक्षसोंपर विजयी हुए।

नोट—२ *'बनचर देह धरी'* इति। देवता, महर्षि, गरुड़, नाग, किंपुरुष, सिद्ध, विद्याधर, उरग सभीने हजारों पुत्र उत्पन्न किये। चारणोंने अप्सराओं, विद्याधरियों, नागकन्याओं और गन्धर्विनियोंसे कामरूपी सिंहसमान गर्वीले बलवान् वानर उत्पन्न किये, नख और पर्वत ही जिनके आयुध हुए। इन्द्रने बालिको, सूर्यने सुग्रीवको, बृहस्पतिने बुद्धिमान् तारको, कुबेरने गन्धमादनको, विश्वकर्माने नलको, अग्निने नीलको, अश्विनीने मयन्द और द्विविदको, वरुणने सुषेणको, पर्जन्यने शरभको उत्पन्न किया, वायुके द्वारा (रुद्रसे) हनुमान् और ब्रह्मासे जाम्बवान् उत्पन्न हुए। इन सबोंका बल अप्रमेय था, **'अप्रमेयबला वीराः'** (वाल्मी० १। १७। १८) ही मानसका *'अतुलित बल'* है।

टिप्पणी—४ पूर्व कहा था कि *'गये देव सब निज निज धामा'* और यहाँ कहते हैं कि *'बनचर देह धरे छिति माहीं'* इससे जनाया कि साक्षात् देवरूपसे वे सब अपने-अपने धाममें भी रहे और अपने-अपने अंशोंसे वानरतनसे पृथ्वीमें अवतरित भी हुए। ☞बल और प्रतापसे शत्रु जीता जाता है, इसीसे वानरतनमें दोनोंका वर्णन किया।

टिप्पणी—५ *'गिरि तरु नख आयुध सब बीरा''।'* इति। *'हरि मारग चितवहिं'* का भाव तो यह है कि सब वीर हैं, मतिधीर है, अतः राह देखते हैं कि कब भगवान् आवें, शत्रुपर चढ़ाई करें तो हम भी चलकर युद्ध करें। दूसरे यह कि ब्रह्माजीकी दो आज्ञाएँ हैं, एक तो वानरतन धरकर पृथ्वीपर रहनेकी सो वानरतन तो धारण ही कर लिये। दूसरी आज्ञा है कि *'हरिपद सेवहु जाइ।'* वह हरिपद-सेवा अभी बाकी है। उसके लिये हरिकी राह देख रहे हैं। इस तरह दोनों आज्ञाओंमें तत्पर दिखाया। पुनः *'हरि मारग चितवहिं'* कहकर सूचित करते हैं कि ब्रह्माजीने यह

भी कह रखा था कि भगवान् आकर तुमको मिलेंगे। अत: उनकी बाट जोह रहे हैं। *'गिरि तरु नख'* आयुध हैं, यह कहकर जनाया कि अपनेको छिपाये हुए हैं। रावणकी मृत्यु नर-वानरके ही हाथ है, अन्यसे नहीं है। अत: जैसा रूप धारण किया, वैसे ही हथियार भी हैं। ☞यहाँ वानरोंमें चार गुण दिखाये—बल, प्रताप, वीरता और बुद्धि।

टिप्पणी—६ अध्यात्मरामायणमें मिलता हुआ श्लोक यह है—**'देवाश्च सर्वे हरिरूपधारिणः स्थिता सहायार्थमितस्ततो हरेः। महाबलाः पर्वतवृक्षयोधिनः प्रतीक्षमाणा भगवन्तमीश्वरम्॥'** (१। २। ३२)

टिप्पणी—७ *'गिरि कानन'* इति। पं० रामकुमारजी *'महि पूरी'*, *'रुचि रूरी'* पाठ देकर अर्थ करते हैं कि वानरोंसे पृथ्वी पूर्ण हो गयी, अपनी सुन्दर रुचिसे वे वानर हुए हैं। 'भरिपूरी=भरपूर पूर्ण भरकर। *'निज निज अनीक रचि'* से जनाया कि सेना और सेनापति दोनों हैं। जो विशेष देवता हैं, वे राजा और सेनापति हैं और जो सामान्य हैं वे सेनाके सुभट हैं। भाव यह कि देवोंमें जो मुखिया थे, वे यहाँ भी मुखिया हुए, जैसे वहाँ उनके यूथ थे, वैसे ही यहाँ भी उनके यूथ हैं और वे यूथपति हैं।

श्रीलमगोड़ाजी—१ कलाके दृष्टिकोणसे देवताओंकी प्रार्थना और आकाशवाणीका प्रसङ्ग बड़े महत्त्वका है। यह प्रसङ्ग इतना सुन्दर है कि भारतवर्षमें नाटकोंके प्रारम्भमें अभिनेताओंका एकत्रित होकर प्रार्थना करनेके दृश्यकी प्रथा ही चल पड़ी।

२—नाटकीय और महाकाव्य-कला दोनोंका बड़ा सुन्दर एकीकरण है। यह विचारणीय है कि मिल्टनने भी जब 'पैराडाइज लास्ट' को नाटकीयमहाकाव्यरूपमें लिखना प्रारम्भ किया था, तब दैविक प्रार्थनासे ही प्रारम्भ किया था।

३—*बनचर*—(१) वास्तवमें देवता ही थे—(२) आधिदैविकवादके अनुसार तुलसीदासजीने पृथ्वी, पर्वत, सूर्य इत्यादिके अभिमानी देवताओंका रूप माना है। अधिक विस्तारसे आधिदैविक, आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक वादोंकी विवेचना देखनी हो तो तिलकका 'गीता-रहस्य' देखिये। (३) हम यदि तुलसीदासजीके मतसे सहमत न हों तो भी उनके ग्रन्थोंके समझनेके लिये उनके मतसे उतनी सहानुभूति अवश्य रखनी चाहिये जितनी मिल्टन पढ़ते समय उस महाकविके मतसे एक अंग्रेज रखता है।

यह सब रुचिर चरित मैं भाषा। अब सो सुनहु जो बीचहि राखा॥ ६॥

अर्थ—मैंने यह सब सुन्दर चरित कहा। अब वह (चरित) सुनो जो बीचमें रख छोड़ा था॥ ६॥

वि० त्रि०—रावणवतारके चरितको रुचिर कहते हैं, पुनीत नहीं कह सकते। बहुत उच्चकोटिके जीव शापित होकर रावण होते हैं। उन्हींके कारण साक्षात् प्रभुको नर-शरीर धरकर आना पड़ता है। अत: रावणका चरित भी रुचिर है। वह जो स्वाँग लेता है उसका ऐसा पूरा निर्वाह करता है कि सिवा प्रभुके आनेके उपायान्तर नहीं रह जाता।

टिप्पणी—१ (क) *'सुनु गिरिजा हरिचरित सुहाए।'* (१२१। १) उपक्रम है और *'यह सब रुचिर चरित मैं भाषा'* उपसंहार है। *'सब चरित'* अर्थात् जय-विजय, जलन्धर, नारद, मनु, भानुप्रताप, रावणके जन्म, तप, विभव और उपद्रव, पृथ्वी और देवताओंकी व्याकुलता, ब्रह्मस्तुति देवताओंका वानरतन धारण करना—यह सब कहे। (ख) *'जो बीचहि राखा'* इति। भगवान्‌ने मनुजीसे कहा था कि *'होइहहु अवध भुआल तब मैं होब तुम्हार सुत।'* (१५१) इस (अवधमें जाकर राजा हुए इत्यादि) कथाका वहाँ मौका न था, इससे श्रीदशरथजीकी कथा बीचमें छोड़ दी थी। अब रावणके अत्याचार होनेपर, ब्रह्माके स्तुति करनेपर आकाशवाणी हुई कि हम दशरथजीके यहाँ रघुकुलमें अवतार लेंगे। अत: अब उस कथाका उचित समय है। पुन: भाव कि शिवजीने पार्वतीजीसे रामावतार कहनेकी प्रतिज्ञा की थी, यथा—*'सुनहु राम अवतार चरित परम सुंदर अनघ।'* (१२०) और कहने लगे हेतु, यथा—*'हरि अवतार हेतु जेहि होई। इदमित्थं कहि जाइ न सोई॥'* (१२१। २) इत्यादि यहाँतक अवतारके हेतु कहे। अवतार बीचमें कहना रह गया, केवल हेतु-हेतु कहे! अब अवतार सुननेको कहते हैं।

नोट—१ पं० शिवलाल पाठकजीके मतानुसार रावणका दिग्विजय आदि कहते-कहते नारदकल्पकी स्तुति और ब्रह्मवाणी कहने लगे थे। अब उसको समाप्त करके फिर पूर्व कथाका प्रसङ्ग मिलाते हैं। नारदकल्पकी स्तुति और ब्रह्मवाणी इससे बीचमें कह दी कि जिसमें परतम प्रभुका अवतार गुप्त रहे, यथा—*'गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु गएँ जान सबु कोइ।'*

टिप्पणी—२ सब कल्पोंमें कुम्भकर्ण और रावणका जन्म कह-कहकर तब रामजन्म कहा है। यथा—(१) *'भए निसाचर जाइ तेइ महाबीर बलवान। कुंभकरन रावन सुभट सुर बिजई जग जान॥'* (१२२)****'एक बार तिन्हके हित लागी। धरेउ सरीर भगत अनुरागी॥'* (२) *'तहाँ जलंधर रावन भयऊ। रन हति राम परमपद दएऊ॥ एक जनम कर कारन एहा। जेहि लगि राम धरी नरदेहा॥'* (१२४। २-३) (३) *'चले जुगल मुनिपद सिर नाई॥ एक कलप एहि हेतु प्रभु लीन्ह मनुज अवतार॥'* (१३९) तथा इस कल्पमें भी रावणका जन्म कहकर अब रामजन्म कहते हैं। *'अब सो सुनहु जो बीचहि राखा'* यह कहकर मनु-शतरूपाका प्रकरण भानुप्रतापके प्रकरणसे मिलाते हैं। तात्पर्य कि मनुप्रार्थित श्रीरामजीने भानुप्रताप रावणका वध किया।

नोट—२ यहाँतक श्रीपार्वतीजीके *'प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी॥'* (११०। ४) *'राम ब्रह्म चिन्मय अबिनासी। सर्बरहित सब उर पुर बासी॥ नाथ धरेउ नरतनु केहि हेतू॥'* (१२०। ६-७) इस प्रश्नका उत्तर हुआ।

अवतार-हेतु-प्रकरण समाप्त हुआ।

(तदन्तर्गत भानुप्रताप-रावण-प्रकरण भी समाप्त हुआ)

श्रीसीतारामचन्द्रार्पणमस्तु।

गीताप्रेस गोरखपुरसे प्रकाशित श्रीरामचरितमानसके विभिन्न संस्करण

कोड नं०	संस्करण
80	श्रीरामचरितमानस बृहदाकार (हिन्दी-टीकासहित) बहुत बड़े अक्षरोंमें
1095	श्रीरामचरितमानस ग्रन्थाकार (,, ,,) राजसंस्करण
81	श्रीरामचरितमानस ग्रन्थाकार (,, ,,) बड़े अक्षरोंमें
697	श्रीरामचरितमानस ग्रन्थाकार (,, ,,) सामान्य अक्षरोंमें
790	श्रीरामचरितमानस ग्रन्थाकार (केवल-हिन्दी अनुवाद) मोटे अक्षरोंमें
1218	श्रीरामचरितमानस (केवल मूल) ओड़िआ, बड़े अक्षरोंमें
83	श्रीरामचरितमानस ग्रन्थाकार (केवल मूल) मोटे अक्षरोंमें
1314	श्रीरामचरितमानस (मराठी-टीकासहित)
82	श्रीरामचरितमानस मझला (हिन्दी टीकासहित) सामान्य अक्षरोंमें
1282	श्रीरामचरितमानस मझला (केवल मूल) राजसंस्करण
84	श्रीरामचरितमानस मझला (केवल मूल) सामान्य संस्करण
85	श्रीरामचरितमानस गुटका ([illegible]
954	श्रीरामचरितमानस ग्रन्थाकार (मूल एवं टीका) बँगला, [illegible]
799	श्रीरामचरितमानस ग्रन्थाकार (मूल एवं टीका) गुजराती, [illegible]
785	श्रीरामचरितमानस मझला (मूल एवं टीका) गुजराती, [illegible] अक्षरोंमें
899	श्रीरामचरितमानस (केवल मूल) गुजराती

श्रीरामचरितमानसके अलग-अलग काण्ड

कोड नं०	संस्करण
94	श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड (सटीक)
95	,, अयोध्याकाण्ड (सटीक)
1204	,, सुन्दरकाण्ड (ओड़िआ)
98	,, सुन्दरकाण्ड (सटीक)
1199	,, सुन्दरकाण्ड (गुजराती लघु आकार)
832	,, सुन्दरकाण्ड (कन्नड़)
753	,, सुन्दरकाण्ड (तेलुगु)
101	,, लंकाकाण्ड (सटीक)
102	श्रीरामचरितमानस उत्तरकाण्ड (सटीक)
141	,, अरण्य, किष्किन्धा एवं सुन्दरकाण्ड (सटीक)
830	,, सुन्दरकाण्ड (मूल) मोटा टाइप, रंगीन
99	,, सुन्दरकाण्ड (मूल) गुटका
100	,, सुन्दरकाण्ड (मूल) मोटा टाइप
858	,, सुन्दरकाण्ड (मूल) लघु आकार
948	,, सुन्दरकाण्ड (गुजराती)

गोस्वामी श्रीतुलसीदासकृत अन्य साहित्य

कोड नं०	पुस्तक
105	विनयपत्रिका (सरल भावार्थसहित)
106	गीतावली (,, ,,)
107	दोहावली (,, ,,)
108	कवितावली (,, ,,)
109	रामाज्ञाप्रश्न (,, ,,)
110	श्रीकृष्णगीतावली (,, ,,)
111	जानकीमंगल (,, ,,)
112	हनुमानबाहुक (,, ,,)
113	पार्वतीमंगल (सरल भावार्थसहित)
114	वैराग्य-संदीपनी एवं बरवै रामायण (,, ,,)

श्रीरामचरितमानस-सम्बन्धी अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

कोड नं०	पुस्तक
86	मानस-पीयूष (सात खण्डोंमें) सम्पादक—श्रीअञ्जनीनन्दनशरण
	मानस-गूढ़ार्थ-चन्द्रिका (सात खण्डोंमें) टीकाकार—प० प० दण्डी स्वामी श्रीप्रज्ञानानन्द सरस्वती
401	मानसमें नाम-वन्दना
103	मानस-रहस्य
164	मानस-शंका-समाधान